ओ३म्

ऋग्वेदभाष्यम्

(अथ सप्तमं मण्डलम्)

(१-१०४ सूक्तम्)

एवं

(अष्टमं मण्डलम्)

(१-१०३ सूक्तम्)

[पञ्चमो भागः]

भाष्यकार :
पं० हरिशरण सिद्धान्तालङ्कार

अनुष्ठानकर्त्ता :
स्वामी जगदीश्वरानन्द सरस्वती

प्रकाशक :
श्री घूडमल प्रहलादकुमार आर्य धर्मार्थ न्यास
हिण्डौन सिटी (राज०)-३२२ २३०

प्रकाशक : श्री घूडमल प्रहलादकुमार आर्य धर्मार्थ न्यास
''अभ्युदय'' भवन, अग्रसेन कन्या महाविद्यालय मार्ग,
स्टेशन रोड, हिण्डौन सिटी, (राज०)-३२२ २३०
दूरभाष : ०९३५२६-७०४४८
चलभाष : ०-९४१४०-३४०७२, ०-९८८७४-५२९५९

संस्करण : २०६९ विक्रमी संवत्, २०१२ ई०

मूल्य : ५००.०० रुपये

प्राप्ति-स्थान : १. श्री हरिकिशन ओम्प्रकाश
३९९, गली मन्दिरवाली, नया बाँस, दिल्ली-११०००६,
चलभाष : ०९३५०९९३४५५

२. श्री गणेशदास-गरिमा गोयल, २७०४, प्रेममणि-निवास,
नया बाजार, दिल्ली-११० ००६, चलभाष : ०९८९९७५९००२

शब्द-संयोजक : आर्य लेज़र प्रिंट्स, हिण्डौन सिटी, राजस्थान

मुद्रक : राधा प्रेस, कैलाशनगर, दिल्ली-११० ०३१

अथ सप्तमं मण्डलम्

षष्ठ मण्डल की समाप्ति पर ब्रह्म को अन्तर कवच बनाने का उपदेश है। इस कवच को धारण करनेवाला किन्हीं भी अदिव्य भावों से आक्रान्त नहीं होता। यह इन्द्रियों को पूर्ण रूप से वश में करनेवाला व अपने निवास को उत्तम बनानेवाला 'वसिष्ठ' सप्तम मण्डल का ऋषि है। यह 'अग्नि' नाम से प्रभु का उपासन करता है। यज्ञाग्नि को दीप्त कर यज्ञ द्वारा उस महान् अग्नि की उपासना करता हुआ कहता है–

[१] प्रथमं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–एकादशाक्षरपादैस्त्रिपदा विराड् गायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

यज्ञाग्नि का प्रादुर्भाव

अग्निं नरो दीधितिभिरण्योर्हस्तच्युती जनयन्त प्रशस्तम्। दूरेदृशं गृहपतिमथर्युम्॥ १ ॥

(१) नरः–उन्नति पथ पर अपने को ले चलनेवाले मनुष्य हस्तच्युती–(हस्तप्रच्युत्या–हस्तगत्या) हाथों की गति से दीधितिभिः–(धीयन्ते कर्मसु) अंगुलियों के द्वारा अरण्योः–दो अरणियों में–काष्ठविशेषों में अग्निम्–यज्ञाग्नि को जनयन्त–प्रादुर्भूत करते हैं। (२) उस अग्नि को प्रादुर्भूत करते हैं जो प्रशस्तम्–प्रशस्त है। सब रोगकृमियों के संहार का साधन होने से तथा वर्षा आदि का हेतु बनने से प्रशंसनीय है। दूरेदृशम्–दूर से दिखता है, ऊँची–ऊँची ज्वालाओंवाला होने के कारण दूर से दिखाई देता है। गृहपतिम्–घर का रक्षक है, नीरोगता का कारण बनकर घर को सुरक्षित करता है। अथर्युम्–(अतनयन्तम्) निरन्तर गतिवाला है।

भावार्थ–हम प्रतिदिन दो अरणियों की रगड़ से यज्ञाग्नि को प्रज्वलित करें। यह यज्ञाग्नि प्रशस्त है, यह घर का रक्षण करती है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–एकादशाक्षरपादैस्त्रिपदा विराड् गायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

'दक्षाय्य-नित्य' अग्नि

तमग्निमस्ते वसवो न्यृण्वन्त्सुप्रतिचक्षमवसे कुतश्चित्। दक्षाय्यो यो दम आस नित्यः ॥ २ ॥

(१) तं अग्निम्–उस यज्ञाग्नि को अस्ते–गृह में वसवः–वसु–अपने निवास को उत्तम बनानेवाले लोग न्यृण्वन्–(न्यदधुः) स्थापित करते हैं। सुप्रतिचक्षम्–जो अग्नि हम सबका पूरा ध्यान करती है (Looks after) यह अग्नि कुतश्चित्–जहाँ कहीं से प्राप्त होनेवाले भय से अवसे–रक्षण के लिये होती है। (२) दक्षाय्यः–जो अग्नि हवियों द्वारा संवर्धनीय होता है। यः–जो दमे–गृह में नित्यः आस–सदा रहनेवाला होता है। वस्तुतः यज्ञाग्नि को कभी बुझने नहीं देना होता है। यह सदा प्रज्वलित रहती है।

भावार्थ–वसु इस अग्नि को आहित करते हैं। यह उनका ध्यान करती है, यह हवियों द्वारा वर्धनीय है और इसे कभी घर में बुझने नहीं देना चाहिए।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-एकादशाक्षरपादैस्त्रिपदा विराड् गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

अक्षीण यज्ञाग्नि

प्रेद्धो अग्ने दीदिहि पुरो नोऽजस्रया सूर्म्या यविष्ठ। त्वां शश्वन्त उप यन्ति वाजाः ॥ ३ ॥

(१) हे **अग्ने**-यज्ञाग्नि! **प्रेद्धः**-खूब दीप्त हुआ-हुआ तू **नः पुरः**-हमारे सामने **दीदिहि**-दीप्त हो, हे **यविष्ठ**-गृहों से सब अशुभ रोगकृमि आदि को दूर करनेवाले तथा शुद्ध वायु को प्राप्त करानेवाले (यु मिश्रणामिश्रणयोः) अग्ने! तू **अजस्रया**-न क्षीण होनेवाली **सूर्म्या**-ज्वाला से दीप्त हो। (२) **त्वाम्**-तुझे **शश्वन्तः**-बहुत प्रकार के **वाजाः**-हवि के अन्न **उपयन्ति**-प्राप्त होते हैं। तेरे में विविध अन्नों की आहुतियाँ डाली जाती हैं। इन्हें ही सूक्ष्मकणों में विभक्त करके तूने सर्वत्र वायुमण्डल में फैलाना है।

भावार्थ-हे यज्ञाग्ने! तू हमारे घरों में सदा दीप्त हो, तेरे में हम बहुत आहुतियों को देनेवाले हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-एकादशाक्षरपादैस्त्रिपदा विराड् गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

मिलकर यज्ञ करना

प्र ते अग्नयोऽग्निभ्यो वरं नि: सुवीरासः शोशुचन्त द्युमन्तः। यत्रा नरः समासते सुजाताः ॥ ४ ॥

(१) गार्हपत्य अग्नि से आहवनीय अग्नि का प्रणयन होता है। सो कहते हैं कि **ते**-तेरी **अग्निभ्यः**-गार्हपत्य अग्नियों से **अग्नयः**-यज्ञाग्नियाँ **प्र नि: शोशुचन्त**-प्रकर्षेण नितरां दीप्त हों। ये यज्ञाग्नियाँ **वरम्**-अच्छी प्रकार **द्युमन्तः**-ज्योतिर्मय होती हुईं **सुवीरासः**-(सुवि ईरासः) अच्छी प्रकार रोगकृमियों को कम्पित करनेवाली हैं। 'अग्नेर्होत्रेण प्रणुदा सपत्नान्', इस अग्निहोत्र के द्वारा अपने सपत्न (शत्रु) भूत इन रोगकृमियों को परे धकेल दे। (२) ये यज्ञाग्नियाँ वे हैं **यत्रा**-जहाँ-जिनके समीप **सुजाताः**-उत्तम जन्मवाले कुलीन **नरः**-लोग **सं आसते**-मिलकर प्रेम से आसीन होते हैं। 'सम्यञ्चोऽग्निं सपर्यतारा नाभिमिवाभितः'-नाभि के चारों ओर अरों के समान मिलकर गति करते हुए तुम इस यज्ञाग्नि का पूजन करो-यज्ञाग्नि में उत्तम घृत व हवि को डालो।

भावार्थ-कुलीन लोग घरों में मिलकर बैठते हैं। गार्हपत्य अग्नि से यज्ञाग्नि को दीप्त करके उसमें सम्यक् आहुतियों को डालते हैं। इन यज्ञों के द्वारा वे उस महान् अग्नि (=प्रभु) का पूजन करते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-एकादशाक्षरपादैस्त्रिपदा विराड् गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

प्रशस्त धन की प्राप्ति

दा नो अग्ने धिया रयिं सुवीरं स्वपत्यं सहस्य प्रशस्तम्। न यं यावा तरति यातुमावान् ॥ ५ ॥

(१) गतमन्त्र के अनुसार यज्ञाग्नि के समीप बैठे हुए परिवार के लोग यज्ञ की समाप्ति पर प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि हे **अग्ने**-हमें आगे ले चलनेवाले प्रभो! **नः**-हमें **धिया**-बुद्धिपूर्वक किये जानेवाले कर्मों के द्वारा **रयिं दाः**-धन को दीजिये। हे **सहस्य**-हमारे काम-क्रोध आदि शत्रुओं का अभिभव करनेवाले प्रभो! उस धन को दीजिये जो **सुवीरम्**-उत्तम वीर जनों को जन्म देता है, अर्थात् हम सबको वीर बनाता है। **स्वपत्यम्**-उत्तम सन्तानवाला है तथा **प्रशस्तम्**-प्रशंसनीय है, अर्थात् प्रशस्त साधनों से ही जिसका अर्जन हुआ है। (२) हमारे लिये उस धन को दीजिये

यम्-जिसको यातुमावान्-हिंसा की भावना से युक्त यावा-आक्रान्ता शत्रु न तरति-बाधित नहीं कर पाता।

भावार्थ-प्रभु हम यज्ञशील पुरुषों को वह धन दें जो हमें वीर बनाये, उत्तम सन्तानवाला करे, प्रशस्त जीवनवाला बनाये और चोर आदि से चुराया न जाये।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-एकादशाक्षरपादैस्त्रिपदा विराड् गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

प्रातः-सायं अग्निहोत्र

उप यमेति युवतिः सुदक्षं दोषा वस्तोर्हविष्मती घृताची। उप स्वैनमरमतिर्वसूयुः ॥ ६ ॥

(१) यम्-जिस सुदक्षम्-उत्तम बल की कारणभूत अग्नि को दोषा वस्तोः-प्रातः-सायं हविष्मती-प्रशस्त हविवाली घृताची-(घृतम् अञ्चति) घृत से युक्त युवतिः-अग्नि के साथ घृत को सम्पृक्त करनेवाली जुहू (चम्मच) उप एति-समीपता से प्राप्त होती है। एनम्-इस अग्नि को स्वा-अपनी अरमतिः-दीप्ति उप (एति) प्राप्त होती है। जुहू से घृत को प्राप्त करके अग्नि चमक उठती है। (२) वसूयुः-ये अग्नि की दीप्ति यज्ञशील पुरुषों के लिये वसुओं की कामनावाली होती है, अर्थात् यज्ञशील पुरुष सब वसुओं को प्राप्त करता है।

भावार्थ-यज्ञाग्नि में प्रशस्त हवि व घृत का सम्पर्क होने पर यह यज्ञाग्नि होता के लिये वसुओं को प्राप्त करानेवाली होती है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-एकादशाक्षरपादैस्त्रिपदा विराड् गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

रोग विध्वंस

विश्वा अग्नेऽप दहारातीर्येभिस्तपोभिरदहो जरूथम्। प्र निस्वरं चातयस्वामीवाम् ॥ ७ ॥

(१) हे अग्ने-यज्ञाग्ने! तू विश्वाः-सब अरातीः-शत्रुओं को तपोभिः-अपनी तापक शक्तियों से अपदह-सुदूर भस्म कर दे, येभिः-जिन तापक शक्तियों से जरूथं अदहः-मांस को दग्ध कर देता है। रोगकृमियों को यह अग्नि भून-सा डाले, उन्हें जला ही दे। (२) अमीवाम्-रोगों को निस्वरम्-(न्यक्कृतोपतापं) तापक शक्ति से रहित करके प्रचातयस्व-प्रकर्षेण नष्ट कर डाल। अग्निहोत्र से रोग की प्रबलता दूर होती है। धीरे-धीरे वह रोग ही जाता रहता है।

भावार्थ-अग्नाग्नि द्वारा रोगकृमि भस्म कर दिये जाते हैं। रोगों की उपतापक शक्ति कम होकर रोग का ही विध्वंस हो जाता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-एकादशाक्षरपादैस्त्रिपदा विराड् गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

'वसिष्ठ-शुक्र-दीदिवः-पावक'

आ यस्ते अग्न इधते अनीकं वसिष्ठ शुक्र दीदिवः पावक। उतो न एभिः स्तवथैरिह स्याः ॥ ८ ॥

(१) हे वसिष्ठ-अतिशयेन वसुमत्तम-सब वसुओं से सम्पन्न! शुक्र-अत्यन्त पवित्र! दीदिवः-दीप्त! पावक-पवित्र करनेवाले अग्ने-अग्रणी प्रभो! यः ते-जो आपका बनता है वह अनीकम्-बल व तेज को आ इधते-सर्वथा दीप्त करता है। वस्तुतः वह आपके तेज से तेजस्वी बनता है। (२) उत-और उ-निश्चय से नः-हमारे से किये जानेवाले एभिः-इन स्तवथैः-स्तोत्रों के द्वारा इह स्याः-यहाँ हमारे जीवन में आप होइये। जितना-जितना हम अपने जीवन में आपका

धारण कर सकेंगे उतना-उतना ही आपके तेज से तेजस्वी बनेंगे। तभी हम वसुमान् पवित्र व दीप्त बनेंगे, औरों को पवित्र करनेवाले होंगे। सो हमारी तो यही कामना है कि आपका स्तवन करते हुए आपको अपने में धारण करें।

भावार्थ-प्रभु का उपासक प्रभु के तेज से तेजस्वी होता है। वसुमान् पवित्र दीप्त बनकर पवित्र करनेवाला होता है।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-अग्निः॥ छन्दः-एकादशाक्षरपादैस्त्रिपदा विराड् गायत्री॥ स्वरः-षड्जः॥

सुमनाः

वि ये तै अग्ने भेजिरे अनीकं मर्ता नरः पित्र्यासः पुरुत्रा। उतो न एभिः सुमना इह स्याः॥ ९॥

(१) हे **अग्ने**-अग्रणी प्रभो! **ये मर्ताः ते**-जो मनुष्य आपके बनते हैं, वे **पित्र्यासः**-बड़ों के, पितरों के अनुकूल चलते हुए, उनके कहने में चलते हुए **नरः**-मनुष्य **अनीकम्**-बल व तेज को **पुरुत्रा**-शरीर के अंग-प्रत्यंग में, बहुत प्रदेशों में **विभेजिरे**-विशेषरूप से धारण करते हैं। (२) **उत उ**-और निश्चय से **नः**-हमारे **एभिः**-इन स्तोत्रों के द्वारा **इह**-यहाँ इस जीवन में **सुमनाः**-उत्तम मनवाले **स्याः**-होइये। आपकी उपासना से हम उत्तम मनवाले बन पायें।

भावार्थ-प्रभु का उपासक बड़ों का कहना मानता है। बड़ों की शुश्रूषा करता हुआ यह तेजस्वी बनता है। प्रभु का स्तवन करता हुआ उत्तम मनवाला होता है।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-अग्निः॥ छन्दः-एकादशाक्षरपादैस्त्रिपदा विराड् गायत्री॥ स्वरः-षड्जः॥

आसुरी माया का अभिभव

इमे नरो वृत्रहत्येषु शूरा विश्वा अदेवीरभि सन्तु मायाः। ये मे धियं पनयन्त प्रशस्ताम्॥ १०॥

(१) प्रभु कहते हैं कि **ये**-जो भी जीव **मे**-मेरी **प्रशस्ताम्**-प्रशस्त **धियम्**-ज्ञानपूर्वक की गई स्तुति को **पनयन्त**-(स्तुवन्ति-कुर्वन्ति) उच्चरित करते हैं, **इमे नरः**-ये नर **वृत्रहत्येषु**-संग्रामों में **शूराः**-शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले होते हैं और **विश्वाः**-सब **अदेवीः**-आसुरी **मायाः**-मायाओं को, छलछिद्र आदि को **अभिसन्तु**-अभिभूत कर लेते हैं। (२) वस्तुतः प्रभुस्तवन से ये प्रभु के तेज से तेजस्वी बनते हैं और सब आसुरभावों का विनाश करके पवित्र जीवनवाले होते हैं।

भावार्थ-प्रभु का स्तवन करते हुए हम अध्यात्म संग्राम में विजयी बनें और आसुरभावों को दूर करें।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-अग्निः॥ छन्दः-एकादशाक्षरपादैस्त्रिपदा विराड् गायत्री॥ स्वरः-षड्जः॥

प्रजावतीषु दुर्यासु

मा शूने अग्ने नि षदाम नृणां माशेषसोऽवीरता परि त्वा। प्रजावतीषु दुर्यासु दुर्य॥ ११॥

(१) हे **अग्ने**-परमात्मन्! **त्वा**-आपको **परि** (चरन्तः)-उपासित करते हुए हम **नृणाम्**-अन्य मनुष्यों के घरों में ही **मा निषदाम**-मत बैठे रहें। दूसरों पर ही बोझ न बने रहें। **मा शूने**-शून्य घरों में, दरिद्रता से व्याप्त घरों में हमारा निवास न हो, और इन अपने भी सम्पन्न घरों में **अशेषसः** (शेष-पुत्र)-पुत्ररहित **मा**-न हों। **अवीरता**-तथा अवीरता से युक्त न हों। (२) हे **दुर्य**-हमारे घरों के रक्षक प्रभो! आपकी उपासना करते हुए हम **प्रजावतीषु दुर्यासु**-उत्तम सन्तानोंवाले घरों में निवास करें।

भावार्थ-हम प्रभु के उपासक बनें। औरों पर बोझ न बने रहें। अपने घरों में दरिद्रता से

रहित होकर, उत्तम सन्तानोंवाले व वीरता से युक्त होकर निवास करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-एकादशाक्षरपादैस्त्रिपदा विराड् गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

औरस सन्तान से वृद्धि को प्राप्त होता हुआ घर

यमश्वी नित्यमुपयाति यज्ञं प्रजावन्तं स्वपत्यं क्षयं नः। स्वजन्मना शेषसा वावृधानम्॥ १२॥

(१) यम्-जिस यज्ञम्-पूजनीय प्रभु को अश्वी-प्रशस्त इन्द्रियाश्वोंवाला पुरुष नित्यम्-सदा उपयाति-प्रातः-सायं उपासना के समय उपस्थित होता है। वे प्रभु नः-हमारे लिये क्षयम्-उस गृह को दें जो प्रजावन्तम्-उत्तम मनुष्यों से युक्त है तथा स्वपत्यम्-उत्तम सन्तानोंवाला है। अर्थात् जिस घर में माता-पिता आदि बड़े व्यक्ति भी उत्तम जीवनवाले हैं तथा जिसमें सब सन्तान भी उत्तम हैं। (२) प्रभु उपासना से हम वह घर प्राप्त हो जो स्वजन्मना-अपने से उत्पन्न हुए-हुए, अर्थात् औरस शेषसा-सन्तानों से वावृधानम्-वृद्धि को प्राप्त हो रहा है।

भावार्थ-हम प्रशस्तेन्द्रिय बनकर सदा घरों में प्रभु का उपासन करें। हमारे घर प्रशस्त प्रजाओंवाले व उत्तम सन्तानोंवाले हों। औरस सन्तानों से वृद्धि को प्राप्त हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-एकादशाक्षरपादैस्त्रिपदा विराड् गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

उत्तम संग

पाहि नो अग्ने रक्षसो अजुष्टात्पाहि धूर्तेररुषो अघायोः। त्वा युजा पृतनायूँरभि ष्याम्॥ १३॥

(१) हे अग्ने-परमात्मन्! आप अजुष्टात्-जो कभी भी प्रीतिपूर्वक प्रभु के उपासन में नहीं प्रवृत्त होता उस रक्षसः-राक्षसीभाव से नः पाहि-हमारा रक्षण करिये। धूर्तेः-हिंसक, अररुषः-अ-दाता, अघायोः-पाप की कामनावाले पुरुष से भी पाहि-हमें बचाइये। हम ऐसे पुरुषों के संग में न पड़े रह जायें। (२) हे प्रभो! मैं त्वा युजा-आप साथी से, आपको मित्र रूप में पाकर पृतनायून्-हमारे पर आक्रमण करनेवाले शत्रु-सैन्यों को, आसुरभावों को अभिष्याम्-अभिभूत करनेवाला बनूँ।

भावार्थ-राक्षसीभावों से हम दूर हों। हमारा संग हिंसक अदाता पापेच्छु पुरुषों के साथ न हो। प्रभु को साथी बनाकर आक्रमण करनेवाले शत्रु-सैन्यों को हम पराभूत करनेवाले हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-एकादशाक्षरपादैस्त्रिपदा विराड् गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

'अग्नि' का लक्षण (प्रगतिशील पुरुष का)

सेदग्निरस्तु सनीरत्यस्त्वन्यान्यत्र वाजी तनयो वीळुपाणिः। सहस्रपाथा अक्षरं समेति॥ १४॥

(१) सः इत् अग्निः=अपने को आगे प्राप्त करानेवाला प्रगतिशील पुरुष तो वही है, जो (क) अन्यान्-दूसरे अग्नीन्-प्रगतिशील पुरुषों को अत्यस्तु-लाँघ जाता है, जो वेद के 'अति समं क्राम' इस उपदेश को क्रियान्वित करता है। (ख) यत्र-जिसके घर में तनयः-सन्तान वाजी-शक्तिशाली होती है तथा वीळुपाणिः-दृढ़हस्त होता है, अर्थात् जो सन्तानों को शक्तिशाली व दृढ़ता से कार्यों को करनेवाला बनाता है। (२) (ग) सहस्रपाथाः-बहुतों का-सहस्रों का रक्षक होता हुआ, अर्थात् केवल अपने लिये न जीता हुआ अक्षरा-न नष्ट होने देनेवाले स्तोत्रों के समेति-साथ गति करता है, अर्थात् प्रभु-स्तवन करता हुआ कार्यों में तत्पर होता है। यह प्रभु-स्तवन उसे क्षीणशक्ति नहीं होने देता।

भावार्थ-अग्नि वह है जो (क) अपने बराबरवालों से आगे लाँघ जाता है। (ख) जो

शक्तिशाली दृढ़हस्त सन्तानोंवाला होता है। (ग) जो केवल अपने लिये न जीकर औरों के लिये जीता है और प्रभु स्तवन से शक्ति को प्राप्त करता है।

सूचना–यहाँ प्रथम लक्षण निजू जीवन की प्रगति का सूचक है। दूसरा लक्षण पारिवारिक सौन्दर्य का संकेत कर रहा है तथा तीसरा लक्षण सामाजिक कर्तव्यपरायणता का प्रतिपादक है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–एकादशाक्षरपादैस्त्रिपदा विराड् गायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

सुजात+वीर

सेदग्निर्यो वनुष्यतो निपाति समेद्धारमंहस उरुष्यात्। सुजातासः परि चरन्ति वीराः ॥ १५ ॥

(१) **अग्निः स इत्**=अग्रणी प्रभु निश्चय से वे हैं, **यः**=जो **समेद्धारम्**=अपने हृदयों में प्रभु के प्रकाश को दीप्त करनेवालों को, प्रबोधकों को **वनुष्यतः**=हिंसकों से **निपाति**=बचाता है। काम-क्रोध-लोभरूप हिंसकभावों से यह अपने प्रबोधक को रक्षित करता है। **उरुष्यात्**=महान् **अंहसः**=पापों से भी बचाता है। (२) इसी कारण **सुजातासः**=उत्तम जन्मवाले, कुलीन, **वीराः**=वीर पुरुष **परिचरन्ति**=इस प्रभु की परिचर्या करते हैं। वस्तुतः यह उपासना ही उन्हें 'सुजात व वीर' बनाती है।

भावार्थ–प्रभु अपने उपासक को हिंसकों से बचाते हैं वे महान् पापों से रक्षित करते हैं। प्रभु की उपासना उपासक को सुजात व वीर बनाती है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–एकादशाक्षरपादैस्त्रिपदा विराड् गायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

ईशानः हविष्मान्

अयं सो अग्निराहुतः पुरुत्रा यमीशानः समिद्धिन्धे हविष्मान्। परि यमेत्यध्वरेषु होता ॥ १६ ॥

(१) **अयम्**=यह **सः**=वह **अग्निः**=अग्नि **पुरुत्रा**=बहुत से यज्ञदेशों में **आहुतः**=आहुत होता है। **यम्**=जिस अग्नि को **ईशानः**=ऐश्वर्यशाली **हविष्मान्**=प्रशस्त हविवाला **इत्**=निश्चय से **समिन्धे**=सम्यक् दीप्त करता है। दरिद्रता यज्ञों को प्रोत्साहित नहीं करती। त्यागवृत्ति से रहित ऐश्वर्य भी यज्ञों का प्रवर्तक नहीं बनता। ऐश्वर्य व त्यागवृत्ति के मेल के होने पर यज्ञों का खूब प्रवर्तन होता है। (२) **यम्**=जिस अग्नि को **अध्वरेषु**=हिंसारहित कर्मों में **होता**=दानपूर्वक अदन की वृत्तिवाला पुरुष **परि एति**=समन्तात् प्राप्त होता है, अर्थात् होतृवृत्तिवाला पुरुष सदा यज्ञों में अग्नि की परिचर्या करता है।

भावार्थ–हम ऐश्वर्यशाली व त्यागवृत्तिवाले बनकर सदा यज्ञों में अग्नि की परिचर्या करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–एकादशाक्षरपादैस्त्रिपदा विराड् गायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

नित्य यज्ञ व इन्द्रियों का पवित्रीकरण

त्वे अग्न आहवनानि भूरीशानास आ जुहुयाम नित्या। उभा कृण्वन्तौ वहतू मियेधे ॥ १७ ॥

(१) हे **अग्ने**=यज्ञ की अग्नि! **ईशानासः**=ऐश्वर्यशाली होते हुए हम **नित्या**=सदा **त्वे**=तेरे में **आहवनानि**=आहुतियों को **भूरि**=बहुत **आजुहुयाम**=आहुत किया करें। (२) इस प्रकार **मियेधे**=इस नित्य के यज्ञ में **उभा वहतू**=इन दोनों इन्द्रियाश्वों को **कृण्वन्तः**=(कृणोति to kill) मार लेनेवाले हों। 'इन्द्रियों को मार लेने' का भाव यह है कि इन्हें सब विषय-वासनाओं से पृथक् कर लें, इन्हें कोई चस्का न लगा रह जाये। इस प्रकार ये इन्द्रियाश्व पवित्र बन जायें।

भावार्थ–हम सदा यज्ञों को करनेवाले हों और इस प्रकार इन्द्रियाश्वों को विषयव्यावृत्त कर,

पवित्र बना लें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-एकादशाक्षरपादैस्त्रिपदा विराड् गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

नित्य यज्ञ द्वारा सुरभि पदार्थों का सब देवों में पहुँचना

इमो अग्ने वीततमानि हव्याजस्रो वक्षि देवतातिमच्छ। प्रति न ईं सुरभीणि व्यन्तु॥ १८ ॥

(१) हे अग्ने-यज्ञ की अग्नि! तू अजस्रः-अनवरत हुआ-हुआ, कभी न बुझता हुआ, उ-निश्चय से इमा-इन वीततमानि-अतिशयेन कान्त (सुन्दर) हव्यानि-हव्य पदार्थों को देवतातिम् अच्छ-देवसमूह के प्रति वक्षि-ले जा। इन हव्य पदार्थों को तू वायु आदि देवों में पहुँचानेवाला हो। 'अग्नौ प्रास्ता दुतिः सम्यगादित्यमुपतिष्ठते' अग्नि में डाली हुई आहुति सूर्य तक पहुँचती है। अग्नि से सूक्ष्मकणों में विभक्त हुए-हुए ये हव्य पदार्थ सर्वत्र आकाश में फैल जाते हैं और सारे वायुमण्डल का शोधन करते हैं। (२) नः-हमारे इन सुरभीणि-सुगन्धित हव्य पदार्थों को ईम्-निश्चय से प्रति व्यन्तु-प्रति दिन ये सब देव चाहें, अर्थात् प्रतिदिन यज्ञ के द्वारा ये उन सब देवों में पहुँचें।

भावार्थ-नियमित अग्निहोत्र के द्वारा सुगन्धित हव्य पदार्थ सूक्ष्म कणों में विभक्त होकर सारे वायुमण्डल में पहुँचते रहें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

दुर्गति से दूर

मा नो अग्नेऽवीरते परा दा दुर्वाससेऽमतये मा नो अस्यै।
मा नः क्षुधे मा रक्षस ऋतावो मा नो दमे मा वन आ जुहूर्थाः ॥ १९ ॥

(१) हे अग्ने-परमात्मन्! नः-हमें अवीरते-अपुत्रत्व के लिये मा परादाः-मत दे डालिये, हम निःसन्तान न हों। दुर्वाससे-मैले कुचैले कपड़ों के लिये मत दे डालिये। नः-हमें अस्यै-इस अमतये (want)-निर्धनता व दुर्बुद्धि के लिये (evil mindedness) मत दे डालिये। (२) नः-हमें क्षुधे-भूख के लिये मा-मत दे डालिये और रक्षसे-राक्षसीभावों के लिये मा-मत दे डालिये। हे ऋतावः-ऋतवाले अग्ने, सत्य का रक्षण करनेवाले अग्ने! नः-हमें मा दमे-न तो घर में और मा वने-न ही वन में आजुहूर्थाः-हिंसित करिये। आप का उपासन करते हुए हम सर्वत्र सुरक्षित रहें।

भावार्थ-हम उत्तम सन्तान, शुभ वस्त्र, शुभ बुद्धि, तृप्ति व दिव्यभावों को प्राप्त करें। प्रभु हमारे में ऋत का रक्षण करें। क्या तो घर में और क्या वन में हम सर्वत्र सुरक्षित रहें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

उभयासः

नू मे ब्रह्माण्यग्न उच्छशाधि त्वं देव मघवद्भ्यः सुषूदः।
रातौ स्यामोभयासस आ ते यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ २० ॥

(१) हे अग्ने-परमात्मन्! नू-अब मे-मेरे लिये ब्रह्माणि-ज्ञान की वाणियों को उच्छशाधि-उत्कर्षेण उपदिष्ट करिये। हे देव-प्रकाशमय प्रभो! त्वम्-आप मघवद्भ्यः-यज्ञशील पुरुषों के लिये सुषूदः-उत्तम प्रेरणा को प्राप्त करानेवाले होइये (persuade) अथवा दुःखों को दूर करनेवाले होइये। (२) ते आ रातौ-आपके सब ओर दानों में हम उभयासः स्याम-अभ्युदय व निःश्रेयस

दोनों को सिद्ध करनेवाले हों। यूयम्-आप अपने इन सब देवों के साथ स्वस्तिभिः-अविनाशी मंगलों के द्वारा नः पात-हमारा रक्षण करिये। आपकी कृपा से सदा शुभ मार्ग पर चलते हुए हम कल्याण को प्राप्त करें।

भावार्थ-प्रभु से हम ज्ञानोपदेश को प्राप्त करें। हम यज्ञशीलों के कष्टों को प्रभु दूर करें। अभ्युदय व निःश्रेयस को सिद्ध करते हुए हम सदा शुभ मार्ग पर चलें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

'उत्तम सुशील योग्य व दीर्घायु' सन्तान

त्वमग्ने सुहवो रण्वसंदृक्सुदीती सूनो सहसो दिदीहि।
मा त्वे सचा तनये नित्य आ धङ्मा वीरे अस्मन्नर्यो वि दासीत्॥ २१ ॥

हे सहसः सूनोः-बल के पुत्र, अत्यन्त बलवन् अग्ने-अग्रेणी प्रभो! त्वम्-आप सुहवः-हमारे लिये सुगमता से पुकारने योग्य होइये। रण्वसन्दृक्-रमणीय सन्दर्शनवाले आप सुदीती-उत्तम दीप्ति से दिदीहि-दीप्त होइये। हम अपने हृदयों में सदा आपके प्रकाश को देखें। (२) सचा-सहायभूत हुए-हुए त्वे-आप (त्वम् सा०) नित्ये तनये-औरस पुत्र के विषय में मा आधक्-हमें दग्ध न करिये। न तो हम औरस सन्तान के अभाव के कारण दग्ध हों और न ही उसके विकृत आचरण के कारण परेशान हों। हमारे औरस सन्तान 'सुशील, सदाचारी व योग्य' हों। तथा अस्मत्-हमारे से नर्यः-नरहितकारी वीरः-यह वीर सन्तान मा विदासीत्-मत उपक्षीण हो जाये। यह अल्पायु होकर हमारे से छिन न जाये।

भावार्थ-हम अपने हृदयों में प्रभु के प्रकाश को देखें। हमारे औरस पुत्र अपने आचरण से हमें सुखी करें तथा ये दीर्घायु हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

दुर्भृति व दुर्मति से दूर होते हुए सदा यज्ञशील बनें

मा नो अग्ने दुर्भृतये सचैषु देवेद्धेष्वग्निषु प्र वोचः।
मा तें अस्मान्दुर्मतयो भूमाच्चित्तेवस्य सूनो सहसो नशन्त॥ २२ ॥

(१) अग्ने-हे परमात्मन्! नः-हमें दुर्भृतये मा-दुर्भृति के लिये मत दे डालिये, हम अपने भरण के लिये कभी कष्ट में न पड़ जायें। सचा-सहायभूत आप एषु-इन देवेद्धेषु-देवों से दीप्त की जानेवाली अग्निषु-अग्नियों के विषय में प्रवोचः-प्रकर्षेण उपदेश करिये। हम भी देवों की तरह यज्ञाग्नियों को दीप्त करनेवाले बनें। (२) हे सहसः सूनो-बल के पुञ्ज प्रभो! देवस्य ते-प्रकाशमय आपके जो हम हैं, उन अस्मान्-हम को भूमात् चित्-भ्रम से भी दुर्मतयः-दुर्मतियाँ कभी भी मा नशन्त-मत व्याप्त करें। हम सदा सुमतिवाले होते हुए यज्ञ आदि उत्तम कर्मों में प्रवृत्त रहें।

भावार्थ-हम कभी भरण-पोषण के लिये कष्ट में न पड़ें। देवों की तरह यज्ञाग्नियों को दीप्त करनेवाले हों। कभी भी दुर्मति से न घिर जायें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

यज्ञशीलता व ऐश्वर्यशालिता

स मर्तो॑ अग्ने स्वनीक रे॒वान॑मर्त्ये॒ य आ॑जुहोति॑ ह॒व्यम्।
स दे॒वता॑ वसु॒वनिं॑ दधाति॒ यं सू॒रिर॒र्थी पृ॒च्छमा॑न॒ एति॑ ॥ २३ ॥

(१) हे **स्वनीक**-उत्तम तेजवाले **अग्ने**-यज्ञाग्ने! **सः मर्तः**-वह मनुष्य **रेवान्**-ऐश्वर्यशाली होता है, **यः**-जो **अमर्त्ये**-कभी नष्ट न होनेवाले, प्रतिदिन प्रज्वलित होनेवाले तुझमें **हव्यं आजुहोति**-हव्य पदार्थों की आहुति देता है। यज्ञशीलता ऐश्वर्यशालिता का कारण बनती है। (२) **सः**-वह **देवता**-सब कुछ देनेवाला अग्नि **वसुवनिं दधाति**-धन का संविभाग करनेवाले यज्ञशील पुरुष को धारण करता है। वह अग्नि उसका धारण करता है, **यम्**-जिसको कि **सूरिः**-ज्ञानी **अर्थी**-चाहनेवाला पुरुष **पृच्छमानः**-जानने की कामनावाला होता हुआ, पूछता हुआ **एति**-प्राप्त होता है। ज्ञानी जिज्ञासु यज्ञाग्नि के विषय में ज्ञान प्राप्त करने की कामनावाला होता है। यह यज्ञाग्नि ही तो सब ऐश्वर्य वृद्धि का कारण बनती है।

भावार्थ-जो नित्य प्रति यज्ञ करता है, वह ऐश्वर्यशाली बनता है। यह यज्ञाग्नि दानशील पुरुष का धारण करती है। समझदार जिज्ञासु यज्ञाग्नि के विषय में अधिकाधिक ज्ञान प्राप्त करता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

अक्षीण आयु व उत्तम सन्तान

म॒हो नो॑ अग्ने सु॒वि॒तस्य॑ विद्वान्र॒यिं सू॒रिभ्य॒ आ व॑ह बृ॒हन्त॑म्।
येन॑ व॒यं स॑हसाव॒न्मदे॒माविक्षि॑तास॒ आयु॑षा सु॒वीराः॑ ॥ २४ ॥

(१) हे **अग्ने**-अग्रणी प्रभो! **नः**-हमारे **महः सुवितस्य**-महान् सुवित को-कल्याण कर्म को **विद्वान्**-जानते हुए आप **सूरिभ्यः**-हम समझदार पुरुषों के लिये **बृहन्तम्**-वृद्धि के कारणभूत **रयिम्**-ऐश्वर्य को **आवहा**-प्राप्त कराइये। इस ऐश्वर्य के द्वारा हम सदा शुभ कर्मों को करने में समर्थ बने रहें। (२) हे **सहसावन्**-बलवाले प्रभो! सर्वशक्ति-सम्पन्न प्रभो! हमारे लिये उस धन को दीजिये **येन**-जिससे **वयम्**-हम **आयुषा अविक्षितासः**-आयु से अक्षीण हुए-हुए, **सुवीराः**-उत्तम वीर सन्तानोंवाले होते हुए **मदेम**-आनन्द का अनुभव करें।

भावार्थ-शुभ कर्म करते हुए हम प्रभु के अनुग्रह से उस धन को प्राप्त करें, जो ठीक उपयुक्त हुआ-हुआ हमारे दीर्घ जीवन का कारण बने और हमें वीर सन्तानोंवाला बनाये।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ज्ञान की वाणियों का उपदेश

नू मे॒ ब्रह्मा॑ण्यग्न उच्छशाधि॒ तवं॑ दे॒व म॒घव॑द्भ्यः सुषूदः।
रा॒तौ स्या॑मो॒भया॑स॒ आ ते॑ यू॒यं पा॑त स्व॒स्ति॒भिः॒ सदा॑ नः ॥ २५ ॥

१.२० पर अर्थ द्रष्टव्य है।

सूचना-पहिले मन्त्र में उस धन के लिये प्रार्थना थी जो हमें अक्षीण आयुवाला व उत्तम वीर सन्तानोंवाला बनाये। सो वह धन यही है कि (क) प्रभु मेरे लिये उत्तम ज्ञान की वाणियों का उपदेश करें, (ख) वे देव प्रभु हम यज्ञशील पुरुषों को उत्तम प्रेरणा प्राप्त कराये। (ग) हम

प्रभु के दानों को प्राप्त करके अभ्युदय व निःश्रेयस दोनों को सिद्ध करें। (घ) सब देवों के साथ प्रभु द्वारा शुभ मार्ग में प्रेरित होकर रक्षित हों। इस प्रकार देखने पर मन्त्र के दुबारा आने का उद्देश्य स्पष्ट है।

अगला सूक्त 'आप्री' सूक्त है। इन सूक्तों में यज्ञसम्बद्ध सब पदार्थों का उल्लेख होता है। इन सब पदार्थों के ठीक संग्रह से यह होता 'देवान् आप्रीणाति' देवों को प्रीणित करता है–

अथ पञ्चमाष्टके द्वितीयोऽध्यायः

[२] द्वितीयं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–आप्रियः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

इध्मः, समिद्धः अग्निः वा

जुषस्व नः समिधमग्ने अद्य शोचा बृहद्यजतं धूममृण्वन्।
उप स्पृश दिव्यं सानु स्तूपैः सं रश्मिभिस्ततनः सूर्यस्य ॥ १ ॥

(१) हे अग्ने–यज्ञाग्ने! अद्य–आज नः–हमारी समिधम्–समिधा को जुषस्व–प्रीतिपूर्वक सेवन करनेवाला हो यजतम्–संगतिकरण योग्य–प्रशस्त धूमम्–धूयें को ऋण्वन्–प्रेरित करता हुआ तू बृहत् शोच–खूब दीप्त हो। अग्निहोत्र का धूंआ सचमुच 'यजत' है, यह सब रोगकृमियों का संहार करनेवाला है। (२) हे अग्ने! तू स्तूपैः–अपनी सन्तप्त रश्मियों से दिव्यं सानु–आकाश के समुच्छ्रित (उन्नत) प्रदेश को उपस्पृश–छूनेवाला हो। और सूर्यस्य रश्मिभिः–सूर्य की किरणों के साथ संततनः–सम्यक् विस्तारवाला हो। अर्थात् सूर्योदय होने पर अग्निकुण्डों में तेरा आधान किया जाये। सूर्य–किरणें जब वृक्ष के हरे पत्तों पर पड़ती हैं तो ये पत्ते अग्नि के जलने से उत्पन्न कार्बानिक ऐसिड गैस (Co^2) को फाड़ के कार्बन को अपने पास रख लेते हैं और ऑक्सिजन को फिर वायुमण्डल में भेज देते हैं। सो अग्निहोत्र सूर्योदय के होने पर ही होता है।

भावार्थ–हम यज्ञाग्नि में समिधा को डालें। अग्नि प्रशस्त धूम को प्रेरित करता हुआ चमके। इस की सन्तप्त रश्मियाँ आकाश के शिखर को छूएँ। हम सूर्योदय होने पर यज्ञाग्नि को प्रज्वलित करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–आप्रियः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

नराशंसः

नराशंसस्य महिमानमेषामुप स्तोषाम यजतस्य यज्ञैः।
ये सुक्रतवः शुचयो धियंधाः स्वदन्ति देवा उभयानि हव्या ॥ २ ॥

(१) ये–जो देवाः–देववृत्ति के पुरुष हैं, वे सुक्रतवः–उत्तम प्रज्ञान व शक्तिवाले होते हैं, शुचयः–पवित्र जीवनवाले होते हैं तथा धियन्धाः–बुद्धिपूर्वक उत्तम कर्मों का धारण करनेवाले होते हैं। ये देव उभयानि हव्या–अग्निहोत्र के समान दोनों समयों में हव्य पदार्थों को ही स्वदन्ति–खाते हैं। (२) एषाम्–इन देववृत्ति के पुरुषों की यज्ञैः यजतस्य–यज्ञों से यजनीय–उपासनीय नराशंसस्य–यज्ञाग्नि की महिमानम्–महिमा को उपस्तोषाम–उपस्तुत करते हैं। देववृत्ति के पुरुष ही यज्ञशील होते हैं। सो यह यज्ञाग्नि इन देवों की ही है। यह यज्ञाग्नि यज्ञों के द्वारा ही उपासनीय होती है। यह नराशंस है, नरों से शंसनीय है। सब मनोरथों को पूर्ण करनेवाली होने से यह शंसनीय तो होती ही है।

भावार्थ–देववृत्ति के पुरुष सदा यज्ञशील होते हैं। ये यज्ञाग्नि इन्हें उत्तम प्रज्ञानवाला, पवित्र, पवित्र बुद्धि व कर्मोंवाला तथा हव्य पदार्थों का दोनों काल सेवन करनेवाला बनाती है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–आग्नियः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

इडः

ईळेन्यं वो असुरं सुदक्षमन्तर्दूतं रोदसी सत्यवाचम्।
मनुष्वदग्निं मनुना समिद्धं समध्वराय सदमित्समीहेम ॥ ३ ॥

(१) मनुना समिद्धम्–विचारशील पुरुष के द्वारा दीप्त किये गये अग्निम्–अग्नि को मनुष्वत्–एक विचारशील पुरुष की तरह, अर्थात् विचारशील बनते हुए हम अध्वराय–यज्ञ के लिये सदं इत्–सदा ही समीहेम–पूजित करते हैं। (२) उस अग्नि को हम पूजित करते हैं जो वः ईडेभ्यम्–तुम्हारे से स्तुति किये जाने योग्य है असुरम्–बल का संचार करनेवाला है, सुदक्षम्–उत्तम उन्नति व विकास (दक्ष) का कारण है, रोदसी अन्तः–द्यावापृथिवी के बीच में दूत के समान है, सब हव्य पदार्थों को द्यावापृथिवी के अन्तर्गत सब देवों में पहुँचानेवाला है। सत्यवाचम्–हमें सत्य वाणीवाला बनाता है। 'अग्ने व्रतपते व्रतं चरिष्यामि तच्छकेयं तन्मे राध्यताम्। इदमहमनृतात् सत्यमुपैमि'–यहाँ अग्नि साक्षिक ही सत्य का व्रत लिया जाता है। अग्नि सत्य पर दृढ़ है, हम भी सत्य पर दृढ़ हों।

भावार्थ–अग्नि उपासनीय है। यह हमें सबल बनाती है, हमारी शक्तियों का विकास करती है। हव्य पदार्थों को सब देवों में पहुँचाती है। हमें सत्यवाक् बनाती है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–आग्नियः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

बर्हिः

सपर्यवो भरमाणा अभिज्ञु प्र वृञ्जते नमसा बर्हिरग्नौ।
आजुह्वाना घृतपृष्ठं पृषद्वदध्वर्यवो हविषा मर्जयध्वम् ॥ ४ ॥

(१) सपर्यवः–पूजा की कामनावाले लोग, अभिज्ञु–अभिगतजानुक होकर, घुटने जिसमें जुड़े हैं, उस आसन विशेष पर बैठकर, बर्हिः–हृदयान्तरिक्ष को नमसा भरमाणाः–नमन की भावना से भरते हुए अग्नौ–यज्ञाग्नि में प्रवृञ्जते–हव्य पदार्थों को छोड़ते हैं। हव्य पदार्थों की अग्नि में आहुति देते हैं। (२) अध्वर्यवः–हे यज्ञ को करनेवाले लोगो! घृतपृष्ठम्–घृत संसिक्त पृष्ठवाले इस अग्नि को पृषद्वत्–घृत के स्थूल बिन्दुओं से युक्त रूप में हविषा–हवि से आजुह्वानाः–आहुत करते हुए मर्जयध्वम्–अपने जीवन को शुद्ध बनाओ। वस्तुतः जितना-जितना यज्ञ अधिक करते हैं, उतना-उतना ही जीवन अधिक पवित्र होता जाता है।

भावार्थ–हृदय में नम्रता को धारण करके हम अग्नि में हव्य पदार्थों की आहुतियाँ दें। जितना अधिक यज्ञ होगा, उतना ही अधिक जीवन पवित्र बनेगा।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–आग्नियः ॥ छन्दः–पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

देवीर्द्वारः

स्वाध्यो३ वि दुरो देवयन्तोऽशिश्रयू रथयुर्देवताता।
पूर्वी शिशुं न मातरा रिहाणे सम्मिमिक्षू न समनेष्वञ्जन् ॥ ५ ॥

(१) स्वाध्यः–उत्तम कर्मोंवाले, देवयन्तः–दिव्यगुणों को अपनाने की कामनावाले, रथयुः–

शरीररूप रथ को उत्तम बनानेवाले लोग **देवताता**-यज्ञों के निमित्त **दुरः**-यज्ञगृह द्वारों को **वि अशिश्रयुः**-विशेषरूप से आश्रित करते हैं। यज्ञ ही जीवन में हमें 'सुकर्मा, दिव्यगुणयुक्त व प्रशस्त शरीर-रथ-सम्पन्न' बनाते हैं। (२) **न**-जिस प्रकार **पूर्वी**-पालन व पूरण करनेवाले **मातरा**-माता-पिता **रिहाणे**-आस्वाद लेते हुए **शिशुम्**-बच्चे को **समञ्जन्**-अलंकृत करते हैं, गौवें बछड़े को चाटकर साफ़ कर डालती हैं-उसी प्रकार ये द्वार **समनेषु**-यज्ञों में यज्ञकर्त्ता को अलंकृत करनेवाले होते हैं। अथवा **न**-जैसे **अम्रुवः**-नदियाँ जलों से क्षेत्रों को सिक्त करती हैं, उसी प्रकार ये यज्ञभूमि के दिव्य द्वार अग्नि को घृत से सिंचवाने का कारण बनते हैं, इन द्वारों से यज्ञभूमि में आकर अध्वर्यु अग्नि को घृत सिक्त करते हैं।

भावार्थ-यज्ञगृह के द्वारों से यज्ञभूमि में आकर यज्ञ करते हुए लोग 'सुकर्मा, दिव्यगुण-सम्पन्न व उत्तम शरीर-रथवाले' बनते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-आप्रियः॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

उषासानक्ता

उत योषणे दिव्ये महि नं उषासानक्ता सुदुघेव धेनुः।
बर्हिषदा पुरुहूते मघोनी आ यज्ञियें सुवितायं श्रयेताम्॥ ६॥

(१) **उत**-और **उषासानक्ता**-ये उषाकाल व रात्रि-प्रातः व सायं-दोनों अग्निहोत्र के समय हैं। इन्हीं दोनों समयों पर अग्निहोत्र का विधान है। ये प्रातः-सायं **नः**-हमारे लिये **योषणे**-बुराई को दूर करनेवाले तथा अच्छाइयों को हमारे साथ मिलानेवाले हों। **दिव्ये**-ये हमारे लिये दिव्य हों, प्रकाशमय हों अथवा हमारे जीवनों में दिव्यगुणों को जन्म देनेवाले हों। ये **सुदुघा धेनुः इव**-सुख-सन्दोह्य गौ के समान हों। जैसे वह गौ प्रातः-सायं दूध को देती है, इसी प्रकार ये हमारे लिये ज्ञानदुग्ध को देनेवाले हों। (२) **बर्हिषदा**-ये यज्ञ के कुशासन पर बैठनेवाले हों, हम प्रातः-सायं दर्भासन पर स्थित होकर अग्निहोत्र को करनेवाले हों। **पुरुहूते**-ये बहुतों से पुकारे गये उषासानक्ता (प्रातः-सायं) **मघोनी**-हमारे लिये प्रशस्त धनों को प्राप्त करायें। **यज्ञिये**-यज्ञ के लिये उत्तम ये उषासानक्ता **सुविताय**-सुवित के लिये, सदाचरण के लिये **आश्रयेताम्**-आश्रय करें। हम प्रातः-सायं यज्ञ करते हुए दिनभर शुभ कर्मों को ही करनेवाले बनें।

भावार्थ-हमारे प्रातः व सायंकाल यज्ञ आदि उत्तम कर्मों में बीतें। प्रातः-सायं यज्ञ करते हुए हम अवशिष्ट दिन को भी सदाचरण से ही (सुवित से ही) बितायें।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-आप्रियः॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

दैव्या होतारा प्रचेतसा

विप्रा यज्ञेषु मानुषेषु कारू मन्यें वां जातवेदसा यजध्यै।
ऊर्ध्वं नो अध्वरं कृतं हवेषु ता देवेषु वनथो वार्याणि॥ ७॥

(१) गृहस्थ में पति-पत्नी ही मुख्य पात्र हैं। ये दोनों **विप्रा**-(वि+प्रा) अपना विशेषरूप से पूरण करनेवाले हैं। **मानुषेषु**-मानवहितकारी **यज्ञेषु**-यज्ञों में ये **कारू**-बड़ी कुशलता से कार्यों को करनेवाले हैं। अर्थात् कलापूर्ण ढंग से कार्यों को करते हैं। **जातवेदसा**-(जात धनौ) उत्पन्न किये हुए धनवाले **वाम्**-आप दोनों को **यजध्यै**-यज्ञ करने के लिये **मन्ये**-स्तुत करता हूँ। 'धन कमा करके आप यज्ञ करते हो' इसलिए मैं आपका शंसन करता हूँ। (२) प्रभु कहते हैं कि **हवेषु**-प्रार्थनाओं के होने पर **नः**-हमारे से उपदिष्ट **अध्वरम्**-इस यज्ञ को **ऊर्ध्वं कृतम्**-सब

से ऊपर–मुख्य करो। अर्थात् प्रभु प्रार्थना के साथ तुम सदा यज्ञ करनेवाले बनो। ता–वे आप दोनों देवेषु–सब देवों में वार्याणि–जो वरणीय बातें हैं उन्हें वनथः–सेवन करते हो। सूर्य की तरह आप ज्योतिर्मय जीवनवाले बनते हो तो वायु के समान क्रियाशील होते हो। चन्द्रमा के समान आप आह्लादमय होते हो तो अग्नि के समान दोषों का दहन करनेवाले बनते हो। इस प्रकार सब देवों में जो वरणीयवाले हैं, उन्हें आप अपनाने का प्रयत्न करते हो।

भावार्थ–घर में पति–पत्नी विप्र बने, यज्ञशील हों। धनोत्पादन करके सदा धनों का उपयोग यज्ञों में करें। सब देवों के गुणों को अपने में धारण करो।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–आप्रियः॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

भारती इडा सरस्वती

आ भारती भारतीभिः सजोषा इळा देवैर्मनुष्येभिरग्निः।
सरस्वती सारस्वतेभिरर्वाक्तिस्रो देवीर्बर्हिरेदं सदन्तु॥ ८॥

३.४.८ पर अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–आप्रियः॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

त्वष्टा

तन्नस्तुरीपमध पोषयित्नु देव त्वष्टर्वि रराणः स्यस्व।
यतो वीरः कर्मण्यः सुदक्षो युक्तग्रावा जायते देवकामः॥ ९॥

३.४.९ पर अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–आप्रियः॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

वनस्पतिः

वनस्पतेऽव सृजोप देवान्नग्निर्हविः शमिता सूदयाति।
सेदु होता सत्यतरो यजाति यथा देवानां जनिमानि वेद॥ १०॥

३.४.१० पर अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–आप्रियः॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

स्वाहाकृतयः

आ याह्यग्ने समिधानो अर्वाङिन्द्रेण देवैः सरथं तुरेभिः।
बर्हिर्न आस्तामदितिः सुपुत्रा स्वाहा देवा अमृता मादयन्ताम्॥ ११॥

३.४.११ पर अर्थ द्रष्टव्य है।

अगले सूक्त में 'अग्नि' नाम से प्रभु का उपासन है–

[३] तृतीयं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–अग्निः॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

घृतान्नः पावकः

अग्निं वो देवमग्निभिः सजोषा यजिष्ठं दूतमध्वरे कृणुध्वम्।
यो मर्त्येषु निध्रुविर्ऋतावा तपुर्मूर्धा घृतान्नः पावकः॥ १॥

(१) अग्निम्-उस अग्रेणी वः देवम्-तुम्हारे जीवनों को प्रकाशित करनेवाले प्रभु को अध्वरे-इस जीवनयज्ञ में अग्निभिः-अग्रियों के साथ सजोषाः-समानरूप से प्रीतिपूर्वक उपासना करनेवाले होते हुए यजिष्ठं दूतम्-अत्यन्त संगतिकरण योग्य व पूज्य दूतम्-ज्ञान-सन्देश को प्राप्त करानेवाला कृणुध्वम्-करो। प्रभु के ज्ञान-सन्देश को तुम सुननेवाले बनो। इसके लिये तुम सदा अग्रियों के साथ समानरूप से प्रीतिपूर्वक उपासना करनेवाले बनो। माता-पिता, आचार्य ही अग्नि हैं। इनके समीप रहते हुए सदा उपासनामय जीवनवाले बनो। (२) यही उस प्रभु की प्राप्ति का मार्ग है यः-जो मर्त्येषु-मरणधर्मा प्राणियों में निधृविः-नितरां ध्रुव हैं। ऋतावा-ऋत का रक्षण करनेवाले हैं। तपुर्मूर्धा-तपसियों के शिरोमणि हैं। घृतान्नः-ज्ञानरूप अन्न को प्राप्त करानेवाले हैं (घृतं-दीप्ति) और इस ज्ञानरूप अन्न के द्वारा पावकः-हमारे जीवनों को पवित्र बनानेवाले हैं।

भावार्थ-हम 'माता-पिता व आचार्य' रूप अग्रियों के साथ प्रभु की उपासना करते हुए प्रभु का उपासन करें। प्रभु हमें ज्ञानरूप अन्न देकर पवित्र जीवनवाला बनाते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः स्वरः-पञ्चमः ॥

महान् संवरण का हटना

प्रोथदश्वो न यवसेऽविष्यन्यदा महः संवरणाद् व्यस्थात्।
आदस्य वातो अनु वाति शोचिरध स्म ते व्रजनं कृष्णमस्ति ॥ २ ॥

(१) उस सत्यस्वरूप प्रभु का स्वरूप इस प्रकृति के हिरण्यपात्र से छिपा हुआ है 'हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्'। यह हिरण्मय पात्र ही यहाँ 'महान् संवरण' कहा गया है। जब कभी यह संवरण हटता है तो उस प्रभु का दर्शन होता है, उसकी ज्ञान वाणी सुन पड़ती है। यदा=जब महः संवरणात्-इस महान् संवरण से व्यस्थात्-प्रभु हमारे लिये अलग हो जाते हैं तो अविष्यन्-हमारे रक्षण की कामना करते हुए यवसे-बुराइयों को हमारे से पृथक् करने के लिये अश्वः न-अश्व के समान प्रोथत्-गर्जना करते हुए होते हैं वे प्रभु घोड़े की तरह गर्जना करते हुए आते हैं और 'ऋग् यजु साम' रूप त्रिविध वाणी का उच्चारण करते हैं। यह वाणी ही हमारे से बुराइयों को दूर करने का साधन बनती है। (२) आत्-अब अस्य शोचिः अनु-इस प्रभु की ज्ञानदीप्ति की अनुसार वातः वाति-हमें प्रेरणा प्राप्त होती है (वा गतौ)। अध-अब इस प्रभु की प्रेरणा के प्राप्त होने पर ते व्रजनम्-हे उपासक तेरा गमन कृष्णम्-बड़ा आकर्षक अस्ति-होता है। प्रभु प्रेरणा के अनुसार चलते हुए उपासक के सब कार्य उत्तम होते हैं।

भावार्थ-प्रकृति के आवरण के हटने पर प्रभु का दर्शन होता है। इस समय प्रभु की ओर से ज्ञान व प्रेरणा प्राप्त होती है। इस प्रेरणा के अनुसार चलते हुए उपासक का जीवन बड़ा सुन्दर होता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः स्वरः-पञ्चमः ॥

'नवजात' वृषा प्रभु

उद्यस्य ते नवजातस्य वृष्णोऽग्ने चरन्त्यजरा इधानाः।
अच्छा द्यामरुषो धूम एति सं दूतो अग्न ईयसे हि देवान् ॥ ३ ॥

(१) गतमन्त्र के अनुसार महान् संवरण के हटने पर हे अग्नि-परमात्मन्! नवजातस्य-(नु स्तुतौ) स्तुत्य प्रादुर्भाववाले यस्य-जिस वृष्णः-शक्तिशाली ते-तेरे अजराः-जीर्ण न होनेवाले इधानाः-प्रकाश उच्चरन्ति-उद्गत होते हैं। (२) तब हे प्रभो! द्यां अच्छा-मस्तिष्करूप द्युलोक

की ओर **अरुषः धूमः एति**-आरोचमान वासनाओं का कम्पक (धू कम्पने) यह ज्ञान प्राप्त होता है। हे **अग्ने**-प्रभो! आप **दूतः**-ज्ञान-सन्देश को देनेवाले होते हुए **हि**-निश्चय से **देवान्**-इन देववृत्ति के पुरुषों को समीप से=सम्यक् प्राप्त होते हैं।

भावार्थ-प्रभु का प्रादुर्भाव होते ही वह ज्ञान का प्रकाश प्राप्त होता है जो सब वासनाओं को कम्पित करके दूर कर देता है।

ऋषिः-**वसिष्ठः**॥ देवता-**अग्निः**॥ छन्दः-**निचृत्त्रिष्टुप्**॥ स्वरः-**धैवतः**॥

प्रभु का तेज व ज्ञान ज्वाला

वि यस्य ते पृथिव्यां पाजो अश्रेत्तृषु यदन्ना समवृक्त जम्भैः।
सेनेव सृष्टा प्रसितिष्ट एति यवं न दस्म जुह्वा विवेक्षि॥ ४॥

(१) हे प्रभो! **यस्य ते**-जिन आपका **पाजः**-बल **पृथिव्याम्**-इस शरीररूप पृथिवी में **तृषु**-शीघ्र ही **अश्रेत्**-आश्रय करता है, **यद्**-जब कि यह उपासक **जम्भैः**-अपने दाँतों से **अन्ना**-अन्नों को ही **सं अवृक्त**-(खादति) खाता है। शरीर-पोषण के लिये अन्नों का ही प्रयोग करनेवाला यह उपासक अपने में प्रभु की शक्ति का अनुभव करने लगता है। (२) हे प्रभो! उस समय **ते**-आपकी **प्रसितिः**-ज्ञान की ज्वाला, **सृष्टा सेना इव**-शत्रु के प्रति आक्रमण के लिये आज्ञा दी गयी सेना के समान **एति**-काम-क्रोध-लोभ आदि पर आक्रमण करती है। हे **दस्म**-दर्शनीय प्रभो! **यवं न**-यव के समान-बुराई को दूर करनेवाले व अच्छाई को हमारे साथ मिलानेवाले के समान **जुह्वा**-अपनी ज्ञान-ज्वाला से **विवेक्षि**-हमारे हृदयों को व्याप्त करते हैं। आपका प्रादुर्भाव होते ही सब वासना समूह विलीन हो जाती हैं।

भावार्थ-हम सात्त्विक अन्नों का ही सेवन करते हैं तो प्रभु का तेज हमारे शरीर में आश्रय करता है। उस समय प्रभु की ज्ञान-ज्वाला में सब वासनाएँ भस्म हो जाती हैं।

ऋषिः-**वसिष्ठः**॥ देवता-**अग्निः**॥ छन्दः-**त्रिष्टुप्**॥ स्वरः-**धैवतः**॥

दिन-रात प्रभु का स्मरण

तमिद्दोषा तमुषसि यविष्ठमग्निमत्यं न मर्जयन्त नरः।
निशिशाना अतिथिमस्य योनौ दीदायं शोचिराहुतस्य वृष्णः॥ ५॥

(१) **नरः**-उन्नतिपथ पर चलनेवाले मनुष्य **तं अग्निम् इत्**-उस अग्रेणी प्रभु को ही **दोषा**-रात्रि में तथा **तम्**-उसको ही **उषसि**-दिन के प्रारम्भ में **मर्जयन्त**-अपने अन्दर दीप्त करते हैं। जो प्रभु **यविष्ठम्**-अधिक से अधिक हमारे से बुराइयों को दूर करनेवाले हैं (यु अमिश्रणे)। **अत्यं न**-जो हमारे लिये सततगामी अश्व के समान हैं-हमें लक्ष्य स्थान पर पहुँचानेवाले हैं। (२) ये नर पुरुष इस **अतिथिम्**-निरन्तर गतिवाले प्रभु को **अस्य योनौ**-इसके मूल प्रादुर्भाव स्थान हृदय में **निशिशानाः**=दीप्त करनेवाले होते हैं। इस **आहुतस्य**=समन्तात् जिसके दान विद्यमान हैं, उस **वृष्णः**-शक्तिशाली प्रभु की **शोचिः**-दीप्ति **दीदाय**-चमकती है। जितना-जितना हम प्रभु का ध्यान करते हैं, उतना-उतना ही प्रभु की दीप्ति को अनुभव करते हैं। प्रभु की महिमा सर्वत्र दिखती है, पर प्रभु का प्रकाश हृदयों में ही होता है। सो यह हृदय ही प्रभु की योनि है-प्रादुर्भाव का स्थल है।

भावार्थ-दिन के व रात्रि के प्रारम्भ में सदा प्रभु का स्मरण करें। हृदय में प्रभु के दर्शन का यत्न करें। प्रभु की दीप्ति सर्वत्र दीप्त हो रही हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-अग्निः॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

वह अद्भुत प्रकाशमय रूप!

सुसंदृक्ते स्वनीक प्रतीकं वि यद्रुक्मो न रोचस उपाके।
दिवो न तें तन्यतुरेति शुष्मश्चित्रो न सूरः प्रति चक्षि भानुम्॥६॥

(१) हे स्वनीक-उत्तम तेजवाले प्रभो! यद्-जब आप रुक्मः न-इस देदीप्यमान सूर्य के समान उपाके-हमारे समीप ही विरोचसे-चमकते हैं तो ते प्रतीकम्-आपका रूप सुसन्दृक्-अत्यन्त ही दर्शनीय होता है। प्रभु आदित्यवर्ण हैं, हजारों सूर्यों की दीप्ति के समान प्रभु की दीप्ति है। अद्भुत ही वह प्रकाशमयरूप है। (२) हे प्रभो! ते शुष्मः-आपका शत्रुशोषक बल इस प्रकार उपासक को एति-प्राप्त होता है, न-जैसे कि दिवः तन्यतुः-आकाश से विद्युत् (अशनि)। आकाश से गिरती हुई विद्युत् वृक्षों को छिन्न-भिन्न कर देती है, इसी प्रकार प्रभु की शक्ति वासनाओं को छिन्न-भिन्न कर देती है। हे प्रभो! सूरः न-सूर्य के समान चित्रः-अद्भुत दीप्तिवाले आप भानुम्-अपनी दीप्ति को प्रति चक्षि-उपासक के लिए प्रदर्शित करते हैं।

भावार्थ-सूर्य के समान दीप्तिवाले प्रकाशमय वे प्रभु हैं। उपासक प्रभु के प्रकाश को देखता है और अन्दर विद्युत् के समान शक्ति को अनुभव करता है। यह शक्ति उसे वासनारूप शत्रुओं को नष्ट करने में समर्थ करती है।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-अग्निः॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

अग्निहोत्र तथा 'स्वस्थ दीर्घ जीवन'

यथा वः स्वाहाग्नये दाशेम परीळाभिर्घृतवद्भिश्च हव्यैः।
तेभिर्नो अग्ने अमितैर्महोभिः शतं पूर्भिरायसीभिर्नि पाहि॥७॥

(१) हे प्रभो! यथा-जिस प्रकार हम वः-आपकी अग्नये-इस आह्वनीय अग्नि के लिए इदासिः-इन वेद-वाणियों के उच्चारण के साथ च-तथा घृतवद्भिः-उत्तम घृतोंवाले हव्यैः-हव्य पदार्थों के द्वारा परिदाशेम-आहुतियों को सर्वथा देनेवाले हों, उसी प्रकार आप हे अग्ने-प्राणो! नः-हमें तेभिः-उन अमितैः-बहुत अधिक (अ+मित) महोभिः-तेजों से तथा शतम्-शतवर्ष पर्यन्त चलनेवाले आयसीभिः पूर्भिः-लोहनिर्मित शरीरों से निपाहि-नितरां रक्षित करिये। (२) अग्निहोत्र के द्वारा सब रोगकृमियों का तथा जात व अज्ञात सब व्याधियों का विनाश होकर हमारा तेज बढ़े तथा हमारे शरीर स्वस्थ लोहनिर्मित से बनें। हम सौ वर्ष तक तो अवस्य ही जीनेवाले हों।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-अग्निः॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

अधर्षणीय तेजस्विता व ज्ञान-वाणियाँ

या वां ते सन्ति दाशुषे अधृष्टा गिरो वा याभिर्नृवतीरुरुष्याः।
ताभिर्नः सूनो सहसो नि पाहि स्मत्सूरीञ्जरितॄञ्जातवेदः॥८॥

(१) हे सहसः सूनो-बल के पुत्र-शक्ति के पुञ्ज प्रभो! याः-जो दाशुषे-आपके प्रति अपना अर्पण करनेवाले के ते-आपकी अधृष्टाः-शत्रुओं से अधर्षणीय तेज की ज्वालायें हैं, वा-या आपकी जो गिरः-ज्ञान की वाणियाँ हैं। याभिः-जिनके द्वारा आप नृवतीः-प्रशस्त पुत्रोंवाली प्रजाओं को उरुष्यः-रक्षित करते हैं। प्रजाओं का रक्षण 'तेज व ज्ञान' के द्वारा ही तो

होता है। हे शक्ति के स्वामिन्! **ताभिः**=उन तेजो-ज्वालाओं व ज्ञानवाणियों से **नः**=हमारा **निपाहि**=रक्षण करिये। (२) हे **जातवेदः**=सर्वज्ञ प्रभो! आप **स्मत्**=प्रशस्त **सूरीन्**=ज्ञानी **जरितॄन्**=स्तोताओं को भी नितरां रक्षित करिये। तेजस्विता के कारण ये रोगों से आक्रान्त न हों तथा ज्ञान इन्हें वासनाओं के आक्रमण से बचानेवाला हो।

भावार्थ—हे प्रभो! आपके प्रति अपना अर्पण करनेवाले पुरुष के लिये आपकी अधर्षणीय तेजस्विता व ज्ञान की वाणियाँ हैं। इनके द्वारा आप हमारा भी रक्षण करिये। ज्ञानी स्तोताओं को आपकी यह तेजस्विता व ज्ञानवाणी रक्षित करनेवाली हो।

ऋषिः—**वसिष्ठः** ॥ **देवता**—**अग्निः** ॥ **छन्दः**—**विराट्त्रिष्टुप्** ॥ **स्वरः**—**धैवतः** ॥

पूता स्वधितिः इव

निर्यत्पूतेव स्वधितिः शुचिर्गात्स्वया कृपा तन्वा३ रोचमानः।
आ यो मात्रोरुशन्यो जनिष्ट देवयज्याय सुक्रतुः पावकः ॥ ९ ॥

(१) **यत्**=जब **पूता स्वधितिः इव**=पवित्र परशु के समान, खूब तीक्ष्ण परशु के समान, **शुचिः**=वे पवित्र प्रभु **निर्गात्**=प्रकृति के महान् संवरण से बाहिर आ जाते हैं, अर्थात् जब एक उपासक इस हिरण्मय पात्र के आवरण को हटाकर प्रभु का दर्शन करता है तो प्रभु उसके जीवन में **स्वया**=अपनी कृपा-शक्ति से, सामर्थ्य से तथा **तन्वा**=शक्तियों के विस्तार से **रोचमानः**=दीप्त होते हैं। यह उपासक प्रभु की शक्ति से दीप्त होता हुआ विस्तृत सामर्थ्यवाला होता है और यह सब वासनाओं को कुल्हाड़े से काट डालता है। (२) **यः**=जो **उशन्यः**=कमनीय प्रभु हैं, वे **सुक्रतुः**=उत्तम शक्ति व प्रज्ञानवाले हैं, **पावकः**=हमें पवित्र करनेवाले हैं। **मात्रोः**=ये प्रभु 'विद्या व श्रद्धा' रूप दो माताओं से **आजनिष्ट**=सर्वत्र प्रादुर्भूत होते हैं। **देवयज्याय**=ये प्रभु देववृत्ति के व्यक्तियों के साथ संगतिकरणवाले होते हैं। अर्थात् देववृत्ति के व्यक्तियों को प्राप्त होते हैं। वस्तुतःप्रभु सम्पर्क में ही दिव्यगुणों की उत्पत्ति होती है।

भावार्थ—प्रभु 'पवित्र परशु' के समान हैं। उपासक के अन्दर शक्ति व गुणों के विस्तार से दीप्त होते हैं। विद्या व श्रद्धा के मेल से प्रभु का प्रकाश होता है। ये उत्तम शक्ति व प्रज्ञानवाले पावक प्रभु हमारे साथ दिव्यगुणों का सम्पर्क करते हैं।

ऋषिः—**वसिष्ठः** ॥ **देवता**—**अग्निः** ॥ **छन्दः**—**विराट्त्रिष्टुप्** ॥ **स्वरः**—**धैवतः** ॥

दीप्त सौभाग्य

एता नो अग्ने सौभगा दिदीह्यपि क्रतुं सुचेतसं वतेम।
विश्वा स्तोतृभ्यो गृणते च सन्तु यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ १० ॥

(१) हे **अग्ने**=अग्रेणी प्रभो! आप **नः**=हमारे लिये **एता**=इन **सौभगा**=उत्तम ऐश्वर्यों को **दिदीहि**=दीप्त करिये। हम **क्रतुम्**=यज्ञों का तथा **सुचेतसम्**=उत्तम प्रज्ञानवाले पुरुषों का **अपि वतेम**=सम्भजन करनेवाले हों उत्तम संग में रहते हुए हम सदा यज्ञशील हों। (२) हे प्रभो! **गृणते**=ज्ञानोपदेष्टा के लिये **च**=तथा **स्तोतृभ्यः**=स्तोताओं के लिये ही **विश्वा**=हमारे सब धन **सन्तु**=हों। हम सदा धनों को इन गुरुओं व प्रभु भक्तों को अर्पित करनेवाले हों जिससे लोकहित के कार्यों में इनका विनियोग हो। हे देवो! **यूयम्**=आप **स्वस्तिभिः**=कल्याणों के द्वारा **नः पात**=हमारा रक्षण करिये।

भावार्थ—हमारे सौभाग्य दीप्त हों। हम यज्ञों व ज्ञानियों के सम्पर्क में रहें। धनों को ज्ञानियों

व स्तोताओं के लिये देनेवाले हों। सब देव सदा हमारा कल्याण करें।

अगले सूक्त के ऋषि देवता भी 'वसिष्ठ' व 'अग्नि' ही हैं–

[४] चतुर्थं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

हव्य+मति

प्र वः शुक्राय भानवे भरध्वं हव्यं मतिं चाग्नये सुपूतम्।
यो दैव्यानि मानुषा जनूंष्यन्तर्विश्वानि विद्मना जिगाति ॥ १ ॥

(१) वः=तुम्हारे **शुक्राय**=(शुच्) दीप्त करनेवाले **भानवे**=प्रकाशस्वरूप प्रभु की प्राप्ति के लिये **सुपूतं हव्यं प्रभरध्वम्**=पवित्र हव्य का भरण करो, दानपूर्वक अदन करनेवाले बनो (हु दानादनयोः)। च=और उस **अग्नये**=अग्रणी प्रभु की प्राप्ति के लिये **मतिम्**=मननपूर्वक की गयी स्तुति का भरण करो। (२) यः=जो प्रभु **दैव्यानि**=दिव्यगुणों की सम्पत्ति को अपनानेवाले **मानुषा**=विचारपूर्वक कर्मों के करनेवाले **जनूंषि अन्तः**=मनुष्यों के अन्दर **विद्मना**=प्रज्ञान के साथ **जिगाति**=प्राप्त होता है। हृदयस्थ प्रभु इन व्यक्तियों के लिये ज्ञान का प्रकाश प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ–हम प्रभु की प्राप्ति के लिये दानपूर्वक अदनवाले, यज्ञशेष का सेवन करनेवाले बनें तथा मननपूर्वक प्रभु का स्तवन किया करें। देववृत्ति के विचारशील पुरुषों के अन्दर प्रभु ज्ञान के साथ प्राप्त होते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

तुरणः यविष्ठः

स गृत्सो अग्निस्तरुणश्चिदस्तु यतो यविष्ठो अजनिष्ट मातुः।
सं यो वना युवते शुचिद्रुर्भूरि चिदन्ना समिदत्ति सद्यः ॥ २ ॥

(१) सः=वह **गृत्सः** (गृणाति)=सृष्टि के प्रारम्भ में वेदज्ञान का उपदेश देनेवाला **अग्निः**=अग्रेणी प्रभु **चित्**=निश्चय से **तरुणः**=हमें काम आदि शत्रुओं से तरानेवाला **अस्तु**=हो। **यतः**=(यदा) जब **यविष्ठः**=सब बुराइयों को हमारे से पृथक् करनेवाला यह प्रभु **मातुः**=इस वेद माता के द्वारा, इसके नियमित स्वाध्याय से **अजनिष्ट**=हमारे हृदयों में प्रादुर्भूत होता है। तब यह प्रभु हमारे लिये 'यविष्ठ' हो, 'तरुण' हो। (२) ये प्रभु वे हैं **यः**=जो **वना**=सम्भजनीय धनों को **संयुवते**=हमारे साथ जोड़ते हैं और **शुचिदन्**=पवित्र दाँतोंवाले होते हुए **चित्**=निश्चय से **भूरि अन्ना**=पालन व पोषण करनेवाले अन्नों को **इत्**=ही **सद्यः**=शीघ्र **सं अत्ति**=सम्यक् खाते हैं। प्रभु-भक्त खाने की क्रिया को भी प्रभु के ही अर्पित करता है। एवं प्रभु-भक्त को चाहिए कि पवित्र दाँतोंवाला होता हुआ पौष्टिक अन्नों का ही सेवन करे। इस क्रिया को भी प्रभु से होता हुआ जाने।

भावार्थ–जब वेद के निरन्तर स्वाध्याय से प्रभु का प्रकाश होता है तो ये प्रभु हमें तरानेवाले व वासनाओं से पृथक् करनेवाले होते हैं। प्रभु प्राप्ति के लिये हम सात्त्विक अन्नों का सेवन करें। प्रभु हमें सम्भजनीय धनों को प्राप्त करायेंगे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

प्रभु की उपासना व पवित्रता

अ॒स्य दे॒वस्य॑ सं॒सद्यनी॑के॒ यं मर्ता॑सः श्ये॒तं ज॑गृ॒भ्रे।
नि यो गृभं॒ पौरु॑षेयीमु॒वोच॑ दु॒रोक॑म॒ग्निरा॒यवे॑ शुशोच ॥ ३ ॥

(१) **अस्य देवस्य**=इस प्रकाशमय प्रभु के **संसदि**=साथ (सं) स्थित होने पर (सद्), **अनीके**=इस प्रभु के बल में, अर्थात् प्रभु की शक्ति को प्राप्त करने पर **मर्तासः**=मनुष्य **यम्**=जिस **श्येतम्**=श्वेत शुभ्र जीवन को **जगृभ्रे**=ग्रहण करते हैं, अर्थात् प्रभु की उपासना से जीवन शुद्ध बनता है। (२) **यः**=जो **पौरुषेयीम्**=पुरुषों के लिये हितकर **गृभम्**=ग्रहणीय बातों का **नि उवोच**=नितरां प्रतिपादन करता है, वह **अग्निः**=अग्रेणी प्रभु **आयवे**=गतिशील मनुष्य के लिये **दुरोकम्**=इस अपवित्र हुए-हुए शरीरगृह को **शुशोच**=पुनः शुचि (पवित्र) कर देते हैं। प्रभु की ज्योति से यह दीप्त हो उठता है।

भावार्थ-प्रभु के सान्निध्य में जीवन शुभ्र बनता है। प्रभु पुरुषों से ग्रहणीय बातों का उपदेश करते हुए अपवित्र जीवन को पवित्र कर डालते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

उपासना से 'ज्ञान अमृतत्व व सौमनस्य'

अ॒यं क॒विरक॑विषु॒ प्रचे॑ता॒ मर्ते॑ष्व॒ग्निर॒मृतो॒ नि धा॑यि।
स मा नो॒ अत्र॑ जुहुरः सहस्वः॒ सदा॒ त्वे सु॒मन॑सः स्याम ॥ ४ ॥

(१) **अयम्**=यह **कविः**=क्रान्तदर्शी **प्रचेताः**=प्रकृष्ट-चेतनावाला **मृतः**=अविनाशी प्रभु इन **अकविषु**=अल्पज्ञ **मर्तेषु**=मनुष्यों में **निधायि**=स्थापित होता है, प्रभु प्रत्येक मनुष्य के हृदय में स्थित होकर ज्ञान दे रहे हैं, वे प्रभु ही इस ज्ञान के द्वारा अमृतत्व प्राप्त कराते हैं। (२) **सहस्वः**=शक्ति के पुञ्ज प्रभो! **सः**=वे आप **अत्र**=इस जीवन में **नः**=हमें **मा**=मत **जुहुरः**=हिंसित करिये। हम आपसे कभी पृथक् होकर अपने को नष्ट न कर लें। **सदा**=सर्वदा **त्वे**=आपकी उपासना में स्थित होते हुए **सुमनसः**=उत्तम मनवाले **स्याम**=हों।

भावार्थ-हम प्रभु की उपासना करते हुए 'ज्ञान अमृतत्व व सौमनस्य' को प्राप्त करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

'तरानेवाले' प्रभु

आ यो योनिं॑ दे॒वकृ॑तं स॒साद॒ क्रत्वा॒ ह्य१॒॑ग्निर॒मृताँ॒ अता॑रीत्।
तमोष॑धीश्च व॒निन॑श्च गर्भं॒ भूमि॑श्च वि॒श्वधा॑यसं बिभर्ति ॥ ५ ॥

(१) प्रभु वे हैं **यः**=जो **देवकृतम्**=देववृत्ति के पुरुषों से परिष्कृत किये गये **योनिम्**=हृदयरूप स्थान में **आससाद**=आसीन होते हैं और **हि**=निश्चय से **अग्निः**=वे अग्रेणी प्रभु **क्रत्वा**=प्रज्ञान व शक्ति के द्वारा **अमृतान्**=विषय वासनाओं के पीछे न मरनेवाले इन देवों को **अतारीत्**=तैरा देते हैं। प्रभु के हृदयस्थ होने पर ये देव उस प्रभु के द्वारा ही जीवन यज्ञ को चलवाते हैं-सो भटकते नहीं। (२) **तम्**=उस **विश्वधायसम्**=सब के धारण करनेवाले प्रभु को ही **ओषधीः च**=ओषधियाँ **वनिनः च**=वृक्ष **च**=तथा **भूमिः**=यह भूमि **गर्भम्**=गर्भरूप से अपने अन्दर **बिभर्ति**=धारण करती है। उस प्रभु की स्थिति के कारण ही ओषधियों में ओषधित्व, वृक्षों में वृक्षत्व भूमि में भूमित्व

है वस्तुतः पिण्डमात्र में जो विभूति, श्री व ऊर्ज् है वह सब उस अन्तःस्थित प्रभु के कारण है। देवों को देवत्व प्राप्त करानेवाले भी वे प्रभु ही हैं।

भावार्थ–हम अपना हृदय परिष्कृत करें, उसे प्रभु का स्थिति स्थान बनायें। प्रभु ही हमें भवसागर से पार करेंगे। सब ओषधि वनस्पति व भूमि में प्रभु ही उस-उस विभूति को रखते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–विराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

'वीर-तेजस्वी-परिचरणशील' उपासक

ईशे ह्यग्निरमृतस्य भूरेरीशे रायः सुवीर्यस्य दातोः।
मा त्वा वयं सहसावन्नवीरा माप्सवः परि षदाम मादुवः ॥ ६ ॥

(१) **हि**–निश्चय से **अग्निः**–वे अग्रेणी प्रभु **भूरेः**–उस महान् **अमृतस्य**–अमृतत्व के **दातोः ईशे**–देने के लिये ईश हैं–समर्थ हैं। प्रभु ही अमृतत्व को प्राप्त कराते हैं। वे प्रभु ही **सुवीर्यस्य**–उत्तम वीर्यवाले **रायः**–धन के देने के ईश हैं। प्रभु इहलोक के कल्याण के लिये 'सुवीर्य रयि' को देते हैं, तथा पारलौकिक कल्याण के लिये अमृतत्व को प्राप्त कराते हैं। (२) हे **सहसावन्**–शक्ति के पुञ्ज प्रभो! **वयम्**–हम **अवीराः**–अवीर होते हुए **त्वा मा परिषदाम**–आपकी उपासना में न बैठें। **मा अप्सवः**–(अ+प्सु) न उत्तम रूपवाले, निस्तेज से होते हुए आपके उपासक न हों। **मा अदुवः**–परिचरण रहित होते हुए, माता-पिता, आचार्य व बड़ों की सेवा न करते हुए हम आपके उपासक न हों। अर्थात् वीर, तेजस्वी व परिचरणशील बनकर हम आपकी उपासना में स्थित हों।

भावार्थ–प्रभु उपासक को अमृतत्व, ऐश्वर्य व सुवीर्य प्राप्त कराते हैं। हम वीर, तेजस्वी व परिचरणशील बनकर प्रभु के उपासक बनें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

ऋणग्रस्ता का दोष

परिषद्यं ह्यरणस्य रेक्णो नित्यस्य रायः पतयः स्याम।
न शेषो अग्ने अन्यजातमस्त्यचेतानस्य मा पथो वि दुक्षः ॥ ७ ॥

(१) **अरणस्य** (अपार्णस्य नि०)=ऋणरहित का **रेक्णः**=धन **हि**–निश्चय से **परिषद्यम्**–पर्याप्त होता है। (परिषद्यं: पर्याप्तं सा०) अर्थात् संसारीधन इतना ही ठीक है कि हम ऋण-ग्रस्त न हों। 'आवश्यकताएँ पूर्ण होती जाएँ' यही धन हमें प्राप्त हो। हम उसी **रायः**=धन के **पतयः स्याम**=स्वामी हों, जो **नित्यस्य**=नित्य है, ऋण लेकर नहीं प्राप्त किया गया। ऋण प्राप्त धन को तो फिर लौटाना पड़ेगा। (२) हे **अग्ने**=प्रभो! हम यह समझकर चलें कि **अन्यजातं शेष- न अस्ति**=(शेषः) दूसरे से उत्पन्न हुई-हुई मृत्यु नहीं होती, अर्थात् मनुष्य ऋण लेकर इस ऋणभार से अपने जीवन को असमय में मृत्युग्रस्त कर लेता है। हे मनुष्य! तू **अचेतानस्य**–अपने अगले अबोध बच्चों के **पथः**=मार्गों को **मा विदुक्षः**=मत दूषित कर। वे प्रारम्भ से ही ऋण के बोझ से दबे हुए जीवन को न प्रारम्भ करें। पिता का ऋण बालकों की परेशानी का कारण न बने।

भावार्थ–धनाभाव संसार-यात्रा का सर्वमहान् विघ्न है, अत्यधिक धन विलास का कारण बनता है। प्रभु इतना धन दें कि हम ऋणी न हो जाएँ। ऋण को मृत्यु समझें। अपने बच्चों के लिए ऋणभार को न छोड़ जाएँ।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

अन्योदर्य सन्तान ऋण प्राप्त धन

नहि ग्रभायारणः सुशेवोऽन्योदर्यो मनसा मन्तवा उ।
अधा चिदोकः पुनरित्स एत्या नो वाज्यभीषाळेतु नव्यः ॥ ८ ॥

(१) जैसे अरणः-अपगत ऋणवाला पुरुष ही सुशेवः-सुखी होता है, इसी प्रकार अपना सन्तानवाला पुरुष ही सुखी होता है। अन्योदर्यः-दूसरे के उदर से उत्पन्न हुआ-हुआ तो मनसा उ-मन से भी ग्रभाय-ग्रहण के लिये नहि मन्तव वा उ-सोचने योग्य नहीं होता। अन्योदर्य को ग्रहण करने का कभी सोचना ही नहीं चाहिए। क्योंकि सः-वह अधा धुनः इत्-अब फिर निश्चय से ओकः एति-अपने घर को चला जाता है। (२) इसलिए हमारी तो यही आराधना है कि नः-हमें तो वाजी-शक्तिशाली अभीषाट्-सब ओर शत्रुओं का पराभव करनेवाला नव्यः-प्रभु-स्तवन में प्रशस्त सन्तान इत्-ही आ एतु-सर्वथा प्राप्त हो।

भावार्थ-अन्योदर्य को सन्तानरूपेण ग्रहण करना तो ऐसा ही कि ऋण लेकर धन प्राप्त करना। हमें अपना औरस 'शक्तिशाली, शत्रुओं का अभिभव करनेवाला, स्तवन की वृत्तिवाला सन्तान प्राप्त हो।'

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

'वनुष्यतः-अवद्यात्' निपाहि

त्वमग्ने वनुष्यतो नि पाहि त्वमु नः सहसावन्नवद्यात्।
सं त्वा ध्वस्मन्वदुभ्येतु पाथः सं रयिः स्पृहयाय्यः सहस्री ॥ ९ ॥

(१) हे अग्ने-परमात्मन्! त्वम्-आप वनुष्यतः-हमारा हिंसन करनेवाले काम-क्रोध-लोभ आदि शत्रुओं से निपाहि-हमें बचाइये। हे सहसावन्-शत्रुओं को अभिभूत करनेवाले बलवाले प्रभो! त्वं उ-आप ही नः-हमें अवद्यात्-पाप से, निन्दनीय कर्मों से बचाइये। (२) हे प्रभो! त्वा-आपके द्वारा, आपके अनुग्रह से ध्वस्मन्वत्-ध्वस्तदोष पाथः-अन्न सं अभिएतु-हमें सम्यक् प्राप्त हो, अर्थात् सात्त्विक अन्नों का ही प्रयोग करते हुए हम सात्त्विक मनवाले बनकर निर्दोष जीवनवाले हों। हमें वह रयिः-धन सम्-प्राप्त हो जो स्पृहयाय्यः-स्पृहणीय है तथा सहस्री-सहस्र संख्यावाला है, अर्थात् वह धन जो प्रशस्त मार्ग से कमाया गया है और पर्याप्त है।

भावार्थ-हे परमात्मन्! आप हिंसक काम-क्रोध आदि शत्रुओं से हमें बचाएँ। पाप से हमारा रक्षण करें। आपके अनुग्रह से हमें ध्वस्तदोष सात्त्विक अन्न प्राप्त हो तथा स्पृहणीय पर्याप्त धन के हम स्वामी हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

'क्रतुं-सुचेतसम्' (वतेम)

एता नो अग्ने सौभगा दिदीह्यपि क्रतुं सुचेतसं वतेम।
विश्वा स्तोतृभ्यो गृणते च सन्तु यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ १० ॥

३.१० पर अर्थ द्रष्टव्य है।

अगले सूक्त में वसिष्ठ 'वैश्वानर' नाम से प्रभु का स्तवन करते हैं-

[५] पञ्चमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वैश्वानरः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

वैश्वानरो वावृधे जागृवद्भिः

प्राग्नये तवसे भरध्वं गिरं दिवो अरतये पृथिव्याः।
यो विश्वेषाममृतानामुपस्थे वैश्वानरो वावृधे जागृवद्भिः ॥ १ ॥

(१) **तवसे**-उस प्रवृद्ध **अग्नये**-अग्रेणी प्रभु के लिये **गिरं प्रभरध्वम्**-स्तुतिवाणी को धारण करो। उस प्रभु का स्तवन करो जो **दिवः पृथिव्याः**-द्युलोक व पृथिवीलोक के प्रति **अरतये**-गमनवाले हैं। जिस प्रभु की द्युलोक व पृथिवीलोक में सर्वत्र अव्याहत गति है, उस प्रभु का हम स्तवन करें। प्रभु सर्वदा सर्वत्र प्राप्त हैं। (२) **यः**-जो प्रभु **विश्वेषाम्**-सब **अमृतानाम्**-विषय-वासनाओं के पीछे न मरनेवाले व्यक्तियों के **उपस्थे**-उपस्थान में, समीपता में होते हैं, अर्थात् प्रभु इन अमृत पुरुषों को ही प्राप्त होते हैं। **वैश्वानरः**-ये सब नरों का हित करनेवाले प्रभु **जागृवद्भिः**-इस संसार-यात्रा में जागनेवाले मनुष्यों से **वावृधे**-अपने हृदयों में बढ़ाये जाते हैं। सावधान पुरुष ही, अपने को वासनाओं के आक्रमण से आक्रान्त न होने देते हुए, अपने हृदयों में प्रभु के प्रकाश को देखते हैं।

भावार्थ-उस प्रभु का हम स्तवन करें जो सदा प्रवृद्ध हैं, द्युलोक व पृथिवीलोक में गतिवाले हैं, विषयों से अनाक्रान्त पुरुषों को प्राप्त होते हैं और सदा जागरित पुरुषों से अपने हृदयों में जिनका प्रकाश देखा जाता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वैश्वानरः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

नेता सिन्धूनां, वृषभः स्तियानाम्

पृष्टे दिवि धाय्यग्निः पृथिव्यां नेता सिन्धूनां वृषभः स्तियानाम्।
स मानुषीरभि विशो वि भाति वैश्वानरो वावृधानो वरेण ॥ २ ॥

(१) **पृष्टः** (प्रच्छ ज्ञीप्सायाम्) ज्ञातुम् **इष्टः**-जिसके विषय में हमारे अन्दर जानने की उत्सुकता है, वह **अग्निः**-अग्रणी प्रभु **दिवि पृथिव्याम्**-द्युलोक में व पृथिवीलोक में सर्वत्र **धायि**-स्थापित हैं। पृथिवी व द्युलोक का यह सारा प्रदेश प्रभु से व्याप्त है, वास्तव में प्रभु इन सबको अपनी गोद में लिये हुए हैं। ये प्रभु ही **सिन्धूनां नेता**-सब नदियों का प्रणयन करनेवाले हैं, उन्हीं के प्रशसन में ये सब नदियाँ प्रवाहित हो रही हैं। प्रभु ही **स्तियानाम्**-जलों के **वृषभः**-वर्षनेवाले हैं। (स्तियाः आपः नि० ६।१७)। (२) **सः**-वे प्रभु ही **मानुषीः**-मनुष्य मात्र का हित करनेवाली, अथवा मननपूर्वक सब कार्यों को करनेवाली **विशः**-प्रजाओं के **अभिविभाति**-प्रति दीप्त होते हैं। मानव प्रजाओं में इस प्रभु का प्रकाश दिखता है। ये **वैश्वानरः**-सब नरों का हित करनेवाले प्रभु **वरेण**-श्रेष्ठ बातों से **वावृधानः**-हमारे हृदयों में प्रवृद्ध होते हैं। जितना-जितना हम उत्तम बातों का धारण करते हैं, उतना-उतना प्रभु के प्रकाश को हृदयों में देखते हैं।

भावार्थ-द्यावापृथिवी में ये प्रभु ही सर्वत्र व्याप्त हैं। ये जलों के वर्षक व नदियों के सञ्चालक हैं। विचारशील प्रजाओं में प्रभु का प्रकाश होता है। ये प्रभु उत्तम बातों के धारण के अनुपात में हमें प्राप्त होते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वैश्वानरः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

प्रभु का भय

त्वद्भिया विशं आयन्नसिक्नीरसमना जहतीर्भोजनानि।
वैश्वानर पूरवे शोशुचानः पुरो यदग्ने दरयन्नदीदेः ॥ ३ ॥

(१) हे **वैश्वानर**-विश्वनर हित-सब मनुष्यों का कल्याण करनेवाले प्रभो! **असिक्नीः**-(असिक्नी=night रात्रि) रात्रि के समान अन्धकारमय जीवनवाली **असमनाः**-भ्रान्त चित्तवाली, विषयों में भटकती हुई **विशः**-प्रजाएँ **त्वद् भिया**-आपके भय से **भोजनानि जहतीः**-भोगों का परित्याग करती हुई **आयन्**-आपके समीप प्राप्त होती हैं। प्रभु का स्मरण उनके लिये अंकुश के समान हो जाता है, वे असिक्नी न रहकर सित (शुभ्र) जीवनवाली बनती हैं, विषयों में भटकना छोड़कर प्रभु उपासन में प्रवृत्त होती हैं। (२) हे **अग्ने**-अग्रणी प्रभो! आप **पूरवे**-अपना पालन व पूरण करनेवाले पुरुष के लिये **शोशुचानः**-दीप्त होते हुए, पवित्रता को करते हुए **यत्**-जब **पुरः**-काम-क्रोध-लोभ की वृत्तियों को **दरयन्**-विदीर्ण करते हैं तो **अदीदेः**-चमक उठते हैं। 'पूरु' का हृदय आपके प्रकाश से प्रकाशित हो उठता है।

भावार्थ-प्रभु का स्मरण हमारे लिये अंकुश का काम करता है और हम भोगों को परे फेंककर विषयों में भटकने को छोड़कर शुभ्र जीवनवाले बन जाते हैं। काम-क्रोध-लोभ का विध्वंस होकर हमारा हृदय प्रकाशित हो उठता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वैश्वानरः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

प्रभु का 'त्रिधातु व्रतम्'

तवं त्रिधातु पृथिवी उत द्यौर्वैश्वानर व्रतमग्ने सचन्त।
त्वं भासा रोदसी आ ततन्थाजस्रेण शोचिषा शोशुचानः ॥ ४ ॥

(१) हे वैश्वानर **अग्ने**-सब मनुष्यों का हित करनेवाले अग्रणी प्रभो! **तव**-आपके **त्रिधातु**-'देव मनुष्य पशु' तीनों का धारण करनेवाले **व्रतम्**-कर्म का **पृथिवी उत द्यौः**-यह पृथिवी और द्युलोक **सचन्त**-सेवन करते हैं। अर्थात् आपकी व्यवस्था में ये द्यावापृथिवी 'देव, मनुष्य व पशु' सभी का धारण करते हैं। (२) **त्वम्**-आप **रोदसी**-द्यावापृथिवी को **भासा**-दीप्ति से **आततन्थ**-विस्तृत करते हैं। सर्वत्र द्युलोक व पृथिवीलोक में प्रकाश को आप फैलाते हैं और **अजस्रेण**-न क्षीण होनेवाली **शोचिषा**-ज्ञानदीप्ति से जीवों के हृदयों को **शोशुचानः**-दीप्त व पवित्र करते हैं।

भावार्थ-द्युलोक व पृथिवीलोक प्रभु की व्यवस्था के अनुसार 'देव, मनुष्य व पशु' तीनों का धारण करते हैं। प्रभु द्यावापृथिवी को सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित करते हैं और उपासकों के हृदयों को अक्षीण ज्ञान-ज्योति से पवित्र करते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वैश्वानरः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

हरितः-गिरः

त्वामग्ने हरितो वावशाना गिरः सचन्ते धुनयो घृताचीः।
पतिं कृष्टीनां रथ्यं रयीणां वैश्वानरमुषसां केतुमह्नाम् ॥ ५ ॥

(१) हे **अग्ने**-अग्रणी प्रभो! हमारे **हरितः**-ये इन्द्रियरूप अश्व **वावशानाः**-प्रबल कामनावाले होते हुए **त्वां सचन्ते**-आपका सेवन करते हैं। तथा **धुनयः**-शत्रुओं को कम्पित करनेवाली

घृताची:-ज्ञानदीप्ति के साथ सम्पर्कवाली गिर:-स्तुतिवाणियाँ भी आपका ही सेवन करती हैं। (२) उन आपका सेवन करती हैं, जो आप कृष्टीनाम्-श्रमशील मानव प्रजाओं के पतिम्-रक्षक हैं। रयीणाम्-धनों के रथ्यम्-प्रापक हैं। वैश्वानरम्-सब मनुष्यों का हित करनेवाले हैं तथा उषसाम्-उषाओं के तथा अह्नाम्-दिनों के केतुम्-प्रज्ञापक हैं।

भावार्थ-हमारी इन्द्रियाँ व हमारी वाणियाँ प्रभु का ही उपासन करती हैं। प्रभु ही हमारे स्वामी, धनों के प्रापक व हित करनेवाले हैं।

ऋषि:-वसिष्ठः ॥ देवता-वैश्वानरः ॥ छन्दः-पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

असुर्यं-क्रतुम् (दस्यु व आर्य)

त्वे असुर्यं वसवो न्यृण्वन्क्रतुं हि तं मित्रमहो जुषन्त।
त्वं दस्यूँरोकसो अग्न आज उरु ज्योतिर्जनयन्नार्याय ॥ ६ ॥

(१) हे मित्रमहः-सब के प्रति स्नेह करनेवालों से महनीय-पूजनीय प्रभो! वसवः-अपने निवास को उत्तम बनानेवाले देव, नीरोग दीर्घ जीवनवाले ज्ञानी त्वे-आप में ही, अर्थात् आपकी उपासना के द्वारा असुर्यम्-बल को न्यृण्वन्-प्राप्त करते हैं। और हि-निश्चय से त्वे-आपके क्रतुम्-प्रज्ञान बल (शक्ति) का स जुषन्त-सेवन करते हैं। (२) हे अग्ने-अग्रेणी प्रभो! त्वम्-आप दस्यून्-अकर्मा लोगों को (अकर्मा दस्युः०) ओकसः-घर से, स्थान से आजः-निर्गत कर देते हैं। और आर्याय-कर्मशील पुरुष के लिये उरु ज्योतिः-विशाल प्रकाश को जनयन्-प्रकट करते हैं।

भावार्थ-प्रभु की उपासना ही हमें शक्ति व प्रज्ञान को प्राप्त कराती है। प्रभु अकर्मा लोगों को गृहहीन करते हैं और पुरुषार्थियों के लिये प्रकाश को प्राप्त कराते हैं।

ऋषि:-वसिष्ठः ॥ देवता-वैश्वानरः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

सोमरक्षण व ज्ञान-प्राप्ति

स जायमानः परमे व्योमन्वायुर्न पाथः परि पासि सद्यः।
त्वं भुवना जनयन्नभि क्रन्प्रपत्याय जातवेदो दशस्यन् ॥ ७ ॥

(१) वायुः न-(वा गतौ) सर्वत्र गतिशील वायु के समान हे प्रभो! सः-वे आप परमे व्योमन्-इस उत्कृष्ट हृदयाकाश में जायमानः-प्रादुर्भूत होते हुए सद्यः-शीघ्र ही पाथः-हमारे सोमरूप जल का परिपासि-पान करते हैं। जिस समय हृदयों में आपका प्रादुर्भाव होता है, उस समय ही वासनाओं का अभाव होकर सोमरक्षण सम्भव होता है। (२) हे जातवेदः-सर्वज्ञ प्रभो! त्वम्-आप भुवना-सब लोकों को जनयन्-उत्पन्न करते हुए तथा अपत्याय-अपने इन सन्तानरूप उपासकों के लिए दशस्यन्-सब काम्य पदार्थों को देते हुए अभिक्रन्-ज्ञान की वाणियों का उच्चारण करते हैं।

भावार्थ-हृदयों में प्रादुर्भूत हुए-हुए प्रभु वासनाविनाश के द्वारा हमारे सोम का रक्षण करते हैं। और ज्ञान की वाणियों का हमारे लिये उपदेश करते हैं।

ऋषि:-वसिष्ठः ॥ देवता-वैश्वानरः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

द्युमती इष्

तामग्ने अस्मे इषमेरयस्व वैश्वानर द्युमतीं जातवेदः।
यया राधः पिन्वसि विश्ववार पृथु श्रवो दाशुषे मर्त्याय ॥ ८ ॥

(१) हे **जातवेदः**=सर्वज्ञ **वैश्वानर**=सब मनुष्यों का हित करनेवाले, **अग्ने**=अग्रेणी प्रभो! **अस्मे**=हमारे लिये **ताम्**=उस **द्युमतीम्**=प्रकाशवाली **इषम्**=प्रेरणा को **एरयस्व** (आ ईरयस्व)=सर्वथा प्राप्त कराइये। **यया**=जिसके द्वारा आप **राधः**=सब कार्यसाधक धनों को **पिन्वसि**=प्राप्त कराते हैं। (२) हे **विश्ववार**=सब से वरणीय प्रभो! आप **दाशुषे मर्त्याय**=दाश्वान् मनुष्य के लिये, आपके प्रति अपना अर्पण करनेवाले मनुष्य के लिए **पृथुश्रवः**=विशाल ज्ञान व यश को प्राप्त कराते हैं। जो भी प्रभु के प्रति अपना अर्पण करता है, प्रभु उसे ज्ञानी व यशस्वी बनाते हैं।

भावार्थ—हमें प्रभु की प्रकाशमयी प्रेरणा प्राप्त हो। इस प्रेरणा के अनुसार चलते हुए हम कार्यसाधक धनों को प्राप्त करें और त्यागवृत्तिवाले बनकर ज्ञान व यश को प्राप्त करें।

ऋषिः—**वसिष्ठः**॥ देवता—**वैश्वानरः**॥ छन्दः—**निचृत्त्रिष्टुप्**॥ स्वरः—**धैवतः**॥

'पुरुक्षु रयि' न 'श्रुत्य वाज'

तं नो अग्ने मघवद्भ्यः पुरुक्षुं रयिं नि वाजं श्रुत्यं युवस्व।
वैश्वानर महि नः शर्म यच्छ रुद्रेभिरग्ने वसुभिः सजोषाः॥ ९॥

(१) हे **अग्ने**=अग्रेणी प्रभो! **नः मघवद्भ्यः**=(मघ=मख) हमारे यज्ञशील पुरुषों **तम्**=उस **पुरुक्षम्**=पालन व पूरक अन्नों को प्राप्त करानेवाले अथवा बहुत यशवाले, दान आदि में विनियुक्त होकर यश को प्राप्त करानेवाले, **रयिम्**=धन को तथा **श्रुत्यम्**=यशस्वी अथवा ज्ञानयुक्त **वाजम्**=बल को **नियुवस्व**=निश्चय से प्राप्त कराइये। (२) हे **वैश्वानर**=सब मनुष्यों का हित करनेवाले प्रभो! **नः**=हमारे लिये **महि**=महान् **शर्म**=रक्षण को **यच्छ**=प्राप्त कराइये। हे **अग्ने**=अग्रेणी प्रभो! आप **रुद्रेभिः**=(रुत्) ज्ञानोपदेष्टा **वसुभिः**=उत्तम निवासवाले पुरुषों के साथ **सजोषाः**=समानरूप से प्रीतिवाले होते हैं। आपके रक्षण में हम भी 'रुद्र वसु' बनें और आपके प्रिय बन पायें।

भावार्थ—हम यज्ञशील बनें। प्रभु हमारे लिये यशस्वी धन व ज्ञानयुक्त बल को प्राप्त करायें। प्रभु के रक्षण में हम स्वयं उत्तम जीवनवाले होते हुए (वसु) ज्ञान का उपदेश करनेवाले हों (रुद्र) और प्रभु के प्रिय हों।

अगले सूक्त में भी ऋषि व देवता 'वसिष्ठ' और 'वैश्वानर' ही हैं—

[६] षष्ठं सूक्तम्

ऋषिः—**वसिष्ठः**॥ देवता—**वैश्वानरः**॥ छन्दः—**निचृत्त्रिष्टुप्**॥ स्वरः—**धैवतः**॥

'दारुं' वन्दे

प्र सम्राजो असुरस्य प्रशस्तिं पुंसः कृष्टीनामनुमाद्यस्य।
इन्द्रस्येव प्र तवसस्कृतानि वन्दे दारुं वन्दमानो विवक्मि॥ १॥

(१) मैं **दारुम्**=असुरों की पुरियों का विदारण करनेवाले प्रभु को **वन्दे**=वन्दित करता हूँ और **वन्दमानः**=वन्दना करता हुआ **कृतानि प्रविवक्मि**=उस वैश्वानर के कर्मों का प्रतिपादन करता हूँ। (२) उस प्रभु की **प्रशस्तिम्**=प्रशस्ति का, स्तुति का प्रतिपादन करता हूँ जो **सम्राजः**=सारे संसार के सम्राट् हैं। **असुरस्य**=(असून् राति) सर्वत्र प्राणशक्ति का संचार करनेवाले हैं। **पुंसः**=वीर हैं (पौंस्यं वीर्यम्)। **कृष्टीनाम्**=श्रमशील मनुष्यों के **अनुमाद्यस्य**=स्तुत्य हैं अथवा हर्ष के जनक हैं। **इन्द्रस्य इव**=इन्द्र के समान **प्रतवसः**=प्रकृष्ट बलवाले हैं। 'इन्द्र' व 'वैश्वानर' दोनों उस प्रभु के ही नाम हैं। सो जो 'इन्द्र' का बल है, वही 'वैश्वानर' का बल है। इस प्रभु की प्रशस्ति का मैं प्रतिपादन करता हूँ।

भावार्थ–वे प्रभु 'सम्राट्, असुर, पुमान, स्तुत्य व बलवान्' हैं। प्रभु के कर्मों का व प्रशस्ति का मैं उच्चारण करता हूँ। प्रभु ही तो मेरे आसुरभावों को विनष्ट करते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वैश्वानरः ॥ छन्दः–निचृत्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

'कविं केषुम्' आविवासे

कविं केतुं धासिं भानुमर्द्रेर्हिन्वन्ति शं राज्यं रोदस्योः।
पुरन्दरस्य गीर्भिरा विवासेऽग्नेर्व्रतानि पूर्व्या महानि॥ २॥

(१) **कविम्**–उस क्रान्तप्रज्ञ **केतुम्**–सब ज्ञानों के प्रज्ञापक **धासिम्**–धारक, **अद्रेः**– (आदर्तुः) स्तोता के **भानुम्**–हृदय को दीप्त करनेवाले, **रोदस्योः राज्यम्**–द्यावापृथिवी के सम्राट्, **शम्**–शान्त व सुखकर प्रभु को **हिन्वन्ति**–ये सब वेदवाणियाँ ही प्राप्त होती हैं, उसी का प्रतिपादन करती हैं 'ऋचो अक्षरे परमे व्योमन्'। (२) मैं **गीर्भिः**–इन वेदवाणियों के द्वारा **पुरन्दरस्य**–आसुर पुरियों का विदारण करनेवाले **अग्नेः**–अग्रेणी प्रभु के **पूर्व्या**–पालन व पूरण करनेवालों में उत्तम अथवा पुरातन (सदा से चले आ रहे) **महानि व्रतानि**–महान व्रतों को **आविवासे**–परिचरित करता हूँ, पूजता हूँ।

भावार्थ–सब वेदवाणियाँ उस प्रज्ञाधारक–दीपक प्रभु के महान् कर्मों का प्रतिपादन करती हैं। मैं इनके द्वारा प्रभु की उपासना करता हूँ।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वैश्वानरः ॥ छन्दः–भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

अयज्ञशीलता व जघन्यता

न्यक्रतून्ग्रथिनो मृध्रवाचः पणींरश्रद्धाँ अवृधाँ अयज्ञान्।
प्रप्र तान्दस्यूँरग्निर्विवाय पूर्वश्चकारापराँ अयज्यून्॥ ३॥

(१) **अक्रतून्**–कर्मरहित, **ग्रथिनः**–इधर की उधर गूँथनेवाले–गप्पी, **मृध्रवाचः**–हिंसित वाणीवाले **पणीन्**–वार्धुषिक–सूदखोर, **अश्रद्धान्**–श्रद्धा से रहित, **अवृधान्**–किसी का वर्धन न करनेवाले, **अयज्ञान्**–यज्ञरहित **तान्**–उन **दस्यून्**–दस्युवृत्ति के मनुष्यों को **अग्निः**–वे अग्रणी प्रभु **प्र प्र**–(अत्यन्त) बहुत **नि**–नीचे **विवाय**–(गमयेत्) पहुँचाते हैं। इन पुरुषों की बहुत ही अधोगति होती है। (२) **पूर्वः**–वे पूर्व (मुख्य) अग्नि नामक प्रभु इन **अयज्यून्**–अयज्ञशील पुरुषों को **अपरान्**–अपर–जघन्य **चकार**–करते हैं। यह सारा संसार यज्ञ पर ही आधारित है। अयज्ञशील पुरुष न इस लोक में कल्याण को प्राप्त करता है, न अगले लोक में। वस्तुतः इन यज्ञों के द्वारा ही प्रभु का उपासन होता है।

भावार्थ–यज्ञ उन्नतियों का मूल है, अयज्ञशीलता अवनति का।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वैश्वानरः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

घोर अन्धकार में 'प्रकाश'

यो अपाचीने तमसि मदन्तीः प्राचीश्चकार नृतमः शचीभिः।
तमीशानं वस्वो अग्निं गृणीषेऽनानतं दमयन्तं पृतन्यून्॥ ४॥

(१) **यः**–जो **नृतमः**–सर्वोत्तम नेता प्रभु **अपाचीने**–अत्यन्त अप्रकाशमान–घने, **तमसि**–अन्धकार में पड़ जाने के कारण **मदन्तीः**–प्रभु का स्तवन करती हुई–अन्धकार की परेशानी में प्रभु को याद करती हुई प्रजाओं को **शचीभिः**–प्रज्ञानों के द्वारा **प्राचीः चकार**– अग्रगतिवाला

करता है। तम्=उस वसः ईशानम्=सब धनों के ईशान अग्निम्=अग्नि की गृणीषे=मैं स्तुत करता हूँ। प्रभु ज्ञान को देकर मार्ग दिखाते हैं, और हमें अग्रगति के योग्य करते हैं। (२) वे प्रभु अनानतम्=कभी किसी से आनत नहीं किये जा सकते। पृतन्यून् दमयन्तम्=हमारे पर सेनाओं के द्वारा आक्रमण करनेवाले इन आसुरभावों का वे प्रभु दमन करते हैं। वस्तुतः जब हम अपने हृदयों में प्रभु को स्थापित करते हैं तो इन आसुरभावों के आक्रमण का सम्भव ही नहीं रहता।

भावार्थ–घोर अन्धकार में भी हम प्रभु का स्मरण करते हैं तो प्रभु हमें प्रज्ञान (प्रकाश) देते हैं और मार्ग पर आगे बढ़ाते हैं। वे प्रभु ही हमारे आसुरभावों का विनाश करते हैं। हमारे लिये सब वसुओं को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वैश्वानरः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

प्राकार-भेदन

यो देह्यो३ अनमयद्वधस्नैर्यो अर्यपत्नीरुषसश्चकार।
स निरुध्या नहुषो यह्वो अग्निर्विशश्चक्रे बलिहृतः सहोभिः ॥ ५ ॥

(१) यः=जो अग्निः=अग्रणी प्रभु वधस्नैः=वधसाधन आयुधों के द्वारा देह्याः=(देही Rampart) असुरपुरियों की चारदीवारियों को अनमयत्=झुका देते हैं, अर्थात् असुरपुरियों का विध्वंस कर देते हैं और यः=जो अर्यपत्नीः=जितेन्द्रिय पुरुष की पत्नी तुल्य बुद्धियों को उषसः (उष दाहे)=दोषों का दहन करनेवाला बनाता है। सः=वे यह्वः=महान् प्रभु विशः=प्रजाओं को निरुध्य=संयतेन्द्रिय बनाकर नहुषः=(णह बन्धने) औरों के साथ अपने को बाँधनेवाला चक्रे=बनाते हैं। इन्हें प्रभु केवल अपने लिये जीनेवाला नहीं रखते। स्वार्थ ही सब आसुरवृत्तियों का मूल था। (२) ये प्रभु इन प्रजाओं को सहोभिः=शत्रुमर्षक बलों के द्वारा बलिहृतः=बलि को देनेवाला (चक्रे) कहते हैं। ये प्रभु के उपासक सहस् (बल) को प्राप्त करके लोभ आदि को जीतकर यज्ञशील बनते हैं।

भावार्थ–प्रभु शत्रुओं के प्राकार का भेदन करके हमारी बुद्धियों को दोषों का दहन करनेवाली बनाते हैं। हमें संयतेन्द्रिय बना के औरों के लिये जीना सिखाते हैं। ये प्रभु हमें यज्ञशील बनाते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वैश्वानरः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

सुमति की भिक्षा

यस्य शर्मन्नुप विश्वे जनास एवैस्तस्थुः सुमतिं भिक्षमाणाः।
वैश्वानरो वरमा रोदस्योराग्निः ससाद पित्रोरुपस्थम् ॥ ६ ॥

(१) एवैः=कर्मों के द्वारा सुमतिम्=कल्याणीमति की भिक्षमाणाः=याचना करते हुए विश्वे जनासः=सब लोग यस्य शर्मन्=जिसकी शरण में उपतस्थुः=उपस्थित होते हैं। वे वैश्वानरः=सब मनुष्यों का हित करनेवाले अग्निः=अग्रणी प्रभु पित्रोः=पिता माता के समान रोदस्योः=द्यावापृथिवी के–मस्तिष्क व शरीर के वरम्=उत्कृष्ट उपस्थम्=गोदरूप–मध्यभागभूत अन्तरिक्ष में–हृदयान्तरिक्ष में आससाद=आसीन होते हैं। (२) उस सर्वव्यापक प्रभु के दर्शन का स्थान हृदयदेश ही है। सर्वत्र द्यावापृथिवी में प्रभु की महिमा का दर्शन होता है। इस हृदयदेश में समाधि अवस्था में प्रभु का साक्षात्कार होता है इसी से यह हृदय यहाँ 'वर उपस्थ'=उत्कृष्ट मध्यभाग कहा गया है। बाहिर जो द्यावापृथिवी है, शरीर में वे मस्तिष्क व स्थूल शरीर हैं। इनका मध्यभाग ही हृदयदेश है। आधिदैविक जगत् में 'द्यावा' पिता है 'पृथिवी' माता। 'द्यौष्पिता, पृथिवी माता'।

इस हृदयासीन प्रभु से ही क्रियाशील पुरुष सुमति की भिक्षा माँगते हैं।

भावार्थ–हम प्रभु की शरण में जाएँ। क्रियाशील बनकर प्रभु से सुमति का भिक्षण करें। हृदयदेश में प्रभु की स्थिति का अनुभव करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वैश्वानरः ॥ छन्दः–भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

वसु-दान

आ देवो ददे बुध्न्याऽ३ वसूनि वैश्वानर उदिता सूर्यस्य।
आ समुद्रादवरादा परस्मादाग्निर्ददे दिव आ पृथिव्याः ॥ ७ ॥

(१) **देवः**–वे प्रकाशमय **वैश्वानरः**–सब मनुष्यों का हित करनेवाले प्रभु **सूर्यस्य उदिता**–ज्ञान सूर्य का उदय होने पर **बुध्न्या**–हृदयान्तरिक्ष के **वसूनि**–वसुओं को **आददे**–हमारे लिये सब प्रकार से देते हैं। हृदयान्तरिक्ष का वसु 'मनः प्रसाद व निर्मलता' ही है। प्रभु के अनुग्रह से ही इसकी प्राप्ति होती है। (२) **अवरात् समुद्रात् आ**–अवर समुद्र से लेकर **परस्मात् आ**–पर समुद्र तक **अग्निः**–वे अग्रेणी प्रभु, **दिवः आ**–द्युलोक से लेकर **पृथिव्याः आ**–पृथिवीलोक तक सम्पूर्ण वसुओं को वे प्रभु उपासक के लिये **ददे**–सर्वथा प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ–प्रभु ही उपासक के लिये हृदयान्तरिक्ष के महान् वसु 'मनःप्रसाद' को प्राप्त कराते हैं। प्रभु ही ब्रह्माण्ड के सब वसुओं के देनेवाले हैं।

अगले सूक्त में वसिष्ठ 'अग्नि' नाम से प्रभु का स्मरण करते हैं–

[७] सप्तमं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

मितद्रुः

प्र वो देवं चित्सहसानमग्निमश्वं न वाजिनं हिषे नमोभिः।
भवा नो दूतो अध्वरस्य विद्वान्त्मना देवेषु विविदे मितद्रुः ॥ १ ॥

(१) **मैं नमोभिः**–नमनों के द्वारा **अग्निम्**–उस अग्रणी प्रभु को **प्रहिषे**–अपने हृदय में (प्रहिणोमि) प्राप्त करता हूँ। उस अग्नि को जो **वः देवम्**–तुम सबके प्रकाशक हैं। **सहसानम्**–शत्रुओं का पराभव करनेवाले हैं। **चित्**–निश्चय से **अश्वं न वाजिनम्**–शीघ्रता से मार्ग का व्यापन करनेवाले घोड़े के समान शक्तिशाली हैं। अर्थात् जो मुझे शीघ्र ही लक्ष्यस्थान पर पहुँचानेवाले हैं। (२) हे प्रभो! **अध्वरस्य**–सब यज्ञों के **विद्वान्**–ज्ञाता होते हुए आप **नः**–हमारे लिये **दूतः भव**–दूत होइये, ज्ञान-सन्देश को प्राप्त कराइये। वे **मितद्रुः**–नपी-तुली गतिवाले प्रभु–सर्वत्र जितनी उचित है उतनी ही क्रिया करनेवाले प्रभु **त्मना**–स्वयं किसी और की सहायता को न लेते हुए **देवेषु**–सूर्य आदि देवों में **विविदे**–उस-उस शक्ति को प्राप्त कराते हैं। पृथिवी में पुण्यगन्ध को, जलों में रस को, अग्नि में तेज को, वायु में गति को, आकाश में शब्द को तथा सूर्य-चन्द्र आदि में प्रभा को स्थापित करनेवाले प्रभु ही हैं।

भावार्थ–मैं हृदय में नमन द्वारा प्रभु दर्शन के लिये यत्नशील होता हूँ। प्रभु ही मेरे शत्रुओं का पराभव करते हैं। वे मुझे ज्ञान का सन्देश देनेवाले प्रभु ही सब सूर्य आदि देवों में नपी-तुली गतिवाले हो रहे हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

प्रभु प्राप्ति का मार्ग

आ याह्यग्ने पथ्या३ अनु स्वा मन्द्रो देवानां सख्यं जुषाणः।
आ सानु शुष्मैर्नंदयन्पृथिव्या जम्भेभिर्विश्वंमुशधग्वनानि ॥ २ ॥

(१) प्रभु जीव से कहते हैं कि-हे अग्ने-प्रगतिशील जीव! स्वाः पथ्याः अनु-अपने कर्तव्य मार्गों के अनुसार, अर्थात् अपने कर्तव्य मार्गों पर चलता हुआ तू आयाहि-हमारे समीप प्राप्त होनेवाला हो। मन्द्रः-सदा प्रसन्न मनोवृत्तिवाला बन। देवानां सख्यं जुषाणः-देववृत्ति के पुरुषों की मित्रता का सेवन करनेवाला बन। (२) शुष्मैः-शत्रुशोषक बलों के साथ पृथिव्याः-इस शरीररूप पृथिवी के सानु-मस्तिष्करूप शिखर को आनदयन्-समन्तात् ज्ञान की वाणियों से अनुनादित करनेवाला बन तथा जम्भेभिः-दाँतों से विश्वं वनानि-सब वानस्पतिक पदार्थों की ही उशधक्-कामनावाला हो।

भावार्थ-प्रभु प्राप्ति का मार्ग यह है-(क) स्वकर्तव्य पालन, (ख) मनः प्रसाद, (ग) सत्संग, (घ) बल व ज्ञान का संचय, (ङ) वानस्पतिक पदार्थों से शरीर का पोषण।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सुख प्राप्ति का मार्ग

प्राचीनो यज्ञः सुधितं हि बर्हिः प्रीणीते अग्निरीळितो न होता।
आ मातरा विश्ववारे हुवानो यतो यविष्ठ जज्ञिषे सुशेवः ॥ ३ ॥

(१) हमारे जीवनों में यज्ञः-यज्ञ (श्रेष्ठतम कर्म) प्राचीनः-(प्र अञ्च्) आगे और आगे गतिवाला हुआ है। अर्थात् जीवन में यज्ञों की वृद्धि हुई है। हि-निश्चय से बर्हिः-वासनाशून्य हृदय सुधितम्-सम्यक् स्थापित हुआ है। अग्निः प्रीणीते-वे अग्रेणी प्रभु हमारे प्रति प्रीतिवाले होते हैं-हम प्रभु की प्रीति के पात्र बनते हैं। मैं न-जैसे ईडितः-स्तुतिवाला होता हूँ उसी प्रकार होता-यज्ञों को करनेवाला बनता हूँ। (२) विश्ववारे-सब से वरणे के योग्य मातरा-द्यावापृथिवी को, मस्तिष्क व शरीर को आहुवानः-मैं पुकारनेवाला होता हूँ। अर्थात् मस्तिष्क व शरीर को उत्तम बनाने का प्रयत्न करता हूँ। हे यविष्ठ-युवतम-हमारी सब बुराइयों को दूर करनेवाले व अच्छाइयों को हमारे साथ मिलानेवाले प्रभो! ये उपर्युक्त बातें वे हैं यतः-जिनके द्वारा आप सुशेवः-हमें उत्तम सुख प्राप्त करानेवाले जज्ञिषे-होते हैं।

भावार्थ-सुख-प्राप्ति का मार्ग यही है कि-(क) हम यज्ञशील बनें, (ख) हृदय को पवित्र बनायें, (ग) प्रभु की प्रीति के पात्र बनें, (घ) स्तोता व होता हों, (ङ) मस्तिष्क व शरीर दोनों को उत्तम बनायें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

प्रभु को सारथि बनाना

सद्यो अध्वरे रथिरं जनन्त मानुषासो विचेतसो य एषाम्।
विशामधायि विश्पतिर्दुरोणे३ऽग्निर्मन्द्रो मधुवचा ऋतावा ॥ ४ ॥

(१) विचेतसः-विशिष्ट चेतनावाले मानुषासः-विचारशील लोग सद्यः-शीघ्र ही अध्वरे-इस जीवनयज्ञ में उस प्रभु को रथिरं जनन्त-शरीररूप रथ का संचालक बनाते हैं। यः-जो प्रभु

एषाम्-इन **विशाम्**-प्रजाओं के **दुरोणे**-इस शरीररूप गृह में **अधायि**-स्थापित हैं। हम सब के हृदयों में स्थित हुए-हुए प्रभु ही वस्तुतः हमारे जीवन यज्ञ को चलाते हैं। इस शरीर-रथ के सारथि प्रभु ही हैं। प्रभु को अपने रथ की बागडोर सौंपनेवाला व्यक्ति भटकता नहीं। (२) ये प्रभु ही **विश्पतिः**-सब प्रजाओं के रक्षक हैं। **अग्निः**-अग्रणी हैं। **मन्द्रः**-स्तुत्य व सदा प्रसन्न हैं। **मधुवचाः**-अत्यन्त मधुर वचनोंवाले हैं और **ऋतावा**-यज्ञोंवाले व ऋत (सत्य) वाले हैं। प्रभु के उपासक का जीवन भी अनृत शून्य हो जाता है।

भावार्थ-समझदार व्यक्ति प्रभु को ही अपने रथ का सारथि बनाते हैं। प्रभु इनका रक्षण करते हैं। इनको 'प्रगतिशील, प्रसन्न, मधुर व ऋतवाला' बनाते हैं।

ऋषिः-**वसिष्ठः**॥ देवता-**अग्निः**॥ छन्दः-**निचृत्त्रिष्टुप्**॥ स्वरः-**धैवतः**॥

ब्रह्मा

असादि वृतो वह्निराजगन्वानग्निर्ब्रह्मा नृषदने विधर्ता।
द्यौश्च यं पृथिवी वावृधाते आ यं होता यजति विश्ववारम्॥५॥

(१) गतमन्त्र के अनुसार जब हम प्रभु को अपने रथ का सारथि बनाते हैं, तो **वृतः**-वरण किये हुए प्रभु **असादि**-इस रथ पर स्थित होते हैं और **वह्निः**-इस रथ को लक्ष्य की ओर ले चलनेवाले होते हैं। **आजगन्वान्**-आये हुए वे **अग्निः**-अग्रणी प्रभु **ब्रह्मा**-इस जीवन यज्ञ के ब्रह्मा होते हैं-वर्धन करनेवाले होते हैं। **नृषदने**-इस मनुष्यों के शरीररूप सदन में **विधर्ता**-वे विशेषरूप से धारण करनेवाले होते हैं। (२) **यम्**-जिस प्रभु को **द्यौः च**-यह द्युलोक और **पृथिवी**-पृथिवीलोक **वावृधाते**-खूब ही बढ़ाते हैं, अर्थात् जिसकी महिमा का प्रतिपादन करते हैं और **यम्**-जिस **विश्ववारम्**-सब से वरणीय व सब वरणीय वस्तुओंवाले प्रभु को **होता**-यह दानपूर्वक अदन करनेवाला व्यक्ति-यज्ञशील व्यक्ति **आयजति**-उपासित करता है। इस प्रभु का ही हम वरण करें। ये हमें आगे ले चलेंगे।

भावार्थ-हम प्रभु का वरण करें, जीवन यज्ञ का ब्रह्मा प्रभु को ही बनायें। वे ही हमारा धारण करनेवाले हैं। ये द्युलोक व पृथिवीलोक प्रभु की ही महिमा का प्रतिपादन कर रहे हैं। यज्ञशील पुरुष ही प्रभु का उपासक होता है।

ऋषिः-**वसिष्ठः**॥ देवता-**अग्निः**॥ छन्दः-**निचृत्त्रिष्टुप्**॥ स्वरः-**धैवतः**॥

लोकहित व यशस्वी जीवन

एते द्युम्नेभिर्विश्वमातिरन्त मन्त्रं ये वारं नर्या अतक्षन्।
प्र ये विशस्तिरन्त श्रोषमाणा आ ये मे अस्य दीधयन्नृतस्य॥६॥

(१) **एते**-ये लोग **द्युम्नेभिः**-यशों से **विश्वम्**-सम्पूर्ण जगत् को **आतिरन्त**-(अभ्यगच्छन्) प्राप्त होते हैं, अर्थात् इनका यश सम्पूर्ण जगत् में फैल जाता है। **ये**-जो लोग **नर्या**-नरहितकारी कर्मों में प्रवृत्त हुए-हुए, **वा**-निश्चय से **मन्त्रम्**-मननपूर्वक किये गये स्तवन को **अरं अतक्षन्**-पर्याप्त संस्कृत (परिष्कृत) कर लेते हैं। यह स्तवन ही तो वस्तुतः उन्हें शक्ति देता है जिससे कि वे अधिक से अधिक इन नरहितकारी कार्यों को कर पाते हैं। (२) **ये**-जो **श्रोषमाणाः**-ज्ञान के सदा श्रवण करने की कामनावाले होते हुए **विशः प्रतिरन्त**-सब प्रजाओं का वर्धन करते हैं। और **ये**-जो **मे**-मेरे **अस्य ऋतस्य**-इस सत्य वेदज्ञान का **आदीधयन्**-आदीपन करते हैं।

भावार्थ–प्रभुस्तवन व ज्ञान, श्रवण करते हुए हम लोकहित के कार्यों को करनेवाले बनें और संसार में यशस्वी जीवनवाले हों।

ऋषिः–**वसिष्ठः** ॥ देवता–**अग्निः** ॥ छन्दः–**स्वराट्पङ्क्तिः** ॥ स्वरः–**पञ्चमः** ॥

प्रभु प्रेरणा के अनुसार

नू त्वामग्न ईमहे वसिष्ठा ईशानं सूनो सहसो वसूनाम्।
इषं स्तोतृभ्यो मघवद्भ्य आनड्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥७॥

(१) हे **सहसः सूनो**–बल के पुत्र, बल के पुञ्ज **अग्ने**–अग्रेणी प्रभो! **वसिष्ठाः**–अपनी इन्द्रियों को वश में करनेवाले अथवा उत्तम निवासवाले हम **नू**–अब **त्वाम्**–आपसे **ईमहे**–याचना करते हैं। आप ही **वसूनां ईशानम्**–सब वसुओं के ईशान हैं। (२) आप **स्तोतृभ्यः**–स्तोताओं के लिये **च**–और **मघवद्भ्यः**–(मघ–मख) यज्ञशील पुरुषों के लिये **इषम्**–प्रेरणा को **आनट्**–(प्रापयेः) प्राप्त कराते हैं। **यूयम्**–आप **सदा**–हमेशा **नः**–हमें **स्वस्तिभिः**–कल्याणों के द्वारा, शुभमार्गों के द्वारा **पात**–रक्षित करें। आप से सदा शुभमार्ग पर चलने की प्रेरणा प्राप्त करते हुए हम कल्याण को प्राप्त करें।

भावार्थ–हम वसिष्ठ बनकर प्रभु का उपासन करें। प्रभु यज्ञशील स्तोताओं को सदा उत्तम प्रेरणा प्राप्त कराते हैं। हे प्रभो! आपके अनुग्रह से शुभमार्ग पर चलते हुए हम कल्याणभाक् हों।

अगले सूक्त में भी वसिष्ठ 'अग्नि' नाम से ही प्रभु का स्मरण करते हैं–

[८] अष्टमं सूक्तम्

ऋषिः–**वसिष्ठः** ॥ देवता–**अग्निः** ॥ छन्दः–**स्वराट्पङ्क्तिः** ॥ स्वरः–**पञ्चमः** ॥

प्रभु नमन व हवन

इन्धे राजा समर्यो नमोभिर्यस्य प्रतीकमाहुतं घृतेन।
नरो हव्येभिरीळते सबाध आग्निरग्रं उषसामशोचि ॥ १ ॥

(१) वह **राजा**–दीप्त, **अर्यः**–स्वामी प्रभु **नमोभिः**–नमन के द्वारा **समिन्धे**–हृदय देश में दीप्त किया जाता है। हम नम्रता को धारण करके प्रभु का ध्यान करते हैं। **यस्य**–जिस प्रभु का **प्रतीकम्**–स्वरूप **घृतेन आहुतम्**–दीप्ति से आहुत है–जो प्रभु प्रकाश ही प्रकाश के रूप में हैं। (२) **सबाधः**–बाधाओं (पीड़ाओं) से युक्त **नरः**–मनुष्य **हव्येभिः**–हव्य पदार्थों के द्वारा **ईडते**–इस अग्नि का पूजन करते हैं। अग्नि का पूजन यही है कि हम उस-उस रोग को शान्त करनेवाले ओषध द्रव्यों का अग्नि में हवन करें। ये द्रव्य सूक्ष्म कणों में विभक्त होकर श्वास के साथ अन्दर जाते हुए, उन बाधाओं को दूर करेंगे। यह **अग्निः**–यज्ञाग्नि **उषसां अग्रे**–उषाकालों के अग्रभाग में **आ आशोचि**–दीप्त होता है। हम प्रातः प्रबुद्ध होकर अग्निहोत्र आदि पवित्र कार्यों को करने का उपक्रम करें।

भावार्थ–हम प्रातः प्रबुद्ध हों। नमन द्वारा हृदयदेश में प्रभु के प्रकाश को, तेजोमयरूप को देखने का प्रयत्न करें और अग्निहोत्र द्वारा सब रागात्मक बाधाओं को अपने से दूर रखने के लिये यत्नशील हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ओषधीभिः ववक्षे

अयमु ष्य सुमहाँ अवेदि होता मन्द्रो मनुषो यह्वो अग्निः ।
वि भा अकः ससृजानः पृथिव्यां कृष्णपविरोषधीभिर्ववक्षे ॥ २ ॥

(१) अयम्-ये उ-निश्चय से स्यः-वे प्रभु सुमहान्-अत्यन्त महान् अवेदि-माने जाते हैं। प्रभु के समान ही कोई और सत्ता नहीं, उससे बढ़कर के किसी के होने का तो प्रश्न ही नहीं। होता-ये प्रभु ही सब पदार्थों के देनेवाले हैं। मन्द्रः-आनन्दस्वरूप हैं। मनुषः-विचारशील पुरुष के ये यह्वः (यातः हूतश्च)-जाने योग्य व पुकारने योग्य हैं। अग्निः-अग्रणी हैं। (२) ससृजानः-(सृज्यमानः) ध्यान द्वारा हृदयदेश में उत्पन्न (अविर्भूत) किये जाते हुए ये प्रभु पृथिव्याम्-इस पृथिवीरूप शरीर में भाः-दीप्तियों को वि अकः-विशेषरूप से करते हैं। प्रभु का ध्यान होते ही सारा शरीर प्रकाशमय हो उठता है। ये कृष्णपविः (पवि speech)-अत्यन्त आकर्षक अथवा पापों को क्षीण करनेवाली वाणीवाले प्रभु ओषधीभिः-ओषधियों से ववक्षे-हमारे अन्दर बढ़ते हैं। अर्थात् वानस्पतिक भोजन प्रभु की भावना को हमारे अन्दर बढ़ाने का कारण बनता है।

भावार्थ-प्रभु महान् हैं। हृदय में प्रभु का ध्यान होते ही प्रकाश ही प्रकाश हो जाता है। प्रभु प्रवणता की वृद्धि में ओषधि भोजन सहायक होता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

स्वधा

कया नो अग्ने वि वसः सुवृक्तिं कामु स्वधामृणवः शस्यमानः ।
कदा भवेम पतयः सुदत्र रायो वन्तारो दुष्टरस्य साधोः ॥ ३ ॥

(१) हे अग्ने-अग्रणी प्रभो! आप नः-हमारी इस सुवृक्तिम्-दोषवर्जन की साधनभूत स्तुति को कया-किस अद्भुत (स्वधया-) आत्मधारणशक्ति से विवसः-आच्छादित करते हैं। उ-निश्चय से शस्यमानः-स्तुति किये जाते हुए आप कां स्वधाम्-आनन्दप्रद आत्मधारणशक्ति को ऋणश-प्राप्त कराते हैं। अर्थात् जितना-जितना हम प्रभु का स्तवन व शंसन करते हैं, उतना-उतना आत्मधारणशक्ति को प्राप्त करते हैं। (२) हे सुदत्र-शोभनदानवाले प्रभो! कदा-कब हम रायः-उस धन के पतयः-स्वामी तथा वन्तारः-सम्भजन करनेवाले भवेम-होंगे, जो दुष्टरस्य-शत्रुओं से हिंसित नहीं होता तथा साधोः-सब इष्ट कार्यों का साधक है। हम उस 'दुष्टर साधु' सम्पत्ति को प्राप्त करें तथा उसका संविभाग करनेवाले हों।

भावार्थ-हम प्रभु-स्तवन करते हुए आत्मधारणशक्ति को प्राप्त करें। और उस धन को प्राप्त करें जो हमें काम-क्रोध-लोभ आदि का शिकार न होने दे तथा जो हमारे इष्ट कार्यों का साधक हो। हम इस धन का संविभाग करनेवाले हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

'भरत व पूरुम्'

प्रप्रायमग्निर्भरतस्य शृण्वे वि यत्सूर्यो न रोचते बृहद्भाः ।
अभि यः पूरुं पृतनासु तस्थौ द्युतानो दैव्यो अतिथिः शुशोच ॥ ४ ॥

(१) अयं अग्निः-यह अग्रणी प्रभु भरतस्य-लोगों का भरण करनेवाले की प्रार्थना को प्र

प्रशृण्वे=खूब ही सुनते हैं यत्=जब इस भक्त के हृदय में वे बृहद्भाः=बहुत प्रवृद्ध-दीप्तिवाले प्रभु सूर्यः न=सूर्य के समान विरोचते=विशेषरूप से दीप्त होते हैं। (२) यः=जो प्रभु पृतनासु=संग्रामों में पूरुम् अभि=अपना पालन व पूरण करनेवाले की ओर तस्थौ=स्थित होते हैं। वस्तुतः 'पूरु' प्रभु के साहाय्य से ही संग्राम में विजयी हो पाता है। ये द्युतानः=ज्योति का विस्तार करनेवाले, दैव्यः=देवों के हितकर अतिथिः=निरन्तर गतिवाले प्रभु शुशोच=पर्याप्त ही दीप्त होते हैं।

भावार्थ—प्रभु औरों का भरण करनेवाले की प्रार्थना को सुनते हैं, उसके हृदय में दीप्त होते हैं। इस पालन व पूरण करनेवाले व्यक्ति को संग्राम में विजयी बनाते हैं।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

बल-सौमनस्य

अस॒न्नित्ते आ॒हव॑नानि॒ भूरि॒ भुवो॒ विश्वे॑भिः सु॒मना॒ अनी॑कैः।
स्तु॒तश्चि॑दग्ने शृणि॒षे गृ॑णा॒नः स्व॒यं व॑र्धस्व त॒न्वं॑ सुजात॥ ५॥

(१) हे अग्ने=अग्रणी प्रभो! त्वे इत्=आप में ही आहवनानि=पुकारें-प्रार्थनाएँ भूरि सन्ति=खूब होती हैं। सब आपकी ही प्रार्थनाएँ करते हैं। आप इन प्रार्थनाओं को सुनकर विश्वेभिः=सब अनीकैः=बलों के द्वारा सुमनाः भुवः=उत्तम मनवाले होते हैं। आप बल सौमनस्य को प्राप्त कराते हैं। (२) हे अग्ने! आप स्तुतः=(स्तौति इति स्तुत्) स्तवन करनेवाले की चित्=निश्चय से शृण्विषे=प्रार्थना को सुनते हैं। और हे सुजात=उत्तम विकास के कारणभूत प्रभो! गृणानः=ज्ञानोपदेश देते हुए आप स्वयम्=अपने आप तन्वम्=हमारे शरीरों को वर्धस्व=बढ़ाइये। आपके ज्ञानोपदेश से तदनुसार आचरण करते हुए हम अपने शरीर की सब शक्तियों को बढ़ानेवाले बनें।

भावार्थ—हम सदा प्रभु को ही पुकारें। प्रभु हमें बल सौमनस्य को प्राप्त करायें। प्रभु स्तोता की पुकार को सुनते हैं, उसे ज्ञानोपदेश देते हुए उसकी शक्तियों का वर्धन करते हैं।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'द्युमत् अमीवचातन रक्षोहा' स्तुतिवचन

इदं वचः॑ श॒तसाः॑ संस॒हस्र॒मुद॒ग्नये॑ जनिषीष्ट द्वि॒बर्हाः॑।
शं यत्स्तो॒तृभ्य॑ आ॒पये॒ भवा॑ति द्यु॒मदमी॑व॒चात॑नं रक्षो॒हा॥ ६॥

(१) शतसाः=शतवर्षपर्यन्त इन्द्रियशक्तियों का संभजन करनेवाला सहस्रम्=सहस्रों ज्ञान की वाणियों से सम्=संयुत हुआ-हुआ यह स्तोता अग्नये=उस अग्रेणी प्रभु के लिये इदं वचः=इस स्तुतिवचन को उत् जनिषीष्ट=उत्कर्षेण प्रादुर्भूत करता है। परिणामतः द्विबर्हाः=शरीर व मस्तिष्क प्रवृद्ध शक्ति व ज्ञानवाला होता है। (२) उस स्तुतिवचन का यह उच्चारण करता है यत्=जो स्तोतृभ्यः=स्तोताओं के लिए और आपये=बन्धुओं के लिए शं भवाति=शान्ति को देनेवाला होता है। द्युमत्=मस्तिष्क में ज्ञानदीप्ति को प्राप्त करानेवाला होता है। अमीवचातनम्=शरीर में रोगों का विध्वंस करनेवाला व रक्षोहा=मनों में राक्षसी वृत्तियों को नष्ट करनेवाला होता है।

भावार्थ—प्रभु का स्तवन हमारी शक्ति व ज्ञान को बढ़ाता है। यह मानस शान्ति को प्राप्त कराता है 'द्युमत्-अमीवचातन व रक्षोहा' है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

वसिष्ठ का 'प्रभु-उपासन'

नू त्वामग्न ईमहे वसिष्ठा ईशानं सूनो सहसो वसूनाम्।
इषं स्तोतृभ्यो मघवद्भ्य आनड्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥७॥

७.७ पर व्याख्या द्रष्टव्य है।

अगले सूक्त में भी वसिष्ठ ही अग्नि की आराधना करते हैं-

[९] नवमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

जार उषसाम् अबोधि

अबोधि जार उषसामुपस्थाद्धोता मन्द्रः कवितमः पावकः।
दधाति केतुमुभयस्य जन्तोर्हव्या देवेषु द्रविणं सुकृत्सु ॥ १ ॥

(१) वह **जारः**-वासनाओं को जीर्ण करनेवाला प्रभु **उषसाम्**-(उष दाहे) वासनाओं को भस्म करनेवाले पुरुषों की **उपस्थात्**-उपासना से **अबोधि**-जाना जाता है। प्रभु दर्शन उन्हीं को होता है जो अपनी वासनाओं को जीर्ण करने के लिये यत्नशील होते हैं। इनके समीप उठने-बैठने से सामान्य मनुष्य भी परमेश्वर का ज्ञान प्राप्त करता है। वे प्रभु **होता**-सब कुछ देनेवाले हैं, **मन्द्रः**-आनन्दमय हैं, **कवितयः**-अत्यन्त क्रान्तप्रज्ञ हैं **पावकः**-पवित्र करनेवाले हैं। (२) ये प्रभु **उभयस्य जन्तोः**-दोनों प्रकार के प्राणियों, पशु-पक्षियों व मनुष्यों के **केतुम्**-ज्ञान को **दधाति**-स्थापित करते हैं। पशुओं में भी कुछ वासना के रूप में ज्ञान की स्थापना होती है। मनुष्यों को प्रभु बुद्धि (Intelligence) देते हैं। ये प्रभु ही **देवेषु**-देववृत्ति के व्यक्तियों में **हव्या**-हव्य पदार्थों को तथा **सुकृत्सु**-पुण्यशालियों में **द्रविणम्**-धन को धारण करते हैं। देववृत्ति के व्यक्ति सदा हव्य पदार्थों को ही ग्रहण करते हैं।

भावार्थ-प्रभु वासनाशून्य हृदयों में प्रकाशित होते हैं। ये प्राज्ञ प्रभु ही हमें पवित्र बनाते हैं। सभी को ये ही ज्ञान देते हैं। हव्यों व द्रविणों को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

ज्ञान का प्रकाश

स सुक्रतुर्यो वि दुरः पणीनां पुनानो अर्कं पुरुभोजसं नः।
होता मन्द्रो विशां दमूनास्तिरस्तमो ददृशे राम्याणाम् ॥ २ ॥

(१) **सः**-वे प्रभु **सुक्रतुः**-शोभनकर्मा व शोभनप्रज्ञ हैं, **यः**-जो **पणीनाम्**-(पण व्यवहारे स्तुतौ च) प्रभु-स्मरणपूर्वक व्यवहार करनेवालों के **दूरः**-इन्द्रिय द्वारों को **वि**-खोल देते हैं, विषय-वासनाओं से मुक्त करके इन्हें स्वकर्तव्य में प्रेरित करते हैं। ये प्रभु **नः**-हमारे **पुरुभोजसम्**-खूब ही पालन करनेवाले **अर्कम्**-ज्ञानसूर्य को **पुनानः**-पवित्र करते हैं, वासनारूप बादलों के आवरण से इसे रहित करते हैं। वासनामेघ के विलीन होने से ज्ञानसूर्य दीप्त हो उठता है। (२) **होता**-वे प्रभु सब कुछ देनेवाले हैं। **मन्द्रः**-आनन्दमय हैं। **दमूनाः**-दान के मनवाले हैं। **राम्याणां विशाम्**-रात्रि के अन्धकार में फँसी अथवा रमण प्रवृत प्रजाओं के **तमः**-अन्धकार को **तिरः ददृशे**-तिरोहित कर देते हैं, नष्ट कर देते हैं। प्रभु की उपासना के होने स अज्ञानान्धकार नष्ट हो

जाता है।

भावार्थ–प्रभु उपासकों के इन्द्रिय द्वारों को विजयवज्र से मुक्त कर देते हैं और इनके ज्ञान को वे दीप्त करते हैं। उपासना से विषयों में रमण करनेवाली प्रजाओं का भी अज्ञानान्धकार नष्ट हो जाता है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

प्रस्वः आविवेश

अमूरः कविरदितिर्विवस्वान्त्सुसंसन्मित्रो अतिथिः शिवो नः।
चित्रभानुरुषसां भात्यग्रेऽपां गर्भः प्रस्वा आ विवेश॥ ३॥

(१) वे प्रभु **अमूरः**–सब प्रकार की मूढ़ताओं से दूर, **कविः**–क्रान्तप्रज्ञ, **अदितिः**– खण्डनरहित, **विवस्वान्**–ज्ञान की किरणोंवाले हैं। **सुसंसत्**–पवित्र हृदय में आसीन होनेवाले, **मित्रः**–मृत्यु से बचानेवाले, **अतिथिः**–निरन्तर गतिशील, **नः शिवः**–हमारे लिये कल्याण को करनेवाले हैं। (२) **चित्रभानुः**–अद्भुत दीप्तिवाले वे प्रभु **उषसां अग्रे**–उषाकालों के अग्रभाग में **भाति**–हमारे हृदयों में दीप्त होते हैं। **अपां गर्भः**–जलों के मध्य में होते हुए ये **प्रस्वः आविवेश**–सब ओषधियों में प्रवेश करते हैं। ओषधियों के अन्दर उस-उस प्राणशक्ति को प्रभु ही तो स्थापित करते हैं। जलों में ये प्रभु ही रस के रूप में होते हैं। हम प्रातः प्रभु स्मरण करते हुए हृदयदेश में प्रभु को देखने का प्रयत्न करें।

भावार्थ–प्रभु ज्ञान की किरणोंवाले हैं, पवित्र हृदय में प्रकाशित होते हैं। ये प्रभु जलों के गर्भ में रहते हुए सभी ओषधियों में प्रवेश कर रहे हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

'दम्पतियों से मिलकर उपास्य' प्रभु

ईळेन्यो वो मनुषो युगेषु समनगा अशुचज्जातवेदाः।
सुसंदृशा भानुना यो विभाति प्रति गावः समिधानं बुधन्त॥ ४॥

(१) **वः**–हमारे **मनुषः युगेषु**–मानव जोड़ों में, दम्पतियों में, पति-पत्नी में **ईडेन्यः**–वह प्रभु स्तुत्य हैं। पति-पत्नी को मिलकर प्रातः प्रभु स्मरण अवश्य करना ही चाहिये। ये पति-पत्नी ही आदर्शगृह का निर्माण कर पाते हैं। यह **जातवेदाः**–सर्वज्ञ प्रभु **समनगाः**–संग्राम में संगत होता है। अर्थात् हम काम-क्रोध आदि से संग्राम करते हैं। तो ये प्रभु हमारे सहायक होते हैं। **अशुचत्**–हृदयदेश में दीप्त होते हैं। (२) **सुसन्दृशा**–उत्तम दर्शनीय **भानुना**–दीप्ति से **यः विभाति**–जो प्रभु विशिष्ट दीप्तिवाले हैं, उस **समिधानम्**–सम्यक् देदीप्यमान प्रभु को **गावः**–सब वेदवाणियाँ **प्रतिबुधन्त**–ज्ञापित करती हैं, ये सब वाणियाँ प्रभु का ही ज्ञान देती हैं।

भावार्थ–दम्पती मिलकर प्रातः प्रभुस्तवन करें। काम-क्रोध आदि से संग्राम में ये प्रभु ही हमारे सहायक होते हैं। सब वेद-वाणियाँ इस प्रकाशमय प्रभु का प्रतिपादन करती हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

रमणीयता का आधान

अग्ने याहि दूत्यं मा रिषण्यो देवाँ अच्छा बृहद्यजा गणेन।
सरस्वतीं मरुतो अश्विनापो यक्षि देवान्रत्नधेयाय विश्वान्॥ ५॥

(१) **अग्ने**-हे अग्रणी प्रभो! **दूत्यं याहि**-आप हमारे लिये दूतकर्म को प्राप्त होइये, हमारे लिये ज्ञानसन्देश को देनेवाले होइये। **मा रिषण्यः**-हमें हिंसित न करिये। **ब्रह्मकृता**-ज्ञान को उत्पन्न करनेवाले (ब्रह्म करोति) **गणेन**-प्राणों के गण से आप हमें **देवान् अच्छ**-दिव्य गुणों की ओर ले चलिये। (२) हमारे साथ **यक्षि**-संगत करिये। **सरस्वतीम्**-ज्ञान की अधिष्ठात्री देवता सरस्वती से हमारा मेल हो। **मरुतः**-प्राणों का हमारे से मेल हो। **अश्विना**-द्यावापृथिवी का, मस्तिष्क व शरीर का हमारे साथ मेल हो। तथा **अपः**-शरीरस्थ रेतःकणों का हमारे साथ मेल हो।

भावार्थ-प्रभु हमें ज्ञानसन्देश प्राप्त कराके हिंसित होने से बचायें। ज्ञानोत्पादक प्राणगण के द्वारा हमें दिव्यगुणों की ओर ले चलें। इन देवों के द्वारा हमारे जीवन रमणीय हों। हमारे साथ 'सरस्वती, मरुत्, अश्विना व आपः' का सम्पर्क हो।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

'जरूथ-जरण'

त्वामग्ने समिधानो वसिष्ठो जरूथं हन्यक्षि राये पुरन्धिम्।
पुरुणीथा जातवेदो जरस्व यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ६ ॥

(१) हे **अग्ने**-अग्रणी प्रभो! **वसिष्ठः**-उत्तम वसुओंवाला व वशियों में श्रेष्ठ यह स्तोता **त्वां समिधानः**-आपको दीप्त करता हुआ **जरूथम्**-इस परुषभाषी व जरणीय (नष्ट करने योग्य) कटुभाषणरूप राक्षसी वृत्ति को **हन्**-नष्ट करता है। आप **पुरन्धिम्**-पालक बुद्धिवाले इस स्तोता को **राये**-ऐश्वर्य के लिये **यक्षि**-संगत करिये। (२) हे **जातवेदः**-सर्वज्ञ प्रभो! आप **पुरुणीथा**-इन अनेक मार्गोंवाले, मायामय विविध छलछिद्रान्वित मार्गों से गति करनेवाले राक्षसी भावों को **जरस्व**-जीर्ण करिये। और इस प्रकार **अयम्**-आप **स्वस्तिभिः**-कल्याणमार्गों के द्वारा **नः**-हमारा **सदा पात**-सर्वदा रक्षण करिये। हमें शुभमार्गों पर ले चलते हुए आप हमारा कल्याण करिये।

भावार्थ-वशी स्तोता प्रभु का स्मरण करता है। प्रभु ही वस्तुतः उसे राक्षसीभावों के आक्रमण से बचाते हैं।

अगले सूक्त में भी वसिष्ठ द्वारा अग्नि का उपासन है-

[१०] दशमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

दविद्युतत्-दीद्यत्-शोशुचानः

उषो न जारः पृथु पाजो अश्रेद्दविद्युतद्दीद्यच्छोशुचानः।
वृषा हरिः शुचिरा भाति भासा धियो हिन्वान उशतीरजीगः ॥ १ ॥

(१) **उषः जारः न**-उषा के जीर्ण करनेवाले सूर्य के समान ये प्रभु **पृथु पाजः**-विशाल तेज का **अश्रेत्**-आश्रय करते हैं। वे प्रभु **दविद्युतत्**-ज्योतिर्मय हैं, **दीद्यत्**-सब अन्धकारों का खण्डन करनेवाले हैं। **शोशुचानः**-खूब ही शुचिता व पवित्रता को करनेवाले हैं। (२) **वृषा**-सब सुखों का सेचन करनेवाले **हरिः**-दुःखहर्ता **शुचिः**-पवित्र वे प्रभु **भासा**-दीप्ति से **आभाति**-समन्तात् दीप्त हो रहे हैं। **धियः**-बुद्धियों को **हिन्वानः**-प्रेरित करते हुए वे प्रभु **उशतीः**-(कामयमानाः) उन्नति की कामनावाली प्रजाओं के **अजीगः**-(जागरयति) जागरित करते हैं। जैसे एक अध्यापक

कामयमान विद्यार्थी को ऊँची शिक्षा देनेवाले होते हैं, उसी प्रकार इन कामयमान प्रजाओं को प्रभु प्रबुद्ध करते हैं।

भावार्थ–प्रभु सूर्य के समान दीप्त हैं। ज्योतिर्मय–अन्धकार को दूर करनेवाले व पवित्रता को करनेवाले हैं। वे बुद्धियों को प्रेरित करते हुए हमें उद्बुद्ध करते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

यज्ञं+मन्म

स्वर्ण वस्तोरुषसामरोचि यज्ञं तन्वाना उशिजो न मन्म।
अग्निर्जन्मानि देव आ वि विद्वान्द्रवद् दूतो देवयावा वनिष्ठः ॥ २ ॥

(१) **वस्तोः**=दिन में **स्वः न**=सूर्य के समान **उषसाम्**=(उष दाहे) वासनाओं को भस्म करनेवालों के हृदयों में **अरोचि**=वे प्रभु दीप्त होते हैं। इसीलिए **उशिजः**=मेधावी पुरुष **मन्म न**=मननीय स्तोत्रों की तरह **यज्ञं तन्वानाः**=यज्ञ को विस्तृत करते हैं। सदा पवित्र हृदयोंवाले बनते हुए प्रभु दर्शन के लिये यत्नशील होते हैं। (२) **देवः**=वह प्रकाशमय **अग्निः**=अग्रेणी प्रभु **जन्मानि**=सब उत्पन्न प्राणियों को **विद्वान्**=जानता हुआ **वि आद्रवत्**=विविध दिशाओं में सर्वत्र गतिवाला होता है। **दूतः**=ये प्रभु ज्ञान का सन्देश देनेवाले, **देवयावा**=देवों को प्राप्त होनेवाले व **वनिष्ठः**=सम्भजनीयतम हैं।

भावार्थ–प्रभु सूर्यवत् दीप्त हैं। स्तोत्रों व यज्ञों के द्वारा पवित्र हृदय बनकर हम प्रभु को हृदय में देख पाते हैं। ये प्रभु ही हमारे लिये ज्ञान के सन्देश को देते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

'गिरः मतयः' अग्निम् अच्छ

अच्छा गिरो मतयो देवयन्तीरग्निं यन्ति द्रविणं भिक्षमाणाः।
सुसन्दृशं सुप्रतीकं स्वञ्चं हव्यवाहमरतिं मानुषाणाम् ॥ ३ ॥

(१) **देवयन्तीः**=दिव्यगुणों की कामना करती हुई **गिरः**=ज्ञान की वाणियाँ तथा **मतयः**=मननपूर्वक की गई स्तुतियाँ **अग्निं अच्छा**=उस अग्रेणी प्रभु की ओर **यन्ति**=प्राप्त होती हैं। उस प्रभु से ही **द्रविणं भिक्षमाणाः**=धन का भिक्षण करती हैं। (२) उस प्रभु की ओर हमारी स्तुति-वाणियाँ जाती हैं जो **सुसन्दृशम्**=कल्याण संदर्शनवाले हैं। **सुप्रतीकम्**=उत्तम तेजस्वी रूपवाले हैं। **स्वञ्चम्**=उत्तम गतिवाले **हव्यवाहम्**=हव्य पदार्थों को प्राप्त करानेवाले हैं। **मानुषाणाम्**=मनुष्यों के **अरतिम्**=स्वामी हैं।

भावार्थ–हम प्रभु का ज्ञान प्राप्त करें, प्रभु का स्तवन करें। प्रभु ही सब धनों को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

'इन्द्र (वसु) रुद्र व आदित्यों' के सम्पर्क में

इन्द्रं नो अग्ने वसुभिः सजोषा रुद्रं रुद्रेभिरा वहा बृहन्तम्।
आदित्येभिरदितिं विश्वजन्यां बृहस्पतिमृक्वभिर्विश्ववारम् ॥ ४ ॥

(१) हे **अग्ने**=परमात्मन्! **वसुभिः**=वसुओं के साथ **सजोषाः**=संगत हुए-हुए आप **नः**=हमारे लिये **इन्द्रम्**=इन्द्र को **आवहा**=प्राप्त कराइये। इस जितेन्द्रिय पुरुष के सम्पर्क में हम भी इन्द्र व

जितेन्द्रिय बनें। **रुद्रेभिः**-(रुत्+र अथवा रुत्+द्र) ज्ञानोपदेश देनेवाले अथवा रोगों को दूर भगानेवाले इन रुद्रों के साथ संगत हुए-हुए आप **बृहन्तम्**-वृद्धि के कारणभूत अथवा खूब वृद्ध (बढ़े हुए) **रुद्रम्**-इस ज्ञानोपदेष्टा व रोगहर्ता को हमारे साथ मिलाइये। (२) **आदित्येभिः**-सब ज्ञानों का आदान करनेवाले इन विद्वानों के द्वारा आप **विश्वजन्याम्**-सब मनुष्यों का हित करनेवाली **अदितिम्**-वेदवाणी (नि० १।११) को हमें प्राप्त कराइये। **ऋक्वभिः**-स्तुत्य जीवनवाले अथर्वाङ्गिरसों के द्वारा **विश्ववारम्**-सब से वरने के योग्य अथवा सब वरणीय ज्ञानोंवाले **बृहस्पतिम्**-सर्वोत्कृष्ट ज्ञानी को हमें प्राप्त कराइये।

भावार्थ-हम 'इन्द्र (वसु), रुद्र व आदित्य' विद्वानों के सम्पर्क में आयें। ये हमें इस वेदवाणी का ज्ञान दें तथा बृहस्पति (सर्वज्ञ प्रभु) को प्राप्त करायें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

यज्ञों द्वारा प्रभु का उपासन

मन्द्रं होतारमुशिजो यविष्ठमग्निं विश ईळते अध्वरेषु।
स हि क्षपावाँ अभवद्रयीणामतन्द्रो दूतो यजथाय देवान्॥ ५॥

(१) **उशिजः विशः**-मेधावी प्रजायें **अध्वरेषु**-यज्ञों में **अग्निम्**-उस अग्रेणी प्रभु का **ईडते**-उपासना करती हैं। जो प्रभु **मन्द्रम्**-आनन्दमय व स्तुत्य हैं। **होतारम्**-सब कुछ देनेवाले हैं। **यविष्ठम्**-हमारे से बुराइयों को अधिक से अधिक दूर करनेवाले हैं। यज्ञों के द्वारा ही इस प्रभु का उपासन होता है 'यज्ञेन यज्ञमयन्त देवाः'। (२) **स हि**-वे प्रभु ही **क्षपावान्**-शत्रुओं का संहार करनेवाले हैं। ये प्रभु **रयीणाम्**-ज्ञानैश्वर्यों के **अतन्द्रः**-आलस्य शून्य-अप्रमत्त **दूतः**-प्राप्त करानेवाले **अभवत्**-हैं। तथा **देवान् यजथाय**-दिव्यगुणों के साथ हमारे सम्पर्क के लिये होते हैं।

भावार्थ-हम यज्ञों द्वारा उस स्तुत्य प्रभु का उपासन करें। ये प्रभु शत्रुओं का संहार करनेवाले हैं तथा देवों (दिव्यगुणों) के साथ हमारा सम्पर्क करनेवाले हैं।

अगले सूक्त में भी वसिष्ठ 'अग्नि' का उपासन करते हैं-

[११] एकादशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

'महान् यज्ञों के प्रज्ञापक' प्रभु

महाँ असि यज्ञस्य प्रकेतो न ऋते त्वदमृता मादयन्ते।
आ विश्वेभिः सरथं याहि देवैर्न्यग्ने होता प्रथमः सदेह॥ १॥

(१) हे प्रभो! **महान् असि**-आप महान् हैं। **अध्वरस्य**-हिंसारहित यज्ञों के **प्रकेतः**-प्रज्ञापक हैं। **त्वद् ऋते**-आपके बिना **अमृताः**-ये नीरोग जीवनोंवाले देव **न मादयन्ते**-आनन्द का अनुभव नहीं करते, आपकी उपासना में ही आनन्द लेते हैं। (२) आप **विश्वेभिः देवैः**-सब दिव्यगुणों के साथ **सरथं आयाहि**-इस समान शरीररूप रथ पर प्राप्त होइये। हे **अग्ने**-अग्रेणी प्रभो! आप **प्रथमः होता**-मुख्य होता होते हुए **इह**-यहाँ हमारे वासनाशून्य हृदयों में **निसद**-विराजमान होइये।

भावार्थ-प्रभु महान् हैं, यज्ञों के प्रज्ञापक हैं। देव प्रभु उपासन में ही आनन्द का अनुभव करते हैं। प्रभु हमें सब दिव्यगुणों के साथ प्राप्त हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

शुभ दिन

त्वामीळते अजिरं दूत्याय हविष्मन्तः सदमिन्मानुषासः।
यस्य देवैरासदो बर्हिरग्नेऽहान्यस्मै सुदिना भवन्ति॥ २॥

(१) हे अग्ने-अग्रेणी प्रभो! हविष्मन्तः-हविवाले-त्यागपूर्वक अदनवाले मानुषासः-विचारशील लोग सदम् इत्-सदा ही दूत्याय-दूत कर्म के लिये, ज्ञान का सन्देश प्राप्त कराने के लिये अजिरम्-गति के द्वारा सब बुराइयों को परे फेंकनेवाले त्वाम्-आपको ईळते-उपासित करते हैं। हम ज्ञान सन्देश प्राप्त करने के लिये उस अजिर अग्नि का उपासन करें उससे ज्ञान-सन्देश प्राप्त करें। सदा विचारशील बनकर हविवाले हों। मस्तिष्क के लिये ज्ञान, हाथों से यज्ञ। (२) हे प्रभो! यस्य-जिस भी उपासक के बर्हिः-वासनाशून्य हृदय में आप देवैः-देवों के साथ आसदः-आसीन होते हैं अस्मै-इसके लिये अहानि-सब दिन सुदिना-शुभ दिन भवन्ति-हो जाते हैं।

भावार्थ-हम त्यागपूर्वक अदनवाले विचारशील उपासक बनें। हमारे हृदयों में देवों के साथ प्रभु का वास हो। इस प्रकार हमारे सब दिन शुभ दिन हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

अभिशस्तिपावा

त्रिश्चिदुक्तोः प्र चिकितुर्वसूनि त्वे अन्तर्दाशुषे मर्त्याय।
मनुष्वदग्न इह यक्षि देवान्भवा नो दूतो अभिशस्तिपावा॥ ३॥

(१) अक्तोः-इस जीवन रात्रि के त्रिः चित्-तीनों सवनों में दाशुषे मर्त्याय-आपके प्रति अपना अर्पण करनेवाले मनुष्य के लिये त्वे अन्तः-आप में वसूनि-वसुओं को प्रचिकितुः-ज्ञानी लोग जताते हैं (प्रवेदयन्ति)। ज्ञानी पुरुषों से ऐसा सुनते हैं कि जीवन के प्रातः सवन, माध्यन्दिन सवन व तृतीय सवन में जो भी आपके प्रति अपना अर्पण करता है, उसके लिये आप सब आवश्यक वस्तुओं को (धनों को) देते हैं। (२) हे अग्ने-परमात्मन्! आप इह-इस जीवन में, मनुष्वत्-जिस प्रकार विचारशील पुरुष के जीवन में देवान् यक्षि-दिव्यगुणों को संगत करिये। नः-हमारे लिये दूतः भव-ज्ञान का सन्देश देनेवाले होइये। अभिशस्तिपावा-हिंसा से हमारा रक्षण करिये, हम काम-क्रोध-लोभ आदि से हिंसित न हो जायें।

भावार्थ-अपने प्रति अर्पण करनेवाले के लिये प्रभु सब धनों को प्राप्त कराते हैं। प्रभु हमें ज्ञान का सन्देश दें और शत्रुओं के हिंसन से हमें बचायें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

'महान् अध्वर के ईश' प्रभु

अग्निरीशे बृहतो अध्वरस्याग्निर्विश्वस्य हविषः कृतस्य।
क्रतुं ह्यस्य वसवो जुषन्ताथा देवा दधिरे हव्यवाहम्॥ ४॥

(१) अग्निः-ये अग्रणी प्रभु बृहतो अध्वरस्य-इस महान् जीवनयज्ञ के ईशे-ईश हैं। अग्निः-ये प्रभु ही विश्वस्य-सब कृतस्य हविषः-संस्कृत हवियों के ईश हैं। प्रभु द्वारा ही जीवन यज्ञ चलता है। जीवन-यज्ञ को चलाने के लिये प्रभु ही परिष्कृत हव्य पदार्थों को प्राप्त कराते हैं। (२) वसवः-अपने इस जीवन में निवास को उत्तम बतानेवाले लोग अस्य-इस प्रभु की

हि=ही क्रतुम्=शक्ति व प्रज्ञान को जुषन्त=सेवन करते हैं। अथा=अब देवाः=देववृत्ति के व्यक्ति हव्यवाहम्=उन सब हव्य पदार्थों के प्राप्त करानेवाले प्रभु को दधिरे=धारण करते हैं।

भावार्थ—प्रभु ही जीवन-यज्ञ के ईश हैं, वे ही इसके लिये आवश्यक हवियों को प्राप्त कराते हैं। इस की शक्ति व प्रज्ञान को धारण करके ही वसु उत्तम जीवनवाले बनते हैं, और अन्ततः प्रभु को प्राप्त करते हैं।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

दिव्यजीवन

अग्ने वह हविरद्याय देवानिन्द्रज्येष्ठास इह मादयन्ताम्।
इमं यज्ञं दिवि देवेषु धेहि यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ ५॥

(१) हे अग्ने=अग्रणी प्रभो! आप देवान्=देववृत्ति के व्यक्तियों को हविरद्याय=हव्य पदार्थों के ही सेवन के लिये तथा दानपूर्वक अदन के लिये ही (हु दानादनयोः) आवह=प्राप्त कराइये। देव सदा हवि का ग्रहण करनेवाले हों, दानपूर्वक अदन करें। इह=इस हमारे जीवन में इन्द्रज्येष्ठासः=परमैश्वर्यशाली प्रभु जिनमें ज्येष्ठ हैं वे सब देव मादयन्ताम्=आनन्दित करनेवाले हों, अर्थात् हमारे जीवन में प्रभु का भी धारण हो और हम सब दिव्यगुणों को धारण करनेवाले बनें। (२) इयं यज्ञम्=इस यज्ञ को दिवि=ज्ञान के प्रकाश के होने पर देवेषु=इन देववृत्ति के व्यक्तियों में धेहि=धारण करिये। देववृत्ति के व्यक्ति ज्ञान व यज्ञ को अपनाते हैं। यूयम्=आप नः=हमें सदा=सदा स्वस्तिभिः=कल्याणों के द्वारा पात=सुरक्षित करो। शुभ मार्ग पर चलते हुए हम कल्याणभाक् हों।

भावार्थ—देव प्रभु को व दिव्यगुणों को धारण करते हैं। वे ज्ञान व यज्ञ को अपनाते हैं। सदा शुभ मार्ग का आक्रमण करते हैं।

अगले सूक्त में भी वसिष्ठ अग्नि का उपासन करते हैं—

[१२] द्वादशं सूक्तम्

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

महा नमसा अगन्म

अगन्म महा नमसा यविष्ठं यो दीदाय समिद्धः स्वे दुरोणे।
चित्रभानुं रोदसी अन्तरुर्वी स्वाहुतं विश्वतः प्रत्यञ्चम्॥ १॥

(१) हम महा नमसा=महान् नमन के द्वारा यविष्ठम्=उस युवतम—बुराइयों को अधिक से अधिक दूर करनेवाले प्रभु को अगन्म=प्राप्त हों। प्रातः—सायं नमन के द्वारा प्रभु की प्रभूत ही परिचर्या करें। यः=जो प्रभु स्वे दुरोणे=अपने ही इस शरीररूप गृह में समिद्धः=दीप्त हुए-हुए दीदाय=चमकते हैं। प्रभु का हृदय में ही तो प्रकाश होता है। (२) उस प्रभु को हम पूजते हैं, जो उर्वी रोदसी अन्तः=इन विशाल द्यावापृथिवी के बीच में चित्रभानुम्=अद्भुत दीप्तिवाले हैं। स्वाहुतम्=समन्तात् उत्तम दानोंवाले हैं और विश्वतः=सब ओर प्रत्यञ्चम्=हमारे अभिमुख हैं अथवा सर्वत्र गतिवाले हैं।

भावार्थ—नमन के द्वारा हम उस प्रकाशमय प्रभु का पूजन करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

'दुरित व अवद्य' से दूर

स मह्ना विश्वा दुरितानि साह्वान्ग्निः ष्टवे दम आ जातवेदाः।
स नो रक्षिषद् दुरितादवद्यादस्मान्गृणत उत नो मघोनः ॥ २ ॥

(१) **सः**-वह **अग्निः**-अग्रणी प्रभु **मह्ना**-अपनी महिमा से **विश्वा दुरितानि**-सब बुराइयों को **साह्वान्**-पराभूत करता है। अतएव **जातवेदाः**-ये सर्वज्ञ प्रभु **दमे**-इस शरीर-गृह में **आ स्तवे**-समन्तात् स्तुति किये जाते हैं। (२) **सः**-वे प्रभु **नः**-हमें **दुरितात्**-दुराचरण से व **अवद्यात्**-निन्दित कर्मों से **रक्षिषत्**-रक्षित करें। **अस्मान्**-हम **गृणतः**-स्तुति करते हुओं को प्रभु रक्षित करें, **उत**-और **नः**-हमारे **मघोनः**-(मघ-मख) यज्ञशील पुरुषों का रक्षण करें।

भावार्थ-प्रभु स्तुति करनेवाले यज्ञशील पुरुषों के सब पापों को दूर करते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

निर्द्वेषता-स्नेह-सम्भजनीय धन

त्वं वरुण उत मित्रो अग्ने त्वां वर्धन्ति मतिभिर्वसिष्ठाः।
त्वे वसु सुषणनानि सन्तु यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ३ ॥

(१) हे **अग्ने**-अग्रणी प्रभो! **त्वम्**-आप **वरुणः**-हमारे से द्वेषों का निवारण करनेवाले हैं। **उत**-और **मित्रः**-(प्रमीतेः त्रायकः) मृत्यु से बचानेवाले हैं। **त्वाम्**-आपको **वसिष्ठाः**-अपने निवास को उत्तम बनानेवाले लोग **मतिभिः**-मननीय स्तुतियों के द्वारा **वर्धन्ति**-बढ़ाते हैं। (२) **त्वे**-आप में **वसु**-धन **सुषणनानि**-(सुभजनानि) उत्तमता से सेवनीय **सन्तु**-हों, अर्थात् आपकी उपासना करते हुए हम सम्भजनीय धनों को प्राप्त करें। **यूयम्**-आप **स्वस्तिभिः**-कल्याण के मार्गों के द्वारा **नः**-हमारा **सदा**-सदा **पात**-रक्षण करो।

भावार्थ-प्रभु अपने उपासक को निर्द्वेष व स्नेहवाला व मृत्यु से बचानेवाला बनाते हैं। उसके लिये सम्भजनीय धनों को प्राप्त कराते हैं।

अगले सूक्त में वसिष्ठ 'वैश्वानर' नाम से प्रभु का स्तवन करते हैं-

[१३] त्रयोदशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वैश्वानरः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

विश्वशुचे धियन्धे

प्राग्नये विश्वशुचे धियन्धेऽसुरघ्ने मन्म धीतिं भरध्वम्।
भरे हविर्न बर्हिषि प्रीणानो वैश्वानराय यतये मतीनाम् ॥ १ ॥

(१) **विश्वशुचे**-सारे संसार को दीप्त करनेवाले दीप्ति के लिये ही **धियन्धे**-बुद्धि को धारण करनेवाले, बुद्धि धारण के द्वारा **असुरघ्ने**-आसुर वृत्तियों का विनाश करनेवाले **अग्नये**-उस अग्रणी प्रभु के लिये **मन्म**-मननीय स्तोत्र को तथा **धीतिं**-उत्तम यज्ञ आदि कर्म को **प्रभरध्वम्**-प्रकर्षेण धारण करो। (२) मैं **मतीनां यतये**-बुद्धियों के देनेवाले **वैश्वानराय**-सब मनुष्यों का हित करनेवाले प्रभु के लिये **बर्हिषि**-यज्ञ में **हविः न**-हवि के समान, **प्रीणानः**-(प्रीणयन्) प्रीणित करता हुआ **भरे**-स्तुति का भरण करता हूँ। मैं यज्ञों में हवि को देता हुआ तथा स्तुति करता हुआ प्रभु की प्रीति का कारण बनता हूँ।

भावार्थ–प्रभु को हम यज्ञों व स्तुति द्वारा प्रीणित करें। प्रभु हमारे जीवनों को दीप्त करते हैं, बुद्धि को देते हैं और आसुरभावों का विनाश करते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वैश्वानरः ॥ छन्दः–स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

अभिशस्ति-मोचन

त्वमग्ने शोचिषा शोशुचान आ रोदसी अपृणा जायमानः।
त्वं देवाँ अभिशस्तेरमुञ्चो वैश्वानर जातवेदो महित्वा ॥ २ ॥

(१) हे **अग्ने**–अग्रेणी प्रभो! **त्वम्**–आप **शोचिषा**–दीप्ति से **शोशुचानः**–अत्यन्त ही दीप्त होते हुए, **जायमानः**–प्रादुर्भूत होते हुए **रोदसी**–द्यावापृथिवी को **आ अपृणाः**–पूरित करते हैं, सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को आप दीप्त करते हैं। (२) हे **जातवेदः**–सर्वज्ञ **वैश्वानर**–विश्व–नर–हित प्रभो! **त्वम्**–आप **महित्वा**–अपनी महिमा से **देवान्**–देववृत्ति के पुरुषों को **अभिशस्तेः**–हिंसक शत्रु से **अमुञ्चः**–मुक्त करते हैं। आपकी कृपा से ही देव काम–क्रोध–लोभ आदि हिंसक शत्रुओं का शिकार नहीं होते।

भावार्थ–प्रभु सारे संसार को दीप्ति दे रहे हैं। प्रभु ही देवों को काम–क्रोध आदि हिंसक शत्रुओं से बचाते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वैश्वानरः ॥ छन्दः–भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

उस महान् गोप का पशुपालन

जातो यदग्ने भुवना व्यख्यः पशून्न गोपा इर्यः परिज्मा।
वैश्वानर ब्रह्मणे विन्द गातुं यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ३ ॥

(१) हे **अग्ने**–अग्रेणी प्रभो! आप **यद्**–जब **जातः**–हृदयदेश में प्रादुर्भूत होते हैं, तो **भुवना**–सब प्राणियों का **व्यख्यः**–विशेषरूप से ध्यान करते हैं, **न**–जैसे कि **गोपाः**–एक ग्वाला **पशून्**–पशुओं का ध्यान करता है। **इर्यः**–आप ही प्रेरित करनेवाले हैं, **परिज्मा**–परितः **गन्ता**–सब ओर गतिवाले हैं। (२) हे **वैश्वानर**–सब मनुष्यों का हित करनेवाले प्रभो! **ब्रह्मणे**–ज्ञान प्राप्ति के लिये **गातुं विन्द**–हमें मार्ग प्राप्त कराइये। आप से उपदिष्ट मार्ग पर चलते हुए हम निरन्तर अपने ज्ञान में वृद्धि के करनेवाले हों। **यूयम्**–आप **स्वस्तिभिः**–कल्याण के मार्गों के द्वारा **नः**–हमें **सदा**–सदा **पात**–रक्षित करिये।

भावार्थ–प्रभु हमारा इस प्रकार रक्षण करते हैं जैसे कि एक ग्वाला अपने पशुओं का। प्रभु हमें ज्ञान प्राप्ति के मार्ग का उपदेश करें। उस मार्ग से चलते हुए हम कल्याण को प्राप्त करें।

अगले सूक्त में वसिष्ठ 'अग्नि' नाम से ही प्रभु का स्तवन करते हैं–

[१४] चतुर्दशं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–निचृद्बृहती ॥ स्वरः–मध्यमः ॥

प्रभु के प्रति अर्पण

समिधा जातवेदसे देवाय देवहूतिभिः।
हविर्भिः शुक्रशोचिषे नमस्विनो वयं दाशेमाग्नये ॥ १ ॥

(१) **नमस्विनः**–नमनवाले होते हुए **वयम्**–हम **अग्नये**–उस अग्रेणी प्रभु के लिये **दाशेम**–अपने को दे डालें। 'भूयिष्ठां ते नम उक्तिं विधेम'–नमन के द्वारा ही तो प्रभु का पूजन

होता है। हम उस **जातवेदसे**-सर्वज्ञ प्रभु के लिये **समिधा**-ज्ञानदीप्ति के हेतु से अपने को अर्पित करनेवाले हों। प्रभु ही तो सब प्रकाश प्राप्त कराते हैं। (२) **देवाय**-उस दिव्य गुणों के पुञ्ज प्रभु के लिये **देवहूतिभिः**-दिव्य गुणों की पुकारों से, दिव्य गुणों को प्राप्त करने के लिये आराधनाओं से हम अपने को अर्पित करें तथा **शुक्रशोचिषे**-उस दीप्त ज्ञान-ज्योतिवाले प्रभु के लिये **हविभिः**-हवियों के द्वारा त्यागपूर्वक अदन के द्वारा हम अपना अर्पण करें। हवि का सेवन करते हुए हम भी 'शुक्रशोचि' बनेंगे।

भावार्थ-प्रभु 'जातवेदस्-देव-शुक्रशोचि व अग्नि' हैं। हम 'ज्ञान-दीप्ति, देवहूति, हवि व नमन्' के द्वारा उस प्रभु के प्रति अपना अर्पण करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

'समिधा-सुष्टुती-घृतेन-हविषा'

वयं ते अग्ने समिधा विधेम वयं दाशेम सुष्टुती यजत्र।
वयं घृतेनाध्वरस्य होतर्वयं देव हविषा भद्रशोचे ॥ २ ॥

(१) हे **अग्ने**-प्रकाशस्वरूप प्रभो! **वयम्**-हम **समिधा**-ज्ञानदीप्ति के द्वारा, स्वाध्याय द्वारा ज्ञान को बढ़ाते हुए, **ते**-आपका **विधेम**-पूजन करें। हे **यजत्र**-पूजनीय प्रभो! **वयम्**-हम **सुष्टुती**-उत्तम स्तुति के द्वारा **दशेम**-आपके प्रति अपना अर्पण करनेवाले बनें। (२) हे **अध्वरस्य होतः**-इस जीवनयज्ञ के होता (प्रवर्तक) प्रभो! **वयम्**-हम **घृतेन**-(घृ क्षरणे) मलों के क्षरण के द्वारा-नैर्मल्य की दीप्ति को प्राप्त करने के द्वारा आपके प्रति अपना अर्पण करें। हे **देव**-प्रकाशमय! **भद्रशोचे**-कल्याणकर दीप्तिवाले प्रभो! **वयम्**-हम **हविषा**-हवि के द्वारा, त्यागपूर्वक अदन के द्वारा आपके प्रति अपना अर्पण करें।

भावार्थ-हम 'ज्ञानदीप्ति, उत्तम स्तुति, मलक्षरण द्वारा नैर्मल्य प्राप्ति तथा दानपूर्वक अदन' के द्वारा प्रभु के प्रति अपना अर्पण करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

देवहूति-वषट्कृति

आ नो देवेभिरुप देवहूतिमग्ने याहि वषट्कृतिं जुषाणः।
तुभ्यं देवाय दाशतः स्याम यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ३ ॥

(१) हे **अग्ने**-अग्रेणी प्रभो! **नः**-हमारी **देवहूतिम्**-दिव्य गुणों की प्राप्ति के लिये की गयी आराधना को सुनकर **देवेभिः**-दिव्य गुणों के साथ **उप आयाहि**-हमें समीपता से प्राप्त होइये। आप हमारी इस **वषट्कृतिम्**-स्वाहाकृति को, हवि को **जुषाणः**-प्रीतिपूर्वक सेवन करनेवाले होइये। हमारी यह हवि-दानपूर्वक अदन की वृत्ति हमें आपका प्रिय बनाये। (२) हे प्रभो! हम **तुभ्यं देवाय**-सब कुछ देनेवाले आपके लिये **दाशतः स्याम**-अपना अर्पण करनेवाले हों। आपकी इच्छा में अपनी इच्छा को मिला दें, हमारी स्वतन्त्र इच्छा ही न हो। **यूयम्**-आप **स्वस्तिभिः**-कल्याणों के द्वारा **नः**-हमारा **सदा**-सदा **पात**-रक्षण करिये। आपकी प्रेरणा से शुभ मार्ग पर चलते हुए हम सदा कल्याण को प्राप्त करें।

भावार्थ-हम दिव्य गुणों के लिये आराधना करें। हवि का सेवन करनेवाले हों। प्रभु के प्रति अपने को अर्पित करें।

अगले सूक्त में भी वसिष्ठ 'अग्नि' का आराधन करते हैं–

[१५] पञ्चदशं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–विराड्गायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

नेदिष्ठ आप्य (निकटतम बन्धु)

उपसद्याय मीळ्हुषे आस्ये जुहुता हविः । यो नो नेदिष्ठमाप्यम् ॥ १ ॥

(१) **उपसद्याय**–उपसदनीय–उपासनीय, **मीळुषे**–सुखों का वर्षण करनेवाले प्रभु के लिये, अर्थात् उस प्रभु की प्राप्ति के लिये **आस्ये**–अपने मुखों में **हविः जुहुत**–हवि को ही आहुत करो। सदा त्यागपूर्वक ही अदन करनेवाले बनो। (२) उस प्रभु की प्राप्ति के लिये हवि को स्वीकार करो **यः**–जो **नः**–हमारे **नेदिष्ठम्**–अन्तिकतम **आप्यम्**–बन्धु हैं। (आपि से स्वार्थ में तद्धित प्रत्यय होकर 'आप्यं' बना है)। इस अन्तिकतम बन्धु की प्राप्ति त्यागपूर्वक अदन से ही होती है।

भावार्थ–प्रभु हमारे समीपतम सखा हैं। इनकी प्राप्ति का साधन यही है कि हम त्यागपूर्वक अदन करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–गायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

दमे दमे निषसाद्

यः पञ्च चर्षणीरभि निषसाद दमेदमे । कविर्गृहपतिर्युवा ॥ २ ॥

(१) **यः**–जो प्रभु **पञ्च चर्षणीः**–पाँच भागों में विभक्त (ब्राह्मण, क्षत्रिय वैश्य, शूद्र व निषाद) मनुष्यों के **अभि**–अभिमुख **दमे दमे**–प्रत्येक शरीर गृह में **निषसाद**–अधिष्ठातृरूपेण निषण्ण हैं। वे प्रभु **कविः**–क्रान्तप्रज्ञ हैं, **गृहपतिः**–इस शरीररूप गृह के रक्षक हैं, **युवा**–सब बुराइयों को दूर करनेवाले व अच्छाइयों को मिलानेवाले हैं। ज्ञान को देकर वे हमारे जीवनों को पवित्र करते हैं। (२) प्रभु जैसे ब्राह्मणों का ध्यान करते हैं, उसी प्रकार इन निषादों का भी। इनको भी विविध प्रकार से प्रेरणा देते हुए प्रभु सन्मार्ग पर लाने की व्यवस्था करते हैं। कष्टों का आना भी उसी व्यवस्था का एक भाग होता है।

भावार्थ–प्रभु प्रत्येक शरीर गृह में स्थित हैं। वे क्रान्तप्रज्ञ प्रभु ज्ञान को प्राप्त कराते हुए हमारे इन गृहों का रक्षण व पवित्रीकरण करते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–विराड्गायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

अमात्यं वेदः

स नो वेदो अमात्यमग्नी रक्षतु विश्वतः । उतास्मान्पात्वंहसः ॥ ३ ॥

(१) **सः अग्निः**–वे प्रभु **नः**–हमारे **अमात्यम्**–(अमा+त्य) साथ होनेवाले (अन्तिके भव–सहभूत) **वेदः**–ज्ञानधन का **विश्वतः रक्षतु**–सब ओर से रक्षण करें। यह धन काम–क्रोध–लोभ के आक्रमण से विनष्ट न हो जाये। (२) **उत**–और इस प्रकार इस ज्ञानधन के द्वारा **अस्मान्**–हमें **अंहसः**–पाप से **पातु**–बचाये। ज्ञान ही पापों से हमारा रक्षण करता है।

भावार्थ–प्रभु हमारे साथ रहनेवाले ज्ञानधन का रक्षण करें। इसके रक्षण के द्वारा हमें पाप से बचायें।

सूचना–ज्ञानधन को 'अमात्यं' कहा है। यह धन चोर आदि द्वारा वरणीय नहीं। हमारे साथ ही रहता है। मृत्यु के समय भी इसे यहीं नहीं छोड़ जाना पड़ता।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

दिवः श्येनाय

नवं नु स्तोममग्नये दिवः श्येनाय जीजनम्। वस्वः कुविद्वनाति नः ॥४॥

(१) मैं **अग्नये**-उस प्रभु के लिये **नु**-अब **नवं स्तोमम्**-इस प्रशंसनीय स्तुति समूह को **जीजनम्**-उत्पन्न करता हूँ जिससे **दिवः श्येनाय**-ज्ञान के द्वारा शंसनीय गतिवाला बन सकूँ। ज्ञान को प्राप्त करके शंसनीय गतिवाला बनने के लिये मैं प्रभु का स्तवन करता हूँ। (२) ये प्रभु **नः**-हमारे लिये **वस्वः**-धनों को **कुविद्**-खूब ही **वनाति**-देते हैं।

भावार्थ-प्रभु स्तवन से उत्कृष्ट ज्ञान को प्राप्त करके मैं उत्तम गतिवाला बनूँ। प्रभु ही तो हमारे लिये सब प्रशस्त धनों को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

प्रभु-प्रदत्त धन का सुन्दर विनियोग

स्पार्हा यस्य श्रियो दृशे रयिर्वीरवतो यथा। अग्ने यज्ञस्य शोचतः ॥५॥

(१) **यस्य**-जिस प्रभु की-प्रभु से दी हुई **श्रियः**-लक्ष्मियाँ (धन) **स्पार्हाः**-स्पृहणीय होती हैं। पुरुषार्थ प्राप्त धन सब प्रभु-प्रदत्त होते हैं। अन्य धन चुराये हुए होते हैं। प्रभु-प्रदत्त धन हमारी **दृशे**-शोभा के लिये होते हैं, ये धन दर्शनीय होते हैं। उसी प्रकार दर्शनीय होते हैं **यथा**-जैसे कि **वीरवतः**-प्रशस्त सन्तानोंवाले पुरुष का **रयिः**-धन। कुसन्ततिवाले का धन तो व्यर्थ विषय-विलास में फुँक जाता है। (२) ये प्रभु-प्रदत्त धन तो **यज्ञस्य अग्रे**-यज्ञों के अग्रभाग में **शोचतः**-दीप्यमान पुरुष के होते हैं। अर्थात् इन धनों को वह उपासक यज्ञ आदि उत्तम कर्मों में ही विनियुक्त करता है।

भावार्थ-प्रभु-प्रदत्त धन (पुरुषार्थ से प्राप्त धन) सदा यज्ञ आदि उत्तम कर्मों में विनियुक्त होते हैं और स्पृहणीय व दर्शनीय होते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

ध्यान व अग्निहोत्र

सेमां वेतु वषट्कृतिमग्निर्जुषत नो गिरः। यजिष्ठो हव्यवाहनः ॥६॥

(१) **सः**-वे **अग्निः**-अग्रेणी प्रभु **नः**-हमारी-हमारे से की जानेवाली, **इमाम्**-इस **वषट्-कृतिम्**-स्वाहाकृति को, यज्ञों को **वेतु**-चाहे, अर्थात् हम प्रभु प्रेरणा से सदा यज्ञ आदि उत्तम कर्मों में लगे रहें। वह अग्नि **नः गिरः**-हमारी इन स्तुतिवाणियों को **जुषत**-प्रीतिपूर्वक सेवन करे, अर्थात् हम प्रभु का प्रीतिपूर्वक उपासन करें। (२) वे प्रभु **यजिष्ठः**-अधिक से अधिक उपासनीय हैं। **हव्यवाहनः**-सब अग्निकुण्ड में डाले गये इन हव्यों को अग्नि के द्वारा सब देवों में पहुँचानेवाले हैं।

भावार्थ-हम प्रातः प्रबुद्ध होकर उस यजिष्ठ प्रभु का स्तवन करें तथा हव्यवाहन प्रभु की प्रीति के लिये हवन करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-विराड्गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

नक्ष्य देव

नि त्वा नक्ष्य विश्पते द्युमन्तं देव धीमहि। सुवीरमग्न आहुत ॥७॥

(१) हे **नक्ष्य**=उपगन्तव्य=सबको प्राप्त होनेवाले अतिथे! **विश्पते**=सब प्रजाओं के रक्षक प्रभो! हम **द्युमन्तम्**=ज्योतिर्मय **त्वा**=आपको **निधीमहि**=अपने हृदयों में धारण करें=हृदयों में आपका ध्यान करें। (२) हे **देव**=प्रकाशमय, **अग्ने**=अग्रेणी, **आहुत**=समन्तात् दानोंवाले (आ हुतं यस्य) प्रभो! हम **सुवीरम्**=उत्तम वीर सन्तानों को प्राप्त करानेवाले आपका ध्यान करें।

भावार्थ=हम प्रभु का ध्यान करें। प्रभु हमें अतिथिवद् प्राप्त होते हैं हम ब्राह्ममुहूर्त में उनके स्वागत के लिये तैयार हों। वे ही हमारे रक्षक हैं, प्रकाशमय हैं, अग्रेणी हैं। ये प्रभु हमारे लिये समन्तात् दानों को प्राप्त करानेवाले हैं। प्रभु कृपा से ही हमारे सन्तान उत्तम होते हैं।

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=अग्निः ॥ छन्दः=निचृद्गायत्री ॥ स्वरः=षड्जः ॥

सदा प्रभु के प्रकाश में

क्षप उस्रश्च दीदिहि स्वग्नयस्त्वया वयम्। सुवीरस्त्वमस्मयुः ॥८॥

(१) हे प्रभो! **क्षपः उस्राः च**=रात्रियों में व दिनों में सदा ही आप **दीदिहि**=हमारे हृदयों में दीप्त होइये। **वयम्**=हम **त्वया**=आपके द्वारा **स्वग्नयः**=उत्तम यज्ञ की अग्नियोंवाले हों, अर्थात् आपकी प्रेरणा से सदा यज्ञ आदि उत्तम कार्यों में प्रवृत्त रहें। (२) **त्वम्**=आप **सुवीरः**=उत्तम वीर सन्तानों को प्राप्त करानेवाले हैं तथा **अस्मयुः**=सदा हमारे हित की कामनावाले हैं। सदा हृदयस्थरूपेण उत्तम प्रेरणा को देते हुए आप हमारा हित चाहते हैं।

भावार्थ=हमारे हृदयों में सदा प्रभु का प्रकाश हो और हम सदा ही यज्ञ आदि उत्तम कर्मों में प्रवृत्त रहें। प्रभु हमारे हित की कामनावाले हैं और हमें उत्तम वीर सन्तानों को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=अग्निः ॥ छन्दः=गायत्री ॥ स्वरः=षड्जः ॥

ध्यान व स्वाध्याय

उप त्वा सातये नरो विप्रासो यन्ति धीतिभिः। उपाक्षरा सहस्रिणी ॥९॥

(१) हे प्रभो! **नरः**=उन्नतिपथ पर चलनेवाले **विप्रासः**=ज्ञानी पुरुष **सातये**=उत्तम ऐश्वर्यों की प्राप्ति के लिये **धीतिभिः**=यज्ञ आदि कर्मों के द्वारा **त्वा उपयन्ति**=आपके समीप प्राप्त होते हैं। यज्ञ आदि कर्मों से आपकी उपासना करते हुए उत्तम ऐश्वर्यों को प्राप्त करते हैं। (२) यह **अक्षरा**=कभी नष्ट न होनेवाली **सहस्रिणी**=(स हस्) आमोद-प्रमोद को प्राप्त करानेवाली ज्ञान की वाणी **उप**=सदा हमें समीपता से प्राप्त हो। यह ज्ञान की वाणी ही वस्तुतः हमारे जीवनों को निर्दोष व सानन्द बनायेगी।

भावार्थ=ज्ञानी लोग ऐश्वर्य प्राप्ति के लिये प्रभु का उपासन करते हैं। यह ज्ञान की वाणी सदा उनके समीप रहती है, अर्थात् ये स्वाध्याय प्रवृत्त रहते हैं।

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=अग्निः ॥ छन्दः=विराड्गायत्री ॥ स्वरः=षड्जः ॥

रक्षो-बाधन

अग्नी रक्षांसि सेधति शुक्रशोचिरमर्त्यः। शुचिः पावक ईड्यः ॥१०॥

(१) **अग्निः**=वे अग्रेणी प्रभु **रक्षांसि**=हमारे राक्षसीभावों को **सेधति**=बाधित करते हैं, हमारे से दूर करते हैं। **शुक्रशोचिः**=वे प्रभु दीप्त ज्ञान-ज्योतिवाले हैं, **अमर्त्यः**=अविनाशी हैं। उपासक के लिये भी इस ज्ञान-ज्योति को प्राप्त कराके ये उसे विषय वासनाओं के पीछे मरते रहने से दूर करते हैं। (२) **शुचिः**=वे प्रभु पवित्र हैं। **पावकः**=पवित्र करनेवाले हैं। **ईड्यः**=एतएव स्तुति के योग्य हैं। प्रभु का स्तवन करता हुआ ही तो मैं पवित्र जीवनवाला बनूँगा।

भावार्थ–प्रभु ज्ञान देकर हमारे राक्षसीभावों को दूर करते हैं। प्रभु पवित्र हैं, हमें पवित्र करते हैं। अतएव उपास्य हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–आर्च्युष्णिक् ॥ स्वरः–ऋषभः ॥

'वरणीय कार्यसाधक' धन

स नो राधांस्या भरेशानः सहसो यहो। भगश्च दातु वार्यम्॥ ११ ॥

(१) **सहसः यहो**–हे बल के पुत्र–बल के पुञ्ज प्रभो! **सः**–वे आप **नः**–हमारे लिये **राधांसि**–कार्यसाधक धनों को **आभर**–समन्तात् प्राप्त कराइये। **ईशानः**–आप ही तो सब धनों के स्वामी हैं। (२) **च**–और **भगः**–सब ऐश्वर्यों के स्वामी प्रभु **वार्यम्**–वरणीय धनों को **दातु**–देनेवाले हों।

भावार्थ–प्रभु हमें शक्ति दें जिससे हम चाहने योग्य (वरणीय) कार्यसाधक धनों को प्राप्त कर सकें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–विराड्गायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

वीरवद् यशः+वार्यम्

त्वमग्ने वीरवद्यशो देवश्च सविता भगः। दितिश्च दाति वार्यम्॥ १२ ॥

(१) हे **अग्ने**–अग्रेणी प्रभो! **त्वम्**–आप **वीरवत्**–उत्तम वीर सन्तानोंवाले **यशः**–यश को–यशस्वी जीवन को हमारे लिये **दाति**–देते हैं। (२) **च**–और **सविता देवः**–वे प्रेरक सर्वोत्पादक (सविता) प्रकाशमय प्रभु हमारे लिये **वार्यम्**–वरणीय धनों को प्राप्त कराते हैं। **भगः**–ऐश्वर्य के पुञ्ज प्रभु हमारे लिये ऐश्वर्य को देते हैं। **च**–तथा **दितिः**–उदारता हमें ऐश्वर्य के देनेवाली हो। जितने हम उदार बनेंगे, उतना अधिक ऐश्वर्य को प्राप्त करेंगे।

भावार्थ–हम अग्नि की उपासना करते हुए–प्रगतिशील बनकर–उत्तम वीर सन्तानोंवाले यशस्वी जीवन को प्राप्त करें। उत्पादक कार्यों में प्रवृत्त होकर वरणीय धनों को प्राप्त करें। उदारता हमारे धनों की वृद्धि का हेतु बने।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–गायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

शत्रु दहन

अग्ने रक्षा णो अंहसः प्रति ष्म देव रीषतः। तपिष्ठैरजरो दह॥ १३ ॥

(१) हे **अग्ने**–अग्रेणी प्रभो! आप **नः**–हमें **अंहसः**–पाप से **रक्ष**–बचाइये। सदा प्रगतिशील बनते हुए हम पापों से दूर रहें। **देव**–हे प्रकाशमय प्रभो! **रीषतः**–हिंसक शत्रु से **प्रति (रक्ष) स्म**–हमें बचाइये। काम–क्रोध–लोभ आदि हमें खा जानेवाले शत्रुओं से प्रभु हमारा रक्षण करें। (२) **अजरः**–कभी जीर्ण न होनेवाले आप **तपिष्ठैः**–अत्यन्त तापक तेजों से **दह**–इन्हें भस्म कर दीजिये। इन शत्रुओं की नगरियों का विध्वंस आपने ही तो करना है।

भावार्थ–प्रभु हमें पापों से बचाएँ। हमारे हिंसक शत्रुओं को अपने तेज से भस्म कर दें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–विराड्गायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

आयसी पूः

अधा मही न आयस्यनाधृष्टे नृपीतये। पूर्भवा शतभुजिः॥ १४॥

(१) **अधा**–अब **अनाधृष्टः**–किसी भी शत्रुओं से धर्षणीय न होते हुए आप **नः**–हमारे

नृपीतये-सब मनुष्यों के रक्षण के लिये **आयसीः पूः**-लोहे की नगरी के समान **भवा**-होइये। जैसे लोह निर्मित प्राकार से वेष्टित नगरी में एक व्यक्ति सुरक्षित रहता है, इसी प्रकार आप हमारे लिये लोह-निर्मित पुरी के समान हों। हम आपके अन्दर निवास करते हुए सब शत्रुओं के आक्रमण से सुरक्षित हों। (२) वह 'आयसी पूः' **महो**-अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है तथा **शतभुजिः**-शतवर्षपर्यन्त हमारा पालन करनेवाली है। इस नगरी में रहते हुए हम शत्रुओं से आक्रान्त नहीं होते।

भावार्थ-उपासक के लिये प्रभु लोहपुरी के समान बनते हैं। उसमें निवास करता हुआ उपासक शत्रुओं से धर्षणीय नहीं होता।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-अग्निः॥ छन्दः-आर्च्युष्णिक्॥ स्वरः-ऋषभः॥

अंहसः-अघायतः पाहि

त्वं नः पाह्यंहसो दोषावस्तरघायतः। दिवा नक्तमदाभ्य॥ १५॥

(१) हे **दोषावस्तः**-अज्ञानरात्रि के अन्धकारों को आच्छादित करनेवाले, अज्ञानान्धकार के निवारक प्रभो! **त्वम्**-आप **नः**-हमें **अंहसः**-पाप से **पाहि**-बचाइये। अज्ञान ही तो पाप का कारण होता है। अज्ञान दूर हुआ और पाप दूर हुआ। (२) हे **अदाभ्य**-अहिंसित-किन्हीं भी शत्रुओं से हिंसित न होनेवाले प्रभो! आप **दिवानक्तम्**-दिन-रात **अघायतः**-अघ की कामनावाले-हमारे अशुभ को चाहते हुए पुरुष से हमें बचाइये।

भावार्थ-प्रभु हमारे अज्ञानान्धकार को दूर करके पाप से व अशुभ चाहनेवाले पुरुष से बचायें।

अगले सूक्त में भी वसिष्ठ 'अग्नि' का उपासन करते हैं-

[१६] षोडशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-अग्निः॥ छन्दः-स्वराडनुष्टुप्॥ स्वरः-गान्धारः॥

नमन के द्वारा अग्नि का उपासन

एना वो अग्निं नमसोर्जो नपातमा हुवे। प्रियं चेतिष्ठमरतिं स्वध्वरं विश्वस्य दूतममृतम्॥ १॥

(१) **एना नमसा**-इस नमन के द्वारा **वः**-तुम्हारे **अग्निम्**-अग्रेणी, **ऊर्जः न पातम्**-शक्ति को न गिरने देनेवाले प्रभु को **आहुवे**-पुकारता हूँ। **प्रियम्**-जो प्रीति के जनक हैं, **चेतिष्ठम्**-अधिक से अधिक चेतानेवाले हैं। **अरतिम्**-सर्वत्र गतिवाले हैं अथवा (अ-रतिं)-अनासक्त हैं। 'असक्त सर्वमृज्चैव'। (२) उस प्रभु को मैं नमन के द्वारा आराधित करता हूँ, जो **स्वध्वरम्**-उत्तम अध्वरोंवाले हैं। **विश्वस्य दूतम्**-सब के लिए ज्ञान-सन्देश को प्राप्त करानेवाले हैं और **अमृतम्**-(न मृतं यस्मात्) अमरता को प्राप्त करानेवाले हैं।

भावार्थ-नम्रतापूर्वक अग्रेणी प्रभु का उपासन करते हुए हम प्रभु के प्रिय बनते हैं। वे प्रभु हमारे लिये ज्ञान-सन्देश को प्राप्त कराते हुए हमें अमर बनाते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-अग्निः॥ छन्दः-भुरिग्बृहती॥ स्वरः-मध्यमः॥

अरुषा-विश्वभोजसा (हरी)

स योजते अरुषा विश्वभोजसा स दुद्रवत्स्वाहुतः।
सुब्रह्मा यज्ञः सुशमी वसूनां देवं राधो जनानाम्॥ २॥

(१) **सः**-वे प्रभु हमारे शरीर-रथों में **अरुषा**-आरोचमान तथा **विश्वभोजसा**-सबक

पालन करनेवाले इन्द्रियाश्वों को **योजते**=जोड़ते हैं। प्रभु के उपासक की ज्ञानेन्द्रियाँ आरोचमान होती हैं तथा कर्मेन्द्रियाँ यज्ञ आदि पालनात्मक कर्मों में प्रवृत्त होती हैं। **सः दुद्रवत्**=वे प्रभु सर्व प्राणिहित के लिये निरन्तर गतिशील हैं, **स्वाहुतः**=चारों ओर उत्तम दानोंवाले हैं। प्रभु ने हमारे लिये उत्तमोत्तम वस्तुओं को प्रदान किया है। (२) **सुब्रह्मा**=हमारे इस जीवनयज्ञ के उत्कृष्ट ब्रह्मा प्रभु ही हैं। हम भूल करते हैं, तो वे ठीक करने की प्रेरणा देते ही हैं। जितने अंश में हम प्रेरणा को सुनते हैं यज्ञ ठीक चलता ही है। **यज्ञः**=वे प्रभु ही उपासनीय हैं, **सुशमी**=उत्तम कर्मोंवाले हैं। इन **वसूनाम्**=सब वसुओं के **देवम्**=देनेवाले, **जनानाम्**=लोगों के **राधः**=सच्चे ऐश्वर्यभूत प्रभु को (आहुवे)=पुकारता हूँ। (गत मन्त्र से यह 'आहुवे' क्रिया अनुवृत्त हुई है)। इन प्रभु को ही हम अपना वास्तविक धन जानें।

भावार्थ—प्रभु उत्तम इन्द्रियाश्वों को प्राप्त कराते हैं। हमारे हित के लिये सतत प्रवृत्त हैं। हमारे जीवन-यज्ञ के 'ब्रह्मा' है। सब धनों के देनेवाले व सच्चे ऐश्वर्य हैं।

ऋषिः—वसिष्ठः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—निचृद्बृहती ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

हृदयों में प्रभु के प्रकाश को देखना

उदस्य शोचिरस्थादाजुह्वानस्य मीळ्हुषः। उद् धूमासो अरुषासो दिविस्पृशः समग्निमिन्धते नरः ॥ ३ ॥

(१) **अस्य**=इस **आजुह्वानस्य**=जिसके प्रति हम अपने को दे रहे हैं या जिसकी प्राप्ति के लिये यज्ञों को कर रहे हैं, उस **मीळ्हुषः**=सुखों का सेचन करनेवाले प्रभु की **शोचिः**=ज्ञानदीप्ति **उद् अस्थात्**=हमारे हृदयों में उठती है। हम निर्मल हृदयों में उस प्रभु के प्रकाश को देखते हैं। (२) इस प्रभु के **अरुषासः**=आरोचमान, **दिविस्पृशः**=द्युलोक का स्पर्श करानेवाली—देवलोक में जन्म को प्राप्त करानेवाली **धूमासः**=ज्ञानाग्नि द्वारा वासनाओं को कम्पित करने की शक्तियाँ **उत्**=ऊपर उठती हैं हम सब वासनाओं को कम्पित करके दूर करनेवाले होते हैं। इसीलिए **नरः**=उन्नतिपथ पर चलनेवाले मनुष्य **अग्निम्**=उस अग्रेणी प्रभु को **समिन्धते**=समिद्ध करते हैं। अपने हृदयों में प्रभु के प्रकाश को देखने के लिये यत्नशील होना ही वह उपाय है जिससे कि हम जीवन में उन्नत होते हैं और पथभ्रष्ट नहीं होते।

भावार्थ—हम प्रभु प्राप्ति के लिये यज्ञशील बनें। प्रभु सब सुखों का वर्षण करेंगे। प्रभु की ज्ञानदीप्तियाँ हमारी वासनाओं का विध्वंस करेंगी। हमारा कर्त्तव्य है कि प्रभु के प्रकाश को देखने का प्रयत्न करें।

ऋषिः—वसिष्ठः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—बृहती ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

ज्ञान+धन

तं त्वा दूतं कृण्महे यशस्तमं देवाँ आ वीतये वह।
विश्वा सूनो सहसो मर्तभोजना रास्व तद्यत्त्वेमहे ॥ ४ ॥

(१) हे **सहसः सूनो**—बल के पुत्र—बल के पुञ्ज प्रभो! **यशस्तमम्**=अत्यन्त यशस्वी **तं त्वा**=उन आपको **दूतम्**=ज्ञान सन्देश को प्राप्त करानेवाला **कृण्महे**=करते हैं, आपके द्वारा ज्ञान को प्राप्त करते हैं। आप **वीतये**=अज्ञानान्धकार के ध्वंस के लिये **देवान्**=देवों को **आवह**=हमें प्राप्त कराइये। ज्ञानी देववृत्ति के पुरुषों के साथ हमारा सम्पर्क हो जिससे हमारे लिये वे उत्कृष्ट ज्ञान के देनेवाले हों। (२) हे प्रभो! आप **विश्वा**=सब **मर्तभोजना**=मानव के लिये उपभोग्य वस्तुओं को **रास्व**=दीजिए। **तद्**=उस-उस धन को (रास्व) दीजिए **यत्**=जिसे **त्वा ईमहे**=हम आप से

माँगते हैं।

भावार्थ–प्रभु हमें ज्ञान प्राप्त कराएँ। अज्ञानान्धकार के ध्वंस के लिए देवों का संग प्राप्त करायें। मनुष्य के लिए आवश्यक धनों को प्राप्त करायें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–निचृदनुष्टुप् ॥ स्वरः–गान्धारः ॥

'गृहपति-होता व पोता' प्रभु

त्वमग्ने गृहपतिस्त्वं होता नो अध्वरे।
त्वं पोता विश्ववार प्रचेता यक्षि वेषि च वार्यम् ॥ ५ ॥

(१) हे **अग्ने**=परमात्मन्! **त्वं गृहपतिः**=आप ही इस शरीर गृह के पति (स्वामी) हैं। मुझे तो केवल उपभोक्ता का अधिकार ही प्राप्त है। इस गृह को न बिगड़ने देना मेरा मौलिक कर्त्तव्य हो जाता है। **नः**=हमारे **अध्वरे**=इस जीवनयज्ञ में **त्वं होता**=आप ही होता हैं। आप ही इस जीवनयज्ञ को चलानेवाले हैं। **त्वं पोता**=आप ही सब पवित्रता के करनेवाले हैं। (२) हे **विश्ववार**=सब वरणीय वस्तुओंवाले प्रभो! आप ही **प्रचेताः**=प्रकृष्ट ज्ञानवाले हैं। आप **वार्यम्**=सब आवश्यक वरणीय धनों को **यक्षि**=हमारे साथ संगत करते हैं **च**=और **वेषि**=हमारे लिये इन वरणीय धनों की कामना करते हैं आप उन धनों की प्राप्ति के लिये हमें मार्ग दिखाते हैं और उन मार्गों पर चलने की शक्ति देते हैं।

भावार्थ–हे प्रभो! आप ही इस शरीर गृह के पति हैं। आप ही इस जीवनयज्ञ के होता व पवित्र करनेवाले (पोता) हैं। आप ही हमें सब वरणीय वस्तुओं को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–निचृत्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

ऋत्विजों का तीक्ष्णीकरण

कृधि रत्नं यजमानाय सुक्रतो त्वं हि रत्नधा असि।
आ न ऋते शिशीहि विश्वमृत्विजं सुशंसो यश्च दक्षते ॥ ६ ॥

(१) हे **सुक्रतो**=उत्तम शक्ति व प्रज्ञानवाले प्रभो! आप **यजमानाय**=इस यज्ञशील पुरुष के लिये **रत्नं कृधि**=रमणीय धनों को करनेवाले होइये। **त्वम्**=आप **हि**=ही **रत्नधाः**=सब रमणीय धनों के धारण करनेवाले **असि**=हैं। (२) **नः**=हमारे **ऋते**=इस जीवनयज्ञ में **विश्वम्**=सब **ऋत्विजम्**='इन्द्रिय, मन व बुद्धि' रूप ऋत्विजों को **आशिशीहि**=समन्तात् तीक्ष्ण करिये–ये सब ऋत्विज् अपने-अपने कार्य को सुचारुरूपेण करनेवाले हों और आप हमें उस सन्तान को प्राप्त कराइये जो **सुशंसः**=उत्तम स्तवनवाला होता हुआ **दक्षते**=(वर्धते) वृद्धि को प्राप्त होता है अथवा उन ऋत्विजों को ही प्राप्त कराइये जो उत्तम शंसनवाला होते हुए दिन व दिन वृद्धि को प्राप्त होनेवाले हैं।

भावार्थ–प्रभु यज्ञशील व्यक्तियों के लिये रमणीय रत्नों का धारण करते हैं। वे जीवनयज्ञ के संचालक इन्द्रियरूप ऋत्विजों को अपने-अपने कार्य में तीक्ष्ण करते हैं। मन को सुशंस व बुद्धि को वृद्धि का कारण बनाते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अग्निः ॥ छन्दः–अनुष्टुप् ॥ स्वरः–गान्धारः ॥

'ज्ञानी भक्त, दानशील धनी, जितेन्द्रिय'

त्वे अग्ने स्वाहुत प्रियासः सन्तु सूरयः। यन्तारो ये मघवानो जनानामूर्वान्दयन्त गोनाम् ॥ ७ ॥

(१) हे स्वाहुत=समन्तात् उत्तम दानोंवाले अग्ने=अग्रेणी प्रभो! त्वे=आप में सूरयः=ज्ञानी पुरुष प्रियासः सन्तु=प्रिय हों, अर्थात् ज्ञानी भक्त आपको आत्मतुल्य प्रतीत हों=आपको वे प्रिय हों ये=जो जनानाम्=लोगों में मघवानः=ऐश्वर्यशाली होते हुए यन्तारः=दानशील होते हैं। (२) आपको वे प्रिय हों जो गोनां ऊर्वान् दयन्त=इन्द्रिय समूहों का रक्षण करते हैं=इन्द्रियों को विषय-वासना में भटकने से बचाते हुए 'जितेन्द्रिय' बनते हैं।

भावार्थ=प्रभु के प्रिय वे व्यक्ति होते हैं जो (१) प्रभु के ज्ञानी भक्त बनते हैं, (२) धनी होते हुए दानशील होते हैं तथा (३) इन्द्रियों का रक्षण करते हैं=इन्द्रियों को विषयों में भटकने नहीं देते।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=अग्निः॥ छन्दः=निचृत्पङ्क्तिः॥ स्वरः=पञ्चमः॥

दीर्घश्रुत् शर्म

येषामिळा घृतहस्ता दुरोण आँ अपि प्राता निषीदति।
ताँस्त्रायस्व सहस्य द्रुहो निदो यच्छा नः शर्म दीर्घश्रुत्॥८॥

(१) येषाम्=जिनके दुरोणे=गृह में घृतहस्ता=ज्ञानदीप्ति को हाथों में लिए हुए ये इडा=वाग्देवी आनिषीदति=आसीन होती है, वह वाग्देवी अपि=बहुत करके प्राता=पूर्णता को करनेवाली होती है। यह वाग्देवी उस घर के लोगों की कमियों को दूर करके उनके जीवन को बहुत करके पूर्ण बनानेवाली होती है। (२) हे सहस्य=शत्रुमर्षक बल के लिये हितकर अग्ने! तान्=उन इडा युक्त गृहवालों को द्रुहः=द्रोह की वृत्ति से तथा निदः=निन्दनीय कर्मों से त्रायस्व=बचाइये। ज्ञान पवित्र करनेवाला तो होता ही है। हे प्रभो! नः=हमारे लिये दीर्घश्रुत्=जिसमें अति दीर्घकाल तक ज्ञान का श्रवण चलता है, उस शर्म=गृह को यच्छा=दीजिए। वस्तुतः पवित्र गृह वही है जो ज्ञानचर्चा का आधार बनता है।

भावार्थ=हमारे गृहों में वाग्देवी का निवास हो। यह हमारे गृहों का पूरण करनेवाली हो। हमें द्रोह व निन्दनीय कर्मों से बचाये।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=अग्निः॥ छन्दः=बृहती॥ स्वरः=मध्यमः॥

'मधुरवाणी-ज्ञान-यज्ञ'

स मन्द्रया च जिह्वया वह्निरासा विदुष्टरः।
अग्ने रयिं मघवद्भ्यो न आ वह हव्यदातिं च सूदय॥९॥

(१) सः=वह, गतमन्त्र के अनुसार 'दीर्घश्रुत् शर्म' में निवास करनेवाला व्यक्ति मन्द्रया जिह्वया=प्रसन्नता को उत्पन्न करनेवाले शब्दों को बोलनेवाली जिह्वा से वह्निः=सब कार्यों का वहन करनेवाला होता है। च=और आसा=मुख से विदुष्टरः=उत्कृष्ट विद्वान् बनता है। मुख से ज्ञान की वाणियों का ही उच्चारण करता हुआ उत्तरोत्तर अपने ज्ञान को बढ़ाता है। (२) हे अग्ने=अग्रेणी प्रभो! नः=हमारे मघवद्भ्यः=(मघ=मख) यज्ञशील पुरुषों के लिये रयिम्=यज्ञसाधक ऐश्वर्यों को आवह=प्राप्त कराइये, च=और हव्यदातिम्=हव्यों के देने को और यज्ञों को सूदय=प्रेरित करिये। हमारे ये यज्ञशील लोग ऐश्वर्य को प्राप्त करें और उन ऐश्वर्यों के द्वारा और अधिक यज्ञों को करनेवाले बनें।

भावार्थ=प्रभु के अनुग्रह से हम (क) मधुर शब्दों से सब व्यवहारों को सिद्ध करें। (ख) मुख को ज्ञानवृद्धि में ही व्यापृत करें। (ग) धन को प्राप्त करते हुए अधिकाधिक यज्ञशील हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

दान के तीन लाभ

ये राधांसि ददत्यश्व्या मघा कामेन श्रवसो महः।
तान् अंहसः पिपृहि पर्तृभिष्ट्वं शतं पूर्भिर्यविष्ठ्य ॥ १० ॥

(१) हे प्रभो! **ये**-जो **महः श्रवसः कामेन**-महान् यश की इच्छा से **राधांसि**-कार्यसाधक धनों को तथा **अश्व्या**-इन्द्रियाश्वों को उत्तम बनानेवाले **मघा**-धनों को **ददति**-दान करते हैं, अर्थात् जो धन का इस प्रकार दान करते हैं कि उस धन से इन्द्रियों की पवित्रता में वृद्धि ही हो। **तान्**-उन लोगों को **अंहसः**-पाप से **पिपृहि**-बचाइये। दान उनके जीवन को पवित्र करनेवाला हो। यह पात्रता का विचार करके दिया गया सात्त्विक दान उनके यश को बढ़ाये तथा उनके जीवन को पवित्र करनेवाला हो। (२) हे **यविष्ठ्य**-बुराइयों को दूर करनेवालों में सर्वोत्तम प्रभो! **त्वम्**-आप **पर्तृभिः**-पालन साधनों से तथा **शतं पूर्भिः**-शतवर्षपर्यन्त चलनेवाली इन शरीर नगरियों से इन सात्त्विक दानियों का पालन करिये।

भावार्थ-हम दानशील बनें। सुपात्र में दत्त दान से हमारा (क) यश बढ़ेगा, (ख) हमें पवित्रता प्राप्त होगी, (ग) दीर्घजीवन व नीरोग जीवन प्राप्त होगा।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-भुरिगनुष्टुप् ॥ स्वरः-गान्धारः ॥

दान व प्रभु प्राप्ति

देवो वो द्रविणोदाः पूर्णां विवष्ट्यासिचम्।
उद्वा सिञ्चध्वमुप वा पृणध्वमादिद्धो देव ओहते ॥ ११ ॥

(१) **देवः**-वह देनेवाला प्रभु 'देवो दानात्' **वः**-तुम्हारे लिये **द्रविणोदाः**-सब धनों का देनेवाला है। वह हमारे से भी **पूर्णाम् आसिचम्**-पूर्ण आसेचन को **विवष्टि**-चाहता है। वह चाहता है कि हम भी दिल खोलकर, दोनों हाथों को भरकर, देनेवाले बनें। (२) तुम **वा**-निश्चय से प्राजापत्य यज्ञ में, लोक कल्याण के कर्मों में **उत् सिञ्चध्वम्**-इस धन का उत्कर्षेण सेचन करनेवाले बनो और **वा**-निश्चय से **उपपृणध्वम्**-सुख को बढ़ाओ व लोक रक्षण करो। **आत् इत्**-ऐसा करने के बाद ही **देवः**-वे प्रकाशमय प्रभु **वः**-तुम्हें **ओहते**-अपने को प्राप्त कराते हैं। धन का त्याग ही हमें प्रभु के समीप ले जाता है।

भावार्थ-प्रभु हमारे से सम्पूर्ण धन के दान की कामना करते हैं। हम धन के दान से लोक रक्षण करनेवाले बनें। तभी हम प्रभु प्राप्ति के पात्र बनेंगे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-निचृत्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

रत्नम्-सुवीर्यम्

तं होतारमध्वरस्य प्रचेतसं वह्निं देवा अकृण्वत।
दधाति रत्नं विधते सुवीर्यमग्निर्जनाय दाशुषे ॥ १२ ॥

(१) **देवाः**-देववृत्ति के लोग **तम्**-उस **प्रचेतसम्**-प्रकृष्ट ज्ञानवाले **वह्निम्**-सब कार्यों के साधक प्रभु को **अध्वरस्य**-इस जीवन यज्ञ का **होतारम्**-होता **अकृण्वत**-करते हैं। प्रभु को ही इस शरीर रथ का सारथि बनाते हैं। प्रभु इस यात्रा को पूर्ण करानेवाले होते हैं। (२) **अग्निः**-वे अग्रेणी प्रभु **विधते**-प्रभु का पूजन करनेवाले **दाशुषे**-दानशील **जनाय**-व्यक्ति के लिये **रत्नम्**-रमणीय

धनों को तथा **सुवीर्यम्**-उत्तम शक्ति को **दधाति**-धारण करते हैं।

भावार्थ-हम इस जीवनयज्ञ का होता प्रभु को ही जानें। दान द्वारा प्रभु का उपासन करें। प्रभु हमें 'रत्न व सुवीर्य' प्राप्त करायेंगे।

अगले सूक्त के ऋषि देवता भी 'वसिष्ठ' व 'अग्नि' हैं-

[१७] सप्तदशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-आर्च्युष्णिक् ॥ स्वरः-ऋषभः ॥

ज्ञान व पवित्र हृदय

अग्ने भवा सुषमिधा समिद्ध उत बर्हिरुर्विया वि स्तृणीताम्॥ १ ॥

(१) हे **अग्ने**-अग्रेणी प्रभो! आप **सुषमिधा**-उत्तम ज्ञानदीप्तियों के द्वारा **समिद्धः भव**-हमारे हृदयों में सम्यक् दीप्त होइये। पार्थिव पदार्थों का ज्ञान ही पहली समिधा है; द्युलोक के पदार्थों का ज्ञान दूसरी समिधा है तथा अन्तरिक्ष लोक के पदार्थों का ज्ञान ही तीसरी समिधा है। 'इयं समित् पृथिवी द्यौर्द्वितीयोतान्तरिक्षं समिधा पृणाति'। (२) **उत**-और यह उपासक **बर्हिः**-अपने वासनाशून्य हृदयरूप आसन को **उर्विया**-खूब विस्तार से **विस्तृणीताम्**-बिछाये। इस हृदयासन पर वह प्रभु को आसीन करने का प्रयत्न करे।

भावार्थ-प्रभु प्राप्ति के लिये हम ज्ञानाग्नि को खूब दीप्त करें और पवित्र हृदयरूप आसन को बिछायें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-साम्नीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

दिव्यगुणों के प्रवेशक इन्द्रियद्वार

उत द्वारो उशतीर्वि श्रयन्तामुत देवाँ उशत आ वहेह॥ २ ॥

(१) **उत**-और **उशतीः**-दिव्यगुणों की कामना करते हुए **द्वारः**-ये शरीररूप यज्ञवेदि के इन्द्रियद्वार **विश्रयन्ताम्**-विशेषरूप से इस यज्ञ-मन्दिर का आश्रय करें। (२) **उत**-और **उशतः**-हमारा हित चाहनेवाले **देवान्**-देववृत्ति के पुरुषों को **इह**-हमारे इस जीवन यज्ञ में **आवह**-प्राप्त कराइये।

भावार्थ-हमारे इन्द्रियद्वार दिव्यगुणों के प्रवेश का साधन बनें। हमें जीवनयज्ञ में देववृत्ति के पुरुषों का सम्पर्क प्राप्त हो।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-आर्च्युष्णिक् ॥ स्वरः-ऋषभः ॥

दान-देवसंग-यज्ञ

अग्ने वीहि हविषा यक्षि देवान्त्स्वध्वरा कृणुहि जातवेदः ॥ ३ ॥

(१) हे **अग्ने**-अग्रेणी प्रभो! **हविषा**-हवि के द्वारा **वीहि**-हमें प्राप्त हो, अर्थात् हम दानपूर्वक अदन करते हुए आपको प्राप्त हों। **देवान्**-देववृत्ति के पुरुषों को **यक्षि**-हमारे साथ संगत करिये-हम आपकी कृपा से देव पुरुषों का साथ प्राप्त करें। (२) हे **जातवेदः**-सर्वज्ञ प्रभो! आप हमें **स्वध्वरा**-(स्वध्वरान्) शोभन यज्ञोंवाला **कृणुहि**-करिये।

भावार्थ-प्रभु प्रेरणा से हम (क) दान देकर बचे हुए को खानेवाले बनें। (ख) देववृत्ति के पुरुषों के साथ हमारा उठना-बैठना हो। (ग) सदा उत्तम यज्ञों में हम प्रवृत्त रहें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-आर्च्युष्णिक् ॥ स्वरः-ऋषभः ॥

यज्ञ-देवसंग-अमृतत्व

स्वध्वरा करति जातवेदा यक्षद्देवाँ अमृतान्पिप्रयच्च ॥ ४ ॥

(१) वह जातवेदाः=सर्वधनों को देनेवाला प्रभु इन धनों के द्वारा हमें स्वध्वरा=उत्तम यज्ञोंवाला करति=करता है और देवान्=देववृत्ति के पुरुषों को यक्षत्=हमारे साथ संगत करते हैं। इस सत्संग के द्वारा यज्ञ आदि उत्तम कर्मों में हमारी वृत्ति बढ़ती है। (२) च=और वे प्रभु अमृतान्=विषय-वासनाओं के पीछे न मरनेवाले और अतएव नीरोग जीवनवाले हम सबको पिप्रयत्=प्रभु प्रीणित करते हैं=प्रीति का अनुभव कराते हैं।

भावार्थ=प्रभु की प्रेरणा हमें यज्ञों में प्रवृत्त करती है=हमें देवसंग प्राप्त कराती है। और इस प्रकार नीरोग जीवनवाले हम सबको प्रीति का अनुभव कराती है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-साम्नीपङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

वार्य वस्तु लाभ तथा सत्य इच्छायें

वंस्व विश्वा वर्याणि प्रचेतः सत्या भवन्त्वाशिषो नो अद्य ॥ ५ ॥

(१) हे प्रचेतः=प्रकृष्ट चेतना को प्राप्त करानेवाले प्रभो! आप विश्वा=सब वार्याणि=वरणीय धनों को वंस्व=प्राप्त कराइये। वस्तुतः ज्ञानपूर्वक सब व्यवहारों को करते हुए हम उत्कृष्ट धनों को प्राप्त करें। (२) अद्य=आज नः=हमारी आशिषः=इच्छायें सत्याः भवन्तु=सत्य हों। हमारे मनों में कोई अशुभ इच्छा उठे ही नहीं।

भावार्थ=हम 'प्रचेता' प्रभु के उपासक होते हुए वरणीय धनों को प्राप्त करें और सदा शुभ इच्छाओंवाले हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-आर्च्युष्णिक् ॥ स्वरः-ऋषभः ॥

दिव्यता व शक्ति रक्षण

त्वामु ते दधिरे हव्यवाहं देवासो अग्न ऊर्ज आ नपातम् ॥ ६ ॥

(१) हे अग्ने=अग्रेणी प्रभो! हव्यवाहम्=सब हव्य पदार्थों के प्राप्त करानेवाले त्वाम् उ=आपको ही ते देवासः=वे देववृत्ति के पुरुष दधिरे=धारण करते हैं। वस्तुतः आपको हृदयदेश में धारण करने के द्वारा=हृदय में सदा आपके स्मरण के द्वारा ही वे देव बनते हैं। (२) आप ही आ=सब प्रकार से ऊर्जः=बल व प्राणशक्ति के नपातम्=न गिरने देनेवाले हैं। जहाँ प्रभु का वास है वहाँ वासना का विनाश होने से शक्ति का रक्षण होता है एवं प्रभु 'ऊर्जो नपात्' हैं।

भावार्थ=प्रभु का हृदय में धारण करने से हमारी वृत्ति दिव्य बनती है=शक्ति का विनाश नहीं होता।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-आर्च्युष्णिक् ॥ स्वरः-ऋषभः ॥

प्रभु के प्रति अर्पण व रत्न प्राप्ति

ते तें देवाय दाशतः स्याम महो नो रत्ना वि दंध इयानः ॥ ७ ॥

(१) ते=वे हम सब, हे प्रभो! देवाय=सब कुछ देनेवाले प्रकाशस्वरूप ते=आपके लिये दाशतः=अपना अर्पण करते हुए स्याम=हों। हम अपनी इच्छाओं को आपकी इच्छा में मिला दें। हमारी कोई स्वतन्त्र इच्छा न रहे। (२) इयानः=उपगम्यमान होते हुए आप नः=हमारे लिये महः=

महनीय रत्ना=रमणीय पदार्थों को विदथः=(विधत्स्व) धारण कराइये। प्रभु के उपासक को प्रभु सब रत्नों को प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ–हम प्रभु के प्रति अपना अर्पण करें। प्रभु हमारे लिये सब रमणीय रत्नों को धारण करायेंगे।

अगले सूक्त में वसिष्ठ ऋषि 'इन्द्र' नाम से प्रभु का स्तवन करते हैं–

द्वितीयोऽनुवाकः [१८] अष्टादशं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

गौ-अश्व-वसु

त्वे ह॒ यत्पि॒तरश्चि॒न्न इ॑न्द्र॒ विश्वा॑ वा॒मा ज॑रि॒तारो॒ असन्वन्।
त्वे गावः॑ सु॒दुघा॒स्त्वे ह्यश्वा॒स्त्वं वसु॑ देवय॒ते वनि॑ष्ठः॥ १॥

(१) हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! यत्–जब नः=हमारे में से जो कोई भी त्वे ह=आप में ही निवास करते हैं, वे चिन्=निश्चय से पितरः=रक्षणात्मक कार्यों में लगनेवाले होते हैं, अर्थात् आपका ध्यान करनेवाले लोग अवश्य 'पितर' बनते हैं। ये जरितारः=आपका सच्चा स्तवन करनेवाले लोग विश्वा=सब वामा=सुन्दर धनों को असन्वन्=प्राप्त करते हैं। (२) त्वे=आपकी उपासना में ही सुदुघाः=सुख सन्दोह्य गावः=गौवें हैं, त्वे हि=आपकी उपासना में ही अश्वाः=उत्तम अश्व हैं। त्वम्=आप ही देवयते=दिव्यगुणों की प्राप्ति की कामनावाले पुरुष के लिये वसु=धन के वनिष्ठः=दातृतम होते हैं। सब वसुओं को आप ही प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ–प्रभु में निवास करनेवाला व्यक्ति रक्षणात्मक कार्यों में प्रवृत्त होता है। प्रभु के स्तोता सब वननीय धनों को प्राप्त करते हैं। प्रभु उत्तम गौवों, अश्वों व धनों को प्राप्त करानेवाले हैं।

सूचना–यहाँ 'गावः' से ज्ञानेन्द्रियों का तथा 'अश्वाः' से कर्मेन्द्रियों का भाव लेना भी उचित ही है। प्रभु उपासक को उत्तम ज्ञानदुग्ध देनेवाली ज्ञानेन्द्रियरूप गौवों को प्राप्त कराते हैं। तथा कर्मों में व्याप्त होनेवाली कर्मेन्द्रियों को प्राप्त कराते हैं, ये ही 'अश्व' हैं 'अश्नुवते कर्मसु'।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

द्युभिः-पिशा-गोभिः-अश्वैः (अव)

राजे॑व॒ हि जनि॑भिः क्षे॒ष्येवाव॒ द्युभि॒रभि॑ वि॒दुष्क॒विः सन्।
पि॒शा गिरो॑ मघव॒न्गोभि॒रश्वै॒स्त्वाय॑तः शिशीहि रा॒ये अ॒स्मान्॥ २॥

(१) हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! राजा जनिभिः इव=राजा जैसे अपनी प्रजा रूप पत्नियों के साथ रहता है इसी प्रकार आप हम प्रजाओं के साथ क्षेषि एव=रहते ही हैं। आप सदा हमारा रक्षण इस प्रकार कर रहे हैं, जैसे कि राजा को प्रजा का रक्षण करना चाहिए। हे प्रभो! विदुः=ज्ञानी, कविः=क्रान्तप्रज्ञ सन्=होते हुए आप गिरः=हम स्तोताओं को द्युभिः=ज्ञान-ज्योतियों से पिशा=हिरण्य (Gold) से, गोभिः=उत्तम ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा तथा अश्वैः=उत्तम कर्मेन्द्रियों द्वारा अभि अव=समन्तात् रक्षित करिये। जीवन-यात्रा के लिये धन तथा इन्द्रियरूप साधनों को आप हमारे लिये प्राप्त कराइये। हम ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा ज्ञान का अर्जन करें और कर्मेन्द्रियों द्वारा जीवन-यात्रा के लिये धन का अर्जन कर सकें। (२) हे मघवन्=ऐश्वर्यवन् प्रभो! त्वायतः=आपको प्राप्त करने की कामनावाले अस्मान्=हम लोगों को राये=ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिये शिशीहि=तीक्ष्ण

बुद्धिवाला करिये। हम आपको प्राप्त करने की कामनावाले हों। परन्तु साथ ही जीवन-यात्रा के लिये आवश्यक धन को प्राप्त करने के लिये परिष्कृत बुद्धिवाले हों।

भावार्थ-प्रभु इस प्रकार हमारे साथ हैं, जैसे राजा प्रजा के। ये प्रभु हमें ज्ञान तथा धन देते हैं। उत्तम ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियों को प्राप्त कराके हमारा रक्षण करते हैं। हम प्रभु की कामनावाले हों। प्रभु हमें जीवन-यात्रा के लिये आवश्यक धन की प्राप्ति के लिये संस्कृत बुद्धि करते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-इन्द्रः॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

सुमति व सुख

इमा उ त्वा पस्पृधानासो अत्र मन्द्रा गिरो देवयन्तीरुप स्थुः।
अर्वाचीं ते पथ्या राय एतु स्यामं ते सुमताविन्द्र शर्मन्॥ ३॥

(१) हे प्रभो! **इमाः**-ये **पस्पृधानासः**-एक दूसरे से बढ़कर स्तुति की कामनावाली होती हुई, **मन्द्राः**-मोद (हर्ष) की कारणभूत **देवयन्तीः**-देव प्रभु की कामना करती हुई **गिरः**-वाणियाँ **उ**-निश्चय से **अत्र**-यहाँ इस जीवन में **त्वा उप अस्थुः**-आपको उपासित करती हैं। इन सब वेदवाणियों के द्वारा आपका ही स्तवन होता है। (२) हे प्रभो! **ते**-आपकी **पथ्या**-ऐश्वर्य प्रापक नीति मार्ग **राये**-ऐश्वर्य प्राप्ति के लिये **अर्वाची एतु**-हमें आभिमुख्येन प्राप्त हो। हे **इन्द्र**-सब ऐश्वर्यों के स्वामिन् प्रभो! **ते सुमतौ**-आपकी कल्याणी मति में चलते हुए हम **शर्मन् स्याम**-सुख में निवास करनेवाले हों। शुभ मार्ग हमें शुभ को प्राप्त करानेवाला हो।

भावार्थ-हमारी सब स्तुतिवाणियाँ उस प्रभु के लिये हों। प्रभु से उपदिष्ट नीति मार्ग से हम धनार्जन करें और प्रभु की कल्याणी मति में चलते हुए हम सदा सुख में रहें।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-इन्द्रः॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः॥ स्वरः-पञ्चमः॥

गोपति से सुमति का भिक्षण

धेनुं न त्वा सूयवसे दुदुक्षन्नुप ब्रह्माणि ससृजे वसिष्ठः।
त्वामिन्मे गोपतिं विश्व आहा न इन्द्रः सुमतिं गन्त्वच्छ॥ ४॥

(१) **सूयवसे**-उत्तम तृणादिक के होने पर **न**-जैसे **धेनुम्**-गौ को दोहते हैं, उसी प्रकार **त्वा**-आपके **दुदुक्षन्**-दोहन की कामनावाला होता हुआ **वसिष्ठः**-यह उत्तम निवासवाला, शत्रुओं को वश में करनेवाला वसिष्ठ **ब्रह्माणि**-इन स्तोत्रों को **उपससृजे**-उपसृष्ट (उच्चरित) करता है। स्तोत्रों को करता हुआ आपका प्रिय बनता है और सब उन्नति साधक पदार्थों का दोहन करता है। **विश्वः**-सब **मे**-मेरे लिये **त्वां इत्**-आपको ही **गोपतिं**-सब गौओं के स्वामी के रूप में **आह**-कहता है। आपकी उपासना करता हुआ ही मैं गौवों का स्वामी बन पाऊँगा। गौएँ इन्द्रियाँ हैं। इन इन्द्रियों का वशीकरण आपकी उपासना से ही होता है। इसलिए हमारी यही कामना है कि **इन्द्रः**-वे परमैश्वर्यशाली प्रभु, सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभु **नः अच्छ**-हमारे लिये-हमारी ओर **सुमतिं गन्तु**-सुमति को प्राप्त करायें। कल्याणी मति को प्राप्त करके शुभ मार्ग पर चलते हुए हम शुभ को ही प्राप्त करें।

भावार्थ-स्तवन द्वारा प्रभु के प्रिय बनकर हम प्रभु से सब शुभों को प्राप्त करें। प्रभु का उपासन हमें इन्द्रियों का स्वामी बनायेगा। प्रभु हमें सुमति प्राप्त करायेंगे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

'शर्धन्-शिम्यु व शाप' का विनाश

अर्णांसि चित्प्रयाना सुदास इन्द्रो गाधान्यकृणोत्सुपारा।
शर्धन्तं शिम्युमुचथस्य नव्यः शापं सिन्धूनामकृणोदशस्तीः ॥ ५ ॥

(१) **इन्द्रः**=वह सर्वशक्तिमान् प्रभु-ज्ञानरूप परमैश्वर्यवाला प्रभु **सिन्धूनाम्**=ज्ञान नदियों के **प्रयाना**=अतिशयेन विस्तृत **चित्**=भी **अर्णांसि**=ज्ञानजलों को **सुदासे**=प्रभु के प्रति अपने को दे डालनेवाले व्यक्ति के लिये **गाधानि**=न गहरे व **सुपारा**=(सुखेन तर्तुं योग्य) सुख से तरणीय **अकृणोत्**=कर देते हैं। 'सुदास्' का ज्ञान गहरा न हो, सो नहीं, पर उसके लिए अगाध भी ये ज्ञान-जल गाध व तरणीय हो जाते हैं। (२) वह **नव्यः**=स्तुत्य प्रभु **उचथस्य**=स्तोता को **अशस्तीः**=सब अशस्तियों को-अशुभ बातों को **अकृणोत्**=हिंसित कर देते हैं। **शर्धन्तम्**=हिंसित करनेवाली काम-वासना को विनष्ट करते हैं। **शिम्युम्**=हर समय धन प्राप्ति के कार्यों की कामना करनेवाली लोभवृत्ति को विनष्ट करते हैं। **शापम्**=क्रोध में उच्चरित आक्रोश वचनों को नष्ट कर देते हैं।

भावार्थ-प्रभु-प्रभु के प्रति अर्पण करनेवाले के लिये ज्ञान-जलों को सुतर कर देते हैं, अर्थात् उनके लिये ज्ञान प्राप्ति को सुलभ कर देते हैं। स्तोता के 'काम-क्रोध व लोभ' को विनष्ट करते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

पुरोडा का 'तुर्वश व यक्षु' होना

पुरोळा इत्तुर्वशो यक्षुरासीद्राये मत्स्यासो निशिता अपीव।
श्रुष्टिं चक्रुर्भृगवो द्रुह्यवश्च सखा सख्यायमतरद्विषूचोः ॥ ६ ॥

(१) **पुरोडाः इत्**=प्रथम दानशील ही दान देकर बचे हुए को ही खानेवाला व्यक्ति **तुर्वशः**=त्वरा से शत्रुओं को वश में करनेवाला तथा **यक्षुः**=यज्ञशील **आसीत्**=होता है। ये यज्ञशील व्यक्ति ही **राये**=ऐश्वर्य प्राप्ति के लिये **निशिताः**=खूब तीक्ष्ण (तीव्र गतिवाले) होते हुए **अपि**=भी **मत्स्यासः इव**=जल में मछलियों के समान होते हैं, सदा इन धन के जलों में रहते हुए भी इन जलों में गल नहीं जाते। इन पर धन का घातक प्रभाव नहीं होता। (२) **भृगवः**=ज्ञानाग्नि में अपने को परिपक्व करनेवाले **द्रुह्यवः च**=और सब निन्दनीय बातों की जिघांसा करनेवाले उपासक **श्रुष्टिम्**=आशु प्राप्ति को-ऐश्वर्य को (Prosperity) **चक्रुः**=करनेवाले होते हैं। **सखा**=वे सर्वमित्र प्रभु **सख्यायम्**=अपने इस सखा जीव को **विषूचोः अतरत्**=(विषूचु) से विविध खूब गतियों के करानेवाले लोभ से-गतमन्त्र के 'शिम्यु' से तरा देते हैं (अतारयत्)। ये लोग धन को तो प्राप्त करते हैं, परन्तु लोभवृत्ति से सदा दूर रहते हैं।

भावार्थ-देने की वृत्तिवाला पुरुष शत्रुओं को वश में करनेवाला व यज्ञशील बनता है। यह धन प्राप्ति में लगा हुआ भी धन में ही नहीं गल जाता ज्ञानी शत्रुहिंसक उपासक आवश्यक धन को प्राप्त करते हैं, प्रभु इन्हें लोभ से दूर रखते हैं।

पुरुष्या ण इन्द्र वाजसातौ राधः शूर दर्षीकमृणोदन्द्र एषाम् ॥ ११ ॥

(१) **यः**=जो **वैकर्णयोः**=(वि+कृ विक्षेपे) इधर-उधर विक्षिप्त होनेवाली दोनों इन्द्रियों का राजा=शासक बनता है, मन को तथा बाह्य इन्द्रियों को अपने वश में करता है, यह **जनान्**

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

उपासक के लक्षण

आ पक्थासो भलानसो भनन्तालिनासो विषाणिनः शिवासः।
आ योऽनयत्सधमा आर्यस्य गव्या तृत्सुभ्यो अजगन्युधा नॄन्॥७॥

(१) **आभनन्त**=वे परमात्मा का स्तवन करते हैं, जो **पक्थासः**-परिपक्व ज्ञानवाले हैं, ज्ञानाग्नि में अपना परिपाक करते हैं। **भलानसः**-भद्रमुख हैं, जिनके मुख से कभी अशिव वाणी उच्चरित नहीं होती। **अलिनासः**-जो किसी भी विषय में लीन (आसक्त) नहीं होते। **विषाणिनः**-(विष् To encounter) शत्रुओं के साथ संघर्ष करते हैं-काम-क्रोध-लोभ के विजय में सदा तत्पर रहते हैं। और **शिवासः**-लोक कल्याण में प्रवृत्त होते हैं। उपासक के जीवन में इन बातों का होना आवश्यक है। (२) उस प्रभु का ये स्तवन करते हैं **यः**-जो **आर्यस्य**-श्रेष्ठ पुरुष के **सधमाः**-(सधमाद) साथ आनन्दित होनेवाले होते हुए, उसके **गव्या**-इन्द्रियसमूह को **तृत्सुभ्यः**-काम आदि हिंसक शत्रुओं से बचाकर **आनयत्**-उसे प्राप्त करानेवाले होते हैं। और **युधा**-युद्ध के द्वारा **नॄन्**-इन काम आदि शत्रुओं के साथ युद्ध करनेवाले वीर पुरुषों को **अजगन्**-प्राप्त होते हैं।

भावार्थ-उपासक अपने को ज्ञानाग्नि में परिपक्व करता है, भद्र ही शब्द बोलता है, कहीं सांसारिक विषयों में लीन नहीं होता, काम आदि शत्रुओं के साथ युद्ध करता है और सदा कल्याण करनेवाला होता है। प्रभु इस श्रेष्ठ पुरुष के प्रति प्रीतिवाले होकर इसके इन्द्रिय समूह को नाशक शत्रुओं से बचाते हैं। प्रभु उसे ही प्राप्त होते हैं, जो काम आदि शत्रुओं के साथ युद्ध करता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

अचेतस् द्वारा परुष्णी के कूल का भेदन

दुराध्योऽ३ अदितिं स्त्रेवयन्तोऽचेतसो वि जगृभ्रे परुष्णीम्।
मह्ना विव्यक्पृथिवीं पत्यमानः पशुष्कविरंशयच्चायमानः॥८॥

(१) **दुराध्यः**-(दुष्टाभिसन्धयः) दुष्ट अभिसन्धिवाले लोग, जो व्यक्ति शुभ इच्छाओं को लेकर कार्यों में नहीं प्रवृत्त होते, **अदितिं स्त्रेवयन्तः**-(स्त्रेव् To shakedry) अदीना देवमाता को शुष्क करते हुए, अर्थात् दिव्यगुणों को समाप्त करते हुए, ये **अचेतसः**-मूर्ख लोग **परुष्णीम्**-(पॄ नी) पालक व पूरक नीतिरूप नदी को **विजगृभ्रे**-भिन्न कूल करते हैं। ये पालक व पूरक नीति मार्ग का उल्लंघन करते हैं। समझदारी यही है कि हम (क) शुभ भावनाओं से सब कार्यों में प्रवृत्त हों (ख) दिव्यगुणों को पनपाने का प्रयत्न करें, (ग) नीति मार्ग का उल्लंघन न करें। (२) इसके विपरीत **पत्यमानः**-सतत नीति मार्ग पर चलता हुआ पुरुष **मह्ना**-अपनी महिमा से **पृथिवीम्**-सम्पूर्ण पृथिवी को **अविव्यक**-(व्याप्नोत्) व्याप्त करता है, अर्थात् बड़े यशस्वी जीवनवाला होता है। यह **पशुः**-(पश्यति) द्रष्टा बनकर, **कविः**-क्रान्तप्रज्ञ (Piercing sight वाला) होता हुआ **चायमानः**-सदा प्रभु का पूजन करता हुआ **अशयत्**-इस शरीररूप नगरी में निवास करता है (परिशेते)। 'चीज को उसके ठीक रूप में देखना, सूक्ष्म बुद्धि से विचार करना व प्रभु का उपासन' ये सब बातें जीवन में प्रगति के लिये व संसार में न आसक्त हो जाने के लिये आवश्यक हैं।

भावार्थ-हम शुभ भावनाओंवाले बनें। दिव्यगुणों का वर्धन करें। नीति मार्ग पर चलें। हमारा जीवन यशस्वी हो। द्रष्टा चिन्तनशील व उपासक बनकर इस शरीर नगरी में निवास करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

अर्थं, नकि न्यर्थम् (ईयुः)

ईयुरर्थं न न्यर्थं परुष्णीमाशुश्चनेदभिपित्वं जगाम।
सुदास इन्द्रः सुतुकाँ अमित्रानरन्धयन्मानुषे वधिर्वाचः ॥ ९ ॥

(१) अर्थम् ईयुः-सप्तम मन्त्र के उपासक लोग गन्तव्य मार्ग की ओर ही जाते हैं। न्यर्थम्-निम्न मार्ग की ओर न (ईयुः)-नहीं जाते। परुष्णीम्-पालक नीति मार्ग को आशुः-(अश्नुते) व्याप्त करनेवाला यह उपासक चन इत्-ही निश्चय से अभिपित्वम्-अभिप्राप्तव्य स्थान की ओर जगाम-जाता है। हमें सदा उत्कृष्ट मार्ग की ओर चलना है, निम्न मार्ग की ओर नहीं जाना। नीति मार्ग का आक्रमण करते हुए हम सदा लक्ष्य-स्थान की ओर आगे बढ़ें। (२) ऐसे सुदासे-सम्यक्तया काम-क्रोध आदि का उपक्षय करनेवाले उपासक के लिये इन्द्रः-वे शत्रुविनाशक प्रभु सुतुकान्-अत्यन्त वृद्धि को प्राप्त भी अमित्रान्-शत्रुओं को अरन्धयत्-विनष्ट करते हैं। प्रभु इस मानुषे-मानुष लोक में वधिर्वाचः-व्यर्थ की वाणीवालों को-जल्पकों को विनष्ट कर देते हैं।

भावार्थ-हम मार्ग पर चलें, अमार्ग पर नहीं। पालक नीति मार्ग का ही व्यापन करें। प्रभु हमारे लिये प्रबल शत्रुओं को भी विनष्ट करेंगे। प्रभु जल्पकों को कभी नहीं चाहते।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ज्ञानी की प्रभु की ओर गति

ईयुर्गावो न यवसादगोपा यथाकृतमभि मित्रं चितासः।
पृश्निगावः पृश्निनिप्रेषितासः श्रुष्टिं चक्रुर्नियुतो रन्तयश्च ॥ १० ॥

(१) नः-जैसे अगोपाः-विना ग्वालेवाली गावः-गौवें यवसात्-घास के उद्देश्य से ईयुः-गतिवाली होती हैं, अर्थात् घास की ओर चल देती हैं, इसी प्रकार चितासः-(चित् संज्ञाने) संज्ञानवाले पुरुष यथाकृतम्-अपने पुण्य के अनुसार मित्रम् अभि (ईयुः)-उस महान् मित्र प्रभु की ओर गतिवाले होते हैं। इन ज्ञानी पुरुषों की अपने पुण्य के सौभाग्य से प्रभु की ओर गति स्वाभाविक होती है। (२) ये ज्ञानी पृश्निगावः-(पृश्नि=ray of light) प्रकाश किरणों से युक्त इन्द्रियोंवाले होते हैं। पृश्नि-निप्रेषितासः-प्रकाश की किरणों से ही अपने कर्त्तव्य कर्मों में प्रेषित होते हैं। इस प्रकार ये श्रुष्टिं चक्रुः-ऐश्वर्य व आनन्द को सिद्ध करते हैं, च-और नियुतः-इनके इन्द्रियाश्व रन्तयः-सदा कर्त्तव्य कर्मों में रमण करनेवाले होते हैं।

भावार्थ-ज्ञानी पुरुष प्रभु की ओर चलता है। प्रकाश से कर्त्तव्य मार्ग पर प्रेरित होता है। इसके इन्द्रियाश्व कर्तव्य कर्मों में रमण करनेवाले होते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

वैकर्णयोः राजा

एकं च यो विंशतिं च श्रवस्या वैकर्णयोर्जनाँराजा न्यस्तः।
तुस्मो न सद्मन्नि शिशाति बर्हिः शूरः सर्गमकृणोदिन्द्र एषाम् ॥ ११ ॥

(१) यः-जो वैकर्णयोः-(वि+कृ विक्षेपे) इधर-उधर विक्षिप्त होनेवाली दोनों इन्द्रियों का राजा-शासक बनता है, मन को तथा बाह्य इन्द्रियों को अपने वश में करता है, यह जनान् न्यस्त-अन्य जनों का पराभव करनेवाला होता है, अर्थात् अन्य लोगों से बहुत आगे बढ़ जाता

है। यह **एकं च विंशतिञ्च**-एक और बीस, अर्थात् २१ शक्तियों को **श्रवस्या**-ज्ञान व यश की प्राप्ति की कामना से **निशिशाति**-खूब तीक्ष्ण करता है। (ये त्रिषताः परियन्ति विश्वा रूपाणि बिभ्रतः) शरीरस्थ सब शक्तियों का विकास करता हुआ ज्ञान-सम्पन्न व यशस्वी बनता है। (२) यह **दस्मः न**-सबके दुःखों के दूर करनेवाले के समान होता हुआ **सद्मन्**-इस शरीरगृह में **बर्हिः**-वासनाशून्य हृदय को भी **निशिशाति**-बड़ा तीव्र बनाता है। इसके हृदय में सर्वहित की भावना प्रबल हो उठती है। अब **एषाम्**-इन लोगों के **इन्द्रः**-वे परमैश्वर्यशाली प्रभु **सर्गम्**-दृढ़ निश्चय को **अकृणोत्**-करनेवाले होते हैं। प्रभु ही **शूरः**-इनके शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले बनते हैं। प्रभु के साहाय्य से ये अपने मार्ग पर आगे बढ़ते हैं मार्ग में विघ्नरूप से आये शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले होते हैं।

भावार्थ-हम इन्द्रियों के शासक बनकर शरीरस्थ २१ शक्तियों को ज्ञान व यश की प्राप्ति के हेतु से तीव्र करनेवाले हों। हृदय में सर्वहित की भावना को तीव्र करें। प्रभु हमारे दृढ़ निश्चय में सहायक होंगे और हमारे शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले होंगे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

'श्रुत-कवष-अप्सुवृद्ध-द्रुह्यु'

अध श्रुतं कवषं वृद्धमप्स्वनुं द्रुह्युं नि वृणग्वज्रबाहुः।
वृणाना अत्र सख्याय सख्यं त्वायन्तो ये अमदन्ननु त्वा ॥ १२ ॥

(१) **अध**-अब **श्रुतम्**-जिसने गहन शास्त्र श्रवण किया है, **कवषम्**-जो प्रभु के गुण स्तवन को करता है (कु शब्दे), **अप्सु वृद्धम्**-जो कर्मों में खूब बढ़ा हुआ है और **अनु**-कर्मों के अनुपात में ही **द्रुह्युम्**-वासनाओं की जिघांसावाला है, वासनाओं को समाप्त करनेवाला है। ऐसे व्यक्ति को **वज्रबाहुः**-वे वज्रहस्त प्रभु **निवृणक्**-सब पापों से पृथक् कर देते हैं, पवित्र जीवनवाला बना देते हैं। (२) **अत्र**-यहाँ इस जीवन में **सख्यम्**-आपकी मित्रता का **वृणानाः**-वरण करते हुए **सख्याय**-मित्रता के लिये **ये**-जो **त्वायन्तः**-आपकी ओर आने की कामनावाले होते हैं, वे **त्वा अनु**-आपकी अनुकूलता में **अमदन्**-हर्ष का अनुभव करते हैं। संसार में अन्ततः प्रभु की मैत्री ही आनन्द प्राप्ति का साधन होती है। प्रकृति में लगाव अन्ततः ह्रास की ओर ले जाता है। प्रभु की मित्रता का मार्ग 'श्रुत, कवष, अप्सु, वृद्ध व द्रुह्यु' बनना ही है।

भावार्थ-हम शास्त्र श्रवण करें, प्रभु स्तवन में प्रवृत्त हों, कर्मों में सदा बढ़े हुए व वासनाओं की जिघांसावाले बनें। इस प्रकार प्रभु की मित्रता का वरण करते हुए आनन्द का अनुभव करें। (श्रुतं-ब्रह्मचर्य, कवषं-गृहस्थ, वृद्धं अप्सु-वानप्रस्थ, द्रुह्यु-संन्यास)।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

सप्त पुरियों का विदारण

वि सद्यो विश्वा दृंहितान्येषामिन्द्रः पुरः सहसा सप्त दर्दः।
व्यानवस्य तृत्सवे गयं भाग्जेष्मं पूरुं विदथे मृध्रवाचम् ॥ १३ ॥

(१) **इन्द्रः**-वह शत्रुविद्रावक प्रभु **एषाम्**-गतमन्त्र में वर्णित 'श्रुत, कवष, अप्सु वृद्ध व द्रुह्यु' के जीवन में असुरों के बने हुए **विश्वा**-सब **दृंहितानि**-अतिशयेन दृढ़ **सप्त पुरः**-सात मर्यादाओं के भंगरूप सात नगरों को **सद्यः**-शीघ्र ही **सहसा**-शत्रुनाशक बल के द्वारा **विदर्दः**-विदीर्ण कर देता है। ('सप्त मर्यादाः कवयस्ततक्षुः०' (२) **तृत्सवे**-शत्रुओं को कुचलनेवाले पुरुष के लिये

आनवस्य=(अन प्राणने) प्राणशक्तिसम्पन्न पुरुष के **गयम्**=शरीरगृह को **विभाक्**=विशेषरूप से प्राप्त कराता है। अर्थात् वासना को कुचलनेवाला पुरुष खूब प्राणशक्तिसम्पन्न शरीरवाला होता है। हम **विदथे**=ज्ञानयज्ञ में **मृध्रवाचम्**=हिंसक वाणीवाले **पूरुम्**=मनुष्य को **जेष्म**=जीतनेवाले बनें। अर्थात् ज्ञानयज्ञ में प्रवृत्त हुए-हुए हम कभी भी हिंसक वाणी का प्रयोग न करें।

भावार्थ–प्रभु सात मर्यादाओं के भंग रूप सात दोषों को दूर करते हैं। वासनाओं को कुचलनेवाले के लिये प्राणशक्तिसम्पन्न शरीरगृह को प्राप्त कराते हैं। हम ज्ञान के प्रचार में मधुर वाणी का ही प्रयोग करें।

ऋषिः–**वसिष्ठः**॥ देवता–**इन्द्रः**॥ छन्दः–**स्वराट्पङ्क्तिः**॥ स्वरः–**पञ्चमः**॥

३३(१/३)+६६(२/३)=१००

नि गव्यवोऽनवो द्रुह्यवश्च षष्टिः शता सुषुपुः षट् सहस्रा।
षष्टिर्वीरासो अधि षड् दुवोयु विश्वेदिन्द्रस्य वीर्या कृतानि॥ १४॥

(१) **गव्यवः**=ज्ञान की वाणियों की कामनावाले, **अनवः**=(अन प्राणने) प्राणसाधना में प्रवृत्त होनेवाले, **च**=और इस प्रकार **द्रुह्यवः**=काम-क्रोध आदि शत्रुओं की जिघांसावाले पुरुष **षष्टिः शता**=छह सौ और **षट् सहस्रा**=छह सहस्र, अर्थात् जीवन के–१०० वर्ष के आयुष्य के १२०० दिन तो, अर्थात् लगभग ३३ वर्ष तो **निसुषुपुः**=निश्चय से सोते हैं। १०० वर्ष के जीवन में ३३ के लगभग वर्ष निद्रा में व्यतीत हो जाते हैं। अवशिष्ट **षट् अधि षष्टिः**=छह अधिक साठ, अर्थात् छयासठ (६६) वर्ष ये **दुवोयु**=स्वकर्तव्य कर्मों के करने के द्वारा प्रभु की परिचर्या की कामना वाले होते हैं। (२) इस प्रकार जीवन में जागृति के सारे काल को कर्तव्य कर्मों के करने में बिताने के द्वारा प्रभु-पूजन करते हुए ये व्यक्ति ही **वीरासः**=वीर होते हैं। वस्तुतः **इन्द्रस्य**=इस जितेन्द्रिय पुरुष के **विश्वा कृतानि**=सब कर्म **वीर्या**=शक्तिशाली होते हैं। श्रद्धा और विद्या से कर्मों को करता हुआ यह उन्हें शक्तिसम्पन्न बनाता है।

भावार्थ–जीवन में ३३ वर्ष के निद्रा काल के अतिरिक्त ६६ वर्ष हमारे कर्तव्यपालन द्वारा प्रभु-पूजन में ही बीतने चाहिएँ। यही वीर बनना है। यही इन्द्र बनकर शक्तिशाली कर्मों को करना है। इसके लिये हमारा मार्ग 'ज्ञान प्राप्ति+आराधना व काम-क्रोध आदि की जिघांसा' का होना चाहिए।

ऋषिः–**वसिष्ठः**॥ देवता–**इन्द्रः**॥ छन्दः–**त्रिष्टुप्**॥ स्वरः–**धैवतः**॥

तृत्सवः दुर्मित्रासः

इन्द्रेणैते तृत्सवो वेविषाणा आपो न सृष्टा अधवन्त नीचीः।
दुर्मित्रासः प्रकलविन्निमिना जहुर्विश्वानि भोजना सुदासे॥ १५॥

(१) **एते**=ये **तृत्सवः**=काम-क्रोध आदि को कुचलनेवाले व्यक्ति **इन्द्रेण**=उस शत्रुविद्रावक प्रभु से **वेविषाणाः**=अपने को व्याप्त करते हुए, अर्थात् सदा प्रभु का स्मरण करते हुए, **सृष्टाः आपः न**=उत्पन्न हुए-हुए जलों की तरह **नीचीः**=निम्न मार्ग से–विनम्रता के मार्ग से **अधवन्त**=तीव्र गतिवाले होते हैं। जैसे जल निम्न मार्ग से गति करते हुए आगे और आगे बढ़ते हैं और अन्ततः समुद्र में आ मिलते हैं, इसी प्रकार ये **तृत्सु**=नम्रता से आगे बढ़ते हुए उस आनन्द के समुद्र प्रभु में जा मिलते हैं। (२) इसके विपरीत **दुर्मित्रासः**=दुष्ट भावों से मित्रतावाले, अर्थात् राक्षसीभावों में सदा निवास करनेवाले, **प्रकलवित्**=(Lgnorant, प्रकला=Aminute portion, अजानन्तः

सा०) अल्पज्ञ-मूर्ख, **मिमानाः**-हिंसा करते हुए-अपनी मौज के लिये औरों के हिंसन में प्रवृत्त हुए-हुए पुरुष, **सुदासे**-सम्यक् काम-क्रोध आदि का उपक्षय करनेवाले पुरुष में होनेवाले **विश्वानि**-सब **भोजना**-पालनात्मक कर्मों को (भुज-पालने) **जहुः**-परित्यक्त करते हैं। ये पालनात्मक कर्मों में प्रवृत्त न होकर सदा हिंसात्मक कर्मों में ही प्रवृत्त रहते हैं।

भावार्थ-प्रभु का सतत स्मरण करते हुए हम काम-क्रोध आदि शत्रुओं को कुचलनेवाले बने और नम्रतापूर्वक कर्तव्य मार्ग का आक्रमण करते हुए प्रभु से मिलने के लिये यत्नशील हों। दुष्टभावों को अपनाकर, मूर्खता से हिंसात्मक कर्मों में ही प्रवृत्त न रह जायें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

'वीर के वर्धक व अजितेन्द्रिय के विनाशक' प्रभु

अर्धं वीरस्य शृतपामनिन्द्रं परा शर्धन्तं नुनुदे अभि क्षाम्।
इन्द्रो मन्युं मन्युम्यो मिमाय भेजे पथो वर्तनिं पत्यमानः ॥ १६ ॥

(१) **वीरस्य**-काम-क्रोध आदि शत्रुओं को कम्पित करके दूर करनेवाले (वि+ईर्) पुरुष के **अर्धम्**-(वर्धकम् द०) बढ़ानेवाले, **शृत-पाम्**-भोजन के ठीक परिपाक से उत्पन्न वीर्य शक्ति के रक्षक, **अमिन्द्रम्**-अजितेन्द्रिय पुरुष को **परा शर्धन्तम्**-सुदूर हिंसित करते हुए उस प्रभु का यह उपासक **क्षाम् अभि**-इस पृथिवीरूप शरीर की ओर **नुनुदे**-प्रेरित करता है। अर्थात् अपने अन्दर प्रभु का इसी रूप में स्मरण करता है कि वे प्रभु वीर के वर्धक, वीर्य के रक्षक व अजितेन्द्रिय के विनाशक हैं। (२) **इन्द्रः**-यह जितेन्द्रिय पुरुष **मन्युम्यः**-क्रोध से हिंसित करनेवाले पुरुष के **मन्युम्**-क्रोध को **मिमाय**-नष्ट करता है। अपने अक्रोध के द्वारा दूसरे के क्रोध को जीतता है। **पत्यमानः**-इन्द्रियों व मन के पति के समान आचरण करता हुआ **पथः**-मार्गों को व **वर्तनिम्**-(hymns) स्तोत्र को **भेजे**-सेवित करता है, अर्थात् प्रभु स्मरणपूर्वक मार्ग पर आगे बढ़ता है।

भावार्थ-प्रभु वीरों के वर्धक हैं, सोम के रक्षक हैं, अजितेन्द्रिय के विनाशक हैं। इसी रूप में हम प्रभु का स्मरण करें और अपने कर्तव्य का बोध लें। एक जितेन्द्रिय पुरुष अक्रोध से क्रोधी के क्रोध को जीतता है, प्रभु का स्मरण करता है और मार्ग पर आगे बढ़ता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

पंगुं लङ्घयते गिरिम्

आध्रेण चित्तदेकं चकार सिंह्यं चित्पेत्वेना जघान।
अव स्रक्तीर्वेश्यावृश्चदिन्द्रः प्रायच्छद्विश्वा भोजना सुदासे ॥ १७ ॥

(१) **आध्रेण**-आधार देने योग्य, अर्थात् लंगड़े (लूले) पुरुष से **चित्**-भी **तद् उ**-उस विलक्षण ही **एकम्**-अद्वितीय कर्म को पर्वत लंघन आदि असंभावनीय कर्मों को **चकार**-वे प्रभु करा देते हैं। **सिंह्यं चित्**-प्रकृष्ट वय (बड़ी उमर) के शेर को भी **पेत्वेन**-(पेत्व-A Ram) मेढ़े से **आजघान**-मरवा देते हैं। (२) वह **इन्द्रः**-सर्वशक्तिमान् प्रभु **वेश्या**-सूई के द्वारा ही **स्रक्तीः**-(यूपादेः अश्रीन्) बड़े-बड़े स्तम्भों के कोनों को (अश्रि-Corner) **अव अवृश्चत्**-छिन्न कवा देते हैं। ये प्रभु ही **सुदासे**-सम्यक् शत्रुओं का उपक्षय करनेवाले पुरुष के लिये **विश्वा भोजना**-सब भोजनों को **प्रायच्छत्**-प्राप्त कराते हैं। प्रभु के उपासक में एक अद्भुत शक्ति आ जाती है। उस अद्भुत शक्ति से वह उन कार्यों को करता दिखता है जो असम्भव से प्रतीत होते हैं। इन्हीं को सामान्य भाषा में miracles (आश्चर्यजनक कर्म) कहते हैं।

भावार्थ–प्रभु लंगड़े को यदि पर्वत लंघा देते हैं तो शेर को मेढ़े से मरवा देते हैं और सूई से बड़े-बड़े स्तम्भों के कोनों को छिन्न करवा देते हैं। ये प्रभु ही काम-क्रोध आदि का उपक्षय करनेवाले सुदास के लिये सब भोजनों को देते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

उपासना व शत्रुशातकशक्ति लाभ

शश्वन्तो हि शत्रवो रारधुष्टे भेदस्य चिच्छर्धतो विन्दु रन्धिम्।
मर्ताँ एनः स्तुवतो यः कृणोति तिग्मं तस्मिन्नि जहि वज्रमिन्द्र॥ १८॥

(१) शश्वन्तः–बड़ी प्लुतगतिवाले व संख्या में बहुत (बहवः) भी शत्रवः–शत्रु ते–तेरे रारधुः हि–निश्चय से वश में हो जाते हैं। उपासना के होने पर उपासक प्रभु के बल से बल-सम्पन्न होता है और इन काम-क्रोध आदि प्रबल शत्रुओं को भी जीत पाता है। इस प्रभु की उपासना से तू शर्धतः–हिंसन करते हुए भेदस्य–विदारक शत्रु के रन्धिम्–वशीकरण को विन्द–प्राप्त कर। प्रभु का अनुग्रह तुझे इस भेद के–विदारक शत्रु के वश करने में समर्थ करे। (२) हे इन्द्र–शत्रु विदारक प्रभो! यः–जो भी स्तुवतः मर्तान्–स्तुति करते हुए मनुष्यों के प्रति एनः–पाप को कृणोति–करता है, तस्मिन्–उस पर तू तिग्मं वज्रम्–तीव्र वज्र को निजहि–आहत कर, वज्र के द्वारा उसका विनाश करनेवाला हो। प्रभु अपने स्तोता के शत्रु को विनष्ट करते हैं। हम प्रभु के अनुग्रह से ही काम-क्रोध-लोभ आदि आन्तर शत्रुओं को शीर्ण कर पाते हैं।

भावार्थ–प्रभु की उपासना ही हमें काम-क्रोध-लोभ आदि आन्तर शत्रुओं को शीर्ण करने में समर्थ करती है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

'अजासः-शिग्रवः-यक्षवः'

आवदिन्द्रं यमुना तृत्सवश्च प्रात्र भेदं सर्वताता मुषायत्।
अजासश्च शिग्रवो यक्षवश्च बलिं शीर्षाणि जभ्रुरश्व्यानि॥ १९॥

(१) इन्द्रम्–जितेन्द्रिय पुरुष को यमुना–संयम की वृत्ति, च–तथा तृत्सवः–काम-क्रोध आदि शत्रुओं का हिंसन (Treading upon) आवत्–रक्षित करता है। अत्र–यहाँ इस जीवन में सर्वताता–सब सद्गुणों के विस्तार के निमित्त भेदम्–काम-क्रोध आदि विदारक शत्रुओं को यह उपासक प्रमुषायत्–प्रमुषित करता है, समाप्त करता है। (२) अजासः–(अज गतिक्षेपणयोः) गतिशीलता के द्वारा सब बुराइयों को परे फेंकनेवाले च–तथा शिग्रवः–उपांशुरूपेण प्रभु के नाम का उच्चारण करनेवाले, प्रभु का नाम-स्मरण करनेवाले च–और यक्षवः–यज्ञों को करने की कामनावाले ये उपासक अश्व्यानि शीर्षाणि–इन्द्रियाश्व सम्बन्धी सिरों को उस प्रभु के लिये बलिम्–उपहार के रूप में जभ्रुः–संभृत करते हैं, अर्थात् अपनी सब इन्द्रियों को प्रभु के ध्यान में लगाने का प्रयत्न करते हैं, इन सब इन्द्रियों के द्वारा प्रभु की उपासना में प्रवृत्त होते हैं। इनके कान प्रभु स्तोत्रों का श्रवण करते हैं, आँखें प्राकृतिक सौन्दर्य में उस स्वयिता की महिमा को देखती है, नासिका फूलों के निर्हारी (मधुर गन्धों में) प्रभु की कुशलता को सूंघती है तो वाणी प्रभु के गुणगान करती है। वस्तुतः यह उपासन ही उन्हें सब गुणों के विस्तार में समर्थ करता है।

भावार्थ–संयम व शत्रुसंहार ही हमारा रक्षक है, इसी से हम विदारक शत्रुओं को समाप्त करके सब इन्द्रियों को प्रभु की उपासना में प्रवृत्त कर पाते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

न 'देवक' नांही 'मान्यमान'

न तं इन्द्र सुमतयो न रायः संचक्षे पूर्वी उषसो न नूलाः ।
देवंकं चिन्मान्यमानं जघन्थाव त्मना बृहतः शम्बरं भेत् ॥ २० ॥

(१) हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! ते=आपकी न=न तो सुमतयः=कल्याणी मतियाँ और न रायः=न ही आपके ऐश्वर्य पूर्वाः उषसः न=पूर्व उषाकालों की तरह नूलाः=नवीन उषाकालों में भी संचक्षे=(To abondon, leave) छोड़ने के लिये होते हैं, अर्थात् पहले की तरह आगे भी, अर्थात् सदा ही आपकी सुमतियाँ व ऐश्वर्य हमारे लिये ग्रहण के योग्य हैं। हमें चाहिए कि सुमति का सम्पादन करते हुए ऐश्वर्यों को प्राप्त करने के लिये यत्नशील हों। (२) हे प्रभो! आप देवकम्=जूआ खेलनेवाले, सट्टेबाज, एक ही रात्रि में धनी बन जानेवाले मान्यमानम्=इस अभिमानी पुरुष को जघन्थ=आप नष्ट करते हैं। त्मना=आप स्वयं बृहतः=उपासक के विशाल हृदय से शम्बरम्=शान्ति पर परदा डाल देनेवाले ईर्ष्या नामक आसुरभाव को अवभेत्=सुदूर विनष्ट (विदीर्ण) करते हैं।

भावार्थ-हमें सदा प्रभु की सुमति व ऐश्वर्य प्राप्त हों। न हम जूआ खेलें, न धन का घमण्ड करने लगें। प्रभु के अनुग्रह से हमारे विशाल हृदय में ईर्ष्या का स्थान न हो।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

पराशरः-शतयातुः-वसिष्ठः

प्र ये गृहादममदुस्त्वाया पराशरः शतयातुर्वसिष्ठः ।
न ते भोजस्य सख्यं मृषन्ताधा सूरिभ्यः सुदिना व्युच्छान् ॥ २१ ॥

(१) ये=जो गृहात्=(गृहं प्राप्य सा०) इस शरीररूप गृह को प्राप्त करके, इस शरीर के द्वारा, त्वाया=आपकी प्राप्ति की कामना से प्र अममदुः=प्रकर्षेण आपका स्तवन करते हैं। वे पराशरः=शत्रुओं को सुदूर शीर्ण करनेवाले बनते हैं, शतयातुः=शतवर्षपर्यन्त जीवन के मार्ग पर गमनवाले होते हैं, तथा वसिष्ठः=उत्तम निवासवाले होते हैं। प्रभु-स्तवन इन्हें शत्रुओं को शीर्ण करने में समर्थ करता है। शत्रुशीर्णता इनके दीर्घ व उत्तम जीवन का कारण बनती है। (२) ते=वे व्यक्ति भोजस्य=सबका पालन करनेवाले आपके सख्यम्=मित्रभाव को न मृषन्त=नहीं विस्मृत करते हैं। ये सदा प्रभु का स्मरण करते हुए चलते हैं। अधा=अब इन सूरिभ्यः=ज्ञानी स्तोताओं के लिये सुदिना=उत्तम दिन व्युच्छान्=उदित होते हैं, प्राप्त होते हैं (उपगच्छन्ति सा०)।

भावार्थ-इस शरीर को प्राप्त करके हम प्रभु का स्तवन करें। इससे हम शत्रुओं को शीर्ण करके दीर्घ उत्तम जीवन को प्राप्त करेंगे। प्रभु की मित्रता को कभी न भूलें। इस प्रकार हमारे लिये सदा सुदिन सुलभ होंगे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सुदासः पैजवनस्य दानस्तुतिः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

'नप्तः देववान् सुदास्'

द्वे नप्तुर्देववतः शते गोर्द्वा रथा वधूमन्ता सुदासः ।
अर्हन्नग्ने पैजवनस्य दानं होतेव सद्म पर्येमि रेभन् ॥ २२ ॥

(१) नप्तुः=धर्ममार्ग से न पतित होनेवाले, देववतः=दिव्यगुणोंवाले सुदासः=उत्तम दानशील

व काम-क्रोध आदि का अच्छी प्रकार उपक्षय करनेवाले (दाश् दाने, दसु उपक्षये) इस उपासक के **गोः**-इन्द्रिय समूह के **द्वेशते**-प्रतिवर्ष उत्तरायण व दक्षिणायन के रूप में दो सौ अयनों होते हैं तथा **द्वा रथा**-सूक्ष्म तथा स्थूल शरीररूप दोनों रथ **वधूमन्ता**-प्रशस्त बुद्धि रूप वधूवाले होते हैं। इस सुदास् की इन्द्रियाँ दो सौ अयनों तक बड़ा ठीक कार्य करनेवाली होती हैं और इसके स्थूल व सूक्ष्म दोनों शरीर भी पूर्ण स्वस्थ होते हुए प्रशस्त बुद्धि सम्पन्न होते हैं। (२) **पैजवनस्य**-इस कर्तव्य कर्मों में वेगवान् पुरुष के **दानम्**-शत्रु विनाश (दाप् लवने) रूप कार्य को **अर्हन्**-पूजता हुआ, उस कार्य को आदर की दृष्टि से देखता हुआ हे **अग्ने**-प्रभो! मैं भी **होता इव**-एक यज्ञशील पुरुष की तरह **रेभन्**-स्तुति करता हुआ **सद्म**-इस गृह में **पर्येभि**-कर्तव्य कर्मों में विचरण करता हूँ। इस प्रकार ही तो मैं भी काम-क्रोध आदि का विनाश कर पाऊँगा।

भावार्थ-हम धर्म मार्ग से न पतित होनेवाले, दिव्यगुणों को अपनानेवाले बुराइयों का उपक्षय करनेवाले बनें। तभी हमारी इन्द्रियाँ दो सौ अयनों (सौ वर्ष) तक ठीक कार्य करेंगी व स्थूल व सूक्ष्म शरीर प्रशस्त बुद्धि सम्पन्न होंगे। हम यज्ञशील स्तोता व कर्तव्यरत बनें।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-सुदासः पैजवनस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः-त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

चार वेद (ज्ञान)

चत्वारो मा पैजवनस्य दानाः स्मद्दिष्टयः कृशनिनो निरेके।
ऋज्रासो मा पृथिविष्ठाः सुदासस्तोकं तोकाय श्रवसे वहन्ति॥ २३॥

(१) स्वाभाविक ज्ञान बल व क्रियावाले वे प्रभु पैजवन हैं-अत्यन्त वेगवान् 'मनसो जवीयः' मन से भी अधिक वेगवान् हैं। इस **पैजवनस्य**-वेग के पुञ्ज प्रभु के **मा**-मेरे लिये **चत्वारः**-चार **दानाः**-वासनाओं का विनाश (दाप् लवने) करनेवाले ये वेद (ज्ञान) हैं। **स्मद् दिष्टयः**-ये मेरे जीवन के लिये अतिशयेन प्रशस्त निर्देशोंवाले हैं। **निरेके**-सब दोषों के विरेचन के लिये **कृशनिनः**-ये स्वर्णसम देदीप्यमान ज्ञान ज्योतिवाले हैं। इस ज्ञान-ज्योति में सब वासनान्धकार में विलीन हो जाता है। (२) **मा**-मेरे लिये **ऋज्रासः**-ऋजुमार्ग की प्रेरणा देनेवाले, **पृथिविष्ठाः**-इस शरीररूप पृथिवी में मुझे स्थित करनेवाले, अर्थात् मुझे पूर्ण स्वस्थ बनानेवाले, ये वेदज्ञान **सुदासः तोकम्**-सुदास् के पुत्र-अतिशयेन शत्रुओं का उपक्षय (दसु उपक्षये) करनेवाले मुझको **तोकाय**-उत्तम सन्तानों की प्राप्ति के लिये अथवा वृद्धि (तु वृद्धौ) के लिये तथा **श्रवसे**-ज्ञान-ज्योति की प्राप्ति के लिये अथवा यशस्वी जीवन के लिये **वहन्ति**-ले चलते हैं।

भावार्थ-प्रभु से दिया गया चार भागों में विभक्त वेदज्ञान, मेरे लिये वासनाओं को विनष्ट करनेवाला है, यह मुझे उत्तम सन्तति व यशस्वी जीवन को देनेवाला है।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-सुदासः पैजवनस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः-त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

युध्यामधि का तनूकरण (विच्छेद)

यस्य श्रवो रोदसी अन्तरुर्वी शीर्ष्णेशीर्ष्णे विबभाजा विभक्त्र।
सप्तेदिन्द्रं न स्रवतो गृणन्ति नि युध्यामधिमंशिशादभीके॥ २४॥

(१) **यस्य**-जिस प्रभु का **श्रवः**-यश **ऊर्वी रोदसी अन्तः**-इन विशाल द्यावापृथिवी के बीच में है, जिसकी महिमा इन द्यावापृथिवी में सर्वत्र दृष्टिगोचर होती है। जो प्रभु **शीर्ष्णे शीर्ष्णे**-प्रत्येक व्यक्ति के लिए **विबभाज**-धनों का विभाग करते हैं, जो सभी को भोजन प्राप्त कराते हैं 'अमन्तवो मान्त उपक्षियन्ति' कट्टर नास्तिकों को भी तो वे भोजन द्वारा जीवन में निवास करानेवाले

हैं। **विभक्ता**-वे प्रभु ही सर्वमहान् विभाग करनेवाले हैं। (२) **स्रवतः**-बहते हुए **सप्त इत्**-मेरे ये सातों ही 'कर्णाविमौ नासिके चक्षणी मुखम्' कान, नाक, आँख व मुख से होनेवाले ज्ञान-प्रवाह उस प्रभु को **इन्द्रं न**-परमैश्वर्यशाली के समान **गृणन्ति**-स्तुत करते हैं। वस्तुतः मेरे से स्तुति किये गये ये प्रभु ही **युध्यामधिम्** (युधि+आम+धि)-जीवन संग्राम में रोगों का आधान करनेवाले वासनारूप शत्रु को **अभीके**-संग्राम में **नि अशिशात्**-निश्चय से छिन्न करते हैं। मैं प्रभु-स्तवन करता हूँ। प्रभु मेरे शत्रुओं को छिन्न करते हैं।

भावार्थ-प्रभु का यश सर्वत्र दृष्टिगोचर हो रहा है। प्रभु ही सबको भोजन देनेवाले हैं। मेरे सातों (दो कान, दो नासिकाछिद्र, दो आँख और मुख) ज्ञान-प्रवाह प्रभु का ही स्तवन करते हैं। प्रभु ही मेरे वासनारूप शत्रु को शीर्ण करते हैं।

ऋषिः-**वसिष्ठः**॥ देवता-सुदासः पैजवनस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः-त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

प्राणों द्वारा प्रभु की उपासना

इमं नरो मरुतः सश्चतानु दिवोदासं न पितरं सुदासः।
अविष्टना पैजवनस्य केतं दूणाशं क्षत्रमजरं दुवोयु॥ २५॥

(१) हे **नरः**-मुझे उन्नति-पथ पर ले चलनेवाले **मरुतः**-मेरे प्राणो! **इमम्**-इस **दिवोदासम्**-ज्ञान के देनेवाले के समान, **सुदासः पितरम्**-सम्यक् शत्रुओं का उपक्षय करनेवाले उपासक के रक्षक प्रभु को **अनुसश्चात**-प्रतिदिन सेवित करो। मेरे प्राण चित्तवृत्ति के निरोध के द्वारा प्रभु का ध्यान करनेवाले हों। (२) हे प्राणो! आप **पैजवनस्य**-स्वाभाविक वेगवाले-वेग के पुञ्ज-प्रभु के **केतम्**-ज्ञान का **अविष्टन**-रक्षण करो। प्रभु से दिये जानेवाले ज्ञान को मेरे में ये प्राण सुरक्षित करें। प्राणायाम से दग्ध दोष निर्मल हृदय में प्रभु का संकेत (प्रेरण) सुनाई पड़ता है। इस प्रकार होने पर इस उपासक का **क्षत्रम्**-बल **दूणाशम्**-सब बुराइयों को नष्ट करनेवाला, **अजरम्**-कभी न जीर्ण होनेवाला व **दुवोयु**-प्रभु की परिचर्या की कामनावाला होता है। अपनी शक्ति से मानव की सेवा करना ही प्रभु की परिचर्या है। एवं, उपासक अपने बल के द्वारा रक्षणात्मक कार्यों में ही प्रवृत्त होता है।

भावार्थ-हम प्राणायाम करते हुए चित्तवृत्ति का निरोध करके प्रभु का उपासन करें। प्रभु के संकेत को समझें। हमारा बल न जीर्ण होनेवाला हो व लोकहित में विनियुक्त हो।

अगले सूक्त के भी ऋषि देवता 'वसिष्ठ व इन्द्र' ही है-

[१९] एकोनविंशं सूक्तम्

ऋषिः-**वसिष्ठः**॥ देवता-**इन्द्रः**॥ छन्दः-त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

'प्रयन्ता' प्रभु

यस्तिग्मशृङ्गो वृषभो न भीम एकः कृष्टीश्च्यावयति प्र विश्वाः।
यः शश्वतो अदाशुषो गयस्य प्रयन्तासि सुष्वितराय वेदः॥ १॥

(१) **यः**-जो **तिग्मशृङ्गः वृषभः न**-तेज सींगोंवाले बैल के समान **भीमः**-शत्रुओं के लिये भयङ्कर हैं। वे **एकः**-अकेले ही **विश्वाः**-सब **कृष्टीः**-शत्रुभूत मनुष्यों को **प्रच्यावयति**-स्थान से प्रच्युत करनेवाले हैं। हम जब अपने हृदयों में इन प्रभु का स्थापन करते हैं, तो ये हमारे सब काम-क्रोध आदि शत्रुओं का विनाश करनेवाले होते हैं। (२) **यः**-जो प्रभु **अदाशुषः**-अदाश्वान्-

अदाता-अयज्ञशील पुरुष के **शश्वतः**=बहुत भी **गयस्य**=धन के **प्रयन्ता असि**=नियमन करनेवाले, अपहरण कर लेनेवाले हैं, वे ही प्रभु **सुष्वि-तराय**=खूब ही सवन करनेवाले यज्ञशील पुरुष के लिये **वेदः**=धन को **प्रयन्तासि असि**=देनेवाले हैं।

भावार्थ-प्रभु उपासक के शत्रुओं को नष्ट करनेवाले हैं। अयज्ञशील के धन का अपहरण करनेवाले हैं तथा यज्ञशील के लिये धन को देनेवाले हैं।

ऋषिः-**वसिष्ठः**॥ देवता-**इन्द्रः**॥ छन्दः-**निचृत्पङ्क्तिः**॥ स्वरः-**पञ्चमः**॥

'दास-शुष्ण व कुयव' का विनाश

त्वं ह त्यदिन्द्र कुत्समावः शुश्रूषमाणस्तन्वा समर्ये।
दासं यच्छुष्णं कुयवं न्यस्मा अरन्धय आर्जुनेयाय शिक्षन्॥ २॥

(१) हे **इन्द्र**=शत्रुसंहारक प्रभो! **त्वम्**=आप **ह**=निश्चय से **कुत्सम्**=वासनाओं का संहार करनेवाले पुरुष को **आवः**=रक्षित करते हैं। **त्यद्**=तब वह **समर्ये**=इस जीवन संग्राम में **तन्वा**=शक्तियों के विस्तार के साथ **शुश्रूषमाणः**=विद्या के श्रवण की कामनावाला होता है तथा गुरुजनों की सेवा की कामनावाला होता है। (२) **यत्**=जब **अस्मै**=इस कुत्स के लिये आप **दासम्**=उपक्षय करनेवाले क्रोध को, **शुष्णम्**=सुखा देनेवाली काम-वासना को **तथा कुयम्**=सब बुराइयों का हमारे साथ मिश्रण करनेवाले लोभ को **नि अरन्धयः**=निश्चय से विनष्ट करते हैं, तो **आर्जुनेयाय**=इस अर्जुनी (**श्वेता**=शुद्धा) के पुत्र के लिये, अर्थात् अतिशयेन शुद्ध जीवनवाले के लिये **शिक्षन्**=धनों के देने की कामनावाले होते हैं। आप से प्रदत्त इन धनों से यज्ञ आदि को सिद्ध करता हुआ यह अपने जीवन को धन्य बना पाता है।

भावार्थ-शरीर की शक्तियों के विस्तार के साथ वासनाओं का संहार करनेवाला कुत्स जीवन संग्राम में विद्या का श्रवण करता है, बड़ों की सेवा करता है। प्रभु इसके क्रोध, काम व लोभ को विनष्ट करते हैं और इस शुद्ध जीवनवाले पुरुष के लिये धनों को देते हैं।

ऋषिः-**वसिष्ठः**॥ देवता-**इन्द्रः**॥ छन्दः-**निचृत्त्रिष्टुप्**॥ स्वरः-**धैवतः**॥

'वीतहव्य-सुदास पौरुकुत्सि त्रसदस्यु व पूरु' का रक्षण

त्वं धृष्णो धृषता वीतहव्यं प्रावो विश्वाभिरूतिभिः सुदासम्।
प्र पौरुकुत्सिं त्रसदस्युमावः क्षेत्रसाता वृत्रहतयेषु पूरुम्॥ ३॥

(१) हे **धृष्णो**=शत्रुधर्षक इन्द्र! **त्वम्**=आप **धृषता**=शत्रुधर्षक बल के द्वारा **वीतहव्यम्**=जिसने हव्यों का ही भक्षण किया है, उस यज्ञशील सात्त्विक अन्न के सेवी पुरुष को **विश्वाभिः ऊतिभिः**=सब रक्षणों के साथ **प्रावः**=प्रकर्षेण रक्षित करते हैं। आप इस 'वीत हव्य' का रक्षण करते हैं, जो **सुदासम्**=सब वासनाओं का उपक्षय करके 'सुदास' बनता है (दसु उपक्षये)। (२) आप **वृत्रहत्येषु**=संग्रामों में **क्षेत्रसाता**=उत्तम शरीर-क्षेत्र की प्राप्ति के निमित्त आप **पौरुकुत्सिम्**=खूब ही वासनाओं का संहार करनेवाले, **त्रसदस्युम्**=जिससे वासनाएँ भयभीत होती हैं और **पूरुम्**=जो ठीक से अपना पालन व पूरण करता है उस मनुष्य को **प्र आवः**=प्रकर्षेण रक्षित करते हैं।

भावार्थ-प्रभु यज्ञशील-वासना विनाशक-खूब ही वासनाओं का संहार करनेवाले, दास्यवभावों को भयभीत करनेवाले, पालक व पूरक मनुष्य को रक्षित करते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-इन्द्रः॥ छन्दः-पङ्क्तिः॥ स्वरः-पञ्चमः॥

'दस्यु चुमुरि धुनि' का विनाश

त्वं नृभिर्नृमणो देववीतौ भूरीणि वृत्रा हर्यश्व हंसि।
त्वं नि दस्युं चुमुरिं धुनिं चास्वापयो दभीतये सुहन्तु॥ ४॥

(१) हे नृमणः-उन्नति-पथ पर चलनेवालों से मननीय (नृभिः मननीय) प्रभो! त्वम्-आप देववीतौ-दिव्यगुणों की प्राप्ति के निमित्त नृभिः-इन मनुष्यों के द्वारा भूरीणि-बहुत भी वृत्रा-वासनारूप शत्रुओं को हंसि-नष्ट करते हैं। वृत्र विनाश ही 'देव वीति' का (-दिव्यगुणों की प्राप्ति का) कारण बनता है। (२) हे हर्यश्व-कमनीय इन्द्रियरूप अश्वोंवाले प्रभो! त्वम्-आप दभीतये-वासनाओं का विनाश करनेवाले इस पुरुष के लिये सुहन्तु-सम्यक् हनन साधन वज्र के द्वारा-क्रियाशीलता के द्वारा दस्युम्-विनाशक लोभ को, चुमुरिम्-शक्ति को पी जानेवाली (शक्ति का आचमन कर जानेवाली) काम-वासना को, धुनिं च-कम्पित करनेवाले क्रोध को नि अस्वापयः-निश्चय से सुला देते हैं।

भावार्थ-प्रभु उपासक की वासनाओं को विनष्ट करके उसे दिव्यगुण सम्पन्न बनाते हैं। लोभ-काम व क्रोध को समाप्त करके उसे सुन्दर जीवन प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-इन्द्रः॥ छन्दः-त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

वासना व अहंकार से शून्य दीर्घ जीवन

तव च्यौत्नानि वज्रहस्त तानि नव यत्पुरो नवतिं च सद्यः।
निवेशने शततमाविवेषीरहन्व्रं नमुचिमुताहन्॥ ५॥

(१) हे वज्रहस्त-हाथ में वज्र को धारण किये हुए प्रभो! तानि-वे सब च्यौत्नानि-शत्रुओं को च्युत करनेवाले बल तव-आपके ही हैं यत्-जो सद्यः-शीघ्र ही नवतिं नव च-नव्वे और नौ अथात् निन्यानवे पुरः-शत्रुओं की नगरियों को अहन्-नष्ट करते हैं। (२) आसुरभावों की निन्यानवे नगरियों का विध्वंस करके निवेशने-निवेश के निमित्त-उत्तमता से निवास के निमित्त शततमा-सौवीं नगरी में अविवेषीः-व्याप्त होते हैं। शरीर को वर्ष तक ले चलते हैं च-और वृत्रम्-ज्ञान की आवरणभूत वासना को उत-और नमुचिम्-अहंकार को अहन्-नष्ट करते हैं। प्रभु कृपा से दीर्घजीवन प्राप्त होता है, यह जीवन वासना व अहंकार से शून्य होता है।

भावार्थ-यह सब प्रभु की ही शक्ति है कि वे असुरों की निन्यानवे नगरियों को ध्वस्त करके हमें सौवीं नगरी में प्राप्त कराते हैं तथा वासना व अहंकार से हमें रहित करते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-इन्द्रः॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

भोजनानि-ब्रह्माणि-वाजम्

सना ता त इन्द्र भोजनानि रातहव्याय दाशुषे सुदासे।
वृष्णे ते हरी वृषणा युनज्मि व्यन्तु ब्रह्माणि पुरुशाक वाजम्॥ ६॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! ता-वे ते-आपके भोजनानि-पालन करनेवाले धन (भुज पालने) रातहव्याय-दत्तहविष्क, अर्थात् यज्ञशील पुरुष के लिये सना-सदा से हैं। आपके ये धन दाशुषे-दानशील पुरुष के लिये हैं और सुदासे-सम्यक् वासनाओं का उपक्षय करनेवाले के लिये हैं। (२) वृष्णे-सब सुखों का वर्षण करनेवाले व शक्तिशाली ते-तेरे लिये, अर्थात् आपकी

प्राप्ति के लिये **वृषणा हरी**=शक्तिशाली इन्द्रियाश्वों को **युनज्मि**=इस शरीर-रथ में जोड़ता हूँ। इन इन्द्रियों को सदा कर्त्तव्य कर्म में लगाये रखता हूँ। हे **पुरुशाक**=बहुत शक्तिवाले, अनन्त शक्ति-सम्पन्न प्रभो! कर्त्तव्य कर्मों को करने के द्वारा आपकी उपासना करनेवाले ये लोग **ब्रह्माणि**=ज्ञान की वाणियों को व **वाजम्**=बल को **व्यन्तु**=विशेषरूप से प्राप्त हों।

भावार्थ—प्रभु त्यागी के लिये धनों को देते हैं। जो भी प्रभु प्राप्ति के उद्देश्य से अपने कर्त्तव्य कर्मों का पालन करते हैं वे ज्ञान व शक्ति को प्राप्त करते हैं।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

मा अघाय-मा परादै

मा ते अस्यां सहसावन्परिष्टावघाय भूम हरिवः परादै।
त्रायस्व नोऽवृकेभिर्वरूथैस्तव प्रियासः सूरिषु स्याम॥ ७॥

(१) हे **सहसावन्**=शत्रुओं को कुचलनेवाले बल से सम्पन्न, **हरिवः**=प्रशस्त इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करानेवाले प्रभो! हम **ते**=आपकी **अस्याम्**=इस **परिष्टौ**=अन्वेषणा में **अघाय**=पाप के लिये **मा भूम**=मत हों। **परादै**=परादान के लिये, आप से त्यागे जाने के लिये मत हों। आपकी खोज में लगे हुए हम न आप से परित्यक्त हों और न ही पाप में फँसें। (२) आप **नः**=हमें **अवृकेभिः**=बाधा से शून्य (अबाधैः सा०) **वरूथैः**=रक्षणों के द्वारा **त्रायस्व**=बचाइये। हम **सूरिषु**=ज्ञानी पुरुषों में **तव प्रियासः**=आपके प्रिय **स्याम**=हों। उत्तम कर्मों को करते हुए हम क्यों आपके प्रिय न होंगे?

भावार्थ—प्रभु की खोज में लगे हुए हम प्रभु से परित्यक्त न हों, पाप में न फँसें। प्रभु से रक्षित होकर कर्तव्य कर्मों को करते हुए हम प्रभु के प्रिय बनें।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—भुरिक्पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'तुर्वश, याद्व, अतिथिग्व'

प्रियास इत्ते मघवन्नभिष्टौ नरो मदेम शरणे सखायः।
नि तुर्वशं नि याद्वं शिशीह्यतिथिग्वाय शंस्यं करिष्यन्॥ ८॥

(१) हे **मघवन्**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **ते अभिष्टौ**=आपकी अभ्येषणा में, प्रार्थना व आराधना में **ते**=आपके **प्रियासः इत्**=प्रिय ही हों। **नरः**=उन्नति-पथ पर चलनेवाले हम (ते) **सखायः**=आपके मित्र बनकर आपकी **शरणे**=शरण में **मदेम**=आनन्द का अनुभव करें। (२) हे प्रभो! आप **तुर्वशम्**=त्वरा से शत्रुओं को वश में करनेवाले इस उपासक को **निशिशीहि**=खूब तीक्ष्ण करिये, यह बड़ा तीक्ष्णबुद्धि बने। **याद्वम्**=इस यत्नशील मनुष्य को **नि** (शिशीहि)=तीक्ष्ण करिये, काम-क्रोध आदि शत्रुओं के लिये भयंकर बनाइये। **अतिथिग्वाय**=अतिथियों के सत्कार के लिये उनके प्रति जानेवाले इस उपासक के लिये आप सदा **शंस्यम्**=प्रशंसनीय बातों को ही **करिष्यन्**=करनेवाले होते हैं।

भावार्थ—प्रभु की आराधना करते हुए हम प्रभु के प्रिय बनें। प्रभु के मित्र बनकर प्रभु की शरण में आनन्द का अनुभव करें। शत्रुओं को वश करनेवाले, यत्नशील व अतिथि सेवी बनें प्रभु अवश्य हमारा कल्याण करेंगे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

पणीन् वि अदाशत्

सद्यश्चिन्नु ते मघवन्नभिष्टौ नरः शंसन्त्युक्थशासः उक्था।
ये ते हवेभिर्वि पणीँरदाशन्नस्मान्वृणीष्व युज्याय तस्मै॥ ९॥

(१) हे **मघवन्**-ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! **ते अभिष्टौ**-आपकी अभ्येषणा (प्रार्थना) में **उक्थशासः**-स्तोत्रों का शंसन करनेवाले ये **नरः**-स्तोता लोग **सद्य चित्**-शीघ्र ही **नु**-निश्चय से **उक्था**-स्तोत्रों को **शंसन्ति**-उच्चरित करते हैं। (२) **ये**-जो **ते हवेभिः**-आपकी पुकारों से-आराधनाओं से **पणीन्**-वणिक् वृत्तिवालों को भी **वि अदाशन्**-विशेषरूप से दानवृत्तिवाला बना देते हैं, उन **अस्मान्**-हमें **तस्मै युज्याय**-उस अपनी मित्रता के लिये **वृणीष्व**-करिये। हम आपकी मित्रता में चलें। आपकी आराधना करते हुए कृपणों को दानशील बनाने का यत्न करें।

भावार्थ-प्रभु की आराधना में हम स्तोत्रों का उच्चारण करें। प्रभु की आराधना में पवित्र जीवनवाले बनते हुए हम कृपणों को भी दानशील बना पायें। प्रभु की मित्रता को प्राप्त करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

शिवः-सखा-अविता

एते स्तोमा नरां नृतम तुभ्यमस्मद्र्यञ्चो ददतो मघानि।
तेषामिन्द्र वृत्रहत्ये शिवो भूः सखा च शूरोऽविता च नृणाम्॥ १०॥

(१) हे **नरां नृतम्**-नायकों में सर्वोत्तम नायक प्रभो! **एते स्तोमाः**-ये स्तुतिसमूह **तुभ्यम्**-आपकी प्राप्ति के लिये हैं। **अस्मद्र्यञ्चः**-हमारे अभिमुख होते हुए ये स्तोम **मघानि**-ऐश्वर्यों को **ददतः**-देते हुए होते हैं। अर्थात् हम आपका स्तवन करते हैं और सब प्रकार के ऐश्वर्यों को प्राप्त करते हैं। (२) हे **इन्द्र**-शत्रुविद्रावक प्रभो! **वृत्रहत्ये**-संग्राम में **तेषां नृणाम्**-उन उन्नति-पथ पर चलनेवाले मनुष्यों का **शिवः भूः**-कल्याण करनेवाले होइये। **च**-और **सखा**-उनके मित्र होते हुए **शूरः**-उनके शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले होइये **च**-और **अविता**-रक्षक होइये।

भावार्थ-प्रभु-स्तवन करनेवाला सब ऐश्वर्यों को प्राप्त करता है। प्रभु इनके शत्रुओं को शीर्ण करके इनका कल्याण करते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

वाजान्+स्तीन् (उपमिमीहि)

नू इन्द्र शूर स्तवमान ऊती ब्रह्मजूतस्तन्वा वावृधस्व।
उप नो वाजान्मिमीह्युप स्तीन्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ ११॥

(१) हे **इन्द्र**-शत्रुविद्रावक, **शूर**-शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! **स्तवमानः**-स्तुति किये जाते हुए आप **ऊती**-रक्षा के हेतु से **नु**-अब **वावृधस्व**-हमारा खूब ही वर्धन कीजिये। **ब्रह्मजूतः**-ज्ञान की वाणियों द्वारा हृदयों में प्रेरित हुए-हुए आप **तन्वा**-शक्तियों के विस्तार के हेतु से (वावृधस्व०) हमारा खूब वर्धन करिये। (२) **नः**-हमारे लिये **वाजान्**-शक्तियों को **उपमिमीहि**-समीपता से निर्मित कीजिये-हमारे समीप होते हुए हमारे लिये शक्तियों का निर्माण करिये तथा **स्तीन्**-ज्ञान की वाणीरूप शब्द समूहों का **उप** (निमीहि)-निर्माण करिये। **यूयम्**-आप **सदा**-सदा **नः**-हमें **स्वस्तिभिः**-कल्याणों के द्वारा **पात**-रक्षित करिये।

भावार्थ–स्तुति किये जाते हुए प्रभु हमारा रक्षण करें, हमारी शक्तियों का विस्तार करें। हमें बलों को व ज्ञानवाणियों को प्राप्त कराएँ।

अगले सूक्त के ऋषि देवता भी वसिष्ठ व इन्द्र हैं–

अथ पञ्चमाष्टके तृतीयोऽध्यायः

[२०] विंशं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

उग्र-स्वधावान्

उग्रो जज्ञे वीर्याय स्वधावाञ्चक्रिरपो नर्यो यत्करिष्यन्।
जग्मिर्युवा नृषदनमवोभिस्त्राता न इन्द्र एनसो महश्चित्॥ १ ॥

(१) **इन्द्रः**–एक जितेन्द्रिय पुरुष **उग्रः**–तेजस्वी होता हुआ **वीर्याय जज्ञे**–शक्तिशाली कर्मों के लिये प्रादुर्भूत होता है। **स्वधावान्**–यह आत्मधारण शक्ति से युक्त होता है। **नर्यः**–नरहितकारी होता हुआ **यत् करिष्यन्**–जो करता है सो **अपः**–व्यापक कर्मों को ही **चक्रिः**–करनेवाला होता है इसके ये महान् कर्म अधिक से अधिक लोगों का हित करनेवाले ही होते हैं। (२) यह **युवा**–बुराइयों को अपने से दूर करनेवाला व अच्छाइयों को अपने से मिलानेवाला व्यक्ति **अवोभिः**–रक्षणों के हेतु से, वासनाओं से अपने को बचाने के हेतु से **नृषदनम्**–यज्ञगृहों को **जग्मिः**–जानेवाला होता है। उत्तम यज्ञों व सभाओं में सम्मिलित होता हुआ यह कभी भी वासनाओं का शिकार नहीं होता। इस की आराधना यही होती है कि **इन्द्रः**–वह शत्रुविद्रावक प्रभु **नः**–हमें **महः चित् एनसः**–महान् पाप से भी **त्राता**–बचानेवाला हो।

भावार्थ–हम तेजस्वी बनकर शक्तिशाली कर्मों को करें। आत्मधारणशक्तिवाले होकर हम नरहितकारी कर्मों को ही करनेवाले हों, यज्ञ-स्थलों व सभाओं में सम्मिलित होते हुए हम अपने को वासनाओं का शिकार न होने दें। यही आराधना करें कि प्रभु हमें महान् पाप से भी बचायें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

हन्ता वृत्रं, कर्ता लोकं, दाता वसु

हन्ता वृत्रमिन्द्रः शूशुवानः प्रावीन्नु वीरो जरितारमूती।
कर्ता सुदासे अह वा उ लोकं दाता वसु मुहुरा दाशुषे भूत्॥ २ ॥

(१) **इन्द्रः**–वे शत्रुविद्रावक प्रभु **शूशुवानः**–निरन्तर गतिशील होते हुए (श्वि गतौ) **वृत्रं हन्ता**–ज्ञान की आवरणभूत वासनाओं को विनष्ट करते हैं। **नु**–अब **वीरः**–शत्रु-कम्पक होते हुए वे प्रभु **ऊती**–रक्षण के द्वारा **जरितारम्**–स्तोता को **प्रावीत्**–प्रकर्षेण रक्षित करते हैं। (२) **सुदासे**–(कल्याण दानाय सा०) शुभ दानोंवाले व (दसु उपक्षये) वासनाओं का विनाश करनेवाले के लिये **अह वा उ**–निश्चय से ही **लोकम्**–प्रकाश को **कर्ता**–करनेवाले होते हैं। और **दाशुषे**–इस दाश्वान् पुरुष के लिये, दानशील व्यक्ति के लिये **मुहुः**–फिर **वसु दाता भूत्**–निवास के लिये आवश्यक धनों को देनेवाले होते हैं।

भावार्थ–प्रभु स्तोता की वासनाओं को विनष्ट करते हैं। दानशील व्यक्ति के लिये प्रकाश को करते हैं और सदा आवश्यक धनों को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

जितेन्द्रिय योद्धा

युध्मो अनर्वा खजकृत्समद्वा शूरः सत्राषाड् जनुषेमषाळ्हः ।
व्यास इन्द्रः पृतनाः स्वोजा अधा विश्वं शत्रूयन्तं जघान ॥ ३ ॥

(१) इन्द्रः-एक जितेन्द्रिय पुरुष युध्मः-युद्ध करनेवाला होता है, काम-क्रोध आदि के साथ युद्ध करके उन्हें पराजित करता है। अनर्वा-युद्धों में पराङ्मुख नहीं होता, भाग नहीं खड़ा होता। खजकृत्-संग्राम को करनेवाला, समद्वा-सदा उल्लास से युक्त होता है (स मद्)। शूरः-शत्रुओं को शीर्ण करनेवाला, सत्राषाट्-बहुतों का अभिभव करनेवाला और ईम्-निश्चय से जनुषा-स्वभावतः ही अषाढः-शत्रुओं से अनभिभूत होता है। (२) स्वोजाः-उत्तम ओजस्वी यह इन्द्र पृतनाः-शत्रु-सैन्यों को वि आसे-सुदूर विक्षिप्त करता है। अधः-और विश्वम्-सब शत्रूयन्तम्-शत्रुओं की तरह आचरण करते हुए को जघान-यह नष्ट करता है।

भावार्थ-एक जितेन्द्रिय पुरुष योद्धा होता है। यह काम-क्रोध आदि से युद्ध करता हुआ कभी भाग नहीं खड़ा होता, उल्लासपूर्वक युद्ध में प्रवृत्त हुआ-हुआ यह सदा इन शत्रुओं को अपने से दूर फेंकता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सोमरक्षण व आनन्द

उभे चिदिन्द्र रोदसी महित्वा पप्राथ तविषीभिस्तुविष्मः ।
नि वज्रमिन्द्रो हरिवान्मिमिक्षन्त्समन्धसा मदेषु वा उवोच ॥ ४ ॥

(१) हे तुविष्मः-अनन्त बल सम्पन्न इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! आप महित्वा-अपनी महिमा से तविषीभिः-बलों के द्वारा उभे चित् रोदसी-दोनों ही द्यावापृथिवी को आपप्राथ-विस्तृत किये हुए हैं। सर्वत्र आपकी महिमा व शक्ति का प्रकाश हो रहा है। (२) इन्द्रः-वह शत्रुविद्रावक प्रभु, हरिवान्-प्रशस्त इन्द्रियाश्वों को हमारे लिये देता हुआ वज्रं निमिमिक्षन्-शत्रुओं पर वज्र को प्राप्त कराता है। और वा-निश्चय से मदेषु-उल्लासों की प्राप्ति के निमित्त अन्धसा-सोम से सम् उवोच-समवेत करता है। प्रभु क्रियाशीलता रूप वज्र के द्वारा हमारे काम-क्रोध आदि शत्रुओं का संहार करते हैं और हमें सोम से संगत करते हुए, वीर्य को सुरक्षित करते हुए, आनन्दित करते हैं।

भावार्थ-प्रभु की महिमा द्यावापृथिवी में सर्वत्र व्याप्त है। प्रभु ही हमारे सोम का रक्षण करते हुए हमें आनन्दित करते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

'वृषा-नर्य-इन-सत्वा'

वृषा जजान वृषणं रणाय तमु चिन्नारी नर्यं ससूव ।
प्र यः सेनानीरध नृभ्यो अस्तीनः सत्वा गवेषणः स धृष्णुः ॥ ५ ॥

(१) वृषा-वह शक्तिशाली परमात्मा वृषणम्-इस शक्तिशाली जीव को रणाय-संग्राम के लिये, जजान-जन्म देता है। प्रभु यह मानवजन्म इसलिए देते हैं कि मनुष्य जीवन में आक्रमण करनेवाले इन काम-क्रोध-लोभ आदि शत्रुओं से संग्राम करके इन्हें जीतने का प्रयत्न करे। तं

उचित्-और उसको ही नारी-यह जीवन में आगे ले चलनेवाली वेदवाणी रूप स्त्री नर्यम्-नरहितकारी मनुष्य को ससूव-उत्पन्न करती है। वेदाध्ययन मनुष्य को सदा हितकर कार्यों में व्यापृत किये रहता है। (२) 'वृषा' प्रभु व 'नारी' वेदवाणी उस पुरुष को जन्म देते हैं यः-जो नृभ्यः-मनुष्यों के लिये प्र सेनानीः-प्रकृष्ट सेनापति अस्ति-होता है। इनः-अपना स्वामी बनता है। सत्वा-शत्रुओं का (सादयिता) विनाशक होता है। गवेषणः-ज्ञान की वाणियों की कामनावाला सः-वह सेनानी धृष्णुः-शत्रुओं का धर्षक होता है।

भावार्थ-हम प्रभु के उपासक बनें, वेदवाणी का अध्ययन करें। ये हमें 'शक्तिशाली-नरहितकारी-स्वामी-शत्रुविनाशक व ज्ञान की वाणियों की कामनावाला' बनायेंगे।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-इन्द्रः॥ छन्दः-त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

प्रभु-परिचरण व ऋत में निवास

नू चित्स भ्रेषते जनो न रेषन्मनो यो अस्य घोरमाविवासात्।
यज्ञैर्य इन्द्रे दधते दुवांसि क्षयत्स राय ऋतपा ऋतेजाः॥ ६॥

(१) यः-जो अस्य-इस प्रभु के घोरं मनः-शत्रुओं के लिये भयंकर मन को आविवासात्-पूजित करता है सः-वह नू चित्-न तो भ्रेषते-मार्गभ्रष्ट होता है न रेषत्-न हिंसित होता है। प्रभु से हमें ऐसे ही मन की याचना करनी चाहिये जो काम-क्रोध आदि शत्रुओं के लिये भयङ्कर हो। जिस मन में प्रभु का वास होता है, वह इन शत्रुओं के लिये भयङ्कर हो ही जाता है। (२) यज्ञैः-यज्ञों के द्वारा यः-जो इन्द्रे-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु में दुवांसि-परिचर्या को दधते-धारण करता है, सः-वही क्षयत्-उत्तम निवासवाला होता है। (सः) राये-वह ऐश्वर्य के लिये होता है। ऋतपाः-जीवन में ऋत का पालन करता है और ऋतेजाः-इन ऋतों में, यज्ञों में प्रादुर्भूत शक्तियोंवाला होता है।

भावार्थ-प्रभु से हम शत्रु भयंकर मन की ही याचना करें। न तो हम मार्गभ्रष्ट होंगे, न हिंसित। यज्ञों द्वारा प्रभु का उपासन करने पर हम ऐश्वर्य में निवास करते हुए जीवन में ऋत का रक्षण कर पायेंगे।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-इन्द्रः॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः॥ स्वरः-पञ्चमः॥

ज्ञान+सरलता+त्याग

यदिन्द्र पूर्वो अपराय शिक्षन्नयज्यायान्कनीयसो देष्णम्।
अमृत इत्पर्यासीत दूरमा चित्र चित्रं भरा रयिं नः॥ ७॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! यत्-जिस चित्रं रयिम्-अद्भुत ज्ञानधन को पूर्वः-बड़ा अपराय-छोटे के लिये शिक्षन्-देने की कामनावाला होता है। ब्रह्मचर्यकाल में बड़ी उमरवाले आचार्य छोटी उमरवाले विद्यार्थियों के लिये जिस ज्ञान-धन को प्राप्त कराते हैं। हे चित्र-चायनीय-पूजनीय प्रभो! उस ज्ञान-धन को नः आभर-हमारे लिये भी समन्तात् प्राप्त कराइये। (२) गृहस्थ में ज्यायान्-बड़ा कनीयसः-छोटे सन्तानों से देष्णम्-निर्दोषता आदि के दान को अयत्-प्राप्त होता है। बच्चों के निर्दोष छल-छिद्रशून्य स्वाभाविक जीवन को देखकर बड़ी उमरवाले माता-पिता को भी सरलता के सौन्दर्य को अपनाने की प्रेरणा होती है। इस सरलता के धन को प्रभु हमारे लिये भी दें। (३) अब वनस्थ अवस्था में अमृतः इत्-निश्चय से विषय-वासनाओं के पीछे न मरनेवाला होता हुआ ही दूरम्-घर से दूर पर्यासीत-स्थित होता है। हे प्रभो! इस त्यागरूप धन

को भी हमारे लिये प्राप्त कराइये।

भावार्थ–हमें प्रथमाश्रम में आचार्यों द्वारा ज्ञानधन प्राप्त हो। द्वितीयाश्रम में हम बालकों से सरलता व निष्कपटता का पाठ पढ़ें, तृतीय आश्रम में त्यागवृत्ति को अपनानेवाले हों। प्रभु हमारे लिये 'ज्ञान, सरलता व त्याग' के अद्भुत धनों को प्राप्त करानेवाले हों।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

प्रभु का प्रिय कौन ?

यस्त इन्द्र प्रियो जनो ददाशदसन्निरेके अद्रिवः सखा ते।
वयं ते अस्यां सुमतौ चनिष्ठाः स्याम वरूथे अघ्नतो नृपीतौ ॥ ८ ॥

(१) हे **अद्रिवः**=आदरणीय **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **यः**=जो **ते**=आपका **प्रियः जनः**=प्रिय मनुष्य होता है वह **ददाशत्**=खूब ही दान की वृत्तिवाला होता है। यह **निरेके**=सदा शंकाशून्य स्थिति में, निर्भय स्थिति में **असत्** होता है। **ते सखा**=आपका यह मित्र होता है। (२) हे प्रभो! **वयम्**=हम **ते**=आपकी **अस्यां सुमतौ**=इस कल्याणी मति में **चनिष्ठाः स्याम**=सदा उत्तम सात्त्विक अन्नों का सेवन करनेवाले हों तथा **अघ्नतः**=हिंसा को न करते हुए हम **नृपीतौ**=मनुष्यों का रक्षण करनेवाले **वरूथे**=गृह में **स्याम**=हों, निवास करें। हमारे घर ऐसे हों जो मनुष्यों का रक्षण करनेवाले हों। इन घरों के अन्दर अग्निहोत्र आदि यज्ञों के होने से नीरोगता का निवास हो।

भावार्थ–प्रभु का प्रिय वह है (क) जो दान देता है, (ख) निर्भय है, (ग) प्रभु का मित्र है। प्रभु से कल्याणी मति को प्राप्त करके हम सात्त्विक अन्न का सेवन करें, नीरोग घरों में निवासवाले हों।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

स्तवन से 'शक्ति व धन' की प्राप्ति

एष स्तोमो अचिक्रदद् वृषा त उत स्तामुर्मघवन्नक्रपिष्ट।
रायस्कामो जरितारं त आगन्त्वमङ्ग शक्र वस्व आ शकोनः ॥ ९ ॥

(१) **एषः**=यह **ते**=आपका **स्तोमः**=स्तुति समूह **अचिक्रदद्**=ऊँचे से उच्चारित होता है। **वृषा**=यह स्तोम सब सुखों का वर्षण करनेवाला है, **उत**=और हे **मघवन्**=ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! यह **स्तामुः**=स्तोता **अक्रपिष्ट**=खूब सामर्थ्यवान् होता है, आपके बल से यह बलवान् बनता है। (२) हे प्रभो! **ते जरितारम्**=तेरे स्तोता को **रायस्कामः**=धन की अभिलाषा **आगन्**=प्राप्त हुई है। सो हे **शक्र**=सर्वशक्तिमन् प्रभो! **त्वम्**=आप **अंग**=शीघ्र ही **नः**=हमारे लिये **वस्वः**=धन को **आशकः**=(धेहि) धारण करिये।

भावार्थ–हम प्रभु के स्तोम का उच्चारण करते हैं, प्रभु हमें शक्तिशाली बनाते हैं। स्तोता को धन की कामना होती है, तो प्रभु उसे शीघ्र ही धन को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

प्रभु प्रेरणा व यज्ञशील पुरुषों का संग

स न इन्द्र त्वयताया इषे धास्मना च ये मघवानो जुनन्ति।
वस्वी षु ते जत्रिये अस्तु शक्तिर्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ १० ॥

(१) हे **इन्द्र**=शत्रुविद्रावक प्रभो! **सः**=वे आप **नः**=हमें **त्वयताये**=आप से दी जानेवाली

इषे=प्रेरणा के लिये धाः=धारण करिये। च=और ये=जो मघवानः=यज्ञशील लोग (मघ=मख) त्मना=स्वयमेव जुनन्ति=आपकी ओर गतिशील होते हैं उनके लिये हमें धारण करिये। अर्थात् हम आपकी ओर गतिवाले इन यज्ञशील लोगों के सम्पर्क में हों। (२) हे प्रभो! ते शक्तिः=आप से दी गयी शक्ति-सामर्थ्य जरित्रे=स्तोता के लिये सु=सम्यक् वस्वी=उत्तम निवास को देनेवाली अस्तु=हो। यूयम्=आप नः=हमें स्वस्तिभिः=कल्याणों के द्वारा सदा पात=सदा रक्षित करिये। आप से रक्षित हुए-हुए हम सदा कल्याण के मार्ग का ही आक्रमण करें।

भावार्थ-हमें प्रभु प्रेरणा प्राप्त हो, यज्ञशील प्रभु प्रिय लोगों का सम्पर्क प्राप्त हो। प्रभु की शक्ति हमारे निवास को उत्तम बनाये और प्रभु सदा शुभ मार्गों पर चलाते हुए हमें सुरक्षित करें।

अगले सूक्त के भी ऋषि देवता 'वसिष्ठ व इन्द्र' ही हैं-

[२१] एकविंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-इन्द्रः॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

सोम-रक्षण व स्तोम-उच्चारण

असावि देवं गोऋजीकमन्धो न्यस्मिन्निन्दो जनुषेमुवोच।
बोधामसि त्वा हर्यश्व यज्ञैर्बोधा नः स्तोममन्धसो मदेषु॥ १॥

(१) देवम्=दिव्यगुणों को प्राप्त करानेवाला, गोऋजीकम्=ज्ञान की वाणियों को सरलता से प्राप्त करानेवाला (गो+ऋज्) अन्धः=यह सोम (वीर्य शक्ति) असावि=उत्पन्न किया गया है। अस्मिन्=इस सोम में इन्द्रः=एक जितेन्द्रिय पुरुष ही ईम=निश्चय से जनुषा=जन्म से ही नि उवोच=निश्चय से समवेत होता है (उच समवाये)। जितेन्द्रिय ही सोम का रक्षण कर पाता है, रक्षित सोम जीवन को प्रकाशमय बनाता है और ज्ञान की वाणियों को प्राप्त कराता है। (२) हे हर्यश्व=कमनीय इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करानेवाले प्रभो! यज्ञैः=यज्ञों के द्वारा त्वा=आपको बोधामसि=अपने अन्दर उद्बुद्ध करते हैं। अन्धसः=इस सोमरक्षण से जनित मदेषु=उल्लासों में नः=हमारे स्तोमम्=स्तुति समूह को बोध=आप जानिये, अर्थात् सोम-रक्षण से उल्लसित जीवनवाले बनकर हम आपका स्तवन करनेवाले बनें।

भावार्थ-जितेन्द्रिय बनकर हम सोम का रक्षण करें। यह सोम हमारे जीवनों को प्रकाशमय बनाता है तथा ज्ञान की वाणियों को प्राप्त कराता है। अब यज्ञों के द्वारा हम प्रभु को अपने में उद्बुद्ध करें तथा सोमरक्षण से उल्लसित जीवन में प्रभु का स्तवन करनेवाले बनें।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-इन्द्रः॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

'यज्ञशील-पवित्र हृदय-उत्कृष्ट ज्ञानी'

प्र यन्ति यज्ञं विपयन्ति बर्हिः सोममादो विदथे दुध्रवाचः।
न्यु ध्रियन्ते यशसो गृभादा दूरेउपब्दो वृषणो नृषाचः॥ २॥

(१) सोममादः=सोमरक्षण से उल्लास को प्राप्त होनेवाले ये व्यक्ति यज्ञं प्रयन्ति=यज्ञ को प्राप्त होते हैं। यज्ञमय जीवनवाले होते हैं। बर्हिः=वासनाशून्य हृदयान्तरिक्ष को विपयन्ति=विस्तीर्ण करते हैं (विपिः स्तरण कर्मा सा०)। विदथे=ज्ञान-यज्ञों में ये व्यक्ति दुध्रवाचः=दुर्धारवाणीवाले होते हैं, इनकी युक्तियुक्त बातों का किसी के लिये भी खण्डन करना कठिन होता है। सोमरक्षण इन्हें 'यज्ञशील-पवित्र हृदय व उत्कृष्ट ज्ञानी' बनाता है। (२) यशसः=यश के गृभात्=ग्रहण से ये उ=निश्चयपूर्वक आ=समन्तात् नि ध्रियन्ते=नीचे धारण किये जाते हैं, अर्थात् अधिक और

अधिक नम्र हो जाते हैं। जितना यश-उतने नम्र। **दूरे उपब्दः**-(दूरे उपब्दिः येषां ते)=दूर-दूर जिनका-जिनका यश का शब्द फैला हुआ है, ऐसे ये सोमरक्षक पुरुष **वृषणः**-शक्तिशाली होते हैं और **नृषाचः**-मनुष्यों के साथ समवेत होकर चलनेवाले होते हैं। सबके साथ मिलते हैं, उनके दुःखों में सहानुतिवाले होते हुए उनके दुःखों को दूर करने के लिये यत्नशील होते हैं।

भावार्थ-सोमरक्षण से मनुष्य 'यज्ञशील-पवित्र हृदय व उत्कृष्ट ज्ञानी' बनता है। ये सोमरक्षक पुरुष यशस्वी व नम्र बनते हैं। सुदूर कीर्ति शब्दोंवाले, शक्तिशाली व मनुष्यों के दुःखों को दूर करनेवाले होते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

सोमरक्षण व सुन्दर जीवन

त्वमिन्द्र स्रवितवा अपस्कः परिष्ठिता अहिना शूर पूर्वीः।
त्वद्वावक्रे रथ्योऽ३ न धेना रेजन्ते विश्वा कृत्रिमाणि भीषा॥३॥

(१) हे **शूर**-शत्रुओं के शीर्ण करनेवाले **इन्द्र**-शत्रुविद्रावक प्रभो! **त्वम्**-आप **अहिना**-आहनन करनेवाली वासना से **परिष्ठिताः**-चारों ओर से घिरे हुए **पूर्वीः**-हमारा पालन व पूरण करनेवाले **अपः**-रेतःकणरूप जलों को **स्रवितवा**-शरीर में सर्वत्र गतिमय होने के लिये **कः**-करते हैं। वासना को विनष्ट करके (अहि=वृत्र=काम) आप रेतःकणों को शरीर में व्याप्त करते हैं। (२) **त्वद्**-आपसे ही **रथ्यः न**-शरीर-रथ के इन्द्रियाश्वों के समान **धेनाः**-ज्ञान की वाणियाँ **वावक्रे**-हमारे अन्दर खूब ही गतिवाली होती हैं, अर्थात् आप हमें इन्द्रियाश्वों को प्राप्त कराते हैं तथा वेदवाणियों का ज्ञान देते हैं। इस प्रकार हृदयस्थ आपके **भीषा**-भय से **विश्वा**-सब **कृत्रिमाणि**-कृत्रिम बातें **रेजन्ते**-कम्पित हो उठती हैं, मनुष्य इन कृत्रिम बातों से ऊपर उठकर स्वाभाविक सुन्दर जीवनवाला बनता है।

भावार्थ-प्रभु वासना को विनष्ट करके सोम को शरीर में व्याप्त करते हैं। हमारे लिये उत्तम इन्द्रियाश्वों व ज्ञान की वाणियों को प्राप्त कराते हैं। सब कृत्रिम दोषों को दूर करके हमारे जीवन को सुन्दर बनाते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

आसुरभावों का संहार

भीमो विवेषायुधेभिरेषामपांसि विश्वा नर्याणि विद्वान्।
इन्द्रः पुरो जर्हृषाणो वि दूधोद्युद्वज्रहस्तो महिना जघान॥४॥

(१) वह प्रभु **एषाम्**-इन उपासकों के शत्रुओं के लिये **भीमः**-भयंकर होते हुए **आयुधेभिः**-अस्त्रों से **विवेष**-इन्हें व्याप्त करते हैं, अर्थात् इन्द्रिय, मन व बुद्धिरूप अस्त्रों के द्वारा काम-क्रोध व लोभरूप शत्रुओं को विनष्ट करते हैं। **विश्वा**-सब **नर्याणि**-नरहितकारी **अपांसि**-कर्मों को **विद्वान्**-वे प्रभु जानते हैं, उपासकों के लिये इन कर्मों का ज्ञान देते हैं। (२) **जर्हृषाणः**-इन उपासकों से प्रसन्न होते हुए **इन्द्रः**-वे शत्रुविद्रावक प्रभु **पुरः**-काम-क्रोध-लोभ की नगरियों को **विदूधोत्**-कम्पित कर देते हैं। और **वज्रहस्तः**-वज्र को हाथ में लिये हुए वे प्रभु **महिना**-अपनी महिमा से **विजघान**-इन असुरों का संहार कर देते हैं। प्रभु ही आसुरभावों को विनष्ट करते हैं।

भावार्थ-प्रभु उपासकों के शत्रुओं के लिये भयंकर होते हुए अस्त्रों से उन्हें व्याप्त करते हैं। नरहितकारी कर्मों का ज्ञान देते हैं। वे प्रभु उपासक से प्रसन्न होते हुए आसुरपुरियों को कम्पित

कर देते हैं और वज्रहस्त होकर इन असुरों का संहार करनेवाले होते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

ऋत से दूर रहनेवाले 'शिश्नदेव'

न यातवं इन्द्र जूजुवुर्नो न वन्दना शविष्ठ वेद्याभिः।
स शर्धदर्यो विषुणस्य जन्तोर्मा शिश्नदेवा अपि गुर्ऋतं नः ॥ ५ ॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! यातवः-पीड़ा का आधान करनेवाले 'काम-क्रोध-लोभ' रूप राक्षसीभाव नः-हमें न जूजुवुः-हिंसित न करें। हे शविष्ठ-सर्वशक्तिमन् प्रभो! वन्दना-(वन्दनानि) प्रभु के प्रति वन्दन व स्तवन वेद्याभिः-ज्ञान की क्रियाओं से न (जूजुवुः)-हमें पृथक् न करें। हम वन्धनों में ही न रह जायें, ज्ञान को भी अवश्य प्राप्त करें। (२) सः-वह अर्यः-स्वामी प्रभु विषुणस्य (विष् व्याप्तौ)-कर्त्तव्य कर्मों में व्याप्त जन्तोः-प्राणी को शर्धत्-उत्साहित करनेवाले हों। शिश्नदेवाः (शिश्नेन दीव्यन्ति क्रीडन्ति)-अब्रह्मचर्य लोग-असंयमी पुरुष नः-हमारे ऋतम्-यज्ञों को मा अपिगुः-मत प्राप्त हों। संयमी पुरुष ही यज्ञ आदि उत्तम कर्मों को करनेवाले होते हैं।

भावार्थ-हमें राक्षसीभाव हिंसित न करें। हम स्तवन में प्रवृत्त हुए-हुए ज्ञान को उपेक्षित न कर दें। प्रभु कर्तव्य कर्मों में (व्याप्त) लग्नशील मनुष्य को ही उत्साहित करते हैं। असंयमी पुरुष यज्ञों में प्रवृत्त नहीं होते।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

भूरथ महिमानं युधा

अभि क्रत्वेन्द्र भूरध ज्मन्न तें विव्यङ्महिमानं रजांसि।
स्वेना हि वृत्रं शवसा जघन्थ न शत्रुरन्तें विविदद्युधा तें ॥ ६ ॥

पदार्थ-हे इन्द्र-राजन्! अध-और तू क्रत्वा-उत्तम कर्म से ज्मन्-पृथिवी पर रजांसि-राजस भावों को अभि भूः-पराजित कर। रजांसि-वे लोग ते-तेरे महिमानं-सामर्थ्य को न विव्यङ्-न प्राप्त कर सकें। तू स्वेन शवसा हि-अपने ही बल से वृत्रं-विघ्नकारी शत्रु को जघन्थ-विनष्ट कर। शत्रुः-तेरा नाशक, ते अन्तं-तेरा अन्त युधा-युद्ध द्वारा न विविदत्-न पा सके।

भावार्थ-इन्द्र परमात्मा हम जीवों के अभिभव करके अपनी महिमा को बढ़ाकर जीवों के काम-क्रोध आदि शत्रुओं का वध करता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

देवाश्चित्ते क्षत्राय ममिरे

देवाश्चित्ते असुर्याय पूर्वेऽनु क्षत्रायं ममिरे सहांसि।
इन्दों मघानि दयते विषह्येन्द्रं वाजस्य जोहुवन्त सातौ ॥ ७ ॥

पदार्थ-हे राजन्! असुर्याय क्षत्राय-मेघ में उत्पन्न जल प्राप्त करने के लिये जैसे अन्नाभिलाषी जन यत्न करते हैं वैसे ही पूर्वे देवाः-वे पूर्व के, शिक्षित, विद्वान् ते असुर्याय क्षत्राय-तेरे मेघ में उत्पन्न विद्युत् के बल को प्राप्त करने के लिये सहांसि-साहस और बलयुक्त कर्म अनु ममिरे-तेरी आज्ञा में करते हैं। वह इन्द्रः-ऐश्वर्यवान् तू विषह्य-शत्रु को पराजित करके मघानि दयते-ऐश्वर्यों का दान करता है। प्रजाजन वाजस्य सातौ-बल और संग्राम में विजय लाभ हेतु इन्द्रं-ऐश्वर्यवान्

पुरुष को जोहुवन्त-बुलाते हैं।

भावार्थ-परमैश्वर्यशालिन् इन्द्र हमारे काम-क्रोधादि शत्रुओं और अज्ञान को नष्ट करके अपने भक्तों को सात्त्विक अन्न और श्रेष्ठ बुद्धि प्रदान करता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः ॥

कीरिः ईशान वरूता

कीरिश्चिद्धि त्वामवसे जुहावेशानमिन्द्र सौभगस्य भूरेः।
अवो बभूथ शतमूते अस्मे अभिक्षत्तुस्त्वावतो वरूता॥ ८॥

पदार्थ-हे इन्द्र-स्वामिन्! कीरिः-क्रियाकुशल पुरुष चित्-भी अवसे-स्व रक्षा हेतु भूरेः-बड़े सौभगस्य-ऐश्वर्य के ईशानं-स्वामी त्वाम्-तुझको जुहाव-पुकारता है। हे शतम्-ऊते-सैकड़ों रक्षा साधनों से सम्पन्न! तू अस्मे-हमारा अवः बभूथ-रक्षक हो। त्वावतः-तेरे जैसे अभिक्षत्तुः-सन्मुख आये शत्रुनाशक वीर को वरूता-स्वीकार करने और उसको युद्ध में पराजित कर भगानेवाला भी, तू ही बभूथ-हो।

भावार्थ-शत्रुओं का धर्षक इन्द्र अपने भक्तों के धन की रक्षा करता है और उसके शत्रुओं का निवारण करता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः ॥

हम इन्द्र के सखा हो जाएँ

सखायस्त इन्द्र विश्वहा स्याम नमोवृधासो महिना तरुत्र।
वन्वन्तु स्मा तेऽवसा समीकेऽभीतिमर्यो वनुषां शवांसि॥ ९॥

पदार्थ-हे इन्द्र-ऐश्वर्यवन्! हे तरुत्र-शत्रु नाशक! ते-तेरे हम लोग विश्वहा-सदा सखायः-मित्र और महिना-तेरे सामर्थ्य से नमः-वृधासः-अन्न और शस्त्र से बढ़नेहारे स्याम-हों। समीके-रण में ते-तेरे शवसा-रक्षण-सामर्थ्य से ही प्रजास्थ पुरुष अभीतिम् वन्वन्तु-अभय पायें और वनुषां शवांसि-हिंसक शत्रु बलों के प्रति (अभि-हितम् वन्वन्तु)-प्रयाण करें। तू उनका अर्यः-स्वामी होकर रक्षा कर।

भावार्थ-हम स्तुति द्वारा इन्द्र के सखा हो जावें और परमैश्वर्यशाली परमात्मा अनार्यों के बल को नष्ट कर आर्यों की रक्षा करता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः ॥

प्रजा को अभय प्राप्त हो

स न इन्द्र त्वयताया इषे धास्त्मना च ये मघवानो जुनन्ति।
वस्वी षु ते जत्रे अस्तु शक्तिर्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ १०॥

पदार्थ-हे इन्द्र-ऐश्वर्यवन्! नः-हममें से ये-जो त्मना-स्वसामर्थ्य से मघवानः-धनी होकर जुनन्ति-तुझे प्राप्त होते हैं, उनको तू त्वयताया-तेरे से सुप्रबुद्ध इषे-प्रेरणा के लिये धाः-धारण कर। जरित्रे-विद्वान् के लिये ते-तेरी वस्वी-ऐश्वर्ययुक्त शक्तिः-दान शक्ति सु-अस्तु-खूब हो। यूयम्-तुम लोग हे विद्वानो! नः सदा-हमें सदा स्वस्तिभिः पात-कल्याणकारी उपायों से पालन करो।

भावार्थ-परमात्मा यज्ञशील मनुष्य को सात्त्विक अन्न प्रदान कर उन्हें शक्ति प्रदान कर

यज्ञप्रेमी बनाकर स्वस्ति द्वारा पालन करता है।

अगले सूक्त का भी ऋषि वसिष्ठ और देवता इन्द्र है।

[२२] द्वाविंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-भुरिगुष्णिक् ॥ स्वरः-ऋषभः ॥

इन्द्र का सोमपान और राष्ट्र पालन

पिबा सोममिन्द्र मन्दतु त्वा यं ते सुषाव हर्यश्वाद्रिः। सोतुर्बाहुभ्यां सुयतो नार्वा ॥ १ ॥

पदार्थ-हे **हर्यश्व**-उत्तम सैन्य के स्वामिन्! **यं**-जिस **सोमम्**-अन्नवत् ऐश्वर्य को **ते**-तेरे लिये **अद्रिः**-मेघवत् शस्त्र बल **सुषाव**-उत्पन्न करता है तू उसको **सोमम्**-ओषधि-रस के समान **पिब**-उपभोग कर। वह **त्वा मन्दन्तु**-तुझे हर्षित करे और **सोतुः बाहुभ्यां सुयतः**-सञ्चालक सारथि के बाहुओं से नियन्त्रित **अर्वा न**-अश्व के समान, तू भी **सोतुः**-मार्ग में सञ्चालन करनेवाले पुरुष के **बाहुभ्यां**-कुमार्ग से रोकनेवाले ज्ञान और कर्मरूप बाहुओं से **सुयतः**-उत्तम रूप से नियन्त्रित होकर **सोमम् पिब**-इस राष्ट्ररूप ऐश्वर्य की रक्षा कर।

भावार्थ-ज्ञानेन्द्रियों को वश में करके जो ब्रह्मचारी रहता है वही राष्ट्र की रक्षा कर सकता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृदनुष्टुप् ॥ स्वरः-गान्धारः ॥

वृत्र हनन और शत्रुनाश

यस्ते मदो युज्यश्चारुरस्ति येन वृत्राणि हर्यश्व हंसि। स त्वामिन्द्र प्रभूवसो ममत्तु ॥ २ ॥

पदार्थ-हे **हर्यश्व**-वेगयुक्त अश्वों के स्वामिन्! **यः**-जो **ते**-तेरा **युज्यः**-सहयोग देने योग्य, **चारुः**-उत्तम **मदः**-हर्ष **अस्ति**-है और **येन**-जिससे तू **वृत्राणि**-मेघों को सूर्यवत्, शत्रुओं का **हंसि**-विनाश करता है, हे **इन्द्र**-ऐश्वर्यवन्! हे **प्रभूवसो**-प्रचुर ऐश्वर्य के स्वामिन्! **सः**-वह **त्वा**-तुझको **ममत्तु**-अति हर्षयुक्त बनावे।

भावार्थ-अज्ञान को नष्ट करके ज्ञानेन्द्रियों को वश में करके हर्षयुक्त रहना चाहिये।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-भुरिगनुष्टुप् ॥ स्वरः-गान्धारः ॥

अन्न उत्पत्ति, ब्रह्मज्ञान और धन प्राप्ति

बोधा सु मे मघवन्वाचमेमां यां ते वसिष्ठे अर्चति प्रशस्तिम्। इमा ब्रह्म सधमादे जुषस्व ॥ ३ ॥

पदार्थ-हे **मघवन्**-ऐश्वर्यवन्! **याम्**-जिस **प्रशस्तिम्**-प्रशंसित **ते**-तेरी **वाचम्**-वाणी का **वसिष्ठः**-उत्तम विद्वान् **सु अर्चति**-आदर कर रहा है तू **इमाम्**-उसको **सु बोध**-अच्छी प्रकार जान। **इमा ब्रह्म**-तू इन ज्ञानों को **सध मादे**-हर्ष के साथ मिलकर **जुषस्व**-सेवन कर।

भावार्थ-ब्रह्मज्ञान को प्राप्त करके अन्न की उत्पत्ति करके राष्ट्र को समृद्ध करना चाहिये।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-आर्चीपङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

मेघ के जलपानवत् ज्ञानार्जन

श्रुधी हवं विपिपानस्याद्रेर्बोधा विप्रस्यार्चतो मनीषाम्। कृष्वा दुवांस्यन्तमा सचेमा ॥ ४ ॥

पदार्थ-हे परमात्मन्! हम **वि-पिपानस्य**-विविध प्रकार के रसों के पालन करनेवाले **अद्रेः**-मेघ तुल्य नाना विद्याओं के रसों का पान करनेवाले **अद्रेः**-आदर योग्य **विप्रस्य**-मेधावी **अर्चतः**-पूज्य विद्वान् के **हवम्**-उपदेश और **मनीषाम्**-बुद्धि का **बोध**-ज्ञान प्राप्त करें और **इमा**-

इन सचेमा दुवांसि-नाना सेवाओं को अन्तमा कृध्व-आत्मसात् करें।

भावार्थ-ब्रह्मचर्य व्रत को पूर्ण करके मैं परमात्मा की स्तुति करता हूँ। हे प्रभु! आप मेरी बुद्धि वृद्धि में सहायक बनो।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-अनुष्टुप् ॥ स्वरः-गान्धारः ॥

परमात्मा की वाणी की अवहेलना न करना

न ते गिरो अपि मृष्ये तुरस्य न सुष्टुतिमसुर्यस्य विद्वान्। सदा ते नाम स्वयशो विवक्मि ॥५॥

पदार्थ-हे राजन्! विद्वान्-मैं विद्वान् होकर ते गिरः-तेरी वाणियों को न अपि मृष्ये-न त्यागूँ। तुरस्य-अति शीघ्र कार्यकर्त्ता और शत्रु-हिंसक असुर्यस्य-बलवानों में श्रेष्ठ तेरी सुस्तुतिम्-उत्तम स्तुति को भी (न अपि मृष्ये)-न छोड़ूँ। मैं ते नाम-तेरे नाम, या सामर्थ्य को ही स्व-यशः-अपनी कीर्त्ति या बल विवक्मि-कहूँ।

भावार्थ-परमात्मा की आज्ञा वेदवाणी का सदैव पालन करना चाहिए।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराडनुष्टुप् ॥ स्वरः-गान्धारः ॥

परमात्मा मनीषी विद्वान् की पुकार सुनता है

भूरि हि ते सवना मानुषेषु भूरि मनीषी हवते त्वामित्। मारे अस्मन्मघवञ्ज्योक्कः ॥६॥

पदार्थ-हे मघवन्-ऐश्वर्ययुक्त! ते-तेरे भूरि हि सवना-अनेक ऐश्वर्य मानुषेषु-मनुष्यों में हैं। मनीषी-बुद्धिमान् व्यक्ति त्वाम् इत् हवते-तेरी ही स्तुति करता है। तू अस्मत्-हमसे ज्योक् मा कः-अपने को दूर मत कर।

भावार्थ-मनीषी स्तोता ही तुम्हारा आह्वान करता है। हे परमात्मा आप हमसे दूर न हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृदनुष्टुप् ॥ स्वरः-गान्धारः ॥

परमात्मा मनुष्यों के द्वारा स्तुति करने योग्य है

तुभ्येदिमा सवना शूर विश्वा तुभ्यं ब्रह्माणि वर्धना कृणोमि। त्वं नृभिर्हव्यो विश्वधासि ॥७॥

पदार्थ-हे शूर-वीर! इमा सवना तुभ्यं इत्-ये समस्त ऐश्वर्य तेरे ही अधिकार में हों। तुभ्यं वर्धना-तुझे बढ़ानेवाले विश्वा ब्रह्माणि-समस्त अन्न और वेद-वचन कृणोमि-मैं करता हूँ। हे प्रभो! त्वं-तू नृभिः-मनुष्यों से हव्यः-स्तुति करने योग्य, और विश्वधा असि-विश्व का धारक है।

भावार्थ-हे परमात्मा मैं तेरी ही स्तुति करता हूँ। तेरे अतिरिक्त कोई स्तुति के योग्य नहीं है। क्योंकि तू ही विश्व का धारक है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराडनुष्टुप् ॥ स्वरः-गान्धारः ॥

परमात्मा का सामर्थ्य सबसे अधिक बढ़कर

नू चिन्नु ते मन्यमानस्य दस्मोदश्नुवन्ति महिमानमुग्र। न वीर्यमिन्द्र ते न राधः ॥८॥

पदार्थ-हे दस्म-दर्शनीय! हे उग्र-प्रचण्ड राजन्! मन्यमानस्य-मानने योग्य ते-तेरे महिमानम्-सामर्थ्य को नू चित् नु-अवश्य सज्जन लोग उद् अश्नुवन्ति-प्राप्त करें। परन्तु शत्रु ते महिमानम् न-तेरे सामर्थ्य को उद् अश्नुवन्तु-न पा सकें, न ते वीर्यम्-न तेरे बल और न ते राधः-न तेरे ऐश्वर्य को प्राप्त करें।

भावार्थ-हे प्रभो! तेरे सामर्थ्य को, तेरे बल व ऐश्वर्य को कोई प्राप्त नहीं कर सकता है।

क्योंकि तुझसे अधिक बलवान् और ऐश्वर्यवान् कोई नहीं है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

पुराने और नए ऋषि वेदार्थ का प्रकाश करें

ये च पूर्व ऋषयो ये च नूला इन्द्र ब्रह्माणि जनयन्त विप्राः।
अस्मे ते सन्तु सख्या शिवानि यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ९ ॥

पदार्थ-हे इन्द्र-ऐश्वर्यवन् आचार्य! ये च ऋषयः-जो सत्य-ज्ञानों के द्रष्टा, पूर्वे-पूर्व काल के गुरुजन और ये च नूलाः-जो नये शिष्य, नवशिक्षित विप्राः-विद्वान् पुरुष हैं वे ब्रह्माणि जनयन्त-वेद-मन्त्रों के अर्थों का प्रकाश करें। हे विद्वन्! तेरी सख्यानि-मित्रता के कार्य अस्मे-हमारे लिये शिवानि-कल्याणकारक हों। यूयम्-आप लोग, हे विद्वन् ऋषिजनो! नः-हमारी सदा-सदा स्वस्तिभि-उत्तम साधनों से पात-रक्षा करो।

भावार्थ-प्राचीन विद्वान् तेरी वाणी वेद के अर्थ का प्रकाश करते रहे हैं। नए विद्वान् भी वेदार्थ का प्रकाश करें कि जिससे जगत् का कल्याण होवे।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ इन्द्र नाम से परमात्मा की स्तुति करता है।

[२३] त्रयोविंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

विद्वान् वेदवाणी का उत्तम उपदेश करे

उदु ब्रह्माण्यैरत श्रवस्येन्द्रं समर्ये महया वसिष्ठ।
आ यो विश्वानि शवसा ततानोपश्रोता म ईवतो वचांसि ॥ १ ॥

पदार्थ-हे वसिष्ठ-प्रजा को बसाने हारे वसो! विद्वन्! तू श्रवस्या-यश की कामना से ब्रह्माणि-ऐश्वर्यों को लक्ष्य कर उद् ऐरत उ-उत्तम रीति से उपदेश कर। तू समर्ये-संग्राम में वा सभा आदि में इन्द्रम्-ऐश्वर्यवान्, वीर पुरुष का महय-आदर कर। यः-जो तू उप-श्रोता-प्रजाओं के कष्टों को सुननेवाला शवसा-बलपूर्वक ईवतः-समीप आनेवाले मे-मेरे उपकारार्थ विश्वानि वचांसि-समस्त उत्तम आज्ञाएँ आ तान-देता है।

भावार्थ-विद्वान् अपने शिष्यों को ज्ञानपूर्वक वेदवाणी उपदेश करे जिससे शिष्य भी ईश्वरीय ज्ञान को जाने।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

वेदवाणी के प्रवक्ता पुरुष शत्रुओं को रोकने में समर्थ होते हैं

अयामि घोष इन्द्र देवजामिरिरज्यन्त यच्छुरुधो विवाचि।
नहि स्वमायुश्चिकिते जनेषु तानीदंहांस्यति पर्ष्यस्मान् ॥ २ ॥

पदार्थ-जैसे देवजामिः घोषः-जलदाता मेघ की गर्जना होती है और विवाचि-विविध मध्यमा वाक् विद्युत् के गर्जते हुए शुरुधः-शीघ्र आनेवाली ओषधियाँ बढ़ती हैं, वैसे हे इन्द्र-ऐश्वर्यवन्! यत्-जब देव-जामिः-विजयेच्छु पुरुषों में रहनेवाला घोषः-घोष उठता है उस समय वि वाचि-विशेष वाणी के प्रवक्ता पुरुष के अधीन शुरुधः-शत्रुओं को रोकने में समर्थ वीर इरज्यन्त-आगे बढ़ते हैं। जनेषु-मनुष्यों में कोई भी स्वम् आयुः-अपना जीवन सुरक्षित नहि चिकिते-नहीं जानता है, तब, हे राजन्! तू ही तानि इत् अंहांसि-उन पापाचारों से अस्मान्

अतिपर्षि-हमें पार करता है।

भावार्थ-वेदज्ञ पुरुष राष्ट्र में वेदवाणी का उपदेश करके राष्ट्र के नायक एवं नागरिकों को शत्रुओं से युद्ध करने में समर्थ बनावें जिससे शत्रु का पराभव होवे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

वैदिक विद्वान् पुरुषों से राष्ट्र ऐश्वर्यवान् बनता है

युजे रथं गवेषणं हरिभ्यामुप ब्रह्माणि जुजुषाणमस्थुः।
वि बाधिष्ट स्य रोदसी महित्वेव्रीं वृत्राण्यप्रती जघन्वान्॥ ३॥

पदार्थ-हरिभ्यां रथं-जैसे दो अश्वों से रथ को जोड़ा जाता है वैसे मैं हरिभ्याम्-दो विद्वान् पुरुषों से रथम्-राष्ट्र को युजे-युक्त करूँ। समस्त प्रजा वर्ग ब्रह्माणि जुजुषाणम्-धनों को प्राप्त करनेवाले पुरुष का उप अस्थुः-आश्रय लेते हैं। वह इन्द्रः-ऐश्वर्यवान् पुरुष ही महित्वा-सामर्थ्य से रोदसी-शत्रु को रुलानेवाली उभय पक्ष की सेनाओं को वि बाधिष्ट-विविध प्रकार से वश में करे और वह शत्रु अप्रति-हताश होकर वृत्राणि जघन्वान्-राष्ट्र विघातक तत्त्वों का नाश करे।

भावार्थ-वेदज्ञ विद्वान् वेदोपदेश द्वारा कृषि एवं शिल्प विद्या का ज्ञान देकर राष्ट्र को ऐश्वर्य सम्पन्न बनावें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

वायु के समान शत्रु को उखाड़ फैंको

आपश्चित्पिप्युः स्तर्यो३ न गावो नक्षन्नृतं जरितारस्त इन्द्र।
याहि वायुर्न नियुतो नो अच्छा त्वं हि धीभिर्दयसे वि वाजान्॥ ४॥

पदार्थ-स्तर्यः गावः न-जैसे गौएँ गृहस्थ को पिप्युः-बढ़ाती हैं आपः चित्-और जैसे रक्तधाराएँ शरीर की वृद्धि करती हैं, वैसे ही आपः-विद्वान् और प्रजाएँ स्तर्यः-शत्रुहिंसक और देश की रक्षक सेनाएँ तथा गावः-गौएँ भी देश को पिप्युः-समृद्ध करती हैं। हे इन्द्र-ऐश्वर्यवन्! जरितारः-विद्वान् उपदेष्टा और शत्रुओं की जीवन-हानि करनेवाले वीर ते ऋतं रक्षन्-तेरे सत्य, न्याय को प्राप्त करें। त्वं-तू नः-हमारे नियुतः-लक्षों प्रजाजनों तथा अश्व-सैन्यों को भी वायुः-प्राणवत् प्रिय, वा वायु तुल्य बल से शत्रु को उखाड़ने में समर्थ होकर अच्छ याहि-प्राप्त हो और धीभिः-अपने कर्मों और सम्मतियों से वाजान्-ऐश्वर्यों को वि दयसे-विविध प्रकार से दे और वाजान् वि दयसे-वेगवान् अश्वों को पालन कर और ज्ञानवान् पुरुषों पर वि दयसे-विशेष कृपा कर।

भावार्थ-जैसे तेज हवा बड़े-बड़े वृक्षों को धराशायी कर देती है उसी प्रकार वेदज्ञ विद्वान् द्वारा प्रशिक्षित सेना शत्रुओं को पराजित करने में समर्थ होती है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

शूरवीर प्रजा की रक्षा करता है

ते त्वा मदा इन्द्र मादयन्तु शुष्मिणं तुविराधसं जरित्रे।
एको देवत्रा दयसे हि मर्तानस्मिञ्छूर सवने मादयस्व॥ ५॥

पदार्थ-हि-जिससे, हे शूर-शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले वीर! तू देवत्रा-विद्वानों के बीच,

उनका त्राता होकर एकः=अद्वितीय मर्तान् दयसे=मनुष्यों को जीवन देता है, अतः जरित्रे=विद्वान् के लिये तुवि-राधसं=बहुत धन देनेवाले शुष्मिणं=बलशाली, त्वा=तुझको, हे इन्द्र=ऐश्वर्यवन्! ते=तेरे लिये मदाः=तृप्तिकारक पदार्थ मादयन्तु=हर्षित करें। और अस्मिन्=इस सवने=संग्राम में मर्तान्=प्रजा को मादयस्व=प्रसन्न कर।

भावार्थ=सुभट योद्धा विद्वानों का त्राता होकर अद्वितीय राष्ट्र की प्रजा की रक्षा करता है।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=इन्द्रः॥ छन्दः=भुरिक्पङ्क्तिः॥ स्वरः=पञ्चमः॥

राष्ट्र के वासी शत्रुओं पर आक्रमण करें

एवेदिन्द्रं वृषणं वज्रबाहुं वसिष्ठासो अभ्यर्चन्त्यर्कैः।
स नः स्तुतो वीरवद्धातु गोमद्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ ६॥

पदार्थ=वसिष्ठासः=राष्ट्रवासी जन एव=निश्चय से वृषणं=शत्रु पर शरों की वर्षा करनेवाले वज्र-बाहुम्=शस्त्रास्त्र बल को बाहुओं में रखनेवाले, इन्द्रं=शत्रुनाशक पुरुष को अर्कैः=अर्चना-योग्य उपायों से अभि-अर्चन्ति=सत्कार करते हैं। सः स्तुतः=वह प्रशंसित शासक नः=हमारे वीरवत्=वीरों से युक्त सैन्य और गोमत्=भूमि-युक्त राष्ट्र की धातु=रक्षा करे। हे वीरो नः=हमारा सदा=सदा स्वस्तिभिः=उत्तम उपायों से पात=पालन करो।

भावार्थ=राष्ट्र में बसे उत्तम प्रजा जब बलवान् मेघ या सूर्य के समान शत्रु पर बाण वर्षा करें।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता इन्द्र परमात्मा है।

[२४] चतुर्विंशं सूक्तम्

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=इन्द्रः॥ छन्दः=निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः=धैवतः॥

रक्षक परमात्मा ऐश्वर्य प्रदाता

योनिष्ट इन्द्र सदने अकारि तमा नृभिः पुरुहूत प्र याहि।
असो यथा नोऽविता वृधे च ददो वसूनि ममदश्च सोमैः॥ १॥

पदार्थ=हे इन्द्र=ऐश्वर्यवन्! सदने=सभा में ते=तेरा योनिः=गृहवत् स्थान अकारि=बने। हे पुरुहूत=बहुतों से प्रशंसित! तू तम्=उस मुख्य स्थान को नृभिः=नायकों सहित आ याहि=प्राप्त कर और प्र याहि=प्रयाण कर। यथा=जैसे तू नः=हमारा अविता=रक्षक असः=हो। नः वृधे च=और हमारी वृद्धि के लिये तू वसूनि आ ददः=ऐश्वर्य दे और ग्रहण कर। तू सोमैः च=सौम्य पुरुषों, ऐश्वर्यों से ममदः=तृप्त हो।

भावार्थ=सर्वरक्षक परमेश्वर हमारी वृद्धि के लिए नाना ऐश्वर्य प्रदान कर सौम्य पुरुषों और विभिन्न औषधि रसों से हर्ष प्राप्त कराता है।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=इन्द्रः॥ छन्दः=त्रिष्टुप्॥ स्वरः=धैवतः॥

मनुष्य यज्ञशील बनें

गृभीतं ते मन इन्द्र द्विबर्हाः सुतः सोमः परिषिक्ता मधूनि।
विसृष्टधेना भरते सुवृक्तिरियमिन्द्रं जोहुवती मनीषा॥ २॥

पदार्थ=इयम्=यह सु-वृक्तिः=सद्व्यवहारवाली मनीषा=मनोहारिणी विसृष्ट-धेना=उत्तम भूमि इन्द्रं=ऐश्वर्य-युक्त वर्षा जल को जोहुवती=प्राप्त करती हुई परि-सिक्ता=गर्भाशय में निषिक्त

मधूनि=मधुर जल को भरते=धारण करे। हे इन्द्र=ऐश्वर्यदातः! ते मनः गृभीतं=तेरा मन उस भूमि द्वारा ग्रहण किया जाय। उससे सुतः=उत्पन्न सोमः=सोम ओषधियाँ द्वि-बर्हाः=राष्ट्र को राष्ट्रीय प्रजा दोनों का वृद्धि को प्राप्त और दोनों को सम्पन्न करें।

भावार्थ–राष्ट्र के निवासी भूमि को मेहनत से उपजाऊ बनाकर नाना औषधियाँ एवं वनस्पतियों को उगाकर राष्ट्र को समृद्ध करें।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–इन्द्रः॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

राजा विजयकामी हो

आ नो दिव आ पृथिव्या ऋजीषिन्निदं बर्हिः सोमपेयाय याहि।
वहन्तु त्वा हरयो मद्र्यञ्चमाङ्गूषमच्छा तवसं मदाय॥ ३॥

पदार्थ–हे ऋजीषिन्=सरल मार्ग में प्रजा को चलाने हारे! तू सम-पेयाय=प्रजा-पालन और ऐश्वर्यों के भोग के लिये दिवः पृथिव्याः=उत्तम व्यवहार और भूमि के लिये नः=हमारी इदं बर्हिः=इस बढ़ती प्रजा को आ याहि=प्राप्त हो। हरयः=प्रजास्थ पुरुष तवसं=बलवान् मद्र्यञ्चम्=मेरे प्रति आनेवाले त्वा=तुझको मदाय=प्रसन्नता के लिये आङ्गूषं अच्छ वहन्तु=उत्तम स्तुति वचन प्रदान करें।

भावार्थ–राजा पुत्रवत् प्रजापालन करे और अपने उत्तम व्यवहार से विजयकामना करता हुआ राष्ट्र को उन्नत करे।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–इन्द्रः॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

राजा शत्रुशोषक हो

आ नो विश्वाभिरूतिभिः सजोषा ब्रह्म जुषाणो हर्यश्व याहि।
वरीवृजत्स्थविरेभिः सुशिप्रास्मे दधद् वृषणं शुष्मिमिन्द्र॥ ४॥

पदार्थ–हे हर्यश्व=मनुष्यों में श्रेष्ठ! राज्य-रथ के सञ्चालक! तू नः=हमारे ब्रह्म जुषाणः=अन्न और ज्ञान को सेवन करता हुआ विश्वाभिः ऊतिभिः=सब रक्षा-साधनों से नः=हमें आयाहि=प्राप्त हो। हे सु-शिप्र=उत्तम मुकुटधारिन्! तू स्थाविरेभिः=विद्या और आयु में वृद्ध पुरुषों सहित विपत्तियों को वरीवृजत्=दूर कर। हे इन्द्र=ऐश्वर्यवन्! अस्मे=हमारे लिये वृषणं=बलवान् शुष्मम्=शत्रु-पोषक सैन्य को दधत्=धारण कर।

भावार्थ–राजा को वृद्ध पुरुषों के अनुभवों को प्राप्त कर दैवी व मानुषी विपत्तियों को दूर करके शत्रु का शोषण कर राष्ट्र को समृद्ध करना चाहिए।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–इन्द्रः॥ छन्दः–त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

सबको उत्तम व्यवहार करना चाहिए

एष स्तोमो मह उग्राय वाहे धुरीवात्यो न वाजयन्नधायि।
इन्द्र त्वायमर्क ईट्टे वसूनां दिवीव द्यामधि नः श्रोमतं धाः॥ ५॥

पदार्थ–वाहे धुरि अत्यः न=रथ को उठानेवाले धुरा में जैसे अश्व लगाया जाता है वैसे ही वाहे धुरि=राष्ट्र को धारण के पद पर महे उग्राय=महान्, बलवान् पुरुष के लिये एषः स्तोमः=यह स्तुत्य व्यवहार वाजयन् इव=उसे ऐश्वर्य देता हुआ अधायि=नियत किया जाता है। वसूनां मध्ये दिवि अर्कः=पृथिव्यादि वसुओं के बीच, आकाश में सूर्य के समान, हे

इन्द्र-ऐश्वर्यवन्! वसूनाम्-प्रयोजनों, शासकों के बीच अयम् अर्कः-यह अर्चना-योग्य पद त्वाम् ईट्टे-तुझे ही ऐश्वर्य देता है। तू नः-हमें प्रकाशवत् द्याम्-उत्तम व्यवहार और श्रोमतं-श्रवण-योग्य यश धाः-धारण करा।

भावार्थ-राष्ट्र के निवासी परस्पर शिष्टाचार एवं उत्तम व्यवहार करें, जिससे राष्ट्र की प्रतिष्ठा बढ़े।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

सम्पन्न पुरुष राष्ट्र का पालन करें

एवा नं इन्द्र वार्यस्य पूर्धि प्र तें महीं सुमतिं वेविदाम।
इषं पिन्व मघवद्भ्यः सुवीरां यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ६ ॥

पदार्थ-हे इन्द्र-ऐश्वर्यवन्! नः-हमें तू वार्यस्य-धनैश्वर्य से पूर्धि-पूर्ण कर। हम ते-तेरे महीं-पूज्य सुमतिं-ज्ञान को वेविदाम-प्राप्त करें। तू मघवद्भ्यः-धन-युक्तों को सुवीराम्-शुभ पुत्रों से युक्त इषं-अन्न पिन्व-दे। हे सम्पन्न पुरुषो! यूयं-आप नः-हमारी स्वस्तिभिः-उत्तम उपायों से सदा पात-सदा रक्षा करो।

भावार्थ-राष्ट्र के समृद्ध जनों को चाहिए वे राज्य को कर प्रदान कर राष्ट्र समृद्धि की परियोजनाओं में सहयोगी बनें, जिससे राष्ट्र के नागरिकों का भरण-पोषण सम्यक् होवे।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता इन्द्र ही है।

[२५] पञ्चविंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

राष्ट्र रक्षार्थ अस्त्र-शस्त्र उद्योग लगावें

आ तें महे इन्द्रोत्युग्र समन्यवो यत्समरन्त सेनाः।
पतांति दिद्युन्नर्यस्य बाह्वोर्मा ते मनो विष्वद्र्यग्वि चारीत् ॥ १ ॥

पदार्थ-हे इन्द्र-ऐश्वर्यवन्! हे अति उग्र-प्रचण्ड! यत्-जब महते-तुझ महान् की समन्यवः-क्रोध-युक्त गर्व-पूर्ण सेनाः-सेनाएँ ऊती-देश-रक्षा के लिये सम्-अरन्त-आगे बढ़ें तब नर्यस्य-सब मनुष्यों में श्रेष्ठ ते-तेरे बाह्वोः-बाहुओं में दिद्युत्-चमकता शस्त्रास्त्र पतांति-शत्रु पर पड़े और ते मनः-तेरा चित्त विष्वद्र्यग् मा विचारीत्-सब तरफ न जाय।

भावार्थ-राजा को योग्य है कि राष्ट्र की रक्षा के लिए बड़ी-बड़ी आयुध निर्माणी उद्योगशालायें लगावे, जिससे शत्रुजन भयभीत होते रहें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

शत्रुनाश का उपदेश

नि दुर्ग इन्द्र श्नथिह्यमित्रान्नभि ये नो मर्तासो अमन्ति।
आरे तं शंसं कृणुहि निनित्सोरा नो भर संभरणं वसूनाम् ॥ २ ॥

पदार्थ-हे इन्द्र-ऐश्वर्यवन्! ये-जो मर्तासः-मनुष्य नः-हमें अमन्ति-रोगों के तुल्य पीड़ा देते हैं उन अमित्रान्-शत्रुओं को दुर्गे-दुर्ग में बैठकर अभि श्नथिहि-युद्ध में मार। निनित्सोः-निन्दक से आरे-दूर रहकर ही नः-हमारी तं शंसं कृणुहि-वह प्रशंसनीय विनय कर और नः-हमें वसूनाम्-ऐश्वर्यों से सम्भरणं आ भर-समृद्ध कर।

भावार्थ–जैसे वैद्य लोग पीड़ादायक रोगों को उत्तम औषध द्वारा नष्ट करते हैं, उसी प्रकार राष्ट्र के नायक को चाहिए कि वह राष्ट्र को हानि पहुँचानेवाले शत्रु का उचित साधनों द्वारा नाश करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

विजेता की प्रशंसा करो

शतं ते शिप्रिन्नूतयः सुदासे सहस्रं शंसा उत रातिरस्तु।
जहि वधर्वनुषो मर्त्यस्यास्मे द्युम्नमधि रत्नं च धेहि ॥ ३ ॥

पदार्थ–हे शिप्रिन्–सुन्दर मुखवाले राजन्! सु-दासे–उत्तम दानी पुरुष के लिये ते–तेरी शतं–सैकड़ों ऊतयः–रक्षायें और सहस्रं शंसाः–सहस्रों प्रशंसाएँ हों और सहस्रं रातिः अस्तु–सहस्रों दान हों। हे राजन्! तू वनुषः मर्त्यस्य–दुष्ट पुरुष के वधः–हिंसाकारी साधनों को जहि–नष्ट कर और अस्मे–हमें द्युम्नम्–यश और रत्नं च–धन अधि धेहि–अधिक दे।

भावार्थ–जो राजा वा सेनापति शत्रुओं को जीतकर प्रजा जनों की रक्षा करता है, उस राजा वा सेनापति की प्रजा द्वारा खूब प्रशंसा की जानी चाहिए।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

राजा प्रजा की रक्षा करे

त्वावतो हीन्द्र क्रत्वे अस्मि त्वावतोऽवितुः शूर रातौ।
विश्वेदहानि तविषीव उग्र ओकः कृणुष्व हरिवो न मर्धीः ॥ ४ ॥

पदार्थ–हे इन्द्र–राजन्! प्रभो! विश्वा इत् अहानि–मैं सब दिनों त्वावतः–तेरे जैसे स्वामी के क्रत्वे–कर्म करने के लिये अस्मि–रहूँ। हे शूर–वीर! मैं त्वावतः अवितुः–तेरे जैसे रक्षक के ही रातौ–दिये दान पर अस्मि–वृत्ति करूँ। हे तविषीव–बलवती सेना के स्वामिन्! तू सब दिनों उग्रः–शत्रु के लिये भयजनक, ओकः कृणुष्व–स्थान और सेना का समन्वय बना। हे हरिवः–अश्वसैन्य और मनुष्यों के स्वामिन्! तू न मर्धीः–हमें मत मार।

भावार्थ–राजा को चाहिए कि वह अपनी प्रजा की शत्रुओं से प्राणपण द्वारा रक्षा करे। प्रजा राजा से यही अपेक्षा रखती है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

राजा न्यायकारी हो

कुत्सा एते हर्यश्वाय शूषमिन्द्रे सहो देवजूतमियानाः।
सत्रा कृधि सुहना शूर वृत्रा वयं तरुत्राः सनुयाम वाजम् ॥ ५ ॥

पदार्थ–इन्द्रे–ऐश्वर्यवान् राजा के अधीन ही हर्यश्वाय–उस वेगवान् अश्व के स्वामी के विजयार्थ एते–ये कुत्साः–शस्त्रास्त्र–समूह वा उत्तम शिल्पों के करनेवाले जन देव-जूतम्–वीरों से प्रेरित वा उनके अभिलषित शूषम्–सुखकारी सहः–शत्रुविजयी बल को इयानाः–प्राप्त करते रहें और ऐसे ही वयम्–हम भी तरुत्राः–सबको दुःखों से तारते हुए वाजम् सनुयाम–बल और धन प्राप्त करें। हे शूर–वीर! तू सत्रा–सदा, वृत्रा–दुष्ट पुरुषों को सुहना कृधि–सुख से नाश-योग्य बना।

भावार्थ–राजा को ऐसा प्रबन्ध करना चाहिए कि दुष्ट लोग प्रजा के धनादि ऐश्वर्य का

हरण न कर सकें। उचित न्याय व्यवस्था द्वारा दुष्टों व शत्रुओं के दण्ड का विधान होवे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

राष्ट्र समृद्ध बने

एवा नं इन्द्र वार्यस्य पूर्धि प्र तें महीं सुमतिं वेविदाम।
इषं पिन्व मघवद्भ्यः सुवीरं यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ६ ॥

पदार्थ-हे **इन्द्र**-ऐश्वर्यवन्! **नः**-हमें तू **वार्यस्य**-धनैश्वर्य से **पूर्धि**-पूर्ण कर। हम **ते**-तेरे **महीं**-पूज्य **सुमतिं**-ज्ञान को **वेविदाम**-प्राप्त करें। तू **मघवद्भ्यः**-धन-युक्तों को **सुवीराम्**-शुभ पुत्रों से युक्त **इषं**-अन्न **पिन्व**-दे। हे सम्पन्न पुरुषो! **यूयं**-आप **नः स्वस्तिभिः सदा पात**-उत्तम उपायों से हमारी सदा रक्षा करो।

भावार्थ-यज्ञ करने से राष्ट्र समृद्ध बनता है। यज्ञ द्वारा प्रजा नीरोग व स्वस्थ रहकर सुखी बनती है। पर्यावरण प्रदूषण रहित होने से अन्नादि की उत्पत्ति दोष रहित होकर राष्ट्र समृद्ध होता है।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ देवता इन्द्र है।

[२६] षड्विंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सोम की रक्षा करो

न सोमं इन्द्रमसुतो ममादु नाब्रह्माणो मघवानं सुतासः।
तस्मा उक्थं जनये यज्जुजोषन्नृवन्नवीयः शृणवद्यथा नः ॥ १ ॥

पदार्थ-**असुतः सोमः**-जैसे बिना तैयार किया ओषधि-रस **इन्द्रम्**-जीव को **न ममाद**-हर्षित नहीं करता और **असुतः सोमः**-न उत्पन्न हुआ पुत्र **इन्द्रं न ममाद**-गृह-स्वामी को हर्षित नहीं करता, वैसे ही **असुतः**-ऐश्वर्यरहित **सोमः**-राष्ट्र **इन्द्रम् न ममाद**-राजा को सुखी नहीं करता। **अब्रह्माणः सुतासः**-वेदज्ञान-रहित पुत्र **मघवानम्**-धन वा ज्ञान के स्वामी पिता को हर्ष नहीं देते, वैसे ही **अब्रह्माणः**-धन न देनेवाले **सुतासः**-उत्पन्न जन भी **मघवानं न ममाद**-धनाढ्य को प्रसन्न नहीं करते। **यत् जुजोषत्**-जो प्रेम से सेवन करे **मैं तस्मै**-उसी के लिये **उक्थं जनये**-उत्तम वचन प्रकट करूँ **यथा**-जिससे वह **नः नवीयः**-हमारा उत्तम वचन **नृवत्**-उत्तम पुरुष के समान **शृणवत्**-सुने।

भावार्थ-जैसे तैयार किया हुआ सोम असंयमी को सुख नहीं देता, उसी प्रकार से धनाढ्य राज्य अनुशासन ही न प्रजा को सुखी नहीं कर सकता।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

राजा-प्रजा परस्पर प्रेम से रहें

उक्थउक्थे सोम इन्द्रं ममाद नीथेनीथे मघवानं सुतासः।
यदीं सबाधः पितरं न पुत्राः समानदक्षा अवसे हवन्ते ॥ २ ॥

पदार्थ-**उक्थे-उक्थे**-प्रत्येक उत्तम, उपदेश योग्य व्यवहार-ज्ञान में **सोमः**-शिष्य **इन्द्रं ममाद**-आचार्य को हर्ष देनेवाला हो। **नीथे-नीथे**-उत्तम उद्देश्य की ओर जानेवाले प्रत्येक मार्ग में **सुतासः**-शिष्य वा पुत्र भी **मघवानं**-दान-योग्य ज्ञान और धन के स्वामी गुरु वा पिता को

प्रसन्न करें। ऐसे ही **सोमः**=ऐश्वर्ययुक्त राष्ट्र राजा को प्रसन्न करे। **समानदक्षाः पुत्राः सबाधः पितरं न**=समान बल से युक्त पुत्र जैसे पीड़ायुक्त पिता को **अवसे हवन्ते**=उसकी रक्षार्थ प्राप्त होते हैं, वैसे ही **यत् ईम्**=जब भी प्रजाजन **सबाधः**=पीड़ित हों तब वे भी पुत्रवत् ही **पितरं**=राजा को **समान-दक्षाः**=समान बलशाली होकर **अवसे हवन्ते**=रक्षा के लिये पुकारें।

भावार्थ–जैसे पुत्र पर कष्ट आने पर पिता उसकी रक्षा करता और पिता के कष्टमय होने पर पुत्र पिता की सेवा कर उसके कष्ट का निवारण करता है। उसी प्रकार प्रजा पर कष्ट आवे तो राजा प्रजा की रक्षा करे तथा राजा पर कष्ट आने पर प्रजा भी राजा का सहयोग करे।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–इन्द्रः॥ छन्दः–त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

राजा प्रजा को पापाचरण से बचाए

चकार॒ ता कृ॒णव॑च्छू॒नम॒न्या यानि॑ ब्रु॒वन्ति॑ वे॒धसः॑ सु॒तेषु॑।
जनी॑रिव॒ पति॒रेकः॑ समा॒नो नि मा॑मृजे॒ पुर॒ इन्द्रः॒ सु सर्वीः॑॥ ३॥

पदार्थ–**वेधसः**=विद्वान् लोग **सुतेषु**=अपने पुत्रों में और विद्वान् जन **सुतेषु**=अभिषिक्त पुरुषों में **यानि**=जिन-जिन **अन्या**=भिन्न-भिन्न उपदेश्य वचनों को **ब्रुवन्ति**=उपदेश करते हैं **इन्द्रः**=ऐश्वर्यवान् राजा **ता**=उन-उन उत्तम कर्मों को **नूनम्**=अवश्य **चकार**=करे और **कृणवत्**=अन्य-अन्य भी उत्तम कर्म करें। **एकः**=एक **पतिः**=पति जैसे **जनीः इव**=पुत्रोत्पादक दाराओं को **नि मामृजे**=प्रथम ही दोषरहित कर लेता है ऐसे ही **इन्द्रः**=ऐश्वर्यवान् राजा **एकः**=अद्वितीय, **सर्वाः समानः**=उत्तम आदरयुक्त एवं सबके प्रति समान होकर समस्त **पुरः**=समक्ष आये प्रजाओं को **सु**=अच्छी प्रकार **नि मामृजे**=पवित्र करे।

भावार्थ–जिस प्रकार से विद्वान् जन अपने शिष्यों को उत्तम शिक्षा द्वारा बुराइयों से बचाकर सन्मार्ग में प्रवृत्त करते हैं, उसी प्रकार राजा भी निष्पक्ष होकर उत्तम राजनियमों के द्वारा प्रजा को पापाचरण से बचावे।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–इन्द्रः॥ छन्दः–त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

राजा न्यायकारी हो

एवा तमा॑हु॒रुत शृ॑ण्व॒ इन्द्र॒ एको॑ वि॒भक्ता॒ तर॑णि॒र्मघा॑नाम्।
मि॒थस्तु॒रो॒ ऊ॒तयो॒ यस्य॑ पू॒र्वीर॒स्मे भ॒द्राणि॑ सश्चत प्रि॒याणि॑॥ ४॥

पदार्थ–**यस्य**=जिसके **पूर्वीः**=सदा से विद्यमान **मिथस्तुरः**=परस्पर मिलकर शीघ्र कार्य करनेवाली, **ऊतयः**=रक्षाएँ वा रक्षाकारिणी सेनाएँ **अस्मे**=हमें **भद्राणि**=सुखजनक, **प्रियाणि**=ऐश्वर्य **सश्चत**=प्राप्त कराती हैं वह **इन्द्रः**=ऐश्वर्यवान् राजा **एकः**=अद्वितीय **तरणिः**=संकटों से पार उतारनेवाला, **मघानां विभक्ता**=ऐश्वर्यों का विभाग करनेवाला है **तम् एव आहुः**=उसका ही लोग उपदेश करते हैं **उत तम् एव शृण्वे**=और उसकी ही मैं गुरुजनों से उपदेश द्वारा श्रवण करूँ।

भावार्थ–जैसे सेना राष्ट्र की रक्षा में तत्पर रहती है उसी प्रकार राजा अपनी न्याय व्यवस्था द्वारा प्रजा की रक्षा में तत्पर रहे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

कृषि वृद्धि हेतु प्रयत्न करें

एवा वसिष्ठ इन्द्रमूतये नॄन्कृष्टीनां वृषभं सुते गृणाति।
सहस्त्रिण उप नो माहि वाजान्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ५ ॥

पदार्थ-सुते-अन्न को उत्पन्न करने के लिये जैसे कृष्टीनां-खेतियों के वृद्ध्यर्थ वृषभं-वर्षक मेघ की विद्वान् स्तुति करते हैं और अन्न के उत्पन्न करने के लिये जैसे कृष्टीनां-खेती करने हारों के बीच वृषभं-बलवान् बैल की स्तुति की जाती है, वैसे वसिष्ठः-देशवासी उत्तम जन सुते-ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिये और ऊतये-रक्षार्थ भी कृष्टीनां-मनुष्यों में वृषभं-श्रेष्ठ इन्द्रं-ऐश्वर्य-युक्त पुरुष की गृणाति-स्तुति करता है। हे राजन्! तू नः-हमें सहस्त्रिणः वाजान्-सहस्रों सुखों से युक्त ऐश्वर्य उप माहि-दे। हे विद्वान् पुरुषो! यूयं-आप लोग नः सदा स्वस्तिभिः पात-हमारी सदा उत्तम उपायों से रक्षा करें।

भावार्थ-राजा व प्रजा दोनों मिलकर ऐसा प्रयत्न करें कि जिससे राष्ट्र की भूमि उन्नत कृषि के योग्य बने। इस प्रकार उन्नत कृषि द्वारा अन्न के भण्डार भरे रहें जिससे प्रजा सुखी रहे।

अगले सूक्त का वसिष्ठ ऋषि व इन्द्र देवता है।

[२७] सप्तविंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

परमात्मा का स्मरण करें

इन्द्रं नरो नेमधिता हवन्ते यत्पार्या युनजते धियस्ताः।
शूरो नृषाता शवसश्चकान आ गोमति व्रजे भजा त्वं नः ॥ १ ॥

पदार्थ-यत्-जो इन्द्रं-ऐश्वर्यवान् को नेमधिता-संग्राम में नरः-मनुष्य हवन्ते-पुकारते हैं, यत्-जो पार्याः-पालन-योग्य धियः-और धारण-योग्य प्रजाएं ऐश्वर्यवान् राजा का युनजते-सहयोग करती हैं, हे राजन्! तू वह शूरः-वीर नृ-साता-मनुष्यों को विभक्त करनेवाला, शवसः चकानः-बल की इच्छा करता हुआ ताः-उन प्रजाओं को और नः-हमें भी गोमति व्रजे-उत्तम वाणियों से प्राप्तव्य ज्ञानमार्ग वा ब्रह्मपद से युक्त उत्तम राज्य में आ भज-रख।

भावार्थ-मनुष्य को योग्य है कि सर्वव्यापक परमेश्वर का हर समय स्मरण करते हुए उसकी सर्वशक्तिमत्ता को अनुभव करे, तथा कुमार्गों से सदा बचकर सुपथ पर चलता रहे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

परमात्मा धन और ज्ञान दे

य इन्द्र शुष्मो मघवन्ते अस्ति शिक्षा सखिभ्यः पुरुहूत नृभ्यः।
त्वं हि दृळ्हा मघवन्विचेता अपा वृधि परिवृतं न राधः ॥ २ ॥

पदार्थ-हे इन्द्र-ऐश्वर्यप्रद! हे मघवन्-धन के स्वामिन्! राजन्! यः-जो ते-तेरा शुष्मः अस्ति-बल है, वह तू सखिभ्यः-मित्र नृभ्यः-मनुष्यों को शिक्ष-दे। हे पुरुहूत-बहुतों से प्रशंसित! हे मघवन्-उत्तम धन के स्वामिन्! त्वं हि-तू निश्चय से विचेताः-ज्ञानवान् होकर परि-वृतं राधः न-छुपे धन के समान ही दृळ्हा-दृढ़ दुर्गों और परम ज्ञान को अपा वृधि-खोलकर हमें दे।

भावार्थ–मनुष्यों को चाहिए कि समस्त ज्ञान एवं धन का स्वामी ईश्वर को मानकर उसी से सम्पूर्ण पुरुषार्थ के साथ ज्ञान एवं धनैश्वर्य की प्रार्थना करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

प्रजा दानशील हो

इन्द्रो राजा जगतश्चर्षणीनामधि क्षमि विषुरूपं यदस्ति।
ततो ददाति दाशुषे वसूनि चोदद्राध उपस्तुतश्चिदर्वाक् ॥ ३ ॥

पदार्थ–इन्द्रः=शत्रु-नाशक पुरुष राजा=सूर्यवत् तेजस्वी, और जगतः=जंगम संसार और चर्षणीनाम्=मनुष्यों का स्वामी हो। अधि क्षमि=पृथिवी पर यत्=जो विषु-रूपं=विविध प्रकार का धन है वह उसी का है। ततः=उसमें से वह दाशुषे=दानशील पुरुष को वसूनि ददाति=धन देता है। वह उप-स्तुतः=प्रशंसित अर्वाक्=हमें प्राप्त होकर राधः चोदत्=धन प्राप्ति की प्रेरणा करे।

भावार्थ–दान से धन की वृद्धि होती है ऐसा जानकर सभी मनुष्यों को दानशील होना चाहिए। परमेश्वर दानशील के धन की पर्याप्त वृद्धि करता है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

धन और बल पर राजा का नियन्त्रण हो

नू चिन्न इन्द्रो मघवा सहूती दानो वाजं नि यमते न ऊती।
अनूना यस्य दक्षिणा पीपाय वामं नृभ्यो अभिवीता सखिभ्यः ॥ ४ ॥

पदार्थ–यस्य=जिसका अभि-वीता-तेजो-युक्त, दक्षिणा=दान और क्रिया-सामर्थ्य, अनूना=किसी से न्यून न होकर सखिभ्यः नृभ्यः=मित्रों के लिये वामं=उत्तम ऐश्वर्य को पीपाय=बढ़ाता है नु चित्=वह पूज्य इन्द्रः=ऐश्वर्यवान् मघवा=धन का स्वामी दानः=दान देता हुआ नः=हमारी ऊती=रक्षार्थ स-हूती=सबको समान देने की नीति से वाजं=ऐश्वर्य को नि यमते=नियन्त्रित करता है।

भावार्थ–राजा को न्यायकारी होकर निष्पक्ष भाव से समस्त राज्य सम्पदा पर अधिकार करके सम्पूर्ण प्रजा जनों में समान रूप से वितरण व्यवस्था को सुनिश्चित एवं सुव्यवस्थित करना चाहिए। सेना पर भी राजा का सुनियन्त्रण होवे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

राजा प्रजापालक हो

नू इन्द्र राये वरिवस्कृधी न आ ते मनो ववृत्याम मघाय।
गोमदश्वावद्रथवद व्यन्तो यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ५ ॥

पदार्थ–हे इन्द्र=ऐश्वर्यवन्! तू नु=शीघ्र ही राये=ऐश्वर्य प्राप्ति के लिये नः वरिवः कृधि=हम प्रजाजनों का कल्याण कर। हम भी ते मनः=तेरे मन को मघाय=धन के लिये आ ववृत्याम=आकर्षण करें। हे विद्वान् पुरुषो! गोमत्=गौओं, भूमियों से युक्त अश्ववत्=अश्वों से युक्त, रथवत्=रथों से सम्पन्न ऐश्वर्य का व्यन्तः=उपभोग करते हुए यूयम्=आप लोग स्वस्तिभिः=उत्तम साधनों से नः पात=हमारी रक्षा करें।

भावार्थ–प्रजा को सुखी करना राजा का प्रथम कर्त्तव्य है। अतः राजा को योग्य है कि

वह अन्न, धन, वस्त्र, निवास, व्यापार, स्वास्थ्य तथा शिक्षा की सुव्यवस्था करके प्रजा का विश्वास जीतकर उत्तमता के साथ पालन करे।

अगले सूक्त का भी ऋषि वसिष्ठ और देवता इन्द्र ही है।

[२८] अष्टाविंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

उत्तम विद्वान के कर्त्तव्य

ब्रह्मा ण इन्द्रोप याहि विद्वानर्वाञ्चस्ते हरयः सन्तु युक्ता।
विश्वे चिद्धि त्वा विहवन्त मर्ता अस्माकमिच्छृणुहि विश्वमिन्व ॥ १ ॥

पदार्थ-हे इन्द्र-ऐश्वर्य और विद्योपदेशदाता राजन्! आचार्य! तू विद्वान्-विद्वान् होकर नः ब्रह्म उप याहि-हमारा बड़ा राष्ट्र और धन प्राप्त कर, करा। ते-तेरे अधीन हरयः-अश्वारोही और नियुक्त मनुष्य अर्वाञ्चः-विनयशील और युक्ताः-मनोयोग देनेवाले हों। विश्वे चित् मर्त्ताः हि-समस्त मनुष्य निश्चय से त्वा वि हवन्त-तुझे विविध प्रकार से पुकारते हैं। हे विश्वमिन्व-सबके प्रेरक! तू अस्माकम् इत्-हमारा वचन अवश्य शृणुहि-सुन।

भावार्थ-राष्ट्र के अन्दर उत्तम विद्वानों को सुशिक्षा एवं सदुपदेश के द्वारा राजा तथा प्रजा दोनों को सन्मार्ग में प्रेरित करना चाहिए। राजा वेद के विद्वानों के परामर्श से राज्यव्यवस्था चलावे। प्रजा की समस्याओं को विद्वान् जन राजा के सामने रखकर उनका समाधान करावें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

राजा शत्रुओं के लिए भयानक हो

हवं त इन्द्र महिमा व्यानड् ब्रह्म यत्पासि शवसिन्नृषीणाम्।
आ यद्वज्रं दधिषे हस्त उग्र घोरः सन्क्रत्वा जनिष्ठा अषाळ्हः ॥ २ ॥

पदार्थ-हे इन्द्र-ऐश्वर्यवन्! ते महिमा-तेरा सामर्थ्य हवं-यज्ञ और संग्राम को भी वि आनड्-व्याप्त है। यत्-जिससे, हे शवसिन्-बलवन्! तू ऋषीणाम्-ऋषियों के हवं, ब्रह्म-स्तुत्य ज्ञान की भी पासि-रक्षा करता है। हे उग्र-तेजस्विन्! यत्-जो वज्रं हस्ते दधिषे-शस्त्रास्त्र बल को हाथ में धारण करता है वह, तू घोरः सन्-शत्रुनाश में समर्थ होकर क्रत्वा-अपने कर्म से अषाढः-अन्यों के लिये असह्य हो जनिष्ठाः-अजेय सेनाओं को प्रकट कर।

भावार्थ-कुशल राजा अपने ज्ञान एवं कर्म द्वारा शक्ति का बहुत संग्रह करे, जिससे शत्रु काँप उठे तथा राष्ट्र पर आक्रमण करने का साहस न कर सके। आक्रमणकारी शत्रु पर इन्द्र के समान भयंकर वज्रपात करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

राजा विद्रोहियों को कठिन दण्ड दे

तव प्रणीतीन्द्र जोहुवानास्तं यन्नृन रोदसी निनेथ।
महे क्षत्राय शवसे हि जज्ञेऽतूतुजिं चित्तूतुजिरशिश्नत् ॥ ३ ॥

पदार्थ-रोदसी न-सूर्य जैसे आकाश और पृथ्वी को मार्ग पर चलाता है वैसे ही यत्-जो पुरुष जोहुवानान्-निरन्तर पुकारनेवाले और बुलाये गये, नृन्-नायक पुरुषों को सं निनेथ-सन्मार्ग पर चलाता है और जो तूतुजिः-शत्रु-नाशक होकर अतूतुजिं-अहिंसक प्रजा और कर न देनेवाले

शत्रु का **अशिश्नत्**=शासन करता है वह, तू **हि**-निश्चय से **महे क्षत्राय**-बड़े क्षात्र बल और **महे शवसे**-बड़े सैन्य बल के सञ्चालन के लिये **जज्ञे**-समर्थ है।

भावार्थ-राजा को योग्य है कि वह दण्ड विधान को कठोरता के साथ राज्य में लागू करे। दण्ड के बिना शासन कभी भी नहीं चल सकता। जो कर न देनेवाले, देशद्रोही तथा भ्रष्टाचार करनेवाले हैं राजा उन्हें कठोर दण्ड देवे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

राजा उत्तम न्यायकारी हो

एभिर्नो इन्द्राहभिर्दशस्य दुर्मित्रासो हि क्षितयः पवन्ते।
प्रति यच्चष्टे अनृतमनेना अवं द्विता वरुणा मायी नः सात्॥ ४॥

पदार्थ-हे **इन्द्र**-न्याय के द्रष्टा राजन्! **नः**-हमारे **दुः-मित्रासः**-दुष्ट मित्र और **क्षितयः**-साथी **हि**-भी **पवन्ते**-तुझे प्राप्त होते हैं। तू **एभिः अहभिः**-इन कुछ दिनों में, शीघ्र **दशस्य**-न्याय प्रदान कर। **यः**-जो तू **अनृतम्**-असत्य को **प्रतिचष्टे**-खण्डित करता है वह, तू **अनेनाः**-पाप-रहित, **वरुणः**-श्रेष्ठ **मायी**-बुद्धिमान् होकर **द्विता**-सत्य और असत्य दोनों के बीच **नः अव सात्**-हमारा निर्णय कर।

भावार्थ-राजा को अपनी गुप्तचर व्यवस्था को सुदृढ़ करना चाहिए। जिससे राज्य में होनेवाली प्रत्येक गतिविधि को जानकर राजा अपनी न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ कर सके। न्यायकारी राजा उत्तम न्याय व्यवस्था द्वारा प्रजा को सुखी एवं शत्रु को मित्र बना सकता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः ॥

राजा ऐश्वर्यशाली हो

वोचेमेदिन्द्रं मघवानमेनं महो रायो राधसो यद्ददन्नः।
यो अर्चतो ब्रह्मकृतिमविष्ठो यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ ५॥

पदार्थ-**यत्**-जो **महः रायः**-बड़े-बड़े ऐश्वर्य **नः ददत्**-हमें देता है। **एनं मघवानम्**-उस ऐश्वर्य स्वामी को हम **इन्द्रम् इत् वोचेम**-'इन्द्र' ही पुकारें और **यः**-जो **अर्चतः**-अपने सत्कारकों को **ब्रह्म-कृतिम्**-धनैश्वर्य के उत्पन्न करने के साधन देता, वही **अविष्ठः**-उत्तम रक्षक है। हे विद्वान् पुरुषो! **यूयं**-आप लोग **नः सदा स्वस्तिभिः पात**-हमारा सदा उत्तम साधनों से पालन करो।

भावार्थ-राजा को विद्वान् होना चाहिए। विद्वान् राजा उत्तम विद्या का प्रचार-प्रसार करके राष्ट्र में सुख के साधनों को बढ़ावा देकर प्रजा को ऐश्वर्यशाली बना सकता है। विद्वान् जन भी निर्भयता के साथ राज्य में ज्ञान-विज्ञान का प्रचार कर उत्तम शिक्षा द्वारा ऐश्वर्य की वृद्धि करें।

अगले सूक्त का भी ऋषि वसिष्ठ और देवता इन्द्र है।

[२९] एकोनत्रिंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

राजा उत्तम ऐश्वर्य दाता हो

अयं सोम इन्द्र तुभ्यं सुन्वे आ तु प्र याहि हरिवस्तदोकाः।
पिबा त्वस्य सुषुतस्य चारोर्ददो मघानि मघवन्नियानः॥ १॥

पदार्थ–हे इन्द्र–परमैश्वर्यवन्! अयं सोमः–यह ऐश्वर्य तुभ्यम्–तेरे लिये सुन्वे–उत्पन्न किया है। हे हरिवः–मनुष्यों के स्वामिन्! तदोकाः–तू उस गृह में रहता हुआ तु–भी आ याहि–हमें प्राप्त हो और प्र याहि–प्रयाण कर। अस्य–इस सु–सुतस्य–उत्तम रीति से उत्पन्न प्रजाजन का तु–भी पिब–पालन कर। हे मघवन्–ऐश्वर्यवन्! इयानः–प्राप्त होता हुआ तू हमें मघानि–ऐश्वर्य ददः–दे।

भावार्थ–उत्तम राजा अपनी प्रजा को उत्तम बनाकर राष्ट्र को उन्नत करता है। उत्तम राजा अपने राज्य में उत्तम शिक्षा को फैलाकर राज्य की प्रजा को उत्तम ऐश्वर्य प्रदान कर सुखी बनाता है।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–इन्द्रः॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

राजा चतुर्वेदज्ञ हो

ब्रह्मन्वीर ब्रह्मकृतिं जुषाणोऽर्वाचीनो हरिभिर्याहि तूयम्।
अस्मिन्नु षु सवने मादयस्वोप ब्रह्माणि शृणव इमा नः॥ २॥

पदार्थ–हे ब्रह्मन्–विद्वन्! हे वीर–शूर! तू ब्रह्मकृतिं–परमेश्वर–निर्मित जगत् को, बड़े राष्ट्र–कार्य को जुषाणः–सेवन करता हुआ हरिभिः–उत्तम पुरुषों सहित अर्वाचीनः–अब भी तूयम् याहि–शीघ्र प्राप्त हो। अस्मिन् सवने–इस यज्ञ, वा राष्ट्र–शासन में नु सु मादयस्व–शीघ्र, तू प्रसन्न होकर अन्यों को भी सुखी कर और नः–हमारे इमा–इन ब्रह्माणि इमा–वेद–वचनों को उप–शृणवः–सुन।

भावार्थ–राजा को चारों वेदों का विद्वान् होना चाहिए जिससे वह अपने राज्य में वेद विद्या का प्रसार कर वेद के विद्वानों द्वारा समस्त प्रजा को वेदवित् बना सके तथा वैदिक राष्ट्र की स्थापना कर सके।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–इन्द्रः॥ छन्दः–पङ्क्तिः॥ स्वरः–पञ्चमः॥

राजा विद्वान् और विनयशील हो

का ते अस्त्यरंकृतिः सूक्तैः कदा नूनं ते मघवन्दाशेम।
विश्वा मतीरा ततने त्वायाधा म इन्द्र शृणवो हवेमा॥ ३॥

पदार्थ–हे मघवन्–ऐश्वर्य–स्वामिन्! ते–तेरे सूक्तैः–उत्तम वचनों, विद्या–प्रवचनों से का अरंकृतिः अस्ति–कैसी शोभा है। हे ऐश्वर्यवन्! हम ते–तेरे लिये नूनं–सत्य कहो, आज्ञा करो कदा दाशेम–कब–कब उपहार दें? त्वाया–तुझसे ही हमारी विश्वाः मतीः–सब बुद्धियाँ आ ततने–विस्तृत ज्ञानवाली होती हैं। अध–और, हे इन्द्र–ज्ञानप्रद! मे इमा हवा–मेरे ग्राह्य पदार्थ और प्रार्थना–वचन शृणवः–सुनो और हवा–ग्राह्य ज्ञानोपदेश मे शृणवः–मुझे सुनाओ।

भावार्थ–विद्वान् राजा वेद के विद्वानों की मण्डली में नित्य बैठा करे तथा उनसे राष्ट्र की समृद्धि के सूत्रों को प्राप्त कर शोध कार्यों द्वारा राष्ट्र में उत्तम ऐश्वर्य की वृद्धि करे। राजा अभिमान को छोड़ विनयशीलता के साथ प्रजा पालन करे।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–इन्द्रः॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

राजा बहुश्रुत हो

उतो घा ते पुरुष्या इदासन्येषां पूर्वेषामशृणोर्ऋषीणाम्।
अधाहं त्वा मघवञ्जोहवीमि त्वं न इन्द्रासि प्रमतिः पितेव॥ ४॥

पदार्थ–हे इन्द्र-ऐश्वर्य-दातः! उतो घ-और येषाम्-जिन पूर्वेषां ऋषीणाम्-पूर्व के, सत्य ज्ञान-द्रष्टा जनों के ज्ञान को तू अशृणोः-सुनता है ते इत्-वे निश्चय से पुरुष्याः आसन्-मनुष्यों के हितकारी हैं। हे मघवन्-धनवन्! अध-और अहं-मैं त्वा-तुझे जोहवीमि-गुरु स्वीकार करता हूँ, त्वं-तू प्रमतिः-उत्तम ज्ञानी होकर नः पिता इव असि-हमारे पिता के समान है।

भावार्थ–राष्ट्र में विविध विद्याओं के विद्वानों की एक मण्डली होवे। राजा उन विद्वानों से ज्ञान का श्रवण उसी प्रकार श्रद्धा से करे, जैसे पुत्र पिता से ज्ञान को सुनता है। इससे राजा बहुत विद्याओं को जानकर राष्ट्र में अध्यात्म तथा ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि करे।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-इन्द्रः॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

विद्वान् भी ऐश्वर्यशाली हो

वोचेमेदिन्द्रं मघवानमेनं महो रायो राधसो यद्ददन्नः।
यो अर्चतो ब्रह्मकृतिमविष्ठो यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥५॥

पदार्थ–यत्-जो महः रायः-बड़े-बड़े ऐश्वर्य नः ददत्-हमें देता है। एनं मघवानम्-उस ऐश्वर्य के स्वामी को हम इन्द्रम् इत् वोचेम-'इन्द्र' ही पुकारें और यः-जो अर्चतः-अपने सत्कारकों को ब्रह्म-कृतिम्-धनैश्वर्य के उत्पन्न करने के साधन देता है, वही अविष्ठः-उत्तम रक्षक है। हे विद्वान् पुरुषो! यूयं-आप लोग नः सदा स्वस्तिभिः पात-हमारा सदा उत्तम साधनों से पालन करो।

भावार्थ–विद्वानों को योग्य है कि वे राष्ट्र में विभिन्न प्रकार के शोध कार्यों द्वारा ज्ञान-विज्ञान को बढ़ावें तथा ऐश्वर्यशाली होवें। इससे राष्ट्र भी ऐश्वर्यसम्पन्न होकर उन्नति को प्राप्त करेगा। राज्य की प्रजा भी ऐसे विद्वानों से प्रेरणा पाकर उन्नति की ओर अग्रसर होगी।

अगले सूक्त का भी ऋषि वसिष्ठ और देवता इन्द्र ही है।

[३०] त्रिंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-इन्द्रः॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

राजा बलशाली हो

आ नो देव शवसा याहि शुष्मिन्भवा वृध इन्द्र रायो अस्य।
महे नृम्णाय नृपते सुवज्र महि क्षत्राय पौंस्याय शूर॥१॥

पदार्थ–हे देव-तेजिस्वन्! प्रभो! तू शवसा-बल और ज्ञान-सहित नः आयाहि-हमें प्राप्त हो। हे शुष्मिन्-बलशालिन्! हे इन्द्र-ऐश्वर्यवन्! तू अस्य-इस रायः-धनैश्वर्य का वृधः भव-वर्धक हो। हे सुवज्र-उत्तम वीर्यवन्! हे शूर-वीर! हे नृपते-मनुष्य-पालक! तू महे नृम्णाय-बड़े धनैश्वर्य, महि क्षत्राय-बड़े शत्रुनाशक राष्ट्र और पौंस्याय भव-पौरुष के लिये उद्यत हो!

भावार्थ–पुरुषार्थी राजा ही शरीर, मन, आत्मा तथा सम्प्रभुता के बलों को प्राप्त कर सकता है। इन बलों से युक्त बलवान् राजा ही राज्य की शत्रुओं से रक्षा कर सकता है। प्रजा का पालन भी इन बलों के बिना नहीं हो सकता। अतः राजा को चाहिए कि वह आत्मिक एवं भौतिक बलों से बलशाली बने।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सेनापति होने योग्य पुरुष

हवन्त उ त्वा हव्यं विवाचि तनूषु शूराः सूर्यस्य सातौ।
त्वं विश्वेषु सेन्यो जनेषु त्वं वृत्राणि रन्धया सुहन्तु ॥ २ ॥

पदार्थ-हे राजन्! शूरः-वीर पुरुष वि वाचि-विविध वाणियों के प्रयोग के समय, संग्राम और स्तुतिकाल में हव्यं-पुकारने और स्तुति-योग्य त्वा उ-तुझको ही हवन्ते-पुकारते हैं। तनूषु-शरीरों में सूर्यस्य सातौ-सूर्य नाम दक्षिण नासागत प्राण के प्राप्त होने पर, आवेश में त्वा उ हवन्ते-तेरी ही स्तुति करते हैं। त्वं विश्वेषु जनेषु-तू सब मनुष्यों में सेन्यः-सेना-नायक होने योग्य है और त्वं-तू वृत्राणि-बढ़ते शत्रु-सैन्यों को सु हन्तु-अच्छी प्रकार मार, रन्धय-वश कर।

भावार्थ-जैसे तेजस्वी सूर्य अपने तेज से सबका मार्गदर्शन करता है। जैसे सूर्य ऊर्जा का भण्डार है, उसी प्रकार से सेनापति को भी तेजस्वी तथा ऊर्जावान् होना चाहिए। तभी वह सेना का नेतृत्व तथा राष्ट्र की रक्षा कर सकेगा।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

सेनापति तेजस्वी हो

अहा यदिन्द्र सुदिना व्युच्छान्दधो यत्केतुमुपमं समत्सु।
न्यग्निः सीददसुरो न होता हुवानो अत्र सुभगाय देवान् ॥ ३ ॥

पदार्थ-जैसे सूर्य सुदिना-शुभ दिनों को वि उच्छान्-खूब प्रकाशित कर दधे-धारण करता है, केतुम् दधे-ज्ञान-प्रकाशक को धारण करता है, वह सुभगाय देवान् हुवानः होता न-कल्याण के लिये किरणों को देता हुआ अग्नि के समान प्रदीप्त होता है वैसे ही, हे इन्द्र-ऐश्वर्यवन् सेनापते! तू भी सुदिना अहा-शुभ दिनों को प्राप्त कर व्युच्छान् देवान् दधः-तेजस्वी वीर पुरुषों और शुभ गुणों को धारण कर और समत्सु-संग्रामों में उपमं-आदर्श रूप केतुम्-ज्ञापक चिह्न को दधः-धारण कर। तू अग्निः-अग्नि-समान तेजस्वी और असुरः न-प्राणवत् सबको जीवन दाता होता-सबको वृत्ति देनेवाला होकर देवान्-विजयेच्छुक वीरों को सु-भगाय-उत्तम ऐश्वर्य के लिये हुवानः-बुलाता, स्वीकार करता हुआ नि सीदत्-विराजे।

भावार्थ-सेनापति सर्व उपमा योग्य ज्ञान धारण करे। अग्नि के समान तेजस्वी, अग्रणी और प्राणवत् सबको जीवन देनेवाला वायु के समान शत्रुओं को उखाड़ने में समर्थ, समराग्नि में होता के तुल्य मन्त्रों को उच्चारण करता हुआ शत्रुओं को जलावे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

सेनापति ज्ञानवान् हो

वयं ते त इन्द्र ये च देव स्तवन्त शूर ददतो मघानि।
यच्छा सूरिभ्य उपमं वरूथं स्वाभुवो जरणामश्नवन्त ॥ ४ ॥

पदार्थ-हे इन्द्र-ऐश्वर्यवन्! हे देव-दानशील! मघानि-नाना ऐश्वर्य ददतः-देते हुए ते-तेरी ये च स्तवन्त-जो लोग स्तुति करते हैं ते-वे और वयम्-हम स्वाभुवः-उत्तम रीति से समृद्ध होकर जरणाम्-स्तुति और दीर्घायु को अश्नवन्त-प्राप्त हों। तू सूरिभ्यः-विद्वान् पुरुष

को उपमं वरूथं-उत्तम गृह यच्छ-दे।

भावार्थ-सेनापति युद्धनीति ज्ञाता और सामर्थ्यवान् होकर शत्रुओं की प्रबल सेना को भी ध्वस्त करने में समर्थ हो।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-इन्द्रः॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः॥ स्वरः-पञ्चमः॥

परमात्मा से ज्ञान और बल की प्रार्थना

वोचेमेदिन्द्रं मघवानमेनं महो रायो राधसो यद्ददन्नः।
यो अर्चतो ब्रह्मकृतिमविष्ठो यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥५॥

पदार्थ-यत्-जो महः रायः-बड़े-बड़े ऐश्वर्य नः ददत्-हमें देता है। एनं मघवानम्-उस ऐश्वर्य के स्वामी को हम इन्द्रम् इत् वोचेम-'इन्द्र' ही पुकारें और यः-जो अर्चतः-अपने सत्कारकों को ब्रह्म-कृतिम्-धनैश्वर्य के उत्पन्न करने के साधन देता, वही अविष्ठः-उत्तम रक्षक है। हे विद्वान् पुरुषो! यूयं-आप लोग नः सदा स्वस्तिभिः पात-हमारा सदा उत्तम साधनों से पालन करो।

भावार्थ-परमेश्वर ऐश्वर्य का स्वामी है। उसी से ऐश्वर्य के साधन ज्ञान और बल प्राप्ति के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। ज्ञान और बल से ही परमात्मा जीवों की रक्षा करता है।

अगले सूक्त का वसिष्ठ ऋषि देवता इन्द्र है।

[३१] एकत्रिंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-इन्द्रः॥ छन्दः-विराड्गायत्री॥ स्वरः-षड्जः॥

सोमपान का अधिकारी

प्र व इन्द्राय मादनं हर्यश्वाय गायत। सखायः सोमपाव्ने॥१॥

पदार्थ-हे सखायः-मित्रो! आप लोग सोमपाव्ने-सोम-पान करनेवाले यजमान, 'सोम' अर्थात् वीर्य का रक्षण करनेवाले ब्रह्मचारी, पुत्र और शिष्य के पालक गृहपति और आचार्य, ऐश्वर्य और अन्न के पालक राजन्य और वैश्य, योग द्वारा ब्रह्मज्ञान के पान करनेवाले मुमुक्षु और जगत् के पालक परमेश्वर, हर्यश्वाय-वेगवान् अश्वों, बलों के स्वामी इन्द्राय-ऐश्वर्यवान्, भूमिपालक, आत्मा, परमात्मा आदि के लिये मादनं-अतिहर्षजनक प्र गायत-वचन का उपदेश करो।

भावार्थ-सोम अर्थात् शरीर का सर्वश्रेष्ठ धातु रेतः को धारण करनेवाला ब्रह्मचारी योग द्वारा ब्रह्मज्ञान का पान करनेवाला मुमुक्षु ही ईश-प्राप्ति का अधिकारी होता है।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-इन्द्रः॥ छन्दः-गायत्री॥ स्वरः-षड्जः॥

मुमुक्षु के गुण

शंसेदुक्थं सुदानव उत द्युक्षं यथा नरः। चकृमा सत्यराधसे॥२॥

पदार्थ-सु-दानवे-उत्तम दाता सत्य राधसे-सत्य और न्याय के धनी पुरुष के लिये मैं उक्थं-उत्तम वचन शंसे-कहूँ। यथा-जैसे नरः-मनुष्य उसके लिये द्युक्षं-अन्न आदि से सत्कार करते हैं वैसे ही हम लोग उसका द्युक्षं चकृम-सत्कार करें।

भावार्थ-मोक्ष की कामनावाले योगी को शान्त, सहनशील, मन और इन्द्रियों पर संयम रखनेवाला तथा सत्यवादी होना चाहिए।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-आर्च्युष्णिक् ॥ स्वरः-ऋषभः ॥

राजा वाजयु हो

त्वं न इन्द्र वाजयुस्त्वं गव्युः शतक्रतो। त्वं हिरण्ययुर्वसो ॥ ३ ॥

पदार्थ-हे इन्द्र-राजन्! त्वं-तू नः-हमारे लिये वाज-युः-अन्न, बल आदि की कामनावाला, गव्युः-वाणी आदि चाहनेवाला हो। हे शतक्रतो-असंख्यों बुद्धियों के स्वामिन्! हे वसो-सब में बसने हारे! त्वं-तू हिरण्ययुः-हित-कार्य को चाहनेवाला हो।

भावार्थ-सर्वव्यापक परमात्मा जैसे हित एवं रमणीय कार्यों को ही चाहता है, उसी प्रकार राजा को भी भूमि, इन्द्रिय सामर्थ्य और वाणी का चाहनेवाला होकर अन्न, बल आदि का संग्राहक होना चाहिए।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-आर्च्युष्णिक् ॥ स्वरः-ऋषभः ॥

राजा से विनय

वयमिन्द्र त्वायवोऽभि प्र णोनुमो वृषन्। विद्धी त्वस्य नो वसो ॥ ४ ॥

पदार्थ-हे इन्द्र-ऐश्वर्यवन्! हे वृषन्-बलवन्! सुखदातः! हे वसो-बसने-बसानेवाले! वयम्-हम त्वायवः-तुझे चाहते हुए, अभि प्र णोनुमः-खूब स्तुति करते हैं अस्य तु नः विद्धि-तू हमारी इस अभिलाषा को जान।

भावार्थ-राजा को चाहनेवाली सुप्रजा अपनी रक्षा, उन्नति और राष्ट्र की समृद्धि के लिए राजा से विनय करे। राजा को भी पितृवत् प्रजा की प्रार्थना को सुनना, स्वीकारना चाहिए।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-आर्च्युष्णिक् ॥ स्वरः-ऋषभः ॥

राजा प्रजा को पीड़ित न करे

मा नो निदे च वक्तवेऽर्यो रन्धीरराव्णे। त्वे अपि क्रतुर्मम ॥ ५ ॥

पदार्थ-हे राजन्! तू अर्यः-स्वामी होकर नः-हमें निदे-निन्दक वक्तवे-गर्हित, अराव्णे-अदानशील शत्रु के हितार्थ मा रन्धीः-मत दण्डित कर और मम त्वे अपि क्रतुः-मेरी जो तेरे में सद्बुद्धि है उसे तू नष्ट मत होने दे।

भावार्थ-राजा को योग्य है कि अन्य राजा को या राष्ट्र को हानि पहुँचानेवाले ऐश्वर्य सम्पन्न व्यक्ति को लाभ पहुँचाने के लिए अपनी प्रजा को पीड़ित न करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृद्गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

राजा प्रजा की कवचवत् रक्षा करे

त्वं वर्मासि सप्रथः पुरोयोधश्च वृत्रहन्। त्वया प्रति ब्रुवे युजा ॥ ६ ॥

पदार्थ-हे वृत्रहन्-दुष्टनाशक! त्वं-तू सप्रथः-ख्याति से युक्त वर्म असि-कवच तुल्य रक्षक और पुरः योधः च-आगे बढ़कर युद्धकर्ता है। त्वया युजा-तुझ सहायक से मैं प्रति ब्रुवे-शत्रु का उत्तर दूँ।

भावार्थ-राजा अपनी प्रजा का कुशल नेतृत्व करते हुए कवच के समान उसकी रक्षा करे तथा प्रेरणा करे कि वह शत्रु से राष्ट्र की रक्षा करने में समर्थ हो।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृद्गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

स्वधावरी 'रोदसी' की व्याख्या

म॒हाँ उ॒तासि॒ यस्य॒ तेऽनु॑ स्व॒धाव॑री॒ सहः॑। म॒म्नाते॑ इन्द्र॒ रोद॑सी ॥ ७ ॥

पदार्थ-हे **इन्द्र**-ऐश्वर्यवन्! जैसे सूर्य के अधीन **स्वधावरी रोदसी अनु मम्नाते**-जल, अन्न से युक्त आकाश, पृथिवी दोनों परस्पर स्थिर हैं वैसे ही **यस्य ते सहः**-जिस तेरे बल के **अनु**-अनुकूल रहकर **स्वधावरी रोदसी**-अन्नादि ऐश्वर्यों से युक्त स्त्री-पुरुष दोनों **मम्नाते**-मिलकर रहते हैं वह तू **महान् असि**-बलों में महान् हो।

भावार्थ-जैसे पृथिवी और द्युलोक के अन्नः जल आदि सूर्य अधीन रहते हैं। उसी प्रकार समस्त प्रजा तथा उसके ऐश्वर्य राजा के अधीन हों। अर्थात् राजा के नियमों में रहें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

विद्वान् वेदविद्या को सुशोभित करे

तं त्वा॑ म॒रुत्व॑ती॒ परि॒ भुव॒द्वाणी॑ स॒याव॑री। नक्ष॑माणा स॒ह द्युभिः॑ ॥ ८ ॥

पदार्थ-हे राजन्, **मरुत्वती**-बलवान् मनुष्योंवाली, **सयावरी**-साथ जानेवाली **द्युभिः सह**-तेजों, धनों से बढ़ती हुई **वाणी**-शत्रुहिंशक बाण आदि शस्त्र-सम्पन्न सेना **तं त्वा परि भुवत्**-उस तुझको घेरे रहे, तुझको **मरुत्वती वाणी**-मनुष्यों की स्तुति, गुणों सहित वाणी प्राप्त हो और विद्वान् को **द्युभिः सह नक्षमाणा**-तेजों, गुणों से युक्त **सयावरी**-सदा साथ विद्यमान **मरुत्वती**-उत्तम विद्वानों से प्राप्त **वाणी**-वेदविद्या, **परि भुवत्**-सुशोभित करे।

भावार्थ-जैसे राजा समस्त ऐश्वर्य को प्रजा में वितरण कर स्वयं सुशोभित होता है। उसी प्रकार विद्वान् को चाहिए कि वह वेदविद्या का राष्ट्र की जनता में प्रचार कर सन्मार्ग में प्रेरित करता हुआ सम्मानित होकर सुशोभित होवे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृद्गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

प्रजा राजा के अनुकूल हो

ऊ॒र्ध्वास॒स्त्वान्विन्द॑वो॒ भुव॑न्द॒स्ममुप॒ द्यवि॑। सं ते॑ नमन्त कृ॒ष्टयः॑ ॥ ९ ॥

पदार्थ-हे राजन्! **ऊर्ध्वासः**-जो उत्तम कोटि के **इन्दवः**-ऐश्वर्य एवं आनन्दित जन हैं वे **द्यवि**-इस पृथिवी पर **त्वा दस्मम्**-शत्रु-नाशक तुझको ही **उपभुवन्**-प्राप्त हों और **त्वा अनु भुवन्**-तेरे अनुकूल हों। **कृष्टयः**-सब प्रजाजन **ते सं नमन्त**-तेरे लिये झुकें।

भावार्थ-राजा को विनयशील होकर प्रजा का सेवक होना चाहिए जिससे समस्त प्रजा राजा की कृतज्ञ होकर उसके अनुकूल चलनेवाली होवे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-भुरिगनुष्टुप् ॥ स्वरः-गान्धारः ॥

ज्ञान-प्राप्ति के उत्तमोत्तम साधन हों

प्र वो॑ म॒हे म॑हि॒वृधे॑ भरध्वं॒ प्रचे॑तसे॒ प्र सु॑म॒तिं कृ॑णुध्वम्। विशः॑ पू॒र्वीः प्र च॑रा चर्षणि॒प्राः ॥ १० ॥

पदार्थ-हे विद्वान् लोगो! आप लोग **वः**-अपने में से **महि वृधे**-बड़ों के बढ़ानेवाले, **महे**-गुणों में महान् के आदरार्थ **प्र भरध्वम्**-उत्तम पदार्थ प्रस्तुत करो और **प्र-चेतसे**-उत्तम चित्तवाले शिष्य और विद्वान् के लिये **सुमतिं**-उत्तम ज्ञान **प्र कृणुध्वम्**-अच्छी प्रकार सम्पादन करो। हे विद्वन्! **त्वं**-तू **चर्षणि-प्राः**-मनुष्यों का विद्या, बल से पूर्ण करनेवाला होकर **पूर्वीः विशः**-पिता,

पितामहादि से प्राप्त प्रजाओं को प्र चर-प्राप्त कर।

भावार्थ-राजा को योग्य है कि वह अपने राष्ट्र में विभिन्न विद्याओं में निष्णात उत्तम विद्वानों को नियुक्त करे, जिससे राज्य के विचारशील उत्तम नागरिक विभिन्न प्रकार के ज्ञान-विज्ञान से युक्त होकर समृद्ध राष्ट्र का आधार बनें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-भुरिगनुष्टुप् ॥ स्वरः-गान्धारः ॥

राष्ट्रोन्नति के उत्तम नियम

उरुव्यचसे महिने सुवृक्तिमिन्द्राय ब्रह्म जनयन्त विप्राः। तस्य व्रतानि न मिनन्ति धीराः ॥ ११ ॥

पदार्थ-**उरु व्यचसे**-बड़े विश्व में व्यापक **महिने**-महान् **इन्द्राय**-ऐश्वर्यवान् प्रभु के लिये **विप्राः**-बुद्धिमान् पुरुष **सुवृक्तिम्**-उत्तम स्तुति और **ब्रह्म जनयन्त**-वेदमन्त्र प्रकट करते हैं। **धीराः**-वे उसी के ध्यान में मग्न होकर **तस्य व्रतानि**-उसके निमित्त करने योग्य धर्म कार्यों का **न मिनन्ति**-लोप नहीं करते।

भावार्थ-ईश्वर के उपासक भक्त जैसे ईश्वर के लिए उत्तम-उत्तम स्तुति के मन्त्रों को बोलकर ईश्वर की आज्ञा का पालन करते हैं। उसी प्रकार विद्वान् लोग प्रजा को प्रेरित करें कि वे राष्ट्र की उन्नति के उत्तम नियमों का पालन करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-अनुष्टुप् ॥ स्वरः-गान्धारः ॥

क्रोध रहित राजा को धारण करे

इन्द्रं वाणीरनुत्तमन्युमेव सत्रा राजानं दधिरे सहध्यै। हर्यश्वाय बर्हया समापीन् ॥ १२ ॥

पदार्थ-**वाणीः**-वाणीवत् शत्रुनाशक सेनाएँ **अनुत्त-मन्युम्**-शत्रु-उच्छेदन-संकल्प से युक्त **इन्द्रं**-ऐश्वर्यवान् **राजानं**-राजा को **सत्रा**-अपने साथ **सहध्यै**-शत्रु-पराजय के लिये **दधिरे**-धारण करे। हे प्रजाजन! **हर्यश्ववाय**-मनुष्यों में अश्ववत् बलवान्, पुरुष की वृद्धि हेतु **आपीन्**-आप्त बन्धु जनों को भी **सं बर्हय**-अच्छी प्रकार बढ़ा।

भावार्थ-सुप्रजा का पालक राजा अपनी रक्षा एवं न्याय आदि कार्यों से इतना लोकप्रिय होवे कि प्रजा अपने प्रियजनों को भी राजा का अनुयायी बनावे। क्रोध रहित राजा ही इतना लोकप्रिय हो सकता है।

अगले सूक्त का भी ऋषि वसिष्ठ व देवता इन्द्र है।

[३२] द्वात्रिंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराड्बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

राजा विलासी न हो

मो षु त्वा वाघतश्चनारे अस्मन्नि रीरमन्। आरात्ताच्चित्सधमादं न आ गहीह वा सन्नुप श्रुधि ॥ १ ॥

पदार्थ-हे राजन्! **वाघतः**-विद्वान् **अस्मत् आरे**-हम से दूर **त्वा मो सु निरीरमन्**-तुझे विनोद में न रमने दें। **आरात्तात् चित्**-दूर रहता हुआ भी, तू **नः सधमादं आ गहि**-हमारे साथ आनन्द के लिये प्राप्त हो। **इह वा**-और इस राष्ट्र में **सन्**-रहकर **नः उप श्रुधि**-हमारे वचन सुन।

भावार्थ-राजा विद्वत् सभा के अधीन होवे। विद्वान् जन राजा को विलासी न होने दें। इससे प्रजा भी प्रेरणा पाकर विलासी नहीं होगी और राष्ट्र समर्थ रहेगा।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

मधुव्रती ब्राह्मण

इमे हि ते ब्रह्मकृतः सुते सचा मधौ न मक्ष आसते।
इन्द्रे कामं जरितारो वसूयवो रथे न पादमा दधुः ॥ २ ॥

पदार्थ-हे राजन्! विद्वन्! **इमे ब्रह्म-कृतः**=ये वेद द्वारा स्तुतिकर्ता लोग **मधौ मक्षः न**=मधुर पदार्थ पर मधुमक्खी के समान **ते सुते**=तेरे शासन में **आसते**=विराजते हैं और **जरितारः**=स्तुतिशील **वसूयवः**=धन और नाना लोकों की कामनावाले लोग **रथे न पादम्**=रथ में पैर के समान **इन्द्रे कामम् आदधुः**=परमैश्वर्ययुक्त तुझ प्रभु में ही अपनी कामना को स्थिर करते हैं।

भावार्थ-विद्वान् लोग राष्ट्र में मधुमक्खी के समान स्वभाव=श्रुत वाले होवें। जैसे मधुमक्खी अनेकों प्रकार के पुष्पों पर बैठकर उनसे पराग का एक-एक कण लाती है, तथा संग्रह कर मधुर मधु का निर्माण करती है। इससे पुष्प को कोई हानि नहीं होती, उसी प्रकार विद्वान् भी विभिन्न स्थानों पर जाकर राष्ट्रोन्नति हेतु विभिन्न विद्याओं का संग्रह करें। राजा भी कर अधिक न ले।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-साम्नीपङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

राजा हमारा पालक हो

रायस्कामो वज्रहस्तं सुदक्षिणं पुत्रो न पितरं हुवे ॥ ३ ॥

पदार्थ-मैं **रायस्कामः**=ऐश्वर्य का इच्छुक, **पितरं पुत्रः न**=पिता को पुत्र के समान **सु-दक्षिणं**=उत्तम दानशील, उत्तम क्रिया-सामर्थ्यवान्, **वज्रहस्तं**=बल-सम्पन्न राजा को अपना **पितरं**=पालक **हुवे**=स्वीकारता हूँ।

भावार्थ-जैसे पुत्र अपने पिता को अपना पालक मानता है, उसी प्रकार से प्रजा भी शत्रुओं से रक्षा करनेवाले राजा को अपना पालक स्वीकार करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराड्बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

राष्ट्रधारक शासक की नियुक्ति

इम इन्द्राय सुन्विरे सोमासो दध्याशिरः।
ताँ आ मदाय वज्रहस्त पीतये हरिभ्यां याह्योक आ ॥ ४ ॥

पदार्थ-**इमे**=ये **दध्याशिरः**=राष्ट्र के धारक **सोमासः**=ऐश्वर्ययुक्त शासक **सुन्विरे**=प्रजा का शासन करें। हे **वज्रहस्त**=बल को हाथों में धारणकर्ता राजन्! **पीतये**=राष्ट्र-पालन के लिये **तान् आ याहि**=उनको प्राप्त कर और **हरिभ्याम्**=उत्तम अश्वों से, तू **ओकः आयाहि**=अपने गृह को आ।

भावार्थ-जो राजा वा सेनापति अपने राष्ट्र की रक्षा करने में सक्षम न हो, उसकी नियुक्ति राष्ट्र में नहीं होनी चाहिए। राजा वा सेनापति वही नियुक्त होवे जो राष्ट्र की रक्षा में समर्थ, तथा प्रजा व राष्ट्र की सम्पदा को सुरक्षित कर सके।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

शासक प्रजा के कष्टों को सुने

अवच्छुत्कर्णं ईयते वसूनां नू चिन्नो मर्धिषद्गिरः।
सद्यश्चिद्यः सहस्राणि शता ददन्नकिर्दित्सन्तमा मिनत् ॥ ५ ॥

पदार्थ–**वसूनां**–बसे प्रजाजनों की **गिरः**–वाणियों को जो राजा **श्रुतकर्णः**–सुननेवाले सावधान कानों से **श्रवत्**–सुने, वही **ईयते**–प्रार्थना किया जाता है। वह **नः गिरः चित् नु**–हमारी वाणियों को **मर्धिषत्**–चाहे, **सद्यः चित्**–अति शीघ्र **यः**–जो **शता सहस्राणि**–सैकड़ों और सहस्रों को **ददत्**–दे। **दित्सन्तम्**–दान देना चाहनेवाले को **न किः आ मिनत्**–कोई भी पीड़ित न करे।

भावार्थ–राष्ट्र में शासक वर्ग को संवेदनशील तथा प्रजा का हितकारी होना चाहिए। जब भी प्रजा जन शासक के पास अपने कष्टों के निवारणार्थ आवें, उनके कष्टों को सुनकर तुरन्त उसका समाधान करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–निचृद्बृहती ॥ स्वरः–मध्यमः ॥

राजाज्ञा का पालन हो

स वीरो अप्रतिष्कुत इन्द्रेण शूशुवे नृभिः। यस्ते गभीरा सवनानि वृत्रहन्त्सुनोत्या च धावति ॥ ६ ॥

पदार्थ–**यः**–जो पुरुष, हे **वृत्रहन्**–दुष्टों के नाशक राजन्! **यः**–जो **ते**–तेरे **गभीरा**–गम्भीर **सवना**–आदेशों को **सुनोति**–करता और **आ-धावति च**–आगे बढ़ता है **सः**–वह **वीरः**–विविध विद्या और बल से युक्त पुरुष **इन्द्रेण**–ऐश्वर्य और **नृभिः**–उत्तम नायकों सहित **अप्रतिष्कृतः**–सर्वाधिक **शूशुवे**–हो जाता है।

भावार्थ–राजा को जनप्रिय तथा जनहितकारी नियमों का निर्माण वेद के विद्वानों की सम्मति से करना चाहिए। प्रजा को भी राजा की आज्ञा व शासनादेश का स्वेच्छा से पालन करना चाहिए। इससे राष्ट्र सुदृढ़ बनता है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–विराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

समृद्ध प्रजा

भवा वरूथं मघवन्मघोनां यत्समजासि शर्धतः।
वि त्वाहतस्य वेदनं भजेमह्या दुणाशो भरा गयम् ॥ ७ ॥

पदार्थ–**यत्**–जो तू **शर्धतः**–शत्रुओं को **सम् अजासि**–एक साथ उखाड़ने में समर्थ हो और **शर्धतः सम् अजासि**–उत्साहवान् पुरुषों को एक साथ सेनावत् सञ्चालित करता है, वह तू **मघोनां**–धनवाले पुरुषों के **वरूथं**–गृह के समान रक्षक **भव**–हो। हम **त्वाहतस्य**–तेरे से मारे गये **शर्धतः**–बलवान् शत्रु के **वेदनं**–धन को **वि भजेमहि**–बाँट लें। **दुः-नाशः**–तू कठिनता से नाश होने योग्य होकर हमारे **गयम् आ भर**–गृह को प्राप्त करा और उसे पूर्ण कर।

भावार्थ–कुशल राजा वा सेनापति को योग्य है कि वह शत्रुओं को परास्त कर जो सम्पत्ति प्राप्त करे, उसे अपनी प्रजा में वितरित कर देवे जिससे उसकी प्रजा समृद्ध तथा ऐश्वर्यशाली बनी रहे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–निचृद्बृहती ॥ स्वरः–मध्यमः ॥

राष्ट्रपति पराक्रमी हो

सुनोता सोमपाव्ने सोममिन्द्राय वज्रिणे।
पचता पक्तीरवसे कृणुध्वमित्पृणन्नित्पृणते मयः ॥ ८ ॥

पदार्थ–हे विद्वान् पुरुषो! आप लोग **सोमपाव्ने**–'सोम' ओषधिरस को पीनेवाले के लिये

सोमम् सुनोत-उत्तम ओषधिरस उत्पन्न करो। ऐसे ही सोमपाव्ने-ऐश्वर्य-पालन में समर्थ इन्द्राय-ऐश्वर्यवान् वज्रिणे-बलवान् पुरुष के लिये सोमं-ऐश्वर्य सुनोत-उत्पन्न करो। अवसे-तृप्ति के लिये पक्तीः-नाना पकने योग्य अन्नों को पचत इत्-पकाओ। पृणन् इत्-सबको पालन करनेवाला ही मयः पृणते-सबको सुख देता है।

भावार्थ-जैसे सोमरस की आहुति के लिए प्रचण्ड यज्ञाग्नि ही समर्थ होती है। उसी प्रकार राष्ट्र का अध्यक्ष भी प्रचण्ड पराक्रमवाला होना चाहिए। पराक्रमी राष्ट्राध्यक्ष ही राष्ट्र की रक्षा में समर्थ होता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

पुरुषार्थी की विजय

मा स्रेधत सोमिनो दक्षता महे कृणुध्वं राय आतुजे।
तरणिरिज्जयति क्षेति पुष्यति न देवासः कवत्नवे॥ ९॥

पदार्थ-हे सोमिनः-अन्नादि के पालक जनो! आप लोग मा स्रेधत-परस्पर नाश मत करो। महे राये-बड़ी धनैश्वर्य प्राप्ति और आ-तुजे-सब प्रकार के बल प्राप्त करने और ऐश्वर्य के लिये दक्षत-सदा यत्न करो। तरणिः इत्-संकटों को पार करनेवाला पुरुष ही जयति क्षेति-विजय करता और पुष्यति-समृद्ध होता है देवासः-विद्वान् पुरुष कवत्नये-कुत्सित पुरुष के लिये न-नहीं होते।

भावार्थ-संसार समरांगण है। इसमें पुरुषार्थी पुरुष ही विजय पाता है। इसी प्रकार पुरुषार्थी, पराक्रमी पुरुष ही शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर राष्ट्र को समृद्ध एवं उन्नत ऐश्वर्ययुक्त बना सकता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-भुरिगनुष्टुप्॥ स्वरः-गान्धारः ॥

राष्ट्ररक्षक तत्त्वदर्शी, शत्रुहन्ता हो

नकिः सुदासो रथं पर्यास न रीरमत्।
इन्द्रो यस्याविता यस्य मरुतो गमत्स गोमति व्रजे॥ १०॥

पदार्थ-यस्य-जिसका इन्द्रः-ऐश्वर्यवान्, वीर, प्रभु अविता-रक्षक है, यस्य मरुतः-जिसके रक्षक, शिक्षक, बलवान् विद्वान् हैं सः-वह पुरुष गोमति व्रजे-वाणी-युक्त प्राप्तव्य ज्ञान मार्ग में नाना भूमियों और गवादि से सम्पन्न पद को गमत्-पाता है। सु-दासः-उत्तम दाता के रथं-रथ को नकिः परि आस-कोई पलट नहीं सकता और न रीरमत्-न अन्य उसे दुःख दे सकता है।

भावार्थ-ईश्वर भक्त, तत्त्वद्रष्टा पुरुष जैसे जीवन में काम, क्रोधादि शत्रुओं-विकारों को जीतकर नष्ट कर देता है। उसी प्रकार उत्तम विद्वान् अध्यापकों से प्रेरित नीतिज्ञ राष्ट्र नायक को भी शत्रु का विनाश कर राष्ट्र की रक्षा करनी चाहिए।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-बृहती॥ स्वरः-मध्यमः ॥

भूमि रक्षक राजा

गमद्वाजं वाजयन्निन्द्र मर्त्यो यस्य त्वमविता भुवः।
अस्माकं बोध्यविता रथानामस्माकं शूर नृणाम्॥ ११॥

पदार्थ–हे इन्द्र=परमैश्वर्यवन् प्रभो! यस्य भुवः=जिसकी भूमि वा प्राणों की त्वम् अविता=तू रक्षा करता, वाजयन्=ऐश्वर्य, अन्न आदि की कामना करता है वह मर्त्यः=मनुष्य वाजं=ऐश्वर्य, अन्नादि गमत्=प्राप्त करता है। हे शूर=शत्रुनाशक! तू अस्माकम्=हमारा और हमारे नृणाम्=मनुष्यों और रथानाम्=रथों, रमण=योग्य देहों का भी अविता=रक्षक होकर अस्माकं बोधि=हमें ज्ञान दे।

भावार्थ–राष्ट्र नायक को ऐसी नीति का निर्धारण करना चाहिए, जिससे उसकी पराक्रमी सेना राष्ट्र की सीमा की रक्षा प्राणपण से करे। जो राजा अपनी मातृभूमि की सीमाओं की रक्षा करने में समर्थ न हो विद्वानों के सहयोग से प्रजा उसे राजसिंहासन से अलग कर देवे।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–इन्द्रः॥ छन्दः–निचृद्बृहती॥ स्वरः–मध्यमः॥

ज्ञान-कर्म उन्नत हो

उदिन्वस्य रिच्यतेंऽशो धनं न जिग्युषः।
य इन्द्रो हरिवान्न दंभन्ति तं रिपो दक्षं दधाति सोमिनि॥ १२॥

पदार्थ–यः=जो पुरुष इन्द्रः=सूर्य-तुल्य तेजस्वी, हरिवान्=अश्व-सैन्यों का स्वामी होकर सोमिनि=ऐश्वर्यवान् पुरुष में दक्षं दधाति=बल धारण करता है तम्=उसको रिपोः=शत्रु का भय नहीं रहता है, और वह जिग्युषः न=विजेता के तुल्य अस्य इत् नु=उसका अंशः धनं न=भाग वा धन उद्रिच्यते=सर्वाधिक होता है।

भावार्थ–शत्रु के नाश में जैसे पराक्रमी वीर योद्धा को उसके शौर्य हेतु पदक से सम्मानित किया जाता है। उसी प्रकार से राष्ट्र में ज्ञानपूर्वक राष्ट्र की उन्नति हेतु उन्नत कर्म करनेवाले नागरिकों को शासन पुरुस्कृत कर प्रोत्साहित करे।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–इन्द्रः॥ छन्दः–निचृत्पङ्क्तिः॥ स्वरः–पञ्चमः॥

सत्कर्मी राजा का ऐश्वर्य

मन्त्रमखर्वं सुधितं सुपेशसं दधात यज्ञियेष्वा।
पूर्वीश्चन प्रसितयस्तरन्ति तं य इन्द्रे कर्मणा भुवत्॥ १३॥

पदार्थ–हे विद्वान् पुरुषो! यज्ञियेषु=सत्कार-योग्य जनों और दान आदि व्यवहारों में अखर्वं=बहुत अधिक सु-धितम्=उत्तम रीति से रक्षित, सुपेशसं=उत्तम रूप से युक्त, मन्त्रं=मन्त्र को आ दधात=धारण करो। पूर्वीः चन=पूर्व के भी प्र-सितयः=उत्तम प्रेम-बन्धन तं तरन्ति=उसको प्राप्त होते हैं यः=जो पुरुष कर्मणा=सत्कर्म से इन्द्रे भुवत्=परमेश्वर में दत्तचित्त रहता है।

भावार्थ–राजा को अपने राज्य में ईश्वर द्वारा प्रेरित सत्कर्मों को करना चाहिए। जिससे प्रजा में उसका अपार-सत्कार बढ़े तथा प्रजा ऐसे सत्कर्मी राजा की प्रशंसक, अनुयायी होकर राष्ट्र की एकता व अखण्डता में सहायक बने। इससे राजा ऐश्वर्यशाली तथा राष्ट्र समृद्ध बनेगा।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–इन्द्रः॥ छन्दः–भुरिगनुष्टुप्॥ स्वरः–गान्धारः॥

ज्ञानवान् और बलवान् ऐश्वर्यवान् होते हैं

कस्तमिन्द्र त्वावसुमा मर्त्यो दधर्षति।
श्रद्धा इत्ते मघवन्पार्ये दिवि वाजी वाजं सिषासति॥ १४॥

पदार्थ–हे इन्द्र-प्रभो! त्वा वसुम्=तुझमें ही बसनेवाले तं=उस पुरुष को कः=कौन

मर्त्यः=मनुष्य आ दधर्षति=तिरस्कार कर सकता है? हे मघवन्=ऐश्वर्यवन् ते=तेरे पार्ये दिवि=पालन योग्य व्यवहारवाले ज्ञान में श्रद्धा इत्=सत्य धारण ही है, जिससे प्रेरित वाजी=ज्ञानवान् पुरुष वाजं सिषासति=ऐश्वर्य-भोग करता है।

भावार्थ=ऐश्वर्यवान् परमेश्वर के अधीन रहकर जो शासक वा राजा वेदाज्ञा का पालन करता हुआ अपने ज्ञान व बल की वृद्धि करता है तथा राष्ट्र में विद्वानों=वैज्ञानिकों व बलवानों=सैनिकों को पुष्ट एवं प्रोत्साहित करता है निश्चय से वह राष्ट्र को ऐश्वर्यवान् बनाता है।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=इन्द्रः॥ छन्दः=निचृत्पङ्क्तिः॥ स्वरः=पञ्चमः॥

न्याययुक्त शासन से प्रजा सुखी

मघोनः स्म वृत्रहत्येषु चोदय ये ददति प्रिया वसु।
तव प्रणीती हर्यश्व सूरिभिर्विश्वा तरेम दुरिता॥ १५॥

पदार्थ=ये=जो लोग प्रिया वसु=प्रिय धन ददति=दान करते हैं उन मघोनः=ऐश्वर्यवान् पुरुषों को वृत्र-हत्येषु=शत्रुनाशक संग्राम आदि कार्यों में चोदय स्म=प्रेरित कर। हे हरि-अश्व=मनुष्यों के स्वामिन्! तव=तेरी प्रणीती=उत्तम नीति में सूरिभिः=विद्वानों की सहायता से विश्वा दुरिता=सब दुःखजनक कारणों को तरेम=पार करें।

भावार्थ=राजा को योग्य है कि विद्वानों की सम्मति एवं परामर्श से राष्ट्र को उन्नत करने की नीति तैयार कर लागू करे तथा उन विद्वानों के सहयोग से न्याययुक्त शासन व्यवस्था प्रदान कर प्रजा को सुखी एवं समृद्ध बनावे।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=इन्द्रः॥ छन्दः=निचृद्बृहती॥ स्वरः=मध्यमः॥

राजा श्रेष्ठ प्रजा पुष्ट

तवेदिन्द्रावमं वसु त्वं पुष्यसि मध्यमम्।
सत्रा विश्वस्य परमस्य राजसि नकिष्ट्वा गोषु वृण्वते॥ १६॥

पदार्थ=हे इन्द्र=प्रभो! अवमं वसु=निकृष्ट, प्रजा-पालक धन, भूमि, वस्त्रादि और मध्यमम् वसु=मध्यम कोटि का धन, चाँदी, सोना आदि विनिमय का माध्यम बन सके, जिससे तां पुष्यसि=उस प्रजा को पुष्ट करता है वह सब तव इत्=तेरा ही है और परमस्य=सर्वोत्कृष्ट विश्वस्य=समस्त ऐश्वर्य के द्वारा सत्रा=तू अपने सत्य के बल से राजसि=राजा के समान है। गोषु=भूमियों पर शासन के लिये त्वा=तुझे नकिः वृण्वते=भला कौन स्वीकार न करे।

भावार्थ=जनहित एवं जनकल्याण के कार्यों में राजकोश के धन का व्यय करनेवाला राजा जनप्रिय एवं श्रेष्ठ होता है। ऐसे राजा की प्रजा भी पुष्ट एवं समृद्ध होती है। ऐसे राजा के राज्य की श्रीवृद्धि को कोई नहीं रोक सकता।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=इन्द्रः॥ छन्दः=भुरिग्बृहती॥ स्वरः=मध्यमः॥

दुष्टों का अभिभव

त्वं विश्वस्य धनदा असि श्रुतो य ईं भवन्त्याजयः।
तवायं विश्वः पुरुहूत पार्थिवोऽवस्युर्नाम भिक्षते॥ १७॥

पदार्थ=ये=जो ईम्=सब ओर आजयः भवन्ति=संग्राम होते हैं उनमें त्वं=तू विश्वस्य धनदाः श्रुतः असि=सबका धनदाता प्रसिद्ध है। हे पुरु-हूत=प्रशंसित! अयं=यह विश्वः=समस्त

पार्थिवः-पृथिवीवासी राज-प्रजावर्ग अवस्युः-रक्षा चाहता हुआ तव नाम-दुष्टों को नमानेवाले तेरे अधीन रहना भिक्षते-चाहता है।

भावार्थ-राज्य की प्रजा उस पराक्रमी, तेजस्वी राजा को चाहती है, जो राष्ट्र में दुष्टों को दण्डित कर उनके ऐश्वर्य को छिन्न-भिन्न करके राजनियमों में चलने के लिए बाध्य करता है तथा दुष्टता के अहम् को झुका देता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृद्बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

धन धर्म में व्यय हो

यदिन्द्र यावत्तस्वमेतावदहमीशीय। स्तोतारमिद्दिधिषेय रदावसो न पापत्वाय रासीय ॥ १८ ॥

पदार्थ-हे इन्द्र-ऐश्वर्यवन्! यत्-जैसे और यावतः-जितने भी धन का त्वम्-तू स्वामी है एतावत्-उतना ही अहम्-मैं भी ईशीय-स्वामी हो जाऊँ। हे रदावसो-शत्रु-कर्षक बसी प्रजा के स्वामिन्! मैं उस से स्तोतारम् इत्-स्तुतिकर्ता को ही दिधिषेय-पालूँ। मैं अपना धन पापत्वाय-पाप-वृद्धि हेतु न रासीय-न दूँ।

भावार्थ-राष्ट्र के कोष का धन सदैव धर्म, सेवा एवं राष्ट्रहित के कार्यों में ही व्यय होवे। किसी भी पाप कर्म में राष्ट्र का धन न लगे। राजा राज्य में शराब, तम्बाकू, मांसाहार आदि कार्यों को प्रोत्साहित करने में राजकोष का व्यय न करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

पूज्य पुरुषों का आदर

शिक्षेयमिन्महयते दिवेदिवे राय आ कुहचिद्विदे।
नहि त्वदन्यन्मघवन्न आप्यं वस्यो अस्ति पिता चन ॥ १९ ॥

पदार्थ-मैं ऐश्वर्यवान् होकर दिवे दिवे-प्रतिदिन कुह चिद्विदे-कहीं भी विद्यमान, महयते-पूज्य पुरुष के आदरार्थ रायः-नाना धन शिक्षेयम् इत्-दिया ही करूँ। हे मघवन्-ऐश्वर्यवन्! त्वत् अन्यत्-तुझसे दूसरा नः-हमारा वस्यः-श्रेष्ठ आप्यं-बन्धु और पिता चन-पालक भी नहि अस्ति-नहीं है।

भावार्थ-जिस राज्य में पूज्य पुरुषों का अनादर तथा अपूज्यों का सम्मान होता है वहाँ अकाल, मृत्यु तथा भय व्याप्त हो जाता है। अतः राजा एवं प्रजा दोनों को चाहिए कि वे पूज्य पुरुषों का सत्कार करें तथा उनसे मार्गदर्शन प्राप्त कर राष्ट्रोन्नति में सहयोग प्राप्त करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-स्वराडनुष्टुप् ॥ स्वरः-गान्धारः ॥

शिल्पकारों का सम्मान

तरणिरित्सिषासति वाजं पुरन्ध्या युजा।
आ व इन्द्रं पुरुहूतं नमे गिरा नेमिं तष्टेव सुद्रवम् ॥ २० ॥

पदार्थ-तरणिः इत्-संकट से तारने में कुशल पुरुष ही युजा पुरन्ध्या-नगर-धारक नीति युजा-सहायक वर्ग से वाजं सिशासति-ऐश्वर्य को विभक्त करता है। हे प्रजाजनो! मैं वः-आप में से इन्द्रं-ऐश्वर्य-युक्त पुरुहूतं-बहु प्रशंसित सुद्रवं-स्थिर पुरुष को गिरा-वाणी से तष्टा इव सुद्रवं नेमिम्-शिल्पी से बनाई काष्ठमय चक्र-धार के तुल्य नमे-नमाऊँ।

भावार्थ-राजा एवं प्रजा मिलकर राष्ट्रोन्नति में सहायक उत्तम शिल्पकारों-विभिन्न कारीगरों

का सम्मान करें। विभिन्न प्रकार की शिल्पों में निष्णात शिल्पकारों को प्रोत्साहित करने से शिल्पकलाओं से सम्पन्न राष्ट्र समृद्ध होता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-स्वराड्बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

निन्दा से उत्तम धन प्राप्त नहीं होता

न दुष्टुती मर्त्यो विन्दते वसु न स्रेधन्तं रयिर्नशत्।
सुशक्तिरिन्मघवन्तुभ्यं मावते देष्णं यत्पार्ये दिवि ॥ २१ ॥

पदार्थ-मर्त्यः-मनुष्य दुःस्तुती-दुष्ट की स्तुति से वसु न विन्दते-धन नहीं पाता। स्रेधन्तं-हिंसक जन को रयिः-ऐश्वर्य न नशत्-नहीं मिलता और उसको सुशक्तिः इत् न नशत्-उत्तम शक्ति भी नहीं मिलती। हे मघवन्-धन-स्वामिन्! यत्-जो पार्ये दिवि-पालने योग्य व्यवहार में मावते-मेरे जैसे याचक को देष्णं-देने योग्य धन देने की सुशक्ति इत् तुभ्यम्-उत्तम शक्ति भी तेरी ही है।

भावार्थ-राज्य में निन्दक तथा हिंसक लोग न रहें। ऐसे निन्दितों को प्रोत्साहन न मिले; ऐसा राजनियम होवे। निन्दा व हिंसा से कभी भी उत्तम धन प्राप्त नहीं हो सकता।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-स्वराडनुष्टुप् ॥ स्वरः-गान्धारः ॥

ईश्वर के प्रति समर्पण

अभि त्वा शूर नोनुमोऽदुग्धाइव धेनवः।
ईशानमस्य जगतः स्वर्दृशमीशानमिन्द्र तस्थुषः ॥ २२ ॥

पदार्थ-हे शूर-दुष्ट-नाशक! अदुग्धाः धेनवः इव-न दुही गौओं के तुल्य हम अस्य जगतः-इस जंगम और तस्थुषः-स्थावर संसार के ईशानम्-सञ्चालक इन्द्र-हे परमैश्वर्यवान्! स्वर्दृशं त्वाम्-सर्वद्रष्टा तुझको, अभि नोनुमः-झुकते हैं।

भावार्थ-जैसे पावसी हुई गाय ग्वाले के प्रति समर्पित हो जाती है। उसी प्रकार राष्ट्र के राजा और प्रजा ईश्वर के प्रति समर्पित होकर समस्त कार्यों को करें। ईश्वर की आज्ञा वेद के आदेश का पालन करें तथा उस प्रभु का धन्यवाद करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

भगवान जैसा कोई नहीं

न त्वावाँ अन्यो दिव्यो न पार्थिवो न जातो न जनिष्यते।
अश्वायन्तो मघवन्निन्द्र वाजिनो गव्यन्तस्त्वा हवामहे ॥ २३ ॥

पदार्थ-हे इन्द्र-ऐश्वर्यवन्! राजन्! मघवन्-ऐश्वर्य-स्वामिन्! त्वावान्-तेरे जैसा, अन्यः-दूसरा, न दिव्यः-न ज्ञानवान्, न पार्थिवः-न दूसरा कोई इस पृथ्वी पर है। ऐसा न जातः-न पैदा हुआ न जनिष्यते-न पैदा होगा। हम वाजिनः-बल से युक्त, अश्वायन्तः-विद्वानों व राष्ट्र के इच्छुक और गव्यन्तः-वाणियों, भूमियों के इच्छुक होकर त्वा हवामहे-तेरी स्तुति करते हैं।

भावार्थ-ईश्वर के समान विद्वान्, बलवान तथा ऐश्वर्यवान कोई नहीं है और न होगा। अतः उस प्रभु की प्रभुता में रहकर ही मनुष्य विद्वान्, बलवान और ऐश्वर्यवान बने। राजा को चाहिए कि वह भी ईश्वर के गुण, कर्म, स्वभावों को धारण करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-विराड्बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

ऐश्वर्यवान परमात्मा

अभी षतस्तदा भरेन्द्र ज्यायः कनीयसः।
पुरूवसुर्हि मघवन्त्सनादसि भरेभरे च हव्यः ॥ २४ ॥

पदार्थ-हे **इन्द्र**-ऐश्वर्ययुक्त! हे **मघवन्**-धन-स्वामिन्! तू **पुरू-वसुः**-बहुतों को बसानेवाला और **सनात्**-सनातन से **भरे भरे च हव्यः**-प्रत्येक पालन-योग्य कार्य में स्तुति-योग्य **असि**-है। तू **सतः**-सत्स्वरूप और **कनीयसः**-अति दीप्तियुक्त, परम तत्त्व का **ज्यायः**-महान् ज्ञान **आ भर**-प्राप्त करा।

भावार्थ-समस्त ऐश्वर्यों के स्वामी परमेश्वर से जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता पाने हेतु प्रार्थना करे। उसकी आज्ञा में रहे तथा पूर्ण पुरुषार्थ द्वारा ईश्वर की आज्ञा का पालन करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-भुरिग्बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

शत्रु का पराभव

परा णुदस्व मघवन्नमित्रान्त्सुवेदा नो वसू कृधि।
अस्माकं बोध्यविता महाधने भवा वृधः सखीनाम् ॥ २५ ॥

पदार्थ-हे **मघवन्**-धन के स्वामिन्! तू **नः अमित्रान्**-हमारे शत्रुओं को **परा नुदस्व**-दूर कर और **नः**-हमें **वसू**-नाना ऐश्वर्य **सुवेदा कृधि**-सुख से प्राप्त करने योग्य कर। **महा-धने**-संग्राम के समय वा भारी ऐश्वर्य को प्राप्त करने के लिये, तू **अस्माकं**-हमारा **अविता**-रक्षक हो **बोधि**-हमें चेताता रह और **अस्माकं सखीनाम्**-हमारे मित्रों का **वृधः भव**-बढ़ाने हारा हो।

भावार्थ-परमात्मा से प्रार्थना करें कि जीवन संग्राम में काम, क्रोधादि आन्तरिक शत्रुओं का पराभव करने हेतु हे प्रभो! सामर्थ्य दे तथा सांसारिक शत्रु देश-द्रोही व विदेशी शासक, सैनिक आदि को विजय करने हेतु आत्मिक बल एवं प्रेरणा प्रदान करे।

ऋषिः-वसिष्ठः शक्तिर्वा ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृद्बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

ज्ञानदाता परमेश्वर

इन्द्र क्रतुं न आ भर पिता पुत्रेभ्यो यथा।
शिक्षा णो अस्मिन्पुरुहूत यामनि जीवा ज्योतिरशीमहि ॥ २६ ॥

पदार्थ-**पिता**-पालक, गुरु, **पुत्रेभ्यः**-पुत्रों, शिष्यों को **यथा**-जैसे **क्रतुं**-ज्ञान का उपदेश देता है वैसे ही, हे **इन्द्र**-ऐश्वर्यवन्! तू **नः**-हमें भी **क्रतुम्** आ **भर**-उत्तम बुद्धि दे। **अस्मिन् यामनि**-इस समय, यज्ञ और संसारमार्ग में, हे **पुरुहूत**-बहु-प्रशंसित! तू **नः शिक्ष**-हमें ज्ञान दे जिससे **जीवाः**-हम सब जीव **ज्योतिः अशीमहि**-परम प्रकाशरूप तुझे प्राप्त करें।

भावार्थ-आचार्यों, विद्वानों तथा गुरु जनों से प्रेरणा एवं ज्ञान प्राप्त करके जैसे हम सांसारिक बाधाओं एवं शत्रुओं पर विजय पाते हैं। उसी प्रकार परमेश्वर से प्रार्थना करें कि हे प्रभो! हमें जीवन संग्राम में विजय पाने हेतु सद्बुद्धि व सुप्रेरणा तथा ज्ञान प्रदान कर।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

सुखी बसे संसार सब

मा नो अज्ञाता वृजना दुराध्यो३ माशिवासो अव क्रमुः।
त्वया वयं प्रवतः शश्वतीरपोऽति शूर तरामसि ॥ २७ ॥

पदार्थ-नः=हमें अज्ञाताः=अज्ञात वृजनाः=वर्जने योग्य, दुराध्यः=दुःख से ध्याने योग्य, अशिवासः=दुष्ट लोग मा अव क्रमुः=मत रौंदें। हे शूर=दुष्ट-नाशक वयम्=हम त्वया=तेरी सहायता से प्रवतः=विनीत होकर शश्वती अपः=अनादि काल से प्राप्त कर्म बन्धनों को नदी-तुल्य अति तरामसि=पार करें।

भावार्थ-जीवन में ईश्वर आराधना से मनुष्य समस्त कष्टों, बाधाओं तथा दुःखों को पार कर सकता है। उपासक सदैव यही प्रार्थना करता है कि-सुखी बसे संसार सब दुखिया रहे न कोय। संसार में मैं भी तो आता हूँ। इसलिए हे प्रभो! सब के साथ मेरा भी बेड़ा पार हो जाएगा।

अगले सूक्त के ऋषि वसिष्ठ पुत्र तथा वसिष्ठ और देवता भी वशिष्ठ ही है।

[३३] त्रयस्त्रिंशं सूक्तम्

ऋषिः-संस्तवो वसिष्ठस्य सपुत्रस्येन्द्रेण वा संवादः; वसिष्ठपुत्राः ॥ देवता-त एव ॥
छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

विद्वानों का सम्मान

शिवत्यञ्चो मा दक्षिणतस्कपर्दा धियंजिन्वासो अभि हि प्रमन्दुः।
उत्तिष्ठन्वोचे परि बर्हिषो नृन्न मे दूरादवितवे वसिष्ठाः ॥ १ ॥

पदार्थ-शिवत्यञ्चः=वृद्धि को प्राप्त, दक्षिणतः-कपर्दाः=दायें भाग में जटा-जूट रखनेवाले धियं-जिन्वासः=उत्तम मति को प्राप्त, वसिष्ठाः=ब्रह्मचारी, वसुगण मा अभि प्रमन्दुः हि=मुझे आनन्दित करें और वे अवितवे=ज्ञान देने के लिये दूरात्=दूर देश से भी आयें। उन नृन्=उत्तम पुरुषों का मैं बर्हिषः=वृद्धियुक्त आसन से उत् तिष्ठन्=उठकर परि वोचे=आदर-युक्त वचन से सत्कार करूँ।

भावार्थ-उत्तम कोटि के विद्वानों को देव कहा गया है। जब कभी कोई ऐसा विद्वान् घर पर आवे तो श्रद्धा के साथ खड़े होकर उत्तम वाणी एवं उत्तम आसन आदि के द्वारा उनका सम्मान करें। गृहस्थी कामना किया करें कि दूर स्थानों से चलकर भी ऐसे विद्वान् हमारे पास आवें, जिनसे हमें मार्गदर्शन प्राप्त होता रहे।

ऋषिः-संस्तवो वसिष्ठस्य सपुत्रस्येन्द्रेण वा संवादः; वसिष्ठपुत्राः ॥ देवता-त एव ॥
छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ऐश्वर्यवान् पुरुष का वरण

दूरादिन्द्रमनयन्ना सुतेन तिरो वैशन्तमति पान्तमुग्रम्।
पाशद्युम्नस्य वायतस्य सोमात्सुतादिन्द्रोऽवृणीता वसिष्ठान् ॥ २ ॥

पदार्थ-विद्वान् लोग वैशन्तम्=राष्ट्र में प्रविष्ट, प्रजा-हितकारी उग्रम्=बलवान् पान्तम्=पालक इन्द्रम्=ऐश्वर्य को सुतेन=धर्म से उत्पन्न बल से दूरात्=दूर देश से भी तिरः अनयन्=पास ले

आते हैं, उन **वसिष्ठान्**-राष्ट्रवासी उत्तम पुरुषों को **पाश-द्युम्नस्य**-धन से पास में फँसे वैश्यवर्ग और **वायतस्य**-विज्ञानवान् पुरुषों और रक्षा-युक्त क्षात्रवर्ग के **सुतात् सोमात्**-उत्तम अन्न और ज्ञान से **इन्द्रः**-ऐश्वर्यवान् पुरुष **अवृणीत**-उनका सत्कार करे।

भावार्थ-विविध विद्याओं में निष्णात उत्तम कोटि के विद्वान् विदेशों तथा अन्य राज्यों में जाकर अपनी विद्या के प्रभाव से ऐश्वर्य का संग्रह करके स्वदेश में लाकर राष्ट्र को सम्पन्न एवं ऐश्वर्यशाली बनाते हैं। ऐसे विद्वानों का सम्मान राष्ट्र के व्यापारी, सेना व सेनापति, विज्ञानवेत्ता तथा किसान-मजदूर सभी मिलकर किया करें।

ऋषिः-संस्तवो वसिष्ठस्य सपुत्रस्येन्द्रेण वा संवादः; वसिष्ठपुत्राः ॥ देवता-त एव ॥
छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

राष्ट्र में फूट न पड़े

एवेन्नु कं सिन्धुमेभिस्ततारेवेन्नु कं भेदमेभिर्जघान।
एवेन्नु कं दाशराज्ञे सुदासं प्रावदिन्द्रो ब्रह्मणा वो वसिष्ठाः ॥ ३ ॥

पदार्थ-हे **वसिष्ठाः**-राष्ट्र में बसे प्रजाजनो! **वः एभिः**-आप में से ही इन जनों की सहायता से **इन्द्रः**-ऐश्वर्यवान् पुरुष **सिन्धुं नु कं ततार इत्**-बड़े समुद्र को भी पार करे **एभिः**-इन विशेष जनों सहित **भेदं नु कं ततार एव इत्**-फूट डालनेवाले शत्रु को भी पार करे। **वः ब्रह्मणा**-आप लोगों के बल, ज्ञान से ही वह **दाशराज्ञे**-सुखदाता राजा के लिये **एव नु कं**-भी **सुदासं**-उत्तम दानशील प्रजा की **प्रावत्**-रक्षा करे।

भावार्थ-समस्त प्रजा, गुरुकुलों के ब्रह्मचारी, समस्त सेना व सेनापति मिलकर विदेशों से ऐश्वर्य लाकर राष्ट्र व राजा को ऐश्वर्य सम्पन्न बनानेवाले उत्तम विद्वानों का सहयोग करें। राष्ट्र के अन्दर देश-द्रोही दुष्प्रचार के द्वारा राष्ट्र में फूट पैदा न कर सकें इसके प्रति भी राजा, सेना व प्रजा सावधान रहें।

ऋषिः-संस्तवो वसिष्ठस्य सपुत्रस्येन्द्रेण वा संवादः; वसिष्ठपुत्राः ॥ देवता-त एव ॥
छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

प्रजा बलवती हो

जुष्टी नरो ब्रह्मणा वः पितृणामक्षमव्ययं न किला रिषाथ।
यच्छक्वरीषु बृहता रवेणेन्द्रे शुष्मदधाता वसिष्ठाः ॥ ४ ॥

पदार्थ-हे **नरः**-उत्तम जनो! आप **वः**-अपने **पितृणाम्**-पालक जनों के **अव्ययं**-अविनाशी **अक्षम्**-सत्यदर्शक ज्ञान-ऐश्वर्य को **ब्रह्मणा**-बल से **न किल रिषाथ**-नाश न करो, प्रत्युत **जुष्टी**-प्रेमपूर्वक **अदधात**-धारण करो **यत्**-जिस **शुष्मं**-बल को, हे **वसिष्ठाः**-गुरु के अधीन रहनेवालों और राष्ट्रवासी जनो! आप लोग **बृहतः रवेण**-भारी आघोष के साथ **शक्वरीषु**-शक्ति-युक्त सेनाओं और **इन्द्रे**-ऐश्वर्य-युक्त राजा में, उसके अधीन रहकर **अदधात**-धारते रहो।

भावार्थ-जिस प्रकार गुरुकुलों में ब्रह्मचारी गण अपने आचार्य के निर्देश में रहकर ब्रह्मचर्य पूर्वक विद्या-प्राप्ति एवं ज्ञान की रक्षा करते हैं, उसी प्रकार राष्ट्र की प्रजा, राजा व सेना के नियन्त्रण में रहकर राजनियमों का पालन करते हुए राष्ट्र एवं राष्ट्र के ऐश्वर्य की रक्षा करे।

ऋषिः-संस्तवो वसिष्ठस्य सपुत्रस्येन्द्रेण वा संवादः; वसिष्ठपुत्राः॥ देवता-त एव॥
छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

दानशील तेजस्वी राजा

उद्द्यामि॒वेत्तृ॒ष्णजो॑ नाथि॒तासोऽदी॑धयुर्दाशरा॒ज्ञे वृ॒तास॑:।
वसि॑ष्ठस्य स्तु॒वत इन्द्रो॑ अश्रोदुरु तृत्सु॑भ्यो अकृणोदु लो॒कम्॥५॥

पदार्थ-वृतासः-वरण किये गये तृष्णजः-तृष्णा, वा धन की कामना से युक्त नाथितासः-धनादि-याचना करनेवाले लोग दाशराज्ञे-दानशीलों में तेजस्वी राजा के लिये द्याम् इव-सूर्य के तुल्य तेज, या भूमि को उद् अदीधयुः-उत्तम रीति से धारण करें। स्तुवतः-स्तुतिकर्ता वसिष्ठस्य-बसे उत्तम प्रजाजन की बात इन्द्रः-ऐश्वर्यवान् तेजस्वी राजा अश्रोत्-सुने और वह तृत्सुभ्यः-शत्रु नाशक सैनिकों के लिये उरुम् लोकम्-बड़ा स्थान अकृणोत्-दे।

भावार्थ-सूर्य जैसे ऊर्जा को सबके लिए देता रहता है उसी प्रकार राजा भी अपने राष्ट्र में तेजस्वी होकर याचकों, पात्रों को दान देता रहे। प्रजा के कल्याणार्थ राजा जल, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, संरक्षा आदि की परियोजनाओं में धन लगाकर प्रजा का प्रिय बने।

ऋषिः-संस्तवो वसिष्ठस्य सपुत्रस्येन्द्रेण वा संवादः; वसिष्ठपुत्राः॥ देवता-त एव॥
छन्दः-त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

राजा अग्रगामी नायक हो

दु॒ण्डाइ॒वेद्गो॒अज॑नास आसु॒न्परि॑च्छिन्ना भर॒ता अ॑र्भ॒कास॑:।
अभ॑वच्च पु॒रए॒ता वसि॑ष्ठ॒ आदित्तृ॒त्सूनां॒ विशो॑ अप्रथन्त॥६॥

पदार्थ-दण्डा इव परिच्छिन्ना गो-अजनासः-दण्ड जैसे शाखा से कटकर भी पशु आदि को हाँकने के लिये उत्तम होते हैं वैसे परिछिन्नाः-सब प्रकार से कटे-छटे, कुशल, भरताः-प्रजापालक अर्भकासः-बालकों के समान निर्द्वेष, स्वच्छ-हृदय दण्डों के समान ही दण्डाः-दुष्टों के दमनकर्ता गो-अजनासः-भूमियों को शासन करनेवाले आसन्-हों। वसिष्ठः-प्रजा को बसानेवाला राजा, इनका पुरः-एता-अग्रयायी नायक अभवत्-हो और आत् इत्-अनन्तर तृत्सूनां-शत्रुहिंसक वीर पुरुषों को ही यह विशः-प्रजाएँ अप्रथन्त-प्रसिद्ध होती हैं।

भावार्थ-जैसे शाखा से कटकर अलग हुआ दण्ड ही पशु आदि को नियन्त्रण करने में समर्थ होता है उसी प्रकार दल, वर्ग, जाति, सम्प्रदाय आदि के भावों से ऊपर उठा हुआ राजा ही राष्ट्र की प्रजा को नियमों में चलाने में समर्थ होता है। वही अपने दण्ड विधान को प्रबल कर शत्रु को भी जीत सकता है।

ऋषिः-संस्तवो वसिष्ठस्य सपुत्रस्येन्द्रेण वा संवादः; वसिष्ठपुत्राः॥ देवता-त एव॥
छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

तेजस्वी प्रजा

त्रय॑: कृण्व॒न्ति भुव॑नेषु॒ रेत॑स्तिस्र॒: प्र॒जा आर्या॒ ज्योति॑रग्राः।
त्रयो॑ घ॒र्मास॑ उ॒षस॑ सचन्ते॒ सर्वी॑ इत्ताँ अनु॑ विदुर्वसि॑ष्ठाः॥७॥

पदार्थ-त्रयः-तीन भुवनेषु-उत्पन्न लोकों में रेतः-जल, तेज, वीर्य को कृण्वन्ति-उत्पन्न

करते हैं और तिस्रः-तीन प्रकार की आर्याः प्रजाः-श्रेष्ठ प्रजाएँ ज्योतिः अग्राः-प्रकाश को मुख्य रूप से प्राप्त होती हैं, त्रयः-तीनों धर्मासः-वीर्यवान् ही उषसं-उषा को सूर्यवत्, कामना-योग्य भूमि वा शक्ति को सचन्ते-प्राप्त करते हैं तान् सर्वान् इत्-उन सबको ही वसिष्ठाः अनु विदुः-विद्वान् ब्रह्मचारी अच्छी प्रकार जानते और प्राप्त करते हैं। (२) लोक में सूर्य, विद्युत् और अग्नि तीनों रेतः-प्रजोत्पादक तेज को उत्पन्न करते और सूर्य, वायु और भूमि तीनों प्रजोत्पादक प्रकाश, प्राणाधार जल और अन्न को उत्पन्न करते हैं, तीनों प्रकार की श्रेष्ठ प्रजाएँ, जेरज, अण्डज, उद्भिज ज्योतिरग्राः-प्रकाश की ओर बढ़नेवाली हैं त्रयः धर्मासः-तीनों तेजोयुक्त सूर्य, अग्नि, विद्युत् वा सूर्य, मेघ और बलवान् पुरुष उषसं-दाहक तापशक्ति, कान्ति तथा कामना योग्य स्त्री को प्राप्त करते हैं। उन पदों को वसिष्ठाः-ब्रह्मचारी ही अनु विदुः-प्राप्त करें।

भावार्थ-राष्ट्र को तेजस्वी राष्ट्राध्यक्ष ही धारण कर सकता है। लोकतन्त्र में प्रजा में से ही राजा का चयन होता है। अतः राष्ट्र की समस्त प्रजा को तेजस्वी होना चाहिए। प्रजा को तेजस्वी बनाने हेतु राजा राजनियम लागू करे कि राज्य का प्रत्येक पाँच वर्ष का बालक/बालिका गुरुकुल में पढ़ने जावे तथा वहाँ आचार्य/आचार्या के निर्देशन में ब्रह्मचर्य के तप से तेजस्वी बने।

ऋषिः-संस्तवो वसिष्ठस्य सपुत्रस्येन्द्रेण वा संवादः; वसिष्ठपुत्राः॥ देवता-त एव॥
छन्दः-विराड्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

विद्वान् समुद्र के समान गम्भीर हों

सूर्यस्येव वक्षथो ज्योतिरेषां समुद्रस्येव महिमा गभीरः।
वातस्येव प्रजवो नान्येन स्तोमो वसिष्ठ अन्वेतवे वः॥८॥

पदार्थ-हे वसिष्ठाः-ब्रह्मचारी लोगो! हे राष्ट्रवासी जनों में श्रेष्ठ जनो! एषां-इन वः-आप लोगों का वक्षथः-तेज और वचन सूर्यस्य ज्योतिः इव-सूर्य-तेज के समान असह्य और यथार्थ का प्रकाशक हो। महिमा-महान् सामर्थ्य समुद्रस्य इव गभीरः-समुद्र-समान गम्भीर हो। प्रजवः-उत्तम वेग वातस्य इव-वायु के समान अदम्य हो और वः-आप लोगों का स्तोमः-बलवीर्य, चरित ऐसा हो जो अन्येन-दूसरे असमर्थ पुरुष से अन्वेतये न-अनुकरण न किया जा सके।

भावार्थ-राष्ट्र में विविध विद्याओं में निष्णात विद्वानों को सूर्य के समान तेजस्वी होना चाहिए। जैसे सूर्य की ओर कोई आँख नहीं उठा सकता, उसी प्रकार विद्वान् की ओर कोई अंगुली न उठा सके। उन विद्वानों को समुद्र के समान गम्भीर होना चाहिए। वे राष्ट्र की समस्याओं तथा उन्नति की योजनाओं पर गहनता के साथ चिन्तन करनेवाले होवें।

ऋषिः-संस्तवो वसिष्ठस्य सपुत्रस्येन्द्रेण वा संवादः; वसिष्ठपुत्राः॥ देवता-त एव॥
छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

तेजस्वी राष्ट्र

त इन्निण्यं हृदयस्य प्रकेतैः सहस्रवल्शमभि सं चरन्ति।
यमेन ततं परिधिं वयन्तोऽप्सरस उप सेदुर्वसिष्ठाः॥९॥

पदार्थ-ते इत् वसिष्ठाः-वे ही पूर्ण ब्रह्मचारी, गुरु के अधीन विद्या-प्राप्ति के लिये बसने हारे जन यमेन-नियन्त्रक आचार्य वा परमेश्वर द्वारा ततं-विस्तारित परिधिं-सब प्रकार से धारण-योग्य ज्ञान, व्रत और दीक्षादि को वयन्तः-प्राप्त होते और उसका पालन करते हुए अप्सरसः उपसेदुः-गृहाश्रम में स्त्रियों को प्राप्त करें। त इत्-वे ही हृदयस्य-हृदय के प्रकेतैः-उत्तम ज्ञानों

से सहस्रों अंकुरों, शास्त्र-ज्ञानों से युक्त **निण्यं**-निश्चित ज्ञान को **अभि सञ्चरन्ति**-प्राप्त कर विचरें।

भावार्थ-गुरुओं के पास ब्रह्मचर्य के तप से तपकर विद्याओं में निष्णात दीप्तिमान विद्वान् ब्रह्मचारी विभिन्न विषयों में शोध करके राष्ट्र को ज्ञान-विज्ञान से भरपूर करें। सैनिक व सेनापति ब्रह्मचर्य के तप से वीर्यवान् व शौर्यवान् होकर राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा करें। संन्यासी-महात्मा गण ब्रह्मचर्य के तप द्वारा ईश्वर की प्राप्ति योगाभ्यास द्वारा करके राष्ट्र की प्रजा को अध्यात्म का उपदेश करके तेजस्वी बनावें।

ऋषिः-संस्तवो वसिष्ठस्य सपुत्रस्येन्द्रेण वा संवादः; वसिष्ठः ॥ देवता-त एव ॥
छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

जीव के दो जन्म

विद्युतो ज्योतिः परि संजिहानं मित्रावरुणा यदपश्यतां त्वा।
तत्ते जन्मोतैकं वसिष्ठागस्त्यो यत्त्वा विश आजभार॥ १०॥

पदार्थ-जीवों के पुनर्जन्म का रहस्य। हे **वसिष्ठ**-देहवासी प्राणों में सबसे श्रेष्ठ जीव! **विद्युतः ज्योतिः**-विद्युत् की ज्योति के तुल्य दीप्ति को **परि संजिहानं**-सब प्रकार से धारक **त्वा**-तुझको **यत्**-जब **मित्रावरुणौ**-सूर्य-चन्द्रवत्, प्राण-अपान वा माता-पिता दोनों, **अपश्यताम्**-देखते हैं **तत्**-तब **ते**-तेरा **जन्म**-जन्म होता है **उत**-और **एकं**-एक जन्म होता है **यत्**-जब **अगस्त्यः**-सूर्य **त्वा**-तुझको **विशः**-प्रवेश योग्य देहों में, वा आचार्य प्रजाओं में राजा के समान **आजभार**-प्राप्त कराता है।

भावार्थ-जिस प्रकार से जीवात्मा पहले पिता की देह में पुष्ट होकर माता के गर्भ में जाता है यह उसका प्रथम जन्म है और फिर माता के गर्भ में पुष्ट हो संसार में जन्मता है, यह उसका द्वितीय जन्म है। इस दूसरे जन्म से संसार में उसका अस्तित्व बनता है। इसी प्रकार संसार में भी उसके दो जन्म होते हैं प्रथम माता के गर्भ से द्वितीय आचार्य के गुरुकुलरूपी गर्भ से। आचार्य के गर्भ गुरुकुल से विद्या-बल से पुष्ट होकर समाज में आने पर ही उसका यश एवं अस्तित्व झलकता है।

ऋषिः-संस्तवो वसिष्ठस्य सपुत्रस्येन्द्रेण वा संवादः; वसिष्ठः ॥ देवता-त एव ॥
छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

विद्वान् सर्व आश्रम पोषक हों

उतासि मैत्रावरुणो वसिष्ठोर्वश्या ब्रह्मन्मनसोऽधि जातः।
द्रप्सं स्कन्नं ब्रह्मणा दैव्येन विश्वे देवाः पुष्करे त्वाददन्त॥ ११॥

पदार्थ-हे **वसिष्ठ**-देह में बसे श्रेष्ठ जीव! **उत**-और तू **मैत्रावरुणः**-मित्र और वरुण, प्राण और अपान दोनों का स्वामी **असि**-है। हे **ब्रह्मन्**-वृद्धिशील जीव! तू **उर्वश्याः**-कान्तिमती, तैजस, सात्त्विक विचार से युक्त वा 'उरु' विस्तृत, व्यापक प्रकृति के ऊपर **मनसः**-मननशक्ति द्वारा **अधि-जातः**-भोक्ता रूप से अध्यक्ष होता है। **दैव्येन**-समस्त किरणों के, समस्त शक्तियों के स्वामी सूर्यवत् तेजस्वी **ब्रह्मणा**-महान् परमेश्वर से **स्कन्नं**-प्रदत्त **द्रप्सं**-वीर्य के समान **त्वा**-तुझको **देवाः**-समस्त दिव्य शक्तियाँ **पुष्करे**-पुष्टिकारक तत्त्व में **अददन्त**-धारण करती हैं।

भावार्थ-विद्वान् आचार्य अपने शिष्यों को ब्रह्मचर्य के पालन द्वारा विद्या एवं बल से पुष्ट

कर गृहस्थाश्रम में प्रवेश करने के योग्य बनाते हैं। तब ये उत्तम गृहस्थी, ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ और संन्यास तीनों आश्रमों का आश्रय स्थल बनकर इन सभी आश्रमों को पुष्ट करते हैं।

ऋषिः-संस्तवो वसिष्ठस्य सपुत्रस्येन्द्रेण वा संवादः; वसिष्ठः॥ देवता-त एव॥
छन्दः-त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

सर्वत्यागी ब्राह्मण

स प्रकेत उभयस्य प्रविद्वान्त्सहस्रदान उत वा सदानः।
यमेन ततं परिधिं वयिष्यन्नप्सरसः परि जज्ञे वसिष्ठः॥ १२॥

पदार्थ-जैसे **यमेन**-नियन्ता परमेश्वर से **ततं**-फैलाये **परिधिं**-धारक देह सांसारिक जीवन को **वयिष्यन्**-पट के समान स्वयं अपने कर्मों द्वारा बुनता, या बनाता और उसको प्राप्त होना चाहता हुआ **वसिष्ठः**-वसु, जीव **अप्सरसः परिजज्ञे**-स्त्री-शरीर से परिपुष्ट होकर प्रकट होता है, वैसे ही **वसिष्ठः**-गुरु के अधीन बसनेवाला वसु ब्रह्मचारी **यमेन**-नियन्ता आचार्य से **ततं**-विस्तारित **परिधिं**-सब प्रकार से धारण-योग्य ज्ञानमय शास्त्रपट को **वयिष्यन्**-प्राप्त, रक्षण और विस्तृत करना चाहता हुआ **अप्सरसः**-अन्तरिक्षचारी वायु के समान ज्ञानवान् पुरुष की व्याप्त विद्या से **परि जज्ञे**-उत्पन्न होता है। **सः**-वह **प्र-केतः**-उत्तम ज्ञानी और **उभयस्य**-पाप और पुण्य दोनों को **प्र-विद्वान्**-भली प्रकार जानता हुआ, **सहस्र-दानः**-सहस्रों का दाता, परमैश्वर्य का स्वामी हो। **उत वा**-अथवा **स-दानः**-दानशीलों के दान से अलंकृत भिक्षु, ब्राह्मण हो।

भावार्थ-शिष्य आचार्यों के सान्निध्य में रहकर समस्त ज्ञान-विज्ञान को प्राप्त करे तथा योग साधन द्वारा परमेश्वर को जाने। ऐसा ब्रह्मवित् विद्वान् समाज में आकर ज्ञान-विज्ञान तथा अपने समस्त ऐश्वर्य आदि को जनकल्याण हेतु लगाकर सर्वत्यागी बनकर सच्चा ब्राह्मण कहलावे।

ऋषिः-संस्तवो वसिष्ठस्य सपुत्रस्येन्द्रेण वा संवादः; वसिष्ठः॥ देवता-त एव॥
छन्दः-त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

ज्ञानदाता गुरु

सत्रे ह जाताविषिता नमोभिः कुम्भे रेतः सिषिचतुः समानम्।
ततो ह मान उदियाय मध्यात्ततो जातमृषिमाहुर्वसिष्ठम्॥ १३॥

पदार्थ-**सत्रे**-गुरु के गृह में **जातौ**-उत्पन्न हुए कुमार और कुमारी दोनों **इषिता**-एक दूसरे की इच्छावाले होकर **नमोभिः**-आदर सहित **कुम्भे रेतः**-कलश में रक्खे जल से **समानं**-एक समान **सिषिचतुः**-अभिषेक करें, **ततः मध्यात्**-उन दोनों के बीच से **मानः**-उत्तम परिमाणयुक्त बालक **उत् इयाय**-उत्पन्न होता है **ततः**-अनन्तर उस **ऋषिम्**-प्राप्त जीव को **वसिष्ठम् आहुः**-'वसिष्ठ' कहते हैं।

भावार्थ-जैसे स्त्री और पुरुष आचार्यों के पास पूर्ण ब्रह्मचर्य का पालन कर पुष्ट बीज से उत्तम सन्तान को उत्पन्न करते हैं उसी प्रकार उत्तम आचार्य अपने शिष्य में समस्त ज्ञान को धारण कराकर ब्रह्मतेज से तेजस्वी बनाता है। ऐसे शिष्यों से राष्ट्र तेजस्वी बनता है।

ऋषिः-संस्तवो वसिष्ठस्य सपुत्रस्येन्द्रेण वा संवादः; वसिष्ठः ॥ देवता-त एव ॥
छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

शुभ संकल्पवाले होकर वेदोपासना करो

उक्थभृतं साम्भृतं बिभर्ति ग्रावाणं बिभ्रत्प्र वदात्यग्रे।
उपैनमाध्वं सुमनस्यमाना आ वो गच्छति प्रतृदो वसिष्ठः ॥ १४ ॥

पदार्थ-जो विद्वान् **अग्रे**=सबसे पूर्व, **बिभ्रत्**-ज्ञान को धारण करता हुआ **प्र वदाति**=उत्तम प्रवचन करता है वह **ग्रावाणं**=मेघ के समान ज्ञान-जल को धारक **उक्थ-भृतं**=ऋग्वेद के धारक और **साम-भृतं**=सामवेद के धारक विद्वान् शिष्य को भी **बिभर्ति**=धारण करता है। वही **वसिष्ठः**=वसु ब्रह्मचारियों में श्रेष्ठ है। हे **प्र-तृ-दः**=तीनों आश्रमों को अन्नादि देनेवाले गृहस्थो! वा हे **प्रतृदः**=खण्ड-खण्ड कर वेद-अध्ययन करनेवाले ब्रह्मचारियो! जब वह **वः आगच्छति**=तुम्हें प्राप्त हो तब आप **एवं**-उसकी **सुमनस्यमानाः**=शुभ संकल्पयुक्त होकर **उप आध्वम्**=उपासना करो।

भावार्थ-समस्त विद्याओं का धारक परमेश्वर है उसकी उपासना श्रद्धा के साथ करनेवाला ब्रह्मवित् आचार्य अपने शिष्य को ऋग्वेद के ज्ञान और सामवेद की उपासना से पूरित कर तेजस्वी बनाता है। ऐसा ज्ञानोपासना से पूर्ण विद्वान् जब गृहस्थ के घर पर आवे तो शुभसंकल्प एवं श्रद्धा से पूर्ण होकर गृहस्थी जन उससे वेदोपासना सीखें।

अगले सूक्त के ऋषि वसिष्ठ, विश्वेदेवाः तथा अहिः और देवता अहिर्बुध्न्य है।

तृतीयोऽनुवाकः

[३४] चतुस्त्रिंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-भुरिगार्चीगायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

विदुषी स्त्री

प्र शुक्रैतु देवी मनीषा अस्मत्सुतष्टो रथो न वाजी ॥ १ ॥

पदार्थ-**वाजी**=वेगवान् **रथः सु-तष्टः**=रथ उत्तम रीति से निर्मित होकर जैसे **मनीषाः एति**=मनोनुकूल गतियें करता है वैसे ही **सु-तष्टः**=उत्तम रीति से अध्यापित, **वाजी**=ज्ञानी पुरुष और **शुक्रा**=शुद्ध अन्तःकरणवाली, **देवी**=विदुषी स्त्री भी **अस्मत्**=हमसे **मनीषाः**=उत्तम बुद्धियों को **एतु**=प्राप्त करे।

भावार्थ-जैसे पुरुष आचार्यों के पास शिक्षा प्राप्त कर ज्ञानवान होता है उसी प्रकार स्त्रियाँ भी आचार्याओं से वेदविद्या को ग्रहण कर उत्तम विदुषी होवें। इससे राष्ट्र उन्नत बनता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-भुरिगार्चीगायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

आप्त स्त्रियों के कर्त्तव्य

विदुः पृथिव्या दिवो जनित्रं शृण्वन्त्यापो अध क्षरन्तीः ॥ २ ॥

पदार्थ-**अधः क्षरन्तीः आपः**=मेघ से नीचे गिरती जलधाराएँ जैसे **दिवः**=आकाश से **जनित्रं**=अपनी उत्पत्ति और **पृथिव्याः जनित्रं**=पृथिवी, अन्न की उत्पत्ति का कारण होती हैं वैसे ही **अधः क्षरन्तीः**=नीचे के अंगों से स्रवित वा ऋतु से होनेवाली नवयुवती **अपः**=आप्त स्त्रियें **दिवः**=सूर्यवत् तेजस्वी पुरुष और **पृथिव्याः**=पृथिवी तुल्य बीजों को अंकुरित करनेवाली माता

से ही **जनित्रं**=सन्तान के जन्म को जानें और **शृण्वन्ति**=वैसा ही उपदेश गुरुजनों से सुनें।

भावार्थ–स्त्रियों को उत्तम विद्याओं से युक्त होकर वेद-विदुषी बनना चाहिए। ऐसी आप्त विदुषी स्त्रियाँ गृहस्थ के विज्ञान को जानकर श्रेष्ठ गुण-कर्म युक्त उत्तम संस्कारवाली सन्तान को उत्पन्न कर समाज को उन्नत बनावें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–आर्चीगायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

आप्तजनों का कृषि आदि कार्य

आपश्चिदस्मै पिन्वन्त पृथ्वीर्वृत्रेषु शूरा मंसन्त उग्राः ॥ ३ ॥

पदार्थ–**वृत्रेषु**=मेघों में **आपः चित्**=जलधाराएँ जैसे **अस्मै**=इस सूर्य के बल से **पृथ्वीः**=भूमियों को **पिन्वन्त**=सींचती हैं और **वृत्रेषु**=मेघों के ऊपर **उग्राः**=प्रचण्ड वायुएँ **मंसन्ते**=प्रहार करते हैं **चित्**=वैसे **अस्मै**=इस राजा के लिये **आपः**=नहरें **पृथ्वीः पिन्वन्त**=भूमियों को सींचें और **शूराः**=वीर पुरुष **वृत्रेषु**=विघ्नकारी पुरुषों पर और धनों के लिए **मंसन्ते**=उद्योग करें।

भावार्थ–राष्ट्र की प्रजा वेदविद्या से युक्त होकर राष्ट्र को उन्नत बनाने में पुरुषार्थ करे। वैदिक कृषि विद्या के जानकार लोग राष्ट्र में नदियों के व्यर्थ बहनेवाले जल को नहरों द्वारा खेतों तक ले जाकर सिंचाई करें तथा उत्तम बीज द्वारा उन्नत कृषि कार्य से राष्ट्र को समृद्ध बनावें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–आर्चीगायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

नायक के प्रति कर्त्तव्य

आ धूर्ष्वस्मै दधाताश्वानिन्द्रो न वज्री हिरण्यबाहुः ॥ ४ ॥

पदार्थ–हे विद्वान् पुरुषो! **अस्मै**=इस नायक के लिये **धूर्षु**=धुराओं में **अश्वान्**=अश्वों को **दधात**=लगाओ। **इन्द्रः**=वह ऐश्वर्यवान् **वज्री**=बली, शस्त्रधारक और **हिरण्य-बाहुः**=सुवर्णादि को बाहुबल से रखनेवाला है।

भावार्थ–विद्वानों को चाहिए कि वे राष्ट्र के नायक राजा के लिए ऐश्वर्य का संग्रह करें जैसे भृत्य अपने मालिक के लिए अश्वों को जुए में जोतकर रथ को तैयार करता है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–भुरिगार्चीगायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

सन्मार्ग पर बढ़ना

अभि प्र स्थाताहेव यज्ञं यातेव पत्मन्त्मना हिनोत ॥ ५ ॥

पदार्थ–हे विद्वान् स्त्री पुरुषो! **अह इव**=और आप लोग **यज्ञं अभि**=पूजनीय प्रभु, सत्संग, यज्ञ आदि को लक्ष्य कर **प्र स्थात**=आगे बढ़ो। **याता इव**=यात्री या जानेवाले पुरुष के समान **त्मना**=आत्म सामर्थ्य से **पत्मन्**=सन्मार्ग पर **हिनोत**=आगे बढ़ो।

भावार्थ–जिस प्रकार यात्री अपने पुरुषार्थ से अपने लक्ष्य की ओर निरन्तर बढ़ता जाता है उसी प्रकार स्त्री-पुरुषों को भी पुरुषार्थ एवं उत्साह के साथ सन्मार्ग पर निरन्तर आगे बढ़ते हुए जीवन के लक्ष्य मोक्ष को प्राप्त करना चाहिए।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–पादनिचृद्गायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

ध्वजावत् वीर का स्थापन

त्मना समत्सु हिनोत यज्ञं दधात केतुं जनाय वीरम् ॥ ६ ॥

पदार्थ–हे वीर पुरुषो! आप लोग **समत्सु**=संग्राम के समय **त्मना**=अपने सामर्थ्य से

यज्ञं=पूज्य नायक को हिनोत=बढ़ाओ। जनाय=साधारण प्रजाजन के हितार्थ केतुं=ध्वजा तुल्य सबके आज्ञापरक वीरम्=वीर और विद्योपदेष्टा पुरुष को दधात=स्थापित करो।

भावार्थ=जिस प्रकार सेना अपने विजय अभियान में आगे बढ़ती हुई राष्ट्र की ध्वजा को फहराती चलती है। इस ध्वजा से उस सेना के नायक की शक्ति प्रदर्शित होती है। उसी प्रकार गृहस्थी स्त्री-पुरुष उत्तम संस्कार युक्त वीर पुत्र को उत्पन्न करें। इससे उस गृहस्थी की प्रतिष्ठा स्थापित होती है।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=विश्वे देवाः॥ छन्दः=पादनिचृद्गायत्री॥ स्वरः=षड्जः॥

पृथ्वी के समान स्त्री के कर्त्तव्य

उदस्य शुष्मादद्रानुर्नार्त बिभर्ति भारं पृथिवी न भूमं॥ ७॥

पदार्थ=भानुः न=जैसे सूर्य-बल से कान्ति ऊपर उठती है वैसे अस्य शुष्मात्=इस नायक के बल से भानुः=तेजवत् उसके आश्रित प्रजा उत् आर्त्त=उन्नत होती है। पृथिवी न=पृथिवी-तुल्य विदुषी स्त्री भी भूम भारं=बहुत भारी प्रजाओं का भार बिभर्ति=उठाती है।

भावार्थ=जैसे राष्ट्र का नायक सूर्य के समान तेज को धारण कर राष्ट्र को तेजस्वी बनाता है उसी प्रकार स्त्री भी पृथ्वी के समान धैर्यवती होकर राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्य का पालन करती हुई राज्य व्यवस्था में सहयोग करे।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=विश्वे देवाः॥ छन्दः=पादनिचृद्गायत्री॥ स्वरः=षड्जः॥

शिष्यों से प्रेम

ह्वयामि देवाँ अयातुरग्ने साधन्नृतेन धियं दधामि॥ ८॥

पदार्थ=हे अग्ने=तेजस्विन्! मैं अयातुः=अहिंसाव्रती होकर देवान्=विद्या-कामनावाले शिष्यों को ह्वयामि=बुलाता हूँ। मैं ऋतेन=सत्य-व्यवहार द्वारा साधन्=साधना करता हुआ धियं दधामि=ज्ञान प्रदान करूँ और कर्म करूँ।

भावार्थ=उत्तम आचार्य अपने शिष्यों को प्रीति के साथ समस्त विद्याओं को पढ़ावे। वह अन्य किसी भी कार्य में प्रवृत्त न होकर सदैव शिष्यों की ज्ञानोन्नति में ही लगा रहे।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=विश्वे देवाः॥ छन्दः=पादनिचृद्गायत्री॥ स्वरः=षड्जः॥

दिव्य बुद्धि का धारण

अभि वो देवीं धियं दधिध्वं प्र वो देवत्रा वाचं कृणुध्वम्॥ ९॥

पदार्थ=हे जनो! आप लोग वः=अपनी देवीं धियं=दिव्य मति को अभि दधिध्वं=धारण करो और वः=अपनी वाणी को भी देवत्रा वाचम्=विद्वानों में विद्यमान उत्तम वाणी के समान बनाओ।

भावार्थ=मनुष्य अपनी बुद्धि का उपयोग विध्वंस में न करके निर्माण में लगावे। इसके लिए वह अपनी बुद्धि में ईश्वर के दिव्य तेज को धारण करे जिससे उसकी बुद्धि एवं कर्म सदैव सुपथ में ही लगे रहें।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=विश्वे देवाः॥ छन्दः=पादनिचृद्गायत्री॥ स्वरः=षड्जः॥

परमात्मा सहस्र चक्षु है

आ चष्ट आसां पाथो नदीनां वरुण उग्रः सहस्रचक्षाः॥ १०॥

पदार्थ–उग्रः–प्रचण्ड **वरुणः**–सूर्य जैसे **नदीनां पाथः आ चष्टे**–नदियों के जल को खींचता है, वैसे ही **सहस्रचक्षाः**–सहस्रों आज्ञावचन कहनेवाला **वरुणः**–श्रेष्ठ पुरुष **उग्रः**–बलवान् होकर **नदीनां**–समृद्ध **आसां**–इन प्रजाओं के **पाथः**–पालनकारक राज्य व्यवहार को **आ चष्टे**–स्वयं देखता है।

भावार्थ–परमात्मा सहस्र चक्षु है अर्थात् वह अपने अनन्त नेत्रों से समस्त जीवों के कर्मों को देखता है। उसी प्रकार राजा भी अपने प्रचण्ड प्रभाव से प्रजा के कार्य व्यवहार को स्वयं देखे। इससे राष्ट्र में घातक एवं द्रोही तत्त्व सक्रिय न हो सकेंगे तथा राष्ट्र उन्नति करेगा।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–पादनिचृद्गायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

समृद्ध राष्ट्र का निर्माण

राजा॑ रा॒ष्ट्राना॑ पेशो॑ न॒दीना॒मनु॑त्तमस्मै क्ष॒त्रं वि॒श्वायु॑ ॥ ११ ॥

पदार्थ–वरुण अर्थात् जल जैसे **नदीनां पेशः**–नदियों के रूप को बनाता है, वैसे यह **राजा**–राजा **राष्ट्रानां**–राष्ट्रों और प्रजाओं का **पेशः**–समृद्ध रूप बनाता और **अस्मै**–उसका **विश्वायु**–सर्वगामी, **अनुत्तम्**–अबाधित **क्षत्रं**–बल होता है।

भावार्थ–जैसे जल की धारा नदियों के स्वरूप का निर्माण कर देती है उसी प्रकार बल और बुद्धि के द्वारा राजा समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर देता है। इससे उस राजा का बल एवं पराक्रम चमकता है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–भुरिगार्चीगायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

विद्वान् प्रजा का मार्गदर्शन करें

अवि॑ष्टो अ॒स्मान्विश्वा॑सु विक्ष्व॒द्यु कृ॑णोत॒ शंस॑ नि॒नि॒त्सोः ॥ १२ ॥

पदार्थ–हे विद्वान् जनो! आप **अस्मान्**–हमें **विश्वासुविक्षु**–समस्त प्रजाओं में **अविष्ट**–रक्षा करो और **शंसं कृणोत**–उपदेश करो। **निनित्सोः अद्युं कृणोत**–निन्दावाले को अन्धकार युक्त करो।

भावार्थ–विद्वान् लोग राष्ट्र की प्रजा को उत्तम उपदेश द्वारा सन्मार्गदर्शन करें। इससे प्रजा श्रेष्ठ गुणों से सम्पन्न होकर राष्ट्रोन्नति में सहयोगी बनेगी।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–भुरिगार्चीगायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

शत्रु का नाश

व्ये॑तु दि॒द्युद् द्वि॒षामशे॑वा यु॒योत॒ विष्व॒ग्रप॑स्तनू॒नाम् ॥ १३ ॥

पदार्थ–हे वीर पुरुषो! **दिद्युत्**–खूब चमकता प्रकाश **वि एतु**–विविध दिशाओं में फैले। **द्विषाम् अशेवा**–शत्रुओं को नाना दुःख प्राप्त हों। **तनूनाम्**–देह धारियों के **रपः**–दुःखों को आप **विश्वक्**–सब प्रकार **युयोत**–पृथक् करो।

भावार्थ–राष्ट्र के वीर योद्धा अपने प्रचण्ड पराक्रम एवं उन्नत सैन्यशक्ति से शत्रुओं का नाश कर राष्ट्र की प्रजा का रक्षण एवं पालन करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–भुरिगार्चीगायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

सर्वप्रिय राष्ट्र नायक

अवी॑न्नो अ॒ग्निर्ह॒व्यान्न॑मो॒भिः प्रेष्ठो॑ अस्मा अधायि॒ स्तोमः॑ ॥ १४ ॥

पदार्थ–**अग्निः**=अग्नि–तुल्य तेजस्वी पुरुष **नमोभिः**=अन्नादि पदार्थों तथा शस्त्रों से **नः**=हमारी **अवीत्**=रक्षा करे। वह **हव्यात्**=भक्ष्य पदार्थों को खानेवाला, **प्रेष्ठः**=सर्व प्रिय हो। **अस्मै**=उसके लिये **स्तोमः**=स्तुति–योग्य व्यवहार **अधायि**=किया जावे।

भावार्थ–राष्ट्र का नायक प्रजा का पालन एवं रक्षण अन्नादि भोज्य पदार्थ तथा शस्त्रों द्वारा करे। ऐसे राष्ट्र नायक सर्वजन प्रिय होते हैं। वह भी अपनी प्रजा को प्रेम करे।

ऋषिः–**वसिष्ठः** ॥ **देवता**–**विश्वे देवाः** ॥ **छन्दः**–**पादनिचृद्गायत्री** ॥ **स्वरः**–**षड्जः** ॥

सूर्य समान तेजस्वी बनो

सजूर्देवेभिरपां नपातं सखायं कृध्वं शिवो नो अस्तु ॥ १५ ॥

पदार्थ–हे विद्वान् पुरुषो! **देवेभिः सजूः**=पृथिव्यादि तत्त्वों सहित अग्नि वा सूर्य के समान **अपां नपातं**=जलों को न गिरने देनेवाले, प्रजाओं का नाश न होने देनेवाले पुरुष को अपना **सखायं कृध्वम्**=मित्र बनाओ। वह **नः**=हमारा **शिवः**=कल्याणकारक **अस्तु**=हो।

भावार्थ–जैसे सूर्य अपने तेज से भूमि पर जल बरसा कर भूमि को तृप्त एवं जीवों को सुखी करता है उसी प्रकार विद्वान् भी अपने ब्रह्मतेज से वेदोपदेश करके प्रजा जनों को तृप्त एवं सुखी करें।

ऋषिः–**वसिष्ठः** ॥ **देवता**–**अहिः** ॥ **छन्दः**–**भुरिगार्चीगायत्री** ॥ **स्वरः**–**षड्जः** ॥

सूर्योपासना

अब्जामुक्थैरहिं गृणीषे बुध्ने नदीनां रजःसु षीदन् ॥ १६ ॥

पदार्थ–जैसे **बुध्ने**=अन्तरिक्ष में **अब्जाम्**=जलों के उत्पादक **अहिम्**=सूर्य को कहा जाता है वही **नदीनां रजःसु सीदन्**=नदियों के जलों या कण–कण में स्थित है। जैसे **उक्थैः**=उत्तम वचनों से **अब्जाम्**=आप्त जनों में प्रसिद्ध, **अहिम्**=शत्रु–नाशक पुरुष के **बुध्ने**=प्रजा के ऊपर आकाशवत् प्रबन्धक पद पर **गृणीषे**=प्रस्तुत करूँ। वह **नदीनां**=प्रजाओं के बीच **रजःसु**=वैभवों में **सीदन्**=विराजे।

भावार्थ–उत्तम विद्वान् सूर्य के समान तेजस्वी मनुष्य को राष्ट्र का अध्यक्ष नियुक्त करें। वह प्रजा में अपने राजप्रबन्ध द्वारा उसी प्रकार आच्छादित होवे जैसे सूर्य नदी में प्रवाहित जलों में।

ऋषिः–**वसिष्ठः** ॥ **देवता**–**अहिर्बुध्न्यः** ॥ **छन्दः**–**आर्चीगायत्री** ॥ **स्वरः**–**षड्जः** ॥

मेघवत् राष्ट्र नायक पुरुष

मा नोऽहिर्बुध्न्यो रिषे धान्मा यज्ञो अस्य स्रिधदृतायोः ॥ १७ ॥

पदार्थ–**बुध्न्यः अहिः**=आकाशस्थ मेघ–तुल्य **बुध्न्यः**=उदार, विद्वान् पुरुषों द्वारा सञ्चालित तेजस्वी पुरुष **नः**=हमें **रिषे**=हिंसक के लाभ के लिये **मा धात्**=न रखे। **अस्य ऋतायोः**=अन्न और धनाभिलाषी राजा का **यज्ञः**=दान आदि **मा स्रिधत्**=नष्ट न हो।

भावार्थ–जिस प्रकार आकाश में स्थित बादल सब जीवों के हित के लिए वर्षते हैं। उसी प्रकार उत्तम विद्वानों के द्वारा अभिषिक्त राजा प्रजा जनों के लिए उत्तम अन्न, उत्तम संगति तथा हित साधक साधन देकर उन्हें हर्षित करे।

ऋषिः–**वसिष्ठः** ॥ **देवता**–**विश्वे देवाः** ॥ **छन्दः**–**पादनिचृद्गायत्री** ॥ **स्वरः**–**षड्जः** ॥

शत्रुतापी

उत न एषु श्रवो धुः प्र राये यन्तु शर्धन्तो अर्यः ॥ १८ ॥

पदार्थ–विद्वान् लोग, नः=हमारे **एषु नृषु**=इन नेता पुरुषों में **श्रवः**=बल, अन्न आदि **धुः**=धारण करें और वे **शर्धन्तः**=उत्साह करते हुए **राये**=धन प्राप्ति हेतु **अर्यः**=अरीन्=शत्रुओं को लक्ष्य कर, उन पर **प्र यन्तु**=चढ़ाई करें।

भावार्थ–उत्तम विद्वान् जन राष्ट्र नायकों एवं सेनानायकों को उत्तम उपदेश के द्वारा प्रजापालन एवं राष्ट्र वृद्धि हेतु प्रेरित करें। प्रेरणा पाए हुए नायक जन शत्रुओं पर आक्रमण कर उन्हें तपाएँ तथा उन शत्रुओं का ऐश्वर्य छीनकर अपनी प्रजा में वितरित करें। इससे शत्रु श्रीः हीन होगा।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–भुरिगार्चीगायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

यशस्वी नेता

तपन्ति शत्रुं स्वर्ण भूमा महासेनासो अमेभिरेषाम् ॥ १९ ॥

पदार्थ–**एषाम्**=इन नायकों के **अमैः**=सहायक सैन्य बलों से युक्त होकर **महा-सेनासः**=बड़ी सेनाओं के स्वामी लोग **भूमा स्वः न**=भुवनों को सूर्य के समान प्रचण्ड होकर **शत्रुं तपन्ति**=शत्रु को तपावें।

भावार्थ–राष्ट्र का नायक महान् सैन्य बलों के द्वारा शत्रुओं पर आक्रमण कर विजय प्राप्त करे तथा अपनी प्रजा में यशस्वी बने।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–भुरिगार्चीगायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

वीर सन्तान

आ यन्नः पत्नीर्गमन्त्यच्छा त्वष्टा सुपाणिर्दधातु वीरान् ॥ २० ॥

पदार्थ–**यत्**=जब **पत्नीः**=स्त्रियें **नः**=हमें **अच्छ आ गमन्ति**=भली प्रकार प्राप्त हों तब **त्वष्टा**=तेजस्वी राजा **सु-पाणिः**=उत्तम व्यवहारज्ञ होकर **वीरान्**=वीर पुरुषों तथा हमारे पुत्रों की भी **दधातु**=रक्षा करे। उनको राष्ट्र-रक्षा पर नियुक्त करे।

भावार्थ–राष्ट्र की स्त्रीयाँ वीर प्रसूता होवें और राजा उन वीर सन्तानों को राष्ट्र की रक्षा हेतु नियुक्त करे। माताएँ ऐसी राष्ट्र-भक्त वीर सन्तानों से धन्य होती हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–पादनिचृद्गायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

प्रजा प्रिया शासक

प्रति नः स्तोमं त्वष्टा जुषेत स्यादस्मे अरमतिर्वसूयुः ॥ २१ ॥

पदार्थ–**अरमतिः**=बुद्धिमान् **वसूयुः**=प्रजा और ऐश्वर्यों का स्वामी, **त्वष्टा**=राजा **नः**=हमारे **स्तोमं**=स्तुति-वचन के **प्रति**=प्रति **जुषेत**=प्रेम करे और वह **अस्मे स्यात्**=हमारे हितार्थ प्रीतिमान् हो।

भावार्थ–राजा विद्वान् तथा बुद्धिमान् होवे। प्रजाजनों के उत्तम कर्मों तथा उत्तम विचारों को जानकर उन्हें प्रोत्साहित करे। इससे राजा प्रजा का प्रिय बन जाता है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–निचृदार्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

ऐश्वर्यशाली राजा

ता नो रासन्नातिषाचो वसून्या रोदसी वरुणानी शृणोतु।
वरूत्रीभिः सुशरणो नो अस्तु त्वष्टा सुदत्रो वि दधातु रायः ॥ २२ ॥

पदार्थ–**राति-षाचः**=दानयोग्य वृत्ति को लक्ष्य कर धनाढ्य लोग **नः**=हमें **ता**=वे नाना प्रकार के **वसूनि**=ऐश्वर्य **रासन्**=दें। **रोदसी**=दुष्टों को रुलानेवाली न्यायसभा तथा पुलिस और **वरुणानी**=स्वयं वृत राजा की शासनसभा भी **नः आ शृणोतु**=हमारी बातें सुने। **त्वष्टा**=तेजस्वी पुरुष **वरूत्रीभिः**=दुःखवारक नीतियों से **नः**=हमारा **सु-शरणः**=उत्तम शरण **अस्तु**=हो। वह **सु-दत्रः**=उत्तम दानशील पुरुष **रायः वि दधातु**=नाना ऐश्वर्य दे।

भावार्थ–राजा दानशील वृत्तिवाला प्रजाहितैषी होवे। उसकी न्याय सभा, विधानसभा तथा कार्यकालिका जनहितकारी कार्य करे। राजपुरुष=आरक्षी पुरुष प्रजा को पीड़ित न करें। ऐसा कुशल नेता प्रजा का प्रिय होकर विराजता है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–आर्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

शस्य श्यामला भूमि

तन्नो रायः पर्वतास्तन्न आपस्तद्रातिषाच ओषधीरुत द्यौः।
वनस्पतिभिः पृथिवी सजोषा उभे रोदसी परि पासतो नः ॥ २३ ॥

पदार्थ–**तत् रायः**=वे ऐश्वर्य और **पर्वताः**=पर्वत, मेघ और पालक साधनों से सम्पन्न जन **नः**=हमारी रक्षा करें। **तत् आपः**=वे जल, प्राण, **तत् रातिषाचः**=वे दान लेनेवाले, **ओषधीः उत द्यौः**=ओषधियाँ, सूर्य, **वनस्पतिभिः सजोषाः पृथिवी**=वनस्पतियों से युक्त पृथिवी, **उभे रोदसी**=आकाश और भूमि, ये **नः परि पासतः उ**=हमारी रक्षा करें।

भावार्थ–राजा को योग्य है कि वह अपने राज्य में बहुत वृक्षारोपण तथा यज्ञप्रसार अभियान चलावें। इससे राज्य में पर्यावरण प्रदूषण रहित होगा तथा समय पर वर्षा होकर भूमि शस्यश्यामला होगी जिससे समस्त प्रजा की रक्षा एवं पालन होगा।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–निचृदार्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

राजा और सेनापति प्रजा के अनुकूल हों

अनु तदुर्वी रोदसी जिहातामनु द्युक्षो वरुण इन्द्रसखा।
अनु विश्वे मरुतो ये सहासो रायः स्याम धरुणं धियध्यै ॥ २४ ॥

पदार्थ–**तत् उर्वी रोदसी**=वे दोनों महान् सेनापति, सेनानायक, सूर्य–भूमि के समान स्त्री–पुरुष भी **अनु जिहाताम्**=परस्पर अनुकूल होकर प्राप्त हों। **द्यु-क्षाः**=प्रकाशों का धारक सूर्यवत् तेजस्वी और **इन्द्र-सखा**=ऐश्वर्यवान् का मित्र **वरुणः**=श्रेष्ठ राजा **अनु**=अनुकूल रहे। **ये सहासः मरुतः**=जो शत्रुविजयी, तपस्वी विद्वान् पुरुष हैं वे **विश्वे**=सब **अनु**=अनुकूल हों। हम लोग **रायः धियध्यै**=ऐश्वर्यधारण के लिये **धरुणं**=सुरक्षित पात्रवत् **स्याम**=हों।

भावार्थ–राष्ट्र में सेनापति, विद्वान् तथा समस्त स्त्री–पुरुष प्रजाएँ राजा के अनुकूल होवें। राजा भी इन सबके अनुकूल होवे। इससे राजा, विद्वान्, सेना व सेनापति तथा समस्त प्रजाजन मिलकर राष्ट्र को समृद्ध बनाकर राष्ट्र को उन्नत कर सकेंगे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–विराडार्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

औषधियाँ अलौकिक सुखदायी हों

तन्न इन्द्रो वरुणो मित्रो अग्निरापः ओषधीर्वनिनो जुषन्त।
शर्मन्स्याम मरुतामुपस्थे यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ २५ ॥

पदार्थ–**वनिनः**=ऐश्वर्यों के स्वामी **इन्द्रः**=ऐश्वर्यवान्, **वरुणः**=प्रजा का वृत राजा, **मित्रः**=स्नेही, **अग्निः**=विद्वान् **आपः**=आप्तजन **ओषधीः**=ओषधियें ये **नः**=हमें **तत्**=वह सुख **जुषन्त**=प्राप्त करावें, जिससे हम **मरुताम् उपस्थे**=विद्वानों के पास **शर्मन् स्याम**=सुख में रहें। हे विद्वान् पुरुषो! **यूयं**=आप लोग **नः सदा स्वस्तिभिः पात**=हमारी सदा कल्याणकारी उपायों से रक्षा करो।

भावार्थ–राजा को योग्य है कि वह विद्वान् जनों को प्रजा के कल्याण हेतु नियुक्त करे। वे विद्वान् जन स्त्री-पुरुषों को उपदेश करें कि किन-किन दिव्य एवं अलौकिक औषधियों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त करके सुखी एवं आनन्दित हुआ जा सकता है।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ व देवता विश्वे देवा है।

[३५] पञ्चत्रिंशं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

जल-विद्युत् शान्तिदायक हों

शं न इन्द्राग्नी भवतामवोभिः शं न इन्द्रावरुणा रातहव्या।
शमिन्द्रासोमा सुविताय शं योः शं न इन्द्रपूषणा वाजसातौ ॥ १ ॥

पदार्थ–**वाजसातौ**=ऐश्वर्य प्राप्त होने पर **इन्द्राग्नी**=विद्युत् और अग्नि, राजा और नायक **अवोभिः**=रक्षा-साधनों और ज्ञानों से **नः शं भवताम्**=हमें शान्तिदायक हों। **रात-हव्या**=लेने और देने योग्य अन्नादि को प्राप्त करनेवाले **इन्द्रा वरुणा**=विद्युत् और जल, सेनापति और राजा **नः शं**=हमें शान्तिदायक हों। **इन्द्रासोमा शम्**=इन्द्र आचार्य, सोम शिष्य गण, **शम्**=हमें शान्तिदायक हों। वे दोनों ही **सुविताय**=सुखमय जीवन के लिये शान्तिदयाक हों। **इन्द्रा-पूषणा**=विद्युत् और वायु दोनों भी **नः शं**=हमें शान्तिदायक हों।

भावार्थ–ऐश्वर्यवान तेजस्वी राष्ट्रनायक अन्न, ज्ञान तथा रक्षा साधनों के द्वारा प्रजा का कल्याण करे। जल तथा विद्युत् जैसी जीवनदायी संसाधनों की राष्ट्र में सुव्यवस्था करे। शिक्षा हेतु आचार्यों की नियुक्ति तथा स्वास्थ्य के साधन प्रदान करे। प्रजा जनों के सुखमय जीवन हेतु ऐश्वर्य प्रदान करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

न्यायकारी पुरुष शान्तिदायक हों

शं नो भगः शमु नः शंसो अस्तु शं नः पुरन्धिः शमु सन्तु रायः।
शं नः सत्यस्य सुयमस्य शंसः शं नो अर्यमा पुरुजातो अस्तु ॥ २ ॥

पदार्थ–**भगः नः शम्**=ऐश्वर्य हमें सुखकारी हो। **शंसः नः शम् उ**=अनुशासन और उपदेष्टा हमें शान्ति दें। **पुरन्धिः**=पुरधारक राजा **नः शम्**=हमें शान्तिदायक हो। **रायः शम् उ सन्तु**=नाना ऐश्वर्य हमें शान्ति दें। **सु-यमस्य**=उत्तम नियन्ता और **सत्यस्य शंसः**=सत्य का उपदेष्टा **नः शम्**=हमें सुखकर हो। **पुरु-जातः**=बहुतों में प्रसिद्ध **अर्यमा**=न्यायकारी पुरुष **नः शं अस्तु**=हमें शान्ति दे।

भावार्थ–राजा न्यायव्यवस्था द्वारा जनप्रिय होकर अनुशासन को बनावे। विद्वानों की नियुक्ति द्वारा सत्य उपदेश, बुद्धि वृद्धि स्वास्थ्य शिक्षा, सुख के साधन एवं पर्यावरण संरक्षण की व्यवस्था का ज्ञान कराकर प्रजा का कल्याण करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

भूमि, अन्न, जल शान्तिदायक हों

शं नो धाता शमु धर्ता नो अस्तु शं न उरूची भवतु स्वधाभिः ।
शं रोदसी बृहती शं नो अद्रिः शं नो देवानां सुहवानि सन्तु ॥ ३ ॥

पदार्थ-धाता नः शम्-पोषक वर्ग हमें शान्ति दे। धर्त्ता नः शम् उ-धारक हमें शान्ति दे। उरूची-बहुत पदार्थ प्राप्त करानेवाली भूमि, नः-हमें स्वधाभिः-अन्नों से शं भवतु-शान्तिदायक हो। बृहती रोदसी शं-वृद्धिशील, सूर्य और अन्तरिक्ष शं-शान्तिदायक हों। अद्रिः नः शम्-मेघ और पर्वत शान्ति दें। देवानां-देव, विद्वानों के सु हवानि-उत्तम उपदेश नः शं सन्तु-हमें शान्तिदायक हों।

भावार्थ-राष्ट्र में किसान उत्तम अन्न पैदा करे, भूमि से प्रचुर अन्न-जलों तथा अन्य पदार्थों की उत्पत्ति हो तथा समय पर वर्षा हो। इन सबकी जानकारी हेतु राष्ट्र में विद्वान् जन उत्तम उपदेश करके राष्ट्र का कल्याण करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

तेजस्वी पुरुष सुखकारी हों

शं नो अग्निर्ज्योतिरनीको अस्तु शं नो मित्रावरुणावश्विना शम् ।
शं नः सुकृतां सुकृतानि सन्तु शं न इषिरो अभि वातु वातः ॥ ४ ॥

पदार्थ-ज्योतिः अनीकः अग्निः-तेज का सैन्य तुल्य धारक, आग के समान तेजस्वी सैन्य, वा राजा नः शम्-हमें सुखकारी हो। मित्रावरुणौ नः शं-एक दूसरे के स्नेही और वरण करनेवाले अश्विना-रथी-सारथी वा इन्द्रियों के स्वामी, स्त्री-पुरुष नः शं-हमें शान्तिदायक हों। सुकृतां-पुण्यात्माओं के सुकृतानि-पुण्य कर्म नः शं-हमें शान्ति दे। इषिरः वातः-सदा गमनशील वायु नः शं अभि वातु-हमें शान्तिदायक होकर सब ओर जावे।

भावार्थ-राष्ट्र में तेजस्वी विद्वान् पुरुष प्राणसाधना, इन्द्रिय जय तथा पुण्यात्माओं के संसर्ग से लाभ आदि का उत्तम उपदेश करके प्रजा का मंगल साधें अर्थात् प्रजा को सुखी करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

विद्युत् और भूमि शान्तिदायक हों

शं नो द्यावापृथिवी पूर्वहूतौ शमन्तरिक्षं दृशये नो अस्तु ।
शं न ओषधीर्वनिनो भवन्तु शं नो रजसस्पतिरस्तु जिष्णुः ॥ ५ ॥

पदार्थ-पूर्वहूतौ-पूर्व के विद्वानों के उत्तम कार्य में लगे द्यावृथिवी-विद्युत् और भूमिवत् स्त्री-पुरुष दोनों नः शं-हमें शान्तिदायक हों। अन्तरिक्षं-अन्तरिक्ष नः-हमें दृशये-देखने के लिये शम् स्तु-शान्तिदायक हो, वनिनः ओषधीः-वन की ओषधियें नः शं भवन्तु-हमें शान्तिदायक हों। रजसः पतिः-लोकों का पालक जिष्णुः-विजयशील पुरुष नः शम्-हमें शान्तिदायक हो।

भावार्थ-प्रजापालक विजयशील राजा विद्वान् स्त्री-पुरुषों को प्रजा के कल्याण हेतु नियुक्त करे। ये विद्वान् स्त्री-पुरुष अन्तरिक्ष को प्रदूषण रहित बनाने, वन की उत्तम ओषधियों द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षित रखने आदि का उपदेश एवं मार्गदर्शन करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

जलदायक सूर्य सुख दे

शं न इन्द्रो वसुभिर्देवो अस्तु शमादित्येभिर्वरुणः सुशंसः ।
शं नो रुद्रो रुद्रेभिर्जलाषः शं नस्त्वष्टा ग्नाभिरिह शृणोतु ॥ ६ ॥

पदार्थ-वसुभिः-प्राणियों को बसने के स्थान पृथिवी आदि ग्रहों सहित देवः-प्रकाशक इन्द्रः-सूर्य और राजा, ब्रह्मचारियों सहित आचार्य नः शं-हमें सुख दे। आदित्येभिः-वर्ष के मासों सहित वरुणः-समुद्रादि और आदित्यसम पुरुषों सहित राजा सु-शंसः-स्तुत्य होकर शम्-सुखकारी हो। रुद्रेभिः-प्राणों सहित रुद्रः-जीव, दुष्टों के रोदक सैन्यों सहित सेनापति जलाषः-सन्ताप-नाशक, जलवत् सुख-दाता होकर नः शम्-हमें शान्ति दे। ग्नाभिः त्वष्टा-वाणियों सहित विद्वान् और उत्तम गृहपतियों सहित गृहस्थी भी नः-हमारे शं-शान्तिदायक शृणोतु-वचन सुनें।

भावार्थ-प्राणियों के बसने के स्थानरूप पृथिवी, ग्रह, बादल, तथा जलदायक सूर्य आदि का ज्ञान कराने हेतु राजा उत्तम आचार्यों की सुव्यवस्था करे। शौर्यवान् तथा उत्तम जनप्रिय शासक वर्ग की नियुक्ति करे। गृहस्थियों को सद्व्यवहार सिखाने हेतु उत्तम विद्वानों की नियुक्ति करके प्रजा का हित करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सोम जीवनदायी हो

शं नः सोमो भवतु ब्रह्म शं नः शं नो ग्रावाणः शमु सन्तु यज्ञाः ।
शं नः स्वरूणां मितयो भवन्तु शं नः प्रस्वः शम्वस्तु वेदिः ॥ ७ ॥

पदार्थ-सोमः-चन्द्र और ओषधि वर्ग नः शं भवतु-हमें शान्तिदायक हों। ब्रह्म-वेद, बल, अन्न, नः शं-हमें शान्तिदायक हों। ग्रावाणः-मेघगण, विद्वान् जन नः शं-हमें शान्तिदायक हों। यज्ञाः शम् उ सन्तु-यज्ञ, देवपूजन, सत्संग हमें शान्तिदायक हों। स्वरूणां मितयः-अर्थप्रकाशक शब्दों के ज्ञान नः शं भवन्तु-हमें शान्तिदायक हों। प्र-स्वः-उत्पन्न ओषधियाँ, नः शं-हमें शान्तिदायक हों वेदिः शम् उ अस्तु-वेदि, भूमि, स्त्री आदि हमें शान्तिदायक हों।

भावार्थ-राजा राष्ट्र में व्यवस्था करे कि यज्ञकुण्ड तथा सुन्दर वेदी द्वारा कल्याणकारी यज्ञों का आयोजन होवे वर्षेष्टि, पुत्रेष्टि आदि द्वारा भूमि एवं गृहस्थी जन तृप्त हों। वेद विद्या के पठन-पाठन द्वारा ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि हो।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

चारों दिशाएँ शान्तिदायक हों

शं नः सूर्य उरुचक्षा उदेतु शं नश्चतस्रः प्रदिशो भवन्तु ।
शं नः पर्वता ध्रुवयो भवन्तु शं नः सिन्धवः शमु सन्त्वापः ॥ ८ ॥

पदार्थ-उरुचक्षाः-बहुत सम्यग्-ज्ञान दर्शनों का कर्त्ता तेजस्वी सूर्यः-सूर्यवत् प्रकाशक विद्वान् नः-हमारे लिये शं उदेतु-शान्तिदायक होकर उदय हो। चतस्रः प्रदिशः-चारों दिशाएँ नः शं भवन्तु-हमें शान्तिदायक हों। ध्रुवयः पर्वताः-स्थिर पर्वत नः शं भवन्तु-हमें शान्तिदायक हों। सिन्धवः नः शम्-नदियों के प्रभाव हमें सुखकारी हों और आपः शम् उ सन्तु-जल

हमें सुखकारी हों।

भावार्थ–राष्ट्र में उत्तम विद्वानों द्वारा उपदेश कराया जावे कि चारों दिशाओं के पदार्थों से कैसे लाभ लेकर जनसमुदाय सुखी हो सकता है। जैसे–उदय होते सूर्य की किरणों द्वारा स्नान, समुद्र के खारे जल द्वारा स्नान, पर्वतों की चोटियों पर वायु स्नान तथा जल द्वारा कटिस्नान, घर्षण स्नान, मेहन स्नान व पाँव स्नान आदि से कैसे स्वास्थ्य लाभ उठाया जा सकता है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–विराड्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

आदित्य ब्रह्मचारी शान्तिदायक हो

शं नो॒ अदि॑तिर्भवतु व्र॒तेभिः॒ शं नो॑ भवन्तु म॒रुतः॑ स्व॒र्काः।
शं नो॒ विष्णुः॒ शमु॑ पू॒षा नो॑ अस्तु॒ शं नो॑ भवि॒त्रं शम्वस्तु॑ वा॒युः॥ ९॥

पदार्थ–**अदितिः**–अखण्ड व्रती ब्रह्मचारी, ब्रह्मचारिणी और माता–पिता, **व्रतेभिः**–सत्कर्मों से **नः शम्**–हमें शान्तिदायक हों। **स्वर्काः मरुतः**–उत्तम विद्वान् प्राणवत् प्रिय होकर **नः**–हमें **शं भवन्तु**–शान्तिदायक हों। **विष्णुः नः शम्**–परमेश्वर हमें शान्ति दे। **पूषाः नः शम् उ अस्तु**–पुष्टिकारक ब्रह्मचर्यादि व्यवहार, पोषक प्रभु भी हमें सुखकारी हो। **भवित्रं नः शम्**–भवितव्य भी हमें सुख दे। **वायुः सम् उ अस्तु**–वायु हमें शान्तिदायक हो।

भावार्थ–राष्ट्र में आदित्य ब्रह्मचारी उत्तम विद्वान् होकर अपने सत्कर्मों–सदाचरण द्वारा उपदेश करके प्रजा के प्रिय बनें। वे ब्रह्मचारी पुष्टिकारक ब्रह्मचर्य की शिक्षा तथा व्यापक परमेश्वर की प्राप्ति के उपाय सिखाकर जनगण का मङ्गल साधें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

सर्वप्रेरक प्रभु सुखदायी हो

शं नो॑ दे॒वः सवि॒ता त्राय॑माणः॒ शं नो॑ भवन्तूषसो॑ विभा॒तीः।
शं नः॑ प॒र्जन्यो॑ भवतु प्र॒जाभ्यः॒ शं नः॒ क्षेत्र॑स्य॒ पति॑रस्तु॒ शं॒भुः॥ १०॥

पदार्थ–**त्रायमाणः**–रक्षा करता हुआ **सविता**–सर्वउत्पादक, **देवः**–सुखों का दाता प्रभु **नः शं**–हमें शान्ति दे। **विभातीः**–विशेष चमकती हुई **उषसः**–प्रभात वेलाएँ **नः शं भवन्तु**–हमें शान्तिदायक हों। **पर्जन्यः**–शत्रु पराजय में समर्थ राजा और प्रजाओं को तृप्त करनेवाला पुरुष व मेघ **नः**–हमारी **प्रजाभ्यः**–प्रजाओं के लिये **शं भवतु**–शान्तिदाता हो। **क्षेत्रस्य पतिः**–निवास–योग्य क्षेत्र, देश और देह–पालक राजा वा प्रभु, **शंभुः**–सदा सुख का दाता, **नः शम्**–हमें शान्ति दे।

भावार्थ–इस देह के स्वामी सर्वप्रेरक प्रभु की आराधना से मनुष्य की किस प्रकार से रक्षा होती है? वह दिव्य देव भक्त को कैसे सुखी करता है? प्रातःकाल की वेला–उषाकाल में जागकर कौन–कौन से लाभ होते हैं? ये सब बताने के लिए राजा उत्तम–उत्तम विद्वानों की नियुक्ति करे। शत्रुओं को पराजित करनेवाला राजा प्रजाओं को तृप्त करने के लिए सुख के साधन जुटावे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

सभी विद्वान् सुखदायक हों

शं नो॑ दे॒वा वि॒श्वदे॑वा॒ भव॑न्तु॒ शं सर॑स्वती स॒ह धी॒भिर॑स्तु।
शमभि॑षाचः॒ शमु॑ रा॒तिषा॑चः॒ शं नो॑ दि॒व्याः पार्थि॑वाः॒ शं नो॒ अप्याः॥ ११॥

पदार्थ–**विश्वदेवाः**=समस्त विद्वान् **देवाः**=ज्ञान के दाता होकर **नः शं भवन्तु**=हमें शान्तिदायक हों। **सरस्वती**=सुशिक्षायुक्त वाणी **धीभिः**=प्रज्ञाओं **सह**=सहित **शं अस्तु**=शान्तिदायक हो। **अभिषाचः शम्**=आभ्यन्तर से सम्बन्ध रखनेवाले हमें शान्ति दें। **रातिषाचः सम् उ**=बाह्य पदार्थों के लेने से सम्बन्ध रखनेवाले हमें शान्ति दें। **दिव्याः**=दिव्य **पार्थिवाः**=और पृथिवीस्थ पदार्थ **नः शम्**=हमें सुख दें। **अप्याः**=जल में उत्पन्न, मोती आदि **नः शं**=हमें सुख दें।

भावार्थ–राष्ट्र के समस्त विद्वान् जन राष्ट्र की प्रजा को ज्ञान–प्राप्ति, सुशिक्षा तथा बुद्धि–वृद्धि के उपाय बताकर कृतार्थ करें। अन्तःकरण के शोधन तथा बाहरी पदार्थों की शुद्धि का भी उपदेश करें। पृथिवी तथा जल में उत्पन्न होनेवाले पदार्थों का उपयोग बताकर प्रजा का कल्याण करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

शान्ति-प्राप्ति हेतु सद्व्यवहार करें

शं नः॒ सत्यस्य॒ पत॑यो भवन्तु॒ शं नो॒ अर्वन्तः॒ शमु॑ सन्तु॒ गावः॑ ।
शं न॑ ऋ॒भवः॑ सु॒कृतः॑ सु॒हस्ताः॒ शं नो॑ भवन्तु पि॒तरो॒ हवे॑षु ॥ १२ ॥

पदार्थ–**सत्यस्य पतयः नः शम् भवन्तु**=सत्य–व्यवहार के पालक हमें शान्ति दें। **अर्वन्तः**=अश्व **नः शं**=हमें सुख दें। **गावः शम् उ सन्तु**=गौएँ हमें शान्तिदायक हों। **सुकृतः**=धर्मात्मा **सु-हस्ताः**=शिल्पादि में सिद्धहस्त **ऋभवः**=शिल्पी और ज्ञानी पुरुष **नः शं**=हमें सुख दें। **हवेषु**=यज्ञों और संग्रामों के समय **पितरः**=माता–पिता, राजादि **नः शं भवन्तु**=हमें शान्तिदायक हों।

भावार्थ–उत्तम धर्मात्मा जन सत्य धर्म का उपदेश करें तथा अश्वपालन एवं गौपालन की विद्या सिखावें। यज्ञों में माता–पिता सहित पूरे परिवार को बैठने की प्रेरणा करें। सिद्धहस्त शिल्पकार शिल्प विद्या के द्वारा प्रजा का कल्याण करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

सर्वसुखदाता परमेश्वर सुखी करे

शं नो॑ अ॒ज एक॑पाद्देवो अ॑स्तु॒ शं नोऽहि॑र्बु॒ध्न्यः॑ शं स॑मु॒द्रः ।
शं नो॑ अ॒पां नपा॑त्पे॒रुर॑स्तु॒ शं नः॒ पृश्नि॑र्भवतु दे॒वगो॑पा ॥ १३ ॥

पदार्थ–**एक-पाद्**=सब जगत् को एक पाद में धारण करनेवाला, **अजः**=उत्पन्न न होनेवाला, **देवः**=सुखदाता प्रभु **नः शम् अस्तु**=हमें शान्ति दे। **अहिः बुध्न्यः नः शम्**=अन्तरिक्ष में उत्पन्न मेघ हमें शान्ति दे। **समुद्रः शम्**=सागर शान्ति दे। **अपां**=जलों में **नपात्**=चरण–रहित नौका **पेरुः**=पार उतारनेवाला होकर **नः शं**=हमें शान्ति दे। **देव-गोपाः**=शुभ गुणों का रक्षक **पृश्निः**=सुखवर्षक ज्ञानी **नः**=हमें शान्ति दे।

भावार्थ–सुखों का वर्षक ज्ञानी विद्वान् राष्ट्र की प्रजा के लिए उपदेश करे कि सब जगत् को उत्पन्न करनेवाला सर्वसुखदाता परमेश्वर जो कभी उत्पन्न नहीं होता, जो अन्तरिक्ष में मेघों को उत्पन्न करता है, समुद्र का निर्माता है वह शुभ गुणोंवाले मनुष्यों की किस प्रकार से रक्षा करके सुख पहुँचाता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

ब्रह्मचारी ज्ञान का श्रवण करें

आदित्या रुद्रा वसवो जुषन्तेदं ब्रह्म क्रियमाणं नवीयः ।
शृण्वन्तु नो दिव्याः पार्थिवासो गोजाता उत ये यज्ञियासः ॥ १४ ॥

पदार्थ-आदित्याः-४८ वर्ष के ब्रह्मचारी रुद्राः-३६ वर्ष के ब्रह्मचर्यवान् और वसवः-२४ वर्ष के ब्रह्मचारी इदं-इस नवीयः-उत्तम क्रियमाणं ब्रह्म-उपदेश किये जाते ज्ञान को जुषन्त-स्वीकार करें। दिव्याः-गुणों में प्रसिद्ध, पार्थिवासः-पृथिवी में प्रसिद्ध गोजाताः-वाणी से सुशिक्षित, विद्वान् उत-और ये जो यज्ञियासः-सत्संगादि-योग्य पुरुष हैं वे नः शृण्वन्तु-हमारे वचन सुनें।

भावार्थ-वाक् कुशल विद्वान् जनों के उत्तम-उत्तम ज्ञान के उपदेश को आदित्य ब्रह्मचारी, रुद्र ब्रह्मचारी, वसु ब्रह्मचारी तथा यज्ञकर्त्ता जन प्रेम से सुनकर धारण करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सत्संगी दीर्घायु प्राप्त करें

ये देवानां यज्ञिया यज्ञियानां मनोर्यजत्रा अमृता ऋतज्ञाः ।
ते नो रासन्तामुरुगायमद्य यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ १५ ॥

पदार्थ-ये-जो यज्ञियानां देवानां-यज्ञकर्ता, उत्तम विद्वानों में भी यज्ञियाः-दान, सत्कार-योग्य और मनोः-मननशील विद्वान् का यजत्राः-सत्संग करनेवाले अमृताः-दीर्घायु, ऋतज्ञाः-सत्य के जाननेवाले हैं ते-वे नः अद्य-आज उरु-गायम्-बहुत से उपदिष्ट ज्ञान का रासन्ताम्-उपदेश करें। हे विद्वान् जनो! यूयं नः स्वस्तिभिः सदा पात-तुम लोग हमारी सदा कल्याणकारी उपायों से रक्षा करो।

भावार्थ-मननशील विद्वान् यज्ञ करनेवाले, दानी, सत्संगी, दीर्घायुवाले तथा सत्य ज्ञानी जनों में उत्तम ज्ञान का उपदेश करें तथा उनकी रक्षा करें।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता विश्वे देवा है।

अथ पञ्चमाष्टके चतुर्थोऽध्यायः

[३६] षट्त्रिंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

गुरुकुल में ज्ञान-प्राप्ति

प्र ब्रह्मैतु सदनादृतस्य वि रश्मिभिः ससृजे सूर्यो गाः ।
वि सानुना पृथिवी संस्त्र उर्वी पृथु प्रतीकमध्येधे अग्निः ॥ १ ॥

पदार्थ-ऋतस्य सदनात्-ज्ञान के स्थान, गुरुगृह से हमें ब्रह्म प्र एतु-ज्ञान प्राप्त हो। सूर्यः-सूर्य अपनी रश्मिभिः-रश्मियों से गाः-भूमियों को वि ससृजे-विशेष गुणयुक्त करे। पृथिवी-पृथ्वी ऊर्वी-विशाल होकर भी सानुना-उन्नत प्रदेश से वि संस्त्रे-विशेष जानी जाती है। जैसे अग्निः-अग्नि पृथु-विस्तृत प्रतीकं-प्रतीति करानेवाला प्रकाश अधि एधे-चमकाता है, वैसे ही विद्वान् वाणियाँ प्रकट करे।

भावार्थ–गुरुकुल में आचार्य ब्रह्मचारी को उत्तम वेदज्ञान प्रदान करे और बतावे कि सूर्य रश्मियों से भूमि विशेष गुणयुक्त कैसे बनती है तथा अग्नि कैसे प्रकाशित होता है।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–विश्वे देवाः॥ छन्दः–त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

मित्रा वरुण का वर्णन

इमां वां मित्रावरुणा सुवृक्तिमिषं न कृण्वे असुरा नवीयः।
इनो वामन्यः पदवीरदब्धो जनं च मित्रो यतति ब्रुवाणः॥ २॥

पदार्थ–हे **मित्रा-वरुणा**–स्नेह-युक्त और दुःखवारक, शरीर में प्राण, उदान और सभा, सेनाध्यक्ष जनो! हे **असुरा**=बलवान् जनो! मैं **वां**=आप दोनों की **नवीयः**=नवीन, **सुवृक्तिम्**=दुःख-निवारक **इषम्**=इच्छा वा अन्न को प्राप्त करूँ। **वाम्**=आप दोनों में से **अन्यः**=एक **इनः**=स्वामी **पदवीः**=पद को प्राप्त **अदब्धः**=अविनाशी है, **मित्रः**=सर्वस्नेही **ब्रुवाणः**=उपदेश करता हुआ **जनं च यतति**=प्रत्येक जन को उद्यम कराता है।

भावार्थ–राष्ट्र में राजसभा का अध्यक्ष राजा तथा सेना का अध्यक्ष सेनापति ये दोनों बलवान् होवें। इन दोनों में राजा तो स्वामी है अतः वह राष्ट्र में दुःख तथा अज्ञान के निवारण व उत्तम अन्न की व्यवस्था करे। सेनाध्यक्ष अपनी प्रिय सेना के सैनिकों को निरन्तर उद्यम कराता रहे। इस प्रकार से ये दोनों मिलकर राष्ट्र को सुदृढ़ करें।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–विश्वे देवाः॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

राजसभाओं में उपदेश

आ वातस्य ध्रजतो रन्त इत्या अपीपयन्त धेनवो न सूदाः।
महो दिवः सदने जायमानोऽचिक्रदद् वृषभः सस्मिन्नूधन्॥ ३॥

पदार्थ–**वृषभः**=बलवान् पुरुष **सस्मिन् ऊधन्**=अन्तरिक्ष में मेघ-तुल्य, उषाकाल में सूर्य-तुल्य तेजस्वी होकर **जायमानः**=प्रसिद्ध होकर **महः दिवः**=बड़े भारी प्रकाश, ज्ञान या लोक-व्यवहार के **सदने**=स्थान, राजसभा और गुरु-गृह में **अचिक्रदत्**=प्राप्त हो। **वातस्य ध्रजतः इत्याः सूदाः न रन्ते**=वेग से जाते हुए वायु की गतियों में जैसे वर्षाशील मेघ विहरते हैं वैसे **वातस्य**=वायु-तुल्य बलवान् **ध्रजतः**=वेग से जाते हुए सेनापति के **इत्याः**=गमनों को प्राप्त **सूदाः**=उत्तम करप्रद प्रजाएँ **धेनवः**=गौओं के समान **रन्ते**=सुखी होती हैं, वे **अपीपयन्त**=आप बढ़तीं और राजा को भी बढ़ाती हैं।

भावार्थ–सूर्य के समान तेजस्वी बलवान् राजा प्रतिष्ठित होकर राजसभा में लोकव्यवहार का उपदेश=निर्देश करे कि सेनापति सेना को वायु के समान गतिशील व मेघ के समान बलवान् बनावे तथा प्रजा राष्ट्र की प्रगति हेतु समय पर कर प्रदान करे। इससे राजा तथा प्रजा दोनों समृद्ध होते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–विश्वे देवाः॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

हिंसकजनों को राजा दण्ड दे

गिरा य एता युनजद्धरी त इन्द्र प्रिया सुरथा शूर धायू।
प्र यो मन्युं रिरिक्षतो मिनात्या सुक्रतुर्मर्यमणं ववृत्याम्॥ ४॥

पदार्थ–हे **शूर**=वीर! हे **इन्द्र**=ऐश्वर्यवन्! **यः**=जो **ते**=तेरे **एता**=इन दोनों **धायू**=धारक

सु-रथाः=उत्तम रथवाले प्रिया=प्रिय हरी=अश्वों के समान बलवान् मुख्य नायक वा स्त्री पुरुषों को गिरा=वेद-वाणी से युनजत्=सन्मार्ग में प्रवृत्त करता है और यः=जो रिरिक्षतः=हिंसक जनों को प्र मिनाति=दण्डित करता है उस मन्युम्=मननशील सु-क्रतुम्=उत्तम ज्ञानवान् अर्यमणं=न्यायकारी पुरुष को मैं आ ववृत्याम्=प्राप्त करूँ।

भावार्थ-मननशील, कर्मशील, न्यायकारी राजा ऐश्वर्ययुक्त होकर अश्वों के समान बलवान् नायक को नियुक्त करे। वह नायक राष्ट्र में हिंसा फैलानेवाले हिंसक जनों को दण्डित करे। उत्तम विद्वान् राष्ट्र में वेदवाणी का उपदेश करके उन लोगों को सन्मार्ग में प्रवृत्त करे। इस प्रकार से राष्ट्र आतंकवाद से रहित होगा।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

नमस्विनः

यजन्ते अस्य सख्यं वयश्च नमस्विनः स्व ऋतस्य धामन्।
वि पृक्षो बाबधे नृभिः स्तवान इदं नमो रुद्राय प्रेष्ठम्॥ ५॥

पदार्थ-ऋतस्य धामन्=न्याय-भवन में स्वे=उसके जन नमस्विनः=नमस्कार-युक्त होकर अस्य=इस रुद्र के सख्यं=मित्रभाव और वयः च=जीवन-वृत्ति को यजन्ते=प्राप्त करते हैं, वह नृभिः स्तवानः=मनुष्यों से स्तुत हुआ पृक्षः=अन्नादि की वि बाबधे=विशेष व्यवस्था करता है। रुद्राय-दुष्टों को रुलानेवाले उसको इदं=इस प्रकार प्रेष्ठं=अतिप्रिय नमः=नमस्कार हो।

भावार्थ-अपनी न्याय व्यवस्था से दुष्टों को रुलानेवाले राजा के न्याय भवन में विनयभाव से अपनी समस्या का समाधान कराने के लिए प्रजाजन आया करें। राजा प्रजाजनों की जीवन वृत्ति को सुचारु रूप से चलाने के लिए अन्नादि की उत्तम व्यवस्था करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः ॥

सरस्वती का सदुपयोग

आ यत्साकं यशसो वावशानाः सरस्वती सप्तथी सिन्धुमाता।
याः सुष्वयन्त सुदुघाः सुधारा अभि स्वेन पयसा पीप्यानाः॥ ६॥

पदार्थ-जैसे स्वेन पयसा पीप्यानाः=अपने जल से पूर्ण होकर सु-धाराः=उत्तम जलधाराएँ सु-स्वयन्त=खूब वेग से जाती हैं और उनमें सरस्वती=वेग से चलनेवाली सप्तथी=आगे बढ़ने-वाली सिन्धु-माता=बहते जलों को अपने भीतर लेनेवाली माता के समान होती है। वे सब साकं वावशानाः=एक साथ गर्जती हुई जाती हैं। वैसे ही सरस्वती=वाणी, सप्तथी=छह मन-सहित ज्ञानेन्द्रियों के बीच सातवीं सिन्धुमाता=प्राण-स्रोतों की माता के समान है और शेष सब भी सु-दुघाः=उत्तम ज्ञान से आत्मा को पूर्ण करनेवाली सु धाराः=उत्तम वाणी से युक्त होकर स्वेन पयसा=अपने ज्ञान से आत्मा को पीप्यानाः=पुष्ट करती हुई सुस्वयन्त=सुखपूर्वक कार्य करती हैं वे यशसः=बलयुक्त आत्मा के अधीन साकं=एक साथ वावशानाः=विषयों को चाहती हुई आ=प्राप्त होती हैं।

भावार्थ-अत्यन्त वेग से बहनेवाली जल से परिपूर्ण होकर उत्तम वेग से बहनेवाली गर्जना करती हुई जो नदी समुद्र में जाकर मिल जाती है उस नदी के जल को नहर आदि के द्वारा खेतों में ले-जाकर सिंचाई हेतु उपयोग में लाने की व्यवस्था राजा को करानी चाहिए।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

विद्वानों की प्रतिष्ठा

उत त्ये नो मरुतो मन्दसाना धियं तोकं च वाजिनोऽवन्तु।
मा नः परि ख्यदक्षरा चरन्त्यवीवृधन्युज्यं ते रयिं नः ॥ ७ ॥

पदार्थ-उत-और त्ये मरुतः-वे विद्वान् वाजिनः-ज्ञान-सम्पन्न मन्दसानाः-प्रसन्न हुए नः-हमारे धियं तोकं च-बुद्धियों, कर्मों, सन्तानों की अवन्तु-रक्षा करें। ते-वे नः-हमारे युज्यं रयिं अवीवृधन्-नियुक्त ऐश्वर्य को बढ़ावें और अक्षरा-अविनाशी वाणी चरन्ती-प्राप्त होती हुई मा नः-हमें न परि ख्यत्-त्यागे।

भावार्थ-सदैव प्रसन्न रहनेवाले विद्वान् जन अपने ज्ञान के द्वारा राष्ट्र की प्रजा को उपदेश करें जिससे राष्ट्र के निवासियों की बुद्धियों, कर्मों एवं सन्तानों की रक्षा होवे। विद्वान् यह भी बतावें कि अपने ऐश्वर्य की रक्षा एवं वृद्धि हेतु राष्ट्र जन अपनी वाणी को शिष्ट बनावें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

व्यवहार का उपदेश

प्र वो महीमरमतिं कृणुध्वं प्र पूषणं विदथ्यं न वीरम्।
भगं धियोऽवितारं नो अस्याः सातौ वाजं रातिषाचं पुरन्धिम् ॥ ८ ॥

पदार्थ-हे मनुष्यो! आप लोग वः-अपनी महीम्-वाणी को अरमतिं-अति अधिक बुद्धि को प्र कृणुध्वम्-खूब बढ़ाओ और विदथ्यं-संग्राम में कुशल वीरं न-वीर पुरुष-तुल्य पूषणं-पोषक पुरुष को प्र कृणुध्वम्-सत्कार से बढ़ाओ। भगं-ऐश्वर्यवान् और धियः-ज्ञान, कर्म के अवितारं-रक्षक पुरुष की प्र कृणध्वम्-प्रतिष्ठा करो। अस्याः सातौ-इस वाणी को प्राप्त करने के लिये वाजम्-ज्ञान, रातिषाचं-परस्पर दान-प्रतिदान से सम्बद्ध पुरन्धिम्-ज्ञान-धारक विद्वान् का प्र कृणुध्वम्-आदर करो।

भावार्थ-विद्वान् जन राष्ट्र की प्रजा को उपदेश करें कि तुम लोग अपनी वाणी एवं ज्ञान की खूब वृद्धि करो। सैनिकों एवं सेनापति का सम्मान करो। व्यापारी वर्ग जो तुम्हारे ऐश्वर्य वृद्धि में सहायक है उसका भी सम्मान करो विद्वानों का आदर करो तथा प्रजाजन परस्पर नाना प्रकार के ज्ञानों का आदान-प्रदान किया करो।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

दीर्घजीवन का उपदेश

अच्छायं वो मरुतः श्लोक एत्वच्छा विष्णुं निषिक्तपामवोभिः।
उत प्रजायै गृणते वयो धुर्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ९ ॥

पदार्थ-हे मरुतः-विद्वान् और वीर पुरुषो! अयं-यह नः-आप लोगों की श्लोकः-शिक्षा और वाणी अवोभिः-रक्षा-साधनों, सैन्यादि से निषिक्त-पाम्-अभिषिक्त माण्डलिकों तथा निषिक्त गर्भों के पालक, दयालु विष्णुम्-सर्वव्यापक को लक्ष्य करके अच्छ एतु-प्राप्त हो, यह स्तुति उनको भी अच्छ-एतु-प्राप्त हो जो प्रजायै गृणते-प्रजा को उपदेश दें और वयः धुः-दीर्घ जीवन धारण करते हैं। हे विद्वान् पुरुषो! यूयं-आप लोग स्वस्तिभिः-कल्याणकारी साधनों से नः सदा पात-हमारी सदा रक्षा करें।

भावार्थ–विद्वान् जन राष्ट्र में ज्ञान तथा व्यवहार का उपदेश करें। राष्ट्रजनों को बतावें कि आप लोग उत्तम शिक्षा तथा उत्तम वाणी के द्वारा अपने ऐश्वर्य को बढ़ाओ। रक्षा के साधन तथा सैन्य शिक्षा में राष्ट्र का प्रत्येक नागरिक प्रशिक्षित हो। साथ ही ईश्वर की स्तुति एवं उपासना भी सदा किया करें। इससे उत्तम तथा दीर्घ जीवन की प्राप्ति होगी।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता विश्वे देवा है।

[३७] सप्तत्रिंशं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

तेजस्वी पुरुष

आ वो वाहिष्ठे वहतु स्तवध्यै रथो वाजा ऋभुक्षणो अमृक्तः।
अभि त्रिपृष्ठैः सवनेषु सोमैर्मदे सुशिप्रा महभिः पृणध्वम् ॥ १ ॥

पदार्थ–हे **वाजाः**=बलशाली जनो! हे **ऋभुक्षणः**=तेज से चमकनेवाले सूर्यवत् तेजस्वी पुरुषो! **वः**=तुम लोगों को **रथः**=रमणीय, रसस्वरूप **अमृक्तः**=अविनाशी **वाहिष्ठः**=रथ–समान सबको उद्देश्य तक उठाकर पहुँचा देने में सर्वश्रेष्ठ **आ वहतु**=सब प्रकार से रथ के समान धारण करे; वही **स्तवध्यै**=स्तुति–योग्य है। हे **सु–शिप्राः**=सौम्य–मुख जनो! **सवनेषु**=यज्ञादि कर्मों के समय आप लोग **महभिः**=महत्त्व–युक्त **त्रिपृष्ठैः सोमैः**=तीन–तीन रूपोंवाले ऐश्वर्यों, अन्नों और ज्ञानों से **मदे**=आनन्द में **अभि पृणध्वम्**=सबको पूर्ण करो।

भावार्थ–तेजस्वी विज्ञानवेत्ता पुरुष राष्ट्र में यज्ञ विज्ञान को प्रतिष्ठित करें। यज्ञ कर्म की प्रत्येक क्रिया का विश्लेषण करके राष्ट्र तथा प्रजा जनों को तेजस्वी बनने का मार्ग प्रशस्त करें। और यह भी बतावें कि यज्ञ द्वारा ऐश्वर्य, अन्न, ज्ञान तथा आनन्द की वृद्धि होती है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

उत्तम विद्या का दान

यूयं ह रत्नं मघवत्सु धत्थ स्वर्दृशं ऋभुक्षणो अमृक्तम्।
सं यज्ञेषु स्वधावन्तः पिबध्वं वि नो राधांसि मतिभिर्दयध्वम् ॥ २ ॥

पदार्थ–हे **स्वर्दृशः**=आनन्द का साक्षात् करनेवाले **ऋभुक्षणः**=सत्य–प्रकाश से चमकनेवाले विद्वानो! **यूयं**=आप **मघवत्सु**=ऐश्वर्यवान् पुरुषों में **अमृक्तं**=अविनाशी **रत्नम्**=सुन्दर विद्यामय धन **ह**=अवश्य **धत्थ**=धारण कराया करो। आप **स्वधावन्तः**=उत्तम अन्न के स्वामी होकर **यज्ञेषु**=यज्ञों में **सं पिबध्वम्**=मिलकर उत्तम रस का पान करो और **मतिभिः**=ज्ञानों से **नः**=हमारे **राधांसि**=धनों को **वि दयध्वम्**=विशेषरूप से रक्षित करो।

भावार्थ–आनन्द का साक्षात् करनेवाले सत्य से प्रकाशित विद्वान् प्रजाओं में कभी नष्ट न होनेवाले अत्युत्तम विद्यारूपी धन को धारण करावें। जिस विद्या के द्वारा उत्तम अन्न तथा विविध धनों के स्वामी बन सकें। यज्ञ विद्या का प्रसार करके उत्तम आनन्द रस का पान करने की प्रेरणा भी करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

ज्ञान दान

उवोचिथ हि मघवन्देष्णं महो अर्भस्य वसुनो विभागे।
उभा ते पूर्णा वसुना गभस्ती न सूनृता नि यमते वसव्या ॥ ३ ॥

पदार्थ–हे **मघवन्**=ऐश्वर्यवन्! **महः**=बहुत और **अर्भस्य**=थोड़े से भी **वसुनः**=धन के **विभागे**=विभाग करने में, तू **देष्णं**=देने वा उपदेश करने योग्य ज्ञान का **उवोचिथ हि**=अवश्य उपदेश कर। **वसुना पूर्णा ते गभस्ती**=धन से भरे-पूरे तेरे बाहुओं को **असव्या**=धन के उचित विभाग का उपदेश करनेवाली **सूनृता**=उत्तम वाणी **न नियमते**=दान करने से नहीं रोकती।

भावार्थ–विद्वान् जन उपदेश करें कि हे लोगो! तुम अपने ज्ञान को दूसरों तक अवश्य बाँटो। ज्ञान दान सर्वोत्तम दान है। पात्र की खोज करके ज्ञान दान अवश्य करो चाहे थोड़ा ही क्यों न हो। यही तुम्हारी विद्या एवं वाणी का सदुपयोग है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–निचृत्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

साधक वेदमन्त्रों का ज्ञाता

त्वमिन्द्र स्वयशा ऋभुक्षा वाजो न साधुरस्तमेष्यृक्वा।
वयं नु ते दाश्वांसः स्याम ब्रह्म कृण्वन्तो हरिवो वसिष्ठाः ॥ ४ ॥

पदार्थ–हे **इन्द्र**=राजन्! प्रभो! **त्वम्**–तू **ऋभुक्षाः**=सत्य-ज्ञान से दीप्तियुक्त पुरुषों को राष्ट्र में बसाने, स्वयं न्याय से धन का भोग करनेवाला **वाजः न**=ऐश्वर्यवान् के समान **साधुः**=सत्कर्मनिष्ठ, **ऋक्वा**=वेद-मन्त्रों का ज्ञाता होकर **अस्तम् एषि**=गृह को प्राप्त होता है। हे **हरिवः**=मनुष्यों के स्वामिन्! **वयम्**=हम **नु**=शीघ्र ही **ब्रह्म दाश्वांसः**=ज्ञान, अन्न, धन के दाता जन **ते**=तेरे लिये **कृण्वन्तः**=सत्कर्मों का अनुष्ठान करते हुए **वसिष्ठाः**=ब्रह्मचारी **स्याम**=हों।

भावार्थ–विद्वान् जन उपदेश करें कि हे लोगो! तुम सत्यज्ञान की दीप्ति से युक्त, बलवान्, ऐश्वर्यवान् होना चाहो तो जितेन्द्रिय, सत्य कर्मनिष्ठ होकर उत्तम ब्रह्मचारी बनो तथा साधक वैदिक विद्वानों का सम्मान करो। और उनसे वेद मन्त्रों में वर्णित साधना को सीखो।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

प्रभु से प्रार्थना

सनितासि प्रवतो दाशुषे चिद्याभिर्विवेषो हर्यश्व धीभिः।
ववन्मा नु ते युज्याभिरूती कदा न इन्द्र राय आ दशस्येः ॥ ५ ॥

पदार्थ–हे **हर्यश्व**=वेगवान् अश्वोंवाले! एवं, हे उत्तम मनुष्यों के स्वामिन्! **येभिः**=जिन **धीभिः**=ज्ञानयुक्त बुद्धियों, कर्मों से **विवेषः**=सर्वत्र व्याप्त रहता है तू उनसे ही **दाशुषे**=दानशील पुरुष को **प्रवतः**=उत्तम गुण-युक्त **रायः**=ऐश्वर्य **सनितासि**=देनेहारा है। **ते**=तेरी **युज्याभिः**=नियुक्त, **ऊती**=सेनाओं तथा रक्षण-नीति से प्रवाहित होकर **ते नु ववन्म**=तेरी याचना करते हैं। हे **इन्द्र**=ऐश्वर्यवन्! तू **नः**=हमें **रायः**=वे ऐश्वर्य **कदा दशस्येः**=कब देगा?

भावार्थ–विद्वान् लोग प्रजाओं को प्रभु से प्रार्थना की रीति सिखावें कि हे सबके स्वामिन् प्रभो! तू अपने ज्ञान एवं कर्मों से सर्वत्र व्याप रहा है। तू अपनी रक्षाओं के द्वारा मुझ याचक की रक्षा कर और हे दानशील दानिन! तू हमें नाना ऐश्वर्यों का दान कर।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

हमारी बात सुनो

वासयसीव वेधसस्त्वं नः कदा न इन्द्र वचसो बुबोधः।
अस्तं तात्या धिया रयिं सुवीरं पृक्षो नो अर्वा न्युहीत वाजी ॥ ६ ॥

पदार्थ–हे **इन्द्र**-ऐश्वर्यवन्! **त्वं**-तू **नः**-हम **वेधसः**-विद्वानों को **वासयसि इव**-राष्ट्र में बसा-सा रहा है। तू **नः**-हमारे **वचसः**-वचनों को **कदा**-कब **बुबोधः**-समझेगा? **वाजी अर्वा**-वेगवान् अश्व-तुल्य बलवान् पुरुष **तात्या धिया**-व्यापक बुद्धि और त्याग-युक्त कर्म से प्रेरित होकर **नः अस्तं**-हमारे घर में **सुवीरं रयिं**-उत्तम पुत्रों से युक्त धन और **पृक्षः**-अन्न **नि उहीत**-प्राप्त करावे।

भावार्थ–विद्वान् जन राष्ट्र की प्रजा को प्रेरणा करें कि तुम लोग व्यापक परमेश्वर में बुद्धि को स्थिर करके अपने कर्मों को त्याग युक्त बनाओ तथा उस प्रभु से प्रार्थना किया करो कि हमारे घर में उत्तम वीर पुत्रों, धन तथा अन्न प्रदान कर शान्ति की स्थापना करे। उस प्रियतम प्रभु से कातर भाव से बार-बार प्रार्थना कर कहो कि–हमारी बात सुनो।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–विश्वे देवाः॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

राजा परिव्राजकवत रहता है

अभि यं देवी निर्ऋतिश्चिदीशे नक्षन्त इन्द्रं शरदः सुपृक्षः।
उप त्रिबन्धुर्जरदष्टिमेत्यस्ववेशं यं कृणवन्त मर्ताः॥७॥

पदार्थ–**देवी**-उत्तम स्त्री **चित्**-जैसे **निर्ऋतिः**-नित्य रमण करनेवाली, प्रसन्न रहकर **ईशे**-स्वामिनी हो जाती है वैसे **देवी**-दिव्य गुण-युक्त **निर्ऋतिः**-भूमि **यम् अभि**-जिसको प्राप्त कर **ईशे**-ऐश्वर्यवती हो जाती है **यम्**-जिस **इन्द्रम्**-ऐश्वर्ययुक्त को **शरदः सुपृक्षः**-उत्तम अन्नादि युक्त जीवन के वर्ष **नक्षन्तः**-प्राप्त होते हैं और **मर्ताः**-मनुष्य **यं**-जिसको **अस्ववेशं**-अपने गृहादि से रहित, परिव्राजक **कृण्वन्त**-करते हैं वह **त्रिबन्धुः**-तीनों आश्रमों का बन्धु-मित्र होकर **जरद्-अष्टिम्**-वृद्धावस्था को **उपेति**-प्राप्त होता है।

भावार्थ–राजा का जीवन परिव्राजक-संन्यासी की भाँति होवे। जैसे संन्यासी अपना घर-परिवार आदि त्यागकर तीनों आश्रमों का मित्र होकर निस्पृह भाव से विचरण करता है उसी प्रकार राजा का भी न कोई अपना जन होता है न घर होता है। राष्ट्र ही राजा का घर तथा समस्त प्रजा उसका परिवार हो जाता है।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–विश्वे देवाः॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

ऐश्वर्य की प्राप्ति

आ नो राधांसि सवितः स्तवध्या आ रायो यन्तु पर्वतस्य रातौ।
सदा नो दिव्यः पायुः सिषक्तु यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥८॥

पदार्थ–हे **सवितः**-सबके उत्पादक ईश्वर! **नः**-हमें **स्तवध्यै**-स्तुति करने के लिये **राधांसि आ यन्तु**-धन प्राप्त हों और **पर्वतस्य**-मेघवत् दानशील पुरुष के **रायः**-ऐश्वर्य **रातौ**-दान के निमित्त **नः आयन्तु**-हमें प्राप्त हों। **दिव्यः**-शुद्ध, **पायुः**-रक्षक **नः**-हमें **सिषक्तु**-सुखों से युक्त करे। हे विद्वान् जनो! **यूयम्**-आप लोग **नः**-हमारी **सदा**-सदा **स्वस्तिभिः पात**-कल्याणकारी साधनों से रक्षा करो।

भावार्थ–विद्वान् लोग ईश्वर स्तुति-प्रार्थना करने की रीति सिखावें। प्रजा को प्रेरित करें कि निराकार, सर्वव्यापक, सर्वोत्पादक ईश्वर से ही प्रार्थना किया करें कि हे धनैश्वर्य के स्वामी प्रभो! आप हमें नाना प्रकार के धनों से युक्त करो। हे रक्षक! हमें सदा सुखी करो। विद्वान् जन यह भी बतावें कि पूर्ण पुरुषार्थ करने का नाम ही प्रार्थना है।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता सविता, भग और वाजिन हैं।

[३८] अष्टात्रिंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सविताः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

जगत् का उत्पादक परमेश्वर

उदु ष्य देवः सविता ययाम हिरण्ययीममतिं यामशिश्रेत्।
नूनं भगो हव्यो मानुषेभिर्वि यो रत्ना पुरूवसुर्दधाति ॥ १ ॥

पदार्थ-स्वः देवः सवितः=वह सुखों का दाता, जगदुत्पादक परमेश्वर याम्=जिस हिरण्ययीम्=हितकारी और रमणीय; अमतिम्=रूपयुक्त लक्ष्मी को अशिश्रेत्=धारण करता है उसको हम उत् ययाम=उद्यम करके प्राप्त करें। यः=जो वसुः= २४ वर्ष का ब्रह्मचारी होकर पुरु रत्ना दधाति=बहुत-से उत्तम गुणों और ज्ञानों को धारण करता है नूनं=निश्चय से वही हव्यः=स्तुति-योग्य और भगः=ऐश्वर्यवान् है।

भावार्थ-विद्वान् जन उपदेश करें कि हे लोगो! समस्त जगत् का उत्पादक तथा सब ऐश्वर्यों का स्वामी वह परमेश्वर है। वही लक्ष्मीपति है। लक्ष्मी को प्राप्त करना चाहो तो पुरुषार्थ करो। ब्रह्मचारी होकर उसके गुणों एवं ज्ञान को धारण किया जा सकता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सविताः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

भूमि का रचयिता ईश्वर

उदु तिष्ठ सवितः श्रुध्यस्य हिरण्यपाणे प्रभृतावृतस्य।
व्युर्वीं पृथ्वीममतिं सृजान आ नृभ्यो मर्तभोजनं सुवानः ॥ २ ॥

पदार्थ-हे सवितः=ऐश्वर्य के स्वामिन्! तू उत् तिष्ठ=सबसे ऊपर के पद पर स्थित हो। तू अस्य=इस प्रजा के दुःखों को श्रुधि=सुन। हे हिरण्यपाणे=हित, रमणीय व्यवहारवाले! तू ऋतस्य=सत्य ज्ञान और अन्न जीवनादि को प्र-भृतौ=उत्तम रीति से धारण करने के लिए उर्वीम्=विशाल, अमतिम्=सुन्दर पृथ्वीम्=भूमि को वि सृजानः=रचता हुआ और मर्त्तभोजनं=मरणशील प्राणियों के लिये भोजन और रक्षा-साधन को आसुवानः=सब ओर पैदा करता हुआ स्थित है।

भावार्थ-विद्वान् जन ईश्वर की सत्ता का उपदेश करें कि ऐश्वर्यशाली परमेश्वर ही इस भूमि को रचता है तथा मरणधर्मा प्राणियों के लिए भोजन व रक्षा साधनों को प्रदान करता है। वही सबका अधिष्ठाता है। जीवरूपी अपनी प्रजा के दुःखों को भी वही सविता सुनता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सविताः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

परमेश्वर ही स्तुति के योग्य है

अपिष्टुतः सविता देवो अस्तु यमा चिद्विश्वे वसवो गृणन्ति।
स नः स्तोमान्नमस्यश्चनो धाद्विश्वेभिः पातु पायुभिर्नि सूरीन् ॥ ३ ॥

पदार्थ-यम्=जिसको विश्वे वसवः=सब बसने योग्य पृथ्वी आदि लोक और प्राणी आ गृणन्ति=आदर से स्तुति करते हैं वह देवः=सुख-दाता और सविता=उत्पादक अपि-स्तुवः अस्तु=स्तुति योग्य है। सः=वह नमस्यः=नमस्कार करने योग्य नः=हमें स्तोमान्=स्तुति-योग्य वेद-मन्त्रों और चनः=अन्न का भी आधात्=उपदेश करता है, देता है। वह विश्वेभिः पायुभिः=

समस्त पालन साधनों से सूरीन्=पुरुषों की नि पातु=रक्षा करे।

भावार्थ=परमेश्वर की स्तुति का उपदेश विद्वान् जन करते हैं कि जो सर्वोत्पादक ईश्वर जो स्तुति योग्य मन्त्रों तथा अन्नादि का भी प्रदान करता है उस सर्वरक्षक प्रभु की पृथ्वी पर बसनेवाले सब प्राणी आदर से स्तुति करते हैं।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=सविताः॥ छन्दः=स्वराट्पङ्क्तिः॥ स्वरः=पञ्चमः॥

सबका रक्षक परमेश्वर

अभि यं देव्यदितिर्गृणाति सवं देवस्य सवितुर्जुषाणा।
अभि सम्राजो वरुणो गृणन्त्यभि मित्रासो अर्यमा सजोषाः॥ ४॥

पदार्थ=देवस्य=सर्व प्रकाशक, सवितुः=जगदुत्पादक प्रभु के सवम्=ऐश्वर्य को जुषाणा=सेवन करती हुई देवी=अन्नादि देनेवाली अदितिः=पृथिवी और प्रकृति, पत्नी के समान यम् अभि गृणाति=जिसका गुणानुवाद करती है और यम् अभि सम्राजः वरुणः=जिसकी स्तुति सम्राट् राजे और मित्रासः=मित्रगण तथा सजोषाः अर्यमा=न्यायकारी न्यायाधीश ये प्रीतियुक्त होकर करते हैं, हे पुरुषो! सः नः चनः धात्=वह हमें अन्न दे और पायुभिः नि पातु=रक्षा-साधनों से रक्षा करे।

भावार्थ=विद्वान् बताते हैं कि यह प्रकृति जिसकी महिमा का बखान करती है, चक्रवर्ती सम्राट् व राजे-महाराजे भी जिसके न्याय में रहकर स्तुति करते हैं। उस अन्न आदि से सबकी रक्षा करनेवाले परमेश्वर का तुम भी गुणगान किया करो।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=सविताः॥ छन्दः=विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः=धैवतः॥

प्रभु अत्यन्त उदार है

अभि ये मिथो वनुषः सपन्ते रातिं दिवो रातिषाचः पृथिव्याः।
अहिर्बुध्न्य उत नः शृणोतु वरूत्र्येकधेनुभिर्नि पातु॥ ५॥

पदार्थ=ये=जो हम लोग मिथः=मिलकर वनुषः=ज्ञानैश्वर्यदाता दिवः=प्रकाशस्वरूप पृथिव्याः=भूमि-तुल्य विशाल रातिषाचः=सुखदाता प्रभु के रातिम्=दान को सपन्ते=प्राप्त करते हैं वे उत=और बुध्न्यः अहिः=आकाश में उत्पन्न मेघ-तुल्य उदार प्रभु नः शृणोति=हमारी विनय सुने और वह वरूत्री=श्रेष्ठ माता के समान एक-धेनुभिः=एक वाणी से बद्ध सहायकों द्वारा नः नि पातु=हमारी रक्षा करे।

भावार्थ=विद्वान् जन बताते हैं कि वह परमात्मा अपने भक्तों की पुकार को सुनता है। क्योंकि आकाश में घिरे बादलों की भाँति वह प्रभु बड़ा उदार है। माता जैसे बच्चे की वाणी को समझकर सुनती है वह प्रभु भी माता की भाँति रक्षा व पालना करता है। वह पिता तो भूमि के समान विशाल दानदाता है जरा माँग कर तो देखो वह अवश्य देगा।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=सविता भगो वा॥ छन्दः=स्वराट्पङ्क्तिः॥ स्वरः=पञ्चमः॥

सर्व ऐश्वर्यदाता प्रभु

अनु तन्नो जास्पतिर्मंसीष्ट रत्नं देवस्य सवितुरियानः।
भगमुग्रोऽवसे जोहवीति भगमनुग्रो अध याति रत्नम्॥ ६॥

पदार्थ=देवस्य=सर्वैश्वर्य-दाता सवितुः=शासक, जगदुत्पादक परमेश्वर के रत्नम्=रमणीय, भगम्=ऐश्वर्य को इयानः=प्राप्त करता हुआ उग्रः=बलवान् जास्पतिः=प्रजा-पालक तत्=वह नः

अनु मंसीष्ट-हमें शक्ति दे। अध-इस प्रकार अनुग्रः-निर्बल पुरुष भी अवसे-अपनी रक्षार्थ जिस रत्नं-उत्तम भगं-ऐश्वर्य की जोहवीति-याचना करता है वह भी उसे याति-पा लेता है।

भावार्थ-विद्वान् जन बतावें कि समस्त ऐश्वर्य का दाता सर्वजगत् का उत्पादक परमेश्वर ही है। प्रजा का पालन करनेवाला राजा भी उसी से याचना करता है। निर्बल पुरुष भी उस प्रभु से ही रक्षा एवं ऐश्वर्य की याचना करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वाजिनः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

ज्ञानवान् परमेश्वर

शं नो भवन्तु वाजिनो हवेषु देवताता मितद्रवः स्वर्काः।
जम्भयन्तोऽहिं वृकं रक्षांसि सनेम्यस्मद्युयवन्नमीवाः ॥ ७ ॥

पदार्थ-देवताता-विद्वानों और विजयेच्छुक वीरों से करने योग्य हवेषु-यज्ञों और युद्धों में वाजिनः-ज्ञानवान् और ऐश्वर्यवान् मितद्रवः-परिमित गति से आगे बढ़नेवाले स्वर्काः-उत्तम अन्न और तेज से युक्त पुरुष नः शं भवन्तु-हमें सुखदाता हों। वे अहिं-सर्प के समान कुटिल वृकं-चोर और रक्षांसि-दुष्ट पुरुषों को भी जम्भयन्तः-मारते और दबाते हुए सनेमि-सदा अस्मत्-हम से अमीवाः-रोगों और शत्रुओं को युयवन्-दूर करें।

भावार्थ-विद्वानों की सम्मति से विजय के इच्छुक वीर पुरुष युद्धों में विजय पाते हुए आगे बढ़ते हैं। वे बलवान् पुरुष प्रजा को सुख देवें। कुटिल जन, लुटेरे तथा दुष्ट पुरुषों को भी मारते व दबाते हुए शत्रुओं का नाश करके राष्ट्र को सुदृढ़ बनावें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वाजिनः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

उत्तम पुरुष सन्मार्गगामी बनावें

वाजेवाजेऽवत वाजिनो नो धनेषु विप्रा अमृता ऋतज्ञाः।
अस्य मध्वः पिबत मादयध्वं तृप्ता यात पथिभिर्देवयानैः ॥ ८ ॥

पदार्थ-हे वाजिनः विप्राः-बलवान्, ज्ञानवान् विद्या-पूर्ण जनो! अमृताः-दीर्घायु, ब्रह्मज्ञो! हे ऋतज्ञाः-वेद के ज्ञाता जनो! आप वाजे-वाजे-प्रत्येक संग्राम में नः अवत-हमारी रक्षा करो। नः धनेषु-हमारे धनों के आश्रय पर अस्य मध्वः पिबत-इस मधुर सुख और अन्न का उपभोग करो। मादयध्वं-प्रसन्न रहो और तृप्ताः-तृप्त होकर देव-यानैः-विद्वानों से जाने योग्य पथिभिः-मार्गों से यात-जाया करो।

भावार्थ-वेद के ज्ञान से युक्त विद्वान् दीर्घायु को प्राप्त कर सत्य वेदज्ञान से जीवन की प्रत्येक समस्या का समाधान करें। सदा प्रसन्न रहने व अन्न का उपभोग करने हेतु सदैव सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा करते रहें।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता विश्वे देवा है।

[३९] एकोनचत्वारिंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

उदात्त मार्ग से चलो

ऊर्ध्वो अग्निः सुमतिं वस्वो अश्रेदप्रतीची जूर्णिर्देवतातिमेति।
भेजाते अद्री रथ्येव पन्थामृतं होता न इषितो यजाति ॥ १ ॥

पदार्थ–ऊर्ध्वः=उदात्त मार्ग से जानेवाला अग्निः=अग्नि-तुल्य तेजस्वी वस्वः=अधीन बसानेवाले आचार्य वा प्रभु की सुमतिम्=शुभ मति का अश्रेत्=सेवन करे। प्रतीची=प्रत्यक्ष-प्राप्त जूर्णिः=वृद्धावस्था देवतातिम्=मनुष्यों के हितकारी कार्य में एति=लगे। अद्री=अनिन्दित स्त्री-पुरुष रथ्या इव=रथ में जुड़े अश्वों के समान ऋतम्=सन्मार्ग का भेजाते=सेवन करें। इषितः=इच्छावान् पुरुष होता न=दाता के तुल्य यजाति=दान, सत्संग करे।

भावार्थ–ऊर्ध्वरिता ब्रह्मचारी अग्नि के समान तेजस्वी बनने के लिए आचार्य के अधीन रहकर श्रेष्ठ बुद्धि एवं ज्ञान का सेवन करे। इनसे प्रेरणा पाकर वृद्धजन समाज सेवा के कार्य में लगें। उत्तम स्त्री-पुरुष लोगों को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा करें तथा जिज्ञासु जन दान देवें व सत्संग करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

प्रजाओं का कल्याण

प्र वावृजे सुप्रया बर्हिरेषामा विश्पतीव बीरिट इयाते।
विशामक्तोरुषसः पूर्वहूतौ वायुः पूषा स्वस्तये नियुत्वान्॥ २ ॥

पदार्थ–एषाम्=इन प्रजाओं के बीच सु-प्रथाः=उत्तम अन्नादि-सम्पन्न, तृप्त करनेवाला बर्हिः=उसको बढ़ानेवाला पुरुष ही उनको प्र वावृजे=उत्तम मार्ग से चलावे। एषाम्=इनमें स्त्री-पुरुष दोनों वीरिटे=अन्तरिक्ष में सूर्य, चन्द्र के समान विश्पती इव=प्रजा-पालक राजा-रानी के तुल्य इयाते=व्यवहार करें। अक्तोः उषसः पूर्वहूतौ=रात्रि और दिन के पूर्वागमन-काल में वायुः=वायु-तुल्य प्राण-प्रिय और पूषा=पृथ्वी-तुल्य पोषक स्त्री-पुरुष नियुत्वान्=नियुक्त भृत्यादि के स्वामी होकर विशाम् स्वस्तये=प्रजाओं के कल्याणार्थ कार्य करें।

भावार्थ–राजा और रानी प्रजा जनों को उत्तम अन्नादि तथा आने-जाने के साधन प्रदान करें। नौकर तथा नौकरानियों सहित समस्त प्रजाओं के कल्याण के कार्य करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–स्वराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

वायु तथा सड़क मार्गों की व्यवस्था

ज्मया अत्र वसवो रन्त देवा उरावन्तरिक्षे मर्जयन्त शुभ्राः।
अर्वाक्पथ उरुज्रयः कृणुध्वं श्रोता दूतस्य जग्मुषो नो अस्य॥ ३ ॥

पदार्थ–हे वसवः=राष्ट्रवासी जनो! अत्र=इस राष्ट्र में आप लोग ज्मयाः=भूमि के मध्य रमन्त=प्रसन्न रहो। हे शुभ्राः=सुशोभित देवाः=स्त्री-पुरुषो! आप उरौ=विशाल अन्तरिक्षे=अन्तरिक्ष में वायु-तुल्य मर्जयन्त=व्यवहारों को शुद्ध करो। हे उरु-ज्रयः=बड़े-बड़े मार्गों पर चलनेहारे! आप अर्वाक्=हमारी ओर पथः=गन्तव्य मार्ग कृणुध्वं=मार्ग बनावें। जग्मुषः=जानेवाले आप लोगों के प्रति नः=हमारे अस्य दूतस्य=इस दूत के वचनों को श्रोत=सुनो।

भावार्थ–राजा को चाहिए कि वह राष्ट्र की प्रजा के लिए आकाश मार्ग=वायुयान आदि से आने-जाने की व्यवस्था करे। बड़े-बड़े भूमि पर चलने हेतु राजमार्गों की भी व्यवस्था करे। अर्थात् परिवहन व्यवस्था सुचारु बनावे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

बड़ों का आदर करो

ते हि यज्ञेषु यज्ञियास ऊमाः सधस्थं विश्वे अभि सन्ति देवाः।
ताँ अध्वर उशतो यक्ष्यग्ने श्रुष्टी भगं नासत्या पुरन्धिम्॥ ४ ॥

पदार्थ–ते–वे ऊमाः–रक्षक देवाः–विद्वान् विश्वे–समस्त यज्ञियासः–यज्ञकर्ता यज्ञेषु–यज्ञों में हि–अवश्य सधस्थं अभि सन्ति–साथ बैठने योग्य सभा–स्थान में प्राप्त हों। हे अग्ने–तेजस्विन्! तान् उशतः–उन चाहनेवाले पुरुषों और भगं–ऐश्वर्यवान्, नासत्या–कभी असत्य न करनेवाले पुरुषों और पुरन्धिम्–सुखों के धारक, वा पुर–रक्षक को श्रुष्टी–शीघ्र ही यक्षि–सत्कार कर।

भावार्थ–राष्ट्र में यज्ञों का प्रचलन बढ़े इसके लिए विद्वान् पुरुष समस्त यज्ञ करनेवालों को यज्ञ का प्रशिक्षण देवें। यज्ञों में विद्वान् जनों तथा सत्यवादी पुरोहितों का खूब आदर सम्मान होवे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

सदा आनन्दित रहो

आग्ने गिरो दिव आ पृथिव्या मित्रं वह वरुणमिन्द्रमग्निम्।
आर्यमणमदितिं विष्णुमेषां सरस्वती मरुतो मादयन्ताम् ॥ ५ ॥

पदार्थ–हे अग्ने–विद्वन्! दिवः–विद्युत्, सूर्य आदि और पृथिव्याः–पृथिवी के सम्बन्ध की गिरः–ज्ञान-वाणियों को आ वह–धारण कर। तू मित्रं–मित्र, प्राण वायु वरुणं–उदान वायु इन्द्रं–आत्मा, अग्निम्–जाठर अग्नि, अर्यमणम्–स्वामिवत् नियन्ता मन और अदितिं–अविनाशी विष्णुम्–परमेश्वर को आ वह–धारण कर। एषां सरस्वती–इन सबके सम्बन्ध की वेदवाणी से हे मरुतः–विद्वान् पुरुषो! आप मादयन्ताम्–प्रसन्न होवो, अन्यों को प्रसन्न करो।

भावार्थ–विद्वान् जन राष्ट्र में सूर्य और पृथिवी के सम्बन्धों का विज्ञान, प्राण विज्ञान, आत्मज्ञान, शरीर विज्ञान, मनोविज्ञान तथा ब्रह्म ज्ञान को प्रतिष्ठित करें। इन विज्ञानों से सम्बन्धित वेदवाणी का प्रचार करते हुए सदैव आनन्दित रहें तथा अन्य लोगों को भी आनन्दित करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

विद्वानों का संग करो

ररे हव्यं मतिभिर्यज्ञियानां नक्षत्कामं मर्त्यानामसिन्वन्।
धाता रयिमविदस्यं सदासां सक्षीमहि युज्येभिर्नु देवैः ॥ ६ ॥

पदार्थ–मैं यज्ञियानाम्–सत्कारोचित जनों के योग्य हव्यं–अन्नादि पदार्थों को मतिभिः–बुद्धियों और ज्ञानी पुरुषों से प्रेरित होकर ररे–दिया करूँ। यज्ञियानां मर्त्यानाम्–आदर-योग्य मनुष्यों की भी कामं–अभिलाषा को नक्षत्–प्राप्त होओ। जो विद्वान् असिन्वन्–हमें प्रेमादि से बाँधते हैं उन युज्येभिः–सहयोगी देवैः–विद्वानों के साथ सक्षीमहि–मिलकर रहें, हे विद्वान् जनो! आप लोग सदासां–सदा सेवन-योग्य अविदस्यं–अविनाशी रयिम्–ऐश्वर्य को धात–धारण करो।

भावार्थ–प्रजाजन पूजा के योग्य विद्वान् पुरुषों को अन्नादि से तृप्त कर उनसे ज्ञान तथा सद्प्रेरणाएँ प्राप्त करें। विद्वानों के संग से भौतिक तथा आध्यात्मिक ऐश्वर्य की वृद्धि होती है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विश्वे देवाः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

प्रसन्नचित्त रहो

नू रोदसी अभिष्टुते वसिष्ठैर्ऋतावानो वरुणो मित्रो अग्निः।
यच्छन्तु चन्द्रा उपमं नो अर्कं यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ७ ॥

पदार्थ–वसिष्ठैः–विद्वान् पुरुषों द्वारा रोदसी–सूर्य, भूमि के तुल्य व्यवहारयुक्त स्त्री-पुरुषों

की अभि-स्तुते-अच्छी प्रकार प्रशंसा होती है और ऋतावानः-ऐश्वर्य के स्वामी वरुणः-श्रेष्ठ, मित्रः-स्नेहवान् और अग्निः-तेजस्वी पुरुष, सभी चन्द्राः-आह्लादकारी होकर नः-हमें उपमं-ज्ञान और अर्कं-उत्तम सत्कार यच्छन्तु-प्रदान करें। हे विद्वान् जनो! यूयं-आप सब लोग नः-हमारी स्वस्तिभिः सदा पात-कल्याणकारी उपायों से सदा रक्षा करें।

भावार्थ-उत्तम विद्वानों का संग करनेवाले स्त्री-पुरुष सत्य, न्याय तथा श्रेष्ठ प्रिय आचरण करते हुए सदैव प्रसन्नचित्त रहते हैं। और विद्वानों से उत्तम ज्ञान-प्राप्त कर प्रशंसित होते हैं।

अगले सूक्त का भी ऋषि वसिष्ठ और देवता विश्वे देवा है।

[४०] चत्वारिंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

धन सम्पन्न बनो

ओ श्रुष्टिर्विदथ्या३ समेतु प्रति स्तोमं दधीमहि तुराणाम्।
यदद्य देवः सविता सुवाति स्यामास्य रत्निनो विभागे ॥ १ ॥

पदार्थ-ओ-हे विद्वानो! विदथ्या-यज्ञों और संग्रामों में होने योग्य श्रुष्टिः-शीघ्रकारिता तुराणां-वीर पुरुषों के स्तोमं-समूह को प्रति समेतु-प्रति-पुरुष प्राप्त हो, ऐसे स्तोमं-जन-समूह या सैन्य को हम दधीमहि-धारण करें। यद् देवाः-जो दानशील सविता-सूर्यवत् तेजस्वी पुरुष अद्य सुवाति-आज ऐश्वर्य देता है अस्य-उसके विभागे-व्यवहार में हम रत्निनः स्याम-धन-सम्पन्न हों।

भावार्थ-उत्तम शासन तथा ऐश्वर्यशाली दानशील तेजस्वी राजा अपने प्रिय मधुर व्यवहार तथा उत्तम धन द्वारा प्रजा को समृद्ध करे यज्ञों की रक्षा के लिए विद्वानों तथा शत्रुओं की हिंसा करनेवाले वीर पुरुषों को भी व्यक्तिगत प्रोत्साहित करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

राजा विद्वानों का सहयोग ले

मित्रस्तन्नो वरुणो रोदसी च शुभंक्तमिन्द्रो अर्यमा ददातु।
दिदेष्टु देव्यदितिी रेक्णो वायुश्च यन्नियुवैते भगश्च ॥ २ ॥

पदार्थ-मित्रः-स्नेही, वरुणः-श्रेष्ठ पुरुष, रोदसी च-आकाश, पृथिवी के तुल्य स्त्री, पुरुष और इन्द्रः अर्यमा-सूर्य, मेघ के तुल्य राजा और न्यायाधीश नः-हमें तत्-वह नाना प्रकार का शुभक्तम्-बहुत दिनों तक सेवन-योग्य ऐश्वर्य ददातु-देवे। अदितिः देवी-अन्नदात्री भूमि-तुल्य विदुषी स्त्री, भगः च वायुः च-ऐश्वर्यवान् और बलवान् सूर्य और वायु के तुल्य तेजस्वी बली पुरुष यत् रेक्णः-जो धन और बल नि-युवैते-अच्छी प्रकार मिलकर उत्पन्न करते हैं उसका हमें भी दिदेष्ट-विद्वान् पुरुष उपदेश करे।

भावार्थ-न्याय प्रिय राजा अपनी प्रजा स्त्री-पुरुषों, मित्रों, श्रेष्ठ पुरुषों को भरपूर ऐश्वर्य प्रदान करे। राष्ट्र की स्त्री विदुषी तथा पुरुष तेजस्वी बलवान् हों ऐसी व्यवस्था विद्वानों के सहयोग से राजा करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

सन्मार्गगामी बनो

सेदुग्रो अस्तु मरुतः स शुष्मी यं मर्त्यं पृषदश्वा अवाथ।
उतेमग्निः सरस्वती जुनन्ति न तस्य रायः पर्येतास्ति॥ ३॥

पदार्थ-हे मरुतः-वायु-तुल्य बलवान् वीरो! हे पृषदश्वाः-हृष्ट-पुष्ट अश्वोंवाले सैन्य जनो! आप यं मर्त्यं अवाथ-जिस मनुष्य की रक्षा करते हो सः इत् उग्रः अस्तु-वह ही शत्रुओं को डराने में समर्थ हो। उत-और ईम्-सब ओर तस्य सरस्वती-उसकी वेगवती सेना अग्निः-अग्नि-तुल्य शत्रु को जलानेवाली हो। जिसको जुनन्ति-विद्वान् लोग सन्मार्ग पर चलाते हैं तस्य रायः-उसके ऐश्वर्यों को कोई पर्येता न अस्ति-छीन लेनेवाला नहीं होता।

भावार्थ-राष्ट्र की प्रजा विद्वानों के मार्गदर्शन में सन्मार्ग पर चलते हुए ऐश्वर्यशाली बने। प्रजा जन उत्तम वाणी के धनी तथा वीर बनकर शत्रुओं को भयभीत करने और आत्मरक्षा में समर्थ हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः ॥

दुःखसागर से तरो

अयं हि नेता वरुण ऋतस्य मित्रो राजानो अर्यमापो धुः।
सुहवा देव्यदितिरनर्वा न नो अंहो अति पर्षन्नरिष्टान्॥ ४॥

पदार्थ-अयं-यह हि-ही वरुणः-सर्वश्रेष्ठ पुरुष नेता-सबका नायक होता है। मित्रः-सर्वस्नेही अर्यमा-शत्रुनियन्ता और राजानः-अन्य राजागण उसके अधीन अपः धुः-नाना काम अपने पर लेते हैं। सुहवा-उत्तम ज्ञान-युक्त देवी-अन्नादि देनेवाली, विदुषी अदितिः-अखण्ड चरित्रवाली माता और अनर्वा-अश्वादि से रहित, यन्त्रमय रथ पर जानेवाला पुरुष ते-वे सब अंहः-कष्ट से अरिष्टान्-बिना पीड़ित हुए नः-हमें अति पर्षन्-पार करें।

भावार्थ-राष्ट्र का नेता सर्वश्रेष्ठ होवे। वह सर्वस्नेही, शत्रु का नियन्ता होवे। राष्ट्र की स्त्रियाँ विदुषी, उत्तम चरित्रवाली होवें। यान पर आरूढ़ होकर राष्ट्रनायक प्रजाजन को पाप और दुःखों से पार करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः ॥

अन्नादि से समृद्ध बनो

अस्य देवस्य मीळ्हुषो वया विष्णोरेषस्य प्रभृथे हविर्भिः।
विदे हि रुद्रो रुद्रियं महित्वं यासिष्टं वर्तिरश्विनाविरावत्॥ ५॥

पदार्थ-अस्य-इस देवस्य-सुखप्रदाता मीढुषः-वीर्यसेक्ता पिता के तुल्य, विष्णोः-बलशाली, एषस्य-सबके चाहने योग्य, हविर्भिः प्रभृथे-अन्नों या आज्ञा-वचनों द्वारा उत्तम रीति से पोषित इस राष्ट्र में सब वयाः-शाखा के समान हैं। रुद्रः-दुष्टों का रुलानेवाला वह ही रुद्रियं महित्वं विदे-रुद्र होने योग्य सामर्थ्य को प्राप्त करता है। हे अश्विनौ-स्त्री-पुरुषो! तुम लोग इरावत् वर्त्तिः-अन्नादि-समृद्ध गृह को यासिष्टं-प्राप्त करो।

भावार्थ-दुष्टों को दण्डित करनेवाला राजा तेजस्वी, बलवान्, पराक्रमी होवे। राजा पिता के समान, सर्वप्रिय होकर राष्ट्र के स्त्री-पुरुषों को अन्नादि से खूब समृद्ध कर उनका पोषण करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-विराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

सुख की वर्षा करो

मात्र पूषन्नघृण इरस्यो वरूत्री यद्रातिषाचश्च रासन्।
मयोभुवो नो अर्वन्तो नि पान्तु वृष्टिं परिज्मा वातो ददातु ॥ ६ ॥

पदार्थ-हे आघृणे-सब ओर दीप्त! पूषन्-सर्वपोषक! तू अत्र-इस राष्ट्र में मा इरस्य-विनाश मत कर। यत्-जो वरूत्री-वरण-योग्य विदुषी स्त्री और जो रातिषाचः च-दानशील पुरुष रासन्-प्रदान करते हैं वे मयः-भुवः-सुख-दाता नः अर्वन्तः-हमें प्राप्त होकर नि पान्तु-रक्षा करें और परि-ज्मा-पृथ्वी पर शासक वातः-वायु-तुल्य बलवान् होकर वृष्टिं ददातु-प्रजा पर सुख-वृष्टि करें।

भावार्थ-राजा राष्ट्र के अन्दर किसी हिंसक को न पनपने दे। उनके तेज और ऐश्वर्य को नष्ट करके राष्ट्र को विनाश तथा अशान्ति से बचावे। और अपनी उत्तम प्रजा पर मेघ के समान खूब सुख की वर्षा करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ऋत को धारण करो

नू रोदसी अभिष्टुते वसिष्ठैर्ऋतावानो वरुणो मित्रो अग्निः।
यच्छन्तु चन्द्रा उपमं नो अर्कं यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ७ ॥

पदार्थ-वसिष्ठैः-विद्वान् पुरुषों द्वारा रोदसी-सूर्य, भूमि के तुल्य व्यवहारयुक्त स्त्री-पुरुषों की अभि-स्तुते-अच्छी प्रकार प्रशंसा होती है और ऋतावानः-ऐश्वर्य के स्वामी वरुणः-श्रेष्ठ, मित्रः-स्नेहवान् और अग्निः-तेजस्वी पुरुष, सभी चन्द्राः-आह्लादकारी होकर नः-हमें उपमं-ज्ञान और अर्कं-उत्तम सत्कार यच्छन्तु-प्रदान करें। हे विद्वान् जनो! यूयं-आप सब लोग नः-हमारी स्वस्तिभिः सदा पात-कल्याणकारी उपायों से सदा रक्षा करें।

भावार्थ-विद्वान् जन राष्ट्र के स्त्री-पुरुषों को ज्ञान प्रदान कर अग्नि के समान तेजस्वी तथा चन्द्रमा के समान आह्लादकारी बनाकर सत्याचरण में प्रवृत्त करें। इस प्रकार के अनेक कल्याणकारी उपायों द्वारा प्रजा को ऋत नियमों की धारक बनावें।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता लिंगोक्ता, भग और उषा हैं।

[४१] एकचत्वारिंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-लिङ्गोक्ताः ॥ छन्दः-निचृज्जगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

प्रभु का ध्यान

प्रातरग्निं प्रातरिन्द्रं हवामहे प्रातर्मित्रावरुणा प्रातरश्विना।
प्रातर्भगं पूषणं ब्रह्मणस्पतिं प्रातः सोममुत रुद्रं हुवेम ॥ १ ॥

पदार्थ-हम लोग प्रातः-प्रभात में अग्निम्-अग्नि-तुल्य प्रभु की हवामहे-स्तुति करें। हम प्रातः इन्द्रम् हवामहे-प्रातःकाल विद्युत् वा सूर्य-तुल्य प्रकाशक परमेश्वर की उपासना करें। मित्रा वरुणा-प्राण और उदान दोनों को प्रातः-प्रातःकाल प्राणायाम द्वारा वश करें। अश्विना प्रातः-देह में सूर्य और चन्द्र स्वरों को प्रातः सेवन करें। भगं-ऐश्वर्यमय, पूषणं-पोषक वायु का प्रातः-सेवन करें। ब्रह्मणः पतिम्-ब्रह्माण्ड, ऐश्वर्य के स्वामी जगदीश्वर और वेदोपदिष्टा विद्वान् की शिष्य,

सोमम्-ओषधि की रोगी और रुद्रं-पापियों को रुलानेवाले प्रभु की भक्तजन प्रातः हुवेम-प्रातः ही सेवा करें।

भावार्थ-प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त्त में जगकर मनुष्य प्राणायाम पूर्वक परमेश्वर की उपासना करे तथा उसके तेजः स्वरूप का ध्यान करे। उसके बाद वायुसेवन अर्थात् भ्रमण के लिए जावे। परमेश्वर का स्मरण करते हुए रोगी औषध का सेवन करे तथा शिष्य आचार्य के सान्निध्य में जावे।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-भगः॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

ईशोपासना निर्धन-धनी सब करें

प्रातर्जितं भगमुग्रं हुवेम वयं पुत्रमदितेर्यो विधर्ता।
आध्रश्चिद्यं मन्यमानस्तुरश्चिद्राजा चिद्यं भगं भक्षीत्याह॥ २॥

पदार्थ-प्रातः-जितम्=प्रभात में सर्वाधिक उत्कर्ष पाने और भगं-सेवन योग्य उग्रं-दुष्ट-भयकारी, पुत्रं-बहुतों के रक्षक प्रभु की वयं-हम हुवेम-स्तुति करें, यः=जो अदितेः=अखण्ड प्रकृति, सूर्य और विधर्त्ता-लोकों को धारण करता है और यं मन्यमानः=जिसका मनन करता हुआ यं=जिस भगं-ऐश्वर्यवान् प्रभु की आध्रः चित्-अन्यों से धारण-योग्य और तुरः चित्-शीघ्रकारी राजा चित्-राजा भी भक्षि='मैं भजन करता हूँ' इति आह=ऐसा कहता है।

भावार्थ-सूर्य आदि विविध लोकों को धारण करनेवाला सर्वरक्षक परमेश्वर मनन करने के योग्य है। उस ऐश्वर्यशाली प्रभु की उपासना राजा-प्रजा, निर्धन-धनी सब जन करें।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-भगः॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

प्रभु से विनय

भग प्रणेतर्भग सत्यराधो भगेमां धियमुदवा ददन्नः।
भग प्र णो जनय गोभिरश्वैर्भग प्र नृभिर्नृवन्तः स्याम॥ ३॥

पदार्थ-हे भग-ऐश्वर्यवन्! हे प्रणेतः-उत्तम मार्ग में ले जाने हारे! हे भग-सेवन-योग्य, हे सत्य-राधः-सत्यज्ञान वेद के धनी! हे भग-सुखदातः! आप नः-हमारी इमां-इस धियम्-बुद्धि को उत् अव-ऊपर ले चलो। नः ददत्-हमें दान करते हुए, हे भग-ऐश्वर्यवन्! गोभिः अश्वैः-गौओं, वाणियों और अश्वों से प्र जनय-उत्तम बनाइये। जिससे हे भग-ऐश्वर्य-स्वामिन्! हम नृभिः-उत्तम पुरुषों से मिलकर नृवन्तः-उत्तम मनुष्यों के सहयोगी होकर प्र स्याम-उत्तम बनें।

भावार्थ-सब मनुष्य अपनी कामनाओं की पूर्ति के लिए ऐश्वर्यवान् प्रभु से प्रातःकाल में विनय किया करें कि हे सब पदार्थों, विद्यमान सत्यज्ञान वेद के प्रकाशक प्रभो! आप हमारी बुद्धियों को उन्नत बनावें। फिर अपनी श्रेष्ठ बुद्धि का उपयोग ऐसे उत्तम कार्यों में करें जिससे अश्व-गौ आदि पशुओं से श्रेष्ठ बनें तथा उत्तम मनुष्यों के सहयोगी बनें।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-भगः॥ छन्दः-पङ्क्तिः॥ स्वरः-पञ्चमः॥

परमात्मचिन्तन

उतेदानीं भगवन्तः स्यामोत प्रपित्व उत मध्ये अह्नाम्।
उतोदिता मघवन्त्सूर्यस्य वयं देवानां सुमतौ स्याम॥ ४॥

पदार्थ-उत इदानीं=और इस समय, उत प्र-पित्वे-और ऐश्वर्य प्राप्त होने पर और

अह्नाम् मध्ये=दिनों के मध्य उत=और सूर्यस्य उदिता=सूर्योदय-काल में या उद्-इता=अस्तकाल में भी, हे मघवन्=ऐश्वर्यवन्! हम भगवन्तः=ऐश्वर्यों के स्वामी स्याम=हों और देवानां=विज्ञ पुरुषों की सु-मतौ=शुभ मति के अधीन स्याम=रहें।

भावार्थ=व्यवहार कुशल विद्वानों के संग से शुभ मति प्राप्त करते हुए सूर्योदय काल, मध्याह्न काल तथा सूर्यास्त काल में भी समस्त ऐश्वर्यों के स्वामी परमात्मा का चिन्तन किया करें।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=भगः॥ छन्दः=निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः=धैवतः॥

भगवान से पुकार

भग एव भगवाँ अस्तु देवास्तेन वयं भगवन्तः स्याम।
तं त्वा भग सर्व इज्जोहवीति स नो भग पुरएता भवेह॥५॥

पदार्थ=भगः एव=भजन योग्य प्रभु ही भगवान् अस्तु=ऐश्वर्यों का स्वामी हो। हे देवाः=विद्वानो! तेन=उससे ही वयं=हम सब भगवन्तः स्याम=ऐश्वर्यवान् हों। हे भग=सेवा-योग्य! सर्व इत्=सब ही त्वां तं=उस तुझको जोहवीती=पुकारते हैं, सः भगः=वह ऐश्वर्यवान् तू ही इह=इस लोक में नः पुरः=एता भव=हमारा अग्रगामी हो।

भावार्थ=प्रातःकाल जागकर भगवान् को पुकारें और कहें कि हे प्रभो! इस लोक में तू ही हमारा मार्गदर्शक है। तू ही हमारे अन्तःकरण में सुप्रेरणा किया कर। विद्वान् लोगों की संगति से उस कल्याणकारी, ऐश्वर्यों के स्वामी प्रभु का भजन नित्य किया करें।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=भगः॥ छन्दः=त्रिष्टुप्॥ स्वरः=धैवतः॥

प्रातःकाल ईश्वर प्राप्ति का व्रत लें

समध्वरायोषसो नमन्त दधिक्रावेव शुचये पदाय।
अर्वाचीनं वसुविदं भगं नो रथमिवाश्वा वाजिन आ वहन्तु॥६॥

पदार्थ=उषसः=प्रातःकाल के समय आप लोग अध्वराय=हिंसारहित उपासनादि के लिये और शुचये=पवित्र, पदाय=प्रभु को प्राप्त करने के लिये दधिक्रावा इव=बोझ लेकर चलनेवाले अश्व के समान व्रत को धारण करके आगे पैर बढ़ाते हुए सं नमन्त=अच्छी प्रकार झुको। अश्वाः रथं न=अश्व जैसे रथ को ले जाते हैं वैसे ही वाजिनः=ज्ञानवान् लोग अर्वाचीनं=साक्षात् करणीय वसुविदं=ऐश्वर्यों, जीवों को प्राप्त और उनसे पालने योग्य भगं=ऐश्वर्यमय प्रभु तक नः आवहन्तु=हमें पहुँचावें।

भावार्थ=प्रातःकाल की वेला में ज्ञानवान् साधकों के सान्निध्य में बैठकर यज्ञ तथा उपासना द्वारा परम पवित्र प्राप्त करने योग्य परमेश्वर की प्राप्ति के लिए दृढ़व्रती होकर साधना पथ पर बढ़ते जावें।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=उषाः॥ छन्दः=निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः=धैवतः॥

विदुषी महिला

अश्वावतीर्गोमतीर्न उषासो वीरवतीः सदमुच्छन्तु भद्राः।
घृतं दुहाना विश्वतः प्रपीतो यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥७॥

पदार्थ=उषासः अश्वावतीः गोमतीः वीरवतीः भद्राः=जैसे प्रभात वेलाएँ सूर्य-किरणों और वायु से युक्त-होकर सुख देती हैं वैसे ही उषासः=कामना-युक्त स्त्रियाँ भी अश्वावतीः=

भोक्ता पुरुष से सनाथ, **गोमतीः**-उत्तम वाणियों को धारण करनेवाली, **वीर-वतीः**-वीर पुत्र-युक्त होकर **नः सदम्**-हमारे घर को **उच्छन्तु**-प्रकाशित करें। वे **घृतं दुहानाः**-गृह में दीप्तिवत्, ज्ञानप्रकाश से पूर्ण करती हुईं **विश्वतः प्रपीताः**-सब प्रकार हृष्ट-पुष्ट, तृप्त रहें। हे विदुषी स्त्रियो! **यूयं**-आप सब **नः सदा स्वस्तिभिः पात**-हमें सदा कल्याण उपायों से रक्षा करो।

भावार्थ-विदुषी महिलाएँ प्रातःकाल ब्रह्मवेला में उठकर उत्तम वायु तथा प्रातःकालीन सूर्य किरणों का सेवन करके सुखी होती हैं। उत्तम वाणी तथा उत्तम सन्तान द्वारा घर को प्रकाशित करती हैं तथा ज्ञान के प्रकाश की दीप्तियों से घर को भर देती हैं।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और विश्वे देवा देवता है।

[४२] द्विचत्वारिंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

प्राण साधना

प्र ब्रह्माणो अङ्गिरसो नक्षन्त प्र क्रन्दनुर्नभन्यस्य वेतु।
प्र धेनव उदप्रुतो नवन्त युज्यातामद्री अध्वरस्य पेशः ॥ १ ॥

पदार्थ-**अङ्गिरसः**-देह में प्राणवत्, तेजस्वी **ब्रह्माणः**-वेदज्ञ पुरुष **प्र नक्षन्त**-आया करें। **क्रन्दनुः नभन्यस्य**-जैसे मेघ वायु के वेग को प्राप्त करता है वैसे ही **क्रन्दनुः**-उपदेष्टा पुरुष **नमन्यस्य वेतु**-स्तुति-योग्य प्रभु-ज्ञान का प्रकाश करे। **क्रन्दनुः**-रोदनशील, कोमल-प्रकृति स्त्री **नभन्यस्य वेतु**-सम्बन्ध योग्य पुरुष का आश्रय करे। **उदप्रुतः**-जल पूर्ण नदियों के तुल्य **धेनवः**-वाणियाँ और गौएँ **प्र नवन्त**-प्रभु की स्तुति करें और **अद्री**-पर्वतवत् स्थिर स्त्री-पुरुष **अध्वरस्य पेशः**-अहिंसामय यज्ञ के स्वरूप को **प्र युज्याताम्**-सम्पन्न करें।

भावार्थ-वेद के विद्वान् उपदेष्टा पुरुष हमारे पास आया करें तथा प्राण साधना सिखाकर स्तुति के योग्य प्रभु के ज्ञान का प्रकाश करें। सभी स्त्री-पुरुष अहिंसामय यज्ञ के स्वरूप को सम्पन्न करते हुए वेदवाणियों से ईश्वर की स्तुति किया करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

प्रशंसनीय वीर

सुगस्ते अग्ने सनवित्तो अध्वा युक्ष्व सुते हरितो रोहितश्च।
ये वा सध्रञ्चरुषा वीरवाहो हुवे देवानां जनिमानि सत्तः ॥ २ ॥

पदार्थ-हे **अग्ने**-तेजस्विन्! विद्वन्! **ते**-तेरा **सनवित्तः**-सनातन से वेद द्वारा ज्ञात **अध्वा**-मार्ग **सुगः**-सुख से गमन-योग्य है। तू भी **सुते**-ऐश्वर्य प्राप्ति के लिये रथ में **हरितः रोहितः च**-लाल अश्वों को **युक्ष्व**-युक्त कर। **ये वा अरुषाः वीरवाहः**-जो क्रोध-रहित वीरों को ले चलनेवाले हों **देवानां जनिमानि**-उन विद्वानों और वीरों के जन्मों की मैं **सत्तः**-स्थिर होकर प्रशंसा करूँ।

भावार्थ-अग्नि के समान तेजस्वी विद्वान् सत्य सनातन वेदमार्ग को समस्त प्रजा के लिए प्रशस्त करें। इस वेद मार्ग पर चलकर गृहस्थीजन प्रशंसनीय वीर सन्तानों को जन्म देकर राष्ट्र के गौरव को बढ़ावें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

यज्ञरूप परमेश्वर की पूजा

सम् वो यज्ञं महयन्नमोभिः प्र होता मन्द्रो रिरिचे उपाके।
यजस्व सु पुर्वणीक देवाना यज्ञियाम्रमतिं ववृत्याः ॥ ३ ॥

पदार्थ-हे विद्वान् जनो! **वः**-आप लोगों में **मन्द्रः**-स्तुत्य **होता**-उपदेष्टा **नमोभिः**-नमस्कार योग्य मन्त्रों से **यज्ञं**-यज्ञमय परमेश्वर की **महयन्**-पूजा करता हुआ **उपाके**-हमारे पास रहकर **प्र रिरिचे**-पापों से पृथक् रहता है। हे **पुर्वणीक**-बहुत सैन्यों के स्वामिन्! तू **देवान् सु यजस्व**-विद्वान् पुरुषों का सत्संग कर, उनको दान दे और **यज्ञियानाम्**-यज्ञ, प्रभु की ध्यानोपासना और सत्संगोचित्त **अरमतिं**-उत्तम बुद्धि को **आ ववृत्याः**-सब प्रकार प्रयुक्त कर।

भावार्थ-उत्तम विद्वानों के संग से सभी मनुष्य प्रभु की ध्यानोपासना तथा यज्ञ क्रिया में संलग्न होकर उत्तम बुद्धि को प्राप्त करें। इस प्रकार यज्ञमय परमेश्वर की पूजा द्वारा समस्त पापों से पृथक् रह सकेंगे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

अतिथि यज्ञ

यदा वीरस्य रेवतो दुरोणे स्योनशीरतिथिराचिकेतत्।
सुप्रीतो अग्निः सुधितो दम आ स विशे दाति वार्यमियत्यै ॥ ४ ॥

पदार्थ-**यदा**-जब **वीरस्य**-वीर क्षत्रिय और **रेवतः**-धनाढ्य वैश्य के **दुरोणे**-गृह में **अतिथिः**-अतिथि, विद्वान्, परिव्राजक, **स्योनशीः**-सुख से रहे और प्राप्त हो, वह **दमे**-गृह में **सु धितः**-सुखपूर्वक धारित **अग्निः**-अग्नि-तुल्य तेजस्वी पुरुष **सुप्रीतः**-प्रसन्न होकर **इयत्यै**-सुखेच्छुक **विशे**-प्रजा के लिये **वार्यं आदाति**-उत्तम ज्ञान देता और उसके हितार्थ ही स्वयं भी **वार्यम् आ दाति**-वरणीय धनादि लेता है।

भावार्थ-भ्रमणशील विद्वान्, संन्यासी, साधक, योगी, जब कभी वीर क्षत्रिय तथा धनाढ्य वैश्य गृहस्थ के द्वार पर आवें तो उन अतिथियों का प्रसन्नता पूर्वक अपने गृह पर सत्कार करें। इससे घर की सन्तति सुसंस्कारित हो ज्ञान, वीरता तथा ऐश्वर्य की प्राप्ति कर सकेगी। क्योंकि ये अतिथि अपना-अपना ज्ञान गृहस्थ के घर में बाँटकर जाएँगे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

विद्वानों की संगति करें

इमं नो अग्ने अध्वरं जुषस्व मरुत्स्विन्द्रे यशसं कृधी नः।
आ नक्ता बर्हिः सदतामुषासोशन्ता मित्रावरुणा यजेह ॥ ५ ॥

पदार्थ-हे **अग्ने**-अग्नि-तुल्य तेजस्विन्! विद्वन्! **नः इमं अध्वरं**-तू हमारे इस यज्ञ को **जुषस्व**-सेवन कर। **मरुत्सु**-मनुष्यों और **इन्द्रे**-राजा में भी **नः**-हमारे **अध्वरं यशसं कृधि**-यज्ञ को कीर्ति-युक्त कर। **नक्ता उषासः**-रात और दिन, **उशन्ता**-चाहनेवाले **मित्रावरुणा**-स्नेही, परस्पर को वरण करनेवाले स्त्री-पुरुषों को **इह यज**-इस स्थान पर धर्मोपदेश दे। तू **बर्हिः सदताम्**-उत्तमासन पर विराज।

भावार्थ-गृहस्थी जन अपने घर पर यज्ञ में उत्तम विद्वानों को श्रेष्ठ आसन पर बैठाकर उनसे

धर्मोपदेश सुनें। इस प्रकार वे विद्वान् तुम्हारी तथा तुम्हारे यज्ञ की कीर्ति शासक राजा आदि में तथा समस्त मनुष्यों में फैलावेंगे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-निचृत्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

तेजोमय परम की आराधना

पुवाग्निं सहस्यं॑ वसिष्ठो रायस्कामो विश्वपन्यस्य स्तौत्।
इषं रयिं पप्रथद्वाजमस्मे यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ६ ॥

पदार्थ-वसिष्ठः-उत्तम विद्वान् रायः कामः-ऐश्वर्यों का इच्छुक होकर विश्वपन्यस्य-सर्वत्र विद्यमान अग्नि आदि तत्त्व के सहस्यं-बलोत्पादक अग्निं-अग्नि या विद्युत् तत्त्व का स्तौत्-उपदेश करे। अस्मे-हमारे इषं रयिम् वाजम् पप्रथद्-अन्न, धन का विस्तार करे। हे विद्वान् पुरुषो! आप लोग नः स्वस्तिभिः सदा पात-हमें कल्याणकारी उपायों से सदा सुरक्षित रखिये।

भावार्थ-उत्तम विद्वान् सर्वत्र व्याप्त तेजोमय परम पुरुष की आराधना की विधि गृहस्थ स्त्री-पुरुषों को सिखावें तथा अग्नितत्त्व में बल की उत्पत्ति, विद्युत् तत्त्व में शक्ति, अन्न में बल उस परमेश्वर ने कैसे भर दिया है इस तत्त्वज्ञान को विस्तार से समझावें।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और विश्वे देवा देवता है।

[४३] त्रिचत्वारिंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ज्ञान का प्रसार

प्र वो यज्ञेषु देवयन्तो अर्चन्द्यावा नमोभिः पृथिवी इषध्यै।
येषां ब्रह्माण्यसमानि विप्रा विष्वग्वियन्ति वनिनो न शाखाः ॥ १ ॥

पदार्थ-यज्ञेषु-सत्संगों, दान आदि कार्यों में वः-आप लोगों में द्यावा पृथिवी-आकाश और भूमि को इषध्यै-जानने के लिये देवयन्तः-विद्वानों की नमोभिः-विनयों और अन्नादि से प्र अर्चन्-अच्छी प्रकार अर्चना करते हैं येषां-जिनके ब्रह्माणि-ज्ञान और धनैश्वर्य असमानि-सबसे अधिक हैं वे विप्राः-विद्वान् वनिनः शाखाः न-वृक्ष की शाखाओं के समान विष्वग् वियन्ति-सब ओर जाते हैं।

भावार्थ-आकाश में फैली सूर्य की किरणों के समान विद्वान् पुरुष सम्पूर्ण राष्ट्र में जा-जाकर सत्संगों, यज्ञों व शिविरों के द्वारा ईश्वर आराधना, स्वास्थ्य साधना तथा वेद ज्ञान का प्रसार करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

यज्ञ द्वारा वर्षा

प्र यज्ञ एतु होत्वो न सस्रिरुद्यच्छध्वं समनसो घृताचीः।
स्तृणीत बर्हिरध्वराय साधूर्ध्वा शोचींषि देवयून्यस्थुः ॥ २ ॥

पदार्थ-हमें होत्वः ससिः न-वेगवान् अश्व तुल्य यज्ञः प्र एतु-यज्ञ प्राप्त हो। हे विद्वानो! आप समनसः-एकचित्त होकर घृताचीः उद्यच्छध्वम्-घृत-युक्त स्रुवे उठाओ, वा एकचित्त होकर उद्यम करो, आप घृताचीः-जल-युक्त मेघमालाओं को बर्हिः-आकाश में स्तृणीत-आच्छादित करो। साधु-अच्छी प्रकार अध्वराय-यज्ञ की देवयूनि-दीप्तियुक्त शोचींषि-ज्वालाएँ ऊर्ध्वा

अस्थुः-ऊँचे उठें।

भावार्थ-विद्वान् लोग राष्ट्र में यज्ञ विज्ञान को तेजी से बढ़ावें। ये विद्वान् यज्ञों के बड़े-बड़े आयोजनों में जाकर एकाग्रचित्त होकर घृत से भरे स्रुवों द्वारा आहुतियाँ देकर यज्ञ की ज्वालाओं को ऊँचे उठावे जिससे जलों से युक्त मेघमालाएँ आकाश में आच्छादित होकर भूमि को तृप्त करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

शासक माता के गुणों से युक्त हो

आ पुत्रासो न मातरं विभृत्राः सानौ देवासो बर्हिषः सदन्तु।
आ विश्वाचीं विदथ्यामनक्त्वग्ने मा नो देवताता मृधस्कः ॥ ३ ॥

पदार्थ-विभृत्राः पुत्रासः मातरं न-भरण योग्य पुत्र जैसे माता को प्राप्त होते हैं वैसे ही विभृत्राः-विशेष भृति द्वारा रक्षित राज-पुरुष पुत्रासः न-राज-पुत्रों के समान प्रिय होकर, मातरं-मातृभूमि को प्राप्त होकर देवासः-विजयेच्छु जन बर्हिषः-राष्ट्र तथा प्रजाजन के सानौ-समुन्नत पदों पर सदन्तु-विराजें। विश्वाचीं-समस्त जनों की बनी सभा विदथ्याम्-संग्राम-सम्बन्धिनी नीति को आ अनक्तु-प्रकट करे। हे अग्ने-तेजस्विन्! देवताता-यज्ञ और युद्ध में नः मृधः-हमारे हिंसकों को मा कः-मत उत्पन्न कर।

भावार्थ-राजा पंचायत सभा की सम्मति से राष्ट्रोन्नति की नीति तैयार करे तथा मातृभूमि को समर्पित राजपुरुषों-सरकारी सेवा में नियुक्त पुरुषों को योग्यता के अनुसार समुन्नत पदों पर नियुक्त करे। कुशल नायक हिंसक राष्ट्रद्रोहियों को उत्पन्न न होने दे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सत्य प्रतिज्ञाएँ

ते सीषपन्त जोषमा यजत्रा ऋतस्य धाराः सुदुघा दुहानाः।
ज्येष्ठं वो अद्य महु आ वसूनामा गन्तन समनसो यति ष्ठ ॥ ४ ॥

पदार्थ-ते-वे यजत्राः-एकत्र संगत जन ऋतस्य-सत्य वचन और धन की सुदुघाः धाराः दुहानाः-सुख से पूर्ण करनेवाली वाणियों का प्रयोग करते हुए जोषम्-प्रीतिपूर्वक आ सीषपन्त-मिलकर रहें और वः वसूनां-बसनेवाले आप लोगों में से महे-पूज्य ज्येष्ठं-सबसे बड़े को अद्य-आज आप समनसः-समान चित्त होकर आ गन्तन-प्राप्त होओ और यति स्थ-यत्न में लगे रहो।

भावार्थ-राजकोष से वेतन पानेवाले सभी राजकर्मचारी अपनी नियुक्ति के समय ली गयी शपथ के अनुसार अपने सत्य वचन पर दृढ़ रहते हुए प्रीतिपूर्वक राष्ट्र के प्रति निष्ठा रखें तथा अपने ज्येष्ठ अधिकारी के पूर्णविश्वासपात्र बने रहें ऐसा यत्न करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

लोक सेवक राजा

एवा नो अग्ने विक्ष्वा दशस्य त्वया वयं सहसावन्नास्क्राः।
राया युजा संधमादो अरिष्टा युयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ५ ॥

पदार्थ-हे सहसावन्-बलवन्! हे अग्ने-ज्ञानवन्! तू एव-अवश्य विक्षु-प्रजाओं में आ दशस्य-सब ओर दान कर। त्वया युजा वयं-तुझ से मिलकर हम आस्क्राः-सब प्रकार से

मानो क्रय किये हुए भृत्यवत् हों, **अरिष्टाः सधमादः**=अहिंसित और **राया**=एक साथ **सध-मादः**=प्रसन्न रहें। हे वीर पुरुषो! **यूयं नः सदा स्वस्तिभिः पात**=आप हमें सदा उत्तम साधनों से रक्षित करो।

भावार्थ–राजा अपनी प्रजाओं को उन्नति के लिए विकास की योजनाएँ चलाकर खूब दान दे तथा उत्तम साधनों से प्रजा की रक्षा करता हुआ उदार तथा लोकसेवक बनकर रहे। इससे प्रजा राष्ट्र भक्त बनी रहेगी।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ तथा देवता लिंगोक्ता है।

[४४] चतुश्चत्वारिंशं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–लिङ्गोक्ताः ॥ छन्दः–निचृज्जगती ॥ स्वरः–निषादः ॥

विद्वानों के कर्त्तव्य

दधिक्रां वः प्रथममश्विनोषसमग्निं समिद्धं भगमूतये हुवे।
इन्द्रं विष्णुं पूषणं ब्रह्मणस्पतिमादित्यान्द्यावापृथिवी अपः स्वः ॥ १ ॥

पदार्थ–हे विद्वानो! मैं **वः**=आप में से **दधिक्राम्**–शिष्यों को धारण कर उपदेश देनेवाले **प्रथमम्**–सर्व–प्रथम, **अश्विना**=सूर्य–चन्द्रवत् प्रकाशक **उषसम्**–प्रभात के समान दीप्त **समिद्धं अग्निम्**–प्रज्वलित अग्नि–तुल्य तेजस्वी, **भगम्**–ऐश्वर्यवान् पुरुष को **ऊतये**=रक्षा के लिये **हुवे**–स्वीकार करूँ। मैं **इन्द्रम्**–विद्युत्, **विष्णुं**–व्यापक, **पूषणं**–पोषक, **ब्रह्मणः पतिम्**–धनादि के पालक और **आदित्यान्**=१२ मासों **द्यावा–पृथिवी**–सूर्य, पृथिवी, **अपः**=जलों, **स्वः**=सूर्य–प्रकाश और सुख को भी **हुवे**–प्राप्त करूँ।

भावार्थ–उत्तम आचार्यों के उपदेशों से ज्ञान प्राप्त करनेवाले कान्तियुक्त तेजस्वी तथा ऐश्वर्यवान् शिष्यों में से प्रजाजनों के साथ मिलकर विद्वान् लोग रक्षा, ज्ञान एवं सुख–प्राप्ति के लिए राजा का चयन करें। वह चुना हुआ राजा अन्न, धन, औषधि व जल आदि की व्यवस्था द्वारा बारहों मास प्रजा को सुख पहुँचावे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–लिङ्गोक्ताः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

विद्वानों के गुण

दधिक्रामु नमसा बोधयन्त उदीराणा यज्ञमुपप्रयन्तः।
इळां देवीं बर्हिषि सादयन्तोऽश्विना विप्रा सुहवा हुवेम ॥ २ ॥

पदार्थ–हम लोग **दधिक्राम्**=राज्य भार को उठानेवालों को सन्मार्ग पर चलानेवाले राजा को **नमसा बोधयन्तः**–विनय से निवेदन करते हुए **उद्–ईराणाः**=उत्तम ज्ञान देते हुए, **यज्ञम् उप प्रयन्तः**=यज्ञ वा पूज्य पुरुष के पास जाते हुए, **बर्हिषी**–वृद्धिकारी व्यवहार वा राष्ट्र में बसे प्रजाजन में **देवीं**–गुण युक्त **इळां**=वाणी की **सादयन्तः**=व्यवस्था करते हुए **सु–हवा**–उत्तम वचन बोलनेवाले **विप्रा**=बुद्धिमान् **अश्विना**=रथी–सारथिवत् सहयोगी स्त्री–पुरुषों को **हुवेम**=प्राप्त करें।

भावार्थ–राष्ट्र के उत्तम विद्वान् राज्य के समस्त कार्यभार को चलानेवाले राजा को ज्ञान पूर्वक विनयभाव से उत्तम परामर्श देते हुए सत्संग, यज्ञ तथा पूज्य पुरुषों के समीप जाने की प्रेरणा करते रहें। दिव्य वाणी से युक्त उत्तम व्यवस्थापक राजा के साथ इन रथि–सारथिवत् सहयोगी बुद्धिमान् स्त्री–पुरुषों की सभी प्रजाजन प्रशंसा करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-लिङ्गोक्ताः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

राजा के गुण

दधिक्रावाणं बुबुधानो अग्निमुप ब्रुव उषसं सूर्यं गाम्।
ब्रध्नं मँश्चतोर्वरुणस्य बभ्रुं ते विश्वास्मद्दुरिता यावयन्तु ॥ ३ ॥

पदार्थ-**बुबुधानः**-निरन्तर ज्ञानवान् मैं **दधि-क्रावाणं**-धारक रथादि को ले चलने में समर्थ, अश्व के समान अग्रगन्ता, **अग्निम्**-अग्नि-तुल्य तेजस्वी, **उषसं**-प्रभात तुल्य दीप्त, **गाम्**-पृथिवी-समान गतिमान् **मंश्चतः वरुणस्य**-अभिमानी के नाशक राजा के **बभ्रुं**-भरण-पोषण करनेवाले **ब्रध्नं**-आकाश वा सूर्य-समान अन्यों को अपने में बाँधनेवाले पुरुषों से **उप ब्रुवे**-प्रार्थना करता हूँ कि **ते**-वे **अस्मत्**-हमसे **विश्वा दुरिता यावयन्तु**-सब बुराइयाँ दूर करें।

भावार्थ-उत्तम राजा निरन्तर ज्ञानवान, समर्थ, सदा आगे बढ़नेवाला, तेजस्वी, कान्तियुक्त, अभिमानी लोगों का नाश करनेवाला तथा विद्वानों से सदैव ज्ञान की याचना करनेवाला होता है। वह प्रजा का भरण-पोषण, सबको अपने विश्वास से बाँधनेवाला तथा राष्ट्र से बुराइयों का नाश करनेवाला होवे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-लिङ्गोक्ताः ॥ छन्दः-पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

मन्त्रिमण्डल निर्माण

दधिक्रावा प्रथमो वाज्यर्वाग्रे रथानां भवति प्रजानन्।
संविदान उषसा सूर्येणादित्येभिर्वसुभिरङ्गिरोभिः ॥ ४ ॥

पदार्थ-दधिक्रावा का स्वरूप। **रथानाम् अग्रे वाजी**-रथों के आगे जैसे वेगवान् अश्व मुख्य होता है वह **दधिक्रावा**-रथी, सारथी तथा अन्यों के धारक रथ को लेकर चलने से 'दधिक्रावा' है, वैसे **प्रजानन्**-उत्तम ज्ञानवान् पुरुष भी **रथानां**-रमणीय, व्यवहारों के **अग्रे**-मुख्य पद पर **प्रथमः**-सर्वप्रथम, **भवति**-होता है, वह भी **दधिक्रावा**-कार्य-भार को उठानेवाले पुरुषों को उपदेश देकर ठीक राह पर ले चलने से 'दधिक्रावा' है। वह **उषसा**-प्रभात-तुल्य कान्तियुक्त, **सूर्येण**-सूर्यवत् तेजस्वी राजा **आदित्येभिः**-१२ मासों के समान नाना प्रकृति के विद्वान् अमात्यों, **वसुभिः**-वा प्रजा में बसे, ब्रह्मचारी आठ विद्वानों और **अंगरिभिः**-अंगारों के समान तेजस्वी या बलस्वरूप प्राणोवत् देश के प्रिय पुरुषों से **संविदानः**-ज्ञान की वृद्धि करे।

भावार्थ-राजा ऐसे ज्ञानवान्, व्यवहार कुशल पुरुष को अपना प्रधानमन्त्री नियुक्त करे जो राज्य के समस्त कार्यभार को अपने ऊपर उठाने में समर्थ हो तथा अपने अन्य सहयोगी मन्त्रियों को उपदेश देकर ठीक राह पर चला सके। राजा अन्य मन्त्री पदों पर भी विभिन्न विषयों वा विद्याओं के विद्वानों को नियुक्त करे जो राष्ट्र की प्रजा में ज्ञान की वृद्धि करने में समर्थ तथा प्रजाप्रिय हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-लिङ्गोक्ताः ॥ छन्दः-पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

सन्मार्ग दर्शन

आ नो दधिक्राः पथ्यामनक्त्वृतस्य पन्थामन्वेतवा उ।
शृणोतु नो दैव्यं शर्धो अग्निः शृण्वन्तु विश्वे महिषा अमूराः ॥ ५ ॥

पदार्थ-जैसे **दधिक्राः**-रथ वा मनुष्यों को ले चलने में समर्थ अश्व मार्ग में चलते हुए अच्छी चाल प्रकट करता है वैसे ही **नः**-हममें से **दधि-क्राः**-सहयोगी जनों को साथ लेकर

बढ़नेवाला पुरुष **ऋतस्य पन्थाम् अन्वेतव**=न्याय-मार्ग को स्वयं चलने और औरों को चलाने के लिये **नः**=हमारे लिये **पथ्याम्**=हितकारिणी नीति को **अनक्तु**=प्रकट करे। वह सन्मार्ग प्रकट करने से **अग्निः**=अग्नि-तुल्य प्रकाशक **नः**=हमारे **दैव्यं**=मनुष्य-हितकारी **शर्धः**=बल को **शृणोतु**=सुने, जाने और **विश्वे**=समस्त **अमूराः**=मोह-रहित, **महिषाः**=बड़े लोग भी **शृण्वन्तु**=हमारे कार्यों को सुनें।

भावार्थ–राष्ट्र का नियुक्त प्रधानमन्त्री सभी सहयोगी जनों को साथ लेकर चलनेवाला, सत्य व न्याय के मार्ग पर स्वयं चलने व अन्यों को चलानेवाला, राष्ट्रहित की नीति लागू कर सबका हितकारी तथा प्रजा की समस्याओं को ध्यान से सुननेवाला पुरुष ज्ञानी तथा निष्पक्ष होना चाहिए।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता सविता है।

[४५] पञ्चचत्वारिंशं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–सविता ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

बनें सूर्य सम तेजस्वी

आ देवो यातु सविता सुरत्नोऽन्तरिक्षप्रा वहमानो अश्वैः।
हस्ते दधानो नर्या पुरूणि निवेशयंञ्च प्रसुवञ्च भूम ॥ १ ॥

पदार्थ–**सविता देवः**=प्रकाशक सूर्य के तुल्य **सविता**=प्रेरक पुरुष **अन्तरिक्ष प्राः**=आकाश को व्यापनेवाला, **सु-रत्नः**=उत्तम रत्नों के तुल्य रमणीय गुणों का धारक, **अश्वैः वहमानः**=अश्वों के तुल्य विद्वानों की सहायता से कार्य-भार उठाता हुआ **आ यातु**=आवे। वह **हस्ते**=हाथ में **पुरूणि**=बहुत से **नर्या**=मनुष्यों के हितार्थ पदार्थों को **दधानाः**=धारण करता, **नि वेशयन् च**=सबको बसाता, **प्र-सुवन् च**=और ऐश्वर्यों को उत्पन्न करता हुआ प्राप्त हो।

भावार्थ–राजा सूर्य समान तेजस्वी, सबका प्रेरक तथा विद्वानों की सहायता से समस्त राजकार्य करनेवाला होवे। सबके हित की नीति बनाकर सबको बसने का उत्तम रीति तथा शासन-व्यवस्था लागू करे। सबके लिए ऐश्वर्य प्राप्ति के साधन उपलब्ध करावे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–सविता ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

कर्म का महत्त्व

उदस्य बाहू शिथिरा बृहन्ता हिरण्यया दिवो अन्ताँ अनष्टम्।
नूनं सो अस्य महिमा पनिष्ट सूरश्चिदस्मा अनु दादपस्याम् ॥ २ ॥

पदार्थ–**अस्य**=इसकी **शिथिरा**=शिथिल **बृहन्ता**=बड़ी-बड़ी **हिरण्यया**=सुवर्ण-मण्डित **बाहू**=बाहुएँ **दिवः अन्तान्**=विजय-योग्य व्यवहारों के पार तक **उत् अनष्टाम्**=उत्तम रीति से पहुँचती हैं। **नूनं**=निश्चय से **अस्य**=इसका **सः महिमा**=वह सामर्थ्य **पनिष्ट**=स्तुति-योग्य है कि **सूरः चित्**=विद्वान् पुरुष **अस्मै**=इसकी **अपस्याम्**=कर्माभिलाषा में **अनु दात्**=सहयोग देता है।

भावार्थ–राष्ट्र को समृद्ध बनाने की ऐश्वर्यशाली योजनाएँ तथा विजय प्राप्ति की नीतियों को विद्वानों के सहयोग से तैयार कर पूर्ण करनेवाले राजा को कर्म कुशलता निश्चय से प्रशंसनीय हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सविता ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

प्रजा पालन

स घा नो देवः सविता सहावा सा विषद्वसुपतिर्वसूनि।
विश्रयमाणो अमतिमुरूचीं मर्तभोजनमध रासते नः ॥ ३ ॥

पदार्थ-सः देवः सविता-वह सर्वसुखदाता ऐश्वर्यवान् राजा सहावा-बलवान् वसुपतिः-धनों का स्वामी होकर वसूनि-धनों को साविषत्-पैदा करे। उरूचीं-बहुत पदार्थों को प्राप्त करनेवाली अमतिम्-नीति को वि-श्रयमाणः-विशेषतः आश्रय लेता हुआ नः-हमें मर्त्त-भोजनं-मनुष्यों से भोगने योग्य भोग रासते-दे।

भावार्थ-राजा राष्ट्र को समृद्ध करने की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं का आश्रय लेकर मनुष्यों के भोगने योग्य ऐश्वर्य, मनुष्यों का पालन, शासन और न्याय प्रदान कर प्रजा का प्रिय बने।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सविता ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

प्रशंसित वाणी

इमा गिरः सवितारं सुजिह्वं पूर्णगभस्तिमीळते सुपाणिम्।
चित्रं वयो बृहदस्मे दधातु यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ४ ॥

पदार्थ-इमाः-ये गिरः-वाणियाँ सु-जिह्वं-उत्तम वाणी बोलनेवाले पूर्ण-गभस्तिम्-पूर्ण रश्मि-युक्त सूर्य के समान पूरे परिमाण की बाहुओंवाले, सुपाणिम्-उत्तम हाथोंवाले, सवितारं-शासक, आज्ञापक पुरुष की ईडते-प्रशंसा करती हैं। वह विद्वान् पुरुष अस्मे-हमें चित्रं-अद्भुत वयः-ज्ञान और बल दधातु-दे। हे विद्वान् पुरुषो! आप लोग नः-हमारा सदा-सदा स्वस्तिभिः पात-कल्याणकारी साधनों से पालन करें।

भावार्थ-विद्वान् पुरुषों की उत्तम वाणियाँ तथा व्यवहार कुशलता ही उनकी प्रशंसा का कारण होती हैं। उनका अद्भुत ज्ञान और बल सबके लिए सदैव कल्याणकारी होता है।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता रुद्र है।

[४६] षट्चतवारिंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-रुद्रः ॥ छन्दः-विराड्जगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

सेनापति के कर्त्तव्य

इमा रुद्राय स्थिरधन्वने गिरः क्षिप्रेषवे देवाय स्वधाविने।
अषाळ्हाय सहमानाय वेधसे तिग्मायुधाय भरता शृणोतु नः ॥ १ ॥

पदार्थ-हे विद्वान् पुरुषो! इमाः-ये गिरः-उत्तम वाणियें, स्थिर धन्वने-स्थिर धनुषवाले, क्षिप्रेषवे-वेग से बाण चलाने में चतुर, देवाय-विजयेच्छुक, स्वधाविने-राष्ट्र, जन और तन आदि की रक्षा में कुशल, अषाढाय-शत्रुओं से अपराजित सहमानाय-शत्रुओं को पराजित करनेवाले, वेधसे-कार्यों के विधान करनेवाले, तिग्मायुधाय-तीक्ष्ण शस्त्रास्त्रों के स्वामी, रुद्राय-दुष्टों को रुलानेवाले राजा के प्रति भरत-कहो और वह नः-हमारे निवेदन शृणोतु-सुने।

भावार्थ-विद्वान् लोग राजा व सेनापति को उनके कर्त्तव्य का उपदेश करे कि तुम दृढ़ लक्ष्यभेदी, तीव्र अस्त्र चलाने में चतुर, राष्ट्र तथा प्रजाजन की रक्षा में कुशल व तीक्ष्ण अस्त्र-शस्त्रों के स्वामी बनो। तभी राष्ट्र सुरक्षित व समृद्ध बनेगा।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-रुद्रः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ऐश्वर्यशाली साम्राज्य

स हि क्षयेण क्षम्यस्य जन्मनः साम्राज्येन दिव्यस्य चेतति ।
अवन्नवन्तीरुप नो दुरश्चरानमीवो रुद्र जासु नो भव ॥ २ ॥

पदार्थ-सः-वह राजा क्षम्यस्य-क्षमा-योग्य जन्मनः-प्राणी या जनों के क्षयेण-निवास और दिव्यस्य-आकाश से होनेवाले क्षयेण-वृष्टि आदि ऐश्वर्य तथा साम्राज्येन-साम्राज्य से हि-निश्चय से चेतति-जाना जाय। हे राजन्! तू अवन्तीः अवन्-रक्षक सेनाओं और प्रजाओं की रक्षा करता हुआ नः-हमारे दुरः-बनाये द्वारों के उपचर-पास आ। हे रुद्र-दुष्टों को रुलानेवाले विद्वन्! नः-हमारे जासु-सन्तानों के बीच तू अनमीवः-रोगरहित और अन्यों को रोगों से मुक्त करनेवाला भव-हो।

भावार्थ-राजा वा सेनापति राष्ट्र के निवासियों को ऐश्वर्यशाली बनावे तथा अपने साम्राज्य का विस्तार करे। उसकी पहचान विशाल ऐश्वर्यशाली साम्राज्य के नाते ही होवे। राजा अपनी सेनाओं को प्रजा के घरों तक भेजे ताकि कोई दुष्ट प्रजा जनों को दुःख न पहुँचा सकें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-रुद्रः ॥ छन्दः-निचृज्जगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

सेनापति का पराक्रम

या ते विद्युदवसृष्ट दिवस्परि क्षमया चरति परि सा वृणक्तु नः ।
सहस्रं ते स्वपिवात भेषजा मा नस्तोकेषु तनयेषु रीरिषः ॥ ३ ॥

पदार्थ-हे सु-अपिवात-उत्तम रीति से शत्रुओं को प्रचण्ड वायु के सदृश प्रबल आक्रमण से दूर करने हारे! या-जो ते-तेरी विद्युत्-चमचमाती सेना दिवः परि-विजय-कामना से सब ओर अवसृष्टा-छोड़ी हुई क्षमया-भूमि के साथ परि चरति-जाती है सा नः-वह हमें परि वृणक्तु-कष्ट न दे। हे विद्वन्! ते-तेरी सहस्रं भेषजा-सहस्रों ओषधियाँ हैं। तू नः तोकेषु-हमारे बच्चों और तनयेषु-पुत्रों पर मा रीरिषः-हिंसा का प्रयोग मत कर।

भावार्थ-सेनापति अपनी सेना के प्रचण्ड प्रहार से शत्रु को नष्ट कर देवे तथा उसकी तेजस्वी सेना शत्रु राष्ट्र में सर्वत्र फैलकर उसकी भूमि को अपने अधिकार में लेवे। इस विजय अभियान में बच्चों व निर्बलों पर बल प्रयोग न करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-रुद्रः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

कृपालु सेनापति

मा नो वधी रुद्र मा परा दा मा ते भूम प्रसितौ हीळितस्य ।
आ नो भज बर्हिषि जीवशंसे यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ४ ॥

पदार्थ-हे रुद्र=दुष्टों को रुलानेवाले! तू नः मा वधीः=हमें मत मार। मा परा दाः=हमें मत त्याग। हम हीडितस्य-क्रुद्ध हुए ते-तेरे प्रसितौ-बन्धनागार में मा भूम-न हों। तू जीवशंसे-जीवित जनों से प्रशंसनीय बर्हिषि-वृद्धिशील राष्ट्र में नः-हमें आ भज-प्राप्त हो। हे विद्वानो! यूयं-आप नः-हमारा स्वस्तिभिः सदा पात-उत्तम साधनों से सदा पालन करो।

भावार्थ-वही राष्ट्र वृद्धि को प्राप्त होता है जहाँ निर्दोषों को दण्डित तथा निर्बलों को पीड़ित नहीं किया जाता। सेनापति निरपराधों को कारागार में न डाले। दुष्टों को दण्ड अवश्य दिया जावे।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ तथा देवता आपः है।

[४७] सप्तचत्वारिंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आपः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

आप्तजनों के कर्त्तव्य

आपो॒ यं वः॑ प्रथ॒मं दे॑व॒यन्त॑ इन्द्र॒पानमू॒र्मिमकृ॑ण्वतेळः।
तं वो॑ वयं शुचि॑मरि॒प्रमद्य घृ॒तप्रु॑षं मधु॒मन्तं॑ वनेम॥ १॥

पदार्थ-जैसे **देवयन्तः**-सूर्यवत् रश्मियें **इडः**-अन्न या भूमि के **ऊर्मिम्**-ऊपर उठनेवाले जलों के अंश को **इन्द्रपानम् अकृण्वत**-सूर्य द्वारा पान करने योग्य करते हैं वैसे ही हे **आपः**-विद्वान् प्रजाओ! **देवयन्तः**-राजा के तुल्य आचरण करते हुए राजपुरुष **वः**-आप में से **यं**-जिस **प्रथमं**-अग्रगण्य **ऊर्मिम्**-तरंग-तुल्य उन्नत पुरुष को **इडः**-भूमि और वाणी के ऊपर **इन्द्र-पानं**-राजावत् पालक-रूप से **अकृण्वत**-नियत करते हैं **वयं**-हम लोग **तं**-उस **शुचिम्**-शुद्ध, **अरि-प्रम्**-निष्पाप **घृत-प्रुषं**-जल से अभिषिक्त **मधुमन्तं**-मधुरवाणीवाले पुरुष को **अद्य**-आज **वनेम**-प्राप्त हों।

भावार्थ-राष्ट्र की प्रजा विद्वान् होवे। विद्वान् आप्तजन, दिव्य आचरणवाले, प्रजा पालक वृत्तिवाले, धार्मिक, निष्पाप, मधुर स्वभाववाले, उन्नत पुरुष को राजा के पद पर अभिषिक्त करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आपः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

आप्तजनों के गुण

तमू॒र्मिमा॑पो॒ मधु॑मत्तमं वो॒ऽपां नपा॑दवत्वाशु॒हेमा॑।
यस्मि॒न्निन्द्रो॒ वसु॑भिर्मा॒दया॑ते॒ तमश्याम देव॒यन्तो॑ वो अ॒द्य॥ २॥

पदार्थ-**यस्मिन्**-जिसके सहारे **इन्द्रः**-राजा **वसुभिः**-बसे प्रजाजनों के साथ **मादयाते**-सबको प्रसन्न करता है, हे **आपः**-आप्त जनो! **तं वः ऊर्मिम्**-आप लोगों के उस उत्तम **मधुमत्तमं**-अति मधुर गुणों से युक्त पुरुष वर्ग को **आशु-हेमा**-सेना वा अश्वों को शीघ्र प्रेरक **अपां नपात्**-जलों में नाव के तुल्य तारक, प्रजाओं को नीचे न गिरने देने हारा पुरुष **अवतु**-बचावे। हे विद्वानो! **वः**-आप लोगों के ऐश्वर्यमय अंश को हम **देवयन्तः**-चाहते हुए **अश्याम**-प्राप्त करें।

भावार्थ-आप्तजन-वेदानुसार आचरणवाले विद्वान् पुरुष अपने उपदेशों द्वारा प्रेरणा करके राजनियम के पालन द्वारा प्रजाजनों को व्यवस्था में बाँधकर नीचे न गिरने दें। राजा तथा सेनापति को भी राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य पालन की प्रेरणा करके उनमें मधुर गुणों का समावेश करें। इस प्रकार राजा-प्रजा को परस्पर जोड़कर रखें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आपः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

देवमार्ग

श॒तपवित्राः स्व॒धया॒ मद॑न्तीर्दे॒वीर्दे॒वाना॒मपि॑ यन्ति॒ पाथः॑।
ता इन्द्र॑स्य॒ न मि॑नन्ति व्र॒तानि॑ सिन्धु॒भ्यो ह॒व्यं घृ॒तव॑ज्जुहोत॥ ३॥

पदार्थ-**शत-पवित्राः**-सैकड़ों रश्मियों से पवित्र **देवीः**-दिव्य गुण-युक्त जलांश **स्वधया**-अक्षांश से **मदन्तीः**-प्रजाओं को तृप्त करते हुए **देवानां**-सूर्य-रश्मियों के **पाथः अपियन्ति**-मार्ग को प्राप्त करते हैं। ऐसे ही **शत-पवित्राः**-सैकड़ों उत्तम संस्कारों से पवित्राचरणवाली **देवीः**-उत्तम

स्त्रियाँ स्वधया=अन्नादि से मदन्तीः=आनन्द लाभ करती हुईं देवानां=विद्वान् पुरुषों के पाथः=पालन योग्य ऐश्वर्य को अपियन्ति=प्राप्त करती हैं। ताः=वे इन्द्रस्य=ऐश्वर्य-युक्त पति के व्रतानि=कर्मों को न मिनन्ति=नाश नहीं करतीं। सिन्धुभ्यः=पुरुषों को सम्बन्धों से बाँधनेवाली उन स्त्रियों के भी घृतवत्=घृत-युक्त हव्यं=जलों या खाद्य अन्नों का उत्पादक अंश 'इन्द्रपान' अर्थात् जीवों के उपभोग-योग्य इस अंश को रश्मियें उत्पन्न करती हैं।

भावार्थ-उत्तम जन सूर्य की किरणों द्वारा शोधित जल व अन्न पान द्वारा तृप्त होकर देवमार्ग के गामी होते हैं। विदुषी स्त्रियाँ भी ऐसे अन्न-जल का पान करके उत्तम संस्कारोंवाली होकर अपने व्रतों=सुकर्मों द्वारा यज्ञशील बनती है। वे भी देवमार्ग की गामिनी होती हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आपः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

उन्नत कृषि

याः सूर्यो रश्मिभिरातताऩ याभ्य इन्द्रो अरदद्गातुमूर्मिम्।
ते सिन्धवो वरिवो धातना नो यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ४ ॥

पदार्थ-सूर्यः=सूर्य रश्मिभिः=किरणों से जैसे जलों को आतनान=आकाश में फैलाता है और याभ्यः=जिन जलों के लिये इन्द्रः=विद्युत् ऊर्मिम्=गमन-योग्य गातुम्=मार्ग को अरदद्=बनाता है, वैसे ही सूर्यः=तेजस्वी पुरुष रश्मिभिः=रश्मियों के समान अधीन शासकों से याः आतनान=जिन आप्त प्रजाओं को विस्तृत करता है और याभ्यः=जिन प्रजाओं के हितार्थ इन्द्रः=ऐश्वर्यवान् पुरुष ऊर्मिम्=उन्नत भूमि को अरदत्=कृषि द्वारा सम्पन्न करता है। ते=ये सिन्धवः=जलधाराएँ वः=हमें वरिवः धातन=उत्तम धन दें। हे उत्तम प्रजाजनो! ते=वे यूयं सदा नः स्वस्तिभिः पात=आप लोग हमारा सदा उत्तम उपायों से पालन करो।

भावार्थ-राजा अपने राष्ट्र में उन्नत कृषि की योजनाएं बनाकर राष्ट्र को समृद्ध बनावे। इसके लिए नदियों के जल को नहरों द्वारा खेतों तक ले-जाकर सिंचाई की व्यवस्था करे। विद्वानों के सहयोग से यज्ञ-विज्ञान द्वारा वृष्टि यज्ञ के आयोजन करावे। ऊसर भूमि को कृषि योग्य बनाने की तकनीक विकसित करावे। इस प्रकार से उन्नत कृषि द्वारा प्रजा का पालन करे।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और ऋभव तथा विश्वे देवा देवता है।

[४८] अष्टचत्वारिंशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-ऋभवः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

आवागमन के साधन

ऋभुक्षणो वाजा मादयध्वमस्मे नरो मघवानः सुतस्य।
आ वोऽर्वाचः क्रतवो न यातां विभ्यो रथं नर्यं वर्तयन्तु ॥ १ ॥

पदार्थ-हे ऋभुक्षणः=ऐश्वर्य सेवनकर्ता पुरुषो! हे वाजाः=ज्ञानी पुरुषो! हे मघवानः=धनों के स्वामी जनो! हे नरः=नायको! आप सुतस्य=उत्पन्न ऐश्वर्य से अस्मे=हमें मादयध्वम्=सुखी करो। वः=आप में से अर्वाचः=नये-नये क्रतवः न विभ्यः=बुद्धिमान् एवं सामर्थ्यवान् पुरुष यातां=यात्री जनों के लिये नर्थं रथं=मनुष्यों को सुखदायी रथ वर्त्तयन्तु=चलाया करें।

भावार्थ-राष्ट्र के प्रतिभाशाली ज्ञानी पुरुष धनवान् लोगों के सहयोग से अपनी बुद्धि द्वारा राष्ट्र में आवागमन के साधनों का विकास करें जिससे यात्री तथा व्यापारियों को सुविधा होवे और राष्ट्र समृद्ध बने।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-ऋभवः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

अस्त्र-शस्त्र निर्माण

ऋभुर्ऋभुभिरभि वः स्याम विभ्वो विभुभिः शवसा शवांसि।
वाजो अस्माँ अवतु वाजसातावि न्द्रेण युजा तरुषेम वृत्रम् ॥ २ ॥

पदार्थ-वः-आप में से ऋभुः-सत्य, यज्ञ, धन से चमकनेवाला पुरुष ऋभुभिः-वैसे ही सत्य धनादि-समृद्ध पुरुषों के साथ मिलकर और वाजः-बलवान् पुरुष भी वाज-सातौ-युद्ध-काल में अस्मान् अवतु-हमारी रक्षा करे। हम विभ्वः-विशेष बलशाली होकर विभुभिः-विशेष सामर्थ्यवान् पुरुषों से मिलकर शवसा-बल से शवांसि-शत्रु सैन्यों को अभि स्याम-हरायें और युजा-सहयोगी इन्द्रेण-ऐश्वर्यवान् राजा से मिलकर वृत्रं तरुषेम-बढ़ते शत्रु का नाश करें।

भावार्थ-राजा को योग्य है कि राष्ट्र की रक्षा हेतु युद्ध सामग्री अर्थात् अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण करावे जिससे युद्धकाल में शत्रु को पराजित करके राष्ट्र की प्रजा, ऐश्वर्य तथा सीमाओं की रक्षा कर सके। बिना उन्नत अस्त्र-शस्त्रों के शत्रु का नाश सम्भव नहीं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-ऋभवः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

युद्धकौशल

ते चिद्धि पूर्वीभि सन्ति शासा विश्वँ अर्य उपरताति वन्वन्।
इन्द्रो विभ्वाँ ऋभुक्षा वाजो अर्यः शत्रोर्मिथत्या कृणवन्वि नृम्णम् ॥ ३ ॥

पदार्थ-इन्द्रः-ऐश्वर्यवान्, ऋभुः-क्षाः-तेजस्वी पुरुषों को बसाने हारा वाजः-संग्राम-कुशल अर्यः-स्वामी, शत्रोः मिथत्या-शत्रु को मारने के लिये विभ्वान्-बड़े समर्थ पुरुषों को प्राप्त करे। वे नृम्णम्-धनैश्वर्य को वि कृण्वन्-विविध प्रकारों से उत्पन्न करें। उपरताति-मेघादि के तुल्य शरवर्षी अस्त्रों से करने योग्य युद्ध में ते चित् हि-वे ही विश्वान् अर्यः-सब बढ़ते शत्रुओं को मारें और शासा-शस्त्र-बल से पूर्वीः-पहले की सेनाओं को भी अभि सन्ति-मात करें।

भावार्थ-राजा वा सेनापति तेजस्वी व संग्राम कुशल होवे। जो वीर सैनिकों तथा बलवान् योद्धाओं के सहयोग से रणकौशल योजनाएं बनाकर, मेघ के समान गोलियों की बौछार करते हुए शत्रु सेना संहार कर आगे बढ़ें तथा शासन और शस्त्रबल से युक्त सेना की टुकड़ियों को इधर-उधर भेजकर सामञ्जस्य बनाए रखे। जिससे शत्रु श्रीहीन होकर अधीनता स्वीकार कर लेवे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-ऋभवो विश्वे देवा वा ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ऐश्वर्यशाली प्रजा

नू देवासो वरिवः कर्तना नो भूत नो विश्वेऽवसे सजोषाः।
समस्मे इषं वसवो ददीरन्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ४ ॥

पदार्थ-देवासः-विद्वान् नः-हमारी वरिवः-ऐश्वर्य-वृद्धि कर्तन-करें। विश्वे देवासः-सब वीर स-जोषाः-प्रीतियुक्त होकर नः अवसे भूत-हमारी रक्षार्थ तैयार रहें। वसवः-बसे प्रजाजन, बसानेवाले शासक अस्मे-हमें इषं ददीरन्-इच्छानुकूल ऐश्वर्य दें। हे विद्वानो! यूयं-आप लोग नः सदा स्वस्तिभिः पात-हमारी सदा कल्याणकारी उपायों से रक्षा करें।

भावार्थ-राजा अपनी प्रजा को रक्षा प्रदान करने के लिए वीर पुरुषों को नियुक्त करे जो

हर समय तैयार रहें। और प्रजा के लिए सरकारी सेवा, व्यापार तथा कृषि आदि की समुचित व्यवस्था करे जिससे प्रजा ऐश्वर्यशाली बने।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता आपः है।

[४९] एकोनपञ्चाशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आपः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

राष्ट्र रक्षा

समुद्रज्येष्ठाः सलिलस्य मध्यात्पुनाना यन्त्यनिविशमानाः।
इन्द्रो या वज्री वृषभो ररद ता आपो देवीरिह मामवन्तु॥ १ ॥

पदार्थ-समुद्र-ज्येष्ठाः-एक साथ ऊपर उठनेवाले, मेघों में स्थित, देवीः आपः-उत्तम जल अनिविशमानाः-कहीं भी स्थिर न रहते हुए, सलिलस्य मध्यात् पुनानाः-अन्तरिक्ष के बीच में से पवित्र करते हुए यन्ति-आते हैं। याः-जिनको वज्री इन्द्रः-तीव्र बल से युक्त विद्युत् वा सूर्य, वृषभः-वर्षणशील मेघ या वायु ररद-छिन्न-भिन्न करता है। ताः आपः-वे जल इह-इस पृथिवी पर माम्-मुझ बसे प्रजाजनों को अवन्तु-रक्षा करते हैं।

भावार्थ-उत्तम प्रजाएँ अपार बलशाली पुरुष को पवित्र जलों के द्वारा राजाध्यक्ष के पद पर अभिषिक्त करे। यह बलशाली राजा राष्ट्र की बिखरी हुई शक्ति को संगठित करके अपने अधीन कर राष्ट्र की रक्षा करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आपः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

जल संरक्षण

या आपो दिव्या उत वा स्रवन्ति खनित्रिमा उत वा याः स्वयंजाः।
समुद्रार्था याः शुचयः पावकास्ता आपो देवीरिह मामवन्तु॥ २ ॥

पदार्थ-याः-जो आपः-जल-धाराएँ दिव्याः-आकाश में उत्पन्न या सूर्य, विद्युतादि से उत्पन्न उत वा-और जो स्रवन्ति-बहती हैं जो खनित्रिमाः-खोदकर प्राप्त की जायें उत वा-और याः स्वयं-जाः-जो स्वयं आप से आप भूमि से उत्पन्न हुई हों, याः-जो समुद्रार्थाः-समुद्र, आकाश से आनेवाली या समुद्र को जानेवाली शुचयः-शुद्ध पावकाः-पवित्र करनेवाली आपः-जलधाराएँ हैं वे देवीः-उत्तम गुणों से युक्त होकर इह माम् अवन्तु-इस राष्ट्र में मेरी रक्षा करें।

भावार्थ-राजा को चाहिए कि वह आकाश से बादलों द्वारा बरसनेवाले जल का संरक्षण करे। भूमि खोदकर कुएँ से प्राप्त जल, पर्वतों या भूमि से अपने आप स्रोतों से बहनेवाले जल तथा नदियों द्वारा समुद्र की ओर जानेवाली धाराओं के जलों को संरक्षित करे। और उन जलों को शोधित कर पवित्र बनाकर पीने सिचाई के योग्य बनाकर राष्ट्र की रक्षा करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आपः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

राज्य व्यवस्था

यासां राजा वरुणो याति मध्ये सत्यानृते अवपश्यञ्जनानाम्।
मधुश्चुतः शुचयो याः पावकास्ता आपो देवीरिह मामवन्तु॥ ३ ॥

पदार्थ-यासां मध्ये-जिन प्रजाजनों के बीच अभिषिक्त होकर वरुणः-प्रजा द्वारा स्वयंवृत राजा जनानाम्-सब मनुष्यों के सत्यानृते-सत्य और झूठ का अवपश्यन्-विवेक करता हुआ

याति=प्राप्त होता है। वे **मधुश्चुतः**=मधुर गुणों से युक्त, **शुचयः**=शुद्ध और **याः**=जो **पावकाः**=पवित्र करनेवाली हैं **ताः देवीः आपः**=वे जलधाराएं और विद्वान् प्रजाएं **माम् अवन्तु**=मुझ राजा का पालन करें।

भावार्थ–राजा को प्रजा स्वयं वरण करके अभिषिक्त करती है। वह चुना हुआ राजा लोगों के सत्य और झूठ दोनों का विवेक रखनेवाला होकर राज्य की प्रबन्ध व्यवस्था करे जिससे प्रजापालन उत्तम रीति से होवे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–आपः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

प्रजा हितकारी राजा

यासु राजा वरुणो यासु सोमो विश्वे देवा यासूर्जं मदन्ति।
वैश्वानरो यास्वग्निः प्रविष्टस्ता आपो देवीरिह मामवन्तु ॥ ४ ॥

पदार्थ–**यासु**=जिन जलों वा प्रजाओं में **वरुणः**=वरण किया गया पुरुष **राजा**=राजा बनता है, **यासु सोमः**=जिनके बीच ओषधि तथा सौम्य विद्वान् हैं, **यासु**=जिनके बल पर **विश्वे देवाः**=सब मनुष्य **ऊर्जम् मदन्ति**=अन्न से तृप्ति और बल प्राप्त करते हैं **यातु**=जिनके बीच **वैश्वानरः**=समस्त मनुष्यों का हितकारी **अग्निः**=तेजस्वी नेता **प्रविष्टः**=प्रविष्ट है **ताः आपः देवीः**=वे दिव्य गुण-युक्त जल और प्रजाजन **माम् इह अवन्तु**=मेरी इस लोक में रक्षा करें।

भावार्थ–प्रजा द्वारा वरण किया हुआ राजा प्रजा के हित के लिए योग्य चिकित्सकों, उत्तम विद्वानों, तेजस्वी नायकों तथा कुशल प्रशासकों की नियुक्ति करे। जिससे प्रजा राजा की प्रिय तथा राजा प्रजा का प्रिय होवे।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और मित्रावरुण, अग्नि, विश्वे देवा व नद्य देवता हैं।

[५०] पञ्चाशं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मित्रावरुणौ ॥ छन्दः–स्वराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

नीरोग प्रजा

आ मा मित्रावरुणेह रक्षतं कुलायय॑द्विश्वय॒न्मा न॒ आ ग॑न्।
अ॒ज॒का॒वं दुर्दृशीकं ति॒रो द॑धे॒ मा मां प॒द्यो॒न॒ रप॑सो विदत्त्सरुः ॥ १ ॥

पदार्थ–हे **मित्रावरुणा**=स्नेहवान् और कष्टों के निवारक जनो! **इह**=इस लोक में आप दोनों माता-पिता के समान **माम् रक्षतम्**=मेरी रक्षा करें। **कुलावयत्**=घर या स्थान घेर कर संघ बनाकर रहने वा कुत्सित रूप प्राप्त करानेवाला और **वि-श्वयत्**=विविध रूपों में फैलने और शोथ प्रकट करनेवाला रोग **नः मा आगन्**=हमें प्राप्त न हो। **अजकावं**='अजक' अर्थात् भेड़-बकरियों के समान छोटे जन्तुओं को खा जानेवाले, अजगरादिवत् **दुर्दृशीकं**=कठिनता से दीखनेवाले जन्तुओं को मैं **तिरः दधे**=दूर करूँ। **त्सरुः**=कुटिलचारी सर्प आदि **पद्येन रपसा**=पैर से होनेवाले दोष द्वारा **मां मा विदत्**=मुझे प्राप्त न हो।

भावार्थ–राजा को योग्य है कि वह अपने राज्य में ऐसे चिकित्सकों की नियुक्ति करें जो मित्रवत् कष्ट निवारण में कुशल हों। वे लोगों को कुत्सित रोगों, छूत के रोगों, शोथ एवं विष आदि से फैलनेवाले रोगों से मुक्त करें। राजा को चाहिए कि वह अजगर, विषैले साँप, बिच्छु आदि से रहित भूमि बनावे। सूक्ष्मदर्शी से दीखनेवाले कृमियों से भी रोग न फैले ऐसी व्यवस्था कर प्रजा को नीरोग बनावे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-निचृज्जगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

अग्नि चिकित्सा

यद्विजाम्न्पर्रुषि वन्दनं भुवदष्ठीवन्तौ परि कुल्फौ च देहत्।
अग्निष्टच्छोचन्नप बाधतामितो मा मां पद्येन रपसा विदुत्सरुः ॥ २ ॥

पदार्थ-यत्-जो वन्दनं-देह को जकड़नेवाला विष विजामन्-विविध पीड़ा के उत्पत्ति स्थान रूप पेट या परुषि-सन्धि स्थान पर भुवत्-उत्पन्न होता है और जो अष्ठीवन्तौ-स्थूल अस्थि से युक्त गोडों और कुल्फौ-पैर के टखनों को परि देहत्-सुजा दे, तत्-उस विषमय रोग को अग्निः-अग्नि तत्त्व शोचत्-सन्तप्त करता हुआ इतः बाधताम्-इस देह से दूर करे। त्सरुः-छद्म गति से छुए देह में फैलनेवाला रोग पद्येन रपसा-पैर में विद्यमान दुःखदायी रोग रूप से मा मां विदत्-मुझे प्राप्त न हो।

भावार्थ-कुशल वैद्य अग्नि प्रधान द्रव्यों से गठिया, सन्धिवात-जोड़ों के दर्द आदि रोगों को दूर करके प्रजा को नीरोग करे। इसके साथ सूर्य किरण चिकित्सा, अग्नितप चिकित्सा आदि प्राकृतिक पद्धति का भी आश्रय लेवें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विश्वे देवाः ॥ छन्दः-स्वराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

रस चिकित्सा

यच्छल्मलौ भवति यन्नदीषु यदोषधीभ्यः परि जायते विषम्।
विश्वे देवा निरितस्तत्सुवन्तु मा मां पद्येन रपसा विदुत्सरुः ॥ ३ ॥

पदार्थ-यत् विषम्-जो विष या रस शल्मलौ भवति-शाल्मलि वर्ग के वृक्षों में होता है यत् विषम् नदीषु-जो विष या रस नदियों में होता है, यत् विषम्-जो विष या रस ओषधिभ्यः परि जायते-ओषधियों से उत्पन्न होता है, विश्वे देवाः-समस्त विद्वान् तत्-उन नाना विषों या रसों को इतः-इन-इन स्थानों से निः सुवन्तु-ले लिया करें चिकित्सा करें। जिससे त्सरुः-छुपी चाल का रोग मां-मुझे पद्येन रपसा-चरणादि के अपराध से मा विदत्-न प्राप्त हो।

भावार्थ-कुशल वैद्य औषधियों के रस, दुग्ध आदि से, नदियों, झरनों तथा गर्म-ठण्डे स्रोतों के जल से, पारद अर्थात् पारा, गन्धक आदि के उचित प्रयोगों द्वारा विभिन्न प्रकार के रोगों सुजाक, सिफलिस, ज्वर, कुष्ठ, खुजली आदि चर्म रोगों को दूर कर प्रजा को नीरोग बनावे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-नद्यः ॥ छन्दः-भुरिगतिजगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

जल चिकित्सा

याः प्रवतो निवत उद्वत उदन्वतीरनुदकाश्च याः
ता अस्मभ्यं पयसा पिन्वमानाः शिवा देवीरशिपदा भवन्तु सर्वा नद्यो अशिमिदा भवन्तु ॥ ४ ॥

पदार्थ-याः-जो नदियाँ प्रवतः-दूर देशों तक जानेवाली, याः निवतः-जो नीचे की ओर बहनेवाली, याः उद्वतः-जो ऊँचे की ओर जानेवाली, उदन्वतीः-जो प्रचुर जलवाली, याः च अनुदकाः-और जो जलरहित या अल्प जल की हैं ताः-वे अस्मभ्यं-हमारे लिये पयसा-जल से देश को सींचती हुई शिवाः भवन्तु-कल्याणकारी हों देवीः-सुखप्रद, अन्नादि देनेवाली हों और अशिपदाः-भोजनार्थ सब प्रकार के अन्नोत्पादक हों और सर्वाः नद्यः-सब नदियें अशिमिदाः

भवन्तु-अहिंसाकारिणी हों।

भावार्थ-कुशल वैद्य प्राकृतिक तत्त्वों से भी चिकित्सा करे। इनमें जल चिकित्सा द्वारा अनेक रोगों को दूर किया जा सकता है। जैसे कटिस्नान, पाँव स्नान, मेहन स्नान, रीढ स्नान आदि द्वारा प्रजा को नीरोग बनावें। नदियों के जल, नदियों के किनारे की मिट्टी व रेत आदि का भी चिकित्सा में उपयोग लेवें।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और आदित्य देवता है।

[५१] एकपञ्चाशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आदित्याः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

आदित्योपासना

आदित्यानामवसा नूतनेन सक्षीमहि शर्मणा शन्तमेन।
अनागास्त्वे अदितित्वे तुरास इमं यज्ञं दधतु श्रोषमाणाः ॥ १ ॥

पदार्थ-**आदित्यानाम्**-'अदिति' अखण्ड और अदीन परमेश्वर के उपासक प्रजाओं को शरण में लेनेवाले पुरुषों के **नूतनेन अवसा**-उत्तम ज्ञान से और **शन्तमेन शर्मणा**-अति शान्ति-दायक गृहवत् देह से हम **सक्षीमहि**-अपने आपको सम्बद्ध करें। वे **तुरासः**-शीघ्रकारी, **श्रोषमाणाः**-हमारे दुःख-सुख को सुनते हुए **इमं यज्ञं**-इस उत्तम सत्संग, ज्ञान, दान आदि सम्बन्ध को **अनागास्त्वे**-हमें पाप रहित करने और **अदितित्वे**-अखण्ड बनाये रखने के लिये **दधतु**-स्थिर रक्खें।

भावार्थ-परमेश्वर के भक्त उत्तम साधकों को योग्य है कि वे प्रजा को उत्तम ज्ञान प्रदान कर एक अखण्ड, अद्वितीय परमेश्वर की उपासना में प्रवृत्त करें। शरीर साधना तथा ईशोपासना से लोग शारीरिक तथा मानसिक दुःखों से रहित होकर सदा सुखी रहेंगे। ये ज्ञानी लोग प्रजा को यज्ञ, सत्संग व उत्तम कार्यों में दान की ओर प्रवृत्त करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आदित्याः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

आदित्य ब्रह्मचारी

आदित्यासो अदितिर्मादयन्तां मित्रो अर्यमा वरुणो रजिष्ठाः।
अस्माकं सन्तु भुवनस्य गोपाः पिबन्तु सोममवसे नो अद्य ॥ २ ॥

पदार्थ-**आदित्यासः**-पूर्ण ब्रह्मचारी विद्वान्, 'अदिति' प्रभु परमेश्वर के उपासक स्वयं **अदितिः**-यह भूमि या माता, पितादि, **मित्रः**-स्नेही जन, **अर्यमा**-दुष्टों का नियन्ता **वरुणः**-श्रेष्ठ जन, **रजिष्ठाः**-अति धर्मात्मा, वे सब **अस्माकं**-हमारे **भुवनस्य**-लोक के **गोपाः**-रक्षक **सन्तु**-हों। वे **नः अवसे**-हमारी रक्षा के लिये **अद्य**-आज **सोमम् पिबन्तु**-ओषधि रस के समान ऐश्वर्य का भोग करें।

भावार्थ-पूर्ण ब्रह्मचर्य का पालन करनेवाले आदित्य ब्रह्मचारी परमेश्वर के उपासक विद्वान् जन माता-पिता के समान लोगों को उपदेश देकर सन्मार्ग में प्रवृत्त करें। इनके उपदेशों से लोग धर्मात्मा, न्यायकारी, ईश्वर उपासक बनकर श्रेष्ठ ऐश्वर्य का उपभोग करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आदित्याः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

उपासक के कर्त्तव्य

आदित्या विश्वे मरुतश्च विश्वे देवाश्च विश्व ऋभवश्च विश्वे।
इन्द्रो अग्निरश्विना तुष्टुवाना यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ ३॥

पदार्थ-**विश्वे आदित्याः**=समस्त बारह मासों के समान सुखप्रद विद्वान् **विश्वे मरुतः**=समस्त वायुगण, **विश्वे देवाः च**=समस्त पृथिवी आदि लोक, **विश्वे ऋभवः च**=समस्त तेज से प्रकाशित जन **इन्द्रः**=ऐश्वर्यवान् **अग्निः**=तेजस्वी, **अश्विना**=जितेन्द्रिय स्त्री-पुरुष, ये सब **तुष्टुवानाः**=स्तुति किये जाएँ। हे स्वजनो! **यूयं नः स्वस्तिभिः सदा पात**=आप हमें उत्तम साधनों से सदा पालें।

भावार्थ-सभी मनुष्य विद्वानों के संग से ईश्वर उपासना करते हुए सत्याचारी, तेजस्वी तथा ऐश्वर्यवान् बनें। सभी स्त्री-पुरुष जितेन्द्रिय होकर ईश्वर स्तुति करते हुए परस्पर एक दूसरे की रक्षा करें।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और आदित्य देवता है।

[५२] द्विपञ्चाशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आदित्याः ॥ छन्दः-स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

प्राणसाधना

आदित्यासो अदितयः स्याम पूर्देवत्रा वसवो मर्त्यत्रा।
सनेम मित्रावरुणा सनन्तो भवेम द्यावापृथिवी भवन्तः॥ १॥

पदार्थ-हे **आदित्यासः**=आदित्य तुल्य तेजस्वी पुरुषो! हम लोग **अदितयः**=अखण्ड बलशाली **स्याम**=हों। हे **वसवः**=गुरु के अधीन बसने हारे विद्वान् पुरुषो! आप, **देवत्रा**=विद्वानों और **मर्त्यत्रा**=मनुष्यों में **पूः**=नगरी तुल्य सबके रक्षक होओ। हे **मित्रावरुणा**=प्राण उदान तुल्य प्रिय और श्रेष्ठ जनो! हम लोग **सनन्तः**=ऐश्वर्य प्राप्त करते हुए **सनेम**=दान किया करें। हे **द्यावा-पृथिवी**=सूर्य-पृथिवीवत् माता-पिता जनो! हम **भवन्तः**=सामर्थ्यवान् होकर **भवेम**=रहें।

भावार्थ-आदित्य ब्रह्मचारी ब्रह्मनिष्ठ विद्वान् लोगों को प्राण साधना की श्रेष्ठ रीति सिखावें जिससे सब लोग इस शरीर में दिव्य शक्तियो का जागरण कर आध्यात्मिक ऐश्वर्य तथा भौतिक सफलताओं को प्राप्त करने में समर्थ होवें। और सूर्य समान तेजस्वी व पृथिवी समान धैर्यशाली बन सकें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आदित्याः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

मित्रा वरुण

मित्रस्तन्नो वरुणो मामहन्त शर्म तोकाय तनयाय गोपाः।
मा वो भुजेमान्यजातमेनो मा तत्कर्म वसवो यच्चयध्वे॥ २॥

पदार्थ-**मित्रः**=स्नेही और **वरुणः**=पापों के वारक श्रेष्ठजन और **गोपाः**=रक्षक जन **नः**=हमें **तत् शर्म मामहन्त**=वह सुख दें **तोकाय तनयाय**=पुत्र पौत्रों को सुख दें। **वः**=आप लोगों में रहते हुए हम **अन्य-जातम् एनः**=औरों से उत्पन्न पाप का **मा भुजेम**=भोग न करें। हे **वसवः**=विद्वान् जनो! **यत् चयध्वे**=जिसको आप नाश करो **मा तत् कर्म**=वह काम हम न

करें।

भावार्थ–सब लोग मधुरता आदि श्रेष्ठ गुणों को धारण कर एक दूसरे को सुख प्रदान करें। पुत्र और पौत्रों के मध्य में रहते हुए उन्हें पाप कर्मों से बचावें तथा विद्वानों द्वारा निषिद्ध किए गए कार्य न करने दें। सदैव सत्य पथ पर चलने की प्रेरणा दें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–आदित्याः ॥ छन्दः–स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

आलस्य रहित पुरुष

तुरण्यवोऽङ्गिरसो नक्षन्त रत्नं देवस्य सवितुरियानाः।
पिता च तन्नो महान्यजत्रो विश्वे देवाः समनसो जुषन्त॥ ३॥

पदार्थ–तुरण्यवः=शीघ्र कर्म करने में कुशल अंगिरसः=देह में प्राणवत् राष्ट्र में तेजस्वी पुरुष सवितुः देवस्य=सुखदाता प्रभु को इयानाः=याद करते हुए उसके रत्नं नक्षन्त=परमैश्वर्यमय राज्यरूप रत्न को प्राप्त करें। तत्=वह ही नः=हमारा यजत्रः=अति पूज्य महान्=बड़ा पिता च=पालक है। विश्वे देवाः=समस्त विद्वान् समनसः=समान-चित्त होकर जुषन्त=प्रेम-वर्त्ताव करें।

भावार्थ–मनुष्यों को योग्य है कि वे आलस्य-प्रमाद से रहित होकर कर्म करने में कुशल बनें तथा परमेश्वर के द्वारा प्रदत्त समस्त ऐश्वर्य को राज्य रूप रत्न की प्राप्ति कर तेजस्वी बनें तथा विद्वानों के साथ समान चित्त होकर ईश्वर आराधना करते हुए परस्पर प्रेम पूर्वक व्यवहार करें।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और द्यावापृथिवी देवता हैं।

[५३] त्रिपञ्चाशं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–द्यावापृथिव्यौ ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

द्यावापृथिवी

प्र द्यावा यज्ञैः पृथिवी नमोभिः सबाध ईळे बृहती यजत्रे।
ते चिद्धि पूर्वे कवयो गृणन्तः पुरो मही दधिरे देवपुत्रे॥ १॥

पदार्थ–द्यावा-पृथिवी=भूमि और सूर्य के तुल्य बृहती=बड़ी, यजत्रे=सत्संग योग्य देव-पुत्रे=विद्वान् पुत्रों के माता-पिताओं को मैं यज्ञैः=दान, मान से नमोभिः=नमस्कारों से सबाधः=जब-जब पीड़ा-युक्त होऊँ ईडे=उनकी पूजा करूँ। ते चित् मही=उन दोनों पूज्यों को पूर्वे=पूर्व के गृणन्तः=उपदेष्टा कवयः=विद्वान् पुरुष पुरः दधिरे=सदा अपने सन्मुख, पूज्य पद पर स्थापित करते रहे हैं।

भावार्थ–मनुष्य लोग आकाश के समान विशाल हृदयवाले पिता तथा पृथिवी के समान धैर्यशाली माता का सदा सम्मान करें। उनके द्वारा प्रदत्त उत्तम शिक्षाओं को ग्रहण कर दान, मान, सत्कार आदि के द्वारा विद्वानों की भी पूजा करें। माता, पिता व विद्वानों के सत्संग से प्रेरित जन इन सबको पूज्य पद पर स्थापित करते हैं तथा इन्हें कभी भी पीड़ा नहीं पहुँचाते।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–द्यावापृथिव्यौ ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

मातृ-पितृ भक्ति

प्र पूर्वजे पितरा नव्यसीभिर्गीर्भिः कृणुध्वं सदने ऋतस्य।
आ नो द्यावापृथिवी दैव्येन जनेन यातं महि वां वरूथम्॥ २॥

पदार्थ–हे विद्वान् पुरुषो! आप **पूर्वजे पितरौ**–पूर्व के विद्वानों से शिक्षित होकर विद्वान् हुए **ऋतस्य सदने**–सत्य व्यवहार के आश्रय रूप **पितरा**–माता–पिताओं को **नव्यसीभिः गीर्भिः**–अतिस्तुत्य वाणियों से **प्र कृणुध्वम्**–आदरयुक्त करो। हे **द्यावा-पृथिवी**–सूर्य और भूमि के समान अन्न, जल, तेज और आश्रय से प्रजा–पालक माता–पिताओ! आप लोग **नः**–हमें **दैव्येन जनेन**–विद्वान् पुरुषों से शिक्षित जनों के साथ **वाः महि वरूथं**–अपने बड़े भारी घर को **आ यातं**–प्राप्त होओ।

भावार्थ–मनुष्य लोग अपनी सन्तानों को विद्वानों के सान्निध्य में रखकर शिक्षित करावें। वे शिक्षा प्राप्त सन्तानें विद्वान् होकर माता–पिता का अपनी उत्तम वाणी व व्यवहार से सदैव आदर करें तथा उनके लिए अन्न, जल, औषधि तथा निवास की उत्तम व्यवस्था करें।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–द्यावापृथिव्यौ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

कल्याणकारी माता-पिता

उतो हि वां रत्नधेयानि सन्ति पुरूणि द्यावापृथिवी सुदासे।
अस्मे धत्तं यदसदस्कृधोयु यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ ३॥

पदार्थ–हे **द्यावा-पृथिवी**–भूमि, विद्युत् के तुल्य माता–पिताओ! **सु-दासे**–आप दोनों उत्तम भृत्यों से युक्त होओ। अथवा दानशील के लिये **वां**–आप दोनों के **पुरूणि रत्न-धेयानि**–बहुत सुन्दर ऐश्वर्य **सन्ति**–हैं। **यत्**–जो भी **अस्कृधोयुः**–बहुत जीवनप्रद **असत्**–हो वह **अस्मे धत्तं**–हमें दो। **यूयं**–आप लोग **स्वस्तिभिः**–कल्याणकारी साधनों से **नः पात**–हमारी रक्षा करें।

भावार्थ–उत्तम माता–पिता अपनी सन्तानों तथा सेवकों के लिए उत्तम–उत्तम ऐश्वर्य प्रदान करते हैं। श्रेष्ठ शिक्षाओं के द्वारा उन्हें अनन्त जीवन जीने की प्रेरणा देकर उनका कल्याण करते हैं।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और वास्तोष्पति देवता हैं।

[५४] चतुःपञ्चाशं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–वास्तोष्पतिः॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

उत्तम गृहपति

वास्तोष्पते प्रति जानीह्यस्मान्त्स्वावेशो अनमीवो भवा नः।
यत्त्वेमहे प्रति तन्नो जुषस्व शं नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे॥ १॥

पदार्थ–हे **वास्तोः पते**–वास करने योग्य राष्ट्र के पालक! राजन्! तू **अस्मान् प्रति जानीहि**–हमें प्रत्येक को जान वा हमसे प्रतिज्ञापूर्वक व्यवहार कर। **नः**–हमारे प्रति **सु आवेशः स्व-आवेशः**–उत्तम भावों और वर्त्ताओंवाला और **अनमीवः**–रोगादि से पीड़ा न होने देनेवाला **भव**–हो। **यत् त्वा ईमहे**–जो हम तेरे समीप याचना करते हैं **नः तत् प्रति जुषस्व**–वह तू हमें मान दे। **नः द्विपदे शम्, चतुष्पदे शम्**–हमारे दोपाये पुत्रादि और चौपाये गाय आदि का भी कल्याण हो।

भावार्थ–उत्तम घर का स्वामी गृहपति सबके साथ उत्तम भावों तथा प्रेमपूर्वक व्यवहार करे इससे उस घर का प्रत्येक प्राणी सुख पूर्वक रहेगा।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–वास्तोष्पतिः॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

गयस्फानो

वास्तोष्पते प्रतरणो न एधि गयस्फानो गोभिरश्वेभिरिन्दो।
अजरासस्ते सख्ये स्याम पितेव पुत्रान्प्रति नो जुषस्व॥ २॥

पदार्थ–हे **वास्तोः पते**–निवास योग्य गृह, राष्ट्र के पालक गृहपते! राजन्! तू **नः**–हमारा **प्र-तरणः**–नाव के तुल्य संकट से पार उतारनेवाला और **गय-स्फानः**–गृह, प्राण और धन का बढ़ानेवाला **एधि**–हो। हे **इन्दो**–ऐश्वर्यवन्! तू **नः**–हमें **गोभिः अश्वेभिः**–गौओं, अश्वों सहित प्राप्त हो। **ते सख्ये**–तेरे मित्र–भाव में हम **अजरासः**–वृद्धावस्था–रहित, बल–युक्त रहें। **नः**–हम से तू **पिता इव पुत्रान्**–पुत्रों को पिता के तुल्य **जुषस्व**–प्रेम कर।

भावार्थ–गृहपति वा राजा को अपने आश्रित जनों वा प्रजा का कष्ट स्नेह पूर्वक दूर करना चाहिये।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वास्तोष्पतिः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

वास्तोष्पते

वास्तोष्पते शग्मया संसदा ते सक्षीमहि रण्वया गातुमत्या।
पाहि क्षेम उत योगे वरं नो यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ३ ॥

पदार्थ–हे **वास्तोः पते**–गृह, देह और राष्ट्र–पालक! **ते**–तेरी **रण्वा**–रमणीय **शग्मया**–सुखदायक **गातु-मत्या**–उत्तम वाणी और भूमि से युक्त **सं सदा**–सहवास और सभा से हम लोग **सक्षीमहि**–सम्बन्ध बनाये रक्खें। **क्षेमे**–रक्षा–कार्य और **योगे**–अप्राप्त धन को प्राप्त करने में **नः**–हमारी **वरं**–अच्छी प्रकार **पाहि**–रक्षा करो। हे विद्वान् जनो! **यूयं सदा नः स्वस्तिभिः पात**–आप लोग सदा हमारी उत्तम साधनों से रक्षा करे।

भावार्थ–राजा तथा प्रजा का परस्पर सम्बन्ध बना रहे, जिससे राष्ट्र का योग क्षेम सुचारु रूप से चलता रहे।

[५५] पञ्चपञ्चाशं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वास्तोष्पतिः ॥ छन्दः–निचृद्गायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

अमीवहा

अमीवहा वास्तोष्पते विश्वा रूपाण्याविशन्। सखा सुशेव एधि नः ॥ १ ॥

पदार्थ–हे **वास्तोः-पते**–गृह, देह और राष्ट्र के पालक प्रभो! गृहपते! राजन्! तेरे अधीन **विश्वा रूपाणि**–सब प्रकार के नाना रूप अर्थात् जीव बसते हैं। तू **अमीव-हाः**–सब प्रकार के रोगों, कष्टों का नाशक और **सु-शेवः**–उत्तम सुखदायक **नः**–हमारा **सखा एधि**–मित्र हो।

भावार्थ–राजा, प्रजा मित्र भाव से रहे, जिससे राष्ट्र में विद्वेष न फैल सके।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–बृहती ॥ स्वरः–मध्यमः ॥

यदर्जुन सारमेय

यदर्जुन सारमेय दतः पिशङ्ग यच्छसे। वीव भ्राजन्त ऋष्टय उप स्नवेषु बप्सतो नि षु स्वप ॥ २ ॥

पदार्थ–हे **अर्जुन**–धनादि को उपार्जन करनेवाले! हे **सारमेय**–सारवान्, बलवान् हे **पिशङ्ग**–तेजस्विन्! तू **दतः**–खण्डित करनेवाले शस्त्रों को **यच्छसे**–नियम में रख। **बप्सतः**–खाते हुए मनुष्यों के दाँत जैसे **स्नवेषु उप**–ओठों के पास चमकते हैं वैसे **स्नवेषु**–बने नगरों के पास **बप्सतः**–राष्ट्र का भोग करते हुए तेरे **ऋष्टयः**–शस्त्र–अस्त्रादि, **वि इव भ्राजन्त**–विशेष रूप से चमकें। **नि सु स्वप**–बलवान् राजा के, हे प्रजाजन! तू अच्छी प्रकार सुख की निद्रा ले।

भावार्थ–राष्ट्र की सीमाएँ सेना द्वारा सुरक्षित रहे, जिससे नागरिक सुख से सो सकें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

सारमेय

स्तेनं राय सारमेय तस्करं वा पुनःसर। स्तोतृनिन्द्रस्य रायसि किमस्मान्दुच्छुनायसे नि षु स्वप ॥ ३ ॥

पदार्थ-हे **सारमेय**-उत्तम बल-धारक सेना के जन! तू **स्तेनं**-चोर और **तस्करं**-निन्द्य कार्य करनेवाले डाकू के पास **राय**-पहुँच, उसे पकड़। **पुनः सर**-तू उस पर आक्रमण कर। तू **इन्द्रस्य स्तोतृन्**-राजा के प्रति उत्तम उपदेश करनेवाले विद्वानों को **किं रायसि**-क्यों पकड़ता है? **अस्मान् किं दुच्छुनायसे**-हमें दुष्ट कुत्ते के समान क्यों कष्ट देता है? तू **नि सु स्वप**-नियमपूर्वक सुख से निद्रा ले।

भावार्थ-राष्ट्र आरक्षी विभाग दुष्टों का दमन तथा सज्जनों का रक्षण करता रहे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

रायसि

त्वं सूकरस्य दर्दृहि तव दर्दर्तु सूकरः। स्तोतृनिन्द्रस्य रायसि किमस्मान्दुच्छुनायसे नि षु स्वप ॥ ४ ॥

पदार्थ-हे राजन्! **त्वं**-तू **सू-करस्य**-उत्तम कार्य करनेवाले को **दर्दृहि**-बढ़ा। **सूकरस्य**-उत्तम रीति से वश करने योग्य शत्रु को **दर्दृहि**-विदीर्ण कर और **सूकरः**-उत्तम युद्धकर्त्ता शत्रुजन **तव दर्दृहि**-तेरे राष्ट्र में भी भेदन करने में समर्थ है। तू **स्तोतृन्**-उत्तम विद्वानों के प्रति **इन्द्रस्य**-ऐश्वर्य का **रायसि**-दान कर। **अस्मान् किम् दुच्छुनायसे**-हमारे प्रति क्यों दुष्ट कुत्ते के समान करता है, **नि सु स्वप**=तू सावधान रहकर सुख की निद्रा ले।

भावार्थ-राजा सज्जनों का सम्मान और राष्ट्र द्रोहियों को कठोर दण्ड दे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-अनुष्टुप् ॥ स्वरः-गान्धारः ॥

माता सस्तु

राष्ट्र की सुन्दर व्यवस्था

सस्तु माता सस्तु पिता सस्तु श्वा सस्तु विश्पतिः। ससन्तु सर्वे ज्ञातयः सस्त्वयमभितो जनः ॥ ५ ॥

पदार्थ-राष्ट्र और गृह का उत्तम प्रबन्ध होने पर **माता सस्तु**-माता सुख से सोवे, **पिता सस्तु**-पिता सुख से सोवे। **श्वा सस्तु**-कुत्ता आदि सुख से सोवें। **विश्पतिः सस्तु**-प्रजाओं का स्वामी सुख से सोवे। **सर्वे ज्ञातयः ससन्तु**-सब सम्बन्धी सुख से सोवें। **अयम्**-यह **अभितः जनः**-चारों ओर बसा प्रजाजन **सस्तु**-सुख से सोवे।

भावार्थ-उत्तम राजा को योग्य है कि वह अपने राज्य में सुरक्षा आदि की ऐसी व्यवस्था करे कि समस्त प्रजाजन, मित्रजन तथा पारिवारिक जनों के साथ स्वयं भी सुखपूर्वक सो सके।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृदनुष्टुप् ॥ स्वरः-गान्धारः ॥

भवन निर्माण

य आस्ते यश्च चरति यश्च पश्यति नो जनः। तेषां सं हन्मो अक्षाणि यथेदं हर्म्यं तथा ॥ ६ ॥

पदार्थ-**यः आस्ते**-जो बैठा हो **यः च चरति**-जो चलता है, **यः जनः**-जो मनुष्य **नः**-हमें **पश्यति**-देखता है **तेषां**-उनके **अक्षाणि**-आँखों को हम **संहन्मः**-अच्छी प्रकार निमीलित करें जिससे बाहर के भीतर, भीतर के बाहरवालों को न देखें। **यथा**-जैसा **इदं हर्म्यं**-यह उत्तम भवन है **तथा**-उसी प्रकार हम घर बनावें।

भावार्थ–राष्ट्र में ऐसे उत्तम कुशल शिल्पकार हों जो ऐसी भवन निर्माण कला जानते हों कि भवन के अन्दर रहनेवाला तो सबको देख सके किन्तु भवन में रहनेवालों को कोई ना देख पावें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–अनुष्टुप् ॥ स्वरः–गान्धारः ॥

सुख की निद्रा

सहस्रंभृज्ञो वृषभो यः समुद्रादुदाचरत्। तेनं सहस्र्येना वयं नि जनान्त्स्वापयामसि ॥७॥

पदार्थ–**समुद्रात् सहस्रः-भृङ्गः**=समुद्र से सहस्रों किरणोंवाले सूर्य-तुल्य **यः**=जो तेजस्वी पुरुष **वृषभः**=बलवान्, **उत् आचरत्**=उत्तम पद पर विराज कर न्याय से वर्त्तता है, **तेन सहस्येन**=उस बलवान् के सहयोग से **वयं**=हम **जनान्**=सब प्रजा को **नि स्वापयामसि**=सुख की निद्रा सोने दें।

भावार्थ–उत्तम राजा अपने राज्य में इतना तेजस्वी होवे कि कोई दुष्ट प्रजा को कष्ट न दे सके। उसकी न्याय व्यवस्था इतनी सुदृढ तथा पक्षपात रहित हो कि दुष्ट व अपराधी को दण्ड अवश्य मिले तथा निरपराधी को कष्ट न हो। ऐसे बलवान् राजा की प्रजा सुख की नींद सोती है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–निचृदनुष्टुप् ॥ स्वरः–गान्धारः ॥

राज्य व्यवस्था

प्रोष्ठशया वह्योशया नारीर्यास्तल्पशीवरीः। स्त्रियो याः पुण्यगन्धास्ताः सर्वाः स्वापयामसि ॥८॥

पदार्थ–**याः नारीः**=जो स्त्रियाँ **प्रोष्ठे-शयाः**=आंगन में सोती हैं, **या वह्यो-शयाः**=जो रथ आदि में सोती हैं, **याः तल्पशीवरीः**=जो उत्तम सेजों में सोती हैं और **याः पुण्यगन्धाः स्त्रियः**=जो उत्तम गन्धवाली, शुभ-लक्षणा स्त्रियाँ हैं **ताः सर्वाः**=उन सबको **स्वापयामसि**=सुख की नींद सोने दें। ऐसा उत्तम राज्य और गृह का प्रबन्ध करें।

भावार्थ–राजा ऐसा उत्तम राज्य प्रबन्ध करे कि उसके राज्य में स्त्रियाँ भी निर्भय विचरण कर सके। चाहे वे आंगन में सोवें या भवन में, रथ में सोवें या उत्तम सेजों पर। चाहे आभूषणों से सजी हों वे सब निर्भयता के साथ सुख की नींद सोवें।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और मरुत् देवता है।

चतुर्थोऽनुवाकः

[५६] षट्पञ्चाशं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मरुतः ॥ छन्दः–आर्चीगायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

वीर पुरुष

क ईं व्यक्ता नरः सनीळा रुद्रस्य मर्या अधा स्वश्वाः ॥ १ ॥

पदार्थ–**ईम्**=सब प्रकार से **वि-अक्ताः**=विशेष तेजस्वी, **सनीडाः**=समान-स्थान वासी, **रुद्रस्य**=दुष्टों के रोदक, प्रभु, विद्योपदेष्टा आचार्य के **के मर्याः**=कौन विशेष मनुष्य **नरः**=उत्तम नायक और **सु-अश्वाः**=उत्तम अश्वोंवाले वा जितेन्द्रिय हैं?

भावार्थ–सेनापति अपनी सेना में उत्तम वीर पुरुषों को नायक नियुक्त करे जो क्रान्तियुक्त, साथ रहनेवाले, शत्रु को मारने में कुशल तथा उत्तम घुड़सवार हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-भुरिकार्चीगायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

वीरों का कर्त्तव्य

नकिर्होषां जनूंषि वेद ते अङ्ग विद्रे मिथो जनित्रम् ॥ २ ॥

पदार्थ-एषां-इन जीवों के **जनूंषि**-जन्मों को **नकिः वेद हि**-निश्चय से कोई नहीं जानता। **अङ्ग**-हे विद्वन्! **ते**-वे सब **मिथः**-स्त्री-पुरुष परस्पर मिलकर **जनित्रम्**-जन्म **विद्रे**-प्राप्त कर लेते हैं।

भावार्थ-सेनापति अपनी सेना के सैनिकों को जाति-पाति, क्षेत्र, सम्प्रदाय आदि से ऊपर उठकर परस्पर मिलकर रहने की प्रेरणा दे तथा क्षात्रधर्म का पालन करने हेतु संगठित सैन्य शक्ति विकसित करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-प्राजापत्याबृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

वीरों का कर्त्तव्य

अभि स्वपूभिर्मिथो वपन्त वातस्वनसः श्येना अस्पृधन् ॥ ३ ॥

पदार्थ-वे जीव **स्वपूभिः**-अपने साथ सोनेवाली अथवा **स्वपूभिः**-अपनी उत्पन्न होने योग्य भूमियों से **मिथः**-परस्पर मिलकर **अभि वपन्त**-सम्मुख हो बीज बोते हैं। वे **वातस्वनसः**-वायुवत् प्राण के बल पर ध्वनि करनेवाले **श्येनाः**-वाजपक्षी के समान एक देह से दूसरे देह में जानेवाले होकर भी **अस्पृधन्**-स्पर्धा करते हैं।

भावार्थ-सेनापति अपने सैनिकों को संगठित रहने की प्रेरणा करे। वे वीर सैनिक संगठित होकर सम्मुख आनेवाले शत्रुओं को मारते हुए वायु के समान शत्रु पर आक्रमण करें तथा उस पर विजय करने का प्रयत्न करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-प्राजापत्याबृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

बुद्धिमान पुरुष

एतानि धीरो निण्या चिकेत पृश्निर्यदूधो मही जभार ॥ ४ ॥

पदार्थ-**पृश्निः**-सेवन करनेवाला सूर्य और **मही**-भूमि **यत्**-जैसे **ऊधः**-जलधारक मेघ को **जभार**-धारण करता है वैसे **पृश्निः**-वीर्यसेक्ता पुरुष और **मही**-पूज्य माता **यत्**-जो मिलकर बालक और उसके पान के लिये **ऊधः**-स्तनादि धरती है **एतानि निण्या**-इन सत्य सिद्धान्तों को **धीरः**-बुद्धिमान् पुरुष **चिकेत**-जाने।

भावार्थ-जिस प्रकार सूर्य बादलों को भूमि पर बरसा का उत्तम औषधादि की उत्पत्ति करता है। उसी प्रकार बुद्धिमान् स्त्री-पुरुष गर्भाधान संस्कार करके उत्तम सन्तान को उत्पन्न करते हैं। माता उस सन्तान को उत्तम संस्कार प्रदान करती हुई स्तनपान करावे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-प्राजापत्याबृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

वीर सन्तान

सा विट् सुवीरा मरुद्भिरस्तु सनात्सहन्ती पुष्यन्ती नृम्णम् ॥ ५ ॥

पदार्थ-**सा**-वह **विट्**-प्रजावर्ग **मरुद्भिः**-वायुवत् बलवान् पुरुषों से ही **सु-वीरा**-उत्तम वीरोंवाली **अस्तु**-हो। वह **सनात्**-सदा **सहन्ती**-शत्रु को पराजित करती हुई और **नृम्णं पुष्यन्ती**-धनैश्वर्य को समृद्ध करती रहे।

भावार्थ–राष्ट्र में उत्तम विद्वानों के निर्देशन में वीर सन्तानें पैदा होवें जो शत्रुओं को पराजित कर राष्ट्र में ऐश्वर्य को बढ़ावें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मरुतः ॥ छन्दः–भुरिकार्चीगायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

लक्ष्यगामी सेना

यामं॑ येष्ठाः॒ शुभा शोभिष्ठाः॒ श्रिया संम्मिश्ला॒ ओजोभिरुग्राः ॥ ६ ॥

पदार्थ–प्रजाएँ, स्त्रियें और सेनाएँ भी येष्ठाः=लक्ष्य की ओर जाने में उत्तम शुभाः=कान्तियुक्त, शोभिष्ठाः=शोभायुक्त श्रिया=लक्ष्मी से सं-मिश्लाः=संयुक्त ओजोभिः=पराक्रमों से उग्राः=बलवान् हों। वे यामं येष्ठाः=उत्तम नियम, प्रबन्धों को प्राप्त हों।

भावार्थ–सेनापति अपनी सेना को लक्ष्य की ओर संगठित रूप से बढ़ने के लिए तेजस्वी, बलवान् तथा पराक्रमी सैनिकों से सज्जित करे। ऐसी सेना ही विजयश्री पाने के योग्य होती है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मरुतः ॥ छन्दः–भुरिकार्चीगायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

ओजस्वी वीर

उग्रं॑ व॒ ओजः॒ स्थिरा शवां॑स्यधा॒ मरुद्भि॒र्गण॒स्तुवि॑ष्मान् ॥ ७ ॥

पदार्थ–हे प्रजाजनो! वः=आप लोगों का ओजः=तेज उग्रं=उग्रत कोटि का और शवांसि स्थिरा=बल स्थिर और मरुद्भिः सह गणः=बलवान् वीरों, विद्वानों सहित गण तुविष्मान्=बलवान् हो।

भावार्थ–राष्ट्र की सेना पराक्रमी, उग्र तथा स्थिर बलवाली होवे। प्राणशक्ति से युक्त सैनिक बलवान् हों।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मरुतः ॥ छन्दः–आर्च्युष्णिक् ॥ स्वरः–ऋषभः ॥

दुष्टों का दमन

शुभो॒ वः शुष्मः॒ क्रुध्मी॒ मनां॑सि॒ धुनि॒र्मुनि॑रिव॒ शर्ध॑स्य धृ॒ष्णोः ॥ ८ ॥

पदार्थ–हे प्रजाजनो! वः=आप लोगों का शुष्मः=बल शुभ्रः=प्रशंसनीय हो। आप लोगों के मनांसि=मन क्रुध्मी=दुष्टों के प्रति क्रोधयुक्त हों और शर्धस्य=आप के बलवान् और धृष्णोः=शत्रुपराजयकारी सैन्य का धुनिः=नायक शत्रुओं को कम्पाने हारा मुनिः इव=मननशील के समान विचारशील हो।

भावार्थ–सेनापति शत्रुओं को कंपानेवाला, प्रभावी तथा गम्भीर विचारशील हो। उसके सैनिक उन्नत देह, बल तथा शत्रु के प्रति क्रोधवाले हों। ऐसी सेना दुष्टों का दमन करने में समर्थ होती है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मरुतः ॥ छन्दः–भुरिकार्चीगायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

परस्पर प्रेम

सने॑म्य॒स्मद्यु॑योत॒ दिद्यु॑ं मा वो॑ दुर्म॒तिरि॒ह प्रण॑ङ् नः ॥ ९ ॥

पदार्थ–हे विद्वान् वीर जनो! अस्मत्=हमसे अपने सनेमि=चक्रधारा से युक्त दिद्युम्=चमचमाते शस्त्र-बल को युयोत=सदा पृथक् रक्खो और वः=आप लोगों की दुर्मतिः=दुष्ट बुद्धि नः=हमें और नः दुर्मतिः वः=हमारी दुष्टमति आपको मा प्रणक्=प्राप्त न हो।

भावार्थ–वीर सैनिक राष्ट्र की प्रजा पर दुष्टबुद्धि=स्वार्थ से युक्त होकर अपने अस्त्र-शस्त्रों

का बल प्रयोग न करें। प्रजा की दुर्मति-भ्रान्ति की शिकार होकर सैनिकों से द्वेष न करे। सेना-प्रजा परस्पर प्रेमपूर्वक रहें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-आर्च्युष्णिक् ॥ स्वरः-ऋषभः ॥

यशोकामी पुरुष

प्रिया वो नाम हुवे तुराणामा यत्तृपन्मरुतो वावशानाः ॥ १० ॥

पदार्थ-यत् नाम=जो उत्तम नाम, अन्न वः मरुतः=प्राणवत् प्रिय आप लोगों को तृपत्=प्रसन्न करे, हे वावशानाः=कीर्ति-कामी सज्जनो! मैं तुराणां=शीघ्रकारी वः=आप लोगों के लिये प्रिया नाम=प्रिय नाम वा अन्नादि पदार्थ आ हुवे=आदर पूर्वक कहूँ और दूँ।

भावार्थ-यश की कामना करनेवाले पुरुष सब लोगों के साथ आत्मवत् प्रिय व्यवहार कर उन्हें तृप्त करें तथा अप्रमादी होकर अपने आन्तरिक तथा बाहरी शत्रुओं को नष्ट करें। और सबके साथ आदर पूर्ण व्यवहार करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-निचृदार्च्युष्णिक् ॥ स्वरः-ऋषभः ॥

वीर योद्धा

स्वायुधासः इष्मिणः सुनिष्का उत स्वयं तन्वः शुम्भमानाः ॥ ११ ॥

पदार्थ-हे विद्वान् पुरुषो! आप लोग स्वायुधासः=उत्तम शस्त्रास्त्र-सम्पन्न, इष्मिणः=अन्न के स्वामी, सु-निष्काः=उत्तम सुवर्णादि के मोहरों से व्यवहार करनेवाले उत=और उनसे स्वयं=स्वयं तन्वः शुम्भमानाः=अपने शरीरों को सुशोभित करनेवाले होओ।

भावार्थ-वीर योद्धा हर समय तीक्ष्ण और उत्तम अस्त्र-शस्त्रों को अपने शरीर पर धारण किये हुए सन्नद्ध रहते हैं। यही उनकी शोभा है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सत्य ज्ञान से युक्त पुरुष

शुची वो हव्या मरुतः शुचीनां शुचिं हिनोम्यध्वरं शुचिभ्यः ।
ऋतेन सत्यमृतसाप आयञ्छुचिजन्मानः शुचयः पावकाः ॥ १२ ॥

पदार्थ-हे मरुतः=विद्वान् पुरुषो! वः=आप के हव्या=खाने, लेने-देने के पदार्थ शुची=पवित्र हों। मैं शुचिभ्यः=पवित्र पदार्थों की वृद्धि के लिये शुचिं अध्वरं=पवित्र यज्ञ की हिनोमि=वृद्धि करता हूँ। ऋत-सापः=सत्य के आधार पर प्रतिज्ञाबद्ध होनेवाले शुचिजन्मानः=शुद्ध जन्म धारण करनेवाले शुचयः=कर्म, वाणी में शुद्ध, पावकाः=अग्निवत् तेजस्वी पुरुष ऋतेन=सत्य-ज्ञान से ही सत्यम् आयन्=सत्य व्यवहार को प्राप्त होते हैं।

भावार्थ-विद्वान् पुरुष सत्य ज्ञान से युक्त होकर अपने कर्म व वाणी में पवित्रता लाकर हृदय को शुद्ध बनावें। यज्ञ की वृद्धि कर समाज में शोधन करें। ये विद्वान् सत्य के साथ प्रतिज्ञाबद्ध होकर सत्य व्यवहार ही करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

राष्ट्र रक्षक

अंसेष्वा मरुतः खादयो वो वक्षःसु रुक्मा उपशिश्रियाणाः ।
वि विद्युतो न वृष्टिभी रुचाना अनु स्वधामायुधैर्यच्छमानाः ॥ १३ ॥

पदार्थ–हे **मरुतः**=वीर पुरुषो! विद्वान् पुरुषो! **वः**=आपके **अंसेषु**=कन्धों पर **खादयः**=शस्त्र और **वक्षः सु**=छातियों पर **रुक्माः**=कान्तियुक्त आभूषण **उप शिश्रियाणाः**=शोभा दें। आप लोग **वृष्टिभिः विद्युतः न**=वर्षाओं से बिजुलियों के समान **आयुधैः**=हथियारों से **रुचानाः**=चमकते हुए **स्वधाम्**=जलवत् अन्न और राष्ट्र–भूमि के **अनु यच्छमानाः**=अनुसार उसको वश करते हुए विजय करो।

भावार्थ–राष्ट्र के रक्षक वीर पुरुष अपने कन्धों पर शस्त्र तथा छाती पर कान्तियुक्त कवच धारण कर अपने शत्रुओं पर वर्षा के समान हथियार से तीव्र प्रहार कर राष्ट्र को विजय प्राप्त करावें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मरुतः ॥ छन्दः–स्विराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

कर व्यवस्था

प्र बुध्न्या व ईरते महांसि प्र नामानि प्रयज्यवस्तिरध्वम्।
सहस्रियं दम्यं भागमेतं गृहमेधीयं मरुतो जुषध्वम्॥ १४॥

पदार्थ–**बुध्न्याः**=आकाश में मेघ जैसे **महांसि नामानि प्र ईरते**=तेज और जलों को प्रदान करते हैं वैसे ही हे **बुध्न्याः**=उच्च पद के योग्य **प्रयज्यवः**=उत्तम दानशील पुरुषो! आप भी **महांसि**=देने योग्य **नामानि**=अन्नों को **प्र तिरध्वम्**=बढ़ाओ और दान करो। हे **मरुतः**=वीरो! आप **एतम्**=इन **गृहमेधीयं**=गृहस्थों से प्राप्त वा गृह के निर्वाह योग्य **सहस्रियं दम्यं भागम्**=सहस्रों ग्रामों वा गृहों से प्राप्त करादि अंश को **जुषध्वम्**=स्वीकार करो।

भावार्थ–शासक का अधिकारी वर्ग प्रजा से प्रेमपूर्वक कर का संग्रह करे। कर से प्राप्त उस धन को शासक वर्ग प्रजा को सुविधाएँ प्रदान करने में व्यय करे। प्रजा के उच्च व समृद्ध लोग अपने धन का राष्ट्रोन्नति की योजनाओं में कुछ अंश दान करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मरुतः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

ज्ञान दान

यदि स्तुतस्य मरुतो अधीथेत्था विप्रस्य वाजिनो हवीमन्।
मक्षू रायः सुवीर्यस्य दात नू चिद्यमन्य आदभद्रायो॥ १५॥

पदार्थ–हे **मरुतः**=वायु–समान बलवान् वीरो! आप **यदि**=यदि **वाजिनः**=ऐश्वर्यवान् और **विप्रस्य**=बुद्धिमान् पुरुष के **हवीमन्**=देने योग्य उत्तम ज्ञान और धन के व्यवहार में **इत्था**=सत्य–सत्य **स्तुतस्य**=उपदिष्ट शास्त्र का **अधीथ**=स्मरण रक्खो। **यम्**=जिस धनादि को **अन्यः**=दूसरा **अरावा**=शत्रु वा वचनादि से रहित मूकजन **नू चित् आदभत्**=अवश्य विनाश कर देवे ऐसे **रायः**=धन, ज्ञानादि को आप **सु–वीर्यस्य**=उत्तम वीर्यवान्, ब्रह्मचारी के हाथ **दात**=प्रदान करो।

भावार्थ–विद्वान जन गुरुजनों से प्राप्त शास्त्र को अच्छी प्रकार याद रक्खें तथा उस विद्या को उचित पात्र को प्रदान करें। यदि ज्ञान का प्रवचन नहीं किया जाएगा तो वह ज्ञान नष्ट हो जाएगा।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मरुतः ॥ छन्दः–स्विराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

निष्पाप मन

अत्यासो न ये मरुतः स्वञ्चो यक्षदृशो न शुभयन्त मर्याः।
ते हर्म्येष्ठाः शिशवो न शुभ्रा वत्सासो न प्रक्रीळिनः पयोधाः॥ १६॥

पदार्थ–**ये**–जो **मरुतः**–मनुष्य, वायु–तुल्य बलवान्, **अत्यासः न**–निरन्तर गतिवाले अश्वों के तुल्य **सुअञ्चः**–उत्तम आचरणवाले हों वे **मर्याः**–मनुष्य **यक्षदृशः न**–पूज्य जनों को दर्शन करनेवालों के तुल्य **शुभयन्त**–सदा उत्तम वस्त्रालंकार धारण करें और **ते**–वे **हर्म्येष्ठाः**–बड़े–बड़े महलों में रहकर **शिशवः न शुभ्राः**–बालकों के समान स्वच्छ **वत्सासः न**–गाय के बछड़ों के समान, **प्र–क्रीडिनः**–विनोदी स्वभाव के और **पयः–धाः**–दूध, अन्नादि के पीने–खानेवाले हों।

भावार्थ–उत्तम आचरणवाले मनुष्य आदर के योग्य होते हैं। ऐसे निष्पाप मनवाले पुरुष बच्चों के समान विनोदी स्वभाववाले होते हैं। ऐसे पूज्य पुरुषों को घरों में बुलाकर उत्तम वस्त्र अलंकार आदि से सम्मान करें।

ऋषिः–**वसिष्ठः**॥ देवता–**मरुतः**॥ छन्दः–**त्रिष्टुप्**॥ स्वरः–**धैवतः**॥

मातृ-पितृ भक्त

दशस्यन्तो नो मरुतो मृळन्तु वरिवस्यन्तो रोदसी सुमेके।
आरे गोहा नृहा वधो वो अस्तु सुम्नेभिरस्मे वसवो नमध्वम्॥ १७॥

पदार्थ–**मरुतः**–वीर पुरुष **दशस्यन्तः**–दान देते और **सुमेके**–पूज्य **रोदसी**–माता–पिताओं की **वरिवस्यन्तः**–सेवा करते हुए **नः मृडन्तु**–हमें सुखी करें। **गोहा**–गौ आदि का मारनेवाला और **नृहा**–मनुष्यों को मारनेवाला **वः**–आप से **आरे**–दूर हो और वह **वधः अस्तु**–वध–योग्य हो। **सुम्नेभिः अस्मे वसवो नमध्वम्**–श्रेष्ठ पुरुष शुभ वचनों से प्रभु की स्तुति करें।

भावार्थ–श्रेष्ठ पुरुष ईश्वर की स्तुति करते हुए अपने पूज्य माता–पिता की सेवा–शुश्रुषा करके सुखी हों। ऐसे पुरुष प्रशंसा के योग्य हैं। गौ आदि पशुओं को मारनेवाले गौघातक दण्ड या वध के योग्य हैं।

ऋषिः–**वसिष्ठः**॥ देवता–**मरुतः**॥ छन्दः–**निचृत्त्रिष्टुप्**॥ स्वरः–**धैवतः**॥

सुपात्र को दान

आ वो होता जोहवीति सत्तः सत्राचीं रातिं मरुतो गृणानः।
य ईवतो वृषणो अस्ति गोपाः सो अद्वयावी हवते व उक्थैः॥ १८॥

पदार्थ–हे **मरुतः**–वीरो! विद्वान् पुरुषो! **होता**–उत्तम दाता, **गृणानः**–उपदेश करने हारा **सत्तः**–उत्तमासन पर बैठकर **सत्राचीं**–सत्य से युक्त **रातिं**–दान, ज्ञान वा ऐश्वर्य को **जोहवीति**–देता है और जो **ईवतः**–जल–युक्त **वृषणः गोपाः**–मेघ के तुल्य रक्षक **ईवतः**–धनशाली, **वृषणः**–बलवान् **गोपाः**–रक्षक है **सः**–यह **अद्वयावी**–भीतर–बाहर दो–भाव न करता हुआ, निष्कपट होकर **उक्थैः**–उत्तम वचनों से **वः**–आपको **हवते**–ज्ञान दे, वा आदर से बुलावे।

भावार्थ–उत्तम दानशील पुरुष सुपात्र को ही दान देवे। जो विद्वान् उपदेशक हैं, जो राष्ट्र रक्षक बलवान् हैं वे दान के पात्र हैं। विद्या का दान भी निष्कपट, मधुरभाषी, विनयी जिज्ञासु को देवें।

ऋषिः–**वसिष्ठः**॥ देवता–**मरुतः**॥ छन्दः–**निचृत्त्रिष्टुप्**॥ स्वरः–**धैवतः**॥

दुष्ट को दण्ड

इमे तुरं मरुतो रामयन्तीमे सहः सहस आ नमन्ति।
इमे शंसं वनुष्यतो नि पान्ति गुरु द्वेषो अरुरुषे दधन्ति॥ १९॥

पदार्थ–**इमे**–ये **मरुतः**–वायुवत् बलवान् और प्राणवत् प्रिय विद्वान्, **तुरं**–कार्य–कुशल, राजा को **रमयन्ति**–प्रसन्न रखते हैं और **इमे**–ये **सहः**–बल से **सहसः**–बलवान् शत्रुओं को भी **आ नमन्ति**–झुका लेते हैं। **इमे**–ये **वनुष्यतः**–हिंसक वा क्रोधी से **शंसं नि पान्ति**–प्रशंसनीय जन को बचा लेते हैं। **अररुषे**–अदानी और क्रोधी जन के दमन के लिये वे **गुरु द्वेषः**–बड़ा भारी द्वेष, अप्रीतिकर व्यवहार **दधन्ति**–करते हैं।

भावार्थ–उत्तम विद्वान् शत्रुनाशक राजा की प्रशंसा करते हैं तथा अपने बुद्धि बल एवं वाक् कुशलता से बलवान् शत्रु को भी झुका देते हैं तथा अपने बुद्धि कौशल से सज्जनों को बचाकर दुष्टों को दण्डित करा देते हैं। उत्तम जनों की रक्षा दुष्टों के नाश की योजना बनाते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मरुतः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

संन्यासी का सम्मान

इमे रध्रं चिन्मरुतो जुनन्ति भृमिं चिद्यथा वसवो जुषन्त।
अप बाधध्वं वृषणस्तमांसि धत्त विश्वं तनयं तोकमस्मे ॥ २० ॥

पदार्थ–**इमे**–ये **मरुतः**–वायुगण जैसे **रध्रं चित् जुनन्ति**–दृढ़ वृक्ष को भी हिला देते हैं। वैसे ही आप लोग भी **रध्रं**–वश करने योग्य, प्रबल पुरुषों को भी सन्मार्ग पर चलाओ और **वसवः**–पृथिवी आदि लोक जैसे **भृमिं**–धारक सूर्य के प्रकाश का सेवन करते हैं वैसे ही आप लोग **भृमिं**–भरण–पोषण करनेवाले स्वामी तथा **भृमिं**–भ्रमणशील, विद्वान् परिव्राजक का भी **जुषन्त**–प्रेम से सेवन करें। आप लोग **तमांसि**–सूर्य–किरणों के समान अन्धकारों को, **अप बाधध्वं**–और खेदजनक मोह आदि को भी दूर करो।

भावार्थ–संन्यासी लोग समृद्ध जनों को भी सन्मार्ग पर चलावें अज्ञान अन्धकार को दूर कर मोह आदि शत्रुओं का नाश करते हैं। ऐसे भ्रमणशील परोपकारी संन्यासियों को सम्मान करें तथा प्रेम से उनकी संगति करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मरुतः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

उदार बनो

मा वो दात्रान्मरुतो निरराम मा पश्चाद्ध्म रथ्यो विभागे।
आ नः स्पार्हे भजतना वसव्येऽधा यदीं सुजातं वृषणो वो अस्ति ॥ २१ ॥

पदार्थ–हे **मरुतः**–वीर पुरुषो! हम **वः**–आपको **दात्रात्**–दान करने से **मा निर् अराम**–न रोकें और **वः दात्रात् मा निर् अराम**–आप लोगों के प्रति देने से हम न रुकें। हे **रथ्यः**–रथारोही जनो! **विभागे**–धन के विभाग से **नः पश्चात् मा दध्म**–आप को हम पीछे न रक्खें। हे **वृषणः**–सुखवर्षक जनो! **वः यत् ईम् सुजातम् अस्ति**–आप लोगों का जो उत्तम द्रव्य है उसे **वसव्ये**–धन–सम्बन्धी **स्पार्हे**–अभिलाषा योग्य पदार्थ के लिये **नः आ भजतन**–हमें प्राप्त करो।

भावार्थ–राष्ट्र के समृद्ध पुरुष उदारता के साथ राष्ट्र कार्यों में दान करें। राष्ट्र के सामान्य जन भी अपने सामर्थ्यानुसार उदारतापूर्वक विद्वानों तथा अन्य पात्रों को दान करें। विद्वान् तथा राजपुरुष भी अपने धन में से कुछ अंश दान अवश्य करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सद् वैद्य के लक्षण

सं यद्धनन्त मन्युभिर्जनासः शूरा यह्वीष्वोषधीषु विक्षु।
अध स्मा नो मरुतो रुद्रियासस्त्रातारो भूत पृतनास्वर्यः ॥ २२ ॥

पदार्थ-यत्-जो जनासः-मनुष्य विक्षु-प्रजाओं के बीच शूराः-वीर होकर यह्वीषु ओषधीषु-बड़ी और बहुत-सी ओषधियों में से मन्युभिः-नाना ज्ञानों द्वारा संहनन्त-नाना ओषधियों को मिलाते हैं, हे मरुतः-विद्वान् पुरुषो! वे आप रुद्रियासः-रोगों को दूर करनेवाले वैद्यजन पृतनासु अर्यः-सेनाओं में स्वामी के तुल्य नः त्रातारः भूत-हमारे रक्षक होओ।

भावार्थ-जिस प्रकार सेना नायक प्रजा की रक्षा करते हैं उसी प्रकार कुशल उत्तम वैद्य भी प्रजाओं के बीच में जाकर सामान्य तथा विशिष्ट ओषधियों से रोगों को दूर कर प्रजा की रक्षा करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

शत्रु हिंसक सेना

भूरि चक्र मरुतः पित्र्याण्युक्थानि या वः शस्यन्ते पुरा चित्।
मरुद्भिरुग्रः पृतनासु साळ्हा मरुद्भिरित्सनिता वाजमर्वा ॥ २३ ॥

पदार्थ-हे मरुतः-विद्वान् पुरुषो! या-जिन कर्मों का वः-आप लोगों के हितार्थ पुरा चित्-पहले ही शस्यन्ते-उपदेश किया जाता है उन पित्र्याणि-माता-पिता की सेवा और पालक जनोचित उक्थानि-कर्मों को आप भूरि-खूब चक्र-करो। उग्रः-बलवान् पुरुष मरुद्भिः-बलवान् पुरुषों से ही साळ्हा-शत्रु को पराजय करनेवाला और अर्वा मरुद्भिः यथा वाजं सनिता-जैसे अश्व प्राण के बल से वेग को प्राप्त करता है वैसे ही अर्वा-शत्रुहिंसक पुरुष मरुद्भिः-विद्वान् पुरुषों की सहायता से वाजं सनिता-संग्राम करने में समर्थ होता है।

भावार्थ-विद्वान् जन उपदेश करें कि माता-पिता तथा वे जन जो अपने कर्मों से आपका पालन करते हैं उन सबका आदर करो। बलवान् पुरुष प्राणशक्ति को धारण कर विद्वानों के परामर्श से हिंसक शत्रुओं को मारकर संग्राम में विजयी हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

समुद्रपार यात्रा

अस्मे वीरो मरुतः शुष्म्यस्तु जनानां यो असुरो विधर्ता।
अपो येन सुक्षितये तरेमाध स्वमोकोऽभि वः स्याम ॥ २४ ॥

पदार्थ-हे मरुतः-वायुवत् बलवान् पुरुषो! वीरः-वीर और विविध विद्याओं का प्रवक्ता पुरुष और हमारा पुत्र अस्मे-हमारे उपकारार्थ शुष्मी अस्तु-बलवान् हो। यः-जो असुरः-शत्रुओं को उखाड़ने में समर्थ होकर जनानां-मनुष्यों का विधर्त्ता-विशेष रूप से धारक पालक हो, येन-जिसके द्वारा हम सु-क्षितये-उत्तम भूमि की प्राप्ति के लिये अपः-जलों के समान शत्रु और कर्मबन्धनों को तरेम-तरें। अध-और स्वम् ओकः-अपने गृह को प्राप्त कर वः अभि स्याम-आप लोगों के कृतज्ञ होकर रहें।

भावार्थ-समुद्र के अन्दर जो भूमि अर्थात् टापू हैं राजा की सेना समुद्री जहाजों के द्वारा

उन पर अपनी वीर सेना को भेजकर उन पर अधिकार करे। और विजय यात्रा सम्पन्न करके लौटे। व्यापारी लोग भी समुद्री यात्रा द्वारा विदेशों में व्यापार करने आते-जाते रहें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

विद्वानों के समीप रहें

तन्न इन्द्रो वरुणो मित्रो अग्निराप ओषधीर्वनिनो जुषन्त।
शर्मन्त्स्याम मरुतामुपस्थे यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ २५ ॥

पदार्थ-तत्-वह इन्द्रः-सूर्य, विद्युत् आदि वरुणः-जल का स्वामी, मित्रः-मित्र, अग्निः-अग्नि, आपः-जल और ओषधीः, वनिनः-औषधियें और वन के वृक्ष नः जुषन्त-हमें सुख दें। हम मरुताम् उपस्थे-विद्वान् पुरुषों के समीप शर्मन् स्याम-सुख से रहें। हे विद्वान् पुरुषो! यूयं नः स्वस्तिभिः सदा पात-तुम हमारा सदा उत्तम साधनों से पालन करो।

भावार्थ-विद्वान् पुरुषों के समीप रहकर सूर्य विज्ञान, जल विज्ञान, अग्नि विज्ञान तथा औषधि विज्ञान-आयुर्विज्ञान को जानकर सभी लोग सुखी हों। विद्वान् जन लोगों को जीवन के उत्तम साधनों का उपदेश करें।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता मरुत है।

[५७] सप्तपञ्चाशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ज्ञानवान् व बलवान् बनो

मध्वो वो नाम मारुतं यजत्राः प्र यज्ञेषु शवसा मदन्ति।
ये रेजयन्ति रोदसी चिदुर्वी पिन्वन्त्युत्सं यदयासुरुग्राः ॥ १ ॥

पदार्थ-जैसे उग्राः-प्रबल वायुगण उर्वी रोदसी रेजयन्ति-विशाल भूमि और अन्तरिक्ष को कम्पाते हैं और यत् अयासुः-जब चलते हैं तब उत्सं पिन्वन्ति-मेघ को बरसाते हैं वैसे ही उग्राः-बलवान् पुरुष यत् अयासुः-जब चलते वा प्राप्त होते हैं उर्वी-बड़ी रोदसी-सेनापतियों के अधीन स्थित उभयपक्ष की सेनाओं को रेजयन्ति-कंपाते हैं और उत्सं-ऊपर उठनेवाले विजेता को पिन्वन्ति-जलों से अभिषिक्त करते हैं। हे यजत्राः-दानशील जनो! हे मध्वः-मननशील जनो! वः-आप लोगों का मारुतं नाम-मनुष्यों का सा नाम, सामर्थ्य है, आप यज्ञेषु-यज्ञों और युद्धों में शवसा-बल और ज्ञान से प्र मदन्ति-हर्षित होते और उपदेश करते हो।

भावार्थ-उत्तम मननशील जन उत्तम ज्ञान का उपदेश करें तथा युद्धों में जल सेना, वायुसेना तथा थल सेना तीनों को प्रेरणा करें कि वे उग्र वायु (तूफान) व घनघोर बादलों के समान शत्रुओं को कंपाकर उनके बल को कमजोर करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

नेता कर्मकुशल हों

निचेतारो हि मरुतो गृणन्तं प्रणेतारो यजमानस्य मन्म।
अस्माकमद्य विदथेषु बर्हिरा वीतये सदत पिप्रियाणाः ॥ २ ॥

पदार्थ-हे मरुतः-विद्वान् जनो! आप निचेतारः हि-धनों, ज्ञानों के संग्रही और यजमानस्य-दानशील के मन्म-अभिमत वस्तु गृणन्त-उपदेष्टा को पिप्रियाणाः-प्रसन्न करते हुए प्रणेतारः-

कर्म-कुशल होकर **अस्माकं विदथेषु**-हमारे यज्ञों में **वीतये**-रक्षा और ज्ञानप्रकाश के लिये **बर्हिः**-उत्तमासन पर **आसदत**-विराजो।

भावार्थ-विद्वान् जन संग्रामों में सेनानायकों को रक्षा एवं युद्ध कर्म हेतु कर्मकुशलता का उपदेश करने जावें। वे कर्मकुशल नायक ऐसे विद्वानों को प्रसन्नता पूर्वक उत्तम आसनों पर बैठाकर उनका उपदेश सुनें तथा सैनिकों का मार्गदर्शन करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

तेजस्वी योद्धा

नैतावदन्ये मरुतो यथेमे भ्राजन्ते रुक्मैरायुधैस्तनूभिः।
आ रोदसी विश्वपिशः पिशानाः समानमञ्जिमञ्जते शुभे कम्॥ ३॥

पदार्थ-**यथा इमे**-जैसे ये **मरुतः**-शत्रु घातक वीर मनुष्य **रुक्मैः**-कान्तियुक्त **आयुधैः**-हथियारों और **तनूभिः**-शरीरों से **भ्राजन्ते**-चमकते हैं **एतावत्**-उतने **अन्ये मरुतः न भ्राजन्ते**-दूसरे मनुष्य नहीं चमकते। ये **विश्व-पिशः**-सर्वाङ्ग-सुन्दर जन **रोदसी पिशानाः**-आकाश और भूमि को सुशोभित करते हुए सूर्य-किरणों के तुल्य **समानम् अञ्जि**-समान दीप्तियुक्त चिह्न को **शुभे कम्**-शोभा के लिये **अञ्जते**-प्रकट करते हैं।

भावार्थ-सर्वाङ्ग सुन्दर तेजस्वी वीर योद्धा कान्तियुक्त हथियारों तथा शरीरों से चमकते हुए थल सेना, जल सेना तथा वायु सेना में संयुक्त रूप से अपने-अपने ध्वज के साथ सामञ्जस्य बनाकर अन्य शत्रु सेना को तेजहीन करने में समर्थ हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

नीतिवान राजा

ऋधक्सा वो मरुतो दिद्युदस्तु यद्व आगः पुरुषता करांम।
मा वस्तस्यामपि भूमा यजत्रा अस्मे वो अस्तु सुमतिश्चनिष्ठा॥ ४॥

पदार्थ-**हे मरुतः**-विद्वान् पुरुषो! **वः**-आप की **सा विद्युत्**-वह उज्ज्वल नीति **ऋधक् अस्तु**-सच्ची हो **यत्**-यदि चाहें हम **वः**-आप लोगों के प्रति **पुरुषता**-पुरुष होने से **आगः करांम**-अपराध भी करें। हे **यजत्राः**-पूज्य जनो! **तस्याम्**-उस नीति में रहकर **वः मा अपि भूम**-आप लोगों के प्रति हम अपराधी न हों। **वः चनिष्ठा**-आप की ऐश्वर्यादि-युक्त **सुमतिः अस्मे अस्तु**-शुभ मति हमारे लिये हो।

भावार्थ-विद्वान् वीर राजा अपने राष्ट्र की उन्नति के लिए उत्तम नीति का निर्माण कर लागू करे। वह नीति सच्ची हो, नाममात्र की न हो। वह नीति प्रजा जनों को उत्तम अन्न तथा ऐश्वर्य प्रदान करनेवाली हो। प्रजाजन भी उस नीति का निष्ठा से पालन करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

कर्मशील बनो

कृते चिदत्र मरुतो रणन्तानवद्यासः शुचयः पावकाः।
प्र णोऽवत सुमतिभिर्यजत्राः प्र वाजैभिस्तिरत पुष्यसे नः॥ ५॥

पदार्थ-**हे मरुतः**-वीर जनो! **कृते चित् अत्र**-इस संसार में अपने किये कर्म और करने योग्य कर्त्तव्य में ही **रणन्त**-सुख लाभ करो। आप **अनवद्यासः**-अनिन्दित कर्म करनेवाले,

शुचयः-शुद्ध आचारवान्, पावकाः-पवित्र करनेवाले होओ। हे यजत्राः-संगति-योग्य ज्ञान, मान देनेवाले सज्जनो! आप सुमतिभिः-उत्तम ज्ञानों से नः अवत-हमारी रक्षा करो। आप लोग वाजेभिः-अन्नों से पुण्यसे-हमें पुष्ट करने के लिये प्र तिरत-बढ़ाओ।

भावार्थ-विद्वान् जन उपदेश करें कि संसार में मनुष्य को कर्मशील बनना चाहिए। जो व्यक्ति अपने कर्त्तव्य कर्म को शुद्ध व ईमानदारी से करता है उसकी कीर्ति संसार में बढ़ती है तथा लोग उसका सम्मान करते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

दीर्घ जीवन

उत स्तुतासो मरुतो व्यन्तु विश्वेभिर्नामभिर्नरो हवींषि।
ददात नो अमृतस्य प्रजायै निगृत रायः सूनृता मघानि ॥ ६ ॥

पदार्थ-हे मरुतः नरः-नायक जनो! आप विश्वेभिः नामभिः-सब प्रकार के उत्तम नामों से स्तुतासः-प्रशंसित होकर हवींषि-ज्ञान और नाना ऐश्वर्य उप व्यन्तु-प्राप्त करें। नः-हमारी प्रजाओं को अमृतस्य ददात-अन्न, दीर्घ जीवन दो। उत-और रायः-उत्तम ऐश्वर्य सूनृता-शुभ वचन, मघानि-धन जिगृत-प्रदान करो।

भावार्थ-उत्तम नायक जन आचार्यों के समीप रहकर उत्तम शिक्षा ग्रहण करें। उस शिक्षा के द्वारा वे स्वयं एवं अन्य लोगों को दीर्घजीवन जीने तथा उत्तम ऐश्वर्य प्राप्त करने की प्रेरणा प्रदान कर सकें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

कल्याणकारी साधन

आ स्तुतासो मरुतो विश्व ऊती अच्छा सूरीन्त्सर्वताता जिगात।
ये नस्त्मना शतिनो वर्धयन्ति यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ७ ॥

पदार्थ-हे मरुतः-विद्वानो! आप विश्वे-सब सर्वताता-सबके सुखकारक कार्य में स्तुतासः-प्रशंसित होकर ऊती-रक्षा सहित सूरीन्-विद्वानों की आ जिगात-प्रशंसा करो। ये-जो शतिनः-सैकड़ों बलों या ग्रामों के स्वामी होकर त्मना-स्वयं नः-हमें वर्धयन्ति-बढ़ाते हैं वे यूयं-आप लोग स्वस्तिभिः-कल्याणकारी साधनों से नः पात-हमारी रक्षा करो।

भावार्थ-विद्वान् जन राष्ट्र में उत्तम कल्याणकारी साधनों के आविष्कार की प्रेरणा तथा मार्गदर्शन करें जिनसे प्रजा सुखी व राष्ट्र की रक्षा हो सके। इससे वे विद्वान् प्रशंसा व सम्मान के पात्र होते हैं।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता मरुत है।

[५८] अष्टपञ्चाशं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

वीरों का सम्मान करो

प्र साकमुक्षे अर्चता गणाय यो दैव्यस्य धाम्नस्तुविष्मान्।
उत क्षोदन्ति रोदसी महित्वा नक्षन्ते नाकं निर्ऋतेरवंशात् ॥ १ ॥

पदार्थ-हे विद्वान् जनो! यः-जो दैव्यस्य-विद्वान्, तेजस्वी, दानशील, पद के योग्य

धाम्नः=नाम, स्थान और जन्म के कारण तुविष्मान्=सर्वाधिक बलशाली हैं, साकमुक्षे=उन एक साथ अभिषिक्त होनेवाले गणाय=वीर-प्रमुख जन का प्र अर्चत=अच्छी प्रकार आदर करो। जैसे वायुगण महित्वा=अपने भारी सामर्थ्य से रोदसी=आकाश और पृथिवी में क्षोदन्ति=जल ही जल करके शान्ति, सुख बरसाते हैं वैसे ही महित्वा=अपने बड़े सामर्थ्य से रोदसी=राजा और प्रजा वर्ग में क्षोदन्ति=जल के समान आचरण करते, सबको सुख से तृप्त करते हैं और निः-ऋते=दुःखमय संसार-कष्ट और अवंसात्=सन्तानरहित होने आदि दुःखों से दूर होकर खूब सुखी, सुसन्तान होकर नाकं नक्षन्ते=सुखमय लोक को प्राप्त होते हैं, उनका भी आप लोग अर्चत=आदर करो।

भावार्थ=राष्ट्र के अन्दर जल, थल व वायु तीनों सेनाओं के सेनापति तथा वीरों का सम्मान राजा, प्रजा तथा विद्वान् जन मिलकर करें। इससे प्रजाजन अपनी सन्तानों को इन सेनाओं का अंग बनाने के लिए प्रेरित होंगे। राष्ट्र के किसानों तथा मजदूरों को जो खेती का कार्य कर अन्नादि प्रदान करके राष्ट्र का भरण-पोषण करते हैं उन्हें भी सम्मानित करें। प्रजाओं को रोगों से बचाकर सुखी करनेवाले, सन्तानहीन को सुसन्तान प्रदान करनेवाले उत्तम वैद्यजनों का भी सम्मान करें।

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=मरुतः ॥ छन्दः=भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः=पञ्चमः ॥

दुष्टों को दण्ड दो

जनूश्चिद्वो मरुतस्त्वेष्येण भीमासस्तुविमन्यवोऽयासः।
प्र ये महोभिरोजसोत सन्ति विश्वो वो यामन्भयते स्वर्दृक् ॥ २ ॥

पदार्थ=हे मरुतः=विद्वान्, वीर जनो! ये=जो आप लोग त्वेष्येण=अति तीक्ष्ण तेज, महोभिः=बड़े गुणों और ओजसा=पराक्रम से युक्त होकर भीमासः=भयंकर और तुवि-मन्यवः=अति क्रोधयुक्त अयासः=आगे बढ़नेवाले हो। वः जनूः चित्=आप की उत्पादक माताएँ भी प्र सन्ति=उत्तम कोटि की हैं। यामन्=अपने अपने मार्ग में चलते हुए भी विश्वः=सभी स्वर्दृक्=सुख से देखनेवाले लोग वः भयते=आप से अधर्म करने से भय करते हैं।

भावार्थ=राष्ट्र के रक्षक उत्तम वीरों के पराक्रम, दुष्टों के प्रति भयंकर क्रोध तथा नीतिज्ञान से दुष्ट व अत्याचारी लोग भयभीत रहते हैं। क्योंकि वे वीर, दुष्टों को कठोर दण्ड देते हैं।

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=मरुतः ॥ छन्दः=निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः=धैवतः ॥

विद्वानों का सम्मान करो

बृहद्वयो मघवद्भ्यो दधात जुजोषन्निन्मरुतः सुष्टुतिं नः।
गतो नाध्वा वि तिराति जन्तुं प्र णः स्पार्हाभिरूतिभिस्तिरेत ॥ ३ ॥

पदार्थ=जो मरुतः=वीर, विद्वान् जन मघवद्भ्यः=ऐश्वर्यवान् लोगों के हितार्थ बृहत् वयः=बहुत बड़ा जीवन, अन्न और बल दधात=धारण करते हैं और जो नः=हमारी सु-स्तुतिं=उत्तम स्तुति को जुजोषन् इत्=सेवन करते हैं और जो गतः=प्राप्त होकर अध्वा=मार्ग-तुल्य जन्तुं न वितराति=प्राणी को नाश नहीं करते, प्रत्युत बढ़ाते हैं, वह स्पार्हाभिः ऊतिभिः=उत्तम उपायों से नः प्र तिरेत=हमें भी बढ़ावें।

भावार्थ=राष्ट्र में वीर तथा विद्वान् जनों का सम्मान होना चाहिए। ये विद्वान् लोग उत्तम शिक्षाएँ देकर सन्मार्ग दर्शन करते हैं जिससे मनुष्य लोग उत्तम जीवन धारण कर दीर्घ जीवन व उत्तम ऐश्वर्य प्राप्त करते हुए जीवन को नष्ट करने से बच जाते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

राजा शत्रु का पराजयकारी हो

युष्मोतो विप्रो मरुतः शतस्वी युष्मोतो अर्वा सहुरिः सहस्री।
युष्मोतः सम्राळुत हन्ति वृत्रं प्र तद्वो अस्तु धूतयो देष्णम्॥ ४॥

पदार्थ-हे **धूतयः**-भोग-वासनाओं को कंपा कर शिथिल करनेवाले विद्वान् जनो! शत्रुओं को कंपा देनेवाले वीर पुरुषो! **युष्मा-ऊतः विप्रः**-तुम लोगों से सुरक्षित विद्वान् पुरुष जिससे **शतस्वी**-सैकड़ों धनों का स्वामी और सैकड़ों को अपना बना लेने हारा हो और जिससे **युष्मा-ऊतः अर्वा**-आप से सुरक्षित अश्वारोही वीर पुरुष **सहुरिः**-शत्रु-पराजयकारी और **सहस्री**-सहस्रों ऐश्वर्यों और पुरुषों का स्वामी, सहस्रपति होता है और जिससे **युष्मा-ऊतः सम्राड्**-आप लोगों से सुरक्षित महाराजा होकर **वृत्रम् उत हन्ति**-बढ़ते शत्रु का भी नाश करता और **वृत्रं हन्ति**-धन को प्राप्त करता है, हे विद्वानों और वीरो! **वः**-आप लोगों का **तत्**-ऐसा ही **देष्णम्**-दान हो।

भावार्थ-राजा उत्तम वीरों तथा श्रेष्ठ विद्वानों की सम्मति व सहयोग से शत्रु को पराजित करके महाराजा बने, और समस्त ऐश्वर्यों को प्राप्त करे। अपने राज्य में ऐसी उत्तम कठोर व्यवस्था लागू करे जिससे भोग-वासना में फँसे लोग तथा राष्ट्र द्रोही जन काँप जावें और राष्ट्र प्रतिष्ठित व सुरक्षित रहे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

अपराधियों को शीघ्र दण्ड दो

तॉं आ रुद्रस्य मीळ्हुषो विवासे कुविन्नंसन्ते मरुतः पुनर्नः।
यत्सस्वर्ती जिहीळिरे यदाविरव सदेनं ईमहे तुराणाम्॥ ५॥

पदार्थ-मैं **मीढुषः**-सुख-वर्षक, **रुद्रस्य**-दुष्टों को रुलानेवाले वीर के अधीन **तान्**-उन वीर जनों को **आ विवासे**-आदर से राष्ट्र में बसाऊँ। वे **मरुतः**-शत्रुहन्ता **नः**-हमें **पुनः**-बार-बार **नसन्ते**-प्राप्त हों। **यत्**-जिस कारण **सस्वर्ता**-उपतापजनक शब्द से, या अप्रकट रूप से **यद् आविः**-वा जिस कारण प्रकट रूप से, वे **जिहीडिरे**-क्रोधित हों, **तुराणाम्**-शीघ्रकारी वा अपराधियों के दण्डकर्त्ता जनों के **तद् एनं**-उस क्रोध को हम **अव ईमहे**-दूर करें।

भावार्थ-राजा राष्ट्र में ऐसे रक्षक वीरों को नियुक्त करे जो दुष्टों व अपराधियों को कठोर दण्ड देकर देश द्रोहियों को नष्ट कर सकें। ऐसे राष्ट्र रक्षक वीरों को राजा सीमाओं पर बसाए तथा उनका आदर सत्कार करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-भुरिक्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

द्वेष भावों को दूर करो

प्र सा वाचि सुष्टुतिर्मघोनामिदं सूक्तं मरुतो जुषन्त।
आराच्चिद् द्वेषो वृषणो युयोत यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ ६॥

पदार्थ-**मघोनां**-आदर-योग्य धन, ऐश्वर्य के स्वामी जनों की **सा सु-स्तुतिः**-वह उत्तम स्तुति **प्र-वाचि**-अच्छी प्रकार कही जाती है। हे **मरुतः**-विद्वान् पुरुषो! आप **इदं**-इस प्रकार के **सूक्तम्**-उत्तम वचन **जुषन्त**-सेवन करें। हे **मरुतः**-बलवान् पुरुषो! आप लोग **द्वेषः**-द्वेषी शत्रुओं और द्वेष भावों को भी **आरात् चित् युयोत**-दूर ही करो और **स्वस्तिभिः**-सुखकारी साधनों

से सदा नः यूयं पात-सदा हमारी रक्षा करो।

भावार्थ-विद्वान् पुरुष राष्ट्र जनों को ऐसे उत्तम उपदेश करें जिनसे लोगों का परस्पर द्वेषभाव दूर हो तथा वे परस्पर प्रेम से मिलकर राष्ट्रोन्नति में सहयोगी बनें।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और मरुत, मृत्युञ्जय रुद्र देवता हैं।

[५९] एकोनषष्टितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-निचृद्बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

सन्मार्ग पर चलो

यं त्रायध्व इदमिदं देवासो यं च नयथ।
तस्मा अग्ने वरुण मित्रार्यम्मरुतः शर्म यच्छत॥१॥

पदार्थ-हे देवासः-विद्वान् जनो! आप यं त्रायध्वे-जिसकी रक्षा करते हो और यं च-जिसको इदम् इदम्-यह सन्मार्ग है, यह सत् कृत्य है, ऐसा बतलाकर नयथ च-सन्मार्ग और सत्कर्म में ले जाते हो, हे अग्ने-विद्वन्! हे वरुण-श्रेष्ठ पुरुष! हे मित्र-स्नेहवन्! हे अर्यमन्-दुष्टों के नियन्तः! हे मरुतः-विद्वान् प्रजाजनो! आप उसको अवश्य शर्म यच्छत-शान्ति प्रदान करो।

भावार्थ-श्रेष्ठ विद्वान् प्रजाजनों को बुराइयों व दोषों से बचाकर उन्हें सत्कर्म व सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा करते हैं। इससे उन लोगों को अवश्य ही शान्ति प्राप्त होगी।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

सत्संगी बनो

युष्माकं देवा अवसाहनि प्रिय ईजानस्तरति द्विषः।
प्र स क्षयं तिरते वि महीरिषो यो वो वराय दाशति॥२॥

पदार्थ-हे देवाः-विद्वान् जनो! प्रिये अहनि-किसी उत्तम दिन ईजानः-आप का सत्संग करता हुआ पुरुष वः-आप को वराय-स्वीकार करने के लिये महीः इषः दाशति-उत्तम-उत्तम इच्छाएँ प्रकट करता और अन्नादि समृद्धियों को देता है, वह युष्माकं अवसा-आपके ज्ञान और बल से द्विषः-शत्रुओं को तरति-पार कर जाता है। सः-वह क्षयं-ऐश्वर्य को प्र तिरते-खूब बढ़ा लेता है।

भावार्थ-मनुष्यों को योग्य है कि वे श्रेष्ठ विद्वानों की संगति करें। अपने अन्दर उत्पन्न होनेवाली इच्छाओं की पूर्ति करने की विधि पूछें। इससे ज्ञान और बलों को बढ़ाकर अपने आन्तरिक व बाहरी शत्रुओं का नाश करें तथा अन्न और ऐश्वर्य की खूब वृद्धि करके सुखी हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मरुतः ॥ छन्दः-बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

शुभ संकल्पवाले बनो

नहि वश्चरमं चन वसिष्ठः परिमंसते।
अस्माकमद्य मरुतः सुते सचा विश्वे पिबत कामिनः॥३॥

पदार्थ-हे मरुतः-विद्वान् पुरुषो! आप कामिनः-उत्तम संकल्प और इच्छा से युक्त होकर विश्वे-सब सचा-साथ मिलकर अस्माकं सुते-हमारे ऐश्वर्य के बल पर पिबत-ऐश्वर्य का उपभोग करो। वः चरमं चन-आप में से अन्तिम को भी वसिष्ठः-श्रेष्ठ वसु राजा न परिमंसते-त्याज्य नहीं समझता।

भावार्थ–जो विद्वान् उत्तम संकल्प व दृढ़ इच्छाशक्तिवाला होकर पुरुषार्थ पूर्वक विद्या को प्राप्त करके पूर्ण योग्यता प्राप्त करता है राजा लोग उसे उच्च पद पर नियुक्त करके कभी भी उसको त्याज्य नहीं समझते।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मरुतः ॥ छन्दः–निचृत्पङ्क्तिः ॥ स्वरः–पञ्चमः ॥

सेना प्रजा की रक्षा करनेवाली हो

नहि वं ऊतिः पृतनासु मर्धति यस्मा अराध्वं नरः।
अभि व आवर्त्सुमतिर्नवीयसी तूयं यात पिपीषवः॥ ४॥

पदार्थ–हे नरः–मनुष्यो! आप यस्मै अराध्वम्–जिसको सुखादि देते हो वः ऊतिः–आपकी रक्षाकारिणी सेना पृतनासु–संग्रामों में नहि मर्धति–उसका नाश नहीं करती। उसे वः नवीयसी सुमतिः–आप की सुमति अभि आवत्–प्राप्त हो। आप पिपीषवः–प्रजा–पालन की इच्छा से तूयं–शीघ्र यात–प्रयाण करो और आयात–आओ।

भावार्थ–सेना प्रजाओं की रक्षा के लिए राष्ट्र की सीमाओं तथा बस्तियों में जागरूक रहकर चक्कर लगावे। संग्रामों में भी प्रजाजनों की हानि न होने देकर प्रजा के हितैषियों की भी रक्षा करती है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मरुतः ॥ छन्दः–अनुष्टुप्॥ स्वरः–गान्धारः ॥

विद्वानों का सत्कार

ओ षु धृष्विराधसो यातनान्धांसि पीतये।
इमा वो हव्या मरुतो रारे हि कं मो ष्व१न्यत्र गन्तन॥ ५॥

पदार्थ–ओ–हे मरुतः–विद्वान् पुरुषो! हे धृष्विराधसः–एक दूसरे से बढ़नेवाले आप पीतये–उपभोग के लिये अन्धांसि–अन्नों को सु यातन–सुख से प्राप्त करो। मैं इमा–ये हव्या–खाने और लेने–देने योग्य द्रव्यादि रारे–देता हूँ। हि कं–आप लोग अन्यत्र–अन्य स्थान में मो सु गन्तन–मत जाइये। मेरे राष्ट्र में रहिये।

भावार्थ–राजा को योग्य है कि वह अपने राज्य में विद्वानों को आजीविका के समस्त साधन उपलब्ध करावे। उनको यथोचित सम्मान प्रदान करे जिससे वे विद्वान् इस राजा के राष्ट्र को छोड़कर अन्य देशों में न जावें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मरुतः ॥ छन्दः–स्वराड्बृहती ॥ स्वरः–मध्यमः ॥

राष्ट्र रक्षक बनो

आ च नो बर्हिः सदतावितां च नः स्पार्हाणि दातवे वसु।
अस्रेधन्तो मरुतः सोम्ये मधौ स्वाहेह मादयाध्वै॥ ६॥

पदार्थ–हे मरुतः–विद्वान्, प्रजाजनो! नः बर्हिः आसदत च–आप हमारे वृद्धियुक्त गृह आदि को प्राप्त होओ नः–हमें स्पार्हाणि–चाहने योग्य, वसु–धनों को दातवे–देने के लिये अवितां च–प्राप्त हों। आप अस्रेधन्तः–प्रजा का नाश न करते हुए, सोम्ये मधौ–सोम आदि ओषधिरस से युक्त मधु समान विद्वानों के योग्य आनन्ददायक इस राष्ट्र में और अन्नादि के ऊपर इह–इस गृहादि में स्वाहा–उत्तम सत्कार, सुखपूर्वक अभ्यवहार द्वारा मादयाध्वै–आनन्द लाभ करिये।

भावार्थ–प्रजाजन अपने घरों में विद्वान् लोगों को बुलाकर उनका सम्मान करके उनसे मार्गदर्शन लिया करें जिससे अपने स्वास्थ्य को ठीक रखते हुए पुरुषार्थ पूर्वक अन्न–धन कमाकर समृद्ध होवें तथा अपनी सन्तानों को संस्कार प्रदान कर आनन्द प्राप्त करें तथा राष्ट्र को उन्नत बनावें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मरुतः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

नायक रणकुशल हो

सस्वश्चिद्धि तन्वा शुम्भमाना आ हंसासो नीलपृष्ठा अपप्तन्।
विश्वं शर्धो अभितो मा नि षेदुर्नरो न रण्वाः सवने मदन्तः ॥७॥

पदार्थ–**सस्वः**=गुप्त भाव से विद्यमान, इन्द्रिय और अन्तःकरण को सुरक्षित और आकारचेष्टादि गुप्त रखनेवाले, **तन्वः शुम्भमानाः**=देहों, आत्माओं को गुणों और आभरणों से अलंकृत करनेवाले **नीलपृष्ठाः**=श्यामवर्ण की पीठवाले **हंसासः चित्**=हंसों के समान **नीलपृष्ठाः**=नील, श्याम वर्ण की या सुन्दर पोशाकोंवाले **हंसासः**=हंसवत् विवेकी, ध्येय तक पहुँचने हारे, **अपप्तन्**=आवें। वे **रण्वाः नरः न**=रणकुशल नायकों के समान **सवने**=ऐश्वर्यमय राष्ट्र में **मदन्तः**=आनन्दपूर्वक रहते हुए **अभितः**=सब ओर **विश्वशर्धः**=समस्त बल को **मा अभितः**=मेरे चारों ओर **नि षद**=बनाये रक्खो।

भावार्थ–राजा अपने राज्य की रक्षा तथा शत्रु पर विजय पाने के उद्देश्य से ऐसे कुशल गुप्तचरों को नियुक्त करे जो अपने अन्दर के भावों को छुपाकर, वेश बदलकर तथा अपनी चेष्टाओं को गुप्त रखते हुए अपने लक्ष्य तक पहुँचने में समर्थ हों। इनसे सूचना पाकर कुशल सेनानायक राष्ट्र में सब ओर शान्ति व्यवस्था बनाकर राष्ट्र के ऐश्वर्य को बढ़ाता हुआ राष्ट्र की पूर्ण रक्षा करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मरुतः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

दुष्टों को कठोर दण्ड दो

यो नो मरुतो अभि दुर्हणायुस्तिरश्चित्तानि वसवो जिघांसति।
द्रुहः पाशान्प्रति स मुचीष्ट तपिष्ठेन हन्मना हन्तना तम् ॥८॥

पदार्थ–हे **मरुतः**=विद्वानों और वीर जनो! **यः**=जो **नः**=हमारे बीच **दुर्हणायुः**=दुःखदायी, दुष्ट–हृदय का पुरुष, हमारे **चित्तानि**=अन्तःकरणों को **तिरः**=तिरस्कारपूर्वक **अभि जिघांसति**=चोट पहुँचाना चाहता है **सः**=वह **द्रुहः पाशान्**=द्रोही के योग्य फाँसों या बन्धनों को **प्रति मुचीष्ट**=त्याग दे और **तम्**=उसको **तपिष्ठेन हन्मना**=अति तापदायक हथियार से **हन्तन**=दण्डित करो।

भावार्थ–जो दुष्ट लोग प्रजाजनों को कष्ट पहुँचाकर उनके हृदय को अशान्त करते हैं। राजनियमों का तिरस्कार करके राष्ट्र में अशान्ति तथा अव्यवस्था फैलाते हैं राजा ऐसे दुष्टों को कठोर दण्ड देवे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मरुतः ॥ छन्दः–गायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

उत्तम व्रती बनो

सान्तपना इदं हविर्मरुतस्तज्जुजुष्टन। युष्माकोती रिशादसः ॥९॥

पदार्थ–हे **मरुतः**=उत्तम मनुष्यो! हे **सान्तपनाः**=तपस्वी जनो! आप **इदं हविः**=यह उत्तम अन्न **जुजुष्टन**=सेवन करो। हे **रिशादसः**=रिशात्–असः, रिश–अदसः=हिंसकों के नाशक जनो! **युष्माक–ऊती**=तुम लोगों की रक्षा से ही हम लोग अन्नादि लाभ करें।

भावार्थ–राष्ट्र में उत्तम तपस्वी जनों की रक्षा तथा उनके पालन आदि की व्यवस्था उत्तम प्रकार से होवे। इससे प्रजा जनों को उत्तम आदर्श प्राप्त होता है जिससे वे भी तपस्वी होकर उत्तम व्रतों को धारण करके राष्ट्र को समृद्ध बनाने में सहायक होते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–मरुतः॥ छन्दः–गायत्री॥ स्वरः–षड्जः॥

गृहस्थी यज्ञशील हों

गृहमेधास आ गत मरुतो मापभूतन। युष्माकोती सुदानवः॥ १०॥

पदार्थ–हे **गृहमेधासः**=गृह में यज्ञ करने हारे गृहस्थ जनो! हे **मरुतः**=मनुष्यो! आप लोग **आ गत**=आइये। **मा अपभूतन**=हमसे दूर मत होइये। हे **सुदानवः**=उत्तम दानशील पुरुषो! **युष्माक-ऊती**=आप लोगों की रक्षा और सत्कार से ही हम प्रसन्न हों।

भावार्थ–गृहस्थी लोगों को चाहिये कि वे अपने घरों में नित्य यज्ञ करें तथा विद्वानों को बुलाकर उन्हें दान व दक्षिणा से तृप्त करें। उन विद्वानों से सन्मार्ग प्राप्त करके उत्तम सुख का उपभोग करें।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–मरुतः॥ छन्दः–निचृद्गायत्री॥ स्वरः–षड्जः॥

क्रान्तदर्शी जनों की नियुक्ति

इहेह वः स्वतवसः कवयः सूर्यत्वचः। यज्ञं मरुत आ वृणे॥ ११॥

पदार्थ–हे **स्वतवसः**=स्वयं शरीर, आत्मा से बलशाली पुरुषो! हे **कवयः**=क्रान्तदर्शी जनो! हे **सूर्य-त्वचः**=सूर्य-तुल्य देह-कान्तिवाले पुरुषो! हे **मरुतः**=विद्वानो! मैं **नः**=आप को **इह-इह**=इस-इस पद के निमित्त **आवृणे**=वरण करता हूँ। आप लोग **यज्ञं**=यज्ञ को **आ गत**=प्राप्त हों और **मा अप भूतन**=हमसे दूर न होवें।

भावार्थ–राजा को योग्य है कि वह स्वस्थ व बलिष्ठ शरीरवाले तेजस्वी पुरुषों की नियुक्ति सेना में, क्रान्तदर्शी विद्वानों की नियुक्ति प्रशासनिक पदों तथा विज्ञान वेत्ताओं की नियुक्ति यज्ञ=शोध कार्यों में विभिन्न पदों पर करके राष्ट्र को सुदृढ़ एवं समृद्ध बनावे।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–रुद्रः॥ छन्दः–अनुष्टुप्॥ स्वरः–गान्धारः॥

खरबूजे के समान बन्धन से छूटो

त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्॥ १२॥

पदार्थ–**त्र्यम्बकं**=तीनों शब्दमय वेदों के उपदेष्टा वा तीनों लोकों, तीनों वेदों, तीनों वर्णों के उपदेष्टा, रक्षक, द्विपात, चतुष्पात् और सरीसृप तीनों के माता के समान पालक, **सु-गन्धिं**=उत्तम गन्ध से युक्त, उत्तम कुलोत्पन्न, सत्कर्मा, **पुष्टिवर्धनम्**=समृद्धि बढ़ानेवाले पूज्य पुरुष वा प्रभु की हम **यजामहे**=उपासना पूजा करते हैं। मैं **मृत्योः**=मृत्यु के **बन्धनात्**=बन्धन से **उर्वारुकम् इव**=खरबूजे के फल के समान **मुक्षीय**=मुक्त होऊँ और **अमृतात्**=अमृतमय मोक्ष से **मा मुक्षीय**=पृथक् न होऊँ।

भावार्थ–सत्कर्म करनेवाले वेदों के उपदेष्टा विद्वानों की सुसंगति से उपदेश प्राप्त कर मनुष्य लोग अज्ञान व दुष्कर्मों से छूटकर ज्ञानी बनें तथा सांसारिक सुखों का उपभोग करें और अन्त में परमात्मा के अमृतमय मोक्ष के आनन्द को प्राप्त करें।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता सूर्य तथा मित्रावरुण है।

अथ पञ्चमाष्टके पञ्चमोऽध्यायः

[६०] षष्टितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सूर्यः ॥ छन्दः-पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

सूर्य के समान तेजस्वी बनो

यदद्य सूर्य ब्रवोऽनागा उद्यन्मित्राय वरुणाय सत्यम्।
वयं देवत्रादिते स्याम तव प्रियासो अर्यमन् गृणन्तः ॥ १ ॥

पदार्थ-हे सूर्य-समान तेजस्विन्! हे **अदिते**-अविनाशिन्! हे **अर्यमन्**-न्यायकारिन्! तू **अनागाः**-अपराधों से रहित होकर **मित्राय**-स्नेहवान् और **वरुणाय**-श्रेष्ठ जन के प्रति **अद्य**-आज के समान सदा ही **उत् यन्**-उत्तम पद को प्राप्त होता हुआ **सत्यं ब्रवः**-सत्योपदेश करता है, **देवत्रा**-विद्वान् मनुष्यों में **वयं**-हम लोग **तव**-तेरे ही दिये **सत्यं**-सत्य ज्ञान का **गृणन्तः**-उपदेश करते हुए **तव प्रियासः स्याम**-तेरे प्रिय होकर रहें।

भावार्थ-मनुष्य लोग विद्वान् जनों के द्वारा परमेश्वर के दिव्य ज्ञान वेद का उपदेश सुनें तथा स्वयं को पाप व अपराध से रहित करके श्रेष्ठ जनों के समान सबके प्रिय होकर अविनाशी न्यायकारी परमेश्वर की उपासना करें। इससे स्वयं को सूर्य के समान तेजस्वी बनाकर सत्य ज्ञान का प्रचार व उपदेश किया करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

परस्पर प्रेम से रहो

एष स्य मित्रावरुणा नृचक्षा उभे उदेति सूर्यो अभि ज्मन्।
विश्वस्य स्थातुर्जगतश्च गोपा ऋजु मर्तेषु वृजिना च पश्यन् ॥ २ ॥

पदार्थ-हे **मित्रा वरुणा**-स्नेही और एक दूसरे को वरण करनेवाले स्त्री-पुरुषो! **ज्मन्**-अन्तरिक्ष में **सूर्यः**-सूर्य के समान **एषः स्यः**-वह यह, तेजस्वी **नृ-चक्षाः**-सब मनुष्यों का द्रष्टा, **विश्वस्य**-समस्त **स्थातुः जगतः च**-स्थावर और जंगम का **गोपाः**-रक्षक **मर्तेषु**-मनुष्यों में **ऋजु**-सरल धार्मिक कार्यों और **वृजिना**-पापों को **पश्यन्**-न्यायपूर्वक देखता हुआ **उभे अभि**-स्त्री और पुरुष, वादी और प्रतिवादी दोनों के प्रति **उद् एति**-उदय को प्राप्त होता है।

भावार्थ-स्त्री और पुरुषों को चाहिए कि वे परस्पर प्रेम से रहें तथा समस्त जड़ और चेतन सृष्टि की रक्षा करें। धार्मिक भाव अर्थात् कर्त्तव्य पालन करते हुए झगड़नेवाले स्त्री-पुरुषों को भी प्रेमपूर्वक समझाकर न्याय करें तथा सुपथगामी बनावें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

राष्ट्र के अमात्य श्रेष्ठ पुरुष हों

अयुक्त सप्त हरितः सधस्थाद्या द्यां वहन्ति सूर्यं घृताचीः।
धामानि मित्रावरुणा युवाकुः सं यो यूथेव जनिमानि चष्टे ॥ ३ ॥

पदार्थ-**सधस्थात्**-अन्तरिक्ष में जैसे सूर्य **सप्त हरितः**-सातों जलाहरण करनेवाली किरणों को **अयुक्त**-नियुक्त करता है और जैसे **घृताचीः हरितः**-जल से युक्त किरणें वा रात्रियां वा

दिशाएँ **ईं वहन्ति**=उस सूर्य को धारण करती हैं वैसे वह राजा **सप्त हरितः**=राष्ट्र के सात प्रकार के राज-काज चलानेवाले अमात्यों का **सधस्थात्**=साथ बैठने के सभास्थान से आसन करता हुआ, **अयुक्त**=उचित कार्यों में नियुक्त करे **याः**=जो **घृताचीः**=तेज और स्नेह युक्त होकर **सूर्य वहन्ति**=सूर्यवत् तेजस्वी पुरुष को धारण करते हैं। **यः**=जो राजा **युवाकुः**=तुम दोनों की शुभ-कामना करता हुआ, हे **मित्रावरुणौ**=प्राण, उदान के समान राष्ट्र के आधार-रूप स्त्री-पुरुषो! **यूथा इव**=गौओं के यूथों को ग्वाले के तुल्य समस्त **धामानि**=स्थानों और पदों तथा **जनिमानि**=सब प्राणियों और कार्यों को भी **सं चष्टे**=अच्छी प्रकार देखता है।

भावार्थ-राजा को योग्य है कि वह राष्ट्र के सात प्रकार के राज-कार्यों को चलाने के लिए शान्त, तेजस्वी तथा कुशल विद्वान् पुरुषों की सभा का निर्माण करे। उन्हें उचित पदों पर योग्यतानुसार नियुक्त करे। राष्ट्र के स्त्री-पुरुषों, गौओं के समूह तथा गोपालकों=किसानों की भूमि, घर व अन्य लोगों के विभिन्न कार्यों की रक्षा व ऐश्वर्य की वृद्धि करे।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-मित्रावरुणौ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

राजा न्यायकारी हो

उद्वां पृक्षासो मधुमन्तो अस्थुरा सूर्यो अरुहच्छुक्रमर्णः।
यस्मा आदित्या अध्वनो रदन्ति मित्रो अर्यमा वरुणः सजोषाः॥४॥

पदार्थ-हे स्त्री-पुरुषो! **वाम्**=आप लोगों के लाभार्थ ही **मधुमन्तः पृक्षासः उत् अस्थुः**=जल-युक्त मेघ ऊपर उठते हैं, वैसे ही **मधुमन्तः पृक्षासः उत् अस्थुः**=मधुर गुणयुक्त अन्न भूमि पर उत्पन्न होते हैं। सूर्य जैसे **शुक्रम् अर्णः अरुहत्**=शुद्ध जल को ऊपर उठाता है वैसे ही सूर्यवत् तेजस्वी राजा शुद्ध धन वा प्राप्तव्य पद को प्राप्त करे। **यस्मै**=जिसके हितार्थ **आदित्याः**=१२ मासों तक के सदृश नाना रूप से सर्वोपकारक तेजस्वी १२ सचिव **अध्वनः**=राज-कार्यों के मार्ग **रदन्ति**=बनाते हैं, वही **स-जोषाः**=समान रूप से सबको प्रिय, **मित्रः**=सर्वस्नेही, **अर्यमा**=न्यायकारी, **वरुणः**=सबके वरने योग्य हो।

भावार्थ-उत्तम राजा को योग्य है कि वह अपने राष्ट्र के स्त्री व पुरुषों को उनकी योग्यता के अनुसार पद व धन प्रदान करे। सदैव प्रजाहित का चिन्तन करते हुए उपकारी भाववाले मनुष्यों को सचिव नियुक्त करे जो राजकार्य को उत्तम रीति से चलाते हुए प्रजाजनों के प्रिय होकर सबके साथ न्याय करें तथा स्वयं सम्मान पाकर राजा को भी प्रतिष्ठित करें।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-मित्रावरुणौ॥ छन्दः-त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

राजा विवेकी हो

इमे चेतारो अनृतस्य भूरेर्मित्रो अर्यमा वरुणो हि सन्ति।
इम ऋतस्य वावृधुर्दुरोणे शग्मासः पुत्रा अदितेरदब्धाः॥५॥

पदार्थ-**इमे**=ये विद्वान्, **मित्रः**=सर्वस्नेही, **अर्यमा**=न्यायकारी और **वरुणः**=सर्वश्रेष्ठ राजा ये सब **भूरेः**=बहुत बड़े **अनृतस्य**=असत्य को भी **चेतारः**=विवेक द्वारा छानबीन करनेवाले **हि सन्ति**=अवश्य हों। **दुरोणे**=गृह में पुत्र जैसे धन की वृद्धि करते हैं वैसे **दुरोणे**=दुष्प्राप्य पद पर स्थित होकर, वा **इह**=इस राष्ट्र में भी **अदितेः**=सूर्यवत् तेजस्वी राजा के अधीन उसके **पुत्राः**=पुत्रों के समान आज्ञाकारी **शग्मासः**=सुखकारक और **अदब्धाः**=शत्रुओं से पीड़ित न होनेवाले होकर **ऋतस्य वावृधुः**=न्याय और धन की वृद्धि करें।

भावार्थ–राजा अपने विद्वान् मन्त्रियों के साथ मिलकर बड़े असत्य=भ्रष्टाचार का भी विवेक पूर्वक मन्थन अवश्य करे जिससे राजा तेजस्वी होकर भ्रष्टाचार को समाप्त करके राष्ट्र में धन की वृद्धि एवं राजनियमों का पालन कराते हुए दुष्टों व शत्रुओं को दण्डित करके न्याय का शासन स्थापित कर सके।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मित्रावरुणौ ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

प्रतापी पुरुष ही राष्ट्र नायक हों

इमे मित्रो वरुणो दूळभासोऽचेतसं चिच्चितयन्ति दक्षैः।
अपि क्रतुं सुचेतसं वतन्तस्तिरश्चिदंहः सुपथा नयन्ति ॥ ६ ॥

पदार्थ–**इमे**=ये **मित्रः**=सर्वस्नेही, **वरुणः**=राजा और **दूडभासः**=दूर-दूर तक चमकनेवाले पुरुष **दक्षैः**=अपने कर्मों और ज्ञानों से **अचेतसं चित्**=ज्ञान-रहित को भी **चितयन्ति**=ज्ञानवान् करते हैं। **अपि**=और **स-चेतसं**=उत्तम ज्ञानवाली **क्रतुं**=बुद्धि वा कर्म का **वतन्तः**=सेवन करते हुए **सु-पथा**=उत्तम मार्ग से **अंहः तिरः चित्**=पाप को दूर करते और अन्यों को सन्मार्ग से **नयन्ति**=ले जाते हैं।

भावार्थ–राजा सर्वप्रिय तथा तेजस्वी हो जो अपने तेजस्वी कर्मों तथा ज्ञान के द्वारा आदर्श स्थापित करके राष्ट्र की प्रजा को भी उत्तम मार्ग पर चलाकर ज्ञानी तथा कर्मनिष्ठ बना सके और उसकी प्रजा पाप कर्मों से दूर रहकर सन्मार्गगामी बने।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मित्रावरुणौ ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

सदा सावधान रहो

इमे दिवो अनिमिषा पृथिव्याश्चिकित्वांसो अचेतसं नयन्ति।
प्रव्राजे चिन्नद्यो गाधमस्ति पारं नो अस्य विष्पितस्य पर्षन् ॥ ७ ॥

पदार्थ–**इमे**=ये **दिवः पृथिव्याः**=आकाश और भूमि के समस्त पदार्थों के **चिकित्वांसः**=ज्ञाता, विद्वान् **अनिमिषाः**=कभी आँखें न झपकते हुए, सदा सचेत होकर **अचेतसम्**=अज्ञानी पुरुष को भी **प्र-व्राजे चित्**=उत्तम गन्तव्य मार्ग में **नयन्ति**=ले जाते हैं। **प्र-व्राजे**=मार्ग में भी जैसे **नद्यः गाधम्**=नदी का गहरा जल **अस्ति**=होता है, वे विद्वान् **अद्य**=इस **विष्पितस्य**=दूर-दूर तक विस्तृत विघ्न-रूप अथाह जल से भी **नः पारं पर्षन्**=हमें पार करें।

भावार्थ–राजसभा में नियुक्त विद्वान् पुरुष सदैव सावधान रहें। वे भूमि तथा आकाशमार्ग से आनेवाली विपत्तियों पर जागरूक रहकर दृष्टि रखें। आनेवाली विपत्तियों की यथा समय लोगों को जानकारी देकर मार्गदर्शन करें तथा उन विघ्नों से बचने की रीति भी सुझावें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मित्रावरुणौ ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

विद्वानों का आदर करो

यद्वोपावददितिः शर्म भद्रं मित्रो यच्छन्ति वरुणः सुदासे।
तस्मिन्ना तोकं तनयं दधानाँ मा कर्म देवहेळनं तुरासः ॥ ८ ॥

पदार्थ–**यत्**=जो **अदितिः**=विद्वान्, माता-पिता के तुल्य शासक राजा, **मित्रः**=स्नेही, **वरुणः**=सर्वोपरि उत्तम पुरुष ये सब **सुदासे**=उत्तम करादि के दाता के हितार्थ वा वृत्ति आदि देनेवाले राजा के लिये **भद्रं**=सुख **यच्छन्ति**=देते हैं। **तस्मिन्**=उसके अधीन हम अपने **तोकं तनयं आ**

दधानाः=पुत्र-पौत्रादि का पालन करते हुए तुरासः=शीघ्रकारी होकर देवहेडनं=विद्वानों का अनादर मा कर्म=न करें।

भावार्थ=राष्ट्र की प्रजा राजा को राष्ट्र की समृद्धि के लिए अपनी आय का निश्चित अंश कर के रूप में दान करे, जिससे राजा अपने अधिकारियों व कर्मचारियों को वेतन आदि समय पर दे सके। प्रजाहित के लिए कल्याणकारी कार्य कर सके। विद्वानों का उचित सम्मान भी राजा तथा प्रजा दोनों सदैव करते रहें।

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=मित्रावरुणौ ॥ छन्दः=विराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः=पञ्चमः ॥

दुष्टों से दूर रहो

अव॒ वेदिं॒ होत्रा॑भिर्यजेत॒ रिप॒ः काश्चि॑द्वरुण॒धृतः॒ सः।
परि॒ द्वेषो॑भिर्य॒मा वृ॑णक्तू॒रुं सु॒दासे॑ वृषणा उ लो॒कम्॥ ९॥

पदार्थ=जो व्यक्ति होत्राभिः=उत्तम वाणियों से वेदिम्=सब सुखों को प्राप्त करानेवाली यज्ञ वेदी और भूमि को अवयजेत=प्राप्त नहीं करता, सः=वह वरुण=श्रेष्ठ जनों से दण्डित होकर कः चित् रिषः अव यजेत=कई प्रकार के कष्ट प्राप्त करता है। अर्यमा=न्यायकारी, हे वृषणाः=बलवान् स्त्री-पुरुषो! द्वेषोभिः परि वृणक्तु=द्वेषकारी से हमें दूर रक्खे और सुदासे=उत्तम दानशील पुरुष को उरुं लोकं=विशाल स्थान प्रदान करे।

भावार्थ=जो व्यक्ति वेदवाणी तथा यज्ञवेदी से दूर रहता है, जो दुष्ट अपने दुष्कर्मों के कारण दण्डभागी होता है ऐसे लोगों से सभी स्त्री-पुरुष अपनी सन्तानों को दूर रखें जिससे उनमें बुरे संस्कार या दुर्व्यसन न आने पावें। सन्तानों को संस्कारित करने के लिए उत्तम विद्वानों को अपने घरों में बुलाया करें।

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=मित्रावरुणौ ॥ छन्दः=स्वराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः=पञ्चमः ॥

शत्रुओं को पराजित करो

स॒स्वश्चि॒द्धि समृ॑तिस्त्वे॒ष्येषामपी॒च्येन॒ सह॑सा॒ सह॑न्ते।
यु॒ष्मद्धि॒या वृ॑षणो॒ रेज॑माना॒ दक्ष॑स्य चिन्महि॒ना मृ॑ळता नः॥ १०॥

पदार्थ=एषां=इन उक्त बलवान् प्रधान पुरुषों की सम् ऋतिः=एक साथ संगति सस्वः चित्=गुप्त और त्वेषी=तेजस्विनी हो। वे लोग अपीच्येन=सुगुप्त, दृढ़ सहसा=बल से सहन्ते=शत्रु पराजय में समर्थ होते हैं। हे वृषणः=बलवान् पुरुषो! युष्मद्धिया=आप के भय से रेजमानाः=शत्रु काँपते हों और दक्षस्य महिना चित्=बल के सामर्थ्य से आप लोग नः मृडत=हमें सुखी करें।

भावार्थ=राजा अपने मन्त्रिमण्डल व सेनापति के साथ अत्यन्त गोपनीयता से गुप्त बैठक में विचार-विमर्श करके शत्रु को पराजित करने की सुदृढ़ योजना तैयार करे जिससे शत्रु कम्पित व भयभीत होकर राष्ट्र पर आक्रमण करने की सोच भी न सके।

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=मित्रावरुणौ ॥ छन्दः=त्रिष्टुप् ॥ स्वरः=धैवतः ॥

ज्ञान दाता बनो

यो ब्रह्म॑णे सु॒मति॒मा॒यजा॑ते॒ वाज॑स्य सा॒तौ पर॑मस्य॒ रा॒यः।
सीक्ष॑न्त म॒न्युं म॒घवा॑नो अ॒र्य उ॒रु क्षया॑य चक्रिरे सु॒धातु॑॥ ११॥

पदार्थ=यः=जो मनुष्य ब्रह्मणे=ब्रह्मवेत्ता पुरुष के हितार्थ, वा ज्ञान, धन के प्राप्त्यर्थ

सुमतिम्-कल्याणकारी ज्ञान और बुद्धि **आ यजाते**-प्राप्त करता है और जो **वाजस्य**-बल, ज्ञान और **परमस्य रायः सातौ**-सर्वश्रेष्ठ ऐश्वर्य लाभ के लिये **सुमतिम् आ यजाते**-ज्ञानवान् पुरुष का सत्संग करता है **मघवानः अर्यः**-पूज्य ज्ञान, धनादि-सम्पन्न पुरुष उसको **मन्युं सीक्षन्त**-ज्ञान प्रदान करते और **क्षयाय**-रहने और उसकी ऐश्वर्य के लिये **उरु**-बहुत **सु-धातु**-उत्तम भरण-पोषण, उत्तम गृह, आभूषण आदि **चक्रिरे**-देते हैं।

भावार्थ-ब्रह्मवेत्ता विद्वान् पुरुष अपने निकट आनेवाले मनुष्यों को ज्ञान प्रदान करके उन्हें धन एवं बल प्राप्ति के योग्य पात्र बना देता है। वे सत्संगी मनुष्य उस ज्ञान प्राप्ति के बदले उन विद्वानों का उत्तम भोजन, निवास तथा आभूषण एवं उत्तम वाणी से सत्कार करें।

ऋषिः-**वसिष्ठः**॥ देवता-**मित्रावरुणौ**॥ छन्दः-**निचृत्त्रिष्टुप्**॥ स्वरः-**धैवतः**॥

कष्टों को दूर करें

इयं देव पुरोहितिर्युवभ्यां यज्ञेषु मित्रावरुणावकारि।
विश्वानि दुर्गा पिपृतं तिरो नो यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ १२॥

पदार्थ-हे **मित्रा वरुणौ**-स्नेहयुक्त, श्रेष्ठ स्त्री-पुरुषो! हे **देव**-विद्वानो! **यज्ञेषु**-सत्संगों, यज्ञों में, **इयं**-यह **युवभ्यां**-आप दोनों के लिये **पुरः-हितः अकारि**-आदर पूर्वक उत्तम भेंट की जाती है। आप **विश्वानि**-समस्त **दुर्गा**-कष्टों को **तिरः**-दूर करके हमें **पिपृतं**-पालन करो और **यूयं**-आप लोग **नः स्वस्तिभिः सदा पात**-हमारी उत्तम साधनों से सदा रक्षा करो।

भावार्थ-मनुष्य लोग यज्ञों एवं सत्संगों में सदाचारी विद्वान् स्त्री-पुरुषों का संग करके सन्मार्गदर्शन द्वारा अपने समस्त कष्टों को दूर करें। उन विद्वानों को आदरपूर्वक भेंट देकर तृप्त करें। इससे लोग अपने उत्तम साधनों का सदुपयोग करके परम्पराओं की रक्षा किया करें।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता मित्रावरुण है।

[६१] एकषष्टितमं सूक्तम्

ऋषिः-**वसिष्ठः**॥ देवता-**मित्रावरुणौ**॥ छन्दः-**भुरिक्पङ्क्तिः**॥ स्वरः-**पञ्चमः**॥

सूर्यवत तेजस्वी विद्वान् का कर्त्तव्य.

उद्वां चक्षुर्वरुण सुप्रतीकं देवयोरेति सूर्यस्ततन्वान्।
अभि यो विश्वा भुवनानि चष्टे स मन्युं मर्त्येष्वा चिकेत॥ १॥

पदार्थ-हे **वरुण**-सबसे वरणीय श्रेष्ठ स्त्री पुरुषो! **सूर्यः चक्षुः ततन्वान्**-सूर्य जैसे आँख की शक्ति को बढ़ाता है वैसे **सूर्यः**-ज्ञान-प्रकाशक ईश्वर और विद्वान् **देवयोः**-ज्ञान के इच्छुक **वां**-आप दोनों के **प्रतीकं**-ज्ञानदाता **चक्षुः**-प्रज्ञानेत्र को **ततन्वान्**-विस्तृत करता हुआ आपको **एति**-प्राप्त हो। **यः**-जो **विश्वा भुवनानि**-समस्त लोकों को **अभि चष्टे**-प्रकाशित करता, सब पदार्थों का उपदेश करता है **सः**-वह **मर्त्येषु**-मनुष्यों में **मन्युम्**-मननीय ज्ञान भी **आ चिकेत**-प्रदान करता है। परमेश्वर-तुल्य विद्वान् भी मनुष्यों में ज्ञान-दान करे।

भावार्थ-जिस विद्वान् ने स्वयं को ज्ञान के द्वारा तेजस्वी बना लिया है उसका कर्त्तव्य है कि वह समस्त जिज्ञासु श्रेष्ठ स्त्री-पुरुषों को अपने उस ज्ञान का दान देकर कृतार्थ करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

उत्तम जीवन

प्र वां स मित्रावरुणावृतावा विप्रो मन्मानि दीर्घश्रुदियर्ति।
यस्य ब्रह्माणि सुक्रतू अवाथ आ यत्क्रत्वा न शरदः पृणैथे॥ २॥

पदार्थ-हे **मित्रा-वरुणा**-स्नेही और वरणीय स्त्री पुरुषो! **यस्य**-जिसके **ब्रह्माणि**-ज्ञानों और धनों की आप दोनों **सु-क्रतू**-उत्तम कर्मवान् होकर **अवाथ**-रक्षा करते हो और **यत्**-जिसके **क्रत्वा न**-कर्म और ज्ञान-सामर्थ्य से **शरदः पृणैथे**-जीवन के वर्षों को सुखपूर्वक बिताते हो **सः विप्रः**-वह विद्वान् **ऋतावा**-न्याय और सत्य से युक्त और **दीर्घ-श्रुत्**-दीर्घ काल तक वेदादि सत्य शास्त्रों का श्रोता **वां**-आप के प्रति **मन्मानि**-मननीय ज्ञानों का **इयर्त्ति**-उपदेश करे।

भावार्थ-वेदादि सत्यशास्त्रों के ज्ञाता व्याख्याता विद्वान् कर्मशील स्त्री-पुरुषों को धन की रक्षा एवं उत्तम न्याय युक्त जीवन जीने का उपदेश किया करें जिससे उनके जीवन सुखपूर्वक व्यतीत होवें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

राजा का कर्त्तव्य

प्रोरोर्मित्रावरुणा पृथिव्याः प्र दिव ऋष्वाद् बृहतः सुदानू।
स्पशो दधाथे ओषधीषु विष्वृधग्युतो अनिमिषं रक्षमाणा॥ ३॥

पदार्थ-हे **मित्रावरुणौ**-'मित्र', प्रजा के मृत्यु आदि कष्टों से रक्षक और 'वरुण' दुःखों के दूर कर्ता दोनों वर्गों! हे **सुदानू**-उत्तम ज्ञान दाता आप दोनों **उरोः पृथिव्याः**-विशाल पृथिवी और **बृहतः**-बड़े भारी **ऋष्वात्**-महान् **दिवः**-प्रकाशयुक्त सूर्य से **स्पशः**-ग्रहण-योग्य पदार्थों को **प्र प्र दधाथे**-प्राप्त करो। **ओषधीषु**-ओषधियों और **विक्षु**-प्रजाओं में **अनिमिषं**-बिना प्रमाद के, **ऋधक्**-सत्य के बल से **रक्षमाणा**-प्रजा रक्षण करते हुए भी **यतः**-यत्नशील **स्पशः प्र दधाथे**-गुप्तचरों और अध्यक्षों को नियुक्त करो।

भावार्थ-उत्तम राजा को चाहिए कि वह अपने राज्य में कर्त्तव्यपरायण गुप्तचरों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति करे। इससे प्रजा की रक्षा होगी तथा राजा, प्रजा में लोकप्रिय हो जाएगा।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

मित्रावरुण का सामर्थ्य

शंसा मित्रस्य वरुणस्य धाम शुष्मो रोदसी बद्बधे महित्वा।
अयन्मासा अयज्वनामवीराः प्र यज्ञमन्मा वृजनं तिराते॥ ४॥

पदार्थ-हे मनुष्यो! **मित्रस्य**-शान्तिदायक और **वरुणस्य**-दुःखों के वारणकर्ता जन के **धाम**-तेज और स्थान की **शंस**-प्रशंसा करो। जिसके **महित्वा**-सामर्थ्य से **शुष्मः**-बलवान् पुरुष, या जिसका महान् सामर्थ्य **रोदसी बद्बधे**-आकाश-पृथिवीवत् दुष्टों को रुलानेवाली सेना और राष्ट्र-सभा दोनों को व्यवस्थित करता है। **अयज्वनाम्**-यज्ञ आदि से रहित लोगों के **मासाः**-महीनों पर महीने **अवीराः**-वीर पुत्रादि रहित, वा बिना ज्ञान-प्राप्ति के **अयन्**-व्यतीत होते हैं और **यज्ञमन्मा**-पूज्य प्रभु को मनन, आचार्य और राजादि के मान्य सत्संगादि से ज्ञान प्राप्त करनेवाला

जन वृजनं-अपने ज्ञान और बल को प्र तिराते-बढ़ाने में समर्थ होता है।

भावार्थ-बलवान् पुरुष अपने तेज व सामर्थ्य से अपनी सेना तथा राष्ट्र सभा दोनों को व्यवस्थित रखे। जो लोग यज्ञ आदि के द्वारा ज्ञान प्राप्ति से वंचित रह जाते हैं उन्हें आचार्यों की सत्संगति की प्रेरणा देकर ज्ञान-बल बढ़ाने में समर्थ बनावें।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-मित्रावरुणौ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

उपकारी पुरुष

अमूरा विश्वा वृषणाविमा वां न यासु चित्रं ददृशे न यक्षम्।
द्रुहः सचन्ते अनृता जनानां न वां निण्यान्युचिते अभूवन्॥ ५॥

पदार्थ-हे अमूरा-अमूढ़, मोह में न पड़नेवालो! हे विश्वा-विद्याओं में प्रवेश करने हारो! हे वृषणौ-सुख-वर्षक मेघ-सूर्यवत् उपकारी स्त्री-पुरुषो! इमाः-ये वां-आप की ऐसी उत्तम वाणियाँ हैं यासु-जिनमें चित्रं-अद्भुत और यक्षम्-स्तुति योग्य न न ददृशे-कुछ नहीं दिखाई देता ऐसा नहीं, प्रत्युत सर्वत्र अद्भुत और स्तुत्य पदार्थ विद्यमान हैं। जनानां-मनुष्यों के मध्य द्रुहः-द्रोही पुरुष ही अनृता-असत्य बातों को सचन्ते-सेवन करते हैं। वस्तुत वां-आप लोगों के निण्यानि-छुपे मर्म अचिते न अभूवन्-अज्ञानी पुरुष को नहीं प्रकट होते।

भावार्थ-उपकारी पुरुष के ज्ञानोपदेश, जिज्ञासु व परोपकारी स्त्री-पुरुषों को अच्छे लगते हैं। इन उपदेशों से श्रेष्ठ जन तो अज्ञान से छूटकर सर्वत्र विद्यमान प्रभु की अद्भुत सामर्थ्य को जान लेते हैं, किन्तु अज्ञानी पुरुष ज्ञान व ज्ञानियों के द्रोही होकर कुछ भी प्राप्त नहीं करते।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-मित्रावरुणौ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

सर्वस्नेही पुरुष

समु वां यज्ञं महयं नमोभिर्हुवे वां मित्रावरुणा सबाधः।
प्र वां मन्मान्युचसे नवानि कृतानि ब्रह्मा जुजुषन्निमानि॥ ६॥

पदार्थ-हे मित्रावरुणा-सर्वस्नेही वरणीय स्त्री-पुरुषो! स बाधः-अज्ञानादि बाधा वा पीड़ा से युक्त होकर वां यज्ञं-आप के सत्संग की मैं नमोभिः-विनम्र वचनों से महयम्-स्तुति करता हूँ और वां हुवे-आप दोनों की स्तुति करता हूँ। वाम्-आप लोगों के नवानि-नये-से-नये कृतानि-सम्पादित किये इमानि ब्रह्मा-ये नाना अन्नादि, धन और उपदिष्ट मन्मानि-मननीय ज्ञानादि को लोग ऋचसे-सेवन के लिये जुजुषन्-प्राप्त करें।

भावार्थ-जो ज्ञानी स्त्री-पुरुष मधुरता के साथ सबसे प्रेम करते हुए ज्ञान का उपदेश करते हैं अज्ञान से पीड़ित दुःखी लोग भी उनके सत्संग में आकर उनके उपदेशों को ग्रहण करके ज्ञानी हो जाते हैं तथा अन्न-धन आदि अपने पुरुषार्थ से प्राप्त कर सुखी होकर उन ज्ञानियों के प्रशंसक हो जाते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-मित्रावरुणौ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

कष्टों को दूर करें

इयं देव पुरोहितिर्युवभ्यां यज्ञेषु मित्रावरुणावकारि।
विश्वानि दुर्गा पिपृतं तिरो नो यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ ७॥

पदार्थ-हे मित्रा वरुणौ-स्नेहयुक्त, श्रेष्ठ स्त्री-पुरुषो! हे देव-विद्वानो! यज्ञेषु-सत्संगों,

यज्ञों में, **इयं**-यह **युवभ्यां**-आप दोनों के लिये **पुरः-हितः अकारि**-आदर पूर्वक उत्तम भेंट की जाती है। आप **विश्वानि**-समस्त **दुर्गा**-कष्टों को **तिरः**-दूर करके हमें **पिपृतं**-पालन करो और **यूयं**-आप लोग **नः स्वस्तिभिः सदा पात**-हमारी उत्तम साधनों से सदा रक्षा करो।

भावार्थ-मनुष्य लोग यज्ञों एवं सत्संगों में सदाचारी विद्वान् स्त्री-पुरुषों का संग करके सन्मार्गदर्शन द्वारा अपने समस्त कष्टों को दूर करें। उन विद्वानों को आदरपूर्वक भेंट देकर तृप्त करें। इससे लोग अपने उत्तम साधनों का सदुपयोग करके परम्पराओं की रक्षा किया करें।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता सूर्य व मित्रावरुण है।

[६२] द्विषष्टितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सूर्यः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

समदर्शी

उत्सूर्यो बृहदुर्चीष्यश्रेत्पुरु विश्वा जनिम मानुषाणाम्।
समो दिवा ददृशे रोचमानः क्रत्वा कृत सुकृतः कर्तृभिर्भूत् ॥ १ ॥

पदार्थ-**बृहत् सूर्यः पुरु अर्चीषि उत् अश्रेत्**-महान् सूर्य जैसे बहुत तेजों को अपने में धारण करता है वैसे ही **सूर्यः**-तेजस्वी पुरुष **बृहत्**-महान् होकर **मानुषाणाम्**-मनुष्यों के **विश्वा जनिम**-समस्त संघों को **उत् अश्रेत्**-अपने पर धारण करे, और **पुरु अर्चीषि**-बहुत सत्कारों को भी **उत् अश्रेत्**-प्राप्त करे। वह सूर्यवत् **रोचमानः**-तेजस्वी एवं सबको प्रिय लगता हुआ **दिवा**-व्यवहार आदि से **समः**-सबके प्रति समान **ददृशे**-देखे। वह **क्रत्वा**-बुद्धि से **कृतः**-सम्पन्न होकर **कर्तृभिः**-कार्यकर्त्ताओं द्वारा **सु-कृतः**-उत्तम कार्यों में समर्थ **भूत्**-हो।

भावार्थ-तेजस्वी पुरुष अपने उत्तम व्यवहार व आचरण से महानता प्राप्त करता है। विभिन्न संगठनों को नेतृत्व प्रदान करके सम्मान पाता है तथा ज्ञानपूर्वक निष्पक्ष व्यवहार द्वारा अपने अनुयायियों व कार्यकर्त्ताओं को सन्तुष्ट एवं संगठित रखने में समर्थ होता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सूर्यः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ज्ञानोदय

स सूर्य प्रति पुरो न उद्गा एभिः स्तोमेभिरेतशेभिरेवैः।
प्र नो मित्राय वरुणाय वोचोऽनागसो अर्यम्णे अग्नेये च ॥ २ ॥

पदार्थ-हे **सूर्य**-तेजस्विन्! जैसे **एतशेभिः एवैः स्तोमेभिः पुरः प्रति उद्गच्छति**-सूर्य शुक्ल किरण समूहों से पूर्व दिशा में प्रतिदिन उदय होता है वैसे ही राजन्! विद्वान्! तू भी **एतशेभिः**-अश्वों से **एभिः स्तोमैः**-इन स्तुत्य जन-संघों सहित वा **एतशेभिः एवैः स्तोमेभिः**-ज्ञानदायक, स्तुत्य मन्त्रसमूहों सहित **प्रति**-प्रतिदिन **नः पुरः**-हमारे समक्ष **उद् गाः**-उदय हो। और **नः**-हमारे में से **मित्राय**-स्नेहवान् **वरुणाय**-दुःखों के वारक, **अर्यम्णे**-न्यायकारी, और **अग्नये**-अग्रणी नेता जन के हित **नः**-हम **अनागसः**-निरपराध जनों को **प्र वोचः**-उपदेश कर।

भावार्थ-राजा को योग्य है कि वह ऐसे उत्तम तेजस्वी विद्वानों को राज्य में नियुक्त करे जो प्रजा में उगते सूर्य के समान वेद ज्ञान का प्रकाश करे। इससे प्रजा ज्ञानी होकर सुखी होगी। साथ ही राजा उत्तम लोगों के विभिन्न संघों को भी संगठित करने में विद्वानों का सहयोग लेवे जिससे नेता लोग निरपराध जनों को सुखी करने में सहयोगी होवें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सूर्यः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सम्पन्न प्रजा

वि नः सहस्रं शुरुधो रदन्त्वृतावानो वरुणो मित्रो अग्निः।
यच्छन्तु चन्द्रा उपमं नो अर्कमा नः कामं पुपुरन्तु स्तवानाः ॥ ३ ॥

पदार्थ-**वरुणः**=श्रेष्ठ जन, **मित्रः**=स्नेहवान् पुरुष, **अग्निः**=ज्ञानप्रकाशक विद्वान् ये सब **ऋतावानः**=सत्य, ज्ञान और ऐश्वर्यधारक **सहस्रं शुरुधः**=हजारों शोक दुःखादि के रोकनेवाली सुख-सम्पदाओं को **नः**=हमें **वि रदन्तु**=विशेषतया प्रदान करें। वे **चन्द्राः**=आह्लादकारी जन **नः**=हमें **वि रदन्तु**=विशेषतया प्रदान करें। हमें **उपमं**=उत्तम **अर्कं**=ज्ञान और अन्न **यच्छन्तु**=प्रदान करें। वे **स्तवानाः**=उपदेश करते हुए, **नः कामं**=हमारी अभिलाषा **पुपुरन्तु**=पूर्ण करें।

भावार्थ-श्रेष्ठ मधुरभाषी विद्वान् जन अपने उपदेशों द्वारा प्रजा को कर्मशील बनने की प्रेरणा करें जिससे प्रजा पुरुषार्थी होकर सत्य, ज्ञान तथा ऐश्वर्य सम्पन्न बने और अपनी समस्त अभिलाषाओं को पूर्ण कर दुःखों से पार हो सके।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

उत्तम संस्कारित सन्तान (माता-पिता का कर्त्तव्य)

द्यावाभूमी अदिते त्रासीथां नो ये वां जज्ञुः सुजनिमान ऋष्वे।
मा हेळे भूम वरुणस्य वायोर्मा मित्रस्य प्रियतमस्य नृणाम् ॥ ४ ॥

पदार्थ-हे **द्यावाभूमी**=आकाश और पृथिवी के समान ज्ञान-प्रकाश और आश्रयदाता **अदिते**=माता-पिता जनो! आप दोनों **नः त्रासीथाम्**=हमारी रक्षा करो। हे **ऋष्वे**=गुणों में महान् आप दोनों **ये**=जो **सु-जनिमानः**=उत्तम जन्म प्राप्त होकर **वां**=तुम दोनों को **जज्ञुः**=पूज्य जानते हैं वे आप दोनों हमारी रक्षा करें। हम लोग **वरुणस्य हेडे मा भूम**=श्रेष्ठ पुरुष के क्रोध या अनादर के पात्र न हों। **नृणाम्**=साधारण मनुष्यों, **प्रियतमस्य मित्रस्य**=प्रियतम मित्र और **वायोः**=वायु के समान उपकारक पुरुष के भी **हेडे मा भूम**=क्रोध या अनादर में न रहें।

भावार्थ-उत्तम माता-पिता अपनी सन्तानों को उत्तम संस्कारों से युक्त करें। सन्तान ज्ञानी, गुणवान् तथा संस्कारित होगी तो उत्तम व्यवहार से श्रेष्ठ विद्वान जनों की संगति में जाने पर उनके स्नेह की भाजन बनेगी। विद्वान् तो दूर साधारण मनुष्य भी ऐसी सन्तान पर क्रोध न करके उनकी प्रशंसा ही करेंगे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

स्त्री-पुरुषों का कर्त्तव्य

प्र बाहवा सिसृतं जीवसे न आ नो गव्यूतिमुक्षतं घृतेन।
आ नो जने श्रवयतं युवाना श्रुतं मे मित्रावरुणा हवेमा ॥ ५ ॥

पदार्थ-हे **मित्रावरुणा**=सूर्य वा जल के समान उपकारक स्त्री-पुरुषो! आप लोग **बाहवा**=दो बाहुओं के समान **नः जीवसे**=हमारे जीवन-सुख के लिये **प्र सिसृतम्**=आगे बढ़ो **नः गव्यूतिम्**=हमारे मार्ग को **घृतेन**=जल से **आ उक्षतम्**=सींचो। **युवाना**=आप दोनों युवक **नः**=हमें **जने**=मनुष्यों **आ श्रवयतम्**=प्रसिद्ध करो। **मे इमा हवा**=मेरे ये वचन **श्रुतं**=सुनो।

भावार्थ-उत्तम स्त्री-पुरुषों को योग्य है कि वे मिलकर समाजसेवा के कार्यों में सहयोग

करें तथा लोगों को उत्तम मार्गदर्शन करके ज्ञान, कर्म एवं परस्पर प्रीतिपूर्वक व्यवहार सिखाकर राष्ट्र को उन्नत बनाने में सहयोगी हों।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

शासक का कर्त्तव्य

नू मित्रो वरुणो अर्यमा नस्तमने तोकाय वरिवो दधन्तु।
सुगा नो विश्वा सुपथानि सन्तु यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ६ ॥

पदार्थ-नु-अवश्य, शीघ्र ही मित्रः-स्नेहवान् और सर्वमित्र विद्वान् वरुणः-श्रेष्ठ पुरुष और अर्यमा-न्यायकारी पुरुष नः-हमारे तमने-अपने लिये नः तोकाय-हमारे पुत्र के लिये भी वरिवः-उत्तम धन दधन्तु-दें जिससे नः-हमारे विश्वा-सब कार्य सुगा-सुगम और सु-पथानि-उत्तम मार्ग युक्त सन्तु-हों। हे विद्वान् जनो! यूयं नः सदा स्वस्तिभिः पात-आप हमारी सदा कल्याण-साधनों से रक्षा करें।

भावार्थ-राजा को योग्य है कि वह अपने राज्य में उत्तम विद्वानों तथा निष्पक्ष पुरुषों को न्यायाधीश नियुक्त करें। जिससे प्रजा ज्ञानी होकर पुरुषार्थ पूर्वक धन कमावे तथा उत्तम न्याय प्राप्त कर राष्ट्र में सुरक्षित रहकर सुखी एवं समृद्ध होवे।

अगले सूक्त का भी ऋषि वसिष्ठ और देवता सूर्य व मित्रावरुण ही हैं।

[६३] त्रिषष्टितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सूर्यः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

मार्गदर्शक विद्वान्

उद्वेति सुभगो विश्वचक्षाः साधारणः सूर्यो मानुषाणाम्।
चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्य देवश्चर्मेव यः समविव्यक्तमांसि ॥ १ ॥

पदार्थ-जैसे सूर्यः-सूर्य देवः-प्रकाशयुक्त होकर तमांसि चर्म इव-अन्धकारों को चर्म के समान सम् अविव्यक्-एक साथ छिन्न-भिन्न करता है और मानुषाणां साधारणः-मनुष्यों के प्रति एक समान प्रकाशित होकर विश्व-चक्षाः उद् एति उ-सबको दिखाता हुआ उदित होता है और मित्रस्य वरुणस्य चक्षुः-मित्र, दिन और वरुण, रात्रि दोनों का प्रकाशक होता है वैसे ही सु-भगः-उत्तम ऐश्वर्यवान् सूर्यः-सूर्य-समान तेजस्वी, मानुषाणां साधारणः-मनुष्यों के प्रति एक समान और विश्व-चक्षाः-सबका मार्गदर्शी विद्वान् वा राजा भी मित्रस्य-अपने स्नेही और वरुणस्य-श्रेष्ठ पुरुष का भी चक्षुः-नेत्र के समान मार्गदर्शक हो। वह देवः-विद्वान् तमांसि-अज्ञान अन्धकारों को चर्म इव सम् अविव्यक्-चर्म के समान एक साथ छिन्न-भिन्न करे।

भावार्थ-उत्तम विद्वान् जन राष्ट्र में लोगों के अज्ञान को अपने वेद ज्ञान के प्रकाश से नष्ट करके उनका मार्गदर्शन करें। वे समानता, बन्धुत्व तथा मधुर व्यवहार सिखाकर राष्ट्र को उन्नत करने में सहायक होवें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सूर्यः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सर्वसंचालक विद्वान्

उद्वेति प्रसवीता जनानां महान्केतुरर्णवः सूर्यस्य।
समानं चक्रं पर्यावृत्सन्यदेतशो वहति धूर्षु युक्तः ॥ २ ॥

पदार्थ–जैसे **एतशः**–वेगवान् अश्व वा यन्त्र **धूर्षु युक्तः**–यन्त्रों के धुराओं में जुड़ा हुआ **समानं चक्रम्**–सब यन्त्राङ्गों में समान रूप से गतिदाता चक्र को **परि आववृत्सन्**–घुमाता है और जैसे **एतशः**–तेजोयुक्त सूर्य **धूर्षुयुक्तः सन्**–नाना ग्रहों के धारक केन्द्र में स्थित होकर **समानं चक्रं परि आ ववृत्सनू**–ग्रह–चक्र को समान नीति से अपने गिर्द घुमाता है और जैसे **जनानां महान् केतुः**–सब जन्तुओं का ज्ञापक, **सूर्यस्य–सूर्यः स्थः**–वह सूर्य **अर्णवः**–जल का दाता है **जनानां प्रसवीता**–सबका प्रेरक होकर **उद् एति उ**–नियम से उदय होता है वैसे ही **एतशः**–ज्ञानी पुरुष भी **धूर्षु युक्तः**–कार्य–भारों के धारण पदों पर नियुक्त होकर **वहति**–कार्य–भार को उठावे और **समानं चक्रं**–एक समान राजचक्र को भी **परि आ ववृत्सन्**–यथार्थ रीति से चलावे। **स्य सूर्य**–वह सूर्य के समान वा **अर्णवः**–समुद्र के समान तेजस्वी, गम्भीर और **जनानां**–मनुष्यों के बीच में **केतुः**–ध्वजातुल्य ऊँचा, **महान्**–गुणों में बड़ा और **केतुः**–स्वयं ज्ञानी वह **प्रसवीता**–उत्तम मार्ग में चलाने हारा पुरुष **उत् एति उ**–उत्तम पद को प्राप्त हो। वैसे ही प्रभु स्वप्रकाशक होने से 'एतश', सर्वप्रकाशक होने से 'सूर्य' है, वह समस्त ब्रह्माण्ड–कालचक्र को चलाता, सबका उत्पादक, ज्ञानवान्, महान् है। **सूर्यस्य**–सूर्यः। विभक्तिव्यत्यय इति सायणः। सूर्यः स्यः इति वा पदच्छेदः। विभक्तेर्लुक्।

भावार्थ–राजा को योग्य है कि वह राजकार्य हेतु विभिन्न पदों पर ज्ञानी पुरुषों को नियुक्त कर कार्यभार सौंपे। वे ज्ञानी पुरुष राष्ट्र के समस्त कार्यभार को कर्त्तव्य परायणता के साथ निर्वहन करते हुए प्रजा तथा कर्मचारियों को ठीक मार्ग पर चलावें। विभिन्न सभाओं में तथा दूसरे राज्यों के अधिकारियों से वार्त्ता काल में अपने राष्ट्र का ध्वज ऊँचा करें। अर्थात् योग्यता पूर्वक अपने राष्ट्र की पहचान श्रेष्ठ बनावें।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–सूर्यः॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

सर्वप्रेरक ज्ञानी

विभ्राजमान उषसामुपस्थाद्रेभैरुदेत्यनुमद्यमानः।
एष मे देवः सविता चच्छन्दु यः समानं न प्रमिनाति धाम॥ ३॥

पदार्थ–जैसे **देवः सविता**–प्रकाशमान् सूर्य, **उषसाम् उपस्थात्**–उषाओं में से **विभ्राजमानः**–विशेष चमकता हुआ, **रेभैः**–स्तुतिकर्त्ता जीवों से **अनुमद्यमानः**–स्तुत होकर **उदेति**–उदय होता है वह **समानं धाम न प्रमिनाति**–सबको प्राप्त तेज को नष्ट नहीं करता है, वैसे ही **यः**–जो महापुरुष, **समानं धाम**–अपने एक समान, अनुरूप तेज, नाम, स्थान पद को **न प्र-मिनाति**–नष्ट नहीं करता तो भी **उषसाम्**–प्रभात–वेलाओं के समान उत्तम अनुराग–युक्त प्रजाओं **रेभैः**–विद्वानों द्वारा **अनु-मद्यमानः**–स्तुति एवं उपदेश किया जाकर **उद् एति**–विद्या–प्रकाश तथा बल–दीप्ति से उदय को प्राप्त होता, उन्नत पद प्राप्त करता है, **एषः**–वह **मे**–मेरा **देवः**–ज्ञानदाता पुरुष वा ऐश्वर्यप्रद राजा **सविता**–उत्पादक पितावत् **चच्छन्द**–गृहवत् शरण दे।

भावार्थ–उत्तम ज्ञानी पुरुषों को योग्य है कि वे अपने ज्ञानोपदेश द्वारा लोगों को सन्मार्ग की ओर प्रेरित करें। लोगों को बतावें कि प्रातः उषाकाल में जागकर ईश्वर की स्तुति करें। विद्वानों का संग कर ज्ञान एवं बल की प्राप्ति करें तथा योग्य शिक्षा पाकर उन्नत पदों को भी प्राप्त करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सूर्यः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ज्ञानी से प्रेरणा

दिवो रुक्म उरुचक्षा उदेति दूरेअर्थस्तरणिर्भ्राजमानः।
नूनं जनाः सूर्येण प्रसूता अयन्नर्थानि कृणवन्नपांसि ॥ ४ ॥

पदार्थ-सूर्य जैसे **दिवः रुक्म**-आकाश में सुवर्ण-आभरण तुल्य देदीप्यमान **उरु-चक्षाः**-विशाल आकाश और लोकों का प्रकाशक **तरणिः**-आकाश पार करनेवाला, **भ्राजमानः**-चमकता हुआ **दूरे-अर्थः**-दूर-दूर तक स्वयं प्रकाश फैलाता हुआ **उदेति**-उदय होता है और **जनाः**-मनुष्य, जन्तुगण **सूर्येण प्रसूताः**-सूर्य द्वारा प्रेरित होकर **अर्थानि अयन्**-पदार्थ प्राप्त करते और **अपांसि कृणवन्**-कर्म करते हैं। वैसे ही **तरणिः**-नौका-तुल्य जीवों को दुःखों से पार करनेवाला, **भ्राजमानः**-तेजस्वी, **दूरे-अर्थः**-दूर-दूर तक जानेवाला, दूर से भी धन प्राप्त करनेवाला, **उरु-चक्षाः**-बहुदर्शी पुरुष **दिवः रुक्म**-कामनावान् प्रजा के बीच सुशोभित, उनको प्रिय होता है और **जनाः**-सब जन, ऐसे **सूर्येण**-सूर्यवत् ज्ञान और तेज से युक्त पुरुष से **प्रसूताः**-प्रेरित और शिक्षित होकर **अर्थानि प्रयन्**-अपने प्राप्य पदार्थों को प्राप्त हों और **अपांसि कृण्वन्**-नाना कर्म करें।

भावार्थ-ज्ञानी पुरुष राष्ट्र में कर्मशील होकर अपने जीवन व्यवहार से प्रजा के समक्ष आदर्श प्रस्तुत करे। जलमार्ग आदि से अन्य देशों के साथ व्यापार करके राष्ट्र में धन की वृद्धि करता है। अन्य देशों से सामान लाकर अपनी प्रजा में उन पदार्थों की कमी को पूरा करके लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। इससे अन्य लोग भी प्रेरणा पाकर राष्ट्र को समृद्ध बनाने के लिए इस कार्य को बढ़ाते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सूर्यः, मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सन्मार्ग में गति

यत्रा चक्रुरमृता गातुमस्मै श्येनो न दीयन्नन्वेति पाथः।
प्रति वां सूर उदिते विधेम नमोभिर्मित्रावरुणोत हव्यैः ॥ ५ ॥

पदार्थ-पूर्व आधी ऋचा का सूर्य देवता है। **दीयन् श्येनः न**-वेग से गति करता हुआ बाज पक्षी जैसे **पाथः अन्वेति**-आकाश मार्ग में शिकार के पीछे जाता है वैसे ही **श्येनः**-प्रशस्त मार्ग से जानेवाला विद्वान् पुरुष **दीयन्**-सन्मार्ग पर चलता हुआ उस **पाथः**-सन्मार्ग का **अनु एति**-अनुगमन करे, **यत्र**-जिससे जाते हुए **अमृताः**-अमर आत्मा, दीर्घायु जन **अस्मै**-इसको **गातुं चक्रुः**-ज्ञान का उपदेश करते हैं।

उत्तरार्ध ऋचा के देवता मित्र और वरुण हैं। हे **मित्रावरुणा**-श्रेष्ठ गुरुजनो! **सूरे उदिते**-सूर्य के उदय होने पर **हव्यैः नमोभिः**-स्वीकार-योग्य अन्नों और विनय-वचनों से **वां**-आप दोनों की **प्रति विधेम**-प्रति दिन सेवा करें।

भावार्थ-विद्वान् पुरुष स्वयं प्रशस्त मार्ग पर चलकर अन्य लोगों को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा करे और बतावे कि अपने गुरुजनों व श्रेष्ठ विद्वानों का विनयी भाव से अन्नादि के द्वारा प्रति दिन सेवा सत्कार किया करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

विद्वानों से प्रेरणा

नू मित्रो वरुणो अर्यमा नस्त्मने तोकाय वरिवो दधन्तु।
सुगा नो विश्वा सुपथानि सन्तु यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ६ ॥

पदार्थ-नु-अवश्य, शीघ्र ही मित्रः-स्नेहवान् और सर्वमित्र विद्वान् वरुणः-श्रेष्ठ पुरुष और अर्यमा-न्यायकारी पुरुष नः-हमारे त्मने-अपने लिये नः तोकाय-हमारे पुत्र के लिये भी वरिवः-उत्तम धन दधन्तु-दें जिससे नः-हमारे विश्वा-सब कार्य सुगा-सुगम और सु-पथानि-उत्तम मार्ग युक्त सन्तु-हों। हे विद्वान् जनो! यूयं नः सदा स्वस्तिभिः पात-आप हमारी सदा कल्याण-साधनों से रक्षा करें।

भावार्थ-विद्वान् जन मित्रवत् व्यवहार करते हुए लोगों को न्यायपूर्ण आचरण तथा पुरुषार्थ पूर्वक धन कमाने के लिए प्रेरणा करें। जिससे प्रजा अपने पुत्रादि सन्तानों को भी सुमार्ग पर चलाकर ऐश्वर्य सम्पन्न बना सके तथा कल्याण साधनों का संग्रह कर सके।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता मित्रावरुण है।

[६४] चतुःषष्टितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ऐश्वर्य सम्पन्न प्रजा

दिवि क्षयन्ता रजसः पृथिव्यां प्र वां घृतस्य निर्णिजो ददीरन्।
हव्यं नो मित्रो अर्यमा सुजातो राजा सुक्षत्रो वरुणो जुषन्त ॥ १ ॥

पदार्थ-अर्यमा-सूर्य जैसे दिवि रजसः पृथिव्यां क्षयन्ता-आकाश, अन्तरिक्ष और पृथिवी में रहते हुए मेघों और सूर्य की किरण घृतस्य निर्णिजः-जल और तेज के नाना शुद्ध रूपों को प्र ददीरन्-अच्छी प्रकार से देते हैं, वैसे ही दिवि-ज्ञान और व्यवहार में विद्यमान रजसः-प्रजाजनों और पृथिव्यां क्षयन्ता-ऐश्वर्यवान् पृथ्वीवासी मित्रावरुणा-स्नेही एवं श्रेष्ठ जनो! वां-आप लोगों को निः-निजः रजसः-शुद्ध पवित्र आत्मावाले उत्तम जन घृतस्य प्र ददीरन्-ज्ञानप्रकाश दें। मित्रः-स्नेहवान् अर्यमा-शत्रुओं का नियन्ता, सु-जातः-उत्तम पद पर प्रसिद्ध, राजा-देदीप्यमान, सु-क्षत्रः वरुणः-उत्तम बल का स्वामी, स्वयं वरणीय राजा ये सब नः हव्यं-हमारा दिया पदार्थ जुषन्त-सेवन करें।

भावार्थ-जब राष्ट्र की प्रजा ज्ञानी तथा ऐश्वर्य सम्पन्न होती है तो वह कर के रूप में राष्ट्र के भरण-पोषण हेतु अपने धन का कुछ निश्चित अंश दान करके राष्ट्र के विद्वानों, ज्ञानियों, सेनापति एवं सैनिकों, प्रशासन अधिकारियों तथा राजा तक इन सबका पालन करती है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

वीर सेनापति व श्रेष्ठ व्यापार

आ राजाना महऋतस्य गोपा सिन्धुपती क्षत्रिया यातमर्वाक्।
इळां नो मित्रावरुणोत वृष्टिमवं दिव इन्वतं जीरदानू ॥ २ ॥

पदार्थ-हे राजाना-राजा-रानी, वा राजा-सेनापति तुल्य प्रजाओं में प्रकाशित महः ऋतस्य गोपा-बड़े धनैश्वर्य और ज्ञान के रक्षक, सिन्धु-पती-वेगवान् अश्वों, समुद्रवत् विशाल प्रजाजनों,

सैन्यों तथा प्राणों के पालक, क्षत्रिया=बलशाली होकर तुम दोनों अर्वाक् यातम्=आगे बढ़ो। हे जीर-दानू=मेघ और वायु तुल्य संसार को वेग, जीवन और प्राण देनेवाले! मित्रावरुणा=स्नेहयुक्त और वरणीय श्रेष्ठ जनो! जैसे वायु और मेघ, वा विद्युत् और सूर्य दोनों दिवः वृष्टिम् इन्वतः=आकाश से वृष्टि लाते हैं और दिवः इडाम् इन्वतम्=भूमि से अन्न को उत्पन्न करते हैं वैसे ही आप दोनों दिवः=व्यापार आदि से वृष्टिम् अव इन्वतम्=समृद्धि की वृष्टि प्राप्त कराओ उत=और नः=हमें इडां अव इन्वतम्=उत्तम वाणी और अन्न=सम्पदा प्राप्त कराओ।

भावार्थ=राष्ट्र में राजा को योग्य है कि वह वीर पुरुष को सेनापति नियुक्त करे जो प्रजा की सब प्रकार से रक्षा करे तथा श्रेष्ठ व्यापारियों को प्रोत्साहित करे कि वे देश=विदेश में व्यापार करके राष्ट्र के लिए धनैश्वर्य की वृद्धि करें जिससे प्रजा अन्न व सम्पत्ति से युक्त होवे।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=मित्रावरुणौ॥ छन्दः=त्रिष्टुप्॥ स्वरः=धैवतः॥

राजा का कर्त्तव्य

मित्रस्तन्नो वरुणो देवो अर्यः प्र साधिष्ठिभिः पथिभिर्नयन्तु।
ब्रवद्यथा न आदरिः सुदास इषा मदेम सह देवगोपाः॥ ३॥

पदार्थ=मित्रः=स्नेहवान् वरुणः=वरणीय देवः=दानशील अर्यः=स्वामी, नः=हमें तत्=वे सब जन साधिष्ठेभिः पथिभिः=अति उत्तम मार्गों से प्र यन्तु=अच्छी प्रकार ले जावें। आत्=अनन्तर यथा=यथोचित रीति से नः=हममें से सु-दासे=उत्तम दानशील के हितार्थ अरिः=स्वामी राजा नः ब्रवत्=हमें उपदेश करे। हम सब देव-गोपाः=विद्वानों से सुरक्षित होकर इषा मदेम=अन्न से तृप्त=प्रसन्न हों।

भावार्थ=राजा अपने राष्ट्र में शिक्षा व वितरण व्यवस्था को उत्तम बनावे जिससे लोग विद्वानों के संग से उत्तम शिक्षा व प्रशासन के माध्यम से उत्तम व्यवस्था व अन्न को प्राप्त करके तृप्त व प्रसन्न होवें।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=मित्रावरुणौ॥ छन्दः=त्रिष्टुप्॥ स्वरः=धैवतः॥

राष्ट्र में कृषि व सिंचाई द्वारा उन्नति

यो वां गर्तं मनसा तक्षदेतमूर्ध्वां धीतिं कृणवद्धारयच्च।
उक्षेथां मित्रावरुणा घृतेन ता राजाना सुक्षितीस्तर्पयेथाम्॥ ४॥

पदार्थ=मित्रावरुणा राजाना घृतेन उक्षेथां=मित्र, वरुण, वा विद्युत् और सूर्य दोनों जैसे दीप्त होकर जल और तेज का वर्षण करते और सु-क्षितीः तर्पयेथाम्=उत्तम भूमियों को तृप्त करते हैं वैसे हे मित्रावरुणा=स्नेहवान् और दुःखवारक राजाना=राजा जनो! आप दोनों घृतेन=जल और तेज से सु-क्षितीः=उत्तम भूमियों, प्रजाओं को उक्षेथाम्=सींचो, पुष्ट करो। ता=वे आप दोनों प्रजाजनों को तर्पयेथाम्=तृप्त करें और यः=जो प्रजाजन वां गर्त्तं=आप दोनों के रथ, सभाभवन और कृषि, स्तुति, उपदेश आदि भी मनसा तक्षत्=ज्ञानपूर्वक करे, ऊर्ध्वाम्=उन्नत धीतिम्=कर्म कृणवत्=करे, धारयत् च=वहाँ ही स्थापित करे, आप दोनों एतम्=उसको तर्पयेथाम्=प्रसन्न करो।

भावार्थ=राजा को अपने राष्ट्र में कृषि विद्या के लिए शिक्षा की उत्तम व्यवस्था द्वारा किसानों को प्रशिक्षित कराके खेती को उन्नत करना चाहिए। सिंचाई व्यवस्था को ठीक करे। राजनीति, शिल्पविद्या तथा अन्य शिक्षाओं की भी उचित व उत्तम व्यवस्था करके राष्ट्र को उन्नत

व प्रजा को प्रसन्न करे।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-मित्रावरुणौ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

श्रेष्ठ जन का कर्त्तव्य

एष स्तोमो वरुण मित्र तुभ्यं सोमः शुक्रो न वायवेऽयामि।
अविष्टं धियो जिगृतं पुरन्धीर्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ ५॥

पदार्थ-**वायवे शुक्रः न**-वायु को जैसे शीघ्र काम करने का सामर्थ्य प्राप्त है, वैसे हे **वरुण**-श्रेष्ठजन! हे **मित्र**-स्नेहयुक्त जन **तुभ्यम्**-तेरे लिये **एषः**-यह **स्तोमः**-स्तुति और **सोमः**-यह ऐश्वर्य **शुक्रः**-कान्तियुक्त होकर तेरी वृद्धि को **अयामि**-प्राप्त हो। आप दोनों **धियः अविष्टं**-सुकर्मों की रक्षा करो और **पुरन्धीः जिगृतम्**-बहुत से ज्ञान धारण करनेवाली बुद्धियों, ज्ञानों का उपदेश करो। **यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः**-आप हमारा सदा उत्तम उपायों से पालन करें।

भावार्थ-श्रेष्ठ जनों का कर्त्तव्य है कि वे लोगों को सुकर्मों पर चलने की शिक्षा दें। इससे मनुष्य लोग सत्कर्मी तेजस्वी व सम्पन्न होकर उत्तम उपायों द्वारा सुखी होंगे।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता मित्रावरुण है।

[६५] पञ्चाषष्टितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-मित्रावरुणौ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

राजा प्रजा के कर्त्तव्य

प्रति वां सूर उदिते सूक्तैर्मित्रं हुवे वरुणं पूतदक्षम्।
ययोरसुर्यमक्षितं ज्येष्ठं विश्वस्य यामन्नाचिता जिगत्नु॥ १॥

पदार्थ-**ययोः**-जिनका **अक्षितम्**-अविनाशी, **असुर्यम्**-प्राणों में रमण करनेवाले, 'असुर' अर्थात् जीवों के हितकारक, **ज्येष्ठं**-श्रेष्ठ बल **विश्वस्य**-सबको **जिगत्नु**-जीतनेवाला है वे दोनों **यामन्**-राज्यप्रबन्ध के कार्य में **आचिता**-आदर प्राप्त करने योग्य हों। **सूरे उदिते**-सूर्य तुल्य तेजस्वी पुरुष के उदय होने, वा सर्वोपरि पद प्राप्त कर लेने पर मैं प्रजाजन **वाम्**-आप दोनों नर-नारी और राजा-प्रजा-वर्गों में से **पूतदक्षं**-पवित्र बल और आचारवान् **मित्रं**-सर्व स्नेही और **वरुणं**-श्रेष्ठ जन को **सूक्तैः**-उत्तम वचनों से **प्रति हुवे**-प्रत्यक्ष रूप से स्वीकार करूँ।

भावार्थ-राजा को योग्य है कि वह प्रजा के हितकारी श्रेष्ठ कर्मपरायण पुरुषों व स्त्रियों को राज्य प्रबन्ध के कार्य हेतु उन्नत व सर्वोपरि पदों पर नियुक्त करे। प्रजा जन ऐसे तेजस्वी पवित्र आचारवान् पदाधिकारियों का सम्मान करें तथा आज्ञापालन में रहकर अनुशासन बनावें।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-मित्रावरुणौ॥ छन्दः-त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

विद्वानों द्वारा विभिन्न विद्याओं की शिक्षा

ता हि देवानामसुरा तावर्या ता नः क्षितीः कृतमूर्जयन्तीः।
अश्याम मित्रावरुणा वयं वां द्यावा च यत्र पीपयन्नहा च॥ २॥

पदार्थ-**यत्र**-जिस राष्ट्र या देश में, हे **मित्रा वरुणा**-प्रजा के स्नेही, प्राणवत् प्रिय और वरणीय स्त्री पुरुषो! **द्यावा**-सूर्य और भूमिवत् विद्वान् और अविद्वान् जन और **अहा च**-दिन-रात्रिवत् स्त्री-पुरुष सभी **वां पीपयन्**-आप दोनों को पुष्ट करते हैं, उसी देश में हम भी **अश्याम**-सुख-समृद्धि प्राप्त करें। वे मित्र और वरुण दोनों ही **देवानाम्**-विद्वान् मनुष्यों के बीच,

प्राणों में प्राण उदान के समान **असुरा**=बलवान् जीवनधारक, **सौ अर्या**=वे दोनों ही स्वामी स्वामिनी के समान गृहपालक और **ता**=वे दोनों ही **नः क्षितीः**=हमारी भूमियों और मानव प्रजाओं को **ऊर्जयन्तीः**=उत्तम अन्न और बल के सम्पादक **करतम्**=बनावें।

भावार्थ–राजा को योग्य है कि वह राष्ट्र की प्रजा को पुष्ट करने तथा सुखी एवं समृद्ध करने हेतु विद्वानों व विदुषियों की नियुक्ति करे। वे विद्वान् लोगों को प्राण विद्या, स्वास्थ्यवृत्त, गृहपालन, कृषि तथा सन्तानों को उत्तम बनाने की शिक्षा प्रदान करें। प्रजा विद्वानों द्वारा प्रदत्त शिक्षाओं को धारण करे।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–मित्रावरुणौ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

राजा का आचरण

ता भूरिपाशावनृतस्य सेतू दुरत्येतू रिपवे मर्त्याय।
ऋतस्य मित्रावरुणा पथा वामपो न नावा दुरिता तरेम॥ ३॥

पदार्थ–हे **मित्रावरुणा**=परस्पर स्नेही, वरणीय राजा–प्रजा, स्त्री–पुरुषो! **ता**=वे आप दोनों **भूरि पाशा**=बहुत बन्धनों से बद्ध होकर **अनृतस्य**=असत्याचरण को पार करने के लिये **सेतु**=पुल के समान होओ और **रिपवे मर्त्याय**=शत्रुभूत पापी पुरुष के नाश के लिये आप दोनों **दूर-अत्येत्**=दुःख से अतिक्रमण–योग्य, अलंघनीयशासन होओ। **वाम्**=आप दोनों के **ऋतस्य पथा**=सत्य के मार्ग से चलकर हम भी **नावा आपः न**=नाव से जलों के समान **दुरिता तरेम**=सब दुःखों को पार करें।

भावार्थ–राजा को चाहिए कि वह जीवन को अनुशासित व संयमित रखते हुए प्रजा को आदर्श प्रदान करे जिससे प्रजाजन नियमों में रहकर असत्याचरण से बचकर सुपथगामी होवे। राजा शत्रुओं व पापियों के नाश के लिए कठोर नियम बनावे तथा उनको दृढ़ता के साथ लागू करे। प्रजा भी नियमों में रहकर दुःखों से छूट सुख को प्राप्त करे।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–मित्रावरुणौ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

उत्तम जनों का सम्मान

आ नो मित्रावरुणा हव्यजुष्टिं घृतैर्गव्यूतिमुक्षतमिळाभिः।
प्रति वामत्र वरमा जनाय पृणीतमुद्नो दिव्यस्य चारोः॥ ४॥

पदार्थ–**मित्रावरुणा**=सूर्य–मेघ वा वायु–मेघ के समान सर्वप्रिय जनो! आप दोनों **नः**=हमारे **हव्य-जुष्टिं**=प्रेम से स्वीकार–योग्य अन्न आदि को स्वीकार करो। **घृतैः गव्यूतिम्**=जलों से भूमि भाग के समान **इडाभिः**=उत्तम वाणियों से वाणी के उत्तम पात्रों को **उक्षतम्**=सेचन करो। आप दोनों **वाम्**=अपने **दिव्यस्य**=ज्ञान से पूर्ण **चारोः**=उत्तम **उद्नः**=जलवत् शान्तिदायक वचन का **वरम्**=श्रेष्ठ प्रयोग **जनाय**=समस्त जन के हितार्थ **प्रति**=प्रतिदिन **आ पृणीतम्**=करो।

भावार्थ–लोगों को चाहिए कि वे उत्तम विद्वान् स्त्री–पुरुषों का अन्नादि तथा उत्तम वाणियों के द्वारा सम्मान करें। फिर वे विद्वान् स्त्री–पुरुष भी अपने प्रिय मधुर ज्ञानोपदेश के द्वारा लोगों का मार्गदर्शन करेंगे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

विद्वानों द्वारा ज्ञान का उपदेश

एष स्तोमो वरुण मित्र तुभ्यं सोमः शुक्रो न वायवेऽयामि।
अविष्टं धियो जिगृतं पुरन्धीर्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ५ ॥

पदार्थ-वायवे शुक्रः न=वायु को जैसे शीघ्र काम करने का सामर्थ्य प्राप्त है, वैसे हे वरुण=श्रेष्ठजन! हे मित्र=स्नेहयुक्त जन तुभ्यम्-तेरे लिये एषः=यह स्तोमः=स्तुति और सोमः=यह ऐश्वर्य शुक्रः=कान्तियुक्त होकर तेरी वृद्धि को अयामि=प्राप्त हो। आप दोनों धियः अविष्टं=सु-कर्मों की रक्षा करो और पुरन्धीः जिगृतम्=बहुत से ज्ञान धारण करनेवाली बुद्धियों, ज्ञानों का उपदेश करो। यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः=आप हमारा सदा उत्तम उपायों से पालन करें।

भावार्थ-विद्वान् स्त्री-पुरुष अपनी मेधा व ज्ञान के द्वारा लोगों को ब्रह्मचर्य सेवन व सदाचार के द्वारा जीवन को कान्तिमय व उन्नत बनाने की शिक्षा प्रदान करें।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता मित्रावरुण, आदित्य और सूर्य हैं।

[६६] षट्षष्टितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-निचृद्गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

गुरु शिष्य

प्र मित्रयोर्वरुणयोः स्तोमो न एतु शूष्यः। नमस्वान्तुविजातयोः ॥ १ ॥

पदार्थ-तुषि-जातयोः=बहुत-सी विद्याओं में प्रवीण, मित्रयोः=परस्पर स्नेही और वरुणयोः=गुरु-शिष्य रूप से वरण करनेवाले दोनों का नमस्वान्-विनययुक्त व्यवहारवाला, शूष्यः=सुखकारी, स्तोमः=स्तुति-योग्य उपदेश नः एतु=हमें प्राप्त हो।

भावार्थ-विभिन्न विद्याओं के विद्वान् गुरु अपने शिष्यों के प्रति स्नेही भाव रखकर विद्या दान करे। शिष्य भी विनयभाव से गुरुओं द्वारा प्रदत्त विद्या के उपदेश को सुनें। इससे अन्य मनुष्य लोग प्रेरणा लेकर परस्पर छोटे-बड़े के व्यवहार को आचरण में उतारते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-निचृद्गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

उत्तम पुरुष ही पदाधिकारी हों

या धारयन्त देवाः सुदक्षा दक्षपितरा। असुर्याय प्रमहसा ॥ २ ॥

पदार्थ-देवाः=विद्वान् मनुष्य या=जिन दो को धारयन्त=व्रत धारण कराते हैं वे आप दोनों सु-दक्षा=उत्तम कर्मकुशल दक्षपितरा=बल वीर्य के पालक, प्र-महसा=उत्तम तेजस्वी होकर असुर्याय=बलवान् पुरुषों में श्रेष्ठ पद के योग्य होते हैं।

भावार्थ-विद्वान् जन उत्तम कर्मकुशल तथा सदाचारी तेजस्वी पुरुषों को श्रेष्ठ पदों के लिए नामित करें। इससे राष्ट्र में भ्रष्टाचार नहीं होगा।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-विराड्गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

विद्वान् का कर्त्तव्य

ता नः स्तिपा तनूपा वरुण जरितृणाम्। मित्र साधयतं धियः ॥ ३ ॥

पदार्थ-ता=वे दोनों नः=हमारे स्तिपा=संघों के रक्षक और तनूपा=शरीरों के रक्षक हों।

हे **वरुण**-श्रेष्ठ जन! हे **मित्र**-स्नेहवन्! विद्वन् आप लोग **जरितॄणाम्**-उपदेष्टा पुरुषों की **धियः**-बुद्धियों और विचारों को **साधयतम्**-सफल करो।

भावार्थ-श्रेष्ठ विद्वान् पुरुष अपने शिष्यों को ज्ञानोपदेश के द्वारा इतना योग्य विद्वान् बनावें कि वे शिष्य लोग राष्ट्र के नागरिकों को स्वस्थ व संगठित रहने का उपदेश करते हुए सन्मार्गदर्शन कर सकें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आदित्याः ॥ छन्दः-निचृद्गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

न्यायशील राजा

यदद्य सूर उदितेऽनागा मित्रो अर्यमा। सुवाति सविता भगः ॥ ४ ॥

पदार्थ-**उदिते सूरे**-सूर्यवत् तेजस्वी पुरुष के उदय होने पर **यत्**-जो **अनागाः**-अपराधादि से रहित **मित्रः**-स्नेहवान् **अर्यमा**-न्यायकारी, **सविता**-सर्व प्रेरक, शासक और **भगः**-ऐश्वर्यवान् है वह **अद्य**-आज के समान सदा **सुवाति**-शासन करे।

भावार्थ-राजा स्वयं निष्कलंक होवे तथा प्रजा को उचित न्याय प्रदान करे। इससे राजा प्रजा का प्रिय भी बनेगा तथा उसका शासन दीर्घकाल तक चलता रहेगा।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आदित्याः ॥ छन्दः-आर्षीगायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

उपदेशक का कर्त्तव्य

सुप्रावीरस्तु स क्षयः प्र नु यामन्त्सुदानवः। ये नो अंहोऽतिपिप्रति ॥ ५ ॥

पदार्थ-**ये**-जो **नः**-हमें **अंहः**-पाप कर्म से **अतिपिप्रति**-पार करते हैं ऐसे **सु-दानवः**-उत्तम उपदेशक, विद्वान् पुरुषो! आप लोगों से प्रार्थना है कि **यामन्**-राज्य के नियन्त्रण और शत्रु पर चढ़ाई के कार्य में **सः**-वह **क्षयः**-शत्रुओं का नाशक पुरुष **नु**-निश्चय से **क्षयः**-गृह के समान **सुप्रावीः अस्तु नु**-उत्तम रीति से रक्षक हो। **यामन्**-विवाह-बन्धन का कार्य हो चुकने पर **सः क्षयः**-वह ऐश्वर्य-युक्त, नव गृहपति **सु-प्रावीः प्र अस्तु**-उत्तम गृहरक्षक हो।

भावार्थ-उत्तम विद्वान् पुरुष लोगों को उत्तम उपदेश करे जिससे वे पाप कर्मों से दूर रहें तथा राजनियमों के पालन और शत्रुओं के नाश में सहयोगी होकर राष्ट्र की रक्षा उत्तम रीति से कर सकें। और सद्गृहस्थ बनकर राष्ट्र रक्षा में सहयोगी बनें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आदित्याः ॥ छन्दः-आर्षीगायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

सभा का कर्त्तव्य

उत स्वराजो अदितिरदब्धस्य व्रतस्य ये। महो राजान ईशते ॥ ६ ॥

पदार्थ-**स्व-राजः**-स्वयं प्रकाशित, **स्व-राजः**-धनैश्वर्य से चमकनेवाले, प्रजाजनों के राजा और **अदितिः**-अखण्ड शासनकर्त्री सभा वा तेजस्वी पुरुष, **ये**-जो **अदब्धस्य**-अखण्डित **व्रतस्य**-कर्म करने में **ईशते**-समर्थ हैं वे **महः-राजानः**-बड़े ऐश्वर्य के राजा, स्वामी हैं।

भावार्थ-राजसभा को योग्य है कि वह ऐसे तेजस्वी व ऐश्वर्य सम्पन्न पुरुष को राजा के पद पर आसीन करे जो निरन्तर राष्ट्रोन्नति के कार्य को करने तथा प्रजा जनों का पालन करने में सक्षम हो।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आदित्याः ॥ छन्दः-आर्षीगायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

स्त्री-पुरुष का कर्त्तव्य

प्रति वां सूर उदिते मित्रं गृणीषे वरुणम्। अर्यमणं रिशादसम् ॥ ७ ॥

पदार्थ–हे स्त्री-पुरुषो! **वाम्**-आप दोनों में से **सूरे प्रति उदिते**-सूर्य तुल्य तेजस्वी होकर उत्तम पद पर प्राप्त हो जाने पर मैं **मित्रम्**-प्रत्येक स्नेही, **वरुणं**-श्रेष्ठ जन को **अर्यमणम्**-न्यायपूर्वक स्वामिवत् नियन्ता और **रिशादसम्**-दुष्टनाशक कहकर **गृणाथे**-स्तुति करूँ।

भावार्थ–स्त्री व पुरुषों को चाहिए कि वे अपनी बुद्धि, ज्ञान व प्रतिभा के बल पर राष्ट्र में उत्तम पदों को प्राप्त कर पक्षपात रहित न्याय पूर्वक प्रशासन कार्य करें। इससे दुष्ट लोग अव्यवस्था नहीं फैला सकेंगे।

ऋषिः-**वसिष्ठः**॥ देवता-**आदित्याः**॥ छन्दः-**स्वराड्गायत्री**॥ स्वरः-**षड्जः**॥

विद्वानं का कर्त्तव्य

राया हिरण्यया मतिरियमवृकाय शवसे। इयं विप्रा मेधसातये॥८॥

पदार्थ–हे **विप्राः**-विद्वान् लोगो! **अवृकाय**-निश्छल और जिसको ज्ञान-प्रकाश प्राप्त नहीं ऐसे पुरुष के लिये उसके **शवसे**-ज्ञान, बल वृद्धि हेतु **राया**-ऐश्वर्य के साथ-साथ **हिरण्यया**-हित और रमणीय **इयं मतिः**-यह उत्तम बुद्धि, वा ज्ञान **मेध-सातये**-उत्तम अन्न, यज्ञ फलादि प्राप्त करने के लिये सदा रहो।

भावार्थ–विद्वान् पुरुषों को योग्य है कि वे राष्ट्र में लोगों को ज्ञान, विद्या और उत्तम बुद्धि प्रदान करें जिससे वे लोग निश्छल भाव से पुरुषार्थ पूर्वक ऐश्वर्य, उत्तम अन्न तथा यज्ञों के उत्तम फलों को प्राप्त कर सकें।

ऋषिः-**वसिष्ठः**॥ देवता-**आदित्याः**॥ छन्दः-**निचृद्गायत्री**॥ स्वरः-**षड्जः**॥

सुखदाता परमेश्वर

ते स्याम देव वरुण ते मित्र सूरिभिः सह। इषं स्वश्च धीमहि॥९॥

पदार्थ–हे **देव वरुण**-सुखदाता सर्व दुःखवारक! हे **मित्र**-सर्वप्रिय! हम **ते स्याम**-तेरे होकर रहें। **सूरिभिः सह**-विद्वानों के साथ **ते**-तेरी **इषं**-इच्छा और **स्वः च**-ज्ञान, आनन्द को **धीमहि**-धारण करें।

भावार्थ–मनुष्य लोगों को चाहिए कि वे उत्तम विद्वानों की संगति किया करें जिससे सकल सुखदाता परमेश्वर की अनुभूति करके अपनी इच्छानुसार ज्ञान तथा आनन्द की प्राप्ति कर सकें।

ऋषिः-**वसिष्ठः**॥ देवता-**आदित्याः**॥ छन्दः-**निचृद्बृहती**॥ स्वरः-**मध्यमः**॥

सत्यज्ञान का उपदेश

बहवः सूरचक्षसोऽग्निजिह्वा ऋतावृधः।
त्रीणि ये येमुर्विदथानि धीतिभिर्विश्वानि परिभूतिभिः॥१०॥

पदार्थ–ये-जो **त्रीणि विदथानि**-तीनों प्रकार के ज्ञान, कर्म, यज्ञ और प्राप्तव्य पदार्थों और तीनों प्रकार के ज्ञातव्य वेदों और **विश्वानि**-तीनों विश्वों को **धीतिभिः**-कर्मों, बुद्धियों, वाणियों और अध्ययन आदि द्वारा और **परिभूतिभिः**-उत्तम सामर्थ्यों से **येमुः**-वश करते हैं वे **बहवः**-बहुत से **सूर-चक्षसः**-सूर्य तुल्य सब पदार्थों के ज्ञानोपदेष्टा, **अग्निजिह्वाः**-अग्नि के समान ज्ञानवाणी के वक्ता **ऋतावृधः**-सत्य-ज्ञान के वर्धक हों।

भावार्थ–उत्तम विद्वानों को योग्य है कि वे वेदों के गहन अध्ययन के द्वारा ज्ञान, कर्म व उपासना की त्रिविद्या को प्राप्त करें तथा अपनी बुद्धि, वाणी और शोध कार्यों के द्वारा तीनों लोकों के रहस्यों को जानकर समस्त पदार्थों के ज्ञान का उपदेश देकर सत्य ज्ञान को बढ़ावें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आदित्याः ॥ छन्दः-स्वराड्बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

वेद ज्ञान का धारण

वि ये दधुः शरदं मासमादहर्यज्ञमक्तुं चादृचम्।
अनाप्यं वरुणा मित्रो अर्यमा क्षत्रं राजान आशत ॥ ११ ॥

पदार्थ-ये-जो शरदं-वर्ष, मासम्-मास और अहः अक्तुम्-दिन-रात्र, आत्-भी ऋचं यज्ञम्-वेद मन्त्रों से स्तुत्य परमेश्वर, वा यज्ञ अथवा यज्ञम् ऋचं-यज्ञयोग्य, उपास्य, वेद वेद्य प्रभु की वि दधुः-विविध प्रकार से उपासना करते, वेद को धारण करते हैं वे वरुणः-श्रेष्ठ, मित्रः-सर्वस्नेही अर्यमा-न्यायकारी जन राजानः-तेजस्वी राजा होकर अनाप्यं-अन्यों से प्राप्त न होने वा बन्धु जनों से न बाँटने योग्य क्षत्रं-धन, ज्ञानमय वेद को आशत-प्राप्त करते हैं।

भावार्थ-श्रेष्ठ जन दिन-रात महीनों तथा वर्षों तक वेद के मन्त्रों का चिन्तन-मनन करते हुए यज्ञरूप परमेश्वर की उपासना करके अपने आत्मा में उसके तेज को धारण करते हैं। धारण किए हुए उस दिव्य तेज से तेजस्वी होकर वे निष्पक्ष सर्वप्रिय जन किसी के द्वारा न बाँटवा सकने योग्य विद्यारूपी धन के स्वामी हो जाते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आदित्याः ॥ छन्दः-आर्चीस्वराड्बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

ज्ञान की याचना

तद्वो अद्य मनामहे सूक्तैः सूर उदिते।
यदोहते वरुणो मित्रो अर्यमा यूयमृतस्य रथ्यः ॥ १२ ॥

पदार्थ-वरुणः-वरणीय, मित्रः-स्नेही अर्यमा-स्वामिवत् हे विज्ञ जनो! यूयम्-आप ऋतस्य-सत्य-ज्ञान के रथ्यः-महारथियों के तुल्य होकर यत्-जिस को ओहते-धारते हो हम उदिते सूरे-सूर्योदय होने पर वः तत्-आपके उस ज्ञानैश्वर्य की अद्य-आज मनामहे-याचना करते हैं।

भावार्थ-मनुष्य लोग सत्यज्ञान की प्राप्ति के लिए ज्ञानी जनों की शरण में आकर ज्ञानरूपी ऐश्वर्य की याचना किया करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-आदित्याः ॥ छन्दः-आर्षीभुरिग् बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

विद्वानों की शरण में रहें

ऋतावान ऋतजाता ऋतावृधो घोरासो अनृतद्विषः।
तेषां वः सुम्ने सुच्छर्दिष्टमे नरः स्याम ये च सूरयः ॥ १३ ॥

पदार्थ-ये च-और जो सूरयः-विद्वान् लोग ऋत-वानः-सत्य-ज्ञान का सेवन करने-करानेवाले ऋतजाताः-सत्य-ज्ञान में प्रसिद्ध ऋत-वृधः-सत्य वर्धक, घोरासः-तेजस्वी, अनृत-द्विषः-असत्य के द्वेषी हैं, हे नरः-नायकवत् पुरुषो! तेषां वः-उन आपके सुच्छर्दिस्तमे-उत्तम रक्षा-गृह से युक्त सुम्ने-सुखद शरण में सदा स्याम-रहें।

भावार्थ-नेतृत्व करनेवाले पुरुषों तथा प्रशासक वर्ग को सत्य न्याय के उपदेशक सदाचारी विद्वानों की उत्तम शरण में सदैव रहना चाहिए जिससे वे लोग सत्य न्याय के मार्ग से कभी न भटकें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सूर्यः ॥ छन्दः-आर्षीविराड्बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

सदाचारी पुरुष

उदु त्यद्दर्शतं वपुर्दिव एति प्रतिह्वरे।
यदीमाशुर्वहति देव एतशो विश्वस्मै चक्षसे अरम्॥ १४॥

पदार्थ-जैसे दिवः प्रतिह्वरे-आकाश में प्रत्यक्ष वक्र, वृत्त मार्ग में त्यत् दर्शतं वपुः उत् एति उ-वह दर्शनीय रूपवाला सूर्य उदय होता है और यत्-जो ईम्-सब तरफ से आशुः-वेग से गतिमान् देवः-प्रकाशप्रद, एतशः-शुक्ल वर्ण होकर विश्वस्मै चक्षसे अरं-समस्त संसार को दिखाने के लिये है वैसे ही त्यत्-वह दर्शतं वपुः-दर्शनीय शरीरवाला पुरुष प्रतिह्वरे-प्रत्येक कुटिल व्यवहार के ऊपर दिवः-अपने तेज के कारण उत् एति उ-उत्तम होकर शासन करता है, यत्-जो ईम्-सब ओर आशुः-शीघ्रकारी, देवः-विद्वान् एतशः-शुक्लकर्मा, सदाचारी होकर विश्वस्मै चक्षसे-सबको ज्ञान-मार्ग दिखाने और सदुपदेश करने के लिये अरं वहति-अधिक ज्ञान और बल को, रथ को अश्व के समान चलाने में समर्थ होता है।

भावार्थ-जब राष्ट्र में सदाचारी पुरुष राजा होता है तो वह अपने तेज से उत्तम शासन करता हुआ कुटिल व विध्वंसक तत्त्वों को नष्ट वा संयमित करके विद्वानों के सहयोग से शुभ कर्म, सत्य उपदेश, ज्ञान तथा बलों को बढ़ाकर राष्ट्र को उत्तम तथा उन्नत बनाने में समर्थ होता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सूर्यः ॥ छन्दः-आर्षीभुरिग् बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

सुपथगामी राजा

शीर्ष्णः शीर्ष्णो जगतस्तस्थुषस्पतिं समया विश्वमा रजः।
सप्त स्वसारः सुविताय सूर्यं वहन्ति हरितो रथे॥ १५॥

पदार्थ-जगतः तस्थुषः-जंगम और स्थावर शीर्ष्णः-शीर्ष्णः-प्रत्येक शिर के पतिम्-पालक सूर्यम्-प्रेरक को विश्वं रजः समया-समस्त संसार के बीच सप्त हरितः-सातों दिशाओं के वासी प्रजाजन स्वसारः-उत्तम भगिनियों के तुल्य स्वयं शरण आकर रथे वहन्ति-रथ पर बैठाकर ले जाते हैं, जिससे वह सुविताय-उत्तम मार्ग से ले चले। ऐसे ही सातों स्वसारः सु-असारः-उत्तम रीति से शस्त्रास्त्र चालक हरितः-वीर-सेनाएँ तेजस्वी को सन्मार्ग पर चलने के लिये स्थावर, जंगम, अर्थात् स्थिर चल-सम्पदा और प्रजा के स्वामी को बीच रथ में जुड़े अश्वों के समान धारण करती हैं।

भावार्थ-सन्मार्ग पर चलकर राष्ट्र की चल, अचल सम्पत्ति की रक्षा करनेवाले तेजस्वी राजा की शस्त्रास्त्रों के संचालन में कुशल वीर सेनाएँ रक्षा करने में तत्पर रहें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सूर्यः ॥ छन्दः-पुरउष्णिक् ॥ स्वरः-ऋषभः ॥

शतायु भव

तच्चक्षुर्देवहितं शुक्रमुच्चरत्। पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतम्॥ १६॥

पदार्थ-तत्-वह देव-हितं-विद्वानों, प्राणों के बीच विद्यमान, कल्याणकारी शुक्रम्-सूर्यवत् तेजस्वी उत्-चरत्-उत्तम पद को प्राप्त करे और हम उसकी कृपा से शरदः शतं पश्येम-सौ बरस तक देखें, शरदः शतं जीवेम-सौ बरस तक जीवें।

भावार्थ-विद्वानों के संसर्ग में रहकर मनुष्य लोग प्राणायाम आदि योग के अंगों का अभ्यास करके सौ वर्ष तक की स्वस्थ आयु को प्राप्त होवें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-पादनिचृद्गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

अहिंसक बनो

काव्येभिरदाभ्या यातं वरुण द्युमत्। मित्रश्च सोमपीतये ॥ १७ ॥

पदार्थ-हे **वरुण**-श्रेष्ठ जन! और **मित्रः च**-सर्वस्नेही, आप दोनों **सोमपीतये**-ओषधि-रसवत् राष्ट्र की रक्षा और उपभोग के लिए **काव्येभिः**-कविजनों की वाणियों द्वारा **अदाभ्या**-अहिंसा-व्रतचारी होकर **आयातं**-आओ और **द्युमत्**-ऐश्वर्यपूर्ण देश को **यातम्**-प्राप्त करो।

भावार्थ-श्रेष्ठ जन राष्ट्र की रक्षा के लिए ब्रह्मचर्य का सेवन करते हुए वेद के अनुसार राज्य-व्यवस्था को चलावें जिससे राष्ट्र के निवासी अहिंसा व्रत को धारण करते हुए देश को ऐश्वर्य सम्पन्न बनाने में सहयोगी बनें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-आर्षीगायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

तेजस्वी बनो

दिवो धामभिर्वरुण मित्रश्चा यातमद्रुहा। पिबतं सोममातुजी ॥ १८ ॥

पदार्थ-हे **वरुणः मित्रः च**-वरुण और मित्र, रात्रि दिन के तुल्य, स्त्री-पुरुषो! आप **अद्रुहा**-परस्पर द्रोह न करते हुए **आतुजी**-शत्रुओं का नाश और प्रजाओं का पालन करते हुए **दिवः धामभिः**-सूर्य के प्रकाशमय तेजों से प्रभावित होकर **सोमं पिबतु**-ऐश्वर्य को प्राप्त हों।

भावार्थ-उत्तम स्त्री-पुरुष ब्रह्मचर्य पालन के द्वारा तेजस्वी होकर अपने आन्तरिक शत्रु काम, क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष आदि का नाश करके प्रीतिपूर्वक प्रजाओं का पालन करें। इससे प्रजाएँ भी तेजस्वी होंगी।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मित्रावरुणौ ॥ छन्दः-आर्षीगायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

प्रजापालन

आ यातं मित्रावरुणा जुषाणावाहुतिं नरा। पातं सोममृतावृधा ॥ १९ ॥

पदार्थ-हे **मित्रावरुणा**-दिन-रात्रि वा सदा परस्पर स्नेही और वरण करनेवाले **ऋत-वृधा**-सत्य से बढ़ने-बढ़ानेवाले होकर **सोमम् पातम्**-प्रजा और शिष्यवर्ग को **पातं**-पालन करो और आप दोनों **नरा**-स्त्री-पुरुष **आहुतिम् जुषाणा**-आदर से दिये दान को स्वीकार करते हुए, **आ यातम्**-प्राप्त हों।

भावार्थ-उत्तम स्त्री-पुरुष सदाचारी होकर सत्य के द्वारा अपनी प्रजा तथा शिष्यों को ज्ञान प्रदान कर उनकी रक्षा करें तथा उन शिष्यों वा प्रजाओं के द्वारा श्रद्धा से दिए गए दान को स्वीकार करें।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता अश्विनौ है।

[६७] सप्तषष्टितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

श्रेष्ठ ज्ञान एवं व्यवहार का उपदेश

प्रति वां रथं नृपती जुरध्यै हुविष्मता मनसा यज्ञियेन।
यो वां दूतो न धिष्ण्यावजीगरच्छा सूनुर्न पितरा विवक्मि ॥ १ ॥

पदार्थ-हे **नृपती**-राजा रानी के समान मनुष्यों के पालक, हे **धिष्ण्यौ**-स्तुति-योग्य! उत्तम

बुद्धि-सम्पन्न स्त्री-पुरुषो! **यः**-जो **दूतः न**-दूत के समान **वां**-आप दोनों को **अजीगः**-सचेत करता, ज्ञान देकर प्रबुद्ध करता है, वह मैं विद्वान् **वां प्रति**-आप दोनों के प्रति **हविष्मता**-उत्तम ग्रहण योग्य भावों से युक्त, **यज्ञियेन**-सत्संग योग्य **मनसा**-मन वा ज्ञान से **जरध्यै**-उपदेश करने के लिये **सूनुः पितरा न**-माता-पिता के प्रति पुत्र तुल्य **रथम्**-रमणीय वचन और उत्तम व्यवहार का **अच्छ विवक्मि**-उपदेश करता हूँ।

भावार्थ-विद्वान् जन उत्तम बुद्धिवाले स्त्री-पुरुषों को श्रेष्ठ ज्ञान एवं व्यवहार का उपदेश करे तथा उन्हें अपने सत्संग में रखकर जीवन में आनेवाली बाधाओं, विपत्तियों से सचेत करके पुत्रों को दिए उपदेश के समान उनको सन्मार्गदर्शन करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

गुरु शिष्य

अशोच्यग्निः समिधानो अस्मे उपो अदृश्रन्तमसश्चिदन्ताः।
अचेति केतुरुषसः पुरस्ाच्छ्रिये दिवो दुहितुर्जायमानः ॥ २ ॥

पदार्थ-**समिधानः**-अच्छी प्रकार दीप्त **अग्निः**-यज्ञाग्नि, ज्ञानाग्नि, सूर्य एवं अग्निवत् तेजस्वी विद्वान् **अस्मे अशोचि**-हमारे हितार्थ चमके। **तमसः अन्ताः चित्**-अन्धकार अज्ञान के परले सिरे तक **उपो अदृश्रन्**-स्पष्ट दिखाई दे। **दिवः दुहितुः उषसः**-दीप्त सूर्य-कन्या के समान उषा से ही **पुरस्तात् श्रिये**-पूर्व दिशा की शोभा के लिये जैसे सूर्य उत्पन्न होता है वैसे ही **दिवः दुहितुः**-ज्ञानप्रकाश का दोहन करनेवाले, **उषसः**-पापों और अज्ञान के नाशक मातृवत् गुण से **जायमानः**-उत्पन्न होता हुआ शिष्यरूप पुत्र **पुरुस्तात्**-आगे शोभा के लिये ही **केतुः अचेति**-पूर्ण ज्ञानवान् होकर प्रबुद्ध होता है।

भावार्थ-तेजस्वी विद्वान् गुरु माता के समान शिष्य को अपने गुरुकुलरूपी गर्भ में धारण करके उसे ज्ञान की अग्नि से दीप्त करता है। उसके पापों और अज्ञान का नाश करके पूर्ण ज्ञानवान् बनाकर प्रबुद्ध करता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

जितेन्द्रिय पुरुष

अभि वां नूनमश्विना सुहोता स्तोमैः सिषक्ति नासत्या विवक्वान्।
पूर्वीभिर्यातं पथ्याभिरर्वाक्स्वर्विदा वसुमता रथेन ॥ ३ ॥

पदार्थ-हे **अश्विना**-अश्वरूप इन्द्रियों के स्वामी, नर-नारी वर्गो! हे **नासत्या**-कभी असत्य व्यवहार न करनेवाले वा **न-असत्-यौ**-कभी असत्, कुमार्ग पर न जानेवाले जनो! **सुहोता**-उत्तम ज्ञानदाता **वि वक्वान्**-विविध विद्याओं का उपदेष्टा पुरुष **स्तोमैः**-वेद मन्त्रों और उपदेशों से **नूनम्**-अवश्य **वां**-तुम दोनों को **अभि सिषक्ति**-अपने साथ एक सूत्र में बाँधता है, आप दोनों **वसुमता रथेन**-धन, अन्नादि सम्पन्न रथ से यात्री जैसे सुख से देशान्तर चला जाता है वैसे ही **वसु-मता**-शिष्यों से युक्त, **रथेन**-स्थिर भाव के विद्यमान, **स्वर्विदा**-ज्ञान के प्रकाश को स्वयं प्राप्त और अन्यों को प्राप्त करानेवाले आचार्य की सहायता से **पूर्वीभिः**-पूर्व विद्वानों से उपदिष्ट, **पथ्याभिः**-हितकारी मार्गों से **अर्वाक् यातम्**-आगे बढ़ो।

भावार्थ-जितेन्द्रिय विद्वान् पुरुष वेदमन्त्रों का उपदेश करके अपने शिष्य वर्ग स्त्री, पुरुष, जनों को विविध विद्याओं का ज्ञान प्रदान कर, असत्य व्यवहार तथा कुमार्ग से बचाकर संयमी बनाता

है। उन्हें इतना योग्य बना देता है कि वे भी अपने शिष्यों को उत्तमता पूर्वक ज्ञान के उपदेश करके गुरु-शिष्य परम्परा को आगे बढ़ा सकें।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-अश्विनौ॥ छन्दः-आर्षीत्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

मधुकरी वृत्ति

अवोर्वां नूनमश्विना युवाकुर्हुवे यद्वां सुते माध्वी वसूयुः।
आ वां वहन्तु स्थविरासो अश्वाः पिबाथो अस्मे सुकृता मधूनि॥४॥

पदार्थ-हे **अश्विना**-जितेन्द्रिय नर-नारियो! **नूनम्**-अवश्य मैं **युवाकुः**-तुम को हृदय से चाहता हुआ, **वसूयुः**-शिष्य-ब्रह्मचारियों की कामना करता हुआ आचार्य **सुते**-उत्तम ज्ञानैश्वर्य के निमित्त **अवोः**-ब्रह्मचर्यादि-पालक आप दोनों में से **वां**-तुम दोनों को **माध्वी**-ऋग्वेद, मधु-विद्या, उपनिषत्-ज्ञान और 'मधु' आनन्दप्रद अन्नादि के योग्य जानकर **हुवे**-प्राप्त करूँ। **स्थविरासः**-ज्ञानवृद्ध **अश्वाः**-विद्या-विचक्षण पुरुष **वां**-तुम दोनों को **आ वहन्तु**-सन्मार्ग पर ले चलें। आप लोग **अस्मे**-हमारे **सु-सुता**-उत्तम रीति से बनाये, **मधूनि**-ज्ञानों और अन्नों का **पिबाथः**-उपभोग और पालन करो। ज्ञानवृद्धों के सत्संग से एकत्र करने योग्य होने से ज्ञान और गृहस्थों से भिक्षारूप में संग्रह करने योग्य अन्न 'मधु' है। उसका संग्रह करना 'मधुकरी' वृत्ति है।

भावार्थ-जैसे मधुमक्खी विभिन्न पुष्पों पर जा-जाकर पराग का एक-एक कण लाकर संग्रह करके उत्तम मधु को तैयार करती है उसी प्रकार से जितेन्द्रिय नर-नारी ज्ञान पिपासु होकर विविध विद्याओं में निष्णात विद्वानों के पास जा-जाकर विविध विद्याओं का संग्रह करें तथा इस काल में आजीविका भी 'मधुकरी वृत्ति' अर्थात् भिक्षा वृत्ति से ही चलावे।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-अश्विनौ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

विद्या प्राप्ति

प्राचीमु देवाश्विना धियं मेऽमृध्रां सातये कृतं वसूयुम्।
विश्वा अविष्टं वाज आ पुरन्धीस्ता नः शक्तं शचीपती शचीभिः॥५॥

पदार्थ-हे **देवा अश्विना**-विद्याभिलाषी शिष्य-शिष्याजनो! आप दोनों **मे**-मेरी **प्राची**-ज्ञानयुक्त, पूज्य **अमृध्राम्**-अविनाशी और **वसूयुं**-धनैश्वर्य युक्त **धियं**-बुद्धि और कर्म को **सातये**-प्राप्त करने के लिये **कृतम्**-यत्न करो। वैसे ही हे **देवा अश्विना**-जितेन्द्रिय, ज्ञानदाता गुरु-गुरुपत्नी जनो! आप दोनों **वाज-सातये**-मुझ शिष्य को ज्ञान देने के लिये **प्राचीम्**-अति उत्कृष्ट, **वसूयुं**-शिष्य को प्राप्त होनेवाली **अमृध्रां**-अविनाशी, शिष्य को कष्ट न देनेवाली **धियं**-बुद्धि और वाणी का **कृतम्**-उपदेश करो। आप दोनों **वाजे**-संग्राम और ज्ञान प्राप्ति के समय **विश्वाः पुरन्धीः**-बहुत ज्ञानधारक बुद्धियों, वाणियों की **आ अविष्टं**-रक्षा करो। आप दोनों **शची-पती**-वाणी और शक्ति के पालक होकर **नः**-हमें **शचीभिः**-वाणियों से **ताः**-नाना बुद्धियें देकर **शक्तं**-हमें शक्तियुक्त करो।

भावार्थ-विद्याभिलाषी शिष्य पुरुषार्थ पूर्वक गुरुजनों से विभिन्न विद्याओं को प्राप्त करने का यत्न करें तथा जितेन्द्रिय गुरुजन उत्कृष्ट शिष्यों को समस्त विद्याओं का उपदेश करें। इससे ये गुरु और शिष्य दोनों मिलकर ज्ञान-विद्या की रक्षा व वृद्धि कर सकेंगे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सत्संगति

अविष्टं धीष्वश्विना न आसु प्रजावद्रेतो अह्रयं नो अस्तु।
आ वां तोके तनये तूतुजानाः सुरत्नासो देववीतिं गमेम ॥ ६ ॥

पदार्थ-हे अश्विना-जितेन्द्रिय स्त्री-पुरुषो! आप आसु धीषु-इन कर्मों और बुद्धियों के बीच, नः अविष्टं-हमारी रक्षा करो और नः-हमारा रेतः-वीर्य, प्रजावत्-प्रजा-उत्पादक और अह्रयम्-नष्ट न होनेवाला अस्तु-हो। हम तोके तनये-पुत्र-पौत्रादि के लिए वां-आप की तूतुजानाः-रक्षा करते हुए, सु-रत्नासः-उत्तम ऐश्वर्ययुक्त होकर देव-वीतिं-विद्वानों की संगति को आ गमेम-प्राप्त हों।

भावार्थ-स्त्री-पुरुषों को चाहिए वे उत्तम विद्वानों की संगति में रहकर जितेन्द्रिय बनें तथा वीर्य की रक्षा करें। इससे सन्तान भी उत्तम होगी और स्वस्थ रहकर ऐश्वर्यशाली बनेंगे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

आदर्श पुरुष

एष स्य वां पूर्वगत्वेव सख्ये निधिर्हितो माध्वी रातो अस्मे।
अहेळता मनसा यातमर्वाङ्श्नन्ता हव्यं मानुषीषु विक्षु ॥ ७ ॥

पदार्थ-हे माध्वी-अन्न वा ज्ञान के मधुवत् संग्राहक और सेवा करनेवाले जनो! एषः स्यः-यह वह निधिः-ज्ञानैश्वर्यों का खजाना, विद्याओं का सागर गुरुजन पूर्वगत्वा इव-पूर्वगामी आदर्श पुरुष तुल्य वां सख्ये-आप दोनों के मित्र भाव में हितः-स्थित है, वह अस्मे-हम प्रजा के हितार्थ रातः-दिया गया है। आप लोग मानुषीषु विक्षु-मनुष्य-प्रजाओं में हव्यं अश्नन्ता-उत्तम अन्नादि को भोगते हुए अहेडता मनसा-क्रोध और अपमान-रहित चित्त होकर अर्वाक् यातम्-हमारे पास आया करें।

भावार्थ-क्रोध और अपमान रहित चित्तवान् विद्वान् जन प्रजाओं के हित के लिए उनके पास जाते रहें। इससे विद्वानों तथा प्रजाओं में परस्पर प्रीति बढ़ने से ज्ञान-ऐश्वर्य की वृद्धि होती है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सन्मार्ग दर्शन

एकस्मिन्योगे भुरणा समाने परि वां सप्त स्रवतो रथो गात्।
न वायन्ति सुभ्वो देवयुक्ता ये वां धूर्षु तरणयो वहन्ति ॥ ८ ॥

पदार्थ-हे भुरणा-प्रजाओं के पोषक जितेन्द्रिय नर-नारियो! एकस्मिन् समाने-एक समान आदर युक्त योगे-परस्पर मिलने पर वां रथः-आप दोनों के रथ के समान सन्मार्ग पर ले जाने हारा उपदेष्टा पुरुष सप्त स्रवतः-प्रवाह से निकलनेवाली सात छन्दोमय वाणियों को परि गात्-प्राप्त करे, करावे। ये-जो वां-आप दोनों के धूर्षु-धुराओं में लगे, धुरन्धर विद्वान् तरणयः-वेगवान् अश्व तुल्य वेग से संकटों से पार उतारनेवाले विद्वान् वां वहन्ति-आप दोनों को सन्मार्ग पर ले जाते हैं सुभ्वः-उत्तम सामर्थ्यवान् देवयुक्ताः-विद्वानों से नियुक्त होकर न वायन्ति-सत्पथ से विचलित नहीं होते।

भावार्थ–श्रेष्ठ विद्वानों का कर्त्तव्य है कि वे प्रजाओं को सात छन्दोंवाली वेदवाणी का उपदेश किया करें। इससे स्त्री-पुरुष जितेन्द्रिय होकर सन्मार्ग पर चलते रहेंगे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अश्विनौ ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

दुर्गुण त्याग

असश्चता मघवद्भ्यो हि भूतं ये राया मघदेयं जुनन्ति।
प्र ये बन्धुं सूनृताभिस्तिरन्ते गव्या पुञ्चन्तो अश्व्या मघानि ॥ ९ ॥

पदार्थ–हे नर-नारियो! **ये**-जो **राया**-ऐश्वर्य बल से **मघ-देयं**-दातव्य ऐश्वर्य **जुनन्ति**-देते हैं उन **मघवद्भ्यः**-ज्ञान-धनशाली पुरुषों के उपकार हेतु आप लोग **असश्चता हि भूतम्**-दुर्व्यसनों में असक्त रहो। **ये**-जो लोग **अश्व्या**-अश्वयुक्त और **गव्या**-गौवों से समृद्ध **मघानि**-धनों को **पृञ्चन्तः**-प्राप्त करते हुए **सूनृताभिः**-उत्तम वाणियों और अन्नों से **बन्धुं**-बन्धुजन को **प्र तिरन्ते**-अच्छी प्रकार बढ़ाते हैं उनके लिये आप विषयादि में न फँसकर सेवा में तत्पर रहो।

भावार्थ–उत्तम स्त्री-पुरुष दुर्व्यव्यसनों में कभी न फँसें तथा परोपकार के कार्यों में सदैव दान देते हुए सेवा कार्यों में तत्पर रहें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अश्विनौ ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

विद्या प्राप्ति

नू मे हवमा शृणुतं युवाना यासिष्टं वर्तिरश्विनाविरावत्।
धत्तं रत्नानि जरतं च सूरीन्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ १० ॥

पदार्थ–हे **अश्विना**-जिज्ञासु स्त्री-पुरुषो! आप **युवाना**-युवा-युवति होकर **मे**-मुझ विद्वान् के **हवम् आ शृणुतम्**-उपदेश को आदर से सुनो। आप लोग **इरावत् वर्त्तिः**-जल अन्नयुक्त मार्ग के समान, उत्तम प्रेरणा-युक्त व्यवहार को **आ यासिष्टं नु**-अवश्य प्राप्त हो। **रत्नानि धत्तम्**-रत्नतुल्य श्रेष्ठ गुणों को धारण करो। **सूरीन्**-विद्वान् पुरुषों को **जरतं च**-प्राप्त होकर विद्या-लाभ करो। हे विद्वान् पुरुषो! **यूयं**-आप लोग **स्वस्तिभिः नः सदा पात**-उत्तम साधनों से हमारी रक्षा करें।

भावार्थ–युवावस्था में स्त्री-पुरुष विद्वानों के उत्तम उपदेशों को सुनकर सुप्रेरणा प्राप्त करें। सद्गुणों को जीवन में धारण करके व्यवहार को श्रेष्ठ बनावें। वास्तव में यही विद्या प्राप्ति है।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और अश्विनौ है।

[६८] अष्टषष्टितमं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अश्विनौ ॥ छन्दः–साम्नीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

इन्द्रियजय

आ शुभ्रा यातमश्विना स्वश्वा गिरो दस्रा जुजुषाणा युवाकोः।
हव्यानि च प्रतिभृता वीतं नः ॥ १ ॥

पदार्थ–हे **अश्विना**-इन्द्रियों पर वशी स्त्री-पुरुषो! आप दोनों **दस्रा**-दुःखनाश में तत्पर होकर **युवाकोः**-तुम दोनों को चाहनेवाले मुझ विद्वान् की **गिरः**-उपदेश वाणियों को **जुजुषाणा**-श्रवण करते हुए **शुभ्रा**-उत्तम गुणों, आभरणों से शोभित और **सु-अश्वा**-उत्तम अश्वारूढ़ वीरवत्, उत्तम विद्या में गतिशील होकर **आ यातम्**-आओ। **नः**-हमारे **प्रति-भृता**-बदले में दिये

भरण पोषणार्थ हव्यानि=उत्तम अन्नों का वीतम्=भोजन करो।

भावार्थ–इन्द्रियों को वश में रखनेवाले स्त्री–पुरुष विद्वानों की शरण में जाकर उत्तम उपदेश को सुनें तथा श्रेष्ठ गुणों को जीवन में धारण करके जीवन को सुन्दर बनावें और उन विद्वानों को उत्तम अन्न का भोजन कराके सत्कार करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अश्विनौ ॥ छन्दः–साम्नीनिचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

सात्त्विक भोजन

प्र वामन्धांसि मद्यान्यस्थुरर गन्तं हविषो वीतये मे।
तिरो अर्यो हवनानि श्रुतं नः ॥ २ ॥

पदार्थ–हे विद्वान्, स्त्री पुरुषो! वां=आप दोनों के लिये मद्यानि=आनन्दप्रद अन्धांसि=जीवन-धारक उत्तम अन्न प्र अस्थुः=अच्छी प्रकार रक्खे हैं आप दोनों मे=मेरे हविषः=उत्तम अन्न को वीतये=खाने के लिये अरं गन्तं=अवश्य आइये। अर्यः=शत्रु के हवनानि=आह्वानों को तिरः=तिरस्कार करके नः हवनानि=हमारे उत्तम वचनों को श्रुतं=श्रवण करो।

भावार्थ–विद्वान् स्त्री–पुरुष सदैव सात्त्विक अन्न का ही ग्रहण करें, दुष्ट लोगों के आग्रह को कभी भी स्वीकार न करें। और विद्वानों के उत्तम वचनों को सुनें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अश्विनौ ॥ छन्दः–साम्नीनिचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

शिष्यों का कर्त्तव्य

प्र वां रथो मनोजवा इयर्ति तिरो रजांस्यश्विना शतोतिः। अस्मभ्यं सूर्यावसू इयानः ॥ ३ ॥

पदार्थ–हे अश्विना=जितेन्द्रिय पुरुषो! रथः=उपदेश मनोजवाः=मन को प्रेरणा करनेवाला शत-ऊतिः=सैकड़ों ज्ञानों से युक्त और सैकड़ों संकटों से रक्षक होकर वां=आप दोनों के रजांसि=तेज को सूर्य के समान, राजस आवरणों को तिरः इयर्त्ति=दूर करता है। हे सूर्यावसू=सूर्य के समान तेजस्वी गुरुजनों, विद्या–प्रकाशक गुरु के अधीन ब्रह्मचर्य से बसनेवाले ब्रह्मचारी–ब्रह्मचारिणी जनो! वह सदा अस्मभ्यं इयानः=हमारे हितार्थ आता हुआ रजांसि=राजस आवरणों को तिरः=दूर करे।

भावार्थ–शिष्य लोग विद्या के प्रकाशक गुरुजनों के अधीन रहकर ब्रह्मचर्य का पालन व ज्ञान से युक्त होकर राजस वृत्ति का त्याग करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अश्विनौ ॥ छन्दः–साम्नीभुरिगासुरीविराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

ज्ञान दाता पुरुष

अयं ह यद्वां देवया उ अद्रिरूर्ध्वो विवक्ति सोमसुद्युवभ्याम्। आ वल्गू विप्रो ववृतीत हव्यैः ॥ ४ ॥

पदार्थ–देवया=विद्वानों को अन्नों और ज्ञानों का दाता, उनका सत्कारक पुरुष अयं ह=वह है यत्=जो अद्रिः=मेघ तुल्य उदार होकर सोम-सुत्=उत्तम अन्न ओषधियों के रसवत् ज्ञानदाता होकर ऊर्ध्वः=उत्तम पद पर स्थित होकर युवभ्याम्=तुम दोनों के लाभ के लिये विवक्ति=विविध उपदेश कहे। विप्रः=विद्वान् पुरुष वल्गू=उत्तम वाणी बोलनेवाले आप दोनों का हव्यैः=दान योग्य उत्तम ज्ञानों और अन्नादि से ववृतीत=सत्कार करे।

भावार्थ–विद्वान् पुरुषों को योग्य है कि वे उच्च व श्रेष्ठ पदों को प्राप्त करके अपने उपदेशों द्वारा उत्तम ज्ञान का दान करते रहें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-साम्नीनिचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ज्ञान से रक्षा

चित्रं हु यद्वां भोजनं नवस्ति न्यत्रये महिष्वन्तं युयोतम्। यो वामोमानं दधते प्रियः सन्॥५॥

पदार्थ-यः-जो वाम्-आप दोनों का प्रियः सन्-प्रिय होकर महिष्वन्तं-उत्तम परिणाम-जनक ओमानं-ज्ञान और रक्षण-सामर्थ्य दधते-स्वयं धारता और आपको धारण कराता है, उस अत्रये-त्रिविध ताप रहित, तीन ऋणों से मुक्त विद्वान् के लिये यद् वा चित्रं भोगनं नु अस्ति-जो आपका नाना प्रकार का भोजन है वह नि युयोतम्-अवश्य पृथक् करो।

भावार्थ-जो पुरुष ज्ञान को स्वयं धारण करता है तथा अन्यों को भी धारण कराता है वह आधिदैविक, आधिभौतिक व आध्यात्मिक तीनों प्रकार के तापों से बचा रहता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-साम्नीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

रक्षायुक्त रथ

उत त्यद्वां जुरते अश्विना भूच्यवानाय प्रीतत्यं हविर्दे। अधि यद्वर्पः कृतऊति धत्थः॥६॥

पदार्थ-हे अश्विना-वेगवान् रथों, यन्त्रों के स्वामी स्त्री-पुरुषो! आप लोग हविर्दे-अन्न, भूमि और उत्तम साधनों के दाता जुरते-वृद्ध, मान्य च्यवानाय-जाने को उद्यत पुरुष हितार्थ प्रतीत्यम्-प्रत्येक देश में पहुँचने योग्य इतः-ऊति-इधर-उधर से रक्षायुक्त, वर्पः-उत्तम रूपयुक्त रथादि अधि धत्थः-प्रदान करते रहो। वां त्यत्-आप दोनों का वही प्रतीत्यं भूत्-प्रसिद्धकर कर्म है।

भावार्थ-जो यन्त्रों व रथों-वाहनों के स्वामी हैं वे देश-विदेश आने-जाने के लिए यात्रियों व व्यापारियों को समय पर वाहन उपलब्ध करावें तथा उन वाहनों व यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था भी करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-साम्नीभुरिगासुरीविराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

कष्ट निवारण

उत त्यं भुज्युमश्विना सखायो मध्ये जहुर्दुरेवासः समुद्रे। निरीं पर्षदरावा यो युवाकुः॥७॥

पदार्थ-हे अश्विना-विद्वान् रथी सारथीवत् साधनयुक्त जनो! दुरेवासः-दुष्ट कामनायुक्त सखायः-मित्र लोग जिसको मध्ये समुद्रे-कष्टों के बीच समुद्र में जहुः-छोड़ देते हैं भुज्यम्-भुजा का सहारा चाहनेवाले त्यं-उस पुरुष को आप लोग निः पर्षद् ईं-अवश्य पार करो यः-जो आराव-बिचारा, नीरव, मूक और युवाकुः-तुम दोनों को चाहता, पुकारता और सहायता की याचना करता हो।

भावार्थ-कष्ट काल में जिसे मित्र लोग छोड़ गये हैं ऐसे बेसहारा को साधन युक्त जन कष्टों से निकालने में सहायक बनें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-साम्नीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

स्त्री रक्षा

वृकाय चिज्जसमानाय शक्तमुत श्रुतं शयवे हूयमाना।
यावन्यामर्पिन्वतमपो न स्तर्यं चिच्छक्त्यश्विना शचीभिः॥८॥

पदार्थ-हे अश्विना-अश्वों और यन्त्रों की विद्या जाननेवाले स्त्री-पुरुषो! आप दोनों

जसमानाय-प्रजानाश करनेवाले, वृकाय-चोर दम्भी पुरुष के दमन के लिये चित्-अवश्य शक्तम्-समर्थ बनो। और हूयमाना-आदर से बुलाये गये आप दोनों शयवे-सुखेच्छु पुरुष के हितार्थ श्रुतम्-उसकी प्रार्थनादि श्रवण करो। यौ-जो आप दोनों शक्ती-शक्ति और शचीभिः-वाणियों द्वारा अपः न-जल जैसे नदी को पूर्ण करते वैसे स्तर्यै-आच्छादन, भरण, पोषण और आश्रय देने और अघ्न्याम्-न मारने योग्य गौ के समान कन्या, स्त्री भूमि और प्रजा को अपिन्वतम्-पुष्ट करो।

भावार्थ-यन्त्रविद्या के जाननेवाले स्त्री-पुरुष दुष्टों व दम्भियों के चंगुल में फँसी स्त्री की रक्षा करें तथा उन दुष्टों का दमन करें।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-अश्विनौ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

विद्वानों का कर्त्तव्य

एष स्य कारुर्जरते सूक्तैरग्रे बुधान उषसां सुमन्मा।
इषा तं वर्धदघ्न्या पयोभिर्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ ९॥

पदार्थ-हे उत्तम स्त्री-पुरुषो! उषसां अग्रे, यथा सु-मन्मा कारुः जरते-प्रभात वेलाओं के आगमन के पूर्व जैसे उत्तम विचारवान् पुरुष स्तुति करता है वैसे सु-मन्मा-उत्तम ज्ञानवान्, बुधानः-स्वयं बोधवान् अन्यों को बोध कराता हुआ कारुः-मन्त्रों का व्याख्याता विद्वान् एषः स्यः-वही है जो सूक्तैः-उत्तम मन्त्र गणों से उषसाम् अग्रे-ज्ञान-कामनावाले शिष्यों के समक्ष जरते-विद्या का उपदेश करता है। अघ्न्या पयोभिः-गौ जैसे दुग्धों से पालक को बढ़ाती है वैसे ही 'अघ्न्या' अविनाशी वेदवाणी, प्रभुशक्ति वा आत्मशक्ति तं-उसको इषा वर्धत्-इच्छा शक्ति से बढ़ाती है। हे विद्वान् पुरुषो! यूयं-आप नः सदा स्वस्तिभिः पात-हमारा सदा उत्तम साधनों से पालन करो।

भावार्थ-उत्तम विद्वान् का कर्त्तव्य है कि वह ज्ञान की कामनावाले शिष्यों को वेद वाणी द्वारा विद्या का उपदेश करके उनकी इच्छाशक्ति को सुदृढ़ करे।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता अश्विनौ ही है।

[६९] एकोनसप्ततितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-अश्विनौ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

राजा का कर्त्तव्य

आ वां रथो रोदसी बद्बधानो हिरण्ययो वृषभिर्यात्यश्वैः।
घृतवर्तनिः पविभी रुचान इषां वोळ्हा नृपतिर्वाजिनीवान्॥ १॥

पदार्थ-जैसे रथः हिरण्ययः-लोह-सुवर्णादि धातु का बना रथ वृषभिः अश्वैः याति-बलवान् अश्वों या बैलों से चलता है, वह घृतवर्तनिः-जल से सिंचे मार्ग पर चलने हारा और पविभिः रुचानः-चक्रधाराओं से सुशोभित और इषां वोढा-इष्ट अन्नादि का वहन करनेवाला और वाजिनीवान्-बलवती शक्ति से युक्त होकर नृ-पतिः-मनुष्यों का रक्षक होता है वैसे ही वाजिनीवान्-बलवती सेना, ज्ञानसम्पन्न वाणी और भूमि का स्वामी, नृ-पतिः-प्रजा पालक राजा, रथः-रमणीय-स्वभाव, उत्तम विद्या का उपदेष्टा, प्रजा को रमाने हारा हिरण्ययः-हितैषी और सुखप्रद बद्बधानः-दुष्टों को बाधा और बन्धनादि करता हुआ, वृषभिः अश्वैः-विद्याओं में पारंगत वीर पुरुषों सहित रोदसी वां-सूर्य-भूमिवत् सम्बद्ध आप दोनों राजा-प्रजावर्गों और गृहस्थ

स्त्री-पुरुषों को **आ यातु**-प्राप्त हो। वह **घृतवर्त्तनिः**-स्निग्ध मार्ग से जानेवाला, उत्तम व्यवहारवान् और **पविभिः रुचानः**-पवित्र आचरणयुक्त, उत्तम हथियारों से सुशोभित गृहस्थ **इषां वोढा**-अभिलषित दार से विवाह करने हारा हो और राजा **इषां वोढा**-सेनाओं को अपने जिम्मे लेकर चलने हारा हो।

भावार्थ-राजा को योग्य है कि वह सुदृढ़ धातुओं से रथों व यन्त्रों का निर्माण करावे, युद्धविद्या में पारंगत वीर पुरुषों को सेना में उत्तम पद प्रदान कर सेनापति के सहयोग से राष्ट्र की प्रजा की रक्षा करे।

ऋषिः-**वसिष्ठः**॥ देवता-**अश्विनौ**॥ छन्दः-**त्रिष्टुप्**॥ स्वरः-**धैवतः**॥

राज्य-प्रबन्ध

स पंप्रथानो अभि पञ्च भूमा त्रिबन्धुरो मनसा यातु युक्तः।
विशो येन गच्छथो देवयन्तीः कुत्रा चिद्यामंमश्विना दधाना॥ २॥

पदार्थ-जैसे रथ **त्रि-बन्धुरः**-सारथि आदि के बैठने के योग्य तीन स्थानों से युक्त होता है जिनसे **कुत्र चित् यामं दधाता**-कहीं भी जाना चाहते हुए रथी सारथी जाते हैं वैसे ही हे **अश्विना**-जितेन्द्रिय स्त्री-पुरुषो! **सः**-वह विद्वान् और वीर पुरुष **भूमा**-महान् सामर्थ्य से युक्त, **पञ्च अभि**-पाँचों जनों के समक्ष ज्ञान और बल का विस्तार करता हुआ **त्रि-बन्धुरः**-तीनों वेदों का धारक और तीन प्रकार के बल का आश्रय होकर, **मनसा**-ज्ञान और प्रबल चित्त से युक्त होकर **अभि यातु**-आगे आवे। **येन**-जिसकी सहायता से आप दोनों स्त्री-पुरुष, राजा-रानी, **देवयन्तीः विशः**-कामनायुक्त प्रजाओं को **गच्छथः**-प्राप्त होते और **कुत्र चित्**-जहाँ चाहे कहीं भी **यामं दधानां**-गमन, परस्पर वैवाहिक बन्धन और राज्य-प्रबन्ध को धारण करते हुए **गच्छथः**-प्राप्त होते हो।

भावार्थ-राजा व रानी जितेन्द्रिय और सामर्थ्यवान् होवें। वे अपनी पाँचों प्रकार की प्रजाओं (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और निषाद) को वेद ज्ञान तथा बल से युक्त करने की व्यवस्था करें और राज्य-प्रबन्ध में दोनों कुशल होवें।

ऋषिः-**वसिष्ठः**॥ देवता-**अश्विनौ**॥ छन्दः-**आर्षीस्वराट्त्रिष्टुप्**॥ स्वरः-**धैवतः**॥

राजा-प्रजा का कर्त्तव्य

स्वश्वा यशसा यातमर्वाग्दस्रा निधिं मधुमन्तं पिबाथः।
वि वां रथो वध्वा याद्मानोऽन्तान्दिवो बाधते वर्तनिभ्याम्॥ ३॥

पदार्थ-जैसे **रथः वर्त्तनिभ्यां दिवः अन्तान् बाधते**-रथ चक्रधाराओं से भूमि के प्रान्त भागों को पीड़ित करता है वैसे ही हे स्त्री-पुरुषो! राज-प्रजाजनो! **वां**-आप दोनों में **रथः**-रम्य व्यवहारवान्, वा स्थिर, दृढ़ पुरुष **वध्वा**-सहयोगिनी वधू वा कार्य-भार की वाहक शक्ति के साथ **यादमानः**-यत्नवान् होता हुआ **वर्त्तनिभ्याम्**-ऐहिक और परमार्थिक व्यवहारों या देवयान पितृयाण मार्गों से **दिवः अन्तान् बाधते**-ज्ञान-सिद्धान्तों का अवगाहन करे। हे **स्वश्वा**-उत्तम अश्वों, इन्द्रियों से युक्त! हे **दस्रा**-अज्ञानादि-नाशक जनो! आप दोनों **यशसा**-यश के साथ **अर्वाग् यातम्**-आगे बढ़ो और **मधुमन्तं निधिं**-मधुर ज्ञानों से युक्त, वेद-निधि या कोश का **पिबाथः**-पालन और उपभोग करो।

भावार्थ-राजा और प्रजा दोनों मिलकर राज्य की प्रबन्ध व्यवस्था को सुदृढ़ करें। प्रयत्न

पूर्वक ज्ञान-सिद्धान्तों का चिन्तन करके अज्ञान का नाश तथा मधुर ज्ञान से युक्त वेदरूपी कोष की रक्षा करते हुए अपने लोक और परलोक को सुधारें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

दीर्घायु

युवोः श्रियं परि योषावृणीत सूरो दुहिता परितक्म्यायाम्।
यद्देवयन्तमवथः शचीभिः परि घ्रंसमोमना वां वयो गात् ॥ ४ ॥

पदार्थ-हे स्त्री-पुरुषो! युवोः-तुम दोनों में सूरः दुहिता-सूर्य की कान्तिवाली उषा के समान सुन्दरी योषा-पुरुष की प्रेमपूर्वक अभिलाषावाली स्त्री परि-तक्म्यायाम्-कामाग्नि-युक्त, यौवन दशा में, श्रियं-आश्रय-योग्य, सेवनीय पुरुष को परि वृणीत-स्वीकार करे। आप दोनों शचीभिः-उत्तम कर्मों और वाणियों से देवयन्तम्-प्रिय कामनावान् सहयोगी को अवथः-प्राप्त हुआ करो और वां घ्रंसम्-आप दोनों में तेजस्वी पुरुष को ओमना-रक्षण-योग्य बल सहित वयः-उत्तम, दीर्घायु, अन्न बलादि परि गात्-प्राप्त हो।

भावार्थ-स्त्री-पुरुष ब्रह्मचर्य पालन के द्वारा कान्तिमान् व तेजस्वी होकर परस्पर मधुरता का व्यवहार करें तथा उत्तम कर्मों द्वारा दीर्घायु को प्राप्त होवें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

गृहस्थ प्रशंसा

यो ह स्य वां रथिरा वस्त उस्रा रथो युजानः परियाति वर्तिः।
तेन नः शं योरुषसो व्युष्टौ न्यश्विना वहतं यज्ञे अस्मिन् ॥ ५ ॥

पदार्थ-हे रथिरा-रथ पर स्थित रथी सारथी के समान सहयोगी स्त्री-पुरुषो! वां-आप दोनों में से यः-जो प्रत्येक रथः-स्थिर भाव से रहने और गृहस्थ में रमनेवाला हो वह उस्राः वस्ते-किरणों को सूर्य के समान, उज्ज्वल वस्त्रों को धारण करे। वह युजानः-उड़े रथ तुल्य स्वयं युजानः-संयुक्त होकर, ग्रन्थि जोड़कर वर्त्तिः परियाति-गृहस्थ आश्रम को प्राप्त हो। उषसः-प्रभात वेला के समान कान्तिमती कन्या की व्युष्टौ-विशेष विवाह की कामना होने पर तेन-उस पुरुष से ही नः-हमें शं योः-शान्ति और सुख प्राप्त हो। हे अश्विना-उत्तम जितेन्द्रिय स्त्री-पुरुषो! अस्मिन् यज्ञे-इस यज्ञ अर्थात् परस्पर संगति और दान-प्रतिदानमय सद्-व्यवहार में आप दोनों नि वहतम्-एक दूसरे को धारण करो, विवाहित होकर रहो।

भावार्थ-कान्तियुक्त स्त्री-पुरुष परस्पर विवाहित होकर एक-दूसरे को धारण करें। जितेन्द्रिय होकर गृहस्थरूप यज्ञ अर्थात् सद्-व्यवहार के द्वारा सुख-शान्ति को प्राप्त होवें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

गृहस्थ का कर्त्तव्य

नरा गौरेव विद्युतं तृषाणास्माकमद्य सवनोप यातम्।
पुरुत्रा हि वां मतिभिर्हवन्ते मा वामन्ये नि यमन्देवयन्तः ॥ ६ ॥

पदार्थ-गौरा इव तृषाणा सवना-जैसे प्यासे दो मृग जलों को प्राप्त करते हैं वैसे हे नरा-स्त्री-पुरुषो! अस्माकं-हम में से गौरा-विद्या वाणी में निष्णात होकर विद्युतम् उप यातम्-विशेष कान्ति को प्राप्त करो और तृषाणा-कामनावान् या अति उत्सुक होकर अद्य-आज

सवना-यज्ञों, ऐश्वर्यों और पुत्र-प्रसवादि गृहोचित कार्यों को उप यातम्-प्राप्त होओ। विद्वान् पुरुष वां-आप दोनों की पुरुत्रा-बहुत से कार्यों में हवन्ते हि-स्तुति करते हैं। अन्ये-दूसरे शत्रुजन देवयन्तः-द्यूतक्रीड़ा आदि व्यवहार करते हुए वाम् मा नियमन्-आप दोनों को न फँसा लें।

भावार्थ-स्त्री-पुरुष विद्या एवं व्यवहार में निष्णात होकर यज्ञ, पुरुषार्थ व सन्तानोत्पत्ति आदि गृहोचित कार्य करें। जुआ खेलना आदि बुरे कार्यों से सदैव बचे रहें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

परस्पर सहयोग

युवं भुज्युमवविद्धं समुद्र उदूहथुरर्णसो अस्रिधानैः।
पतत्रिभिरश्रमैरव्यथिभिर्दंसनाभिरश्विना पारयन्ता ॥ ७ ॥

पदार्थ-समुद्रे अवविद्धं भुज्युम् यथा अश्विना अस्रिधानैः पतत्रिभिः अर्णसः पारयतः-समुद्र में फँसे भोग्य ऐश्वर्य की कामनावाले व्यापारी को जैसे वेगयुक्त नौका यन्त्रादि के अध्यक्ष जन पतवारों द्वारा पार करते हैं वैसे हे अश्विना-जितेन्द्रिय उत्तम शिष्यो! एवं रथी-सारथिवत् गृहस्थ-रथ में स्थित स्त्री-पुरुषो! युवम्-आप दोनों समुद्रे अवविद्धं-कामनामय समुद्र में अवपीड़ित, भुज्युम्-एक दूसरे का सहारा चाहनेवाले या सांसारिक भोग वा संसार में रक्षा चाहनेवाले सहचर को अर्णसः-पितृ ऋण से अस्रिधानैः-नष्ट न होनेवाले अश्रमैः-न थकनेवाले, अव्यथिभिः-पीड़ित न होने और अन्यों को पीड़ा न देनेवाले पतत्रिभिः-गमन योग्य तीन आश्रमों से और दंसनाभिः-उत्तम कर्मों से पारयन्ता-पार करते हुए उद् ऊहथुः-उत्तम मार्ग से ले जाओ।

भावार्थ-जितेन्द्रिय स्त्री-पुरुष गृहस्थ में स्थित होकर पितृ ऋण से उऋण होने के लिए सुसन्तान को जन्म देवें तथा ब्रह्मचारी, वानप्रस्थी व संन्यासी तीनों आश्रमवासियों का पालन करें और फिर गृहस्थ से आगे बढ़कर आश्रम व्यवस्था का अनुपालन करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

विद्वानों की संगति

नू मे हवमा शृणुतं युवाना यासिष्टं वर्तिरश्विनाविरावत्।
धत्तं रत्नानि जरतं च सूरीन्युवं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ८ ॥

पदार्थ-हे अश्विना-जिज्ञासु स्त्री-पुरुषो! आप युवाना-युवा-युवति होकर मे-मुझ विद्वान् के हवम् आ शृणुतम्-उपदेश को आदर से सुनो। आप लोग इरावत् वर्त्तिः-जल अन्नयुक्त मार्ग के समान, उत्तम प्रेरणा-युक्त व्यवहार को आ यासिष्टं नु-अवश्य प्राप्त हो। रत्नानि धत्तम्-रत्नतुल्य श्रेष्ठ गुणों को धारण करो। सूरीन्-विद्वान् पुरुषों को जरतं च-प्राप्त होकर विद्या-लाभ करो। हे विद्वान् पुरुषो! यूयं-आप लोग स्वस्तिभिः नः सदा पात-उत्तम साधनों से हमारी रक्षा करें।

भावार्थ-जिज्ञासु स्त्री-पुरुष युवावस्था में ही उत्तम विद्वानों का सान्निध्य प्राप्त कर उनके उपदेशों से श्रेष्ठ गुणों को धारण करते हुए विद्या का संग्रह करें।

अगले सूक्त का ऋषि भी वसिष्ठ और अश्विनौ देवता ही है।

[७०] सप्ततितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

गृहस्थाश्रम की श्रेष्ठता

आ विश्ववारास्विना गतं नः प्र तत्स्थानमवाचि वां पृथिव्याम्।
अश्वो न वाजी शुनपृष्ठो अस्थादा यत्सेदथुर्ध्रुवसे न योनिम्॥ १ ॥

पदार्थ-हे विश्ववारा अश्विना-सबसे वरणीय उत्तम स्त्री-पुरुषो! आप दोनों नः-हमारे आगतम्-पास आओ। वां-आप दोनों का पृथिव्याम्-पृथिवी पर तत् स्थानम्-गृहस्थाश्रम प्र अवाचि-उत्तम कहा है, यत्-जिसमें वाजी-बलवान् पुरुष शुन-पृष्ठः-सुखद पीठवाले अश्व के समान सुखों का आश्रय होकर अस्थात्-रहता है। आप पति-पत्नी ध्रुवसे-स्थिरता के लिये योनिम् सेदथुः-एक गृह में विराजते हो।

भावार्थ-गृहस्थाश्रम पृथिवी पर तभी उत्तम है जब गृहस्थ स्त्री-पुरुष स्वस्थ, संयमी तथा बलवान् होवें तथा परस्पर प्रीतिपूर्वक रहें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

गृहस्थ स्त्री-पुरुषों के कर्त्तव्य

सिषक्ति सा वां सुमतिश्चनिष्ठातापि घर्मो मनुषो दुरोणे।
यो वां समुद्रान्त्सरितः पिपर्त्येतग्वा चित्र सुयुजा युजानः॥ २ ॥

पदार्थ-दुरोणे घर्मः-जहाँ कोई चढ़ नहीं सकता ऐसे ऊँचे आकाश में सूर्य के समान मनुषः-मनुष्य दुरोणे-घर में और राजा राष्ट्र में उच्च पद पर विराज कर अतापि-तप करे। ऐसे ही ब्रह्मचारी घर्मः-ज्ञान-बल से सिक्त-स्नातक होकर मनुषः दुरोणे-मननशील आचार्य के गृह में अतापि-तप करे, उस समय वां-तुम दोनों को चनिष्ठा-श्रेष्ठ व गुरुवचनमय सुमतिः-शुभमति सिषक्ति-प्राप्त हो। एतग्वा चित्-अश्व के समान गृहस्थ-रथ में नियुक्त आप दोनों सुयुजा-उत्तम सहयोगी जनों को युजानः-जोड़ता हुआ, सत्कर्म में नियुक्त करता हुआ यः-जो समुद्रान् सरितः-समुद्रों को नदियों के समान पिपर्त्ति-पूर्ण करे वह उत्तम ज्ञानी गुरु सूर्यवत् तेजस्वी हो।

भावार्थ-गृहस्थाश्रम ऊँचा है। मनुष्य गृहस्थाश्रम में प्रवेश करके तप करे तथा सत्कर्म करता हुआ समाज के लोगों को एक सांस्कृतिक-राष्ट्रीय विचारधारा से जोड़े और यदि इसके घर में कोई ब्रह्मचारी आवे तो उसको ज्ञान प्रदान कर तपस्वी बनने की प्रेरणा करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सूर्यवत् तेजस्वी बनो

यानि स्थानान्यश्विना दधाथे दिवो यह्वीष्वोषधीषु विक्षु।
नि पर्वतस्य मूर्धनि सदन्तेषं जनाय दाशुषे वहन्ता॥ ३ ॥

पदार्थ-हे अश्विना-इन्द्रियों के स्वामी, स्त्री पुरुषो! दिवः ओषधीषु-सूर्य-ताप को धारण करनेवाली विक्षु-प्रजाओं में दिन-रात्रि के समान आप दोनों भी दिवः-इस पृथिवी की यह्वीषु=बड़ी-बड़ी ओषधीषु-शत्रु-सन्तापक तेज की धारक सेनाओं और यह्वीषु विक्षु-'यहु' अर्थात् सन्तानवत् पालन-योग्य प्रजाओं के बीच में यानि-जितने भी स्थानानि-आदर के पद हैं उन सब पर आप लोग पर्वतस्य मूर्धनि-पर्वत के शिरोभाग में सूर्यवत् तेजस्वी होकर सदन्ता-विराजते

हुए, दाशुषे जनाय-करादि व वस्त्राभूषणादि देनेवाले जनाय-प्रजाजन की वृद्धि के लिये वहन्ता-कार्य-भार को अपने कन्धों पर लेते हुए दधाथे-धारण करो।

भावार्थ-जितेन्द्रिय स्त्री-पुरुष राज्य-शासन के उच्च पदों को प्राप्त करें। सेना में उच्च पद पाकर शत्रुओं का नाश करें तथा प्रशासन में उच्च पद पाकर प्रजा जनों का उत्तमता के साथ पालन-पोषण करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

नव दम्पति को उपदेश

चनिष्टं देवा ओषधीष्वप्सु यद्योग्या अश्नवैथे ऋषीणाम्।
पुरूणि रत्ना दधती न्य१स्मे अनु पूर्वाणि चक्र्यथुर्युगानि ॥ ४ ॥

पदार्थ-हे देवा-तेजस्वी स्त्री-पुरुषो! ओषधीषु-ओषधियों में और अप्सु-जलों में यत्-जो औषधियाँ और जलवत् द्रव पदार्थ, ऋषीणां योग्या-मन्त्रद्रष्टा ऋषियों वा प्राणों के पोषण-योग्य हों उनकी ही आप दोनों चनिष्टं-कामना करो और उनको ही अश्नवैथे-खाया-पिया करो। आप दोनों पुरूणि रत्ना-बहुत से रत्न और रम्य गुणों को दधती-धारण करते हुए अस्मे-हमारे आगे पूर्वाणि-पूर्व के प्रसिद्ध युगानि-पति-पत्नी के अनुकरणीय जोड़े का अनु-अनुकरण नि चक्र्यथुः-आदर्श-रूप होकर बतलाओ।

भावार्थ-गृहस्थाश्रम में प्रवेश करनेवाले नवदम्पति उत्तम औषध सेवन के द्वारा स्वस्थ व पुष्ट रहें। ऋषियों, तपस्वियों को घर में बुलाकर उनसे गृहस्थ धर्म की शिक्षा लेवें तथा पूर्व गृहस्थों के समान आदर्श गृहस्थ बनें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ज्ञान प्राप्ति

शुश्रुवांसा चिदश्विना पुरूण्यभि ब्रह्माणि चक्षाथे ऋषीणाम्।
प्रति प्र यातं वरमा जनायास्मे वामस्तु सुमतिश्चनिष्ठा ॥ ५ ॥

पदार्थ-हे अश्विना-जितेन्द्रिय स्त्री-पुरुषो! आप दोनों चित्-ही ऋषीणां-मन्त्रद्रष्टा पुरुषों के साक्षात् किये पुरूणि-बहुत ब्रह्माणि-वेद-मन्त्रों को शुश्रुवांसा-श्रवण करते हुए अभि चक्षाथे-उनके तत्त्वज्ञान को प्राप्त करो। आप लोग जनाय-मनुष्य के उपकारार्थ वरम्-उत्तम उद्देश्य को प्रति यातम्-लक्ष्य करके चलो। वरम् प्र यातम्-उत्तम ज्ञान प्राप्त करो, वरम् आ यातम्-वरण-योग्य श्रेष्ठ पुरुष और स्थान को ही आओ। अस्मे-हमारे लिये वाम्-आप दोनों की चनिष्ठा-प्रशंसनीय सुमतिः अस्तु-शुभमति हो।

भावार्थ-जितेन्द्रिय स्त्री-पुरुष वेद मन्त्रों को सुनकर उनके तत्त्व ज्ञान को प्राप्त करें तथा उस ज्ञान को अन्यों के लिए भी उपदेश करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

गृहस्थी को उपदेश

यो वां यज्ञो नासत्या हविष्मान्कृतब्रह्मा समर्यो३ भवाति।
उप प्र यातं वरमा वसिष्ठमिमा ब्रह्माण्यृच्यन्ते युवभ्याम् ॥ ६ ॥

पदार्थ-हे नासत्या-असत्याचरण न करनेवाले स्त्री-पुरुषो! यः-जो यज्ञः-पूजा-सत्संग-

योग्य हविष्मान्-उत्तम ज्ञान अन्न से सम्पन्न कृत-ब्रह्मा-वेदाध्यन में कृतश्रम और धनादि में समृद्ध वां-आप दोनों के प्रति समर्यः-नाना पुरुषों-सहित भवति-होता है आप दोनों ऐसे वरण-योग्य वसिष्ठं-सर्वोत्तम 'वसु', विद्वान् वा राजा को उप आ यातम्-प्राप्त होओ, हे स्त्री-पुरुषो! युवभ्याम्-आप दोनों के हितार्थ ही इमा ब्रह्माणि-ये वेदोक्त ज्ञान, अन्न, धन ऋच्यन्ते-ऋचाओं के रूप में प्रकट होते और प्रस्तुत किये जाते हैं।

भावार्थ-सदाचारी गृहस्थ स्त्री-पुरुष यज्ञ तथा वेदाध्ययन के द्वारा ज्ञान प्राप्त करके पुरुषार्थ पूर्वक ऐश्वर्य को प्राप्त करें। इस प्रकार वे धनादि व सम्मान से समृद्ध बनें।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-अश्विनौ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

गृहस्थ को हितकारी उपदेश

इयं मनीषा इयमश्विना गीरिमां सुवृक्तिं वृषणा जुषेथाम्।
इमा ब्रह्माणि युवयून्यग्मन्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ ७॥

पदार्थ-हे अश्विना-जितेन्द्रिय स्त्री-पुरुषो! इयं-यह मनीषा-मन की उत्तम इच्छा और इयं गीः-यह उत्तम वाणी है। आप दोनों इमां-इस सु-वृक्तिं-उत्तम वाणी को वृषणा-बलवान् होकर जुषेथाम्-सेवन करें। इमा ब्रह्माणि-ये वेद-वचन युवयूनि-आप के हितार्थ हैं। यूयं-हे विद्वान् लोगो! आप स्वस्तिभिः नः सदा पात-उत्तम साधनों से हमारी रक्षा करो।

भावार्थ-गृहस्थी स्त्री-पुरुष जितेन्द्रिय, मधुर तथा सत्यभाषी हों। वेदवाणी का श्रवण करनेवाले हों। यह वेदवाणी सबके कल्याण के लिए है।

अगले सूक्त का भी ऋषि वसिष्ठ और देवता अश्विनौ ही है।

[७१] एकसप्ततितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-अश्विनौ॥ छन्दः-त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

स्त्री के कर्त्तव्य

अप स्वसुरुषसो नग्जिहीते रिणक्ति कृष्णीररुषाय पन्थाम्।
अश्वामघा गोमघा वां हुवेम दिवा नक्तं शरुमस्मद्युयोतम्॥ १॥

पदार्थ-नक् उषसः अप जिहीते-जैसे उषाकाल से रात्रि दूर चली जाती है वैसे ही उषसः-प्रभात-वेला-तुल्य कान्तियुक्त, पति की याचना करनेवाली स्वसु-स्व-सुः-स्वयं वरणीय पति को प्राप्त करनेवाली वरवर्णिनी कन्या से नक्-सम्बन्धी जन उसके माता, पिता, भाई आदि अप जिहीते-दूर हो जाते हैं। वह माता-पिता से छूटकर पति की हो रहती है। कृष्णीः-कृष्णवर्णा रात्रि जैसे अरुषाय पन्थाम् ऋणक्ति-तेजस्वी सूर्य के लिये मार्ग छोड़ती है वैसे ही कृष्णीः-हृदय को आकर्षण करनेवाली स्त्री अरुषाय-तेजस्वी पुरुष के लिये पन्थाम्-मार्ग रिणक्ति-रिक्त करती है। आप आगे-आगे और पीछे पति को लेकर चलती है। अश्वामघा गोमघा-अश्वों और गौओं आदि धन-सम्पन्न स्त्री-पुरुषो! हम लोग वाम् हुवेम-आप लोगों से प्रार्थना करते हैं कि आप अस्मत्-हमसे शरुम्-हिंसक को युयोतम्-दूर करो।

भावार्थ-कान्तियुक्त कन्या माता, पिता, भाई आदि को छोड़कर तेजस्वी पति की हो जाती है तथा उसके हृदय को आकर्षित एवं आनन्दित करती है। दोनों प्रीतिपूर्वक रहकर पुरुषार्थ करके ऐश्वर्यशाली होते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

शिक्षक के कर्त्तव्य

उपायातं दाशुषे मर्त्याय रथेन वामम्अश्विना वहन्ता।
युयुतम्अस्मदनिराममीवां दिवा नक्तं माध्वी त्रासीथां नः ॥ २ ॥

पदार्थ-हे अश्विना-विद्वान् स्त्री-पुरुषो! एवं गुरुजनो! आप लोग दाशुषे मर्त्याय-अपने को आप के प्रति समर्पण कर देनेवाले के हितार्थ उप आयातम्-समीप आइये और रथेन वामम् वहन्ता-गाड़ी आदि से जैसे उत्तम धन-सम्पदा लाई जाती है वैसे ही आप लोग रथेन-उत्तम उपदेश से वामम्-सुन्दर श्रवण योग्य ज्ञान को वहन्ता-प्राप्त कराते हुए अस्मत्-हमसे अनिराम्-अन्नादि के दारिद्र्य और 'इरा' अर्थात् विद्योपदेशमय वाणी के अभाव को तथा अमीवाम्-रोग-जनक दशा को युयुताम्-दूर करो और दिवानक्तम्-दिन-रात माध्वी-प्रसन्नचित्त वा 'मधु' अन्न, जल वा ज्ञान से युक्त होकर नः त्रासीथाम्-हमारी रक्षा करो।

भावार्थ-गुरुजन अपने समर्पित शिष्यों के हित के लिए ज्ञान का उपदेश करें। जिससे वे शिष्य लोग ज्ञानी होकर रोग रहित स्वस्थ तथा दारिद्र्य रहित ऐश्वर्य सम्पन्न जीवन धारण करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

आदर्श गृहस्थ

आ वां रथंअवमस्यां व्युष्टौ सुम्नायवो वृषणो वर्तयन्तु।
स्यूमगभस्तिमृतयुग्भिरश्वैराश्विना वसुमन्तं वहेथाम् ॥ ३ ॥

पदार्थ-जैसे रथ को बलवान् अश्व चलाते हैं और ऋतयुग्भिः अश्वैः स्यूमगभस्तिं, वसुमन्तं रथं वहन्ति-ज्ञान-पूर्वक लगे अश्वों से, सिली रासोंवाले और धनादि-सम्पन्न रथ को ले जाते हैं वैसे ही हे अश्विना-विद्या में व्यापक विद्वान् स्त्री-पुरुषों के स्वामी जनो! वां-आप के रथं-गृहस्थोचित कर्त्तव्य आदि को अवमस्यां व्युष्टौ-आगामी प्रभात वेला में सुम्नायवः-सुखाभिलाषी वृषणः-बलवान् पुरुष वर्त्तयन्तु-सम्पादित करें और आप दोनों स्यूमगभस्तिम्-सुखकारी रश्मियों या रासों से युक्त वसुमन्तं रथं-बसनेवाले, वा वसु ब्रह्मचारियों वा सुखैश्वर्य-युक्त गृहस्थाश्रम-रूप रथ को ऋतयुग्भिः-सत्य से जुड़े हुए, अश्वैः-विद्वानों की सहायता से वहेथाम्-धारण करो।

भावार्थ-गृहस्थ स्त्री-पुरुष ज्ञानपूर्वक अपने गृहस्थ के समस्त कार्यों को करें और इस सुख-ऐश्वर्ययुक्त गृहस्थाश्रम को विद्वानों के मार्गदर्शन में धारण करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

गृहस्थ के कर्त्तव्य

यो वां रथो नृपती अस्ति वोळ्हा त्रिवन्धुरो वसुमाँ उत्तरायमा।
आ नं एना नासत्योप यातमभि यद्वां विश्वपन्यो जिगाति ॥ ४ ॥

पदार्थ-हे नृपती-मनुष्य पति पत्नी! विवाहित स्त्री-पुरुषो! जैसे रथः वोढा, त्रि-वन्धुरः-रथ मनुष्यों को उठाकर ले जाने से 'वोढा' और तीन दण्डों से बने पीढ़े से युक्त होता है, वैसे ही यः-जो पुरुष वां-आप दोनों में से रथः-रम्यस्वभाव का, वा स्थिर होकर वोढा-गृहस्थ-भार सहनेवाला, त्रि-वन्धुरः-तीन ऋणों से बद्ध, वसुमान्-ऐश्वर्यवान्, उत्तरायामा-सूर्यवत्

तेजस्वी होकर जाने हारा है और यत् वां=जो तुम दोनों में से विश्व-पन्यः=विशेष रूपवान् होकर अधि जिगाति=प्राप्त होता है, हे नासत्या=असत्य धारण न करने हारे स्त्री-पुरुषो! एना=उस व्यक्ति के बल से ही नः आ उपयातम्=हमें प्राप्त होओ।

भावार्थ–विवाहित स्त्री-पुरुष गृहस्थ में स्थित होकर गृहस्थ के उत्तरदायित्व को निभाते हुए असत्य आचरण से सदैव दूर रहकर ऐश्वर्यशाली बनें।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–अश्विनौ॥ छन्दः–त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

पाप व अज्ञान से पार

युवं च्यवानं जरसोऽमुमुक्तं नि पेदवं ऊहथुराशुमश्वम्।
निरंहसस्तमसः स्पर्तमग्निं नि जाहुषं शिथिरे धातमन्तः॥ ५॥

पदार्थ–हे वेग युक्त रथों, अश्वों, वाहनों और विद्यावान् पुरुषों के स्वामी स्त्री-पुरुषो! सभा-सेनापतियो! युवं=आप दोनों च्यवानं=सन्मार्गगामी पुरुष को जरसः=वृद्धावस्था वा आयु के नाश से अमुमुक्तम्=दूर करो। पेदवे=दूर देश-गामी के लिये आशुम् अश्वम्=शीघ्रगामी अश्वतुल्य साधन को नि ऊहथुः=निरन्तर चलाओ और अग्निम्=तीनों दोषों से रहित पुरुष को अंहसः=पाप और तमसः=अज्ञान-अन्धकार से निः स्पर्त्तम्=पार करो, जाहुषम्=त्यागी, पुरुष को शिथिरे=शिथिल राष्ट्र में अन्तः नि धातम्=भीतर केन्द्र स्थान पर नियुक्त करो।

भावार्थ–विद्यावान् स्त्री-पुरुष प्रजा जनों को ज्ञान का उपदेश प्रदान कर उन्हें वृद्धावस्था पर्यन्त स्वस्थ जीवन जीने की कला सिखावें। तथा अज्ञान अन्धकार व पाप से बचावें। ऐसे त्यागी व पुरुषार्थी पुरुष को राष्ट्र की शासन व्यवस्था में उस क्षेत्र में नियुक्त करें जहाँ पर शिथिलता हो।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–अश्विनौ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

वेदवाणी का उपदेश

इयं मनीषा इयमश्विना गीरिमां सुवृक्तिं वृषणा जुषेथाम्।
इमा ब्रह्माणि युवयून्यग्मन्युयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ ६॥

पदार्थ–हे अश्विना=जितेन्द्रिय स्त्री-पुरुषो! इयं=यह मनीषा=मन की उत्तम इच्छा और इयं गीः=यह उत्तम वाणी है। आप दोनों इमां=इस सु-वृक्तिं=उत्तम वाणी को वृषणा=बलवान् होकर जुषेथाम्=सेवन करें। इमा ब्रह्माणि=ये वेद-वचन युवयूनि=आप के हितार्थ हैं। यूयं=हे विद्वान् लोगो! आप स्वस्तिभिः नः सदा पात=उत्तम साधनों से हमारी रक्षा करो।

भावार्थ–संयमी स्त्री-पुरुष मन में शुभ चिन्तन करते हुए मधुर वाणी के द्वारा वेद वचनों से लोगों का हित चाहते हुए मार्गदर्शन करें।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और अश्विनौ देवता है।

[७२] द्विसप्ततितमं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–अश्विनौ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

स्वस्थ शरीर

आ गोमता नासत्या रथेनाश्वावता पुरुश्चन्द्रेण यातम्।
अभि वां विश्वा नियुतः सचन्ते स्पार्हया श्रिया तन्वा शुभाना॥ १॥

पदार्थ–हे विद्वान् स्त्री-पुरुषो! हे नासत्या=नासिकावत् प्रमुख स्थान पर विराजनेवाले प्रतिष्ठित

जनो! आप दोनों गोमता=उत्तम बैलोंवाले वा अश्ववता=घोड़ोंवाले पुरु-चन्द्रेण=बहुतों के आह्लादक रथेन=रथ से आ यातम्=आओ। विश्वा नियुतः=सब उत्तम प्रजाएँ वा सेनाएँ वाम् अभि सचन्ते=आप दोनों की ही सेवा करती हैं। आप दोनों स्पार्हया=स्पृहा-योग्य, मनोहर श्रिया=शोभा और तन्वा=स्वस्थ शरीर से शुभाना=शोभित होकर हमें प्राप्त होओ।

भावार्थ–विद्वान् स्त्री-पुरुष स्वस्थ व सुन्दर शरीरवाले हों। इससे अन्य प्रजा जन उन्हें आदर्श मानकर स्वस्थ व सुन्दर बनने का पुरुषार्थ करेंगे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अश्विनौ ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

बन्धुत्व

आ नो देवेभिरुप यातमर्वाक्सजोषसा नासत्या रथेन।
युवोर्हि नः सख्या पित्र्याणि समानो बन्धुरुत तस्य वित्तम्॥ २॥

पदार्थ–हे नासत्या=असत्याचरण न करने हारे स्त्री-पुरुषो! आप देवेभिः=विद्वान् पुरुषों के साथ स-जोषसा=प्रीति से सेवने योग्य, रथेन=रथ से, नः आयातम्=हमें प्राप्त होओ। युवोः हि नः=आप दोनों के पित्र्याणि सख्या=पिता पितामहादि से आये सौहार्द भाव हमारे साथ बने रहें। युवोः नः बन्धुः समानः=हमारे और तुम्हारे बन्धु भी समान हों उत=और आप दोनों तस्य=उस बन्धु को वित्तम्=भली प्रकार जानें।

भावार्थ–सदाचारी स्त्री-पुरुष विद्वानों के साथ रहते हुए मधुर व्यवहार सीखें। इससे वे प्रजाजनों के साथ प्रीतिपूर्वक उसी प्रकार वर्ताव करें जैसे एक ही दादा की सन्तान बन्धुभाव से रहती हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अश्विनौ ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

वेदोपदेश

उदु स्तोमासो अश्विनोरबुध्रञ्जामि ब्रह्माण्युषसश्च देवीः।
आविवासन्नोदसी धिष्ण्येमे अच्छा विप्रो नासत्या विवक्ति॥ ३॥

पदार्थ–स्तोमासः=वेद के सूक्त और अश्विनोः स्तोमासः=विद्वान् स्त्रियों, पुरुषों, उपदेशकों के उपदेश और ब्रह्माणि=वेद के मन्त्र जामि=बन्धुवत् उषसः=उत्तम प्रकाश-युक्त देवीः=दानशील, विद्याभिलाषी प्रजाओं को उत्-अबुध्रन्=ज्ञानयुक्त करें। विप्रः=विद्वान् पुरुष नासत्या अच्छ=सत्याश्रयी स्त्री-पुरुषों की आविवासन्=सेवा करता हुआ इमे=इन दोनों को रोदसी=सूर्य-चन्द्रवत्, माता-पितावत् धिष्ण्ये=उत्तम-बुद्धि-युक्त, और योग्य भी विवक्ति=कहता है।

भावार्थ–विद्वान् स्त्री-पुरुष वेद के मन्त्रों द्वारा ज्ञान का उपदेश करके प्रजा जनों को ज्ञान से युक्त करें कि जिससे वे विद्वानों, तपस्वियों तथा माता-पिता की श्रद्धापूर्वक सेवा-शुश्रूषा करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–अश्विनौ ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

वैदिक आचरण

वि चेदुच्छन्त्यश्विना उषासः प्र वां ब्रह्माणि कारवो भरन्ते।
ऊर्ध्वं भानुं सविता देवो अश्रेद् बृहद्दिवा अमिना जरन्ते॥ ४॥

पदार्थ–हे अश्विना=विद्वान् स्त्री-पुरुषो! चेत्=जैसे उषासः=प्रभात वेलाएँ वि उच्छन्ति=विशेष रूप से प्रकाश करें तब कारवः=स्तोता विद्वान् ब्रह्माणि=स्तुति-मन्त्र प्र भरन्ते=उच्चारण

करते हैं और जब सविता देवः=प्रकाशमान् सूर्य ऊर्ध्वं=ऊपर भानुम् अश्रेत्=कान्ति धारण करे तो अग्नयः=यज्ञाग्नियें समिधा=उत्तम समिधा-सहित होकर बृहत्=अच्छी प्रकार जरन्ते=स्तुति को प्राप्त होते हैं, अर्थात् यज्ञ किये जाते हैं, वैसे ही जब उषसः=कमनीय कान्ति से युक्त विदुषी स्त्रियें और प्रजाएँ वि उच्छन्ति=विविध अभिलाषाएँ प्रकट करती हैं तब कारवः=विद्वान् पुरुष वां=वर-वधू एवं राजा-रानी दोनों को लक्ष्य कर ब्रह्माणि=वेद-मन्त्रों और नाना ऐश्वर्यों को प्र जरन्ते=प्रकट करें। देवः सविता=ऐश्वर्यवान् पुरुष ही ऊर्ध्वं=भानुं=सर्वोपरि कान्ति को अश्रेत्=धारण करता है और अग्नयः=विद्वान् समिधा=अति तेज से बृहत्=वृद्धिकारी, आशीर्वाद=वचन का जरन्ते=उपदेश करते हैं।

भावार्थ=स्त्री-पुरुषों को योग्य है कि प्रातः उषाकाल में ईश्वर की स्तुति मन्त्रों द्वारा करें तथा सूर्योदय होने पर वेद मन्त्रों से यज्ञ करें। इससे जीवन तेजस्वी, कान्तियुक्त तथा ऐश्वर्य सम्पन्न बनता है।

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=अश्विनौ ॥ छन्दः=विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः=धैवतः ॥

जनहित

आ पश्चातान्नसत्या पुरस्तादाश्विना यातमधरादुदक्तात्।
आ विश्वतः पाञ्चजन्येन राया यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥५॥

पदार्थ=हे नासत्या अश्विना=कभी असत्य व्यवहार न करने हारे जनो! पश्चातात् पुरस्तात् अधरात् उदक्तात्=पश्चिम, पूर्व, उत्तर और दक्षिण से भी आप लोग पाञ्चजन्येन राया=पाँचों जनों के हितकारी धन-सहित विश्वतः आ यातम्=सभी ओर आया-जाया करो। यूयं स्वस्तिभिः सदा नः पात=आप हमारी उत्तम साधनों से रक्षा करो।

भावार्थ=सदाचारी पुरुष मनुष्य मात्र के हित के लिए सदुपदेश करते हुए समस्त दिशाओं में आते-जाते रहें। इससे प्रजा जनों का अत्यन्त हित होगा।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता अश्विनौ ही है।

[७३] त्रिसप्ततितमं सूक्तम्

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=अश्विनौ ॥ छन्दः=विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः=धैवतः ॥

दुःखनिवारण

अतारिष्म तमसस्पारमस्य प्रति स्तोमं देवयन्तो दधानाः।
पुरुदंसा पुरुतमा पुराजामर्त्या हवते अश्विना गीः ॥१॥

पदार्थ=हम लोग देवयन्तः=विद्वानों और शुभ गुणों को चाहते हुए, स्तोमं=स्तुत्य कार्य को प्रति दधानाः=प्रत्येक दिन धारण करते हुए अस्य=इस तमसः=अज्ञान, दुःख के पारम् अतारिष्म=पार हों। हे अश्विना=जितेन्द्रिय स्त्री-पुरुषो! गीः=विद्वान् पुरुष पुरुदंसा=बहुत कर्मों के कर्ता, पुरु-तमा=बहुतों में उत्तम, पुरु-जा=सब के आगे चलनेवाले, अमर्त्या=साधारण मनुष्यों से विशेष आप दोनों की हवते=प्रशंसा करते हैं।

भावार्थ=मनुष्य लोग विद्वानों के संग से उत्तम गुण एवं कर्मों के द्वारा अज्ञान व दुःख का निवारण करें तथा विद्वानों एवं सज्जनों का आदर किया करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

यज्ञ और वन्दना

न्यु प्रियो मनुषः सादि होता नासत्या यो यजते वन्दते च।
अश्नीतं मध्वो अश्विना उपाक आ वां वोचे विदथेषु प्रयस्वान्॥ २ ॥

पदार्थ-हे नासत्या-सत्यनिष्ठ, अश्विना-जितेन्द्रिय स्त्री-पुरुषो! यः-जो प्रियः-प्रिय मनुषः-मननशील, होता-ज्ञानदाता पुरुष यजते-यज्ञ करता, वन्दते च-भगवान् की स्तुति करता, या उपदेशादि करता है और जो विदथेषु-यज्ञों में प्रयस्वान्-प्रयत्नशील होकर वाम् आ वोचे-तुम दोनों की अभ्यर्थना करता है, आप उसके उपाके-समीप मध्वः अश्नीतं-ज्ञान और अन्नादि प्राप्त करो।

भावार्थ-सत्यनिष्ठ स्त्री-पुरुष विचारपूर्वक नित्य प्रति यज्ञ एवं ईश्वर की स्तुति, प्रार्थना व उपासना करते हुए ज्ञान का संग्रह करें तथा उपदेश द्वारा अन्यों का मार्गदर्शन करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ज्ञानी का उपदेश

अहेम यज्ञं पथामुराणा इमां सुवृक्तिं वृषणा जुषेथाम्।
श्रुष्टीवेव प्रेषितो वामबोधि प्रति स्तोमैर्जरमाणो वसिष्ठः ॥ ३ ॥

पदार्थ-हम लोग यज्ञम् उराणाः-यज्ञ करते हुए पथाम्-जीवन-मार्गों की अहेम-वृद्धि करें। हे वृषणा-बलवान् स्त्री-पुरुषो! आप लोग इस सुवृक्तिम्-सुमति का जुषेथाम्-सेवन करो। जरमाणः वसिष्ठः-उपदेश करने हारा, वसु, ब्रह्मचारी पुरुष स्तोमैः-उपदेश-योग्य वचनों से प्रेषितः श्रुष्टीवा इव-भेजे दूत के समान, प्रेषितः-उत्तम इच्छा से युक्त श्रुष्टीवा-श्रुति-वचनों का ज्ञाता होकर वाम् प्रति अबोधि-आप दोनों को ज्ञानवान् करे।

भावार्थ-मनुष्य लोग नित्य प्रति यज्ञ करें। इससे सद्बुद्धि तथा ऐश्वर्य की वृद्धि तथा ज्ञानी लोगों की संगति प्राप्त होगी। इससे उनके वेद उपदेशों से ज्ञान की प्राप्ति होगी।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

कल्याणकारी व्यवस्था

उप त्या वह्नी गमतो विशं नो रक्षोहणा संभृता वीळुपाणी।
समन्धांस्यग्मत मत्सराणि मा नो मर्धिष्टमा गतं शिवेन ॥ ४ ॥

पदार्थ-हे स्त्री-पुरुषो! रक्षोहणा-दुष्ट पुरुषों का नाशक, संभृता-परिपुष्ट, वीळुपाणी-बलवान् हाथोंवाले होकर त्या-वे दोनों आप वह्नी-गृहस्थ को उठाने में अश्वों के समान दृढ़, अग्नियों के समान तेजस्वी एवं विवाहित होकर नः विशं उप गमतः-हमारे प्रजा-वर्ग में प्राप्त होवो। नः-हमारे मत्सराणि-तृप्तिकारक अन्धांसि-अन्नों को सम अग्मत-प्राप्त करो। शिवेन-कल्याणकारक, सुखप्रद रूप से नः आगतं-हमें प्राप्त होवो, नः मा मर्धिष्टं-हमें पीड़ा मत दो।

भावार्थ-विवाहित स्त्री-पुरुष तप व संयम के द्वारा तेजस्वी होकर अपने जीवन एवं समाज से शत्रुओं का नाश करें तथा कल्याणकारी व सुखदायी व्यवस्था को बढ़ावें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

विद्वत परिभ्रमण

आ पश्चातान्नसत्या पुरस्तादाश्विना यातमधरादुदक्तात्।
आ विश्वतः पाञ्चजन्येन राया यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥५॥

पदार्थ-हे नासत्या अश्विना-कभी असत्य व्यवहार न करने हारे जनो! पश्चातात् पुरस्तात् अधरात् उदक्तात्-पश्चिम, पूर्व, उत्तर और दक्षिण से भी आप लोग पाञ्चजन्येन राया-पाँचों जनों के हितकारी धन-सहित विश्वतः आ यातम्-सभी ओर आया-जाया करो। यूयं स्वस्तिभिः सदा नः पात-आप हमारी उत्तम साधनों से रक्षा करो।

भावार्थ-विद्वान् जन सबके हित के लिए सदैव सब दिशाओं में ज्ञान का उपदेश करते हुए घूमते रहें। इससे मनुष्य मात्र का कल्याण होगा।

अगले सूक्त का भी ऋषि वसिष्ठ और अश्विनौ देवता ही है।

[७४] चतुःसप्ततितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-निचृद्बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

सभापति के कर्त्तव्य

इमा उ वां दिविष्टय उस्रा हवन्ते अश्विना।
अयं वामह्वेऽवसे शचीवसू विशंविशं हि गच्छथः ॥ १ ॥

पदार्थ-हे अश्विना-अश्व अर्थात् राष्ट्र और अश्वादिसैन्य के स्वामी, सेनापति-सभापति जनो! आप दोनों उस्रा-उत्तम पदार्थों को देने एवं गृह और राष्ट्र में स्वयं बसने और अन्यों को बसानेवाले, तेजस्वी वां-आप दोनों को इमा दिविष्टयः-ये उत्तम ज्ञान और कान्ति चाहनेवाली प्रजाएँ हवन्ते-बुलाती हैं और अयं-यह विद्वान् वर्ग भी, हे शचीवसू-शक्ति और वाणी के धनी युगलो! वां-आप दोनों को अवसे-रक्षा और ज्ञान के लिये अह्वे-पुकारता है, आप दोनों विशं विशं हि-प्रत्येक प्रजावर्ग में गच्छथः-जाया करो।

भावार्थ-सेनापति तथा सभापति दोनों का कर्त्तव्य है कि वे प्रजाजनों को उनके रहने के लिए राष्ट्र में सुविधा सम्पन्न बस्तियाँ बसावें और रक्षा तथा ज्ञान के साधन व सुविधाएँ उपलब्ध करावें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-आर्षीभुरिग्बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

राष्ट्र नायक का कर्त्तव्य

युवं चित्रं ददथुर्भोजनं नरा चोदेथां सूनृतावते।
अर्वाग्रथं समनसा नि यच्छतं पिबतं सोम्यं मधु ॥ २ ॥

पदार्थ-हे नरा-उत्तम नायक जनो, उत्तम स्त्री पुरुषो! युवं-आप दोनों सूनृतावते-उत्तम सत्यवाणी से युक्त मनुष्य के हितार्थ चित्रं-आश्चर्यकारक और नाना भोजनं-पालन-सामर्थ्य और भोग-योग्य उत्तम ऐश्वर्य ददथुः-प्रदान करो और अर्वाक् रथं चोदेथां-अपने रमणीय व्यवहार को रथ के समान आगे प्रेरित करो, उसको समनसा नियच्छतम्-एक चित्त होकर नियम में रक्खो और सोम्यं मधु-'सोम' अर्थात् ओषधिरस से मिले मधु के समान अति गुणकारी, रोगनाशक अन्न के समान पुष्टिकारक, सोम अर्थात् राजपद के योग्य, ऐश्वर्यानुरूप मधुर भोग, मधुर

सुख का पिबतम्-उपभोग करो।

भावार्थ-उत्तम राष्ट्र नायक का कर्त्तव्य है कि वह राष्ट्र की प्रजाओं को पालन-पोषण हेतु उपभोग की सामग्री उपलब्ध करावे। मधुरतापूर्ण व्यवहार करे तथा सबको राजनियमों में चलावे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-निचृद्बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

ज्ञान प्राप्ति

आ यातमुप भूषतं मध्वः पिबतमश्विना।
दुग्धं पयो वृषणा जेन्यावसू मा नो मर्धिष्टमा गतम्॥ ३॥

पदार्थ-हे अश्विना-जितेन्द्रिय स्त्री-पुरुषो! हे जेन्यावसू-बसनेवाले प्रजा-वर्गो, आप लोग आ यातम्-आदर पूर्वक आइये। उप भूषतम्-समीप विराजिये मध्वः पिबतं-गुरुगृह में मधुमय ज्ञानरस का दुग्धं पयः-दुहे हुए दूध के समान पिबतम्-पान करिये। हे वृषणा-मेघ के समान ज्ञान-सुखों के वर्षक पुरुषो! नः मामर्धिष्टम्-हमारा नाश न करो।

भावार्थ-प्रजा जन गुरुओं के समीप जाकर, श्रद्धापूर्वक गुरुगृह में रहकर ज्ञान की प्राप्ति करें। गुरुजनों द्वारा दिए गए ज्ञान से अपने जीवन को नष्ट होने से बचावें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-आर्षीभुरिग्बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

उत्तम नायक का कर्त्तव्य

अश्वासो ये वामुप दाशुषो गृहं युवां दीयन्ति बिभ्रतः।
मक्षूयुभिर्नरा हयेभिरश्विना देवा यातमस्मयू॥ ४॥

पदार्थ-हे अश्विना-विद्वानों के स्वामी जनो! हे नरा-नायकवत् स्त्री-पुरुषवर्गो! ये-जो वाम्-आप लोगों के अश्वासः-अश्व, वेग से जानेवाले साधन वा विद्यावान् पुरुष युवां बिभ्रतः-आप दोनों को धारण करते हुए, दाशुषः गृहं-उस देनेवाले प्रभु के घर तक दीयन्ति-पहुँचा देते हैं उनकी मक्षूयुभिः हयेभिः-शीघ्रकारी अश्वों, साधनों वा विद्वानों से देवा-हे स्त्री-पुरुषो! हे नरा-नायक जनो! आप अस्मयू-हमें चाहते हुए यातम्-आओ-जाओ।

भावार्थ-राष्ट्र नायक प्रजाओं के हित के लिए उत्तम विद्वानों की नियुक्ति करे जिनके सान्निध्य तथा मार्गदर्शन में लोग विद्या की प्राप्ति कर ईश्वर के घर अर्थात् मोक्ष को प्राप्त करने के अधिकारी बन सकें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-आर्षीबृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

परिव्राजक का सत्कार

अधा ह यन्तो अश्विना पृक्षः सचन्त सूरयः।
ता यंसतो मघवद्भ्यो ध्रुवं यशश्छर्दिरस्मभ्यं नासत्या॥ ५॥

पदार्थ-हे अश्विना-स्त्री-पुरुष तथा विद्वान् और सामान्य जनो! अध ह-निश्चय से यन्तः सूरयः-आगे बढ़ते हुए, विद्वान्, परिव्राजक जन पृक्षः सचन्त-सर्वत्र अन्न और स्नेह-सम्पर्क प्राप्त करते हैं। हे नासत्या-कभी असत्य व्यवहार न करनेवाले जनो! ता-वे आप दोनों अस्मभ्यम् मघवद्भ्यः-हम ज्ञानवाले पुरुषों को ध्रुवं-स्थिर यशः-यश और अन्न छर्दिः-आवास के लिये घर यंसतः-प्रदान करो।

भावार्थ-विद्वान् तथा सामान्य गृहस्थी जन अपने द्वार पर आए हुए परिव्राजक जनों अर्थात्

विद्वान् तपस्वी अतिथियों का भोजन तथा निवास की व्यवस्था आदि से सत्कार करें। उनसे शंका-समाधान व ज्ञान प्राप्त कर यश के भागी बनें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अश्विनौ ॥ छन्दः-आर्षीभुरिग्बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

नृपति

प्र ये ययुरवृकासो॒ रथाइव नृपा॒तारो॒ जना॑नाम्।
उ॒त स्वेन॒ शव॑सा शूशुवु॒र्नर॑ उ॒त क्षि॑यन्ति सु॒क्षि॑तिम्॥ ६॥

पदार्थ-ये-जो अवृकासः-चोर-स्वभाव से रहित, निश्छल रथाः-रथों के समान स्वेन शवसा-अपने ज्ञान-सामर्थ्य और पराक्रम से प्र ययुः-आगे जाते हैं और जो नरः-नेता जन शूशुवुः-खूब उन्नति को प्राप्त होते हैं उत-और सुक्षितिम्-उत्तम भूमि को क्षियन्ति-प्राप्त कर उसमें रहते हैं वे ही जनानां नृपातारः-सब मनुष्यों को पालने में समर्थ 'नृपति' होते हैं।

भावार्थ-राष्ट्र का नेतृत्व वर्ग निश्छल, ज्ञानी तथा पराक्रमी होवे। इससे राष्ट्र की उन्नति होगी, राष्ट्र में भ्रष्टाचार नहीं बढ़ेगा तथा प्रजा समृद्ध होगी।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ देवता उषा है।

[७५] पञ्चसप्ततितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

स्त्री के कर्त्तव्य १

व्यु॑षा आ॑वो दिवि॒जा ऋ॒तेना॑विष्कृण्वा॒ना म॑हि॒मान॒मागा॑त्।
अप॒ द्वेष॒स्तम॑ आवर॒जुष्ट॑मङ्गि॒रस्तमा प॒थ्या॑ अजीगः॥ १॥

पदार्थ-दिविजाः उषाः-सूर्य के आश्रय प्रकट होनेवाली प्रभात वेला जैसे आवः-विशेषरूप से खिलती, ऋतेन महिमानम् आविष्कृण्वाना आगात्-तेज से स्वरूप को प्रकट करती हुई आती है, तमः अप आवः-अन्धकार को दूर करती और पथ्याः अजीगः-मार्गवर्त्ती प्रजाओं को जगाती है, वैसे ही दिविजाः-सूर्यवत् तेजस्वी गुरु के अधीन जन्म-लाभ करके उषाः-कान्तियुक्त युवति वि आवः-विविध गुणों को प्रकट करे, वह ऋतेन-सत्य ज्ञान से महिमानम्-मातृ-सामर्थ्य को आविः कृण्वाना-प्रकट करती हुई, आगात्-आवे। अजुष्टम्-न सेवने योग्य तमः-अज्ञान को अन्धकारवत् और द्वेषः-अप्रीति भावों को अप आवः-दूर करे। वह अङ्गिरस्तमा-प्राणवत् प्रियतमा वा ज्ञानवती विदुषी होकर पथ्याः-उत्तम हितकारी, शिष्टाचारों को अजीगः-जागृत करे।

भावार्थ-युवति स्त्रियों को योग्य है कि वे उत्तम तपस्वी गुरुजनों के सान्निध्य में रहकर मातृत्व सामर्थ्य, ज्ञान प्राप्ति, समाज से अज्ञान अन्धकार का नाश, लोगों के परस्पर के विषादों का निपटारा, आपसी वैर-भाव का नाश करने आदि गुणों से युक्त होकर कान्तियुक्त होवे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

स्त्री के कर्त्तव्य २

म॒हे नो॑ अ॒द्य सु॑वि॒ताय॑ बो॒ध्युषो॑ म॒हे सौभ॑गाय॒ प्र य॑न्धि।
चि॒त्रं र॒यिं यश॑सं धेह्य॒स्मे दे॒वि मर्ते॑षु मानुषि श्रवस्युम्॥ २॥

पदार्थ-हे मानुषि देवि-मानवोचित शुभ गुणों से युक्त स्त्रि! तू नः-हमें अद्य-आज, महे सुविताय-बड़े सुख की प्राप्ति के लिये बोधि-हो। हे उषः-प्रभात-वेलावत् कान्तियुक्त, स्त्रि! तू

भी महे सौभगाय-बड़े सौभाग्य प्राप्त करने के लिये प्र यन्धि-उत्तम रीति से विवाह के बन्धन में बँध। अस्मे-हमारे लिये चित्रं रयिं-आश्चर्यकर ऐश्वर्य और मर्तेषु-मनुष्यों के बीच यशसं-यशस्वी श्रवस्युम्-ज्ञानी पुत्र धेहि-धारण कर।

भावार्थ-उत्तम स्त्री को योग्य है कि वह उत्तम रीति से विवाह करके यशस्वी ज्ञानी पुत्र को उत्पन्न करे तथा मानवीय गुणों व कान्ति से युक्त होकर सन्तान में इन गुणों का धारण करावे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-आर्चीस्वराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

स्त्री के कर्त्तव्य ३

एते त्ये भानवो दर्शतायाश्चित्रा उषसो अमृतासु आगुः।
जनयन्तो दैव्यानि व्रतान्यापृणन्तो अन्तरिक्षा व्यस्थुः ॥ ३ ॥

पदार्थ-दर्शताः उषसः भानवः-दर्शनीय उषा वेला की किरण जैसे आती हैं, वे दैव्यानि व्रतानि जनयन्तः अन्तरिक्षा वि तिष्ठन्ति-देव, सूर्य वा किरणों के योग्य प्रकाशादि कार्यों को करते हुए अन्तरिक्ष में विराजती हैं, वैसे ही दर्शतायाः-रूप-गुणादि में दर्शनीय उषसः-पति की कामनावाली, कान्तिमती कन्या वा विदुषी स्त्री से ही त्ये-ये नाना एते-ये अमृतासः भानवः-कभी नाश न होनेवाले, दीर्घायु, चित्राः-आश्चर्यकारी बलवान् वीर्यवान् होकर आगुः-हमें प्राप्त होते हैं। वे दैव्यानि-विद्वान् पुरुषों से करने योग्य व्रतानि-कर्मों को जनयन्तः-प्रकट करते हुए, अन्तरिक्षा-अन्तरिक्ष में वायु के समान आ पृणन्तः-सबको तृप्त करते हुए वि अस्थुः-विविध रूपों में विराजें।

भावार्थ-विदुषी स्त्री उत्तम रीति से विवाह करके बलवान्, पराक्रमी, दीर्घायु तथा मधुरभाषी सन्तान को उत्पन्न करके राष्ट्र को प्रकाशित करे अर्थात् गौरवान्वित करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

पत्नि के कर्त्तव्य

एषा स्या युजाना पराकात्पञ्च क्षितीः परि सद्यो जिगाति।
अभिपश्यन्ती वयुना जनानां दिवो दुहिता भुवनस्य पत्नी ॥ ४ ॥

पदार्थ-एषा-यह स्या-वह दिवः दुहिता-सूर्य की पुत्रीवत् उषा के समान तेजस्वी पुरुष की कामनाओं को पूर्ण करने में समर्थ पराकात् युजाना-दूर देश से विवाह-बन्धन में संयुक्त होकर विदुषी स्त्री, शासक-शक्ति के समान सद्यः-अति शीघ्र गुणों से पञ्चक्षितीः-पाँचों प्रकार के निवासियों को परि जिगाति-वश करती है। वह जनानां-प्रजाओं के वयुना-ज्ञानों और कर्मों को अभिपश्यन्ती-देखती हुई और भुवनस्य-भुवन, जन समूह का पत्नी-पालन करनेवाली हो।

भावार्थ-विदुषी स्त्री दूर देश में रहनेवाले श्रेष्ठ शासक से उत्तम रीति से विवाह करके अपने विद्वत्ता, प्रियता आदि गुणों के द्वारा समस्त परिजनों व प्रजाजनों को वश में करके उत्तम ज्ञान और कर्मों के द्वारा प्रजा पालन के कार्य में पति को सहयोग व सम्मति प्रदान करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

स्त्री के कर्त्तव्य ४

वाजिनीवती सूर्यस्य योषा चित्रामघा राय ईशे वसूनाम्।
ऋषिष्टुता जरयन्ती मघोन्युषा उच्छति वह्निभिर्गृणाना ॥ ५ ॥

पदार्थ–**सूर्यस्य**–जैसे सूर्य की **योषा**–स्त्री **उषा**–प्रभात–वेला **वह्निभिः**–यज्ञाग्नियों से **गृणाना**–स्तुति की जाती हुई, **जरयन्ती**–रात्री का नाश करती हुई, **ऋषि-स्तुता**–विद्वानों की भगवत्–स्तुति से युक्त होती है, वैसे ही **सूर्यस्य**–सूर्य के समान तेजस्वी पुरुष की **योषा**–स्त्री, **उषा**–कान्ति–युक्त होकर **वह्निभिः**–विवाह–योग्य उत्सुक पुरुषों द्वारा **गृणाना**–स्तुति की जाती है। वह **मघोनी**–उषावत् पूज्य धन से युक्त, **वाजिनीवती**–बलयुक्त और ज्ञानयुक्त क्रिया करनेवाली **जरयन्ती**–गुणों से अवगुणों, अज्ञान, शोक, मोहादि को नाश करती हुई, **ऋषि-स्तुता**–विद्वानों द्वारा उपदेश प्राप्त कर **उच्छति**–गुणों का प्रकाश करे।

भावार्थ–स्त्रियों को योग्य है कि वे विद्वान् गुरुजनों के उपदेशों से सद्गुणों को अपने जीवन में धारण करके तेजस्वी पुरुष से विवाह करे तथा अपने उत्तम गुणों से परिवार तथा प्रजा जनों के अज्ञान शोक, मोह आदि का नाश करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–उषाः ॥ छन्दः–आर्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

पुत्रोत्पत्ति का उपदेश

प्रति द्युतानामरुषासो अश्वाश्चित्रा अदृश्रन्नुषसं वहन्तः ।
याति शुभ्रा विश्वपिशा रथेन दधाति रत्नं विधते जनाय ॥ ६ ॥

पदार्थ–**अश्वाः**–अश्वसमान बलवान् अंगवाले, **चित्राः**–आश्चर्यजनक बल और गुणों से सम्पन्न, **अरुषासः**–रोषरहित, सौम्य–स्वभाव, **उषसः**–स्वयं उत्तम पदार्थों के इच्छुक पुरुष **द्युतानां**–कान्तिमती, **उषसम्**–कामनावान् उत्तम वधू को **वहन्तः**–विवाह द्वारा ग्रहण करते हुए **प्रति अदृश्रन्**–देखे जावें। वह वधू **शुभ्रा**–शुभगुणों से सुभूषित, **विश्वपिशा**–नाना–रूप सुन्दर **रथेन**–रथ से **याति**–जावे और **विधते जनाय**–विशेष प्रेम के धारक पुरुष के लिये **रत्नं दधाति**–उत्तम रत्न, उत्तम धन, उत्तम व्यवहार, उत्तम गुण और उत्तम पुत्र–रत्न **दधाति**–धारण करे।

भावार्थ–उत्तम गुण, कर्म, स्वभाववाले बलवान् पराक्रमी पुरुष को योग्य है कि वह कान्तियुक्त उत्तम स्त्री से विवाह करके शुभ गुणयुक्त उत्तम पुत्र को उत्पन्न करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–उषाः ॥ छन्दः–आर्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

वधू की इच्छा

सत्या सत्येभिर्महती महद्भिर्देवी देवेभिर्यजता यजत्रैः ।
रुजद् दृळ्हानि दददुस्रियाणां प्रति गावं उषसं वावशन्त ॥ ७ ॥

पदार्थ–वह **सत्येभिः**–सत्य व्यवहारवान् **महद्भिः**–बड़े गुणवानों से **महती**–पूज्य, **देवेभिः**–उत्तम गुणों, विद्वानों और **यजत्रैः**–दानशील पुरुषों के साथ **सत्या**–सत्य शीलवती, सभ्य, **महती**–गुणों में महान्, **यजता**–दानशील **देवी**–विदुषी कन्या सत्संग लाभ करे। वह **दृळ्हानि**–दृढ़ संकटों को भी **रुजत**–नाश करती हुई **ददद्**–सुख देवे। **गावः**–वृषभ, जैसे **उस्रियाणां मध्ये उषसं वावशन्त**–गौवों के बीच में से कामनावती कपिला गौ को ही चाहते हैं वैसे ही **गावः**–विद्वान् एवं बलवान् जन भी **उस्रियाणाम्**–घर बसाने की इच्छुक कन्याओं में से **उषसं**–विशेष कामनावान् वधू के **प्रति वावशन्त**–प्रति कामना करें।

भावार्थ–विदुषी स्त्री विद्वानों की संगति में रहकर उत्तम गुणों को धारण करे तथा विकट संकटों को भी अपने धैर्य, पुरुषार्थ आदि गुणों से नष्ट करके घर बसाने में समर्थ होवे। विद्वान् पुरुष ऐसी कन्याओं को ही विवाह के लिए चुनें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

स्त्रियों का कर्त्तव्य

नू नो॒ गोम॑द्वीरव॒द्धेहि॒ रत्न॒मुषो॒ अश्वा॑वत्पुरु॒भोजो॑ अ॒स्मे।
मा नो॑ ब॒र्हिः पु॑रु॒षता॑ नि॒दे कः॑ कृ॒धी॒यं पा॑त स्व॒स्ति॒भिः॒ सदा॑ नः ॥ ८ ॥

पदार्थ-हे **उषः**-कान्तिमति, कामनावाली, विदुषि वधू! तू **नः**-हमारे **गोमत्**-गौओं से युक्त, **वीरवत्**-वीर पुत्रों से युक्त **रत्नं**-उत्तम धन, व्यवहार, पतिसंगादि गृहस्थोचित कर्म **धेहि**-धारण कर। तू **अस्मे**-हमारे हितार्थ, **अश्वावत्**-अन्नों से युक्त और **पुरु-भोजः**-बहुतों से भोगने योग्य ऐश्वर्य को भी **धेहि**-धारण कर। **नः बर्हिः**-हमारा यज्ञ और वृद्धिशील राष्ट्र, पद (Position) आदि **पुरुषता**-पुरुषों में **निदे मा कः**-निन्दा-योग्य मत बना। हे विद्वान् पुरुषो! आप **नः सदा स्वस्तिभिः पात**-हमारा सदा उत्तम साधनों से पालन करो। उषा-सूक्तों के प्रायः सब मन्त्र राजशक्ति और विशोका प्रज्ञा, तथा परमेश्वरी शक्ति युक्त पदार्थों में भी लगते हैं।

भावार्थ-विदुषी स्त्री गृहस्थ धर्म को धारण करनेवाली होवे। वीर पुत्र को उत्पन्न करे, घर के व्यय आदि का सन्तुलित बजट बनावे, अपने व्यवहार से परिवार को जोड़कर रखे तथा नित्य घर में यज्ञ करे। इस प्रकार अपने घर की प्रतिष्ठा को बढ़ावे।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता उषा ही है।

[७६] षट्सप्ततितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ईश्वरीय शक्ति

उदु॒ ज्योति॑र॒मृतं॑ वि॒श्वज॑न्यं वि॒श्वानरः॑ सवि॒ता दे॒वो अ॑श्रेत्।
कृ॒त्वा दे॒वाना॑मजनिष्ट॒ चक्षु॑रा॒विर॑कृ॒र्भुव॑नं॒ विश्व॑मु॒षाः॑ ॥ १ ॥

पदार्थ-उषा रूप से परमेश्वरी शक्ति का वर्णन। **सविता**-संसार का उत्पादक, **देवः**-सुखों का दाता, लोकों का प्रकाशक, **विश्वानरः**-विश्व और समस्त जीवों का नायक, सञ्चालक परमेश्वर **विश्व-जन्यम्**-सब जनों में विद्यमान, विश्व के उत्पादक **अमृतं**-अविनाशी, **ज्योतिः**-परम प्रकाशमय तेज को **उत् अश्रेत् उ**-सर्वोपरि धारण करता है। वह अपने **कृत्वा**-कर्म और ज्ञान-सामर्थ्य से **देवानां**-समस्त लोकों और विद्वान् पुरुषों के बीच **चक्षुः**-सबको आँखवत् देखनेवाला **उषाः**-पापों का दाहक, उषा-समान कान्तियुक्त, **भुवनं**-समस्त भुवनों को **आविः अकः**-प्रकट करता है।

भावार्थ-परमेश्वर अपनी परमेश्वरी शक्ति से सृष्टि की उत्पत्ति, पालन, ज्ञान प्रदान तथा सब जीवों को देखता हुआ उनके कर्मों का फल प्रदान करता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

नव दम्पति का कर्त्तव्य

प्र मे॒ पन्था॑ देव॒याना॑ अदृश्रन्नमर्धन्तो॒ वसु॑भिरिष्कृ॒तासः॑।
अभू॑दु॒ के॒तुरु॒षसः॑ पु॒रस्ा॑त्प्रती॒च्यागा॒दधि॒ हर्म्ये॑भ्यः ॥ २ ॥

पदार्थ-जैसे उषा के प्रकट होने पर **वसुभिः इष्कृतासः पन्थाः देवयानाः प्र अदृश्रन्**-मनुष्य निर्मित और मनुष्यों से चलने योग्य मार्ग दिखाई देते हैं। वह **उषसः केतुः अभूत्**-तेजस्वी

सूर्य का ज्ञापक होती और **अधि हर्म्येभ्यः पुरस्तात् प्रतीची आ अगातू**=बड़े-बड़े महलों के ऊपर से पूर्व से पश्चिम की ओर आती है, वैसे ही वर के लिये वधू और वधू के लिये वर दोनों ही उत्सुक, एवं कामनायुक्त होने से दोनों ही 'उषा' हैं, अतः ऐसे **उषसः**=कामना से उत्सुक पुरुष के **पुरस्तात्**=आगे **केतुः**=ध्वजा-समान गुणों की दर्शक विदुषी वधू **अभूत् उ**=होवे। वह **प्रतीची**=प्रत्यक्ष में आदृत होती हुई, **हर्म्येभ्यः अधि आगात्**=महलों में रहने के लिये अधिष्ठात्री रानी होकर आवे। इसी प्रकार **उषसः**=कान्तिमती, कामनावती प्रिय वधू का **केतुः**=ध्वजा के समान ज्ञानवान् पुरुष हो, वह भी पूर्व से पश्चिम को आनेवाले सूर्य के समान **हर्म्येभ्यः अधि आगात्**=महलों को आये। **वसुभिः**=विद्वानों द्वारा **इष्कृतासः**=सुशोभित और **देवयानाः**=विद्वानों द्वारा चलने योग्य **मे पन्थाः**=मेरे धर्ममार्ग, किरणों से प्रकाशित मार्गों के समान मेरे लिये **अमर्धन्तः**=पीड़ादायक न होते हुए **मे**=मुझे **प्रअदृश्रन्**=उत्तम रीति से दृष्टिगोचर हों।

भावार्थ—नव दम्पति वर और वधू परस्पर प्रीतियुक्त तेजस्वी कान्तिमान होकर एक दूसरे को मार्गदर्शन करें। अपने उत्तम घरों में विद्वानों के ज्ञानोपदेश द्वारा धर्ममार्ग को जानकर उस पर आचरण करें तथा जीवन को प्रकाशित करें।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—उषाः॥ छन्दः—निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

नव वधु का कर्त्तव्य

तानीदहानि बहुलान्यासन्या प्राचीनमुदिता सूर्यस्य।
यतः परि जारइवाचरन्त्युषो ददृक्षे न पुनर्यतीव॥ ३॥

पदार्थ—**सूर्यस्य या प्राचीनम् उदिता**=जैसे सूर्य के पूर्व में उदय होने पर जो प्रकट होते हैं **तानि इत् अहानि**=वे दिन कहाते हैं। **उषा जारः इव परि आचरन्ती**=उषा भी रात्रि को जारण करनेवाले सूर्य के समान ही आचरण करती हुई **न पुनः यती इव ददृक्षे**=फिर नहीं लौटती-सी दीखती है, वैसे हे **उषः**=पति की कामनावाली वधू! **या**=जो तू **सूर्यस्य प्राचीनम् इत्**=सूर्य-समान तेजस्वी पुरुष के पूर्व भाग में आकर आगे आती है **तानि इत् बहुलानि अहानि**=वे ही बहुत दिन उत्तम हैं। **यतः**=क्योंकि उन दिनों में तू **जारः इव**=तेरी आयु को अपने साथ पूर्णरूपेण व्यतीत करनेवाले सूर्यवत् तेजस्वी पति के समान ही तू भी **आचरन्ती**=धर्माचरण करती हुई **न पुनः यती इव**=उसे भविष्य में कभी न त्यागती-सी **परि ददृशे**=सदा संग दिखाई दे।

भावार्थ—नव वधू को योग्य है कि वह पति के प्रत्येक कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करे। पति का कभी तिरस्कार न करे तथा गृहस्थ धर्म का आचरण करती हुई सदैव पति के अनुकूल व्यवहार करे।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—उषाः॥ छन्दः—निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

ज्ञानी पुरुष

त इद्देवानां सधमाद आसन्नृतावानः कवयः पूर्व्यासः।
गूळ्हं ज्योतिः पितरो अन्वविन्दन्त्सत्यमन्त्रा अजनयन्नुषासम्॥ ४॥

पदार्थ—**ऋतावानः**=सत्य, वेद, तप आदि का सेवन करनेवाले **पूर्व्यासः कवयः**=पूर्व के विद्वानों से शिक्षित, क्रान्तदर्शी पुरुष हैं **ते इत्**=वे ही **देवानां**=विद्वान् पुरुषों के **सधमादः आसन्**=साथ आनन्द प्राप्त करनेवाले होते हैं। वे ही **पितरः**=माता-पितावत् पालक बनकर **गूढं**

ज्योतिः-भीतर छिपे तेज को अनु अविन्दन्-प्राप्त करते हैं। जो सत्य-मन्त्राः-सत्य, मननशील होकर उषासम् अजनयन्-अज्ञान और पाप को दूर करनेवाली 'विशोका' प्रज्ञा को प्रकट करते हैं।

भावार्थ-श्रेष्ठ पुरुषों को योग्य है कि वे सत्य ज्ञानी तपस्वी वेद के विद्वानों के सान्निध्य में रहकर अपने अन्दर के तेज को प्राप्त करके सत्य का चिन्तन करते हुए अज्ञान की नाशक 'विशोका' नाम की बुद्धि को प्राप्त करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

श्रेष्ठ जीवन

समान ऊर्वे अधि संगतासः सं जानते न यतन्ते मिथस्ते।
ते देवानां न मिनन्ति व्रतान्यमर्धन्तो वसुभिर्यादमानाः ॥ ५ ॥

पदार्थ-जो पुरुष समाने-एक समान ऊर्वे-समूह या वर्ग में अधि-अध्यक्ष के अधीन संगतासः-मिलकर सजानते-सम्यक् ज्ञान और परिचय करते हैं ते-वे परस्पर नाश की न यतन्ते-चेष्टा नहीं करते। ते-वे देवानां व्रतानि-विद्वानों के कार्यों का न मिनन्ति-नाश नहीं करते। वे वसुभिः-धनों द्वारा यादमानाः-यत्नवान् होते हुए अमर्धन्तः-हिंसा न करते हुए जीवन व्यतीत करते हैं।

भावार्थ-उत्तम पुरुषों को योग्य है कि वे अध्यक्ष के अधीन रहकर विद्वानों के द्वारा बाँधी गई मर्यादा का उल्लंघन न करते हुए अहिंसक भाव से पुरुषार्थ करते हुए श्रेष्ठ जीवन व्यतीत करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

उषा काल में

प्रति त्वा स्तोमैरीळते वसिष्ठ उषर्बुधः सुभगे तुष्टुवांसः।
गवां नेत्री वाजपत्नी न उच्छोषः सुजाते प्रथमा जरस्व ॥ ६ ॥

पदार्थ-हे सुभगे-उत्तम भाग्यवति! तुष्टुवांसः-स्तुतिकर्ता, उषर्बुधः-प्रभात में जागनेवाले वसिष्ठाः-विद्वान् गृहस्थ, ब्रह्मचारी त्वा-तेरी स्तोमैः-स्तुत्य वचनों से ईडते-स्तुति करते हैं। हे उषः-पापनाशिके! तू वाजयन्ती-ऐश्वर्य और ज्ञान की पालक गवां नेत्री-गो-तुल्य सौम्य वाणियों को प्रस्तुत करनेवाली होकर नः-हमारे बीच उच्छ-गुणों का प्रकाश कर। हे सुजाते-माता-पिता की उत्तम पुत्री! तू प्रथमा-सर्वश्रेष्ठ गिनी जाकर जरस्व-प्रिय पुरुष के गुणों का वर्णन कर।

भावार्थ-विद्वान् गृहस्थी तथा ब्रह्मचारी जन प्रातःकाल की उषा वेला में ऐश्वर्य तथा ज्ञान की प्राप्ति के लिए स्तुति करें अर्थात् कार्य योजना का निर्माण करें तथा उस योजना के अनुसार पुरुषार्थ करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

कान्तिमति वधू

एषा नेत्री राधसः सूनृतानामुषा उच्छन्ती रिभ्यते वसिष्ठैः।
दीर्घश्रुतं रयिमस्मे दधाना यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ७ ॥

पदार्थ-एषा-वह उषा-कान्तिमती, वधू राधसः नेत्री-धन प्राप्त करानेवाली और वह सूनृतानां नेत्री-ज्ञानमय वचनों और सत्य-विद्याओं को प्राप्त करानेवाली उच्छन्ती-स्वयं उत्तम गुणों की

प्रकाशक **वसिष्ठैः**=उत्तम ब्रह्मचारियों और सन्तान के उत्तम माता-पिताओं द्वारा **रिभ्यते**=स्तुति की जाती है, वह **अस्मे**=हमारे **दीर्घ-श्रुतं**=दीर्घकाल तक श्रवण-योग्य **रयिम्**=ऐश्वर्य को **दधाना**=धारण करनेवाली हो। हे विद्वान् पुरुषो! आप **नः सदा स्वस्तिभिः पात**=हमारा सदा उत्तम साधनों से पालन करो।

भावार्थ–नव वधू ज्ञानपूर्वक उत्तम तथा मधुर वचनों द्वारा अपनी विद्या तथा गुणों को प्रकाशित करे। इससे परिवार के समस्त छोटे-बड़े जन उसके प्रशंसक बन जाएँगे। इससे परिवार ऐश्वर्यशाली तथा उन्नत बनकर प्रतिष्ठित होगा।

अगले सूक्त का भी ऋषि वसिष्ठ और देवता उषा है।

[७७] सप्तसप्ततिमं सूक्तम्

ऋषिः–**वसिष्ठः**॥ देवता–**उषाः**॥ छन्दः–**त्रिष्टुप्**॥ स्वरः–**धैवतः**॥

परमेश्वरी शक्ति

उषो रुरुचे युवतिर्न योषा विश्वं जीवं प्रसुवन्ती चरायै।
अभूदग्निः समिधे मानुषाणामकर्ज्योतिर्बाधमाना तमांसि॥ १॥

पदार्थ–जैसे **उषा**=प्रभात वेला **उप रुरुचे**=पतिवत् सूर्य के समीप स्त्रीवत् शोभित होती है। वह **विश्वं जीवं चरायै प्रसुवन्ती**=समस्त जीव-लोक को निद्रा से उठाकर विचरने के लिये प्रेरित करती है। **समिधे**=प्रकाश करने के लिये **अग्निः अभूत्**=सूर्य-रूप अग्नि प्रकट होता है, **मानुषाणां**=मनुष्यों के लिये **तमांसि बाधमाना ज्योतींषि**=अन्धकारों को दूर करनेवाले प्रकाशों को **अकः**=प्रकट करता है, वैसे ही परमेश्वरी शक्ति **युवतिः योषा न**=युवती स्त्री के समान **विश्वं जीवं**=समस्त विश्व और जीव-संसार को **चरायै प्रसुवन्ती**=कर्म-फल-भोग के लिये उत्पन्न करती हुई **उप उ रुरुचे**=सर्वत्र शोभा दे, **अग्निः**=वह परमेश्वर अग्नि के समान प्रकाशस्वरूप **समिधे**=ज्ञान प्रकाश करने के लिये **अभूत्**=हो और वही **मानुषाणाम्**=मनुष्यों के हृदय के **तमांसि**=अज्ञानान्धकारों को **बाधमाना**=दूर करता हुआ **ज्योतिः**=वेदमय ज्ञान प्रकाश को **अकः**=उपदेश करता है।

भावार्थ–परमेश्वर अपनी परमेश्वरी शक्ति से संसार के समस्त जीवों के कर्मफल भोग की व्यवस्था करता है। तथा मनुष्यों के अज्ञान का नाश करने के लिए सृष्टि के आदि में वेद-ज्ञान का प्रकाश भी करता है।

ऋषिः–**वसिष्ठः**॥ देवता–**उषाः**॥ छन्दः–**निचृत्त्रिष्टुप्**॥ स्वरः–**धैवतः**॥

नव वधू का कर्त्तव्य

विश्वं प्रतीची सुप्रथा उदस्थाद्रुशद्वासो बिभ्रती शुक्रमश्वैत्।
हिरण्यवर्णा सुदृशीकसंदृग्गवां माता नेत्र्यह्नामरोचि॥ २॥

पदार्थ–**अह्नां नेत्री**=प्रभात वेला जैसे दिनों की प्रारम्भिक नायिका, **गवां माता**=किरणों को अपने में से माता के समान पैदा करती है, वह **हिरण्य-वर्णा**=सुवर्ण-समान चमकती हुई **सुदृशीक-सन्दृग्**=आँखों को सब पदार्थ अच्छी प्रकार दिखलाती है, वह **प्रतीची**=प्रत्यक्ष होती हुई, **स-प्रथा**=विस्तृत होकर **रुशद् वासः बिभ्रती**=मानो चमकीला वस्त्र पहने **विश्वं शुक्रम् अश्वैत्**=समस्त संसार को दीप्तियुक्त कर चमका देती और बढ़ती है वैसे ही परमेश्वरी शक्ति और नव वधू माता भी **अह्नां**=न नाश होनेवाले, नित्य जीवों, न मरने योग्य बालक जीवों को **नेत्री**=प्राप्त

करानेवाली, गवां-लोकों और गौ आदि पशुओं को भी माता-माता के समान पालक। सुदृशीक-संदृग्-सम्यक् दृष्टि से युक्त, रमणीय वर्णवाली हो। वह प्रतीची-प्रत्येक की दृष्टि में पूजनीय, रुशद्-वासः-उज्ज्वल वस्त्रादि बिभ्रती-धारण करती हुई, सप्रथा-समान रूप से विख्यात होकर उत्-अस्थात्-उत्तम स्थिति प्राप्त करे और शुक्रम् अश्वैत्-शुद्ध आचरण करे।

भावार्थ-माता बननेवाली नव वधू अपनी होनेवाली सन्तान को दीर्घायु तथा स्वस्थ, पुष्ट बनाने के लिए श्रेष्ठ चिन्तन व शुद्ध आचरण करे। अपनी दृष्टि व वस्त्रादि को उज्ज्वल रखे इससे समाज में उसका सम्मान व प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

नव वधू

देवानां चक्षुः सुभगा वहन्ती श्वेतं नयन्ती सुदृशीकमश्वम्।
उषा अदर्शि रश्मिभिर्व्यक्ता चित्रामघा विश्वमनु प्रभूता ॥ ३ ॥

पदार्थ-जैसे उषा-प्रभात की सूर्य-कान्ति रश्मिभिः व्यक्ता अदर्शि-किरणों से प्रकाशित दिखाई देती है, वह चित्रामघा विश्वम् अनु प्रभूता-विश्व में प्रकट चित्र-विचित्र-वर्णयुक्त प्रकाशों से मानो पूज्य धनयुक्त होती है। वह सुभगा-उत्तम भद्रवर्ण-युक्त होकर देवानां चक्षुः-मनुष्यों की आँखों को श्वेतं वहन्ती-श्वेत प्रकाश देती और सुदृशीकम् श्वेतं अश्वम् नयन्ती-दर्शनीय, प्रकाशवान् सूर्य को प्राप्त कराती है वैसे ही उषा-पति-कामना से युक्त नववधू, सु-भगा-सौभाग्यवती, देवानां-विद्वान् पुरुषों के बीच चक्षुः-सौम्य दृष्टि करती हुई और श्वेतम्-शुद्ध चरित्रवान् सु-दृशीकम्-उत्तम दर्शनीय, अश्वम्-अश्ववत् सुदृढ़ शरीरवाले पुरुष के प्रति अपनी चक्षुः नयन्ती-चक्षु को पहुँचाती हुई, प्रेम से वरण करती हुई, चित्रा-मघा-नाना धनों से युक्त और रश्मिभिः व्यक्ता-कान्तियों से सुशोभित, विश्वम् अनु प्रभूता-सबके समक्ष प्रकट होकर अदर्शि-दीखे।

भावार्थ-वधू बनने की इच्छुक कन्या अपनी विवेक शक्ति के द्वारा शुद्ध चरित्रवाले विद्वान्, बलवान्, कान्तियुक्त, सुदृढ़ शरीरवाले युवक को पति के रूप में वरण करे। जब लोगों के मध्य में आवे तो सौम्य दृष्टि रखे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

राजशक्ति

अन्तिवामा दूरे अमित्रमुच्छोर्वीं गव्यूतिमभयं कृधी नः।
यावय द्वेष आ भरा वसूनि चोदय राधो गृणते मघोनि ॥ ४ ॥

पदार्थ-हे मघोनि-धन की स्वामिनि राजशक्ते! हे विदुषि! तू अन्ति-वामा-अपने समीप भोग्य पदार्थों और ऐश्वर्यों को रखती हुई अमित्रम् दूरे-शत्रु को दूर करती हुई उच्छ-स्वयं चमक। तू उर्वीं-बड़ी भूमि और विशाल गव्यूतिम्-मार्ग को नः-हमारे लिये अभयं कृधि-भय-रहित कर। द्वेषः यवय-द्वेष-भावों और द्वेषियों को दूर कर। वसूनि आभर-ऐश्वर्य प्राप्त करा, गृणते-उपदेष्टा पुरुष को राधः चोदय-ऐश्वर्य दे।

भावार्थ-विदुषी स्त्री अपनी राजशक्ति के द्वारा प्रजाओं को समस्त भोग्य पदार्थ, सुरक्षा तथा भूमि व निवास सहित समस्त ऐश्वर्य प्रदान करके समाज से विषमता व वैर-भावों-झगड़ों को दूर करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

विदुषी स्त्री

अस्मे श्रेष्ठेभिर्भानुभिर्वि भाह्युषो देवि प्रतिरन्ती न आयुः ।
इषं च नो दधती विश्ववारे गोमदश्वावद्रथवच्च राधः ॥ ५ ॥

पदार्थ-हे उषः देवि=शुभ गुणों से युक्त विदुषि! तू श्रेष्ठेभिः=श्रेष्ठ गुणों से वि भाहि=विशेष चमक। तू नः=हमें आयुः प्रतिरन्ती=दीर्घ जीवन देती हुई और हे विश्ववारे=विश्व अर्थात् हृदय में प्रविष्ट पति द्वारा एकमात्र वरणीय! नः=हमारी इषं=अन्न और गोमत् अश्वावत् रथवत् च=गौओं, अश्वों और रथों से युक्त राधः=समृद्धि को दधती=धारण करती हुई, वि भाहि=विशेष चमक।

भावार्थ-विदुषी स्त्री अपने श्रेष्ठ गुणों व व्यवहार से दूसरों के हृदय को प्रभावित करके अपने ज्ञानोपदेश से लोगों को पुरुषार्थी बनाकर समस्त भौतिक ऐश्वर्य से समृद्ध बनावे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

कान्तिमति स्त्री

यां त्वा दिवो दुहितर्वर्धयन्त्युषः सुजाते मतिभिर्वसिष्ठाः ।
सास्मासु धा रयिमृष्वं बृहन्तं यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ६ ॥

पदार्थ-हे उषः=उषा के समान कान्तिमति! हे सुजाते=शुभ गुणों सहित, उत्तम जन्मवाली! हे दिवः दुहितः=सूर्यवत् विद्वान् और वीर पुरुष की पुत्रि! एवं पति-कामनाओं को पूर्ण करने हारि! वसिष्ठाः=उत्तम-उत्तम वसु, ब्रह्मचारी एवं गृहस्थ, पिता जन यां त्वा वर्धयन्ति=जिस तुझको बढ़ाते हैं, सा=वह तू अस्मासु=हमारे बीच ऋष्वं=बड़े भारी बृहन्तं=महान् रयिम्=ऐश्वर्य को धाः=धारण कर और हममें भी धारण करा। हे विद्वान् लोगो! यूयम् नः सदा स्वस्तिभिः पात=हमारा सदा उत्तम साधनों से पालन करो।

भावार्थ-विद्वान् वीर पिता की पुत्री गृहस्थी जनों के ज्ञान, अनुभव एवं धन के द्वारा वृद्धि को प्राप्त होकर बड़ी प्रतिष्ठा एवं ऐश्वर्य को धारण करे।

अगले सूक्त का भी ऋषि वसिष्ठ तथा देवता उषा है।

[७८] अष्टसप्ततितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

गुणवती स्त्री

प्रति केतवः प्रथमा अदृश्रन्पूर्व्या अस्या अञ्जयो वि श्रयन्ते ।
उषो अर्वाचा बृहता रथेन ज्योतिष्मता वाममस्मभ्यं वक्षि ॥ १ ॥

पदार्थ-अस्याः=उस विदुषी स्त्री के प्रथमाः केतवः=श्रेष्ठ गुण रश्मिवत् प्रति अदृश्रन्=दिखाई दें। अस्याः=इसके अञ्जयः=गुण प्रकाशवत् वि-श्रयन्ते=विविध प्रकार से प्रकट हों। हे उषः=कान्तिमति! तू ज्योतिष्मता=तेजस्वी, ज्ञानी बृहता=बड़े अर्वाचा=अश्व से चलनेवाले रथेन=रथ के समान दृढ़, रम्य, पति के साथ मिलकर अस्मभ्यम्=हमारे लिए वामम्=उत्तम गुणों को वक्षि=धारण कर।

भावार्थ–विदुषी स्त्री तेजस्विनी, ज्ञानी तथा पुष्ट शरीरवाली होकर, पति के साथ मिलकर अपने श्रेष्ठ गुणों को प्रदर्शित करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–उषाः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

विद्वान् स्त्री-पुरुष

प्रति षीमग्निर्जरते समिद्धः प्रति विप्रासो मतिभिर्गृणन्तः।
उषा याति ज्योतिषा बाधमाना विश्वा तमांसि दुरितापं देवी ॥ २ ॥

पदार्थ–**उषा ज्योतिषा विश्वा तमांसि अप बाधमाना याति**–उषा अर्थात् प्रभात की सौरी प्रभा जैसे प्रकाश से अन्धकारों को दूर करती हुई व्यापती है वैसे ही **देवी**–विदुषी स्त्री **ज्योतिषा**–अपने तेजः–प्रभाव से **विश्वा दुरिता**–सब दुःखों और दुष्ट आचारों को **अप बाधमाना**–दूर करती हुई **याति**–प्राप्त होती है। **समिद्धः अग्निः**–प्रज्वलित अग्नि के समान विद्वान् **सीम् प्रति जरते**–सब प्रकार से सर्वत्र उपदेश करे और **मतिभिः**–ज्ञानों से युक्त **विप्रासः**–विद्वान् पुरुष **गृणन्तः**–उपदेश करते हुए **प्रति जरन्ते**–प्रश्न किये जाने पर, उत्तर द्वारा उपदेश करते हैं।

भावार्थ–विदुषी स्त्री अपने ज्ञान तथा सदाचार के तेज से अज्ञान व दुष्ट आचारों का नाश करे तथा विद्वान् पुरुष ज्ञान का उपदेश करे व प्रश्नों का उत्तर देकर शंकाओं का समाधान करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–उषाः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

नव वधू का व्यवहार

एता उ त्याः प्रत्यदृश्रन्पुरस्ताज्ज्योतिर्यच्छन्तीरुषसो विभातीः।
अजीजनन्त्सूर्यं यज्ञमग्निमपाचीनं तमो अगादजुष्टम् ॥ ३ ॥

पदार्थ–**एताः त्याः**–ये वे **विभातीः उषसः**–चमकती उषाओं के तुल्य उज्ज्वल, **ज्योतिः यच्छन्तीः**–कान्ति प्रदान करती हुई नववधुएँ **प्रति अदृश्रन्**–दीखें। वे **सूर्यम्**–सूर्य-समान तेजस्वी **यज्ञम्**–पूजनीय **अग्निम्**–नायक को **अजीजनन्**–अपने पीछे आता हुआ प्रकट करती हैं। **अजुष्टम्**–न करने योग्य **तमः**–शोक आदि **अपाचीनं अगात्**–दूर चला जाता है अर्थात् उनके आने पर हर्ष होता है।

भावार्थ–नव वधू अपने सद्गुणों के द्वारा अपनी कान्ति प्रभाव को प्रकट करे जिससे उसका तेजस्वी पति प्रसन्न एवं तृप्त हो और दोनों हर्षित रहें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–उषाः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

पति-पत्नी का समर्पण

अचेति दिवो दुहिता मघोनी विश्वे पश्यन्त्युषसं विभातीम्।
आस्थाद्रथं स्वधया युज्यमानमा यमश्वासः सुयुजो वहन्ति ॥ ४ ॥

पदार्थ–**दिवः दुहिता**–सूर्य-पुत्री के समान कान्तिमती **मघोनी**–ऐश्वर्य-स्वामिनी, सौभाग्यवती, सुभगा **अचेति**–जानी जाती है। उस **विभातीम्**–विविध प्रकार से भासित **उषसम्**–प्रभात वेला के तुल्य ही अनुरागवती को **विश्वे पश्यन्ति**–सब देखते हैं। **यम्**–जिसको **अश्वासः**–विद्या-निष्णात जन अश्वों के तुल्य सहयोगी होकर सन्मार्ग पर ले जाते हैं उस **रथम्**–रथवत् सुदृढ़ शरीरवाले और **स्वधया**–अपने सर्वस्व को धारण करनेवाले, स्त्री के साथ **युज्यमानम्**–योग प्राप्त करनेवाले **रथम्**–रमणकारी पति को **आ अस्थात्**–प्राप्त करे।

भावार्थ–कान्तिमती स्त्री अपने विद्वान् पति के प्रति अनुरागवाली होकर रहे तथा पति–पत्नी दोनों एक दूसरे के प्रति समर्पण भाव से रहकर सुखी जीवन व्यतीत करें। इससे विद्वानों में इनकी प्रशंसा होगी।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–उषाः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

शुद्ध चित्त का आचरण

प्रति त्वाद्य सुमनसो बुधन्तास्माकासो मघवानो वयं च।
तिल्विलायध्वमुषसो विभातीर्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ५ ॥

पदार्थ–हे विदुषि! **सु-मनसः**=उत्तम चित्तवाले **अस्माकासः**=हमारे सम्बन्धी जन और **मघ-वानः**=उत्तम ज्ञानैश्वर्यवान् और **वयं च**=हम लोग सभी **अद्य**=आज के दिन **त्वा प्रति बुधन्त**=तेरे साथ उत्तम परिचय प्राप्त करें। हे **विभातीः उषसः**=चमकनेवाली प्रभात–वेलाओं के समान कुलवधुओ! आप लोग **तिल्विलायध्वम्**–तिलों से सुशोभित भूमि के समान स्नेहोत्पादक भूमि के समान होवो। **यूयं नः सदा स्वस्तिभिः पात**=हमारी सदा उत्तम साधनों से पालन करो।

भावार्थ–विदुषी कुल वधू अपने निर्मल चित्त तथा उत्तम ज्ञान के द्वारा मधुर व प्रिय व्यवहार से पति के परिवार को अपनी ओर आकर्षित करे।

[७९] एकोनाशीतितमं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–उषाः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

हितकारिणी वधू

व्यूषा आवः पथ्या३ जनानां पञ्च क्षितीर्मानुषीर्बोधयन्ती।
सुसन्दृग्भिरुक्षभिर्भानुमश्रेद्वि सूर्यो रोदसी चक्षसावः ॥ १ ॥

पदार्थ–**जनानां पथ्या**=मनुष्यों को प्रकाश से सत्पथ बतलानेवाली **उषा**=प्रभात–वेला के तुल्य **पथ्या**=धर्म–पथ बतलाने में हितकारिणी वधू **वि-आवः**=विविध गुणों का प्रकाश करे। वह **मानुषीः पञ्च क्षितीः बोधयन्ती**=मनुष्यों के पाँचों प्रकार के प्रजाजनों को बोध कराती हुई, **सु-सं-दृग्भिः**=उत्तम सम्यग् दर्शनयुक्त, **उक्षभिः**=पुरुष–पुंगवों द्वारा **भानुम् अश्रेत्**=विशेष दीप्ति धारण करे और **सूर्यः**=आकाश और भूमि को प्रकाश से सूर्य के तुल्य पुरुष **रोदसी**=माता–पिता दोनों के कुलों को **चक्षसा**=सम्यग् दृष्टि से, **वि-आवः**=विशेष रूप से उज्ज्वल करती है।

भावार्थ–गृहस्थ के धर्म को जाननेवाली स्त्री पति के घर जाकर सबको अपने मधुर व्यवहार से आकर्षित करके सबका हित करती है और अपने तेजस्वी गुणों के द्वारा पिता तथा पति दोनों के कुलों को प्रतिष्ठा प्राप्त कराती है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–उषाः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

नव वधू का व्यवहार

व्यञ्जते दिवो अन्तेष्वक्तून्विशो न युक्ता उषसो यतन्ते।
सं ते गावस्तम आ वर्तयन्ति ज्योतिर्यच्छन्ति सवितेव बाहू ॥ २ ॥

पदार्थ–**उषसः**=प्रभात वेलाएँ जैसे **दिवः अन्तेषु**=आकाश के प्रान्त भागों में **अक्तून् वि अञ्जते**=रात्रि–भागों या प्रकाशों को प्रकट करती हैं वैसे ही **उषसः**=कामनायुक्त नववधुएँ **अन्तेषु**–प्रान्त भागों में विद्यमान **विशः न**=प्रजाओं के समान **दिवः अन्तेषु**=दिन के अन्त में,

अक्तून्-उज्ज्वल गृह-दीपकों को प्रकाशित करती हैं और **युक्ता यतन्ते**-नियुक्त भृत्यजनों के समान नववधुएँ पति की आज्ञा में रहकर गृह-कार्य करती हैं। हे नववधू! जैसे **गावः तमः आवर्त्तयन्ति**-किरणें अन्धकार दूर करती हैं और **ज्योतिः यच्छन्ति**-प्रकाश देती हैं, वे **सूर्यस्य बाहू इव**-सूर्य की बाहुओं के समान हैं वैसे ही **ते**-तेरी **गावः**-वाणियाँ **तमः सम् आ वर्त्तयन्ति**-शोकादि दुःख दूर करें और **ज्योतिः**-प्रकाशवत् स्फूर्त्ति दें। हे **उषः**-नववधू! तू भी **सविता इव**-प्रजोत्पादक पति के तुल्य हो, **बाहू**-एक शरीर में दो बाहुओं के तुल्य तुम दोनों मिलकर रहो।

भावार्थ-नव वधू पति के घर में आकर अपने सद्गुणों का प्रकाश करे। पति की आज्ञा का पालन करती हुई घर के कार्यों को कुशलता से करे। मीठी वाणी व मधुर व्यवहार से सबको प्रसन्न करती हुई उत्तम सन्तान को उत्पन्न करे तथा समस्त कार्यों में पति का हाथ बँटावे।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-उषाः॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

विदुषी वधू

अभूदुषा इन्द्रतमा मघोन्यजीजनत्सुविताय श्रवांसि।
वि दिवो देवी दुहिता दधात्यङ्गिरस्तमा सुकृते वसूनि॥ ३॥

पदार्थ-उषा-उषा के तुल्य कान्तिमती कन्या **इन्द्र-तमा**-ऐश्वर्यवती, रानी के तुल्य और **मघोनी**-धनैश्वर्य से युक्त **अभूत**-हो। वह **सुविताय**-ऐश्वर्य-प्राप्त करने के लिये **श्रवांसि**-यशों और धनों को **अजीजनत्**-उत्पन्न करे। वह **दिवः दुहिता**-सूर्य की पुत्रीवत् प्रभा के तुल्य उज्ज्वल कामनावान् पति के मनोरथों को पूर्ण करनेवाली, ज्ञानवती स्त्री **अंगिरस्तमा**-अति विदुषी होकर **सुकृते**-पुण्यादि की वृद्धि के लिये **वसूनि**-ऐश्वर्यों को **दधाति**-धारण करे।

भावार्थ-विदुषी स्त्री पति के घर जाकर पति के मनोरथों को पूर्ण करे। अपने ज्ञान और विद्या के द्वारा ऐश्वर्य प्राप्त करके श्रेष्ठ कर्मों द्वारा पुण्य की वृद्धि करे।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-उषाः॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

गृह स्वामिनी

तावदुषो राधो अस्मभ्यं रास्व यावत्स्तोतृभ्यो अरदो गृणाना।
यां त्वा जज्ञुर्वृषभस्या रवेण वि दृळ्हस्य दुरो अद्रेरौर्णोः॥ ४॥

पदार्थ-जैसे 'उषस्' अर्थात् कान्तियुक्त विद्युत् को **वृषभस्य रवेण**-वर्षणशील मेघ के घोर गर्जन के साथ ही **जज्ञुः**-जानते हैं और वह **दृढस्य अद्रेः दुरः वि और्णोत्**-दृढ़ मेघ पर्वतादि के जलावरोधक मार्गों को खोल देती हैं वैसे ही हे विदुषी वधू! **यां त्वा**-जिस तुझको **वृषभस्य**-उत्तम पुरुष के **रवेण**-उपदेश या नाम शब्द से लोग **जज्ञुः**-जान लेते हैं वह तू **दृढस्य अद्रेः**-दृढ़ 'अद्रि' अर्थात् पर्वतवत् विशाल भवन के **दुरः**-नाना द्वारों को **वि और्णोः**-उद्घाटन कर, तू गृहपति की स्वामिनी हो और **यावत्**-जितना तू **गृणाना**-स्तुतियुक्त होकर **स्तोतृभ्यः अरदः**-विद्वानों को देवे **तावत् राधः**-उतना ही धन **अस्मभ्यं**-हमें प्रदान कर।

भावार्थ-विदुषी वधू अपने श्रेष्ठ गुणों व कर्मों से इतनी विख्यात होवे कि लोग उसके नाम से परिचित हो जावें। वह अपने घर की स्वामिनी होकर परोपकार में दान देवे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-आर्चीस्वराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

दानशील स्त्री

देवंदेवं राधसे चोदयन्त्यस्मद्र्यक्सूनृता ईरयन्ती।
व्युच्छन्ती नः सनये धियो धा यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ५ ॥

पदार्थ-हे विदुषि! तू **देवं-देवं**-प्रत्येक विद्वान् पुरुष को **राधसे**-दान-योग्य धन **चोदयन्ती**-स्वीकार करने की प्रार्थना करती हुई और **अस्मद्र्यक्**-हमारे प्रति **सूनृता**-उत्तम वचन कहती हुई, **वि उच्छन्ती**-विशेष गुण प्रकट करती हुई **नः सनये**-हमें दान देने के लिये **धियः धाः**-लौकिक वैदिक कर्म और शुभ संकल्प कर। हे विद्वान् स्त्री पुरुषो! **यूयं नः स्वस्तिभिः सदा पात**-आप सदा उत्तम साधनों से हमारा पालन करें।

भावार्थ-विदुषी स्त्री अपने घर पर विद्वानों को दान स्वीकार करने की प्रार्थना किया करे और मधुरता के साथ लोक व्यवहार को वेद के अनुसार करने का शुभ संकल्प करे।

[८०] अशीतितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सुसंतान का निर्माण

प्रति स्तोमेभिरुषसं वसिष्ठ गीर्भिर्विप्रासः प्रथमा अबुध्रन्।
विवर्तयन्तीं रजसी समन्ते आविष्कृण्वतीं भुवनानि विश्वा ॥ १ ॥

पदार्थ-जैसे **रजसी समन्ते**-आकाश और भूमि के प्रान्त भागों तक **वि-वर्तयन्तीं**-व्यापी हुई और **विश्वा भुवना आविः कृण्वतीं**-समस्त पदार्थों को प्रकट करती हुई **प्रति उषसं**-प्रत्येक प्रभात वेला को प्राप्त कर **विप्रासः**-विद्वान् **स्तोमेभिः गीर्भिः**-स्तुतियुक्त मन्त्रों, वाणियों से **अबुध्रन्**-ज्ञान प्राप्त करते हैं और अन्यों को कराते हैं वैसे ही **वसिष्ठाः**-ब्रह्मचारी वा पितावत् **प्रथमाः**-प्रथम कोटि के, उत्तम, विस्तृत ज्ञानवाले **विप्रासः**-विद्वान् पुरुष, **समन्ते**-समीपस्था रजसी-मातृ-पितृपक्ष के बन्धुजनों वा अति समीपस्थ **रजसी**-गर्भ में प्राप्त शुक्र और रज दोनों के अंशों को **विवर्तयन्ती**-विविध रूपों में परिणत करती हुई और **विश्वा भुवनानि**-गर्भगत भ्रूण के सब रूपों को प्रकट करती हुई उस सन्तान की इच्छुक माता को **प्रति**-लक्ष्य कर **स्तोमेभिः**-स्तुति-योग्य वचनों, व्यवहारों और **गीर्भिः**-वेद-वाणियों से **अबुध्रन्**-ज्ञान प्रदान करें, जिससे सन्तति का पोषण उत्तम और उस पर संस्कार भी उत्तम पड़ें।

भावार्थ-विद्वान् जन स्त्री जनों को माता बनने के लिए उत्तम कोटि के उपदेश द्वारा गर्भस्थ भ्रूण के पालन तथा संस्कारित संतान उत्पन्न करने के लिए वेद वाणियों के द्वारा सन्मार्गदर्शन करें तथा सन्तान उत्पन्न होने के उपरान्त उसका सुपोषण व सुसंस्कारवान् बनाने की विद्या भी प्रदान करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

नव गृहिणी का जागरण

एषा स्या नव्यमायुर्दधाना गृध्वी तमो ज्योतिषोषा अबोधि।
अग्रं एति युवतिरह्नयाणा प्राचिकितत्सूर्यं यज्ञमग्निम् ॥ २ ॥

पदार्थ-जैसे **उषा**-प्रभात-वेला, **ज्योतिषा तमः**-प्रकाश से अन्धकार को दूर करती,

नव्यम् आयुः दधाना=सब प्राणियों को नया जीवन देती, **अग्रे**=सूर्य के आगे आती, फिर सूर्य, यज्ञ और यज्ञाग्नि को प्रबुद्ध कराती है वैसे ही **उषा स्या युवतिः**=वह यह युवति, वधू **नव्यम् आयुः दधाना**=नयी आयु धारण करती हुई **ज्योतिषा**=कान्ति से **तमः गूह्वी**=गहरे शोक, मोहादि को दूर करके **अबोधि**=जागे और पति को जागृत करे। वह **अह्रयाणा**=लज्जा वा प्रमाद त्यागकर **युवतिः**=नवयुवति गृहिणी, **अग्रे एति**=आगे आवे, **सूर्यम्**=सूर्यवत् अपने पति को **प्राचिकितत्**=जगावे, **यज्ञम् अग्निम्**=और बाद में वही यज्ञ अर्थात् परमेश्वर और अग्निहोत्र की अग्नि को भी जगावे।

भावार्थ–नवयुवति गृहिणी अपने ज्ञान व कान्ति से रोग–शोक आदि को दूर करके प्रमाद रहित होकर पति से पहले जागे। फिर पति को जगावे। उसके बाद नित्य प्रति ब्रह्मयज्ञ में आत्म अग्नि तथा देवयज्ञ में भौतिक अग्नि को जागृत किया करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–उषाः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

उत्तम गृहिणी

अश्वावतीर्गोमतीर्न उषासो वीरवतीः सदमुच्छन्तु भद्राः ।
घृतं दुहाना विश्वतः प्रपीता यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ३ ॥

पदार्थ–**अश्वावतीः**=अश्वों अर्थात् विद्यादि में निष्णात उत्तम पुरुषों से युक्त, **गोमतीः**=देववाणियों से युक्त, **वीरवतीः**=उत्तम पुत्रों से युक्त, **भद्राः**=कल्याण देनेवाली **उषासः**=पति–पुत्रादि को चाहनेवाली देवियाँ **नः सदम् उच्छन्तु**=हमारे घरों को सदा प्रकाशित करें। वे **घृतं दुहानाः**=घृतवत् स्नेह, जल आदि पुष्टिकारक पदार्थों की वृद्धि करती हुई स्वयं भी **विश्वतः**=सब प्रकार से **प्रपीताः**=सन्तुष्ट, हृष्ट–पुष्ट होकर रहें। हे उत्तम देवियो! **यूयं स्वस्तिभिः सदा नः पात**=हमारी सदा उत्तम साधनों से पालना करो।

भावार्थ–उत्तम गृहिणी अपने घरों को विद्वान् पुरुषों, सुसन्तानों व वेदवाणियों के द्वारा प्रकाशित करती हैं। वे घृत, दुग्ध, अन्न, जल आदि पदार्थों की सुव्यवस्था करके सबको स्वस्थ रखती हुई स्वयं भी हृष्ट पुष्ट रहती है।

अगले सूक्त का भी ऋषि वसिष्ठ तथा उषा देवता है।

अथ पञ्चमाष्टके षष्ठोऽध्यायः

[८१] एकाशीतितमं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–उषाः ॥ छन्दः–विराड्बृहती ॥ स्वरः–मध्यमः ॥

विदुषी स्त्री का कर्त्तव्य

प्रत्यु अदर्श्यायत्युच्छन्ती दुहिता दिवः ।
अपो महि व्ययति चक्षसे तमो ज्योतिष्कृणोति सूनरी ॥ १ ॥

पदार्थ–जैसे **दिवः दुहिता**=सूर्य की पुत्री के समान प्रकाश से जगत् को पूर्ण करनेवाली उषा **आयती**=आती हुई और **उच्छन्ती**=प्रकट होती हुई प्रति **अदर्शि उ**=स्पष्ट दिखाई देती है, वह **महि तमः**=बड़े अन्धकार को **अप व्ययति उ**=दूर करती है और **चक्षसे**=सबको दिखलाने के लिये **ज्योतिः कृणोति**=प्रकाश करती है वैसे ही **सूनरी**=उत्तम विदुषी स्त्री, **दिवः दुहिता**=सब कामनाओं, व्यवहारों को पूर्ण करनेवाली, **आयती**=आती हुई, **उच्छन्ती**=गुणों को प्रकट करती हुई, **प्रति अदर्शि**=प्रतिदिन दिखाई दे। वह **चक्षसे**=सम्यग् दर्शन करने और अन्यों को उपदेश

करने के लिये **महि तमः अपो व्ययति**-बहुत अन्धकार, अज्ञान को दूर करे और **ज्योतिः कृणोति**-ज्ञान-प्रकाश करे।

भावार्थ-विदुषी स्त्री अपने उत्तम व्यवहारों तथा शुभ संकल्पों के द्वारा समस्त कामनाओं को पूर्ण करे, और अपने सद्गुणों के द्वारा प्रतिष्ठा प्राप्त करे। अपने ज्ञान के उपदेश द्वारा अन्यों के अज्ञान का नाश कर ज्ञान का प्रकाश करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-भुरिग्बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

स्त्री का राज्यपालन में सहयोग

उदुस्त्रियाः सृजते सूर्यः सचाँ उद्यन्नक्षत्रमर्चिवत्।
तवेदुषो व्युषि सूर्यस्य च सं भक्तेन गमेमहि ॥ २ ॥

पदार्थ-जैसे **अर्चिवत्**-तेजो-युक्त **नक्षत्रम्**-नक्षत्र रूप **सूर्यः**-सूर्य **उस्त्रियाः सचा उत्सृजते**-किरणों को एक साथ ऊपर फेंकता है, हे **उषः**-उषः! **तव इत् सूर्यस्य उषि**-तेरे और सूर्य के उषा काल में जैसे **भक्तेन सं गमेमहि**-हम भजन-योग्य प्रभु से संगति लाभ करें, वैसे ही हे **उषः**-कान्तिमति, उत्तम विदुषि नववधु! जब **उद्-यत्**-उगता हुआ **अर्चिवत्**-अन्यों के सत्कार योग्य **नक्षत्रम्**-नक्षत्र के समान व्यापक राज्य पालन-सामर्थ्य हो और **सचा**-साथ ही **सूर्यः**-सूर्य-तुल्य तेजस्वी पुरुष **उस्त्रियाः**-उन्नतिशील प्रजाओं को किरणों के समान **उत्सृजते**-उन्नति की ओर ले जाता है, तब **तव इत् विउषि, सूर्यस्य च वि-उषि**-तेरी और तेरे पति तेजस्वी पुरुष की विशेष इच्छा और प्रताप होने पर **भक्तेन सं गमेमहि**-हम ऐश्वर्यादि लाभ करें।

भावार्थ-विदुषी नव वधू अपने तेजस्वी पति के साथ मिलकर राज्यपालन व प्रजाओं को उन्नतिशील बनाने में सहयोग करे। राज्य को ऐश्वर्य सम्पन्न बनाने में सम्मति देकर पति की इच्छा को पूर्ण करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-आर्षीबृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

दानशील स्त्री

प्रति त्वा दुहितर्दिव उषो जीरा अभुत्स्महि।
या वहसि पुरु स्पार्हं वनन्वति रत्नं न दाशुषे मयः ॥ ३ ॥

पदार्थ-हे **दिवः दुहितः**-सूर्यवत् तेजस्वी की कामनाएँ पूर्ण करनेवाली, हे **उषः**-तेजस्विनि! हम लोग **जीराः**-शीघ्रकारी होकर **त्वा प्रति**-तुझे **अभुत्स्महि**-जानते हैं कि हे **वनन्वति**-धन की स्वामिनि! **या**-जो तू **पुरु स्पार्हं**-बहुत अधिक, चाहने योग्य ऐश्वर्य **वहसि**-धारती है, वह तू **रत्नं न**-रमणीय रत्नवत् और **मयः**-सुखकारी पदार्थ **दाशुषे**-दान देनेवाले के लिये ही **वहसि**-धारती है।

भावार्थ-तेजस्विनी स्त्री को चाहिए कि वह अपने धन को पात्र लोगों में दान करे जिससे वे प्रजाजन ऐश्वर्य सम्पन्न होवें। इस प्रकार अपने और दूसरों के सुख में वृद्धि होती है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-उषाः ॥ छन्दः-आर्षीभुरिग्बृहती ॥ स्वरः-मध्यमः ॥

सुपुत्रवती स्त्री

उच्छन्ती या कृणोषि मंहना महि प्रख्यै देवि स्वदृशे।
तस्यास्ते रत्नभाज ईमहे वयं स्याम मातुर्न सूनवः ॥ ४ ॥

पदार्थ–**या**=जो तू हे **देवि**=दानशीले! हे **महि**=पूजनीये! जैसे उषा **प्रख्यै**=सब पदार्थों को बतलाने और **दृशे**=देखने के लिये **स्वः उच्छन्ती**=स्वयं प्रकट होती, सूर्य को प्रकट करती है वैसे ही **उच्छन्ती**=गुणों का प्रकाश करती हुई **प्रख्यै**=उत्तम ख्याति पाने और **दृशे**=दर्शन के लिये **मंहना**=अपने व्यवहार से **स्वः**=आदित्यवत् तेजस्वी पुरुष, या पुत्र को **कृणोषि**=उत्पन्न करती है। **रत्नभाजः**=पुत्रादिरत्न को धारण करनेवाली तुझसे हम **ईमहे**=याचना करें और **वयम्**=हम **मातुः सूनवः न**=माता के पुत्रों के तुल्य **स्याम**=तेरे कृपापात्र बनें।

भावार्थ–उत्तम स्त्री अपने जीवन में सद्गुणों को धारण करके सुसंस्कारित तेजस्वी पुत्र रत्न को उत्पन्न करे। अन्यों को भी दान आदि से पुत्रों के समान पुष्ट करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–उषाः ॥ छन्दः–निचृद्बृहती ॥ स्वरः–मध्यमः ॥

ऐश्वर्य दान

तच्चित्रं राध आ भरोषो यद्दीर्घश्रुत्तमम्।
यत्ते दिवो दुहितर्मर्तभोजनं तद्रास्व भुनजामहे ॥ ५ ॥

पदार्थ–हे **उषः**=हे विदुषि! हे प्रभुशक्ते! तू हमें **तत्**=वह **चित्रम्**=अद्भुत, सञ्जय=योग्य, **राधः**=ऐश्वर्य **आ भर**=दे **यत् दीर्घश्रुत्तमम्**=जो दीर्घ काल तक श्रवण योग्य हो। हे **दिवः दुहितः**=सूर्य की पुत्री उषावत् तेजस्वी पिता की कन्ये! एवं तेजस्वी पुरुष की कामना पूर्ण करनेहारी! **यत् ते मर्त्त-भोजनम्**=जो तेरा मनुष्यों को पालन करनेवाला सामर्थ्य है **तत्**=वह तू हमें **रास्व**=दे, **भुनजामहै**=हम उसका भोग करें।

भावार्थ–विदुषी स्त्री अपने ज्ञान एवं धन को सुपात्रों में इतना बाँटे कि लोग दीर्घकाल तक स्मरण करें। यह दूसरों को पालन करने का गुण उसके यश को चिर स्थाई बना देगा।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–उषाः ॥ छन्दः–आर्षीभुरिग्बृहती ॥ स्वरः–मध्यमः ॥

ऐश्वर्य का वितरण

श्रवः सूरिभ्यो अमृतं वसुत्वनं वाजो अस्मभ्यं गोमतः।
चोदयित्री मघोनः सूनृतावत्युषा उच्छदप स्रिधः ॥ ६ ॥

पदार्थ–हे **सूनृतावति**=ऋत, ज्ञान और धन की स्वामिनि! तू **सूरिभ्यः**=विद्वान् पुरुषों के लिये **अमृतम्**=अमृतमय **श्रवः**=श्रवण-योग्य ज्ञान, आयुप्रद अन्न, **वसुत्वनं**=ऐश्वर्ययुक्त कीर्त्ति और **गोमतः वाजान्**=पशु-भूमिसम्पन्न ऐश्वर्य दे। तू **मघोनः**=ऐश्वर्यवालों को **चोदयित्री**=अपने अधीन चलाती हुई **स्रिधः**=हिंसक दुष्टों को **अप उच्छत्**=दूर कर।

भावार्थ–ज्ञानवती स्त्री विद्वान् पुरुषों को उत्तम अन्न, धनैश्वर्य, गाय व भूमि का दान प्रदान करके यश प्राप्त करती है तथा दुष्टों को हिंसा आदि से दूर रखने हेतु भी ऐश्वर्य बाँटती है।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ तथा देवता इन्द्रावरुणौ है।

[८२] द्व्यशीतितमं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः–निचृज्जगती ॥ स्वरः–निषादः ॥

इन्द्र-वरुण का कर्त्तव्य

इन्द्रावरुणा युवमध्वराय नो विशे जनाय महि शर्म यच्छतम्।
दीर्घप्रयज्युमति यो वनुष्यति वयं जयेम पृतनासु दूढ्यः ॥ १ ॥

पदार्थ–हे **इन्द्रा-वरुणा**=इन्द्र, शत्रु के हनन करने हारे! हे वरणीय सर्वश्रेष्ठ! **युवम्**=आप दोनों **अध्वराय**=हिंसा से रहित **नः**=हमारे **विशे जनाय**=प्रजाजन को **महि शर्म**=बड़ा सुख **यच्छतम्**=दो। **दीर्घ-प्रयज्युम्**=दीर्घ-काल से उत्तम संगतिवाले, एवं चिरकाल से कर, वृत्ति आदि देनेवाले पुरुष की **यः**=जो **वनुष्यति**=मर्यादा का अतिक्रमण करके हिंसा करे या उससे अधिकार से अधिक माँगे, उसको और **दूड्यः**=दुष्ट कर्म करनेवालों को **वयं**=हम **पृतनासु**=संग्रामों के बीच **जयेम**=विजय करें।

भावार्थ–राजा तथा सेनापति दोनों को योग्य है कि वे प्रजा का उत्तमता के साथ पालन करें। कर देनेवाले प्रजा जनों से यदि कोई अतिक्रमण करके अधिक माँग करे तो उस भ्रष्टाचारी को दण्डित करें तथा राष्ट्र में दुष्टों का नाश करके प्रजा को सुखी करें।

ऋषिः–**वसिष्ठः**॥ देवता–**इन्द्रावरुणौ**॥ छन्दः–**निचृज्जगती**॥ स्वरः–**निषादः**॥

इन्द्र और वरुण का स्वरूप

सम्राळन्यः स्वराळन्य उच्यते वां महान्तावि न्द्रावरुणा महावसू।
विश्वे देवासः परमे व्योमनि सं वामोजो वृषणा सं बलं दधुः॥ २॥

पदार्थ–इन्द्र और वरुण का स्वरूप। **इन्द्रा-वरुणा**=इन्द्र और वरुण दोनों **महान्तौ**=गुणों और बलों में महान् सामर्थ्यवान् और दोनों **महावसू**=बड़े भारी वसु अर्थात् धन और अधीन बसे प्रजा के स्वामी हैं। एक के पास धनबल, दूसरे के पास जनबल, एक कोशवान् और दूसरा दण्डवान्, एक अर्थपति दूसरा बलाध्यक्ष है। **वाम्**=आप दोनों में से **अन्य सम्राट्**=एक तो 'सम्राट्' और **अन्यः स्वराट्**=दूसरा 'स्वराट्' **उच्यते**=कहलाता है। अच्छी प्रकार देदीप्यमान होने से सम्राट् और 'स्व' धन और 'स्व' अपने जन से राजावत् प्रकाशमान होने से 'स्वराट्' है। **वाम्**=आप दोनों के **परमे**=सर्वोत्कृष्ट **वि-ओमनि**=विशेष रक्षण में रहते हुए **विश्वे देवासः**=सब विद्वान्, वीर और व्यवहारवान् मनुष्य **ओजः सं दधुः**=पराक्रम या तेज एक साथ धारें और **बलं सं दधुः**=अपना बल एक साथ लगावें।

भावार्थ–राजा और सेनापति दोनों का सामर्थ्य बहुत बड़ा है। दोनों मिलकर राष्ट्र को उन्नतिशील बनाने के लिए राष्ट्र के विद्वानों, वीरों तथा ऐश्वर्यशाली प्रजाओं के सामर्थ्य को एक साथ लगाने की प्रेरणा करे। इससे राष्ट्र सुदृढ़ बनेगा।

ऋषिः–**वसिष्ठः**॥ देवता–**इन्द्रावरुणौ**॥ छन्दः–**आर्चीभुरिग्जगती**॥ स्वरः–**निषादः**॥

इन्द्र-वरुण के कार्य

अन्वपां खान्यतृन्तमोजसा सूर्यमैरयतं दिवि प्रभुम्।
इन्द्रावरुणा मदे अस्य मायिनोऽपिन्वतमपितः पिन्वतं धियः॥ ३॥

पदार्थ–आप दोनों **अपां**=प्रजाओं के यातायात के लिये **खानि**=जल मार्गों के समान नाना मार्ग **अनु अतृन्तम्**=उनके अनुकूल बनाते हो और **दिवि**=शासन और व्यवहार में **प्रभुम्**=सामर्थ्यवान् **सूर्यम्**=सूर्य-समान तेजस्वी पुरुष को **ऐरयतम्**=प्रेरित करते हो। **अस्य**=इस **मायिनः**=प्रजावान् और शिल्पशक्ति के स्वामी के **मदे**=सन्तुष्ट रहने पर ही **इन्द्रा वरुणा**=इन्द्र और वरुण, अर्थ और बल के अध्यक्ष जन **अपितः**=अरक्षित प्रजाओं को भी **अपिन्वतम्**=बढ़ाते और **धियः पिन्वतम्**=नाना कर्मों, शिल्पों को पुष्ट करते हैं।

भावार्थ–राजा और सेनापति दोनों प्रजाओं के लिए यातायात के विभिन्न मार्गों (जल मार्ग,

आकाश मार्ग तथा सड़क मार्ग) को निष्कंटक करें। पिछड़े वर्ग तथा जंगली जातियों को भी नाना प्रकार के शिल्प आदि कार्यों का प्रशिक्षण देकर राष्ट्र की मुख्य धारा में जोड़ने की योजना बनावें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः-आर्षीविराड्जगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

इन्द्र-वरुण का आह्वान

युवामिद्युत्सु पृतनासु वह्नयो युवां क्षेमस्य प्रसवे मितज्ञवः।
ईशाना वस्व उभयस्य कारव इन्द्रावरुणा सुहवा हवामहे ॥ ४ ॥

पदार्थ-हे **इन्द्रा-वरुणा**=इन्द्र ऐश्वर्यवन्! हे वरुण, शत्रु-जनों, दुष्टों, और विघ्नों के वारक अध्यक्षो! **वह्नयः**=नाना कार्यों को वहन करनेवाले प्रधान पुरुष **युत्सु**=युद्धों, **पृतनासु**=सेनाओं और प्रजाओं में **युवाम्**=तुम दोनों को **हवन्ते**=बुलाते हैं और **मित-ज्ञवः**=मित ज्ञानवाले, ज्ञानी वा विनय से गोड़े सिकोड़ कर बैठनेवाले, सभ्य, या परिमित कदमवाले जन **क्षेमस्य प्रसवे**=अप्राप्त धन को प्राप्त करने के लिये **युवाम्**=आप दोनों को याद करते हैं। **कारवः**=क्रिया-कुशल, शिल्पी और वेद-मन्त्रों के द्रष्टा हम विद्वान् जन **उभयस्य वस्वः ईशाना**=ऐहिक और पारमार्थिक वा चर और अचर दोनों के स्वामी आप दोनों **सु-हवा**=सुख से पुकारे जाने योग्य सुखदाताओं को **हवामहे**=पुकारते हैं।

भावार्थ-राजा और सेनापति मिलकर शत्रुओं व दुष्टों को अपने अधीन करें जिससे वे प्रजा को दुःख न दे सकें। साधनहीन प्रजा को धन देकर सुखी करें। विभिन्न विद्याओं में निष्णात विद्वानों के द्वारा शिल्प आदि विद्याओं तथा वेद मन्त्रों का उपदेश कराने की व्यवस्था करें जिससे प्रजा सुखी होवे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः-आर्षीविराड्जगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

इन्द्र-वरुण का रहस्य

इन्द्रावरुणा यदिमानि चक्रथुर्विश्वा जातानि भुवनस्य मज्मना।
क्षेमेण मित्रो वरुणं दुवस्यति मरुद्भिरुग्रः शुभमन्य ईयते ॥ ५ ॥

पदार्थ-आधिदैविक दृष्टान्तों से इन्द्र-वरुण का रहस्य। जैसे **मित्रः**=सबका मित्र सूर्य **वरुणं**=आकाश के आच्छादक मेघ को **क्षेमेण दुवस्यति**=प्रजा के पालन-सामर्थ्य, अन्न-जलादि से युक्त करता है और **अन्यः**=दूसरा **उग्रः**=प्रबल वायु **मरुद्भिः**=मध्यस्थानीय वायुओं से **शुभम् ईयते**=जल को प्राप्त कराता है और सूर्य, वायु या विद्युत् दोनों **मज्मना**=बल से **भुवनस्य इमा विश्वा जातानि**=संसार के इन समस्त प्राणियों को **चक्रथुः**=उत्पन्न करते हैं, ऐसे ही **यत् इन्द्रावरुणा**=जो इन्द्र और वरुण ऐश्वर्य और दण्ड के अध्यक्ष जन **मज्मना**=धन और सैन्य-बल से **इमानि विश्वा जातानि**=इन समस्त जनों को **चक्रथुः**=अपने अधीन और समृद्ध करते हैं। वे कैसे करते हैं? **मित्रः**=सबको मरने या नाश होने से बचानेवाला, ब्राह्मण-वर्ग **वरुणं**=दुष्टों के वारक दण्डवान् क्षत्रवर्ग को **क्षेमेण**=प्रजा के योग्यक्षेम, रक्षा या प्राप्त धन के सामर्थ्य से **दुवस्यति**=युक्त करता है, उसको प्रजा की रक्षा और पालन का अधिकार सौंपता है और **अन्यः**=दूसरा **उग्रः**=बलवान् पुरुष **मरुद्भिः**=शत्रुमारक सुभटों से युक्त होकर **शुभम् ईयते**=शोभित पद को प्राप्त करता है।

भावार्थ-इन्द्र और वरुण=राजा और सेनापति ऐश्वर्य और दण्ड के अध्यक्ष हैं। ये दोनों धन और रक्षा कार्यों से प्रजाओं को अधीन रखें। ब्राह्मण वर्ग तथा क्षत्र वर्ग को विभिन्न पदों पर

नियुक्त कर प्रजा की समृद्धि हेतु अज्ञान एवं शत्रुओं से रक्षा करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः-निचृज्जगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

इन्द्र-वरुण का पराक्रम

महे शुल्काय वरुणस्य नु त्विष ओजो मिमाते ध्रुवमस्य यत्स्वम्।
अजामिमन्यः श्नथयन्तमातिरद्भेभिरन्यः प्र वृणोति भूयसः ॥ ६ ॥

पदार्थ-अस्य वरुणस्य-इस 'वरुण' की यत्-जो ध्रुवम् स्वम्-स्थिर सम्पदा है उस महे शुल्काय-बड़े ऐश्वर्य और त्विषे-तेजोवृद्धि के लिये नु-'इन्द्र और वरुण' दोनों ही ओजः-पराक्रम करते हैं। कैसे करते हैं कि-अन्तः-एक तो श्नथयन्तम् अजामिम्-हिंसा करनेवाले शत्रु को आ अतिरत्-सब ओर से नष्ट करता है और अन्यः-दूसरा दभ्रेभिः-हिंसाकारी शस्त्रास्त्रों से भूयसः प्र वृणोति-बहुत शत्रुओं को आच्छादित करता और उनको दूर से ही वारण करता है।

भावार्थ-राष्ट्र के स्थिर ऐश्वर्य की वृद्धि के लिए राजा और सेनापति दोनों मिलकर पराक्रम करें। राजा शासन व्यवस्था के द्वारा राष्ट्र के आन्तरिक शत्रुओं को नष्ट करे और सेनापति शस्त्रास्त्रों के द्वारा बाहरी शत्रुओं से राष्ट्र की रक्षा करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः-निचृज्जगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

हिंसा रहित प्रजा पालन

न तमंहो न दुरितानि मर्त्यमिन्द्रावरुणा न तपुः कुतश्चन।
यस्य देवा गच्छथो वीथो अध्वरं न तं मर्तस्य नशते परिह्रुतिः ॥ ७ ॥

पदार्थ-हे देवा-दानशील, विजय-कामनावाले इन्द्रा-वरुणा-शत्रुहन्ता और विघ्नवारक अध्यक्षो! आप दोनों यस्य मर्तस्य अध्वरं-जिस राष्ट्र या मनुष्य-वर्ग के 'अध्वर' अर्थात् हिंसा-रहित प्रजा-पालन के कार्य को गच्छथः-जाते हो और वीथः-रक्षा करते हो तम् मर्तम्-उस मनुष्य तक न अंहः नशते-न पाप पहुँचता है न दुरितानि-न बुरे फल कुतः चन न तपुः-न किसी से सन्ताप तं न परिह्रुतिः नशते-और न उसको किसी की कुटिल चाल सताती है।

भावार्थ-जिस राष्ट्र के राजा व सेनापति जागरूक व पराक्रमी होते हैं उस राष्ट्र में पाप, हिंसा, भ्रष्टाचार व कुटिल जन नहीं पनप सकते। उसकी प्रजा सुखी होती है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः-विराड्जगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

इन्द्र-वरुण प्रजा के वचन सुनें

अर्वाङ्ना दैव्येनावसा गतं शृणुतं हवं यदि मे जुजोषथः।
युवोर्हि सख्यमुत वा यदाप्यं माडीकमिन्द्रावरुणा नि यच्छतम् ॥ ८ ॥

पदार्थ-हे इन्द्रा-वरुणा-ऐश्वर्यवन्! हे शत्रुवारक! नरा-नायको! यदि-यदि आप दोनों मे जुजोषथः-मुझसे प्रेम करते हो तो मे हवं शृणुतम्-मेरा वचन सुनो और दैव्येन-विद्वान्, वीर पुरुषों से बने अवसा-रक्षा आदि साधन-सहित अर्वाङ् आगतम्-हमारे पास आओ। युवोः-आप दोनों की हि-निश्चय से यत्-जो सख्यम्-मित्रता और माडीकम् आप्यम्-सुखकारी बन्धुता है, उसे हमें नि यच्छतम्-दो।

भावार्थ-राष्ट्र में राजा और सेनापति मित्रवत् रहें इससे प्रजा का मनोबल बढ़ता है। ये दोनों

प्रजाओं के मध्य में जाकर उनकी समस्याओं को सुना करें तथा उनका यथोचित समाधान किया करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः-निचृज्जगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

राजा-सेनापति द्वारा संकट निवारण

अस्माकमिन्द्रावरुणा भरेभरे पुरोयोधा भवतं कृष्टयोजसा।
यद्वां हवन्त उभये अधि स्पृधि नरस्तोकस्य तनयस्य सातिषु॥ ९ ॥

पदार्थ-हे कृष्टयोजसा इन्द्रावरुणा-'कृष्टि' अर्थात् शत्रु का कर्षण, पीड़ा करनेवाली सेनाओं, पराक्रमवाले इन्द्र और वरुण, शत्रुहन्ता, शत्रुवारक अध्यक्षो! आप दोनों अस्माकं भरे-भरे-हमारे प्रत्येक संग्राम में पुरोयोधा भवतम्-आगे रहकर लड़नेवाले होवें। यत्-जो नरः-मनुष्य उभये-सबल, निर्बल दोनों ही तोकस्य तनयस्य सातिषु-पुत्र-पौत्र तक के सेवन-योग्य स्थिर भूमि आदि को प्राप्त करने हेतु स्पृधि-आपसी स्पर्धा में वां हवन्ते-तुम दोनों को प्राप्त करते हैं।

भावार्थ-राजा और सेनापति राष्ट्र व प्रजाओं के संकट काल में आगे रहकर समर्थ तथा निर्बल दोनों प्रकार के प्रजा जनों का संकट निवारण करने में तत्पर रहें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः-आर्षीविराड्जगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

वेदानुसार व्यवस्था

अस्मे इन्द्रो वरुणो मित्रो अर्यमा द्युम्नं यच्छन्तु महि शर्म सप्रथः।
अवध्रं ज्योतिरदितेर्ऋतावृधो दिवस्य श्लोकं सवितुर्मनामहे॥ १० ॥

पदार्थ-इन्द्र-ऐश्वर्यवान्, तेजस्वी वरुणः-मेघवत् उदार, वरणीय, मित्रः-स्नेही, अर्यमा-शत्रुओं के नियन्त्रण में कुशल पुरुष अस्मे-हमें महि द्युम्नं-बड़ा ऐश्वर्य और सप्रथः शर्म-विस्तारयुक्त शरण, गृह आदि यच्छन्तु-प्रदान करें। ये सब ऋत-वृधः-सत्य, न्याय, धन आदि को बढ़ाने और स्वयं बढ़नेवाले होकर अदितेः-अखण्ड शासनकर्त्ता, प्रजा के माता, पिता एवं पुत्रवत् पालक के अवध्रं-न नाश होनेवाले ज्योतिः-ज्ञान और प्रताप को प्रदान करें। हम भी उसी देवस्य-दाता सवितुः-प्रभु की श्लोकं-वाणी-वेद तथा आज्ञा का मनामहे-मान तथा मनन करें।

भावार्थ-राजा को योग्य है कि वह प्रजाओं के लिए घरों तथा ऐश्वर्य का दान करे। उन्हें उचित न्याय प्रदान कर अपने शासन को स्थिर करे। प्रजा पालक होकर ज्ञान के विस्तार हेतु वेदवाणी के प्रचार-प्रसार की व्यवस्था करे।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ व देवता इन्द्रावरुणौ है।

[८३] त्र्यशीतितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः-विराड्जगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

राष्ट्र रक्षा

युवां नरा पश्यमानास आप्यं प्राचा गव्यन्तः पृथुपर्शवो ययुः।
दासा च वृत्रा हतमार्याणि च सुदासमिन्द्रावरुणावसावतम्॥ १ ॥

पदार्थ-जैसे प्राचा-पूर्व दिशा से आप्यं पश्यमानासः-जलों के लक्षण देखते हुए गव्यन्तः-भूमि-कर्षणादि के इच्छुक पृथुपर्शवः-बड़े हल, फावड़े आदि लेकर भूमि खोदने जाते हैं वैसे ही हे नरा-नायक जनो! प्राचा-सम्मुख से परस्पर आप्यं-बन्धुभाव वा प्राप्तव्य लक्ष्य को

पश्यमानासः=देखते हुए **गव्यन्तः**=भूमि-विजय की कामनावाले **पृथु-पर्शवः**=बड़े-बड़े परशु आदि शस्त्रास्त्र लिये **ययुः**=आगे बढ़ें। जैसे वायु और विद्युत् दोनों **वृत्रा हतम्**=मेघस्थ जलों पर आघात करते हैं वैसे ही **युवां**=हे इन्द्र और वरुण! शत्रुहनन और शत्रु-वारण करनेवालो! आप दोनों **दासा**=विनाशकारी और **आर्याणि**='अरि' अर्थात् शत्रु-पक्ष के **वृत्रा**=बढ़ते हुए सैन्यों को **हतम्**=मारो और **दासा च**=भृत्यादि तथा **आर्याणि**='आर्य' स्वामी वा वैश्यों के उपयोगी **वृत्रा**=नाना धनों को भी **हतम्**=प्राप्त करो। हे **इन्द्रावरुणा**=ऐश्वर्यवन्! हे श्रेष्ठ पुरुष! तुम दोनों **सुदासम्**=उत्तम दानशील, धनी तथा उत्तम भृत्य आदि की भी **अवसा अवतम्**=रक्षा साधनों द्वारा रक्षा करो।

भावार्थ–पूर्व दिशा में इन्द्रधनुष को देखकर किसान वर्षा होने का अनुमान लगाकर अपने खेत में हल व फावड़े लेकर जावे तथा कृषि कार्य करे। सामने से शत्रुसेना को विजय करने के लिए परुशा आदि शस्त्रास्त्र लेकर सेनापति सेना के साथ आगे बढ़े। इससे वैश्य, सेवक वर्ग आदि प्रजाओं तथा राष्ट्र के ऐश्वर्य की रक्षा होगी।

ऋषिः–**वसिष्ठः** ॥ **देवता**–**इन्द्रावरुणौ** ॥ **छन्दः**–**निचृज्जगती** ॥ **स्वरः**–**निषादः** ॥

संग्राम में ध्वज लेकर प्रयाण

यत्रा नरः समयन्ते कृतध्वजो यस्मिन्नाजा भवति किं चन प्रियम्।
यत्रा भयन्ते भुवना स्वर्दृशस्तत्रा न इन्द्रावरुणाधि वोचतम्॥ २॥

पदार्थ–**यत्र**=जिस संग्राम में **कृत-ध्वजः नरः**=झण्डे हाथ में लिये नायक जन **सम् अयन्त**=एक साथ प्रयाण करते हैं और **यस्मिन् आजा**=जिस संग्राम में **किं च न प्रियं भवति**=शायद कुछ ही प्रिय होता हो, **यत्र**=जहाँ **स्वर्दृशः**=सूर्यवत् तीक्ष्ण दृष्टिवाले तेजस्वी पुरुष से **भुवना**=समस्त लोक, प्राणी **भयन्ते**=भय करते हैं **तत्र**=ऐसे संग्रामों में **इन्द्रा-वरुणा**=इन्द्र, वरुण नाम पदाधिकारी जन **नः अधि वोचतम्**=हमारे अध्यक्ष होकर शासन आदि करें।

भावार्थ–इन्द्र और वरुण=राजा और सेनापति अपने ध्वज लेकर संग्रामों में विजय के लिए प्रयाण करें। इससे समस्त प्रजाजन इन दोनों का सम्मान करेंगे।

ऋषिः–**वसिष्ठः** ॥ **देवता**–**इन्द्रावरुणौ** ॥ **छन्दः**–**विराड्जगती** ॥ **स्वरः**–**निषादः** ॥

संग्रामों में स्थिर

सं भूम्या अन्ता ध्वसिरा अदृक्षतेन्द्रावरुणा दिवि घोष आरुहत्।
अस्थुर्जनानामुप मामरातयोऽर्वागवसा हवनश्रुता गतम्॥ ३॥

पदार्थ–**जब भूम्याः अन्ताः**=भूमि के प्रान्त भाग **ध्वसिराः सम् अदृक्षन्त**=सब नष्ट-भ्रष्ट दिखाई देवें **दिविः घोषः आरुहत्**=आकाश या पृथ्वी में बड़ा कोलाहल गूँज रहा हो और **अरातयः**=शत्रु लोग **जनानाम् उप**=राष्ट्रवासी मनुष्यों के पास तक और **माम् उप अस्थुः**=मुझ प्रजावर्ग तक आ पहुँचें ऐसी दशा में भी हे **इन्द्रा-वरुणा**=शत्रु के नाशक और वारक जनो! **हवन-श्रुता**=आह्वान पुकार सुननेवाले आप दोनों दयार्द्र होकर **अवसा आगतम्**=रक्षा-सामर्थ्य सहित प्राप्त होओ।

भावार्थ–यदि शत्रु सेना कोलाहल करती हुई तथा भूमि को नष्ट-भ्रष्ट करती हुए राष्ट्र के अन्दर प्रजाओं तक पहुँच जावे तो भी राजा और सेनापति मनोबल सुदृढ़ रखते हुए शत्रु को परास्त करने का सामर्थ्य जुटावें और प्रजा व राष्ट्र की रक्षा करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः-निचृज्जगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

सेना का कर्त्तव्य

इन्द्रावरुणा वधनाभिरप्रति भेदं वन्वन्ता प्र सुदासमावतम्।
ब्रह्माण्येषां शृणुतं हवीमनि सत्या तृत्सूनामभवत्पुरोहितिः ॥ ४ ॥

पदार्थ-हे इन्द्रावरुणा-शत्रु का हनन और वारण करनेवाले वीर वर्गों! आप दोनों वधनाभिः-शत्रु को दण्ड देने और नाश करनेवाली नीतियों और सेनाओं से अप्रति-अप्रत्यक्ष रूप से भेदं-शत्रु को छिन्न-भिन्न वन्वन्ता-करते हुए, वा भेदं वन्वन्ता-राष्ट्र-भेदक शत्रु का नाश करते हुए सु-दासम्-शुभ दानशील भृत्यादि से युक्त राजा की प्र अवतम्-अच्छी प्रकार रक्षा करो। हवीमनि-परस्पर प्रतिस्पर्द्धा-योग्य संग्राम में एषां-इन विद्वान् प्रजाजनों के ब्रह्माणि-ज्ञान-वचनों को शृणुतं-सुनो। तृत्सूनां-शत्रुओं को मार गिरानेवाले वीर सैन्यों और संशयोच्छेदी विद्वानों की पुरोहितिः-सबसे आगे स्थिति और अग्रासन पर विराजना सत्या अभवत्-सफल हो।

भावार्थ-सेना को योग्य है कि वह युद्धों में शत्रु नाशक नीति को अपनाते हुए राजा की यत्न पूर्वक रक्षा करे। और प्रजाजनों द्वारा दी गई सूचनाओं को विद्वान् जन राजा तक पहुँचावें। इस प्रकार राजा और विद्वान् दोनों का सम्मान होवे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः-आर्चीजगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

प्रजा की रक्षा

इन्द्रावरुणावभ्या तपन्ति माघान्यर्यो वनुषामरातयः।
युवं हि वस्व उभयस्य राजथोऽध स्मा नोऽवतं पार्ये दिवि ॥ ५ ॥

पदार्थ-हे इन्द्रावरुणा-इन्द्र, शत्रुहन्तः! हे वरुण शत्रुओं के वारक अर्यः-शत्रु के किये अघानि-पापाचार और वनुषाम्-हिंसक जनों या माँगनेवालों में से भी अरातयः-दूसरों का अधिकार हरकर न देनेवाले जन ही मा-मुझ राष्ट्र-वासी जन को अभि आ तपन्ति-सताते हैं। युवं हि-आप दोनों निश्चय से उभयस्य-मुझ प्रजाजन और मुझे सतानेवाले वस्वः-राष्ट्र में बसनेवालों के ऊपर राजथः-राजावत् शासन करो, अध-इसलिए आप दोनों पार्ये दिवि-पालनेवाले शासन व्यवहार के पद पर स्थित होकर नः अवतं स्म-हमारी रक्षा करो।

भावार्थ-राजा और सेनापति का कर्त्तव्य है कि वे प्रजाओं को बाहरी शत्रुओं के आक्रमणों व राष्ट्र के आन्तरिक हिंसक जनों के त्रास से बचावें। उत्तम शासन व उत्तम सुरक्षा से प्रजा व राष्ट्र की रक्षा करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः-निचृज्जगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

प्रजाहित

युवां हवन्त उभयास आजिष्विन्द्रं च वस्वो वरुणं च सातये।
यत्र राजभिर्दशभिर्निबाधितं प्र सुदासमावतं तृत्सुभिः सह ॥ ६ ॥

पदार्थ-यत्र-जिन संग्रामों में दशभिः राजभिः-दसों राजाओं वा तेजस्वी पुरुषों से नि बाधितम्-अति पीड़ित सुदासं-उत्तम दानशील पुरुष की तृत्सुभिः-शत्रु को काटनेवाले वीर भटों से प्र अवतम्-रक्षा करते हो, उन आजिषु-युद्धों में इन्द्रं च-ऐश्वर्यवान् और वरुणं च-श्रेष्ठ युवां-आप दोनों को वस्वः सातये-धनैश्वर्यादि के लाभ के लिये उभयासः-वादी

प्रतिवादी दोनों पक्ष के लोग हवन्ते=पुकारते हैं।

भावार्थ–संग्रामों में पीड़ित जनों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए राजा को योग्य है वह प्रजा के मध्य में जाकर दिग्दर्शन करे तथा प्रजाजनों को उचित सहयोग व सहायता करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः–आर्षीजगती ॥ स्वरः–निषादः ॥

नीति कुशल राजा

दश॒ राजा॑नः समि॑ता॒ अय॑ज्यवः सु॒दास॑मिन्द्रावरुणा॒ न यु॑युधुः।
स॒त्या नृ॒णाम॒द्मसदा॒मुप॑स्तुतिर्दे॒वा ए॑षामभवन्दे॒वहू॑तिषु ॥ ७ ॥

पदार्थ–अयज्यवः=देवपूजा और संगति न करनेवाले दश राजानः=दस तेजस्वी पुरुष भी सम् इताः=एक साथ आकर सुदासम् न युयुधुः=उत्तम दानशील तथा शत्रु-नाश में कुशल राजा से नहीं लड़ सकते। अद्मसदाम्=समान अन्न पर स्थित नृणाम्=मनुष्यों की उपस्तुतिं=समीप-समीप बैठकर की गई प्रार्थना भी सत्या=फलजनक होती है। एषाम्=इनके देवहूतिषु=विद्वान् वीरों को आह्वानों, यज्ञों, संग्रामों के अवसरों पर देवाः=वीर पुरुष अभवन्=सहायक होते हैं।

भावार्थ–युद्धनीति व राजनीति में कुशल राजा के साथ दस महारथी भी एक साथ युद्ध करें तो भी नहीं हरा सकते क्योंकि इस राजा के सहायक वीर वहीं कहीं आस-पास ही होते हैं जो संकेत पाते ही शत्रु पर टूट पड़ेंगे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः–आर्षीजगती ॥ स्वरः–निषादः ॥

कूटनीतिक राजा

दा॒शरा॑ज्ञे परि॒यत्ता॑य वि॒श्वतः॑ सु॒दास॑ इन्द्रावरुणावशिक्षतम्।
श्वि॒त्यञ्चो॒ यत्र॒ नम॑सा कप॒र्दिनो॑ धि॒या धी॒वन्तो॒ असप॑न्त तृ॒त्सवः॑ ॥ ८ ॥

पदार्थ–परियत्ताय=सब ओर से नियन्त्रित, दाश-राज्ञे=दशों राजाओं के बीच प्रबल, सुदासे=उत्तम दानशील राजा को हे इन्द्रावरुणा=ऐश्वर्यवन्! हे शत्रुवारणकारी मनुष्य वर्गों! अशिक्षतम्=आप दोनों ज्ञान, बल दो यत्र=जिसके अधीन श्वित्यञ्चः=उज्ज्वल यश, या समृद्धि को प्राप्त कपर्दिनः=उत्तम जटाजूट वा उत्तम धन-सम्पन्न और धीवन्तः=बुद्धिमान्, तृत्सवः=शत्रुनाशक, त्रिविध ऐश्वर्यों के स्वामी लोग नमसा=आदर पूर्वक अन्न, वज्र, शस्त्रादि-सहित असपन्त=समूह बनाकर रहते हैं। (कपर्दिनः=कपर्दः=जटाजूटः अथवा कपर्दः धनम्। कौड़ी इत्युपलक्षणम्। तद्वन्तः) पैसेवाले। अध्यात्म में–दश प्राण, दश इन्द्रियें दश राजा हैं, वे दस स्थानों पर पृथक्-पृथक् विद्यमान हैं। परस्पर उनका कोई सीधा सम्बन्ध न होने से 'अयज्यु' हैं। वे एक ही साथ हमें प्राप्त सम्-इताः=हैं। आत्मा 'सुदास' है, प्राण अपान इन्द्र-वरुण हैं। सुखप्रद ज्ञानतन्तु 'तृत्सु' हैं वे सुखपूर्वक होने से 'कपर्दी' हैं। वे 'नमसा, धिया' अन्न और बुद्धि के बल से आत्मा के अधीन हैं।

भावार्थ–प्रजाहितैषी राजा पर यदि दस शत्रु राजा भी एक साथ मिलकर आक्रमण करें तो भी वह नहीं हार सकता। क्योंकि सेना, प्रजा तथा गुप्तचर मिलकर उन शत्रुओं की शक्ति को ध्वस्त कर देंगे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः-विराड्जगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

यज्ञव्रतों की रक्षा

वृत्राण्यन्यः समिथेषु जिघ्नते व्रतान्यन्यो अभि रक्षते सदा।
हवामहे वां वृषणा सुवृक्तिभिरस्मे इन्द्रावरुणा शर्म यच्छतम्॥ ९ ॥

पदार्थ-हे इन्द्रा-वरुणा-ऐश्वर्यवन्! हे वरुण! दुष्टों के वारक! आप दोनों में से अन्यः-एक तो समिथेषु-संग्राम और यज्ञों में वृत्राणि जिघ्नते-बढ़ते, विघ्नकारी पुरुषों को दण्ड देता है और अन्यः-दूसरा विद्वान् आचार्य-सदा व्रतानि अभि रक्षते-सदा व्रतों की रक्षा करता है। हम लोग सुवृक्तिभिः-उत्तम स्तुतियों से वां हवामहे-आप दोनों को बुलाते, अपनाते, धन, मान आदि देते हैं। हे इन्द्र! हे वरुण! सेना-सभाध्यक्षो! अस्मे-हमें आप दोनों शर्म यच्छतम्-सुख दो।

भावार्थ-राजा व सेनापति दोनों मिलकर प्रजाजनों के यज्ञ की रक्षा करें। जो यज्ञों में विघ्न डालनेवाले कुटिल जन हैं उन्हें दण्डित करें, तथा विद्वानों के द्वारा प्रजाजनों के व्रतों की रक्षा करें। इससे राजा प्रजा में प्रतिष्ठित होता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः-आर्षीजगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

माता-पिता के समान राजा

अस्मे इन्द्रे वरुणो मित्रो अर्यमा द्युम्नं यच्छन्तु महि शर्म सप्रथः।
अवध्रं ज्योतिरदितेर्ऋतावृधो देवस्य श्लोकं सवितुर्मनामहे॥ १० ॥

पदार्थ-इन्द्र-ऐश्वर्यवान्, तेजस्वी वरुणः-मेघवत् उदार, वरणीय, मित्रः-स्नेही, अर्यमा-शत्रुओं के नियन्त्रण में कुशल पुरुष अस्मे-हमें महि द्युम्नं-बड़ा ऐश्वर्य और सप्रथः शर्म-विस्तारयुक्त शरण, गृह आदि यच्छन्तु-प्रदान करें। ये सब ऋत-वृधः-सत्य, न्याय, धन आदि को बढ़ाने और स्वयं बढ़नेवाले होकर अदितेः-अखण्ड शासनकर्त्ता, प्रजा के माता, पिता एवं पुत्रवत् पालक के अवध्रं-न नाश होनेवाले ज्योतिः-ज्ञान और प्रताप का प्रदान करें। हम भी उसी देवस्य-दाता सवितुः-प्रभु की श्लोकं-वाणी-वेद तथा आज्ञा का मनामहे-मान तथा मनन करें।

भावार्थ-राजा को योग्य है कि वह अपने राष्ट्र में प्रजा के लिए गृह निर्माण, उद्योग विस्तार करके आजीविका व निवास स्थान प्रदान करे। प्रजा को न्याय व सुरक्षा प्रदान कर माता-पिता के समान पालन करे।

अगले सूक्त का भी ऋषि वसिष्ठ व देवता इन्द्रावरुणौ है।

[८४] चतुरशीतितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

इन्द्र वरुण का वरण

आ वां राजानावध्वरे ववृत्यां हव्येभिरिन्द्रावरुणा नमोभिः।
प्र वां घृताची बाह्वोर्दधाना परि त्मना विषुरूपा जिगाति॥ १ ॥

पदार्थ-हे इन्द्रावरुणा-ऐश्वर्यवन्! हे सर्वश्रेष्ठ! राजानौ वां-दीप्तियुक्त आप दोनों को मैं हव्येभिः नमोभिः-अन्नों, शस्त्रों, उत्तम वचनों और आदर-युक्त विनय कार्यों से ववृत्यां-वरण करता हूँ। विषु-रूपा घृताची-बहुत प्रकार की तेजस्विनी वा स्नेहयुक्त प्रजा वां-आप दोनों को

बाह्वोः प्रदधाना=बाहुओं के समान शत्रुओं को पीड़ा देनेवाले प्रधान पदों पर स्थापित करती हुई, पुरुष को स्त्री के समान **परि जिगाति**=सब प्रकार से प्राप्त हो। जैसे स्त्री **वि-सु-रूपा**=विशेष सुन्दरी, **घृताची**=घृताक्त, अंग-प्रत्यंग स्नातानुलिप्त होकर पुरुष को **बाह्वोः प्रदधाना**=बाहुपाश में लेती हुई उसे **त्मना**=स्वयं **परि जिगाति**=अपनाती है वैसे ही प्रजा भी अनुरक्त होकर उक्त इन्द्र-वरुण दोनों को, बाहुवत् सैन्यादि के अध्यक्ष पद पर नियुक्त कर, अपनावे।

भावार्थ–तेजस्वी राजा और सेनापति को प्रजाजन अन्न, शस्त्र तथा आदरयुक्त वचनों एवं आदेश पालन रूप कार्यों से राष्ट्राध्यक्ष व सेना अध्यक्ष के पदों पर नियुक्त करके स्वीकार करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

प्रजाहित के कार्य

युवो राष्ट्रं बृहदिन्वति द्यौर्यौ सेतृभिररज्जुभिः सिनीथः।
परि नो हेळो वरुणस्य वृज्या उरुं न इन्द्रः कृणवदु लोकम्॥ २॥

पदार्थ–**यौ**=जो आप दोनों **अरज्जुभिः**=बिना रस्सियों के **सेतृभिः**=बन्धन करनेवाले राज-नियमों और व्रत-बन्धनों से **सिनीथः**=बाँध लेते हो **युवोः**=उन आप दोनों का **राष्ट्रम्**=राष्ट्र **बृहत्**=बड़ा एवं **द्यौः**=सूर्य तुल्य देदीप्यमान होकर **इन्वति**=सबको प्रसन्न करता है। **वरुणस्य हेडः**=श्रेष्ठ जन का हमारे प्रति क्रोध का भाव **नः परि वृज्याः**=हम से दूर रहे। **इन्द्रः**=ऐश्वर्यवान् राजा वा सेनापति **नः**=हमारे लिये **उरुं लोकं कृणवत्**=निवास हेतु विशाल लोक करे, भूमि को बसने योग्य बनावे।

भावार्थ–राजा और सेनापति सुदृढ़ राजनियमों का पालन कराके प्रजा को नियम में रखें। उत्तम व्यवहार व जनहितकारी कार्यों से प्रजा को प्रसन्न रखें तथा ऊबड़-खाबड़ भूमि को व्यवस्थित कराके उस पर बस्तियाँ बनाकर प्रजाओं को बसावें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

यज्ञों का सम्पादन

कृतं नो यज्ञं विदथेषु चारुं कृतं ब्रह्माणि सूरिषु प्रशस्ता।
उपो रयिर्देवजूतो न एतु प्र णः स्पाहाभिरूतिभिस्तिरेतम्॥ ३॥

पदार्थ–हे विद्वान्, श्रेष्ठ और दुःख निवारक जनो! आप दोनों **नः विदथेषु**=हमारे गृहों में **चारुं यज्ञं कृतं**=उत्तम यज्ञ सम्पादन करो और **सूरिषु**=विद्वानों को **प्रशस्ता ब्रह्माणि कृतम्**=उत्तम धन दो। **नः**=हमें **देवजूतः रयिः**=विद्वानों से उपदेश और सेवन योग्य ऐश्वर्य **नः उपो एतु**=प्राप्त हो। आप दोनों **स्पाहाभिः**=चाहने योग्य उत्तम रक्षाओं द्वारा **प्र तिरेतम्**=हमें बढ़ाओ।

भावार्थ–राजा को योग्य है कि वह राज्य में विद्वानों की नियुक्ति करे जो प्रजाओं के मध्य जाकर उनके घरों में उत्तम यज्ञों का सम्पादन कराके तथा ज्ञान का उपदेश करके प्रजाओं को पुरुषार्थी एवं वीर बनने की प्रेरणा करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

अखण्ड शासन-नीति

अस्मे इन्द्रावरुणा विश्ववारं रयिं धत्तं वसुमन्तं पुरुक्षुम्।
प्र य आदित्यो अनृता मिनात्यमिता शूरो दयते वसूनि॥ ४॥

पदार्थ–इन्द्रा-वरुणा-हे ऐश्वर्यवन्! हे वरणीय! आप दोनों अस्मे-हमें पुरु-क्षम् वसुमन्तं-बहुत अन्नसम्पदा और सुवर्णादि से युक्त, विश्ववारं-सबसे वरणीय रयिं-ऐश्वर्य धत्तं-दो। यः-जो आदित्यः-सूर्य-समान तेजस्वी और 'अदिति' अखण्ड शासन-नीति में कुशल और 'अदिति' भूमि का पुत्रवत् प्रिय वा शासक होकर अनृता-प्रजा के असत्य व्यवहारों को प्र मिनाति-नष्ट करता है वह शूरः-वीर पुरुष अमिता वसूनि दयते-अमित धन देता है।

भावार्थ–राजा को योग्य है वह अपनी अखण्ड शासन नीति के द्वारा प्रजाओं के असत्य व्यवहारों को नष्ट करके उन्हें राष्ट्र भक्त, पुरुषार्थी तथा वीर बनने की प्रेरणा देकर पुत्रवत् प्रजा का पालन करे।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–इन्द्रावरुणौ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

श्रेष्ठ की प्रशंसा

इ॒यमिन्द्रं॑ वरु॒णमष्ट मे॒ गीः प्राव॑त्तो॒के तन॑ये॒ तूतु॑जाना।
सु॒रत्ना॑सो दे॒ववी॑तिं गमेम यू॒यं पा॑त स्व॒स्तिभि॒: सदा॑ नः॥ ५॥

पदार्थ–मे-मेरी इयं गीः-यह वाणी इन्द्रं-शत्रुनाशक और वरुणं-श्रेष्ठ पुरुष को अष्ट-लक्ष्य करके हो। वह तूतुजाना-ज्ञान को देती हुई तनये तोके-पुत्र-पौत्रादि तक को प्र अवत्-प्राप्त हो। वयम्-हम सु-रत्नासः-शुभ रत्नों और रम्य गुणों को धारण करते हुए देववीतिं गमेम-विद्वानों के ज्ञान-प्रकाश और सत्कामना को गमेम-प्राप्त करें। हे विद्वान् लोगो! यूयं नः सदा स्वस्तिभिः पात-हमारी सदा उत्तम साधनों से पालना करो।

भावार्थ–मनुष्य जनों को योग्य है कि विद्वानों की संगति में रहकर ज्ञान का प्रकाश एवं सद्प्रेरणाएँ प्राप्त करें। अपनी वाणी से सत्य का मण्डन और असत्य का खण्डन करें। पूर्ण पुरुषार्थ से धन प्राप्त करके अपने पुत्र व पौत्रों को भी सत्यपथ पर चलने की प्रेरणा प्रदान करें।

अगले सूक्त के ऋषि, देवता यही हैं।

[८५] पञ्चाशीततमं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–इन्द्रावरुणौ॥ छन्दः–आर्षीत्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

विद्वान् की प्रेरणा

पु॒नी॒षे वा॑मर॒क्षस॑ं मनी॒षां सोम॒मिन्द्रा॑य॒ वरु॑णाय॒ जुह्व॑त्।
घृ॒तप्र॑तीकामु॒षस॒ं न दे॒वीं ता नो॒ यामं॑न्नुरुष्यताम॒भीके॑॥ १॥

पदार्थ–हे ऐश्वर्यवन्! हे श्रेष्ठ जन! मैं इन्द्राय वरुणाय-इन्द्र और वरुण ऐश्वर्यवान् श्रेष्ठ पुरुष के लिये सोमं जुह्वत्-ऐश्वर्य देता हुआ वाम्-आप दोनों की अरक्षसं मनीषाम्-दुष्ट-संग-रहित बुद्धि को पुनीषे-पवित्र करूँ। घृत-प्रतीकाम्-स्नेह से सबको उत्तम लगनेवाली, उषसं देवीं-शत्रु को दग्ध करने और विजय की कामनावाली मन की प्रज्ञा को मैं स्वच्छ करूँ। ता-वे दोनों अभीके यामन्-युद्ध-प्रयाण-काल में नः उरुष्यताम्-हमारी रक्षा करें।

भावार्थ–विद्वान् पुरुष राजा तथा सेनापति दोनों को दुष्टों के संग से दूर रहने की प्रेरणा देकर उनकी बुद्धि को पवित्र करे, जिससे उनके मन में शत्रु का नाश करके विजय की कामना होती रहे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

राष्ट्र ध्वज की रक्षा

स्पर्धन्ते वा उ देवहूये अत्र येषु ध्वजेषु दिद्यवः पतन्ति।
युवं तान् इन्द्रावरुणावमित्रान्हतं पराचः शर्वा विषूचः ॥ २ ॥

पदार्थ-अत्र-इस देव-हूये-मनुष्यों के स्पर्धा-रूप संग्राम में लोग स्पर्धन्ते उ वा-स्पर्द्धा करते हैं तब येषु ध्वजेषु-जिन ध्वजाओं पर दिद्यवः पतन्ति-चमकती बिजलियों के समान वे पड़ते हैं, हे इन्द्रा-वरुणा-शत्रुहन्तः! हे शत्रुवारक! युवं-तुम दोनों तान् अमित्रान्-उन शत्रुओं को हतम्-मारो और विषूचः पराचः शर्वा-शत्रुओं को हिंसक शस्त्रों से दूर भगाओ।

भावार्थ-शत्रुसेना यदि राष्ट्र ध्वज को काटकर गिराने का प्रयत्न करे तो राजा और सेनापति शस्त्रास्त्रों का प्रयोग करके उन शत्रुओं को मार गिरावे तथा राष्ट्र ध्वज की रक्षा करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

इन्द्र और वरुण का कार्य विभाजन

आपश्चिद्धि स्वयशसः सदःसु देवीरिन्द्रं वरुणं देवता धुः।
कृष्टीरन्यो धारयति प्रविक्ता वृत्राण्यन्यो अप्रतीनि हन्ति ॥ ३ ॥

पदार्थ-स्व-यशसः-अपने धनैश्वर्य से यशस्वी, देवीः-दानशील, देवताः-मानुष-प्रजाएँ सदः सु-सभा-भवनों वा उत्तम पदों पर इन्द्रं वरुणं धुः-ऐश्वर्यवान् और श्रेष्ठ पुरुष को स्थापित करें। उन दोनों में से एकः-एक इन्द्र नाम अध्यक्ष प्रविक्ताः-अच्छी प्रकार विभक्त कृष्टीः धारयति-हलाकर्षित भूमियों को मेघ तुल्य प्रजाओं को धारण करे और अन्यः-दूसरा वरुण, शत्रुवारक अध्यक्ष अप्रतीनि वृत्राणि-छिपे शत्रुओं को दण्डित करे। इन्द्र का काम प्रजा को विभक्त कर शासनव्यवस्था करना और वरुण का काम दुष्टों का दमन है।

भावार्थ-राजा अपने राज्य की सुव्यवस्था के लिए सम्पूर्ण राज्य को छोटे-छोटे वर्गों-क्षेत्रों में बाँट का सुन्दर प्रशासन की व्यवस्था करे तथा सेनापति राष्ट्र के बाहरी तथा आन्तरिक शत्रुओं का दमन करके राष्ट्र की रक्षा करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः-आर्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

समृद्ध राष्ट्र का निर्माण

स सुक्रतुर्ऋतचिदस्तु होता य आदित्य शवसा वां नमस्वान्।
आववर्तदवसे वां हविष्मानसदित्स सुविताय प्रयस्वान् ॥ ४ ॥

पदार्थ-हे आदित्याः-अखण्ड राजनीति और भूमि के हितैषी जनो! यः-जो होता-दानशील पुरुष शवसा-स्व बल से तुम दोनों के प्रति नमस्वान्-अन्नादि सत्कार से युक्त होता है सः-वह सु-क्रतुः-शुभ-कर्मकारी और ऋतचित् अस्तु-सत्य ज्ञान का उपार्जक हो और जो अवसे-रक्षा के लिये वां आववर्त्तत्-तुम दोनों को प्राप्त होता है, वह प्रयस्वान्-प्रयत्नशील होकर सुविताय इत् आत्-सुख प्राप्त करने में समर्थ, हविष्मान्-अन्नसम्पन्न हो।

भावार्थ-राष्ट्र भक्त धनी जन राष्ट्र के लिए कर के रूप में धन का दान करें तथा राष्ट्र के पालन एवं समृद्धि में सहयोगी बनें। वीर पुरुष राष्ट्र रक्षा के लिए सेना में भर्ती होकर मातृभूमि की सेवा करे। कर्मचारी लोग परिश्रम और पुरुषार्थ से कृषि एवं उद्योग को बढ़ावें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रावरुणौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

श्रेष्ठ की प्रशंसा

इयमिन्द्रं वरुणमष्ट मे गीः प्रावत्तोके तनये तूतुजाना।
सुरत्नासा देववीतिं गमेम यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ५ ॥

पदार्थ-मे-मेरी इयं गीः-यह वाणी इन्द्रं-शत्रुनाशक और वरुणं-श्रेष्ठ पुरुष को अष्ट-लक्ष्य करके हो। वह तूतुजाना-ज्ञान को देती हुई तनये तोके-पुत्र-पौत्रादि तक को प्र अवत्-प्राप्त हो। वयम्-हम सु-रत्नासः-शुभ रत्नों और रम्य गुणों को धारण करते हुए देववीतिं गमेम-विद्वानों के ज्ञान-प्रकाश और सत्कामना को गमेम-प्राप्त करें। हे विद्वान् लोगो! यूयं नः सदा स्वस्तिभिः पात-आप सदा हमारी उत्तम साधनों के द्वारा पालन एवं रक्षा करें।

भावार्थ-राष्ट्र भक्त जन शत्रुओं की निंदा व श्रेष्ठ पुरुषों की प्रशंसा करें। पुरुषार्थ पूर्वक धन कमाएँ तथा विद्वानों के उपदेशों से सत्प्रेरणा प्राप्त करें।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ तथा देवता वरुण है।

[८६] षडशीतितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वरुणः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सर्वधारक परमेश्वर

धीरा त्वस्य महिना जनूंषि वि यस्तस्तम्भ रोदसी चिदुर्वी।
प्र नाकमृष्वं नुनुदे बृहन्तं द्विता नक्षत्रं पप्रथच्च भूम ॥ १ ॥

पदार्थ-वरुण परमेश्वर अस्य महिना-इसके महान् सामर्थ्य से जनूंषि-जन्मधारी समस्त प्राणी धीरा-बुद्धि और कर्म द्वारा प्रेरित होते हैं। यः-जो चित्-पूजनीय उर्वी रोदसी-विशाल आकाश और भूमि को तस्तम्भ-थामे है, वह ही बृहंतं-बड़े ऋष्वं-महान् नाकम्-सुखस्वरूप परमानन्द को प्र नुनुदे-देता है। वह ही भूम नक्षत्रं च-बहुत से नक्षत्रों को पप्रथत्-फैलाता है।

भावार्थ-इस भूमि, आकाश तथा नक्षत्रों को महान् सामर्थ्यवाला परमेश्वर ही रचकर टिकाता है। वही सुखों का दाता तथा परमानन्द का प्रदाता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वरुणः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

भक्त की तड़प

उत स्वया तन्वा३ सं वदे तत्कदा न्वन्तर्वरुणे भुवानि।
किं मे हव्यमहृणानो जुषेत कदा मृळीकं सुमना अभि ख्यम् ॥ २ ॥

पदार्थ-उत-और स्वया तन्वा-मैं अपने इस देह से तत्-उसका कदा-कब संवेद-साक्षात् करूँ और कदा नु-कब मैं वरुणे अन्तः-उस वरणीय श्रेष्ठ पुरुष के हृदय में भुवानि-एक हो सकूँगा। वह प्रभु, अहृणानः-मेरे प्रति कोप-रहित होकर मे हव्यं-मेरे स्तुतिवचन को किं जुषेत-क्योंकर प्रेम से स्वीकार करेगा और मैं कदा-कब सुमनाः-शुभ-चित्त होकर उस मृडीकं-आनन्दमय का अभि ख्यम्-साक्षात् करूँगा।

भावार्थ-ईश्वर का भक्त अपने प्रभु से पूछता है कि हे प्रभो! कब वह अवसर आएगा जब

मैं आपका साक्षात् अपने अन्तःकरण में कर सकूँगा? तथा कब आप मेरी स्तुतियों को प्रेम से स्वीकार करेंगे?

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वरुणः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ईशदर्शन की अभिलाषा

पृच्छे तदेनो वरुण दिदृक्षूपो एमि चिकितुषो विपृच्छम्।
समानमिन्मे कवयश्चिदाहुरयं हु तुभ्यं वरुणो हणीते ॥ ३ ॥

पदार्थ-हे वरुण-वरणीय प्रभो! मैं दिदृक्षु-दर्शनाभिलाषी होकर तद् एनः पृच्छे-तुझसे वह पाप पूछता हूँ जिसके कारण मैं बँधा हूँ। मैं उप-उ एमि-जिज्ञासु होकर तेरे पास आया हूँ और मैं चिकितुषः-ज्ञानी पुरुषों से भी वि पृच्छम्-पूछता रहा हूँ। कवयः चित् ये समानम् इत् आहुः-विद्वान् मुझे एक समान ही कहते हैं कि अयं वरुणः-यह वरुण, श्रेष्ठ प्रभु ही तुभ्यं हणीते-तुझ पर रुष्ट है।

भावार्थ-उपासक अपने प्रियतम से पूछे कि हे वरणीय प्रभो! मेरे कौन से पाप का फल है कि मैं आपके दर्शन से वंचित हूँ। विद्वान् लोग तो यही कहते हैं कि वह श्रेष्ठ प्रभु ही पात्रता आने पर तेरा वरण करेंगे। हे प्रभो! मुझ दर्शनाभिलाषी को दर्शन दो।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वरुणः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

अविनाशी से याचना

किमाग आस वरुण ज्येष्ठं यत्स्तोतारं जिघांससि सखायम्।
प्र तन्मे वोचो दूळभ स्वधावोऽव त्वानेना नमसा तुर इयाम् ॥ ४ ॥

पदार्थ-हे वरुण-सर्वश्रेष्ठ प्रभो! किम् आगः आस-वह क्या अपराध है? यत्-जिसके कारण ज्येष्ठं स्तोतारं-बड़े-बड़े स्तुतिकर्त्ता सखायं-मित्र को भी जिघांससि-दण्ड देना चाहता है। हे दूडभ-दुर्लभ! हे अविनाशिन्! हे दूरभ! सदा दूर, विद्यमान! हे स्वधावः-अन्नपते, जीवन के स्वामिन्! मे तत् प्रवोचः-मुझे वह उपाय बतला जिससे अनेनाः-निष्पाप होकर नमसा-भक्ति से तुरः-शीघ्र त्वा अव इयाम्-तुझ तक पहुँच जाऊँ।

भावार्थ-उपासक प्रभु से पूछे कि हे वरुण प्रभो! किन अपराधों के कारण भक्त भी दण्ड पाता है? हे अविनाशी मुझे वह उपाय बताओ कि जिससे मैं निष्पाप होकर आप तक पहुँच सकूँ।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वरुणः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

आत्म निरीक्षण

अव द्रुग्धानि पित्र्या सृजा नोऽव या वयं चकृमा तनूभिः।
अव राजन्पशुतृपं न तायुं सृजा वत्सं न दाम्नो वसिष्ठम् ॥ ५ ॥

पदार्थ-हे राजन्-प्रकाशस्वरूप प्रभो! तू नः-हमारे पित्र्या-माता-पिता के दोष के कारण प्राप्त, द्रुग्धानि-तेरे प्रति किये द्रोह आदि अपराधों को अव सृज-दूर कर और वयं-जिन अपराधों को हम तनूभिः चकृम-देहों से करते हैं उनको भी अव सृज-दूर कर। तायुं न पशु-तृपं-चोरी की नियत से पशु को घासादि खिलानेवाले, सन्देह मात्र में बद्ध चोर के समान बँधन में बँधे, पशु-तृपं-अपने इन्द्रियरूप पशुओं को भोग-विलासों से तृप्त करते हुए तायुं-तेरे ऐश्वर्य को बिना पूछे भोगनेवाले चोरवत् मुझ वसिष्ठं-अति उत्तम 'वसु', तुझमें ही बसनेवाले तेरे भक्त

को तू दाम्नः वत्सं न-रस्से से बछड़े के समान, दयालु पशुपालकवत् अव सृज-बँधन से मुक्त कर।

भावार्थ-उपासक आत्म निरीक्षण करे कि माता-पिता के दोष के कारण मैंने कौन-सा पाप किया। इन्द्रियों की भोग-विलासों की तृप्ति के लिए कौन-सा पाप किया। परमात्मा की प्रेरणा रूप आत्मा की आवाज को दबाकर मैंने कौन-सा पाप कर्म किया है? इस प्रकार के चिन्तन से उपासक पाप कर्मों से बचकर बंधनों से मुक्त हो जाएगा।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वरुणः ॥ छन्दः-आर्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

अनृत-दुःज के कारण

न स स्वो दक्षो वरुण ध्रुतिः सा सुरा मन्युर्विभीदको अचित्तिः।
अस्ति ज्यायान्कनीयस उपारे स्वप्नश्चनेदनृतस्य प्रयोता ॥ ६ ॥

पदार्थ-हे वरुण-न्यायकारिन् प्रभो! अनृतस्य-विवेक-रहित, असत्य और अविवेकमय दशा को प्रयोता-ला देनेवाला सः स्वः दक्षः न-केवल वह अपना कर्म ही नहीं, प्रत्युत और बहुत कारण हैं जिनसे प्रेरित होकर जीव अनृत, पाप, दुःखादि मार्ग में आता है। वे कारण कौन-कौन से हैं? जैसे-(१) अपने किये काम तो हैं ही, या सः स्वः दक्षः-वह स्वस्वरूप कर्त्ता आत्मा। (२) सा ध्रुतिः, सुरा-वह द्रुतगति से जानेवाले जल के समान आत्मा की 'सुरा' अर्थात् सुख से रमण करने की ध्रुति, प्रवृत्ति अर्थात् रजोगुणी काम-वासना भी कारण है। (३) विभीदकः मन्युः-वह मन्यु, क्रोध, जिससे सब प्राणी भय खाते हैं वह भी एक कारण है। (४) अचित्तिः-ज्ञान न रहना भी एक कारण है। (५) कनीयसः उप-धारे-छोटे, अल्पशक्तिवाले जीव के समीप स्वप्नः चन इत्-अज्ञान में सोते के समान ज्यायान् अस्ति-बड़ा भी अर्थात् उसके माता-पिता, भाई-बन्धु आदि स्वयं अज्ञान वा पाप में मूढ़ रहने से दूसरे को मार्ग दिखाने में असमर्थ होते हैं। छोटा भी संग दोष से उसी ओर जाता है। कोई भी अनृतस्य प्रयोता न-अज्ञान को दूर करनेवाला नहीं होता।

भावार्थ-उपासक अनृत दुःज के कारण खोजता हुआ इस निष्कर्ष पर पहुँचा-अपने किए कर्म, रजोगुणी वासना, क्रोध, अज्ञान, निकृष्ट की संगति, बड़ों के द्वारा मार्गदर्शन न मिलना आदि के कारण ही जीव दुःख भोगता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वरुणः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

पाप रहित होके ही ईश्वर साक्षात्

अरं दासो न मीळ्हुषे कराण्यहं देवाय भूर्णयेऽनागाः।
अचेतयदुचितो देवो अर्यो गृत्सं राये कवितरो जुनाति ॥ ७ ॥

पदार्थ-अहं-मैं अनागाः-पाप-रहित होकर भूर्णये-पालक देवाय-प्रकाशक परमेश्वर के लिये मीळुषः दासः न-दाता स्वामी के दास के समान अरं कराणि-बहुत सेवा करूँ। वह देवः-प्रभु, अर्यः-स्वामी अचितः-अज्ञानी जनों को अचेतयत्-ज्ञान देता है और वह कवितरः-सर्वाधिक विद्वान् होकर गृत्सं-स्तुतिकर्त्ता भक्त को राये जुनाति-ऐश्वर्य के लिये सन्मार्ग पर ले जाता है।

भावार्थ-मनुष्य पाप रहित होकर ही परमेश्वर को प्राप्त कर सकता है। इसके लिए परमात्मा प्रदत्त आत्मा में जो प्रेरणा होती है उसे सुनकर ही जीव पाप रहित हो सकता है। वह प्रेरणा है-

लज्जा, भय, शंका व आनन्द, उत्साह, निर्भयता।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-वरुणः॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

हृदय में ईश्वर पूजा

अयं सु तुभ्यं वरुण स्वधावो हृदि स्तोम उपश्रितश्चिदस्तु।
शं नः क्षेमे शमु योगे नो अस्तु यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ ९॥

पदार्थ-हे वरुण=कष्टों के वारक! हे स्वधावः=जीवों के स्वामिन्! हे अन्नपते! अयं सः स्तोमः=यह वह स्तुति-वचनादि तुभ्यम्=तेरे लिये हृदि चित् उप-श्रितः अस्तु=हृदय में पूजार्थ स्थिर रहे। वह नः क्षेमे शं उ अस्तु=हमारे धन-प्राप्ति-काल में शान्तिदायक हो। हे विद्वान् जनो! सदा यूयं नः पात स्वस्तिभिः=आप हमारी सदैव उत्तम साधनों से रक्षा एवं पालना करो।

भावार्थ-उपासक ईश्वर की पूजा अपने हृदय मन्दिर में किया करे। पवित्र हृदय से ही ईश्वर की स्तुति के वचन बोले तभी जीवन में शान्ति प्राप्त होगी।

अग्रिम सूक्त का ऋषि वसिष्ठ व देवता वरुण है।

[८७] सप्ताशीतितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-वरुणः॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

वरुण के कार्य

रदत्पथो वरुणः सूर्याय प्राणसि समुद्रिया नदीनाम्।
सर्गो न सृष्टो अर्वतीरृतायञ्चकार महीरवनीरहभ्यः॥ १॥

पदार्थ-वरुणः=व्यापक परमेश्वर सूर्याय=सूर्य के पथः=मार्गों को रदत्=बनाता है। वही समुद्रिया=समुद्र की ओर जानेवाली नदीनां अर्णांसि=नदियों के जलों को बहाता है। सर्गः न सृष्टः अर्वतीः ऋतायन्=जैसे बरसा हुआ जल नीची, बहती नदियों की ओर जाता है वैसे सर्गः=जगत् का बनानेवाला सृष्टः=जगत् का स्वामी अर्वतीः=अधीन महती शक्तियों और प्रकृति की विकृतियों को ऋतायन्=ज्ञानपूर्वक सञ्चालित करता हुआ अहभ्यः महीः अवनीः चकार=दिनों से रात्रियों को पृथक् करता है।

भावार्थ-जब व्यक्ति सूर्य के उदय से अस्ताचल की ओर जाना, नदियों का समुद्र की ओर बहना, दिन का प्रकाशित और रात्रि का अन्धकारमय होना देखता है तो प्रश्न होता है कि यह सब कौन कर रहा है? उत्तर में केवल वरुण परमेश्वर ही आता है।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-वरुणः॥ छन्दः-आर्षीत्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

व्यापक परमेश्वर

आत्मा ते वातो रज आ नवीनोत्पशुर्न भूर्णिर्यवसे ससवान्।
अन्तर्महो बृहती रोदसीमे विश्वा ते धाम वरुण प्रियाणि॥ २॥

पदार्थ-हे वरुण=सर्वव्यापक प्रभो! वातः रजः=जैसे वायु धूलि को आ नवीनोत्=सब तरफ उड़ाता है वैसे ही वातः=बलशाली ते आत्मा=तेरा व्यापक सामर्थ्य रजः=ब्रह्माण्डों में फैले, धूलि-कणवत् लोकों को आ नवीनोत्=सञ्चालित करता है। अध्यात्म में-ते आत्मा वातः=तेरा आत्मा, जीवभूत प्राण देह में रजः आ नवीनोत्=रक्तप्रवाह को प्रेरित करता है। यवसे पशुः न ससवान् भूर्णिः=घास, भूसा आदि पर पलनेवाला पशु जैसे अन्नादि से लादा जाकर स्वामी

के भरण-पोषण में समर्थ होता है वैसे ही यह **वातः**-वायु वा **ते आत्मा**-तेरा महान् सामर्थ्य ही **ससवान्**-अन्नादि ऐश्वर्य से समृद्ध होकर **भूर्णिः**-विश्व के भरण-पोषण में समर्थ होता है। **इमे बृहती मही रोदसी अन्तः**-इन विशाल, सुख देनेवाले आकाश-भूमि या सूर्य-भूमि के बीच **ते**-तेरे **विश्वा**-समस्त **प्रियाणि**-प्रिय **धाम**-तेज और विश्वधारक लोक, सामर्थ्य हैं।

भावार्थ-समस्त लोक-लोकान्तरों का सञ्चालन ईश्वर अपनी परमेश्वरी शक्ति से कर रहा है। विश्व का भरण-पोषण भी वही करता है। उसीका तेज सूर्य आदि में चमक रहा है। यह सब उसकी व्यापकता से ही सम्भव है।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-वरुणः॥ छन्दः-आर्षीत्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

ऋतावान् विद्वान्

परि स्पशो वरुणस्य स्मदिष्ट उभे पश्यन्ति रोदसी सुमेके।
ऋतावानः कवयो यज्ञधीराः प्रचेतसो य इषयन्त मन्म॥ ३॥

पदार्थ-**वरुणस्य स्पशः स्मदिष्टाः**-जैसे दुष्टों के निवारक राजा के 'स्पश्'-गुप्तचर, अभिप्रायवान् होकर **उभे सु-मेके पश्यन्ति**-ऊपर से देखने में अच्छे-अच्छे और बुरे शास्य शासक दोनों वर्गों को देखते हैं वैसे ही **ये**-जो **प्र-चेतसः**-उत्तम ज्ञानवान् पुरुष **मन्म**-मनन योग्य ज्ञान की **इषयन्त**-अन्नवत् चाहना करते हैं वे **ऋतावानः**-वेदमय तप का सेवन करते हुए, **यज्ञ-धीराः**-त्यागयुक्त कर्म को करते, उसका अन्यों को उपदेश करते हुए **वरुणस्य स्पशः**-प्रभु के सिपाहियों के समान, उसकी बनाई सृष्टि और व्यवस्थाओं का साक्षात् द्रष्टा **स्मदिष्टाः**-एक साथ समान इष्ट वा समान उत्तम लक्ष्यवाले होकर **उभे**-दोनों **सु-मेके**-सुखप्रद मेघादि से युक्त **रोदसी**-सूर्य और भूमि के समान **सुमेके**-शुभ वीर्यसेचन में समर्थ, सन्तानोत्पादक माता-पिता को सृष्टि का कारण यथावत् **परि पश्यन्ति**-देखते हैं।

भावार्थ-वेदज्ञान के धारण करनेवाले तपस्वी जन ईश्वर के द्वारा निर्मित सृष्टि का सूक्ष्मता के साथ साक्षात् कर लेते हैं। उन्हें बरसते हुए मेघों में तथा माता-पिता द्वारा की गई सन्तानोत्पत्ति में भी उस परमेश्वर की सृष्टि रचना का सामर्थ्य ही दृष्टिगोचर होता है।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-वरुणः॥ छन्दः-त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

ब्रह्म के रहस्यों का उपदेश

उवाच मे वरुणो मेधिराय त्रिः सप्त नामाघ्न्या बिभर्ति।
विद्वान्पदस्य गुह्या न वोचद्युगाय विप्र उपराय शिक्षन्॥ ४॥

पदार्थ-**मे मेधिराय**-मुझ बुद्धिमान् पुरुष को **वरुणः**-वरणीय प्रभु **उवाच**-उपदेश करता है कि **अघ्न्या**-अविनाशी, परमेश्वरी या प्रकृति शक्ति **त्रिः सप्त नाम**-तीन गुना सात अर्थात् २१ स्वरूपों को **बिभर्त्ति**-धारण करती है। **विप्रः विद्वान्**-विविध विद्याओं से पूर्ण विद्वान् **उपराय**-समीप-स्थित **युगाय**-मनोयोग से विद्या-ग्रहण करनेवाले शिष्य को **शिक्षन्**-उपदेश देता हुआ **पदस्य**-परमप्राप्य ब्रह्म के **गुह्या न**-रहस्यों का **वोचत्**-उपदेश करे।

भावार्थ-बुद्धिमान् पुरुष इस सृष्टि को देखकर परमेश्वर की रचना सामर्थ्य का दिग्दर्शन करता है तथा अपने शिष्यों को सृष्टि के रहस्यों को प्रकट करता हुआ ज्ञानोपदेश प्रदान करता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वरुणः ॥ छन्दः-आर्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सृष्टि वरुण में स्थित है

तिस्रो द्यावो निहिता अन्तरस्मिन्तिस्रो भूमीरुपरा षड्विधानाः ।
गृत्सो राजा वरुणश्चक्र एतं दिवि प्रेङ्खं हिरण्ययं शुभे कम् ॥ ५ ॥

पदार्थ-तिस्रः द्यावः-तीनों लोक, भूमि, अन्तरिक्ष और द्यौ अस्मिन् अन्तः निहिताः-वरुण परमेश्वर के ही भीतर स्थित हैं और तिस्रः भूमीः-तीनों भूमियाँ उपराः-एक दूसरे के समीप स्थित षड् विधानाः-छह-छह प्रकार के ऋतु आदि विधानों सहित उसके ही भीतर हैं। गृत्सः-ज्ञान का उपदेष्टा राजा-सर्वोपरि शासक वरुणः-वरण-योग्य प्रभु ही दिवि-आकाश में प्रेङ्खं-उत्तम गति से जानेवाले एतं-उस हिरण्ययम्-तेजोमय सूर्य को, अन्तरिक्ष में गतिमान्, हित, रमणीय रूप वायु को और भूमि पर तेजोमय अग्नि को शुभे-दीप्ति, जल और कान्ति के लिये चक्रे-बनाता है।

भावार्थ-विद्वान् पुरुष समस्त लोकों तथा उन लोकों में उपस्थित दीप्ति, जल, कान्ति आदि सामर्थ्यों को उस व्यापक परमेश्वर में ही देखता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वरुणः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सृष्टि का पालक व्यापक परमात्मा

अव सिन्धुं वरुणो द्यौरिव स्याद् द्रप्सो न श्वेतो मृगस्तुविष्मान् ।
गम्भीरशंसो रजसो विमानः सुपारक्षत्रः सतो अस्य राजा ॥ ६ ॥

पदार्थ-द्यौः इव सिन्धुं-सूर्य जैसे अकेला समस्त आकाश में व्यापता है वैसे ही परमेश्वर द्यौः-तेजस्वरूप, वरुणः-सर्वव्यापक होकर सिन्धुं-वेगवाले प्रकृति के बने जगत्-प्रवाह को अव स्थात्-व्यवस्थित करता है। वह द्रप्सः न श्वेतः-जलविन्दुवत् रसस्वरूप व कान्तिमय है। वह मृगः-सिंहवत् बलवान् वा मृगः-ज्ञानी जनों द्वारा खोजने योग्य और मृगः-पावन स्वरूप, तुविष्मान्-सर्व शक्तिमान् है। वह गम्भीर-शंसः-गम्भीर समुद्र तुल्य अगाध और प्रशंसा-योग्य, रजसः विमानः-इस समस्त लोक-समूह का विशेष निर्माता है, वह सुपार-क्षत्रः-सुख से सर्वपालक, बलैश्वर्यवान्, अस्य सतः राजा-इस व्यक्त संसार का राजावत् शासक है।

भावार्थ-परमेश्वर सृष्टि में व्यापक है। ज्ञानी जन उसी की खोज करते हैं क्योंकि वह सबका पालक तथा शासक है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वरुणः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

अखण्ड नियमों में चलकर निष्पाप रहें

यो मृळयाति चक्रुषे चिदागो वयं स्याम वरुणे अनागाः ।
अनु व्रतान्यदितेर्ऋधन्तो यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ७ ॥

पदार्थ-यः-जो परमेश्वर आगः चकृषे चित्-अपराध करनेवाले के भले के लिये मृडयाति-उस पर दया करता है, उस वरुणे-प्रभु के अधीन हम अनागाः स्याम-निष्पाप रहें। उस अदितेः-अखण्ड प्रभु के व्रतानि अनु-नियमों के अनुकूल ऋधन्तः-समृद्ध, हे विद्वान् जनो! यूयं नः स्वस्तिभिः सदा पात-आप सदैव उत्तम साधनों से हमारी रक्षा एवं पालन करो।

भावार्थ-मनुष्य लोग परमात्मा के बनाए हुए नियमों में चलकर स्वयं को निष्पाप बनावें।

यही एक मात्र उपाय है।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ तथा देवता वरुण ही है।

[८८] अष्टाशीतितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वरुणः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

आत्मसमर्पण

प्र शुन्ध्युवं वरुणाय प्रेष्ठां मतिं वसिष्ठ मीळ्हुषे भरस्व।
य ईमर्वाञ्चं करते यजत्रं सहस्रामघं वृषणं बृहन्तम्॥ १॥

पदार्थ-यः-जो परमेश्वर **ईम्**-इस **अर्वाञ्चं**-अभिमुख आये **यजत्रं**-आत्मसमर्पक और सत्संगतिवाले पुरुष को **सहस्र-मघं**-सहस्रों धनों से सम्पन्न, **वृषणं**-मेघवत् उदार और **बृहन्तम् करते**-बड़ा बना देता है उस **वरुणाय**-ऐश्वर्यदाता **मीळुषे**-ऐश्वर्यों की वृष्टि करनेवाले, परमेश्वर के निमित्त **प्रेष्टां**-अति प्रिय **मतिं**-स्तुति और बुद्धि का **प्र भरस्व**-प्रयोग कर।

भावार्थ-जो उपासक सत्संगति में रहते हुए ईश्वर के प्रति सर्वभाव से समर्पण करते हैं उसी की स्तुति करते हैं वे ऐश्वर्यशाली होकर उदार तथा महान् बनते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वरुणः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ईश-तेज का मनन

अधा न्वस्य संदृशं जगन्वानग्नेरनीकं वरुणस्य मंसि।
स्वर्यदश्मन्नधिपा उ अन्धोऽभि मा वपुर्दृशये निनीयात्॥ २॥

पदार्थ-**अध नु**-और मैं **अस्य**-इस **अग्नेः**-तेजोमय **वरुणस्य**-परमेश्वर के विषय में **जगन्वान्**-ज्ञान प्राप्त कर और उसकी शरण जाकर उसके **सं-दृशम्**-सम्यक्-दर्शन-योग्य **अनीकं**-तेज का **मंसि**-मनन करता हूँ। **यद्**-जैसे **अश्मन् अन्धः वपुः दृशये निनीयात्**-चक्की आदि में पीसा अन्न या कुटी ओषधि, या **अश्मन् अन्धः**-मेघ के आधार पर उत्पन्न अन्न शरीर को उत्तम, दर्शन योग्य बनाता है वैसे ही **यत्**-जो **अधिपाः**-सर्वोपरिपालक **स्वः**-सुखकारी है वह **अन्धः**-अन्नवत् प्राणों का धारक होकर **दृशये**-साक्षात् करने के लिये **मा**-मुझे **वपुः**-रूप, शरीर आदि **निनीयात्**-प्राप्त कराता है।

भावार्थ-उपासक जन ईश्वर के प्रति समर्पण करके सदैव उसके तेजोमय स्वरूप का दिग्दर्शन करें और उसी का मनन किया करें क्योंकि यह अन्नमय शरीर परमेश्वर ने इसी निमित्त दिया है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वरुणः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

जल गमन काल में भी ईश चिन्तन

आ यद्रुहाव वरुणश्च नावं प्र यत्समुद्रमीरयाव मध्यम्।
अधि यदपां स्नुभिश्चराव प्रेङ्ख ईङ्खयावहै शुभे कम्॥ ३॥

पदार्थ-**अहं**-मैं और **वरुणः च**-वरणीय स्वामी, दोनों दो मित्रों के समान वा पति-पत्नीवत् **यत् नावम् आ रुहाव**-जब नाव पर चढ़ें **यत् समुद्रम् मध्यम् ईरयाव**-और जब समुद्र के बीच उसको चरावें **यत् अधि अपां**-जब जलों के ऊपर **स्नुभिः चराव**-गमनशील यानों से विचरें तो **शुभे**-शोभा और **कम्**-सुख पाने के लिये **प्रेङ्खे**-झूले पर **प्रेङ्खयावहे**-हम दोनों

झूलें।

भावार्थ–यात्रा काल में भी जब मनुष्य नाव आदि के द्वारा जलों में विचरण करता है। तब भी उस परम मित्र परमेश्वर को अपने साथ अनुभव करता हुआ उसी का मनन करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वरुणः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

वेदवाणी रूप नौका

वसिष्ठं ह वरुणो नाव्याधादृषिं चकार स्वपा महोभिः।
स्तोतारं विप्रः सुदिनत्वे अह्नां यात्रु द्यावस्ततनन्यादुषासः॥ ४॥

पदार्थ–**वरुणः**=वरणीय आचार्य के **वसिष्ठं**=अधीन वस कर ब्रह्मचारी शिष्य को **नावि**=ज्ञान-सागर से पार उतारनेवाली वेदवाणी रूप नौका में **ह**=अवश्य **आधात्**=स्थापित करे। वह स्वयं **स्वपाः**=कर्मशील होकर **महोभिः**=बड़े-बड़े गुणों से **वसिष्ठं ऋषिं चकार**=उत्तम ब्रह्मचारी को वेद-मन्त्रार्थों को यथार्थ देखने में विद्वान् बनावे। **विप्रः**=विद्याओं से शिष्य को पूर्ण करनेवाला आचार्य **अन्हां सु-दिनत्वे**=दिनों को शुभ बनाने के लिये **यात् द्यावा नु यात् उषसः नु**=आये दिनों और आयी रातों में भी **स्तोतारं ततनन्**=अध्ययनशील शिष्य को विस्तृत ज्ञानवान् करे।

भावार्थ–विद्वान् आचार्य अपने ब्रह्मचारी शिष्यों को दिन-रात अध्ययन कार्य में जुटे रहकर तप करने की प्रेरणा करे। वह गुरु उत्तम उपदेश करके संसार सागर से पार उतरने की नौका के रूप में वेद ज्ञान प्रदान करके शिष्य को पूर्ण ज्ञानवान् बनावे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वरुणः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

प्राणपति सखा

क्व१ त्यानि नौ सख्या बभूवुः सचावहे यदवृकं पुरा चित्।
बृहन्तं मानं वरुण स्वधावः सहस्रद्वारं जगमा गृहं ते॥ ५॥

पदार्थ–हे **वरुण**=वरणीय! हे **स्वधावः**=प्राणपते! **नौ**=हम दोनों के **त्यानि सख्यानि**=वे नाना मित्रता के भाव **क्व बभूवुः**=कहाँ हुए, **यत्**=जो हम दोनों **पुराचित्**=मानो पूर्वकाल से **अवृकं**=परस्पर चोरी का भाव न रखते हुए **सचावहे**=मिलकर रहें। हे **वरुण**=वरणीय! हे **स्वधावः**=अमृत के स्वामिन्! हम **बृहन्तं**=महान् **मानं**=परिमाणवाले **सहस्रद्वारं**=सहस्रों द्वारवाले **गृहं जगाम**=घर को प्राप्त हों।

भावार्थ–परमात्मा प्राणों का भी प्राण है ऐसा जानकर उपासक जीव उस परमेश्वर से मित्रता करे। इससे मनुष्य चोरी आदि पाप भावों से बचकर अनन्त सुख को प्राप्त कर सकेगा।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वरुणः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

सदा रहनेवाला मित्र

य आपिर्नित्यो वरुण प्रियः सन्त्वामागांसि कृणवत्सखा ते।
मा त एनस्वन्तो यक्षिन्भुजेम यन्धि ष्मा विप्रः स्तुवते वरूथम्॥ ६॥

पदार्थ–हे **वरुण**=प्रभो! राजन्! तू **नित्यः**=सदा का **आपिः**=बन्धु **प्रियः**=प्रिय **सन्**=होकर हमें प्राप्त है, उस **त्वाम्**=तेरे प्रति **ते सखा**=तेरा मित्र यह जीव **आगांसि कृणवत्**=नाना अपराध करता है। हे **यक्षिन्**=यक्ष 'अर्थात्' पूजा करनेवाले भक्त जनों के स्वामिन्! हम लोग **ते**=तेरे ऐश्वर्य का **एनस्वन्तः**=पापी होकर **मा भुजेम**=भोग न करें। तू **विप्रः**=मेधावी **स्तुवते**=स्तुतिशील को

वरूथं वन्धि=वरणीय एवं दुःखों को दूर करने योग्य उत्तम गृह और बल दे।

भावार्थ–परमेश्वर जीव का सदा रहनेवाला मित्र है किन्तु यह अज्ञान के कारण ईश्वर को भूलकर नाना प्रकार के अपराध कर बैठता है इससे वह परमात्मा के द्वारा प्रदत्त ऐश्वर्य का भोग नहीं कर पाता। मनुष्य लोग सुखी रहने के लिए ईश की स्तुति=स्मरण सदैव किया करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वरुणः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

परमेश्वर जीवों के कर्म बन्धन काटता है

ध्रुवासु त्वासु क्षितिषु क्षियन्तो व्यं१स्मत्पाशं वरुणो मुमोचत्।
अवो वन्वाना अदितेरुपस्थाद्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ७ ॥

पदार्थ–परमेश्वर जीवों के कर्म-बन्धन किस प्रकार काटता है? हम लोग आसु ध्रुवासु क्षितिषु=इन धारने योग्य, कर्म और भोग-भूमियों में क्षियन्तः=निवास करते हुए वा ऐश्वर्ययुक्त, वा क्षीण होते हुए, कभी ऊर्ध्वगति, कभी नीच गति प्राप्त करते हुए, अदितेः उपस्थात्=भूमि से अवः वन्वानाः=तृप्तिकारक अन्न प्राप्त करते हैं और जैसे अदितेः उपस्थात् अवः अन्वानाः=सूर्य से दीप्ति प्राप्त करते हैं वैसे ही अदितेः=अखण्ड परमेश्वर से हम अवः=रक्षा सुख, प्रेम वन्वानाः=प्राप्त करते रहें। वह वरुणः=प्रभु अस्मत् पाशं=हम से पाश को वि मुमोचत्=छुड़ाता है। हे विद्वान् पुरुषो! नः यूयं सदा स्वस्तिभिः पात=आप लोग हमारी सदा उत्तम उपायों से रक्षा करो।

भावार्थ–जीव कर्म के अनुसार भोग व भूमियों को भोगता हुआ ऊँची व नीची योनियों में जाता है। दुःख और सुख को भोगता है। किन्तु जब वह परमेश्वर की रक्षा व प्रेम का अनुभव करने लगता है तो ईश्वर उसको कर्म पाश=बन्धन से मुक्त कर देता है।

आगामी सूक्त का ऋषि वसिष्ठ व देवता वरुण है।

[८९] एकोननवतितमं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वरुणः ॥ छन्दः–आर्षीगायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

दयालु की दया

मो शु वरुण मृन्मयं गृहं राजन्नहं गमम्। मृळा सुक्षत्र मृळय ॥ १ ॥

पदार्थ–हे वरुण=सर्वश्रेष्ठ! हे राजन्=देदीप्यमान! हे सुक्षत्र=उत्तम धन, ऐश्वर्य, बल से सम्पन्न! अहम्=मैं मृन्मयं गृहम्=मिट्टी के बने गृह के तुल्य नश्वर, मृत्यु से आक्रान्त, वा ग्रहण-योग्य, वा आत्मा को पकड़े हुए इस देह को मोषु गमम्=कभी न प्राप्त करूँ तो अच्छा हो! हे प्रभो! मृड=सबको सुखी करने हारे दयालो! तू मृडय=सुखी कर, हम पर दया कर।

भावार्थ–जीवों को आवागमन से छूटने के लिए वरुण परमात्मा की दया प्राप्त करनी चाहिए इसके लिए देहाभिमान को छोड़ने तथा ईश्वर की दीप्ति से जुड़ने का प्रयास करना चाहिए।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वरुणः ॥ छन्दः–आर्षीगायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

शरणागत को सुखी कर

यदेमि प्रस्फुरन्निव दृतिर्न ध्मातो अद्रिवः। मृळा सुक्षत्र मृळय ॥ २ ॥

पदार्थ–हे अद्रिवः=पर्वतवत् दृढ़ पुरुषों के स्वामिन्! प्रभो! यत्=जब मैं प्रस्फुरन् इव=तड़पता हुआ-सा, दृतिः न ध्मातः=कुप्पे के समान फूला हुआ, फूँक से भरे चर्मवाद्य के समान रोता-

गाता **एभि**-शरण आऊँ, हे **सुक्षत्र**-सुबल! सुधन! तू मुझे **मृड मृडय**-सुखी कर।

भावार्थ-जब मनुष्य अहंकार-अभिमान में फूलकर कुप्पा हो जाता है तो अन्दर से जलने लगता है, तड़पता है। ऐसी स्थिति में केवल प्रभु की शरण में ही सुखी करने का सामर्थ्य है अतः उसी की पुकार कर।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-वरुणः॥ छन्दः-आर्षीगायत्री॥ स्वरः-षड्जः॥

उत्तम बालवाले मुझ पर कृपा कर

क्रत्वः समह दीनतां प्रतीपं जगमा शुचे। मृळा सुक्षत्र मृळय॥ ३॥

पदार्थ-हे **समह**-पूज्य! **दीनता**-दीन होने के कारण मैं **क्रत्वः**-सत् कर्म और सत् ज्ञान के **प्रतीपं जगम**-विपरीत चला गया हूँ और **शुचे**-शोक करता हूँ। अथवा हे **शुचे**-शुद्ध प्रभो! हे **सु-क्षत्र**-बलशालिन्! तू **मृड, मृडय**-सुखी कर, कृपा कर।

भावार्थ-दुर्बल मानसिकता का मनुष्य सत्कर्मों को छोड़ दुष्कर्मों में लग जाता है इससे महान् दुःख पाता है। अतः मनुष्य उत्तम बलवाले परमेश की शरण में जाकर उसकी कृपा का पात्र बनने का प्रयास करे।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-वरुणः॥ छन्दः-आर्षीगायत्री॥ स्वरः-षड्जः॥

पानी में मीन पियासी

अपां मध्ये तस्थिवांसं तृष्णाविदज्जरितारम्। मृळा सुक्षत्र मृळय॥ ४॥

पदार्थ-हे **सुक्षत्र**-उत्तम बल के स्वामिन्! **अपां मध्ये तस्थिवांसं**-जलों के बीच में खड़े **जरितारं**-रोगादि से जीर्ण होते हुए पुरुष को जैसे **तृष्णा अविदत्**-प्यास सताती है वैसे ही हे प्रभो! **जरितारं**-तेरे स्तोता **अपां मध्ये तस्थिवांसं**-आप्त पुरुषों के बीच या प्राणों से पूर्ण शरीर के बीच रहनेवाले मुझको भी **तृष्णा**-भूख-प्यास के समान विषय-भोगादि की लालसा प्राप्त है, हे प्रभो! हे **मृड, मृडय**-सबको सुखी करने हारे! तू मुझे सुखी कर।

भावार्थ-परमात्मा परम आनन्द का सागर है किन्तु विषय भोगों में फँसा हुआ अज्ञानी जीव उसके आनन्द को वैसे ही प्राप्त नहीं कर पाता जैसे तृषा रोग का जीर्ण रोगी पानी में खड़ा रहकर भी प्यास से तृषित ही रहता है। अतः भोग-विलास को छोड़ ईश शरण में जाकर सुखी हो।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-वरुणः॥ छन्दः-पादनिचृज्जगती॥ स्वरः-निषादः॥

सत्पुरुषों से द्रोह न कर

यत्किं चेदं वरुण दैव्ये जनेऽभिद्रोहं मनुष्याश्चरामसि।
अचित्ती यत्तव धर्मा युयोपिम मा नस्तस्मादेनसो देव रीरिषः॥ ५॥

पदार्थ-हे **वरुण**-प्रभो! **दैव्ये जने**-विद्वान् सत्पुरुष के हितकारी जन के ऊपर रहकर हम **मनुष्याः**-मनुष्य **यत् किं च**-जो कुछ भी **इदं अभिद्रोहं**-इस प्रकार का द्रोह आदि **चरामसि**-करते हैं और **अचित्ती**-बिना ज्ञान के **यत् तव धर्मा युयोपिम**-जो तेरे बनाये नियमों को उल्लंघन करते हैं, हे **देव**-प्रभो! राजन्! **तस्माद् एनसः**-उस अपराध या पाप से **नः मा रीरिषः**-हमें दुःखित मत कर।

भावार्थ-जो मनुष्य विद्वान् सत्पुरुषों से द्रोह करता है तथा ईश्वर के बनाए सृष्टि-नियम का उल्लंघन करता है वह अज्ञानी सदैव दुःखी एवं अशान्त रहता है। अतः मनुष्य ईश्वर की शरण में जाकर उसके नियमों का पालन व विद्वानों का सत्कार करते हुए दुःखों से दूर रहे।

अग्रिम सूक्त का ऋषि वसिष्ठ व देवता वायु, इन्द्रवायू हैं।

षष्ठोनुवाकः

[९०] नवतितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वायुः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सेनापति के गुण

प्र वीरया शुचयो दद्रिरे वामध्वर्युभिर्मधुमन्तः सुतासः।
वह वायो नियुतो याह्यच्छा पिबा सुतस्यान्धसो मदाय ॥ १ ॥

पदार्थ-हे **वायो**-ऐश्वर्यवन्! हे वायुवत् बलवान् वीर सेनापते! **शुचयः**-शुद्ध आचारवान्, धार्मिक **वीरया**-वीराः-वीर **मधुमन्तः**-बलवान्, मधुर प्रकृति, **सुतासः**-योग्य पदों पर अभिषिक्त पुरुष **अध्वर्युभिः**-प्रजा की हिंसा पीड़ा न चाहनेवाले सोम्यवृत्ति विद्वानों सहित **वाम् प्र दद्रिरे**-तुम दोनों को प्राप्त होते हैं। हे **वायो**-वायुवत् बलवन्! तू **नियुतः**-सहस्रों अश्वादि सेनाओं को **वह**-सन्मार्ग पर ले चल और **सुतस्य अन्धसः**-ऐश्वर्य से समृद्ध अन्न को **याहि**-प्राप्त कर और **मदाय**-तृप्ति के लिये उसका **पिब**-उपभोग कर।

भावार्थ-राजा को योग्य है कि वह वीर, बलवान्, सत्यवादी, सदाचारी, प्रजा को न सतानेवाले पुरुष को सेनापति पद पर नियुक्त करे। वह सेनापति प्रजाओं को विद्वानों के सहयोग से सन्मार्ग पर चलाकर ऐश्वर्य सम्पन्न बनावे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वायुः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

विद्वान् के संग से लाभ

ईशानाय प्रहूतिं यस्त आनट् शुचिं सोमं शुचिपास्तुभ्यं वायो।
कृणोषि तं मर्त्येषु प्रशस्तं जातोजातो जायते वाज्यस्य ॥ २ ॥

पदार्थ-हे **वायो**-विद्वन्! **यः**-जो **शुचि-पाः**-शुद्ध आचार, व्यवहार का पालक पुरुष **ते ईशानाय**-तुम सर्वैश्वर्यवान् का **शुचिं सोमं**-शुद्ध अन्नादि, ऐश्वर्य और **प्रहुतिं**-सर्वोत्तम दान **आनट्**-प्राप्त कराता है, **तं**-उसको तू **मर्त्येषु**-मनुष्यों के बीच **प्रशस्तं कृणोषि**-कर्मकुशल बना देता है और वह **जातः-जातः**-उत्तम रूप से प्रकट होकर **अस्य**-इस प्रजाजन के बीच **वाजी**-ज्ञानवान्, बलवान् **जायते**-हो जाता है।

भावार्थ-विद्वानों के संग में आनेवाला मनुष्य व्यवहार कुशल होकर ज्ञानी व दानी स्वभाववाला होजाता है। इससे वह प्रजा जनों के मध्य में जाकर प्रतिष्ठा को प्राप्त करता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वायुः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

तीन सभाएँ

राये नु यं जज्ञतू रोदसीमे राये देवी धिषणा धाति देवम्।
अधा वायुं नियुतः सश्चत स्वा उत श्वेतं वसुधितिं निरेके ॥ ३ ॥

पदार्थ-**इमे रोदसी**-आकाश व भूमि के तुल्य ये माता-पिता, राजसभा-प्रजासभा दोनों **राये**-राष्ट्र में ऐश्वर्य-वृद्धि के लिये **नु**-ही **यं**-जिसको **जज्ञतुः**-उत्पन्न करते और **यं देवम्**-जिस विजिगीषु को **धिषणा देवी**-सर्वोपरि विद्यमान विद्वत्सभा भी **राये**-ऐश्वर्य-रक्षा के लिये

धाति-स्थापित करती है, उस वायुं-शत्रु को वायुवत् मूल से उखाड़ने में समर्थ पुरुष को स्वाः-उसकी अपनी नियुतः-लक्षों सेनाएँ और प्रजाएँ सञ्चत-प्राप्त होती हैं उत-और उसी श्वेतं-शुद्धाचारी को निरेके-श्रेष्ठ पद पर वसु-धितिम्-ऐश्वर्य की ख्यातिवाला जानकर प्राप्त होते हैं।

भावार्थ-राष्ट्र में समस्त व्यवस्थाएँ सुचारु रूप से चलाने के लिए तथा राष्ट्र को उन्नति के शिखर पर प्रतिष्ठित करने के लिए राजसभा, प्रजासभा तथा विद्वत्सभा इन तीनों का गठन होना चाहिए। ये सभाएँ मिलकर सदाचारी, वीर, पराक्रमी तथा नीति निपुण व्यक्ति को राजा के पद पर नियुक्त करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वायुः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

छोटी उम्र में ईश्वर का ध्यान

उच्छन्नुषसः सुदिना अरिप्रा उरु ज्योतिर्विवुर्दीध्यानाः।
गव्यं चिदूर्वमुशिजो वि वव्रुस्तेषामनु प्रदिवः सस्रुरापः ॥ ४ ॥

पदार्थ-जैसे उषसः-प्रभात वेलाएँ वा सूर्य की दाहक कान्तियें सु-दिनाः उच्छन्-उत्तम दिनवाली होकर प्रकट होती हैं, अरि-प्राः-पाप-रहित दीध्यानाः-देदीप्यमान, उरु ज्योतिः विविदुः-बहुत बड़े विशाल प्रकाशवान् सूर्य को प्राप्त करती उशिजः-कान्तियुक्त होकर गव्यम् ऊर्वम् विवव्रुः-रश्मियों के बड़े धन को फैलाती है अनु प्रदिवः आपः सस्रुः-अनन्तर आकाश से मेघ जल बरसते हैं वैसे ही उषसः-उषावत् जीवन के प्रारम्भ भाग में वर्त्तमान नर-नारीगण सु-दिना-शुभ दिन युक्त होकर उच्छन्-अपने गुण प्रकट करें और वे दीध्यानाः-ईश्वर-ध्यान करते हुए उरु ज्योतिः-बड़ी भारी ज्ञान-ज्योति को विविदुः-प्राप्त करें। वे उशिजः-प्रीतियुक्त होकर गव्यम् ऊर्वम्-वेदवाणी के धन को विवव्रुः-विविध प्रकार से वितरण करें, उसकी व्याख्या करें। तेषाम् अनु-उनके पीछे-पीछे ही प्र-दिवः-उत्तम फल की कामनावाली आपः-आप्त प्रजाएँ सस्रुः-चलें।

भावार्थ-स्त्री-पुरुष जीवन के प्रारम्भ काल अर्थात् छोटी उम्र से ही ईश्वर का ध्यान किया करें। इससे उनमें ईश्वर का दिव्य तेज चमकने लगेगा तथा वे ब्रह्मचारी होकर वेदवाणी का स्वाध्याय प्रीतिपूर्वक करते हुए अन्यों के सामने वेद की विविध व्याख्याएँ प्रकट करके प्रजाओं को आप्त प्रजा बना सकेंगे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रवायू ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

आत्म योगी राष्ट्र को धारें

ते सत्येन मनसा दीध्यानाः स्वेन युक्तासः क्रतुना वहन्ति।
इन्द्रवायू वीरवाहं रथं वामीशानयोरभि पृक्षः सचन्ते ॥ ५ ॥

पदार्थ-ते-वे ज्ञानवान्, विद्वान् लोग सत्येन मनसा-सत्य चित्त और सत्य ज्ञान से दीध्यानाः-चमकते हुए स्वेन युक्तासः-अपने आत्मसामर्थ्य से युक्त होकर दीध्यानाः-चमकते हुए वा आत्मयोग का अभ्यास करते हुए युक्तासः-योगी होकर स्वेन क्रतुना-अपने ज्ञान और बल से वहन्ति-रथ को अश्वों के तुल्य देह को धारण करते हैं। हे इन्द्र-वायू-ऐश्वर्यवन्! ज्ञानवन्! ईशानयोः वाम्-शासक-रूप आप दोनों के वीरवाहं रथं-वीरों के धारक, रथवत् रमणीय उपदेश वा स्थिर पद वा राष्ट्र को वहन्ति-धारण करते और सञ्चालित करते हैं और वे

पृक्षः-प्रीतियुक्त होकर अभि सचन्ते-परस्पर समवाय बनाकर रहते हैं।

भावार्थ-ज्ञानी लोग सत्य ज्ञान से युक्त चित्तवाले होकर आत्म साधना करके योगी बनें। ऐसे योगीजन राजा व सेनापति आदि पदों को प्राप्त करके राष्ट्र को धारण करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रवायू ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

समृद्ध राष्ट्र

ईशानासो ये दधते स्वर्णो गोभिरश्वेभिर्वसुभिर्हिरण्यैः।
इन्द्रवायू सूरयो विश्वमायुरर्वद्भिर्वीरैः पृतनासु सह्युः ॥ ६ ॥

पदार्थ-ये-जो ईशानासः-ऐश्वर्यवान् और शासन-अधिकार से युक्त होकर नः-हमारे सर्वस्व राष्ट्र और सुखादि को गोभिः-गौओं और भूमियों अश्वेभिः-घोड़ों वसुभिः-विद्वानों, हिरण्यैः-सुवर्णादि धातुओं और रमणीय साधनों से विश्वम् आयुः-पूर्ण जीवन दधते-धारण करते हैं हे इन्द्रवायू-ऐश्वर्यवान् बलवान् प्रधान नायक पुरुषो! वे सूरयः-विद्वान् अर्वद्भिः वीरैः-शत्रुनाशक वीर पुरुषों द्वारा पृतनासु-संग्रामों में सह्युः-विजय करें।

भावार्थ-राजा को योग्य है कि वह सम्प्रभुता-पूर्ण शासन-अधिकार के साथ सम्पूर्ण राष्ट्र को गौ, भूमि, अश्व, विद्वान्, स्वर्ण आदि समस्त साधनों से सम्पन्न करे तथा शत्रुओं को विजय करने का सामर्थ्य प्राप्त करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रवायू ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

उत्तम ब्रह्मचारी

अर्वन्तो न श्रवसो भिक्षमाणा इन्द्रवायू सुष्टुतिभिर्वसिष्ठाः।
वाजयन्त स्ववसे हुवेम यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ७ ॥

पदार्थ-हम लोग अर्वन्तः-शत्रुनाशक वीर पुरुषों और अश्वों के समान बलवान्, श्रवसः भिक्षमाणाः-श्रवण योग्य ज्ञान की योग्य गुरुओं और अन्न की गृहस्थों से याचना करते हुए, वसिष्ठाः-उत्तम ब्रह्मचारी होकर सु-अवसे-उत्तम ज्ञान और रक्षा के लिये स्वयं वाजयन्तः-ज्ञान, बल, धनादि को चाहते और प्राप्त करते हुए इन्द्रवायू हुवेम-ऐश्वर्यवान् और बलवान् जनों को प्राप्त करें। यूयं-आप लोग नः सदा स्वस्तिभिः पात-हमारी सदा उत्तम उपायों से रक्षा करें।

भावार्थ-मनुष्यों को योग्य है कि वे विद्वान् गुरुओं की शरण में जाकर ज्ञान की याचना करें तथा उत्तम ब्रह्मचारी बनकर गृहस्थों से अन्न की भिक्षा ग्रहण करते हुए जीविकोपार्जन करें। इस प्रकार तप करते हुए उत्तम ज्ञान, बल, पराक्रम आदि में पारंगत होकर राष्ट्र को ऐश्वर्य सम्पन्न बनावें।

आगामी सूक्त का ऋषि वसिष्ठ व देवता वायु तथा इन्द्रवायू है।

[९१] एकनवतितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वायुः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

तेजस्वी सेनानायक

कुविद्वङ्ग नमसा ये वृधासः पुरा देवा अनवद्यास आसन्।
ते वायवे मनवे बाधितायावासयन्नुषसं सूर्येण ॥ १ ॥

पदार्थ–**ये**–जो **नमसा**–शत्रु को नमानेवाले बल से **पुरा**–पहले **वृधासः**–बढ़ने हारे **अनवद्यासः**–अनिन्दिताचरणवाले, **देवाः**–धन, पुत्र आदि के अभिलाषी **आसन्**–रहते हैं **ते**–वे **वायवे**–वायु तुल्य बलवान् वा प्राणवत् प्रिय, **मनवे**–मननशील, **बाधिताय**–पीड़ित प्रजा की रक्षा के लिये **उषसं**–प्रभात के समान तेजस्विनी सेना को **सूर्येण**–तेजस्वी नायक पुरुष के साथ **बाधिताय मनवे**–खण्डित वंशवाले मनुष्य की वंशवृद्धि के लिये **उषसं**–सन्तान की कामनायुक्त स्त्री को **सूर्येण**–पुत्रोत्पादन में समर्थ पुरुष के साथ **अवासयन्**–रखें।

भावार्थ–राष्ट्र में तेजस्वी सेनानायक के नेतृत्व में तेजस्विनी सेना हो जो शत्रु को संग्रामों में झुका सके। प्रजा की रक्षा कर सके। प्रजाजन निर्भीकता के साथ सन्तान का पालन–पोषण कर सकें।

ऋषिः–**वसिष्ठः**॥ देवता–**इन्द्रवायू**॥ छन्दः–**आर्षीत्रिष्टुप्**॥ स्वरः–**धैवतः**॥

राजा व सेनापति का कर्त्तव्य

उशन्ता दूता न दभाय गोपा मासश्च पाथः शरदश्च पूर्वीः।
इन्द्रवायू सुष्टुतिर्वीमियाना मार्डीकमीट्टे सुवितं च नव्यम्॥ २॥

पदार्थ–**उशन्ता**–सबको चाहनेवाले **दूता**–शत्रु सन्तापक, **गोपा**–प्रजा–रक्षक, **इन्द्रवायू**–ऐश्वर्यवान्, बलवान् पुरुष **मासः च शरदः च**–वर्षों और मासों तक **पूर्वीः**–पूर्व विद्यमान प्रजा की **पाथः**–रक्षा करें। हे **इन्द्र-वायू**–ऐश्वर्यवन्! हे बलवन्! **वाम् इयाना**–आप दोनों को प्राप्त होता हुआ, **सुस्तुतिः**–उत्तम उपदेश **मार्डीकम्**–सुख और **सुवितं**–उत्तम, **नव्यम्**–स्तुत्य आचार **ईट्टे**–चाहता है।

भावार्थ–राजा और सेनापति दोनों प्रजा की अच्छी प्रकार से रक्षा करें तथा शत्रु को नष्ट करें। इससे राष्ट्र में विद्वान् लोग ज्ञान का उपदेश देकर प्रजाओं को धर्म कार्य में लगा सकेंगे।

ऋषिः–**वसिष्ठः**॥ देवता–**वायुः**॥ छन्दः–**निचृत्त्रिष्टुप्**॥ स्वरः–**धैवतः**॥

कुशल सेनानायक

पीवोअन्नां रयिवृधः सुमेधाः श्वेतः सिषक्ति नियुतामभिश्रीः।
ते वायवे समनसो वि तस्थुर्विश्वेन्नरः स्वपत्यानि चक्रुः॥ ३॥

पदार्थ–**नियुताम् अभिश्रीः**–नियुक्त सैन्यों के बीच सबके आश्रय–योग्य एवं उत्तम राज्यलक्ष्मी से सम्पन्न **श्वेतः**–उज्ज्वल वस्त्र धारे **सुमेधाः**–बुद्धिमान् शत्रुनाशक पुरुष **रयि-वृधः**–ऐश्वर्य बढ़ानेवाले, **पीवः अन्नान्**–अन्नादि से हृष्ट–पुष्ट पुरुषों का **सिषक्ति**–समवाय बनाकर रहता है और **ते**–वे **नरः**–नायक पुरुष **समनसः**–एक चित्त होकर **वायवे**–नायक पुरुष की वृद्धि के लिये **वि तस्थुः**–उसके आस–पास स्थित होते हैं। वे **विश्वा**–सभी **सु-अपत्यानि**–उत्तम–उत्तम सन्तानों के समान **चक्रुः**–काम करते हैं।

भावार्थ–कुशल सेनानायक शत्रु को जीतने के लिए ऐसी रणनीति बनाता है कि विजय अवश्य मिले। इसके लिए वह अपनी सेना को छोटे–छोटे वर्गों में बाँटकर अलग–अलग महत्त्वपूर्ण स्थलों पर नियुक्त करता है। साथ ही प्रजाजनों में से हृष्ट–पुष्ट युवाओं को भी वर्गों में बाँटकर नियुक्त करता है। ये सब संकेत मिलने पर यथा समय सेनानायक के आदेश का पालन कर विजय में सहयोगी होते हैं। इसे 'गुरिल्ला युद्ध' कहते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रवायू ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सत्ता का अधिकारी

यावत्तरस्तन्वो३ यावदोजो यावन्नरश्चक्षसा दीध्यानाः।
शुचिं सोमं शुचिपा पातमस्मे इन्द्रवायू सदतं बर्हिरेदम् ॥ ४ ॥

पदार्थ-हे इन्द्रवायू-ऐश्वर्यवन्! हे शत्रुहन्तः! हे नायको! यावत्-जितना तन्वः तरः-शरीर का बल हो और यावत् ओजः-जितना पराक्रम हो और यावत्-जब तक नरः-नेता लोग चक्षसा-उत्तम ज्ञान-दर्शन से दीध्यानाः-देदीप्यमान हों तब तक आप दोनों शुचिं-शुद्ध, सोमम्-प्रजाजन का पातम्-पालन करो और शुचिं सोमं पातं-शुद्ध अन्न, ऐश्वर्य का उपभोग करो इदं-इस बर्हिः-वृद्धिशील प्रजा पर सदतम्-अध्यक्ष बनकर विराजो।

भावार्थ-राष्ट्रनायक व सेनानायक तभी तक सत्ता का सुख भोगते हुए अपने पदों पर रहने के अधिकारी हैं जब तक प्रजा का पालन अन्न-जल व ऐश्वर्य का उत्तम प्रबन्ध करें तथा समाज के नेताओं-विद्वानों का समर्थन-विश्वास हो।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रवायू ॥ छन्दः-आर्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

उत्तम सेना

नियुवाना नियुतः स्पार्हवीरा इन्द्रवायू सरथं यातमर्वाक्।
इदं हि वां प्रभृतं मध्वो अग्रमथ प्रणीना वि मुमुक्तमस्मे ॥ ५ ॥

पदार्थ-हे इन्द्रवायू-विद्युत् और वायु के तुल्य बलवान् नायक पुरुषो! स्पार्हवीराः-मनोहर वीर पुरुषों से युक्त नियुतः-अश्व सेनाओं को नियुवाना-सञ्चालित करते हुए आप दोनों स-रथं-रथसहित अर्वाक् यातम्-आगे बढ़ो। इदं हि-यह कार्य ही मध्वः अग्रं प्रभृतम्-आप दोनों को अन्न या आजीविका प्राप्त करने का साधन है। अथ-और प्रीणाना-प्रजा को प्रसन्न करते हुए अस्मे वि मुमुक्तम्-हमें विविध बन्धनों से मुक्त करो।

भावार्थ-राजा तथा सेनापति राष्ट्र की सेना को उत्तम वीरों, अश्वों एवं शस्त्रास्त्रों से अच्छी प्रकार से सुसज्जित करके रणक्षेत्र में आगे बढ़ें। प्रजा की रक्षा करें। राष्ट्र में राजनियमों का कठोरता से पालन कराकर राष्ट्र को सुदृढ़ बनावें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रवायू ॥ छन्दः-आर्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सुशिक्षित सेना

या वां शतं नियुतो याः सहस्रमिन्द्रवायू विश्ववाराः सचन्ते।
आभिर्यातं सुविदत्राभिरर्वाक्पातं नरा प्रतिभृतस्य मध्वः ॥ ६ ॥

पदार्थ-हे इन्द्रवायू-विद्युत्, पवन के समान तेजस्वी, बलशाली पुरुषो! याः-जो वां-आप दोनों के शतं-सैकड़ों और याः सहस्रं-जो सहस्रों नियुतः-अश्वों के सैन्यगण विश्ववाराः-शत्रुओं के वारण में समर्थ होकर सचन्ते-संघ बनाकर रहते हैं आभिः-इन सु-विदत्राभिः-उत्तम ऐश्वर्य लाभ करानेवाली सुशिक्षित सेनाओं से आप दोनों अर्वाक् यातं-आगे बढ़ो। हे नरा-नायक पुरुषो! आप दोनों प्रतिभृतस्य-वेतन द्वारा परिपुष्ट मध्वः-सैन्य बल की पातम्-रक्षा करो।

भावार्थ-सेनानायक अपनी पैदल तथा अश्वारोही सेना को गणों तथा संघों में बाँटकर उत्तम प्रशिक्षण प्रदान कर सेना को सुशिक्षित करे। अपने सैनिकों को वेतन बढ़ाकर उत्साहित करता रहे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रवायू ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ब्रह्मचारी सैनिक

अर्वन्तो न श्रवसो भिक्षमाणा इन्द्रवायू सुष्टुतिभिर्वसिष्ठाः ।
वाजयन्तः स्ववसे हुवेम यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ७ ॥

पदार्थ-हम लोग **अर्वन्तः**-शत्रुनाशक वीर पुरुषों और अश्वों के समान बलवान्, **श्रवसः भिक्षमाणाः**-श्रवण योग्य ज्ञान की योग्य गुरुओं और अन्न की गृहस्थों से याचना करते हुए, **वसिष्ठाः**-उत्तम ब्रह्मचारी होकर **सु-अवसे**-उत्तम ज्ञान और रक्षा के लिये **स्वयं वाजयन्तः**-ज्ञान, बल, धनादि को चाहते और प्राप्त करते हुए **इन्द्रवायू हुवेम**-ऐश्वर्यवान् और बलवान् जनों को प्राप्त करें। **यूयं**-आप लोग **नः सदा स्वस्तिभिः पात**-सदा हमारी उत्तम साधनों से रक्षा करें।

भावार्थ-वीर सैनिक ब्रह्मचारी होकर पूर्ण मनोयोग से उत्तम प्रशिक्षक गुरुओं से युद्ध विद्या के समस्त रहस्यों को जानें और युद्धाभ्यास किया करें।

अगले सूक्त के ऋषि देवता वसिष्ठ वायु हैं।

[९२] द्विनवतितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-वायुः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सत्यासत्य विवेकी विद्वान्

आ वायो भूष शुचिपा उप नः सहस्रं ते नियुतो विश्ववार ।
उपो ते अन्धो मद्यमयामि यस्य देव दधिषे पूर्वपेयम् ॥ १ ॥

पदार्थ-हे **शुचिपाः**-शुद्ध चरित्रवन्! धार्मिक की रक्षा करनेवाले! हे **वायो**-तुष से अन्नों को पृथक् करनेवाले वायु के समान सत्य, असत्य के विवेकवाले विद्वन्! तू **नः उप आ भूष**-हमें प्राप्त हो। हे **विश्व-वार**-वरण योग्य! पापों के वारक! **ते सहस्रं नियुतः**-तेरे अधीन सहस्रों आज्ञा पालक हैं। हे **देव**-विद्वन्! तू **यस्य पूर्वपेयं**-जिसके पूर्व पालन वा भोग योग्य अंश को **दधिषे**-धारण करता है, मैं उसी **मद्यम्**-तृप्तिकारक, हर्षजनक **अन्धः**-अन्न को **ते उतो अयामि**-तेरे लिये प्राप्त कराऊँ।

भावार्थ-मनुष्यों को योग्य है कि वे शुद्ध चरित्रवाले सत्य-असत्य के विवेकी विद्वानों की शरण में जाकर उनके अधीन रहकर उनकी आज्ञाओं का पालन करते हुए ज्ञान प्राप्त करें तथा पाप रहित होकर पुरुषार्थ पूर्वक अन्न-धन का संचय करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रवायू ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

अहिंसक राष्ट्रपालक

प्र सोता जीरो अध्वरेष्वस्थात्सोममिन्द्राय वायवे पिबध्यै ।
प्र यद्वां मध्वो अग्रियं भरन्त्यध्वर्यवो देवयन्तः शचीभिः ॥ २ ॥

पदार्थ-**यत्**-जिस **मध्वः**-शत्रुपीड़क बल और मधुर ऐश्वर्य के **अग्रियं**-प्रमुख पद तथा श्रेष्ठ भाग को **देवयन्तः**-शुभ गुणों और उत्तम फलों की आकांक्षावाले **अध्वर्यवः**-प्रजा की हिंसा से रहित राष्ट्र-पालक जन **वां प्र भरन्ति**-आप दोनों के लिये प्राप्त कराते हैं, उस **सोमम्**-ऐश्वर्य या बल वीर्य को **इन्द्राय वायवे**-सूर्य वायुवत् तेजस्वी और बलवान् पुरुष के **पिबध्यै**-उपभोग के लिये **अध्वरेषु**-यज्ञादि उपकारक कार्यों में **वीरः सोता**-विद्वान् वीर शासक, **प्र अस्थात्**-प्राप्त

करे।

भावार्थ–राष्ट्र में विभिन्न शासकीय पदों पर श्रेष्ठ लोगों को नियुक्त करके राजा प्रजा का उत्तमता से पालन करें। वे नियुक्त प्रशासक जन प्रजा की हिंसा न करें। यज्ञादि कार्यों में सहयोगी होकर विद्वानों का सम्मान करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वायुः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

ऐश्वर्यशाली राष्ट्र

प्र याभिर्यासि दाश्वांसमच्छा नियुद्भिर्वायविष्टये दुरोणे।
नि नो रयिं सुभोजसं युवस्व नि वीरं गव्यमश्व्यं च राधः ॥ ३ ॥

पदार्थ–हे **वायो**–बलवन्! **याभिः नियुद्भिः**–जिन अश्वादि सेनाओं सहित **दुरोणे**–गृहवत् राष्ट्र में विद्यमान **दाश्वांसम्**–कर आदि के दाता प्रजाजन को **अच्छ प्र यासि**–भली प्रकार प्राप्त होता है उन द्वारा ही **तू नः**–हमें **सुभोजसं रयिम्**–उत्तम भोग्य पदार्थों और रक्षा–साधनों से सम्पन्न ऐश्वर्य को **नि युवस्व**–दे और **वीरं**–वीरजन, **गव्यं राधः**–गौ आदि और **अश्व्यं च राधः**–अश्वों से बनी सम्पदा भी **नि युवस्व**–दे।

भावार्थ–राजा को योग्य है कि वह अपने राष्ट्र को समृद्ध एवं सुदृढ़ बनाने के लिए अश्वादि से सुसज्जित वीर सेना को बढ़ावे तथा व्यापार आदि कार्यों की वृद्धि की योजना बनावे, जिनसे कर के रूप में धन प्राप्त करके प्रजाजनों को ऐश्वर्यशाली तथा अन्य योजनाओं को सफल बनाया जा सके।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वायुः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

प्रजापालक राजा

ये वायवं इन्द्रमादनास आदेवासो नितोशनासो अर्यः।
घ्नन्तो वृत्राणि सूरिभिः ष्याम सासह्वांसो युधा नृभिरमित्रान्॥ ४ ॥

पदार्थ–**ये**–जो **वायवः**–बलवान् पुरुष **इन्द्र-मादनासः**–प्राणों के समान शत्रुहन्ता, प्रजा को प्रसन्न करने में समर्थ **आदेवासः**–सब ओर विद्वान् व्यवहारज्ञ पुरुषों को रखते और **अर्यः**–शत्रु के **नितोशनासः**–मारनेवाले हों ऐसे **सूरिभिः**–शासकों और विद्वानों द्वारा हम **वृत्राणि घ्नन्तः**–विघ्नकारक शत्रुओं का नाश करते हुए **युधा**–युद्ध द्वारा **नृभिः अमित्रान् सासह्वांसः**–वीर पुरुषों द्वारा शत्रुओं का पराजय करनेवाले हों।

भावार्थ–राजा प्रजा को प्रसन्न करनेवाला, शत्रु का नाश करनेवाला तथा प्रजाजनों के सन्मार्गदर्शन के लिए विद्वानों की सुव्यवस्था करनेवाला होकर अपने शासन को सुदृढ़ करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–वायुः ॥ छन्दः–आर्षीत्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः ॥

सैनिक व्यवस्था

आ नो नियुद्भिः शतिनीभिरध्वरं सहस्त्रिणीभिरुप याहि यज्ञम्।
वायो अस्मिन्त्सवने मादयस्व यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ५ ॥

पदार्थ–हे **वायो**–बलवान् वीर! **तू शतिनीभिः सहस्त्रिणीभिः**–सौ-सौ तथा सहस्र-सहस्र के भटों के नायकोंवाली **नियुद्भिः**–अश्व-सेनाओं सहित **नः यज्ञं उप याहि**–हमारे यज्ञ, राज्य को प्राप्त हो। **अस्मिन् सवने मादयस्व**–इस शासन में तू प्रसन्न हो, अन्यों को प्रसन्न कर।

वीर पुरुषो! आप लोग **स्वस्तिभिः नः सदा पात**=सदा हमारी उत्तम साधनों से रक्षा करें।

भावार्थ–सेनापति अपनी सेना में सौ–सौ व सहस्र–सहस्र सैनिकों के वर्ग व संघ बनाकर अलग–अलग सेनानायक नियुक्त करे। अश्वारोही सेना की भी ऐसी ही व्यवस्था कर सेना को सुदृढ़ बनाकर राष्ट्र की रक्षा करे।

अग्रिम सूक्त का ऋषि वसिष्ठ तथा देवता इन्द्राग्नी है।

[९३] त्रिनवतितमं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्राग्नी ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

माता-पिता के समान प्रजापालक राजा

शुचिं नु स्तोमं नवजातमद्येन्द्राग्नी वृत्रहणा जुषेथाम्।
उभा हि वां सुहवा जोहवीमि ता वाजं सद्य उशते धेष्ठा ॥ १ ॥

पदार्थ–जैसे **वृत्र-हणा**=विघ्ननाशन करनेवाले माता–पिता **नव-जातं शुचिं**=नये उत्पन्न उत्तम शुद्ध बालक को **जुषेताम्**=प्रेम करते और **धेष्ठा वाजं उशते दत्तः**=पालक माता–पिता बुभुक्षित को अन्न देते हैं वैसे ही हे **इन्द्राग्नी**=ऐश्वर्यवन् और तेजस्विन् अग्रणी नायको! आप दोनों **वृत्र-हणा**=बढ़ते शत्रुओं के नाशक होकर **शुचिम्**=पवित्र व्यवहारवाले **नवजातम्**=नये ही प्राप्त, **स्तोमं**=स्तुतियोग्य प्रजा के अधिकार **अद्य**=आज के समान सदा **जुषेताम्**=प्रेम और उत्साह से प्राप्त करें। **ता**=वे दोनों **धेष्ठा**=प्रजा, सैन्य, सभादि के अधिकार को उत्तम रीति से धारण करने में समर्थ होकर **सद्यः**=शीघ्र ही **उशते**=कामनावाले प्रजाजन को **वाजं**=अभिलषित धन, अन्न, बल, ज्ञान आदि दें। **उभाहि वां**=आप दोनों को ही मैं **सु हवा**=सुख से, आदर सहित बुलाने योग्य **जोहवीमि**=स्वीकार करता हूँ, आपको आदर से निमन्त्रित करूँ। माता–पिता दोनों ही इन्द्र और दोनों ही अग्नि हैं। वे सन्तान के बाधक कारणों का नाश करने से 'वृत्रहन्' हैं।

भावार्थ–राष्ट्रनायक तथा सेनानायक दोनों तेजस्वी होकर प्रजा को ऐश्वर्य सम्पन्न बनाकर रक्षा करें। प्रजा के साथ प्रेमपूर्वक मधुर व्यवहार करें। उन्हें सुखी बनाने के लिए इच्छित धन, अन्न, बल व ज्ञान प्रदान करावें। और प्रजा का उत्तम रीति से पुत्रवत् पालन करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्राग्नी ॥ छन्दः–आर्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

राष्ट्र की समृद्धि

ता सानसी शवसाना हि भूतं साकंवृधा शवसा शूशुवांसा।
क्षयन्ता राय उर्वसस्य भूरेः पृक्षं वाजस्य स्थविरस्य घृष्वेः ॥ २ ॥

पदार्थ–**ता**=वे दोनों **सानसी**=सेवा योग्य, दानदाता और **शवसाना**=बलपूर्वक ऐश्वर्य भोगनेवाले, **साकं-वृधा**=एक साथ वृद्धि को प्राप्त और **शवसा**=बल से **शूशुवांसा भूतम्**=बढ़ते रहें और **भूरेः उरुसस्य**=बहुत से अन्न और **रायः**=दान–योग्य धन पर **क्षयन्तौ**=प्रभुत्व करते हुए **भूरेः**=बहुत बड़े **स्थविरस्य**=चिरस्थायी **घृष्वेः**=शत्रुनाशक **वाजस्य**=बल को **पृक्तम्**=साथ मिलाये रक्खो।

भावार्थ–राष्ट्र को समृद्ध व सुदृढ़ बनाने के लिए सेवा करनेवाले, दान देनेवाले तथा ऐश्वर्य भोगनेवाले सभी जन राष्ट्र में वृद्धि को प्राप्त करें। राजा व सेनानायक पड़ौसी राष्ट्रों के साथ मित्रता बनाकर युद्ध काल व आपातकाल के लिए उनके बल को अपने साथ मिलावें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्राग्नी ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

संग्राम चतुर नायक

उपो॑ ह॒ यद्विदथं॑ वा॒जिनो॒ गुर्धी॒भिर्विप्राः॒ प्रम॑तिमि॒च्छमा॑नाः।
अर्व॑न्तो॒ न काष्ठां॑ नक्ष॒माणा इन्द्रा॒ग्नी जोहु॑वतो॒ नर॒स्ते॥ ३॥

पदार्थ-यत्-जो मनुष्य **वाजिनः**-संग्रामचतुर, ऐश्वर्यवान् और **प्रमतिम् इच्छमानाः**-बुद्धि को चाहनेवाले **विप्राः**-बुद्धिमान् पुरुष **धीभिः**-बुद्धियों, कर्मों द्वारा **विदथं उपो अगुः**-ज्ञान, ऐश्वर्य और संग्राम को प्राप्त करते हैं **ते**-वे **नरः**-जन **इन्द्राग्नी**-इन्द्र अग्नि, विद्युत् अग्नि, आचार्य और अध्यापक, सभापति और सेनापति इन-इन को **जोहुवतः**-प्रमुख स्वीकार करते हुए **काष्ठां अर्वन्तः**-दूर-दूर देश की सीमा की ओर अश्व के समान आगे बढ़ते हुए **काष्ठां**-काष्ठा, अर्थात् 'क' परम सुखमय 'आस्था' स्थिति को **नक्षमाणाः**-प्राप्त करते हुए **विदथं उपो गुः**-प्राप्तव्य उद्देश्य प्राप्त करते हैं।

भावार्थ-संग्राम में चतुर राजा अपने बुद्धिबल से विद्वानों, अध्यापकों, आचार्यों, सभाप्रमुखों, सेनानायकों तथा गुप्तचरों को दूर-दूर देश की सीमाओं पर नियुक्त करके अपनी व्यवस्था को सुदृढ़ करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्राग्नी ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

वेदोपदेश

गी॒र्भिर्विप्रः॒ प्रम॑तिमि॒च्छमा॑न॒ ईट्टे॑ र॒यिं य॒शस॑ं पू॒र्वभा॑जम्।
इन्द्रा॒ग्नी वृ॑त्रहणा सुव॒ज्रा प्र नो॒ नव्ये॑भिस्तिरतं दे॒ष्णैः॥ ४॥

पदार्थ-**विप्रः**-विद्वान् पुरुष **गीर्भिः**-वेदवाणियों द्वारा **प्रमतिम्**-उत्तम ज्ञान **इच्छमानः**-चाहता हुआ, **पूर्व-भाजम्**-पूर्व विद्वानों से सेवित, **यशसं**-यशोजनक **रयिम्**-ज्ञानैश्वर्य की **ईट्टे**-याचना करे और **इन्द्राग्नी**-आचार्य एवं विद्वान् दोनों वीर नायकों के समान **वृत्रहणा**-विघ्नों के नाशक **सु-वज्रा**-पापादि के वर्जक उपदेश एवं ज्ञान-रूप वज्र से युक्त होकर **नव्येभिः देष्णैः**-नये-से-नये उपदेष्टव्य ज्ञानों द्वारा **नः प्र तिरतम्**-हमें बढ़ावें।

भावार्थ-विद्वान् पुरुष वेदवाणियों में वर्णित ज्ञान की प्राप्ति के लिए विद्वान् आचार्यों के समीप जाकर उनका संग करे। वे विद्वान् आचार्यगण इन अन्तेवासियों को विभिन्न विद्याओं का उपदेश करके ज्ञान ऐश्वर्य से पूर्ण करें जिससे वे पाप कर्मों से बचकर उत्तम कार्यों को कर यश के भागी बनें। और प्रजा में वेद-वाणी का प्रचार करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्राग्नी ॥ छन्दः-आर्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

कृतज्ञ नायक

सं यन्म॒ही मि॑थ॒ती स्पर्ध॑माने तनू॒रुचा॒ शूर॑साता॒ यते॑ते।
अदे॑वयुं वि॒दथे॑ देव॒युभिः॑ स॒त्रा हंतं॑ सोम॒सुता॒ जने॑न॥ ५॥

पदार्थ-**यत्**-जब **मही**-बड़ी-बड़ी **मिथती**-परस्पर ललकारती हुई **तनू-रुचा**-शरीर के तेज से **स्पर्धमाने**-एक दूसरे से बढ़ने की दो स्त्रियों के समान स्पर्द्धालु दो सेनाएँ **शूर-साता**-वीरों के संग्राम में **सं-यतेते**-विजय का यत्न करती हैं उनमें, हे इन्द्र, अग्नि! वीरों और अग्रणी नायक जनो। आप दोनों **विदथे**-संग्राम में **देवयुभिः**-वृत्तिदाता राजा के पक्षवाले वीर पुरुषों के साथ

मिलकर **अदेवयुं**=राजा के अप्रिय, शत्रु जन को **सोमसुता जनेन**=अन्नादि के उत्पादक प्रजाजन के साथ मिलकर **वृत्रा हतम्**=विघ्नकारी शत्रुओं को मारो।

भावार्थ=जब युद्ध क्षेत्र में दो शत्रुसेनाएँ परस्पर विजय के लिए प्रयासरत हों उस समय सेनानायक जन तथा वीर सैनिक अपने राजा व राष्ट्र के प्रति कृतज्ञ होकर, प्रजाजनों के साथ मिलकर शत्रु सेना को हराने का प्रयत्न करें तथा शत्रु सेना को मारें।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=इन्द्राग्नी॥ छन्दः=विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः=धैवतः॥

विद्वान् यज्ञों में जावें

इमामु षु सोमसुतिमुप न एन्द्राग्नी सौमनसाय यातम्।
नू चिद्धि परिमन्थाथे अस्माना वां शश्वद्भिर्वृतीय वाजैः॥६॥

पदार्थ=हे **इन्द्राग्नी**=ऐश्वर्यवन्! हे विद्वन्! आप दोनों **नः**=हमारे **इमाम्**=इस **सोमसुतिम्**=अन्न आदि द्वारा किये यज्ञ को **सौमनसाय**=उत्तम मन बनाये रखने के लिये **सु-आयातम्**=आदर पूर्वक आइये। **नू चित् हि**=आप कभी भी **अस्मान् परि मन्थाथे**=हमें त्यागकर अन्य को न मानें। मैं प्रजाजन **वां**=आप दोनों को **वाजैः शश्वद्भिः**=बहुत ऐश्वर्यों से आ **ववृतीय**=सम्मानित करूँ।

भावार्थ=विद्वान् जन प्रजा जनों द्वारा किए जानेवाले यज्ञों में जावें और अपने उपदेशों के द्वारा उनके अन्तःकरणों को पवित्र बनावें। प्रजाजन इन विद्वानों का अन्न-धन आदि से सम्मान करें।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=इन्द्राग्नी॥ छन्दः=विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः=धैवतः॥

न्यायकारी राजा

सो अग्न एना नमसा समिद्धोऽच्छा मित्रं वरुणमिन्द्रं वोचेः।
यत्सीमागश्चकृमा तत्सु मृळ तदर्यमादितिः शिश्रथन्तु॥७॥

पदार्थ=हे **अग्ने**=अग्रणी पुरुष! **सः**=वह तू **एना नमसा**=इस आदरयुक्त वचन और दुष्टों के नमानेवाले बल से **सम्-इद्धः**=खूब तेजस्वी होकर **मित्रं वरुणं इन्द्रं**=स्नेहवान्, श्रेष्ठ, ऐश्वर्यवान् पुरुष को **अच्छ वोचेः**=भली प्रकार कह कि **सीम्**=हम **यत्**=जो भी **आगः चकृम**=अपराध करें तू **तत्**=उसे **सु**=भली प्रकार **मृड**=न्याय पूर्वक देख। **तत्**=उसको **अर्यमा**=न्यायकारी पुरुष और **अदितिः**=सद्व्यवस्था को न टूटने देनेवाला, पुरुष हम प्रजाजनों के उस अपराध को **शिश्रथन्तु**=निर्मूल करें।

भावार्थ=राजा अपने न्याय के तेज से अपराध करनेवाले जनों को उचित दण्ड देकर राष्ट्र में सद्व्यवस्था बनाए रखे तथा उन लोगों को भविष्य में अपराध न करने की प्रेरणा करे।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=इन्द्राग्नी॥ छन्दः=निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः=धैवतः॥

समय पर कर दान करें

एता अग्न आशुषाणास इष्टीर्युवोः सचाभ्यश्याम वाजान्।
मेन्द्रो नो विष्णुर्मरुतः परि ख्यन्युयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥८॥

पदार्थ=हे **अग्ने**=अग्रणी जन! हम लोग **एताः**=इन **इष्टीः**=दातव्य करादि अंशों को **आशुषाणासः**=शीघ्र देते हुए, **युवोः**=तुम दोनों के **वाजान्**=ऐश्वर्यों को **सचा अभि अश्याम**=एक साथ भोग करें। **इन्द्रः विष्णुः**=ऐश्वर्यवान् जन और व्यापक अधिकारवाले शासक तथा

मरुतः=बलवान् वीर पुरुष नः परिख्यन्=हमारी निन्दा न करें। यूयं नः स्वस्तिभिः सदा पात=आप लोग सदा ही उत्तम साधनों से हमारी रक्षा करें।

भावार्थ=राष्ट्र में जो लोग कर देने के पात्र हैं वे कर दान समय पर किया करें। इस कर दान से ही राष्ट्र की प्रगति की समस्त कार्य योजनाएँ चलती हैं। प्रशासन को कठोरता वर्तने के लिए बाध्य न होना पड़े इसका ध्यान प्रजा जनों को रखना चाहिए।

आगामी सूक्त का ऋषि वसिष्ठ व देवता इन्द्राग्नी है।

[९४] चतुर्णवतितमं सूक्तम्

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=इन्द्राग्नी ॥ छन्दः=आर्षीनिचृद्गायत्री ॥ स्वरः=षड्जः ॥

विनयशील शिष्य

इयं वामस्य मन्मन इन्द्राग्नी पूर्व्यस्तुतिः । अभ्राद् वृष्टिरिवाजनि ॥ १ ॥

पदार्थ=हे इन्द्राणी=इन्द्र, ऐश्वर्यवन्! हे अग्ने=अंग में झुकने हारे, विनयशील शिष्य जन! इयं=यह पूर्व्य-स्तुतिः=पूर्व पुरुषों से प्राप्त ज्ञानोपदेश अस्य मन्मनः=इस ज्ञानी पुरुष का वाम्=आप दोनों के प्रति अभ्रात् वृष्टिः इव=मेघ से वृष्टि तुल्य अजनि=प्रकट हो।

भावार्थ=शिष्य गण विनयशीलता व जिज्ञासु भाव से विद्वान् आचार्यों के सान्निध्य में रहकर इनके ज्ञानोपदेश का श्रवण करें।

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=इन्द्राग्नी ॥ छन्दः=आर्षीगायत्री ॥ स्वरः=षड्जः ॥

वेदवाणियों के प्रति श्रद्धा

शृणुतं जरितुर्हवमिन्द्राग्नी वनतं गिरः । ईशाना पिप्यतं धियः ॥ २ ॥

पदार्थ=हे इन्द्राग्नी=ऐश्वर्य और विनयशील पुरुषो! आप दोनों ही, जरितुः=उपदेष्टा जन के हवम्=उपदेश को सुनो। गिरः=वेद-वाणियों और गिरः=उपदेष्टा जनों की वनतम्=सेवा करो। ईशाना=अधिक समर्थ होकर धियः=सत्कर्मों और सद्बुद्धियों को पिप्यतम्=बढ़ाओ।

भावार्थ=शिष्य लोग विनयभाव से आचार्यों के उपदेशों को सुनें इससे वेदवाणियों व आचार्य गण के प्रति श्रद्धाभाव उत्पन्न होगा, सद्बुद्धि प्राप्त होगी और सत्कर्मों में रूचि हो जाएगी।

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=इन्द्राग्नी ॥ छन्दः=आर्षीनिचृद्गायत्री ॥ स्वरः=षड्जः ॥

पराधीन न रहें

मा पापत्वाय नो नरेन्द्राग्नी माभिशस्तये । मा नो रीरधतं निदे ॥ ३ ॥

पदार्थ=हे नरा इन्द्राग्नी=उत्तम नायको! हे इन्द्र, अग्नि ऐश्वर्यवन्! विद्यावन्! नायक, नायिका जनो! आप नः=हमें पापत्वाय=पाप कर्म के लिये मा रीरधतम्=अपने अधीन मत रक्खो। अभि शस्तये मा रीरधतम्=शत्रु द्वारा पीड़ित करने के लिये भी मत रक्खो, निदे=निन्दित कर्म वा निन्दा करनेवाले के लाभ के लिये भी हमें किसी के अधीन मत रखो।

भावार्थ=राष्ट्रनायक या सेनानायक कभी भी किसी व्यक्ति को बन्धक बनाकर पापकर्म, निन्दित कर्म या निन्दित व्यक्ति के लाभ के लिए दबाव न दे।

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=इन्द्राग्नी ॥ छन्दः=आर्षीगायत्री ॥ स्वरः=षड्जः ॥

शुभ प्रेरणा

इन्द्रे अग्ना नमो बृहत्सुवृक्तिमेरयामहे । धिया धेना अवस्यवः ॥ ४ ॥

पदार्थ–हम लोग अवस्यवः–ऐश्वर्यादि चाहते हुए, इन्द्रे अग्नौ–शत्रुहन्ता और अग्निवत् तेजस्वी वर्गों में बृहत् नमः–बड़ा आदर, बल और सु-वृक्तिम्–शुभ वर्त्ताव, शत्रु, पापादि को वर्जने का बल और धिया–बुद्धि और कर्म के द्वारा धेनाः–वाणियों को आ ईरयामहे–प्रेरित करें।

भावार्थ–मनुष्य अपनी बुद्धि एवं कर्मों तथा वचनों के द्वारा अन्यों को बड़ों का आदर, शुभ व्यवहार, पाप कर्मों से बचने तथा बल व पराक्रम प्राप्त करने की प्रेरणा किया करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्राग्नी ॥ छन्दः–आर्षीगायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

विद्वान् का कर्त्तव्य

ता हि शश्वन्त ईळत इत्था विप्रास ऊतये। सबाधो वाजसातये ॥५॥

पदार्थ–इत्था–इस प्रकार शश्वन्तः विप्रासः–बहुत से विद्वान् पुरुष सबाधः–पीड़ित होकर दुःख पीड़ा आदि की चर्चा संदेशादि लेकर ऊतये–अपनी रक्षा और वाजसातये–संग्राम करने के लिये ता हि ईडते–उन दोनों इन्द्र, अग्नि को अध्यक्ष रूप से चाहते हैं।

भावार्थ–विद्वानों व प्रजा जनों को जब भी कोई पीड़ा या शत्रु सेना के आक्रमण की सूचना होवे तो उसके निवारण हेतु राजा व सेनानायक के पास जाकर विद्वान् लोग अपना सन्देश देवें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्राग्नी ॥ छन्दः–आर्षीगायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

राष्ट्र की समृद्धि

ता वां गीर्भिर्विपन्यवः प्रयस्वन्तो हवामहे। मेधसाता सनिष्यवः ॥६॥

पदार्थ–हम वपन्यवः–विविध व्यवहारोंवाले, प्रयस्वन्तः–प्रयास वा उद्योगशील और अन्यों को सनिष्यवः–वृत्तिदाता ता वां–उन आप दोनों इन्द्र, अग्नि जनों को ही मेध-साता–यज्ञ और संग्राम के लिये गीर्भिः–नाना वाणियों से हवामहे–बुलाते हैं।

भावार्थ–राजा अपने राष्ट्र में विविध प्रकार के उद्योगों व सरकारी सेवा के अवसरों को बढ़ावे। राष्ट्र में यज्ञों के आयोजन तथा सैनिक प्रशिक्षण भी बहुलता से कराए जावें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्राग्नी ॥ छन्दः–आर्षीगायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

जागरूक राजा

इन्द्राग्नी अवसा गतमस्मभ्यं चर्षणीसहा। मा नो दुःशंस ईशत ॥७॥

पदार्थ–हे चर्षणी-सहा–मनुष्यों के बीच शत्रुओं को हरानेवाले इन्द्राग्नी–सूर्य और अग्नि के तुल्य नायको! आप अस्मभ्यं–हमारी अवसा–रक्षा के सहित आ गतम्–आओ। जिससे नः–हम पर दुःशंसः–दुष्ट वचन बोलनेवाला, पुरुष मा ईशत–अधिकार न करे।

भावार्थ–राजा का कर्त्तव्य है कि राष्ट्र में जागरूक रहे, यदि शत्रु राष्ट्र सीमावर्ती प्रजाओं को धमकावे या उनकी बस्तियों पर अधिकार करने का प्रयास करे तो तुरन्त उसको प्रत्युत्तर देकर पराजित करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्राग्नी ॥ छन्दः–आर्षीनिचृद्गायत्री ॥ स्वरः–षड्जः ॥

सुदृढ़ शासन व्यवस्था

मा कस्य नो अरुधो धूर्तिः प्रणङ्मर्त्यस्य। इन्द्राग्नी शर्म यच्छतम् ॥८॥

पदार्थ–हे इन्द्राग्नी–सूर्यवत्, अग्निवत् तेजस्विन्! आप दोनों नः शर्म यच्छतम्–हमें सुख

दो। कस्य-किसी भी अररुषः मर्त्यस्य-रोषकारी मनुष्य की धूर्त्तिः-हिंसा-चेष्टा नः मा प्र णङ्-हम तक न पहुँचे।

भावार्थ-राजा कठोर नियमों द्वारा शासन व्यवस्था को सुदृढ़ रखे। कोई भी उग्रवादी, आतंकवादी या शत्रु सैनिक प्रजा जनों पर हिंसा-चेष्टा न कर सके।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्राग्नी ॥ छन्दः-आर्षीगायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

ऐश्वर्यशाली व्यवस्था

गोमद्धिरण्यवद्वसु यद्वामश्वावदीमहे। इन्द्राग्नी तद्वनेमहि ॥ ९ ॥

पदार्थ-हे इन्द्राग्नी-सूर्य-अग्निवत् तेजस्वी पुरुषो! हम यत्-जो और जैसा भी वाम् ईमहे-आप दोनों से माँगते हैं तत्-वह गोमत्-गौओं, हिरण्यवत्-सुवर्णादि बहुमूल्य पदार्थ और अश्वावद्-अश्वों से सम्पन्न वसु-धन वनेमहि-प्राप्त करें।

भावार्थ-राजा अपने राष्ट्र में व्यवस्था करे कि कोई भी निर्धन या दरिद्र न रहे। जब प्रजाजनों को गाय, अश्व, स्वर्ण, अन्न आदि की आवश्यकता होवे तो वे राजा से माँगें और राजा उन्हें आवश्यक वस्तुएँ प्राप्त करावे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्राग्नी ॥ छन्दः-आर्षीनिचृद्गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

चिकित्सा व्यवस्था

यत्सोम आ सुते नरं इन्द्राग्नी अजोहवुः। ससीवन्ता सपर्यवः ॥ १० ॥

पदार्थ-हे ससीवन्ता-उत्तम अश्वों के स्वामी, इन्द्राग्नी-विद्युत्, अग्निवत् तेजस्वी, शत्रुसंतापक जनो! यत्-जब सोमे सुते-पुत्रवत् प्रिय 'सोम' अर्थात् ओषधि, अन्नादिवत् भोग्य राष्ट्र में नरः-नायक लोग सपर्यवः-शुश्रूषा करते हुए आ अजोहवुः-आदर से बुलाते हैं तब आप आइये।

भावार्थ-राजा अपनी प्रजा के लिए स्वास्थ्य व चिकित्सा की समस्त व्यवस्था उपलब्ध करावे। जब भी किसी को स्वास्थ्य सेवा की आवश्यकता होवे उसे तुरन्त सुविधा उपलब्ध हो।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्राग्नी ॥ छन्दः-आर्षीगायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

शिक्षा व्यवस्था

उक्थेभिर्वृत्रहन्तमा या मन्दाना चिदा गिरा। आङ्गूषैरा विवासतः ॥ ११ ॥

पदार्थ-या-जो आप दोनों वृत्रहन्तमा-दुष्टों को खूब दण्ड देनेवाले, उक्थेभिः-उत्तम वेद-वचनों से आमन्दाना-सबको प्रसन्न करते हैं, वे गिरा चित्-वेद वाणी से और आंगूषैः-उत्तम स्तुति-वचनों, उपदेशों से आ विवासतः-ज्ञानप्रकाश करते हैं।

भावार्थ-राजा अपनी प्रजाओं के लिए शिक्षा की समुचित व्यवस्था करे। विद्वानों की नियुक्ति कर वेदवाणी तथा उत्तम ज्ञानोपदेशों के द्वारा विद्या के प्रचार की व्यवस्था करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्राग्नी ॥ छन्दः-आर्षीनिचृदनुष्टुप् ॥ स्वरः-गान्धारः ॥

न्याय व दण्ड व्यवस्था

ताविद्दुःशंसं मर्त्यं दुर्विद्वांसं रक्षिस्विनम्। आभोगं हन्मना हतमुदधिं हन्मना हतम् ॥ १२ ॥

पदार्थ-तौ इदद्दे दोनों ही दुःशंसं-कठोर भाषणकर्ता दुर्विद्वांसं-दुर्गुणी-विद्वान्, रक्षस्विनम्-अन्यों के कार्यों में विघ्नकारी के सहायक, आभोगं-चारों तरफ से भोग विलास में मग्न, मर्त्यं-

मनुष्य को हन्मना=हननकारी हथियार से हतम्-दण्ड दो और उद-धिम्-जल धारक घट या तालाब के समान उसको भी हन्मना हतम्-शस्त्र द्वारा नाश करो। जैसे घट या जलाशय को तोड़ या खोदकर जल से खाली किया जाता है वैसे ही दुष्ट को दण्ड देकर उसका सर्वस्व हरना चाहिये।

भावार्थ-राजा अपने राष्ट्र में न्याय व दण्ड की व्यवस्था को सुदृढ़ करे। राष्ट्र में अशान्ति या अव्यवस्था फैलानेवालों को और राष्ट्रोन्नति के कार्यों में विघ्न उत्पन्न करनेवाले दुष्ट जनों को अपनी न्याय व्यवस्था से कठोर दण्ड देकर उसकी सम्पत्ति का भी हरण कर लेवे।

अग्रिम सूक्त का ऋषि वसिष्ठ एवं देवता सरस्वती, सरस्वान् है।

[९५] पञ्चनवतितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सरस्वती ॥ छन्दः-पादनिचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

स्त्री के कर्त्तव्य-१

प्र क्षोदसा धायसा सस्र एषा सरस्वती धरुणमायसी पूः।
प्रबाबधाना रथ्येव याति विश्वा अपो महिना सिन्धुरन्याः ॥ १ ॥

पदार्थ-पत्नी, स्त्री के कर्त्तव्य-जैसे सिन्धुः=बहनेवाली नदी क्षोदसा सस्रे-पानी से बहती है, आयसीः पूः-लोहे के प्रकोट के तुल्य नगर की रक्षा करती, रथ्या इव-रथ में लगे अश्वों के तुल्य प्र बाबधाना-मार्ग के वृक्ष, लतादि को उखाड़ती हुई, अन्याः अपः च प्रबाबधाना-अन्य सब जल-धाराओं को बाँधती हुई, मुख्य होकर याति-आगे बढ़ती है वैसे ही सरस्वती-ज्ञानयुक्त विदुषी की धायसा-बालक को पिलाने योग्य दूध क्षोदसा-और अन्न से प्रसस्रे-प्रेम से प्रवाहित होती है। वह धरुणम्-गृहस्थ-धारक और सबका आश्रय हो, वह आयसी पूः-लोहे के प्रकोट के तुल्य दृढ़ एवं आ-यसी-सब प्रकार से श्रमवाली और पूः-परिवार की पालक हो। वह रथ्या इव-रथ में लगे अश्वों के तुल्य दृढ़ और महिना-स्व सामर्थ्य से विश्वाः अन्याः अपः-अन्य आप्त जनों को सिन्धुः-महानद के समान प्र बाबधाना-दृढ़ सम्बन्ध से बाँधती हुई याति-जीवन-मार्ग पर चले।

भावार्थ-विदुषी स्त्री परिवार में सबको प्रेम के व्यवहार से जोड़कर रखे, पूर्ण परिश्रम करनेवाली हो, परिवार के पालन-पोषण की सुव्यवस्था करे तथा बड़े-बड़े विद्वानों से प्रेरणा पाकर जीवन को सन्मार्ग पर चलावे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सरस्वती ॥ छन्दः-आर्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

स्त्री के कर्त्तव्य-२

एकाचेतत्सरस्वती नदीनां शुचिर्यती गिरिभ्य आ समुद्रात्।
रायश्चेतन्ती भुवनस्य भूरेर्घृतं पयो दुदुहे नाहुषाय ॥ २ ॥

पदार्थ-जैसे नदीनां एका सरस्वती शुचिः-नदियों में से एक अधिक वेग व जलवाली नदी गिरिभ्यः आ समुद्रात् यती-पर्वतों से समुद्र तक जाती हुई नाहुषाय-मनुष्य वर्ग के लिये घृतं पयः दुदुहे-जल और अन्न प्रचुर मात्रा में देती है, वैसे ही सरस्वती-ज्ञानवाली स्त्री नदीनाम्-धनसम्पन्न स्त्रियों के बीच भी शुचिः-शुद्ध चरित्र, रूप और वाणीवाली होकर एका चेतत्-अकेली ही सर्व प्रशस्त जानी जाय। वह गिरिभ्यः-उपदेष्टा पिता आदि गुरुओं से आ समुद्रात्-कामना-योग्य पति-गृह को यती-प्राप्त होती हुई भुवनस्य-समस्त लोकों को भूरेः

रायः चेतन्ती-अपना बहुत ऐश्वर्य बतलाती हुई, नाहुषाय-सम्बन्ध में बाँधनेवाले पति के लिये घृतं पयः-स्नेह, दुग्ध, अन्न आदि की दुदुहे-वृद्धि करे।

भावार्थ-विदुषी स्त्री शुभ गुण, कर्म, स्वभाववाले पति के गृह में जाकर उत्तम व्यवहार व कार्यों से घर में घी, दूध, अन्न आदि की सुव्यवस्था करे तथा बहुत ऐश्वर्य में रहकर भी अपने शुभ चरित्र, लज्जा और प्रिय वाणी को न छोड़े।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-सरस्वान्॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

श्रेष्ठ पुरुष

स वावृधे नर्यो योषणासु वृषा शिशुर्वृषभो यज्ञियासु।
स वाजिनं मघवद्भ्यो दधाति वि सातये तन्वं मामृजीत॥ ३॥

पदार्थ-नरश्रेष्ठ का वर्णन-सः-वह नर्यः-मनुष्यों में श्रेष्ठ पुरुष यज्ञियासु-परस्पर संग, दान-प्रतिदान द्वारा प्राप्त योषणासु-स्त्रियों में वृषा-वीर्य सेचन में समर्थ, वृषभः-बलवान्, शिशुः-सहशायी होकर वावृधे-पुत्र, धन-धान्यादि से बढ़े। सः-वह मघवद्भ्यः-मखवद्भ्यः-याज्ञिकों और धनैश्वर्य-सम्पन्न राजादि के हितार्थ वाजिनं-धन, ज्ञानादि से सम्पन्न पुत्र को प्रजावत् दधाति-धारण करे। वह सातये-पुत्र, धन, अन्न, ज्ञानादि के लाभ एवं संग्राम के लिये भी तन्वं-शरीर वा आत्मा को वि मामृजीत-यज्ञ, दान, स्नान, उपदेश, तप आदि उपायों से शुद्ध करे।

भावार्थ-श्रेष्ठ पुरुष अपने पुरुषार्थ से पुत्र, धन-धान्यादि ऐश्वर्यों को बढ़ावे। राजा को राष्ट्र-समृद्धि हेतु कर दान करे, यज्ञादि कार्यों को बढ़ावे तथा विपरीत परिस्थितियों में भी यज्ञ, दान, स्नान, उपदेश व तप आदि को न छोड़े।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-सरस्वती॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

स्त्री के कर्त्तव्य-३

उत स्या नः सरस्वती जुषाणोप श्रवत्सुभगा यज्ञे अस्मिन्।
मितज्ञुभिर्नमस्यैरियाना राया युजा चिदुत्तरा सखिभ्यः॥ ४॥

पदार्थ-उत-और स्या-वह सरस्वती-ज्ञानवाली विदुषी स्त्री, जुषाणा-स्नेह करती हुई अस्मिन् यज्ञे-इस यज्ञ में सु-भगा-सौभाग्यवती होकर नः उप श्रवत्-हमारी बात सुने। वह नमस्यैः-नमस्कार योग्य मित-ज्ञुभिः-परिमित-संकुचित जानुओंवाले, ज्ञातव्य पदार्थों के ज्ञाता पुरुषों के साथ इयाना-प्राप्त होती हुई राया-ऐश्वर्य चित्-और युजा-सहयोगी पति से तू सखिभ्यः-स्व सखियों से उत्तरा-अधिक उत्कृष्ट हो।

भावार्थ-विदुषी स्त्री ज्ञान व स्नेह से पति एवं परिजनों की बातों को सुना करे। यज्ञ कार्यों को नियमित करे तथा अपनी सखियों में भी उच्च स्थान प्राप्त करे।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-सरस्वती॥ छन्दः-आर्षीत्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

स्त्री के कर्त्तव्य-४

इमा जुह्वाना युष्मदा नमोभिः प्रति स्तोमं सरस्वति जुषस्व।
तव शर्मन्प्रियतमे दधाना उप स्थेयाम शरणं न वृक्षम्॥ ५॥

पदार्थ-हे सरस्वति-ज्ञान-युक्त विदुषी! ज्ञानमय प्रभो! तू स्तोमं प्रति जुषस्व-स्तुत्यवचन

को प्रेम से स्वीकार कर। हम नमोभिः-विनय-वचनों सहित युष्मत् आजुह्वाना-तुमसे ग्राह्य पदार्थ लेते हुए तव प्रियतमे शर्मन्-तेरे प्रियतम गृह में स्वयं को दधानाः-रखते हुए वृक्षं न शरणं-वृक्ष तुल्य शरण दायक उप रथेयाम-तेरे पास आयें।

भावार्थ-विदुषी स्त्री परिजनों के वचनों को ध्यान से सुने। घर में आए हुए अतिथि या भिक्षुकों का मीठे वचनों से सत्कार करते हुए उनके लिए आवश्यक पदार्थों का दान करे।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-सरस्वती॥ छन्दः-आर्षीत्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

स्त्री के कर्त्तव्य-५

अयमु ते सरस्वति वसिष्ठो द्वारावृतस्य सुभगे व्यावः।
वर्धा शुभ्रे स्तुवते रासि वाजान्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ ६॥

पदार्थ-हे सरस्वति-विदुषि! हे सुभगे-भाग्यशालिनि! अयम् वसिष्ठः-यह ब्रह्मचारी ते-तेरे लिये ऋतस्य द्वारौ-सत्य ज्ञान, अन्न और धन के दो द्वारों को व्यावः-प्रकट करता है। हे शुभ्रे-शुभ चरित्रवाली! तू स्तुवते-गुणप्रशंसक, गुणग्राही जन को वाजान्-ऐश्वर्यादि रासि-दे। हे विद्वान् लोगो! यूयं स्वस्तिभिः न पात-आप सदा ही उत्तम साधनों से हमारी रक्षा करें।

भावार्थ-विदुषी स्त्री द्वार पर भिक्षा के लिए आए हुए ब्रह्मचारी को सत्य, अन्न, धन व ज्ञान का दान करे। अपने चरित्र को उज्ज्वल बनाकर अपने सौभाग्य को बढ़ावे।

अगले सूक्त का ऋषि देवता यही हैं।

[९६] षण्णवतितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-सरस्वती॥ छन्दः-आर्चीभुरिग्बृहती॥ स्वरः-मध्यमः॥

ईश्वर की स्तुति वेद के सूक्तों से करें

बृहदु गायिषे वचोऽसुर्या नदीनाम्। सरस्वतीमिन्महया सुवृक्तिभिः स्तोमैर्वसिष्ठ रोदसी॥ १॥

पदार्थ-हे वसिष्ठ-विद्वन्! तू रोदसी-भूमि और सूर्य दोनों में नायक और नदीनाम् असुर्या-नदियों में बलवती नदी के तुल्य समृद्ध प्रजाओं में बलशाली, प्रभु की बृहत् उ गायिषे-बहुत स्तुति कर। सुवृक्तिभिः-स्तुति, स्तोमैः-वेद-सूक्तों और यज्ञादि से सरस्वतीम् इत् महय-जो अनादि काल से ज्ञान, सुख, ऐश्वर्य का प्रवाह बहा रहा है उसे महय-पूज।

भावार्थ-विद्वान् पुरुष ईश्वर की स्तुति व यज्ञादि कार्य अनादिकाल से चली आ रही वेदवाणी के सूक्तों से किया करे। इससे ज्ञान, सुख और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-सरस्वती॥ छन्दः-आर्षीभुरिग्बृहती॥ स्वरः-मध्यमः॥

वेद स्वाध्याय

उभे यत्ते महिना शुभ्रे अन्धसी अधिक्षियन्ति पूरवः।
सा नो बोध्यवित्री मरुत्सखा चोद राधो मघोनाम्॥ २॥

पदार्थ-यत्-जिस ते-तेरे महिना-सामर्थ्य से पूरवः-मनुष्य उभे-दोनों को अधि क्षियन्ति-प्राप्त करते हैं हे शुभ्रे-उज्ज्वल रूपवाली सरस्वति! ज्ञानमयी! सा-वह तू मरुत्सखा-विद्वानों की मित्र अवित्री-संसार की रक्षक होकर नः बोधि-हमें ज्ञान दे और मघोनां-ऐश्वर्यवान् जनों को राधः चोद-धनादि दे।

भावार्थ-वेदवाणी के स्वाध्याय से मनुष्य विद्वानों के संसर्ग में आकर ज्ञान तथा ऐश्वर्य को

प्राप्त करे। ज्ञान प्राप्त करके ईश्वर की प्राप्ति भी करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सरस्वती ॥ छन्दः-निचृत्पङ्क्तिः ॥ स्वरः-पञ्चमः ॥

कल्याणी वाणी

भद्रमिद्भद्रा कृणवत्सरस्वत्यकवारी चेतति वाजिनीवती।
गृणाना जमदग्निवत्स्तुवाना च वसिष्ठवत्॥ ३॥

पदार्थ-**भद्रा सरस्वती**=सबका कल्याण करनेवाली वह परमेश्वरी **वाजिनी-वती**=ऐश्वर्य, अन्नादि और सूर्यादि की स्वामिनी, विद्वानों की स्वामिनी और **अकव-अरी**=कुत्सित मार्ग में न जाने देनेवाली होकर सबके लिये **भद्रम् इत् कृणवत्**=कल्याण ही करती है। वही **चेतति**=सबको ज्ञान देती है। वह **जमदग्निवत्**=अग्नि के तुल्य **गृणाना**=स्तुति की जाती है और **वसिष्ठवत्**=सब में बसनेवाले के तुल्य **स्तुवाना**=स्तुति की जाती है।

भावार्थ-परमेश्वरी शक्ति वेदवाणी सबका कल्याण करती है। विद्वान् जन वेद स्वाध्याय को कभी नहीं छोड़ते इससे वे कुत्सित मार्ग पर जाने से बच जाते हैं तथा दूसरों को भी बचा लेते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सरस्वान् ॥ छन्दः-निचृद्गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

ईश्वर से याचना

जनीयन्तो न्वग्रवः पुत्रीयन्तः सुदानवः। सरस्वन्तं हवामहे॥ ४॥

पदार्थ-हम लोग **जनीयन्तः**=भार्या रूप संतति जनक क्षेत्र की कामनावाले, **पुत्रीयन्तः**=पुत्रों की कामनावाले, **अग्रवः नु**=आगे बढ़नेवाले और **सु-दानवः**=उत्तम दानशील पुरुष **सरस्वन्तं**=उत्तम ज्ञानवान् प्रभु को **हवामहे**=प्राप्त होते, पुकारते, उसी से याचना करते हैं।

भावार्थ-मनुष्य लोग ईश्वर को पुकारते हुए उत्तम ज्ञान द्वारा श्रेष्ठ गुणवाली पत्नी व उत्तम सन्तान की प्राप्ति करें। इस प्रकार उत्तम ऐश्वर्य को पाकर दानशील वृत्ति रखें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सरस्वान् ॥ छन्दः-निचृद्गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

रक्षक ईश्वर

ये ते सरस्व ऊर्मयो मधुमन्तो घृतश्चुतः। तेभिर्नोऽविता भव॥ ५॥

पदार्थ-हे **सरस्वः**=ज्ञान और बलशालिन्! **ते**=तेरे **ये**=जो **मधुमन्तः**=जल, अन्नादि युक्त, **घृतच्युतः**=स्नेह और जल प्रदाता **ऊर्मयः**=उत्तम तरङ्गवत् उत्कृष्ट मार्ग से जानेवाले विद्वान्, सूर्य, मेघादि हैं **तेभिः**=उनसे **तू नः**=हमारा **अविता**=रक्षक **भव**=हो।

भावार्थ-ईश्वर उत्तम ज्ञान, बल, अन्न, जल, नदी, सूर्य, मेघ आदि को रचकर हमारी रक्षा करता है। इनके बिना जीवों के जीवन नहीं चल सकते।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सरस्वान् ॥ छन्दः-आर्षीगायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

दर्शनीय प्रभु

पीपिवांसं सरस्वतः स्तनं यो विश्वदर्शतः। भक्षीमहि प्रजामिषम्॥ ६॥

पदार्थ-**यः**=जो **विश्व-दर्शतः**=समस्त जीवों के लिए दर्शनीय, सूर्य समान तेजस्वी है, उस **सरस्वतः**=ज्ञानवान् प्रभु के **पीपिवांसं**=सबके पोषक, **स्तनं**=बालक का स्तन के समान पुष्टिदाता प्रभु का हम **भक्षीमहि**=सेवन करें और उसी की दी हुई **प्रजाम्, इषम्**=सन्तान, अन्न

आदि का सेवन करे।

भावार्थ–परमेश्वर समस्त जीवों के हित के लिए सृष्टि में सब पदार्थों की रचना करता है। वह सन्तान, अन्न तथा सभी पुष्टिकारक पदार्थों को बनाकर जीवों को सुखी करता है।

आगामी सूक्त का ऋषि वसिष्ठ व देवता इन्द्र, इन्द्राब्रह्मणस्पती तथा बृहस्पति हैं।

[९७] सप्तनवतितमं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–आर्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

ईशोपासना

यज्ञे दिवो नृषदने पृथिव्या नरो यत्र देवयवो मदन्ति।
इन्द्राय यत्र सवनानि सुन्वे गमन्मदाय प्रथमं वयश्च ॥ १ ॥

पदार्थ–हे परमेश्वर इन्द्र! **यत्र**=जिस **यज्ञे**=सर्वप्रद प्रभु के आश्रय **देवयवः**=दिव्य शक्तियों की कामना करनेवाले जन **दिवः पृथिव्याः**=आकाश और भूमि पर के **नृ-सदने**=मनुष्यों के रहने के स्थान में **मदन्ति**=हर्ष लाभ करते हैं। **च**=और **वयः**=ज्ञानी पुरुष **मदाय**=मोक्षानन्द के लिये **यत्र**=जिस प्रभु के आश्रय स्थिर होकर **प्रथमं गमन्**=श्रेष्ठ पद को पाते हैं उस **इन्द्राय**=प्रभु के लिये मैं **सवनानि**=उपासनाएँ **सुन्वे**=करूँ।

भावार्थ–ज्ञानी पुरुष ईश्वर की उपासना किया करे इससे वह मोक्ष के आनन्द को प्राप्त करेगा तथा संसार में रहकर ईश्वर की रचना आकाश, भूमि आदि को देखकर ईशानुभूति करते हुए प्रसन्नचित्त रहेगा।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–बृहस्पतिः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

ईशानुभूति

आ दैव्या वृणीमहेऽवांसि बृहस्पतिर्नो मह आ सखायः।
यथा भवेम मीळ्हुषे अनागा यो नो दाता पितरेव परावतः ॥ २ ॥

पदार्थ–यः=जो **नः**=हमें **पिता इव**=पिता तुल्य **परावतः**=दूर-दूर से, वा परम पद से **दाता**=सब सुख ऐश्वर्यादि दाता है वह **बृहस्पतिः**=ब्रह्माण्ड का पालक **नः**=हमें **आ महे**=सब प्रकार से देता है। हे **सखायः**=मित्रो! हम उस **मीळ्हुषे**=ऐश्वर्य सुखों के वर्षक प्रभु के प्रति **यथा**=जैसे हो **अनागाः भवेम**=निरपराध हों, इसीलिये हम **दैव्यानि अवांसि**=सर्वप्रकाशक प्रभु के दिये बलों, ऐश्वर्यों और रक्षाओं को **आ वृणीमहे**=चाहते हैं।

भावार्थ–वह परमात्मा सब ऐश्वर्यों का दाता है उसकी उपासना से मनुष्य परमपद की प्राप्ति तथा दुःखों से निवृत्ति पा लेता है। ईश्वर के सान्निध्य की अनुभूति उसे अपराधों से बचाकर आत्मबल प्रदान करती है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्राब्रह्मणस्पती ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

वेदवाणी से स्तुति

तमु ज्येष्ठं नमसा हविर्भिः सुशेवं ब्रह्मणस्पतिं गृणीषे।
इन्द्रं श्लोको महि दैव्यः सिषक्तु यो ब्रह्मणो देवकृतस्य राजा ॥ ३ ॥

पदार्थ–यः=जो **देव-कृतस्य**=परमेश्वर रचित दिव्य पदार्थ, पृथिवी आदि **ब्रह्मणः**=महान् ब्रह्माण्ड का **राजा**=स्वामी है उस **महि**=महान् **इन्द्रं**=प्रभु को **दैव्यः**=विद्वानों की **श्लोकः**=स्तुति

और दैव्यः श्लोकः=प्रभु से प्राप्त 'श्लोक' अर्थात् वेदवाणी, सिषक्तु=प्राप्त होती है, वह उसी का वर्णन करती है। तम् उ ज्येष्ठं=उसी सर्वश्रेष्ठ, सु-शेवं=सुखदाता, आनन्दकन्द ब्रह्मणः पतिम्=ब्रह्माण्ड और वेद के पालक प्रभु की मैं हविर्भिः=उत्तम वचनों से गृणीषे=स्तुति करूँ।

भावार्थ=मनुष्य ईश्वर की स्तुति वेदवाणियों से किया करे। यह वेदवाणी प्रभु ने प्रदान की है इसमें ईश्वर के स्वरूप, उसकी महिमा तथा समस्त ब्रह्माण्ड के ज्ञान-विज्ञान का समावेश है।

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=बृहस्पतिः ॥ छन्दः=विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः=धैवतः ॥

ईशमिलन हृदय-देश में

स आ नो योनिं सदतु प्रेष्ठो बृहस्पतिर्विश्ववारो यो अस्ति।
कामो रायः सुवीर्यस्य तं दात्पर्षन्नो अति सश्चतो अरिष्टान्॥ ४॥

पदार्थ=यः=जो विश्व-वारः=सबसे वरणीय है और जो सब संकटों की दूर करता है सः=वह प्रेष्ठः=प्रियतम, बृहस्पतिः=ब्रह्माण्ड का स्वामी है, वह नः=हमारे योनिं=एकत्र मिलने के स्थान हृदय-देश में आ सदतु=अनुग्रह कर प्राप्त हो। वही परमेश्वर हमारी जो सुवीर्यस्य रायः कामः=उत्तम बलयुक्त ऐश्वर्य की अभिलाषा है तं=उसको दात्=पूर्ण करता और सश्चतः=प्राप्त होनेवाले अरिष्टान्=मृत्यु-लक्षणों से भी अतिपर्षत्=पार करता है।

भावार्थ=उपासक जन उस वरणीय प्रभु से अपने हृदय-देश में मिलते हैं। उसके अनुग्रह को प्राप्त कर संकटों से छूटते हैं तथा ऐश्वर्य को पाते हैं।

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=बृहस्पतिः ॥ छन्दः=निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः=धैवतः ॥

मोक्ष के लिए जीवन मिला है

तमा नो अर्कममृताय जुष्टमिमे धासुरमृतासः पुराजाः।
शुचिक्रन्दं यजतं पस्त्यानां बृहस्पतिमनर्वाणं हुवेम॥ ५॥

पदार्थ=नः=हमारे पुराजाः=पूर्व काल में नाना जन्मों में उत्पन्न इमे=ये अमृतासः=अविनाशी जीवगण अमृताय=दीर्घ जीवन के लिये अर्कम्=अन्न के समान अमृताय=मोक्ष सुख प्राप्त करने के लिये जुष्टं=प्रेम से सेवनीय अर्कं=अर्चना-योग्य तम्=उस परमेश्वर को धासुः=धारण करें और पस्त्यानां=गृहस्थों के समान देह-रूप गृहों में रहनेवाले जीवों के यजतम्=उपासनीय, शुचि-क्रन्दं=न्यायकर्त्ता के समान शुद्ध, निर्दोष वचन कहनेवाले, अनर्वाणम्=अश्वादि की अपेक्षा न करनेवाले स्वयंगामी रथ तुल्य जगत्-सञ्चालक, बृहस्पतिम्=बड़े-बड़े सूर्यादि के भी पालक प्रभु की हम हुवेम=स्तुति करें।

भावार्थ=नाना जन्मों में किए गए कर्मों के आधार पर परमेश्वर दीर्घ जीवन, अन्नादि भोग तथा मानव देह प्रदान करता है। वह जीवों को मोक्ष-सुख देने के लिए ही मानव देह देता है इसलिए उस प्रभु की स्तुति नित्य किया करें।

ऋषिः=वासिष्ठः ॥ देवता=बृहस्पतिः ॥ छन्दः=निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः=धैवतः ॥

ईश्वर की भक्ति का बल

तं शग्मासो अरुषासो अश्वा बृहस्पतिं सहवाहो वहन्ति।
सहस्रिचद्यस्य नीलवत्सधस्थं नभो न रूपमरुषं वसानाः॥ ६॥

पदार्थ=सहवाहः अश्वाः यथा बृहस्पतिं वहन्ति=एक साथ चलनेवाले अश्व जैसे बड़े

सैन्य के स्वामी को अपने ऊपर धारते हैं वैसे ही **यस्य**=जिस परमेश्वर का **सधस्थं**=साथ रहना ही **नीडवत्**=गृह के समान आश्रय देता और **सहः चित्**=सब दुःखों को सहन कराने में समर्थ बल है और जिसका **रूपं नभः न**=रूप आकाश वा सूर्य के समान व्यापक और **अरुषं**=तेजोमय है, **तं**=उस प्रभु को, **वसानाः**=उसकी भक्ति में रहनेवाले, **शग्मासः**=आनन्दमग्न, शक्तिमान्, **अरुषासः**=उज्ज्वल रूपयुक्त, सूर्यवत् प्रकाशमान **अश्वाः**=विद्या-विज्ञान में निष्णात पुरुष वा सूर्यादि लोक **सह-वाहः**=एक साथ मिलकर संसार यात्रा करते हुए **बृहस्पतिं वहन्ति**=महान् ब्रह्माण्ड के पालक प्रभु को अपने ऊपर धारण करते हैं।

भावार्थ–प्रभु की भक्ति में लीन रहनेवाले पुरुष हर समय परमात्मा को अपने अंग संग अनुभव करते हैं इससे उनका आत्मा इतना बलवान् हो जाता है कि सब दुःखों को सहन करने में समर्थ हो जाते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–बृहस्पतिः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

परम पवित्र परमात्मा

स हि शुचिः शतपवित्रः स शुन्ध्युर्हिरण्यवाशीरिषिरः स्वर्षाः।
बृहस्पतिः स स्वावेश ऋष्वः पुरू सखिभ्य आसुतिं करिष्ठः ॥ ७ ॥

पदार्थ–**सः हि**=वह प्रभु ही **शुचिः**=पवित्र, **शतपवित्रः**=शतदल कमल के समान उज्ज्वल, निस्संङ्ग है **सः शुन्ध्युः**=वह सबको शुद्ध करनेवाला, **हिरण्य-वाशीः**=हित, रमणीय वेदवाणी से युक्त, **इषिरः**=सबके चाहने योग्य, **स्वः-साः**=सुखदाता है। **सः सु-आवेशः**=वह उत्तम रीति से विश्व में व्यापक, **ऋष्वः**=महान्, **सखिभ्यः**=अपने समान ख्याति, आत्मा नामवाले जीवों के लिये **पुरु आसुतिं**=बहुत-सा अन्न आदि ऐश्वर्य **करिष्ठः**=उत्पन्न करनेवाला है, वही **बृहस्पतिः**=जगत्-पालक बृहस्पति है। ऐसा ही राष्ट्र का स्वामी भी हो। वह **शुचिः**=ईमानदार, शुद्ध हो **शतपवित्रः**=सैकड़ों रथों का स्वामी, **शुन्ध्युः**=राज्य के कण्टकों का शोधक, **हिरण्य-वाशीः**=लोह आदि के चमकते शस्त्रास्त्रोंवाला, **इषिरः**=सेना का सञ्चालक, **स्वर्षाः**=शत्रुतापकारी अस्त्रों तथा प्रजा के सुखों का दाता, **सु-आवेशः**=सुखपूर्वक राष्ट्र में प्रविष्ट, **ऋष्वः**=महान् **सखिभ्यः पुरु आसुतिं करिष्ठः**=मित्रों के लिये ऐश्वर्य का उत्पादक हो।

भावार्थ–ईश्वर परम पवित्र है अतः उसकी उपासना करनेवाला उपासक भी पवित्र हो जाता है। वह प्रभु अपनी कल्याणमयी वेदवाणी प्रदान कर जीवों को परम सुख व सांसारिक ऐश्वर्य देता है।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–बृहस्पतिः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

परमेश्वर की महिमा

देवी देवस्य रोदसी जनित्री बृहस्पतिं वावृधतुर्महित्वा।
दक्षाय्याय दक्षता सखायः करद् ब्रह्मणे सुतरा सुगाधा ॥ ८ ॥

पदार्थ–**देवी**=ऐश्वर्यों के दाता **रोदसी**=भूमि और आकाश, **देवस्य महित्वा**=सर्वप्रकाशक प्रभु के सामर्थ्य से **जनित्री**=जगत् को उत्पन्न करते हैं। वे दोनों **बृहस्पतिं**=महान् जगत्-पालक प्रभु की महिमा को ही **ववृधतुः**=बढ़ा रहे हैं। हे **सखायः**=मित्रो! आप लोग **दक्षाय्याय**=महान् सामर्थ्य के स्वामी को **दक्षत**=बढ़ाओ और जैसे **सुतरा सुगाधा ब्रह्मणे करत्**=उत्तम, सुख से अवगाहन करने योग्य जलधारा अन्न उत्पत्ति की सहायक है वैसे ही **सुतरा**=दुःख-सागर से सुख

से तरा देनेवाली उत्तम, सु-गाधा-वेदवाणी ब्रह्मणे-सामर्थ्यवान् परमेश्वर को प्राप्त करने के लिये ज्ञानोपदेश करत्-करे।

भावार्थ-वेदवाणी के स्वाध्याय से मनुष्य लोग ज्ञानी होकर सृष्टि के रहस्यों व उसमें व्यापक परमेश्वर की महिमा को जानकर आनन्दमग्न रहते हैं। इस वेदवाणी के ज्ञान का उपदेश अधिकाधिक किया करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्राब्रह्मणस्पती ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ईश्वर की स्तुति

इयं वां ब्रह्मणस्पते सुवृक्तिर्ब्रह्मेन्द्राय वज्रिणे अकारि।
अविष्टं धियो जिगृतं पुरन्धीर्जजस्तमर्यो वनुषामरातीः ॥ ९ ॥

पदार्थ-हे ब्रह्मणस्पते-वेद और राष्ट्र के पालक! हे इन्द्र-ऐश्वर्यवन्! जीव! वां-आप दोनों की इन्द्राय वज्रिणे-शक्तिशाली आत्मा की इयं-यह सुवृक्तिः-उत्तम स्तुति अकारि-की है। आप दोनों धियः अविष्टं-उत्तम बुद्धियों, कर्मों की रक्षा करो और पुरन्धीः जिगृतम्-देह के पुरवत् धारक जीवों को उपदेश करो। वनुषां-कर्मफल सेवन करनेवाले जीवों के अरातीः-सुखादि न देनेवाले, बाधक अर्यः-शत्रुओं को जजस्तम्-नष्ट करो।

भावार्थ-वेदवाणी के पालक विद्वान् ईश्वर की स्तुति करते हुए उत्तम बुद्धि एवं श्रेष्ठ कर्मों की रक्षा करते हैं। अन्यों को भी उपदेश करके उनको सुखी बनाते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्राबृहस्पती ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

ईश का ऐश्वर्य

बृहस्पते युवमिन्द्रश्च वस्वो दिव्यस्येशाथे उत पार्थिवस्य।
धत्तं रयिं स्तुवते कीरये चिद्यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ १० ॥

पदार्थ-हे बृहस्पते-महान् विश्व-पालक! हे इन्द्रः च-जीवात्मन्! युवम्-आप दोनों, दिव्यस्य उत पार्थिवस्य वस्वः-आकाश और भूमि के समस्त ऐश्वर्यों के ईशाथे-प्रभु हो। आप दोनों स्तुवते कीरये चित्-स्तुतिशील विद्वान् को रयिं धत्तम्-ऐश्वर्य दो। हे विद्वान् जनो! यूयं स्वस्तिभिः न सदा पात-आप सदा ही उत्तम साधनों से हमारी रक्षा करो।

भावार्थ-ईश्वर उपासक पुरुष सृष्टि के रहस्यों को जानकर अन्यों को भी ईश्वर प्राप्ति तथा सृष्टि के रहस्यों को जानने की प्रेरणा देते हैं।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठ और देवता इन्द्र, इन्द्राबृहस्पती हैं।

[९८] अष्टनवतितमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

प्रजा राजा को कर दान करे

अध्वर्यवोऽरुणं दुग्धमंशुं जुहोतन वृषभाय क्षितीनाम्।
गौराद्वेदीयाँ अवपानमिन्द्रो विश्वाहेद्याति सुतसोममिच्छन् ॥ १ ॥

पदार्थ-हे अध्वर्यवः-यज्ञ के इच्छुक दयाशील प्रजाजनो! आप लोग क्षितीनाम्-मनुष्यों में वृषभाय-श्रेष्ठ पुरुष के लिये अरुणं-कभी न रुकनेवाले, दुग्धम्-दूध के तुल्य, समस्त भूमि-भागों से प्राप्त अंशुम्-अन्नादि का अंशभाग करवत् जुहोतन-दो। सुतसोमम् इच्छन्-अभिषेक

द्वारा प्राप्ति योग्य ऐश्वर्य का इच्छुक, इन्द्रः=शत्रुहन्ता राजा, गौरात्=भूमि में रमण करनेवाले प्रजाजन से अवपानं वेदीयान्=प्रजा-पालन का वेतन प्राप्त करता हुआ विश्वाहा इत् याति=सदा प्राप्त हो।

भावार्थ=प्रजापालक राजा राष्ट्रभृत् यज्ञ करता है। राष्ट्र के भरण-पोषण, प्रजाहित के लिए राष्ट्रोन्नति की योजनाओं के लिए प्रजाजन धन तथा अन्न के रूप में राजा को कर दान करें। यह कर दान राष्ट्रोन्नति रूप यज्ञ में श्रद्धा के साथ दी गई आहुति ही मानें।

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=इन्द्रः ॥ छन्दः=निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः=धैवतः ॥

राष्ट्र सेवक राजा

यद्धिषे प्रदिवि चारवन्नं दिवेदिवे पीतिमिदस्य वक्षि।
उत ह्रदोत मनसा जुषाण उशन्निन्द्र प्रस्थितान्पाहि सोमान्॥ २॥

पदार्थ=हे इन्द्र=ऐश्वर्यवन्! यत्=जो तू प्र-दिवि=उत्तम तेज होने पर चारु अन्नं दधिषे=उत्तम अन्न को पुष्ट करता है, दिवेदिवे=दिनों-दिन जलपान के समान अस्य पीतिम् इत् वक्षि=इस राष्ट्र के पालन और उपभोग की कामना कर। उत=और हृदा उत मनसा=हृदय और मन से राष्ट्र को जुषाणः=सेवन करता और उशन्=नित्य चाहता हुआ प्रस्थितान् सोमान् पाहि=प्राप्त ऐश्वर्यों और सोम्य वीरों की रक्षा कर।

भावार्थ=राजा राष्ट्र के ऐश्वर्य का उपयोग प्रजा के लिए अन्न, जल की व्यवस्था व रक्षा साधनों में करे। राजा हृदय तथा मन से राष्ट्र की सेवा करे।

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=इन्द्रः ॥ छन्दः=विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः=धैवतः ॥

राजा का कर्त्तव्य

जज्ञानः सोमं सहसे पपाथ प्र तें माता महिमानमुवाच।
एन्द्र पप्राथोर्वन्तरिक्षं युधा देवेभ्यो वरिवश्चकर्थ॥ ३॥

पदार्थ=विजिगीषु राजा का कर्त्तव्य। हे इन्द्र=ऐश्वर्यवन्! राजन्! तू जज्ञानः=प्रकट होकर सहसे=शत्रुविजयी बल को बढ़ाने के लिये सोमं=ऐश्वर्यमय राष्ट्र को पपाथ=पालन कर और माता=जगत्-उत्पादक भूमि माता ते महिमानम्=तेरे सामर्थ्य को प्र उवाच=उत्तम रीति से कहे। हे इन्द्र=सेनानायक! तू उरु अन्तरिक्षं=विशाल अन्तरिक्ष को युधा=युद्ध-साधनों से आ पप्राथ=विस्तृत कर और देवेभ्यः वरिवः चकर्थ=विजयेच्छुक सैनिकों के लिये धन उत्पन्न कर।

भावार्थ=राष्ट्र की रक्षा को प्राथमिक सूची में रखकर राजा रक्षा-साधनों का विस्तार करे। उसका सेनापति भूमि तथा अन्तरिक्ष को भी युद्ध-साधनों से सुसज्जित तैनात करे। सैनिकों को उत्साहित रखते हुए उनकी वृत्ति-वेतन की वृद्धि करे। इससे राष्ट्र की भूमि की रक्षा होकर राष्ट्र सुदृढ़ बनेगा।

ऋषिः=वसिष्ठः ॥ देवता=इन्द्रः ॥ छन्दः=त्रिष्टुप् ॥ स्वरः=धैवतः ॥

सेना का कुशल नेतृत्व

यद्योधया महतो मन्यमानान्त्साक्ष्माम तान्बाहुभिः शाशदानान्।
यद्वा नृभिर्वृत इन्द्राभियुध्यास्तं त्वयाजिं सौश्रवसं जयेम॥ ४॥

पदार्थ=यत्=जब तू महतः=बड़े-बड़े मन्यमानान्=अभिमानी शत्रुओं को योधयाः=हमसे

लड़ा और हम शाशदानान्-मारते हुए तान्-उनको बाहुभिः-बाहुओं से साक्षाम-पराजित करें। वा-और यत्-जब हे इन्द्र-सेनापते! तू नृभिः वृतः-वीर नायकों से घिर कर अभियुध्याः-शत्रुओं का सामना करे तब हम त्वया-तेरे बल से तं-उस सौश्रवसं आजि-कीर्त्ति-जनक संग्राम को जीतें।

भावार्थ-सेनापति युद्ध क्षेत्र में लड़ते हुए वीर सैनिकों के मध्य में जाकर उनका उत्साहवर्धन करे। उनके बीच में राष्ट्रभक्ति का उपदेश करके विजय की प्रेरणा करे। इससे सेना उत्साहित होकर संग्राम में अवश्य ही विजयी होगी।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सेनापति के मुख्य कर्त्तव्य

प्रेन्द्रस्य वोचं प्रथमा कृतानि प्र नूतना मघवा या चकार।
यदेवदेवीरसहिष्ट माया अथाभवत्केवलः सोमो अस्य ॥ ५ ॥

पदार्थ-इन्द्रस्य-शत्रुहन्ता सेनापति के प्रथमा-मुख्य कृतानि-कर्त्तव्यों को मैं प्र-वोचम्-कहता हूँ। मघवा-ऐश्वर्यवान् या-जिन नूतना-नये-नये कार्यों को चकार-करे, उनको प्र वोचं-अच्छी प्रकार कहूँ। यत्-जब वह अदेवीः मायाः-दुष्ट पुरुषों के कपट कृत्यों को भी असहिष्ट-पराजित करे अथ-अनन्तर सोमः-यह ऐश्वर्ययुक्त राष्ट्र केवलः-केवल अस्य अभवत्-उसी के अधीन हो जाता है।

भावार्थ-सेनापति राष्ट्र को ऐश्वर्यशाली बनाने के लिए राष्ट्र रक्षा की नयी-नयी योजनाएँ बनावे। सेना को सदृढ़ बनाने तथा युद्ध-साधनों को तैयार एवं सुसज्जित करने के कार्य करे। राष्ट्र के अन्दर भी जो दुष्ट लोग राष्ट्र को दुर्बल करने के कपटपूर्ण कार्य करे या शत्रु राष्ट्र के गुप्तचर कोई छल करें तो उनको भी शक्ति के साथ विफल करे। इन सब कार्यों का वह स्वयं नियन्त्रण करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

गौपालक राजा

तवेदं विश्वमभितः पशव्यं यत्पश्यसि चक्षसा सूर्यस्य।
गवामसि गोपतिरेक इन्द्र भक्षीमहि ते प्रयतस्य वस्वः ॥ ६ ॥

पदार्थ-हे इन्द्र-प्रभो! राजन्! यत्-जो तू सूर्यस्य चक्षसा-सूर्य के प्रकाश से पश्यसि-देखता है, इसलिए इदं विश्वन्-यह समस्त विश्व अभितः-सब तरफ तव-तेरे ही पशव्यं-'पशव्य' अर्थात् इन्द्रियों से देखने योग्य है। तू गवाम् गोपतिः असि-सब वाणियों, भूमियों और सूर्यादि लोकों का गो पालक के समान स्वामी है। प्रयतस्य-सर्वोत्कृष्ट सञ्चालक तेरे ही दिये वस्वः-ऐश्वर्य का हम भक्षीमहि-भोग करें।

भावार्थ-राजा राष्ट्र में गौ-गाय, भूमि तथा वेदवाणी की रक्षा एवं पालन के कार्य करे। राजा राष्ट्र के कल्याण की समस्त योजनाओं को स्वयं देखे और उन पर नियन्त्रण रखे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्राबृहस्पती ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

राष्ट्र की रक्षा

बृहस्पते युवमिन्द्रश्च वस्वो दिव्यस्येशाथे उत पार्थिवस्य।
धत्तं रयिं स्तुवते कीरये चिद्युयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ७ ॥

पदार्थ–हे **बृहस्पते**–महान् विश्व–पालक! हे **इन्द्रः च**–जीवात्मन्! **युवम्**–आप दोनों, **दिव्यस्य उत पार्थिवस्य वस्वः**–आकाश और भूमि के समस्त ऐश्वर्यों के **ईशाथे**–प्रभु हो। आप दोनों **स्तुवते कीरये चित्**–स्तुतिशील विद्वान् को **रयिं धत्तम्**–ऐश्वर्य दो। हे विद्वान् जनो! **यूयं स्वस्तिभिः न सदा पात**–आप सदा ही उत्तम साधनों से हमारी रक्षा करो।

भावार्थ–राजा व सेनापति राष्ट्र की भूमि–सीमा की रक्षा, भूमि तथा आकाश दो स्थानों में सुरक्षा–तन्त्र को स्थापित करके करें, तभी राष्ट्र समृद्ध व ऐश्वर्यशाली होगा। प्रजाजन ऐसे राष्ट्र रक्षक राजा व सेनापति का आदर करती है।

अग्रिम सूक्त का ऋषि वसिष्ठ व देवता विष्णु तथा इन्द्राविष्णू हैं।

[९९] नवनवतितमं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विष्णुः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

ईश्वर की महिमा अपरम्पार है

परो मात्रया तन्वा वृधान न ते महित्वमन्वश्नुवन्ति।
उभे ते विद्म रजसी पृथिव्या विष्णो देव त्वं परमस्य वित्से ॥ १ ॥

पदार्थ–हे **वृधाना**–सबसे बढ़े! वा जगत् के बढ़ाने हारे! **विष्णो**–सर्वव्यापक! **तन्वा**–जगत् को फैलानेवाले, **मात्रया**–जगत् को बनानेवाली प्रकृति से भी **परः**–उत्कृष्ट **ते**–तेरी **महित्वम्**–महिमा को कोई भी न **अनु अश्नुवन्ति**–पा नहीं सकते। हे **देव**–सर्वप्रकाशक! **पृथिव्याः ते**–संसार के विस्तारक तेरे ही बनाये इन **उभे**–दोनों **रजसी**–सूर्य, पृथिवी, वा आकाश और भूमि लोकों को **विद्म**–जानते हैं। तू **अस्य**–इससे भी **परम्**–उत्कृष्ट तत्त्व को **वित्से**–जानता है।

भावार्थ–सर्वव्यापक परमेश्वर इस समस्त जगत् को फैलाता है, सबको प्रकाशित करता है, सूर्य, भूमि व आकाश आदि लोकों को बनाता और समस्त पदार्थों को जानता है। वह प्रभु जड़ प्रकृति से उत्कृष्ट है। उसकी महिमा का कोई भी पार नहीं पा सकता।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विष्णुः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

ईश्वर का अनन्त सामर्थ्य

न ते विष्णो जायमानो न जातो देव महिम्नः परमन्तमाप।
उदस्तभ्ना नाकमृष्वं बृहन्तं दाधर्थ प्राचीं ककुभं पृथिव्याः ॥ २ ॥

पदार्थ–हे **विष्णो**–जगदीश्वर **न जायमानः**–न उत्पन्न होता हुआ और **जातः**–उत्पन्न हुआ कोई **ते महिम्नः**–तेरे महान् सामर्थ्य की **परम् अन्तम्**–परली सीमा को **न आप**–प्राप्त नहीं कर सका है। हे **देव**–सर्वप्रकाशक! तू **बृहन्तं**–बड़े भारी, **ऋष्वं**–महान् **नाकम्**–दुःख–रहित, मोक्ष धाम और आकाश को **उत् अस्तभ्नाः**–उठा रहा है और **पृथिव्याः**–पृथिवी की **प्राचीं ककुभं**–प्राची दिशा को जैसे सूर्य प्रकाशित करता है वैसे ही तू **पृथिव्याः**–जगत् को फैलानेवाली प्रकृति को **प्राचीं ककुभम्**–जगत् के उत्पन्न होने के पूर्व से उत्तम रूप से प्रकट होनेवाले आर्जवी भाव अर्थात् विकृति भाव को **दाधर्थ**–धारण कराता है।

भावार्थ–वह जगदीश्वर अजन्मा है। उसका सामर्थ्य अनन्त है। वह मोक्ष का अधिपति है तथा आकाश, भूमि व समस्त दिशाओं को प्रकाशित करता है। मूल प्रकृति में प्रेरणा करके विकृति उत्पन्न करता है, अर्थात् इस महान् सृष्टि को रचता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विष्णुः ॥ छन्दः-त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

जगद्धारक परमेश्वर

इरावती धेनुमती हि भूतं सूयवसिनी मनुषे दशस्या।
व्यस्तभ्ना रोदसी विष्णवेते दाधर्थ पृथिवीमभितो मयूखैः ॥ ३ ॥

पदार्थ-हे **द्यावापृथिव्यौ**=आकाश और भूमि, सूर्य और भूमि! तुम दोनों **इरा-वती**=जलों, अन्नों से युक्त तथा **धेनुमती**=रसपान करानेवाली, गौ, वाणी तथा किरणों से युक्त और **मनुषे**=मनुष्य के लिये **सु-यवसिनी**=उत्तम अन्नवाली और **दशस्या**=सुख देनेवाली **भूतम्**=होवो। हे **विष्णो**=प्रभो! तू **एते रोदसी**=इन पृथ्वी और आकाश को **वि अस्तभ्नाः**=विशेष रूप से थामे है, तू **पृथिवीम्**=पृथिवी को **अभितः**=सब ओर से **मयूखैः**=किरणों से **दाधर्थ**=धारण किये है।

भावार्थ-सूर्य, आकाश व भूमि ही अन्नों, जलों व रसों को उत्पन्न करते हैं। इनसे ही ऊर्जा प्राप्त करके समस्त प्राणी जीवन धारण करते हैं। वह व्यापक परमेश्वर इन सूर्य, आकाश व भूमि को भी धारण करता है।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्राविष्णू ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

वैज्ञानिकों के कर्त्तव्य

उरुं यज्ञाय चक्रथुरु लोकं जनयन्ता सूर्यमुषासमग्निम्।
दासस्य चिद् वृषशिप्रस्य माया जघ्नथुर्नरा पृतनाज्येषु ॥ ४ ॥

पदार्थ-हे **नरा**=नायको! हे स्त्री-पुरुषो! हे **इन्द्र-विष्णू**=विद्युत्, जल को वर्षाने हारे, सूर्य वा पवन के समान लोकोपकारक जनो! जैसे विद्युत् तथा मेघ को वर्षानेवाले तुम दोनों मिलकर **सूर्यम्**=सूर्य, **उषासम्**=और उसकी दाहिका ताप शक्ति को **जनयन्ता**=उत्पन्न करते हुए **यज्ञाय**=तत्त्वों के परस्पर मिलने के लिये **उरुं लोकं चक्रथुः**=विशाल स्थान अन्तरिक्ष को उपयोगी बनाते हो और **वृषशिप्रस्य दासस्य**=वर्षक जल-स्वरूप जलवाले मेघ की **मायाः**=नाना रचनाओं को **पृतनाज्येषु**=जलों के निमित्त आघात करते वैसे ही आप दोनों, **सूर्यम्**=सूर्य तुल्य तेजस्वी और **उषासम्**=उषा के तुल्य कान्तियुक्त विदुषी और **अग्निम्**=अग्नि तुल्य ज्ञानप्रकाशक विद्वान् को प्रकट करते हुए **यज्ञाय**=परस्पर दान, प्रतिदान, सत्संगादि के लिये **उरुं लोकं चक्रथुः उ**=विशाल गृहादि स्थान बनाओ और **पृतनाज्येषु**=संग्रामों में **वृष-शिप्रस्य**=बलवान् नेतावाले **दासस्य**=प्रजानाशक शत्रु जन की **मायाः**=कुटिल चालों का **जघ्नथुः**=नाश करो।

भावार्थ-लोकोपकार करनेवाले विद्वान् पुरुष व विदुषी स्त्रियाँ राष्ट्र को उन्नतिशील बनाने के लिए सौर ऊर्जा, यज्ञ द्वारा वर्षा कराने की विद्या, उन्नत गृहों-भवनों के निर्माण की तकनीक तथा शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने के लिए अस्त्र-शस्त्र निर्माण की कला आदि के वैज्ञानिक आविष्कार करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्राविष्णू ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

अजेय शत्रुसेना पर विजय

इन्द्राविष्णू दृंहिताः शम्बरस्य नव पुरो नवतिं च श्नथिष्टम्।
शतं वर्चिनः सहस्रं च साकं हथो अप्रत्यसुरस्य वीरान् ॥ ५ ॥

पदार्थ-हे **इन्द्राविष्णू**-ऐश्वर्यवन्! हे व्यापक शक्तिशालिन्! आप दोनों **शम्बरस्य**=शान्ति-सुख-नाशक शत्रु के **नव नवतिं च पुरः**=९९ नगरियों, प्रकारों को **श्नथिष्टम्**=नाश करो।

असुरस्य-बलवान् शत्रु के अप्रति-बेजोड़, शतं सहस्रं च बर्चिनः वीरान्-सौ हजार तेजस्वी वीरों को साक हथः-एक साथ दण्डित करो।

भावार्थ-राजा और सेनापति राष्ट्र में सुख और शान्ति स्थापना करने के लिए शत्रु के ९९ (निन्यानवे) प्रकार की नगरों को नष्ट करने की विद्या को जानकर शत्रु की अजेय सौ हजार सेना को भी परास्त करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्राविष्णू ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

मन की प्रेरक शक्ति

इयं मनीषा बृहती बृहन्तोरुक्रमा तवसा वर्धयन्ती।
रेरे वां स्तोमै विदथेषु विष्णो पिन्वतमिषो वृजनेष्विन्द्र ॥ ६ ॥

पदार्थ-हे विष्णो-व्यापक वीर! हे इन्द्र-ऐश्वर्यवन्! इयं-यह बृहती-बड़ी, मनीषा-मन की प्रेरक शक्ति, उरुक्रमा-बड़े पराक्रमी बृहन्ता-बड़े सामर्थ्यवान् वां-आप दोनों को तवसा-बल से वर्धयन्ती-बढ़ाती हुई विदथेषु-संग्रामों में स्तोमं रेरे-उत्तम संघ-बल देती है। आप दोनों वृजनेषु-शत्रु नाशक प्रयाणकारी बलों में इषः पिन्वतम्-तीव्र प्रेरणाएँ दो।

भावार्थ-संग्रामों में विजय पाने के लिए मनोबल का सुदृढ़ होना आवश्यक है। राजा व सेनापति दृढ़ इच्छाशक्ति से संयुक्त होकर अपनी सेना का मनोबल बढ़ावें इससे सेनाएं संगठित होकर शत्रुओं पर विजय पाने के लिए तीव्रता से प्रेरित होंगी।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विष्णुः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सेनापति का सत्कार

वषट् ते विष्णवास आ कृणोमि तन्मे जुषस्व शिपिविष्ट हव्यम्।
वर्धन्तु त्वा सुष्टुतयो गिरो मे यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ७ ॥

पदार्थ-हे विष्णो-व्यापक, नाना सैन्यों से घिरे! नियमों में बद्ध! ते-तेरा आसः-स्थापन वषट्-सत्कार-पूर्वक आकृणोमि-करता हूँ। हे शिपिविष्ट-तेजों से युक्त! सूर्यवत् तेजस्विन्! तू मे-मुझ राष्ट्र जन का तत् हव्यम् जुषस्व-वह उपायन, भेंटादि स्वीकार कर त्वा-तुझे मे-मेरी सु-स्तुतयः गिरः-स्तुति में विद्वान् जन वर्धन्तु-बढ़ावें। हे विद्वान् पुरुषो! यूयं सदा स्वस्तिभिः नः पात-आप सदा ही उत्तम साधनों से हमारी रक्षा करो।

भावार्थ-राष्ट्रभक्त प्रजाएँ सेना को अनुशासित रखकर प्रशिक्षित करनेवाले सेनापति का वाणियों तथा भेंट उपहार आदि से सम्मान किया करें। समाज के सम्मानित जन विद्वानों की प्रेरणा से इन कार्यों को करें। इससे उत्साहित होकर वे सैनिक तथा सेनापति प्रजा की रक्षा के लिए और अधिक प्रयास करेंगे।

आगामी सूक्त का ऋषि वसिष्ठ व देवता विष्णु है।

[१००] शततमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-विष्णुः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

यशस्वी दान

नू मर्तो दयते सनिष्यन्यो विष्णव उरुगायाय दाशत्।
प्र यः सत्राचा मनसा यजात एतावन्तं नर्यमाविवासात् ॥ १ ॥

पदार्थ–**यः**–जो **मर्त्तः**–मनुष्य, **सनिष्यन्**–दान देने की इच्छा से **दयते**–दान देता, दया करता है वही **उरु-गायाय**–बहुतों से स्तुतियोग्य **विष्णवे**–परमेश्वर के निमित्त **दाशत्**–दान करे। **यः**–जो मनुष्य **सत्राचा मनसा**–सत्यनिष्ठ मन से **प्र यजाते**–दान करता वा देव पूजा करता है वह **एतावन्तं**–उतना ही **नर्यम्**–मनुष्यों के हित की **आ विवासत्**–सेवा करता है।

भावार्थ–जब मनुष्य दान देना चाहे तो मन में श्रद्धा रखकर ही देवें केवल दिखावे के लिए न देवे। वह अपने हृदय में यह भाव उत्पन्न करे कि ईश्वर सर्वव्यापक है, ये धन उसीका है अतः उसी को समर्पित है। उसी की प्रजाओं–जीवों के लिए मैं दे रहा हूँ। यह दान देवपूजा कहलाएगा। ऐसे निरभिमानी दानी की लोग प्रशंसा करेंगे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विष्णुः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

ज्ञानयुक्त बुद्धि की याचना

त्वं विष्णो सुमतिं विश्वजन्यामप्रयुतामेवयावो मतिं दाः।
पर्चो यथा नः सुवितस्य भूरेरश्वावतः पुरुश्चन्द्रस्य रायः ॥ २ ॥

पदार्थ–हे **विष्णो**–व्यापक प्रभो! **त्वे**–तू **विश्वजन्या**–सब जनों की हितकारिणी, **अप्रयुताम्**–सबके साथ मिली हुई, **सुमतिं मतिम्**–उत्तम ज्ञानयुक्त बुद्धि को **दाः**–दे। **यथा**–जिससे, **नः**–हमारे **सुवितस्य**–उत्तम रीति से प्राप्त **भूरेः अश्वावतः**–बहुत से अश्वों से युक्त, **पुरु-चन्द्रस्य**–बहुतों के आह्लादकारी **रायः**–ऐश्वर्य का **पर्चः**–सम्पर्क हो।

भावार्थ–मनुष्य परमात्मा से ज्ञानयुक्त बुद्धि की याचना किया करे। उत्तम बुद्धि के द्वारा श्रेष्ठ साधनों से उत्तम धन को प्राप्त करे। दान आदि से अन्य पात्रजनों को तृप्त व प्रसन्न करे। इससे स्वयं की अत्यन्त सन्तुष्टि मिलेगी।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विष्णुः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

तेजस्वी ईश्वर का शासन

त्रिर्देवः पृथिवीमेष एतां वि चक्रमे शतर्चसं महित्वा।
प्र विष्णुरस्तु तवसस्तवीयान्त्वेषं ह्यस्य स्थविरस्य नाम ॥ ३ ॥

पदार्थ–**देवः**–प्रकाशस्वरूप परमेश्वर ने **महित्वा**–महान् सामर्थ्य से **एतां**–इस **पृथिवीम्**–पृथिवी को **त्रिः**–तीन प्रकार से **शत-अर्चसम्**–सैकड़ों दीप्ति युक्त पदार्थों से पूर्ण **वि चक्रमे**–बनाया है। सूर्य, विद्युत्, अग्नि से पृथ्वी को सहस्रों चमकते पदार्थों का भण्डार बनाया है। वह **तवसः तवीयान्**–बलवान् से बलवान् **विष्णुः**–प्रभु **प्र अस्तु**–सबसे उत्तम है। उस **स्थविरस्य**–नित्य प्रभु का **नाम**–नाम, स्वरूप और शासन सूर्य-प्रकाश के समान **त्वेषं हि**–तेजोमय और उज्ज्वल है।

भावार्थ–उस प्रकाशस्वरूप परमेश्वर ने इस पृथ्वी लोक को कुशलता से बनाकर सूर्य, विद्युत् व अग्नि आदि से प्रकाशित कर दिया है। इसके गर्भ में अनेकों पदार्थों को भर दिया है। ये सब उसी के शासन में चल रहे हैं। ऐसे प्रभु के नाम-स्वरूप का स्मरण किया करो।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विष्णुः ॥ छन्दः–आर्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

बसने योग्य भूमि का स्रष्टा

वि चक्रमे पृथिवीमेष एतां क्षेत्राय विष्णुर्मनुषे दशस्यन्।
ध्रुवासो अस्य कीरयो जनास उरुक्षितिं सुजनिमा चकार ॥ ४ ॥

पदार्थ–**एषः**–वह **विष्णुः**–व्यापक परमेश्वर **एतां पृथिवीम्**–इस पृथिवी को **मनुषे दशस्यन्**–मनुष्यों को दान देता हुआ **क्षेत्राय**–निवास करने के लिये **वि चक्रमे**–विविध प्रकार का बनाता है। **अस्य**–इसकी **कीरयः**–स्तुति करनेवाले **जनासः**–जन्तु, आत्मगण **ध्रुवासः**–नित्य हैं। वह पृथ्वी को **उरु-क्षितिम्**–बहुत जीवों से बसने योग्य और **सुजनिम्**–उत्तम रीति से जन्तुओं, अन्नादि, वनस्पतियों को उत्पादक **आ चकार**–बनाता है।

भावार्थ–उस व्यापक परमेश्वर ने इस भूमि को बसने के योग्य बनाकर जीवों के लिए दान दी है। फिर सबकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अन्न, औषधियाँ, वनस्पतियाँ तथा जीव-जन्तुओं को भी बनाता है। ऐसे दानी प्रभु की स्तुति किया करो।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विष्णुः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

महान् प्रभु

प्र तत्ते अद्य शिपिविष्ट नामार्यः शंसामि वयुनानि विद्वान्।
तं त्वा गृणामि तवसमतव्यान्क्षयन्तमस्य रजसः पराके ॥ ५ ॥

पदार्थ–हे **शिपिविष्ट**–सूर्य तुल्य रश्मियों से आवृत। तू **अर्यः**–सबका स्वामी, **वयुनानि**–सब कर्मों को **विद्वान्**–जानने हारा है। **तत्**–जो तेरे ही **नाम**–स्वरूप और **वयुनानि**–कर्मों की **अद्य**–आज मैं **शंसामि**–स्तुति करता हूँ। मैं **अतव्यान्**–अल्पशक्ति मनुष्य, **त्वा तवसं**–तुझ बलवान् की स्तुति करता हूँ और **अस्य रजसः पराके**–इस विश्व के परे विद्यमान, महान् से महान् **त्वा तं गृणामि**–उस तेरी मैं प्रार्थना करता हूँ।

भावार्थ–समस्त ब्रह्माण्ड का स्वामी व्यापक होता हुआ इस विश्व से परे भी है। वह सबके कर्मों को जानता है, सबसे बलवान् है। ऐसे महान् से महान् प्रभु की स्तुति किया करो।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विष्णुः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

तेजोरूप परमेश्वर

किमित्ते विष्णो परिचक्ष्यं भूत्प्र यद्ववक्षे शिपिविष्टो अस्मि।
मा वर्पो अस्मदप गूह एतद्यदन्यरूपः समिथे बभूथ ॥ ६ ॥

पदार्थ–**ते**–तेरा **किम् इत्**–कौन-सा रूप **परिचक्ष्यं भूत्**–कथन-योग्य है **यत्**–जिसको तू **ववक्षे**–स्वयं बता रहा है कि मैं **शिपिविष्टः अस्मि**–रश्मियों में प्रविष्ट, उनसे घिरे सूर्य तुल्य तेजोमय हूँ। **अस्मत्**–हमसे अपने **एतत्**–उस तेजोमय **वर्पः**–रूप को **मा अप गूह**–मत छिपा। **यत्**–क्योंकि तू **समिथे**–मिलने पर **अन्यरूपः बभूथ**–दूसरे रूपों में प्रकट होता है।

भावार्थ–वह परमेश्वर अपने तेजोमय रूप के द्वारा विश्व के समस्त पदार्थों में बसा हुआ है। संसार के जिस भी पदार्थ को देखो ऊपर से तो वे भिन्न-भिन्न नजर आएँगे किन्तु उन सबके अन्दर वही एक प्रभु अपने तेजोमय रूप में समाया हुआ है। प्रत्येक पदार्थ में उस तेजस्वी के तेज को ही देखा करो।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–विष्णुः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

तेजोमय प्रभु

वर्धन्त्ते विष्णवास आ कृणोमि तन्मे जुषस्व शिपिविष्ट हव्यम्।
वर्धन्तु त्वा सुष्टुतयो गिरो मे यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः ॥ ७ ॥

पदार्थ–हे **विष्णो**=व्यापक, नाना सैन्यों से घिरे! नियमों में बद्ध! **ते**=तेरा **आसः**=स्थापन **वषट्**=सत्कार-पूर्वक **आकृणोमि**=करता हूँ। हे **शिपिविष्ट**=तेजों से युक्त! सूर्यवत् तेजस्विन्! **तू मे**=मुझ राष्ट्र जन का **तत् हव्यम् जुषस्व**=वह उपायन, भेंटादि स्वीकार कर **त्वा**=तुझे **मे**=मेरी **सु-स्तुतयः गिरः**=स्तुति में विद्वान् जन **वर्धन्तु**=बढ़ावें। हे विद्वान् पुरुषो! **यूयं सदा स्वस्तिभिः नः पात**=आप सदैव ही उत्तम साधनों से हमारी रक्षा करो।

भावार्थ–उस व्यापक परमेश्वर का तेज उसके सृष्टि नियामक नियमों में बसा हुआ है। सभी तेजस्वी पदार्थों में उसी का तेज है। ऐसे तेजस्वी प्रभु की स्तुति करके अपनी वाणियों को पवित्र किया करो।

अगले सूक्त का ऋषि वसिष्ठः कुमारो वाग्नेयः तथा देवता पर्जन्य है।

अथ पञ्चमाष्टके सप्तमोऽध्यायः

[१०१] एकोत्तरशततमं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः कुमारो वाग्नेयः ॥ देवता–पर्जन्यः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

तीन वेदवाणियाँ

तिस्रो वाचः प्र वद ज्योतिरग्रा या एतद्दुहे मधुदोघमूर्धः।
स वत्सं कृण्वन्गर्भमोषधीनां सद्यो जातो वृषभो रोरवीति॥ १॥

पदार्थ–जैसे **वृषभः**=बरसता मेघ **रोरवीति**=गर्जता है **ज्योतिरग्राः वाचः वदति**=प्रथम विद्युत् को चमका कर बाद में गर्जना करता है और **ऊधः मधुदोधम् दुहे**=अन्तरिक्ष से जल को दोहता है और **ओषधीनां गर्भं कृण्वन्**=ओषधियों को गर्भित करता है वैसे ही हे विद्वन्! **तू ज्योतिरग्रा**=ज्ञान-ज्योतियों से युक्त **तिस्रः वाचः**=तीनों वेदवाणियों-यजुष, ऋग् और साम को **प्र वद**=उपदेश कर **याः**=जिनसे **वृषिभः**=मनुष्यों में श्रेष्ठ जन **एतत् ऊधः**=इस ऊर्ध्वस्थित ब्रह्म से **मधु-दोधम्**=ऋग्वेदमय ज्ञान-रस को **दुहे**=दोहन करता है **सः**=वह **ओषधीनां**=अन्नादि के ग्रहण करनेवाले **वत्सं**=छोटे बच्चे के समान बालक को अपना **वत्सं कृण्वन्**=शिष्य बनाकर **सद्यः**=शीघ्र ही **जातः**=स्वयं प्रकट होकर **रोरवीति**=उपदेश करता है।

भावार्थ–विद्वान् जन अपने शिष्यों को ऋग्, यजु और साम स्वरूपवाली ज्ञानज्योतियों से युक्त करे। उस सर्वोपरि ब्रह्म की प्राप्ति के लिए शिष्यों के मध्य में जाकर इस वेदवाणी के सारगर्भित रहस्यों का उपदेश करे।

ऋषिः–वसिष्ठः कुमारो वाग्नेयः ॥ देवता–पर्जन्यः ॥ छन्दः–विराट् त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

तीनों ऋतुओं में सुख का वर्धक

यो वर्धन ओषधीनां यो अपां यो विश्वस्य जगतो देव ईशे।
स त्रिधातु शरणं शर्म यंसत्त्रिवर्तु ज्योतिः स्वभिष्ट्यस्मे॥ २॥

पदार्थ–**ओषधीनां वर्धनः**=ओषधियों को बढ़ानेवाला, **अपां वर्धनः**=जलों को बढ़ानेवाला, मेघवत् सूर्यवत् **देवः**=प्रकाश, जल का दाता **विश्वस्य जगतः ईशे**=सब जगत् का स्वामी है। वह **त्रिवर्तु ज्योतिः यंसत्**=तीनों ऋतुओं में सुखप्रद प्रकाश देता है वैसे ही **यः**=जो **देवः**=प्रभु **ओषधीनां वर्धनः**=उष्णता के धारक जीवों को बढ़ानेवाला, **यः**=जो **अपां वर्धनः**=जलचारी जीवों को बढ़ानेवाला और **यः**=जो **विश्वस्य जगतः**=समस्त जगत् का **ईशे**=स्वामी है। **सः**=वह

परमेश्वर **अस्मे**-हमें **सु-अभिष्टिः**-सुख से चाहने योग्य **त्रिवर्तु ज्योतिः**-त्रिविध ज्ञानदाता वेदमय प्रकाश और **त्रि-धातु**-तीन धातु सुवर्णादि से बने **शरणं**-गृह और तीन धातु वात, पित्त, कफ से बने शरणयोग्य देह और **त्रिवर्तु**-तीनों कालों में वर्त्तनेवाला सुख **यंसत्**-दे।

भावार्थ-समस्त जगत् का स्वामी परमेश्वर वात, पित्त, कफ इन तीन धातुओं से बने देह प्रदान करके सुख के साधन त्रिवेदमय ऋग्, यजु, साम रूप वाणी देता है। गर्मी, सर्दी, वर्षा इन तीन ऋतुओं में विभिन्न प्रकार के पदार्थ ऋतु के अनुकूल प्रदान करता है तथा जलचर, नभचर, थलचर तीनों प्रकार के जीवों को बढ़ने के साधन भी देता है।

ऋषिः-**वसिष्ठः कुमारो वाग्नेयः**॥ देवता-**पर्जन्यः**॥ छन्दः-**निचृत्त्रिष्टुप्**॥ स्वरः-**धैवतः**॥

प्रभु के दो रूप

स्तरीरु त्वद्धवति सूत उ त्वद्यथावशं तन्वं चक्र एषः।
पितुः पयः प्रति गृभ्णाति माता तेन पिता वर्धते तेन पुत्रः॥ ३॥

पदार्थ-**त्वत्**-मेघ का एकरूप **स्तरीः उ**-न प्रसवनेवाली गौ तुल्य होता है, **सूते त्वत्**-और उसका एक रूप प्रसवशील गौ के तुल्य जल-धाराएँ उत्पन्न करता है। **एषः यथावशं तन्वं चक्रे**-वह सूर्य-कान्ति के अनुसार अपना व्यापक रूप बना लेता है। वह **पितुः पयः प्रतिगृभ्णाति**-सूर्य रूप पिता से जल ग्रहण करता और **तेन**-उससे **माता**-पृथिवी भी जल ग्रहण करती है। **तेन**-उस जल से **पिता वर्धते**-सूर्य महिमा से बढ़ता और **तेन पुत्रः वर्धते**-उसी जल से पुत्रवत् ओषधि, वनस्पति तथा जीवादि भी बढ़ते हैं। वैसे ही हे प्रभो! **त्वत्**-तेरा एक रूप **स्तरीः भवति उ**-सर्वाच्छादक होता है और **त्वत्**-दूसरा रूप **सूते उ**-जगत् को उत्पन्न करता है। **यथावशं**-जितनी इच्छा होती है उतना ही **एषः**-वह परमेश्वर **तन्वं**-अपना विस्तृत संसार **चक्रे**-बनाता है। **माता**-जैसे माता **पितुः**-पिता से **पयः प्रतिगृभ्णाति**-वीर्य ग्रहण कर गर्भ धारण करती है और उससे **पिता पुत्रः वर्धते**-पिता का वंश, पुत्र बढ़ता है। वैसे ही **पितुः**-सर्वपालक पिता से ही **माता**-सर्वनिर्मात्री प्रकृति **पयः**-वीर्य, शक्ति को **प्रति गृभ्णाति**-प्रति सर्ग ग्रहण करती है और **तेन**-उससे ही **पिता**-प्रभु-महिमा **वर्धते**-बढ़ती है।

भावार्थ-परमात्मा के दो रूप हैं पहला रूप है जो सृष्टि के सब पदार्थों को आच्छादित करता है और दूसरा रूप है जगत् की उत्पत्ति करना। जितना आवश्यक है उतना ही संसार प्रभु बनाते हैं। जड़ प्रकृति को वह अपनी शक्ति प्रदान करता है जिससे सृष्टि बनती है। इस सृष्टि-रचना से ही प्रभु की महिमा बढ़ती है।

ऋषिः-**वसिष्ठः कुमारो वाग्नेयः**॥ देवता-**पर्जन्यः**॥ छन्दः-**विराट्त्रिष्टुप्**॥ स्वरः-**धैवतः**॥

सर्वाधार परमेश्वर

यस्मिन्विश्वानि भुवनानि तस्थुस्तिस्रो द्यावस्त्रेधा सस्रुरापः।
त्रयः कोशास उपसेचनासो मध्वः श्चोतन्त्यभितो विरप्शम्॥ ४॥

पदार्थ-**यस्मिन्**-जिसके आधार पर **विश्वानि भुवनानि**-समस्त लोक, **तस्थुः**-स्थित हैं, **यस्मिन् तिस्रः द्यावः**-जिसके आश्रय तीनों लोक पृथ्वी, अन्तरिक्ष और सूर्य स्थित हैं। **यस्मिन्**-जिसका आश्रय लेकर **आपः त्रेधा सस्रुः**-जल तीन प्रकार से गति करते हैं, पृथिवी से वाष्प बनकर ऊपर उठते हैं, मेघ से जल बनकर नीचे आते और समुद्र से वायु के बल पर भूमि पर आते हैं और **यस्मिन्**-जिसके आश्रय **त्रयः कोशासः**-तीन कोश **मध्वः उप-**

सेचनासः-जल वर्षक मेघों के समान मधुर आनन्द की वर्षा करनेवाले होकर विरप्शम् अभितः-उस महान् के चारों ओर श्चोतन्ति-गति करते हैं। अध्यात्म में तीन कोश-विज्ञानमय, मनोमय, आनन्दमय। सूर्य में तीन कोश-वर्णमण्डल (Chromosfhere) प्रकाशमण्डल (Photosfhere) और उद्रजन। यह सब कर्म उस महान् प्रभु के ही अधीन हो रहे हैं।

भावार्थ-पृथिवी, अन्तरिक्ष और द्यौ ये तीनों लोकों का आश्रय, जलों की तीनों गतियों का प्रेरक तथा तीनों कोश-ज्ञानकोश ऋग्, यजु, साम से जिस के आनन्द की वर्षा होती है वह सर्वाधार प्रभु ही है। उसकी महिमा को देखो।

ऋषिः-वसिष्ठः कुमारो वाग्नेयः॥ देवता-पर्जन्यः॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

प्रभु की स्तुति हृदय से करें

इदं वचः पर्जन्याय स्वराजे हृदो अस्त्वन्तरं तज्जुजोषत्।
मयोभुवो वृष्टयः सन्त्वस्मे सुपिप्पला ओषधीर्देवगोपाः॥ ५॥

पदार्थ-इदं वचः-यह वचन स्वराजे-स्वप्रकाशस्वरूप, पर्जन्याय-सब रसों के दाता प्रभु के लिये हृदः अन्तरं अस्तु-हृदय के भीतर हो। तत्-उस स्तुति-वचन को प्रभु जुजोषत्-स्वीकार करे अस्मे-हमारे सुख के लिये मयः-भुवः वृष्टयः शन्तु-सुखदात्री वृष्टियाँ सदा हों और सुपिप्पलाः-उत्तम फलयुक्त देव-गोपाः-मेघ द्वारा रक्षित ओषधीः-ओषधियें भी मयः-भुव सन्तु-सुखकारी हों।

भावार्थ-जिस परमेश्वर की कृपा से ये बादल बरसकर हमें सुखी करते हैं। औषधियों से रोग निवारण तथा फलों से स्वास्थ्यवर्द्धन होकर हमें सुख मिलता है ऐसे सुखदाता प्रभु के लिए हृदय से स्तुति किया करें। हृदय के श्रेष्ठ भावों से की गई स्तुति को ही प्रभु स्वीकार करते हैं।

ऋषिः-वसिष्ठः कुमारो वाग्नेयः॥ देवता-पर्जन्यः॥ छन्दः-त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

ज्ञानमय परमेश्वर

स रेतोधा वृषभः शश्वतीनां तस्मिन्नात्मा जगतस्तस्थुषश्च।
तन्म ऋतं पातु शतशारदाय यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ ६॥

पदार्थ-सः-वह परमेश्वर रेतोधाः-प्रकृति देवी में विश्व के उत्पादक परम बीज, तेज को आधान करनेवाला शश्वतीनां वृषभः-मेघ तुल्य सुखों का वर्षक, गौओं में साण्ड के समान पृथिवियों में जीवों का बीज बोनेवाला है, तिस्मन्-उसके ही आश्रय जगतः तस्थुषः च आत्मा-जंगम और स्थावर संसार का आत्मा या सत्ता विद्यमान है। तत् ऋतं-वह ज्ञानमय परमेश्वर मे शतशारदाय पातु-मेरे जीवन को सौ वर्षों तक पालन करे। हे विद्वान् पुरुषो! यूयं स्वस्तिभिः नः सदा पात-आप सदैव ही उत्तम साधनों से हमारी रक्षा करें।

भावार्थ-वह परमात्मा प्रकृति में अपना तेज भरकर सृष्टि के योग्य बनाता है। जीवों के बीज-वीर्य के परमाणु पृथिवी में भरता है। जड़ और चेतन समस्त सृष्टि का आश्रय है। उस ज्ञानमय परमेश्वर से सौ वर्ष तक जीवन धारण करने का सामर्थ्य प्राप्त करो।

अग्रिम सूक्त के ऋषि देवता यही हैं।

[१०२] द्व्यत्तरशततमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः कुमारो वाग्नेयः ॥ देवता-पर्जन्यः ॥ छन्दः-गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

सर्वोत्पादक परमेश्वर-१

पर्जन्यायं प्र गायत दिवस्पुत्राय मीळ्हुषे। स नो यवसमिच्छतु ॥ १ ॥

पदार्थ-हे विद्वान् लोगो! **दिवः पुत्राय**-सूर्य से उत्पन्न, सूर्य के पुत्र व **मीळुषे**-सेचन करने में समर्थ, **पर्जन्याय**-जल दाता मेघ सदृश ज्ञान-प्रकाश से बहुतों के रक्षक और हृदय में आनन्द के सेचक, **पर्जन्याय**-सब रसों के दाता, सबके उत्पादक, परमेश्वर के लिये **प्र गायत**-अच्छी प्रकार स्तुति करो। **सः**-वह **नः**-हमें **यवसम्**-अन्नादि देना **इच्छतु**-चाहे।

भावार्थ-ज्ञान के प्रकाश से हृदय को आनन्द देनेवाले, बादलों से जल बरसाकर प्रसन्नता देनेवाले तथा समस्त रसों व अन्नादि को बनाकर जीवन देनेवाले सर्वोत्पादक परमेश्वर की स्तुति करने की विधि विद्वान् लोग सब मनुष्यों को बताया करें।

ऋषिः-वसिष्ठः कुमारो वाग्नेयः ॥ देवता-पर्जन्यः ॥ छन्दः-पादनिचृद्गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

सर्वोत्पादक परमेश्वर-२

यो गर्भमोषधीनां गवां कृणोत्यर्वताम्। पर्जन्यः पुरुषीणाम् ॥ २ ॥

पदार्थ-**यः**-जो **ओषधीनाम्**-मेघ तुल्य ओषधियों, **गवाम्**-गौओं, **अर्वताम्**-अश्वों और **पुरुषीणाम्**-मानव स्त्रियों के **गर्भम् कृणोति**-गर्भ उत्पन्न करता है, वही **पर्जन्यः**-सर्वोत्पादक प्रभु है।

भावार्थ-औषधियों, गाय व घोड़े आदि पशुओं व मनुष्यों को उत्पन्न करनेवाला वह सर्वोत्पादक परमेश्वर ही है इस रहस्य को जानें।

ऋषिः-वसिष्ठः कुमारो वाग्नेयः ॥ देवता-पर्जन्यः ॥ छन्दः-निचृद्गायत्री ॥ स्वरः-षड्जः ॥

यज्ञ

तस्मा इदास्ये हविर्जुहोता मधुमत्तमम्। इळां नः संयतं करत् ॥ ३ ॥

पदार्थ-जो परमेश्वर वा गुरु **नः**-हमारे **आस्ये**-मुख में **इडाम्**-वाणी को **संयतं**-सुनियन्त्रित **करत्**-करता है **तस्मै इत्**-उसी के गुणगान के लिये **आस्ये**-मुख में **मधुमत्-तमम्**-अत्यन्त मधुर गुण युक्त **हविः**-वचन **जुहोत**-धारण करो। ऐसे ही जो प्रभु मेघ तुल्य **नः इडां संयतं करत्**-हमें नियम से अन्न देता है उसके लिये मधुर हवि को **आस्ये**-छिन्न-भिन्न करके दूर तक फैला देनेवाले अग्नि में **हविः**-मधुर अन्नादि चरु प्रदान करो।

भावार्थ-मनुष्य लोग परमेश्वर द्वारा प्रदान की गई वाणी से उसकी ही महिमा का गान-स्तुति करे और उसके द्वारा प्रदत्त अन्न-औषध आदि को अग्नि में आहुति देकर यज्ञ किया करें। इससे जीवन में सुख-शान्ति की वृद्धि होगी।

आगामी सूक्त का ऋषि वसिष्ठ व देवता मण्डूका है।

[१०३] त्र्युत्तरशततमं सूक्तम्

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-मण्डूकाः ॥ छन्दः-आर्ष्यनुष्टुप् ॥ स्वरः-गान्धारः ॥

वेदवाणी का प्रवचन

संवत्सरं शशयाना ब्राह्मणा व्रतचारिणः। वाचं पर्जन्यजिन्विताम् प्र मण्डूका अवादिषुः ॥ १ ॥

पदार्थ–जैसे **संवत्सरं शशयानाः**=वर्ष भर पड़े रहनेवाले **मण्डूकाः**=जलवासी मेंढक **पर्जन्य-जिन्वितां वाचं प्र अवादिषुः**=मेघ से दी हुई वाणी को खूब ऊँचे-ऊँचे बोलते हैं वैसे ही **व्रत-चारिणः**=व्रत का आचरण करनेवाले **संवत्सरं शशयानाः**=वर्षभर तप करते हुए **ब्राह्मणाः**=ब्रह्म, वेद के जाननेवाले, वेदज्ञ, विद्वान् जन **मण्डूकाः**=ज्ञान, आनन्द में मग्न होकर **पर्जन्य-जिन्वितां**=प्रभु की दी हुई **वाचं**=वेद वाणी का **प्र अवादिषुः**=उत्तम रीति से प्रवचन किया करें।

भावार्थ–व्रतों को धारण करनेवाले विद्वान् जन आनन्द में भरकर अपने तपस्वी ब्रह्मचारियों के लिए वेदवाणी के रहस्यों को उत्तम प्रवचनों के द्वारा प्रदान किया करें।

ऋषिः–**वसिष्ठः**॥ **देवता**–**मण्डूकाः**॥ **छन्दः**–**आर्षीत्रिष्टुप्**॥ **स्वरः**–**धैवतः**॥

वेद का गान

दिव्या आपो अभि यदेनमायन्दृतिं न शुष्कं सरसी शयानम्।
गवामह न मायुर्वत्सिनीनां मण्डूकानां वग्नुरत्रा समेति॥ २॥

पदार्थ–**दृतिं शुष्कं न**=सूखे चर्म-पात्र के तुल्य **सरसि शयानं**=तालाब में पड़े **एनम्**=इस मण्डूक को **दिव्या आपः**=आकाश के जल **यद् अभि आयन्**=जब प्राप्त होते हैं तब **मण्डूकानां वग्नुः**=मेंढकों का शब्द **वत्सिनीनां गवां मायुः न**=बछड़े वाली गौओं के शब्द के तुल्य ही **सम् एति**=आता है वैसे ही **शुष्कं दृतिं न**=सूखे चर्मपात्र के तुल्य **सरसि**=ज्ञानमार्ग में **शयानम्**=तप करते हुए **एनम् प्रति अभि**=इस ब्राह्मण वर्ग को **दिव्याः आपः**=परमेश्वर से प्राप्त होनेवाली ज्ञान-वाणियाँ **वर्षा**-जल के तुल्य ही **आयन्**=प्राप्त होते हैं तब **मण्डूकानां**=ज्ञान में मग्न विद्वानों का **वग्नुः**=उपदेश और **वत्सिनीनाम्**=नियम से ब्रह्मचर्यवास करनेवाले शिष्यों से युक्त **गवाम् मायुः**=वेद-वाणियों की ध्वनि भी **अत्र**=इस लोक में **सम् एति**=अच्छी प्रकार सुनाई देती है।

भावार्थ–तपस्वी ब्राह्मण वर्ग को ईश्वर के द्वारा प्रदत्त अमृतमयी वेदवाणियों की प्राप्ति होती है। ये ज्ञानी विद्वान् ब्रह्मचर्य के तप से तपते हुए अपने अनुशासन प्रिय शिष्यों को इस वेदवाणी का उपदेश करें। तब इन गुरु और शिष्यों के द्वारा सस्वर छन्दों में गाई जानेवाली वेदवाणी लोगों को आकर्षित व प्रेरित करेगी।

ऋषिः–**वसिष्ठः**॥ **देवता**–**मण्डूकाः**॥ **छन्दः**–**निचृत्त्रिष्टुप्**॥ **स्वरः**–**धैवतः**॥

वेद-प्रचार

यदीमेनाँ उशतो अभ्यवर्षीत्तृष्यावतः प्रावृष्यागतायाम्।
अक्खलीकृत्य पितरं न पुत्रो अन्यो अन्यमुप वदन्तमेति॥ ३॥

पदार्थ–**उशतः**=वर्षा को चाहनेवाले और **तृष्यावतः एनान्**=प्यासे इनके प्रति **प्रावृषि आगतायाम्**=वर्षा काल आ जाने पर **अभि अवर्षीत्**=मेघ वर्षता है, **पुत्रः पितरं न**=पिता के प्रति पुत्र के तुल्य **वदन्तम् अन्यम् अन्यः उप एति**=बोलते एक मेंढक के पास दूसरा जैसे आ जाता है वैसे ही **आगतायां प्रावृषि**=वर्षाकाल आने पर **यद्-ईम्**=जब भी **उशतः**=विद्या के इच्छुक और **तृष्यावतः एनान्**=ज्ञान-पिपासा से युक्त इन शिष्यों के प्रति विद्वान् पुरुष मेघ के तुल्य **अभि अवर्षीत्**=ज्ञान-वर्षा करता है तब **वदन्तम् अन्यम् उप**=उपदेश करते हुए एक के पास **अन्यः**=दूसरा शिष्य **पुत्रः पितरं न**=पिता के पास पुत्र के तुल्य ही **अक्खलीकृत्य**=विनम्र होकर **उप एति**=आता है और ज्ञान प्राप्त करता है।

भावार्थ–वर्षा ऋतु के आने पर विद्वान् लोग बस्तियों के समीप आकर वेदवाणी का उपदेश किया करें। इससे एक-एक करके अनेकों श्रोता शिष्यगण उन विद्वानों के समीप पहुँचकर ज्ञान प्राप्त कर लेते हैं।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–मण्डूकाः॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

विद्या का दान

अन्यो अन्यमनु गृभ्णात्येनोरपां प्रसर्गे यदमन्दिषाताम्।
मण्डूको यदभिवृष्टः कनिष्कन्पृश्निः संपृक्ते हरितेन वाचम्॥४॥

पदार्थ–जैसे **अपां प्रसर्गे**–जलों के खूब हो जाने पर **यत् अमन्दिषाताम्**–जब दो मेंढक प्रसन्न हो जाते हैं **अन्यः अन्यम् अनुगृभ्णाति**–एक दूसरे को पकड़ लेता है, **कनिष्कन् मंडूकः पृश्निः हरितेन वाचं सम्पृङ्क्ते**–पीला, कूदता मेंढक हरे मेंढक से अपनी आवाज मिलाता है वैसे ही **यत्**–जब **अपां प्रसर्गे**–आप्त वेदज्ञानों के देने के लिये गुरु-शिष्य दोनों **अमन्दिषाताम्**–प्रसन्न हो जाते हैं **एनोः**–इन गुरु और शिष्य में से **अन्यः**–एक गुरु, **अन्यम्**–दूसरे को **अनुगृभ्णाति**–अनुग्रहपूर्वक स्वीकार करता है और **यत्**–जो **अभिवृष्टः**–अभिषेचित विद्याव्रत–स्नातक **मण्डूकः**–हर्षवान् होकर **कनिष्कन्**–विद्या प्रदान करता है तब **पृश्निः**–वेद का विद्वान् **हरितेन**–ज्ञान-ग्राहक शिष्य से **वाचम् संपृक्ते**–अपनी वाणी का सम्पर्क कराता है, उसे ज्ञान देता है।

भावार्थ–गुरुजन अपने ब्रह्मचारी शिष्यों के साथ मिलकर अनुग्रहपूर्वक विद्या प्रदान करते हैं। तब ये शिष्य विद्याव्रत–स्नातक होकर प्रसन्नतापूर्वक समावर्त्तित होकर जाते हैं। अब ये विद्वान् भी अपने समीप आनेवाले शिष्यों को विद्या का दान करें।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–मण्डूकाः॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

वेद-प्रचार

यदेषामन्यो अन्यस्य वाचं शाक्तस्येव वदति शिक्षमाणः।
सर्वं तदेषां समृधेव पर्व यत्सुवाचो वदथनाध्यप्सु॥५॥

पदार्थ–**यत्**–जब **एषाम्**–इन विद्वानों में से **अन्यः**–एक विद्वान् शिष्य **शिक्षमाणः**–शिक्षा पाकर **अन्यस्य शाक्तस्य**–दूसरे विद्या आदि से सम्पन्न गुरु की **वाचम् वदति**–वाणी को कहता है और **यत्**–जब **अप्सु अधि**–प्राप्त शिष्यों वा प्रजाओं के बीच, इन विद्वानों में **सुवाचः**–उत्तम वाणीवाले आप लोग **वदथन**–उपदेश करते हैं **तत्**–तब **एषां**–इनका **सर्वं**–समस्त **पर्व**–पालन योग्य व्रत, वेदादि-अध्ययन **समिधा इव**–समृद्ध उत्सवादि के समान हो जाता है।

भावार्थ–गुरुजनों के सान्निध्य में रहकर ब्रह्मचारी शिष्य जब विद्वान् हो जावे तो वह अपने वेदाध्ययन द्वारा प्राप्त ज्ञान को हजारों लोगों के समूह में प्रवचन के द्वारा तथा अपने समीप आए शिष्यों को उपदेश के द्वारा प्रदान करे।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–मण्डूकाः॥ छन्दः–आर्षीत्रिष्टुप्॥ स्वरः–धैवतः॥

विद्वानों की विभिन्न श्रेणियाँ

गोमायुरेको अजमायुरेकः पृश्निरेको हरित एक एषाम्।
समानं नाम बिभ्रतो विरूपाः पुरुत्रा वाचं पिपिशुर्वदन्तः॥६॥

पदार्थ–**एषाम्**–इन विद्वानों में से **एकः**–एक **गो-मायुः**–वेदवाणियों के प्रवचन में समर्थ

होता है। **एकः अज-मायुः**=एक विद्वान् अजन्मा, परमेश्वर के प्रवचन में समर्थ है। **एक पृश्निः**=एक प्रश्नोत्तर करने में कुशल है। **एक हरितः**=एक ज्ञानों को ग्रहण करने में कुशल है। ये सब **समानं**=एक समान **नाम**=‘ब्राह्मण’ ‘विद्वान्’ नाम धारण करते हुए भी **वि-रूपाः**=विविध विद्याओं को धारण करते हैं। वे **वदन्तः**=प्रवचन करते हुए **पुरुत्रा वाचं पिपिशुः**=नाना प्रकार से वाणी को प्रकट करते हैं।

भावार्थ–राष्ट्र में कुछ विद्वान् वेदवाणी का प्रवचन करें, कुछ योगी बनकर योग सिखावें तथा परमात्मा का साक्षात्कार करावें, कुछ शोध करें, कुछ ज्ञान ग्रहण करके विभिन्न विद्याओं पर प्रयोग करें। इस प्रकार राष्ट्र में विविध विद्याओं का प्रचार होकर राष्ट्र समृद्ध बनेगा।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मण्डूकाः ॥ छन्दः–आर्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

पूर्ण ब्रह्म का उपदेश

ब्राह्मणासो अतिरात्रे न सोमे सरो न पूर्णमभितो वदन्त।
संवत्सरस्य तदहः परि ष्ठ यन्मण्डूकाः प्रावृषीणं बभूव॥७॥

पदार्थ–जैसे **यत्**=जब **संवत्सरस्य**=वर्ष के बीच **प्रावृषीणं अहः बभूव**=वर्षा का दिन होता है, **तत् अहः**=उस दिन **मण्डूकाः**=मेंढक **पूर्णं सरः अभितो वदन्तः परि तिष्ठन्ति**=भरे तालाब के चारों ओर बोलते हुए विराजते हैं। वैसे ही **अति-रात्रे**=अति रात्र सोमयाग की रात्रि को अतिक्रमण कर व्रतधारी विद्वान् **सोमे**=सोम अर्थात् शिष्य के निमित्त **न**=भी, हे **ब्राह्मणासः**=वेदज्ञ लोगो! आप **पूर्णं सरः अभितः वदन्तः**=पूर्ण ब्रह्म का उपदेश करते हुए **संवत्सरस्य तत् अहः**=वर्ष के उस दिन **परि स्थ**=सब एक घर-सा बनाकर बैठा करो।

भावार्थ–सोमयाग की रात्रि व्यतीत होने पर सभी व्रतधारी विद्वान् एक होकर अपने शिष्यों के लिए उस पूर्ण ब्रह्म का उपदेश करें। वर्ष के उस दिन सभी विद्वान् व शिष्य लोग एक घर जैसा बनाकर बैठा करें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मण्डूकाः ॥ छन्दः–आर्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

वर्षभर वेदोपदेश

ब्राह्मणासः सोमिनो वाचमक्रत ब्रह्म कृण्वन्तः परिवत्सरीणम्।
अध्वर्यवो घर्मिणः सिष्विदाना आविर्भवन्ति गुह्या न के चित्॥८॥

पदार्थ–**सोमिनः ब्राह्मणासः**=सोमयाग करनेवाले, वा ब्रह्मचारियों को शिक्षा देनेवाले विद्वान् लोग **परि वत्सरीणम्**=वर्ष भर **ब्रह्म कृण्वन्तः**=वेदोपदेश करते हुए **वाचम् अक्रत**=प्रवचन करें। **अध्वर्यवः**=यज्ञकर्त्ता **घर्मिणः**=सूर्यवत् तेजस्वी, **सिष्विदानाः**=स्वेदयुक्त होकर भी **केचित्**=कुछ विद्वान् लोग **गुह्याः न**=गुहा में बैठे तपस्वियों के तुल्य **गुह्याः**=बुद्धि, ज्ञान या हृदय-गुहा में रमण करते हुए **आविर्भवन्ति**=प्रकट होते हैं।

भावार्थ–विद्वान् लोग अपने ब्रह्मचारी शिष्यों को वर्षभर वेदोपदेश करते रहें। यज्ञ कराते रहें तथा गुफाओं में बैठकर तपस्या करते हुए ब्रह्म को भी जानें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मण्डूकाः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

वेद की रक्षा

देवहितिं जुगुपुर्द्वादशस्यं ऋतुं नरो न प्र मिनन्त्येते।
संवत्सरे प्रावृष्यागतायां तप्ता घर्मा अश्नुवते विसर्गम्॥९॥

पदार्थ–**संवत्सरे**=वर्ष में **तप्ताः घर्माः**=तपे घाम अर्थात् सूर्य के तेज **प्रावृषि आगतायां**=वर्षाकाल आने पर **विसर्गम् अश्नुवते**=विविध प्रकार से जलों को व्याप लेते हैं, मेघ रूप से प्रकट करते हैं, वे **द्वादशस्य**=बारह मास के बने वर्ष के **देव-हितिं**=जलप्रद मेघ की **जुगुपुः**=रक्षा करते और **नरः**=नायक वायुगण **ऋतं न प्रमिनन्ति**=वर्षा ऋतु को नष्ट नहीं होने देते वैसे ही **संवत्सरे**=एक वर्ष में **प्रावृषि आगतायाम्**=वर्षा के आने पर **तप्ताः**=तप से संतप्त, **घर्माः**=तेजस्वी पुरुष भी **विसर्गम् अश्नुवते**=विविध अध्याय, काण्डादि से युक्त वेद का अभ्यास करते हैं। वे **द्वादशस्य**=बारहों मास **देव-हितिं जुगुपुः**=परमेश्वरदत्त ज्ञान की रक्षा करते हैं और **एते**=वे **नरः**=उत्तम पुरुष **ऋतुं न प्र मिनन्ति**='ऋतु' अर्थात् ज्ञानयुक्त वेद को वैसे ही नष्ट नहीं होने देते जैसे नर–जीव अपने जातिवर्ग में ऋतु का व्यर्थ नाश नहीं होने देते।

भावार्थ–तेजस्वी विद्वान् व ब्रह्मचारीगण विविध अध्याय, काण्ड आदि से युक्त वेद का अभ्यास वर्षभर किया करें। इस प्रकार ईश्वरप्रदत्त वेद ज्ञान की रक्षा निरन्तर करते रहें। उत्तम विद्वान् पुरुष कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी ईश्वर की ज्ञानमयी वेदवाणी को नष्ट नहीं होने दें।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मण्डूकाः ॥ छन्दः–आर्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

विविध विद्याओं का उपदेश

गोमायुरदादजमायुरदात्पृश्निरदाद्धरितो नो वसूनि।
गवां मण्डूका ददतः शतानि सहस्रसावे प्र तिरन्त आयुः ॥ १० ॥

पदार्थ–**गो-मायुः**=वाणियों का उपदेष्टा **नः वसूनि अदात्**=हमें ऐश्वर्य दे। **अज-मायुः नः वसूनि अदात्**=नित्य पदार्थ जीव, आत्मा और प्रकृति का उपदेशक हमें ऐश्वर्य दे। **हरितः**=ज्ञान-संग्रही विद्वान् **नः वसूनि अदात्**=हमें ऐश्वर्य दे। **मंडूकाः**=मोक्षादि आनन्द में मग्न और अन्यों को आनन्दित करनेवाले विद्वान् **सहस्रसावे**=सहस्रों के ऐश्वर्यों और सुखों के देने के निमित्त **गवां शतानि**=सैकड़ों वाणियों का **ददतः**=उपदेश करते हुए **आयुः प्र तिरन्ते**=आयु की वृद्धि करें।

भावार्थ–विद्वान् जन लोगों के मध्य में वेद का उपदेश करें। ईश्वर, जीव, प्रकृति इन नित्य पदार्थों का उपदेश करें। विविध भौतिक ज्ञान का उपदेश करें। मोक्ष तथा मोक्षानन्द की प्राप्ति के साधन बतावें। सांसारिक पदार्थों की समृद्धि हेतु शिल्प विद्या आदि सिखावें। इस प्रकार राष्ट्र में भौतिक तथा आध्यात्मिक ऐश्वर्य की वृद्धि करें।

अग्रिम सूक्त का ऋषि वसिष्ठ तथा देवता इन्द्रासोमौ रक्षोहणौ, इन्द्र, सोम, अग्नि, देवाः, ग्रावणः, मरुत, वसिष्ठ, पृथिव्यन्तरिक्षे हैं।

[१०४] चतुरुत्तरशततमं सूक्तम्

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रासोमौ रक्षोहणौ ॥ छन्दः–विराड्जगती ॥ स्वरः–निषादः ॥

दुष्टों का दमन

इन्द्रासोमा तपतं रक्ष उब्जतं न्यर्पयतं वृषणा तमोवृधः।
परा शृणीतमचितो न्योषतं हतं नुदेथां नि शिशीतमत्रिणः ॥ १ ॥

पदार्थ–दुष्टों का दमन। हे **इन्द्रा सोमा**='इन्द्र' ऐश्वर्यवन्! शत्रुहन्तः! हे सोम, शासक जन! आप दोनों मिलकर **रक्षः तपतम्**=दुष्टों को इतना पीड़ित करो कि वे पश्चात्ताप करें। **उब्जतम्**=उनको झुकाओ। हे **वृषणा**=प्रबन्धक, बलवान् जनो! **तमः-वृधः**=अज्ञान, अन्धकार बढ़ानेवालों को **नि अर्पयतम्**=नीचे दबाओ। उन **अचितः**=मूर्ख लोगों को **परा शृणीतम्**=पीड़ित करो कि वे बुरे

पथ से हट जाएँ। उनको नि ओषतं-सन्तापित करो, हतं-दण्डित करो, नुदेथाम्-उनको भगाते रहो। अघ्निणः-प्रजा का सर्वस्व खा जानेवालों को भी नि शिशीतम्-तीक्ष्ण दण्ड दो।

भावार्थ-शासक जनों को योग्य है कि वह प्रजा को कष्ट देनेवाले दुष्टों को दबाए, मारे, पीड़ा पहुँचावे तथा दण्डित करे। राष्ट्र घातकों को कठोर दण्ड देवे। इससे वे दुष्ट पश्चात्ताप करेंगे तथा बुरे पथ को छोड़कर राष्ट्र की मुख्यधारा में जुड़ जावेंगे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रासोमौ रक्षोहणौ ॥ छन्दः-आर्षीजगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

पापी को पीड़ा दें

इन्द्रासोमा समघशंसमभ्यघं तपुर्यस्तु चरुरग्निवाँइव।
ब्रह्मद्विषे क्रव्यादे घोरचक्षसे द्वेषो धत्तमनवायं किमीदिने ॥ २ ॥

पदार्थ-हे इन्द्रासोमा-ऐश्वर्यवन्! हे शासक जनो! आप दोनों अघ-शंसं-पाप-चर्चा करनेवाले अघं-पापी पुरुष को सम् अभि धत्तम्-अच्छी प्रकार बाँधो, वह तपुः-संतप्त होकर, अग्निवान् चरुः इव-अग्नि-युक्त पात्र के समान सन्तप्त होकर यर्यस्तु-पीड़ित हो। आप दोनों ब्रह्म-द्विषे-वेद और वेदज्ञ के द्वेषी क्रव्यादे-कच्चे मांस-खोर और किमीदिने-अब क्या, अब क्या इस प्रकार मूढ़ और घोरचक्षसे-क्रूर-दृष्टि पुरुष को अनवायं-निरन्तर द्वेषः धत्तम्-अप्रीति करो।

भावार्थ-शासक जन राष्ट्र में पाप कर्मों को फैलानेवाले पापियों को बन्धन में डालकर पीड़ित करें। वेद के विद्वानों के विरोधी, कच्चा मांस खानेवालों को भी दण्डित करें तथा पूर्वाग्रही मूर्ख लोगों का तिरस्कार करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रासोमौ रक्षोहणौ ॥ छन्दः-निचृज्जगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

आततायी को दण्ड

इन्द्रासोमा दुष्कृतो वव्रे अन्तरनारम्भणे तमसि प्र विध्यतम्।
यथा नातः पुनरेकश्चनोदयत्तद्वामस्तु सहसे मन्युमच्छवः ॥ ३ ॥

पदार्थ-हे इन्द्रोसोमा-ऐश्वर्यवन्! राजन्! हे सोम-विद्वान् जनो! आप लोग दुष्कृतः-दुष्ट और दुःखदायी कामनावाले पुरुषों को वव्रे अन्तः-चारों ओर से घिरे कृष्णागार स्थान के भीतर और अनारम्भणे तमसि-अवलम्बन-रहित, ऐसे अन्धेरों में जहाँ कार्य न किया जा सके प्र विध्यतम्-रखकर दण्डित करो। यथा-जिससे अतः-वहाँ से पुनः एकः चन-फिर एक भी कोई न उद् अयत्-उठ के ऊपर न आवे। वाम्-आप दोनों का तत्-वह अद्भुत मन्युमत् शवः-क्रोध से पूर्ण पराक्रम सहसे अस्तु-दुष्ट की पराजय के लिये हो।

भावार्थ-प्रजा को दुःख देनेवाले दुष्ट आततायी को शासक जन कारावास में डालकर अन्धेरी कालकोठरी में रखकर दण्डित करें जिससे वह आततायी पुनः दुष्ट आचरण करने का साहस न कर सके।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रासोमौ रक्षोहणौ ॥ छन्दः-विराड्जगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

दुष्ट-पापियों को सन्ताप दें

इन्द्रासोमा वर्तयतं दिवो वधं सं पृथिव्या अघशंसाय तर्हणम्।
अर्त्तक्षतं स्वर्यं पर्वतेभ्यो येन रक्षो वावृधानं निजूर्वथः ॥ ४ ॥

पदार्थ–हे **इन्द्रासोमा**=ऐश्वर्यवन्, हे विद्यावान् दोनों जनो! आप **अघ-शंसाय**=पाप-चर्चाकारी पुरुष को दण्ड देने के लिये **दिवः**=सूर्य और **पृथिव्याः**=पृथिवी से **वधं वर्तयतम्**=दण्ड किया करो और उसके लिये **तर्हणम्**=नाशकारी **स्वर्यं**=सन्तापजनक, नादकारी **पर्वतेभ्यः**=मेघों से आनेवाले विद्युत् को **उत् तक्षम्**=उत्तम रीति से प्राप्त करो। **येन**=जिससे **वावृधानं रक्षः**=बढ़ते दुष्ट जन को **निजूर्वथः**=दण्डित कर सको।

भावार्थ–राष्ट्र में पाप को फैलानेवाले पापी पुरुष को शासक वर्ग सूर्य का तेज धूप, गले तक भूमि में दबाकर तथा विद्युत् का प्रहार करके बहुत सन्ताप दे। इससे राष्ट्र में बढ़ते अपराध तथा दुष्टजनों को रोका जा सकेगा।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–इन्द्रासोमौ रक्षोहणौ॥ छन्दः–निचृज्जगती॥ स्वरः–निषादः॥

आकाश से दुष्टों पर अस्त्र प्रहार

इन्द्रासोमा वर्तयतं दिवस्पर्यग्नितप्तेभिर्युवमश्महन्मभिः।
तपुर्वधेभिरजरेभिरत्रिणो न पर्शाने विध्यतं यन्तु निस्वरम्॥ ५॥

पदार्थ–हे **इन्द्रासोमा**=राजन्! शासक जन! **युवम्**–आप दोनों **अग्नि-तप्तेभिः**=अग्नि से तपे हुए, **अश्म-हन्मभिः**=मेघ से विद्युत् तुल्य आघात करनेवाले **तपुर्वधेभिः**=दुष्ट नाशक अस्त्रों से **दिवः परि**=आकाश से दूर से ही मार कर **अत्रिणः**=प्रजा नाशक दुष्ट पुरुष के **पर्शाने**=दोनों पासों के बल समुदाय को **नि विध्यतम्**=छिन्न-भिन्न करो। जिससे वह **निः-स्वरम्**=बिना आवाज किये, बिना कष्ट पहुँचाये **यन्तु**=चला जावे।

भावार्थ–राजा दुष्ट-नाशक अस्त्रों को वायुसेना में सम्मिलित करे। इससे दुष्ट व शत्रुओं पर आकाश से ही अस्त्रों का प्रहार करके दुष्ट पुरुषों की शक्ति का नाश कर दे। तब वह दुष्ट शक्तिहीन होकर स्वयं ही भाग जाएगा।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–इन्द्रासोमौ रक्षोहणौ॥ छन्दः–विराड्जगती॥ स्वरः–निषादः॥

वेदवाणी का अवगाहन

इन्द्रासोमा परि वां भूतु विश्वत इयं मतिः कक्ष्याश्वेव वाजिना।
यां वां होत्रां परिहिनोमि मेधयेमा ब्रह्माणि नृपतीव जिन्वतम्॥ ६॥

पदार्थ–**कक्ष्या वाजिना अश्वा-इव**=जैसे वेगवाले, अश्वों को बगलबन्द की रस्सी चारों ओर से बाँधती है हे **इन्द्रासोमा**=ऐश्वर्यवन् वा ज्ञानदर्शिन् आचार्य! हे सोम! सौम्य भावयुक्त शिष्य! **वां**=आप दोनों को **इयं मतिः**=यह ज्ञान वा वाणी **कक्ष्या**=अवगाहन-योग्य गम्भीर, **विश्वतः परि भूतु**=सब ओर से प्राप्त हो। **वां**=आप दोनों की **यां**=जिस **होत्रां**=ग्रहण योग्य उत्तम वाणी को **मेधया**=धारणावती बुद्धि द्वारा **परि हिनोमि**=मैं प्राप्त करूँ, **इमा ब्रह्माणि**=इन वेद-वचनों को **नृपती इव**=राजाओं के समान तुम दोनों **जिन्वतम्**=प्राप्त करो।

भावार्थ–ज्ञानी आचार्य और ब्रह्मचारी शिष्य दोनों मिलकर वेदवाणी का गम्भीर मन्थन करें। जो तथ्य व रहस्य निष्कर्ष रूप में प्राप्त हों उन्हें अपनी मेधा बुद्धि के द्वारा धारण करें तथा उनका उपदेशों द्वारा प्रचार करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रासोमौ रक्षोहणौ ॥ छन्दः-विराड्जगती ॥ स्वरः-निषादः ॥

कठोरतम दण्ड व्यवस्था

प्रति स्मरेथां तुजयद्भिरेवैर्हतं दुहो रक्षसो भङ्गुरावतः ।
इन्द्रासोमा दुष्कृते मा सुगं भूद्यो नः कदा चिदभिदासति द्रुहा ॥ ७ ॥

पदार्थ-हे **इन्द्रासोमा**-ऐश्वर्यवान् ज्ञानवान् पुरुषो! आप दोनों **तुजयद्भिः**-शत्रुनाशक **एवैः**-प्रयाणशील, सैन्यों तथा अज्ञाननाशक ज्ञानों में **प्रति स्मरेथाम्**-प्रत्येक वस्तु का स्मरण करो। **भङ्गुरावतः**-गृहादि को तोड़नेवाले तथा व्रतादि के नाशक, **द्रुहः रक्षसः**-विघ्नकारी दुष्ट पुरुषों और दुष्ट भावों को **हतम्**-दण्ड दो, नष्ट करो। **यः**-जो **नः**-हमें **कदाचित्**-कभी भी **द्रुहा**-द्वेष से **अभिदासति**-नाश करता, वा हमें अपना दास बना लेता है, ऐसे **दुष्कृते**-दुराचारी को **सुगं मा भूत्**-कभी सुख न हो।

भावार्थ-शासकवर्ग शत्रु तथा दुष्टों के नाश की नीति तैयार करते समय प्रत्येक पहलू पर विचार करे। फिर उसे कठोरता से लागू करे। घरों-भवनों को हानि पहुँचानेवाले व अपहरण करनेवाले दुष्टों को कठोरतम दण्ड दें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

असत्यभाषी विद्वान् को दण्ड

यो मा पाकेन मनसा चरन्तमभिचष्टे अनृतेभिर्वचोभिः ।
आप इव काशिना संगृभीता असन्नस्त्वासत इन्द्र वक्ता ॥ ८ ॥

पदार्थ-हे **इन्द्र**-ऐश्वर्यवन्! **यः**-जो **पाकेन मनसा**-परिपक्व-दृढ़, ज्ञान वा चित्त से अथवा **पाकेन**-वाकेन-सत्य वचन और **मनसा**-उत्तम ज्ञान-सहित **चरन्तम्**-आचरण करनेवाले **मा**-मुझ पर **अनृतेभिः वचोभि**-असत्य वचनों द्वारा **अभि-चष्टे**-आक्षेप करता है वह **असन्**-असत्य का **वक्ता**-कहनेवाला **काशिना संगृभीताः अपः इव**-मुट्ठी में लिये जलों के समान **असन् अस्तु**-नहीं-सा होकर नष्ट हो।

भावार्थ-यदि कोई विद्वान् किसी निर्दोष व्यक्ति पर झूठे आरोप लगावे तो ऐसे असत्यभाषी विद्वान् को भी राजा दण्ड दे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सोमः ॥ छन्दः-आर्षीत्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

असत्य के प्रति प्रेरणा करनेवाले को दण्ड

ये पाकशंसं विहरन्त एवैर्ये वा भद्रं दूषयन्ति स्वधाभिः ।
अहये वा तान्प्रददातु सोम आ वा दधातु निर्ऋतेरुपस्थे ॥ ९ ॥

पदार्थ-**ये**-जो लोग **एवैः**-बुरे अभिप्रायों से **पाक-शंसं**-परिपक्व, सत्य वचन कहनेवाले को **विहरन्ते**-विरुद्ध मार्ग में ले जाते हैं **वा**-अथवा जो **स्वधाभिः**-अपने बल, अन्न, गृह के बल से वा वेतन भोगी पुरुषों द्वारा **भद्रं दूषयन्ति**-भले आदमी को दूषित करते हैं, **सोमः**-शासक राजा, न्यायाधीश **तान्**-उनको **वा**-भी **अहये प्र ददातु**-सर्पादि जन्तु के काटने, वा सर्पवत् कुटिलाचार करने के लिये दण्ड दे। **वा**-अथवा **तान्**-ऐसे पुरुषों को **निः ऋतेः**-दुःखदायी जन्तु, सिंह, रीछ आदि वा पीड़क के **उपस्थे**-समीप **आ दधातु**-रक्खें।

भावार्थ-यदि कोई व्यक्ति सदाचारी विद्वान् को या अपने अधीन वेतनभोगी पुरुषों को किसी

निर्दोष के ऊपर झूठे आरोप या उसके विरुद्ध झूठी गवाही देने के लिए दबाव डाले या प्रेरित करे तो ऐसे असत्य के प्रति प्रेरक को भी राजा कठोरतम दण्ड देवे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

मृत्युदण्ड की व्यवस्था

यो नो॒ रसं॒ दिप्स॑ति पि॒त्वो अ॑ग्ने॒ यो अश्वा॑नां॒ यो गवां॒ यस्तनू॑नाम्।
रि॒पुः स्ते॒नः स्ते॒यकृ॒द्भ्रमे॑तु नि ष ह्रि॑यतां त॒न्वा३ तना॑ च ॥ १० ॥

पदार्थ-हे अग्ने-अग्निवत् तेजस्विन्! यः-जो दुष्ट पुरुष नः-हमारे पित्वः रसं-अन्न के रस, सारभाग को दिप्सति-नष्ट करना चाहता है और यः-जो हमारे अश्वनां-घोड़ों, गवां-गौओं, और तनूनां-शरीरों के रसं-सारवान् बलयुक्त अंश को नाश करता है वह रिपुः-शत्रु, स्तेनः-चोर स्तेयकृत्-चोरी करनेवाला, पुरुष दभ्रम् एतु-पीड़ा वा मृत्युदण्ड को प्राप्त हो और सः-वह तन्वा-शरीर और तना च-पुत्रादि से नि ह्रीयताम्-वञ्चित रहे।

भावार्थ-जो दुष्ट प्रजाजनों के अन्नादि खाद्य पदार्थों को नष्ट करे, उनके पशुओं को मारे, उनके परिजनों को मारे या व्यभिचार करे ऐसे दुष्ट को राजा मृत्युदण्ड देवे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-देवाः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

दुष्ट का सामाजिक बहिष्कार

परः सो अ॑स्तु त॒न्वा३ तना॑ च ति॒स्रः पृ॑थि॒वीरधो॑ अस्तु॒ विश्वाः॑।
प्रति॑ शुष्यतु॒ यशो॑ अस्य देवा॒ यो नो॒ दिवा॒ दिप्स॑ति॒ यश्च॒ नक्त॑म् ॥ ११ ॥

पदार्थ-हे देवाः-विद्वान् मनुष्यो! यः च-और जो नः-हमें दिवाः-दिन में या नक्तम्-रात में दिप्सति-हानि पहुँचाता, सः-वह तन्वा तना च-शरीर और पुत्रादि से भी परः अस्तु-दूर हो। वह विश्वाः-समस्त तिस्रः-तीनों पृथिवीः-भूमियों, लोकों से अधः अस्तु-नीचे रहे, वह गढ़े में, या नीची कोटि में रक्खा जावे। अस्य यशः-उसका यश, बल प्रति शुष्यतु-प्रतिदिन सूखता जाय।

भावार्थ-जो दुष्ट प्रजाजनों को दिन में या रात में हानि पहुँचाता है उसका सामाजिक बहिष्कार किया जावे जिससे उसका यश और बल दोनों नष्ट हो जाएगा।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सोमः ॥ छन्दः-विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

सत्य की रक्षा असत्य का नाश करें

सु॒विज्ञा॑नं चिकि॒तुषे॒ जना॑य॒ सच्चास॑च्च॒ वच॑सी पस्पृधाते।
तयो॒र्यत्स॒त्यं य॑त॒रदृ॒जीय॒स्तदित्सोमो॑ऽवति॒ हन्त्यास॑त् ॥ १२ ॥

पदार्थ-चिकितुषे-जाननेवाले जनाय-मनुष्य के लिये सत् च असत् च-सत्य और असत्य दोनों सुविज्ञानं-अच्छी प्रकार जानने योग्य हैं, क्योंकि सत् च असत् च वचसी-सत्य और असत्य दोनों वचन पस्पृधाते-परस्पर स्पर्द्धा करते हैं। दोनों विरोधी होते हैं तयोः-उन दोनों में यत् सत्यं-जो सत्य है और यतरत् ऋजीयः-जो अधिक ऋजु, धर्मानुकूल है तद् इत्-उसकी ही, सोमः-उत्तम शासक विद्वान् अवति-रक्षा करता है और असत् हन्ति-असत् को विनष्ट करता है।

भावार्थ-विद्वान् जन अपने विवेक से सत्य और असत्य का निर्णय अच्छी प्रकार से करें।

सत्य को भी जानें और असत्य को भी जानें तब सत्य की रक्षा और असत्य का नाश पुरुषार्थपूर्वक करें।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-सोमः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

असत्यवादी को कारावास

न वा उ सोमो वृजिनं हिनोति न क्षत्रियं मिथुया धारयन्तम्।
हन्ति रक्षो हन्त्यासद्वदन्तमुभाविन्द्रस्य प्रसितौ शयाते ॥ १३ ॥

पदार्थ-सोमः-उत्तम शासक वृजिनं-असत्य को न वै उ हिनोति-कभी वृद्धि न दे और मिथुया धारयन्तं-असत्य के धारक क्षत्रियम्-बलशाली पुरुष को भी न हिनोति-न बढ़ने दे। रक्षः-दुष्ट पुरुष को हन्ति-दण्ड दे, और असद् वदन्तम् हन्ति-असत्यवादी को दण्ड दे। उभौ-वे दोनों भी इन्द्रस्य प्रसितौ-दुष्टों के भयकारी पुरुष के उत्तम बन्धन में शयाते-डाले जाएँ।

भावार्थ-उत्तम शासक कभी भी झूठ को आश्रय न दे। झूठे सामर्थ्यवान् पुरुष को भी दण्ड दे तथा कारावास में बन्द करे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-अग्निः ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

विद्वानों के द्वेषी को दण्ड

यदि वाहमनृतदेव आस मोघं वा देवाँ अप्यूहे अग्ने।
किमस्मभ्यं जातवेदो हृणीषे द्रोघवाचस्ते निर्ऋथं सचन्ताम् ॥ १४ ॥

पदार्थ-यदि वा-और यदि अहम्-मैं अनृतदेवः-असत्य बात का प्रकाश करनेवाला हूँ, हे अग्ने-तेजिस्वन्! अथवा मैं देवान् अपि-विद्वान् पुरुषों से भी मोघं-झूठ-मूठ, ऊहे-नाना तर्क-वितर्क करता हूँ, हे जातवेदः-विद्वन्! ज्ञानवन्! अस्मभ्यम्-विचार करो कि हमारे सुधार के लिये किम् हृणीषे-क्या-क्या क्रोध कर हमें किस प्रकार दण्डित करो। क्योंकि द्रोघ-वाचः-द्वेष की बात कहनेवाले ते-वे लोग निर्ऋथं-अति दुःखी और सत्य, ऐश्वर्यादि से रहित, कष्टमय जीवन को सचन्ताम्-प्राप्त हों।

भावार्थ-यदि कोई व्यक्ति झूठ का सहारा लेता है अथवा विद्वानों से व्यर्थ में तर्क-वितर्क या कुतर्क करके उन्हें कष्ट पहुँचाता है तो ऐसे द्वेषी को भी उत्तम शासक उचित दण्ड अवश्य देवे।

ऋषिः-वसिष्ठः ॥ देवता-इन्द्रासोमौ रक्षोहणौ ॥ छन्दः-निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः-धैवतः ॥

अंग-भंग द्वारा दण्ड

अद्या मुरीय यदि यातुधानो अस्मि यदि वायुस्ततप पूरुषस्य।
अधा स वीरैर्दशभिर्वि यूया यो मा मोघं यातुधानेत्याह ॥ १५ ॥

पदार्थ-यदि-यदि मैं यातुधानः-अन्यों का पीड़क अस्मि-होऊँ और यदि वा-जो मैं पूरुषस्य-मनुष्य के आयुः-जीवन को ततप-पीड़ित करूँ, तो मैं अद्य मुरीय-आज ही मृत्यु को प्राप्त होऊँ। अन्य को पीड़ा देने और मनुष्य को हानि पहुँचानेवाले को मृत्युदण्ड हो। अद्य-और यः-जो मोघं-व्यर्थ, मा-मुझे यातुधान इति आह-पीड़ादायक कहे सः-वह तू दशभिः वीरैः-दशों प्रकार के प्राणों या दशों अंगुलियों, दोनों हाथों से वि यूयाः-वियुक्त हो।

भावार्थ–यदि कोई दुष्ट अन्धे लोगों को दुःखी करे या अन्य लोगों को कष्ट पहुँचावे ऐसे दुष्ट को राजा कठोर दण्ड दे। और यदि कोई व्यक्ति पीड़ित करने का झूठा आरोप लगावे तो उसे अंग-भंग करके दण्डित करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–विराट्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

असत्य आरोप लगानेवाले को दण्ड

यो मयातुं यातुधानेत्याह यो वा रक्षाः शुचिरस्मीत्याह।
इन्द्रस्तं हन्तु महता वधेन विश्वस्य जन्तोरधमस्पदीष्ट ॥ १६ ॥

पदार्थ–यः=जो अयातुं मा=अन्य को पीड़ा न देनेवाले मुझको यातुधान इति आह–'पीड़ा देनेवाला' ऐसा कहे वा=और यः=जो रक्षाः=स्वयं दुष्ट पुरुष होकर शुचिः अस्मि इति आह=मैं निर्दोष हूँ, ऐसा कहे इन्द्रः=राजा तं=उसको महता वधेन=बड़े भारी शस्त्र से हन्तु=मारे और वह विश्वस्य जन्तोः=समस्त पापियों से अधमः=नीचा पदीष्ट=समझा जावे।

भावार्थ–यदि कोई दुष्ट निर्दोष लोगों पर पीड़ित करने का झूठा दोष लगावे या दोषी होकर भी स्वयं को निर्दोष बतावे ऐसे धूर्त को शस्त्र के प्रहार से (कोड़े आदि लगाकर) शासकवर्ग दण्डित करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–ग्रावाणः ॥ छन्दः–निचृत्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

दुराचारिणी स्त्री को दण्ड

प्र या जिगाति खर्गलेव नक्तमप द्रुहा तन्वं गूहमाना।
वव्रां अनन्तां अव सा पदीष्ट ग्रावाणो घ्नन्तु रक्षस उपब्दैः ॥ १७ ॥

पदार्थ–या=जो स्त्री, खर्गला इव=उल्लूनी के समान द्रुहा=पति-द्रोह करके तन्वं गूहमाना=शरीर को छिपाकर नक्तम्=रात के समय प्र अप जिगाति=घर छोड़कर जाती है सा=वह अनन्तां वव्रान्=खूब गहरे गढ़ों को अव पदीष्ट=प्राप्त हो। ग्रावाणः=क्षत्रिय लोग उपब्दैः=घोषणाओं सहित रक्षसः घ्नन्तु=दुष्ट पुरुषों को विनष्ट करें।

भावार्थ–यदि कोई दुश्चरित्र स्त्री अपने पति से झगड़कर या छुपकर रात को घर से किसी अन्य पुरुष के पास चली जावे तो उस स्त्री तथा दुश्चरित्र पुरुष को भूमि में गड्ढा खोदकर दबा दिया जावे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–मरुतः ॥ छन्दः–निचृज्जगती ॥ स्वरः–निषादः ॥

कर्त्तव्यपराण कर्मचारी को पुरस्कार

वि तिष्ठध्वं मरुतो विश्विगिच्छत गृभायत रक्षसः सं पिनष्टन।
वयो ये भूत्वी पतयन्ति नक्तभिर्ये वा रिपो दधिरे देवे अध्वरे ॥ १८ ॥

पदार्थ–हे मरुतः=वायुवत् बलवान् पुरुषो! ये=जो नक्तभिः=रातों के समय आप लोग वयः भूत्वी=प्रकाशयुक्त होकर पतयन्ति=नगर स्वामी के समान रक्षा करते हैं ये वा=और जो आप लोग अध्वरे=हिंसारहित देवे=तेजस्वी पुरुष के अधीन रहकर रिपः=दुष्ट पुरुषों को दधिरे=पकड़ते हो वे आप लोग विक्षु=प्रजाओं में वि तिष्ठध्वम्=विशेष-विशेष पदों पर विराजें और वि इच्छत=विविध ऐश्वर्यों की कामना करें। रक्षसः वि गृभायत=दुष्ट पुरुषों को विविध प्रकार से पकड़ो और उनको सं पिनष्टन=खूब पीसो, दण्डित करो, कुचलो।

भावार्थ–जो कर्त्तव्यपरायण वीर राज पुरुष रात्रि में नगर तथा प्रजाजनों की रक्षा करते हैं, दुष्टों को पकड़कर दण्डित करते ऐसे राजभक्त कर्मचारियों को राजा पदोन्नति करके प्रोत्साहित करे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

आग्नेयास्त्र तथा गोली से शत्रुनाश

प्र वर्तय दिवो अश्मानमिन्द्र सोमशितं मघवन्त्सं शिशाधि।
प्राक्तादपाक्तादधरादुदक्तादुभि जहि रक्षसः पर्वतेन ॥ १९ ॥

पदार्थ–हे **इन्द्र**–शत्रुहन्तः! तू **दिवः अश्मानम्**–आकाश से गिरे ओलों के तुल्य **दिवः**–आग्नेय अस्त्र से **अश्मानम्**–शत्रुनाशक गोली आदि कठिन वस्तु **प्र वर्तय**–फेंक। हे **मघवन्**–ऐश्वर्यवन्! तू **सोम-शितम्**–ऐश्वर्य और उत्तम शासक से तीव्र हुए शत्रु और प्रजाजन दोनों का **सं शिशाधि**–अच्छी प्रकार शासन कर। **प्राक्तात्, अपाक्तात्, उदक्तात्, अधरात्**–पूर्व, पश्चिम, उत्तर और नीचे, दक्षिण से भी **पर्वतेन**–दृढ़ पोरुवाले दण्ड से, पशु तुल्य **रक्षसः जहि**–दुष्ट पुरुषों को दण्ड दे।

भावार्थ–राजा शत्रु का नाश करने के लिए वायुसेना को सुदृढ़ करे, शत्रुओं पर हवाई हमले करके आग्नेयास्त्र तथा गोलियों की बौछार करे। शत्रु को बन्दी बनाकर कठोर दण्ड दे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–त्रिष्टुप् ॥ स्वरः–धैवतः ॥

चापलूसों से सावधान

एत उ त्ये पतयन्ति श्वयातव इन्द्रं दिप्सन्ति दिप्सवोऽदाभ्यम्।
शिशीते शक्रः पिशुनेभ्यो वधं नूनं सृजदशनिं यातुमद्भ्यः ॥ २० ॥

पदार्थ–**एते उ त्ये**–ये वे बहुत से **श्व-यातवः**–कुत्ते के समान चाल चलने और अन्यों को पागल कुत्ते के समान बिना प्रयोजन काटने और गुर्र-गुर्र कर डरानेवाले लोग ही **पतयन्ति**–मालिक से बनना चाहते और प्रजा के धन को हरना चाहा करते हैं **दिप्सवः**–हिंसाकारी लोग ही **अदाभ्यम् इन्द्रं दिप्सन्ति**–अहिंसनीय, राजा को मारना चाहा करते हैं। **शक्रः**–शक्तिशाली राजा **पिशुनेभ्यः**–क्षुद्र पुरुषों का दमन करने के लिये **वधं शिशीते**–शस्त्र-बल को तेज करे। **नूनं**–अवश्य ही वह **यातुमद्भ्यः**–प्रजापीड़क पुरुषों के दमन के लिये **अशनिं**–विद्युत्वत् आघातकारी अस्त्र **सृजत्**–बनावे।

भावार्थ–राजा को ऐसे लोगों से सावधान रहना चाहिये जो सामने तो झूठी प्रशंसा करे और पीछे राजा को मारने की योजना बनावे अथवा जो राजा की झूठी प्रशंसा=चापलूसी करके प्रजा का धन हरण करें। ऐसे दुष्टों को राजा दण्ड अवश्य देवे।

ऋषिः–वसिष्ठः ॥ देवता–इन्द्रः ॥ छन्दः–निचृज्जगती ॥ स्वरः–निषादः ॥

आक्रमणकारी को दण्ड

इन्द्रो यातूनामभवत्पराशरो हविर्मथीनामभ्याविवासताम्।
अभीदु शक्रः पृशुर्यथा वनं पात्रेव भिन्दन्त्सत एति रक्षसः ॥ २१ ॥

पदार्थ–**इन्द्रः**–ऐश्वर्यवान् शत्रुहन्ता पुरुष **हविर्मथीनां**–प्रजाओं के अन्न, यज्ञों के चरु आदि को हरनेवाले **यातूनां**–प्रजापीड़ादायी मनुष्यों और **अभि आ विवासताम्**–सामने से आक्रमण करनेवाले पुरुषों को **परा-शरः**–दूर तक मार मारनेवाला **आ भवत्**–हो। **परशुः यथा**

वनं-जैसे फरसा, वन को काट गिराता है, पात्रा इव-जैसे पत्थर वर्त्तनों को तोड़ डालता है वैसे ही शक्रः-शक्तिशाली राजा रक्षसः-दुष्ट पुरुषों को परशुः-कुल्हाड़ा-सा होकर अभि एति-प्राप्त हो और रक्षसः सतः भिन्दन् एति-उन दुष्टों को भेद-नीति से तोड़ता-फोड़ता हुआ प्राप्त हो।

भावार्थ-जो दुष्ट प्रजा के अन्नादि खाद्य पदार्थों व यज्ञ की सामग्री का हरण करे और जो शत्रु सामने से आक्रमण करे राजा उनको कठोरतम दण्ड देकर पीड़ा पहुँचावे।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-इन्द्रः॥ छन्दः-त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

दुष्टों को पत्थर से पीस दे

उलूकयातुं शुशुलूकयातुं जहि श्वयातुमुत कोकयातुम्।
सुपर्णयातुमुत गृध्रयातुं दृषदेव प्र मृण रक्ष इन्द्र॥ २२॥

पदार्थ-हे इन्द्र-शत्रुनाशक! राजन्! उलूक-यातुम्-बड़े उल्लू के समान चाल चलने और छिपकर प्रजा के धन, प्राण पर आक्रमण करनेवाले को, शुशुलूकयातुम्-छोटे उल्लू के समान कर्कश बोलकर डराने और गरीब जनों को पीड़ित करनेवाले को, श्व-यातुम्-कुत्ते के समान भौंककर, कठोर वचन कहकर प्रजाजनों को पीड़ा देनेवाले, कोक-यातुम्-उलूक की तीसरी जाति के समान प्रजा को कष्ट देनेवाले सुपर्ण-यातुम्-बाज के समान झपटनेवाले उत-और गृध्रयातुम्-गीध के समान गोल बनाकर उदासीन प्रजा को नोचकर खा जानेवाले, रक्षः-दुष्ट जनों को दृषदा इव-सिलबट्टे या चक्की के पाटों के समान पीस डालनेवाले प्र मृण-दण्ड द्वारा नष्ट कर डाल।

भावार्थ-जो दुष्ट लोग छिपकर प्रजा का धन हरण करें, जो कठोर बोलकर डरावें, जो गरीबों को पीड़ित करें, जो चलते फिरते सामान झपटें, और जो गिरोह बनाकर प्रजा को नोचें उन सब दुष्ट जनों को राजा कठोर दण्ड दे।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-वसिष्ठः, पृथिव्यन्तरिक्षे॥ छन्दः-आर्चीभुरिग्जगती॥ स्वरः-निषादः॥

आकाश व भूमि मार्गों से राष्ट्र की सुरक्षा

मा नो रक्षो अभि नड्यातुमावतामपोच्छतु मिथुना या किमीदिना।
पृथिवी नः पार्थिवात्पात्वंहसोऽन्तरिक्षं दिव्यात्पात्वस्मान्॥ २३॥

पदार्थ-रक्षः=दुष्ट पुरुष नः=हम तक मा अभिनड्-न पहुँचे। यातुमा-वताम्-पीड़ा देनेवाले जनों के मिथुना-जोड़े, स्त्री-पुरुष या किमीदिना-जो क्षुद्र कोटि का स्वार्थमय स्नेह करते हैं वे अप उच्छतु-दूर हों। पृथिवी-पृथिवीवत् सर्वाश्रय, विस्तृत शक्ति नः पार्थिवात् अहंसः पातु-हमें पृथिवी से होनेवाले कष्ट से बचावे और अन्तरिक्षं-अन्तरिक्ष अस्मान्-हमें दिव्यात् अंहसः पातु-आकाश की ओर से आनेवाले कष्ट से बचावे।

भावार्थ-राजा कठोर राजनियम तथा सुरक्षा-व्यवस्था सुदृढ़ करे जिससे दुष्ट लोग प्रजा तक न जा सकें। अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए भूमि तथा आकाश दोनों ओर से होनेवाले आक्रमण को रोकने में समर्थ हो।

ऋषिः-वसिष्ठः॥ देवता-इन्द्रः॥ छन्दः-याजुषीविराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः-धैवतः॥

व्यभिचारियों को मृत्युदण्ड

इन्द्र जहि पुमांसं यातुधानमुत स्त्रियं मायया शाशदानाम्।
विग्रीवासो मूरदेवा ऋदन्तु मा ते दृशन्त्सूर्यमुच्चरन्तम्॥ २४॥

पदार्थ–हे इन्द्र-ऐश्वर्यवन्! तू यातुधानं पुमांसं-पीड़क पुरुष को और मायया शाश-दानाम्-माया से प्रजा की नाशक स्त्रियं उत-स्त्री को भी जहि-दण्डित कर। मूर-देवाः-मूढ़ होकर विषयों में क्रीड़ा करनेवाले दुष्ट लोग वि-ग्रीवासः-बिना गर्दन के होकर ऋदन्तु-नष्ट हों। ते-वे उत्वरन्तं-उगते हुए सूर्यं मा दृशन्-सूर्य को भी न देख पावें।

भावार्थ–राष्ट्र में व्यभिचार फैलानेवाले व्यभिचारी स्त्री पुरुषों को राजा मृत्युदण्ड देवे तथा प्रजा को पीड़ित करनेवाले व ठगनेवाले स्त्री पुरुषों को भी कठोर दण्ड दे।

ऋषिः–वसिष्ठः॥ देवता–इन्द्रासोमौ रक्षोहणौ॥ छन्दः–पादनिचृदनुष्टुप्॥ स्वरः–गान्धार॥

राजा व सेनापति सावधान रहें

प्रति॑ चक्ष्व॒ वि च॒क्ष्वेन्द्र॑श्च सोम जागृतम्।
रक्षो॑भ्यो व॒धमस्यतम॒शनि॑ं यातुम॒द्भ्यः॥ २५॥

पदार्थ–हे सोम-ऐश्वर्यवन्! हे शासक! तुम और इन्द्रः च-शत्रुहन्ता सेनापति दोनों ही प्रति चक्ष्व-प्रत्येक व्यक्ति के व्यवहार को देखो और वि-चक्ष्व-विविध प्रकार से देखो जागृतम्-तुम दोनों सावधान रहो। रक्षोभ्यः वधम् अस्यत-दुष्टों के नाश के लिये शस्त्र प्रहार करो और यातुमद्भ्यः अशनिम् अस्यत-पीड़ा देनेवाले पर विद्युत् के तुल्य अस्त्र का प्रयोग करो।

भावार्थ–राजा और सेनापति दोनों राष्ट्र में होनेवाली प्रत्येक गतिविधि पर सूक्ष्म दृष्टि रखें। राष्ट्र में दुष्टों, राजद्रोहियों तथा देशद्रोहियों को यथोचित कठोरतम दण्ड देवें।

इति सप्तमं मण्डलम्

ऋग्वेदभाष्यम्

अथाष्टमं मण्डलम्

अथाष्टमं मण्डलम्

प्रथम दो मन्त्रों का ऋषि 'प्रगाथः'-प्रभु का प्रकृष्ट गान करनेवाला है। यह 'घौर'-घोर पुत्र है, शत्रुओं के लिये अतिभयंकर है। प्रभु का गायन ही इसे शत्रुनाश की योग्यता प्राप्त कराता है। इस प्रभु-स्मरण से ही यह 'काण्व'-कण्व पुत्र अत्यन्त मेधावी बनता है। यह कहता है-

प्रथमोऽनुवाकः

१. [प्रथमं सूक्तम्]

ऋषिः—प्रगाथो घौरः काण्वो वाङ्क देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उपरिष्टाद्बृहतीङ्क स्वरः—मध्यमः॥

प्रभु का ही शंसन

मा चिदन्यद्वि शंसत सखायो मा रिषण्यत ।
इन्द्रमित्स्तोता वृषणं सचा सुते मुहुरुक्था च शंसत ॥ १ ॥

१. 'प्रगाथ' मित्रों को सम्बोधन करते हुए कहते हैं कि **सखायः**-हे मित्रो! **अन्यत्**-प्रभु से भिन्न किसी अन्य का **मा चित् विशंसत**-शंसन व स्तवन मत करो। सदा प्रभु का स्मरण करते हुए तुम **मा रिषण्यत**-काम-क्रोध आदि से हिंसित मत होवो। जब हृदय में प्रभु का अधिष्ठान होता है, तो वहाँ वासनाओं का प्रवेश हो ही नहीं पाता। वासनाओं को हम न भी जीतवायें, पर प्रभु हमारे लिये इनका पराभव करते हैं तो ये वासनाएँ हमें हिंसित नहीं कर पाती। २. हे मित्रो! **सुते**-इस उत्पन्न जगत् में **सचा**-साथ मिलकर **वृषणम्**-उस शक्तिशाली व सुखों का वर्षण करनेवाले **इन्द्रं इत्**-परमैश्वर्यशाली व शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभु को ही **स्तोता**-स्तुत करो। **च**-और **मुहुः**-बारम्बार **उक्था**-ऊँचे से गाने योग्य स्तोत्रों का **शंसत**-उस प्रभु के लिये शंसन करो। यह प्रभु-स्तवन तुम्हें सबल बनायेगा और तुम वासनाओं व रोगों से हिंसित न होवोगे।

भावार्थ-प्रभु का शंसन हमें 'काम' के आक्रमण से बचाता है। इस प्रकार यह शंसन हमें हिंसित नहीं होने देता।

ऋषिः—प्रगाथो घौरः काण्वो वाङ्क देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीभुरिग्बृहतीङ्क स्वरः—मध्यमः॥

'उभयंकर-उभयावी' प्रभु

अवक्षक्षिणं वृषभं यथाजुरं गां न चर्षणीसहम्। विद्वेषणं संवननोभयंकरं मंहिष्ठमुभयाविनम्॥ २॥

१. गत मन्त्र के अनुसार उस प्रभु का मिलकर स्तवन करो, जो **अवक्षक्षिणम्**-शत्रुओं के अवकर्षणशील हैं। **यथा**-जैसे **वृषभम्**-शक्तिशाली हैं, उसी प्रकार **अजुरम्**-अहिंसित हैं। प्रभु हमारे शत्रुओं का हिंसन करते हैं, प्रभु इनसे हिंसित नहीं होते **गां न**-एक वृषभ के समान **चर्षणी-सहम्**-हमारे शत्रुभूत मनुष्यों का पराभव करनेवाले हैं। प्रभु हमारे आन्तर व बाह्य दोनों ही शत्रुओं का हिंसन करते हैं। २. **विद्वेषणम्**-वे प्रभु (वि-द्विष्, वि=विगत) हमारे जीवनों को द्वेष से शून्य करनेवाले हैं और **संवननम्**-सम्यक् विजय को प्राप्त करानेवाले हैं (वन्-सम्भक्तौ)। **उभयंकरम्**-

इहलोक के अभ्युदय व परलोक के निःश्रेयस को प्राप्त करानेवाले हैं। **मंहिष्ठम्**-वे प्रभु दातृतम हैं, सर्वोपरि दाता हैं। हमारे लिये सब आवश्यक चीजों को देनेवाले हैं। **उभयाविनम्**-शरीर में शक्ति व मस्तिष्क में ज्ञान दोनों को वे देनेवाले हैं, प्रभु ज्ञान व शक्ति दोनों से युक्त हैं, सर्वज्ञ व सर्वशक्तिमान् हैं।

भावार्थ-प्रभु-स्तवन से आन्तर व बाह्य शत्रुओं का विनाश होता है, अभ्युदय व निःश्रेयस की प्राप्ति होती है, ज्ञान व शक्ति से युक्त हमारा जीवन बनता है।

इस प्रकार हम 'मेधातिथि'-बुद्धि की ओर निरन्तर गतिवाले व 'मेध्यातिथि'-पवित्रता की ओर चलनेवाले बनते हैं। अगले (३ से २९ तक) मन्त्रों के ये ही ऋषि हैं-

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्बृहतीं॥ स्वरः—मध्यमः॥

आर्त भक्त नहीं, ज्ञानी भक्त बनें

यच्चिद्धि त्वा जना इमे नाना हवन्त ऊतये।
अस्माकं ब्रह्मेदमिन्द्र भूतु तेऽहा विश्वा च वर्धनम्॥ ३॥

(१) **यत्**-जो **चित् हि**-निश्चय से **इमे नाना जनाः**-ये विविध वृत्तियोंवाले लोग हैं, वे सब **ऊतये**-रक्षण के लिये **त्वा हवन्ते**-आपको ही पुकारते हैं। सामान्यतः मनुष्य सांसारिक कामों में उलझा रहता है और ब्रह्म को भूला रहता है। परन्तु जब कभी विघ्न व कष्ट आता है तो रक्षण के लिये प्रभु को पुकारता है। यह प्रभु का आर्त भक्त कहलाता है। यह पीड़ा के दूर होने के साथ प्रभु को फिर भूल जाता है। (२) पर हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **अस्माकं इदं ब्रह्म**-हमारे से किया गया यह स्तवन **ते**-आपके लिये **विश्वा च अहा**-सब दिनों में **वर्धनम्**-आपके यश का वर्धन करनेवाला **भूतु**-हो। अर्थात् हम सदा आपका स्मरण करनेवाले हों। हमारे सब कार्य आपके स्मरण के साथ हों। हम आपके ज्ञानी भक्त बनें। दुःख में, सुख में समवस्था को प्राप्त करके स्थितप्रज्ञ बनें।

भावार्थ-हम प्रभु के आर्तभक्त ही न बनकर, ज्ञानी भक्त बनें। सदा प्रभु-स्मरणपूर्वक ही सब कार्यों को करें।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीस्वराड्बृहतीं॥ स्वरः—मध्यमः॥

पुरुरूप वाज

वि तर्तूर्यन्ते मघवन्विपश्चितोऽर्यो विपो जनानाम्।
उप क्रमस्व पुरुरूपमा भर वाजं नेदिष्ठमूतये॥ ४॥

(१) हे **मघवन्**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **विपश्चितः**-(वि पश् चित्) सब वस्तुओं को बारीकी से देखकर चिन्तन करनेवाले विद्वान्! **अर्यः**-शत्रुओं पर आक्रमण करनेवाले वीर तथा **जनानां विपः**-तत्त्वज्ञान की प्रेरणा से लोगों को कम्पित कर देनेवाले, उन्हें एक बार हिला देने वाले लोग **वितर्तूर्यन्ते**-सब कष्टों को तैर जाते हैं। (२) हे प्रभो! आप **नेदिष्ठ उप क्रमस्व**-हमें समीपता से प्राप्त होइये। हम आपके अधिक से अधिक समीप हों। आपसे दूर होने पर ही तो हम शत्रुओं का शिकार होते हैं और नाना आपदाओं में फँस जाते हैं। आप हमें **ऊतये**-रक्षण के लिये **पुरुरूपम्**-अनेक रूपोंवाले **वाजम्**-बल को **आभर**-प्राप्त कराइये। 'शरीर, इन्द्रियों, मन व बुद्धि' के विविध बलों को प्राप्त करके हम अपना रक्षण करने में समर्थ हों।

भावार्थ–हम ज्ञानी व वीर बनकर आपत्तियों को तैरनेवाले हों। प्रभु के समीप होते हुए अनेकरूपा शक्ति को प्राप्त करके रक्षण के लिये समर्थ हों।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्बृहतीं॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्रभु का अपरित्याग

महे चन त्वामद्रिवः परा शुल्काय देयाम्। न सहस्राय नायुताय वज्रिवो न शताय शतामघ॥५॥

(१) हे **अद्रिवः**–आदरणीय (आदृ) अथवा वज्रहस्ता (अद्रि–वज्र) प्रभो! मैं **महे शुल्काय**–महान् शुल्क के लिये **त्वाम्**–आपको **न परादेयाम्**–छोड़ दूँ। मुझे कितना भी अधिक धन प्राप्ति का प्रलोभन मिले तो भी मैं उस धन को लेने के विचार से आपका परित्याग न करूँ। **न**–ना ही **सहस्राय**–आमोद–प्रमोदमय जीवन के लिये आपको छोड़ दूँ। मैं भी इस विलासमय जीवन में प्रभु का परित्याग न कर बैठूँ। (२) **न**–ना ही **अयुताय**–अपार्थक्य के लिये, परिवार जनों से सदा सम्पृक्त रहने के लिये मैं आपको छोड़ूँ। (३) हे **वज्रिवः**–वज्रहस्त **शतामघ**–अनन्त ऐश्वर्यवाले प्रभो! **न शताय**–शत (सौ) वर्ष के दीर्घजीवन के लिये भी मैं आपका परत्याग न करूँ। मैं किन्हीं भी प्रलोभनों में फँसकर, हे प्रभो! आपका परित्याग न करूँ।

भावार्थ–'धन, विलास, भरपूर परिवार व दीर्घजीवन' आदि के प्रलोभन मुझे प्रभु से पृथक् करने में असमर्थ हों। मैं प्रभु का ही वरण करूँ।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीबृहतीं॥ स्वरः—मध्यमः॥

'मातृ रूप' प्रभु

वस्याँ इन्नसि मे पितुरुत भ्रातुरभुञ्जतः। माता च मे छदयथः समा वसो वसुत्वनाय राधसे॥६॥

(१) हे **इन्द्रः**–परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! आप **मे पितुः**–मेरे पिता से **वस्यान् असि**–अधिक वसानेवाले हैं, वसुमत्त हैं। पिता भी पुत्र का पालन करता है, पर वह अल्पशक्ति व अल्पज्ञान के कारण पालन में कहीं–कहीं असमर्थ हो जाते हैं। प्रभु परम पिता हैं। सर्वज्ञ व सर्वशक्तिमान् होने के कारण उनके पालन में कहीं कमी नहीं होती। (२) **उत**–और **अभुञ्जतः**–न पालन करनेवाले **भ्रातुः**–भाई से तो वे प्रभु **वस्यान्** हैं ही। सामान्यतः संसार में भाई अपने ही परिवार का ध्यान करता है और अपने अन्य भाइयों का ध्यान हीं कर पाता। (२) हे **वसो**–वसानेवाले प्रभो! आप **च**–और **मे माता**–मेरी माता **छदयथः**–मुझे आपत्तियों से बचाते हो (छद् अपवारणे) मेरी आपत्तियों को दूर करते हो सो आप और माता **समौ**–सम ही हो। अर्थात् पिता हो, भ्राता हो। पर सब से बड़ी बात यह की आप माता हो। आप **वसुत्वनाय**–हमारे उत्तम निवास के लिये होते हो और **राधसे**–कार्यसाधक ऐश्वर्य के लिये होते हैं।

भावार्थ–माता के समान हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले प्रभु हमारे निवास का कारण बनते हैं और हमारी कार्यसिद्धि के लिये आवश्यक धनों के देनेवाले होते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्बृहतीं॥ स्वरः—मध्यमः॥

व्याकुल भक्त की करुण पुकार

क्वेयथ क्वेदसि पुरुत्रा चिद्धि ते मनः। अलर्षि युध्म खजकृत्पुरन्दर प्र गायत्रा अंगासिषुः॥७॥

(१) एक भक्त प्रभु के दर्शन में समर्थ न होता हुआ, वासनाओं से पीड़ित होने पर पुकार उठता है कि हे प्रभो! **क्व इयथ**–आप कहाँ गये हुए हो। आप **क्व इत्**–कहाँ ही **असि**–विद्यमान हो। **ते मनः**–आपका मन **चित्**–निश्चय से **पुरुत्रा**–बहुत स्थानों पर है। आपने सभी भक्तों का

तो कल्याण करना है, केवल मेरा ही कल्याण तो आपका लक्ष्य नहीं। (२) फिर भी इस समय मैं काम-क्रोध आदि शत्रुओं से घिरा हुआ हूँ, सो **अलर्षि**-आइये (आगच्छ)। हे **युध्म**-युद्ध कुशल और **खजकृत्**-संग्राम को करनेवाले और **पुरन्दर**-इन आसुर पुरियों का विदारण करनेवाले प्रभो! **गायत्राः**-गुणगान में कुशल स्तोता लोग **प्र अगासिषुः**-प्रकर्षेण आपका गायन करते हैं। आपके स्तवन के द्वारा वे आपको अपने हृदयों में आसीन करते हैं और इस प्रकार आपके द्वारा इन शत्रुओं पर विजय पाकर स्वस्थ होते हैं।

भावार्थ-हे प्रभो! आइये। अपने ही इन मेरे वासनारूप शत्रुओं के साथ युद्ध करना है।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्बृहतीछन्दः स्वरः—मध्यमः॥

स्तवन व आसुर पुरियों का विदारण

प्रास्मै गायत्रमर्चत वावातुर्यः पुरन्दरः। याभिः कण्वस्योप बर्हिरासदं यासद्वज्री भिनत्पुरः॥ ८॥

(१) **अस्मै**-इस प्रभु की प्राप्ति के लिये **गायत्रम्**-गाथक साम को **प्र अर्चत**-गाते हुए अर्चन करो, **यः**-जो प्रभु **वावातुः**-(वन् संभक्तौ) संभजनशील पुरुष का **पुरन्दरः**-शत्रु पुरियों का विदारण करनेवाला है। (२) उन ऋचाओं से इस गायत्र साम का गायन करो, **याभिः**-जिनसे कि **काण्वस्य**-इस मेधावी पुरुष के **बर्हिः**-वासनाशून्य हृदय में ये प्रभु **उपासदम्**-(उपासत्तुं) आसीन होने के लिये **यासत्**-आते हैं और **वज्री**-वज्रयुक्त होते हुए **पुरः**-आसुर पुरियों को **भिनत्**-विदीर्ण करते हैं।

भावार्थ-गायत्र साम से गाये गये प्रभु हमारे शत्रुओं की पुरियों का विदारण करते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीबृहतीछन्दः स्वरः—मध्यमः॥

कौन से इन्द्रयाश्व?

ये ते सन्ति दशग्विनः शतिनो ये सहस्रिणः।
अश्वासो ये ते वृषणो रघुद्रुवस्तेभिर्नस्तूयमा गहि॥ ९॥

(१) **ये**-जो **ते**-तेरे **अश्वासः**-इन्द्रियाश्व **दशग्विनः सन्ति**-दश लक्षणक धर्म में चलनेवाले हैं (धृतिः क्षमा दमो स्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्)। **शतिनः**-सौ वर्ष तक स्थिर रहनेवाले हैं। ये **सहस्रिणः**-जो (स+हस्) आनन्दमय प्रभु की ओर हमें ले जानेवाले हैं **तेभिः**-उन इन्द्रियाश्वों के साथ **नः**-हमें **तूयम्**-शीघ्र ही **अगहि**-(आगच्छ) प्राप्त होइये। (२) उन इन्द्रियाश्वों के साथ हमें प्राप्त होइये, **ये**-जो **ते**-आपके इन्द्रियाश्व **वृषणः**-शक्तिशाली है और **रघुद्रुवः**-तीव्र गतिवाले हैं, शीघ्रता से कार्यों में व्याप्त होनेवाले हैं।

भावार्थ-प्रभु हमें उत्तम इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करायें जो दश लक्षणधर्म में प्रवृत्त हों, सौ वर्ष तक चलें, ब्रह्म को प्राप्त करायें, शक्तिशाली हों व शीघ्रता से कार्यों में व्याप्त होनेवाले हों।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्बृहतीछन्दः स्वरः—मध्यमः॥

वेद-धेनु की प्रभु से याचना

आ त्वाद्य सबर्दुघां हुवे गायत्रवेपसम्। इन्द्रं धेनुं सुदुघामन्यामिषमुरुधारामरंकृतम्॥ १०॥

(१) **इन्द्रम्**-परमैश्वर्यशाली **त्वा**-तेरे से **अद्य**-आज **धेनुम्**-ज्ञानदुग्ध को देनेवाली वेद-धेनु को **आहुवे**-पुकारता हूँ, वेद-धेनु के लिये याचना करता हूँ। आप मुझे इस वेद-धेनु को प्राप्त कराइये, जो **सबर्दुघाम्**-ज्ञानदुग्ध का हमारे में पूरण करनेवाली है। **गायत्रवेपसम्**-स्तुति को

हमारे अन्दर प्रक्षिप्त करनेवाली है, अर्थात् स्तुति को हमारे में प्रेरित करनेवाली है इस वेदवाणी के स्वाध्याय से हम स्तुति की वृत्तिवाले बनेंगे। (२) उस वेद-धेनु को हमें प्राप्त कराइये, जो **सुदुघाम्**-सुख संदोह्य है, अध्यमन के द्वारा आराम से समझने योग्य है 'वेदेन वेदः ज्ञातव्यः'। **अन्याम्**-विलक्षण है, अन्य मनुष्यकृत ग्रन्थों जैसी नहीं है। **इषम्**-उत्तम कर्मों की प्रेरणा देनेवाली है और **उरु धाराम्**-विशाल ज्ञानदुग्ध की धाराओंवाली है। **अरंकृतम्**-जीवन को अलंकृत करनेवाली है, अथवा **अरम्**-पर्याप्त भोगों को **कृताम्**-करनेवाली है 'आयुः प्राणं प्रजां पशुं कीर्तिं द्रविणं ब्रह्मवर्चसम्' आदि सातों रत्नों को देनेवाली है।

भावार्थ-प्रभु कृपा से हम वेद-धेनु को प्राप्त करें, उसके ज्ञानदुग्ध से अपना उचित पोषण करनेवाले हों।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीबृहतीं॥ स्वरः—मध्यमः॥

'कुत्स-आर्जुनेय-गन्धर्व-अस्तृत'

यत्तुदत्सूर एतशं वङ्कू वातस्य पर्णिना। वहत्कुत्समार्जुनेयं शतक्रतुः त्सरद्गन्धर्वमस्तृतम्॥ ११॥

(१) **यत्**-जब **सूरः**-वह उत्तम प्रेरणा देनेवाला प्रभु **एतशम्**-(shining) इस निर्मल व दीप्त मनवाले पुरुष को **तुदत्**-प्रेरित करता है, तो **वङ्कू**-गतिशील **वातस्य पर्णिना**-वायु के समान पतनवाले-वेगवाले इन्द्रियाश्वों को **वहत्**-प्राप्त कराता है। हम एतश बनें, निर्मल मनवाले बनें। प्रभु हमें प्रेरणा को प्राप्त कराते हैं और तीव्र गतिवाले इन्द्रियाश्वों को देते हैं। (२) **शतक्रतुः**-वे अनन्त प्रज्ञानों व शक्तियोंवाले प्रभु **कुत्सम्**-वासनाओं का संहार करनेवाले, **आर्जुनेयम्**-श्वेत उज्ज्वल चरित्रवाले, **गन्धर्वम्**-वेदवाणियों को धारण करनेवाले **अस्तृतम्**-किसी से हिंसित न होनेवाले उपासक को **त्सरत्**-गुप्त रूप में प्राप्त होते हैं। यह 'कुत्स, आर्जुनेय, गन्धर्व व अस्तृत' व्यक्ति अन्दर हृदयदेश में प्रभु का दर्शन करता है। प्रभु 'गुहाचरन्' नामवाले हैं। हृदयरूप गुहा में सुगुप्त रूप से स्थित हैं।

भावार्थ-प्रभु शुद्ध मनवाले पुरुष को प्रेरणा प्राप्त कराते हैं। गतिशील इन्द्रियाश्वों को देते हैं। वासनाओं का संहार करनेवाले पुरुष के हृदयदेश में सुगुप्त रूप से निवास करते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीबृहतीं॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्राकृतिक चमत्कार

य ऋते चिदभिश्रिषः पुरा जत्रुभ्य आतृदः।
सन्धाता सन्धिं मघवा पुरूवसुरिष्कर्ता विहुतं पुनः॥ १२॥

(१) **यः**-जो प्रभु **अभिश्रिषः**-सन्धान द्रव्य के **ऋते चित्**-बिना ही, **जत्रुभ्यः आतृदः पुरा**-ग्रीवास्थिवाले स्थान से कट जाने से पूर्व **सन्धिं सन्धाता**-जोड़ को फिर से मिला देनेवाले हैं, वे प्रभु **मघवा**-सचमुच परमैश्वर्यवाले हैं। प्रभु ने शरीर की व्यवस्था ही इस प्रकार से की है कि सब घाव फिर से भर जाते हैं, गर्दन ही कट जाये तो बात और है अन्यथा सब कटाव फिर से जुड़ जाते हैं। (२) **पुरूवसुः**-वे पालक व पूरक वसुओंवाले प्रभु **विहुतम्**-कटे हुए को **पुनः**-फिर से **इष्कर्ता**-ठीक कर देते हैं। सब कटावों को प्रभु फिर से भर देते हैं।

भावार्थ-शरीर की इस रचना में क्या ही प्रभु का चमत्कार है कि बड़े से बड़ा घाव भी फिर से भर जाता है।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—शङ्कुमतीबृहतीगर्भा॥ स्वरः—मध्यमः॥

मा भूम निष्ट्याः इव

मा भूम निष्ट्यावेन्द्र त्वदरणाइव। वनानि न प्रजहितान्यद्रिवो दुरोषासो अमन्महि॥ १३॥

(१) हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! हम निष्ट्याः इव=घर से बहिष्कृत से मा भूम=मत हो जायें। आप ही तो हमारे सच्चे पिता व माता हैं, हम आप से दूर न हो जायें। और परिणामतः त्वत्=आप से अरणाः=(अरमणाः) आनन्द को न प्राप्त होनेवाले न हो जायें, हमें आपकी उपासना में ही आनन्द आये। (२) इस प्रकार आप से बहिष्कृत न हुए-हुए और आपकी उपासना में आनन्द को लेनेवाले हम प्रजहितानि=शाखा पत्र आदि से त्यक्त (क्षीण) वनानि न=वनों की तरह (मा भूम=) मत हो जायें, हम पुत्र-पौत्रों से वियुक्त से न हो जायें। हे अद्रिवः=आदरणीय प्रभो! हम दुरोषासः=सब बुराइयों को दग्ध करनेवाले होते हुए अमन्महि=आपका स्तवन करते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु से बहिष्कृत न हो जायें, प्रभु की उपासना में ही आनन्द का अनुभव करें। पुत्र-पौत्रों से भरे परिवारवाले हों और बुराइयों का दहन करते हुए आपका स्तवन करनेवाले बनें।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्बृहतीगर्भा॥ स्वरः—मध्यमः॥

अनाशवः-अनुग्रासः

अमन्महीदनाशवोऽनुग्रासश्च वृत्रहन्। सकृत्सु ते महता शूर राधसानु स्तोमं मुदीमहि॥ १४॥

(१) हे वृत्रहन्=ज्ञान की आवरणभूत वासनाओं को विनष्ट करनेवाले प्रभो! अनाशवः=बहुत हबड़-दबड़ में न पड़े हुए, अर्थात् शान्तभाव से सब कार्यों को करते हुए, च=और अनुग्रासः=उग्र व क्रूर क्रोधी वृत्तिवाले न होते हुए हम इत्=निश्चय से अमन्महि=आपका मनन व स्तवन करते हैं। (२) हे शूर=हमारे शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! सकृत्=एक बार तो ते महता राधसा=आपसे दिये गये इस महान् ज्ञानैश्वर्य के साथ स्तोमं अनु सु मुदीमहि=आपके स्तवन के अनुसार उत्तम आनन्द का अनुभव करते हैं। ज्ञानपूर्वक आपका स्तवन हमें आनन्दित करनेवाला होता है।

भावार्थ—हम शान्त व मृदु स्वभाव बनकर प्रभु का स्तवन करते हैं। ज्ञानपूर्वक इन प्रभु-स्तवनों में ही आनन्द का अनुभव करते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्बृहतीगर्भा॥ स्वरः—मध्यमः॥

उपासना व सोमरक्षण

यदि स्तोमं मम श्रवदस्माकमिन्द्रमिन्दवः। तिरः पवित्रं ससृवांस आशवो मन्दन्तु तुग्र्यावृधः॥ १५॥

(१) यदि=यदि मम स्तोमम्=मेरे से किये गये स्तुति समूह को श्रवत्=वे प्रभु सुनते हैं तो इन्दवः अस्माकम्=ये सोमकण हमारे होते हैं। और ये सोमकण इन्द्रम्=जितेन्द्रिय पुरुष को मन्दन्तु=आनन्दित करनेवाले हों। प्रभु की उपासना से वासनाओं का आक्रमण नहीं होता और सोमकण सुरक्षित रहते हैं। (२) ये सोमकण तिरः=तिरोहित रूप में रुधिर के अन्दर व्याप्त हुए-हुए पवित्रं ससृवांसः=पवित्र हृदयवाले पुरुष की ओर गतिवाले होते हैं। आशवः=ये शीघ्रता से कार्यों में व्याप्त होनेवाले होते हैं। और तुग्र्यावृधः=जलों से वर्धन को प्राप्त होते हैं। 'आपः रेतो भूत्वा०'=जल ही तो शरीर में रेतःकणों के रूप में होते हैं।

भावार्थ—प्रभु की उपासना से शरीर में सोमकणों का रक्षण होता है।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्चीभुरिग्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

यज्ञशीलता व प्रभु-स्तवन

आ त्वद्य सधस्तुतिं वावातुः सख्युर्गहि। उपस्तुतिर्मघोनां प्र त्वावत्वधा ते वश्मि सुष्टुतिम्॥ १६॥

(१) हे प्रभो! अद्य=आज वावातुः=आपके सम्भजन की कामनावाले सख्युः=मित्र की सधस्तुतिम्=सब घरवालों के साथ मिलकर की जानेवाली इस स्तुति को तु=तो आ आगहि=अवश्य प्राप्त होइये। हम मिलकर आपका स्तवन करनेवाले बनें। (२) मघोनाम्=यज्ञशील पुरुषों की (मघ=मख) उपस्तुतिः=स्तुति त्वा=आपको प्र अवतु=प्रीणित करनेवाली हो। हम यज्ञशील बनें और आपके स्तवन में प्रवृत्त हों। अधा=अब मैं तो ते सुष्टुतिम्=आपकी उत्तम स्तुति की ही वश्मि=कामना करता हूँ, मैं यही चाहता हूँ कि आपका स्तवन करनेवाला बनूँ।

भावार्थ—मैं आपका स्तोता व सखा बनूँ, यज्ञशील बनकर आपका ही स्तवन करनेवाला होऊँ।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'उपासना, कर्म व स्वाध्याय' द्वारा सोमरक्षण

सोता हि सोममद्रिभिरेनमप्सु धावत। गव्या वस्त्रेव वासयन्त इन्नरो निर्धुक्षन्वक्षणाभ्यः॥ १७॥

(१) सोमम्=सोम शक्ति को हि=निश्चय से अद्रिभिः सोत=उपासना के द्वारा उत्पन्न करो, अपने अन्दर प्रेरित करो। (adore) प्रभु की उपासना हमारे जीवन में सोम शक्ति की स्थिरता का कारण बनती है। ईम्=निश्चय से एनम्=इस सोम को अप्सु=कर्मों में आधावतः=शुद्ध करो। कर्मों में लगे रहने से यह सोम वासनाओं से मलिन नहीं होता। (२) गव्यावस्त्रा इव=ज्ञान की वाणियों को वस्त्रों की तरह वासयन्तः इत्=धारण करते हुए ही नरः=उन्नतिपथ पर चलनेवाले मनुष्य वक्षणाभ्यः निर्धुक्षन्=सब प्रकार की उन्नतियों (growth) के लिये इन सोमों का दोहन करते हैं। ज्ञान प्राप्ति में लगे रहना हमें वासनाओं के आक्रमण से बचाता है। सो ज्ञानवस्त्रों का धारण सोमरक्षण में सहायक होता है। यह सोम ज्ञानाग्नि का ईंधन भी बनता है। इस प्रकार सोम का सद्व्यय होकर सब प्रकार की उन्नति हो पाती है।

भावार्थ—सोमरक्षण के साधन ये हैं—(१) उपासना (अद्रिभिः), (२) कर्मव्यापृति (अप्सु), (३) स्वाध्याय (गव्या वस्त्रा वासयन्तः)। सुरक्षित सोम सब उन्नतियों का साधन बनता है।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

सुक्रतो पृण

अध ज्मो अध वा दिवो बृहतो रोचनादधि।
अया वर्धस्व तन्वा गिरा मम सुक्रतो पृण॥ १८॥

(१) प्रभु जीव से कहते हैं कि अध=अब ज्मः=शरीररूप पृथिवी के दृष्टिकोण से वा=या अध=अब दिवः=मस्तिष्करूप द्युलोक के दृष्टिकोण से तथा बृहतः=विशाल रोचनात्=दीप्त हृदयान्तरिक्ष के दृष्टिकोण से अधि वर्धस्व=आधिक्येन वृद्धिवाला हो। शरीर को दृढ़, मस्तिष्क को ज्ञानोज्वल व हृदय को नैर्मल्य दीप्त बनानेवाला हो। (२) हे सुक्रतो=उत्तम कर्मों व प्रज्ञानोंवाले जीव! तू मम अया गिरा=मेरी इस ज्ञान वाणी के द्वारा जाता=उत्पन्न सब अंग-प्रत्यंगों को तन्वा=शक्ति के विस्तार से आपृण=आपूरित कर। वेदवाणी में उपदिष्ट मार्ग से चलते हुए हम सब अंगों को शक्तिशाली बनानेवाले हों।

भावार्थ–हम शरीर, मस्तिष्क व हृदय के दृष्टिकोण से उन्नत हों। वेदवाणी के अनुसार जीवन को बिताते हुए सब अंगों की शक्ति का वर्धन करें।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'प्रभु प्राप्ति, ज्ञान व शक्ति वर्धन'

इन्द्राय सु मदिन्तमं सोमं सोता वरेण्यम्। शक्र एणं पीपयद्विश्वया धिया हिन्वानं न वाजयुम्॥ १९॥

(१) **इन्द्राय**–उस परमैश्वर्यशाली प्रभु की प्राप्ति के लिये **सोमं सु सोत**–सोम को (वीर्य को) सम्यक् उत्पन्न करो, जो सोम **मदिन्तमम्**–मादयितृतम है, अधिक से अधिक उल्लास का जनक है और **वरेण्यम्**–वरणीय है, सम्भजनीय है। सोम के रक्षण के द्वारा ही प्रभु की प्राप्ति होती है। (२) **शक्रः**–वे सर्वशक्तिमान् प्रभु **एनम्**–इस सोम को **पीपयत्**–हमारे अन्दर आप्यायित करते हैं। उस सोम को आप्यायित करते हैं, जो **विश्वया धिया हिन्वानम्**–सम्पूर्ण ज्ञान से हमें प्रीणित करता है, **न**–और (न–च) **वाजयुम्**–हमारे साथ शक्ति को जोड़ता है। सोमरक्षण से ज्ञान व शक्ति का वर्धन होता है।

भावार्थ–उस प्रभु की प्राप्ति के लिये हम सोम का रक्षण करें। सुरक्षित सोम हमारे ज्ञान व बल का वर्धन करेगा।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीबृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

कः ईशानं न याचिषत्

मा त्वा सोमस्य गल्दया सदा याचन्नहं गिरा।
भूर्णिं मृगं न सवनेषु चुक्रुधं क ईशानं न याचिषत्॥ २०॥

(१) हे प्रभो! **सोमस्य गल्दया**–(गालनेन आस्रावणेन) शरीर में सोम के आस्रावण के हेतु से **अहम्**–मैं **त्वा**–आप से **गिरा**–इन ज्ञान वाणियों के द्वारा **सदा याचन्**–सदा याचना करता हुआ होऊँ। अर्थात् मेरी एक ही आराधना हो कि प्रभु कृपा से मैं सोम का शरीर में रक्षण कर पाऊँ। (२) इस प्रकार **सवनेषु**–यज्ञों में याचना करता हुआ मैं **भूर्णिम्**–पालन करनेवाले **मृगं न**–अन्वेषणीय के समान उन आपको (मृग अन्वेषणे) **मा चुक्रुधम्**–क्रुद्ध न कर बैठूँ। यह सोमरक्षण की निरन्तर रट बारम्बार प्रार्थना आप के क्रोध का कारण न बन जाये। **ईशानम्**–ईशान स्वामी से **कः न याचिषत्**–कौन याचना नहीं करता! और किससे मैंने याचना करनी! आप से ही तो माँगना है।

भावार्थ–मैं सदा प्रभु से यही याचना करूँ कि मैं यज्ञों में लगा रहूँ और सोम को शरीर में सुरक्षित कर पाऊँ।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

उल्लास, शक्ति व शत्रु विजेता सन्तान

मदेनेषितं मदमुग्रमुग्रेण शवसा। विश्वेषां तरुतारं मदच्युतं मदे हि ष्मा ददाति नः॥ २१॥

(१) **मदेन**–उल्लास के हेतु से तथा **उग्रेण शवसा**–प्रबल शक्ति के हेतु से **इषितम्**–शरीर में प्रेरित किये गये इस **उग्रम्**–तेजस्वी **मदे**–उल्लासजनक सोम को जितेन्द्रिय पुरुष पीने का प्रयत्न करे। (२) **मदे**–सोमपान से जनित उल्लास के होने पर वे प्रभु **नः**–हमारे लिये **हि ष्मा**–निश्चय से **विश्वेषां तरुतारम्**–सब शत्रुओं के तैर जानेवाले **मदच्युतम्**–शत्रुओं के मद को च्युत करनेवाले सन्तान को **ददाति**–देते हैं।

भावार्थ–सोमरक्षण से 'उल्लास व शक्ति' प्राप्त होती है। इससे शत्रु विजेता सन्तान प्राप्त होते है।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

सुन्वन्-स्तुवन् (दाश्वान्)

शेवरि वार्या पुरु देवो मर्ताय दाशुषे।
स सुन्वते च स्तुवते च रासते विश्वगूर्तो अरिष्टुतः॥ २२॥

(१) **देवः**–वह सब कुछ देनेवाला प्रभु **शेवारे**–(शेवं सुखं तस्य अरे गमके यज्ञे) सुख प्राप्त करानेवाले यज्ञों में **दाशुषे**–हविरूप से घृत आदि को देनेवाले **मर्ताय**–मनुष्य के लिये **पुरु**–बहुत **वार्या**–वरणीय धनों को **रासते**–देता है। वस्तुतः प्रभु यज्ञशील को सब काम्य पदार्थों को प्राप्त कराते हैं। यह यज्ञ 'कामधुक्' तो है ही। (२) **सः**–वह **विश्वगूर्तः**–सर्वत्र उद्यमवाले **अरिष्टुतः**–(ऋ गतौ) गतिशील पुरुषों से स्तुति किये गये प्रभु **सुन्वते**–यज्ञशील **च**–और **स्तुवते**–स्तुति करनेवाले प्रभु के लिये सब आवश्यक वस्तुओं को देते ही हैं।

भावार्थ–दानशील–यज्ञशील स्तोता के लिये प्रभु सब आवश्यक वस्तुओं को देते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्चीभुरिग्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'चित्र राधस्' की प्राप्ति

एन्द्र याहि मत्स्वा चित्रेण देव राधसा। सरो न प्रास्युदरं सपीतिभिरा सोमेभिरुरु स्फिरम्॥ २३॥

(१) हे **इन्द्र**–परमैश्वर्यवन् प्रभो! **आयाहि**–आप आइये। हे **देव**–सब कुछ देनेवाले प्रभो! **चित्रेण राधसा**–अद्भुत व चायनीय (पूजनीय–उत्कृष्ट) धन से **मत्स्व**–हमें आनन्दित करिये। (२) हे प्रभो! आप **सरः न**–एक जलाशय की तरह **उरु**–विशाल व **स्फिरम्**–प्रवृद्ध **उदरम्**–मध्यभाग को **सपीतिभिः सोमेभिः**–प्राणों के साथ पीये जाते हुए इन सोमों से **प्रासि**–पूर्ण करते हैं। प्राणसाधना के द्वारा शरीर में सोमकणों की ऊर्ध्व गति होती है। इस प्रकार प्राण का सोम का पान करनेवाले होने से 'सपीति' कहे गये हैं। इन सोमकणों के रक्षण से शरीर का मध्य, अर्थात् हृदयान्तरिक्ष प्रवृद्ध व विशाल बनता है। वस्तुतः यह सोमरक्षण ही अद्भुत ऐश्वर्य की प्राप्ति का साधन बनता है।

भावार्थ–प्रभु के अनुग्रह से हम सोम का रक्षण कर पायें। यह सोमरक्षण हमारे लिये अद्भुत ऐश्वर्य की प्राप्ति का साधन बने। इससे हमारा हृदयान्तरिक्ष विशाल व प्रवृद्ध बने।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीबृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

अर्वाञ्चि खानि (अन्तर्मुखी इन्द्रियाँ)

आ त्वा सहस्रमा शतं युक्ता रथे हिरण्यये।
ब्रह्मयुजो हरय इन्द्र केशिनो वहन्तु सोमपीतये॥ २४॥

(१) हे प्रभो! **हिरण्यये रथे**–इस हितरमणीय, या तेजस्विता से दीप्त ज्योतिर्मय शरीर-रथ में **युक्ताः**–जुते हुए **हरयः**–इन्द्रियाश्व **आशतम्**–शतवर्षपर्यन्त **आ सहस्रम्**–(सः+हस्) आनन्दमय-कोश तक **वहन्तु**–हमें प्राप्त करायें। ये इन्द्रियाश्व बाहर विषयों में न भटककर हमें अन्नमय कोश से ऊपर प्राणमयकोश में, वहाँ से मनोमय व विज्ञानमयकोश में होते हुए आनन्दमयकोश में प्राप्त करानेवाले हों। ताकि **सोमपीतये**–सोम का हम पान कर सकें, अर्थात् सोम का शरीर में ही रक्षण

करनेवाले हों। (२) हे प्रभो! इस प्रकार ये इन्द्रियाश्व **ब्रह्मयुजः**-एक महान् लक्ष्य से (ब्रह्म-great) हमें सम्बद्ध करनेवाले हों। और **केशिनः**-प्रकाश की रश्मियोंवाले हों।

भावार्थ-हमारी इन्द्रियाँ शरीर-रथ में जुती हुई विषयों में न भटककर हमें आनन्दमयकोश की ओर ले चलें। इस प्रकार ये हमें एक महान् लक्ष्य से सम्बद्ध करनेवाली हों और प्रकाश की रश्मियोंवाली हों।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

हरी मयूरशेप्या

आ त्वा रथे हिरण्यये हरी मयूरशेप्या।
शितिपृष्ठा वहतां मध्वो अन्धसो विवक्षणस्य पीतये॥ २५॥

(१) हे प्रभो! इस **हिरण्यये रथे**-मेरे हितरमणीय-तेजस्विता से दीप्त शरीर-रथ में **शितिपृष्ठा**-श्वेत पृष्ठवाले, अर्थात् वासनाओं के आवरण से न मलिन हुए-हुए, **मयूरशेप्या**-(मह्यां रौति) प्रभु-स्तवन द्वारा उत्तम रूप (शेप) को प्राप्त हुए-हुए **हरी**-इन्द्रियाश्व **त्वा**-आपको **आवहताम्**-प्राप्त करायें। हमारी इन्द्रियाँ विषय मलिन न हों, अपितु स्तुति से दीप्त हों। और इस प्रकार ये इन्द्रियाँ अर्वाङ्मुखी होती हुई प्रभु प्राप्ति का साधन बनें। (२) आपको शरीर-रथ में प्राप्त कराना इस **मध्वो**-जीवन को मधुर बनानेवाले, **अन्धसः**-आध्यातव्य अथवा जीवन के लिये अन्नरूप **विवक्षणस्य**-विशिष्ट उन्नति के साधनभूत (वक्षण-growth) सोम के **पीतये**-पान के लिये हो। हम सोम का शरीर में रक्षण करते हुए सब प्रकार से उन्नत हों।

भावार्थ-हमारे इन्द्रियाश्व प्रभु-स्तवन द्वारा उज्ज्वल बने रहें। सोम का रक्षण करते हुए हम उन्नत हों।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीबृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'परिष्कृत रसी' सोम

पिबा त्वस्य गिर्वणः सुतस्य पूर्वपाइव। परिष्कृतस्य रसिन इयमासुतिश्चारुर्मदाय पत्यते॥ २६॥

(१) हे **गिर्वणः**-ज्ञानपूर्वक उच्चारित स्तुतिवाणियों से सम्भजनीय प्रभो! **अस्य सुतस्य**-इस उत्पन्न हुए-हुए सोम का **पूर्वपाः इव**-सब से प्रथम पान करनेवाले के समान **पिबा तु**-अवश्य पान कर। हम आपके स्तवन के द्वारा इस सोम का रक्षण करनेवाले बनें। (२) **परिष्कृतस्य**-वासनाओं से न मलिन हुए-हुए **रसिनः**-जीवन को रसमय बनानेवाले इस सोम की **इयम्**-यह **आसुतिः**-उत्पत्ति **चारुः**-अत्यन्त सुन्दर है और **मदाय पत्यते**-यह उल्लास के लिये होती है (पत्यते संपद्यते सा०)। परिष्कृत सोम जीवन में सुरक्षित हुआ आनन्द का जनक होता है।

भावार्थ-प्रभु-स्तवन सोमरक्षण का साधन बने। सुरक्षित सोम उल्लास का जनक हो।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीबृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

सतत प्रभु-स्मरण

य एको अस्ति दंसना महाँ उग्रो अभि व्रतैः।
गमत्स शिप्री न स योषदा गमद्धवं न परि वर्जति॥ २७॥

(१) **यः**-जो प्रभु **एकः अस्ति**-अद्वितीय हैं **दंसना**-अपने सृष्टि उत्पत्ति आदि कर्मों से **महान्**-महनीय व पूजनीय हैं। **व्रतैः**-सूर्य, विद्युत्, अग्नि आदि देवों के निर्माण रूप कर्मों से

उग्रः=अत्यन्त तेजस्वी हैं, वे प्रभु अभिगमत्=हमें आभिमुख्येन प्राप्त हों, हम प्रभु को प्राप्त करनेवाले बनें। (२) सः=वे प्रभु शिप्री=शोभन हनु व नासिकावाले हैं। प्रभु ने हमारे लिये उत्तम दंष्ट्राओं व नासिका को प्राप्त कराया है। इन जबड़ों से खूब चबाकर भोजन करते हुए हम नीरोग बने रहते हैं और नासिका से प्राणसाधना करते हुए मन को निर्मल बना पाते हैं। सः=वे प्रभु न योषत्=कभी हमारे से पृथक् न हों। हवं आगमत्=हमारे पुकार के होते ही हमें प्राप्त हों। न परिवर्जति=प्रभु कभी हमारा परित्याग न कर दें। हम अपने उत्तम कर्मों से सदा प्रभु के प्रिय बने रहें।

भावार्थ—प्रभु अद्वितीय हैं। हम उत्तम कर्मों को करते हुए, नीरोग व निर्मल बनते हुए, सदा प्रभु के प्रिय रहें। कभी प्रभु से पृथक् न हों।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृत् पथ्या बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

शुष्णासुर की पुरी का संपेषण

त्वं पुरं चरिष्ण्वं वधैः शुष्णस्य सं पिणक्।
त्वं भा अनु चरो अध द्विता यदिन्द्र हव्यो भुवः॥ २८॥

(१) हे इन्द्र=शत्रु विद्रावक प्रभो! त्वम्=आप यत्=जब हव्यः=पुकारने योग्य होते हैं, अर्थात् जब उपासकों से आप उपासनीय होते हैं, तो शुष्णस्य=सुखा देनेवाले इस कामदेव की (शुष्णासुर के) चरिष्ण्वम्=निरन्तर चरणशील पुरम्=नगरी को वधैः=आयुधों से, इन्द्रिय, मन व बुद्धि रूप अस्त्रों से सं पिणक्=छिन्न-भिन्न कर देते हैं। कामाक्रान्त पुरुष अत्यन्त अशान्त होता है। सो काम की पुरी को 'चरिष्ण्वं' कहा गया है। (२) इस काम की पुरी के विध्वंस के होने पर त्वम्=आप भाः अनुचरः=दीप्तियों के साथ हमें प्राप्त होते हैं। अध=अब द्विता=हमारे जीवनों में दो का विस्तार होता है (द्वौ तनोति) शरीर में शक्ति का (=क्षत्र का) तथा मस्तिष्क में ज्ञान का (=ब्रह्म का) काम विध्वंस शरीर में शक्ति संचय व मस्तिष्क में ज्ञान संचय का कारण बनता है।

भावार्थ—हम प्रभु की उपासना करते हुए काम का विध्वंस करनेवाले बनें। इस काम विध्वंस से दीप्तियों को प्राप्त करते हुए 'ब्रह्म व क्षत्र' का विकास करें।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'प्रातः, मध्याह्न, सायं व अर्धरात्रि' में प्रभु-स्मरण

मम त्वा सूर उदिते मम मध्यन्दिने दिवः।
मम प्रपित्वे अपिशर्वरि वसवा स्तोमासो अवृत्सत॥ २९॥

(१) हे वसो=हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले प्रभो! सूरे उदिते=सूर्योदय के समय मम स्तोमासः=मेरे से किये जानेवाले स्तवन त्वा=आपको आ अवृत्सत=मेरी ओर आवृत्त करनेवाले हों (आवर्तयन्तु)। सूर्योदय के समय मैं आपका स्तवन करूँ। इसी प्रकार दिवः मध्यन्दिने=दिन के मध्यभाग में, मध्याह्न में मम=मेरे से किये गये ये स्तवन आपको मदभिमुख करनेवाले हों। (२) प्रपित्वे=दिन के अवसान के प्राप्त होने पर, अर्थात् सायंकाल के समय भी मम=मेरे स्तवन आपको मदभिमुख करें। तथा शर्वरि अपि=रात्रि के समय भी ये स्तोम आपको मदभिमुख करनेवाले हों। मैं सदा प्रातः, मध्याह्न, सायं व रात्रि में आपका ध्यान करता हुआ आपको अपने अभिमुख करनेवाला बनूँ। सदा आपके समीप रहता हुआ अपने कर्त्तव्य कर्मों को अप्रमाद से करूँ।

भावार्थ–हम प्रातः, मध्याह्न, सायं व अर्धरात्रि में, अर्थात् सदा प्रभु-स्मरण करते हुए अपने जीवनों को पवित्र बनायें। प्रभु से दूर होने पर ही जीवनों में अपवित्रता का प्रवेश होता है।

ऋषिः—आसङ्गः प्लायोगिः॥ देवता—आसङ्गस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—आर्चीभुरिग्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

निन्दिताश्व का प्रपथी बनना

स्तुहि स्तुहीदेते घा ते मंहिष्ठासो मघोनाम्।
निन्दिताश्वः प्रपथी परमज्या मघस्य मेध्यातिथे॥ ३०॥

(१) हे जीव **स्तुहि स्तुहि इत्**–तू स्तवन करनेवाला बन और स्तवन करनेवाला बन ही। इस स्तवन के करने पर **एते**–ये **ते**–तेरे इन्द्रियाश्व **घा**–निश्चय से **मघोनां मंहिष्ठासः**–(मघ–मख) यज्ञशील पुरुषों में भी दातृतम होते हैं। प्रभु–स्तवन से लोभ विनष्ट होता है, दान की वृत्ति पुष्पित होती है। (२) प्रभु–स्तवन से पूर्व जो व्यक्ति **निन्दिताश्वः**–कुत्सित इन्द्रियाश्वोंवाला बना हुआ था, वह **प्रपथी**–प्रकृष्ट मार्ग पर चलनेवाला बनता है, **परमज्याः**–उत्कृष्ट शत्रुओं को भी विनष्ट करनेवाला होता है। हे **मेध्यातिथे**–मेध्य प्रभु को अतिथि बनानेवाले जीव! इस स्तवन से तू **मघस्य**–यज्ञ का हो जाता है, यज्ञमय तेरा जीवन बन जाता है।

भावार्थ–प्रभु–स्तवन करने से इन्द्रियाँ निन्दित वृत्तियों का परित्याग करके शुभ मार्ग की ओर चलती हैं।

ऋषिः—आसङ्गः प्लायोगिः॥ देवता—आसङ्गस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—निचृद्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

याद्वः पशुः

आ यदश्वान्वनन्वतः श्रद्धयाहं रथे रुहम्।
उत वामस्य वसुनश्चिकेतति यो अस्ति याद्वः पशुः॥ ३१॥

(१) **यत्**–जब **अहम्**–मैं **वनन्वतः**–प्रभु का सम्भजन करते हुए **अश्वान्**–इन्द्रियाश्वों को **श्रद्धया**–बड़ी श्रद्धा से **रथे**–शरीर–रथ में जोतकर चलता हूँ तो **आरुहम्**–उन्नतिपथ पर आरूढ़ होता हूँ। इन्द्रियाश्वों को अलस नहीं होने देता, इसी कारण मैं अग्रगति कर पाता हूँ। (२) **उत**–और **यः**–जो **याद्वः**–(यद्वो मनुष्याः) मनुष्यों का हित करनेवाला **पशुः**–द्रष्टा **अस्ति**–होता है यह **वामस्य**–सुन्दर **वसुनः**–वसु का, धन का **चिकेतति**–जाननेवाला बनता है।

भावार्थ–प्रभु–सम्भजन पूर्वक जीवनयात्रा में आगे बढ़नेवाला व्यक्ति मानव हित की भावनावाला होता है यह तत्त्वद्रष्टा बनकर सुन्दर धनों का अर्जन करनेवाला बनता है, उत्तम साधनों से ही धन कमाता है।

ऋषिः—आसङ्गः प्लायोगिः॥ देवता—आसङ्गस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—आर्चीभुरिग्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

आसंगस्य स्वनद्रथः

य ऋज्रा मह्यं मामहे सह त्वचा हिरण्यया। एष विश्वान्यभ्यस्तु सौभगासङ्गस्य स्वनद्रथः॥ ३२॥

(१) प्रभु कहते हैं कि **यः**–जो **ऋज्रा**–ऋजुगामी इन्द्रियाश्वों को **मह्यं मामहे**–मेरे लिये देता है अथवा इन इन्द्रियाश्वों से मेरा पूजन करता है, **एषः**–यह उपासक **हिरण्यया त्वचा सह**–ज्योतिर्मय, तेजस्वी, आवरणभूत शरीर के साथ **विश्वानि**–सब **सौभगानि**–उत्तम ऐश्वर्यों को **अभ्यस्तु**–सर्वतः प्राप्त हो, उन्हें जीतनेवाला बने। यह ऐश्वर्यों का पति हो, ऐश्वर्य इसके पति न

हो जायें। (२) **आसंगस्य**=(आ असंगस्य) इस सर्वथा ऐश्वर्यों में अनासक्त पुरुष का **स्वनद्रथः**=वह शरीर-रथ सदा प्रभु के स्तोत्रों के स्तवनवाला हो। यह सदा नाम-स्मरण करता हुआ जीवनयात्रा में आगे बढ़े।

भावार्थ—हम इन्द्रियों को विषयाशक्ति से बचाकर प्रभु के उपासन में लगायें। तेजस्वी शरीरवाले हों, ऐश्वर्यों के स्वामी हो। अनासक्त भाव से चलते हुए सदा प्रभु के नामों का उच्चारण करें।

ऋषिः—आसङ्गः प्लायोगिः॥ देवता—आसङ्गस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

दश उक्षणः

अध॒ प्लायो॑गि॒रति॑ दासदु॒न्यानास॒ङ्गे अग्ने॒ दु॒शभिः॒ स॒हस्रैः॑।
अधो॒क्षणो॒ दश॒ मह्यं॑ रुश॒न्तो न॒ळ्वाइ॑व॒ सर॑सो॒ निर॑तिष्ठन्॥ ३३॥

(१) **अध**=अब यह **प्लायोगिः**=प्रकर्षेण कर्मयोग के मार्ग पर चलनेवाला **आसंगः**= (आ असंगः) विषयों में अनासक्त पुरुष **अन्यान्**=अपने से भिन्न, विरोधी, काम आदि शत्रुओं को **अतिदासत्**=अतिशयेन विनष्ट करता है। (२) **अग्ने**=हे प्रभो! **अध**=अब कामादि शत्रुओं का विनाश करने पर **सहस्रैः**=आनन्दमय **दशभिः**=दसों इन्द्रियों के साथ **मह्यम्**=मेरे लिये **दश**=दस **उक्षणः**=शक्ति का मेरे में सेचन करनेवाले **रुशन्तः**=चमकते हुए प्राण (प्राण, अपान, व्यान, उदान, समान, नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त, धनञ्जय) **सरसः**=तालाब से **नडाः इव**=तृणविशेषों की तरह **निरतिष्ठन्**=निकलकर स्थित होते हैं। वस्तुतः शरीर तालाब है तो दश प्राण उससे उत्पन्न होकर उसमें स्थित होनेवाले दश तृणविशेष हैं। इनके द्वारा शरीर में शक्ति का सेचन होता है, ये ही शरीर में सोमकणों की ऊर्ध्वगति का कारण बनते हैं।

भावार्थ—कर्मों में व्यापृत उपासक काम आदि शत्रुओं का विनाश करता है। इसकी इन्द्रियाँ निर्मल होती हैं और इसके प्राण शरीर में शक्ति की ऊर्ध्वगति का कारण बनते हैं।

ऋषिः—शश्वत्याङ्गिरस्यासङ्गस्य पत्नी॥ देवता—आसङ्गः॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'स्थूर', 'उरु' तथा 'सुभद्र भोजन का भर्ता'

अन्वस्य स्थूरं॑ ददृशे पु॒रस्ता॑दन॒स्थ ऊ॒रुर॑व॒रम्ब॑माणः।
शश्व॑ती॒ नारी॑ अ॒भिच॑क्ष्याह॒ सुभ॑द्रमर्य॒ भोज॑नं॒ बिभ॑र्षि॥ ३४॥

(१) **अस्य**=इस प्लायोगि का (१।३३) प्रकर्षेण कर्मयोग के मार्ग पर चलनेवाले का **अनु**=क्रमशः दिन व दिन **स्थूरं ददृशे**=स्थूलत्व व दृढ़ता दिखती है। **पुरस्तात्**=यह आगे और आगे बढ़ता हुआ **अनस्थः**=अस्थिशून्य-सा भरे शरीरवाला दिखता है। हड्डियों का ढाँचा नहीं लगता। **उरुः**=विशाल हृदयवाला व **अवरम्बमाणः**=प्रभु का आलम्बन करता हुआ, प्रभु के आधारवाला होता है। (२) **शश्वती**=सनातन काल से चली आनेवाली **नारी**=उन्नतिपथ पर ले चलनेवाली यह वेदमाता **अभिचक्ष्य**=इसे देखकर **आह**=कहती है कि हे **अर्य**=जितेन्द्रिय पुरुष **तू सुभद्रं भोजनम्**=अत्यन्त कल्याणकर इस पालक ज्ञान को (भुजपालने) **बिभर्षि**=धारण करता है। वेद से यह ज्ञान प्राप्ति की प्रेरणा लेता है। यह ज्ञान ही तो इसके जीवन को उत्कृष्ट बनाता है।

भावार्थ—कर्मयोगी पुरुष शरीर में स्थूल व दृढ़, मन में विशाल व प्रभु-भक्तिवाला तथा मस्तिष्क में ज्ञान को धारण करनेवाला होता है।

अब यह मेधातिथि-बुद्धि को अपना अतिथि बनानेवाला 'प्रियमेध' बनता है। कण-कण करके शक्ति का संचय करता हुआ 'काण्व' व 'आंगिरस' बनता है। यह प्रभु का स्तवन करता हुआ सोम रक्षण के लिये यत्नशील होता है-

२. [द्वितीयं सूक्तम्]

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

निर्भयता

इदं वसो सुतमन्धः पिबा सुपूर्णमुदरम्। अनाभयिन्ररिमा ते॥ १॥

(१) प्रभु जीव से कहता है कि हे **वसो**-अपने निवास को उत्तम बनानेवाले उपासक **इदम्**-यह **अन्धः**-सोमलक्षण अन्न **सुतम्**-तेरे लिये उत्पन्न किया गया है। इसको तू **सुपूर्णं उदरम्**-उदर को पूर्ण करता हुआ **पिबा**-अपने में पीनेवाला बन, अपने अन्दर इसे तू सुरक्षित कर। (२) सोमरक्षण के द्वारा सब प्रकार के रोगों के भय से ऊपर उठे हुए **अनाभयिन्**-अभयता को प्राप्त उपासक! **ते**-तेरे लिये **ररिमा**-इस सोम को देते हैं। यह शरीर में सुरक्षित हुआ-हुआ तेरे कल्याण का साधक हो।

भावार्थ-शरीर में सुरक्षित सोम (क) रोगों से ऊपर उठाकर हमें उत्तम निवासवाला बनाता है, (ख) तथा यह सोमरक्षण हमें काम-क्रोध आदि के आक्रमण के भय से दूर रखता है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

नर-अश्न-अवि-नदी

नृभिर्धूतः सुतो अश्नैरव्यो वारैः परिपूतः। अश्वो न निक्तो नदीषु॥ २॥

(१) यह सोम **नृभिः धूतः**-उन्नतिपथ पर चलनेवाले मनुष्यों से कम्पन द्वारा पवित्र किया जाता है। ये लोग वासनाओं को कम्पित करके दूर करते हैं और इस प्रकार सोम वासनाओं से मलिन नहीं होता। **अश्नैः**-(अश् व्याप्तौ) कर्मों में व्याप्त रहनेवाले लोगों से यह **सुतः**-अपने अन्दर उत्पन्न किया जाता है। और **अव्यः**-रक्षण करनेवाले पुरुष के **वारैः**-वासनाओं के निवारण के द्वारा यह सोम **परिपूतः**-सर्वथा पवित्र किया जाता है। (२) यह सोम **अश्वः न**-अश्व के समान है, इस सोम के द्वारा हम जीवनयात्रा को अच्छी प्रकार पूर्ण कर पाते हैं। यह **नदीषु**-स्तोताओं में (नद शब्दे) **निक्तः**-शुद्ध व पोषित होता है। प्रभु-स्मरण सोम के पवित्र करने का साधन बन जाता है।

भावार्थ-सोमरक्षण के लिये आवश्यक है कि हम नर-उन्नतिपथ पर चलनेवाले बनें। अश्न-सदा कर्मों में व्याप्त हों। अवि-अपना रक्षण करनेवाले हों, वासनाओं के आक्रमण से अपने को बचायें। नदी-प्रभु के स्तोता बनें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गोभिः श्रीणन्तः

तं ते यवं यथा गोभिः स्वादुमकर्म श्रीणन्तः। इन्द्र त्वास्मिन्त्सधमादे॥ ३॥

(१) हे प्रभो! **तम्**-उस **ते**-आपके दिये हुए इस **यवम्**-(यु मिश्रणामिश्रणयोः) बुराइयों को पृथक् करनेवाले और अच्छाइयों को मिलानेवाले सोम को **यथा**-जिस प्रकार **गोभिः श्रीणन्तः**-ज्ञान का वाणियों के द्वारा परिपक्व करते हुए **स्वादुं अकर्म**-जीवन को मधुर बनानेवाला करते हैं। सोम 'यव' है, दुरितों को दूर व भद्र को समीप करनेवाला है। ज्ञान में लगे रहना सोम को परिपक्व

करने का साधन है। इस सोम के ठीक परिपाक से जीवन मधुर बनता है। (२) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! त्वा=आप को अस्मिन्=इस सधमादे=(सह माद्यन्ति अस्मिन्) प्रभु के साथ आनन्द अनुभव करने के स्थान हृदय में आमन्त्रित करते हैं। सोमरक्षण ही हमें इस आमन्त्रण के लिये योग्य बनाता है।

भावार्थ—सोम हमारे जीवन से सब बुराइयों को दूर करनेवाला है। ज्ञान की वाणियों के द्वारा इसका परिपाक होता है। परिपक्व सोम जीवन को मधुर बनाता है, और हमें हृदय में प्रभु को आमन्त्रित करने के योग्य बनाता है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीनिचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोमपा इन्द्रः विश्वायुः (भवति)

इन्द्र इत्सोमपा एक इन्द्रः सुतपा विश्वायुः। अन्तर्देवान्मर्त्याँश्च॥ ४॥

(१) एकः इन्द्रः इत्=वह एक जितेन्द्रिय पुरुष ही सोमपाः=सोम का अपने अन्दर रक्षण करनेवाला बनता है यह इन्द्रः=जितेन्द्रिय पुरुष ही सुतपाः=उत्पन्न सोम का पान करता है और परिणामतः विश्वायुः=पूर्ण जीवनवाला होता है। सोम ही सुरक्षित होकर दीर्घ व सुन्दर जीवन का साधन बनता है। (२) यह सोम ही देवान् अन्तः=इन्द्रियरूप देवों के अन्दर कार्य करता है। अर्थात् इन्द्रियों को यही सशक्त बनाता है। च=और मर्त्यान् अन्तः=इन नश्वर 'पृथिवी, जल, तेज, वायु' आदि भूतों से बने शरीरों में कार्य करता है। इन शरीरों को भी यह सोम ही ठीक रखता है। ये भूत क्षर हैं, सो इन्हें मर्त्य कहा है। इन्द्रियाँ मृत्यु पर भी साथ जाती हैं, सो देव व अमर हैं। इन सबके अन्दर सोम की ही शक्ति काम करती है।

भावार्थ—इन्द्र सोम का पालन करता है सो उत्तम दीर्घ जीवनवाला बनता है। यह सोम की इन्द्रियों व शरीर के स्वास्थ्य का साधन बनता है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उरुव्यचाः सुहार्द

न यं शुक्रो न दुराशीर्न तृप्रा उरुव्यचसम्। अपस्पृण्वते सुहार्दम्॥ ५॥

(१) यम्=जिस उरुव्यचसम्=महान् विस्तारवाले प्रभु को शुक्रः=(शुक् गतौ) गतिशील पुरुष न अपस्पृण्वते=प्रीणित नहीं करता, सो बात नहीं है। अर्थात् गतिशील पुरुष ही स्वकर्म द्वारा प्रभु का अर्चन करता है। दुराशी=(दुर् आ शृ) बुराई का समन्तात् विनाश करनेवाला व्यक्ति उस सुहार्दम्=उत्तम मित्र प्रभु को न=प्रीणित नहीं करता ऐसी बात नहीं है। (२) इसी प्रकार तृप्राः=जीवन को उत्तम बनाने के द्वारा अपने माता, पिता व बड़ों को प्रसन्न करनेवाले व्यक्ति न=उस प्रभु को प्रीणित न करें, सो नहीं है। प्रभु को ये तृप्र प्रीणित करते ही हैं।

भावार्थ—प्रभु अत्यन्त विस्तारवाले व उत्तम मित्र हैं। प्रभु को गतिशील (शुक्र) बुराइयों को शीर्ण करनेवाले (दुराशी) उत्तम कर्मों से माता, पिता को प्रसन्न करनेवाले (शृ) व्यक्ति प्रीणित करते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गोभिः मृगयन्ते, अभित्सरन्ति धेनुभिः

गोभिर्यदीमन्वे अस्मन्मृगं न व्रा मृगयन्ते। अभित्सरन्ति धेनुभिः॥ ६॥

(१) **यत्**-जब **अस्मत् अन्ये**-हमारे से भिन्न ये लोग **ईम्**-निश्चय से **गोभिः**-इन ज्ञान की वाणियों द्वारा उस प्रभु को **मृगयन्ते**-ढूँढ़ते हैं। इस प्रकार ढूँढ़ते हैं, **न**-जैसे **व्राः मृगम्**-घेर लेनेवाले शिकारी शिकार के योग्य पशु को। हमें भी चाहिये कि हम भी स्वाध्याय द्वारा ज्ञानवाणियों का ग्रहण करते हुए प्रभु के अन्वेषण के लिये यत्नशील हों। (२) ये लोग **धेनुभिः**-ज्ञानदुग्ध को देनेवाली इन वेद-धेनुओं से **अभित्सरन्ति**-उस प्रभु के समीप शान्तिपूर्वक प्राप्त होते हैं। इनके द्वारा हम क्यों न प्रभु को पायेंगे?

भावार्थ-ज्ञान की वाणियों द्वारा हम इष्टदेवता से अपना सम्बन्ध स्थापित करें। वेद-धेनुओं को अपनाते हुए प्रभु के समीप हों।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—आर्षीविराड्गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

त्रयः सोमाः

त्रय इन्द्रस्य सोमाः सुतासः सन्तु देवस्य। स्वे क्षये सुतपात्रः ॥७॥

(१) शरीर में सोम का सम्पादन व रक्षण करना होता है। सोम का सम्पादन ही 'सवन' है। ये सवन तीन हैं-'प्रातःसवन, माध्यन्दिन सवन, तृतीय सवन'। जीवन के प्रथम चौबीस वर्ष प्रातः सवन हैं, अगले चवालीस वर्ष माध्यन्दिन सवन, अन्तिम अड़तालीस वर्ष तृतीय सवन हैं। इन तीनों सवनों में सम्पादित होने से सोम भी तीन हैं। ये **त्रयः सुतासः सोमाः**-तीनों सवनों में उत्पन्न किये गये सोम **देवस्य**-दिव्यगुणों का अपने में वर्धन करनेवाले **इन्द्रस्य**-जितेन्द्रिय पुरुष के **सन्तु**-हों। इन्द्रदेव तीनों सवनों में सोम का पान करनेवाला हो। ये सोम ही तो उसे 'इन्द्रदेव' बनाते हैं। (२) ये तीनों सोम उन इन्द्रदेव के हों, जो **स्वे क्षये**-अपने इस शरीररूप गृह में **सुतपात्रः**-उत्पन्न सोमों का पान करते हैं। शरीर में ही सोम का रक्षण सोम का पान है।

भावार्थ-हम जीवन के प्रातः, मध्याह्न व सायं में (बाल्य, यौवन व वार्धक्य में) सोम का रक्षण करनेवाले बनें। यह सोम का पान हमें दिव्यगुण-सम्पन्न व ऐश्वर्यशाली बनायेगा।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—आर्षीविराड्गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

द्रोणकलश-पूतभृत्-आधवनीय (त्रयः कोशासः)

त्रयः कोशासः श्चोतन्ति तिस्रश्चम्वः सुपूर्णाः। समाने अधि भार्मन्॥८॥

(१) शरीर में यह अन्नमयकोश 'द्रोणकलश' है (द्रु गतौ) सब गतियों का यह आधार है। प्राणमयकोश 'पूतभृत्' है, पवित्र इन्द्रियों का धारण करनेवाला। मनोमयकोश 'आधवनीय' है, जिससे सब वासनाओं को कम्पित करके दूर करना चाहिए। ये **त्रयः कोशासः**-तीनों कोश **श्चोतन्ति**-सोम के क्षरणवाले होते हैं। इन में सोम का क्षरण होता है। इनमें सोम का क्षरण होने पर **तिस्रः चम्वः**-तीनों शरीररूप पात्र **सुपूर्णाः**-उत्तमता से पूर्ण होते हैं। 'स्थूल, सूक्ष्म व कारण' सब शरीर न्यूनताओं से रहित होकर हमारे जीवन को पूर्ण बनानेवाले होते हैं। (२) ये सोम **समाने भार्मन् अधि**-(अधिः सप्तम्यर्थानुवादी) समान भरण के निमित्त होते हैं। अन्नमयकोश को ये नीरोग व तेजस्वी बनाते हैं। प्राणमयकोश को ये ही 'वीर्यवान्' करते हैं। मनोमयकोश इनके द्वारा 'ओजस्वी व बलवान्' होता है। विज्ञानमयकोश को ये दीप्त ज्ञानवाला बनाते हैं इन्हीं से आनन्दमयकोश सहस्वाला होता है।

भावार्थ-सोम जब अन्नमय, प्राणमय व मनोमयकोश में गति करता है तो हमारे जीवन की

पूर्णता का यह कारण बनता है। यह सब कोशों का समानरूप से भरण करता है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शुचिः मन्दिष्ठः

शुचिरसि पुरुनिःष्ठाः क्षरिरमध्यत आशीर्तः। दध्ना मन्दिष्ठः शूरस्य॥ ९॥

(१) हे सोम! तू शुचिः असि-पवित्र है, हमारे जीवन को पवित्र करनेवाला है। पुरुनिःष्ठाः-पालक व पूरक रूप से शरीर निष्ठ होनेवाला है, शरीर में स्थित होकर तू पालन व पूरण करता है। क्षरिः-दुग्धों से उत्पन्न हुआ-हुआ तू मध्यतः-शरीर मध्य में स्थित हुआ-हुआ आशीर्तः-समन्तात् शत्रुओं को शीर्ण करनेवाला है। (२) हे सोम तू शूरस्य-इन शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले पुरुष का दध्ना-धारक बल के द्वारा मन्दिष्ठः-अधिक से अधिक आनन्दित करनेवाला है।

भावार्थ-सोम हमें पवित्र व आनन्दमय जीवनवाला बनाता है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीविराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इमे त इन्द्र सोमास्तीव्रा अस्मे सुतासः। शुक्रा आशिरं याचन्ते॥ १०॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यवन् प्रभो! इमे-ये ते-आपके सोमाः-सोमकण तीव्राः-बड़े तीव्र हैं, शत्रुओं के लिये भयंकर हैं। अस्मे-हमारे लिये सुतासः-ये उत्पन्न किये गये हैं। (२) शुक्राः-(शुक गतौ) गतिशील पुरुष आशिरम्-(आशृणाति) समन्तात् शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले इस सोम को याचन्ते-माँगते हैं। गतिशीलता के द्वारा ही सोम का रक्षण होता है। सुरक्षित सोम शरीर में रोग व वासनारूप शत्रुओं के विनाश का कारण बनता है।

भावार्थ-गतिशील पुरुष सोम का रक्षण करते हुए नीरोग शरीर व निर्मल मन को प्राप्त करते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'पुरोडाशं' सोमम्

तॉं आशिरं पुरोळाशमिन्द्रेमं सोमं श्रीणीहि। रेवन्तं हि त्वा शृणोमि॥ ११॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यवन् प्रभो! तान्-गत मन्त्र में वर्णित शुक्त-गतिशील पुरुषों का लक्ष्य करके इमम्-इस आशिरम्-समन्तात् शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले, पुरोडाशम्-(दाश्नोति hurt, kill) सर्वप्रथम रोगों व वासनाओं को नष्ट करनेवाले सोमम्-सोम को श्रीणीहि-परिपक्व करिये। इस सोम के परिपाक से ही हमारा जीवन सब ऐश्वर्यों से सम्पन्न बनेगा। (२) हे प्रभो! त्वा=आपको रेवन्तम्-सर्वैश्वर्य-सम्पन्न हि-ही शृणोमि-सुनता हूँ। आपके द्वारा सोम के परिपाक होने पर मैं भी सब कोशों के ऐश्वर्य को प्राप्त करूँगा।

भावार्थ-सोम का परिपाक होने से यह सोम रोग व वासनारूप शत्रुओं को शीर्ण करता है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ऊधर्न नग्ना जरन्ते

हृत्सु पीतासो युध्यन्ते दुर्मदासो न सुरायाम्। ऊधर्न नग्ना जरन्ते॥ १२॥

(१) सुरायाम्-शराब में दुर्मदासः-दुष्ट मद को प्राप्त हुए-हुए व्यक्ति न-जिस प्रकार

युध्यन्ते-युद्ध करते इसी प्रकार हृत्सु पीतासः-हृदयों में सोम का पान करनेवाले, अर्थात् खूब ही सोम का रक्षण करनेवाले लोग रोगों व वासनाओं से युद्ध करते हैं। शराब पीकर सैनिक राजस नशे में शत्रुओं पर प्रहार करते हैं। ये सोम पुरुष सात्त्विक मद सम्पन्न होकर रोगों व वासनाओं से युद्ध करते हैं। (२) ये सोमरक्षक पुरुष नग्नाः-(ग्राः छन्दांसि तानि न जहति) छन्दों द्वारा प्रभु का स्तवन करनेवाले ज्ञानी पुरुष ऊधः न-सब ज्ञानदुग्धों के आधारभूत 'ऊधस्' के समान उस प्रभु का जरन्ते-स्तवन करते हैं। प्रभु को ये 'उधस्' के रूप में देखते हैं। गौ का 'ऊधस्' दुग्ध का आधार होता है, प्रभु रूप 'ऊधस्' सब ज्ञानदुग्धों के आधार हैं। सोमी पुरुष ही तीव्र बुद्धि बनकर इन ज्ञानदुग्धों का पान करता है।

भावार्थ-सोमरक्षण के मद में यह सोमी पुरुष रोगों व वासनाओं से युद्ध करता है। वेदवाणियों का परित्याग न करता हुआ यह प्रभु को ज्ञानदुग्धाधार के रूप में स्तुत करता है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीनिचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

रेवतः स्तोता रेवान्

रेवाँ इद्रेवतः स्तोता स्यात्त्वावतो मघोनः। प्रेदु हरिवः श्रुतस्य॥ १३॥

(१) हे हरिवः-प्रशस्त इन्द्रियाश्वोंवाले प्रभो! त्वावतः-आप जैसे श्रुतस्य मघोनः-प्रख्यात (प्रसिद्ध) ऐश्वर्यशाली का स्तोता-स्तुति करनेवाला उपासक उ-निश्चय से प्र स्यात् इत्-(प्रभवेद् एव) प्रभावशाली होता ही है। प्रभु का स्तवन करता हुआ उपासक प्रभु क्यों न बनेगा! रेवतः-धनवान् का स्तोता इत्-निश्चय से रेवान्-धनी होता ही है। इसी प्रकार उस प्रख्यात मघवा प्रभु का स्तोता प्रभावशाली होगा ही।

भावार्थ-धनी का स्तोता भी धनी बनता है। इसी प्रकार हम उस मघवान् प्रभु के स्तोता बनते हुए प्रभु ही बनें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'मूक स्तवन के भी श्रोता' प्रभु

उक्थं चन शस्यमानमगोरिरा चिकेत। न गायत्रं गीयमानम्॥ १४॥

(१) अरिः-(ऋ गतौ) सर्वत्र प्राप्त वे प्रभु अगोः-(गौ=वाणी) वाक्शक्ति रहित मूक पुरुष के चन-भी शस्यमानम्-हृदय में शंसन किये जाते हुए उक्थम्-स्तोत्र को आचिकेत-सम्यक् जानते हैं। मूक पुरुष से किये जाते हुए मूक स्तवन को भी वे समझते हैं। (२) इसी प्रकार न गीयमानम्-स्वरपूर्वक न गाये जाते हुए गायत्रम्-गायत्र स्तोभ को भी वे जानते ही हैं। अर्थात् यदि एक स्तोता गायन न कर सका, तो उसका स्तोत्र न सुना जायेगा ऐसी बात नहीं है।

भावार्थ-प्रभु मूक स्तवन को भी सुनते ही हैं। 'बिना गायन के उच्चरित स्तोत्रों को प्रभु न सुनेंगे' यह बात नहीं है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीनिचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पीयत्नु व शर्धत्

मा नः इन्द्र पीयत्नवे मा शर्धते परा दाः। शिक्षा शचीवः शचीभिः॥ १५॥

(१) हे इन्द्र-शत्रु विद्रावक प्रभो! नः-हमें पीयत्नवे-वधशील शत्रु के लिये मा परा दाः-

मत दे डालिये इसी प्रकार **शर्धते**-हमें कुचल देनेवाले शत्रु के लिये **मा**-मत दे डालिये। शरीर को नष्ट करनेवाले रोग 'पीयत्नु' हैं। मन को अभिभूत कर लेनेवाले काम-क्रोध आदि शत्रु 'शर्धन्' हैं। हम इनके वश में न हो जायें। (२) हे **शचीवः**-शक्तिमन् प्रभो! **शचीभिः**-अपनी शक्तियों के द्वारा **शिक्षा**-शत्रुओं को अभिभूत करने के लिये हमें शक्तिशाली बनाने की कामना करिये। आपके अनुग्रह से सशक्त बनकर हम शत्रुओं का शातन कर पायें।

भावार्थ-हे प्रभो! वध करनेवाले रोग और मनों को अभिभूत करनेवाले काम-क्रोध आदि आसुरभाव हमें आक्रान्त न कर पायें। प्रभु हमें शक्ति दें कि हम इन शत्रुओं को अभिभूत कर सकें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वयमु त्वा तदिदर्था इन्द्र त्वायन्तः सखायः। कण्वा उक्थेभिर्जरन्ते॥ १६॥

(१) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **वयम्**-हम **उ**-निश्चय से **त्वायन्तः**-आपको प्राप्त करने की कामनावले होते हुए **उ**-निश्चय से **त्वा**-आपका ही स्तवन करते हैं। **तदिदर्थाः**-(तत् इत अर्थाः) वह प्रभु स्तवन ही हमारा प्रयोजन हो। अन्य लौकिक कामनाओं से स्तवन न करके हम स्तवन को स्तवन के लिये ही करें। 'स्तवन ही हमारा कर्त्तव्य है' ऐसा जानें। हवन करते हुए हम **सखायः**-आपके मित्र होते हैं। (२) **कण्वाः**-मेधावी पुरुष **उक्थेभिः**-उच्चैःगीयमान स्तोतों से **जरन्ते**-हे प्रभो! आपका स्तवन करते हैं। मूर्ख व नासमझ पुरुष ही स्तवन से दूर रहता है।

भावार्थ-हम शुद्ध भाव से, कामनारहित मन से प्रभु का स्तवन करें। यही हमारा मुख्य काम हो।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु का ही स्तवन

न घेमन्यदा पपन वज्रिन्नपसो नविष्टौ। तवेदु स्तोमं चिकेत॥ १७॥

(१) हे **वज्रिन्**-क्रियाशीलता रूप वज्र (वज् गतौ) वाले प्रभो! **मैं अपसः नविष्टौ**-कर्मों के अभिनव याग में, अर्थात् प्रत्येक कर्मयज्ञ के अवसर पर **वा ईम्**-निश्चय से **अन्यत् न आपपन**-किसी और का स्तवन न करूँ। (२) **तव इत् उ**-निश्चय से आपके ही **स्तोमं चिकेत**-स्तवन को जानूँ। अर्थात् आपका ही स्तवन करूँ।

भावार्थ-हम प्रत्येक कार्य के अवसर पर प्रभु का स्तवन करें। प्रभु का स्तवन ही हमें शक्ति देगा और हम कार्य को सफलता के साथ कर सकेंगे।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पुरुषार्थ में ही दिव्यता व आनन्द का वास हो

इच्छन्ति देवाः सुन्वन्तं न स्वप्नाय स्पृहयन्ति। यन्ति प्रमादमतन्द्राः॥ १८॥

(१) **देवाः**-सब देव **सुन्वन्तम्**-यज्ञशील को **इच्छन्ति**-चाहते हैं। यज्ञों में प्रवृत्त पुरुष ही देवों का प्रिय बनता है। **स्वप्नाय न स्पृहयन्ति**-सोनेवाले को देव नहीं चाहते। आलसी देवों का प्रिय नहीं होता। (२) आलस्य को छोड़कर **अतन्द्राः**-तन्द्राशून्य जीवनवाले पुरुष **प्रमादं यन्ति**-प्रकृष्ट हर्ष को प्राप्त होते हैं।

भावार्थ-यज्ञशील पुरुष ही देवों का प्रिय बनता है, अर्थात् दिव्यगुणों को धारण करता है। आलस्य के साथ दिव्यताओं का सम्बन्ध नहीं। पुरुषार्थ में ही आनन्द है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीनिचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

महान् इव युवजानिः

ओ षु प्र याहि वाजेभिर्मा हृणीथा अभ्यस्मान्॥ महाँइव युवजानिः॥ १९॥

(१) हे प्रभो! आप **वाजेभिः**-शक्तियों के साथ **असमान् अभि**-हमारे प्रति **सु**-सम्यक् **आप्रयाहि**-आइये। **मा हृणीथाः**-हमारे पर आप क्रोध न करें। हम अपने कुकर्मों से आपके क्रोध के पात्र न बन जायें। आप हमें सब शक्तियों को प्राप्त कराइये। (२) हे प्रभो! आप महान् हैं, मैं भी **महान् इव**-आप जैसा ही महान् बनने का प्रयत्न करूँ। **युवजानिः**-(युवतिर्जाया यस्य)-मैं इस वेदवाणीरूप युवति का पति बनूँ, यह वेदवाणी मेरी जाया हो। 'दोषों को पृथक् करनेवाली व गुणों को मिलानेवाली' यह युवति है 'यु मिश्रणामिश्रणयोः'। गुणों को जन्म देनेवाली यह 'जाया' है।

भावार्थ-प्रभु हमें शक्ति प्राप्त करायें, हम प्रभु के क्रोध के पात्र न हों। महान् बनें। वेदवाणी को पत्नी के रूप में प्राप्त कर अपनी पूर्णता करें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीनिचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अश्रीरः इव जामाता

मो ष्वद्य दुर्हणावान्त्सायं करदारे अस्मत्। अश्रीरइव जामाता॥ २०॥

(१) 'काम' वासना मनुष्य का बुरी तरह से अन्त कर देती है। यह नशे में ले जाकर (मदनः) हमारे ज्ञान को नष्ट करके (मन्मथः) हमें समाप्त कर देती है (मारः)। सो कहते हैं कि यह **दुर्हणावान्**-बुरी तरह से मार डालनेवाला काम **अद्य**-आज **मा उ**-मत ही **सायं करत्**-(षो अन्तकर्मणि) हमारा अन्त कर दे। (२) यह काम **अस्मत् आरे**-हमारे से दूर ही रहे। **इव**-जैसे हम चाहते हैं कि **अश्रीरः जामाता**-श्री (शोभा) से शून्य जामाता (हमारी कन्या का पति) हमारे से दूर रहे। यह हमारे विनाश का कारण बनता है।

भावार्थ-काम-वासना बुरी तरह से हमें नष्ट करनेवाली है। यह हमारे से दूर ही रहे।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीनिचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सुमति-मनांसि (ज्ञान)

विद्या ह्यस्य वीरस्य भूरिदावरीं सुमतिम्। त्रिषु जातस्य मनांसि॥ २१॥

(१) **अस्य वीरस्य**-इस (वि+ईर) विशेषरूप से शत्रुओं के कम्पक प्रभु की **भूरिदावरीम्**-अनन्त ऐश्वर्यों के देनेवाली **सुमतिम्**-कल्याणी मति को **हि**-निश्चय से **विद्या**-जानें, प्राप्त करें। प्रभु के अनुग्रह से हमें उत्तम बुद्धि प्राप्त हो। (२) **त्रिषु**-तीनों लोकों में **जातस्य**-प्रादुर्भूत अपनी महिमा से दिखनेवाले, उस प्रभु के **मनांसि**-ज्ञानों को भी हम प्राप्त करें। वेद में दिये गये सब ज्ञान हम प्राप्त कर पायें।

भावार्थ-प्रभु के अनुग्रह से हमें उत्तम बुद्धि प्राप्त हो और उसके द्वारा हम सब ज्ञानों को प्राप्त करें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कण्वमन्तं यशस्तरं

आ तू षिञ्च कण्वमन्तं न घा विद्म शवसानात्। यशस्तरं शतमूतिः॥ २२॥

(१) हे प्रभो! आप **तु**-निश्चय से **आसिञ्च**-हमें शक्ति से सिक्त करिये। आप के अनुग्रह से सोम का (वीर्य का) हमारे अंग-प्रत्यंग में सेचन हो। (२) हम **शतं ऊतेः**-सैंकड़ों रक्षणोंवाले **शवसानात्**-शक्तिशाली की तरह आचरण करते हुए आप से भिन्न किसी को भी **कण्ववन्तम्**-मेधावित से युक्त व **यशस्तरम्**-अधिक यशस्वी **घा**-निश्चय से **न विद्म**-नहीं जानते।

भावार्थ—प्रभु हमें शक्ति सम्पन्न करें। प्रभु ही सर्वोपरि मेधावी व शक्ति सम्पन्न हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीनिचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'इन्द्रइन्द्र वीर शक्र नर्य'

ज्येष्ठेन सोतरिन्द्राय सोमं वीराय शक्राय। भरा पिबन्नर्याय॥ २३॥

(१) हे **सोतः**=सोम को उत्पन्न करनेवाले प्रभो! **ज्येष्ठेन**=ज्येष्ठता के हेतु से **इन्द्राय**=इस जितेन्द्रिय पुरुष के लिये **सोमम् भरा**=सोम का भरण करिये। इस सोम शक्ति के द्वारा यह जितेन्द्रिय पुरुष ज्येष्ठता को प्राप्त होता है। (२) इन **वीराय**=शत्रुओं को विशेषरूप से कम्पित करके दूर करनेवाले, **शक्राय**=शक्ति सम्पन्न **नर्याय**=नर हित के कार्यों में प्रवृत्त पुरुष के लिये **पिबन्**=इस सोम का पान करिये। इस सोम को इस के शरीर में ही सुरक्षित करिये। सोमरक्षण से ही वस्तुतः यह 'वीर, शक्र व नर्य' बनता है।

भावार्थ—हम सोमरक्षण के द्वारा 'वीर, शक्र व नर्य' बनें। 'इन्द्र' बनकर, जितेन्द्रिय बनकर सोम का रक्षण करें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीनिचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रशस्त बल की प्राप्ति

यो वेदिष्ठो अव्यथिष्वश्वावन्तं जरितृभ्यः। वाजं स्तोतृभ्यो गोमन्तम्॥ २४॥

(१) **अव्यथिषु**=औरों को पीड़ित न करनेवाले सज्जनों में जो **वाजम्**-बल है, उस **अश्वावन्तम्**-प्रशस्त कर्मेन्द्रियोंवाले बल को **यः**-जो प्रभु **जरितृभ्यः**-वासनाओं को जीर्ण करनेवाले स्तोताओं के लिये **वेदिष्ठः**-सर्वाधिक प्राप्त करानेवाले हैं। (२) उस **गोमन्तम्**-प्रशस्त ज्ञानेन्द्रियोंवाले बल को प्रभु **स्तोतृभ्यः**-स्तोताओं के लिये प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—प्रभु स्तोताओं को वह बल प्राप्त कराते हैं, जो औरों को न पीड़ित करनेवाले पुरुषों में होता है। तथा जो बल उत्तम कर्मेन्द्रियों व ज्ञानेन्द्रियोंवाला है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्दः॥ छन्दः—आर्षीनिचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'मद्य-वीर-शूर'

पन्यँपन्यमित्सोतार आ धावत मद्याय। सोमं वीराय शूराय॥ २५॥

(१) हे **सोतारः**=सोम का अपने में सम्पादन करनेवाले पुरुषो! यह सोम जो **पन्यम्**-स्तुत्य है और **इत्**-निश्चय से स्तुत्य है, इस **सोमम्**-सोम को **आधावत**-सर्वथा शुद्ध करो। इसे वासनाओं

से मलिन मत होने दो। (२) यह सोम निश्चय से **मद्याय**-सदा प्रसन्न रहनेवाले पुरुष के लिये है **वीराय**-यह वीर के लिये है, वासनाओं को कम्पित करके दूर करनेवाले के लिये हैं। **शूराय**-यह रोगों को शीर्ण करनेवाले के लिये है। वस्तुतः सुरक्षित हुआ-हुआ सोम ही हमें 'मद्य, वीर व शूर' बनाता है।

भावार्थ-हम सोम को वासनाओं से मलिन न होने दें। यह सोम हमें आनन्दमय वीर व शूर बनायेगा।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीनिचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

नियमते शतमूतिः

पाता वृत्रहा सुतमा घा गमन्नारे अस्मत्। नि यमते शतमूतिः॥ २६॥

(१) वे प्रभु **वृत्रहा**-हमारे वासना रूप शत्रुओं को नष्ट करनेवाले हैं और इस प्रकार **सुतं पाता**-उत्पन्न सोम का रक्षण करते हैं। ये प्रभु **घा**-निश्चय से **आगनत्**-हमें प्राप्त हों। (२) **अस्मत्**-हमारे से **आरे**-दूर व समीप देशों में होते हुए वे प्रभु **शतमूतिः**-सैंकड़ों रक्षणोंवाले होते हुए **नियमते**-सारे संसार का नियमन करते हैं। 'आराद् दूरसमीपयोः' प्रभु हमारे से दूर से दूर देश में हैं और समीप से समीप देश में भी है। सर्वत्र होते हुए वे संसार का नियमन कर रहे हैं।

भावार्थ-प्रभु हमारी वासनाओं का विनाश करके हमारे सोम का रक्षण करते हैं, वे दूर व समीप सर्वत्र होते हुए सैंकड़ों रक्षणोंवाले हैं और संसार का नियमन कर रहे हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ब्रह्म-युजा-शग्मा-हरी

एह हरी ब्रह्मयुजा शग्मा वक्षतः सखायम्। गीर्भिः श्रुतं गिर्वणसम्॥ २७॥

(१) **इह**-इस जीवन में **हरी**-ये हमारे इन्द्रियाश्व **सखायम्**-उस मित्र प्रभु को **आवक्षतः**-प्राप्त कराते हैं। वे इन्द्रियाश्व जो **ब्रह्मयुजा**-ज्ञान के साथ सम्पर्क को करनेवाले हैं और **शग्मा**-(शग्म इति कर्म नाम नि० २।१) यज्ञादि कर्मों में प्रवृत्त होनेवाले हैं। और इन यज्ञादि कर्मों के द्वारा सुख प्राप्त करानेवाले होते हैं (शग्म इति सुख नाम नि० ३।६)। ज्ञानेन्द्रियाँ ज्ञान प्राप्ति में लगी रहें और इसी प्रकार कर्मेन्द्रियाँ यज्ञादि कर्मों में प्रवृत्त रहें तो मनुष्य प्रभु प्राप्ति के मार्ग पर चल रहा होता है। (२) ये इन्द्रियाश्व उस सखा को प्राप्त कराते हैं, जो **गीर्भिः श्रुतम्**-वेदवाणियों के द्वारा सुनाई पड़ते हैं 'ऋचो अक्षरे परमे व्योमन्' सब ऋचाएँ उस प्रभु का ही तो वर्णन कर रही हैं। **गिर्वणसम्**-वे प्रभु इन ज्ञान वाणियों के द्वारा सम्भजनीय हैं। इन ज्ञानवाणियों में विचरनेवाला पुरुष ही प्रभु को पाता है।

भावार्थ-हम ज्ञानेन्द्रियों द्वारा ज्ञान प्राप्ति में प्रवृत्त होकर तथा कर्मेन्द्रियों से यज्ञादि कर्मों को करते हुए प्रभु को प्राप्त करें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीस्वराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

ऋषीवः, शचीवः

स्वादवः सोमा आ याहि श्रीताः सोमा आ याहि।
शिप्रिन्नृषीवः शचीवो नायमच्छा सधमादम्॥ २८॥

(१) हे **शिप्रिन्**-उत्तम हनु व नासिका को हमारे लिये प्राप्त करानेवाले! **ऋषीवः**-प्रशस्त ज्ञानेन्द्रियों को देनेवाले (ऋषि-तत्त्वदर्शन करानेवाली) **शचीवः**-प्रशस्त कर्मों की साधनभूत कर्मेन्द्रियोंवाले प्रभो! हमारे जीवन में **सोमाः**-सोमकण **स्वादवः**-आनन्द के साधन बने हैं। सो **आयाहि**-आप आइये। **सोमाः**-ये सोमकण ठीक **श्रीताः**-परिपक्व हुए हैं। **आयाहि**-आप आइये। (२) हे प्रभो! आप हमें प्राप्त होइये। आप हमें **सधमादम्**-आपके साथ मिलकर आनन्दित होनेवाले हृदयक्षेत्र की **अच्छा**-ओर **नायम्**-(नेतुं) ले जाने के लिये प्राप्त होइये। प्रभु का अनुग्रह ही हमें अन्तर्मुख वृत्तिवाला बनायेगा। तभी हम हृदय में प्रभु की उपासना करते हुए आनन्द का अनुभव करेंगे।

भावार्थ-हम सोमरक्षण करें तभी हम प्रभु प्राप्ति के पात्र होंगे। यही सोमरक्षण हमें अधिकाधिक अन्तर्मुखी वृत्तिवाला बनायेगा।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

महे, राधसे, नृम्णाय

स्तुतश्च यास्त्वा वर्धन्ति महे राधसे नृम्णाय। इन्द्र कारिणं वृधन्तः॥ २९॥

(१) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **स्तुतः च**-और वे स्तुतियाँ **याः**-जो **त्वा**-आपको बढ़ाती हैं, आपका यशोगान करती हैं, वे इस स्तोता के **महे**-महत्त्व के लिये होती हैं, **राधसे**-ऐश्वर्य के लिये होती हैं और **नृम्णाय**-शक्ति के लिये होती हैं। इन स्तुतियों के द्वारा स्तोता का 'महत्त्व (यश), ऐश्वर्य व बल' बढ़ता है। (२) हे प्रभो! आपके ये स्तवन **कारिणम्**-क्रियाशील पुरुष का ही **वृधन्तः**-वर्धन करते हैं। वस्तुतः सच्चा स्तोता होता ही क्रियाशील है। अकर्मण्यता का प्रभु स्तवन से कोई सम्बन्ध नहीं।

भावार्थ-हम प्रभु-स्तवन करते हैं। यह प्रभु-स्तवन हमारी महिमा (यश) को बढ़ाता है, हमारे ऐश्वर्य की वृद्धि का कारण बनता है और हमारे बल का वर्धन करता है। स्तोता सदा क्रियावान् होता है, अकर्मण्य नहीं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीनिचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञान-सवन

गिरश्च यास्ते गिर्वाह उक्था च तुभ्यं तानि। सत्रा दधिरे शवांसि॥ ३०॥

(१) हे **गिर्वाहः**-ज्ञान की वाणियों को प्राप्त करानेवाले प्रभो! **गिरः च याः**-ये जो भी ज्ञान की वाणियाँ हैं, वे **ते**-आपकी ही हैं। आप ही सब ज्ञान की वाणियों को प्राप्त करानेवाले हैं। **उक्था च**-और जो भी स्तुति-वचन हैं, वे सब भी **तुभ्यम्**-आप के लिये ही हैं। सब पूजा परम्परया आपकी ही पूजा होती है (२) **तानि**-वे स्तुति-वचन **सत्रा**-सदा इस स्तोता के जीवन में **शवांसि दधिरे**-बलों को धारण करते हैं। स्तोता प्रभु के बल से बल-सम्पन्न होकर सब आन्तर शत्रुओं को दूर भगानेवाला होता है और बाह्य कष्टों का सहन कर पाता है।

भावार्थ-सब ज्ञान प्रभु से प्राप्त होता है। प्रभु का स्तवन स्तोता को बल सम्पन्न करता है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

तुविकूर्मिः वज्रहस्तः

एवेदेष तुविकूर्मिर्वाजो एको वज्रहस्तः। सनादमृक्तो दयते॥ ३१॥

(१) एवा=सचमुच इत्=ही एषः=यह प्रभु तुविकूमिः=महान् कर्मोंवाले हैं। इन सब महान् लोक-लोकान्तरों को बनानेवाले हैं। वे एकः=अद्वितीय प्रभु ही वज्रहस्तः=वज्रहस्त होकर सब लोकों का नियमन व शासन कर रहे हैं। उसी के वज्र के भय से सब सूर्य आदि अपने-अपने मार्ग पर चल रहे हैं (२) ये प्रभु ही सनाद् अमृक्तः=(unhurt) सदा से अहिंसित व (unwashed) अशोधनीय, सदा पवित्र होते हुए वाजान् दयते=सब शक्तियों को उपासकों के लिये प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—प्रभु ही इन महान् लोकों के निर्माता व धारक हैं। वे सदा पवित्र प्रभु हमारे लिये शक्तियाँ को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीनिचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

महीभिः शचीभिः महान्

हन्ता वृत्रं दक्षिणेनेन्द्रः पुरू पुरुहूतः। महान्महीभिः शचीभिः॥ ३२॥

(१) वे पुरुहूतः=बहुतों से पुकारे जाने योग्य इन्द्रः=परमैश्वर्यशाली प्रभु दक्षिणेन=(दक्ष्-दक्षणे to grow) शक्तियों के वर्धन के द्वारा वृत्रम्=ज्ञान की आवरणभूत वासना को पुरु हन्ता=खूब ही विनष्ट करनेवाले हैं। प्रभु का स्तवन स्तोता को शक्ति-सम्पन्न बनाता है। इस शक्ति से सम्पन्न होकर स्तोता वासना को विनष्ट कर पाता है। (२) वे प्रभु महीभिः शचीभिः=महनीय शक्तियों के कारण महान्=महान् हैं, पूजनीय हैं। प्रभु का स्तोता भी इन शक्तियों को प्राप्त करके महान् बनता है।

भावार्थ—प्रभु शक्तियों से महान् हैं। वे स्तोता को भी शक्ति-सम्पन्न बनाकर वासना के विनाश के योग्य बनाते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'बलों व विजयों के आधार' प्रभु

यस्मिन्विश्वाश्चर्षणय उत च्यौला त्रयाँसि च। अनु धेन्मन्दी मघोनः॥ ३३॥

(१) प्रभु वे हैं, यस्मिन्=जिनके आधार में विश्वाः चर्षणयः=सब श्रमशील मनुष्यों का निवास है। उत=और भी जो च्यौला=शत्रुओं को च्युत करनेवाले बल का निवास है। च=और त्रयांसि=(प्रियति) सब विजयों के आधार वे प्रभु ही हैं। (२) वस्तुतः उपासक मघोनः=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु की अनु घा इत्=अनुकूलता में ही मन्दी=आनन्द का अनुभव करता है। जितना-जितना प्रभु का अनुसरण करता है, उतना-उतना आनन्दित होता है।

भावार्थ—सब कामशील मनुष्यों का आधार प्रभु ही हैं। सब बलों व विजयों के भी वे ही आधार हैं। प्रभु के अनुसरण में स्तोता आनन्द का अनुभव करता है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीविराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'निर्माता-शक्तिदाता' प्रभु

एष एतानि चकारेन्द्रो विश्वा योऽतिशृण्वे। वाजदावा मघोनाम्॥ ३४॥

(१) एषः=यह इन्द्रः=परमैश्वर्यशाली प्रभु ही एतानि=इन विश्वा=सब लोक-लोकान्तरों को चकार=बनाते हैं। प्रभु ही सब लोकों के निर्माता हैं। (२) और यः=जो अतिशृण्वे=अपने

बलों के कारण सब को लाँघकर स्थित हुए-हुए सुने जाते हैं, वे प्रभु ही **मघोनाम्**-सब यज्ञशील पुरुषों के **वाजदावा**-शक्तियों के देनेवाले हैं।

भावार्थ-प्रभु ही सब लोकों के निर्माता हैं। वे ही सर्वाधिक शक्तिवाले हैं। यज्ञशील पुरुषों को शक्ति प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

रथं प्रभर्ता

प्रभर्ता रथं गव्यन्तमपाकाच्चिद्यमवति। इनो वसु स हि वाळ्हा॥ ३५॥

(१) वे प्रभु ही **रथम्**-हमारे इस शरीर-रथ का **प्रभर्ता**-भरण करते हैं। उस रथ का जो **गव्यन्तम्**-ज्ञान की वाणियों की कामनावाला होता है। अर्थात् प्रभु इस शरीर-रथ को ऐसा बनाते हैं कि हम इसमें ज्ञान की वाणियों की कामनावाले बनते हैं। और वे प्रभु **चित्**-ही **यम**-जिस शरीर-रथ को **अपाकात्**-(Indigestion) अपचन से **अवति**-बचाते हैं। प्रभु-स्मरण से भोजन की नियमितता के होने पर अपचन व रोगों का भय नहीं रहता। (२) वे प्रभु **इनः**-स्वामी हैं। **सः हि**-वे ही **वसु वोढा**-सब निवास के लिये आवश्यक धनों का प्राप्त कराते हैं। ये धन हमें निधन (मृत्यु) से बचानेवाले होते हैं।

भावार्थ-प्रभु ही हमारे शरीर-रथों का रक्षण करते हैं, हमें ज्ञानयुक्त व नीरोग बनाते हैं। निवास के लिये आवश्यक धनों को प्रभु ही प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीनिचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सनिता-हन्ता (वृत्रं)-अविता

सनिता विप्रो अर्वद्भिर्हन्ता वृत्रं नृभिः शूरः। सत्योऽविता विधन्तम्॥ ३६॥

(१) वे **विप्रः**-हमारा विशेष रूप से पूरण करनेवाले प्रभु **अर्वद्भिः**-इन्द्रियाश्वों के द्वारा हमारे लिये **सनिता**-ज्ञान व शक्ति को प्राप्त करानेवाले हैं। वे **शूरः**-शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभु **नृभिः**-उत्तम मार्ग से ले चलनेवाले पुरुषों के द्वारा **वृत्रं हन्ता**-हमारे जीवनों में वासनाओं को विनष्ट करनेवाले हैं। उत्तम माता, पिता व आचार्य को पाकर हम वासनामय जीवनवाले बन जाने से बचे रहते हैं। (२) वे प्रभु **सत्यः**-सत्यस्वरूप हैं। **विधन्तं अविता**-उपासक का रक्षण करनेवाले हैं।

भावार्थ-वे प्रभु ज्ञान व शक्ति के देनेवाले हैं, वासना को विनष्ट करनेवाले हैं और उपासक के रक्षक हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सत्यमद्वा

यजध्वैनं प्रियमेधा इन्द्रं सत्राचा मनसा। यो भूत्सोमैः सत्यमद्वा॥ ३७॥

(१) हे **प्रियमेधाः**-(मेध-यज्ञ, मेधा-बुद्धि) यज्ञों से प्रेमवाले अथवा प्रिय बुद्धिवाले पुरुषो! **एनं इन्द्रम्**-इस परमैश्वर्यशाली प्रभु को **सत्राचा**-(सत्रं अञ्चति, सत्र-sacrifice, vrtue) यज्ञ व गुणों की ओर झुकाववाले **मनसा**-मन से **यजध्व (म्)**-उपासित करो। प्रभु की सच्ची उपासना यही है कि हम मनों को यज्ञ की भावना व उत्कृष्ट गुणों के उपार्जन की भावनावाला बनायें। (२) उस प्रभु की उपासना करो **यः**-जो **सोमैः**-सोमों के द्वारा, वीर्यकणों के द्वारा

सत्यमद्वा भूत्-सच्चे आनन्द को प्राप्त करानेवाले होते हैं। इन सोमकणों के रक्षण से ही सब 'तेज, वीर्य, ओज बल, ज्ञान व सहस्' की प्राप्ति होती हैं। ये ही हमारे जीवनों के सच्चे ऐश्वर्य हैं।

भावार्थ-हम यज्ञप्रिय व बुद्धि प्रिय बनकर प्रभु का उपासन करें। प्रभु सोमकणों के रक्षण के द्वारा हमारे जीवनों में आनन्द का संचार करते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'गाथश्रवस्-श्रवस्काम' प्रभु

गाथश्रवसं सत्पतिं श्रवस्कामं पुरुत्मानम्। कण्वासो गात वाजिनम्॥ ३८॥

(१) **कण्वासः**-हे मेधावी पुरुषो! उस **वाजिनम्**-शक्तिशाली प्रभु का **गात**-गायन करो, जो प्रभु **गाथश्रवसम्**-गायन योग्य यशवाले हैं। **सत्पतिम्**-सज्जनों के रक्षक हैं। (२) रक्षण के उद्देश्य से ही **श्रवस्काममम्**-हमारे लिये ज्ञान की कामनावाले हैं और **पुरुत्मानम्**-पालक व पूरक स्वरूपवाले हैं (पृ पालनपूरणयोः)।

भावार्थ-हम उन प्रभु का गायन करें जो गेययशवाले हैं, सज्जनों के रक्षक हैं, हमारे लिये ज्ञान की कामनावाले हैं, पालन व पूरण के स्वभाववाले हैं और प्रशस्त शक्तिवाले हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सखा शचीवान्

य ऋते चिद्भास्पदेभ्यो दात्सखा नृभ्यः शचीवान्। ये अस्मिन्कामममश्रियन्॥ ३९॥

(१) **यः**-जो प्रभु **ऋते चित्**-सत्य ज्ञान की प्राप्ति कराने के निमित्त ही **पदेभ्यः**-(पद् गतौ) गतिशील **नृभ्यः**-मनुष्यों के लिये **गाः**-ज्ञान की वाणियों को **दात्**-देते हैं। वे प्रभु ही हमारे **सखा**-सच्चे मित्र हैं। **शचीवान्**-वे प्रभु ही सब कर्मों व प्रज्ञानोंवाले हैं। (२) ये प्रभु उन मनुष्यों के लिये इन ज्ञान की वाणियों को प्राप्त कराते हैं **ये**-जो **अस्मिन्**-इस प्रभु में **कामं अश्रियन्**-अपनी सब इच्छाओं को आश्रित करते हैं। अर्थात् प्रभु के प्रति जो आत्मार्पण करनेवाले होते हैं, उनके लिये प्रभु इन ज्ञानों को अवश्य प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ-प्रभु हमारे सच्चे सखा हैं, वे शक्ति व प्रज्ञान के भण्डार हैं। ये अपने प्रति आत्मार्पण करनेवाले गतिशील पुरुषों के लिये ज्ञान की वाणियों को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीविराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

धीमान्-काण्व-मेध्यातिथि

इत्था धीवन्तमद्रिवः काण्वं मेध्यातिथिम्। मेषो भूतोऽभि यन्नयः॥ ४०॥

(१) हे **अद्रिवः**-आदरणीय-उपासनीय प्रभो! **इत्था**-सचमुच **मेषः**-सुखों का सेचन करनेवाले **भूतः**-हुए-हुए तथा **धीवन्तम्**-बुद्धिपूर्वक कर्म करनेवाले की **अभियन्**-ओर जाते हुए आप **काण्वम्**-मेधावी को तथा **मेध्यातिथिम्**-पवित्र कर्मों की (मेध्य) और निरन्तर गतिवाले पुरुष को (अत सातत्यगमने) **अयः**-प्राप्त होते हैं। (२) प्रभु उसी को प्राप्त होते हैं, जो (क) बुद्धिपूर्वक कर्मों में प्रवृत्त हों, (ख) मेधावी हो तथा (ग) पवित्र कर्मों में निरन्तर गतिवाला हो। ऐसे व्यक्तियों के लिये ही आप सुखों का सेचन करनेवाले होते हैं।

भावार्थ–प्रभु को वही प्राप्त करता है जो ज्ञानपूर्वक कर्मों को करता हुआ पवित्राचरण बनता है। इन्हीं के लिये प्रभु सुखों का सेचन करनेवाले होते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः॥ देवता—विभिन्दोर्दानस्तुतिः॥ छन्दः—पादनिचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

चत्वार अष्टा ददत्

शिक्षा विभिन्दो अस्मै चत्वार्यायुता ददत्। अष्ट परः सहस्रा॥ ४१॥

(१) हे **विभिन्दो**=शत्रुओं का भेदन करनेवाले प्रभो! **अस्मै**=इस उपासक के लिये **चत्वारि**=चारों वेद ज्ञानों को **अयुता**=अपृथग्भूत रूप में **ददत्**=देते हुए **शिक्षा**=इसे शत्रु-नाशन के लिये शक्ति-सम्पन्न करिये (शकिः सन्नन्तः)। प्रकृति, जीव, परमात्मा का ज्ञान प्राप्त करते हुए हम नीरोग व अशत्रु बने हुए शान्ति से उन्नतिपथ पर आगे बढ़ें। ऋचाएँ हमें प्रकृति का, यजु जीव का, साम आत्मा का तथा अथर्व नीरोगता व अशत्रुता के उपायों का ज्ञान देनेवाले हों। (२) हे प्रभो! आप हमें **अष्टा**=पञ्चभूतों तथा मन-बुद्धि व अहंकार को प्राप्त कराइये। इन आठ को प्राप्त कराइये, जो **परः सहस्रा**=उत्कृष्ट सहस् (बल) वाले हैं। अथवा जिनमें आनन्दमयकोश (स+हस्) सर्वोपरि है।

भावार्थ–प्रभु हमें चारों वेदों का ज्ञान दें तथा हमारे पञ्चभूतों व मन, बुद्धि, अहंकार को बल-सम्पन्न करें।

सूचना–उत्तम अहंकार 'आत्मगौरव की भावना' के रूप में प्रकट होता है।

ऋषिः—मेधातिथिः॥ देवता—विभिन्दोर्दानस्तुतिः॥ छन्दः—आर्षीनिचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

जगतः पितरौ (प्रकृति परमेश्वरौ)

उत सु त्ये पयोवृधा माकी रणस्य नप्त्या। जनित्वनाय मामहे॥ ४२॥

(१) **उत**=और **त्ये**=उन **पयोवृधा**=शक्ति व ज्ञानदुग्ध के द्वारा हमारा वर्धन करनेवाले, **रणस्य**=रमणीयता का **माकी**=(निर्मात्र्यौ) निर्माण करनेवाले **नप्त्या**=हमारा पतन न होने देनेवाले माता-पितृरूप प्रकृति व परमेश्वर को **जनित्वनाय**=शक्तियों के प्रादुर्भाव के लिये **सुमामहे**=उत्तमता से पूजते हैं। (२) प्रकृति शरीर को सशक्त बनाती है, प्रभु आत्मा को सज्ञान बनाते हैं। इस प्रकार प्रकृति व प्रभु मिलकर जीवरूप सन्तान का पालन करते हैं। शक्ति व ज्ञान के द्वारा ये हमारे जीवन को कितना ही सुन्दर बनाते हैं?

भावार्थ–प्रकृति व परमेश्वर इस जगत् के माता-पिता के समान हैं। ये शक्ति व ज्ञानदुग्ध के द्वारा हमारा वर्धन करते हैं, हमारे जीवन में रमणीयता का निर्माण करते हैं, हमें गिरने नहीं देते। हम इन दोनों का आराधन करते हैं।

इस सूक्त के मन्त्र चालीस में 'मेध्यातिथि काण्व' का उल्लेख है। यही अगले सूक्त का ऋषि है –

३. [तृतीयं सूक्तम्]

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—ककुम्मतीबृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'गोमान् रसी' सोम

पिबा सुतस्य रसिनो मत्स्वा न इन्द्र गोमतः।
आपिर्नो बोधि सधमाद्यो वृधेऽस्माँ अवन्तु ते धियः॥ १॥

(१) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **गोमतः**-प्रशस्त इन्द्रियोंवाले **रसिनः**-जीवन को रसमय बनानेवाले **सुतस्य**-उत्पन्न सोम का **पिबा**-पान करिये और **नः मत्स्वा**-हमें आनन्दित करिये। प्रभु के अनुग्रह से सोम का रक्षण होता है। यह सोम हमारी इन्द्रियों को प्रशस्त बनाता है और जीवन को रसमय बनाता है। इस प्रकार प्रभु इस सोम के द्वारा हमें आनन्दित करते हैं। (२) हे प्रभो! **नः आपिः**-हमारे मित्रभूत आप **बोधि**-हमारा ध्यान करिये। आप **सधमाद्यः**-हृदय में हमारे साथ स्थित हुए-हुए हमें आनन्दित करनेवाले हैं। **ते धियः**-आपसे प्राप्त करायी गयी बुद्धियाँ **वृधे**-वृद्धि के लिये हों और **अस्मान् अवन्तु**-हमारा रक्षण करें।

भावार्थ-प्रभु हमारे जीवन में सोमरक्षण के द्वारा प्रशस्त इन्द्रियों को व रस को प्राप्त कराते हैं। प्रभु हमारे मित्र हैं। प्रभु से प्राप्त करायी गयी बुद्धियाँ हमारा वर्धन व रक्षण करती हैं।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—सतःपंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

मा नः स्तः अभिमातये

भूयाम ते सुमतौ वाजिनो वयं मा नः स्तरभिमातये।
अस्माञ्चित्राभिरवतादुभिष्टिभिरा नः सुम्नेषु यामय॥ २॥

(१) हे प्रभो! **वयम्**-हम **ते सुमतौ**-आपकी कल्याणी मति में चलते हुए **वाजिनः**-शक्तिशाली **भूमाय**-हों। इस प्रकार सुमति प्राप्त कराके आप **नः**-हमें **अभिमातये**-अभिमान रूप शत्रु के लिये **मा स्तः**-मत विनष्ट करिये। (२) **अस्मान्**-हमें आप **चित्राभिः**-अद्भुत **अभिष्टिभिः**-(इष्ट प्राप्तियों) के द्वारा **अवतात्**-सहायताओं (assistance) से रक्षित करिये। तथा **नः**-हमें **सुम्नेषु**-आनन्दों में व अपने रक्षणों में **आयामय**-नियमित करिये। हमारा निवास सदा आनन्दों में व आपके रक्षणों में हो।

भावार्थ-हमें प्रभु की कल्याणी मति प्राप्त हो। हम अभिमान से दूर रहें। प्रभु अद्भुत सहायताओं द्वारा हमारा रक्षण करें और हमें अपने रक्षणों में स्थापित करें।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्बृहतीछन्दः॥ स्वरः—मध्यमः॥

पावकवर्णाः शुचयः विपश्चितः

इमा उ त्वा पुरूवसो गिरो वर्धन्तु या मम।
पावकवर्णाः शुचयो विपश्चितोऽभि स्तोमैरनूषत॥ ३॥

(१) हे **पुरुवसो**-पालक व पूरक वसुओं (धनों) वाले प्रभो! **इमाः याः मम गिरः**-ये जो मेरी वाणियाँ हैं वे **उ त्वा वर्धन्तु**-निश्चय से आपका ही वर्धन करनेवाली हों। हम सदा आपका ही स्तवन करें। (२) **पावकवर्णाः**-अग्नि के समान वर्णवाले, तेजस्वी, **शुचयः**-पवित्र मनोंवाले, **विपश्चितः**-ज्ञानी पुरुष ही **स्तोमैः**-स्तुतियों के द्वारा आपका **अभि अनूषत**-प्रातः-सायं (अभि-दिन के दोनों ओर) स्तवन करते हैं। वस्तुतः आपके स्तवन से ही वे 'पावकवर्ण, शुचि व विपश्चित्' बनते हैं।

भावार्थ-हम सदा प्रभु का स्तवन करें। यह प्रभु-स्तवन हमें शरीरों में अग्नि के समान तेजस्वी, मनों में पवित्र व मस्तिष्क में ज्ञानोज्वल बनायेगा।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

यज्ञेषु विप्रराज्ये

अयं सहस्रमृषिभिः सहस्कृतः समुद्रइव पप्रथे।
सत्यः सो अस्य महिमा गृणे शवो यज्ञेषु विप्रराज्ये॥ ४॥

(१) अयम्-ये प्रभु ऋषिभिः-तत्त्वद्रष्टा पुरुषों से सहस्रम्-आनन्दपूर्वक सहस्कृतः-अपना बल (सहस्) बनाते हैं। अर्थात् ऋषि लोग प्रभु को हृदयों में धारण करते हुए, प्रभु के बल से अपने को बल-सम्पन्न बनाते हैं। ये प्रभु समुद्रः इव-समुद्र के समान पप्रथे-विस्तृत हैं। समुद्र अनन्त-सा प्रतीत होता है, प्रभु हैं ही अनन्त। (२) सः-वह अस्य-इसकी महिमा-महिमा सत्यः-सत्य है कि यज्ञेषु-यज्ञों में और विप्रराज्ये-ज्ञानियों के राज्य में शवः गृणे-इस प्रभु के बल का स्तवन होता है। स्तुत्य बलवाले वे प्रभु हैं, प्रभु का यह बल यज्ञों व ज्ञानयज्ञों का रक्षण करता है।

भावार्थ-ऋषि प्रभु को ही अपना बल बनाते हैं। प्रभु सर्वव्यापक हैं। प्रभु के बल का सर्वत्र यज्ञों व ज्ञानयज्ञों में स्तवन होता है।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

इन्द्र की आराधना

इन्द्रमिद्देवतातय इन्द्रं प्रयत्यध्वरे। इन्द्रं समीके वनिनो हवामहे इन्द्रं धनस्य सातये॥ ५॥

(१) हम इन्द्रं इत्-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु को ही देवतातये-दिव्यगुणों के विस्तार के लिये हवामहे-पुकारते हैं इन्द्रम्-उस सर्वशक्तिमान् प्रभु को ही प्रयति अध्वरे-इस चलते हुए जीवन यज्ञ के निमित्त, अर्थात् जीवनयज्ञ की रक्षा के लिये पुकारते हैं। (२) इन्द्रम्-उस शत्रु विद्रावक प्रभु को ही समीके-संग्रामों में पुकारते हैं, प्रभु की शक्ति से शक्ति-सम्पन्न होकर ही तो हम शत्रुओं का विद्रावण कर पायेंगे। (२) वनिनः-सम्भजन करनेवाले हम धनस्य सातये-धन की प्राप्ति के लिये उस इन्द्रम्-परमैश्वर्यशाली प्रभु को पुकारते हैं।

भावार्थ-प्रभु की आराधना से ही (क) दिव्यगुणों का विस्तार होता है, (ख) जीवनयज्ञ सुरक्षित रूप से चलता है, (ग) संग्राम में हम विजयी बनते हैं और (ग) धनों की प्राप्ति में समर्थ होते हैं।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—भुरिक्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

इन्द्र की महिमा

इन्द्रो महा रोदसी पप्रथच्छव इन्द्रः सूर्यमरोचयत्।
इन्द्रे ह विश्वा भुवनानि येमिरे इन्द्रे सुवानास इन्दवः॥ ६॥

(१) इन्द्रः-वह सर्वशक्तिमान् प्रभु महा-अपनी महिमा से रोदसी-द्यावापृथिवी में शवः-बल को पप्रथत्-विस्तृत करता है। सर्वत्र द्यावापृथिवी में प्रभु की शक्ति ही कार्य कर रही है। इन्द्रः-ये परमैश्वर्यशाली प्रभु ही सूर्यम्-सूर्य को अरोचयत्-दीप्त करते हैं। सूर्यादि सब ज्योतिर्मय पिण्ड प्रभु की ज्योति से ही ज्योतिर्मय हो रहे हैं। (२) ह-निश्चय से इन्द्रे-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु में विश्वा भुवनानि-सब भुवन येमिरे-नियमित हो रहे हैं, प्रभु ही इनका नियमन कर रहे हैं। इन्द्रे-उस शक्तिशाली प्रभु में ही इन्दवः-शक्तिशाली सुवानासः-शब्द हैं (स्वानासः)।

भावार्थ–द्यावापृथिवी में सर्वत्र प्रभु की शक्ति का विस्तार है, प्रभु ही सूर्य को दीप्त करते हैं, सब भुवन प्रभु में नियमित हो रहे हैं, प्रभु में ही शक्तिशालीन शब्दों का निवास है।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

चारों आश्रमों में प्रभु-स्तवन

अभि त्वा पूर्वपीतय इन्द्र स्तोमेभिरायवः।
समीचीनास ऋभवः समस्वरन्रुद्रा गृणन्त पूर्व्यम्॥ ७॥

(१) हे **इन्द्र**–काम-क्रोध आदि शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! **पूर्वपीतये**–जीवन के पूर्व भाग में सोम के रक्षण के लिये **त्वा अभि**–आपका लक्ष्य करके ही **समस्वरन्**–स्तुति शब्दों का उच्चारण करते हैं, आपका स्तवन ही वासनाओं के विनाश के द्वारा हमें सोमरक्षण के योग्य बनाता है। (२) **आयवः**–संसार व्यवहारों में चलनेवाले गृहस्थ पुरुष भी **स्तोमेभिः**–स्तुति समूहों के द्वारा आप को ही स्तुत करते हैं। आपका स्तवन ही उन्हें भोग-विलास में फँसने से बचाकर आगे बढ़ानेवाला होता है। (३) गृहस्थ से ऊपर उठकर **समीचीनासः**–प्रभु के साथ मिलकर गति करनेवाले (सं अञ्च्) प्रभु-स्मरण पूर्वक गतिवाले **ऋभवः**–ज्ञानदीप्त व्यक्ति आपके ही (समस्वरत्) स्तुति शब्दों का उच्चारण करते हैं और (४) अन्त में **रुद्राः**–(रुत) ज्ञानोपदेश करनेवाले ये परिव्राजक लोग भी **पूर्व्यम्**–पालन व पूरण करनेवालों में उत्तम आप को ही **गृणन्त**–स्तुत करते हैं। आपका स्तवन ही उन्हें अनासक्त होने की शक्ति देता है।

भावार्थ–प्रभु-स्मरण ही एक ब्रह्मचारी को सोम के रक्षण के योग्य बनाता है। प्रभु-स्मरण से ही गृहस्थ भोग-प्रसक्त नहीं हो जाता? प्रभु-स्मरण ही वनस्थ को स्वाध्याय प्रवृत्त कर दीप्त जीवनवाला बनाता है। प्रभु-स्मरण ही सन्यस्त को सब कमियों से दूर रहने में समर्थ करता है।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—स्वराड्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

वृष्ण्यं शवः

अस्येदिन्द्रो वावृधे वृष्ण्यं शवो मदे सुतस्य विष्णवि।
अद्या तमस्य महिमानमायवोऽनु ष्टुवन्ति पूर्वथा॥ ८॥

(१) **इन्द्रः**–एक जितेन्द्रिय पुरुष **सुतस्य अस्य**–उत्पन्न हुए-हुए इस सोम के **विष्णवि मदे**–शरीर में व्याप्त मद (उल्लास) के होने पर **इङ्म्**–ही **वृष्ण्यं शवः**–शक्ति को सेचन करनेवाले, अंग-प्रत्यंग को सशक्त बनानेवाले बल को **वावृधे**–अपने अन्दर बढ़ाता है। (२) **आयवः**–गतिशील पुरुष **अस्य**–इस सोम की **तम्**–उस **महिमानम्**–महिमा को **पूर्वथा**–पहले की तरह **अनुष्टुवन्ति**–स्तुत करते हैं। सोम का महत्त्व सदा गाया जाता रहा है। यही उत्कृष्ट जीवन का आधार बनता है।

भावार्थ–सुरक्षित सोम शरीर के सब अंगों को सशक्त बनाता है। सोम की महिमा सदा वेदवाणियों से गायी जाती रही है।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

सुवीर्य-ब्रह्म

तत्त्वा यामि सुवीर्यं तद् ब्रह्म पूर्वचित्तये।
येना यतिभ्यो भृगवे धने हिते येन प्रस्कण्वमाविथ॥ ९॥

(१) हे प्रभो! मैं त्वा=आप से तत्=उस सुवीर्यं यामि=उत्कृष्ट शक्ति की याचना करता हूँ और पूर्वचित्तये=पालक व पूरक चित्ति (चेतना) के लिये तद् ब्रह्म=उस ज्ञान की याचना करता हूँ, येना=जिस 'सुवीर्य और ब्रह्म' के द्वारा यतिभ्यः=संयमी पुरुषों के लिये तथा भृगवे=ज्ञान के द्वारा अपना परिपाक करनेवाले के लिये हिते धने=हितकर धन के निमित्त आविथ=आप रक्षण करनेवाले होते हो। ये यति और भृगु सुवीर्य और ब्रह्म के द्वारा उत्कृष्ट धनों को प्राप्त करनेवाले होते हैं। (२) हे प्रभो! मैं उस सुवीर्य और ब्रह्म की आप से याचना करता हूँ येन=जिस से आप प्रस्कण्वं आविथ=प्रकृष्ट मेधावी पुरुष का रक्षण करते हैं।

भावार्थ—हे प्रभो! आप हमें वह सुवीर्य व ज्ञान प्राप्त कराइये जिससे कि हम पूर्ण चेतना में रहते हुए यति बनें, भृगु बनें व प्रस्कण्व बन पायें 'संयमी-ज्ञानपरिपक्व-मेधावी'।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—सतःपंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'अनन्त महिम' प्रभु

येना समुद्रमसृजो महीरपस्तदिन्द्र वृष्णि ते शवः।
सद्यः सो अस्य महिमा न संनशे यं क्षोणीरनुचक्रदे॥ १०॥

(१) हे इन्द्र=सब बल के कर्मों को करनेवाले प्रभो! येन=जिस बल के द्वारा समुद्रं असृजः=आप समुद्र का निर्माण करते हैं, महीः=इन पृथिवियों का व अपः=जलों का निर्माण करते हैं, ते=आपका तत् शवः=वह बल वृष्णि=सुखों का वर्षण करनेवाला है। (२) अस्य=इस प्रभु की सः महिमा=वह महिमा सद्यः=शीघ्र न सन्नशे=प्राप्त करने योग्य नहीं होती यम्=जिस महिमा को क्षोणीः=ये सम्पूर्ण पृथिवियाँ अनुचक्रदे=प्रतिदिन क्रन्दतापूर्वक कह रही हैं। 'यस्येमे हिमवन्तो महित्वा यस्य समुद्रं रसया सहाहुः'।

भावार्थ—प्रभु अपने अद्भुत बल से समुद्र, पृथिवी व जलों का निर्माण करते हैं। प्रभु की महिमा को ये पृथिवियाँ पुकार-पुकार कर कह रही है। प्रभु की इस महिमा को व्याप्त करने का सम्भव नहीं।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—भुरिगनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

शक्ति के द्वारा पालन व पूरण

शग्धी न इन्द्र यत्त्वा रयिं यामि सुवीर्यम्।
शग्धि वाजाय प्रथमं सिषासते शग्धि स्तोमाय पूर्व्य॥ ११॥

(१) हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! यत्=जिस रयिम्=ऐश्वर्य को व सुवीर्यम्=उत्तम शक्ति को त्वा यामि=आप से याचना करता हूँ, उसे नः=हमारे लिये शग्धि=दीजिये (देहि द०)। (२) हे प्रभो! आप प्रथमम्=सर्वप्रथम वाजाय सिषासते=शक्ति के लिये सम्भजन की कामनावाले पुरुष के लिये शग्धि=शक्ति को दीजिये। (३) हे पूर्व्य=पालन व पूरण करनेवालों में उत्तम प्रभो! आप स्तोमाय=स्तुति करनेवाले के लिये शग्धि=शक्ति को देनेवाले होइये। इस शक्ति ने ही तो हमारा पालन व पूरण करना है।

भावार्थ—प्रभु से हम शक्ति की याचना करते हैं। हम स्तोता बनें, सर्वप्रथम प्रभु का सम्भजन करें। प्रभु हमें शक्ति देंगे और हम अपना पालन व पूरण कर पायेंगे।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—निचृत्पंक्तिः ङ्क स्वरः—पञ्चमःङ्क

पौर-रुशम-श्यावक-कृप-चणोः

शृण्धी नो अस्य यद्धं पौरमाविथ धियं इन्द्र सिषासतः।
शृण्धि यथा रुशमं श्यावकं कृपमिन्द्र प्रावः स्वर्णरम्॥ १२॥

(१) हे इन्द्र-सर्वशक्तिमन् प्रभो! धियः-बुद्धिपूर्वक कर्मों का सिषासतः-सम्भजन करनेवाले अस्य-इस बल को नः-हमारे लिये शृण्धि-दीजिये, यत् ह-जिस बल के द्वारा आप पौरम्-(पॄ पालनपूरणयोः) पालन व पूरण करनेवाले मनुष्य को आविथ-रक्षित करते हो। हमें प्रभु कृपा से वह बल प्राप्त हो जिसके द्वारा हम बुद्धिपूर्वक कर्मों में प्रवृत्त रहें। यही मार्ग है जिससे कि हम अपना पालन व पूरण करते हैं और 'पौर' बनते हैं। (२) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! आप इस प्रकार हमें शृण्धि-समर्थ करिये सामर्थ्य दीजिये यथा-जिस से आप प्रावः-हमारा प्रकर्षेण रक्षण करें। उन हम लोगों का रक्षण करें जो रुशमम्-वासनाओं का संहार करनेवाले बनें हैं। श्यावकम्-(श्यै गतौ) गतिशील हुये हैं। कृपम्-सामर्थ्य का सम्पादन करनेवाले व स्वर्णरम्-प्रकाश की ओर अपने को ले चलनेवाले हुए हैं।

भावार्थ-प्रभु उनको शक्तिशाली बनाकर रक्षित करते हैं, जो (क) अपना पालन व पूरण करें, (ख) वासनाओं का संहार करे, (ग) गतिशील हों, (घ) सामर्थ्य-सम्पन्न बनें, (ङ) प्रकाश के ओर चलनेवाले हों।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—अनुष्टुप्ङ्क स्वरः—गान्धारःङ्क

महिमानं, इन्द्रियं, स्वः

कन्नव्यो अतसीनां तुरो गृणीत मर्त्यः।
नहि न्वस्य महिमानमिन्द्रियं स्वर्गृणन्त आनशुः॥ १३॥

(१) अतशीनाम्-विविध योनियों में गतिशील इन जीवों में नव्यः-(नु स्तुतौ) स्तुति में उत्तम, तुरः-अतएव वासनाओं का संहार करनेवाला मर्त्यः-मनुष्य कत्-कभी ही गृणीत-उस प्रभु का स्तवन करता है। सामान्यतः मनुष्य वासनामय जीवनवाला होकर इन प्राकृतिक भोगों में ही फँसा रह जाता है। सौभाग्यवश कोई एक उस प्रभु के स्तवन की ओर झुकता है। (२) नु-अब इन स्तवन करनेवालों में भी अस्य-इस प्रभु के इन्द्रियम्-बल व स्वः-प्रकाश का गृणन्तः-स्तवन करते हुए ये स्तोता लोग इसकी महिमानम्-महिमा को नहि आनशुः-व्याप्त नहीं कर पाते, प्रभु की महिमा को पूर्णरूपेण नहीं जान पाते। प्रभु के बल व प्रकाश का स्तवन करते हुए ये लोग प्रभु की महिमा के अन्त को नहीं पा पाते।

भावार्थ-विरल व्यक्ति ही प्रभु-स्तवन में प्रवृत्त होते हैं। स्तवन करनेवाले भी प्रभु की महिमा का अन्त नहीं जान पाते।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—सतःपंक्तिः ङ्क स्वरः—पञ्चमःङ्क

सुन्वतः-स्तुवतः

कदु स्तुवन्त ऋतयन्त देवत ऋषिः को विप्र ओहते।
कदा हवं मघवन्निन्द्र सुन्वतः कदु स्तुवत आ गमः॥ १४॥

(१) हे देवत-प्रकाशमय प्रभो! ऋतयन्तः-ऋत को अपनाने की कामनावाले ये लोग कत्

उ-कब ही स्तुवन्ते-आपका स्तवन करते हैं? कः-कौन ऋषिः-तत्त्वद्रष्टा विप्रः-विशेषरूप से अपना पूरण करनेवाला, न्यूनताओं को दूर करनेवाला व्यक्ति ओहते-आपको प्राप्त होता है (ओहः गतौ Reaching) (२) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् मघवन्-सब यज्ञोंवाले (मघ-मख) प्रभो! कदा-कब सुन्वतः-यज्ञशील पुरुष की हवम्-पुकार को सुनकर आगमः-आप आते हैं। कत् उ-और कब ही स्तुवतः-स्तुति करनेवाले की पुकार को सुनकर आप प्राप्त होते हैं।

भावार्थ-प्रभु-सम्पर्क से अनृत का विनाश होता है यह ऋत को अपनानेवाले लोग ऋषि व विप्र बनकर प्रभु को प्राप्त होते हैं। प्रभु यज्ञशील स्तोताओं की पुकार को सुनते हैं।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

सदा विजयी

उदु त्ये मधुमत्तमा गिरः स्तोमास ईरते।
सत्राजितो धनसा अक्षितोतयो वाजयन्तो रथाइव ॥ १५ ॥

(१) त्ये-वे स्तोमासः-स्तुति करनेवाले लोग उ-निश्चय से मधुमत्तमाः-जीवन को अत्यन्त मधुर बनानेवाली गिरः-ज्ञान की वाणियों का उद् ईरते-उच्चारण करते हैं। (२) इन ज्ञान की वाणियों का उच्चारण करनेवाले ये स्तोता लोग सत्राजितः-सदा विजयी, धनसाः-उत्तम धनों को प्राप्त करनेवाले, अक्षित-उत्तमः-अक्षीण रक्षणोंवाले तथा रथाः इव-महारथियों के समान वाजयन्तः-संग्राम में शक्तिशाली पुरुष की तरह आचरण करते हैं।

भावार्थ-स्तोता लोग मधुर ज्ञान की वाणियों का उच्चारण करते हैं। परिणामतः सदा विजयी, धनैश्वर्यवाले, सुरक्षित जीवनवाले तथा महारथियों के समान संग्राम करते हुए होते हैं।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

(आयवः प्रियमेधासः) सर्वोत्कृष्ट जीवन

कण्वाइव भृगवः सूर्याइव विश्वमिद्धीतमानशुः।
इन्द्रं स्तोमेभिर्महयन्त आयवः प्रियमेधासो अस्वरन्॥ १६ ॥

(१) कण्वाः इव-मेधावी पुरुषों के समान भृगवः-ज्ञानाग्नि में अपने को परिपक्व करनेवाले ये उपासक सूर्याः इव-सूर्यों के समान होते हैं, सूर्य की तरह सर्वत्र प्रकाश को करनेवाले होते हैं। ये इत्-निश्चय से धीतम्-(thought about, reflected upon) सुचिन्तित विश्वम्-संसार को आनशुः-व्याप्त करते हैं, अर्थात् संसार में सब चीजों को तात्त्विक दृष्टिकोण से देखते हुए वर्तते हैं। परिणामतः ये किसी भी वस्तु में उलझते नहीं। (२) ये इन्द्रम्-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु को स्तोमेभिः-स्तुति समूहों से महयन्तः-पूजते हुए, आयवः-गतिशील जीवन बिताते हुए, प्रियमेधासः-प्रिय बुद्धिवाले (मेधा) अथवा यज्ञप्रिय (मेध-यज्ञ) होते हुए अस्वरन्-अपने शरीरों को तथा पीड़ित करते हैं, तपस्वी जीवन बिताते हैं।

भावार्थ-हम ज्ञानाग्नि में अपने जीवन को परिपक्व करें। सब चीजों को तात्त्विक दृष्टि से देखते हुए वर्तें। प्रभु का स्तवन करते हुए, गतिशील जीवन बिताते हुए, यज्ञप्रिय व तपस्वी बनें।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पथ्याबृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

अर्वाचीनः

युक्ष्वा हि वृत्रहन्तम हरी इन्द्र परावतः।
अर्वाचीनो मघवन्त्सोमपीतय उग्र ऋष्वेभिरा गहि॥ १७॥

(१) हे **इन्द्र**=सर्वशक्तिमन् **वृत्रहन्तम्**=वासनाओं को अतिशयेन विनष्ट करनेवाले प्रभो! आप **हि**=निश्चय से **परावतः**=सुदूर देशों में भटकनेवाले **इन हरी**=इन्द्रियाश्वों को **युक्ष्वा**=हमारे शरीर-रथ में युक्त करिये। ये इधर-उधर न भटककर, यहाँ शरीर में स्थित हुए-हुए अपने कार्यों को अच्छी प्रकार करनेवाले हों। (२) हे **मघवन्**=सब यज्ञों के भोक्ता (मघ=मख) आप **अर्वाचीनः**=हमें अन्दर हृदयान्तरिक्ष में प्राप्त होइये (अर्वाङ् अञ्चति)। हम हृदयों में आपका ध्यान करनेवाले बनें। हे **उग्र**=तेजस्विन् प्रभो! **सोमपीतये**=हमारी सोमशक्ति के शरीर में ही पान के लिये आप **ऋष्वेभिः**=उत्कृष्ट इन्द्रियाश्वों के साथ **आगहि**=हमें प्राप्त होइये। आपकी कृपा से हमें उत्कृष्ट पवित्र इन्द्रियाँ प्राप्त हों और हम सोम का रक्षण कर सकें।

भावार्थ—हमारे इन्द्रियाश्व विषयों में भटकनेवाले न हों। हम सोम का शरीर में ही रक्षण कर सकें।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

ते कारवः

इमे हि ते कारवो वावशुर्धिया विप्रासो मेधसातये।
स त्वं नो मघवन्निन्द्र गिर्वणो वेनो न शृणुधी हवम्॥ १८॥

(१) हे प्रभो! **इमे ते कारवः**=ये आपके स्तोता लोग **विप्रासः**=अपना विशेषरूप से पूरण करते हुए **धिया**=बुद्धिपूर्वक **मेधसातये**=यज्ञों की प्राप्ति के लिये **हि**=निश्चय से **वावशुः**=कामना करते हैं। प्रभु का स्तोता (क) अपने जीवन में न्यूनताओं को दूर करने के लिये यत्नशील होता है। (ख) यज्ञमय जीवन बिताता है। (ग) सब कर्मों को बुद्धिपूर्वक कुशलता से करता है। (२) हे **मघवन्**=यज्ञशील **गिर्वणः**=ज्ञान की वाणियों के द्वारा उपासनीय प्रभो! **सः त्वम्**=वे आप **नः**=हमारे लिये **वेनः न**=हमारे प्रति प्रेमवाले होते हुए **हवं शृणुधि**=हमारी पुकार को सुनिये। हम आपके प्रिय बनें, हमारी प्रार्थना सदा सुनी जाये।

भावार्थ—सच्चा स्तोता अपने जीवन की न्यूनताओं को दूर करता हुआ बुद्धिपूर्वक यज्ञादि कर्मों में प्रवृत्त रहता है। प्रभु का यह प्रिय बनता है, इसकी प्रार्थना सदा सुनी जाती है।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्बृहतीगर्भा॥ स्वरः—मध्यमः॥

'अर्बुद-मृगय-मायी-पर्वत' से गौओं को बाहिर करना

निरिन्द्र बृहतीभ्यो वृत्रं धनुभ्यो अस्फुरः।
निरर्बुदस्य मृगयस्य मायिनो निः पर्वतस्य गा आजः॥ १९॥

(१) **इन्द्र**=हे जितेन्द्रिय पुरुष! तू **बृहतीभ्यः धनुर्भ्यः**=वृद्धि के कारणभूत प्रणव (ओंकार) रूप धनुषों के द्वारा **वृत्रम्**=वासनारूप शत्रु को **निः अस्फुरः**=निश्चय से विनष्ट करनेवाला हो। 'ओ३म्' के जप के द्वारा तू वासना को अपने से दूर कर। (२) **अर्बुदस्य**=कुटिलता की वृत्ति, **मृगयस्य**=तृष्णा की वृत्ति की (मृग अन्वेषणे। सदा धन की खोज में रहना) तथा **मायिनः**=अत्यन्त मायाविनी कामवृत्ति की शिकार बनी हुई **गाः**=इन्द्रियों को **निः आजः**=इन वृत्तियों से बाहर कर। तथा **पर्वतस्य**=अविद्या पर्वत में निरुद्ध इन इन्द्रियों को इस पर्वत से **निः**-(आजः) बाहिर गतिवाला कर।

भावार्थ—प्रणव (ओ३म्) के जप से हम वासना को विनष्ट करें। इन्द्रियों को 'कुटिलता, तृष्णा, काम व अविद्या' का शिकार न होने दें।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराट्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

वासना विनाश व दीप्ति

निरग्नयो रुरुचुर्निरु सूर्यो निः सोम इन्द्रियो रसः।
निरन्तरिक्षादधमो महामहिं कृषे तदिन्द्र पौंस्यम्॥ २०॥

(१) हे इन्द्र-जितेन्द्रिय पुरुष! तू जब अन्तरिक्षात्-हृदयान्तरिक्ष से इस महां अहिम्-महान् हनन करनेवाली (आहन्ती) वासना को निरधमः-सुदूर विनष्ट करता है, तो तू तत्-उस पौंस्यम्-पुरुषार्थ को कृषे-करता है कि अग्नयः-शरीर में सब अग्नियाँ निः रुरुचुः-निश्चय से दीप्त हो उठती हैं, 'पार्थिव पदार्थों का ज्ञान, अन्तरिक्ष के पदार्थों का ज्ञान तथा द्युलोक के पदार्थों का ज्ञान' ये सब अग्नियाँ चमक उठती हैं। इसी प्रकार 'उत्साह की अग्नि', 'शक्ति की अग्नि' व 'ज्ञान की अग्नि' ये सब अग्नियाँ चमक उठती हैं। (२) उ-और सूर्यः-मस्तिष्क रूप द्युलोक में सूर्य निः-निश्चय से दीप्त होता है। सोमः-शरीर में उत्पन्न हुई-हुई सोमशक्ति निः-निश्चय से दीप्त हो उठती है तथा इन्द्रियः रसः-(इन्द्रियं वीर्यं बलम्) बल के कारण उत्पन्न होनेवाला जीवन का रस चमक उठता है।

भावार्थ-वासना विनाश से शरीर में 'अग्नियाँ, ज्ञान का सूर्य, सोमशक्ति व बल से उत्पन्न रस' सब चमक उठते हैं।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—पाकस्थाम्नः कौरयाणस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—भुरिगनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

'इन्द्रः मरुतः पाकस्थामा कौरयाणः'

यं मे दुरिन्द्रो मरुतः पाकस्थामा कौरयाणः।
विश्वेषां त्मना शोभिष्ठमुपेव दिवि धावमानम्॥ २१॥

(१) यम्-जिस प्रभु को मे-मेरे लिये वे आचार्य दुः-देते हैं, जो इन्द्रः-इन्द्रियों के अधिष्ठाता व जितेन्द्रिय हैं, मरुतः-प्राणसाधना में चलनेवाले हैं। पाकस्थामा-परिपक्व व शुद्ध बलवाले हैं और कौरयाणः-क्रियाशील हैं। मैं उसका विश्वेषाम्-सबके मध्य त्मना-आत्मरूप से शोभिष्ठम्-अतिशोभनीय उप इव-अत्यन्त समीप दिवि-आकाश में धावमानम्-गति करते हुये देखता हूँ।

भावार्थ-प्राण साधक योगाभ्यासी जन सर्वत्र परम प्रभु को देखते हैं।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—पाकस्थाम्नः कौरयाणस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पाकस्था सुधुरम्

रोहितं मे पाकस्थामा सुधुरं कक्ष्यप्राम्। अदाद्रायो विबोधनम्॥ २२॥

पाकस्थामा-वह बल का पुञ्ज प्रभु सुधुरम्-सुख से धारण योग्य कक्ष्यप्राम्-कोखों में पूर्ण रोहितम्-जन्मनेवाला, प्रादुर्भूत होनेवाला शरीर वा आत्मा अदात्-देता है, वह रायः-सम्पत्ति तथा विबोधनम्-विशेष साधन मन, बुद्धि, इन्द्रियादि (अदात्) देता है।

भावार्थ-वह परम प्रभु जीव को सब साधन देता है।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—पाकस्थाम्नः कौरयाणस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दश वह्नयः

यस्मा अन्ये दश प्रति धुरं वहन्ति वह्नयः। अस्तं वयो न तुग्र्यम्॥ २३॥

तुग्र्यं वयः न-बलवान् गृहपति को तीव्रगामी घोड़े जिस प्रकार अस्तम्-गृह को ले जाते हैं, इसी प्रकार यस्मै-प्रभु दर्शन के लिए अन्ये-दूसरे दश-दस वह्नयः-अग्रिवत् तेजस्वी प्राण धुरं प्रति-धारक आत्मा के अधीन वहन्ति-उसको वहन करते हैं।

भावार्थ-दस प्राण आत्मा से शरीर में धारण करते हैं।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—पाकसथाम्नः कौरयाणस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

भोजं तुरीयम्

आत्मा पितुस्तनूर्वासः ओजोदा अभ्यञ्जनम्।
तुरीयमिद्रोहितस्य पाकस्थामानं भोजं दातारमब्रवम्॥ २४॥

मैं रोहितस्य-जन्मनेवाले शरीर, प्रादुर्भूत जीवात्मा को पाकस्थामानम्-अत्यन्त बलशाली भोजम्-पालक प्रभु को अब्रवम्-बतलाता हूँ कि वे प्रभु तुरीयम् इत्-'हिरण्यगर्भ, तैजस व प्राज्ञ' इन तीन पादों से ऊपर उठकर चतुर्थ 'शान्त शिव अद्वैत' पाद के रूप में हैं। पाकस्थामानम्-परिपक्व बलवाले हैं। भोजम्-सबका पालन करनेवाले हैं और पालन के लिये सब आवश्यक शक्तियों व पदार्थों के दातारम्-देनेवाले हैं।

भावार्थ-प्रभु ही 'आत्मा, अन्न, शरीर, वस्त्र, ओज के दाता, कान्ति व शक्ति के दाता' हैं। वे प्रभु 'तुरीय, पाकस्थामा, भोज व दाता' हैं।

इस महान् देव का आतिशय करनेवाला 'देवातिथि' अगले सूक्त का ऋषि है। यह 'काण्व' मेधावी है। इन्द्र का स्तवन करता हुआ कहता है-

४. [चतुर्थं सूक्तम्]

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—भुरिगनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

प्रभु कहाँ नहीं हैं?

यदिन्द्र प्रागपागुदङ् न्यग्वा हूयसे नृभिः।
सिमा पुरू नृषूतो अस्यानवेऽसि प्रशर्ध तुर्वशे॥ १॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! यद्-जो आप प्राक् अपाक्-पूर्व में व पश्चिम में उदङ् न्यग् वा-या उत्तर व दक्षिण में नृभिः हूयसे-मनुष्यों से पुकारे जाते हैं। वे आप सिमा-सब दिशाओं में विद्यमान हैं। आप कहाँ नहीं हैं? आप पुरु-खूब ही नृषूतः असि-उन्नतिपथ पर चलनेवालों के सारथि हैं। (२) आनवे-(अन प्राणने) आप इन नर मनुष्यों को प्राणित व उत्साहित करनेवाले हैं। हे प्रशर्ध-प्रकृष्ट शक्ति-सम्पन्न प्रभो! आप तुर्वशे असि-त्वरा से शत्रुओं को वश में करने के लिये होते हैं। प्रभु का भक्त प्रभु से शक्ति व उत्साह को प्राप्त करके शीघ्रता से शत्रुओं को वशीभूत करनेवाला होता है।

भावार्थ-प्रभु सर्वव्यापक हैं। उन्नतिपथ पर चलनेवालों के रथ के सारथि होते हैं। उत्साह

व शक्ति देते हैं। शत्रुओं को वशीभूत करनेवाले हैं।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'रुम-रुशम-श्यावक-कृप'

यद्वा रुमे रुशमे श्यावके कृप इन्द्र मादयसे सचा।
कण्वासस्त्वा ब्रह्मभिः स्तोमवाहस इन्द्रा यच्छन्त्या गहि॥ २॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! यद् वा-या तो रुमे-(रु शब्दे) स्तुति शब्दों का उच्चारण करनेवाले पुरुष में या रुशमे-स्तुति शब्दों का उच्चारण करते हुए शत्रु-संहार करनेवाले में (रुश शब्दे) तथा श्यावके-शत्रु-संहार के उद्देश्य से ही निरन्तर गतिशील पुरुष में और कृपे-(कृप् सामर्थ्ये) शक्तिशाली पुरुष में सचा=समवाय (मेल) वाले होते हुए आप मादयसे-इन उपासकों को आनन्दित करते हैं। (२) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! स्तोमवाहसः-स्तुति समूहों का धारण करनेवाले कण्वासः-बुद्धिमान् लोग ब्रह्मभिः-ज्ञानपूर्वक उच्चरित होनेवाली इन स्तुति वाणियों से त्वा यच्छन्ति-आपके प्रति अपने को दे डालते हैं। आगहि-आप इन स्तोताओं को प्राप्त होइये।

भावार्थ-प्रभु उन्हें प्राप्त होते हैं जो (क) स्तुति शब्दों का उच्चारण करते हैं, (ख) वासनाओं का संहार करते हैं, (ग) गतिशील हैं तथा (घ) शक्तिशाली बनते हैं। स्तोता प्रभु के प्रति अपना अर्पण करते हैं, प्रभु इन्हें प्राप्त होते हैं।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्यासा मृग जैसे जलधारा पर

यथा गौरो अपा कृतं तृष्यन्नेत्यवेरिणम्।
आपित्वे नः प्रपित्वे तूयमा गहि कण्वेषु सु सचा पिब॥ ३॥

(१) प्रभु कहते हैं यथा-जैसे गौरः=एक मृग तृष्यन्-प्यासा होता हुआ अपा कृतम्-जल से बने हुए, जल से युक्त इरिणम्-एक जलप्रवाह की अव एति-ओर आता है, इसी प्रकार हे जीव! तू भी नः-हमारे प्रपित्वे-(अभीके नि०) समीप आपित्वे-मित्रता में तूयं आगति-शीघ्र आनेवाला हो। वस्तुतः तेरी प्यास यहाँ आकर ही बुझेगी संसार के पदार्थ तेरी प्यास को न बुझायेंगे। उनसे तो तेरी तृष्णा और बढ़ती ही जायेगी। (२) कण्वेषु-मेधावी पुरुषों में सचा-मेलवाला होता हुआ तू सु पिब-अच्छी प्रकार ज्ञान जलों का पान कर। यह ज्ञानजल ही तुझे निर्मल भी बनायेंगे और तेरी प्यास को भी बुझायेंगे। इनसे निर्मल बना हुआ तू हमें प्राप्त होगा।

भावार्थ-हम प्रभु चरणों में ऐसे उपस्थित हों जैसे एक प्यासा मृग जलधारा पर उपस्थित होता है। मेधावी पुरुषों के सत्संग में हम ज्ञान जलों का पान करें।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सोमरक्षण व सहस् की प्राप्ति

मन्दन्तु त्वा मघवन्निन्द्रेन्दवो राधोदेयाय सुन्वते।
आमुष्या सोममपिबश्चमू सुतं ज्येष्ठं तद् दधिषे सहः॥ ४॥

(१) हे मघवन्-यज्ञशील इन्द्र-जितेन्द्रिय पुरुष! इन्दवः-ये सोमकण त्वा-तुझे मन्दन्तु-आनन्दित करनेवाले हों। ये सोमकण सुन्वते-यज्ञशील पुरुष के लिये राधोदेयाय-ऐश्वर्य के

देनेवाले होते हैं। (२) सो हे जीव! तू **चमूसुतम्**-इस शरीर में उत्पन्न किये गये इस सोम को **अपिबः**-पीनेवाला हो और **आमुष्यः**-इस शरीर में ही चारों ओर इसे सुहुत करनेवाला बन और **तद्**-तब **ज्येष्ठं सहः**-सर्वोत्कृष्ट बल को **दधिषे**-धारण कर।

भावार्थ-यज्ञशीलता व जितेन्द्रियता हमें सोम के रक्षण के योग्य बनाये। इस सोमरक्षण के द्वारा हम सर्वोत्कृष्ट बल को (आनन्दमयकोश की सहस् शक्ति को) धारण करें।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वःꣳ **देवता**—इन्द्रःꣳ **छन्दः**—पथ्याबृहतीꣳ **स्वरः**—मध्यमःꣳ

सहस्वी व ओजस्वी बनना

प्र चक्रे॒ सह॑सा॒ सहो॑ ब॒भञ्ज॑ म॒न्युमोज॑सा।
विश्वे॑ त इन्द्र पृतना॒यवो॒ यहो॒ नि वृ॒क्षाइ॑व येमिरे॥ ५॥

(१) हे **इन्द्र**-जितेन्द्रिय पुरुष! तू **सहसा**-बल के द्वारा **सहः**-शत्रुओं के मर्षण को **प्र चक्रे**-प्रकर्षेण करता है। **ओजसा**-ओजस्विता के द्वारा **मन्युम्**-इन के क्रोध को **बभञ्ज**-भग्न कर देता है। (२) प्रभु जीव से कह रहे हैं कि हे **यहो**-प्रिय पुत्र! **ते**-तेरे **विश्वे**-सब **पृतनायवः**-सेना के द्वारा आक्रमण करनेवाले **वृक्षाः इव**-वृक्षों की तरह **नियेमिरे**-काबू में किये जाते हैं। काम-क्रोध-लोभ आदि को तू इस प्रकार वशीभूत कर लेता है कि उनकी सब हलचल पूर्ण रूप से संयत हो जाती है। उनकी उग्रता समाप्त होकर वे भी वृक्षों की तरह छाया को देनेवाले हो जाते हैं। धर्माविरुद्ध होकर वे भी शुभ रूप हो जाते हैं।

भावार्थ-हम सहस्वी व ओजस्वी बनकर काम-क्रोध आदि शत्रुओं को वशीभूत करनेवाले हों।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वःꣳ **देवता**—इन्द्रःꣳ **छन्दः**—निचृत्पं-क्तिꣳ **स्वरः**—पञ्चमःꣳ

प्रावर्ग पुत्र

स॒हस्र॑णेव सचते यवी॒युधा॒ यस्त॒ आन॒ळुप॑स्तुतिम्।
पु॒त्रं प्रा॒वर्गं कृ॑णुते सु॒वीर्यं॑ दा॒श्नोति॒ नम॑उक्तिभिः॥ ६॥

(१) हे प्रभो! **यः**-जो **ते**-आपकी **स्तुतिं आनट्**-स्तुति को व्यापता है, अर्थात् सदा आपका स्तवन करता हुआ कार्यों को करता है वह **सहस्रेण इव**-हजारों के समान **यवीयुधा**-शत्रु-नाशक बल से **सचते**-संयुक्त होता है। स्तोता के अन्दर हजारों पुरुषों का बल आ जाता है और यह शत्रु-नाश करने में समर्थ होता है। (२) **नम उक्तिभिः**-नमन के वचनों से, प्रभु के प्रति इन स्तुति-वचनों से **सुवीर्यं**-उत्तम वीर्य के होने पर **पुत्रम्**-सन्तान को **प्रावर्गम्**-प्रकर्षेण शत्रुओं का वर्जन करनेवाला **कृणुते**-करता है। अर्थात् इस उपासक की सन्तान नीरोग व निर्मल होती है। और यह इन स्तुति-वचनों से सब शत्रुओं को **दाश्नोति**-समाप्त करनेवाला होता है।

भावार्थ-प्रभु-स्तवन से हजारों पुरुषों के बल के समान बल प्राप्त होता है। सन्तान नीरोग व निर्मल मनवाली होती है। हम भी सब शत्रुओं का शातन (संहार) कर पाते हैं।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वःꣳ **देवता**—इन्द्रःꣳ **छन्दः**—अनुष्टुप्ꣳ **स्वरः**—गान्धारःꣳ

मा भेम, मा श्रमिष्म

मा भे॑म॒ मा श्र॑मिष्मो॒ग्रस्य॑ स॒ख्ये तव॑।
म॒हत्ते॒ वृष्णो॑ अभि॒चक्ष्यं॑ कृ॒तं पश्ये॑म तु॒र्वशं॒ यदु॑म्॥ ७॥

(१) हे प्रभो! उग्रस्य-शत्रुओं के लिये भयंकर तव-आपके सख्ये-मित्रभाव में हम मा भेम-न तो शत्रुओं से भयभीत हों और मा-ना ही श्रमिष्म-थक जायें, सदा श्रमशील बनें रहें, अनथक रूप से कार्य करनेवाले हों। (२) वृष्णः-शक्तिशाली ते-आपकी महत्-महान् अभिचक्ष्यम्-(means of defence) रक्षण व्यवस्था कृतम्-की गयी है। उस रक्षण व्यवस्था से रक्षित हुए-हुए हम अपने को तुर्वशम्-त्वरा से शत्रुओं को वश में करनेवाला व यदुम्-यत्नशील पश्येम-देखें। आप से रक्षित हुए-हुए हम शत्रुओं के शीर्ण करके सदा धर्म कार्यों में यत्नशील रहें।

भावार्थ-प्रभु की मित्रता में हम अभय व सतत कार्यशील बनें। प्रभु की रक्षण व्यवस्था में शत्रुओं को वश में करनेवाले व यत्नशील हों।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

मधुयुक्त धेनुदुग्ध का सेवन

सव्यामनु स्फिग्यं वावसे वृषा न दानो अस्य रोषति।
मध्वा संपृक्ताः सारघेण धेनवस्तूयमेहि द्रवा पिब॥ ८॥

(१) कटि प्रदेश में स्थित 'सव्या स्फिग्य'-गर्भधानी है। सव्यां सिफ्गयं अनु-गर्भधानी में निवास के बाद गत मन्त्र का यह 'तुर्वश-यदु' वावसे-उत्तम निवासवाला होता है। वृषा-शक्तिशाली बनता है। अस्य-इसका दानः-त्याग-भाव (दाप् लवने) बुराइयों का खण्डन व (दैप् शोधने) शोधन न रोषति-हिंसित नहीं होता। यह जीवन में त्याग भाववाला बनता है, सब बुराइयों को दूर करके जीवन को शुद्ध बनाये रखता है। (२) 'ऐसा जीवन बन सके' इस के लिये आवश्यक है कि हम प्रभु के इस निर्देश के अनुसार कार्य करें कि सारधेण मध्वा-मधुमक्षिकाओं से संचित शहद से धेनवः-नवसूतिका गौवों का दूध संपृक्ताः-मिलाया गया है। तूयं ऐहि-शीघ्र आओ, द्रव-गतिशील बनो और पिब-इस का पान करो। वस्तुतः गर्भिणी माता शहद युक्त इन नवसूतिका गौ के दुग्ध के प्रयोग से शक्तिशाली शुद्ध जीवनवाले सन्तान को जन्म देती है।

भावार्थ-यदि गर्भिणी माता मधुयुक्त धेनुदुग्ध का प्रयोग करती है तो सन्तान शक्तिशाली शुद्ध जीवनवाली, त्याग वृत्तिवाली होती है।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पथ्याबृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

सुरूपः गोमान्

अश्वी रथी सुरूप इद्गोमाँ इदिन्द्र ते सखा।
श्वात्रभाजा वयसा सचते सदा चन्द्रो याति सभामुप॥ ९॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! ते सखा-आपका मित्र अश्वी-उत्तम इन्द्रियाश्वोंवाला होता है, रथी-उत्तम शरीर-रथवाला बनता है और इत्-निश्चय से सुरूपः-उत्तम रूपवाला होता है। यह गोमान् इत्-प्रशस्त ज्ञान की वाणियोंवाला ही होता है। जहाँ इसका रूप उत्तम होता है, वहाँ यह ज्ञान के दृष्टिकोण से भी उत्तम होता है। (२) यह सदा-सदा श्वात्रभाजा-(श्वि वृद्धौ) वृद्धि का सेवन करनेवाले वयसा-आयुष्य से सचते-युक्त होता है जीवन में सदा बढ़ता ही चलता है और चन्द्रः-आह्लादमय मनोवृत्तिवाला सभां उपयाति-सभा में उपस्थित होता है। जब कभी जन समुदाय में आता है, प्रसन्न ही मनोवृत्तिवाला होता है।

भावार्थ-प्रभु का मित्र 'उत्तम इन्द्रियों व शरीरवाला, सुरूप, ज्ञानी, वृद्धिशील व प्रसन्न मनोवृत्तिवाला' होता है।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—सतः पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सोमपान से ओजिष्ठ सहस् की प्राप्ति

ऋश्यो॒ न तृष्य॑न्नव॒पान॒मा ग॑हि पिबा॒ सोम॑ं॒ वशाँ॒ अनु॑।
नि॒मेघ॑मानो मघवन्दि॒वेदि॑व॒ ओजि॑ष्ठं दधिषे॒ सहः॑॥ १०॥

(१) न-जैसे तृष्यन्-पिपासाकुल हुआ-हुआ ऋश्यः-मृग अवपानम्-पानी पीने स्थान-जलाशय आदि को प्राप्त होता है, उसी प्रकार हे जीव! तू भी आगहि-आ और वशान् अनु-इन्द्रियों को वश में करने के अनुपात में सोम पिबा-सोम का पान कर। इस सोम शक्ति के पान से ही तेरी पिपासा शान्त होगी, यह सोम ही तो तेरे में शक्ति व ज्ञान का वर्धन करेगा। (२) हे मघवन्-यज्ञशील पुरुष! (मघ-मख) निमेघमानः-(मिह सेचने) अपने अन्दर शक्ति का सेचन करता हुआ ही तू दिवेदिवे-प्रतिदिन ओजष्ठिम्-ओजस्विता से युक्त सहः-शत्रुओं के कुचलनेवाले बल को दधिषे-धारण करता है। यज्ञादि कर्मों में लगे रहने से वासनाओं का उदय नहीं होता और सोमरक्षण होकर शक्ति की वृद्धि होती है।

भावार्थ-हम सोमपान के लिये प्रबल कामनावाले हों, इन्द्रियों को वश में करते हुए सोम का रक्षण करें, प्रतिदिन सोम का शरीर में ही सिक्त करते हुए ओजस्वी व सहस्वी बनें।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्रभु के समीप पहुँचना

अध्व॑र्यो॒ द्रावया॒ त्वं सोम॒मिन्द्रः॑ पिपासति।
उप॑ नू॒नं यु॑युजे॒ वृष॑णा॒ हरी॒ आ च॑ जगाम वृत्र॒हा॥ ११॥

(१) हे अध्वर्यो-यज्ञशील पुरुष! त्वं द्रावया-तू वासनाओं को दूर भगा दे। इन्द्रः-यह जितेन्द्रिय पुरुष सोमं पिपासति-सोम के पान की कामना करता है। यज्ञशीलता वासनाओं से बचायेगी। वासनाओं का अभाव इसे सोमरक्षण के योग्य करेगा। (२) यह सोमपान करनेवाला इन्द्र नूनम्-निश्चय से वृषणा-शक्तिशाली हरी-इन्द्रियाश्वों को उपयुयुजे-शरीर-रथ में जोतता है। च-और सदा उत्तम कर्मों में लगा हुआ वृत्रहा-वासना का विनाश करनेवाला यह इन्द्र-उस इन्द्रियाश्वों से जुते शरीर-रथ के द्वारा आजगाम-प्रभु के समीप आता है।

भावार्थ-वासनाओं को दूर करके हम सोम का रक्षण करें। शक्तिशाली इन्द्रियाश्वों को शरीर-रथ में जोतकर, वासनारूप विघ्नों को नष्ट करते हुए, प्रभु तक पहुँचने के लिये यत्नशील हों।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सोमरक्षण के तीन लाभ

स्व॒यं चि॒त्स म॑न्यते दाशु॒रिर्जनो॒ यत्रा॒ सोम॑स्य तृ॒म्पसि॑।
इ॒दं ते॒ अन्नं॑ यु॒ज्यं॑ समु॒क्षितं॒ तस्येहि॒ प्र द्र॑वा॒ पिब॑॥ १२॥

(१) यत्रा-जब सोमस्य तृम्पसि-तू सोम से तृप्त होता है, अर्थात् सोम का रक्षण करनेवाला बनता है, तो सजनः-वह मनुष्य स्वयं चित् स्वयं मन्यते-ज्ञानवान् बनता है। यह व्यक्ति सोम के द्वारा दीप्त ज्ञानाग्निवाला बनकर अन्तः प्रकाश को देखनेवाला होता है। दाशुरिः-दान व त्याग की वृत्तिवाला बनता है। (२) हे जीव! इदम्-यह सोम ते अन्नम्-तेरा अन्न है। युज्यम्-यह

तुझे प्रभु से मिलाने का उत्तम साधन है। **समुक्षितम्**-शरीर के अंग-प्रत्यंगों में यह सिक्त होता है। तू **इहि**-आ, **प्र द्रवा**-शीघ्र गतिवाला हो और **तस्य पिब**-उस सोम का तू पान कर।

भावार्थ-सोमरक्षण के लाभ ये हैं-(क) अन्तःप्रकाश प्राप्त होता है, (ख) त्यागवृत्ति का उदय होता है, (ग) यह सोम हमें प्रभु से मिलानेवाला होता है। इस प्रकार इस सोम का महत्त्व स्पष्ट है। सो हमें सोमरक्षण पर बड़ा बल देना चाहिए।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—भुरिगनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

रथेष्ठाय इन्द्राय

रथेष्ठायाध्वर्यवः सोममिन्द्राय सोतन। अधिं ब्रध्नस्यार्द्रयो वि चक्षते सुन्वन्तो दाश्वध्वरम्॥ १३॥

(१) हे **अध्वर्यवः**-यज्ञशील पुरुषो! **रथेष्ठाय**-तुम्हारे इस शरीर-रथ के सारथिभूत **इन्द्राय**-शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभु की प्राप्ति के लिये **सोमं सोतन**-सोम को (वीर्य को) अपने अन्दर उत्पन्न करो। (२) **दाशु**-दानवृत्ति से युक्त **अध्वरम्**-इस हिंसारहित यज्ञ को **सुन्वन्तः**-करते हुए **अद्रयः**-उपासक लोग (आद्रियन्ते इति अद्रयः) **ब्रध्नस्य**-उस महान् प्रभु के पद को **अधि-विचक्षते**-अपने हृदय देशों में देखते हैं।

भावार्थ-प्रभु-दर्शन के लिये आवश्यक है कि-(क) शरीर में सोम का रक्षण करें (ख) यज्ञ आदि उत्तम कर्मों में प्रवृत्त हों।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

अध्वरश्रियः सप्तयः

उप ब्रध्नं वावाता वृषणा हरी इन्द्रमपसु वक्षतः।
अर्वाञ्चं त्वा सप्तयोऽध्वरश्रियो वहन्तु सवनेदुप॥ १४॥

(१) **वावाता**-निरन्तर गतिशील **वृषणा**-शक्तिशाली **हरी**-इन्द्रियाश्व **अपसु**-कर्मों में निरन्तर व्याप्ति के होने पर **इन्द्रम्**-इस जितेन्द्रिय पुरुष को **ब्रध्नं उप वक्षतः**-उस महान् प्रभु के समीप प्राप्त कराते हैं। प्रभु प्राप्ति के लिये इन्द्रियों का कर्मों में व्याप्त रहना व शक्तिशाली बने रहना आवश्यक है। (२) हे (इन्द्र)-जितेन्द्रिय पुरुष! **त्वा**-तुझे **सप्तयः**-कर्मों में सर्पणशील इन्द्रियाश्व **अध्वरश्रियः**-यज्ञों का सेवन करनेवाले होते हुए **अर्वाञ्चम्**-अन्दर हृदय देश की ओर **वहन्तु**-ले चलें। सदा **इत्**-निश्चय से **सवना उप**-यज्ञों के समीप प्राप्त करायें।

भावार्थ-इन्द्रियाश्वों का यज्ञादि कर्मों में लगे रहना व विषयों से बचे रहना ही प्रभु प्राप्ति का मार्ग है। यज्ञसेवी इन्द्रियाश्व ही हमें प्रभु-दर्शन करायेंगे।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः पूषा वा॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्रभु-वरण से बुद्धि व शक्ति की प्राप्ति

प्र पूषणं वृणीमहे युज्याय पुरूवसुम्।
स शक्र शिक्ष पुरुहूत नो धिया तुजे राये विमोचन॥ १५॥

(१) हम **युज्याय**-मित्रता के लिये (union) मेल के लिये **पूषणम्**-उस पोषक प्रभु को **प्रवृणीमहे**-वरते हैं, जो **पुरूवसुम्**-खूब ही पालक व पूरक धनवाले हैं। प्रभु की मित्रता में निवास के लिये आवश्यक धनों की कमी नहीं रहती। (२) हे **शक्र**-सर्वशक्तिमन्, **पुरुहूत**-बहुतों से पुकारे जानेवाले, **विमोचन**-सब शत्रुओं से मुक्त करनेवाले प्रभो। **सः**-वे आप **नः**-हमें

तुजे-शत्रुओं के संहार के लिये तथा राये-ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिये धिया-बुद्धि के साथ शिक्ष-शक्तिशाली बनाइये।

भावार्थ-हम मित्रता के लिये प्रभु का ही वरण करें। प्रभु हमें बुद्धि व शक्ति को प्राप्त करायें। जिससे हम शत्रुओं का संहार कर सकें तथा ऐश्वर्य को प्राप्त कर सकें।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः पूषा वा॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

उस्रियं वसु

सं नः शिशीहि भुरिजोरिव क्षुरं रास्व रायो विमोचन।
त्वे तन्नः सुवेदमुस्रियं वसु यं त्वं हिनोषि मर्त्यम्॥ १६॥

(१) भुरिजोः-द्यावापृथिवी में, मस्तिष्क व शरीर में नः-हमें संशिशीहि-इस प्रकार तेज करिये इव-जैसे क्षुरम्-एक छुरे को तेज करते हैं। हमारा मस्तिष्क तीव्र ज्ञान ज्योति से चमके और शरीर तेजस्विता से। हे विमोचन-सब कष्टों से मुक्त करनेवाले प्रभो! रायः रास्व-हमारे लिये कार्यसाधक धनों को दीजिये। (२) त्वे-आपके आश्रय में नः-हमारे लिये तत्-वह उस्रियम्-ज्ञान की रश्मियों से युक्त वसु-धन सुवेदम्-सुलभ (विद् लाभे) होता है, यम्-जिस धन को (यत्) त्वम्-आप मर्त्यम्-मनुष्य के लिये हिनोषि-प्रेरित करते हैं।

भावार्थ-प्रभु हमारे मस्तिष्क व शरीर को ज्ञान व शक्ति से दीप्त करें। धनों को प्राप्त करायें। ज्ञान रश्मियों से युक्त धन को हमारे लिये प्रेरित करें।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः पूषा वा॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'स्व' (आत्मा) की ही कामना

वेमि त्वा पूषञ्जुञ्जसे वेमि स्तोतव आघृणे।
न तस्य वेम्यरणं हि तद्वसो स्तुषे पज्राय साम्ने॥ १७॥

(१) हे पूषन्-पोषक प्रभो! ऋञ्जसे-अपने जीवन को सद्गुणों से प्रसाधित करने के लिये त्वा वेमि-आपको ही वेमि-चाहता हूँ। हे आघृणे-सर्वतो दीप्त प्रभो! स्तोतवे-स्तुति करने के लिये आपकी ही वेमि-मैं कामना नहीं करता हूँ। हि-निश्चय से तत्-यह भौतिक धन अरणम्-('स्व' से विपरीत) आत्मा से भिन्न है मेरा विरोधी है, मेरी उन्नति में रुकावट बनता है। हे वसो-हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले प्रभो! मैं पज्राय-शक्तिशाली धनी होते हुए सभी साम्ने-शान्त, सब के साथ समान व्यवहार करनेवाले श्रेष्ठ पुरुष के लिये स्तुषे-स्तवन करता हूँ।

भावार्थ-हम प्रभु का वरण करें, प्रभु का ही स्तवन करें। केवल भौतिक धन हमारे पतन का कारण बनता है। प्रभु-स्मरण के साथ हम धनी होते हुए समान वर्तनेवाले व शान्त बनते हैं।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः पूषा वा॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

नित्यं रेक्णः

परा गावो यवसं कच्चिदाघृणे नित्यं रेक्णो अमर्त्य।
अस्माकं पूषन्नविता शिवो भव मंहिष्ठो वाजसातये॥ १८॥

(१) हे आघृणे-सर्वत दीप्त प्रभो! गावः-हमारी ये इन्द्रियाँ परा-दूर बाहिर की ओर यवसम्-विषयरूप घास को चरने के लिये जाती हैं। हे अमर्त्य-हमें न नष्ट होने देनेवाले प्रभो! कच्चित्-क्या कभी ये इन्द्रियाँ नित्यं रेक्णः-उस अविनश्वर ज्ञानरूप धन को लेने के लिये भी

चलेंगी? क्या हमारी इन्द्रियाँ ज्ञान की रुचिवाली न बनेगी? (२) हे **पूषन्**-पोषक प्रभो! आप **अस्माकम्**-हमारे **अविता**-रक्षक व **शिवः**-कल्याण करनेवाले **भव**-होइये। आप **वाजसातये**-शक्ति को प्राप्त कराने के लिये **मंहिष्ठः**-दातृतम होइये। आप हमें अधिक से अधिक शक्ति को प्राप्त करानेवाले हों। यह शक्ति ही हमारा रक्षण व कल्याण करेगी। विषयों में भटककर इन्द्रियाँ शक्तियों को जीर्ण कर लेती थीं। आप की कृपा से ये ज्ञान की ओर झुकी और हम अमंगल से बच गये।

भावार्थ-प्रभु के अनुग्रह से हमारी इन्द्रियाँ विषयों में न भटककर ज्ञानरूप नित्य धन की प्राप्ति के लिये झुकाववाली हों। प्रभु हमारा रक्षण करें और अधिक से अधिक शक्ति को प्राप्त करायें।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ **देवता**—कुरुङ्गस्य दानस्तुतिः॥ **छन्दः**—विराड् बृहती॥ **स्वरः**—मध्यमः॥

'दिविष्टि-राति-तुर्वश'

स्थूरं राधः शताश्वं कुरुङ्गस्य दिविष्टिषु। राज्ञस्त्वेषस्य सुभगस्य रातिषु तुर्वशेष्वमन्महि॥ १९॥

(१) **दिविष्टिषु**-(दिव् इष्) ज्ञानयज्ञ को करनेवाले व्यक्तियों में **कुरुङ्गस्य**-(कवते, रंगति) ज्ञान की वाणियों का उच्चारण करनेवाले गतिशील प्रभु के **स्थूरं राधः**-महान् ऐश्वर्य को हम **अमन्महि**-आदरपूर्वक देखते हैं, उस धन को जो **शताश्वम्**-शत वर्षपर्यन्त इन्द्रियों को कर्मों में व्याप्त रूप से रखनेवाला है। जिस धन के कारण इन्द्रियों की शक्ति अन्त तक ठीक बनी रहती है। (२) **रातिषु**-दान की वृत्तिवाले **तुर्वशेषु**-त्वरा से शीघ्रता से काम-क्रोध-लोभ आदि शत्रुओं को वश में करनेवाले पुरुषों में उस **राज्ञः**-सारे ब्रह्माण्ड के व्यवस्थापक **त्वेषस्य**-ज्ञानदीप्त **सुभगस्य**-उत्तम ऐश्वर्यवाले प्रभु के 'स्थूरं राधः'-महान् ऐश्वर्य को हम आदर से सोचते हैं। इन व्यक्तियों में प्रभु-प्रदत्त ऐश्वर्य को देखकर हम भी 'दिविष्टि, राति व तुर्वश' बनने का प्रयत्न करते हैं।

भावार्थ-हम ज्ञान की कामनावाले, दानशील-लोभ आदि को वश में करनेवाले बनें। हमें प्रभु कृपा से वह महान् धन प्राप्त होगा जो हमारी इन्द्रियों को शतवर्षपर्यन्त अजीर्ण शक्ति रखेगा।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ **देवता**—कुरुङ्गस्य दानस्तुतिः॥ **छन्दः**—विराट् पंक्तिः॥ **स्वरः**—पञ्चमः॥

षष्टिं सहस्रा गवां यूथानि

धीभिः सातानि काण्वस्य वाजिनः प्रियमेधैरभिद्युभिः।
षष्टिं सहस्रानु निर्मजामजे निर्यूथानि गवामृषिः॥ २०॥

(१) **प्रियमेधैः**-प्रिय है यज्ञ जिनको ऐसे यज्ञशील व्यक्तियों से तथा **अभिद्युभिः**-प्रातः-सायं ज्ञान की ज्योति को प्राप्त करनेवाले (अभि-दोनों ओर) स्वाध्यायशील लोगों से **काण्वस्य**-उस अतिशयेन मेधावी **वाजिनः**-शक्तिशाली प्रभु के **गवां यूथानि**-इन्द्रियों के समूह **धीभिः सातानि**-बुद्धिपूर्वक कर्म करने के द्वारा प्राप्त किये जाते हैं। वस्तुतः यज्ञशीलता हमारी कर्मेन्द्रियों को पवित्र बनाती है, तो स्वाध्याय हमारी ज्ञानेन्द्रियों को पवित्र करता है। (२) मैं **ऋषिः**-तत्त्वद्रष्टा बनकर **निर्मजाम्**-अतिशयेन शुद्ध **गवाम्**-वेदवाणियों के **षष्टिं सहस्रा**-साठ हजार **यूथानि**-समूहों के **अनु**-पीछे **निर् अजे**-विषय-वासनाओं के (गर्त) से इन्द्रियों को बाहिर करता हूँ। इन वेदवाणियों के स्वाध्याय के द्वारा इन्द्रियों को विषय व्यावृत्त बनाता हूँ, वेदवाणियाँ संख्या में बीस हजार के लगभग हैं। वे 'आध्यात्मक, आधिभौतिक व आधिदैविक' अर्थों के भेद से ६० हजार हो जाती हैं। इनके अनुसार जीवन में चलने से इन्द्रियाँ बड़ी शुद्ध बनी रहती हैं।

भावार्थ–प्रभु 'काण्व व वाजी' हैं, मेधा व शक्ति के पुञ्ज हैं। इस प्रभु से दी गयी इन्द्रियों को वस्तुतः यज्ञशील स्वाध्याय रुचि पुरुष ही प्राप्त करते हैं, वे ही इन्हें शुद्ध बनाये रखने में समर्थ होते हैं। तत्त्वद्रष्टा पुरुष वेदवाणियों के स्वाध्याय से इन्द्रियों को विषयगर्त में नहीं गिरने देता।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ देवता—कुरुङ्गस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

वेद ध्वनिमय वातावरण

वृक्षाश्चिन्मे अभिपित्वे अरारणुः। गां भजन्त मेहनाश्वं भजन्त मेहना॥ २१॥

(१) गत मन्त्र में उस ऋषि का उल्लेख हुआ है जो वेदवाणियों के निरन्तर अपनाने में प्रवृत्त है। यह कहता है कि **मे अभिपित्वे**–मेरे प्राप्त होने पर **वृक्षाः चित्**–वृक्ष भी **अरारणुः**–इन वेदवाणियों का ही उच्चारण करते हैं। अर्थात् इसका सारा वातावरण ही वेदवाणीमय हो जाता है। ऐसा होने पर यह स्वाभाविक ही है कि किसी प्रकार की विषय-वासनाओं की वहाँ स्थिति न हो। यह वासनाशून्यता शरीर में सोमरक्षण की अनुकूलतावाली होती है। (२) ऐसा होने पर ये लोग **मेहना**–सोम शक्ति के शरीर में सेचन के द्वारा **गां भजन्त**–प्रशस्त ज्ञानेन्द्रियों को प्राप्त करते हैं। **मेहना**–इस शक्ति सेचन के द्वारा **अश्वं भजन्त**–प्रशस्त कर्मेन्द्रियों को प्राप्त करते हैं।

भावार्थ–हमारा सारा वातावरण वेदवाणियों की ध्वनि से पूर्ण हो हम सोम शक्ति के शरीर में सेचन के द्वारा प्रशस्त ज्ञानेन्द्रियों व प्रशस्त कर्मेन्द्रियों को प्राप्त करें।

यह वेदध्वनिमय वातावरण में निवास करनेवाला, सोम का शरीर में सेचन करके इन्द्रियों को प्रशस्त बननेवाला साधक 'ब्रह्मातिथि' होता है, ब्रह्म की ओर निरन्तर चलनेवाला। यह 'काण्व' मेधावी होता है। यही अगले सूक्त का ऋषि है–

५. [पञ्चमं सूक्तम्]

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उषा व युवति

दूरादिहेव यत्सत्यरुणप्सुरशिश्वितत्। वि भानुं विश्वधातनत्॥ १॥

(१) **दूरात्**–सुदूर प्रदेश में, प्राचीदिग्भाग में होती हुई यह उषा **यत्**–जब **इह एव सती**–यहाँ हमारे समीप ही होती हुई प्रतीत होती है, तो यह **अरुणप्सुः**–अव्यक्त लालिमा सम्पन्न रूपवाली उषा **अशिश्वितत्**–सारे आकाश को (सफेद) ही कर डालती है। **भानुम्**–अपने प्रकाश को **विश्वधा**–सब ओर **वि अतनत्**–विशेषरूप से फैलानेवाली होती है। (२) इसी प्रकार इस उषा के समान एक युवति **दूरात्**–बड़े दूर स्थित पितृगृह से **यत्**–जब **इह एव**–यहाँ पतिकुल में ही **सती**–होती हुई **अरुणप्सुः**–स्वास्थ्य की लालिमा युक्त रूपवाली **अशिश्वितत्**–सारे घर को उज्वल करनेवाली होती है तो यह **भानुम्**–प्रकाश को **विश्वधा**–सब ओर अड़ोस-पड़ोस में **वि अत्यनत्**–विशेषरूप से फैलाती है। इसके आने से घर और घर का सारा क्षेत्र चमक उठता है।

भावार्थ–उषा आती है और किस प्रकार अन्धकार को दूर करके प्रकाश को फैलाती है। इसी प्रकार एक युवति को पतिकुल में आकर प्रकाश को फैलानेवाली बनना है।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सबलता व एकाग्रता

नृवद्वस्त्रा मनोयुजा रथेन पृथुपाजसा। सचेथे अश्विनोषसम्॥ २॥

(१) **नृवद् दस्रा**=एक उत्तम नेता के समान दुःखों का उपक्षय करनेवाले **अश्विना**=प्राणापान **उषसं सचेथे**=उषा के साथ संगत होते हैं। अर्थात् हम उषाकाल में उद्बुद्ध होकर प्राणसाधना में प्रवृत्त होते हैं। ये प्राणापान ही हमारे दुःखों का विनाश करते हैं, ये ही हमें नीरोग व निर्मल बनाते हैं। (२) ये प्राणापान **रथेन**=उस शरीर-रथ से हमें प्राप्त होते हैं जो **मनोयुजा**=उत्तम मन से युक्त है तथा **पृथुपाजसा**=विशाल शक्तिवाला है। प्राणसाधना से शरीर शक्ति-सम्पन्न बनता है तो मन इधर-उधर भटकनेवाला न होकर एकाग्र होता है।

भावार्थ—हम उषाकाल में प्रबुद्ध होकर प्राणसाधना में प्रवृत्त हों यह साधना हमारे रोगों व मलों का क्षय करेगी। हमें यह सबल व एकाग्र मनोवृत्तिवाला बनायेगी।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्तुतिमय मनन ज्ञानदीप्त मस्तिष्क

युवाभ्यां वाजिनीवसू प्रति स्तोमा अदृक्षत। वाचं दूतो यथोहिषे॥ ३॥

(१) हे **वाजिनीवसू**=शक्तिरूप धनोंवाले प्राणापानो! **युवाभ्याम्**=आपके द्वारा, आपकी साधना के द्वारा **स्तोमाः**=स्तुति-वचन **अति अदृक्षत**=प्रतिदिन देखे जाते हैं। अर्थात् आपकी साधना से हम प्रतिदिन प्रभु-स्तवन की वृत्तिवाले होते हैं। (२) आपकी साधना से मैं **यथा दूतः**=जैसे कोई सन्देशवाहक होता है उसके समान **वाचं ओहिषे**=ज्ञान की वाणियों का धारण करता हूँ। प्राणसाधक पुरुष ज्ञान की वाणियों का धारण करता हुआ सर्वत्र इस ज्ञान-सन्देश को पहुँचानेवाला होता है।

भावार्थ—प्राणसाधना हमारे मनों को स्तुति से तथा मस्तिष्कों को ज्ञान से परिपूर्ण करती है।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पुरुप्रिया-पुरुमन्द्रा-पुरूवासू

पुरुप्रिया णो ऊतये पुरुमन्द्रा पुरूवसू। स्तुषे कण्वासो अश्विना॥ ४॥

(१) **अश्विना**=प्राणापान **नः ऊतये**=हमारे रक्षण के लिये हों। ये प्राणापान **पुरुप्रिया**=खूब ही प्रीणित करनेवाले हैं, इनकी साधना अन्तःप्रीति का अनुभव कराती है। नीरोगता के कारण चित्त में भी प्रसन्नता का अनुभव होता है। **पुरुमन्द्रा**=ये खूब ही आनन्द को उत्पन्न करनेवाले हैं। मन में वासनाओं के न रहने के कारण मनःप्रसाद का अनुभव होता है। ये **पुरूवसू**=पालक व पूरक वसुओं को प्राप्त करानेवाले हैं। निवास के लिये आवश्यक तत्त्व ही वसु हैं। प्राणसाधना से सब वसुओं की प्राप्ति होती है। (२) सो **कण्वासः**=मेधावी पुरुष इन प्राणापान के **स्तुषे**=स्तवन के लिये होते हैं। प्राणापान के गुणों का स्मरण करते हुए वे उनकी साधना में प्रवृत्त होते हैं।

भावार्थ—प्राणसाधना (क) प्रीति व आनन्द का कारण बनती है, (ख) शरीर के लिये सब आवश्यक तत्त्वों को, वसुओं को जन्म देती है।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इषयन्ता शुभस्पती

मंहिष्ठा वाजसातमेषयन्ता शुभस्पती। गन्तारा दाशुषो गृहम्॥ ५॥

(१) ये प्राणापान **मंहिष्ठा**=हमारे लिये दातृतम हैं, सर्वोत्तम दाता हैं, गत मन्त्र के अनुसार सब वसुओं को देनेवाले हैं। **वाजसा-तमा**=शक्ति को प्राप्त करानेवालों में सर्वोत्तम हैं। प्राणसाधना से वीर्य की ऊर्ध्वगति होकर शक्ति बढ़ती ही है। **इषयन्ता**=ये हमारे लिये प्रभु-प्रेरणा की

कामनावाले होते हैं। प्राणसाधना से हृदय निर्मल होता है, इस निर्मल हृदय में प्रभु-प्रेरणा सुनाई पड़ती है। इस प्रकार ये **शुभस्पती**-हमारे जीवनों में शुभ कार्यों के, सौन्दर्य के रक्षक होते हैं। (२) ये प्राणापान **दाशुषः**-दाश्वान् के, देने की वृत्तिवाले के, त्यागशील के **गृहम्**-शरीररूप गृह को **गन्तारा**-प्राप्त होनेवाले हैं। त्यागवृत्ति से विपरीत भोगवृत्ति होती है। इस वृत्ति में प्राणापान की क्षीणता होती है। ये इस भोगी के शरीर गृह को छोड़ जाते हैं। प्राणसाधना के साथ युक्ताहार-विहार अत्यन्त आवश्यक है।

भावार्थ-प्राणसाधना शरीर में सब आवश्यक वसुओं की स्थापना करती है, शक्ति को देती है, हमें प्रभु प्रेरणा को सुनने योग्य बनाती है, हमारे में शुभ का रक्षण करती है। इस साधना में भोगवृत्ति नितरां विघातक है।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अवितारिणी सुमेधा

ता सुदेवाय दाशुषे सुमेधामवितारिणीम्। घृतैर्गव्यूतिमुक्षतम्॥ ६॥

(१) **ता**-वे दोनों प्राणापान **सुदेवाय**-शुभ देववृत्तिवाले, **दाशुषे**-भोगवृत्ति से ऊपर उठे हुए दाश्वान् पुरुष के लिये **अवितारिणीम्**-अहिंसक व अनपायिनी (स्थिर) **सुमेधाम्**-उत्तम बुद्धि को **उक्षतम्**-पवित्र कर देते हैं। प्राणसाधना से बुद्धि भी चमक उठती है, यह विवेकख्यातिवाली बनती है। (२) हे प्राणापानो! आप इस साधक के **गव्यूतिम्**-इन्द्रियरूप गौओं के प्रचारक्षेत्र को **घृतैः**-निर्मलता व ज्ञानदीप्तियों से (उक्षतम्) सिक्त करते हो। प्राणसाधक की इन्द्रियाँ निर्मल कर्मों को करनेवाली तथा ज्ञानदीप्ति को बढ़ानेवाली होती हैं।

भावार्थ-प्राणसाधना (क) अहिंसक व स्थिर सुमेधा को प्राप्त कराती हैं। (ख) इन्द्रियों को निर्मल कर्मों व ज्ञानवृद्धि के कार्यों में प्रवृत्त करती है।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'श्येन-आशु' अश्व

आ नः स्तोममुप द्रवत्तूयं श्येनेभिराशुभिः। यातमश्वेभिरश्विना॥ ७॥

(१) हे **अश्विना**-प्राणापानो! **नः**-हमारे **स्तोमम्**-स्तुति समूह को **द्रवत् तूयम्**-दौड़कर शीघ्रता से **श्येनेभिः**-शंसनीय गतिवाले **आशुभिः**-शीघ्रता से कार्यों में व्यापनेवाले **अश्वेभिः**-इन्द्रियाश्वों के साथ **उप आयतम्**-समीपता से प्राप्त होवो। (२) प्राणसाधना हमें स्तुति में प्रवृत्त करती है तथा हमारे इन्द्रियाश्वों को प्रशस्त गतिवाला, शुभ कर्म प्रवृत्त व शीघ्र गतिवाला, स्फूर्तियुक्त करती है।

भावार्थ-प्राणसाधन के द्वारा (क) हमारी वृत्ति प्रभु-प्रवण होती है, प्रभु के स्तोत्र हमें प्रिय होते हैं, (ख) हमारे इन्द्रियाश्व शंसनीय गतिवाले व शीघ्रगतिवाले होते हैं।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

तीन प्रकाश व अन्धकार विनाश

येभिस्तिस्रः परावतो दिवो विश्वानि रोचना। त्रीँरुषून्परिदीयथः॥ ८॥

(१) गत मन्त्र में वर्णित उन इन्द्रियाश्वों के साथ, हे प्राणापानो! आप हमें प्राप्त होवो **येभिः**-जिन के द्वारा **तिस्रः परावतः दिवः**-तीन सुदूर के प्रकाशों को, उच्च ज्ञानों को, प्रकृति जीव व परमात्मा के ज्ञानों को **परिदीयथः**-प्राप्त करते हो। (२) उन इन्द्रियाश्वों से हमें प्राप्त होवो

जिनसे कि **विश्वानि रोचना**-सब दीप्तियों को आप (परिदीयथः) दीप्त करते हो। शरीर, मन व बुद्धि सभी को आप दीप्त बनाते हो। तथा **त्रीन् अक्तून्**-तीन अन्धकारों को (परिदीयथः) कम व विनष्ट करते हो। 'काम' इन्द्रियों को अन्धकारमय बनाता है, क्रोध मन को तथा लोभ बुद्धि को। प्राणसाधना इन तीनों ही अन्धकारों को दूर करती है।

भावार्थ-प्राणसाधना से (क) प्रकृति, जीव, परमात्मा का उत्कृष्ट ज्ञान प्राप्त होता है, (ख) शरीर, मन, बुद्धि दीप्त हो उठते हैं, (ग) काम-क्रोध-लोभ रूप अन्धकार विनष्ट हो जाते हैं।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गोमतीः इषः

उत नो गोमतीरिषं उत सातीरहर्विदा। वि पथः सातये सितम्॥ ९॥

(१) **उत**-और हे **अहर्विदा**-रात्रि के अन्धकार को दूर करके दिन के प्रकाश को प्राप्त करानेवाले प्राणापानो! (प्राणसाधना से अन्धकार दूर होता है और प्रकाश प्राप्त होता है) आप **नः**-हमारे लिये **गोमतीः**-प्रशस्त ज्ञान की वाणियोंवाली **इषः**-प्रेरणाओं को **विसितम्**-विशेष रूप से बाँधो। हमें आपके द्वारा बुद्धि की तीव्रता से ज्ञान प्राप्त हो तथा मन की पवित्रता से प्रभु-प्रेरणा सुनायी पड़े। (२) **उत**-और हे प्राणापानो! आप **सातीः**-सब लाभों को हमारे साथ जोड़ो, सब प्राप्त करने योग्य वसुओं को हम प्राप्त करें। तथा **सातये**-इन प्राप्तियों के लिये **पथः**-मार्गों को (विसितम्) विशेषरूप से हमारे साथ नियमित करिये। इन मार्गों पर चलते हुए हम सब प्राप्तियों को सिद्ध करनेवाले हों।

भावार्थ-प्राणसाधना से (क) बुद्धि की तीव्रता के द्वारा ज्ञान प्राप्त होता है, (ख) मानस पवित्रता से प्रभु-प्रेरणा सुनायी पड़ती है, (ग) मार्ग पर चलते हुए हम सब आवश्यक सम्पदाओं को प्राप्त करते हैं।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'गोमन्-सुवीर-सुरथ' रयि

आ नो गोमन्तमश्विना सुवीरं सुरथं रयिम्। वोळ्हमश्वावतीरिषः॥ १०॥

(१) हे **अश्विना**-प्राणापानो! **नः**-हमारे लिये **रयिं आवोढम्**-उस ऐश्वर्य को प्राप्त कराओ, जो **गोमन्तम्**-प्रशस्त इन्द्रियोंवाला है, **सुवीरम्**-उत्तम सन्तानोंवाला है तथा **सुरथम्**-प्रशस्त शरीर-रथवाला है। प्राणसाधक धन को प्राप्त करता है, परन्तु उसके जीवन में इस धन का घातक प्रभाव नहीं होता। यह धन उसे भोग-विलास में फँसाकर उसकी इन्द्रियों को जीर्ण करनेवाला नहीं होता। इस धन से उसकी सन्तानें कुत्सित प्रभावों से आक्रान्त नहीं हो जाती और उसका यह शरीर ठीक बना रहता है। (२) हे प्राणापानो! आप हमें **अश्वावतीः**-प्रशस्त कर्मेन्द्रियोंवाली **इषः**-प्रेरणाओं को प्राप्त कराओ। प्राणसाधना से हमारी कर्मेन्द्रियाँ उत्तम बनें और प्रभु-प्रेरणा के अनुसार कार्यों को करनेवाली हों।

भावार्थ-प्राणसाधना से हमें वह धन प्राप्त होता है जो हमारी इन्द्रियों, सन्तानों व शरीररूप रथों को उत्तम बनाता है। हमारी कर्मेन्द्रियाँ भी उत्तम बनती हैं और प्रभु-प्रेरणा के अनुसार चलती हैं।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दस्रा हिरण्यवर्तनी

वावृधाना शुभस्पती दस्रा हिरण्यवर्तनी। पिबतं सोम्यं मधु॥ ११॥

(१) हे प्राणापानो! आप **वावृधाना**=खूब ही हमारी वृद्धि का कारण बनते हो। **शुभस्पती**=हमारे जीवनों में सब सौन्दर्यों का रक्षण करते हो। **दस्रा**=सब दास्यव भावों का उपक्षय करनेवाले हो और **हिरण्यवर्तनी**=हितरमणीय ज्योतिर्मय मार्ग पर हमें ले चलनेवाले हो। (२) आप **सोम्यं मधु**=इस सोमरूप सारभूत वस्तु का **पिबतम्**=पान करो। हमारे शरीरों में इस सोम की ऊर्ध्वगति होकर शरीर में ही इसका व्यापन हो। यही सुरक्षित सोम ही तो सब उन्नतियों का मूल बनेगा।

भावार्थ—प्राणसाधना शक्तियों का वर्धन करती है, सौन्दर्य को बढ़ाती है, अशुभवृत्तियों को नष्ट करती है, हमें ज्योतिर्मय मार्ग पर ले चलती है। शरीर में सोम का रक्षण करती है।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अदाभ्यं छर्दिः

अस्मभ्यं वाजिनीवसू मघवद्भ्यश्च सप्रथः। छर्दिर्यन्तमदाभ्यम्॥ १२॥

(१) हे प्राणापानो! आप **वाजिनीवसू**=शक्तिरूप धनवाले हो। आप **अस्मभ्यम्**=हमारे लिये **मघवद्भ्यः च**=और सब (मघ=मख) यज्ञशील पुरुषों के लिये **सप्रथः**=शक्तियों के विस्तारवाले, शक्तियों के विस्तार से युक्त **अदाभ्यम्**=रोगों व वासनाओं से हिंसित न होनेवाले इस **छर्दिः**=शरीर गृह को **यन्तम्**=प्राप्त कराओ। (२) प्राणसाधना से शरीर की शक्तियों का विस्तार होता है, और यह रोगों व वासनाओं से आक्रान्त नहीं होता।

भावार्थ—प्राणापान ही शक्तिरूप धन को प्राप्त करानेवाले हैं। ये यज्ञशील पुरुषों के शरीर गृह को रोगों व वासनाओं से अभिभूत नहीं होने देते।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञान-रक्षण

नि षु ब्रह्म जनानां याविष्टं तूयमा गतम्। मो ष्वन्यान्त उपारतम्॥ १३॥

(१) हे प्राणापानो! **या**=जो आप **जनानाम्**=लोगों के **ब्रह्म**=ज्ञान को **नि**=निश्चय से **सु**=अच्छी प्रकार **अविष्टम्**=रक्षित करते हो, वे आप **तूयं आगतम्**=शीघ्रता से प्राप्त होवो। (२) **अन्यान्**=ज्ञान विरोधी अन्य भावों को **मा उ**=मत ही **सु उपारतम्**=हमारे समीप प्राप्त कराओ।

भावार्थ—प्राणसाधना से हमारी ज्ञानदीप्ति विकसित होती है, अतः हम प्राण-साधक बनें।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

धिष्ण्या

अस्य पिबतमश्विना युवं मदस्य चारुणः। मध्वो रातस्य धिष्ण्या॥ १४॥

हे **अश्विना**=प्राणापान के स्वामी जनो! आप दोनों **धिष्ण्या**=स्तुति योग्य **एतस्य**=आदर पूर्वक दिये **अस्य**=इस **चारुणः**=उत्तम **मदस्य**=हर्षकारक सोम का **पिबतम्**=पान करो।

भावार्थ—प्राणापानसेवी वीर्यरक्षण में समर्थ होता है।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विश्वधायसम्

अस्मे आ वहतं रयिं शतवन्तं सहस्त्रिणम्। पुरुक्षुं विश्वधायसम्॥ १५॥

हे जितेन्द्रिय जनो! आप दोनों **अस्मे**=हमारे लिए **शतवन्तम्**=सौ **सहस्त्रिणम्**=और सहस्रों **रयिम्**=ऐश्वर्यों को **आ वहतम्**=प्राप्त कराओ। वह **पुरुक्षुम्**=बहुतों को बसाने और **विश्व**-

धारयसम्=सबका पालक हो।

भावार्थ–हम प्रभु कृपा से बहुतों के पालक होवें।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विह्वयन्ते मनीषिणः

पुरुत्रा चिद्धि वां नरा विह्वयन्ते मनीषिणः। वाघद्भिरश्विना गतम्॥ १६॥

हे नरौ=स्त्री-पुरुषो! मनीषिणः=ज्ञानी लोगों वाम्=आप दोनों को पुरुत्र चित् हि=बहुत से कार्यों में विह्वयन्ते=बुलाते हैं। आप वाघद्भिः=समर्थ अश्विना=अश्वों के समान आ गतम्=आओ।

भावार्थ–हम मनस्वी बनकर ज्ञानी जनों की संगति में रहें।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

हविष्मन्तो अरंकृतः

जनासो वृक्तबर्हिषो हविष्मन्तो अरंकृतः। युवां हवन्ते अश्विना॥ १७॥

हे अश्विना=राष्ट्र के अध्यक्ष और सेनापति जनासः=जनो! युवाम्=आप दोनों को वृक्त-बर्हिषः=शत्रुहन्ता हविष्मन्तः=समृद्धियुक्त अरंकृतः=उद्योगीजन हवन्ते=बुलाते हैं। शक्तियों का विकास करने की कामनावाले लोग प्राणापान की साधना करते हैं। यह साधना इन्हें 'पवित्र हृदयवाला, त्याग की वृत्तिवाला व सद्गुणालंकृत जीवनवाला' बनाती है।

भावार्थ–हमारे राष्ट्रपति-सेनापति शत्रुहन्ता हों।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वाहिष्ठः (स्तोमः)

अस्माकमद्य वामयं स्तोमो वाहिष्ठो अन्तमः। युवाभ्यां भूत्वश्विना॥ १८॥

(१) हे अश्विना=प्राणापानो! अद्य=आज अस्माकम्=हमारा अयम्=यह याम्=आपके लिये किया गया स्तोमः=स्तुति समूह युवाभ्यां अन्तमः भूतु=आपके लिये अन्तिकतम हो, अत्यन्त प्रिय हो। अर्थात् हमें यह आपकी स्तुति आपके प्रति रुचिवाला बनाये, हम प्राणसाधना की प्रवृत्तिवाले हों। (२) यह स्तोम वाहिष्ठः=हमें अधिक-से-अधिक लक्ष्य के समीप पहुँचानेवाला हो। वस्तुतः प्राणसाधना ही चित्तवृत्ति की एकाग्रता का साधन बनकर हमें प्रभु-दर्शन कराती है। यह प्रभु-दर्शन ही अन्तिम लक्ष्य है, यहाँ हमें यह प्राणों का स्तवन पहुँचानेवाला होता है।

भावार्थ–हम प्राणापान का स्तवन करते हुए प्राणसाधना में प्रवृत्त हों। यह साधना ही हमें लक्ष्य-स्थान पर पहुँचायेगी।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मधुनः दृतिः

यो ह वां मधुनो दृतिराहितो रथचर्षणे। ततः पिबतमश्विना॥ १९॥

(१) हे अश्विना=प्राणापानो! यः=जो ह=निश्चय से वाम्=आपका मधुनः दृतिः=सोम का पात्र है, इस शरीर में सोमरक्षण का स्थान है, ततः=उससे पिबतम्=इस सोम को पीओ। इस सोम को सारे शरीर में व्याप्त करनेवाले होवो। सोम उत्पन्न होकर सोमयानी में संगृहीत होता है। प्राणसाधना के द्वारा यह इससे निकलकर रुधिर के साथ सारे शरीर में व्याप्त हो जाता है। (२)

यह सोम **रथचर्षणे**=रथ को गति देने के निमित्त स्थापित हुआ है। (चर्षणं) सोम के सुरक्षित होने पर ही शरीर-रथ की सारी गतियाँ निर्भर करती हैं। सोम-विनाश में इस रथ की सब गतियाँ समाप्त हो जाती हैं और मृत्यु हो जाती है।

भावार्थ-शरीर-रथ की ठीक गति इसी बात पर निर्भर करती है कि हम प्राणसाधना द्वारा शरीर में सोम का रक्षण करें।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शारीरिक शान्ति (नीरोगता) व हृदय शुद्धि

तेन नो वाजिनीवसू पश्वे तोकाय शं गवे। वहतं पीवरीरिषः॥ २०॥

(१) **तेन**=गत मन्त्र में वर्णित सोम के पान के द्वारा, हे **वाजिनीवसू**=शक्तिरूप धनोंवाले प्राणापानो! आप **पश्वे**=पशुओं के लिये, **तोकाय**=सन्तानों के लिये, **गवे**=गौओं के लिये **शम्**=शान्ति को प्राप्त करानेवाले होइये। (२) हे प्राणापानो! आप **नः**=हमारे लिये इस सोमपान के द्वारा **पीवरीः इषः**=आप्यायित करनेवाली **इषः**=प्रेरणाओं को **वहतम्**=प्राप्त कराओ। हृदयस्थ प्रभु की प्रेरणायें हृदय शुद्धि के होने पर ही सुन पड़ती हैं। प्राणसाधना इस हृदय शुद्धि का साधन बनती है। ये सब प्रेरणायें हमारा आप्यायन करनेवाली होती हैं।

भावार्थ-प्राणायाम से शारीरिक शान्ति व हृदय की शुद्धि प्राप्त होती है।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दिव्य प्रेरणायें व ज्ञान प्रवाह

उत नो दिव्या इषं उत सिन्धूँरहर्विदा। अप द्वारेव वर्षथः॥ २१॥

(१) हे **अहर्विदा**=अज्ञानान्धकार को दूर करके प्रकाश को प्राप्त करानेवाले प्राणापानो! **उत**=और **नः**=हमारे लिये **दिव्याः इषः**=प्रभु से दी जानेवाली दिव्य प्रेरणाओं को **वर्षथः**=बरसाओ। हम सदा अपने शुद्ध हृदयों में प्रभु की प्रेरणाओं को सुननेवाले बनें। (२) **उत**=और **द्वारा**=सब इन्द्रिय द्वारों को **अप इव**=वासना विनाश के द्वारा अपावृत (खोल) करके **सिन्धून्**=ज्ञानजलों का, ज्ञान-प्रवाहों का **वर्षथः**=वर्षण करो।

भावार्थ-प्राणसाधना से हमें दिव्य-प्रेरणायें शुद्ध हृदयों में सुन पड़ें तथा इन्द्रियों के विषय व्यावृत्त होने से हम ज्ञान प्रवाहों को अपने में प्रवाहित कर पायें।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

तौग्र्य का रक्षण

कदा वां तौग्र्यो विधत्समुद्रे जहितो नरा। यद्वां रथो विभिष्पतात्॥ २२॥

(१) हे **नरा**=उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले प्राणापानो! **समुद्रे जहितः**=(कामोहि समुद्रः) वासना के समुद्र में फेंका हुआ यह **तौग्र्यः**=(तुग्र्या=water, आपः=रेतः) रेतःकणरूप जलों की रक्षा की कामनावाला पुरुष **कदा**=कब **वां विधत्**=आपकी उपासना करता है? **यत्**=जिससे **वां रथः**=आपका यह शरीर-रथ **विभिः**=इन्द्रियाश्वों के साथ **पतात्**=प्राप्त हो। (२) हम अपने शरीर को प्राणापान का ही रथ बनायें। अर्थात् प्राणसाधना में प्रवृत्त हों। इससे इन्द्रियों के दोषों का दहन होकर इन्द्रियाश्व बड़े शक्तिशाली व स्फूर्तिमय बनेंगे। प्राणापान की साधना ही कामसमुद्र में डूबने से बचाती है।

भावार्थ-प्राणसाधना ही इन्द्रियों को निर्दोष बनाती है और हमें वासना-समुद्र में डूबने नहीं

देती।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सब दोषों से बचाव

युवं कण्वाय नासत्यापिरिप्साय हर्म्ये। शश्वदूतीर्दशस्यथः॥ २३॥

(१) हे नासत्या=असत्यों को दूर करनेवाले प्राणापानो! युवम्=आप हर्म्ये=इस शरीर गृह में अपिरिप्साय=शतशः वासनाओं व रोगों से पीड़ित कण्वाय=मेधावी पुरुष के लिये शश्वत्=सदा ऊतीः=रक्षणों को दशस्यथः=देते हो। (२) प्राणसाधना ही मेधावी पुरुष को रोगों व वासनाओं से बचाती है। प्राणसाधना के अभाव में एक पुरुष रोगों व वासनाओं से आक्रान्त होता ही रहता है।

भावार्थ—प्राणापान 'नासत्या' हैं। वे इस शरीर में हमें वासनाओं व रोगों से आक्रान्त नहीं होने देते।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ऊतिभिः-सुशस्तिभिः

ताभिरा यातमूतिभिर्नव्यसीभिः सुशस्तिभिः। यद्वां वृषण्वसू हुवे॥ २४॥

(१) हे वृषण्वसू=शक्ति का सेचन करनेवाले, धनोंवाले प्राणापानो! यद् वां हुवे=जब मैं आपको पुकारूँ तो आप ताभिः=उन नव्यसीभिः=अतिशयेन स्तुत्य (नु स्तुतौ) ऊतिभिः=रक्षणों के साथ आयातम्=हमें प्राप्त होवो। आप से रक्षित हुए-हुए हम किन्हीं भी रोगों व वासनाओं से आक्रान्त न हों। (२) हे प्राणापानो! हमारा रक्षण करते हुए आप सुशस्तिभिः=प्रशस्त स्थितियों के साथ हमें प्राप्त होवो। प्राणसाधना द्वारा हम सदा प्रशस्त कर्मों को ही करनेवाले बनें।

भावार्थ—प्राणसाधना हमारे जीवनों में शक्तिशाली वसुओं को (धनों को) प्राप्त कराये। हमारा रोगों व वासनाओं के आक्रमण से रक्षण करे। हमारे जीवनों को प्रशस्त बनाये।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'कण्व-प्रियमेध-उपस्तुत-अत्रि-शिञ्जार'

यथा चित्कण्वमावतं प्रियमेधमुपस्तुतम्। अत्रिं शिञ्जारमश्विना॥ २५॥

(१) हे अश्विना=प्राणापानो! यथा चित्=जैसे निश्चय से कण्वम्=मेधावी पुरुष को आवतम्=आप रक्षित करते हो। इसी प्रकार प्रियमेधम्=यज्ञप्रिय मनुष्य को तथा उपस्तुतम्=यज्ञों के द्वारा ही प्रभु-स्तवन व प्रभु-पूजन करनेवाले व्यक्ति को आप (आवतं) रक्षित करते हो। (२) हे प्राणापानो! अत्रिम्=काम-क्रोध-लोभ से दूर रहनेवाले का आप रक्षण करते हो और शिञ्जारम्=सदा प्रभु के गुणों का गान करनेवाले, प्रभु के नामों का उच्चारण करनेवाले को आप रक्षित करते हो। वस्तुतः प्राणसाधना ही हमें 'कण्व, प्रियमेध, उपस्तुत, अत्रि व शिञ्जार' बनाती है।

भावार्थ—प्राणसाधना से हम 'मेधावी, यज्ञशील, स्तुति-प्रवण, काम, क्रोध व लोभ से ऊपर उठे हुए तथा सदा मधुरता से प्रभु के नामों का उच्चारण करनेवाले' बनेंगे।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—आर्चीस्वराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'अंशु-अगस्त्य-सोभरि'

यथोत कृत्व्ये धनेंऽशुं गोष्वगस्त्यम्। यथा वाजेषु सोभरिम्॥ २६॥

(१) **उत यथा**-और जैसे, हे प्राणापानो! आप **कृत्व्ये धने**-पुरुषार्थ से प्राप्त करने योग्य धन में **अंशुम्**-धनों का विभाग करनेवाले को रक्षित करते हो, इसी प्रकार **गोषु**-ज्ञान की वाणियों में **अगस्त्यम्**-(अगं अस्यति) अविद्या-पर्वत को परे फेंकनेवाले को आप रक्षित करते हैं। (२) इन अंशु और अगस्त्य को उसी प्रकार रक्षित करते हैं, **यथा**-जैसे **वाजेषु**-शक्तियों में **सोभरिम्**-अपना उत्तमता से पोषण करनेवाले को आप रक्षित करते हैं।

भावार्थ-प्राणसाधना से (क) हम पुरुषार्थ से धनार्जन करके उस धन को विभक्त करनेवाले बनते हैं, (ख) अविद्या पर्वत को परे फेंकने के लिये हम सदा ज्ञान की वाणियों में चलते हैं, तथा (ग) शक्तियों का सम्पादन करते हुए अपना उत्तमता से भरण करते हैं।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ **देवता**—अश्विनौ॥ **छन्दः**—गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

सुम्नम्

एतावद्वां वृषण्वसू अतो वा भूयो अश्विना। गृणन्तः सुम्नमीमहे॥ २७॥

(१) हे **वृषण्वसू**-शक्ति सेचक धनोंवाले **अश्विना**-प्राणापानो! **वाम्**-आप से **एतावत्**-इतने **सुम्नम्**-आनन्द व रक्षण को **ईमहे**-माँगते हैं। गत मन्त्र के अनुसार हम यही चाहते हैं कि आप से रक्षित होकर हम 'अंशु अगस्त्य व सोभरि' बन पायें। (२) हे प्राणापानो! **गृणन्तः**-स्तुति-वचनों का उच्चारण करते हुए हम **अतः भूयः वा**-इस से भी अधिक आनन्द व रक्षण की कामना करते हैं। आप से रक्षित होकर हम प्रभु को ही प्राप्त करनेवाले बन पायें।

भावार्थ-हे प्राणापानो! आप हमारे जीवनों में वसुओं का वर्षण करते हो। आप से हम उचित रक्षण व आनन्द की याचना करते हैं।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ **देवता**—अश्विनौ॥ **छन्दः**—गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

'हिरण्यवन्धु-हिरण्याभीशु-दिविस्पृश्' रथ

रथं हिरण्यवन्धुरं हिरण्याभीशुमश्विना। आ हि स्थाथो दिविस्पृशम्॥ २८॥

(१) **अश्विना**-हे प्राणापानो! आप **रथम्**-उस शरीर-रथ पर **हि**-निश्चय से **आस्थाथः**-अधिष्ठित होते हो जो **दिविस्पृशम्**-प्रकाश का स्पर्श करनेवाला है, प्रकाशमय है। शरीर-रथ में बुद्धि ही विद्युद्दीप का काम करती है, प्राणापान ही इस बुद्धि को बड़ा तीव्र बनाते हैं। (२) प्राणापान उस शरीर-रथ पर स्थित होते हैं जो **हिरण्यवन्धुरम्**-ज्योतिर्मय व सुन्दर है, ज्योति के कारण बड़ा सुन्दर है और **हिरण्याभीशुम्**-हितरमणीय मनरूप लगामवाला है।

भावार्थ-प्राणसाधना से यह शरीर-रथ 'ज्योतिर्मय सुन्दर, उत्तम मन रूप लगामवाला तथा बुद्धि के कारण उज्ज्वल' बनता है।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ **देवता**—अश्विनौ॥ **छन्दः**—निचृद् गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

हिरण्यय रथ

हिरण्ययी वां रभिरीषा अक्षो हिरण्ययः। उभा चक्रा हिरण्यया॥ २९॥

(१) हे प्राणापानो! **वाम्**-आपका **ईषा**-रथ का दण्ड **रभिः**-दृढ़ वा **हिरण्ययी**-तेजस्विता से दीप्त है। इस शरीर में हाथ ही ईषा स्थानापन्न हैं, ये दृढ़ व तेजो दीप्त हैं। आपके रथ का **अक्षः**-(axle) धुरा भी **हिरण्ययः**-तेजो दीप्त है, रीढ़ की हड्डी पृष्ठवंश ही अक्ष है। वह पूर्ण स्वस्थ है। (२) इस रथ के **उभा चक्रा**- दोनों चक्र **हिरण्यया**-स्वर्ण के समान चमकते हुए हैं। स्थूल शरीर (अन्नमयकोश) एक चक्र है, तो मस्तिष्क (विज्ञानमयकोश) दूसरा चक्र है। ये

दोनों ही शक्ति व ज्योति से चमक रहे हैं।

भावार्थ–प्राणसाधना के होने पर इस शरीर-रथ की 'ईषा, अक्ष व दोनों चक्र' हिरण्यय, दीप्त होते हैं। सारा रथ ही चमक उठता है।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु-स्मरण के साथ प्राणायाम

तेन नो वाजिनीवसू परावतश्चिदा गतम्। उपेमां सुष्टुतिं मम॥ ३०॥

(१) हे **वाजिनीवसू**-शक्तिरूप धनोंवाले प्राणापानो! **तेन**=गत मन्त्र में वर्णित उस हिरण्यय-रथ के हेतु से **परावतः चित्**=सुदूर देश से भी **नः आगतम्**-हमें प्राप्त होवो। अर्थात् हम किन्हीं भी सांसारिक कार्यों में कितने भी उलझे हों, प्राणायाम (प्राणसाधना) को कभी उपेक्षित न करें। सब कार्यों को छोड़कर भी समय पर प्राणसाधना अवश्य करें। (२) हे प्राणापानो! आप **मम**=मेरी **इमाम्**=इस **सुष्टुतिम्**-उत्तम स्तुति को **उप**=समीपता से प्राप्त होवो। मैं प्राणसाधना करता हुआ प्रभु का स्तवन करूँ।

भावार्थ–हम प्रतिदिन अन्य कार्यों में उलझे हुए होने पर भी प्राणसाधना अवश्य करें। प्राणायाम करते हुए प्रभु का स्मरण भी करें।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्राणसाधना व सात्विक भोजन

आ वहेथे पराकात्पूर्वीरश्नन्तावश्विना। इषो दासीरमर्त्या॥ ३१॥

(१) हे **अमर्त्या अश्विना**=हमें न मरने देनेवाले प्राणापानो! आप **दासीः**=रोगों का उपक्षय करनेवाले **पूर्वीः**=हमारा पालन व पूरण करनेवाले **इषः**=अन्नों को **अश्वन्तौ**=खाते हुए इन 'अनमीव शुष्मी' नीरोगता को देनेवाले व शक्ति का पूरण करनेवाले अन्नों का सेवन करते हुए **पराकात्**=दूरदेश से भी **आवहेथे**=लक्ष्य-स्थान पर पहुँचाते हो। (२) प्राणसाधना के साथ 'युक्ताहार-विहार' भी अत्यन्त आवश्यक है, भोजन के अतियम से प्राणसाधना लाभप्रद नहीं रहती। नीरोगता को देनेवाले व शक्ति का पूरण करनेवाले अन्नों का सेवन आवश्यक है। इस प्रकार भोजन के नियम के साथ प्राणसाधना चली तो यह हमें अवश्य लक्ष्य-स्थान पर पहुँचायेगी। चाहे हम कितना भी लक्ष्य से दूर हों, यह साधना हमें उन्नत करते हुए लक्ष्य पर पहुँचायेगी ही।

भावार्थ–हम प्राणसाधना में प्रवृत्त हों। इस साधना के साथ भोजन का भी नियम रखें। ऐसा करने पर हम कितना भी दूर हों, अवश्य लक्ष्य-स्थान पर पहुँचेंगे ही।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शक्ति-ज्ञान-धन

आ नो द्युम्नैरा श्रवोभिरा राया यातमश्विना। पुरुश्चन्द्रा नासत्या॥ ३२॥

(१) हे **अश्विना**=कर्मों में व्याप्त होनेवाले प्राणापानो! आप **नः**=हमें **द्युम्नैः आयातम्**=शक्तियों के साथ **आयातम्**=प्राप्त होवो। (द्युम्नं=energy, strength, power)। हे **पुरुश्चन्द्रा**=खूब ही आह्लादित करनेवाले प्राणापानो! आप **श्रवोभिः**=ज्ञानों के साथ (आ-) हमें प्राप्त होवो। वस्तुतः ज्ञान के द्वारा ही आप अविद्यान्धकार को व वासनाओं को विनष्ट करके हमें आनन्दित करते हो। (२) हे **नासत्या**=सब असत्यों को दूर करनेवाले प्रभो! आप **राया**=धनों के साथ (आ) हमें प्राप्त होवो। वस्तुतः प्राणसाधना को करते हुए हम पवित्र साधनों से ही धनों को प्राप्त करते हैं।

भावार्थ–प्राणसाधना हमें शक्ति, ज्ञान व धनों को प्राप्त कराती है। इस से हम 'कर्मशील (अश्विना), आनन्दमय (पुरुश्चन्द्रा) व सत्यशील (न सत्या)' बनते हैं।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'प्रुषितप्सवः-पर्णिनः' वयः

एह वां प्रुषितप्सवो वयो वहन्तु पर्णिनः। अच्छा स्वध्वरं जनम्॥ ३३॥

(१) हे प्राणापानो! **इह**–यहाँ **वाम्**–आप दोनों को **वयः**–इन्द्रियरूप अश्व **स्वध्वरम्**–हिंसारहित यज्ञशील **जनम्**–मनुष्य के **अच्छा**–ओर **आ वहन्तु**–प्राप्त कराये। अर्थात् हम सदा प्राणसाधना में प्रवृत्त हों। (२) वे इन्द्रियाश्व हमें प्राणसाधना में प्रवृत्त करें, जो **प्रुषितप्सवः**–शक्ति-सिक्त रूपवाले हैं अर्थात् तेजस्विता से चमकते हुए रूपवाले हैं। तथा **पर्णिनः**–(पर्ण–पॄ पालनपूरणयोः) जो इन्द्रियाश्व सब न्यूनताओं से रहित होकर अपना शक्ति से पूरण करनेवाले हैं।

भावार्थ–हम प्राणसाधना के द्वारा इन्द्रियों को तेजो दीप्त तथा शक्ति से पूर्ण बनायें।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'शत्रुओं से अनाक्रान्त' रथ

रथं वामनुगायसं य इषा वर्तते सह। न चक्रमभि बाधते॥ ३४॥

(१) हे प्राणापानो! **वां रथम्**–आपके रथ को **चक्रम्**–रोगों व वासनारूप शत्रुओं का समूह **न अभिबाधते**–पीड़ित नहीं करता। अतएव आपका यह रथ **अनुगायसम्**–प्रशंसनीय–स्तुत्य है अथवा लक्ष्य के अनुकूल गतिवाला है। (२) यह रथ वह है **यः**–जो **इषा सह वर्तते**–प्रभु की प्रेरणा के साथ है, अर्थात् जो रथ प्रभु प्रेरणा के अनुसार ही गतिवाला है। यह रथ सदा प्रभु प्रेरणा से प्रदर्शित मार्ग पर चलता है।

भावार्थ–प्रामसाधना से यह शरीर–रथ रोगों व वासनाओं से बाधित नहीं होता। यह साधना हमें प्रभु प्रेरणा के सुनने योग्य बनाती है।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'शरीर, इन्द्रियों व बुद्धि' का परिमार्जन

हिरण्ययेन रथेन द्रवत्पाणिभिरश्वैः। धीजवना नासत्या॥ ३५॥

(१) हे **नासत्या**–सब असत्यों को दूर करनेवाले प्राणापानो! आप **हिरण्ययेन रथेन**–हितरमणीय व ज्योतिर्मय शरीर–रथ से तथा **द्रवत् पाणिभिः**–कर्मों में शीघ्रता से प्रवृत्त हाथोंवाले **अश्वैः**–इन्द्रियाश्वों से **धीजवना**–हमारे जीवनों में बुद्धि व कर्मों को प्रेरित करनेवाले हो। (२) प्राणसाधना से शरीर तेजस्वी बनता है, इन्द्रियाश्व स्फूर्तिवाले बनते हैं। शरीर में बुद्धि व कर्मों की प्रेरणा होती है।

भावार्थ–प्राणसाधना 'शरीर, इन्द्रियों व बुद्धि' को उत्तम बनाती है।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'मृग जागृवान्' का मधुर-जीवन

युवं मृगं जागृवांसं स्वदथो वा वृषण्वसू। ता नः पृङ्क्तमिषा रयिम्॥ ३६॥

(१) हे प्राणापानो! **युवम्**–आप दोनों **वृषण्वसू**–शक्ति रूप धनोंवाले हो। आप **मृगम्**–आत्मान्वेषण करनेवाले **वा**–और **जागृवांसम्**–सदा जागरित, सावधान, विषयों में न फँसनेवाले

पुरुष को **स्वदथः**=स्वादयुक्त, मधुर-जीवनवाला बनाते हो। (२) **ता**=वे आप दोनों **नः**=हमारे लिये **इषा**=प्रभु-प्रेरणा के साथ **रयिम्**=धन को **पृङ्क्तम्**=सम्पृक्त करो। हम पवित्र हृदय बनकर प्रभु-प्रेरणा को सुननेवाले बनें। यह प्रेरणा ही हमें धनों के दुरुपयोग से बचानेवाली होगी।

भावार्थ—प्राणसाधना से हम आत्मान्वेषण करनेवाले सदा सावधान बनकर मधुर जीवनवाले बनते हैं। यह प्राणसाधना हमें प्रभु-प्रेरणा के साथ धनों को प्राप्त कराती है।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ **देवता**—अश्विनौ, चैद्यस्य कशोर्दानस्तुतिः॥ **छन्दः**—निचृद् बृहती॥ **स्वरः**—मध्यमः॥

चैद्यः कशुः

ता मे अश्विना सनीनां विद्यातं नवानाम्।
यथा चिच्चैद्यः कशुः शतमुष्ट्रानां ददत्सहस्रा दश गोनाम्॥ ३७॥

(१) **ता अश्विना**=वे प्राणापान **मे**=मेरे लिये **नवानाम्**=स्तुत्य (नु स्तुतौ) **सनीनाम्**=प्राप्तियों का **विद्यातम्**=ज्ञान दें। इन प्राणापान की साधना से मुझे अन्नमय आदि सब कोशों का उत्तम ऐश्वर्य प्राप्त हो। (२) प्राणापान का ऐसा अनुग्रह हो कि **यथा**=जिस से **चित्**=निश्चयपूर्वक **चैद्यः**=(चित् एव चैद्यः) ज्ञानस्वरूप **कशुः**=(कश गतिशासनयोः) सर्वत्र क्रियावाला सर्वशासक प्रभु **शतम्**=शतवर्षपर्यन्त **उष्ट्रानाम्**=(उष् दाहे) दोषदहन शक्तियों का **ददत्**=देनेवाला हो तथा **गोनाम्**=इन ज्ञान की वाणियों के **दश सहस्रा**=दस हजारों को (=ऋग्वेदस्थ १० हजार मन्त्रों को) वे प्रभु हमारे लिये देनेवाले हों। यह ज्ञानाग्नि ही तो कर्म-दोषों को भस्म करके उन्हें पवित्र करेगी।

भावार्थ—प्राणापान की साधना से सब कोशों का ऐश्वर्य प्राप्त हो। शतवर्षपर्यन्त दोषदहन शक्ति मिले। तथा कर्मदोषों को भस्म करनेवाली ज्ञान-वाणियाँ प्राप्त हों।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ **देवता**—चैद्यस्य कशोर्दानस्तुतिः॥ **छन्दः**—निचृद् बृहती॥ **स्वरः**—मध्यमः॥

दस राजाओं की प्राप्ति (राजा=प्राण)

यो मे हिरण्यसंदृशो दश राज्ञो अमंहत।
अधस्पदा इच्चैद्यस्य कृष्टयश्चर्म्मम्ना अभितो जनाः॥ ३८॥

(१) **यः**=जो प्रभु **मे**=मेरे लिये **दश**=दस **हिरण्यसन्दृशः**=स्वर्ण के समान देदीप्यमान, तेजस्वी **राज्ञः**=जीवन को व्यवस्थित (regulated) करनेवाले, जीवन के शासक प्राणों को **अमंहत**=देते हैं। **इत्**=निश्चय से उस **चैद्यस्य**=(चित् एव चैद्यः) सर्वज्ञ प्रभु के **कृष्टयः**=सब मनुष्य **अधस्पदाः**=पावों के नीचे हैं, अर्थात् उसके अधीन हैं, उसी के शासन में चल रहे हैं। (२) सामान्यतः **अभितः**=सब ओर **जनाः**=लोग **चर्मम्नाः**=(म्ना अभ्यासे) चर्मवेष्टित इस देह को बार-बार लेनेवाले हैं। ये देह प्रभु की कर्मव्यवस्था के अनुसार ही इन लोगों को लेने पड़ते हैं। जब कभी प्रभु का साक्षात्कार होता है, तभी यह देह-बन्धन समाप्त होता है।

भावार्थ—प्रभु हमें दश प्राणों को प्राप्त कराते हैं। वे सर्वज्ञ प्रभु सब जीवों को अपनी आधीनता में ले चल रहे हैं। जब तक प्रभु-दर्शन नहीं होता, तब तक बारम्बार यह शरीर लेना ही पड़ता है।

ऋषिः—ब्रह्मातिथिः काण्वः॥ देवता—चैद्यस्य कशोर्दानस्तुतिः॥ छन्दः—आर्षीनिचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

ज्ञानियों का दुर्गम मार्ग

माकिरेना पथा गाद्येनेमे यन्ति चेदयः। अन्यो नेत्सूरिरोहते भूरिदावत्तरो जनः॥ ३९॥

(१) **येन**=जिस मार्ग से **इमे**=ये **चेदयः**=(चित् का अपत्य चेदि) ज्ञानी पुरुष **यन्ति**=जाते हैं, एना **पथा**=इस मार्ग से **माकिः गात्**=सामान्य पुरुष नहीं जा पाता। (२) **अन्यः**=सामान्य मनुष्य **न इत्**=नहीं ही इस पर चल पाता। **सूरिः**=ज्ञानी ही **ओहते**=इस मार्ग पर आगे बढ़ता है। यह ज्ञानी **भूरिदावत्तरः**=खूब ही दानशील होता है। भोगवृत्ति से ऊपर उठा होने के कारण यह खूब दे पाता है। और इसीलिए **जनः**=उत्तरोत्तर अपनी शक्तियों का विकास करनेवाला होता है। सामान्य मनुष्य प्रभु की ओर न चलकर प्रकृति की ओर चलता है। उसकी आवश्यकताएँ बढ़ती जाती हैं। वह उन्हीं के भार से दब जाता है। इसके गुणों का विकास नहीं हो पाता। ज्ञानी प्रभु के मार्ग पर चलता है, सामान्य मनुष्य इस मार्ग पर नहीं ही चलता।

भावार्थ—जिस मार्ग पर ज्ञानी चलते हैं, वह प्रभु प्राप्ति का मार्ग सामान्य मनुष्य के लिये बड़ा कठिन होता है। ज्ञानी ही उस पर चलकर दानशील व अपनी शक्तियों का विकास करनेवाले होते हैं।

इस मार्ग पर चलनेवाला यह 'काण्व'=मेधावी पुरुष प्रभु का प्रिय 'वत्स' होता है। यह 'वत्स काण्व' ही अगले सूक्त का ऋषि है—

द्वितीयोऽनुवाकः

६. [षष्ठं सूक्तम्]

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ओजस्विता से महान्

महाँ इन्द्रो य ओजसा पर्जन्यो वृष्टिमाँइव। स्तोमैर्वत्सस्य वावृधे॥ १॥

(१) **यः इन्द्रः**=जो परमैश्वर्यशाली प्रभु हैं, वे **ओजसा महान्**=अपनी ओजस्विता से महान् हैं। अपने सब कार्यों को करने का उनमें पूर्ण सामर्थ्य है। वे सर्वशक्तिमान् प्रभु **वृष्टिमान् पर्जन्यः इव**=वृष्टि करनेवाले बादल के समान हैं। वे सब के सन्ताप को हरनेवाले व सब इष्टों को प्राप्त करानेवाले हैं। (२) ये प्रभु **वत्सस्य**=(वदति) इस स्तोत्रों का उच्चारण करनेवाले प्रिय स्तोता के **स्तोमैः**=स्तुति समूहों से **वावृधे**=खूब ही बढ़ाये जाते हैं। अर्थात् स्तोता प्रभु का खूब ही स्तवन करता है, प्रभु के गुणों का सर्वत्र प्रख्यापन करता है।

भावार्थ—प्रभु अपनी ओजस्विता से महान् हैं। सब काम्य पदार्थों का वर्षण करनेवाले हैं। प्रभु प्रिय लोग सर्वत्र प्रभु-स्तवन द्वारा प्रभु की महिमा का प्रख्यापन करते हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विप्र

प्रजामृतस्य पिप्रतः यद्भरन्त वह्नयः। विप्रा ऋतस्य वाहसा॥ २॥

(१) **ऋतस्य**=ऋत का, सत्य वेद ज्ञान का **पिप्रतः**=अग्नि आदि ऋषियों के हृदय में पूरण करनेवाले प्रभु की **प्रजाम्**=प्रजा को **यत्**=जब **प्र भरन्त**=प्रकर्षेण धारण करनेवाले होते हैं, तो

ये **वह्नयः**-इस प्रजा-पोषण के भार का वहन करनेवाले लोग, **ऋतस्य वाहसा**-स्वयं अपने अन्दर ऋत का वहन करने के कारण **विप्राः**-अपना विशेषरूप से पूरण करनेवाले ज्ञानी कहलाते हैं। (२) एवं विप्रों के दो मुख्य लक्षण हैं कि-(क) प्रभु की प्रजा का ये पालन करते हैं और (ख) इस पालन की क्रिया को सम्यक् कर सकने के लिये ये सत्य वेदज्ञान को धारण करते हुए अपना विशेषरूप से पूरण करते हैं।

भावार्थ-विप्र वे हैं जो-(१) प्रभु की प्रजा का पालन करें और (२) ज्ञान के धारण से अपनी न्यूनताओं को दूर करें।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु का संरक्षण

कण्वा इन्द्रं यदक्रत स्तोमैर्यज्ञस्य साधनम् जामि ब्रुवत आयुधम्॥ ३॥

(१) **कण्वाः**-मेधावी पुरुष **यद्**-जब **इन्द्रम्**-उस सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभु को **स्तोमैः**-स्तुति समूहों के द्वारा **यज्ञस्य साधनम्**-अपने सब उत्तम कर्मों का सिद्ध करनेवाला **अक्रत**-कर लेते हैं, तो वे **आयुधम्**-इन बाह्य अस्त्र-शस्त्रों को **जामि ब्रुवते**-व्यर्थ ही कहते हैं। (२) प्रभु जब रक्षक हैं तो इन अस्त्रों की बहुत उपयोगिता नहीं रह जाती। प्रभु के रक्षण के प्रकार अद्भुत ही हैं। प्रभु-विश्वासी प्रयत्न में कमी नहीं रखता और सफलता उसे प्रभु अवश्य ही प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ-प्रभु के संरक्षण के होने पर बाह्य अस्त्र-शस्त्र व्यर्थ हो जाते हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

नम्रता से ज्ञान प्राप्ति

समस्य मन्यवे विशो विश्वा नमन्त कृष्टयः। समुद्रायेव सिन्धवः॥ ४॥

(१) **अस्य मन्यवे**-इस प्रभु के ज्ञान के लिये **विश्वाः**-सब **विशः**-संसार में प्रवेश करनेवाली **कृष्टयः**-श्रमशील प्रजायें **संनमन्त**-इस प्रकार नतमस्तक होती हैं, **इव**-जिस प्रकार **समुद्राय**-समुद्र के लिये **सिन्धवः**-नदियाँ। (२) नदियाँ निम्न मार्ग से जाती हुई समुद्र को प्राप्त करती हैं। इसी प्रकार प्रजायें नम्रता को धारण करती हुई प्रभु से दिये जानेवाले ज्ञान को प्राप्त करती हैं। ज्ञान प्राप्ति के लिये नम्रता ही मुख्य साधन है।

भावार्थ-हम नम्रता को धारण करते हुए प्रभु से दिये जानेवाले वेदज्ञान को प्राप्त करें।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञान+शक्ति=ओजस्विता

ओजस्तदस्य तित्विष उभे यत्समवर्तयत्। इन्द्रश्चर्मेव रोदसी॥ ५॥

(१) **इन्द्रः**-एक जितेन्द्रिय पुरुष **चर्म इव**-चर्म की तरह **यत्**-जब **उभे रोदसी**-दोनों द्यावापृथिवी को **समवर्तयत्**-ओढ़ लेता है, मस्तिष्क रूप द्युलोक तथा शरीर रूप पृथिवीलोक दोनों का धारण करता है, **तत्**-तो **अस्य ओजः**-इस जितेन्द्रिय पुरुष का ओज (शक्ति) **तित्विष**-चमक उठती है। (२) ओजस्विता केवल शरीर की शक्ति से नहीं, अपितु मस्तिष्क के ज्ञान के भी होने पर चमकती है। 'शरीर की शक्ति व मस्तिष्क के ज्ञान' दोनों के ही धारण की आवश्यकता है। ये दोनों सम्मिलित रूप से धारण किये जाने पर इस रूप में हमारे रक्षक होते हैं, जैसे एक ढाल। ढाल के द्वारा योद्धा अपना रक्षण करता है। ये शक्ति व ज्ञान इस उपासक के लिये ढाल का काम

देते हैं।

भावार्थ–शरीर की शक्ति व मस्तिष्क के ज्ञान दोनों को सम्मिलित रूप से धारण करने पर हम ओजस्वी बनते हैं। यह ओजस्विता ही हमारा रक्षण करनेवाली ढाल होती है।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'शतपर्व-वृष्णी' वज्र

वि चिद् वृत्रस्य दोधतो वज्रेण शतपर्वणा। शिरो बिभेद वृष्णिना॥ ६॥

(१) गत मन्त्र में वर्णित **इन्द्र**–जितेन्द्रिय पुरुष **दोधतः**–(दुध) हमारा विनाश करनेवाली **वृत्रस्य**–ज्ञान की आवरणभूत वासना के **शिरः**–सिर का **चित्**–निश्चय से **वज्रेण**–क्रियाशीलतारूप वज्र के द्वारा **विबिभेद**–विदारण कर देता है। क्रियाशीलता हमारे पर वासना के आक्रमण को नहीं होने देती। (२) यह क्रियाशीलतारूप वज्र **वृष्णिना**–बड़ा प्रबल है, हमारे में शक्ति का सेचन करनेवाला है। तथा **शतपर्वणाः**–शतवर्षपर्यन्त हमारा पूरण करनेवाला है। क्रियाशीलता से शक्ति बनी रहती है और सौ वर्ष का पूर्ण जीवन प्राप्त होता है।

भावार्थ–एक जितेन्द्रिय पुरुष क्रियाशील बना रहकर वासना का विनाश करनेवाला बनता है। इससे वह शक्ति-सम्पन्न व शतवर्षपर्यन्त जीनेवाला होता है।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उपासना से दीप्त जीवन की प्राप्ति

इमा अभि प्र णोनुमो विपामग्रेषु धीतयः। अग्नेः शोचिर्न दिद्युतः॥ ७॥

(१) **विपाम्**–मेधावी पुरुषों में **अग्रेषु**–प्रमुख स्थान में स्थित व्यक्तियों में जो **इमाः**–ये **धीतयः**–(devotion) उपासनायें हैं उनके प्रति **अभि प्रणोनुमः**–हम बारम्बार नतमस्तक होते हैं। इन उपासनाओं का हम आदर करते हैं। वस्तुतः ये उपासनायें ही उन्हें 'विप्' (मेधावी) बनाती हैं, मेधावियों में भी अग्र–स्थान में स्थित करती हैं। (२) ये उपासनायें **अग्नेः शोचिः न**–अग्नि की दीप्ति के समान **दिद्युतः**–चमकती हैं। उपासनाओं से इन मेधावी पुरुषों का जीवन चमक उठता है।

भावार्थ–मेधावी पुरुषों से की जानेवाली उपासनाओं का हम आदर करते हैं। ये उपासनायें ही उनके जीवनों को अग्नि की दीप्ति के समान दीप्त करती हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

हृदय से की गई उपासना व दीप्ति

गुहा सतीरुप त्मना प्र यच्छोचन्त धीतयः। कण्वा ऋतस्य धारया॥ ८॥

(१) **गुहा सतीः**–हृदयरूप गुहा के अन्दर होती हुई **धीतमः**–ये उपासनायें **यत्**–जब **त्मना उप**–आत्मा की समीपता में **शोचन्त**–दीप्त होती हैं, तो **कण्वाः**–मेधावी पुरुष **ऋतस्य**–सत्य की, सत्य ज्ञान को प्रकट करनेवाली **धारया**–वाणी से (शोचन्त–)दीप्त हो उठते हैं। (२) हृदय में प्रभु का ध्यान करने पर उपासनायें प्रभु की दीप्ति से दीप्त हो उठती हैं। इस प्रभु के द्वारा सत्य ज्ञान को प्राप्त करके उस ज्ञान को प्रकट करनेवाली वाणी से मेधावी पुरुष भी चमक उठते हैं।

भावार्थ–हृदय के अन्तस्तल से की गई उपासनायें प्रभु की दीप्ति से उपासक को दीप्त करनेवाली होती हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'गोमान् अश्वी' रयि

प्र तमिन्द्र नशीमहि रयिं गोमन्तमश्विनम्। प्र ब्रह्म पूर्वचित्तये॥ ९॥

(१) हे **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **तं रयिम्**=उस ज्ञानैश्वर्य को व धन को हम **प्र नशीमहि**=प्राप्त करें, जो **गोमन्तम्**=प्रशस्त ज्ञानेन्द्रियोंवाला है तथा **अश्विनम्**=प्रशस्त कर्मेन्द्रियोंवाला है। हम धन का इस प्रकार से विनियोग करें कि वह इन्द्रियों को प्रशस्त ही बनानेवाला हो। किसी प्रकार से इन्द्रियों की शक्ति में जीर्णता न आ जाये। (२) हम **ब्रह्म**=परमात्मा को **प्र**-(नशीमहि) प्राप्त करें ताकि **पूर्वचित्तये**=हम उस चेतना व ज्ञान के लिये हों जो हमारा पालन व पूरण करता है। हृदयस्थ ब्रह्म ने ही तो हमें यह ज्ञान देना है।

भावार्थ—धन का हम ऐसा विनियोग करें कि हमारी इन्द्रियाँ प्रशस्त शक्तिवाली ही बनें। ब्रह्म का ध्यान करें, ये प्रभु ही उस चेतना को प्राप्त करायेंगे, जो हमारा पूरण करनेवाली होगी।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सूर्य के समान

अहमिद्धि पितुष्परि मेधामृतस्य जग्रभ। अहं सूर्यइवाजनि॥ १०॥

(१) **अहम्**=मैं **इत् हि**=निश्चय से **पितुः**=अपने पिता प्रभु से **ऋतस्य**=सत्य ज्ञान की **मेधाम्**=बुद्धि को **परिजग्रभ**=ग्रहण करूँ। प्रभु की उपासना करता हुआ हृदयस्थ प्रभु से प्रकाश को प्राप्त करूँ। (२) इस प्रकाश को प्राप्त करके **अहम्**=मैं **सूर्य इव**=सूर्य की तरह **अजनि**=हो गया हूँ। प्रभु से दिया हुआ प्रकाश इस प्रकार मुझे चमका देता है जैसे सूर्य।

भावार्थ—हम प्रभु का ध्यान करें। हृदयस्थ प्रभु से प्रकाश को प्राप्त करें। यह प्रकाश हमें सूर्यवत् दीप्त करनेवाला होगा।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सनातन ज्ञान से बल की प्राप्ति

अहं प्रत्नेन मन्मना गिरः शुम्भामि कण्ववत्। येनेन्द्रः शुष्ममिद्दधे॥ ११॥

(१) गत मन्त्र के अनुसार मैं प्रभु से प्रकाश को प्राप्त करता हूँ। **अहम्**=मैं **प्रत्नेन मन्मना**=इस सनातन (पुराणे) सदा सृष्टि के प्रारम्भ में दिये जानेवाले ज्ञान से **गिरः शुम्भामि**=अपनी वाणियों को ऐसे अलंकृत करता हूँ **कण्ववत्**=जैसे एक मेधावी पुरुष किया करता है। वस्तुतः यह सनातन ज्ञान ही मुझे मेधावी बनाता है। (२) उस ज्ञान से मैं अपनी वाणियों को अलंकृत करता हूँ **येन**=जिससे **इन्द्रः**=एक जितेन्द्रिय पुरुष **इत्**=निश्चय से **शुष्मम्**=शत्रु-शोषक बल को **दधे**=धारण करता है। इस ज्ञानाग्नि से ही इन्द्र सब असुरों को दग्ध करनेवाला होता है।

भावार्थ—सनातन वेदज्ञान मेरी वाणियों को अलंकृत करे। इस ज्ञान के द्वारा जितेन्द्रिय बनता हुआ मैं सब वासनारूप शत्रुओं के शोषक बल को धारण करूँ।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वर्धस्व सुष्टुतः

ये त्वामिन्द्र न तुष्टुवुर्ऋषयो ये च तुष्टुवुः। ममेदुग्रं वर्धस्व सुष्टुतः॥ १२॥

(१) हे **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! ऐसे भी लोग हैं **ये**=जो **त्वाम्**=आपको **न तुष्टुवु**=स्तुत

नहीं करते। प्रकृति के भोगों में फँसे हुए, उन्हीं के जुटाने में यत्नशील वे संसार को ईश्वररहित नहीं कहते हैं। आपकी सत्ता से ही इनकार करते हैं। **च**-और इनके विपरीत वे **ऋषयः**-तत्त्वद्रष्टा पुरुष भी हैं **ये**-जो आपका **तुष्टुवुः**-स्तवन करते हैं, सब कार्यों को आपसे ही होता हुआ जानते हैं। (२) इस प्रकार द्विविध लोगों को देखता हुआ मैं तो आपका स्तवन करनेवाला ही बनूँ। **मम**-मेरे तो **इत्**-निश्चय से **सुष्टुतः**-उत्तमता से स्तुत हुए-हुए आप **वर्धस्व**-(वर्धयस्व) वृद्धि का कारण बनें। मैं आपका स्तवन करता हुआ आप जैसा बनने का यत्न करूँ और इस प्रकार वृद्धि को प्राप्त होऊँ।

भावार्थ-प्राकृतिक भोगों में फँसे हुए लोग ईश्वर का स्मरण नहीं करते। तत्त्वद्रष्टा ऋषि प्रभु की स्तुति करते हैं। मैं प्रभु-स्तवन करता हुआ वृद्धि को प्राप्त करूँ।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

अपः समुद्रं ऐरयत्

यदस्य मन्युरध्वनीद्वि वृत्रं पर्वशो रुजन्। अपः समुद्रमैरयत्॥ १३॥

(१) **यत्**-जब **अस्य**-इस प्रभु का **मन्युः**-यह वेदज्ञान **अध्वनीत्**-हमारे जीवनों में शब्दायमान होता है तो यह **ज्ञान वृत्रम्**-ज्ञान की आवरणभूत वासना को **पर्वशः**-पोरी-पोरी करके **रुजन्**-भग्न करनेवाला होता है। ज्ञान-वासना का खण्डन कर देता है। (२) यह ज्ञानी पुरुष **अपः**-सब कर्मों को **समुद्रम्**-उस आनन्दमय प्रभु की ओर **ऐरयत्**-प्रेरित करता है। जिस-जिस कर्म को यह ज्ञानी करता है, उसे प्रभु के अर्पण करता चलता है।

भावार्थ-प्रभु से दिया गया ज्ञान यदि हमारे हृदयों में आता है तो सब वासनाओं का विनाश कर देता है। यह ज्ञानी सब कर्मों को प्रभु के अर्पण करता है।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—निचृद् गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

शुष्ण पर वज्र-प्रहार

नि शुष्णं इन्द्र धर्णसिं वज्रं जघन्थ दस्यवि। वृषा ह्युग्र शृण्विषे॥ १४॥

(१) हे **इन्द्र**-शत्रु-विनाशक प्रभो! आप **शुष्णे**-हमारा शोषण करनेवाले **दस्यवि**-काम-वासनारूप दस्यु पर **धर्णसिम्**-हमारा धारण करनेवाले **वज्रम्**-क्रियाशीलतारूप वज्र को **निजघन्थ**-प्रहृत करते हो। अर्थात् आप क्रियाशीलतारूप वज्र के द्वारा वासना का विनाश करते हो। (२) हे **उग्र**-तेजस्विन् अथवा शत्रु-भयंकर प्रभो! आप **हि**-निश्चय से **वृषा**-अत्यन्त शक्तिशाली **शृण्विषे**-सुने जाते हैं। आपकी उपासना से शक्तिशाली बनकर मैं भी इन शत्रुओं का संहार करनेवाला बनता हूँ।

भावार्थ-प्रभु हमारे वासनारूप शत्रुओं पर क्रियाशीलतारूप वज्र का प्रहार करते हैं। वे प्रभु शक्तिशाली हैं, उपासक को भी शक्तिशाली बनाते हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

पादोऽस्य विश्वा भूतानि

न द्याव इन्द्रमोजसा नान्तरिक्षाणि वज्रिणम्। न विव्यचन्त भूमयः॥ १५॥

(१) **इन्द्रम्**-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु को **द्यावः**-ये द्युलोक **ओजसा**-अपनी ओजस्विता से **न विव्यचन्त**-(व्यच समवाये) घेर नहीं पाते। **वज्रिणम्**-उस वज्रहस्त प्रभु को **न अन्तरिक्षाणि**-ना ही अन्तरिक्षलोक (विव्यचन्त-) घेर पाते हैं। प्रभु इन द्युलोक व अन्तरिक्ष लोकों से बहुत बड़े हैं, ये तो प्रभु के एक देश में स्थित हैं। (२) **भूमयः**-ये पृथिवीलोक भी

न विव्यचन्त-उस प्रभु को नहीं घेर सकते।

भावार्थ-प्रभु त्रिलोकी से बहुत विशाल हैं ये तीनों लोक प्रभु के एकदेश में स्थित हैं।

सूचना-यहाँ 'द्यावः, अन्तरिक्षाणि, भूमयः' ये बहुवचनान्त प्रयोग कई सौर लोकों के होने की सूचना दे रहे हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोमरक्षण-सन्मार्ग पर गमन-मुक्ति

यस्त इन्द्र महीरपः स्तभ्नूयमान आशयत्। नि तं पद्यासु शिश्नथः॥ १६॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! यः-जो ते-तेरे महीः अपः-इन महत्त्वपूर्ण रेतःकण रूप जलों को स्तभ्नूयमानः-शरीर में ही थामता हुआ आशयत्-निवास करता है अथवा उन रेतःकणों को शरीर में ही निवास कराता है, तम्-उस पुरुष को आप पद्यासु-मार्गों में ही स्थापित करते हुए निशिश्वथः-(Liberate) निश्चय से मुक्त करते हो। (२) प्रभु ने शरीर में रेतःकणों को जन्म दिया है। जो भी व्यक्ति इन्हें शरीर में सुरक्षित करता है, वह मार्ग-भ्रष्ट नहीं होता और अन्ततः मुक्ति को प्राप्त करता है।

भावार्थ-सोमरक्षण से सन्मार्ग पर चलते हुए हम मोक्ष का लाभ करते हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मही समीची रोदसी

य इमे रोदसी मही समीची समजग्रभीत्। तमोभिरिन्द्र तं गुहः॥ १७॥

(१) यः-जो इमे-इन मही-महत्त्वपूर्ण समीची-सम्यक् व सम्मिलित गतिवाले रोदसी-द्यावा-पृथिवी को, मस्तिष्क व शरीर को समजग्रभीत्-ग्रहण करता है। हे इन्द्र-शत्रुओं को विनष्ट करनेवाले प्रभो! तम्-उस पालक को आप तमोभिः-(तमोभ्यः) अन्धकारों से गुहः-बचाते हैं, छिपाकर रखते हैं। अन्धकार उसपर आक्रमण नहीं कर पाते।

भावार्थ-हम मस्तिष्क व शरीर दोनों को मिलाकर चलें। प्रभु हमें अन्धकारों से बचायेंगे।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

यतयः-भृगवः

य इन्द्र यतयस्त्वा भृगवो ये च तुष्टुवुः। ममेदुग्र श्रुधी हवम्॥ १८॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! ये यतयः-जो यति हैं, संयमी पुरुष हैं, ये च-और जो भृगवः-ज्ञान से अपना परिपाक करनेवाले हैं, वे त्वा तुष्टुवुः-आपका स्तवन करते हैं। (२) हे उग्र-तेजस्विन् प्रभो! मम इत्-मेरे भी हवम्-पुकार को, प्रार्थना को श्रुधि-आप सुनिये। मैं भी आपका आराधक बनूँ। यति व भृगु बनकर आपकी उपासना करनेवाला बनूँ।

भावार्थ-हम संयमी व ज्ञानी बनकर प्रभु का स्तवन करें। यह स्तवन ही वस्तुतः हमें संयम व ज्ञान-परिपक्वता में सहायक होगा।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पृश्नि-घृत-अमृतत्व

इमास्त इन्द्र पृश्नयो घृतं दुहत आशिरम्। एनामृतस्य पिप्युषीः॥ १९॥

(१) हे इन्द्र-ज्ञानरूप परमैश्वर्यवाले प्रभो! इमाः-ये ते-आपकी पृश्नयः-प्रकाश की किरणें

हैं। **आशिरम्**-(आशृणाति) ये अन्धकार को समन्तात् शीर्ण करनेवाली **घृतम्**-ज्ञानदीप्ति को **दुहते**-हमारे में पूरित करती हैं। (२) ये प्रकाश की किरणें **एना**-इस ज्ञान दीप्ति के द्वारा **अमृतस्य**-अमृतत्व का **पिप्युषीः**-आप्यायन करती हैं। ज्ञानाग्नि में सब वासनायें भस्म हो जाती हैं और इस प्रकार हमारा जीवन नीरोग व निर्मल बन जाता है।

भावार्थ-प्रभु की प्रकाश की किरणें हमारे आदर ज्ञान दीप्ति का पूरण करके वासना विदाह के द्वारा अमृतत्व को देनेवाली होती हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—आर्चीस्वराड्गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

प्रभु को स्तवन के द्वारा धारण करना

या इन्द्रं प्रस्वस्त्वासा गर्भमचक्रिरन्। परि धर्मेव सूर्यम्॥ २०॥

(१) हे **इन्द्र**-सर्वशक्तिमन् प्रभो! **याः**-जो **प्रस्वः**-प्रकृष्ट जन्मवाली प्रजायें हैं, वे **आसा**-स्तुति के द्वारा **त्वा**-आपको **गर्भं अचक्रिरन्**-गर्भ में धारण करती हैं। (२) उन आपको अपने अन्दर धारण करती हैं, जो आप **परिधर्म**-चारों ओर धारण करनेवाले **सूर्यं इव**-सूर्य के समान हैं। सूर्य अपने प्रकाश व प्राणशक्ति से सबका धारण करता है। सूर्य के भी सूर्य आप हैं। आप ही सूर्य में इस शक्ति को स्थापित करते हैं।

भावार्थ-हम स्तुति द्वारा प्रभु का अपने अन्दर धारण करें। प्रभु हमारा धारण करेंगे, सूर्य की तरह हमें प्राण शक्ति व प्रकाश को प्राप्त करायेंगे।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—आर्षीविराड्गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

स्तवन-सोमरक्षण

त्वामिच्छवसस्पते कण्वा उक्थेन वावृधुः। त्वां सुतास इन्दवः॥ २१॥

(१) हे **शवसः पते**-सब बलों के स्वामिन् प्रभो! **त्वां इत्**-आपको ही **कण्वाः**-मेधावी पुरुष **उक्थेन**-स्तोत्रों के द्वारा **वावृधुः**-बढ़ाते हैं। स्तवन के द्वारा निरन्तर अपने अन्दर धारण करने का प्रयत्न करते हैं। (२) **त्वाम्**-आपको ही **सुतासः**-उत्पन्न हुए-हुए **इन्दवः**-सोमकण बढ़ाते हैं। सोमकणों के द्वारा बुद्धि की तीव्रता होकर आपके दर्शन की योग्यता हमारे में उत्पन्न होती है।

भावार्थ-प्रभु का उपासक प्रभु की शक्ति से अपने को शक्ति-सम्पन्न बना पाता है। मेधावी पुरुष स्तोत्रों व सोमरक्षण द्वारा प्रभु को पाने का यत्न करते हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—आर्षीविराड्गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

प्रशस्तिः-यज्ञः

तवेदिन्द्र प्रणीतिषूत प्रशस्तिरद्रिवः। यज्ञो वितन्तसाय्यः॥ २२॥

(१) हे **अद्रिवः**-वज्रवत् अथवा आदरणीय प्रभो! **तव प्रणीतिषु**-आपके प्रणयनों में ही **प्रशस्तिः**-जीवन का प्रशस्त्य निहित है। आपकी प्रेरणा के अनुसार चलने पर ही जीवन प्रशस्त बनता है। (२) **उत**-और आपके प्रणयनों में ही **यज्ञः**-यज्ञ **वितन्तसाय्यः**-अति-विस्तारवाला होता है। जब हम प्रभु की उपासना करते हैं तो हमारे जीवन में सब प्रशस्त बातों का प्रवेश होता है, अप्रशस्त बातें हमारे जीवन से दूर होती हैं। और हमारा जीवन अधिकाधिक यज्ञमय बनता जाता है।

भावार्थ-प्रभु की उपासना से जीवन प्रशस्त व यज्ञमय बनता है।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उत्तम साधन व उत्तम फल

आ न इन्द्र महीमिषं पुरं न दर्षि गोमतीम्। उत प्रजां सुवीर्यम्॥ २३॥

(१) हे इन्द्र=परमैश्वर्यवन् प्रभो! आप नः=हमारे लिये गोमती पुरं न=इस प्रशस्त इन्द्रियोंवाली शरीर नगरी के समान मही इषम्=महनीय प्रेरणा को भी अदर्षि=प्राप्त कराइये। उत्तम इन्द्रियोंवाले शरीर के साथ उत्तम इच्छाओं व प्रेरणाओं को भी दीजिये। (२) उत=और इस प्रकार उत्तम इन्द्रियों, उत्तम शरीर व उत्तम प्रेरणाओं को प्राप्त कराके आप हमारे लिये प्रजाम्=उत्तम सन्तानों व सुवीर्यम्=उत्तम वीर्य (शक्ति) को प्राप्त कराइये।

भावार्थ—प्रभु के अनुग्रह से हमें 'उत्तम इन्द्रियोंवाला शरीर, उत्तम प्रेरणा, उत्तम सन्तान व उत्तम शक्ति' प्राप्त हो।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

आशु अश्व्यम्

उत त्यदाश्वश्व्यं यदिन्द्र नाहुषीष्वा। अग्रे विक्षु प्रदीदयत्॥ २४॥

(१) उत=और हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! त्यद्=उस आशु=शीघ्रता से कार्यों में व्याप्त होनेवाले अश्व=इन्द्रिय समूह को हमें प्राप्त कराइये ('आदर्षि' गत मन्त्र से आवृत्त है) (२) हे प्रभो! उस इन्द्रिय समूह को प्राप्त कराइये यत्=जो ना हुषीषु विक्षु=मानव प्रजाओं में (णह बन्धने) अपने को आपके साथ जोड़नेवाली प्रजाओं में अग्रे=सब से आगे प्रदीदयत्=दीप्त होता है। उपासक में इन्द्रिय समूह दग्ध दोष होकर चमक उठता है।

भावार्थ—हमें वह इन्द्रिय समूह प्राप्त कराइये जो उपासकों में दीप्त रूप से स्थित होता है।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञानदीप्त हृदय

अभि व्रजं न तत्निषे सूर उपाकचक्षसम्। यदिन्द्र मृळयासि नः॥ २५॥

(१) हे इन्द्र=सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! यत्=जब आप नः मृडयासि=हमें सुखी करते हैं, तो सूरः=सूर्य के समान देदीप्यमान आप उपाकचक्षसम्=अति समीप हृदयदेश में दर्शनीय ज्ञान को व्रजं न=एक गृह के समान विश्राम-स्थान के समान अभितत्निषे=चारों ओर विस्तृत करते हैं। (२) ज्ञान को देकर ही प्रभु हमारा कल्याण करते हैं। ज्ञान सब दोषों को दग्ध करके हमें पवित्र बनाता है और इस प्रकार सब अशुभों के आक्रमण से बचाता है।

भावार्थ—प्रभु हमारे हृदयों को ज्ञान से दीप्त करके हमें वासनाओं के आक्रमण से बचाते हैं। इस प्रकार प्रभु हमें सुखी करते हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

महान् ओजस्वी

यदङ्ग तविषीयस इन्द्रं प्राजसि क्षितीः। महाँ अपार ओजसा॥ २६॥

(१) हे इन्द्र=सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! यद्=जब आप अंग=शीघ्र ही तविषीयसे=(तविषी) उपासक के जीवन में शक्ति की तरह आचरण करते हैं, जब उपासक के जीवन की आप शक्ति बनते हैं तो क्षितीः=अन्नमयकोश आदि पाँचों भूमियों को प्राजसि=दीप्त

कर देते हैं। आप की ज्योति से उपासक का जीवन चमक उठता है। आपके बल से बल-सम्पन्न यह उपासक सब दोषों को दग्ध करके दीप्त जीवनवाला बन जाता है। (२) हे प्रभो! आप **महान्**-पूज्य हैं, **ओजसा अपारः**-ओजस्विता से अपार हैं, अनन्त ओजस्वितावाले हैं। यह उपासक भी महान् व ओजस्वी बनता है।

भावार्थ-उपासक के जीवन में प्रभु की शक्ति काम करती है, अतएव वह महान् व अनन्त ओजस्वितावाला प्रतीत होता है।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

हविष्मतीः विशः

तं त्वा हविष्मतीर्विश उप ब्रुवत ऊतये। उरुञ्रयसमिन्दुभिः॥ २७॥

(१) **तं त्वा**-उन आप को, हे प्रभो! **हविष्मतीः विशः**-त्यागपूर्वक अदन करनेवाली प्रजायें **ऊतये**-रक्षा के लिये **उपब्रुवते**-प्रार्थना करती हैं, पुकारती हैं। प्रभु का आराधन हवि के द्वारा होता है, त्यागपूर्वक अदन ही प्रभु की उपासना का साधन है। प्रभु से यह उपासक रक्षित होता है। (२) **उरुञ्रयसम्**-महान् बल व वेगवाले प्रभु को **इन्दुभिः**-सोमकणों के रक्षण के हेतु से (उपब्रुवते) पुकारते हैं। प्रभु की उपासना से वासना विनाश द्वारा सोम का रक्षण होता है, यह सुरक्षित सोम उपासक को सबल बनाता है।

भावार्थ-प्रभु की उपासना यज्ञशेष के सेवन से होती है। प्रभु उपासक का रक्षण करते हैं। वासनाओं के आक्रमण से बचाकर उसे सोमरक्षण के योग्य बनाते हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीविराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गिरि-नदि के संपर्क में विप्रों का निर्माण

उपह्वरे गिरीणां संगथे च नदीनाम्। धिया विप्रो अजायत॥ २८॥

(१) ('गृणाति' इति गिरिः) **गिरीणाम्**-ज्ञान का उपदेश करनेवाले गुरुओं के **उपह्वरे**-सान्निध्य में **च**-तथा **नदीनाम्**-स्तोताओं के **संगथे**-संग में **धिया**-बुद्धिपूर्वक कर्मों के द्वारा **विप्रः अजायत**-एक ज्ञानी पुरुष का प्रादुर्भाव होता है। (२) ज्ञानी गुरुओं का तथा प्रभु के उपासक स्तोताओं का सम्पर्क एक युवक को कमियों से बचाकर उत्कृष्ट जीवनवाला बनाता है।

भावार्थ-हमारा सम्पर्क ज्ञानियों व भक्तों के साथ हो। यह सम्पर्क ही हमें उत्कृष्ट जीवनवाला बनायेगा। हम विप्र बन सकेंगे।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

समुद्रम्-उद्वतः

अतः समुद्रमुद्वतश्चिकित्वाँ अव पश्यति। यतो विपान एजति॥ २९॥

(१) गत मन्त्र के अनुसार **यतः**-क्योंकि एक युवक ज्ञानी गुरुओं व प्रभु स्तोताओं के सम्पर्क में **विपानः**-विशेषरूप से अपना रक्षण करता हुआ **रजति**-गति करता है **अतः**-इसीलिए **चिकित्वान्**-ज्ञानी बनता है। यह उत्तम संग उसे विषय वासनाओं में फँसने से बचाता है तथा उसकी ज्ञान वृद्धि का कारण बनता है। (२) यह ज्ञान को प्राप्त करता हुआ **समुद्रम्**-(स+मुद्) उस आनन्दमय प्रभु को **अवपश्यति**-अन्दर हृदयदेश में देखता है और **उद्वतः**-इन उत्तम लोकों को देखता है। एक-एक लोक में उसे उस प्रभु की महिमा दिखती है। प्रत्येक लोक का रचना

सौन्दर्य उसके हृदय में प्रभु की महिमा को अंकित करनेवाला होता है।

भावार्थ–ज्ञानियों के सम्पर्क में विषयों से अपने को बचाते हुए चलेंगे तो हम भी ज्ञानी बनेंगे। प्रभु का ज्ञान प्राप्त करेंगे, प्रभु से रचित इन उत्कृष्ट लोकों का ज्ञान प्राप्त करेंगे।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वासरं ज्योतिः

आदित्प्रत्नस्य रेतसो ज्योतिष्पश्यन्ति वासरम्। परो यदिध्यते दिवा॥ ३०॥

(१) **यत्**–जब **दिवा**–ज्ञान के प्रकाश के द्वारा **परः**–वह परम प्रभु **इध्यते**–अपने हृदयदेशों में समिद्ध किया जाता है **आत इत्**–तब ही **प्रत्नस्य रेतसः**–उस सनातन शक्ति की **वासरं ज्योतिः**–सबको बसानेवाली व अन्धकार को विनष्ट करनेवाली ज्योति को **पश्यन्ति**–देखते हैं। (२) हृदय में प्रभु का प्रकाश होने पर वह प्रभु एक सनातन शक्ति व अन्धकार विनाशक ज्योति के रूप में दिखता है। यह उपासक भी अपने जीवन में शक्ति व ज्योति के सम्पादन का यत्न करता है। यह यत्न ही प्रभु की सच्ची उपासना होती है।

भावार्थ–प्रभु का ध्यान करनेवाले प्रभु को एक सनातन शक्ति के रूप में व वासर ज्योति के रूप में देखते हैं। स्वयं भी शक्ति व ज्ञान से सम्पन्न होने का यत्न करते हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीविराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मति-पौंस्य-वृष्ण्य

कण्वास इन्द्र ते मतिं विश्वे वर्धन्ति पौंस्यम्। उतो शविष्ठ वृष्ण्यम्॥ ३१॥

(१) हे **इन्द्र**–परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **विश्वे कण्वासः**–सब मेधावी पुरुष **ते**–आप से दी जानेवाली **मतिम्**–बुद्धि को तथा **पौंस्यम्**–पुरुषार्थ को **वर्धन्ति**–बढ़ाते हैं। प्रभु की उपासना के मार्ग में चलनेवाले लोग बुद्धि और पौरुष के बढ़ाने के लिये सदा यत्नशील होते हैं। (२) हे **शविष्ठ**–सर्वोत्तम शक्ति–सम्पन्न प्रभो! **उत**–और **उ**–निश्चय से ये मेधावी पुरुष **वृष्ण्यम्**–अपने वीर्य को बढ़ाते हैं। वीर्य को बढ़ाने का भाव शरीर में इसे सुरक्षित रखने से ही है। प्रकृति प्रवण पुरुष भोगों की ओर झुककर वीर्य का विनाश कर बैठता है, प्रभु–भक्त वीर्य का रक्षण करता है। यह वीर्यरक्षण उसकी मनोवृत्ति व मस्तिष्क दोनों को सुन्दर बनाता है।

भावार्थ–मेधावी पुरुष प्रभु का उपासन करते हुए 'बुद्धि–पौरुष व वीर्य' का वर्धन करते हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्तुति द्वारा मति का वर्धन

इमां मे इन्द्र सुष्टुतिं जुषस्व प्र सु मामव। उत प्र वर्धया मतिम्॥ ३२॥

(१) हे **इन्द्र**–परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **मे**–मेरे से की जानेवाली **इमां सुष्टुति**–इस उत्तम स्तुति को **जुषस्व**–प्रीतिपूर्वक सेवन करिये। मेरे से किया जानेवाला स्तवन मुझे आपका प्रिय बनाये। मैं आपका ही भक्त बनूँ, हे प्रभो! **माम्**–मुझे **सु अव**–अच्छी प्रकार रक्षित करिये। आप से रक्षित हुआ–हुआ मैं वासनाओं व रोगों का शिकार न होऊँ। (२) **उत**–और आप **मतिम्**–मेरी बुद्धि को **प्रवर्धया**–बढ़ाइये। इस बुद्धि के द्वारा मैं सदा ठीक मार्ग पर चलता हुआ अपना रक्षण कर पाऊँ।

भावार्थ–प्रभु-स्तवन करते हुए हम प्रभु के प्रिय बनें, प्रभु द्वारा रक्षित हों। प्रभु हमारी बुद्धि का वर्धन करें। यह बुद्धि ही तो मुझे रक्षण के योग्य बनायेगी।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

तुभ्यं उत जीवसे

उत ब्रह्मण्या वयं तुभ्यं प्रवृद्ध वज्रिवः। विप्रा अतक्ष्म जीवसे॥ ३३॥

(१) हे **प्रवृद्ध**-सब गुणों के दृष्टिकोण से बढ़े हुए, **वज्रिवः**-वज्रहस्त प्रभो! **विप्राः**-अपना पूरण करनेवाले **वयम्**-हम **तुभ्यम्**-आप की प्राप्ति के लिये **उत**-तथा **जीवसे**-दीर्घ-जीवन के लिये **ब्रह्मण्या**-ज्ञान में उत्तम वाणियों को **अतक्ष्म**-करते हैं। (२) ये उत्तम वाणियाँ हमारे ज्ञान को बढ़ाती हुई हमारे जीवन को उत्तम बनाती हैं तथा हमें आपकी प्राप्ति का पात्र बनाती हैं।

भावार्थ–ज्ञान की वाणियों का सम्पादन ही वह मार्ग है जिससे कि हम अपने जीवन को उत्कृष्ट बनाते हैं और प्रभु को प्राप्त करते हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सदा प्रभु चिन्तन

अभि कण्वा अनूषतापो न प्रवता यतीः। इन्द्रं वनन्वती मतिः॥ ३४॥

(१) **कण्वाः**-मेधावी पुरुष **आपः न**-जलों के समान **प्रवता**-निम्न मार्ग से **यतीः**-जाते हुए, नम्रता से सब कार्यों को करते हुए, **अभि अनूषत**-प्रातः-सायं प्रभु का स्तवन करते हैं। (२) इन मेधावी पुरुषों की **मतिः**-बुद्धि **इन्द्रं वनन्वती**-परमैश्वर्यशाली प्रभु का सम्भजन करती हुई होती है। यह सदा प्रभु का चिन्तन करते हैं।

भावार्थ–मेधावी पुरुष प्रातः-सायं प्रभु का स्मरण करते हैं। इनकी बुद्धि प्रभु का ही सम्भजन करती है।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'अनुत्तमन्यु-अजर' प्रभु

इन्द्रमुक्थानि वावृधुः समुद्रमिव सिन्धवः। अनुत्तमन्युमजरम्॥ ३५॥

(१) **इव**-जैसे **सिन्धवः**-नदियाँ **समुद्रम्**-समुद्र का वर्धन करती हैं, इसी प्रकार **उक्थानि**-स्तोत्र हमारे हृदयों में **इन्द्रम्**-प्रभु को **वावृधुः**-बढ़ाते हैं। जितना-जितना हम प्रभु का स्तवन करते हैं, उतना-उतना प्रभु का भाव हमारे में वृद्धि को प्राप्त होता है। (२) उस प्रभु को ये स्तोत्र बढ़ाते हैं, जो **अनुत्तमन्युम्**-(अनुत्त-अप्रेरित) अप्रेरित ज्ञानवाले हैं, स्वाभाविक ज्ञानवाले हैं, किसी और से जो ज्ञान को नहीं प्राप्त करते तथा **अजरम्**-कभी जीर्ण होनेवाले नहीं। प्रभु की शक्ति कभी जीर्ण नहीं होती। इस प्रकार प्रभु को स्मरण करते हुए हम भी ज्ञान व शक्ति को प्राप्त करने का प्रयत्न करते हैं।

भावार्थ–प्रभु का स्तवन हमारे में प्रभु के भाव को बढ़ाता है, प्रभु ज्ञानस्वरूप हैं, अजीर्ण शक्तिवाले हैं। हम भी इस रूप में प्रभु का स्मरण करते हुए 'ज्ञानी व सशक्त' बनने के लिये यत्नशील होते हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

हर्यत हरि

आ नो याहि परावतो हरिभ्यां हर्यताभ्याम्। इममिन्द्र सुतं पिब॥ ३६॥

(१) हे प्रभो! **परावतः**=सुदूर देश की यात्रा के उद्देश्य से **हर्यताभ्यां हरिभ्याम्**=गतिशील व तेजस्विता से कान्त (सुन्दर) इन्द्रियाश्वों से **नः**=हमें **आयाहि**=आप प्राप्त होइये। इन उत्तम ज्ञानेन्द्रिय व कर्मेन्द्रिय रूप अश्वों से हम सुदूरस्थ लक्ष्य पर पहुँचनेवाले बनें। (२) इन इन्द्रियाश्वों को 'हर्यत' बनाने के लिये हे **इन्द्र**=शत्रु विद्रावक प्रभो! **इमम्**=इस **सुतम्**=उत्पन्न सोम को **पिब**=हमारे शरीर में ही पीनेवाले होइये यह सुरक्षित सोम ही इन्द्रियों को सशक्त बनता है।

भावार्थ—सुदूर लक्ष्य पर पहुँचाने के लिये प्रभु हमें गतिशील कान्त इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करायें। इन्हें गतिशील कान्त बनाने के लिये सोम को शरीर में ही सुरक्षित करें।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वाजसातये

त्वामिद् वृत्रहन्तम जनासो वृक्तबर्हिषः। हवन्ते वाजसातये॥ ३७॥

(१) हे **वृत्रहन्तम**=वासना को अधिक से अधिक विनष्ट करनेवाले प्रभो! **वृक्तबर्हिषः**=जिन्होंने हृदयक्षेत्र से वासना के घास-फूस को उखाड़ फेंका है ऐसे **जनासः**=लोग **वाजसातये**=शक्ति की प्राप्ति के लिये **त्वां इत**=आपको ही **हवन्ते**=पुकारते हैं। (२) प्रभु का आराधन ही हमारी वासनाओं को विनष्ट करता है और इस प्रकार हमें सबल बनाता है।

भावार्थ—हम प्रभु को पुकारें, प्रभु हमारी वासना को विनष्ट करेंगे और हमें शक्ति-सम्पन्न करेंगे।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

तेरे अनुकूल (त्वा अनु)

अनु त्वा रोदसी उभे चक्रं न वर्त्येतशम्। अनु सुवानास इन्दवः॥ ३८॥

(१) गत मन्त्र के अनुसार जब वृक्तबर्हिष् लोग शक्ति प्राप्ति के लिये प्रभु को पुकारते हैं तो **उभे रोदसी**=दोनों द्यावापृथिवी **त्वा अनु वर्तिं**=तेरे अनुकूल वर्तनवाले होते हैं। इस प्रकार तेरे अनुकूल वर्तनवाले होते हैं **न**=जैसे **चक्रम्**=रथ **एतशम्**=(अनु) घोड़े के पीछे आता है। उस उपासक का मस्तिष्करूप द्युलोक तथा शरीररूप पृथिवी लोक दोनों ही इसके प्रति अनुकूलता के लिये हुए होते हैं। (२) **सुवानासः**=उत्पन्न होते हुए **इन्दवः**=सोमकण भी **अनु**=अनुकूलतावाले होते हैं। अर्थात् उनकी शरीर में ही ऊर्ध्वगति होकर शरीर की शोभा के वे कारण बनते हैं।

भावार्थ—वृक्तबर्हिष् उपासकों के शरीर व मस्तिष्क बड़े ठीक होते हैं। सोमकण इनके शरीर में सुरक्षित रहते हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'स्वर्णर शर्यणावान्' प्रभु की उपासना में

मन्दस्वा सु स्वर्णर उतेन्द्र शर्यणावति। मत्स्वा विवस्वतो मती॥ ३९॥

(१) हे **इन्द्र**=जितेन्द्रिय पुरुष! तू **स्वर्णर**=प्रकाश की ओर ले चलनेवाले उस प्रभु की उपासना में **सुमन्दस्व**=उत्तम आनन्दवाला हो। **उत**=और **शर्यणावति**=सब काम, क्रोध, लोभ

आदि शत्रुओं का हिंसन करनेवाले उस प्रभु में आनन्द का अनुभव कर। (२) **विवस्वतः**=ज्ञान-रश्मियोंवाले, ज्ञान-रश्मियों द्वारा अन्धकार को दूर करनेवाले प्रभु की **मती**=इस बुद्धि में, प्रभु के दिये गये वेदज्ञान में **मत्स्वा**=आनन्द को ग्रहण कर।

भावार्थ—हम प्रभु का उपासन करें। प्रभु हमें प्रकाश की ओर ले चलेंगे तथा हमारे वासना रूप शत्रुओं का संहार करेंगे। प्रभु से दिये गये वेदज्ञान में ही हम आनन्द को लें।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वृत्रहा सोमपातमः

वावृधान उप द्यवि वृषा वज्र्यरोरवीत्। वृत्रहा सोमपातमः॥ ४०॥

(१) **द्यवि उप**=वासना विनाश से पवित्र हुए-हुए प्रकाशमय हृदय में **वावृधानः**=वृद्धि को प्राप्त होता हुआ **वृषा**=हमारे लिये शक्ति का सेचन करनेवाला **वज्री**=वज्रहस्त प्रभु **अरारेवीत्**=खूब ही ज्ञानोपदेश को करता है। पवित्र हृदय पुरुषों में प्रभु प्रेरणा सुनायी पड़ती ही है। (२) ये प्रभु **वृत्रहा**=ज्ञान की आवरणभूत वासना का विनाश करते हैं और **सोमपातमः**=अधिक से अधिक सोम को शरीर में सुरक्षित करते हैं। वासना ही सोमरक्षण में महान् विघ्न है। उसे दूर करके प्रभु हमारे सोम का रक्षण करके हमें शक्ति-सम्पन्न बनाते हैं।

भावार्थ—पवित्र हृदय में प्रभु का प्रकाश अधिकाधिक बढ़ता चलता है। प्रभु वासना का विनाश करते हैं व सोम का रक्षण करते हैं। सोमरक्षण के द्वारा प्रभु हमारे जीवनों में शक्ति का सेचन करनेवाले होते हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पूर्वजा ऋषि

ऋषिर्हि पूर्वजा अस्येक ईशान ओजसा। इन्द्र चोष्कूयसे वसु॥ ४१॥

(१) हे प्रभो! आप **हि**=निश्चय से **ऋषिः**=तत्त्वद्रष्टा हैं। **पूर्वजाः असि**=बनने से पहले ही हैं 'हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे'। **एकः**=आप अद्वितीय हैं, **ओजसा ईशानः**=ओजस्विता के कारण सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के शासक हैं। (२) हे **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! आप ही **वसु**=सब धनों को **चोष्कूयसे**=देते हैं। जीवन के लिये आवश्यक सब धन आप से ही प्राप्त कराये जाते हैं।

भावार्थ—प्रभु तत्त्वद्रष्टा सदा से वर्तमान व ईशान हैं। प्रभु ही सब वसुओं को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'प्रभु, यज्ञों व सात्विक अन्न' की ओर

अस्माकं त्वा सुताँ उप वीतपृष्ठ अभि प्रयः। शतं वहन्तु हरयः॥ ४२॥

(१) हे प्रभो! **अस्माकम्**=हमारे ये **वीतपृष्ठाः**=चमकती पीठवाले, अर्थात् तेजस्वी **हरयः**=इन्द्रियाश्व **शतम्**=शतवर्षपर्यन्त **त्वा उप**=आपके समीप **वहन्तु**=ले चलनेवाले हों। अर्थात् हम इन इन्द्रियाश्वों द्वारा आपकी उपासन करनेवाले बनें। **सुतान् उप**=नाना यज्ञों के समीप ये हमें प्राप्त करनेवाले हों। इनके द्वारा हम सदा यज्ञों को करते रहें। (२) ये इन्द्रियाश्व **प्रयः अभि**=उत्तम सात्त्विक अन्न की ओर हमें ले चलें। इस सात्त्विक अन्न का सेवन करते हुए ये इन्द्रियाश्व हमें सात्त्विक वृत्तिवाला बनायें।

भावार्थ–हमारी इन्द्रियाँ प्रभु की ओर यज्ञों की ओर व सात्त्विक अन्न की ओर झुकाववाली हों।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु-स्तवन व ज्ञान प्राप्ति

इमां सु पूर्व्यां धियं मधोर्घृतस्य पिप्युषीम्। कण्वा उक्थेन वावृधुः॥ ४३॥

(१) प्रभु कहते हैं कि इमाम्=इस पूर्व्याम्=सृष्टि के प्रारम्भ में हमारे से दी जानेवाली मधोः=अत्यन्त मधुर, जीवन को मधुर बनानेवाली घृतस्य=ज्ञानदीप्ति को पिप्युषीम्=आप्यायित करनेवाली धियम्=बुद्धि को, वेदज्ञान को कण्वः=मेधावी पुरुष उक्थेन=स्तोत्रों के द्वारा सु वावृधुः=सम्यक् अपने अन्दर बढ़ानेवाले होते हैं। (२) प्रभु स्तवन से हृदय की शुद्धि होती है और बुद्धि की तीव्रता होती है। इस हृदय शुद्धि व बुद्धि की तीव्रता से ज्ञान का सम्यक् वर्धन होता है। यह ज्ञान ही जीवन को मधुर बनाता है।

भावार्थ–सृष्टि के प्रारम्भ में प्रभु से दिया जानेवाला ज्ञान जीवन के माधुर्य के लिये अत्यन्त आवश्यक है। इस ज्ञान को मेधावी पुरुष प्रभु-स्तवन से शुद्ध हृदय व तीव्र बुद्धि बनकर प्राप्त करते हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीविराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्र का वरण

इन्द्रमिद्धिमहीनां मेधे वृणीत मर्त्यः। इन्द्रं सनिष्युरूतये॥ ४४॥

(१) विमहीनाम्=अत्यन्त महत्त्वपूर्ण भूमियों के मेधे=सम्पर्क के निमित्त मर्त्यः=मनुष्य इन्द्रं इत्=उस प्रभु का ही वृणीत=वरण करे। योगमार्ग में अगली-अगली भूमि अधिकाधिक महत्त्वपूर्ण है। प्रभु की उपासना हमें इन भूमियों पर पहुँचने में सहायक होती है। (२) सनिष्युः=सब ऐश्वर्यों के सम्भजन की कामनावाला पुरुष भी ऊतये=रक्षण के लिये इन्द्रम्=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु को वरे। प्रभु के अनुग्रह से ही ऐश्वर्य प्राप्त होते हैं और वे ऐश्वर्य हमारे पतन का कारण नहीं बनते।

भावार्थ–प्रभु की उपासना हमें योग की अगली-अगली भूमियों में पहुँचायेगी। यह उपासना ही हमें ऐश्वर्य की स्थिति में पतन से बचायेगी।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रियमेधस्तुता हरी

अर्वाञ्चं त्वा पुरुष्टुत प्रियमेधस्तुता हरी। सोमपेयाय वक्षतः॥ ४५॥

(१) हे पुरुष्टुत=बहुतों से स्तुत प्रभो! हरी=ये इन्द्रियाश्व त्वा=आपको अर्वाञ्चम्=अन्दर हृदयदेश में वक्षतः=धारण करते हैं। वे इन्द्रियाश्व आपका धारण करते हैं जो प्रियमेधस्तुता=यज्ञ व स्तुति के साथ प्रेमवाले हैं। (२) ये इन्द्रियाश्व यज्ञों व स्तवन में प्रवृत्त हुए-हुए वासनाओं से बचे रहते हैं। वासनाओं का शिकार न होने से ही ये सोमपेयाय=सोम के पान के लिये होते हैं। सोमरक्षण ही जीवन में सब उन्नतियों का मूल बनता है।

भावार्थ–जब इन्द्रियाँ यज्ञों व स्तवन में प्रवृत्त होती हैं, तो हृदय में प्रभु को धारण करने के कारण वासनाओं के आक्रमण से बची रहती हैं और सोम का पान करनेवाली होती हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—तिरिन्दिरस्य पारशव्यस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—आर्षीविराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

तिरिन्दिर पर्शु

शतमहं तिरिन्दिरे सहस्रं पर्शावा ददे। राधांसि याद्वानाम्॥ ४६॥

(१) प्रभु सर्वत्र तिरोहित रूप से विद्यमान हैं, तथा परमैश्वर्यशाली हैं, सो 'तिरिन्दिर' हैं। 'पर्शुः' (पशु) सर्वद्रष्टा हैं। इस तिरिन्दिरे-हृदयगुहा में तिरोहित परमैश्वर्यशाली प्रभु में पर्शौ-उस सर्वद्रष्टा प्रभु में अहम्-मैं याद्वानाम्-यत्नशील पुरुषों के शतं सहस्रम्-सैंकड़ों व हजारों राधांसि-ऐश्वर्यों को आददे-ग्रहण करता हूँ। (२) प्रभु का स्मरण करता हुआ मैं यत्नशील बना रहता हूँ और कार्य-साधक धनों को प्राप्त करनेवाला होता हूँ।

भावार्थ-प्रभु तिरोहित रूप से सर्वत्र विद्यमान परमैश्वर्यशाली व सर्वद्रष्टा हैं। इनका स्मरण करता हुआ मैं आवश्यक धनों को जुटानेवाला बनता हूँ।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—तिरिन्दिरस्य पारशव्यस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—पादनिचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पञ्च-समान्

त्रीणि शतान्यर्वतां सहस्रा दश गोनाम्। ददुष्पञ्चाय साम्ने॥ ४७॥

(१) ज्ञान धन आदि का अर्जन करनेवाला 'पञ्च' है, शान्त स्वभाव का व्यक्ति 'सामन्' है। इस पञ्चाय साम्ने-ज्ञान आदि के अर्जक शान्त स्वभाव पुरुष के लिये सब देव अर्वताम्-(अर्व् हिंसायाम् to kill) रोग आदि का संहार करनेवाले प्राणों के त्रीणि शतानि-तीन सौ को ददुः-देते हैं। सब प्राकृतिक देव उसकी अनुकूलतावाले होते हुए इसे दीर्घजीवी बनाते हैं। यह 'पञ्च सामन्' तीन सौ वर्षों तक जीनेवाला होता है। (२) इस 'पञ्च सामन्' को वेद -ज्ञानी पुरुष गोनाम्-ज्ञान की वाणियों के दश सहस्रा-इन दस हजारों को प्राप्त कराते हैं। ऋग्वेद की इन वाणियों द्वारा सब विज्ञान को प्राप्त करके यह 'पञ्च सामन्' खूब ही अभ्युदय को प्राप्त करनेवाला होता है।

भावार्थ-ज्ञान व धन आदि का अर्जन करनेवाले शान्त स्वभाव के बनकर हम तीन सौ वर्ष के दीर्घ जीवन को और इन सहस्रों ज्ञान वाणियों को प्राप्त हों।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—तिरिन्दिरस्य पारशव्यस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'दिवम्, उष्ट्रान्, चतुर्युजः'

उदानट् ककुहो दिवमुष्ट्राञ्चतुर्युजो ददत्। श्रवसा याद्वं जनम्॥ ४८॥

(१) ककुहः-सब गुणों के दृष्टिकोण से शिखर पर वर्तमान सर्वश्रेष्ठ प्रभु श्रवसा-ज्ञान के द्वारा याद्वं जनम्-यत्नशील मनुष्य को उदानट्-उत्कर्ष को प्राप्त कराते हैं। (२) इस उत्कर्ष को प्राप्त कराने के लिये ही प्रभु उसे दिवम्-ज्ञान को ददत्-देते हैं। उष्ट्रान्-(उष दाहे) ज्ञानाग्नि के द्वारा वासना दहन शक्तियों को प्राप्त कराते हैं तथा चतुर्युजः (ददत्)-धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष रूप चारों पुरुषार्थों को उसके लिये देते हैं।

भावार्थ-प्रभु सर्वश्रेष्ठ हैं। वे यत्नशील उपासक को 'ज्ञान, दोष दहन शक्ति व धर्मार्थ काम मोक्ष रूप चारों पुरुषार्थों के लिये यत्नशीलता' प्राप्त कराके उन्नत करते हैं।

इस प्रकार ज्ञान द्वारा निर्दोष जीवनवाला बनकर यह फिर (पुनः) प्रभु का प्रिय (वत्स) बनता है। सो 'पुनर्वत्सः' कहलाता है। यह 'काण्व' मेधावी है। यह 'पुनर्वत्स काण्व' ही अगले सूक्त का ऋषि है। अपने जीवन के उत्कर्ष के लिये यह प्राणसाधना करता हुआ 'मरुतों' (प्राणों) का आराधन करता है–

७. [सप्तमं सूक्तम्]

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

त्रिष्टुभ् इष्

प्र यद्वस्त्रिष्टुभमिषं मरुतो विप्रो अक्षरत्। वि पर्वतेषु राजथ॥ १॥

(१) हे **मरुतः**=प्राणो! **यद्**=जब **विप्रः**=अपना विशेषरूप से पूरण करनेवाला व्यक्ति **वः**=आपके द्वारा **त्रिष्टुभम्**-'काम-क्रोध-लोभ' तीनों को रोक देनेवाली (त्रि स्तुभ्) **इषम्**=प्रभु प्रेरणा को **प्र अक्षरत्**=अपने में प्रकर्षेण संचलित करता है, अर्थात् प्राणायाम द्वारा शुद्ध हृदय में प्रभु प्रेरणा को सुनने का प्रयत्न करता है, तो आप इन **पर्वतेषु**=(पर्व पूरणे) अपना पूरण करनेवाले लोगों में **विराजथ**=विशेषरूप से शोभायमान होते हो। इन प्राणसाधकों में प्राण विशिष्ट शोभावाले होते हैं। अर्थात् इनका जीवन बहुत ही सुन्दर बन जाता है। (२) प्राणसाधना 'शरीर, हृदय व मस्तिष्क' तीनों को क्रमशः नीरोग, निर्मल व तीव्र बनाती है। यही पुरुष प्रभु प्रेरणा को सुनने का पात्र बनता है। प्रभु प्रेरणा उसके 'काम-क्रोध-लोभ' आदि असुरभावों को विनष्ट करनेवाली होती है।

भावार्थ–प्राणसाधन से पवित्र हुए-हुए हृदयों में प्रभु प्रेरणा सुनाई पड़ती है। वह इसके (काम-क्रोध-लोभरूप) तीनों दोषों को रोकनेवाली होती है।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अविद्या पर्वत विदारण

यदङ्ग तविषीयवो यामं शुभ्रा अचिध्वम्। नि पर्वता अहासत॥ २॥

(१) हे मरुतो (प्राणो)! **यत्**=जब **अङ्ग**=शीघ्र ही **तविषीयवः**=बल को जोड़ने की कामनावाले होते हुए **शुभ्राः**=जीवन को उज्ज्वल बनानेवाले आप **यामं अचिध्वम्**=संयम का संचय करते हो, जितेन्द्रियता की वृद्धि करते हो तो **पर्वताः**=अविद्या पर्वत **नि अहासत**=निश्चय से दूर कर दिये जाते हैं। (२) प्राणसाधक के मार्ग में अविद्या पर्वत रुकावट नहीं बने रहते।

भावार्थ–प्राणसाधना से जितेन्द्रिय बनकर हम अविद्या को विनष्ट करनेवाले होते हैं।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वाश्रासः पृश्निमातरः

उदीरयन्त वायुभिर्वाश्रासः पृश्निमातरः। धुक्षन्त पिप्युषीमिषम्॥ ३॥

(१) ये साधक लोग **वायुभिः**=इन प्राणों के द्वारा, प्राणसाधना के द्वारा **उदीरयन्त**=ऊर्ध्वगतिवाले होते हैं। **वाश्रासः**=प्रभु के नामों का उच्चारण करते हैं। **पृश्निमातरः**=प्रकाश की किरणों का अपने अन्दर निर्माण करनेवाले होते हैं। (२) ये **पिप्युषीम्**=जीवन को आप्यायित करनेवाले **इषम्**=अन्न को **धुक्षन्त**=अपने में पूरित करते हैं। प्राणसाधना के साथ इस सात्त्विक अन्न का सेवन इनको योग मार्ग में आगे बढ़ानेवाला होता है।

भावार्थ–प्राणायाम के साथ सात्त्विक अन्न का सेवन करते हुए ये साधक प्रभु के नामों का

उच्चारण करते हैं और स्वाध्याय के द्वारा ज्ञान-रश्मियों का वर्धन करते हैं।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मिहं वपन्ति, पर्वतान् प्रवेपयन्ति

वपन्ति मरुतो मिहं प्र वेपयन्ति पर्वतान्। यद्यामं यान्ति वायुभिः॥ ४॥

(१) **यद्-जब वायुभिः**-इन प्राणों के द्वारा **यामं यान्ति**-जितेन्द्रियता को (याम control) प्राप्त करते हैं, तो **मरुतः**-ये प्राणसाधना करनेवाले पुरुष **मिहं वपन्ति**-अंग-प्रत्यंग में शक्ति का सेचन करते हैं और **पर्वतान् प्रवेपयन्ति**-अविद्या पर्वतों को कम्पित करके दूर करते हैं। (२) प्राणसाधना हमें इन्द्रियों को वशीभूत करने में समर्थ करती है। यह जितेन्द्रियता सोम का रक्षण करती है। सोमरक्षण से शरीर शक्ति-सम्पन्न बनता है तो मस्तिष्क का अज्ञानान्धकार नष्ट हो जाता है।

भावार्थ-प्राणसाधना द्वारा जितेन्द्रिय बनकर हम सोमरक्षण करते हुए शरीर को शक्ति-सम्पन्न तथा मस्तिष्क को ज्ञानदीप्त बनाते हैं।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

महे शुष्माय

नि यद्यामाय वो गिरिर्नि सिन्धवो विधर्मणे। महे शुष्माय येमिरे॥ ५॥

(१) **यद्-जब** एक व्यक्ति **वः यामाय**-हे प्राणो! आपके संयम के लिये होता है तो **गिरिः**-(गृणाति) ज्ञान का उपदेष्टा बनता है। उस समय **सिन्धवः**-ये ज्ञान प्रवाह **नि**-निश्चय से उसके **विधर्मणे**-विशिष्ट धारण के लिये होते हैं। प्राणसाधना से ज्ञानदीप्ति बढ़ती है। (२) हे प्राणो! आप **महे शुष्माय**-महनीय शत्रु-शोषक बल के लिये **नियेमिरे**-संयत किये जाते हैं। प्राणसाधना के द्वारा वह बल प्राप्त होता है, जो शत्रुओं का शोषण करनेवाला होता है।

भावार्थ-प्राणसाधना हमारे ज्ञान व बल का वर्धन करती है।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रातः-सायं प्राणसाधना

युष्माँ उ नक्तमूतये युष्मान्दिवा हवामहे। युष्मान्प्रयत्यध्वरे॥ ६॥

(१) हे प्राणो! **युष्मान् उ**-आपको ही **नक्तम्**-रात्रि में **ऊतये**-रक्षण के लिये हम **हवामहे**-पुकारते हैं। **युष्मान्**-आपको ही **दिवा**-दिन में रक्षण के लिये पुकारते हैं। प्रातः-सायं प्राणसाधना करते हुए हम वासनाओं व रोगों के आक्रमण से अपना रक्षण करनेवाले होते हैं। (२) हे प्राणो! **युष्मान्**-आपको ही हम **अध्वरे प्रयति**-यज्ञ के चलते हुए होने पर रक्षण के लिये पुकारते हैं। यह जीवनयज्ञ प्राणों द्वारा ही रक्षित होता हुआ चलता है। वस्तुतः प्राणसाधना से ही यह यज्ञ बना रहता है। प्राणसाधना के अभाव में जीवन की वह पवित्रता स्थिर नहीं रहती।

भावार्थ-हम प्रातः-सायं प्राणसाधना करते हुए रोगों व वासनाओं से अपने को आक्रान्त न होने दें और इस प्रकार अपने जीवन को एक पवित्र यज्ञ का रूप दे सकें।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अरुणप्सवः चित्राः

उदु त्ये अरुणप्सवश्चित्रा यामेभिरीरते। वाश्रा अधि ष्णुना दिवः॥ ७॥

(१) त्ये=वे प्राणसाधना करनेवाले पुरुष उ=निश्चय से अरुणप्सवः=तेजस्वी (हलकी लालिमावाले) रूपवाले होते हैं। चित्राः=अद्भुत जीवनवाले व (चित्) ज्ञान को देनेवाले होते हैं। यामेभिः=संयमों के द्वारा उद् ईरते=उन्नति के मार्ग पर चलते हैं। (२) वाश्राः=ये प्रभु के नामों का उच्चारण करनेवाले होते हैं। दिवः=ज्ञान के स्नुना अधि=शिखर के साथ शोभायमान होते हैं। ज्ञान के शिखर पर स्थित हुए-हुए ये व्यक्ति सदा प्रभु-स्मरण में प्रवृत्त रहते हैं।

भावार्थ—प्राणसाधना से 'तेजस्विता, ज्ञान, संयमवृत्ति व प्रभु-प्रवणता' प्राप्त होती है।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ओजस्विता-ज्ञान-रश्मियाँ

सुजन्ति रश्मिमोजसा पन्थां सूर्याय यातवे। ते भानुभिर्वि तस्थिरे॥ ८॥

(१) प्राणसाधना के होने पर ये प्राण ओजसा=ओजस्विता के साथ रश्मिम्=ज्ञान की रश्मियों को सुजन्ति=हमारे अन्दर उत्पन्न करते हैं। तथा सूर्याय=सहस्रार चक्र (सूर्य चक्र) की ओर यातवे=जाने के लिये पन्थाम्=मार्ग को बनाते हैं। इस सहस्रार चक्र में पहुँचने पर ही सत्य का ही पोषण करनेवाली प्रज्ञा की प्राप्ति होती है। (२) इस प्रकार ते=वे प्राणसाधक पुरुष भानुभिः=प्रकाश की किरणों के साथ वितस्थिरे=जीवन में विशिष्ट स्थितिवाले होते हैं।

भावार्थ—प्राणसाधना हमें ओजस्विता के साथ ज्ञान-रश्मियों को प्राप्त कराती है। हम मस्तिष्क में स्थित सूर्य चक्र में पहुँचकर 'ऋतम्भरा प्रज्ञा' को प्राप्त करते हैं। हमारा जीवन विशिष्ट दीप्तियोंवाला होता है।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञान-स्तवन-प्रार्थना

इमां मे मरुतो गिरमिमं स्तोममृभुक्षणः। इमं मे वनता हवम्॥ ९॥

(१) मरुतः=हे प्राणो! इमां मे गिरम्=इस मेरी ज्ञान की वाणी को वनता=सेवन करो। हे ऋभुक्षणः=विशाल दीप्ति में निवास करनेवाले प्राणो, ज्ञान को विशाल बनानेवाले प्राणो! इमं स्तोमं (वनता)=इस मेरे स्तुति समूह का सेवन करो। प्राणसाधना के द्वारा मैं ज्ञान की वाणियों की ओर झुकाववाला बनूँ तथा प्रभु-स्तवन की वृत्तिवाला बनूँ। (२) हे प्राणो! मे=मेरी इमं इहवम्=इस पुकार को, प्रार्थना का वनत=सेवन करो। प्राणसाधना के द्वारा मैं प्रार्थना की वृत्तिवाला बनूँ।

भावार्थ—प्राणसाधना मुझे 'ज्ञान, स्तवन व प्रभु प्रार्थना' की ओर झुकाववाला बनाये।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

त्रीणि सरांसि

त्रीणि सरांसि पृश्नयो दुदुह्रे वज्रिणे मधु। उत्सं कवन्धमुद्रिणम्॥ १०॥

(१) हे प्राण 'पृश्नयः' कहलाते हैं क्योंकि ज्ञानदीप्ति का ये कारण बनते हैं। ये प्राण वज्रिणे=क्रियाशील पुरुष के लिये त्रीणि सरांसि='प्रकृति, जीव व परमात्म' सम्बन्धी तीन ज्ञान प्रवाहों को दुदुह्रे=प्रपूरित करते हैं। इन ज्ञान प्रवाहों के द्वारा वे इसके जीवन में मधु=माधुर्य का दोहन करते हैं। (२) ये प्राण उस उद्रिणम्=ज्ञान जल से पूर्ण उत्सम्=स्रोत को प्रपूरित करते हैं जो कवन्धम्=हमारे जीवनों में उस आनन्दमय (क) प्रभु को हमारे साथ बाँधने (वन्ध) वाला होता

है।

भावार्थ–प्राणसाधना से 'प्रकृति, जीव व परमात्मा' का ज्ञान प्राप्त करके हम अपने जीवनों को मधुर बना पाते हैं और अन्ततः यह ज्ञान हमें प्रभु का सम्पर्क प्राप्त कराता है।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दिवः सुम्नायन्तः

मरुतो यद्ध वो दिवः सुम्नायन्तो हवामहे। आ तू न उप गन्तन॥ ११॥

(१) हे **मरुतः**-प्राणो! **यत् ह**-जब निश्चय से **दिवः सुम्नायन्तः**-ज्ञान के सुख की कामना करते हुए हम **वः हवामहे**-आपको पुकारते हैं, **तु**-तो आप **नः**-हमें **आ उपगन्तन**-सर्वथा समीपता से प्राप्त होवो। (२) प्राणसाधना से ही बुद्धि की तीव्रता होकर ज्ञान का सुख प्राप्त होता है। प्राणसाधना के अभाव में ज्ञान एकदम अरुचिकर प्रतीत होता है।

भावार्थ–प्राणसाधना से बुद्धि तीव्र होती है। बुद्धि की तीव्रता के होने पर हमें ज्ञान प्राप्ति में आनन्द का अनुभव होता है।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'सुदानु रुद्र ऋभुक्षा प्रचेतस्' प्राण

यूयं हि ष्ठा सुदानवो रुद्रा ऋभुक्षणो दमे। उत प्रचेतसो मदे॥ १२॥

(१) हे प्राणो! **यूयम्**-आप **हि**-निश्चय से **सुदानवः**-(दाप् लवने) अच्छी प्रकार वासनाओं का विच्छेद करनेवाले **स्थ**-हो। **रुद्राः**-(रुत् द्र) रोगों को भगानेवाले हो तथा **दमे**-इस शरीर गृह में अथवा दमन के होने पर **ऋभुक्षणः**-विशाल ज्योति में निवास करनेवाले हो। प्राण शरीर को नीरोग बनाते हैं, मन को निर्मल तथा बुद्धि को तीव्र बनाते हैं। (२) **उत**-और **मदे**-हर्ष के निमित्त **प्रचेतसः**-प्रकृष्ट चेतनावाले होते हो। प्रकृष्ट चेतना को प्राप्त कराके ही आप हमारे जीवनों को उल्लासमय बनाते हो।

भावार्थ–प्राण 'वासनाओं को काटनेवाले, रोगों को भगानेवाले, विशाल ज्ञान दीप्ति में निवासवाले व प्रकृष्ट चेतना को देनेवाले' हैं।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'मदच्युत् पुरुक्षु विश्वधायस्' धन

आ नो रयिं मदच्युतं पुरुक्षुं विश्वधायसम्। इयर्ता मरुतो दिवः॥ १३॥

(१) हे **मरुतः**-प्राणो! आप **दिवः**-ज्ञान के प्रकाशवाले हो। आपकी साधना से ही ज्ञानदीप्ति बढ़ती है। (२) आप **नः**-हमारे लिये **रयिम्**-उस धन को **आ इयर्त**-सर्वथा प्राप्त कराओ जो **मदच्युतम्**-अभिमान को हमारे से दूर रखनेवाला है, **पुरुक्षुम्**-पालक पूरक अन्नोंवाला है तथा **विश्वधायसम्**-सबका धारण करनेवाला है। (२) धन में तीन ही दोष हैं–(क) अभिमान का पैदा हो जाना, (ख) भोगवृत्ति में पड़कर स्वादिष्ट भोजनों में फँस जाना, (ग) अपनी ही भोग-सामग्री को बढ़ाते हुए धन का अपने सुख के लिये ही व्यय करना। प्राणसाधना के होने पर हम इन तीनों दोषों से बचे रहेंगे। यह साधना हमें धन का मद न होने देगी, हम पालक व पूरक सात्त्विक अन्नों का ही सेवन करेंगे। हम धन का विनियोग लोक हित के कार्यों में करेंगे।

भावार्थ–प्राणसाधना प्रकाश को प्राप्त कराती हुई हमें धन के साथ 'निरभिमानता, भोगों में

अनासक्ति व लोकहित प्रवृत्ति' देती है।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वःङ्ग देवता—मरुतःङ्ग छन्दः—निचृद्गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

जितेन्द्रियता-सोमरक्षण-आनन्द

अधीव यद्गिरीणां यामं शुभ्रा अचिध्वम्। सुवानैर्मन्दध्व इन्दुभिः॥ १४॥

(१) हे **शुभ्राः**=हमारे जीवनों को शुभ्र बनानेवाले प्राणो! **यद्**=जब **गिरीणाम्**=इन ज्ञान की वाणियों के अन्दर विचरनेवाले ज्ञानी पुरुषों के जीवन में **अधि इव**=खूब अधिकता से **यामम्**=संयम का **अचिध्वम्**=संचय करते हो, तो **सुवानैः**=उत्पन्न किये जाते हुए इन **इन्दुभिः**=सोमकणों से **मन्दध्वे**=आनन्दित करते हो। (२) प्राणसाधना से इन ज्ञानी पुरुषों का जीवन खूब ही संयमवाला होता है। यह संयम सोमरक्षण का साधन बनता है। सुरक्षित सोम जीवन को 'नीरोग, निर्मल व दीप्त' बनाकर आनन्दमय बनाता है।

भावार्थ—प्राणसाधना से 'जितेन्द्रियता, सोमरक्षण व आनन्द' की प्राप्ति होती है।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वःङ्ग देवता—मरुतःङ्ग छन्दः—पादनिचृद्गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

प्राणरक्षण व ज्ञान का मनन

एतावतश्चिदेषां सुम्नं भिक्षेत मर्त्यः। अदाभ्यस्य मन्मभिः॥ १५॥

(१) **एतावतः**=इतने से, अर्थात् गतमन्त्र के अनुसार क्योंकि ये मरुत् (प्राण) हमें इन सोमकणों के रक्षण के द्वारा आनन्दित करते हैं, इसलिए **एषाम्**=इन प्राणों के **सुम्नम्**=रक्षण को **भिक्षेत**=माँगे। 'प्राणों का रक्षण हमें प्राप्त हो' ऐसी कामना उपासक करे। (२) **अदाभ्यस्य**=उस अहिंसनीय प्रभु के **मन्मभिः**=दिये गये इन ज्ञानों के साथ हम प्राणों के रक्षण की कामना करें। ये प्रभु से दिये जानेवाले ज्ञान हमें प्राप्त हों। और प्राणायाम द्वारा प्राणों की साधना करते हुए हम अपना रक्षण कर पायें। प्राणसाधना से ही शरीर में सोम का रक्षण होगा। उसके रक्षण से ही सब रक्षणों का सम्भव होगा।

भावार्थ—हम प्राणसाधना करें और प्रभु से दिये गये इन ज्ञानों को प्राप्त करने का प्रयत्न करें।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वःङ्ग देवता—मरुतःङ्ग छन्दः—निचृद्गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

अक्षित उत्स

ये द्रप्साइव रोदसी धमन्त्यनु वृष्टिभिः। उत्सं दुहन्तो अक्षितम्॥ १६॥

(१) **ये**=जो **द्रप्साः इव**=जल-बिन्दुओं के समान **वृष्टिभिः**=शक्तियों के सेचन के द्वारा (जैसे जल-बिन्दु भूमि को सिक्त करते हैं, इसी प्रकार ये रेतःकण (द्रप्स) शक्ति का सेचन करते हैं) **रोदसी**=द्यावापृथिवी को, मस्तिष्क व शरीर को **अनु धमन्ति**=अनुकूलता से शब्दयुक्त करते हैं अथवा अनुकूलता से निर्मित करते हैं (cast=ढालना)। शरीर में ये रेतःकण शक्ति का निर्माण करते हैं और मस्तिष्क में इनके द्वारा ही ज्ञान का सञ्चार किया जाता है। (२) ये द्रप्स ही, ये शक्तिकण ही **अक्षितम्**=कभी क्षीण न होनेवाले **उत्सम्**=ज्ञान के स्रोत को **दुहन्तः**=हमारे अन्दर पूरित करते हैं। ज्ञानाग्नि का ईंधन ये ही बनते हैं। इनके द्वारा ही बुद्धि सूक्ष्म होकर ज्ञान का ग्रहण करनेवाली बनती है।

भावार्थ—प्राणसाधना द्वारा शरीर में सुरक्षित सोमकण हमारे शरीर व मस्तिष्क का अनुकूलता से निर्माण करते हैं और हमारे जीवनों में न क्षीण होनेवाले ज्ञानस्रोत को प्रवाहित करते हैं।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वःङ्क देवता—मरुतःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

उदु स्वानेभिरीरत उद्थैरुदु वायुभिः। उत्स्तोमैः पृश्निमातरः॥ १७॥

(१) **पृश्निमातरः**=प्राणसाधना के द्वारा ज्ञानरश्मियों का अपने अन्दर निर्माण करनेवाले लोग **स्वानेभिः**=इन ज्ञान की वाणियों के उच्चारण के द्वारा **उ**=निश्चय से **उदीरते**=उन्नत होते हैं। ये साधक **रथैः**=इन शरीर-रथों से भी **उद्**=ऊपर उठते हैं। इनका ठीक प्रयोग करते हुए जीवन में उन्नत होते हैं। (२) **उ**=और ये साधक **वायुभिः**=(वा गतौ) इन गतिशील इन्द्रियाश्वों के द्वारा **उत्**=उन्नत होते हैं, वायुसम वेगवाले इन्द्रियाश्व इन्हें आगे और आगे ले चलते हैं। **स्तोमैः**=प्रभु के स्तोत्रों के द्वारा **उत्**=ये उन्नत होते हैं। वस्तुतः प्रभु का स्तवन करते हुए ही ये सब कार्यों को करते हैं। इनके शरीररथ ज्ञान की वाणियों से जुड़े हुए हैं, तो इनकी इन्द्रियों से होनेवाले सब कर्म प्रभु-स्तवनों से।

भावार्थ—प्राणसाधना के द्वारा (क) हम शरीर-रथों को दृढ़ बनायें, (ख) इन शरीर-रथों को ज्ञान की वाणियों के प्रकाश से युक्त करें, (ग) इन्द्रियाँ हमारी सतत कर्त्तव्यकर्मपरायण हों, (घ) हमारे कर्म प्रभु-स्तवन के साथ चलें।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वःङ्क देवता—मरुतःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

'तुर्वश, यदु, कण्व, धनस्पृत्'

येनाव तुर्वशं यदुं येन कण्वं धनस्पृतम्। राये सु तस्य धीमहि॥ १८॥

(१) हे मरुतो (प्राणो)! **येन**=जिस मार्ग से आप **तुर्वशम्**=त्वरा से शत्रुओं को वश में करनेवाले, **यदुम्**=यत्नशील मनुष्य को **आव**=रक्षित करते हो। **येन**=जिस मार्ग से **धनस्पृतम्**=धन के देनेवाले **कण्वम्**=मेधावी पुरुष को रक्षित करते हो। हम भी **राये**=ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिये **तस्य**=उस उपाय का **सुधीमहि**=सम्यक् धारण करते हैं। (२) वस्तुतः प्राणसाधना ही हमें 'तुर्वश, यदु, कण्व व धनस्पृत्' बनाती है। प्राणसाधना के द्वारा ही हम उस मार्ग पर चलने में भी समर्थ होते हैं जिस पर कि चलकर हम ऐश्वर्यों को प्राप्त करनेवाले होते हैं।

भावार्थ—प्राणसाधना करते हुए हम शत्रुओं को वश में करनेवाले, यत्नशील, मेधावी व धन के दाता बनें। ये प्राणसाधना ही हमें धन प्राप्ति की योग्यता प्राप्त कराये।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वःङ्क देवता—मरुतःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

'सुदानवः' मरुतः

इमा उ वः सुदानवो घृतं न पिप्युषीरिषः। वर्धान्कण्वस्य मन्मभिः॥ १९॥

(१) ये मरुत् (प्राण) 'सुदानु' हैं, सब उत्तमताओं को देनेवाले हैं, अथवा सब बुराइयों का खण्डन करनेवाले हैं (दाप् लवने)। हे **सुदानवः**=सुदानु प्राणो! **उ**=निश्चय से **इमाः**=ये **वः**=आपकी साधना के द्वारा प्राप्त होनेवाली, **इषः**=प्रेरणा **घृतं न**=ज्ञान की दीप्ति की तरह **पिप्युषीः**=आप्यायित करनेवाली हैं। प्राणसाधना के होने पर बुद्धि की तीव्रता से ज्ञान की वृद्धि होती है और हृदय की पवित्रता से अन्तःस्थित प्रभु की प्रेरणा सुनाई पड़ती है। (२) ये ज्ञान दीप्तियाँ व प्रेरणायें **काण्वस्य**=इस मेधावी पुरुष के **मन्मभिः**=स्तोत्रों के साथ **वर्धान्**=वृद्धि को प्राप्त होती हैं। एक समझदार साधक प्रभु का स्तवन करता है और प्राणसाधना के द्वारा अपने ज्ञान को बढ़ाता हुआ प्रभु प्रेरणा को सुननेवाला बनता है।

भावार्थ–प्राण सुदानु हैं, बुराइयों का खण्डन करनेवाले हैं। ये ज्ञानदीसिवाला को बढ़ाते हैं, अन्तःस्थित प्रभु की प्रेरणा को हमें सुनाते हैं। तथा हमें प्रभु-स्तवन की वृत्तिवाला बनाते हैं।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'वृक्तबर्हिषः' मरुतः

क्व नूनं सुदानवो मदथा वृक्तबर्हिषः। ब्रह्मा को वः सपर्यति॥ २०॥

(१) हे **सुदानवः**=सब उत्तमताओं को देनेवाले प्राणो! आप **नूनम्**=निश्चय से **क्व**=कहाँ, किस स्थिति में हमें **मदथा**=आनन्दित करते हो? तभी तो जब कि आप **वृक्तबर्हिषः**=हमारे हृदय क्षेत्रों से वासना के घास-फूस को उखाड़नेवाले होते हो। हृदयों को निर्मल करके आप आनन्द के देनेवाले होते हो। (२) **कः वः सपर्यति**=कौन आपका पूजन करता है? उत्तर देते हुए कहते हैं कि वस्तुतः वही आपका पूजन करता है जो **ब्रह्मा**=सात्त्विक पुरुषों में भी उत्तम सात्त्विक बनता है, चतुर्वेदवेत्ता होता है, ज्ञान के उच्चतम शिखर पर पहुँचता है।

भावार्थ–प्राणसाधना के दो परिणाम हैं–हृदयक्षेत्र से वासनाओं का उखाड़ा जाना तथा मस्तिष्क का ज्ञानोज्ज्वल होना।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोम-ऋत के शर्ध

नहि ष्म यद्व वः पुरा स्तोमेभिर्वृक्तबर्हिषः। शर्धाँ ऋतस्य जिन्वथ॥ २१॥

(१) हे **वृक्तबर्हिषः**=हृदयक्षेत्र से वासना के घास-फूस को उखाड़ देनेवाले प्राणो! आप उन **ऋतस्य**=ऋत के, यज्ञ के व सत्य के **शर्धान्**=बलों को **स्तोमेभिः**=स्तुतियों के द्वारा **जिन्वथ**=प्राप्त कराते हो, **यत् ह**=जो निश्चय से **वः पुरा नहि स्म**=आपकी साधना से पूर्व नहीं होते। (२) प्राणसाधना के होने पर हमारे जीवन से असत्य दूर हो जाता है। प्राणापान को 'नासत्या' कहा ही है, 'न असत्या'=जिनके कारण असत्य नहीं रहता। प्राणसाधना से ही स्तुति वृत्ति उत्पन्न होती है। यह असत्य से दूर रहनेवाला स्तोता शत्रुओं को कुचलनेवाले बलों को प्राप्त करता है।

भावार्थ–प्राणसाधना से प्रभु-स्तवन की वृत्ति जागती है तथा सत्य का बल प्राप्त होता है।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

समु त्ये महतीरपः सं क्षोणी समु सूर्यम्। सं वज्रं पर्वशो दधुः॥ २२॥

(१) **त्ये**=गत मन्त्र के अनुसार प्राणसाधना से 'प्रभु-स्तवन की वृत्ति तथा सत्य के बल को' अपनानेवाले लोग **उ**=निश्चय से **महतीः अपः**=महत्त्वपूर्ण रेतःकणरूप जलों को **संदधुः**=धारण करते हैं। प्राणसाधना ही रेतःकणों के रक्षण का कारण बनती है। रेतःकणों के रक्षण के द्वारा **क्षोणी**=इस शरीररूप पृथिवी को **सम्**=धारण करते हैं **उ**=और **सूर्यम्**=सूर्य को **सम्**=धारण करते हैं। अध्यात्म में यह सूर्य 'ज्ञान का सूर्य' है। इस सूर्य के ये धारण करनेवाले होते हैं। (२) ये लोग इस प्रकार 'रेतःकणों, शरीर तथा ज्ञानसूर्य' को धारण करके **पर्वशः**=एक-एक पर्व में **वज्रं दधुः**=क्रियाशीलतारूप वज्र को धारण करते हैं। इनके सब अंग क्रियाशील होते हैं। ये जीवन को क्रियामय बनाये रखते हैं।

भावार्थ–प्राणसाधना से 'रेतःकणों का रक्षण होकर, शरीर की दृढ़ता, ज्ञानसूर्य का उदय तथा क्रियाशीलता' प्राप्त होती है।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'वृत्र तथा पर्वतों' पर आक्रमण

वि वृत्रं पर्वशो ययुर्वि पर्वताँ अराजिनः। चक्राणा वृष्णि पौंस्यम्॥ २३॥

(१) ये मरुत् (प्राण) **वृत्रम्**-ज्ञान की आवरणभूत वासना पर **पर्वशः**-पर्व-पर्व पर **विययु**-(या प्रापणे invade) आक्रमण करते हैं। वासना पर आक्रमण करके **अराजिनः**-न चमकनेवाले **पर्वतान्**-अविद्य पर्वतों पर **वि (ययुः)**-आक्रमण करनेवाले होते हैं। प्राणसाधना से वासना विनाश के द्वारा सुरक्षित रेतःकण ज्ञानाग्नि का दीपन करते हैं और अविद्या पर्वत को छिन्न-भिन्न करते हैं। (२) ये मरुत् हमारे जीवनों में **वृष्णि**-सुखों के वर्षण करनेवाले **पौंस्यम्**-बल को **चक्राणाः**-करनेवाले होते हैं।

भावार्थ-प्राणसाधना से (क) वासना का विनाश होता है, (ख) अविद्या का विध्वंस होता है तथा (ग) बल की प्राप्ति होती है।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शुष्म-क्रतु (शक्ति-प्रज्ञान)

अनु त्रितस्य युध्यतः शुष्ममावन्नुत क्रतुम्। अन्विन्द्रं वृत्रतूर्ये॥ २४॥

(१) **युध्यतः**-वासनाओं से युद्ध करते हुए **त्रितस्य**-मेधा से तीर्णतम (नि० ४।१।६), अर्थात् अत्यन्त मेधावी पुरुष के **शुष्मम्**-शत्रु-शोषक बल को ये प्राण **अनु आवन्**-अनुकूलता से रक्षित करते हैं। **उत**-और **क्रतुम्**-इसके प्रज्ञान का रक्षण करते हैं। (२) **वृत्रतूर्ये**-वासना विनाशवाले संग्राम में ये प्राण **इन्द्रम्**-जितेन्द्रिय पुरुष को **अनु**-अनुकूलता से रक्षित करते हैं।

भावार्थ-जिस समय मेधावी पुरुष वासनाओं से युद्ध करता है तो ये प्राण उसके बल व प्रज्ञान का रक्षण करते हैं। इन्द्र इन प्राणों की सहायता से ही वासना का संहार कर पाता है।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शुभ्र जीवन

विद्युद्धस्ता अभिद्यवः शिप्राः शीर्षन्हिरण्ययीः। शुभ्रा व्यञ्जत श्रिये॥ २५॥

(१) 'मरुत्'-प्राण हैं। प्राणसाधना करनेवाले पुरुष भी मरुत् कहलाते हैं। ये मरुत् **'विद्युद् हस्ताः'**-विद्युत् से बने हाथोंवाले, अर्थात् शीघ्रता से कार्य करनेवाले, **अभिद्यवः**-सब ओर से दीप्तिवाले, तेजस्वी **शुभ्राः**-निर्मल जीवनवाले होते हैं। इनके मनों में राग-द्वेष आदि का मल नहीं होता। (२) ये प्राणसाधक पुरुष **शीर्षन्**-अपने सिरों पर **हिरण्ययीः**-ज्योतिर्मय **शिप्राः**-शिरस्त्राणों को **व्यञ्जत**-प्रकट करते हैं और **श्रिये**-शोभा के लिये होते हैं। योद्धाओं ने सिरों के रक्षण के लिये शिरस्त्राण (टोपियो) धारण किये होते हैं। इन प्राणसाधकों ने भी मस्तिष्क में ज्ञानरूप शिरस्त्राण को ही मानो स्थापित किया होता है।

भावार्थ-प्राणसाधना से (क) हाथ विद्युत् के समान शीघ्रता से कार्यों को करते हैं, (ख) शरीर सब ओर दीप्तिवाला, तेजस्वी बनता है, (ग) मस्तिष्क में ज्ञानरूप शिरस्त्राण की स्थापना होती है, (घ) इन साधकों के हृदय निर्मल होते हैं।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सूर्य द्वार से आगे बढ़ना

उशना यत्परावत उक्ष्णो रन्ध्रमयातन। द्यौर्न चक्रदद्धिया॥ २६॥

(१) उशनाः=प्रभु प्राप्ति की कामनावाला व्यक्ति यत्=जब परावतः उक्ष्णः=उस सुदूर सूर्य के रन्ध्रम्=(छिद्र) द्वार को अयातन=प्राप्त होता है तो द्यौः न=प्रकाशमय जीवनवाला होता हुआ 'विरज' होता हुआ अभिया=कहीं पतन न हो जाये इस भय से चक्रद्=प्रभु का आह्वान करता है। (२) साधना में उन्नत होता हुआ पुरुष शरीर में सब से निचले 'मूलाधार चक्र' से ऊपर उठता हुआ सब से ऊपर 'सूर्य चक्र' (सहस्रार चक्र) में पहुँचता है तो अद्भुत सिद्धियों को प्राप्त करता है। यहाँ सिद्धियों में फँस जाने का अधिक से अधिक भय होता है। इस भय से यह प्रभु का आह्वान करता है कि हे प्रभो! मैं इन सिद्धियों में आसक्त न होकर आपकी ओर आगे और आगे बढ़ता ही जाऊँ। यदि नहीं फँसता तो अमृत प्रभु को प्राप्त करता ही है।

भावार्थ—हम प्रभु प्राप्ति की प्रबल कामनावाले बनकर प्राणसाधना के द्वारा शरीरस्थ सूर्य द्वार से ऊपर उठें। 'सिद्धियों में न गिर जायें' सो प्रभु का आराधन करें। प्रकाशमय जीवनवाले बनें।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

यज्ञ-वीर्य-ज्योति

आ नो मखस्य दावनेऽश्वैर्हिरण्यपाणिभिः। देवासः उप गन्तन॥ २७॥

(१) हे देवासः=दिव्य गुणों को उत्पन्न करनेवाले प्राणो! आप नः=हमारे लिये मखस्य दावने=यज्ञों के देने के निमित्त, हमारे में यज्ञिय भावनाओं को जन्म देने के लिये आ उपगन्तन=सर्वथा प्राप्त होवो। इस प्राणसाधना के द्वारा ही यज्ञिय भावना का उदय होता है। (२) हे प्राणो! हिरण्यपाणिभिः=(हिरण्यं वै वीर्यं, हिरण्यं वै ज्योतिः) वीर्य व ज्योति को, शक्ति व प्रकाश को हाथ में लिये हुए अश्वैः=इन्द्रियाश्वों से आप हमें प्राप्त होवो। प्राणसाधना से कर्मेन्द्रियाँ शक्तिशाली बनती हैं और ज्ञानेन्द्रियाँ ज्ञानदीप्त होती हैं।

भावार्थ—प्राणसाधना से यज्ञिय वृत्ति का जन्म होता है। यह साधना हमारी इन्द्रियों को उत्तम बनाती है।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

रोहितः प्रष्टिः

यदेषां पृषती रथे प्रष्टिर्वहति रोहितः। यान्ति शुभ्रा रिणन्नपः॥ २८॥

(१) यद्=जब एषाम्=इन प्राणसाधकों के रथे=शरीर-रथ में पृषतीः=इन इन्द्रिय मृगों को, इन्द्रियरूप मृगों को वह रोहितः=सब दृष्टिकोणों से बढ़ा हुआ प्रष्टिः=द्रष्टा प्रभु (अनश्नन्नो अभिचाकशीति) वहति=प्राप्त कराता है, अर्थात् प्रभु इनका नियन्ता बनता है, तो ये साधक शुभ्राः=शुभ्र जीवनवाले बनकर यान्ति=गतिशील होते हैं। अपः=रेतःकणरूप जलों को रिणन्=अपने अन्दर प्रेरित करते हैं। (२) हमारे इस शरीर-रथ का नियन्ता प्रभु बनें। वह द्रष्टा प्रभु जब हमारे इन इन्द्रिय मृगों के नियन्ता बनते हैं, तो हमारे जीवन में किसी प्रकार की मलिनता नहीं आती। जीवन शुभ्र बन जाता है। उस समय रेतःकणों की ऊर्ध्वगति होकर जीवन 'नीरोग, निर्मल व दीप्त' बनता है।

भावार्थ–प्रभु हमारे इन्द्रिय मृगों के नियन्ता बनें। ऐसा होने पर हमारे जीवन शुभ्र बनेंगे। शक्तिकण शरीर में ही प्रेरित होंगे।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—आर्षीविराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सब चक्रों का ठीक होना

सुषोमे शर्यणावत्यार्जीके पस्त्यावति। ययुर्निचक्रया नरः॥ २९॥

(१) नरः=उन्नतिपथ पर चलनेवाले लोग इस शरीर गृह में निचक्रया=नियमित चक्रसमूह से ययुः=गति करते हैं। इनका शरीरों में मूलाधार चक्र से सहस्रार चक्र तक सब आठों चक्र अपना-अपना कार्य ठीक रूप से करते हैं प्राणसाधना ही इन चक्रों की गति को ठीक रखती है। (२) 'कैसे शरीर गृह में ये गति करते हैं?' इसको स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि सुषोमे=(सु-सोमे) उत्तम सोमवाले। प्राणसाधना से वीर्य शुद्ध बना रहता है, इसकी ऊर्ध्वगति होती है। शर्यणावति=संहारवाले, इस शरीर गृह में रोगकृमियों के वासनाओं का संहार हो जाता है। आर्जीके=जिस शरीर गृह में शक्ति का खूब उपार्जन हुआ है। पस्त्यावति=जिस शरीर गृह में सब पस्त्य (cells) उत्तम होते हैं।

भावार्थ–शरीर वही अच्छा है जिसमें सोम का रक्षण हो, रोगकृमि व वासनाओं का संहार हो, शक्ति का उपार्जन हो तथा सब घटक (cells) ठीक हो। इसमें आठों चक्रों की गति ठीक हो।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्राणसाधक की आतुरता

कदा गच्छाथ मरुत इत्था विप्रं हवमानम्। मार्डीकेभिर्नाधमानम्॥ ३०॥

(१) हे मरुतः=प्राणो! आप इत्था=सत्यरूप में हवमानम्=पुकारते हुए विप्रम्=इस अपने पूरण करनेवाले पुरुष को कदा=कब गच्छाथ=प्राप्त होते हो। (२) मार्डीकेभिः=उस (मृडीकस्य शिवस्य इमानि) आनन्दमय प्रभु के नामों से नाधमानम्=याचना करते हुए इस विप्र को आप कब प्राप्त होवोगे? प्राणसाधना करते हुए प्रभु के नामों का उच्चारण साधना में सहायक हो जाता है।

भावार्थ–प्राणसाधना करता हुआ पुरुष प्रभु के नामों का उच्चारण करे तथा उसे साधना के लिये एक आतुरता-सी हो।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु की ओर ही चलना

कन्नूनं कधप्रियो यदिन्द्रमजहातन। को वः सखित्व ओहते॥ ३१॥

(१) हे कधप्रियः=प्रभु-स्तवन के प्रिय पुरुषो! यत्=जब इन्द्रम्=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु की ओर अजहातन=तुम चलते हो (हा गतौ), तो नूनम्=निश्चय से यह गमन कत् ह=(कं तनोति इति कत्) आनन्द का विस्तार करनेवाला होता है। (२) कः=वह आनन्दमय प्रभु ही वः सखित्वे=तुम्हारी मित्रता में ओहते=प्राप्त हो जाता है। उस आनन्दस्वरूप के प्राप्त होने पर आनन्द ही आनन्द हो जाता है।

भावार्थ–प्रभु-स्तवन करते हुए हम प्रभु की ओर चलें, हम प्रभु के मित्र बन पायें।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वःङ्क देवता—मरुतःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

वज्रहस्तैः हिरण्यवाशीभिः

सह्रो षु णो वज्रहस्तैः कण्वासो अग्निं मरुद्भिः। स्तुषे हिरण्यवाशीभिः॥ ३२॥

(१) नः=हमारे में **कण्वासः**=जो भी मेधावी पुरुष हैं, वे **अग्नि सु स्तुषे**=उस अग्रेणी प्रभु का उत्तमता से स्तवन करनेवाले होते हों। (२) इस स्तवन को वे **मरुद्भिः सह**=इन प्राणों के साथ ही करते हैं। प्राणसाधना करते हुए वे प्रभु-नामोच्चारण करते हैं। ये प्राण **वज्रहस्तैः**=क्रियाशीलतारूप वज्र को हाथ में लिये हुए हैं, तथा **हिरण्यवाशीभिः**=हितरमणीय ज्योतिर्मयी वाणीवाले हैं। प्राणसाधना के द्वारा शक्ति का वर्धन होकर यह साधक क्रियाशील बनता है तथा ज्ञानाग्नि की दीप्ति से सदा हितरमणीय वाणी का ही उच्चारण करता है।

भावार्थ—प्राणसाधना के साथ हम प्रभु-स्तवन में प्रवृत्त हों। इससे हमारे हाथ उत्तम कर्मों में प्रवृत्त होंगे तथा वाणी सदा हितरमणीय वचनों का उच्चारण करनेवाली होगी।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वःङ्क देवता—मरुतःङ्क छन्दः—आर्षीविराड्गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

वृष्णः, प्रयज्यून्, चित्रवाजान्

ओ षु वृष्णः प्रयज्यूना नव्यसे सुविताय। वक्तृताय। वक्तृत्यां चित्रवाजान्॥ ३३॥

(१) मैं **वृष्णः**=शक्ति का सेचन करनेवाले, **प्रयज्यून्**=प्रकृष्ट कर्मों में संगत होनेवाले व हमें निकृष्ट वस्तुओं से संगत करनेवाले, **चित्रवाजान्**=अद्भुत बलोंवाले प्राणों को **उ**=निश्चय से **सु**=अच्छी प्रकार आप **वृत्यान्**=अपनी ओर आवृत्त करें। (२) मैं इन प्राणों को अपने जीवन में इसलिए आवृत्त करूँ कि **आनव्यसे सुविताय**=सर्वथा स्तुत्य सुवित के लिये मैं होऊँ। अर्थात् मैं स्तुत्य सुमार्ग पर ही चलनेवाला बनूँ।

भावार्थ—प्राण हमारे में शक्ति का सेचन करते हैं, उत्तम बातों की ओर हमें प्रेरित करते हैं, अद्भुत शक्तियों को प्राप्त कराते हैं। प्राणसाधना से हम सदा स्तुत्य सुमार्ग पर (आक्रमण करते हैं) चलते हैं।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वःङ्क देवता—मरुतःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

गिरयः, पर्शानासः, मन्यमानाः, पर्वताः

गिरयश्चिन्नि जिहते पर्शानासो मन्यमानाः। पर्वताश्चिन्नि येमिरे॥ ३४॥

(१) **गिरयः**=(गृणाति) प्रभु के नामों का उच्चारण करनेवाले ये उपासक **चित्**=निश्चय से **निजिहते**=नम्रता से गतिवाले होते हैं। **पर्शानासः**=सदा ज्ञानवाणियों के सम्पर्कवाले होते हैं। **मन्यमानाः**=प्रभु का चिन्तन करनेवाले होते हैं। (२) **पर्वताः**=(पर्व पूरणे) ये अपना पूरण करनेवाले, न्यूनताओं को दूर करनेवाले, व्यक्ति **चित्**=निश्चय से **नियेमिरे**=नियमित जीवनवाले होते हैं। ये इन्द्रियों व मन का नियमन करके कार्यों में प्रवृत्त होते हैं।

भावार्थ—हम प्राणसाधना द्वारा 'ज्ञान, प्रभु सम्पर्क, मनन व पूरण' को प्राप्त हों। जीवन में इन्द्रियों का नियमन करते हुए नम्रता से चलें।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वःङ्क देवता—मरुतःङ्क छन्दः—निचृद्गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

योगसाधना व युक्ताहार-विहारता

आक्षण्वाना वहन्त्यन्तरिक्षेण पर्वतः। धातारः स्तुवते वयः॥ ३५॥

(१) ये प्राण **स्तुवते**-स्तुति करनेवाले के लिये **वयः**-उत्कृष्ट जीवन को **आवहन्ति**-प्राप्त कराते हैं। जो प्रभु-स्मरणपूर्वक इस प्राणसाधना में प्रवृत्त होता है, वह नीरोग, निर्मल व तीव्र बुद्धियुक्त जीवन को प्राप्त करता है। (२) ये प्राण **आक्षण्वानः**-(अक्ष्ण) अखण्ड गतिवाले हैं। और **अन्तरिक्षेण**-मध्य मार्ग से **पततः**-चलते हुए पुरुष का **धातारः**-धारण करनेवाले हैं। प्राणसाधना के साथ युक्ताहार-विहारवाला होना आवश्यक है।

भावार्थ-प्राण निरन्तर चल रहे हैं। ये युक्ताहार-विहार पुरुष के लिये उत्कृष्ट जीवन को धारित करते हैं। स्तोता के लिये उत्कृष्ट जीवन को देते हैं।

ऋषिः—पुनर्वत्सः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पूर्व्यः छन्दः

अग्निर्हि जानिं पूर्व्यश्छन्दो न सूरो अर्चिषा। ते भानुभिर्वि तस्थिरे॥ ३६॥

(१) **अग्निः**-यह अग्रेणी प्रभु **हि**-निश्चय से **जानि**-हमारे हृदयों में प्रादुर्भूत होता है। **पूर्व्यः**-यह सृष्टि से पहले होनेवाला है। **छन्दः**-(छादयिता) उपासक का रक्षण करनेवाला है। **अर्चिषा**-अपनी दीप्ति से **सूरः न**-सूर्य के समान है। (२) **ते**-वे प्राणसाधना द्वारा हृदयों में इस प्रभु का दर्शन करनेवाले लोग **भानुभिः**-ज्ञानदीप्तियों के साथ **तिस्थिरे**-विशेषरूप से स्थित होते हैं। ये प्रकाशमय जीवनवाले बनते हैं।

भावार्थ-प्राणसाधना से हृदयों में प्रभु का प्रकाश होता है। इस प्रभु-प्रेरणा से हृदय जगमगा उठता है।

इस प्रभु के प्रादुर्भाव से ये उपासक '**सध्वंस**'-वासनाओं के ध्वंस करनेवाले होते हैं। ये मेधावी '**काण्व**' तो हैं ही। ये '**अश्विनौ**'-प्राणापान का आराधन करते हुए कहते हैं-

८. [अष्टमं सूक्तम्]

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

दस्रा हिरण्यवर्तनी

आ नो विश्वाभिरूतिभिरश्विना गच्छतं युवम्। दस्रा हिरण्यवर्तनी पिबतं सोम्यं मधु॥ १॥

(१) हे **अश्विना**-प्राणापानो! **युवम्**-आप **नः**-हमें **आगच्छतम्**-प्राप्त होवो। **विश्वाभिः ऊतिभिः**-सब रक्षणों के साथ आप हमें प्राप्त होवो। ये प्राणापान शरीर को रोगों से बचाते हैं, तो मन को मलों से, वासनाओं से बचाते हैं और बुद्धि को मलिन न होने देकर दीप्त बनाते हैं। (२) हे प्राणापानो! आप **दस्रा**-सब मलों का उपक्षय करनेवाले हो। **हिरण्यवर्तनी**-हितरमणीय व ज्योतिर्मय मार्गवाले हो। आपकी आराधना करनेवाला कभी मलिन मार्ग का आक्रमण नहीं करता। आप **सोम्यं मधु**-सोम सम्बन्धी मधु का, सोमरूप सारभूत वस्तु का, **पिबतम्**-पान करो। यह सुरक्षित सोम ही शरीर को नीरोग तथा बुद्धि को दीप्त बनाता है।

भावार्थ-प्राणापान सब प्रकार का रक्षण प्राप्त कराते हैं। ये मलों का उपक्षय करके हमें ज्योतिर्मय मार्ग से ले चलते हैं। शरीर में सोम का रक्षण करते हैं।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

कवी गम्भीरचेतसा

आ नूनं यातमश्विना रथेन सुवृत्त्वचा। भुजी हिरण्यपेशसा कवी गम्भीरचेतसा॥ २॥

(१) हे अश्विना=प्राणापानो! आप नूनम्=निश्चय से सूर्यत्वचा रथेन=सूर्य के समान कान्तियुक्त आवरणवाले, अर्थात् तेजस्वी रथेन=शरीर-रथ से आयातम्=हमें प्राप्त होवो। प्राणसाधना इस शरीर को सूर्यसम तेजस्वी बनाये। (२) ये प्राणापान भुजी=हमारा पालन करनेवाले हैं (शरीर)। हिरण्यपेशसा=ज्योतिर्मयरूपवाले हैं। कवी=हमें क्रान्तदर्शी, तीव्र बुद्धिवाला बनाते हैं। तथा गम्भीरचेतसा=गम्भीर चित्तवाले हैं। प्राणसाधक पुरुष चित्त की गम्भीरता को प्राप्त करता है।

भावार्थ—प्राणसाधना से शरीर तेजस्वी होता है। ये प्राण हमारा पालन करते हैं, 'ज्योति, बुद्धि व गम्भीर चित्त' को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

दोष-वर्जन

आ यातं नहुषस्पर्यान्तरिक्षात्सुवृक्तिभिः। पिबाथो अश्विना मधु कण्वानां सवने सुतम्॥ ३॥

(१) नहुषः=(नह बन्धने) औरों के साथ अपने को बाँधकर चलनेवाले इस निःस्वार्थ मनुष्य के अन्तरिक्षात् परि=हृदयान्तरिक्ष से (परिः पञ्चम्यर्थानुवादी) सुवृक्तिभिः=सुष्ठु दोष वर्जन के हेतु से आयातम्=आप प्राप्त होवो। प्राणसाधना के द्वारा ही हृदय दोषों से शून्य बनता है। (२) इस दोष शून्यता के होने पर हे अश्विना=प्राणापानो! आप कण्वानाम्=इन मेधावी पुरुषों के सवने=जीवनयज्ञ में सुतम्=उत्पन्न इस मधु=ओषधियों के सारभूत सोम को पिबाथः=शरीर में ही पीनेवाले होवो। शरीर में व्याप्त सोम ही सब दोषों के दूरीकरण का साधन बनता है।

भावार्थ—प्राणसाधना से हृदयान्तरिक्ष से सब वासना दोषों का निराकरण हो जाता है। शरीर में प्राण ही सोम को सुरक्षित करते हैं।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—आर्षीविराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

सोम्य मधु का पान

आ नो यातं दिवस्पर्यान्तरिक्षादधप्रिया। पुत्रः कण्वस्य वामिह सुषाव सोम्यं मधु॥ ४॥

(१) हे अधप्रिया=(कधप्रिया) प्रभु-स्तवन के प्रति प्रीति को उत्पन्न करनेवाले प्राणापानो! नः=हमें दिवः परि आयातम्=मस्तिष्करूप द्युलोक के हेतु से आयातम्=प्राप्त होवो। अन्तरिक्षात् आ (यातम्)=हृदयान्तरिक्ष के हेतु से प्राप्त होवो। आप ही हमारे मस्तिष्करूप द्युलोक को दीप्त बनाते हो और आप ही हृदयान्तरिक्ष को पवित्र करते हो। (२) कण्वस्य पुत्रः=मेधावी का पुत्र, अर्थात् अत्यन्त मेधावी पुरुष इह=इस जीवन में वाम्=आपके लिये इस सोम्यं मधु=सोम सम्बन्धी सारभूत वस्तु को सुषाव=उत्पन्न करता है। प्राणसाधना द्वारा ही शरीर में इस मधु के पान का सम्भव होता है।

भावार्थ—प्राणसाधना मस्तिष्क को दीप्त बनाती है, हृदय को निर्मल करती है, शरीर में सोम का रक्षण करती है।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

ज्ञान-स्तवन व कर्म

आ नो यातमुपश्रुत्यश्विना सोमपीतये। स्वाहा स्तोमस्य वर्धना प्र कवी धीतिभिर्नरा॥ ५॥

(१) ('श्रूयते इति श्रुत्, उपगता श्रुत् यस्मिन्') हे अश्विना=प्राणापानो! आप उपश्रुति=इस ज्ञानयज्ञ में नः=हमें आयातम्=प्राप्त होवो। आप सोमपीतये=सोम के पान के लिये होवो। आप

के द्वारा सोम (वीर्य) शरीर में ही व्याप्त किया जाये। (२) हे प्राणापानो! आप **स्वाहा**-(सु आ हा) सम्यक् समन्तात् दोषों का वर्जन करनेवाले हो। **स्तोमस्य वर्धना**-स्तुति समूह का हमारे में वर्धन करनेवाले हो। **कवी**-हमें क्रान्तदर्शी बनाते हो। **प्रथीतिभिः**-प्रकृष्ट कर्मों के द्वारा **नरा**-हमें उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले हो।

भावार्थ-प्राणसाधना से 'ज्ञान-स्तवन व उत्तम कर्मों' का वर्धन होता है।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

प्रभु-स्तवन व रक्षण

यच्चिद्धि वां पुर ऋषयो जुहूरेऽवसे नरा। आ यातमश्विना गतमुपेमां सुष्टुतिं मम॥ ६॥

(१) हे **नरा**-उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले प्राणापानो! **यत् चित् हि**-जब ही **ऋषयः**-ये तत्त्वद्रष्टा गतिशील पुरुष **वाम्**-आपको **पुरः**-सब से पहले **अवसे**-रक्षा के लिये **जुहूरे**-पुकारते हैं, तो आप **आयातम्**-आते हो। (२) हे **अश्विना**-प्राणापानो! आप **मम**-मेरी **इमां सुष्टुतिम्**-इस उत्तम स्तुति को **आगतम्**-प्राप्त होवो। मैं आपका उत्तम स्तवन करनेवाला बनूँ। प्राणों का उत्तम स्तवन 'प्राणायाम' ही है। प्राणायाम के होने पर प्रभु-स्तवन की वृत्ति उत्पन्न होती है। ये प्राण रोग आदि से हमारा रक्षण करते हैं।

भावार्थ-प्राणसाधना हमें प्रभु-स्तवन की ओर प्रवृत्त करती है और रोग आदि से हमारा रक्षण करती है।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—आर्षीविराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

स्वर्विदा-हवनश्रुता

दिवाश्चिद्रोचनादध्या नो गन्तं स्वर्विदा। धीभिर्वत्सप्रचेतसा स्तोमेभिर्हवनश्रुता॥ ७॥

(१) हे **स्वर्विदा**-प्रकाश को प्राप्त करानेवाले प्राणापानो! **दिवः चित्**-मस्तिष्करूप द्युलोक के दृष्टिकोण से तथा **रोचनात् अधि**-वासनामल से रहित अतएव चमकते हुए हृदयान्तरिक्ष के दृष्टिकोण से **नः आगन्तम्**-हमें प्राप्त होवो। प्राणसाधना के द्वारा हमारा मस्तिष्क व हृदय दोनों ही उत्तम बनें। (२) हे प्राणापानो! आप **धीभिः**-बुद्धियों के द्वारा **वत्सप्रचेतसा**-अपने प्रिय आराधक को प्रकृष्ट ज्ञानवाला बनाते हो। और **स्तोमेभिः**-स्तुतियों के द्वारा **हवनश्रुता**-प्रभु की पुकार को सुननेवाले होते हो। प्राणसाधना से मस्तिष्क ज्ञान परिपूर्ण बनता है तथा प्रभु-स्तवन करते हुए हम हृदयस्थ प्रभु की प्रेरणा को सुन पाते हैं।

भावार्थ-प्राणसाधना से प्रकाश प्राप्त होता है। मस्तिष्क व हृदय दोनों निर्मल हो जाते हैं। मस्तिष्क ज्ञानदीप्ति से चमक उठता है तो पवित्र हृदय में प्रभु की प्रेरणा पड़ती है।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—आर्षीविराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

दिव्य गुण विकास व ज्ञान का वर्धन

किमन्ये पर्यासतेऽस्मत्स्तोमेभिरश्विना। पुत्रः कण्वस्य वामृषिर्गीर्भिर्वत्सो अवीवृधत्॥ ८॥

(१) **अश्विना**-हे प्राणापानो! **अस्मत् स्तोमेभिः**-हमारी इन स्तुतियों के द्वारा **किम्**-क्या ही **अन्ये**-विलक्षण दिव्यगुण **पर्यासते**-हमारे में चारों ओर स्थित होते हैं। प्रभु-स्तवन के साथ प्राणसाधना के होने पर हमारा जीवन दिव्य गुणों से युक्त बनता है। (२) इसीलिए यह **कण्वस्य पुत्रः**-मेधावी का पुत्र अत्यन्त मेधावी, **ऋषिः**-तत्त्वद्रष्टा, **वत्सः**-(वदति) ज्ञान की वाणियों का

उच्चारण करनेवाला पुरुष **गीर्भिः**=इन ज्ञान वाणियों के हेतु से **वां अवीवृधत्**=आपका वर्धन करता है।

भावार्थ—प्राणसाधना से जीवन में अद्भुत दिव्यगुणों का विकास होता है तथा ज्ञान का वर्धन होता है।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

अरि प्रा वृत्रहन्तमा

आ वां विप्र इहावसेऽ ह्वत्स्तोमेभिरश्विना। अरिप्रा वृत्रहन्तमा ता नो भूतं मयोभुवा॥ ९॥

(१) हे **अश्विना**=प्राणापानो! **विप्रः**=अपना विशेषरूप से पूरण करनेवाला व्यक्ति **इह**=यहाँ **अवसे**=रक्षण के लिये **स्तोमेभिः**=स्तुतियों के द्वारा **वाम्**=आप दोनों को **आ अह्वत्**=सर्वथा पुकारता है। आपकी आराधना ही उसे रोगों व वासनाओं से अपना रक्षण करने में समर्थ करती है, आपकी आराधना से ही वह अपना पूरण कर पाता है। (२) **अरि प्रा**=आप दोषरहित हो, दोषों को दूर करनेवाले हो। **वृत्रहन्तमा**=ज्ञान की आवरणभूत वासना को अधिक से अधिक नष्ट करनेवाले हो। **ता**=वे आप दोनों **नः**=हमारे लिये **मयोभुवा**=कल्याण को उत्पन्न करनेवाले **भूतम्**=होइये।

भावार्थ—प्राणसाधना ही जीवन में हमें रोगों व वासनाओं के आक्रमण से बचाती है। ये प्राणापान हमारे जीवनों को निर्दोष वासनाशून्य व कल्याणमय बनाते हैं।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—आर्षीविराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

योषणा का अश्विनी देवों के रथ पर अधिष्ठान

आ यद्वां योषणा रथमतिष्ठदाजिनीवसू। विश्वान्यश्विना युवं प्र धीतान्यगच्छतम्॥ १०॥

(१) हे **वाजिनीवसू**=शक्ति व ज्ञानरूप धनवाले प्राणापानो! **यद्**=जब **वाम्**=आपकी साधनावाले **रथम्**=इस शरीर-रथ पर **योषणा**=सब बुराइयों का अमिश्रण व अच्छाइयों का मिश्रण करनेवाली यह वेदवाणी (सूर्या) **आतिष्ठतः**=अधिष्ठित होती है। तो हे **अश्विना**=प्राणापानो! **युवम्**=आप **विश्वानि**=सब **धीतानि**=अभिलषितों को **प्र अगच्छतम्**=प्राप्त हो जाते हो। (२) प्राणसाधना से ज्ञानदीप्ति होने के कारण यह शरीर-रथ 'सूर्या' (बुद्धि का प्रकाश) का अधिष्ठान बनता है। उस समय कोई अभिलषित वस्तु अप्राप्य नहीं रहती।

भावार्थ—प्राणसाधना से ज्ञान की दीप्ति होती है और सब अभिलषित पूर्ण होते हैं।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—आर्षीविराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

माधुर्ययुक्त वचन का शंसन

अतः सहस्रनिर्णिजा रथेना यातमश्विना। वत्सो वां मधुमद्वचोऽशंसीत्काव्यः कविः॥ ११॥

(१) **अतः**=गत मन्त्र के अनुसार इस प्राणसाधना से सब अभिलषित पूर्ण होते हैं, सो **सहस्रनिर्णिजा**=हजारों प्रकार से शुद्ध बने इस **रथेन**=शरीर-रथ से **आयातम्**=आप हमें प्राप्त होवो। (२) हे **अश्विना**=प्राणापानो! **वत्सः**=ज्ञान की वाणियों का उच्चारण करनेवाला **काव्यम्**=(काव्यं अस्य अस्ति) प्रभु के अजरामर वेद काव्य को अपनानेवाला **कविः**=क्रान्तप्रज्ञ स्तोता **वाम्**=आपके प्रति **मधुमत् वचः**=माधुर्ययुक्त वचन का **अशंसीत्**=शासन करता है। वस्तुतः प्राणसाधना करनेवाला कटुवचनों का कभी प्रयोग नहीं करता।

भावार्थ–प्राणसाधना से शरीर-रथ सब प्रकार से परिशुद्ध बनता है। ज्ञान वृद्धि व वाणी का माधुर्य प्राप्त होता है।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

पुरुमन्द्रा पुरूवसू

पुरुमन्द्रा पुरूवसू मनोतरा रयीणाम्। स्तोमं मे अश्विनाविमभि वह्नी अनूषाताम्॥ १२॥

(१) ये **अश्विनौ**–प्राणापानो **पुरुमन्द्रा**–खूब ही आह्लादित करनेवाले हैं। **पुरूवसू**–पालक व पूरक धनों को प्राप्त करानेवाले हैं। **रयीणाम्**–सब ऐश्वर्यों के **मनोतरा** (मन्तारौ दातारौ सा०)–देनेवाले हैं। (२) ये **अश्विनौ**–प्राणापान **वह्नी**–मुझे लक्ष्य-स्थान पर पहुँचानेवाले हैं। ये **मे**–मेरे **इमं सोमम्**–इस स्तोम को **अभि अनूषाताम्**–प्रातः-सायं उच्चारित करायें। हम प्राणसाधना करते हुए प्रातः-सायं प्रभु-स्तवन की वृत्तिवाले बनें।

भावार्थ–प्राणसाधना हमें 'आनन्द, वसु व रयि' को प्राप्त कराती है। ये हमें स्तुति की वृत्तिवाला बनाती है और हमें लक्ष्य-स्थान की ओर ले चलती है।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—आर्षीविराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

उत्तम धन, समय पर अनिन्दित कर्म

आ नो विश्वान्यश्विना धत्तं राधांस्यह्रया। कृतं न ऋत्वियावतो मा नो रीरधतं निदे॥ १३॥

(१) हे **अश्विना**–प्राणापानो! आप **नः**–हमारे लिये **विश्वानि**–सब **अह्रया**–(अलज्जाहेतूनि) अलज्जा कर **राधांसि**–धनों को **आधत्तम्**–धारण करो। अर्थात् प्राणसाधना करते हुए हम इस प्रकार उत्तम उपायों से धनों का अर्जन करें कि हमें किसी प्रकार से लज्जित न होना पड़े, शुद्ध ही मार्गों से हम धनार्जन करें। (२) हे प्राणापानो! आप **नः**–हमें **ऋत्वियावतः**–(ऋतौ भवं ऋत्वियं) ऋतु पर कर्म करनेवाला **कृतम्**–बनाओ। हम सब कार्य समय पर करें। **नः**–हमें **निदे**–निन्दात्मक कर्म के लिये **मा रीरधतम्**–मत सिद्ध करो। हम इस प्रकार इन्द्रियों के पराधीन न हो जायें कि निन्दनीय कर्मों में प्रवृत्त हो जायें।

भावार्थ–प्राणसाधना करते हुए हम (१) उत्तम कर्मों से धनार्जन करें, (२) सब कर्मों को ऋतु के अनुसार समय पर करनेवाले बनें, (३) निन्दात्मक कर्मों में प्रवृत्त न हों।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

(सुदूर में व समीप में) रेचक व पूरक (प्राणायाम)

यन्नासत्या परावति यद्वा स्थो अध्यम्बरे। अतः सहस्रनिर्णिजा रथेना यातमश्विना॥ १४॥

(१) हे **नासत्या**–(न+असत्या) हमारे जीवनों से असत्यों को दूर करनेवाले प्राणापानो! **यत्**–जब **परावति**–सुदूर देश में **स्थः**–तुम होते हो, अर्थात् 'रेचक' प्राणायाम में जब शरीर से तुम्हारी स्थिति दूर होती है। **यद्वा**–या जब **अम्बरे अधि**–यहाँ समीप ही (अन्तिके सा०) हृदयदेश में होते हैं, 'पूरक' के समय जब हृदय में ही आपका परिपूरण होता है। तो **अतः**–इस रेचक व पूरक प्रक्रिया के द्वारा आप इस शरीर-रथ को **सहस्रनिर्णिजा**–हजारों प्रकार से शुद्ध कर डालते हो। (२) इस **सहस्रनिर्णिक् रथेन**–शरीर-रथ से हे **अश्विना**–प्राणापानो! आप **आयातम्**–हमें प्राप्त होवो। पूरक प्राणायाम में शुद्ध वायु को फेफड़ों में भरकर, हम रेचक में अशुद्ध वायु को बाहिर फेंकने की करते हैं। इस प्रकार शरीर का शोधन होता चलता है।

भावार्थ–रेचक व पूरक प्राणायाम के द्वारा हम इस शरीर-रथ को सर्वथा शुद्ध बनायें।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

सहस्रनिर्णिजं-धृतश्चुतम्

यो वां नासत्यावृषिर्गीर्भिर्वत्सो अवीवृधत्। तस्मै सहस्रनिर्णिजमिषं धत्तं घृतश्चुतम्॥ १५॥

(१) हे **नासत्यो**-सब असत्यों को दूर करनेवाले प्राणापानो! **यः**-जो **ऋषिः**-तत्त्वद्रष्टा **वत्सः**-वेदवाणियों का उच्चारण करनेवाला पुरुष **गीर्भिः**-ज्ञानपूर्वक उच्चरित स्तुतिवाणियों के द्वारा **वाम्**-आपका **अवीवृधत्**-वर्धन करते हैं। **तस्मै**-उसके लिये आप **इषम्**-प्रभु की उस प्रेरणा का **धत्तम्**-धारण करते हो, जो **सहस्रनिर्णिजम्**-हजारों प्रकार से हमारा शोधन करनेवाली है तथा **घृतश्चुतम्**-ज्ञानदीप्ति को हमारे में क्षरित करनेवाली है। (२) जब एक व्यक्ति प्राणसाधना द्वारा अपने हृदय को शुद्ध करता है, तो वहाँ हृदयस्थ प्रभु की प्रेरणा सुनाई पड़ती है। यह प्रेरणा हमारे जीवनों का शोधन करती है (सहस्रनिर्णिजम्) और हमारे ज्ञान को बढ़ाती है।

भावार्थ–हम प्राणसाधना द्वारा शुद्ध हुए-हुए हृदय में प्रभु प्रेरणा को सुनें। यह प्रेरणा हमारे जीवन का शोधन करती है और हमारे ज्ञान को बढ़ाती है।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

बल-प्राण-ज्ञान

प्रास्मा ऊर्जं घृतश्चुतमश्विना यच्छतं युवम्। यो वां सुम्नाय तुष्टवद्ससूयाद्दानुनस्पती॥ १६॥

(१) हे **अश्विना**-प्राणापानो! **युवम्**-आप **अस्मै**-इस साधक के लिये **घृतश्चुतम्**-ज्ञान को क्षरित करनेवाले **ऊर्जम्**-बल व प्राणशक्ति को **प्रयच्छतम्**-दो। अर्थात् आपका साधक शरीर में बल को, प्राणशक्ति को तथा ज्ञान को प्राप्त करे। (२) **यः**-जो **वाम्**-आपका **तुष्टवत्**-स्तवन करे, वह **सुम्नाय**-आप से दिये गये रक्षण को प्राप्त करे। हे **दानुनस्पती**-सब दानों के स्वामी प्राणापानो! वही **वसूयात्**-वसुओं को प्राप्त करने की कामनावाला हो।

भावार्थ–प्राणसाधना से 'बल-प्राणशक्ति-ज्ञान' प्राप्त होता है। ये प्राण हमारे लिये रक्षक बनते हैं और सब वसुओं को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—आर्षीविराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

रिशादसा-पुरुभुजा

आ नो गन्तं रिशादसेमं स्तोमं पुरुभुजा। कृतं नः सुश्रियो नरेमा दातमभिष्टये॥ १७॥

(१) हे **रिशादसा**-हमारे हिंसक काम-क्रोध आदि शत्रुओं को खा जानेवाले प्राणापानो! **नः**-हमारे **इमम्**-इस **स्तोमम्**-स्तुति समूह को **आगन्तम्**-आप प्राप्त होवो। आप **पुरुभुता**-बहुतों के पालन व पोषण करनेवाले हो। हमारा पालन, पूरण व रोगों से रक्षण करनेवाले हो। (२) हे **नरा**-हमें उन्नति-पथ पर ले चलनेवाले प्राणापानो! आप **नः**-हमें **सुश्रियः**-उत्तम श्रीवाला **कृतम्**-करिये। **इमा**-इन सब वसुओं को **अभिष्टये**-अभि प्राप्ति के लिये, अभीष्ट सुख की प्राप्ति के लिये **दातम्**-दीजिये।

भावार्थ–प्राणापान शत्रुओं का हिंसन करनेवाले हैं, हमारा पालन व पूरण करनेवाले हैं। हमें ये उत्तम श्रीवाला बनाते हैं। ये हमें सब इष्टों को प्राप्त करायें।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

'यज्ञों के रक्षक' प्राणापान

आ वां विश्वाभिरूतिभिः प्रियमेधा अहूषत। राजन्तावध्वराणामश्विना यामहूतिषु॥ १८॥

(१) हे प्राणापानो! **प्रियमेधाः**-यज्ञप्रिय लोग **विश्वाभिः ऊतिभिः**-सब रक्षणों के हेतु से **वाम्**-आपको **आ अहूषत**-सर्वथा पुकारते हैं। प्राणापान ने ही रक्षण का कार्य करना है। इनसे रक्षित होने पर ही सब यज्ञ चलते हैं। (२) हे **अश्विना**-प्राणापानो! **यामहूतिषु**-(यामः-संयमः) संयम की पुकारोंवाले यज्ञों में **अध्वराणां राजन्तौ**-सब हिंसारहित कर्मों में आप ही दीप्त होते हो। प्राणसाधना से ही हम इन्द्रियों व मन का संयम कर पाते हैं। तभी हमारे जीवन में सब अध्वरों का प्रवर्तन होता है।

भावार्थ-प्राणापान ही हमारे सब यज्ञों का रक्षण करते हैं। यह साधना ही हमें संयमी बनाती है।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

मयोभुवा-शम्भुवा

आ नो गन्तं मयोभुवाश्विना शंभुवा युवम्। यो वां विपन्यू धीतिभिर्गीर्भिर्वत्सो अवीवृधत्॥ १९॥

(१) हे **मयोभुवा**-(मयसः-सुखस्य भावयितारौ) सुख के उत्पन्न करनेवाले **अश्विना**-प्राणापानो! **नः**-हमें **आगन्तम्**-प्राप्त होइये। **युवम्**-आप **शम्भुवा**-सब रोगों के शमन को उत्पन्न करनेवाले हो। (२) हे **विपन्यू**-विशेषरूप से स्तुति के योग्य प्राणापानो! **यः**-जो **वत्सः**-वेदवाणियों का उच्चारण करनेवाला यह ज्ञानी पुरुष है, वह **धीतिभिः**-उत्तम यज्ञादि क्रियाओं से तथा **गीर्भिः**-ज्ञान की वाणियों से **वां अवीवृधत्**-आपका वर्धन करता है।

भावार्थ-प्राणसाधक को चाहिये कि यह यज्ञादि कर्मों में प्रवृत्त रहे, स्वाध्याय को अपनाये (धीतिभिः, गीर्भिः)। इस प्रकार प्राण उसे सुखी व नीरोग बनायेंगे।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

'कण्व मेधातिथि वशदशव्रज गोशर्य'

याभिः कण्वं मेधातिथिं याभिर्वशं दशव्रजम्। याभिर्गोशर्यमावतं ताभिर्नोऽवतं नरा॥ २०॥

(१) हे उत्तम स्त्री पुरुषो, सेनापति-सभापति आदि जनो! आप लोग **याभिः**-जिन उपायों से **कण्वं**-विद्वान् **मेधातिथिम् अवतम्**-अन्नादि सत्कार योग्य अतिथि की रक्षा करते और **याभिः**-जिन क्रियाओं से **दश-व्रजम्**-दशों दिशाओं में जानेवाले मार्गों से युक्त **वशं**-वश करने योग्य राष्ट्रजन या मन आदि को वश करते हो, और **याभिः**-जिन सैन्यादि से **गो-शर्यम्**-'गो' अर्थात् धनुष की डोरी और 'शर' बाण इनके चलाने में कुशल सैन्य व गो-भूमि के हिंसक, कृषकादि की **आवतम्**-रक्षा करते **ताभिः**-उनसे ही हे **नरा**-नायक पुरुषो! **नः अवतम्**-हमारी रक्षा करो।

भावार्थ-हे देवो! तुमने जिन सुरक्षा के साधनों से उत्तम मेधावाले ज्ञानी के पशुओं की रक्षा की थी, उन्हीं साधनों से हमारी भी रक्षा करो।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराडार्ष्यनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

त्रसदस्युमावतम्

याभिर्नरा त्रसदस्युमावतं कृत्व्ये धने। ताभिः ष्वस्माँ अश्विना प्रावतं वाजसातये॥ २१॥

याभिः-जिन उपायों से धने कृत्व्ये-धन की रक्षा के लिये त्रसदस्युम्-रक्षक रखते हो, ताभिः-उनसे हे अश्विना-राष्ट्राध्यक्षो वाजसातये-अन्नादि के लाभ के लिए अस्मान्-हमारी सु प्र-अच्छी प्रकार अवतम्-रक्षा कीजिए।

भावार्थ-राज्याधिकारी अपने धन के समान प्रजाधन की भी रक्षा करें।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

पुरुस्पृहा

प्र वां स्तोमाः सुवृक्तयो गिरो वर्धन्त्वश्विना। पुरुत्रा वृत्रहन्तमा ता नो भूतं पुरुस्पृहा॥ २२॥

हे अश्विना-प्राणापानो! स्तोमाः-स्तुति योग्य कार्य सुवृक्तयः-उत्तम गिरः-वाणियों वाम्-आप दोनों को प्र वर्धन्तु-खूब बढ़ावें। ता-वे पुरुत्रा-बहुतों के रक्षक वृत्रहन्तमा-पापनाशक नः-हमारे पुरुस्पृहा-बहुतों के प्रेमपात्र भूतम्-होवो।

भावार्थ-प्राणापान हमारे श्रेष्ठ कार्यों तथा श्रेष्ठ वाणियों को बढ़ावें, जिससे हम सर्वप्रिय बनें।

ऋषिः—सध्वंसः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—आर्षीविराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

त्रीणि पदानि

त्रीणि पदान्यश्विनोराविः सान्ति गुहा परः। कवी ऋतस्य पत्मभिरर्वाग्जीवेभ्यस्परि॥ २३॥

त्रीणि पदानि-तीन स्थान अश्विनोः-प्राणापान की गुहा-बुद्धि में परः-उत्तम आविः सान्ति-प्रकट होते हैं। ऋतस्य-सत्य ज्ञान के पत्मभिः-तीनों पदों से अर्वाक्-साक्षात् कवी-क्रान्तिदर्शी जीवेभ्यः परि-जीवों के हितार्थ होवें।

भावार्थ-प्राणसाधना से निर्मलीभूत हृदय में तीनों ज्ञान की वाणियों का प्रकाश होता है। ये प्राणापान हमें क्रान्तदर्शी बनाते हैं। ऋत के मार्ग से चलाते हैं और शरीर के अन्दर गति करते हुए सब दोषों का वर्जन करनेवाले होते हैं।

'शशकर्णः काण्वः' अगले सूक्त का ऋषि है। 'शशः कर्णो यस्य'-प्लुतगतिवाला है कान जिसका। अर्थात् जो कान से खूब काम करता है, 'बहुश्रुत' बनता है। सुनता बहुत है, बोलता कम है। यह 'अश्विनौ' का आराधन करता हुआ कहता है-

९. [नवमं सूक्तम्]

ऋषिः—शशकर्णः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

अवृकं पृथु छर्दिः

आ नूनमश्विना युवं वत्सस्य गन्तमवसे। प्रास्मै यच्छतमवृकं पृथु च्छर्दिर्युयुतं या अरातयः॥ १॥

(१) हे अश्विना-प्राणापानो! युवम्-आप नूनम्-निश्चय से वत्सस्य-ज्ञान व स्तुति वाणियों का उच्चारण करनेवाले इस अपने प्रिय साधक के अवसे-रक्षण के लिये आगन्तम्-आइये। प्राणापान ही हमें रोगों व वासनाओं के आक्रमण से बचाते हैं। (२) अस्मै-इस वत्स के लिये

छर्दिः-ऐसे शरीर गृह को प्रयच्छतम्-दीजिये, जो अवृकम्-बाधक शत्रुओं से रहित है। तथा पृथु-विशाल है अर्थात् जिस शरीर गृह में वासनाओं व रोगों का प्रवेश नहीं, तथा जो विस्तृत शक्तियोंवाला है। ऐसे शरीर गृह को प्राप्त कराने के लिये याः-जो अरातयः-शत्रु हैं उन्हें युयुतम्-पृथक् करिये।

भावार्थ-प्राणापान हमारा रक्षण करें हमें रोगों की बाधाओं से रहित, विस्मृत शक्तिवाले शरीर गृह को प्राप्त करायें। हमारे काम-क्रोध-लोभरूप शत्रुओं को हमारे से पृथक् करें।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'सन्तोष-ज्ञान व स्वास्थ्य' रूप धन

यदन्तरिक्षे यद्दिवि यत्पञ्च मानुषाँ अनु। नृम्णं तद्धत्तमश्विना॥ २॥

(१) मानव जीवन को सुखी करनेवाला धन 'नृम्ण' कहलाता है। हे अश्विना-प्राणापानो! यत्-जो नृम्णम्-धन अन्तरिक्षे-हृदयान्तरिक्ष में होता है। अर्थात् जो सन्तोष-आत्मतृप्ति-रूप धन हृदय में निवास करता है, तत्-उस धन को धत्तम्-हमारे लिये धारण करिये। प्राणसाधना से हृदय निर्मल होता है, चित्तवृत्ति बाह्य धनों के लिये बहुत लालायित नहीं होती। इस प्रकार हृदय में एक सन्तोष के आनन्द का अनुभव होता है। (२) यत्-जो दिवि-मस्तिष्करूप द्युलोक में ज्ञान-धन है, उसे आप हमारे लिये धारण करिये। प्राणसाधना से काम-वासना का विनाश होकर ज्ञानदीप्ति प्राप्त होती है। (२) हे प्राणापानो! यत्-जो पञ्च-पाँच, मानुषान्-मानव सम्बन्धी वस्तुओं के अनु-अनुकूलतावाला धन है, उसे आप हमारे लिये प्राप्त कराइये मानव सम्बन्धी पाँच वस्तुएँ सर्वप्रथम शरीर के बनानेवाले पाँच महाभूत हैं 'पृथिवी, जल, तेज, वायु, आकाश'। फिर पाँच प्राण हैं, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ व पाँच 'मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार व हृदय' हैं। इन सब के अनुकूल धनों को ये प्राणापान हमारे लिये प्राप्त करायें।

भावार्थ-हृदय के सन्तोषरूप धन को, मस्तिष्क के ज्ञानरूप धन को तथा मानव पञ्चकों के पूर्ण स्वास्थ्यरूप धन को ये प्राणापान हमारे लिये प्राप्त करायें।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'प्राण महत्व-चिन्तन'

ये वां दंसांस्यश्विना विप्रासः परिमामृशुः। एवेत्काण्वस्य बोधतम्॥ ३॥

(१) ये विप्रासः-जो अपना पूरण करनेवाले ज्ञानी पुरुष हैं वे हे अश्विना-प्राणापानो! वाम्-आपके दंसांसि-वीरतापूर्ण कर्मों का परिमामृशुः-चिन्तन करते हैं। इन कर्मों का चिन्तन करते हुए जिन शुभ कर्मों का (परिमामृशुः) स्पर्श करते हैं, आपकी साधना के कर्मों में प्रवृत्त होते हैं। (२) एवा इत्-ऐसा होने पर ही अर्थात् जब यह आपकी साधना में प्रवृत्त होता है तभी काण्वस्य-इस मेधावी पुरुष का आप बोधतम्-ध्यान करते हो। समझदार व्यक्ति प्राणों का रक्षण करता है, प्राण उसका रक्षण करते हैं।

भावार्थ-हम प्राणों के महत्त्व को समझते हुए प्राणसाधना में प्रवृत्त हों और इन प्राणों द्वारा शक्ति-सम्पन्न बनें।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

घर्म-सोम

अयं वां घर्मो अश्विना स्तोमेन परिषिच्यते। अयं सोमो मधुमान्वाजिनीवसू येन वृत्रं चिकेतथः॥ ४॥

(१) हे अश्विना-प्राणापानो! अयम्-यह वाम्-आपका घर्मः-तेज स्तोमेन-प्रभु-स्तवन के साथ परिषिच्यते-शरीर में चारों ओर सिक्त होता है। जब प्रभु-स्तवन के साथ प्राणसाधना चलती है, तो शरीर में सब अंग तेजस्विता से सिक्त होते हैं। (२) हे वाजिनीवसू-शक्तिरूप धनोंवाले प्राणापानो! अयम्-यह वाम्-आपका, आपके द्वारा शरीर में सुरक्षित होनेवाला, सोमः-सोम (वीर्य शक्ति) मधुमान्-जीवन को मधुर बनाने वाला है। येन-जिस सोम के द्वारा वृत्रम्-ज्ञान की आवरणभूत वासना को चिकेतथः-आप हन्तव्य रूप में जानते हो। (हन्तव्यतया जानीथः, हिन्दी में भी यह शब्द प्रयोग 'अच्छा, मैं तुझे समझ लूँगा' इस रूप में होता है)। सोम शक्ति के रक्षण से ही वासनाओं का विनाश होकर ज्ञान की वृद्धि होती है।

भावार्थ-प्रभु-स्तवन के साथ प्राणसाधना के चलने पर शरीर में तेजस्विता व सोम का रक्षण होता है।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—ककुबुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

(जल व ओषधि का सेवन) वानस्पतिक भोजन

यत्तप्सु यद्वनस्पतौ यदोषधीषु पुरुदंससा कृतम्। तेन मा विष्टमश्विना॥ ५॥

(१) हे पुरुदंससा-पालक व पूरक कर्मोंवाले अश्विना-प्राणापानो! यत्-जो तेज (घर्म) आप अप्सु-जलों का प्रयोग होने पर यद् वनस्पतौ-जो वनस्पतियों का प्रयोग होने पर तथा यत् ओषधीषु-जो तेज आप ओषधियों का प्रयोग होने पर कृतम्-उत्पन्न करते हो। तेन-उस तेज से मा अविष्टम्-मेरा रक्षण करो। (२) यहाँ 'अप्सु, वनस्पतौ, ओषधीषु' इन शब्दों का प्रयोग स्पष्ट प्रतिपादन कर रहा है कि योगसाधना में खान-पान की शुद्धि अत्यन्त आवश्यक है। प्राणायाम के साथ मनुष्य का शाकभोजी होना आवश्यक है। सादा खान-पान योगसाधना में सहायक होता है।

भावार्थ-हम जलों व ओषधियों के प्रयोग के साथ प्राणापान की साधना करते हुए तेजस्वी बनें और अपना रक्षण करें।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

भुरण्यथः-भिषज्यथः

यन्नासत्या भुरण्यथो यद्वा देव भिषज्यथः।
अयं वां वत्सो मतिभिर्न विन्धते हविष्मन्तं हि गच्छथः॥ ६॥

(१) हे नासत्या-हमारे जीवनों से सब असत्यों को दूर करनेवाले प्राणापानो! आप यत्-जब भुरण्यथः-हमारे सब रोगों की चिकित्सा करते हो, तो अयम्-यह वाम्-आपका वत्सः-प्रिय आराधक मतिभिः-केवल ज्ञानों से न विन्धते-आपको प्राप्त नहीं करता। हि-निश्चय से आप हविष्मन्तम्-दानपूर्वक अदन करनेवाले व्यक्ति को गच्छथः-प्राप्त होते हो। (२) प्राणसाधना करनेवाला पुरुष यह अच्छी तरह समझ लेता है कि ये प्राणापान हमारा पालन करते हैं, ये ही हमारे सब रोगों को दूर करते हैं। ऐसा समझता हुआ यह पुरुष केवल प्राणों का स्तवन ही नहीं करता रहता। यह इस स्तवन के साथ त्यागपूर्वक अदन की वृत्तिवाला बनकर प्राणसाधना में प्रवृत्त होता है। 'हविष्मान्' बनता है।

भावार्थ-प्राणापान हमारा पालन करते हैं, सब रोगों की चिकित्सा करते हैं। इनका हम स्तवन करें तथा त्यागपूर्वक अदनवाले बनकर हम प्राणसाधना में प्रवृत्त हों।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

मधुमत्तमं घर्मम्

आ नूनमश्विनोर्ऋषिः स्तोमं चिकेत वामया। आ सोमं मधुमत्तमं घर्मं सिञ्चादथर्वणि॥ ७॥

(१) **ऋषिः**=तत्त्वद्रष्टा-ज्ञानी पुरुष **नूनम्**=निश्चय से **अश्विनोः स्तोमम्**=प्राणापान के स्तवन को **वामया**=सुन्दर वाणी के द्वारा **आचिकेत**=सर्वथा करने के लिये जानता है। प्राणापान का स्तवन करता हुआ प्राणसाधना में प्रवृत्त होता है। (२) इस प्राणसाधना में प्रवृत्त होने के द्वारा यह ऋषि **अथर्वणि** (न थर्वति=चरति)=न डाँवाडोल होनेवाले चित्त के होने पर **सोमम्**=सोम शक्ति को **आसिञ्चात्**=अपने शरीर में ही सर्वतः सिक्त करता है। यह सोम **मधुमत्तमम्**=जीवन को अत्यन्त मधुर बनानेवाला है और **घर्मम्**=यह तेजस्विता ही तेजस्विता है, अपने रक्षक को तेजस्वी बनानेवाला है।

भावार्थ—हम प्राणापान के लाभों का स्तवन करते हुए प्राणसाधना द्वारा सोम की शरीर में ऊर्ध्वगति करनेवाले हों। यह सोम हमें माधुर्य व तेज प्राप्त करायेगा।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

रघुवर्तनिं रथम्

आ नूनं रघुवर्तनिं रथं तिष्ठाथो अश्विना। आ वां स्तोमा इमे मम नभो न चुच्यवीरत॥ ८॥

(१) हे **अश्विना**=प्राणापानो! **नूनम्**=निश्चय से **रघुवर्तनिं (लघुगमनं)**=शीघ्र गतिवाले इस **रथम्**=शरीर-रथ पर आप **आतिष्ठाथः**=स्थित होते हो। प्राणसाधना के द्वारा यह शरीर-रथ आलस्यशून्य (स्फूर्तिवाला) बनता है। (२) सो **इमे**=ये **मम**=मेरे, मेरे से किये जानेवाले **सोमाः**=स्तुति समूह **नभः न**=सूर्य के समान तेजस्वी **वाम्**=आपको **आचुच्यवीरत**=अभिगत होते हैं। मैं प्राणापान का स्तवन करता हुआ प्राणसाधना में प्रवृत्त होता हूँ। यह प्राणसाधना मुझे सूर्य की तरह तेजस्वी बनाती है।

भावार्थ—प्राणसाधना से शरीर में स्फूर्ति आ जाती है। यह प्राणसाधना हमें सूर्यसम तेजस्वी बनाती है।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—पादनिचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

उक्थैः-वाणीभिः

यदद्य वां नासत्योक्थैरा चुच्युवीमहि। यद्वा वाणीभिरश्विनेवेत्काण्वस्य बोधतम्॥ ९॥

(१) हे **नासत्या**=हमारे जीवनों से असत्यों को दूर करनेवाले प्राणापानो! **यत्**=जब **अद्य**=आज हम **उक्थैः**=स्तोत्रों के द्वारा **वाम्**=आपको **आचुच्युवीमहि**=अपने अन्दर प्राप्त करायें। **वा**=अथवा **यद्**=जब **वाणीभिः**=इन ज्ञान की वाणियों के द्वारा आपको अपने में प्राप्त करायें, तो हे **अश्विना**=प्राणापानो! **काण्वस्य इव**=समझदार मेधावी पुरुष की तरह **इत्**=निश्चय से **बोधतम्**=हमारा ध्यान करो। हम आपके अनुग्रह से समझदार बनें। (२) प्राणसाधना में प्रगति के लिये प्रभु-स्तवन (उक्थ) व स्वाध्याय (वाणी) सहायक होते हैं। वस्तुतः इनके द्वारा ही प्राणसाधना में हम प्रगति कर पाते हैं। साधित प्राण हमारी बुद्धि का वर्धन करते हुए हमारा रक्षण करते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु-स्तवन व स्वाध्याय द्वारा प्राणों की साधना में प्रगति करने में समर्थ हों। साधित प्राण हमारी बुद्धि का वर्धन करते हुए हमारा रक्षण करें।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—आर्षीनिचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'कक्षीवान्-पृथी वैन्य'

यद्वां कक्षीवाँ उत यद्वयश्व ऋषिर्यद्वां दीर्घतमा जुहाव।
पृथी यद्वां वैन्यः सादनेष्वेवेदतो अश्विना चेतयेथाम्॥ १०॥

(१) हे अश्विना=प्राणापानो! यद्=जब वाम्=आपको कक्षीवान्=बद्ध कक्ष्यावाला (one who has girded up one's loins) कमरकसे हुए, दृढ़ निश्चयी पुरुष जुहाव=पुकारता है, उत=और यद्=जब व्यश्वः=विशिष्ट इन्द्रियाश्वोंवाला पुरुष पुकारता है और यद्=जब वाम्=आपको दीर्घतमाः=तमोगुण को विदीर्ण करनेवाला ऋषिः=तत्त्वद्रष्टा पुरुष पुकारता है। और अन्ततः यद्=जब वैन्यः=लोकहित की प्रबल कामनावाला (वनेतिः चर्मन्तकर्मा) पृथी=अत्यन्त विस्तारवाला, सारी वसुधा ही को अपना कुटुम्ब बना लेनेवाला आपको पुकारता है। तो हे प्राणापानो! आप अतः=इस प्रार्थना व आराधना के द्वारा सादनेषु एव इत्=यज्ञ गृहों में ही चेतयेथाम्=चेतना युक्त करते हो। अर्थात् आप इन आराधकों को सदा यज्ञशील बनाते हो। (२) हमारा जीवन प्रथमाश्रम में 'कक्षीवान्' का जीवन हो, जीवनयात्रा में आगे बढ़ने के लिये दृढ़ निश्चयी पुरुष का जीवन हो। 'कक्षीवान्' शब्द की भावना ही ब्रह्मचर्य सूक्त में 'मेखलया' शब्द से व्यक्त हुई हैं। द्वितीयाश्रम में हमें 'व्यश्व' बनना है, विशिष्ट इन्द्रियाश्वोंवाला हमें इन्द्रियाश्वों को विषयों की घास चरने में ही व्यस्त नहीं रहने देना। तृतीयाश्रम में तप व स्वाध्याय के द्वारा तमोगुण का विदारण करके 'दीर्घतमा' बनना है। चतुर्थ में सर्वलोकहित की कामना करते हुए अधिक से अधिक व्यापक परिवारवाला (वसुधारूप परिवारवाला) 'पृथी वैन्य' बन जाना है। ये सब बातें हो तभी सकेंगी जब हम प्राणसाधना में प्रवृत्त होंगे। प्राणसाधना से जीवन यज्ञमय रहेगा, अन्यथा यह भोग-प्रधान बन जायेगा।

भावार्थ—हम प्राणसाधना करते हुए 'कक्षीवान्, व्यश्व, दीर्घतमा व पृथी वैन्य' बनें।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—त्रिपादविराडुष्णिक्॥ स्वरः—षड्जः॥

छर्दिष्या-तनूपा

यातं छर्दिष्या उत नः परस्या भूतं जगत्या उत नस्तनूपा। वर्तिस्तोकाय तनयाय यातम्॥ ११॥

(१) हे प्राणापानो! आप छर्दिष्याः=हमारे शरीरगृह के रक्षक होते हुए यातम्=हमें प्राप्त होवो। उत=और नः=हमारे लिये परस्याः=अतिशयेन रक्षक भूतम्=होइये। जगत्याः=इस संसार के आप रक्षक हों, उत=और नः=हमारे तनूपा=शरीरों के आप रक्षक बनें। (२) तोकाय तनयाय=हमारे पुत्र-पौत्रों के लिये भी वर्तिः=रथमार्ग को यातम्=प्राप्त कराइये, अर्थात् वे सदा सन्मार्ग पर चलनेवाले हों।

भावार्थ—प्राणसाधना हमारा सब प्रकार से रक्षण करनेवाली हो। हमारे पुत्र-पौत्रों को भी यह सन्मार्ग पर ले चलनेवाली बने।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

इन्द्र-वायु-आदित्य-विष्णु

यदिन्द्रेण सरथं याथो अश्विना यद्वा वायुना भवथः समोकसा।
यदादित्येभिर्ऋभुभिः सजोषसा यद्वा विष्णोर्विक्रमणेषु तिष्ठथः॥ १२॥

(१) प्राणसाधना हमें जितेन्द्रिय बनाती है। इस बात को इस रूप में कहते हैं कि हे **अश्विना**-प्राणापानो! आपकी साधना के होने पर समय आता है **यत्**-जब कि **इन्द्रेण**-जितेन्द्रिय पुरुष के साथ **सरथं याथः**-समान रथ में गति करते हो। शरीर ही रथ है। इसमें जितेन्द्रिय पुरुष का प्राणों के साथ निवास होता है। **यद् वा**-अथवा आप **वायुना**-वायु के साथ (वा गतौ) गतिशील पुरुष के साथ **सं ओकसा**-समान गृहवाले **भवथः**-होते हो। अर्थात् प्राणसाधना हमारे जीवनों को बड़ा क्रियाशील बनाती है। (२) हे प्राणापानो! **यत्**-जब आप **ऋभुभिः**-(उरु भान्ति, ऋतेनभान्ति) खूब ज्ञान-ज्योति से दीप्त होनेवाले **आदित्येभिः**-सब ज्ञानों का आदान करनेवाले पुरुषों के साथ **सजोषसा**-प्रीतियुक्त होते हो, **यद् वा**-अथवा आप **विष्णो**-व्यापक उन्नति करनेवाले पुरुष के **विक्रमणेषु**-(त्रीणि पदा विचक्रमे विष्णुः०) विक्रमणों में, तीन पदों में **तिष्ठथः**-स्थित होते हो। शरीर को 'तैजस' बनाना ही इस विष्णु का प्रथम पद है। मन को 'वैश्वानर' (=सब मनुष्यों के हित की भावनावाला) बनाना दूसरा पद है। मस्तिष्क को 'प्राज्ञ' बनाना तीसरा) ये सब पद प्राणसाधना से ही रखे जाते हैं।

भावार्थ-प्राणसाधना हमें 'जितेन्द्रिय, क्रियाशील, ज्ञानदीप्त व व्यापक उन्नतिवाला (विष्णु)' बनाती है।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वः॥ **देवता**—अश्विनौ॥ **छन्दः**—निचृदनुष्टुप्॥ **स्वरः**—गान्धारः॥

श्रेष्ठं अवः

यदद्याश्विनावहं हुवेय वाजसातये। यत्पृत्सु तुर्वणे सहस्तच्छ्रेष्ठमश्विनोरवः॥ १३॥

(१) **यत्**-जब **अद्य**-आज **अहम्**-मैं **अश्विनौ**-प्राणापान का **हुवेय**-आह्वान करूँ, यदि मैं प्राणसाधना में प्रवृत्त होऊँ, तो ये प्राणापान **वाजसातये**-मुझे शक्ति को प्राप्त कराने के लिये हों। (२) **यत्**-क्योंकि प्राणसाधना से **पृत्सु**-संग्रामों में **तुर्वणे**-शत्रुओं के हिंसन के निमित्त **सहः**-बल प्राप्त होता है, **तत्**-सो **अश्विनोः**-इन प्राणापान का **अवः**-रक्षण **श्रेष्ठम्**-श्रेष्ठ है।

भावार्थ-प्राणसाधना के द्वारा शक्ति प्राप्त होती है। शक्ति से शत्रुओं का मर्षण होता है। इस प्रकार प्राणों द्वारा प्राप्त होनेवाला रक्षण श्रेष्ठ है।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वः॥ **देवता**—अश्विनौ॥ **छन्दः**—निचृद्बृहती॥ **स्वरः**—मध्यमः॥

'तुर्वश-यदु-कण्व'

आ नूनं यातमश्विनेमा हव्यानि वां हिता।
इमे सोमासो अधि तुर्वशे यदाविमे कण्वेषु वामथ॥ १४॥

(१) हे **अश्विना**-प्राणापानो! आप **नूनम्**-निश्चय से **आयातम्**-हमें प्राप्त होवो। **इमा**-ये **हव्यानि**-हव्य पदार्थ, यज्ञशेष के रूप में सेवन किये जानेवाले पदार्थ **वां हिता**-आपके लिये निहित हुए हैं। हव्य पदार्थों का सेवन प्राणसाधना के लिये बड़ा सहायक होता है। (२) **अथः इमे**-ये अब **वाम्**-आपके **सोमासः**-सोमकण आपके द्वारा रक्षित होनेवाले सोमकण **तुर्वशे अधि**-शत्रुओं को त्वरा से वश में करनेवाले पुरुष में होते हैं। **यदौ**-यत्नशील पुरुष में, सदा क्रिया में तत्पर पुरुष में इनका निवास होता है। **इमे**-ये सोमकण **कण्वेषु**-मेधावी पुरुषों में निवास करते हैं। प्राणसाधना ही सोमरक्षण के द्वारा हमें 'तुर्वश, यदु वा कण्व' बनाती है।

भावार्थ-प्राणसाधना के साथ हव्य पदार्थों का ही सेवन अभीष्ट है। प्राणसाधना से सोम की शरीर में ऊर्ध्वगति होती है। तब हम 'शत्रुओं को वश में करनेवाले यत्नशील व मेधावी' बन

पाते हैं।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृद्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'वत्स विमद'

यन्नासत्या पराके अर्वाके अस्ति भेषजम्। तेन नूनं विमदाय प्रचेतसा छर्दिर्वत्साय यच्छतम्॥ १५॥

(१) प्राणापान वासना को विनष्ट करके ज्ञानदीप्ति का साधन बनते हैं, सो इन्हें 'प्रचेतसा' कहा गया है। हे **नासत्या**=हमारे जीवनों से असत्य को दूर करनेवाले प्राणापानो! **यत्**=जो **पराके**=दूर देश के विषय में तथा **अर्वाके**=समीप क्षेत्र के विषय में **भेषजम्**=औषध **अस्ति**=है। **तेन**=उस औषध के साथ, हे **प्रचेतसा**=प्रकृष्ट ज्ञान के साधनभूत प्राणापानो! **नूनम्**=निश्चय से **वत्साय**=इस ज्ञान की वाणियों का उच्चारण करनेवाले **विमदाय**=मद व अभिमान से शून्य जीवनवाले इस ऋषि के लिये **छर्दिः**=सुरक्षित गृह को प्राप्त कराओ। (२) यह शरीर ही 'सुरक्षित गृह' है। जब इसमें प्रथम ड्योढ़ी के रूप में स्थित अन्नमयकोश नीरोग होता है तथा तृतीय ड्योढ़ी के रूप में स्थित मनोमयकोश वासनाशून्य होता है तो यह शरीर गृह बड़ा सुन्दर बनता है। इसे ऐसा बनाने के लिये प्राणसाधना ही साधन है। यही प्राणों का 'अर्वाक व पराक' क्षेत्र के विषय में भेषज है। ये प्राण रोगों व वासनाओं पर आक्रमण करके इस गृह को दृढ़ व प्रकाशमय बनाते हैं। प्राणापान ऐसे शरीर गृह को 'वत्स विमद' के लिये प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—प्राणसाधना से शरीर के रोग दूर होंगे और मन की वासनायें नष्ट होंगी। इस प्रकार यह शरीर गृह बड़ा सुन्दर बनेगा।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—आर्ष्युनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

मतिं रतिम्

अभूत्यु प्र देव्या साकं वाचाहमश्विनोः। व्यावर्देव्या मतिं वि रातिं मर्त्येभ्यः॥ १६॥

(१) **अहम्**=मैं **अश्विनोः**=प्राणापान की **वाचा**=स्तुतिरूप वाणी के द्वारा **देव्या साकम्**=इस प्रकाशमयी ज्ञानवाणी के साथ **प्र अभूत्यि**=प्रबुद्ध हो उठा हूँ। जब प्राणापान के स्तवन व साधन में मैं प्रवृत्त होता हूँ तो मैं ज्ञानदीप्ति को प्राप्त करता हूँ। (२) हे **देवि**=प्रकाशमयी ज्ञान वाणि! तू **आ**=(गच्छ) हमें प्राप्त हो और **मतिं व्यावः**=हमारी बुद्धि को अज्ञानान्धकारों के आवरणों से रहित कर। तथा **मर्त्येभ्यः**=मनुष्यों के लिये **रातिं वि (आवः=यच्छ)**=धनों को देनेवाली हो।

भावार्थ—प्राणसाधक ज्ञानदीप्ति को तथा आवश्यक धनों को प्राप्त करता है।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

प्रातःकालीन कार्यक्रम

प्र बोधयोषो अश्विना प्र देवि सूनृते महि। प्र यज्ञहोतारानुषक्प्र मदाय श्रवो बृहत्॥ १७॥

(१) हे **उषः**=उषाकाल की देवि! **अश्विना प्रबोधयः**=तू प्राणापान को हमारे में प्रबुद्ध कर। अर्थात् हम प्रातः प्रबुद्ध होकर प्राणसाधना में प्रवृत्त हों। हे **देवि**=प्रकाशयुक्त **सूनृते**=प्रिय सत्य वाणीवाली उषे! **महि**=(मह पूजायाम्) पूजा को **प्र (बोधय)**=हमारे में प्रबुद्ध कर। हम प्रातः प्रबुद्ध होकर प्रभु की उपासना में प्रवृत्त हों। (२) हे **आनुषक्**=निरन्तर **यज्ञहोतः**=यज्ञों में हव्यों को आहुत करनेवाली! तू **प्र**=हमें प्रबुद्ध कर। हम प्रातः यज्ञों को करनेवाले हों। हे उषे! तू **मदाय**=आनन्द को प्राप्त कराने के लिये **बृहत् श्रवः**=बहुत उत्कृष्ट ज्ञान को **प्र**=हमारे में प्रबुद्ध कर।

भावार्थ–हम प्रातः जागकर प्राणसाधना में प्रवृत्त हों। प्राणसाधना के साथ 'प्रभु–पूजन–यज्ञ व स्वाध्याय' को करें।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वःङ्ग देवता—अश्विनौङ्ग छन्दः—विराडनुष्टुपङ्ग स्वरः—गान्धारःङ्ग

नृपाय्यं वर्तिः

यदुषो यासि भानुना सं सूर्येण रोचसे। आ ह्ययमश्विनो रथो वर्तिर्याति नृपाय्यम्॥ १८॥

(१) हे **उषः**–उषाकाल की देवि! **यत्**–जब **भानुना**–दीप्ति के साथ **यासि**–तू प्राप्त होती है और **सूर्येण संरोचसे**–सूर्य के साथ सम्यक् दीप्त हो उठती है तो **ह**–निश्चय से **अयम्**–यह **अश्विनोः**–प्राणापान का **रथः**–शरीररूप रथ वह शरीर जिसमें प्राणसाधना प्रवृत्त हुई है, **नृपाय्यं वर्तिः**–मनुष्यों की रक्षा करनेवाले मार्ग पर **आयाति**–गतिवाला होता है। अर्थात् हम उसी मार्ग पर चलना प्रारम्भ करते हैं जो हमें सदा सुरक्षित रखता है, जिस मार्ग पर चलते हुए हम विषयों में फँसकर विनष्ट नहीं हो जाते। (२) 'अश्विनोः रथः' शब्द इस भाव को सुव्यक्त कर रहे हैं कि हमें प्रातः प्रबुद्ध होकर प्राणसाधना में अवश्य प्रवृत्त होना है। यह साधना ही हमारे जीवन में मलिनताओं को न आने देगी। प्राणसाधक सदा 'नृपाय्य वर्ति' से शरीर–रथ को ले चलता है।

भावार्थ–उषा के होते ही हम प्रबुद्ध होकर प्राणसाधना के लिये उद्यत हों। सदा उस मार्ग का आक्रमण करें, जो मनुष्यों का रक्षण करनेवाला है।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वःङ्ग देवता—अश्विनौङ्ग छन्दः—अनुष्टुपङ्ग स्वरः—गान्धारःङ्ग

सोमरक्षण व ज्ञानवाणियों का उच्चारण

यदापीतासो अंशवो गावो न दुह ऊधभिः। यद्वा वाणीरनूषत प्र देवयन्तो अश्विना॥ १९॥

(१) **यद्**–जब **आपीतासः**–शरीर में समन्तात् पिये गये **अंशवः**–सोमकण, **ऊधभिः गावः न**–अपने ऊधसों से गौवों की तरह **दुहे**–ज्ञान दुग्ध का हमारे अन्दर दोहन करते हैं। सोमरक्षण से ही बुद्धि की तीव्रता होकर, ज्ञान की वृद्धि होती है। (२) **यद् वा**–और जब **अश्विना**–प्राणापानों के द्वारा (भ्याम्–आ) **देवयन्तः**–दिव्यगुणों की कामनावाले लोग **वाणीः**–इन ज्ञान की वाणियों का **प्र अनूषत**–प्रकर्षेण उच्चारण करते हैं। तभी गत मन्त्र के अनुसार यह प्राणापान का रथ उस मार्ग पर चलता है, जो मनुष्यों का रक्षण करनेवाला होता है।

भावार्थ–प्राणसाधना से सोमरक्षण होकर बुद्धि की तीव्रता प्राप्त होती है। उसी समय ज्ञान की वाणियों का उच्चारण होता है।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वःङ्ग देवता—अश्विनौङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

'द्युम्न-शवस्-शर्म-दक्ष'

प्र द्युम्नाय प्र शवसे प्र नृषाह्याय शर्मणे। प्र दक्षाय प्रचेतसा॥ २०॥

(१) हे **प्रचेतसा**–प्रकृष्ट ज्ञान को प्राप्त करानेवाले प्राणापानो! आप हमारी **द्युम्नाय**–ज्ञान–ज्योति के लिये **प्र (भवतम्)**–होवो। **शवसे**–बल के लिये **प्र (भवतम्)**–होवो। (२) इसी प्रकार **नृषाह्याय**–शत्रु नायकों का, काम–क्रोध–लोभरूप शत्रु सेनापतियों का पराभव करनेवाले **शर्मणे**–सुख के लिये **प्र (भवतम्)**–होइये और **दक्षाय**–(growth) सब प्रकार की उन्नति के लिये **प्र (भवतम्)**–होइये।

भावार्थ–प्राणसाधना द्वारा हमें 'ज्ञान–बल–शत्रु पराजय जनित सुख व विकास' प्राप्त हो।

ऋषिः—शशकर्णः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

धीभिः-सुम्नेभिः

यद्वां धीभिरश्विना पितुर्योना निषीदथः। यद्वा सुम्नेभिरुक्थ्या॥ २१॥

(१) हे अश्विना=प्राणापानो! आप यत्=क्योंकि धीभिः=बुद्धिपूर्वक किये जानेवाले कर्मों के द्वारा पितुः योनाः=उस परमपिता प्रभु के गृह में निषीदथः=आसीन होते हो, अर्थात् आपकी साधना के द्वारा मल-क्षय व ज्ञानदीप्ति होकर प्रभु का दर्शन होता है। यद् वा=अथवा सुम्नेभिः=स्तोत्रों के द्वारा आप ब्रह्मलोक में निवास कराते हो, सो उक्थ्या=आप स्तुत्य होते हो।

भावार्थ—प्राणसाधना से बुद्धि का विकास होता है, स्तुति की प्रवृत्ति जागरित होती है। ये बुद्धि व स्तुति हमें प्रभु को प्राप्त करानेवाली होती हैं।

यह प्रभु का स्तवन करनेवाला 'प्रगाथ' कहलाता है। यह 'काण्व'=अत्यन्त मेधावी तो है ही। यह अगले सूक्त का ऋषि है। यह 'अश्विनौ' का आराधन करता हुआ कहता है कि—

१०. [दशमं सूक्तम्]

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—आर्चीस्वराड्बृहतीः॥ स्वरः—मध्यमः॥

यज्ञ-ज्ञान व प्रभु का उपासन

यत्स्थो दीर्घप्रसद्मनि यद्वादो रोचने दिवः। यद्वा समुद्रे अध्याकृते गृहेऽत आ यातमश्विना॥ १॥

(१) वैदिक संस्कृति में यह पृथिवी 'देव-यजनी' कही गयी है, यह देवों के यज्ञ करने का स्थान है। 'दीर्घ अस्थताः प्रसप्रानः यज्ञगृहाः यस्मिन्'। हे अश्विना=प्राणापानो! यत्=यदि आप दीर्घप्रसद्मनि=इस विस्तृत यज्ञ गृहोंवाले पृथिवीलोक में स्थः=हो। यद् वा=अथवा यदि अदः=उस दिवः=द्युलोक के रोचने=दीप्त स्थान में आप हो। यद् वा=अथवा यदि समुद्रे अधि=(स मुद्) आनन्द से युक्त हृदयान्तरिक्ष में आकृते=बनाये हुए गृहे=घर में हो अतः=इस दृष्टिकोण से हे प्राणापानो! आप हमें आयातम्=प्राप्त होवो। (२) प्राणसाधना करनेवाला पुरुष अपने गृह को यज्ञगृह बनाने का प्रयत्न करता है। उसे यह स्मरण रहता है कि 'हविर्धानम्' अग्निहोत्र का कमरा उसके घर का प्रमुख कमरा होता है। यह प्राणसाधक ज्ञान दीप्त मस्तिष्करूप द्युलोक में निवास करता है। तथा यह साधक अपने हृदय को प्रभु का गृह (मन्दिर) बनाने का प्रयत्न करता है।

भावार्थ—प्राणसाधक का घर 'यज्ञ-घर' बनता है, इसका मस्तिष्क दीप्त होता है, और इसका हृदय प्रभु का निवास-स्थान बनता है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'यज्ञ-ज्ञान व दिव्य गुण'

यद्वां यज्ञं मनवे संमिमिक्षथुरेवेत्काण्वस्य बोधतम्।
बृहस्पतिं विश्वान्देवाँ अहं हुव इन्द्राविष्णू अश्विनावाशुहेषसा॥ २॥

(१) हे प्राणापानो! आप यद्=जब वा=निश्चय से मनवे=विचारशील पुरुष के लिये यज्ञम्=यज्ञ को संमिमिक्षथुः=सिक्त करते हो, इसके जीवन को यज्ञमय बना देते हो, तो उस समय एवा इत्=इस प्रकार निश्चय से काण्वस्य=इस मेधावी पुरुष का बोधतम्=पूरी तरह ध्यान करते हो, इसका रक्षण करते हो। (२) हे आशुहेषसा=इन्द्रियाश्वों को शीघ्रता से कार्यों में प्रेरित करनेवाले अश्विना=प्राणापानो! अहम्=मैं आपकी साधना द्वारा बृहस्पतिम्=ज्ञान के अधिष्ठातृदेव प्रभु को

हुवे-पुकारता हूँ। इस ज्ञान के द्वारा **विश्वान् देवान्**-सब देवों को पुकारता हूँ और **इन्द्राविष्णू**-सब देवों में भी विशेषकर इन्द्र और विष्णु को पुकारता हूँ। सब दिव्यगुणों को धारण करता हुआ विशेषतया जितेन्द्रियता व व्यापकता के धारण का प्रयत्न करता हूँ।

भावार्थ-हमारा जीवन यज्ञमय बने। हम प्राणसाधना करते हुए 'ज्ञान, दिव्यगुणों, जितेन्द्रियता व उदारता' की ओर झुकें।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—आर्चीभुरिगनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

सुदंससा-गृभेकृता

त्या न्वश्विना हुवे सुदंससा गृभे कृता। ययोरस्ति प्र णः सख्यं देवेष्वध्याप्यम्॥ ३॥

(१) **त्या**-उन **अश्विना**-प्राणापान को **हुवे**-पुकारता हूँ, जो **सुदंससा**-शोभन कर्मवाले हैं। **गृभे**-सद्गुणों के ग्रहण के लिये **कृता**=किये गये हैं। इन प्राणों की साधना के द्वारा ही हम यज्ञादि उत्तम कर्मों में प्रेरित होते हैं और सद्गुणों के ग्रहण करनेवाले बनते हैं। (२) **ययोः**-जिन प्राणों में **नः**-हमारा **सख्यम्**-मित्रभाव **प्र अस्ति**-प्रकर्षेण है, वे प्राणापान ही **देवेषु अधि**-दिव्यगुणों में **आप्यम्**-मित्रता के कारण बनते हैं। प्राणसाधना के द्वारा ही हम सब दिव्यगुणों को अपने में विकसित कर पाते हैं।

भावार्थ-प्राणसाधना द्वारा हम उत्तम कर्मों में प्रवृत्त होते हैं और सद्गुणों को ग्रहण कर पाते हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—आर्चीभुरिक् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'यज्ञ स्तवन सोमरक्षण व आत्मधारण शक्ति'

ययोरधि प्र यज्ञा असूरे सन्ति सूरयः।
ता यज्ञस्याध्वरस्य प्रचेतसा स्वधाभिर्या पिबतः सोम्यं मधु॥ ४॥

(१) वे प्राणापान **ययोः अधि**-जिन में **यज्ञाः**-यज्ञ **प्र सन्ति**-प्रकर्षेण निवास करते हैं जिनकी साधना के होने पर **असूरे**-स्तोतृरहित स्थान में भी **सूरयः**-स्तोता लोग **सन्ति**-हो जाते हैं। अर्थात् ये प्राणापान हमें यज्ञों में प्रवृत्त करते हैं और इनकी साधना के द्वारा हमारे में स्तुति की वृत्ति उत्पन्न होती है। (२) **ता**-वे प्राणापान **अध्वरस्य यज्ञस्य**-हिंसारहित यज्ञों के **प्रचेतसा**-प्रकर्षेण चेतानेवाले होते हैं। **यः**-जो प्राणापान **स्वधाभिः**-आत्मधारण शक्तियों के हेतु से **सोम्यं मधु**-सोम सम्बन्धी मधु का **पिबतः**=पान करते हैं। शरीर में सोम को सुरक्षित करके ये प्राणापान ही हमें आत्मधारण शक्ति प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ-प्राणसाधना के होने पर जीवन में 'यज्ञ, प्रभु-स्तवन, सोमरक्षण व आत्मधारण शक्ति' का प्रादुर्भाव होता है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—आर्चीस्वराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'हुह्वे अनु तुर्वश यदु'

यदद्याश्विनावपाग्यत्प्राक्स्थो वाजिनीवसू। यद्द्रुह्यन्वि तुर्वशे यदौ हुवे वामथ मा गतम्॥ ५॥

(१) हे **वाजिनीवसू**-शक्ति रूप धनवाले **अश्विना**-प्राणापानो! **यत्**-जो आप **अद्य**-आज **अपाक्**-अधः प्रदेश में **स्थः**-हो व **यत्**-जो **प्राक्स्थः**-ऊपरले प्रदेश में हो, **वाम्**-आपको **हुवे**-मैं पुकारता हूँ, आप **मा आगतम्**-मुझे प्राप्त होवो। अपान का कार्यक्षेत्र नीचे है और प्राणों

का ऊपर। मैं इन दोनों का (आह्वान) करता हूँ। ये मुझे प्राप्त हों। अपान द्वारा दोष निराकरण का कार्य हो, प्राण के द्वारा मेरे में बल संचार का कार्य चले। (२) अब **यद्**-जब **द्रुह्वावि**-(द्रुह जिघांसायाम्) काम-क्रोध-लोभ का संहार करनेवाले में आप होते हो, **अनवि**-प्राणशक्ति सम्पन्न में आप होते हो, **तुर्वशे**-त्वरा से शत्रुओं को वश में करनेवाले में आप होते हो तथा **यदौ**-यत्नशील पुरुष में आप होते हो। ऐसे आपको मैं पुकारता हूँ। आपकी आराधना ही वस्तुतः मुझे 'द्रुह्यु, अनु, तुर्वश व यदु' बनाती है।

भावार्थ-प्राणापान का कार्य क्रमशः प्राग्भाग में व अपाग्भाग में चलता है। ये हमें 'शत्रुओं का संहार करनेवाला, प्राणशक्ति सम्पन्न व यत्नशील' बनाते हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—आर्षीस्वराड्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

स्वधा

यदुन्तरिक्षे पतथः पुरुभुजा पृक्षे रोदसी अनु। यद्वा स्वधाभिरधितिष्ठथो रथमत आ यातमश्विना॥ ६॥

(१) हे **अश्विना**-प्राणापानो! आप **यत्**-क्योंकि **अन्तरिक्षे पतथः**-हृदयान्तरिक्ष गतिवाले होते हो और **पुरुभुजा**-खूब ही हमारा पालन करनेवाले होते हो, **अतः**-इसलिए **आयातम्**-आप हमें प्राप्त होओ। प्राणापान ही हृदय में गति करते हुए हमारा पालन करते हैं। (२) और हे प्राणापानो! आप ही **यद्वा**-क्योंकि निश्चय से **इमे रोदसी अनु**-इन द्यावापृथिवी के, मस्तिष्क व शरीर के अनुकूल होते हो। आप ही मस्तिष्क को ज्ञानदीप्त बनाते हो तथा शरीर को शक्ति-सम्पन्न करते हो। **यद्वा**-और क्योंकि आप ही **स्वधाभिः**-आत्मधारण शक्तियों के साथ **रथं अधितिष्ठथः**-शरीर-रथ में अधिष्ठित होते हो, इसलिए आप हमें प्राप्त होओ।

भावार्थ-प्राणसाधना से 'हृदयान्तरिक्ष, मस्तिष्क व शरीर' सब उत्तम बनते हैं। प्राणसाधना ही आत्मधारण शक्ति को प्राप्त कराती है।

इस प्रकार 'हृदय, शरीर व मस्तिष्क' सभी को उत्तम बनानेवाला यह साधक प्रभु का प्रिय 'वत्स' होता है। यह अत्यन्त मेधावी 'काण्व' है। यह अग्नि नाम से प्रभु की उपासना करता है-

११. [एकादशं सूक्तम्]

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—आर्चीभुरिग्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'व्रतपा-देव-ईड्य' प्रभु

त्वमग्ने व्रतपा असि देव आ मर्त्येष्वा। त्वं यज्ञेष्वीड्यः॥ १॥

(१) हे **अग्ने**-अग्रेणी प्रभो! **त्वम्**-आप **व्रतपाः असि**-ब्रह्माण्ड में कार्य कर रहे सब नियमों के पालक हैं। सूर्य, चन्द्र व सभी नक्षत्र आदि पिण्ड आप से बनाये नियमों के अनुसार मार्ग का आक्रमण कर रहे हैं। (२) आप ही **मर्त्येषु**-इन सब मनुष्यों में भी **आ**-सब ओर **देवः**-प्रकाश को प्राप्त करानेवाले हैं। हृदयस्थरूपेण सभी को आप प्रेरणा देते हुए मार्ग का दर्शन कराते हैं। (३) **त्वम्**-आप ही **आ**-चारों ओर **यज्ञेषु**-यज्ञों के अन्दर **ईड्यः**-स्तुति के योग्य हैं वस्तुतः आप से प्राप्त करायी गयी प्रेरणा व शक्ति से ही यज्ञ पूर्ण हुआ करते हैं।

भावार्थ-सारे ब्रह्माण्ड को नियम में चलानेवाले वे प्रभु हैं। हृदयस्थरूपेण सब मनुष्यों को प्रभु ही प्रकाश प्राप्त कराते हैं। सब यज्ञों में प्रभु ही उपास्य हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—वर्धमानागायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'युद्धों में व यज्ञों में' उपास्य प्रभु

त्वमंसि प्रशस्यो विदथेषु सहन्त्य। अग्ने रथीरध्वराणाम्॥ २॥

(१) हे सहन्त्य=शत्रुओं का अभिभव करनेवाले प्रभो! त्वम्=आप ही विथेषु=संग्रामों में (विदथः battle) प्रशस्यः=प्रशंसा के योग्य होते हैं। आप से ही शक्ति को प्राप्त करके हम शत्रुओं का शातन (=संहार) कर पाते हैं। (२) हे अग्ने=अग्रेणी प्रभो! आप ही अध्वराणाम्=सब हिंसारहित यज्ञात्मक कर्मों के रथीः=प्रणेता हैं। आप के रक्षण में ही सब यज्ञ पूर्ण हुआ करते हैं।

भावार्थ—प्रभु कृपा से ही संग्रामों में विजय प्राप्त होती है और प्रभु के रक्षण से ही सब यज्ञ पूर्ण होते हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'द्वेष व अदान' से दूर

स त्वमस्मदप द्विषो युयोधि जातवेदः। अदेवीरग्ने अरातीः॥ ३॥

(१) हे जातवेदः=सब के अन्दर वर्तमान (जाते जाते विद्यते) सर्वज्ञ (जातं जातं वेत्ति) प्रभो! स त्वम्=वे आप अस्मत्=हमारे से द्विषः=द्वेष की भावनाओं को अपयुयोधि=सुदूर पृथक् करिये। सब में आपकी उपस्थिति को देखते हुए हम द्वेष की भावना से दूर रहें। (२) हे अग्ने=अग्रेणी प्रभो! अदेवाः=दिव्य भावनाओं की विनाशक अरातीः=अदान की वृत्तियों को भी हमारे से दूर करिये।

भावार्थ—प्रभु-स्मरण करते हुए हम द्वेष व अदान (कृपणता) की वृत्ति से दूर रहें।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

रिपु से किया गया 'यज्ञ' यज्ञ नहीं

अन्ति चित्सन्तमह यज्ञं मर्तस्य रिपोः। नोप वेषि जातवेदः॥ ४॥

(१) हे जातवेदः=सर्वज्ञ प्रभो! आप अन्ति चित् सन्तम्=अत्यन्त समीप होते हुए भी, अर्थात् अतिप्रिय होते हुए भी यज्ञम्=यज्ञ को अह=निश्चय से न उपवेषि=नहीं चाहते। यह यज्ञ आपको प्रिय नहीं होता, यदि यह रिपोः मर्तस्य=शत्रुभूत मनुष्य का होता है। अर्थात् जो मनुष्य औरों के साथ शत्रुता करता रहता है, उसका यज्ञ आपको प्रिय नहीं होता। (२) यज्ञों के द्वारा प्रभु-पूजन अवश्य होता है 'यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः'। परन्तु इन यज्ञों को करते हुए हमें देववृत्ति का बनना है। हम पड़ोसियों के साथ वैरभाव रखते हुए यज्ञों से प्रभु को रिझा नहीं सकते।

भावार्थ—हम देववृत्ति के बनकर, शत्रुता को तिलाञ्जलि देकर यज्ञों को करें। ये ही यज्ञ हमें प्रभु का प्रिय बनायेंगे।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'अमर्त्य जातवेदस्' का स्मरण

मर्ता अमर्त्यस्य ते भूरि नाम मनामहे। विप्रासो जातवेदसः॥ ५॥

(१) मर्ताः=मरणधर्मा होते हुए हम अमर्त्यस्य=अमर आपके नाम=नाम को भूरि मनामहे=खूब ही मनन का विषय बनाते हैं। वस्तुतः अमर्त्य स्वरूप में आपका चिन्तन करते हुए हम भी 'अमर्त्य' बनने के लिये यत्नशील होते हैं। (२) हे प्रभो! विप्रासः=अपना विशेषरूप से पूरण करने

का प्रयत्न करनेवाले हम **जातवेदसः**-सर्वज्ञ आपका स्मरण करते हैं। सर्वज्ञरूप में आपका स्मरण करते हुए हम भी अधिक से अधिक ज्ञानी बनने का यत्न करते हैं। यह ज्ञान ही हमारी न्यूनताओं को दूर करके हमारे पूरण का साधन बनता है।

भावार्थ-हम प्रभु को 'अमर्त्य जातवेदा' के रूप में स्मरण करते हुये अधिक से अधिक ज्ञान को प्राप्त करें और इस ज्ञान के द्वारा सब कमियों को भस्म करते हुए अमर्त्य बनने के लिये यत्नशील हों।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अवस् व ऊति

विप्रं विप्रासोऽवसे देवं मर्तास ऊतये। अग्निं गीर्भिर्हवामहे॥ ६॥

(१) **विप्रासः**-अपना विशेषरूप से पूरण करनेवाले हम **विप्रम्**-हमारा पूरण करनेवाले ज्ञानी प्रभु को **अवसे**-(fame, wealth) यश व धन के लिये **हवामहे**-पुकारते हैं। यश को प्राप्त करने के लिये हमें अपना पूरण करने की प्रेरणा मिले। धन के द्वारा हम पूर्ति के सब साधनों को जुटानेवाले हों। (२) हम **मर्तासः**-मरणधर्मा पुरुष **ऊतये**-रक्षण के लिये **देवम्**-उन रोगों व वासनाओं को जीतने की कामनावाले प्रभु को पुकारते हैं। प्रभु ही हमारे रोगों व हमारी वासनाओं को विनष्ट करते हैं। (३) हम **गीर्भिः**-ज्ञान वाणियों के द्वारा **अग्निम्**-हमें उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले प्रभु को पुकारते हैं। प्रभु हमें ज्ञान देते हैं और इस प्रकार हमें उन्नत करते हैं।

भावार्थ-प्रभु से हम यश, धन व रक्षण प्राप्त करें। प्रभु ज्ञान की वाणियों के द्वारा हमें निरन्तर उन्नत करते हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्तवन-मन का नियमन-मोक्ष

आ ते वत्सो मनो यमत्परमाच्चित्सधस्थात्। अग्ने त्वाकामया गिरा॥ ७॥

(१) हे **अग्ने**-अग्रेणी प्रभो! **ते वत्सः**-आपका प्रिय यह साधक **परमात् चित् सधस्थात्**-सर्वोत्कृष्ट सह-स्थानरूप मोक्ष से, इस मोक्ष को प्राप्त करने के हेतु से **मनः आयमत्**-मन को सर्वथा वश में करता है। (२) हे प्रभो! **त्वां कामया**-आपको ही चाहनेवाली **गिरा**-स्तुति वाणी के द्वारा यह साधक मन को वश में करता है। यह मन का नियमन ही सर्वमहान् साधना है। प्रभु की स्तुति वाणियों का उच्चारण मनोनिरोध का साधन बनता है। निरुद्ध मन मोक्ष को प्राप्त करानेवाला होता है।

भावार्थ-प्रभु-स्तवन मनोनिरोध का उपाय बने। निरुद्ध मन मोक्ष प्राप्ति का कारण हो।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

संग्राम विजय

पुरुत्रा हि सदृङ्ङसि विशो विश्वा अनु प्रभुः। समत्सु त्वा हवामहे॥ ८॥

(१) हे प्रभो! आप **हि**-निश्चय से **पुरुत्रा**-इन बहुत स्थानों में **सदृङ् असि**-समान रूप से दिखनेवाले हैं। सर्वत्र समान रूप से आपकी स्थिति है। आप **विश्वाः**-सब **विशः अनु**-प्रजाओं का लक्ष्य करके **प्रभुः**-प्रभाव को पैदा करनेवाले हैं। सब को शक्ति देनेवाले आप ही हैं। (२) **समत्सु**-संग्रामों में **त्वा हवामहे**-हम आपको ही पुकारते हैं। आपने ही इन संग्रामों में हमें विजय

प्राप्त करानी है, आपकी शक्ति से शक्ति-सम्पन्न होकर ही उपासक काम-क्रोध आदि शत्रुओं को पराजित कर पाता है।

भावार्थ—प्रभु सर्वत्र समान रूप से स्थित हैं, सब प्रजाओं को शक्ति प्राप्त कराते हैं, संग्रामों में हम प्रभु को ही पुकारते हैं, प्रभु ही तो हमें विजयी बनायेंगे।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'चित्रराधस्' प्रभु का आवाहन

समत्स्वग्निमवसे वाजयन्तो हवामहे। वाजेषु चित्रराधसम्॥ ९॥

(१) **समत्सु**-संग्रामों में **वाजयन्तः**-बल की कामनावाले होते हुए हम **अवसे**-यश (fame) के लिये, विजय श्री को प्राप्त करने के लिये **अग्निम्**-उस अग्रेणी प्रभु को **हवामहे**-पुकारते हैं। प्रभु ने ही तो हमें इन संग्रामों में इस विजय श्री को प्राप्त कराना है। (२) **वाजेषु**-संग्रामों में **चित्रराधसम्**-चायनीय, अद्भुत-धन को प्राप्त करानेवाले प्रभु को हम पुकारते हैं। प्रभु ही हमें इन संग्रामों में अद्भुत सफलताओं को प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—हम उस चित्रराधस् अद्भुत धनों के स्वामी प्रभु का आवाहन करते हैं। ये प्रभु ही हमें युद्धों में विजय प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—आर्चीभुरिक्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—पञ्चमः॥

मैं प्रभु का शरीर बनूँ

प्रत्नो हि कमीड्यो अध्वरेषु सनाच्च होता नव्यश्च सत्सि।
स्वां चाग्ने तन्वं पिप्रयस्वास्मभ्यं च सौभगमा यजस्व॥ १०॥

(१) हे प्रभो! आप **प्रत्नः**-सनातन पुरुष हैं। **हि**-निश्चय से **कम्**-आनन्दस्वरूप हैं। **ईड्यः**-स्तुति के योग्य हैं। **च**-और **सनात्**-सदा से **अध्वरेषु**-इन हिंसारहित कर्मों में **होता**-होता है, हमारे लिये सब कुछ देनेवाले हैं (हु दाने)। आप के द्वारा ही हम इन अध्वरों को कर पाते हैं। **च**-और **नव्यः सत्सि**-स्तुत्य होते हुए आप हमारे हृदयों में आसीन होते हैं। (२) हे **अग्ने**-अग्रेणी प्रभो! आप **स्वां तन्वम्**-अपने इस शरीरभूत मुझ को **च**-अवश्य **पिप्रयस्व**-प्रीणित करिये। आप से सब प्रकार के स्वास्थ्य को प्राप्त करके मैं तृप्ति का अनुभव करूँ। **च**-और हे प्रभो! आप **अस्मभ्यम्**-हमारे लिये **सौभगम्**-सुभगत्व को **आयजस्व**-सर्वथा संगत करिये। आपके अनुग्रह से मैं 'समग्र ऐश्वर्य, धर्म, यश, श्री, ज्ञान व वैराग्य' रूप भग को प्राप्त करनेवाला बनूँ।

भावार्थ—प्रभु ही सदा से ईड्य व स्तुत्य हैं। मैं प्रभु का शरीर बनूँ, प्रभु को अपनी आत्मा समझूँ। प्रभु मेरे लिये सभी सौभाग्यों को प्राप्त करायें।

प्रभु के उपासन से अपना पूरण करता हुआ मैं 'पर्वत' बनूँ। पर्वत बननेवाला ही 'काण्व'-मेधावी है। यह इन्द्र का आराधन करता हुआ कहता है—

१२. [द्वादशं सूक्तम्]

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'सोमपातमः' मदः

य इन्द्र सोमपातमो मदः शविष्ठ चेतति। येना हंसि न्यत्रिणं तमीमहे॥ १॥

(१) हे **शविष्ठ**-अतिशयेन शक्तिशालिन् **इन्द्र**-सब शत्रुओं के विदारक प्रभो! **यः**-जो

सोमपातमः=अतिशेयन सोम का पान करनेवाला **मदः**=उल्लास **चेतति**=जाना जाता है, **तम्**=उस मद को **ईमहे**=हम माँगते हैं। अर्थात् हम प्रभु की उपासना करते हुए सोमरक्षण से होनेवाले मद को प्राप्त हों। (२) हे इन्द्र! हमें आप उस सोमरक्षण जनित मद को प्राप्त कराइये **येन**=जिससे कि आप **अत्रिणम्**=(अद भक्षणे) हमें खा ही जानेवाली वासनाओं को **निहंसि**=निश्चय से विनष्ट करते हैं। सोमरक्षण से शरीरस्थ रोगों के नाश की तरह हृदयस्थ वासनाओं का भी विनाश होता है।

भावार्थ–प्रभु-स्मरण द्वारा हम सोम का रक्षण करते हुए उल्लासमय जीवनवाले हों और हमारा विनाश करनेवाली वासनाओं को सुदूर विनष्ट कर डालें।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—निचृदुष्णिक्॥ **स्वरः**—ऋषभः॥

दशग्व-समुद्र

येना दशग्वमधिगुं वेपयन्तं स्वर्णरम्। येना समुद्रमाविथा तमीमहे॥ २॥

(१) गत मन्त्र में वर्णित **येन**=जिस 'सोमपातम मद' से, हे प्रभो! आप **दशग्वम्**=दसवें दश तक जानेवाले, अर्थात् सौ वर्ष तक दीर्घ जीवन को प्राप्त करनेवाले इस आराधक को **आविथ**=रक्षित करते हो **तं ईमहे**=उस मद को हम आप से माँगते हैं। सोमरक्षण के द्वारा उल्लासमय होते हुए हम शतवर्ष जीवी बनें। (२) हे प्रभो! आप जिस मद से **अधिगुम्**=अधृतगमनवाले, मार्ग पर चलते समय वासना रूप विघ्नों से न रुक जानेवाले पुरुष को रक्षित करते हो, उसे हम चाहते हैं। जिस मद से आप **वेपयन्तम्**=शत्रुओं को कम्पित करनेवाले पुरुष को रक्षित करते हो, और जिससे **स्वर्णरम्**=प्रकाश की ओर अपने को ले जानेवाले पुरुष को आप रक्षित करते हो, उस मद को हम चाहते हैं। (३) हम उस मद को चाहते हैं **येना**=जिससे आप **समुद्रम्**=(स+मुद्) आनन्दित रहनेवाले पुरुष को रक्षित करते हैं।

भावार्थ–सोमरक्षण से जनित उल्लास हमें दीर्घजीवी, अधृतगमन, शत्रुओं को कम्पित करनेवाला, प्रकाश की ओर चलनेवाला व आनन्दमय मनोवृत्तिवाला बनाता है।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—उष्णिक्॥ **स्वरः**—ऋषभः॥

सोमरक्षण के चार लाभ

येन सिन्धुं महीरपो रथाँइव प्रचोदयः। पन्थामृतस्य यातवे तमीमहे॥ ३॥

(१) **येन**=जिस सोमपानजनित मद से, हे प्रभो! **सिन्धुम्**=ज्ञान नदी को, **महीः अपः**=महत्त्वपूर्ण कर्मों को **रथान् इव**=शरीर-रथों को जैसे लक्ष्य की ओर उसी प्रकार **प्रचोदयः**=आप प्रेरित करते हो **तं ईमहे**=उस मद की हम याचना करते हैं। अर्थात् यह सोमपानजनित मद (क) हमारे अन्दर ज्ञानेन्द्रियों को प्रवाहित करता है, (ख) इससे हमारे कर्म उत्तम होते हैं, (ग) हमारे शरीर-रथ लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं। (२) हम इसलिए इस सोमपानजनित मद की साधना करते हैं कि **ऋतस्य**=यज्ञ के व सत्य के **पन्थां यातवे**=मार्ग पर हम चलनेवाले हों।

भावार्थ–सोमरक्षण के चार लाभ हैं–ज्ञान प्राप्ति, उत्तम कर्म, शरीर-रथ का लक्ष्य की ओर बढ़ना तथा ऋत के मार्ग का आक्रमण।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—उष्णिक्॥ **स्वरः**—ऋषभः॥

प्रभु-स्तवन के तीन लाभ

इमं स्तोममभिष्टये घृतं पूतमद्रिवः। येना नु सद्य ओजसा ववक्षिथ॥ ४॥

(१) हे **अद्रिवः**=आदरणीय प्रभो! **इमं स्तोमम्**-इस स्तोत्र को आप हमें प्राप्त कराइये। यह स्तोत्र **अभिष्टये**-हमारे इष्टों की प्राप्ति के लिये हो। **घृतं न पूतम्**-यह स्तोम घृत के समान पवित्र हो। घृत जैसे मलों के क्षरण के द्वारा शरीर को दीप्त करता है, इसी प्रकार यह स्तोम हमारे मानस मलों को दूर करके हमें दीप्त-ज्ञानवाला बनाये। (२) हे प्रभो! हमें वह स्तोम प्राप्त कराइये, **येन**-जिससे **नु**-अब **सद्यः**=शीघ्र ही **ओजसा**=ओजस्विता के साथ **ववक्षिथ**=(वहसि) आप हमें लक्ष्य-स्थान पर पहुँचाते हैं।

भावार्थ-प्रभु-स्तवन इष्ट को प्राप्त कराता है, हमें पवित्र दीप्त जीवनवाला बनाता है, और ओजस्विता को देता हुआ लक्ष्य-स्थान की ओर ले चलता है।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

हृदय में स्तुति तरंगों का उत्थान

इमं जुषस्व गिर्वणः समुद्रंव पिन्वते। इन्द्र विश्वाभिरूतिभिर्ववक्षिथ॥ ५॥

(१) हे **गिर्वणः**=ज्ञान की वाणियों के द्वारा सम्भजनीय प्रभो! **इमं जुषस्व**-इस हमारे से की जानेवाली स्तुति का सेवन करिये, यह आपके लिये प्रिय हो। यह स्तुति **समुद्रः इव**=समुद्र की तरह **पिन्वते**-वृद्धि को प्राप्त होती है। चन्द्रोदय से जैसे समुद्र में ज्वार आती है, उसी प्रकार आपका चिन्तन मेरे में स्तुति तरंगों के उत्थान का कारण बनता है। (२) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **विश्वाभिः ऊतिभिः**=सब रक्षणों के साथ आप **ववक्षिथ**=(वहसि) हमारे लिये सब ऐश्वर्यों को प्राप्त कराते हो।

भावार्थ-प्रभु का चिन्तन हमारे हृदयों में प्रभु-स्तवन की वृत्ति को अधिकाधिक बढ़ाये। प्रभु हमें रक्षणों व ऐश्वर्यों को प्राप्त करायें।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु के साथ मित्रता

यो नो देवः परावतः सखित्वनाय मामहे। दिवो न वृष्टिं प्रथयन्ववक्षिथ॥ ६॥

(१) **यः**=जो **देवः**=प्रकाशमय प्रभु **परावतः**=दूर से दूर देश में वर्तमान हैं, सर्वत्र जिनकी सत्ता है। वह प्रभु **नः**=हमारे लिये **सखित्वनाय**-मित्र-भाव के लिये **मामहे**-पूजित होते हैं। (२) हे प्रभो! आप **दिवः वृष्टिं न**=द्युलोक से वर्षा के समान **प्रथयन्**-हमारे लिये सब ऐश्वर्यों का विस्तार करते हुए **ववक्षिथ**=(वहसि) ऐश्वर्यों को हमें प्राप्त कराते हो।

भावार्थ-हम प्रभु-स्तवन द्वारा प्रभु-मैत्री के लिये यत्नशील हों। प्रभु प्राप्ति में ही सब ऐश्वर्यों की प्राप्ति है।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीविराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

केतवः-वज्रः

ववक्षुरस्य केतवं उत वज्रो गभस्त्योः। यत्सूर्यो न रोदसी अवर्धयत्॥ ७॥

(१) **अस्य**=इस प्रभु के **केतवः**=प्रज्ञान **ववक्षुः**=हमारे लिये कल्याणों को प्राप्त कराते हैं। **उत**=और **गभस्त्योः**=बाहुवों में **वज्रः**=यह क्रियाशीलता रूप वज्र कल्याण को प्राप्त कराता है। अर्थात् प्रभु प्रदत्त प्रज्ञान को प्राप्त करके, तदनुसार क्रियाशील जीवनवाले बनकर ही हम कल्याण को प्राप्त करते हैं। (२) **यत्**-जब **सूर्यः न**=सूर्य के समान वे प्रभु (आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्) **रोदसी अवर्धयत्**=हमारे द्यावापृथिवी का, मस्तिष्क व शरीर का वर्धन करते हैं। प्रभु का प्रज्ञान

हमारे मस्तिष्क को दीप्त करता है, तो यह वज्र (क्रियाशीलता) हमारे शरीर को सबल बनाता है।

भावार्थ–ज्ञान व क्रियाशीलता ही उत्थान के प्रमुख साधन हैं। मस्तिष्क में प्रज्ञान, हाथों में क्रियाशीलता रूप वज्र ही हमारा लक्ष्य हो।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

महिषासुर विनाश

यदिं प्रवृद्ध सत्पते सहस्रं महिषाँ अर्घः। आदित्ते इन्द्रियं महि प्र वावृधे॥ ८॥

(१) हे **प्रवृद्ध**–सब दृष्टिकोणों से बढ़े हुए, प्रत्येक गुण की चरमसीमा रूप **सत्पते**–उत्तमताओं के रक्षक प्रभो! **यदि**–यदि **सहस्रम्**–इन अनेक संख्याओंवाले **महिषान्**–महान् आसुरभावों को **अघः**–नष्ट करते हैं। **आत् इत्**–तब ही **ते**–आपका दिया हुआ यह **इन्द्रिय**–बल **महि प्रवावृधे**–खूब वृद्धि को प्राप्त करता है। (२) जब उपासक प्रभु का चिन्तन करता है तो वह प्रभु की शक्ति से शक्ति सम्पन्न होकर आसुरभावों को विनष्ट कर पाता है। यह आसुरभाव विनाश उसकी वास्तविक शक्ति का कारण बनता है।

भावार्थ–प्रभु-स्तवन से हम आसुरभावों का विनाश करते हुए शक्ति का वर्धन करें।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अर्शसान-दहन

इन्द्रः सूर्यस्य रश्मिभिर्न्यर्शसानमोषति। अग्निर्वनेव सासहिः प्र वावृधे॥ ९॥

(१) **इन्द्रः**–एक जितेन्द्रिय पुरुष **सूर्यस्य**–ज्ञानसूर्य की **रश्मिभिः**–किरणों से **अर्शसानम्**–राक्षसीभावों को **नि ओषति**–नितरां दग्ध करता है। इस प्रकार दग्ध करता है कि **इव**–जैसे **अग्निः वना**–आग वनों को दग्ध करती है। ज्ञानाग्नि में सब वासनाओं के झाड़ी-झंकाड़ जाल जाते हैं। (२) **सासहिः**–यह राक्षसीभावों को कुचलनेवाला पुरुष **प्रवावृधे**–खूब ही वृद्धि को प्राप्त होता है। राक्षसीभावों का विनाश ज्ञानवृद्धि द्वारा ही होता है।

भावार्थ–हम जितेन्द्रिय बनकर ज्ञान को बढ़ाते हुए, आसुरीभावों को विनष्ट करनेवाले बनें।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'ऋत्वियावती नवीयसी' धीतिः

इयं त ऋत्वियावती धीतिरेति नवीयसी। सपर्यन्ती पुरुप्रिया मिमीत इत्॥ १०॥

(१) **इयम्**–यह **ते धीतिः**–आपकी स्तुति **एति**–मुझे प्राप्त होती है। मैं आपका स्तवन करनेवाला बनता हूँ। वह स्तुति मुझे प्राप्त होती है जो **ऋत्वियावती**–ऋत्विय कर्मों से युक्त है, अर्थात् आपके स्तवन के साथ मैं समय-समय पर किये जाने योग्य कर्मों को करनेवाला होता हूँ। अतएव यह स्तुति **नवीयसी**–मेरे जीवन को प्रशस्यतर बनानेवाली होती है (नव–नु स्तुतौ)। (२) यह स्तुति **सपर्यन्ती**–आपका पूजन करती हुई, **पुरुप्रिया**–खूब ही प्रीणित करनेवाली होती है और **इत्**–निश्चय से **मिमीते**–हमारे जीवनों का उत्तम निर्माण करती है।

भावार्थ–कर्त्तव्य कर्मों से युक्त प्रभु-स्तवन हमारे जीवनों को प्रशस्त बनाता है।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

गर्भो यज्ञस्य, देवयुः

गर्भो यज्ञस्य देवयुः क्रतुं पुनीत आनुषक्। स्तोमैरिन्द्रस्य वावृधे मिमीत इत्॥ ११॥

(१) **यज्ञस्य गर्भः**=यज्ञ का ग्रहण करनेवाला, सदा यज्ञशील, **देवयुः**=दिव्य गुणों को अपने साथ जोड़ने की कामनावाला यह स्तोता **आनुषक्**=निरन्तर **क्रतुम्**=अपनी शक्ति व प्रज्ञान को **पुनीते**=पवित्र करता है सदा यज्ञों में प्रवृत्त रहने से उसकी शक्ति बढ़ती है और प्रभु प्राप्ति की कामना उसे ज्ञानदीप्त बनाती है। (२) यह व्यक्ति **इन्द्रस्य**=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु के **स्तोमैः**=स्तोत्रों से **वावृधे**=वृद्धि को प्राप्त करता है और **इत्**=निश्चय से **मिमीते**=अपने जीवन का निर्माण करता है। प्रभु का स्तवन उसे प्रभु जैसा बनने की प्रेरणा देता है और इस प्रकार उसके जीवन का सुन्दर निर्माण होता है।

भावार्थ=हम यज्ञशील बनें, दिव्यगुणों को अपनाने की कामना करें, प्रभु-स्तवन में प्रवृत्त हों। यही जीवन-निर्माण का मार्ग है।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

मित्रस्य सनिः पप्रथे

सनिर्मित्रस्य पप्रथ इन्द्रः सोमस्य पीतये। प्राची वाशीव सुन्वते मिमीत इत्॥ १२॥

(१) **मित्रस्य**=उस 'प्रमीतेः त्रायते'=पापों से बचानेवाले प्रभु का **सनिः**=सम्भजन करनेवाला **पप्रथे**=विस्तृत होता है, अपनी शक्तियों का यह विस्तार करनेवाला होता है। **इन्द्रः**=यह जितेन्द्रिय पुरुष **सोमस्य पीतये**=सोम के पान के लिये होता है, अर्थात् सोम को अपने अन्दर सुरक्षित करता है। इस सोमरक्षण के द्वारा ही तो उसकी शक्तियों का विस्तार होता है। (२) इस **सुन्वते**=सोम का सम्पादन करनेवाले के लिये **वाशी**=यह वेदवाणी **प्राची इव**=(प्राङ् अञ्चति) आगे और आगे गतिवाली होती है। वेदवाणी इस सुन्वन् पुरुष की वृद्धि का कारण बनती है। यह वेदवाणी **इत्**=निश्चय से **मिमीते**=इसके जीवन का निर्माण करती है।

भावार्थ=प्रभु का सम्भजन करनेवाला अपनी शक्तियों का विस्तार करता है। यह जितेन्द्रिय पुरुष सोम का अपने अन्दर रक्षण करता है। वेदवाणी इसके जीवन में अग्रगति का कारण बनती है।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीविराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

विप्र-उक्थवाहस्-आयु

यं विप्रा उक्थवाहसोऽभिप्रमन्दुरायवः। घृतं न पिप्य आसन्यृतस्य यत्॥ १३॥

(१) **यम्**=जिस ज्ञान को **विप्राः**=अपना विशेषरूप से पूरण करनेवाले, **उक्थवाहसः**=स्तोत्रों का धारण करनेवाले **आयवः**=गतिशील मनुष्य **अभिप्रमन्दुः**=प्रशंसित करते हैं, जिस ज्ञान की महिमा का प्रतिपादन ये 'विप्र-उक्थवाहस्-आयु' करते हैं, मैं उस **घृतं न**=घृत के समान 'मलक्षरण व दीप्ति' को प्राप्त करानेवाले ज्ञान को **आसनि**=अपने मुख में **पिप्ये**=आप्यायित करता हूँ। उस ज्ञान को अपने में आप्यायित करता हूँ, **यत्**=जो **ऋतस्य**=सत्य का है। (२) प्रभु से दिया गया वेदज्ञान 'सत्य ज्ञान' है, इसे मैं अपने अन्दर बढ़ाने का प्रयत्न करता हूँ। बढ़ा तभी पाता हूँ जब मैं 'विप्र उक्थवाहस् व आयु' बनता हूँ।

भावार्थ=हमारे में अपना पूरण करने की वृत्ति हो, स्तुति को हम करनेवाले बनें, गतिशील हों। ऐसा होने पर हम सत्य ज्ञान को देनेवाली वेदवाणी को धारण करेंगे। यह हमारे मलों का क्षरण करती हुई हमें दीप्त जीवनवाला बनायेगी।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

पुरुप्रशस्त सोम

उत स्वराजे अदितिः स्तोममिन्द्राय जीजनत्। पुरुप्रशस्तमूतयं ऋतस्य यत्॥ १४॥

(१) **उत**=और **अदितिः**=(अ-दितिः, दो अवखण्डने) व्रतमय जीवनवाला, व्रतों को न तोड़नेवाला यह पुरुष **स्वराजे**=स्वयं देदीप्यमान, किसी अन्य से दीप्ति को न प्राप्त करनेवाले **इन्द्राय**=शत्रुओं के विद्रावक प्रभु के लिये **स्तोमम्**=स्तुति को **जीजनत्**=उत्पन्न करता है, स्तुति को करनेवाला बनता है। (२) उस सोम को अपने में प्रादुर्भूत करता है **यत् ऋतस्य**=जो उस सत्यस्वरूप प्रभु का है और **पुरुप्रशस्तम्**=अत्यन्त प्रशस्त है। **ऊतये**=जो स्तोम रक्षण के लिये होता है। यह स्तोम स्तोता को वासनाओं व रोगों के आक्रमण से बचाता है।

भावार्थ—हम प्रभु का स्तवन करें। यह स्तुति हमारा रक्षण करेगी और हमें अतिप्रशस्त जीवनवाला बनायेगी।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

ऊतये-प्रशस्तये

अभि वह्नय ऊतयेऽनूषत प्रशस्तये। न देव विव्रता हरी ऋतस्य यत्॥ १५॥

(१) **वह्नयः**=(वह प्रापणे) अपने को उन्नतिपथ पर आगे और आगे प्राप्त करानेवाले उपासक **अभि अनूषत**=प्रातः-सायं प्रभु का स्तवन करते हैं। और इस स्तवन के द्वारा **ऊतये**=अपने रक्षण के लिये होते हैं और **प्रशस्तये**=अपने जीवन को प्रशस्त बनाने के लिये होते हैं। (२) हे **देव**=प्रकाशमय प्रभो! इस स्तुति के कारण **हरी**=हमारे ये इन्द्रियाश्व **विव्रता न**=शास्त्र विरुद्ध व्रतोंवाले नहीं होते। **यत्**=जब ये इन्द्रियाश्व **ऋतस्य**=ऋत के हो जाते हैं। ज्ञानेन्द्रियाँ सत्य ज्ञान को प्राप्त करनेवाली व कर्मेन्द्रियाँ सत्य कर्मोंवाली होती हैं। ऐसी स्थिति में ये कभी विव्रत नहीं होती।

भावार्थ—प्रभु-स्तवन रक्षण व जीवन को प्रशस्त बनाने के लिये होता है। इस स्तवन से इन्द्रियाश्व सत्यमार्ग पर चलते हुए कभी शास्त्र विरुद्ध व्रतोंवाले नहीं होते।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

विष्णु त्रित व आप्त्य

यत्सोममिन्द्र विष्णवि यद्वा घ त्रित आप्त्ये। यद्वा मरुत्सु मन्दसे समिन्दुभिः॥ १६॥

(१) हे **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **यत्**=जब आप **विष्णवि**=(विष् व्याप्तौ) व्यापक उदार हृदयवाले पुरुष में **सोमम्**=सोम को **सं मन्दसे**=प्रशंसित करते हैं। **यद्वा**=अथवा **घ**=निश्चय से **त्रिते**=(त्रीन् तनोति) 'ज्ञान, कर्म, उपासना' तीनों का विस्तार करनेवाले में आप सोम को प्रशंसित करते हैं, **आप्त्ये**=आप्तों में उत्तम पुरुषों में आप इस सोम को प्रशंसित करते हैं। अर्थात् यह सोमरक्षण ही उन्हें 'विष्णु, त्रित व आप्त्य' बनाता है। एक पुरुष में उदारता (विष्णु) 'ज्ञान, कर्म, उपासना' तीनों के विस्तार (त्रित) व आप्तता को देखकर और इन बातों को सोममूलक जानकर लोग सोम का प्रशंसन तो करेंगे ही। (२) **यद् वा**=अथवा हे इन्द्र! आप **मरुत्सु**=इन प्राणसाधक पुरुषों में **इन्दुभिः**=इन सुरक्षित सोमकणों से **संमन्दसे**=(To shine) चमकते हैं। सोमकणों का संरक्षण ज्ञानाग्नि को दीप्त करता है, यह बुद्धि को तीव्र बनाता है। इस तीव्र बुद्धि से प्रभु का दर्शन

होता है।

भावार्थ–सोमरक्षण से हम उदार हृदय, ज्ञान, कर्म, उपासना का विस्तार करनेवाले व आप्त बनते हैं। प्राणसाधना के होने पर सुरक्षित हुआ-हुआ सोम ही हमें प्रभु-दर्शन के योग्य बनाता है।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

परावति-समुद्रे

यद्वा शक्र परावति समुद्रे अधि मन्दसे। अस्माकमित्सुते रण्या समिन्दुभिः॥ १७॥

(१) हे **शक्र**=सर्वशक्तिमन् प्रभो! **यद् वा**=अथवा आप **परावति**=पराविद्यावाले में ब्रह्मविद्या को प्राप्त करनेवाले में तथा **समुद्रे**=(स+मुद्) सदा आनन्दमय स्वभाववाले पुरुष में **अधिमन्दसे**=(shine) आधिक्येन चमकते हैं। प्रभु प्राप्ति का उपाय 'पराविद्या में रुचिवाला होना' तथा 'सदा प्रसन्न रहने का प्रयत्न करना' है। (२) हे प्रभो! **अस्माकम्**=हमारी **इत्**=निश्चय से **सुते**=इस सोम सम्पादन रूप क्रिया के होने पर **इन्दुभिः**=सोमकणों के द्वारा **संरण**=हमारे अन्दर रमणवाले होइये। यह सोमरक्षण हमें आपके दर्शन का पात्र बनाये।

भावार्थ–प्रभु प्राप्ति के लिये आवश्यक है कि–(क) हम पराविद्या में रुचिवाले हों, (ख) सदा आनन्दमय रहें, (ग) सोम को अपने अन्दर सुरक्षित करने के लिये यत्नशील हों।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'सन्वन् यजमान' की वृद्धि

यद्वासि सुन्वतो वृधो यजमानस्य सत्पते। उक्थे वा यस्य रण्यसि समिन्दुभिः॥ १८॥

(१) हे **सत्पते**=उत्तम कर्मों के रक्षक प्रभो! आप **यद् वा**=निश्चय से **सुन्वतः**=सोम का सम्पादन करनेवाले, अपने अन्दर सोम को सुरक्षित करनेवाले **यजमानस्य**=यज्ञशील पुरुष के **वृधः**=बढ़ानेवाले **असि**=हैं। इस यज्ञशील सोमी पुरुष को आप सदा बढ़ाते हैं। (२) **वा**=अथवा उसके आप बढ़ानेवाले हैं **यस्य**=जिसके **उक्थे**=स्तोत्र में आप **इन्दुभिः**=सोमकणों के द्वारा **संरण्यसि**=सम्यक् प्रीतिवाले होते हैं। जो भी स्तोता सोमकणों का रक्षण करता हुआ प्रभु-स्तवन करता है, वह प्रभु का प्रिय बनता है। प्रभु का स्तोत्र उसके लिये प्रभु प्रीति का कारण बनता है।

भावार्थ–प्रभु सोमरक्षक यज्ञशील पुरुष का वर्धन करते हैं। सोमरक्षक स्तोता से किया जानेवाला स्तवन प्रभु को प्रिय होता है।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीविराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

यज्ञया तुर्वणे

देवंदेवं वोऽवस इन्द्रमिन्द्रं गृणीषणि। अधा यज्ञाय तुर्वणे व्यानशुः॥ १९॥

(१) **देवम्**=उस प्रकाशमय **वः देवम्**=तुम्हें प्रकाशित करनेवाले **इन्द्रम्**=परमैश्वर्यशाली **(वः) इन्द्र**=तुम्हें ऐश्वर्यों को प्राप्त करानेवाले प्रभु को **अवसे**=रक्षण के लिये **गृणीषणि**=स्तुत करता हूँ। (२) **अधा**=अब **तुर्वणे**=शत्रुओं का हिंसन करनेवाले **यज्ञाय**=पूजनीय प्रभु के लिये **व्यानशुः**=मेरी स्तुतियाँ व्याप्त होती है।

भावार्थ–प्रभु-स्तवन से हमारा जीवन प्रकाशमय बनता है (देवम्), ऐश्वर्यशाली होता है (इन्द्रम्), यह स्तवन हमें रोगों व वासनाओं से बचाता है (अवसे), हमारे शत्रुओं का हिंसन करता है (तुर्वणे)।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

यज्ञ-सोम-होत्रा

यज्ञेभिर्यज्ञवाहसं सोमेभिः सोमपातमम्। होत्राभिरिन्द्रं वावृधुर्व्यानशुः॥ २०॥

(१) यज्ञवाहसम्-सब यज्ञों के प्राप्त करानेवाले उस प्रभु को यज्ञेभिः-यज्ञों से वावृधुः-बढ़ाते हैं और व्यानशुः-प्राप्त करते हैं। यज्ञों से दिव्य भाव का उत्तरोत्तर वर्धन होता है और अन्ततः हम यज्ञों को प्राप्त करानेवाले प्रभु को प्राप्त करते हैं। (२) सोमेभिः-सोमों के रक्षण के द्वारा सोमपातमम्-अधिक से अधिक सोम का रक्षण करनेवाले उस प्रभु को हम अपने अन्दर बढ़ाते हैं और उसे प्राप्त करते हैं। (३) यज्ञों के द्वारा वासनाओं का विनाश होता है, यज्ञशील पुरुष वासनाओं से बचा रहकर सोम का रक्षण करता है। सोमरक्षण से ज्ञानाग्नि दीप्त होती है। ये दीप्त ज्ञानाग्निवाले पुरुष होत्राभिः-ज्ञान की वाणियों से इन्द्रम्-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु को अपने अन्दर बढ़ाते हैं और अन्ततः प्रभु को प्राप्त होते हैं।

भावार्थ-हम यज्ञशील हों, यह यज्ञशीलता हमें वासनाओं से बचाये। सोमरक्षण द्वारा दीप्त ज्ञानाग्निवाले होकर हम स्तोतों द्वारा उस परमैश्वर्यशाली प्रभु की महिमा का वर्धन करें और प्रभु को प्राप्त होनेवाले हों।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रणीतयः-प्रशस्तयः

महीरस्य प्रणीतयः पूर्वीरुत प्रशस्तयः। विश्वा वसूनि दाशुषे व्यानशुः॥ २१॥

(१) गत मन्त्र के अनुसार स्तुतिवाणियों से प्रभु का अपने में वर्धन करनेवाले व प्रभु को प्राप्त करनेवाले अनुभव करते हैं कि अस्य-इस प्रभु की प्रणीतयः-प्रणीतियाँ, उत्कृष्ट मार्ग पर अपने सखा को ले चलने के क्रम, महीः-अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। उत-और प्रशस्तयः-प्रभु की प्रशस्तियाँ-स्तुतियाँ पूर्वीः-हमारा पालन व पूरण करनेवाली हैं। इन स्तुति-वाणियों से हमें जीवन के उत्कृष्ट मार्ग की प्रेरणा मिलती है। (२) इस प्रभु के स्तोता दाशुषे-दाश्वान् पुरुष के लिये विश्वा वसूनि-सब वसु व्यानशुः-विशेष रूप से प्राप्त होते हैं। दाश्वान् पुरुष प्रभु के प्रति अपने को दे डालनेवाला यह उपासक, सब वसुओं को प्राप्त करता है।

भावार्थ-हम प्रभु प्रेरणा के अनुसार चलें। प्रभु का शंसन करें। प्रभु के प्रति अपना अर्पण करनेवाले बनें। हम सब वसुओं (धनों) को प्राप्त करेंगे।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु-स्मरण-ओजस्विता-वासना विनाश

इन्द्रं वृत्राय हन्तवे देवासो दधिरे पुरः। इन्द्रं वाणीरनूषता समोजसे॥ २२॥

(१) देवासः-देववृत्ति के पुरुष वृत्राय हन्तवे-वृत्र के, ज्ञान की आवरणभूत वासना के विनाश के लिये इन्द्रम्-उस शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभु को पुरः दधिरे-अपने आगे स्थापित करते हैं। सदा उस इन्द्र का स्मरण करते हैं, यह स्मरण ही उन्हें वासनाओं से आक्रान्त नहीं होने देता। (२) इन्द्रम्-उस सर्वशक्तिमान् प्रभु को ही वाणीः-इन की स्तुति-वाणियाँ अनूषत-स्तुत करती हैं। यह स्तवन सं ओजसे-समीचीन ओज के लिये होता है। स्तवन के द्वारा उत्पन्न ओज ही इन्हें वासनारूप शत्रुओं के विनाश के योग्य बनाता है।

भावार्थ–स्तवन के द्वारा प्रभु के ओज से ओजस्वी बनकर हम वासनारूप शत्रुओं का विनाश कर पाते हैं।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु महिमा स्मरण व ओजस्विता की प्राप्ति

महान्तं महिना वयं स्तोमेभिर्हवनश्रुतम्। अर्केभि प्र णोनुमः समोजसे॥ २३॥

(१) **महिना**=अपनी महिमा से **महान्तम्**=महान् उस प्रभु को **वयम्**=हम **स्तोमेभिः**=स्तोत्रों के द्वारा **अभि प्रणोनुमः**=बारम्बार स्तुत करते हैं। यह प्रभु-स्तवन ही हमें भी महान् बनाता है। (२) उस **हवनश्रुतम्**=उपासक की पुकार को सुननेवाले प्रभु को **अर्कैः**=स्तुति साधन मन्त्रों के द्वारा हम स्तुत करते हैं। यह स्तवन ही **सं ओजसे**=समीचीन ओज के लिये होता है। इस ओज से ओजस्वी बनकर हम वासना विनाश के द्वारा प्रभु को पानेवाले बनते हैं।

भावार्थ–हम प्रभु-स्तवन करते हुए प्रभु की महिमा का स्मरण करते हैं, ओजस्वी बनकर वासनाओं का विनाश कर पाते हैं।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु की व्याप्ति व दीप्ति

न यं विवित्तो रोदसी नान्तरिक्षाणि वज्रिणम्। अमादिदस्य तिष्विषे समोजसः॥ २४॥

(१) प्रभु वे हैं **यम्**=जिनको **रोदसी**=ये द्यावापृथिवी **न विवित्तः**=अपने से पृथक् नहीं कर पाते। प्रभु सम्पूर्ण द्यावापृथिवी में व्याप्त हैं, कोई स्थान नहीं जहाँ कि प्रभु न हों। **वज्रिणम्**=उस वज्रहस्त शासक प्रभु को **अन्तरिक्षाणि**=(अन्तराक्षान्तानि) द्यावापृथिवी के बीच में रहनेवाले ये सब लोक-लोकान्तर **न**=पृथक् नहीं कर पाते। प्रभु इन लोकों में हैं, ये लोक प्रभु में हैं। (२) **अस्य**=इस **ओजसः**=ओज के पुञ्ज प्रभु की **अमात्**=ओजस्विता से **इत्**=ही **संतिष्विषे**=सब लोक-लोकान्तर सम्यक् दीप्त होते हैं। सब लोकों को दीप्त करनेवाले वे प्रभु हैं। मुझे भी प्रभु से ही दीप्ति प्राप्त होगी।

भावार्थ–वे सर्वव्यापक प्रभु ही अपनी व्याप्ति से सब पिण्डों को दीप्त कर रहे हैं।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

संग्राम विजय

यदिन्द्र पृतनाज्ये देवास्त्वा दधिरे पुरः। आदित्ते हर्यता हरी ववक्षतुः॥ २५॥

(१) हे **इन्द्र**=शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! **यत्**=जब **पृतनाज्ये**=संग्राम में **देवाः**=देववृत्ति के पुरुष **त्वा**=आपको **पुरः दधिरे**=आगे स्थापित करते हैं। **आत् इत्**=तब शीघ्र ही **हर्यता**=ये गतिशील **हरी**=इन्द्रियाश्व **ते ववक्षतुः**=हमें आपके समीप प्राप्त कराते हैं। (२) संसार में वासनाओं के संग्राम में विजय प्राप्ति प्रभु कृपा से ही होती है। प्रभु ही वस्तुतः हमारे वासनारूप शत्रुओं का विनाश करते हैं। इस वासना विनाश से निर्मल हुई-हुई इन्द्रियाँ हमें प्रभु के समीप प्राप्त कराती हैं।

भावार्थ–देवता प्रभु के उपासन से वासना संग्राम में विजयी बनते हैं। निर्मल इन्द्रियाश्व हमें प्रभु के समीप प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'नदीवृत्'-वृत्र का वर्त्य

यदा वृत्रं नदीवृतं शवसा वज्रिन्नवधीः। आदित्ते हर्यता हरी ववक्षतुः॥ २६॥

(१) हे **वज्रिन्**=वज्रहस्त प्रभो! **यदा**=जब **नदीवृतम्**=इस ज्ञानजल के प्रवाहवाली सरस्वती नदी को आवृत कर लेनेवाले इस **वृत्रम्**=काम-वासना रूप वृत्र को **शवसा**=शक्ति के द्वारा **अवधीः**=आप विनष्ट करते हैं। **आत् इत्**=तब ही शीघ्र **हर्यता हरी**=ये गतिशील इन्द्रियाश्व **ते ववक्षतुः**=आपके समीप हमें प्राप्त कराते हैं। (२) प्रभु की प्राप्ति में अज्ञान का आवरण ही विघातक बना हुआ है। इस आवरण के हटते ही हम प्रभु का दर्शन कर पाते हैं। यह आवरण ही 'वृत्र' है, वासना है। प्रभु की शक्ति से शक्ति-सम्पन्न होकर हम इस वासना को विनष्ट करें। इसके नष्ट होते ही सरस्वती नदी का ज्ञानजल हमारे जीवनों को निर्मल कर डालेगा। उस समय हमारे ये इन्द्रियाश्व सन्मार्ग से आगे बढ़ते हुए हमें प्रभु के समीप प्राप्त करायेंगे।

भावार्थ—प्रभु की उपासना हमें शक्ति-सम्पन्न बनायेगी। हम वासना का विनाश करके ज्ञान को अपने में प्रवाहित कर पायेंगे। उस समय हमारे इन्द्रियाश्व उस मार्ग से चलेंगे, जिससे कि हम प्रभु के समीप और समीप पहुँचते जायेंगे।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

विष्णु के तीन कदम

यदा ते विष्णुरोजसा त्रीणि पदा विचक्रमे। आदित्ते हर्यता हरी ववक्षतुः॥ २७॥

(१) **यदा**=जब **विष्णुः**=यह उदारवृत्ति का पुरुष (विष् व्याप्तौ) **ते ओजसा**=हे प्रभो! आप के ओज से, बल से **त्रीणि पदा विचक्रमे**=तीन पदों को रखता है। अर्थात् आपकी उपासना से आपके सम्पर्क में आता हुआ शक्तिशाली बनकर शरीर में तेजस्वी, मन में सब के प्रति हित की भावनावाला व मस्तिष्क में प्राज्ञ बनता है **आत् इत्**=तब शीघ्र ही **हर्यता हरी**=ये गतिशील इन्द्रियाश्व **ते ववक्षतुः**=आपके समीप हमें प्राप्त कराते हैं। (२) प्रभु की उपासना से पूर्व जीव उन्नति न कर सकने के कारण 'वामन' (बौना)-सा होता है। प्रभु की उपासना उसे 'विष्णु' (व्यापक) बनाती है। यह शरीर में तैजस, मन में वैश्वानर व मस्तिष्क में प्राज्ञ बनता है। यही इसके तीन पद हैं। यह पुरुष अपनी इन्द्रियों से सत्कर्मों को करता हुआ प्रभु के समीप प्राप्त होता है।

भावार्थ—हम उदारवृत्ति के बनते हुए जीवन में तीन पदों को रखें। तैजस, वैश्वानर व प्राज्ञ बनें। इन्द्रियों से सन्मार्ग का आक्रमण करते हुए प्रभु के समीप प्राप्त हों।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

इन्द्रिय संयम द्वारा भुवन संयम

यदा ते हर्यता हरी वावृधाते दिवेदिवे। आदित्ते विश्वा भुवनानि येमिरे॥ २८॥

(१) **यदा**=जब **ते**=तेरे ये **हर्यता हरी**=गतिशील इन्द्रियाश्व **दिवे दिवे**=प्रतिदिन **वावृधाते**=वृद्धि को प्राप्त होते हैं, अर्थात् इन इन्द्रियाश्वों को जब तू वश में करके दिन व दिन आगे और आगे बढ़ता है। **आत् इत्**=तब ही शीघ्र **ते**=तेरे द्वारा **विश्वा भुवनानि**=सब भुवन **येमिरे**=नियम में किये जाते हैं। (२) जितेन्द्रिय पुरुष ही सब भुवन को वश में करने में समर्थ होता है।

भावार्थ–जब इन्द्रियों के संयम के द्वारा हम आगे और आगे बढ़ते हैं तो सब भुवनों का संयम करनेवाले बनते हैं।

ऋषिः—पर्वतः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—उष्णिक्ङ्क स्वरः—ऋषभःङ्क

मारुतीः विशः

यदा ते मारुतीर्विशस्तुभ्यमिन्द्र नियेमिरे। आदित्ते विश्वा भुवनानि येमिरे॥ २९॥

(१) हे **इन्द्र**–परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **यदा**–जब **ते**–आपकी ये **मारुतीः विशः**–प्राणसाधक प्रजायें **तुभ्यम्**–आपकी प्राप्ति के लिये **नियेमिरे**–अपने को नियम में करनेवाली होती हैं। **आत् इत्**–तब शीघ्र ही **ते**–वे अपने को वश में करनेवाले लोग **विश्वा भुवनानि**–सब भुवनों को **येमिरे**–वशीभूत करनेवाले होते हैं। (२) प्राणसाधना के द्वारा इन्द्रियों का संयम होता है। यह संयमी पुरुष प्रभु को प्राप्त करने का अधिकारी होता है। यह सब भुवनों को भी वश में कर पाता है।

भावार्थ–प्राणसाधना द्वारा अपना संयम करते हुए हम सबको वश में करनेवाले हों और प्रभु प्राप्ति के अधिकारी बनें।

ऋषिः—पर्वतः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—उष्णिक्ङ्क स्वरः—ऋषभःङ्क

ज्ञानसूर्योदय

यदा सूर्यमुमुं दिवि शुक्रं ज्योतिरधारयः। आदित्ते विश्वा भुवनानि येमिरे॥ ३०॥

(१) **यदा**–जब **अमुम्**–उस **सूर्यम्**–ज्ञानसूर्य को **दिवि**–मस्तिष्करूप द्युलोक में **शुक्रं ज्योतिः**–देदीप्यमान ज्ञान ज्योति को **अधारयः**–धारण करता है। **आत् इत्**–तब शीघ्र ही **ते**–तेरे द्वारा **विश्वा भुवनानि**–सब भुवन **येमिरे**–वश में किये जाते हैं। (२) ज्ञानसूर्योदय के होने पर सब अन्धकार विनष्ट हो जाता है। उस अन्धकार के विनाश के साथ सब वासनाओं का विलय हो जाता है, इस वासना विलय से मनुष्य पूर्ण संयमी होकर सब भुवनों को वश में कर पाता है।

भावार्थ–हम मस्तिष्करूप द्युलोक में ज्ञानसूर्य का धारण करें। यह ज्ञानसूर्य हमें सब भुवनों को वशीभूत करने में समर्थ करे। अथवा ज्ञान-सूर्योदय के होने पर हम आत्मसंयम के द्वारा सर्वसंयमी बनते हैं।

ऋषिः—पर्वतः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—निचृदुष्णिक्ङ्क स्वरः—ऋषभःङ्क

धीतिभिः सुष्टुतिम्

इमां त इन्द्र सुष्टुतिं विप्र इयर्ति धीतिभिः। जामिं पदेव पिप्रतीं प्राध्वरे॥ ३१॥

(१) हे **इन्द्र**–परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **विप्रः**–यह ज्ञानी पुरुष **इमाम्**–इस **सुष्टुतिम्**–उत्तम स्तुति को **धीतिभिः**–उत्तम कर्मों के साथ **ते इयर्ति**–आपके प्रति प्रेरित करता है। अर्थात् यह विप्र उत्तम कर्मों को करता हुआ प्रभु का स्तवन करता है। (२) उसी प्रकार यह स्तुति को प्रेरित करता है **इव**–जैसे **पदा**–पैरों को **पिप्रतीम्**–पूर्ण करती हुई **जामिम्**–बहिन को **प्राध्वरे**–प्रकृष्ट गृहस्थ यज्ञ में प्रेरित करता है। सप्तपदी में सात पैरों को रखती हुई बहिन को भाई उत्तम गृहस्थ में प्रवेश कराता है। इसी प्रकार एक विप्र उत्तम स्तुति को प्रभु के प्रति प्रेरित करता है।

भावार्थ–हम उत्तम कर्मों के साथ प्रभु-स्तवन करते हुए अपना विशेषरूप से पूरण करनेवाले बनें।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'प्रिय धाम' की प्राप्ति

यर्दस्य धार्मनि प्रिये समीचीनासो अस्वरन्। नाभा यज्ञस्य दोहना प्राध्वरे॥ ३२॥

(१) **यद्**-जब **अस्य**-इस प्रभु के **प्रिये धामनि**-प्रिय धाम के निमित्त **समीचीनासः**-सम्यक् गति करते हुए ये उपासक **अस्वरन्**-उस प्रभु के गुणों का उच्चारण करते हैं। वस्तुतः प्रभु प्राप्ति का मार्ग तो यही है कि हम (क) प्रभु का स्तवन करें, (ख) और सदा उत्तम मार्ग पर चलें। (२) उत्तम मार्ग में चलने का भाव यह है कि **नाभा**-हम सदा नाभि में निवास करें। 'अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः'-यज्ञ ही भुवन की नाभि है। **यज्ञस्य दोहना**-सदा यज्ञों का दोहन करनेवाले हों। **प्राध्वरे**-प्रकृष्ट हिंसा रहित कर्मों में हमारी गति हो।

भावार्थ-प्रभु के प्रिय धाम की प्राप्ति का उपाय यह है कि हम प्रभु-स्तवन करते हुए सदा यज्ञादि उत्तम कर्मों में गतिवाले हों।

ऋषिः—पर्वतः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्चीस्वराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'सुवीर्य-स्वश्व्य-सुगव्य'

सुवीर्यं स्वश्व्यं सुगव्यमिन्द्र दद्धि नः। होतेव पूर्वचित्तये प्राध्वरे॥ ३३॥

(१) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! आप **नः**-हमारे लिये **सुवीर्यम्**-उत्तम वीर्य को, **स्वश्व्यम्**-उत्तम कर्मेन्द्रिय समूह को तथा **सुगव्यम्**-उत्तम ज्ञानेन्द्रिय समूह को **दद्धि**-दीजिये। गत मन्त्र के अनुसार सदा प्रभु-स्तवनपूर्वक उत्तम कर्मों को करने से हमें 'सुवीर्य-स्वश्व्य व सुगव्य' की प्राप्ति होती है। (२) हे प्रभो! आप **होता इव**-एक होता के समान **प्राध्वरे**-प्रकृष्ट हिंसारहित कर्मों में हमारी गति के होने पर **पूर्व चित्तये**-हमारे लिये पालक व पूरक चित्ति के लिये हों। हमें आप उस ज्ञान को दें, जो हमारा पालन व पूरण करनेवाला हो।

भावार्थ-हम प्रभु के अनुग्रह से यज्ञादि उत्तम कर्मों में चलते हुए सदा पालक व पूरक ज्ञान को प्राप्त करें। प्रभु हमारे लिये 'सुवीर्य, स्वश्व्य व सुगव्य' को दें।

अपने जीवन को अध्वरों में पवित्र करनेवाला यह व्यक्ति अपने पवित्र जीवन से औरों को भी पवित्र करता है सो 'नारद' (नारं नरसमूहं दायति) कहलाता है। यह 'काण्व' अत्यन्त मेधावी नारद इन्द्र का स्तवन करता हुआ कहता है कि-

तृतीयोऽनुवाकः

१३. [त्रयोदशं सूक्तम्]

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रशस्त 'बल व प्रज्ञान'

इन्द्रः सुतेषु सोमेषु क्रतुं पुनीत उक्थ्यम्। विदे वृधस्य दक्षसो महान्हि षः॥ १॥

(१) **इन्द्रः**-वह परमैश्वर्यशाली प्रभु **सोमेषु सुतेषु**-सोम के उत्पन्न होने पर, शरीर में शक्तिकणों के रक्षण के होने पर **उक्थ्यम्**-प्रशंसनीय **क्रतुम्**-प्रज्ञान व शक्ति को **पुनीते**-पवित्र करता है। प्रभु ने शरीर में सोम को उत्पन्न किया है। इस सोम के रक्षण के होने पर शरीर में बल का वर्धन होता है, तो मस्तिष्क में ज्ञान का। इस प्रकार जीवन प्रशस्त बनता है। (२) ये प्रभु **वृधस्य**-वृद्धि के कारणभूत **दक्षसः**-बल के **विदे**-प्राप्त कराने के लिये होते हैं। वस्तुतः **सः**-वे

प्रभु हि-निश्चय से महान्-बड़े हैं। प्रभु की महिमा अनन्त है। हम प्रभु का स्मरण करें। प्रभु-स्मरण हमें वासनाओं के आक्रमण से बचायेगा और हम सोमरक्षण के द्वारा प्रशस्त बल व प्रज्ञान को प्राप्त करेंगे।

भावार्थ-प्रभु सुरक्षित सोम के द्वारा हमारे लिये प्रशस्त 'बल व प्रज्ञान' को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सुपारः सुश्रवस्तमः

स प्रथमे व्योमनि देवानां सदने वृधः। सुपारः सुश्रवस्तमः समप्सुजित्॥ २॥

(१) सः-वे प्रभु प्रथमे-इस अत्यन्त विस्तृत व्योमनि-आकाश में व देवानां सदने-देववृत्ति के पुरुषों के गृहों में स्थित हुए-हुए वृधः-वर्धन को करनेवाले हैं। प्रभु आकाश की तरह व्यापक हैं, वस्तुतः प्रभु ही आकाश हैं। देववृत्ति के पुरुषों के घरों में प्रभु का निवास है। ये प्रभु ही वस्तुतः उन्हें देव बनाते हैं। (२) प्रभु सुपारः-अच्छी प्रकार हमें सब विघ्नों से पार करनेवाले हैं। सुश्रवस्तमः-उत्तम ज्ञानवाले हैं, उत्तम ज्ञान को देनेवाले हैं। और सारे अप्सुजित्-सम्यक् कर्मों में विजय को प्राप्त करानेवाले हैं। सब कर्म प्रभु के अनुग्रह से ही पूर्ण होते हैं।

भावार्थ-प्रभु आकाश में सर्वत्र व्याप्त हैं। देव गृहों में प्रभु का निवास है। ये प्रभु ही सब विघ्नों से पार करनेवाले, उत्तम ज्ञान को देनेवाले व कर्मों में विजय को प्राप्त करानेवाले हैं।

ऋषिः- नारदः काण्वः॥ देवता-इन्द्रः॥ छन्दः-उष्णिक्॥ स्वरः-ऋषभः॥

वाजसातये-वृधे

तमह्वे वाजसातय इन्द्रं भराय शुष्मिणम्। भवा नः सुम्ने अन्तमः सखा वृधे॥ ३॥

(१) मैं तम्-उस शुष्मिणम्-शत्रु-शोषक बल को प्राप्त करानेवाले इन्द्र-सर्वशक्तिमान् प्रभु को भराय-संग्राम के लिये वाजसातये-शक्ति को प्राप्त कराने के लिये अह्वे-पुकारता हूँ। प्रभु ही वह शक्ति देते हैं, जिससे कि हम संग्राम में विजयी हो पाते हैं। (२) सुम्ने-सुख प्राप्ति के निमित्त आप नः-हमारे अन्तमः सखा-अन्तिकम मित्र भव-होइये। इस मित्रता के द्वारा वृधे-हमारे वर्धन के लिये होइये। 'सुम्ने' शब्द का अर्थ स्तोत्र होता है। हम आपका स्तवन करें, तो आप हमारे मित्र होकर हमारी वृद्धि का कारण बनिये।

भावार्थ-प्रभु शक्ति प्राप्त कराते हैं, यह शक्ति ही हमें संग्राम में विजयी बनाती है। हम प्रभु का स्तवन करते हैं, तो हमारे मित्र होते हुए हमारी वृद्धि का कारण बनते हैं।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

वसुवर्षण व हृदय दीपन

इयं त इन्द्र गिर्वणो रातिः क्षरति सुन्वतः। मन्दानो अस्य बर्हिषो वि राजसि॥ ४॥

(१) हे गिर्वणः-(गीर्भिः वननीय) ज्ञान की वाणियों से उपासनीय इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! सुन्वतः-सृष्टियज्ञ को करते हुए ते-तेरी इयं रातिः-यह दान क्रिया क्षरति-मेघवत् सुखों का वर्षण करनेवाली होती है। प्रभु सब वसुओं का वर्षण करते हैं। (२) मन्दानः-अपनी राति से आनन्दित करते हुए आप अस्य बर्हिषः-इस वासनाशून्य हृदय के विराजसि-विशिष्ट रूप से दीप्त करनेवाले होते हो।

भावार्थ-उपासक के लिये प्रभु की दान क्रिया निरन्तर वसुओं का वर्षण करनेवाली होती

है। वासना शून्य हृदय में आसीन होते हुए आप उस हृदय को दीप्त करते हैं।

ऋषिः-नारदः काण्वः॥ देवता-इन्द्रः॥ छन्दः-निचृदुष्णिक्॥ स्वरः-ऋषभः॥

'चित्रं स्वर्विदं' रयिम्

नूनं तदिन्द्र दद्धि नो यत्त्वा सुन्वन्त ईमहे। रयिं नश्चित्रमा भर स्वर्विदम्॥ ५॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **नूनम्**-निश्चय से **नः**-हमारे लिये **तत्**-उस धन को **दद्धि**-दीजिये, **यत्**-जिसे **सुन्वन्तः**-अपने अन्दर सोम का सम्पादन करते हुए हम **त्वा ईमहे**-आप से माँगते हैं। (२) हे प्रभो! **नः**-हमारे लिये **रयिं आभर**-उस धन को प्राप्त कराइये जो **चित्रम्**-(चित्) चेतना को देनेवाला है, ज्ञान का बढ़ानेवाला है और **स्वर्विदम्**-स्वर्ग को प्राप्त करानेवाला है। जिस धन के द्वारा हमारा घर स्वर्ग बनता है और जिससे हमारे ज्ञान की वृद्धि होती है।

भावार्थ-प्रभु हमें उस धन को प्राप्त करायें, जो ज्ञान प्राप्ति के साधनों को जुटाने में सहायक हो, तथा जो हमें आवश्यक भोग्य पदार्थों को प्राप्त कराके सुखमय जीवनवाला बनाये।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

विचर्षणिः

स्तोता यत्ते विचर्षणिरतिप्रशर्धयद्गिरः। वयावानु रोहते जुषन्त यत्॥ ६॥

(१) हे प्रभो! **यत्**-जब यह साधक **ते स्तोता**-आपका स्तवन करनेवाला होता है, तो यह **विचर्षणिः**-विशेषेण द्रष्टा बनता है, संसार के सब पदार्थों को ठीक रूप में देखता है। अब यह **गिरः**-ज्ञान की वाणियों को **अति प्रशर्धयत्**-अतिशयेन शत्रु प्रसहनशील करता है। अर्थात् सदा ज्ञान की वाणियों के अध्ययन में लगा रहकर काम-क्रोध आदि शत्रुओं से अपने को आक्रान्त नहीं होने देता। (२) **यत्**-जब ये साधक **जुषन्त**-प्रीतिपूर्वक इन वाणियों का सेवन करते हैं तो **वयाः इव**-वृक्ष की शाखाओं की तरह **अनुरोहते**-अनुकूलता से वृद्धि को प्राप्त होते हैं। जैसे वृक्ष की शाखायें ऊपर और ऊपर फैलती चलती हैं, उसी प्रकार इस स्तोता में उस स्तुत्य प्रभु के गुणों का वर्धन होता चलता है।

भावार्थ-प्रभु-स्तवन हमारे दृष्टिकोण को ठीक बनाता है, हमारे जीवन में ज्ञान की वाणियाँ काम-क्रोध आदि शत्रुओं का वर्धन करनेवाली होती हैं, हमारे में दिव्यगुणों का उत्तरोत्तर वर्धन होता है।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

ज्ञान का प्रकाश

प्रत्नवज्जनया गिरः शृणुधी जरितुर्हवम्। मदेमदे वयक्षिथा सुकृत्वने॥ ७॥

(१) हे प्रभो! आप **प्रत्नवत्**-प्राचीनकाल की तरह, अर्थात् जैसा आप सदा से करते आ रहे हैं, उसी प्रकार **गिरः जनय**-ज्ञान की वाणियों को हमारे में प्रादुर्भूत करिये। हृदयस्थ आपके द्वारा हमें ज्ञान की वाणियों का प्रकाश प्राप्त हो। **जरितुः**-स्तोता की **हवम्**-पुकार को **शृणुधि**-आप सुनिये। स्तोता की प्रार्थना आप द्वारा सुनी जाये। (२) हे प्रभो! आप **मदे मदे**-सोम के रक्षण से उत्पन्न मद (=उल्लास) के होने पर **सुकृत्वने**-इस शुभ कर्म करनेवाले के लिये **वयक्षिथ**-सब इष्ट वस्तुओं को प्राप्त कराते हैं। सोमरक्षण से हमारी वृत्ति शुभ बनती है, यह शुभवृत्ति हमें शुभ

कर्मों को कराती है। ये शुभ कर्म शुभ फलों का साधन बनते हैं।

भावार्थ—प्रभु के अनुग्रह से हमारे हृदयों में ज्ञान की वाणियों का प्रकाश हो। हमारी प्रार्थना प्रभु से सुनी जाये। हम सोमरक्षण द्वारा शुभ कर्मों को करते हुए शुभ ही फलों को प्राप्त करें।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

उत्कृष्ट बुद्धि की प्राप्ति

क्रीळन्त्यस्य सूनृता आपो न प्रवता यतीः। अया धिया य उच्यते पतिर्दिवः॥ ८॥

(१) अस्य—इस प्रभु की सूनृताः—प्रिय सत्य वाणियाँ क्रीडन्ति—इस प्रकार विहरण करती हैं, न—जैसे प्रवता यतीः आपः—निम्न मार्ग से गति करते हुए जल। हमें प्रभु की वेदवाणियाँ प्राप्त होती हैं, तब हम नम्र—विनीत—झुके हुए (निम्न प्रवत्) बनते हैं। (२) अया—इस धिया—बुद्धि के हेतु से यः उच्यते—जिसकी प्रार्थना की जाती है, वह प्रभु ही दिवः पतिः—ज्ञान का स्वामी है। उस ज्ञान के स्वामी से ही हम उत्कृष्ट बुद्धि की प्राप्ति के लिये प्रार्थना करते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु की प्रार्थना करते हैं। प्रभु हमें उत्कृष्ट बुद्धि प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

नमोवृधैः अवस्युभिः

उतो पतिर्य उच्यते कृष्टीनामेक इद्वशी। नमोवृधैरवस्युभिः सुते रण॥ ९॥

(१) उत उ—निश्चय से यः—जो आप पतिः उच्यते—संसार के स्वामी कहे जाते हैं। वे आप कृष्टीनाम्—सब मनुष्यों के एकः इत्—अकेले ही वशी—वश में करनेवाले हैं। सब के आप ही शासक हैं। (२) नमोवृधैः—नमन की भावना को उत्तरोत्तर अपने में बढ़ानेवाले, अवस्युभिः—रक्षणेच्छु पुरुषों के साथ जो भी व्यक्ति रोगों व वासनाओं से अपना रक्षण करते हैं, उन पुरुषों के साथ सुते—सोम का सम्पादन होने पर आप रण—(रमस्व) आनन्द का अनुभव कीजिये। अर्थात् ये लोग आपकी प्रीति के पात्र बनें।

भावार्थ—सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के शासक प्रभु के वे व्यक्ति प्रिय होते हैं, जो (क) नम्रता को धारण करते हैं, (ख) अपने शरीरों को रोगों से तथा मनों को वासनाओं के आक्रमण से बचाते हैं, (ग) तथा शरीर में सोम शक्ति (वीर्य शक्ति) का रक्षण करते हैं।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'श्रुत विपश्चित्' प्रभु का स्तवन

स्तुहि श्रुतं विपश्चितं हरी यस्य प्रसक्षिणा। गन्तारा दाशुषो गृहं नमस्विनः॥ १०॥

(१) उस प्रभु का तू स्तुहि—स्तवन करे, जो श्रुतम्—सर्वत्र वेदवाणियों में सुने जाते हैं, तथा विपश्चितम्—ज्ञानी हैं, सम्पूर्ण ज्ञान के निधान हैं। (२) उस प्रभु का तू स्तवन कर यस्य—जिस प्रसक्षिणा—वासनारूप शत्रुओं का अभिभव करनेवाले हरी—इन्द्रियाश्व, ज्ञानेन्द्रिय व कर्मेन्द्रियरूप अश्व नमस्विनः—नमस्कार की भावनावाले दाशुषः—दाश्वान् यज्ञशील पुरुष के गृहम्—शरीरगृह को गन्तारा—प्राप्त होते हैं। अर्थात् प्रभु इस यज्ञशील आराधक को उन उत्तम इन्द्रियाश्वों को प्राप्त कराते हैं, जो वासनारूप शत्रुओं को अभिभूत करनेवाले होते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु का स्तवन करें। प्रभु के प्रति नमन की भावनावाले हों। दाश्वान् (यज्ञशील) बनें। प्रभु कृपा से हमें वासनाओं से अनाक्रान्त इन्द्रियाँ प्राप्त होंगी।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'सशक्त कार्यकारिणी' इन्द्रियाँ

तूतुजानो महेमतेऽश्वेभिः प्रुषितप्सुभिः। आ याहि यज्ञमाशुभिः शमिद्धि ते॥ ११॥

(१) हे **महेमते**-(महते फलाय मतिर्यस्य) महान् फल के लिये बुद्धिवाले प्रभो! अर्थात् महान् मोक्षरूप फल को प्राप्त कराने के लिये बुद्धि को देनेवाले प्रभो! **तूतुजानः**-हमारे शत्रुओं का संहार करते हुए आप उन **अश्वेभिः**-इन्द्रियाश्वों के साथ **यज्ञं आयाहि**-हमारे जीवनयज्ञ में प्राप्त होइये, जो **प्रुषितप्सुभिः**-शक्ति से सिक्त रूपवाले, स्निग्धरूपवाले हैं व **आशुभिः**-शीघ्रता से अपने कर्मों का व्यापन करनेवाले हैं। (२) **ते**-तेरे इस उपासक के लिये **इत् हि**-निश्चय से **शाम्**-शान्ति प्राप्त हो। वस्तुतः जीवन में शान्ति तभी प्राप्त होती है जब कि इन्द्रियाँ उत्तम हों। 'सुख' का शब्दार्थ इन्द्रियों का उत्तम होना (सु) ही तो है। प्रभु कृपा से हमें वे इन्द्रियाँ प्राप्त हों जो सुरक्षित सोम के द्वारा शक्ति के सेचनवाली हों, तथा अपने कार्यों में शीघ्रता से व्याप्त होनेवाली हों।

भावार्थ-वे बुद्धि को देनेवाले प्रभु हमारे लिये सशक्त कर्मों में व्याप्त होनेवाली इन्द्रियों को दें, जिससे कि हमारा जीवन निरुपद्रव व शान्तिवाला हो।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

रयि-श्रवस्

इन्द्र शविष्ठ सत्पते रयिं गृणत्सु धारय। श्रवः सूरिभ्यो अमृतं वसुत्वनम्॥ १२॥

(१) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन्! **शविष्ठ**-निरतिशय शक्तिवाले सर्वशक्तिमन्! **सत्पते**-सज्जनों के रक्षक प्रभो! आप **गृणत्सु**-स्तुति-वचनों का उच्चारण करनेवालों में **रयिं धारय**-ऐश्वर्य का धारण करिये। उस ऐश्वर्य का धारण करिये जो इन स्तोताओं को भी शक्तिशाली व सत्कर्मों का पालक बनाये। (२) हे प्रभो! आप **सूरिभ्यः**-इन ज्ञानी पुरुषों के लिये **श्रवः**-उस ज्ञान को प्राप्त कराइये, जो **अमृतम्**-अमृतत्व को, नीरोगता को देनेवाला हो, तथा **वसुत्वनम्**-उत्तम निवास का कारण बने।

भावार्थ-प्रभु हमें उस ऐश्वर्य को प्राप्त करायें, जो बल व उत्तमता का जनक हो। प्रभु उस ज्ञान को दें, जो नीरोगता व उत्तम निवास का साधन बने।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रातः व मध्याह्न में प्रभु-स्तवन

हवे त्वा सूर उदिते हवे मध्यन्दिने दिवः। जुषाण इन्द्र सप्तिभिर्न आ गहि॥ १३॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **सूरे उदिते**-सूर्योदय के होने पर **त्वा हवे**-आप को मैं पुकारता हूँ। इसी प्रकार **दिवः**-दिन के **मध्यन्दिने**-मध्य भाग में, दुपहर के समय **हवे**-मैं आपको पुकारता हूँ। जीवनरूप दिन के प्रथम २४ वर्ष प्रातःकाल हैं, अगले ४४ वर्ष मध्याह्न हैं। इन में हम प्रभु का स्तवन करते हुए प्रभु के प्रिय बनते हैं। (२) स्तवन किये जाते हुए हे प्रभो! आप **जुषाणः**-प्रीयमाण होते हुए **सप्तिभिः**-इन इन्द्रियाश्वों के साथ **नः आगहि**-हमें प्राप्त होइये। आपका स्तवन हमारी इन्द्रियों को पवित्र बनानेवाला हो। जीवन के प्रातः व मध्याह्न में यदि हम इन्द्रियों को पवित्र रख सके, तो जीवन के सायंकाल में तो ये इन्द्रियाश्व शान्त बने ही रहेंगे।

भावार्थ-प्रभु का स्तवन हमारे इन्द्रियाश्वों को निर्मल बनानेवाला हो।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'पूर्व्य तन्तु' का तनन

आ तू गहि प्र तु द्रव मत्स्वा सुतस्य गोमतः। तन्तुं तनुष्व पूर्व्यं यथा विदे॥ १४॥

(१) प्रभु जीव से कहते हैं कि तू **आगहि तु**=आ तो, अर्थात् प्रभु की ओर चलनेवाला बन। **प्र द्रव**=और शीघ्रता से अपने कर्त्तव्य कर्मों को करनेवाला हो। **गोमतः**=प्रशस्त इन्द्रियोंवाले, इन्द्रियों के प्रशस्त बनानेवाले **सुतस्य**=उत्पन्न हुए-हुए सोम का **मत्स्वा**=तू आनन्द ले। इस सोम के रक्षण के द्वारा जीवन में उल्लासवाला बन। (२) **पूर्व्यम्**=सृष्टि के प्रारम्भ में ही दिये गये **तन्तुं तनुष्व**=यज्ञ तन्तु का विस्तार करनेवाला बन। इसलिए तू इस यज्ञ तन्तु का विस्तार कर कि **यथा विदे**=ठीक यथार्थ वस्तुओं का तू ग्रहण कर सके।

भावार्थ—हम प्रभु की ओर चलें। कर्त्तव्य कर्मों को स्फूर्ति के साथ करनेवाले हों। सोमरक्षण द्वारा इन्द्रियों को प्रशस्त बनायें। यज्ञशील हों।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अन्धसः अविता इत् असि

यच्छक्रासि परावति यदर्वावति वृत्रहन्। यद्वा समुद्रे अन्धसोऽवितेदसि॥ १५॥

(१) हे **शक्र**=सर्वशक्तिमन् प्रभो! **यत्**=जो आप **परावति**=सुदूर द्युलोक में **असि**=हैं। हे **वृत्रहन्**=वासना को विनष्ट करनेवाले प्रभो! **यत्**=जो आप **अर्वावति**=इस समीप के पृथ्वीलोक में हैं। **यद् वा**=अथवा जो आप **समुद्रे**=इस अन्तरिक्षलोकरूप समुद्र में हैं। आप **इत्**=निश्चय से **अन्धसः**=इस आध्यातत्व सोम के द्वारा **अविता असि**=हमारा रक्षण करनेवाले हैं। (२) वे सर्वव्यापक प्रभु इन सब लोकों में निवास करनेवाले प्राणियों का सोम के द्वारा रक्षण करते हैं। शरीर में उत्पन्न हुई-हुई सोम शक्ति शरीर में सुरक्षित होने पर सब रोगों से बचाती है। सोमरक्षण के द्वारा हम मृत्यु को अपने से दूर रखते हैं।

भावार्थ—द्युलोकस्थ, अन्तरिक्षस्थ, पृथिवीस्थ सब प्राणियों के रक्षण के लिये प्रभु ने सोम-शक्ति का स्थापन किया है।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

गिरः-इन्दवः

इन्द्रं वर्धन्तु नो गिर इन्द्रं सुतास इन्दवः। इन्द्रं हविष्मतीर्विशो अराणिषुः॥ १६॥

(१) **नः**=हमारी **गिरः**=ज्ञानपूर्वक उच्चरित स्तुति-वाणियाँ **इन्द्रं वर्धन्तु**=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु का वर्धन करें, प्रभु के गुणों का गायन करें, उसकी महिमा का सर्वत्र प्रकाश करें। **सुतासः**=शरीर में उत्पन्न हुए-हुए **इन्दवः**=सोमकण **इन्द्रम्**=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु को हमारे अन्दर बढ़ायें। अर्थात् सोमरक्षण के द्वारा तीव्र बुद्धि बनकर हम प्रभु का दर्शन करनेवाले बनें। (२) **हविष्मतीः**=प्रशस्त हविवाली, अर्थात् त्यागपूर्वक अदन करनेवाली **विशः**=प्रजायें **इन्द्रे**=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु में **अराणिषुः**=(अरंसिषुः) रमण करती हैं। प्रभु को न भूलती हुई, प्रभु में स्थित हुई-हुई ये प्रजायें एक अवर्णनीय आनन्द का अनुभव करती हैं।

भावार्थ—हम ज्ञान की वाणियों द्वारा प्रभु का वर्धन करें। सोमरक्षण द्वारा तीव्र बुद्धि बनकर प्रभु का दर्शन करें। त्यागवृत्तिवाले बनकर प्रभु में स्थित हुए-हुए आनन्द का अनुभव करें।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु-महिमा का गायन व आत्मरक्षण

तमिद्विप्रा अवस्यवः प्रवत्वतीभिरूतिभिः। इन्द्रं क्षोणीरवर्धयन्वयाइव॥ १७॥

(१) **अवस्यवः**=रक्षण की कामनावाले **विप्राः**=ज्ञानी पुरुष **प्रवत्वतीभिः**=उत्कर्ष की ओर ले जानेवाले **ऊतिभिः**=रक्षणों के हेतु से **इत्**=निश्चयपूर्वक **तं इत्**=उस प्रभु को ही **अवर्धयन्**=अपने अन्दर बढ़ाने का प्रयत्न करते हैं। प्रभु का स्तवन करते हैं और प्रभु के गुणों को धारण करने के लिये यत्नशील होते हैं। (२) **इन्द्रम्**=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु को **क्षोणीः**=पृथिवी पर निवास करनेवाले सब मनुष्य **अवर्धयन्**=बढ़ाते हैं। **वयाः इव**=ये सब लोक-लोकान्तर उस प्रभुरूप वृक्ष की शाखाओं की तरह हैं। ये सब शाखायें जैसे उस वृक्ष की महिमा को बढ़ाती हैं, उसी प्रकार सब मनुष्य उस प्रभु की महिमा का वर्धन करते हैं।

भावार्थ—ज्ञानी रक्षणेच्छु पुरुष प्रभु की महिमा का गायन करते हैं। यह महिमा का गायन ही हमारा रक्षण करता है और हमें उत्कर्ष की ओर ले जाता है।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

त्रिकद्रुकेषु चेतनम्

त्रिकद्रुकेषु चेतनं देवासो यज्ञमत्नत। तमिद्वर्धन्तु नो गिरः सदावृधम्॥ १८॥

(१) **त्रिकद्रुकेषु**=(कदि आह्वाने) प्रातः, मध्याह्न व सायं तीनों आह्वान कालों में **चेतनम्**=उपासकों की चेतना को बढ़ानेवाले **यज्ञम्**=उपास्य प्रभु को **देवासः**=देववृत्ति के पुरुष **अत्नत**=अपने अन्दर निरुद्ध करने का प्रयत्न करते हैं। जितना-जितना प्रभु का स्मरण करते हैं, उतना-उतना ही अपनी चेतना को ये बढ़ानेवाले होते हैं। (२) **नः गिरः**=हमारी ज्ञानपूर्वक उच्चरित स्तुति-वाणियाँ **इत्**=निश्चय से **तम्**=उस **सदावृधम्**=सदा से बढ़े हुए प्रभु को ही **वर्धन्तु**=बढ़ायें। अर्थात् हम सदा प्रभु का स्मरण करनेवाले बनें। प्रभु-स्तवन ही हमारी वृद्धि का कारण बनता है।

भावार्थ—हम जीवन के प्रातः, मध्याह्न व सायं में अर्थात् आजीवन प्रभु का स्मरण करनेवाले बनें। यह स्मरण ही हमारी चेतना को ठीक रखेगा। अन्यथा हम विस्मृति में डूबकर कुछ का कुछ करते रहेंगे।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

शुचिः पावकः अद्भुतः

स्तोता यत्ते अनुव्रत उक्थान्यृतुथा दधे। शुचिः पावक उच्यते सो अद्भुतः॥ १९॥

(१) हे प्रभो! **यत्**=जब **ते स्तोता**=यह जीव आपका स्तोता बनता है, तो **अनुव्रतः**=आपके अनुकूल व्रतवाला होता है। आप सर्वज्ञ हैं, यह भी ज्ञानी बनने का प्रयत्न करता है। आप दयालु हैं, यह भी दया को अपनाने का प्रयत्न करता है। और **ऋतुथा**=समय-समय पर **उक्थानि दधे**=आपके स्तोत्रों का धारण करता है। (२) यह स्तोता **शुचिः**=अपने को पवित्र बनाता है। **पावकः**=औरों को भी पवित्र जीवनवाला करता है, इस प्रकार बना हुआ **सः**=यह स्तोता **अद्भुतः उच्यते**=सब से अद्भुत जीवनवाला कहाता है। सब कोई इसे आश्चर्य से देखते हैं। इसे वे महापुरुष के रूप में देखते हैं।

भावार्थ—प्रभु का स्तोता स्तवन करता हुआ प्रभु के गुणों को धारण करता है। इस प्रकार पवित्र बनता है, पवित्र करनेवाला होता है। अद्भुत जीवनवाला होता है।

ऋषिः—नारदः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—उष्णिक्ङ्ग स्वरः—ऋषभःङ्ग

सर्वदीपक प्रभु

तविद्युद्रस्य चेतति यह्वं प्रत्नेषु धामसु। मनो यत्रा वि तदधुर्विचेतसः॥ २०॥

(१) प्रत्नेषु धामसु-इन पुराणे, सनातन धामसु-पृथिवी आदि लोकों में रुद्रस्य-सब दुःखों के द्रायक प्रभु का इत्-ही तत् यह्वम्-वह महान् बल चेतति-जाना जाता है। ये पृथिवी आदि लोक उसी के बल से बलवाले हो रहे हैं। (२) उस रुद्र की दीप्ति व बल से ये सब पिण्ड दीप्त व दृढ़ हो रहे हैं, यत्रा-जिस प्रभु में विचेतसः-विशिष्ट ज्ञानवाले पुरुष तत् मनः-अपने उस मन को विदधुः-विशेषरूप से धारण करते हैं। सब ज्ञानी उस प्रभु का ही ध्यान करते हैं, जिस प्रभु का बल सब पिण्डों को धारण करता है।

भावार्थ-सब सूर्य आदि पिण्डों को प्रभु का तेज ही दीप्त कर रहा है। ज्ञानी पुरुष इस प्रभु में ही अपने मन को निरुद्ध करते हैं।

ऋषिः—नारदः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृदुष्णिक्ङ्ग स्वरः—ऋषभःङ्ग

प्रभु की मित्रता

यदि मे सख्यमावर इमस्य पारह्यन्धसः। येन विश्वा अति द्विषो अतारिम॥ २१॥

(१) हे प्रभो! यदि-यदि मे सख्यम्-मेरी मित्रता को आवरः-आप स्वीकार करते हैं, तो इमस्य-इस अन्धसः-सोम शक्ति का (वीर्य का) पारहि-मेरे अन्दर रक्षण करते हैं। प्रभु की मित्रता वासना-विनाश का कारण बनकर सोमरक्षण का साधन बनती है। (२) येन-जिस सोमरक्षण के द्वारा विश्वाः-सब अन्दर घुस आनेवाले द्विषः-रोगों व ईर्ष्या-द्वेष आदि दुर्भावों को अति अतारिम-हम पार कर जाते हैं।

भावार्थ-प्रभु की मित्रता हमें सोमरक्षण के योग्य बनाती है। सोमरक्षण के द्वारा हम रोगों व दुर्भावों को नष्ट कर पाते हैं।

ऋषिः—नारदः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृदुष्णिक्ङ्ग स्वरः—ऋषभःङ्ग

कदा त इन्द्र गिर्वणः स्तोता भवाति शन्तमः। कदा नो गव्ये अश्व्ये वसौ दधः॥ २२॥

(१) प्रभु प्राप्ति के लिये आतुरता को अनुभव करता हुआ स्तोता कहता है कि हे गिर्वणः-ज्ञान की वाणियों से सम्भजनीय इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! कदा-कब ते स्तोता-आपका यह स्तवन करनेवाला उपासक शन्तमः भवाति-शान्त जीवनवाला होता है? अर्थात् आपका स्तवन करता हुआ कब मैं शान्ति को प्राप्त करूँगा? (२) कदा-कब आप नः-हमें गव्ये-ज्ञानेन्द्रिय सम्बन्धी तथा अश्व्ये-कर्मेन्द्रिय सम्बन्धी वसौ दधः-वसु में धारण करोगे? अर्थात् कब आपकी कृपा से हमें उत्तम कर्मेन्द्रियाँ व उत्तम ज्ञानेन्द्रियाँ प्राप्त होंगी?

भावार्थ-प्रभु के स्तवन से शान्ति मिलती है और इन्द्रियाँ प्रशस्त बनती हैं।

ऋषिः—नारदः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—उष्णिक्ङ्ग स्वरः—ऋषभःङ्ग

'सुष्टुता वृषणा' हरी

उत ते सुष्टुता हरी वृषणा वहतो रथम्। अजुर्यस्य मदिन्तमं यमीमहे॥ २३॥

(१) उत-और अजुर्यस्य-कभी जीर्ण न होनेवाले ते-आपके, आप से दिये हुए सुष्टुता-उत्तम स्तुतिवाले वृषणा-शक्तिशाली हरी-इन्द्रियाश्व रथम्-इस शरीर-रथ को वहतः-लक्ष्य की ओर

ले चलते हैं। (२) उस रथ को ले चलते हैं **यम्**-जिसको **मदिन्तमम्**-आनन्दमय आप से **ईमहे**-हम माँगते हैं ('ईमहे' क्रियादि कर्मक है) आनन्दमय प्रभु से हम उत्तम शरीर-रथ की याचना करते हैं। उस प्रभु से दिया गया यह शरीर-रथ हमारे आनन्द का साधन बनता है।

भावार्थ-प्रभु हमें न जीर्ण होनेवाला व आनन्द को प्राप्त करानेवाला शरीर-रथ प्राप्त कराते हैं। शक्तिशाली प्रशस्त इन्द्रियाश्वों को देते हैं।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अथ द्विता

तमीमहे पुरुष्टुतं यह्वं प्रत्नाभिरूतिभिः। नि बर्हिषि प्रिये सदद्यथा द्विता॥ २४॥

(१) **तम्**-उस **पुरुष्टुतम्**-बहुतों से स्तुति किये गये **यह्वम्**-महान् प्रभु को **प्रत्नाभिः**-सनातन, सदा से चले आ रहे **ऊतिभिः**-रक्षणों के हेतु से **ईमहे**-याचना करते हैं। प्रभु सदा से जीवों का रक्षण करते ही हैं। प्रभु से इसी रक्षण की हम याचना करते हैं। (२) वे प्रभु **प्रिये**-तृप्त व कान्त **बर्हिषि**-वासनाशून्य हृदय में **निसदत्**-विराजमान हों। और **अध**-अब **द्वितः**-हमारी शक्ति व ज्ञान का विस्तार होता है। 'द्वौ तनोति) प्रभु की हृदय में उपस्थिति हमें मार्ग भ्रष्ट नहीं होने देती। परिणामतः मार्ग पर चलते हुए हम ज्ञान व शक्ति का विस्तार करते हैं।

भावार्थ-प्रभु हमारा रक्षण करते हैं। प्रभु के हृदय में आसीन होने पर हमारा मस्तिष्क ज्ञान परिपूर्ण होता है, तो शरीर शक्ति-सम्पन्न बन जाता है।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

आआध्यापित करनेवाली प्रेरणा

वर्धस्वा सु पुरुष्टुत ऋषिष्टुताभिरूतिभिः। धुक्षस्व पिप्युषीमिषमवा च नः॥ २५॥

(१) हे **पुरुष्टुत**-बहुतों से स्तुति किये गये प्रभो! आप **ऋषि स्तुताभिः**-तत्त्वद्रष्टा पुरुषों से प्रशंसित **ऊतिभिः**-रक्षणों के द्वारा **सु वर्धस्व**-हमें सम्यक् बढ़ानेवाले होइये। स्तुति के द्वारा हम प्रभु की रक्षा के पात्र बनते हैं। (२) हे प्रभो! आप **पिप्युषीम्**-हमारा आप्यायन (=वर्धन) करनेवाली **इषम्**-प्रेरणा को **धुक्षस्व**-हमारे में प्रपूरित करिये। हम आपकी प्रेरणा को प्राप्त करें, इस प्रेरणा के अनुसार मार्ग पर चलते हुए हम उन्नति व वृद्धि को प्राप्त करते हैं। हे प्रभो! आप हमें प्रेरणा प्राप्त कराइये **च**-और **नः**-हमें **अव**-रक्षित करिये। आपकी प्रेरणा हमें वासना आदि के आक्रमण से बचानेवाली हो।

भावार्थ-हम प्रभु का स्तवन करें। प्रभु हमें रक्षण प्राप्त करायें और उत्तम प्रेरणा देते हुए हमें सुरक्षित करें।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'मनोयुज्' धी

इन्द्र त्वमवितेदसीत्था स्तुवतो अद्रिवः। ऋतादियर्मि ते धियं मनोयुजम्॥ २६॥

(१) हे **अद्रिवः**-वज्रहस्त (अद्रिः वज्रम्) अथवा आदरणीय **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! (आद्रियते) **त्वम्**-आप **स्तुवतः**-स्तुति करनेवाले के **इत्था**-सचमुच **अविता असि इत्**-रक्षक ही हैं। आपका स्तोता वासनाओं का शिकार नहीं होता। आपका स्मरण वासनाओं व रोगों के आक्रमण से बचानेवाला होता है। (२) **मैं ते**-आपके, आप से दिये गये **ऋतात्**-इस सत्य वेदज्ञान से **मनोयुजम्**-मन को युक्त करनेवाली **धियम्**-बुद्धि को, मनीषा को **इयर्मि**-अपने अन्दर प्रेरित

करता हूँ। मुझे आपके इस सत्य वेदज्ञान के अध्ययन से वह बुद्धि प्राप्त होती है जो मेरे मन को विक्षिप्तावस्था से हटाकर निरुद्धावस्था में लानेवाली होती है।

भावार्थ–प्रभु-स्तवन करनेवाले का रक्षण करते हैं। यह स्तोता वेदज्ञान के द्वारा उस बुद्धि को प्राप्त करता है जो उसके मन को भटकने से बचाती है।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'सधमाद्या प्रतद्वसू' हरी

इह त्या सधमाद्या युजानः सोमपीतये। हरी इन्द्र प्रतद्वसू अभि स्वर॥ २७॥

(१) हे **इन्द्र**-सर्वशक्तिमन् प्रभो! **इह**-हमारे जीवन में, शरीर-रथ में **त्या हरी**-उन इन्द्रियाश्वों को **युजानः**-युक्त करते हुए **सोमपीतये**-सोम के पान के लिये, सोम के रक्षण के लिये **अभिस्वर**-(अभिगच्छ) हमें प्राप्त होइये। प्रभु की प्राप्ति में वासनाओं का उत्थान नहीं होता। परिणामतः सोमरक्षण सम्भव होता है। (२) इन्द्रियाश्व **सधमाद्या**-साथ रहते हुये हमें आनन्दित करनेवाले हों, भटकनेवाले न हों। तथा **प्रतद्वसू**-प्राप्त वसू (विस्तीर्णधनौ) प्राप्त धन हों। कर्मेन्द्रियाँ शक्ति-सम्पन्न हों, तो ज्ञानेन्द्रियाँ ज्ञान-सम्पन्न। शक्ति व ज्ञान ही इन इन्द्रियाश्वों की सम्पत्ति है।

भावार्थ–प्रभु कृपा से हमारे इन्द्रियाश्व न भटकनेवाले हों तथा 'शक्ति व ज्ञान' रूप धन से युक्त हों। प्रभु हमें प्राप्त हों, जिससे हम वासनाओं से अनाक्रान्त रहकर सोम का रक्षण कर सकें।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'नीरोग-श्री सम्पन्न' जीवन

अभि स्वरन्तु ये तव रुद्रासः सक्षत श्रियम्। उतो मरुत्वतीर्विशो अभि प्रयः॥ २८॥

(१) **ये**-जो भी व्यक्ति **तव अभि स्वरन्तु** (त्वाम् अभि०)-आपकी ओर आनेवाले होते हैं, वे **रुद्रासः**-रोगों को दूर भगानेवाले होते हैं तथा **श्रियम्**-शोभा का **सक्षत**-सेवन करते हैं। इनका जीवन बड़ी शोभावाला होता है। (२) **उत उ**-और निश्चय से **मरुत्वतीः**-प्रशस्त प्राणोंवाली, प्राणसाधना में प्रवृत्त होनेवाली **विशः**-प्रजायें **प्रयः अभि**-सात्त्विक अन्नों की ओर ही गतिवाली होती हैं। प्राणायाम के साथ युक्ताहार-विहार तो आवश्यक ही है।

भावार्थ–प्रभु का उपासक नीरोग, शोभावाला तथा प्राणसाधना को करता हुआ सात्त्विक अन्नों का सेवन करता है।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

यथार्थ ज्ञान की प्राप्ति

इमा अस्य प्रतूर्तयः पदं जुषन्त यद्दिवि। नाभा यज्ञस्य सं दधुर्यथा विदे॥ २९॥

(१) **इमाः अस्य**-ये इसकी प्रजायें **प्रतूर्तयः**-प्रकर्षेण शत्रुओं की हिंसक होती हैं। **यत्**-क्योंकि **दिवि**-द्युलोक में, प्रकाशमय लोक में **पदं जुषन्त**-पद को प्रीतिपूर्वक रखती हैं। अर्थात् प्रभु के उपासक लोग ज्ञान-प्रधान जीवन बिताते हैं और काम-क्रोध-लोभ आदि शत्रुओं का संहार करनेवाले होते हैं। (२) **यथा विदे**-यथार्थ ज्ञान की प्राप्ति के लिये **यज्ञस्य**-उस पूजनीय प्रभु की **नाभा**-(नह बन्धने) बन्धुता में **सन्दधुः**-अपने को स्थापित करते हैं। प्रभु के सम्पर्क में ही सत्यज्ञान का प्रकाश हृदयों में हुआ करता है।

भावार्थ–प्रभु के उपासक ज्ञानप्रधान जीवन बिताते हुए काम-क्रोध आदि शत्रुओं का संहार करते हैं। ये प्रभु की बन्धुता में निवास करते हुए सत्य ज्ञान के प्रकाश को प्राप्त करते हैं।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीविराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

यज्ञ का महत्त्व

अयं दीर्घाय चक्षसे प्राचिं प्रयत्यध्वरे। मिमीते यज्ञमानुषग्विचक्ष्यं॥ ३०॥

(१) अयम्=यह उपासक प्राचि=(प्र-अञ्च्) प्रकृष्ट गति, उन्नति के साधनभूत अध्वरे=हिंसारहित कर्मों के प्रयति=प्रकर्षेण चलने पर दीर्घाय चक्षसे=दीर्घ ज्ञान के लिये होता है। अर्थात् यज्ञों को करता हुआ दीर्घ दृष्टिवाला बनता है। (२) यह विचक्ष्य=विशेषरूप से देखकर अर्थात् विचार करके आनुषक्=निरन्तर यज्ञं मिमीते=यज्ञ को करनेवाला होता है। वह यह समझ लेता है कि यह यज्ञ ही इष्टकामधुक् है तथा यज्ञ से ही यह लोक व परलोक कल्याणमय बनता है।

भावार्थ—यज्ञों को करते हुए हम दीर्घ दृष्टिवाले बनें। यज्ञों के महत्त्व को समझकर हम निरन्तर यज्ञशील बनें।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

वृषा रथः

वृषायमिन्द्र ते रथ उतो ते वृषणा हरी। वृषा त्वं शतक्रतो वृषा हवः॥ ३१॥

(१) हे इन्द्र=सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! अयं ते रथः=यह आपका शरीररूप-रथ वृषा=सुखों का सेचन करनेवाला है। उत उ=और निश्चय से ते हरी=आपसे हमारे लिये प्राप्त कराये गये ये इन्द्रियाश्व वृषणा=सुखों का वर्षण करनेवाले हैं। (२) हे शतक्रतो=अनन्त प्रज्ञान व बलवाले प्रभो! त्वं वृषा=आप हमारे पर सुखों का वर्षण करते हैं। हवः=आपकी पुकार, आपकी आराधना वृषा=हमारे पर सुखों का वर्षण करनेवाली है।

भावार्थ—प्रभु ने हमें यह सुखों के वर्षक शरीर-रथ व इन्द्रियाश्व प्राप्त कराये हैं। प्रभु तो सुख देनेवाले हैं ही, प्रभु की आराधना हमें सुखी करती है।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

वृषा ग्रावा

वृषा ग्रावा वृषा मदो वृषा सोमो अयं सुतः। वृषा यज्ञो यमिन्वसि वृषा हवः॥ ३२॥

(१) हे प्रभो! यह ग्रावा-'अश्माभवतु नस्तनूः' आप से दिया गया पाषाणवत् दृढ़ शरीर वृषा=सुखों का वर्षण करनेवाला हो। मदः=आप की आराधना से प्राप्त होनेवाला उल्लास वृषा=सुखवर्षक हो। अयं सुतः सोमः=यह उत्पन्न हुआ-हुआ सोम (वीर्य) वृषा=सब अंगों को दृढ़ बनाता हुआ सुखकर हो। (२) हे प्रभो! यज्ञः=वे यज्ञ वृषा=सुखकर हों यं इन्वसि=जिनकी आप हमारे लिये प्रेरणा देते हैं तथा हवः=आपकी पुकार, आपकी आराधना वृषा=हमारे पर सुखों का वर्षण करनेवाली हो।

भावार्थ—'यह पाषाणतुल्य दृढ़ शरीर, प्रभु की आराधना से प्राप्त उल्लास, शरीर में उत्पन्न हुआ-हुआ सोम तथा प्रभु से प्रेरित यज्ञ व प्रभु की आराधना' ये सब हमारे लिये सुखों के वर्षक हों।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

वृषा हवः

वृषा त्वा वृषणं हुवे वज्रिञ्चित्राभिरूतिभिः। वावन्थ हि प्रतिष्टुतिं वृषा हवः॥ ३३॥

(१) हे **वज्रिन्**-वज्रहस्त प्रभो! मैं **चित्राभिः ऊतिभिः**-अद्भुत रक्षणों के हेतु से **वृषणं त्वा**-शक्तिशाली व सुखवर्षक आप को **वृषा**-शक्तिशाली बनता हुआ **हुवे**-पुकारता हूँ। (२) आप **हि**-निश्चय से **प्रतिष्टुतिम्**-आपको लक्ष्य करके की गई स्तुति को **बावन्थ**-सेवन करते हैं। यह मेरे द्वारा की गई स्तुति मुझे आपका प्रिय बनाती है। **हवः वृषा**-आपकी पुकार, आपकी आराधना, हमारे पर सुखों का वर्षण करनेवाली होती है।

भावार्थ-हम उस सुखवर्षक प्रभु का आराधन करें। यही प्रभु के अद्भुत रक्षणों को प्राप्त करने का मार्ग है। हम प्रतिदिन प्रभु-स्तवन करते हुए प्रभु के प्रिय बनें। यह प्रभु का आराधन हमें सुखी करेगा।

प्रभु की आराधना करता हुआ यह व्यक्ति गौओं व अश्वों को, ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियों को उत्तम बना पाता है। गौवों के विषय में उत्तम कथनवाला अश्वों को विषय में उत्तम कथनवाला यह 'गोषूक्ती व अश्वसूक्ती' बनता है। ये दोनों काण्वायन=अत्यन्त मेधावी हैं। इन्द्र नाम से प्रभु-स्मरण करते हुए कहते हैं-

१४. [चतुर्दशं सूक्तम्]

ऋषिः—गोषूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु-स्तवन व ऐश्वर्य

यदिन्द्राहं यथा त्वमीशीय वस्व एक इत्। स्तोता मे गोषखा स्यात्॥ १॥

(१) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **यथा**-जैसे **त्वम्**-आप **एकः इत्**-अद्वितीय ही **वस्वः**-सम्पूर्ण धनों के ईश हैं, **यद्**-यदि **अहम्**-मैं भी इसी प्रकार **ईशीय**-इन धनों का ईश होता, तो **मे स्तोता**-मेरा स्तोता **गोषखा स्यात्**-गौओं सहित होता। अर्थात् उसे गवादिक धन की किसी प्रकार से कमी न रहती। (२) एक सामान्य धनी पुरुष का स्तोता भी आवश्यक धनों को प्राप्त कर लेता है, तो क्या प्रभु का उपासक भूखा मरेगा? प्रभु का उपासक पुरुषार्थ करता है और प्रभु में पूर्ण विश्वास रखता है। यह विश्वास ही उसके जीवन के उल्लास का रहस्य होता है।

भावार्थ-प्रभु के उपासक को जीवन के लिये आवश्यक चीजों की कभी कमी नहीं रहती।

ऋषिः—गोषूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दित्सेयं-शिक्षेयम्

शिक्षेयमस्मै दित्सेयं शचीपते मनीषिणे। यदहं गोपतिः स्याम्॥ २॥

(१) हे **शचीपते**-सब शक्तियों के स्वामिन् प्रभो! **यद् अहम्**-जब मैं **गोपतिः**-गौवों का स्वामी **स्याम्**-होऊँ, अर्थात् धन-सम्पन्न बनूँ तो **अस्मै**-इस **मनीषिणे**-मन को वश में करनेवाले प्राज्ञ मनुष्य के लिये **दित्सेयम्**-देने की कामना करूँ और **शिक्षेयम्**-प्रार्थित धन को अवश्य दूँ। (२) हे प्रभो! मैं आपका सेवक बनकर आप से दिये गये धन का ठीक प्रकार से वितरण करनेवाला बनूँ। सब धन को आपका समझता हुआ मैं उस धन को आपके भक्तों में ही वितरण करनेवाला बनूँ।

भावार्थ-हम प्रभु के अनुग्रह से धन-सम्पन्न हों, तो उस धन को पात्र पुरुषों में वितीर्ण करनेवाले बनें।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वेद-धेनु

धेनुष्टे इन्द्र सूनृता यजमानाय सुन्वते। गामश्वं पिप्युषी दुहे॥ ३॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! ते धेनुः-आपकी यह वेदवाणीरूपी गौ सूनृता-(सु ऊन् ऋत) उत्तम दुःख का परिहाण करनेवाले सत्य ज्ञान-दुग्ध को देनेवाली है। सब सत्य ज्ञानों का यह कोश है। (२) यह पिप्युषी-अपने ज्ञान-दुग्ध द्वारा आप्यायन (-वर्धन) करनेवाली वेद-धेनु यजमानाय-यज्ञशील पुरुष के लिये तथा सुन्वते-अपने शरीर में सोम का अभिषव करनेवाले पुरुष के लिये गाम्-ज्ञानेन्द्रियों को तथा अश्वम्-कर्मेन्द्रियों को दुहे-प्रपूरित करती है। यह वेद-धेनु अपने ज्ञानदुग्ध के द्वारा ज्ञानेन्द्रियों का पोषण करती है, तो यज्ञों की प्रेरणा देती हुई कर्मेन्द्रियों को सबल बनाती है।

भावार्थ-वेद सब सत्य ज्ञानों को देता हुआ हमारी ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियों का पोषण करता है।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु का अहिंसित ऐश्वर्य

न ते व॒र्तास्ति राध॑स इन्द्र दे॒वो न मर्त्यः। यद्दित्स॑सि स्तुतो म॒घम्॥ ४॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! न देवः-न तो कोई प्राकृतिक शक्ति और न मर्त्यः-न ही कोई मनुष्य ते-आपके राधसः-ऐश्वर्य का, धन का वर्ता-निवारक अस्ति-है। आपकी ऐश्वर्यशालिनता का किसी से भी प्रतिबन्ध नहीं किया जा सकता। (२) आपके उस ऐश्वर्य का कोई भी निवारण नहीं कर पाता यत् मघम्-जिस ऐश्वर्य को स्तुतः-स्तुति किये गये आप, इस स्तोता के लिये दित्ससि-देने की कामनावाले होते हैं। प्रभु का स्तोता वही है जो प्रभु के निर्देश के अनुसार यज्ञिय कर्मों में प्रवृत्त रहता है। इन कर्म-प्रवृत्त मनुष्यों को प्रभु जीवन के लिये आवश्यक धन अवश्य प्राप्त कराते ही हैं।

भावार्थ-प्रभु स्तोता के लिये धन प्राप्त कराते हैं, तो इस धन को कोई हिंसित नहीं कर पाता।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

यज्ञः इन्द्रं अवर्धयत्

य॒ज्ञ इन्द्र॑मवर्धय॒द्यद्भूमिं॒ व्यवर्तयत्। च॒क्रा॒ण ओ॑प॒शं दि॒वि॥ ५॥

(१) प्रभु का सच्चा स्तवन यज्ञों के द्वारा ही होता है 'यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः'। यह यज्ञः-यज्ञ लोकहित के लिये किया जानेवाला कर्म इन्द्रम्-इस जितेन्द्रिय पुरुष को अवर्धयत्-बढ़ाता है। यज्ञों से सब प्रकार से उत्थान ही उत्थान होता है। (२) ये यज्ञ इस इन्द्र का वर्धन तब करते हैं यद्-जब यह भूमिम्-इस शरीररूप पृथिवी को व्यवर्तयत्-विशिष्ट वर्तनवाला करता है। शरीर को सदा उत्तम कर्मों में ही प्रेरित करता है। इसे स्वस्थ रखता हुआ कार्य-क्षम बनाये रखता है तथा दिवि-मस्तिष्करूप द्युलोक में ओपशम्-ज्ञानरूप शिरोभूषण को चक्राणः-करनेवाला होता है। शरीर में शक्ति तथा मस्तिष्क में ज्ञान का धारण करके यह यज्ञों में प्रवृत्त रहता है। ये यज्ञ इसका वर्धन करते हैं।

भावार्थ–हम पृथिवीरूप शरीर को शक्ति-सम्पन्न करके विशिष्ट वर्तनवाला बनायें। मस्तिष्क ज्ञानाभरण से भूषित करें। इन शक्ति व ज्ञान के द्वारा यज्ञों को करें। ये यज्ञ हमारे वर्धन का कारण बनेंगे।

ऋषिः—गोषूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सब धनों के विजेता प्रभु

वावृधानस्य ते वयं विश्वा धनानि जिग्युषः। ऊतिमिन्द्रा वृणीमहे॥ ६॥

(१) हे **इन्द्र**-सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! **वयम्**-हम **ते**=आपसे प्राप्त कराये जानेवाले **ऊतिम्**-रक्षण को **आवृणीमहे**-वरते हैं। आपके रक्षण को प्राप्त करके ही तो हम सब प्रकार से उन्नति कर सकेंगे। (२) उन आपके रक्षण का हम वरण करते हैं, जो आप **वावृधानस्य**-खूब ही वृद्धि को प्राप्त हैं तथा उपासकों का सदा वर्धन करनेवाले हैं। तथा **विश्वा धनानि जिग्युषः**=सब धनों का विजय करते हैं। आप ही हमारे लिये इन धनों का विजय करके हमें सदा रक्षण के योग्य बनाते हैं। ये धन ही ठीक प्रकार से उपयुक्त होकर हमारी बुद्धि का हेतु बनते हैं।

भावार्थ–हम प्रभु के रक्षण का वरण करते हैं। ये प्रभु सदा हमारा वर्धन कर रहे हैं और हमारे लिये धनों का विजय करते हैं।

ऋषिः—गोषूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वल का भेदन

व्यन्तरिक्षमतिरन्मदे सोमस्य रोचना। इन्द्रो यदभिनद्बलम्॥ ७॥

(१) **इन्द्रः**=यह जितेन्द्रिय पुरुष **यद्**-जब **वलम्**-ज्ञान पर परदे के रूप में आ जानेवाली इस वासना को **अभिनद्**-विदीर्ण करता है, तो **सोमस्य मदे**-सोमरक्षण से जनित उल्लास के होने पर **अन्तरिक्षम्**-हृदयान्तरिक्ष को **रोचना**-ज्ञानदीप्तियों से **व्यतिरत्**-बढ़ाता है। (२) बल व वृत्र पर्यायवाची शब्द हैं। काम-वासना को ये नाम इसलिये दिये गये हैं कि यह वासना ज्ञान पर परदा-सा डाल देती है। इस वासना के विनष्ट होने पर शरीर में सोम का रक्षण होता है और हृदयान्तरिक्ष ज्ञान दीप्तियों से चमक उठता है, सुरक्षित सोम ही तो ज्ञानाग्नि का ईंधन बनता है।

भावार्थ–जितेन्द्रिय पुरुष वासना को विनष्ट करके सोम का रक्षण करता हुआ ज्ञानाग्नि को दीप्त करता है। इसका हृदयान्तरिक्ष ज्ञान दीप्त हो उठता है।

ऋषिः—गोषूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गाः उदाजत्

उद्गा आजदङ्गिरोभ्य आविष्कृण्वन्गुहा सतीः। अर्वाञ्चं नुनुदे वलम्॥ ८॥

(१) प्रभु **अंगिरोभ्यः**=सोमरक्षण द्वारा अंग-प्रत्यंग में रस का संचार करनेवाले पुरुषों के लिये **गाः**=इन्द्रियों को **उद् आजत्**-विषयों के चक्र से बाहिर प्रेरित करते हैं। (२) **गुहा सतीः**=अविद्या की गुफा में वर्तमान इन्द्रियरूप गौवों को **आविष्कृण्वन्**-गुफा से निकाल कर प्रकट करने के निमित्त **वलम्**-बलासुर को, इस कामनारूप शत्रु को **अर्वाञ्चं नुनुदे**-अधोमुख प्रेरित करते हैं, अर्थात् इस बलासुर को विनष्ट करके इन्द्रियों को अज्ञानान्धकार से मुक्त करते हैं।

भावार्थ–प्रभु अंगिरा के लिये वासना को विनष्ट करके इन्द्रिय रूप गौओं को अज्ञानान्धकार की गुफा से बाहिर ले आते हैं।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्थिराणि, न पराणुदे

इन्द्रेण रोचना दिवो दृळ्हानि दंहितानि च। स्थिराणि न पराणुदे॥ ९॥

(१) इन्द्रेण-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु के द्वारा दिवः-मस्तिष्करूप द्युलोक की रोचना-दीप्तियाँ दृळ्हानि-दृढ़ की जाती हैं च-और दंहितानि-वर्धित होती है। प्रभु हमारे ज्ञानों को स्थिर व वर्धित करते हैं। (२) स्थिराणि-ये स्थिर ज्ञान न पराणुदे-वासनारूप शत्रुओं से धकेलने योग्य नहीं होते। वस्तुतः ज्ञान निर्मल होता है, तो वासना से अभिभूत हो जाता है। प्रबल ज्ञान कभी भी वासनाओं का शिकार नहीं होता।

भावार्थ-प्रभु हमारे मस्तिष्क के ज्ञानों को दृढ़ करते हैं। ये दृढ़ ज्ञान वासना से अभिभूत न होकर वासना को दग्ध करनेवाले होते हैं।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

भक्ति की तरंगों का आनन्दोल्लास

अपामूर्मिर्मदन्निव स्तोम इन्द्राजिरायते। वि ते मदा अराजिषुः॥ १०॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! आपका स्तोमः-स्तुति समूह मेरे अन्दर इस प्रकार अजिरायते-क्षिप्रगामी के समान आचरण करता है, इव-जैसे अदन्-हर्ष का अनुभव करती हुई, मस्त होती हुई अपाम् ऊर्मिः-जल की तरंग शीघ्र गतिवाली होती है। जैसे समुद्र तरंगों से तरंगति होता है, इसी प्रकार हमारा मानस समुद्र भक्ति की तरंगों से तरंगित होता है। (२) हे प्रभो! ते मदाः-तेरी भक्ति से उत्पन्न हुए-हुए आनन्दोल्लास वि अराजिषुः-विशिष्ट रूप से दीप्त होते हैं।

भावार्थ-हमारा हृदय भक्ति की तरंगों से तरंगित होता है। ये तरंगें हमारे हृदयों को आनन्दोल्लसित करती हैं।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्तोतृणां भद्रकृत्

त्वं हि स्तोमवर्धन इन्द्रास्युक्थवर्धनः। स्तोतृणामुत भद्रकृत्॥ ११॥

(१) हे इन्द्र-प्रभो! त्वं हि-आप ही स्तोमवर्धनः असि-हमारे स्तुति समूह का वर्धन करनेवाले हैं। आप ही उक्थवर्धनः-ऊँचे से गायन के योग्य उत्तम वचनों के बढ़ानेवाले हैं। (२) उत-और स्तोतृणाम्-इन स्तोताओं के भद्रकृत्-कल्याण को करनेवाले हैं। प्रभु का स्तोता प्रभु के गुणों को अपने अन्दर धारण करने की प्रेरणा को प्राप्त करता हुआ कल्याण का भागी होता है।

भावार्थ-हम प्रभु के स्तोता बनें। यही कल्याण का मार्ग है।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु की उपासना व यज्ञ

इन्द्रमित्केशिना हरी सोमपेयाय वक्षतः। उप यज्ञं सुराधसम्॥ १२॥

(१) इन्द्रम्-शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभु को इत्-निश्चय से केशिना-प्रकाश की रश्मियोंवाले हरी-इन्द्रियाश्व सोमपेयाय-सोम का पान करने के लिये वक्षतः-धारण करते हैं। प्रभु का स्मरण ही हमें इस योग्य बनाता है कि हम सोम का शरीर में रक्षण कर सकें। (२)

ये इन्द्रियाश्व हमें **सुराधसम्**-उत्तम ऐश्वर्यों के प्राप्त करानेवाले **यज्ञम् उप**-यज्ञ के समीप प्राप्त कराते हैं। इन यज्ञों में प्रवृत्त रहकर ही हम वासनाओं के आक्रमण से बचे रहते हैं। यह वासनारहित जीवन ही सोमरक्षण के योग्य होता है।

भावार्थ-हम इन्द्रियों को प्रभु की उपासना व यज्ञात्मक कर्मों में प्रवृत्त करें। यही मार्ग है, जिससे कि हम वासनाओं का शिकार न होंगे और सोम का रक्षण कर सकेंगे।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

नमुचि के सिर का उद् वर्तन

अपां फेनेन नमुचेः शिरं इन्द्रोदवर्तयः। विश्वा यदजयः स्पृधः॥ १३॥

(१) हे **इन्द्र**-जितेन्द्रिय पुरुष! तू **अपां फेनेन**-कर्मों के वर्धन के द्वारा ही **नमुचेः**-नमुचि के पीछा न छोड़नेवाली (न+मुच्) अहंकार की वासना के **शिरः**-सिर को **उद् अवर्तयः**-उद्वृत्त कर देता है। इस वासनारूप नमुचि के सिर का छेदन कर्मों के वर्धन के द्वारा ही होता है। निरन्तर कर्मों में लगे रहकर ही हम वासना को जीत पाते हैं। (२) यह वह समय होता है **यत्**-जब कि तू **विश्वाः**-सब **स्पृधः**-शत्रु-सैन्यों को **अजयः**-पराजित करनेवाला होता है। काम-क्रोध-लोभ आदि सब अन्तःशत्रुओं का पराभव इस 'अपां फेन'-कर्मवर्धन से ही होता है।

भावार्थ-निरन्तर कर्मों में लगे रहकर हम अहंभाव से काम-क्रोध-लोभ आदि से ऊपर उठ पाते हैं।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दस्युओं का अवधूनन

मायाभिरुत्सिसृप्सत इन्द्र द्यामारुरुक्षतः। अव दस्यूँरधूनुथाः॥ १४॥

(१) हे **इन्द्र**-जितेन्द्रिय पुरुष! तू **दस्यून्**-दास्यव वृत्तियों को, राक्षसीभावों को **अव अधूनुथाः**-कम्पित करके अपने से दूर करता है। (२) उन सब दस्युवृत्तियों को तू अपने से दूर करता है जो **मायाभिः**-छल-छिद्रों के साथ **उत् सिसृप्सतः**-खूब फैलती हैं और **द्यां आरुरुक्षतः**-मस्तिष्करूप द्युलोक में आरूढ़ होने की कामना करती हैं, मस्तिष्क में अपना प्रभुत्व स्थापित कर लेती हैं।

भावार्थ-हम जितेन्द्रिय बनकर उन सब दस्युवृत्तियों को अपने से दूर करें, जो छल-छिद्र से युक्त हैं तथा मस्तिष्क को अपने वश में कर लेती हैं।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

असुन्वा संसद् का विनाश

असुन्वामिन्द्र संसदं विषूचीं व्यनाशयः। सोमपा उत्तरो भवन्॥ १५॥

(१) हे **इन्द्र**-शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! आप हमारे जीवनों में **असुन्वाम्**-अपने अन्दर सोम का अभिषव न करनेवाली, सोम का रक्षण न करनेवाली **संसदम्**-आसुरभावों की सभा को **विषूचीम्**-विविध विरुद्ध दिशाओं में गतिवाली को **व्यनाशयः**-विनष्ट करते हैं। प्रभु की उपासना से आसुरी वृत्तियाँ विनष्ट हो जाती हैं। ये आसुरी वृत्तियाँ शरीर में सोम-रक्षण के अनुकूल नहीं होती। (२) इन आसुरी वृत्तियों के विनाश के द्वारा वे प्रभु **सोमपाः**-हमारे अन्दर सोम का रक्षण करते हैं। इस सोमरक्षण के द्वारा **उत्तरः भवन्**-हमारे जीवनों में प्रभु ऊपर और ऊपर होते

भावार्थ–प्रभु की उपासना से आसुरी भाव विनष्ट होते हैं। इनके विनाश से शरीर में सोम का रक्षण होता है और हमारा प्रभु की उपासना के प्रति झुकाव बढ़ता है।

अगले सूक्त के 'ऋषि देवता' भी इसी प्रकार हैं। सो वही विषय प्रस्तुत है–

१५. [पञ्चदशं सूक्तम्]

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'पुरुहूत पुरुष्टुत' प्रभु का गान

तम्वभि प्र गायत पुरुहूतं पुरुष्टुतम्। इन्द्रं गीर्भिस्तविषमा विवासत॥ १॥

(१) तम्-उस पुरुहूतम्-बहुतों से पुकारे जानेवाले पुरुष्टुतम्-खूब स्तुति किये जानेवाले प्रभु का उ-ही अभिप्रगायत-प्रातः-सायं गुणगान करो। यह गायन ही आसुर वृत्तियों को तुम्हारे से दूर भगानेवाला होगा। (२) उस तविषम्-महान् सर्वशक्तिमान् इन्द्रम्-प्रभु को ही गीर्भिः-ज्ञानपूर्वक उच्चारित स्तुति वाणियों से आविवासत-परिचरित करो, पूजो। यह प्रभु-पूजन ही हमें शत्रुओं के आक्रमण से बचायेगा। इसी से हम मार्ग पर आगे बढ़ते हुए लक्ष्य स्थान पर पहुँचेंगे।

भावार्थ–प्रभु का गायन, प्रभु का पूजन ही हमें प्रभु के समान महान् व बलवान् बनायेगा।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सर्वज्ञ व सर्वशक्तिमान् प्रभु की सर्वाधार हैं

यस्य द्विबर्हसो बृहत्सहो दाधार रोदसी। गिरीँरज्राँ अपः स्वर्वृषत्वना॥ २॥

(१) यस्य-जिस द्विबर्हसः-ज्ञान और शक्ति दोनों दृष्टिकोणों से बढ़े हुए प्रभु का बृहत् सहः-महान् बल रोदसी-द्यावापृथिवी का दाधार-धारण करता है। वे प्रभु ही वृषत्वना-अपने वीर्य व सामर्थ्य से गिरीन्-पर्वतों को, अज्रान्-खेतों को (मैदानों को), अपः-जलों को तथा स्वः-प्रकाश को धारण करते हैं। (२) वस्तुतः प्रभु ही सर्वाधार हैं। सर्वशक्तिमान् व सर्वज्ञ होने से सब चीजों का वे ठीक रूप में धारण कर रहे हैं। प्रभु का उपासक भी ज्ञान और शक्ति को बढ़ाता हुआ अपने जीवन में मस्तिष्क व शरीर दोनों का सुन्दरता से धारण करता है।

भावार्थ–वे सर्वज्ञ व सर्वशक्तिमान् प्रभु अपने सामर्थ्य से सारे ब्रह्माण्ड को धारण कर रहे हैं।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

विजयी बल, श्रवणीय ज्ञान

स राजसि पुरुष्टुतँ एको वृत्राणि जिघ्नसे। इन्द्र जैत्रा श्रवस्या च यन्तवे॥ ३॥

(१) हे पुरुष्टुत-बहुतों से स्तुत प्रभो! सः-वे आप राजसि-सारे ब्रह्माण्ड के शासक हैं। एकः-बिना किसी अन्य की सहायता के अकेले ही वृत्राणि-ज्ञान की आवरणभूत वासनाओं को जिघ्नसे-नष्ट करते हैं। (२) हे इन्द्र-शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! आप वासनाओं को विनष्ट करके हमारे लिये जैत्रा-विजय के साधनभूत बलों को च-तथा श्रवस्या-श्रवणीय ज्ञानों को यन्तवे-देने के लिये होते हैं।

भावार्थ–हम प्रभु का ही स्तवन करें। प्रभु हमारी वासनाओं को विनष्ट करके हमारे लिये जैत्र बल व श्रवणीय ज्ञान को प्राप्त कराते हैं।

त्वाम्-आपकी अनु-अनुकूलता को करता हुआ यह मारुतं शर्धः-प्राणों का बल मदति-(मादयति)-आनन्द का अनुभव कराता है। प्राणसाधना से चित्तवृत्ति की एकाग्रता होकर प्रभु में प्रीति बढ़ती है और एक अद्भुत आनन्द का अनुभव होता है।

भावार्थ–प्रभु का उपासक 'उदार, वृद्धि को प्राप्त होता हुआ, उत्तम निवास व गतिवाला, सब का मित्र व निर्देष' होता है। यह प्राणसाधना को करता हुआ चित्तवृत्ति की एकाग्रता के द्वारा

ऋषिः—गोपूकत्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'लोककृलु-हरिश्रि' मद

तं ते मदं गृणीमसि वृषणं पृत्सु सासहिम्। उ लोककृत्नुमद्रिवो हरिश्रियम्॥ ४॥

(१) हे प्रभो! **तम्**-उस **ते**-आपके द्वारा जिसकी व्यवस्था की गई है, उस सोम के रक्षण से उत्पन्न **मदम्**-उल्लास की **गृणीमसि**-हम प्रशंसा करते हैं। यह मद **वृषणम्**-हमें शक्तिशाली बनानेवाला है **पृत्सु**-संग्रामों में **सासहिम्**-शत्रुओं का पराभव करनेवाला है। (२) **उ**-और निश्चय से **लोककृत्नुम्**-यह मद हमारे जीवनों में प्रकाश को करनेवाला है। हे **अद्रिवः**-आदरणीय प्रभो! यह मद **हरिश्रियम्**-इन्द्रियों की श्री का कारण होता है। सब इन्द्रियाँ इसी से दीप्ति को प्राप्त करती हैं।

भावार्थ-प्रभु के उपासन से सोमरक्षण होकर हमें वह उल्लास प्राप्त होता है, जो हमें शक्तिशाली बनाता है, संग्राम में विजयी करता है, प्रकाश को प्राप्त कराता है और इन्द्रियों की श्री को बढ़ाता है।

ऋषिः—गोपूकत्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

आयवे-मनवे

येन ज्योतींष्यायवे मनवे च विवेदिथ। मन्दानो अस्य बर्हिषो वि राजसि॥ ५॥

(१) हे प्रभो! गत मन्त्र में वर्णित **येन**-जिस सोमपान जनित मद से **आयवे**-गतिशील व्यक्ति के लिये **च**-और **मनवे**-विचारशील पुरुष के लिये **ज्योतींषि**-ज्योतियों को **विवेदिथ**-प्राप्त कराते हैं। **अस्य**-इस **बर्हिषः**-वृद्धि के कारणभूत सोम का **विराजसि**-विशेषरूप से दीपन करते हैं। इस सोम के दीपन से ही **मन्दानः**-आप इन जीवों को आनन्दित करते हैं। (२) सोमरक्षण के लिये आवश्यक है कि हम 'आयु' बनें, गतिशील बनें। तथा 'मनु' विचारशील हों। उत्तम कर्मों में लगे रहना और स्वाध्यायशील होना ही हमें सोमरक्षण के योग्य बनाता है। रक्षित सोम ही सब वृद्धियों का कारण बनता है। यही जीवन में आनन्द का भी हेतु बनता है।

भावार्थ-हम गतिशील व विचारशील बनकर सोम का रक्षण करें। यह सुरक्षित सोम वृद्धि व आनन्द का कारण बनेगा।

ऋषिः—गोपूकत्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'वृषपत्नीः अपः' जय

तदद्या चित्त उक्थिनोऽनु ष्टुवन्ति पूर्वथा। वृषपत्नीरपो जया दिवेदिवे॥ ६॥

(१) हे प्रभो! **अद्या चित्**-आज भी **पूर्वथा**-पहले की तरह इस सृष्टि में भी उसी प्रकार जैसे पूर्व सृष्टि में **उक्थिनः**-स्तोता लोग **ते**-आप के **तत्**-उस सोमपान जनित बल का **अनुष्टुवन्ति**-स्तवन करते हैं। यह सोमरक्षण से जनित मद वस्तुतः प्रशस्यतम है। यही सब वृद्धियों व उन्नतियों का मूल है। (२) हे प्रभो! आप हमारे लिये **दिवे दिवे**-प्रतिदिन **अपः**-रेतःकणरूप जलों का **जया**-विजय करिये। ये रेतःकणरूप जल ही **वृषपत्नीः**-शक्तिशाली पुरुषों से रक्षणीय हैं। 'वृष' शब्द का अर्थ धर्म भी है। ये सोमकण ही हमारे जीवन में धर्म का रक्षण करते हैं 'वृषपत्नी' हैं।

भावार्थ-प्रभु ने सोमरक्षण से उत्पन्न होनेवाले बल व मद की अद्भुत ही व्यवस्था की है।

प्रभु के अनुग्रह से हम इन रेतःकणरूप जलों का सदा विजय करें। ये रेतःकणरूप जल ही सब शक्तिशाली पुरुषों से रक्षणीय हैं, ये ही हमारे जीवनों में धर्म का रक्षण करते हैं।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

शुष्म-क्रतु-वज्र-इन्द्रिय

तव त्यदिन्द्रियं बृहत्तव शुष्ममुत क्रतुम्। वज्रं शिशाति धिषणा वरेण्यम्॥ ७॥

(१) हे उपासक! **धिषणा**=यह स्तुति **तव**=तेरी **त्यत्**=उस **इन्द्रियम्**=इन्द्रियों की शक्ति को **शिशाति**=तीक्ष्ण करती है। **उत**=और यह स्तुति **तव**=तेरे **बृहत्**=वृद्धि के कारणभूत **शुष्मम्**=शत्रु-शोषक बल को और **क्रतुम्**=प्रज्ञान को बढ़ाती है। (२) इन्द्रियशक्ति, शत्रु-शोषक बल व अज्ञान का वर्धन करती हुई यह स्तुति **वरेण्यम्**=वरणीय, चाहने योग्य **वज्रम्**=क्रियाशीलता को बढ़ानेवाली होती है।

भावार्थ—प्रभु-स्तवन से हमारा जीवन 'शक्ति-प्रज्ञान व क्रियाशीलता' वाला होता है। यह स्तुति हमारी इन्द्रियों की शक्ति का वर्धन करती है।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'पृथिवी, द्युलोक, जल व पर्वतों' द्वारा प्रभु-स्तवन

तव द्यौरिन्द्र पौंस्यं पृथिवी वर्धति श्रवः। त्वामापः पर्वतासश्च हिन्विरे॥ ८॥

(१) हे **इन्द्र**=सर्वशक्तिमन् प्रभो! **द्यौः**=यह द्युलोक **तव**=आपके **पौंस्यम्**=बल को **वर्धति**=बढ़ाता है, अर्थात् आपकी शक्ति का सूचन करता है। **पृथिवी**=यह पृथिवी आपके **श्रवः**=यश को बढ़ाती है। पृथिवी आपकी महिमा का ख्यापन करती है। (२) **आपः**=ये जल **पर्वतासः च**=और पर्वत **त्वां हिन्विरे**=आपको ही प्राप्त कराते हैं। इन समुद्रस्थ अनन्त से जलों को व गगनचुम्बी पर्वत शिखरों को देखकर आपकी महिमा का ही स्मरण होता है।

भावार्थ—यह आकाश और यह पृथिवी ये समुद्रजल व पर्वत सभी प्रभु की महिमा का प्रकाश कर रहे हैं।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

उपासक का जीवन

त्वां विष्णुर्बृहन्क्षयो मित्रो गृणाति वरुणः। त्वां शर्धो मदुत्यनु मारुतम्॥ ९॥

(१) हे प्रभो! वास्तव में **त्वाम्**=आपका **गृणाति**=स्तवन वही करता है जो **विष्णुः**=व्यापक व उदारवृत्तिवाला बनता है, **बृहन्**=वृद्धि को करनेवाला होता है, **क्षयः**=उत्तम निवास व गतिवाला बनता है, **मित्रः**=सब के प्रति स्नेहवाला होता है और **वरुणः**=द्वेष का निवारण करनेवाला होता है प्रभु का वास्तविक स्तवन तो यही है कि हम इस प्रकार के जीवनवाले बनें। (२) हे प्रभो! **त्वाम्**=आपकी **अनु**=अनुकूलता को करता हुआ यह **मारुतं शर्धः**=प्राणों का बल **मदति**=(मादयति)=आनन्द का अनुभव कराता है। प्राणसाधना से चित्तवृत्ति की एकाग्रता होकर प्रभु में प्रीति बढ़ती है और एक अद्भुत आनन्द का अनुभव होता है।

भावार्थ—प्रभु का उपासक 'उदार, वृद्धि को प्राप्त होता हुआ, उत्तम निवास व गतिवाला, सब का मित्र व निर्द्वेष' होता है। यह प्राणसाधना को करता हुआ चित्तवृत्ति की एकाग्रता के द्वारा प्रभु प्राप्ति के आनन्द को पाता है।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

वृषा-मंहिष्ठः

त्वं वृषा जनानां मंहिष्ठ इन्द्र जज्ञिषे। सत्रा विश्वा स्वपत्यानि दधिषे॥ १०॥

(१) हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! त्वम्=आप जनानाम्=इन उपासक लोगों के वृषा=सुखों का वर्षण करनेवाले व मंहिष्ठः=दातृतम, सब आवश्यक ऐश्वर्यों के देनेवाले जज्ञिषे=होते हैं। सत्रा=एकदम इकट्ठे हो, विश्वा=सब स्वपत्यानि=शोभन अपतन की हेतुभूत चीजों को दधिषे=धारण करते हैं। हम प्रभु का उपासन करते हैं, तो प्रभु हमें उन सब पदार्थों को प्राप्त कराते हैं, जो हमारे अपतन का कारण बनते हैं।

भावार्थ—प्रभु ही सुखों के वर्षक हैं, दातृतम हैं, सब अपतन साधक वस्तुओं का धारण करानेवाले हैं।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

वृत्र-तोशन

सत्रा त्वं पुरुष्टुतैको वृत्राणि तोशसे। नान्य इन्द्रात्करणं भूय इन्वति॥ ११॥

(१) हे प्रभो! त्वम्=आप ही पुरुष्टुत=पालक व पूरक स्तुतिवाले हैं, आपकी स्तुति स्तोता का पालन व पूरण करती है। आप सत्रा=एकदम ही एकः=बिना किसी अन्य की सहायता के वृत्राणि=ज्ञान की आवरणभूत वासनाओं को तोशसे=विनष्ट करते हैं। (२) इन्द्रात् अन्यः=उस सर्वशक्तिमान् प्रभु से भिन्न और कोई भूयः=अधिक करणम्=शत्रुवधादि कर्मों को न इन्वति=व्याप्त नहीं करता है। वासना-विनाश आदि महान् कर्मों को करनेवाले प्रभु ही हैं।

भावार्थ—प्रभु ही उपासक के काम-क्रोध आदि शत्रुओं का विनाश करते हैं।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु-स्तवन व प्रकाश प्राप्ति

यदिन्द्र मन्मशस्त्वा नाना हवन्त ऊतये। अस्माकेभिर्नृभिरत्रा स्वर्जय॥ १२॥

(१) हे इन्द्र=सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! यत्=जब मन्मशः=उस-उस स्तोत्र के द्वारा त्वा=आपको नाना=बहुत प्रकार से ऊतये=रक्षण के लिये हवन्ते=पुकारते हैं। तो अत्रा=यहाँ इस जीवन-संग्राम में अस्माकेभिः नृभिः=हमारे उन्नति-पथ पर चलनेवाले लोगों के द्वारा स्वः=प्रकाश व सुख का जय=विजय करिये। (२) जीवन वस्तुतः एक प्रबल संग्राम है। नाना वासनाओं का आक्रमण होता रहता है और उन वासनाओं का शिकार होकर हम 'ज्ञान व सुख' को खो बैठते हैं। प्रभु ही इस संग्राम में हमारे रक्षक होते हैं। इस रक्षण के लिये स्तोता प्रभु को पुकारता है। यह पुकार ही यहाँ 'मन्म' शब्द से कही गयी है।

भावार्थ—हम रक्षण के लिये प्रभु को पुकारते हैं। प्रभु रक्षण को प्राप्त करके हम सुख व प्रकाश (स्वः) को प्राप्त करते हैं।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

विश्वा रूपाण्याविशन्

अरं क्षयाय नो महे विश्वा रूपाण्याविशन्। इन्द्रं जैत्राय हर्षया शचीपतिम्॥ १३॥

(१) प्रभु कहते हैं कि हे स्तोतः! तू नः=हमारे इन विश्वा रूपाणि=सब रूपों में

आविशन्=प्रवेश करता हुआ, अर्थात् सब प्राणियों के जीवन के साथ अपने जीवन को मिलाता हुआ **महे क्षयाय**=महान् निवास व गति के लिये **अरम्**=समर्थ हो। सब के साथ अपने को एक करता हुआ अपने जीवन को सुन्दर बना। (२) उन **शचीपतिम्**=सब शक्तियों व प्रज्ञानों के स्वामी **इन्द्रम्**=परमैश्वर्यशाली प्रभु को **जैत्राय**=विजय के लिये **हर्षया**=हर्षित कर। अपने कर्मों से हम प्रभु को प्रीणित करनेवाले बनें। प्रभु हमें विजयी बनायेंगे। सर्वमहान् कर्म यही है कि हम सब प्राणियों के साथ एक होने का प्रयत्न करें।

भावार्थ–सब प्राणियों के साथ अपने को एक करते हुए हम उत्तम निवासवाले बनें। शक्ति व प्रज्ञानों के स्वामी प्रभु को अपने कर्मों से प्रसन्न करते हुए सदा विजयी बनें।

यह सब प्राणियों के साथ अपने को एक करनेवाला व्यक्ति भौतिक सुखों से ऊपर उठकर पवित्र हृदय बनने का प्रयत्न करता है। सो 'इरिम्बिठि' कहलाता है, 'बिठ' अन्तरिक्ष की ओर 'इर' गति करनेवाला। भूलोक से ऊपर उठकर यह अन्तरिक्षलोक में गतिवाला होता है। भौतिक भोगों में न फँसना ही समझदारी है, एवं यह 'काण्व' है। यह 'इरम्बिठि काण्व' कहता है कि–

१६. [षोडशं सूक्तम्]

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'नरं-नृषाहं-मंहिष्ठम्'

प्र सम्राजं चर्षणीनामिन्द्रं स्तोता नव्यं गीर्भिः। नरं नृषाहुं मंहिष्ठम्॥ १॥

(१) **गीर्भिः**-इन ज्ञान-वाणियों के द्वारा उस **नव्यम्**-स्तुत्य **इन्द्रम्**-परमैश्वर्यशाली प्रभु को **प्रस्तोत**=स्तुत करो जो **चर्षणीनां सम्राजम्**=श्रमशील तत्त्वद्रष्टा पुरुषों के दीप्त करनेवाले हैं। (२) उस प्रभु का स्तवन करो जो **नरम्**=हमें नेतृत्व देनेवाले हैं, उन्नतिपथ पर आगे ले चलनेवाले हैं। **नृषाहम्**=शत्रुभूत मनुष्यों का पराभव करनेवाले हैं। **मंहिष्ठम्**=दातृतम हैं, हमारे लिये सब उन्नति-साधनों को प्राप्त करानेवाले हैं।

भावार्थ–हम उस श्रमशील तत्त्वद्रष्टा पुरुषों को दीप्ति के प्राप्त करानेवाले स्तुत्य प्रभु का स्तवन करें। प्रभु ही हमें उन्नतिपथ पर ले चलते हैं। प्रभु ही हमारे शत्रुओं का पराभव करते हैं। प्रभु ही हमारे लिये सर्वोत्तम दाता है।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उक्थानि-श्रवस्या

यस्मिन्नुक्थानि रण्यन्ति विश्वानि च श्रवस्या। अपामवो न समुद्रे॥ २॥

(१) उस प्रभु का स्तवन करो, **यस्मिन्**-जिस प्रभु में **उक्थानि**=स्तोत्र **रण्यन्ति**=रमण करते हैं **च**=और **विश्वानि**=सब **श्रवस्या**=कीर्तियाँ रमण करती हैं। सब स्तोत्र उस प्रभु के हैं सब यश उस प्रभु के हैं। (२) ये सब स्तोत्र व कीर्तियाँ प्रभु में इस प्रकार रमण करती हैं, **न**=जैसे **समुद्रे**=समुद्र में **अपाम्**=जलों के **अवः**=प्रवाह। जैसे जलों की तरंगें समुद्र में ही रम जाती हैं उसी प्रकार सब स्तोत्र व कीर्तियाँ प्रभु में ही रम जाती हैं।

भावार्थ–हम उस प्रभु का स्तवन करें, जो सब स्तोत्रों व यशों के रमण-स्थान हैं।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्येष्ठराद् प्रभु का स्तवन

तं सुष्टुत्या विवासे ज्येष्ठराजं भरे कृतुम्। मंहो वाजिनं सनिभ्यः॥ ३॥

(१) तम्-उस प्रभु को सुष्टुत्या-उत्तम स्तुति से आविवासे-पूजित करता हूँ। जो प्रभु ज्येष्ठराजम्-द्युलोक के ज्येष्ठ देव सूर्य में, अन्तरिक्ष के ज्येष्ठ देव विद्युत् में तथा पृथिवी के ज्येष्ठ देव अग्नि में दीप्त हो रहे हैं। इन सबको वे प्रभु ही तो दीप्ति प्राप्त करा रहे हैं। (२) उस प्रभु का मैं स्तवन करता हूँ जो भरे-संग्राम में महः-महान् वृत्रवध आदि कर्मों के कृतुम्-करनेवाले हैं। जो प्रभु सनिभ्यः-सम्भजनशील पुरुषों के लिये वाजिनम्-बल को देनेवाले हैं।

भावार्थ-प्रभु का हम पूजन करें, जो प्रभु सूर्य आदि को दीप्ति के देनेवाले हैं, संग्राम में वृत्रवध आदि कर्मों के करनेवाले हैं तथा उपासकों के लिये शक्ति को देनेवाले हैं।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु-दर्शन का अद्भुत आनन्द

यस्यानूना गभीरा मदा उरवस्तरुत्राः। हर्षुमन्तः शूरसातौ॥ ४॥

(१) उस प्रभु का मैं उत्तम स्तुति से पूजन करता हूँ यस्य मदाः-जिसके उल्लास, जिसके दर्शन से भक्त हृदय में उत्पन्न हुए-हुए उल्लास अनूनाः-सब न्यूनताओं से रहित होते हैं, गभीराः-गाम्भीर्य को लिये हुए होते हैं। ये उल्लास उरवः-विशाल व तरुत्राः-वासनाओं से तरानेवाले होते हैं। (२) ये प्रभु-दर्शन जनित उल्लास शूरसातौ-शूरों से सम्भजनीय संग्रामों में हर्षुमन्तः-हर्ष को प्राप्त करानेवाले होते हैं।

भावार्थ-प्रभु-दर्शन जनित उल्लास न्यूनताओं को दूर करनेवाले, गाम्भीर्य को लिये हुए, विशाल व वासनाओं से तरानेवाले व संग्रामों में हर्ष को देनेवाले होते हैं।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु मित्रता में विजय

तमिद्धनेषु हितेष्वधिवाकाय हवन्ते। येषामिन्द्रस्ते जयन्ति॥ ५॥

(१) तं इत्-उस प्रभु को ही हितेषु धनेषु-हितकर धनों के निमित्त अधिवाकाय-अधिक्येन उपदेश देने के लिये हवन्ते-पुकारते हैं। प्रभु ही तो हमें हितकर धनों की प्राप्ति के निमित्त उत्तम ज्ञानोपदेश करते हैं। (२) इस जीवन-संग्राम में येषां इन्द्रः-जिनके वे प्रभु हैं ते जयन्ति-वे विजयी होते हैं। प्रभु की मित्रता में ही विजय है। प्रकृति की ओर जाना, प्रकृति में फँस जाना ही पराजय का कारण बनता है।

भावार्थ-हृदयस्थ प्रभु से प्रेरणा को प्राप्त करके ही हम सुपथ से हितकर धनों का अर्जन करनेवाले बनेंगे। जो प्रभु के बनते हैं, वे सदा विजयी होते हैं।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

च्यौत्नैः, कृतेभिः

तमिच्च्यौत्नैरार्यन्ति तं कृतेभिश्चर्षणयः। एष इन्द्रो वरिवस्कृत्॥ ६॥

(१) वे चर्षणयः-श्रमशील तत्त्वद्रष्टा पुरुष तं इत्-उस प्रभु को ही च्यौत्नैः-शत्रुओं को च्युत करनेवाले बलों के हेतु से आर्यन्ति-प्राप्त होते हैं। प्रभु ने ही वस्तुतः वह बल प्राप्त कराना

है, जिससे हम काम-क्रोध आदि शत्रुओं का पराजय कर पाते हैं। तम्-उस प्रभु को ही कृतेभिः-पुण्य कर्मों के हेतु से प्राप्त होते हैं। प्रभु की उपासना ही हमारा झुकाव पुण्यकर्मों की ओर रखती है। (२) एषः-यह इन्द्रः-परमैश्वर्यशाली प्रभु ही वरिवः कृत्-सब धनों का करनेवाला है। उपासकों के लिये सब ऐश्वर्यों को प्रभु ही प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ-हम प्रभु उपासना से च्यौत्न-शत्रु च्युत और पुण्य कर्मा बनें।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'ब्रह्मा-ऋषि-पुरुहूत'

इन्द्रो ब्रह्मेन्द्र ऋषिरिन्द्रः पुरू पुरुहूतः। महान्महीभिः शचीभिः॥ ७॥

(१) इन्द्रः-वे परमैश्वर्यशाली प्रभु ब्रह्मा-(great) महान् हैं। इन्द्रः-वे प्रभु ही ऋषिः-तत्त्वद्रष्टा हैं। इन्द्रः-वे प्रभु ही पुरु-खूब ही पुरुहूतः-बहुतों से पुकारे जाते हैं। अन्त में सब प्रभु को ही पुकारते हैं। (२) वे प्रभु महीभिः शचीभिः-महान् शक्तियों व प्रज्ञानों से महान्-पूजनीय हैं।

भावार्थ-वे परमैश्वर्यशाली प्रभु ही 'ब्रह्मा, ऋषि व पुरुहूत' हैं। वे महान् शक्तियों व प्रज्ञानों से सचमुच महान् हैं, पूजनीय हैं।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

एकः सन् 'अभिभूतिः'

स स्तोम्यः स हव्यः सत्यः सत्वा तुविकूर्मिः। एकश्चित्सन्नभिभूतिः॥ ८॥

(१) सः-वे प्रभु ही स्तोम्यः-स्तुति के योग्य हैं सः-वे ही हव्यः-पुकारने के योग्य हैं। सत्यः-सत्यस्वरूप हैं। सत्वा-शत्रुओं का सादन (विनाश) करनेवाले हैं। तुविकूर्मिः-सृष्टि-उत्पत्ति धारण व प्रलय आदि महान् कर्मों के करनेवाले हैं। (२) एकः सन्-अकेले होते हुए भी चित्-निश्चय से अभिभूतिः-सब शत्रुओं का अभिभव करनेवाले हैं। उपासक प्रभु की शक्ति से ही काम-क्रोध आदि का पराजय कर पाता है।

भावार्थ-प्रभु ही उपास्य हैं। प्रभु ही हमारे काम-क्रोध आदि शत्रुओं का पराभव करते हैं।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'ऋग् यजु साम' मन्त्रों द्वारा प्रभु का गायन

तमर्केभिस्तं सामभिस्तं गायत्रैश्चर्षणयः। इन्द्रं वर्धन्ति क्षितयः॥ ९॥

(१) चर्षणयः-तत्त्वद्रष्टा पुरुष तम्-उस प्रभु को ही अर्केभिः-स्तुति साधन ऋचाओं से वर्धन्ति-बढ़ाते हैं। तम्-उस प्रभु को ही सामभिः-साम-मन्त्रों से स्तुत करते हैं और तम्-उस प्रभु को ही गायत्रैः-गायन करनेवाले का त्राण करनेवाले यजु-मन्त्रों से याद करते हैं। (२) क्षितयः-इस शरीर में उत्तमता से निवास करते हुए गतिशील पुरुष इन्द्रम्-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु को ही वर्धन्ति-बढ़ाते हैं।

भावार्थ-ऋचाओं, यजु व साम मन्त्रों से प्रभु का ही गायन होता है। उत्तम निवास व गतिवाले मनुष्य प्रभु का ही वर्धन करते हैं।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

धन प्रणयन-ज्योतिष्करण-शत्रु-मर्षण

प्रणेतारं वस्यो अच्छा कर्तारं ज्योतिः समत्सु। सासह्वांसं युधामित्रान्॥ १०॥

(१) गत मन्त्र के अनुसार मनुष्य उस प्रभु का स्तवन करते हैं जो **वस्यः अच्छा**-प्रशस्त धन की ओर **प्रणेतारम्**-ले जानेवाले हैं। और **समत्सु**-संग्रामों में **ज्योतिः**-प्रशस्त ज्ञान को **कर्तारम्**-करनेवाले हैं। इस ज्ञानाग्नि के द्वारा ही तो शत्रु भस्म होते हैं। (२) ये प्रभु ही **युधा**-युद्ध के द्वारा **अमित्रान्**-शत्रुओं को **सासह्वांसम्**-कुचल देनेवाले हैं।

भावार्थ-प्रभु प्रशस्त धन को प्राप्त कराते हैं। संग्राम में ज्ञानाग्नि द्वारा शत्रुओं को भस्म करते हैं। युद्ध द्वारा शत्रुओं को कुचल देते हैं।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'पप्रिः' इन्द्रः (पारयाति)

स नः पप्रिः पारयाति स्वस्ति नावा पुरुहूतः। इन्द्रो विश्वा अति द्विषः॥ ११॥

(१) **सः**-वह **पप्रिः**-पूरयिता, न्यूनताओं को दूर करके हमारा पूरण करनेवाले **इन्द्रः**-सर्वशत्रु-विनाशक प्रभु **नः**-हमें **स्वस्ति**-कल्याणपूर्वक **पारयाति**-इस भवसागर से पार करते हैं। उसी प्रकार पार करते हैं, जैसे **नावा**-एक नाविक नाव द्वारा हमें नदी से पार करता है। (२) वे **पुरुहूतः**-बहुतों से पुकारे जानेवाले प्रभु हमें **विश्वाः**-सब **दिव्यः**-द्वेष की भावनाओं से **अति**-पार ले जानेवाले हैं। जीवन की साधना में सब से बड़ी बात यही है कि हम द्वेष से ऊपर उठें।

भावार्थ-प्रभु हमें द्वेष आदि अशुभ वृत्तियों से दूर करते हुए कल्याण प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दशस्या च गातुया च

स त्वं नः इन्द्र वाजेभिर्दशस्या च गातुया च। अच्छा च नः सुम्नं नेषि॥ १२॥

(१) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **सः त्वम्**-वे आप **नः**-हमें **वाजेभिः**-बलों के साथ **दशस्य च**-धनों को भी दीजिये **गातुय च**-और हमें उत्तम सुख का मार्ग दिखाइये (**मार्गम् इच्छ**)। (२) **च**-और हे प्रभो! इस प्रकाश व शक्ति के साथ धनों को देते हुए तथा मार्ग पर ले चलते हुए आप **नः**-हमें **सुम्नं अच्छा**-सुख की ओर अथवा स्तवन की ओर **नेषि**-ले चलिये।

भावार्थ-हम प्रभु कृपा से शक्ति व धन को प्राप्त करते हुए मार्ग पर चलें और सुख को प्राप्त करें।

अगले सूक्त के ऋषि देवता भी 'इरिम्बिठि काण्व' व 'इन्द्र' ही हैं-

१७. [सप्तदशं सूक्तम्]

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

हृदयासन पर प्रभु को आसीन करना

आ याहि सुषुमा हि त इन्द्र सोमं पिबा इमम्। एदं बर्हिः सदो मम॥ १॥

(१) हे **इन्द्र**-सर्वशक्तिमन् प्रभो! **आयाहि**-आइये। **ते**-आपकी प्राप्ति के लिये **हि**-ही हमने **सुषुमा**-इस सोम का सवन किया है। **इमं सोमं पिब**-इस सोम का आप इस शरीर में ही पान करिये आपकी उपासना ही हमें वासनाओं से बचाकर सोमरक्षण के योग्य बनाती है। (२) इस प्रकार सोमरक्षण के होने पर **इदम्**-इस **मम**-मेरे **बर्हिः**-हृदयासन पर **आसदः**-आप विराजिये। सोमरक्षण से यह हृदयान्तरिक्ष सब वासनाओं के धूम से रहित होकर दीप्त हो उठता है। इस पवित्र हृदय में प्रभु का वास होता है।

भावार्थ–हमें प्रभु प्राप्त हों। प्रभु-स्मरण द्वारा हम सोम का रक्षण कर पायें। यह सोमरक्षण हमारे हृदय को पवित्र बना दे।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'ब्रह्मयुजा केशिना' हरी

आ त्वा ब्रह्मयुजा हरी वहतामिन्द्र केशिना। उप ब्रह्माणि नः शृणु॥ २॥

(१) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **केशिना**-प्रकाश की रश्मियोंवाले, **ब्रह्मयुजा**-ज्ञान वाणियों के साथ सम्पर्कवाले **हरी**-ज्ञानेन्द्रिय व कर्मेन्द्रियरूप अश्व **त्वा**-आपको **आवहताम्**-हमें प्राप्त करायें। (२) हे प्रभो! **नः**-हमारे **ब्रह्माणि**-ज्ञानपूर्वक किये गये स्तोत्रों को आप **उपशृणु**-समीपता से सुनिये।

भावार्थ–हमारी इन्द्रियाँ प्रकाश व ज्ञान की ओर चलती हुई हमें प्रभु को प्राप्त करायें, हमारे मुख से प्रभु के स्तोत्र ही उच्चारित हों।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ब्रह्माणः, सोमिनः, सुतावन्तः

ब्रह्माणस्त्वा वयं युजा सोमपामिन्द्र सोमिनः। सुतावन्तो हवामहे॥ ३॥

(१) हे प्रभो! **ब्रह्माणः**-ज्ञान की वाणियोंवाले **वयम्**-हम **युजा**-आप के साथ मिलानेवाली स्तुति के द्वारा **त्वा**-आपको **हवामहे**-पुकारते हैं। हे **इन्द्र**-हमारे शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! **सोमपाम्**-हमारे सोम (वीर्य) का रक्षण करनेवाले आपको हम **सोमिनः**-प्रशस्त सोमवाले होते हुए इस सोम को वासनाओं से मलिन न होने देते हुए पुकारते हैं। (२) **सुतावन्तः**-प्रशस्त यज्ञों (सुतं=सवः) वाले होते हुए हम आपको पुकारते हैं।

भावार्थ–प्रभु का वास्तविक स्तवन ज्ञानी, सोमरक्षक यज्ञशील पुरुष ही करते हैं।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

यज्ञ-स्तुति-सोमरक्षण

आ नो याहि सुतावतोऽस्माकं सुष्टुतीरुप। पिबा सु शिप्रिन्नन्धसः॥ ४॥

(१) **सुतावतः**-प्रशस्त यज्ञों (सुतं=सवः) वाले **नः**-हमें **आयाहि**-प्राप्त होइये। यज्ञों को करते हुए हम प्रभु को प्राप्त करनेवाले बनें। हे प्रभो! आप **अस्माकम्**-हमारी, हमारे से की जानेवाली **सुष्टुतीः**-उत्तम स्तुतियों को **उप**-समीपता से प्राप्त होइये। हमारे से किये जानेवाले स्तवन हमें आपके समीप प्राप्त करायें। (२) हे **सुशिप्रिन्**-उत्तम हनु व नासिकावाले, उत्तम हनुओं व नासिका को प्राप्त करानेवाले प्रभो! **अन्धसः**-इस आध्यातव्य सोम का **पिबा**-पान करिये। आपके अनुग्रह से सात्त्विक भोजनों का सम्यक् चर्वण करते हुए तथा प्राणसाधना करते हुए हम सोम को शरीर में ही सुरक्षित कर पायें।

भावार्थ–'यज्ञ-स्तुति व सोमरक्षण' हमें प्रभु के समीप प्राप्त करानेवाले हों।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गृभाय जिह्वया मधु

आ तें सिञ्चामि कुक्ष्यारनु गात्रा वि धावतु। गृभाय जिह्वया मधु॥ ५॥

(१) प्रभु उपासक को कहते हैं कि मैं **ते**-तेरे **कुक्ष्योः**-उदर के दायें व बायें भागों में इस सोम को **आसिञ्चामि**-आसिक्त करता हूँ। शरीर में सुरक्षित हुआ-हुआ यह सोम **गात्रा अनु विधावतु**-सब अंगों को अनुकूलता से प्राप्त हो और उन अंगों का शोधन करनेवाला हो। (२) इस सोमरक्षण के द्वारा तू **जिह्वया**-जिह्वा से **मधु गृभाय**-माधुर्य का ग्रहण कर। जिह्वा से तू सदा शुभ शब्दों को ही बोलनेवाला हो। सोमरक्षण तुझे मधुरभाषी बनाये।

भावार्थ-हम सोम को शरीर में सुरक्षित करते हुए अंग-प्रत्यंग को शुद्ध बनायें, हमारी जिह्वा सदा मधुर शब्द बोलनेवाली हो।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्वादुः-मधुमान्-शम्

स्वादुष्टे अस्तु संसुदे मधुमान्तन्वे३ तव। सोमः शमस्तु ते हृदे॥ ६॥

(१) यह शरीर में सुरक्षित सोम **संसुदे**=सम्यक् उत्तम दान करनेवाले **ते**-तेरे लिये **स्वादुः अस्तु**-जीवन को मधुर बनानेवाला हो। **तव तन्वे**-तेरे शरीर के लिये यह **मधुमान्**-माधुर्य को लिये हुए हो, अर्थात् तेरे जीवन की सब क्रियाओं को यह मधुर बना दे। (२) यह **सोमः**-सोम **ते हृदे**-तेरे हृदय के लिये **शं अस्तु**-शान्ति को देनेवाला हो। सुरक्षित सोम हमें शान्तचित्त बनाये।

भावार्थ-सुरक्षित सोम जीवन को आनन्दयुक्त मधुर व शान्त हृदय बनाता है।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'पत्नियों के समान सुरक्षित' सोम

अयमु त्वा विचर्षणे जनीरिवाभि संवृतः। प्र सोम इन्द्र सर्पतु॥ ७॥

(१) हे **विचर्षणे**-विद्रष्टः तत्त्व के द्रष्टा **इन्द्र**-जितेन्द्रिय पुरुष! **उ**-निश्चय से **अयं सोमः**-यह सोम (वीर्य) **त्वा प्रसर्पतु**-तुझे समीपता से प्राप्त हो, तेरे शरीर में ही यह गतिवाला हो। (२) यह सोम तत्त्वद्रष्टा जितेन्द्रिय पुरुष के अन्दर इस प्रकार सुरक्षित हो, **इव**-जैसे **जनीः**-जाया-पत्नी-शुक्ल वस्त्रों से अभिसंवृत होती है। शुक्ल वस्त्रों से अभिसंवृत पत्नी की तरह यह सोम शुक्ल भावनाओं से अभिसंवृत हो। शुक्ल भावनाओं से अभिसंवृत सोम ही शरीर में सुरक्षित रहता है।

भावार्थ-हम जितेन्द्रिय बनते हुए, शरीर में सोम को शुक्लभावनारूप वस्त्रों से अभिसंवृत करके रक्षित करनेवाले हों।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

तुविग्रीव-वपोदर-सुबाहु

तुविग्रीवो वपोदरः सुबाहुरन्धसो मदे। इन्द्रो वृत्राणि जिघ्नते॥ ८॥

(१) **अन्धसः**-आध्यातव्य सोम के **मदे**-मद में, सोमरक्षण से जनित उल्लास में यह सोमी पुरुष **सुबाहुः**-उत्तम बाहुवाला बनता है, इसकी भुजाओं में शक्ति होती है। **वपोदर**-इसका उदर सोम के बीज को अपने अन्दर ही बोनेवाला होता है (वप्-बोना), अर्थात् यह सोम को अपने में ही सुरक्षित रखनेवाला होता है। **तुविग्रीवः**-महान् ग्रीवावाला होता है, उच्च ज्ञान से विभूषित कण्ठवाला होता है। (२) **इन्द्रः**-यह जितेन्द्रिय पुरुष **वृत्राणि**-ज्ञान की आवरणभूत वासनाओं को **जिघ्नते**-नष्ट करनेवाला होता है।

भावार्थ-जितेन्द्रिय पुरुष वासनाओं को विनष्ट करके सोम का रक्षण करता है। यह सुरक्षित

सोम उसे शक्तिशाली, सद्गुणों के बीजों को बोनेवाला व उच्च ज्ञान से अलंकृत कण्ठवाला बनाता है।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पुरः प्रेहि

इन्द्र प्रेहि पुरस्त्वं विश्वस्येशान ओजसा। वृत्राणि वृत्रहञ्जहि॥ ९॥

(१) हे इन्द्र=जितेन्द्रिय पुरुष! त्वम्=तू पुरः प्रेहि=आगे और आगे चलनेवाला बन। ओजसा=ओजस्विता के द्वारा विश्वस्य=हमारे न चाहते हुए भी अन्दर घुस आनेवाले इन काम-क्रोध का तू ईशानः=शासक बनता है। इन्हें पूर्णतया संयत करनेवाला होता है। (२) हे वृत्रहन्=ज्ञान की आवरणभूत वासनाओं को विनष्ट करनेवाले! तू वृत्राणि=इन वासनाओं को विनष्ट कर।

भावार्थ—हम निरन्तर आगे बढ़े, काम-क्रोध आदि के शासक हों, इन्हें पूर्णरूप से वश में करें। इन आवरणभूत वासनाओं को दूर करें।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

संयम से वसु प्राप्ति

दीर्घस्ते अस्त्वङ्कुशो येना वसु प्रयच्छसि। यजमानाय सुन्वते॥ १०॥

(१) हे प्रभो! ते अङ्कुशः=आपका यह नियमन दीर्घः=(दृ विदारणे) सब अन्धकारों का विदारण करनेवाला हो। आपकी उपासना से प्राप्त संयम का भाव हमारे अज्ञानान्धकार को दूर करे। (२) यह अंकुश (संयम का भाव) ही वह उपाय है। येना=जिससे आप यजमानाय=यज्ञशील सुन्वते=सोम का अपने में सम्पादन करनेवाले के लिये वसु प्रयच्छसि=धन को देते हैं, निवास को उत्तम बनाने के लिये आवश्यक तत्त्वों को प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—उपासक का जीवन संयत बनाता है। इससे वह यज्ञशील व सोमरक्षक बनता हुआ वसु (जीवनधन) को प्राप्त करता है।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

क्रियाशीलता व सोमपान

अयं त इन्द्र सोमो निपूतो अधि बर्हिषि। एहीमस्य द्रवा पिब॥ ११॥

(१) हे इन्द्र=जितेन्द्रिय पुरुष! अयं सोमः=यह सोम ते=तेरे लिये अधि बर्हिषि=इस वासनाशून्य हृदय में निपूतः=नितरां पवित्र हुआ है। वासनायें ही सोम को अपवित्र करती हैं। वासनाओं के अभाव में यह सोम पवित्र बना रहता है। (२) एहि=आ, और ईम्=निश्चय से द्रव=गतिशील बन सदा अकर्मण्यता से दूर रह और अस्य पिब=इस सोम का पान कर।

भावार्थ—हृदय को वासनाओं से आक्रान्त न होने देते हुए हम सोम का रक्षण करें। क्रियाशील बनकर सोम को शरीर में ही व्याप्त करने का प्रयत्न करें।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

आखण्डल का आह्वान

शाचिगो शाचिपूजनायं रणाय ते सुतः। आखण्डल प्र हूयसे॥ १२॥

(१) हे शाचिगो=शक्तिशाली इन्द्रियों को प्राप्त करानेवाले (गावः इन्द्रियाणि), शाचिपूजन=शक्ति के द्वारा उपासनीय प्रभो! अयम्=यह सोम ते रणाय=आप के अन्दर रमण के लिये

सुतः=उत्पन्न हुआ है। इसका रक्षण करके मैं आपका दर्शन कर पाता हूँ और आनन्द का अनुभव करता हूँ। (२) हे **आखण्डल**=सर्वतः वासनाओं का खण्डन करनेवाले प्रभो! **प्रहूयसे**=हमारे से आप ही पुकारे जाते हैं। आपने ही तो इन वासनाओं पर मुझे विजय प्राप्त करानी है।

भावार्थ—प्रभु हमें शक्तिशाली इन्द्रियाँ प्राप्त कराते हैं। शक्ति के द्वारा ही प्रभु का पूजन होता है। इस शक्ति के लिये सोम का रक्षण आवश्यक है। सोमरक्षण के लिये हम प्रभु को पुकारते हैं।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'कुण्डपाय्य' में मन का धारण

यस्ते शृङ्गवृषो नपात्प्रणपात्कुण्डपाय्यः। न्यस्मिन्दध्र आ मनः॥ १३॥

(१) 'कुण्डपाय्य' एक यज्ञ है जिसमें कुण्ड के द्वारा सोम का पान होता है। यहाँ 'कुण्ड' का भाव वासनाओं के दहन से है (कुडि दाहे)। वासना दहन के द्वारा शरीर में सोम का रक्षण होता है। यही 'कुण्डपाय्य' यज्ञ है। प्रभु 'शृंगवृष्' हैं, (शृणन्ति-शृंग) ज्ञानरश्मियों द्वारा सुखों का वर्षण करनेवाले हैं। हे **शृंगवृषः नपात्**=प्रभु के पुत्र, अर्थात् प्रभु की आज्ञा में चलनेवाले और अतएव **प्रणपात्**=प्रकर्षेण अपना पतन न होने देनेवाले जीव! **यः**=जो **ते**=तेरा **कुण्डपाय्यः**=वासनादहन द्वारा सोमपानरूप यज्ञ है। **अस्मिन्**=इस यज्ञ में **मनः**=तेरा मन **आनिदध्रे**=सर्वथा निहित हो। (२) तू सोम को शरीर में पीने के लिये मन में दृढ़ निश्चय कर। इसके लिये तू उस प्रभु का सच्चा पुत्र बन जो ज्ञानरश्मियों द्वारा तेरे पर सुखों का वर्षण करते हैं। तू अपने को गिरने न दे। 'कुण्डपाय्य' यज्ञ में ही तेरा मन स्थापित हो।

भावार्थ—हम प्रभु के सच्चे पुत्र बनें। वासनाओं को दग्ध करते हुए सोम का रक्षण करें।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आसुरीबृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

इन्द्रः मुनीनां सखा

वास्तोष्पते ध्रुवा स्थूणांसत्रं सोम्यानाम्। द्रप्सो भेत्ता पुरां शाश्वतीनामिन्द्रो मुनीनां सखा॥ १४॥

(१) हे **वास्तोष्पते**=गृहपते, हमारे शरीररूप गृहों के रक्षक प्रभो! **स्थूणा**=इस गृह का आधारभूत स्तम्भ, अर्थात् मेरुदण्ड **ध्रुवा**=ध्रुव हो। हमारा मेरुदण्ड (रीढ की हड्डी) सदा ठीक बना रहे। **सोम्यानाम्**=सोम का रक्षण करनेवाले हमारा **अंसत्रम्**=स्कन्धों का त्रायक (रक्षक) बल सदा ध्रुव हो। अर्थात् कन्धे इत्यादि सब अंग सबल बने रहें। (२) वह **द्रप्सः**=आनन्दमय व प्रकाश का देनेवाला, **शश्वतीनाम्**=बहुत-सी **पुरां भेत्ता**=असुरों की नगरियों का ध्वंसक **इन्द्रः**=परमैश्वर्यशाली प्रभु **मुनीनाम्**=हम मननशील, मौन रहनेवाले (कम बोलनेवाले) पुरुषों का **सखा**=मित्र हो।

भावार्थ—प्रभु हमारे शरीर गृहों का रक्षण करें। हम सोम्य (सोमरक्षक) बनकर सबल बने रहें। वे प्रभु हमारे मित्र हों। प्रभु की मित्रता में मैं आसुरभावों को दूर कर पाऊँ। विचारशील मुनि बनूँ।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्षीभुरिग्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'पृदाकु-सानुः'

पृदाकुसानुर्यजतो गवेषण एकः सन्नभि भूयसः।
भूर्णिमश्वं नयत्तुजा पुरो गृभेन्द्रं सोमस्य पीतये॥ १५॥

(१) वे प्रभु **पृदाकुसानुः**=(पृ+दाकु+सानु) पालन-पोषण के लिये सब वस्तुओं के देनेवालों

के शिखर पर हैं। अर्थात् दातृ-शिरोमणि हैं। **यजतः**-पूजनीय हैं। **गवेषणः**-(गवामेषयिता) ज्ञान की वाणियों के प्राप्त करानेवाले हैं। **एकः सन्**-अकेले होते हुए **भूयसः**-बहुत शत्रुओं को **अभि (भवति)**-अभिभूत करनेवाले हैं। (२) ये प्रभु **भूर्णिम्**-हमारा भरण करनेवाले **अश्वम्**-इन्द्रियाश्व को **नयत्**-प्राप्त कराते हैं। **तुजा**-वासना शत्रुओं के हिंसन के द्वारा तथा **गृभा**-उत्तम गुणों के ग्रहण के द्वारा **इन्द्रम्**-जितेन्द्रिय पुरुष को **पुरः**-(नयत्) आगे प्राप्त कराते हैं और **सोमस्य पीतये**-इसके सोम के पान (रक्षण) के लिये होते हैं। सोमरक्षण द्वारा ही तो प्रभु इसे उन्नत करते हैं।

भावार्थ-प्रभु सर्वोत्तम दाता हैं, पूजनीय हैं, इन्द्रियों के प्राप्त करानेवाले हैं, वासनारूप शत्रुओं का अभिभव करनेवाले हैं। ये प्रभु उत्तम इन्द्रियों को प्राप्त कराते हैं, वासना विनाश द्वारा आगे ले चलते हैं, सोम का रक्षण करते हैं।

इरिम्बिठि काण्व ही अगले सूक्त में आदित्यों से प्रकाश को प्राप्त करने के लिये कहता है-

१८. [अष्टादशं सूक्तम्]

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ **देवता**—आदित्याः॥ **छन्दः**—पादनिचृदुष्णिक्॥ **स्वरः**—ऋषभः॥

आदित्यों की प्रेरणाएँ

इदं ह नूनमेषां सुम्नं भिक्षेत मर्त्यः। आदित्यानामपूर्व्यं सवीमनि॥ १॥

(१) प्रकृति का ज्ञान प्राप्त करनेवाले विद्वान् 'वसु' हैं। 'प्रकृति-जीव' का ज्ञान प्राप्त करनेवाले 'रुद्र' कहलाते हैं और 'प्रकृति-जीव-परमात्मा' का ज्ञान प्राप्त करनेवाले ये विद्वान् 'आदित्य' हैं। **मर्त्यः**-मनुष्य **एषां आदित्यानाम्**-इन आदित्यों के **इदम्**-इस **ह नूनम्**-निश्चय से **अपूर्व्यम्**-अद्भुत **सुम्नम्**-अनुग्रह व रक्षण को **भिक्षेत**-माँगे। (२) **सवीमनि**-सदा इन आदित्यों की प्रेरणा में चलने का प्रयत्न करे। इस प्रेरणा में चलने से ही हम भी आदित्य बन पायेंगे।

भावार्थ-हम आदित्य विद्वानों की प्रेरणा में चलते हुए उनके अनुग्रह को प्राप्त कर सकें। यही मार्ग है।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ **देवता**—आदित्याः॥ **छन्दः**—आर्चीस्वराडुष्णिक्॥ **स्वरः**—ऋषभः॥

अहिंसित मार्ग

अनर्वाणो हि एषां पन्था आदित्यानाम्। अदब्धाः सन्ति पायवः सुगेवृधः॥ २॥

(१) **एषां आदित्यानाम्**-इन अदिति के पुत्रों के **पन्थाः**-मार्ग **अनर्वाणः**-अहिंसित होते हैं। **हि**-निश्चय से इनके मार्ग **अदब्धाः सन्ति**-पवित्र व सत्य हैं। (२) इन आदित्यों के मार्ग **पायवः**-हमारा रक्षण करनेवाले हैं, और **सुगेवृधः**-सुख में वृद्धि को करनेवाले हैं।

भावार्थ-हम सदा आदित्यों के मार्ग पर ही चलनेवाले हों। यह मार्ग अहिंसित, पवित्र, रक्षक व सुखवर्धक है।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ **देवता**—आदित्याः॥ **छन्दः**—उष्णिक्॥ **स्वरः**—ऋषभः॥

'सविता-भग-वरुण-मित्र-अर्यमा' का आराधन

तत्सु नः सविता भगो वरुणो मित्रो अर्यमा। शर्म यच्छन्तु सप्रथो यदीमहे॥ ३॥

(१) '**सविता**'-उत्पादक है, निर्माण की देवता है। '**भगः**'-ऐश्वर्य की देवता है। '**वरुणः**'-निर्द्वेषता की सूचना देता है। '**मित्रः**'-सब के प्रति स्नेहवाला है और '**अर्यमा**'-काम-क्रोध-लोभ आदि शत्रुओं का नियमन करनेवाला है। (२) ये सब के सब देव **नः**-हमारे लिये **तत्**-उस

सप्रथः=विस्तारवाले शर्म=सुख को सुयच्छन्तु=सम्यक् दें, यत् ईमहे=जिस की हम याचना करते हैं। वस्तुतः जीवन का वास्तविक सुख सविता आदि देवों की आराधना में ही है। इनकी आराधना का स्वरूप यही है कि हम निर्माणात्मक कार्यों में प्रवृत्त हों, सुपथ से ऐश्वर्य का सम्पादन करें, निर्द्वेष बनें, सब के प्रति स्नेहवाले हों, काम-क्रोध आदि शत्रुओं का नियमन करें।

भावार्थ—हम सविता आदि देवों का आराधन करते हुए सुख के भागी बनें।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

देवी अदिति

देवेभिर्देव्यदितेऽरिष्टभर्मन्ना गहि। स्मत्सूरिभिः पुरुप्रिये सुशर्मभिः॥ ४॥

(१) 'अदिति' स्वास्थ्य की देवता है 'न दितिः यस्याः' (दिति=खण्डन)। यह स्वास्थ्य दिव्य गुणों को जन्म देता है, सो यह अदिति 'देवी' है, यास्क ने इसे 'अदीना देवमाता' कहा है। यह स्वास्थ्य हमें दीनता से ऊपर उठाता है, हमारे अन्दर दिव्य गुणों को जन्म देता है। अहिंसित भरणवाली होने से यह 'अरिष्ट-भर्मा' है। मन्त्र में कहते हैं कि हे अरिष्टभर्मन्=अहिंसित भरणवाली, देवि=दिव्य गुणों को जन्म देनेवाली अदिते=स्वास्थ्य की देवि! तू देवेभिः=दिव्यगुणों के साथ आगहि=हमें प्राप्त हो। (२) हे पुरुप्रिये=खूब ही प्रीणित करनेवाले (सारा आनन्द स्वास्थ्य में ही तो है) अदिते! तू स्मत्=प्रशस्त सूरिभिः=विद्वानों के साथ सुशर्मभिः=उत्तम रक्षण को प्राप्त करानेवाले ज्ञानी पुरुषों के साथ हमें प्राप्त हो।

भावार्थ—हम स्वस्थ बनें। यह स्वास्थ्य हमें दिव्य गुणों की ओर प्रेरित करे और हम प्रशस्त ज्ञानियों के सम्पर्क में सुरक्षित जीवनवाले हों।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

द्वेष व पाप से दूर

ते हि पुत्रासो अदितेर्विदुर्द्वेषांसि योतवे। अंहोश्चिदुरुचक्रयोऽनेहसः॥ ५॥

(१) ते=वे अदितेः पुत्रासः=अदिति के पुत्र आदित्य विद्वान् हि=निश्चय से द्वेषांसि=द्वेषों को योतवे=पृथक् करने के लिये विदुः=जानते हैं। वे हमें ऐसे मार्ग से ले चलते हैं कि हम द्वेष की भावना में नहीं फँसते, द्वेष आदि की ओर हमारा झुकाव ही नहीं रहता। (२) वे आदित्य उरुचक्रयः=खूब ही क्रियाशील जीवनवाले होते हैं। अनेहसः=निष्पाप होते हैं। ये विद्वान् अंहोः चित्=पाप से हमें पृथक् करना जानते हैं।

भावार्थ—हम आदित्य विद्वानों के सम्पर्क में चलें। ये हमें द्वेष व पाप से दूर करेंगे।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'अद्वयाः' अदितिः

अदितिर्नो दिवा पशुमदितिर्नक्तमद्वयाः। अदितिः पात्वंहसः सदावृधा॥ ६॥

(१) 'अदिति' स्वास्थ्य की देवता है। स्वस्थ पुरुष काम-क्रोध आदि का भी शिकार नहीं होता यह अदिति 'अद्वयाः' है, 'अन्दर कुछ और बाहिर कुछ' इस प्रकार के कपट से वह रहित है। यह अदितिः=स्वास्थ्य की देवता दिवा=दिन में नः=हमारे इन पशुम्=('कामः पशुः, क्रोधः पशुः' काम-क्रोध आदि पशुतुल्य वृत्तियों को पातु=रक्षित करे, जैसे शेर को पिञ्जरे में बन्द रखते हैं, इसी प्रकार इन्हें नियन्त्रण में रखे। अदितिः=यह स्वास्थ्य की देवता अद्वयाः=हमें कपटरहित बनाती हुई नक्तम्=रात्रि में पातु=हमारे पशुओं का रक्षण करे, इन्हें बद्ध रखे। (२) सदावृधा=सदा

वृद्धि का कारण होती हुई यह अदितिः=स्वास्थ्य की देवता अंहसः पातु=हमें पाप से बचाये।

भावार्थ—हम स्वस्थ बनें। यह स्वास्थ्य हमारे काम-क्रोध को दिन-रात नियन्त्रण में रखे और हमें पापों की ओर न जाने दे।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

मतिः+अदितिः=बुद्धि व स्वास्थ्य

उत स्या नो दिवा मतिरदितिरूत्या गमत्। सा शन्ताति मयस्करदप स्रिधः ॥७॥

(१) उत=और दिवा=इस दिन नः=हमें स्या=वह मतिः=बुद्धि और अदितिः=स्वास्थ्य ऊत्या=रक्षण के हेतु से आगमत्=प्राप्त हो। हम शरीर में स्वस्थ हों, मस्तिष्क में खूब ज्ञान-सम्पन्न हों। (२) सा=वह मति और अदिति=बुद्धि व स्वास्थ्य शन्ताति=शान्ति का विस्तार करनेवाला मयः करत्=आरोग्यता व कल्याण को करनेवाला हो। स्रिधः=बाधक शत्रुओं को अप=हमारे से दूर करे।

भावार्थ—हम प्रतिदिन बुद्धि-सम्पन्न व स्वस्थ बनते हुए अपना रक्षण कर पायें, शान्त जीवनवाले हों, कल्याण को प्राप्त करें तथा बाधक शत्रुओं को दूर करें।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अश्विना

उत त्या दैव्या भिषजा शं नः करतो अश्विना। युयुयातामितो रपो अप स्रिधः ॥८॥

(१) उत=और त्या=वे अश्विना=प्राणापान दैव्या भिषजा=उस महान् देव प्रभु के द्वारा शरीर में स्थापित (देवस्य इमौ) वैद्य हैं। ये वैद्य नः=हमारे लिये शम्=रोगों के शमन को करतः=करते हैं। (२) ये प्राणापान इतः=यहाँ से रपः=पाप को, दोष को युयुयात्मा=पृथक् करें तथा स्रिधः=बाधक शत्रुओं को अप=(गमयतम्) दूर करें।

भावार्थ—प्राणायाम द्वारा वशीभूत प्राणायाम सब शारीरिक दोषों को दूर करते हैं। (रपः) काम-क्रोध आदि बाधक शत्रुओं को भी हमारे से पृथक् करते हैं। इस प्रकार हमारे जीवनों में ये शान्ति का कारण बनते हैं।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—अग्निसूर्यानिलाः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

शान्ति

शमग्निरग्निभिः करच्छं नस्तपतु सूर्यः। शं वातो वात्वरपा अप स्रिधः ॥९॥

अग्निः=अग्नि अग्निभिः=आग्नेय पदार्थों से नः=हमें शं करत्=शान्ति प्रदान करे। सूर्यः=सूर्य नः=हमारे लिये तपतु=शान्ति से तपे। वातः=वायु अरपाः=नीरोग वातु=बहे। स्रिधः अप=रोग दूर हों।

भावार्थ—अग्नि, सूर्य, वायु हमें शान्तिदायक हों।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

आदित्यासः

अपामीवामप स्रिधमप सेधत दुर्मतिम्। आदित्यासो युयोतना नो अंहसः ॥१०॥

हे आदित्यासः=बुद्धि व स्वास्थ के देवो! अमीवाम्=रोगों को अप=दूर करो। स्रिधम् अप=दुःखों को दूर करो। दुर्मतिम् अप=दुर्बुद्धि को दूर करो। नः अंहसः युयोतन=हमारे पापों

को दूर करो।

भावार्थ–हम रोग, दुःख, दुर्बुद्धि तथा पापों से बचें।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वःङ्क देवता—आदित्याःङ्क छन्दः—उष्णिक्ङ्क स्वरः—ऋषभःङ्क

विश्ववेदसः

युयोता शरुमस्मदाँ आदित्यास उतामतिम्। ऋधग्द्वेषः कृणुत विश्ववेदसः॥ ११॥

हे **विश्ववेदसः**=सर्वज्ञ प्रभो! आप **अस्मत्**=हमारे **शरुम्**=हिंस्र भाव को **अमतिम्**=निर्बुद्धि को **युयोत**=दूर करो **उत**=तथा **द्वेषः**=द्वेष को **ऋधक् कृणुत**=अलग करो।

भावार्थ–वह सर्वज्ञ हमारे हिंसक भाव, निर्बुद्धि तथा द्वेषता को दूर करे।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वःङ्क देवता—आदित्याःङ्क छन्दः—निचृदुष्णिक्ङ्क स्वरः—ऋषभःङ्क

सुदानव

तत्सु नः शर्म यच्छतादित्या यन्मुमोचति। एनस्वन्तं चिदेनसः सुदानवः॥ १२॥

हे **आदित्याः**=विद्वानो! **सुदानवः**=दानवीरो! **यत्**=जो **एनस्वन्तम् चित्**=पापी को **एनसः**=पाप से **मुमोचति**=छुड़ाता है, **तत्**=उस **शर्म**=सुख को **नः**=हमें **यच्छत**=दीजिए।

भावार्थ–हम पाप कर्म छोड़कर सुखी होवें।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वःङ्क देवता—आदित्याःङ्क छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्ङ्क स्वरः—ऋषभःङ्क

रिरिषीष्ट

यो नः कश्चिद्रिरिक्षति रक्षस्त्वेन मर्त्यः। स्वैः ष एवैर्रिरिषीष्ट युर्जनः॥ १३॥

(१) **यः कश्चित् मर्त्यः**=जो कोई मनुष्य **रक्षस्त्वेन**=अपनी राक्षसी प्रवृत्ति के कारण **नः**=हमें **रिरिक्षति**=(जिहिंसिषति) मारना चाहता है। **सः**=वह **जनः**=मनुष्य **स्वैः एवैः**=अपनी ही इन गतियों से **युः**=दुःख को प्राप्त होता हुआ **रिरिषीष्ट**=हिंसित हो जाये। (२) पापी का पापकर्म उसी को हानि करनेवाला हो। हम उन कर्मों से व्यर्थ में परेशान न हों।

भावार्थ–पापी का पापकर्म उसी के पतन का कारण बने। हम उसके दुष्कर्म का शिकार न हों। सामान्यतः समझदारी से चलते हुए हम इन राक्षसी भावों को सफल न होने दें।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वःङ्क देवता—आदित्याःङ्क छन्दः—निचृदुष्णिक्ङ्क स्वरः—ऋषभःङ्क

'दुर्हणावान्-द्वयु' दुःशंस

समित्तमघमश्नवद्दुःशंसं मर्त्यं रिपुम्। यो अस्मत्रा दुर्हणावाँ उप द्वयुः॥ १४॥

(१) **तम्**=उस **दुःशंसम्**=अशुभ का शंसन करनेवाले औरों के अशुभ को चाहनेवाले, **रिपुं मर्त्यम्**=औरों का विदारण करनेवाले मनुष्य को **इत्**=ही **अघम्**=वह पाप व कष्ट **सं अश्नवत्**=सम्यक् व्याप्त करे, **यः**=जो **अस्मत्रा**=हमारे विषय में **दुर्हणावान्**=बुरी तरह से हनन करनेवाला है और **द्वयुः उप**=(जायते) दो प्रकार का, अन्दर कुछ और बाहिर कुछ, अर्थात् छल-छिद्रवाला होता है। (२) वस्तुतः जो औरों का बुरा चाहता है, उसका स्वयं ही बुरा होता है। वस्तुतः न तो हमें 'दुर्हणावान्' बनना चाहिये और न ही 'द्वयु'।

भावार्थ–हम न तो औरों का हनन करनेवाले हों, ना ही छल-छिद्र से वर्तें। ये बातें हमारी अकीर्ति का कारण बनेंगी। उस अघ के शिकार हम ही होंगे।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वःङ्ग देवता—आदित्याःङ्ग छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्ङ्ग स्वरः—ऋषभःङ्ग

संसार में समझदार बनना

पाकत्रा स्थन देवा हृत्सु जानीथ मर्त्यम्। उप द्वयुं चाद्वयुं च वसवः॥ १५॥

(१) हे **देवाः**-देववृत्ति के पुरुषो! आप **पाकत्रास्थन**-परिपक्व ज्ञानवाले होवो, परिपक्व बुद्धिवाले बनो। अपरिपक्व ज्ञानवाला मनुष्य सदा दुःखी होता है। (२) हे **वसवः**-अपने निवास को उत्तम बनानेवाले ज्ञानी पुरुषो! आप **हृत्सु**-अपने हृदयों में **द्वयुं च**-छल-छिद्रवाले पुरुष को व **अद्वयुं च**-निष्कपट **मर्त्यम्**-मनुष्य को **उप जानीथ**-जानते हो। यह ठीक है कि आप छली के छल की उद्घोषणा नहीं करते फिरते। परन्तु उसको ठीक रूप में जानकर उसके धोखे में नहीं आते।

भावार्थ-हम परिपक्व ज्ञानवाले बनें। छली के छल को अपने हृदय में जानते अवश्य हों। इस प्रकार धोखे से बचकर अपने निवास को उत्तम बनायें।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वःङ्ग देवता—आदित्याःङ्ग छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्ङ्ग स्वरः—ऋषभःङ्ग

'पर्वत-जल व द्युलोक और पृथ्वीलोक' की अनुकूलता

आ शर्म पर्वतानामोतापां वृणीमहे। द्यावाक्षामारे अस्मद्रपस्कृतम्॥ १६॥

(१) हम **पर्वतानाम्**-पर्वतों के **उत**-और **अपाम्**-जलों के **शर्म**-सुख को **आवृणीमहे**-सर्वथा वरते हैं। हमें पर्वतों व जलों से कल्याण ही कल्याण प्राप्त हो। (२) हे **द्यावाक्षामा**-द्युलोक व पृथ्वीलोक **अस्मद्**-हमारे से **रपः**-पाप को व दोष को **आरे कृतम्**-दूर करिये। सारा ब्रह्माण्ड हमारे साथ अनुकूलतावाला हो और हमारा जीवन बड़ा निर्दोष बने।

भावार्थ-पर्वत, जल, द्युलोक व पृथ्वीलोक सब हमारे साथ अनुकूलतावाले हों और परिणामतः हमारा जीवन निर्दोष बने।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वःङ्ग देवता—आदित्याःङ्ग छन्दः—उष्णिक्ङ्ग स्वरः—ऋषभःङ्ग

वसुओं का भद्र शर्म

ते नो भद्रेण शर्मणा युष्माकं नावा वसवः। अति विश्वानि दुरिता पिपर्तन॥ १७॥

(१) हे **वसवः**-जीवन में निवास को उत्तम बनानेवाले वसुओ! **ते**-वे आप **नः**-हमें **युष्माकम्**-आपके **भद्रेण शर्मणा**-कल्याणकर रक्षण से **विश्वानि दुरिता**-सब दुरितों के **अति पिपर्तन**-पार ले जावो, **नावा**-जैसे नाव से नदी के पार ले जाते हैं। (२) वसुओं का 'भद्र शर्म'-कल्याणकर रक्षण हमारे लिये इस भव जलधि को तैरने के लिये नौका के समान हो जाये।

भावार्थ-हम जीवन को उत्तम बनानेवाले वसुओं के भद्रशर्म से इस भवजलधि को ऐसे तैर जायें, जैसे कि नाव से नदी को तैर जाते हैं।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वःङ्ग देवता—आदित्याःङ्ग छन्दः—उष्णिक्ङ्ग स्वरः—ऋषभःङ्ग

'द्राघीय आयुः'

तुचे तनाय तत्सु नो द्राघीय आयुर्जीवसे। आदित्यासः सुमहसः कृणोतन॥ १८॥

(१) हे **सुमहसः**-उत्तम तेजवाले **आदित्यासः**-आदित्य विद्वानो! आप अपने ज्ञानोपदेश से **तुचे**-हमारे पुत्रों के लिये **तनाय**-पौत्रों के लिये तथा **नः जीवसे**-हमारे उत्तम जीवन के लिये **तत्**-उस **द्राघीयः आयुः**-दीर्घजीवन को **सुकृणोतन**-सम्यक् करिये। (२) हम इन विद्वानों के

सम्पर्क में उस उत्कृष्ट ज्ञान को प्राप्त करें, जो हमारे लिये तथा हमारे पुत्र-पौत्रों के लिये दीर्घजीवन का कारण बने।

भावार्थ–हम तेजस्वी आदित्य विद्वानों से ज्ञान को प्राप्त करके दीर्घजीवनवाले बनें।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

यज्ञ हमें आदित्यों के कृपा पात्र बनायें

यज्ञो ह्वीळे वो अन्तर आदित्या अस्ति मृळत। युष्मे इद्वो अपि ष्मसि सजात्ये॥ १९॥

(१) हे **आदित्याः**–सूर्यसम ज्ञानरश्मियों को फैलानेवाले विद्वानो! **वः**–आपका **अन्तरः**–अन्तिकतम, अत्यन्त प्रिय यह **यज्ञ**–यज्ञ **ह्वीडः**–गन्तव्य व प्राप्तव्य **अस्ति**–हुआ है। अर्थात् आपके ज्ञानोपदेश से हमने यह यज्ञमार्ग अपनाया है। **मृडत**–आप हमारे जीवन को सुखी करिये। (२) हम **युष्मे इत्**–आप में ही निवासवाले हों। सदा आपके सम्पर्क में रहें। **वः सजात्ये**–आपके बन्धुत्व में **अपि स्मसि**–भी हो पायें। इस यज्ञमार्ग पर चलते हुए हम आपके बन जायें।

भावार्थ–हम आदित्य विद्वानों के सम्पर्क में आकर यज्ञमार्ग को स्वीकार करें। इस प्रकार इन आदित्यों की कृपा के पात्र हों, उन्हीं के वर्ग में सम्मिलित हो जायें।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्राणायाम तथा 'स्नेह व निर्द्वेषता' की साधना

बृहद्वरूथं मरुतां देवं त्रातारमश्विना। मित्रमीमहे वरुणं स्वस्तये॥ २०॥

(१) **मरुताम्**–प्राणों का **वरूथम्**–दोष निवारक बल **बृहत्**–महान् है। हम उस **त्रातारं देवम्**–रक्षक देव प्रभु से **अश्विना**–इन प्राणापानों की ही **ईमहे**–याचना करते हैं। इन प्राणापान के द्वारा हमारा जीवन सबल व निर्दोष बनेगा। (२) हम **मित्रम्**–स्नेह की देवता व **वरुणम्**–निर्द्वेषता की देवता से **स्वस्तये**–कल्याण के लिये (ईमहे) याचना करते हैं। हमारे जीवन में प्राणसाधना के साथ स्नेह व निर्द्वेषता की साधना चले।

भावार्थ–प्राणसाधना से हमारी प्राणापान शक्ति प्रबल हो, इससे हमारे शरीर निर्दोष व सबल बनें। हम स्नेह व निर्द्वेषता को अपनाते हुए कल्याण के भागी हों।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

त्रिवरूथं छर्दिः

अनेहो मित्रार्यमन्नृवद्वरुण शंस्यम्। त्रिवरूथं मरुतो यन्त नश्छर्दिः॥ २१॥

(१) हे **मित्र**–स्नेह की देवते! **अर्यमन्**–शत्रु नियमन की देवते! (अरीन् यच्छति), **वरुण**–निर्द्वेषता की देवते! तथा **मरुतः**–प्राणो! आप सब **नः**–हमारे लिये **छर्दिः**–ऐसे गृह को दीजिये, जो **अनेहः**–पापशून्य हो, **नृवत्**–उन्नतिशील पुत्र-पौत्रोंवाला हो, **शंस्यम्**–प्रभु-शंसन में उत्तम हो और अतएव शंसनीय हो। (२) ऐसा गृह दीजिये जो **त्रिवरूथम्**–शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक तीनों दोषों का निवारण करनेवाला हो। हमारे घरों में सभी इन त्रिविध दोषों से रहित प्रशस्त जीवनवाले हों।

भावार्थ–हम 'स्नेह निर्द्वेषता' व 'काम आदि के नियमन' की साधना को करते हुए प्राणसाधना में प्रवृत्त हों। इससे हमारे घर पापशून्य, उत्तम सङ्गतिवाले, प्रशस्त व 'शरीर, मन व बुद्धि' सम्बन्धी दोषों से रहित होंगे।

ऋषिः—इरिम्बिठिः काण्वः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

मृत्युबन्धवः मनवः

ये चिद्धि मृत्युबन्धव आदित्या मनवः स्मसि। प्र सू न आयुर्जीवसे तिरतन॥ २२॥

(१) हे **आदित्याः**-सूर्य के समान ज्ञानरश्मियों को फैलानेवाले विद्वानो! **ये चित् हि**-जो निश्चय से हम **मनवः स्मसि**-विचारशील बनते हैं और **मृत्युबन्धवः**-मृत्यु के बन्धु होते हैं, अर्थात् मृत्यु को कभी भूलते नहीं हैं। तो आप **नः**-हमारे **जीवसे**-उत्तम जीवन के लिये **आयुः**-आयुष्य को **प्र सु तिरतन**-खूब बढ़ाइये। (२) दीर्घजीवन का मार्ग यही है कि हम सदा सब कार्यों को विचारपूर्वक करें तथा मृत्यु को कभी भूलें नहीं। यह भी आवश्यक है कि मृत्यु की चिन्ता ही न करते रहें, मृत्यु को अपना बन्धु ही समझें।

भावार्थ-मृत्यु के अविस्मरण से सदा सुपथ पर चलते हुए, विचारशील बनकर हम दीर्घजीवी बनें।

यह मृत्यु को न भूलनेवाला व्यक्ति अपने में अच्छाइयों का भरण करता हुआ 'सोभरि' बनता है। यह मेधावी तो है ही 'काण्व'। यह 'अग्नि' नाम से प्रभु का स्तवन करता है-

१९. [एकोनविंशं सूक्तम्]

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सन्ध्या व अग्निहोत्र

तं गूर्धया स्वर्णरं देवासो देवमरतिं दधन्विरे। देवत्रा हव्यमोहिरे॥ १॥

(१) **तम्**-उस **देवम्**-प्रकाशमय प्रभु की **गूर्धय**-स्तुत करो। जो प्रभु **स्वर्णरम्**-प्रकाशमय व सुखमय लोक की ओर हमें ले चलनेवाले हैं। **अरतिम्**-जो प्रभु (ऋ गतौ) सर्वत्र गतिवाले हैं अथवा (अ-रतिम्) कहीं भी आसक्त नहीं। (२) **देवासः**-देववृत्ति के लोग इस प्रभु का **दधन्विरे**-धारण करते हैं, प्रभु का ध्यान करते हैं। और **देवत्रा**-वायु आगे देवों में **हव्यम्**-हव्य पदार्थों को **ओहिरे**-प्राप्त कराते हैं। अग्निहोत्र में घृत व हव्य पदार्थों की आहुति देते हैं। अग्नि के द्वारा छोटे-छोटे कणों में विभक्त होकर ये पदार्थ सब वायु आदि देवों में पहुँचते हैं।

भावार्थ-देववृत्ति के व्यक्ति उस प्रकाशमय प्रभु की उपासना करते हैं और अग्निहोत्र को नियम से करते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

विभूतराति-चित्रशोचिष्-पूर्व्य

विभूतरातिं विप्र चित्रशोचिषमग्निमीळिष्व यन्तुरम्।
अस्य मेधस्य सोम्यस्य सोभरे प्रमंह्वराय पूर्व्यम्॥ २॥

(१) हे **विप्र**-मेधाविन् स्तोतः! तू **अग्निम्**-उस अग्रेणी प्रभु की **ईडिष्व**-स्तुत कर। जो प्रभु **विभूतरातिम्**-व्यापक प्रभूत दानवाले हैं और **चित्रशोचिषम्**-अद्भुत ज्ञान दीप्तिवाले हैं। प्रभु तुझे धन भी प्राप्त करायेंगे और ज्ञान भी देंगे। (२) हे **सोभरे**-अपना उत्तमता से भरण करनेवाले मेधाविन्! तू उस प्रभु का स्तवन कर, जो **अस्य**-इस **सोम्यस्य**-सोम के द्वारा **साध्म**-सोमरक्षण से चलनेवाले **मेधस्य**-जीवनयज्ञ के **यन्तुरम्**-नियामक हैं। **अध्वराय**-इस जीवनयज्ञ को सुन्दरता से पूर्ण करने के लिये **ईम्**-निश्चय से **पूर्व्यम्**-उस पालन व पूरण करनेवालों में उत्तम प्रभु को

प्र (ईडिष्व)=प्रकर्षेण स्तुत कर।

भावार्थ—प्रभु का स्तवन करो। प्रभु ही जीवन यज्ञ की पूर्ति के लिये सब दानों को देते हैं, ज्ञान को प्राप्त कराते हैं, हमारी कमियों को दूर करते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'यजिष्ठ-देव-अमर्त्य' प्रभु

यजिष्ठं त्वा ववृमहे देवं देवत्रा होतारममर्त्यम्। अस्य यज्ञस्य सुक्रतुम्॥ ३॥

(१) हे प्रभो! **यजिष्ठम्**-अतिशयेन पूज्य **त्वा**-आपका **ववृमहे**-हम वरण करते हैं। जो आप **देवम्**-प्रकाशमय हैं, **देवत्रा होतारम्**-देवों में इस प्रकाश को देनेवाले हैं (हु दाने)। सूर्य आदि देव आपकी दीप्ति से ही तो दीप्त होते हैं। **अमर्त्यम्**-अविनाशी हैं। (२) हम उस प्रभु का वरण करते हैं जो **अस्य यज्ञस्य**-इस हमारे जीवनयज्ञ के **सुक्रतुम्**-(सुष्टु कर्तारम्) उत्तमता से सम्पादित करनेवाले हैं, जीवन यज्ञ का संचालन प्रभु के द्वारा ही तो होता है।

भावार्थ—हम प्रभु का ही वरण करें। यही प्रकाश प्राप्ति व अविनाश का मार्ग है। प्रभु ही जीवनयज्ञ को पूर्ण करते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'मित्र वरुण व आपः' का सुख

ऊर्जो नपातं सुभगं सुदीदितिमग्निं श्रेष्ठशोचिषम्।
स नो मित्रस्य वरुणस्य सो अपामा सुम्नं यक्षते दिवि॥ ४॥

(१) गत मन्त्र के अनुसार हम उस प्रभु का (ववृमहे) वरण करते हैं, जो **ऊर्जः नपातं**-शक्ति को न गिरने देनेवाले हैं। **सुभगम्**-शोभन धनवाले हैं। **सुदीदितिम्**-उत्तम दीप्ति से युक्त हैं तथा **श्रेष्ठशोचिषम्**-अति प्रशस्त तेजवाले हैं। (२) **सः**-वे प्रभु **नः**-हमें **मित्रस्य**-स्नेह की देवता के तथा **वरुणस्य**-निर्द्वेषता की देवता के **सुम्नम्**-सुख को **यक्षते**-देते हैं (यज् दाने)। हमें स्नेह व निर्द्वेषतावाला बनाकर प्रीतियुक्त करते हैं। **सः**-वे प्रभु ही **दिवि**-मस्तिष्करूप द्युलोक के निमित्त **अपां सुम्नम्**-(आपः रेतो भूत्वा०) रेतःकणों के सुख को प्राप्त कराते हैं। सुरक्षित रेतःकण ही हमारी ज्ञानाग्नि का ईंधन बनते हैं और ज्ञानाग्नि को दीप्त करते हैं। दीप्त ज्ञानाग्नि ही जीवन के सब वास्तविक सुखों के मूल में है।

भावार्थ—प्रभु हमारी शक्ति को नष्ट नहीं होने देते। शोभन धन व दीप्तिवाले वे प्रभु हमें तेजस्वी बनाते हैं। प्रभु का उपासक सब के प्रति स्नेहवाला व निर्द्वेष होता है। यह शक्तिकणों का रक्षण करके दीप्त ज्ञानाग्निवाला बनता है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—ककुबुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु के प्रति अर्पण

यः समिधा य आहुती यो वेदेन ददाश मर्तो अग्नये। यो नमसा स्वध्वरः॥ ५॥

(१) **यः मर्तः**-जो मनुष्य **समिधा**-ज्ञानदीप्ति के द्वारा, **यः**-जो **आहुती**-आहुति के द्वारा दानपूर्वक अदन के द्वारा तथा **यः**-जो **वेदेन**-वेदाध्ययन के द्वारा **अग्नये ददाश**-उस अग्रेणी प्रभु के लिये अपने को दे डालता है। **यः**-जो **नमसा**-नमन के द्वारा उस प्रभु के प्रति अपने को देता है। वह **स्वध्वरः**-उत्तम जीवनयज्ञवाला होता है। (२) प्रभु के प्रति अपना अर्पण करनेवाला व्यक्ति

जीवन के अन्दर ज्ञानदीप्ति को, त्यागपूर्वक अदन की वृत्ति को, वेदाध्ययन को तथा नमन को लाने के लिये यत्नशील होता है। प्रभु इसके जीवनयज्ञ को बड़ा सुन्दर बना देते हैं।

भावार्थ—हम ज्ञान, त्याग, वेदाध्ययन व नमन को अपनाकर प्रभु के प्रति अपना अर्पण करें, प्रभु के अनुग्रह से सुन्दर जीवनयज्ञवाले हों।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृत् पि-॥ स्वरः—पञ्चमः॥

आधिदैविक व आधिभौतिक कष्टों से दूर

तस्येदर्वन्तो रंहयन्त आशवस्तस्य द्युम्नितमं यशः।
न तमंहो दैवकृतं कुतश्चन न मर्त्यकृतं नशत्॥ ६॥

(१) गत मन्त्र के अनुसार जो प्रभु के प्रति अपना अर्पण करता है, **तस्य इत्**=उसके ही **आशवः**=शीघ्रता से कार्यों में व्याप्त होनेवाले **अर्वन्तः**=इन्द्रियाश्व **रंहयन्ते**=कर्त्तव्य कर्मों में तीव्र गतिवाले होते हैं। **तस्य**=उसी का **यशः**=यश **द्युम्नितमम्**=अधिक से अधिक दीप्तिवाला होता है। इसका जीवन यशस्वी व ज्ञान की दीप्तिवाला होता है। (२) **तम्**=इस प्रभु के उपासक को **कुतश्चन**=कहीं से भी **देवकृतम्**=सूर्य, चन्द्र, नक्षत्र, विद्युत् आदि देवों से उत्पन्न हुआ-हुआ **अंहः**=कष्ट **नशत्**=नहीं प्राप्त होता और **न**=न ही **मर्त्यकृतम्**=मनुष्यों से उत्पन्न हुआ-हुआ कष्ट प्राप्त होता है। अर्थात् यह उपासक प्राकृतिक जगत् व जैविक जगत् की अनुकूलता को प्राप्त करता है और शान्त सुखी जीवनवाला होता है। ऐसी स्थिति में सब इन्द्रियाँ व बुद्धि अपना-अपना कार्य ठीक से करती हैं। सो इस उपासक को अध्यात्म कष्टों से भी पीड़ा नहीं प्राप्त होती। त्रिविध कष्टों से ऊपर उठकर यह प्रभु के अधिकाधिक समीप होता जाता है।

भावार्थ—प्रभु के प्रति अपना अर्पण करनेवाले को न आधिदैविक कष्ट प्राप्त होते हैं, न आधिभौतिक। यह उत्तम इन्द्रियों व बुद्धिवाला बनकर अध्यात्म कष्टों से भी ऊपर उठ जाता है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

स्वग्नयः

स्वग्नयो वो अग्निभिः स्याम सूनो सहस ऊर्जां पते। सुवीरस्त्वमस्मयुः॥ ७॥

(१) हे **सहसः सूनो**=बल के पुत्र, बल के पुञ्ज **ऊर्जाम्पते**=बलों व प्राणशक्तियों के स्वामिन् प्रभो! हम **वः**=आपके **अग्निभिः**=उत्तम मातारूप दक्षिणाग्नि, उत्तम पिता रूप गार्हपत्य अग्नि तथा उत्तम आचार्यरूप आहवनीयाग्नि से **स्वग्नयः स्याम**=उत्तम यज्ञाग्नियोंवाले बनें। इन माता, पिता व आचार्य से पालित-पोषित व शिक्षित होकर हम सदा यज्ञ आदि उत्तम कार्यों को करनेवाले बनें। (२) हे प्रभो! **त्वम्**=आप **सुवीरः**=उत्तम वीर सन्तानों को प्राप्त करानेवाले हैं (शोभना वीराः यस्मात्)। **अस्मयुः**=सदा हमें चाहनेवाले होइये, अर्थात् हम आपके प्रिय बन सकें।

भावार्थ—प्रभु के अनुग्रह से उत्तम माता, पिता, आचार्यरूप अग्नियों को प्राप्त करके हम उत्तम यज्ञादि कर्मों की ओर झुकाववाले बनें। हम उत्तम सन्तानोंवाले हों और प्रभु के प्रिय हों।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—आर्चीभुरिक्पं-॥ स्वरः—पञ्चमः॥

अतिथिर्न, रथो न

प्रशंसमानो अतिथिर्न मित्रियोऽग्ने रथो न वेद्यः।
त्वे क्षेमासो अपि सन्ति साधवस्त्वं राजा रयीणाम्॥ ८॥

(१) **प्रशंसमानः**=प्रकर्षेण शंसन, ज्ञानोपदेश करते हुए **अतिथिः न**=अतिथि की तरह आप **मित्रियः**=इन स्नेही स्तोताओं के हित करनेवाले हैं। **अग्निः**=अग्रेणी होते हुए आप **रथः न**=रथ के समान **वेद्यः**=जानने योग्य हैं। रथ जैसे लक्ष्य-स्थान पर ले जाता है, इसी प्रकार आप हमें लक्ष्य-स्थान पर ले जानेवाले हैं। (२) **त्वे**=आप में **क्षेमासः**=(क्षि विवासगत्योः) निवास व गति करनेवाले **अपि**=भी **साधवः सन्ति**=कार्यों को सिद्ध करनेवाले होते हैं, प्रभु स्मरणपूर्वक गति करनेवाले व्यक्ति साधुत्व को प्राप्त करते हैं। **त्वम्**=आप **रयीणां राजा**=सब धनों व ऐश्वर्यों को स्वामी हैं।

भावार्थ—प्रभु अतिथि के समान ज्ञानोपदेश करते हुए हमारा हित करते हैं। रथ के समान हमें लक्ष्य-स्थान पर पहुँचानेवाले हैं। प्रभु में निवास करनेवाला साधुत्व को प्राप्त करता है। प्रभु ही सब धनों के स्वामी हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

दाश्वध्वर-प्रशंस्य

सो अ॒द्धा दा॒श्वध्व॒रोऽग्ने॒ मर्तः॑ सुभग॒ स प्र॒शंस्यः॑। स धी॒भिर॑स्तु सनि॒ता॥ ९॥

(१) हे **अग्ने**=परमात्मन्! **सः मर्तः**=वह मनुष्य जो गत मन्त्र के अनुसार आप में निवास करता हुआ गतिवाला होता है वह **अद्धा**=सचमुच निःसन्देह **दाश्वध्वरः**=यज्ञों में दानशील होता है। हे **सुभग**=उत्तम ऐश्वर्यवाले प्रभो! **सः**=यह आप में निवास करनेवाला व्यक्ति ही **प्रशंस्यः**=प्रशस्त जीवनवाला होता है। (२) **सः**=वह मनुष्य ही **धीभिः**=उत्तम प्रज्ञानों व कर्मों से **सनिता**=सम्भजनशील होता है, अर्थात् उत्तम कर्मों व प्रज्ञानोंवाला बनता है।

भावार्थ—हम प्रभु में निवास करते हुए सदा यज्ञों में दानशील हों, प्रशस्त जीवनवाले बनें और उत्तम कर्मों व प्रज्ञानोंवाले हों।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—सतः पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

क्षयद्वीरः

यस्य॒ त्वमू॒र्ध्वो अ॑ध्व॒राय॒ तिष्ठ॑सि क्षयद्वी॒रः स साध॑ते।
सो अ॑र्वद्भि॒: सनि॑ता॒ स वि॑पन्यु॒भि॒ स शू॒रैः सनि॑ता कृ॒तम्॥ १०॥

(१) हे प्रभो! **यस्य अध्वराय**=जिसके जीवनयज्ञ के रक्षण के लिये **त्वम्**=आप **ऊर्ध्वः तिष्ठसि**=ऊपर स्थित होते हैं, सदा उद्यत होते हैं, **सः**=वह **क्षयद्वीरः**=निवास करते हैं वीर जिसके यहाँ, अर्थात् वीर सन्तानोंवाला बनता है। **साधते**=यह सब कार्यों को सिद्ध करनेवाला होता है। (२) **सः**=वह **अर्वद्भिः**=प्रशस्त इन्द्रियाश्वों से **सनिता**=सम्भजनशील होता है। **सः**=वह **विपन्युभिः**=(नि० ३।१५ विपन्यु=मेधावी) मेधावी पुरुषों से **कृतम्**=किये हुए कर्मों को **सनिता**=सम्भजनशील होता है। अर्थात् मेधावी पुरुषों की तरह कर्मों को करता है। **सः**=वह **शूरैः**=शूरवीरों से **कृतम्**=किये हुए कर्मों को **सनिता**=सम्भजनशील होता है। अर्थात् शूरों की तरह कार्यों को करता है। इसके व्यवहार में कायरता नहीं होती।

भावार्थ—प्रभु जब हमारे जीवनयज्ञ के रक्षक होते हैं तो हम (क) वीर सन्तानोंवाले होते हैं, (ख) कार्यों को सिद्ध करते हैं, (ग) प्रशस्त इन्द्रियोंवाले बनते हैं, (घ) तथा मेधावी व शूर पुरुषों के कार्यों को करते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

उपासना व अग्निहोत्र (स्तोमं चनः)

यस्याग्निर्वपुर्गृहे स्तोमं चनो दधीत विश्ववार्यः। हव्या वा वेविषद्विषः॥ ११॥

(१) यस्य गृहे=जिसके घर में अग्निः=वह अग्रेणी प्रभु स्तोमम्=स्तुति समूह को धारण करता है और जिसके घर में विश्ववार्यः=सब से वरने के योग्य यह अग्निः=यज्ञकुण्ड में स्थापित आहवनीय स्तोमं चनः=अन्न को दधीत=धारण करती है। अर्थात् जिसके घर में प्रभु की उपासना व अग्निहोत्र नियम से होता है, वह वपुः=सब बुराइयों का वपन (छेदन) करनेवाला होता है। प्रभु की उपासना उसके मानस मलों का अपहरण करती है, तो अग्निहोत्र उसके शारीरिक दोषों को दूर करता है। (२) यह पुरुष विषः=वायु आदि व्याप्त देवों को वा=निश्चय से हव्या=सब हव्य पदार्थों को वेविषद्=प्राप्त कराता है। इस प्रकार यह सब देवों की पवित्रता व ऋतुओं की अनुकूलता का साधक होता हुआ, लोक-कल्याण में प्रवृत्त होता है।

भावार्थ—हम प्रभु की उपासना करें तथा अग्निहोत्री बनें। इस प्रकार हम सब बुराइयों का छेदन कर पायेंगे।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

स्तोता-यष्टा-तत्त्ववेत्ता

विप्रस्य वा स्तुवतः सहसो यहो मक्षूतमस्य रातिषु।
अवोदेवमुपरिमर्त्यं कृधि वसो विविदुषो वचः॥ १२॥

(१) हे सहसो यहो=बल के पुत्र, बल के पुञ्ज (सर्वशक्तिमन्) वसो=सब को निवास देनेवाले प्रभो! इस स्तुवतः=स्तुति करते हुए विप्रस्य=ज्ञानी पुरुष के वा=तथा रातिषु=दान के कार्यों में मक्षूतमस्य=शीघ्रतम पुरुष के विविदुषः=इस तत्त्वज्ञानी के वचः=वचनों को अवः देवम्=द्युलोक नीचे तथा उपरिमर्त्यम्=मर्त्यलोक के ऊपर, अर्थात् सर्वत्र व्याप्त कृधि=करिये। (२) इस तत्त्वज्ञानी के वचनों को सब कोई सुने। और उसकी तरह ही प्रभु-स्तवन को करनेवाला, यज्ञशील व ज्ञानी बनने का प्रयत्न करे।

भावार्थ—स्तोता-यज्ञशील ज्ञानियों के ज्ञानोपदेश सर्वत्र पहुँचें। उनसे प्रेरणा को प्राप्त करके लोग भी वैसा बनने के लिये यत्नशील हों।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पुरउष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

हव्यदातिभिः-नमोभिः-गिरा

यो अग्निं हव्यदातिभिर्नमोभिर्वा सुदक्षमाविवासति। गिरा वाजिरशोचिषम्॥ १३॥

(१) यः=जो सुदक्षम्=शोभन बलवाले व उन्नति के कारणभूत अग्निम्=अग्नि को, अग्रेणी प्रभु को हव्यदातिभिः=हव्यों के देने के द्वारा, अर्थात् यज्ञों के द्वारा वा=तथा नमोभिः=नमस्कारों के द्वारा आविवासति=पूजित करता है, वह भी अग्नि बनता है, आगे बढ़नेवाला होता है तथा सुदक्ष=शोभन बलवाला बनता है। (२) वा=या जो गिरा=ज्ञानपूर्वक उच्चरित स्तुति वाणियों के द्वारा अजिर शोचिषम्=गति द्वारा सब बुराइयों को परे फेंकनेवाले तेज से युक्त प्रभु का उपासन करता है (अज गतिक्षेपणयोः) यह उपासक इस उपासना से तेजस्वी बनकर सब बुराइयों को परे फेंकनेवाला होता है।

भावार्थ–प्रभु का उपासन 'यज्ञों नमस्कारों व ज्ञान वाणियों' द्वारा होता है। उपासक 'आगे बढ़नेवाला, उत्तम बलवाला व गति के द्वारा बुराइयों को परे फेंकनेवाले तेजवाला' होता है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

धीभिः-द्युम्नैः (बुद्धि-विद्या)

समिधा यो निशितीं दाशददितिं धामभिरस्य मर्त्यः।
विश्वेत्स धीभिः सुभगो जनाँ अति द्युम्नैरुद्नेव तारिषत्॥ १४॥

(१) **यः मर्त्यः**=जो मनुष्य **अस्य**=इस अग्रेणी प्रभु के **धामभिः**=तेजों की प्राप्ति के हेतु से **निशिती**=प्रज्वलन हेतुभूत **समिधा**=ज्ञानदीप्ति के द्वारा **अदितिं दाशत्**=अदीना देवमाता के प्रति अपना अर्पण करता है। अर्थात् जब मनुष्य अपने अन्दर उस ज्ञानाग्नि को प्रज्वलित करता है जो वासनाओं को दग्ध करती है और प्रभु के तेजों को प्राप्त कराती है, तो वह अपने जीवन को दिव्यगुणों के उत्पादन के योग्य बना पाता है। (२) **सः**=वह पुरुष **धीभिः**=उत्तम कर्मों के द्वारा व बुद्धियों के द्वारा **सुभगः**=उत्तम ऐश्वर्यवाला होता हुआ **द्युम्नैः**=ज्ञान-ज्योतियों से **विश्वा इत्**=सब ही **जनान्**=लोगों को **अतितारिषत्**=अतिक्रमण कर जाता है, **इव**=जैसे कोई व्यक्ति **उद्नः**=जल से पार हो जाता है।

भावार्थ–हम अपने अन्दर ज्ञानाग्नि को प्रज्वलित करें। यही हमें प्रभु के तेजों को प्राप्त करायेगी, दिव्यगुणों का हमारे अन्दर वर्धन करेगी। बुद्धि व विद्या का सम्पादन करते हुए सब से आगे बढ़ जायेंगे (अति समं क्राम)।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

शत्रु-पराभावक 'द्युम्न'

तदग्ने द्युम्नमा भर यत्सासहत्सदने कं चिदत्रिणम्। मन्युं जनस्य दूढ्यः॥ १५॥

(१) हे **अग्ने**=परमात्मन्! **तद्**=उस **द्युम्नम्**=ज्ञानज्योति को **आभर**=हमारे में भरिये **यत्**=जो **सदने**=इस शरीर गृह में आ जानेवाले **कञ्चिद्**=किसी भी **अत्रिणम्**=हमें खा जानेवाले राक्षसी भाव को **सासहत्**=पराभूत कर दे, कुचल दे। (२) और उस ज्ञान-ज्योति को दीजिये जो **दूढ्यः**=दुर्बुद्धि **जनस्य**=मनुष्य के **मन्युम्**=क्रोध को परभूत कर दे, अर्थात् दुर्बुद्धि मनुष्य की इस ज्ञानी के ज्ञान से प्रभावित होकर क्रोध को न करनेवाला हो जाये।

भावार्थ–हम ज्ञान-ज्योति के द्वारा वासनाओं को पराभूत करनेवाले बनें। दुर्बुद्धि जनों के क्रोध का भी विलापन करनेवाले हों।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

वह 'बल'

येन चष्टे वरुणो मित्रो अर्यमा येन नासत्या भगः।
वयं तत्ते शवसा गातुवित्तमा इन्द्रत्वोता विधेमहि॥ १६॥

(१) **येन शवसा**=जिस बल के द्वारा **वरुणः**=निर्द्वेषता की देवता **चष्टे**=हमारे जीवन को प्रकाशित करती है, **मित्रः**=स्नेह की देवता तथा **अर्यमा**=(अरीन् यच्छति) शत्रु नियमन की देवता हमारे जीवन को प्रकाशमय करती है। **येन**=जिस बल के द्वारा **नासत्या**=अश्विनी देव, अर्थात् प्राणापान तथा **भगः**=ऐश्वर्य की देवता हमारे जीवन को प्रकाशमय बनाती है। **वयम्**=हम

ते=आपके तत्=उस बल को विधेमहि=परिचरित करते हैं, पूजते हैं। हम इस बल का पूजन करते हैं, यह बल ही हमारे जीवन में 'वरुण' आदि देवों के निवास का कारण बनता है। (२) इसी बल से हम, हे इन्द्र=सर्वशक्तिमन् प्रभो! त्वोताः=आप के द्वारा रक्षित होते हैं और गातुवित्तमाः=अधिक से अधिक मार्ग को प्राप्त करनेवाले होते हैं। यह बल ही हमें मार्गभ्रष्ट नहीं होने देता।

भावार्थ–हम बल का सम्पादन करते हुए 'निर्द्वेष, स्नेहवाले, शत्रु-नियन्ता, प्राणापान की शक्ति से सम्पन्न, ऐश्वर्यशाली व मार्ग पर चलनेवाले' बनें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

नृचक्षा-सुक्रतु

ते घेदग्ने स्वाध्यो३ ये त्वा विप्र निदधिरे नृचक्षसम्। विप्रासो देव सुक्रतुम्॥ १७॥

(१) हे अग्ने=परमात्मन्! ते=वे घा इत्=ही निश्चय से स्वाध्यः=उत्तम ध्यानवाले होते हैं, ये=जो हे विप्र=हमारा विशेषरूप से पूरण करनेवाले प्रभो! त्वा=आपको निदधिरे=अपने हृदयों में धारण करते हैं। (२) हे देव=प्रकाशमय प्रभो! उत्तम ध्याता वे ही हैं जो विप्रासः=अपना विशेषरूप से पूरण करनेवाले, अपनी न्यूनताओं को दूर करनेवाले होते हुए, नृचक्षसम्=सब मनुष्यों का ध्यान करनेवाले सुक्रतुम्=उत्तम कर्मों व प्रज्ञानोंवाले आपको अपने हृदयों में धारण करते हैं। आपका ध्यान करते हुए ये स्वयं भी 'नृचक्षा व सुक्रतु' बनने का ध्यान करते हैं।

भावार्थ–प्रभु का हृदय में धारण करनेवाला ही उत्तम ध्याता है। यह 'नृचक्षा व सुक्रतु' बनता है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

यज्ञ-सोम सम्पादन=ऐश्वर्य का विजय

त इद्वेदिं सुभग त आहुतिं ते सोतुं चिक्रिरे दिवि।
त इद्वाजेभिर्जिग्युर्महद्धनं ये त्वे कामं न्येरिरे॥ १८॥

(१) हे सुभग=उत्तम ऐश्वर्योंवाले प्रभो! ये=जो लोग त्वे=आपके विषय में कामम्=इच्छा को न्येरिरे=प्रेरित करते हैं, अर्थात् आपको प्राप्त करने की कामनावाले होते हैं, ते इत्=वे ही वेदिम्=वेदि को, यज्ञभूमि को चक्रिरे=बनाते हैं। ते=वे ही आहुतिम्=(चक्रिरे) वहाँ यज्ञाग्नि में आहुतियों को करते हैं। ते=वे दिवि=ज्ञान के प्रकाश के निमित्त सोतुम्=सोम के सम्पादन के लिये प्रवृत्त होते हैं। सोमरक्षण के द्वारा ही तो वे अपनी ज्ञानाग्नि को दीप्त कर पायेंगे। इस प्रकार प्रभु प्राप्ति की कामनावाले पुरुष यज्ञशील होते हैं और सोम का सम्पादन करते हैं। (२) ते=वे यज्ञशील व सोम का सम्पादन करनेवाले व्यक्ति इत्=ही वाजेभिः=शक्तियों के द्वारा व त्यागों के द्वारा (वाज=sacrifice) महद्=महान् धनम्=धन का जिग्युः=विजय करते हैं।

भावार्थ–प्रभु प्राप्ति की कामनावाले लोग यज्ञशील व सोम का सम्पादन करते हैं। ये ही त्याग व शक्ति के द्वारा महान् धन का विजय करते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—ककुबुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

चार बातें

भद्रो नो अग्निराहुतो भद्रा रातिः सुभग भद्रो अध्वरः। भद्रा उत प्रशस्तयः॥ १९॥

(१) नः-हमारे लिये आहुतः-जिसके प्रति अपना अर्पण किया गया है वह अग्निः-माता, पिता, आचार्यरूप अग्नि भद्रः-कल्याणकर हो। हम माता, पिता, आचार्य के प्रति पूर्णरूप से अपना अर्पण करनेवाले हों और ये हमारा कल्याण करनेवाले हों। रातिः-दान की प्रक्रिया भद्रा-हमारे लिये कल्याणकर हो, इस दान से हमारी बुराइयों का छेदन होकर हमारा जीवन शुद्ध बने। (२) हे सुभग-उत्तम ऐश्वर्यवाले प्रभो! अध्वरः-हिंसारहित यज्ञरूप कर्म भद्रः-हमारा कल्याण करें। उत-और प्रशस्तयः-प्रभु के प्रशंसन, स्तवन भद्राः-हमारे लिये कल्याणकर हों।

भावार्थ-हम माता, पिता, आचार्य के प्रति अपने अर्पण से जीवन को प्रारम्भ करें। गृहस्थ में दान देनेवाले बनें। वानप्रस्थ की साधना में यज्ञात्मक कर्म करते हुए संन्यस्त होकर सतत प्रभु-शंसन में प्रवृत्त रहें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

संग्राम में उत्तम मन के द्वारा विजय

भद्रं मनः कृणुष्व वृत्रतूर्ये येना समत्सु सासहः।
अवं स्थिरा तनुहि भूरि शर्धतां वनेमा ते अभिष्टिभिः॥ २०॥

(१) हे प्रभो! आप वृत्रतूर्ये-संग्राम में, काम-क्रोध-लोभ आदि के साथ चलनेवाले अध्यात्म-संग्राम में हमारे मनः-मन को भद्रं कृणुष्व-कल्याणयुक्त करिये। हमारा मन ऐसा बने येन-जिससे समत्सु-संग्रामों में सासहः-हम इन शत्रुओं का पराभव कर पायें। (२) शर्धताम्-हमारा प्रसहन (पराभव) करते हुए इन काम-क्रोध आदि के भूरि-खूब ही स्थिरा-दृढ़ भी धनुषों को अवतनुहि-अवनत करिये, ज्यारहित करिये, आक्रमण के अयोग्य कर दीजिये। ते-आपके अभिष्टिभिः-अभ्येषण (प्राप्ति) साधन स्तोत्रों से हम वनेम-उत्कृष्ट धनों का सम्भजन करें।

भावार्थ-प्रभु अध्यात्म-संग्रामों में हमारे मनों को इस प्रकार भद्र बनायें, कि हम इन संग्रामों में शत्रुओं को जीत ही पायें। शत्रुओं के धनुषों को आप ढीला करिये। हम प्रभु प्राप्ति के साधनभूत स्तोत्रों से उत्तम धनों का सम्भजन करें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'दूत, अरति, यजिष्ठ, हव्यवाहन' प्रभु

ईळे गिरा मनुर्हितं यं देवा दूतमरतिं न्येरिरे। यजिष्ठं हव्यवाहनम्॥ २१॥

(१) मैं गिरा-स्तुति वाणियों के द्वारा मनुर्हितम्-विचारशील पुरुष के द्वारा हृदय में स्थापित किये गये प्रभु को ईडे-उपासित करता हूँ। यम्-जिस को देवाः-देववृत्ति के पुरुष न्येरिरे-प्राप्त होते हैं। (२) उस प्रभु की उपासना करता हूँ जो दूतम्-ज्ञान का सन्देश देनेवाले हैं, अरतिम्-स्वामी (अर्य) हैं अथवा (अ रतिम्) अनासक्त हैं। यजिष्ठम्-अधिक से अधिक पूज्य हैं और हव्यवाहनम्-हव्य पदार्थों को प्राप्त करानेवाले हैं।

भावार्थ-हम प्रभु का उपासन करें। विचारशील देववृत्ति के पुरुष प्रभु को प्राप्त किया करते हैं। प्रभु ज्ञान का सन्देश देनेवाले अनासक्त सर्वाधिक पूज्य व सब हव्य पदार्थों के प्राप्त करानेवाले हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

यज्ञों से सुवीर्य-प्राप्ति

तिग्मजम्भाय तरुणाय राजते प्रयो गायस्यग्नये।
यः पिंशते सूनृताभिः सुवीर्यमग्निर्घृतेभिराहुतः॥ २२॥

(१) तिग्मजम्भाय=तीक्ष्ण दंष्ट्राओंवाले, तरुणाय=सब रोगों से तरानेवाले, राजते=चमकते हुए अग्नये=अग्नि के लिये प्रयः=हविर्लक्षण अन्न को गायसि=तू प्राप्त कराता है। प्रभु जीव को अग्निहोत्र की प्रेरणा देते हुए कहते हैं कि यह अग्नि रोगकृमियों के लिये बड़ा तीक्ष्ण दंष्ट्र है, तुम्हें रोगों से तरानेवाला है। इसके लिये हविर्द्रव्यों को प्राप्त करा के तुम स्वस्थ व राजमान (चमकते हुए) बनोगे। (२) यः अग्निः=जो अग्नि है, वह सूनृताभिः=प्रिय सत्य मन्त्रात्मक वाणियों से तथा घृतेभिः=घृतों से आहुतः=आहुत हुआ-हुआ सुवीर्यं पिंशते=स्तोता के साथ उत्तम शक्ति को आशू ेषित करता है। इन यज्ञों में प्रवृत्त होने से मन्त्रात्मक वाणियों का उच्चारण व त्याग की वृत्ति का उदय होता रहता है। परिणामतः वासनामय जीवन नहीं बनता। सोमरक्षण होकर जीवन सुन्दरतम बनता है।

भावार्थ—हम अग्निहोत्र आदि यज्ञों में प्रवृत्त हों। ये यज्ञ जहाँ हमें नीरोग बनायेंगे, वहाँ हमारे साथ उत्तम शक्ति का सम्पर्क करेंगे।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

असुर इव निर्णिजम् (प्रभु की तरह)

यदीं घृतेभिराहुतो वाशीमग्निर्भरत उच्चावं च। असुरइव निर्णिजम्॥ २३॥

(१) यदि=यदि अग्निः=प्रगतिशील जीव घृतेभिः=ज्ञानदीप्तियों से आहुतः=समन्तात् हुत होता है, और वाशीम्=अपनी प्रभु गुणगान की ध्वनि का उत् च अव च=आरोह व अवरोह पूर्वक भरते=भरण करता है, तो यह अग्नि असुरः इव=उस प्राणशक्ति का संचार करनेवाले ब्रह्म की तरह निर्णिजम्=रूप को धारण करता है। (२) हम अपने अन्दर ज्ञान की निरन्तर आहुतियाँ दें तथा प्रभु के गुणों का गायन करें तभी हम प्रभु को प्राप्त करेंगे। प्रभु की तरह ही चमक उठेंगे।

भावार्थ—ज्ञान व स्तवन हमें प्रभु धारण के योग्य बनाते हैं। उस समय हम भी उस ब्रह्म की तरह दीप्त रूपवाले हो उठते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—आर्चीस्वराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

देव

यो हव्यान्यैरयता मनुर्हितो देव आसा सुगन्धिना।
विवासते वार्याणि स्वध्वरो होता देवो अमर्त्यः॥ २४॥

(१) यो=जो हव्यानि=हव्य पदार्थों को ऐरयत=अग्नि द्वारा वायु आदि देवों में प्रेरित करता है, अर्थात् सदा यज्ञशील होता है। मनुः=विचारशील बनता है व हितः=सबका हित करनेवाला होता है। सदा सुगन्धिना आसा=उत्तम सुगन्धित शब्दों से युक्त मुखवाला होता है, यही पुरुष देवः=देव है। (२) यह वार्याणि=सदा वरणीय वस्तुओं व धनों को विवासते=विशेषरूप से धारण करता है। स्वध्वरः=उन वार्य वस्तुओं के द्वारा उत्तम हिंसारहित यज्ञात्मक कर्मों में प्रवृत्त होता है। होता=सदा दानपूर्वक अदन करनेवाला बनता है। देवः=प्रकाशमय जीवनवाला व

अमर्त्यः=नीरोग होता है।

भावार्थ—देव वह होता है जो यज्ञशील, विचारक, हितकर, मधुरभाषी है। यह वरणीय धनों को प्राप्त करके यज्ञशील, दाता, प्रकाशमय जीवनवाला व नीरोग बनता है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—आर्चीस्वराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अमर्त्य

यदग्ने मर्त्यस्त्वं स्यामहं मित्रमहो अमर्त्यः। सहसः सूनवाहुत॥ २५॥

(१) हे अग्ने=अग्रेणी, मित्रमहः=मृत्यु से बचाने वाले तेज से युक्त, सहसः सूनो=शक्ति के पुञ्ज, आहुत=समनगत् दानोंवाले प्रभो! यत्=यदि अहम्=मैं मर्त्यः=मरणधर्मा पुरुष त्वं स्याम्=तू हो जाऊँ तो फिर अमर्त्यः=तेरे समान ही अमर्त्य बन जाऊँ। (२) अमर्त्य बनने का भाव यह है कि इस जीवन में नीरोग होना और फिर जन्म-मरण के चक्र से ऊपर उठ जाना। यह सब होगा तभी जब हम अग्रगतिवाले बनें, तेजस्वी हों, बल का सम्पादन करें व त्यागशील बनें।

भावार्थ—हम 'अग्ने, मित्रमहः, सहसः सूनो, आहुत' शब्दों से प्रभु का स्मरण करते हुए प्रभु जैसे बनें। इस प्रकार हम मर्त्यता से अमर्त्यता में प्रवेश कर जायेंगे।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—आर्चीस्वराड्पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'अभिशस्ति व पाप' के लिये प्रार्थना नहीं

न त्वा रासीयाभिशस्तये वसो न पापत्वाय सन्त्य।
न मे स्तोतामतीवा न दुर्हितः स्यादग्ने न पापया॥ २६॥

(१) हे वसो=वसानेवाले प्रभो! त्वा=आपको अभिशस्तये=किसी के भी हिंसन के लिये न रासीय=व्यर्थ की प्रार्थना न करता रहूँ। हे सन्त्य=सम्भजनीय प्रभो! पापत्वाय=किसी पाप कर्म के लिये भी न रासीय=न प्रार्थना करूँ। (२) हे मे अग्ने=मेरे अग्रेणी प्रभो! यह आपका स्तोता=उपासक न अमतीवा=न दुर्बुद्धि हो न दुर्हितः=न बुरे कर्मों में स्थापित हो, न पापया स्यात्=न पाप बुद्धि से बाधित हो। आपका स्तवन करता हुआ मैं सुबुद्धि बनूँ, सदा सत्कार्यों में प्रवृत्त रहूँ, कभी भी पाप बुद्धि से बाधित न होऊँ।

भावार्थ—हम कभी भी किसी की हिंसा के लिये व पाप के लिये प्रार्थना न करें। प्रभु के उपासक बनते हुए सुबुद्धि व सत्कार्य प्रवृत्त हों और पाप से दूर रहें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—भुरिगार्चीविराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

यज्ञाग्नि का सुभरण

पितुर्न पुत्रः सुभृतो दुरोण आ देवाँ एतु प्र णो हविः॥ २७॥

(१) पितुः पुत्रः न=पिता से जिस प्रकार पुत्र का सुभरण किया जाता है, इसी प्रकार यह यज्ञिय अग्नि दुरोणे=घर में सुभृतः=हमारे से सम्यक् धारण की जाये। (२) नः=हमारी हविः=अग्नि में डाली गयी आहुति देवान्=वायु आदि देवों को आ एतु=समन्तात् प्राप्त हो। अग्नि इन हविर्द्रव्यों को सूक्ष्म कणों में विभक्त करके सारे वायुमण्डल में फैलानेवाला हो।

भावार्थ—हम घरों में यज्ञाग्नि का इस प्रकार भरण करें जैसे पिता पुत्र का भरण करता है। इसे हम अपना मुख्य कर्त्तव्य समझें। यह यज्ञ ही सब वायुमण्डल को पवित्र करता है व हमारे लिये नीरोग बनाता है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु के बनें, प्रकृति में न फँसें

तवाहमग्न ऊतिभिर्नेदिष्ठाभिः सचेय जोषमा वसो। सदा देवस्य मर्त्यः॥ २८॥

(१) हे अग्ने=अग्रेणी प्रभो! अहम्=मैं तव=आपकी नेदिष्ठाभिः=अन्तिकतम ऊतिभिः=रक्षणों से जोषम्=प्रीतिपूर्वक कर्त्तव्य कर्मों के सेवन को आसचेय=अपने साथ जोड़नेवाला बनूँ। आपसे रक्षित हुआ-हुआ प्रीतिपूर्वक कर्त्तव्य कर्मों में लगा रहूँ। (२) हे वसो=वसानेवाले प्रभो! मैं सदा=सदा देवस्य=दिव्य गुणों के पुञ्ज प्रकाशमय आपका ही मर्त्यः=मनुष्य बना रहूँ। इसी प्रकार मैं उत्तम निवासवाला बन पाऊँगा।

भावार्थ—प्रभु से रक्षित होकर हम कर्त्तव्य कर्मों में तत्पर रहें। सदा उस देव के बनें, प्रकृति में फँस न जायें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'ऋतु-राति-प्रशस्ति'

तव क्रत्वा सनेयं तव रातिभिरग्ने तव प्रशस्तिभिः।
त्वामिदाहुः प्रमतिं वसो ममाग्ने हर्षस्व दातवे॥ २९॥

(१) हे अग्ने=अग्रेणी प्रभो! क्रत्वा=कर्म व प्रज्ञान के द्वारा तव सनेयम्=आपका सम्भजन करूँ। अर्थात् यज्ञ आदि कर्मों में प्रवृत्त होकर और प्रज्ञान को प्राप्त करके आपका उपासक बनूँ। रातिभिः=दान की क्रियाओं से तव=आपका सम्भजन करूँ। तथा प्रशस्तिभिः=स्तुतियों के द्वारा तव=आपका सम्भजन करूँ। एवं प्रभु का उपासन 'कर्म, प्रज्ञान, दान व स्तवन' से होता है। (२) हे वसो=हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले प्रभो! त्वां इत्=आपको ही प्रमतिं आहुः=प्रकृष्ट बुद्धिवाला कहते हैं। हे अग्ने=अग्रेणी प्रभो! आप इस प्रमति को, प्रकृष्ट बुद्धि को मम दातवे=मेरे लिये देने के लिये हर्षस्व=प्रसन्न होइये इस प्रमति के द्वारा ही तो मैं अपने निवास को उत्तम बना पाऊँगा।

भावार्थ—हम 'कर्म-प्रज्ञान, दान व स्तवन' से प्रभु का शंसन करें। प्रभु से प्रकृष्ट प्रज्ञा को पाकर अपने निवास को उत्तम बनायें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—ककुबुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु के 'सुवीर-वाजभर्मभिः' रक्षण

प्र सो अग्ने तवोतिभिः सुवीराभिस्तिरते वाजभर्मभिः। यस्य त्वं सख्यमावरः॥ ३०॥

(१) हे अग्ने=अग्रेणी प्रभो! यस्य=जिस भी उपासक की सख्यम्=मित्रता का आवरः=आप वरण करते हैं, सः=वह तव ऊतिभिः=आपके रक्षणों के द्वारा प्रतिरते=अतिशयेन वृद्धि को प्राप्त करता है। (२) ये आपके रक्षण सुवीराभिः=हमें उत्तम वीर सन्तानों को प्राप्त करानेवाले हैं, तथा वाजभर्मभिः=हमारे शक्ति का भरण करनेवाले हैं।

भावार्थ—प्रभु की मित्रता में, प्रभु के रक्षणों के द्वारा उत्तम सन्तानों व शक्ति को प्राप्त करके हम वृद्धि को प्राप्त होते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

यक्ष (केनोपनिषद्)

तव द्रप्सो नीलवान्वाश ऋत्विय इन्धानः सिष्णवा ददे।
त्वं महीनामुषसामसि प्रियः क्षपो वस्तुषु राजसि॥ ३१॥

(१) हे सिष्णो=अपने प्रकाश से हमारे ध्यान को अपनी ओर खेंचनेवाले प्रभो! तव द्रप्सः=आपका ज्योतिष्कण (spark) नीलवान्=(नील) एक शुभ उद्घोषणावाला है। वाशः=यह एक पुकार है। ऋत्वियः=यह पुकार उस समय के अनुकूल होती है। इन्धानः=मैं अपने अन्दर ज्ञान को दीप्त करता हुआ आददे=इस पुकार का ग्रहण करता हूँ। (२) आप मेरे जीवन में महीनाम्=पूजा के लिये उचित उषसाम्=उषाकालों के तो प्रियः असि=प्रिय हैं ही। अर्थात् उषाकालों में तो मैं आपका स्मरण करता ही हूँ। आप क्षपः=रात्रि व वस्तुषु=दिनों में (वस्तु) राजसि=मेरे जीवन में चमकते हैं। अर्थात् मैं दिन-रात आपका स्मरण करता हूँ। यह सदा आपका स्मरण ही मेरे जीवन को पवित्र व प्रकाशमय बनाता है। (३) सर्वत्र प्रभु की ज्योति चमक रही है। विचारक को यह ज्योति अपनी ओर आकृष्ट करती है। वह सदा उस प्रभु का स्मरण करता हुआ अपने जीवन को निरभिमान बना पाता है।

भावार्थ—मेरे जीवन में प्रभु की ज्योति चमके प्रभु के ज्योतिष्कण से आकृष्ट होऊँ। दिन-रात प्रभु को स्मरण करता हुआ इस ज्योतिष्कण को लेने का प्रयत्न करूँ।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सहस्रमुष्कं-स्वभिष्टि-सम्राट्-त्रासदस्यव

तमाग्न्म सोभरयः सहस्रमुष्कं स्वभिष्टिमवसे। सम्राजं त्रासदस्यवम्॥ ३२॥

(१) सोभरयः=अपना उत्तमता से भरण करनेवाले हम तम्=उस अग्रेणी प्रभु को अवसे=रक्षण के लिये आगन्म=प्राप्त होते हैं। जो प्रभु सहस्रमुष्कम्=अनन्त तेजवाले हैं (तमांसि मुष्णन्ति=मुष्क), स्वभिष्टिम्=सम्यक् अभ्येषणीय हैं। ये प्रभु ही जानने योग्य व प्रार्थना करने योग्य हैं। (२) उस प्रभु को हम प्राप्त होते हैं जो सम्राजम्=सम्यक् देदीप्यमान हैं और त्रासदस्यवम्=दास्यव भावों को भयभीत करनेवाले हैं। जिनके तेज की अग्नि में 'काम-क्रोध-लोभ' आदि दास्यव भाव दग्ध हो जाते हैं।

भावार्थ—प्रभु 'सहस्रमुष्क, स्वभिष्टि, सम्राट् व त्रासदस्यव' हैं। इन प्रभु को रक्षण के लिये हम प्राप्त हों।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

शुभ-क्षत्र

यस्य ते अग्ने अन्ये अग्नय उपक्षितो वयाइव।
विशो न द्युम्ना नि युवे जनानां तव क्षत्राणि वर्धयन्॥ ३३॥

(१) हे अग्ने=अग्रेणी प्रभो! यस्य=जिन ते=आपके अन्ये=दूसरे अग्नयः=माता, पिता व आचार्यरूप अग्नियाँ उपक्षितः=समीप रहनेवाले हैं, वयाः इव=इस प्रकार समीप रहनेवाले हैं जैसे शाखायें वृक्ष के समीप होती हैं, शाखा जब तक वृक्ष के साथ है तब तक उसमें भी रस का संचार होता रहता है, अलग होते ही वह सूख जाती है। इसी प्रकार संसार की सब अग्नियाँ उस महान्

अग्नि प्रभु से ही अग्नित्व को प्राप्त होती हैं। प्रभु से अलग होते ही उनका अग्नित्व समाप्त हो जाता है। (२) मैं इन अग्नियों के प्रति अपना अर्पण करता हुआ, इनकी आज्ञा में चलता हुआ **तव क्षत्राणि**=आपके बलों को **वर्धयन्**=अपने में बढ़ाता हुआ, **विपः न**=मेधावी स्तोताओं की तरह **जनानाम्**=लोगों के **द्युम्ना**=यज्ञों को **नियुवे**=नितरां प्राप्त होता हूँ। अर्थात् लोगों में यशस्वी जीवनवाला बनता हूँ।

भावार्थ—प्रभु महान् अग्नि हैं, इनकी उपासना से अन्यत्र अग्नित्व की प्राप्ति होती है। इन माता, पिता, आचार्यरूप अग्नियों के सान्निध्य से हम भी बल-सम्पन्न व यशस्वी जीवनवाले बनते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—आदित्यः॥ छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'आदित्य-अद्रुक्-सुदानु'

यमादित्यासो अद्रुहः पारं नयथ मर्त्यम्। मघोनां विश्वेषां सुदानवः॥ ३४॥

(१) गत मन्त्र में वर्णित उस महान् अग्नि (प्रभु) की उपेक्षित् अन्य अग्नियों को सम्बोधन करते हुए कहते हैं कि हे अग्नियो! **यं मर्त्यम्**=जिस मनुष्य को आप **पारं नयथ**=सब अशिवों के पार ले जाते हो। ये मनुष्य **आदित्यासः**=उत्कृष्ट ज्ञान का आदान करनेवाले, ज्ञानों से सूर्य की तरह चमकनेवाले बनते हैं। **अद्रुहः**=ये द्रोह की भावना से रहित होते हैं तथा **विश्वेषां मघोनाम्**=सब यज्ञशील पुरुषों में **सुदानवः**=खूब ही अधिक दानशील होते हैं। (२) उत्तम माता, पिता व आचार्य को प्राप्त करके ये युवक ज्ञान के दृष्टिकोण से सूर्य की तरह चमकनेवाले आदित्य बनते हैं। मन के दृष्टिकोण से ये द्रोह की भावना से रहित होते हैं तथा खूब ही यज्ञों में दान की प्रवृत्तिवाले बनते हैं। मस्तिष्क में 'आदित्य', मन में 'अद्रुक्', हाथों में 'सुदानु' होते हैं।

भावार्थ—हम उत्तम माता, पिता व आचार्य के सम्पर्क में 'आदित्य, अद्रुक् व सुदानु' बनें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—आदित्यः॥ छन्दः—स्वराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

वरुण, मित्र, अर्यमा

यूयं राजानः कं चिच्चर्षणीसहः क्षयन्तं मानुषाँ अनु।
वयं ते वो वरुण मित्रार्यमन्त्स्यामेदृतस्य रथ्यः॥ ३५॥

(१) हे **वरुण**=निर्द्वेषता की देवते! **मित्र**=स्नेह की देवते! तथा **अर्यमन्**=(अरीन् यच्छति) काम-क्रोध आदि को नियंत्रित करनेवाली देवते! **ते वयम्**=वे हम **वः**=आपके ही हों, आप तीनों की आराधना करनेवाले हों और **इत्**=निश्चय से **ऋतस्य**=यज्ञ आदि ऋत (ठीक) कर्मों के ही **रथ्यः**=प्रणेता **स्याम**=हों। (२) हे **यूयम्**=मित्र व अर्यमन्! आप सब **राजानः**=हमारे जीवनों को दीप्त बनानेवाले हो। **चर्षणीसहः**=हमारे शत्रुभूत मनुष्यों का पराभव करनेवाले हो। हम 'स्नेह, निर्द्वेषता व संयम' से शत्रुओं की शत्रुता को समाप्त करनेवाले बनते हैं। हे वरुण मित्र अर्यमन्! आप **मानुषान् क्षयन्तम्**=सब मनुष्यों को उत्तम निवास व गति देनेवाले, अर्थात् सब के हित में प्रवृत्त **कञ्चित्**=किसी विरल व्यक्ति के **अनु**=अनुकूल होते हो। कोई विरल पुरुष ही 'वरुण, मित्र व अर्यमा' की आराधना करता हुआ सब के हित में प्रवृत्त होता है।

भावार्थ—हम 'निर्द्वेषता, स्नेह व संयम' के धारण करनेवाले बनकर यज्ञ आदि उत्तम कर्मों के प्रणेता हों। इनकी आराधना से शत्रुओं की शत्रुता को दूर करें। सब के हित में प्रवृत्त हों।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—त्रसदस्योर्दानस्तुतिः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

पौरुकुत्स्यः त्रसदस्युः

अदान्मे पौरुकुत्स्यः पञ्चाशतं त्रसदस्युर्वधूनाम्। मंहिष्ठो अर्यः सत्पतिः॥ ३६॥

(१) **पौरुकुत्स्यः**=पुरुकुत्स का सन्तान, अर्थात् बड़ा पुरुकुत्सः=खूब ही वासनाओं का संहार करनेवाले (कुक्ष हिंसायाम्) **त्रसदस्युः**=दास्यव भावनाओं को भयभीत करनेवाले जिनके हृदयस्थ होने पर दास्यव भावनायें उत्पन्न ही नहीं होती वे प्रभु **मे**=मेरे लिये **वधूनाम्**=ज्ञान का वहन करनेवाली **पञ्चाशतम्**=(पञ्च, शतम्) शत वर्ष पर्यन्त ठीक कार्य करनेवाली पाँच ज्ञानेन्द्रियों को **अदात्**=देते हैं। (२) ये प्रभु **मंहिष्ठः**=दातृतम हैं, सर्वोत्तम दाता हैं। **अर्यः**=स्वामी हैं। **सत्पतिः**=सब सत्कार्यों के रक्षक हैं।

भावार्थ—प्रभु हमारे लिये वासनाओं के संहार के द्वारा शतवर्षपर्यन्त चलनेवाली पाँच ज्ञानवाहिनी ज्ञानेन्द्रियों को देते हैं। वस्तुतः यह प्रभु का महान् दान है। वे प्रभु ही स्वामी हैं, सब सत्कार्यों के रक्षक हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—त्रसदस्योर्दानस्तुतिः॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'प्रयियु, वयियु, सुवास्तु'

उत मे प्रयियोर्वयियोः सुवास्त्वा अधि तुग्वनि।
तिसृणां सततीनां श्यावः प्रणेता भुवद्वसुर्दियानां पतिः॥ ३७॥

(१) **उत**=और **मे**=मेरे लिये वे प्रभु **प्रयियोः**=जीवनयात्रा के लिये आवश्यक धन के (प्रयायते अनेन) **प्रणेता**=प्राप्त करानेवाले हैं। **वयियोः**=(ऊयते येन) जिससे कर्म तन्तु का विस्तार किया जाता है उस ज्ञानरूप वस्त्र के **प्रणेता**=देनेवाले हैं। तथा **सुवास्त्वाः**=उत्तम शरीर गृह के देनेवाले हैं। वे **तिसृणाम्**=तीनों **सततीनाम्**=सर्पणशील जीवन में निरन्तर बढ़नेवाले काम, क्रोध व लोभ के **अधि तुग्वनि**=आधिक्येन हिंसन के निमित्त प्रभु ही 'वयियु, सुवास्तु व प्रयियु' के देनेवाले हैं। वे कर्मतन्तु के विस्तारक ज्ञान को देकर प्रभु मुझे 'काम' से ऊपर उठाते हैं। उत्तम निवास के हेतुभूत इस शरीर गृह को देकर 'क्रोध' से दूर करते हैं तथा 'प्रयियु'=आवश्यक धन को देकर 'लोभ' से परे करते हैं। (२) वे प्रभु ही **श्यावः**=(श्यैङ् गतौ) सब कार्यों के संचालक हैं। **भुवद्वसुः**=सब वसुओं के भावयिता (उत्पादक) हैं तथा **दियानां पतिः**=दानशील पुरुषों के रक्षक हैं। प्रभु का इस प्रकार स्मरण करते हुए हम इन तीनों सततियों का तीनों सर्पणशील 'काम-क्रोध-लोभ' का शमन कर सकें।

भावार्थ—प्रभु ही धन-कर्मतन्तु विस्तारक ज्ञान तथा उत्तम शरीर गृह को देकर हमें काम-क्रोध-लोभ से दूर करते हैं। हम प्रभु का इस रूप में स्मरण करें, कि प्रभु ही सब कार्यों के सञ्चालक, धनों के उत्पादक व दानों के स्वामी हैं।

अगले सूक्त में 'सोभरि' मरुतों का स्तवन करते हैं। मरुत् 'अध्यात्म' में प्राण हैं, 'अधिदैवत' रूप में ये वायु हैं, 'आधिभौतिक' क्षेत्र में ये सैनिक हैं—

२०. [विंशं सूक्तम्]

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—ककुबुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

स्थिरा चित् नमयिष्णवः

आ गन्ता मा रिषण्यत प्रस्थावानो मापस्थाता समन्यवः। स्थिरा चिन्नमयिष्णवः॥ १॥

(१) हे प्राणो! **आगन्त**-तुम हमें प्राप्त होवो। **मा रिषण्यत**-हमें किसी भी रोग आदि से हिंसित न होने दो। **प्रस्थावानः**-निरन्तर प्रस्थानवाले, निरन्तर गतिशील आप **मा अपस्थात**-हमारे से दूर मत होवो। **समन्यवः**-आप सब, प्राण, अपान, व्यान आदि भेद से अनेक रूपों में काम करनेवाले, **समन्यवः**-समानरूप से तेजस्वी होवो (spirit, mettle, courage)। (२) हे प्राणो! आप **स्थिरा चित्**-बड़े दृढ़मूल भी 'रोग व काम-क्रोध-लोभ' आदि शत्रुओं को **नमयिष्णवः**-झुका देनेवाले होवो। आपकी कार्यशक्ति से हम नीरोग बनें।

भावार्थ-प्राणशक्ति हमें नीरोग व शान्त जीवनवाला बनाती है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—सतः पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

वीडुपविभिः-सुरीतिभिः

वीळुपविभिर्मरुत ऋभुक्षण आ रुद्रासः सुदीतिभिः।
इषा नो अद्या गंता पुरुस्पृहो यज्ञमा सोभरीयवः॥ २॥

(१) हे **ऋभुक्षणः**-(उरुभासमान निवासाः) खूब दीप्त निवासवाले, **रुद्रासः**-रोगों का द्रावण करनेवाले **मरुतः**-प्राणो! **वीडुपविभिः**-दृढ़ रथनेमियोंवाले **सुदीतिभिः**-उत्तम दीप्तियों से युक्त शरीररथों से **आगत**-हमें प्राप्त होवो। आपकी साधना से यह शरीररथ दृढ़ व दीप्तिमय बने। (२) हे **पुरुस्पृहः**-खूब ही स्पृहणीय, **सोभरीयवः**-मुझे सोभरि (=उत्तम भरणवाला) बनाने की कामनावाले मरुतो! **अद्य**-आज **नः यज्ञम्**-हमारे जीवनयज्ञ में **इषा**-उत्तम प्रेरणा के हेतु से **आगत**-प्राप्त होवो। आपकी साधना से ही तो हृदय की शुद्धि होने पर अन्तःस्थित प्रभु की प्रेरणा सुन पड़ती है।

भावार्थ-प्राणसाधना से हमारे शरीर दृढ़ व दीप्त बनें। हमें इस जीवनयज्ञ में प्रभु की प्रेरणा सुनाई पड़े। तदनुसार कार्य करते हुए हम 'सोभरि' बनें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्राणों का 'उग्र शुष्म'

विद्मा हि रुद्रियाणां शुष्ममुग्रं मरुतां शिमीवताम्। विष्णोरेषस्य मीळ्हुषाम्॥ ३॥

(१) हम **रुद्रियाणाम्**-रोगों को दूर करनेवालों में उत्तम **शिमीवताम्**-प्रशस्त कर्मोंवाले प्राणों के **उग्रम्**-तेजस्वी **शुष्मम्**-शत्रु-शोषक बल को **हि**-निश्चय से **विद्म**-जानते हैं। प्राण रोगों को दूर करते हैं, हमें प्रशस्त कर्मों में प्रवृत्त करते हैं और शत्रु-शोषक तेज प्राप्त कराते हैं। (२) हम उन प्राणों के बल को जानते हैं, जो **एषस्यः**- अभ्येषणीय-चाहने योग्य **विष्णोः**-व्यापक रेतःकण रूप जलों के **मीढुषाम्**-शरीर में सेचन करनेवाले हैं। प्राणसाधना से शरीर में रेतःकणों की ऊर्ध्वगति होती है, ये रेतःकण शरीर में रुधिर के साथ सर्वत्र व्याप्त होते हैं।

भावार्थ-प्राणसाधना से (क) रोग दूर होते हैं, (ख) प्रशस्त कर्मों को हम सिद्ध करते हैं, (ग) रेतःकणों को शरीर में ही व्याप्त करनेवाले होते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

शुभ्रखादयः-स्वभानवः

वि द्वीपानि पार्पतन्तिष्ठदुच्छुनोभे युंजन्त रोदसी।
प्र धन्वान्यैरत शुभ्रखादयो यदेजथ स्वभानवः॥ ४॥

(१) हे **शुभ्रखादयः**=चमकते हुए आयुधोंवाले, **स्वभानवः**=अपनी दीप्तिवाले, अर्थात् बिना वेश के स्वयं भी तेजस्विता से चमकनेवाले वीर सैनिको! **यद्**=जब **एजथ**=आप हिलते हो, गतिमय होते हो तो **द्वीपानि विपापतन्**=द्वीप के द्वीप हिल उठते हैं। **तिष्ठत्**=सब स्थान वृक्ष आदि **दुच्छुना**=बुरी तरह से हिल जाते हैं (शुन् To move)। ये सैनिक चलते हैं तो पृथिवी से उठी धूलि आकाश तक पहुँचती है। इस प्रकार ये सैनिक **उभे रोदसी**=दोनों द्यावापृथिवी को **युजन्त**=मिला-सा देते हैं। (२) हे सैनिको! आप **धन्वानि**=इन मरुस्थलों को **प्र ऐरत**=प्रकर्षेण गतिवाला करते हो। मरुस्थल अपने रेत को कहीं का कहीं पहुँचा देते हैं। सारा रेगिस्तान कम्पित-सा हो उठता है।

भावार्थ—दीप्त अस्त्रों से सुसज्जित, तेजस्विता से दीप्त सैनिक जब चलते हैं, तो सारा प्रदेश ही चल-सा पड़ता है, सब स्थावर चीजें हिल जाती हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—ककुबुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सैनिकों की गति से भूमि का भी काँप उठना

अच्युता चिद्वो अज्मन्ना नानदति पर्वतासो वनस्पतिः। भूमिर्यामेषु रेजते॥ ५॥

(१) हे सैनिको! **वः**=आपके **अज्मन्**='संग्रामे गमने सति' संग्राम में गति के होने पर **अच्युता चित् पर्वतासः**=कभी न हिलनेवाले पर्वत भी तथा **वनस्पतिः**=सब वृक्ष **आनानदति**=हिल जाने पर शब्दायमान हो उठते हैं। (२) **यामेषु**=आपकी गतियों के होने पर **भूमिः**=सम्पूर्ण पृथिवी ही **रेजते**=काँप उठती है।

भावार्थ—सैनिकों की हलचल से पर्वत, वनस्पति व सारी भूमि ही शब्दायमान हो उठती है और हिल पड़ती है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—पादनिचृत्पि-॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सैनिकों के लिये द्युलोक भी मार्ग छोड़ देता है

अमाय वो मरुतो यातवे द्यौर्जिहीत उत्तरा बृहत्।
यत्रा नरो देदिशते तनूष्वा त्वक्षांसि बाह्वोजसः॥ ६॥

(१) हे **मरुतः**=सैनिको! **वः**=तुम्हारे **अमाय**=बल के लिये व **यातवे**=गति के लिये **द्यौः**=यह द्युलोक **बृहत्**=खूब ही **उत्तरा**=उद्गततर होकर **जिहीते**=गतिवाला होता है। मानो द्युलोक भी इन सैनिकों के लिये मार्ग छोड़ देता है। (२) यह वहाँ होता है, **यत्रा**=जहाँ कि **बाह्वोजसः**=बाहुओं में बलवाले, सबल भुजाओंवाले, **नरः**=आगे और आगे बढ़नेवाले ये सैनिक **तनूषु**=अपने शरीरों पर **त्वक्षांसि**=दीप्त आयुधों को **आदेदिशते**=आदिष्ट करते हैं, धारण करते हैं।

भावार्थ—अस्त्रों से सुसज्जित वीरों की सेना के चलने पर द्युलोक भी मानो उनके लिये मार्ग को छोड़ देता है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—ककुबुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

वृषप्सवः-अहुतप्सवः

स्वधामनु श्रियं नरो महि त्वेषा अमवन्तो वृषप्सवः। वहन्ते अहुतप्सवः॥ ७॥

(१) **त्वेषाः नरः**=ये दीप्त अग्रगामी सैनिक **स्वधां अनु**=आत्मधारण शक्ति के अनुसार **महि**=महान् **श्रियम्**=शोभा को **वहन्ते**=धारण करते हैं। ये अपने धारण के लिये किसी दूसरे पर

आश्रित नहीं होते। ये औरों का, सारे राष्ट्र का धारण करते हैं। (२) ये सैनिक **अमवन्तः**-बल सम्पन्न होते हैं। **वृषप्सवः**-शक्ति सिक्त रूपवाले होते हैं, बड़े तेजस्वी प्रतीत होते हैं। **अहृतप्सवः**-अकुटिलरूप होते हैं, छल-छिद्र की भावना से रहित होते हुए शुद्ध हृदय से देश के रक्षक होते हैं। अपने स्वार्थ के लिये कभी देश-द्रोह नहीं करते है।

भावार्थ-सैनिकों की शोभा अद्भुत ही होती है। ये बलवान् तेजस्वी व निश्छल वृत्ति से देश की सेवा करनेवाले होते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—निचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

गोभिः वाणः अज्यते (इषे, भुजे, स्परसे)

गोभिर्वाणो अज्यते सोभरीणां रथे कोशे हिरण्ययें।
गोबन्धवः सुजातासः इषे भुजे महान्तो नः स्परसे नु॥ ८॥

(१) **सोभरीणाम्**-उत्तमता से अपने 'शरीर, मन व बुद्धि' का भरण करनेवालों के **रथे**-इस शरीररथ में **हिरण्यये कोशे**-ज्योतिर्मय कोश में, ज्ञानोज्ज्वल हृदयदेश में **गोभिः**-इन ज्ञान की वाणियों के द्वारा **वाणः**-उस प्रभु की वाणी **अज्यते**-प्रकट होती है। इन वेद-वाणियों का स्वाध्याय प्रभु की वाणी के सुनने में सहायक होता है। (२) **गोबन्धवः**-ज्ञान की वाणियों को हमारे साथ बाँधनेवाले, **सुजातासः**-उत्तम विकासवाले, **महान्तः**-महनीय, ये अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्राण हमारे जीवनों में **इषे**-प्रभु-प्रेरणा को सुनने के लिये होते हैं, ये **भुजे**-हमारे पालन के लिये होते हैं और **नु**-निश्चय से **नः**-हमारे **स्परसे**-(प्रीत्यै बलाय च) बलवर्धन व प्रीति के लिये होते हैं।

भावार्थ-स्वाध्याय हृदयदेश में प्रभु की वाणी के सुनने में सहायक होता है। प्राणसाधना से हृदय में प्रेरणा सुनाई पड़ती है, शरीर का पालन ठीक से होता है तथा बल व प्रीति का अनुभव होता है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

हव्य पदार्थों का सेवन व प्राणवर्धन

प्रति वो वृषदञ्जयो वृष्णे शर्धाय मारुताय भरध्वम्। हव्या वृष्प्रयाव्णे॥ ९॥

(१) हे **वृषदञ्जयः**-सुखों के वर्षक सोम से अपने को सिक्त करनेवाले साधको! आप **वः**-तुम्हारे **वृष्णे**-शक्ति का सेचन करनेवाले, **वृषप्रयाव्णे**-शक्तिशाली गतियोंवाले **मारुताय शर्धाय**-इन प्राणों के बल के लिये **हव्या**-हव्य पदार्थों को **प्रतिभरध्वम्**-प्रतिदिन धारण करनेवाले होवो। (२) हव्य पदार्थों का सेवन ही प्राण शक्ति की वृद्धि का कारण बनता है। साधित हुए-हुए ये प्राण शरीर में शक्ति का सेचन करते हैं। और हमारी सब गतियों को शक्ति-सम्पन्न बनाते हैं।

भावार्थ-हम हव्य पदार्थों का सेवन करते हुए अपने में प्राणों की शक्ति का भरण करें। ये प्राण हमारी क्रियाओं को शक्ति सम्पन्न करेंगे।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—सतः पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'वृषणश्व-वृषप्सु-वृषनाभि' रथ

वृषणश्वेन मरुतो वृषप्सुना रथेन वृषनाभिना।
आ श्येनासो न पक्षिणो वृथा नरो हव्या नो वीतयें गत॥ १०॥

(१) हे नरः=हमें उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले मरुतः=प्राणो! आप रथेन=उस शरीर रथ के हेतु से नः=हमारे इन हव्या=हव्य पदार्थों के वीतये=भक्षण के लिये वृथा=अनायास ही आगत=प्राप्त होवो। न=जिस प्रकार पक्षिणः=उत्तम पँखोंवाले श्येनासः=श्येन (बाज) पक्षी प्राप्त होते हैं। श्येन चिड़िया आदि का शिकार करते हैं और ये प्राण रोगों का। (२) प्राण रोगों को समाप्त करके हमें उस शरीररथ से युक्त करते हैं जो वृषणश्वेन=शक्तिशाली इन्द्रियाश्वोंवाला है, वृषप्सुना=तेजस्वी रूपवाला है तथा वृषनाभिना=शक्तिशाली नाभिवाला है, जिसमें सब नाड़ियों का बन्धन-स्थान बड़ा दृढ़ है।

भावार्थ—प्राणशक्ति के वर्धन के लिये हव्य पदार्थों का सेवन करने पर हमारा शरीररथ शक्तिशाली इन्द्रियाश्वोंवाला, तेजरूपवाला व शक्तिशाली नाड़ी-बन्धनवाला बनता है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

वीर सैनिकों का समान वेष (uniform)

समानमञ्जयेषां वि भ्राजन्ते रुक्मासो अधि बाहुषु। दविद्युतत्यृष्टयः॥ ११॥

(१) एषाम्=इन वीर सैनिकों का अञ्जि=रूप व्यञ्जक पोशाक समानम्=समान है। सब समान वेष को धारण किये हुए हैं (uniform)। इन की बाहुषु अधि=भुजाओं पर रुक्मासः=सोने के बने दीप्त अंगद (भूषणविशेष व पदक) विभ्राजन्ते=विशेषरूप से चमक रहे हैं। (२) इन के हाथों में ऋष्टयः=शत्रु-नाशक अस्त्र दविद्युतति=चमकते हैं। इन की चमक शत्रुओं की आँखों को चुँधियानेवाली होती है।

भावार्थ—वीर सेनानी समान वेष में खूब ही रोबीले प्रतीत होते हैं। इन की भुजाओं पर स्वर्ण के पदक तथा हाथों में शत्रु-नाशक अस्त्र इन की दीप्ति को बढ़ानेवाले होते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—पादनिचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

वीर सैनिक व देश की श्री का वर्धन

त उग्रासो वृषण उग्रबाहवो नकिष्टनूषु येतिरे।
स्थिरा धन्वान्यायुधा रथेषु वोऽनीकेष्वधि श्रियः॥ १२॥

(१) ते=वे युद्धभूमि में प्राणों को त्यागनेवाले सैनिक उग्रासः=बड़े उद्गूर्ण बलवाले, बढ़े हुए बलवाले हैं। वृषणः=शक्तिशाली हैं। उग्रबाहवः=बड़ी तेजस्वी भुजाओंवाले हैं। ये तानूषु=अपने शरीरों के रक्षक के विषय में नकिः येतिरे=कभी प्रयत्न नहीं करते। अपने सबल शरीरों को देश के लिये आहुत करने के लिये ये तैयार पर तैयार होते हैं। (२) इनके रथेषु=रथों पर स्थिरा धन्वानि=दृढ़ धनुष व आयुध=अन्य युद्ध के अस्त्र होते हैं। वस्तुतः हे सैनिको! वः=आपके अनीकेषु अधि=सेनाओं के अग्रभागों में ही श्रियः=राष्ट्र की सब सम्पत्तियों का निवास है।

भावार्थ—तेजस्वी सैनिक देशरक्षा के लिये प्राणत्याग करते हुए भयभीत नहीं होते। अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित रथों पर आरूढ़ होकर शत्रु-विजय करते हुए ये देश की 'श्री' की अभिवृद्धि का कारण बनते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'सप्रथः त्वेषं' नाम

येषामर्णो न सप्रथो नाम त्वेषं शश्वतामेकमिद्भुजे। वयो न पित्र्यं सहः॥ १३॥

(१) **येषाम्**-जिन **शश्वताम्**-(शश हुतगतौ) तीव्र गतिवाले मरुतों (सैनिकों) का **त्वेषम्**-दीप्त **नाम**-शत्रुओं को नमानेवाला बल **अर्णः न**- समुद्र जल के समान **सप्रथः**-विस्तार से युक्त है, विस्तार से ही क्या युक्त है? **एकं इत्**-अद्वितीय ही है। यह बल **भुजे**-राष्ट्र के पालन के लिये होता है। (२) **वयः न**-आयुष्य की तरह **सहः**-इनका शत्रुमर्षक बल **पित्र्यम्**-पिता के कार्य के करने में उत्तम होता है, अर्थात् इन सैनिकों का आयुष्य व बल राष्ट्ररक्षण में ही विनियुक्त होता है पिता जैसे परिवार का रक्षण करता है, इसी प्रकार ये सैनिक अपने जीवन व बल से राष्ट्र का रक्षण करते हैं।

भावार्थ-तीव्र गतिवाले सैनिकों का बल विस्तृत व दीप्त होता है। यह राष्ट्र रक्षण में विनियुक्त होता है। इनका आयुष्य व बल राष्ट्र के लिये वही काम करता है, जो पिता परिवार के लिये किया करता है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—आर्चीभुरिक्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सैनिकों का समादर

तान्वन्दस्व मरुतस्ताँ उप स्तुहि तेषां हि धुनीनाम्।
अराणां न चरमस्तदेषां दाना महा तदेषाम्॥ १४॥

(१) **तान् मरुतः**-गत मन्त्र में वर्णित राष्ट्र रक्षक वीर सैनिकों का **वन्दस्व**-तू वन्दन कर। **तान् उपस्तु हि**-उनकी स्तुति कर, इनकी उचित प्रशंसा का हम गायन करें। **धुनीनां तेषां हि**-शत्रुओं को कम्पित करनेवाले उन सैनिकों में निश्चय से, **चरमः न**-कोई पिछला नहीं, सब एक से एक बढ़ करके हैं। **अराणां (न)**-जिस प्रकार चक्र में लगे दण्ड सब समान ही होते हैं, कोई पहला व कोई पिछला नहीं होता। इसी प्रकार ये सैनिक सब एक दूसरे से बढ़कर के हैं। (२) वस्तुतः राष्ट्र में जो भी उन्नति व शान्ति दिखती है, **तद्**-यह सब **एषां दाना**-इनके (दाप लवने) शत्रु-खण्डनात्मक कार्य के द्वारा ही होती है। यह राष्ट्र जो भी दिखता है, **तद्**-वह सब **एषाम्**-इनकी **महा**-महिमा से ही दिखता है। राष्ट्र की सब उन्नति के मूल में ये राष्ट्र रक्षक मरुत् ही होते हैं।

भावार्थ-हम सैनिकों का वन्दन करें, इनकी उचित प्रशंसा करें। इन शत्रु-कम्पक सैनिकों में सब एक दूसरे से बढ़कर हैं। राष्ट्र की सब उन्नति के मूल में इनका ही शत्रु-खण्डनात्मक कार्य है, इनकी महिमा से राष्ट्र खड़ा है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्राणसाधना व सुभगता

सुभगः स वं ऊतिष्वास पूर्वासु मरुतो व्युष्टिषु। यो वां नूनमुतासति॥ १५॥

(१) हे **मरुतः**-शरीरस्थ प्राणो! जो मनुष्य **पूर्वासु व्युष्टिषु**-जीवन के प्रारम्भिक (व्युष्टि= Day-break) प्रातःकालों में, अर्थात् आयुष्य के प्रथम वर्षों में, **वः**-आपके **ऊतिषु**-रक्षणों में **आस**-रहता है व वीर्य रक्षण द्वारा दीप्ति को प्राप्त करता है (अस दीप्तौ), **सः**-वह पुरुष **सुभगः**-उत्तम भाग्यवाला होता है। (२) **उत**-और **यः**-जो **वा**-निश्चय से **नूनम्**-अब भी जीवन के माध्यन्दिन सवन व तृतीय सवन में भी आपके रक्षणों में **असति**-रहता है, वह अतिशयेन सौभाग्यवान् होता है। प्राणसाधना ही तो वीर्य की ऊर्ध्वगति का कारण बनती है। इसी से मनुष्य सब सौभाग्यों का आश्रय स्थान होता है।

भावार्थ—हम जीवन के प्रातःकाल में ही प्राणों की साधना करते हुए वीर्य की ऊर्ध्वगति के द्वारा जीवन में सौभाग्य सम्पन्न बनें। जीवन के मध्याह्न व सायंकाल में भी यह प्राणसाधना व वीर्यरक्षण का हेतु बने।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—सतः पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

द्युम्न-वाज-सुम्न

यस्य वा यूयं प्रति वाजिनो नर आ हव्या वीतये गथ।
अभि ष द्युम्नैरुत वाजसातिभिः सुम्ना वो धूतयो नशत्॥ १६॥

(१) हे **वाजिनः**—शक्तिशाली **नरः**—उन्नतिपथ पर हमें ले चलनेवाले प्राणो! **यस्य**—जिस भी मनुष्य के **नः**—निश्चय से **हव्य**—हव्य पदार्थों को ही **वीतये**—खाने के लिये **यूयम्**—आप **प्रति आगथ**—प्रतिदिन प्राप्त होते हो। अर्थात् जो मनुष्य सात्त्विक अन्नों का ही सेवन करता हुआ आपका वर्धन करता है **सः**—वह **वः**—आपकी **द्युम्नैः**—ज्ञान-ज्योतियों से **अभिनशत्**—व्याप्त होता है। (२) **उत**—और वह पुरुष **वाजसातिभिः**—शक्तियों के सम्भजन से युक्त होता है। हे **धूतयः**—शत्रुओं से कम्पित करनेवाले प्राणो! रोगों व वासनाओं को नष्ट करनेवाले प्राणो! यह व्यक्ति **वः**—आपके **सुम्ना**—सब सुखों व रक्षणों को **नशत्**—प्राप्त होता है।

भावार्थ—हम प्राणसाधना के साथ सात्त्विक भोजन को अपनायें, तो ज्ञान शक्ति व सब सुखों को प्राप्त करेंगे।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'रुद्रस्य सूनवः-युवानः' (मरुतः)

यथा रुद्रस्य सूनवो दिवो वशन्त्यसुरस्य वेधसः। युवानस्तथेदसत्॥ १७॥

(१) **यथा**—जैसे **रुद्रस्य सूनवः**—रोगों के द्रावयिता के पुत्र, अर्थात् खूब ही रोगों का द्रावण करनेवाले, प्राण **वशन्ति**—चाहते हैं, **इत्**—निश्चय से तथा **असत्**—वैसा ही हो जाता है। अर्थात् शरीर में शासन प्राणों का है। (२) ये प्राण **दिवः**—ज्ञान के प्रकाश के तथा **असुरस्य**—(असून् एति) प्राणशक्ति का संचार करनेवाले सोम के **वेधसः**—(विधातारः) कर्ता हैं। इन प्राणों ने ही शक्ति की ऊर्ध्वगति करनी है, तथा उस सुरक्षित सोम को ज्ञानाग्नि का ईंधन बनाकर ज्ञानाग्नि को दीप्त करना है। और इस प्रकार ये प्राण **युवानः**—(यु मिश्रणामिश्रणयोः) सब बुराइयों को पृथक् करनेवाले व सब अच्छाइयों को हमारे साथ मिलानेवाले हैं।

भावार्थ—शरीर में प्राण रोगों को दूर भगानेवाले, ज्ञान व सोम के कर्ता तथा सब बुराइयों को दूर करके सब अच्छाइयों को हमारे साथ मिलानेवाले हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—विराट्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

वस्यसा हृदा (उप आववृध्वम्)

ये चार्हन्ति मरुतः सुदानवः स्मन्मीळ्हुषश्चरन्ति ये।
अतश्चिदा न उप वस्यसा हृदा युवान आ ववृध्वम्॥ १८॥

(१) **ये**—जो **सुदानवः**—उत्तम दानशील पुरुष अथवा वासनाओं का छेदन करनेवाले पुरुष (दाप् लवने) **मरुतः**—इन प्राणों का **अर्हन्ति**—पूजन करते हैं, अर्थात् प्राणसाधना में प्रवृत्त होते हैं। **च**—और **ये**—जो **स्मत्**—प्रशस्त रूप से **मीळ्हुषः**—शरीर में शक्ति का सेचन करनेवाले प्राणों को

चरन्ति=उत्तम हवियों से पूजित करते हैं, अर्थात् प्राणवर्धक हव्य पदार्थों का ही सेवन करते हैं। अतः=सो चित्=निश्चय से नः=हम दोनों, प्राणसाधना द्वारा पूजन करनेवाले तथा हव्य पदार्थों के सेवन से प्राणवर्धन करनेवाले, लोगों को आ=लक्ष्य करके वस्यसा=वसुमत्तम, अतिशयेन वसुओंवाले, हृदा=हृदय से उप आववृध्वम्=(उपेत्य अभिसंभजत) प्राप्त होवो। अर्थात् हमें अतिशयेन उत्तम हृदय प्राप्त कराओ। हमारा हृदय वासनाओं से शून्य होकर दिव्य गुणों का निवास-स्थान बने। (२) युवानः=हे प्राणो! आप सब बुराइयों को पृथक् करनेवाले व अच्छाइयों को मिलानेवाले हो। इस प्रकार आप ही हमारे हृदयों को पवित्र बनाते हो।

भावार्थ=हम प्राणसाधना में प्रवृत्त हों, हव्य पदार्थों के सेवन से प्राणशक्ति को बढ़ायें। ये प्राण हमें प्रशस्त हृदय प्राप्त करायेंगे। ये सब बुराइयों को दूर करनेवाले व अच्छाइयों को प्राप्त करानेवाले हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—ककुबुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'युवा-वृषा-पावक' प्राण

यून ऊ षु नविष्ठ्या वृष्णः पावकाँ अभि सोभरे गिरा। गाय गाइव चर्कृषत्॥ १९॥

(१) हे सोभरे=अपना उत्तम प्रकार से भरण करनेवाले! तू उ=निश्चय से यूनः=बुराइयों को दूर करनेवाले और अच्छाइयों का मेल करनेवाले (यु मिश्रणामिश्रणयोः), इसी उद्देश्य से वृष्णः=शक्ति का शरीर में सेचन करनेवाले पावकान्=जीवनों को पवित्र करनेवाले प्राणों को सुनविष्ठया=अतिशयेन स्तुत्य गिरा=वाणी से अभिगाय=स्तुत कर। प्राणों के महत्त्व का स्मरण कर। (२) उसी प्रकार तू प्राणों का गायन कर, इव=जैसे चर्कृषत्=खेती करता हुआ व्यक्ति (यूनः वृष्णः) गाः=युवा शक्तिशाली बैलों का शंसन करता है। इन बैलों के द्वारा उसका खेती का कार्य सुचारूरूपेण चलता है, इसी प्रकार युवा-वृषा-पावक प्राणों के द्वारा शरीर क्षेत्र का कार्य चला करता है।

भावार्थ=हम प्राणसाधना के द्वारा प्राणों को शक्तिशाली बनायें। ये प्राण हमारे जीवनों से सब बुराइयों को दूर करके उन्हें पवित्र बनायेंगे।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—निचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'वृषा-चन्द्र-सुश्रवस्तम' मरुत् (सैनिक)

साहा ये सन्ति मुष्टिहेव हव्यो विश्वासु पृत्सु होतृषु।
वृष्णश्चन्द्रान्न सुश्रवस्तमान् गिरा वन्दस्व मरुतो अह॥ २०॥

(१) ये=जो (मरुत्=) सैनिक साहाः=शत्रुओं का पराभव करनेवाले सन्ति=हैं। विश्वासु=सब होतृषु=आह्वानशील जिन में एक दूसरे को ललकारा जा रहा है, ऐसे पृत्सु=संग्रामों में मुष्टिहा इव=एक मल्ल की तरह (मुक्के के प्रहार से मारनेवाले की तरह) हव्यः=पुकारने योग्य होते हैं। संग्रामों में इन शत्रुमर्षक सैनिकों ने ही तो विजय प्राप्त करनी होती है। (२) इन वृष्णः=शक्तिशाली चन्द्रान् न=(न=इव) जैसे आह्लादमय हैं, प्रसन्नता से युक्त हैं उसी प्रकार सुश्रवस्तमान्=अतिशयेन कीर्ति से सम्पन्न मरुतः=सैनिकों को अह=निश्चय से वन्दस्व=वन्दित कर। इन वीर सैनिकों को उचित आदर दिया जाये। ये वीर सैनिक शक्तिशाली होते हुए प्रसन्नता पूर्वक युद्धों में प्राणत्याग के लिये उद्यत रहते हैं। इन्हें सन्मान मिलना ही चाहिये।

भावार्थ=युद्ध के समय सैनिकों की ही पुकार होती है। इन शक्तिशाली प्रसन्न मनवाले कीर्ति-सम्पन्न सैनिकों का हमें समादर करना आवश्यक है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

समन्यवः-सबन्धवः

गावश्चिद्धा समन्यवः सजात्येन मरुतः सबन्धवः। रिहते ककुभो मिथः॥ २१॥

(१) **मरुतः**=एक राष्ट्र के सैनिक **चिद् घा**=निश्चय से **समन्यवः**=देश के शत्रुओं के प्रति रोष से भरे होते हैं। **गावः**=(गच्छन्ति) प्रचण्ड रोष में ये शत्रु के प्रति जानेवाले होते हैं। इस प्रचण्ड मन्यु के कारण ही इनके आक्रमण में प्रचण्डता आती है। (२) ये सैनिक **सजात्येन**=समान जातित्व (nationality) के कारण **सबन्धवः**=सबन्धु होते हैं, परस्पर बन्धुत्ववाले होते हैं। आपस में ये एक होकर अपना व्यापार करते हैं। (३) **मिथः**=परस्पर एकत्व के कारण ही ये **ककुभः रिहते**=दिशाओं को चाटनेवाले होते हैं (रिह आस्वादने) दिग्विजयी बनते हैं। शत्रुओं का उच्चाटन करते हुए ये दिशाओं के अन्त तक पहुँचते हैं।

भावार्थ—एक राष्ट्र के सैनिक शत्रु के प्रति रोषवाले होते हुए शत्रु पर आक्रमण करते हैं। ये एक जातीयता (भारतीयता आदि nationalities) के कारण परस्पर बन्धुत्व से पूर्ण होते हैं। इस एकता से सबल बनकर ये दिग्विजयी बनते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—सतः पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

नृतवः-रुरुक्मवक्षसः

मर्तश्चिद्धो नृतवो रुक्मवक्षस उप भ्रातृत्वमायति।
अधि नो गात मरुतः सदा हि व आपित्वमस्ति निष्ठुवि॥ २२॥

(१) हे **रुक्मवक्षसः**=बाहुवों पर स्वर्ण के पदकों को धारण करनेवाले, वीरता के सूचक पदकों से युक्त भुजाओंवाले, **नृतवः**=रणांगण में नृत्य करनेवाले **मरुतः**=वीर सैनिको! **मर्तः चित्**=एक राष्ट्र का सामान्य मनुष्य भी **वः**=आपके **भ्रातृत्वम्**=भ्रातृत्व को **उपायति**=समीपता से प्राप्त होता है। आप एक सामान्य मनुष्य को भी रक्षित करने के लिये यत्नशील होते हो। (२) हे सैनिको! **नः**=हमारे लिये **अधिगात**=आधिक्येन गतिवाले होवो। **वः**=आपका **आपित्वम्**=बन्धुत्व **हि**=ही **सदा**=हमेशा **निष्ठुवि**=राष्ट्र की ध्रुवता का कारण **अस्ति**=है। आपका यह बन्धुत्व ही राष्ट्र का रक्षक होता है।

भावार्थ—राष्ट्र के सैनिक राष्ट्र के प्रत्येक पुरुष में भ्रातृत्व को अनुभव करते हैं। इन सैनिकों का यह मित्रभाव ही राष्ट्र का रक्षण करता है। ये राष्ट्र रक्षण के लिये रणांगण में नृत्य करनेवाले होते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—ककुबुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'मारुत भेषज'

मरुतो मारुतस्य न आ भेषजस्य वहता सुदानवः। यूयं सखायः सप्तयः॥ २३॥

(१) शरीर में प्राण ही सब रोगों का औषध हैं। ये ही सब रोगों का उच्छेद करनेवाले हैं। हे **सुदानवः**=उत्तमता से रोगों का दान (दाप् लवने) छेदन करनेवाले **मरुतः**=प्राणो! **नः**=हमारे लिये **मारुतस्य भेषजस्य**=इस प्राणसम्बन्धी औषध का **आवहत**=प्रापण करो। हमारे लिये इस मारुत औषध को प्राप्त कराओ। इस आपकी औषध ने ही तो सब रोगों को मारना है। (२) **यूयम्**=आप ही हमारे **सखायः**=सच्चे मित्र हैं, **सप्तयः**=शरीर की प्रत्येक नाड़ी में सर्पणशील हैं।

आपने ही सब मलों का उच्छेदन करके शोधन करना है।

भावार्थ–प्राण ही सब रोगों के मुख्य औषध हैं। प्राणशक्ति के अभाव हमें सब अन्य औषध व्यर्थ हैं। ये प्राण ही हमारे सखा हैं, शरीर में सर्वत्र संचारवाले हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—निचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'ज्ञान-नीरोगता-शक्ति-शत्रुराहित्य'

याभिः सिन्धुमवथ याभिस्तूर्वथ याभिर्दशस्यथा क्रिविम्।
मयो नो भूतोतिभिर्मयोभुवः शिवाभिरसच्चद्विषः॥ २४॥

(१) हे प्राणो! आप **याभिः**=जिन **ऊतिभिः**=रक्षणों से **सिन्धुम्**=ज्ञान के समुद्रभूत आचार्य का **अवथ**=रक्षण करते हो (तपोऽतिष्ठत्तप्यमानः समुद्रे)। **याभिः**=जिन रक्षणों से सब रोगकृमियों का **तूर्वथ**=हिंसन करते हो। **याभिः**=जिन रक्षणों से **क्रिविम्**=क्रियाशील पुरुष को **दशस्यथ**=सब शक्तियों को प्राप्त कराते हो (प्राणसाधना के द्वारा क्रियाशीलता का वर्धन होकर शक्ति की वृद्धि होती है) उन रक्षणों से **नः**=हमारे लिये **मयः**=कल्याण करें **भूत**=(भू प्राप्तौ, प्रापयत) प्राप्त कराओ। (२) हे प्राणो! आप **मयोभुवः**=सब कल्याणों के प्राप्त करानेवाले हो। और **शिवाभिः**=(ऊतिभिः) कल्याणकर रक्षणों के द्वारा **असच्चद्विषः**=(असक्तद्विषः) शत्रुओं को हमारे से पृथक् करनेवाले हो।

भावार्थ–प्राणसाधना से (क) ज्ञान की वृद्धि होती है, (ख) रोगरूप शत्रुओं का हिंसन होता है, (ग) क्रियाशीलता की वृद्धि होकर शक्ति की वृद्धि होती है, (घ) काम-क्रोध-लोभ आदि शत्रुओं का हमारे साथ सम्बन्ध नहीं रहता।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'सिन्धु, असिक्नी, समुद्र व पर्वतों' का स्वास्थ्य

यत्सिन्धौ यदसिक्न्यां यत्समुद्रेषु मरुतः सुबर्हिषः। यत्पर्वतेषु भेषजम्॥ २५॥

(१) **सिन्धौ**=रक्त-रुधिर की प्रवाहिका नाड़ियों के विषय में **यत्**=जो **भेषजम्**=औषध है, **असिक्न्याम्**=नीलरक्तवाहिनी नाड़ियों के विषय में **यत्**=जो (भेषजम्=) औषध है। **समुद्रेषु**=रक्त के सरोवर भूत हृदय-फुफ्फुस आदि के विषय में **यत्**=जो औषध है। और **यत्**=जो औषध **पर्वतेषु**=अस्थि पर्वरूप पर्वतों के विषय में है। वह सब औषध इस **सुबर्हिषः**=रोगों का खूब ही उद्बर्हण करनेवाले **मरुतः**=प्राणों का है ('मरुतः' षष्ठी लेनी है)। (२) 'सिन्धु, असिक्नी, समुद्र व पर्वतों' के दोषों को प्राण ही दूर कर पाते हैं। इनके लिये औषध इतने प्रभावजनक नहीं होते। प्राणसाधना के होने पर उभयविध नाड़ियों के, हृदय व फुफ्फुस के तथा मेरुदण्ड आदि पर्वतों के दोष दूर हो जाते हैं।

भावार्थ–प्राणसाधना के होने पर नाड़ियां, फुफ्फुस व मेरुदण्ड आदि सब स्वस्थ रहते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—निचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

रोगशमन

विश्वं पश्यन्तो बिभृथा तनूष्वा तेना नो अधि वोचत।
क्षमा रपो मरुत आतुरस्य न इष्कर्ता विहुतं पुनः॥ २६॥

(१) हे प्राणो! आप **विश्वं पश्यन्तः**=हमारे सब अंगों का ध्यान करते हुए **तनूषु**=शरीरों

में **आविभृथ**=समन्तात् सब शक्तियों का धारण करो। **तेन**=सब शक्तियों के धारण के द्वारा **नः**=हमारे लिये **अधिवोचत**=आधिक्येन ज्ञान का उपदेश करो। सब शक्तियों के ठीक होने पर ज्ञानेन्द्रियाँ, मन व मस्तिष्क भी ठीक कार्य करेंगे और परिणामतः ज्ञानवृद्धि होगी ही। (२) हे **मरुतः**=प्राणो! **आतुरस्य**=व्याधि पीड़ित अंग के **रपः**=दोष का **क्षमा**=(क्षरन्तिः) शमन हो। और **नः**=हमारे **विह्रुतम्**=कुटिल हुए-हुए अंग को **पुनः**=फिर **इष्कर्त**=(निःशेषेण सम्पूर्ण कुरुत) सम्पूर्ण करनेवाले होवो।

भावार्थ—प्राणसाधना के होने पर प्राण शरीर के सब अंगों की शक्तियों को ठीक रखते हैं, हमारे ज्ञान का वर्धन करते हैं। रोग का शमन करते हैं। विकृत अंग को फिर से ठीक कर देते हैं।

अगले सूक्त में 'सोभरि काण्व' इन्द्र का स्तवन करते हैं—

२१. [एकविंशं सूक्तम्]

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'स्थूरं चित्रं' हवामहे

वयमु त्वामपूर्व्य स्थूरं न कञ्चिद्भरन्तोऽवस्यवः। वाजे चित्रं हवामहे॥ १॥

(१) हे **अपूर्व्य**=अद्भुत, अनुमय दिव्यगुणोंवाले प्रभो! **अवस्यवः**=रक्षण की कामनावाले **वयम्**=हम **उ**=निश्चय से **कञ्चित्**=किसी **स्थूरं न**=दृढ़ आश्रय के समान **त्वाम्**=आपको **भरन्तः**=अपने में भरण करनेवाले होते हैं, आपका हम धारण करते हैं। आपका धारण ही हमारी शक्तियों व रक्षण का साधन बनता है। (२) **वाजे**=सब संग्रामों में **चित्रम्**=अद्भुत शक्ति-सम्पन्न आपको ही हम **हवामहे**=पुकारते हैं। आपके द्वारा ही शक्ति सम्पन्न होकर हम संग्रामों में विजयी बन पायेंगे।

भावार्थ—प्रभु ही इस संसार संघर्ष में हमारे दृढ़ आश्रय हैं। वे ही हमें संग्रामों में विजयी बनानेवाले हैं। उन अद्भुत शक्ति सम्पन्न प्रभु को हम पुकारते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'अवितारं' ववृमहे

उप त्वा कर्मन्नूतये स नो युवोग्रश्चक्राम यो धृषत्।
त्वामिद्धवितारं ववृमहे सखाय इन्द्र सानसिम्॥ २॥

(१) हे प्रभो! **कर्मन्**=इन यज्ञादि कर्मों में **ऊतये**=रक्षण के लिये हम **त्वा उप**=आपके समीप प्राप्त होते हैं। **यः**=जो प्रभु **धृषत्**=शत्रुओं का धर्षण करते हैं, **सः**=वे **युवा**=बुराइयों को दूर करके अच्छाइयों को हमारे साथ मिलानेवाले **उग्रः**=तेजस्वी प्रभु **नः**=हमें **चक्राम**=प्राप्त हों व उत्साहयुक्त करें। (२) हे **इन्द्र**=शत्रुओं का विद्रावण (पराभव) करनेवाले प्रभो! **अवितारम्**=रक्षक **त्वाम्**=आपको **इत् ही**=ही **ववृमहे**=हम वरते हैं। **सखायः**=सखा बनते हुए हम **सानसिम्**=सम्भजनीय आपको ही प्राप्त करने का प्रयत्न करते हैं।

भावार्थ—हम रक्षण के लिये यज्ञादि कर्मों में प्रभु को ही प्राप्त होते हैं। वे शत्रुधर्षक तेजस्वी प्रभु ही हमें उत्साहयुक्त करते हैं। रक्षक प्रभु का ही हम वरण करते हैं। मित्र बनकर उस सम्भजनीय प्रभु का ही उपासन करते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अश्वपते-गोपते-उर्वरापते

आ याहीम इन्दवोऽश्वपते गोपत उर्वरापते। सोमं सोमपते पिब॥ ३॥

(१) प्रभो! **आयाहि**=आप हमें प्राप्त होइये। **इमे इन्दवः**=ये सोमकण हमारे शरीरों में उत्पन्न हुए-हुए हैं। हे **सोमपते**=सोम का रक्षण करनेवाले प्रभो! **सोमं पिब**=इस सोम का पान कीजिये। इस सोम का आपने ही तो रक्षण करना है। (२) हे **आश्वपते**=उत्तम कर्मेन्द्रियरूप अश्वों के रक्षक प्रभो! **उर्वरा**=नये-नये विचारों को सोचनेवाली उर्वरा बुद्धि के रक्षक प्रभो! आप ही सोमरक्षण द्वारा हमें उत्तम इन्द्रियों व बुद्धि को प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—हे प्रभो! आपने ही शरीर में सोम के उत्पादन की व्यवस्था की है। आप ही इसके रक्षण के द्वारा हमारे लिये उत्तम कर्मेन्द्रियों, उत्तम ज्ञानेन्द्रियों व उर्वरा बुद्धि को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—भुरिक्पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

अबन्धवः बन्धुमन्तं (येमिम)

वयं हि त्वा बन्धुमन्तमबन्धवो विप्रास इन्द्र येमिम।
या ते धामानि वृषभ तेभिरा गहि विश्वेभिः सोमपीतये॥ ४॥

(१) **अबन्धवः**=अपने को विषय-वासनाओं में न बन्धने देनेवाले, **विप्रासः**=अपनी न्यूनताओं को दूर करके पूरण करनेवाले **वयम्**=हम **हि**=निश्चय से **बन्धुमन्तम्**=सारे संसार को अपने में बान्धनेवाले **त्वा**=आपको, हे **इन्द्र**=शत्रु विद्रावक प्रभो! **येमिम**=अपने साथ बाँधने का प्रयत्न करते हैं। हम आपको अपना बन्धु बनाने का प्रयत्न करते हैं। (२) हे **वृषभ**=शक्तिशालिन् प्रभो! **या**=जो **ते**=आपके **धामानि**=तेज हैं, **तेभिः विश्वेभिः**=उन सब तेजों से आप **सोमपीतये**=हमारे सोम-रक्षण के लिये **आगहि**=आइये। आपके बन्धुत्व में सोम का रक्षण करते हुए हम भी शक्ति-सम्पन्न बन पायें।

भावार्थ—हम विषय-वासनाओं से अबद्ध बनकर उस सबको नियम में बाँधनेवाले प्रभु को अपने साथ बान्धते हैं। प्रभु की शक्ति से शक्ति-सम्पन्न बनते हैं और सोम का रक्षण कर पाते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—ककुबुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सोम में आसीन होना

सीदन्तस्ते वयो यथा गोश्रीते मधौ मदिरे विवक्षणे। अभि त्वामिन्द्र नोनुमः॥ ५॥

(१) हे **इन्द्र**=सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! **ते**=आपके इस **मधौ**=सब ओषधियों के सारभूत सोम में **सीदन्तः**=स्थित होते हुए, अर्थात् भोजन के रूप में ग्रहण किये हुए द्रव्यों के अन्तिम सार इस सोम (वीर्य) को सुरक्षित करते हुए, हम **त्वाम्**=आपको **अभिनोतुमः**=प्रातः-सायं खूब ही स्तुत करते हैं। आपका स्तवन ही तो हमें वासनाओं से बचाकर सोमरक्षण के योग्य बनाता है। (२) उस सोम में हम स्थित होते हैं, जो **गोश्रीते**=ज्ञान की वाणियों के द्वारा परिपक्व होता है, अर्थात् स्वाध्याय के द्वारा शरीर में सुरक्षित रहकर जीवन का ठीक से परिपाक करनेवाला होता है। **मदिरे**=जो सोम मद व उल्लास का जनक है तथा **विवक्षणे**=हमारी विशिष्ट उन्नति का कारण बनता है (वक्ष् To grow)। इस सोम में हम इस प्रकार स्थित हों, **यथा**=जैसे **वयः**=पक्षी वृक्ष पर स्थित होते हैं। यह सोम ही वस्तुतः हमारे जीवन का आधार है।

भावार्थ—हे प्रभो! हम शरीर में उत्पन्न सोम को अपने जीवन का आधार बनाते हैं। इसके रक्षण के उद्देश्य से आपका स्तवन करते हैं, जिससे हम विनाशक वासनाओं से बचे रहें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

स्तवन द्वारा दीप्ति की प्राप्ति

अच्छा च त्वेना नमसा वदामसि कं मुहुश्चिद्वि दीधयः।
सन्ति कामासो हरिवो ददिष्ट्वं स्मो वयं सन्ति नो धियः॥ ६॥

(१) हे प्रभो! **त्वा**=आपके **अच्छ**=प्रति **एना नमसा**=इस नमन के द्वारा **वदामसि**=स्तुति-वचनों का उच्चारण करते हैं **च**=और **मुहुः चित्**=फिर भी आप **किं विदीधयः**=कुछ अद्भुत ही प्रकार से हमारे जीवनों में दीप्त करते हो। हम आपका स्तवन करते हैं, आप हमें दीप्त जीवनवाला बनाते हो। (२) हे **हरिवः**=प्रशस्त इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करानेवाले प्रभो! **कामासः सन्ति**=हमारी नाना प्रकार की कामनायें हैं और **त्वं ददिः**=आप सदा देनेवाले हैं, देना आपका स्वभाव ही है। इसलिए **वयं स्मः**=हम आपके सान्निध्य में हैं और **नः धियः सन्ति**=हमारी बुद्धियाँ हैं। आपकी समीपता से दूर होने पर ही बुद्धि का भ्रंश हुआ करता है। आपके समीप रहते हुए हम प्रशस्त बुद्धिवाले ही बने रहें।

भावार्थ—हम नम्रता से प्रभु का स्तवन करते हैं, प्रभु हमारे जीवनों को दीप्त बनाते हैं। प्रभु ही हमारी सब कामनाओं को पूर्ण करते हैं। हम प्रभु के समीप रहते हैं, प्रभु हमें बुद्धि प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—ककुबुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

नवीन जीवन

नूत्ना इदिन्द्र ते वयमूती अभूम नहि नू ते अद्रिवः। विद्मा पुरा परीणसः॥ ७॥

(१) हे **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **वयम्**=हम **ते**=आपके **ऊती**=रक्षण के द्वारा **नूत्नाः इत्**=निश्चय से एकदम नवीन जीवनवाले ही **अभूम**=हो गये हैं। आपके रक्षण में सब वासनाओं से बचकर हम अपने जीवन को पवित्र व उज्ज्वल बना पाये हैं। (२) हे **अद्रिवः**=आदरणीय अथवा वज्रहस्त प्रभो! **पुरा**=पहले हम **परीणसः**=सर्वत्र व्याप्त-महान् **ते**=आपके विषय में **नहि नू**=नहीं ही **विद्म**=जानते थे। आज आपके रक्षण इस जीवन के अद्भुत परिवर्तन से हम आपकी महिमा का कुछ आभास पा सके हैं।

भावार्थ—प्रभु के रक्षण से जीवन में एक नवीन पवित्रता व उज्ज्वलता आ जाती है। यह हमें प्रभु की महिमा का कुछ आभास कराती है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

प्रभु का 'सखित्वं-भोज्यम्'

विद्मा सखित्वमुत शूर भोज्यꣳमा ते ता वज्रिन्नीमहे।
उतो समस्मिन्ना शिशीहि नो वसो वाजे सुशिप्र गोमति॥ ८॥

(१) हे **शूर**=शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! **ते सखित्वम्**=आपकी मित्रता को **उत**=तथा **भोज्यम्**=पालन के कारणभूत धन को **विद्म**=हम जानते हैं। हे **वज्रिन्**=वज्रहस्त प्रभो! हम **ता**=उन सखित्व और धन को **आ ईमहे**=सर्वथा याचित करते हैं। आपके सखित्व और और धन

को प्राप्त करके ही हम जीवनयात्रा में सफलता से आगे बढ़ पायेंगे। (२) उत-और हे वसो-हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले प्रभो! हे सुशिप्र-शोभन शिरस्त्राणवाले प्रभो! ज्ञान के द्वारा मस्तिष्क का रक्षण करनेवाले प्रभो! आप उ-निश्चय से समस्मिन्-सब गोमति वाजे-प्रशस्त इन्द्रियोंवाले बल में नः-हमें आशिशीहि-समन्तात् तीक्ष्ण कीजिये। हमें प्रशस्त इन्द्रियोंवाले बल को प्राप्त कराइये।

भावार्थ-हम प्रभु की मित्रता व पालक धन को प्राप्त करें। प्रभु हमें प्रशस्त इन्द्रियोंवाले बल को दें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—ककुबुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सब प्रशस्त वसुओं के प्रापक प्रभु

यो नं॒ इ॒दमि॑दं पु॒रा प्र वस्य॑ आनि॒नाय॒ तमु॑ वः स्तुषे। सखा॑य॒ इन्द्र॑मू॒तये॑॥ ९॥

(१) यः-जो प्रभु नः-हमारे लिये इदं इदम्-ये और ये सब दर्शनीयतया विद्यमान वस्यः-प्रशस्त वसुओं को पुरा-पहले प्र आनिनाय-प्रकर्षेण प्राप्त कराते हैं, तम्-उस वः-तुम्हारे प्रभु को उ-ही स्तुषे-स्तुत करता हूँ। (२) हे सखायः-मित्रो! मैं इन्द्रम्-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु को ही ऊतये-रक्षण के लिये स्तुत करता हूँ। ये प्रभु ही सब वसुओं को प्राप्त कराके हमारा रक्षण करते हैं।

भावार्थ-प्रभु ही हमारे लिये सब प्रशस्त वसुओं को प्राप्त कराते हैं। इन प्रभु का ही मैं स्तवन करता हूँ। यह स्तवन ही मेरे रक्षण का साधन हो जाता है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराट्पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सच्चा स्तोता=सदा प्रसन्न

हर्य॑श्वं॒ सत्पतिं॑ चर्षणी॒सहं॒ स हि ष्मा॒ यो अम॑दन्त।
आ तु नः॒ स व॑यति॒ गव्य॒मश्व्यं॑ स्तो॒तृभ्यो॑ म॒घवा॑ श॒तम्॥ १०॥

(१) हर्यश्वम्-सब अज्ञानों व पापों का हरण करनेवाले (हरि) इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करानेवाले, सत्पतिम्-श्रेष्ठ कर्मों के रक्षक, चर्षणीसहम्-शत्रुभूत मनुष्यों का पराभव करनेवाले प्रभु को सः-वह हि-ही (स्तुषे) स्म-स्तुत करता है ('स्तुषे' क्रिया गत मन्त्र से अनुवृत्त है) यः-जो अमन्दत-सदा प्रसन्न रहता है। प्रभु जिस भी स्थिति में रखें, उसी स्थिति में प्रसन्न रहना ही प्रभु का सच्चा स्तोता बनना है। (२) सः मघवा-वे परमैश्वर्यशाली प्रभु ही तु-तो नः स्तोतृभ्यः-हम स्तोताओं के लिये शतम्-शतवर्षपर्यन्त सुचारुरूपेण कार्य करनेवाले गव्यम्-ज्ञानेन्द्रिय समूह को तथा अश्वथम्-कर्मेन्द्रिय समूह को आवयति-(प्रापयति) प्राप्त कराते हैं। इन इन्द्रियों के द्वारा हमारा जीवन बड़ा सुन्दर बना रहता है, इन्हीं की ठीक स्थिति व क्रिया पर सम्पूर्ण सुख निर्भर है (सु+ख)।

भावार्थ-'हम सदा प्रसन्न रहें'। यही वस्तुतः प्रभु का सच्चा स्तवन है। प्रभु हमारे लिये सौ वर्ष तक चलनेवाले इन्द्रियाश्वों को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—ककुबुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु की मैत्री व सज्जन संग

त्वया॒ ह स्विद्यु॒जा व॒यं प्रति॑ श्व॒सन्तं॑ वृषभ ब्रुवीमहि। सं॒स्थे जन॑स्य॒ गोम॑तः॥ ११॥

(१) हे **वृषभ**-शक्तिशालिन् प्रभो! **त्वया युजा**-तुझ साथी के साथ **वयम्**-हम **हस्वित्**-निश्चय से **श्वसन्तम्**-हमारे सामने फुँकार मारते हुए 'काम-क्रोध' आदि शत्रुओं को **प्रति ब्रुवीमहि**-प्रत्याहूत करते हैं। ललकारते हुए शत्रुओं की ललकार को स्वीकार करते हैं। आप को साथी पाकर हम भयङ्कर से भयङ्कर शत्रु का सामना कर पाते हैं। (२) इस जीवन में **गोमतः**-प्रशस्त इन्द्रियोंवाले **जनस्य**-व्यक्ति के **संस्थे**-समीप संस्थान में हम इन शत्रुओं को आहूत करते हैं। इन सज्जनों का संग हमें काम-क्रोध आदि को जीतने के लिये सतत प्रेरणा प्राप्त कराता है।

भावार्थ-प्रभु की मित्रता में व सज्जनों के संग में हम काम-क्रोध आदि शत्रुओं का पराभव करनेवाले बनते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

कारिणः-दूढ्यः (जयेम)

जयेम कारे पुरुहूत कारिणोऽभि तिष्ठेम दूढ्यः।
नृभिर्वृत्रं हन्याम शूशुयाम चावेरिन्द्र प्र णो धियः॥ १२॥

(१) हे **पुरुहूत**-बहुतों से पुकारे जाने योग्य प्रभो! हम आपकी सहायता से **कारिणः**-(कृ हिंसायाम्) हमारा हिंसन करनेवाले 'काम-क्रोध-लोभ' आदि शत्रुओं को **कारे**-संग्राम में **जयेम**-जीतें। तथा **दूढ्यः**-दुर्बुद्धियों को भी **अभितिष्ठेम**-पराजित करनेवाले हों। (२) **नृभिः**-हमें उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले प्राणों के द्वारा **वृत्रम्**-ज्ञान की आवरणभूत वासना को **हन्याम**-नष्ट करें। **च**-और **शूशुयाम**-अपनी शक्तियों का वर्धन करें। हे **इन्द्र**-शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! **नः धियः**-हमारी बुद्धियों को **प्र अवेः**-प्रकर्षेण रक्षित करिये। क्रम यही है-(क) वासना-विनाश, (ख) शक्तिवर्धन, (ग) तथा बुद्धियों का विकास।

भावार्थ-हम प्रभु की उपासना से हिंसा करनेवाले काम-क्रोध-लोभ को तथा दुर्बुद्धियों को दूर कर पायें। वासना-विनाश के द्वारा हमारी शक्तियों का वर्धन हो तथा हम बुद्धि को सुरक्षित कर पायें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

युधा इत् आपित्वं इच्छसे

अभ्रातृव्यो अना त्वमनापिरिन्द्र जनुषा सनादसि। युधेदापित्वमिच्छसे॥ १३॥

(१) हे **इन्द्र**-सर्वशक्तिमन् प्रभो! **त्वम्**-आप **अभ्रातृव्यः**-शत्रुरहित **असि**-हैं। तथा **जनुषा**-पूर्णरूप से शक्तियों के प्रादुर्भाव के द्वारा **सनात्**-सदा से ही **अना**-अनेतृक व **अनापिः**-अबन्धु **असि**-हैं। आप सबके नेता हैं, आपका कोई और नेता नहीं। आपके समान शक्तियोंवाला कोई और नहीं, सो समानता के अभाव में आपका कोई बन्धु भी नहीं। (२) आप उपासकों के मित्र अवश्य होते हैं। परन्तु **युधा**-युद्ध के द्वारा **इत्**-ही **आपित्वम्**-मित्रभाव को **इच्छसे**-चाहते हैं। अर्थात् जब एक व्यक्ति 'काम-क्रोध-लोभ' आदि से युद्ध करता है, इन्हें जीतने का प्रयत्न करता है, तभी प्रभु इसके मित्र होते हैं। प्रभु जितनी पूर्णता कठिन है, परन्तु उस पूर्णता की ओर चलनेवाला ही प्रभु की मित्रता का पात्र होता है।

भावार्थ-प्रभु शत्रुरहित हैं। प्रभु का कोई नेता नहीं, वे सब के नेता हैं। समानता के द्वारा कोई प्रभु का बन्धु नहीं, प्रभु की बराबरी का नहीं। जो भी काम-क्रोध आदि से संघर्ष करता है वही प्रभु का मित्र बन पाता है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सम्पत्ति विस्मारक है, विपत्ति स्मारक

नकीं रेवन्तं सख्याय विन्दसे पीयन्ति ते सुराश्वः।
यदा कृणोषि नदनुं समूहस्यादित्पितेव हूयसे॥ १४॥

(१) हे प्रभो! आप रेवन्तम्-धनवान् को, यज्ञ आदि में धन का विनियोग न करनेवाले पुरुष को सख्याय-मित्रता के लिये नकिः विन्दसे-नहीं प्राप्त करते। ऐसे व्यक्ति के आप कभी मित्र नहीं होते। ते-वे सुराश्वः-(सुर ऐश्वर्ये) ऐश्वर्य से फूलनेवाले लोग पीयन्ति-अध्वर से विपरीत हिंसात्मक कर्मों में प्रवृत्त होते हैं। खूब अभिमान में फूले हुए ये लोग प्रभु को भूल जाते हैं। (२) यदा-जब आप नदनुं कृणोषि-गर्जना करते हैं, अर्थात् जब जरा भूकम्प-सा आता है तो सब सम्पत्ति हिलती-सी प्रतीत होती है, तो आप समूहसि-(change, modify) उनके जीवन में परिवर्तन लाते हैं। भात् इत्-उस समय ही पिता इव हूयसे-पिता के समान आप पुकारे जाते हैं। वे धनी व्याकुलता के होने पर थोड़े परिवर्तित जीवनवाले होते हैं और प्रभु की ओर झुकाववाले हो जाते हैं।

भावार्थ-प्रभु धनी के मित्र नहीं होते। ये धनी तो धन के मद में फूले हुए हिंसात्मक कर्मों में प्रवृत्त रहते हैं। जब कभी सम्पत्ति विनष्ट होने लगती है, तो ये व्याकुल होकर प्रभु की ओर झुकते हैं और पिता की तरह प्रभु को पुकारते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अमाजुरः-मूरासः

मा ते अमाजुरो यथा मूरास इन्द्र सख्ये त्वावतः। नि षदाम सचा सुते॥ १५॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! हम ते-वे अमाजुरः-घर में ही जीर्ण हो जानेवाले मा-न हों यथा-जैसे मूरासः-सामान्यतः मूढ मनुष्य होते हैं। जीवन भर गृहस्थ के चक्कर में ही न पड़े रहें। अर्थात् पुत्रों के पालन व पोषण से निवृत्त होकर, सन्तान के सन्तान हो जाने पर निवृत्त हो जायें। (२) हमारी कामना तो यह है कि हम त्वावतः-आप जैसे की सख्ये-मित्रता में निषदाम-आसीन हों। आपकी उपासना करनेवाले बनें। सुते-इस उत्पन्न जगत् में सचा-सदा आपके साथ मिलकर चलनेवाले हों। गृहस्थ से ऊपर उठकर वनस्थ हो सदा स्वाध्याय आदि में तत्पर रहकर आपके उपासक बनें।

भावार्थ-हम घर में ही जीर्ण हो जानेवाले मूढ़ न बनें। पुत्रों के पालन के बाद वनस्थ होकर प्रभु की मित्रता में आसीन होने का प्रयत्न करें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

किसी ओर से माँगें

मा ते गोदत्र निरराम राधस इन्द्र मा ते गृहामहि।
दृळ्हा चिदुर्वः प्र मृशाभ्या भर न ते दामान आदभे॥ १६॥

(१) हे गोदत्र-सब ज्ञान की वाणियों व इन्द्रियों को देनेवाले प्रभो! हम ते राधसः-आपके ऐश्वर्य से मामत निरराम-(निर्गमाम) पृथक् हों, सदा आपसे ऐश्वर्य को प्राप्त करनेवाले हों। हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! ते-तेरे होते हुए हम मा गृहामहि-औरों से लेनेवाले न हों। सदा

देनेवाले बनें, लेनेवाले नहीं। (२) **अर्यः**=स्वामी होते हुए आप **चित्**=निश्चय से **दृढा**=स्थिर ऐश्वर्यों को **प्रमृश**=हमारे लिये सोचिये। हमें ऐसा ज्ञान दीजिये कि हम स्थिर ऐश्वर्यों को प्राप्त करनेवाले हों। **अभि आभर**=हमें इन ऐश्वर्यों से भर दीजिये। **ते**=आपकी **दामानः**=दान क्रियायें **न आदभे**=कभी हिंसित नहीं होती। आप से प्राप्त धनों को हम भी देनेवाले बनें।

भावार्थ–हमें सदा प्रभु के अनुग्रह से धन प्राप्त हो, हम कभी औरों से माँगें नहीं। हमारे धन स्थिर हों। प्रभु के दान के हम सदा पात्र बने रहें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वःङ्क **देवता**—चित्रस्य दानस्तुतिःङ्क **छन्दः**—निचृदुष्णिक्ङ्क **स्वरः**—ऋषभःङ्क

इन्द्रः-सरस्वती

इन्द्रो॑ वा॒ घेदिय॑न्म॒घं सर॑स्वती वा सु॒भगा॑ द॒दिर्वसु॑। त्वं वा॑ चित्र दा॒शुषे॑॥ १७॥

(१) **इन्द्रः**=वह परमैश्वर्यशाली प्रभु **'वा घा इत्'**=ही निश्चय से **इयत् मघम्**=इतने धन को **ददिः**=देनेवाला होता है। **वा**=अथवा **सरस्वती**=यह ज्ञान की अधिष्ठात्री देवता **सुभगा**=हमारे लिये उत्तम ऐश्वर्यों का कारण बनती है। प्रभु की उपासना करते हुए जब हम ज्ञान के उपासक बनते हैं, तो हम ऐश्वर्यों को प्राप्त करनेवाले बनते हैं। (२) हे **चित्र**=(चित्) ज्ञान के देनेवाले प्रभो! **त्वम्**=आप **वा ही दाशुषे**=इस आत्मसमर्पण करनेवाले मनुष्य के लिये **वसु**=निवास के लिये आवश्यक उत्तम धनों के **ददिः**=देनेवाले हैं।

भावार्थ–हम प्रभु का उपासन करें, स्वाध्याय में प्रवृत्त हों। प्रभु हमारे लिये सब आवश्यक धनों को प्राप्त करायेंगे।

ऋषिः—सोभरिः काण्वःङ्क **देवता**—चित्रस्य दानस्तुतिःङ्क **छन्दः**—निचृत्पङ्क्तिःङ्क **स्वरः**—पञ्चमःङ्क

राजा-राजकाः

चित्र॒ इद्राजा॑ राज॒का इद॑न्य॒के य॒के सर॑स्वती॒मनु॑।
प॒र्जन्य॑इव त॒तन॒द्धि वृ॒ष्ट्या स॒हस्र॑म॒युता दद॑त्॥ १८॥

(१) **चित्रः**=यह ज्ञान के देनेवाला (चित्-र) प्रभु **इत्**=ही **राजा**=सब धनों का स्वामी है। **अन्यके**=इस प्रभु से अतिरिक्त **यके**=जो भी स्वामी हैं वे **सरस्वतीं अनु**=अपने-अपने ज्ञान के अनुपात में **राजकाः**=छोटे-छोटे राजा ही हैं। प्रभु की तुलना में मनुष्य का स्वामित्व क्या? यद्यपि मनुष्यों में अपने ज्ञान के अनुपात में कुछ 'राजत्व' होता है, परन्तु प्रभु की तुलना में वह राजत्व अत्यन्त तुच्छ होता है। (२) ये प्रभु तो **सहस्रं अयुता**=हजारों व लाखों को **ददत्**=देते हुए इस प्रकार मनुष्य को धनों से आच्छादित कर देते हैं, **इव**=जैसे **पर्जन्यः**=बादल **कृष्ट्या**=वृष्टि से **ततनत् हि**=सम्पूर्ण भूमि को फैला देता है। वृष्टि के होने पर सर्वत्र भूमि पर पानी ही पानी दृष्टिगोचर होने लगता है, इसी प्रकार प्रभु धन की वर्षा करते हैं।

भावार्थ–प्रभु ही राजा हैं और तो 'राजक' ही हैं (छोटे-छोटे राजा)। प्रभु हमें धनों से इस प्रकार आच्छादित कर देते हैं, जैसे मेघ वृष्टि से भूमि को।

अगले सूक्त में 'सोभरि' 'अश्विनौ'=प्राणापान का स्तवन करते हैं–

२२. [द्वाविंशं सूक्तम्]

ऋषिः—सोभरिः काण्वःङ्क **देवता**—अश्विनौङ्क **छन्दः**—विराड् बृहतीङ्क **स्वरः**—मध्यमःङ्क

सुहवा रुद्रवर्तनी (अश्विना)

ओ त्यम॑ह्व॒ आ रथ॑म॒द्या दंसि॑ष्ठमू॒तये॑। यम॑श्विना सुहवा रुद्रवर्तनी॒ आ सू॒र्यायै॑ त॒स्थथुः॑॥ १॥

(१) हे **अश्विना**=प्राणापानो! **अद्य**=आज **त्यम्**=उस **आदंसिष्ठम्**=अत्यन्त दर्शनीय व उत्तम कर्मोंवाले **रथम्**=शरीररूप रथ को **उ**=ही **आ अह्वे**=सर्वथा पुकारता हूँ, **यम्**=जिस रथ पर आप **सूर्यायै**=सूर्य के लिये **आतस्थथुः**=स्थित होते हो। मुझे भी ऐसा शरीर-रथ मिले, जिसके द्वारा मैं शत्रुओं का संहार करता हुआ ज्ञान वृद्धि से ब्रह्म को प्राप्त होनेवाला बनूँ। (२) हे प्राणापानो! आप **सुहवा**=शोभनवालों का आह्वान करनेवाले हों, सब शुभों को शरीर में प्राप्त कराते हो। **रुद्रवर्तनी**=(रुत्+द्र+वर्तनि) आपका मार्ग सब रोगों का द्रावण करनेवाला है। सब रोगों को दूर भगाते हुए आप **ऊतये**=रक्षण के लिये होते हो।

भावार्थ=प्राणसाधना के द्वारा यह शरीर-रथ दर्शनीय व उत्तम कर्मोंवाला बनता है। प्राणापान इस शरीर में शोभनता का आह्वान करते हैं, रोगों को दूर करते हैं तथा सूर्यसम ज्ञान-ज्योति को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

उत्तम शरीर-रथ

पूर्वापुषं सुहवं पुरुस्पृहं भुज्युं वाजेषु पूर्व्यम्।
सचनावन्तं सुमतिभिः सोभरे विद्वेषसमनेहसम्॥ २॥

(१) प्राणापान के उस शरीर-रथ को पुकारता हूँ (अह्वे) जो **पूर्वापुषम्**=सर्वप्रथम (पूर्व) पोषणवाला है। **सुहवम्**=शोभन चीजों के आह्वानवाला है। **पुरुस्पृहम्**=बहुतों से स्पृहणीय है। **भुज्युम्**=उत्तम पालनवाला है **वाजेषु पूर्व्यम्**=सब शक्तियों में सर्वप्रथम स्थान में स्थित होनेवाला है, अर्थात् सर्वश्रेष्ठ शक्ति-सम्पन्न है। (२) उस शरीर-रथ को मैं पुकारता हूँ जो **सचनावन्तम्**=उत्तम भजनवाला है अथवा उत्तम प्रेमवाला है तथा **सुमतिभिः**=कल्याणी मतियों के द्वारा **विद्वेषसम्**=द्वेषशून्य है तथा **अनेहसम्**=सब प्रकार के पापों से रहित है। हे **सोभरे**=अपना उत्तम भरण करनेवाले ऋषे! तू ऐसे ही शरीर-रथ का स्तवन कर व ऐसे ही शरीर-रथ को प्राप्त करने के लिये यत्नशील हो।

भावार्थ=प्राणसाधना के द्वारा हमारा यह शरीर-रथ 'पुष्ट, शक्तिशाली, प्रभु-भजन व प्रेमवाला, सुमति सम्पन्न, द्वेषशून्य व निष्पाप' बने।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृद्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्रभु-नमन व यज्ञशीलता

इह त्या पुरुभूतमा देवा नमोभिरश्विना।
अर्वाचीना स्ववसे करामहे गन्तारा दाशुषो गृहम्॥ ३॥

(१) **इह**=इस जीवन में हम **त्या**=उन **पुरु-भू-तमा**=अतिशयेन बहुत भी शत्रुओं का पराभव करनेवाले **देवा**=जीवन को प्रकाशमय बनानेवाले **अश्विना**=प्राणापानों को **नमोभिः**=प्रभु के प्रति नमनों के द्वारा **अर्वाचीना**=हमारे अभिमुख प्राप्त होनेवाला **करामहे**=करते हैं। ये प्राणापान ही **स्ववसे**=हमारे उत्तम रक्षण के लिये होते हैं। प्रभु का आराधन हमारी प्राणशक्ति के वर्धन में सहायक होता है। (२) ये प्राणापान **दाशुषः**=दाश्वान् के, यज्ञशील पुरुष के **गृहम्**=शरीररूप गृह को **गन्तारा**=प्राप्त होनेवाले होते हैं। यज्ञशीलता भी प्राणापान की शक्ति की वृद्धि में सहायक है।

भावार्थ=हम प्रभु-नमन व यज्ञशीलता के द्वारा प्राणापान की शक्ति का वर्धन करें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—सतः पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

एक चक्र मस्तिष्क (द्योलोक) की ओर तो दूसरा शरीर (पृथिवी) की ओर

युवो रथस्य परि चक्रमीयत ईर्मान्यद्वामिषण्यति।
अस्माँ अच्छा सुमतिर्वाँ शुभस्पति आ धेनुरिव धावतु॥ ४॥

(१) हे अश्विनी देवो, प्राणापानो! **युवोः**-आपके **रथस्य**-इस शरीर-रथ का **चक्रम्**-एक चक्र तो **परि ईयते**-(द्यां) सुदूर मस्तिष्करूप द्युलोक में गतिवाला होता है। अर्थात् आप अपनी गति के द्वारा मस्तिष्करूप द्युलोक को बड़ा सुन्दर बनाते हो। **वाम्**-आपका **अन्यत्**-दूसरा चक्र **ईर्मा**-भुजाओं को **इषण्यति**-(गच्छति) जाता है। अर्थात् आप की दूसरी गति इस शरीर में भुजाओं की शक्ति का वर्धन करती है। प्राणसाधना से मस्तिष्क का ठीक रूप में विकास होकर प्रकाश की वृद्धि होती है और भुजाओं की शक्ति बढ़ती है। प्राणायाम से ज्ञान व बल दोनों का वर्धन होता है। (२) हे प्राणापानो! **शुभस्पती**-(शुभस्-उदक-रेतस्) आप शरीर में रेतःकण रूप जलों के रक्षक हो। और इस प्रकार **वाम्**-आपकी **सुमतिः**-कल्याणीमति रेतःकणों से प्रदीप्त हुई-हुई बुद्धि **अस्मान् अच्छा**-हमारी ओर इस प्रकार **आधावतु**-सर्वथा दौड़ती हुई प्राप्त हो, **इव**-जैसे **धेनुः**-नव प्रसूता गौ बछड़े की ओर आती है।

भावार्थ-प्राणसाधना से ज्ञान व बल का वर्धन होता है। प्राणसाधना से शरीर में सोम का रक्षण होकर सुमति की प्राप्ति होती है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृद्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'त्रिबन्धुर-हिरण्याभीशु' रथ

रथो यो वां त्रिबन्धुरो हिरण्याभीशुरश्विना। परि द्यावापृथिवी भूषति श्रुतस्तेन नासत्या गतम्॥ ५॥

(१) हे **अश्विना**-प्राणापानो! **यः**-जो **वाम्**-आपका **रथः**-शरीररूप रथ **त्रिबन्धुरः**-तीनों 'शरीर, मन व बुद्धि' के सौन्दर्यवाला है तथा **हिरण्याभीशुः**-ज्योतिर्मय मनरूप लगामवाला है, वह **द्यावापृथिवी**-इस मस्तिष्करूप द्युलोक को तथा शरीररूप पृथिवी को **परिभूषति**-सर्वतः ज्ञान व शक्ति आदि से सुभूषित करता है। प्राणापान के द्वारा यह प्रभु से जीवनयात्रा की पूर्ति के लिये दिया गया रथ सुन्दर ही सुन्दर बन जाता है। शरीर, मन व बुद्धि का सौन्दर्य प्राणसाधना पर ही निर्भर करता है। (२) हे **नासत्या**-सब असत्यों को दूर करनेवाले प्राणापानो! यह रथ **श्रुतः**-बुद्धि के द्वारा खूब ही ज्ञान-सम्पन्न बना है। **तेन**-उस रथ से **आगतम्**-आप हमें प्राप्त होइये। प्राणसाधना से यह शरीर-रथ सुन्दरतम बनता है।

भावार्थ-प्राणसाधना से शरीर में जहाँ किसी प्रकार का रोग नहीं रहता, मन सब मलों से रहित हो जाता है और बुद्धि सब कुण्ठाओं से ऊपर उठकर सूक्ष्म से सूक्ष्म विषय का ग्रहण करती है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

यव का उत्पादन

वृशस्यन्ता मनवे पूर्व्यं दिवि यवं वृकेण कर्षथः।
ता वामद्य सुमतिभिः शुभस्पती अश्विना प्र स्तुवीमहि॥ ६॥

(१) हे प्राणापानो! आप **मनवे**-विचारशील पुरुष के लिये **पूर्व्यम्**-सृष्टि के प्रारम्भ में दिये

गये, अथवा पालन व पूरण में उत्तम ज्ञान को **दशस्यन्ता**-देते हुए, **दिवि**-इस ज्ञान के प्रकाश के निमित्त **यवम्**-यव को, जौ को **वृकेण**-हल के द्वारा **कर्षथः**-उपजाते हो। 'प्राणापानौ व्रीहियवौ दिवस्पुत्रौ अमर्त्यौ' 'यवे ह प्राण आहितः अपानो व्रीहिराहितः' आदि मन्त्र भागों में प्राणापान का व्रीहि व यव के साथ सम्बन्ध स्पष्ट है। इन्हें दिवस्पुत्र कहा गया है। यहाँ यही बात 'दिव् के निमित्त यव की कृषि करने' के द्वारा कही गयी है। (२) **ता वाम्**-उन आपको हे **अश्विना**-प्राणापानो! **अद्य**-आज **प्रस्तुवीमहि**-हम स्तुत करते हैं। आप सब दोषों को दूर करने के द्वारा **सुमतिभिः**-कल्याणी मतियों को उत्पन्न करते हुए **शुभस्पती**-(शुभस्-उदक-रेतस्) शरीर में रेतःकणों के रक्षक होते हो। वस्तुतः यव का भोजन भी रेतःकणों के रक्षण में सहायक होता है।

भावार्थ-प्राणापान विचारशील पुरुष के लिये प्रकृष्ट ज्ञान को प्राप्त कराते हैं। ये शरीर में शुभ विचारों की उत्पत्ति के द्वारा रेतःकणों को सुरक्षित करते हैं। प्राणसाधक के लिये यव-भोजन अनुकूल होता है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—पथ्याबृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

ऋत का मार्ग व बल वृद्धि

उप नो वाजिनीवसू यातमृतस्य पथिभिः। येभिस्तृक्षिं वृषणा त्रासदस्यवं महे क्षत्राय जिन्वथः॥७॥

(१) हे **वाजिनीवसू**-(वाजिनी-अन्न) अन्न ही है धन जिनका अथवा शक्तिरूप धनवाले (वाजिनं) प्राणापानो! आप **ऋतस्य पथिभिः**-ऋत से मार्गों के हेतु से **नः**-हमारे **उप यातम्**-समीप प्राप्त होवो। प्राणसाधना के द्वारा दोषों का दहन होकर मनुष्य ऋत के मार्ग को अपनानेवाला बनता है। (२) उन ऋत के मार्गों के हेतु से आप हमें प्राप्त होवो **येभिः**-जिन के द्वारा **तृक्षिम्**-इस गतिशील पुरुष को **त्रासदस्यवम्**-गतिशीलता के कारण सब बुराइयाँ जिससे भयभीत होकर दूर रहती हैं, इस पुरुष को, हे **वृषणा**-शक्तिशाली प्राणापानो! आप **महे क्षत्राय**-महान् बल के लिये **जिन्वथः**-प्रीणित करते हो।

भावार्थ-प्राणसाधना से दोषों का दहन होकर मनुष्य ऋत के मार्ग पर चलता है। इस प्रकार ऋत के मार्ग पर चलने से उसके जीवन में महान् बल की वृद्धि होती है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

'वृषण्वसू' (प्राणापान)

अयं वामद्रिभिः सुतः सोमो नरा वृषण्वसू। आ यातं सोमपीतये पिबतं दाशुषो गृहे॥८॥

(१) हे **नरा**-हमें उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले, **वृषण्वसू**-शक्ति रूप धनोंवाले प्राणापानो! **अद्रिभिः**-उपासकों के द्वारा **वाम्**-आपके लिये **अयम्**-यह **सोमः**-सोम **सुतः**-उत्पन्न किया गया है। प्राणसाधना से सोम की शरीर में ऊर्ध्वगति होती है, और सुरक्षित सोम के द्वारा प्राणशक्ति का वर्धन होता है। (२) हे प्राणापानो! आप **सोमपीतये**-इस सोम के रक्षण के लिये **आयातम्**-आइये, आपने ही तो इस सोम की शरीर में ऊर्ध्वगति करनी है। **आपः दाशुषः**-दाश्वान् पुरुष के **गृहे**-घर में **पिबतम्**-इस सोम को पीनेवाले होइये। यह शरीर ही घर है। 'दाश्वान्' पुरुष वह है जिसका जीवन दानपूर्वक भोगवाला, अर्थात् यज्ञशील हो। यह पुरुष ही भोगवाद से ऊपर उठने के कारण सोम का रक्षण कर पाता है।

भावार्थ-हम प्रभु की उपासना करते हुए प्राणसाधना में प्रवृत्त होंगे और दानशील बने रहेंगे, तो भोग वृत्ति से ऊपर उठने के कारण सोम का शरीर में रक्षण कर पायेंगे।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

पीवरीः इषः (हृदय में प्रभु प्रेरणा का योग)

आ हि रुहतमश्विना रथे कोशे हिरण्ययें वृषण्वसू। युञ्जाथां पीवरीरिषः॥ ९॥

(१) हे **अश्विना**=प्राणापानो! आप **हि**=निश्चय से **रथे** आरुहतम्=इस शरीररूप रथ पर आरूढ़ होइये। अर्थात् इस शरीर में प्राणापान की साधना निरन्तर चले, यह प्राणापान का ही रथ बन जाये। (२) हे **वृषण्वसू**=शक्तिरूप धनोंवाले प्राणापानो! आप इस शरीर में **हिरण्यये कोशे**=ज्योतिर्मय मनोमय कोश में **पीवरीः**=(पावयितृणि सा०) पवित्रता को उत्पन्न करनेवाली **इषः**=प्रेरणाओं को **युञ्जाथाम्**=जोड़नेवाले होइये। प्राणसाधना से पवित्र हुए-हुए हृदय में ही प्रभु-प्रेरणाओं के सुनने का सम्भव होता है।

भावार्थ—हम प्राणसाधना को नियम से करें। प्राणसाधना से पवित्रीभूत हृदय में प्रभु प्रेरणा का श्रवण होता है। ये प्रेरणायें हमारे जीवनों को और पवित्र बनाती हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—सतः पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

भिषज्यतं यद् आतुरम्

याभिः पक्थमवथो याभिरध्रिगुं याभिर्बभ्रुं विजोषसम्।
ताभिर्नो मक्षू तूयमश्विना गतं भिषज्यतं यदातुरम्॥ १०॥

(१) **याभिः**=जिन रक्षणों के द्वारा **पक्थम्**=ज्ञानाग्नि में अपने को परिपक्व करनेवाले को आप **अवथः**=रक्षित करते हो। **याभिः**=जिन रक्षणों से **अध्रिगुम्**=अधृत गमनवाले, न्याय मार्ग पर निरन्तर आगे बढ़नेवाले व्यक्ति का आप रक्षण करते हो। और **याभिः**=जिन रक्षणों से **बभ्रुम्**=भरण करनेवाले को पालन-पोषण करनेवाले को व **विजोषसम्**=विशिष्ट प्रीति से कर्त्तव्यों का सेवन करनेवाले को रक्षित करते हो। हे **अश्विना**=प्राणापानो! **ताभिः**=उन रक्षणों के साथ **नः**=हमें **मक्षू**=शीघ्र, **तूयम्**=त्वरा के साथ **आगतम्**=प्राप्त होवो। प्राणापान ही वस्तुतः हमें 'पक्थ-अध्रिगु-बभ्रु व विजोषस' बनाते हैं। (२) हे प्राणापानो! आप हमें प्राप्त होवो और **यद्**=जो भी हमारा अंग-प्रत्यंग **आतुरम्**=रुग्ण हो, उसे **भिषज्यतम्**=चिकित्सित करो। प्राणापान ही सर्वमहान् वैद्य हैं, ये सब रोगों को दूर करते हैं।

भावार्थ—प्राणसाधना से हम 'परिपक्व ज्ञानवाले, न्याय मार्ग पर आगे बढ़नेवाले, ठीक से भरण-पोषण करनेवाले व प्रीतिपूर्वक कर्त्तव्य का सेवन करनेवाले' बनते हैं। ये प्राणापान सब रुग्ण अंगों को नीरोग बनाते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

वयं गीभिः विपन्यवः

यद्गिरावो अध्रिगू इदा चिदह्नो अश्विना हवामहे। वयं गीभिर्विपन्यवः॥ ११॥

(१) **यद्**=जब **अध्रिगावः**=अधृतज्ञान की वाणियोंवाले, न रुकी हुई ज्ञान की वाणियोंवाले, नियमित रूप से स्वाध्याय में प्रवृत्त हम **अह्नः**=दिन के **इदा चित्**=इस समय **अध्रिगू**=अधृतगमनवाले, संग्राम में न रुकी हुई गतिवाले **अश्विना**=प्राणापानों को **हवामहे**=पुकारते हैं। अर्थात् स्वाध्याय आदि में विघातक शत्रुओं के काम-क्रोध-लोभ आदि के विजयार्थ हम प्राणसाधना में प्रवृत्त होते हैं। (२) इस प्रकार प्राणसाधना में प्रवृत्त हुए-हुए **वयम्**=हम **गीभिः**=इन ज्ञान वाणियों के द्वारा **विपन्यवः**=विशिष्ट रूप से प्रभु-स्तवन करनेवाले होते हैं। वस्तुतः प्रभु का सच्चा स्तवन यही है

कि हम ज्ञान की वाणियों का अध्ययन करें और उनके निर्देशानुसार अपना व्यवहार करें।

भावार्थ–हम नियमित रूप से स्वाध्यायशील हों। स्वाध्याय विरोधी शत्रुओं को प्राणसाधना द्वारा दूर करें। ज्ञान की वाणियों द्वारा ही प्रभु का स्तवन करें, इनके अनुसार अपना व्यवहार करें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'हवं (विश्वासुं विश्ववार्यम्)' आयातम्

ताभिरा यातं वृषणोप मे हवं विश्वप्सुं विश्ववार्यम्।
इषा मंहिष्ठा पुरुभूतमा नरा याभिः क्रिविं वावृधुस्ताभिरा गतम्॥ १२॥

(१) हे **वृषणा**–शक्तिशाली प्राणापानो! आप **ताभिः**–उन रक्षणों के साथ **मे हवम्**–मेरी पुकार को सुनकर **उप आयातम्**–मुझे समीपता से प्राप्त होवो। यह पुकार (प्रार्थना) ही तो **विश्वप्सुम्**–सब सुन्दर रूपोंवाली व **विश्ववार्यम्**–सब वरणीय वस्तुओंवाली है। प्रार्थना से ही तो मैं सब अंग-प्रत्यंगों को सुरूप बना सकूँगा, यह प्रार्थना ही मेरे लिये सब वरणीय वस्तुओं को प्राप्त करानेवाली होगी। (२) **इषा**–प्रभु प्रेरणा के द्वारा **नरा**–आप हमें उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले हो। इस प्रकार **मंहिष्ठा**–हमारे लिये सर्वमहान् दाता हो और **पुरुभूतमा**–अधिक से अधिक शत्रुओं का पराभव करनेवाले हो। हे प्राणापानो! **याभिः**–जिन रक्षणों से **क्रिविम्**–क्रियाशील व्यक्ति को **वावृधुः**–आप बढ़ाते हो **ताभिः**–उन रक्षणों से **आगतम्**–आप हमें प्राप्त होवो।

भावार्थ–मेरी प्रार्थना के साथ हे प्राणापानो! आप मुझे प्राप्त होवो। आप प्रार्थनाशील व क्रियाशील को प्राप्त होते ही हो।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्राणापान का स्तवन व इनके लिये याचना

ताविदा चिदहानां तावश्विना वन्दमान उप ब्रुवे। ता ऊ नमोभिरीमहे॥ १३॥

(१) **अहानाम्**–दिनों के **इदा चित्**–इस समय में **तौ अश्विना**–उन शत्रुओं के पराभव करनेवाले (पुरु भूतमा) प्राणापान को **उपब्रुवे**–वर्णित करता हूँ। **वन्दमानः**–प्रभु वन्दना करता हुआ **तौ**–उनसे ही याचना करता हूँ। (२) **उ**–निश्चय से **नमोभिः**–प्रभु के प्रति नमन के साथ **तौ**–उन प्राणापान को ही माँगता हूँ। प्रभु से यही याचना करता हूँ कि मेरी प्राणापान शक्ति सदा वृद्धि को प्राप्त हो। इन प्राणापान ने ही तो मेरे 'शरीर, मन व बुद्धि' को अनातुर बनाना है।

भावार्थ–हम प्राणापान के गुणों का स्तवन करें। वन्दन व नमन करते हुए प्रभु से प्राणापान की ही याचना करें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—भुरिक्पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

शुभस्पती-रुद्रवर्तनी (अश्विना)

ताविद्दोषा ता उषसि शुभस्पती ता यामन्रुद्रवर्तनी।
मा नो मर्ताय रिपवे वाजिनीवसू पुरो रुद्रावति ख्यतम्॥ १४॥

(१) **तौ इत्**–उन प्राणापान को ही **दोषा**–रात्रि में, **ता**–उनकी ही **उषसि**–उषा में याचना करता हूँ। **शुभस्पती**–रेतःकणरूप जलों के रक्षक **ता**–वे प्राणापान ही **यामन्**–इस जीवनमार्ग में **रुद्रवर्तनी**–रोगों के द्रावक मार्गवाले हैं, अर्थात् ये प्राणापान ही रोगों को दूर करनेवाले हैं। (२) हे **वाजिनीवसू**–शक्तिरूप धनवाले **रुद्रौ**–रोगद्रावक प्राणापानो! आप **नः**–हमें **रिपवे**–हमारा

विदारण करनेवाले **मर्ताय**-मृत्यु के कारणभूत काम, क्रोध व लोभ के लिये **मा परः अतिख्यतम्**-परित्यक्त न कर दीजिये, इनके हमें वशीभूत मत होने दीजिये।

भावार्थ-प्राणापान रेतःकणों के रक्षण के द्वारा रोगों के द्रावक हैं। ये हमें काम-क्रोध आदि का शिकार नहीं होने देते।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सुगम्याय सक्षणी (अश्विना)

आ सुगम्याय सुगम्यं प्राता रथेनाश्विना वा सक्षणी। हुवे पितेव सोभरी॥ १५॥

(१) हे **अश्विना**-प्राणापानो! आप **सुगम्याय**-सुख के लिये **सक्षणी**-सेवनीय हो (To be associated weth)। आप **वा**-निश्चय से **रथेन**-इस शरीर-रथ के द्वारा हमारे जीवनों में **सुगम्यम्**-सुख को **आ प्रातः**-सर्वथा पूरित करते हो (प्रा पूरणे)। (२) **पिता इव हुवे**-पुत्र से पिता की तरह आप मेरे से पुकारे जाते हो। **सोभरी**-आप हमारा उसी प्रकार उत्तम भरण करनेवाले हो, जैसे पिता पुत्र का भरण करता है।

भावार्थ-प्राणापान का आराधन सुख प्राप्ति के लिये आवश्यक है। आराधित हुए-हुए प्राणापान हमारे जीवन को सुखी बनाते हैं। ये हमारे से इसी प्रकार पुकारने योग्य हैं, जैसे पुत्रों से पिता।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

वृषणा-मदच्युता (अश्विना)

मनोजवसा वृषणा मदच्युता मक्षुंगमाभिरूतिभिः।
आरात्तांच्चिद्धूतमस्मे अवसे पूर्वीभिः पुरुभोजसा॥ १६॥

(१) हे प्राणापानो! आप **मनोजवसा**-मन के समान वेगवाले हो, मन के समान शक्तिशाली हो। **वृषणा**-हमारे शरीरों में शक्ति का सेचन करनेवाले हो। **मदच्युता**-अहंकाररूप शत्रु का विनाश करनेवाले हो, **पुरुभोजसा**-खूब ही पालन व पोषण करनेवाले हो। (२) आप **ऊतिभिः**-अपने रक्षणों के द्वारा **अस्मे अवसे**-हमारे रक्षण के लिये **आरात्तात् चित्**-समीप ही **भूतम्**-होइये। उन रक्षणों के साथ हमारे समीप होइये जो **मक्षुंगमाभिः**-शीघ्र गतिवाले हैं तथा **पूर्वीभिः**-हमारा पालन व पूरण करनेवाले हैं अथवा सर्वोत्कृष्ट हैं।

भावार्थ-प्राणापान अतिशयित शक्तिवाले हैं। ये हमें शक्ति-सम्पन्न बनाते हैं, परन्तु अहंकार वाला नहीं होने देते। इनके रक्षण हमें गतिशील व न्यूनताओं से रहित (पूर्वी) बनाते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

मधुपातमा नरा (अश्विना)

आ नो अश्वावदश्विना वर्तिर्यांसिष्टं मधुपातमा नरा। गोमद्दस्रा हिरण्यवत्॥ १७॥

(१) हे **अश्विना**-प्राणापानो! आप **नः**-हमारे लिये **अश्वावदत्**-प्रशस्त कर्मेन्द्रियोंवाले (अश्नुवते कर्मसु) **वर्तिः**-शरीर गृह को **आ यासिष्टम्**-सर्वथा प्राप्त कराओ। आप **मधुपातमा**-शरीर में अतिशयेन सोम (मधु) का रक्षण करनेवाले हैं और इस प्रकार **नरा**-हमें उन्नतिपथ पर आगे और आगे ले चलनेवाले हैं। (२) हे **दस्रा**-सब दुःखों व दारिद्र्यों का उपक्षय करनेवाले प्राणापानो! आप हमारे लिये **गोमत्**-(गमयन्ति अर्थान्) प्रशस्त ज्ञानेन्द्रियोंवाले तथा **हिरण्यवत्**-(हिरण्यं वै

ज्योतिः) ज्योतिर्मय ज्ञान की ज्योतिवाले शरीर गृह को प्राप्त कराइये।

भावार्थ–प्राणसाधना से शरीर में सोम का रक्षण होकर सब प्रकार की उन्नति होती है। ये हमारे शरीर को 'उत्तम कर्मेन्द्रियों, ज्ञानेन्द्रियों व ज्ञान-ज्योति' वाला बनाते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सुवीर्यम्-विश्वा वामानि

सुप्रावर्गं सुवीर्यं सुष्ठु वार्यमनाधृष्टं रक्षस्विना।
अस्मिन्ना वामायाने वाजिनीवसू विश्वा वामानि धीमहि॥ १८॥

(१) **अस्मिन्**-इस **वाम्**-आपके **आयाने**-आने पर हम **सुवीर्यम्**-उत्तम वीर्य का **धीमहिः**-धारण करें। जो **सुप्रावर्गम्**-सम्यक् शत्रुओं का वर्जन करनेवाला है। **सुष्ठु**-अच्छी प्रकार **वार्यम्**-वरने के योग्य है। रक्षस्विना **अनाधृष्टम्**-प्रबल राक्षसी भावों से भी न धर्षणीय है। (२) हे **वाजिनीवसू**-शक्तिरूप धनवाले प्राणापानो! हम आपके आने पर **विश्वाः**-सब **वामानि**-सुन्दर वस्तुओं को (आधीमहि)=सर्वथा धारण करनेवाले हों।

भावार्थ–प्राणसाधना के द्वारा हम उत्तम वीर्य (शक्ति) तथा सब सुन्दर वस्तुओं को धारण करनेवाले बनें।

यह सुवीर्य को धारण करनेवाला व्यक्ति अत्यन्त उत्कृष्ट इन्द्रियरूप अश्वोंवाला बनता है, सो 'वैयश्व' कहलाता है। सबके प्रति सह अनुभूति (sympathy) वाला होने से यह 'विश्वमनाः' नामवाला होता है। यह 'अग्नि' नाम से प्रभु का स्मरण करता हुआ कहता है कि–

२३. [त्रयोविंशं सूक्तम्]

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रतीव्यं ईडिष्व

ईळिष्वा हि प्रतीव्यं१ यजस्व जातवेदसम्। चरिष्णुधूममगृभीतशोचिषम्॥ १॥

(१) उस प्रभु का तू **ईडिष्व**=स्तवन कर, जो **हि**=निश्चय से **प्रतीव्यम्**-(प्रति+वी) काम-क्रोध आदि शत्रुओं के प्रति जानेवाले हैं, उन पर आक्रमण करनेवाले हैं। 'काम' स्मर है, या सदा सांसारिक विषयों के प्रति हमें उत्कण्ठित करता है। पर प्रभु 'स्मर-हर' हैं। इस काम-वासना का विनाश करनेवाले हैं। इन **जातवेदसम्**-सर्वज्ञ प्रभु का **यजस्व**-तू पूजन कर, इन प्रभु के प्रति अपना अर्पण करनेवाला बन। प्रभु के ज्ञान से ज्ञान-सम्पन्न बनकर तू ज्ञानाग्नि में वासनाओं का विध्वंस कर पायेगा। (२) वे प्रभु **चरिष्णुधूमम्**-गति के स्वभाववाले व सब दुर्भावों को कम्पित करके दूर करनेवाले हैं। गतिमयता ही वस्तुतः वासनाओं के आक्रमण से बचने का मार्ग है। इस 'चरिष्णु धूम' का यजन करता हुआ उपासक भी सदा क्रियाशील होता है, अतएव वासनाओं के आक्रमण से बचा रहता है। **अगृभीत शोचिषम्**-इस प्रभु की ज्ञानदीप्ति कभी भी किसी आवरण से गृभीत नहीं होती, अनावृत्त ज्योतिवाले वे प्रभु सदा ही दीप्त हैं। इनका उपासक भी अपनी ज्ञान-ज्योति को 'काम-वासना' रूप वृत्त से आवृत नहीं होने देता।

भावार्थ–हम प्रभु का उपासन इस रूप में करें कि वे प्रतीव्य हैं, हमारी वासनाओं पर आक्रमण करके उन्हें नष्ट करनेवाले हैं। **जातवेदसम्**-सर्वज्ञ हैं। चरिष्णुधूम हैं, स्वाभाविक क्रियावाले व वासनाओं को कम्पित करके दूर करनेवाले हैं। **आगृभीत शोचिम्**-अनावृत ज्ञान-

ज्योतिवाले हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'विश्वचर्षणि व विश्वमना' बनना

दामानं विश्वचर्षणेऽग्निं विश्वमनो गिरा। उत स्तुषे विपर्धसो रथानाम्॥ २॥

(१) हे विश्व-चर्षणे=सर्वत्र प्रविष्ट, सर्वव्यापक प्रभु का दर्शन करनेवाले, विश्वमनः=व्यापक प्रभु में ही मन को लगानेवाले उपासक! उस अग्निम्=अग्रेणी प्रभु को गिरा=इन ज्ञान की वाणियों से स्तुषे=स्तुत कर। प्रभु का स्तवन ही तेरी उन्नति का कारण बनेगा। (२) उत=और उस प्रभु का तू स्तवन कर जो वि-स्पर्धसः=विगत मात्सर्यवाले 'विश्वमना' पुरुषों के लिये रथानाम्=उत्तम शरीररूप रथों के दामानम्=देनेवाले हैं। इन उत्तम शरीर रथों द्वारा वे प्रभु ही हमें जीवन यात्रा की पूर्ति के लिये सक्षम बनाते हैं।

भावार्थ—उस प्रभु को देखनेवाले व तद्गत मनवाले बनकर हम प्रभु का स्तवन करें। हमारे लिये प्रभु उन उत्तम शरीररथों को प्राप्त कराते हैं, जिनके द्वारा हम जीवनयात्रा को अत्यन्त सुन्दरता से पूर्ण करनेवाले होते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'खान-पान' का नियन्त्रण

येषामाबाध ऋग्मियं इषः पृक्षश्च निग्रभे। उपविदा वहिर्विन्दते वसु॥ ३॥

(१) येषाम्=जिन उपासकों के ये प्रभु आबाधः=समन्तात् शत्रुओं का बाधन करनेवाले होते हैं, वे प्रभु ऋग्मियः=उन उपासकों द्वारा ऋचाओं से अर्चनीय होते हैं, स्तुति के योग्य होते हैं। ये प्रभु इन उपासकों के इषः=पेय द्रव्यों को च=तथा पृक्षः=(food) भोज्य द्रव्यों को निग्रभे=नियन्त्रित करते हैं। अर्थात् इनके खान-पान को बड़ा मर्यादित करते हैं। (२) ये वहिः=सब आवश्यक द्रव्यों को प्राप्त करानेवाले प्रभु उपविदा=उपवेदन व ज्ञान के साथ वसु=धन को विन्दते=(वेदयति) प्राप्त कराते हैं। प्रभु धन देते हैं। धन के साथ धन के उपयोग के विषय में ज्ञान भी देते हैं।

भावार्थ—जो प्रभु का स्तवन करते हैं, प्रभु उन्हें मर्यादित खान-पानवाला बनाते हैं। और ज्ञान के साथ धन को भी प्राप्त कराते हैं। ताकि ये उपासक धन से जीवन यात्रा में आगे बढ़ पायें और ज्ञान के द्वारा धन की हानियों से बचे रहें।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'तपुर्जम्भस्य-सुद्युत्-गणश्री'

उदस्य शोचिरस्थादीदियुषो व्यजरम्। तपुर्जम्भस्य सुद्युतो गणश्रियः॥ ४॥

(१) अस्य=गत मन्त्र में वर्णित दीदियुषः=ज्ञान-ज्योति से देदीप्यमान उपासक की अजरम्=न जीर्ण होनेवाली शोचिः=दीप्ति वि उद् अस्थात्=विशेषरूप से उत्थित होती है, यह उपासक 'स्वास्थ्य नैर्मल्य व बुद्धि की तीव्रता' के द्वारा जीवन में चमक उठता है। (२) उस उपासक की ज्योति चमक उठती है, जो तपुर्जम्भस्य=तपस्वी दंष्ट्रावाला है, अर्थात् जिसके दाँत खान-पान की क्रिया में अत्यन्त तपस्वी हैं। जो सात्त्विक भोजन को ही मात्रा में ग्रहण करता है। सुद्युतः=स्वाध्याय के द्वारा अत्यन्त द्युतिमय जीवनवाला बनता है। तथा गणश्रियः=जो शरीरस्थ सब गणों की शोभावाला है, जिसके पञ्चभूत, पञ्च प्राण, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, पञ्च ज्ञानेन्द्रियाँ तथा अन्तःकरण

पञ्चक (मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार, हृदय) सभी शोभा-सम्पन्न हैं।

भावार्थ-हम तपस्वी दाँतोंवाले, स्वाध्यायशील व सब शरीरस्थ इन्द्रिय आदि के गणों को श्री-सम्पन्न बनानेवाले हों। हम स्थिर ज्योति से चमक उठेंगे।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सामर्थ्य व ज्ञानदीप्ति (कृपा-भासा)

उर्दु तिष्ठ स्वध्वर स्तवानो देव्या कृपा। अभिख्या भासा बृहता शुशुक्वनिः॥ ५॥

(१) हे **स्वध्वर**-उत्तम यज्ञात्मक कर्मों को करनेवाले तू **उ**-निश्चय से **उत्तिष्ठ**-उठ खड़ा हो, लेटा न रह। आलस्य को छोड़कर कर्मों में प्रवृत्त हो। **स्तवानः**-स्तुति करता हुआ तू **देव्या**-उस देदीप्यमान प्रभु के **कृपा**-सामर्थ्य से **शुशुक्वनिः**-चमकनेवाला हो। तुझे उस प्रभु की शक्ति प्राप्त हो। (२) न केवल शक्ति से, अपितु **बृहता**-वृद्धि की कारणभूत **अभिख्या**-सर्वतः प्रकाश को करनेवाली **भासा**-ज्ञानदीप्ति से तू दीप्त बन।

भावार्थ-हम आलस्य को परे फेंक कर यज्ञ आदि कर्मों में प्रवृत्त हों। प्रभु-स्तवन करते हुए प्रभु के सामर्थ्य व ज्ञान दीप्ति से दीप्त बनें।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

दूतः-हव्यवाहनः

अग्ने याहि सुशस्तिभिर्हव्या जुह्वान आनुषक्। यथा दूतो बभूथ हव्यवाहनः॥ ६॥

(१) हे **अग्ने**-अग्रेणी प्रभो! आप **सुशस्तिभिः**-उत्तम ज्ञान के शंसनों के साथ **याहि**-हमें प्राप्त होइये, हम आपकी उपासना करें और हृदयस्थ आप से उत्तम प्रेरणात्मक ज्ञानों को प्राप्त करें। आप हमारे लिये **आनुषक्**-निरन्तर **हव्या जुह्वानः**-हव्य पदार्थों के देनेवाले हों। (२) हे प्रभो! आप ऐसा अनुग्रह करिये **यथा**-जिस से आप हमारे लिये **दूतः**-ज्ञान के सन्देश को देनेवाले व **हव्य वाहनः**-हव्य पदार्थों को प्राप्त करानेवाले हों।

भावार्थ-हम प्रभु के उपासक बनें। प्रभु हमारे लिये ज्ञान के सन्देश को प्राप्त करायेंगे और हव्य (पवित्र) पदार्थों के देनेवाले होंगे।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

उसी का शंसन, उसी का स्तवन

अग्निं वः पूर्व्यं हुवे होतारं चर्षणीनाम्। तमया वाचा गृणे तमु वः स्तुषे॥ ७॥

(१) मैं **अग्निम्**=उस अग्रेणी प्रभु को **वः पूर्व्यम्**=जो तुम मनुष्यों के पालन व पूरण करनेवालों में उत्तम हैं, **हुवे**-पुकारता हूँ। उस प्रभु को पुकारता हूँ जो **चर्षणीनाम्**-श्रमशील मनुष्यों के लिये **होतारम्**-सब पदार्थों के देनेवाले हैं। प्रभु ही इनके सब यज्ञों को पूर्ण किया करते हैं। (२) **तम्**-उस प्रभु को मैं **अया वाचा**-इस वाणी से **गृणे**-शंसित करता हूँ, इन ज्ञान की वाणियों के द्वारा मैं प्रभु का ही शंसन करता हूँ। **तं उ**-उस प्रभु को ही **वः**-तुम्हारे लिये **स्तुषे**-स्तुत करता हूँ। घर में जब माता-पिता प्रभु का स्तवन करते हैं तो सन्तानों में भी प्रभु का कुछ विचार उत्पन्न होता है। यह स्तवन सन्तानों को भी प्रभु की ओर ले चलता है।

भावार्थ-हम प्रभु का ही शंसन करें, प्रभु का ही स्तवन करें। वे प्रभु ही हमारा पालन व पूरण करनेवाले हैं, व हमारे यज्ञों को सिद्ध करनेवाले हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

यज्ञों द्वारा हृदय में अद्भुत क्रतु प्रभु का स्थापन

यज्ञेभिरद्भुतक्रतुं यं कृपा सूदयन्त इत्। मित्रं न जने सुधितमृतावनि॥ ८॥

(१) अद्भुत क्रतुम्=अनुपम (अपूर्व) शक्तिवाले यम्=जिस प्रभु को यज्ञेभिः=यज्ञों के द्वारा कृपा=सामर्थ्य प्राप्ति के हेतु से सूदयन्ते इत्=अपने अन्दर निश्चय से प्रेरित करते हैं। प्रभु की शक्ति अनन्त है। इन प्रभु को यज्ञों के द्वारा हम अपने हृदयों में देखनेवाले बनते हैं और परिणामतः प्रभु की शक्ति से अपने को शक्ति-सम्पन्न कर पाते हैं। (२) उस प्रभु को हम अपने अन्दर प्रेरित करते हैं, देखने का प्रयत्न करते हैं, जो ऋतावनि जने=यज्ञशील मनुष्यों में नियमित आचरणवाले मनुष्यों में मित्रं न=मित्र के समान सुधितम्=सम्यक् स्थापित होते हैं। हम जब यज्ञशील व नियमित जीवनवाले बनते हैं, तो प्रभु को हृदयस्थ मित्र के रूप में पाते हैं।

भावार्थ—यज्ञ प्रवृत्त मनुष्यों को प्रभु प्राप्त होते हैं। परिणामतः ये यज्ञशील व्यक्ति प्रभु की शक्ति से शक्ति सम्पन्न बनते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'यज्ञों-ज्ञान की वाणियों व नमन' के द्वारा प्रभु का उपासन

ऋतावानमृतायवो यज्ञस्य साधनं गिरा। उपो एनं जुजुषुर्नमसस्पदे॥ ९॥

(१) ऋतायवः=यज्ञशील पुरुष ऋतावानम्=सब यज्ञों के रक्षक यज्ञस्य साधनम्=सब यज्ञों के सिद्ध करनेवाले प्रभु को गिरा=ज्ञान की वाणियों से जुजुषुः=प्रीतिपूर्वक सेवित करते हैं। (२) एनं उ=इस प्रभु को ही नमसः पदे=नमन के स्थान में, नम्रतापूर्वक ध्यान करने के स्थल में उपजुजुषुः=समीपता से उपासित करते हैं।

भावार्थ—यज्ञों के द्वारा, ज्ञान की वाणियों के द्वारा तथा ध्यान में नमन के द्वारा प्रभु का ही उपासन होता है। कर्मकाण्ड (ऋतायवः) ज्ञानकाण्ड (गिरा) उपासना काण्ड (नमसस्पदे) ये सब उपासना ही हो जाते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अंगिरस्तम-यशस्तम

अच्छा नो अङ्गिरस्तमं यज्ञासो यन्तु संयतः। होता यो अस्ति विक्ष्वा यशस्तमः॥ १०॥

(१) नः=हमारे संयतः=संयम पूर्वक किये गये, दीक्षा को ग्रहण कर किये गये यज्ञासः=यज्ञ अंगिरस्तम=उस महान् अंगिरा की अच्छा=ओर उस अंग-प्रत्यंग में रस का संचार करनेवाले प्रभु की ओर यन्तु=जानेवाले हों। ये यज्ञ हमें प्रभु को प्राप्त करानेवाले हों। (२) उस प्रभु को प्राप्त करानेवाले हों, यः=जो विक्षु=सब प्रजाओं में स्थित हुए-हुए होता अस्ति=सब यज्ञों के करनेवाले हैं तथा अयशस्तमः=चारों ओर यशस्वितम हैं, सर्वत्र जिनकी महिमा फैली हुई है। सब उत्तम कर्म उस प्रभु की प्रेरणा व शक्ति से ही तो हो रहे हैं।

भावार्थ—हमें सब यज्ञ प्रभु की ओर ले चलनेवाले हों। इन यज्ञों को वस्तुतः प्रभु ही तो कर रहे होते हैं। वे प्रभु अंगिरस्तम हैं, यशस्तम हैं। हमें भी वे ऐसा ही बनायेंगे।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

ज्ञान-शक्ति

अग्ने तव त्ये अजरेन्धानासो बृहद्भाः। अश्वाइव वृषणस्तविषीयवः॥ ११॥

(१) हे **अजर**=कभी जीर्ण न होनेवाले, सदा वृद्ध **अग्ने**=अग्रेणी प्रभो! **तव**=आपके **त्ये**=वे उपासक **इन्धानासः**=अपने अन्दर ज्ञानाग्नि को दीप्त करनेवाले होते हैं। परिणामतः **बृहद्भाः**=अत्यन्त बढ़ी हुई ज्ञान ज्योतिवाले होते हैं। (२) ये आपके उपासक **अश्वाः इव**=घोड़े के समान **वृषणः**=शक्तिशाली होते हैं और **तविषीयवः**=(बलं आचरन्तः) सबलता से सब कर्मों को करनेवाले होते हैं। इनके कर्म निर्बल नहीं होते, वीर्यवत्तर होते हैं।

भावार्थ—प्रभु के उपासक ज्ञानाग्नि को दीप्त करके बढ़ी हुई ज्ञान-ज्योतिवाले होते हैं, घोड़ों की तरह सबल होते हैं, इनके सब कर्म भी सबल होते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सुवीर्यं 'रयिम्'

स त्वं न ऊर्जां पते रयिं रास्व सुवीर्यम्। प्रावा नस्तोके तनये सुमत्स्वा॥ १२॥

(१) हे **अर्जांपते**=बलों व प्राणशक्तियों के स्वामिन्! **सः त्वम्**=वे आप **नः**=हमारे लिये **सुवीर्यम्**=उत्तम वीर्य (पराक्रम) से युक्त **रयिम्**=ऐश्वर्य को **नः**=हमारे लिये **रास्व**=दीजिये। (२) इस प्रकार शक्तियुक्त धन को देकर आप **नः**=हमें **तोके**=सन्तानों) के विषय में **तनये**=पौत्रों के विषय में तथा **समत्सु**=इन जीवन-संग्रामों में **आ**=सर्वथा **प्रावा**=प्रकर्षेण रक्षित करिये। आप से रक्षण को प्राप्त करके ही हम अपने सन्तानों को उत्तम बना पायेंगे और इस संसार संग्राम में विजयी हो सकेंगे।

भावार्थ—प्रभु हमें उत्तम शक्तियुक्त धन को प्राप्त करायें। वे हमें सन्तानों को उत्तम बनाने में समर्थ करें तथा जीवन-संग्राम में विजय प्राप्त करायें।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु-प्रसादन से राक्षसी भावों का विनाश

यद्वा उ विश्वपतिः शितः सुप्रीतो मनुषो विशि। विश्वेदग्निः प्रति रक्षांसि सेधति॥ १३॥

(१) **यद्**=जब **वा उ**=निश्चय से **विश्पतिः**=सब प्रजाओं के रक्षक प्रभु **शितः**=तनूकृत होते हैं, अर्थात् जब हम अन्नमय आदि कोशों के आवरणों को हटाकर, 'मुञ्जाद् इव इषीकां' मूञ्ज से अलग करके जैसे सींक को, इसी प्रकार प्रभु को देखते हैं और जब वे प्रभु **सुप्रीतः**=कर्त्तव्यपालन के द्वारा हमारे पर प्रीतिवाले होते हैं, तो वे **अग्निः**=अग्रेणी प्रभु **मनुषः विशि**=विचारशील पुरुष के इस शरीररूप गृह में **विश्वा इत्**=सब ही **रक्षांसि**=राक्षसी भावों को **प्रतिसेधति**=प्रतिषिद्ध करनेवाले होते हैं। (२) अन्नमय आदि कोशों का आवरण आ जाने से आत्मा स्थूल-सा प्रतीत होता है, इसी में आत्मा का व्यवहार होने लगता है। इन आवरणों को हटाते जायें तो मानो आत्मा तनूकृत होता चलता है। यही 'शितः' शब्द की भावना है। उत्तम कर्मों से हम इस आत्म स्थित प्रभु को प्रसन्न करते हैं। प्रभु हमारे सब राक्षसी भावों का विनाश करते हैं।

भावार्थ—प्रभु सब प्रजाओं के स्वामी हैं। जब हम प्रभु को उनके सूक्ष्मरूप में देख पाते हैं और स्वकर्त्तव्य कर्मों के करने के द्वारा उनकी आराधना कर पाते हैं, तो प्रभु हमारी सब अशुभ वृत्तियों को दूर कर देते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

मायावी राक्षसों का दहन

श्रुष्ट्यग्ने नवस्य मे स्तोमस्य वीर विश्पते। नि मायिनस्तपुषा रक्षसो दह॥ १४॥

(१) हे **वीर**-शत्रुओं के कम्पक, **विश्पते**-इस प्रकार प्रजाओं के रक्षक **अग्ने**-अग्रेणी प्रभो! **मे**-मेरे से किये जानेवाले इस **नवस्य**-(नव गतौ) मुझे गतिमय जीवनवाला बनानेवाले **स्तोमस्य**-स्तोम का **श्रुष्टी**-श्रवण करके आप **मायिनः रक्षसः**-इन मायावी राक्षसी भावों को **तपुषा**-अपने तापक तेज से **निदह**-नितरां दग्ध कर दीजिये। (२) प्रभु का स्तवन जहाँ हमारे सामने एक उच्च लक्ष्य को उपस्थित करके विशिष्ट गति को पैदा करता है, वहाँ हमें यह स्तवन प्रभु की शक्ति से शक्ति-सम्पन्न बनाता है। यह प्रभु का तापक तेज सब राक्षसी भावों को दग्ध कर देता है।

भावार्थ-हम प्रभु का स्तवन करें। यह स्तवन हमें गतिमय व शक्ति-सम्पन्न बनायेगा। यह शक्ति सब मायावी राक्षसी वृत्तियों को शीर्ण करनेवाली होगी।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

कामदेव 'स्मर' है, तो प्रभु 'स्मर-हर' हैं

न तस्य मायया चन रिपुरीशीत मर्त्यः। यो अग्नये ददाश हव्यदातिभिः॥ १५॥

(१) **यः**-जो भी उपासक **हव्यदातिभिः**-हव्यों के देने के द्वारा, यज्ञशीलता के द्वारा भोगवृत्ति से ऊपर उठने के द्वारा **अग्नये**-उस अग्रेणी प्रभु के लिये **ददाश**-अपना अर्पण कर देता है। जितना-जितना हम भोगों से ऊपर उठते हैं उतना-उतना ही प्रभु के उपासक बनते हैं। **तस्य**-उस उपासक का यह **रिपुः**-हमें विदीर्ण कर देनेवाला **मर्त्यः**-मार, काम (देव) **मायया चन**-अपनी पूरी माया से भी **न ईशीत**-ईश नहीं बन पाता।

भावार्थ-यज्ञशीलता से हम प्रभु के प्रति अपना अर्पण करनेवाले बनें। ऐसी स्थिति में यह कामदेव हमें अपना शिकार न बना पायेगा।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

उक्षण्युः-व्यश्वः

व्यश्वस्त्वा वसुविदमुक्षण्युरप्रीणादृषिः। महे राये तमु त्वा समिधीमहि॥ १६॥

(१) हे प्रभो! **वसुविदम्**-सब वसुओं के प्राप्त करानेवाले **त्वा**-आपको यह **ऋषिः**-तत्त्वद्रष्टा उपासक **अप्रीणात्**-प्रसन्न कर पाता है, जो **व्यश्वः**-विशिष्ट इन्द्रियाश्वोंवाला बनता है, जो अपनी इन्द्रियों को भोगों में नहीं फँसने देता और इस प्रकार इनकी शक्ति को क्षीण नहीं होने देता। जो **उक्षण्युः**-सर्वसुखों के सेचक आपकी ही प्राप्ति की कामनावाला होता है। (२) हम भी **तं त्वा उ**-उन आप को ही **महः राये**-महान् ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिये **समिधीमहि**-अपने अन्दर समिद्ध करते हैं। अपने हृदयों में आपके प्रकाश को देखने का प्रयत्न करते हुए हम भी महान् ऐश्वर्य के भागी बनते हैं।

भावार्थ-प्रभु को प्रीणित वही कर पाता है जो-(क) अपने इन्द्रियाश्वों को भोग से दूर रखकर सबल बनाये रखता है, (ख) जो सर्वसुख सेचक प्रभु की प्राप्ति की ही कामनावाला होता है, (ग) जो तत्त्वद्रष्टा बनता है। इस प्रभु के प्रीणन में ही महान् ऐश्वर्य का लाभ है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

उशनाः काव्यः

उशना काव्यस्त्वा नि होतारमसादयत्। आयजिं त्वा मनवे जातवेदसम्॥ १७॥

(१) हे प्रभो! **उशनाः**-आपकी प्राप्ति की प्रबल कामनावाला **काव्यः**-यह क्रान्तप्रज्ञ तत्त्वदर्शी पुरुष **होतारम्**-सब ऐश्वर्यों के देनेवाले **त्वा**-आपको **नि असादयत्**-नम्रता से अपने हृदयासन पर बिठाता है। (२) उन **त्वा**-आपको अपने हृदयासन पर बिठाता है जो आप **आयजिम्**-समन्तात् सब पदार्थों में पूज्य हैं, जिन आपकी महिमा प्रत्येक पदार्थ में दिखती है। जो आप **मनवे**-विचारशील पुरुष के लिये **जातवेदसम्**-(जाते-जाते विद्यते) प्रत्येक पदार्थ में विद्यमान हो रहे हैं। एक विचारशील पुरुष को प्रत्येक पदार्थ में आपकी सत्ता का अनुभव होता है। वह पृथिवी में 'पुण्य गन्ध' के रूप में, जलों में 'रस' रूप में, अग्नि में 'तेज' के रूप में, वायु में 'गति' के रूप में व आकाश में 'शब्द' के रूप में आपको देखता है।

भावार्थ-प्रभु प्राप्ति की प्रबल कामनावाले तत्त्वद्रष्टा बनकर हम सर्वत्र उस प्रभु की सत्ता को देखने का प्रयत्न करें। ये प्रभु ही 'आयजि' हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रथमः यज्ञियः

विश्वे हि त्वा सजोषसो देवासो दूतमक्रत। श्रुष्टी देव प्रथमो यज्ञियो भुवः॥ १८॥

(१) हे अग्ने! **विश्वे**-सब **देवासः**-देव वृत्ति के पुरुष **सजोषसः**-समान रूप से प्रीतिवाले होकर उपासना करते हुए **हि**-निश्चय से **त्वा**-आपको **दूतं अक्रत**-ज्ञान का सन्देश प्राप्त करानेवाला बनाते हैं। अर्थात् आप की उपासना करते हुए हृदयस्थ आपके द्वारा ज्ञान को प्राप्त करने के लिये यत्नशील होते हैं। (२) हे **देव**-प्रकाशमय प्रभो! आप ही **श्रुष्टी**-शीघ्र **प्रथमः**-सर्वमुख्य **यज्ञियः**-उपासनीय **भुवः**-होते हैं। सब को आपकी ही उपासना करनी योग्य है। आपकी उपासना से ही पवित्र हृदय बनकर हम आपके द्वारा ज्ञान-सन्देश को सुननेवाले बनते हैं।

भावार्थ-देव वृत्ति के पुरुष परस्पर मिलकर प्रीतिपूर्वक प्रभु का उपासन करते हैं। इस प्रकार प्रभु से ज्ञान-सन्देश को प्राप्त करनेवाले होते हैं। प्रभु ही सर्वमुख्य उपासनीय हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अमृतं-पावकम्

इमं धा वीरो अमृतं दूतं कृण्वीत मर्त्यः। पावकं कृष्णवर्तनिं विहायसम्॥ १९॥

(१) **वीरः मर्त्यः**-शत्रुओं को, काम-क्रोध आदि को कम्पित करके दूर करनेवाला मनुष्य **धा**-निश्चय से **इमम्**-इस **अमृतम्**-अविनाशी प्रभु को **दूतम्**-ज्ञान के सन्देश का प्रापक **कृण्वीत**-करता है। प्रभु की उपासना करता हुआ पवित्र हृदय में प्रभु के सन्देश को सुनता है। (२) उस प्रभु को अपने लिये ज्ञान-सन्देश का प्राप्त करानेवाला बनाता है जो **पावकम्**-पवित्र करनेवाले हैं। **कृष्ण-वर्तनिम्**-सब पापों (कृष्ण) को नष्ट करनेवाले हैं (वर्तनिं-उलटनेवाले) अथवा आकर्षक (कृष्णा) मार्ग (वर्तनि) वाले हैं और **विहायसम्**-महान् हैं, आकाशवत् व्यापक हैं।

भावार्थ-प्रभु पावक हैं। हम प्रभु की उपासना करते हुए इस अमृत प्रभु को ही अपना ज्ञान-सन्देश प्रापक बनायें। हृदयस्थ प्रभु से ज्ञान की प्रेरणा को प्राप्त करें। ज्ञान-सन्देश द्वारा पवित्र करते हुए प्रभु ही हमें अमृत बनाते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रत्नमीड्यम्

तं हुवेम यतस्रुचः सुभासं शुक्रशोचिषम्। विशामग्निमजरं प्रत्नमीड्यम्॥ २०॥

(१) यतस्रुचः-(वाग् वै स्रुचः श० ६।३।१।८) संयत वाणीवाले होते हुए हम तम्-उस प्रभु को हुवेम-पुकारते हैं। जो प्रभु सुभासम्-उत्तम दीप्तिवाले हैं और शुक्रशोचिषम्-देदीप्यमान ज्ञान-ज्योतिवाले हैं। (२) उस प्रभु को हम संयतवाक् बनकर स्तुत करते हैं, जो विशाम्-सब प्रजाओं के अग्निम्-अग्रेणी हैं, अजरम्-कभी जीर्ण होनेवाले नहीं, प्रत्नम्-सनातन हैं और ईड्यम्-स्तुति के योग्य हैं।

भावार्थ-वाणी का संयम करते हुए हम प्रभु का आराधन करते हैं, तो प्रभु हमारी ज्ञानदीप्ति व पवित्रता को बढ़ानेवाले होते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

भूरि घोषं, वीरवद् यशः

यो अस्मै हव्यदातिभिराहुतिं मर्तोऽविधत्। भूरि पोषं स धत्ते वीरवद्यशः॥ २१॥

(१) यः मर्तः-जो मनुष्य अस्मै-इस प्रभु के लिये हव्यदातिभिः-हव्य पदार्थों के दान के द्वारा, यज्ञशीलता के द्वारा भोगवृत्ति से ऊपर उठने के द्वारा आहुतिम्-अपने अर्पण को (हु दाने) अविधत्-करता है, सः-वह भूरि-खूब ही घोषम्-पोषण को धत्ते-धारण करता है। जैसे माता के प्रति अर्पित हुआ-हुआ बालक माता से पोषण को प्राप्त करता है, उसी प्रकार जब हम प्रभु के प्रति अपना अर्पण करते हैं, तो प्रभु हमारा समुचित पोषण करते हैं। (२) यह प्रभु के प्रति अपना अर्पण करनेवाला व्यक्ति वीरवत्-प्रशस्त वीर सन्तानोंवाले यशः-यश को धारण करता है। प्रभु इसे उत्तम सन्तानों को प्राप्त कराते हैं तथा यशस्वी जीवनवाला बनाते हैं।

भावार्थ-भोगवृत्ति से ऊपर उठकर त्याग वृत्तिवाले बनकर हम प्रभु का पूजन करते हैं, प्रभु के प्रति अपना अर्पण करते हैं। प्रभु हमारा खूब ही पोषण करते हैं और वीर सन्तानों के साथ यशस्वी जीवन को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

हविष्मती स्रुक्

प्रथमं जातवेदसमग्निं यज्ञेषु पूर्व्यम्। प्रति स्रुगेति नमसा हविष्मती॥ २२॥

(१) 'स्रुक्' वाणी है (वाग्वै स्रुचः श० ६।३।१।८) यह स्रुक्-वाणी हविष्मती-हविवाली होती हुई, त्यागपूर्वक अदन के स्वभाववाली होती हुई, नमसा-नमस्कार के साथ अग्निम्-उस अग्रेणी प्रभु की प्रति एति-ओर जानेवाला होती है। अर्थात् प्रभु का ही स्तवन करती है। (२) उस प्रभु का जो प्रथमम्-सर्वत्र व्यापक हैं (प्रथ विस्तारे), जातवेदसम्-(जाते-जाते-विद्यते) प्रत्येक उत्पन्न पदार्थ में विद्यमान हैं, अग्निम्-अग्रेणी हैं और यज्ञेषु पूर्व्यम्-यज्ञों के होने पर पालन व पूरण करनेवालों में उत्तम हैं।

भावार्थ-हमारी वाणी त्याग पूर्वक अदन करती हुई नमस्कार के साथ प्रभु की अर्चना करनेवाली हो। ये प्रभु हमें यज्ञों में प्रवृत्त करके हमारा उत्तमता से पालन करते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

स्वाध्याय-प्रशस्तेन्द्रियता-त्यागवृत्ति-उपासना

आभिर्विधेमाग्नये ज्येष्ठाभिर्व्यश्ववत्। मंहिष्ठाभिर्मतिभिः शुक्रशोचिषे॥ २३॥

(१) **आभिः**-इन **ज्येष्ठाभिः**-प्रशस्यतम वेदवाणियों से हम **व्यश्ववत्**-प्रशस्त इन्द्रियाश्वों-वाले पुरुष की तरह **अग्नये**-उस अग्रेणी प्रभु के लिये **विधेम**-पूजन करते हैं। वस्तुतः 'स्वाध्याय में अतिरिक्त समय को बिताना और इस प्रकार प्रशस्त इन्द्रियाश्वोंवाला बनना' ही प्रभु का सच्चा पूजन है। (२) **मंहिष्ठाभिः**-(मंहतेर्दानकर्मणः) अधिक से अधिक दान की भावनावाली, अतिशयित त्याग की भावनावाली, **मतिभिः**-बुद्धियों से हम **शुक्रशोचिषे**-अतिशयेन देदीप्यमान ज्ञान की ज्योतिवाले उस प्रभु का उपासन करते हैं। त्याग की भावना ही हमारी बुद्धियों को स्वस्थ बनाती है। स्वस्थ बुद्धि ज्ञानदीप्ति का साधन बनती है।

भावार्थ-वेदवाणियों का स्वाध्याय करते हुए हम प्रशस्तेन्द्रिय बनें। अतिशयेन त्याग की वृत्तिवाली बुद्धिवाले हों। यही प्रभु का सच्चा उपासन है, यही ज्ञानदीप्ति की प्राप्ति का मार्ग है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—आर्चीस्वराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

यज्ञशीलता-तत्त्वदर्शन-प्रशस्तेन्द्रियता=उपासना

नूनमर्च्छ विहायसे स्तोमेभिः स्थूरयूपवत्। ऋषे वैयश्व दम्यायाग्नये॥ २४॥

(१) 'यूप' शब्द यज्ञस्तम्भ के लिये प्रयुक्त होता है। 'स्थूर यूप' वह व्यक्ति है, जिसके यज्ञस्तम्भ बड़े दृढ़ हैं। जो यज्ञशील है, जिसने यज्ञों के लिये समुचित यज्ञस्थली का घर में निर्माण किया है, वेद के आदेश के अनुसार सर्वप्रथम कक्ष 'हविर्धानं' ही बनाया है। यह 'स्थूर यूप' प्रभु का उपासक है 'यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः'। इस **स्थूरयूपवत्**-यज्ञशील पुरुष की तरह **नूनम्**-निश्चय से **विहायसे**-उस आकाशवत् व्यापक महान् प्रभु के लिये **स्तोमेभिः**-स्तुतियों के द्वारा **अर्च**-अर्चना कर। (२) हे **ऋषे**-तत्त्वद्रष्टः! **वैयश्व**-विशिष्ट इन्द्रियाश्वोंवाले उपासक तू **दम्याय**-तुम्हारे गृह का हित करनेवाले उस **अग्नये**-अग्रेणी प्रभु के लिये अर्चना करनेवाला बन।

भावार्थ-प्रभु का उपासक यह है जो (क) यज्ञशील है (स्थूरयूप), (ख) तत्त्वद्रष्टा बनता है (ऋषि), (ग) इन्द्रियाश्वों को प्रशस्त बनाता है (वैयश्व)। ये प्रभु उपासक के गृह का कल्याण करते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

मानुषाणां अतिथिं, वनस्पतीनां सूनुम्

अतिथिं मानुषाणां सूनुं वनस्पतीनाम्। विप्रा अग्निमवसे प्रत्नमीळते॥ २५॥

(१) **विप्राः**-अपना विशेषरूप से पूरण करनेवाले, अपनी कमियों को दूर करनेवाले, ज्ञानी पुरुष **प्रत्नम्**-उस सनातन **अग्निम्**-अग्रेणी प्रभु को **अवसे**-रक्षण के लिये **ईडते**-स्तुत करते हैं। इस स्तोता विप्र का प्रभु रक्षण करते ही हैं, इसे काम-क्रोध-लोभ आदि के आक्रमण से बचाते हैं। (२) उस प्रभु को उपासित करते हैं जो **मानुषाणाम्**-विचारशील पुरुषों का **अतिथिम्**-अतिथि है, अतिथिवत् पूज्य है। तथा **वनस्पतीनाम्**-(वन-A ray of light) ज्ञान-रश्मियों के रक्षक पुरुषों का **सूनुम्**-(षू प्रेरणे) प्रेरक है। विचारशील पुरुष सदा प्रभु का पूजन करते हैं और ज्ञानरश्मियों का रक्षण करनेवाले पुरुष प्रभु-प्रेरणा को सुन पाते हैं।

भावार्थ–विप्र रक्षण के लिये प्रभु की आराधना करते हैं। विचारशील पुरुष प्रभु को अतिथिवत् पूजते हैं और ज्ञानरश्मियों का रक्षण करनेवाले पुरुष प्रभु की प्रेरणा को सुना करते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

महान् अधिष्ठाता

महो विश्वाँ अभि षतोऽभि हव्यानि मानुषा। अग्ने नि षत्सि नमसाधि बर्हिषि॥ २६॥

(१) **अभि**–चारों ओर **सतः**–विद्यमान **महः विश्वान्**–महान् विश्वों को (लोकों को) आप **निषत्सि**–निश्चय से अधिष्ठित करते हैं। तथा **मानुषा**–विचारशील पुरुषों से किये जानेवाले **हव्यानि**–हवि प्रदान (यज्ञ) आदि कर्मों को भी आप ही **अभि (निषत्सि)**–अधिष्ठित करते हो। सब लोकों में व्याप्त हुए–हुए आप उनका धारण व नियमन कर रहे हैं। आप ही इन विचारशील पुरुषों के यज्ञों को सिद्ध करते हैं। (२) हे **अग्ने**–परमात्मन्! आप **नमसा**–नमस् के द्वारा, जब भी उपासक आपके प्रति नमन को धारण करता है तो आप **बर्हिषि**–उसके वासनाशून्य हृदय में **अधि निषत्सि**–आधिक्येन स्थित होते हैं, वह उपासक हृदय में आपका दर्शन कर पाता है।

भावार्थ–प्रभु सब लोकों के नियामक हैं, सब यज्ञों के अधिष्ठाता हैं, विनीत पुरुष के हृदय में स्थित होते हैं, वहाँ प्रभु का दर्शन होता है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'सुवीर्य सुसन्तान व सुयशा' बनानेवाला धन

वंस्वा नो वार्या पुरु वंस्व रायः पुरुस्पृहः। सुवीर्यस्य प्रजावतो यशस्वतः॥ २७॥

(१) हे प्रभो! आप **नः**–हमारे लिये **वार्या**–वरणीय धनों को **वंस्वा**–दीजिये। और **पुरुस्पृहः**–बहुतों से स्पृहणीय (चाहने योग्य) **रायः**–धनों को **पुरुवंस्व**–खूब ही दीजिये। (२) उस धन को दीजिये जो **सुवीर्यस्य**–उत्तम शक्ति से युक्त है, **प्रजावतः**–उत्तम सन्तानोंवाला है तथा **यशस्वतः**–मुझे यशस्वान् बनानेवाला है। अर्थात् जिस धन के द्वारा भोगों में फँसकर मैं निर्बल नहीं हो जाता, जिस धन के द्वारा मेरे सन्तान बिगड़ नहीं जाते तथा जिस धन से मैं उत्तम कर्मों को करता हुआ यशस्वी जीवनवाला होता हूँ।

भावार्थ–प्रभु हमारे लिये सब वरणीय वस्तुओं को प्राप्त करायें। उस स्पृहणीय धन को भी प्राप्त करायें, जो मुझे सुवीर्य–सुसन्तान व सुयश बनाये।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

शान्त व क्रियाशील

त्वं वरो सुषाम्णेऽग्ने जनाय चोदय। सदा वसो रातिं यविष्ठ शश्वते॥ २८॥

(१) हे **अग्ने**–अग्रेणी प्रभो! **त्वं वरः**–आप ही वरणीय हैं, श्रेष्ठ हैं। आप **सुषाम्णे जनाय**–उत्तम सामवाले, शान्तिवाले **जनाय**–व्यक्ति के लिये **रातिम्**–धन के दान को **चोदय**–प्रेरित कीजिये। (२) हे **वसो**–हमारे निवासों को उत्तम बनानेवाले **यविष्ठ**–बुराई को अधिक से अधिक दूर करनेवाले प्रभो! आप **शश्वते**–प्लुत गतिवाले, स्फूर्तिवाले क्रियाशील व्यक्ति के लिये **सदा**–हमेशा (रातिं चोदय) धनों को प्रेरित करते हैं।

भावार्थ–प्रभु शान्त व क्रियाशील व्यक्ति के लिये, शान्तिपूर्वक कर्त्तव्य में लगे व्यक्ति के लिये, धनों के दान को प्रेरित करते हैं। ये धन उनकी उन्नति के लिये, उनके निवास को उत्तम बनाने के लिये व बुराइयों को दूर करने के लिये होते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

गोमतीः इषः-महः रायः सातिम्

त्वं हि सुप्रतूरसि त्वं नो गोमतीरिषः। महो रायः सातिमग्ने अपा वृधि॥ २९॥

(१) हे अग्ने=अग्रेणी प्रभो! त्वम्=आप हि=ही सुप्रतूः असि=अच्छी प्रकार शत्रुओं का संहार करनेवाले (तुर्व्) हैं। त्वम्=आप नः=हमारे लिये गोमतीः=प्रशस्त ज्ञान की वाणियोंवाली इषः=प्रेरणाओं को अपावृधि=वासना के आवरण को हटाकर प्राप्त करानेवाले होइये। (२) हे प्रभो! आप महः रायः=महान् ऐश्वर्य के सातिम्=दान को (अपावृधि)=हमारे लिये आवरण हटाकर प्राप्त कराइये।

भावार्थ—प्रभु के अनुग्रह से काम-क्रोध आदि शत्रुओं के विनाश के द्वारा हम प्रशस्त ज्ञान की वाणियोंवाली प्रेरणाओं को व महान् ऐश्वर्य को प्राप्त करें।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

पूतदक्षसा (मित्रावरुणा)

अग्ने त्वं यशा अस्या मित्रावरुणा वह। ऋतावाना सम्राजा पूतदक्षसा॥ ३०॥

(१) हे अग्ने=परमात्मन्! त्वम्=आप यशाः असि=यशस्वी ही यशस्वी हैं। आप हमारे लिये भी मित्रावरुणा=स्नेह व निर्द्वेषता के भावों को आवह=प्राप्त कराइये। ये स्नेह व निर्द्वेषता के भाव मुझे भी यशस्वी बनायें। (२) ये मित्र और वरुण ऋतावाना=ऋतवाले, यज्ञवाले हैं। हमारे जीवनों में ऋत का रक्षण करते हैं। सम्राजा=ये हमारे जीवनों को सम्यग् राजमान (दीप्त) बनाते हैं। पूतदक्षसा=हमारे बलों को पवित्र करते हैं।

भावार्थ—प्रभु की उपासना से स्नेह व निर्द्वेषता को धारण करके हम ऋत का धारण करें, दीप्त जीवनवाले बनें, शुद्ध बलवाले हों।

अगले सूक्त का ऋषि भी 'विश्वमना वैयश्व' ही है। यह 'इन्द्र' नाम से प्रभु का स्तवन करता है—

२४. [चतुर्विंशं सूक्तम्]

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

नृतम्-धृष्णु

सखाय आ शिषामहि ब्रह्मेन्द्राय वज्रिणे। स्तुष ऊ षु वो नृतमाय धृष्णवे॥ १॥

(१) सखायः=हे मित्रो! हम वज्रिणे=वज्रहस्त इन्द्राय=शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभु के लिये ब्रह्म=ज्ञान की वाणियों के द्वारा आशिषामहि=आदरपूर्वक गुणों का वर्णन करते हैं। उस प्रभु के गुणों का का वर्णन करते हुए उन गुणों को धारण करने के लिये यत्नशील होते हैं। (२) वः=तुम सब के नृतमाय=नेतृतम=सर्वोत्तम नेता धृष्णवे=शत्रुओं का धर्षण करनेवाले प्रभु के लिये उ=ही सु=सम्यक् स्तुषे=स्तुति करता हूँ। मैं प्रभु-स्तवन करता हूँ, प्रभु मेरे शत्रुओं का धर्षण करते हैं।

भावार्थ—वे प्रभु वज्रहस्त होकर हमारे शत्रुओं का धर्षण करते हैं, वे हमारे सर्वोत्तम नेता हैं। हम सब मिलकर प्रभु के गुणों का ही वर्णन करें। उन्हें धारण करने के लिये यत्नशील हों। इस प्रकार सच्चे स्तोता बनें।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

वासना-विनाश व ऐश्वर्यदान

शवसा ह्यसि श्रुतो वृत्रहत्येन वृत्रहा। मघैर्मघोनो अति शूर दाशसि॥ २॥

(१) हे प्रभो! आप **शवसा**=बल के द्वारा **हि**=निश्चयपूर्वक **श्रुतः असि**=प्रसिद्ध हैं। **वृत्रहत्येन**=वासना के विनाश के द्वारा आप 'वृत्र-हा'='वृत्रहा' नामवाले हैं। आप ही ज्ञान की आवरणभूत वासना का विनाश करते हैं। (२) हे **शूर**=शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! आप **मघैः**=ऐश्वर्यों से **मघोनः**=सब ऐश्वर्यशालियों को **अति**=लांघ करके **दाशसि**=देनेवाले हैं। किसी भी अन्य धनी ने क्या देना? देनेवाले आप ही हैं।

भावार्थ—प्रभु बल के द्वारा वासनारूप शत्रु का संहार करनेवाले हैं। इस प्रकार वे प्रभु हमारी अध्यात्म उन्नति का कारण बनते हैं। वे प्रभु ही सब ऐश्वर्यों को देकर हमारी ऐहिक उन्नति के साधक होते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

वसुः-ददिः

स नः स्तवान आ भर रयिं चित्रश्रवस्तमम्। निरेके चिद्यो हरिवो वसुर्ददिः॥ ३॥

(१) हे प्रभो! **सः**=वे आप **स्तवानः**=स्तुति किये जाते हुए **नः**=हमारे लिये **चित्रश्रवस्तमम्**=अद्भुत ज्ञान व यश को प्राप्त करानेवाले **रयिम्**=धन को **आभर**=दीजिये। आप से दिया गया धन इस प्रकार विनियुक्त हो कि यह ज्ञान की वृद्धि करनेवाला हो तथा हमारे यश को बढ़ानेवाला हो। (२) हे **हरिवः**=प्रशस्त इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करानेवाले प्रभो! उस धन को दीजिये **यः**=जो **चित्**=निश्चय से **निरेके**=निर्गमन में ही हो, अर्थात् जो सदा दान में विनियुक्त होता रहे। हे प्रभो! आप ही **वसुः**=हमें बसानेवाले हैं। धनों को देकर तथा दान की वृत्ति को प्राप्त कराके आप हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले हैं। **ददिः**=सब कुछ देनेवाले आप ही तो हैं।

भावार्थ—प्रभु वह धन देते हैं, जो हमारे ज्ञान व यश की वृद्धि का कारण बनता है, जो दान में विनियुक्त होता है। प्रभु इस प्रकार हमारे निवास को उत्तम बनाते हैं। सब कुछ देनेवाले प्रभु ही तो हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'निरेक प्रिय' धन

आ निरेकमुत प्रियमिन्द्र दर्षि जनानाम्। धृषता धृष्णो स्तवमान आ भर॥ ४॥

(१) हे **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! आप **जनानाम्**=लोगों के **निरेकम्**=जिसका सदा दान में विनियोग होता है (विरेचनात् वा निर्गमनाद्वा) **उत**=और **प्रियम्**=जो प्रीणन का कारण बनता है उस धन को **आदर्षि**=(आदृ=To desire) चाहिये, लोगों के लिये इस 'निरेक प्रिय' धन की कामना करिये। (२) हे **धृष्णो**=शत्रुओं का धर्षण करनेवाले प्रभो! **स्तवमाना**=स्तुति किये जाते हुए आप **धृषता**=शत्रुधर्षक सामर्थ्य के साथ **आभर**=हमारे लिये धन का पोषण करिये। हम धनों को प्राप्त करें। पर साथ ही हमारे मन शत्रुधर्षक सामर्थ्यवाले हों जिससे उन धनों के कारण हम वैषयिक वृत्तिवाले न हो जायें।

भावार्थ—प्रभु हमें वह धन प्राप्त करायें, जो दान में विनियुक्त हो, प्रीति का कारण बने। तथा साथ ही प्रभु हमें शत्रुधर्षक सामर्थ्य को भी दें ताकि उस धन से हम विषयों की ओर बह

न जायें।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

आमुरः-परिबाधः

न ते सव्यं न दक्षिणं हस्तं वरन्त आमुरः। न परिबाधो हरिवो गविष्टिषु॥ ५॥

(१) हे प्रभो! **आमुरः**-संग्राम में आभिमुख्येन मरनेवाले व्यक्ति **ते**-आपके **न सव्यम्**-न तो बायें हाथ को **न दक्षिणं हस्तम्**-और न ही दायें हाथ को **वरन्त**-रोकते हैं। अर्थात् इनके लिये आप दोनों हाथों से धनों को देनेवाले होते हैं। (२) हे **हरिवः**-प्रशस्त इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करानेवाले प्रभो! **गविष्टिषु**-ज्ञान की वाणियों के अन्वेषणात्मक यज्ञों में चलनेवाले और अतएव **परिबाधः**-समन्तात् शत्रुओं का बाधन करनेवाले लोग **न**-आपके हाथों को रोकते नहीं। इनके लिये भी आप सब ऐश्वर्यों के देनेवाले होते हैं। गविष्टियों में चलना, स्वाध्याय में प्रवृत्त रहना, **अन्तः**-शत्रुओं के बाधन का सर्वोत्तम साधन है। इन व्यक्तियों के लिये प्रभु सब धनों को प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—हम संग्राम में पीठ न दिखानेवाले, रणांगण में प्राण परित्याग करनेवाले बनें। हम स्वाध्याय प्रवृत्त होकर समन्तात् काम-क्रोध आदि शत्रुओं का बाधन करें। प्रभु हमारे लिये सब ऐश्वर्यों को प्राप्त करायेंगे।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'कामं-मनः' आपृण

आ त्वा गोभिरिव व्रजं गीर्भिर्ऋणोम्यद्रिवः। आ स्मा कामं जरितुरा मनः पृण॥ ६॥

(१) हे **अद्रिवः**-आदरणीय प्रभो! मैं **त्वा**-आपको **गीर्भिः**-ज्ञान की वाणियों के द्वारा **ऋणोमि**-सर्वथा प्राप्त होता हूँ। उसी प्रकार प्राप्त होता हूँ, **इव**-जैसे एक ग्वाला **गोभिः**-गौवों के साथ **व्रजम्**-एक गौओं के बाड़े को प्राप्त होता है। मैं भी सब इन्द्रियरूप गौवों को नियन्त्रित करके आपके समीप प्राप्त होता हूँ। (२) हे प्रभो! आप **जरितुः**-स्तोता की **कामम्**-अभिलाषा को **आपृण**-पूर्ण करिये तथा **मनः**-इसके मन को **स्म**-अवश्य **आपृण**-पूरण करिये।

भावार्थ—हम स्तुति वाणियों से प्रभु की ओर जानेवाले हों। प्रभु हमारी कामनाओं को पूर्ण करेंगे और हमारे मनों की न्यूनताओं को दूर करके उनका पूरण करेंगे।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

विश्वमना

विश्वानि विश्वमनसो धिया नो वृत्रहन्तम। उग्र प्रणेतरधि षू वसो गहि॥ ७॥

(१) हे **वृत्रहन्तम**-वासनाओं का अतिशयेन विनाश करनेवाले प्रभो! आप **नः**-हमें **विश्वमनसः**-सारे विश्व के साथ जिसने अपने मन को जोड़ा हुआ है, उस पुरुष की **धिया**-बुद्धि के साथ **विश्वानि**-सब धनों को प्राप्त कराइये (आगहि)। हम वासनाओं से ऊपर उठकर सब के प्रति प्रीतियुक्त मनवाले होते हुए बुद्धि के साथ सब ऐश्वर्यों को प्राप्त करें। (२) हे **उग्र**=तेजस्विन्! **प्रणेतः**=प्रकृष्ट नेतृत्व को देनेवाले! **वसो**-हमारे निवासों को उत्तम बनानेवाले प्रभो! आप हमें **सु**-अच्छी प्रकार **अधिगहि**-ग्रहण करिये, हम आपके प्रिय बन पायें।

भावार्थ—वासनाओं से ऊपर उठकर हम 'विश्वमना' बनें। हम 'तेजस्वी, प्रकृष्ट नेता, हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले' प्रभु के प्रिय बनें।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'स्तुत्य-स्पृहणीय-कार्यसाधक' धन

वयं ते अस्य वृत्रहन्विद्याम शूर नव्यसः। वसोः स्पार्हस्य पुरुहूत राधसः॥ ८॥

(१) हे **वृत्रहन्**-वासनाओं को विनष्ट करनेवाले, **शूर**-शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! **वयम्**-हम **ते**-आपके **अस्य**-इस **नव्यसः**-अतिशयेन स्तुत्य धन को **विद्याम**-प्राप्त करें (विद् लाभे) अथवा जानें। अर्थात् हमें धन प्राप्त हो और हम धन का उत्तम ही विनियोग करें। (२) हे **पुरुहूत**-बहुतों से पुकारे जानेवाले प्रभो! हम आपके **स्पार्हस्य**-स्पृहणीय **राधसः**-कार्यसाधक **वसोः**-धन का (रिद्याम) लाभ प्राप्त करें (विद् लाभे)। अर्थात् हमें स्पृहणीय कार्यसाधक धन प्राप्त हो।

भावार्थ-प्रभु के अनुग्रह से हमें 'स्तुत्य स्पृहणीय कार्यसाधक' धन प्राप्त हो।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अपरीतं शवः, अमृक्ता रातिः

इन्द्र यथा ह्यस्ति तेऽपरीतं नृतो शवः। अमृक्ता रातिः पुरुहूत दाशुषे॥ ९॥

(१) हे **इन्द्र**-शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! हे **नृतो**-सम्पूर्ण संसार को नृत्य करानेवाले प्रभो! **यथा**-जैसे **ते शवः**-आपका बल **हि**-निश्चय से **अपरीतं अस्ति**-शत्रुओं से अपरिगत, अव्याप्त होता है, अर्थात् कोई भी आप के बल को अभिभूत नहीं कर पाता। उसी प्रकार **पुरुहूत**-बहुतों से पुकारे जानेवाले प्रभो! **दाशुषे**-दास्वान् पुरुष के लिये, दानशील पुरुष के लिये **रातिः**-आपका दान **अमृक्ता**-अहिंसित है। अर्थात् दानशील के लिये आपका दान सदा प्रवृत्त रहता ही है। (२) प्रभु अपने उपासक के लिये उस शक्ति को प्राप्त कराते हैं जो किसी भी शत्रु से अभिभूत नहीं होती, तथा प्रभु इस उपासक के लिये उस धन के दान को करते हैं, जो सदा होता ही रहता है। यह धन का दान कभी समाप्त नहीं होता।

भावार्थ-उस सर्वशक्तिमान् प्रभु का बल शत्रुओं से अभिभूत नहीं होता। उस प्रभु का धन का दान दास्वान् पुरुष के लिये सदा होता ही है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

राधसे-मघत्तये

आ वृषस्व महामह महे नृतम राधसे। दृळ्हश्चिद् दृह्य मघवन्मघत्तये॥ १०॥

(१) हे **महामह**-महान् पूजनीय **नृतम**-नेतृतम, सर्वोत्तम नेतः प्रभो! आप **महे राधसे**-महान् ऐश्वर्य के लिये **आवृषस्व**-हमें शक्तिशाली बनाइये। आपका पूजन करते हुए, आपसे प्रदर्शित पथ के पथिक बनते हुए शक्तिशाली बनकर हम महान् ऐश्वर्य को प्राप्त करें। (२) हे **मघवन्**-ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! आप **दृढः चित् (दृढानि)**-दृढ़ भी शत्रु-दुर्गों को **दृह्य**-विदीर्ण कीजिये, जिससे **मघत्तये**-हम ऐश्वर्य को प्राप्त कर सकें। 'काम-क्रोध-लोभ' रूप आसुरभावों के दुर्गों के नष्ट होने पर ही वास्तविक ऐश्वर्य का लाभ होता है।

भावार्थ-प्रभु हमें शक्ति दें कि हम ऐश्वर्य को सिद्ध कर सकें। दृढ़ भी शत्रु-दुर्गों को विदीर्ण करके हम वास्तविक ऐश्वर्य को प्राप्त करें, काम-क्रोध-लोभ को पराजित करके हम 'शरीर, मन व मस्तिष्क' के स्वास्थ्य को सिद्ध करें।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु से ही याचना

नू अन्यत्रा चिदद्रिवस्त्वन्नो जग्मुराशसः। मघवञ्छग्धि तव तन्न ऊतिभिः॥ ११॥

(१) हे **अद्रिवः**=आदरणीय प्रभो! **नः आशसः**=हमारी कामनायें, आशंसन, अभिलाषायें **त्वत्**=आप से **अन्यत्र**=और जगह **नू चित्**=नहीं ही **जग्मुः**=जायें। अर्थात् हम अपनी सब अभिलाषायें आप के सामने ही प्रकट करें। (२) हे **मघवन्**=ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! आप **नः**=हमारे लिये **ऊतिभिः**=रक्षणों के साथ **तव**=आपके **तत्**=उस ऐश्वर्य को **शग्धि**=दीजिये (देहि)।

भावार्थ—हम प्रभु से ही याचना करें। प्रभु रक्षणों के साथ हमें सब ऐश्वर्यों को प्राप्त करायेंगे।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

धन-ज्ञान व बल

नहा१ऽङ्ग नृतो त्वदन्यं विन्दामि राधसे। राये द्युम्नाय शवसे च गिर्वणः॥ १२॥

(१) हे **नृतो**=सम्पूर्ण संसार को नृत्य करानेवाले, सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के संचालक प्रभो! **त्वद् अन्यम्**=आप से भिन्न किसी अन्य को **राधसे**=ऐश्वर्य प्राप्ति के लिये **न हि**=नहीं ही **विन्दामि**=प्राप्त करता हूँ। आप ही को सब ऐश्वर्यों के देनेवाला जानता हूँ। (२) हे **अंग**=गतिशील प्रभो! हे **गिर्वणः**=ज्ञान की वाणियों से उपासनीय प्रभो! मैं **राये**=धन के लिये, **द्युम्नाय**=ज्ञान-ज्योति के लिये **च**=और **शवसे**=बल के लिये आप को ही प्राप्त करता हूँ। आप ही तो मेरे लिये सब धनों, ज्ञानों व बलों के प्राप्त करानेवाले हैं।

भावार्थ—प्रभु ही हमारे लिये 'धन, ज्ञान व बल' प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सोमरक्षण व धन-प्राप्ति

एन्दुमिन्द्राय सिञ्चत पिबाति सोम्यं मधु। प्र राधसा चोदयाते महित्वना॥ १३॥

(१) हे जीवो! **इन्द्राय**=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु की प्राप्ति के लिये **इन्दुम्**=सोम को **आसिञ्चत**=शरीर में ही चारों ओर सिक्त करो। वस्तुतः ये प्रभु ही **सोम्यम्**=सोम सम्बन्धी **मधु**=इस सारभूत जीवन को मधुर बनानेवाली वस्तु को **पिबाति**=शरीर में ही पीनेवाले व सुरक्षित करनेवाले हैं। प्रभु-स्मरण से ही सोम का रक्षण होता है। (२) ये प्रभु ही **महित्वना**=अपनी महिमा से **राधसा**=कार्यसिद्धि के उद्देश्य से सब धनों को **प्रचोदयाते**=हमारे में प्रेरित करते हैं।

भावार्थ—प्रभु प्राप्ति के लिये हम सोम को शरीर में ही सुरक्षित करें। वस्तुतः प्रभु ही सोम को सुरक्षित करते हैं और हमारे लिये कार्यसाधक धनों को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

स्तुति करता हुआ 'अश्व्य'

उपो हरीणां पतिं दक्षं पृञ्चन्तमब्रवम्। नूनं श्रुधि स्तुवतो अश्व्यस्य॥ १४॥

(१) मैं **हरीणां पतिम्**=सब दुःखों का हरण करनेवाले इन्द्रियाश्वों के स्वामी, **दक्षम्**=हमारे बलों का वर्धन करनेवाले **पृञ्चन्तम्**=सर्वत्र सम्पृक्त, सर्वव्यापक प्रभु का **उ**=निश्चय से **उप अब्रवम्**=समीपता से उच्चारण करूँ, प्रभु के गुणों का गायन करूँ। (२) हे प्रभो! आप **स्तुवतः**=स्तुति करते हुए **अश्वस्य**=उत्तम इन्द्रियाश्वोंवाले की स्तुति को **नूनम्**=निश्चय से **श्रुधि**=सुनिये। जो भी

व्यक्ति इन्द्रियाश्वों को उत्तम बनाता है, उसके स्तुति वचनों को प्रभु अवश्य सुनते हैं। इन्द्रियों को उत्तम बनाने के लिये जो यत्नशील नहीं, उसका स्तवन व्यर्थ ही है।

भावार्थ–स्तोता के इन्द्रियाश्वों को प्रभु उत्तम बनाते हैं। उसके बल का वर्धन करते हैं। उसके साथ प्रभु का सम्पर्क बढ़ता है। हम इन्द्रियाश्वों को उत्तम बनाने के लिये यत्नशील हों, तभी हमारा स्तवन सार्थक होगा।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

वीरता-ऐश्वर्य-गतिशीलता व कल्याण

नह्यङ्ग पुरा चन जज्ञे वीरतरस्त्वत्। नकी राया नैवथा न भन्दना॥ १५॥

(१) हे अंग=गतिशील प्रभो! पुराचन=आज तक पहले कभी भी त्वत्=आप से वीरतरः=अधिक वीर न हि=नहीं ही जज्ञे=हुआ। प्रभु सर्वोपरि वीर हैं। प्रभु ही हमारे सब शत्रुओं को कम्पित करनेवाले हैं। (२) हे प्रभो! नकिः राया=तो ही धन के दृष्टिकोण से आप से अधिक कोई हुआ है। न एवथा=न गतिशीलता के दृष्टिकोण से आप से कोई अधिक है और न=न ही भन्दना=कल्याण व सुख के दृष्टिकोण से कोई आप से अधिक हुआ है।

भावार्थ–प्रभु ही 'वीरता, ऐश्वर्य, गतिशीलता व कल्याण' के स्रोत हैं। इन दृष्टिकोणों से कोई भी प्रभु से अधिक नहीं है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—ठण्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

कर्मठ ही सच्चा उपासक है

एतु मध्वो मदिन्तरं सिञ्च वाध्वर्यो अन्धसः। एवा हि वीरः स्तवते सदावृधः॥ १६॥

(१) हे अध्वर्यो=यज्ञशील पुरुष! तू इत् वा उ=निश्चय से मध्वः अन्धसः=माधुर्य का संचार करनेवाले सोम (वीर्य) से भी मदिन्तरम्=अधिक आनन्दित करनेवाले उस प्रभु को आसिञ्च=अपने में सिक्त कर। प्रभु की उपासना का भाव तेरी नस-नस में व्याप्त हो जाये। (२) वह वीरः=शत्रुओं को विशेषरूप से कम्पित करके दूर करनेवाला, सदावृधः=सदा वृद्धि को प्राप्त हुआ-हुआ प्रभु एवा हि=गतिशीलता के द्वारा ही स्तवते=स्तुति किया जाता है। अर्थात् क्रियाशील पुरुष ही प्रभु का सच्चा उपासक है।

भावार्थ–शरीर में सुरक्षित सोम उल्लास का कारण होता है। प्रभु का हृदय में धारण उससे भी अधिक आनन्दित करनेवाला होता है। उस 'वीर सदावृध्' प्रभु का सच्चा उपासक वही है जो क्रियाशील है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

न शवसा, न भन्दना

इन्द्र स्थातर्हरीणां नकिष्टे पूर्व्यस्तुतिम्। उदानंश शवसा न भन्दना॥ १७॥

(१) हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन्! हरीणां स्थातः=इन्द्रियाश्वों के अधिष्ठाता प्रभो! ते=आपकी पूर्व्यस्तुतिम्=पालन व पूरण करनेवाली बातों में सर्वोत्तम इस स्तुति को नकिः उदानंश=कोई भी अति व्याप्त नहीं कर पाता, कोई भी व्यक्ति आपकी स्तुति का अतिक्रमण करने में समर्थ नहीं होता। (२) न शवसा=न तो बल से आपको कोई अतिक्रान्त करता है और न भन्दना=न कल्याण व सुख से कोई आपको लांघनेवाला है।

भावार्थ–हम प्रभु का स्तवन करते हैं। यह स्तुति हमारी न्यूनताओं को दूर करके हमारा पूरण करती है। प्रभु हमें 'बल, कल्याण व सुख' प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'शक्तियों के स्वामी-यज्ञों से वर्धनीय' प्रभु

तं वो वाजानां पतिमहूमहि श्रवस्यवः। अप्रायुभिर्यज्ञेभिर्वावृधेन्यम्॥ १८॥

(१) **श्रवस्यवः**=ज्ञान व यश की कामनावाले हम **तम्**=उस **वः**=तुम सब के **वाजानाम्**=बलों के **पतिम्**=स्वामी प्रभु को **अहूमहि**=पुकारते हैं। प्रभु हमारी सब इन्द्रियों के बल का वर्धन करके हमारे ज्ञान व शक्ति का वर्धन करते हैं। इस प्रकार हमारा जीवन यशस्वी बनता है। (२) हम उस प्रभु को पुकारते हैं जो **अप्रायुभिः**=प्रमाद से रहित **यज्ञेभिः**=यज्ञों से **वावृधेन्यम्**=वर्धनीय हैं। जब हम प्रमादशून्य होकर यज्ञों में प्रवृत्त होते हैं, तो प्रभु का प्रकाश हमारे में निरन्तर वृद्धि को प्राप्त होता है।

भावार्थ–प्रभु सब शक्तियों के स्वामी हैं। यज्ञों के द्वारा प्रभु का प्रकाश हमारे में होता है। इस प्रभु को ज्ञानी व यशस्वी बनने के लिये हम पुकारते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्चीस्वराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'स्तोम्य नर' प्रभु का स्तवन

एतो न्विन्द्रं स्तवाम सखायः स्तोम्यं नरम्। कृष्टीर्यो विश्वा अभ्यस्त्येक इत्॥ १९॥

(१) हे **सखायः**=मित्रो! **एत उ**=निश्चय से आओ। **नु**=अब उस **स्तोम्यम्**=स्तुति के योग्य **नरम्**=हमें उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले **इन्द्रम्**=सर्वशक्तिमान् प्रभु का **स्तवाम**=स्तवन करें। यह सम्मिलित प्रार्थना हमें प्रभु के अधिक और अधिक समीप लानेवाली हो। (२) हम उस प्रभु का स्तवन करें **यः**=जो **एकः इत्**=अकेले ही **विश्वः कृष्टीः**=सब मनुष्यों को **अभ्यस्ति**=अभिभूत करनेवाले हैं। हमारे सब शत्रुओं का पराजय ये प्रभु ही तो करेंगे।

भावार्थ–हम सब मित्र मिलकर प्रभु का स्तवन करें। प्रभु हमारे सब शत्रुओं का अभिभव करके हमें उन्नतिपथ पर ले चलेंगे।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'घृत व मधु' से भी अधिक मधुर वचन

अगोरुधाय गविषे द्युक्षाय दस्म्यं वचः। घृतात्स्वादीयो मधुनश्च वोचत॥ २०॥

(१) **अगोरुधाय**=(गाः न रुणद्धि) ज्ञान की वाणियों को न रोकनेवाले, निरन्तर ज्ञान की वाणियों को प्राप्त करानेवाले, **गविषे**=हमारे लिये (गावः इन्द्रियाणि) उत्तम इन्द्रियों को प्रेरित करनेवाले और इस प्रकार **द्युक्षाय**=प्रकाश में निवास करानेवाले प्रभु के लिये, ऐसे प्रभु की प्राप्ति के लिये **दस्म्यम्**=दुःख का नाश करनेवालों में उत्तम **वचः**=वचन को **वोचत**=बोलो। दुःखियों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दुःखनिवारक वचनों को बोलनेवाला ही उस प्रभु को प्राप्त करता है जो निरन्तर ज्ञान की वाणियों व उत्तम इन्द्रियों को प्राप्त कराके हमें प्रकाश में निवासवाला बनाते हैं। (२) हे मनुष्यो! प्रभु की प्राप्ति के लिये **घृतात् स्वादीयः**=घृत से भी अधिक स्वादिष्ट **च**=तथा **मधुनः**=शहद से भी अधिक मधुर वचन (**वोचत**=) बोलो। कटुवचन दूसरे के हृदय को काटते हुए अन्तःस्थित प्रभु के भी निरादर का कारण बनते हैं।

भावार्थ–हम प्रभु प्राप्ति के लिये 'दुःखनाशक, घृत से भी स्वादिष्ट और शहद से भी अधिक मधुर' वचनों को बोलें। ये प्रभु ज्ञान की वाणियों व उत्तम इन्द्रियों को प्राप्त कराके हमारे लिये प्रकाश को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अनन्त 'वीर्य-ऐश्वर्य-ज्ञान व दान' वाले प्रभु

यस्यामितानि वीर्या३ न राधः पर्येतवे। ज्योतिर्न विश्वमभ्यस्ति दक्षिणा॥ २१॥

(१) **यस्य**–जिस प्रभु के **वीर्या**–वृत्रवध आदि पराक्रम के कार्य **अमितानि**–अगणित हैं, अपरिमित हैं, अनन्त शक्तिवाले वे प्रभु हैं। उस प्रभु का **राधः**–ऐश्वर्य **पर्येतवे न**–चारों ओर से घेरे जाने योग्य नहीं है। अनन्त है उस प्रभु का ऐश्वर्य। (२) **ज्योतिः न**–प्रकाश की तरह **दक्षिणा**–उस प्रभु का दान भी **विश्वम्**–सम्पूर्ण संसार को **अभ्यस्ति**–अभिभूत करनेवाला है। उस प्रभु की ज्योति व उस प्रभु का दान निरतिशय है, सर्वातिशायी है, सब से अधिक है।

भावार्थ–प्रभु का पराक्रम व ऐश्वर्य अनन्त है। वे प्रभु अपनी ज्योति व अपने दान से सभी को अभिभूत करनेवाले हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'अनूर्मि-वाजी-यम' प्रभु का स्तवन

स्तुहीन्द्रं व्यश्ववदनूर्मिं वाजिनं यमम्। अर्यो गयं मंहमानं वि दाशुषे॥ २२॥

(१) **व्यश्ववत्**–व्यश्व की तरह उत्तम इन्द्रियाश्वोंवाले पुरुष की तरह तू **इन्द्रम्**–उस परमैश्वर्यशाली प्रभु का **स्तुहि**–स्तवन कर, जो **अनूर्मिम्**–(ऊर्मि) शोक–मोह, जरा–मृत्यु व क्षुत् पिपासा रूप ऊर्मियों से रहित हैं 'शोकमोहौ जरामृत्यू क्षुत् पिपासे षडूर्मयः'। उस प्रभु में शोक–मोह आदि किसी भी दुर्बलता का निवास नहीं। **वाजिनम्**–जो प्रभु शक्तिशाली हैं और **यमम्**–सर्वनियन्ता हैं। इस प्रभु का स्तवन करता हुआ स्तोता भी दुर्बलताओं से ऊपर उठने का प्रयत्न करता है, शक्तिशाली बनता है और अपना संयम करनेवाला होता है। (२) उस प्रभु का हम स्तवन करें जो **दाशुषे**–दाश्वान् पुरुष के लिये, प्रभु के प्रति अपना अर्पण करनेवाले पुरुष के लिये **अर्यः**–काम–क्रोध–लोभरूप शत्रुओं के **गयम्**–गृह को **विमंहमानम्**–विशेषरूप से प्राप्त कराता है। काम ने आज तक इन्द्रियों में अपना निवास बनाया हुआ था, क्रोध ने मन को अपनाया हुआ था और लोभ ने बुद्धि पर अधिकार किया हुआ था। प्रभु इन सब को दूर करके यह शरीर गृह दाश्वान् को प्राप्त कराते हैं। उपासक के जीवन में काम–क्रोध–लोभ का निवास नहीं रहता।

भावार्थ–प्रभु–स्तवन से हम शोक–मोह आदि से ऊपर उठते हैं, शक्तिशाली व संयमी बनते हैं। हमारा शरीर काम–क्रोध–लोभ का घर नहीं बना रहता।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'दशमं नवम्' (स्तुहि)

एवा नूनमुप स्तुहि वैयश्व दशमं नवम्। सुविद्वांसं चर्कृत्यं चरणीनाम्॥ २३॥

(१) **एवा**–गतिशीलता के द्वारा, स्वकर्त्तव्य कर्म में लगे रहने के द्वारा, हे **वैयश्व**–विशिष्ट इन्द्रियाश्वोंवाले स्तोता! तू **नूनम्**–निश्चय से **उपस्तुहि**–उस प्रभु का स्तवन कर, जो प्रभु **दशमम्**–(दश्यत्से शत्रवः अनेन) हमारे शत्रुओं का विध्वंस करनेवाले हैं अतएव **नवम्**–स्तुत्य हैं (नु स्तुतौ)। (२) उस प्रभु का तू स्तवन कर जो **सुविद्वांसम्**–उत्तम ज्ञानी हैं व **चरणीनाम्**–कर्त्तव्य

कर्मों के आचरण में तत्पर मनुष्यों के **चर्कृत्यम्**-फिर-फिर नमस्कार करने योग्य हैं। यह प्रभु नमस्कार ही तो उन्हें शक्ति देता है।

भावार्थ-उस 'शत्रु-विध्वंसक-स्तुत्य-सुविद्वान्-नमस्कर्त्तव्य' प्रभु का हम स्तवन करें। यह स्तवन ही हमें उत्तम इन्द्रियाश्वोंवाला व कर्त्तव्य कर्मक्षम बनायेगा।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु-स्मरण व दुर्वृत्तिभङ्ग

वेत्था हि निर्ऋतीनां वज्रहस्त परिवृजम्। अहरहः शुन्ध्युः परिपदामिव॥ २४॥

(१) हे **वज्रहस्त**-वज्र को हाथ में लिये हुए प्रभो! आप **हि**-निश्चय से **निर्ऋतीनाम्**-उपद्रवचारी राक्षसी भावों के **परिवृजम्**-परिवर्जन को, हमारे से पृथक् करने को **वेत्था**-जानते हैं। आपका स्मरण व स्तवन होते ही हमारे हृदयों को राक्षसी भाव छोड़कर चले जाते हैं। (२) इसी प्रकार आप इन राक्षसी भावों के परिवर्जन को जानते हैं, **इव**-जिस प्रकार **शुन्ध्युः**-यह सब अन्धकार का शोधन कर देनेवाला सूर्य **अहरहः**-प्रतिदिन **परिपदाम्**-आहार के लिये चारों ओर गतिवाले पशु-पक्षियों के स्वस्थान परिवर्जन को जानता है। सूर्योदय होते ही सब पक्षी घोंसलों को छोड़कर इधर-उधर निकल जाते हैं। इसी प्रकार प्रभु-स्मरण होते ही राक्षसी भाव हृदयों को छोड़ जाते हैं।

भावार्थ-प्रभु-स्मरण राक्षसी भावों को दूर भगा देता है। इनको दूर रखने के लिये दिन-रात प्रभु-स्मरण आवश्यक है। सूर्यास्त होने पर पक्षी जैसे घोंसलों में लौट आते हैं, इसी प्रकार प्रभु का विस्मरण होते ही राक्षसी भावों के लौट आने की आशंका होती है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु-रक्षण के द्वारा ज्ञान व शक्ति का विस्तार

तदिन्नव आ भर येना दंसिष्ठ कृत्वने। द्विता कुत्साय शिश्नथो नि चोदय॥ २५॥

(१) हे **दंसिष्ठ**-शत्रुओं का उपक्षय करनेवाले **इन्द्र**-सर्वशक्तिमन् प्रभो! **येन**-जिस रक्षण के द्वारा आप **कृत्वने**-कर्त्तव्य कर्मों को करनेवाले पुरुष का पालन करते हैं, **तद् अवः**-उस रक्षण को हमारे लिये **आभर**-प्राप्त कराइये। (२) आप अपने रक्षण के द्वारा **कुत्साय**-वासनाओं का संहार करनेवाले इस पुरुष के लिये **द्विता**-ज्ञान व शक्ति के विस्तार के हेतु से (द्वौ तनोति) **शिश्नथः**-शत्रुओं का संहार करते हैं। शत्रुओं के संहार के द्वारा उसके ज्ञान व सामर्थ्य का वर्धन करते हैं। हमारे लिये भी उस रक्षण को **नि चोदय**-नितरां प्रेरित करिये। आप के इस रक्षण के द्वारा हम शत्रुओं से अनाक्रान्त होकर ज्ञान व शक्ति का वर्धन कर पायें।

भावार्थ-प्रभु कर्त्तव्यपरायण व्यक्ति का रक्षण करते हैं। वासनाओं का संहार करनेवाला पुरुष प्रभु-रक्षण को प्राप्त करता है। प्रभु से रक्षित व्यक्ति वासनाओं से आक्रान्त न होकर ज्ञान व शक्ति का विस्तार कर पाता है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अभिमान विजय

तमु त्वा नूनमीमहे नव्यं दंसिष्ठ सन्यसे। स त्वं नो विश्वा अभिमातीः सक्षणिः॥ २६॥

(१) हे **नव्य**-स्तुत्य **दंसिष्ठ**-शत्रुओं का उपक्षय करनेवाले प्रभो! **तं त्वा उ नूनम्**-उन आपको ही निश्चय से **संन्यसे**-सब कामनाओं के त्याग के लिये **ईमहे**-याचना करते हैं। (२)

सः=वे त्वम्=आप ही नः=हमारे विश्वाः=सब अभिमातीः=शत्रुओं को, अभिमान आदि आसुरभावों को सक्षणिः=पराभूत करनेवाले हैं।

भावार्थ—प्रभु उपासक की कामनाओं व अभिमान आदि आसुर भावों का विनाश करते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

विनाशक पाप से छुटकारा

य ऋक्षादंहसो मुचद्यो वार्यात्सप्त सिन्धुषु। वधर्दासस्य तुविनृम्ण नीनमः॥ २७॥

यः=जो प्रभु ऋक्षान्=(ऋन् मनुष्यान् क्षणोति) मनुष्यों का संहार करनेवाले अंहसः=पाप से मुचत्=मुक्त करते हैं। यः वा=या जो सप्त सिन्धुषु=सातों समुद्रों में होनेवाले धनों को स्तोताओं के लिये अर्यात्=प्रेरित करते हैं। हे तुविनृम्ण=महान् धन व बल वाले प्रभो! वे आप दासस्य=हमारा उपक्षय करनेवाले इस वासनारूप शत्रु के वधः=वध साधन आयुध को नीनमः=नत करते हैं, झुका देते हैं। यह दास हमारा उपक्षय नहीं कर पाता।

भावार्थ—प्रभु पापों से मुक्त करके हमें सब ऐश्वर्यों को देते हैं। हमारा उपक्षय करनेवाली वासना को विनष्ट करते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—वरोः सौषाम्णस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

पति-पत्नी की दानशीलता

यथा वरो सुषाम्णे सनिभ्य आवहो रयिम्। व्यश्वेभ्यः सुभगे वाजिनीवति॥ २८॥

(१) यहाँ मन्त्र में पति-पत्नी को 'वरु व सुभगा' कहा गया है। पति वरु है, श्रेष्ठ मार्ग का वरण करनेवाला है, प्रकृति की अपेक्षा प्रभु के मार्ग पर चलनेवाला है। पत्नी घर को सौभाग्य-सम्पन्न बनानेवाली है। इनके लिये कहते हैं कि हे वरो=श्रेष्ठ मार्ग का वरण करनेवाले गृह स्वामिन्! तू यथा=जैसे सुषाम्णे=उत्तम शान्त स्वभाववाले उपासकों के लिये सनिभ्यः=संविभावा के लिये रयिं आवहः=धन को प्राप्त कराता है। इसी प्रकार हे वाजिनीवति=उत्तम अन्नोंवाली सुभगे=घर को सौभाग्य सम्पन्न बनानेवाली पत्नि! तू भी व्यश्वेभ्यः=उत्तम इन्द्रियाश्वोंवाले पुरुषों के लिये धन को देनेवाली होती है। (२) वस्तुतः घर में अपने-अपने कर्त्तव्य कर्मों को करने के द्वारा घर को उत्तम बनाते हुए पति-पत्नी दोनों का ही कर्त्तव्य है कि उत्तम पुरुषों के लिये उत्तम कार्यों के लिये सदा दान करते ही रहें।

भावार्थ—पति उत्तम मार्ग का वरण करता हुआ घर को ऐश्वर्य-सम्पन्न बनाये तथा पत्नी घर में अन्न की कमी न होने देती हुई घर को सौभाग्य-सम्पन्न रखे। दोनों सदा उत्तम पुरुषों को उत्तम कार्यों के लिये धन देते रहें।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—वरोः सौषाम्णस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'व्यश्व सोमी' के लिये दान

आ नार्यस्य दक्षिणा व्यश्वाँ एतु सोमिनः। स्थूरं च राधः शतवत्सहस्रवत्॥ २९॥

(१) नार्यस्य=अतिशयेन नरहितकारी पुरुष (नर्यस्य अपत्यम्) की दक्षिणा=दान व्यश्वान्=विशिष्ट इन्द्रियाश्ववाले सोमिनः=सोमरक्षक पुरुषों को आ एतु=सर्वथा प्राप्त हो। गत मन्त्र का

'वरु' ही यहाँ नार्य है। यह उन पुरुषों के लिये दान करता है जो उत्तम इन्द्रियाश्वोंवाले व सोमरक्षक (संयमी जीवनवाले) हैं। (२) इन दानों से नार्य का धन घट नहीं जाता। अपितु उसका **राधः**-ऐश्वर्य **स्थूरम्**-(स्थूलं) और अधिक बढ़ा हुआ **शतवत्**-सैंकड़ों की संख्यावाला **च**-व **सहस्रवत्**-सहस्रों की संख्यावाला होता है।

भावार्थ-हम परोपकार की वृत्तिवाले बनकर उत्तम इन्द्रियोंवाले संयमी पुरुषों के लिये दान को दें। हमारा यह दिया हुआ दान हमारे ऐश्वर्य को सैंकड़ों व हजारों गुणा बढ़ानेवाला होगा।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—वरोः सौषाम्णस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

गोमती पर अवस्थान

यत्त्वा पृच्छादीजानः कुहया कुहयाकृते। एष अपश्रितो वलो गोमतीमव तिष्ठति॥ ३०॥

(१) हे **कुहया कुहयाकृते**-(कुहया-कुहया कृतिः यस्य) हे आश्चर्यों और आश्चर्यों को करनेवाले, जादू भरे ब्रह्माण्ड को बनानेवाले प्रभो! **यत्**-जब **ईजानः**-यज्ञशील पुरुष **त्वा पृच्छात्**-आपके विषय में जिज्ञासावाला होता है, तो **एषः**-यह **अपश्रितः**-विषय-वासनाओं से दूर हुआ-हुआ **वलः**-(वरः) काम-क्रोध-लोभ का निवारण करनेवाला जिज्ञासु **गोमतीम्**-प्रशस्त ज्ञान की वाणियोंवाली वेदमाता के समीप **अवतिष्ठिति**-अवस्थित होता है, नम्रता से स्थित होता है। (२) संसार को आश्चर्यमय रचनाओं से भरा हुआ देखकर उपासक प्रभु विषयक जिज्ञासावाला बनता है। यह जिज्ञासा उसे विषय-वासनाओं से ऊपर उठाती है। काम-क्रोध-लोभ से दूर होता हुआ यह उपासक स्वाध्याय प्रवृत्त होता है। इस स्वाध्याय के द्वारा यह अपने जीवन को और अधिक पवित्र करता हुआ प्रभु-दर्शन करनेवाला बनता है।

भावार्थ-हम यज्ञशील बनें। हमारे में प्रभु-विषयक जिज्ञासा हो। यह जिज्ञासा हमें सत्पथ पर प्रवृत्त करेगी। हम स्वाध्यायशील बनकर वेदमाता के चरणों में स्थित होकर पिता प्रभु के प्रिय बन पायेंगे।

अगले सूक्त का ऋषि भी 'विश्वमना वैयश्व' ही है। यह मित्रावरुणौ की आराधना करता है। 'मित्रावरुणा' का भाव स्नेह व निर्द्वेषता का धारण करना है। ये प्राणापान का भी द्योतन करते हैं-

२५. [पञ्चविंशं सूक्तम्]

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'संसार के रक्षक' मित्रावरुण

ता वां विश्वस्य गोपा देवा देवेषु यज्ञिया। ऋतावाना यजसे पूतदक्षसा॥ १॥

(१) **ता**-वे **वाम्**-आप दोनों (युवां) स्नेह व निर्द्वेषता के भावो! **विश्वस्य गोपा**-संसार के रक्षक हो। स्नेह व निर्द्वेषता के अभाव में संसार का विनाश है। **देवा**-ये प्रकाशमय हैं, **देवेषु यज्ञिया**-सब दिव्यगुणों में संगतिकरण योग्य हैं। (२) **ऋतावाना**-ये स्नेह व निर्द्वेषता के भाव हमारे जीवनों में ऋत का रक्षण करनेवाले हैं। **पूतदक्षसा**-हमारे बलों को पवित्र बनानेवाले हैं। हे विश्वमना वैयश्व! तू **यजसे**-इनका अपने साथ मेल करता है। इन भावों को अपनाकर ही वस्तुतः तू 'विश्वमना वैयश्व' बनता है।

भावार्थ-स्नेह व निर्द्वेषता के भाव ही संसार के रक्षक हैं, प्रकाशमय हैं, सब दिव्यगुणों में श्रेष्ठ व संगतिकरण योग्य हैं, हमारे जीवनों में ऋत का रक्षण करते हैं और हमारे बलों को पवित्र बनाते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'सुजाता-तनया-धृतव्रता'

मित्रा तना न रथ्या वरुणो यश्च सुक्रतुः। सनात्सुजाता तनया धृतव्रता॥ २॥

(१) मित्रा-स्नेह का भाव, जो न-जैसे तना-शक्तियों का विस्तार करनेवाला है, उसी प्रकार रथ्या-शरीररूप रथ को उत्तमता से ले चलनेवाला है। यः च-और जो वरुणः-निर्द्वेषता का भाव है, व सुक्रतुः-उत्तम प्रज्ञान व शक्तिवाला है। स्नेह से शक्ति वृद्धि होती है और शरीर रथ का उत्तम संचालन होता है। निर्द्वेषता से ज्ञान व शक्ति का वर्धन होता है। (२) ये मित्र और वरुण सनात्-सदा से सुजाता-उत्तम विकासवाले हैं, तनया-शक्तियों का विस्तार करनेवाले हैं और धृतव्रता-व्रतों का धारण करनेवाले हैं। स्नेह व निर्द्वेषता से उत्तम विकास-शक्तियों का विस्तार व पुण्य कर्मों का धारण होता है।

भावार्थ-स्नेह यदि हमारी शक्तियों का विस्तार करता है और शरीर-रथ का उत्तम संचालन करता है, तो निर्द्वेषता का भाव हमें सुक्रतु-उत्तम कर्मों व प्रज्ञानवाला बनाता है। ये स्नेह व निर्द्वेषता के भाव उत्तम विकासवाले, शक्तियों का विस्तार करनेवाले व पुण्य कर्मों के धारक हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अक्षिति माता से मित्रावरुणौ का जन्म

ता माता विश्ववेदसासुर्याय प्रमहसा। मही जजानादितिर्ऋतावरी॥ ३॥

(१) ता-उन मित्र और वरुण को ऋतावरी-ऋत का रक्षण करनेवाली मही-महनीय अदितिः माता-अदीना देवमाता, स्वास्थ्य की देवता (अ+दिति-अखण्डन, स्वास्थ्य का न टूटना) जजान-उत्पन्न करती है। स्वस्थ मनुष्य ही स्नेह व निर्द्वेषता के भावों का धारण करनेवाला होता है। अस्वास्थ्य मनुष्य को चिड़चिड़ा बना देता है। (२) ये मित्र और वरुण विश्ववेदसा-सम्पूर्ण आन्तर धनों को प्राप्त करानेवाले हैं और प्रमहसा-प्रकृष्ट तेजवाले हैं। स्नेह व निर्द्वेषता के होने पर सब दिव्यगुण, सारी दैवी सम्पत्ति प्राप्त होती है और हम तेजस्विता का अपने में रक्षण करनेवाले होते हैं। अदिति माता इसलिए मित्रावरुणौ को जन्म देती है कि असुर्याय-आसुर भावों का विनाशक बल हमें प्राप्त हो।

भावार्थ-स्वास्थ्य हमारे जीवनों में स्नेह व निर्द्वेषता के भावों को जन्म देता है। इन स्नेह व निर्द्वेषता के भावों से सम्पूर्ण दैवी सम्पत्ति प्राप्त होती है और प्रकृष्ट तेज प्राप्त होता है। ये मित्रावरुण सब आसुर भावों के विनाशक बल को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सम्राजा देवौ असुरा

महान्ता मित्रावरुणा सम्राजा देवावसुरा। ऋतावानावृतमा घोषतो बृहत्॥ ४॥

(१) मित्रावरुणा-स्नेह व निर्द्वेषता के भाव महान्ता-महान् हैं, महिमावाले हैं, पूज्य हैं। सम्राजा-ये जीवन को सम्यक् राजमान (दीप्त) बनाते हैं। देवौ-प्रकाशमय हैं और असुरा-प्राणशक्ति का संचार करनेवाले हैं। द्वेष प्राणशक्ति के ह्रास का कारण होता है। (२) ऋतावानौ-ऋत का रक्षण करनेवाले ये मित्र और वरुण बृहत् ऋतम्-वृद्धि के कारणभूत ऋत को आघोषतः-हमारे जीवन में उच्चारित करते हैं। स्नेह व निर्द्वेषता के भावों से हमारा जीवन ऋतमय-यज्ञमय बनता है।

भावार्थ–स्नेह व निर्द्वेषता के भाव हमारे जीवनों को यज्ञमय बनाते हैं। इन यज्ञों के द्वारा ये हमें दीप्त, दिव्यगुणयुक्त व प्राणशक्ति सम्पन्न करते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'शक्ति को न गिरने देनेवाले, उन्नति के प्रेरक' मित्रावरुणौ

नपाता शवसो महः सूनू दक्षस्य सुक्रतू। सुप्रदानू इषो वास्वधि क्षितः॥ ५॥

(१) वे मित्र और वरुण=स्नेह व निर्द्वेषता के भाव महः शवसः नपातः=महान् बल के न नष्ट होने देनेवाले हैं। दक्षस्य सूनू=उन्नति के प्रेरक हैं (दक्ष् To grow)। सुक्रतू=शोभन प्रज्ञानों व कर्मोंवाले हैं। (२) इषः=प्रभु प्रेरणा को प्राप्त कराने के द्वारा सुप्रदानू=विस्तृत रूप में वासनाओं का लवन=खण्डन करनेवाले हैं (दाप् लवने)। ये मित्र और वरुण वास्तु अधि=इस शरीर गृह में क्षितः=निवास करते हैं।

भावार्थ–मेरे जीवन में स्नेह व निर्द्वेषता शक्ति को नष्ट नहीं होने देते, उन्नति का कारण बनते हैं। ये उत्तम शक्ति व प्रज्ञान को उत्पन्न करते हैं। प्रभु प्रेरणा के द्वारा वासनाओं को विनष्ट करते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सब धन, दिव्य व पार्थिव प्रेरणायें, आनन्द की वृष्टि

सं या दानूनि येमथुर्दिव्याः पार्थिवीरिषः। नभस्वतीरा वां चरन्तु वृष्टयः॥ ६॥

(१) या=जो आप हे मित्र और वरुण! दानूनि=सब देय धनों को संयेमथुः=हमारे लिये देते हो, उन वाम्=आपको दिव्याः=मस्तिष्करूप द्युलोक सम्बन्धी तथा पार्थिवीः=शरीररूप पृथिवी सम्बन्धी इषः=प्रेरणायें आचरन्तु=प्राप्त हों। अर्थात् स्नेह व निर्द्वेषता के होने पर हृदयस्थ प्रभु के द्वारा मस्तिष्क व शरीर को ठीक बनाये रखने के लिये प्रेरणायें प्राप्त होती हैं। (२) इन प्रेरणाओं को प्राप्त करने पर और तदनुसार जीवन को बनाने पर नभस्वतीः=धर्ममेघ समाधि में मस्तिष्करूप आकाश से होनेवाली वृष्टयः=आनन्द की वर्षायें आचरन्तु=हमें सर्वथा प्राप्त हों।

भावार्थ–स्नेह व निर्द्वेषता से सब दैवी सम्पत्तियाँ प्राप्त होती हैं। मस्तिष्क व शरीर सम्बन्धी प्रेरणायें हृदयस्थ प्रभु से हमारे लिये दी जाती हैं। और अन्ततः धर्ममेघ समाधि में पहुँचकर हम आनन्द की वृष्टियों का अनुभव करते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

यज्ञ-दीप्ति-नम्रता

अधि या बृहतो दिवोऽभि यूथेव पश्यतः। ऋतावाना सम्राजा नमसे हिता॥ ७॥

(१) या=जो मित्र और वरुण हैं, स्नेह व निर्द्वेषता के भाव हैं, ये बृहतः दिवः=महान् दिव्यगुणों को हमारे जीवनों में अधि पश्यतः=आधिक्येन देखते हैं। स्नेह व निर्द्वेषता के भाव हमारे में दिव्यगुणों को जन्म देते हैं। इस प्रकार ये दिव्यगुणों का ध्यान करते हैं, इव=जैसे पालक लोग यूथा अभि=गौओं आदि के झुण्डों को देखते हैं। (२) ये मित्र और वरुण ऋतावाना=ऋत का, यज्ञ का रक्षण करनेवाले हैं, सम्राजा=हमारे जीवनों को सम्यक् दीप्त करनेवाले हैं। और नमसे हिता=नमन के लिये हितकर हैं। अर्थात् स्नेह व निर्द्वेषता के भाव हमारे में अभिमान को नहीं उत्पन्न होने देते।

भावार्थ–स्नेह व निर्द्वेषता से (क) दिव्यगुणों की उत्पत्ति होती है, (ख) ऋत का रक्षण होता है, (ग) जीवन देदीप्यमान बनता है और (घ) नम्रता व निरभिमानता की स्थापना होती है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

ऋतावाना, धृतव्रता, क्षत्रिया

ऋतावाना नि षेदतुः साम्राज्याय सुक्रतू। धृतव्रता क्षत्रिया क्षत्रमाशतुः॥ ८॥

(१) **ऋतावाना**–ऋत का, यज्ञ का रक्षण करनेवाले मित्र और वरुण (स्नेह व निर्द्वेषता के भाव) **साम्राज्याय**–जीवन को सम्यक् दीप्त करने के लिये **निषेदतुः**–निषण्ण होते हैं। हमारे जीवनों में स्नेह व निर्द्वेषता के होने पर दीप्ति प्राप्त होती है। ये **सुक्रतू**–शोभन कर्मों व प्रज्ञानोंवाले हैं। (२) ये मित्र और वरुण **धृतव्रता**–व्रतों व पुण्यों का धारण करनेवाले हैं, **क्षत्रिया**–सब क्षतों से हमारा त्राण (रक्षण) करनेवाले हैं। **क्षत्रं आशतुः**–ये शरीर में बल का व्यापन करते हैं। स्नेह व निर्द्वेषता के अभाव में विष उत्पन्न होकर शरीर की शक्ति का ह्रास करते हैं।

भावार्थ–स्नेह व निर्द्वेषता से शरीर में दीप्ति प्रज्ञान व उत्तम कर्मों की स्थिति होती है। हम पुण्य कर्मों को करते हुए बल का व्यापन करते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सन्मार्गदर्शक 'मित्रावरुणौ'

अक्ष्णश्चिद्गातुवित्तरानुल्बणेन चक्षसा। नि चिन्मिषन्ता निचिरा नि चिक्यतुः॥ ९॥

(१) ये मित्र और वरुण–स्नेह व निर्द्वेषता के भाव **अक्ष्णः चित्**–आँखों से भी अधिक **गातुवित्तरा**–मार्ग को जाननेवाले हैं। स्नेह व निर्द्वेषता ठीक ही मार्ग को दिखाते हैं। द्वेष में मनुष्य गलत सोचता है। (२) ये स्नेह व निर्द्वेषता **अनुल्बणेन चक्षसा चित्**–न दुःसह तेजवाली सोम्य दृष्टि से ही अथवा अनुरवण–अदुःखद–वचनों से ही (चक्षु व्यक्तायां वाचि) **निमिषन्ता**–सब व्यवहारों को करते हैं। स्नेह व निर्द्वेषता में कटुता का स्थान नहीं रहता। (३) ये स्नेह व निर्द्वेषता **निचिरा**–नितरां चिरन्तन होते हुए, अर्थात् दीर्घायुष्यवाले होते हुए **निचिक्यतुः**–(पूजितौ बभूवतुः सा०) सत्कार के योग्य होते हैं। स्नेह व निर्द्वेषता से दीर्घायुष्य प्राप्त होता है तथा जीवन सत्करणीय बनता है। लोग ऐसे जीवन को आदर की दृष्टि से देखते हैं।

भावार्थ–स्नेह व निर्द्वेषता से (१) हमें जीवन का ठीक मार्ग दिखता है, (२) हमारे सब व्यवहार मधुर होते हैं, (३) दीर्घ सत्करणीय जीवन प्राप्त होता है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अदितिः-नासत्या-मरुतः

उत नो देव्यदितिरुरुष्यन्तां नासत्या। उरुष्यन्तु मरुतो वृद्धशवसः॥ १०॥

(१) **उत**–और **देवी**–दिव्यगुणों की जननी **अदितिः**–स्वास्थ्य की देवता **नः**–हमें **उरुष्यताम्**–रक्षित करे यह अदिति ही 'मित्र और वरुण' को जन्म देकर, स्नेह व निर्द्वेषता को उत्पन्न करके, हमारा रक्षण करती है। **नासत्या**–सब असत्यों को दूर करनेवाले अश्विनीदेव हमारा रक्षण करें। (२) **वृद्धशवसः**–बढ़े हुए बलवाले **मरुतः**–प्राण **उरुष्यन्तु**–हमारा रक्षण करें।

भावार्थ–'दिव्यगुणों को जन्म देनेवाली स्वास्थ्य की देवता, प्राणापान तथा शरीर में कार्य करनेवाले अन्य प्राण' ये सब हमारा रक्षण करें।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

शरीररूप नाव का रक्षण

ते नो नावमुरुष्यत दिवा नक्तं सुदानवः। अरिष्यन्तो नि पायुभिः सचेमहि॥ ११॥

(१) हे मरुतो-प्राणो! **सुदानवः**-सम्यक् वासनाओं को खण्डित करनेवाले **ते**-वे आप **नः**-हमारी **नावम्**-नौका को, इस जीवन-यात्रा की पूर्णता की साधनभूत शरीररूप नाव को **दिवा नक्तम्**-दिन-रात **उरुष्यत**-रक्षित करो। (२) हम **अरिष्यन्तः**-अहिंसित होते हुए **पायुभिः**-रक्षक प्राणों से **निसचेमहि**-नितरां समवेत हों।

भावार्थ-प्राण ही सुदानु हैं, सम्यक् वासनारूप शत्रुओं का खण्डन करनेवाले हैं। ये हमारी शरीररूप नाव का रक्षण करें। हम इन रक्षक प्राणों के साथ सदा समवेत हों।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अरिष्यन्तः (अहिंसा धर्म का पालन करनेवाले)

अग्नते विष्णवे वयमरिष्यन्तः सुदानवे। शृधि स्वयावन्त्सिन्धो पूर्वचित्तये॥ १२॥

(१) **वयम्**-हम **अरिष्यन्तः**-किसी की हिंसा न करते हुए **अग्नते**-उस अहिंसक, **विष्णवे**-सर्वव्यापक व सर्वाधार, **सुदानवे**-यज्ञय दानशील **पूर्वचित्तये**-पूर्ण ज्ञानी प्रभु के लिये हों। उस प्रभु का स्तवन करें। प्रभु के स्तवन का सर्वोत्तम प्रकार यही है कि हम अहिंसक बनें, किसी का बुरा न करें। (२) हे **स्वयावन्**-अपने सामर्थ्य से सब गतियों को करनेवाले, **सिन्धो**- आनन्द रस के सागर अथवा स्तोताओं के प्रति सब धनों को प्रवाहित करनेवाले (स्यन्दनशील) प्रभो! **शृधि**-आप हमारी प्रार्थना को सुनिये। प्रभु से हमारी प्रार्थना तभी सुनी जायेगी जब कि हम भी 'स्वयावा व सिन्धु' बनने का प्रयत्न करेंगे।

भावार्थ-हम अहिंसक बनकर अहिंसक प्रभु के सच्चे स्तोता बनें। अपना कार्य अपने आप करनेवाले व धनों का दान करनेवाले बनें जिससे हमारी प्रार्थना सुनी जाये।

सूचना-'अरिष्यन्तः' का भाव वासनाओं से हिंसित न होते हुए भी है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'वार्य, वरिष्ठ, गोपयत्य' धन

तद्वार्यं वृणीमहे वरिष्ठं गोपयत्यम्। मित्रो यत्पान्ति वरुणो यर्यमा॥ १३॥

(१) हम **तत्**-उस **वार्यम्**-वरने के योग्य, **वरिष्ठम्**-उरुत्तर-विशाल **गोपयत्यम्**-सब के रक्षक धन को **वृणीमहे**-वरते हैं। ऐसा ही धन चाहते हैं, जो सचमुच श्रेष्ठ विशाल व सर्वरक्षक हो। (२) उस धन को हम चाहते हैं **यत्**-जिसे **मित्रः**-सब के साथ स्नेह करनेवाले **वरुणः**-व निर्द्वेषता की भावनावाले व्यक्ति **पान्ति**-रक्षित करते हैं। उस धन को **यत्**-जिसे **अर्यमा**-काम-क्रोध-लोभ को वश में करनेवाले व्यक्ति सुरक्षित करते हैं।

भावार्थ-हमें वरणीय विशाल सर्वरक्षक धन प्राप्त हो। हम स्नेहवाले निर्द्वेष व काम-क्रोध आदि को वश में करनेवाले व्यक्तियों से रक्षित धन को प्राप्त करें।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'स्वास्थ्य व प्रसाद' रूप धन का रक्षण

उत नः सिन्धुरपां तन्मरुत्स्तदुश्विना। इन्द्रो विष्णुर्मीढ्वांसः सजोषसः॥ १४॥

(१) उत-और नः-हमारे तत्-उस धन को अपां सिन्धुः-शक्ति कणों को हमारे में प्रवाहित करनेवाली देवता सुरक्षित करे। तत्-उस धन को मरुतः-प्राण तथा अश्विना-सूर्य और चन्द्र (दायां व बायां स्वर) सुरक्षित करें। स्पष्ट है कि यह धन स्वास्थ्य का धन है। इसे ये सब देव सुरक्षित करें। (२) इन्द्रः-जितेन्द्रियता की देवता तथा विष्णुः-व्यापकता, उदारता का भाव उस धन को सुरक्षित करे। ये सब देव सजोषसः-समान रूप से प्रीतिवाले होते हुए हमारे लिये मीळ्वांसः-सुखों का सेचन करनेवाले हैं।

भावार्थ-हम शक्तिकणों का रक्षण करें, प्राणसाधना में प्रवृत्त हों, दायें व बायें नासा के स्वर को (सूर्य-चन्द्र) ठीक रखें। जितेन्द्रिय व उदार हृदय बनें। ये सब देव हमारे स्वास्थ्य व प्रसाद रूप धन का रक्षण करेंगे।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

शत्रु के अभिमान को कुचलना

ते हि ष्मा वनुषो नरोऽभिमातिं कयस्य चित्। तिग्मं न क्षोदः प्रतिघ्नन्ति भूर्णयः॥ १५॥

(१) ते-वे हि-ही ष्मा-निश्चय से वनुषः नरः-प्रभु का सम्भजन करनेवाले, उन्नतिपथ पर चलनेवाले मनुष्य हैं, जो कयस्य चित्-किसी भी शत्रु के अभिमतिम्-अभिमान को प्रतिघ्नन्ति-विनष्ट कर देते हैं। सब शत्रुओं को वशीभूत करना ही प्रभु का सच्चा सम्भजन है। (२) ये भूर्णयः-ठीक प्रकार से पोषण करनेवाले लोग इन 'काम-क्रोध-लोभ' आदि शत्रुओं की सत्ता को इस प्रकार विनष्ट करते हैं, न-जैसे तिग्मं क्षोदः-तीव्र वेगवाला जल-प्रवाह सामने आये वृक्षों को उखाड़ फेंकता है।

भावार्थ-प्रभु के सच्चे उपासक उन्नतिशील मनुष्य वही हैं, जो काम-क्रोध-लोभ के वेग को समाप्त करनेवाले होते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

विश्पतिः

अयमेक इत्था पुरूरु चष्टे वि विश्वपतिः। तस्य व्रतान्यनु वश्चरामसि॥ १६॥

(१) अयम्-यह प्रभु एकः-अकेला ही इत्था-सचमुच पुरू-(पुरूणि) बहुत उरु-(उरूणि) विशाल लोकों को विचष्टे-विशेषरूप से प्रकाशित करता है। विश्पतिः-वही सब प्रजाओं का स्वामी है, वही सब का रक्षक है। (२) तस्य व्रतानि-उस प्रभु के व्रतों के अनु चरामसि-अनुकूल आचरण करते हैं। वः-तुम सब के हित के लिये प्रभु के व्रतों का हम पालन करते हैं। 'सबका पालन करना, व सब का रक्षण' ही प्रभु का सर्वमहान् व्रत है। इस व्रत का पालन ही प्रभु प्राप्ति का उपाय है।

भावार्थ-प्रभु अकेले ही सब विशाल लोकों का प्रकाशन कर रहे हैं। प्रभु ही सब प्रजाओं के रक्षक हैं। हम भी प्रभु के व्रतों का अनुचरण करते हुए सर्वहित में प्रवृत्त होते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

मित्र और वरुण के व्रतों का पालन

अनु पूर्वाण्योक्या साम्राज्यस्य सश्चिम। मित्रस्य व्रता वरुणस्य दीर्घश्रुत्॥ १७॥

(१) (साम्राज्यम् अस्य अस्मि) साम्राज्यस्य-इस सृष्टिरूप सत्य साम्राज्यवाले (इन्द्रः सत्यः सम्राट्) मित्रस्य-पापों से बचानेवाले (प्रमीतेः त्रायते) अथवा सब के प्रति स्नेह करनेवाले प्रभु के

पूर्वाणि-पालन व पूरण करनेवाले अथवा पूर्णता को लिये हुए **ओक्या**-गृह हितकारी नियमों को **अनु सश्चिम**-पालित करें। प्रभु से निर्दिष्ट नियमों के अनुसार ही घरों में वर्तें। नियमानुकूल वर्तन ही गृहों का कल्याण करेगा। (२) **दीर्घश्रुत्**-(दीर्घश्रुतः) उस दीर्घदर्शी सर्वज्ञ **वरुण**-पापों व द्वेषों से निवारित करनेवाले प्रभु के **व्रता**-कर्मों का हम अनुकरण करें। वरुण के व्रतों का पालन करते हुए हम कभी बन्धन में न पड़ेंगे।

भावार्थ-हम उस सब के मित्र सम्राट् के गृह हितकारी नियमों का पालन करते हुए घरों को उत्तम बनायें। उस सर्वज्ञ वरुण के व्रतों का पालन करते हुए सब बन्धनों से ऊपर उठें।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु की महिमा का सर्वत्र दर्शन

परि यो रश्मिना दिवोऽन्तान्ममे पृथिव्याः। उभे आ पप्रौ रोदसी महित्वा॥ १८॥

(१) **यः**-जो प्रभु हैं, वे **दिवः**-द्युलोक के तथा **पृथिव्याः**-पृथिवीलोक के **अन्तान्**-अन्तों को **रश्मिना**-अपने तेज से **परिममे**-(परिमिनोति) मापते हैं, अपने प्रकाश से द्युलोक व पृथिवी-लोक के अन्तों को अवभासित करते हैं। (२) वे प्रभु **उभे रोदसी**-दोनों द्यावापृथिवी को **महित्वा**-अपनी महिमा से **आपप्रौ**-पूरित करते हैं। इन द्यावापृथिवी में सर्वत्र प्रभु की महिमा का प्रकाश हो रहा है।

भावार्थ-प्रभु द्युलोक, पृथिवीलोक को अपने प्रकाश से प्रकाशित कर रहे हैं। इन लोकों में सर्वत्र प्रभु की महिमा का प्रकाश हो रहा है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु ही 'सूर्य' हैं, प्रभु ही 'अग्नि'

उदुष्टा शरणे दिवो ज्योतिरयंस्त सूर्यः। अग्निर्न शुक्रः समिधान आहुतः॥ १९

(१) **स्यः**-वे प्रभु **सूर्यः**-सूर्य हैं। और **दिवः शरणे**-इस देदीप्यमान आदित्य के गृह में, अर्थात् द्युलोक में **ज्योतिः उदयंस्त**-प्रकाश को उदित करते हैं। सम्पूर्ण द्युलोक को प्रभु ही अवभासित करते हैं। यह सूर्य व ये सब नक्षत्र प्रभु के प्रकाश से ही तो प्रकाशित हो रहे हैं। सूर्य के भी सूर्य प्रभु ही हैं। (२) ये प्रभु ही **अग्निः न**-इस अग्निदेव के समान **शुक्रः**-देदीप्यमान हैं। **समिधानः**-स्तोताओं से अपने हृदयों में समिद्ध किये जाते हैं और **आहुतः**-(आ हुते यस्य) सर्वत्र दानोंवाले हैं। और अन्ततः सब प्रभु के प्रति ही अपना अर्पण करते हैं।

भावार्थ-प्रभु ही सूर्य के रूप में द्युलोक को अवभासित करते हैं। प्रभु ही अग्नि के रूप में समिद्ध व आहुत होते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु रूप महान् बन

वचो दीर्घप्रसद्मनीशे वाजस्य गोमतः। ईशे हि पित्वोऽविषस्य दावने॥ २०॥

(१) **दीर्घप्रसद्मनि**-इस महान् प्रकृष्ट भवनभूत, सब के शरण दाता प्रभु के विषय में **वचः**-स्तुति-वचनों का उच्चारण कर। ये प्रभु ही **गोमतः**-प्रशस्त इन्द्रियोंवाले व प्रशस्त ज्ञान की वाणियोंवाले बल को **ईशे**-ईश हैं। प्रभु ही प्रशस्त इन्द्रियों को, ज्ञान को व बल को देते हैं। (२) वे प्रभु **हि**-ही **अविषस्य**-सब प्रकार के विषैले प्रभावों से रहित **पित्वः**-अन्न के **दावने**-देने में **ईशे**-ईश हैं। प्रभु ही अमृततुल्य पोषक अन्नों को भी प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ–प्रभु ही महान् भवन हैं, सब की शरण हैं। ये प्रभु ही प्रशस्त इन्द्रियों को, ज्ञान व शक्ति को तथा निर्विघ्न अन्न को देने में समर्थ हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु-स्तवन व दानशीलता

तत्सूर्यं रोदसी उभे दोषा वस्तोरुप ब्रुवे। भोजेष्वस्माँ अभ्युच्चरा सदा॥ २१॥

(१) मैं **दोषावस्तोः**=दिन-रात **उभे रोदसीः**=इन दोनों द्यावापृथिवी के **तत्**=उस **सूर्यम्**=प्रकाशक प्रभु को **उपब्रुवे**=उपासना में स्थित होकर स्तुत करता हूँ। प्रभु ही तो इन द्युलोक व पृथिवीलोक के अन्तों को अपनी रश्मियों से अवभासित कर रहे हैं। (२) हे प्रभो! आप **सदा**=हमेशा **अस्मान्**=हमें **भोजेषु**=पालन करनेवाले पुरुषों में **अभि उत चर**=उत्कृष्ट गतिवाला करिये, उन्नत करिये। हम भोजों में उत्कृष्ट भोज बनें, खूब दानशील हों।

भावार्थ–हम द्यावापृथिवी में सर्वत्र प्रभु के प्रकाश को देखते हुए प्रभु का गुणगान करें। प्रभु हमें उत्कृष्ट दानशील बनायें।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'ऋज्रः रजत-युक्त' रथ

ऋज्रमुक्षण्यायने रजतं हरयाणे। रथं युक्तमसनाम सुषामणि॥ २२॥

(१) यह शरीर रथ है, जो प्रभु से जीवनयात्रा की पूर्ति के लिये दिया जाता है। प्रभु कहते हैं कि **उक्षण्यायने**=उक्षण में, शरीर में ही शक्ति के सेचन में, उत्तम पुरुष में, अर्थात् उत्पन्न वीर्यशक्ति को जो प्राणायाम आदि के द्वारा शरीर में ही सिक्त करता है, उस पुरुष में हम **ऋज्रम्**=ऋजुमार्ग से गति करनेवाले इस **रथम्**=शरीररथ को **असनाम**=(सन् To bestow) देते हैं। शक्ति को शरीर में सिक्त करनेवाला पुरुष कुटिल स्वभाव नहीं होता। (२) **हरयाणे**=काम-क्रोध-लोभ आदि शत्रुओं का हरण करनेवाले में, इनको हरा देनेवाले में **रजतम्**=रजत सदृश देदीप्यमान, तेजस्वी अथवा रञ्जनात्मक रथ को हम देते हैं। हरयाण का रथ दीप्त व सब का रञ्जन करनेवाला होता है। यह किसी को अपने व्यवहार से पीड़ित नहीं करता। (३) **सुषामणि**=शोभन सामवाले, शान्तवृत्तिवाले व उत्तम स्तोत्रोंवाले पुरुष में **युक्तम्**=(रथं असनाम) साम्य बुद्धि से युक्त रथ को देते हैं। सुषामा पुरुष साम्य बुद्धि से युक्त होकर स्थितप्रज्ञ बन जाता है। यह डाँवाडोल नहीं होता।

भावार्थ–उक्षण्यायन का रथ ऋज्र होता है। हरयाण का रजत तथा सुषामा का रथ शोभायुक्त होता है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—आर्च्युष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

इन्द्रियाश्व कैसे ?

ता मे अश्व्यानां हरीणां नितोशना। उतो नु कृत्व्यानां नृवाहसा॥ २३॥

(१) गत मन्त्र में उत्तम शरीररथ का वर्णन किया था। प्रस्तुत मन्त्र में उत्तम इन्द्रियाश्वों का उल्लेख करते हैं, **मे**=मेरे **ता**=वे ज्ञानेन्द्रिय व कर्मेन्द्रिय रूप अश्व **हरीणाम्**=हरित वर्ण दीप्त (हरि=A ray of light) **अश्व्यानाम्**=अश्व संघों के बीच में **नितोशना**=शत्रुओं का बाधन करनेवाले हैं। ये मेरे इन्द्रियाश्व काम रूप शत्रु से आक्रान्त नहीं होते। (२) **उत**=और **उ**=निश्चय से **नु**=अब ये **अश्व कृत्व्यानाम्**=कर्त्तव्य कर्मों के करने में कुशल अश्वों में कुशल होते हुए शत्रुओं के बाधक होते हैं। ये **नृवाहसा**=उन्नतिपथ पर चलनेवाले लोगों को लक्ष्य-स्थान पर ले जानेवाले हैं।

भावार्थ–हमारे इन्द्रियाश्व काम आदि शत्रुओं के बाधक, कर्त्तव्य कर्मों को करने में कुशल व नरों को लक्ष्य-स्थान पर ले जानेवाले हों।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

वाजिनौ अर्वन्तौ

स्मदभीशू कशावन्ता विप्रा नविष्ठया मती। मही वाजिनावर्वन्ता सचासनम्॥ २४॥

(१) **स्मद् अभीशू**–शोभन शरीर की कान्तिवाले अथवा शोभन लगामवाले, **कशावन्ता**–अर्थों को प्रकाशक शुभ वाणीवाले, **विप्रा**–विशेषरूप से पूरण करनेवाले, मेधाविता से युक्त इन्द्रियाश्वों को **नविष्ठया मती**–अत्यन्त स्तुत्य बुद्धि के साथ **सचा**–साथ-साथ **असनम्**–प्राप्त करता हूँ। (२) ये इन्द्रियाश्व **महः वाजिनौ**–बड़े शक्तिशाली व **अर्वन्ता**–वासनाओं का संहार करनेवाले हैं। इन इन्द्रियाश्वों के द्वारा ही तो मैं लक्ष्य-स्थान पर पहुँचूँगा।

भावार्थ–हमारे इन्द्रियाश्व प्रशस्त लगामवाले, प्रशस्त शब्दोंवाले, पूरण को करनेवाले, शक्तिशाली व वासनाओं का संहार करनेवाले हों। इनको मैं स्तुत्य बुद्धि के साथ प्राप्त करता हूँ।

अगले सूक्त का भी ऋषि 'विश्वमना वैयश्व' ही है–

२६. [षड्विंशं सूक्तम्]

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अतूर्तदक्षा (अश्विना)

युवोरु षू रथं हुवे सधस्तुत्याय सूरिषु। अतूर्तदक्षा वृषणा वृषण्वसू॥ १॥

(१) हे अश्विनौ (प्राणापानो)! **युवोः**–आप के निश्चय से **रथम्**–इस शरीररूप रथ को **सु हुवे**–सम्यक् पुकारता हूँ। **सूरिषु**–ज्ञानी पुरुषों में **सधस्तुत्याय**–मिलकर स्तुति करने योग्य उस प्रभु की प्राप्ति के लिये। प्रभु की प्राप्ति इस प्राणापान के रथ के द्वारा ही होती है। अर्थात् प्राणायाम द्वारा चित्तवृत्ति निरोध के होने पर ही प्रभु का साक्षात्कार होता है। इस प्रभु का ज्ञानी लोग मिलकर स्तवन करते हैं। (२) ये प्राणापान **अतूर्तदक्षा**–अहिंसित बलवाले, **वृषणा**–शक्तिशाली व **वृषण्वसू**–सुखों के वर्षक धनवाले हैं। प्राणसाधना के द्वारा वह बल प्राप्त होता है, जो किन्हीं भी आन्तर शत्रुओं से हिंसित नहीं होता। ये हमें बलवान् बनाते हैं और उन सब वसुओं को प्राप्त कराते हैं, जो हमारे जीवन में सुखों का वर्षण करते हैं।

भावार्थ–प्राणसाधना के होने पर ज्ञानी पुरुष मिलकर प्रभु का स्तवन करते हैं। ये प्राणापान अहिंसित बलवाले, शक्तिशाली व सुखवर्षक वसुओंवाले हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

वृषणा वृषण्वसू

युवं वरो सुषाम्णे महे तने नासत्या। अवोभिर्याथो वृषणा वृषण्वसू॥ २॥

(१) हे **नासत्या**–असत्य से रहित अश्विनीदेवो–प्राणापानो! **युवम्**–आप **उ**–निश्चय से **वरा**–वरने के योग्य हो। आपकी साधना ही मनुष्य का महान् कर्त्तव्य है। आप **सुषाम्णे**–उत्तम साम–शान्ति व उपासना वाले पुरुष के लिये **महे तने**–शक्तियों के महान् विस्तार के लिये होते हो। (२) हे प्राणापानो! आप **वृषणा**–शक्तिशाली हो, **वृषण्वसू**–सुखवर्षक वसुओंवाले हो। **अवोभिः याथः**–सब रक्षणों के हेतु से आप हमें प्राप्त होते हो। शरीर में शक्ति की ऊर्ध्वगति

करके 'शरीर, मन व बुद्धि' का आप ही रक्षण करते हो।

भावार्थ—मनुष्य को इस जीवन में प्राणसाधना का ही वरण करना चाहिये। यही उसकी शक्तियों के विस्तार को करेगी। यही उसका सर्वथा रक्षण करेगी।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

इषः इषयन्तौ (अश्विनौ)

ता वामद्य हवामहे हव्येभिर्वाजिनीवसू। पूर्वीरिष इषयन्तावतिं क्षपः॥ ३॥

(१) हे **वाजिनीवसू**-शक्तिरूप धनोंवाले प्राणापानो! **ता वाम्**-उन आपको **अद्य**-आज **हव्येभिः**-हव्य पदार्थों के साथ **हवामहे**-हम पुकारते हैं। प्राणसाधना के साथ हव्य पदार्थों का सेवन आवश्यक है। आराधित प्राणापान हमारे लिये शक्तिरूप धनों को प्राप्त कराते हैं। (२) उन आपको हम पुकारते हैं, जो आप **अतिक्षपः**-(क्षपायाः अति क्रमे) अज्ञान रात्रि के समाप्त होने पर **पूर्वीः**-हमारा पालन व पूरण करनेवाली **इषः**-प्रभु प्रेरणाओं को **इषयन्तौ**-हमारे लिये प्रेरित करते हो, प्राणसाधना से अज्ञानान्धकार का विनाश होता है। हृदयस्थ प्रभु की प्रेरणायें सुनाई पड़ती हैं। ये प्रेरणायें हमारा पालन व पूरण करती हैं।

भावार्थ—प्राणसाधना के साथ यज्ञिय सात्त्विक आहार का ही सेवन करना चाहिये। ये प्राणापान अज्ञानान्धकार का ध्वंस करके हमें प्रभु प्रेरणा के सुनने के योग्य बनाते हैं, ये प्रेरणायें ही हमारा पालन व पूरण करती हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'श्रुत वाहिष्ठ' रथ

आ वां वाहिष्ठो अश्विना रथो यातु श्रुतो नरा। उप स्तोमान्तुरस्य दर्शथः श्रिये॥ ४॥

(१) हे **नरा**-हमें उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले **अश्विना**-प्राणापानो! **वाम्**-आपका **वाहिष्ठः**-जीवनयात्रा में उत्तमता से आगे और आगे ले चलनेवाला **श्रुतः**-प्रसिद्ध अथवा ज्ञान के श्रवण से युक्त **रथः**-यह शरीररथ **आयातु**-हमें प्राप्त हो। प्राणसाधना के होने पर यह शरीरस्थ बड़ा दृढ़ बना रहता है, यह ज्ञानाग्नि से प्रकाशमय बन जाता है। यह श्रुत वाहिष्ठ रथ हमारी जीवनयात्रा की पूर्ति का उत्तम साधन बनता है। (२) हे अश्विनौ! आप **तुरस्य**-वासनाओं का संहार करनेवाले प्रभु की **स्तोमान्**-स्तुतियों का **उपदर्शथः**-हमें ज्ञान कराते हो, हमें स्तुति की वृत्ति का बनाते हो। **श्रिये**-जिससे हमारा जीवन शोभावाला हो। प्राणसाधक पुरुष प्रभु-स्तवन करता हुआ जीवन को बड़ा शोभामय बनाता है।

भावार्थ—प्राणसाधना से यह शरीर-रथ 'वाहिष्ठ व श्रुत' बनता है, दृढ़ प्रकाशमय। प्राणसाधक प्रभु-स्तवन करता हुआ जीवन को श्री-सम्पन्न बनाता है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

जुहुराणा चिन् मन्येथाम्

जुहुराणा चिदश्विना मन्येथां वृषण्वसू। युवं हि रुद्रा पर्षथो अति द्विषः॥ ५॥

(१) हे **वृषण्वसू**-सुखवर्षक वसुओं को प्राप्त करानेवाले **अश्विना**-प्राणापानो! आप **जुहुराणा चित्**-शरीर में नस-नाड़ियों में टेढ़ी-मेढ़ी (crooked) गति करते हुए भी **मन्येथाम्**-हमें ज्ञान की वृद्धिवाला करते हो। प्राण ज्ञान प्रकार से विविध नाड़ियों में से कुञ्चित गतिवाले होते हैं। ये प्राण शक्ति की ऊर्ध्वगति द्वारा ज्ञानाग्नि के दीपन का कारण बनते हैं। (२) **युवम्**-आप

हि=ही रुद्रा=सब रोगों को दूर भगानेवाले हो। द्विषः अतिपर्वथः=द्वेष की भावनाओं से हमें पार करते हो। (हतम्) द्वेष की भावनाओं को आप विनष्ट करते हो।

भावार्थ—प्राणापान शरीर नाड़ीचक्र में टेढ़ी-मेढ़ी गति से घूमते हुए भी हमारी ज्ञान वृद्धि का कारण बनते हैं और द्वेष की भावनाओं को विनष्ट करते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

धियञ्जिन्वा-मधुवर्णा-शुभस्पती

दस्रा हि विश्वमानुषङ्मशूभिः परिदीयथः। धियंजिन्वा मधुवर्णा शुभस्पती॥ ६॥

(१) हे प्राणापानो! आप दस्रा हि=निश्चय से शत्रुओं का उपक्षय करनेवाले हो। विश्वम्=सब व्यक्तियों को आनुषक्=निरन्तर मशूभिः=शीघ्रगामी इन्द्रियाश्वों के साथ परिदीयथः=समन्तात् प्राप्त होते हैं, प्राणसाधना से वासनारूप शत्रुओं का विनाश होता है और ये प्राणापान इन्द्रियों को शक्ति-सम्पन्न बनाकर कार्यों में त्वरित गतिवाला करते हैं। (२) हे प्राणापानो! आप धियञ्जिन्वा=बुद्धियों को प्रेरित करनेवाले हो। प्राणसाधना से बुद्धि सूक्ष्म और सूक्ष्मतर बनती चलती है। मधुवर्णा=ये प्राणापान अत्यन्त मधुरवर्णवाले कान्तिमान् हैं। शरीर को ये शक्ति रक्षण द्वारा 'मधुवर्ण' बनाते हैं। शुभस्पती=ये शरीर में रेतःकणरूप जलों के रक्षक हैं। इस रेतःकण रूप जल के रक्षण के द्वारा ही ये 'धियञ्जिन्वा' व 'मधुवर्णा' होते हैं, वीर्यशक्ति ही बुद्धि को तीव्र व शरीर को तेजस्वी बनाता है।

भावार्थ—प्राणापान वासनाविलय के द्वारा तीव्र गतिवाले इन्द्रियाश्वों के साथ हमें प्राप्त होते हैं। ये बुद्धि को प्रेरित करते हैं, शरीर को कान्ति-सम्पन्न बनाते हैं, शरीर में रेतःकणों का रक्षण करते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

राया विश्वपुषा सह

उप नो यातमश्विना राया विश्वपुषा सह। मघवाना सुवीरावनपच्युता॥ ७॥

(१) हे अश्विना=प्राणापानो! आप नः=हमें विश्वपुषा राया सह=सब का पोषण करनेवाले धन के साथ उपयातम्=प्राप्त होवो। प्राणसाधक धनार्जन करता है, यह धन केवल उसका पोषण न करके सबका पोषण करनेवाला होता है। (२) हे अश्विना! आप मघवाना=सब ऐश्वर्योंवाले हो। सुवीरा=उत्तम वीर हो। अनपच्युता=शत्रुओं से अनपच्यावनीय हों, शत्रु आप को आक्रान्त नहीं कर पाते। प्राणसाधना के होने पर शरीर में रोगों व वासनाओं का प्रवेश नहीं हो पाता।

भावार्थ—प्राणसाधना हमें सर्वपोषक धन को प्राप्त कराती है। प्राणापान 'ऐश्वर्य, वीरता व शत्रुओं से अपराजेयता' वाले हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

देवेभिः सचनस्तमा

आ मे अस्य प्रतीव्यं१मिन्द्रेनासत्या गतम्। देवा देवेभिरद्य सचनस्तमा॥ ८॥

(१) हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! आपके अनुग्रह से अस्य=इस मे=मेरे प्रतीव्यम्=यज्ञ को (पुनः पुनः वियन्ति देवाः अन्त हवीषि) जीवनयज्ञ को नासत्या=प्राणापान आगतम्=प्राप्त हों। हमारी यह प्राणसाधना प्रतिदिन प्रवृत्त रहे। (२) देवा=ये प्राणापान प्रकाशमय हैं, ज्ञानाग्नि को दीप्त

करनेवाले हैं। ये **अद्य**-आज **देवेभिः**-दिव्य गुणों को धारण करनेवाले पुरुषों से **सचनस्तमा**-अतिशयेन समवेतव्य हैं, सेवनीय हैं। इनके आराधन से ही तो दिव्यता प्राप्त होती है।

भावार्थ-प्राणसाधना प्रतिदिन करनी ही चाहिये। ये प्राणापान जीवन को प्रकाशमय व दिव्यता सम्पन्न करते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ **देवता**—अश्विनौ॥ **छन्दः**—निचृदुष्णिक्॥ **स्वरः**—ऋषभः॥

प्राणसाधना के तीन लाभ

वयं हि वां हवामह उक्षण्यन्तो व्यश्ववत्। सुमतिभिरुप विप्राविह गतम्॥ ९॥

(१) हे प्राणापानो! **वयम्**-हम **उक्षण्यन्तः**-शरीर में शक्ति के सेचन की कामना करते हुए **हि**-निश्चय से **वाम्**-आपको **हवामहे**-पुकारते हैं। आपके द्वारा ही तो हम इस वीर्यशक्ति को शरीर में सिक्त कर पायेंगे। हम आपको **व्यश्ववत्**-'व्यश्व' की तरह पुकारते हैं। (२) हे **विप्रौ**-हमारा विशेषरूप से पूरण करनेवाले प्राणापानो! आप **सुमतिभिः**-कल्याणी मतियों के साथ **इह**-इस जीवनयज्ञ में हमें **उपागतम्**-समीपता से प्राप्त होवो। प्राणसाधना के द्वारा शक्ति का सेचन होकर बुद्धि की सूक्ष्मता भी प्राप्त होती है।

भावार्थ-प्राणसाधना से (क) शरीर में शक्ति का सुरक्षण होगा, (ख) हमारे इन्द्रियाश्व उत्तम बनेंगे, (ग) हमारी बुद्धि सूक्ष्म होगी।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ **देवता**—अश्विनौ॥ **छन्दः**—निचृदुष्णिक्॥ **स्वरः**—ऋषभः॥

कुवित्ते श्रवतो हवम्

अश्विना स्तृषि स्तुहि कुवित्ते श्रवतो हवम्। नेदीयसः कूळ्यातः पणीँरुत॥ १०॥

(१) हे **ऋषे**-तत्त्वद्रष्टः पुरुष! तू **अश्विना**-प्राणापान को **सुस्तुहि**-सम्यक् स्तुत कर। ये प्राणापान **ते**-तेरी **हवम्**-पुकार को **कुवित्**-खूब ही **श्रवतः**-सुनते हैं। हमारी कामनाओं को प्राणापान ही तो पूर्ण करते हैं। (२) ये प्राणापान **नेदीयसः**-अपने अन्तिकतम उपासकों को **उत**-और **पणीन्**-सब व्यवहारों को प्रभु-स्तवन पूर्वक करनेवालों को **कूळयातः**-सुरक्षित करते हैं।

भावार्थ-जीवन में यह प्राणसाधना सब कामनाओं को पूर्ण करनेवाली है। यह अपने अन्तिकतम उपासकों को सुरक्षित करती है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ **देवता**—अश्विनौ॥ **छन्दः**—निचृदुष्णिक्॥ **स्वरः**—ऋषभः॥

स्नेह-निर्द्वेषता व संयम

वैयश्वस्य श्रुतं नरोतो मे अस्य वेदथः। सजोषसा वरुणो मित्रो अर्यमा॥ ११॥

(१) हे **नरा**-हमें उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले प्राणापानो! **वैयश्वस्य**-व्यश्व पुत्र, अर्थात् अत्यन्त विशिष्ट इन्द्रियाश्वोंवाले **मे**-मेरी प्रार्थना को **श्रुतम्**-आप सुनो। **उत**-और **उ**-निश्चय से **मे अस्य वेदथः**-मेरी इस प्रकार को **वेदथः**-आप जानो। अर्थात् मेरी आराधना व्यर्थ न जाये। आपकी इस आराधना से ही मैं अपने इन्द्रियाश्वों को विषयों से अनाक्रान्त व पवित्र बना पाऊँगा। (२) आपकी आराधना से ही मेरे जीवन में **मित्रः वरुणः**-स्नेह व निर्द्वेषता के भाव **सजोषसा**-प्रीतिपूर्वक संगत हों। आपकी आराधना से ही **अर्यमा**-(अदीन् यच्छति) काम-क्रोध-लोभ का संयम मुझे प्राप्त हो।

भावार्थ–प्राणसाधना से मेरे जीवन में 'स्नेह, निर्द्वेषता व संयम' के दिव्यभावों का वास होता है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

युवादत्त 'धिषणा', युवानीत 'शक्ति'

युवादत्तस्य धिष्ण्या युवानीतस्य सूरिभिः। अहरहर्वृषणा महां शिक्षतम्॥ १२॥

(१) हे **दिष्ण्या**–(धिषणार्हो) स्तुति के योग्य अथवा उत्तम बुद्धि को प्राप्त करानेवाले (धिषणा–बुद्धि) **वृषणा**–शक्ति का शरीर में सेचन करनेवाले प्राणापानो! **युवादत्तस्य**–आप से दिये जानेवाले ज्ञान को तथा **युवानीतस्य**–आप से आनीत (प्राप्त करायी जानेवाली) शक्ति को **सूरिभिः**–ज्ञानी स्तोताओं के सम्पर्क के द्वारा **अहरहः**–प्रतिदिन **महाम्**–मेरे लिये **शिक्षतम्**–दीजिये। (२) ज्ञानी स्तोताओं के सम्पर्क में हम भी ज्ञान की रुचिवाले बनेंगे तथा विषय वासनाओं में न फँसने के कारण शक्ति को प्राप्त करनेवाले होंगे। ज्ञानी स्तोताओं के सम्पर्क की ओर झुकाव इस प्राणापान की साधना से ही होगा। एवं यह साधना हमें ज्ञान व शक्ति को प्राप्त करानेवाली बनेगी।

भावार्थ–हे प्राणापानो! हम आप से दत्त ज्ञान को तथा आप से प्राप्त करायी गयी शक्ति को ज्ञानियों के सम्पर्क में रहते हुए प्राप्त करें।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्राणसाधना से आवृत जीवन

यो वां यज्ञेभिरावृतोऽधिवस्त्रा वधूरिव। सपर्यन्ता शुभे चक्राते अश्विना॥ १३॥

(१) **यः**–जो भी व्यक्ति हे प्राणापानो! **वाम्**–आपके **यज्ञेभिः**–यज्ञों से, पूजनों से **आवृतः**–समन्तात् इस प्रकार आवृत होता है, **इव**–जैसे **अधिवस्त्रा वधूः**–उत्कृष्ट वस्त्रों को धारण किये हुए वधू। हे **अश्विना**–प्राणापानो! आप उसे **सपर्यन्ता**–अभीष्ट ज्ञान व शक्ति के दान से पूजित करते हुए **शुभे चक्राते**–सदा मंगल कार्यों में व्यापृत करते हो। (२) मनुष्य प्राण–साधना से अपने जीवन को इस प्रकार आवृत कर ले, जैसे एक वधू वस्त्रों से अपने शरीर को आवृत करती है। वधू की शोभा अपने अंगों को वस्त्रों से आवृत किये हुए होने में ही है। इसी प्रकार मनुष्य की शोभा इसी में है कि वह अपने प्रत्येक दिन को प्राणसाधना से आवृत कर ले, प्रातः भी प्राणसाधना, सायं भी प्राणसाधना। ये प्राणापान ज्ञान व शक्ति आदि इष्ट पदार्थों को प्राप्त करायेंगे और हमें सदा शुभ वृत्तिवाला बनायेंगे।

भावार्थ–प्राणसाधना हमारे जीवन की रक्षिका बन जाये। यह हमें ज्ञान व शक्ति आदि अभीष्ट वस्तुओं को प्राप्त कराती हुई सदा शुभ कार्यों में प्रवृत्त रखेगी।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अश्विनीदेवों का सोमपान

यो वामुरुव्यचस्तमं चिकेतति नृपाय्यम्। वर्तिरश्विना परि यातमस्मयू॥ १४॥

(१) **यः**–जो भी **उरुव्यचस्तमम्**–अतिशयेन शक्तियों के विस्तारवाले, **नृपाय्यम्**–उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले प्राणापानों से पातव्य सोम को (वीर्य शक्ति को) **वाम्**–आपके लिये देना **चिकेतति**–जानता है, अर्थात् जो आपकी साधना के द्वारा सोम को शरीर में ही सुरक्षित करना जानता है। हे प्राणापानो! **अस्मयू**–हमारे हित की कामनावाले आप उस पुरुष के **वर्तिः**–इस शरीर

गृह को **परियातम्**-प्राप्त होवो। (२) जो व्यक्ति यह समझता है कि सोमरक्षण द्वारा अधिक से अधिक शक्तियों का विस्तार होगा तथा जो यह जानता है कि प्राणसाधना से ही सोम का शरीर में रक्षण होगा यह अवश्य प्राणसाधना में प्रवृत्त होता है। यही प्राणापान का हमारे शरीर गृह में प्राप्त होना है। इससे सोम शरीर में ही सुरक्षित होता है। यही अश्विनी देवों का सोमपान है।

भावार्थ-हमारे हित की कामनावाले प्राणापान हमारे शरीर गृह में प्राप्त हों। हम इनके पूजन के द्वारा सोम को शरीर में ही सुरक्षित करनेवाले बनें। शरीर में सुरक्षित सोम सब शक्तियों के विस्तार का कारण बने।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्राणसाधना व प्रभु-दर्शन

अस्मभ्यं सु वृषण्वसू यातं वर्तिर्नृपाय्यम्। विषुद्रुहेव यज्ञमूहथुर्गिरा॥ १५॥

(१) **असम्भ्यम्**-हमारे लिये हे **वृषण्वसू**-सुखों के वर्षणशील धनोंवाले प्राणापानो! आप **नृपाय्यम्**-उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले आप द्वारा पातव्य सोम का लक्ष्य करके **वर्तिः**-हमारे शरीर गृह को **सुयातम्**-सम्यक् प्राप्त होवो। हमारे शरीर गृह में प्राणापान की साधना चलेगी तो सोम का भी रक्षण होगा और सोमरक्षण द्वारा सब सुख वर्षक धन प्राप्त होंगे। (२) हे प्राणापानो! जैसे **विषुद्रुहा**-(वि सु द्रुहन्ति अनेन) शर के द्वारा व्याध मृग को अपने समीप प्राप्त कराता है, इसी प्रकार हे प्राणापानो! आप **गिरा**-ज्ञान की वाणियों के साथ **यज्ञम्**-उस उपासनीय प्रभु को **ऊहथुः**-हमारे समीप प्राप्त कराते हो। प्राणसाधना से ज्ञानवृद्धि होती है और विवेकख्याति के द्वारा आत्मदर्शन होता है। यह साधक प्राणों द्वारा मन को वशीभूत करके आत्मदर्शन करनेवाला बनता है।

भावार्थ-प्राणसाधना से ज्ञानवृद्धि होकर उस उपासनीय प्रभु का दर्शन होता है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्राणापान का स्तोम 'वाहिष्ठ' है

वाहिष्ठे वां हवानां स्तोमो दूतो हुवन्नरा। युवाभ्यां भूत्वश्विना॥ १६॥

(१) हे प्राणापानो! **वां स्तोमः**-आपका यह स्तवन **हवानाम्**-स्तोमों में **वाहिष्ठः**-वोढृतम है। प्राणापान की साधना ही सर्वोत्तम स्तुति है। प्राणापान चित्तवृत्ति का निरोध करके हमें प्रभु प्रवण करता है। एवं प्राणापान का स्तवन प्रभु का स्तवन हो जाता है, यह हमें प्रभु तक ले जाता है। हे **नरा**-उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले प्राणापानो! यह स्तोम **दूतः**-दूत बनता है, ज्ञान-सन्देश को प्राप्त करानेवाला होता है और **हुवत्**-हमारे हृदयों में आसीन होने के लिये प्रभु को पुकारता है। (२) सो हे **अश्विना**-प्राणापानो! हमारा स्तोम तो **युवाभ्यां भूतु**-आपके लिये ही हो। हम आपकी ही आराधना करें। यह आराधना ही हमारे लिये वाहिष्ठ होगी, हमें अतिशयेन प्रभु के समीप प्राप्त करानेवाली होगी।

भावार्थ-प्राणापान का स्तवन सर्वोत्तम स्तवन है, यह हमें प्रभु के अतिशयेन समीप पहुँचानेवाला है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्राणापान ने मेरी प्रार्थना को कब सुना ?

यदुदो दिवो अर्णव इषो वा मदथो गृहे। श्रुतमिन्मे अमर्त्या॥ १७॥

(१) प्राणसाधना से शरीर में शक्ति का रक्षण होता है। यह सुरक्षित सोम ज्ञानाग्नि का ईंधन बनता है। इसी बात को इस प्रकार कहते हैं कि हे प्राणापानो! **यद्**-जब आप **अदः**-उस **दिवः**-ज्ञान के **क़र्णवे**-समुद्र में **मदथः**-आनन्द का अनुभव करते हो। तब ही यह कहा जा सकता है कि आपने **मे**-मेरी प्रार्थना को **इत्**-निश्चय से **श्रुतम्**-सुना। (२) ये प्राणापान चित्तवृत्ति के निरोध के द्वारा हृदय को बड़ा पवित्र बनाते हैं। उस पवित्र हृदय में प्रभु प्रेरणा सुनाई पड़ती है। मन्त्र में कहते हैं कि **यद्**-जब **इषः**-प्रेरणा के **गृहे**-गृहभूत हृदय में आप **वा**-निश्चय से **मदथः**-आनन्दित होते हो तो हे **अमर्त्या**-हमें न मरने देनेवाले व विषय-वासनाओं का शिकार न होने देनेवाले प्राणापानो! आप मेरी प्रार्थना को सुनते हो।

भावार्थ-प्राणसाधना का यही फल है कि ज्ञानाग्नि दीप्त होती है और साधक ज्ञानार्णव में तैरता हुआ आनन्द का अनुभव करता है। इसी प्रकार पवित्र हृदय में प्रभु प्रेरणा को सुनता हुआ यह साधक वासनाओं का शिकार नहीं हो जाता।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरस:॥ **देवता**—अश्विनौ॥ **छन्दः**—निचृद्गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

प्राणसाधक पुरुष व स्त्री

उत स्या श्वेतयावरी वाहिष्ठा वां नदीनाम्। सिन्धुर्हिरण्यवर्तनिः॥ १८॥

(१) हे प्राणापानो! **उत**-और निश्चय से **स्या**-वह स्त्री **वाम्**-आपकी है, आपकी उपासना करनेवाली है जो **श्वेत-या-वरी**-शुद्ध मार्ग से गति करनेवाली है और **नदीनाम्**-समृद्धियों की **वाहिष्ठा**-वोढ़तमा बनती है। प्राणसाधिका स्त्री का जीवन शुद्ध व समृद्ध बनता है। (२) प्राणसाधक पुरुष, हे प्राणापानो! जो पुरुष आपकी साधना करता है, वह **सिन्धुः**-(सिनाति दधाति च) शक्ति को अपने में बाँधनेवाला होता है और इस प्रकार अपना धारण करनेवाला बनता है। यह **हिरण्यवर्तनिः**-ज्योतिर्मय मार्गवाला होता है। स्वाध्याय द्वारा अपनी ज्ञान-ज्योति को बढ़ानेवाला होता है।

भावार्थ-प्राणसाधना से 'शुद्धता, ऐश्वर्य, शक्ति व ज्योति' प्राप्त होती है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरस:॥ **देवता**—अश्विनौ॥ **छन्दः**—विराड्गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

सुकीर्ति, सुबुद्धि व सुशीलता

स्मदेतया सुकीर्त्याश्विना श्वेतया धिया। वहेथे शुभ्रयावाना॥ १९॥

(१) हे **अश्विना**-प्राणापानो! आप **एतया सुकीर्त्या**-(चित्त-रत) विविध रंगोंवाली, अर्थात् नाना उत्तम कर्मों से विविध कार्यक्षेत्रों में प्राप्त होनेवाली, उत्तम कीर्ति से तथा **श्वेतया**-निर्मल वासनाओं से अभावृत **धिया**-बुद्धि से **स्मत्**-(सुमत्-शोभनम्) बड़ी शोभा के साथ **वहेथे**-हमें जीवनयात्रा में ले चलते हो। प्राणसाधना के द्वारा बुद्धि की तीव्रता व हृदय की निर्मलता के कारण सब कार्य उत्तम होते हैं। परिणामतः जीवन बड़ा यशस्वी होता है। (२) हे प्राणापानो! आप **शुभ्रयावाना**-जीवन में हमें बड़े शुभ्र (उज्ज्वल) मार्ग से ले चलते हो, हमारे शील को बड़ा शोभन बना देते हो।

भावार्थ-प्राणसाधना से 'सुकीर्ति, सुबुद्धि व सुशीलता' की प्राप्ति होती है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरस:॥ **देवता**—वायुः॥ **छन्दः**—विराडनुष्टुप्॥ **स्वरः**—गान्धारः॥

शुद्ध वायु के सम्पर्क के लाभ

युवा हि त्वं रथासहा युवस्व पोष्या वसो। आ नो वायो मधु पिबास्माकं सवना गहि॥ २०॥

(१) 'वायु' ही प्राणरूप होकर नासिका में प्रवेश करता है। सो अब वायु से आराधना करते हैं कि हे वायो! **त्वम्**-तू **हि**-निश्चय से **रथासहा**-शरीर-रथ के वहन में समर्थ इन्द्रियाश्वों को **युक्ष्वा**-शरीर-रथ में जोत। हे **वसो**-वसानेवाले वायुदेव! तू **पोष्या**-उत्तम पोषणवाले दृढ़ अंगों को **युवस्व**-इस शरीर में मिश्रित कर (मिला)। इस शरीर-रथ का एक-एक अंग दृढ़ हो। (२) **आत्**-अब, हे वायो! **नः**-हमारे **मधु**-सब ओषधियों के सारभूत, भोजन से रस-रुधिर आदि क्रम से उत्पन्न हुए-हुए अत्यन्त सारभूत सोम को तू **पिब**-पी, शरीर में ही व्याप्त कर। **अस्माकम्**-हमारे **सवना**-जीवन के 'प्रातः, मध्याह्न व सायं' के तीनों सवनों में **आगहि**-तू हमें प्राप्त हो। हम सदा शुद्ध वायु के सम्पर्क में होते हुए तीनों सवनों में सोम का पान करें, वीर्य का रक्षण करें।

भावार्थ-शुद्ध वायु का सम्पर्क, शुद्ध वायु में होनेवाला प्राणायाम, हमारी इन्द्रियों को सशक्त बनाये, अंगों को दृढ़ करे, सोम को शरीर में सुरक्षित करे तथा दीर्घजीवन प्राप्त कराये।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—वायुः॥ छन्दः—निचृद्गायत्रीः॥ स्वरः—षड्जः॥

त्वष्टा का जामाता (वायु)

तव वायवृतस्पते त्वष्टुर्जामातरद्भुत। अवांस्या वृणीमहे॥ २१॥

(१) हे **वायो**-वायुदेव! हम **तव**-आपके **आवांसि**-रक्षणों को **आवृणीमहे**-सर्वथा वरते हैं। सदा शुद्ध वायु के सम्पर्क में होते हुए, शुद्ध वायु में प्राणायाम करते हुए, सब शक्तियों का रक्षण कर पाते हैं। (२) हे वायो! आप **ऋतस्पते**-रेतःकण रूप जलों के रक्षक हो, प्राणायाम के द्वारा इन शक्तिकणों की ऊर्ध्वगति होती है। **त्वष्टुः जामातः**-संसार के निर्माता प्रभु की पुत्री के तुम रक्षक हो। वायु हमारे जीवनों में 'संज्ञा' का रक्षण करती है, वायु के बन्द होते ही चेतना समाप्त हो जाती है। **अद्भुत**-हे वायो! हमारे जीवनों के लिये तुम अद्भुत ही हो, वस्तुतः तुम्हीं जीवन हो।

भावार्थ-वायु शरीर में रेतःकण रूप जलों का रक्षक है। जीवन में इसका अद्भुत ही स्थान है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—वायुः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सुतावन्तः-द्युम्नाः-जनासः

त्वष्टुर्जामातरं वयमीशानं राय ईमहे। सुतावन्तो वायुं द्युम्ना जनासः॥ २२॥

(१) **त्वष्टुः जामातरम्**-प्रजापति की, संसार निर्माता प्रभु की अवि (रक्षण शक्ति) के रक्षक, **ईशानम्**-इस प्रकार सब के ईशान (स्वामी) **वायुम्**-वायुदेव से हम **रायः ईमहे**-धनों की याचना करते हैं। वायु से सब ऐश्वर्यों को माँगते हैं। (२) इस प्रकार वायु के प्रिय होते हुए हम **सुतावन्तः**-शरीर में उत्पन्न प्रशस्त सोमवाले होते हैं। **द्युम्नाः**-ज्ञान-ज्योति को प्राप्त करते हैं। **जनासः**-अपनी सब शक्तियों का विकास कर पाते हैं।

भावार्थ-वायु के रक्षण में हम प्रशस्त सोम शक्तिवाले, ज्ञान-ज्योतिवाले व शक्तियों के प्रादुर्भाववाले बनते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—वायुः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

ज्ञान-उत्तम इन्द्रियाश्व-तेजस्विता

वायो याहि शिवा दिवो वहस्वा सु स्वश्व्यम्। वहस्व महः पृथुपक्षसा रथे॥ २३॥

(१) **वायो**-हे वायुदेव! **दिवः**-द्युलोक के, मस्तिष्करूप द्युलोक के **शिवा**-कल्याणकर ज्ञानों को **याहि**-प्राप्त करा। तू **स्वश्व्यम्**-उत्तम इन्द्रियाश्व समूह को **सुवहस्व**-सम्यक् प्राप्त करानेवाला हो। (२) **रक्षे**-इस शरीर-रथ में **महः**-तेजस्विता को **वहस्व**-प्राप्त करा। तथा **पृथुपक्षसा**-विशाल ज्ञान व शक्ति के परिग्रहोंवाले (पक्ष परिग्रहे) इन्द्रियाश्वों को संयुक्त कर।

भावार्थ-शुद्ध वायु का सम्पर्क मस्तिष्क को दीप्त करके ज्ञान-वृद्धि का कारण बनता है, इन्द्रियाश्वों को उत्तम बनाता है, तथा तेजस्विता को प्राप्त कराता है।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—वायुः॥ छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

दृढ़ शरीर व उत्तम इन्द्रियाश्व

त्वां हि सुप्सरस्तमं नृषदनेषु हूमहे। ग्रावाणं नाश्वपृष्ठं मंहना॥ २४॥

(१) हे वायो! **त्वां हि**-तुझे ही **नृषदनेषु**-मनुष्यों से बैठने योग्य इन यज्ञगृहों में, यज्ञों के अवसर पर **हूमहे**-पुकारते हैं। यज्ञों का मुख्य उद्देश्य वायु शुद्धि ही तो होता है। उस वायु को हम पुकारते हैं। जो **सुप्सरस्तमम्**-अतिशयेन शोभन रूपवाला है। यह वायु स्वास्थ्य के द्वारा सुन्दर रूप को प्राप्त कराता है। (२) हे वायो! तुझे **मंहना**-स्तुति के द्वारा पुकारते हैं जो तू **ग्रावाण न**-ग्रावा के समान **अश्वपृष्ठ**-अश्वों का पृष्ठ है। शरीर को तू ग्रावा (पत्थर) के समान दृढ़ बनाता है और इन्द्रियाश्वों का तो तू आधार ही है। वायु ही शरीर व इन्द्रियों को स्वस्थ करता है।

भावार्थ-यज्ञों द्वारा वायु को पवित्र करते हुए हम दृढ़ शरीरों व उत्तम इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करते हैं।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वो व्यश्वो वाङ्गिरसः॥ देवता—वायुः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वाजान् अपः धियः

स त्वं नो देव मनसा वायो मन्दानो अग्रियः। कृधि वाजाँ अपो धियः॥ २५॥

(१) हे **देव**-सब न्यूनताओं व रोगों को पराजित करनेवाले **वायो**-वायुदेव! **सः त्वम्**-वह तू **नः**-हमें **मनसा**-उत्तम मन के द्वारा **मन्दानः**-आनन्दित करनेवाला हो। **अग्रियः**-तेरा ही सब देवों में प्रमुख स्थान है, तू सर्वश्रेष्ठ है। (२) तू हमारे जीवनों में **वाजान्**-शक्तियों को **कृधि**-कर। **अपः**-रेतःकण रूप जलों को तू करनेवाला हो। **धियः**-बुद्धियों का तू सम्पादन कर।

भावार्थ-वायु का देवों में प्रथम स्थान है, यह हमारे जीवनों में शक्ति, बुद्धि व रेतःकणों को जन्म देता है।

वायु के आराधन से उत्कृष्ट मन को प्राप्त करके यह 'मनु' बनता है। प्रकाश की किरणोंवाला होता हुआ यह 'वैवस्वत' होता है। यह 'मनु वैवस्वत' ही अगले सूक्त का ऋषि है-

२७. [सप्तविंशं सूक्तम्]

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—निचृद्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्राणसाधना-स्वाध्याय-देव-सम्पर्क

अग्निरुक्थे पुरोहितो ग्रावाणो बर्हिरध्वरे। ऋचा यामि मरुतो ब्रह्मणस्पतिं देवाँ अवो वरेण्यम्॥ १॥

(१) **उक्थे**-स्तोत्रों के होने पर **अग्निः पुरोहितः**-वह अग्रेणी प्रभु सामने ही स्थापित होता है। हम स्तोत्रों के द्वारा प्रभु का दर्शन करनेवाले बनते हैं। **अध्वरे**-इस जीवनयज्ञ में **ग्रावाणः**-उपदेष्टा

लोग (गृपन्ति) ज्ञानोपदेष्टा गुरु **बर्हिः**-हमारी वासनाओं का उद्बर्हण करनेवाले होते हैं। हमारे जीवनों को वासनाशून्य बनाते हैं। (२) मैं **ऋचा**-स्तुति के द्वारा **मरुतः**-प्राणों से, **ब्रह्मणस्पतिम्**-ज्ञान के स्वामी प्रभु से, **देवान्**-सब ज्ञानी पुरुषों से व सूर्य आदि देवों से **वरेण्यं अवः**-वरण करने योग्य रक्षण की **यामि**-(याचामि) याचना करता हूँ। प्राणसाधना (मरुतः), स्वाध्याय (ब्रह्मणस्पतिं) व देवों का सम्पर्क (देवान्) मेरे जीवन को अतिशयेन सुरक्षित करनेवाले होते हैं।

भावार्थ-स्तोत्रों द्वारा हम प्रभु-दर्शन का प्रयत्न करें। ज्ञानी गुरुओं के सम्पर्क में वासनाओं का उद्बर्हण कर पायें। प्राणसाधना, स्वाध्याय व देव-सम्पर्क हमारे जीवनों को रोगों व वासनाओं के आक्रमण से बचायें।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

स्थावर जंगम जगत् की अनुकूलता

आ पशुं गांसि पृथिवीं वनस्पतींनुषासा नक्तमोषधीः।
विश्वे च नो वसवो विश्ववेदसो धीनां भूत प्रावितारः॥ २॥

(१) हे अग्ने! आप हमारे जीवनों में **पशुम्**-गौ आदि पशुओं को, **पृथिवीम्**-इस भूमि माता को **वनस्पतीन्**-ज्ञान रश्मियों की रक्षक इन वनस्पतियों को, बुद्धि को कायम रखनेवाली वनस्पतियों को **ओषधीः**-(ओषः सोमः धीयते यासु) अपने अन्दर दोषों के दग्ध करनेवाले सोम (वीर्य) को धारण करनेवाली ओषधियों को **उषासानक्तम्**-दिन-रात **आगासि**-प्राप्त कराते हो व स्तुत करते हो। हम इनके ठीक प्रयोग से जीवन को उज्ज्वल बना पाते हैं। (२) **च**-और हे **विश्ववेदसः**-सम्पूर्ण ज्ञान धनोंवाले **विश्वे वसवः**-सब वसुओं! जीवन के निवास को उत्तम बनानेवाले ज्ञानियो! **नः**-हमारी **धीनाम्**-बुद्धियों के आप **प्रावितारः**-प्रकृष्ट रक्षक **भूत**-होवो। आप से दिये जानेवाले ज्ञान से हमारी बुद्धियाँ ठीक बनी रहें।

भावार्थ-सब पशु, पृथिवी आदि पदार्थ हमारे जीवन को उज्ज्वल बनायें। सब देव ज्ञान द्वारा हमारी बुद्धियों को प्रीणित करनेवाले हों।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—शङ्कुमती बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

यज्ञ की महिमा

प्र सू न एत्वध्वरोऽग्ना देवेषु पूर्व्यः। आदित्येषु प्र वरुणे धृतव्रते मरुत्सु विश्वभानुषु॥ ३॥

(१) **नः**-हमें वह **पूर्व्यः**-पालन व पूरण करनेवालों में उत्तम **अध्वरः**-यज्ञात्मक कर्म **प्र सु एतु**-प्रकर्षेण सम्यक् प्राप्त हो। जो यज्ञ **अग्ना**-(अग्रेणी) अग्रेणी पुरुष में होता है, निरन्तर उन्नतिपथ पर आगे बढ़नेवाला पुरुष जिस यज्ञ को करता है, वह यज्ञ हमें प्राप्त हो। इसी प्रकार **देवेषु**-देववृत्तिवाले पुरुष में जो यज्ञ होता है, वह यज्ञ हमें प्राप्त हो। उस यज्ञ को करते हुए हम भी देव बनें। (२) **आदित्येषु**-(आवानात् आदित्यः) सब स्थानों से अच्छाई को ग्रहण करनेवाले पुरुषों में जो यज्ञ होता है, वह हमें प्राप्त हो। इसी प्रकार **प्रधृत व्रते**-प्रकर्षेण व्रतों को धारण करनेवाले **वरुणे**-पापों से निवृत्त, निर्द्वेष जीवनवाले पुरुष में जो यज्ञ होता है उस यज्ञ को हम प्राप्त करें। और अन्ततः **विश्वभानुषु**-सर्वत्र प्रविष्ट तेजस्वितावाले, अंग-प्रत्यंग में तेजस्वितावाले, **मरुत्सु**-प्राणसाधक पुरुषों में जो यज्ञ होता है, वह यज्ञ हमें भी प्राप्त हो।

भावार्थ-पालक व पूरक यज्ञों को करते हुए हम 'अग्नि, देव, आदित्य, धृतव्रत वरुण व विश्वभानु मरुत्' बनें।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

अवृक छर्दि

विश्वे हि ष्मा मनवे विश्ववेदसो भुवन्वृधे रिशादसः।
अरिष्टेभिः पायुभिर्विश्ववेदसो यन्ता नोऽवृकं छर्दिः॥ ४॥

(१) विश्वे=सब विश्ववेदसः=सम्पूर्ण धनोंवाले व ज्ञानोंवाले, रिशादसः=हिंसक शत्रुओं को (काम-क्रोध-लोभ को) नष्ट करनेवाले देव हि ष्मा=निश्चय से मनवे=विचारशील पुरुष के लिये वृधे भुवन्=वृद्धि के लिये होते हैं। ऐसे देवों के सम्पर्क में आकर एक विचारशील पुरुष दिन-प्रतिदिन वृद्धि को प्राप्त होता चलता है। (२) ये विश्ववेदसः=सम्पूर्ण धनों व ज्ञानोंवाले देव अरिष्टेभिः पायुभिः=अहिंसित रक्षणों के द्वारा नः=हमारे लिये अवृकम्=(वृक) भेड़िये, उल्लू, कौवे व गीदड़ की वृत्तिवाले पुरुषों से रहित छर्दिः=घर को यन्त=प्राप्त करायें। हमारे घरों में 'बहुत खानेवाले, मूर्ख, धूर्त व कायर' व्यक्ति न हों। हम स्वयं उत्तम वृत्ति के बनें, हमारे सन्तान भी उत्तम वृत्ति के हों।

भावार्थ—ज्ञानियों के सम्पर्क में हम दिव्यता में वृद्धि को प्राप्त करें। हमारे घरों में 'मिताहारी, ज्ञानी, सरल व वीर' पुरुषों का निवास हो।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—विराड्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

देव-सम्पर्क-प्राणसाधना-स्वास्थ्य

आ नो अद्य समनसो गन्ता विश्वे सजोषसः। ऋचा गिरा मरुतो देव्यदिते सदने पस्त्ये महि॥ ५॥

(१) हे विश्वे=सब देवो! आप सजोषसः=समानरूप से प्रीतिपूर्वक कर्त्तव्य कर्मों का सेवन करनेवाले होते हुए समनसः=समान चित्त होकर नः=हमें अद्य=आज आगन्ता=प्राप्त होवो। हमारा देवों के साथ सम्पर्क हो, जो देव मिलकर प्रीतिपूर्वक कर्त्तव्य कर्मों को करते हैं तथा समान चित्तवाले होते हैं। (२) हे मरुतः=प्राणो! तथा महि=अत्यन्त महत्त्वपूर्ण देवि=दिव्य गुणों की जननि अदिते=स्वास्थ्य की देवते! आप ऋचा=ज्ञान की वाणियों के साथ तथा गिरा=स्तुति-वाणियों के साथ सदने=हमारे बैठने के स्थान पस्त्ये=इस गृह में (आगन्त) आओ।

भावार्थ—देवों के सम्पर्क में हमारा जीवन चले, हम स्वस्थ बनें, प्राणसाधना में प्रवृत्त हों, स्वाध्याय तथा स्तवन की वृत्तिवाले हों।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'इन्द्र, वरुण, तुर, नर, आदित्य'

अभि प्रिया मरुतो या वो अश्व्या हव्या मित्र प्रयाथन।
आ बर्हिरिन्द्रो वरुणस्तुरा नर आदित्यासः सदन्तु नः॥ ६॥

(१) हे मरुतः=प्राणो! या=जो वः=आपके प्रिया=प्रीति के जनक अश्व्या=अश्वसंघ हैं, उत्तम इन्द्रियाश्व हैं, उन्हें अभि प्रयाथन=हमारे सम्मुख प्राप्त कराइये। हे मित्र=स्नेह की देवते! तू हव्या=हव्य पदार्थों को, यज्ञशेष के रूप में सेवन किये जानेवाले पदार्थों को हमारे लिये प्राप्त करा। सब के प्रति स्नेहवाला पुरुष यज्ञशेष का ही सेवन करेगा। यह कभी अकेला खानेवाला नहीं हो सकता। (२) नरः=उन्नतिपथ पर चलनेवाले व्यक्ति, आदित्यासः=सब अच्छाइयों का आदान करनेवाले व्यक्ति आदसन्तु=आसीन हों। हम हृदय में 'इन्द्र' का ध्यान करते हुए जितेन्द्रिय बनें,

'वरुण' का ध्यान करते हुए 'निर्द्वेष' बनें। हम भी 'तुर नरों' का स्मरण करते हुए शत्रु-संहार करनेवाले उन्नत पुरुष हों। तथा आदित्यों का स्मरण करते हुए आदित्य ही बनने के लिये यत्नशील हों।

भावार्थ–प्राणसाधना से हमारी इन्द्रियाँ उत्तम हों। स्नेह से पूर्ण होते हुए हम यज्ञशेष का ही सेवन करनेवाले बनें। हृदय में 'जितेन्द्रिय, निर्द्वेष, शत्रु-संहारक, गुणों का आदान करनेवाले' बनने का निश्चय करें।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—निचृद्बृहतीछन्दः॥ स्वरः—मध्यमः॥

वृक्तबर्हिषः

वयं वो वृक्तबर्हिषो हितप्रयस आनुषक्। सुतसोमासो वरुण हवामहे मनुष्वदिन्द्राग्नयः॥ ७॥

(१) हे **वरुण**-सब पापों का निवारण करनेवाले प्रभो! **वयम्**-हम **वः**-आपको **आनुषक्**-निरन्तर **हवामहे**-पुकारते हैं। वे हम आपको पुकारते हैं, जो **वृक्तबर्हिषः**-'पापशून्य किया है हृदयान्तरिक्ष को जिन्होंने' ऐसे हैं। **हितप्रयसः**-'धारण किया है सात्त्विक अन्नों को जिन्होंने' ऐसे हैं। और इस प्रकार **सुतसोमासः**-'उत्पन्न किया है सोम जिन्होंने' ऐसे हैं। हृदय को पापशून्य करके सात्त्विक अन्नों का सेवन करनेवाले ही सोम का रक्षण कर पाते हैं। (२) सोमरक्षण के द्वारा ये **इन्द्राग्नयः**-समिद्ध ज्ञानाग्नि की दीप्तिवाले हैं। ये ज्ञानाग्नि को समिद्ध करके **मनुः वत्**-विचारशील पुरुष बने हैं।

भावार्थ–प्रभु के उपासक (क) हृदय से पापों को दूर करते हैं, (ख) सात्त्विक अन्न का सेवन करते हैं, (ग) सोम का रक्षण करते हैं, (घ) ज्ञानाग्नि को दीप्त करते हैं, (ङ) विचारशील बनते हैं।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

देवों व महादेव का आगमन

आ प्र यात मरुतो विष्णो अश्विना पूषन्माकीनया धिया।
इन्द्र आ यातु प्रथमः सनिष्युभिर्वृषा यो वृत्रहा गृणे॥ ८॥

(१) हे **मरुतः**-प्राणो! **आ प्रयात**-आप हमें सर्वथा प्राप्त होवो। हमारे जीवन में इन मरुतों का कार्य ठीक से चलता रहे। **विष्णो**-(यज्ञो वै विष्णुः) हे यज्ञ! तू प्राप्त हो। हमारा जीवन यज्ञमय बने। हमारी वृत्ति व्यापक हो, हम केवल अपने लिये न जियें। **अश्विना**-हे **अश्विनौ**-प्राणापानौ! आप हमें प्राप्त होवो। हमारी प्राण शक्ति व अपान शक्ति ठीक बनी रहे। नासिका का दायां स्वर व बायां स्वर दोनों ठीक बने रहें। इस प्रकार हे **पूषन्**-पोषण की देवते! तू हमें प्राप्त हो। हमारा सब अंग-प्रत्यंगों का पोषण ठीक से चलता रहे। **माकीनया धिया**-मेरी बुद्धि के हेतु से ये सब देव हमें प्राप्त हों। इन सब देवों के आने से हमें सद्बुद्धि प्राप्त हो। (२) इन सब दिव्य गुणों व बुद्धि के स्थापन के होने पर **इन्द्रः**-वह परमैश्वर्यशाली प्रभु **आयातु**-हमें प्राप्त हो। **प्रथमः**-जो प्रभु सर्वव्यापक हैं (प्रथ विस्तारे), अथवा सब से प्रथम हैं, पहिले से ही हैं। **सनिष्युभिः**-सम्भजन की कामनावाले उपासकों से **यः**-जो **वृषा**-शक्तिशाली व **वृत्रहा**-ज्ञान की आवरणभूत वासना को विनष्ट करनेवाला **गृणे**=स्तुत होता है, कहा जाता है।

भावार्थ–हम प्राणशक्ति-सम्पन्न बनें, विशाल हृदय हों, हमारे सूर्य व चन्द्र स्वर ठीक कार्य करते हैं (अश्विनौ) सब अंगों का ठीक पोषण हो। हमारी बुद्धि स्वस्थ हो। इस प्रकार हम प्रभु

प्राप्ति के पात्र बनें।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—निचृद्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

अच्छिद्रं शर्म

वि नो देवासो अद्रुहोऽच्छिद्रं शर्म यच्छत। न यद्दूरादसुवो नू चिदन्तितो वरूथमादधर्षति॥ ९॥

(१) **अद्रुहः**=सब प्रकार के द्रोह की भावना से रहित **देवासः**=देवो! **नः**=हमारे लिये **अच्छिद्रम्**=सब दोषों से शून्य **शर्म**=गृह को **वियच्छत**=प्राप्त कराओ। वस्तुतः हम द्रोहशून्य दिव्य वृत्तियोंवाले बनें, तो हमारे घर बड़े निर्दोष बनते हैं। (२) हे **वसवः**=हमारे निवासों को उत्तम बनानेवाले देवो! हमें उस **वरूथम्**=रक्षक गृह को प्राप्त कराओ **यत्**=जिसको **न दूरात्**=न तो दूर से **नू चित्**=और न ही **अन्तितः**=समीप से कोई भी शत्रु **आदधर्षति**=हिंसित करता है।

भावार्थ—हमारे घर निर्दोष हों। इनमें रहनेवाले द्रोह की भावना से शून्य दिव्य वृत्तिवाले बनें। इनमें किसी प्रकार का दूर व समीप से उपस्थित होनेवाला रोग न आ जाये।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—पादनिचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सुविताय-सुम्नाय

अस्ति हि वः सजात्यं रिशादसो देवासो अस्त्याप्यम्।
प्र णः पूर्वस्मै सुविताय वोचत मक्षू सुम्नाय नव्यसे॥ १०॥

(१) हे **देवासः**=देवो! **हि**=निश्चय से **वः**=आपका **सजात्यम्**=समान जातित्व **अस्ति**=है। हे **रिशादसः**=हिंसक 'काम-क्रोध-लोभ' आदि भावों के विनाशक देवो! आपका **आप्यम्**=बन्धुत्व **अस्ति**=है। दिव्य गुण सब एक जाति के हैं और एक दूसरे के साथ सम्बद्ध हैं। एक दिव्य गुण के अपनाने पर दूसरे दिव्य गुण स्वतः उसके साथ खिचे चले आते हैं। (२) हे देवो! दिव्य वृत्तिवाले पुरुषो! **नः**=हमारे लिये **पूर्वस्मै**=सर्वोत्कृष्ट **सुविताय**=सुवित के लिये (सुष्ठु ईयते) अभ्युदय के लिये **प्रवोचत**=मार्ग का उपदेश करो **मक्षू**=शीघ्र **नव्यसे**=नवतर, अतिशयेन स्तुत्य **सुम्नाय**=यज्ञ के लिये उपदेश करो।

भावार्थ—दिव्यगुणों का परस्पर समान जातित्व व बन्धुत्व है। इन दिव्य गुणों से सम्पन्न पुरुष हमारे लिये अभ्युदय व स्तुत्य यज्ञों का उपदेश करें। इस सुवित व सुम्न के प्राप्त करके हम भी देव बनें।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—विराड्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

दिव्य गुणों का धारण प्रभु-भजन

इदा हि व उपस्तुतिमिदा वामस्य भक्तये। उप वो विश्वेदसो नमस्युरा असृक्ष्यन्धांसिव॥ ११॥

(१) हे **विश्ववेदसः**=सम्पूर्ण ज्ञानों व धनों को प्राप्त करानेवाले देवो! (विश्वं वेदः यस्मात्) मैं **इदा हि**=अभी ही **वः**=आप की **उपस्तुतिम्**=समीप आसीन होकर स्तुति को **उप आ असृक्षि**=निर्मित करता हूँ, आपका स्तवन करता हूँ। इन देवों का स्तवन हमें भी देववृत्ति का बनाता है। यह स्तवन **इदा**=अब **वामस्य**=उस सर्वोत्तम, सुन्दरतम प्रभु के **भक्तये**=भजन के लिये हो जाता है। (२) हे देवो! मैं आपकी **अन्यां इव**=असाधारण ही पहले औरों से [illegible] औरों से विलक्षण स्तुति को करता हूँ। मैं आपकी क्रियात्मक स्तुति करता हूँ, आपको अपनाता हुआ आपका स्तोता बनता हूँ। **नमस्युः**=इस स्तुति के द्वारा मैं प्रभु के प्रति नमन की भावनावाला होता

हूँ। जितना-जितना मैं दिव्य गुणों को अपनाता हूँ, उतना-उतना ही विनत बनता जाता हूँ, विनित बनना ही तो प्रभु का बनना है। यह विनीतता मुझे प्रभु के समीप पहुँचाती है।

भावार्थ-दिव्य गुणों का स्तवन करते हुए हम प्रभु के उपासक बन जायें। दिव्य गुणों का स्तवन व अपनाना ही प्रभु के प्रति नमन है।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—आर्चीस्वराट्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सूर्य के द्वारा 'सरण' की प्रेरणा

उदु ष्य वः सविता सुप्रणीतयोऽस्थादूर्ध्वो वरेण्यः।
नि द्विपादुश्चतुष्पादो अर्थिनोऽविश्रन्पतयिष्णवः॥ १२॥

(१) हे **सुप्रणीतयः**-उत्तम मार्ग से जीवन का प्रणयन करनेवाले, शुभ मार्ग से चलनेवाले मनुष्यो! **स्यः**-वह **वः सविता**-तुम्हें कर्मों में प्रेरणा देनेवाला सूर्य **उ**-निश्चय से **उद् अस्थात्**-उदय हुआ है। **ऊर्ध्वः**-यह ऊपर गतिवाला सूर्य **वरेण्यः**-वरणीय है, सम्भजनीय है। इसका सम्भजन यही है कि हम भी ऊर्ध्वगतिवाले हों। (२) इस सूर्य के उदय होते ही **द्विपादः**-दो पाँवोंवाले मनुष्य, **चतुष्पादः**-चार पाँवोंवाले पशु, **आर्थिनः**-भिन्न-भिन्न प्रयोजनोंवाले अथवा धन को चाहनेवाले लोग तथा **पतयिष्णवः**-आकाश में उत्पतनवाले ये पक्षी **नि आविश्रत्**-(स्व स्व कर्मणि निविशन्ते) अपने-अपने कार्य में निविष्ट हो जाते हैं।

भावार्थ-सूर्योदय होता है। सभी मनुष्य व पशु-पक्षी अपने-अपने कार्य में प्रवृत्त हो जाते हैं। सूर्य के सरण से हमें भी गतिशीलता की प्रेरणा लेनी है।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—विराड्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

अवसे-अभिष्टये-वाजसातये

देवंदेवं वोऽवसे देवंदेवमभिष्टये। देवंदेवं हुवेम वाजसातये गृणन्तो देव्या धिया॥ १३॥

(१) हम **अवसे**-रक्षण के लिये **वः देवं देवम्**-तुम सब के प्रकाशित करनेवाले उस देव को **हुवेम**-पुकारते हैं। उस **देवं देवम्**-देवों के भी देव महादेव प्रभु को **अभिष्टये**-काम आदि वासनाओं पर आक्रमण के लिये पुकारते हैं। कामदेव पर महादेव ही तो आक्रमण करेंगे। (२) हम **वाजसातये**-शक्ति की प्राप्ति के लिये **देव्या धिया**-प्रकाशमयी बुद्धि से **गृणन्तः**-स्तवन करते हुए, स्तुति-वाणियों का उच्चारण करते हुए **देवं देवम्**-उस देवाधिदेव को पुकारते हैं।

भावार्थ-उस देवाधिदेव प्रभु का आराधन रक्षण के लिये होता है, हमारी वासनाओं पर यह आक्रमण का-सा बनता है और शक्ति लाभ के लिये होता है।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

समन्यवः देवासः

देवासो हि ष्मा मनवे समन्यवो विश्वे साकं सरातयः।
ते नो अद्य ते अपरं तुचे तु नो भवन्तु वरिवोविदः॥ १४॥

(१) **देवासः**-'माता, पिता, आचार्य, अतिथि' आदि देव **हि ष्म**-निश्चय से **मनवे**-विचारशील पुरुष के लिये **समन्यवः**-क्रतुवाले होते हैं (मन्यु=क्रतु) प्रज्ञान व शक्ति को प्राप्त करानेवाले होते हैं। ये सब **साकम्**-मिलकर **सरातयः**-उसके ज्ञान शक्ति रूप धनों को देनेवाले होते हैं। (२) **ते**-वे सब **अद्य**-आज **नः**-हमारे लिये **वरिवोविदः**-उत्तम धनों को प्राप्त करानेवाले हों। हमारे

लिये तो देव धनों को दें ही, अपरं तु-और पिछले दिनों में, आगे आनेवाले दिनों में तुचे-हमारे सन्तानों के लिये भी ये आचार्य व अतिथिरूप देव उत्तम ज्ञान धनों को दें।

भावार्थ-माता, पिता, आचार्य, अतिथि आदि देव हमारे लिये तथा हमारे आगे आनेवाले सन्तानों के लिये भी ज्ञान व शक्तिरूप धन को प्राप्त करायें।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—आर्चीबृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

मित्र-वरुण आदि के तेज का पूजन

प्र वः शंसाम्यद्रुहः संस्थ उपस्तुतीनाम्। न तं धूर्तिर्वरुण मित्र मर्त्यं यो वो धामभ्योऽविधत्॥ १५॥

(१) हे अद्रुहः-द्रोह की भावना से शून्य देवो! उपस्तुतीनाम्-(उप इत्य स्तुतिर्येषां) मिलकर स्तुति करने के योग्य वः-आपका संस्थे-मिलकर बैठने के स्थान इस यज्ञभूमि में प्रशंसामि-खूब ही शंसन करता हूँ। (२) हे मित्र वरुण-स्नेह व निर्द्वेषता की देवताओ! यः-जो भी पुरुष वः-आपके धामभ्यः-तेजों के लिये अविधत्-पूजन करता है, तम्-उस पुरुष को धूर्तिः न-हिंसा बाधित नहीं करती। मित्र व वरुण का उपासक कभी हिंसा आदि की भावनाओं का शिकार नहीं होता।

भावार्थ-हम यज्ञों में, मिलकर बैठने के स्थानों में 'मित्र व वरुण' आदि देवों का शंसन किया करें। इनका तेज हमें सब हिंसनों से बचानेवाला होगा।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

दान व सर्वतो वृद्धि

प्र स क्षयं तिरते वि महीरिषो यो वो वराय दाशति।
प्र प्रजाभिर्जायते धर्मणस्परीरिष्टः सर्व एधते॥ १६॥

(१) हे देवो! यः-जो वराय-उत्कृष्ट कार्यों के लिये वः दाशति-आपके प्रति दान करनेवाला होता है सः-वह क्षयम्-अपने गृह को प्रतिरते-खूब बढ़ानेवाला होता है। यह महीः इषः-महत्त्वपूर्ण अन्नों को बढ़ानेवाला होता है, इसके घर में सात्त्विक भोजनों की कमी नहीं रहती। (२) यह धर्मणाः-धर्म के द्वारा प्रजाभिः-सन्तानों से परि प्रजायते-सर्वतः उत्तम प्रजावाला होता है। और अरिष्टः-अहिंसित होता हुआ सर्वः एधते-पूर्ण वृद्धि को प्राप्त होता है, यह 'शारीरिक स्वास्थ्य, मानस प्रसाद व बुद्धि की तीव्रता' रूप सब धनों को प्राप्त करता है।

भावार्थ-उत्तम कार्यों के लिये देवों को देनेवाला पुरुष (क) गृह को बढ़ाता है, (ख) सात्त्विक अन्नों की वहाँ कमी नहीं होती, (ग) उत्तम सन्तान को प्राप्त करता है और (घ) 'शरीर, मन, बुद्धि' सब के दृष्टिकोणों से बढ़ता है।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'अर्यमा मित्र व वरुण' की उपासना का फल

ऋते स विन्दते युधः सुगेभिर्यात्यध्वनः। अर्यमा मित्रो वरुणः सरातयो यं त्रायन्ते सजोषसः॥ १७॥

(१) यम्-जिसको अर्यमा-(अरीन् यच्छति) काम-क्रोध आदि शत्रुओं का नियामक देव, मित्रः-स्नेह का देवता वरुणः-द्वेष निवारण का देव सरातयः-समानरूप से 'स्वास्थ्य-मनः प्रसाद व बुद्धि की तीव्रता' रूप धनों को प्राप्त करानेवाले होते हुए, सजोषसः-परस्पर संगत हुए-हुए त्रायन्ते-रक्षित करते हैं सः-वह युधः ऋते-बिना ही बाह्य युद्धों के बिना किन्हीं महान् क्लेशों

के विन्दते=सब आवश्यक धनों को प्राप्त करता है और सुगेभिः=उत्तम गन्तव्य साधनों से अध्वनः यातिं=मार्गों का आक्रमण करता है। (२) हम अपने जीवन में काम-क्रोध आदि का नियमन करते हुए 'स्नेह व निर्द्वेषता' को अपनाते हैं, तो बिना अत्यधिक आयास के हम आवश्यक धनों व जीवनयात्रा के साधनों को प्राप्त करते हैं।

भावार्थ—जीवन में हमारा प्रयत्न यह हो कि हम काम-क्रोध के वशीभूत न होकर स्नेह व निर्द्वेषता से चलें। इस प्रकार हम बिना परेशानी के आवश्यक धनों व गमनसाधनों को प्राप्त करेंगे।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—बृहतीगर्भा॥ स्वरः—मध्यमः॥

अज्र में न्यञ्चन, दुर्ग में सुसरण

अज्रे चिदस्मै कृणुथा न्यञ्चनं दुर्गे चिदा सुसरणम्।
पुषा चिदस्मादशनिः परो नु सास्रेधन्ती वि नश्यतु॥ १८॥

(१) अस्मै=इस गत मन्त्र में वर्णित 'अर्यमा, मित्र व वरुण' के उपासक के लिये अज्रे चित्=गृद्ध क्षेत्रों में भी न्यञ्चनम्=नितरां गमन को कृणुथा=करते हो। (अज्र=field) यह अर्यमा आदि का उपासक काम-क्रोध-लोभ से सदा संग्राम करता हुआ विजयी बनता है। और इसके लिये, हे अर्यमा आदि देवो! आप दुर्गे चित्=बड़े दुःख से गन्तव्य मार्गों में भी आसुसरणम्=समन्तात् सुगमता से गति को सिद्ध करते हो। (२) एषा अशनिः=यह शत्रु प्रयुक्त वज्र तो अस्मात्=इस से नु=निश्चय से परा उ=दूर ही रहता है। सा=वह शत्रु प्रयुक्त अशनि अस्रेधन्ती=किसी भी प्रकार से इसका हिंसन न करती हुई विनश्यतु=नष्ट हो जाये।

भावार्थ—'अर्यमा, मित्र व वरुण' का उपासक युद्ध भूमियों में शत्रुओं को कुचलता हुआ गमन करता है। दुर्गों में भी सुगमता से आगे बढ़ता है। इस पर शत्रुओं के वज्र का आक्रमण नहीं होता। यह वज्र किसी का हिंसन न करता हुआ विनष्ट हो जाता है।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—बृहतीगर्भा॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्रियक्षत्रों का ऋतधारण

यदुद्य सूर्य उद्यति प्रियक्षत्रा ऋतं दध। यन्निम्रुचि प्रबुधि विश्ववेदसो यद्वा मध्यन्दिने दिवः॥ १९॥

(१) हे प्रियक्षत्राः=प्रीणयितृ बलवाले, जो बल के द्वारा रक्षणात्मक कार्यों को ही करते हैं, ऐसे देवो! यत्=जब अद्य=आज सूर्ये उद्यति=सूर्य के उदय होने का समय हो, उस समय ऋतं दध=ऋत का धारण करो। ऋत के धारण व अनृत के परित्याग के व्रत का धारण करो। 'जो ठीक है, वही मैं करूँगा' ऐसा निश्चय करो। (२) हे विश्ववेदसः=सम्पूर्ण धनों व ज्ञानोंवाले देवो! आप यत्=जब निम्रुचि=सूर्य के निम्रोचन का, अस्त होने का समय हो, प्रबुधि=उदय का समय हो, यद्वा=अथवा जब दिवः मध्यन्दिने=दिन के मध्य का समय हो, उस समय आप हमारे में ऋत का धारण करो। सब देवों के अनुग्रह से हम ऋत का धारण करनेवाले बनें। यही सम्पूर्ण धनों व ज्ञानों को प्राप्त करने का मार्ग है।

भावार्थ—हम रक्षक बलवाले बनते हुए सूर्योदय के समय ही 'ऋत' के धारण का व्रत लें। सब देव प्रातः, मध्याह्न व सायं हमारे अन्दर ऋत को स्थापित करने का अनुग्रह करें। ऋत का धारण ही हमें ज्ञानी व धनी बनायेगा।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

ऋतं यते, दाशुषे

यद्वाभिपित्वे असुरा ऋतं यते छर्दिर्येम वि दाशुषे।
वयं तद्वो वसवो विश्ववेदस उप स्थेयाम मध्य आ॥ २०॥

(१) हे **असुराः**=हमारे जीवनों में प्राणशक्ति का संचार करनेवाले (असु+र) अथवा शत्रुओं को दूर फेंकनेवाले (अस् क्षेपणे) देवो! आप **अभिपित्वे**=हमारे यज्ञों में प्राप्त होने पर **ऋतं यते**=यज्ञों की ओर गतिवाले, **यद्वा**=अथवा **दाशुषे**=दानशील पुरुष के लिये **छर्दिः वियेम**=गृह को देते हो। **वयम्**=हम **वः**=आपके **तत् मध्ये**=उस घर में **उप आ स्थेयाम**=उपासना में स्थित हों। (२) हे देवो! आप **वसवः**=हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले से और **विश्ववेदसः**=सम्पूर्ण धनों व ज्ञानों को प्राप्त करानेवाले हो।

भावार्थ—हम अपने गृह को उन व्यक्तियों का गृह बनायें जो ऋत की ओर चल रहे हैं, यज्ञात्मक जीवन बिता रहे हैं और दानशील हैं। सब देव हमारे निवास को उत्तम बनायेंगे और सम्पूर्ण धनों को प्राप्त करायेंगे।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'मनु-जुह्वान-प्रचेता'

यदद्य सूर उदिते यन्मध्यन्दिन आतुचि। वामं धत्थ मनवे विश्ववेदसो जुह्वानाय प्रचेतसे॥ २१॥

(१) हे **विश्ववेदसः**=सब धनों व ज्ञानोंवाले देवो! हम यही चाहते हैं (वृणीत्रहे २२) **यत्**=कि **अद्य**=आज **सूरे उदिते**=सूर्य के उदय होने पर और **यत् मध्यन्दिने**=जब मध्याह्न हो उस समय **आतुचि**=सूर्य के नीलांचन काल में, अर्थात् सायं आप **वामं धत्थ**=जो भी सुन्दर है उसे धारण करिये। प्रातः, मध्याह्न व सायं, अर्थात् सदा सब देव हमारे लिये सुन्दर ही वस्तु का धारण करें। (२) उनके लिये सुन्दर वस्तु का धारण करें जो **मनवे**=अवबोधवाले, विचारवाले बनते हैं, ज्ञानी बनते हैं। उनके लिये जो **जुह्वानाय**=यज्ञशील होते हैं और **प्रचेतसे**=प्रकृष्ट-चेतनावाले होते हैं।

भावार्थ—हम 'मनु-जुह्वान-प्रचेता' बनें। प्रभु हमारे लिये सब वरणीय वस्तुओं का धारण करेंगे।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

बहुपाय्य-धन

वयं तद्वः समाज आ वृणीमहे पुत्रो न बहुपाय्यम्।
अश्याम तदादित्या जुह्वतो हविर्येन वस्योऽ नशामहै॥ २२॥

(१) हे **समाजः**=सम्यग् राजमान-दीप्यमान देवो! **वयम्**=हम **वः**=आप से **तत्**=उस धन को **आवृणीमहे**=सर्वथा वरते हैं, **येन**=जिससे **वस्यः**=अतिशयेन वसुमत्त्व को, प्रशस्त धनशालिता को **अनशामहै**=प्राप्त करते हैं। **न**=जैसे **पुत्रः**=पुत्र पिता से धन को प्राप्त करता है, इसी प्रकार हम आप से '**बहुपाय्यम्**'=बहुतों का रक्षण करनेवाले धन को वरते हैं। (२) हे **आदित्याः**=अदिति (स्वास्थ्य) के पुत्रभूत देवो! हम **तत्**=उस धन को **अश्याम**=प्राप्त करें, **येन**=जिससे **हविः जुह्वतः**=हवि को आहुत करते हुए, यज्ञशील बनते हुए हम प्रशस्त धन शालिता को प्राप्त करें।

भावार्थ–हम उस धन को प्राप्त करें जो–(क) बहुतों का रक्षण करनेवाला हो तथा (ख) जिससे कि हमें अपने यज्ञों को सिद्ध कर सकें।

अगले सूक्त के ऋषि देवता भी 'मनुर्वैवस्वत' और 'विश्वेदेवाः' ही हैं–

२८. [अष्टाविंशं सूक्तम्]

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

तेंतीस देवों से ज्ञान व शक्ति का लाभ

ये त्रिंशति त्रयस्परो देवासो बर्हिरासदन्। विदन्नह द्वितासनन्॥ १॥

(१) ११ देव पृथिवीस्थ हैं, ११ अन्तरिक्षस्थ देव हैं और ११ द्युलोकस्थ देव हैं। इस प्रकार ये तेंतीस देव हैं। **ये**–जो **त्रयस् परः**–तीन अधिक **त्रिंशति**–३०, अर्थात् तेंतीस **देवासः**–देव हैं। ये सब देव इन देवों से सूचित दिव्यभाव **बर्हिः असदन्**–हमारे हृदयान्तरिक्ष में **आसदन्**–आसीन हों। (२) ये सब देव **अह**–निश्चय से हमें **विदन्**–जानें, प्राप्त हों। (द्वौ तनोति–इति द्विता) ज्ञान व शक्ति दोनों के विस्तार के हेतु से ये सब देव हमें **असनन्**–सब ऐश्वर्यों के देनेवाले हों।

भावार्थ–सब दिव्य गुणों का हम धारण करें। ये देव हमारे में 'ज्ञान व शक्ति' का विस्तार करें।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कैसे बनें ?

वरुणो मित्रो अर्यमा स्मद्रातिषाचो अग्नयः। पत्नीवन्तो वषट्कृताः॥ २॥

(१) **वरुणः**–द्वेष निवारण की देवता, **मित्रः**–स्नेह की देवता, **अर्यमा**–(अरीन् यच्छति) काम-क्रोध-लोभ आदि शत्रुओं के नियमन की देवता, **स्मद् रातिषाचः**–शोभन (स्मत् सुमत् राति, येषां, तान् सचन्ते) दानवाले यज्ञशील पुरुषों के साथ सम्बद्ध **अग्नयः**–'गार्हपत्य, आहवनीय व दक्षिणाग्नि' रूप अग्नियाँ। ये सब देव **पत्नीवन्तः**–पत्नियोंवाले होते हुए **वषट्कृताः**–हमारे से आदर दिये गये हैं, इनके प्रति हमने अपना अर्पण किया है। (२) देवों की शक्तियाँ ही देव पत्नियाँ हैं। इनके प्रति हम अपना अर्पण करें, इन्हें अपने में धारण करने के लिये यत्नशील हों। हम वरुण बनें, अर्थात् निर्द्वेषता को धारण करें। हम मित्र बनें, स्नेह को धारण करें। अर्यमा बनते हुए काम-क्रोध-लोभ का नियमन करें। यज्ञशीलों को धनों को प्रदान करनेवाली यज्ञाग्नियों का सेवन करें। सब देवपत्नियों को आदर देनेवाले होते हुए इन देवों की शक्तियों को धारण करें।

भावार्थ–हम निर्द्वेष, स्नेही, शत्रुनियन्ता, यज्ञशील व देवशक्तियों को धारण करनेवाले बनें।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

देवों द्वारा सर्वतोरक्षण

ते नो गोपा अपाच्यास्त उदक्त इत्था न्यक्। पुरस्तात्सर्वया विशा॥ ३॥

(१) **ते**–वे सब देव **अपाच्याः**–प्रतीची (पश्चिम) दिशा से **नः गोपाः**–हमारे रक्षक हों। **उदक्तः**–उत्तर दिशा से भी **ते**–वे हमारे रक्षक हों। **इत्था**–इसी प्रकार ऊर्ध्वा व दक्षिणा दिक् से भी वे हमारे रक्षक हों। (२) **न्यक्**–नीचे, अर्थात् नीची दिशा में स्थित ये अधःस्थ देव भी हमारा रक्षण करें। ये देव **सर्वया विशा**–सम्पूर्ण प्रजा के साथ **पुरस्तात्**–पूर्व दिशा से हमारा रक्षण करें।

भावार्थ–दिव्यभाव सब दिशाओं से हमारा रक्षण करनेवाले हों।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

देवों का चाहना और वैसा हो जाना

यथा वशन्ति देवास्तथेदसत्तदेषां नकिरा मिनत्। अरावा चन मर्त्यः॥ ४॥

(१) देवाः-देववृत्ति के पुरुष यथा वशन्ति-जैसा चाहते हैं तथा इत् असत्-वैसा ही हो जाता है। तेषाम्-उनकी तत्-उस कामना को नकिः आमिनत्-कोई भी हिंसित नहीं कर पाता। (२) अरावा चन-अदानशील भी मर्त्यः-मनुष्य देवों की कामना होने पर हवि को देता ही है।

भावार्थ-देववृत्ति के पुरुष जैसा चाहते हैं वैसा ही हो जाता है, उनकी कामना को कोई हिंसित नहीं कर पाता। कृपण से कृपण व्यक्ति भी उनके कहने पर हवि को देता ही है।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सात ऋषियों के सात आयुध

सप्तानां सप्त ऋष्टयः सप्त द्युम्नान्येषाम्। सप्तो अधि श्रियो धिरे॥ ५॥

(१) 'सप्त ऋषयः प्रतिहिताः शरीरे' इस मन्त्रभाग के अनुसार शरीर में सात ऋषियों का धारण हुआ है। इन सप्तानाम्-सातों ऋषियों के सप्त ऋष्टयः-सात आयुध हैं। इन आयुधों के द्वारा ही तो ये अपना कार्य कर पायेंगे। 'कर्णाविमौ नासिके चक्षणी मुखम्' दो कान, दो नासा-छिद्र, दो आँखें व मुख ही इनके आयुध हैं। एषाम्-इनके सप्त द्युम्नान्-सात ज्ञानधन हैं। इन ज्ञानधनों की प्राप्ति के साधन ही वे कान आदि हैं। (२) उ-निश्चय से सप्त-ये सात ऋषि श्रियः-शोभाओं को अधि धिरे-आधिक्येन धारण करनेवाले होते हैं। वस्तुतः यह शरीर इन सात ऋषियों का ही आश्रम है। इस आश्रम की शोभा इनके साथ ही है।

भावार्थ-शरीर में सात ऋषि रहते हैं। सात इनके आयुध हैं जिनके द्वारा ये ज्ञानधनों को प्राप्त करते हैं। ये सात ही इस शरीर को शोभा-सम्पन्न बनाते हैं।

सूचना-मरुतों को भी सात भागों में बाँटा गया है। ये मरुत्-त्राण भी यहाँ लिये जा सकते हैं। राष्ट्रपरक अर्थ करते समय सात राज्यांग यहाँ विवक्षित होंगे 'स्वाम्यमात्य सुहृत् कोशराष्ट्र दुर्ग वलानि च' 'वैवस्वत मनु' ही अगले सूक्त का भी ऋषि है-

२९. [एकोनत्रिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः कश्यपो वा मारीचः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—आर्चीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

बभ्रुः एकः (सोमः)

बभ्रुरेको विषुणः सूनरो युवाञ्ज्यङ्क्ते हिरण्ययम्॥ १॥

(१) वह परमात्मा एकः-अद्वितीय बभ्रुः-सबका भरण करनेवाला है, अकेला ही सबके भरण में समर्थ है। विषुणः-वह (विष्वगञ्चनः) सर्वतः गमनवाला है। सूनरः-उत्तम नेता है। सब के लिये पथप्रदर्शन करनेवाला है। (२) युवा-यह नित्य तरुण है, बुराइयों को दूर करनेवाला व अच्छाइयों को हमारे साथ मिलानेवाला है (यु मिश्रणामिश्रणयोः)। यह योगियों के लिये अपने हिरण्ययम्-ज्योतिर्मय अञ्जि-रूप को अङ्क्ते-व्यक्त करता है।

भावार्थ-प्रभु अद्वितीय भरण करनेवाले, सर्वत्र गतिवाले, उत्तम नेता व नित्य तरुण हैं। योगी लोग इनके ज्योतिर्मय रूप को देखते हैं।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः कश्यपो वा मारीचः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—आर्चीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

द्योतनः-मेधिरः (अग्निः)

योनिमेक आ ससाद द्योतनोऽन्तर्देवेषु मेधिरः॥ २॥

(१) **एकः**-अद्वितीय प्रभु **योनिम्**-मूल कारण प्रकृति को **आससाद**-अध्यक्षरूपेण अधिष्ठित करता है। उस प्रभु से अधिष्ठित प्रकृति ही तो सब लोक-लोकान्तरों को प्रसूत करती है। (२) **देवेषु अन्तः**-सब सूर्यादि देवों में **द्योतनः**-दीप्ति को देनेवाला है, तथा (देवेषु अन्तः-) सब विद्वानों में **मेधिरः**-मेधा बुद्धि को यह देनेवाला है।

भावार्थ-वह अद्वितीय प्रभु प्रकृति का अधिष्ठाता है, वह हमें सुबुद्धि प्रदान करे।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः कश्यपो वा मारीचः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—आर्चीस्वराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'आयसी वाशी' के धारक प्रभु (त्वष्टा)

वाशीमेको बिभर्ति हस्त आयसीमन्तर्देवेषु निधुविः॥ ३॥

(१) **एकः**-वह अद्वितीय प्रभु **देवेषु अन्तः**-सब देवों में **निधुविः**-ध्रुवता से निवास करनेवाला है या नितरां गमनशील है अथवा संग्रामों में शत्रुओं के सामने अतिशयेन स्थिरतावाला है। (२) ये प्रभु **हस्ते**-हाथ में **आयसीम्**-लोहे के बने हुए **वाशीम्**-(शब्दयति आक्रन्दयति शत्रून् अनया) तक्षण साधन कुठार को **बिभर्ति**-धारण करते हैं। प्रभु इस वाशी के द्वारा शत्रुओं का तक्षण कर देते हैं।

भावार्थ-सब देवों में प्रभु का निवास है। प्रभु से ही ये देवत्व को प्राप्त कर रहे हैं। प्रभु अपनी आयसी वाशी से सब शत्रुओं का विनाश कर देते हैं।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः कश्यपो वा मारीचः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—आर्चीस्वराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'वज्रभर्ता-वृत्रहन्ता' प्रभु (इन्द्रः)

वज्रमेको बिभर्ति हस्त आहितं तेन वृत्राणि जिघ्नते॥ ४॥

(१) **एकः**-अद्वितीय प्रभु **हस्ते**-हाथ में **आहितम्**-स्थापित **वज्रम्**-वज्र को **बिभर्ति**-धारण करते हैं। (२) **तेन**-इस वज्र के द्वारा वे **वृत्राणि**-ज्ञान की आवरणभूत वासनाओं को **जिघ्नते**-विनष्ट करते हैं।

भावार्थ-ज्ञान की आवरणभूत वासना को प्रभु विनष्ट कर देते हैं। वे प्रभु वज्रहस्त हैं। उपासक प्रभु का ध्यान करता है, प्रभु उसके शत्रुओं का विनाश करते हैं।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः कश्यपो वा मारीचः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

तिग्म आयुधधारी प्रभु (रुद्रः)

तिग्ममेको बिभर्ति हस्त आयुधं शुचिरुग्रो जलाषभेषजः॥ ५॥

(१) **एकः**-वे अद्वितीय प्रभु **हस्ते**-हाथ में **तिग्मं आयुधम्**-बड़े तीक्ष्ण अस्त्र को **बिभर्ति**-धारण करते हैं। इस आयुध के द्वारा ही तो ये सब शत्रुओं का विनाश करते हैं। (२) वे **शुचिः**-पवित्र हैं। **उग्रः**-तेजस्वी हैं। **जलाषभेषजः**-सुखकर औषधोंवाले हैं, अथवा जल रूप महान् औषधवाले हैं। जल के द्वारा हमारे सब रोगों को दूर करनेवाले हैं।

भावार्थ–प्रभु हाथ में तिग्म आयुध को लिये हुए हैं, हमारे सब शत्रुओं का संहार करके हमें पवित्र व नीरोग बनाते हैं।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः कश्यपो वा मारीचः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—आर्चीभुरिग्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मार्गरक्षक प्रभु (पूषा)

पथ एकः पीपाय तस्करो यथाँ एष वेद निधीनाम्॥ ६॥

(१) **एकः**–वह अद्वितीय प्रभु **पथः**–मार्गों का **पीपाय**–रक्षण करते हैं। यज्ञशीलों के स्वर्ग मार्ग का तथा पापशीलों के यातना (पीड़ा) मार्ग को रक्षित करनेवाले वे प्रभु ही हैं। (२) **यथा**–क्योंकि वे प्रभु **तस्करः**–(तद करोति) उन सबका निर्माण करनेवाले हैं, सो **एषः**–ये प्रभु **निधीनां वेद**–सब कोशों को जानते हैं, सब धनों को वे प्रभु ही प्राप्त कराते हैं (विद् लाभे)।

भावार्थ–प्रभु ही सब मार्गों के रक्षक हैं, प्रभु ही सब निधियों के वेत्ता हैं।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः कश्यपो वा मारीचः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—आर्चीभुरिग्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

लोकत्रय विक्रान्ता प्रभु (विष्णु)

त्रीण्येकं उरुगायो वि चक्रमे यत्र देवासो मदन्ति॥ ७॥

(१) यह **एकः**–अद्वितीय **उरुगायः**–(उरुभिः गातव्यः) बहुतों से गाया जाता हुआ, अथवा इन विशाल लोकों में गति करनेवाला प्रभु **त्रीणि**–'भूः भुवः स्वः' पृथिवी, अन्तरिक्ष व द्युलोक रूप तीनों लोकों को **विचक्रमे**–सम्यक् विक्रान्त करता है। प्रभु सर्वत्र विद्यमान हैं। (२) ये वे लोक हैं, **यत्र**–जिन में **देवासः**–देववृत्ति के पुरुष **मदन्ति**–आनन्द का अनुभव करते हैं। 'वसु' भूलोक में, 'रुद्र' अन्तरिक्षलोक में तथा 'आदित्य' द्युलोक में आनन्दित होते हैं। जब हमारी अदेव वृत्ति बनती है तभी ये लोक हमें निरानन्द प्रतीत होते हैं। उस समय हम खीझते ही रहते हैं।

भावार्थ–प्रभु तीनों लोकों में गतिवाले हैं। ये लोक देववृत्तिवाले पुरुषों के लिये आनन्दप्रद हैं।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः कश्यपो वा मारीचः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—आर्चीभुरिग्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्राणापान का इन्द्रियाश्वों व बुद्धि के साथ निवास

विभिर्द्वा चरत एकया सह प्र प्रवासेव वसतः॥ ८॥

(१) इस शरीर में **द्वा**–ये दो अश्विनी देव, प्राण और अपान **विभिः**–इन्द्रियाश्वों के द्वारा (वि–horse) **एकया सह**–उस (एके मुख्यान्यकेवलाः) एक मुख्य साधनभूत बुद्धि के साथ **प्रचरतः**–विचरते हैं। प्राणापान, इन्द्रियों व बुद्धि के साथ जीवनयात्रा में चलते हैं। (२) ये अश्विनी देव **प्रवासा इव**–प्रवासियों के समान **वसतः**–निवास करते हैं। वे इस संसार को अपना घर नहीं मान लेते। यहाँ वे अपने को यात्रा पर प्रवास में आया हुआ मानते हैं। उनका यहाँ व्यवहार यात्रियों की तरह ही होता है। एक यात्री कम से कम भार लेकर चलता है, ये भी अपरिग्रह की वृत्ति से चलते हैं।

भावार्थ–प्राणापान इन्द्रियों के द्वारा सब गति करते हैं। वे बुद्धिपूर्वक यहाँ प्रवास में निवास करते हैं।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः कश्यपो वा मारीचः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—आर्चीभुरिग्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मित्रावरुणौ (स्नेह व निर्द्वेषता)

सदो द्वा चक्राते उपमा दिवि सम्राजा सर्पिरासुती॥ ९॥

(१) इस जीवनयात्रा में द्वा=दो मित्र और वरुण, स्नेह व निर्द्वेषता के भाव दिवि=सदा प्रकाशमय लोक में, स्वर्ग में सदः चक्राते=हमारा घर बनाते हैं, निवास करते हैं। यदि संसार में हम स्नेह व निर्द्वेषता से चलें तो जीवनयात्रा बड़ी सुखमय व निर्विघ्न रहती है। (२) ये मित्र और वरुण उपमा=(उप+मा) सब कुछ देनेवाले हैं। इनके होने पर 'स्वास्थ्य, शान्ति व बुद्धि' प्राप्त होती है। सम्राजा=ये हमारे जीवनों को सम्यक् दीप्त करते हैं। और सर्पिरासुती=(सर्पिः=उदकं=रेतः नि० १.१२) शरीर में रेतःकण रूप जलों को सर्वत्र आसुत करनेवाले हैं। स्नेह व निर्द्वेषता के होने पर शरीर में इन वीर्यकणों का सम्यक् प्रतिष्ठान होता है। 'सर्पिस्' का अर्थ घृत भी है, घृत 'दीप्ति' का पर्याय है। रेतःकणों के रक्षण के द्वारा हमारे जीवनों में ज्ञानदीप्ति चमक उठती है।

भावार्थ—स्नेह व निर्द्वेषता ही इस जीवनयात्रा के मूल मन्त्र हैं, ये जीवन को स्वर्गतुल्य बना देते हैं, दीप्त कर देते हैं, शक्ति-सम्पन्न करते हैं।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः कश्यपो वा मारीचः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—आर्चीस्वराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अत्रयः (काम-क्रोध-लोभ से परे)

अर्चन्त एके महि साम मन्वत तेन सूर्यमरोचयन्॥ १०॥

(१) अर्चन्तः=प्रभु का पूजन करते हुए एके=काम-क्रोध-लोभ को पराजित करनेवाले कई व्यक्ति महि=महान् साम=साममन्त्रों द्वारा उपासना को मन्वत=जानते हैं, अर्थात् साममन्त्रों द्वारा प्रभु का पूजन करते हैं। (२) तेन=इन साममन्त्रों द्वारा प्रभु-पूजन से सूर्यम्=ज्ञान के सूर्य को अरोचयन्=दीप्त करते हैं। प्रभु-पूजन से हमारे जीवनों में ज्ञान सूर्य का उदय होता है। हृदयस्थ प्रभु से हम ज्ञान-ज्योति को प्राप्त करते हैं।

भावार्थ—हम साममन्त्रों द्वारा प्रभु का उपासन करें। यह प्रभु का उपासन हमारे जीवनों में ज्ञान की ज्योति को जगायेगा।

अगला सूक्त भी 'वैवस्वत मनु' का ही है—

३०. [त्रिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दिव्य गुणधारण-प्रभु-पूजन

नहि वो अस्त्यर्भको देवासो न कुमारकः। विश्वे सतोमहान्त इत्॥ १॥

(१) हे देवासः=दिव्य गुणो! वः=तुम्हारे में से कोई भी अर्भकः=कम महत्त्व का नहि अस्ति=नहीं है। सब दिव्य गुण एक से एक बढ़कर महत्त्व रखते हैं। न कुमारकः=आप में से कोई भी कुत्सित उपायों से किसी का नाश करनेवाला नहीं। (२) विश्वे=ये सब दिव्य गुण इत्=निश्चय से सतः=उस पूर्ण स्वतन्त्र सत्ता प्रभु के महान्तः=(मह पूजायाम्) पूजन करनेवाले होते हैं। दिव्य गुणों का धारण ही सच्चा प्रभु-पूजन है।

भावार्थ–सब दिव्य गुण समानरूप से महत्त्वपूर्ण हैं। देव वृत्तिवाले पुरुष किसी को भी कुत्सित उपायों से मारते नहीं। इन दिव्य गुणों का धारण ही सच्चा प्रभु-पूजन है।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—पुरउष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

रिशादसः-यज्ञियासः

इति स्तुतासो असथा रिशादसो ये स्थ त्रयश्च त्रिंशच्चं। मनोर्देवा यज्ञियासः॥ २॥

(१) **इति**–इस प्रकार गत मन्त्र में वर्णित रीति से **स्तुतासः**-स्तुति किये गये, हे देवो! आप **रिशादसः**-(रिशतां हिंसतामसितारः) हिंसक शत्रुओं को हमारे से दूर करनेवाले हो। (२) **ये**-जो आप **त्रयः च त्रिंशत् च**-तीन और तीस, अर्थात् तेंतीस हो वे आप **मनोः**-मननशील व्यक्ति के **देवाः**-जीवन को द्योतित करनेवाले हो। **यज्ञियासः**-आप संगतिकरण योग्य हो या आदरणीय हो।

भावार्थ–सब दिव्य गुणों को इसी रूप में सोचना कि इनमें कोई कम आवश्यक नहीं है। ऐसा सोचने पर ये दिव्य गुण हमारे जीवन से दोषों को दूर करते हैं और उसे द्योतित (प्रकाशमय) कर देते हैं।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—विराड्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

मानव मार्ग से दूर न होना

ते नस्त्राध्वं तेऽवत त उ नो अधि वोचत। मा नः पथः पित्र्यान्मानवादधि दूरं नैष्ट परावतः॥ ३॥

(१) हे **ते**-वे दिव्य गुणो! **नः**-हमें **त्राध्वम्**-रोग आदि के आक्रमण से बचाओ। **ते**-वे आप हमें **अवत**-काम-क्रोध-लोभ का शिकार होने से रक्षित करो। **ते**-वे आप **उ**-निश्चय से **नः**-हमें **अधिवोचत**-आधिक्येन ज्ञान का उपदेश करनेवाले होवो। (२) इस प्रकार ज्ञान देते हुए आप **नः**-हमें **परावतः**-सुदूर काल से चले आये **पित्र्यात्**-परम पिता प्रभु से प्राप्त **मानवात्**-मानव, मनुष्योचित **पथः अधि**-मार्ग से दूर **मा नैष्ट**-दूर न ले जाइये। दिव्य गुणों का ध्यान करते हुए हम मानवोचित मार्ग से ही गति करनेवाले हों।

भावार्थ–दिव्य गुणों का धारण हमें नीरोग व काम-क्रोध से अनाक्रान्त जीवनवाला बनाये। ये हमें ज्ञान की ओर ले चलें और मानवोचित मार्ग से दूर न ले जायें।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

देवासः वैश्वानरः

ये देवास इह स्थन विश्वे वैश्वानरा उत। अस्मभ्यं शर्म सप्रथो गवेऽश्वाय यच्छत॥ ४॥

(१) **ये**-जो **देवासः**-दिव्य गुण **इह स्थम**-इस हमारे जीवन में होते हैं, वे **विश्वे**-सब **वैश्वानराः**-मनुष्यों का हित करनेवाले हैं। दिव्य गुण जिस व्यक्ति के जीवन में होते हैं, उसी का कल्याण न करके सभी का कल्याण करते हैं। इनका प्रभाव उस सारे वातावरण पर ही पड़ता है। (२) **उत**-और हे देवो! आप **अस्मभ्यम्**-हमारे लिये **सप्रथः**-अतिशयेन विस्तारवाले **शर्म**-सुख को **यच्छत**-दीजिये। हमारे **गवे अश्वाय**-गौ, घोड़े आदि पशुओं के लिये भी ये कल्याण-कर प्रभाववाले हों। अथवा **गवे**-हमारी ज्ञानेन्द्रियों तथा **अश्वाय**-कर्मेन्द्रियों के लिये ये कल्याणकर हों।

भावार्थ–दिव्य गुणों के धारण से आसपास के सारे वातावरण पर सुखद प्रभाव होता है। ये दिव्य गुण हमारे लिये तथा हमारे गवादिक पशुओं के लिये भी सुखकर हों।

अगले सूक्त का ऋषि भी मनु वैवस्वत ही है–

३१. [एकत्रिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—ईज्यास्तवो यजमानप्रशंसा च॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

यज्ञ के लाभ

यो यजाति यजात इत्सुनवच्च पचाति च। ब्रह्मेदिन्द्रस्य चाकनत्॥ १॥

(१) यः=जो यजाति=एक बार यज्ञ करता है, वह यजाते इत्=फिर अवश्य यज्ञ करता ही है। यज्ञ से देखे गये लाभ उसे यज्ञ की रुचिवाला बना देते हैं। (२) यह अपने जीवन में सुनवत्=सोम का अभिषव करता है, वीर्य शक्ति का सम्पादन करता है, च=और पचाति च=अवश्य ही वेद के आदेश के अनुसार पाँचों ज्ञानेन्द्रियों से ज्ञान के भोजन का परिपाक करता है। यह इन्द्रस्य=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु के ब्रह्म इत्=इस वेदज्ञान को ही, इन वेदवाणियों के द्वारा स्तवन को ही चाकनत्=चाहता है। इसे स्वाध्याय व स्तवन ही रुचिकर होता है।

भावार्थ–यज्ञ करने से यज्ञ फलों के दृष्टिगोचर होने पर मनुष्य यज्ञशील ही बन जाता है। यह अपने अन्दर सोम शक्ति का सम्पादन करता है, ज्ञान के भोजन का परिपाक करता है, प्रभु के वेदज्ञान को अपनाता हुआ उन वेदवाणियों से प्रभु का स्तवन करता है।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—ईज्यास्तवो यजमानप्रशंसा च॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पुरोडाश-सोम (यज्ञशेष का सेवन-सोमरक्षण)

पुरोळाशं यो अस्मै सोमं ररत आशिरम्। पादित्तं शक्रो अंहसः॥ २॥

(१) यः=जो प्रभु अस्यै=इस जीव के लिये पुरोडाशम्=हुतशेष को ररते=देते हैं। प्रभु जीव को यही आदेश करते हैं कि वह यज्ञशेष का ही सेवन करनेवाला बने। 'केवलाघो भवति केवलादी' अकेले स्वयं ही सब खा जानेवाला तो पापी होता है। और वे प्रभु आशिरम्=समन्तात् शरीर में रोगकृमियों के शीर्ण करनेवाले सोमम्=सोम शक्ति को, वीर्य को ररते=देते हैं। इस सोम के रक्षण से ही तो हमारे जीवन का सारा उत्थान होना है। (२) शक्रः=ये सर्वशक्तिमान् प्रभु ही तम्=उस यज्ञशेष का सेवन करनेवाले तथा सोम का रक्षण करनेवाले पुरुष को अंहसः=पाप से पात् इत्=अवश्य बचाते ही हैं। वस्तुतः 'यज्ञशेष का सेवन व सोमरक्षण' मनुष्य को पाप की ओर झुकने ही नहीं देते।

भावार्थ–प्रभु के आदेश के अनुसार 'यज्ञशेष का सेवन करते हुए तथा सोम का रक्षण करते हुए' हम अपने को पापों से पृथक् रखने में समर्थ हों।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—ईज्यास्तवो यजमानप्रशंसा च॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

द्युमान् रथः

तस्य द्युमाँ असद्रथो देवजूतः स शुशुवत्। विश्वा वन्वन्नभिष्टिया॥ ३॥

(१) तस्य=उस, गत मन्त्र में वर्णित यज्ञशेष सेवी सोमरक्षक, पुरुष का रथः=यह शरीर-रथ द्युमान् असत्=ज्योतिर्मय होता है। रक्षित सोम इसकी ज्ञानाग्नि को दीप्त करता है। (२) देवजूतः=उस महान् देव प्रभु से प्रेरणा को प्राप्त कराया गया सः=वह उपासक शुशुवत्=सब दृष्टिकोणों से वृद्धि को प्राप्त करता है। (२) यह विश्वा=सब, हमारे अन्दर हमारे न चाहते हुए भी घुस आनेवाली अभिष्टिया=काम-क्रोध-लोभ आदि शत्रुभूत वासनाओं का वन्वन्=यह पराजय

करनेवाला होता है। इन वासनाओं का हिंसन करके ही तो यह बढ़ता है।

भावार्थ–यज्ञशीलता से हमारा शरीर-रथ ज्योतिर्मय होता है। यह यज्ञशील पुरुष प्रभु प्रेरणा को प्राप्त करके वृद्धि को प्राप्त होता है। यह सब शत्रुभूत वासनाओं को हिंसित करता है।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—ईज्यास्तवो यजमानप्रशंसा च॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उत्तम गौ

अस्य प्रजावती गृहेऽसश्चन्ती दिवेदिवे। इळा धेनुमती दुहे॥ ४॥

(१) **अस्य**–इस यज्ञशील पुरुष के **गृहे**–घर में **दिवे दिवे**–प्रतिदिन **इडा**–गौ **दुहे**–दुग्ध का प्रपूरण करती है। यह गौ **प्रजावती**–प्रशस्त प्रजावाली होती है, बांझ नहीं होती। **असश्चन्ती**–यह सूख नहीं जाती, दूध देती ही रहती है। **धेनुमती**–यह प्रशस्त धेनुओंवाली होती है। अर्थात् इससे उत्पन्न बछियाँ भी उत्तम दूध देनेवाली होती हैं। (२) यज्ञों का प्रभाव केवल घर के मानवों पर ही नहीं पड़ता। इन यज्ञों से उस गृह के पशु भी अधिक स्वस्थ बनते हैं। यह यज्ञ हमें प्रजा और पशु दोनों दृष्टिकोणों से बढ़ानेवाला होता है। जिस देश में यज्ञ होंगे, वहाँ मनुष्य उत्तम होंगे, तो पशु भी उत्तम होंगे। उस देश में गौएँ खूब दोग्ध्री होंगी।

भावार्थ–यज्ञशील पुरुष को 'प्रजावती, असश्चन्ती, धेनुमती' गौ की प्राप्ति होती है।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—दम्पती॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

समनसा दम्पती

या दंपती समनसा सुनुत आ च धावतः। देवासो नित्ययाशिरा॥ ५॥

(१) **या**–जो **दम्पती**–पति-पत्नी **समनसा**–समान मनवाले होते हैं, परस्पर एक विचार के होते हैं, वे **सुनुतः**–अपने शरीरों में सोम का अभिषव करते हैं, शक्ति का सम्पादन करते हैं, **च**–और **आधावतः**–जीवन को समन्तात् शुद्ध बना लेते हैं। ये भोगवृत्ति से ऊपर उठकर पवित्र जीवन बिताते हुए उत्तम मनवाले होते हैं। (२) इनके गृह में **नित्यया**–सदा होनेवाली **आशिरा**–शत्रुओं को शीर्ण करने की प्रक्रिया से **देवासः**–देववृत्ति के ही सन्तान होते हैं। वस्तुतः सन्तानों की उत्तमता के लिये आवश्यक है कि–(क) पति-पत्नी परस्पर समान मनवाले हों, (ख) ये अपने जीवन में सोम का सम्पादन करनेवाले हैं, (ग) जीवन को शुद्ध बनायें, यह शोधन प्रक्रिया नित्य चलनेवाली हो। ऐसा होने पर सन्तान देव वृत्ति के होते ही हैं।

भावार्थ–पति-पत्नी समान मनवाले, सोम का रक्षण करनेवाले, जीवन को शुद्ध बनानेवाले हों, तो सन्तान उत्तम होते ही हैं।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—दम्पती॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उत्तम अन्न-उत्तम शक्ति

प्रति प्राशव्यौ इतः सम्यञ्चा बर्हिराशाते। न ता वाजेषु वायतः॥ ६॥

(१) जो पति-पत्नी **सम्यञ्चा**–सम्यक् मिलकर गतिवाले होते हुए **बर्हिः**–यज्ञों को **आशाते**–व्याप्त करते हैं, अर्थात् सदा यज्ञशील बनते हैं, वे **प्राशव्यान्**–खाने के योग्य उत्तम अन्नों के **प्रति इतः**–प्रति जाते हैं, इन्हें उत्तम अन्न सदा प्राप्त रहते हैं। (२) इन उत्तम अन्नों के प्रयोग के द्वारा **ता**–वे पति-पत्नी **वाजेषु**–शक्तियों में **न वायतः**–क्षीण नहीं होते।

भावार्थ–यज्ञशील पुरुषों को उत्तम अन्न प्राप्त होते हैं। इन उत्तम अन्नों से इनकी शक्ति कभी

क्षीण नहीं होती।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—दम्पती॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

यज्ञ-सुमति-ज्ञान

न देवानामपिहुतः सुमतिं न जुगुक्षतः। श्रवो बृहद्विवासतः॥ ७॥

(१) ये पति-पत्नी **देवानाम्**-देवों का **न अपिहुतः**-कभी प्रवंचन नहीं करते देवों से दिये हुये भोजनों को देवों के लिये न देकर सबका सब स्वयं नहीं खा जाते। उनके लिये बिना दिये सब खा जानेवाले चोर ही तो होते हैं। (२) ये पति-पत्नी **सुमतिम्**-कल्याणी मति को कभी **न जुगुक्षतः**-संवृत नहीं करते। इनकी बुद्धि पर वासना का परदा नहीं पड़ता। (३) ये पति-पत्नी इस दीप्त बुद्धि से **बृहत् श्रवः**-विशाल ज्ञान को **विवासतः**-धारण करते हैं।

भावार्थ—यज्ञशील बनें। यज्ञशीलता से बुद्धि पर लोभ का परदा नहीं पड़ जाता। अनावृत बुद्धि से ज्ञान का विस्तार होता है।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—दम्पती॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सन्तान-सुखमय पूर्ण जीवन-ज्ञान

पुत्रिणा ता कुमारिणा विश्वमायुर्व्यश्नुतः। उभा हिरण्यपेशसा॥ ८॥

(१) **पुत्रिणा**-प्रशस्त पुत्रोंवाले, **ता**-वे पति-पत्नी **कुमारिणा**-(कुमार क्रीडायाम्) पुत्रों व नप्तृओं से खेलते हुए (क्रीडन्तौ पुत्रैर्नप्तृभिः) **विश्वं आयुः**-पूर्ण जीवन को **व्यश्नुतः**-प्राप्त करते हैं। (२) **उभा**-ये दोनों **हिरण्यपेशसा**-हितरमणीय ज्ञान से सुन्दर रूपवाले होते हैं।

भावार्थ—हम उत्तम सन्तानोंवाले हों। सन्तानों के साथ सुख को प्राप्त होते हुए पूर्ण जीवन को प्राप्त करें। ज्ञान से सुन्दर रूपवाले बनें।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—दम्पती॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

सन्तान निर्माण के लिये परस्पर मेल

वीतिहोत्रा कृतद्वसू दशस्यन्तामृताय कम्। समूधो रोमशं हतो देवेषु कृणुतो दुवः॥ ९॥

(१) **वीतिहोत्रा**-(वीतिः प्रियकरः होत्र यज्ञः ययोः) जिनको यज्ञ बड़ा प्रिय है। **कृतद्वसू**-(याचमान कृतधनौ-पात्रेषूपयुक्तधनौ) पात्रों में धनों को उपयुक्त करनेवाले, अर्थात् जो दानशील हैं। **अमृताय**-अमरण के लिये, नीरोगता के लिये **कम्**-सुखप्रद हविरूप अन्न को **दशस्यन्ता**-देवों के लिये देते हैं। (२) ये पति-पत्नी **अमृताय**-प्रजा के द्वारा अमर बने रहने के लिये **ऊधः**-योनि को तथा **रोमशम्**-रोमयुक्त (यौवन युक्त) अंग को **संहतः**-संयुक्त करते हैं। केवल सन्तान निर्माण के लिये ही इस मैथुन का प्रयोग करते हैं। और उत्तम सन्तानोंवाले ये पति-पत्नी **देवेषु**-देवों में **दुवः**-परिचर्या-उपासना को **कृणुतः**-करते हैं।

भावार्थ—आदर्श पति-पत्नी (क) यज्ञशील होते हैं, (ख) दान की वृत्तिवाले बनते हैं, (ग) नीरोगता के लिये हविरूप अन्नों को देनेवाले होते हैं। (घ) सन्तान निर्माण के लिये ही शक्ति का विनियोग करते हैं। (ङ) देवों का उपासन करते हैं।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—दम्पत्योराशिषः॥ छन्दः—पादनिचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पर्वतों, नदियों व प्रभु के आनन्द की प्राप्ति

आ शर्म पर्वतानां वृणीमहे नदीनाम्। आ विष्णोः सचाभुवः॥ १०॥

(१) हम **पर्वतानाम्**-(पर्व पूरणे) अपना पूरण करने में यत्नशील, न्यूनताओं को दूर करने में लगे हुए पुरुषों के **शर्म**-सुख को **आवृणीमहे**-वरते हैं। पर्वतों को जो सुख होता है, हम भी पर्वत बनते हुए उस सुख को प्राप्त करें। (२) **नदीनाम्**-प्रभु के स्तोताओं को जो आनन्द प्राप्त होता है (नद् शब्दे) हम उस आनन्द को वरते हैं। स्तवन करते हुए हम भी 'नदि' बनते हैं और इन नदियों (स्तोताओं) के आनन्द का अनुभव करते हैं। (३) **सचाभुवः**-सदा साथ रहनेवाले **विष्णोः**-उस सर्वव्यापक प्रभु के आनन्द को (**वणीमहे**)-वरते हैं। प्रभु को अपने हृदयों में स्थित रूप में अनुभव करते हुए वाचाम् अगोचर (वर्णनातीत) आनन्द में मग्न होते हैं।

भावार्थ-आदर्श पति-पत्नियों की यही कामना होती है कि हम अपने जीवन की न्यूनताओं को दूर करके पूरण के आनन्द का अनुभव करें। प्रभु-स्तवन करते हुए स्तोताओं को प्राप्त होनेवाले आनन्द के भागी बनें। और हृदयस्थ प्रभु का दर्शन करते हुए आनन्दमग्न हो जायें।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—दम्पत्योराशिषः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विशाल मार्ग

एतु पूषा रयिभगः स्वस्ति सर्वधातमः। उरुरध्वा स्वस्तये॥ ११॥

(१) **रयिः**-धनों का देनेवाला, **भगः**-भजनीय, **सर्वधातमः**-सबका धारण करनेवाला **पूषा**-पोषक देव **आ एतु**-हमें सर्वथा प्राप्त हो और **स्वस्त**-हमारा कल्याण हो। (२) **उरुः अध्वा**-विशाल मार्ग **स्वस्तये**-हमारे अविनाश के लिये हो। हम संकुचित मार्ग से न चलते हुए विशाल मार्ग से चलें।

भावार्थ-हमें पोषक प्रभु प्राप्त हों। उनके प्राप्त होने पर हम सदा विशाल मार्ग का ही आक्रमण करेंगे। यह विशाल मार्ग पर चलना हमारे अविनाश का कारण बनेगा।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—दम्पत्योराशिषः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु-स्तवन से प्रशस्त बुद्धि व निष्पापता

अरमतिरनर्वणो विश्वो देवस्य मनसा। आदित्यानामनेहः इत्॥ १२॥

(१) **अनर्वणः**-उस हिंसा न करनेवाले व हिंसित न होनेवाले **देवस्य**-दिव्य गुणों के पुञ्ज प्रभु के **मनसा**-मनन से **विश्वः**-सब कोई **अरमतिः**-अलंकृत बुद्धिवाला होता है। प्रभु का मनन व स्तवन हमें सद्बुद्धि प्राप्त कराता है। (२) **आदित्यानाम्**-अदीना देवमाता के पुत्रों का, अर्थात् दिव्यता के धारण करनेवाले व्यक्तियों की **अनेहः**-निष्पापता **इत्**-निश्चय से इस प्रभु मनन के द्वारा ही होती है। हम भी प्रभु का मनन (ध्यान) करते हुए अलंकृत बुद्धिवाले व निष्पाप बन पायें।

भावार्थ-प्रभु का स्तवन प्रशस्त बुद्धि व निष्पापता का साधन है।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—दम्पत्योराशिषः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्नेह, संयम, निर्द्वेषता व सत्य

यथा नो मित्रो अर्यमा वरुणः सन्ति गोपाः। सुगा ऋतस्य पन्थाः॥ १३॥

(१) **यथा**-जिस प्रकार **नः**-हमारे लिये **मित्रः**-स्नेह की देवता, **अर्यमा**-शत्रु नियमन की देवता (अरीन् यच्छति) **वरुणः**-निर्द्वेषता का भाव **गोपाः**-रक्षक **सन्ति**-हैं, इसी प्रकार **ऋतस्य पन्थाः**-सत्य के मार्ग **सुगाः**-शोभनतया गन्तव्य हैं, कल्याण की ओर ले चलनेवाले हैं। (२) जीवनयात्रा में 'स्नेह, संयम व निर्द्वेषता' का धारण आवश्यक है। यही मार्ग हमारा रक्षण करेगा। सत्य के मार्ग से चलते हुए हम सदा शुभ को प्राप्त होंगे।

भावार्थ–हमारे जीवनों में 'स्नेह, संयम, निर्द्वेषता व सत्य' हों।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—दम्पत्योराशिषः॥ छन्दः—विराट् अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

'वशु प्रदाता' प्रभु

अग्निं वः पूर्व्यं गिरा देवमीळे वसूनाम्। सपर्यन्तः पुरुप्रियं मित्रं न क्षेत्रसाधसम्॥ १४॥

(१) अग्निम्–उस अग्रेणी प्रभु का गिरा–ज्ञान की वाणियों से ईडे–मैं स्तवन करता हूँ। वः पूर्व्यम्–जो तुम सबका पालन व पूरण करनेवालों में उत्तम है, वसूनां देवम्–सब वसुओं का देनेवाला है। इस प्रभु का मैं स्तवन करता हूँ। (२) उस पुरुप्रियम्–पालक व पूरक (पुरु) तथा प्रीणित करनेवाले प्रभु को, जो मित्रं न–एक मित्र के समान क्षेत्रसाधसम्–इस हमारे शरीर रूप क्षेत्र को सिद्ध करनेवाले हैं। उस प्रभु को सपर्यन्तः–पूजते हुए हम वसुओं की याचना करते हैं। प्रभु ही हमारे निवास के लिये आवश्यक सब वसुओं के देनेवाले हैं।

भावार्थ–हम उस पूर्व्य अग्नि का स्तवन करें। वे अग्रेणी प्रभु ही सब वसुओं को देकर हमारे जीवनयज्ञ को सिद्ध करते हैं।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—दम्पत्योराशिषः॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

देववान् का गतिशील रथ

मक्षू देववतो रथः शूरो वा पृत्सु कासु चित्।
देवानां य इन्मनो यजमान इयक्षत्यभीदयज्वनो भुवत्॥ १५॥

(१) देववतः–उस देववाले प्रभु के उपासक का रथः–यह शरीर-रथ मक्षू–शीघ्र गतिवाला होता है। यह उपासक कासुचित् पृत्सु–किन्हीं भी शत्रु–सेनाओं में वा–निश्चय से शूरः–शत्रुओं को शीर्ण करनेवाला होता है। (२) यः यजमानः–जो यज्ञशील पुरुष इत्–निश्चय से देवानां मनः–देवों के मन को इयक्षति–अपने साथ संगत करने का प्रयत्न करता है, अर्थात् अपने मन को दिव्य बनाने की कोशिष करता है। यह इत्–निश्चय से अयज्वनः–अयज्ञशील पुरुषों को अभिभुवत्–अभिभूत करनेवाला होता है। यज्ञशील पुरुष दिव्य मनवाला बनकर अयज्ञशीलों को परास्त कर पाता है।

भावार्थ–प्रभु के उपासक का शरीर–रथ गतिशील होता है। यह उपासक संग्रामों में शत्रुओं को शीर्ण करता है। यज्ञशील बनकर देववृत्ति का बनता है और अयज्ञशील पुरुषों को अभिभूत करनेवाला होता है।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—दम्पत्योराशिषः॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'यजमान-सुन्वान-देवयु'

न यजमान रिष्यसि न सुन्वान न देवयो।
देवानां य इन्मनो यजमान इयक्षत्यभीदयज्वनो भुवत्॥ १६॥

(१) हे यजमान–यज्ञशील पुरुष! तू न रिष्यसि–हिंसित नहीं होता, तुझे वासनाएँ आक्रान्त नहीं कर पातीं। हे सुन्वान–अपने शरीर में सोम का सम्पादन करनेवाले पुरुष! न–तू हिंसित नहीं होता। हे देवयो–उस प्रकाशमय प्रभु को अपने साथ जोड़ने की कामनावाले पुरुष! तू न–हिंसित नहीं होता। 'यजमान, सुन्वान व देवयु' बनकर हम वासनाओं के आक्रमण से अपने को बचायें।

(२) यः-जो भी यजमानः-यज्ञशील बनकर देवानां मनः-देवों के मन को इत्-निश्चय से इयक्षति-अपने साथ संगत करने की कामना करता है, वह इत्-निश्चय से अयज्वनः-अयज्ञशील पुरुषों को अभिभुवत्-अभिभूत करनेवाला होता है।

भावार्थ-हम यज्ञशील बनें, शरीर में सोम शक्ति का सम्पादन करें, उस देव (प्रभु) को प्राप्त करने की कामनावाले हों। ऐसा होने पर हम वासनारूप शत्रुओं से हिंसित न होंगे। यज्ञशील बनकर दिव्य मनवाले होते हुए हम अयज्ञशील पुरुषों का अभिभव करनेवाले हों। यज्ञशीलता हमें अयज्ञशीलों से ऊपर उठाये।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—दम्पत्योराशिषः॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

यज्ञशील की सर्वोत्कृष्ट स्थिति

नकिष्टं कर्मणा नशन्न प्र योषन्न योषति।
देवानां य इन्मनो यजमान इयक्षत्यभीदयज्वनो भुवत्॥ १७॥

(१) यः-जो यजमानः-यज्ञशील बनकर इत्-निश्चय से देवाना मनः-देवों के मन को इयक्षति-अपने साथ संगत करने का प्रयत्न करता है, वह इत्-निश्चय से अयज्वनः-अयज्ञशील पुरुषों को अभिभुवत्-अभिभूत कर लेता है। (२) तम्-उस यजमान को कर्मणा-किन्हीं भी कर्मों के द्वारा नकिः नशत्-कोई व्याप्त (प्राप्त) नहीं कर पाता। यज्ञशीलता ही सर्वोत्तम कर्म है। कोई भी इसको न योषत्-स्वस्थान से च्युत नहीं कर पाता। योषति-यह यजमान अपने पुत्रों व धनों में रहता हुआ भी कभी उस प्रभु से पृथक् नहीं होता।

भावार्थ-यज्ञशील पुरुष दिव्य मन को प्राप्त करके सर्वोत्तम स्थिति में पहुँचता है। यह स्वस्थान से परिभ्रष्ट नहीं किया जाता। संसार में रहता हुआ भी प्रभु से पृथक् नहीं होता।

ऋषिः—मनुर्वैवस्वतः॥ देवता—दम्पत्योराशिषः॥ छन्दः—आर्चीभुरिक्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सुवीर्यं, आशु अश्व्यम्

असदत्र सुवीर्यमुत त्यदाश्वश्व्यम्। देवानां य इन्मनो यजमान इयक्षत्यभीदयज्वनो भुवत्॥ १८॥

(१) यः यजमानः-जो यज्ञशील पुरुष देवानां मनः-देवों के मन को, दिव्य गुण-सम्पन्न मन को इत्-निश्चय से इयक्षति-अपने साथ जोड़ने की कामना करता है, वह इत्-निश्चय ही अयज्वनः-अयज्ञशीलों को अभिभुवत्-अभिभूत कर लेता है। (२) अत्र-इस यजमान के जीवन में सुवीर्यं असत्-उत्कृष्ट वीर्य होता है, उत-और त्यत्-वह प्रसिद्ध आशु-शीघ्रगामी अश्व्यम्-इन्द्रियाश्वों का समूह होता है, यज्ञशील पुरुष उत्कृष्ट वीर्य को व स्फूर्तिमय इन्द्रिय समूह को प्राप्त करता है।

भावार्थ-हम यज्ञशील बनकर मन को दिव्य गुण-सम्पन्न बनायें। इससे हमें सुवीर्य व उत्तम इन्द्रिय समूह की प्राप्ति होगी।

इन उत्तम इन्द्रियों के द्वारा हम ज्ञान-वर्धन करते हुए तथा सुवीर्य द्वारा ज्ञानाग्नि को दीप्त करते हुए 'मेधातिथि' बनते हैं, निरन्तर बुद्धि की ओर चलनेवाले। ऐसा होने पर हम 'काण्व'-कण्व पुत्र अतिशयेन मेधावी होते हैं। मेधातिथि इन्द्र का उपासन करता हुआ कहता है-

३२. [द्वात्रिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'इन्द्र' के कर्मों का गायन

प्र कृतान्यृजीषिणः कण्वा इन्द्रस्य गाथया। मदे सोमस्य वोचत॥ १॥

(१) हे **कण्वाः**=मेधावी पुरुषो! तुम **सोमस्य मदे**=सोमरक्षण द्वारा उत्पन्न उल्लास के होने पर **ऋजीषिणः**=(ऋतु+इष्) सरल मार्ग की प्रेरणा देनेवाले **इन्द्रस्य**=सर्वशक्तिमान् प्रभु के **कृतानि**=कर्मों का, सृष्टि के निर्माण व धारण आदि कर्मों का **गाथया**=इन वेद-वाणियों के द्वारा **प्रवोचत**=प्रकर्षेण प्रतिवादन करो। (२) प्रभु के कर्मों का गायन करते हुए हम भी उन जैसे कर्मों को ही करने का निश्चय करें। हम भी निर्माण के व धारण के कार्यों में प्रवृत्त हों। प्रभु-भक्त वही है, जो प्रभु जैसा बनने का प्रयत्न करता है। वस्तुतः इसी प्रकार हम सोम का भी रक्षण कर पाते हैं।

भावार्थ—हम मेधावी बनकर सोम के मद में प्रभु के कर्मों का गायन करें, जिससे इन जैसे कर्मों में प्रवृत्त हुए-हुए हम सोम का रक्षण कर पायें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

असुरहन्ता प्रभु

यः सृबिन्दुमनर्शनिं पिप्रुं दासमहीशुवम्। वधीदुग्रो रिणन्नपः॥ २॥

(१) **यः**=जो प्रभु **सृबिन्दम्**=सृ-विन्द को (सृ, विन्दति) हमारे पर आक्रमण करके हमारा विदारण कर देनेवाले क्रोध को **वधीत्**=नष्ट करते हैं, वे **उग्रः**=तेजस्वी शत्रुहन्ता प्रभु **अपः रिणन्**=शक्ति के कणों को हमारे में **रिणन्**=प्रेरित करते हैं। क्रोध आदि आसुर भावनायें वीर्यरक्षा के अनुकूल नहीं है। (२) वे प्रभु **अनर्शनिम्**-(ऋश्) जिसका नाश नहीं किया जा सकता उस काम को भी प्रभु ही भस्म करते हैं। **पिप्रुम्**=अपने को ही भरते रहने की स्वार्थभावना को भी प्रभु ही दूर करते हैं। **दाशम्**=उपक्षय कर डालनेवाली, बुद्धि को विनष्ट कर डालनेवाली लोभ वृत्ति को भी ये प्रभु ही समाप्त करते हैं और **अहीशुवम्**-(अहि श्वि) साँप की तरह कुटिल गतिवाली छल-छिद्र की भावना का भी अन्त ये प्रभु ही तो करेंगे (युयोध्यस्मज्जुहुराणम्)।

भावार्थ—प्रभु हमारे 'क्रोध, काम, स्वार्थ, लोभ या छलकपट' को दूर करें और शक्ति के कणों को हमारे शरीरों में ही प्रेरित करें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अर्बुद-वेधन

न्यर्बुदस्य विष्टपं वर्ष्माणं बृहतस्तिर। कृधे तदिन्द्र पौंस्यम्॥ ३॥

(१) **बृहतः**=महान् **अर्बुदस्य**=(अहेः) आहन्ता कामदेव के **विष्टपम्**=अत्यन्त संतापक **वर्ष्माणम्**=इस सुन्दर रूप को (शरीर को) **नितिर**=विद्ध करिये। यह काम हमारे पर आक्रमण करता है। हमारे लिये इसके जीतने का सम्भव नहीं होता। इस काम का वेधन तो आपने ही करना है। यह काम सुन्दर है, पर परिणाम में अत्यन्त सन्तापक है। (२) हे **इन्द्र**=शत्रु-संहारक प्रभो! **तत् पौंस्यम्**=उस शक्ति के कर्म को **कृधे**=आप ही करते हैं। आपके लिये ही इसके संहार का सम्भव है।

भावार्थ–इस अत्यन्त शक्तिशाली सन्तापक काम के शरीर को हे प्रभो! आप ही विद्ध कर पाते हैं। हमारे लिये इसके जीतने का सम्भव नहीं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

श्रुताय-ऊतये

प्रति श्रुतायं वो धृषत्तूणाशिं न गिरेरधि। हुवे सुशिप्रमूतयें॥ ४॥

(१) **वः**–तुम्हारे **श्रुताय**–ज्ञान के लिये वे प्रभु वासना को **प्रतिधृषत्**–कुचल डालते हैं। वासना ही तो ज्ञान पर परदा डाले रखती है। वासना–विनाश से ज्ञान चमक उठता है। (२) मैं **ऊतये**–रक्षण के लिये **सुशिप्रम्**–शोभन हनु व नासिका को देनेवाले उस प्रभु को **हुवे**–इस प्रकार पुकारता हूँ, **न**–जैसे **गिरेः अधि**–मेघ या पर्वत से **तूर्णाशिम्**–उदक को माँगते हैं। मेघ प्यासे के लिये उदक को प्राप्त कराके उसका रक्षण करता है, इसी प्रकार प्रभु हमें उत्तम जबड़े व नासिका प्राप्त कराके हमारा रक्षण करते हैं। जबड़ों से भोजन का ठीक चर्वण होने पर रोगों की आशंका जाती रहती है, और नासिका से गहरा श्वास लेने पर (प्राणायाम करने पर) मानस दोषों का निराकरण हो जाता है।

भावार्थ–प्रभु वासना को विनष्ट करके हमारे ज्ञान का वर्धन करते हैं। उत्तम जबड़ों व नासिका छिद्रों को प्राप्त कराके प्रभु हमारा रक्षण करते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

व्रज-विदारण

स गोरश्वस्य वि व्रजं मन्दानः सोम्येभ्यः। पुरं न शूर दर्षसि॥ ५॥

(१) हे प्रभो! **मन्दानः**–स्तुति किये जाते हुए **सः**–वे आप **सोम्येभ्यः**–सोम का (वीर्य शक्ति का) रक्षण करनेवाले पुरुषों के लिये **गोः**–ज्ञानेन्द्रियों के तथा **अश्वस्य**–कर्मेन्द्रियों के **व्रजम्**–बाड़े को **विदर्षसि**–विदीर्ण करते हैं। इन इन्द्रियों को विषयों के बाड़े से बाहर करते हैं। प्रभु की उपासना उपासक की इन्द्रियों को विषयों में फँसने से बचाती है, और परिणामतः ये उपासक सोम का रक्षण कर पाते हैं। (२) हे **शूर**–शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! आप इस विषयों की बाड़ को इस प्रकार विदीर्ण करते हैं, **न**–जैसे **पुरम्**–काम–क्रोध–लोभरूप शत्रुओं की नगरी को आप विनष्ट करते हैं।

भावार्थ–प्रभु ही उपासक की इन्द्रियों को विषयों की बाड़ से बाहर करते हैं और काम आदि शत्रुओं की नगरी का विध्वंस करते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोमरक्षण-प्रभु-स्तवन-सात्विक अन्न सेवन

यदि मे रारणः सुत उक्थे वा दधसे चनः। आरादुप स्वधा गहि॥ ६॥

(१) प्रभु जीव से कहते हैं कि **यदि**–यदि **मे**–मेरे **सुते**–उत्पन्न किये हुए इस सोम में **रारणः**–तू रमण करता है, **वा**–और यदि **उक्थे**–स्तोत्र में, स्तुति में रमण करता है तथा **चनः दधसे**–सात्त्विक अन्न का सेवन करता है। तो **स्वधा**–आत्मधारण शक्ति के हेतु से **आरात् उपगाहि**–हमारे अत्यन्त समीप प्राप्त होनेवाला हो (आरात्–समीप)। (२) आत्मधारणशक्ति को प्राप्त करने के लिये प्रभु का सान्निध्य आवश्यक है। प्रभु के सान्निध्य के लिये तीन बातें सहायक

होती हैं–(क) सोम का रक्षण, (ख) प्रभु का स्तवन, (ग) सात्त्विक अन्न का सेवन।

भावार्थ–हम 'सोमरक्षण, प्रभु-स्तवन व सात्त्विक अन्न के सेवन' को अपनाकर प्रभु के उपासक बनें। यही आत्मधारणशक्ति की प्राप्ति का उपाय है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोमरक्षण द्वारा प्रीणन

वयं घा ते अपि ष्मसि स्तोतार इन्द्र गिर्वणः। त्वं नो जिन्व सोमपाः॥ ७॥

(१) हे **गिर्वणः**=ज्ञान की वाणियों से सम्भजनीय **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **वयम्**=हम **घा**=निश्चय से **ते**=आपके **स्तोतारः**=स्तुति करनेवाले **स्मसि**=हैं। (२) हे **सोमपाः**=हमारे सोम का रक्षण करनेवाले प्रभो! **त्वम्**=आप **नः**=हमें **जिन्व**=सोमरक्षण के द्वारा प्रीणित करनेवाले होइये।

भावार्थ–हम प्रभु का स्तवन करें। प्रभु सोमरक्षण द्वारा हमें प्रीणित करेंगे।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अविनाशक अन्न व धन

उत नः पितुमा भर संरराणो अविक्षितम्। मघवन्भूरि ते वसु॥ ८॥

(१) **उत**=और हे प्रभो! **संरारणः**=हमारे से की जानेवाली स्तुति में रमण करते हुए आप **नः**=हमारे लिये **अविक्षितम्**=जिससे विनाश नहीं होता उस **पितुम्**=अन्न का **आभर**=भरण करिये, हमें 'अविक्षित अन्न' को प्राप्त कराइये। (२) हे **मघवन्**=ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! **ते वसु**=आप से दिया जानेवाला धन **भूरि**=हमारा खूब ही पालन व पोषण करनेवाला है।

भावार्थ–प्रभु हमारे लिये अविनाशक (पोषक) अन्न को तथा धन को देनेवाले हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गोमतः, हिरण्यवतः अश्विनः

उत नो गोमतस्कृधि हिरण्यवतो अश्विनः। इळाभिः सं रभेमहि॥ ९॥

(१) हे प्रभो! आप **नः**=हमें **उत**=निश्चय से **गोमतः**=प्रशस्त ज्ञानेन्द्रियोंवाला **कृधि**=करिये। **हिरण्यवतः**=(हिरण्यं वै वीर्यम्) प्रशस्त वीर्यवाला करिये तथा **अश्विनः**=उत्तम कर्मेन्द्रियरूप अश्वोंवाला करिये। इस **हिरण्य**=वीर्य के रक्षण के द्वारा ही आप हमें उत्तम ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियोंवाला बनाते हैं। (२) हे प्रभो! आप के अनुग्रह से हम **इडाभिः**=इन वेद-वाणियों के साथ **संरभेमहि**=सम्यक् उद्योगवाले हों। हमारे सब कार्य इन वेद-वाणियों के अनुसार हों। वस्तुतः वीर्यरक्षण द्वारा उत्तम इन्द्रियोंवाले बनकर हम क्यों न उत्तम कार्यों में प्रवृत्त होंगे?

भावार्थ–प्रभु के अनुग्रह से (क) हम वीर्यरक्षण द्वारा प्रशस्त ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियोंवाले बनें, (ख) तथा वेदवाणियों के अनुसार यज्ञादि उत्तम कर्मों में प्रवृत्त रहें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'बृबदुक्थ-सुप्रकरस्न' प्रभु

बृबदुक्थं हवामहे सुप्रकरस्नमूतये। साधुं कृण्वन्तमवसे॥ १०॥

(१) हम **बृबदुक्थम्**=(बृहत् उक्थं) महान् स्तुतिवाले प्रभु को **ऊतये**=रक्षण के लिये **हवामहे**=पुकारते हैं। प्रभु का स्तवन ही हमें सब आसुर भावों के आक्रमण से बचाता है। ये प्रभु **सुप्रकरस्नम्**=प्रसृत बाहुवाले हैं, विशाल क्रियामय भुजाओंवाले हैं। प्रभु इन भुजाओं से हमारा

पालन करते हैं। वे सर्वव्यापक प्रभु 'सर्वतो बाहु' हैं, उनमें सर्वत्र भुजाओं के गुण विद्यमान हैं। (२) हम **अवसे**=पालन के लिये इस प्रभु को पुकारते हैं जो साधु **कृण्वन्तम्**=प्रत्येक वस्तु को सुन्दरता से कर रहे हैं। प्रभु के किसी भी कार्य में असौन्दर्य व अपूर्णता नहीं है। प्रभु की उपासना करते हुए हम इन वस्तुओं का ठीक प्रयोग करेंगे तो अवश्य अपना रक्षण व पालन कर पायेंगे।

भावार्थ—वे प्रभु महान् स्तुतिवाले, प्रसृत भुजाओंवाले व सब बातों को सुन्दरता से करनेवाले हैं। इन प्रभु को हम रक्षण व पालन के लिये पुकारते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'शतक्रतु-पुरूवसु' प्रभु

यः संस्थे चिच्छतक्रतुरादीं कृणोति वृत्रहा। जरितृभ्यः पुरूवसुः॥ ११॥

(१) **यः**=जो प्रभु **संस्थे**=संग्राम में **चित्**=निश्चय से **शतक्रतुः**=अनन्त कर्मों व शक्तियोंवाले होते हैं, वे **वृत्रहा**=वासना को विनष्ट करनेवाले प्रभु ही **आत्**=अब हमारे से उपासना के किये जाने पर **ईं कृणोति**=खूब ही शत्रुवध आदि कर्मों को करते हैं। (२) ये प्रभु **जरितृभ्यः**=इन स्तोताओं के लिये **पुरूवसुः**=पालक व पूरक धनों को प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—प्रभु उपासक को शक्ति प्राप्त कराते हैं, जिससे वह संग्राम में काम-क्रोध आदि शत्रुओं का विनाश कर सके। ये प्रभु उपासक के लिये पालक व पूरक धनों को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'शक्र-दान-वान्' प्रभु

स नः शक्रश्चिदा शकदानवाँ अन्तराभरः। इन्द्रो विश्वाभिरूतिभिः॥१२॥

(१) **सः**=वे प्रभु **शक्रः**=शक्तिशाली हैं **नः**=हमें **चित्**=भी **आशकत्**=सब प्रकार से शक्तिशाली बनाते हैं। **दान-वान्**=वे प्रभु सब कुछ देनेवाले हैं (दा दाने) अथवा शत्रुओं का खण्डन करनेवाले हैं, (दाप लवने)। **अन्तः आभरः**=वे प्रभु हमें अपने अन्दर धारण करते हैं। (२) **इन्द्रः**=वे सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले परमैश्वर्यशाली प्रभु **विश्वाभिः ऊतिभिः**=सब रक्षणों के द्वारा हमारा भरण व पोषण करते हैं।

भावार्थ—वे प्रभु हमें शक्तिशाली बनाते हैं, हमारे लिये सब कुछ देते हैं। सब रक्षणों के साथ हमारा भरण व पोषण करते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'महान् सुपार' प्रभु

यो रायोऽवनिर्महान्त्सुपारः सुन्वतः सखा। तमिन्द्रमभि गायत॥ १३॥

(१) **यः**=जो प्रभु **रायः वनिः**=धनों का सम्भजन करनेवाले हैं। **महान्**=पूजनीय हैं। **सुपारः**=उत्तमता से हमें यज्ञादि कर्मों की समाप्ति तक ले जाते हैं (पार कर्मसमाप्तौ)। ये प्रभु **सुन्वतः सखा**=यज्ञशील पुरुषों के मित्र हैं। (२) **तं इन्द्रम्**=उस ऐश्वर्यशाली प्रभु का **अभिगायत**=प्रातः-सायं (दिन के दोनों ओर) गायन करो। प्रभु का स्तवन करते हुए ही हम उचित धनों को प्राप्त करके यज्ञादि कर्मों में प्रवृत्त व सफल हो पायेंगे। ये प्रभु यज्ञशील पुरुषों के मित्र होते हैं।

भावार्थ—प्रभु धनों का उचित संविभाग करके हमें यज्ञादि कर्मों के योग्य बनाते हैं और उन कर्मों के अन्त तक पहुँचाते हैं। यज्ञशील पुरुषों के ही प्रभु मित्र हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'यन्ता-जेता-ईशान' प्रभु

आयन्तारं महिं स्थिरं पृतनासु श्रवोजितम्। भूरेरीशानमोजसा॥ १४॥

(१) गत मन्त्र के अनुसार 'तं इन्द्रं अभिगायत'-उस इन्द्र का गायन करो जो **आयन्तारम्**-समन्तात् नियमन करनेवाले हैं, सम्पूर्ण संसार को वश में करनेवाले हैं। **पृतनासु**-संग्रामों में **महिं**-महान् **स्थिरम्**-स्थिर **श्रवः जितम्**-यश का विजय करनेवाले हैं। प्रभु कभी पराजित तो होते ही नहीं। (२) उस प्रभु का गायन करो जो **ओजसा**-ओजस्विता के द्वारा **भूरेः ईशानम्**-सब पालक व पोषक धनों के स्वामी हैं।

भावार्थ-हम उस प्रभु का गायन करें जो 'सर्वनियन्ता, संग्राम विजेता व धनों के ईशान' हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'नियन्ता-दाता' प्रभु

नकिरस्य शचीनां नियन्ता सूनृतानाम्। नकिर्वक्ता न दादिति॥ १५॥

(१) **अस्य**-इस प्रभु की **सूनृतानाम्**-(सु+ऊन्-ऋत) उत्तम दुःखों का परिहाण करनेवाली व सत्य **शचीनाम्**-शक्तियों व प्रज्ञानों का **नकिः नियन्ता**-कोई नियन्ता (रोकनेवाला) नहीं है। प्रभु अपनी शक्ति से सबका नियमन करते हैं। प्रभु का नियन्ता कोई नहीं। (२) संसार में ऐसा **वक्ता**-कहनेवाला भी **नकिः**-कोई नहीं कि **न दात् इति**-प्रभु ने हमें नहीं दिया। प्रभु कर्मानुसार जिस भी स्थिति में हमें रखते हैं, उस स्थिति में उन्नति के लिये सब आवश्यक साधनों को प्राप्त कराते ही हैं।

भावार्थ-प्रभु सब शक्तियों व प्रज्ञानों के स्वामी हैं। हमें उन्नति के लिये सब आवश्यक साधनों को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'ऋणमुक्ति'

न नूनं ब्रह्मणामृणं प्राशूनामस्ति सुन्वताम्। न सोमो अप्रता पपे॥ १६॥

(१) **नूनम्**-निश्चय से **ब्रह्मणाम्**-ज्ञान का पुञ्ज बननेवाले स्वाध्यायशील पुरुषों का **ऋणं न अस्ति**-ऋषि ऋण नहीं रहता। स्वाध्याय के द्वारा ज्ञान-वृद्धि करते हुए ये पुरुष ऋषि ऋण से उऋण हो जाते हैं। (२) **प्राशूनाम्**-(अश व्याप्तौ) यज्ञादि कर्मों में व्याप्त होनेवालों का देवऋण नहीं रहता। यज्ञादि के द्वारा वायु आदि देवों को शुद्ध करते हुए ये पुरुष देवऋण से उऋण हो जाते हैं। (३) **सुन्वताम्**-अपने शरीर में सोम का सम्यक् अभिषव करनेवाले, इस सुरक्षित सोम से उत्तम सन्तान को जन्म देनेवाले पुरुषों का ऋण नहीं है, उत्तम सन्तान को जन्म देकर ये व्यक्ति पितृऋण से उऋण हो जाते हैं। (४) **अप्रता**=(प्रा पूरणे) अपना पूरण न करनेवाले पुरुष से **सोमः**-सोम **न पपे**-नहीं अपने अन्दर पिया जाता। अपना पूरण करनेवाला व्यक्ति सोम को अपने अन्दर सुरक्षित करता है।

भावार्थ-हम स्वाध्याय द्वारा ज्ञानी बनकर ऋषिऋण से, यज्ञादि कर्मों में व्याप्त होकर देवऋण से तथा सोमरक्षण से उत्तम सन्तान को जन्म देकर पितृऋण से मुक्त हों। अपना पूरण करने की कामनावाले होकर सोम का रक्षण करें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गायन-स्तवन-तप

पन्य इदुप गायत पन्यं उक्थानि शंसत। ब्रह्मा कृणोत पन्य इत्॥ १७॥

(१) **पन्ये इत्**=उस स्तुति के योग्य प्रभु के विषय में ही **उपगायत**=गायन करो। **पन्ये**=उस स्तुत्य प्रभु के विषय में ही **उक्थानि**=स्तोत्रों का **शंसत**=शंसन व उच्चारण करो। (२) **पन्ये**=उस प्रभु की प्राप्ति के निमित्त **इत्**=निश्चय से **ब्रह्मा**=विविध तपस्याओं को **कृणोत**=करो।

भावार्थ—हम प्रभु के गुणों का गायन करें। प्रभु का ही स्तवन करें। प्रभु प्राप्ति के निमित्त विविध तपस्याओं को करनेवाले बनें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—भुरिग्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पन्यः-यज्वनो वृधः

पन्य आ ददिरच्छता सहस्रा वाज्यवृतः। इन्द्रो यो यज्वनो वृधः॥१८॥

(१) **यः**=जो **वाजी**=शक्तिशाली प्रभु **शता सहस्रा**=सैकड़ों व हजारों शत्रुओं को **आददिरत्**=विदीर्ण करते हैं, वे प्रभु ही **पन्यः**=स्तुति के योग्य हैं। यह प्रभु-स्तवन ही हमारे वासनारूप शत्रुओं का विनाश करता है। (२) ये प्रभु **अवृतः**=शत्रुओं से कभी घेरे नहीं जाते। **इन्द्रः**=शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले हैं और **यज्वनः वृधः**=यज्ञशील पुरुषों के बढ़ानेवाले हैं।

भावार्थ—हम प्रभु का स्तवन करें व यज्ञशील बनें। प्रभु हमारे शत्रुओं का विनाश करेंगे व हमारा वर्धन करेंगे।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु-स्मरण व आत्मधारणशक्ति

वि षू चर स्वधा अनु कृष्टीनामन्वाहुवः। इन्द्र पिब सुतानाम्॥ १९॥

(१) हे प्रभो! आप **स्वधाः अनु**=आत्मधारणशक्तियों के अनुपात में **वि सु चर**=विशेषरूप से हमारे हृदय देशों में सम्यक् गतिवाले होइये। वास्तव में जितना-जितना हम आपका हृदय में स्मरण करते हैं, उतना-उतना ही आत्मधारण के योग्य बनते हैं। (२) हे प्रभो! आप **कृष्टीनाम्**=श्रमशील मनुष्यों के **अनु आहुवः**=अनुकूलता से आह्वान के योग्य हैं। ये श्रमशील व्यक्ति आपको पुकारते हैं। आपका आराधन ही उन्हें 'कृष्टि' बनाता है। हे **इन्द्र**=शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! आप **सुतानाम्**=हमारे शरीरों में उत्पन्न इन सोमों का **पिब**=पान करिये, इसे शरीर में ही सुरक्षित करिये।

भावार्थ—प्रभु-स्मरण हमें आत्मधारणशक्ति देता है, हमें 'कृष्टि' बनाता है, हमारे अन्दर सोम का रक्षण करता है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोमरूप सम्पत्ति

पिब स्वधैनवानामुत यस्तुग्र्ये सचा। उतायमिन्द्र यस्तव॥ २०॥

(१) 'वेदवाणी' ज्ञानदुग्ध को देनेवाली, प्रभु की धेनु है। विविध ज्ञान ही इस धेनु के **धैनव**=दुग्ध हैं। हे जीव! तू **स्वधैनवानाम्**=उस परमात्मा (स्व) की वेद-धेनु के इन ज्ञानदुग्धों का **पिब**=पान कर। **उत्**=और **यः**=जो सोम **तुग्र्ये**=(तुग्र्या=water आपः=रेतः) रेतःकणों के

रक्षक पुरुष में (तुग्र्याः अस्य सन्ति इति) सचा-समवेत होता है, उस सोम का तू पान कर। (२) उत-और हे इन्द्र-जितेन्द्रिय पुरुष अयम्-यह यः-जो सोम है, वह तव-तेरा है। यह सोम ही तेरी वास्तविक सम्पत्ति है। यही तेरी ज्ञानाग्नि को दीप्त करके तुझे ज्ञानदुग्धों के पान के योग्य बनायेगा।

भावार्थ-हम सोम का रक्षण करें। इस प्रकार ज्ञानदुग्धों का पान करनेवाले बनें। यह सोम ही हमारी वास्तविक सम्पत्ति है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोमरक्षण व प्रभु प्राप्ति

अतीहि मन्युषाविणं सुषुवांसमुपारणे। इमं रातं सुतं पिब॥ २१॥

(१) मन्युषाविणम्-ज्ञान को उत्पन्न करनेवाले प्रभु को (मन्यु-ज्ञान, षु-पैदा करना) अति इहि-अतिशयेन प्राप्त हो। उपारणे-(Proximity समीपता) समीपता के निमित्त सुषुवांसम्-इस सोम का सम्पादन करनेवाले प्रभु को (अति इहिः) अतिशयेन प्राप्त हो। प्रभु ने हमारे शरीरों में सोम का सम्पादन किया है। इसके रक्षण के द्वारा हम प्रभु को प्राप्त करनेवाले बनते हैं। (२) इसलिए हे जीव! इमम्-इस रातम्-दिये हुए सुतम्-सोम को पिब-तू पीनेवाला बन। इस सोम के पान से ही हम प्रभु के सान्निध्य को प्राप्त करेंगे। यह प्रभु सान्निध्य हमारे अन्दर उत्कृष्ट ज्ञान-ज्योति को जगायेगा।

भावार्थ-प्रभु ने हमें यह सोमशक्ति प्राप्त कराई है। इसके पान से हम प्रभु की समीपतावाले होंगे। प्रभु की समीपता में उत्कृष्ट ज्ञान को प्राप्त करेंगे।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इहि तिस्रः, इहि पञ्च

इहि तिस्रः परावत इहि पञ्च जनाँ अति। धेना इन्द्रावचाकशत्॥ २२॥

(१) हे इन्द्र-जितेन्द्रिय पुरुष! तू परावतः-दूर देश से इन्द्रियों के इधर-उधर भटकने को छोड़कर तिस्रः-ऋग्, यजु, सामरूप तीन प्रभु की वाणियों को इहि-प्राप्त हो। इन वाणियों को प्राप्त करके पञ्च-पाँचों जनान्-विकासों को, पाँचों कोशों के उत्कर्ष को अति इहि-अतिशयेन प्राप्त कर। (२) हे इन्द्र! तू धेनाः-इन ज्ञान की वाणियों को अवचाकशत्-देखता हुआ हो। सदा तू इन ज्ञान की वाणियों का अध्ययन करनेवाला बन।

भावार्थ-हम जितेन्द्रिय बनकर, इन्द्रियों के विषयों में न भटकने देकर ज्ञान की वाणियों का ध्यान करें। पाँचों कोशों के विकास को ठीक प्रकार से कर पायें। सदा प्रभु की इन ज्ञान-वाणियों को देखनेवाले बनें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

यथा सूर्यः, आपः न (इव)

सूर्यो रश्मिं यथा सृजा त्वा यच्छन्तु मे गिरः। निम्नमापो न सध्र्यक्॥ २३॥

(१) गत मन्त्र के अनुसार ज्ञान की वाणियों का अध्ययन करता हुआ तू यथा सूर्यः-जैसे सूर्य होता है, वैसा ही बन। सूर्य की तरह ही रश्मिं सृज-अपने अन्दर ज्ञानरश्मियों को उत्पन्न कर। सूर्य की तरह ही तू प्रकाश को देनेवाला हो। त्वा-तुझे मे गिरः-मेरी ये वेदरूप ज्ञान की वाणियाँ यच्छन्तु-नियमित करनेवाली हों। इनके अनुसार ही तेरा जीवन बने। ये तेरे लिये कार्य

व अकार्य की व्यवस्थिति में प्रमाण हों। (२) ये वाणियाँ **सध्र्यक्**-(सह अञ्चन्ति) मिलकर गति करती हुई तुझे **आपः न**:-जलों की तरह **निम्नम्**-नम्रता के मार्ग में नियमित करनेवाली हों। 'ऋग्' विज्ञान है, 'यजु' कर्म है, 'साम' उपासना। ये तीनों तेरे अन्दर मिलकर गति करें। तू ज्ञानपूर्वक कर्म कर तथा उन कर्मों को प्रभु के प्रति अर्पण करता हुआ प्रभु का उपासक बन। इस प्रकार तू जीवन में नम्र हो।

भावार्थ-हम अपने अन्दर ज्ञान के सूर्य का उदय करें। प्रभु की इन वेद-वाणियों के अनुसार जीवन को बनायें। 'ज्ञान, कर्म, उपासना' के मेल से जीवन में नम्रतावाले बनें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

प्रभु-स्मरण से सोमरक्षण, सोमरक्षण से प्रभु-दर्शन

अध्वर्यवा तु हि ष्विन्द्व सोमं वीराय शिप्रिणे। भरा सुतस्य पीतये॥ २४॥

(१) हे **अध्वर्यो**-यज्ञशील पुरुष! तू **वीराय**-(वि+ईर) शत्रुओं को कम्पित करनेवाले, **शिप्रिणे**-उत्तम हनु व नासिका को प्राप्त करानेवाले प्रभु की प्राप्ति के लिये **तु हि**-शीघ्र ही **सोमम्**-सोम को, वीर्यशक्ति को **आसिञ्च**-शरीर में समन्तात् सींचनेवाला बन। इस शक्ति के रक्षण से ही दीप्त ज्ञानाग्निवाला बनकर तू सूक्ष्म बुद्धि से प्रभु का दर्शन करेगा। (२) तू **सुतस्य**-इस उत्पन्न सोम के **पीतये**-शरीर में ही पीने के लिये भी **भरा**-उस प्रभु को हृदय में धारण कर। यह प्रभु-स्मरण वासना-विनाश के द्वारा तुझे सोमरक्षण के योग्य बनायेगा।

भावार्थ-प्रभु-स्मरण से हम सोम का रक्षण कर पायेंगे। सुरक्षित सोम बुद्धि को तीव्र बनाकर हमें प्रभु-दर्शन के योग्य बनायेगा।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

प्रभु के आश्चर्यकारक कर्म

य उद्नः फलिगं भिनत्त्यरिक्विन्धूँरवासृजत्। यो गोषु पक्वं धारयत्॥ २५॥

(१) गत मन्त्र के अनुसार तू उस प्रभु का हृदय में धारण कर (भर) **यः**-जो **उद्नः**-जल के हेतु से **फलिगम्**-मेघ को (विशीर्ण होकर इधर-उधर गति करनेवाला फल्+गम्) **भिनत्**-विदीर्ण करता है। इसे विदीर्ण करके **न्यक्**-नीचे **सिन्धून्**-जल-प्रवाहों को **अवासृजत्**-उत्पन्न करता है। (२) उस प्रभु का धारण कर **यः**-जो **गोषु**-गौओं में **पक्वम्**-परिपक्व दूध को **धारयत्**-धारण करते हैं। गोस्तन से वे बाहिर आता हुआ दूध खूब उष्णता को लिये हुए होता है। इस प्रभु के धारण से ही हम शरीर में सोम का रक्षण कर सकेंगे।

भावार्थ-'मेघों का विदारण, जलप्रवाहों की सृष्टि व गौवों से उष्ण दुग्ध की प्राप्ति' ये सब बातें ही हमें आश्चर्य में डाल देती हैं और प्रभु की महिमा का स्मरण कराती हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

और्णवाभम

अहन्वृत्रमर्चीषम और्णवाभमहीशुवम्। हिमेनाविध्यदर्बुदम्॥ २६॥

(१) **ऋचीषमः**-स्तुति के समान वह प्रभु (प्रभु की जितनी भी स्तुति करें, प्रभु उतने ही महान् हैं। प्रभु की कभी अधिक स्तुति तो हो ही नहीं सकती। वे अनन्त हैं, स्तुति तो सान्त ही रहेगी) **वृत्रम्**-ज्ञान की आवरणभूत वासना को **अहन्**-नष्ट करते हैं। (२) **और्णवाभम्**-मकड़ी के समान छल-छिद्र के जाल के तनने की वृत्ति को वे प्रभु नष्ट करते हैं। इसी प्रकार **अहीशुवम्**-(श्वि

गतौ) सर्प की तरह कुटिल गतिवाली आसुरी वृत्ति को प्रभु नष्ट करते हैं। (२) **अर्बुदम्**-साँप को **हिमेन**-कपूर के द्वारा (campher) अथवा (fresh butter) मक्खन के द्वारा **अविध्यत्**-बींधते हैं। प्रभु का उपासक 'अर्बुद' का 'हिम' से ही वेधन करेगा।

भावार्थ-हम प्रभु का स्तवन करें। यह स्तवन हमें वासना, छलछिद्र के जालों, कपट से वृद्धि व सर्पवृत्ति से सदा दूर रखेगा।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—निचृद्गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

'उग्र निष्टुर्' प्रभु का गुणगान

प्र वं उग्राय निष्टुरेऽषाळ्हाय प्रसक्षिणे। देवत्तं ब्रह्म गायत॥ २७॥

(१) **उग्राय**-उस तेजस्वी, **निष्टुरे**-शत्रुओं को नष्ट करनेवाले, **अषाढाय**-शत्रुओं से अभिभूत न होनेवाले, **प्रसक्षिणे**-शत्रुओं को अभिभूत करनेवाले प्रभु के लिये **वः**-तुम **देवत्तम्**-उस देव से ही दिये गये अथवा गुरु-शिष्य परम्परा के क्रम में ज्ञानियों से प्राप्त कराये गये **ब्रह्म**-स्तोत्र का **प्रगायत**-प्रकर्षेण गायन करो। (२) यह प्रभु के स्तोत्रों का गायन ही तुम्हें शत्रुओं से अभिभूत होने से बचायेगा। स्तोता के शत्रुओं को प्रभु ही पराजित करते हैं। प्रभु की शक्ति से सम्पन्न होकर यह स्तोता आन्तर व बाह्य शत्रुओं का पराजय करनेवाला होता है।

भावार्थ-हम प्रभु का गुणगान करें। यह गायन हमें उत्कृष्ट प्रेरणा प्राप्त करायेगा और काम आदि शत्रुओं के वशीभूत न होने देगा।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—निचृद्गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

व्रतमय जीवन

यो विश्वान्यभि व्रता सोमस्य मदे अन्धसः। इन्द्रो देवेषु चेतति॥ २८॥

(१) **यः**-जो **अन्धसः सोमस्य मदे**-शरीर के भोजनरूप इस सोम के मद में, उल्लास में **विश्वानि व्रता अभि**-सब व्रतों की ओर चलता है। अर्थात् सोम को शरीर में सुरक्षित करता है, इस सोम को शरीर का भोजन बनाता है, वह सदा उत्तम कर्मों में ही प्रवृत्त होता है। सोम का विनाश ही मनुष्य को विलासमयी व पापमयी वृत्ति का बना देता है। (२) **इन्द्रः**-यह जितेन्द्रिय पुरुष **देवेषु चेतति**-देवताओं के, विद्वानों के सम्पर्क में उत्तरोत्तर अपने ज्ञान को बढ़ाता है। सोमरक्षण से इसकी ज्ञानाग्नि दीप्त होती है और यह ज्ञान की रुचिवाला बनकर देवों के सम्पर्क से अपने ज्ञान को बढ़ाता है।

भावार्थ-सोम को हम शरीर का भोजन बनायें। इससे उल्लासमय जीवनवाले बनकर व्रती जीवनवाले बनें। विद्वानों के सम्पर्क में अपने ज्ञान को बढ़ायें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—विराड्गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

सोमरूप अन्न की ओर

इह त्या सधमाद्या हरी हिरण्यकेश्या। वोळ्हामभि प्रयो हितम्॥ २९॥

(१) **इह**-इस जीवन में **त्या**-वे **सधमाद्या**-मिलकर कार्य करने के द्वारा आनन्दित करनेवाले (ज्ञानेन्द्रियों के जान के अनुसार कर्मेन्द्रियाँ कर्म करें, तो जीवन में आनन्द तो बना ही रहता है) **हिरण्यकेश्या**-हितरमणीय ज्ञानरश्मियोंवाले **हरी**-इन्द्रियाश्व हमें **हितम्**-हितकर **प्रयः**-सोमरूप अन्न की **अभि**-ओर **वोढाम्**-ले चलें। (२) जिस समय ज्ञानेन्द्रियाँ ज्ञान प्राप्ति में प्रवृत्त रहती हैं और कर्मेन्द्रियाँ यज्ञादि कर्मों में लगी रहती हैं उस समय हमारा हितकर रमणीय ज्ञान बढ़ता

है और वासनाओं से आक्रान्त न होने के कारण हम सोम का रक्षण कर पाते हैं। यह सोमरक्षण ही जीवन के सब हितों का साधक होता है।

भावार्थ–हमारे जीवन में ज्ञानेन्द्रियाँ व कर्मेन्द्रियाँ परस्पर मिलकर कार्य करती हुई–हमें ज्ञानप्रधान जीवनवाला बनायें और सोमरक्षण के योग्य बनायें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—भुरिग्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रियमेधस्तुता हरी

अर्वाञ्चं त्वा पुरुष्टुत प्रियमेधस्तुता हरी। सोमपेयाय वक्षतः॥ ३०॥

(१) हे **पुरुष्टुत**–पालक व पूरक स्तुतिवाले प्रभो! हमारे ये **प्रियमेधस्तुता**–प्रिय हैं यज्ञ और स्तवन जिनको ऐसे **हरी**=इन्द्रियाश्व **त्वा**=आपको **सोमपेयाय**=सोम को शरीर में ही पीने के लिये, इसे शरीर में सुरक्षित करने के लिये **अर्वाञ्चं वक्षतः**=हृदय के अन्दर धारण करते हैं, ये इन्द्रियाँ आपका ही ज्ञान प्राप्त करती हुई, आपके ही गुणों व नामों का उच्चारण करती हुई आपको हृदय में स्थापित करती हैं। (२) हृदय में प्रभु का स्मरण ही हमें वासनाओं से आक्रान्त होने से बचाता है, तभी हम सोम का रक्षण कर पाते हैं।

भावार्थ–हमारी इन्द्रियाँ यज्ञों व स्तवन आदि पवित्र कार्यों में लगी रहेंगी, तभी हम हृदय में प्रभु का दर्शन करेंगे और वासनाविहीन पवित्र जीवनवाले बनकर सोम का रक्षण कर पायेंगे।

अगले सूक्त के ऋषि देवता भी 'मेधातिथि काण्व' व 'इन्द्र' ही हैं–

३३. [त्रयस्त्रिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

उपासक का जीवन

वयं घ त्वा सुतावन्त आपो न वृक्तबर्हिषः।
पवित्रस्य प्रस्रवणेषु वृत्रहन्परि स्तोतार आसते॥ १॥

(१) हे **वृत्रहन्**–वासना को विनष्ट करनेवाले प्रभो! **वयम्**–हम **घ**–निश्चय से **त्वा**–आपको **स्तोतारः**–स्तवन करनेवाले बनकर उपासित करते हैं। (२) **सुतावन्तः**–सोम का सम्पादन करनेवाले, **आपः न**–जलों के समान, अर्थात् शान्त व नम्रता से गति करनेवाले, **वृक्तबर्हिषः**–जिन्होंने हृदयक्षेत्र से वासनाओं को दूर किया है (वृजी वर्जने), ऐसे ये स्तोता लोग **पवित्रस्य**–जीवन को पवित्र बनानेवाले सोम के **प्रस्रवणेषु**–शरीर में चारों ओर प्रस्तुत होने पर शरीर में ही व्याप्त होने पर, हे प्रभो! **परि आसते**–आपका उपासन करते हैं।

भावार्थ–प्रभु का उपासक (क) शरीर में सोम का रक्षण करता है, (ख) जलों की तरह शान्त व नम्र स्वभाववाले होते हैं, (ग) शरीर में सोम को व्याप्त करते हुए हृदय को पवित्र बनाते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

स्वर्ष्दीव वंसगः

स्वर्न्ति त्वा सुते नरो वसो निरेक उक्थिनः।
कदा सुतं तृषाण ओक आ गम इन्द्र स्वर्ष्दीव वंसगः॥ २॥

(१) हे **वसो**-हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले प्रभो! **उक्थिनः**-स्तोता **नरः**-लोग **सुते**-शरीर में सोम का सम्पादन करने पर तथा **निरेके**-(रेकृ शंकायाम्) शंकाशून्य हृदय के होने पर, आप में पूर्ण श्रद्धा के होने पर **त्वा स्वरन्ति**-आपके स्तोत्रों का उच्चारण करते हैं, आपके गुणों का गायन करते हैं। (२) हे **इन्द्र**-सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! **कदा**-कब **सुतं तृषाणः**-उत्पन्न सोम के प्रति तीव्र व्याप्तवाला होता हुआ, सोमरक्षण की प्रबल कामनावाला होता हुआ यह स्तोता **ओके आगमः**-अपने घर में आयेगा? अर्थात् विषयों में न भटकता हुआ कब यह अन्तर्मुखी वृत्तिवाला बनेगा! कब यह **स्वब्दी इव**-उत्तम वर्षोंवाले पुरुष के समान होगा? अर्थात् कब समझदार होकर **वंसगः**-वननीय, सुन्दर गतिवाला होगा।

भावार्थ-प्रभु का उपासन वही करता है जो (क) सोम का रक्षण करता है तथा (ख) हृदय में प्रभुसत्ता के विषय में शंका रहित होता है। यह यही चाहता है कि मैं (क) सोम का रक्षण कर पाऊँ, (ख) इन्द्रियों को विषयों में भटकने से रोक सकूँ, (ग) तथा समझदार बनकर सुन्दर आचरणवाला होऊँ।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहतीॐ स्वरः—मध्यमः॥

ज्ञान-बल-धन

कण्वेभिर्धृष्ण्वा धृषद्वाजं दर्षि सहस्रिणम्।
पिशङ्गरूपं मघवन्विचर्षणे मक्षू गोमन्तमीमहे॥ ३॥

(१) हे **धृष्णो**-शत्रुओं का धर्षण करनेवाले प्रभो! **कण्वेभिः**-विद्वानों के द्वारा **आधृषत्**-आप हमारे शत्रुओं का धर्षण कीजिये। उनसे ज्ञान प्राप्त करके हम काम-क्रोध आदि शत्रुओं को जीतनेवाले बनें। आप हमारे लिये **सहस्रिणं वाजम्**-सहस्रों शत्रुओं का पराजय करने में समर्थ बल को **दर्षि**-दीजिये। (२) हे **विचर्षणे**-(विद्रष्टः) हमारा विशेषरूप से ध्यान करनेवाले **मघवन्**-ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! हम **मक्षू**-शीघ्र **पिशङ्ग रूपम्**-उज्ज्वल रूपवाले, **गोमन्तम्**-प्रशस्त इन्द्रियोंवाले धन को **ईमहे**-माँगते हैं। हमारे लिये आप उस धन को प्राप्त कराइये जो हमें तेजस्वी बनाये, हमारी इन्द्रियों को सशक्त करे। यह धन हमें विलास में ले जाकर अशक्त करनेवाला न हो।

भावार्थ-हम ज्ञानियों के सम्पर्क में ज्ञान को प्राप्त करके वासनाओं को कुचल डालें। प्रभु हमें हजारों शत्रुओं को पराभूत करनेवाले बल को दें। हमें वह धन दें, जो हमें तेजस्वी व प्रशस्त इन्द्रियोंवाला बनाये।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्बृहतीॐ स्वरः—मध्यमः॥

प्रभु रूप 'ज्योतिर्मय रथ'

पाहि गायान्धसो मद इन्द्राय मेध्यातिथे।
यः संमिश्लो हर्योर्यः सुते सचा वज्री रथो हिरण्ययः॥ ४॥

(१) हे **मेध्यातिथे**-उस मेध्य (पवित्र) प्रभु का आतिथ्य करनेवाले जीव! तू **पाहि**-सोम का रक्षण कर। **अन्धसः**-इस सोम के **मदे**-उल्लास में **इन्द्राय**-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु के लिये **गाय**-गायन कर। (२) उस प्रभु का तू गायन कर **यः**-जो **हर्योः**-इन्द्रियरूप अश्वों का **संमिश्लः**-हमारे शरीर-रथ में मेल करनेवाला है। **यः**-जो **सुते**-सोम के सम्पादन में **सचा**-हमारा साथी होता है, अर्थात् सोमरक्षण में प्रभु ही सहायक होते हैं। **वज्री**-जो प्रभु वज्रहस्त हैं, शत्रुओं

को दण्डित करनेवाले हैं और **हिरण्ययः रथः**=ज्योतिर्मय रथ हैं। प्रभु को अपना आधार बनाकर ही तो हम जीवनयात्रा पूरी कर पाते हैं। प्रभुरूप रथ हमें लक्ष्य-स्थान पर पहुँचाता है।

भावार्थ—हम प्रभु के गुणों का गायन करें, सोम का रक्षण करें। प्रभु ही हमें प्रशस्त इन्द्रियों को देते हैं। प्रभु ही जीवनयात्रा की पूर्ति के लिये हमारे ज्योतिर्मय रथ बनते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहतीॐ स्वरः—मध्यमः॥

'सुक्रतु-पूर्भित्' इन्द्र

यः सुषव्यः सुदक्षिण इनो यः सुक्रतुर्गृणे।
य आकरः सहस्रा यः शतामघ इन्द्रो यः पूर्भिदारितः॥ ५॥

(१) **यः**=जो **सुषव्यः सुदक्षिणः**=उत्तम बायें व दायें हाथवाले हैं अथवा **सुषव्यः**=उत्तमता से जगत् का निर्माण करनेवाले हैं और उत्तम दान देनेवाले हैं। **इनः**=स्वामी हैं। **यः सुक्रतुः**=जो शोभन प्रज्ञा व शक्तिवाले हैं। **गृणे**=वे प्रभु हमारे से स्तुति किये जाते हैं। (२) **यः**=जो **सहस्रा आकरः**=हजारों लोक-लोकान्तरों को बनानेवाले हैं। **यः शतामघः**=जो सैंकड़ों ऐश्वर्योंवाले हैं। **यः**=जो **इन्द्रः**=शत्रुओं का विदारण करनेवाले वे प्रभु **आरितः**=स्तुति द्वारा प्राप्त हुए-हुए (ऋ गतौ) **पूर्भित्**=काम-क्रोध-लोभ रूप शत्रुओं की पुरियों का विदारण करनेवाले हैं।

भावार्थ—हम उस अनन्त शक्ति व अनन्त प्रज्ञावाले प्रभु का स्मरण करें, जो स्तुति किये जाने पर सब अध्यात्म शत्रुओं का विध्वंस करनेवाले हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्बृहतीॐ स्वरः—मध्यमः॥

क्रत्वा गौरिव शाकिनः

यो धृषितो योऽवृतो यो अस्ति श्मश्नुषु श्रितः।
विभूतद्युम्नश्च्यवनः पुरुष्टुतः क्रत्वा गौरिव शाकिनः॥ ६॥

(१) **यः**=जो प्रभु **धृषितः**=शत्रुओं का धर्षण करनेवाले हैं। **यः अवृतः**=जो शत्रुओं से घिरे हुए नहीं है, घेरे नहीं जा सकते हैं। **यः**=जो **श्मश्नुषु**=(युद्धेषु, श्रयन्त्यस्मिन् वीराः) युद्धों में **श्रितः अस्ति**=आश्रय किये जाते हैं। युद्धों के समय सब प्रभु का ही स्मरण करते हैं। (२) वे **विभूतद्युम्नः**=देदीप्यमान ज्ञान ज्योतिवाले व प्रभूत धनवाले (द्युम्न=धन) प्रभु **च्यवनः**=शत्रुओं को च्युत करनेवाले हैं। अतएव **पुरुष्टुतः**=खूब ही स्तुति किये जाते हैं। ये प्रभु **क्रत्वा**=प्रज्ञानपूर्वक कर्म के द्वारा (क्रतु=प्रज्ञान, कर्म) **शाकिनः**=अपने को शक्तिशाली बनानेवाले यज्ञशील पुरुष के लिये **गौः इव**=गौ के समान हैं। जैसे गौ दूध को देती है, इसी प्रकार प्रभु इस यजमान की सब कामनाओं को पूर्ण करते हैं।

भावार्थ—शक्तिशाली अनन्त धनवाले प्रभु कर्मों द्वारा अपने को शक्तिशाली बनानेवाले यजमान की सब कामनाओं को पूर्ण करते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्बृहतीॐ स्वरः—मध्यमः॥

सोमरक्षण के लाभ व साधन

क ईं वेद सुते सचा पिबन्तं कद्वयो दधे।
अयं यः पुरो विभिनत्त्योजसा मन्दानः शिप्र्यन्धसः॥ ७॥

(१) **सुते**=सोम का सम्पादन होने पर **कः**=कोई विरल पुरुष ही **ईम्**=निश्चय से **सचा**=अपने साथ होनेवाले इस प्रभु को **वेद**=जानता है। ऐसे व्यक्ति विरल ही होते हैं जो संयमी जीवन बिताते हुए, सोमरक्षण द्वारा ज्ञानाग्नि को दीप्त करके प्रभु का दर्शन करते हैं। **पिबन्तम्**=सोम का पान करनेवाले को **कद्वयः**=आनन्दयुक्त जीवन **दधे**=धारण करता है (कत्पयं) अर्थात् इस सोमरक्षक पुरुष का जीवन आनन्दमय होता है। (२) **अयम्**=यह **यः**=जो **ओजसा**=ओजस्विता के द्वारा **पुरः विभिनत्ति**=शत्रुओं की नगरियों को विदीर्ण कर देता है, काम-क्रोध-लोभ के किलों को तोड़ देता है, यह **अन्धसः**=इस सोम के द्वारा **मन्दानः**=आनन्द का अनुभव करता है। यह **शिप्री**=उत्तम हनु व नासिकाओंवाला बनता है। अर्थात् चबाकर खाता है और प्राणायाम को अपनाता है।

भावार्थ—सोमरक्षण (क) हमें प्रभु-दर्शन के योग्य बनाता है, (ख) जीवन को आनन्दमय करता है। सो हम वासनाओं को विनष्ट करके, चबाकर खाते हुए तथा प्राणायाम करते हुए सोम का रक्षण करें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

महान्, चरसि ओजसा

दा॒ना मृ॒गो न वार॑णः पुरु॒त्रा च॒रथं॑ दधे।
नकि॑ष्ट्वा॒ नि य॑मदा सु॒ते गमो म॒हाँश्च॑रस्योजसा॥ ८॥

(१) **न**=जिस प्रकार **वारणः**=शत्रुओं का वारण करनेवाला **मृगः**=पशु (हाथी) **दाना**=मदजलों को, इसी प्रकार प्रभु **पुरुत्रा**=बहुत प्रदेशों में **चरथम्**=इस शरीर-रथ को **दधे**=धारण करते हैं। मदमत्त हाथी शत्रुओं को कुचल डालता है, इसी प्रकार प्रभु ने हमें यह शरीर-रथ शत्रुओं को कुचलने के लिये दिया है। (२) हे प्रभो! **त्वा**=आपको **नकिः नियमत्**=कोई भी रोक नहीं सकता। **सुते**=हमारे शरीरों में सोम का सम्पादन होने पर **आगमः**=आप अवश्य आते ही हैं। **महान्**=आप पूजनीय हैं और **ओजसा चरसि**=बल के साथ विचरते हैं। अर्थात् जब उपासक प्रभु को अपने हृदय में धारण करता है, तो वह प्रभु के बल से अपने को बल-सम्पन्न बना पाता है।

भावार्थ—प्रभु ने यह शरीर वासनारूप शत्रुओं को कुचलने के लिये दिया है। सोमरक्षण के होने पर प्रभु प्राप्त होते हैं। उपासक को ओजस्वी बनाते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

स्थिरः, रणाय संस्कृतः

य उ॒ग्रः सन्ननि॑ष्टृतः स्थि॒रो रणा॑य॒ संस्कृ॑तः।
यदि॑ स्तो॒तुर्म॒घवा॑ शृ॒णव॒द्धव॑ं॒ नेन्द्रो॑ योष॒त्या ग॑मत्॥ ९॥

(१) **यः**=जो **उग्रः**=तेजस्वी **सन्**=होता हुआ **अनिष्टृतः**=शत्रुओं से निस्तीर्ण नहीं किया जा सकता, शत्रु जिसका पराभव नहीं कर सकते, **स्थिरः**=जो स्थिर है, अविचल है, **रणाय संस्कृतः**=युद्ध के लिये पूर्णरूप से सज्जित है, शस्त्र आदि से अलंकृत है। इस प्रकार ये **इन्द्रः**=शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभु हैं। वस्तुतः जो प्रभु-भक्त होते हैं वे 'तेजस्वी-शत्रुओं से अपराभूत-स्थिर व युद्ध के लिये सुसज्जित' होते हैं। ये शत्रुओं से कभी पराजित नहीं होते। (२) ये **मघवा**=ऐश्वर्यशाली 'इन्द्र' **यदि**=यदि **स्तोतुः हवं शृणवत्**=स्तोता की पुकार को सुनते

हैं तो न योषति-उसे हिंसित नहीं होने देते। आगमत्-उसकी रक्षा के लिये आते ही हैं। प्रभु-भक्त प्रभु की आराधना से अपने में शक्ति का अनुभव करता है और अपना रक्षण करने में समर्थ होता है।

भावार्थ-प्रभु-भक्त 'तेजस्वी, शत्रुओं से अपराभूत, स्थिर व युद्ध के लिये सुसज्जित' बनता है। प्रभु को पुकारता हुआ अपने में शक्ति का संचार करता है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

वृषा

सत्यमित्था वृषेदसि वृषजूतिर्नोऽवृतः।
वृषा ह्युग्र शृण्विषे परावति वृषो अर्वावति श्रुतः॥ १०॥

(१) सत्यम्-सचमुच इत्था-इस प्रकार आप वृषा इत् असि-सब सुखों का वर्षण करनेवाले हैं। नः-हमारे लिये वृषजूतिः-सुखकर प्रेरणा को देनेवाले हैं। अवृतः-आप कभी भी शत्रुओं से घेरे नहीं जाते। (२) हे उग्र-तेजस्विन् प्रभो! आप हि-निश्चय से वृषा-सब सुखों का वर्षण करनेवाले शृण्विषे-सुने जाते हैं। परावति-सुदूर देश में भी आप वृषा-सुखवर्षक हैं। उ-और अर्वावति-समीप देश में भी (वृषा) श्रुतः-सुखवर्षक रूप में प्रसिद्ध हैं। क्या दूर, क्या समीप, आप सर्वत्र कल्याण करनेवाले हैं।

भावार्थ-प्रभु वृषा हैं, सुखवर्षक हैं। सुखकर प्रेरणाओं को देते हुए और हमारे शत्रुओं को समाप्त करते हुए, वे दूर व समीप सर्वत्र ही सुख प्राप्त करानेवाले हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

शरीर-रथ

वृषणस्ते अभीशवो वृषा कशा हिरण्ययी।
वृषा रथो मघवन्वृषणा हरी वृषा त्वं शतक्रतो॥ ११॥

(१) हे प्रभो! आपने हमें यह शरीर-रथ दिया है। इसमें ते-आपसे दी गयी अभीशवः-चित्तवृत्ति रूप रश्मियाँ (लगामें) वृषणः-शक्तिशाली हैं। यह हिरण्ययी-ज्योतिर्मयी कशा-वाणी रूप चाबुक भी वृषा-शक्तिशाली व सुखवर्षक है। (२) हे मघवन्-ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! रथः-आपका दिया हुआ यह शरीर-रथ वृषा-शक्तिशाली है। इसमें जुते हुए हरी-इन्द्रियरूप अश्व वृषणा-शक्तिशाली हैं। हे शतक्रते-अनन्त प्रज्ञान व कर्मोंवाले प्रभो! त्वम-आप इन सब वसओं को देकर हमारे लिये वृषा-सुखों के वर्षक होते हो।

भावार्थ-प्रभु ने यह शरीर-रथ हमें जीवनयात्रा की पूर्ति के लिये दिया है। इसमें चित्तवृत्तियाँ ही लगाम हैं, ज्योतिर्मयी वाणी चाबुक है, इन्द्रियाश्व घोड़े हैं। ये सब के सब शक्तिशाली हैं। प्रभु इन्हें देकर हमारे पर अनन्त सुखों का वर्षण करते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

सोम का नाड़ियों में धारण

वृषा सोतां सुनोतु ते वृषशुष्मिन्ना भर।
वृषा दधन्वे वृषणं नदीष्वा तुभ्यं स्थातर्हरीणाम्॥ १२॥

(१) सोता-सोम का शरीर में सम्पादन करनेवाला वृषा-शक्तिशाली बनता है। यह ते-हे प्रभो! आपकी प्राप्ति के लिये सुनोतु-इस सोम का सम्पादन करे। हे वृषन्-सुखवर्षक, ऋजीषिन्-ऋजुमार्ग की प्रेरणा देनेवाले प्रभो! आभर-आप हमारे में सोम का भरण करियेङ्क (२) हे हरीणां स्थातः-इन्द्रियाश्वों के अधिष्ठाता प्रभो! तुभ्यम्-आपकी प्राप्ति के लिये वृषा-यह शक्तिशाली स्तोता वृषणम्-शक्ति के देनेवाले इस सोम को नदीषु-शरीरस्थ नाड़ियों में आवधन्वे-समन्तात् धारण करता है। रुधिर में व्याप्त सोम इन नाड़ीरूप नदियों में प्रवाहित होता है।

भावार्थ-सोमरक्षण ही प्रभु प्राप्ति का साधन है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—आर्चीभुरिग्बृहतीङ्क स्वरः—मध्यमःङ्क

सोमरक्षण व ज्ञानवाणियों का उच्चारण

एन्द्रं याहि पीतये मधु शविष्ठ सोम्यम्।
नायमच्छा मघवा शृणवद्गिरो ब्रह्मोक्था च सुक्रतुः॥ १३॥

(१) हे इन्द्र-जितेन्द्रिय पुरुष, शविष्ठ-अतिशयेन शक्ति-सम्पन्न पुरुष! तू सोम्यं मधु-इस सोम-सम्बन्धी मधु को पीतये-पीने के लिये आयाहि-आ। प्रातः-सायं प्रभु के समीप उपस्थित होने से ही तू सोम का पान कर सकेगा। यह सोम सब भोजन के रूप में गृहीत ओषधियों का सार है, अतएव 'मधु' है। (२) इस सोमपान के लिये प्रातः-सायं प्रभु-चरणों में उपस्थित होना इसलिए आवश्यक है कि इस सोमपान के बिना अयम्-यह मघवा-ऐश्वर्यशाली सुक्रतुः-शोभनकर्मा प्रभु अच्छा-आभिमुख्येन गिरः-हमारे से उच्चारित ऋग् रूप वाणियों को ब्रह्म-अन्य यजुरूप वाणियों को व उक्था-सामरूप स्तोत्रों को न शृणवत्-नहीं सुनते। सोमरक्षण के अभाव में इन 'गिर् ब्रह्म व उक्थों' का उच्चारण हमें प्रभु का प्रिय नहीं बनाता।

भावार्थ-हम ऋग्, यजु, सामरूप वाणियों का उच्चारण करें। इनका उच्चारण करते हुए सोमरक्षण का ध्यान करें। सोमरक्षण के अभाव में केवल इन वाणियों का उच्चारण हमें प्रभु का प्रिय न बनायेगा।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—निचृद्बृहतीङ्क स्वरः—मध्यमःङ्क

प्रभु प्राप्ति व यज्ञ

वहन्तु त्वा रथेष्ठामा हरयो रथयुजः।
तिरश्चिदर्यं सवनानि वृत्रहन्नन्येषां या शतक्रतो॥ १४॥

(१) हे वृत्रहन्-वासनाओं को नष्ट करनेवाले प्रभो! रथयुजः-हमारे शरीर-रथ में जुते हुए हरयः-इन्द्रियरूप अश्व रथेष्ठाम्-इस शरीर-रथ में स्थित, तिरः चित्-तिरोहित होते हुए भी, अदृश्य से होते हुए भी अर्यम्-स्वामी त्वा-आपको आवहन्तु-प्राप्त करायें। हमारी इन्द्रियाँ विषयों में न फँसकर आपकी ओर झुकाववाली हों। (२) हे शतक्रतो-अनन्त प्रज्ञानोंवाले प्रभो! हमारी इन्द्रियाँ या-जो अन्येषाम्-सामान्य पुरुषों से भिन्न विलक्षण पुरुषों के सवनानि-यज्ञ हैं, उन्हें (आवहन्तु-) आप्त करायें। हम भी सामान्य प्राकृत पुरुषों की तरह विषयों में न फँसे रहे। अपितु, विषयव्यावृत्त होकर यज्ञ-प्रवण बनें।

भावार्थ-हमारी इन्द्रियाँ प्रभु प्राप्ति व यज्ञों की ओर झुकाववाली हों।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्बृहतीः॥ स्वरः—मध्यमः॥

स्तवन-यज्ञ

अस्माकमद्यान्तमं स्तोमं धिष्व महामह।
अस्माकं ते सवना सन्तु शन्तमा मदाय शुष्म सोमपा॥ १५॥

(१) हे महामह=महान् पूज्य प्रभो! अद्य=आज अस्माकम्=हमारे अन्तमं स्तोमम्=अन्तिकतम स्तोम को धिष्व=धारण करिये। हम हृदय के अन्तस्तल से आपके स्तोम को करनेवाले बनें। (२) हे शुष्म=ज्ञानदीप्ति में निवास करनेवाले, सोमपाः=हमारे सोम का रक्षण करनेवाले (प्रभु की उपासना से सोम का रक्षण होता है) ते सवना=आपके ये यज्ञ, आप से वेद में उपदिष्ट यज्ञ अस्माकम्=हमारे शन्तमा=अधिक से अधिक शान्ति को देनेवाले हों और मदाय=उल्लास के लिये हों।

भावार्थ—हम हृदय के अन्तस्तल से प्रभु का स्तवन करें। हमें वेदोपदिष्ट यज्ञ प्रिय हों। इन यज्ञों में हम शान्ति व आनन्द का अनुभव करें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'शासन' रक्षण के लिये

नहि षस्तव नो मर्म शास्त्रे अन्यस्य रण्यति। यो अस्मान्वीर आनयत्॥ १६॥

(१) यः वीरः=जो शत्रुओं को कम्पित करनेवाला वीर अस्मान्=हमें आनयत्=लक्ष्य-स्थान पर प्राप्त कराता है, सः=वह नहि तव=न तेरे, नो मम=न मेरे, न ही अन्यस्य=किसी दूसरे के शास्त्रे=शास्त्र में रण्यति=आनन्द का अनुभव करता है। वे प्रभु तो रक्षण में ही आनन्द लेते हैं। (२) प्रभु का शासन शासन के लिए नहीं है। वह केवल रक्षण के लिये है। शासन का उद्देश्य शासन न होकर रक्षण ही होना उचित है।

भावार्थ—प्रभु हमारे पर, हमारे रक्षण के लिये ही शासन करते हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अशास्यं मनः, ऋतुं रघुम्

इन्द्रश्चिद्धा तदब्रवीत्स्त्रिया अशास्यं मनः। उतो अह क्रतुं रघुम्॥ १७॥

इन इन्द्रः=प्रभु ने चित्=ही धा=निश्चय से तद् अब्रवीत्=वह बात कही है कि स्त्रियाः=स्त्री का मनः=मन अशास्यम्=शासन करने योग्य नहीं। पति को यह नहीं चाहिये कि पत्नी के मन पर शासन ही करता रहे। पत्नी के मन को मारना नहीं चाहिए। ऐसा करने से सन्तान कभी सुरूप नहीं होती। उत=और उ=निश्चय से प्रभु ने ही इनके क्रतुम्=प्रज्ञान को रघुम्=(रहतेर्गतिकर्मणः) गतिवाला क्रियात्मक अह=ही (अब्रवीत्=) कहा है। स्त्रियों की प्रज्ञा क्रियात्मक होती है। वे प्रत्येक चीज का कोई न कोई उपाय ढूँढ़ ही लेती हैं।

भावार्थ—एक उत्तम पति को पत्नी का मन मारना नहीं चाहिए। उसे यह भी समझ लेना चाहिए कि इनकी बुद्धि क्रियात्मक होती है। ये प्रत्येक समस्या का कोई न कोई मार्ग निकाल लेती हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'मदच्युता मिथुना' सती

सर्सी चिद्धा मदच्युता मिथुना वहतो रथम्। एवेद्वृष्ण उत्तरा॥ १८॥

(१) पति-पत्नी तो **चित् घा**-निश्चय से इस गृहस्थ शकट के **सर्सी**-अश्व हैं। अश्वों के समान ये गृहस्थ शकट का ठीक से वहन करते हैं। **मदच्युता**-मद को छोड़नेवाले, अभिमान को न करनेवाले **मिथुना**-स्त्री पुमान् (पति-पत्नी) ही मिलकर **रथं वहतः**-गृहस्थ-रथ को ठीक लक्ष्य-स्थान पर पहुँचाते हैं। (२) ऐसा होते हुए भी **वृष्णः**-वीर्य का सेचन करनेवाले पुरुष से **धूः**-गृहस्थ शकट की धुरा के समान यह स्त्री उत्तरा **एव इत्**-निश्चय से उत्कृष्ट है। रथ में अश्व से जैसे धुरा ऊपर होती है, इसी प्रकार पिता से माता का महत्त्व अधिक है।

भावार्थ—अभिमान को छोड़कर परस्पर मिलकर पति-पत्नी गृहस्थयज्ञ को पूर्ण करते हैं। माता का मान निश्चय से पिता से अधिक है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

निरभिमानता व शालीनता (पत्नी के दो गुण)

अधः पश्यस्व मोपरि सन्तरां पादकौ हर।
मा ते कशप्लकौ दृशन्स्त्री हि ब्रह्मा बभूविथ॥ १९॥

(१) गत मन्त्र के अनुसार स्त्री का महत्त्व अधिक है, तो भी उसे नम्र तो होना ही चाहिये। इसी में उसकी प्रतिष्ठा है। मन्त्र कहता है कि **अधः पश्यस्व**-नीचे देख **मा उपरि**-ऊपर नहीं। तेरे में अकड़ न हो। तू घर में शासन करनेवाली अवश्य है, पर तू **पादकौ**-पाँओं को **संहर तराम्**-मिलाकर रखनेवाली हो, असभ्यता से पाँव के फैला के न फिर। (२) इस प्रकार तू वस्त्रों का धारण करे कि **ते**-तेरे **कशप्लकौ**-टखने व निचले अंग **मा दृशन्**-नहीं दीखें। वस्त्रों से तू अपने को ठीक प्रकार से आवृत कर जिससे तेरे निचले अंग दिखते न रहें। वस्तुतः इस प्रकार के आचरणवाली **स्त्री**-स्त्री **हि**-निश्चय से गृहस्थयज्ञ में **ब्रह्मा**-ब्रह्म (=सर्वमुख्य ऋत्विज्) **बभूविथ**-होती है। इसी ने इस यज्ञ को निर्दोष बनाना है।

भावार्थ—निरभिमान व शालीन स्त्री ही गृहस्थ यज्ञ की ब्रह्मा बनती है, गृहस्थ यज्ञ को यही निर्दोष व निर्विघ्न बनाकर पूर्ण करती है। इसे नम्र होना चाहिए, सभ्य चालवाली होना चाहिए तथा ठीक से वस्त्रों का धारण करना चाहिए।'

अगले सूक्त का ऋषि 'नीपातिथि काण्व' है (नीप=deep) गम्भीरता की ओर निरन्तर चलनेवाला सदा गम्भीर विचार करनेवाला यह मेधावी (काण्व) है। यह प्रभु का उत्तम स्तवन करनेवाला बनता है, प्रभु की दीप्ति को प्राप्त करने का प्रयत्न करता है। प्रभु इसे प्रेरणा देते हैं कि—

३४. [चतुस्त्रिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—नीपातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

स्तवन-ज्ञान

एन्द्र याहि हरिभिरुप कण्वस्य सुष्टुतिम्। दिवो अमुष्य शासतो दिमं यय दिवावसो॥ १॥

(१) हे **इन्द्र**-जितेन्द्रिय पुरुष! तू **हरिभिः**-इन्द्रियाश्वों के द्वारा **कण्वस्य**-बुद्धिमान् पुरुष की **सुष्टुतिम्**-उत्तम स्तुति को **उप आयाहि**-समीपता से प्राप्त हो। अर्थात् जैसे एक बुद्धिमान्

पुरुष प्रभु का स्तवन करता है, तू भी उसी तरह प्रभु का स्तवन करनेवाला बन। (२) और अमुष्य-उस दिवः-प्रकाशमय (=ज्ञान के पुञ्ज) शासतः-शासक प्रभु के दिवम्-ज्ञान-प्रकाश को यय-प्राप्त हो। हे इन्द्र-दिवावसो! तू ज्ञानरूप धनवाला तो है ही। ज्ञान ही तो तेरा वास्तविक धन है। सो हे दिवावसो! तू प्रभु का स्तवन कर और उस प्रकाशमय प्रभु के प्रकाशरूप धन को प्राप्त कर।

भावार्थ-प्रभु जीव को प्रेरणा देते हैं कि-तू मेधावी पुरुष की तरह प्रभु का स्तवन करनेवाला बन, (ख) तथा दिवावसु बनता हुआ प्रभु से प्रकाशरूप धन को प्राप्त करनेवाला हो।

ऋषिः—नीपातिथिः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—अनुष्टुपङ्ग स्वरः—गान्धारःङ्ग

आचार्य द्वारा ज्ञानदान

आ त्वा ग्रावा वदन्निह सोमी घोषेण यच्छतु। दिवो अमुष्य शासतो दिवं यय दिवावसो॥ २॥

(१) इह-इस ब्रह्मचर्याश्रम में ग्रावा-उपदेष्टा गुरु सोमी=स्वयं सोम का रक्षण करनेवाला होता हुआ त्वा वदन्-तुझे पुकारता हुआ (उपास्मान् वाचस्पतिर्हृयताम् अथर्व० १।१।४) घोषेण-इन वेद-मन्त्रों के उच्चारण के द्वारा आयच्छतु-सब विषयों में (समन्तात्) ज्ञान देनेवाला हो। आचार्य उच्चारण कर उसके बाद तू भी उसी प्रकार उच्चारण करता हुआ ज्ञान को प्राप्त कर। (२) हे दिवानसो-ज्ञानधन! तू अमुष्य-उस शासतः-शासक प्रभु के दिवम्-ज्ञान को यय-प्राप्त कर।

भावार्थ-आचार्य हमें अपने समीप बुलाये और स्वयं वेद घोष करता हुआ हमारे लिये वेदज्ञान को दे।

ऋषिः—नीपातिथिः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृदनुष्टुपङ्ग स्वरः—गान्धारःङ्ग

अनुशासन

अत्रा वि नेमिरेषामुरां न धूनुते वृकः। दिवो अमुष्य शासतो दिवं यय दिवावसो॥ ३॥

(१) अत्रा-यहाँ ब्रह्मचर्याश्रम में, गत मन्त्र का सोमी आचार्य एषाम्-इन विद्यार्थियों का विनेमिः-विशेषरूप से परिधि बनता है। इनको उचित अनुशासन में रखता हुआ इन्हें मार्ग से विचलित नहीं होने देता। अनुशासन में रखनेवाला आचार्य शास्ता है, विद्यार्थी 'शिष्य' है। आचार्य इनकी वासनाओं को इस प्रकार धूनुते-कम्पित करके दूर कर देता है न-जैसे वृकः-भेड़िया उराम्-भेड़ को कम्पित करनेवाला होता है। (२) हे ज्ञानधन शिष्य! तू उस शासक प्रकाशमय प्रभु के ज्ञान को प्राप्त कर।

भावार्थ-आचार्य विद्यार्थियों को अनुशासन में रखता हुआ उनको मर्यादा में चलाता है। इनकी वासनाओं को कम्पित करके दूर करता है। ज्ञान धन को प्राप्त कराता है।

ऋषिः—नीपातिथिः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—अनुष्टुपङ्ग स्वरः—गान्धारःङ्ग

अवसे-वाजसातये

आ त्वा कण्वा इहावसे हवन्ते वाजसातये। दिवो अमुष्य शासतो दिवं यय दिवावसो॥ ४॥

(१) हे प्रभो! गत मन्त्र के अनुसार शासन में चलते हुए कण्वा-मेधावी पुरुष त्वा-आपको इह-इस जीवन में अवसे-रक्षण के लिये तथा वाजसातये-शक्ति की प्राप्ति के लिये आहवन्ते-पुकारते हैं। प्रभु की आराधना ही हमें वासनाओं के आक्रमण से बचाती है और शक्ति को प्राप्त कराती है। (२) हे ज्ञानधन जीव! तू उस प्रकाशमय शासक के प्रकाश को प्राप्त कर।

भावार्थ-मेधावी पुरुष रक्षण के लिये व शक्ति की प्राप्ति के लिये प्रभु को पुकारते हैं। ये ज्ञानधन पुरुष प्रभु के प्रकाश को पाने के लिये यत्नशील होते हैं।

ऋषिः—नीपातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

पूर्वपाय्यम्

दधामि ते सुतानां वृष्णे न पूर्वपाय्यम्। दिवो अमुष्य शासतो दिवं यय दिवावसो॥ ५॥

(१) हे जीव! वृष्णे ते=शक्तिशाली तेरे लिये पूर्वपाय्यं न=सर्वमुख्य पेय वस्तु के समान सुतानां दधामि=इन उत्पन्न हुए-हुए सोमों को धारण करता हूँ। इन सोमों के धारण से ही तू शक्तिशाली जीवनवाला बनता है। (२) हे ज्ञानधन! तू उस प्रकाशमय शासक के प्रकाशधनको प्राप्त करनेवाला हो।

भावार्थ—हम सोम को शरीर में ही सुरक्षित करें। इसे सर्वमुख्य पेय वस्तु समझें, इसे शरीर में ही पीना है (imbibe करना है)।

ऋषिः—नीपातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

स्मत् पुरन्धिः-विश्वतोधीः

स्मत्पुरन्धिर्न आ गहि विश्वतोधीर्न ऊतये। दिवो अमुष्य शासतो दिवं यय दिवावसो॥ ६॥

(१) हे प्रभो! स्मत् पुरन्धिः=प्रशस्त पालक बुद्धिवाले आप नः आगहि=हमें प्राप्त होइये। विश्वतः धीः=सब ओर चलनेवाली बुद्धिवाले आप नः=हमारे ऊतये=रक्षण के लिये होइये। आप से प्रशस्त पालक बुद्धि को प्राप्त करके तथा सब विषयों में प्रवेशवाली बुद्धि को प्राप्त करके हम अपना रक्षण कर सकें। (२) हे ज्ञानधन जीव! तू शासक प्रकाशमय प्रभु के ज्ञानधन को प्राप्त कर।

भावार्थ—प्रभु हमें प्रशस्त पालक बुद्धि को दें। हम सब विषयों में प्रवेशवाली बुद्धि को प्राप्त करके अपना कल्याण सिद्ध कर सकें।

ऋषिः—नीपातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

बुद्धि-रक्षण-धन

आ नो याहि महेमते सहस्रोते शतामघ। दिवो अमुष्य शासतो दिवं यय दिवावसो॥ ७॥

(१) हे महेमते=महनीय बुद्धिवाले, सहस्रोते=हजारों रक्षणोंवाले, शतामघ=अनन्त ऐश्वर्योंवाले प्रभो! नः आयाहि=आप हमें प्राप्त होइये। आप ने ही हमें बुद्धि, रक्षण व धन प्राप्त कराना है। (२) हे ज्ञानधन! तू उस प्रकाशमय शासक प्रभु के ज्ञानधन को प्राप्त कर।

भावार्थ—प्रभु हमें बुद्धि देते हैं, रक्षण प्राप्त कराते हैं तथा सब आवश्यक धनों को देते हैं। हम प्रभु के प्रकाश को प्राप्त करें।

ऋषिः—नीपातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

होता, मनु, हित, देवत्रा ईड्य

आ त्वा होता मनुर्हितो देवत्रा वक्षदीड्यः। दिवो अमुष्य शासतो दिवं यय दिवावसो॥ ८॥

(१) हे प्रभो! त्वा=आपको आवक्षत्=धारण करता है। कौन? होता=दानपूर्वक अदन करनेवाला, मनुः=विचारशील, हितः=सबका हित करनेवाला तथा देवत्रा ईड्यः=देवों में स्तुत्य, अर्थात् खूब उत्कृष्ट देव। हम 'होता, मनु, हित व देवत्रा इड्ये' बनकर ही प्रभु को प्राप्त करते हैं। (२) हे ज्ञानधन जीव! तू उस शासक प्रकाशमय प्रभु के ज्ञानधन को प्राप्त कर।

भावार्थ—हम दानपूर्वक अदन करनेवाले बनें। विचारशील हों, सबका भला करें, दिव्यगुणों के कारण प्रशंसनीय बनें। यही प्रभु प्राप्ति का मार्ग है।

ऋषिः—नीपातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

श्येनं पक्षा इव

आ त्वा मदच्युता हरी श्येनं पक्षेव वक्षतः। दिवो अमुष्य शासतो दिवं यय दिवावसो॥ ९॥

(१) हे जीव! **त्वा**=तुझे **मदच्युता**=अभिमान का सर्वथा त्याग करनेवाले **हरी**=इन्द्रियाश्व इस प्रकार **आवक्षतः**=लक्ष्य-स्थान पर ले जाते हैं, **इव**=जैसे **श्येनम्**=बाज को **पक्षा**=पङ्ख लक्ष्य पर पहुँचाते हैं। हम ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियों को ठीक से व्यापृत करते हुए ही प्रभुरूप लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। (११) हे ज्ञानधन! तू उस शासक प्रकाशमय प्रभु के ज्ञानधन को प्राप्त कर।

भावार्थ—हमारे इन्द्रियाश्व अभिमान से शून्य होते हुए स्वकार्य व्यापृति के द्वारा हमें प्रभु रूप लक्ष्य को प्राप्त करायें।

ऋषिः—नीपातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

प्रभु गुणगान व सोमरक्षण

आ यात्वार्य आ परि स्वाहा सोमस्य पीतये। दिवो अमुष्य शासतो दिवं यय दिवावसो॥ १०॥

(१) हे **अर्य**=अपने मन का स्वामित्व करनेवाले जीव! तू **परि**=चारों ओर से, चारों ओर से चित्तवृत्ति को हटाकर **आयाहि**=प्रभु के समीप प्राप्त होनेवाला हो। **स्वाहा**=तू आत्मत्याग करनेवाला बन (स्व+हा) अथवा (सु आह) उत्तमता से प्रभु के गुणों का उच्चारण कर। जिससे **सोमस्य पीतये**=तू सोम के रक्षण के लिये समर्थ हो। यह प्रभु गुणगान तुझे विषयों से व्यावृत्त करके सोमरक्षण में समर्थ करेगा। (२) हे ज्ञानधन जीव! तू उस शासक प्रकाशमय प्रभु के ज्ञानधन को प्राप्त करनेवाला बन।

भावार्थ—हम जितेन्द्रिय बनकर प्रभु की ओर चलें। प्रभु गुणगान करते हुए सोम का रक्षण करनेवाले बनें। ज्ञानधन को प्राप्त करें।

ऋषिः—नीपातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

ज्ञान-श्रवण-सम्मिलित-स्तवन

आ नो याह्युपश्रुत्युक्थेषु रणया इह। दिवो अमुष्य शासतो दिवं यय दिवावसो॥ ११॥

(१) हे जीव! तू **नः**=हमारे **उपश्रुति**=समीप ज्ञान-श्रवण के कार्य में **आयाहि**=आ। हमारे समीप उपस्थित होकर ज्ञान का श्रवण करनेवाला बन। हृदयस्थ प्रभु प्रेरणा देते हैं। उस प्रेरणा के सुनने से ज्ञानवृद्धि होती है। **उक्थेषु**=स्तोत्रों में **सह**=मिलकर **रणयः**=आनन्द का अनुभव कर। घर के सब व्यक्ति मिलकर बैठें और मिलकर स्तोत्रों का श्रवण करें। (२) हे ज्ञानधन जीव! तू उस प्रकाशमय शासक के ज्ञानधन को प्राप्त कर।

भावार्थ—हम हृदयस्थ प्रभु से ज्ञान की वाणियों का श्रवण करें। घरों में सब मिलकर प्रभु का गुणगान करें। उस प्रकाशमय प्रभु से ज्ञानधन को प्राप्त करें।

ऋषिः—नीपातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

सम्भृताश्व

सरूंपैरा सु नो गहि संभृतैः संभृताश्वः। दिवो अमुष्य शासतो दिवं यय दिवावसो॥ १२॥

(१) प्रभु को हम प्राप्त तभी करेंगे यदि इन्द्रियाश्वों को ठीक रखेंगे। सो प्रभु कहते हैं कि **सम्भृताश्वः**=सम्यक् भृत-भरण किये गये इन्द्रियाश्वोंवाला तू **सम्भृतैः**=इन सम्यक् पोषित

सरूपैः-रूप युक्त, अर्थात् तेजस्वी इन्द्रियाश्वों से नः-हमें सु-सम्यक् आगहि-प्राप्त हो। इन्द्रियों का स-रूप व सम्भृत बनाकर हम यात्रा को पूर्ण करें और प्रभु को प्राप्त हों। (२) हे ज्ञानधन जीव! तू उस प्रकाशमय शासक के ज्ञानधन को प्राप्त कर।

भावार्थ-हम सम्भृताश्व बनें। इन्द्रियों का ठीक भरण करके प्रभु को प्राप्त हों। उस प्रकाशमय प्रभु से ज्ञान के प्रकाश को प्राप्त करें।

ऋषिः—नीपातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

पर्वतों व समुद्रों से प्रभु की ओर

आ याहि पर्वतेभ्यः समुद्रस्याधि विष्टपः। दिवो अमुष्य शासतो दिवं यय दिवावसो॥ १३॥

(१) प्रभु जीव से कहते हैं कि तू पर्वतेभ्यः-इन पर्वतों से आयाहि-हमारे समीप प्राप्त हो। पर्वतों पर प्राकृतिक शोभा को देखता हुआ तू रचयिता का स्मरण करनेवाला बन। इसी प्रकार समुद्रस्य अधिविष्टपः-समुद्र के इस लोक से (विष्टप्-लोक) तू हमें प्राप्त हो। समुद्र भी तो प्रभु की महिमा का प्रतिपादन कर रहा है। ये समुद्र और पर्वत तुझे प्रभु के समीप प्राप्त करानेवाले हों 'यस्येमे हिमवन्तो महित्वा यस्य समुद्रं रसया सहाहुः'। (२) हे ज्ञानधन जीव! तू उस प्रकाशमय शासक से ज्ञानधन को प्राप्त कर।

भावार्थ-हम पर्वतों व समुद्रों में प्रभु की महिमा का स्मरण करते हुए प्रभु को प्राप्त हों। उस प्रभु से प्रकाश को प्राप्त करें।

ऋषिः—नीपातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियों का ग्रथन

आ नो गव्यान्यश्व्या सहस्रा शूर दर्दृहि। दिवो अमुष्य शासतो दिवं यय दिवावसो॥ १४॥

(१) हे शूर-शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले जीव! तू नः-हमारे से दिये हुए सहस्रा-इन अनेकों गव्यानि-ज्ञानेन्द्रिय समूहों को तथा अश्वा-कर्मेन्द्रिय समूहों को आददृंहिः-सर्वथा ग्रथित कर (string to gether) ये मिलकर कार्य करनेवाली हों। परस्पर अविरुद्ध रूप से ये ज्ञानेन्द्रियाँ व कर्मेन्द्रियाँ कार्यों को करनेवाली हों। (२) हे ज्ञानधन जीव! तू उस प्रकाशमय शासक के ज्ञानधन को प्राप्त कर।

भावार्थ-हम प्रभु से दी गई इन ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियों को एक सूत्र में ग्रथित कर कार्य करनेवाले बनें। वही ज्ञानवृद्धि का मार्ग है। इसी से हम उस प्रभु से दिये जानेवाले ज्ञानधन को प्राप्त करेंगे।

ऋषिः—नीपातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

अयुतानि शतानि च

आ नः सहस्रशो भरायुतानि शतानि च। दिवो अमुष्य शासतो दिवं यय दिवावसो॥ १५॥

(१) हे जीव! तू नः-हमारे इन अयुतानि-लाखों च-और शतानि-सैंकड़ों अथवा अ-युतानि-आत्मा से पृथक् न होनेवाले शतानि च-और सौ के सौ वर्ष तक ठीक से चलनेवाले ज्ञानधनों को सहस्रशः-हजारों प्रकार से आभर-अपने अन्दर धारण कर। (२) हे ज्ञानधन जीव! तू उस प्रकाशमय शासक के ज्ञानधन को प्राप्त हो।

भावार्थ–हम आत्मा से पृथक् न होनेवाले ज्ञानों को शतवर्षपर्यन्त अनेक प्रकार से धारण करनेवाले बनें। ज्ञान को ही धन समझें।

ऋषिः—सहस्रं वसुरोचिषोऽङ्गिरसःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—निचृद्गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

'सहस्रा ओजिष्ठ अश्व्य पशु'

आ यदिन्द्रश्च॒ दद्व॑हे स॒हस्रं॑ वसु॒रोचिषः। ओजि॑ष्ठमश्व्यं॑ प॒शुम्॥ १६॥

(१) वसुरोचिषः-ज्ञान कीदीप्तिरूप धनवाले हम इन्द्रः च-और परमैश्वर्यशाली प्रभु, यत्-जो सहस्रम्-(स+हस्) आनन्द से युक्त है तथा ओजिष्ठम्-ओजस्वितम है उस पशुम्-(पश्यति) सब पदार्थों का ज्ञान प्राप्त करनेवाले अश्व्यम्-इन्द्रियाश्व समूह को आददृहे-सर्वथा प्राप्त करते हैं। (२) वसुरोचिष्-उत्तम इन्द्रियाश्व समूह को प्राप्त करते हैं। परन्तु करते प्रभु की सहायता से ही हैं। सो कहते हैं कि 'वसुरोचिष् और इन्द्र'। ये इन्द्रियाँ स्वस्थ होती हुई 'सु+ख' का कारण होती हैं, सो 'सहस्रं' विशेषण है। ज्ञान प्राप्ति का साधन बनती हैं, सो 'पशुं' विशेषण है।

भावार्थ–हम ज्ञानदीप्तिरूप धनवाले बनकर प्रभु की उपासना करते हुए ओजस्वी-आनन्द की कारणभूत ज्ञान को प्राप्त करानेवाली इन्द्रियों को पाते हैं।

ऋषिः—सहस्रं वसुरोचिषोऽङ्गिरसःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—विराड्गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

कैसे इन्द्रियाश्व ?

य ऋ॒ज्रा वात॑रंहसोऽरु॒षासो॑ रघु॒ष्यदः॑। भ्राज॑न्ते॒ सूर्या॑इव॥ १७॥

(१) गत मन्त्र के अनुसार हम उन इन्द्रियाश्वों को पाते हैं ये-जो ऋज्राः-ऋजुगामी हैं, सरल मार्ग से चलनेवाले हैं। वातरंहसः-वायु के समान वेगवाले हैं। अरुषासः-आरोचमान हैं। रघुष्यदः-खूब तीव्र गतिवाले हैं। (२) ये इन्द्रियाश्व सूर्याः इव-सूर्यों के समान भ्राजन्ते-चमकते हैं।

भावार्थ–हम प्रभु की उपासना से ऋजुगामी, वातवेगवाले, आरोचमान, तीव्रगतिवाले, सूर्यवत् दीप्त इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करें।

ऋषिः—सहस्रं वसुरोचिषोऽङ्गिरसःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—निचृद्गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

पारावत

पा॒रा॒व॒तस्य॑ रा॒तिषु॒ द्रव॑च्चक्रेष्वा॒शुषु॑। तिष्ठं॑ वन॑स्य॒ मध्य॒ आ॥ १८॥

(१) प्रभु 'पारावत' हैं, पार हैं, अवत हैं। सब कर्मों को पार लगानेवाले हैं, प्रभु कृपा ही हमें सब कर्मों के अन्त तक ले जाती है। वे प्रभु अवत हैं, रक्षक हैं। इन पारावतस्य-पारावत प्रभु के रातिषु-दानों में, इस प्रभु से दिये जानेवाले द्रवच्चक्रेषु-गतिमय रथचक्रोंवाले आशुषु-कर्मों में व्याप्त रहनेवाले इन्द्रियाश्वों के ऊपर तिष्ठम्-मैं स्थित हूँ। (२) इसी का परिणाम है कि मैं वनस्य मध्ये-प्रकाश की किरणों के बीच में स्थित होता हूँ।

भावार्थ–प्रभु मुझे गतिमय चक्रोंवाले शरीर-रथ को देते हैं। इसमें कर्मों में व्याप्त होनेवाले इन्द्रियाश्व जुते हैं। इनके द्वारा मैं सदा ज्ञानरश्मियों में निवास करूँ।

गतिशील इन्द्रियाश्वोंवाला 'श्यावाश्व' अगले सूक्त का ऋषि है। वह 'अश्विनौ' का आराधन करता है–

३५. [पञ्चत्रिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

प्राणसाधना से दिव्य भावों का विकास

अग्निनेन्द्रेण वरुणेन विष्णुनादित्यै रुद्रैर्वसुभिः सचाभुवा।
सजोषसा उषसा सूर्येण च सोमं पिबतमश्विना॥ १॥

(१) हे अश्विना=प्राणापानो! उषसा सूर्येण च=उषाकाल व सूर्य के साथ सजोषसा=प्रीतिपूर्वक सेवन किये जाते हुए आप सोमं पिबतम्=सोम का पान करो। प्राणसाधना के द्वारा शरीर में सोम (वीर्यशक्ति) की ऊर्ध्वगति होती है। यही अश्विनी देवों का सोमपान है। यह प्राणसाधना उषाकाल में प्रबुद्ध होकर प्रातः सूर्योदय तक होती है। इसी से इन्हें 'उषा व सूर्य से सेवित' कहा है। (२) ये प्राणापान अग्निना=अग्नि के साथ सचाभुवा=मिलकर होते हैं। 'अग्नि'=अग्रेणी हैं, यह प्रगति का प्रतीक है। प्राणसाधना प्रगति का मूल है। इसी प्रकार इन्द्रेण=इन्द्र के साथ होनेवाले ये प्राणापान हैं। ये हमें जितेन्द्रिय बनाते हैं। वरुणेन=वरुण के साथ संगत ये प्राणापान द्वेष का हमारे से वारण करते हैं। विष्णुना=विष्णु से संगत हुए-हुए ये हमें व्यापक व उदार वृत्ति को बनाते हैं (विष् व्याप्तौ)। (३) ये प्राणापान आदित्यैः रुद्रैः वसुभिः=आदित्य रुद्र व वसुओं के साथ होनेवाले हैं। ये हमें आदित्यों के समान सब अच्छाइयों का आदान करनेवाले बनाते हैं। सब रोगों का ये विद्रावण करनेवाले रुद्रों के समान होते हैं। तथा हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले ये 'वसु' ही होते हैं।

भावार्थ—प्राणसाधना से शरीर में सोम का रक्षण होता है और सब दिव्य भावों का विकास होता है। प्रातः उषाकाल व सूर्योदय का समय प्राणसाधना के लिये सर्वोत्तम समय है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इस समय वायुमण्डल में ओषजोन गैस प्रचुरमात्रा में होती है।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

प्राणसाधना से 'बुद्धि व शक्ति' की प्राप्ति

विश्वाभिर्धीभिर्भुवनेन वाजिना दिवा पृथिव्याभिः सचाभुवा।
सजोषसा उषसा सूर्येण च सोमं पिबतमश्विना॥ २॥

(१) उषाकाल में सूर्योदय के समय तक सेवित किये जाते हुए ये प्राणापान सोम का शरीर में रक्षण करें। (२) विश्वाभिः धीभिः=सब बुद्धियों के साथ सचाभुवा=समवेत होकर रहनेवाले, वाजिना भुवनेन=शक्तिशाली शरीररूप लोक के साथ रहनेवाले, दिवा=प्रभु मस्तिष्करूप द्युलोक के साथ, पृथिव्या=शरीररूप पृथिवी के साथ अद्रिभिः=(adore) उपासनाओं के साथ समवेत होकर रहनेवाले ये प्राणापान सोम का पान करें।

भावार्थ—प्राणसाधना के द्वारा (क) बुद्धि का विकास होता है, (ख) शरीर के सब अंग सबल बनते हैं, (ग) मस्तिष्क व शरीर ठीक रूप से विकसित होते हैं तथा (घ) चित्तवृत्ति की एकाग्रता होकर प्रभु प्रवणता प्राप्त होती है।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

प्राणसाधना व तेंतीस देव

विश्वैर्देवैस्त्रिभिरेकादशैरिहाद्भिर्मरुद्भिर्भृगुभिः सचाभुवा।
सजोषसा उषसा सूर्येण च सोमं पिबतमश्विना॥ ३॥

(१) उषाकाल में सूर्योदय तक सेवन किये जाते हुए ये प्राणापान सोम का शरीर में रक्षण करें। (२) **इह**-इस जीवन में **त्रिभिः एकादशैः**-११ पृथिवीलोक में, ११ अन्तरिक्षलोक में तथा ११ द्युलोक में इस प्रकार तीन गुणा ग्यारह, अर्थात् तेंतीस **विश्वैः देवैः**-सब देवों के साथ **सचाभुवा**-समवेत होकर होनेवाले ये प्राणापान सोम का पान करें। प्राणसाधना के द्वारा त्रिलोकी के ये तेंतीस देवता इस शरीर में भी विकसित होते हैं। पृथिवी के ग्यारह देवताओं का मुखिया 'अग्नि' है, अन्तरिक्ष के ११ देवों का मुखिया वायु है और द्युलोक के ११ देवों का मुखिया सूर्य है। प्राणसाधक के भी स्थूल शरीर में अग्नि व शक्ति की उष्णता होती है, हृदय में (वा गतौ) गति का संकल्प होता है और मस्तिष्क में ज्ञान का सूर्य होता है। (२) **अद्भिः**-(अप्-कर्म) कर्मों के साथ, **मरुद्भिः**-शरीर में कार्य करनेवाली सब वायुओं के साथ तथा **भृगुभिः**-(भ्रस्ज् पाके)-ज्ञान परिपाकों के साथ समवेत होकर होनेवाले ये प्राणापान सोम का पान करें। प्राणसाधक कर्मशील व परिपक्व ज्ञानवाला बनता है और उसके शरीर में सब वायुवें अपना-अपना कार्य ठीक प्रकार से करती हैं।

भावार्थ-प्राणसाधना से शरीर में तेंतीस के तेंतीस देवों का ठीक विकास होता है। प्राणसाधक कर्मशील व परिपक्व ज्ञानवाला बनता है। इसके शरीर में सब मरुत् (वायु) ठीक से कार्य करते हुए शरीर का रक्षण करते हैं।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

यज्ञ-प्रार्थना-सवन

जुषेथां यज्ञं बोधतं हवस्य मे विश्वेह देवौ सवनाव गच्छतम्।
सजोषसा उषसा सूर्येण चेषं नो वोळ्हमश्विना॥ ४॥

(१) **उषसा सूर्येण च सजोषसा**-उषाकाल से सूर्योदय तक प्रीतिपूर्वक सेवन किये जाते हुए **अश्विना**-प्राणापानो **नः**-हमारे लिये **इषं वोढम्**-प्रभु प्रेरणा को प्राप्त कराओ। प्राणसाधना से मन के दोष दूर होकर, उस पवित्र हृदय में ही प्रभु प्रेरणा के सुनने का सम्भव होता है। (२) इस प्रभु प्रेरणा को प्राप्त कराने के द्वारा, हे प्राणापानो! आप **यज्ञं जुषेथाम्**-यज्ञ का सेवन करो। **मे हवस्य बोधते**-मेरी पुकार को जानो, अर्थात् मुझे प्रभु प्रार्थना की वृत्तिवाला बनाओ। मैं नम्रता से प्रभु का आवाहन करनेवाला बनूँ। हे **देवौ**-दिव्य गुणों को विकसित करनेवाले प्राणपानो! आप **इह**-इस जीवन में **विश्वा सवना**-सब निर्माणात्मक कार्यों को **अवगच्छतम्**-जानो, अर्थात् सदा निर्माणात्मक कार्य करनेवाले बनो।

भावार्थ-प्राणसाधना से पवित्रीभूत हृदय में हम प्रभु प्रेरणा को सुनते हैं। उस प्रेरणा के अनुसार यज्ञशील बनते हैं, प्रार्थना की वृत्तिवाले होते हैं और सदा निर्माणात्मक कार्यों को करते हैं।

सूचना-'सवन' शब्द से 'प्रातः सवन, माध्यन्दिन सवन तथा तृतीय सवन' का ग्रहण करें तो अर्थ यह होगा कि सब सवनों को प्राप्त करो, अर्थात् २४+४४+४८=११६ वर्ष तक जीनेवाले बनो।

प्रातः सवन=प्रथम २४ वर्ष, माध्यन्दिन सवन=अगले ४४ वर्ष तृतीय सवन=अन्तिम ४८ वर्ष।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

स्तवन-तेजस्विता

स्तोमं जुषेथां युवशेव कन्यनां विश्वेह देवौ सवनाव गच्छतम्।
सजोषसा उषसा सूर्येण चेषं नो वोळ्हमश्विना॥ ५॥

(१) हे प्राणापानो! आप **स्तोमं जुषेथाम्**=प्रभु के स्तोत्र का सेवन करो तथा **युवशा इव**=युवावस्था में निवास करनेवाले युवकों के समान **कन्यनाम्**=(कन दीप्तौ) दीप्ति का सेवन करो। शेष पूर्ववत्।

भावार्थ—प्राणसाधना से स्तवन की वृत्ति व दीप्ति (तेजस्विता) प्राप्त होती है।

सूचना—अवशिष्ट मन्त्र भाग मन्त्र संख्या चार की व्याख्या में द्रष्टव्य है।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—भुरिक्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

ज्ञान-यज्ञ

गिरो जुषेथामध्वरं जुषेथां विश्वेह देवौ सवनाव गच्छतम्।
सजोषसा उषसा सूर्येण चेषं नो वोळ्हमश्विना॥ ६॥

(१) हे प्राणापानो! **गिरः जुषेथाम्**=आप ज्ञान की वाणियों का सेवन करो। प्राणसाधना से बुद्धि की तीव्रता होकर हमारी ज्ञान प्रवणता होती ही है। उस ज्ञान के अनुसार **अध्वरम्**=हिंसारहित कर्मों का **जुषेथाम्**=सेवन करो। अवशिष्ट मन्त्र भाग मन्त्र संख्या चार में व्याख्यात है।

भावार्थ—प्राणसाधना से हमारी रुचि ज्ञान व यज्ञों की ओर प्रेरित होती है।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

त्रिः वर्तिः यातमश्विना

हारिद्रवेव पतथो वनेदुप सोमं सुतं महिषेवाव गच्छथः।
सजोषसा उषसा सूर्येण च त्रिर्वर्तिर्यातमश्विना॥ ७॥

(१) हे **अश्विना**=प्राणापानो! आप **सुतं सोमम्**=उत्पन्न हुए-हुए सोम (वीर्यशक्ति) की ओर इस प्रकार **अवगच्छथः**=जाते हो **इव**=जैसे **हारिद्रवा**=सारस पक्षि विशेष **इत्**=निश्चय से **वना उप पतथः**=जलों के समीप प्राप्त होते हैं अथवा **इव**=जिस प्रकार **महिषा**=पिपासित भैंसें पानी की ओर जाती हैं। प्राण इन सोमों में ही विचरते हैं, इन्हें वे शरीर में ही पीने का प्रयत्न करते हैं। (२) हे प्राणापानो! आप **उषसा सूर्येण च सजोषसा**=उषाकाल व सूर्य के साथ प्रीतिपूर्वक सेवन किये जाते हुए **त्रिः**=तीन प्रकार से **वर्तिः यातम्**=मार्ग का आक्रमण करो। तीन प्रकार से मार्ग के आक्रमण का भाव यह है कि ज्ञानपूर्वक कर्म करते हुए उन कर्मों को परमेश्वरार्पण करनेवाले बनो। इस प्रकार जीवन में 'ज्ञान कर्म व उपासना' का समन्वय करो।

भावार्थ—जलचर हारिद्रव पक्षियों की तरह हमारे प्राणापान सोमकणों में विचरें। पिपासित महिषों की तरह ये सोमकणों का पान करनेवाले हों। प्राणसाधना के होने पर ये प्राणापान हमारे जीवन में ज्ञान कर्म व उपासना का समन्वय करें।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

हंसौ इव, अध्वगौ इव

हंसाविव पतथो अध्वगाविव सोमं सुतं महिषेवावं गच्छथः।
सजोषसा उषसा सूर्येण च त्रिर्वर्तिर्यातमश्विना॥ ८॥

(१) हे अश्विना-प्राणापानो! आप सुतं सोमम्-उत्पन्न हुए-हुए सोम के प्रति इस प्रकार पतथः-गति करते हो, इव-जैसे हंसो-दो हंस आकाश में गति करते हैं। अथवा इव-जिस प्रकार अध्वगौ-दो पथिक मार्ग में गति करते हैं। शेष मन्त्रभाग मन्त्र संख्या सात में व्याख्यात है।

भावार्थ-प्राणापान सोम की ऊर्ध्वगति करके हमें हंसों के समान उज्ज्वल व पथिकों के समान मार्ग पर चलनेवाला बनाते हैं।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

श्येनौ इव

श्येनाविव पतथो हव्यदातये सोमं सुतं महिषेवावं गच्छथः।
सजोषसा उषसा सूर्येण च त्रिर्वर्तिर्यातमश्विना॥ ९॥

(१) हे अश्विना-प्राणापानो! आप हव्यदातये-(हव्यानांदातिः यस्य) यज्ञशील पुरुष के लिये सुतं सोमं-उत्पन्न हुए-हुए सोम के प्रति इस प्रकार पतथः-गति करते हो, इव-जिस प्रकार श्येनौ-दो श्येन (बाज) पक्षी गति करते हैं। श्येन गतिशील हैं, प्राणापान भी गतिशील हैं। श्येन शत्रुभूत पक्षियों को समाप्त करता है, ये प्राणापान शत्रुभूत वासनाओं को समाप्त करते हैं। वासना समाप्ति के द्वारा ये हमें यज्ञशील बनाते हैं। शेष मन्त्रभाग मन्त्र संख्या सात पर द्रष्टव्य है।

भावार्थ-प्राणापान दो श्येन पक्षियों के समान हैं। ये वासनारूप चिड़ियों को समाप्त करके सोम का रक्षण करते हैं, और हमें यज्ञशील बनाते हैं।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—भुरिक्पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

ऊर्जं नो धत्तमश्विना

पिबतं च तृण्णुतं चा च गच्छतं प्रजां च धत्तं द्रविणं च धत्तम्।
सजोषसा उषसा सूर्येण चोर्जं नो धत्तमश्विना॥ १०॥

(१) हे अश्विना-प्राणापानो! आप पिबतं च-सोम का पान करो, तृण्णुतं च-और अपने अन्दर तृप्ति का अनुभव करो। सोमरक्षण से एक आनन्द विशेष का अनुभव होता ही है। हे प्राणापानो! आगच्छतं च-आप हमें प्राप्त होवो और प्रजां च धत्तम्-उत्तम प्रजा का हमारे लिये धारण करो, च-और द्रविणं धत्तम्-संसारयात्रा को चलाने के लिये आवश्यक धन को धारण करो। (२) उषसा सूर्येण च-उषा और सूर्य के साथ सजोषसा-प्रीतिपूर्वक सेवन किये जाते हुए आप नः-हमारे लिये ऊर्जं धत्तम्-बल व प्राणशक्ति का धारण करो (ऊर्ज् बलप्राणनयोः)।

भावार्थ-प्राणसाधना से (१) सोमरक्षण होकर तृप्ति का अनुभव होता है, (२) उत्तम सन्तान प्राप्त होती है। (३) धन कमाने की योग्यता प्राप्त होती है। (४) बल व प्राणशक्ति का वर्धन होता है।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—भुरिक्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

विजय-स्तवन-रक्षण

जयतं च प्र स्तुतं च प्र चावतं प्रजां च धत्तं द्रविणं च धत्तम्।
सजोषसा उषसा सूर्येण चोजो नो धत्तमश्विना॥ ११॥

(१) हे अश्विना=प्राणापानो! आप **जयतं च**=विजय प्राप्त करो, सब रोगों व वासनाओं को पराजित करके विजयी बनो। **प्रस्तुतं च**=खूब ही प्रभु का स्तवन करो, **च**=और **प्र अवतम्**=हमारा सब प्रकार से रक्षण करो। अब शिष्ट मन्त्र भाग १० पर व्याख्यात है।

भावार्थ=प्राणसाधना से 'विजय-स्तवन की वृत्ति व रक्षण' प्राप्त होता है।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—भुरिक्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

शत्रुहनन-मित्र प्राप्ति

हतं च शत्रून्यतं च मित्रिणः प्रजां च धत्तं द्रविणं च धत्तम्।
सजोषसा उषसा सूर्येण चाजो नो धत्तमश्विना॥ १२॥

(१) हे **अश्विना**=प्राणापानो! आप **शत्रून् हतं च**=काम-क्रोध-लोभ आदि शत्रुओं का संहार करो। **च मित्रिणः**=स्नेह करनेवाले, दया दान दाक्षिण्य आदि भावों को **यततम्**=अपना साथी बनाओ। अवशिष्ट मन्त्रभाग १० पर व्याख्यात है।

भावार्थ=प्राणसाधना से काम-क्रोध-लोभ आदि का विनाश होकर, दया दान दाक्षिण्य आदि उत्तम भावों की वृद्धि होती है।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

मित्र-वरुण-धर्म-मरुत्

मित्रावरुणवन्ता उत धर्मवन्ता मरुत्वन्ता जरितुर्गच्छथो हवम्।
सजोषसा उषसा सूर्येण चादित्यैर्यातमश्विना॥ १३॥

(१) हे **अश्विना**=प्राणापानो! आप **मित्रावरुणवन्ता**=मित्र और वरुणवाले हो, स्नेह व निर्द्वेषता के भाववाले हो। **उत**=और **धर्मवन्ता**=धर्मोंवाले हो, धारणात्मक कर्मोंवाले हो। **मरुत्वन्ता**=शरीरस्थ विविध वायुओंवाले होते हुए आप **जरितुः**=स्तोता की **हवम्**=पुकार को **गच्छथः**=जाते हो। अर्थात् स्तोता की प्रार्थना को स्वीकार करके उसे प्राप्त होते हो। (२) **उषसा सूर्येण च सजोषसा**=उषा और सूर्य के साथ प्रीतिपूर्वक सेवन किये जाते हुए आप **आदित्यैः**=आदित्यों के साथ **यातम्**=गति करते हो।

भावार्थ=प्राणसाधना से हमारे में (क) स्नेह व निर्द्वेषता के भाव बढ़ते हैं, (ख) धर्म की वृद्धि होती है, (ग) शरीर में सब वायुवें ठीक काम करती हैं, (घ) हमारा जीवन आदित्यों के अनुसार बनता है।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—भुरिक्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

अंगरस

अङ्गिरस्वन्ता उत विष्णुवन्ता मरुत्वन्ता जरितुर्गच्छथो हवम्।
सजोषसा उषसा सूर्येण चादित्यैर्यातमश्विना॥ १४॥

(१) हे **अश्विना**=प्राणापानो! आप **अंगिरस्वन्ता**=अंग-प्रत्यंग में रसवाले हो **उत**=और **विष्णुवन्ता**=(विष् व्याप्तौ) व्यापकता व उदारता की वृत्तिवाले हो। अवशिष्ट मन्त्र भाग १३ पर द्रष्टव्य है।

भावार्थ—प्राणसाधना से अंग-प्रत्यंग रसवाले बने रहते हैं और हृदय की उदारता प्राप्त होती है।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—भुरिक्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

ऋभुमन्ता-वृषणा-वाजवन्ता

ऋभुमन्ता वृषणा वाजवन्ता मरुत्वन्ता जरितुर्हवं छ्थो हवम्।
सजोषसा उषसा सूर्येण चादित्यैर्यातमश्विना॥ १५॥

(१) हे **अश्विना**=प्राणापानो! आप **ऋभुमन्ता**=ऋभुवाले हो (ऋतेन भाति) सत्यज्ञान से दीप्त होनेवाले हो। **वृषणा**=सुखों का वर्षण करनेवाले हो और **वाजवन्ता**=प्रशस्त बलवाले हो। अवशिष्ट मन्त्र भाग १३ पर द्रष्टव्य है।

भावार्थ—प्राणसाधना से सत्यज्ञान, सुख तथा शक्ति प्राप्त होती है।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

ब्रह्म-धियः

ब्रह्म जिन्वतमुत जिन्वतं धियो हतं रक्षांसि सेधतममीवाः।
सजोषसा उषसा सूर्येण च सोमं सुन्वतो अश्विना॥ १६॥

(१) हे **अश्विना**=प्राणापानो! आप हमारे अन्दर **ब्रह्म जिन्वतम्**=ज्ञान का प्रीणन (वर्धन) करिये। **उत**=और **धियः जिन्वतम्**=ज्ञान पूर्वक किये जानेवाले कर्मों का वर्धन करिये। **रक्षांसि**=रोगकृमियों व आसुरीभावों का **हतम्**=विनाश करिये। तथा **अमीवाः**=रोगों का **सेधतम्**= निषेध करिये, रोगों को हमारे से दूर करिये। (२) **उषसा सूर्येण च**=उषाकाल के तथा सूर्य के **सजोषसा**=साथ प्रीतिपूर्वक सेवन किये जाते हुए आप **सोमं सुन्वतः**=हमारे अन्दर सोम का सम्पादन करिये। उषाकाल में सूर्योदय तक प्राणसाधना करते हुए हम शरीर में सोमशक्ति का सम्यक् सम्पादन करनेवाले हों। प्राणायाम द्वारा सोम के शरीर में ही व्याप्त करने का प्रयत्न करें।

भावार्थ—प्राणसाधना से सोम (वीर्य) शरीर में ही व्याप्त होता है। इससे हमारे ज्ञान व ज्ञानपूर्वक किये जानेवाले कर्मों का वर्धन होता है। राक्षसीभाव दूर होते हैं और रोग विनष्ट हो जाते हैं।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—भुरिक्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

बल-उन्नतिपथ पर बढ़ना

क्षत्रं जिन्वतमुत जिन्वतं नृन्हुतं रक्षांसि सेधतममीवाः।
सजोषसा उषसा सूर्येण च सोमं सुन्वतो अश्विना॥ १७॥

(१) हे प्राणापानो! आप **क्षत्रम्**=क्षतों से त्राण करनेवाले बल का हमारे में वर्धन करो। **उत**=और **नृन् जिन्वतम्**=उन्नतिपथ पर आगे बढ़नेवाले मनुष्यों का प्रीणन करो। अवशिष्ट मन्त्रभाग मन्त्र संख्या १६ पर व्याख्यात है।

भावार्थ–प्राणसाधना द्वारा सोमरक्षण होकर हमारा बल बढ़ता है तथा हम उन्नतिपथ पर आगे बढ़ पाते हैं।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराट्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

प्राणसाधना-गोदुग्ध सेवन

धेनूर्जिन्वतमुत जिन्वतं विशो हुतं रक्षांसि सेधतममीवाः।
सजोषसा उषसा सूर्येण च सोमं सुन्वतो अश्विना॥ १८॥

(१) हे **अश्विना**–प्राणापानो! आप सोम के सम्पादन के द्वारा **धेनूः जिन्वतम्**–गौओं का वर्धन करो और गोदुग्ध द्वारा **विशः**–सब प्रजाओं का **जिन्वतम्**–वर्धन करो। अवशिष्ट मन्त्रभाग मन्त्र संख्या १६ पर द्रष्टव्य है।

भावार्थ–प्राणसाधक को चाहिए कि खुले वायु में प्रचार (घूमना) करनेवाली गौओं के दुग्ध का पान करके अपना वर्धन करे। प्राणसाधना के साथ गोदुग्ध सेवन करते हुए हम नीरोग जीवन बिताते हुए वृद्धि को प्राप्त करें।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

अत्रि व श्यावाश्व

अत्रेरिव शृणुतं पूर्व्यस्तुतिं श्यावाश्वस्य सुन्वतो मदच्युता।
सजोषसा उषसा सूर्येण चाश्विना तिरोअह्न्यम्॥ १९॥

(१) हे **अश्विना**–प्राणापानो! आप **अत्रेः इव**–'काम-क्रोध-लोभ' इन तीनों से ऊपर उठनेवाले की तरह (अ+त्रि) मेरी **पूर्व्यस्तुतिम्**–पालन व पूरण करनेवालों में उत्तम स्तुति को **शृणुतम्**–सुनो। प्राणसाधना द्वारा मैं अत्रि बनूँ और प्रभु के उस स्तवन को करूँ जो मेरा पालन व पूरण करे। (२) हे **मदच्युता**–गर्व को विनष्ट करनेवाले प्राणापानो! आप **श्यावाश्वस्य**–गतिशील इन्द्रियाश्वोंवाले इस स्तोता के (श्यैङ् गतौ) **सुन्वतः**–सोम का सम्पादन करते हो। **उषसा सूर्येण च**–उषाकाल व सूर्य के साथ **सजोषसा**–प्रीतिपूर्वक सेवन किये जाते हुए आप इस सोम को **तिरः अह्न्यम्**–तिरोहित रूप में रुधिर में व्याप्तिवाला (अह व्याप्तौ) करते हो। यह सोम का शरीर में व्यापन ही हमें अत्रि व श्यावाश्व बनाता है।

भावार्थ–शत्रुओं को गर्व को नष्ट करनेवाले अश्विदेवो! तुम सोमरस निचोड़ते हुए स्तोता की स्तुति सुनकर उसके पास जाओ और उसके यज्ञ को उत्तम रीति से चलाकर उसे देवों के समान भरपूर ऐश्वर्य प्रदान करो।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सर्ग-सुष्टुति

सर्गाँइव सृजतं सुष्टुतीरुप श्यावाश्वस्य मदच्युता।
सजोषसा उषसा सूर्येण चाश्विना तिरोअह्न्यम्॥ २०॥

(१) हे प्राणापानो! आप **सर्गान्**–हमारे अन्दर दृढ़ निश्चयों को, लक्ष्य-स्थान पर पहुँचने के भावों को और **इव**–इन अध्यवसायों की तरह **सुष्टुतीः**–उत्तम स्तुतियों को **उपसृजतम्**–उत्पन्न करो। शेष मन्त्र भाग मन्त्र संख्या १९ पर व्याख्यात है।

भावार्थ–हम प्राणसाधना के द्वारा अध्यवसाय व उत्तम स्तुतिवाले बनें।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

रश्मि-अध्वर

रश्मींरिव यच्छतमध्वराँ उप श्यावाश्वस्य सुन्वतो मदच्युता।
सजोषसा उषसा सूर्येण चाश्विना तिरोअह्न्यम्॥ २१॥

(१) हे प्राणापानो! आप रश्मीन् इव=ज्ञान की किरणों की तरह अध्वरान्=हिंसारहित यज्ञात्मक कर्मों को उपयच्छतम्=हमारे लिये दो अथवा हमारे अन्दर इनका नियमन करो। शेष मन्त्र भाग मन्त्र संख्या १९ पर द्रष्टव्य है।

भावार्थ–प्राणसाधना द्वारा ज्ञानकिरणों का वर्धन होता है और हमारे जीवनों में यज्ञात्मक कर्म चलते हैं।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

अन्तर्मुखी वृत्ति व रणीय रत्नों का धारण

अर्वाग्रथं नि यच्छतं पिबतं सोम्यं मधु।
आ यातमश्विना गतमवस्युर्वामहं हुवे धत्तं रत्नानि दाशुषे॥ २२॥

(१) हे अश्विना=प्राणापानो! आप रथम्=शरीर-रथ को अर्वाक्=अन्तर्मुखी वृत्तिवाला बनाते हुए नियच्छतम्=विषय-वासनाओं में जाने से रोको। और सोम्यम्=सोम-सम्बन्धी मधु=मधु का, सारभूत वस्तु का पिबतम्=पान करो। हे प्राणापानो! आप आयातम्=हमें प्राप्त होवो। आगतम्=अवश्य ही प्राप्त होवो। (२) अवस्युः=रक्षण की कामनावाला अहम्=मैं वाम्=आप दोनों को हुवे=पुकारता हूँ। दाशुषे=आपके प्रति अपना अर्पण करनेवाले मेरे लिये आप की साधना में प्रवृत्त मेरे लिये रत्नानि=रमणीय धनों को धत्तम्=धारण करिये।

भावार्थ–प्राणसाधना से (क) शरीर-रथ की वृत्ति अन्तर्मुखी होती है, इन्द्रियाँ विषयों में नहीं भटकती। (ख) सोम का शरीर में रक्षण होता है, (ग) रोगों से रक्षण होता है, (घ) और शरीर में रमणीय रत्नों का धारण होता है।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—पुरस्ताज्ज्योतिर्नामजगती॥ स्वरः—निषादः॥

नमस्कार-अध्वर

नमोवाके प्रस्थिते अध्वरे नरा विवक्षणस्य पीतये।
आ यातमश्विना गतमवस्युर्वामहं हुवे धत्तं रत्नानि दाशुषे॥ २३॥

(१) हे नरा=उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले प्राणापानो! आप नमोवाके प्रस्थिते=प्रभु के प्रति नमस्कार वचनों के प्रस्थित होने पर, प्रभु की प्रति नम उक्ति के करने पर तथा अध्वरे=यज्ञों के होने पर विवक्षणस्य पीतये=विशिष्ट उन्नति के साधनभूत सोम के (वक्ष् To grow) पान के लिये प्राप्त होवो। अवशिष्ट मन्त्र भाग २२ मन्त्र पर द्रष्टव्य है।

भावार्थ–हम प्राणसाधना के साथ प्रभु के प्रति नमन करें तथा यज्ञात्मक कर्मों में प्रवृत्त हों। यही सोमरक्षण का मार्ग है।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

प्राणसाधना द्वारा प्रकाश व आनन्द की प्राप्ति

स्वाहाकृतस्य तृम्पतं सुतस्यान्धसः।
आ यातमश्विना गतमवस्युर्वामहं हुवे धत्तं रत्नानि दाशुषे॥ २४॥

(१) हे देवौ-जीवन को दिव्यगुणयुक्त प्रकाशमय बनानेवाले प्राणापानो! आप सुतस्य-उत्पन्न हुए-हुए तथा स्वाहाकृतस्य-शरीर के अन्दर आहुत किये गये अन्धसः-सोम के पान से तृम्पतम्-तृप्ति का अनुभव करो, सोम को शरीर में ही व्याप्त करके जीवन को आनन्दमय बनाओ। अवशिष्ट मन्त्रभाग २२ मन्त्र पर द्रष्टव्य है।

भावार्थ-प्राणसाधना से सोम का शरीर में ही व्यापन होकर प्रकाश व आनन्द का अनुभव होता है।

अगले सूक्त में श्यावाश्व ऋषि 'इन्द्र' का आराधन करते हुए कहते हैं-

३६. [षट्त्रिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—शक्वरी॥ स्वरः—धैवतः॥

विश्वाः पृतनाः सेहानः

अवितासि सुन्वतो वृक्तबर्हिषः पिबा सोमं मदाय कं शतक्रतो।
यं ते भागमधारयन्विश्वाः सेहानः पृतना उरु ज्रयः समप्सुजिन्मरुत्वाँ इन्द्र सत्पते॥ १॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! आप सुन्वतः-सोम का अभिषव करनेवाले, शरीर में सोम का सम्पादन करनेवाले, वृक्तबर्हिषः-जिसने हृदयक्षेत्र से पापों का वर्जन किया है (वृजी वर्जने) उस यज्ञशील पुरुष के अविता असि-रक्षक हैं। इस रक्षण के लिये सोमं पिब-सोम का पान करिये, इसके सोम को शरीर में सुरक्षित करिये। कम्-इस आनन्दप्रद सोम को मदाय-जीवन में उल्लास के लिये पीजिये, शरीर में ही इसे लीन करिये (Imbibe) (२) हे शतक्रतो-अनन्त प्रज्ञान व शक्तिवाले प्रभो! उस सोम का आप पान करिये यं भागम्-जिस भजनीय सोम को ते-आपकी प्राप्ति के लिये अधारयन्-धारण करते हैं। इस सोम के रक्षण के द्वारा ही तो हम तीव्र-बुद्धि बनकर प्रभु का दर्शन कर पाते हैं। (३) हे प्रभो! आप इस सोमरक्षण के द्वारा इन यज्ञशील पुरुषों के जीवन में विश्वाः पृतनाः-सब शत्रु-सेनाओं का तथा उरुज्रयः-उनके महान् वेग का सं सेहानः-सम्यक् पराभव करते हैं। आप अप्सुजित्-सब कर्मों में हमें विजय प्राप्त कराते हैं। मरुत्वान्-प्रशस्त वायुवोंवाले हैं, शरीर में प्राणों के रूप से इन उत्तम वायुवों को प्राप्त कराते हैं और सत्पते-सत्, अर्थात् उत्तम कर्मों के रक्षक हैं।

भावार्थ-सोमरक्षण द्वारा प्रभु ही संयमी पवित्र हृदय पुरुष का रक्षण करते हैं। संयत सोम ही प्रभु-दर्शन का कारण बनता है और रोग व वासनारूप शत्रुओं का पराभव करनेवाला होता है।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृच्छक्वरी॥ स्वरः—धैवतः॥

स्तोता का रक्षण

प्रावा स्तोतारं मघवन्नव त्वां पिबा सोमं मदाय कं शतक्रतो।
यं ते भागमधारयन्विश्वाः सेहानः पृतना उरु ज्रयः समप्सुजिन्मरुत्वाँ इन्द्र सत्पते॥ २॥

(१) हे **मघवन्**-ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! **स्तोतारं प्राव**-तू स्तोता का रक्षण कर। वस्तुतः यह स्तोता तो आपका ही रूप बन गया है। सो आप **त्वाम्**-अपने को ही **अव**-रक्षित करिये। इस रक्षण के लिये ही **सोमं पिब**-सोम का पान करिये। शिष्ट मन्त्रभाग संख्या एक पर व्याख्यात है।

भावार्थ-प्रभु स्तोता का रक्षण करते हैं, स्तोता तो प्रभु का ही रूप है, सो प्रभु स्तोता का रक्षण करते हुए अपना ही रक्षण करते हैं।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराट् शक्वरी॥ स्वरः—धैवतः॥

ऊर्जा, ओजसा

ऊर्जा देवाँ अवस्योर्जसा त्वां पिबा सोमं मदाय कं शतक्रतो।
यं ते भागमधारयन्विश्वाः सेहानः पृतना उरु ज्रयः समप्सुजिन्मरुत्वाँ इन्द्र सत्पते॥ ३॥

(१) हे प्रभो! आप **ऊर्जा**-बल व प्राणशक्ति के द्वारा **देवान्**-दिव्य गुणयुक्त पुरुषों का **अवसि**-रक्षण करते हैं। आप इन देवों का क्या रक्षण करते हैं, ये तो आपके ही छोटे रूप हैं। सो आप **त्वाम्**-अपने को ही **ओजसा**-ओजस्विता के द्वारा रक्षित करते हैं। इस रक्षण के लिये ही **सोमं पिबा**-सोम का पान करिये। शेष मन्त्र भाग मन्त्र संख्या एक पर व्याख्यात है।

भावार्थ-प्रभु बल, प्राणशक्ति व ओजस्विता के द्वारा दिव्य गुणयुक्त पुरुषों का रक्षण करते हैं।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृच्छक्वरी॥ स्वरः—धैवतः॥

'दिवः पृथिव्याः' जनिता

जनिता दिवो जनिता पृथिव्याः पिबा सोमं मदाय कं शतक्रतो।
यं ते भागमधारयन्विश्वाः सेहानः पृतना उरु ज्रयः समप्सुजिन्मरुत्वाँ इन्द्र सत्पते॥ ४॥

(१) हे प्रभो! आप **दिवः**-द्युलोक के **जनिता**-प्रादुर्भूत करनेवाले हैं। **जनिता पृथिव्याः**-इस पृथिवी के भी जनिता हैं। मस्तिष्करूप द्युलोक व शरीररूप पृथिवीलोक को आप ही तो उत्पन्न करते हैं। इस मस्तिष्क व शरीर के सम्यक् विकास के लिये आप सोम का रक्षण करिये। अवशिष्ट मन्त्र भाग एक संख्या पर द्रष्टव्य है।

भावार्थ-प्रभु ही द्युलोक व पृथिवीलोक के उत्पत्तिकर्ता हैं। हमारे जीवनों में मस्तिष्क को दीप्त तथा शरीर को प्रभु ही दृढ़ बनाते हैं। इसके लिये आप सोम का रक्षण करिये।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—शक्वरी॥ स्वरः—धैवतः॥

'अश्वानां गवां' जनिता

जनिताश्वानां जनिता गवामसि पिबा सोमं मदाय कं शतक्रतो।
यं ते भागमधारयन्विश्वाः सेहानः पृतना उरु ज्रयः समप्सुजिन्मरुत्वाँ इन्द्र सत्पते॥ ५॥

(१) हे प्रभो! आप ही **अश्वानाम्**-(अश् व्याप्तौ) कर्मों में व्याप्त होनेवाली कर्मेन्द्रियों के **जनिता**=उत्पादक हैं तथा **गवाम्**-(गमयन्ति अर्थात्) अर्थों की ज्ञापक ज्ञानेन्द्रियों के भी आप ही **जनिता असि**-प्रादुर्भूत करनेवाले हैं। इन कर्मेन्द्रियों व ज्ञानेन्द्रियों को सशक्त बनाने के लिये आप सोम का पान करिये। अवशिष्ट मन्त्र भाग एक संख्या पर द्रष्टव्य है।

भावार्थ–प्रभु सोमरक्षण द्वारा हमारी कर्मेन्द्रियों व ज्ञानेन्द्रियों को सशक्त बनाते हैं।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—शक्वरी॥ स्वरः—धैवतः॥

स्तोमं-महः

अत्रीणां स्तोममद्रिवो महस्कृधि पिबा सोमं मदाय कं शतक्रतो।
यं ते भागमधारयन्विश्वाः सेहानः पृतना उरु ज्रयः समप्सुजिन्मरुत्वाँ इन्द्र सत्पते॥ ६॥

(१) हे **अद्रिवः**=आदरणीय प्रभो! आप **अत्रीणाम्**=(अ+त्रि) 'काम-क्रोध-लोभ' इन तीनों से ऊपर उठनेवाले पुरुषों के **स्तोमम्**=स्तुति समूह को तथा **महः**=(Light, power) प्रकाश व शक्ति को **कृधि**=करिये। इसके लिये इनके सोम का रक्षण करिये। शेष मन्त्र भाग संख्या एक पर द्रष्टव्य है।

भावार्थ–प्रभु काम-क्रोध-लोभ के विजेता पुरुषों को स्तुति की वृत्ति तथा प्रकाश व बल प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् जगती॥ स्वरः—निषादः॥

त्रसदस्यु का रक्षण (ब्रह्माणि वर्धयन्)

श्यावाश्वस्य सुन्वतस्तथा शृणु यथाशृणोत्रेः कर्माणि कृण्वतः।
प्र त्रसदस्युमाविथ त्वमेक इन्नृषाह्य इन्द्र ब्रह्माणि वर्धयन्॥ ७॥

(१) हे प्रभो! इस **श्यावाश्वस्य**=गतिशील इन्द्रियाश्वोंवाले **सुन्वतः**=सोम का अपने में अभिषव करनेवाले वीर्यशक्ति का सम्पादन करनेवाले की प्रार्थना को आप **तथा शृणु**=उसी प्रकार सुनिये **यथा**=जैसे **कर्माणि कृण्वतः**=कर्मों को करते हुए **अत्रेः**=काम-क्रोध-लोभ से रहित पुरुष की प्रार्थना को **अशृणोः**=सुनते हैं। (२) हे **इन्द्र**=शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! **त्वम्**=आप **एकः इत्**=अकेले ही **ब्रह्माणि**=ज्ञानों व स्तोत्रों को **वर्धयन्**=बढ़ाते हुए, **नृषाह्यो**=युद्ध में **त्रसदस्युम्**=काम-क्रोध-लोभ आदि शत्रुओं को भयभीत करनेवाले इस त्रसदस्यु को **प्र आविथ**=प्रकर्षेण रक्षित करते हैं।

भावार्थ–प्रभु उसी की प्रार्थना को सुनते हैं जो–(क) गतिशील इन्द्रियाश्वोंवाला है, (ख) सोम का सम्पादन करता है, (ग) काम-क्रोध-लोभ से ऊपर उठता है, (घ) और यज्ञादि कर्मों में प्रवृत्त रहता है। ज्ञानों व स्तवन वृत्ति को बढ़ाते हुए प्रभु इसको 'त्रसदस्यु' बनाते हैं, काम-क्रोध-लोभ आदि से इसका रक्षण करते हैं।

अगले सूक्त के ऋषि देवता भी क्रमशः 'श्यावाश्व' व 'इन्द्र' ही हैं–

३७. [सप्तत्रिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडतिजगती॥ स्वरः—निषादः॥

माध्यन्दिन स्तवन के सोम का पान

प्रेदं ब्रह्म वृत्रतूर्येष्वाविथ प्र सुन्वतः शचीपत इन्द्र विश्वाभिरूतिभिः।
माध्यन्दिनस्य सवनस्य वृत्रहन्नेधि पिबा सोमस्य वज्रिवः॥ १॥

(१) हे **इन्द्र**=शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! आप **वृत्रतूर्येषु**=वासना के विनाशवाले संग्रामों में **इदं ब्रह्म**=इस ज्ञान का **प्र आविथ**=प्रकर्षेण रक्षण करते हैं। हे **शचीपते**=प्रज्ञा व कर्मों

के स्वामिन् प्रभो! आप **विश्वाभिः ऊतिभिः**-सब रक्षणों के द्वारा **सुन्वतः**-सोमाभिषव करनेवाले इस पुरुष का प्र (आविथ) रक्षण करते हैं। (२) हे **वृत्रहन्**-ज्ञान की आवरणभूत वासना को विनष्ट करनेवाले, **अनेद्य**-अनिन्दनीय-पापरहित **वज्रिवः**-वज्रहस्त प्रभो! आप **माध्यन्दिनस्य सवनस्य**-हमारे जीवन के माध्यन्दिन-सवन सम्बन्धी, अर्थात् २५ से ६८ वर्ष तक चलनेवाले गृहस्थ यज्ञ सम्बन्धी **सोमस्य पिबा**-सोम का पान करिये। आपकी कृपा से हम यौवन में भी, संयमी जीवन के बनकर वीर्यशक्ति को सुरक्षित करनेवाले हों।

भावार्थ-प्रभु सोमरक्षक पुरुष के ज्ञान का रक्षण करते हैं। प्रभु कृपा से ही हम यौवन में भी संयमी जीवनवाले बनकर सोम का रक्षण कर पाते हैं।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

'द्रोग्धी सेनाओं के पराजेता' प्रभु

सेहान उग्र पृतना अभि द्रुहः शचीपत इन्द्र विश्वाभिरूतिभिः।
माध्यन्दिनस्य सवनस्य वृत्रहन्नेद्य पिबा सोमस्य वज्रिवः॥ २॥

हे **उग्र**-उद्गूर्ण बलवाले, **शचीपते**-कर्मों व प्रज्ञानों के स्वामिन्! **इन्द्रः**-शत्रुविद्रावक प्रभो! आप **विश्वाभिः ऊतिभिः**-सब रक्षणों के द्वारा **अभिद्रुहः**-हमारे शरीरों व मनों का द्रोह करनेवाली **पृतनाः**-रोग व वासनारूप शत्रु-सैन्यों का **सेहानः**-पराभव करनेवाले होइये। शिष्ट मन्त्रभाग मन्त्र संख्या एक पर द्रष्टव्य है।

भावार्थः-प्रभु हमारे रोग व वासनारूप शत्रुओं का पराभव करते हैं।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

'एकराट्' प्रभु

एकराळस्य भुवनस्य राजसि शचीपत इन्द्र विश्वाभिरूतिभिः।
माध्यन्दिनस्य सवनस्य वृत्रहन्नेद्य पिबा सोमस्य वज्रिवः॥ ३॥

हे **शचीपते**-सब कर्मों व प्रज्ञानों के स्वामिन् **इन्द्रः**-शत्रुविद्रावक प्रभो! आप **विश्वाभिः ऊतिभिः**-सब रक्षणों के द्वारा **अस्य भुवनस्य**-इस ब्रह्माण्ड के **एकराट्**-अद्वितीय शासक होते हुए **राजसि**-दीप्त हो रहे हैं। अवशिष्ट मन्त्र भाग मन्त्र संख्या एक पर द्रष्टव्य है।

भावार्थः-प्रभु ही सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के शासक व नियामक रूप से दीप्त हो रहे हैं।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

'सर्वलोकस्थापक' प्रभु

सस्थावाना यवयसि त्वमेक इच्छचीपत इन्द्र विश्वाभिरूतिभिः।
माध्यन्दिनस्य सवनस्य वृत्रहन्नेद्य पिबा सोमस्य वज्रिवः॥ ४॥

हे **शचीपते**-सब कर्मों व प्रज्ञानों के स्वामिन्! **इन्द्र**-सर्वशक्तिमन् शत्रुविद्रावक प्रभो! **त्वम् एकः इत्**-आप अकेले ही **विश्वाभिः ऊतिभिः**-सब रक्षणों के द्वारा **सस्थावाना**-समान रूप से अपने-अपने स्थान में स्थित इन द्युलोक व पृथिवीलोक को **यवयसि**-पृथक्-पृथक् स्वस्थान में स्थित रखते हैं। अवशिष्ट मन्त्र भाग मन्त्र संख्या एक पर देखिए।

भावार्थः-सर्वज्ञ सर्वशक्तिमान् प्रभु ही सब लोकों को पृथक्-पृथक् स्वस्थान में स्थापित करते हैं।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

'योगक्षेम के ईश' प्रभु

क्षेमस्य च प्रयुजश्च त्वमीशिषे शचीपत इन्द्र विश्वाभिरूतिभिः।
माध्यन्दिनस्य सवनस्य वृत्रहन्नेधि पिबा सोमस्य वज्रिवः॥ ५॥

हे शचीपते=सब प्रज्ञानों व कर्मों के स्वामिन्! इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! ये आप विश्वाभिः ऊतिभिः=सब रक्षणों के द्वारा क्षेमस्य च=क्षेम के प्राप्त वस्तुओं के रक्षण के च=तथा प्रयुजः=प्रयोग के अप्राप्त वस्तु की प्राप्ति के ईशिषे=ईश हैं। आप ही सबके योगक्षेम को सिद्ध करते हैं। अवशिष्ट मन्त्र भाग मन्त्र संख्या एक पर देखिए।

भावार्थः—सम्पूर्ण योगक्षेम के ईश प्रभु ही हैं। मनुष्य को यह सोचकर निःशंक भाव से कर्तव्य कर्मों में लगे रहना चाहिए।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

'निराधार, पर सर्वाधार' प्रभु

क्षत्राय त्वमवसि न त्वमाविथ शचीपत इन्द्र विश्वाभिरूतिभिः।
माध्यन्दिनस्य सवनस्य वृत्रहन्नेधि पिबा सोमस्य वज्रिवः॥ ६॥

हे शचीपते=सब प्रज्ञानों व कर्मों के स्वामिन्! इन्द्र=सर्वशत्रुविद्रावक प्रभो! त्वम्=आप विश्वाभिः ऊतिभिः=सब रक्षणों के द्वारा आप क्षत्राय=बल की प्राप्ति के लिए अवसि=हमारा रक्षण करते हैं। त्वं न आविथ=आप किसी दूसरे से रक्षित नहीं किये जाते। अवशिष्ट मन्त्र भाग मन्त्र संख्या एक पर देखिए।

भावार्थः—प्रभु सबके रक्षक हैं। प्रभु का कोई अन्य रक्षक नहीं। निराधार प्रभु ही सर्वाधार हैं।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

'क्षत्राणि वर्धयन्'

श्यावाश्वस्य रेभतस्था शृण यथाशृणोत्रेः कर्माणि कृण्वतः।
प्र त्रसदस्युमाविथ त्वमेक इद्वृषाह्य इन्द्र क्षत्राणि वर्धयन्॥ ७॥

(१) हे इन्द्र=सर्वशत्रुविद्रावक प्रभो! आप श्यावाश्वस्य=गतिशील इन्द्रियाश्वोंवाले रेभतः=स्तोता की प्रार्थना को तथा शृणु=उस प्रकार सुनिए, यथा=जैसे कर्माणि कृण्वतः=कर्मों को करते हुए अत्रेः=काम-क्रोध-लोभ-तीनों से रहित पुरुष की प्रार्थना को अशृणोः=सुनते हैं। (२) हे प्रभो! त्वम् एकः इत्=आप अकेले ही क्षत्राणि वर्धयन्=बलों को बढ़ाते हुए, नृषाह्ये=संग्राम में त्रसदस्युम्=वासनाओं को भयभीत करनेवाले पुरुष को प्र आविथ=प्रकर्षेण रक्षित करते हैं।

भावार्थः—प्रभु क्रियाशील स्तोता की प्रार्थना को सुनते हैं। यज्ञादि कर्मों में प्रवृत्त 'काम-क्रोध-लोभ' से शून्य पुरुष की प्रार्थना को सुनते हैं। हे प्रभो! आप संग्रामों में हमारे बलों का वर्धन करते हुए हमें त्रसदस्यु=(जिससे शत्रु भयभीत हों) बनाते हैं और हमारा रक्षण करते हैं।

अगले सूक्त में 'श्यावाश्व' ऋषि 'इन्द्राग्नी' का स्तवन व आराधन करते हैं—

३८. [अष्टात्रिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'जीवन-पक्ष के ऋत्विज्' इन्द्राग्नी

यज्ञस्य हि स्थ ऋत्विजा सस्नी वाजेषु कर्मसु। इन्द्राग्नी तस्य बोधतम्॥ १॥

(१) 'इन्द्र' बल का प्रतीक है और 'अग्नि' प्रकाश का। ३६.७ में 'ब्रह्माणि वर्धयन्' तथा ३७.७ में 'क्षत्राणि वर्धयन्' शब्दों में इन प्रकाश व बल का प्रतिपादन 'ब्रह्म व क्षत्र' शब्दों से हुआ है। ये प्रकाश और बल ही जीवनयज्ञ को सुन्दरता से चलाते हैं। हे **इन्द्राग्नी**=बल व प्रकाश के देवो! आप **हि**=ही **यज्ञस्य**=इस जीवनयज्ञ के **ऋत्विजा स्थः**=ऋत्विज् हो। आपके द्वारा ही यह जीवनयज्ञ चलता है। आप **वाजेषु**=शक्तियों में व **कर्मसु**=सब कर्मों में **सस्नी**=शुद्धता को करनेवाले हो। (२) हे **इन्द्राग्नी**=बल व प्रकाश के देवो! **तस्य**=उस जीवनयज्ञ का **बोधतम्**=आप ध्यान करो–उसे जानो–उसकी चिन्ता करो। आपको ही जीवनयज्ञ को सफल व सुन्दर बनाना है।

भावार्थः–बल व प्रकाश के दिव्य भाव जीवनयज्ञ के ऋत्विज् हैं। ये हमारी शक्तियों व कर्मों को पवित्र बनाते हैं। ये ही इसका ध्यान करनेवाले हैं।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'रोगों व वासनाओं के विनाशक' इन्द्राग्नी

तोशासा रथयावाना वृत्रहणापराजिता। इन्द्राग्नी तस्य बोधतम्॥ २॥

(१) ये **इन्द्राग्नी**=इन्द्र और अग्नि **तोशासा**=रोगरूप शत्रुओं का संहार करनेवाले व **रथयावाना**=इस शरीररथ को लक्ष्य स्थान की ओर ले चलनेवाले हैं। रोग यात्रा में विघ्न पैदा कर देते हैं और आगे बढ़ना रुक जाता है। ये बल व प्रकाश के दिव्यभाव रोगों को समाप्त करके हमें आगे बढ़ाते हैं। (२) ये **वृत्रहण**=ज्ञान की आवरण कामवासना को नष्ट करनेवाले हैं और **अपराजिता**=कभी पराजित होनेवाले नहीं। ये इन्द्र और अग्नि **तस्य**=हमारे उस जीवनयज्ञ का **बोधतम्**=ध्यान करें–उसे सम्यक् परिपूर्ण करें।

भावार्थः–बल व प्रकाश के दिव्य भाव रोगों को नष्ट कर शरीररथ को लक्ष्य स्थान की ओर ले–चलते हैं। ये वासना को नष्ट करते हैं और कभी काम–क्रोध आदि से पराजित नहीं होते।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मदिरं मधु

इदं वां मदिरं मध्वधुक्षन्नद्रिभिर्नरः। इन्द्राग्नी तस्य बोधतम्॥ ३॥

(१) हे **इन्द्राग्नी**=बल व प्रकाश के दिव्य भावो! **इदं**=यह **वां**=आपका **मदिरं**=उल्लास का जनक **मधु**=सब भोजन के रूप में ग्रहण की गई ओषधियों का सारभूत सोम (वीर्य) है। (२) **नरः**=उन्नति पथ पर चलनेवाले लोग **अद्रिभिः**=उपासनाओं के द्वारा **अधुक्षत्**=इसे अपने में प्रपूरित करते हैं। हे इन्द्राग्नी आप **तस्य**=उस जीवनयज्ञ का, जिसमें कि सोम का धारण किया जाता है, **बोधतम्**=ध्यान करो। आपको ही इस जीवनयज्ञ में सोम की आहुति देनी है।

भावार्थः=उपासना के द्वारा उन्नति पथ पर बढ़नेवाले लोग सोम का रक्षण करते हैं। यह सुरक्षित सोम बल व प्रकाश का वर्धन करता हुआ उल्लास का जनक होता है।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'मधस्तुती' इन्द्राग्नी

जुषेथां यज्ञमिष्टये सुतं सोमं सधस्तुती। इन्द्राग्नी आ गतं नरा॥ ४॥

(१) हे **सधस्तुती**-मिलकर स्तुति करनेवाले **इन्द्राग्नी**-बल व प्रकाश के दिव्य भावो! (जीवन में बल व प्रकाश का मेल होने पर प्रभु का सच्चा स्तवन चलता है) आप **इष्टये**-अभीष्ट (मोक्ष) सुख की प्राप्ति के लिए **यज्ञं**-श्रेष्ठतम कर्मों का-लोकहितात्मक कर्मों का **जुषेथाम्**-सेवन करो। (२) हे **नरा**-उन्नति पथ पर ले चलनेवाले इन्द्राग्नी! आप **सुतं सोमं**-उत्पन्न हुए-हुए सोम के प्रति **आगतम्**-आओ। इस सोम का शरीर में रक्षण करते हुए आप वृद्धि को प्राप्त होवें। सुरक्षित सोम ही बल व प्रकाश की वृद्धि का कारण बनता है।

भावार्थः-बल व प्रकाश के दिव्य भाव (क) हमें स्तुति में प्रवृत्त करें, (ख) यज्ञशील बनाएँ, (ग) सोम का शरीर में रक्षण करें।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

जीवन के तीनों सवनों की सम्यक् पूर्ति

इमा जुषेथां सवना येभिर्हव्यान्यूहथुः। इन्द्राग्नी आ गतं नरा॥ ५॥

(१) हे **इन्द्राग्नी**-बल व प्रकाश के देवो! आप **इमा**-इन **सवना**-जीवन के तीनों सवनों की-प्रातः, मध्याह्न व तृतीय सवन की-प्रथम २४ वर्ष (प्रातः सवन), मध्य के ४४ वर्ष (माध्यन्दिन सवन), अन्तिम ४८ वर्षों (तृतीय सवन) का **जुषेथाम्**-प्रीतिपूर्वक सेवन करो। बल व प्रकाश के द्वारा हम जीवनयज्ञ के तीनों सवनों को पूरा कर पाएँ। (२) **येभिः**-जिन सवनों के उद्देश्य से **हव्यानि**-हव्य पदार्थों को **ऊहथुः**-आप धारण करते हो। हव्य (पवित्र) पदार्थों का सेवन करते हुए हम जीवन के तीनों सवनों को पूरा करें। हे **नरा**-हमें उन्नति पथ पर ले चलनेवाले इन्द्राग्नी! आप **आगतम्**-हमें प्राप्त होवें।

भावार्थः-बल व प्रकाश के दिव्यभाव हमारे जीवनयज्ञ के तीनों सवनों को पूर्ण करें। उनकी पूत के हेतु से ये हव्य पदार्थों का सेवन करें।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गायत्रवर्तनि सुष्टुति

इमा गायत्रवर्तनिं जुषेथां सुष्टुतिं मम। इन्द्राग्नी आ गतं नरा॥ ६॥

(१) गय का अर्थ है प्राण, उनका रक्षण ही त्राण है। प्राणरक्षण सम्बन्धी वर्तनि (मार्ग) ही गायत्रवर्तनि है। हे **इन्द्राग्नी**-बल व प्रकाश के देवो! आप **इमा**-इस **मम**-मेरी **गायत्रवर्तनिं**-प्राणरक्षण की मार्गभूत **सुष्टुतिं**-उत्तम स्तुति को **जुषेथाम्**-प्रीतिपूर्वक सेवित करो। मैं उत्तम स्तवन में प्रवृत्त हुआ-हुआ अपने प्राणों का रक्षण करूँ। वह रक्षित प्राणशक्ति मेरे बल व प्रकाश का वर्धन करे। (२) हे इन्द्राग्नी! आप **नरा**-मुझे उन्नति पथ पर ले चलनेवाले हो, **आगतम्**-आप मुझे प्राप्त होवें।

भावार्थः-मैं बल व प्रकाश के वर्धन के लिए उस उत्तम स्तुति को करनेवाला बनूँ, जो मेरी प्राणशक्ति का रक्षण करती है।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'जेन्यावसू' इन्द्राग्नी

प्रातर्यावभिरा गतं देवेभिर्जेन्यावसू। इन्द्राग्नी सोमपीतये॥ ७॥

(१) हे **इन्द्राग्नी**=बल व प्रकाश के दिव्यभावो! आप **जेन्यावसू**=जेतव्य धनोंवाले हों=सब धनों का आप ही विजय करते हो। आप **प्रातर्यावभिः**=प्रातः=प्रातः ही प्राप्त करने योग्य **देवेभिः**=दिव्यभावों के साथ **आगतम्**=हमें प्राप्त होवें। प्रातः उठते ही हम दिव्यभावनाओं को प्राप्त करने का ध्यान करें। (२) इन दिव्य भावों को प्राप्त करने के हेतु से हे **इन्द्राग्नी**=इन्द्र और अग्नि! आप **सोमपीतये**=सोम के रक्षण के लिए आइए। सोम का शरीर में रक्षण ही सोमपान है। इस सोमरक्षण से ही सब दिव्यभाव विकसित होते हैं।

भावार्थः—बल व प्रकाश के दिव्यभाव ही सब जेतव्य धनों को प्राप्त कराते हैं। ये ही सोमरक्षण द्वारा सब दिव्य भावों को विकसित करते हैं। बल व प्रकाश के होने पर ही अन्य सब दिव्यभावों के आने का सम्भव होता है।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

श्यावाश्व व अत्रि

श्यावाश्वस्य सुन्वतोऽत्रीणां शृणुतं हवम्। इन्द्राग्नी सोमपीतये॥ ८॥

(१) हे **इन्द्राग्नी**=बल व प्रकाश के दिव्यभावो! आप **सुन्वतः**=सोम का सम्पादन करते हुए **श्यावाश्वस्य**=गतिशील इन्द्रियाश्वोंवाले पुरुष की तथा **अत्रीणां**=काम-क्रोध-लोभ से रहित पुरुषों की **हवम्**=पुकार को **शृणुतं**=सुनो। वस्तुतः ये इन्द्र और अग्नि 'श्यावाश्व व अत्रि' को ही प्राप्त होते हैं। (२) हे इन्द्राग्नी! आप **सोमपीतये**=सोम के रक्षण के लिए होओ। सोमरक्षण द्वारा ही आप बलसम्पन्न करके मुझे 'श्यावाश्व' बनाते हैं तथा प्रकाशसम्पन्न करके आप मुझे 'अत्रि' बनाते हैं।

भावार्थः—इन्द्राग्नी की आराधना मुझे गतिशील इन्द्रियाश्वोंवाला 'श्यावाश्व' बनाए तथा काम, क्रोध, लोभ से रहित करके यह मुझे 'अत्रि' बनाए।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मेधिर की तरह

एवा वामह्वऊतये यथाहुवन्त मेधिराः। इन्द्राग्नी सोमपीतये॥ ९॥

(१) हे **इन्द्राग्नी**=बल व प्रकाश के दिव्यभावो! मैं **वाम्**=आप दोनों को **ऊतये**=रक्षण के लिए **एवा**=इस प्रकार **अह्वे**=पुकारता हूँ, **यथा**=जैसे **मेधिराः**=बुद्धिमान् पुरुष **अहुवन्त**=पुकारते हैं। (२) हे इन्द्राग्नी! आप **सोमपीतये**=मेरे जीवन में सोम के रक्षण के लिए होते हो।

भावार्थः—बल व प्रकाश का आराधन हमारे जीवन में सोमरक्षण करता हुआ हमारा रक्षण करता है। हमें रोगों व वासनाओं से आक्रान्त होने से बचाता है।

ऋषिः—श्यावाश्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सरस्वतीवाले इन्द्राग्नी

अहं सरस्वतवतोरिन्द्राग्न्योरवो वृणे। याभ्यां गातुमुद्यते॥ १०॥

(१) **अहं**=मैं **सरस्वतीवतोः**=ज्ञान की अधिष्ठात्री देवतावाले **इन्द्राग्न्योः**=इन्द्र और अग्नि

की **अवः**-रक्षा को **वृणे**-सर्वथा वरता हूँ। इन्द्राग्नी का आराधन ही मुझे सरस्वती का प्रशस्त आराधक बनाता है। बल व बुद्धि से युक्त होकर ही मैं सरस्वती का आराधक बन पाता हूँ। (२) मैं उन इन्द्र और अग्नि के का वरण करता हूँ। **याभ्यां**-जिनसे **गायत्रं**-प्राणरक्षक स्तवन **ऋच्यते**-स्तुत होता है। इन्द्र और अग्नि ही वस्तुतः प्राणरक्षक सोम का उच्चरण करते हैं। मैं बल व प्रकाश से युक्त होकर हृदय में उस स्तुति की वृत्ति को अपना पाता हूँ, जो मेरी प्राणरक्षा का साधन बनती है।

भावार्थः-बल व प्रकाश का आराधन मुझे प्रशस्त ज्ञान को प्राप्त करता है। इस आराधन से ही मैं उस स्तवन को करता हूँ, जो मेरा प्राणरक्षक बनता है।

बल व प्रकाश के आराधन से यह 'नाभाग' बनता है-One who nips evil in the Bud. रोग व वासनारूप शत्रु को प्रारम्भ में ही समाप्त करनेवाला (**मम्** हिंसात्मक)। यही समझदारी है कि बुराई को प्रारम्भ ही में समाप्त किया जाए, सो यह 'कण्व' है। यह 'अग्नि' नाम से प्रभु का आराधन करता है-

३९. [एकोनचत्वारिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ **देवता**—अग्निः॥ **छन्दः**—भुरिग्त्रिष्टुप्॥ **स्वरः**—धैवतः॥

प्रभु-स्तवन के द्वारा दिव्यता की प्राप्ति व दोषदहन

अग्निमस्तोष्यृग्मियमग्निमीळ्य यजध्यै ।
अग्निर्देवां अनक्तु न उभे हि विदथे कविरन्तश्चरति दूत्यं१ नभन्तामन्यके समे॥ १॥

(१) **ऋग्मियं**-स्तुति के योग्य **अग्निं**-उस अग्रणी प्रभु से **अस्तोषि**-स्तवन करता हूँ। उस **अग्निं**-प्रभु को **यजध्यै**-अपने साथ संगत करने के लिए **यजध्यै**-मैं उसका यजन करता हूँ। वह **अग्निः**-अग्रणी प्रभु **नः**-हमारे लिए **देवान्**-सब दिव्यभावों को **अनक्तु**-प्राप्त कराए। प्रभु के सम्पर्क में दिव्यता प्राप्त होती ही है। (२) वह **कविः**-क्रान्तदर्शी सर्वज्ञ प्रभु **हि**-ही **उभे**-दोनों द्यावापृथिवी अथवा प्रकृति व आत्मतत्त्व के **विदथे**-ज्ञान के निमित्त **अन्तः**-हमारे हृदयों में **दूत्यं चरति**-ज्ञान-सन्देश वहन के कार्य को करते हैं। प्रभु ही सब ज्ञानों के स्रोत हैं। इन ज्ञानों के परिणामस्वरूप **समे अन्यके**-सब काम-क्रोध आदि शत्रु **नभन्ताम्**-विनष्ट हो जाएँ।

भावार्थः-प्रभु स्तवन के द्वारा प्रभु का मेल होने पर दिव्यता प्राप्त होती है तथा वह ज्ञान प्राप्त होता है, जिस ज्ञान में सब काम-क्रोध आदि का दहन हो जाता है।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ **देवता**—अग्निः॥ **छन्दः**—विराट् त्रिष्टुप्॥ **स्वरः**—धैवतः॥

स्तुति व यज्ञशीलता से शत्रुपराभव

न्यग्ने नव्यसा वचस्तनूषु शंसमेषाम् ।
न्यरातीर राव्णां विश्वा अर्यो अरातीरितो युच्छन्त्वामुरो नभन्तामन्यके समे॥ २॥

(१) हे **अग्ने**-परमात्मन्! **नव्यसा वचः**-(वचसा) स्तुत्य (प्रशस्य) वचनों के द्वारा **तनूषु**-हमारे शरीरों में **एषां**-इन शत्रुओं के **शंसं**-(Charm, Spell) जादू को **नि (युच्छ)**-दूर कर। **रराव्णां**-हवि के देनेवाले यज्ञशील पुरुषों के **अरातीः**-शत्रुओं को **नि (युच्छ)**-दूर करिए। (२) हे प्रभो! आपके अनुग्रह से **विश्वा**-सब **अर्यः**-आक्रमण करनेवाले **आमुरः**-समन्त् हिंसन करनेवाले **अरातीः**-शत्रु **इतः**-यहाँ से **युच्छन्तु**-(गच्छन्तु) चले जाएँ। **समे**-सारे **अन्यके**-शत्रु **नभन्ताम्**-नष्ट हो जाएँ।

भावार्थः—प्रभु-स्तवन से हम शत्रुओं के जादू को समाप्त करनेवाले हैं। यज्ञशील बनकर सब शत्रुओं को दूर करनेवाले हों।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—भुरिक्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

घृतं+मन्मानि

अग्ने मन्मानि तुभ्यं कं घृतं न जुह्व आसनि ।
स देवेषु प्र चिकिद्धि त्वं ह्यसि पूर्व्यः शिवो दूतो विवस्वतो नभन्तामन्यके समे ॥ ३ ॥

(१) हे **अग्ने**-परमात्मन्! **तुभ्यं**-आपकी प्राप्ति के लिए मैं **आसनि**-मुख में **कं घृतं**-सुखकर ज्ञानदीप्ति को (घृ दीप्तौ) तथा **मन्मानि**-स्तोत्रों को **जुह्वे**-आहुत करता हूँ, अर्थात् मेरा मुख ज्ञान की वाणियों को तथा स्तुतिवचनों को ही उच्चारित करनेवाला बनता है। (२) **स त्वं**-वे आप देवेषु **प्रचिकिद्धि**-सूर्य आदि सब देवों के विषय में हमें ज्ञानयुक्त कीजिए। **त्वं हि**-आप ही **पूर्व्यः असि**- सृष्टि के प्रारम्भ में होनेवाले हैं। उस समय आप ही तो ज्ञान देनेवाले हैं। आप **शिवः**-कल्याण करनेवाले हैं तथा **विवस्वतः दूतः**-विवस्वान् के दूत हैं—जो भी ज्ञान के सूर्य हैं उनके लिए भी ज्ञान के सन्देश को देनेवाले हैं। इस ज्ञान के होने पर **समे**-सब **अन्यके**-शत्रु **नभन्ताम्**-विनष्ट हों।

भावार्थः—प्रभुप्राप्ति के लिए हम ज्ञान व स्तवन की ओर झुकते हैं। प्रभु ही हमें सब सूर्य आदि देवों के विषय में ज्ञान देते हैं। ज्ञान देकर प्रभु हमारा कल्याण करते हैं।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—स्वराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

शं-योः-मयः

तत्तदग्निर्वयो दधे यथायथा कृपण्यति ।
ऊर्जाहुतिर्वसूनां शं च योश्च मयो दधे विश्वस्यै देवहूत्यै नभन्तामन्यके समे ॥ ४ ॥

(१) एक स्तोता **यथा यथा**-जैसे-जैसे **कृपण्यति**-याचना करता है, **अग्निः**-प्रभु **तत् तत्**-उस-उस **वयः**-जीवन को **दधे**-धारण करते हैं। अभ्युदय की कामनावाले को अभ्युदय प्राप्त कराते हैं, तो निःश्रेयस की कामनावाले को निःश्रेयस के योग्य बनाते हैं। **ऊर्जाहुतिः**(हु दाने)-बल व प्राणशक्ति को देनेवाले प्रभु **वसूनां**-अपने निवास को उत्तम बनानेवालों को **शं**-शान्ति, **च**-और **योः**-भयों का शमन (दूरीकरण), **च**-तथा **मयः**-सुख **दधे**-प्राप्त कराते हैं। (२) प्रभु इन वसुओं के लिए **विश्वस्यै देवहूत्यै**-सब दिव्यगुणों के आह्वान के लिए होते हैं। प्रभु इनके जीवनों में सब दिव्यगुणों का धारण करते हैं।

भावार्थः—उपासक की कामना के अनुसार प्रभु उसके जीवन को बनाते हैं। उसे शान्ति, निर्भयता व सुख प्राप्त कराते हैं उसे दिव्य गुणों में स्थापित करके काम-क्रोध आदि से रहित करते हैं।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—भुरिक्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

शत्रुविनाश व दिव्यगुण प्राप्ति

सह चिकेत सहीयसाग्निश्चित्रेण कर्मणा ।
स होता शश्वतीनां दक्षिणाभिरभीवृत इनोति च प्रतीव्यं नभन्तामन्यके समे ॥ ५ ॥

(१) **सः**-वे **अग्निः**-प्रभु **सहीयसा**-शत्रुओं को अभिभूत करनेवाले **चित्रेण कर्मणा**-अद्भुत

कर्म से **चिकेत**=जाने जाते हैं। प्रभु अपने उपासकों के शत्रुओं का विनाश करते हैं। **सः**=वे प्रभु **शश्वतीनां होता**=(नि०-३.१ 'बहु' शश्वत्) बहुत दिव्यभावनाओं के होता=(आह्वाता) पुकारनेवाले हैं, अर्थात् प्रभु के अनुग्रह से स्तोता के जीवन में दिव्यभावनाओं का वर्धन होता है। (२) वे प्रभु **दक्षिणाभिः**=दक्षिणाओं से **अभीवृतः**=परिवृत हैं, अर्थात् सब देय पदार्थों को स्तोता को प्राप्त कराने के लिए उद्यत हैं, **च**=और **प्रतीव्यम्**=(प्रत्येतव्यम्) आक्रमण करने योग्य शत्रु को **इनोति**=आक्रान्त करते हैं=उस पर आक्रमण के लिए जाते हैं। प्रभु के अनुग्रह से **समे**=सब **अन्यके**=शत्रु **नभन्ताम्**=नष्ट हो जाएँ।

भावार्थ=प्रभु हमारे काम-क्रोध आदि शत्रुओं को नष्ट करके दिव्य भावों को प्राप्त कराते हैं। हमारे लिए सब आवश्यक पदार्थों को देते हैं और हमारे शत्रुओं को आक्रान्त करते हैं।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—स्वराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

अग्निः द्वारा व्यूर्णुते

अग्निर्जाता देवानामग्निर्वेद मर्तानामपीच्यम्।
अग्निः स द्रविणोदा अग्निर्द्वारा व्यूर्णुति स्वाहुतो नवीयसा नभन्तामन्यके समे॥ ६॥

(१) **अग्निः**=वह अग्रणी प्रभु ही **देवानां जाता वेद**=सूर्य, चन्द्र,तारे आदि सब दिव्य पदार्थों के जन्म व विकास को जानता है व प्राप्त कराता है। प्रभु ही इन्हें उत्पन्न करते हैं और उस-उस शक्ति को प्राप्त कराते हैं। वे **अग्नि**=अग्रणी प्रभु ही **मर्तानाम्**=मनुष्यों के **अपीच्यम्**=अन्तर्हित रहस्यमय बातों को भी **वेद**=हृदयस्थरूपेण जाननेवाले हैं। (२) **सः**=वे **अग्निः**=सब प्रगतियों के साधक प्रभु ही **द्रविणोदाः**=सब धनों के देनेवाले हैं। **अग्निः**=वे अग्रणी प्रभु ही **द्वारा व्यूर्णुति**=सब इन्द्रियनद्वारों को आच्छादन रहित करते हैं। इन पर आए हुए मलावरणों को हटाते हैं। सो ये प्रभु हमारे द्वारा **नवीयसा**=अतिशयेन गति के कारणभूत (नव गतौ) स्तोत्रों से **स्वाहुतः**=सम्यक् आपत होते हैं। हम प्रभु का स्तवन करते हैं और प्रभु के प्रति अपना अर्पण करते हैं। प्रभु के गुणों को अपनाने की कोशिश करते हैं। हमारे **समे**=सब **अन्यके**=शत्रु **नभन्ताम्**=नष्ट हों।

भावार्थः=प्रभु ही सूर्य आदि देवों को विकास प्राप्त कराते हैं। हमारे हृदयों की बातों को जानते हैं। सब धनों को देते हैं, इन्द्रियद्वारों को मलावरणरहित करते हैं। तभी हम काम आदि शत्रुओं को नष्ट कर पाते हैं।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—स्वराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

देव व यज्ञिय पुरुषों में प्रभु का वास

अग्निर्देवेषु संवसुः स विक्षु यज्ञियास्वा।
स मुदा काव्या पुरु विश्वं भूमेव पुष्यति देवो देवेषु यज्ञियो नभन्तामन्यके समे॥ ७॥

(१) **अग्निः**=वह अग्रणी प्रभु **देवेषु**=देववृति के व्यक्तियों में **संवसुः**=सम्यक् वास को करता है। देववृत्तिवाले व्यक्ति वे हैं जो (दिव् विजिगीषा) काम, क्रोध, लोभ आदि को जीतने की प्रबल कामनावाले होते हैं। **सः**=वे प्रभु ही **यज्ञियासु विक्षु**=यज्ञशील प्रजाओं में **आ**=समन्तात् वास करते हैं। **सः**=वे प्रभु **मुदा**=आनन्द के साथ **काव्या**=कवि कर्मों को **पुरु**=खूब **पुष्यति**=देखते हैं। उन कर्मों का रक्षण करते हैं (Look after)। उसी प्रकार रक्षण करते हैं, **इव**=जैसे **विश्वं**=सब प्राणियों को **भूम**=यह भूमि देखती है। भूमि माता के समान सब प्राणियों का धारण करती है, इसी प्रकार प्रभु सब कवि कर्मों का ध्यान करते हैं। प्रभु का उपासक कवि बनता है=क्रान्तदर्शी

होता है। उपासना से उसकी बुद्धि सूक्ष्मग्राहिणी बनती है। यह बुद्धि सत्य को बड़े प्रिय ढंग से कहनेवाली बनती है। (२) **देवः**=ये प्रकाशमय प्रभु **देवेषु**=सब देवों में **यज्नियः**=उपास्य होते हैं। प्रभु को गुरुओं का गुरु–महान् गुरु, देवों का देव–महादेव कहते हैं। ये ईश्वरों के ईश्वर–परमेश्वर हैं। इनके उपासन से **समे**=सब **अन्यके**=शत्रु **नभन्ताम्**=नष्ट हो जाएँ।

भावार्थः–प्रभु का निवास दिव्य वृत्तिवाले–यज्ञशील–पुरुषों में होता है। प्रभु हमारे जीवनों में ज्ञान की क्रियाओं के साथ आनन्द को जोड़नेवाले होते हैं। देव प्रभु का उपासन करते हैं और शत्रु को हरा कर पाते हैं।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—स्वराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

सप्तमानुषः, सिन्धुषु श्रितः

यो अग्निः सप्तमानुषः श्रितो विश्वेषु सिन्धुषु ।
तमागन्म त्रिपस्त्यं मन्धातुर्दस्युहन्तममग्निं यज्ञेषु पूर्व्यं नभन्तामन्यके समे॥ ८॥

(१) **यः**=जो **अग्निः**=अग्रणी प्रभु **सप्तमानुषः**=(सप्तमर्यादाः कवयस्ततक्षुः) सातों मर्यादाओं का पालन करनेवाले मनुष्यों में निवास करते हैं तथा **विश्वेषु**=सब **सिन्धुषु**=(स्यन्दन्ते) निरन्तर कर्मों में प्रवाहित होनेवाली भुजाओं में **श्रितः**=आश्रित हैं–निवास करते हैं। **तम्**=उस प्रभु को **आगन्म**=हम प्राप्त होते हैं। (२) उन प्रभु को हम प्राप्त होते हैं, जो **त्रिपस्त्यम्**=(पस्त्य=गृह) ज्ञान, कर्म व उपासना रूप तीन गृहोंवाले हैं, अर्थात् ज्ञानपूर्वक कर्म करते हुए, उन कर्मों को प्रभु के प्रति अर्पण करने से प्राप्त होते हैं। जो **मन्धातुः**=ज्ञान का धारण करनेवाले के **दस्युहन्तमम्**=दास्यव भावों को अधिक–से–अधिक नष्ट करनेवाले हैं। **अग्निम्**=अग्रणी हैं। **यज्ञेषु पूर्व्यम्**=यज्ञों के होने पर पालन व पूरण करनेवालों में सर्वोत्तम हैं। इस प्रभु के अनुग्रह से **समे**=सब **अन्यके**=शत्रु **नभन्ताम्**=नष्ट हो जाएँ।

भावार्थः–प्रभु का निवास उनमें होता है जो सातों मर्यादाओं का पालन करे व क्रियाशील हो। ये प्रभु तभी प्राप्त होते हैं, जब हम ज्ञान, कर्म व उपासना–तीनों का जीवन में समन्वय करें। प्रभु ही हमें ज्ञानी बनाकर हमारे शत्रुओं का विनाश करते हैं।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

विप्रः-दूतः-परिष्कृतः

अग्निस्त्रीणि त्रिधातून्या क्षेति विदथा कविः ।
स त्रींरेकादशाँ इह यक्षच्च पिप्रयच्च नो विप्रो दूतः परिष्कृतो नभन्तामन्यके समे॥ ९॥

(१) **अग्निः**=वह अग्रणी प्रभु **त्रिधातूनि**=शरीर, मन व बुद्धि–तीनों को धारण करनेवाले **त्रीणि विदथा**=तीनों 'ऋग्–यजु–साम' रूप ज्ञान की वाणियों में **आक्षेति**=सदा से निवास करते हैं। **कविः**=वे प्रभु ही इस वेदरूप काव्य के कवि हैं 'देवस्य पश्य काव्यं न ममार न जीर्यति।' (२) **सः**=वे प्रभु **त्रीन् एकादशान्**=तीन गुणा ग्यारह अर्थात् तैंतीस देवों को **इह**=इस जीवन में **यक्षत्**=संगत करते हैं, **च**=और **नः पिप्रयत्**=हमें प्रीणित करते हैं अथवा हमारी सब कामनाओं का पूरण करते हैं। वे प्रभु **विप्रः**=हमारा विशेषरूप से पूरण करनेवाले हैं, **दूतः**=ज्ञान का सन्देश देनेवाले हैं तथा **परिष्कृतः**=(परिष्कृतम् अस्य अस्ति) पूर्ण परिष्कार व शुद्धि को करनेवाले हैं। प्रभु के अनुग्रह से **समे**=सब **अन्यके**=शत्रु **नभन्ताम्**=नष्ट हो जाएँ।

भावार्थः—प्रभु सर्वज्ञ हैं, वे सब देवों को हमारे साथ संगत करते हैं। ज्ञान देकर हमारा पूरण व परिष्कार करते हैं।

ऋषिः—नाभाकः काण्वःङ्ग देवता—अग्निःङ्ग छन्दः—त्रिष्टुपङ्ग स्वरः—धैवतःङ्ग

परिस्तुतः-स्वसेतवः आपः

त्वं नो अग्न आयुषु देवेषु पूर्व्य वस्व एक इरज्यसि।
त्वामापः परिस्तुतः परियन्ति स्वसेतवो नभन्तामन्यके समे॥ १०॥

(१) हे **पूर्व्य**=सर्वप्रथम स्थान में स्थित अथवा पालन व पूरण करनेवालों में उत्तम **अग्ने**=अग्रणी प्रभो! **त्वं**=आप **आयुषु**=मनुष्यों में **नः**=हमारे **वस्वः**=धनों के **एकः इरज्यसि**=अद्वितीय ईश्वर हैं, सब धनों के स्वामी आप ही हैं। **देवेषु**=सूर्य, चन्द्र, नक्षत्र आदि देवों में भी विद्यमान वसु के **त्वं**=आप ही **इरज्यसि**=ईश हैं। (२) **त्वाम्**=आपको **आपः**=वे प्रजाएँ **परियन्ति**=सर्वथा प्राप्त होती हैं जो **परिस्तुतः**=(परि-स्तु) समन्तात् अपने कर्तव्यकर्मों में गतिवाली हैं तथा **स्वसेतवः**=स्वयं अपने को व्रतों के बन्धन में बाँधनेवाली हैं। हे प्रभो! आपके अनुग्रह से **समे**=सब **अन्यकेः**=काम, क्रोध, लोभ आदि शत्रु **नभन्ताम्**=नष्ट हो जाएँ।

भावार्थ—प्रभु ही मनुष्यों व देवों में होनेवाले सब ऐश्वर्यों के स्वामी है। प्रभु को कर्तव्यपालक व्रती पुरुष प्राप्त होते हैं। अगले सूक्त में देवता 'इन्द्राग्नी' हैं—

४०. [चत्वारिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—नाभाकः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्राग्नीङ्ग छन्दः—भुरिक्त्रिष्टुपङ्ग स्वरः—धैवतःङ्ग

'इन्द्र व अग्नि' के द्वारा शत्रुपराभव

इन्द्राग्नी युवं सु नः सहन्ता दासथो रयिम्।
येन दृळ्हा समत्स्वा वीळु चित्साहिषीमहि व्रिनेव वात इन्नभन्तामन्यके समे॥ १॥

(१) 'इन्द्र' बल का प्रतीक है और 'अग्नि' प्रकाश का। हे **इन्द्राग्नी**=बल व प्रकाश के देवो! **युवं**=आप **सु**=सम्यक् **सहन्ता**=शत्रुओं का पराभव करनेवाले हो। आप शत्रुओं का पराभव करके **आ**=हमारे लिए **रयिं**=ऐश्वर्य को **दासथः**=देते है। (२) आप हमारे लिए उस ऐश्वर्य को देते हो **येन**=जिससे कि **समत्सु**=संग्रामों में **दृळ्हा**=दृढ़ और **वीळु चित्**=निश्चय से अतिप्रबल भी शत्रुओं को **आसाहिषीमहि**=समन्तात् पराभूत करनेवाले हों। इस प्रकार शत्रुओं को पराभूत करनेवाले हों **इव**=जैसे **अग्निः**=आग **वाते**=वायु के होने पर **इत्**=निश्चय से **वना**=वनों को विनष्ट कर डालता है। हे प्रभो! आपके आनुग्रह से **समे**=सब **अन्यके**=शत्रु **नभन्ताम्**=नष्ट हो जाएँ।

भावार्थ—बल व प्रकाश का सम्पादन करते हुए हम संग्रामों में सब शत्रुओं का पराभव करनेवाले हों।

ऋषिः—नाभाकः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्राग्नीङ्ग छन्दः—स्वराट् शक्वरीङ्ग स्वरः—धैवतःङ्ग

वाजसातये+मेधसातये

नहि वां वव्रयामहेऽथेन्द्रमिद्याजामहे शविष्ठं नृणां नरम्।
स नः कदा चिदर्वता गमदा वाजसातये गमदा मेधसातये नभन्तामन्यके समे॥ २॥

(१) हे **इन्द्राग्नी**=इन्द्र व अग्नि देवो! हम **वां**=आप से **नहि वव्रयामहे**=कुछ याचना नहीं

करते हैं। हम तो **अथ**-अब **इन्द्रं इत्**-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु को ही **यजामहे**-पूजते हैं, अपने साथ संगत करते हैं। जो प्रभु **शविष्ठं**-सर्वाधिक शक्तिशाली हैं तथा **नृणां नरम्**-उन्नतिपथ पर चलनेवालों को आगे ले-चलनेवाले हैं। (२) **सः**-वे प्रभु **कदाचित्**-कभी तो **नः**-हमें **अर्वता**-कर्मेन्द्रियरूप अश्वों के द्वारा **आगमत्**-प्राप्त होते हैं और **वाजसातये**-शक्ति के लाभ के लिए होते हैं और कभी इन ज्ञानेन्द्रियरूप अश्वों से (इन्द्रियाश्वों से) (सा) **गमदा**-प्राप्त होते हैं और **मेध-सातये**-हमारे साथ यज्ञों को संभक्त करने के लिए होते हैं। प्रभु प्रदत्त इस वाज (शक्ति) व मेध (यज्ञ) के द्वारा **समे**-सब **अन्यके**-शत्रु **नभन्ताम्**-नष्ट हो जाएँ।

भावार्थ-हम किसी भी वस्तु की याचना न करते हुए प्रभु का ही पूजन करें। प्रभु हमें आगे ले चलेंगे। प्रभु हमें इन्द्रियाश्वों के द्वारा शक्ति व यज्ञों को प्राप्त कराते हैं। इस प्रकार हमारे शत्रुओं को नष्ट करते हैं।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्राग्नी॥ **छन्दः**—स्वराट् त्रिष्टुप्॥ **स्वरः**—धैवतः॥

उत्तम भरण-ज्ञान व उत्तम कर्म

ता हि मध्यं भराणामिन्द्राग्नी अधिक्षितः ।
ता उ कवित्वना कवी पृच्छ्यमाना सखीयते सं धीतमश्नुतं नरा नभन्तामन्यके समे ॥ ३ ॥

(१) **ता इन्द्राग्नी**-वे इन्द्र और अग्नि-बल व प्रकाश के देव **हि**-ही **भराणां मध्यं अधिक्षितः**-अपना ठीक से भरण करनेवाले लोगों के मध्यलोक अर्थात् हृदयान्तरिक्ष में निवास करते हैं। **स्तुतः**-इन्हीं के कारण वे अपना भरण कर पाते हैं। **ता**-वे **उ**-ही **कवित्वना**-वेदरूप काव्य के द्वारा **कवी**-क्रान्तदर्शी बनते हैं। इन्द्र व अग्नि की उपासना हमें प्रकृष्ट ज्ञान को प्राप्त कराती है। (२) ये इन्द्र और अग्नि **पृच्छ्यमाना**-प्रार्थना किए जाते हुए **नरा**-हमें उन्नतिपथ पर ले-चलते हैं। हम बल व प्रकाश की ही प्रार्थना करेंगे तो निरन्तर उन्नत होंगे ही। **सखीयते**-मित्र की तरह आचरण करनेवाले मनुष्य के लिए **धीतं**-उत्तम कर्मों को **सम् अश्नुतं**-सम्यक् व्याप्त करते हैं। बल व प्रकाश के होने पर उत्तम ही कर्म होते हैं। हे इन्द्राग्नी! आपके अनुग्रह से **समे**-सब **अन्यके**-शत्रु **नभन्ताम्**-विनष्ट हो जाएँ।

भावार्थ-बल व प्रकाश का आराधन हमें उत्तम भरणवाला, ज्ञानी व उत्तम कर्मोंवाला बनाता है।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्राग्नी॥ **छन्दः**—स्वराट् त्रिष्टुप्॥ **स्वरः**—धैवतः॥

यजसा+गिरा

अभ्यर्च नभाकवदिन्द्राग्नी यजसा गिरा ।
ययोर्विश्वमिदं जगदियं द्यौः पृथिवी महि उपस्थे बिभृतो वसु नभन्तामन्यके समे ॥ ४ ॥

(१) हे जीव! तू **नभाकवत्**-शत्रुओं का ह्रसन करनेवाले की तरह **इन्द्राग्नी**-बल व प्रकाश के देवों का **यजसा**-यज्ञों के द्वारा **गिरा**-और ज्ञान की वाणियों के द्वारा **अभ्यर्च**-पूजन कर। सामान्यतः यज्ञों के द्वारा इन्द्र (बल की देवता) का पूजन होता है और ज्ञानवाणियों के द्वारा अग्नि (प्रकाश की देवता) का अर्चन हुआ करता है। (२) उन इन्द्राग्नी का तू पूजन कर **ययोः**- जिनमें **इदं विश्वं जगत्**-यह सम्पूर्ण जगत् स्थित है। सम्पूर्ण जगत् का आधार ये इन्द्र व अग्नि ही तो हैं। इन इन्द्र और अग्नि के **उपस्थे**-उपस्थान में ही **इयं द्यौः**-यह मस्तिष्करूप द्युलोक तथा **मही पृथिवी**-यह महत्त्वपूर्ण शरीररूप पृथिवीलोक **वसु**-ज्ञान व शक्तिरूप धनों को **बिभृतः**- धारण

करते हैं। इस इन्द्र और अग्नि की उपासना से **समे**-सब **अन्यके**-शत्रु **नभन्ताम्**-नष्ट हो जाएँ।

भावार्थ-हम यज्ञों व ज्ञान की वाणियों के द्वारा बल व प्रकाश के देवों का उपासन करें। ये ही सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के आधार हैं। इन्हीं से मस्तिष्क ज्ञानरूप धनवाला बनता है, तो शरीर शक्तिरूप धनवाला। इनके उपासन से हमारे सब शत्रु समाप्त हो जाएँ।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

सप्तबुध्न जिह्मबार (अर्णव)

प्र ब्रह्माणि नभाकवदिन्द्राग्निभ्यामिरज्यत ।
या सप्तबुध्नमर्णवं जिह्मबारमपोर्णुत इन्द्र ईशान ओजसा नभन्तामन्यके समे ॥ ५ ॥

(१) **नभाकवत्**-शत्रुओं के हिंसित करनेवाले उपासक के समान **इन्द्राग्निभ्यां**-बल व प्रकाश के देवों के लिए **ब्रह्माणि**-स्तोतों को **प्र इरज्यत**-प्रकर्षेण प्रेरित करो। उन इन्द्र और अग्नि के लिए **या**-जो **सप्तबुध्नं**-(बुध्न-मूल-bottom) **'कर्णाविमौ नासिके चक्षणी मुखम्'** दो कान, दो नासिका छिद्र और दो आँखें व मुख रूप सात मूलोंवाले तथा **जिह्मबारम्**-सब जिह्मताओं का (टेढ़ेपन का-कुटिलता का) निवारण करनेवाले **अर्णवम्**-ज्ञानसमुद्र को **अपोर्णुतः**-दूरीभूत आवरणवाला करते हैं। इन्द्र और अग्नि की उपासना से ज्ञान चमक उठता है। (२) **इन्द्रः**-यह बल की देवता **ओजसा**-ओजस्विता के द्वारा **ईशानः**-सब अच्छाइयों का ईश बनती है। इसके द्वारा **समे**-सब **अन्यके**-शत्रु **नभन्ताम्**-विनष्ट हों।

भावार्थ-हम इन्द्र व अग्नि (बल व प्रकाश) का आराधन करते हुए ज्ञानसमुद्र को अपगत आवरणवाला करें। इन्द्र हमारे जीवन में सब अच्छाइयों का ईश हो।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—भुरिग्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

ओजो दासस्य दम्भय

अपि वृश्च पुराणवद् व्रततेरिव गुष्पितमोजो दासस्य दम्भय ।
वयं तदस्य संभृतं वस्विन्द्रेण वि भजेमहि नभन्तामन्यके समे ॥ ६ ॥

(१) हे **इन्द्र**-प्रभो! **दासस्य**-हमारा उपक्षय करनेवाले इस दास (वृत्र) के **ओजः**-ओज को **दम्भय**-विनष्ट करिए। उसी प्रकार **अपि वृश्च**-अवश्य नष्ट करिए, **इव**-जैसेकि **व्रततेः**-बेल के **पुराणवद्**-अत्यन्त पुराने (जीर्ण) हुए-हुए **गुष्पितं**-(Interlaced, Interwined), उलझे हुए शाखासमूह को कोई नष्ट कर देता है। (२) **वयं**-हम **अस्य**-इस दास के **सम्भृतं**-सञ्चित **तद् वसुः**-उस शक्तिरूप धन को **इन्द्रेण**-उस शत्रु विद्रावक प्रभु के द्वारा **विभजेमहि**-विभक्त कर डालें। इस इन्द्र के द्वारा शत्रु की शक्ति को शीर्ण करनेवाले हों। इन्द्र के साहाय्य से हमारे **समे**-सब **अन्यके**-शत्रु **नभन्ताम्**-नष्ट हो जाएँ।

भावार्थ-हम प्रभु के उपासन से शत्रु की शक्ति को शीर्ण करनेवाले बनें। बेल के पुराने पड़े हुए उलझे हुए शाखासमूह के समान शत्रु को काट डालें।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

तना+गिरा

यदिन्द्राग्नी जना इमे विह्वयन्ते तना गिरा ।
अस्माकेभिर्नृभिर्वयं सासह्याम पृतन्यतो वनुयाम वनुष्यतो नभन्तामन्यके समे ॥ ७ ॥

(१) **इमे जनाः**-ये लोग **यत्**-जब **तना**-शक्तियों के विस्तार के हेतु से तथा **गिरा**-ज्ञान की वाणियों के हेतु से **इन्द्राग्नी**-बल व प्रकाश के देवों को **विह्वयन्ते**-पुकारते हैं-उनकी आराधना करते हैं। तो इन इन्द्र और अग्नि के आराधक इन **अस्माकेभिः नृभिः**-हमारे लोगों के द्वारा **वयं**-हम **पृतन्यतः**-सेना के द्वारा आक्रमण करनेवालों को-संग्राम करनेवालों को **सासह्याम**-पराभूत करनेवाले हों। (२) इन्द्र और अग्नि की आराधना करते हुए हम **वनुष्यतः वनुयाम**-हिंसा करते हुए शत्रुओं को हिंसित करनेवाले हों। हमारे **समे**-सारे **अन्यके**-शत्रु **नभन्ताम्**-विनष्ट हों।

भावार्थ-इन्द्र और अग्नि का आराधन करते हुए हम शक्तियों के विस्तार के द्वारा तथा ज्ञानवृद्धि के द्वारा शत्रुओं को पराजित करनेवाले हों।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

नीचे से ऊपर की ओर

या नु श्वेतावो दिव उच्चरात उप द्युभिः ।
इन्द्राग्न्योरनु व्रतमुहाना यन्ति सिन्धवो यान्त्सीं बन्धादमुञ्चतां नभन्तामन्यके समे॥ ८॥

(१) **याः**-जो **नु**-निश्चय से **श्वेतौ**-जीवन को शुद्ध बनानेवाले इन्द्र और अग्नि-बल व प्रकाश के देवता **द्युभिः**-अपने प्रकाशों से **अवः**-अधः प्रदेश से **दिवः उप**-द्युलोक के समीप **उच्चरातः**-ऊपर प्राप्त कराते हैं, उन **इन्द्राग्न्योः**-इन्द्र और अग्नि के **व्रतं**-व्रत को **उहानाः**-धारण करते हुए, अर्थात् इन्द्र अग्नि के आराधन के लिए आवश्यक व्रतों को धारण करते हुए **सिन्धवः**-गतिशील पुरुष **यन्ति**-जीवन मार्ग पर चलते हैं। (२) **यान्**-जिन सिन्धुओं को, गतिशील पुरुषों को **सीम्**-निश्चय से इन्द्र और अग्नि **बन्धात् अमुञ्चतां**-बन्ध से छुड़ाते हैं। ये इन्द्र और अग्नि व्रती पुरुष के बन्धनों को समाप्त करके उन्हें जीवन-मरण के चक्र से ऊपर उठाते हैं। इन इन्द्र और अग्नि की उपासना से **समे**-सब **अन्यके**-शत्रु **नभन्ताम्**-नष्ट हों।

भावार्थ:-इन्द्र और अग्नि व्रतमय जीवनवाले पुरुष को उन्नत करते हैं। विषय के बन्धनों से मुक्त करके ये उन्हें मोक्ष का पात्र बनाते हैं।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

उपमातयः-प्रशस्तयः

पूर्वीष्टे इन्द्रोपमातयः पूर्वीरुत प्रशस्तयः सूनो हिन्वस्य हरिवः ।
वस्वो वीरस्यापृचो या नु साधन्त नो धियो नभन्तामन्यके समे॥ ९॥

(१) हे **हरिवः**-प्रशस्त इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करानेवाले, **सूनो**-उत्तम प्रेरणा को देनेवाले **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **ते**-आपकी **उपमातयः**-देन **पूर्वीः**-बहुत हैं, **उत**-और **प्रशस्तयः**-आपकी प्रशस्तियाँ-स्तुतियाँ **पूर्वीः**-हमारा पालन व पूरण करनेवाली हैं। (पॄ पालनपूरणयोः)। (२) हे प्रभो! **हिन्वस्य**-प्रीणित करनेवाले **वस्वः**-सबको बसानेवाले **वीरस्य**-शक्तिशाली आपके **आपृचः**-सम्पर्क (पृची सम्पर्के) वे हैं **याः**-जो **नु**-निश्चय से **नः**-हमारी **धियः**-बुद्धियों को **साधन्त**-सिद्ध करते हैं। सो आपके सम्पर्कों के द्वारा **समे**-सब **अन्यके**-शत्रु **नभन्ताम्**-नष्ट हो जाएँ।

भावार्थ-प्रभु ने हमारे लिए सब उन्नति के साधन प्राप्त कराए हैं। प्रभु का स्तवन हमारी बुद्धियों को उत्तम प्रेरणा प्राप्त कराता है। उस वीर प्रभु का सम्पर्क हमें शक्ति सम्पन्न बनाता है

और हम शत्रुओं पर विजय पाते हैं।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

जेषत् स्वर्वतीः अपः

तं शिशीता सुवृक्तिभिस्त्वेषं सत्वानमृग्मियम्।
उतो नु चिद्य ओजसा शुष्णस्याण्डानि भेदति जेषत्स्वर्वतीरपो नभन्तामन्यके समे॥ १०॥

(१) तं=उस प्रभु को सुवृक्तिभिः=पापवर्जन की हेतुभूत उत्तम स्तुतियों से शिशीत=(संस्कुरुत) अपने अन्दर तीक्ष्ण व संस्कृत करो, अर्थात् प्रभु की भावना को अपने अन्दर बढ़ाने का प्रयत्न करो। जो प्रभु त्वेषं=दीप्त हैं, सत्वानम्=शक्तिशाली हैं व ऋग्मियम्=ऋचाओं से स्तुति के योग्य हैं। (२) उन प्रभु को अपने अन्दर प्रादुर्भूत करो उत उ नु चित्=और निश्चय से यः=जो ओजसा=शक्ति के द्वारा शुष्णस्य आण्डानि=शोक कामदेव के अपत्यों को भी (अण्डात् जातानि) भेदति=विदीर्ण कर देते हैं, अर्थात् प्रभु कामदेव को भस्म कर देते हैं। काम को नष्ट करके प्रभु ही स्वर्वतीः=प्रकाश व सुख को प्राप्त करानेवाले अपः=रेतःकणरूप जलों का जेषत्=विजय करते हैं। कामाग्नि की रेतःकणरूप जलों को विनष्ट करती है, इस कामाग्नि के विध्वंस से रेतःकणों का रक्षण होता ही है और ऐसा होने पर समे=सब अन्यके=शत्रु नभन्ताम्=नष्ट हो जाएँ। वीर्यरक्षण के होने पर सब रोग व वासनाएँ नष्ट हो जाती हैं।

भावार्थः—हम स्तुति के द्वारा प्रभु को अपने में दीप्त करें। प्रभु की शक्ति हमारी वासना का विनाश करती है और वीर्यरक्षण द्वारा प्रकाश व सुख को प्राप्त कराती है।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—भुरिक्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

आण्डा शुष्णस्य भेदति

तं शिशीता स्वध्वरं सत्यं सत्वानमृत्वियम्।
उतो नु चिद्य ओहत आण्डा शुष्णस्य भेदत्यजैः स्वर्वतीरपो नभन्तामन्यके समे॥ ११॥

(१) तं=उस प्रभु को शिशीत=अपने अन्दर तीक्ष्ण करो—स्तुतियों से संस्कृत करो, जो प्रभु सत्यं=सत्यस्वरूप हैं, सत्वानम्=शक्तिसम्पन्न हैं। स्वध्वरं=उत्तम यज्ञ आदि कर्मों के सिद्ध करनेवाले हैं। जिनकी शक्ति से उपासक यज्ञ आदि कर्मों को कर पाता है, अतएव ऋत्वियम्=प्रभु ऋतु=ऋतु में अर्थात् सदा उपासना के योग्य हैं। (२) उत उ नु चित्=और निश्चय से यः=जो प्रभु ओहते=स्तुति किये जाते हैं वे शुष्णस्य आण्डा=कामदेव के अपत्यों को भी भेदति=विदीर्ण कर देते हैं—वासना के मूल को ही विनष्ट कर देते हैं और स्वर्वतीः=प्रकाश व सुख को प्राप्त करानेवाले अपः=रेतःकणों को अजैः=जीतते हैं। इस प्रकार काम विनाश से समे=सब अन्यके=शत्रु नभन्ताम्=विनष्ट हों।

भावार्थ—प्रभु 'स्वध्वर-सत्य-सत्वा-ऋत्विय' हैं। इनकी स्तुति जब उपासक करता है, तो प्रभु काम का समूल विनाश कर देते हैं और हमारे रेतःकणों का रक्षण कर के हमारे सब वासना व रोगरूप शत्रुओं का विनाश कर देते हैं।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

पिता-मन्धाता-अङ्गिराः

एवेन्द्राग्निभ्यां पितृवन्नवीयो मन्धातृवदङ्गिरस्वदवाचि।
त्रिधातुना शर्मणा पातमस्मान्वयं स्याम पतयो रयीणाम्॥ १२॥

(१) **एवा**=इस प्रकार **इन्द्राग्निभ्यां**=बल व प्रकाश के देवों के लिए **पितृवत्**=एक रक्षक पुरुष की तरह=जैसे एक रक्षणात्मक कर्मों में लगा हुआ व्यक्ति स्तुति करता है, उसी तरह **नवीयः**=(नु स्तुतौ) स्तुतिवचन **अवाचि**=उच्चारण किया जाता है। **मन्थातृवत्** (मन्+धा)=ज्ञान को धारण करनेवाले पुरुष की तरह हमारे से इन्द्राग्नी के लिए स्तुतिवचन उच्चारित होती है तथा **अङ्गिरस्वत्**=अंग-प्रत्यंग में रसवाले पुष्प की तरह हमारे से इन्द्राग्नी के लिए स्तुति की जाती है। वस्तुतः इन्द्र और अग्नि का स्तोता 'रक्षक=ज्ञान का धारण करनेवाला व अंग-प्रत्यंग रसवाला' बनता है। (२) हे इन्द्र और अग्ने! आप **त्रिधातुना**=वात-पित्त व कफ़ तीनों का सम्यक् धारण करनेवाले **शर्मणा**=शरीर गृह से=इस प्रकार के शरीर को प्राप्त कराने के द्वारा **अस्मान् पातम्**=हमारा रक्षण करो। आपके द्वारा **वयं**=हम **रयीणाम्**=सब ऐश्वर्यों के **पतयः**=स्वामी **स्याम**=हों।

भावार्थ=हम रक्षणात्मक कार्यों में प्रवृत्त होते हुए, ज्ञान को धारण करते हुए, अंगों को रसमय (शक्तिशाली) बनाते हुए इन्द्र और अग्नि का उपासन करें। अपने अन्दर बल व प्रकाश का वर्धन करे। बल व प्रकाश के द्वारा हमारा शरीर गृह 'वात-पित्त व कफ़' सब धातुओं के साम्यवाला हो। हम ऐश्वर्यों के स्वामी बनें।

अगले सूक्त में नाभाक 'वरुण' का स्तवन करते हैं-

४१. [एकचत्वारिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—वरुणः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'वरुण व मरुतों' का पूजन

अस्मा ऊ षु प्रभूतये वरुणाय मरुद्भ्योऽर्चा विदुष्टरेभ्यः।
यो धीता मानुषाणां पश्वो गाइव रक्षति नभन्तामन्यके समे॥ १॥

(१) **अस्मा**=इस **सु प्रभूतये**=उत्तम प्रकृष्ट ऐश्वर्यवाले **वरुणाय**=पापनिवारक प्रभु के लिए तथा **विदुष्टरेभ्यः**=उत्कृष्ट ज्ञान को प्राप्त करानेवाले **मरुद्भ्यः**=प्राणों के लिए **ऊ**=निश्चय से **अर्चा**=पूजन करो। प्रभु की उपासना से पाप दूर होते हैं और उत्कृष्ट ऐश्वर्य प्राप्त होता है। प्राणसाधना से दोषों का क्षय होकर ज्ञानदीप्ति प्राप्त होती है। (२) **यः**=जो वरुण हैं वे **धीता**=कर्मों के द्वारा **मानुषाणां**=मनुष्यों की **पश्वः**=ज्ञानेन्द्रियों को (पश्यन्ति) इस प्रकार **रक्षति**=सुरक्षित करते हैं, **इव**=जैसे एक ग्वाला **गाः**=गौओं का रक्षण करता है। ऐसा होने पर अर्थात् वरुण द्वारा हमारी ज्ञानेन्द्रियों के रक्षित होने पर **समे**=सब **अन्यके**=शत्रु **नभन्ताम्**=नष्ट हो जाएँ।

भावार्थ:=हम पापनिवारक वरुण का उपासन करें। ज्ञानदीप्ति को प्राप्त करानेवाले प्राणों की साधना में प्रवृत्त हों। प्रभु कर्मों में प्रेरित करके हमारी इन्द्रियों का रक्षण करते हैं और हमारे सब शत्रुओं का विनाश करते हैं।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—वरुणः॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

'सप्तस्वसा' स 'मध्यमः'

तमू षु समना गिरा पितृणां च मन्मभिः।
नाभाकस्य प्रशस्तिभिर्यः सिन्धूनामुपोदये सप्तस्वसा स मध्यमो नभन्तामन्यके समे॥ २॥

(१) **तम्**=उस प्रभु को **ऊ**=ही **समना गिरा**=मननयुक्त वाणी के द्वारा **च**=तथा **पितृणां मन्मभिः**=रक्षक पुरुषों के मननीय स्तुविचनों के द्वारा तथा **नाभाकस्य**=काम-क्रोध आदि का

हिंसन करनेवाले पुरुष के **प्रशस्तिभिः**=शंसनवचनों के द्वारा **सु** (अभिष्टौमि)=सम्यक् स्तुत करता हूँ। (२) **यः**=जो प्रभु **सिन्धूनां**=स्यन्दनशील रेतःकणों के **उप**=समीप **उदये**=(उद्भव) उद्गत होते हैं, अर्थात् रेतःकणों का रक्षण होने पर प्रभु का दर्शन होता है। **सः**=वे प्रभु **सप्तस्वसा**=(सप्त स्व-सृ) सात छन्दोरूप आत्मतत्त्व की ओर ले जानेवाली वेदवाणियोंवाले हैं। **मध्यमः**=सबके मध्य में होनेवाले हैं–सबके अन्दर विद्यमान हैं। इन अन्तः स्थित प्रभु के अनुग्रह से **समे**=सब **अन्यके**=शत्रु **नभन्ताम्**=नष्ट हो जाएँ।

भावार्थ–ज्ञानयुक्त वाणियों से–मननीय स्तोत्रों से तथा शंसनवचनों से हम प्रभु का स्तवन करें। सोमरक्षण के होने पर इस प्रभु का प्रकाश प्राप्त होता है। वे प्रभु सात छन्दोरूप वेदवाणियों के देनेवाले हैं, सबके अन्दर व्याप्त हो रहे हैं। इन्हीं के अनुग्रह से शत्रुओं का विनाश होता है।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ **देवता**—वरुणः॥ **छन्दः**—निचृज्जगती॥ **स्वरः**—निषादः॥

उस्रः मायया निदधे

स क्षपः परिषस्वजे न्युस्रो मायया दधे स विश्वं परि दर्शतः।
तस्य वेनीरनु व्रतमुषस्तिस्रो अवर्धयन्नभन्तामन्यके समे॥ ३॥

(१) **सः**=वे प्रभु **क्षपः**=(क्षप्-Throw away) शत्रुओं को परे फेंकनेवालों का **परिषस्वजे**=आलिंगन करते हैं। **सः उस्रः**=वे प्रकाशमय प्रभु **मायया**=अपनी माया से, प्रज्ञान से **विश्वं निदधे**=सारे संसार को धारण करते हैं। **परिदर्शतः**=वेद दर्शनीय हैं। (२) **तस्य वेनीः**=उस प्रभु की प्राप्ति की कामनावाली प्रजाएँ **व्रतम् अनु**=व्रतों के अनुसार **तिस्रः**=तीनों **उषाः**=उषाओं को **अवर्धयन्**=बढ़ाते हैं। 'उषस्' की भावना 'दोष दहन' की है। उपासक लोग व्रतमय जीवन बिताते हुए 'शरीर, मन व बुद्धि' तीनों के दोषों को दग्ध कर देते हैं। ऐसा करने पर **समे**=सब **अन्यके**=शत्रु **नभन्ताम्**=नष्ट हो जाएँ।

भावार्थ–प्रभु उन्हीं को प्राप्त होते हैं जो काम-क्रोध को विनष्ट कर देते हैं। व्रती जीवनवाले पुरुष शरीर, मन व बुद्धि के दोषों को दग्ध करते हुए प्रभु को प्राप्त होने के अधिकारी होते हैं।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ **देवता**—वरुणः॥ **छन्दः**—भुरिक्त्रिष्टुप्॥ **स्वरः**—धैवतः॥

वरुणस्य

यः ककुभो निधारयः पृथिव्यामधि दर्शतः।
स माता पूर्व्यं पदं तद्वरुणस्य सप्त्यं स हि गोपाइवेर्यो नभन्तामन्यके समे॥ ४॥

(१) **यः**=जो प्रभु **ककुभः**=सब दिशाओं को **निधारयः**=निश्चय से धारण करते हैं और जो **पृथिव्यां**=इस पृथिवी पर **अधिदर्शतः**=आधिक्येन दर्शनीय है–सर्वत्र (सब पदार्थों में) उस प्रभु की महिमा दृष्टिगोचर होती है। **सः**=वे प्रभु ही **पूर्व्यं पदं माता**=मोक्षरूप लोक का निर्माण करनेवाले हैं। (२) **वरुणस्य**=द्वेष के निवारण करनेवाले का ही **तत्**=वह **सप्त्यं**=सर्पणयोग्य होता है। इस मोक्षपद को निर्द्वेष व्यक्ति ही पाता है। **सः**=वे प्रभु **हि**=ही **गोपाः इव**=ग्वाले के समान है। ग्वाला जैसे गौओं का रक्षण करता है, उसी प्रकार प्रभु हमारा सबका रक्षण करते हैं। **ईर्यः**=वे प्रभु ही गन्तव्य हैं (**ईर् गतौ**)। हम सबको उस प्रभु की ओर ही चलना चाहिए, जिससे **समे**=सब **अन्यके**=शत्रु **नभन्ताम्**=नष्ट हो जाएँ।

भावार्थ–वे प्रभु ही धारक हैं–सर्वत्र प्रभु की ही महिमा दृष्टिगोचर होती है। ये ही मोक्षलोक का भी निर्माण करते हैं। सबके रक्षक है।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—वरुणः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

धर्ता-कविः

यो धर्ता भुवनानां य उस्रयोरपीच्या३ वेद नामानि गुह्या।
स कविः काव्या पुरु रूपं द्यौरिव पुष्यति नभन्तामन्यके समे॥ ५॥

(१) यः-जो प्रभु भुवनानां धर्ता-सब लोकों का धारण करनेवाले हैं। यः-जो प्रभु उस्राणाम्-वेदवाणी रूप गौओं के अपीच्याः-अन्तर्हित गुह्या-हृदयदेश में प्रकट होनेवाले नामानि-नामों को वेद-प्राप्त कराते हैं। सः कविः-वे प्रभु ही क्रान्तप्रज्ञ है, प्रत्येक वस्तु के मर्म को जानते हैं। (२) वे प्रभु ही काव्याः-वेदरूप काव्यों का पुष्यति-इस प्रकार पोषण करते हैं, इव-जिस प्रकार द्यौः-यह आकाश पुरु रूपं-अनेक रूपों का पोषण करता है। इस प्रभु के स्मरण से हमारे समे-सब अन्यके-शत्रु नभन्ताम्-नष्ट हों।

भावार्थः-प्रभु ही धारक हैं-सब पदार्थों को ज्ञापक है। वे कवि प्रभु ही सब ज्ञानों को देते हुए हमारे शत्रुओं को शीर्ण करते हैं।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—वरुणः॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

त्रितं जूती सपर्यत

यस्मिन्विश्वानि काव्या चक्रे नाभिरिव श्रिता।
त्रितं जूती सपर्यत व्रजे गावो संयुजे युजे अश्वाँ अयुक्षत नभन्तामन्यके समे॥ ६॥

(१) यस्मिन्-जिस प्रभु में विश्वानि काव्या-सब काव्य (वेदज्ञान) इस प्रकार श्रिता-आश्रित हैं, इव-जैसे चक्रे-चक्र में नाभिः-नाभि आश्रित होती है। उस त्रितं-तीनों के (त्रीन् तनोति) विस्तार करनेवाले, 'ऋग्, यजु, साम' रूप तीनों के बढ़ानेवाले प्रभु को जूती-जव के द्वारा-वेग के द्वारा स्फूर्त से कर्मों को करने के द्वारा सपर्यत-पूजो। (२) न-जैसे गावः-सब गौवें व्रजे-बाड़े में संयुजे-साथ मेलवाली होती है, उसी प्रकार युजे-उस प्रभु से मेल के लिए अश्वान्-इन इन्द्रियाश्वों को अयुक्षत-(युज समाधौ) समाहित करो। इन्द्रियों को इधर-उधर भटकने से रोको जिससे समे-सब अन्यके-शत्रु नभन्ताम्-नष्ट हो जाएँ।

भावार्थः-प्रभु में ही सब वेदज्ञान निहित हैं। इस प्रभु को कर्मों द्वारा हम उपासित करें। इन्द्रियों से विषयों में भटकने से रोकें। यही शत्रुनाश का मार्ग है।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—वरुणः॥ छन्दः—भुरिक्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

आसु अत्कः आशये

य आस्वत्क आशये विश्वा जातान्येषाम्।
परि धामानि मर्मृशद्वरुणस्य पुरो गये विश्वे देवा अनु व्रतं नभन्तामन्यके समे॥ ७॥

(१) यः-जो वरुण आसु-इन लोकों व प्रजाओं में अत्कः-(व्याप्तः) व्याप्त हुए-हुए आशये-रहते हैं और एषां-इन लोकों के विश्वा-सब जातानि-प्रादुर्भावों को तथा इन प्रजाओं के धामानि-तेजों को परिमर्मृशत्-छूते हैं (मृश्, To handle) व्यवस्थित करते हैं। (२) वरुणस्य-इस शासक प्रभु के पुरः-सामने ही गये, अपने-अपने घर में, स्थान में देवाः-सब देव व्रतं-अपने-अपने व्रत का अनु (गच्छन्ति)-अनुसरण करते हैं। हम सब इस प्रभु के समक्ष होते हुए कार्य करेंगे तो समे-सब अन्यके-शत्रु नभन्ताम्-अवश्य नष्ट होंगे ही।

भावार्थः—प्रभु ही व्यापकता के द्वारा सबका नियमन कर रहे हैं। प्रभु के स्मरण से ही सब शत्रुओं का विनाश होता है।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—वरुणः॥ छन्दः—स्वराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

समुद्रः-अपीच्यः-तुरः

स समुद्रो अपीच्यस्तुरो द्यामिव रोहति नि यदासु यजुर्दधे।
स माया अर्चिना पदास्तृणान्नाकमारुहन्नभन्तामन्यके समे॥ ८॥

(१) **सः**=वे प्रभु **समुद्रः**=(स+मुद्) सदा आनन्द के साथ हैं—आनन्दस्वरूप हैं। **अपीच्यः**=सबके अन्दर अन्तर्हित हैं—छिपे रूप में विद्यमान हैं। **तुरः**=सब बुराइयों का संहार करनेवाले हैं। जब एक उपासक प्रभु का इस रूप में उपासन करता है, तो वह भी आनन्द को प्राप्त करता है, सदा अन्दर स्थित होने का प्रयत्न करता है, बहिर्मुखी वृत्तिवाला नहीं होता और काम-क्रोध आदि का संहार करनेवाला होता है। इस उपासक के हृदयान्तरिक्ष में वे प्रभु इस प्रकार **रोहति**=प्रादुर्भूत होते हैं, **इव**=जैसे **द्याम्**=द्युलोक में सूर्य का प्रादुर्भाव होता है। सूर्योदय हुआ और अन्धकार समाप्त हुआ, इसी प्रकार प्रभु का प्रादुर्भाव होते ही सब वासनान्धकार विलीन हो जाता है। यह वह समय होता है **यद्**=जब **आसु**=इन प्रजाओं में वे प्रभु **यजुः निदधे**=यज्ञात्मक कर्मों को स्थापित करते हैं। वे उपासक अपने लिए न जी कर औरों के लिए जीते हैं। (२) **सः**=वह प्रभु का उपासक **अर्चिना**=उपासना के द्वारा तथा **पदाः**=(पद गतौ) गतिशीलता के द्वारा **माया अस्तृणात्**=मायाओं को हिंसित करता है। प्रभुस्मरण पूर्वक कर्मों को करता हुआ प्रकृति की माया से आकृष्ट नहीं होता। वह प्राकृतिक माया इस उपासक को वशीभूत नहीं कर पाती। माया को तैरकर यह **नाकम् अरुहत्**=मोक्षलोक में आरोहण करता है। इस प्रभुस्मरण के द्वारा हमारे **समे**=सारे **अन्यके**=शत्रु **नभन्ताम्**=नष्ट हो जाएँ।

भावार्थ—हम आनन्दमय-अन्तर्हित-वासनासंहारक प्रभु का स्मरण करें। प्रभुरूप सूर्य के उदय होते ही सारा वासनान्धकार विलीन हो जाएगा। प्रभुप्रेरणा से हमारा जीवन यज्ञशील बनेगा। उपासना व क्रियाशीलता के द्वारा सब माया को तैर कर हम मोक्ष को प्राप्त करेंगे।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—वरुणः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

स सप्तानाम् इरज्यति

यस्य श्वेता विचक्षणा तिस्रो भूमीरधिक्षितः।
त्रिरुत्तराणि पप्रतुर्वरुणस्य ध्रुवं सदः स सप्तानामिरज्यति नभन्तामन्यके समे॥ ९॥

(१) **यस्य**=जिस **तिस्रः भूमीः**=तीनों-पृथिवी, अन्तरिक्ष व द्युलोक-लोकों में (भूमियों में) **अधिक्षितः**=अधिष्ठातृरूपेण निवास करते हुए प्रभु के **विचक्षणा**=विशेषरूप से प्रकाश को करनेवाले **श्वेता**=उज्ज्वल शक्ति व ज्ञान के तेज **त्रिः उत्तराणि**=तीनों उत्कृष्ट 'शरीर-मन व मस्तिष्क' रूप लोकों का **पप्रतुः**=पूरण करते हैं। उस **वरुणस्य**=पापनिवारक प्रभु का **सदः**=स्थान **ध्रुवं**=ध्रुव है। इस ब्रह्मलोक में पहुँचकर जीव 'अव्यय' स्थान को प्राप्त कर लेता है। **सः**=वे वरुण **सप्तानाम्**=सातों लोकों के 'भूः भुवः स्वः महः जनः तपः सत्यम्' के **इरज्यति**=ऐश्वर्यवाले हैं। ये सातों लोक प्रभु का ही ऐश्वर्य हैं। इस प्रभु के उपासन से **समे**=सब **अन्यके**=शत्रु **नभन्ताम्**=नष्ट हो जाएँ।

भावार्थ—तीनों लोकों के अधिष्ठाता प्रभु हमारे 'शरीर, मन व मस्तिष्क' को शक्ति व ज्ञान

के तेज से पूरित करते हैं। ये प्रभु ही सातों लोकों के स्वामी हैं। इनके अनुग्रह से हमारे सब शत्रु विनष्ट हो जाएँ।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—वरुणः॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

श्वेतान्+कृष्णान्

यः श्वे॒तां अधि॑निर्णिजश्च॒क्रे कृ॒ष्णाँ अनु॑ व्र॒ता ।
स धाम॑ पू॒र्व्यं मंमे॒ यः स्क॒म्भेन॒ वि रोद॑सी अ॒जो न द्यामधा॑रय॒न्नभ॑न्तामन्य॒के सॅमे॥ १०॥

(१) यः=जो प्रभु श्वेतान्=प्रकाश से चमकते हुए श्वेत रंग के अधिनिर्णिजः=अति शयेन शुद्ध सूर्य आदि लोकों को चक्रे=बनाते हैं, तथा व्रता अनु=नियमों के अनुसार (व्रतं=नियमः) कृष्णान्=भूमि आदि कृष्ण लोकों को बनाते हैं। सः=वे प्रभु ही पूर्व्यं धाम=सर्वोत्कृष्ट मोक्षलोक का ममे=निर्माण करते हैं। (२) यः=जो प्रभु स्कम्भेन=अपनी धारक (थामने की) शक्ति से रोदसी=द्यावापृथिवी को वि अधारयत्=विशेष रूप से धारण करते हैं। वे अजः न=सर्वसंचालक के समान (अज् गतौ) द्याम्=इस देदीप्यमान आदित्य को धारण करते हैं। इस सर्वाधार प्रभु के द्वारा हमारा धारण होने पर समे=सब अन्यके=शत्रु नभन्ताम्=नष्ट हो जाएँ।

भावार्थः=प्रभु ही स्वयं प्रकाश सूर्य आदि लोकों को तथा स्वयं आकाश (कृष्ण) पृथिवी आदि लोकों को बनाते हैं। प्रभु ही मोक्षलोक का भी निर्माण करनेवाले हैं=प्रभु ही मोक्षलोक हैं। वे अपनी धारणशक्ति से द्युलोक व पृथिवीलोक का धारण करते हैं। सूर्य को भी थामते हैं। इन प्रभु की कृपा से हमारे काम आदि शत्रु विनष्ट हो जाएँ।

अगले सूक्त में प्रथम तीन मन्त्रों में 'वरुण' व पिछले तीन मन्त्रों में 'अश्विन' देवता हैं:—

४२. [द्वाचत्वारिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—वरुणः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'धर्ता-निर्माता-अधिष्ठाता' प्रभु

अस्तभ्ना॒द द्यामसु॑रो वि॒श्ववे॑दा॒ अमि॑मीत व॒रिमा॑णं पृथि॒व्याः ।
आसी॑दद्विश्वा॒ भुव॑नानि स॒म्राड् विश्वेत्तानि॒ वरु॑णस्य व्र॒तानि॑॥ १॥

(१) असुरः=सर्वत्र प्राणशक्ति का संचार करनेवाला, विश्ववेदाः=सम्पूर्ण धनोंवाला प्रभु द्याम्=द्युलोक को अस्तभ्नात्=थामता है—आकाशस्थ सब लोक-लोकान्तरों के प्रभु स्वामी हैं। (२) वे वरुण प्रभु ही पृथिव्याः=इस विशाल अन्तरिक्ष के व पृथिवीलोक के वरिमाणं=विस्तार को अमिमीत=बनाते हैं। वे सम्राट्=सारे ब्रह्माण्ड के शासक प्रभु विश्वा भुवनानि=सब लोकों के आसीदत्=अधिष्ठाता हैं। तानि=वे लोक-लोकान्तरों के धारण-निर्माण व अधिष्ठातृत्व आदि विश्वा इत्=सब ही व्रतानि=कर्म वरुणस्य=उस पापनिवारक प्रभु के ही हैं।

भावार्थ—द्युलोक को प्रभु थामते हैं, पृथिवी के विस्तार का निर्माण करते हैं और सब लोकों के अधिष्ठाता हैं। ये सब काम उस प्रभु के ही हैं।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—वरुणः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'बृहन्+धीर+अमृतगोपा' प्रभु

ए॒वा व॑न्दस्व॒ वरु॑णं बृ॒हन्तं॑ नम॒स्या धीर॑म॒मृत॑स्य गो॒पाम् ।
स नः॒ शर्म॑ त्रि॒वरू॑थं॒ वि यं॑सत्पा॒तं नौ॑ द्यावापृथिवी उ॒पस्थे॑॥ २॥

(१) **एवा**=इस प्रकार=गतमन्त्र में वर्णित प्रकार से **बृहन्तं**=उस महान् **वरुणं**=वरुण को **वन्दस्व**=वन्दित कर। **अमृतस्य गोपाम्**=अमृतत्व के रक्षक **धीरं**=उस ज्ञानी प्रभु को **नमस्या**=नमन कर, उसको पूजित कर। (२) **सः**=वे प्रभु **नः**=हमारे लिए **त्रिवरूथं**=तीनों 'ज्ञान, कर्म व उपासना' रूप धनोंवाले (वरूथं=Wealth) **शर्म**=शरीरगृह को **वियंसत्**=दें। **द्यावापृथिवी**=ये द्युलोक व पृथिवीलोक **उपस्थे**=अपनी गोद में **नः पातम्**=हमें सुरक्षित करें।

भावार्थः=हम उस महान् धीर अमृत के रक्षक प्रभु का वन्दन व नमन करें। वे हमें 'ज्ञान, कर्म व उपासना' रूप सम्पत्तिवाले शरीरगृह को प्राप्त कराएँगे और इस द्यावापृथिवी की गोद में हम सुरक्षित रहेंगे। द्युलोक हमारा पिता होगा, पृथिवी माता।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः॥ देवता—वरुणः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

सुतर्मा नौका

इमां धियं शिक्षमाणस्य देव क्रतुं दक्षं वरुण सं शिशाधि।
ययाति विश्वा दुरिता तरेम सुतर्माणमधि नावं रुहेम॥ ३॥

(१) हे **देव**=प्रकाशमय **वरुण**=नियामक देव! **इमां धियं**=इस ज्ञानपूर्वक किये जाते हुए कर्म को **शिक्षमाणस्य**=अनुष्ठान करते हुए मेरे **क्रतुं**=प्रज्ञान को व **दक्षं**=बल को **संशिशाधि**=सम्यक् तीक्ष्ण करिये। आप से प्राप्त कराये गये ज्ञान व बल के द्वारा ही तो मैं इस कर्म को कर पाऊँगा। (२) आपके अनुग्रह से हम उस **सुतर्माणम्**=सम्यक् तरानेवाली **नावं**=यज्ञरूप नौका पर **अधिरुहेम**=आरूढ़ हों, **यया**=जिसके द्वारा **विश्वा**=सब बुराइयों को **अति तरेम**=तैर जाएँ।

भावार्थ=प्रभु से प्रज्ञान व शक्ति को प्राप्त करके हम यज्ञात्मक कर्मों में प्रवृत्त हों। ये यज्ञ ही सब दुरितों को तैर जाने के लिए नाव हैं।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः अर्चनाना वा॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

ग्रावाणः+विप्रः

आ वां ग्रावाणो अश्विना धीभिर्विप्रा अचुच्यवुः।
नासत्या सोमपीतये नभन्तामन्यके समे॥ ४॥

(१) हे **अश्विना**=प्राणापानो! **वां**=आपकी **ग्रावाणः**=स्तुति की वाणियों का उच्चारण करनेवाले **विप्राः**=ज्ञानी लोग **धीभिः**=ज्ञानपूर्वक किये जानेवाले कर्मों के हेतु से **आ अचुच्यवुः**=सर्वथा प्राप्त होते हैं, आपकी ओर आते हैं। प्राणापान की साधना ही वस्तुतः हमें 'ग्रावा व विप्र' बनाती है। इस साधना से ही हम ज्ञानपूर्वक किये जानेवाले यज्ञादि कर्मों में प्रवृत्त होते हैं। (२) हे **नासत्या**=सब असत्यों को दूर करनेवाले प्राणापानो! आप **सोमपीतये**=शरीर में सोम के पान के लिए होते हो। आपके द्वारा ही शरीर में सोम का रक्षण होता है। इस सोमरक्षण के होने पर **समे**=सब **अन्यके**=शत्रु **नभन्ताम्**=नष्ट हो जाएँ।

भावार्थ=हम स्तुति व ज्ञान में प्रवृत्त हुए-हुए प्राणसाधना को करनेवाले बनें। यह साधना शरीर में सोम का रक्षण करती हुई हमारे काम-क्रोध-लोभ आदि शत्रुओं का विनाश करती है।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः अर्चनाना वा॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

मित्रः

यथा वामत्रिरश्विना गीर्भिर्विप्रो अजोहवीत्। नासत्या सोमपीतये नभन्तामन्यके समे॥ ५॥

(१) हे **अश्विना**=प्राणापानो! **यथा**=जिस प्रकार **विप्रः**=ज्ञानी **अत्रिः**=काम-क्रोध व लोभ से ऊपर उठा हुआ अत्रि **गीर्भिः**=स्तुतिवाणियों के द्वारा **वाम्**=आपको **अजोहवीत्**=पुकारता है, उसी प्रकार मैं भी आपका आराधन करता हूँ। (२) हे **नासत्या**=सब असत्यों को दूर करनेवाले प्राणापानो! आप **सोमपीतये**=शरीर में सोम के (वीर्यशक्ति के) रक्षण के लिए होते हैं। आपकी साधना से **समे**=सब **अन्यके**=शत्रु **नभन्ताम्**=नष्ट हो जाएँ।

भावार्थ–हम काम-क्रोध लोभ से ऊपर उठकर प्राणसाधना में प्रवृत्त हों। यह साधना ही सोम रक्षण द्वारा हमारे शत्रुओं का शातन करेगी।

ऋषिः—नाभाकः काण्वः अर्चनाना वाङ्क देवता—अश्विनौङ्क छन्दः—अनुष्टुपङ्क स्वरः—गान्धारःङ्क

मेधिराः

एवा वामह्व ऊतये यथाहुवन्त मेधिराः। नासत्या सोमपीतये नभन्तामन्यके समे॥ ६॥

(१) हे **नासत्या**=प्राणापानो! मैं **ऊतये**=रक्षण के लिए **वाम्**=आपको **एवा**=इस प्रकार **अह्वे**=पुकारता हूँ। **यथा**=जैसे **मेधिराः**=ज्ञानी पुरुष–मेधावी पुरुष **आहुवन्त**=पुकारते हैं। (२) हे प्राणापानो! आप **सोमपीतये**=सोम के रक्षण के लिए होते हो। इस सोमरक्षण के द्वारा **समे**=सब **अन्यके**=शत्रु **नभन्ताम्**=विनष्ट हों।

भावार्थः–हम मेधावी बनकर प्राणसाधना में प्रवृत्त हों। इस साधना द्वारा सोमरक्षण करके काम आदि सब शत्रुओं का विनाश करें।

सोमरक्षण से विशिष्ट रूपवाले तेजस्वी बनकर हम 'विरूप' बनते हैं, 'आङ्गिरस' होते हैं–अङ्ग-प्रत्यङ्ग में रसवाले। यह विरूप 'अग्नि' नाम से प्रभु का स्तवन करता है।

४३. [त्रिचत्वारिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसःङ्क देवता—अग्निःङ्क छन्दः—निचृद्गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

'विप्र-वेधा-अग्नि-अस्तृतयज्वा' प्रभु

इमे विप्रस्य वेधसोऽग्नेरस्तृतयज्वनः। गिरः स्तोमास ईरते॥ १॥

(१) **इमे**=ये **स्तोमासः**=स्तुतियुक्त मन्त्रों द्वारा स्तुति करनेवाले उपासक लोग **अग्नेः**=उस अग्रणी प्रभु की **गिरः**=स्तुतिवाणियों का **ईरते**=उच्चारण करते हैं। (२) उन प्रभु की स्तुतिवाणियों का उच्चारण करते हैं जो **विप्रस्य**=विशेषरूप से सबका पूरण करनेवाले ज्ञानी हैं। **वेधसः**=जगत के विधाता–निर्माण करनेवाले हैं। **अस्तृतयज्वनः**=यज्ञशील पुरुषों को नष्ट न होने देनेवाले हैं।

भावार्थ–हम उस प्रभु की स्तुतिवाणियों का उच्चारण करें, जो 'विप्र-वेधाः-अग्नि व अस्तृतयज्वा' हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसःङ्क देवता—अग्निःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

'जातवेदा विचर्षणि अग्नि' प्रभु

अस्मै ते प्रतिहर्यते जातवेदो विचर्षणे। अग्ने जनामि सुष्टुतिम्॥ २॥

(१) हे **जातवेदः**=सम्पूर्ण धनों का प्रादुर्भाव करनेवाले, **विचर्षणे**=विद्रष्टः प्रभो! सबका ध्यान करनेवाले **अग्ने**=अग्रणी प्रभो! **अस्मै**=इस **प्रतिहर्यते**=प्रत्येक प्राणी के हित की कामनावाले **ते**=आपके लिए **सुष्टुतिम्**=उत्तम स्तुति को **जनामि**=उत्पन्न करता हूँ। (२) प्रभु का स्तवन करता हुआ मैं आवश्यक धनों को प्राप्त करता हूँ–ज्ञान को प्राप्त करके–विचर्षणि बनकर–मैं आगे और

आगे बढ़ता है।

भावार्थः—प्रभु-स्तवन करते हुए हम 'धन+ज्ञान+व उन्नति' को प्राप्त करें।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'वासना-वन-विलय'

आरोकाइव वेदहं तिग्मा अग्ने तव त्विषः। दद्भिर्वनानि बप्सति॥ ३॥

(१) हे **अग्ने**=अग्रणी प्रभो! **तव**=आपकी **तिग्मा**=अतितीक्ष्ण **त्विषः**=ज्ञानदीप्तियाँ **घा इत् अह**=निश्चय से और अवश्य निश्चय से **वनानि**=हृदयक्षेत्र में उग आनेवाली वासनारूप झाड़ियों को इस प्रकार **बप्सति**=खा जाती हैं। **इव**=जैसे अग्नि की **आरोकाः**=दीप्त-ज्वालाएँ **दद्भिः**=लपट-रूप दाँतों से (वनानि बप्सति) वनों को निगल जाती हैं। (२) अग्नि की ज्वालाओं में वन भस्म हो जाते हैं। इसी प्रकार प्रभु की ज्ञानदीप्तियों में वासनाओं का विध्वंस हो जाता है।

भावार्थः—प्रभु की उपासना के होने पर हमारी सब वासनाएँ प्रभु की ज्ञान ज्वालाओं में दग्ध हो जाती हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अग्नयः (यज्ञाग्नियाँ)

हरयो धूमकेतवो वातजूता उप द्यवि। यतन्ते वृथगग्नयः॥ ४॥

(१) **अग्नयः**=यज्ञों की अग्नियाँ **हरयः**=हम सबके कष्टों का हरण करनेवाली होती हुई **वृथक्**=पृथक्-पृथक् स्थानों में **उप द्यवि**=अन्तरिक्षलोक में **यतन्ते**=रोगकृमिनाश के लिए यत्नशील होती हैं। (२) ये अग्नियाँ **धूमकेतवः**=धूमरूप ध्वजावाली हैं और **वातजूताः**=वायु द्वारा प्रेरित होती है। वायु इनका उद्बोधक होता है।

भावार्थ—यज्ञाग्नियाँ अन्तरिक्ष में उठती हुई रोगकृमिविनाश द्वारा यज्ञशील पुरुषों के कष्टों का अपहरण करती हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उषसाम् केतवः इव

एते त्ये वृथगग्नय इद्धासः समदृक्षत। उषसामिव केतवः॥ ५॥

(१) **एते**=ये **त्ये**=वे प्रसिद्ध **अग्नयः**=यज्ञाग्नियाँ **वृथक्**=पृथक्-पृथक् स्थानों में **इद्धासः**=समिद्ध हुई-हुई **समदृक्षत**=दिखती हैं। सर्वत्र-सब घरों में यज्ञाग्नियाँ दीप्त हो रही हैं। (२) ये यज्ञाग्नियाँ **उषसां**=उषाकालों की **केवतः इव**=पताकाएँ सी हैं-उषाकालों की यह प्रज्ञापक हैं, सूचना देनेवाली हैं।

भावार्थः—उषाकालों में सर्वत्र होते हुए यज्ञ अग्नियों द्वारा उषा का प्रज्ञापन कर रहे हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अग्निर्यद् रोधति क्षमि

कृष्णा रजांसि पत्सुतः प्रयाणे जातवेदसः। अग्निर्यद्रोधति क्षमि॥ ६॥

(१) **अग्निः**=एक प्रगतिशील जीव **यद्**=जब **क्षमि**=इस पृथिवीरूप शरीर में **रोधति**=प्राणों का निरोध करता है तो इस **पत्सुतः**=(पद् सु=सवति To go, move) वेदवाणी (वेदशब्दों) के अनुसार गति करनेवाले **जातवेदसः**=ज्ञानी पुरुष के **प्रयाणे**=जीवनमार्ग में **रजांसि**=राजसभाव

कृष्णा-(कृष् -To pull away, tear) दूर व विनष्ट हो जाते हैं। (२) प्राणायाम के द्वारा हमारा ज्ञान बढ़ता है। सब राजसभाव विनष्ट होते हैं और इस साधक की वृत्ति सात्त्विक बन जाती है।

भावार्थः-प्राणनिरोध से ज्ञान का वर्धन होता है, राजसभाव विनष्ट होते हैं, वृत्ति सात्त्विक बनती है।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मात्रा में वानस्पतिक भोजन

धासिं कृण्वान ओषधीर्बप्सदग्निर्न वायति। पुनर्यन्तरुणीरपि॥ ७॥

(१) **अग्निः**-प्रगतिशील जीव **धासिं कृण्वानः**-धारणात्मक भोजन को करता हुआ-अर्थात् शरीर धारण के ही लिए भोजन को ग्रहण करता हुआ, **ओषधीः बप्सत्**-ओषधि वनस्पतियों का ही भक्षण करता हुआ **न वायति**-श्रान्त नहीं होता जाता। शुष्क अंग-प्रत्यंगोंवाला नहीं हो जाता। (२) और **पुनः**-फिर यह प्रगतिशील जीव इन वानस्पतिक भोजनों को करता हुआ **तरुणीः अपि यत्**-संसार सागर से तरानेवाली भावनाओं की ओर ही गतिवाला होता है।

भावार्थ-मात्रा में किया गया वानस्पतिक भोजन (क) शरीर को सरस अङ्ग-प्रत्यङ्गोंवाला बनाता है, और (ख) भावनाओं को उत्तम बनाता है।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'जञ्जणाभवन्' प्रभु

जिह्वाभिरह नन्नमदर्चिषा जञ्जणाभवन्। अग्निर्वनेषु रोचते॥ ८॥

(१) **अग्निः**-वह अग्रणी प्रभु **वनेषु**-उपासकों में (वन् संभक्तौ) **रोचते**-चमकता है। यह प्रभु **जिह्वाभिः**-अपनी ज्ञान-ज्वालाओं से **अह**-निश्चयपूर्वक **नन्नमत**-सब शत्रुओं को झुका देता है। हम प्रभु की उपासना करते हैं। प्रभु हमारे हृदयों में दीप्त होते हुए ज्ञानाग्नि के द्वारा सब काम-क्रोध आदि शत्रुओं को भस्म कर देते हैं। (२) ये प्रभु **अर्चिषा**-ज्ञानदीप्ति से **जञ्जणाभवन्**-(जजन-Burning) ज्वलित व दीप्त होते हैं। इसी ज्ञान-ज्वाला ही में तो सब शत्रुओं का दहन होता है।

भावार्थ-प्रभु उपासकों में अपनी ज्ञानदीप्ति से चमकते हैं और काम-क्रोध आदि को दग्ध कर देते हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वानस्पतिक भोजन व प्रभुदर्शन

अप्स्वग्ने सधिष्टव सौषधीरनु रुध्यसे। गर्भे सञ्जायसे पुनः॥ ९॥

(१) **अग्ने**-प्रभो! **अप्सु**-सब प्रजाओं में **तव**-तेरी **सधि**-समानरूप से स्थिति है। **सः**-वे आप **ओषधीः अनुरुध्यसे**-ओषधियों का अनुरोध (अपेक्षा) करते हैं, अर्थात् आपके दर्शन के लिए आवश्यक है कि मनुष्य **मांसाहार** की ओर न झुके। (२) **गर्भे सन्**-सब प्राणियों के अन्दर होते हुए आप **पुनः**-फिर **जायसे**-प्रादुर्भूत होते हैं। प्रभु की सत्ता तो सर्वत्र ही है। पवित्र हृदय में प्रभु का प्रकाश दिखता है। पवित्र हृदय के लिए पवित्र भोजन की अवश्यकता है।

भावार्थ-प्रभु का निवास सब में हैं। उनका प्रादुर्भाव व प्रकाश वहीं होता है, जहाँ पवित्र भोजन के परिणामरूप पवित्र हृदयों का निर्माण होता है।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अग्निहोत्र

उदग्ने॒ तव॒ तद् घृ॒तादु॒र्ची रो॑चत आहु॒तम्। निंसा॑नं जु॒ह्वा॒३॑ मुखे॑॥ १०॥

(१) हे **अग्ने**=यज्ञाग्ने! **तव तद् अर्चिः**=तेरी वह ज्वाला **घृतात्**=घृत के द्वारा **आहुतम्**=समन्तात् आहुत हुई-हुई **उद्रोचते**=ऊपर उठती हुई चमकती है। (२) यह ज्वाला **जुह्वा**=घृत के चम्मच के **मुखे**=अग्रभाग में **निंसानम्**=चुम्बन करती प्रतीत होती है। यज्ञाग्नि की ज्वाला इतनी ऊपर उठती है कि आहुति साधनभूत चम्मच को छूती प्रतीत होती है।

भावार्थः—जिन घरों में अग्निहोत्र में अग्नि की ज्वालाएँ सब ऊपर उठती हैं, वहाँ इस अग्निहोत्र के द्वारा 'सौमनस्य' प्राप्त होकर शान्ति का निवास होता है।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उक्षान्न+वशान्न (यज्ञाग्नि)

उ॒क्षान्ना॑य व॒शान्ना॑य॒ सोम॑पृष्ठाय वे॒धसे॑। स्तोमै॑र्विधेमाग्नये॑॥ ११॥

(१) **वेधसे**=सब इष्ट कामनाओं को पूर्ण करनेवाले (इष्ट कामधुक्) **अग्नये**=यज्ञाग्नि के लिए **स्तोमैः**=स्तुति मन्त्रों के साथ **विधेम**=पूजन करें। अग्नि का पूजन यही है कि इसमें उत्तम ओषधियों व घृत की आहुति दी जाए। ये सब औषध द्रव्य सूक्ष्मरूप में होकर वायुमण्डल को रोगकृमिशून्य करते हैं और श्वासवायु के साथ शरीर में जाकर हमें नीरोग बनाते हैं। (२) उस अग्नि का हम पूजन करते हैं जो **उक्षान्नाय**='उक्षां नामक' ओषधिरूप अन्नवाला है। इसी प्रकार **वशान्नाय**=वश्य अर्थात् पृथिवी से उत्पन्न ओषधियाँ जिसके अन्न हैं और **सोमपृष्ठाय**=कर्पूर जिसका आधार बनता है। कर्पूर द्वारा जो प्रज्ज्वलित की जाती है।

भावार्थः—कर्पूर द्वारा इसे प्रज्ज्वलित करें। इस प्रकार यह अग्निहोत्र हमारी इष्टकामनाओं को पूर्ण करेगा।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'वरेण्यक्रतु' प्रभु

उ॒त त्वा॒ नम॑सा व॒यं होत॒र्वरे॑ण्यक्रतो। अग्ने॑ स॒मिद्भि॑रीमहे॥ १२॥

(१) हे **होतः**=सब आवश्यक साधनों के देनेवाले **उत**=और **वरेण्यक्रतो**=वरणीय प्रज्ञानवाले **अग्ने**=अग्रणी प्रभो! **वयं**=हम **त्वा**=आपसे **नमसा**=नमन के द्वारा तथा **समिद्भिः**=ज्ञानदीप्तियों के द्वारा **ईमहे**=प्रार्थना करते हैं। (२) आप ही हमारे लिए वरणीय ज्ञान को प्राप्त कराते हैं। यह ज्ञान ही हमारी सब उन्नतियों का साधन बनता हैं।

भावार्थः—प्रभु 'होता' हैं, 'वरेण्यक्रतु' हैं। हम नमन व ज्ञानदीप्ति द्वारा प्रभु का उपासन करते हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

भृगुवत्, मनुष्वत्, अङ्गिरस्वत्

उ॒त त्वा॑ भृगु॒वच्छु॑चे मनु॒ष्वदा॑ग्न आहुत। अङ्गि॑रस्वद्धवामहे॥ १३॥

(१) **उत**=और हे **शुचे**=पूर्ण पवित्र व दीप्त, **आहुत**=समन्तात् दानोंवाले **अग्ने**=अग्रणी प्रभो! हम **त्वा**=आपको **हवामहे**=पुकारते हैं। (२) प्रभु की आराधना हम **भृगुवत्**=भृगु की तरह करते

हैं। तपस्या की अग्नि में अपने को परिपक्व करनेवाला 'भृगु' है। **मनुष्वत्**=मनुज् की तरह हम प्रभु का आराधन करते हैं। विचारशील–अपने ज्ञान को बढ़ानेवाला व्यक्ति 'मनुः' है। **अंगिरस्वत्**–अंगिरा की तरह हम प्रभुपूजन करते हैं। अंगिरा वह व्यक्ति है जो अपने अंग–प्रत्यंग को रसमय बनाता है।

भावार्थ–प्रभु का उपासक तपस्वी (भृगु) विचारशील (मनुष्) व स्वस्थ (अंगिरस्) होता है।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—ककुम्मती गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'अग्नि+विप्र+सन्+सखा'

त्वं ह्यग्ने अग्निना विप्रो विप्रेण सन्त्सता। सखा सख्या समिध्यसे॥ १४॥

(१) हे **अग्ने**=अग्रणी प्रभो! **त्वं**=आप **हि**=निश्चय से **अग्निना**=प्रगतिशील उपासक से **समिध्यसे**=हृदयदेश में समिद्ध किये जाते हैं। **विप्रः**=ज्ञानी आप **विप्रेण**=ज्ञानी उपासक के द्वारा समिद्ध होते हैं। **सन्**=सब उत्तमताओं वाले सत्यस्वरूप आप **सता**=सज्जनता को अपनानेवाले उपासक से समिद्ध किये जाते हैं। **सखा**=सबके मित्रभूत आप **सख्या**=मित्रभाव से चलनेवाले पुरुष के द्वारा उपासित होते हैं। (२) उपास्य के रंग में अपने को रंगता हुआ उपासक ही सभी उपासना कर पाता है। सो हम 'अग्नि' बनकर 'अग्नि' नामक प्रभु का उपासन करें। 'विप्र' बनकर विप्र प्रभु को पूजित करें। 'सत्' बनकर सत्यस्वरूप प्रभु के सेवक हों और मित्रता को अपनाकर सबके मित्र प्रभु को प्रसन्न करें। ब्रह्मचर्याश्रम में 'अग्नि', गृहस्थ में 'विप्र', वानप्रस्थ में 'सत्' व संन्यास में 'सखा' होऊँ।

भावार्थः–प्रभु का उपासक 'अग्नि, विप्र, सत् व सखा' होता है।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सहस्त्रिणम् रयिम्

स त्वं विप्राय दाशुषे रयिं देहि सहस्त्रिणम्। अग्ने वीरवतीमिषम्॥ १५॥

(१) हे **अग्ने**=अग्रणी प्रभो! **स त्वं**=वे आप **विप्राय**=विशेषरूप से अपना पूरण करनेवाले **दाशुषे**=दाश्वान्–दानशील व आत्मसमर्पण करनेवाले पुरुष के लिए **सहस्त्रिणं**=सहस्रों की संख्यावाले–बहुत अधिक **रयिं**=ऐश्वर्य को **देहि**=दीजिए। (२) हे अग्ने! आप **वीरवतीम्**=(वीर=प्राण) प्राणोंवाली **इषं**=प्रेरणा को प्राप्त कराइए। प्रेरणा को प्राप्त कराइए और प्रेरणा के साथ उस प्राणशक्ति को भी प्राप्त कराइए जिससे कि उस प्रेरणा को हम कार्यान्वित कर पाएँ।

भावार्थ–हे प्रभो! हम ज्ञानी व आत्मसमर्पण करनेवाले बनें। आप हमारे लिए ऐश्वर्य, प्राणशक्ति व प्रेरणा को प्राप्त कराइए।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

रोहिदश्व-शुचिव्रत

अग्ने भ्रातः सहस्कृत रोहिदश्व शुचिव्रत। इमं स्तोमं जुषस्व मे॥ १६॥

(१) हे **अग्ने**=परमात्मन्! आप **मे**=मेरे **इमं स्तोमं**=इस स्तोत्र को (स्तवन को) **जुषस्व**=सेवन करिए। यह मेरे से किये जानेवाला स्तोत्र आपके लिए प्रिय हो। (२) **भ्रातः**=हे प्रभो! आप ही कार्यभार का वहन करनेवाले हैं। **सहस्कृत**=आप ही बल को उत्पन्न करनेवाले हैं–आपसे प्राप्त कराई गई शक्ति से ही हम सब कर्तव्यों का पालन कर पाते हैं। **रोहिदश्व**=आप उन्नतिशील

इन्द्रियाश्वोंवाले हैं और शुचिव्रत=पवित्र व्रतोंवाले हैं। आप सशक्त इन्द्रियों व पवित्र कर्मों को हमें प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ–हम प्रभु का स्तवन करें। प्रभु हमारे लिए शक्ति को प्राप्त कराके हमें कर्तव्यभार के वहन के योग्य बनाते हैं। उन्नत इन्द्रियों को प्राप्त कराके प्रभु ही हमें पवित्र व्रतोंवाला करते हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वाश्राय प्रतिहर्यते

उत त्वाग्ने मम स्तुतो वाश्राय प्रतिहर्यते। गोष्ठं गावइवाशत॥ १७॥

(१) उत=और हे अग्ने=अग्रणी प्रभो! मम स्तुतः=मेरे से की जानेवाली स्तुतियाँ त्वा=आपको आशत=इस प्रकार व्याप्त करनेवाली हों इव=जैसे वाश्राय=रंभाते हुये प्रतिहर्यते=(दुग्धपान की) कामनावाले बछड़े के लिए गावः=गौवें गोष्ठं=गोशाला का व्यापन करती हैं। (२) गौवें जैसे गोशाला में बछड़े के हित के लिए आती हैं, इसी प्रकार मेरी स्तुतियाँ मेरे ही हित के लिए आपको प्राप्त हों। इन स्तोत्रों के द्वारा प्रेरणाओं को प्राप्त करता हुआ मैं उन्नत जीवनवाला बनूँ। मैं भी वाश्रः=स्तुतियों का उच्चारण करनेवाला बनूँ, तथा प्रतिहर्यन्=आपकी प्राप्ति की प्रबल कामनावाला होऊँ।

भावार्थः–प्रभु प्राप्ति की प्रबल कामनावाले हम प्रभु का स्तवन करें। ये स्तवन हमें उत्कृष्ट प्रेरणा को प्राप्त कराके हमारा हित सिद्ध करे।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्रिय निरोध

तुभ्यं ता अङ्गिरस्तम विश्वाः सुक्षितयः पृथक्। अग्ने कामाय येमिरे॥ १८॥

(१) हे अग्ने=परमात्मन्! अंगिरस्तम=हमारे अंग-प्रत्यंग में रस का सञ्चार करनेवाले प्रभो! ताः विश्वाः=वे सब सुक्षितयः=उत्तम निवास व गतिवाली–स्वस्थशरीर में स्वस्थ गतिवाली–प्रजाएँ कामाय तुभ्यं=कामना करने योग्य (कान्त) आपकी प्राप्ति के लिए पृथक्–पृथक् विषयों से पृथक् करके येमिरे=इन्द्रियों का नियमन करती हैं। (२) इन्द्रिय निरोध ही प्रभुप्राप्ति का मार्ग है, प्रभु प्राप्ति के मार्ग पर चलनेवाला व्यक्ति स्वस्थ बनता है व स्वस्थ गतिवाला होता है।

भावार्थ–हम स्वस्थ गतिवाले बनकर प्रभुप्राप्ति के लिए इन्द्रियों का निरोध करनेवाले बनें।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अद्मसद्याय (घर में रहने के लिए)

अग्निं धीभिर्मनीषिणो मेधिरासो विपश्चितः। अद्मसद्याय हिन्विरे॥ १९॥

(१) मनीषिणः=मन का शासन करनेवाले, मेधिरासः=बुद्धिमान्, विपश्चितः=ज्ञानी पुरुष धीभिः=ज्ञानपूर्वक कर्मों को करने के द्वारा अग्निं=उस अग्रणी प्रभु को अद्मसद्याय=शरीररूप गृह में सद्=बैठना निवास के लिए हिन्विरे=प्रीणित करते हैं–प्रसन्न करते हैं, मनाते हैं। (२) जब मनीषी, मेधिर, विपश्चित, पुरुष ज्ञानपूर्वक कर्मों में प्रवृत्त होते हैं, तो प्रभु को शरीररूप गृह में निवास के लिए प्रेरित कर लेते हैं। इन मनीषियों के शरीरों में प्रभु का वास होता है।

भावार्थः–हम मन को वश में करें, बुद्धिमान् बनें तथा विपश्चित् (ज्ञानी) हों। ऐसा बनकर ज्ञानपूर्वक कर्मों में प्रवृत्त हों। तब प्रभु का हमारे हृदय में दर्शन होगा।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'वाजी-वह्नि' अग्नि

तं त्वामग्ने॒षु वा॒जिनं॑ तन्वा॒ना अ॒ग्निं अध्व॒रम्। वह्निं॒ होता॑रमीळते॥ २०॥

(१) हे अग्ने=अग्रणी प्रभो! तं वह्निं=उन सब कार्यों के वहन करनेवाले होतारं=सब कुछ देनेवाले वाजिनं=शक्तिशाली त्वाम्=आपको अग्नेषु=गृहों में अध्वरं तन्वानाः=यज्ञों का विस्तार करनेवाले लोग ईडते=उपासित करते हैं। (२) प्रभु की उपासना यज्ञों से होती है। उपासित प्रभु ही हमारे यज्ञ आदि कार्यों का वहन करते हैं, वे ही हमारे लिए सब आवश्यक साधनों को प्राप्त कराते हैं तथा शक्ति सम्पन्न करते हैं।

भावार्थः—हम घरों में यज्ञों का विस्तार करें। यही प्रभु की उपासना का प्रकार है। प्रभु ही हमें सब साधनों व शक्ति को प्राप्त कराके इन यज्ञों को पूर्ण करते हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विशो विश्वा अनु प्रभुः

पु॒रु॒त्रा हि स॒दृङ्ङ॑सि॒ विशो॒ अनु॑ प्र॒भुः। स॒मत्सु॑ त्वा हवामहे॥ २१॥

(१) हे प्रभो! आप पुरुत्रा=सर्वत्र हि=ही सदृङ् असि=समान रूप से हैं। विश्वाः=सब विशः अनु=प्रजाओं के अनुकूलता से प्रभुः=स्वामी है, अर्थात् सबका समान रूप से कल्याण करनेवाले प्रभु हैं। (२) हम समत्सु=संग्रामों में व (स मद्) हर्षावसरों में त्वा हवामहे=आपको ही पुकारते हैं। आपके द्वारा ही तो इन संग्रामों में विजय व हर्षावसरों में संयम को पाते हैं।

भावार्थ—प्रभु सर्वत्र समान रूप से हैं। सब के अनुकूल स्वामी हैं। प्रभु ही हमें संग्रामों में विजयी करते हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अग्निः विभ्राजते घृतैः

तमी॑ळिष्व॒ य आहु॑तो॒ऽग्निर्वि॒भ्राज॑ते घृ॒तैः। इ॒मं नः॑ शृणव॒द्धव॑म्॥ २२॥

(१) तम्=उस प्रभु को ईडिष्व=स्तुत कर यः=जो आहुतः=समन्तात् दानोंवाला अग्निः=अग्रणी प्रभु घृतैः=ज्ञानदीप्तियों व मल के क्षरण से (घृ क्षरणदीप्त्योः) हृदय की निर्मलता से विभ्राजते=चमक उठते हैं। हम ज्ञान को बढ़ाएँ मानसमलों को दूर करें तो अवश्य प्रभु के प्रकाश को देखेंगे। (२) वे प्रभु नः=हमारी इमं हवं=इस पुकार को शृणवत्=सुनें। प्रभु उसी पुरुष की पुकार को सुनते हैं जो अपने जीवन में घृत=ज्ञानदीप्ति व मलक्षरण (नैर्मल्य) को धारण करता है।

भावार्थ—प्रभु के दान चारों ओर विद्यमान हैं। इन प्रभु को हम ज्ञानदीप्ति व निर्मलता के द्वारा देख पाते हैं। ऐसा करने पर ही प्रभु हमारी पुकार को सुनते हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

द्वेष का अप-हनन

तं त्वा॑ व॒यं ह॑वामहे शृ॒ण्वन्तं॑ जा॒तवे॑दसम्। अग्ने॒ घ्नन्त॒मप॒ द्विषः॥ २३॥

(१) हे अग्ने=अग्रणी प्रभो! तं=उन शृणवन्तं=हमारी प्रार्थना को सुनते हुए जातवेदसम्=सर्वज्ञ त्वा=आपको वयं=हम हवामहे=पुकारते हैं। (२) उन आपको पुकारते हैं, जो द्विषः=सब द्वेष की भावनाओं को अपघ्नन्तम्=हमारे से सुदूर विनष्ट कर रहे हैं।

भावार्थः—प्रभु के आराधन से हमारी सब द्वेष की प्रवृत्तियाँ विनष्ट हो जाती हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

धर्मणाम् अध्यक्षम्

विशां राजानमद्भुतमध्यक्षं धर्मणामिमम्। अग्निमीळे स उ श्रवत्॥ २४॥

(१) **इमम् अग्निम्**—इस अग्रणी प्रभु को **ईडे**—मैं स्तुत करता हूँ। **सः उ**—वे ही **श्रवत्**—मेरी प्रार्थना को सुनते हैं। (२) उस प्रभु का मैं ईडन करता हूँ जो **विशां राजानम्**—सब प्रजाओं के राजा (शासक) हैं। **अद्भुतम्**—अनुपम हैं। **धर्मणाम्**—सब धर्म कार्यों के अथवा धारणात्मक कर्मों के **अध्यक्षम्**—अध्यक्ष हैं। सब धर्मकार्य प्रभु की अध्यक्षता में ही सम्पन्न होते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु का उपासन करें। प्रभु ही सबके शासक, अनुपम व सब धर्म-कर्मों के अध्यक्ष हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सप्तिं न

अग्निं विश्वायुवेपसं मर्यं न वाजिनं हितम्। सप्तिं न वाजयामसि॥ २५॥

(१) **अग्निं**—उस परमात्मा को हम **वाजयामसि**—निवेदन करते हैं व प्रार्थना करते हैं, जो **सप्तिं न**—हमारे लिए एक अश्व के समान हैं। घोड़ा हमें लक्ष्यस्थान पर पहुँचाता है—प्रभु को अपना आधार बनाकर भी हम लक्ष्यस्थान पर पहुँचते हैं। (२) उस प्रभु को हम आराधित करते हैं, जो **विश्वायुवेपसं** (विश्व आयु वेप्)—सब आक्रमण करनेवालों को कम्पित करनेवाले हैं ('एति' इति आयुः) काम-क्रोध आदि को हमारे से दूर करनेवाले हैं। **मर्यं न**—मनुष्यों के लिए हितकर के समान हैं। **वाजिनं**—शक्तिशाली हैं और **हितम्**—हितकर हैं अथवा सबके अन्दर स्थापित हैं।

भावार्थः—प्रभु हमारे सब शत्रुओं को कम्पित करनेवाले—मनुष्यमात्र के लिए हितकर व शक्तिशाली हैं। प्रभु को अपना आधार बनाकर के ही हम लक्ष्यस्थान पर पहुँचते हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'मृध्र, द्विष्, राक्षस्' विनाश

घ्नन्मृध्राण्यप द्विषो दहन्रक्षांसि विश्वहा। अग्ने तिग्मेन दीदिहि॥ २६॥

(१) हे **अग्ने**—परमात्मन्! आप **मृध्राणि**—हमारा हिंसन करनेवाले दास्यव भावों को **घ्नन्**—नष्ट करते हुए **द्विषः**—द्वेष की भावनाओं को **अप**—हमारे से दूर करते हुए तथा **विश्वहा**—सदा **रक्षांसि दहन्**—राक्षसी भावों को दग्ध करते हुए **तिग्मेन**—अपनी तीव्र ज्ञानज्योति से **दीदिहि**—हमारे में दीप्त होइए। (२) प्रभु की उपासना से सब हिंसक वासनाएँ विनष्ट हो जाती है—द्वेष दूर हो जाते हैं, राक्षसी भाव दग्ध हो जाते हैं। ऐसा होने पर प्रभु का प्रकाश हमारे में चमक उठता है।

भावार्थः—हिंसक शत्रुओं द्वेषों व राक्षसीभावों से ऊपर उठने के लिए आवश्यक है कि हम प्रभु की उपासना करें।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मनुष्वत्

यं त्वा जनास इन्धते मनुष्वदङ्गिरस्तम। अग्ने स बोधि मे वचः॥ २७॥

(१) हे अंगिरस्तम-हमें अंग-प्रत्यंग में अधिक-से-अधिक रसमय बनानेवाले अग्ने-अग्रणी प्रभो! सः-वे आप मे वचः-मेरे प्रार्थनावचन को बोधि-जानिए। मेरी पुकार को आप सुनिए। (२) वे आप मेरी पुकार को सुनिए यः-जिन त्वा-आपको जनासः-लोग मनुष्वत्-विचारशील पुरुष की तरह इन्धते-अपने अन्दर दीप्त करते हैं। जितना-जितना हम विचारशील बनते हैं, उतना-उतना प्रभु को अपने में दीप्त कर पाते हैं।

भावार्थः-हम विचारशील बनकर प्रभु को अपने में देखने का प्रयत्न करें। प्रभु ही हमारी प्रार्थना को सुनते हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दिविजाः, अप्सुजाः

यदग्ने दिविजा अस्यप्सुजा वा सहस्कृत। तं त्वा गीर्भिर्हवामहे॥ २८॥

(१) हे अग्ने-अग्रणी प्रभो! यद्-जो आप दिविजाः असि-ज्ञानज्योति के होने पर प्रादुर्भूत होनेवाले हैं। वा-अथवा अप्सुजाः-रेतःकणरूप जलों में प्रादुर्भूत होनेवाले हैं। प्रभु का प्रकाश उसी को दिखता है, जो ज्ञानज्योति को अपने अन्दर दीप्त करता है, तथा रेतःकणों का रक्षण करता हुआ ज्ञानाग्नि को समिद्ध करता है। (२) हे सहस्कृत-बल का हमारे में सम्पादन करनेवाले प्रभो! तं त्वा-उन आपको हम गीर्भिः-स्तुतिवाणियों से हवामहे-पुकारते हैं।

भावार्थ-प्रभु का दर्शन ज्ञानी व सोमरक्षक संयमी पुरुष को होता है।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अत्तवे धासिं हिन्वन्ति

तुभ्यं धेत्ते जनास इमे विश्वाः सुक्षितयः पृथक्। धासिं हिन्वन्त्यत्तवे॥ २९॥

(१) इमे-ये ते-वे विश्वाः-सब सुक्षितयः-उत्तम निवास व गतिवाले जनाः-मनुष्य घा इत्-निश्चय से तुभ्यं-आपकी प्राप्ति के लिए ही अत्तवे-खाने के लिए पृथक्-अलग-अलग धासिं-धारणात्मक भोजन को हिन्वन्ति-प्रेरित करते हैं। (२) प्रभु प्राप्ति के लिए शरीर को स्वस्थ रखना भी आवश्यक है। शरीर के स्वास्थ्य के लिए धारणात्मक भोजन का ही करना ठीक है। यह भोजन शरीरों की प्रकृति के पार्थक्य के कारण पृथक्-पृथक् ही होगा। यह ठीक है कि भोजन का भी उद्देश्य शरीर के स्वास्थ्य के द्वारा प्रभु प्राप्ति के मार्ग पर बढ़ना ही होना चाहिए।

भावार्थ-उत्तम निवासवाले लोग भोजन को भी प्रभु प्राप्ति के उद्देश्य से शरीर को स्वस्थ रखने के लिए करते हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

नृचक्षसः-स्वाध्यः

ते घेदग्ने स्वाध्योऽहा विश्वा नृचक्षसः। तरन्तः स्याम दुर्गहा॥ ३०॥

(१) हे अग्ने-परमात्मन्! घा इत्-निश्चय से ते-आपका स्वाध्यः-उत्तम आध्यान करनेवाले, विश्वा अहा-सब दिनों अर्थात् सदा नृचक्षसः-सब मनुष्यों को देखनेवाले-उनका ध्यान करनेवाले-उनके हित के लिए कर्मों को करनेवाले हम दुर् गहा-कठिनता से पार करने योग्य शत्रु को तरन्तः स्याम-तैर जानेवाले हों। (२) काम-क्रोध आदि प्रबल भयंकर शत्रुओं को जीतने का यही मार्ग है कि हम प्रभु का ध्यान करें और सर्वहितकर कर्मों में लगे रहें।

भावार्थ–दु-र्गह शत्रुओं को भी ध्यान करनेवाले तथा लोकहित के कर्मों में लगे रहनेवाले लोग तैर जाते हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'मन्द्र, पुरुप्रिय, शीर, पावकशोचिष्' अग्नि

अग्निं मन्दं पुरुप्रियं शीरं पावकशोचिषम्। हृद्भिर्मन्द्रेभिरीमहे॥ ३१॥

(१) सबसे ऊँचा तप 'मनः प्रसाद' है। सो करते हैं कि **मन्द्रेभिः**-सदा आनन्द में रहनेवाले **हृद्भिः**-हृदयों से हम **अग्निं**-अग्रणी प्रभु की **ईमहे**-(याचामहे) प्रार्थना करते हैं। (२) उस प्रभु का आराधन करते हैं जो **मन्द्रं**-सदा आनन्दमय हैं। **पुरुप्रियं**-पालक व पूरक व प्रीणित करनेवाले हैं। **शीरं**-सब बुराइयों का संहार करनेवाले हैं। **पावकशोचिषम्**-पवित्र दीप्तिवाले हैं। इनका आराधन करते हुए हम भी ऐसा ही बनते हैं।

भावार्थ–हम प्रसादयुक्त हृदय से उस आनन्दमय-बुराइयों को समाप्त करनेवाले–पवित्र दीप्ति वाले प्रभु का उपासन करते हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शर्धन् तमंसि जिघ्नसे

स त्वमग्ने विभावसुः सृजन्त्सूर्यो न रश्मिभिः। शर्धन्तमांसि जिघ्नसे॥ ३२॥

(१) हे **अग्ने**-परमात्मन्! **सः त्वं**-वे आप **विभावसुः**-ज्योतिरूप धनवाले हैं। **सृजन् सूर्यः**-उदय होता हुआ सूर्य **न**-जैसे **रश्मिभिः**-किरणों से अन्धकार का नाश करता है। उसी प्रकार आप **शर्धन्**-बल को करते हुए–शत्रुनाशक शक्ति को उत्पन्न करते हुए **तमांसि**-सब अज्ञानान्धकारों को **जिघ्नसे**-नष्ट करते हैं। (२) प्रभु सूर्य हैं। सूर्य का उदय हुआ और अन्धकार गया। इसी प्रकार प्रभु का प्रकाश होते ही सब वासनान्धकार विलीन हो जाते हैं।

भावार्थ–प्रभु विभावसु हैं। प्रभु के उदय होते ही वासना व अविद्या के अन्धकार का विनाश हो जाता है।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'दात्रं वार्यं वसु'

तत्ते सहस्व ईमहे दात्रं यन्नोपदस्यति। त्वदग्ने वार्यं वसु॥ ३३॥

(१) हे **सहस्वः**-बलवान् **अग्ने**-प्रकाशमय प्रभो! हम **ते**-आपके **तत्**-उस **दात्रं**-दातव्य धन को **ईमहे**-माँगते हैं **यत्**-जो **न उपदस्यति**-कभी क्षीण नहीं होता अथवा हमारी क्षीणता का वह धन कारण नहीं बनता। (२) हे अग्ने! **त्वत्**-आपसे हमें **वार्यं वसु**-वरणीय धन ही प्राप्त होता है।

भावार्थ–प्रभु के उपासन से हम वरणीय, दान देने योग्य धन को प्राप्त करते हैं।

अगले सूक्त के ऋषि भी 'विरूप आङ्गिरस' ही हैं–

४४. [चतुश्चत्वारिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'समिधा, घृत, हव्य' से प्रभुपूजन

समिधाग्निं दुवस्यत घृतैर्बोधयतातिथिम्। आस्मिन्हव्या जुहोतन॥ १॥

(१) **समिधा**-ज्ञानदीप्ति के द्वारा **अग्निं**-उस प्रकाशमय प्रभु का **दुवस्यत**-पूजन करो। **घृतैः**-मलों के क्षरण व ज्ञानदीप्तियों से **अतिथिम्**-निरन्तर गतिशील उस प्रभु को **बोधयत**-अपने में जगाओ। (२) **अस्मिन्**-इस प्रभु की प्राप्ति के निमित्त **हव्या आजुहोतन**-हव्य पदार्थों को ही अपने में ही आहुत करो, अर्थात् पवित्र यज्ञिय पदार्थों का ही सेवन करो।

भावार्थ-प्रभु प्राप्ति के लिए तीन उपाय हैं-(१) अपने अन्दर ज्ञानदीप्ति का वर्धन करना, (२) मानसमलों को अपने से दूर करना (इन मलों का क्षरण), (३) हव्य पदार्थों को सेवन करना।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'स्तोम-मन्म—सूक्त'

अग्ने स्तोमं जुषस्व मे वर्धस्वानेन मन्मना। प्रति सूक्तानि हर्य नः॥ २॥

(१) हे **अग्ने**-परमात्मन्! **मे**-मेरे से किये जानेवाले **स्तोमं**-स्तुतिसमूह को **जुषस्व**-प्रीतिपूर्वक सेवन करिये। मेरे से किये जानेवाले ये स्तुतिसमूह मुझे आपका प्रिय बनाएँ। **अनेन**-इस **मन्मना**-ज्ञानपूर्वक उच्चरित स्तोम से **वर्धस्व**-आप मेरे अन्दर बढ़िये। आपके लिए उच्चरित ये 'मन्म' मेरे में आपके भावों को बढ़ानेवाले हों। ये मन्म दिव्यता के वर्धन का कारण बनें। (२) **नः**-हमारे **सूक्तानि**-सूक्तों को-उत्तम गुण प्रतिपादक वचनों को **प्रतिहर्य**-आप प्रतिदिन चाहें-आपके लिए ये सूक्त इष्ट हों।

भावार्थ-हम 'साम' द्वारा प्रभु के स्तोमों का उच्चारण करें। यजुर्मन्त्रों द्वारा प्रभु के मन्मों को करनेवाले बनें और ऋचाओं द्वारा सूक्तों का उच्चारण करें।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'दूत-हव्यवाट्' प्रभु

अग्निं दूतं पुरो दधे हव्यवाहमुप ब्रुवे। देवाँ आ सादयादिह॥ ३॥

(१) मैं **अग्निं**-उस अग्रणी प्रभु को **दूतं**-ज्ञानसन्देश को प्राप्त करानेवाले के रूप में **पुरः दधे**-सदा सामने स्थापित करता हूँ-प्रभु को कभी विस्मृत नहीं करता। **हव्यवाहम्**-सब पदार्थों को प्राप्त करानेवाले प्रभु से मैं **उपब्रुवे**-प्रार्थना करता हूँ-सब हव्यों को प्राप्त कराने के लिए प्रभु को पुकारता हूँ। (२) ये प्रभु कृपा करके **इह**-इस जीवन में **देवान्**-सब दिव्य गुणों को **आसादयात्**-बिठाएँ-स्थापित करें।

भावार्थः-प्रभु ज्ञानसन्देश को प्राप्त करानेवाले हैं, प्रभु ही सब हव्य पदार्थों को प्राप्त कराते हैं। प्रभु के अनुग्रह से ही हमारा जीवन दिव्यगुणसम्पन्न बनता है।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'बृहन्तः शुक्रासः' अर्चयः

उत्ते बृहन्तो अर्चयः समिधानस्य दीदिवः। अग्ने शुक्रास ईरते॥ ४॥

(१) हे **दीदिवः**-प्रकाशमय प्रभो! **समिधानस्य**-हृदय देश में समिद्ध किये जाते हुए **ते**-आपके **बृहन्तः**-वृद्धि की कारणभूत **अर्चयः**-ज्ञानज्वालाएँ **उद् ईरते**-उद्गत होती है। हृदय में प्रभु का ध्यान करने पर हृदय ज्ञानज्वालाओं से उज्ज्वल हो उठता है। (२) हे **अग्ने**-अग्रणी प्रभो! आपके उपासन से **शुक्रासः**-चमकती हुई ज्ञानदीप्तियाँ उद्गत होती हैं।

भावार्थ-हृदय में प्रभु का ध्यान हृदय को ज्ञानदीप्तियों से उज्ज्वल कर देता है।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्तवन व हव्य पदार्थों का सेवन

उप॑ त्वा जु॒ह्वो॒३॒॑ मम॑ घृ॒ताची॑र्यन्तु हर्यत। अग्ने॑ ह॒व्या जु॑षस्व नः॥ ५॥

(१) हे हर्यत=कमनीय प्रभो! मम=मेरी घृताचीः=ज्ञानदीप्ति को प्राप्त होनेवाली जुह्वः=वाणियाँ त्वा उपयन्तु=आपको समीपता से प्राप्त हों। (२) हे अग्ने=अग्रणी प्रभो! नः=हमारे लिए हव्या=हव्य पदार्थों को जुषस्व=प्रीतिपूर्वक सेवन कराइए। हम हव्य पदार्थों का ही सेवन करें।

भावार्थ—हम प्रभु का ज्ञानदीप्तवाणियों द्वारा स्तवन करें और हव्य पदार्थों का ही सेवन करें।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'मन्द्र-विभावसु' प्रभु

म॒न्द्र होता॑रमृ॒त्विजं॑ चि॒त्रभा॑नुं वि॒भाव॑सुम्। अ॒ग्निमी॑ळे॒ स उ॑ श्रवत्॥ ६॥

(१) मैं अग्निं=उन अग्रणी प्रभु को ईडे=उपासित करता हूँ। सः उ=वे ही श्रवत्=मेरी प्रार्थना को सुनते हैं। (२) वे प्रभु मन्द्रं=आनन्दमय हैं। होतारम्=सब कुछ देनेवाले हैं। ऋत्विजम्=हमारे जीवन यज्ञों के ऋत्विक् हैं। चित्रभानुं=अद्भुत दीप्तिवाले हैं। विभावसुम्=ज्ञानदीप्तिरूप धनवाले हैं।

भावार्थः—प्रभु का आराधन हमें 'आनन्द व ज्ञानधन' को प्राप्त कराता है। हमारी सब प्रार्थनाएँ प्रभुद्वारा सुनी जाती हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अध्वराणामभिश्रियम्

प्र॒त्नं होता॑र॒मीड्यं॒ जुष्ट॑म॒ग्निं क॒विक्र॑तुम्। अ॒ध्व॒राणा॑मभि॒श्रिय॑म्॥ ७॥

(१) मैं उस प्रभु का स्तवन करता हूँ जो प्रत्नं=सनातन हैं—सदा से हैं, पुराण पुरुष हैं। होतारं=सब कुछ देनेवाले हैं। ईड्यं=स्तुति के योग्य हैं। जुष्टं=प्रीतिपूर्वक सेवित होते हैं। अग्निम्=अग्रणी हैं। कविक्रतुम् (कविश्चासौ क्रतुञ्च)=क्रान्तदर्शी व शक्ति के पुञ्ज हैं। (२) उस प्रभु का मैं स्तवन करता हूँ जो अध्वराणाम् अभिश्रियम्=हिंसारहित यज्ञात्मक कर्मों के अन्दर निवास करनेवाले हैं। जहाँ यज्ञ हैं, वहीं प्रभु का वास है।

भावार्थ—हम उस पुराण पुरुष का उपासन करें। वे प्रभु ही सब कुछ देनेवाले, स्तुत्य, सेवनीय, अग्रणी, क्रान्तदर्शी व शक्तिपुञ्ज हैं। प्रभु का निवास वहीं होता है, जहाँ यज्ञों का उपक्रम हो।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

निरन्तर हव्य पदार्थों का सेवन

जु॒षा॒णो अ॑ङ्गिरस्तमे॒मा ह॒व्यान्या॑नु॒षक्। अग्ने॑ य॒ज्ञं न॑य ऋतु॒था॥ ८॥

हे अंगिरस्तम=प्राणों के प्राण अग्ने=अग्रणी प्रभो! इमा=इन हव्यानि=हव्य पदार्थों का पवित्र सात्त्विक पदार्थों का आनुषक्=निरन्तर जुषाणः=सेवन कराते हुए आप ऋतुथा=ऋतु के अनुसार यज्ञं नय=हमारे जीवनयज्ञ को आगे और आगे ले-चलनेवाले होइए।

भावार्थ—प्रभु की प्रेरणा से हम सदा सात्त्विक पदार्थों का सेवन करनेवाले बनें। यह सात्त्विक पदार्थों को सेवन ही हमारे जीवनयज्ञ की पूत का साधन होगा।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'संभजनीय व उज्ज्वल ज्ञानदीप्तिवाले' प्रभु

समिधान उ सन्त्य शुक्रशोच इहा वह। चिकित्वान्दैव्यं जनम्॥ ९॥

(१) हे सन्त्य=संभजनीय, शुक्रशोचे=देदीप्यमान ज्ञानदीप्तिवाले प्रभो! समिधानः उ=हृदयदेश में समिध्यमान होते हुए ही चिकित्वान्=ज्ञानी आप इह=इस जीवनयज्ञ में दैव्यं जनं=देव की ओर जा रहे मनुष्य को (प्रभु के उपासक को) आवह=प्राप्त कराइए। (२) प्रभु की कृपा से हमारा सम्पर्क दिव्य प्रवृत्तिवाले लोगों से हो। इनके सम्पर्क में हम प्रभु के संभजनवाले, उज्ज्वल ज्ञानदीप्तिवाले बनेंगे और इस प्रकार यह जीवनयज्ञ बड़ी सुन्दरता से पूर्ण होगा।

भावार्थः—सत्संग से हम प्रभु के उपासक व उज्ज्वल ज्ञानदीप्तिवाले बनें। इस प्रकार इस जीवनयज्ञ को पवित्रता से पूर्ण करें।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'विप्र-विभावसु' प्रभु

विप्रं होतारमद्रुहं धूमकेतुं विभावसुम्। यज्ञानां केतुमीमहे॥ १०॥

(१) यज्ञानां=सब यज्ञों के केतुं=प्रकाशक (प्रज्ञापक) प्रभु से ईमहे=याचना करते हैं। उस प्रभु से याचना करते हैं, जो विप्रं=हमारा विशेषरूप से पूरण करनेवाले हैं। (२) वे प्रभु होतारं=सब कुछ देनेवाले हैं। अद्रुहं=द्रोहशून्य हैं। धूमकेतुं=वासनाओं को प्रकम्पित करनेवाले ज्ञान को देनेवाले हैं। विभावसुम्=ज्योतिरूप धनवाले हैं।

भावार्थ—यज्ञों के प्रकाशक प्रभु से हम यही याचना करते हैं, वे हमें शक्ति दें कि हम अपना पूरण करते हुए दानशील, द्रोहशून्य व ज्ञान द्वारा वासनाओं को कम्पित करनेवाले ज्ञानमय बन पाएँ।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु की उपासना व निर्द्वेषता

अग्ने नि पाहि नस्त्वं प्रति ष्म देव रीषतः। भिन्धि द्वेषः सहस्कृतः॥ ११॥

(१) हे देव=प्रकाशमय अग्ने=अग्रणी प्रभो! त्वं=आप नः=हमें प्रतिरीषतः=प्रत्येक हिंसक शत्रु से=काम, क्रोध, लोभ आदि अन्तःशत्रुओं से निपाहि स्म=निश्चय से रक्षित करिये। (२) हे सहस्कृतः=बल का सम्पादन करनेवाले प्रभो! आप द्वेषः भिन्धि=सब द्वेष की भावनाओं का विदारण करिये। आपकी प्रेरणा से हमारा जीवन निर्द्वेष बने।

भावार्थ—प्रभु हमें हिंसक काम-क्रोध आदि शत्रुओं से बचाएँ। हमें द्वेष से दूर करें।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु आत्मा हों, हम प्रभु के शरीर

अग्निः प्रत्नेन मन्मना शुम्भानस्तन्वꣳ स्वाम्। कविर्विप्रेण वावृधे॥ १२॥

(१) अग्निः=वे अग्रणी प्रभु प्रत्नेन मन्मना=सनातन वेदरूप ज्ञानज्योति से स्वाम् तन्वम्=अपने शरीरभूत इस जीव को शुम्भानः=शोभित करते हैं। हमारे अन्दर प्रभु का वास है। सो हम प्रभु के शरीररूप हैं। प्रभु इस शरीर को सनातन ज्ञानज्योति से सुशोभित करते हैं। जो भी प्रभु का शरीर बनेगा, वह ज्ञानज्योति से दीप्त जीवनवाला बनेगा। (२) ये कविः=क्रान्तदर्शी-सर्वज्ञ प्रभु विप्रेण=ज्ञानी पुरुष से वावृधे=स्तुतियों के द्वारा बढ़ाए जाते हैं। प्रभु का स्तवन करता हुआ यह ज्ञानी अपने अन्दर

प्रभु की दिव्यता को धारण करता है। यही प्रभु का वर्धन है।

भावार्थ—हम अपने अन्दर प्रभु को बिठावें। प्रभु हमें ज्ञानदीप्त बनाएँगे। इस प्रकार हमें दिव्यता प्राप्त होगी।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ऊर्जोनपातम्-पावकशोचिषम्

ऊर्जो नपातमा हुवेऽग्निं पावकशोचिषम्। अस्मिन्यज्ञे स्वध्वरे॥ १३॥

(१) मैं **अस्मिन्**-इस **स्वध्वरे**-उत्तम हिंसारहित कर्मोंवाले **यज्ञे**-जीवनयज्ञ में **अग्निं**-उस अग्रणी प्रभु को **आहुवे**-पुकारता हूँ-प्रभु से याचना करता हूँ। (२) वे प्रभु **ऊर्जो नपातं**-हमारी शक्ति को विनष्ट नहीं होने देते। **पावकशोचिषम्**-प्रभु पवित्र ज्ञानदीप्तिवाले हैं।

भावार्थ—प्रभु का स्मरण हमें शक्तिसम्पन्न व पवित्र ज्ञानदीप्तिवाला बनाएगा।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'मित्रमहाः' अग्नि

स नो मित्रमहस्त्वमग्ने शुक्रेण शोचिषा। देवैरा सत्सि बर्हिषि॥ १४॥

हे **मित्रमहः**-प्रमीति (मृत्यु) से बचानेवाले तेजवाले **अग्ने**-अग्रणी प्रभो! **सः त्वम्**-वे आप **शुक्रेण शोचिषा**-बड़ी उज्ज्वल ज्ञानदीप्ति के साथ तथा **देवैः**-दिव्य गुणों के साथ **नः**-हमारे **बर्हिषि**-हृदयान्तरिक्ष में **आसत्सि**-आसीत होइए।

भावार्थः-प्रभु की कृपा से हमें ज्ञान व दिव्य गुण प्राप्त हों। प्रभु का तेज हमें मृत्यु से बचानेवाला हो।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

तस्मा इद् दीदयद् वसु

यो अग्निं तन्वो३ दमे देवं मर्तः सपर्यति। तस्मा इदीदयद्वसु॥ १५॥

यः-जो **मर्तः**-मनुष्य **देवं अग्निं**-उस प्रकाशमय अग्रणी प्रभु को **तन्वः दमे**-इस शरीर के घर में, अर्थात् शरीररूप गृह में **सपर्यति**-पूजता है, **तस्मा**-उसके लिए **इत्**-निश्चय से वे प्रभु **वसु**-निवास के लिए आवश्यक धनों को **दीदयत्**-देते हैं।

भावार्थः-प्रभु उपासक के लिए आवश्यक धनों को प्राप्त कराते ही हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अग्नि=प्रगतिशील जीव

अग्निर्मूर्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपां रेतांसि जिन्वति॥ १६॥

(१) गतमन्त्र के अनुसार जो अपने शरीरगृह में प्रभु का उपासन करता है वह **अग्निः**-अपने को आगे और आगे प्राप्त कराता है। आगे बढ़ता हुआ यह **मूर्धा**-शिखर पर पहुँचता है। **दिवः ककुत्**-यह ज्ञान के शिखर पर होता है-ज्ञानियों में श्रेष्ठ बनता है। **अयं**-यह **पृथिव्याः पतिः**-इस शरीररूप पृथिवी का स्वामी होता है। (२) यह सब कुछ इसलिए कर पाता है क्योंकि यह **अपां**-जलों के साथ **सम्बद्ध रेतांसि**-शरीरस्थ रेतःकणों को (आपः रेतो भूत्वा) **जिन्वति**-शरीर में ही प्रेरित करता है। प्राणायाम आदि साधनों के द्वारा यह इन रेतःकणों की ऊर्ध्वगतिवाला होता है।

भावार्थ–हम प्रभु के उपासन से (क) आगे बढ़ते हुए शिखर पर पहुँचे (ख) ज्ञान के शिखर पर हों (ग) शरीर के रक्षक हों (घ) रेतःकणों को शरीर में ही ऊपर प्रेरित करनेवाले बनें।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसःङ्क देवता—अग्निःङ्क छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

ज्ञानज्वाला+तेजस्विता

उदग्ने शुचयस्तव शुक्रा भ्राजन्त ईरते। तव ज्योतींष्यर्चयः॥ १७॥

(१) हे **अग्ने**–अग्रणी प्रभो! **तव**–आपकी **शुचयः**–पवित्र **शुक्राः**–दीप्त **अर्चयः**–ज्ञान-ज्वालाएँ **भ्राजन्तः**–चमकती हुईं **तव ज्योतींषि**–तेरी ज्योतियों को–तेजस्विताओं को **उदीरते**–उद्गत करती हैं। (२) जब हम प्रभु की उपासना करते हैं, तो हमारे जीवनों में प्रभु की ज्ञानज्योतियाँ व तेजस्विताएँ चमक उठती हैं।

भावार्थ–उपासक के जीवन में प्रभु की पवित्र ज्ञानज्वालाएँ व तेजस्विता में चमक आती हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसःङ्क देवता—अग्निःङ्क छन्दः—विराड् गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

प्रभु की शरण में

ईशिषे वार्यस्य हि दात्रस्याग्ने स्वर्पतिः। स्तोता स्यां तव शर्मणि॥ १८॥

(१) हे **अग्ने**–परमात्मन्! आप **हि**–निश्चय से **वार्यस्य**–वरणीय **दात्रस्य**–दातव्य धन के **ईशिषे**–ईश हैं। आप ही सबके लिए वरणीय धनों को प्राप्त कराते हैं। हे अग्ने! आप **स्वः पतिः**–प्रकाश के स्वामी हैं–प्रकाश के द्वारा सुख के रक्षक हैं। (२) **स्तोता**–आपका स्तवन करनेवाला मैं **तव शर्मणि**–आपकी शरण में **स्याम्**–सदा होऊँ। आपकी छत्र-छाया मुझे सदा प्राप्त हो।

भावार्थ–प्रभु ही वरणीय धनों को देते हैं। प्रभु ही प्रकाश व सुख के रक्षक हैं। स्तोता को सदा प्रभु की शरण प्राप्त होती है।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसःङ्क देवता—अग्निःङ्क छन्दः—पादनिचृद् गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

चित्तिभिः

त्वामग्ने मनीषिणस्त्वां हिन्वन्ति चित्तिभिः। त्वां वर्धन्तु नो गिरः॥ १९॥

(१) हे **अग्ने**–अग्रणी प्रभो! **मनीषिणः**–मन को वश में करनेवाले समझदार उपासक **त्वां**–आपको, और **त्वां**–आपको ही **चित्तिभिः**–भक्ति के द्वारा **हिन्वन्ति**–प्रीणित करते हैं। (२) हे प्रभो! **नः**–हमारी **गिराः**–ये स्तुतिवाणियाँ **वर्धन्तु**–आपका वर्धन करें। इन स्तुतिवाणियों के द्वारा हम आपके गुणों का सर्वत्र प्रख्यापन करें।

भावार्थ–समझदार मनुष्य भक्ति द्वारा प्रभु को प्रीणित करते हैं। स्तुतिवाणियों द्वारा प्रभु की महिमा का ही सर्वत्र वर्धन करते हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसःङ्क देवता—अग्निःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

प्रभु की मित्रता में

अदब्धस्य स्वधावतो दूतस्य रेभतः सदा। अग्नेः सख्यं वृणीमहे॥ २०॥

(१) हम **अग्नेः**–उस अग्रणी प्रभु की **सख्यं**–मित्रता को **वृणीमहे**–वरते हैं। प्रभु की मित्रता ही वास्तविक मित्रता है। (२) उस प्रभु की मित्रता को हम **सदा**–सदा वरते हैं जो **अदब्धस्य**–

अहिंसित हैं, स्वधावतः=आत्म धारणशक्तिवाले हैं–किसी अन्य से प्रभु का धारण नहीं होता, दूतस्य=जो ज्ञान का सन्देश प्राप्त करानेवाले हैं तथा रेभतः='ऋग्, यजु, साम' रूप तीनों वाणियों का उच्चारण करनेवाले हैं।

भावार्थ–हम प्रभु की मित्रता का वरण करें। इस मित्रता से हम काम-क्रोध आदि से हिंसित न होंगे, अपना धारण स्वयं कर पाएँगे, तथा प्रभु के ज्ञान-सन्देश को सुन पाएँगे। हमारा जीवन 'ज्ञान-कर्म-उपासना' से युक्त होगा।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'शुचिव्रततम' प्रभु

अग्निः शुचिव्रततमः शुचिर्विप्रः शुचिः कविः। शुची रोचत आहुतः॥ २१॥

(१) अग्निः=वे अग्रणी प्रभु रोचते=दीप्त होते हैं। ये प्रभु शुचिव्रततमः=अत्यन्त पवित्र व्रतोंवाले हैं। शुचिः=पवित्र हैं, विप्रः=ज्ञानी हैं। शुचिः=पवित्र हैं, व कविः=क्रान्तप्रज्ञ हैं। (२) ये शुचिः=पवित्र कर्मोंवाले हैं। पवित्र ज्ञानवाले हैं। पवित्र दानोंवाले हैं।

भावार्थ–राष्ट्र का नायक अत्यन्त पवित्र कर्मों को करनेवाला, पवित्र बुद्धिवाला तथा दूरदर्शी हो।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

धीतयः-गिरः

उत त्वा धीतयो मम गिरो वर्धन्तु विश्वहा। अग्ने सख्यस्य बोधि नः॥ २२॥

(१) हे अग्ने=अग्रणी प्रभो! उत=और मम=मेरे धीतयः=कर्म तथा गिरः=स्तुतिवाणियाँ विश्वहा=सदा त्वा वर्धन्तु=आपका वर्धन करें। हम कर्मों के द्वारा आपका पूजन करें और स्तुतिवाणियों द्वारा आपके गुणों का प्रतिपादन करें। (२) हे अग्ने! आप नः=हमारे सख्यस्य=मित्रभाव को बोधि=जानिये। हम सदा आपकी मैत्री में सब व्यवहारों को करनेवाले हों।

भावार्थ–हम कर्मों व स्तुतिवाणियों के द्वारा प्रभु का अपने में वर्धन करें। हे प्रभो! हमें आपकी मित्रता सदा प्राप्त हो।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

तू मैं, मैं तू

यदग्ने स्यामहं त्वं त्वं वा घा स्या अहम्। स्युष्टे सत्या इहाशिषः॥ २३॥

(१) अग्ने=हे अग्रणी प्रभो! यद्=यदि अहं=मैं त्वं स्याम्=तू हो जाऊँ, वा=और त्वं=तू घा=निश्चय से अहं स्याम्=मैं हो जाऊँ, तो ते आशिषः=आपके सब आशीर्वाद इह=यहाँ सत्याः स्युः=सत्य हो जाएँ। (२) जीवनयात्रा में सर्वोच्च स्थिति यही है कि हम प्रभु से मिल जाएँ। 'मैं प्रभु, व प्रभु मैं' हो जाना ही अद्वैत है। यही स्थिति पूर्ण निर्भीकता की स्थिति है।

भावार्थ–हम अपने को प्रभु से एक करने का प्रयत्न करें। ऐसा होने पर सब मंगल कामनाएँ पूर्ण हो जाती हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'वसु, वसुपति, विभावसु' वसु

वसुर्वसुपतिर्हि कमस्यग्ने विभावसुः। स्याम ते सुमतावपि॥ २४॥

(१) हे अग्ने=अग्रणी प्रभो! आप वसुः=सबको बसानेवाले हैं। वसुपतिः=सब धनों के स्वामी है। हि=निश्चय से कं=आनन्दमय असि=हैं। विभावसुः=दीप्ति रूप धनवाले हैं। (२) हम ते=आपकी सुमतौ=कल्याणी मति में अपि स्याम=ही हों। हमारे पर प्रभु का सदा अनुग्रह बना रहे।

भावार्थ–प्रभु सबको बसानेवाले, सब धनों के स्वामी, दीप्ति रूप धनवाले हैं। उस आनन्दमय प्रभु की कल्याणी मति में हमारा निवास हो।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसःङ्क देवता—अग्निःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

अनायास (स्वाभाविक) स्तवन

अग्ने धृतव्रताय ते समुद्रायेव सिन्धवः। गिरो वाश्रास ईरते॥ २५॥

(१) हे अग्ने=अग्रणी प्रभो! धृतव्रताय=सब व्रतों का धारण करनेवाले ते=तेरे लिए वाश्रासः=आपके गुणों व कर्मों का प्रतिपादन करनेवाली गिरः=स्तुतिवाणियाँ ईरते=इस प्रकार प्रेरित होती हैं, इव=जैसे सिन्धवः=नदियाँ समुद्राय=समुद्र के लिए।

भावार्थ–एक स्तोता कहता है कि हे प्रभो! आपकी स्तुतियाँ अनायास ही मेरे हृदय में उठती हैं। मैं स्तुति के स्वभाववाला ही हो जाता हूँ, जैसे नदियाँ समुद्र की ओर जाने के स्वभाववाली होती हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसःङ्क देवता—अग्निःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

अग्निं शुम्भामि मन्मभिः

युवानं विश्पतिं कविं विश्वादं पुरुवेपसम्। अग्निं शुम्भामि मन्मभिः॥ २६॥

(१) अग्निं=उस अग्रणी प्रभु को मन्मभिः=मननीय स्तोतों से शुम्भामि=अपने अन्दर शोभित करता हूँ। प्रभु-स्तवन करता हुआ प्रभु के गुणों को अपने जीवन में धारण करने का प्रयत्न करता हूँ। (२) जो प्रभु युवानं=सब बुराइयों को पृथक् करनेवाले व अच्छाइयों को हमारे साथ जोड़नेवाले हैं। विश्पतिम्=सब प्रजाओं के रक्षक हैं। कविं=क्रान्तप्रज्ञ हैं। विश्वादं=सम्पूर्ण विश्व का अपने अन्दर आदान करनेवाले हैं और पुरुवेपसम्=पालक व पूरक कर्मों को करनेवाले हैं।

भावार्थ–प्रभु का स्तवन करते हुए हम प्रभु के गुणों को अपने जीवन में धारण के लिए यत्नशील हों।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसःङ्क देवता—अग्निःङ्क छन्दः—यवमध्यागायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

'यज्ञों के रथी' प्रभु

यज्ञानां रथ्यं वयं तिग्मजम्भाय वीळवे। स्तोमैरिषेमाग्नये॥ २७॥

(१) वयं=हम स्तोमैः=स्तोत्रों के द्वारा अग्नये=उस अग्रणी प्रभु के लिए इषेम=जानेवाले हों। स्तोत्रों को करते हुए–उन स्तुत्यगुणों के अपने में धारण करते हुए–प्रभु के समीप और समीप होने चलें। (२) जो प्रभु यज्ञानां रथ्ये=यज्ञों के प्रणेता हैं। तिग्मजम्भाय=तीक्ष्ण दंष्ट्राओं वाले हैं–तीक्ष्ण वशकारी साधनों से सम्पन्न हैं। वीडवे=बलवान् हैं।

भावार्थः–यज्ञों के प्रणेता प्रभु का स्तवन करते हुए हम भी यज्ञशील हों और प्रभु के समीप और अधिक समीप होते जाएँ।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्तुति द्वारा तल्लीनता

अयमग्ने त्वे अपि जरिता भूतु सन्त्य। तस्मै पावक मृळय॥ २८॥

(१) हे सन्त्य=संभजनीय अग्ने=अग्रणी प्रभो! अयं जरिता=यह स्तोता त्वे अपि=आप में ही भूतु=हो जाए। आपके स्तवन में निमग्न हुआ-हुआ आप में ही लीन हुआ-हुआ हो जाएँ। (२) हे पावक=पवित्र करनेवाले प्रभो! तस्मै=उस स्तोता के लिए मृडय=आप सुख को करनेवाले होइये।

भावार्थ—हम उस संभजनीय प्रभु का स्तवन करते हुए स्तुति में लीन हो जाएँ और प्रभु के अनुग्रह-पात्र बन पाएँ।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—ककुम्मतीगायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सदा जागृविः

धीरो ह्यस्यद्वसद्विप्रो न जागृविः सदा। अग्ने दीदयसि द्यवि॥ २९॥

(१) हे प्रभो! आप हि=निश्चय से धीर असि=(धियं राति) हमारे लिए बुद्धि को देनेवाले हैं। अद्य सत्=हमारे इस शरीररूप गृह में रहनेवाले हैं। विप्रः न=हमारा विशेषरूप से पूरण करनेवाले के समान जागृविः सदा=सदा जागरणशील हैं। हमारी न्यूनताओं को दूर करने में सदा तत्पर हैं। (२) हे अग्ने=अग्रणी प्रभो! आप द्यवि=अपने प्रकाशमय स्वरूप में दीदयसि=सदा दीप्त हैं।

भावार्थ—प्रभु-स्तवन करते हुए हम बुद्धि सम्पन्न होकर अपने में प्रकाश को बढ़ानेवाले हों।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दुरितों व मृध्रों से बचाव

पुराग्ने दुरितेभ्यः पुरा मृध्रेभ्यः कवे। प्र ण आयुर्वसो तिर॥ ३०॥

(१) हे वसो=हमारे निवासों को उत्तम बनानेवाले प्रभो! आप नः आयुः=हमारे जीवन को प्रतिर=बढ़ाइए। (२) हे अग्ने=अग्रणी प्रभो! दुरितेभ्यः पुरा=पूर्व इसके कि हम दुरितों में चले जाएँ आप हमारे जीवन को उन्नत करें। इसी प्रकार हे कवे=क्रान्तदर्शिन् प्रभो! मृध्रेभ्यः पुरा=पूर्व इसके कि हम हिंसक काम-क्रोध आदि शत्रुओं का शिकार हो जाएँ, आप हमारे आयुष्य को बढ़ाएँ।

भावार्थ—प्रभु के कृपापात्र बनकर हम दुरितों व मृध्रों (हिंसक शत्रुओं) का शिकार न होकर दीर्घजीवनवाले बनें।

इस प्रकार प्रभुरक्षण में हम 'शरीर, मन व बुद्धि' तीनों को दीप्त करके 'त्रिशोक' बनें (शुच दीप्तौ) 'काण्व' समझदार हों। यह 'त्रिशोक काण्व' इन्द्र का उपासन करता है:-

४५. [पञ्चचत्वारिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्तृणन्ति बर्हिरानुषक्

आ घा ये अग्निमिन्धते स्तृणन्ति बर्हिरानुषक्। येषामिन्द्रो युवा सखा॥ १॥

(१) ये=जो घा=निश्चय से अग्निम्=उस अग्रणी प्रभु को आ इन्धते=अपने अन्दर दीप्त

करते हैं, वे **आसुषक्**-निरन्तर **बर्हिः**-वासनाशून्य हृदयासन को **स्तृणन्ति**-बिछाते हैं-अर्थात् हृदय को पवित्र कर पाते हैं। (२) ये वे होते हैं **येषां**-जिनका **इन्द्रः**-यह शत्रुओं का विद्रावण करनेवाला प्रभु **युवा**-सब बुराइयों को पृथक् करनेवाला **सखा**-मित्र होता है।

भावार्थ-हम प्रभु के प्रकाश को देखने का प्रयत्न करें। हृदय को पवित्र बनाएँ। यही प्रभु की मित्रता की प्राप्ति का मार्ग है।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इध्मः+शस्तं+स्वरुः

बृहन्निदिध्म एषां भूरि शस्तं पृथुः स्वरुः। येषामिन्द्रो युवा सखा॥ २॥

(१) **येषां**-जिनका **इन्द्रः**-शत्रुओं का विद्रावण करनेवाला प्रभु **युवा**-बुराइयों को दूर करनेवाला **सखा**-मित्र होता है, **एषां**-इन उपासकों की **इध्मः**-ज्ञानदीप्ति **इत्**-निश्चय से **बृहन् इत्**-खूब बढ़ी हुई होती हैं, प्रभु की मित्रता में ज्ञान की वृद्धि होती है। (२) इस मित्रता में **शस्तं भूरि**-प्रशस्त कर्म पालन व पोषण करनेवाले होते हैं, अथवा यह खूब प्रशस्त कर्मों को करनेवाला बनता है और **स्वरुः**-(स्वृ उपतापे) इनका शत्रु-संतापन का कार्य **पृथुः**-अतिशयेन विशाल होता है।

भावार्थ-प्रभु की मित्रता में (क) ज्ञान बढ़ता है, (ख) प्रशस्त कर्म हमारा भरण करते हैं (ग) हम काम-क्रोध आदि को सन्तप्त करके दूर कर पाते हैं।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शत्रु पराजय

अयुद्ध इद्युवा वृतं शूर आजति सत्वभिः। येषामिन्द्रो युवा सखा॥ ३॥

(१) **येषां**-जिनका **इन्द्रः**-शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभु **युवा**-बुराइयों को दूर करनेवाला **सखा**-मित्र होता है, वह **अयुद्धः इत्**-योधा न होता हुआ भी **शूरः**-शूर बनता है और **युधावृतं**-योद्धाओं से घिरे प्रबल शत्रु को भी **सत्वभिः**-व्रतों के द्वारा **आ अजति**-समन्तात् उखाड़ फेंकता है। (२) प्रभु की शक्ति से शक्तिसम्पन्न होकर यह काम-क्रोध-लोभ आदि प्रबल शत्रुओं को भी पराजित करनेवाला होता है।

भावार्थः-प्रभु की मित्रता में कोई भी शत्रु हमारे लिए अजेय नहीं होता।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वीर सन्तानों का जन्म

आ बुन्दं वृत्रहा ददे जातः पृच्छद्वि मातरम्। क उग्राः के ह शृण्विरे॥ ४॥

(१) प्रभु के उपासकों के घरों में वीर सन्तानों का ही जन्म होता है। ऐसा सन्तान **वृत्र-हा**-वासना को विनष्ट करनेवाला होता है। यह **जातः**-उत्पन्न हुआ-हुआ ही **बुन्दं**-इषु को (बाण को) **आददे**-ग्रहण करत है और **मातरं वि पृच्छत्**-माता से पूछता है कि **के के उग्रः**-कौन-कौन तेज स्वभाववाले-अत्याचार करनेवाले **ह**-निश्चय से **शृण्विरे**-सुने जाते हैं। (२) यहाँ काव्यमय भाषा में कहते हैं कि यह वृत्रहा सन्तान जन्म से ही वीरता की भावना से ओत-प्रोत होता है। इसके अन्दर शत्रुविनाश की भावना ओत-प्रोत होती है।

भावार्थः-एक वीर सन्तान जन्म से ही वीरता की भावना को लिए हुए अत्याचारियों के दमन के लिए उत्साह सम्पन्न होता है।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

शवसी (माता)

प्रति त्वा शवसी वदद्गिरावप्सो न योधिषत्। यस्ते शत्रुत्वमाचके॥ ५॥

(१) हे इन्द्र! **शवसी**-बलवती माता, गतमन्त्र से वर्णित प्रश्न को सुनकर **त्वा प्रतिवदत्**-तेरे प्रति कहती है **यः**-जो **ते**-तेरे **शत्रुत्वम् आचके**-शत्रुत्व की कामना करता है, उसके साथ तू **गिरौ**-पर्वत पर **अप्सः न**-(अप्सु सरति) जल संचारी विद्युत् के समान **योधिषत्**-युद्ध कर। उस शत्रु पर ऐसे आक्रमण कर जैसे पर्वत पर विद्युत् का आक्रमण होता है। बिजली गिरती है और पत्थर छिन्न-भिन्न हो जाता है। इसी प्रकार तू शत्रुओं पर आक्रमण कर और शत्रु छिन्न-भिन्न हो जाएँ।

भावार्थः-वीर माता सन्तान को उत्साहित करती हुई कहती है कि शत्रुओं पर तेरा आक्रमण इस प्रकार हो जैसे पर्वत पर विद्युत् पतन।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

कामना की पूर्ति व बल की प्राप्ति

उत त्वं मघवञ्छृणु यस्ते वष्टि ववक्षि तत्। यद्वीळयासि वीळु तत्॥ ६॥

(१) हे **मघवन्**-ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! **त्वं**-आप **उत शृणु**-हमारी प्रार्थना को अवश्य सुनिए। **यः**-जो स्तोता **ते वष्टि**-आपसे जिस वस्तु की कामना करता है, आप **तत् ववक्षि**-उस वस्तु को प्राप्त कराते हैं। (२) हे प्रभो! **यत् वीडयासि**-जिसको भी आप शक्तिशाली बनाते हैं, **तत् वीडु**-वह दृढ़ शक्तिशाली होता ही है।

भावार्थ-प्रभु प्रार्थना को सुनकर स्तोता की कामना को पूर्ण करते ही हैं। स्तोता को वे दृढ़ बनाते हैं।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—पादनिचृद् गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

रथीनां रथीतमः

यदाजिं यात्याजिकृदिन्द्रः स्वश्वयुरुपं। रथीतमो रथीनाम्॥ ७॥

(१) **आजिकृत्**-संग्राम को करनेवाला **इन्द्रः**-यह जितेन्द्रिय पुरुष **स्वश्वयुः**-उत्तम इन्द्रियाश्वों की कामनावाला होता हुआ **यद्**-जब **आजिम् उपयाति**-संग्राम को प्राप्त होता है, तो वह **रथीनां रथीतमः**-रथियों में श्रेष्ठ रथी होता है। (२) प्रभु का सम्पर्क इसे खूब शक्ति सम्पन्न बना देता है।

भावार्थ-प्रभु का उपासक कभी संग्राम में पराजित नहीं होता। यह उत्तम रथी बनता है।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

सुश्रवस्तमः

वि षु विश्वा अभियुजो वज्रिन्विष्वग्यथा वृह। भवा नः सुश्रवस्तमः॥ ८॥

(१) हे **वज्रिन्**-वज्रहस्त प्रभो! आप **विश्वाः**-सब **अभियुजः**-हमारे पर आक्रमण करनेवाली सेनाओं को **यथा विष्वक्**-जिस प्रकार सब ओर भाग जाएँ। इस प्रकार **वि सु वृह**-सम्यक् उच्छिन्न कर दीजिए। (२) हमारे सब शत्रुओं को समाप्त करके **नः**-हमें **सुश्रवस्तमः**-उत्तम यशस्वी बनानेवाले **भव**-होइए। शत्रुओं को जीतकर हमारा जीवन यश से अन्वित हो।

भावार्थ–प्रभु के अनुग्रह से हम सब आक्रमण करनेवाली शत्रु सेनाओं को पराजित कर पाएँ और इस प्रकार जीवन में यशस्वी हों।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कैसा रथ ?

अस्माकं सु रथं पुर इन्द्रः कृणोतु सातये। न यं धूर्वन्ति धूर्तयः॥ ९॥

(१) **इन्द्रः**–सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभु **अस्माकं**–हमारे **सु-रथं**–उत्तम रथ को **पुरः कृणोतु**–आगे करें। यह रथ शत्रुओं की ओर आक्रमण के लिए आगे ही बढ़े। **सातये**–यह सब धनों की प्राप्ति के लिए हो। 'काम' को पराजित करके हम 'स्वास्थ्य-धन' को प्राप्त करें। 'क्रोध' को जीतकर हम 'मानसशान्तिरूप धन' को प्राप्त करें। 'लोभ' को जीतकर हम 'ज्ञान धन' को प्राप्त करें। (२) हमारा यह रथ ऐसा हो कि **यं**–जिसे **धूर्तयः**–हिंसक शत्रु **न धूर्वन्ति**–हिंसित नहीं कर पायें।

भावार्थ–हमारा शरीर रथ आगे और आगे बढ़े। यह सब धनों का विजय करनेवाला हो। किसी से हिंसित न हो।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ते द्विषः परिवृज्याम

वृज्याम ते परि द्विषोऽरं ते शक्र दावने। गमेमेदिन्द्र गोमतः॥ १०॥

(१) हे प्रभो! हम **ते**–आपके **द्विषः**–द्वेष करनेवाले लोगों को **परिवृज्याम**–दूर से छोड़नेवाले हों, ऐसे पुरुषों के संग में न बैठें। हे **शक्र**–सर्वशक्तिमन् प्रभो! हम **ते दावने**–आपके दान में **अरं**–खूब हों, अर्थात् आपकी देनों को खूब ही प्राप्त करें। (२) हे **इन्द्र**–ज्ञानरूप परमैश्वर्यवाले प्रभो! हम **गोमतः**–प्रशस्त ज्ञान की वाणियोंवाले आपके समीप **इत्**–निश्चय से **गमेमः**–जाएँ। आपके समीप प्राप्त होकर हम इन ज्ञान की वाणियों को प्राप्त करें।

भावार्थ–प्रभु के द्वेषियों से हम दूर रहें। प्रभु से दातव्य धनों को खूब ही प्राप्त करें। प्रशस्त ज्ञान की वाणियोंवाले प्रभु के समीप खूब ही ज्ञानों को प्राप्त करें।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शनैः चित् यन्तः (शान्तिपूर्वक गति)

शनैश्चिद्यन्तोऽद्रिवोऽश्वावन्तः शतग्विनः। विवक्षणा अनेहसः॥ ११॥

(१) हे **अद्रिवः**=आदरणीय प्रभो! हम आपकी उपासना में **शनै चित् यन्तः**–निश्चय से शान्तिपूर्वक गतिवाले होते हुए **अश्वावन्तः**–प्रशस्त इन्द्रियाश्वोंवाले बनें। तथा **शतग्विनः**–शत वर्षपर्यन्त आयुष्य में जानेवाले हों। (२) **विवक्षणाः**–हम विशिष्ट उन्नतिवाले हों तथा **अनेहसः**–निष्पाप जीवनवाले हों।

भावार्थ–जीवन में शान्तिपूर्वक चलते हुए हम प्रशस्त इन्द्रियोंवाले, दीर्घजीवी, विशिष्ट विकासवाले व निष्पाप हों।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'सहस्रा शता' सूनृता

ऊर्ध्वा हि ते दिवेदिवे सहस्रा सूनृता शता। जरितृभ्यो विमंहते॥ १२॥

(१) हे प्रभो! **ते**=आपके **सहस्रा**=सहस्रों व **शता**=सैकड़ों अथवा **सहस्रा**=(सहस्) आनन्दप्रद **शता**=शत वर्ष पर्यन्त चलनेवाले **सूनृता**=सौभाग्ययुक्त धन **दिवे-दिवे**=प्रतिदिन **हि**=निश्चय से **ऊर्ध्वा**=ऊपर उठे हुए हैं, अर्थात् उद्यत हैं। (२) **जरितृभ्यः**=स्तोताओं के लिए दिये जानेवाले इन धनों को यह उपासक **विमंहते**=विशेषरूप से स्तुत करता है।

भावार्थ=प्रभु की देन सैकड़ों व सहस्रों हैं। एक स्तोता उन देनों का गायन करता है।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

धनञ्जयं-आदारिणम्

विद्मा हि त्वा धनंजयमिन्द्र दृळ्हा चिदारुजम्। आदारिणं यथा गयम्॥ १३॥

(१) हे **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! हम **त्वा**=आपको **हि**=निश्चय से **धनञ्जयम्**=सब धनों का विजेता **विद्मा**=जानते हैं। सब धनों का विजय आप ही करते हैं। आप **दृढ़ाचित्**=प्रबल भी शत्रुओं का **आरुजं**=समन्तात् भंग करनेवाले हैं। (२) **आदारिणं**=शत्रुओं को छिन्न-भिन्न करनेवाले आपको हम **यथा गयम्**=घर के समान जानते हैं। आप हमारे लिए उपद्रवों से रक्षक गृह के समान हैं।

भावार्थः=प्रभु धनों के विजेता-शत्रुओं के छेत्ता व गृह के समान रक्षक हैं।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

'ककुहं पणिम्'

ककुहं चित्त्वा कवे मन्दन्तु धृष्णविन्दवः। आ त्वा पणिं यदीमहे॥ १४॥

(१) हे **कवे**=सर्वज्ञ (क्रान्तप्रज्ञ) **धृष्णो**=शत्रुधर्षक प्रभो! **ककुहं**=सर्वश्रेष्ठ (शिखर- भूत) **त्वा**=आपको **चित्**=निश्चय से **इन्दवः**=ये सोमकण (सब ऐश्वर्य) **मन्दन्तु**=आनन्दित करते हैं। जब हम सोमकणों का रक्षण करते हैं, तो ये रक्षित सोमकण हमारे जीवन में आपके प्रकाश को बढ़ाते है और इस प्रकार हमें आपका प्रिय बनाते हैं। (२) यह वह समय है **यत्**=जब **पणिं**=(पण स्तुतौ) स्तुति के योग्य आपको **आ ईमहे**=सब प्रकार से प्राथत करते हैं। प्रभु से सब उचित साधनों को पाकर हम उन साधनों के सत्प्रयोग से प्रभु को पानेवाले बनते हैं।

भावार्थ=प्रभु की आराधना करते हुए हम सोमरक्षण से प्रभु को प्रसन्न करके सब उचित साधनों को प्राप्त कराने के लिए प्रभु से प्रार्थना करते हैं।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

रेवान् अदाशुरिः

यस्ते रेवाँ अदाशुरिः प्रममर्ष मघत्तये। तस्य नो वेदु आ भर॥ १५॥

(१) हे प्रभो! **यः**=जो **रेवान्**=धनवान् होकर **ते अदाशुरिः**=आपकी प्राप्ति के लिए यज्ञादि कर्मों में दानशील नहीं होता तथा **मघत्तये**=धन को देने के लिए **प्रममर्ष**=भूल जाता है व प्रमाद करता है। **तस्य वेदः**=उसके धन को **नः**=हमारे लिए **आभर**=प्राप्त कराइये। उससे धन को छीनकर दानशील व्यक्ति के लिए उस धन को प्राप्त कराइये। (२) वस्तुतः धन तो प्रभु का ही है। एक व्यक्ति तो उस धन को रक्षकमात्र है। प्रभु प्रेरणा के अनुसार उस धन का यज्ञादि में विनियोग ही ठीक है।

भावार्थ=हम धन को प्रभु का समझते हुए, उसका यज्ञादि सत्कर्मों के लिए सदा दान करनेवाले हों, यही प्रभु प्राप्ति का मार्ग है। 'धनी अदाता' पुरुष प्रभु से सदा दूर है।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोमिनः सखायः

इमे उ त्वा वि चक्षते सखाय इन्द्र सोमिनः। पुष्टावन्तो यथा पशुम्॥ १६॥

(१) इमे=ये सोमिनः=सोम का रक्षण करनेवाले सखायः=सखा लोग—सबके मित्र उ=ही हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! त्वा विचक्षते=आपको देखते हैं। आपके दर्शन के पात्र से 'सोमी सखा' ही होते हैं। (२) इस प्रकार ये आपके दर्शन को करते हैं यथा=जैसे पुष्टावन्तः=पुष्टि के साधन- भूत घास को लिये हुए लोग पशुम्=गवादि पशु को देखते हैं। घास लेकर पशु के समीप लाया जाता है, सोम व मित्रभाव को लेकर प्रभु के समीप।

भावार्थ—हम सोम का रक्षण करते हुए तथा सबके साथ मित्रभाव से वर्तते हुए प्रभु का दर्शन करनेवाले बनें।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अबधिरं-श्रुत्कर्णम्

उत त्वाबधिरं वयं श्रुत्कर्णं सन्तमूतये। दूरादिह हवामहे॥ १७॥

(१) उत=और वयं=हम दूरात्=दूर से ही—आपके उपासक न होते हुए भी इह=यहाँ इस जीवन में ऊतये=रक्षण के लिए त्वा=आपको हवामहे=पुकारते हैं। (२) उन आपको हम पुकारते हैं जो अबधिरं=बधिर नहीं हैं। श्रुत्कर्णम्=श्रवण पर कर्णोंवाले हैं। जिनके कान सदा सुनने में लगे हैं। सन्तम्=जो श्रेष्ठ हैं।

भावार्थः—प्रभु की प्रार्थना कभी व्यर्थ नहीं जाती। यह बहरे कानों पर नहीं पड़ती।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दुर्मर्ष बल

यच्छुश्रूया इमं हवं दुर्मर्षं चक्रिया उत। भवेरापिर्नो अन्तमः॥ १८॥

(१) हे प्रभो! आप यत्=जब इमं हवं=हमारी पुकार को शुश्रूयाः=सुनते हैं, उत=और दुर्मर्षम्=शत्रुओं से न सहने योग्य बल को हमारे लिए चक्रियाः=करते हैं, तो नः=हमारे अन्तमः=अन्तिकतम आपिः=मित्र भवेः=होते हैं।

भावार्थ—प्रभु हमारे अन्तिकतम मित्र हैं। वे हमें उस बल को प्राप्त कराते हैं, जो शत्रुओं से सहने योग्य नहीं होता।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गो-दाः इन्द्रः

यच्चिद्धि ते अपि व्यथिर्जगन्वांसो अमन्महि। गोदा इदिन्द्र बोधि नः॥ १९॥

(१) यत् चित् हि=जब निश्चय से व्यथिः=पीड़ित हुए=हुए हम ते जगन्वांसः=आपके समीप आनेवाले होकर अमन्महि=आपका मनन व स्तवन करें, तो हे इन्द्र=ज्ञानरूप परमैश्वर्यवाले प्रभो! आप नः=हमारे लिए इत्=निश्चय से गो-दाः=ज्ञान की वाणियों को देनेवाले होकर बोधि=हमें उद्बुद्ध करनेवाले हों। (२) आपसे प्राप्त ज्ञान के द्वारा हम ठीक मार्ग पर चलते हुए अपने कष्टों को दूर कर सकें। यह ज्ञान हमारे अन्दर पवित्रता का संचार करके हमारे पापों व कष्टों को दूर करनेवाला हो।

भावार्थ–इस संसार के भवसागर में विषयों के ग्राहों से पीड़ित होकर जब हम प्रभु का स्मरण करते हैं, तो प्रभु हमें ज्ञान देकर उनकी पकड़ से छुड़ाते हैं और हमारे कष्टों का अन्त करते हैं।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'सबका सहारा' प्रभु

आ त्वा रम्भं न जिव्रयो रभ्मा शवसस्पते। उश्मसि त्वा सधस्थ आ॥ २०॥

(१) हे **शवसस्पते**–बल के स्वामिन्! **जिव्रयः रम्भं न**–वृद्ध जैसे एक आश्रययष्टि की सहायता लेता है उसी प्रकार हम **त्वा आ ररभ्मा**–आपका आश्रय लेनेवाले हों। आप ही तो निराधार होते हुए सर्वाधार हैं। (२) हम **सधस्थे**–मिलकर बैठने के यज्ञवेदिरूप स्थानों में अथवा आपके साथ मिलकर बैठने के स्थान हृदयदेश में **त्वा आ उश्मसि**–आपको ही चाहते हैं। आपकी प्राप्ति की कामनावाले होते हैं। आप ही तो वह स्थान हैं जहाँ सब कामनाएँ पूर्ण हो जाती हैं।

भावार्थ–प्रभु ही सर्वाधार हैं। प्रभु का ही हृदयदेश में ध्यान करते हुए कामना करें। प्रभु सब कामनाओं को पूर्ण करनेवाले हैं।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'पुरुनृम्ण सत्वा' प्रभु

स्तोत्रमिन्द्राय गायत पुरुनृम्णाय सत्वने। नकिर्यं वृण्वते युधि॥ २१॥

(१) हे मनुष्यो! **यं**–जिसको **युधि**–युद्ध में **नकिः वृण्वते**–कोई भी रोक नहीं सकता, उस **सत्वने**–बलशाली, शत्रुओं का सादन करनेवाले **पुरुनृम्णाय**–बहुत धनों व शक्तियों के स्वामी **इन्द्राय**–शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभु के लिए **स्तोत्रं गायत**–स्तुति का गायन करो। (२) इस संसार संघर्ष में प्रभु ने ही हमें विजय प्राप्त करानी है। प्रभु अनन्तशक्ति व धनवाले हैं, सब शत्रुओं का सादन करनेवाले हैं। प्रभु का गायन करते हुए उस शक्ति से शक्तिसम्पन्न होकर हम शत्रुओं को पराजित कर पाते हैं।

भावार्थ–अनन्त शक्ति व धनवाले शत्रुसंहारक प्रभु का ही हम स्तवन करें। प्रभु युद्ध में अपराजेय हैं।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभुस्मरण-सोमरक्षण-आनन्द का अनुभव

अभि त्वा वृषभा सुते सुतं सृजामि पीतये। तृम्पा व्यश्नुही मदम्॥ २२॥

(१) हे **वृषभ**–शक्तिशालिन् सुखवर्षक प्रभो! **सुते**–शरीर में सोम का अभिषव होने पर **सुतं**–इस उत्पन्न सोम को **पीतये**–पीने के लिए **त्वा**–आपको **अभिसृजामि**–प्रातः-सायं (दिन के दोनों ओर) स्मरण द्वारा उत्पन्न करता हूँ, आपकी भावना को अपने में जगाता हूँ। (२) **तृम्पा**–इस सोमपान द्वारा आप मुझे तृप्ति व प्रीति का अनुभव कराइये तथा **मदं व्यश्नुहि**–आनन्द को मेरे में व्याप्त करिये।

भावार्थ–प्रभुस्मरण से, वासनाओं का शिकार न होते हुए, हम सोमरक्षण द्वारा तृप्ति व आनन्द का अनुभव करें।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

किनके संग से बचना ?

मा त्वा मूरा अविष्यवो मोपहस्वान् आ दभन्। माकीं ब्रह्मद्विषो वनः॥ २३॥

(१) प्रभु जीव से कहते हैं कि **त्वा**-तुझे **अविष्यवः**-(अव्-हिंसा, आदान) औरों की हिंसा से सांसारिक ऐश्वर्यों का आदान करनेवाले, **उपहस्वानः**-धर्म व नैतिक मार्ग का उपहास करनेवाले **मूराः**-विषयों से मूढ़ बने हुए लोग **त्वा**-आपको **मा आदभन्**-हिंसित करनेवाले न हों। इनके दबाव में तू भी इनके रंग में न रंगा जाए। (२) **ब्रह्मद्विषः**-ज्ञान व प्रभु के प्रति न प्रीतिवाले लोगों को **माकीं वनः**-सेवन करनेवाला न हो। ऐसों के संग में मत उठ-बैठ।

भावार्थ-हम विषयमूढ़, हिंसा से संग्रह की प्रवृत्तिवाले, धूमक बातों का उपहास करनेवाले, ज्ञान की प्रति अरुचिवाले लोगों का संग न करें।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोमपान व आनन्द

इह त्वा गोपरीणसा महे मन्दन्तु राधसे। सरो गौरो यथा पिब॥ २४॥

(१) हे जीव! **इह**-इस जीवन में **गोपरीणसा**-ज्ञान की वाणियों द्वारा शरीर में चारों ओर व्याप्त होनेवाले सोम के द्वारा **त्वा**-तुझे **महे राधसे**-महान् साफल्य (सफलता) के लिए ये सोमकण ही **मन्दन्तु**-आनन्दित करनेवाले हों। (२) **यथा**-जैसे एक **गौरः**-गौरमृग **सरः**-तालाब को-तालाब के पानी को पीता है, तू उसी प्रकार इस सोम का **पिब**-पान कर।

भावार्थ-सोम का रक्षण ही सफलता व आनन्द का स्रोत हैं। इसके रक्षण के लिए आवश्यक है कि हम अतिरिक्त समय को ज्ञानी की वाणियों को अध्ययन में ही लगाएँ।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञान की ही चर्चा

या वृत्रहा परावति सना नवा च चुच्युवे। ता संसत्सु प्र वोचत॥ २५॥

(१) **वृत्रहा**-सब ज्ञान की आवरणभूत वासनाओं को नष्ट करनेवाले प्रभु **परावति**-आज से कितने ही सुदूर काल में **या सना**-जिन सनातन परन्तु **च**-फिर भी **नवा**-इन नवीन ज्ञान की वाणियों को **चुच्युवे**-प्रेरित करते हैं। **ता**-उन ज्ञान की वाणियों को **संसत्सु**-सभाओं में **प्रवोचत**-प्रकर्षेण उच्चरित करो। (२) हम जब भी एकत्रित हों परस्पर ज्ञान की ही चर्चा करें। यह ज्ञान की चर्चा ही हमें पवित्र करेगी। यही हमें सोमरक्षण के योग्य बनाएगी।

भावार्थ-प्रभु सदा से जिन ज्ञानवाणियों की प्रेरणा देते आए हैं, हम मिलने पर उन्हीं का प्रवचन करें। यह ज्ञान में विचरना ही हमें वासना का शिकार होने से बचाएगा।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कद्रुवः सुतम् अपिबत्

अपिबत्कद्रुवः सुतमिन्द्रः सहस्रबाह्वे। अत्रादिदिष्ट पौंस्यम्॥ २६॥

(१) **इन्द्रः**-एक जितेन्द्रिय पुरुष **कद्रुवः**-(कवते) उस ज्ञानोपदेष्टा प्रभु के **सुतम्**-उत्पादित इस सोम को **अपिबत्**-पीता है-शरीर में ही व्याप्त करता है और **सहस्रबाह्वे**-सहस्रों प्रयत्नों को कर पाता है। यह सुरक्षित सोम उसे शक्तिशाली बनाता है और इसे प्रयत्न करने में समर्थ करता

है। (२) अत्र=यहाँ, अर्थात् सोम का रक्षण होने पर पौंस्यम् अदेदिष्ट-इसका पौरुष चमक उठता है।

भावार्थ-इन्द्र बनकर हम सोम का रक्षण करें और शक्तिशाली व प्रयत्नशील बनें। पौरुष से दीप्त हों।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—विराड् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

यदु

सत्यं तत्तुर्वशे यदौ विदानो अह्नवाय्यम्। व्यानट् तुर्वणे शमि॥ २७॥

(१) तुर्वशे-त्वरा से शत्रुओं को वश में करनेवाले यदौ=यत्नशील जन में तत्-उस अह्नवाय्यम्-न छिपाए जाने की आवश्यकतावाले सत्य को विदानः-जानता हुआ पुरुष तुर्वणे-इस जीवनसंग्राम में शमि=कर्म को व्यानट्=व्याप्त करता है सदा क्रियाशील बनता है। (२) यह क्रियाशीलता ही उसे व्यसनों से बचाकर सत्यमार्ग की ओर ले-चलती है। सत्य का निवास 'तुर्वश, व यदु' में ही होता हे। 'यदु' ही 'तुर्वश' भी बन पाता है।

भावार्थ-हम अपने में सत्य को धारण करने के लिए काम-क्रोध आदि शत्रुओं को वश में करनेवाले (तुर्वश) यत्नशील (यदु) बनें, सदा उत्तम कर्मों में लगे रहें।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

'तरणि-त्रद-समान' प्रभु का शंसन

तरणिं वो जनानां त्रदं वाजस्य गोमतः। समानमु प्र शंसिषम्॥ २८॥

(१) मैं प्रभु का प्रशंसिषम्-शंसन करता हूँ। उस प्रभु का, जो वः-तुम सब जनानां-लोगों के तरणिं-तारक हैं-विषय-वासनाओं व कष्टों से पार ले-जानेवाले हैं। त्रदं-शत्रुओं का नाश करनेवाले हैं शत्रुनाश के द्वारा ही वे हमें कष्टों से पार ले जाते हैं। (२) मैं उस प्रभु का शंसन करता हूँ जो गोमतः वाजस्य-प्रशस्त इन्द्रियोंवाले बल को सम् आनं-(अन् प्राणने) सम्यक् प्राणित करनेवाले हैं। प्रभु हमारे में प्राणशक्ति का संचार करते हैं-एक-एक इन्द्रिय को सबल बनाते हैं।

भावार्थ-प्रभु हमें कष्टों से तरानेवाले हैं, हमारे शत्रुओं का विनाश करनेवाले हैं और हमारी इन्द्रयों की शक्ति को प्राणित करनेवाले हैं।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

ऋभुक्षणं-तुग्र्यावृधम्

ऋभुक्षणं न वर्तव उक्थेषु तुग्र्यावृधम्। इन्द्रं सोमे सचा सुते॥ २९॥

(१) न (संप्रत्यर्थे)-अब हम ऋभुक्षणं-महान् प्रभु को वर्तवे-चुननेवाले हों। प्रकृति की अपेक्षा प्रभु का वरण करनेवाले हों। उस प्रभु का वरण करें जो उक्थेषु-स्तोत्रों के होने पर तुग्र्यावृधम्-रेतःकणरूप जलों का वर्धन करनेवाले हैं। (२) हम सोमे सुते-सोम को सम्पादित होने पर इन्द्रं-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु के सचा-साथ होनेवाले हों। यह प्रभु के साथ होना ही वस्तुतः हमें सोमरक्षण के योग्य बनाता है।

भावार्थ-प्रभु महान् है, महान् ज्ञानज्योति में निवास करनेवाले हैं। शरीरस्थ रेतःकणों का रक्षण करनेवाले हैं। सोम के रक्षित होने पर ही प्रभु का दर्शन होता है।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

योन्यं 'गिरिम्'

यः कुन्तदिद्धि योन्यं त्रिशोकाय गिरिं पृथुम्। गोभ्यो गातुं निरेतवे॥ ३०॥

(१) शरीर में नाड़ियाँ 'नदियाँ' हैं तो अस्थियाँ 'पर्वत'। रीढ़ ही हड्डी मेरुदण्ड व मेरुपर्वत है। यह विशाल पर्वत है—अत्यन्त महत्त्वपूर्ण पर्वत है। इसमें 'इडा, पिंगला, सुषुम्णा' इन तीन नाड़ियों का स्थान है। इनमें 'इडा' ही गंगा है, 'पिंगला' यमुना तथा 'सुषुम्णा' सरस्वती है। प्राणसाधना द्वारा सुषुम्णा का जागरण होता है **यः**=जो भी **योन्यं**=शरीररूप योनि व गृह में होनेवाले **पृथुं गिरिं**=इस विशाल मेरुदण्ड रूप पर्वत को **इत्**=निश्चय से **विकृन्तत्**=छिन्न करता है, अर्थात् सुषुम्णा के द्वार को खोलता है वह **त्रिशोकाय**=तीनों दीप्तियों के लिये होता है—यह शरीर, मन व बुद्धि तीनों को दीप्त करता है। (२) यह साधक ही **गोभ्यः**=ज्ञान की वाणियों के **निरेतवे**=निश्चय से प्राप्त होने के लिए **गातुम्**=मार्ग को बनाते हैं। इस प्राणसाधना से ज्ञान का निश्चय से वर्धन होता है।

भावार्थ—हम शरीरस्थ मेरुदण्डरूप मेरुपर्वत में स्थित इडा, पिंगला व सुषुम्णा आदि नाड़ियों के द्वारों को प्राणसाधना द्वारा खोलें और ज्ञान की वाणियों की प्राप्ति के लिए मार्ग को तैयार करें।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

दधिषे-मनस्यसि-इयक्षसि

यद्दधिषे मनस्यसि मन्दानः प्रेदियक्षसि। मा तत्करिन्द्र मृळय॥ ३१॥

(१) हे प्रभो! **मन्दानः**=स्तुति किये जाते हुए आप **यद्**=जिस शुभ को **दधिषे**=धारण करते हैं, **मनस्यसि**=हमारे लिए देने का संकल्प करते हैं और **इत्**=निश्चय से **इयक्षसि**=(प्रयच्छसि) हमारे लिए देते हैं, **तत्**=उसे **मा कः**=मत नष्ट करिये। (२) हे **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! आप शुभ वस्तुओं को देकर हमारे लिए **मृळय**=सुख को करनेवाले होइये।

भावार्थ—हे प्रभो! आप जिस शुभ को धारण करते हैं—हमारे लिए देने का संकल्प करते हैं और हमारे लिए देते हैं, उसे नष्ट न करिये, हमारे लिए दीजिए ही और हमें सुखी करिये।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—विराड् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

सन्त की वाणी व क्रिया का महत्त्व

दभ्रं चिद्धि त्वावतः कृतं श्रुण्वे अधि क्षमि। जिगात्विन्द्र ते मनः॥ ३२॥

(१) हे प्रभो! **त्वावतः**=आपको धारण करनेवाले का **दभ्रं**=थोड़ा-सा **चित् हि**=भी **कृतं**=किया हुआ **अधिक्षमि**=इस पृथिवी पर **श्रुण्वे**=प्रसिद्ध रूप में सुना जाता है, अर्थात् आपको धारण करनेवाले की छोटी-सी क्रिया का भी बड़ा महत्त्व होता है—लोगों पर उसका बड़ा प्रभाव होता है। (२) सो हे **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **मनः**=हमारा मन **ते जिगातु**=आपके प्रति जानेवाला हो। हम सदा आपको स्मरण करें और आपका धारण करें।

भावार्थ—प्रभु को धारण करनेवाले की छोटी-सी क्रिया भी बड़ी महत्त्वपूर्ण होती है। उसका एक शब्द भी बड़ा प्रभाव पैदा करता है।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सुकीर्तयः-प्रशस्तयः (प्रभु की)

तवेदु ताः सुकीर्तयोऽसदुत प्रशस्तयः। यदिन्द्र मृळयासि नः॥ ३३॥

(१) हे इन्द्र=सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! ताः=वे सुकीर्तयः=उत्तम कीर्तियाँ उ=निश्चय से तव इत् असन्=आपकी ही हैं, यत्=कि आप नः=हमें मृळयासि=सुखी करते हैं। (२) उतः=और हे प्रभो! (ताः) वे प्रशस्तयः=प्रशस्तियाँ भी आपकी ही हैं।

भावार्थ=वस्तुतः प्रभु ही हमारे जीवन को सुखी बनाते हैं। हमें प्रभु का ही कीर्तन व शंसन करना योग्य है।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अनन्त कृपालु प्रभु

मा नः एकस्मिन्नागसि मा द्वयोरुत त्रिषु। वधीर्मा शूर भूरिषु॥ ३४॥

(१) हे शूर=शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! आप नः=हमें एकस्मिन् आगसि=एक अपराध में मा वधीः=मत हिंसित करिये। द्वयोः=दो अपराधों में भी मा=मत दण्डित करिये। उत=और त्रिषु=तीन अपराधों में भी आपने हमें हिंसित न करना। (२) हे शूर! भूरिषु=बहुत अपराधों के होने पर भी हमें मा वधीः=हिंसित न करियेगा। हमारे से कदम-कदम पर गलतियाँ तो होंगी ही। शक्ति व ज्ञान की अल्पता के कारण जब हम गलतियाँ कर बैठें, तो भी हम आपके कोपभाजन न हों। आप जैसे परम मित्र के द्वारा उत्तम प्रेरणा को प्राप्त कर हम शुभ मार्ग पर आगे बढ़ें।

भावार्थ=हम गलतियों के होने पर भी प्रभु के अनुग्रह के ही पात्र हों। प्रभु प्रेरणा को प्राप्त करके अपराधों से ऊपर उठें।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु से भय

बिभया हि त्वावत उग्रादभिप्रभङ्गिणः। दस्मादहमृतीषहः॥ ३५॥

(१) हे प्रभो! त्वावतः=आप जैसे उग्रात्=तेजस्वी, अभिप्रभङ्गिणः=शत्रुओं का पराजय करनेवाले, दस्मात्=सब बुराइयों का उपक्षय करनेवाले, ऋतीषहः=शत्रुकृत हिंसा का मर्षण करनेवाले (कुचल देनेवाले) से अहं=मैं हि=निश्चय से बिभया=भयभीत होता हूँ। (२) आप से भयभीत होकर ही तो मैं और सब ओर से निर्भीक हो सकता हूँ।

भावार्थ=प्रभु से भयभीत होनेवाला ही निर्भीक होता है। प्रभु इसके सब शत्रुओं का नाश करते हैं।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मनः ते आवृत्वद् भवतु

मा सख्युः शूनमा विदे मा पुत्रस्य प्रभूवसो। आवृत्वद्भूतु ते मनः॥ ३६॥

(१) प्रभूवसो=प्रभूत धन के स्वामिन् प्रभो! सख्युः=मैं अपने मित्रों की शूनं=अशुभ धन आदि की वृद्धि का मा आविदे=मत आवेदन करता रहूँ। इसी प्रकार पुत्रस्य=पुत्र की भी अशुभ धनवृद्धि का मा=मत निवेदन करूँ। मेरे मित्र व सन्तान सब शुभ मार्ग से धन को कमानेवाले हों।

(२) हे प्रभो! मनः=हमारा मन ते=आपके प्रति आवृत्वत्=आवर्तनवाला भूतु=हो। आपका स्मरण करते हुए हम स्वस्थ धनवृद्धिवाले बनें।

भावार्थ=हमारे मित्र व हमारे सन्तान सब शुभमार्ग से धनवृद्धि को करें। हमारा मन सदा प्रभु के प्रति आवर्तनवाला हो।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अनाकृष्ट जीवन

को नु मर्या अमिथितः सखा सखायमब्रवीत्। जहा को अस्मदीषते॥ ३७॥

(१) हे मर्याः= मनुष्यो! कः नु=कौन अमिथितः=अनाकृष्ट जीवनवाला=अनिन्दित सखा=मित्र सखायं=मित्र को अब्रवीत्=कहता है कि कः जहा=कौन हमें मारता है, कः=कौन अस्मत्=हमारे से ईषते=भयभीत होता है? (२) पवित्र जीवनवाले साथी मिलते हैं तो परस्पर यही कहते हैं कि न हम किसी को भयभीत करें, न किसी से भयभीत हों।

भावार्थ=वे ही मित्र श्रेष्ठ हैं, जोकि परस्पर इस प्रकार की ही चर्चा करें कि 'न हम किसी से मारे जाएँ, न हम किसी को मारें।'

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

आवयः

एवारे वृषभा सुतेऽसिन्वन्भूर्यावयः। श्वघ्नीव निवता चरन्॥ ३८॥

(१) हे वृषभ=सुखों का वर्षण करनेवाले प्रभो! एवारे=(एव+अर=ऋ गतौ) गतमन्त्र में वर्णित प्रकार से गति के होने पर, सुते=सोम का सम्पादन करने पर आवयः=सोम का रक्षण करनेवाले लोग भूरि=खूब ही असिन्वन्=इस सोम को शरीर में बद्ध करते हैं। (२) यह सोमरक्षक पुरुष श्वघ्नीव इव=कितव (जुआरी) की तरह निवता चरन्=नम्रता के मार्ग से (निम्न मार्ग से) गतिवाला होता है। जैसे एक जुआरी धननाश से लज्जित होकर नम्र सा बन जाता है, इसी प्रकार यह सोमरक्षक नम्रतावाला होता है।

भावार्थ=अपना रक्षण करनेवाले सोम का शरीर में बन्धन करते हैं। ये अपने जीवन में नम्रता के स्वभाववाले होते हैं।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वचोयुजा हरी

आ त एता वचोयुजा हरी गृभ्णे सुमद्रथा। यदीं ब्रह्मभ्य इद्ददः॥ ३९॥

(१) हे प्रभो! ते=आपके एता=इन सुमद्रथा=शोभन शरीररथवाले=इस शोभन रथ में जुतने-वाले वचोयुजा= वेदवचनों के अनुसार कार्यों में लानेवाले व रथ में युक्त होनेवाले हरी=कर्मेन्द्रिय व ज्ञानेन्द्रियरूप अश्वों को आगृभ्णे=ग्रहण करता हूँ। एक सारथि जैसे लगाम से घोड़ों को वशीभूत करता है, उसी प्रकार मैं इन इन्द्रियाश्वों को वश में करता हूँ। (२) यत्=क्योंकि ईम्=निश्चय से ब्रह्मभ्यः=ज्ञानप्राप्ति के लिए (ज्ञान की वाणियों के लिए) व महान् कर्मों के लिए इत्=ही ददः=आप इन इन्द्रियाश्वों को देते हैं। इन इन्द्रियों को वश में करके ही मैं ज्ञान व महान् कर्मों का सम्पादन कर सकूँगा।

भावार्थ–हम प्रभु से प्रदत्त इन इन्द्रियाश्वों को वश में करके ही ज्ञान व महान् कर्मों का सम्पादन कर सकते हैं।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

'द्विषः, बाधः, मृधः' अपजहि

भिन्धि विश्वा अप द्विषः परि बाधो जही मृधः। वसु स्पार्हं तदा भर॥ ४०॥

(१) हे प्रभो! आप **विश्वाः**-सब, हमारे अन्दर प्रविष्ट हो जानेवाली **द्विषः**-द्वेष की भावनाओं को **अपभिन्धि**-सुदूर विदीर्ण करिये। **बाधः**-हमें बाधा पहुँचानेवाली इन वासनाओं को **परि जहि**-सर्वथा नष्ट कर दीजिए **मृधः**-हमारा विनाश (हिंसन) करनेवाली वृत्तियों को भी विनष्ट करिये। (२) इसप्रकार हमें द्वेष व वासनाओं से रहित करके **तत्**-उस प्रसिद्ध **स्पार्हं**-स्पृहणीय **वसु**-धन को **आभर**-सर्वथा प्राप्त कराइये।

भावार्थ–प्रभु हमें द्वेष, वासना व हिंसक शत्रुओं से बचाकर स्पृहणीय धन को प्राप्त कराएँ।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

वीडौ-स्थिरे-पशाने

यद्वीळाविन्द्र यत्स्थिरे यत्पशाने पराभृतम्। वसु स्पार्हं तदा भर॥ ४१॥

(१) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **यत्**-जो **स्पार्हं वसु**-स्पृहणीय धन **वीडौ**-दृढ़ शरीरवाले बलवान् पुरुष में है, **यत्**-जो धन **स्थिरे**-स्थिरवृत्तिवाले, स्थितप्रज्ञ मनुष्य में हैं और **यत्**-जो धन **पशाने**-विचारशील पुरुष में **पराभृतम्**-धारण किया गया है, **तद्**-उस धन को **आभर**-हमारे लिए प्राप्त कराइये।

भावार्थ–हम सबल शरीरवाले, स्थिरवृत्तिवाले व विचारशील बनें और स्पृहणीय धन को प्राप्त करें।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

विश्वमानुषः

यस्य ते विश्वमानुषो भूरेर्दत्तस्य वेदति। वसु स्पार्हं तदा भर॥ ४२॥

(१) जो केवल अपने लिए न जीकर व्यापक जीवनवाला बनता है, अपने परिवार में औरों को भी सम्मिलित कर लेता है, वह '**विश्वमानुषः**' कहलाता है। प्रभु इसे जिस धन को देते हैं, उसे यह औरों के लिए प्राप्त कराता है। हे प्रभो! **विश्वमानुषः**-उदार मनोवृत्तिवाला पुरुष **ते**-आपके द्वारा **दत्तस्य**-दिये हुए **भूरेः**-पालन व पोषण करनेवाले **यस्य**-जिसका **वेदति**-औरों के लिए प्रापण कराता है (विद् लाभे)। **तद्**-उस **स्पार्हं वसु**-स्पृहणीय धन को **आभरः**-हमारे लिए प्राप्त कराइये।

भावार्थ–हम स्वार्थी न बनकर 'विश्वमानुष' बनें। यह विश्वमानुष प्रभुप्रदत्त धन को औरों के लिए प्राप्त कराता है। ऐसा ही स्पृहणीय धन हमें भी प्राप्त हों।

अपने मन को वश में करनेवाला यह '**वशः**' कहलाता है। अपने इन्द्रियाश्वों को उत्तम बनाने के कारण यह '**अश्व्य**' है। यह इन्द्र का स्तवन करता हुआ कहता है–

४६. [षट्चत्वारिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—वशोऽश्व्यःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—पादनिचृद् गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

प्रभुभक्तों का संग

त्वावतः पुरूवसो वयमिन्द्र प्रणेतः। स्मसि स्थातर्हरीणाम्॥ १॥

(१) हे पुरूवसो=प्रभूतधन, इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन्, प्रणेतः=सर्वकर्मों के पार प्राप्त करानेवाले, हरीणां=हमारे इन्द्रियाश्वों के अधिष्ठातः प्रभो! वयं=हम त्वावतः=आप जैसे के ही स्मसि=हैं, अर्थात् हम उन्हीं लोगों के सम्पर्क में आएँ जो आपके गुणों को धारण करके कुछ आप जैसे बनते हैं।

भावार्थः—हम प्रभु जैसे व्यक्तियों के संग में चलें। यही प्रभु के समीप पहुँचने का मार्ग है। इसी से हम पर्याप्त धन को प्राप्त करेंगे, कर्मों को सफलता से पूर्ण करेंगे और इन्द्रियों के अधिष्ठाता बन पाएँगे।

ऋषिः—वशोऽश्व्यःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—विराड् गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

'इषां रयीणाम्' दातारम्

त्वां हि सत्यमद्रिवो विद्म दातारमिषाम्। विद्म दातारं रयीणाम्॥ २॥

(१) हे अद्रिवः=(अत्ति शत्रुम्) शत्रुओं का विध्वंस करनेवाले प्रभो! त्वां=आपको हि=ही सत्यं=सचमुच इषां=उत्तम प्रेरणाओं का दातारम्=देनेवाला विद्म=जानें। (२) हम आपको ही रयीणाम्=सब धनों का दातारं=दाता विद्म=जानें।

भावार्थ—प्रभु ही सब धनों को देनेवाले हैं। वे ही इन धनों के सदुपयोग के लिए प्रेरणाओं को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—वशोऽश्व्यःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

शतमूति-शतक्रतु (प्रभु)

आ यस्य ते महिमानं शतमूते शतक्रतो। गीर्भिर्गृणन्ति कारवः॥ ३॥

(१) हे शतमूते=सैंकड़ों रक्षणोंवाले व शतक्रतो=सैंकड़ों प्रज्ञानों व कर्मोंवाले प्रभो! यस्य ते=जिन आपकी महिमानं=महिमा को कारवः=यज्ञादि कर्मों को करनेवाले लोग गीर्भिः=ज्ञान की वाणियों के द्वारा आगृणन्ति=सदा स्तुत करते हैं। (२) हे प्रभो! आपका वस्तुतः यशोगान तो क्रियाशील लोग ही करते हैं। उन्हीं को आपका रक्षण प्राप्त होता है, उन्हीं के लिए आप प्रज्ञान व शक्ति को प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—कारु=कुशलता से कर्म करनेवाला—प्रभु का उपासक होता है। यही प्रभु से रक्षण प्रज्ञान व शक्ति को प्राप्त करता है।

ऋषिः—वशोऽश्व्यःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—प्रतिष्ठागायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

सुनीथः (मर्त्यः)

सुनीथो घा स मर्त्यो यं मरुतो यमर्यमा। मित्रः पान्त्यद्रुहः॥ ४॥

(१) सः मर्त्यः=वह मनुष्य घा=निश्चय से सुनीथः=उत्तम यज्ञोंवाला या उत्तम मार्गवाला होता है, यं=जिसको मरुतः=प्राण पान्ति=रक्षित करते हैं, अर्थात् प्राणसाधना करता हुआ जो मनुष्य अपने अन्दर शक्ति की ऊर्ध्व गतिवाला होता है, वह निश्चय से अपना रक्षण कर पाता है—उसका

शरीर नीरोग बन जाता है। (२) वह मनुष्य जीवन में उत्तम प्रणयन (मार्ग) वाला होता है यम्-जिसको अर्यमा-(अरीन् यच्छति) संयम की देवता तथा मित्रः-स्नेह की देवता तथा (वरुणः) निर्द्वेषता का भाव अद्रुहः-सब प्रकार के द्रोह से रहित हुए-हुए (पान्ति-)रक्षित करते हैं।

भावार्थ-रोगों व वासनाओं से रक्षण का मार्ग यही है कि हम प्राणसाधना में प्रवृत्त हों तथा स्नेह, संयम व निर्द्वेषता का पोषण करने के लिए यत्नशील हों।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

आदित्यजूतः

दधानो गोमदश्ववत्सुवीर्यमादित्यजूत एधते। सदा राया पुरुस्पृहा॥ ५॥

(१) आदित्यजूतः-सूर्य से प्रेरणा को प्राप्त करनेवाला व्यक्ति गोमत्-प्रशस्त ज्ञानेन्द्रियोंवाली, अश्ववत्-प्रशस्त कर्मेन्द्रियोंवाली सुवीर्यम्-उत्तम शक्ति को दधानः-धारण करता है। सूर्य की तरह निरन्तर क्रियाशील जीवन बिताने से इन्द्रियाँ उत्तम शक्तिसम्पन्न बनती हैं। (२) यह व्यक्ति सदा-सदा पुरुस्पृहा-बहुतों से चाहने योग्य राया-ऐश्वर्य से एधते-बढ़ता है।

भावार्थ-सूर्य से प्रेरणा को प्राप्त करके निरन्तर क्रियाशील बननेवाला व्यक्ति प्रशस्त इन्द्रियों को, वीर्य (शक्ति) को तथा स्पृहणीय धन को प्राप्त करता है।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्रं दानम् ईमहे (शवसानम्, अभीर्वम्)

तमिन्द्रं दानमीमहे शवसानमभीर्वम्। ईशानं राय ईमहे॥ ६॥

(१) तम्-उस इन्द्रं-परमैश्वर्यशाली प्रभु से दानं-उस धन को दान की ईमहे-याचना करते हैं जो हमारे जीवन में शवसानम्-बल की तरह आचरण करता है-जो धन हमें बलवान् बनाता है तथा अभीर्वम्-हमें निडर बनाता है। (२) उस ईशानं-ईश से-स्वामी से ही हम रायः-दान देने योग्य धनों को मांगते हैं। हम उन धनों की याचना करते हैं, जो लोकहित के लिए दान में विनियुक्त होते हैं।

भावार्थ-प्रभु से हम उस धन की याचना करते हैं जोकि हमें (क) सबल बनाएँ, (ख) अभीरु बनाएँ, तथा (ग) दान में विनियुक्त हो।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

अभीरवः ऊतयः

तस्मिन्हि सन्त्यूतयो विश्वा अभीरवः सचा। तमा वहन्तु सप्तयः पुरूवसुं मदाय हरयः सुतम्॥ ७॥

(१) तस्मिन्-उस प्रभु में हि-निश्चय से विश्वाः-सब अभीरवः-हमें भीरुता से ऊपर उठानेवाले-कायरता से दूर करनेवाले ऊतयः-रक्षण सचा-समवेत सन्ति-हैं। सब रक्षण प्रभु के आधार से रहते हैं। प्रभु सब रक्षणों को प्राप्त करानेवाले हैं। (२) तम्-उस पुरूवसुं-पालक व पूरक वसुओंवाले (ऐश्वर्योंवाले) प्रभु को सप्तयः-हमारे ये इन्द्रियाश्व आवहन्तु-हमारे लिए प्राप्त कराएँ। ये हरयः-इन्द्रियाश्व सुतम्-शरीर में उत्पन्न हुए-हुए सोम को मदायः-हर्ष व उल्लास के लिए (आवहन्तु)-प्राप्त कराएँ। हमारी इन्द्रियाँ बहिर्मुखी न रहकर अन्तर्मुखी हों-हम प्रभु का दर्शन करनेवाले बनें, तथा सोम का रक्षण कर पाएँ। इन्द्रियों की बहिर्मुखता वीर्यरक्षण के अनुकूल नहीं होती।

भावार्थ–प्रभु द्वारा ही सब रक्षण प्राप्त होते हैं। ये रक्षण ही हमें निडर बनाते हैं। हमारी इन्द्रियाँ अन्तर्मुखवृत्तिवाली होकर हमें प्रभुदर्शन के व सोमरक्षण के योग्य बनाएँ।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

वरेण्य 'मद'

यस्ते॒ मदो॒ वरे॑ण्यो॒ य इ॑न्द्र वृत्र॒हन्त॑मः। य आ॑द॒दिः स्व॑र्नृ॒भिर्यः पृत॑नासु दु॒ष्टरः॑॥ ८॥

(१) हे **इन्द्र**=सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! **यः**=जो **ते मदः**=तेरी प्राप्ति से प्राप्त होनेवाला मद (उल्लास) है वह **वरेण्यः**=वरने योग्य है। वह मद **यः**=जो **वृत्रहन्तमः**=वासनाओं को अधिक-से-अधिक विनष्ट करनेवाला है। (२) हे प्रभो! वह आपका मद **नृभिः**=मनुष्यों से वरणीय है **यः**=जो **स्वः**=प्रकाश को **आददिः**=ग्रहण करनेवाला है तथा **यः**=जो मद **पृतनासु**=संग्रामों में **दुष्टरः**=शत्रुओं से तैरने योग्य नहीं है।

भावार्थ–प्रभु की उपासना से प्राप्त मद (उल्लास) (१) वासना को विनष्ट करता है, (२) प्रकाश को प्राप्त कराता है (३) शत्रुओ से अभिभूत नहीं होता।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—स्वराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'दुष्टर, श्रवाय्य व तरुता' मद

यो दु॒ष्टरो॑ विश्ववार श्र॒वाय्यो॒ वाजे॒ष्वस्ति॑ तरु॒ता।
स नः॑ शविष्ठ सव॒ना व॑सो॒ गहि ग॒मेम॒ गोम॑ति व्र॒जे॥ ९॥

(१) गतमन्त्र के मद का ही वर्णन करते हुए कहते हैं कि **यः**=जो, हे **विश्ववार**=सब से वरणीय प्रभो! अथवा सब वरणीय वस्तुओंवाले प्रभो! (**मदः**=) आपकी प्राप्ति से उत्पन्न मद है वह **दुष्टरः**=शत्रुओं से तैरने योग्य नहीं **श्रवाय्यः**=यह हमारे जीवन को यशस्वी बनानेवाला हैं, **वाजेषु**=संग्रामों में **तरुता अस्ति**=तरानेवाला है। (२) हे **शविष्ठ**=सर्वाधिक शक्तिसम्पन्न! **वसो**=हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले प्रभो! **सः**=वे आप **नः**=हमारे **सवना**=जीवनयज्ञों में **आगहि**=प्राप्त होइये। हम आपके अनुग्रह से **गोमति व्रजे**=प्रशस्त इन्द्रियोंवाले इस शरीररूप गृह में **गोमत**=प्राप्त हों।

भावार्थ–प्रभु प्राप्ति का मद 'दुष्टर, श्रवाय्य व तरुता' है। हमें प्रभु प्राप्त हों और हम प्रशस्त इन्द्रियोंवाले शरीर को प्राप्त हों।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गव्या+अश्वया+रथया

ग॒व्यो षु णो॒ यथा॑ पुराश्व॒योत र॑थ॒या। व॒रि॒व॒स्य म॑हामह॥ १०॥

(१) हे **महामह**=महान् प्रकाशवाले प्रभो! आप **नः**=हमें **यथा पुरा**=जैसे पहले युगों में उसी प्रकार **गव्या**=ज्ञानेन्द्रिय समूह को देने की कामना से, **उ**=और **अश्वया**=उत्तम कर्मेन्द्रियों को प्राप्त कराने की कामना से **उत**=और **रथया**=उत्तम शरीररथ को प्राप्त कराने की कामना से **सुवरिवस्य**=सम्यक् आदृत करिये। (२) प्रभुद्वारा उत्तम ज्ञानेन्द्रियों, उत्तम कर्मेन्द्रियों व उत्तम शरीररथ का प्राप्त कराया जाना ही हमारा महान् आदर है।

भावार्थ–प्रभु हमें उत्तम ज्ञानेन्द्रियाँ, उत्तम कर्मेन्द्रियाँ व उत्तम शरीररूप रथ प्राप्त कराते हैं। इनका ठीक प्रयोग हमें भी महान् प्रकाशवाला बनाता है।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

धन+शक्ति+बुद्धि

नहि ते शूर राधसोऽन्तं विन्दामि सत्रा। दशस्या नो मघवन्नू चिदद्रिवो धियो वाजेभिरविथ॥ ११॥

(१) हे शूर=शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! ते=आपके राधसः=ऐश्वर्य के अन्तं=अन्त को सत्रा=सचमुच न हि विन्दामि=नहीं प्राप्त कर सकता हूँ—आपका ऐश्वर्य सचमुच अनन्त है। हे मघवन्=ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! नः=हमारे लिए भी आवश्यक धनों को नूचित्=शीघ्र ही दशस्य=दीजिए। (२) हे अद्रिवः=आदरणीय प्रभो! आप ही इन आवश्यक धनों को देकर वाजेभिः=शक्तियों के साथ धियः=हमारी बुद्धियों को व कर्मों को आविथ=रक्षित करते हो।

भावार्थ—वे अनन्त ऐश्वर्यवाले प्रभु हमें जीवनयात्रा के लिए आवश्यक धनों को देकर हमारी शक्तियों व बुद्धियों का रक्षण करते हैं।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

श्रावयत्सखा

य ऋष्वः श्रावयत्सखा विश्वेत्स वेद जनिमा पुरुष्टुतः।
तं विश्वे मानुषा युगेन्द्रं हवन्ते तविषं यतस्रुचः॥ १२॥

(१) यः=जो प्रभु ऋष्वः=दर्शनीय-सुन्दर-ही-सुन्दर हैं, श्रावयत्सखा=अपने मित्र बननेवालों को ज्ञान को सुनानेवाले हैं। सः=वे पुरुष्टुतः=बहुतों से स्तुति किये गये प्रभु विश्वा इत्=सब ही जनिमा=उत्पन्न होनेवालों को वेद=जानते हैं। (२) तं=उस इन्द्रं=परमैश्वर्यशाली तविषं=अतिशयेन बलवान् प्रभु को विश्वे=सब यतस्रुचः=संयत वाणीवाले पुरुष मानुषा युगा=मानव युगों में, अर्थात् सब कालों में हवन्ते=पुकारते हैं।

भावार्थ—प्रभु दर्शनीय-ज्ञान देनेवाले व सर्वज्ञ हैं। वाणी का संयम करनेवाले सभी पुरुष उस प्रभु का सदा आराधन करते हैं।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पुरूवसुः-पुरःस्थाता

स नो वाजेष्वविता पुरूवसुः पुरःस्थाता मघवा वृत्रहा भुवत्॥ १३॥

(१) सः=वे प्रभु ही वाजेषु=संग्रामों में नः अविता=हमारे रक्षक हैं। पुरूवसुः=वे प्रभु पालक व पूरक धनोंवाले हैं। पुरःस्थाता=हमारे आगे ठहरनेवाले हैं—हमारे लिए नेतृत्व को देनेवाले हैं। (२) वे मघवा=परमैश्वर्यशाली प्रभु वृत्रहा=वासनाओं को नष्ट करनेवाले भुवत्=हैं।

भावार्थ—प्रभु संग्रामों में हमारे रक्षक हैं, पालक व पूरक धनों को प्राप्त कराते हैं—हमारे मार्गदर्शक हैं—हमारी वासनाओं को विनष्ट करनेवाले हैं।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

वीरं, विचेतसं, श्रुत्यं शाकिनम्

अभि वो वीरमन्धसो मदेषु गाय गिरा महा विचेतसम्।
इन्द्रं नाम श्रुत्यं शाकिनं वचो यथा॥ १४॥

(१) वः वीरं=तुम्हारे शत्रुओं के कम्पित करनेवाले (वि+ईर्) महा विचेतसम्=महान्

विशिष्ट प्रज्ञानवाले प्रभु को **अन्धसः मदेषु**-सोमपानजनित मदों में **गिरा**-इस ज्ञान की वाणियों के द्वारा **अभिगाय**-तू गायन कर। (२) तू **इन्द्रं**-शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले, **नाम**-शत्रुओं को नमानेवाले-झुका देनेवाले **श्रुत्यं**-ज्ञान में प्रसिद्ध **शाकिनं**-शक्तिशाली-हमें शक्तिशाली बनानेवाले-प्रभु को **वचो यथा**-वेदवाणी के अनुसार स्तुत कर।

भावार्थ-प्रभु वीर व विचेता हैं-शत्रुओं को नष्ट करनेवाले व ज्ञानी हैं। वे ज्ञान में प्रसिद्ध व शक्तिशाली हैं। इन प्रभु का हम स्तवन करें।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

रेक्ण वसु वाजिनम् (धन व शक्ति)

उदी रेक्णस्तन्वे ददिर्वसु ददिर्वाजेषु पुरुहूत वाजिनम्। नूनमथ॥ १५॥

(१) हे **पुरुहूत**-बहुतों से पुकारे जानेवाले प्रभो! आप **तन्वे**-हमारे शरीरों के रक्षण के लिए **रेक्णः**-धन को **ददिः**-देनेवाले हैं। आप **नूनं**-शीघ्र ही **अथ**-अभी ही **वसु**-निवास के लिए आवश्यक धन को **ददिः**-देनेवाले हैं। (२) हे प्रभो! आप **वाजेषु**-संग्रामों में **वाजिनम्**-(Power) शक्ति को **ददिः**-देनेवाले हैं।

भावार्थ-प्रभु शरीर के लिए आवश्यक धनों को देते हैं और संग्रामों में शक्ति को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—भुरिगुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

वसु प्राप्ति व शत्रुदलन

विश्वेषामिज्यन्तं वसूनां सासह्वांसं चिदस्य वर्पसः। कृपयतो नूनमत्यथ॥ १६॥

(१) तू **विश्वेषां**-सब **वसूनां**-वसुओं के-निवास के लिए आवश्यक तत्त्वों के **ईज्यन्तं**-स्वामी, और **अस्य**-इस **कृपयतः**-(युद्धं कल्पयतः) युद्ध को करते हुए **वर्पसः**-तेजस्वी शत्रु के **सासह्वांसं**-अभिभूत करनेवाले प्रभु को **नूनं**-निश्चय से स्तुत कर। (२) हे जीव! **अथ**-अब **नूनं**-शीघ्र ही **अतिचित्**-अभी ही तू उस प्रभु को स्तुत कर। यह प्रभुस्तवन ही तेरे जीवन को सब वसुओं के प्राप्त कराने के द्वारा उत्तम बनाएगा और तेरे सब शत्रुओं को अभिभूत करके तेरे जीवन को मधुर बनाएगा।

भावार्थ-हम प्रभुस्तवन करें। यही सब वसुओं को प्राप्त करने व सब शत्रुओं को अभिभूत करने का मार्ग है।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

मीढुषे-अरंगमाय-जग्मये

महः सु वो अरंमिषे स्तवामहे मीळ्हुषे अरंगमाय जग्मये।
यज्ञेभिर्गीर्भिर्विश्वमनुषां मरुतामियक्षसि गायें त्वा नमसा गिरा॥ १७॥

(१) हे इन्द्र! **महः वः**-महान् आपके **अरं**-गमन को (ऋ गतौ) **सु इषे**-सम्यक् चाहता हूँ। इसीलिए **मीढुषे**-सुखों के वर्षक, **अरंगमाय**-पर्याप्त गमनवाले-सर्वत्र गमनवाले, **जग्मये**-सदा क्रियाशील (स्वाभाविकी ज्ञान-बल-क्रिया च) उस प्रभु के लिए **स्तवामहे**-हम स्तवन करते हैं। (२) हे प्रभो! आप **यज्ञेभिः**-यज्ञों के द्वारा और **गीर्भिः**-ज्ञान की वाणियों के द्वारा **विश्वमनुषां**-सब मननशील **मरुतां**-मनुष्यों के **इयक्षसि**-सम्पर्कवाले होते हैं (यज संगतिकरणे)। ये मननशील पुरुष

यज्ञों व ज्ञान की वाणियों के द्वारा आपको प्राप्त होते हैं। हे प्रभो! मैं **नमसा**-नमन के साथ **गिरा**-स्तुतिवाणियों से **गाये**-आपका गायन करता हूँ।

भावार्थ-मैं नमन यज्ञ व ज्ञान की वाणियों के द्वारा प्रभु का स्तवन करता हूँ। प्रभु ही हमें सब सुखों का वर्षण प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

गिरीणां अञ्जभिः स्नुभिः

ये पातयन्ते अञ्जभिर्गिरीणां स्नुभिरधाम्। यज्ञं महिष्वणीनां सुम्नं तुविष्वणीनां प्राध्वरे॥ १८॥

(१) **गिरीणां**-आश्रमों में ज्ञानोपदेश करनेवाले (गृणन्ति) गुरुओं के **अञ्जभिः**-जीवनमार्गों से **स्नुभिः**-इनकी स्नायुओं से-इनकी तरह उत्साह से **ये**-जो **पातयन्ते**-चलते हैं, **एषां**-इन **महिष्वणीनां**-महनीय ध्वनिवाले ज्ञानियों के **यज्ञं**-संग को (यज संगतिकरणे) हम प्राप्त हों। इनके संग में हम भी तत्त्वदर्शनवाले बनें। (२) इन **तुविष्वणीनां**-महान् ध्वनिवालों के **सुम्नं**-स्तोत्रों को **अध्वरे**-इस जीवनयज्ञ में हम प्राप्त करें। स्तोत्रों का ऊँचे-ऊँचे उच्चारण करें।

भावार्थ-हम ज्ञानोपदेष्टाओं के मार्गों व उत्साहों का अवलम्बन करते हुए चलें। हम इनके सम्पर्क में आकर प्रभु के स्तोता बनें।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—भुरिगनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

दुर्मति विनाश तथा 'ज्येष्ठ युज्य' धन की प्राप्ति

प्रभङ्ग दुर्मतीनामिन्द्र शविष्ठ भर। रयिमस्मभ्यं युज्यं चोदयन्मते ज्येष्ठं चोदयन्मते॥ १९॥

(१) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् **शविष्ठ**-अतिशयेन शक्तिसम्पन्न **चोदयन्मते**-बुद्धि को प्रेरित करनेवाले प्रभो! हमारे लिए **दुर्मतीनो प्रभङ्ग**-दुर्मतियों के विनाश को **आभर**-पुष्ट करिये। आपके अनुग्रह से हमारी सब दुर्मतियाँ दूर हों। (२) हे **चोदयन्मते**-उत्तम बुद्धियों को प्रेरित करनेवाले प्रभो! आप **अस्मभ्यं**-हमारे लिए **ज्येष्ठं**-अतिप्रशस्त व **युज्यं**-योग्य-हमारे लिए उचित अथवा हमें सबके साथ मिलानेवाले **रयिं**-धन को प्राप्त कराइये।

भावार्थ-प्रभु हमारी बुद्धियों को सत्प्रेरणा देकर दुर्मतियों को दूर करिये और प्रशस्त सबके साथ मेल करानेवाले धन को प्राप्त कराइये।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

भुज्यु पूर्व्य=शत्रु से अपना रक्षण

सनितः सुसनितरुग्र चित्र चेतिष्ठ सूनृत। प्रासहा सम्राट् सहुरिं सहन्तं भुज्युं वाजेषु पूर्व्यम्॥ २०॥

(१) **सनितः**-हे सब धनों के संभक्त, **सुसनितः**-खूब अच्छी प्रकार धनों का संविभाग करनेवाले, **उग्र**-तेजस्विन्, **चित्र**-(चित्) ज्ञान के देनेवाले, **चेतिष्ठ**-चेतानेवाले, **सूनृत**-प्रिय सत्य वाणीवाले प्रभो! आप **सम्राट्**-शासक हैं, शक्ति से दीप्त हैं। (२) हे प्रभो! आप **वाजेषु**-संग्रामों में **प्रासहा**-उस शत्रु का पराभव करिये जो **सहुरिं**-सबका मर्षण करनेवाला है, **सहन्तं**-सहनेवाला है-शत्रुकृत घाटे से न घबरानेवाला है। **भुज्युं**-अपने भोग को बढ़ानेवाला है तथा **पूर्व्यम्**-पहले आक्रमण करनेवाला है।

भावार्थ-प्रभु ही शासक हैं। वे हमारे अपने भोग को बढ़ानेवाले तथा प्रथम आक्रमण करनेवाले शत्रु को कुचलनेवाले हैं।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—पृथुश्रवसः कानीतस्य दानुस्तुतिः॥ छन्दः—बृहतीः॥ स्वरः—मध्यमः॥

क्रियाशीलता व 'पूर्त कर्मों' को करना

आ स एतु ईवदाँ अदेवः पूर्तमाददे।
यथा चिद्वशो अश्व्यः पृथुश्रवसि कानीतेऽस्या व्युष्यादुदे॥ २१॥

(१) प्रभु कहते हैं कि **सः**=वह **आ एतु**=हमारे पास सर्वथा प्राप्त हो **यः**=जो **आ ईवत्**=सर्वथा गतिशील है। अकर्मण्य का प्रभु के समीप प्राप्त होने का अधिकार नहीं। वह प्रभु के समीप प्राप्त हो, जो **अदेवः**=देववृत्ति को पूर्णतया न अपना सकने पर भी **पूर्तम् आददे**=बावड़ी, कुआँ, तालाब व पूजागृह आदि के निर्माण के कार्यों को आददे=स्वीकार करता है। कुछ न कुछ लोकहित करनेवाला प्रभु के समीप प्राप्त होता ही है। (२) **यथाचिद्**=जैसे-जैसे **वशः**=इन्द्रियों को वश में करनेवाला और **अश्व्यः**=इन्द्रियाश्वों को प्रशस्त बनानेवाला यह उपासक **पृथुश्रवसि**=विशाल ज्ञानदीप्तिवाली **कानीते**=प्रकाश से चमकनेवाली—ज्ञान व स्वास्थ्य के तेज को प्राप्त करानेवाली **अस्याः**=इस **व्युषि**=उषा के उदित होने पर **आददे**=इन पूर्तकर्मों को स्वीकार करता है, उसी अनुपात में यह प्रभु के समीप होता है।

भावार्थ—इस क्रियाशील बनकर लोकहित के कर्मों में प्रवृत्त हों। यही प्रभुप्राप्ति का मार्ग है।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—पृथुश्रवसः कानीतस्य दानुस्तुतिः॥ छन्दः—निचृद् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

अश्व-उष्ट्र-गौ

षष्टिं सहस्राश्व्यस्यायुतासनमुष्ट्राना विंशतिं शता।
दश श्यावीनां शता दश त्र्यरुषीणां दश गवां सहस्रा॥ २२॥

(१) 'अश्नुते इति अश्वः, तेषु उत्तमः अश्व्यः' **अश्व्यस्य**=व्यापक तत्त्वों में सर्वोत्तम उस प्रभु के **अयुता**=सदा साथ रहनेवाले **षष्टिं सहस्रा**='आध्यात्मिक-आधिभौतिक व आधिदैविक' इन त्रिविध अश्वों के कारण बीस हजार होते हुए भी साठ हजार मन्त्ररूप वचनों को मैं **असनम्**=प्राप्त करूँ। इन मन्त्ररूप वचनों के द्वारा होनेवाले **उष्ट्राणां विंशतिं** (उष दाहे+त्र)=दोषदहन की २० क्रियाओं को **शता**=शतवर्षपर्यन्त प्राप्त करूँ। मेरे दसों प्राण व दसों इन्द्रियाँ बड़ी निर्दोष बनें। इन बीस के सब दोष ज्ञानाग्नि में दग्ध हो जाएँ। (२) इस प्रकार दोषदहन से **दश श्यावीनां**=(श्यैङ् गतौ) दस गतिशील इन्द्रियों को भी **शता**=शतवर्षपर्यन्त प्राप्त करूँ। इन्द्रियाँ निर्दोष बनें और सौ वर्ष तक ठीक कार्य करती रहें। इन इन्द्रियों के ठीक होने पर **त्र्यरुषीणाम्**=शरीर, मन व मस्तिष्क—तीनों को आरोचमान बनानेवाली अथवा 'ज्ञान-कर्म-उपासना' तीनों का प्रकाश करनेवाली **गवां**=वेदवाणीरूपी गौओं को **दश दश**=दस गुणा दस अर्थात् १०० वर्ष तक प्राप्त करूँ। ये वेदवाणीरूप गौएँ **सहस्रा**=मेरे लिए (स+हस्) आनन्दोल्लास को देनेवाली हों।

भावार्थ—प्रभु के मन्त्ररूप वचनों को प्राप्त करके मैं प्राणों व इन्द्रियों को ज्ञानाग्नि में निर्दोष बना पाऊँ। मेरी ये निर्दोष इन्द्रियाँ खूब क्रियाशील हों, और ये ज्ञान, कर्म व उपासना का प्रकाश करनेवाली वेदवाणीरूप गौओं के दुग्ध का पान करें और आनन्द को सिद्ध करें।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—पृथुश्रवसः कानीतस्य दानुस्तुतिः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

रथ के दस घोड़े

दश॑ श्या॒वा अ॑रु॒षासो॒ अत्या॑ हरि॒ता रथे॑ वहन्ति दे॒वता॑तये॒ विश्वे॑ दे॒वास॑ आ॒शव॑: । मथ्रा॒ नेमिं॒ नि वा॑वृतुः ॥ २३ ॥

(१) दश-दस श्यावाः-गतिशील इन्द्रियाश्व नेमिं-रथचक्र को निवावृतुः-निश्चय से परिवृतत करते हैं-आगे और आगे ले-चलते हैं। शरीर ही रथ हैं, इन्द्रियाँ इस रथ के घोड़े हैं। ये दस घोड़े इस रथ में जुते हैं। ये ही इसे उन्नति के मार्ग पर आगे और आगे ले-चलनेवाले हैं। (२) ये इन्द्रियाश्व ऋधद्रयः-बढ़े हुए वेगवाले हैं। वीतवारासः-ये प्राप्त वरणीय शक्तिवाले हैं। आशवः-शीघ्रता से मार्ग का व्यापन करनेवाले हैं और मथ्रा-शत्रुओं को कुचल देनेवाले हैं।

भावार्थ-हमारे इन्द्रियाश्व गतिशील वेगवान्-बलवान् मार्ग का व्यापन करनेवाले व शत्रुओं को कुचलनेवाले हों।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—पृथुश्रवसः कानीतस्य दानुस्तुतिः॥ छन्दः—निचृद् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

हिरण्यय रथ

दा॒नास॑: पृथु॒श्रव॑सः कानी॒तस्य॑ सु॒राध॑सः ।
रथं॑ हिर॒ण्ययं॑ ददु॒न्मंहि॑ष्ठः सू॒रिर॑भू॒द्बर्षि॑ष्ठमकृत॒ श्रवः॑ ॥ २४ ॥

(१) उस पृथुश्रवसः-विस्तृत कीर्तिवाले, कानीतस्य-दीप्त, सुराधसः-शोभन ऐश्वर्योंवाले प्रभु के दानासः-ये सब दृश्यमान दान है। गतमन्त्र में वर्णित दस इन्द्रियाश्व भी उस प्रभु की ही देन हैं। (२) हिरण्ययं रथं ददत्-इस ज्योतिर्मय शरीररथ को देता हुआ वह प्रभु मंहिष्ठः-हमारे लिए दातृतम है-सर्वोत्तम दाता है। इन वस्तुओं को देने के साथ वे प्रभु सूरिः अभूत्-प्रेरणा देनेवाले हैं। इन वस्तुओं का प्रयोग व प्रतियोग न करके यथायोग करने के लिए प्रभु प्रेरणा दे रहे हैं। इस प्रेरणा के द्वारा ही प्रभु हमारे लिए बर्हिष्ठ-अत्यन्त उत्कृष्ट व बहुत अवः-ज्ञान को अकृत-करते हैं। इस ज्ञान से ही तो हमारा जीवन पवित्र बनता है।

भावार्थ-प्रभु के दान अनन्त हैं। प्रभु ने यह ज्योतिर्मय शरीररथ हमें दिया है। इसको चलाने के लिए वे प्रेरणा दे रहे हैं। इस प्रेरणा से ही हमारा ज्ञान बढ़ता है।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—वायुः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

तने, मखाय, पाजसे

आ नो॑ वायो म॒हे तने॑ या॒हि म॒खाय॒ पाज॑से ।
व॒यं हि ते॑ चकृ॒मा भू॑रि दा॒वने॑ स॒द्यश्चि॒न्महि॑ दा॒वने॑ ॥ २५ ॥

(१) हे वायो-गति के द्वारा सब बुराइयों का विध्वंस करनेवाले प्रभो! आयाहि-आप आइये। नः-हमारे महे-महान् तने-शक्ति के विस्तार के लिए आप हमें प्राप्त होइये। मखाय-यज्ञों के लिए तथा पाजसे-शक्ति के लिए आप हमें प्राप्त होइए। (२) वयं-हम भूरिदावने-खूब ही देनेवाले ते-आपके लिए हि-निश्चय से चकृमा-स्तुति को करें। महिदावने-महान् दाता के लिए सद्यः चित्-शीघ्र ही स्तुति को करें।

भावार्थ-प्रभुस्तवन द्वारा हम प्रभु के सान्निध्य को प्राप्त करें। यह सान्निध्य हमारी शक्तियों के विस्तार के लिए-यज्ञ की प्रवृत्ति के लिए तथा बल के लिए हो। उस महान् दाता प्रभु का स्मरण करते हुए हम भी दानशील बनें।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—वायुः॥ छन्दः—स्वराड् बृहतीः॥ स्वरः—मध्यमः॥

अश्वेभिः वहते, उस्राः वस्ते

यो अश्वेभिर्वहते वस्त उस्रास्त्रिः सप्त सप्ततीनाम्।
एभिः सोमेभिः सोमसुद्भिः सोमपा दानाय शुक्रपूतपाः॥ २६॥

(१) यः=जो अश्वेभिः=इन्द्रियाश्वों के द्वारा वहते=शरीररथ को लक्ष्य की ओर ले-जाता है, वह सप्ततीनां=(सप्=To worship)प्रभुपूजन करनेवाली वेदवाणियों के त्रिः सप्त=तीन प्रकार से-आध्यात्मिक, आधिभौतिक व आधिदैविक अर्थ भेद से-सात छन्दों में प्रतिपादित उस्राः=ज्ञानरश्मियों को वस्ते=धारण करता है। (२) यह ज्ञानरश्मियों को धारण करनेवाला व्यक्ति एभिः=इन सोमेभिः=सोमकणों के द्वारा और सोमसुद्भिः=सोम का अभिषव करनेवाले पुरुषों के सम्पर्क में सोमपाः=सोम का पान (रक्षण) करनेवाला होता हुआ दानाय=सदा दान के लिए होता है-देने की वृत्तिवाला बनता है। शुक्रपूतपाः=शुक्र से-वीर्य से-पूत-पवित्र हुई-हुई इन्द्रियों का रक्षण करनेवाला बनता है।

भावार्थ-हमें चाहिए कि (१) इन्द्रियाश्वों के द्वारा शरीररथ को लक्ष्य की ओर ले-चलें। (२) वेदवाणियों की ज्ञान किरणों को धारण करें। (३) सोम का रक्षण करें। (४) सोम से सबल बनी हुई इन्द्रियों का रक्षण करें, (५) दान की वृत्तिवाले हों।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—वायुः॥ छन्दः—निचृद् बृहतीः॥ स्वरः—मध्यमः॥

सुकृत्तराय सुक्रतुः

यो मे इमं चिदु त्मनामन्दच्चित्रं दावने।
अरद्वे अक्षे नहुषे सुकृत्वनि सुकृत्तराय सुक्रतुः॥ २७॥

(१) यः=जो प्रभु मे=मेरे लिए चिद् उ=निश्चय से इमं=इस चित्रं=ज्ञानप्रद धन को दावने=देने के लिए त्मना=स्वयं अमन्दत्=आनन्द का अनुभव करता है। वे प्रभु अरद्वे=न रोनेवाले, अ-क्षे=न क्षीण होनेवाले, नहुषे=अपने को औरों से बाँधनेवाले (नह बन्धने) सुकृत्वनि= उत्तमता से कर्तव्य कर्मों को करनेवाले पुरुषों में सुकृत्तराय=शोभनकर्मों को करनेवाले के लिए सुक्रतुः=उत्तम प्रज्ञान व शक्तिवाला होता है। (२) प्रभु हमारे लिए ज्ञानप्रद धन को देते हुए आनन्दित होते हैं। हम संसार में रोयें नहीं, क्षीणशक्ति न हो जाएँ, औरों के साथ अपने को बाँधकर चलें, उत्तम कर्तव्य कर्मों को करनेवाले बनें। सुकृत्तर बनें-पुण्य कर्म करनेवाले बनें। प्रभु हमें शक्ति देंगे।

भावार्थ-प्रभु हमारे लिए ज्ञानरूप धन को देते हैं। हम शोभनकर्मों में प्रवृत्त होंगे तो प्रभु से शक्ति व प्रज्ञान को प्राप्त करेंगे।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—वायुः॥ छन्दः—निचृद् बृहतीः॥ स्वरः—मध्यमः॥

'अश्वेषितं-रजेषितं-शुनेषितं' अज्म

उच्चख्ये३ वपुषि यः स्वराळुत वायो घृतस्नाः।
अश्वेषितं रजेषितं शुनेषितं प्राज्म तदिदं नु तत्॥ २८॥

(१) उच्चख्ये=स्तुति में उत्तम (स्तुत्य) वपुषि=शरीर में यः=जो स्वराट्=स्वयं शासन करनेवाला बनता है। उत=और हे वायो=गति के द्वारा सब बुराइयों का संहार करनेवाले प्रभो! जो घृतस्नाः=ज्ञान की दीप्ति में स्नान करके अपना शोधन करता है। यही घर को उत्तम बनाता है।

(२) **अश्वेषितं**-(अश् व्याप्तौ) सर्वव्यापक प्रभु से प्रापित **रजेषितं**-(रञ्ज्) रञ्जनात्मक-आनन्दमय-प्रभु से प्राप्ति तथा **शुनेषितं**-(शुन गतौ) गतिमय प्रभु से प्रापित **तत्**-वह **इदं**-यह **नु**-निश्चय से **तत् प्र अज्म**-वह प्रकृष्ट गृह है (अज्म=home)। प्रभु ने यह शरीररूप गृह प्राप्त कराया है। हमें चाहिए कि हम भी कुछ व्यापक उदारवृत्तिवाले बनें, आनन्दमय स्वभाववाले बनें तथा गतिशील हों। तभी यह शरीरगृह उत्तम बनेगा।

भावार्थ-इस शरीरगृह में हम स्तुति करनेवाले बनें, ज्ञान में अपने को पवित्र करें। उदार प्रसन्न व गतिशील बनकर शरीरगृह को उत्तम बनाएँ। इसके लिए ऐसा कहा जा सके कि-'घर तो यह है।'

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—विराड् गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

वेदवचन+शक्तिसिक्त इन्द्रियाँ

अधा प्रियमिषिरायं षष्टिं सहस्रासनम्। अश्वानामिन्न वृष्णाम्॥ २९॥

(१) **अध**-सब **इषिराय**-उस प्रेरक प्रभु के लिए **प्रियं**-प्रिय **षष्टिं सहस्रा**-आध्यात्मिक-आधिभौतिक व आधिदैविक अर्थभेद से २० हजार होते हुए भी जो ६० हजार हैं उन वेदवचनों को **असनम्**-मैं प्राप्त करूँ। (२) **न**-इसी प्रकार **इत्**-निश्चय से **वृष्णाम् अश्वानाम्**-शक्ति का सेचन करनेवाले इन्द्रियाश्वों का ग्रहण करूँ।

भावार्थ-वेदवचनों का ग्रहण करते हुए हम प्रभु के प्रिय बनें। शक्तिसिक्त इन्द्रियों को प्राप्त करें।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—आर्चीस्वराड् गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

प्रभु के समीप

गावो न यूथमुप यन्ति वध्रय उप मा यन्ति वध्रयः॥ ३०॥

(१) **न**-जिस प्रकार **गावः**-गौवें, अपने रक्षण के लिए **यूथम्**-गोसमूह को प्राप्त होती हैं। अलग न घूमकर झुण्ड में ही आ जाती है, उसी प्रकार **वध्रयः**-अपने को व्रतों की रज्जु में बाँधनेवाले संयमी लोग **उपयन्ति**-अपने रक्षणों के लिए प्रभु के समीप प्राप्त होते हैं। (२) प्रभु कहते हैं कि ये **वध्रयः**-संयमी पुरुष **मा उपयन्ति**-मुझे समीपता से प्राप्त होते हैं। प्रभु सामीप्य में ही ये अपने को सुरक्षित अनुभव करते हैं।

भावार्थ-हम व्रतों के बन्धनों में अपने को बाँधते हुए अपने रक्षण के लिए प्रभु के इस प्रकार समीप हों, जैसे गौवें झुण्ड के समीप।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—स्वराड् गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

चारथ गण की शुद्धता

अध यच्चारथे गणे शमुद्वाँ अचिक्रदत्। अध श्वित्नेषु विंशतिं शता॥ ३१॥

(१) शरीर चरथ हैं। इसमें इन्द्रियों का समूह व प्राणों का समूह 'चारथ गण' है। **अध**-अब **यत्**-जब **चारथे गणे**-इस शरीरस्थ इन्द्रियसमूह व प्राणसमूह में **शतं**-शतवर्षपर्यन्त **उष्ट्रान्** (उष दाहे)-दोषदहन की वृत्तियों-शक्तियों को **अचिक्रदत्**-पुकारता है **अध**-तो **श्वित्नेषु**-इन श्वेतगणों में **विंशतिं**-बीस दोषदहन प्रक्रियाओं को **शता**-शतवर्षपर्यन्त प्राप्त करता है। (२) प्रभु से यही प्रार्थना करनी चाहिए कि वे हमारे इन्द्रियसमूह व प्राणसमूहों को दग्धदोष करें, और इन बीस संख्यावाले प्राणेन्द्रिय समूह में शतवर्षपर्यन्त ये दोषदहन प्रक्रियाएँ चलती रहें।

भावार्थ–हमारा इन्द्रियों व प्राणों का समूह दोषदहन से निर्दोष बने। यह समूह निर्मल व श्वेत बन जाएँ।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—वायुः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

इन्द्रगोपाः-देवगोपाः

शतं दासे बल्बूथे विप्रस्तरुक्ष आ ददे।
ते ते वायविमे जना मदन्तीन्द्रगोपा मदन्ति देवगोपाः॥ ३२॥

(१) **विप्रः**–अपना विशेषरूप से पूरण करनेवाला व्यक्ति **दासे**–शत्रुओं का उपक्षय होने पर तथा **बल्बूथे**–बल का गृह बनने पर **तरुक्षः**–उस तारक प्रभु में (क्षि निवासे) निवास करनेवाला होता हुआ **शतं**–शतवर्ष के जीवन को **आददे**–ग्रहण करता है। (२) हे **वायो**–गति के द्वारा सब बुराइयों का गन्धन करनेवाले प्रभो! **इमे जनाः**–ये लोग **ते**–आपके हैं और **ते**–वे **इन्द्रगोपाः**–परमैश्वर्यशाली प्रभु से रक्षित होते हुए (इन्द्रः गोपाः येषां) **मदन्ति**–आनन्द का अनुभव करते हैं। **देवगोपाः**–दिव्यगुणों का रक्षण करनेवाले ये लोग (देवानां गोपाः) **मदन्ति**–आनन्दित होते हैं।

भावार्थ–हम वासनाओं का क्षय करके तथा बल का गृह बनकर प्रभु में निवास करते हुए सौ वर्ष तक जीनेवाले बनें। प्रभु से रक्षित होते हुए और दिव्यगुणों का रक्षण करते हुए हम आनन्दित हों।

ऋषिः—वशोऽश्व्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'मही योषणा अधिरुक्मा'

अधु स्या योषणा मही प्रतीची वशमश्व्यम्। अधिरुक्मा वि नीयते॥ ३३॥

(१) **अध**–अब **स्या**–वह **योषणा**–बुराइयों को पृथक् करनेवाली व अच्छाइयों को मिलानेवाली यह वेदवाणीरूप माता **मही**–महनीय होती हुई **अधिरुक्मा**–अतिशयित ज्ञानरूप रुक्माभरणोंवाली **वशं**–अपनी इन्द्रियों को वश में करनेवाले **अश्वयं**–प्रशस्तेन्द्रिय पुरुष के **प्रतीची**–अभिमुख प्राप्त होनेवाली **विनीयते**–ले जायी जाती हैं। (२) जितेन्द्रिय पुरुष को यह वेदवाणी प्राप्त होती है। यह उसके जीवन से सब दोषों को दूर करती है और अच्छाइयों को प्राप्त करती है। यह ज्ञानरूप देदीप्यमान आभरणोंवाली वेदवाणी इस वश को ही प्राप्त होती है।

भावार्थ–हम जितेन्द्रिय (वश) व प्रशस्तेन्द्रिय (अश्व्य) बनें। हमें वेदज्ञान प्राप्त होगा। यह हमारे जीवन का पवित्र व दीप्त बनाएगा। इस योषणा के द्वारा–बुराइयों को पृथक् करनेवाली वेदवाणी के द्वारा –'हम त्रित' बनते हैं–काम-क्रोध-लोभ तीनों को तैर जाते हैं तथा 'आप्त्य' बनते हैं–प्रभु को प्राप्त करनेवालों में उत्तम। यह 'त्रित आप्त्य' आदित्यों का स्तवन करता है–

४७. [सप्तचत्वारिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

'मित्र और वरुण' का महान् रक्षण

महि वो महतामवो वरुण मित्र दाशुषे।
यमादित्या अभि द्रुहो रक्षथा नेमघं नशदनेहसो व ऊतयः सुऊतयो व ऊतयः॥ १॥

(१) हे **वरुण**–निर्द्वेषता के दिव्यभाव, **मित्र**–स्नेह के दिव्यभाव! **महतो**–महान् **वः**–आपका

अवः-रक्षण महि-महान् है। यह रक्षण दाशुषे-दाश्वान् पुरुष के लिए होता है-उस व्यक्ति के लिए जो आपके प्रति अपने को दे डालता है-जिसकी साधना यही होती है कि निर्द्वेष बनना है और प्रेमवाला बनना है। (२) हे आदित्याः-उत्तमताओं का आदान करनेवाले दिव्यभावो! यं-जिसको द्रुहः-द्रोह की भावना से अभिरक्षथ-आप बचाते हो, इस व्यक्ति को ईम्-निश्चय से अघं-पाप न नशत्-नहीं व्यापता। हे आदित्यो! वः-आपके ऊतयः-रक्षण अनेहसः-हमें निष्पाप बनानेवाले हैं। वः-आपके ऊतयः-रक्षण सु ऊतयः-उत्तम रक्षण हैं।

भावार्थ-मित्र और वरुण व आदित्यों का रक्षण महान् है। ये हमें द्रोह की भावना से बचाकर निष्पाप बनाते हैं। इनके रक्षण उत्तम हैं व पवित्र बनानेवाले हैं।

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—भुरिक्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

पक्षा वयो यथोपरि

विदा देवा अघानामादित्यासो अपाकृतिम्।
पक्षा वयो यथोपरि व्यृ१स्मे शर्म यच्छतानेहसो व ऊतयः सुऊतयो व ऊतयः॥ २॥

(१) हे आदित्यासः-सब अच्छाइयों का आदान करनेवाले देवाः-देवो! दिव्यभावो! आप अघानां-पापों के अपाकृतिम्-दूरीकरण को विद-जानते हो, अर्थात् आप सब अशुभ-वृत्तियों को हमारे से दूर करते हो। (२) यथा-जैसे वयः-पक्षी पक्षा-पंखों को अपने बच्चों के उपरि-ऊपर उनके रक्षण के लिए करते हैं, इसी प्रकार आप अस्मे-हमारे लिए शर्म-शरण को वियच्छत-विशेष रूप से दो। वः-आपके ऊतयः-रक्षण अनेहसः-निष्पाप हैं। वः-आपके ऊतयः-रक्षण सु ऊतयः-उत्तम रक्षण है।

भावार्थ-मित्र वरुण आदि आदित्य देवों का रक्षण हमारे जीवनों को निष्पाप बनाता है। ये हमारा उत्तम रक्षण करते हैं।

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—भुरिक्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

वरूथ्य धनों की प्राप्ति

व्यृ१स्मे अधि शर्म तत्पक्षा वयो न यन्तन।
विश्वानि विश्ववेदसो वरूथ्या मनामहे ऽनेहसो व ऊतयः सुऊतयो व ऊतयः॥ ३॥

(१) हे देवो! अस्मे-हमारे लिए तत् शर्म-उस शरण को अधिवियन्तन-आधिक्येन प्राप्त कराओ, न-जैसे वयः-पक्षी पक्षा-अपने पंखों को बच्चों के रक्षण के लिए प्राप्त कराते हैं। (२) हे विश्ववेदसः-सम्पूर्ण धनोंवालो देवो! आपसे विश्वानि-सब वरूथ्यानि-गृहोचित धनों को मनामहे-माँगते हैं। वः-आपके ऊतयः-रक्षण अनेहसः-निष्पाप हैं-हमारे जीवनों को पापशून्य बनानेवाले हैं। वः-आपके रक्षण सु ऊतयः-उत्तम रक्षण हैं।

भावार्थ-मित्र, वरुण आदि दिव्यभाव हमें गृहोचित सब उत्तम धनों को प्राप्त करानेवाले हैं।

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

विश्वस्य रायः ईशते

यस्मा अरासत क्षयं जीवातुं च प्रचेतसः।
मनोर्विश्वस्य घेदिम आदित्या राय ईशते ऽनेहसो व ऊतयः सुऊतयो व ऊतयः॥ ४॥

(१) अस्मा-हमारे लिए, हे आदित्यः-अच्छाइयों का आदान करनेवाले दिव्यभावो! आप

क्षयं=उत्तम निवास को च=व जीवातुं=जीवनौषध को अरासत=दीजिए। (२) इमे=ये आदित्य घा इत्=निश्चय से विश्वस्य=सब प्रचेतसः=प्रकृष्ट ज्ञानवाले मनोः=विचारशील पुरुष के रायः=धनों के ईशते=ऐश्वर्यवाले हैं, अर्थात् ये आदित्य सब ज्ञानादि उत्तम ऐश्वर्यों को प्राप्त कराते हैं। वः=आपके ऊतयः=रक्षण अनेहसः=निष्पाप हैं=हमें पापशून्य जीवनवाला बनाते हैं। वः ऊतयः=आपके रक्षण सु ऊतयः=उत्तम रक्षण हैं।

भावार्थ=आदित्यवृत्तियाँ हमारे लिए प्रकृष्ट ज्ञान के साथ सब आवश्यक धनों को प्राप्त कराती हैं।

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—भुरिक्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

निष्पापता

परि णो वृणजन्नघा दुर्गाणि रथ्यो यथा ।
स्यामेदिन्द्रस्य शर्मण्यादित्यानामुतावस्यनेहसो व ऊतयः सुऊतयो व ऊतयः ॥ ५ ॥

(१) नः=हमें अघा=पाप परिवृणजन्=सर्वथा छोड़ जाएँ, यथा=जैसे रथ्यः=रथ का वहन करनेवाले घोड़े दुर्गाणि=गड्ढे आदि विषम मार्गों को छोड़ जाते हैं। (२) हम इत्=निश्चय से इन्द्रस्य=उस शत्रुविद्रावक प्रभु की शर्मणि=शरण में (shelter) स्याम=हों। उत=और आदित्यानाम्=आदित्यों के अवसि=रक्षण में हों। हे आदित्यो! वः ऊतयः=आपके रक्षण अनेहसः=हमें निष्पाप बनाते हैं वः=आपके ऊतयः=रक्षण सु ऊतयः=उत्तम रक्षण हैं।

भावार्थ=आदित्यवृत्तियाँ व प्रभु की शरण हमें निष्पाप बनानेवाली हों।

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

अदभ्र धन

परिह्रुतेदना जनो युष्मादत्तस्य वायति ।
देवा अदभ्रमाश वो यमादित्या अहेतनानेहसो व ऊतयः सुऊतयो व ऊतयः ॥ ६ ॥

(१) परिह्रुता इत् अना=तप नियम आदि से परिपीड़ित शरीर से ही युक्त जनः=मनुष्य युष्मादत्तस्य=हे देवो! आपसे दिये हुए धन को वायति=प्राप्त होता है। (२) हे आशवः=शीघ्र गतिवाले आदित्याः=अच्छाइयों का आदान करनेवाले देवाः=देवो! आप यं=जिसको अहेतन=व्याप्त करते हो=प्राप्त होते हो, वह=वह अदभ्रं=अनल्प बहुत अधिक धन को प्राप्त होता है। वः=तुम्हारे ऊतयः=रक्षण अनेहसः=हमें निष्पाप बनानेवाले हैं। वः=आपके ऊतयः=रक्षण सु ऊतयः=उत्तम रक्षण हैं।

भावार्थ=तपस्वी पुरुष ही आदित्यों से अनल्प धन को प्राप्त करता है।

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

क्रोध से मार्गभ्रष्ट न होना

न तं तिग्मं चन त्यजो न ह्रासदभि तं गुरु ।
यस्मा उ शर्म सप्रथ आदित्यासो अराध्वमनेहसो व ऊतयः सुऊतयो व ऊतयः ॥ ७ ॥

(१) हे आदित्यासः=अच्छाइयों का आदान करनेवाले देवो! यस्मा=जिसके लिए आप उ=निश्चय से सप्रथः=विस्तृत शर्म=शरण को अराध्वम्=देते हो, तं=उस व्यक्ति को तिग्मं चन=बड़ा तीव्र भी त्यजः=क्रोध न ह्रासत्=कुत्सित गतिवाला नहीं करता है। तं=उसको गुरु=महान्

क्रोध भी न अभि (द्रासत्)-कुत्सित गतिवाला नहीं करता। (२) हे आदित्यो! वः-आपके ऊतयः-रक्षण अनेहसः-निष्पाप हैं। वः-आपके ऊतयः-रक्षण सु ऊतयः-उत्तम रक्षण हैं। आपके रक्षणों से रक्षित होकर हम निष्पाप बनते हैं।

भावार्थ-आदित्यों से रक्षित हुआ-हुआ पुरुष तीव्र व महान् क्रोध से कुत्सित गतिवाला नहीं होता। क्रोध के कारण यह कुकर्म नहीं करता।

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

देव-संग

युष्मे देवा अपि ष्मसि युध्यन्तइव वर्मसु ।
यूयं महो न एनसो यूयमर्भादुरुष्यतानेहसो व ऊतयः सुऊतयो व ऊतयः ॥ ८ ॥

(१) हे देवाः-देवो! दिव्य वृत्तिवाले पुरुषो! युष्मे अपि ष्मसि-आपमें हम अपिहित (ढके हुए) हों। आपमें हम इस प्रकार सुरक्षित हों, इव-जैसे युध्यन्तः-युद्ध करते हुए लोग वर्मसु-कवचों में सुरक्षित होते हैं। कवच जिस प्रकार शस्त्रों के घात से हमें बचाता है, उसी प्रकार देव हमारा रक्षण करते हैं। (२) हे देवो! यूयं-आप नः-हमें महः एनसः-महान् पापों से उरुष्यत-बचाते हो। यूयं-आप ही हमें अभीत्-छोटे पापों से रक्षित करते हो। वः-आपके ऊतयः-रक्षण अनेहसः-हमें निष्पाप बनानेवाले हैं। वः ऊतयः-आपके रक्षण सु ऊतयः-उत्तम रक्षण है। सत्संग हमें सब प्रकार से पापों के आक्रमण से बचाता है। (३) यहाँ इस सूक्त में १८ बार 'अनेहसो व ऊतयः' कहा गया है। १८ ही व्यसन हैं। १० कामज, ८ क्रोधज। इन सब व्यसनों से यह सत्संग हमारा रक्षण करता है। जीवित पुरुषों के सत्संग की तरह ही दिवंगत पुरुषों का संग भी उनके ग्रन्थों के अध्ययन द्वारा प्राप्त होता है। यह संग सर्वोत्तम संग है।

भावार्थ-देव पुरुषों का संग हमें सब पापों के आक्रमण से बचाता है।

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—भुरिक्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

अदिति

अदितिर्न उरुष्यत्वदितिः शर्म यच्छतु ।
माता मित्रस्य रेवतोऽर्यम्णो वरुणस्य चानेहसो व ऊतयः सुऊतयो व ऊतयः ॥ ९ ॥

(१) अदितिः-अदीना देवमाता-हमें दीनता से ऊपर उठानेवाली और दिव्यगुणों को जन्म देनेवाली स्वास्थ्य की देवता नः-हमें उरुष्यतु-रक्षित करे। यह अदितिः-स्वास्थ्य की देवता शर्म-सुख को यच्छतु-दे। (२) यह स्वास्थ्य की देवता मित्रस्य-मित्र की रेवतः-रेवान् की अर्यम्णः-अर्यमा की च वरुणस्य-और वरुण की माता-निर्माण करनेवाली है। यह हमें स्नेहवाला (मित्र) धनवान् (रेठेवान्) संयमी (अर्यमा) व निर्द्वेष (वरुण) बनाती है। हे देवो! वः-आपके ऊतयः-रक्षण अनेहसः-हमें निष्पाप बनाते हैं। वः-आपके ऊतयः-रक्षण सु ऊतयः-उत्तम रक्षण हैं।

भावार्थ-स्वास्थ्य हमें रक्षित करता है-सुखी बनाता है। यह हमें स्नेहवाला, धनी, संयमी व निर्द्वेष बनाता है।

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—स्वराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

शरणं (=घर)

यद्देवाः शर्म शरणं यद्भद्रं यदनातुरम् ।
त्रिधातु यद्वरूथ्यं१ तदस्मासु वि यन्तन नेहसो व ऊतयः सुऊतयो व ऊतयः ॥ १० ॥

(१) हे देवाः=दिव्यभावो! यत्=जो शरणं=गृह शर्म=सुख को देनेवाला है, यद्=जो भद्रं=कल्याण कर है, यद्=जो अनातुरम्=सब रोगों से रहित है, त्रिधातु='शरीर, मन व बुद्धि' तीनों का सुन्दरता से धारण करनेवाला है और यद्=जो वरूथ्यम्=उत्तम धनवाला है व कष्ट का निवारण करनेवाला है, तद्=उस घर को अस्मासु वियन्तन=हमारे लिए प्राप्त कराइये। (२) हे देवो! वः=आपके ऊतयः=रक्षण अनेहसः=निष्पाप हैं=हमें पापशून्य बनानेवाले हैं। वः ऊतयः=आपके रक्षण सु ऊतयः=उत्तम रक्षण हैं।

भावार्थ=दिव्यगुणों के धारण से घर सुख व कल्याण को करनेवाला तथा नीरोग व उत्तम शरीर, मन व बुद्धिवाला तथा कष्टों से रहित बनता है।

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—स्वराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

आदित्यों की कृपादृष्टि

आदित्या अव हि ख्यताधि कूलादिव स्पशः ।
सुतीर्थमर्वतो यथानु नो नेषथा सुगमनेहसो व ऊतयः सुऊतयो व ऊतयः ॥ ११ ॥

(१) हे आदित्याः=अच्छाइयों का आदान करनेवाले आदित्यो! आप अधः स्थित हम लोगों का हि=निश्चय से अव ख्यत=इस प्रकार ध्यान करिये, इव=जिस प्रकार अधिकूलात्=ऊपर किनारे से स्पशः=द्रष्टा लोग अधोगत उदक को देखते हैं। वहाँ स्थित लोग यथा=जिसप्रकार अर्वतः=घोड़ों को सुतीर्थम्=उत्तम घाट पर पानी पीने के लिए ले-जाते हैं, उसी प्रकार नः=हमें सुगम् अनुनेषथा=सुन्दर गमनयोग्य मार्ग पर ले-चलिये। (२) माता, पिता, आचार्य व अतिथियों का कार्य यही है कि छोटों के लिए वे मार्ग प्रणेता हों। हे आदित्यो! वः ऊतयः=आपके रक्षण अनेहसः=निष्पाप हैं=हमें पापशून्य जीवनवाला बनाते हैं। वः ऊतयः=आपके रक्षण सु ऊतयः=उत्तम रक्षण हैं।

भावार्थ=आदित्यों के निरीक्षण में हम उत्तम मार्गों से गति करते हुए निष्पाप व सुन्दर जीवनवाले बनें।

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

रक्षस्वी का अकल्याण

नेह भद्रं रक्षस्विने नावयै नोपया उत ।
गवे च भद्रं धेनवे वीराय च श्रवस्यतेऽनेहसो व ऊतयः सुऊतयो व ऊतयः ॥ १२ ॥

(१) अपने रक्षण के लिए औरों का क्षय करनेवाला पुरुष 'रक्षस्वी' है। इह=यहाँ संसार में रक्षस्विने=इस रक्षस्वी पुरुष के लिए भद्रं न=कल्याण न हो। अवयै=निम्न गतिवाले के लिए न=कल्याण न हो उत=और उपयै न=हिंसा के लिए हमारी ओर आते हुए के लिए कल्याण न हो। (२) धेनवे=नवसूतिका दुधार गवे च=गौ के लिए निश्चय से भद्रं=कल्याण हो, च=तथा श्रवस्यते=यशस्वी जीवन की कामनावाले वीराय=वीर पुरुष के लिए कल्याण हो। वः=आपके

ऊतयः=रक्षण अनेहसः=निष्पाप हों, वः ऊतयः=आपके रक्षण सु ऊतयः=उत्तम रक्षण हों।

भावार्थ–रक्षस्वी–निम्न गतिवाले–हिंसा के लिए समीप आनेवाले का अकल्याण ही होता है। नवसूतिका गौ व यशस्वी वीर का कल्याण हो।

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—भुरिक्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

यद् आविः, यद् अपीच्यम्

यदाविर्यदपच्यं१ देवासो अस्ति दुष्कृतम्

त्रिते तद्विश्वमाप्त्य आरे अस्मद्धातनानेहसो व ऊतयः सुऊतयो व ऊतयः॥ १३॥

(१) यद्=जो भी आविः=प्रकट पाप है और यद् अपीच्यम्=जो अन्तर्हित दुष्कृतं अस्ति=पाप है, हे देवासः=देवो! तद्=उस विश्वं=सब पाप को त्रिते=काम, क्रोध, लोभ को तैरनेवाले आप्तये=प्रभु प्राप्ति में उत्तम पुरुषों की अधीनता में रहनेवाले अस्मद्=हम लोगों से आरे दधातन=दूर स्थापित करिये। त्रितों व आप्त्यों के सम्पर्क में रहते हुए हम पापों से सदा दूर रहें। (२) हे देवो! वः ऊतयः=आपके रक्षण अनेहसः=निष्पाप हैं। वः ऊतयः=आपके रक्षण सु ऊतयः=उत्तम रक्षण हैं।

भावार्थः–त्रित आप्त्य लोगों के सम्पर्क में हम अपने जीवनों को निष्पाप बनाएँ।

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—आदित्या उषाश्च॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

दुःष्वप्न्य दूरीकरण

यच्च गोषु दुष्वप्न्यं यच्चास्मे दुहितर्दिवः

त्रिताय तद्विभावर्याप्त्याय परा वहानेहसो व ऊतयः सुऊतयो व ऊतयः॥ १४॥

हे दिवः दुहितः=ज्ञान का प्रपूरण करनेवाली उषे! यत् च=जो भी गोषु=इन्द्रियों के विषय में दुःष्वप्न्यं=अशुभ स्वप्न आता है, च=और यत्=जो अस्मे=हमारे विषय में अशुभ स्वप्न होता है, तत्=उसे हे विभावरि=प्रकाशमयी उषे! त्रिताय='काम-क्रोध-लोभ' को तैरनेवाले आप्त्याय=प्रभुप्राप्ति में उत्तम मेरे लिए परावह=दूर करनेवाली हो। वस्तुतः हम उषाकाल में प्रबुद्ध ही हो जाएँ, ताकि इन अशुभ स्वप्नों का शिकार न हों। (२) वः ऊतयः=आपके रक्षण अनेहसः=निष्पाप हैं। वः ऊतयः=आपके रक्षण सु ऊतयः=उत्तम रक्षण हैं।

भावार्थ–हम काम-क्रोध-लोभ को तैरनेवाले-प्रभुप्राप्ति परायण बनकर अशुभ स्वप्नों से ऊपर उठें।

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—आदित्या उषाश्च॥ छन्दः—भुरिक्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

धन व सौन्दर्य के आकर्षण से दूर

निष्कं वा घा कृणवते स्रजं वा दुहितर्दिवः

त्रिते दुष्वप्न्यं सर्वमाप्त्ये परि दद्मस्यनेहसो व ऊतयः सुऊतयो व ऊतयः॥ १५॥

(१) हे दिवः दुहितः=प्रकाश का पूरण करनेवाली उषे! निष्कं=स्वर्ण आभूषणों को वा घा=निश्चय से कृणवते=बनानेवाले के लिए वा=अथवा स्रजं=माला को करनेवाले के लिए जो दुःष्वप्न्यं=अशुभ स्वप्न होता है। सर्वं=उस सबकी त्रिते आप्त्ये=काम-क्रोध-लोभ से ऊपर उठनेवाले विद्वान् की समीपता में परि दद्मसि=अपने से दूर करते हैं (परेर्वर्जने)। (२) सुवर्णादि आभूषण व माला आदि धारण करनेवाले व्यक्ति को देखकर चित्त में जो दुर्विचार आते हैं, उन्हें

त्रित आप्त्यों को समीपता में नष्ट करें। दृढ़व्रती होकर सुवर्ण आदि देखकर व माला आदि से अलंकृत वनिताओं को देखकर स्वप्न में भी प्रलुब्ध न हों। हे देवो! **वः ऊतयः**=आपके रक्षण **अनेहसः**=हमें निष्पाप बनाते हैं। **वः ऊतयः**=आपके रक्षण **सु ऊतयः**=उत्तम रक्षण हैं।

भावार्थ–हम काम-क्रोध-लोभ को जीतनेवाले आप्त विद्वानों के सामीप्य में रहकर स्वर्ण व मालाओं के आकर्षण से ऊपर उठ जाएँ। इनके विषय में ही हम स्वप्न न देखते रहें।

ऋषिः—त्रित आप्त्यःङ्क **देवता**—आदित्या उषाश्चङ्क **छन्दः**—भुरिक्त्रिष्टुप्ङ्क **स्वरः**—धैवतःङ्क

त्रित+द्वित

तद॑न्नाय॒ तद॑पसे॒ तं भा॒गमु॑पसे॒दुषे॑ ।

त्रि॒ताय॑ च द्वि॒ताय॒ चोषो॑ दु॒ष्ष्वप्न्यं॑ वहाने॒हसो॑ व ऊ॒तयः॑ सुऊ॒तयो॑ व ऊ॒तयः॑ ॥ १६ ॥

(१) **तदन्नाय**=उस प्रभु की प्राप्ति के लिए ही अन्नों का सेवन करनेवाले, **तदवसे**=प्रभुप्राप्ति के लिए ही कर्म करनेवाले तथा **तं भागं**=उस भजनीय प्रभु को **उपसेदुषे**=उपासित करनेवाले **त्रिताय**=(त्रीन् तरति) काम-क्रोध-लोभ को तैर जानेवाले **च**=और **द्विताय**=(द्वौ तनोति) विद्या व श्रद्धा दोनों का विस्तार करनेवाले के लिए, हे **उषः**=उषा की देवते! **दुष्वप्न्यं**=अशुभ स्वप्नों को **वह**=दूर करनेवाली हो। (२) हे उषाओ! **वः ऊतयः**=आपके रक्षण **अनेहसः**=हमें निष्पाप बनानेवाले हैं। **वः ऊतयः**=आपके रक्षण **सु ऊतयः**=उत्तम रक्षण हैं।

भावार्थ–प्रभु प्राप्ति के लिए ही अन्नों का सेवन करनेवाला, प्रभु प्राप्त्यर्थ कर्मों को करनेवाला, प्रभु का उपासक, काम-क्रोध-लोभ को तैरनेवाला व विद्या और श्रद्धा व विकास करनेवाला बनता है। यह उषाकाल में प्रबुद्ध होकर उपासना में प्रवृत्त होता है और अशुभ स्वप्नों से बचा रहता है।

ऋषिः—त्रित आप्त्यःङ्क **देवता**—आदित्या उषाश्चङ्क **छन्दः**—स्वराट् त्रिष्टुप्ङ्क **स्वरः**—धैवतःङ्क

ऋण आदि की तरह अशुभ स्वप्न अपसारण

यथा॑ क॒लां यथा॑ श॒फं यथ॑ ऋ॒णं सं॒नया॑मसि ।

ए॒वा दु॒ष्ष्वप्न्यं॒ सर्व॑मा॒प्त्ये सं न॑यामस्यने॒हसो॑ व ऊ॒तयः॑ सुऊ॒तयो॑ व ऊ॒तयः॑ ॥ १७ ॥

(१) **यथा**=जैसे **कलां**=काल के एक-एक अवयव को हम **संनयामसि**=व्यतीत करते हैं, **यथा शफं**=जैसे एक-एक पद (चरण) को रखते हुए हम मार्ग को पार कर लेते हैं **यथ ऋणं**=जैसे थोड़ा-थोड़ा करके हम ऋण को समाप्त कर लेते हैं, **एवा**=इसी प्रकार **आप्त्ये**=विद्वान् पुरुष की समीपता में हम **सर्वं दुष्ष्वप्न्यं**=सब अशुभ स्वप्न को समाप्त करते हैं। धीरे-धीरे अपने जीवन को सुन्दर बनाते हुए अशुभ स्वप्नों से ऊपर उठते हैं। (२) हे देवो! **वः ऊतयः**=आपके रक्षण **अनेहसः**=हमें निष्पाप बनाते हैं। **वः ऊतयः**=आपके रक्षण **सु ऊतयः**=उत्तम रक्षण हैं।

भावार्थ–हम ज्ञानियों के सम्पर्क में थोड़ा-थोड़ा आगे बढ़ते हुए उन्नत जीवनवाले बनकर अशुभ स्वप्नों से दूर हों।

ऋषिः—त्रित आप्त्यःङ्क **देवता**—आदित्या उषाश्चङ्क **छन्दः**—भुरिक्त्रिष्टुप्ङ्क **स्वरः**—धैवतःङ्क

निर्लोभता-संविभाग व निष्पापता

अजै॑ष्मा॒द्यास॑नाम॒ चाभू॒मानां॑गसो व॒यम् ।

उषो॒ यस्मा॑द्दुष्ष्वप्न्या॒दभै॒ष्माप॒ तदु॑च्छत्वने॒हसो॑ व ऊ॒तयः॑ सुऊ॒तयो॑ व ऊ॒तयः॑ ॥ १८ ॥

(१) हे **उषः**=उषे! **अद्य**=आज हम **अजैष्म**=विजयी हुए है। **असनाम**=हमने धनों का

संभजन-संविभाग किया है। च-और वयं-हम अनागसः अभूम-निष्पाप हुए हैं। वस्तुतः लोभ से आक्रान्त होकर हम धनों को संविभक्त न कर संगृहीत करते हैं और धन संग्रह में पाप ग्रसित हो जाते हैं। लोक को जीतकर धनों का संविभाग करते हैं और निष्पाप होते हैं। (२) हे उषः-उषे! यस्मात्-जिस दुष्वप्नात्-अशुभ स्वप्न से अभैष्म-हम भयभीत होते हैं, तत्-वह अप उच्छतु-हमारे से दूर विवासित हो। हे देवो! वः-आपके ऊतयः-रक्षण अनेहसः-हमें निष्पाप बनाते हैं। वः-आपके ऊतयः-रक्षण सु ऊतयः-उत्तम रक्षण हैं।

भावार्थ-लोभ पर विजय पाकर हम धनों का संविभाग (दान) करनेवाले हों और निष्पाप हों। अशुभ स्वप्नों से दूर हों। निष्पाप बनने के लिए हम प्रभु का गायन करनेवाले 'प्रगाथ' बनें, बुद्धिमान् 'काण्व' हों। इस प्रकार सोमरक्षण करते हुए हम निष्पाप बनेंगे। अगले सूक्त में इस सोम का ही वर्णन है-

४८. [अष्टचत्वारिंशं सूक्तम्]

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—पादनिचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

सुमेधाः स्वाध्यः

स्वादोरभक्षि वयसः सुमेधाः स्वाध्यो वरिवोवित्तरस्य।
विश्वे यं देवा उत मर्त्यासो मधु ब्रुवन्तो अभि संचरन्ति॥ १॥

(१) सुमेधाः-उत्तम बुद्धिवाला व स्वाध्यः-उत्तम कर्मोंवाला होता हुआ मैं वरिवोवित्तरस्य-उत्कृष्ट वरणीय धनों को प्राप्त करानेवाले स्वादोः-जीवन को मधुर बनानेवाले वयसः-आयुष्य के प्रमुख साधनभूत सोमरूप अन्न का अभक्षि-सेवन करूँ। सोम को शरीर में ही सुरक्षित रखूँ। (२) उस सोम को मैं सुरक्षित रखूँ यं-जिसको विश्वे-सब देवासः-देववृत्ति के पुरुष, उत-और मर्त्यासः-लौकिक दृष्टिकोणवाले पुरुष भी मधु ब्रुवन्तः-'यह अतिशयेन मधुर है', ऐसा कहते हुए अभिसञ्चरन्ति-प्राप्त करते हैं-इस सोम के रक्षण के लिए यत्नशील होते हैं।

भावार्थ-सुरक्षित सोम हमें (१) सुमेधा व सुकर्मा बनाता है। (२) यह जीवन को मधुर बनाता है (३) जीवन धनों को प्राप्त कराता है।

इसलिए देव व सामान्य मनुष्य भी इसे 'मधु' कहते हुए प्राप्त करने के लिए यत्नशील होते हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—पादनिचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

अन्तः च प्रागाः-अदितिः भवासि

अन्तश्च प्रागा अदितिर्भवास्यवयाता हरसो दैव्यस्य।
इन्दविन्द्रस्य सख्यं जुषाणः श्रोष्ठेव धुरमनु राय ऋध्याः॥ २॥

(१) हे सोम! तू अन्तः च प्रागा-जब निश्चय से शरीर के अन्दर जाता है-शरीर में व्याप्त होता है, तो अदितिः भवासि-अदीना देवमाता के रूप में होता है, हमारी अदीनता का कारण बनता है और दिव्यगुणों का निर्माण करनेवाला होता है। तू दैव्यस्य हरसः-उस देव के क्रोध का अवयाता-हमारे से पृथक् करनेवाला होता है। इस सोम के द्वारा सुन्दर जीवनवाले बनकर हम प्रभु के प्रिय होते हैं। (२) हे इन्दो-सोम! तू इन्द्रस्य-इस जितेन्द्रिय पुरुष की सख्यं-मित्रता का जुषाणः-सेवन करता हुआ इस प्रकार राये-ऐश्वर्य के लिए अनुऋध्याः-अनुकूलता से हमें

प्राप्त होता है, इव=जैसे औष्टी=शीघ्रगामी अश्व धुरं=रथ धुरा को प्राप्त होकर अभिमत देश की ओर ले-जाता है।

भावार्थ—सुरक्षित सोम (१) हमें स्वस्थ बनाता है (२) प्रभु का प्रिय बनता है। (३) ऐश्वर्य की ओर ले-चलता है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

अमृत-देव-ज्योतिर्मय

अपाम॒ सोम॒ममृता॑ अभूमा॒गन्म॒ ज्योति॒रवि॑दाम दे॒वान्।
किं नू॒नम॒स्मान्कृ॑णव॒दरा॑तिः॒ किमु॑ धू॒र्तिर॒मृत॒ मर्त्य॑स्य ॥ ३ ॥

(१) सोमम् अपाम=हमने सोम का पान किया है और अमृताः=नीरोग (अमर) अभूम=हो गए हैं। ज्योतिः अगन्म=ज्ञान के प्रकाश को प्राप्त किया है और देवान् अविदाम=दिव्यगुणों को प्राप्त करनेवाले हुए हैं। सोमरक्षण से हम शरीर में नीरोग, मन में दिव्य भावनाओंवाले, तथा मस्तिष्क में ज्ञानज्योतिवाले बने हैं। (२) इस सोमरक्षण के होने पर नूनं=निश्चय से अरातिः=शत्रु अस्मान्=हमारा किं कृणवत्=क्या कर सकता है? उ=और हे अमृत=हमें न मरने देनेवाले सोम! मर्त्यस्य=किसी भी मनुष्य की धूर्तिः=हिंसकवृत्ति भी हमारी क्या हानि कर सकती है? सोमरक्षण से हम न अन्तःशत्रुओं से आक्रान्त होते हैं, न बाह्यशत्रुओं से।

भावार्थ—सोमरक्षण से हम (१) शरीर में नीरोग बनते हैं (२) मन में देव (३) मस्तिष्क में ज्योतिर्मय (४) ये सोमरक्षण हमें अन्तः व बाह्य शत्रुओं का शिकार नहीं होने देता।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'शान्ति-कल्याण-बुद्धि व दीर्घजीवन' का दाता सोम

शं नो॑ भव हृ॒द आ पी॒त इ॑न्दो पि॒तेव॑ सोम सू॒नवे॑ शु॒शेवः॑।
सखे॑व॒ सख्ये॑ पु॒रुशं॑स॒ धीरः॒ प्र ण॒ आयु॑र्जी॒वसे॑ सोम तारीः ॥ ४ ॥

(१) हे इन्दो=सोम! तू आपीतः=शरीर में समन्तात् पिया हुआ नः=हमारे हृदे=हृदय के लिए शं=शान्ति को देनेवाला भव=हो। हे सोम=वीर्यशक्ते! तू सूनवे पिता इव=पुत्र के लिए पिता की तरह सुशेवः=उत्तम कल्याण को करनेवाला हो। (२) हे उरुशंस=बहुधा शंसनीय सोम! तू धीरः=बुद्धि को प्रेरित करनेवाला है—बुद्धि को सूक्ष्म बनानेवाला है। तू सख्ये=मित्र के लिए सखा इव=मित्र की तरह है। अपने रक्षक का तू रक्षण करता है। हे सोम! तू जीवसे=जीवन के लिए नः=हमारे आयुः=जीवन को प्रतारीः=प्रकर्षेण बढ़ानेवाला हो।

भावार्थ—सुरक्षित सोम (१) हृदय में शान्ति को देता है, (२) कल्याण करता है, (३) बुद्धि को सूक्ष्म बनाता है (४) तथा दीर्घजीवन का कारण होता है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—विराट् जगती॥ स्वरः—निषादः॥

'यश-रक्षण-दृढ़ता व पवित्रता व नीरोगता' का दाता सोम

इ॒मे मा॑ पी॒ता य॒शस॑ उरु॒ष्यवो॒ रथं॒ न गाव॒: समना॑हु पर्व॒सु।
ते मा॑ रक्षन्तु वि॒स्रस॑श्च॒रित्रा॑दु॒त मा॒ स्रामा॒द्यव॑यन्त्विन्द॒वः॑ ॥ ५ ॥

(१) इमे=ये पीताः=शरीर के अन्दर पिये गये सोमकण मा=मेरे लिए यशसः=यशस्कर होते

हैं और उरुष्यवः=मेरे लिए रक्षा की कामनावाले होते हैं। न=जैसे गावः=गोस्नायु- निर्मित रज्जुएँ रथं=रथ को पर्वसु=पर्वों में, इसी प्रकार ये सोम मुझे पर्वसु=शरीर के प्रत्येक पर्व में समनाह=सन्नद्ध करते हैं। मेरे प्रत्येक पर्व को ये सुदृढ़ ग्रन्थिवाला करते हैं। (२) ते=वे सोम मा=मुझे विस्रसः चरित्रात्=चरित्रभ्रंश से रक्षन्तु=बचाएँ उत=और इन्दवः=ये सोमकण मा=मुझे स्रामाद्=व्याधि से ययवन्तु=पृथक् करें।

भावार्थ–सुरक्षित सोम (१) हमें यशस्वी बनाता है, (२) रोगों से बचाता है, (३) सुदृढ़ शरीर पर्वोंवाला करता है, (४) चरित्रभ्रंश व रोगों से दूर करता है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

दीप्ति उल्लास व पुष्टि

अग्निं न मा मथितं सं दिदीपः प्र चक्षय कृणुहि वस्यसो नः।
अथा हि ते मदु आ सोम मन्ये रेवाँइव प्र चरा पुष्टिमच्छ॥ ६॥

(१) हे सोम=वीर्यशक्ते! तू मा=मुझे मथितं अग्निं न=मथी हुई अग्नि के समान सन्दिदीपः=संदीप्त कर, जैसे मथित अग्नि चमक उठती है, इसी प्रकार हम तेरे से चमक उठें। प्रचक्षय=तू हमें प्रकृष्ट चक्षुवाला बना। हमारी दर्शन शक्ति को बढ़ा। नः=हमें वस्यसः=प्रशस्त वसुओंवाला कृणुहि=कर। (२) अथा=अब हे सोम! मदे=मद व उल्लास के निमित्त मैं हि=निश्चय से ते आमन्ये=तेरा स्तवन करता हूँ। रेवान् इव=तू सब धनोंवाले की तरह होता हुआ पुष्टिम् अच्छ=पोषण की ओर प्रचर=गतिवाला हो। हे सोम! तू हमारे अंग-प्रत्यंग को पुष्ट करनेवाला हो।

भावार्थ–सोम हमें दीप्त-प्रकृष्ट चक्षुवाला-प्रशस्त वसुओंवाला-उल्लासमय व पुष्ट करे।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'दीर्घजीवन का दाता' सोम

इषिरेण ते मनसा सुतस्य भक्षीमहि पित्र्यस्येव रायः।
सोम राजन्प्र ण आयूंषि तारीरहानीव सूर्यो वासराणि॥ ७॥

(१) हे सोम! वीर्यशक्ते! सुतस्य ते=उत्पन्न हुए-हुए तेरा इषिरेण मनसा=इच्छावाले मन से भक्षीमहि=भक्षण करें–तुझे शरीर में ही व्याप्त करने का प्रयत्न करें। इस प्रकार तेरा भक्षण करें, इव=जैसे पित्र्यस्य रायः=पिता से प्राप्त धन का उपयोग करते हैं। हम इस सोम को पिता प्रभु से प्राप्त धन समझें। (२) हे राजन्=हमारे जीवनों को दीप्त करनेवाले सोम! नः=हमारे आयूंषि=जीवनों का प्रतारीः=प्रकर्षेण वर्धन करनेवाले होइये। इस प्रकार हमारे जीवनों को बढ़ाओ इव=जैसे सूर्यः=सूर्य वासराणि=जगत् को बसानेवाले अहानि=दिनों को बढ़ाता है। सूर्य दिनों का विस्तार करता है, यह सोम (वीर्य) हमारे जीवनकाल का विस्तार करनेवाला हो।

भावार्थ–हम सोम को प्रभु से दिया हुआ धन समझें। इस धन का समुचित रक्षण व प्रयोग करें। यह सुरक्षित सोम हमारे दीर्घजीवन का कारण बने।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

दक्षः+मन्युः

सोम॑ राजन्मृळ॒या नः॒ स्व॒स्ति तव॑ स्मसि व्र॒त्या॒३॒॑स्तस्य॑ विद्धि।
अल॑र्ति॒ दक्ष॑ उ॒त म॒न्युरि॑न्दो॒ मा नो॑ अ॒र्यो अ॑नु॒काम॑ं परा॒ दाः॥ ८॥

(१) हे **सोम**=वीर्यशक्ते! **राजन्**=जीवन को दीप्त करनेवाले सोम! **नः**=हमें **मृडय**=सुखी कर। **स्वस्ति**=तेरे रक्षण के द्वारा हमारा कल्याण हो। हम **व्रत्याः**=व्रतमय जीवनवाले होकर **तव स्मसि**=तेरे हैं। **तस्य विद्धि**=उस हमारे व्रतित्व को तू जान। हमारे व्रतों का ध्यान करते हुए हमारे अन्दर तू सुरक्षित रह। (२) हे **इन्दो**=सोम! तेरे व्रतों का पालन करनेवाला यह व्यक्ति **दक्षः**=उन्नत योग्य व शत्रुओं का संहार करनेवाला होता है। **उत**=और **मन्युः**=मननशील ज्ञानी होता हुआ **अलर्ति**=गति करता है। हे सोम! तू **नः**=हमें **अर्यः**=शत्रु की **अनुकामं**=इच्छा के अनुसार **मा परादाः**=मत छोड़ दे। शत्रु की दया पर हमें छोड़नेवाला न हो, अर्थात् हम शत्रुओं के वशीभूत न हो जाएँ।

भावार्थ—सोमरक्षण के लिए आवश्यक व्रतों का पालन करते हुए हम उन्नत प्रवृद्ध शक्ति वाले व ज्ञानी बनें। इस सोमरक्षण से हम रोग व वासनारूप शत्रुओं के वश में न हों।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'रक्षक' सोम

त्वं हि न॑स्त॒न्वः सोम गो॒पा गात्रे॑गात्रे नि॒षस॑त्था नृ॒चक्षाः॑।
यत्ते॒ व॒यं प्र॑मि॒नाम॑ व्र॒तानि॒ स नो॑ मृळ सु॒षखा॑ दे॒व॒ वस्यः॑॥ ९॥

(१) हे **सोम**=वीर्य! **त्वं**=तू **हि**=निश्चय से **नः**=हमारे **तन्वः**=शरीर का **गोपाः**=रक्षक है। **नृचक्षाः**=मनुष्यों का ध्यान करनेवाला होता हुआ तू **गात्रे गात्रे**=अंग-प्रत्यंग में **निषसत्था**=स्थित होता है। (२) **यत्**=यद्यपि **वयं**=हम कभी-कभी **ते व्रतानि**=तेरे व्रतों को **प्रमिनाम**=हिंसित कर बैठते हैं। तो भी **सः**=वह तू **नः**=हमारे लिए **मृड**=सुख को करनेवाला हो। हे **देव**=प्रकाशमय व रोगों को जीतने की कामनावाले सोम (विजिगीषा)! तू **सुषखा**=हमारा उत्तम मित्र होता हुआ **वस्यः**=हमें उत्तम वसुओंवाला कर-श्रेष्ठ बना।

भावार्थ—अंग-प्रत्यंग में व्याप्त होता हुआ सोम हमारा रक्षक है, यह हमें सुखी करता है, श्रेष्ठ बनाता है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

ऋदूदर सखा (सोम)

ऋ॒दू॒दरे॑ण॒ सख्या॑ सचेय॒ यो मा॒ न रिष्ये॑द्धर्यश्व पी॒तः।
अ॒यं यः सोमो॒ न्यधा॑य्य॒स्मे तस्मा॒ इन्द्रं॒ प्रति॑रमे॒म्यायुः॥ १०॥

(१) मैं **ऋदूदरेण**=उदर के अबाधक-उदर को पीड़ित न करनेवाला **सख्या**=इस मित्रभूत सोम से **सचेय**=संगत होऊँ। **यः**=जो सोम **पीतः**=पिया हुआ **मा**=मुझे **न रिष्येत्**=हिंसित न करे। (२) हे **हर्यश्व**=तेजस्वी इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करानेवाले इन्द्र! **अयं**=यह **यः**=जो **सोमः**=सोम **अस्मे**=हमारे में **न्यधायि**=स्थापित किया गया है, **तस्मै**=उसके लिए मैं **इन्द्रं**=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु से **प्रतिरं आयुः**=दीर्घजीवन को **एमि**=माँगता हूँ। यह सोम मेरे अन्दर सदा स्थित हुआ-हुआ

मुझे दीर्घजीवन प्रदान करे।

भावार्थ–शरीर में सुरक्षित सोम उदर को बाधा नहीं पहुँचाता। इस प्रकार हमें नीरोग रखता हुआ यह दीर्घजीवी बनाता है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

अनिराः अमीवाः अप अस्थुः

अप त्या अस्थुरनिरा अमीवा निरंत्रसन्तमिषीचीरभैषुः।
आ सोमो अस्माँ अरुहद्विहाया अगन्म यत्र प्रतिरन्त आयुः॥ ११॥

(१) **विहायाः**=महान् यह **सोमः**=वीर्य **अस्मान्** आ **अरुहत्**=हमारे अङ्ग-प्रत्यङ्गों में आरूढ़ हुआ है। **सो त्याः**=वे **अनिराः**=जिनका दूर करना कठिन है, अथवा (इरा=अन्न) अन्नाभाववाली–जिनमें भूख मर जाती है, वे **अमीवाः**=बीमारियाँ **अप अस्थुः**=हमारे से दूर स्थित हुई हैं। ये **तमिषीचीः**=बलसम्पन्न–अतिप्रबल रोग **निरत्रसन्**=निश्चय से हमें डराते हैं और **अभैषुः**=भयभीत करते हैं। सोमरक्षण द्वारा ये हमारे से भयभीत होकर दूर हो जाते हैं। (२) इस सोमरक्षण के द्वारा मनुष्य उस स्थिति में **अगन्म**=जाते हैं, **यत्र**=जिसमें कि **आयुः प्रतिरन्ते**=अपने आयुष्य को बढ़ानेवाले होते हैं। सोम सब रोगों को दूर करके हमारे लिए दीर्घजीवन को देनेवाला होता है।

भावार्थ–सोमरक्षण के द्वारा भयंकर रोग भी दूर हो जाते हैं और इस प्रकार नीरोगता व दीर्घजीवन प्राप्त होता है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—आर्चीस्वराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

मृडीके-सुमतौ

यो न इन्दुः पितरो हृत्सु पीतोऽमर्त्यो मर्त्याँ आविवेश।
तस्मै सोमाय हविषा विधेम मृळीके अस्य सुमतौ स्याम॥ १२॥

(१) हे **पितरः**=पालक शक्तियो! **यः इन्दुः**=जो सोम **हृत्सुपीतः**=हृदयों में पिया हुआ–रजकर पिया हुआ–शरीर को अन्दर सुरक्षित किया हुआ **नः मर्त्यान्**=हम मरणधर्मा प्राणियों में **आविवेश**=प्रविष्ट होता है, वह **अमर्त्यः**=हमें अमर बनाता है–अमरता व नीरोगता का कारण बनता है। (२) **तस्मै सोमाय**=इस सोम के रक्षण के लिए **हविषा**=त्यागपूर्वक अदन के द्वारा, यज्ञशेष के सेवन के द्वारा **विधेम**=हम प्रभु का पूजन करें। यह यज्ञशेष का सेवन व प्रभुपूजन ही हमें सोमरक्षण के योग्य बनाएगा। हम **अस्य**=इस सोम के **मृडीके**=सुख में व **सुमतौ**=कल्याणी मति में **स्याम**=हों। सोम हमें सुखी करे और शुभ बुद्धि प्राप्त कराए।

भावार्थ–'त्यागपूर्वक अदन व प्रभुपूजन' सोमरक्षण के साधन हैं। सुरक्षित सोम 'नीरोगता सुख, वसु, बुद्धि' प्राप्त कराता है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—पादनिचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

द्यावापृथिवी का विस्तार

त्वं सोम पितृभिः संविदानोऽनु द्यावापृथिवी आ ततन्थ।
तस्मै त इन्दो हविषा विधेम वयं स्याम पतयो रयीणाम्॥ १३॥

(१) हे **सोम**=वीर्य! **त्वं**=तू **पितृभिः**=इन रक्षा करनेवाले लोगों के साथ **संविदानः**=ऐकमत्य

को प्राप्त हुआ-हुआ संगत हुआ-हुआ द्यावापृथिवी-मस्तिष्क व शरीर को अनु आततन्थ-अनुकूलता से विस्तृत करनेवाला हो। तू मस्तिष्क को दीप्त व शरीर को सुदृढ़ बना। (२) हे इन्दो-सोम! तस्मै ते-उस तेरे लिए हविषा विधेम-त्यागपूर्वक अदन के साथ प्रभुपूजन करें। त्यागपूर्वक अदन व प्रभुपूजन करते हुए हम तेरा रक्षण करें और वयं-हम रयीणां-सब आवश्यक ऐश्वर्यों के पतयः स्याम-स्वामी हों।

भावार्थ-सुरक्षित सोम मस्तिष्क व शरीर का ठीक विकास करता है-आवश्यक ऐश्वर्यों को प्राप्त कराता है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

न नींद, न गपशप

त्रातारो देवा अधि वोचता नो मा नो निद्रा ईशत मोत जल्पिः।
वयं सोमस्य विश्वह प्रियासः सुवीरासो विदथमा वदेम॥ १४॥

(१) हे त्रातारः देवाः-रक्षक देवो! नः-हमें अधिवोचत-आधिक्येन ज्ञानोपदेश को प्राप्त कराओ। आपसे हमें वह ज्ञान प्राप्त हो जिससे कि नः निद्रामा ईशत-नींद हमारा ईश न बन पाए। उत-और मा जल्पिः-गपशप की आदत भी हमारी ईश न बने। ये 'सोये रहना व गपशप मारते रहना' सोमरक्षण के लिए सहायक नहीं। (२) सो नींद व गपशप से ऊपर उठकर यज्ञ आदि उत्तम कर्मों में प्रवृत्त हुए-हुए हम-नींद अर्थात् तमोगुण, गपशप अर्थात् रजोगुण इन दोनों से ऊपर उठकर सत्त्वगुण में अवस्थित हुए-हुए वयं-हम विश्वह-सदा सोमस्य-सोम के प्रियासः-प्रिय हों और सुवीरासः-उत्तम वीर बने हुए हम विदथम्-ज्ञान का ही आवदेम-समन्तात् कथन करें। यह ज्ञान का वातावरण ही सोमरक्षण के लिए अनुकूल है।

भावार्थ-हम ज्ञानियों से उपदेश लेते हुए नींद व गपशप का परित्याग करें। सोमरक्षण द्वारा वीर बनते हुए सदा ज्ञान का चर्चन करें।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—आर्चीस्वराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

वयोधाः-स्वर्वित्

त्वं नः सोम विश्वतो वयोधास्त्वं स्वर्विदा विशा नृचक्षाः।
त्वं न इन्द ऊतिभिः सजोषाः पाहि पश्चातादुत वा पुरस्तात्॥ १५॥

(१) हे सोम-वीर्य! त्वं-तू नः-हमारे लिए विश्वतः-सब दृष्टिकोणों से वयोधाः-उत्कृष्ट जीवन को धारण करनेवाला है। त्वं-तू ही स्वर्वित्-प्रकाश को प्राप्त करानेवाला है। नृचक्षाः-मनुष्यों का ध्यान करनेवाला तू आविश-शरीर में सब अंगों में प्रवेशवाला हो। (२) हे इन्दो-सोम! त्वं-तू नः-हमारे लिए ऊतिभिः-(ऊतयः-महतः-प्राणाः) प्राणों के साथ सजोषाः-संगत हुआ-हुआ उनके साथ प्रीयमाण होता हुआ पश्चातात्-पीछे से उत वा-अथवा पुरस्तात्-आगे से पाहि-रक्षित करनेवाला हो।

भावार्थः-सुरक्षित सोम उत्कृष्ट जीवन को व प्रकाश को प्राप्त कराता है। यह प्राणों के साथ हमारा सर्वतः रक्षण करता है।

सोमरक्षण के उद्देश्य से ही अगले सूक्त में 'इन्द्र' का उपासन है। इस उपासन को करनेवाला मेधावी 'प्रस्कण्व काण्व' सूक्त का ऋषि है-

अथ बालखिल्यम्

४९. [एकोनपञ्चाशं सूक्तम्]

ऋषिः—प्रस्कण्वः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'जरितृभ्यः पुरुवसुः' इन्द्र

अभि प्र वः सुराधसमिन्द्रमर्च यथा विदे।
यो जरितृभ्यो मघवा पुरूवसुः सहस्रेणेव शिक्षति॥ १॥

(१) वः=तुम्हारे सुराधसम्=उत्तम ऐश्वर्य व साफल्य को देनेवाले इन्द्रम्=परमैश्वर्यशाली प्रभु को यथाविदे=यथार्थ ज्ञान के लिए अभि प्र अर्च=प्रातः-सायं प्रकर्षेण अर्चित करो। (२) उस इन्द्र का अर्चनकर यः=जो मघवा=परमैश्वर्यशाली पुरूवसुः=पालक व पूरक धनोंवाला प्रभु जरितृभ्यः=स्तोताओं के लिए सहस्रेण इव=सहस्रों के समान शिक्षति=आवश्यक धनों को देता है। सहस्रों व्यक्ति भी मिलकर हमारे लिए वह धन नहीं प्राप्त कराते, जिसे कि प्रभु देते हैं।

भावार्थ—हम परमैश्वर्यशाली प्रभु का पूजन करें। यही ज्ञानप्राप्ति का मार्ग है। इसी से हमें आवश्यक धनों की प्राप्ति होगी। प्रभु ही सब सफलताओं को देते हैं।

ऋषिः—प्रस्कण्वः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

अनन्तशक्ति-अनन्तदान

शतानीकेव प्र जिगाति धृष्णुया हन्ति वृत्राणि दाशुषे।
गिरेरिव प्र रसा अस्य पिन्विरे दत्राणि पुरुभोजसः॥ २॥

(१) धृष्णुया=शत्रुओं के धर्षण के हेतु से शतानीका इव=सैंकड़ों सैन्यों के समान प्रजिगाति=ये प्रभु गति करते हैं। सैंकड़ों सेनाएँ भी वह शत्रुसंहार कार्य नहीं कर पातीं, जो इस प्रभु द्वारा सम्पन्न हो जाता है। ये प्रभु दाशुषे=दाश्वान् पुरुष के लिए-प्रभु के प्रति अपना अर्पण करनेवाले पुरुष के लिए वृत्राणि हन्ति=ज्ञान की आवरणभूत वासनाओं को विनष्ट करते हैं। (२) गिरेः=पर्वत से प्रवाहित होनेवाले रसाः इव=रसों के समान अस्य=इस पुरुभोजसः=खूब ही पालन करनेवाले प्रभु के दत्राणि=दान प्रपिन्विरे=प्रजाओं का पोषण करते हैं।

भावार्थ—प्रभु अपने प्रति अर्पण करनेवाले के लिए अनन्तशक्ति प्रदान करते हैं, इस शक्ति से उपासक वासनारूप शत्रुओं का विनाश करता है। प्रभु के दान उपासक का पोषण करते हैं।

ऋषिः—प्रस्कण्वः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

सोमरक्षण व सफलता

आ त्वा सुतास इन्दवो मदा य इन्द्र गिर्वणः।
आपो न वज्रिन्नोक्यं॑ सरः पृणन्ति शूर राधसे॥ ३॥

(१) हे गिर्वणः=ज्ञान की वाणियों का सम्भजन करनवाले शूर=शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले इन्द्र=शत्रुविद्रावक जितेन्द्रिय पुरुष! त्वा=तुझे सुतासः=उत्पन्न हुए-हुए ये मदाः=जो उल्लासजनक इन्दवः=सोमकण हैं, वे पृणन्ति=पूरित करते हैं। इस प्रकार पूरित करते हैं न=जैसे ओक्यं सरः=निवासस्थान व आश्रयभूत तालाब को आपः=जल ननु=निश्चय से पूरित करनेवाले होते हैं। (२) इन सोमकणों को अपने में पूरित करके ही तू राधसे=सफलता के लिए होता है। ये सोमकण

तुझे शक्तिसम्पन्न बनाते हैं। यह शक्ति तेरी सफलता का साधन बनती है।

भावार्थ—ज्ञान प्राप्ति में लगे रहना व जितेन्द्रिय बनने का प्रयत्न करना ही सोमरक्षण का साधन है। सुरक्षित सोम सफलता को देनेवाला है।

ऋषिः—प्रस्कण्वः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'अनेहसं प्रतरणं विवक्षणम्'

अनेहसं प्रतरणं विवक्षणं मध्वः स्वादिष्ठमीं पिब।
आ यथा मन्दसानः किरासि नः प्र क्षुद्रेव त्मना धृषत्॥ ४॥

(१) हे जीव! तू **ईम्**-निश्चय से **मध्वः**-जीवन को मधुर बनानेवाले सोम के **स्वादिष्ठं**-अतिशयेन मधुर रस को **पिब**-पी। यह रस **अनेहसं**-तुझे निष्पाप बनानेवाला है, **प्रतरणं**-सब रोगों व वासनाओं से तरानेवाला है, **विवक्षणं**-विशिष्टरूप से उन्नत करनेवाला है। (२) प्रभु कहते हैं कि हे जीव! तू **नः**-हमारे इस सोमरस को **मन्दसानः**-उल्लास का अनुभव करता हुआ **यथा**-जैसे-जैसे **आकिरासि**-शरीर में चारों ओर विकीर्ण करनेवाला होता है, तो **त्मना**-स्वयम् **क्षुद्रा इव**-वासना आदि प्रबल शत्रुओं को भी तुच्छ शत्रुओं की तरह **प्रधृषत्**-अभिभूत करता है। इन वासनारूप शत्रुओं का कुचलना तेरे लिए आसान हो जाता है।

भावार्थ—शरीर में सुरक्षित सोम हमें निष्पाप, रोगों व वासनाओं को तैरनेवाला व उन्नतिशील बनाता है। सोमरक्षक पुरुष उल्लसित होकर प्रबल शत्रुओं को भी आसानी से जीत लेता है।

ऋषिः—प्रस्कण्वः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—भुरिग्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्रभुस्तवन व दानशीलता

आ नः स्तोममुप द्रवद्धियानो अश्वो न सोतृभिः।
यं ते स्वधावन्त्स्वदयन्ति धेनव इन्द्र कण्वेषु रातयः॥ ५॥

(१) **सोतृभिः**-सोम का अभिषव (उत्पादन) करनेवालों से-शरीर में सोम का सम्पादन करनेवालों से **हियानः**-प्रेरित किये जाते हुए, हे प्रभो! आप **नः स्तोमम्**-हमारी स्तुति को **आ उपद्रवत्**-प्राप्त होइये। हम आपके स्तोता बनें। आप हमारे लिए **अश्वः न**-लक्ष्य स्थान पर पहुँचनेवाले अश्व के समान हैं। आपके द्वारा ही तो हम जीवनयात्रा को पूर्ण कर सकेंगे। (२) हे **स्वधावन्**-आत्मधारणशक्तिवाले **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **यं**-जिस आपके सोम का **धेनवः**-(धेट् पाने) सोम को शरीर में पीनेवाले स्तोता लोग **स्वदयन्ति**-आस्वाद लेते हैं, वे **कण्वेषु**-बुद्धिमन् पुरुषों में **रातयः**-दानशील होते हैं। भोगवृत्ति से ऊपर उठकर दानशील बनकर ही वे सोमरक्षण में समर्थ होते हैं।

भावार्थ—सोमरक्षण के लिए आवश्यक है कि हम प्रभुस्तवन करें और दानशील बनकर भोगवृत्ति से ऊपर उठें।

ऋषिः—प्रस्कण्वः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

विभूतिम् अक्षितावसुम्

उग्रं न वीरं नमसोप सेदिम विभूतिमक्षितावसुम्।
उद्रीव वज्रिन्नवतो न सिञ्चते क्षरन्तीन्द्र धीतयः॥ ६॥

(१) हम **उग्रं न**-अत्यन्त तेजस्वी के समान **वीरं**-शत्रुओं को कम्पित करनेवाले **विभूतिम्**-

विशिष्ट ऐश्वर्यवाले **अक्षितावसुम्**-अक्षीण धनवाले प्रभु को **नमसा**-नमन के द्वारा **उपसेदिम**-उपासित करते हैं। (२) हे **वज्रिन्**-शत्रुओं के संहारक वज्र को हाथ में लिये हुए प्रभो! आप **उद्रीवण अवतः न**-जलपूर्ण कूप की तरह **सिञ्चते**-हमें सुखों व शक्तियों से सींचते हैं। कुआँ जल से सींचता है, प्रभु शक्ति से। हे **इन्द्र**-सर्वशक्तिमन् प्रभो! **धीतयः क्षरन्ति**-हमारी स्तुतियाँ आपकी ओर ही प्रवाहित होती हैं। यह प्रभुस्तवन ही हमें ऐश्वर्यों व शक्ति को देनेवाला होता है।

भावार्थ-हम उस प्रभु के चरणों में नम्रता से उपस्थित हों, जो वीर व विभूतिमान हैं। प्रभु हमें शक्ति से सिक्त करेंगे और उस शक्ति से ही हम शत्रुओं को शीर्ण कर पाएँगे।

ऋषिः—प्रस्कण्वः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—निचृद् बृहती॥ **स्वरः**—मध्यमः॥

आशुभिः उग्रेभिः

यद्ध नूनं यद्वा यज्ञे यद्वा पृथिव्यामधि।
अतो नो यज्ञमाशुभिर्महेमत उग्र उग्रेभिरा गहि॥ ७॥

(१) **यत् ह नूनं**-आप निश्चय से शीघ्र ही **नः**-हमारे **यज्ञं**-इस जीवन-यज्ञ को **आशुभिः**-शीघ्रगति वाले **उग्रेभिः**-तेजस्वी इन्द्रियाश्वों से **आगहि**-प्राप्त होइये। (२) हे **उग्र**-तेजस्विन्! **महेमते**-महान् बुद्धि (ज्ञान)वाले प्रभो **यद् वा यज्ञे**-चाहे हम लोकहित के लिए होनेवाले यज्ञात्मक कर्मों में हों, **यद् वा**-और चाहे **पृथिव्याम् अधि**-इस शरीररूप पृथिवी के लिए ही हम कर्मों में लगे हों आप **इतः**-इन कर्मों की पूर्ति के हेतु से **(नः)**-हमें अवश्य प्राप्त होइये ही।

भावार्थ-प्रभु से हम शीघ्रता ये कर्मों में व्याप्त होनेवाले तेजस्वी इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करके यज्ञात्मक कर्मों को व शरीर रक्षणात्मक कर्मों को करनेवाले हों।

ऋषिः—प्रस्कण्वः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—निचृत् पंक्तिः॥ **स्वरः**—पञ्चमः॥

'अजिरासः प्रसक्षिणः' हरयः

अजिरासो हरयो ये त आशवो वातइव प्रसक्षिणः।
येभिरपत्यं मनुषः परीयसे येभिर्विश्वं स्वर्दृशे॥ ८॥

(१) हे प्रभो! **ये**-जो **ते**-आपके **हरयः**-इन्द्रियाश्व हैं, ये **अजिरासः**-बड़े क्रियाशील हैं, **आशवः**-शीघ्रता से कर्मों में व्याप्त होनेवाले हैं। **वाताः इव**-वायुओं के समान शीघ्र गतिवाले हैं। **प्रसक्षिणः**-शत्रुओं को अभिभूत करनेवाले हैं। (२) ये इन्द्रियाश्व वे हैं **येभिः**-जिनसे आप **मनुषः अपत्यं**-विचारशील की सन्तान अर्थात् खूब विचारशील को **परीयसे**-सर्वतः गति कराते हैं। **येभिः**-जिन इन्द्रियाश्वों से आप **विश्वं स्वः**-सम्पूर्ण प्रकाश को **दृशे**-दिखाने के लिए होते हैं। प्रभुप्रदत्त कर्मेन्द्रियों द्वारा सब कर्म होते हैं, प्रभुप्रदत्त ज्ञानेन्द्रियों से सब ज्ञान प्राप्त होता है।

भावार्थ-प्रभु ने हमें खूब क्रियाशील इन्द्रियाँ प्राप्त कराई हैं। इनके द्वारा हम सब कर्मों को कर पाते हैं और ज्ञानों को ग्रहण करते हैं। ये इन्द्रियाश्व शत्रुओं का अभिभव करते हैं।

ऋषिः—प्रस्कण्वः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—निचृद् बृहती॥ **स्वरः**—मध्यमः॥

मेध्यातिथिम् नीपातिथिम्

एतावतस्त ईमह इन्द्र सुम्नस्य गोमतः।
यथा प्रावो मघवन्मेध्यातिथिं यथा नीपातिथिं धने॥ ९॥

(१) हे **इन्द्रः**-परमैश्वर्यवन् प्रभो! हम **ते**-आपसे **एतावतः**-इतने **गोमतः**-प्रशस्त ज्ञान की

वाणियोंवाले सुम्नस्य-प्रभुस्तवन की ईमहे-याचना करते हैं। हम यही चाहते हैं कि स्वाध्याय द्वारा ज्ञान का वर्धन करें और स्तवन द्वारा जीवन के लक्ष्य का सदा स्मरण करें। (२) हम इस 'गोमान् सुम्न' की याचना इसलिए करते हैं कि यथा-जिससे, हे मघवन्-ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! आप मेध्यातिथिं-मेध्य-पवित्र-प्रभु को अतिथि बनानेवाले मुझे प्रावः-प्रकर्षेण रक्षित करें और यथा-जिससे नीपातिथिं-(नीप=deep) उस गम्भीरतम प्रभु को अतिथि बनानेवाले मुझे धने-धन के निमित्त रक्षित करें।

भावार्थ-हम स्वाध्याय व स्तवन द्वारा 'पवित्र व गम्भीर' प्रभु को अपना अतिथि बनाएँ। यही ऐश्वर्य प्राप्ति का मार्ग है।

ऋषिः—प्रस्कण्वः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

त्रसदस्यु कण्व, दशव्रज पक्थ, ऋजिश्वा गोशर्य

यथा कण्वे मघवन्त्रसदस्यवि यथा पक्थे दशव्रजे।
यथा गोशर्ये असनोर्ऋजिश्वनीन्द्र गोमद्धिरण्यवत्॥ १०॥

(१) हे मघवन्-परमैश्वर्यशालिन् इन्द्र-शत्रुविद्रावक प्रभो! आप मेरे लिए गोमद्-प्रशस्त इन्द्रियों व प्रशस्त ज्ञान की वाणियों वाले तथा हिरण्यवत्-(हिरण्यं वै वीर्यम्) प्रशस्त शक्तिवाले धन को असनोः-देते हैं। उसी प्रकार मेरे लिए धन को देते हैं, यथा-जैसे त्रसदस्यवि-दास्यव वृत्तियों को अपने से भयभीत कर दूर भगानेवाले कण्वे-बुद्धिमान् पुरुष में इस धन को प्राप्त कराते हैं। यथा-जैसे दशव्रजे-दसों इन्द्रियों को संयम के बाड़े में निरुद्ध करनेवाले पक्थे-परिपक्व बुद्धिवाले व तपःपक्व पुरुष में इस धन को देते हैं। (२) यथा-जैसे ऋजिश्वनि-ऋजु (सरल) मार्ग से गति करनेवाले गोशर्ये-इन्द्रिय दोषों के हिंसन में उत्तम पुरुष में आप इस धन को देते हैं। मुझे भी इस प्रशस्त ज्ञान की वाणियोंवाले व प्रशस्त शक्तिवाले धन को दीजिए।

भावार्थ-हम 'त्रसदस्यु कण्व बनें। दशव्रज पक्थ, व ऋजिश्वा गोशर्य' बनें। प्रभु हमें प्रशस्त ज्ञानवाले व प्रशस्त शक्तिवाले धन को देंगे।

'गोमत् हिरण्यवत्' शक्तियों से प्रतिपादित धन को प्राप्त करके यह 'पुष्टिगु' बनता है। मेधावी 'काण्व' तो है ही इसी का अगला सूक्त है-

५०. [पञ्चाशं सूक्तम्]

ऋषिः—पुष्टिगुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

ज्ञान ऐश्वर्य व शक्ति

प्र सु श्रुतं सुराधसमर्चा शक्रमभिष्टये।
यः सुन्वते स्तुवते काम्यं वसु सहस्रेणेव मंहते॥ १॥

(१) सुश्रुतं-उत्तम ज्ञानवाले, सुराधसम्-उत्तम ऐश्वर्यवाले शक्रं-सर्वशक्तिमान् प्रभु को अभिष्टये-इष्टप्राप्ति की पीतये प्र अर्चे-प्रकर्षेण पूजित कर। पूजित प्रभु उपासक को भी 'ज्ञान ऐश्वर्य व शक्ति' प्राप्त कराएँगे। (२) उस प्रभु का तू पूजन कर यः-जो सुन्वते-सोम का सम्पादन करनेवाले अथवा यज्ञशील स्तुवते-स्तोता के लिए काम्यं वसु-चाहनेयोग्य धन को सहस्रेण इव-सहस्रों की तरह मंहते-देते हैं। सहस्रों व्यक्ति भी वह धन नहीं प्राप्त कराते जो वे प्रभु स्तोता के लिए अकेले ही देनेवाले होते हैं।

भावार्थ–हम 'ज्ञानी, ऐश्वर्यशाली, शक्तिमान्' प्रभु की अर्चना करें। यज्ञशील व स्तोता बनें और प्रभु से कमनीय धनों को प्राप्त करें।

ऋषिः—पुष्टिगुः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—पि-ःङ्क स्वरः—पञ्चमःङ्क

शतानीका हेतयः

श॒तानी॑का हे॒तयो॑ अस्य दु॒ष्टरा॒ इन्द्र॑स्य स॒मिषो॑ म॒हीः।
गि॒रिर्न भु॒ज्मा म॒घव॑स्तु पिन्वते॒ यदीं॑ सु॒ता अम॑न्दिषुः॥ २॥

(१) **अस्य**=इस **इन्द्रस्य**=शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभु के **हेतयः**=हनन साधन आयुध **शतानीकाः**=सैंकड़ों सैन्यों के समान सबल हैं अतएव **दुष्टराः**=शत्रुओं से तैरने योग्य नहीं। इन आयुधों से शत्रु बच नहीं पाते। इस प्रभु की **सम् इषः**=हमारे साथ संगत होनेवाली प्रेरणाएँ **महीः**=अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। इन प्रेरणाओं को न सुनने पर ही हम पथभ्रष्ट होते हैं और प्रभु की हेतियों से दण्डित होते हैं। (२) वे प्रभु **भुज्मा**=सबका पालन करनेवाले हैं। **गिरिः न**=(गृणाति) एक उपदेष्टा के समान **मघवत्सु**=यज्ञशील पुरुषों में **पिन्वते**=ज्ञान व ऐश्वर्य का वर्षण करते हैं, **यत्**=जब **ईम्**=निश्चय से **सुताः**=उत्पन्न हुए-हुए सोम **अमन्दिषुः**=हमें आनन्दित करनेवाले होते हैं, अर्थात् यदि हम सोमरक्षण द्वारा जीवन को उल्लासमय बनाते हैं, तो प्रभु से ज्ञान व ऐश्वर्य को प्राप्त करनेवाले बनते हैं।

भावार्थ–प्रभु की प्रेरणाएँ अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं इनका उल्लङ्घन करने पर हम प्रभु के हननसाधन आयुधों से बच नहीं पाते और जब प्रभु से उत्पन्न किये गये सोमकणों का हम रक्षण करते हैं तो प्रभु हमारे लिए ज्ञान व ऐश्वर्य का वर्षण करनेवाले होते हैं।

ऋषिः—पुष्टिगुः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—निचृद् बृहतीङ्क स्वरः—मध्यमःङ्क

सोमरक्षण से 'प्रभुस्तवन-यज्ञशीलता-पूरणता'

यदीं॑ सु॒तास॒ इन्द॑वो॒ऽभि प्रि॒यमम॑न्दिषुः।
आपो॒ न धा॑यि॒ सव॑नं म॒ आ व॑सो॒ दुघा॑इ॒वोप॑ दा॒शुषे॑॥ ३॥

(१) **यद्**=जब **ईम्**=निश्चय से **सुतासः इन्दवः**=उत्पन्न हुए-हुए सोमकण **प्रियम् अभि**=उस प्रिय प्रभु को लक्ष्य करके **अमन्दिषुः**=स्तुति में प्रवृत्त होते हैं। अर्थात् इन सोमकणों का रक्षक प्रीति को अनुभव करता हुआ प्रभुस्तवन में प्रवृत्त होता है। उस समय **आपः न**=इन रेतःकणों के समान (आपः रेतो भूत्या) **मे**=मेरे अन्दर **सवनं**=यज्ञ का **धायि**=धारण होता है। यह सोमरक्षक पुरुष यज्ञशील बनता है। (२) हे **वसो**=हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले प्रभो! **उपदाशुषे**=आपके समीप अपना अर्पण करनेवाले के लिए ये सोमकण **आदुघाः इव**=समन्तात् पूरण करनेवाले से होते हैं। प्रभु के सान्निध्य से सोम का रक्षण होता है। रक्षित सोम हमारी कमियों को दूर करके पूरण करनेवाला होता है।

भावार्थ–सोमरक्षण (१) हमें प्रभुस्तवन की वृत्तिवाला बनाता है। (२) इससे हम यज्ञशील बनते हैं और (३) ये हमारी कमियों को दूर करके हमारा पूरण करते हैं।

ऋषिः—पुष्टिगुः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—पि-ःङ्क स्वरः—पञ्चमःङ्क

अनेहसं, ऊतये हवमानम्

अ॒ने॒हसं॑ वो॒ हव॑मानमू॒तये॒ मध्वः॑ क्षरन्ति धी॒तयः॑।
आ त्वा॑ वसो॒ हव॑मानास॒ इन्द॑व॒ उप॑ स्तो॒त्रेषु॑ दधिरे॥ ४॥

(१) धीतयः=ध्यानवृत्तियाँ (meditation) मध्वः=जीवन को मधुर बनानेवाले सोम को क्षरन्ति=शरीर में सञ्चारित करती हैं। प्रभु का स्मरण शरीर में सोमरक्षण के लिए अनुकूल होता है। उस सोम को ये ध्यानवृत्तियाँ शरीर में सञ्चारित करती है जो अनेहसं=हमारे जीवन को निष्पाप बनाता है और वः=तुम्हारे ऊतये=रक्षण के लिए हवमानम्=पुकारा जाता है=स्तुत किया जाता है। (२) हे वसो=हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले प्रभो! हवमानासः=रक्षण के लिए पुकारे जाते हुए ये इन्दवः=सोमकण त्वा=आपको स्तोत्रेषु=स्तुतिसमूहों में आ=समन्तात् उपदधिरे=धारण करते हैं। सोमरक्षण हमें स्तुति की वृत्तिवाला बनाता ही है।

भावार्थ=सुरक्षित सोम (१) हमें निष्पाप बनाता है, (२) हमारा रक्षण करता है (३) हमें प्रभुस्तवन की वृत्तिवाला बनाता है।

ऋषिः—पुष्टिगुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

गूर्तयः पौराः

आ नः सोमे स्वध्वरे इयानो अत्यो न तोशते।
यं ते स्वदावन्स्वदन्ति गूर्तयः पौरे छन्दयसे हवम्॥५॥

(१) हे प्रभो! आप नः=हमारे सोमे=सोमरक्षण के होने पर तथा स्वध्वरे=उत्तम हिंसारहित कर्मों के होने पर इयानः अत्यः न=प्रेरित किये जाते हुए अश्व के समान आ तोशते=समन्तात् शत्रुओं का विनाश करते हैं। जैसे अश्वारोही से प्रेरित अश्व शत्रुसैन्य पर आक्रमण करता है, इसी प्रकार प्रभु हमारे शत्रुओं का संहार करते हैं। (२) हे स्वदावन्=सम्पत्तियों के देनेवालो प्रभो! यं=जिस ते=आपके इस सोम का गूर्तयः=उद्यमशील लोग स्वदन्ति=आनन्द अनुभव करते हैं, उन उद्यमशील पौरे=पालन व पूरण करनेवाले लोगों में ही आपके हवं=पुकार को छन्दयसे=चाहते हैं। इन पौरों से की जानेवाली प्रार्थना ही आपको प्रिय होती है। श्रमशीलता हमें सोमरक्षण के योग्य बनाती है। रक्षित सोम से हम अपना पूरण करनेवाले 'पौर' बनते हैं। इन पौरों की आराधना ही प्रभु को प्रिय होती है।

भावार्थ=सोमरक्षण के होने पर व हिंसारहित कर्मों में लगाने पर प्रभु हमारे शत्रुओं को विनष्ट कर डालते हैं। श्रमशीलता से सोमरक्षण करता हुआ अपना पूरण करनेवाला व्यक्ति ही प्रभु का प्रिय होता है।

ऋषिः—पुष्टिगुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'जलपूर्ण कूप के समान' प्रभु

प्र वीरमुग्रं विविचिं धनस्पृतं विभूतिं राधसो महः।
उद्रीव वज्रिन्नवतो वसुत्वना सदा पीपेथ दाशुषे॥६॥

(१) हम वीरम्=शत्रुओं को कम्पित करनेवाले, उग्रं=तेजस्वी, विविचिम्=विवेकशील, धनस्पृतं=धन से सबको प्रीणित करनेवाले, महः राधसः=महान् ऐश्वर्यों की विभूतिम्=विशिष्ट भूति (ऐश्वर्य)वाले प्रभु को प्र (उपसेदिम)=प्रकर्षेण उपासित करनेवाले हों। (२) हे वज्रिन्=वज्रहस्त प्रभो! आप उद्रीवः अवतः=जलपूर्ण कूप के समान हैं। सदा सबके लिए जलों को प्राप्त कराता हुआ कुआँ खाली नहीं हो जाता। वह जैसे सबको जल देता है, इसी प्रकार हे प्रभो! आप सदा-सदा दाशुषे=दाश्वान् पुरुष के लिए-आत्मसमर्पण करनेवाले पुरुष के लिए वसुत्वना=वसुओं के द्वारा पीपेथ=आप्यायन करनेवाले होते हो।

भावार्थ–प्रभु जलपूर्ण कूप के समान हैं। श्रम के द्वारा प्रत्येक व्यक्ति प्रभु से धनरूप जल को प्राप्त कर पाता है।

ऋषिः—पुष्टिगुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

उत्तम शरीर, उत्तम मस्तिष्क व मोक्षलोक

यद्धं नूनं परावति यद्वा पृथिव्यां दिवि।
युजान इन्द्र हरिभिर्महेमत ऋष्व ऋष्वेभिरा गहि॥ ७॥

(१) हे इन्द्र–परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! यत्–जो आप हैं, वे ह–निश्चय से नूनं–शीघ्र (Immediate) परावति–उस सुदूर मोक्षलोक के निमित्त यद् वा–अथवा पृथिव्यां–इस शरीररूप पृथिवी के निमित्त, दिवि–मस्तिष्करूप द्युलोक के निमित्त हरिभिः–इन्द्रियाश्वों के द्वारा शरीररथ को युजानः–जोतते हुए आगहि–हमें प्राप्त होइये। आप से प्राप्त कराई गई ये इन्द्रियाँ ही हमें 'उत्तम शरीर उत्तम मस्तिष्क व मोक्षलोक' को प्राप्त कराने का साधन बनती हैं। (२) हे महेमते–महान् बुद्धिवाले व ऋष्व–सर्वोत्तम प्रभो! आप ऋष्वेभिः–महत्त्वपूर्ण उत्कृष्ट इन्द्रियों के साथ हमें प्राप्त होइये। आपसे प्राप्त कराई गई ये उत्कृष्ट इन्द्रियाँ ही हमें उत्कृष्ट लोक को प्राप्त करानेवाली होंगी।

भावार्थ–हे प्रभो! आप हमें उत्कृष्ट इन्द्रियाँ प्राप्त कराइये। इनके द्वारा ठीक मार्ग का आक्रमण करते हुए हम शरीर व मस्तिष्क को उत्कृष्ट बनाकर मोक्षलोक को प्राप्त करेंगे।

ऋषिः—पुष्टिगुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

उत्तम इन्द्रियाश्व

रथिरासो हरयो ये ते अस्रिध ओजो वातस्य पिप्रति।
येभिर्नि दस्युं मनुषो निघोषयो येभिः स्वः परीयसे॥ ८॥

(१) हे प्रभो! ये–जो आपके दिये हुए हरयः–इन्द्रियाश्व हैं, ते–वे रथिरासः–शरीररथ को उत्तमता से ले चलनेवाले हैं, अस्रिधः–अहिंसित है और वातस्य ओजः–वायु के बल को पिप्रति–अपने में भरते हैं। (२) ये इन्द्रियाश्व वे हैं, येभिः–जिनसे मनुषः–विचारशील पुरुष दस्युं–विनाशक वासनारूप शत्रु को नि–निश्चय से निघोषयः–रुलानेवाले होते हैं और येभिः–जिनसे इन शत्रुओं हो रुलाकर, अर्थात् नष्ट करके स्वः–प्रकाश को परीयसे–समन्तात् प्राप्त करते हैं।

भावार्थ–प्रभु के द्वारा प्राप्त कराई गई इन्द्रियाँ (१) शरीररथ को आगे ले–चलती हैं, (२) हमें हिंसित नहीं होने देतीं, (३) वायु सम ओजवाला बनाती हैं, (४) अशुभ वृत्तियों को नष्ट करती हैं, (५) प्रकाश को प्राप्त कराती हैं।

ऋषिः—पुष्टिगुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'एतश व वश' का रक्षण

एतावतस्ते वसो विद्याम शूर नव्यसः।
यथा प्राव एतशं कृत्व्ये धने यथा वशं दशव्रजे॥ ९॥

(१) हे शूर–शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले! वसो–हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले! नव्यसः ते–स्तुति के योग्य आपके एतावतः–इतने ऐश्वर्य को विद्याम–प्राप्त करें। (२) यथा–जिस प्रकार आप कृत्व्ये धने–पुरुषार्थ से करने योग्य धन के होने पर एतशं–इस दीप्त व पवित्र पुरुष को

प्रावः=रक्षित करते हैं और यथा=जैसे दशव्रजे=दसों इन्द्रियों को संयम के बाड़े में रोकने पर वशं=इस वशी=जितेन्द्रिय=पुरुष को आप रक्षित करते हैं। हमें भी आप इस एतश और वश की तरह रक्षित करिये।

भावार्थ=हम पुरुषार्थ से धनार्जन करते हुए पवित्र व दीप्त जीवनवाले बनें। दसों इन्द्रियों को संयम बाड़े में निरुद्ध करके वशी बनें। इस प्रकार हम प्रभु द्वारा रक्षा के पात्र हों।

ऋषिः—पुष्टिगुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

कण्व-गोशर्य

यथा॒ कण्वे॑ मघव॒न्मेधे॑ अध्व॒रे दी॒र्घनी॑थे॒ दमू॑नसि।
यथा॒ गोश॑र्ये॒ असि॑षासो अद्रिवो॒ मयि॑ गो॒त्रं ह॑रि॒श्रिय॑म्॥ १०॥

(१) हे अद्रिवः=वज्रहस्त प्रभो! मघवन्=ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! यथा=जैसे कण्वे=मेधावी पुरुष में, मेधे=यज्ञमय जीवनवाले पुरुष में, अध्वरे=हिंसारहित व्यक्ति में, दीर्घनीथे=तम से शून्य (विदीर्ण तमवाले) प्रणयन (मार्ग)वाले में, दमूनसि=दान्त मनवाले पुरुष में आप हरिश्रियं=अज्ञान के हरण करनेवाली श्री से युक्त गोत्रं=ज्ञान की वाणियों के समूह को असनोः=देते हैं, उसी प्रकार मयि=मेरे में भी इस ज्ञानवाणी समूह को प्राप्त कराइए। (२) हे प्रभो! यथा=जैसे गोशर्ये=(गोभिः शृणोति) इन ज्ञान की वाणियों द्वारा सब बुराइयों को शीर्ण करनेवाले में आप श्री को प्राप्त कराते हैं, उसी प्रकार मुझे भी श्रीसम्पन्न करिये।

भावार्थ=हम कण्व-मेध-अध्वर-दीर्घनीथ-दमूना व गोशर्य बनकर अज्ञानविध्वंसक श्री से युक्त ज्ञानवाणी समूह को प्राप्त करें।

सूचना:—यहाँ सूक्त ४९ व ५० के मन्त्रों की समता द्रष्टव्य है—

		४९	५०
मन्त्र	१ में	सुराधस इन्द्रम् अर्च	सुराधसं शक्रम् अर्च
		सहस्रेणेव शिक्षति	सहस्रेणेव मंहते
"	२ "	शतानीका---गिरेरिव	शतानीका---गिरिर्न
"	३ "	आ त्वा सुतास इन्दवः	यदीं सुतास इन्दवः
"	४ "	अनेहसं	अनेहसं
"	५ "	यं ते स्वधावन्त्स्वदयन्ति धेनवः	यं ते स्वदावन्त्स्वदन्ति गूर्तयः
"	६ "	उग्रं न वीरं---उद्रीव वज्रिन्नवतोप्र	वीरमुग्रं----उद्रीव वज्रिन्नवतो
"	७ "	महेमते उग्र उग्रेभिरा गहि	महेमते ऋष्व ऋष्वेभिरा गहि
"	८ "	अजिरासो हरयः	रथिरासो हरयः
"	९ "	एतावतस्त ईमहे इन्द्र सुम्नस्य गोमतः	एतावास्ते वसो विद्याम शूर नव्यसः
"	१० "	यथा कण्वे मघवन् त्रसदस्यवि	यथा कण्वे मघवन् मेधे अध्वरे
		गोमत् हिरण्यवत्	गोत्रं हरिश्रियम्

इस 'हरिश्रियं गोत्रं' व 'गोमत् हिरण्यवत्' (वसु) को प्राप्त करके हम 'श्रुष्टिगु' (श्रुष्टि=Prosperit) समृद्ध इन्द्रियाश्वों व ज्ञान की वाणियोंवाले बनते हैं। यही व्यक्ति 'कण्व'=मेधावी है। यह प्रार्थना करता है—

५१. [एकपञ्चाशं सूक्तम्]

ऋषिः—श्रुष्टिगुः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—निचृद् बृहतीङ्क स्वरः—मध्यमःङ्क

मनु-श्रुष्टिगु

यथा॒ मनौ॒ सांव॑रणौ॒ सोम॑मि॒न्द्रापि॑बः सु॒तम्।
नीपा॑तिथौ मघव॒न्मेध्या॑तिथौ॒ पुष्टि॑गौ॒ श्रुष्टि॑गौ॒ सचा॑॥ १॥

(१) हे **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **यथा**=जैसे **मनौ**=विचारशील पुरुष में, **सांवरणौ**=अपना सम्यक् आच्छादन करनेवाले पुरुष में **सुतं सोमं अपिबः**=उत्पन्न हुए-हुए सोम को आप पीते हो, अर्थात् इस सोम को शरीर में ही व्याप्त करते हों। इसी प्रकार हे **मघवन्**=ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! **नीपातिथौ**=(नीप=Deep) उस गम्भीर आपको अतिथि बनानेवाले में **सचा**=समवेत होकर सोम का पान करते हैं। सोम का रक्षण उस व्यक्ति में होता है जो 'विचारशील-अपना रक्षण करनेवाला व प्रभु का आतिथ्य करनेवाला' होता है। (२) इसी प्रकार हे प्रभो! आप **मेध्यातिथौ**=पवित्र प्रभु का आतिथ्य करनेवाले में, **पुष्टिगौ**=पुष्ट इन्द्रियोंवाले में, तथा **श्रुष्टिगौ**=समृद्ध व सानन्द इन्द्रियोंवाले में समवेत होकर आप सोम का पान करते हैं, अर्थात् यह '**मेध्यातिथि=पुष्टिगु व श्रुष्टिगु**' पुरुष प्रभु का उपासन करता हुआ सोम का रक्षण कर पाता है।

भावार्थ—हम 'मनु-सांवरणि-नीपतिथि-मेध्यातिथि-पुष्टिगु व श्रुष्टिगु' बनकर प्रभु का उपासन करते हुए सोम का रक्षण करें।

ऋषिः—श्रुष्टिगुः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—विराट् पंक्तिःङ्क स्वरः—पञ्चमःङ्क

दस्यवे वृकः

पा॒र्षद्वा॒णः प्रस्क॑ण्वं॒ सम॑सादय॒च्छया॑नं॒ जिव्रि॒मुद्धि॑तम्।
स॒हस्रा॑ण्यसिषास॒द्गवा॒मृषि॒स्त्वोतो॒ दस्य॑वे॒ वृकः॑॥ २॥

(१) **पार्षद्वाणः**=ज्ञान की वाणियों को देनेवाला प्रभु **प्रस्कण्वं**=मेधावी को-मेधावी के लिए **शयानं**=सर्वत्र निवास करनेवाले **जिव्रिम्**=सनातन पुराण **उद्धितम्**=उत्कृष्ट हित करनेवाले प्रभु को **समसादयत्**=प्राप्त कराते हैं। प्रभुकृपा से ही एक मेधावी पुरुष प्रभु का दर्शन करता है। (२) **गवां**=इन ज्ञान की वाणियों का **ऋषिः**=तत्त्वद्रष्टा व्यक्ति **सहस्राणि**=सहस्रों धनों का **असिषासद्**=संभजन करनेवाला होता है। हे प्रभो! **त्वा ऊतः**=आपसे रक्षित किया गया यह व्यक्ति **दस्यवे**=विनाशक वृत्ति के लिए (दसु उपक्षये) **वृकः**=भेड़िये के समान होता है, अर्थात् इन दास्यव वृत्तियों को समाप्त करनेवाला होता है।

भावार्थ—प्रभुकृपा से हमें ज्ञान प्राप्त होता है। इस ज्ञान से ही हम प्रभुदर्शन कर पाते हैं। प्रभु से रक्षित होकर हम दास्यव भावनाओं को समाप्त करनेवाले होते हैं।

ऋषिः—श्रुष्टिगुः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—निचृद् बृहतीङ्क स्वरः—मध्यमःङ्क

चिकिद्यः ऋषिचोदनः

य उ॒क्थेभि॒र्न वि॒न्धते॑ चि॒किद्य ऋ॑षि॒चोद॑नः।
इन्द्रं॒ तमच्छा॑ वद॒ नव्य॑स्या म॒त्यरि॑ष्यन्तं॒ न भोज॑से॥ ३॥

(१) **यः**=जो **उक्थेभिः**=स्तोत्रों के द्वारा **न विन्धते**=पूर्णतया विद्ध नहीं होते, अर्थात् जो स्तोत्रों द्वारा पूरा-पूरा जाने नहीं जाते, **चिकिद्यः**=जानने योग्य-वेद्य हैं, **ऋषिचोदनः**=तत्त्वदर्शियों

को प्रेरित करनेवाले हैं, तम्-उस इन्द्रम् अच्छ-प्रभु को लक्ष्य करके नव्यस्या मती-अतिशयेन स्तुत्य मति के द्वारा वद-स्तुतिवचनों का उच्चारण कर। (२) अरिष्यन्तं न-किसी भी प्रकार हिंसित न होते हुए के समान उस प्रभु का तु स्तवन कर। स्तुति किये गये प्रभु भोजसे-तेरे पालन के लिए होते हैं।

भावार्थ-प्रभु ही वेद्य हैं, पर किन्हीं पर शब्दों से प्रभु के पूर्ण वर्णन का सम्भव नहीं। इन्हीं प्रभु का हमें स्तवन करना चाहिए। ये प्रभु हमारा पालन करते हैं।

ऋषिः—शुष्टिगुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

मोक्षपद की ओर

यस्मा अर्कं सप्तशीर्षाणमानृचुस्त्रिधातुमुत्तमे पदे।
स त्विमा विश्वा भुवनानि चिक्रदुदादिर्जनिष्ट पौंस्यम्॥ ४॥

(१) यस्मा-जिस प्रभु के लिए अर्कम्-पूजा के साधनभूत वेदमन्त्रों (अर्चन्ति अनेन) से, जो वेदमन्त्र सप्तशीर्षाणम्-सप्त छन्दोरूप सात सिरोंवाले हैं तथा त्रिधातुम्-शरीर, मन व बुद्धि तीनों का धारण करनेवाले हैं, उन मन्त्रों से आनृचः-पूजन करते हैं और उत्तमे पदे-सर्वोत्तम मोक्षपद का लाभ करते हैं। सः-वे प्रभु ही तु-तो इमा-इन विश्वा-सब भुवनानि-लोगों को चिक्रदत्-इस मोक्षपद के लिए आहूत करते हैं। हृदयस्थरूपेण उस मार्ग पर चलने की प्रेरणा करते हैं। (२) जब हम इस प्रेरणा को-आह्वान को-सुनते हैं आत् इत्-तब ही शीघ्र पौंस्यं जनिष्ट-शक्ति उत्पन्न होती है। अपने अन्दर शक्ति का सम्पादन करके यह उपासक निरन्तर आगे बढ़ता है।

भावार्थ-हम वेदमन्त्रों द्वारा प्रभुपूजन करें। प्रभुप्रेरणा को सुनते हुए ठीक मार्ग पर चलते हुए मोक्षपद की ओर बढ़ें।

ऋषिः—शुष्टिगुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् बृहतीगर्भा॥ स्वरः—मध्यमः॥

गोमान् व्रज में

यो नो दाता वसूनामिन्द्रं तं हूमहे वयम्।
विद्मा ह्यस्य सुमतिं नवीयसीं गमेम गोमति व्रजे॥ ५॥

(१) यः-जो नः-हमारे लिए वसूनां-सब वसुओं (धनों) के दाता-देनेवाले हैं, तं इन्द्रम्-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु को वयम्-हम हूमहे-पुकारते हैं, उस प्रभु की ही आराधना करते हैं। (२) इस आराधना से अस्य-इन प्रभु की नवीयसीं-अतिशयेन प्रशस्य सुमतिं-कल्याणी मति को-वेदोपदिष्ट ज्ञान को-हि-निश्चय से विद्म-जानें। इस ज्ञान को प्राप्त करते हुए गोमति-प्रशस्त ज्ञान की वाणियों वाले व्रजे-(व्रज गतौ) गतिक्षेत्र में-कर्मक्षेत्र में, गमेम-जाएँ, अर्थात् सदा ज्ञानपूर्वक कर्मों को करनेवाले हों।

भावार्थ-सब धनों के दाता प्रभु का हम आराधन करें। वेदोपदिष्ट प्रभु की कल्याणी मति को प्राप्त करके ज्ञानपूर्वक कर्म करें।

ऋषिः—शुष्टिगुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

दान से धनवृद्धि

यस्मै त्वं वसो दानाय शिक्षसि स रायस्पोषमश्नुते।
तं त्वा वयं मघवन्निन्द्र गिर्वणः सुतावन्तो हवामहे॥ ६॥

(१) हे **वसोः**-सब को बसानेवाले-सबके लिए वसुओं को देनेवाले प्रभो! **यस्मै**-जिसके लिए **त्वं**-आप **दानाय**-धनों के दान के लिए **शिक्षसि**-शिक्षण करते हैं, **सः**-वह धनों का दान करता हुआ पुरुष **रायस्पोषम्**-धन के पोषण को **अश्नुते**-प्राप्त करता है। दान देने से उसका धन बढ़ता ही है। (२) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **तं त्वा**-उन आपको **वयं**-हम हे **मघवन्**-(मघ=मख) सब यज्ञोंवाले **गिर्वणः**-ज्ञान की वाणियों द्वारा सम्भजनीय प्रभो! **सुतावन्तः**-सोम का सम्पादन करनेवाले होकर **हवामहे**-पुकारते हैं। सोम का शरीर में रक्षण करते हुए हम आपके आराधक बनते हैं।

भावार्थ-दान देने से धन की वृद्धि ही होती है। हे प्रभो! धनों के दाता आपकी हम आराधना करें-आपकी प्राप्ति के लिए सोम का रक्षण करें।

ऋषिः—शुष्टिगुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

सदा 'सर्वद' प्रभु

कदा चन स्तरीरसि नेन्द्र सश्चसि दाशुषे।
उपोपेन्नु मघवन्भूय इन्नु ते दानं देवस्य पृच्यते॥ ७॥

(१) हे प्रभो! आप **कदाचन**-कभी भी **स्तरीः**-हमारी हिंसा करनेवाले **न**-नहीं है अथवा आप हमारे लिए (वन्ध्य) गौ के समान नहीं है-आप हमारे लिए सदा आवश्यक वस्तु रूप दुग्ध को प्राप्त करानेवाले हैं। हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! आप **दाशुषे**-दाश्वान् पुरुष के लिए-दानशील पुरुष के लिए **सश्चसि**-प्राप्त होनेवाले हैं। (२) हे **मघवन्**-ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! **देवस्य ते**-सब कुछ देनेवाले आपका **इत् नु**-निश्चय से **भूयः दानं**-खूब दान **उप उप इत् नु**-समीप और अत्यन्त समीप ही **पृच्यते**-हमारे साथ से संपृक्त होता है। हम आपके दानों का पात्र बनते हैं।

भावार्थ-प्रभु हमें निरन्तर आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—शुष्टिगुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

पार्थिव

प्र यो ननक्षे अभ्योजसा क्रिविं वधैः शुष्णं निघोषयन्।
यदेदस्तम्भीत्प्रथयन्नमूं दिवमादिज्जनिष्ट पार्थिवः॥ ८॥

(१) **यः**-जो **क्रिविं**-हिंसक **शुष्णं**-शोषक कामासुर को **वधैः**-वध साधनभूत आयुधों से **निघोषयन्**-शब्दशून्य करता हुआ उसके **अभिप्रति ओजसा**-पराक्रम के साथ **प्रननक्षे**-आक्रमण करता है और **यदा**-जब **इत्**-निश्चय से **अमूं दिवं**-उस मस्तिष्करूप द्युलोक को **प्रथयन्**-विस्तृत करता हुआ **अस्तम्भीत्**-थामता है-धारण करता है, तो **आत् इत्**-शीघ्र ही निश्चय से **पार्थिवः**-इस पृथिवीरूप शरीर का स्वामी **जनिष्ट**-हो जाता है। (२) इस जीवनसंग्राम में हमारा कर्तव्य है कि हम [१] वासनारूप शत्रु को पराजित करें [२] और मस्तिष्करूप द्युलोक को धारण करें। वासनाविनाश ही ज्ञानविस्तार का हेतु है। इस प्रकार वासनाविनाश व ज्ञानधारण से ही हम इस शरीर में पृथव-सम्राट् बन पाते हैं।

भावार्थ-हमारा कर्तव्य यही है कि [१] वासना को विनष्ट करें, [२] ज्ञान को धारण करें [३] और पृथव, पृथिवीरूप शरीर के अधिपति बनें।

ऋषिः—शृष्टिगुः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् बृहतीङ्ग स्वरः—मध्यमःङ्ग

अर्य-रुशम

यस्यायं विश्व आर्यो दासः शेवधिपा अरिः।
तिरश्चिद्वर्ये रुशमे पवीरवि तुभ्येत्सो अज्यते रयिः॥ १॥

(१) यस्य=जिसका अयं=यह विश्वः=सब आर्यः=श्रेष्ठ, दासः=(दसु उपक्षये) वासनाओं का क्षय करनेवाला शेवधिपाः=शक्ति व ज्ञानरूप कोश का रक्षण करनेवाला अरिः=शत्रुओं पर आक्रमण करनेवाला (ऋ गतौ) है, अर्थात् ये 'आर्य, दास, शेवधिपा व अरि' उस प्रभु के सच्चे उपासक हैं। (२) वे प्रभु तिरः चित्=तिरोहित रूप में होते हुए भी अर्ये=जितेन्द्रिय पुरुष में, रुशमे=शत्रुओं का संहार करनेवाले पुरुष में, पवीरवि=शत्रुघातक अस्त्रोंवाले पुरुष में अज्यते=व्यक्त होते हैं। सः=वह रयिः=ऐश्वर्यभूत प्रभु तुभ्य इत्=तेरे लिए भी अज्यसे=व्यक्त होता है। हम भी 'अर्य व रुशम' बनें और प्रभु का दर्शन करें।

भावार्थ—प्रभु सबमें तिरोहितरूप से रह रहे हैं। जो जितेन्द्रिय व वासनारूप शत्रुओं का संहार करनेवाला बनता है, उसमें वे प्रभु प्रकट होते हैं।

ऋषिः—शृष्टिगुः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृत् पि-ःङ्ग स्वरः—पञ्चमःङ्ग

'मधुमान् घृतश्चुत् व अर्क' प्रभु

तुरण्यवो मधुमन्तं घृतश्चुतं विप्रासो अर्कमानृचुः।
अस्मे रयिः पप्रथे वृष्ण्यं शवोऽस्मे सुवानास इन्दवः॥ १०॥

(१) तुरण्यवः=क्षिप्रकारी कर्मकुशल विप्रासः=अपना विशेष रूप से पूरण करनेवाले लोग मधुमन्तं=अत्यन्त माधुर्यवाले घृतश्चुतं=दीप्ति को हमारे जीवनों में आसिक्त करनेवाले अर्कम्=पूजनीय प्रभु का आनृचुः=अर्चन करते हैं। (२) इस प्रभु के अर्चन से अस्मे=हमारे लिए रयिः पप्रथे=ऐश्वर्य का विस्तार होता है। वृष्ण्यं शवः=हमें सुखों का सेचन करनेवाला बल प्राप्त होता है। अस्मे=हमारे लिए सुवानासः=उत्पन्न होते हुए सोमकण इन्दवः=शक्तिशाली बनानेवाले होते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु का अर्चन करें। हमें ऐश्वर्य व शक्ति प्राप्त होगी। हमारे अन्दर सुरक्षित सोमकण हमें तेजस्वी व ओजस्वी बनाएँगे। प्रभु की उपासना जीवन को मधुर व ज्ञानदीप्त बनाती है।

इस मन्त्र में वृणत 'तुरण्यु' पुरुष ही 'आयु' (इ गतौ) है, समझदार होने से ये 'काण्व' हैं। यह 'आयु काण्व' अगले सूक्त का ऋषि है। यह इन्द्र का उपासन करता हुआ कहता है कि—

५२. [द्विपञ्चाशं सूक्तम्]

ऋषिः—आयुः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् बृहतीङ्ग स्वरः—मध्यमःङ्ग

'मनु विवास्वान् त्रित आयु'

यथा मनौ विवस्वति सोमं शक्रापिबः सुतम्।
यथा त्रिते छन्द इन्द्र जुजोषस्यायौ मादयसे सचा॥ १॥

(१) यथा=जिस प्रकार मनौ=विचारशील पुरुष में तथा विवस्वति=अज्ञानान्धकार को

विवासित करनेवाले पुरुष में, हे **शक्र**=सर्वशक्तिमन् प्रभो! आप **सुतं सोमं**=उत्पन्न हुए-हुए सोम का **अपिबः**=पान करते हैं। जब हम विचारशील बनते हैं और अज्ञानान्धकार को दूर करने के लिए स्वाध्यायशील होते हैं तो वासनाओं से बचे रहते हैं और इस प्रकार सोम का रक्षण करते हैं। (२) हे **इन्द्र**=शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! **यथा**=जिस प्रकार आप **त्रिते**=काम-क्रोध-लोभ को तैर जानेवाले में **छन्दः**=इन ज्ञान की वाणियों को **जुजोषसि**=प्रीतिपूर्वक सेवन कराते हैं इसी तरह **आयौ**=गतिशील पुरुष में **सचा**=समवेत होकर **मादयसे**=उसे आनन्दित करते हैं।

भावार्थ—हम 'मनु विवस्वान्' विचारशील व स्वाध्यायशील बनकर सोम को शरीर में सुरक्षित रखें। 'त्रित' बनकर ज्ञान की वाणियों के प्रति प्रेमवाले हों। 'आयु' बनकर प्रभु से मेलवाले होते हुए आनन्दित हों।

ऋषिः—आयुः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—पादनिचृत् पंक्तिः॥ **स्वरः**—पञ्चमः॥

पृषध्र-ऋजूनस्

पृषध्रे मेध्ये मातरिश्वनीन्द्र सुवाने अमन्दथाः।
यथा सोमं दशशिप्रे दशोण्ये स्यूमरश्मावृजूनसि॥ २॥

(१) **यथा**=जिस प्रकार हे **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **पृषध्रे**=शक्ति सेचन के द्वारा अपना धारण करनेवाले में, **मेध्ये**=यज्ञों में उत्तम, अर्थात् यज्ञशील पुरुष में, **मातरिश्वनि**=वेदमाता के अनुसार गति द्वारा वृद्धि को प्राप्त करनेवाले व **सोमं सुवाने**=सोम का सम्पादन करनेवाले में **अमन्दथाः**=आप आनन्द को करते हो, अर्थात् इन 'पृषध्र' आदि को प्रभु आनन्दित करते हैं। (२) **यथा**=जिस प्रकार **दशशिप्रे**=दस शिरस्त्राणोंवाले में, अर्थात् दसों इन्द्रियों को सुरक्षित रखनेवाले में, **दशोण्ये**=दसों इन्द्रियों के मलों को दूर करनेवाले में (ओण् अपनयने), **स्यूमरश्मौ**=आनन्दकर ज्ञानरश्मियोंवाले में तथा **ऋजूनसि**=ऋजु (सरल) मार्ग से गति करते हुए दुःखों का परिहाण (ऊन् परिहाणे) करनेवाले में आनन्दित करते हैं। इसी प्रकार हमारे जीवनों में सोमरक्षण द्वारा आनन्द को करनेवाले होइये।

भावार्थ—हम 'पृषध्र, मेध्य, मातरिश्वा, सोमसवन करनेवाले, दशशिप्र, दशोण्य, स्यूनरश्मि, ऋजूनस्' बनकर आनन्दित हों।

ऋषिः—आयुः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—बृहतीगर्भा॥ **स्वरः**—मध्यमः॥

उप मित्रस्य धर्मभिः

य उक्था केवला दधे यः सोमं धृषितापिबत्।
यस्मै विष्णुस्त्रीणि पदा विचक्रम उप मित्रस्य धर्मभिः॥ ३॥

(१) **यः**=जो **केवलाः**=आनन्द में संचार करानेवाले **उक्था**=स्तोत्रों को **दधे**=धारण करता है, अर्थात् प्रभु का स्तवन करता हुआ आनन्द में विचरता है। **यः**=जो **धृषिता**=शत्रुओं के=काम, क्रोध आदि के=धर्षण के द्वारा **सोमं**=सोम को **अपिबत्**=पीता है, अर्थात् शरीर में सोम का रक्षण करता है। (२) **यस्मै**=जिसके लिए **विष्णुः**=वह सबमें व्यापक रहनेवाला परमात्मा **त्रीणि पदा**=तीन कदमों को **विचक्रमे**=रखता है, अर्थात् जो प्रभुस्मरण करता हुआ शरीर, मन व बुद्धि के स्वास्थ्य को प्राप्त करता है, वह **मित्रस्य धामभिः**=सूर्य के तेजों से युक्त हुआ-हुआ **उप**=उस प्रभु के समीप होता है।

भावार्थ–हम स्तवनों में आनन्द लें, काम, क्रोध को जीतकर सोम का शरीर में रक्षण करें, प्रभु के अनुग्रह से शरीर, मन व बुद्धि का विकास करें। तभी हम सूर्य सम तेजों को धारण करते हुए प्रभु के समीप होंगे।

ऋषिः—आयुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

स्तुति-शक्ति-ज्ञान

यस्य त्वमिन्द्र स्तोमेषु चाकनो वाजे वाजिञ्छतक्रतो।
तं त्वा वयं सुदुघामिव गोदुहो जुहूमसि श्रवस्यवः॥ ४॥

(१) हे इन्द्र=सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! **यस्य**=जिसके **स्तोमेषु**=स्तुतिवचनों में **त्वं**=आप **चाकनः**=कामनावाले होते हैं–जिसके स्तुतिवचन आपके लिए कान्त होते हैं। हे **वाजिन्**=शक्तिसम्पन्न **शतक्रतो**=अनन्त प्रज्ञानवाले प्रभो! जिसके **वाजे**=बल में आप कामनावाले होते हैं, अर्थात् जिसे आप सबल बनाने का अनुग्रह करते हैं, अर्थात् आप ही हमें स्तुतिप्रवण व शक्तिशाली बनाते हैं। (२) **तं त्वा**=उन आपको **वयं**=हम **श्रवस्यवः**=ज्ञान व यशस्वी जीवन की कामनावाले होते हुए इस प्रकार **जुहूमसि**=पुकारते हैं, जैसे **गोदुहः**=गोधुक् (गोप) लोग दुग्धदोहन के लिए **सुदुघाम्**=उत्तमता से दौड़ने योग्य गौ को। आपसे हमें उत्तम ज्ञानदुग्ध प्राप्त होता है, जिसने हमें परिपुष्ट, पवित्र व यशस्वी बनाना है।

भावार्थ–प्रभु के अनुग्रह से हम स्तुतिप्रवण, शक्तिसम्पन्न व ज्ञान के पिपासु बनें। शरीर में शक्ति, मस्तिष्क में ज्ञान व मन में हमारे स्तुति की भावना हो।

ऋषिः—आयुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहतीगर्भा॥ स्वरः—मध्यमः॥

गोः अश्वस्य प्रदातु नः

यो नो दाता स नः पिता महाँ उग्र ईशानकृत्।
अयामन्नुग्रो मघवा पुरूवसुर्गोरश्वस्य प्र दातु नः॥ ५॥

(१) **यः**=जो **नः**=हमारे लिए **दाता**=सबकुछ देनेवाले हैं, **सः**=वे **नः**=हमारे **पिता**=पिता हैं। **महान्**=पूजनीय हैं। **उग्रः**=तेजस्वी हैं। **ईशानकृत्**=ऐश्वर्य को करनेवाले हैं। (२) वे प्रभु **उग्रः**=तेजस्वी व **मघवा**=ऐश्वर्यशाली हैं। वे हमारे लिए **अयामन्**=इन धनों को देते हैं। वे **पुरूवसुः**=पालक व पूरक वसुओं के देनेवाले प्रभु **नः**=हमारे लिए **गोः**=ज्ञानेन्द्रियों व **अश्वस्य**=कर्मेन्द्रियों को **प्रदातु**=देनेवाले हों।

भावार्थ–प्रभु सर्वप्रद हैं। हमारे लिए वे ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियों को तथा पालक व पूरक धनों को देनेवाले हों।

ऋषिः—आयुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'वसुपति-शतक्रतु' इन्द्र

यस्मै त्वं वसो दानाय मंहसे स रायस्पोषमिन्वति।
वसूयवो वसुपतिं शतक्रतुं स्तोमैरिन्द्रं हवामहे॥ ६॥

(१) हे **वसो**=वसानेवाले प्रभो! या वसुओं को देनेवाले प्रभो! **यस्मै**=जिसके लिए **त्वं**=आप **मंहसे**=धनों को देते हैं, वह सब **दानाय**=दान के लिए देते हैं। वस्तुतः धन प्रभु का होता है।

हम उस धन के रक्षक होते हैं। इस धन का हमें लोकहित के लिए विनियोग करना होता है। सः=वह दान देनेवाला व्यक्ति रायः=धनों के पोषम्=पोषण को इन्वति=प्राप्त होता है। (२) हम भी वसूयवः=वसुओं को प्राप्त करने की कामनावाले होते हुए उन वसुपतिं=वसुओं के स्वामी शतक्रतुं=अनन्त प्रज्ञान व कर्मोंवाले इन्द्रं=परमैश्वर्यशाली प्रभु को स्तोमैः=स्तुतिसमूहों से हवामहे=पुकारते हैं। प्रभु ने ही तो हमें वसुओं को प्राप्त कराना है।

भावार्थ–प्रभु हमें दान के लिए धनों को प्राप्त कराते हैं। उस वसुपति को ही हम स्तोमों द्वारा आराधित करते हैं।

ऋषिः—आयुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'तुरीय आदित्य' प्रभु

कदा चन प्र युच्छस्युभे नि पासि जन्मनी।
तुरीयादित्य हवनं त इन्द्रियमा तस्थावमृतं दिवि॥ ७॥

(१) हे प्रभो! आप कदा चन=कभी भी न प्रयुच्छसि=प्रमाद नहीं करते हो। उभे=दोनों जन्मनी=जन्मों को–इहलोक व परलोक को निपासि=निश्चय से रक्षित करते हो। (२) हे तुरीय=समाधिजन्य तुरीयावस्था से प्राप्त होने योग्य! आदित्य=सूर्यवत् देदीप्यमान प्रभो! (आदित्यवर्णम्) ते हवनम्=आपका पुकारना इन्द्रियं=वीर्य व बल है, अर्थात् आपकी आराधना से शक्ति प्राप्त होती है। आपके दिवि=ज्ञान के प्रकाश में अमृतं=नीरोगता व अमरता आतस्थौ=स्थित है। आपसे दिया जानेवाला यह ज्ञान का प्रकाश हमारे लिए अमृतत्व को देनेवाला है।

भावार्थ–प्रभु प्रमादरहित होकर हमारे इहलोक व परलोक का रक्षण करते हैं। प्रभु की आराधना हमें शक्ति देती है। प्रभु से दिये गये ज्ञान के प्रकाश में अमृतत्व निहित हैं।

ऋषिः—आयुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

कण्ववत् शृणुधि हवम्

यस्मै त्वं मघवन्निन्द्र गिर्वणः शिक्षो शिक्षसि दाशुषे।
अस्माकं गिर उत सुष्टुतिं वसो कण्ववच्छृणुधी हवम्॥ ८॥

(१) हे मघवन्=ऐश्वर्यशालिन्! इन्द्र=सर्वशक्तिमन्! गिर्वणः=ज्ञान की वाणियों से सम्भजनीय! शिक्षो=शिक्षित करनेवाले प्रभो! त्वं=आप यस्मै दाशुषे=जिस दानशील पुरुष के लिए होते हो, उसे शिक्षसि=शिक्षित करते हो। जो प्रभु का बनता है, प्रभु उसे शिक्षित करते हैं। (२) हे वसो=बसानेवाले प्रभो! अस्माकं=इनकी गिरः=ज्ञान की वाणियों को उस सुष्टुतिं=उत्तम स्तुति को आप शृणुधि=सुनिये। हे प्रभो! हमारी हवम्=पुकार व प्रार्थना को इस प्रकार सुनिये जैसे कण्ववत्=कण्व–एक मेधावी पुरुष की प्रार्थना को सुनते हैं।

भावार्थ–हम प्रभु के प्रति अपने को अर्पित करें–प्रभु हमें आवश्यक धनों को दें। प्रभु हमारी पुकार को सुनें।

ऋषिः—आयुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

वेदवाणी द्वारा बुद्धिवर्धन

अस्तावि मन्म पूर्व्यं ब्रह्मेन्द्राय वोचत।
पूर्वीर्ऋतस्य बृहतीरनूषत स्तोतुर्मेधा असृक्षत॥ ९॥

(१) **पूर्व्यं**-पालन व पूरण करने में उत्तम **मन्म**-मननीय स्तोत्र **अस्तावि**-हमारे से स्तुत होता है। हम प्रभु का विचारपूर्वक स्तवन करते हैं-यह स्तवन हमारी लक्ष्यदृष्टि को पैदा करता हुआ हमारा पूरण करता है। **इन्द्राय**-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु की प्राप्ति के लिए **ब्रह्म वोचत**-ज्ञान की वाणियों का उच्चारण करो। (२) **ऋतस्य**-सत्य ज्ञान की **पूर्वीः**-सृष्टि के प्रारम्भ में दी जानेवाली **बृहतीः**-ये वर्धन की हेतुभूत वाणियाँ **अनूषत**-हमारे से स्तुत होती हैं। इस वेदवाणी के स्तवन से **स्तोतुः**-स्तवन करनेवाले की **मेधाः**-बुद्धियाँ **असृक्षत**-सृष्ट होती हैं। वेदवाणियों का अध्ययन बुद्धियों की वृद्धि का कारण बनता है।

भावार्थ-हम प्रभु का स्तवन करें। प्रभुप्राप्ति के लिए ज्ञान की वाणियों का उच्चारण करें। ये वेदवाणियाँ हमारी बुद्धि का वर्धन करनेवाली होती हैं।

ऋषिः—आयुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

प्रभु ही ऐश्वर्य के प्रेरक हैं

समिन्द्रो रायो बृहतीरधूनुत सं क्षोणी समु सूर्यम्।
सं शुक्रासः शुचयः सं गवाशिरः सोमा इन्द्रममन्दिषुः॥ १०॥

(१) **इन्द्रः**-वह परमैश्वर्यशाली प्रभु **बृहतीः रायः**-वृद्धि के कारणभूत धनों को **सम् अधूनुत**-(Promoted) हमारी ओर प्रेरित करते हैं। वे प्रभु ही **क्षोणी**-पृथिवी को **सं**-प्रेरित करते हैं, **उ**-और **सूर्यं**-सूर्य को **सं**-प्रेरित करते हैं। (२) **शुचयः**-जीवन को पवित्र बनानेवाले **शुक्रासः**-वीर्यकण **इन्द्रम्**-इस परमैश्वर्यशाली प्रभु को **सम् अमन्दिषुः**-आनन्दित करते हैं। वीर्यकणों की रक्षा करनेवाला पुरुष प्रभु का प्रिय बनता है। ये **गवाशिरः**-इन्द्रियों के मलों का संहार करनेवाले **सोमाः**-सोमकण प्रभु को आनन्दित करते हैं। जब उपासक सोमकणों के रक्षण के द्वारा इन्द्रियों को सशक्त व निर्मल बनाता है, तो यह प्रभु का प्रिय होता है।

भावार्थ-प्रभु ही सब ऐश्वर्यों को हमारी ओर प्रेरित करते हैं। प्रभु ही पृथिवी व सूर्य को गति देते हैं। सोमरक्षक पुरुष प्रभु का प्रिय बनता है।

जीवन को पवित्र बनानेवाला 'मेध्य काण्व' अगले सूक्त का ऋषि है। यह इन्द्र की उपासना इस प्रकार करता है-

५३. [त्रिपञ्चाशं सूक्तम्]

ऋषिः—मेध्यः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'पूर्भित्तम' इन्द्र

उपमं त्वा मघोनां ज्येष्ठं च वृषभाणाम्।
पूर्भित्तमं मघवन्निन्द्र गोविदमीशानं राय ईमहे॥ १॥

(१) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **ईशानं त्वा**-सब धनों के स्वामी आपसे **रायः ईमहे**-धनों की याचना करते हैं, उन आपसे धनों की याचना करते हैं जो **मघोनाम् उपमं**-ऐश्वर्यशाली पुरुषों के उपमानभूत हैं, **च**-और **वृषभाणां ज्येष्ठम्**-शक्तिशालियों में श्रेष्ठ हैं। (२) हे **मघवन्**-ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! उन आपसे हम धनों की याचना करते हैं जो **पूर्भित्तमम्**-असुरों की पुरियों का सर्वाधिक विदारण करनेवाले हैं, अर्थात् उपासकों को आसुरभावशून्य बनानेवाले हैं। **गोविदम्**-ज्ञान की वाणियों को प्राप्त करानेवाले हैं।

भावार्थ–प्रभु श्रेष्ठ हैं–ज्ञान की वाणियों को देकर हमें आसुरभावों से ऊपर उठानेवाले हैं।

ऋषिः—मेध्यः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'आयु-कुत्स-अतिथिग्व-हर्यश्व व शतक्रतु'

य आयुं कुत्समतिथिग्वमर्दयो वावृधानो दिवेदिवे।
तं त्वा वयं हर्यश्वं शतक्रतुं वाजयन्तो हवामहे॥ २॥

(१) यः=जो प्रभु आयुं=गतिशील पुरुष को, कुत्सं=वासनाओं का संहार करनेवाले को, अतिथिग्वं=उस महान् अतिथि प्रभु की ओर जानेवाले को अर्दयः=प्राप्त होते हैं (अर्द गतौ), जो दिवे-दिवे=प्रतिदिन वावृधानः=हमारा खूब ही वर्धन करनेवाले हैं, तं त्वा=उन आपको वयं=हम हवामहे=पुकारते हैं। आपके अनुग्रह से ही तो हम 'आयु, कुत्स व अतिथिग्व' बन पाते हैं। (२) हम वाजयन्तः=शक्ति को प्राप्त करने की कामनावाले होते हुए हर्यश्वं=तेजस्वी इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करानेवाले, शतक्रतुं=अनन्त प्रज्ञान व शक्तिवाले प्रभु को पुकारते हैं। प्रभु के अनुग्रह से हम 'हर्यश्व व शतक्रतु' बन पाते हैं।

भावार्थ–प्रभु का आराधन करते हुए हम 'आयु, कुत्स, अतिथिग्व, हर्यश्व व शतक्रतु' बनें।

ऋषिः—मेध्यः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्चीस्वराट् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

परावति-अर्वावति

आ नो विश्वेषां रसं मध्वः सिञ्चन्त्वद्रयः।
ये परावति सुन्विरे जनेष्वा ये अर्वावतीन्दवः॥ ३॥

(१) प्रभु जीव से कहते हैं कि अद्रयः=प्रभु का आदर करनेवाले उपासक लोग नः=हमारे से उत्पन्न किये गये विश्वेषां रसं=सब ओषधियों के सारभूत अथवा सब अंगों को रसमय बनानेवाले मध्वः=सोम का आ सिञ्चन्तु=सब अंग-प्रत्यगों में सेचन करें। (२) उन सोमकणों का सेचन करें ये=जो जनेषु=लोगों में परावति=उस सुदूर मोक्षलोक की प्राप्ति के निमित्त सुन्विरे=उत्पन्न किये जाते हैं और ये=जो अर्वावति=इस अर्वाक्-समीपस्थ इहलोक के लिए आ=समन्तात् सुत किये जाते हैं। इन सोमकणों के रक्षण से ही इहलोक व परलोक का कल्याण होता है। इहलोक के अभ्युदय व परलोक के निःश्रेयस का निर्भर इस सोमरक्षण पर ही है।

भावार्थ–प्रभु के आदेश के अनुसार हम शरीर में ही सोम का सेचन करें। यह सोम ही अभ्युदय व निःश्रेयस का साधक है।

ऋषिः—मेध्यः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

निर्द्वेषता व उल्लास

विश्वा द्वेषांसि जहि चाव चा कृधि विश्वे सन्वन्त्वा वसु।
शीष्टेषु चित्ते मदिरासो अंशवो यत्रा सोमस्य तृम्पसि॥ ४॥

(१) हे इन्द्र! यत्रा=जहाँ सोमस्य तृम्पसि=तू सोम से तृप्ति का अनुभव करता है, वहाँ विश्वा=सब द्वेषांसि=द्वेषो को जहि=विनष्ट कर, च=और अवकृधि=सब द्वेषों को हमारे से दूर कर। सोमरक्षण से द्वेषादि की वृत्तियाँ उत्पन्न ही नहीं होती। (२) इस सोमरक्षण से विश्वे=सब वसु=धन आ सन्वन्तु=तुझे प्राप्त हों। ये अंशवः=सोमकण शीष्टेषु=शिष्ट पुरुषों में चित्ते

मदिरासः=हृदय में उल्लास को पैदा करनेवाले हैं।

भावार्थ–सोमरक्षण से निर्द्वेषता प्राप्त होती है और हृदयों में उल्लास होता है।

ऋषिः—मेध्यः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—विराड् बृहतीङ्क स्वरः—मध्यमःङ्क

बुद्धि-शान्ति-इष्टप्राप्ति-बन्धुत्व

इन्द्र नेदीय एदिहि मितमेधाभिरूतिभिः।
आ शन्तम शन्तमाभिरभिष्टिभिरा स्वापे स्वापिभिः॥ ५॥

(१) हे इन्द्र=शत्रुविद्रावक प्रभो! आप नेदीयः=अत्यन्त समीप इत्=निश्चय से आ इहि=सर्वथा प्राप्त होइये। आप मितमेधाभिः (निमत)=जिनमें मेधा का निर्माण हुआ है, उन रक्षणों के साथ हमें प्राप्त होइये। प्रभु जिसका रक्षण करते हैं, उसे बुद्धि प्राप्त करा देते हैं। (२) हे शन्तम=अधिक-से-अधिक शान्ति को देनेवाले प्रभो! आप शन्तमाभिः=अधिक-से-अधिक शान्ति को देनेवाली अभिष्टिभिः=इष्टप्राप्तियों के द्वारा आ=हमें प्राप्त होइये। हे स्वावे=उत्तम बन्धुभूत प्रभो! आप स्वापिभिः=उत्तम बन्धुत्वों से आ=हमें प्राप्त होइये।

भावार्थ–प्रभु के रक्षण हमें बुद्धि व शान्ति प्राप्त कराते हैं। इन रक्षणों को प्राप्त करके हम शत्रुओं पर आक्रमण करके इष्ट को प्राप्त करते हैं। प्रभु ही हमारे सर्वश्रेष्ठ बन्धु हैं।

ऋषिः—मेध्यः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—निचृत् पंक्तिःङ्क स्वरः—पञ्चमःङ्क

'स्तोत्रों व यज्ञों' द्वारा शक्तिवर्धन

आजितुरं सत्पतिं विश्वचर्षणिं कृधि प्रजास्वाभगम्।
प्र सू तिरा शचीभिर्ये त उक्थिनः क्रतुं पुनत आनुषक्॥ ६॥

(१) हे प्रभो! आप आजितुरं कृधि=हमें संग्राम में शत्रुओं का संहार करनेवाला बनाइये। सत्पतिं=सज्जनों का रक्षक व विश्वचर्षणिं=सब मनुष्यों का ध्यान करनेवाला, अर्थात् स्वार्थवृत्ति से ऊपर उठकर परार्थवृत्तिवाला बनाइये। आप हमें प्रजासु आभगम्=सब प्रजाओं में सब प्रकार से ऐश्वर्यवाला बनाइये। (२) हे प्रभो! ये=जो ते=आपके उक्थिनः=स्तोता हैं और जो आनुषक्=निरन्तर क्रतुं पुनते=यज्ञों को पवित्र करते हैं, अर्थात् यज्ञों के द्वारा पवित्र जीवनवाले होते हैं, उन्हें शचीभिः=शक्तियों के द्वारा सु=सम्यक् प्रतिर=बढ़ाइये। स्तोत्र व यज्ञ हमें शक्तिशाली बनाते हैं।

भावार्थ–स्तोत्रों व यज्ञों से शक्तिवर्धन होता है। हम संग्रामविजयी व ऐश्वर्यशाली बनते हैं।

ऋषिः—मेध्यः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—विराड् बृहतीङ्क स्वरः—मध्यमःङ्क

साधिष्ठः

यस्ते साधिष्ठोऽवसे ते स्याम भरेषु ते।
वयं होत्राभिरुत देवहूतिभिः ससवांसो मनामहे॥ ७॥

(१) यः=जो ते=तेरा होता है वह साधिष्ठः=अतिशयेन सिद्धि को प्राप्त होनेवाला होता है। वह ते=आपके अवसे=रक्षण के लिए होता है। हम भरेषु=संग्रामों में ते स्याम=आपके हों। आपके द्वारा ही तो हमने संग्रामों में विजय प्राप्त करनी है। (२) वयं=हम होत्राभिः=यज्ञों के द्वारा=त्यागपूर्वक अदन के द्वारा उत=और देवहूतिभिः=दिव्यगुणों को पुकारने के द्वारा ससवांसः=आपका संभजन करते हुए मनामहे=आपका मनन करते हैं=आपका चिन्तन करते हैं।

भावार्थ–प्रभु का उपासक सिद्धि को प्राप्त करता है, सुरक्षित होता हुआ संग्राम में विजयी बनता है। अग्निहोत्र व दिव्यगुणों की साधना ही प्रभु का संभजन है। इस संभजन को करते हुए हम प्रभु का चिन्तन करें।

ऋषिः—मेध्यः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

मथीनाम् अग्रे

अहं हि ते हरिवो ब्रह्म वाजयुराजिं यामि सदोतिभिः।
त्वामिदेव तममे समश्वयुर्गव्युरग्रे मथीनाम्॥ ८॥

(१) हे **हरिवः**–प्रशस्त इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करानेवाले प्रभो! **ते**–आपकी **वाजयुः**–शक्ति को अपने साथ जोड़ने की कामनावाला **अहं**–मैं **हि**–निश्चय से **सदा**–सदा **ऊतिभिः**–रक्षणों के साथ **ब्रह्म**–ज्ञान को तथा **आजिं**–संग्राम में गति व शत्रुक्षेपण को (अज गतिक्षेपणयोः) **यामि**–(याचामि) माँगता हूँ। (२) **अश्वयुः**–उत्तम कर्मेन्द्रियों की कामनावाला तथा **गव्युः**–उत्तम ज्ञानेन्द्रियों की कामनावाला मैं **त्वाम् इत् एव**–आपको ही **संतममे**–चाहता हूँ। आपके अनुग्रह से मैं **मथीनाम् अग्रे**–शत्रुओं को कुचलनेवालों के अग्रभाग में होऊँ।

भावार्थ–मैं ज्ञान व संग्रामविजय को प्राप्त करूँ। प्रभु को प्राप्त करके शत्रुओं को कुचलने वाला अगुआ बनूँ।

अगले सूक्त का ऋषि 'मातरिश्वा काण्व' है–वेदमाता में चलनेवाला समझदार। वेदमाता के अनुसार कर्म करनेवाला यह काण्व प्रभुस्तवन करता हुआ कहता है–

५४. [चतुःपञ्चाशं सूक्तम्]

ऋषिः—मातरिश्वा काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

ते स्तोभन्तः ऊर्जमावन्

एतत्ते इन्द्र वीर्यं गीर्भिर्गृणन्ति कारवः।
ते स्तोभन्त ऊर्जमावन्घृतश्चुतं पौरासो नक्षन्धीतिभिः॥ १॥

(१) हे **इन्द्र**–सर्वशक्तिमन् प्रभो! **कारवः**–कुशलता से कार्यों को करने के द्वारा आपके स्तोता लोग **ते एतत्**–आपकी इस **वीर्यं**–शक्ति को **गीर्भिः गृणन्ति**–ज्ञान की वाणियों के द्वारा स्तुत करते हैं और **स्तोभन्तः ते**–स्तवन व शंसन करते हुए वे **ऊर्जम्**–अपने बल व प्राणशक्ति का **आवन्**–रक्षण करते हैं। (२) ये बल का रक्षण करनेवाले **पौरासः**–शरीररूपी पुरी को पवित्र व दृढ़ बनानेवाले लोग **धीतिभिः**–ध्यान की प्रक्रियाओं के द्वारा **घृतश्चुतं**–ज्ञानदीप्ति व नैर्मल्य को सब ओर क्षरित करनेवाले प्रभु को **नक्षन्**–प्राप्त होते हैं।

भावार्थ–प्रभु की शक्ति का स्मरण करते हुए हम भी अपनी शक्ति का रक्षण करें। ध्यान की प्रक्रियाओं के द्वारा हम प्रभु को पानेवाले बनें।

ऋषिः—मातरिश्वा काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

संवर्त+कृश

नक्षन्त इन्द्रमवसे सुकृत्यया येषां सुतेषु मन्दसे।
यथा संवर्ते अमदो यथा कृश एवास्मे इन्द्र मत्सव॥ २॥

(१) हे **इन्द्र**–परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **येषां**–जिनके **सुतेषु**–उत्पन्न किये गये सोमकणों में

अथवा यज्ञों में (सुत-सव-यज्ञ) मन्दसे=आप आनन्दित होते हैं। जो सोमरक्षण द्वारा अथवा यज्ञों द्वारा आपको आनन्दित करते हैं, वे सुकृत्यया=शुभकर्मों के द्वारा अवसे=रक्षण के लिए इन्द्रं नक्षन्ते=परमैश्वर्यशाली प्रभु को-आपको प्राप्त होते हैं। (२) हे प्रभो! यथा=जैसे संवर्ते=इन्द्रियों व मन को विषयों से हटा कर प्रत्याहृत करनेवाले मनुष्य में आप अमदः=हृषत होते हो, यथा=जैसे कृशे=भोगविलास से दूर रहते हुए तपःकृश व्यक्ति में आप आनन्दित होते हो, हे इन्द्र! एवा=इसी प्रकार अस्मे=हमारे मैं मत्स्व=आप आनन्दित होइये।

भावार्थ=प्रभु को उत्तम कर्मों के द्वारा हम प्राप्त होते हैं। प्रभु हमारा रक्षण करते हैं। प्रभु को वे व्यक्ति प्रीणित करते हैं जो यज्ञशील हैं, इन्द्रियों को विषयों से प्रत्याहृत करनेवाले हैं तथा भोगविलास से दूर रहकर तपःकृश जीवन बिताते हैं।

ऋषिः—मातरिश्वा काण्वः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

वसवः, रुद्राः, मरुतः

आ नो विश्वे सजोषसो देवासो गन्तनोप नः।
वसवो रुद्रा अवसे न आ गमञ्छृण्वन्तु मरुतो हवम्॥ ३॥

(१) नः=हमारे प्रति सजोषसः=समानरूप से प्रीतिवाले होते हुए विश्वे=सब देवासः=देव आ=सब ओर से नः उपगन्तन=हमारे समीप प्राप्त हों। हम सदा देवों के संग को प्राप्त करें। (२) वसवः=अपने निवास को उत्तम बनानेवाले, रुद्रः=सब रोगों को दूर भगानेवाले विद्वान् नः अवसे=हमारे रक्षण के लिए आगमन्=हमें प्राप्त हों। मरुतः=प्राणसाधना में प्रवृत्त साधक लोग हवम् शृण्वन्तु=हमारी पुकार को सुनें। इनके सम्पर्क में हम भी 'वसु-रुद्र व मरुत्' बन पाएँ।

भावार्थ=सब दिव्यगुण हमें प्राप्त हों। हम वसु, रुद्र व मरुतों के सम्पर्क में आकर उत्तम निवासवाले, नीरोग व प्राणशक्तिसम्पन्न बनें।

ऋषिः—मातरिश्वा काण्वः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सम्पूर्ण आधिदैविक जगत् की अनुकूलता

पूषा विष्णुर्हवनं मे सरस्वत्यवन्तु सप्त सिन्धवः।
आपो वातः पर्वतासो वनस्पतिः शृणोतु पृथिवी हवम्॥ ४॥

(१) पूषा=पोषक सूर्य, विष्णुः=सर्वव्यापक प्रभु, सरस्वती=ज्ञान की अधिष्ठात्री देवता, सप्त सिन्धवः=सात छन्दों में प्रवाहित होनेवाले सात ज्ञान प्रवाह (स्यन्द) मे=मेरे हवनम् अवन्तु=(हु दानादनयोः) दानपूर्वक अदन को रक्षित करें। इन सबके अनुग्रह से मैं दानपूर्वक अदन करनेवाला बनूँ। (२) आपः=जल वातः=वायु पर्वतासः=पर्वत और वनस्पतिः=वनस्पति तथा पृथिवी=यह भूमिमाता हवम्=मेरी पुकार को शृणोतु=सुनें। इन सबकी हमारे लिए अनुकूलता हो। इनकी अनुकूलता में हम पूर्ण स्वास्थ्य को प्राप्त करें।

भावार्थ='पूषा, विष्णु, सरस्वती व सप्त सिन्धुओं' की कृपा से मैं त्यागपूर्वक अदन करनेवाला बनूँ। जल, वायु, पर्वत, वनस्पति व पृथिवी की अनुकूलता में मैं स्वस्थ बनूँ।

ऋषिः—मातरिश्वा काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

माघोनं राधः

यदिन्द्र राधो अस्ति ते माघोनं मघवत्तम।
तेन नो बोधि सधमाद्यो वृधे भगो दानाय वृत्रहन्॥ ५॥

(१) हे **मघवत्तम**=अतिशयेन ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! **यत्**=जो **ते**=आपका **माघोनं**=हमें (मघ=मख) यज्ञशील बनानेवाला **राधः**=ऐश्वर्य **अस्ति**=है, **तेन**=उस ऐश्वर्य से **नः बोधि**=हमें जानिये, अर्थात् उस ऐश्वर्य को हमें प्राप्त कराइये। (२) हे **वृत्रहन्**=वासनाओं को विनष्ट करनेवाले प्रभो! आप **सधमाद्यः**=हमारे साथ होते हुए हमें आनन्दित करनेवाले हैं और **वृधे**=हमारी वृद्धि के लिए होते हैं। **भगः**=ऐश्वर्य के पुञ्ज आप **दानाय**=हमें सब ऐश्वर्यों के देने के लिए होते हैं।

भावार्थ–प्रभु से दिया गया धन हमें यज्ञशील बनाता है। हमारे साथ होते हुए प्रभु हमें आनन्दित करते हैं। हमारी वासनाओं को विनष्ट करते हुए हमारा वर्धन करते हैं।

ऋषिः—मातरिश्वा काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—निचृत् पं-ःङ्क स्वरः—पञ्चमःङ्क

आजिपति-नृपति

आजि॑पते नृपते॒ त्वमिद्धि नो॒ वाज॒ आ व॑क्षि सुक्रतो।
वी॒ती होत्रा॑भिरु॒त दे॒ववी॑तिभिः सस॒वांसो॒ वि शृ॑ण्विरे॥ ६॥

(१) हे **आजिपते**=युद्धों के रक्षक, **नृपते**=उन्नतिपथ पर चलनेवालों के रक्षक, **सुक्रतो**=उत्तम प्रज्ञान व शक्तिवाले प्रभो! **त्वम् इत् हि**=आप ही **नः**=हमें **वाजे**=शक्ति में **आवक्षि**=धारण करते हो, अर्थात् आप ही हमें सब सामर्थ्यों को देते हो। (२) आपके उपासक **वीती**=(वी असने) अन्धकार को परे फेंकने के द्वारा **होत्राभिः**=दानपूर्वक अदन की प्रक्रियाओं से, अर्थात् यज्ञशेष के सेवन से तथा **देववीतिभिः**=दिव्यगुणों की प्राप्तियों से **ससवांसः**=प्रभु का संभजन करते हुए **विशृण्विरे**=विशिष्ट ख्याति को प्राप्त करते हैं। वास्तव में प्रभु के सम्पर्क से ये युद्धों में विजयी बनते हैं और नर बनकर आगे बढ़ते हैं।

भावार्थः–प्रभु हमें शक्ति देते हैं। यज्ञशेष के सेवन व दिव्यगुणों की प्राप्ति से ही वस्तुतः प्रभुसंभजन होता है। प्रभु हमें संग्राम में विजयी बनाते हैं।

ऋषिः—मातरिश्वा काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—विराड् बृहतीङ्क स्वरः—मध्यमःङ्क

आशिषः, आयुः इष्

सन्ति॒ ह्य१॒॑र्य आ॒शिष॒ इन्द्र॒ आयु॒र्जना॑नाम्।
अ॒स्मान्न॑क्षस्व मघव॒न्नुपाव॑से धु॒क्षस्व॑ पि॒प्युषी॒मिष॑म्॥ ७॥

(१) **अर्ये**=स्वामी में **हि**=ही **आशिषः सन्ति**=सब इच्छाएँ व आकांक्षाएँ हैं, अर्थात् प्रभु से ही सब इच्छाओं के पूर्ण होने की आशा है। **इन्द्रे**=उस परमैश्वर्यशाली शत्रुविद्रावक प्रभु में ही **जनानाम् आयुः**=मनुष्यों की आयु है, अर्थात् प्रभु की उपासना ही हमें काम, क्रोध, लोभ आदि शत्रुओं से बचाकर दीर्घजीवन प्रदान करती है। (२) हे **मघवन्**=ऐश्वर्यवन् प्रभो! आप **अस्मान्**=हमें **अवसे**=रक्षण के लिए **उपनक्षस्व**=समीपता से प्राप्त होइये। आपकी समीपता में हम किसी भी शत्रु से आक्रान्त नहीं हो पाते। हे प्रभो! आप **पिप्युषीम्**=हमारा आप्यायन करनेवाली **इषम्**=प्रेरणा को **धुक्षस्व**=हमारे अन्दर प्रपूरित करिये। आपकी प्रेरणा से ठीक मार्ग पर चलते हुए हम सदा अपना आप्यायन कर पाएँ।

भावार्थ–प्रभु ही हमारी आकांक्षाओं को पूर्ण करते हैं, दीर्घजीवन प्रदान करते हैं, हमारा रक्षण करते हुए प्रभु हमें वह प्रेरणा प्राप्त कराते हैं, जो हमारा वर्धन करनेवाली होती है।

ऋषिः—मातरिश्वा काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

प्रभुस्तवन व उत्तम धन की प्राप्ति

वयं त इन्द्र स्तोमेभिर्विधेम त्वमस्माकं शतक्रतो।
महि स्थूरं शशयं राधो अह्रयं प्रस्कण्वाय नि तोशय॥ ८॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! वयं-हम स्तोमेभिः-स्तोत्रों के द्वारा ते विधेम-आपका पूजन करें। हे शतक्रतो-अनन्त प्रज्ञान व कर्मोंवाले प्रभो! त्वम् अस्माकं-आप हमारे हैं। वस्तुतः आप ही तो हमारे बन्धु हैं। (२) हे प्रभो! आप प्रस्कण्वाय-इस अत्यन्त मेधावी पुरुष के लिए राधः-कार्यसाधक धन नितोशय-प्राप्त कराइये। जो धन महि-महान् है, स्थूरं-स्थिर है, शशयं-अतिशयेन प्रशंसनीय व अह्रयं-क्षीण न होनेवाला है।

भावार्थ-हम प्रभुस्तवन करें। प्रभु के बन्धुत्व को प्राप्त करके न क्षीण होनेवाले धन को प्राप्त करें।

प्रभुस्तवन में प्रवृत्त व्यक्ति भोगों में नहीं फंसता। तपस्वी जीवन बिताता हुआ यह तपःकृश होता है। यह 'कृश' ही अगले सूक्त का ऋषि है। वह समझदार तो है ही 'काण्व'। यह कहता है कि-

५५. [पञ्चपञ्चाशं सूक्तम्]

ऋषिः—कृशः काण्वः॥ देवता—प्रस्कण्वस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—पादनिचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सर्वत्र प्रभु शक्ति का अनुभव

भूरीदिन्द्रस्य वीर्यं व्यख्यमभ्यायति। राधस्ते दस्यवे वृक॥ १॥

(१) मैं इन्द्रस्य-उस सर्वशक्तिमान् प्रभु के भूरि इत्-महान् ही वीर्यं-पराक्रम को व्यख्यम्-विशेष रूप से देखता हूँ। सब ओर प्रभु की शक्ति का अनुभव होता है। (२) हे दस्यवे वृक-दास्यववृत्ति के लिए वृक के समान, अर्थात् अशुभवृत्तियों को नष्ट करनेवाले प्रभो! ते राधः-आपका ऐश्वर्य अभ्यायति-हमें आभिमुख्येन प्राप्त होता है। जब एक साधक सर्वत्र उस प्रभु की शक्ति का अनुभव करता है, तो अशुभवृत्तियों से ऊपर उठकर शुभ ऐश्वर्य को पाता ही है।

भावार्थ-हम सर्वत्र प्रभु की शक्ति को देखने का प्रयत्न करें। प्रभु हमारी अशुभ वृत्तियों को दूर करेंगे और शुभ ऐश्वर्य को प्राप्त कराएँगे।

ऋषिः—कृशः काण्वः॥ देवता—प्रस्कण्वस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शतं श्वेतासः उक्षणः

शतं श्वेतास उक्षणो दिवि तारो न रोचन्ते। महा दिवं न तस्तभुः॥ २॥

(१) गतमन्त्र में वर्णित इन्द्रशक्ति का उल्लेख करते हुए ही कहते हैं कि उस प्रभु की महा-महिमा से शतं-सैकड़ों श्वेतासः-शुभ्र उज्ज्वल प्रकाश से देदीप्यमान उक्षणः-पृथ्वी पर जलसेचन के करानेवाले सूर्य दिवि-द्युलोक में तारः न-तारों के समान रोचन्ते-चमकते हैं। इस सूर्य के समान ब्रह्माण्ड में कितने ही सूर्य हैं। (२) ये सूर्य दिवं न-द्युलोक के समान सब लोकों को तस्तभुः-आकर्षण के द्वारा थामते हैं-इन लोकों का ये सूर्य ही धारण करते हैं।

भावार्थ-ब्रह्माण्ड में अनेक सूर्य हैं। ये सूर्य अपने चारों ओर के लोकों का धारण करते हैं।

ऋषिः—कृशः काण्वः॥ देवता—प्रस्कण्वस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

सृष्टि की विविधता

शतं वेणूञ्छतं शुनः शतं चर्माणि म्लातानि।
शतं मे बल्बजस्तुका अरुषीणां चतुःशतम्॥ ३॥

(१) गतमन्त्र में सैकड़ों सूर्यों का उल्लेख था। इस सूर्य की किरणें ही **शतं वेणून्**-सैकड़ों वेणुओं को धारण करती हैं। वेणु यहाँ वनस्पति का प्रतीक है—वनस्पति मात्र को ये सूर्य किरणें ही धारण करती हैं। **शतं शुनः**-सैकड़ों कुत्तों को ये धारण करती हैं। 'श्वा' शब्द यहाँ पशुओं का प्रतीक हैं। **शतं**-सैकड़ों प्रकार के **म्लातानि**-कमाये हुए **चर्माणि**-चमड़े इन सूर्यकिरणों द्वारा ही प्राप्त कराये जाते हैं। प्रत्येक पशु का चर्म अलग-अलग ही प्रकार का है। (२) प्रभु ने **मे**-मेरे लिए **शतं**-सैकड़ों **बल्बजस्तुका**-तृणों के गुच्छों का निर्माण किया है। **अरुषीणां चतुःशतम्**-आरोचमान ज्वालाओं के भी चार सौ भेद हैं। ज्वालाएँ भी भिन्न-भिन्न प्रकार की हैं।

भावार्थ—प्रभु ने हमारे उपयोग के लिए इस विविध सृष्टि का निर्माण किया है। नाना प्रकार की वनस्पतियाँ, नाना पशु, तथा नाना प्रकार के चमड़े व तृणगुच्छ तथा नाना प्रकार की ज्वालाएँ प्रभु द्वारा निर्मित्त हुई हैं।

ऋषिः—कृशः काण्वः॥ देवता—प्रस्कण्वस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सुदेव व काण्वायन

सुदेवाः स्थ काण्वायना वयोवयो विचरन्तः। अश्वासो न चङ्क्रमत॥ ४॥

(१) हे जीवो! तुम **सुदेवाः स्थ**-उत्तम माता-पिता व आचार्यरूप देवों को प्राप्त हुए हो, अतएव **काण्वायनाः**-अतिशयेन मेधावी बने हो। **वयः वयः**-आयुष्य के पहले प्रयाण से दूसरे प्रयाण में, दूसरे से तीसरे में तथा तीसरे से चौथे प्रयाण में **विचरन्तः**-विचरण करते हुए होओ। ब्रह्मचर्य से गृहस्थ में, गृहस्थ से वानप्रस्थ में और वहाँ से संन्यास में। (२) इस प्रकार **अश्वासः न**-अश्वों की तरह **चङ्क्रमत**-खूब ही गतिवाले होओ और आगे और आगे बढ़ते हुए लक्ष्य पर पहुँचनेवाले बनो।

भावार्थ—उत्तम माता, पिता व आचार्यों को पाकर हम ज्ञानी बनें। जीवन के प्रयाणों में घोड़ों के समान आगे और आगे बढ़ते हुए हम लक्ष्य स्थान पर पहुँचें।

ऋषिः—कृशः काण्वः॥ देवता—प्रस्कण्वस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

'साप्त अनून' प्रभु

आदित्साप्तस्य चर्किरन्नानूनस्य महि श्रवः।
श्यावीरतिध्वसन्पथश्चक्षुषा चन संनशे॥ ५॥

(१) गतमन्त्र में वूणत (सुदेव काण्वायन) **आत् इत्**-अब शीघ्र ही **साप्तस्य**-(सप्) उस पूजनीय व सर्वत्र प्राप्त **आ अनूनस्य**-सब प्रकार से कमियों से रहित उस पूर्ण प्रभु के **महि श्रवः**-महान् यश को **चर्किरन्**-करते हैं। (२) उस प्रभु का यशोगान करते हुए ये व्यक्ति **श्यावीः पथः**-कुकर्म मार्गों को-राजस व तामस मार्गों को **अतिध्वसन्**-नष्ट करते हैं। सदा सात्त्विक मार्गों का ही आक्रमण करते हैं। यह प्रभु का यशोगान करता हुआ सात्त्विक मार्ग से चलनेवाला व्यक्ति **चक्षुषा चन**-आँख से भी **सनशे**-उस प्रभु को प्राप्त करता है—अर्थात् आँख

से सर्वत्र उस प्रभु की महिमा को देखता है।

भावार्थ–हम उस सर्वत्र प्राप्त अन्यून प्रभु का गायन करें। सात्त्विक मार्गों से चलते हुए प्रभु की महिमा को सर्वत्र देखें।

सात्त्विक मार्ग से चलनेवाला यह व्यक्ति धन की आसक्ति से ऊपर उठा होने के कारण धन का वर्षण करता हुआ सबका धारण करनेवाला बनता है सो 'पृषध्र' है। समझदार होने से यह 'काण्व' है। यह दान की महिमा का वर्णन करता हुआ कहता है–

५६. [षट्पञ्चाशं सूक्तम्]

ऋषिः—पृषध्रः काण्वः॥ देवता—प्रस्कण्वस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अक्षयं राधः, शवः

प्रति ते दस्यवे वृक राधो अदर्श्यक्षयम्। द्यौर्न प्रथिना शवः॥ १॥

(१) हे **दस्यवे वृक**–दास्यव वृत्तियों के लिए वृक के समान–दास्यववृत्तिरूप भेड़ों को समाप्त करनेवाले भेड़िये के समान प्रभो! **ते**–आपका **राधः**–ऐश्वर्य **प्रति अदर्शि**–प्रत्येक स्थान में दृष्टिगोचर होता है, जो **अक्षयम्**–अक्षीण हैं। आपका ऐश्वर्य कभी क्षीण नहीं होता। (२) आपका **शवः**–बल भी **प्रथिना**–विस्तार के दृष्टिकोण से **द्यौः न**–आकाश के समान है। प्रभु की शक्ति का प्रकाश सर्वत्र है।

भावार्थ–प्रभु का ऐश्वर्य अक्षीण है, शक्ति अनन्त है। उपासक के लिए भी प्रभु अक्षय धन व बल प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—पृषधः काण्वः॥ देवता—प्रस्कण्वस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वेदज्ञान की महिमा

दश मह्यं पौतक्रतः सहस्रा दस्यवे वृकः। नित्याद्रायो अमंहत॥ २॥

(१) **पौतक्रतः**–पवित्र ज्ञान व पवित्र कर्मोंवाला, **दस्यवे वृकः**–दास्यव वृत्तियों के लिए भेड़िये के समान वह प्रभु **मह्यं**–मेरे लिए **नित्यात्**–इस नित्य (सनातन) वेदज्ञान के द्वारा **सहस्राः**–आनन्दयुक्त **दश**–दस इन्द्रियों व प्राणों को **अमंहत**–देते हैं। (२) इस वेदज्ञान के द्वारा ही वे प्रभु **सहस्रा रायः**–आनन्द के साधक धनों को प्राप्त कराते हैं। इस धन के द्वारा हम भी पवित्र ज्ञान व पवित्र कर्मों को सिद्ध करते हुए 'पौतक्रत' बनते हैं। वेदज्ञान हमें भी 'दस्यवे वृक' बनाता है।

भावार्थ–प्रभु वेदज्ञान द्वारा हमें प्रसन्न इन्द्रियों व आनन्दप्रद धनों को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—पृषध्रः काण्वः॥ देवता—प्रस्कण्वस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गर्दभ+ऊर्णावती

शतं मे गर्दभानां शतमूर्णावतीनाम्। शतं दासाँ अति स्रजः॥ ३॥

(१) गतमन्त्र में वर्णित वेदज्ञान के द्वारा प्रभु **मे**–मेरे लिए **शतं**–शतवर्ष पर्यन्त ठीक रहनेवाली **गर्दभानां**–कार्यभार को गधे के समान उठानेवाली कर्मेन्द्रियों को तथा **शतं**–शतवर्ष पर्यन्त अपना कार्य ठीक से करनेवाली **ऊर्णावतीनाम्**–(ऊर्णु आच्छादने) हमें पापों से आच्छादित करनेवाली–बचानेवाली ज्ञानेन्द्रियों को **अतिस्रजः**–देते हैं। (२) इसप्रकार उत्तम कर्मेन्द्रियों व उत्तम ज्ञानेन्द्रियों को देकर प्रभु हमारे लिए **शतं**–शतवर्षपर्यन्त **दासान्**–(दसु उपक्षये) वासनाविनाशों को प्राप्त कराते

हैं।

भावार्थ–वेदज्ञान के द्वारा प्रभु हमारी कर्मेन्द्रियों व ज्ञानेन्द्रियों को प्रशस्त बनाते हैं और वासनाओं का विनाश करते हैं।

ऋषिः—पृषध्रः काण्वः॥ देवता—प्रस्कण्वस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पूतक्रता के लिए भी व्यक्ता

तत्रो अपि प्राणीयत पूतक्रतायै व्यक्ता। अश्वानामिन्न यूथ्याम्॥ ४॥

(१) **तत्र**=वहाँ इस मानवजीवन में **पूतक्रतायै**=पवित्र ज्ञान व कर्मोंवाली इस स्त्री के लिए **अपि**=भी **उ**=निश्चय से **व्यक्ता**=सब पदार्थों के प्रकाशवाली–सब सत्य विद्याओं के प्रकाशवाली–यह वेदवाणी **प्राणीयत**=प्राप्त कराई जाती है। (२) उसीप्रकार यह वेदवाणी पूतक्रता के लिए प्राप्त कराई जाती है **न**=जैसे **इत्**=निश्चय से **अश्वानाम् यूथ्याम्**=इन्द्रियाश्वों का समूह। स्त्री को भी कमेन्द्रियाँ व ज्ञानेन्द्रियाँ प्राप्त कराई जाती हैं। इसी प्रकार उसे वेदज्ञान भी दिया जाता है।

भावार्थः–पवित्र ज्ञान व कर्मोंवाली स्त्रियाँ भी इन्द्रियाश्वों के समूह की तरह इस वेदज्ञान को प्राप्त करती हैं। 'उन्हें वेद पढ़ने का अधिकार न हो' यह बात नहीं है।

ऋषिः—पृषध्रः काण्वः॥ देवता—अग्निसूर्यौ॥ छन्दः—निचृत् पं-॥ स्वरः—पञ्चमः॥

हव्यवाट्-सुमन्रथः

अचेत्यग्निश्चिकितुर्हव्यवाट् स सुमन्रथः।
अग्निः शुक्रेण शोचिषा बृहत्सूरो अरोचत दिवि सूर्यो अरोचत॥ ५॥

(१) गतमन्त्र के अनुसार वेदवाणी को प्राप्त करनेवाला **अचेति**=चेतनावाला होता है। यह **अग्निः**=प्रगतिशील व्यक्ति **चिकितुः**=ज्ञानी बनता है, **हव्यवाट्**=हव्य का वहन करनेवाला अर्थात् यज्ञशील होता है। **सः**=वह **सुमन्रथः**=प्रशस्त शरीररूप रथवाला होता है। वह **अग्निः**=प्रगतिशील व्यक्ति **शुक्रेण शोचिषाः**=देदीप्यमान ज्ञानज्योति से **बृहत्**=खूब **अरोचत**=चमकता है। (२) **सूरः**=यह सूर्य के समान होता है। इसके **दिवि**=मस्तिष्करूप द्युलोक में **सूर्यः**=ज्ञान का सूर्य **अरोचतः**=चमक उठता है।

भावार्थ–वेदवाणी के अध्ययन से हम चेतनावाले होकर हव्य का ही सेवन करते हैं। उत्तम शरीररूप रथवाले बनकर देदीप्यमान ज्ञानज्योति से सूर्य की तरह चमक उठते हैं।

ज्ञान से अपने जीवन को पवित्र करनेवला वह व्यक्ति 'मेध्य' नामवाला होता है–ज्ञानज्योति से चमकनेवाला 'काण्व' बनता है। यह प्राणापान की साधना करता हुआ 'अश्विनौ' का आराधन करता हुआ कहता है–

५७. [सप्तपञ्चाशं सूक्तम्]

ऋषिः—मेध्यः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

क्रतुना-शचीभिः

युवं देवा क्रतुना पूर्व्येण युक्ता रथेन तविषं यजत्रा।
आगच्छतं नासत्या शचीभिरिदं तृतीयं सवनं पिबाथः॥ १॥

(१) हे **देवा**=रोगों व वासनाओं को जीतने की कामनावाले (दिव् विजिगीषायां) **यजत्रा**=संगतिकरण द्वारा रक्षण करनेवाले अथवा पूजा के योग्य **नासत्या**=सब असत्यों को दूर करनेवाले

प्राणापानो! युवं=आप क्रतुना=प्रज्ञान व शक्ति के साथ तथा पूर्व्येण=पालन व पूरण करनेवालों में उत्तम रथेन=शरीररथ के साथ तविषं=बलपूर्वक आगच्छतम्=हमें प्राप्त होओ। (२) हे प्राणापानो! आप शचीभिः=शक्तियों के हेतु से इदं तृतीयं सवनं=इस तृतीय सवन को भी पिबाथः=सोम का पान करनेवाला बनाओ। जीवन के प्रथम २४ वर्ष प्रातः सवन हैं, अगले ४४ वर्ष माध्यन्दिनसवन हैं और अन्तिम ४८ वर्ष तृतीय सवन हैं। प्राणसाधना द्वारा सोम का रक्षण करते हुए हम इस तृतीय सवन को भी सबल बनाएँ।

भावार्थ—प्राणायाम द्वारा अश्विनी देवों का आराधन हमारे जीवन को शक्तिशाली बनाता है। इससे हम जीवन के तृतीय सवन में भी सबल बने रहते हैं।

ऋषिः—मेध्यः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

देवों व महादेव का दर्शन

युवां देवास्त्रय एकादशासः सत्याः सत्यस्य ददृशे पुरस्तात्।
अस्माकं यज्ञं सवनं जुषाणा पातं सोममश्विना दीद्यग्नी॥ २॥

(१) हे अश्विना=प्राणापानो! युवां=आप दोनों को त्रयः एकादशासः=तीन गुणा ग्यारह, अर्थात् तैंतीस सत्याः देवाः=सत्य देव सत्यस्य पुरस्तात्=उस सत्यस्वरूप प्रभु से पूर्व ददृशे=देखते हैं। प्राणसाधना के होने पर जीवन में पहले ३३ देवों का प्रकाश होता है और तदनन्तर प्रभु की ज्योति का दर्शन होता है। प्राणसाधना हमारे जीवन में दिव्यगुणों का वर्धन करती हुई हमें प्रभु को समीप प्राप्त कराती है। (२) हे प्राणापानो! आप अस्माकं=हमारे यज्ञं सवनं=यज्ञमय प्रातः सवन, माध्यन्दिन सवन व तृतीय सवन का जुषाणा=सेवन करते हुए सोमं पातं=सोम का रक्षण करो और इस प्रकार दीद्यग्नी=देदीप्यमान ज्ञानाग्निवाले होओ।

भावार्थ—प्राणसाधना से दिव्यभावों का वर्धन होकर अन्ततः प्रभु का दर्शन होता है। सोम का रक्षण होकर ज्ञानाग्नि का दीपन होता है।

ऋषिः—मेध्यः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'शरीर, मन व बुद्धि' का शक्ति सम्पन्न होना

पनाय्यं तदश्विना कृतं वां वृषभो दिवो रजसः पृथिव्याः।
सहस्रं शंसा उत ये गविष्टौ सर्वाँ इत्ताँ उप याता पिबध्यै॥ ३॥

(१) हे अश्विना=प्राणापानो! वां=आपका तत्=वह कृतं=कर्म पनाय्यं=स्तुत्य है, जो दिवः=मस्तिष्करूप द्युलोक का, रजसः=हृदयरूप अन्तरिक्षलोक का तथा पृथिव्याः=शरीररूप पृथिवीलोक का वृषभः=शक्ति का सेचन करनेवाला है। प्राणापान शरीर में सोम की ऊर्ध्वगति का कारण बनते हैं। इस सुरक्षित सोम के द्वारा वे 'शरीर, हृदय व मस्तिष्क' तीनों को शक्तिसम्पन्न बनाते हैं। (२) उत=और पिबध्यै=सोमपान के लिए ये=जो गविष्टौ=ज्ञानयज्ञों में सहस्रं=सहस्रों शंसा=ज्ञान की वाणियों के उच्चारण हैं, तान् सर्वान्=उन सबको उपयात=समीपता से प्राप्त होओ। ज्ञान की वाणियों के अध्ययन से वासनाओं की ओर झुकाव नहीं रहता और इसप्रकार सोम रक्षण सम्भव होता है। सो प्राणायाम के अभ्यासी को चाहिए कि अतिरिक्त समय को सदा स्वाध्याय में व्यतीत करे।

भावार्थ—प्राणसाधना से 'शरीर, मन व बुद्धि' तीनों ही सशक्त बनते हैं। सोमरक्षण के लिए यह भी आवश्यक है कि मनुष्य अतिरिक्त समय का यापन स्वाध्याय में करे।

ऋषिः—मेध्यः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—पादनिचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

मधुमान् सोम का पान

अयं वां भागो निहितो यजत्रेमा गिरो नासत्योप यातम्।
पिबतं सोमं मधुमन्तमस्मे प्र दाश्वांसमवतं शचीभिः॥ ४॥

(१) यजत्रा=संगतिकरण द्वारा त्राण करनेवाले प्राणापानो! अयं=यह वां=आपका भागः=भाग निहितः=स्थापित हुआ है। यह सोम आपका ही भाग है, आपको इसका सेवन करना है। हे नासत्या=असत्य से रहित प्राणापानो। इमाः गिरः=इन ज्ञान की वाणियों को उपयातम्=समीपता से प्राप्त होओ। प्राणसाधना से सोमरक्षण द्वारा बुद्धि की तीव्रता होकर इन ज्ञान की वाणियों का ग्रहण होता है। (२) हे प्राणापानो! आप अस्मे=हमारे लिए मधुमन्तं सोमं=जीवन को अतिशयेन मधुर बनानेवाले सोम का पिबतं=पान करो। दाश्वांसम्=आपके प्रति अपना अर्पण करनेवाले को शचीभिः=प्रज्ञानों व कर्मों के द्वारा प्र अवतम्=प्रकर्षेण रक्षित करो।

भावार्थ—प्राणापान सोम का रक्षण करते हैं, ज्ञान की वाणियों को प्राप्त होते हैं, सोमपान द्वारा प्रज्ञानों व कर्मों का रक्षण करते हैं।

इस प्राणसाधना से होनेवाले सोमरक्षण से सब दिव्यगुणों का विकास होता है। सो अगले सूक्त का देवता 'विश्वेदेवाः' है—

५८. [अष्टपञ्चाशं सूक्तम्]

ऋषिः—मेध्यः काण्वः॥ देवता—विश्वेदेवा ऋत्विजो वा॥ छन्दः—भुरिक्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

अनूचान, ब्राह्मण युक्त

यमृत्विजो बहुधा कल्पयन्तः सचेतसो यज्ञमिमं वहन्ति।
यो अनूचानो ब्राह्मणो युक्त आसीत्का स्वित्तत्र यजमानस्य संवित्॥ १॥

(१) ऋत्विजः=ऋत्विज् लोग यं=जिसको बहुधा=अनेक प्रकार से कल्पयन्तः=कल्पना का विषय बनाते हैं, सचेतसः=ज्ञानी पुरुष इमं यज्ञं=इस यज्ञ को वहन्ति=धारण करते हैं। ज्ञानी पुरुषों का जीवन यज्ञमय ही होता है। (२) यः=जो अनूचानः=ज्ञान का प्रवचन करनेवाला ब्राह्मणः=ब्रह्मवेत्ता पुरुष युक्तः=योगयुक्त आसीत्=होता है। तत्र=उस योग को करने पर यजमानस्य=इस यज्ञशील उपासक की संवित्=अनुभूति स्वित्=निश्चय से का=आनन्दमयी होती है।

भावार्थ—ज्ञानी पुरुष यज्ञशील होते हैं। ये ज्ञानी=ब्रह्मवेत्ता=योगी पुरुष एक अद्भुत आनन्द की अनुभूति को प्राप्त करते हैं।

ऋषिः—मेध्यः काण्वः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

प्रभु की अद्भुत महिमा

एक एवाग्निर्बहुधा समिद्ध एकः सूर्यो विश्वमनु प्रभूतः।
एकैवोषाः सर्वमिदं वि भात्येकं वा इदं वि बभूव सर्वम्॥ २॥

(१) एक एव अग्निः=एक ही अग्नि बहुधा समिद्धः=' गार्हपत्य, आहवनीय व दक्षिणाग्नि' आदि रूप से दीप्त होता है। एकः सूर्यः=एक ही सूर्य विश्वम् अनु प्रभूतः=सम्पूर्ण संसार के

प्रति प्रभाववाला होता है। **एकः एव उषाः**-एक ही उषा **इदं सर्वम्**-इस सबको **विभाति**-दीप्त कर देती है-प्रकाशमय करनेवाली होती है। **एकं वा**-वह एक ही सत् पदार्थ **इदं सर्वम्**-यह सब कुछ **विबभूव**-हो जाता है। एक ही प्रकृति कितने ही रूपों में विकृति को धारण करती है।

(२) अग्नि के विविध रूपों का विचार करें तो उस अग्नि में ही प्रभु की महिमा दृष्टिगोचर होने लगती है। यह अग्नि ऑक्सीजन व हाईड्रोजन को मिलाकर पानी बना देती है और वही कालान्तर में उस जल को फाड़कर फिर गैसों का रूप दे देती है। सूर्य का विचार करें तो वहाँ भी प्रभु की अद्भुत महिमा दिखती है। कितनी दूरी तक इस सूर्याग्नि का संताप व प्रकाश पहुँचता है? उषा का अपना ही कुछ अद्भुत महत्त्व है। एक प्रकृति से कितने विविध पदार्थ बने जाते हैं? यह सब विचार हमें उस प्रभु की महिमा का स्मरण कराता है।

भावार्थ-एक ही अग्नि विविध कार्यों को करती हुई नानारूप धारण करती है। एक ही सूर्य विश्व को किस प्रकार प्राण व प्रकाश प्राप्त करा रहा है। उषा उदय होती हुई सब अन्धकार को दूर कर देती है। एक ही सत् प्रकृति उस कुशल कारीगर के हाथों सूर्य-चन्द्र आदि विविध रूपों में विकृत हो जाती है।

ऋषिः—मेध्यः काण्वः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'ज्योतिष्मान् त्रिचक्र' रथ

ज्योतिष्मन्तं केतुमन्तं त्रिचक्रं सुखं रथं सुषदं भूरिवारम्।
चित्रामघा यस्य योगेऽधिजज्ञे तं वां हुवे अति रिक्तं पिबध्यै॥ ३॥

(१) **मैं तं रथं**-उस शरीररथ को **वां अति हुवे**-आपसे अश्विनीदेवों से अतिशयेन पुकारता हूँ। प्राणापान से मैं उस रथ की याचना करता हूँ जो **ज्योतिष्मन्तं**-ज्योतिवाला है, **केतुमन्तं**-प्रज्ञानसम्पन्न है। **त्रिचक्रं**-ज्ञान, कर्म व उपासनारूप तीनों चक्रोंवाला है। **सुखं**-(सु खं) उत्तम इन्द्रियाश्वोंवाला है। **सुषदं**-उत्तम गतिवाला है (सद् गतौ) **भूरिवारम्**-बहुतों से वरने योग्य है। (२) **यस्य**-जिस रथ के **योगे**-सम्पर्क में **चित्रा**-अद्भुत **मघा**-ऐश्वर्य **अधिजज्ञे**-उत्पन्न होता है। उस **रिक्तं**-दोषशून्य रथ को **पिबध्यै**-आनन्दरस के पान के लिए आपसे मांगता हूँ।

भावार्थ-प्राणसाधना से यह शरीररथ ज्ञान, कर्म व उपासना से युक्त होकर हमारे लिए सुखकर हो। इस दोषशून्य रथ को हम आनन्दरसपान के लिए प्राप्त करते हैं।

इस शरीररथ का सम्यक् पालन करनेवाला व्यक्ति 'सुपर्ण' है यह 'काण्व'-मेधावी है। यह रथ की उत्तमता के लिए ही 'इन्द्रावरुणौ' की आराधना करता है-जितेन्द्रियता व निर्द्वेषता की। यह कहता है कि-

५९. [एकोनषष्टितमं सूक्तम्]

ऋषिः—सुपर्णः काण्वः॥ देवता—इन्द्रावरुणौ॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

इन्द्रावरुणा

इमानि वां भागधेयानि सिस्रते इन्द्रावरुणा प्र महे सुतेषु वाम्।
यज्ञेयज्ञे हु सवना भुरण्यथो यत्सुन्वते यजमानाय शिक्षथः॥ १॥

(१) हे **इन्द्रावरुणा**-जितेन्द्रियता व निर्द्वेषता के दिव्यभावो! **इमानि**-ये शरीर में उत्पन्न सोमकण **वां**-आपके **भागधेयानि**-भाग होते हुए **प्र सिस्रते**-शरीर के अंग-प्रत्यंगों में गतिवाले

होते हैं। हे इन्द्रावरुण! मैं **सुतेषु**-इन सोमकणों का सम्पादन होने पर **वाम्**-आपको **महे**-पूजता हूँ। जितेन्द्रियता व निर्द्वेषता का पूजन ही इन सोमकणों को शरीर में सुरक्षित करता है। (२) हे इन्द्रावरुण! आप **यज्ञे यज्ञे**-प्रत्येक यज्ञ में **ह**-निश्चय से **सवना**-ऐश्वर्यों का **भुरण्यथः**-भरण करते हो। **यत्**-जब **सुन्वते यजमानाय**-शरीर में सोम का अभिषव करनेवाले यज्ञशील पुरुष के लिए आप **शिक्षथः**-शक्ति को प्राप्त कराने की कामनावाले होते हो।

भावार्थ-हम जितेन्द्रिय व निर्द्वेष बनकर शरीर में सोम का रक्षण करें-इससे यज्ञशील बनकर ऐश्वर्यशाली व प्रभु के पूजक बनें।

ऋषिः—सुपर्णः काण्वः॥ देवता—इन्द्रावरुणौ॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

वानस्पतिक भोजन

निष्विध्वरीरोषधीरापऽआस्तामिन्द्रावरुणा महिमानमाशत।
या सिस्रतुः रजसः पारेऽअध्वनो ययोः शत्रुर्नकिरादेव ओहते॥ २॥

(१) हमारे शरीरों में **ओषधीः आपः**-ओषधियाँ व जल **निःविध्वरीः आस्ताम्**-सब रोगों व वासनाओं का निषेध करनेवाली हों। शुद्ध जल व वानस्पतिक भोजन शरीर को व्याधिशून्य तथा मन को आधिशून्य बनाए। इस शरीर में **इन्द्रावरुणा**-जितेन्द्रियता व निर्द्वेषता के भाव **महिमानम् आशत**-महिमा को त्याप्त करनेवाले हों। जितेन्द्रियता व निर्द्वेषता के कारण हमारा जीवन महिमाशाली हो। (२) वे इन्द्र और वरुण महिमा को व्याप्त करते हैं **या**-जो **रजसः अध्वनः**-इस लोकमार्ग के **पारे**-पार **सिस्रतु**-गतिवाले होते हैं। वस्तुतः इस जीवनयात्रा में हमें जितेन्द्रियता व निर्द्वेषता ही मार्ग के अन्त तक पहुँचानेवाली होती हैं। ये इन्द्र और वरुण वे हैं **योः**-जिनका **शत्रुः**-शत्रु **आत् नकिः**-निश्चय से नहीं ही **ओहते**-प्राप्त होता। जितेन्द्रियता व निर्द्वेषता हमें सब शत्रुओं से रहित करके जीवनयात्रा को पूर्ण करने में सहायक होती हैं।

भावार्थ-हम वानस्पतिक भोजन व शुद्ध जल को अपना खान-पान बनाकर जितेन्द्रिय व निर्द्वेष बनें और जीवनयात्रा को निर्विघ्न पूर्ण कर सकें।

ऋषिः—सुपर्णः काण्वः॥ देवता—इन्द्रावरुणौ॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

सत्यं तदिन्द्रावरुणा कृशस्य वां मध्व ऊर्मिं दुहते सप्त वाणीः।
ताभिर्दाश्वांसमवतं शुभस्पती यो वामदब्धो अभि पाति चित्तिभिः॥ ३॥

(१) हे **इन्द्रावरुणा**-जितेन्द्रियता व निर्द्वेषता के भावो! **सत्यं तत्**-वह सत्य है कि **वां**-आपके **कृशस्य**-तपःकृश व्यक्ति के जीवन में **सप्त वाणीः**-सात छन्दोमयी सात वेदवाणियाँ **मध्वः ऊर्मिं**-सोम की तरंग को अथवा सोमरक्षणजनित उल्लास को **दुहते**-पूरित करती हैं। जो व्यक्ति जितेन्द्रियता व निर्द्वेषता की साधना करता है वह तपःकृश बनता है। यह वेदवाणियों का स्वाध्याय करता हुआ सोम का रक्षण करता है और सोमरक्षणजनित उल्लास को प्राप्त करता है। (२) हे **शुभस्पती**-शुभ कल्याणमार्ग के पालक इन्द्र और वरुण! आप **ताभिः**-उन वेदवाणियों के द्वारा उस **दाश्वांसं**-आपके प्रति अपना अर्पण करनेवाले पुरुष को **अवतम्**-रक्षित करो। उस दाश्वान् को, **यः**-जो **अदब्धः**-वासनाओं से हिंसित न होता हुआ **चित्तिभिः**-ज्ञानों के द्वारा **वाम्**-आपका-जितेन्द्रियता व निर्द्वेषता का **अभिपति**-रक्षण करता है।

भावार्थ-हम जितेन्द्रियता व निर्द्वेषता की साधना करते हुए तपःकृश बनें। स्वाध्याय करते हुए हम सोम का रक्षण करें।

ऋषिः—सुपर्णः काण्वः॥ देवता—इन्द्रावरुणौ॥ छन्दः—विराड् जगती॥ स्वरः—निषादः॥

वेदवाणियाँ (सप्त स्वसारः)

घृतप्रुषः सौम्या जीरदानवः सप्त स्वसारः सदन ऋतस्य।
या ह वामिन्द्रावरुणा घृतश्चुतस्ताभिर्धत्तं यजमानाय शिक्षतम्॥ ४॥

(१) हे इन्द्रावरुणा=जितेन्द्रिया व निर्द्वेषता के भावो! याः=जो ह=निश्चय से वाम्=आपकी सप्त=सात छन्दोमयी वेदवाणियाँ स्वसारः=(स्व+सृ) आत्मतत्व की ओर ले=चलनेवाली हैं, वे वाणियाँ घृतप्रुषः=ज्ञानदीप्ति से सिक्त करनेवाली हैं, सौम्याः=हमें सौम्य स्वभाव का बनानेवाली हैं और जीरदानवः=जीवन प्रदान करनेवाली हैं। ये वाणियाँ हमारे जीवनों में घृतश्चुतः=ज्योति को क्षरित करनेवाली हैं। (२) ताभिः=उन वाणियों के द्वारा ऋतस्य सदने=सत्य के निवास स्थान प्रभु में धत्तम्=हमें स्थापित करिये। हे इन्द्रावरुणा! आप यजमानाय=यज्ञशील पुरुष के लिए शिक्षतम्=शिक्षा को देनेवाले होइये अथवा इस यजमान को शक्तिशाली बनाने की कामना कीजिए।

भावार्थ=वेदवाणियाँ ज्ञानदीप्ति से हमें व्याप्त करनेवाली, हमें सौम्य व दीर्घजीवी बनानेवाली हैं। ये हमें आत्मतत्व की ओर ले=चलती हैं। जितेन्द्रियता व निर्द्वेषता के भाव हमें इन वेदवाणियों के द्वारा प्रभु के समीप प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—सुपर्णः काण्वः॥ देवता—इन्द्रावरुणौ॥ छन्दः—विराड् जगती॥ स्वरः—निषादः॥

'शुभस्पती' इन्द्रावरुणा

अवोचाम महते सौभगाय सत्यं त्वेषाभ्यां महिमानमिन्द्रियम्।
अस्मान्त्सु वृत्रावरुणा घृतश्चुतस्त्रिभिः साप्तेभिरवतं शुभस्पती॥ ५॥

(१) हम महते सौभगाय=महान् सौभाग्य की प्राप्ति के लिए त्वेषाभ्यां=दीप्त इन्द्र और वरुण के लिए=जितेन्द्रियता व निर्द्वेषता के भावों के लिए सत्यं महिमानं=सच्ची सत्य महिमा को तथा इन्द्रियं=इनके बल को अवोचाम=स्तुतिरूप में कहते हैं। इन्द्र और वरुण के महत्त्व व बल को समझते हुए इनका धारण करते हैं और परिणामतः महान् सौभाग्यवाले होते हैं। (२) हे इन्द्रावरुणा=जितेन्द्रियता व निर्द्वेषता के भावो! घृतश्चुतः=अपने में ज्ञानदीप्ति को क्षरित करनेवाले अस्मान्=हम लोगों को आप त्रिभिः=आध्यात्मिक, आधिभौतिक व आधिदैविक रूप से तीन प्रकार के अर्थोंवाली साप्तेभिः=सप्त छन्दोमयी वेदवाणियों के द्वारा अवतम्=रक्षित करो। आप ही तो शुभस्पती=सब शुभ बातों का रक्षण करनेवाले हो।

भावार्थ=जितेन्द्रियता व निर्द्वेषता के महत्त्व को हम समझें। ये दिव्यभाव ही हमारे अन्दर सब शुभ बातों का रक्षण करेंगे।

ऋषिः—सुपर्णः काण्वः॥ देवता—इन्द्रावरुणौ॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

तप से ज्ञान व उत्कृष्ट लोकों की प्राप्ति

इन्द्रावरुणा यदृषिभ्यो मनीषां वाचो मतिं श्रुतमदत्तमग्रे।
यानि स्थानान्यसृजन्त धीरा युवं तन्वानास्तपसाभ्यपश्यम्॥ ६॥

(१) हे इन्द्रावरुणा=जितेन्द्रियता व निर्द्वेषता के दिव्यभावो! आप यत्=जिस मनीषां=बुद्धि को वाचा=ज्ञान की वाणियों को, मतिं=मननशक्ति को तथा श्रुतं=शास्त्रज्ञान को ऋषिभ्यः='अग्नि, वायु, आदित्य व अङ्गिरा' आदि ऋषियों के लिए अग्रे=सृष्टि के प्रारम्भ में अदत्तम्=देते हो। मैं

भी तपसा=तप के द्वारा अपश्यम्=उन ज्ञानों का द्रष्टा बनूँ। (२) यज्ञं तन्वानाः=यज्ञों का विस्तार करते हुए धीराः=बुद्धि में रमण करनेवाले ज्ञानी पुरुष यानि स्थानानि=जिन उत्तम लोकों को असृजन्त=सृष्ट करते हैं-प्राप्त करते हैं, मैं भी तप के द्वारा उन लोकों को प्राप्त करनेवाला बनूँ।

भावार्थ-तप के द्वारा मैं ज्ञान को प्राप्त करूँ। यह तप मुझे उत्कृष्ट लोकों को प्राप्त करानेवाला हो।

ऋषिः—सुपर्णः काण्वः॥ देवता—इन्द्रावरुणौ॥ छन्दः—विराड् जगती॥ स्वरः—निषादः॥

सौमनसम्, अदृप्तं रायस्पोषम्

इन्द्रावरुणा सौमनसमदृप्तं रायस्पोषं यजमानेषु धत्तम्।
प्रजां पुष्टिं भूतिमस्मासु धत्तं दीर्घायुत्वाय प्र तिरतं न आयुः॥७॥

(१) हे इन्द्रावरुणा-जितेन्द्रियता व निर्द्वेषता के दिव्यभावो! यजमानेषु-यज्ञशील पुरुषों में सौमनसं-उत्तम मन को और अदृप्तं-गर्व से शून्य रायस्पोषं-धन के पोषण को धत्तम्-धारण कीजिए। इन्द्र और वरुण की कृपा से हम यज्ञशील बनकर उत्तम मनवाले व विनीततायुक्त श्री वाले बनें। (२) हे इन्द्रावरुणा! आप प्रजां-उत्तम सन्तान को, पुष्टिं-शरीर की दृढ़ता को और भूतिम्-ऐश्वर्य को अस्मासु धत्तम्-हमारे में धारण करिये और दीर्घायुत्वाय-दीर्घजीवन के लिए नः आयुः=हमारी आयु को प्रतिरतं-बढ़ाइए।

भावार्थ-जितेन्द्रियता व निर्द्वेषता के द्वारा हम उत्तम मन, गर्वशून्य धन, प्रजा, पुष्टि व ऐश्वर्य को प्राप्त करें व दीर्घजीवी बनें।

इन्द्र व वरुण की आराधना से यह उपासक तेजस्वी बनता है, सो 'भर्गः' नामवाला होता है। प्रभु के गुणों का गायन करने से यह 'प्रागाथ' है। यह 'अग्नि' नाम से प्रभु का आराधन करता है -

इति बालखिल्यं समाप्तम्॥

६०. [षष्टितमं सूक्तम्]

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

अग्नियों के साथ 'अग्नि'

अग्न आ याह्यग्निभिर्होतारं त्वा वृणीमहे।
आ त्वामनक्तु प्रयता हविष्मती यजिष्ठं बर्हिरासदे॥१॥

(१) हे अग्ने-अग्रणी प्रभो! आप अग्निभिः-उत्तम मातारूप दक्षिणाग्नि, उत्तम पितारूप गार्हपत्य अग्नि तथा उत्तम आचार्यरूप आहवनीय अग्नि के साथ आयाहि-हमें प्राप्त होइये। होतारं-सब कुछ देनेवाले त्वा-आपको वृणीमहे-वरते हैं। आपकी प्राप्ति से सब कुछ प्राप्त हो ही जाता है। (२) यजिष्ठं-अतिशयेन पूजनीय त्वाम्-तुझे बर्हिः आसदे-हमारे हृदयासन पर बिठाने के लिए हविष्मती=हवि से युक्त यह प्रयता-पवित्र वेदवाणी अनक्तु-हमारे जीवनों में प्राप्त कराए। 'यज्ञ व ज्ञान' हमें प्रभु के समीप प्राप्त करानेवाले हों।

भावार्थ-उत्तम माता-पिता व आचार्य को प्राप्त करके ज्ञान को प्राप्त करते हुए हम प्रभु के समीप पहुँचते हैं। यज्ञों से युक्त पवित्र वेदवाणी हमें प्रभु की समीपता में प्राप्त कराती है।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—आर्चीस्वराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

ऊर्जो नपातं-घृतकेशम्(ईमहे)

अच्छा हि त्वा सहसः सूनो अङ्गिरः स्रुचश्चरन्त्यध्वरे।
ऊर्जो नपातं घृतकेशमीमहेऽग्निं यज्ञेषु पूर्व्यम्॥ २॥

(१) हे **सहसः सूनो**-बल के पुञ्ज प्रभो! हे **अंगिरः**-सर्वत्र गतिवाले प्रभो! इस **अध्वरे**-जीवनयज्ञ में **स्रुचः**-(वाग् वै स्रुक् श० ६, ३.१.८) ज्ञान की वाणियाँ **हि**-निश्चय **त्वा अच्छा**-आपकी ओर **चरन्ति**-गतिवाली होती हैं। ये ज्ञान की वाणियाँ हमें आपके समीप प्राप्त कराती हैं। (२) हम **यज्ञेषु**-यज्ञों में उस प्रभु को **ईमहे**-आराधित करते हैं-स्तुत करते हैं। जो **ऊर्जः न पातं**-शक्ति को न गिरने देनेवाले हैं। **घृतकेशं**-दीप्त ज्ञान की रश्मियोंवाले हैं। **अग्निं**-अग्रणी है और **पूर्व्यम्**-पालन व पूरण करनेवालों में उत्तम हैं।

भावार्थ-इस जीवनयज्ञ में हम ज्ञान को प्राप्त करते हुए प्रभु का उपासन करें। प्रभु हमें शक्ति प्राप्त कराएँगे और ज्ञानदीप्ति को देंगे।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'कवि व मेधा' प्रभु

अग्ने कविर्वेधा असि होता पावक यक्ष्यः।
मन्द्रो यजिष्ठो अध्वरेष्वीड्यो विप्रेभिः शुक्र मन्मभिः॥ ३॥

(१) हे **अग्ने**-अग्रणी प्रभो! आप **कविः**-क्रान्तप्रज्ञ व **वेधाः असि**-विधाता-कर्मफलानुसार सबको विविध योनियों में जन्म देनेवाले हैं। हे **पावक**-पवित्र करनेवाले प्रभो! आप **होता**-सब कुछ देनेवाले हैं, अतएव **यक्ष्यः**-पूजनीय हैं। (२) आप **मन्द्रः**-आनन्दस्वरूप व **यजिष्ठः**-अतिशयेन पूज्य हैं। **विप्रेभिः**-ज्ञानी पुरुषों के द्वारा **मन्माभिः**-मननीय स्तोत्रों से हे **शुक्र**-देदीप्यमान व पवित्र प्रभो! आप **अध्वरेषु**-यज्ञों में **ईड्यः**-स्तुति के योग्य हैं।

भावार्थ-प्रभु कवि हैं, विधाता हैं। ये प्रभु ही उपासनीय हैं। ज्ञानी पुरुष मननीय स्तोत्रों के द्वारा प्रभु का उपासन करते हैं।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

देवसम्पर्क—सात्विक अन्न—ध्यान

अद्रोघमा वहोशतो यविष्ठ्य देवाँ अजस्र वीतये।
अभि प्रयांसि सुधिता वसो गहि मन्दस्व धीतिभिर्हितः॥ ४॥

(१) हे **यविष्ठ्य**-बुराइयों को हमारे से पृथक् करनेवाले **अजस्रः**-अविनाशिन् प्रभो! **अद्रोघं**-द्रोह की भावना से रहित मुझे **वीतये**-अज्ञानान्धकार के ध्वंस के लिए **उशतः**-हमारे भले की कामनावाले **देवान्**-देवों के प्रति **आवह**-प्राप्त कराइए। इन देवों के सम्पर्क में हमारा अज्ञान दूर हो जाए। (२) हे **वसो**-हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले प्रभो! **सुधिता**-सम्यक् स्थापित किये गये **प्रयांसि**-अन्नों की **अभि**-ओर **गहि**-हमें प्राप्त कराइए। हम इन सात्त्विक अन्नों का ही सेवन करनेवाले बनें। हे प्रभो! **धीतिभिः**-ध्यानवृत्तियों व स्तुतियों के द्वारा **हितः**-हृदय में स्थापित हुए-हुए आप **मन्दस्व**-हमें आनन्दित करिये।

भावार्थ–प्रभु हमें प्रिय विद्वानों के सम्पर्क से निवृत्त अज्ञानान्धकारवाला करें। सात्त्विक अन्नों के सेवन से हमें उत्तम निवासवाला बनाएँ। ध्यान द्वारा हृदय में स्थापित होकर प्रभु हमें आनन्दित करें।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

सप्रथाः ऋतः कविः

त्वमित्सप्रथा अस्यग्ने त्रातर्ऋतस्कविः।
त्वां विप्रासः समिधान दीदिव आ विवासन्ति वेधसः॥५॥

(१) हे त्रातः-रक्षक अग्ने-अग्रणी प्रभो! त्वम् इत्-आप ही सप्रथाः-अतिशयेन विस्तारवाले असि-हैं। ऋतः-सत्यस्वरूप हैं, कविः-क्रान्तदर्शी हैं। (२) हे समिधान-समानरूप से सदा दीप्त दीदिवः-देदीप्यमान प्रभो! वेधसः-उत्तम यज्ञादि कर्मों के करनेवाले विप्रासः-ज्ञानी पुरुष त्वां-आपको आविवासन्ति-पूजते हैं। वस्तुतः प्रभु का पूजन इसी प्रकार होता है कि हम ज्ञान को प्राप्त करें और यज्ञादि उत्तम कर्मों में प्रवृत्त हों।

भावार्थः–प्रभु सर्वत्र व्याप्त-सत्यस्वरूप व क्रान्तदर्शी हैं। उन देदीप्यमान प्रभु का उपासन ज्ञान व यज्ञ द्वारा होता है।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सूरयः शत्रूषाहः स्वग्नयः

शोचा शोचिष्ठ दीदिहि विशे मयो रास्व स्तोत्रे महाँ असि।
देवानां शर्मन्मम सन्तु सूरयः शत्रूषाहः स्वग्नयः॥६॥

(१) हे शोचिष्ठ-अतिशयेन दीप्त होनेवाले प्रभो! आप शोच-दीप्त होइये और दीदिहि-हमें दीप्त करिए। स्तोत्रे विशे-स्तुति करनेवाली प्रजा के लिए मयः रास्व-कल्याण को दीजिए। आप महान् असि-महान् हैं-पूजनीय हैं। (२) देवानां-विद्वानों की शर्मन्-शरण में मम-मेरे पुत्र सूरयः-विद्वान्, शत्रूषाहः- काम-क्रोध आदि शत्रुओं का पराभव करनेवाले व स्वग्नयः-उत्तम यज्ञाग्नियोंवाले सन्तु-हों।

भावार्थ–प्रभु हमें दीप्त करें व हमारे लिए कल्याण प्राप्त कराएँ। प्रभु के अनुग्रह से हमारे सन्तान ज्ञानी गुरुओं के रक्षण में 'ज्ञानी-पवित्र व शुभकर्म करनेवाले' बनें।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

दुर्मन्मा द्रोही का संहार

यथा चिद् वृद्धमतसमग्ने संजूर्वसि क्षमि।
एवा दह मित्रमहो यो अस्मध्रुग्दुर्मन्मा कश्च वेनति॥७॥

(१) हे अग्ने-अग्निदेव! यथा-जिस प्रकार चित्-निश्चय से क्षमि-इस पृथ्वी पर वृद्धम्-बढ़े हुए अतसं-शुष्क काष्ठ को अग्नि संजूर्वसि-सम्यक् दग्ध करता है, एवा-इसी प्रकार हे मित्रमहः-मित्रों से महान् तेजवाले प्रभो! उस व्यक्ति को आप दहः-भस्म कर दीजिए यो कश्च-जो कोई अस्मध्रुग्-हमारा द्रोह करता है और दुर्मन्मा-दुर्मति होता हुआ वेनति (वेन् गतौ)-हमारे पर आक्रमण करता है। (२) औरों का द्रोह करनेवाले व अशुभ चाहनेवाले स्वयं दग्ध हो जाएँ।

भावार्थ–हम किसी के अशुभ का चिन्तन न करें। दुर्मन्मा (दुर्मति) बनकर औरों का द्रोह

न करते रहें। ये द्रोह करनेवाले व्यक्ति प्रभु के प्रिय नहीं होते।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

दुष्टों की अधीनता में नहीं

मा नो मर्ताय रिपवे रक्षस्विने माघशंसाय रीरधः।
अस्रेधद्भिस्तरणिभिर्यविष्ठ्य शिवेभिः पाहि पायुभिः॥ ८॥

(१) हे यविष्ठ्य-सब अशुभों को दूर करनेवाले प्रभो! नः-हमें रिपवे मर्ताय-शत्रुभूत मनुष्य के लिए मा रीरधः- मत वशीभूत करिये। रक्षस्विने-अपने रमण के लिए औरों का क्षय करनेवाले के वशीभूत मत करिये। इसी प्रकार अघशंसाय-पाप का शंसन करनेवाले के लिए मा-मत वशीभूत करिये। (२) अस्रेधद्भिः-अहिंसक, तरणिभिः-तारक, शिवेभिः-कल्याणकर पायुभिः- रक्षणों के द्वारा पाहि-हमारी रक्षण करिये।

भावार्थ-प्रभु हमें शत्रुभूत, राक्षसी प्रवृत्तिवाले, अशुभ के शंसक पुरुष के अधीन न करें। हम अहिंसित, तारक, कल्याणकर रक्षणों के द्वारा रक्षित करें।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

चार वेद

पाहि नो अग्न एकया पाह्युत द्वितीयया।
पाहि गीर्भिस्तिसृभिरूर्जां पते पाहि चतसृभिर्वसो॥ ९॥

(१) हे अग्ने-अग्रणी प्रभो! नः-हमें एकया-ऋचारूप प्रथम (मुख्य) वाणी के द्वारा पाहि-रक्षित करिये। उत-और द्वितीयया-यजूरूप दूसरी वाणी से भी पाहि-रक्षित करिये। (२) हे ऊर्जाम्पते-बलों व प्राणशक्तियों के स्वामिन्! तिसृभिः गीर्भिः-सामरूप तृतीय वाणियों के द्वारा भी पाहि-रक्षण करिये। हे वसो-हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले प्रभो! चतसृभिः-चारों वाणियों के द्वारा पाहि-हमारा रक्षण करिये। (३) ऋचाएँ विज्ञान का शिक्षण करती हैं। यजुर्मन्त्र यज्ञात्मक कर्मों का प्रतिपादन करते हैं। इस विज्ञान व इन यज्ञों से उन्नति होती है। सो यहाँ प्रभु को 'अग्ने' नाम से सम्बोधित किया है। तीसरी सामरूप वाणियों से प्रभुसम्पर्क द्वारा शक्ति का संचार होता है। सो सम्बोधन भी 'ऊर्जाम्पते' है। अथर्व हमें 'वाचस्पति' बनाकर उत्तम निवासवाला बनाता है। सो सम्बोधन भी 'वसो' है।

भावार्थ-ऋग् व यजूरूप वाणियाँ हमारी अग्रगति का कारण बनती हैं। साममन्त्र हमारे में बल व प्राण का संचार करते हैं। चौथे अथर्वमन्त्र, हमें रोगों व युद्धों से ऊपर उठाकर उत्तम निवासवाला बनाते हैं।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

नेदिष्ठ आपि

पाहि विश्वस्माद्रक्षसो अराव्णः प्र स्म वाजेषु नोऽव।
त्वामिद्धि नेदिष्ठं देवतातय आपिं नक्षामहे वृधे॥ १०॥

(१) हे प्रभो! विश्वस्मात्-सब आराव्णः-अदानशीलता आदि रक्षसः-राक्षसी वृत्तियों से पाहि-बचाइए। आप वाजेषु-संग्रामों में नः-हमें प्र अव स्म-निश्चय से रक्षित करिये। (२) त्वाम्-आपको इत् हि-निश्चय से देवतातये-दिव्यगुणों के विस्तार के लिए और वृधे-वृद्धि के

लिए **नेदिष्ठं आपिं**=अन्तिकतम मित्र को **नक्षामहे**=प्राप्त होते हैं। आपको प्राप्त करके ही हम अदानशीलता आदि अशुभ बातों से दूर होकर शुभ गुणों को प्राप्त करेंगे। आपकी उपासना ही हमें संग्राम में विजयी बनाती है। यह आपकी मित्रता ही हमारी वृद्धि का कारण बनती है।

भावार्थ–हम प्रभु को अपना अन्तिकतम मित्र समझें। प्रभु हमें संग्राम में विजयी व दिव्यगुणसम्पन्न बनाएँगे। इस मित्रता से ही हमारी सब प्रकार से वृद्धि होगी।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'वयोवृधं शंस्यम्' रयिम्

आ नो अग्ने वयोवृधं रयिं पावक शंस्यम्।
रास्वा च न उपमाते पुरुस्पृहं सुनीती स्वयशस्तरम्॥ ११॥

(१) **उपमाते**=सब ऐश्वर्यों के देनेवाले **अग्ने**=प्रभो! आप **नः**=हमारे लिए **रयिं**=धन को **आरास्व**=सब ओर से दीजिए। उस धन को जो **वयोवृधम्**=हमारी आयु की वृद्धि का कारण बने **च**=और **शंस्यम्**=प्रशंसनीय हो। (२) हे **पावक**=पवित्र करनेवाले प्रभो! **नः**=हमारे लिए उस धन को दीजिए, जो **पुरुस्पृहं**=बहुत ही स्पृहणीय हो तथा **सुनीति**=शुभनीतिमार्ग से कमाया जाकर **स्वयशस्तरम्**=अपनी कीर्ति को बढ़ानेवाले हो।

भावार्थः–प्रभु का स्मरण करते हुए हम शुभनीतिमार्ग से उस धन का अर्जन करें जो हमारे आयुष्य को बढ़ाए तथा प्रशंसनीय, स्पृहणीय व यशस्वी बनानेवाला हो।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सात्त्विक अन्न से सात्त्विक बुद्धि

येन वंसाम पृतनासु शर्धतस्तरन्तो अर्य आदिशः।
स त्वं नो वर्ध प्रयसा शचीवसो जिन्वा धियो वसुविदः॥ १२॥

(१) गतमन्त्र के अनुसार हमें वह धन दीजिए **येन**=जिससे **पृतनासु**=संग्रामों में **शर्धतः**=हिंसा करनेवाले **अर्यः**=शत्रुओं को तथा **आदिशः**=शस्त्रों के फेंकनेवालों को **तरन्तः**=पार करते हुए **वंसाम**=विजयी बनें अथवा इन शत्रुओ को नष्ट कर सकें। (२) हे **शचीवसो**=प्रज्ञानधन प्रभो! **सः**=वे **त्वं**=आप **नः**=हमें **प्रयसा**=सात्त्विक अन्न के द्वारा **वर्ध**=बढ़ाइए। **वसुविदः**=वसुओं को प्राप्त करानेवाली **धियः**=बुद्धियों को **जिन्व**=हमारे अन्दर प्रेरित करिये। हम सात्त्विक अन्नों के सेवन से शुद्ध बुद्धिवाले बनकर वसुओं को प्राप्त करनेवाले बनें।

भावार्थ–हमें वह धन प्राप्त हो जिससे कि हम शत्रुओं को पराजित कर पाएँ। प्रभु के अनुग्रह से हम सात्त्विक अन्नों का सेवन करते हुए सात्त्विक बुद्धिवाले होकर वसुओं को प्राप्त करें।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

यज्ञाग्नि व रोगकृमिरूप शत्रुविनाश

शिशानो वृषभो यथाग्निः शृङ्गे दविध्वत्।
तिग्मा अस्य हनवो न प्रतिधृषे सुजम्भः सहसो यहुः॥ १३॥

(१) **यथा**–जैसे **शृंगे**–सींगों को **शिशानः**–तीक्ष्ण करता हुआ **वृषभः**–बैल **दविध्वत्**–शत्रुओं को कम्पित करता है, इसी प्रकार **अग्निः**–यज्ञाग्नि रोगकृमिरूप शत्रुओं को अपनी तीक्ष्ण ज्वालाओं से विनष्ट करता है। (२) **अस्य**–इस यज्ञाग्नि की **हनवः**–हनुस्थानीय ज्वालाएँ **तिग्माः**–बड़ी

तीक्ष्ण हैं। न प्रतिधृषे=शत्रुओं से इनका धर्षण नहीं हो सकता। यह अग्नि सुजम्भः=उत्तम दंष्ट्राओंवाला है। सहसः यहुः=बल का पुञ्ज है। यह अग्नि बल का पुञ्ज होता हुआ सब शत्रुओं का विनाश करता है।

भावार्थ—यज्ञाग्नि बल का पुञ्ज हैं। यह ज्वालारूप दंष्ट्राओं से सब रोग कृमिरूप शत्रुओं को विनष्ट करता है।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृत्पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

राष्ट्रयज्ञ का होता राष्ट्रपति

नहि ते अग्ने वृषभ प्रतिधृषे जम्भासो यद्वितिष्ठसे।
स त्वं नो होतः सुहुतं हविष्कृधि वंस्वा नो वार्या पुरु॥ १४॥

(१) हे वृषभ=वर्षक अग्ने=अग्नि! ते=तेरे जम्भासः=दंष्ट्रास्थानीय ज्वालाएँ नहि प्रतिधृषे=धर्षण के लिए नहीं होतीं, यद्=जब तू वितिष्ठसे=रोगकृमिरूप शत्रुओं का सामना करती है। अग्नि की ये ज्वालाएँ शत्रुओं को समाप्त करनेवाली होती हैं। इसी प्रकार एक प्रजा पर सुखों का वर्षण करनेवाले अग्रणी राजा के दंष्ट्रास्थानीय अस्त्र जब शत्रुओं पर आक्रमण करते हैं तो ये धर्षणीय नहीं होते। (२) हे होतः=राष्ट्रयज्ञ के संचालक राजन्! सः त्वं=वह तू नः=हमारे हविः=कर रूप में दिये गये हविरूप धन को सुहुतं कृधि=सम्यक् हुत कर, अर्थात् कररूप में दिये गये धन को तू राष्ट्रयज्ञ में सम्यक् विनियुक्त कर। नः=हमारे लिए पुरु=खूब ही वार्या=वरणीय धन को वंस्व=देनेवाला हो। राजा राष्ट्र की इस प्रकार व्यवस्था करे कि सब प्रजावर्ग उचित धनों को अर्जित कर सकें।

भावार्थ—राष्ट्रपति के शस्त्र शत्रुओं से धर्षणीय न हों। वह कर का सद्विनियोग करे। प्रजा के लिए उचित व्यवस्था के द्वारा धनों को प्राप्त करानेवाला हो।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

यज्ञशील देववृत्तिवाले उपासकों में प्रभु का प्रकाश

शेषे वनेषु मात्रोः सं त्वा मर्तास इन्धते।
अतन्द्रो हव्या वहसि हविष्कृत आदिद्देवेषु राजसि॥ १५॥

(१) हे प्रभो! आप वनेषु=(वन् संभक्तौ) संभजनशील पुरुषों में मात्रोः=ज्ञान व श्रद्धारूप निर्माण करनेवाले (मा) तत्त्वों के होने पर शेषे=निवास करते हैं। त्वा=आपको मर्तासः=वासनाओं को विनष्ट करनेवाले-मन को मार लेनेवाले पुरुष समिन्धते=अपने हृदयों में समिद्ध करते हैं। (२) हे प्रभो! आप हविष्कृतः=हवि को करनेवाले यज्ञशील पुरुष के हव्या=हव्य पदार्थों को अतन्द्रः=सब प्रकार की तन्द्रा से रहित हुए-हुए वहसि=प्राप्त कराते हैं। यज्ञशील पुरुष को प्रभु ही यज्ञ के सब साधनों को प्राप्त कराते हैं। आत् इत्=अब शीघ्र ही देवेषु=देववृत्ति वाले पुरुषों में राजसि=दीप्त होते हैं। देववृत्तिवाले पुरुष हृदयों में आपका दर्शन कर पाते हैं।

भावार्थ—प्रभु का निवास ज्ञान व श्रद्धासम्पन्न उपासकों में होता है। मन को मार लेनेवाले पुरुष प्रभु को अपने में समिद्ध करते हैं। यज्ञशील पुरुषों को प्रभु ही हव्य पदार्थों को प्राप्त कराते हैं। देववृत्ति वाले पुरुषों में प्रभु दीप्त होते हैं।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'सुत्यज अहय' प्रभु

सप्त होतारस्तमिदीळते त्वाग्ने सुत्यजमहयम्।
भिनत्स्यद्रिं तपसा वि शोचिषा प्राग्ने तिष्ठ जनाँ अति॥ १६॥

(१) हे अग्ने=अग्रणी प्रभो! सप्त होतारः=('कर्णाविमौ नासिके चक्षणी मुखम्' दो कर्ण, दो नासिका, दो आँख व मुख रूप सप्त होता तम् त्वा इत्=उन आपको ही ईडते=स्तुत करते हैं। जो आप सुत्यजम्=उत्तम त्याग व दानवाले हैं तथा अहयम्=न क्षीण होनेवाले हैं। (२) आप तपसा=तप के द्वारा तथा शोचिषा=ज्ञानदीप्ति के द्वारा अद्रिं=अविद्यापर्वत को विभिनत्सि=विदीर्ण करते हैं। हे अग्ने=अग्रणी प्रभो! आप जनान्=अपनी शक्तियों का विकास करनेवाले हमें अति=अतिशयेन प्रतिष्ठ=(प्रगच्छ) प्राप्त होवें।

भावार्थ—हम कान, आँख आदि द्वारा प्रभु की महिमा को ही सुनें व देखें। प्रभु तप व ज्ञान के द्वारा हमारी अविद्या को विनष्ट करते हैं। शक्तियों का विकास करनेवालों को ही प्रभु प्राप्त होते हैं।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

वृक्तबर्हिषः हितप्रयसः

अग्निमग्निं वो अध्रिगुं हुवेम वृक्तबर्हिषः।
अग्निं हितप्रयसः शश्वतीष्वा होतारं चर्षणीनाम्॥ १७॥

(१) वः=तुम सबके अग्निं=अग्रणी उस अध्रिगुं=अधृतगमनवाले अग्नि=प्रकाशस्वरूप प्रभु को हुवेम=हम पुकारते हैं। उस प्रभु की गति को कोई भी रोक नहीं सकता। वृक्तबर्हिषः=(वृजी वर्जने) जिसमें से वासनाओं का वर्जन किया गया है ऐसे वासनाशून्य हृदयवाले, हितप्रयसः (निहितहविष्काः)=अग्निकुण्ड में हवि का स्थापन करनेवाले यज्ञशील हम अग्निं=उस अग्रणी प्रभु को पुकारते हैं। (२) उस प्रभु को हम पुकारते हैं जो शश्वतीषु=इस सनातन प्रजाओं में चर्षणीनाम्=श्रमशील मनुष्यों के आ होतारं=समन्तात् सब आवश्यक पदार्थों के प्राप्त करानेवाले हैं अथवा यज्ञों के साधक हैं।

भावार्थ—हम वासनाशून्य हृदयवाले व यज्ञशील बनकर उस प्रकाशमय प्रभु का आराधन करते हैं। वस्तुतः प्रभु ही हमारे यज्ञों को सिद्ध करते हैं और हमें आवश्यक पदार्थों को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

ज्ञान-उपासना-कर्म

केतेन शर्मन्त्सचते सुषामण्यग्ने तुभ्यं चिकित्वना।
दृषण्यया नः पुरुरूपमा भर वाजं नेदिष्ठमूतये॥ १८॥

(१) हे अग्ने=परमात्मन्! चिकित्वना=ज्ञानी पुरुष के द्वारा केतेन=ज्ञानप्राप्ति के साथ सुषामणि=उत्तम साम-उपासनात्मक स्तोत्र वाले शर्मन्=सुखसाधन यज्ञ में तुभ्यं सचते=आपके लिए यह उपासक प्राप्त होता है। ज्ञानी पुरुषों के सम्पर्क में ज्ञान प्राप्त करता है, प्रभु के स्तोत्रों

का उच्चारण करता है और सुखसाधन यज्ञों में प्रवृत्त होता है। इस प्रकार यह परमात्मा को प्राप्त करता है। (२) हे प्रभो! **इषण्यया**=आप अपनी इच्छा से **नः**=हमारे लिए **पुरुरूपं**=अनेक रूपोंवाले **नेदिष्ठं**=अन्तिकतम=सदा समीप रहनेवाले **वाजं**=ऐश्वर्य को **आभर**=प्राप्त कराइए। यह ऐश्वर्य **ऊतये**=हमारे रक्षण के लिए हो। यह धन विलास में फंसाकर हमारा विनाश करनेवाला न हो जाए।

भावार्थ–'ज्ञान, उपासना व यज्ञरूप कर्म' हमें प्रभु को प्राप्त करानेवाले हों। प्रभु हमारे लिए जैसा ठीक समझें वैसा, विविध व स्थिररूप से रहनेवाला ऐश्वर्य प्राप्त कराएँ।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

दिवस्पायुः दुरोणयुः

अग्ने जरितर्विश्पतिस्तेपानो देव रक्षसः।
अप्रोषिवान्गृहपतिर्महाँ असि दिवस्पायुर्दुरोणयुः॥ १९॥

(१) हे **अग्ने**=प्रकाशस्वरूप **जरितः** (जरिता=गरिता)=ज्ञान का उपदेश करनेवाले **देव**=सब व्यवहारों को सिद्ध करनेवाले प्रभो! आप **विश्पतिः**=सब प्रजाओं के रक्षक हैं, **रक्षसः तेपानः**=राक्षसी वृत्तियों को संतप्त करके दूर करनेवाले हैं। (२) **अप्रोषिवान्**=कभी भी प्रवास न करनेवाले, अर्थात् सदा हमारे साथ रहनेवाले आप हैं। **गृहपति**=इस शरीरगृह के आप ही तो रक्षक हैं। **महान् असि**=आप पूज्य हैं। **दिवस्पायुः**=ज्ञान के रक्षक हैं और इस प्रकार **दुरोणयुः**=(दुर्, ओणृ अपनयने) सब बुराइयों के अपनयन को हमारे साथ जोड़नेवाले हैं।

भावार्थ–प्रभु ज्ञानोपदेश के द्वारा हमारे जीवनों को पवित्र बनाते हैं। वे ज्ञानरक्षण द्वारा सब बुराइयों का अपनयन करनेवाले हैं। सब प्रजाओं के रक्षक हैं, हमारे घरों के स्वामी हैं।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'राक्षसीभाव-पीड़ा-दारिद्र्य व भूख' का निराकरण

मा नो रक्ष आ वेशीदाघृणीवसो मा यातुर्यातुमावताम्।
परोगव्यूत्यनिरामप क्षुधमग्ने सेधं रक्षस्विनः॥ २०॥

(१) **आघृणीवसो**=समन्तात् ज्ञानरश्मिरूप धनोंवाले प्रभो! **नः**=हमारे अन्दर **रक्षः**=राक्षसीवृत्ति **मा आवेशीत्**=मत प्रविष्ट हो और **यातुमावताम्**=पीड़ा देनेवालों की **यातुः**=पीड़ा भी **मा**=हमारे अन्दर मत प्रविष्ट हो। ज्ञान से पवित्रता होती है, पवित्रता से पीड़ा का विनाश होता है। (२) हे **अग्ने**=अग्रणी प्रभो! आप **अनिरां**=अन्नाभावरूप दारिद्र्य को **परोगव्यूतिम्**=कोसों दूर **अपसेध**=निषिद्ध करिये। **क्षुधम्**=भूख को दूर रखिये–हम सदा भूख से न सताये जाएँ। **रक्षस्विनः**=राक्षसी प्रवृत्तियों को भी हमारे से दूर करिये।

भावार्थ–ज्ञानपुञ्ज प्रभु की ज्ञानरश्मियों से दीप्त जीवनवाले बनकर हम राक्षसीभावों व पीड़ाओं से दूर हों। दारिद्र्य–भूख व राक्षसीभाव हमारे से कोसों दूर रहें।

ज्ञानरश्मियों से दीप्त जीवनवाला यह तेजस्वी बनता है। सो 'भर्गः' (तेज) नामवाला होता है। प्रभु का गायन करने से 'प्रागाथ' है। यह 'इन्द्र' नाम से प्रभु का स्मरण करता है।

६१. [एकषष्टितमं सूक्तम्]

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

सूक्ष्मार्थग्राहिणी बुद्धि

उभयं शृणवच्च न इन्द्रो अर्वागिदं वचः।
सत्राच्या मघवा सोमपीतये धिया शविष्ठ आ गमत्॥ १॥

(१) इन्द्रः=वह परमैश्वर्यशाली प्रभु नः=हमारे लिए उभयं इदं वचः=प्रकृति व आत्मा दोनों के ज्ञान के देनेवाले इस वेदवचन को अर्वाक्=अन्तर्हृदय में (हमारे अभिमुख) शृणवत्=(अन्तर्भावित ण्यर्थ) सुनाएँ। हृदयस्थ प्रभु से हम उन ज्ञान की वाणियों को सुन पाएँ जो प्रकृति व आत्मा का ज्ञान देनेवाली हैं। (२) वह शविष्ठः=अतिशयेन शक्तिशाली मघवा=ज्ञानरूप ऐश्वर्यवाले प्रभु सत्राच्या= सत्यज्ञान के साथ गतिवाली=सत्यज्ञान को प्राप्त करानेवाली धिया=बुद्धि के साथ आगमत्=हमें प्राप्त हों। ये प्रभु सोमपीतये=सोम के रक्षण के लिए हों। सोमरक्षण द्वारा ही वे हमें उस सूक्ष्मार्थग्राहिणी बुद्धि को प्राप्त कराएँगे जो प्रकृति व आत्मा के तत्त्व को समझने के योग्य हमें बनाएगी।

भावार्थ—प्रभु हमें प्रकृति व आत्मा के ज्ञान को देनेवाले वेदवचनों को सुनाएँ। सोमरक्षण द्वारा उस बुद्धि को प्राप्त कराएँ जो सूक्ष्म अर्थों के सत्यतत्त्व को जानने में समर्थ हो।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'स्वराट् वृषभ' प्रभु

तं हि स्वराजं वृषभं तमोजसे धिषणे निष्टतक्षतुः।
उतोपमानां प्रथमो नि षीदसि सोमकामं हि ते मनः॥ २॥

(१) तं=उस स्वराजं=स्वयं देदीप्यमान, वृषभं=शक्तिशाली प्रभु को हि=निश्चय से धिषणे=द्यावापृथिवी निष्टतक्षतुः=(संचस्करतुः) संस्कृत करते हैं। द्युलोक प्रभु की दीप्ति का आभास देता है, तो पृथिवीलोक प्रभु की शक्ति व दृढ़ता का। प्रभु ने ही वस्तुतः द्युलोक को तेजस्वी व पृथिवीलोक को दृढ़ बनाया है। तम्=उस प्रभु को ही हम ओजसे=बल की प्राप्ति के लिए अपने अन्दर देखने का प्रयत्न करें। (२) उत=और हे प्रभो! आप उपमानां=उपमानभूत देवों में प्रथमः=मुख्य होते हुए निषीदसि=हमारे हृदयों में निषण्ण होते हैं। हमने अपने पिता प्रभु जैसा ज्ञानी व शक्तिशाली बनने का प्रयत्न करना है। हमारे लिए यह कहा जाए कि वह प्रभु के समान ज्ञानी है व प्रभु के समान शक्तिशाली है। वस्तुतः ऐसे ही व्यक्ति जनता को प्रभु के अवतार प्रतीत होने लगते हैं। ते मनः=आपके प्रति प्रवण मन हि=निश्चय से सोमकामम्=सोम की कामनावाला होता है। प्रभु-प्रवण मन विलास में नहीं जाता और इस प्रकार सोम का रक्षण हो पाता है।

भावार्थ—द्युलोक में स्वराट् प्रभु का प्रकाश है, तो पृथिवी में शक्तिशाली प्रभु की दृढ़ता। इस प्रभु का स्मरण करते हुए हम भी 'प्रकाश व शक्ति' का सम्पादन करें। प्रभु-प्रवण मन सदा सोम का रक्षक होता है।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'अधृष्ट दधृष्वणि' प्रभु

आ वृषस्व पुरूवसो सुतस्येन्द्रान्धसः।
विद्मा हि त्वा हरिवः पृत्सु सासहिमधृष्टं चिद्दधृष्वणिम्॥ ३॥

(१) हे पुरूवसो-पालक व पूरक वसुओंवाले इन्द्र-परमैश्वर्यशाली प्रभो! आप सुतस्य-उत्पन्न हुए-हुए अन्धसः-सोम का आवृषस्व-हमारे अंग-प्रत्यंग में सेचन करिये। आपका उपासन हमें वासनाओं से बचाकर सोमरक्षण के योग्य बनाए। (२) हे हरिवः-प्रशस्त इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करानेवाले प्रभो! हम त्वा-आपको हि-निश्चय से विद्म-जानते हैं कि आप पृत्सु-संग्रामों में सासहिम्-शत्रुओं को कुचलनेवाले हैं। अधृष्टं चित्-निश्चय से अधर्षणीय हैं और दधृष्वणिम्-शत्रुओं का धर्षण करनेवाले हैं।

भावार्थ-प्रभुस्मरण हमारे शरीरों में सोम रक्षण का साधन बनता है। इस प्रकार प्रभु हमें संग्रामों में विजयी व अधर्षणीय बनाते हैं।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'अप्रामिसत्य-मघवा' प्रभु

अप्रामिसत्य मघवन्तथेदसदिन्द्र क्रत्वा यथा वशः।
सनेम वाजं तव शिप्रिन्नवसा मक्षू चिद्यन्तो अद्रिवः॥४॥

(१) हे अप्रामिसत्य-अहिंसित सत्य-सत्यस्वरूप, मघवन्-ऐश्वर्यशालिन्, इन्द्र- सर्वशक्तिमन् प्रभो! तथा इत् असत्-वैसा ही होता है यथा-जैसा आप क्रत्वा-शक्ति व प्रज्ञान से वशः-चाहते हैं। (२) हे शिप्रिन्-हमें उत्तम हनू व नासिका को प्राप्त करानेवाले प्रभो! तव अवसा- आपके रक्षण के द्वारा वाजं सनेम-हम शक्ति व ऐश्वर्य को प्राप्त करें। जबड़ों की उत्तमता भोजन के ठीक चबाने के द्वारा शक्तिवर्धन का कारण बनती है। नासिका की उत्तमता प्राणायाम द्वारा ज्ञान आदि ऐश्वर्यों को प्राप्त कराती है। हे अद्रिवः-वज्रहस्त प्रभो! हम मक्षू-शीघ्र चित्-ही यन्तः-शत्रुओं के प्रति जानेवाले हों-उन पर आक्रमण करनेवाले हों।

भावार्थ-यह संसार प्रभु की शक्ति व प्रज्ञान से ठीक रूप में चल रहा है। सत्यस्वरूप प्रभु के रक्षण में हम ज्ञान के ऐश्वर्य व शक्ति को प्राप्त करें-शत्रुओं को आक्रान्त कर पाएँ।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

ऐश्वर्य-यश व वसु

शग्ध्यू३षु शचीपत इन्द्र विश्वाभिरूतिभिः।
भगं न हि त्वा यशसं वसुविदमनु शूर चरामसि॥५॥

(१) हे शचीपते-शक्तियों (कर्मों) व प्रज्ञानों के स्वामिन्! इन्द्रः-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! आप विश्वाभिः-सब ऊतिभिः-रक्षणों के द्वारा उ-निश्चय से शग्धि-हमारे लिए सब उत्तम पदार्थों को दीजिए। (२) भगं न-ऐश्वर्यपुञ्ज के समान यशसं-यशस्वी तथा वसुविदं-सब वसुओं को प्राप्त करानेवाले त्वा-आपको हे शूर-शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! हि अनुचरामसि-निश्चय से उपासित करते हैं। आपकी उपासना हमें भी 'ऐश्वर्यशाली-यशस्वी व सब वसुओं (धनों) के प्राप्त करनेवाला' बनाएगी।

भावार्थ–वे शचीपति प्रभु हमें रक्षित करते हुए सब उत्तम पदार्थ प्राप्त कराते हैं। प्रभु की उपासना हमें 'ऐश्वर्य-यश व वसुओं' को देती हैं।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

पौरः

पौरो अश्वस्य पुरुकृद्गवामस्युत्सो देव हिरण्ययः।
नकिर्हि दानं परिमर्धिषत्त्वे यद्यामि तदा भर॥ ६॥

(१) हे देव-प्रकाशमय प्रभो! अश्वस्य-कर्मों में व्याप्त होनेवाली कर्मेन्द्रियों के आप पौरः-पूरयिता असि-हैं, गवाम्-अर्थों की गमक ज्ञानेन्द्रियों के आप पुरुकृत्-पालन व पूरण करनेवाले हैं। आप हमारे लिए हिरण्ययः उत्सः-ज्योतिर्मय स्रोत के समान हैं। (२) त्वे-आपमें दानं-हमारे लिए देय धन नकिः हि-नहीं ही परिमर्धिषत्-हिंसित होता, अर्थात् आप सदा हमारे लिए इन धनों को प्राप्त कराते हैं। यद्-यद् यामि-जो-जो मैं आपसे माँगता हूँ तद्-उसे आभर-हमारे लिए प्राप्त कराइए।

भावार्थ–प्रभु हमारी ज्ञानेन्द्रिय व कर्मेन्द्रियों के पूरण को करते हैं–हमारे लिए ज्ञान के स्रोत हैं। जो कुछ हम माँगते हैं, वे सदा देते हैं।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

भग—गौ—अश्व

त्वं होहि चेरवे विदा भगं वसुत्तये। उद्वावृषस्व मघवन्गविष्टय उदिन्नाश्वमिष्टये॥ ७॥

(१) हे प्रभो! त्वम्-आप हि-निश्चय से चेरवे-चरणशील के लिए-पुरुषार्थी के लिए हि-प्राप्त होइए तथा भगं विदाः-ऐश्वर्य को प्राप्त कराइए जिससे वसुत्तये-(वसुदानाय) वह धन का दान कर सके। (२) हे मघवन्-ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! आप गविष्टये-ज्ञानेन्द्रियों की कामनावाले के लिए उद्वावृषस्व-खूब ही उसमें शक्ति का सेचन कीजिए तथा अश्वमिष्टये-कर्मेन्द्रियों की इच्छावाले करिये। इस शक्ति से सेचन के द्वारा उसकी ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियों को अपना कार्य करने में सशक्त बनाइए।

भावार्थ–श्रमशील को प्रभु प्राप्त होते हैं और उसे दान देने के लिए धन प्राप्त कराते हैं, तथा उसे शक्तिसम्पन्न कर समर्थ ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियोंवाला करते हैं।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

वह रक्षक 'पुरन्दर' इन्द्र

त्वं पुरू सहस्राणि शतानि च यूथा दानाय मंहसे।
आ पुरन्दरं चकृम विप्रवचस इन्द्रं गायन्तोऽवसे॥ ८॥

(१) हे प्रभो! त्वं-आप पुरू-बहुत सहस्राणि-सहस्रों च-और शतानि-सैकड़ों यूथा-गवादि के समूहों को दानाय-दानशील पुरुष के लिए मंहसे-देते हैं। यह ठीक ही है कि 'दान दो, प्रभु और देंगे'। (२) हम विप्रवचसः-विविध प्रकृष्ट स्तुतिवचनोंवाले गायन्तः-प्रभु का गुणगान करते हुए उस पुरन्दरं-असुर पुरियों का विदारण करनेवाले इन्द्रं-शत्रुविद्रावक प्रभु को अवसे-रक्षण के लिए चकृम-अपने अभिमुख करते हैं। हम प्रभु का ही स्मरण करते हैं–प्रभु हमारे रक्षक बनते हैं।

भावार्थ–प्रभु हमें दान के लिए खूब ही धनों को प्राप्त कराते हैं। हम प्रभु को गाते हैं–यह गायन हमारा रक्षक हो जाता है।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्रभु की आज्ञा का पालन से आनन्द

अविप्रो वा यदविधद्विप्रो वेन्द्र ते वचः।
स प्र ममन्दत्त्वाया शतक्रतो प्राचामन्यो अहंसन॥ ९॥

(१) हे **शतक्रतो**=अनन्त शक्तिवाले, **प्राचामन्यो**=सर्वोत्कृष्ट ज्ञानशालिन् **अहंसन**=आत्मसम्मान के भाव को देनेहारे **इन्द्र**=ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! **अविप्रः वा**=अल्प ज्ञानवाला व्यक्ति **वा**=अथवा **विप्र**=ज्ञानी जो कोई भी **यद्**=जब **ते वचः अविधत्**=आपके वचन का (निर्देश का) पालन करता है, **सः**=वह **त्वाया**=आपकी प्राप्ति की कामना से **प्रममन्दत्**=प्रकृष्ट आनन्द को प्राप्त करता है। (२) ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है। ज्ञानप्राप्ति का भी उद्देश्य यही है कि हम प्रभु प्राप्ति के मार्ग पर चलें–प्रभु की आज्ञाओं को मानें। जब प्रभु के आदेशों का पालन करते हुए हम चलते हैं तो आनन्द की प्राप्ति होती ही है।

भावार्थ–प्रभु के निर्देशों के अनुसार यज्ञात्मक जीवन बनाने पर जीवन में एक अद्भुत आनन्द की अनुभूति होती है।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'उग्रबाहु म्रक्षकृत्वा' प्रभु

उग्रबाहुर्म्रक्षकृत्वा पुरन्दरो यदि मे शृणवद्धवम्।
वसूयवो वसुपतिं शतक्रतुं स्तोमैरिन्द्रं हवामहे॥ १०॥

(१) **उग्रबाहुः**=तेजस्वी भुजाओंवाला, **म्रक्षकृत्वा**=शत्रुओं का वध करनेवाला, **पुरन्दरः**=असुरों की पुरियों का विदारण करनेवाला वह प्रभु ही **यदि**=यदि **मे**=मेरी **हवम्**=पुकार को **शृणवत्**=सुनता है, तो **वसूयवः**=वसुओं की कामनावाले होते हुए हम **वसुपतिं**=वसुओं के स्वामी **शतक्रतुं**=अनन्त शक्तिवाले **इन्द्रं**=परमैश्वर्यशाली प्रभु को ही **स्तोमैः**=स्तोत्रों के द्वारा **हवामहे**=पुकारते हैं। (२) वस्तुतः संसार में प्रभु ही हमारी कामनाओं को पूर्ण करते हैं। प्रभु को पुकारना ही ठीक है। अन्य व्यक्ति तो संपत्ति में ही साथी हैं। विपत्ति में सहायक प्रभु ही हैं। ये प्रभु ही हमारे शत्रुओं को विनष्ट करते हैं।

भावार्थ–प्रभु ही तेजस्वी व शत्रुओं के नाशक हैं। प्रभु ही हमारी पुकार को सुनते हैं। हमें उस वसुपति प्रभु को ही पुकारना योग्य है।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'निष्पाप उदार ज्ञानी' उपासक

न पापासो मनामहे नारायासो न जल्हवः।
यदिन्त्विन्द्रं वृषणं सचा सुते सखायं कृणवामहै॥ ११॥

(१) **पापासः**=पापवृत्तिवाले होकर हम **न मनामहे**=प्रभु का उपासन नहीं करते। **अरायासः न**=अपानशील बनकर भी हम प्रभु का स्तवन नहीं करते। **न**=न ही **जल्हवः**=मूर्ख बनकर हम

प्रभु का भजन करते हैं। (२) निष्पाप, उदार (दानशील) व ज्ञानी बनकर यद्-जब इत् नु-निश्चय से उस वृषणं-सुखवर्षक इन्द्रं-परमेश्वर्यशाली प्रभु को उपासित करते हैं तो सुते-इस उत्पन्न जगत् में उस इन्द्र को सचा-सदा साथ होनेवाला सखायं-मित्र कृणवामहै-करते हैं।

भावार्थ-निष्पाप, दानशील व ज्ञानी बनकर हम प्रभु का उपासन करते हैं और प्रभु को अपना मित्र बना पाते हैं।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

प्रभुस्तवनरूप दुर्ग

उग्रं युयुज्म पृतनासु सासहिमृणकातिमदाभ्यम्।
वेदा भूमं चित्सनिता रथीतमो वाजिनं यमिदू नशत्॥ १२॥

(१) हम उग्रं-उस तेजस्वी प्रभु को युयुज्म-योग द्वारा प्राप्त करें, जो प्रभु पृतनासु सासहिम्-संग्रामों में शत्रुओं का पराभव करनेवाले हैं, ऋणकातिं-दुर्गभूमिरूप है स्तुति जिनकी, अर्थात् जिनकी स्तुति एक किले के समान शत्रुओं के आक्रमण से हमारा रक्षण करती है। अदाभ्यम्-जो हिंसित होनेवाले नहीं। (२) जैसे रथीतमः-उत्तम सारथि भूमं चित्-भ्रमणशील अश्व को ही वेद-प्राप्त करता है, इसी प्रकार वह सनिता-सब कुछ देनेवाले प्रभु यम् इत् उ-जिसको ही वाजिनं-शक्तिशाली (वेद) जानता है, उसी को नशत्-प्राप्त होता है।

भावार्थ-प्रभु का स्तवन स्तोता के लिए एक दुर्ग के समान होता है। यह स्तवन शत्रुओं के आक्रमण से उसका रक्षण करता है। प्रभु सबल को ही प्राप्त होते हैं।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'अभयकर्ता' प्रभु

यतं इन्द्र भयामहे ततो नो अभयं कृधि।
मघवञ्छग्धि तव तन्न ऊतिभिर्वि द्विषो वि मृधो जहि॥ १३॥

(१) हे इन्द्र-शत्रुविद्रावक प्रभो! यतः-जिधर से भी हम भयामहे-भयभीत हों, ततः-उधर से नः-हमें अभयं कृधि-निर्भय कीजिए। (२) हे मघवन्-ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! शग्धि-आप शक्तिशाली हो। तत्-सो तव ऊतिभिः-अपने रक्षणों के द्वारा नः-हमारे विद्विषः-द्वेषियों व विमृधः-हिंसकों को जहि-नष्ट करिये।

भावार्थ-प्रभु हमें सर्वतः निर्भय करते हैं। हे प्रभो! आप हमारे द्वेषियों व हिंसकों को समाप्त करिये।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

राधस् तथा महान् क्षय

त्वं हि राधस्पते राधसो महः क्षयस्यासि विधतः।
तं त्वा वयं मघवन्निन्द्र गिर्वणः सुतावन्तो हवामहे॥ १४॥

(१) हे राधस्पते-ऐश्वर्य के स्वामिन् प्रभो! त्वं-आप हि-निश्चय से विधतः-परिचर्या (उपासना) करनेवाले उपासक के राधसः-ऐश्वर्य के तथा महः क्षयस्य-महान् निवासस्थान के (क्षि निवासगत्योः) असि-(वर्धयिता) बढ़ानेवाले हैं। (२) हे मघवन्-ऐश्वर्यशालिन्, गिर्वणः-ज्ञान

की वाणियों से सेवनीय इन्द्र-शत्रु- विद्रावक प्रभो! सुतावन्तः-सोम का सम्पादन करनेवाले वयं-हम तं त्वा-उन आपको हवामहे-पुकारते हैं। आपकी हम उपासना करते हैं। आपकी उपासना ही हमारे अभ्युदय का कारण बनती है।

भावार्थ-सोम का रक्षण करते हुए हम प्रभु की उपासना करते हैं। उपासित प्रभु हमारे लिए ऐश्वर्य के देनेवाले होते हैं।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

स्पद् उत वृत्रहा

इन्द्रः स्पद्धुत वृत्रहा परस्पा नो वरेण्यः।
स नो रक्षिषच्चरमं स मध्यमं स पश्चात्पातु नः पुरः॥ १५॥

(१) इन्द्रः-परमैश्वर्यशाली प्रभु स्पद्-सर्वद्रष्टा व सर्वज्ञ हैं, उत-और वृत्रहा-वासना को विनष्ट करनेवाले हैं। परस्पाः-(परस्मात् पाति) शत्रुओं से रक्षित करनेवाले हैं और नः-हमारे लिए वरेण्यः-वरणीय हैं। (२) सः-वे प्रभु नः-हमारे चरमं-जीवन के अन्तिम भाग को रक्षिषत्-रक्षित करें, सः मध्यमं-वे प्रभु जीवन के मध्यभाग (यौवन) को भी रक्षित करें। बाल्य को तो प्रभु माता-पिता व आचार्यों द्वारा रक्षित करते ही हैं। वे जीवन के यौवन व वार्धक्य के भी रक्षक हों। सः-वे प्रभु पश्चात्-पीछे से पातु-रक्षित करें तथा नः-हमें पुरः-सामने से (पातु-) रक्षित करें।

भावार्थ-वे सर्वद्रष्टा प्रभु हमारी वासनाओं को विनष्ट करते हुए हमें शत्रुओं से रक्षित करें। वे आगे-पीछे सब ओर से हमारा रक्षण करें।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

रक्षक प्रभु

त्वं नः पश्चादधरादुत्तरात्पुर इन्द्र नि पाहि विश्वतः।
आरे अस्मत्कृणुहि दैव्यं भयमारे हेतीरदेवीः॥ १६॥

(१) हे इन्द्र-सर्वशक्तिमन् प्रभो! त्वं-आप नः-हमें पश्चात्-पीछे से पुरः-सामने से अधरात्-नीचे से (दक्षिण से) तथा उत्तरात्-ऊपर से (उत्तर से) विश्वतः-सब ओर से निपाहि-रक्षित करिये। (२) आप दैव्यं भयं-आधिदैविक आपत्तियों के भय को अस्मत्-हमारे से आरे-दूर कृणुहि-करिये तथा अदेवीः-अदिव्य-राक्षसी हेतीः-आयुधों को भी आरे-हमारे से दूर करिये।

भावार्थ-प्रभु सब ओर से हमारा रक्षण करें। आधिदैविक आपत्तियों को प्रभु दूर करें तथा राक्षसी वृत्ति के लोगों के आयुधों को भी हमारे से पृथक् करें।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

सदा रक्षण करनेवाले प्रभु

अद्याद्या श्वः-श्व इन्द्र त्रास्वं परे च नः।
विश्वा च नो जरित्रन्त्सत्पते अहा दिवा नक्तं च रक्षिषः॥ १७॥

(१) हे इन्द्र-शत्रुविद्रावक प्रभो! अद्य अद्य-'आज' कहलानेवाले सब दिनों में, श्वः श्वः-'कल' कहलानेवाले सब दिनों में च-और परे-परसों व परले दिनों में भी नः त्रास्व-हमारा

रक्षण कीजिए। (२) हे **सत्पते**=सज्जनों के रक्षक प्रभो! **नः जरितॄन्**=हम स्तोताओं को **विश्वा च अहा**=सब ही दिनों **दिवा नक्तं च**=दिन-रात **रक्षिषः**=रक्षित करिये।

भावार्थ—आज, कल, परसों व सदा दिन-रात प्रभु हमारा रक्षण करें।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'प्रभङ्गी शूरः'

प्रभङ्गी शूरो मघवा तुवीमघः संमिश्लो वीर्याय कम्।
उभा ते बाहू वृषणा शतक्रतो नि या वज्रं मिमिक्षतुः॥ १८॥

(१) वे प्रभु **प्रभङ्गी**=शत्रुओं का भञ्जन करनेवाले, **शूरः**=शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले, **मघवा**=ऐश्वर्यशाली व **तुवीमघः**=महान् धनवाले हैं। **संमिश्लः**=उपासकों के साथ सम्यक् मेलवाले वे प्रभु **वीर्याय**=शक्ति के लिए होते हैं और **कम्**=सुख को प्राप्त कराते हैं। (२) हे **शतक्रतो**=अनन्त प्रज्ञानवाले प्रभो! **उभा ते बाहू**=दोनों आपकी भुजाएँ **वृषणा**=सुखों का सेचन करनेवाली हैं, **या**=जो **वज्रं निमिमिक्षतुः**=वज्र को निश्चय से अपने साथ जोड़ती हैं—धारण करती हैं।

भावार्थ—शत्रुओं को शीर्ण करके प्रभु अपने सम्पर्क से हमें शक्तिशाली बनाते हैं। प्रभु की भुजाएँ, शत्रुओं के लिए वज्र को धारण करती हुई, हमारे पर सुखों का वर्षण करती हैं।

प्रभु का गायन करनेवाला 'प्रगाथ काण्व' अगले सूक्त में इन्द्र का स्तवन करता हुआ कहता है—

६२. [द्विषष्टितमं सूक्तम्]

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

माहिनं वयः

प्रो अस्मा उपस्तुतिं भरता यज्युजोषति।
उक्थैरिन्द्रस्य माहिनं वयो वर्धन्ति सोमिनो भद्रा इन्द्रस्य रातयः॥ १॥

(१) **अस्मै**=इस प्रभु के लिए **उपस्तुतिं**=उपासनापूर्वक की जानेवाली स्तुति को **उ**=निश्चय से **प्रभरतः**=प्रकर्षेण सम्पादित करो। **यत्**=जिसे **जुजोषति**=प्रभु प्रीतिपूर्वक ग्रहण करते हैं। जो स्तुति हमें प्रभु का प्रिय बनाती है। (२) **सोमिनः**=सोम की रक्षण करनेवाले पुरुष **इन्द्रस्य उक्थैः**=प्रभु के स्तोत्रों के द्वारा **माहिनं**=प्रभुपूजा से युक्त **वयः**=शक्ति को **वर्धन्ति**=बढ़ाते हैं। **इन्द्रस्य**=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु के **रातयः**=दान **भद्राः**=कल्याणकर हैं।

भावार्थ—प्रभु का स्तवन हमें प्रभु का प्रिय बनाता है। प्रभुस्तवन से सोमरक्षण द्वारा शक्ति का वर्धन होता है। प्रभु के दान कल्याणकर हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'शक्तिप्रदाता' सर्वशक्तिमान् प्रभु

अयुजो अस्मो नृभिरेकः कृष्टिरयास्यः।
पूर्वीरिति प्र वावृधे विश्वा जातान्योजसा भद्रा इन्द्रस्य रातयः॥ २॥

(१) वे प्रभु **अयुजः**=अपने कार्यों में किसी सहाय की आवश्यकता नहीं रखते। **असमः**=उनके

समान कोई नहीं है। वे **एकः**=अद्वितीय प्रभु **नृभिः**=सारे मनुष्यों व देवों से **अयास्यः**=पराजित नहीं किये जा सकते। ये प्रभु **पूर्वीः**=अपना पालन व पूरण करनेवाली **कृष्टीः**=श्रमशील प्रजाओं को **अति प्रवावृधे**=अतिशयेन बढ़ानेवाले हैं। (२) ये प्रभु **विश्वाः**=सब **जातानि**=उत्पन्न प्राणियों को **ओजसा**=ओज से बढ़ाते हैं। इस **इन्द्रस्य**=सर्वशक्तिमान् प्रभु की **रातयः**=देन **भद्राः**=कल्याणकर हैं।

भावार्थ—अनन्त शक्तिवाले वे प्रभु अद्वितीय हैं। सभी को वे ही शक्ति प्राप्त करा रहे हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—निचृत् पंक्तिः॥ **स्वरः**—पञ्चमः॥

'जीरदानु' प्रभु

अहितेन चिदर्वता जीरदानुः सिषासति ।
प्रवाच्यमिन्द्र तत्तव वीर्याणि करिष्यतो भद्रा इन्द्रस्य रातयः ॥ ३ ॥

(१) वह प्रभु **अहितेन**=न जोते हुए **अर्वता चित्**=घोड़े से ही **सिषासति**=सबके संभजन की कामनावाला होता है। 'घोड़े को जोतकर रथ से प्रभु आते हों' सो बात नहीं। प्रभु तो सदा सर्वत्र प्राप्त हैं ही। **जीरदानुः**=वे प्रभु ही जीवन को देनेवाले हैं। (२) हे **इन्द्र**=सर्वशक्तिमन् प्रभो! **वीर्याणि करिष्यतः**=शक्तिशाली कर्मों को करनेवाले **तव**=आपका **तत्**=वह कर्म **प्रवाच्यम्**=प्रकर्षेण स्तुति के योग्य है। बिना ही घोड़े जुते रथ के वे आते हैं और हम सबके लिए जीवन को देते हैं। इस **इन्द्रस्य**=परमैश्वर्यशाली प्रभु के **रातयः**=दान **भद्राः**=हमारे लिए कल्याणकर हैं।

भावार्थ—प्रभु बिना रथ में जुते घोड़े के ही हमें प्राप्त होते हैं और हमारे लिए जीवन को देनेवाले होते हैं। प्रभु के शक्तिशाली कर्म स्तुति के योग्य हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—पंक्तिः॥ **स्वरः**—पञ्चमः॥

ब्रह्माणि वर्धना

आ याहि कृणवाम त इन्द्र ब्रह्माणि वर्धना ।
येभिः शविष्ठ चाकनो भद्रमिह श्रवस्यते भद्रा इन्द्रस्य रातयः ॥ ४ ॥

(१) हे **इन्द्र**=शत्रुविद्रावक प्रभो! **आयाहि**=आप हमें प्राप्त होइए। **ते**=आपके लिए **ब्रह्माणि**=स्तोत्रों को **कृणवाम**=करते हैं। ये स्तोत्र **वर्धनाः**=हमारे वर्धन के लिए होते हैं। इनसे हमें जीवन में प्रेरणा प्राप्त होती है। इनसे एक लक्ष्यदृष्टि उत्पन्न होती है। (२) ये स्तोत्र वे हैं, **येभिः**=जिनसे, हे **शविष्ठ**=अतिशयेन शक्तिसम्पन्न प्रभो! आप **इह**=यहाँ इस जीवन में **श्रवस्यते**=यश व ज्ञान की कामनावाले पुरुष के लिए **भद्रं**=कल्याण को **चाकनः**=चाहते हैं। **इन्द्रस्य**=परमैश्वर्यशाली प्रभु के **रातयः**=दान **भद्राः**=निश्चय ही कल्याणकर होते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु के स्तवन को करें। यह स्तवन हमारी वृद्धि का कारण बनता है। प्रभु इस ज्ञानेच्छु स्तोता के कल्याण को करते हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—विराट् पंक्तिः॥ **स्वरः**—पञ्चमः॥

तीव्रैः सोमैः सपर्यतः, नमोभिः प्रतिभूषतः

धृषतश्चिद् धृषन्मनः कृणोषीन्द्र यत्त्वम् ।
तीव्रैः सोमैः सपर्यतो नमोभिः प्रतिभूषता भद्रा इन्द्रस्य रातयः ॥ ५ ॥

(१) हे इन्द्र-सर्वशक्तिमन् प्रभो! त्वं-आप तीव्रैः-शक्तिशाली सोमैः-शरीरस्थ सोम (वीर्य) कणों द्वारा सपर्यतः-आपका पूजन करते हुए उपासक के मनः-मन को यत्-जब धृषतः चित् धृषत्-धर्षक से भी धर्षक-शत्रुओं को पीस डालनेवाला कृणोषि-करते हैं। तब नमोभिः-आपके प्रति नमन से प्रतिभूषतः-अंग-प्रत्यंग को शक्ति से अलंकृत करते हुए पुरुष के लिए इन्द्रस्य-ऐश्वर्यशाली आपकी रातयः-देन भद्राः-कल्याणकर होती हैं। (२) प्रभु का पूजन वही करता है जो शरीर में सोम का रक्षण करता है और प्रभु के प्रति नमनवाला होता हुआ अंग-प्रत्यंग को शक्ति से अलंकृत करता है। प्रभु इस पुजारी के मन को शत्रुओं को पीस डालनेवाला बना देते हैं।

भावार्थ-प्रभु की उपासना सोमरक्षण व नमन द्वारा होती हैं। प्रभु हमारे मन को शत्रुओं का ध्वंसक बनाते हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—निचृत् पं-ःङ्क स्वरः—पञ्चमःङ्क

'ऋचीषम' प्रभु

अवं चष्टे ऋचीषमोऽवतांइव मानुषः ।
जुष्टी दक्षस्य सोमिनः सखायं कृणुते युजं भद्रा इन्द्रस्य रातयः ॥ ६ ॥

(१) इव-जैसे मानुषः-प्यासा मनुष्य अवतान्-कुओं को अवचष्टे-देखता है, इसी प्रकार ऋचीषमः-(ऋचा समः) स्तुति के अनुरूप, अर्थात् वास्तव में ही दयालु वे प्रभु अवतान्-रक्षणीय पुरुषों को अवचष्टे-कृपादृष्टि से देखते हैं। (२) दक्षस्य-उन्नतिशील सोमिनः-सोमरक्षक पुरुष के प्रति जुष्टी-प्रीतिवाले होकर उसे युजं सखायं कृणुते-सदा साथ रहनेवाले मित्र बनाते हैं। इन इन्द्रस्य-परमैश्वर्यशाली प्रभु के रातयः-दान भद्राः-कल्याणकर हैं।

भावार्थ-प्रभु अपनी स्तुति के वस्तुतः अनुरूप ही हैं। वे उन्नतिशील सोमरक्षक पुरुष के मित्र होते हैं और उस प्रभु की सब देन कल्याणकर है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—निचृद् बृहतीङ्क स्वरः—मध्यमःङ्क

वीर्यम्-क्रतुम्

विश्वे त इन्द्र वीर्यं देवा अनु क्रतुं ददुः ।
भुवो विश्वस्य गोपतिः पुरुष्टुत भद्रा इन्द्रस्य रातयः ॥ ७ ॥

(१) हे इन्द्र-सर्वशक्तिमन् देव! विश्वे देवाः-सूर्य, चन्द्र, नक्षत्र, पृथिवी, जल, अग्नि, (तेज), वायु, आकाश, मेघ आदि सब देव ते-आपके वीर्यम्-शक्ति के अनु-अनुसार ही ददुः-हमारे लिए शक्ति को देते हैं। इसी प्रकार सब विद्वान् आपके क्रतुं-प्रज्ञान के अनुसार ही हमारे लिए प्रज्ञान को देनेवाले होते हैं। सूर्य आदि में शक्ति की स्थापना आप ही करते हैं। ज्ञानियों में ज्ञान को देनेवाले भी आप ही हैं। (२) हे पुरुष्टुत-बहुतों से स्तुति किये गये प्रभो! आप ही विश्वस्य-सब गोपतिः भुवः-किरणों व ज्ञान की वाणियों के स्वामी हैं। इन्द्रस्य-परमैश्वर्यशाली आपकी रातयः-देन भद्राः-कल्याणकर हैं।

भावार्थ-सब सूर्य आदि देवों में शक्ति का स्थापन प्रभु ही करते हैं तथा सब ज्ञानियों में प्रज्ञान का स्थापन करनेवाले प्रभु ही हैं। किरणों व ज्ञान की वाणियों के स्वामी प्रभु ही हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

शवः-ओजः

गृणे तदिन्द्र ते शव उपमं देवतातये।
यद्धंसि वृत्रमोजसा शचीपते भद्रा इन्द्रस्य रातयः॥ ८॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! मैं ते-आपके तत्-उस शवः-बल का गृणे-स्तवन करता हूँ जो उपमं-हमारे अन्तिकतम होता हुआ देवतातये-दिव्यगुणों के विस्तार के लिए होता है। (२) हे शचीपते-शक्ति व प्रज्ञानों के स्वामिन्! आप यद्-जब ओजसा-ओज के द्वारा वृत्रं-ज्ञानी की आवरणभूत वासना को हंसि-विनष्ट करते हैं, तो इन्द्रस्य-परमैश्वर्यशाली आपकी रातयः-देन भद्राः-हमारे लिए कल्याणकर ही होती हैं।

भावार्थ-प्रभु का बल हमारे में दिव्यगुणों के विस्तार के लिए होता है। प्रभु का ओज हमारी वासना को विनष्ट करता है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

वपुष्यतः-समना

समनेव वपुष्यतः कृणवन्मानुषा युगा।
विदे तदिन्द्रश्चेतनमध श्रुतो भद्रा इन्द्रस्य रातयः॥ ९॥

(१) इन्द्रः-वासनारूप शत्रुओं का संहार करनेवाले प्रभु मानुषा युगा-मानव दम्पतियों को समना इव-समान मनवाला-सा-एक हृदयवाला-सा-अभिन्नहृदय व वपुष्यतः-उत्तम शरीर की कामना वाला करते हैं। (२) वे प्रभु तत् चेतनं-उस प्रज्ञान को विदे-प्राप्त कराते हैं, जिससे कि मनुष्य शरीरों को स्वस्थ रखते हैं (वपुष्यतः) तथा मनों को अविरुद्ध बना पाते हैं (समना)। अध-अब इन स्वस्थ शरीरोंवाले व समान मनोंवाले मानुष युगों में श्रुतः-ये प्रभु ही श्रुत होते हैं। ये प्रभु की ही महिमा का गायन करते हैं कि इन्द्रस्य-परमैश्वर्यशाली प्रभु की रातयः-देन भद्राः-कल्याणकर हैं।

भावार्थ-उपासक मानवदम्पतियों को प्रभु उत्तम शरीरवाला व समान मनवाला बनाते हैं। ऐसा ही वे ज्ञान देते हैं। प्रभु की देन कितना ही कल्याण करनेवाली हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत्पि-॥ स्वरः—पञ्चमः॥

बल-प्रभु-प्रज्ञान

उज्जातमिन्द्र ते शव उत्त्वामुत्तव क्रतुम्।
भूरिगो भूरि वावृधुर्मघवन्तव शर्मणि भद्रा इन्द्रस्य रातयः॥ १०॥

(१) हे इन्द्र-सर्वशक्तिमन् प्रभो! जातम्-अपने अन्दर उत्पन्न हुए-हुए ते शवः-आपके बल को ये उपासक सोमरक्षण द्वारा भूरि-खूब ही उद् वावृधुः-बढ़ाते हैं। शक्ति को ही क्या बढ़ाते हैं, त्वाम् उत् (वावृधुः)-आपको ही वे अपने अन्दर बढ़ाते हैं। तव-आपके क्रतुम्-प्रज्ञान को उत् (वावृधुः)-बढ़ाते हैं। उपासक प्रभु की शक्ति को-प्रभु को व प्रज्ञान को अपने अन्दर धारण करता है। (२) हे भूरिगो-पालक व पोषक (भृ धारणपोषणयोः) ज्ञान की वाणियोंवाले मघवन्-ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! तव शर्मणि-आपके आशीर्वाद व रक्षण में ये भूरि वावृधुः-खूब ही वृद्धि को प्राप्त होते हैं। इन्द्रस्य-ऐश्वर्यशाली आपकी रातयः-देन भद्राः-सदा कल्याणकर हैं।

भावार्थ–उपासक में प्रभु का बल, प्रभु की भावना व प्रज्ञान का वर्धन होता है। ये प्रभु के आशीर्वाद से खूब ही वृद्धि को प्राप्त करते हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

प्रभु के साथ मेल व ऐश्वर्यलाभ

अहं च त्वं च वृत्रहन्त्सं युज्याव सनिभ्य आ।
अरातीवा चिदद्रिवोऽनु नौ शूर मंसते भद्रा इन्द्रस्य रातयः॥ ११॥

(१) हे वृत्रहन्=वासना को विनष्ट करनेवाले प्रभो! अहं च त्वम् च=मैं और आप आ सनिभ्यः=समन्तात् ऐश्वर्य के प्राप्ति के लिए संयुज्याव=सम्यक् मिल जाएँ। मैं आपके साथ एक होकर ही तो सब ऐश्वर्यों को पानेवाला बनता हूँ। (२) हे अद्रिवः=वज्रहस्त अथवा आदरणीय शूर=शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! नौ=इकट्ठे हुए-हुए हमारे आरातीवा=अदानशील पुरुष भी अनुमंसते=अनुकूल मतिवाला होता है। प्रभु के साथ एक हो गये उपासक को कृपण व्यक्ति भी उदारता से धनों का देनेवाला होता है। उस इन्द्रस्य=परमैश्वर्यशाली प्रभु की रातयः=देन भद्राः=अतिशयेन कल्याणकर हैं।

भावार्थ–प्रभु के साथ मेल हो जाने पर सब ऐश्वर्यों की प्राप्ति हो जाती है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

महान् असुन्वतः वधः

सत्यमिद्वा उ तं वयमिन्द्रं स्तवाम नानृतम्।
महाँ असुन्वतो वधो भूरि ज्योतींषि सुन्वतो भद्रा इन्द्रस्य रातयः॥ १२॥

(१) वयं=हम तं इन्द्रं=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु को सत्यम् इत् वा उ=सचमुच ही निश्चय से स्तवाम=स्तुति करते हैं, अनृतं न=झूठ-मूठ नहीं, अर्थात् किसी स्वार्थ के कारण यों ही स्तुति न करके वस्तुतः हृदय से प्रभु का स्तवन कर रहे हैं। (२) जो भी व्यक्ति अपने अन्दर सोम का रक्षण नहीं करता, उस असुन्वतः=सोम का अभिषव न करनेवाले व्यक्ति का अथवा अयज्ञशील पुरुष का वधः=वध महान्=बड़ा है। सुन्वतः=सोम का सम्पादन करनेवाले की भूरि=बहुत अधिक ज्योतींषि=ज्ञानदीप्तियाँ होती हैं। इस सुन्वन् पुरुष के लिए इन्द्रस्य=परमैश्वर्यशाली प्रभु की रातयः=देन भद्राः=कल्याणकर होती हैं।

भावार्थ–हम प्रभु का स्तवन हृदय से करते हैं। यज्ञशील सोमरक्षक पुरुष ही ज्योति को प्राप्त करता है। इसके लिए प्रभु की देन सदा कल्याणकर होती हैं।

अगले सूक्त का ऋषि भी 'प्रगाथ काण्व' ही है–

६३. [त्रिषष्टितमं सूक्तम्]

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

कर्मों द्वारा प्रभु की प्राप्ति

स पूर्व्यो महानां वेनः क्रतुभिरानजे। यस्य द्वारा मनुष्पिता देवेषु धिय आनजे॥ १॥

(१) सः=वह महानां=पूज्यों में पूर्व्यः=मुख्य वेनः=कान्त प्रभु क्रतुभिः=यज्ञात्मककर्मों के द्वारा आनजे=प्राप्त होता है। अपने कर्तव्य कर्मों को करने से ही हम प्रभु का पूजन कर पाते हैं।

(२) **यस्य**-जिस प्रभु के **द्वारा**-प्राप्ति के साधनभूत (द्वारभूत) **धियः**-कर्मों को **मनुः पिता**-विचारशील रक्षक पुरुष **देवेषु**-देववृत्ति के पुरुषों में **आनजे**-प्राप्त होता है। उन देवों के पथ पर चलता हुआ यह विचारशील पुरुष भी प्रभु को प्राप्त करता है।

भावार्थ-प्रभु की प्राप्ति यज्ञात्मक कर्मों में लगे रहने से होती है। एक विचारशील पुरुष देवों का अनुसरण करता हुआ प्रभु को प्राप्त करता है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोमपृष्ठासः अद्रयः

दिवो मानं नोत्सदन्त्सोमपृष्ठासो अद्रयः। उक्था ब्रह्मा च शंस्या॥ २॥

(१) **सोमपृष्ठासः**-सोम (वीर्य) शक्ति को अपना आधार बनानेवाले **अद्रयः**-उपासक **दिवः मानं**-ज्ञान के निर्माता प्रभु को **न उत्सदन्**-छोड़कर दूर नहीं जाते। ये सोमरक्षक उपासक अवश्य प्रभु को पानेवाले बनते हैं। (२) इनके जीवन में **उक्था**-स्तोत्र **च**-और **ब्रह्मा**-ज्ञान के वचन **शंस्या**-शंसनीय होते हैं।

भावार्थ-सोम का रक्षण करनेवाले उपासक अवश्य प्रभु को प्राप्त करते हैं। ये स्तोत्रों व ज्ञानवचनों का उच्चारण करते हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्रियों का अनावरण

स विद्वाँ अङ्गिरोभ्य इन्द्रो गा अवृणोदपः। स्तुषे तदस्य पौंस्यम्॥ ३॥

(१) **सः**-वे **विद्वान्**-ज्ञानी **इन्द्रः**-परमैश्वर्यशाली प्रभु **अंगिरोभ्यः**-(अगि गतौ) क्रियाशील पुरुषों के लिए **गाः**-इन्द्रियों का **अप अवृणोत्**-विषयवासनाओं के आवरण से रहित करता है। क्रियाशील बने रहने पर इन्द्रियाँ विषयों में नहीं फंसती। (२) **मैं अस्य**-इन प्रभु के **तत्**-उस **पौंस्यम्**-वीरतापूर्ण कर्म का **स्तुषे**-स्तवन करता हूँ।

भावार्थ-मैं प्रभु का स्तवन करता हूँ। प्रभु मेरी इन्द्रियों को वासनाओं के आवरण से रहित करते हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

वाकस्य वक्षाणिः

स प्रत्नथा कविवृध इन्द्रो वाकस्य वक्षणिः। शिवो अर्कस्य होमन्यस्मत्रा गन्त्ववसे॥ ४॥

(१) **सः**-वे प्रभु **प्रत्नथा**-सनातन काल से **कविवृधः**-विद्वानों का वर्धन करनेवाले हैं। **इन्द्रः**-वे परमैश्वर्यशाली प्रभु **वाकस्य**-स्तोता के **वक्षणिः** (वोढा)-लक्ष्यस्थान पर प्राप्त करानेवाले हैं। (२) **अर्कस्य**-स्तोता के पूजा करनेवाले का **शिवः**-वे कल्याण करनेवाले हैं। वे प्रभु **होमनि**-होम के होने पर-पुकार के व यज्ञों के होने पर **अवसे**-रक्षण के लिए **अस्मत्रा गन्तु**-हमें प्राप्त हों। जब हम प्रभु को पुकारें व यज्ञों द्वारा प्रभु का उपासन करें तो प्रभु हमें प्राप्त हों-हमारा रक्षण करें।

भावार्थ-प्रभु ज्ञानियों का वर्धन करते हैं। स्तोता को लक्ष्यस्थान पर पहुँचाते हैं। पुजारी का कल्याण करते हैं। प्रार्थना करनेवाले को प्राप्त होकर उसका रक्षण करते हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

यज्ञशीलता व स्तवन

आदु नु ते अनु क्रतुं स्वाहा वरस्य यज्यवः। श्वात्रमर्का अनूषतेन्द्र गोत्रस्य दावने॥५॥

(१) आत् उ=अब शीघ्र ही नु=निश्चय से क्रतुम्=आप से दी गई शक्ति के अनु=अनुसार स्वाहा=वरस्य=स्वाहा' की वरणीय अग्नि की यज्यवः=पूजा करनेवाले यज्ञशील अर्काः=उपासक श्वात्रम्=(श्वि गतिवृद्ध्योः) गतिशील सदावृद्ध उस प्रभु को अनूषत=स्तुत करते हैं। (२) हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! गोत्रस्य=ज्ञान की वाणियों के समूह के दावने=देने के निमित्त वे आपका स्तवन करते हैं। स्तोता को ही तो आपकी ये ज्ञान की वाणियाँ प्राप्त होती हैं।

भावार्थ=प्रभु के शक्ति को प्राप्त करके हम यज्ञशील बनें। प्रभु का स्तवन करते हुए हम ज्ञान की वाणियों को प्राप्त करें।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'अध्वर' प्रभु

इन्द्रे विश्वानि वीर्या कृतानि कर्त्वानि च। यमर्का अध्वरं विदुः॥६॥

(१) इन्द्रे=उस सर्वशक्तिमान् प्रभु में ही विश्वानि=सब कृतानि=आज तक किये गये च=और कर्त्वानि=भविष्य में किये जानेवाले वीर्या=शक्तिशाली कर्म हैं। (२) उस प्रभु में सब शक्तिशाली कर्म हैं यम्=जिसको अर्काः=उपासक अध्वरं=हिंसा से रहित विदुः=जानते हैं। प्रभु सर्वशक्ति सम्पन्न हैं, पर वे किसी का हिंसन नहीं करते।

भावार्थ=उस सर्वशक्तिसम्पन्न प्रभु में ही सब शक्तिशाली कर्म होते हैं। ये प्रभु 'अध्वर' हैं=किसी की हिंसा करनेवाले नहीं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

पञ्चजन्य का प्रभुपूजन

यत्पाञ्चजन्यया विशेन्द्रे घोषा असृक्षत। अस्तृणाद्बर्हणा विपोऽर्यो मानस्य स क्षयः॥७॥

(१) यत्=जब पाञ्चजन्यया='ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य शूद्र व निषाद' रूप पंचजनों का हित करनेवाले विशा=प्रजा से इन्द्रे=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु के विषय में घोषाः=स्तुतिवचन असृक्षत=किये जाते हैं तो वे प्रभु बर्हणा=(बृहि वृद्धौ) अपनी शत्रुओं के उद्बर्हण की शक्ति से अस्तृणात्=काम आदि शत्रुओं का हिंसन करते हैं। (२) इसीलिए विपः=मेधावी स्तोता के सः अर्यः=वे स्वामी प्रभु मानस्य=पूजा के क्षयः=निवासस्थान होते हैं। मेधावी स्तोता प्रभु का पूजन करता हुआ काम आदि शत्रुओं का विनाश कर पाता है।

भावार्थः=प्रभु का स्तोता वही है जो पञ्जजनों का हित करे। प्रभु स्तोता के शत्रुओं का विनाश करते हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

जीवनमार्ग के रक्षक प्रभु

इयमु ते अनुष्टुतिश्चकृषे तानि पौंस्या। प्रावश्चक्रस्य वर्तनिम्॥८॥

(१) हे प्रभो! इयम्=यह उ=निश्चय से ते=आपकी अनुष्टुतिः=अनुदिन की जानेवाली स्तुति है आप ही तानि=उन प्रसिद्ध पौंस्या=शक्ति के कर्मों को चकृषे=करते हैं। (२) आप ही

चक्रस्य-इस हमारे शरीररथ के चक्र के वर्तनिम्-मार्ग को प्रावः-रक्षित करते हैं। आपसे रक्षित हुए-हुए ही हम अपने जीवनमार्ग में आगे बढ़ पाते हैं।

भावार्थ-हम प्रभु का स्तवन करें। सब शक्तिशाली कर्मों को प्रभु ही करते हैं। प्रभु ही हमारे जीवनमार्ग का रक्षण करनेवाले हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सात्विक भोजन

अस्य वृष्णो व्योदन उरु क्रमिष्ट जीवसे। यवं न पश्व आ ददे॥ ९॥

(१) अस्य-इस वृष्णः-सब सुखों के वर्षक प्रभु के-प्रभु से उत्पन्न किये गये व्योदने-विशिष्ट ओदन-सात्त्विक भोजन के होने पर यह जीव उरु क्रमिष्ट-खूब क्रियाशील होता है तथा जीवसे-उत्कृष्ट जीवन के लिए होता है। (२) न-जिस प्रकार पश्वः-पशु यवं-जौ को, उसी प्रकार यह भोजन को आददे-ग्रहण करता है। पशु स्वाद के कारण नहीं खाते रहते। इसी प्रकार यह भी मात्रा में ही भोजन करता है।

भावार्थ-हम उस सुखों के वर्षक प्रभु से दिये गये सात्त्विक भोजनों को ही करें।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दक्षपितरः

तद्धाना अवस्यवो युष्माभिर्दक्षपितरः। स्याम मरुत्वतो वृधे॥ १०॥

(१) हम युष्माभिः-आपसे-प्रभु से दिये गये तद्-उस, गतमन्त्र में वूणत व्योदन को-सात्त्विक भोजन को, दधानाः-धारण करते हुए अवस्यवः-रक्षण की कामनावाले व दक्षपितरः-शक्ति के रक्षक हों। (२) हम मरुत्वतः-प्राणोंवाले इस इन्द्र के वृधे-वर्धन के लिए स्याम-हों। सात्त्विक अन्न का सेवन हमारी प्राणशक्ति को बढ़ाए।

भावार्थ:-हम सात्त्विक अन्नों के द्वारा अपना रक्षण करें, शक्ति को बढ़ाएँ तथा प्राणशक्तिसम्पन्न बनें।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

जेषाम त्वया युजा

बट्ऋत्वियाय धाम्न ऋक्वभिः शूर नोनुमः। जेषामेन्द्र त्वया युजा॥ ११॥

(१) हे शूर-शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! बट्-यह सत्य है कि ऋत्वियाय-समय पर प्राप्त होनेवाले धाम्ने-उस-उस तेज के लिए ऋक्वभिः-ऋचाओं के द्वारा-स्तुतिवचनों के द्वारा नोनुमः-हम आपका खूब ही स्तवन करते हैं। आपका यह स्तवन हमें तेजस्वी बनाता है। (२) हे इन्द्र-शत्रुविद्रावक प्रभो! त्वया युजा-आपको साथी के रूप में पाकर हम जेषाम-विजय को प्राप्त करें।

भावार्थ-प्रभुस्तवन हमें तेज प्राप्त करता है। प्रभु को साथी के रूप में पाकर हम शत्रुओं को पराजित करते हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वःङ्ग देवता—देवाःङ्ग छन्दः—त्रिष्टुप्ङ्ग स्वरः—धैवतःङ्ग

इन्द्रज्येष्ठाः देवाः अस्मान् अवन्तु

अस्मे रुद्रा मेहना पर्वतासो वृत्रहत्ये भरहूतौ सजोषाः।
यः शंसते स्तुवते धायि पज्र इन्द्रज्येष्ठा अस्माँ अवन्तु देवा॥ १२॥

(१) मेहना=शरीर में शक्ति के सेचन के द्वारा पर्वतासः=हमारा पूरण करनेवाले रुद्राः=रोगों के द्रावक-दूर भगानेवाले प्राण वृत्रहत्ये=वासना के विनाश के निमित्तभूत भरहूतौ=संग्राम में पुकार के होने पर अस्मे=हमारे लिए सजोषा=समान रूप से प्रीतिवाले हों। प्राणों की अनुकूलता से हम शरीर में शक्ति का सेचन करते हुए रोगशून्य व वासनाशून्य बनते हैं। (२) यः=जो शंसते=ज्ञान की वाणियों का शंसन करनेवाले तथा स्तुवते=स्तवन करनेवाले के लिए पज्रः=शक्तिशाली होता हुआ धायि=धारण किया जाता है वह इन्द्र, तथा इन्द्रज्येष्ठाः देवाः=इन्द्र है ज्येष्ठ जिनमें वे सब देव अस्मान् अवन्तु=हमारा रक्षण करें। सब देवों के साथ महादेव हमारे लिए कल्याणकर हों।

भावार्थ—प्राणयाम द्वारा अंग-प्रत्यंग को शक्ति से सिक्त करके हम रोगों व वासनाओं को जीतें। शक्ति के धारण करनेवाले प्रभु सब देवों के साथ हमारा कल्याण करें।

अगले सूक्त के भी ऋषि 'प्रगाथ काण्व' व देवता 'इन्द्र' हैं—

६४. [चतुःषष्टितमं सूक्तम्]

ऋषिः—प्रगाथः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

धन व सत्संग

उत्त्वा मन्दन्तु स्तोमाः कृणुष्व राधो अद्रिवः। अव ब्रह्मद्विषो जहि॥ १॥

(१) हे अद्रिवः=आदरणीय प्रभो! त्वा=आपको स्तोमाः=हमारे से की जानेवाली स्तुतियाँ उत् मन्दन्तु=उत्कर्षेण आनन्दित करें। ये स्तोत्र हमें आपका प्रिय बनाएँ। आप हमारे लिए राधः कृणुष्व=कार्यसाधक धनों को कीजिए। (२) ब्रह्मद्विषः=ज्ञान से अप्रीतिवाले लोगों को अवजहि=हमारे से दूर करिये। हमें ज्ञानी लोगों का ही सम्पर्क प्राप्त हो। मूर्खों के सम्पर्क से हम सदा दूर रहें।

भावार्थ—हम प्रभुस्तवन करते हुए कार्यसाधक धनों को प्राप्त करें और ज्ञानियों के सम्पर्क में रहें।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

अराधस् पणियों का विनाश

पदा पणीँरराधसो नि बाधस्व महाँ असि। नहि त्वा कश्चन प्रति॥ २॥

(१) हे इन्द्र! आप पणीन्=लोभयुक्त व्यवहारवाले अराधसः=यज्ञों के असाधक धनोंवाले धनियों को पदा=पाँव से नि बाधस्व=नीचे पीड़ित करिये—इन्हें पाँव तले रौंद डालिये। महान् असि=आप पूज्य हैं। (२) हे प्रभो! कश्चन=कोई भी त्वा प्रति नहि=आपका सामना करनेवाला नहीं है। आप अद्वितीय शक्तिशाली हैं।

भावार्थ—प्रभु लोभी अयज्ञिय वृत्तिवाले धनियों को विनष्ट करते हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—आर्चीस्वराड्गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

'मुक्त व अमुक्त सभी का ईश' प्रभु

त्वमीशिषे सुतानामिन्द्र त्वमसुतानाम्। त्वं राजा जनानाम्॥ ३॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! त्वं-आप सुतानां-कर्मानुसार उस-उस शरीर को ग्रहण करनेवाले उत्पन्न लोगों के ईशिषे-ईश होते हैं। त्वम्-आप ही असुतानाम्-शरीर को न धारण करनेवाले, उत्पन्न न होनेवाले-मुक्त पुरुषों के भी ईश हैं। (२) त्वं-आप ही जनानाम्-सब जन्म-धारियों के राजा-व्यवस्थापक-कर्मानुसार फल देनेवाले हैं।

भावार्थ-मुक्त व अमुक्त सभी के प्रभु ईश हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—विराड् गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

दिविक्षयः

एहि प्रेहि क्षयो दिव्यावृ घोषञ्चर्षणीनाम्। ओभे पृणासि रोदसी॥ ४॥

(१) हे प्रभो! एहि-आप हमें प्राप्त होइए, प्रेहि-प्रकर्षेण प्राप्त होइए। आप चर्षणीनाम्-श्रमशील मनुष्यों के लिए आघोषम्-यह घोषणा करते हुए कि दिवि क्षयः-तुम्हारा ज्ञान में निवास है, ज्ञानपूर्वक ही तुमने गति करनी है (क्षि निवासगत्योः) प्राप्त होइए। (२) हे प्रभो! आप इस घोषणा के द्वारा ही उभे रोदसी-दोनों द्यावापृथिवी को-मस्तिष्क व शरीर को आपृणासि-आपूरित कर देते हैं। ज्ञानपूर्वक क्रिया करनेवाला व्यक्ति स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मस्तिष्कवाला बनता है।

भावार्थ-प्रभु मनुष्य को यही उपदेश करते हैं कि ज्ञान में ही तुम्हारा निवास हो, ज्ञानपूर्वक ही तुम्हारी क्रियाएँ हों।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

अविद्यापर्वत का विदारण

त्यं चित्पर्वतं गिरिं शतवन्तं सहस्त्रिणम्। वि स्तोतृभ्यो रुरोजिथ॥ ५॥

(१) अविद्या पञ्चपर्वा कहलाती है-'अविद्या अस्मिता राग द्वेष व अभिनिवेश' रूप पांच क्लेश ही इसके पांच पर्व हैं। यह अविद्या शत सहस्रों व हजारों रूपों में प्रकट होती है। प्रभु ही इस अविद्यापर्वत का विदारण करते हैं। त्यं-उस चित्-निश्चय से पर्वत-पाँच पर्वोंवाले अविद्यापर्वत को, गिरिं-जो हमें निगल-सा जाता है, शतवन्तं-सैकड़ों शाखाओंवाला है तथा सहस्त्रिणं-सहस्रों प्रशाखाओंवाला है, इस पर्वत को, हे प्रभो! स्तोतृभ्यः-स्तोताओं के लिए आप ही विरुरोजिथ-विशेषरूप से भग्न करते हैं।

भावार्थ-हम प्रभु का स्तवन करें। प्रभु ही हमारे लिए अविद्या पर्वत का विनाश करेंगे।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

प्रभुस्मरण से सोमरक्षण

वयमु त्वा दिवा सुते वयं नक्तं हवामहे। अस्माकं काममा पृण॥ ६॥

(१) हे प्रभो! वयम्-हम उ-निश्चय से त्वा-आपको सुते-शरीर में सोम का सम्पादन करने पर दिवा-दिन में हवामहे-पुकारते हैं। नक्तं-रात में भी वयं-हम आपका आह्वान करते हैं। आपका आराधन ही वस्तुतः हमें सोमरक्षण के योग्य बनाता है। (२) अस्माकं कामं आपृण-आप हमारी कामना को पूर्ण करिये।

भावार्थ–प्रभुस्मरण करते हुए हम सोम का रक्षण करें। इस प्रकार सब उन्नतियों को सिद्ध कर पाएँ।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विरलो जनः

क्वा३ स्य वृषभो युवा तुविग्रीवो अनानतः। ब्रह्मा कस्तं सपर्यति॥ ७॥

(१) संसार में **स्यः**=वह व्यक्ति **क्व**=कहाँ है? जो **वृषभः**=शरीर में शक्ति के सेचन के द्वारा बलवान् बना है। **युवा**=बुराइयों को अपने से पृथक् करनेवाला व अच्छाइयों का अपने से मिश्रण करनेवाला है। **तुविग्रीवः**=महान् ग्रीवावाला है। **तुवि**=अनेक ग्रीवाओंवाला है। अन्नमय कोश में बलवान्, प्राण (इन्द्रियाँ) मय कोश में असत् को छोड़कर सत्वाला तथा मनोमय कोश में तुविग्रीव। यह सभी को अपनी मैं में समाविष्ट करता है–सो सभी के साथ मिलकर खाता है। यही 'अनेक ग्रीवाओंवाला होना' हैं। (२) यह **अनानतः**=ज्ञान के सम्पादन के कारण विषयवासना से न दबा हुआ होता है। **ब्रह्मा**=यह परमार्थ ज्ञान को प्राप्त करता है कि 'सब प्राणी उस प्रभु में हैं, सबमें उस प्रभु का वास है'। यह ज्ञान ही इसकी आनन्दमयता का कारण बनता है। **कः**=वह आनन्दमय प्रभु भी **तं**=उस 'वृषभ–युवा–तुविग्रीव–अनानत–ब्रह्म' बनने का प्रयत्न करते हुए प्रभु के प्रिय बनें।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

यज्ञशीलता व प्रभुलिप्सा

कस्य स्वित्सवनं वृषा जुजुष्वाँ अव गच्छति। इन्द्रं क उ स्विदा चके॥ ८॥

(१) **वृषा**=वह सुखों का वर्षक प्रभु **कस्य स्वित्**=किसी के ही **सवनं जुजुष्वान्**=यज्ञ को प्रीति से सेवन करता हुआ **अवगच्छति**=इसे अपना प्रिय जानता है। संसार में विरल व्यक्ति ही यज्ञों द्वारा प्रभु को प्रीणित करनेवाले होते हैं। (२) **कः उ स्वित्**=और कोई ही **इन्द्रं आचके**=उस प्रभु की प्राप्ति की कामनावाला होता है। मनुष्य सामान्यतः धन को चाहता है–धन को देनेवाले प्रभु को नहीं।

भावार्थ–संसार में विरल ही पुरुष यज्ञशील हैं और विरल ही प्रभुप्राप्ति की कामनावाले होते हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दान-सुवीर्य-उक्थ

कं ते दाना असक्षत वृत्रहन्कं सुवीर्या। उक्थे क उ स्विदन्तमः॥ ९॥

(१) हे प्रभो! **कं**=किसी विरल व्यक्ति को ही **ते दानाः**=तेरी दानवृत्तियाँ **असक्षत**=प्राप्त होती हैं, अर्थात् कोई विरल व्यक्ति ही आपकी उपासना करता हुआ दानवृत्तिवाला होता है। हे **वृत्रहन्**=वासनाओं को विनष्ट करनेवाले प्रभो! **कं**=किसी एक आध को ही **सुवीर्या**=उत्तम वीर्य (पराक्रम) प्राप्त होते हैं। (२) **कः उ**=और कोई ही **उक्थे**=स्तोत्रों के होने पर **स्वित्**=निश्चय से **अन्तमः**=आपका अन्तिकतम होता है। ऐसे व्यक्ति कम ही हैं जो आपकी स्तुति करते हुए आपके उपासक बनते हैं।

भावार्थ–विरल ही व्यक्ति दानवृत्ति को अपना कर वासनाओं से ऊपर उठकर शक्तिशाली बनते हैं और प्रभुस्तवन करते हुए प्रभु के उपासक बनते हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पोषण के निमित्त सोम का सवन

अयं ते मानुषे जने सोमः पूरुषु सूयते। तस्येहि प्र द्रवा पिब॥ १०॥

(१) अयं सोमः=यह सोम मानुषे जने=विचारशील मनुष्य में पूरुषु=पालन व पूरण की क्रियाओं के निमित्त ते=आपके द्वारा सूयते=उत्पन्न किया जाता है। विचारशील मनुष्य इसका रक्षण करते हुए अंग-प्रत्यंग का पोषण करते हैं। (२) हे प्रभो! आप इहि=आइए, प्रद्रव=प्रकर्षेण हमारे प्रति गतिवाले होइए और तस्य पिब=उस सोम का पान करिये। आपका उपासन ही हमें सोम के रक्षण के योग्य बनाएगा।

भावार्थ—प्रभु हमारे शरीरों में अंगों के पोषण के निमित्त सोम का उत्पादन करते हैं। प्रभु ही वस्तुतः इसका रक्षण भी करते हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शर्यणावान्-सुषोमा-आर्जीकीय

अयं ते शर्यणावति सुषोमायामधि प्रियः। आर्जीकीये मदिन्तमः॥ ११॥

(१) हे प्रभो! अयं=यह ते=आपसे उत्पादित सोम शर्यणावति=(शृ हिंसायाम्) वासनाओं का संहार करनेवाले पुरुष में तथा सुषोमायां=अत्यन्त सौम्य स्वभाव की प्रजाओं में अधि प्रियः=आधिक्येन प्रीतिवाला होता है। (२) आर्जीकीये=सरलता से अलंकृत पुरुष में यह सोम मदिन्तमः=अतिशयेन हर्षजनक होता है।

भावार्थ—सोमरक्षण के लिए तीन बातें आवाश्यक हैं—(१) वासनाओं का संहार (२) सौम्यता (३) सरलता। सुरक्षित सोम प्रीति व आनन्द का जनक होता है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

राधसे-मदाय-घृष्वये

तमद्या राधसे महे चारुं मदाय घृष्वये। एहीमिन्द्र द्रवा पिब॥ १२॥

(१) हे इन्द्र=जितेन्द्रिय पुरुष! तम्=उस चारुं=सुन्दर अथवा चरणीय (भक्षणीय) सोम को महे=महान् राधसे=सफलता व ऐश्वर्य के लिए पिब=शरीर में ही पीनेवाला हो। (२) पिया हुआ यह सोम मदाय=आनन्द के लिए होता है तथा घृष्वये=शत्रुओं के घर्षण के लिए होता है। एहि=आओ द्रव=गतिमय जीवनवाले बनो और ईम्=इस समय इस सोम का पान करो। शरीर में ही इसे सुरक्षित करो।

भावार्थ—सुरक्षित सोम महान् साफल्य के लिए होता है। आनन्द को प्राप्त कराता है तथा शत्रुओं का घर्षण करता है।

अगले सूक्त के ऋषि देवता भी 'प्रागाथ काण्व' व 'इन्द्र' हैं—

६५. [पञ्चषष्टितमं सूक्तम्]

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'सदा उपस्थित' प्रभु

यदिन्द्र प्रागपागुदङ्न्यग्वा हूयसे नृभिः। आ याहि तूयमाशुभिः॥ १॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! यद्-जब आप प्राग्-पूर्व में, अपाक्-पश्चिम में, उदङ्-उत्तर में वा-या न्यग्-दक्षिण में कहीं भी नृभिः-उन्नतिपथ पर चलनेवाले मनुष्यों से हूयसे-पुकारे जाते हैं। तो तूयम्-शीघ्र ही आशुभिः-शीघ्रगामी अश्वों से आयाहि-हमें प्राप्त होइए। (२) आपने ही तो हमारा रक्षण करना है। इस भवसागर में आप ही नाव हैं। इस जीवनयात्रा में आप ही रथ हैं।

भावार्थ-सर्वव्यापक प्रभु को हम पुकारते हैं तो वे शीघ्र ही हमारी पुकार को सुन उपस्थित होते हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञानस्रोत, धर्म्ययुद्ध, अन्नभण्डार

यद्वा प्रस्रवणे दिवो मादयासे स्वर्णरे। यद्वा समुद्रे अन्धसः॥ २॥

(१) गतमन्त्र के अनुसार हे प्रभो! आप आराधकों को प्राप्त होते हो, और यद् वा-या तो दिवः प्रस्रवणे-ज्ञान के स्रोत में मादयासे-उन्हें आनन्दित करते हो अथवा स्वर्णरि-स्वर्ग को प्राप्त करानेवाले धर्म्ययुद्ध में उन्हें आनन्द प्राप्त कराते हैं। यद्वा-अथवा अन्धसः समुद्रे-अन्न के समुद्र में-अन्न के भण्डारों में उन्हें आनन्द देनेवाले होते हों। (२) प्रभु का आराधक ब्राह्मणवृत्ति का होने पर ज्ञान के स्रोत में तैरता-सा प्रतीत होता है। क्षत्रियवृत्ति का होकर यह आराधक धर्म्ययुद्धों में प्राणत्याग करता हुआ स्वर्ग को प्राप्त करता है। वैश्यवृत्ति का होने पर यह राष्ट्र के लिए अन्नसमुद्रों को जन्म देनेवाला होता है।

भावार्थ-प्रभु का उपासक 'ज्ञान, बल व धन' का भण्डार बनता है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

भोजसे-पीतये

आ त्वा गीर्भिर्महामुरुं हुवे गामिव भोजसे। इन्द्र सोमस्य पीतये॥ ३॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! गीर्भिः-ज्ञान की वाणियों से त्वा आहुवे-आपको पुकारता हूँ। जो आप महाम्-महान् हैं-पूजनीय हैं तथा उरुं-विशाल व सर्वव्यापक हैं। (२) आपको मैं इसप्रकार पुकारता हूँ इव-जैसे भोजसे-पालन व पोषण के लिए गाम्-गौ को पुकारते हैं। गौ दूध देकर हमारा पालन पोषण करती है, इसी प्रकार प्रभु ज्ञानदुग्ध प्राप्त कराके हमारा रक्षण करते हैं। हे इन्द्र! मैं आपको सोमस्य पीतये-सोम के पान के लिए पुकारता हूँ। आपकी आराधना ही सोम का रक्षण करके हमारे ज्ञान की वृद्धि का कारण बनती है।

भावार्थ-प्रभु महान् हैं-सर्वव्यापक हैं। ज्ञानदुग्ध देकर प्रभु हमारा रक्षण करते हैं। सोमरक्षण द्वारा प्रभु ही हमारी ज्ञानाग्नि को दीप्त करते हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

महिमा+महस्

आ त इन्द्र महिमानं हरयो देव ते महः। रथे वहन्तु बिभ्रतः॥ ४॥

(१) हे इन्द्र! सब बल के कर्मों को करनेवाले प्रभो! ते महिमानं-आपकी महिमा को हरयः-ये ज्ञानेन्द्रियरूप अश्व आवहन्तु-प्राप्त कराएँ। हमारी ज्ञानेन्द्रियाँ सर्वत्र आपकी महिमा को देखें। (२) हे देव-इस संसाररूप क्रीड़ा के करनेवाले प्रभो! ते महः-आपके तेज को रथे

बिभ्रतः=शरीररूप रथ में धारण करते हुए ये कर्मेन्द्रियरूप अश्व वहन्तु=हमें लक्ष्यस्थान पर पहुँचानेवाले हों।

भावार्थ=हमारी ज्ञानेन्द्रियाँ सर्वत्र प्रभु की महिमा को देखें और हमारी कर्मेन्द्रियाँ प्रभु की शक्ति का धारण करनेवाली हों।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

महिमा-बल-ऐश्वर्य

इन्द्रं गृणीष उ स्तुषे महाँ उग्र ईशानकृत्। एहि नः सुतं पिब॥ ५॥

(१) हे इन्द्र=सब बल के कर्मों को करनेवाले प्रभो! गृणीषे=आप ही इस रूप में कहे जाते हो कि महान्=आप पूजनीय व सर्वव्यापक हैं, उग्रः=उद्गूर्ण बलवाले हैं=बढ़े हुए बलवाले हैं, ईशानकृत्=सब ऐश्वर्यों के करनेवाले हैं। (२) हे इन्द्र! मैं उ=निश्चय से स्तुषे=आपका स्तवन करता हूँ। आप नः एहि=हमें प्राप्त होइए और सुतं पिब=हमारे अन्दर उत्पन्न हुए-हुए सोम का पान करिये। इस सोमरक्षण द्वारा ही हम 'महिमा-बल व ऐश्वर्य' को प्राप्त करनेवाले होंगे।

भावार्थ=उस 'महान्, उग्र, ईशानकृत्' प्रभु का स्मरण करते हुए हम सोम का रक्षण करें और 'महिमा, बल व ऐश्वर्य' को प्राप्त करने का प्रयत्न करें। मन में महिमा, शरीर में बल व मस्तिष्क में ज्ञानैश्वर्य का हम धारण करें।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सुतावन्तः=प्रयस्वन्तः

सुतावन्तस्त्वा वयं प्रयस्वन्तो हवामहे। इदं नो बर्हिरासदे॥ ६॥

(१) सुतावन्तः=उत्पन्न सोम का प्रशस्तरूप में रक्षण करनेवाले वयं=हम त्वा=हे प्रभो! आपको हवामहे=पुकारते हैं। (२) प्रयस्वन्तः=प्रशस्त सात्त्विक भोजनवाले बनकर हम आपको नः=हमारे इदं बर्हिः=इस वासनामलशून्य हृदयासन पर आसदे=बैठने के लिए पुकारते हैं।

भावार्थ=हम सुतावानम् व प्रयस्वान्=सोम का रक्षण करनेवाले व प्रशस्त सात्त्विक भोजन करनेवाले बनकर प्रभु की आराधना करें।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शश्वतां साधारणः

यच्चिद्धि शश्वतामसीन्द्र साधारणस्त्वम्। तं त्वा वयं हवामहे॥ ७॥

(१) हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! त्वं=आप यत्=क्योंकि चित् हि=निश्चय से शश्वतां=अनेक व सनातनकाल से चली आ रही प्रजाओं के साधारणः असि=समानरूप से=निष्पक्षपात-पालक हैं, सो तं त्वा=उन आपको वयं=हम हवामहे=पुकारते हैं। (२) प्रभु की रक्षण व पालन-व्यवस्था में किसी प्रकार का पक्षपात नहीं। सो प्रभु का आह्वान हम करते हैं, वहाँ किसी प्रकार के अन्याय का भय नहीं।

भावार्थ=प्रभु समानरूप से सबका पालन करनेवाले हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उपासना व सोमरक्षण

इदं ते सोम्यं मध्वधुक्षन्नद्रिभिर्नरः। जुषाण इन्द्र तत्पिब॥ ८॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! नरः-उन्नतिपथ पर चलनेवाले मनुष्य ते-आपकी प्राप्ति के लिए इदं-इस सोम्यं मधु-सोमसम्बन्धी सारभूत वस्तु को अद्रिभिः-उपासनाओं के द्वारा (आ+दु) अधुक्षन्-अपने शरीर में ही प्रपूरित करते हैं। (२) जुषाणः-हमारे प्रति प्रीतिवाले होते हुए आप अथवा हमारे से प्रीतिपूर्वक उपासना किये जाते हुए आप तत् पिब-उस सोम का रक्षण करिये।

भावार्थ-सोमरक्षण द्वारा ही प्रभु की प्राप्ति होती है। प्रभु की उपासना से ही सोमरक्षण का सम्भव होता है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञानदाता प्रभु

विश्वाँ अर्यो विपश्चितोऽति ख्यस्तूयमा गहि। अस्मे धेहि श्रवो बृहत्॥ ९॥

(१) हे इन्द्र! अर्यः-आप ही स्वामी हैं। विश्वान्-सब विपश्चितः-ज्ञानियों को अतिख्यः-आप ही अतशयेन ज्ञान से दीप्त करते हैं। आप तूयम्-शीघ्रता से आगहि-हमें प्राप्त होइए। (२) आप अस्मे-हमारे लिए बृहत् श्रवः-बहुत ज्ञान को धेहि-धारण कीजिए।

भावार्थ-सब ज्ञानियों को प्रभु ही ज्ञानदीप्त करते हैं। प्रभु का हम पर भी अनुग्रह हो और प्रभु हमें उत्कृष्ट ज्ञान को दें।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पृषतीनां, हिरण्यवीनाम्

दाता मे पृषतीनां राजा हिरण्यवीनाम्। मा देवा मघवा रिषत्॥ १०॥

(१) मघवा-वह ऐश्वर्यशाली प्रभु मे-मेरे लिए पृषतीनां दाता-सब धनों को प्राप्त करानेवाली कर्मेन्द्रियों को (कर्मेन्द्रियरूप अश्वों के) दाता-देनेवाले हैं। वे प्रभु हिरण्यवीनां राजा-हितरमणीय ज्ञान को प्राप्त करानेवाले ज्ञानेन्द्रिरूप गौओं के राजा-स्वामी हैं-हमारे लिए इनकी क्रियाओं को करनेवाले हैं। (२) देवाः-हे ज्ञानियो! मघवा मा रिषत्-प्रभु कभी हिंसित न हों। तुम कभी प्रभु का विस्मरण न करो। प्रभु ही तो तुम्हें उत्तम कर्मेन्द्रियों व उत्तम ज्ञानेन्द्रियों को प्राप्त कराएँगे।

भावार्थ-प्रभु हमारे लिए उत्तम इन्द्रियों को देते हैं। हम प्रभु को कभी भूलें नहीं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'चन्द्रं बृहत् पृथु शुक्रं' हिरण्यम्

सहस्रे पृषतीनामधि श्चन्द्रं बृहत्पृथु। शुक्रं हिरण्यमा ददे॥ ११॥

(१) पृषतीनाम् सहस्रे अधि-अपने को शक्ति से सिक्त करनेवाली कर्मेन्द्रियों के सहस्रसंख्याक धनों के ऊपर अर्थात् कर्मेन्द्रियों द्वारा सहस्रों धनों का अर्जन करने के साथ मैं ज्ञानेन्द्रियों के व्यापार के द्वारा उस हिरण्यम्-हितरमणीय ज्ञान को आददे-ग्रहण करता हूँ जो बृहत्-(बृहि वृद्धौ)

शक्तियों की वृद्धि का कारणभूत है, **पृथु**-हृदय को विशाल बनानेवाला है और इस प्रकार **चन्द्रं**-आह्लादजनक है और **शुक्रं**-पवित्र जीवन को देनेवाला है। (२) कर्मेन्द्रियों के व्यापार द्वारा-श्रम द्वारा-शतशः धनों का अर्जन आवश्यक है।

भावार्थ-हम श्रम द्वारा धनों का अर्जन करते हुए हितरमणीय ज्ञान का उपादान करें जो हमारे जीवन को बढ़ी हुई शक्तियोंवाला, विशाल हृदयवाला व पवित्र बनाता है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उत्कृष्ट ज्ञानधन

नपातो दुर्गहस्य मे सहस्त्रेण सुराधसः। श्रवो देवेष्वक्रत॥ १२॥

(१) **नपातः**-न गिरने देनेवाले (न पातयति इति)-पापों में फंसने के बचानेवाले, **सहस्त्रेण**-शतशः धनों से **दुर्गहस्य**-दुर्ग्राह्य-धनों के द्वारा अप्राप्य **मे**-मेरे **सुराधसः**-उत्तम ज्ञानरूप ऐश्वर्य का **श्रवः**-श्रवण **देवेषु**-माता, पिता व आचार्यरूप देवों की समीपता में **अक्रत**-करो। (२) ज्ञानरूप धन इन बाह्य धनों के द्वारा अप्राप्य हैं। यह तो नम्रता, जिज्ञासा व बड़ों की सेवा से ही प्राप्त होता है। इस ज्ञान के लिए हम बड़ों की उपासना करें। उनकी समीपता में ही यह ज्ञान प्राप्त होगा।

भावार्थ-प्रभु से दत्त वेदज्ञान हमारा रक्षक है। यह धनों से प्राप्य नहीं। देवों की शुश्रूषा से ही यह प्राप्त होता है।

देवों की उपासना से इस ज्ञान का संख्यान (सम्यग् दर्शन) करनेवाला 'कलि' अगले सूक्त का ऋषि है। यह 'प्रागाथ' प्रभु के गुणों का गायन करनेवाला होता हुआ 'इन्द्र' नाम से प्रभु का उपासन करता है-

६६. [षट्षष्टितमं सूक्तम्]

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

भरं न कारिणम्

तरोभिर्वो विदद्वसुमिन्द्रं सबाध ऊतये। बृहद्गायन्तः सुतसोमे अध्वरे हुवे भरं न कारिणम्॥ १॥

(१) **तरोभिः**-अतिशयेन वेगवाले (बलसम्पन्न) इन्द्रियाश्वों के द्वारा **वः**-तुम्हारे लिए **विदद्वसुं**-धनों को प्राप्त करानेवाले **इन्द्रं**-परमैश्वर्यशाली प्रभु को **सबाधः**-काम-क्रोध आदि का बाधन करनेवाले उपासक **बृहद् गायन्तः**-खूब ही गाते हैं। यह प्रभु का गायन ही उन्हें उत्तम इन्द्रियों को प्राप्त कराके वसु के सम्पादन में समर्थ करता है। (२) मैं भी **सुतसोमे**-जिसमें सोम का (वीर्य का) सम्पादन किया गया है, उस **अध्वरे**-जीवनयज्ञ में **हुवे**-उस प्रभु को इस प्रकार पुकारता हूँ, **न**-जैसे **कारिणं**-हितकरणशील **भरं**-भर्ता (पति) को गृह के लोग बुलाते हैं। प्रभु ने ही तो हमारा रक्षण करना है। इस रक्षण के हेतु से ही प्रभु ने शरीर में सोम की स्थापना की है।

भावार्थ-प्रभु उपासक को वेगवान् इन्द्रियाश्वों के द्वारा वसु के अर्जन के योग्य बनाते हैं। प्रभु का हम स्मरण करते हैं। प्रभु ही हमारे हित करनेवाले पालक व पोषक हैं।

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

शशमानाय सुन्वते जरित्रे

न यं दुध्रा वरन्ते न स्थिरा मुरो मदे सुशिप्रमन्धसः।

य आदृत्या शशमानाय सुन्वते दाता जरित्र उक्थ्यम्॥ २॥

(१) यं-जिस सुशिप्रं-शोभन शिरस्त्राणवाले सर्वशक्तिमान् प्रभु को दुध्राः-दुर्धर अर्थात् बड़े-बड़े शक्तिशाली भी न वरन्ते-रोक नहीं सकते स्थिरा मुरः-स्थिर शत्रुमारक बली भी न-रोक नहीं पाते, वे प्रभु वे हैं यः-जो अन्धसः मदे-सोमपानजनित उल्लास में शशमानाय-प्लुत गतिवाले-स्फूर्ति से कार्य करनेवाले, सुन्वते-यज्ञशील उक्थ्यं-स्तुत्य प्रभु का जरित्रे-स्तवन करनेवाले के लिए आदृत्य-आदरपूर्वक दाता-सब कुछ देनेवाले हैं। प्रभु इस स्तोता को सम्मान भी प्राप्त कराते हैं, धन भी।

भावार्थ-प्रभु का वारण 'असुर, देव, मनुष्य' कोई भी नहीं कर पाते-'न दुध्र, न स्थिर और न मुर्'। ये प्रभु सोम का रक्षण करनेवाले, अतएव उल्लासमय, शीघ्र गतिवाले यज्ञशील स्तोता को मानसहित धन प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'शक्र हिरण्यय' प्रभु

यः शक्रो मृक्षो अश्व्यो यो वा कीजो हिरण्ययः।

स ऊर्वस्य रेजयत्यपावृतिमिन्द्रो गव्यस्य वृत्रहा॥ ३॥

(१) यः-जो प्रभु शक्रः-सर्वशक्तिमान् हैं, मृक्षः-अतिशयेन शुद्ध हैं, अश्व्यः-उत्तम इन्द्रियाश्वों के देनेवाले हैं, वा-अथवा यः-जो कीजः-(किम् इदानीं जातः) अद्भुत हिरण्यय-हितरमणीय ज्योतिवाले हैं। (२) सः-वे इन्द्रः-सर्वशत्रुसंहारक प्रभु वृत्रहा-वासनाओं को विनष्ट करने वाले हैं। ये प्रभु ही ऊर्वस्य गव्यस्य-हमें पापों से बचानेवाले वेदरूप ज्ञान की वाणियों के समूह की आवृतिम्-आवृति को अपरेजयति-कम्पित करके दूर करते हैं, अर्थात् हमारे लिए इन ज्ञान की वाणियों के समूह को प्रकट करते हैं।

भावार्थ-प्रभु शक्तिमान्, शुद्ध उत्तम इन्द्रियाश्वों के दाता व अद्भुत ज्योतिर्मय हैं। वे वासना को विनष्ट करके हमारे लिए वेदवाणियों के समूह प्रकट करते हैं।

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

दाश्वान् को प्रभु देते हैं

निखातं चिद्यः पुरुसंभृतं वसूदिद्वपति दाशुषे।

क्रत्वी सुशिप्रो हर्यश्व इत्कृदिन्द्र कत्वा यथा वशंत्॥ ४॥

(१) यः-जो प्रभु दाशुषे-दाश्वान् पुरुष के लिए-दानशील पुरुष के लिए निखातं चित्-भूमि में गड़े हुए भी पुरु संभृतं-खूब ही सञ्चित वसु-धन को इत्-निश्चय से उद्वपति-उखाड़कर प्राप्त करते हैं। दाश्वान् को धन की कमी नहीं रहती। (२) वह इन्द्रः-परमैश्वर्यशाली प्रभु वज्री-वज्रहस्त हैं-दुष्टों के लिए हाथ में वज्र लिये हुए हैं। सुशिप्रः-शोभन शिरस्त्राणवाले हैं। हर्यश्वः-तेजस्वी इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करानेवाले हैं। वे प्रभु यथा वशत्-जैसा चाहते हैं वैसा ही क्रत्वा-प्रज्ञान व शक्ति से करत्-करते हैं।

भावार्थ–दाश्वान् पुरुष के लिए प्रभु भूमि में गड़े खानों में स्वर्ण आदि तथा खेतों में अन्नरूप धन को प्राप्त करते हैं। दुष्टों को दण्डित करते हुए वे प्रभु प्रज्ञान व शक्ति से सब बातों को ठीक प्रकार करनेवाले हैं।

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् बृहतीः॥ स्वरः—मध्यमः॥

यज्ञ व स्तोत्र

यद्वावन्थ पुरुष्टुत पुरा चिच्छूर नृणाम्। वयं तत्त इन्द्र सं भरामसि यज्ञमुक्थं तुरं वचः॥ ५॥

(१) हे पुरुष्टुत–पालक व पूरक स्तुतिवाले शूर–शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! आप यद् वावन्थ–जो चाहते हैं। वह नृणां–मनुष्यों के पुराचित्–पालन व पूरण की दृष्टि से ही चाहते हों। (२) तत्–सो हे इन्द्र–सर्वशक्तिमन् प्रभो! वयं–हम ते–आपके लिए तुरं–शीघ्र ही यज्ञं–यज्ञ को तथा उक्थं वचः–स्तुतिवचनों को संभरामसि–सम्यक् भृत करते हैं। इन यज्ञों व स्तोत्रों के द्वारा हम आपके प्रिय बन पाते हैं। यज्ञों से हम, भोगासक्त होने से बचे रहते हैं, तथा ये स्तोत्र हमारे सामने जीवन के लक्ष्य को उपस्थित करनेवाले होते हैं।

भावार्थ–प्रभु सदा हमारे पालन व पूरण को चाहते हैं। हम यज्ञों व स्तोत्रों द्वारा प्रभु के प्रिय बनते हैं।

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

ब्रह्मकृते सुन्वते

सचा सोमेषु पुरुहूत वज्रिवो मदाय शुक्ष सोमपाः।
त्वमिद्धि ब्रह्मकृते काम्यं वसु देष्ठः सुन्वते भुवः॥ ६॥

(१) हे पुरुहूत–बहुतों से पुकारे जानेवाले, वज्रिवः–वज्रहस्त, शुक्ष–ज्योति में निवास करनेवाले प्रभो! आप सोमेषु–सोमकणों के शरीर में सुरक्षित होने पर सचा–हमारे साथ होते हैं। सोमरक्षण द्वारा हम आप को प्राप्त करते हैं। वस्तुतः हे प्रभो! आप ही सोमपाः–हमारे सोम का रक्षण करते हो–आपके स्तवन से सोम का रक्षण करते हुए हम मदाय–उल्लास के लिए होते हैं। सुरक्षित सोम हमें उल्लसित जीवनवाला बनाता है। (२) त्वम् इत् हि–आप ही निश्चय से ब्रह्मकृते–ज्ञान का सम्पादन करनेवाले सुन्वते–यज्ञशील पुरुष के लिए काम्यं वसु–कमनीय धन को देष्ठः भुवः–अधिक–से–अधिक देनेवाले होते हैं।

भावार्थ–प्रभु सोमरक्षण द्वारा हमारे जीवन को उल्लासमय बनाते हैं। ज्ञानी यज्ञशील पुरुष के लिए प्रभु ही कमनीय धनों को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृद् बृहतीः॥ स्वरः—मध्यमः॥

स्तवन-सोमरक्षण-प्रभुप्राप्ति

वयमेनमिदा ह्योऽपीपेमेह वज्रिणम्। तस्मा उ अद्य समना सुतं भरा नूनं भूषत श्रुते॥ ७॥

(१) वयं–हम एनं–इस वज्रिणम्–वज्रहस्त प्रभु को इह–इस जीवन में इदा–अब और ह्यः–भूतकाल में भी (गतदिवस में भी) अपीपेम–आप्यायित करते हैं। स्तोत्रों के द्वारा हम प्रभु की भावना को अपने अन्दर बढ़ाते हैं। (२) तस्मा उ–उस प्रभु को प्राप्ति के लिए ही अथ–आज समना–संग्राम के द्वारा–वासनाओं को पराजित करके सुतं भरा–सोम का सम्भरण करते हैं। वे प्रभु नूनं–निश्चय से श्रुते–शास्त्रश्रवण के होने पर भूषत–प्राप्त होते हैं (आभवतु–आगच्छतु)।

भावार्थ–हम सदा प्रभु का स्तवन करें। स्तुति द्वारा वासनाओं को पराजित करके सोम का रक्षण करें। सोमरक्षण द्वारा तीव्रबुद्धि होकर प्रभुदर्शन करनेवाले बनें।

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

चित्रया धिया (आगहि)

वृकश्चिदस्य वारण उरामथिरा वयुनेषु भूषति।
सेमं नः स्तोमं जुजुषाण आ गहीन्द्र प्र चित्रया धिया॥ ८॥

(१) **वारणः**–सबके मार्गों को रोकनेवाला **वृकः चित्**–स्तेन (चोर) भी तथा **उरामथिः**–मार्ग में जानेवालों का हिंसक डाकू भी **अस्य वयुनेषु**–इस प्रभु के प्रज्ञानों के होने पर–कहीं अकस्मात् सत्संग में प्रभु का उपदेश सुनने पर **आभूषति**–आनुकूल्य को प्राप्त करता है। प्रतिकूल कर्मों से निवृत्त हो जाता है। (२) **सः**–वे हे **इन्द्र**–परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **इमं नः**–इस हमारे **स्तोमं**–स्तवन को **जुजुषाणः**–प्रीतिपूर्वक ग्रहण करते हुए **चित्रया धिया**–चेतना को देनेवाली बुद्धि के साथ **प्र आगहि**–प्रकर्षेण प्राप्त होइए।

भावार्थ–प्रभुविषयक उपदेश चोरों व डाकुओं के जीवन में भी परिवर्तन लानेवाला होता है। प्रभु हमारे स्तोम से प्रसन्न हों और हमारे लिए चेतनादायिनी बुद्धि को दें।

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

'सर्वाणि बलकर्माणि इन्द्रस्य'

कदू नव्यस्यावृतमिन्द्रस्यास्ति पौंस्यम्। केनो नु कं श्रोमतेन न शुश्रुवे जनुषः परि वृत्रहा॥ ९॥

(१) **कत् उ नु**–कौन-सा निश्चय से **पौंस्यं**–पौरुष का काम–वृत्र आदि का विनाश रूप कर्म, **अस्य**–इस **इन्द्रस्य**–परमैश्वर्यशाली प्रभु का **अकृतम् अस्ति**–न किया हुआ है? अर्थात् वृत्रवध आदि सब पौरुष के कर्म इस प्रभु द्वारा ही तो किये जाते हैं। (२) **केन उ नु श्रोमतेन**–और निश्चय से किस श्रावणीय पौरुष के कार्य से **न शुश्रुवे**–वे प्रभु सुने नहीं जाते। **जनुषः परि**–जन्म से लेकर ही, अर्थात् अब ही उस प्रभु का हृदयों में कुछ प्रादुर्भाव होता है, तभी ही वे प्रभु **वृत्रहा**–वासना का विनाश करनेवाले हैं।

भावार्थ–वासनाविनाश आदि सब शक्तिशाली कर्मों को करनेवाले प्रभु ही हैं। वे प्रभु हमारे हृदयों में प्रादुर्भूत होते ही सब शत्रुओं का विनाश कर देते हैं।

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

बेकनाटान् अहर्दृशः

कदू महीरधृष्टा अस्य तविषीः कदु वृत्रघ्नो अस्तृतम्।
इन्द्रो विश्वान्बेकनाटाँ अहर्दृश उत क्रत्वा पणीँरभि॥ १०॥

(१) **कद् उ**–कब ही **अस्य**–इस इन्द्र के **महीः**–महान् **तविषीः**–बल **अधृष्टाः**–शत्रुओं के धर्षक नहीं होते? **कद् उ**–और कब **वृत्रघ्नः**–इस वृत्रविनाशक इन्द्र का **अस्तृतम्**–हन्तव्य शत्रु अहिंसित होता है? अर्थात् इन्द्र का बल सदा शत्रुओं का धर्षण करनेवाला होता है, वह हन्तव्य को मारता ही है। (२) **उत**–और **इन्द्रः**–यह शत्रुविप्रावक प्रभु **विश्वान्**–सब **अहर्दृशः**–दिन ही दिन को देखनेवाले–पाप के फलरूप भविष्य में आनेवाली रात्रि को न देखनेवाले **बेकनाटान्**–'दो और एक' इन शब्दों से नचानेवाले **पणीन्**–एक का दो करके लेनेवाली लुब्धक पणियों को

क्रत्वा-अपनी शक्ति से व प्रज्ञान से अभि-अभिभूत करता है।

भावार्थ-प्रभु की शक्ति अनन्त है। प्रभु अपने प्रज्ञान व बल से लुब्धकों को विनष्ट करते हैं। केवल इहलोक को देखनेवाले 'To look after' के सिद्धान्तवाले प्रभु द्वारा विनष्ट किये जाते हैं।

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

भृतिं न

वयं घा ते अपूर्व्येन्द्र ब्रह्माणि वृत्रहन्।
पुरुतमासः पुरुहूत वज्रिवो भृतिं न प्र भरामसि॥ १२॥

(१) हे अपूर्व्य-अद्भुत वृत्रहन्-वासना के विनाशक इन्द्र-सर्वशक्तिमन् प्रभो! वयं-हम घा-निश्चय से ते-आपके लिए ब्रह्माणि-स्तोत्रों को व ज्ञान की वाणियों को प्रभरामसि-प्रकर्षेण धारण करते हैं। (२) हे पुरुहूत-पालक व पूरक हैं आह्वान जिसका, ऐसे वज्रिवः-वज्रहस्त प्रभो! पुरुतमासः-अधिक-से-अधिक पालन व पूरण करनेवाले हम आपकी स्तुति को भृतिं न-भृति के समान धारण करते हैं (भ्रियते यया)। यह स्तुति हमारा धारण करनेवाली है, यह जानकर इसमें हम प्रवृत्त होते हैं।

भावार्थ-प्रभु का स्तवन हमारा भरण करनेवाला है। सो इसे हम भृति के समान धारण करते हैं।

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् पं-॥ स्वरः—पञ्चमः॥

तुविकूर्मी प्रभु

पूर्वीश्चिच्चि त्वे तुविकूर्मिन्नाशसो हवन्त इन्द्रोतयः।
तिरश्चिद्वर्यः सवना वसो गहि शविष्ठ श्रुधि मे हवम्॥ १३॥

(१) हे तुविकूर्मिन्-महान् कर्मोंवाले प्रभो! पूर्वीः-पालन व पूरण करनेवाले आशसः-आशंसन चित् हि-निश्चय से त्वे-आप में ही स्थित हैं। आपके आशंसन (स्तवन) हमारा पालन व पूरण करनेवाले हैं। हे इन्द्र-सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! ऊतयः-सब रक्षण हवन्ते-आपको ही पुकारते हैं। जब रक्षण की आवश्यकता होती है, तो सब कोई आपको ही पुकारता है। (२) हे वसो-हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले प्रभो! तिरः चित्-तिरोहित होते हुए भी आप अर्यः-सबके स्वामी हैं। सवना आगहि-हमारे जीवनयज्ञों में आप प्राप्त होइए। हे शविष्ठ-अतिशयेन शक्तिशालिन् प्रभो! मे-मेरी हवं-पुकार को श्रुधि-सुनिये।

भावार्थ-प्रभु के आशंसन हमारा पूरण करनेवाले हैं, प्रभु में ही सब रक्षण हैं, तिरोहित रूप से सर्वत्र विद्यमान वे प्रभु ही स्वामी हैं। वे हमारे जीवनयज्ञों में प्राप्त होते हैं। प्रभु हमारी पुकार को सुनते हैं और हमें वरण प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'मर्डिता' प्रभु

वयं घा ते त्वे इद्विन्द्र विप्रा अपि ष्मसि।
नहि त्वदन्यः पुरुहूत कश्चन मघवन्नस्ति मर्डिता॥ १४॥

(१) हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! वयं=हम घा=निश्चय से ते=आपके हैं। सो विप्राः=अपना विशेषरूप से पूरण करनेवाले हम इत् उ=निश्चय से त्वे=आप में अपिष्मसि=हैं। हम सदा अपने को आपकी गोद में अनुभव करते हैं। (२) हे पुरुहूत=बहुतों से पुकारे जानेवाले मघवन्=ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! त्वद् अन्यः=आपसे भिन्न कश्चन=कोई भी मर्डिता=हमें सुखी करनेवाला नहि अस्ति=नहीं है।

भावार्थ=हम प्रभु के हों। प्रभु की गोद में निवास करें। प्रभु से भिन्न कोई हमें सुखी करनेवाला नहीं हैं।

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृद् पं-॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'दारिद्र्य-भूख-निन्दा' से बचाव

त्वं नो अस्या अमतेरुत क्षुधोऽभिशस्तेरव स्पृधि।
त्वं न ऊती तव चित्रया धिया शिक्षा शचिष्ठ गातुवित्॥ १४॥

(१) हे शचिष्ठ=शक्तिशालिन् प्रभो! त्वं=आप नः=हमें अस्याः=इस अमतेः=(Poverty) दारिद्र्य से उत=और क्षुधः=भूख से तथा अभिशस्तेः=निन्दा से अवस्पृधि=पृथक् करिये। (२) हे प्रभो! आप ही गातुवित्=मार्ग को जाननेवाले हैं। सो त्वं=आप नः=हमें ऊती=रक्षण के हेतु से तव=आपकी चित्रया धिया=ज्ञान को देनेवाली बुद्धि से शिक्षा=शिक्षित करिये व शक्तिशाली बनाने की कामना कीजिए। आपसे उत्तम बुद्धि को पाकर हम अपना रक्षण कर पाएँ।

भावार्थ=प्रभु हमें दारिद्र्य, भूख व निन्दा से बचाएँ। वह मार्ग का ज्ञान देनेवाले प्रभु हमें चेतना देनेवाली बुद्धि को प्राप्त कराके शिक्षित करें।

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

'कलि' का निर्भय जीवन

सोम इद्वः सुतो अस्तु कलयो मा बिभीतन।
अपेदेष ध्वस्मायति स्वयं घैषो अपायति॥ १५॥

(१) हे कलयः=ज्ञान का सम्यग् दर्शन करनेवाले तत्त्वज्ञानी पुरुषो! इत्=निश्चय से सोमः=सोम (वीर्य) वः=आपका सुतः=सम्पादित किया गया अस्तु=हो—आप शरीर में सोम का रक्षण करनेवाले बनो और मा बिभीतन=सब प्रकार के भयों से ऊपर उठो। (२) सोम के रक्षण के होने पर एषः=यह ध्वस्मा=ध्वंसक तत्त्व इत्=निश्चय से अप अयति=दूर होता है। एषः=यह घा=निश्चय से स्वयं=अपने आप ही अप अयति=दूर हो जाता है।

भावार्थ=ज्ञानी पुरुष सोम का रक्षण करते हैं। यह सोमरक्षण ही उन्हें निर्भय बनाता है। यही उनके जीवन से ध्वंसक तत्त्वों को दूर करता है।

सब ध्वंसक तत्त्वों के दूर होने से इसका जीवन आनन्दमय होता है (मदी हर्षे), यह 'मत्स्य' कहलाता है। इसी आनन्दमयता के कारण यह 'सम्मद' का सन्तान व 'साम्मद' कहलाता है। सबका आदरणीय होने से 'मान्य' है। स्नेह व निर्द्वेषता को अपनाने से 'मैत्रावरुणि' है। यह प्रार्थना करता है कि—

६७. [सप्तषष्टितमं सूक्तम्]

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

आदित्यों द्वारा रक्षण

त्यान्नु क्षत्रियाँ अव आदित्यान्याचिषामहे। सुमृळीकाँ अभिष्टये॥ १॥

(१) अपने जीवन में ऊँचे-से-ऊँचे ज्ञान का आदान करनेवाले 'आदित्य' कहलाते हैं। ये आदित्य क्षतों से त्राण करनेवाले होते हुए 'क्षत्रिय' कहे जाते हैं। नु-अब त्यान्-उन आदित्यान्-ज्ञान का आदान करनेवाले क्षत्रियान्-बलसम्पन्न पुरुषों से हम अव याचिषामहे-रक्षण की याचना करते हैं। ये आदित्य क्षत्रिय सब क्षतों से हमें बचानेवाले हों। (२) सुमृडीकान्-उत्तम सुख को प्राप्त करनेवाले इन आदित्यों को अभिष्टये-इष्ट प्राप्ति के लिए हम प्रार्थना करते हैं।

भावार्थ-आदित्य विद्वानों का सम्पर्क हमें रक्षण व सुख प्राप्त कराता है।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्नेह, निर्द्वेषता व संयम

मित्रो नो अत्यंहतिं वरुणः पर्षदर्यमा। आदित्यासो यथा विदुः॥ २॥

(१) मित्रः-स्नेह की देवता, वरुणः-निर्द्वेषता की देवता तथा अर्यमा-संयम की देवता ये सब नः-हमें अंहतिं अतिपर्षत्-पाप से पार ले जाएँ-'स्नेह, निर्द्वेषता व संयम' को अपनाकर हम निष्पाप बनें। (२) आदित्यासः-ऊँचे-से-ऊँचे ज्ञान का आदान करनेवाले ज्ञानी पुरुष भी यथा-जैसे विदुः-ठीक जानें, उस प्रकार हमें पापों से दूर करें। आदित्यों के रक्षण में हमारा जीवन निष्पाप बने।

भावार्थ-हम स्नेह, निर्द्वेषता व संयम को अपनाते हुए निष्पाप बनें। ऊँचे-से-ऊँचे ज्ञान का ग्रहण करते हुए पवित्र जीवनवाले बनें।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

चित्रं उक्थ्यं 'वरूथम्'

तेषां हि चित्रमुक्थ्यं१ वरूथमस्ति दाशुषे। आदित्यानामरंकृते॥ ३॥

(१) तेषां-उन आदित्यानां-ज्ञान व गुणों का आदान करनेवालों का दाशुषे-दाश्वान् पुरुष के लिए-अपना अर्पण करनेवाले मनुष्य के लिए तथा अरङ्कृते-खूब क्रियाशीलता द्वारा अपने जीवन को अलंकृत करनेवाले पुरुष के लिए हि-निश्चय से चित्रं-अद्भुत उक्थ्यं-प्रशंसनीय वरूथम्-धन अस्ति-है। (२) ये आदित्य इन दाश्वान् अरङ्कृत पुरुषों को अद्भुत प्रशंसनीय धन प्राप्त कराते हैं। जो विद्यार्थी आचार्य के प्रति अपना अर्पण कर देता है व पुरुषार्थवाला होता है, वह उत्कृष्ट ज्ञान धन को प्राप्त करता है।

भावार्थ-हम उत्कृष्ट ज्ञानियों के सम्पर्क में पुरुषार्थशील होते हुए ऊँचे-से-ऊँचे ज्ञान को प्राप्त करें।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'स्नेह, निर्द्वेषता व संयम' का महान् रक्षण

महि वो महतामवो वरुण मित्रार्यमन्। अवांस्या वृणीमहे॥ ४॥

(१) हे वरुण-निर्द्वेषता के देव, मित्र-स्नेह की देवते तथा अर्यमन्-संयम के देव! महतां वः-महान् आपका अवः-रक्षण भी महि-महान् है। (२) हे मित्र, वरुण व अर्यमन्! हम आपके अवांसि-रक्षणों को आवृणीमहे-सर्वथा वरते हैं।

भावार्थ-हमें सदा 'स्नेह, निर्द्वेषता व संयम' का महान् रक्षण प्राप्त हो।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

हवनश्रुत् आदित्य

जीवान्नो अभि धेतनादित्यासः पुरा हत्यात्। कद्ध स्थ हवनश्रुतः॥ ५॥

(१) आदित्यासः-हे गुणों का आदान करानेवाले आदित्यो! आप पुरा हत्यात्-मृत्यु से पूर्व ही जीवान् नः-जीवित हम लोगों को अभिधेतन-(अभिधावत) प्राप्त होओ और हमारे जीवनों को शुद्ध बनाने की कृपा करो (धावु शुद्धौ)। (२) हे हवनश्रुतः-हमारी पुकार को सुननेवाले आदित्यो! कत् ह स्थ-आप कहाँ हो? जहाँ भी आप हो, आप हमें शीघ्रता से प्राप्त होओ और हमारे जीवनों को शुद्ध बनाने का अनुग्रह करो।

भावार्थ-इस जीवन में हमें शीघ्र ही आदित्यों का सम्पर्क प्राप्त हो, ये आदित्य हमारे जीवनों को शुद्ध बनाएँ।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

श्रान्ताय सुन्वते

यद्वः श्रान्ताय सुन्वते वरूथमस्ति यच्छर्दिः। तेना नो अधि वोचत॥ ६॥

(१) यद्-जो वः-आपका श्रान्ताय-श्रमशील व्यक्ति के लिए और सुन्वते-शरीर में सोम का सवन करनेवाले पुरुष के लिए वरूथम्-धन अस्ति-है, इसके लिए यत्-जो आपका छर्दिः-गृह है, तेन-उस धन व गृह के हेतु से नः-हमें अधिवोचत-आधिक्येन उपदेश दो। (२) आदित्य विद्वानों से ज्ञान को प्राप्त करके हम श्रमशील व सोम का रक्षण करनेवाले बनते हैं। ये श्रम व सोमरक्षण हमें उत्तम धन व गृहवाला बनाते हैं।

भावार्थ-आदित्य विद्वान् हमें ज्ञान देकर श्रम व सोमरक्षण का महत्त्व समझाते हैं। ये बातें हमें उत्तम धन व गृह प्राप्त कराती हैं।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'अद्रुतैनसः' आदित्याः

अस्ति देवा अंहोरुर्वस्ति रत्नमनागसः। आदित्या अद्रुतैनसः॥ ७॥

(१) हे देवाः=ज्ञानी पुरुषो! अंहोः=पापी पुरुष का उरु अस्ति=धन अत्यधिक है। यह पाप से खूब धन कमा ले लेता है=घर की इसे कमी नहीं रहती, पर अनागसः=निष्पाप पुरुष का ही रत्नं अस्ति=रमणीय धन होता है। सुपथ से कमाया गया धन ही जीवन में रमणीयता का कारण बनता है। (२) इसी से आदित्यद्यः=गुणों व ज्ञानों का आदान करनेवाले पुरुष अद्भुत एनसः=अभूतपाप होते हैं। ये कभी पाप में प्रवृत्त नहीं होते। पाप से ये धनार्जन नहीं करते।

भावार्थ=पाप से कमाया धन अधिक होता हुआ भी रमणीयता का साधक नहीं होता। आदित्य विद्वान् सदा पाप से परे रहते हैं।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सेतुः

मा नः॒ सेतुः॑ सिषेदि॒यं मह॑े वृणक्तु नस्परि॑। इन्द्र॒ इद्धि श्रु॒तो व॒शी॥ ८॥

(१) हे इन्द्र! नः=हमें अयं=यह सेतुः=विषयों का बन्धन मा सिषेत्=न बाँधे। हम विषयजाल में न जकड़े जाएँ। महे=महान् कार्यों के लिए यह बन्धन नः=हमें परिवृणक्तु=(परि-वर्जयतु) छोड़नेवाला हो। विषयों के बन्धन में बंधने पर हम कोई महान् कार्य नहीं कर पाते। (२) इन्द्रः=जितेन्द्रिय पुरुष इत् हि=ही निश्चय से श्रुतः=शास्त्र ज्ञानवाला व वशी= सबको वश में करनेवाला है।

भावार्थ=हम विषयों के बन्धन में बंधने पर किसी महान् कार्य को नहीं कर पाते। स्वयं जितेन्द्रिय बनकर हम औरों को भी वश में कर पाते हैं।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पापजाल में न फंसना

मा नो॑ मृचा रिपू॒णां वृ॒जिना॑नामविष्यवः। देवा॑ अ॒भि प्र मृ॑क्षत॥ ९॥

(१) हे अविष्यवः देवाः=हमारे रक्षण की कामनावाले देवो! नः=हमें वृजिनानां रिपूणाम्=हिंसक शत्रुओं के मृचा=हिंसक जाल से मा अभिप्रमृक्षत=हिंसित मत होने दो। (२) 'माता, पिता व आचार्य' रूप देवों के सम्पर्क में हम सदा पापों के जाल में फंसने से बचे रहें।

भावार्थ=हम पापियों के जाल में न फंसे।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अदिति (मही-देवी-सुमृडीका)

उ॒त त्वामदिते मह्यहं दे॒व्युप॑ ब्रुवे। सुमृ॑ळीकामभिष्ट॒ये॥ १०॥

(१) उत=और हे महि=महनीय, देवि=प्रकाशमयी अदिते=स्वास्थ्य की देवते! अहं=मैं त्वाम् उपब्रुवे=तेरी ही आराधना करता हूँ=तुझे ही माँगता हूँ। (२) सुमृडीकाम्=उत्तम सुख को देनेवाली तुझ स्वास्थ्य की देवता को ही अभिष्टये=इष्ट प्राप्ति के लिए पुकारता हूँ।

भावार्थ=स्वास्थ्य ही हमारे जीवनों को महान् प्रकाशमय व सुखी बनाता है। ('मही-देवी-सुमृडीका' अदिति)

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'दीन, गभीर, उग्र'

पर्षि दीने गभीर आँ उग्रपुत्रे जिघांसतः। माकिस्तोकस्य नो रिषत्॥ ११॥

(१) हे अदिते! स्वास्थ्य की देवते! तू **दीने**=ऊँची उड़ान लेनेवाले—उच्च लक्ष्यवाले **गभीरे**=गम्भीर वृत्तिवाले **उग्रपुत्रे**=हमारे तेजस्वी पुत्र के विषय में **जिघांसतः**=हिंसा की कामनावाले पुरुष से **आपर्षि**=रक्षण करती है। स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मनवाला यह हमारा सन्तान विनष्ट नहीं होता। (२) इस हिंसक का जाल **नः**=हमारे **तोकस्य**=सन्तान का **माकिः रिषत्**=हिंसन करनेवाला न हो।

भावार्थ—स्वास्थ्य हमारे सन्तानों को उच्च लक्ष्यवाला, गम्भीर प्रकृतिवाला व तेजस्वी बनाए। इन्हें कोई भी विषयजाल में न फंसा सके।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उरुव्रजा=उरूची

अनेहो नं उरुव्रज उरूचि वि प्रसर्तवे। कृधि तोकाय जीवसे॥ १२॥

(१) हे **उरुव्रजे**=(व्रज गतौ) विशाल गति की देवते, अर्थात् क्रियाशीलते! तू **नः**=हमें **अनेहः**=निष्पाप **कृधि**=कर। हे **उरूचि**=(उरू अञ्च् पूजने) उस विशाल प्रभु की पूजन की वृत्ति! तू हमें **विप्रसर्तवे**=विशिष्ट व प्रकृष्ट गति के लिए करनेवाली हो। प्रभुपूजन करते हुए हम उत्तम गतिवाले हों। (२) हे उरुव्रजे व उरूचि! तू हमें **तोकाय**=उत्तम सन्तानों की प्राप्ति के लिए तथा **जीवसे**=दीर्घजीवन के लिए **कृधि**=कर।

भावार्थ—हम क्रियाशील बनकर निष्पाप हों। उस विशाल प्रभु का पूजन करते हुए प्रकृष्ट गतिवाले हों। हम उत्तम सन्तानों व दीर्घजीवन को प्राप्त करें।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

क्षितीनां मूर्धानः

ये मूर्धानः क्षितीनामदब्धासः स्वयशसः। व्रता रक्षन्ते अद्रुहः॥ १३॥

(१) गतमन्त्र के अनुसार गतिशील व उपासक लोग वे होते हैं **ये**=जो **क्षितीनां मूर्धानः**=मनुष्यों के शिरोमणि बनते हैं। **अदब्धासः**=ये वासनाओं से हिंसित नहीं होते। **स्वयशसा**=अपने उत्तम कर्मों के कारण यशस्वी होते हैं। (२) ये **व्रता रक्षन्ते**=व्रतों का पालन करते हैं और **अद्रुहः**=किसी का द्रोह नहीं करते।

भावार्थ—पुरुषोत्तम वह है जो (१) वासनाओं से आक्रान्त नहीं होता (२) यशस्वी कर्मोंवाला है, (३) व्रतमय जीवनवाला, तथा (४) द्रोहशून्य है।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अदिति+आदित्य

ते नं आस्त्रो वृकाणामादित्यासो मुमोचत। स्तेनं बद्धमिवादिते॥ १४॥

(१) आदित्यासः=हे आदित्य पुरुषो! सब अच्छाइयों को अपने अन्दर धारण करनेवाले पुरुषों! ते=वे आप नः=हमें भी वृकाणाम्=भेड़िए की तरह हमारा हिंसन करनेवाली अशुभवृत्तियों के आस्नः=मुख से=उनका शिकार हो जाने से मुमोचत=छुड़ाओ। (२) हे अदिते=स्वास्थ्य की देवते! तू बद्धं स्तेनम् इव=बंधे चोर के समान=वासनाओं से जकड़े हुए मुझको इनके बन्धन से छुड़ाने का अनुग्रह कर।

भावार्थ=हम स्वास्थ्य व सत्पुरुषों के संग से वासनाओं का शिकार होने से बचें।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अंहिसा+सुमति

अपो षु णो दुरितं शरुरादित्या अप दुर्मतिः। अस्मदेत्वजघ्नुषी॥ १५॥

(१) हे आदित्याः=ज्ञानों व गुणों का आदान करनेवाले पुरुषो! नः=हमारे से इयं=यह शरुः=हिंसा की वृत्ति उ=निश्चय से अप एतु=दूर हो। हम औरों का हिंसन करनेवाले न बनें। (२) दुर्मतिः=दुर्बुद्धि भी अस्मत्=हमारे से सु=अच्छी प्रकार अप एतु=दूर हो। अजघ्नुषी=यह दुर्मति हमारा हिंसन करनेवाली न हो।

भावार्थ=आदित्यों के सम्पर्क में हम अहिंसक मनोवृत्तिवाले व सुमतिवाले बनें।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सुदानु आदित्य

शश्वद्धि वः सुदानव आदित्या ऊतिभिर्वयम्। पुरा नूनं बुभुज्महे॥ १६॥

(१) हे सुदानवः=(दाप् लवने) बुराई का सम्यक् खण्डन करनेवाले आदित्याः= आदित्य विद्वानो! वः=आपके ऊतिभिः=रक्षणों के द्वारा वयं=हम शश्वत् हि=सर्वदा ही पुरा=पालन व पूरण के द्वारा नूनं=निश्चय से बुभुज्महे=पालन के लिए भोगों को प्राप्त करें (भुज पालनाभ्यवहारयोः)। (२) ज्ञानियों का सम्पर्क हमें भोगों में फंसने से बचाए। ये भोग हमारा पालन करनेवाले हों=हम इनके शिकार ही न हो जाएँ।

भावार्थ=ज्ञानियों का सम्पर्क हमें वासनाओं से बचाए। हम सांसारिक भोगों को पालन के दृष्टिकोण से ही ग्रहण करें।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

क्रियाशीलता व पापनिवृत्ति

शश्वन्तं हि प्रचेतसः प्रतियन्तं चिदेनसः। देवाः कृणुथ जीवसे॥ १७॥

(१) हे **प्रचेतसः**-प्रकृष्ट ज्ञानोंवाले **देवाः**-देववृत्ति के पुरुषो! **शश्वन्तं**-(शश प्लुतगतौ)-प्लुत गतिवाले-स्फूर्तवाले-सतत क्रियाशील और **हि**-निश्चय से **एनसः प्रतियन्तं चित्**-पाप से निवृत्त होते हुए इस उपासक को **जीवसे**-दीर्घजीवन के लिए **कृणुथ**-करिये। (२) ज्ञानी देवों का सम्पर्क हमें क्रियाशील व पापनिवृत्त बनाए। ऐसा बनाकर यह देवसम्पर्क हमें दीर्घजीवी बनाता है।

भावार्थ-हम ज्ञानी देवों के सम्पर्क में रहें। क्रियाशीलता व पाप की ओर न रुझानवाले बनें। इस प्रकार हम दीर्घजीवन को प्राप्त करेंगे।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

(नव्य) स्तुत्य ज्ञान

तत्सु नो नव्यं सन्यसस आदित्या यन्मुमोचति। बन्धाद्बद्धमिवादिते॥ १८॥

(१) हे **आदित्याः**-ऊँचे-से-ऊँचे ज्ञान का आदान करनेवाले ज्ञानी पुरुषो! **नः**-हमारे लिए **तत्**-वह **नव्यं**-स्तुत्य (नु स्तुतौ) अथवा हमें गतिशील बनानेवाला (नव गतौ) ज्ञान **सुसंन्यसे**-सम्यक् सेवनीय हो **यत्**-जो **मुमोचति**-सब अशुभ कर्मों से छुड़ानेवाला होता है। (२) हे **अदिते**-स्वास्थ्य की देवते! मुझे वह ज्ञान प्राप्त हो जो **बद्धम् इव**-विषय-जाल से बद्ध-सा हुए-हुए मुझको **बन्धात्**-बन्धन से **मुमोचति**-छुड़ा देता है।

भावार्थ-हम आदित्यों के सम्पर्क में स्वस्थ रहते हुए उस ज्ञान को प्राप्त करें जो हमें विषयों के बन्धन से मुक्त करनेवाला हो।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

तत् तरः

नास्माकमस्ति तत्तर आदित्यासो अतिष्कदे। यूयमस्मभ्यं मृळत॥ १९॥

(१) **आदित्यासः**-हे आदित्य विद्वानो! **अस्माकं**-हमारा **तत्**-वह **तरः**-वेग व बल **न अस्ति**-नहीं है, जो **अतिष्कदे**-विषयों के बन्धन को लाँघने में समर्थ हो, अर्थात् हम स्वयं विषयासक्ति से ऊपर उठ जाएँगे, सो बात नहीं हैं। (२) हे आदित्यो! **यूयं**-आप ही **अस्मभ्यं मृडत**-हमारे लिए सुख को देनेवाले होओ। आपकी कृपा होगी तभी हम ज्ञान को प्राप्त करके इस वासनाजाल से मुक्त हो सकेंगे।

भावार्थ-आदित्य विद्वानों का सम्पर्क हमें उस ज्ञान के बल को प्राप्त कराएगा जो हमें वासनाजाल को तैरने में समर्थ करके सुखी करेगा।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥
देवता—आदित्याः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पूर्ण जीवन

मा नो हेतिर्विवस्वत आदित्याः कृत्रिमा शरुः। पुरा नु जरसो वधीत्॥ २०॥

(१) हे **आदित्याः**-आदित्य विद्वानो! **नः**-हमें **विवस्वतः**-इस किरणोंवाले सूर्य की **कृत्रिमा**-क्रिया से निर्वृत्त (सम्पादित) **शरुः**-रोगकृमिनाशक **हेतिः**-शक्तिरूप शस्त्र **जरसः**

पुरा-पूर्ण वृद्धावस्था से पूर्व नु-निश्चय से मा वधीत्-मत नष्ट होने दे। (२) हम सूर्य के सम्पर्क में क्रियाशील जीवन बिताते हुए पूर्ण वृद्धावस्था को बितानेवाले हों। सूर्य की किरणों में रोगकृमिनाशक शक्ति है। उसका हम लाभ लें। इन सूर्य- किरणों के सेवन के लिए भी हम धूप में लेटे न रहें- क्रियाशील जीवन बिताएँ। यह मन्त्र 'कृत्रिमा' शब्द से व्यक्त किया गया है।

भावार्थ-सूर्य-किरणों के सम्पर्क में क्रियाशील जीवन हमें दीर्घजीवी बनाए।

ऋषिः—मत्स्यः साम्मदो मान्यो वा मैत्रावरुणिर्बहवो वा मत्स्या जालनद्धाः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'द्वेष-कुटिलता-छल-पाप' से दूर

वि षु द्वेषो॒ व्यं॑हतिमादित्यासो॒ वि संहि॑तम्। विष्व॒ग्वि वृ॑हता रपः॥ २१॥

(१) हे आदित्यासः-आदित्य विद्वानो! आप द्वेषः-द्वेष को सु-सम्यक् विवृहता-हमारे जीवन में से उन्मूलित कर दो। अंहतिम्-कुटिलतारूप पाप को वि-हमारे से पृथक् करो। संहितम्-धोखा-छल, कपट आदि की वृत्ति को वि-हमारे से पृथक् करिये। (२) आप अनुग्रह करके विष्वक्-विविध क्रियाओं में आ जानेवाले रपः-दोषों को विवृहत-उन्मूलित करिये। हमारा जीवन आपके अनुग्रह से निर्दोष हो।

भावार्थ-आदित्यों का सम्पर्क हमें 'द्वेष-कुटिलता-छल व दोषों' से दूर करे।

इस निर्दोष जीवनवाले व्यक्ति को 'मेधा, बुद्धि व मेध-यज्ञ' ही प्रिय होते हैं, सो यह प्रिय मेध कहलाता है। यह प्रार्थना करता है कि-

६८. [अष्टषष्टितमं सूक्तम्]

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

ऊतये-सुम्नाय

आ त्वा॒ रथं॑ यथो॒तये॑ सु॒म्नाय॑ वर्तयामसि। तु॒वि॒कू॒र्मिमृ॑ती॒षह॒मिन्द्र॒ शवि॑ष्ठ सत्पते॥ १॥

(१) हे शविष्ठ-अतिशयेन शक्तिशालिन् प्रभो! ऊतये-रक्षा के लिए त्वा-आपको इसप्रकार आवर्तयामि-अपने जीवन में आवृत्त करते हैं यथा-जैसे रथं-रथ को। प्रभुरूप रथ के द्वारा हम अपनी जीवनयात्रा को पूर्ण कर पाते हैं। (२) हे सत्पते-सज्जनों के रक्षक प्रभो! तुविकूर्मिम्-महान् कर्मोंवाले, ऋतीषहं-हिंसकों का अभिभव करनेवाले इन्द्रं-परमैश्वर्यशाली प्रभु को (आपको) सुम्नाय (आवर्तयामसि)-सुख प्राप्ति के लिए आवृत्त करते हैं।

भावार्थ-इस जीवन में रक्षा के लिए व सुख के लिए हम प्रभु को अपने में आवृत्त करते हैं। प्रभुस्मरण हमें मार्गभ्रंश से बचाता है तथा सुख प्राप्त कराता है।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

तुविशुष्म, तुविक्रतोः

तुविशुष्म तुविक्रतो॒ शचीवो॒ विश्वया मते। आ प॑प्राथ महित्व॒ना॥ २॥

(१) हे तुविशुष्म-महान् बलवाले! तुविक्रतो-महती प्रज्ञावाले (महान् प्रज्ञानवाले) शचीवः-शक्तिसम्पन्न कर्मोंवाले मते-मनन-बुद्धि व प्रज्ञानवाले प्रभो! आप विश्वया-सर्वत्र व्याप्त महित्वना-महिमा से आपप्राथ-सर्वत्र विस्तृत हो रहे हो। (२) प्रभु की महिमा से सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड परिपूरित है। सूर्यादि पिण्डों में प्रभु की शक्ति व तेज का अनुभव होता है। ज्ञानियों में प्रभु

के ज्ञान की झलक मिलती है।

भावार्थ–सारा ब्रह्माण्ड प्रभु की महिमा को व्यक्त कर रहा है।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

हिरण्ययं वज्रम्

यस्य ते महिना महः परि ज्मायन्तमीयतुः। हस्ता वज्रं हिरण्ययम्॥ ३॥

(१) गतमन्त्र के अनुसार वे आप अपनी महिमा से सर्वत्र व्याप्त हो रहे हैं **यस्य**–जिन **महः**–महान् **ते**–आपके **हस्ता**–हाथ **महिना**–अपनी महिमा से **ज्मायन्तं**–पृथिवी में सर्वत्र व्याप्त होते हुए **हिरण्ययं वज्रं**–ज्योतिर्मय वज्र को **परि ईयतुः**–चारों ओर गतिवाला करते हैं। (२) वज्रहस्त प्रभु अपने वज्र के द्वारा दुष्टों को दण्डित करते हुए हमारे भय का निवारण करते हैं। प्रभु के दण्ड से कोई भी पापी छूट नहीं सकता। यह प्रभु की अचूक दण्ड-व्यवस्था ही हम सबके सन्तोष व शान्ति का कारण बनती है।

भावार्थ–प्रभु अपने ज्योतिर्मय-दीप्त-वज्र से दुष्टों को दण्डित करते हुए हमारा रक्षण करते हैं।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

प्रभु-आराधन का लाभ

विश्वानरस्य वस्पतिमनानतस्य शवसः। एवैश्च चर्षणीनामूती हुवे रथानाम्॥ ४॥

(१) **विश्वानरस्य**–सब मनुष्यों के हित करनेवाले **अनानतस्य**–शत्रुओं से न झुकाये जानेवाले **वः**–तुम्हारे **शवसः**–बल के **पतिम्**–रक्षक प्रभु को **हुवे**–पुकारता हूँ। वस्तुतः प्रभु का आराधन ही हमारे जीवन में उस बल का सञ्चार करता है जो सबका हित करनेवाला व अनानत (न झुकनेवाला) होता है। (२) **च**–और मैं प्रभु को **चर्षणीनाम् एवैः**–श्रमशील तत्त्वद्रष्टा पुरुषों की गतियों के हेतु से तथा **रथानाम् ऊती**–शरीररूप रथों के रक्षण के दृष्टिकोण से पुकारता हूँ। यह प्रभु का आराधन हमें ज्ञानयुक्त श्रमवाला करता है तथा सुरक्षित शरीररूप रथवाला बनाता है।

भावार्थ–हम प्रभु का आराधन करते हैं। यह आराधन (१) हमें शत्रुओं से झुकाये जानेवाले बल का स्वामी बनाता है, (२) श्रमशील ज्ञानी पुरुषों की क्रियाओं से युक्त करता है (३) हमारे शरीररथों का रक्षण करता है।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अभिष्टये-ऊतये

अभिष्टये सदावृधं स्वर्मीळ्हेषु यं नरः। नाना हवन्त ऊतये॥ ५॥

(१) गतमन्त्र के अनुसार मैं उस प्रभु को पुकारता हूँ **यं**–जिस **सदावृध**–सदा से बढ़े हुए तथा उपासकों को बढ़ानेवाले प्रभु को **नरः**–उन्नतिपथ पर चलनेवाले मनुष्य **अभिष्टये**–इष्ट प्राप्ति के लिए **हवन्ते**–पुकारते हैं। (२) इस प्रभु को ही **स्वर्मीळ्हेषु**–स्वर्ग के साधनभूत संग्रामों में **ऊतये**–रक्षण के लिए **नाना**–पृथक्-पृथक् क्षेत्रों में स्थित लोग नाना प्रकार से **हवन्ते**–पुकारते हैं।

भावार्थ–प्रभु ही हमारी इष्टप्राप्ति के लिए होते हैं। प्रभु ही संग्रामों में हमें विजयी बनाते हैं।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'परोमात्र' प्रभु

परोमात्रमृचीषममिन्द्रमुग्रं सुराधसम्। ईशानं चिद्वसूनाम्॥ ६॥

(१) मैं उस प्रभु को पुकारता हूँ जो **परोमात्रं**-मात्रा से परे हैं—माप से ऊपर हैं—जो देश व काल से मापे नहीं जा सकते—दिक् कालाद्यनवच्छिन्न हैं। **ऋचीषमम्**-स्तुति के समान हैं—जितनी भी स्तुति प्रभु की की जाए, प्रभु उससे न्यून नहीं अथवा स्तोता के लिए स्तुति के अनुरूप वे प्रभु हैं। **इन्द्रं**-सब शक्ति के कर्मों को करनेवाले हैं। **उग्रं**-तेजस्वी हैं और **सुराधसम्**-उत्तम ऐश्वर्यवाले हैं। (२) मैं उस प्रभु को पुकारता हूँ जो **चिद्**-निश्चय से **वसूनाम्**-सब वस्तुओं के **ईशानम्**-ईशान हैं।

भावार्थ—उस अनन्त, तेजस्वी, ऐश्वर्यशाली, वसुओं के स्वामी प्रभु का मैं स्मरण करता हूँ। मेरे लिए प्रभु उतने ही हैं जितना कि मैं उनका स्तवन कर पाता हूँ।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

महे राधसे-पीतये

तन्त्वमिन्द्राधसे मह इन्द्र चोदामि पीतये। यः पूर्व्यामनुष्टुतिमीशे कृष्टीनां नृतुः॥ ७॥

(१) **तं त्वं इन्द्र इत्**-उसको और उस सर्वशक्तिमान् प्रभु को ही **महे राधसे**-महान् ऐश्वर्य के लिए तथा **पीतये**-अपने अन्दर सोम के रक्षण के लिए **चोदामि**-प्रेरित करता हूँ। हृदय में प्रभु का ही स्मरण करता हूँ। यह स्मरण हमें ऐश्वर्यशाली बनाता है और सोमरक्षण के योग्य करता है। (२) मैं उस प्रभु को अपने अन्दर प्रेरित करता हूँ **यः**-जो **पूर्व्याम्**-सर्वश्रेष्ठ **अनुष्टुतिं**-अनुदिन की जानेवाली स्तुति के **ईशे**-ईश हैं तथा **कृष्टीनाम्**-श्रमशील मनुष्यों के **नृतुः**-उत्कृष्ट कर्मफलों को प्राप्त करानेवाले हैं।

भावार्थ—प्रभु का हृदय में धारण हमें महान् ऐश्वर्य को प्राप्त कराएगा और हमारे में सोम का रक्षण करेगा। ये प्रभु ही श्रमशील व्यक्तियों को उस-उस कर्मफल को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

न मित्रता-न बल

न यस्य ते शवसान सख्यमानंश मर्त्यः। नकिः शवांसि ते नशत्॥ ८॥

(१) हे **शवसान**-शक्तिशालिन् प्रभो! **यस्य ते**-जिन आपके **सख्यं**-मित्रभाव को **मर्त्यः**-विषयों के पीछे मरनेवाला मनुष्य **न आनंश**-नहीं प्राप्त करता, परिणामतः **ते शवांसि**-आपके बलों को भी **नकिः नशत्**-नहीं व्याप्त करता। (२) प्रभु का मित्र बननेवाला ही प्रभु की शक्ति से शक्तिसम्पन्न बनता है। प्रभु की मित्रता से दूर होकर प्रकृति में फंसकर वह अपनी शक्तियों को जीर्ण कर लेता है।

भावार्थ—हम प्रभु की मित्रता को प्राप्त करने के लिए यत्नशील हैं। ऐसा करने पर हम प्रभु की शक्ति से शक्तिसम्पन्न होंगे।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अप्सु सूर्ये

त्वोतासस्त्वा युजाप्सु सूर्ये महद्धनम्। जयेम पृत्सु वज्रिवः॥ ९॥

(१) हे **वज्रिवः**-क्रियाशीलतारूप वज्र (वज गतौ) को हाथ में लिये हुए प्रभो! **त्वा ऊतासः**-आपके द्वारा रक्षित हुए-हुए हम **त्वायुजा**-आप साथी के साथ **अप्सु**-रेतःकणरूप जलों के सुरक्षित होने पर अथवा कर्मों के होने पर और **सूर्ये**-ज्ञानसूर्य का उदय होने पर **पृत्सु**-संग्रामों में **महद्धनम्**-महान् धन को **जयेम**-जीतनेवाले हों। (२) प्रभु का अनुग्रह प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि हम क्रियाशील हों और ज्ञान का खूब संचय करें। ऐसी स्थिति में ही हम वासनाओं को संग्राम में जीत पाएँगे और महान् धन का विजय करेंगे।

भावार्थ-हे इन्द्र! तुझ से रक्षित होकर हम तेरी सहायता प्राप्त करके यज्ञ कर्मों को करें तथा संग्रामों में बहुत सारे धन को जीतें।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

यज्ञेभिः-गीर्भिः

तं त्वा यज्ञेभिरीमहे तं गीर्भिर्गिर्वणस्तम।
इन्द्र यथा चिदाविथ वाजेषु पुरुमाव्यम॥ १०॥

(१) हे **गिर्वणस्तम**-ज्ञान की वाणियों से अधिक-से-अधिक संभजनीय प्रभो! **तं त्वा**-उन आपको हम **यज्ञेभिः**-यज्ञों के द्वारा तथा **गीर्भिः**-ज्ञान की वाणियों के द्वारा **ईमहे**-याचना करते हैं। यज्ञों व ज्ञानवाणियों के द्वारा आपकी उपासना करते हैं। (२) हे **इन्द्र**-शत्रुओं के विद्रावक प्रभो! आप **पुरुमाव्यम्**-(बहुप्रज्ञं बहुस्तुतिं वा) बहुत प्रज्ञावाले व स्तुतिवाले उपासक को **वाजेषु**-संग्रामों में **यथाचिद्**-जिस प्रकार से निश्चयपूर्वक **आविथ**-रक्षित करते हैं। यह 'पुरुमाव्य' आपकी रक्षा को प्राप्त करता ही है।

भावार्थ-हम यज्ञों व ज्ञान की वाणियों द्वारा प्रभु का उपासन करें। प्रभु संग्रामों में हमारा रक्षण करेंगे।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्वादु सख्यम्

यस्य ते स्वादु सख्यं स्वाद्वी प्रणीतिरद्रिवः। यज्ञो वितन्तसाय्यः॥ ११॥

(१) हे **अद्रिवः**-आदरणीय प्रभो! अथवा वज्रहस्त प्रभो! **यस्य ते**-जिन आपको **सख्यं**-मित्रता **स्वादु**-जीवन को मधुर बनानेवाली है, उन आपका **प्रणीतिः**-प्रणयन-हमें आगे ले चलने का मार्ग भी **स्वाद्वी**-मधुर है। आप हमें मधुरता से ही उन्नति पथ पर ले चलते हैं। (२) हमें **यज्ञः**-आपकी उपासना ही **वितन्तसाय्यः** (विशेषेण तननीयः)=विशेष रूप से करनी चाहिए। आपका उपासन ही वस्तुतः हमें मधुर व उन्नत जीवनवाला बनाएगा।

भावार्थ-प्रभु की मित्रता मधुर है-उनका प्रणयन भी मधुर है। सो हमें प्रभु का ही उपासन विशेषरूप से करना योग्य है।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'अ-दरिद्रता'

उरु णस्तन्वे३ तन उरु क्षयाय नस्कृधि। उरु णो यन्धि जीवसे॥ १२॥

(१) हे प्रभो! आप **नः**-हमारे **तन्वे**-सन्तान के लिए **उरुकृधि**-पर्याप्त धन को करिये। **नः**-हमारे **तने**-पौत्रों के लिए भी **क्षयाय**-(क्षिनिवासगत्योः) निवास व गति के लिए-कार्यों के

सुचारुरूपेण चलाने के लिए **उरु कृधि**=पर्याप्त धन को करिये। (२) **जीवसे**=जीवनयात्रा को सम्यक् पूर्ण करने के लिए **नः**=हमें भी **उरु यन्धि**=पर्याप्त दीजिए।

भावार्थ–हमारे घर में दरिद्रता न हो। हमारे जीवन व हमारे पुत्र-पौत्रों के जीवन सुन्दरता से चलें।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विशालता (दूरदृष्टि)

उरुं नृभ्य उरुं गवे उरुं रथाय पन्थाम्। देववीतिं मनामहे॥ १३॥

(१) हे प्रभो! **नृभ्यः**=मनुष्यों के लिए **उरुं पन्थाम्**=विशाल मार्ग की **मनामहे**=हम याचना करते हैं। सब मनुष्यों के साथ हम विशाल दृष्टिकोण से ही सारा व्यवहार करें। **गो**=गौओं के लिए भी **उरुं (पन्थां मनामहे)**=हम विशाल मार्ग को अपनाएँ। दूरदृष्टि से ही उनकी उपयोगिता को सोचें। उनके दूध में थोड़े से मक्खन की कमी हमें भैंस के दूध के प्रति प्रेमवाला न बना दे। (२) हम **रथाय**=अपने शरीररूप रथ के लिए भी **उरुं पन्थाम्**=विशाल मार्ग को **मनामहे**=माँगते हैं, अर्थात् हमारे सारे व्यवहार दीर्घदृष्टि से ही किये जाएँ। इस प्रकार **देववीतिं**=दिव्यगुणों की प्राप्ति की–दिव्यगुणों की प्राप्ति के साधनभूत यज्ञों की हम कामना करते हैं।

भावार्थ–सब मनुष्यों के साथ हमारा व्यवहार विशाल मन से हो। गौवों के विषय में हमारी दृष्टि दूर के हित को सोचनेवाली हो। शरीर के विषय में दूरदृष्टि से प्रत्येक क्रिया को करें। दिव्यगुणों की प्राप्ति के लिए यत्नशील हों।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—ऋक्षाश्वमेधयोर्दानस्तुतिः॥ छन्दः—पादनिचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

षड् स्वादुरातयः

उप मा षड् द्वाद्वा नरः सोमस्य हर्ष्या। तिष्ठन्ति स्वादुरातयः॥ १४॥

(१) 'कर्णाविमौ नासिके चक्षणी मुखम्' इन सप्तर्षियों में 'दो कान, दो नासिका-छिद्र तथा दो आँखें'–ये दो के तीन युग्म हैं। ये सब 'नरः' (नृ नये)=हमें आगे और आगे ले चलनेवाले हैं। ये **द्वाद्वा**=दो-दो के तीन युग्म, इस प्रकार **षड्**=छः **नरः**=उन्नति पथ पर ले चलनेवाले ऋषि **मा उप तिष्ठन्ति**=मेरे समीप स्थित होते हैं। प्रभु के अनुग्रह से ये ६ ऋषि हमें प्राप्त हुए हैं। (२) **सोमस्य**=सोमरक्षण से उत्पन्न **हर्ष्या**=हर्ष से ये ऋषि **स्वादुरातयः**=जीवन को मधुर बनानेवाले ज्ञान को देनेवाले हैं।

भावार्थ–प्रभु ने हमें 'दो कान, दो आँख, दो नासिकाछिद्र और मुख' ये सात ऋषि प्राप्त कराए हैं। सोमरक्षण से हृष्ट (हृषत) हुए-हुए ये ऋषि मधुर ज्ञान को हमारे लिए प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—ऋक्षाश्वमेधयोर्दानस्तुतिः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्रोत, ऋक्षसूनु आश्वमेध

ऋजाविन्द्रोत आ ददे हरी ऋक्षस्य सूनवि। आश्वमेधस्य रोहिता॥ १५॥

(१) **इन्द्रोत**=(इन्द्र+उत) प्रभु से रक्षित व्यक्ति में **ऋजौ**=ऋजुगामी जो इन्द्रियाश्व हैं, उनको **आददे**=मैं ग्रहण करता हूँ। प्रभु के उपासक के ज्ञानेन्द्रिय व कर्मेन्द्रियरूप अश्व सरल मार्ग से चलनेवाले होते हैं। मैं भी इन इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करता हूँ। (२) **ऋक्षस्य**=गतिशील पुरुष के

(ऋष् गतौ) **सूनवि**-पुत्र में, अर्थात् अत्यन्त गतिशील में जो **हरी**-हमें लक्ष्यस्थान पर पहुँचानेवाले इन्द्रियाश्व हैं, उन्हें मैं प्राप्त करता हूँ। (३) **आश्वमेधस्य**-अश्वमेध के पुत्र अर्थात् उत्कृष्ट अश्वमेध (अश्नुते इति अश्वः)-सर्वव्यापक प्रभु के साथ मेल करनेवाले के (मेध् संगमे) **रोहिता**-तेजस्वी (लालवर्ण के) इन्द्रियाश्वों को मैं प्राप्त करता हूँ।

भावार्थ-प्रभु से रक्षित गतिशील पुरुष के इन्द्रियाश्व ऋजुगामी व लक्ष्यस्थान पर पहुँचानेवाले होते हैं। सर्वव्यापक प्रभु के साथ मेलवाला पुरुष इन्द्रियाश्वों को तेजस्वी बनाता है।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—ऋक्षाश्वमेधयोर्दानस्तुतिः॥ छन्दः—आर्चीस्वराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सुरथ-स्वभीशु-सुपेशस्

सुरथाँ॑ आतिथि॒ग्वे स्व॑भीशूँ॒रार्क्षे॑। आश्व॒मेधे॒ सुपे॑शसः॥ १६॥

(१) **आतिथिग्वे**-अतिथिग्व-उस महान् अतिथि प्रभु के प्रति गतिवाले के सन्तान, अर्थात् अतिशयेन प्रभु की ओर जानेवाले, प्रभु से रक्षित 'इन्द्रोत' में होनेवाले **सुरथान्**-शोभन शरीररथवाले इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करता हूँ। (२) **आर्क्षे**-ऋक्षपुत्र में-अतिशयेन गतिशील व्यक्ति में होनेवाले **स्वभीशून्**-उत्तम मनरूप लगामवाले इन्द्रियाश्वों को मैं प्राप्त करता हूँ। (३) **आश्वमेधे**-सर्वव्यापक प्रभु से मेलवाले पुरुष में होनेवाले **सुपेशसः**-उत्तम आकृतिवाले इन्द्रियाश्वों को मैं प्राप्त करता हूँ।

भावार्थ-हमारे इन्द्रियाश्व उत्तम शरीररूप रथवाले-उत्तम मनरूप लगामवाले व उत्तम आकृति के हों।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—ऋक्षाश्वमेधयोर्दानस्तुतिः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

आतिथिग्व-इन्द्रोत-पूतक्रतु

षळश्वाँ॑ आतिथि॒ग्व इ॑न्द्रो॒ते व॒धूम॑तः। सचा॑ पू॒तक्र॑तौ॒ सन॑म्॥ १७॥

(१) **आतिथिग्वे**-निरन्तर उस महान् अतिथि प्रभु की ओर गतिवाले, **इन्द्रोते**-परमैश्वर्यवान् प्रभु से रक्षित **पूतक्रतौ**-पवित्र प्रज्ञान व कर्मोंवाले पुरुष में **सचा**-संगत **वधूमतः**-कार्यवहन की शक्तिवाली (वह धातु से वधू) **षड् अश्वान्**-मनसहित पाँच ज्ञानेन्द्रियों को **सनम्**-प्राप्त करता हूँ। (२) मेरे इन्द्रियाश्व अपने कार्यों को सुचारूरूपेण करते हैं। मुझे चाहिए कि मैं प्रभु की ओर गतिवाला-प्रभु से रक्षित व पवित्र प्रज्ञानों व कर्मोंवाला बनूँ।

भावार्थ-मुझे वे इन्द्रियाश्व प्राप्त हों, जो प्रभु की ओर जानेवाले को प्राप्त होते हैं, जो प्रभु से रक्षित व्यक्ति को प्राप्त होते हैं और जो पवित्र प्रज्ञान व कर्मोंवाले पुरुष को प्राप्त होते हैं।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—ऋक्षाश्वमेधयोर्दानस्तुतिः॥ छन्दः—पादनिचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'अरुषी-कशावती' बुद्धि

ऐषु॑ चेत॒द् वृष॑ण्वत्य॒न्तर्ऋ॒ज्रेष्वरु॑षी। स्व॒भी॒शुः क॒शाव॑ती॥ १८॥

एषु ऋज्रेषु अन्तः-इन सरल गतिवाले इन्द्रियाश्वों से युक्त पुरुषों के हृदयों में **वृषण्वती**-शक्तिशाली प्राणोंवाली, **अरुषी**-आरोचमान, **स्वभीशुः**-उत्तम लगामवाली-सम्यक् नियन्त्रण करनेवाली, **कशावती**-उत्तम ज्ञान की वाणियोंवाली बुद्धि **आचेतत्**-सर्वथा चेतना को करनेवाली होती है।

भावार्थ-हम ऋज्र बनें-सरल गतिवाले बनें। हमें वह बुद्धि प्राप्त होगी जो उत्तम ज्ञान की वाणियों को प्राप्त कराती हुई तथा हमारे जीवनों में सम्यक् नियन्त्रण करती हुई हमें प्राणशक्तिसम्पन्न

व आरोचमान बनाएगी।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—ऋक्षाश्वमेधयोर्दानस्तुतिः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

निरवद्य जीवन

न युष्मे वाजबन्धवो निनित्सुश्चन मर्त्यः। अवद्यमधि दीधरत्॥ १९॥

(१) गतमन्त्रों के अनुसार उत्तम इन्द्रियाश्वों व बुद्धि को धारण करनेवाले हे **वाजबन्धवः**-उत्तम भोजन व शक्ति को अपने साथ जोड़नेवाले पुरुषो! **युष्मे**-तुम्हारे में **निनित्सुः चन मर्त्यः**-निन्दा करने की इच्छावाला पुरुष भी **अवद्यम्**-पाप को **न अधि दीधरत्**-नहीं धारण कर पाता है। (२) तुम्हारा जीवन इस प्रकार प्रशस्त होता है कि तुम्हारे निन्दक भी तुम्हारी निन्दा नहीं कर पाते।

भावार्थ-सरल इन्द्रियाश्वों व आरोचमान बुद्धि को धारण करके हम इस प्रकार प्रशस्त जीवनवाले बनें कि हमारे शत्रु भी हमारी निन्दा न कर सकें।

इस प्रकार निरवद्य जीवनवाले बनकर हम 'प्रियमेध' बनें। हमें 'यज्ञ व मेधा' ही प्रिय हो। यह प्रियमेध ही अगले सूक्त का ऋषि है-

६९. [एकोनसप्ततितमं सूक्तम्]

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

'त्रिष्टुभम्' इषम्

प्रप्र वस्त्रिष्टुभमिषं मन्दद्वीराय मन्दिने। धिया वो मेधसातये पुरन्ध्या विवासति॥ १॥

(१) **मन्दद् वीराय**-वीरों को आनन्दित करनेवाले **इन्दवे**-परमैश्वर्यशाली प्रभु के लिए **वः**-तुम्हारी **त्रिष्टुभं**-'काम, क्रोध, लोभ' तीनों को समाप्त करनेवाली (त्रि+ष्टुभ्) **इषं**-इच्छा को **प्र प्र**-प्रकर्षेण प्रकट करो, प्रभु के प्रति अपनी इसी इच्छा को प्रकट करो कि प्रभु हमें 'काम, क्रोध व लोभ' से ऊपर उठाएँ। (२) उपर्युक्त इच्छा के प्रबल होने पर वे प्रभु **वः**-तुम्हारे **मेधसातये**-यज्ञों के संभजन के लिए-इसलिए कि तुम्हारी वृत्ति यज्ञात्मक बने, **पुरन्ध्या**-शरीररूप पुरी का धारण करनेवाली **धिया**-बुद्धि से **आविवासति**-तुम्हें सत्कृत करता है।

भावार्थ-जब हम प्रभु के प्रति इस कामना को प्रकट करते हैं कि हम 'काम, क्रोध, लोभ' को जीत पाएँ, तो प्रभु हमें यज्ञशील बनने के लिए पालक बुद्धि प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'ओदती-योयुवती-अघ्न्या' धेनु

नृदं व ओदतीनां नृदं योयुवतीनाम्। पतिं वो अघ्न्यानां धेनूनामिषुध्यसि॥ २॥

(१) **वः**-तुम्हें **ओदतीनां**-ज्ञान जल से सीचनेवाली (उन्दी क्लदने) वेदवाणियों के **नृदं**-उच्चारण करनेवाले से (को) **योयुवतीनाम्**-सब बुराइयों से पृथक् करनेवाली वेदवाणियों के **नृदं**-उच्चारण करनेवाले प्रभु के से ही तू **इषुध्यसि**-प्रार्थना करता है। (२) **वः**-तुम्हारे लिए **अघ्न्यानां**-अहन्तव्य-सदा अध्ययन के योग्य **धेनूनां**-ज्ञानदुग्ध को देनेवाली वेदवाणियोंरूप गौओं के **पतिं**-स्वामी उस प्रभु से ही तू प्रार्थना करता है।

भावार्थ-हमें चाहिए कि हम प्रभु से यही आराधना करें कि वे प्रभु हमें ज्ञानजल से सिक्त करनेवाली वेदवाणियों को प्राप्त कराएँ।

वे हमें उन वाणियों को प्राप्त कराएँ जो हमें सब बुराइयों से पृथक् करती हैं। प्रभु की ये वेद-

धेनुएँ हमारे लिए अहन्तव्य हैं-हमें सदा इनका स्वाध्याय करना चाहिए।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

दिव्यगुणों का जन्म

ता अस्य सूददोहसः सोमं श्रीणन्ति पृश्नयः। जन्मन्देवानां विशस्त्रिष्वा रोचने दिवः॥ ३॥

(१) **ताः**-वे **अस्य**-इस प्रभु की **सूददोहसः**-(सूद-Pouring out) उच्चरित वाणियों का अपने में प्रपूरण करनेवाले **पृश्नयः**-ज्ञानदीप्तियों का स्पर्श करनेवाले लोग **सोमं श्रीणन्ति**-सोम का (वीर्यशक्ति का) अपने में परिपाक करते हैं। इसको अपने में ठीक प्रकार से परिपक्व करके ये अपने ज्ञानाग्नि को दीप्त कर पाते हैं। (२) ये वीर्य का ठीक से परिपाक करनेवाली **विशः**-प्रजाएँ **देवानां जन्मन्**-दिव्य गुणों की उत्पत्ति के विषय में तथा **त्रिषु**-प्रकृति, जीव व आत्मा के विषय में **दिवः अरोचने**-ज्ञान को दीप्त करने में समर्थ होती हैं।

भावार्थ-हम सोमशक्ति को अपने ठीक प्रकार से परिपक्व करके ज्ञानाग्नि को दीप्त करें। इससे हमारे में दिव्यगुणों का विकास होगा और 'प्रकृति, जीव, परमात्मा' का ज्ञान प्राप्त होगा।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सत्यस्य सूत्रम् (अर्थ)

अभि प्र गोपतिं गिरेन्द्रमर्च यथा विदे। सूनुं सत्यस्य सत्पतिम्॥ ४॥

(१) **यथाविदे**-यथार्थ ज्ञान की प्राप्ति के लिए **गोपतिं**-ज्ञान की वाणियों के स्वामी **इन्द्रं**-परमैश्वर्यशाली प्रभु की **गिरा**-स्तुतिवाणियों से **अभि प्र अर्च**-आभिमुख्येन खूब स्तुति कर। (२) उस प्रभु का तू अर्चन कर जो **सत्यस्य सूनुं**-सत्य की प्रेरणा देनेवाले हैं और **सत्यपतिम्**-सज्जनों के व सत्कर्मों के रक्षक हैं।

भावार्थ-प्रभुपूजन से यथार्थ ज्ञान प्राप्त होता है। प्रभु ही सत्य की प्रेरणा प्राप्त कराते हैं और सत्कर्मों का रक्षण करते हैं।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अरुषीः हरयः

आ हरयः ससृज्रिरेऽरुषीरधि बर्हिषि। यत्राभि संनवामहे॥ ५॥

यत्र-जहाँ **बर्हिषि अधि**-हृदयक्षेत्र में स्थित हुए-हुए **अभिसन्नवामहे**-प्रातः-सायं (अभि-दिन के दोनों ओर) प्रभु का स्मरण करते हैं तो **हरयः**-इन्द्रियाश्व **आ अरुषीः**-समन्तात् आरोचमान-निर्मल **ससृज्रिरे**-बनाए जाते हैं।

भावार्थ-प्रभुस्मरण हमारी इन्द्रियों को आरोचमान व निर्मल बनाता है।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

आशिरं मधु

इन्द्राय गावं आशिरं दुदुह्रे वज्रिणे मधु। यत्सीमुपह्वरे विदत्॥ ६॥

(१) **इन्द्राय**-जितेन्द्रिय **वज्रिणे**-क्रियाशीलतारूप वज्र को हाथ में लिये हुए पुरुष के लिए **गावः**-वेदवाणीरूप गौवें **आशिरं**-समन्तात् काम-क्रोध आदि शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले **मधु**-मधुर ज्ञान को-जीवन को मधुर बनानेवाले आत्मज्ञान को **दुदुह्रे**-प्रपूरित करती हैं। (२) उस ज्ञान को

ये वेदवाणियाँ प्राप्त कराती हैं, **यत्**-जिसको **सीम्**-निश्चय से **उपह्वरे**-हृदय के एकान्त देश में **विदत्**-यह उपासक प्राप्त करता है।

भावार्थ-हम जितेन्द्रिय व क्रियाशील बनकर वेदधेनु से ज्ञानदुग्ध का दोहन करें। यह हृदय के एकान्त देश में प्राप्त होनेवाला ज्ञान हमारे जीवन को मधुर बनाएगा। यह सब वासनाओं को विनष्ट करेगा।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

सख्युः पदे

उद्यद् ब्रध्नस्य विष्टपं गृहमिन्द्रश्च गन्वहि। मध्वः पीत्वा सचेवहि त्रिः सप्त सख्युः पदे॥ ७॥

(१) एक पत्नी यह कामना करती है कि मैं **च इन्द्रः**-और मेरा यह जितेन्द्रिय पति हम दोनों **उद्यद् ब्रध्नस्य**-उदय होते हुए अथवा जो उत्कृष्ट है उस सूर्य के **विष्टपं**-तापशून्य (वि+तप) अथवा विशिष्ट रूप से दीप्त **गृहं**-गृह को **गन्वहि**-जाएँ, अर्थात् हमारे घर में सूर्य की किरणें व प्रकाश खूब अच्छी प्रकार आएँ-सूर्यकिरणें इस गृह को तापशून्य व नीरोग बनानेवाली हों। (२) **मध्वः पीत्वा**-इस गृह में रहते हुए हम सोम का पान करके **सख्युः पदे**-उस परमसखा प्रभु के चरणों में **त्रिःसप्त**-इक्कीस शक्तियों को **सचेवहि**-प्राप्त करें।

भावार्थ-हमारे घर सूर्य किरणों से प्रकाशित हैं। इनमें हम प्रभु का स्मरण करते हुए सोमरक्षण द्वारा २१ शक्तियों को स्थिर रखें।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

प्रियमेधों द्वारा प्रभु का पूजन

अर्चत प्रार्चत प्रियमेधासो अर्चत। अर्चन्तु पुत्रका उत पुरं न धृष्ण्वर्चत॥ ८॥

(१) **अर्चत**-उस प्रभु का पूजन करो, **प्रार्चत**-खूब ही पूजन करो। **प्रियमेधासः**-हे यज्ञप्रिय (मेध-यज्ञ) लोगो! इन यज्ञों के द्वारा उस प्रभु का **अर्चत**-पूजन करो। (२) **उत**-और **पुत्रकाः**-(पुनाति, त्रायते) अपने जीवन को पवित्र बनानेवाले व अपना ऋण करनेवाले **अर्चन्तु**-पूजन करें। उस प्रभु का **अर्चत**-पूजन करो, जो **पुरं न**-पालन व पूरण करनेवाले के समान हैं, तथा **धृष्णु**-शत्रुओं का धर्षण करनेवाले हैं।

भावार्थ-वे प्रभु हमारा पालन व पूरण करनेवाले हैं, हमारे शत्रुओं का धर्षण करनेवाले हैं। उस प्रभु का यज्ञों के द्वारा हम पूजन करें।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

माम् अनुस्मर युध्य च

अव स्वराति गर्गरो गोधा परि सनिष्यणत्। पिङ्गा परि चनिष्कदिन्द्राय ब्रह्मोद्यतम्॥ ९॥

(१) **गर्गरः**-युद्ध का नगाड़ा **अवस्वराति**-अतिशयेन भयानक शब्द को कर रहा है। **गोधा**-हस्तघ्न **परिसनिष्यणत्**-चारों ओर आवाज को फैला रहे हैं। हस्तघ्नों पर होनेवाले डोरी के प्रहारों से शब्द उठ रहे हैं। **पिङ्गा**-पिंगल वर्णवाली **ज्या परिचनिष्कत्**-धनुष की डोरी चारों ओर गति कर रही है-आक्रमण कर रही है। (२) एवं चारों ओर सारा वातावरण भयंकर युद्ध का है। इस युद्ध में **इन्द्रस्य**-उस शत्रुविद्रावक प्रभु के लिए **ब्रह्म उच्यतम्**-मन्त्रों द्वारा स्तवन उत्थित हुआ है। हमारा यही कर्तव्य है कि प्रभु का स्मरण करें और युद्ध में सन्नद्ध रहें। प्रभुस्मरण

ही हमें इस संसार संघर्ष में विजयी बनाएगा।

भावार्थ–चारों ओर युद्ध का वातावरण उपस्थित है। हम प्रभु का स्मरण करें और युद्ध को करते चलें। प्रभु ही तो हमें विजयी बनाएँगे।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

अनपस्फुरः सुदुघा गौवें

आ यत्पतन्त्येन्यः सुदुघा अनपस्फुरः। अपस्फुरं गृभायत सोममिन्द्राय पातवे॥ १०॥

(१) यत्–जब अनपस्फुरः=न बिदकनेवाली, सुदुघाः=सुख संदोह्य एन्यः=शुभ्रवर्ण की गौवें आपतन्ति=समन्तात् गृहों की ओर आनेवाली होती हैं, तो उस समय अपस्फुरं=हृदय कम्पन को दूर करनेवाले सोमं=सोम को–ताजे दूध को–गृभायत=ग्रहण करो। यह दूध इन्द्राय पातवे=जितेन्द्रिय पुरुष के रक्षण के लिए होता है। (२) गौवें 'सुदुघा' होनी चाहिएँ, ये अनपस्फुर होंगी तो इनके दूध में किसी प्रकार का विष नहीं होगा। यह ताजा गोदुग्ध ही सोम है। यह हृदय की धड़कन को भी ठीक रखता है, अर्थात् एतत् सम्बद्ध सब रोगों से हमें बचानेवाला है।

भावार्थ–हम सुख संदोह्य गौवों के ताजे दूध का प्रयोग करें। यही सोम है। यह जितेन्द्रिय पुरुष का रक्षण करता है। उसे हृदय कम्पन आदि के रोग से बचाता है।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—'विश्वेदेवाः', वरुणः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

इन्द्र-अग्नि-देव

अपादिन्द्रो अपादग्निर्विश्वे देवा अमत्सत।
वरुण इद्इह क्षयत्तमापो अभ्यनूषत वत्सं संशिश्वरीरिव॥ ११॥

(१) इन्द्रः=एक जितेन्द्रिय पुरुष अपात्=इस सोम का पान करता है। अग्निः=प्रगतिशील पुरुष अपात्=इसको पीता है। विश्वेदेवाः=सब देव इस सोमपान में अमत्सत=हर्ष का अनुभव करते हैं। (२) वरुणः=वह पाप-निवारक प्रभु इत्=निश्चय से इह=इस सोमपान करनेवाले के जीवन में क्षयत्=निवास करता है। तम्=उस प्रभु को अपः=कर्मों में व्याप्त होनेवाली प्रजाएँ अभ्यनूषत=स्तुत करती हैं। उसी प्रकार स्तुति करती हैं, इव=जैसे संशिश्वरीः=उत्तम बछड़ोंवाली गाएँ वत्सम्=बछड़े के प्रति जाती हुई शब्द को करती है। इसी प्रकार प्रेम से पूर्ण होकर ये कर्मों में व्याप्त होनेवाली प्रजाएँ अपने प्रिय प्रभु के प्रति स्तुति शब्दों को बोलती हैं।

भावार्थ–सोमपान हमें 'इन्द्र, अग्नि व देव' बनाता है, शरीर में सबल (इन्द्र) मस्तिष्क में प्रकाशमय (अग्नि) तथा मन में 'देव'। सोमपान करनेवालों में ही परमात्मा का निवास होता है। ये कर्मों में व्याप्त रहकर प्रभु का स्मरण करते हैं।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—वरुणः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

सप्त सिन्धवः

सुदेवो असि वरुण यस्य ते सप्त सिन्धवः। अनुक्षरन्ति काकुदं सूर्यं सुषिरामिव॥ १२॥

(१) हे वरुण=पापनिवारक प्रभो! आप सुदेवः असि=सर्वोत्तम देव हैं–देवों के अधिदेव हैं। यस्य-जिन ते-आपकी सप्त सिन्धवः=सात छन्दों में प्रवाहित होनेवाली ज्ञानजल की नदियाँ काकुदं अनुक्षरन्ति-हमारे तालु में बहती है, उसी प्रकार इव-जैसे सूर्यं-प्रकाश व रश्मिजाल सुषिराम्-सछिद्र वस्तु में प्रवेश करता है। (२) हम प्रभु का स्मरण करते हैं तो प्रभु की वेदवाणियाँ

हमारे जीवन में इस प्रकार प्रवेश करती हैं, जैसे सछिद्र भित्ति में सूर्यरश्मियाँ। ये रश्मियाँ ही वेदवाणियों का प्रकाश ही हमारे जीवन को निर्मल बनाता है।

भावार्थ–हम प्रभु का स्मरण करें। प्रभु का ज्ञान हमारे जीवन को निर्मल कर देगा। हमें यह प्रकाश 'सुदेव' बना देगा।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

वपुः (यो अमुच्यत)

यो व्यतीँरफाणयत्सुयुक्ताँ उप दाशुषे। तक्वो नेता तदिद्वपुरुपमा यो अमुच्यत॥ १३॥

(१) यः=जो **दाशुषे**=दानशील अथवा अपने को प्रभु के प्रति अर्पण करनेवाले के लिए **वि+अतीन्**=विशिष्ट गतिवाले **सुयुक्तान्**=उत्तमता से शरीररथ सम्बद्ध (में जुते हुए) इन्द्रियाश्वों को **उप अफाणयत्**=समीपता से प्राप्त कराता है। वह प्रभु **तक्वः**=हमारे यज्ञों में प्राप्त होनेवाले हैं। वस्तुतः प्रभु ही हमें यज्ञों के प्रति प्राप्त कराते हैं। **प्रभु नेता**=वे प्रभु ही हमें मार्ग पर ले-चलनेवाले हैं नेता होते हैं तो **तद् इत्**=तब ही यह उपासक **वपुः**=सब बुराइयों का वपन (छेदन) करनेवाला होता है। **उपमा**=ये औरों के लिए उपमानभूत हो जाता है। ऐसा बन जाता है कि **यः अमुच्यत**=जो मुक्त हो जाता है। पवित्र जीवनवाले पुरुषों को लोग इससे उपमा देने लग जाते हैं यह तो पहले ऐसा पवित्र है, जैसा वह 'वपुः'।

भावार्थ–हम प्रभु के प्रति अपना अर्पण करें। प्रभु हमें गतिशील सुयुक्त इन्द्रियाश्वों को प्राप्त कराके उत्तम मार्ग पर ले चलेंगे। हम बुराइयों का छेदन करके उपमानभूत जीवन को प्राप्त करेंगे–जीवनमुक्त से बन जाएँगे।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

'मुक्तिप्रदाता' प्रभु

अतीदु शक्र ओहत इन्द्रो विश्वा अति द्विषः। भिनत्कनीन ओदनं पच्यमानं परो गिरा॥ १४॥

(१) **शक्रः**=वह सर्वशक्तिमान् प्रभु **इत् उ**=निश्चय ही **अति ओहते**=हमें भवसागर के पार ले जाता है। **इन्द्रः**=सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाला प्रभु **विश्वाः द्विषः**=सब द्वेषों के **अति**=पार प्राप्त करता है। (२) वह **कनीनः**=(कन दीप्तौ) दीप्त प्रभु–प्रकाशमय प्रभु **परः**=सबसे परस्तात् वर्तमान हैं–सब गुणों के दृष्टिकोण से परे हैं–उत्कृष्ट हैं। वे प्रभु ही **गिराः**=ज्ञान की वाणियों के द्वारा **पच्यमानं**=परिपक्व किये जाते हुए इस **ओदनं**=हमारे अन्नमय कोश को–इस स्थूल शरीर के **भिनत्**=हमारे से पृथक् करते हैं–हमें मुक्ति के मार्ग पर आगे ले चलते हैं।

भावार्थ–प्रभु ही 'शक्र' हैं, 'इन्द्र ' हैं। वे ही हमें सब द्वेषों से ऊपर उठाते हैं और ज्ञानाग्नि में परिपक्व करके हमें मुक्त करते हैं।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

'त्वमेव माता च पिता त्वमेव'

अर्भको न कुमारकोऽधि तिष्ठवं रथम्। स पक्षन्महिषं मृगं पित्रे मात्रे विभुक्रतुम्॥ १५॥

जीव को चाहिए कि **अर्भकः न**=एक छोटे बालक के समान हो। **कुमारकः**=वह सब क्रीड़ा को करनेवाला हो As innocent as a child=एक बालक के समान निर्दोष व्यवहारवाला हो–व्यर्थ में चुस्त चालाक न बने। **नवं रथं अधितिष्ठन्**=इस स्तुत्य व गतिशील (नु स्तुतौ, नव गतौ)

शरीररथ पर आरूढ़ होता हुआ सः-वह पित्रे मात्रे-पिता व माता के लिए उस महिषं-पूजनीय मृगं-अन्वेषणीय विभुक्रतुम्-सर्वव्यापक प्रज्ञानस्वरूप प्रभु को पक्षत्-परिगृहीत करे (पक्ष परिग्रहे)।

भावार्थ-हम बालकों की तरह निर्दोष जीवनवाले बनें। शरीररथ को स्तुत्य व गतिशील बनाएँ। प्रभु को ही माता व पिता समझें। प्रभु पूज्य हैं, अन्वेषणीय हैं, सर्वव्यापक व प्रज्ञानस्वरूप हैं।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

प्रभु की ओर

आ तू सुशिप्र दम्पते रथं तिष्ठा हिरण्ययम्।
अध द्युक्षं सचेवहि सहस्रपादमरुषं स्वस्तिगामनेहसम्॥ १६॥

(१) पत्नी पति से कहती है कि हे सुशिप्र-शोभन हनुओं व नासिकावाले-उत्तम भोजन व प्राणायाम को करनेवाले! दम्पते-शरीररूप गृह का रक्षण करनेवाले जीव! हिरण्ययं रथं-ज्योतिर्मय शरीररथ पर तू-प्रातिक स्थित हो ही। इस शरीररथ को तू ज्ञानज्योति से परिपूर्ण कर। (२) अध-अब, जीवन को इस प्रकार सात्त्विक भोजनवाला, प्राणसाधनासम्पन्न व ज्योतिर्मय बनाने पर, हम उस प्रभु को सचेवहि-प्राप्त हों, जो द्युक्षं-सदा प्रकाश में निवास करनेवाले हैं। सहस्रपादम्-सहस्रों पांवोंवाले हैं-सर्वत्र गतिवाले हैं। रुषं-आरोचमान व (अ-रुषं) क्रोधरहित हैं। स्वस्तिगाम्-कल्याण की ओर गतिवाले हैं-हमें कल्याणपथ पर ले चलनेवाले हैं और अनेहसम्-निष्पाप हैं।

भावार्थ-हम सात्त्विक भोजन को करते हुए शरीररथ का रक्षण करें वे इसे ज्योतिर्मय बनाएँ। पति-पत्नी मिलकर प्रकाशमय प्रभु का उपासन करें कि हमें कल्याण के मार्ग ले चलते हुए निष्पाप जीवनवाला बनाएँगे।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

सुधितम् अर्थम्

तं घेमित्था नमस्विन उप स्वराजमासते। अर्थं चिदस्य सुधितं यदेतवे आवर्तयन्ति दावने॥ १७॥

(१) तं स्वराजं-उस स्वयं देदीप्यमान प्रभु को इत्था-सचमुच घा ईम्-निश्चय से नमस्विनः-नमस्कारवाले उपासते-उपासित करते हैं। (२) अस्य-इस उपासक का अर्थं-प्राप्तव्य धन चित्-निश्चय से सुधितम्-सम्यक् स्थापित होता है। यत्-जो धन एतवे-जीवन के कार्यों को संचालित करने के लिए होता है और इस धन को वे दावने-हवि आदि के देने के लिए-दान के लिए आवर्तयन्ति-आवृत्त करते हैं।

भावार्थ-नमन से युक्त होकर हम प्रभु का उपासन करते हैं। प्रभु हमें धन देते हैं। यह धन कार्यसंचालन व दान में विनियुक्त होता है।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्रियमेधासः, वृक्तबर्हिषः, हितप्रयसः

अनु प्रत्नस्यौकसः प्रियमेधास एषाम्। पूर्वामनु प्रयतिं वृक्तबर्हिषो हितप्रयस आशत॥ १८॥

(१) प्रियमेधासः-बुद्धि के साथ प्रेमवाले लोग एषाम्-इनके अर्थात् अपने प्रत्नस्य ओकसः अनु-सनातन गृह को लक्ष्य करके वृक्तबर्हिषः-हृदयरूप क्षेत्र को वासनारूप घास-फूस से रहित करते हैं। (२) ये हितप्रयसः-सदा हितकर प्रयासों (उद्योगों) में लगे हुए पूर्वां-

सर्वमुख्य अथवा पालन व पूरण करनेवाली **प्रयतिं**-दान की प्रक्रिया को **अनु आशत**-व्याप्त करते हैं। सदा दानशील बनते हैं।

भावार्थ-ब्रह्मलोकरूप अपने सनातन गृह को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि हम 'प्रियमेध'-बुद्धिप्रिय बनें। हृदयक्षेत्र में से हम वासनाओं के घास-फूस को उखाड़ डालें तथा सदा हितकर उद्योगों में लगे हुए हों।

गतमन्त्र में वूणत दान की प्रक्रिया से ही ये वासनारूप शत्रुओं का खण्डन करनेवाले 'पुरुहन्मा' बनते हैं। अगले सूक्त का ऋषि यह 'पुरुहन्मा' ही है। इसकी प्रार्थना का स्वरूप है-

७०. [सप्ततितमं सूक्तम्]

ऋषिः—पुरुहन्माङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—पादनिचृद् बृहतीङ्ग स्वरः—मध्यमःङ्ग

'ज्येष्ठः वृत्रहा' प्रभु

यो राजा चर्षणीनां याता॒ रथे॑भिरध्रिगुः। विश्वा॑सां तरु॒ता पृत॑नानां॒ ज्येष्ठे॒ यो वृ॑त्र॒हा गृ॒णे॥ १॥

(१) मैं उस प्रभु का **गृणे**-स्तवन करता हूँ **यः**-जो **चर्षणीनां राजा**-श्रमशील मनुष्यों के जीवन को दीप्त बनानेवाला है। **रथेभिः याता**-शरीररूप रथों से हमें प्राप्त होनेवाला है, अर्थात् उत्तम शरीररूप रथों को प्राप्त करता है। **अध्रिगुः**-अधृतगमन वाला है। (२) ये प्रभु ही **विश्वासां**-सब **पृतनानां**-शत्रुसैन्यों के **तरुता**-तैर जानेवाले हैं। वे प्रभु **ज्येष्ठः**-प्रशस्यतम हैं, **यः**-जो **वृत्रहा**-ज्ञान की आवरणभूत वासना को विनष्ट करनेवाले हैं।

भावार्थ-हम प्रभु का स्तवन करते हैं। प्रभु हमें वासनारूप शत्रुओं को पराजित करने में समर्थ करते हैं। प्रभु ही हमें उत्तम शरीररथ प्राप्त कराते हैं और हमारे जीवनों को दीप्त करते हैं।

ऋषिः—पुरुहन्माङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृत्पि-ङ्ग स्वरः—पञ्चमःङ्ग

वज्रः-सूर्यः

इन्द्रं॒ तं शु॑म्भ पुरुहन्मन्नवसे॒ यस्य॒ द्विता॑ वि॒धर्त॑रि।
हस्ता॑य॒ वज्रः॒ प्रति॑ धायि दर्श॒तो म॒हो न सूर्यः॑॥ २॥

(१) हे **पुरुहन्मन्**-खूब ही शत्रुओं का हनन करनेवाले जीव! तू **तं**-उस **इन्द्रं**-शत्रुविद्रावक प्रभु को **अवसे**-रक्षण के लिए **शुम्भ**-अपने जीवन में अलङ्कृत कर। उस प्रभु को अलंकृत कर **यस्य द्विता**-जिसका दोनों ओर विस्तार है-उस प्रभु की अनन्त शक्ति है और अनन्त ज्ञान है। प्रभु को धारण करने पर हम भी ज्ञान व शक्ति को प्राप्त करेंगे। (२) उस **विधर्तरि**-विशेष रूप से धारण करनेवाले प्रभु में **हस्ताय**-(हननाय) शत्रुसंहार के लिए **दर्शतः**-दर्शनीय **महः**-महान् **वज्रः**-वज्र **प्रतिधायि**-धारण किया जाता है। **नः**-और (च) **दिवे**-प्रकाश के लिए **सूर्यः**-सूर्य धारण किया जाता है। 'वज्र' शत्रुसंहार की शक्ति का प्रतीक है और 'सूर्य' ज्ञान का।

भावार्थ-हम अपने जीवनों में प्रभु का धारण करें। प्रभु शत्रुहनन के लिए वज्र का धारण करते हैं और प्रकाश के लिए सूर्य का। प्रभु का धारण हमें शक्ति व प्रकाश प्राप्त कराएगा।

ऋषिः—पुरुहन्माङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् बृहतीङ्ग स्वरः—मध्यमःङ्ग

नकिः तं कर्मणा नशत्

नकि॑ष्टं॒ कर्म॑णा॒ नश॒द्यश्च॒कार॑ स॒दावृ॑धम्।
इन्द्रं॒ न य॒ज्ञैर्वि॒श्वगू॒र्तमृभ्व॑स॒मधृ॑ष्टं॒ धृष्णवो॑जसम्॥ ३॥

(१) तं=उस व्यक्ति को कर्मणा=कर्मों से नकिः नशत्=कोई भी व्याप्त नहीं कर पाता, अर्थात् उसके समान कोई भी महान् कर्मों को नहीं कर पाता, यः=जो सदावृधं=सदा से वर्धमान प्रभु को चकार=अपने अन्दर कराता है, अर्थात् जो प्रभु को अपने में धारण करता है। इस स्तोता को प्रभु की शक्ति प्राप्त होती है=इसके अन्दर प्रभु की शक्ति ही कार्य कर रही होती है। (२) न=(संप्रति) अब हम यज्ञैः=यज्ञात्मक कर्मों से इन्द्रं=उस प्रभु को ही उपासित करें, जो प्रभु विश्वगूर्तम्=सबसे स्तुति के योग्य हैं, ऋभ्वसं=महान् हैं। अधृष्टं=किसी से भी धृषत होनेवाले नहीं और ओजसा=ओजस्विता के द्वारा धृष्णवम्=सब शत्रुओं का धर्षण करनेवाले हैं।

भावार्थ=प्रभु की उपासना हमें असाधारण (महान्) कार्यों को करने में समर्थ करेगी। प्रभु की शक्ति से शक्तिसम्पन्न होकर हम सब शत्रुओं का धर्षण कर पाएँगे।

ऋषिः—पुरुहन्माङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—पि-ःङ्ग स्वरः—पञ्चमःङ्ग

द्यावः क्षामः अनोनवुः

अषाळ्हमुग्रं पृतनासु सासहिं यस्मिन्महीरुरुज्रयः।
सं धेनवो जायमाने अनोनवुर्द्यावः क्षामो अनोनवुः॥ ४॥

(१) द्यावः=ये द्युलोक में होनेवाले सूर्य व क्षामः=पृथिवीलोक उस प्रभु का ही अनोनवुः=अतिशयेन स्तवन करते हैं जो अषाढं=शत्रुओं से कभी पराभूत नहीं होते, उग्रं=उद्गूर्ण बलवाले व तेजस्वी हैं तथा पृतनासु सासहिम्=शत्रुसैन्यों में पराभव को करनेवाले हैं। (२) यस्मिन् जायमाने=जिसके प्रादुर्भूत होने पर महीः=महत्त्वपूर्ण, उरुज्रयः=महान् वेग वाली, अर्थात् हमें क्रियाओं में प्रेरित करनेवाली धेनवः=वेदवाणीरूप गौवें सम् अनोनवुः=सम्यक् शब्दायमान हो उठती है। हृदय में प्रभु का प्रकाश हुआ और वेदज्ञान हमें उस-उस क्रिया में प्रेरित करने लगा।

भावार्थ=ये सूर्य आदि पदार्थ प्रभु की महिमा का ही प्रकाश कर रहे हैं। प्रभु का प्रकाश हृदय में होनेपर वेदवाणी हमारे लिए उत्कृष्ट कर्मों की प्रेरणा देनेवाली होती है।

ऋषिः—पुरुहन्माङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—विराड् बृहतीङ्ग स्वरः—मध्यमःङ्ग

ज्यायान् एभ्यः लोकेभ्यः

यद् द्यावं इन्द्र ते शतं शतं भूमिरुत स्युः।
न त्वा वज्रिन्त्सहस्रं सूर्या अनु न जातमष्ट रोदसी॥ ५॥

(१) हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! यद्=यदि द्यावः=ये द्युलोक शतं=सैंकड़ों स्युः=हों, तो भी ते=तेरा न=(अश्नुवन्ति) व्यापन नहीं कर सकते। उत=और शतं भूमीः=सैंकड़ों भूमियाँ हो तो ये भी तेरा व्यापन नहीं कर पातीं। (२) हे वज्रिन्=वज्रहस्त प्रभो! त्वा=आपको सहस्रं सूर्याः=सहस्रों भी सूर्य न=प्रकाशित नहीं कर पाते। जातं=सृष्टि से पहले ही प्रादुर्भूत हुए-हुए आपको रोदसी=द्यावापृथिवी न अनु अष्ट=व्याप्त करनेवाले नहीं होते।

भावार्थ=प्रभु को सहस्रों भी द्युलोक, पृथिवीलोक व सूर्य व्याप्त नहीं कर पाते। प्रभु इनसे महान् हैं।

ऋषिः—पुरुहन्मा॑ देवता—इन्द्रः॑ छन्दः—निचृत् पं-॑क्तः स्वरः—पञ्चमः॑

शवसा आपप्राथ

आ पप्राथ महि॒ना वृष्ण्या॑ वृष॒न्विश्वा॑ शविष्ठ शव॒सा।
अस्मा॑ँ अ॑व मघव॒न्गोम॑ति व्र॒जे वज्रि॑ञ्चित्राभि॒रू॒तिभिः॑ ॥ ६ ॥

(१) हे वृषन्-सुखों का वर्षण करनेवाले शविष्ठ-अतिशयेन शक्तिशालिन् प्रभो! आप वृष्ण्या-सुखों का वर्षण करनेवाली महिना-अपनी महिमा से विश्वा-सबको शवसा-बल से आपप्राथ-आपूरित करते हैं। प्रभु का जो भी धारण करता है, वह प्रभु की शक्ति से शक्तिसम्पन्न बनता है। (२) हे वज्रिन्-वज्रहस्त मघवन्-ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! अस्मान्-हमें गोमति व्रजे-इस इन्द्रियरूप गौओंवाले शरीररूप बाड़े में चित्राभिः ऊतिभिः-अद्भुत रक्षणों के द्वारा अव-रक्षित करिये।

भावार्थ-प्रभु ही हमें शक्ति से प्रपूरित करते हैं। प्रभु के अनुग्रह से हमारा शरीररूप व्रज प्रशस्त इन्द्रियरूप गौवोंवाला होता है।

ऋषिः—पुरुहन्मा॑ देवता—इन्द्रः॑ छन्दः—विराड् बृहती॑ स्वरः—मध्यमः॑

अदेवः एतग्वा

न सी॒मदे॑व आप॒दिषं॑ दीर्घायो॒ मर्त्यः॑।
एत॑ग्वा चि॒द्य एत॑शा यु॒योज॑ते॒ हरी॒ इन्द्रो॑ युयोजते ॥ ७ ॥

(१) हे दीर्घायो-(दीर्घ जीवनवाले) नित्य इन्द्र! अदेवः मर्त्यः-देव (प्रभु) से दूर रहनेवाला मनुष्य सीम्-निश्चय से इषं न आपत्-प्रभु की प्रेरणा को नहीं प्राप्त करता। प्रभु के सम्पर्क में रहनेवाला ही प्रभु की प्रेरणा को प्राप्त करता है। (२) एतग्वा-उस श्वेत शुद्ध प्रभु की ओर गतिवाला चित्-ही यः-जो एतशा-शुद्ध- श्वेत वर्णवाले हरीः-इन्द्रियाश्वों को युयोजते-अपने शरीररथ में जोतता है, वही इन्द्रः-जितेन्द्रिय बनकर युयोजते-इन्द्रियाश्वों को जोतता है।

भावार्थ-प्रभु से दूर रहनेवाला व्यक्त प्रभु-प्रेरणा को नहीं प्राप्त करता। शुद्ध प्रभु की ओर चलनेवाला मनुष्य ही जितेन्द्रिय बनकर शुद्ध इन्द्रियाश्वों को शरीररथ में जोतता है।

ऋषिः—पुरुहन्मा॑ देवता—इन्द्रः॑ छन्दः—आर्चीस्वराड् बृहती॑ स्वरः—मध्यमः॑

'गाधेषु आ-रणेषु वाजेषु' हव्यः

तं वो॑ म॒हो म॒हाय्य॒मिन्द्रं॑ दा॒नाय॑ सक्षणिम्।
यो गा॒धेषु॑ य आर॑णेषु ह॒व्यो वाजे॒ष्वस्ति॑ हव्यः॑ ॥ ८ ॥

(१) तं-उस वः महः-तुम्हारे तेज (महस्-Power or Lustre) व दीप्तिरूप उस प्रभु का परिचरण करो। वे प्रभु ही तुम्हें तेजस्विता व दीप्ति प्राप्त करानेवाले हैं। महाय्यं इन्द्रं-उस पूजनीय-शत्रुविद्रावक प्रभु को ही पूजो। दानाय-शत्रुओं के खण्डन के लिए सक्षणिम्-उपासकों के साथ समवेत होनेवाले प्रभु को पूजो। (२) यः-जो प्रभु गाधेषु-(गाधृ प्रतिष्ठायाम्) प्रतिष्ठा को प्राप्त करानेवाले कार्यों में हव्यः-पुकारने योग्य हैं। प्रभु ही तो उन कार्यों को निर्विघ्नता से पूर्ण करेंगे। यः-जो प्रभु आ-रणेषु-समन्तात् आनन्दमय-रमणीय कार्यों में भी पुकारने योग्य हैं। वे प्रभु ही वाजेषु-संग्रामों में हव्यः-पुकारने योग्य अस्ति-हैं। प्रभु ने ही हमें उन संग्रामों में विजय प्राप्त करानी हैं।

भावार्थ–प्रभु का पूजन करेंगे तो प्रभु की शक्ति से हम शक्तिसम्पन्न बनेंगे। तभी हम उत्तम कार्यों को करके प्रतिष्ठा को प्राप्त करेंगे। तभी उत्तम कार्यों को प्राप्त करके आनन्दित होंगे। तभी संग्रामों में विजयी होंगे।

ऋषिः—पुरुहन्माङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—बृहतीङ्ग स्वरः—मध्यमःङ्ग

राधसे, मघत्तये, श्रवसे

उदू षु णो वसो महे मृशस्व शूर राधसे। उदू षु महो मघवन्मघत्तय उद्रिन्द्र श्रवसे महे॥ ९॥

(१) हे **वसो**=हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले **शूर**=शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! आप **नः**=हमें **उ**=निश्चय से **सु**=अच्छी प्रकार **महे राधसे**=महान् ऐश्वर्य के लिए **उन्मृशस्व**=स्पर्श करिये। आपके सम्पर्क से हम उत्कृष्ट ऐश्वर्य को प्राप्त करें। (२) हे **मघवन्**=ऐश्वर्यशालिन्! **उ**=और **सु**=सम्यक् **महो मघत्तये**=महान् ऐश्वर्य के दान के लिए हमें ऊँचा उठाइए (उत्थापय)। (३) हे **इन्द्र**=शत्रुविद्रावक प्रभो! **महे अवसे**=महान् यश व ज्ञान के लिए **उत्**=हमें उठाइए।

भावार्थ–हम प्रभु के सम्पर्क से, ऐश्वर्य को-दान की वृत्ति को तथा महान् यश को प्राप्त करें।

ऋषिः—पुरुहन्माङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—आर्चीस्वराड् बृहतीङ्ग स्वरः—मध्यमःङ्ग

'ऋतयु' प्रभु

त्वं न इन्द्र ऋतयुस्त्वानिदो नि तृम्पसि। मध्ये वसिष्व तुविनृम्णोर्वोर्न वृसं शिश्नथो हथैः॥ १०॥

(१) हे **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **त्वं**=आप **नः**=हमारे साथ **ऋतयुः**=यज्ञों को-ऋत को-जोड़नेवाले हैं। हमारे लिए यज्ञों की कामनावाले हैं। हे प्रभो! आप **त्वानिदः**=आपकी निन्दा करनेवालों को भी **नि तृम्पसि**=भोजनादि से प्रीणित करनेवाले हैं। (२) हे **तुविनृम्ण**=महान् धनवाले प्रभो! आप हमें **ऊर्वोः मध्ये वसिष्व**=अपनी जांघों के बीच में निवास कराइए–अपनी गोद में बिठाइए। आपके हम प्रिय हों। आप **दासं**=औरों का उपक्षय करनेवालों को **हथैः**=हनन-साधन आयुधों से **निशिश्नथः**=निश्चय से हिंसित करते हो।

भावार्थ–हे प्रभो! आप हमें यज्ञशील बनाइए। हम आपके प्रिय बनें। उपक्षय करनेवाले का आप विनाश करते हैं।

ऋषिः—पुरुहन्माङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—बृहतीङ्ग स्वरः—मध्यमःङ्ग

'अन्यव्रत-अमानुष-अयज्वा-अदेवयु' का स्वर्गभ्रंश

अन्यव्रतममानुषमयज्वानमयज्वानमदेवयुम्।
अव स्वः सखा दुधुवीत पर्वतः सुघ्नाय दस्युं पर्वतः॥ ११॥

(१) वह **सखा**=यज्ञशील पुरुषों का मित्र **पर्वतः**=हमारा पूरण करनेवाला प्रभु **अन्यव्रतम्**=वेदोपदिष्ट कर्मों से भिन्न कर्मों को करनेवाले को, **अमानुषम्**=निर्दय को **अयज्वानम्**=अयज्ञशील को **अदेवयुम्**=दिव्यगुणों को प्राप्त करने की कामना न करनेवाले का **स्वः**=स्वर्ग से **अवदुधुवीत**=कम्पित करके दूर कर देता है। 'अन्यव्रत, अमानुष, अयज्वा, अदेवयु' को सुख प्राप्त नहीं होता। (२) **पर्वतः**=वह पूरण करनेवाला प्रभु **दस्युं**=उपक्षय करनेवाले को **सुघ्नाय**=सम्यक् हनन के लिए प्रेरित कर इस दस्यु का आप विनाश करिये।

भावार्थ–प्रभु 'अन्यव्रत, अमानुष, अयज्वा, अदेवयु' पुरुष को सुखों से पृथक् करते हैं। दस्यु का प्रभु विनाश करते हैं।

ऋषिः—पुरुहन्माङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—आर्चीबृहतीङ्ग स्वरः—मध्यमःङ्ग

द्विः संगृभाय

त्वं न इन्द्रासां हस्ते शविष्ठ दावने। धानानां न सं गृभायास्मयुर्द्विः सं गृभायास्मयुः ॥ १२ ॥

(१) हे शविष्ठ–अतिशयेन शक्तिमन् इन्द्र–शत्रुविद्रावक प्रभो! त्वं–आप नः–हमारे लिये दावने–देने के लिए आसां धानानां–इन धानों को हस्ते–हाथ में संगृभाय–सम्यक् ग्रहण करिये। अस्मयुः–हमारे हित की कामनावाले आप धानानां न–धानों के समान हमारे लिए आवश्यक वस्तुओं का ग्रहण करिये। (२) ग्रहण ही क्या? अस्मयुः–हमारे हित की कामनावाले आप द्विःसंगृभाय–दो बार इन धानों का संगृभाय–सम्यक् ग्रहण करिये।

भावार्थ–प्रभु हमारे लिए आवश्यक धन-धान्य की कमी न होने दें।

सूचना–'धानानां द्विः संगृभाय' शब्दों में दो बार के भोजन का संकेत स्पष्ट है।

ऋषिः—पुरुहन्माङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—उष्णिक्ङ्ग स्वरः—ऋषभःङ्ग

'भोजः सूरिः अह्रयः' प्रभु

सखायः क्रतुमिच्छत कथा राधाम शरस्य। उपस्तुतिं भोजः सूरिर्यो अह्रयः ॥ १३ ॥

(१) हे सखायः–मित्रो! क्रतुं–यज्ञ, शक्ति व प्रज्ञान की इच्छत–कामना करो। कथा–किसप्रकार हम शरस्य–शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभु की उपस्तुतिं राधाम–आराधना कर सकें। यज्ञों के द्वारा ही तो प्रभु का पूजन होगा। प्रज्ञान से व शक्ति के सम्पादन से ही तो हम प्रभु के प्रिय बन पाएँगे। (२) वे प्रभु भोजः–सबका पालन करनेवाले हैं। सूरिः–सबको प्रेरणा देनेवाले हैं (षू प्रेरणे)। यः–जो प्रभु अह्रयः–अतिशयेन बुद्धिमान् हैं अथवा शुद्ध होने से लज्जाशून्य हैं।

भावार्थ–वे प्रभु पालन करनेवाले, प्रेरणा देनेवाले व अतिशयेन बुद्धिमान् हैं। इस प्रभु का हम 'यज्ञों, शक्तियों व प्रज्ञानों' के द्वारा आराधन करें।

ऋषिः—पुरुहन्माङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—भुरिग्नुष्टुप्ङ्ग स्वरः—गान्धारःङ्ग

भूरिभिः, बर्हिष्मद्भिः, ऋषभिः

भूरिभिः समहं ऋषिभिर्बर्हिष्मद्भिः स्तविष्यसे। यदित्थमेकमेकमिच्छरं वत्सान्पराददः ॥ १४ ॥

(१) हे समह–समानरूप से सबसे पूज्य प्रभो! आप भूरिभिः–(भृ धारणपोषणयोः) धारण व पोषण करनेवाले, बर्हिष्मद्भिः–वासनाशून्य हृदयोंवाले ऋषिभिः–तत्त्वद्रष्टा पुरुषों से स्तविष्यसे–स्तुति किये जाते हैं। (२) यत्–क्योंकि हे शर–शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! आप इत्थम्–इस प्रकार–स्तवन किये जाने पर वत्सान्–अपने इन प्रिय उपासकों को एकम् एकम् इत्–निश्चय से एक-एक वस्तु परादद:–देते हैं। प्रभु का उपासक प्रभु से सब आवश्यक धनों को प्राप्त करता है। योगक्षेम को चलानेवाले प्रभु ही तो हैं।

भावार्थ–उपासक वह है जो शरीर का ठीक पालन व पोषण करे, हृदय को वासना-शून्य बनाए, मस्तिष्क में ऋषितुल्य ज्ञानवाला हो। प्रभु इन वत्सों को सब आवश्यक वस्तुएँ प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—पुरुहन्मा॰ देवता—इन्द्र॰ छन्दः—निचृदुष्णिक्॰ स्वरः—ऋषभ॰

कर्णगृह्या 'त्रिभ्यः'

कर्णगृह्या मघवा शौरदेव्यो वत्सं नस्त्रिभ्य आनयत्। अजां सूरिर्न धातवे॥ १५॥

(१) मघवा-ऐश्वर्यशाली, शौरदेव्यः-(शूरश्च असौ देवश्च, स्वार्थे ष्यञ्) शत्रुओं को शीर्ण करनेवाला, प्रकाशमय प्रभु नः-हमें कर्णगृह्या-कानों से पकड़कर त्रिभ्य आनयत्-'ज्ञान, कर्म व उपासना' इन तीनों के लिए प्राप्त कराता है। उचित दण्ड देता हुआ वह प्रभु हमें ठीक मार्ग से चलाकर मस्तिष्क में ज्ञानसम्पन्न, हाथों में यज्ञादि कर्मोंवाला तथा हृदय में उपासनावाला बनाता है। (२) प्रभु हमें इन तीनों के लिए इस प्रकार प्राप्त करता हैं न-जैसे सूरिः-एक समझदार व्यक्ति धातवे-दूध पीने के लिए वत्सं-मेमने को (बच्चे को) अजां-बकरी को प्राप्त कराता है। उस विद्वान् को वत्स से वैर नहीं होता। इसी प्रकार प्रभु भी हमें हित की भावना से ही कानों में पकड़कर 'ज्ञान' आदि की ओर ले चलते हैं।

भावार्थ-प्रभु मघवा हैं, शौरदेव्य हैं। वे हमें कानों से पकड़कर 'ज्ञान, कर्म व उपासना' की ओर ले चलते हैं।

ज्ञान, कर्म व उपासना में चलता हुआ यह 'सुदीति' उत्तम दीप्तिवाला बनता है (दी-to shine) यह सबके लिए सुखों का सेचन करनेवाला 'पुरुमीढ' होता है। यह प्रार्थना करता है कि-

७१. [एकसप्ततितमं सूक्तम्]

ऋषिः—सुदीतिपुरुमीळ्हौ तयोर्वान्यतर॰ देवता—अग्नि॰ छन्दः—विराड् गायत्री॰ स्वरः—षड्ज॰

'अरातेः, द्विषः' पाहि

त्वं नो अग्ने महोभिः पाहि विश्वस्या अरातेः। उत द्विषो मर्त्यस्य॥ १॥

(१) हे अग्ने-परमात्मन्! त्वम्-आप नः-हमें महोभिः-तेजस्विताओं के द्वारा-हमारे में तेजस्विता का स्थापन करके विश्वस्याः-सबके अन्दर प्रवेश कर जानेवाली (विशति) अरातेः-अदानवृत्ति से पाहि-बचाइए। तेजस्वी बनकर हम कृपणता से ऊपर उठें। तेजस्वी सदा दानशूर होता है। (२) उत-और हे प्रभो! मर्त्यस्य-मनुष्यमात्र के प्रति द्विषः-द्वेष की भावनाओं से भी हमें (पाहि) बचाइए। हम किसी के प्रति द्वेषवाले न हों।

भावार्थ-प्रभु का स्मरण हमें तेजस्वी बनाए। तेजस्विता हमें अदानवृत्ति व द्वेष की भावनाओं से दूर करे।

ऋषिः—सुदीतिपुरुमीळ्हौ तयोर्वान्यतर॰ देवता—अग्नि॰ छन्दः—निचृद् गायत्री॰ स्वरः—षड्ज॰

'पौरुषेय मन्यु' से अनाक्रान्त

नहि मन्युः पौरुषेय ईशे हि वः प्रियजात। त्वमिद्दंसि क्षपावान्॥ २॥

(१) हे प्रियजात-(प्रियेषु जातः) यज्ञादि द्वारा आपका प्रीणन करनेवालों में प्रादुर्भूत होनेवाले प्रभो! पौरुषेय मन्युः-पुरुषों में आ जानेवाला क्रोध हि-निश्चय से वः-आपके उपासकों को नहि ईशे-अपने अधीन नहीं कर लेता-क्रोध उनका स्वामी नहीं बन जाता। (२) त्वम् इत्-आप ही वस्तुतः क्षपावान् असि-सब काम-क्रोध आदि शत्रुओं को परे फेंकनेवाले हैं। आप ही इन्हें हमारे से दूर करते हैं।

भावार्थ-प्रभु का उपासन हमें क्रोध के आक्रमण से बचाए।

ऋषिः—सुदीतिपुरुमीळ्हौ तयोर्वान्यतरः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उर्जोनपात्+भद्रशोचे

स नो विश्वेभिर्देवेभिरूर्जो नपाद्भद्रशोचे। रयिं देहि विश्ववारम्॥ ३॥

(१) हे **ऊर्जोनपात्**-शक्ति को न गिरने देनेवाले **भद्रशोचे**-कल्याणकर दीप्तिवाले प्रभो! **सः**-वे आप **नः**-हमें **विश्वेभिः देवेभिः**-सब दिव्यगुणों के साथ **रयिं**-धन को **देहि**-दीजिए, जो धन **विश्ववारम्**-सब वरणीय वस्तुओं को प्राप्त करानेवाला है। (२) हम प्रभु का उपासन करेंगे तो प्रभु के अनुग्रह से जहाँ शक्ति को प्राप्त करेंगे, वहाँ साथ ही कल्याणकर दीप्ति को प्राप्त करनेवाले बनेंगे। यह शक्ति व दीप्ति हमें दिव्य- गुणों के साथ वरणीय धन को प्राप्त कराएगी।

भावार्थ—प्रभु शक्ति को न गिरने देनेवाले व कल्याणकर दीप्ति को प्राप्त करानेवाले हैं। इनको प्राप्त करके हम दिव्यगुणों व वरणीय धनों को प्राप्त करते हैं।

ऋषिः—सुदीतिपुरुमीळ्हौ तयोर्वान्यतरः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अरातयः रायो न युवन्त

न तमग्ने अरातयो मर्तं युवन्त रायः। यं त्रायसे दाश्वांसम्॥ ४॥

(१) हे **अग्ने**-परमात्मन्! **तं मर्तम्**-उस मनुष्य को **अरातयः**-शत्रु **रायः**-धन से **न युवन्त**-पृथक् नहीं कर पाते, **यं**-जिस **दाश्वांसम्**-दानशील को आप **त्रायसे**-रक्षित करते हैं। (२) हम दाश्वान् बनें। दानशील पुरुष सदा प्रभु का प्रिय होता है, क्योंकि यह धन के प्रति आसक्तिवाला नहीं होता। हम प्रभु के प्रिय होंगे तो कोई भी हमें धनों से पृथक् न कर पाएगा।

भावार्थ—दानशील व्यक्ति प्रभु से रक्षण को प्राप्त करता है। इसे कोई भी ऐश्वर्य से पृथक् करनेवाला नहीं होता।

ऋषिः—सुदीतिपुरुमीळ्हौ तयोर्वान्यतरः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गोषु गन्ता

यं त्वं विप्र मेधसातावग्ने हिनोषि धनाय। स तवोती गोषु गन्ता॥ ५॥

(१) हे **विप्र**-विशेषरूप से हमारा पूरण करनेवाले **अग्ने**-अग्रणी प्रभो! **यं**-जिस भी व्यक्ति को **त्वं**-आप **मेधसातौ**-यज्ञों की प्राप्ति के निमित्त **धनाय हिनोषि**-धन के लिए प्रेरित करते हैं। **सः**-वह **तव ऊती**-आपके रक्षणों के द्वारा **गोषु गन्ता**-ज्ञान की वाणियों में गतिवाला होता है। (२) हम प्रभु की उपासना करते हैं तो प्रभु हमें यज्ञादि कर्मों में प्रवृत्त करते हैं। उन यज्ञादि के लिए आवश्यक धनों को भी प्राप्त कराते हैं। यह उपासक धनों का यज्ञों में विनियोग करता हुआ विषयों में नहीं फंसता और उत्कृष्ट ज्ञान की वाणियों को प्राप्त करता है।

भावार्थ—प्रभु उपासक को यज्ञों के लिए धनों की कमी नहीं होने देते। प्रभु से रक्षित हुआ-हुआ यह व्यक्ति ज्ञान की वाणियों की ओर चलता है।

ऋषिः—सुदीतिपुरुमीळ्हौ तयोर्वान्यतरः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वस्यः अच्छ

त्वं रयिं पुरुवीरमग्ने दाशुषे मर्ताय। प्र णो नय वस्यो अच्छ॥ ६॥

(१) हे **अग्ने**-अग्रणी प्रभो! **त्वं**-आप **दाशुषे मर्ताय**-दाश्वान्-दानशील-मनुष्य के लिए **पुरुवीरं**-पालक व पूरक वीरता से युक्त **रयिं**-धन को अथवा वीर सन्तानोंवाले धन को प्राप्त कराते

हैं। (२) हे प्रभो! आप नः=हमें भी वस्यः=उत्कृष्ट धन की अच्छ=ओर प्रयाण=प्रकर्षेण ले चलिये।

भावार्थ—हम दाश्वान् (दानशील) बनें। प्रभु हमें वीर सन्तानोंवाले धन को प्राप्त कराएँगे। प्रभु सदा हमें प्रशस्त धन की ओर ले चलें।

ऋषिः—सुदीतिपुरुमीळ्हौ तयोर्वान्यतरः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'अघायते दुराध्ये' मा परादाः

उरुष्या णो मा परा दा अघायते जातवेदः। दुराध्यै मर्ताय॥ ७॥

(१) हे जातवेदः=सर्वज्ञ व सर्वधन प्रभो! आप नः=हमें उरुष्य=रक्षित करिये। (२) आप हमें अघायते=पाप की इच्छावाले दुराध्ये=दुष्ट ध्यानवाले=दुर्विचिन्तक मर्ताय=पुरुष के लिए मा परादाः=मत दे डालिये। ऐसे पुरुषों के वश में हमें न करिये।

भावार्थ—प्रभु की उपासना से इस जीवन-संग्राम में हम दुष्ट विचारों से बचें तथा दुष्ट विचारवालों के वशीभूत भी न हो जायें।

ऋषिः—सुदीतिपुरुमीळ्हौ तयोर्वान्यतरः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु की देन को कोई नहीं रोक पाता

अग्ने माकिष्टे देवस्य रातिमदेवो युयोत। त्वमीशिषे वसूनाम्॥ ८॥

(१) हे अग्ने=अग्रेणी प्रभो! तं देवस्य रातिम्=आप देव के दान को अदेवा=कोई भी अदेव=दानवीवृत्तिवाला पुरुष माकिः युयोत=हमारे से पृथक् न करे। हम प्रभु को दानों को सदा प्राप्त करते रहें। (२) हे प्रभो! त्वं=आप ही वसूनाम् ईशिषे=सब वसुओं के ईश हैं। आप ही सब वसुओं के देनेवाले हैं। देनेवाले आपको रोक ही कौन सकता है।

भावार्थ—प्रभु की देन को कोई भी अदेव वृत्तिवाला पुरुष विहत नहीं कर सकता। प्रभु ही सब वसुओं के ईश हैं।

ऋषिः—सुदीतिपुरुमीळ्हौ तयोर्वान्यतरः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'माहिनस्य वस्वः' उपमासि

स नो वस्व उप मास्यूर्जो नपान्माहिनस्य। सखे वसो जरितृभ्यः॥ ९॥

(१) हे ऊर्जो नपात्=शक्ति को न गिरने देनेवाले प्रभो! सः=वे आप नः=हमारे लिए माहिनस्य=महत्त्वपूर्ण=हमारे जीवन को महनीय बनानेवाले वस्वः=धन को उपमासि=समीप निमत करते हैं अर्थात् प्राप्त कराते हैं। (२) हे सखे=मित्र वसो=सबको बसानेवाले प्रभो! जरितृभ्यः=स्तोताओं के लिए आप धन को प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—प्रभु स्तोता को महनीय धन प्राप्त कराते हैं, वह धन जो उसे शक्ति से भ्रष्ट नहीं होने देता।

ऋषिः—सुदीतिपुरुमीळ्हौ तयोर्वान्यतरः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'गिरः+यज्ञासः'

अच्छा नः शीरशोचिषं गिरो यन्तु दर्शतम्। अच्छा यज्ञासो नमसा पुरुवंसुं पुरुप्रशस्तमूतये॥ १०॥

(१) नः गिरः=हमारी ज्ञानपूर्वक उच्चारित स्तुतिवाणियाँ शीरशोचिषं=काम-क्रोध आदि के विनाशक ज्ञानदीप्तिवाले दर्शतम्=दर्शनीय प्रभु की अच्छा=ओर यन्तु=जाएँ=प्राप्त हों। हम प्रभु

का स्तवन करें। (२) **नमसा**-नमन के साथ **यज्ञासः**-यज्ञ भी उस **पुरुवसुं**-पालक व पूरक धनोंवाले **पुरुप्रशस्तं**-अतिशयेन प्रशस्त प्रभु को **अच्छा (यन्तु)**-प्राप्त हों, अर्थात् हम नमन के साथ यज्ञों के द्वारा प्रभु को प्राप्त करें। **ऊतये**-ये प्रभु ही हमारे रक्षण के लिए हैं। हम प्रभु का उपासन करते हैं, प्रभु हमारा रक्षण।

भावार्थ-स्तुतिवाणियों, यज्ञों व नमन के द्वारा हम प्रभु का उपासन करें। प्रभु हमें सब आवश्यक धनों को (पुरुवसु) प्राप्त कराके तथा प्रशस्त जीवनवाला (पुरुप्रशस्त) बनाकर रक्षित करेंगे।

ऋषिः—सुदीतिपुरुमीळ्हौ तयोर्वान्यतरः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

द्विता, अमृतः होता मन्द्रतमः

अग्निं सूनुं सहसो जातवेदसं दानाय वार्याणाम्।
द्विता यो भूदमृतो मर्त्येष्वा होता मन्द्रतमो विशि॥ ११॥

(१) हमारी स्तुतिवाणियाँ (गिरः यन्तु-) उस प्रभु की ओर प्राप्त हों जो **अग्निं**-अग्रणी हैं, **सहसः सूनुं**-बल के पुत्र-पुतले-पुञ्ज हैं, **जातवेदसं**-सर्वज्ञ व सर्वधन हैं। उस प्रभु को हमारी स्तुतिवाणियाँ प्राप्त हों, जिससे प्रभु **वार्याणाम् दानाय**-वरणीय धनों के देने के लिए हैं। (२) उस प्रभु का हम स्तवन करें **यः**-जो **मर्त्येषु**-मनुष्यों में **द्विता**-(द्वौ तनोति) दो का, ज्ञान व शक्ति का विस्तार करनेवाले **भूत्**-होते हैं। वे प्रभु **विशि**-सब प्रजाओं में **आ होता**-समन्तात् देनेवाले होते हैं, तथा **अमृतः**-नीरोगता को देनेवाले व **मन्द्रतमः**-(मादयितृतमः) अतिशयेन आनन्दित करनेवाले होते हैं।

भावार्थ-हम प्रभु का स्तवन करें। प्रभु हमें ज्ञान देंगे व शक्ति देंगे। प्रभु होता, अमृत व मन्द्रतम हैं।

ऋषिः—सुदीतिपुरुमीळ्हौ तयोर्वान्यतरः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

क्षैत्राय साधसे

अग्निं वो देवयज्यवाग्निं प्रयत्यध्वरे। अग्निं धीषु प्रथममग्निमर्वत्यग्निं क्षैत्राय साधसे॥ १२॥

(१) **वः**-तुम्हारे **देवयज्यया**-दिव्यगुणों के संगतिकरण के हेतु से **अग्निं**-उस अग्रणी प्रभु को स्तुत करता हूँ। इस **प्रयति अध्वरे**-चल रहे जीवनयज्ञ में प्रभु का स्तवन करता हूँ। वस्तुतः प्रभु स्तवन ही जीवन को यज्ञमय बनाता है। (२) **धीषु**-बुद्धियों के निमित्त उस **प्रथमं अग्निं**-सर्वमुख्य प्रभु को स्तुत करता हूँ 'धियो यो नः प्रचोदयात्'। **अर्वति**-शत्रुओं के संहार के निमित्त **अग्निं**-उस अग्रणी प्रभु को स्तुत करता हूँ। **क्षैत्राय**-इस शरीर-क्षेत्र सम्बन्धी **साधसे**-साधना के लिए- शरीर को पूर्णरूप से स्वस्थ रखने के लिए **अग्निं**-उस अग्रणी प्रभु को स्तुत करता हूँ।

भावार्थ-प्रभु का स्तवन ही हमें दिव्यगुणों से सम्पृक्त करेगा, इसी से जीवन यज्ञमय बनेगा, बुद्धि प्रशस्त होगी, शत्रुओं का संहार होगा व शरीररूप क्षेत्र की साधना पूर्ण होगी।

ऋषिः—सुदीतिपुरुमीळ्हौ तयोर्वान्यतरः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

वसुं-सन्तं-तनूपाम्

अग्निरिषां सख्ये ददातु न ईशे यो वार्याणाम्।
अग्निं तोके तनये शश्वदीमहे वसुं सन्तं तनूपाम्॥ १३॥

(१) अग्निः=वह अग्रणी प्रभु सख्ये=मित्रभूत जीव के लिए इषां ददातु=प्रेरणा को प्राप्त कराएँ। प्रभु की प्रेरणा ही हमें जीवनमार्ग से भ्रष्ट होने से बचाएगी। वे प्रभु यः=जो नः=हमारे लिए वार्याणाम्=वरणीय वस्तुओं के ईशे=ईश हैं। (२) अग्निं=उस अग्रणी प्रभु को तोके=पुत्रों के निमित्त तथा तनये=पौत्रों के निमित्त शश्वद्=सदा ईमहे=याचना करते हैं। उस प्रभु को जो वसुं=सबको बसानेवाले हैं। सन्तम्=सत् हैं तथा तनूपाम्=हमारे शरीरों का रक्षण करनेवाले हैं।

भावार्थ=प्रभु हमें प्रेरणा देते हैं, वरणीय धनों को प्राप्त कराते हैं, पुत्रों व पौत्रों का रक्षण करते हैं, बसानेवाले हैं, सत् हैं और हमारे शरीरों का रक्षण करनेवाले हैं।

ऋषिः—सुदीतिपुरुमीळ्हौ तयोर्वान्यतरः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् बृहतीः॥ स्वरः—मध्यमः॥

सुदीतये छर्दिः

अग्निमीळिष्वावसे गाथाभिः शीरशोचिषम्। अग्निं राये पुरुमीळ्ह श्रुतं नरोऽग्निं सुदीतये छर्दिः॥ १४॥

(१) अग्निम्=उस अग्रणी प्रभु को अवसे=रक्षण के लिए गाथाभिः=स्तुतिवाणियों के द्वारा ईडिष्व=उपासित कर। हे पुरुमीढ=खूब ही शक्ति का अपने में सेचन करनेवाले उपासक! तू राये=ऐश्वर्य प्राप्ति के लिए शीरशोचिषं=शत्रुओं को शीर्ण करनेवाली ज्ञानदीप्तिवाले श्रुतं=उस प्रसिद्ध अग्निम्=अग्रणी प्रभु को उपासित कर। (२) हे नरः=मनुष्यो! अग्निः=ये अग्रणी प्रभु सुदीतये=उत्तम दीप्तिवाले नर के लिए=खूब ज्ञान को प्राप्त करनेवाले मनुष्य के लिए छर्दिः=शरणस्थान व गृह हैं। सुदीति को वे प्रभु शरण देनेवाले हैं।

भावार्थ=हम स्तुतिवाणियों से प्रभु का अर्चन करें। प्रभु ही हमें ऐश्वर्य प्राप्त कराते हैं। प्रभु ही ज्ञानदीप्तिवाले के लिए शरणस्थान हैं।

ऋषिः—सुदीतिपुरुमीळ्हौ तयोर्वान्यतरः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

वस्तुः ऋषूणाम्

अग्निं द्वेषो योतवै नो गृणीमस्यग्निं शं योश्च दातवे।
विश्वासु विक्ष्ववितेव हव्यो भुवद्वस्तुर्ऋषूणाम्॥ १५॥

(१) अग्निं=उस परमात्मा को गृणीमसि=हम स्तुत करते हैं, जिससे नः द्वेषः योतवै=हमारे से द्वेष की भावनाओं को वे दूर करें। अग्निं=उस परमात्मा को हम शं=शान्ति च=तथा योः=भयों के यावन को देने के लिए पुकारते हैं। (२) वे प्रभु विश्वासु विक्षु=सब प्रजाओं में अविता इव=रक्षक के समान हव्यः भुवत्=पुकारने योग्य होते हैं। वे प्रभु ऋषूणाम्=तत्त्वद्रष्टा पुरुषों के वस्तुः=उत्तम निवास का कारण होते हैं।

भावार्थः=प्रभु का उपासन हमें 'निर्द्वेष-शान्त व निर्भय' बनाता है। प्रभु हमारे रक्षक हैं, तत्त्वद्रष्टाओं के वस्तु (निवासक) हैं।

गतमन्त्र के अनुसार 'निर्द्वेष, शान्त व निर्भय' बनकर हम 'हर्यत' बनते हैं—उत्तम गति व कान्तिवाले। प्रभु का स्तवन करने से 'प्रागाथ' होते हैं। 'हर्यत प्रागाथ' ही अगले सूक्त के ऋषि हैं :-

७२. [द्विसप्ततितमं सूक्तम्]

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्हवींषि वा॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अध्वर्यु

हविष्कृणुध्वमा गमदध्वर्युर्वनते पुनः। विद्वाँ अस्य प्रशासनम्॥ १॥

(१) हे मनुष्यो! **हविः कृणुध्वम्**-हवि को सम्पादित करो-जीवन में त्यागपूर्वक अदन वाले बनो। (हु दानादनयोः)। प्रभु का वास्तविक पूजन इस हवि के द्वारा ही होता है। '**कस्मै देवाय हविषा विधेम**'। हवि के होने पर ही **आगमत्**-वे प्रभु आते हैं। प्रभु की प्राप्ति यज्ञशील व्यक्ति को ही होती है। (२) **पुनः**-फिर **अध्वर्युः**-यज्ञशील व्यक्ति **अस्य**-इस प्रभु की **प्रशासनं**-आज्ञा को **विद्वान्**-जानता हुआ **वनते**-यज्ञ का संभजन करता है-यज्ञों को करता हुआ ही हो तो वह प्रभु का उपासन कर पाता है '**यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः**'।

भावार्थ-हम हवि के द्वारा प्रभु का उपासन करें।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्हवींषि वा॥ छन्दः—पादनिचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

होतृत्व व प्रभु की मित्रता

नि तिग्ममध्यंशुं सीदद्धोता मनावधि। जुषाणो अस्य सख्यम्॥ २॥

(१) यह होता-यज्ञशील पुरुष **तिग्मं अंशुम् अधि**-अग्नि की तेज दीप्ति (ज्वाला) के सामने **मनौ अधि**-उस ज्ञानपुञ्ज प्रभु के अधिष्ठातृत्व में **निसीदत्**-आसीन होता है। प्रभुस्मरण करता हुआ यज्ञ को करता है। (२) यह होता **अस्य**-इस प्रभु की **सख्यम्**-मित्रता का **जुषाणः**-प्रीतिपूर्वक सेवन करता है। यज्ञ के द्वारा ही तो हम प्रभु के प्रिय बन पाते हैं।

भावार्थ-हम प्रभु का उपासन करते हुए अग्नि में आहुति देनेवाले बनें। यह होता बनना ही हमें प्रभु का प्रिय बनाएगा।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्हवींषि वा॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गृभ्णन्ति जिह्वया ससम्

अन्तरिच्छन्ति तं जनें रुद्रं परो मनीषया। गृभ्णन्ति जिह्वया ससम्॥ ३॥

(१) **जने अन्तः**-प्रत्येक उत्पन्न होनेवाले व्यक्ति के अन्दर वर्तमान **तं**-उस **रुद्रं**-दुःखों के द्रावक प्रभु को **मनीषया**-बुद्धि के द्वारा **इच्छन्ति**-प्राप्त करना चाहते हैं। वे प्रभु **परः**-(परस्तात्) इन्द्रियों से परे हैं। इन्द्रियों का विषय नहीं बनते। (२) इस **ससम्**-सबके अन्दर प्रसुप्त प्रभु को **जिह्वया**-जिह्वा से उच्चारित स्तुति के द्वारा **गृभ्णन्ति**-ग्रहण करते हैं। प्रभु का ज्ञान स्तोता को ही हो पाता है।

भावार्थ-प्रभु हृदयदेश में शयन करते हैं। वहाँ प्रभु का स्तोता लोग बुद्धि के द्वारा ग्रहण करते हैं।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्हवींषि वा॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दृषद्-वध

जाम्यतीतपे धनुर्वयोधा अरुहद्वनम्। दृषदं जिह्वयावधीत्॥ ४॥

(१) गतमन्त्र के अनुसार प्रभु का स्तवन करने पर **जामि धनुः**-हमें खा जानेवाला कामदेव का धनुष् **अतीतपे**-अतिशयेन तप्त होता है, अर्थात् कामदेव का धनुष् हमें विद्ध नहीं कर पाता। ऐसा होने पर **वयोधाः**-आयुष्य का धारण करनेवाला सोम **वयनम् अरुहत्**-इस शरीरगृह में आरोहण करता है, अर्थात् सोम की ऊर्ध्वगति होती है। (२) यह स्तोता **जिह्वया**-जिह्वा प्रभव स्तुति के द्वारा **दृषदं**-पाषाण तुल्य दृढ़ वासनाओं को **अवधीत्**-विनष्ट करता है। वासना '**दृषत्**' है (दृ+सद्)-हमारा विदारण करके भी बनी रहती है। स्तोता ही इसका वध कर पाता है।

भावार्थ–प्रभुस्तवन से कामदेव का धनुष सन्तप्त होकर भस्म हो जाता है। शरीर में सोम की ऊर्ध्वगति होती है। स्तुतिद्वारा वासनाओं का वध होता है।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्वीषि वाङ्॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

चरन्, वत्सः, रुशन्

चर॑न्व॒त्सो रु॒श॒द्वि॒ह नि॒दा॒तार॑ं न विन्दते। वेति॒ स्तोत॑व अ॒म्ब्य॑म्॥ ५॥

(१) **चरन्**–खूब गतिशील होता हुआ **वत्सः**–प्रभु के नामों का उच्चारण करनेवाला (वदति) **इह**–इस जीवन में **रुशन्**–ज्ञान से चमकता हुआ होता है–शुभ्र जीवनवाला होता है। यह **निदातारं**–(दाप् लवने) काटनेवाली वासनाओं को **न विन्दते**–नहीं प्राप्त करता है। इसे वासनाएँ विदीर्ण नहीं कर पातीं। (२) यह वत्स **स्तोतवे**–स्तुति के लिए **अम्ब्यम्**–'ज्ञान, कर्म व उपासना' की त्रिविध वाणियों का उच्चारण करनेवाले प्रभु को **वेति**–(कामयते) चाहता है। प्रभु का स्तवन ही तो इसे वासनाओं से विदीर्ण नहीं होने देता।

भावार्थ–शरीर में 'चरन्', मन या वाणी में 'वत्स', मस्तिष्क में 'रुशन्' बनते हुए हम प्रभु के स्तवन की ही कामना करें। ऐसा होने पर हमें वासनाएँ विदीर्ण न कर पाएँगी।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्वीषि वाङ्॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

बृहत् योजनम्

उ॒तो न्व॑स्य॒ यन्म॒हद॒श्वाव॒द्योज॑नं बृ॒हत्। दा॒मा रथ॑स्य॒ दर्दृ॑शे॥ ६॥

(१) **उत**–और **उ**–निश्चय से **नु**–अब **अस्य**–इस स्तोता का **यत्**–जो **महत्**–अत्यन्त महत्त्वपूर्ण **अश्वावत्**–प्रशस्त इन्द्रियाश्वोंवाला **बृहत् योजनम्**–वृद्धि का कारणभूत योजन है–शरीररथ में इन्द्रियाश्वों का जोतना है वह **ददृशे**–दिखता है। (२) यह योजन **रथस्य**–शरीररथ का **दामा**–एक महान् बन्धन है। यह बन्धन ही इस रथ को विषयों के पत्थरों से टकराकर टूटने से बचाता है।

भावार्थ–स्तोता इन्द्रियाश्वों को शरीररथ में इस प्रकार जोतता है कि यह रथ आगे और आगे बढ़ता चलता है और विषयों से टकराकर चूर-चूर नहीं हो जाता।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्वीषि वाङ्॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दुहन्ति सप्त एकाम्

दु॒ह॒न्ति॑ स॒प्तैका॒मुप॒ द्वा प॒ञ्च सृ॑जतः। ती॒र्थे सिन्धो॒रधि॑ स्व॒रे॥ ७॥

(१) गतमन्त्र के अनुसार शरीररथ का ठीक से योजन होने पर **सप्त**–शरीररथ सात ऋषि 'कर्णाविमौ नासिके चक्षणी मुखम्' कर्ण आदि **एकाम्**–इस अद्वितीय वेदधेनु का **दुहन्ति**–दोहन करते हैं। सातों इन्द्रियाँ ज्ञान को प्राप्त करानेवाली होती हैं। (२) वेदधेनु का दोहन होने पर इस समय **द्वा**–दो–प्राण और अपान **पञ्च**–पाँच ज्ञानेन्द्रियों को **सिन्धोः**–ज्ञानसमुद्र के **तीर्थे**–घाट पर **स्वरे अधि**–उस स्वयं राजमान प्रभु के **उपसृजतः**–समीप संसृष्ट करते है। प्राणसाधना के द्वारा इन्द्रियाँ, विषयों में न जाकर प्रभुप्रवण होती हैं।

भावार्थ–हम कान आदि के द्वारा ज्ञान का वर्धन करें। प्राणसाधना द्वारा इन्द्रियों को प्रभुप्रवण करें।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्हवींषि वा॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विवस्वान् के कोश का आच्यवन

आ दशभिर्विवस्वत इन्द्रः कोशमचुच्यवीत्। खेदया त्रिवृता दिवः॥ ८॥

(१) इन्द्रः=एक जितेन्द्रिय पुरुष दशभिः=दसों इन्द्रियों के द्वारा विवस्वतः कोशम्=प्रकाशमय प्रभु के ज्ञान के कोश को आ अचुच्यवीत्=अपने अन्दर क्षरित करता है। (२) त्रिवृतता=(त्रिषु वर्तते) प्रकृति, जीव, परमात्मा में वर्तनेवाली दिवः=ज्ञान की खेदया=रश्मि के हेतु से यह जितेन्द्रिय पुरुष विवस्वान् के कोश को अपने में क्षरित करता है।

भावार्थ—जितेन्द्रिय बनकर हम दसों इन्द्रियों से ज्ञान का वर्धन करनेवाले बनें। हमें प्रकृति, जीव व परमात्मा के ज्ञान की रश्मियाँ प्राप्त हों।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्हवींषि वा॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

होतारः मध्वा अञ्जते

परि त्रिधातुरध्वरं जूर्णिरेति नवीयसी। मध्वा होतारो अञ्जते॥ ९॥

(१) त्रिधातुः='वात-पित्त-कफ' से धारण किया जानेवाला यह शरीर नवीयसी=नवीन-स्तुत्य-शक्ति से जूर्णिः=वेगवान् होकर अध्वरं परि एति=यज्ञात्मक कर्मों में गतिवाला होता है। (२) होतारः=त्यागपूर्वक अदन करनेवाले लोग मध्वा=माधुर्य से अञ्जते=जीवन को अलङ्कृत करते हैं।

भावार्थ—यदि जीवन को शक्तिशाली बनाकर हम यज्ञों में प्रवृत्त होते हैं तो जीवन को मधुर बना पाते हैं।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्हवींषि वा॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'उच्चाचक्रं नीचीनबारम्' अवतम्

सिञ्चन्ति नमसावतमुच्चाचक्रं परिज्मानम्। नीचीनबारमक्षितम्॥ १०॥

(१) यह शरीर आत्मा का निवास स्थान होने से रक्षणीय है, सो 'अवत' है। इसमें मूलाधार चक्र से ऊपर उठते-उठते हम सहस्रार चक्र तक पहुँचते हैं। ये चक्र आठ हैं 'अष्टचक्रा नवद्वारा०'। 'शिश्न व गुदा' नामक दो मलद्वार इसमें नीचे की ओर हैं, सो यह 'उच्चाचक्र' व 'नीचीनबार' है। विविध गतियोंवाला होने से यह 'परिज्मा' है। (२) अवतम्=रक्षणीय इस शरीर को नमसा=प्रभु के प्रति नमन के द्वारा सिञ्चन्ति=शरीर में सुरक्षित सोमशक्ति से सिञ्चन्ति=सींचते हैं। यह शक्ति ही इस शरीर का रक्षण करती है। (३) यह शरीर उच्चाचक्रम्=एक के ऊपर दूसरा, इस प्रकार ऊपर और ऊपर आठ चक्रोंवाला है। परिज्मानम्=चारों ओर गतिवाला है। नीचीनबारम्=नीचे अधोमुख दो मलद्वारोंवाला है और अक्षितम्=न क्षीण होनेवाला व पुष्ट है।

भावार्थ—शरीर को हमें शक्ति के रक्षण के द्वारा परिपुष्ट रखना है। निवासस्थान के रूप में यह रक्षणीय है। इसमें आठ चक्र हैं। नीचे दो मलद्वार हैं। यह समन्तात् गतिवाला है—गति के धारण से ही इसमें शक्ति बनी रहती है।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्हवींषि वा॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

जीवन्मुक्त का मधुर हृदय

अभ्यारमिद्वयो निधिक्तं पुष्करे मधु। अवतस्य विसर्जने॥ ११॥

(१) **अद्रयः**-(आद्रियमाणाः) प्रभु का पूजन (worship) करनेवाले **अभि+आरम् इत्**-उस प्रभु की ओर जाकर ही **अवतस्य**-इस शरीर के **विसर्जने**-विसर्जन में समर्थ होते हैं। शरीर को वे ही छोड़ पाते हैं-इस जन्म-मरण के चक्र से वे ही छूट पाते हैं, जो प्रभु का उपासन करते हैं। (२) इन उपासकों के **पुष्करे**-हृदयकमल में अथवा हृदयान्तरिक्ष में **मधुः निषिक्तम्**-मधु सिक्त हुआ-हुआ होता है, अर्थात् इनके हृदय माधुर्य से परिपूर्ण होते हैं। एक उपासक राग-द्वेष से शून्य हृदयवाला होता हुआ सबके प्रति माधुर्य को लिए हुए होता है।

भावार्थ-उपासक का हृदय सबके प्रति मधुरता से परिपूर्ण होता है। ये जीवन्मुक्त हो जाते हैं।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्हवींषि वा॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मही यज्ञस्य रप्सुदा

गाव उपावतावतं मही यज्ञस्य रप्सुदा। उभा कर्णा हिरण्यया॥ १२॥

(१) हे **गावः**-वेदवाणीरूप गौओ! **अवतं**-इस आत्मा के निवासस्थानभूत और अतएव रक्षणीय शरीर का **उपावत**-समीपता से रक्षण करो। हमें इन वेदवाणियों का सदा सान्निध्य प्राप्त हो और हम इनके अनुसार जीवन को बनाते हुए इस शरीर का रक्षण कर पाएँ। (२) **मही**-यह पृथिवी **यज्ञस्य**-यज्ञ के **रप्सु-दा**-प्रारम्भ करने की कामनावाले के लिए फल को देनेवाली है। हम यज्ञशील बनें और हमारे लिए यह पृथिवी सब उत्कृष्ट कामों का-काम्य पदार्थों का-दोहन करनेवाली होगी। (३) **उभा कर्णा हिरण्यया**-हमारे दोनों कान ज्योतिर्मय बनें। वेदवाणियों को सुनते हुए वे प्रकाश से परिपूर्ण हों। (४) निरुक्त २.११ के अनुसार 'मही' का अर्थ गौ है। यह वेदवाणीरूप गौ **यज्ञस्य**-यज्ञ का **रप्-सु-दा**-मन्त्रशब्दों के द्वारा सम्यक् उपदेश देनेवाली हैं। इस उपदेश से ही हमारे दोनों कान ज्योतिर्मय बनते हैं।

भावार्थ-वेदवाणीरूप गौएँ हमारे शरीर का रक्षण करती हैं। यह वेदवाणी यज्ञों का उत्तम उपदेश देती हुई हमारे कानों को ज्योतिर्मय बनाती हैं।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्हवींषि वा॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

रसा दधीत वृषभम्

आ सुते सिञ्चत श्रियं रोदस्योरभिश्रियम्। रसा दधीत वृषभम्॥ १३॥

(१) **सुते**-सोम का सम्पादन होने पर **श्रियं**-श्री को-शोभा को **आसिञ्चत**-चारों ओर सिक्त करो। यह सोम ही शरीर में सर्वत्र श्री का कारण बनता है। (२) इस सोम के रक्षण के होने पर **रसा**-यह पृथिवी उस पुरुष का **दधीत**-धारण करे, जो **रोदस्योः अभिश्रियम्**-द्यावापृथिवी में, मस्तिष्क व शरीर में सर्वतः श्रीसम्पन्न है-जिसका मस्तिष्क सूर्य की तरह ज्ञान ज्योति-वाला है तथा शरीर पृथिवी की तरह दृढ़ है। तथा **वृषभं**-जो शक्तिशाली है अथवा सबके लिए सुखों का सेचन करनेवाला है।

भावार्थ-सोमरक्षण से मस्तिष्क व शरीर दोनों ही श्रीसम्पन्न बनते हैं।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्हवींषि वा॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ते जानत स्वम् ओक्यम्

ते जानत स्वमोक्यꣳ सं वत्सासो न मातृभिः। मिथो नसन्त जामिभिः॥ १४॥

(१) ते=वे=गतमन्त्र के अनुसार सोम का रक्षण करनेवाले पुरुष **स्वम्**=अपने **ओक्यं**=शरीररूप गृह में ही निवास करनेवाले उस परमात्मतत्त्व को **जानत**=जानते हैं और उस प्रभु के साथ इस प्रकार संगत होते हैं **न**=जैसे **वत्सासः**=बछड़े **मातृभिः सम्** (गच्छन्ते)=माताओं के साथ। बछड़ा गौ के साथ, ये उपासक प्रभु के साथ। (२) ये प्रभु के द्रष्टा लोग **जामिभिः**=सब बन्धुजनों के साथ **मिथः न सन्त**=परस्पर मिलकर गतिवाले होते हैं। किसी के प्रति इनका वैर-विरोध व विद्वेष नहीं होता।

भावार्थ=सोमी पुरुष अपने अन्दर प्रभु का दर्शन करते हैं और सबके साथ मिलकर चलते हैं।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्हवींषि वा॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्रे, अग्नौ

उप॒ स्रक्वे॑षु बप्सतः॒ कृण्व॒ते धु॒रुणं॑ दि॒वि। इन्द्रे॑ अ॒ग्ना नम॒: स्व॑:॥ १५॥

(१) **स्रक्वेषु**=(सृज्=निर्माण) शरीरावयवों के निर्माणों के निमित्त अर्थात् शरीर की कमी को दूर करने के लिए **उपबप्सतः**=प्रभु के उपासन के साथ भोजन करते हुए ये उपासक **दिवि**=प्रकाश में **धरुणं**=अपने को धारण **कृण्वते**=करते हैं। सदा ज्ञानप्रधान जीवन बिताने का प्रयत्न करते हैं। (२) **इन्द्रे**=उस सर्वशक्तिसम्पन्न प्रभु में तथा **अग्ना**=प्रकाशमय प्रभु में **नमः**=ये नमन वाले होते हैं तथा **स्वः**=प्रकाश को प्राप्त करते हैं। प्रभुनमन इनके हृदयों को पवित्र व वासनाशून्य बनाता है और परिणामतः ये सबल होते है। इस प्रभुनमन के द्वारा ही ये अन्तर्ज्ञान की ज्योति को प्राप्त करते हैं।

भावार्थ=हम शरीरधारण के लिए ही भोजन करें=सदा प्रकाश में निवास करें। सर्वशक्तिमान् प्रभु के प्रति नमन करते हुए प्रकाशमय जीवन बिताएँ।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्हवींषि वा॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इषम्, ऊर्जम्, सप्तपदीम्

अधु॑क्षत्पि॒प्युषी॒मिष॒मूर्जं॑ स॒प्तप॑दीम॒रिः। सूर्य॑स्य स॒प्त र॒श्मिभिः॥ १६॥

(१) **अरिः**=(ऋ गतौ) यह निरन्तर गतिशील उपासक **पिप्युषीम्**=आप्यायन करनेवाले=वर्धन करनेवाले अन्न को ही अपने में **अधुक्षत्**=प्रपूरित करता है। इस अन्न का सेवन करता हुआ यह **ऊर्जम्**=बल व प्राणशक्ति को प्राप्त करता है। (२) यह (**अरि**=) क्रियाशील पुरुष **सूर्यस्य सप्त रश्मिभिः**=सूर्य की सातों किरणों के सम्पर्क में रहता हुआ **सप्तपदीम्**='भूः भुवः स्वः, महः, जनः, तपः, सत्यम्'='स्वास्थ्य-ज्ञान-जितेन्द्रियता-हृदय की विशालता-विकास-तप व सत्य' रूप सात पदों को (**अधुक्षत्**)=प्रपूरित करता है।

भावार्थ=प्रभु के उपासक बनकर सूर्य किरणों के सम्पर्क में जीवन बिताते हुए हम उत्तम अन्न का सेवन करें और अपने अन्दर बल व प्राणशक्ति का दोहन करें। इस जीवन में हम 'स्वास्थ्य-ज्ञान-जितेन्द्रियता-उदारता-विकास-तप व सत्य' का धारण करें।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्हवींषि वा॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोम का आदान=आतुर का भेषज

सोम॑स्य मित्रावरु॒णोदि॑ता॒ सूर॒ आ द॑दे। तदा॑तु॒रस्य॑ भेष॒जम्॥ १७॥

(१) हे मित्रावरुणा=स्नेह व निर्द्वेषता के दिव्यभावो! सूरे उदिता=सूर्य के उदय के निमित्त यह उपासक सोमस्य आददे=सोम का आदान करता है। शरीर में सोमशक्ति का रक्षण ही ज्ञान के सूर्य का उदय करता है। यह सोम ही तो ज्ञानाग्नि का ईंधन बनता है। (२) तद्=यह सोम का पान ही आतुरस्य भेषजम्=रोगी की औषध है। सोमरक्षण द्वारा ही सब रोगों की चिकित्सा होती है।

भावार्थ=स्नेह व निर्द्वेषता के भाव हमें सोमरक्षण के योग्य बनाते हैं। इस सोमरक्षण से मस्तिष्करूप द्युलोक में ज्ञान के सूर्य का उदय होता है तथा शरीरस्थ सब रोग विनष्ट होते हैं।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्हवींषि वा॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

निधान्यं पदम्

उतो न्वस्य यत्पदं हर्यतस्य निधान्यम्। परि द्यां जिह्वयातनत्॥ १८॥

(१) उत उ=और निश्चय से अस्य=इस, गतमन्त्र के अनुसार, सोम का रक्षण करनेवाले हर्यतस्य=गतिशील व प्रभुप्राप्ति की कामनावाले पुरुष का यत् पदं=जो पद होता है वह निधान्यम्=उस विश्व के पर निधान को प्राप्त करानेवाला होता है। यह अपने सब कर्मों को इस प्रकार करता है कि प्रभु की ओर बढ़ता चलता है। (२) यह जिह्वया=अपनी जिह्वा से द्याम्=ज्ञान को परि अतनत्=चारों ओर फैलानेवाला होता है। स्वयं जितेन्द्रियता से सोम का रक्षण करता हुआ ज्ञान को बढ़ाता है और ज्ञान का प्रसार करता है।

भावार्थ=हम प्रभु की ओर ही चलनेवाले बनें तथा ज्ञान का विस्तार करनेवाले हों।

यह गोपवन=ज्ञान की वाणियों का द्वारा पवित्रता को करनेवाला होता है। काम, क्रोध, लोभ से ऊपर उठ जाने से 'आत्रेय' होता है। 'कर्णाविमौ नासिके चक्षणी मुखम्' इन सातों को संयमरज्जु से बाँधने वाला यह 'सप्तवध्रि' है। यह अश्विनौ का आराधन करता है—

७३. [त्रिसप्ततितमं सूक्तम्]

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः सप्तवध्रिर्वा॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उदीराथाम ऋतायते

उदीराथामृतायते युञ्जाथामश्विना रथम्। अन्ति षद्भूतु वामवः॥ १॥

(१) हे अश्विना=प्राणापानो! ऋतायते=ऋत की कामनावाले पुरुष के लिए=सब बातें युक्त रूप में करनेवाले पुरुष के लिए उद् ईराथाम्=उत्कृष्ट गतिवाले होओ। प्राणसाधना ऋतायन् पुरुष के लिए=युक्ताहार-विहारवाले पुरुष के लिए=सब कर्मों में युक्तचेष्ट पुरुष के लिए उत्कर्ष को प्राप्त कराती है। हे प्राणापानो! आप रथम्=इस शरीररथ को युञ्जाथाम्=उत्कृष्ट इन्द्रियाश्वों से युक्त करो। 'प्राणायामैर्दहेद्दोषान्'=प्राणायामों से इन्द्रियों के दोष दग्ध हो जाते हैं और उत्तम इन्द्रियाश्व शरीररथ को लक्ष्य की ओर ले चलनेवाले होते हैं। (२) हे प्राणापानो! वाम्=आपका अवः=रक्षण सत्=उत्तम है यह सदा अन्ति भूतु=हमें समीपता से प्राप्त हो। हम सदा प्राणसाधना में प्रवृत्त हुए-हुए शरीर का पालन (रोगों से बचाव) तथा मन का पूरण (वासनाओं से अनाक्रान्तत्व) कर सकें।

भावार्थ=ऋत की कामनावाला पुरुष प्राणसाधना से शरीररथ को उत्तम इन्द्रियाश्वों से युक्त करके उत्कर्ष की ओर ले चलता है। प्राणापानों का रक्षण उत्तम है।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः सप्तवध्रिर्वाङ्गु देवता—अश्विनौङ्गु छन्दः—गायत्रीङ्गु स्वरः—षड्जःङ्गु

जवीयसा रथेन (लघुलम्)

निमिषश्चिज्जवीयसा रथेना यातमश्विना। अन्ति षद्भूतु वामवः ॥ २ ॥

(१) निमिषः चित् जवीयसा-आँख की पलक से भी अधिक वेगवान् रथेन-शरीररथ से हे अश्विना-प्राणापानो! आप आयातम्-हमें प्राप्त होओ। प्राणसाधना के द्वारा शरीररथ में अद्भुत स्फूर्त उत्पन्न हो जाती है, लघुत्व आ जाता है। (२) हे प्राणापानो! वाम् अवः सत्-आपके द्वारा प्राप्त रक्षण उत्तम है। वह अन्ति भूतु-हमें समीपता से प्राप्त हो। हम सदा प्राणसाधनावाले हों।

भावार्थ-प्राणसाधना द्वारा शरीररथ स्फूर्तवाला (शीघ्र गतिवाला) बनता है। इसमें लघुत्व उत्पन्न हो जाता है।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः सप्तवध्रिर्वाङ्गु देवता—अश्विनौङ्गु छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्गु स्वरः—षड्जःङ्गु

सोमरक्षण

उप स्तृणीतमत्रये हिमेन घर्ममश्विना। अन्ति षद्भूतु वामवः ॥ ३ ॥

(१) हे अश्विना-प्राणापानो! आप अत्रये-'काम-क्रोध व लोभ' इन तीनों से ऊपर उठनेवाले के लिए घर्म-शरीर में होनेवाली शक्ति को उष्णता को हिमेन-प्रभु के स्तुतिवचनों द्वारा उत्पन्न शान्ति से-बर्फ से-उपस्तृणीत-आच्छादित करो। इस सोमकणों में वासना का उबाल न पैदा हो जाए। (२) हे प्राणापानो! वाम् अवः सत्-आपका रक्षण उत्तम है। यह रक्षण अन्ति भूतु-हमारे समीप हो।

भावार्थ-प्राणसाधना से सोम (वीर्य) की शरीर में ऊर्ध्वगति होती है। वासनाओं के विनाश से सोम शान्त बना रहता है-उसमें उबाल नहीं आता।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः सप्तवध्रिर्वाङ्गु देवता—अश्विनौङ्गु छन्दः—गायत्रीङ्गु स्वरः—षड्जःङ्गु

आरोग्य (दोषों पर आक्रमण)

कुह स्थः कुह जग्मथुः कुह श्येनेव पेतथुः। अन्ति षद्भूतु वामवः ॥ ४ ॥

(१) शरीर में सब इन्द्रियों का स्थान निश्चित है। परन्तु इन प्राणापान का स्थान अज्ञात ही है-सारे शरीर में ये विचरण करते हैं। 'कुह स्थः'-हे प्राणापानो! आप कहाँ होते हो? नासिकाछिद्र से बाहर कुह जग्मथुः-कहाँ जाते हो? और कुह-कहाँ श्येन इव-बाज पक्षी के समान पेतथुः-आक्रमण करते हो? जैसे बाज अपने शिकार पर झपट्टा मारता है, इसी प्रकार ये प्राणापान शरीरस्थ दोषों पर आक्रमण करते हैं 'प्राणायामैर्दहेद्दोषान्'। (२) हे प्राणापानो! वाम् अवः सत्-आपका रक्षण उत्तम है। वह रक्षण अन्ति भूतु-हमें समीपता से प्राप्त हो।

भावार्थ-प्राणापान शरीरस्थ दोषों पर आक्रमण करते हैं। इस प्रकार प्राणसाधना से आरोग्य प्राप्त होता है।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः सप्तवध्रिर्वाङ्गु देवता—अश्विनौङ्गु छन्दः—गायत्रीङ्गु स्वरः—षड्जःङ्गु

प्रभुप्रेरणा का श्रावण

यदद्य कर्हि कर्हि चिच्छृण्यातमिमं हवम्। अन्ति षद्भूतु वामवः ॥ ५ ॥

(१) हे प्राणापानो! यद्-जब अद्य-आज कर्हि चित्-किसी समय इमं हवम्-इस हृदयस्थ

प्रभु की पुकार को शृणुयातम्-सुनते हो, तो वाम्-आपका यह सत् अवः-उत्तम रक्षण अन्ति भूतु-हमारे सदा समीप हो। (२) प्राणसाधना से हृदय की निर्मलता प्राप्त होती है और उस निर्मल हृदय में प्रभु की प्रेरणा सुनाई पड़ती है। यह प्रभुप्रेरणा हमारा मार्गदर्शन करती हुई हमारा रक्षण करती है।

भावार्थ-प्राणसाधना से हृदय की निर्मलता सिद्ध होती है। उस निर्मल हृदय में प्रभु की प्रेरणा सुनाई पड़ती है।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः सप्तवध्रिर्वा देवता—अश्विनौ छन्दः—विराड् गायत्री स्वरः—षड्जः

'नेदिष्ठ आप्य' की प्राप्ति

अश्विना यामहूतमा नेदिष्ठं याम्याप्यम्। अन्ति षद्भूतु वामवः ॥ ६ ॥

(१) हे अश्विना-प्राणापानो! आप याम-हूतमा-समय पर अतिशयेन आह्वातव्य हो। हमें समय पर आपकी आराधना करनी ही चाहिए। यह नियमपूर्वक प्राणों की साधना ही 'शरीर, मन व बुद्धि' को निर्दोष बनानेवाली है। (२) हे प्राणापानो! मैं आप से नेदिष्ठम् आप्यं-अन्तिकतम बन्धुत्व को-उस प्रभु की मित्रता को यामि-माँगता हूँ (याचामि)। वाम्-आपका अवः-रक्षण सत्-उत्तम है। वह अन्ति भूतु-हमें सदा समीपता से प्राप्त हो। आपके रक्षण के द्वारा ही हमें प्रभु की मित्रता प्राप्त होगी।

भावार्थः-प्राणसाधना के द्वारा ही हमें प्रभु की मित्रता प्राप्त होती है।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः सप्तवध्रिर्वा देवता—अश्विनौ छन्दः—गायत्री स्वरः—षड्जः

अत्रि का 'अवन् गृह'

अवन्तमत्रये गृहं कृणुतं युवमश्विना। अन्ति षद्भूतु वामवः ॥ ७ ॥

(१) हे अश्विना-प्राणापानो! युवम्-आप अत्रये-'काम-क्रोध व लोभ' से ऊपर उठे हुए पुरुष के लिए अवन्तं गृहं कृणुतम्-रक्षक घर को बनाओ। प्राणसाधना द्वारा यह साधक 'काम-क्रोध व लोभ' से दूर हो तथा इस साधना से यह शरीरगृह रोगाक्रान्त न हो। इसमें रहता हुआ अत्रि रोगरूप शत्रुओं से बचा रहे। (२) हे प्राणापानो! वाम्-आपका अवः-रक्षण सत्-उत्तम है। वह रक्षण अन्ति भूतु-हमें समीपता से प्राप्त हो।

भावार्थ-प्राणसाधना से यह शरीरगृह सदा, सुरक्षित गृह हो। इसमें आधि-व्याधि से बचे रहें।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः सप्तवध्रिर्वा देवता—अश्विनौ छन्दः—निचृद् गायत्री स्वरः—षड्जः

वासनाग्नि से तप्त न होना

वरेथे अग्निमातपो वदते वल्वत्रये। अन्ति षद्भूतु वामवः ॥ ८ ॥

(१) हे प्राणापानो! आप वल्गु वदते-मधुर स्तुतिवचनों का उच्चारण करते हुए अत्रये-काम-क्रोध व लोभ से ऊपर उठे व्यक्ति के लिए अग्निम्-वासनाओं की अग्नि को आतपः-सन्तापक शक्ति से वरेथे-निवारित करते हो, अर्थात् प्राणसाधना से यह अत्रि कामाग्नि (वासनाग्नि) से संतप्त नहीं होता। (२) हे प्राणापानो! वाम्-आपका सत् अवः-उत्तम रक्षण अन्ति भूतु-हमें सदा समीपता से प्राप्त हो।

भावार्थ-प्राणसाधना मनुष्य को वासनीय से संतप्त नहीं होने देती।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः सप्तवध्रिर्वाङ्ग देवता—अश्विनौङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

अग्नि का धारा का हृदय में शयन

प्र सप्तवध्रिराशसा धारामग्नेरशायत। अन्ति षद्भूतु वामवः ॥ ९ ॥

(१) सप्तवध्रिः='कर्णाविमौ नासिके अक्षणी मुखम्'-दो कान, दो नासिकाछिद्र, दो आँखें व मुख रूप सातों इन्द्रियों को संयम रूप से बांधनेवाला यह उपासक आशसा-उत्तम आशंसन व स्तवन के द्वारा अग्नेः धाराम्-(धारा-वाग् नि० १.११) उस अग्रेणी प्रभु की वाणी को प्र आशायत-अपने में निवास करता है। (२) हे प्राणापानो! वां-आप का अवः-रक्षण सत्-उत्तम है। उससे हम प्रभु की वाणी को सुन पाते हैं। वह रक्षण अन्तिभूतु-हमारे समीप हो। आपसे रक्षित हुए-हुए हम पवित्र हृदय में प्रभु की वाणी को सुनें।

भावार्थ-प्राणसाधना मनुष्य को कान आदि सातों इन्द्रियों का संयम करने में समर्थ करती है। सो हमें प्राणापान का रक्षण प्राप्त हो।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः सप्तवध्रिर्वाङ्ग देवता—अश्विनौङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

वृषण्वसू (अश्विना)

इह गतं वृषण्वसू शृणुतं म इमं हवम्। अन्ति षद्भूतु वामवः ॥ १० ॥

(१) हे वृषण्वसू-सुखसेचक स्वास्थ्य आदि धनों को प्राप्त करानेवाले प्राणापानो! आप इह आगतम्-मेरे इस जीवन में प्राप्त होओ। मैं इस जीवन में आपकी साधना करनेवाला बनकर उत्तम स्वास्थ्यधन को प्राप्त करूँ। (२) हे प्राणापानो! मे-मेरे लिए इमं-इस हवं शृणुतम्-प्रभु की पुकार को सुनो। (३) वाम्-आपका अवः-रक्षण सत्-उत्तम है। यह अन्ति भूतु-मुझे समीपता से प्राप्त हो।

भावार्थ-प्राणसाधना (१) स्वास्थ्य आदि धनों को प्राप्त कराके सुखों का सेचन करती है। (२) हमें प्रभु की पुकार को सुनने के योग्य बनाती है।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः सप्तवध्रिर्वाङ्ग देवता—अश्विनौङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

'प्राणापान का विलक्षण रक्षण'

किमिदं वां पुराणवज्जरतोरिव शस्यते। अन्ति षद्भूतु वामवः ॥ ११ ॥

(१) हे प्राणापानो! वाम्-आपका इदं-यह रक्षण पुराणवत्-उस पुराणपुरुष के रक्षण की तरह किम्-क्या ही विलक्षण है? आपका यह रक्षण उसी प्रकार शस्यते-स्तुति किया जाता है, इव-जैसे जरतोः-उस वृद्ध-पुराणपुरुष प्रभु का रक्षण प्रशंसित होता है। प्रभु का रक्षण अद्भुत है। प्राणापानों का रक्षण भी कम अद्भुत नहीं। वस्तुतः प्रभु प्राणापान के द्वारा ही तो हमारा रक्षण करते हैं। (२) वाम् अवः-आपका रक्षण सत्-उत्तम है। वह हमें अन्ति भूतु-समीपता से प्राप्त हो।

भावार्थ-प्राणापान का रक्षण प्रभु के रक्षण की तरह अद्भुत है। यह रक्षण हमें प्राप्त हो।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः सप्तवध्रिर्वाङ्ग देवता—अश्विनौङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

'सम् आनता' (=सम्यक् जीवन)

समानं वां सजात्यं समानो बन्धुरश्विना। अन्ति षद्भूतु वामवः ॥ १२ ॥

(१) हे अश्विना-प्राणापानो! वां-आपका सजात्यं समानम्-समानरूप से प्रादुर्भाव हमें सम्यक् प्रीणित करनेवाला है। प्राणापान का प्रादुर्भाव हमारे में जीवनीशक्ति का संचार करता है।

हे प्राणापानो! आपका **बन्धुः**=अपनें में बाँधनेवाला व्यक्ति **समानः**=आपने को सम्यक् प्रीणित करनेवाला होता है। (सम् आनयति) प्राणसाधना से जीवनशक्ति का विकास होता ही है। (२) सो **वाम्**=आपका **सत् अवः**=उत्तम रक्षण **अन्ति भूतु**=हमारे समीप हो=हमें सदा प्राप्त हो।

भावार्थ=प्राणसाधना हमारे में जीवनशक्ति का संचार करती है।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः सप्तवध्रिर्वा देवता—अश्विनौ छन्दः—निचृद् गायत्री स्वरः—षड्जः

रजांसि वियाति

यो वां रजांस्यश्विना रथो वियाति रोदसी। अन्ति षद्भूतु वामवः॥ १३॥

(१) हे **अश्विना**=प्राणापानो **यः**=जो **वां**=आपका **रथः**=यह शरीररूप रथ है, अर्थात् जिस शरीररूप रथ में प्राणसाधना नियम से चलती है, वह रथ **रजांसि** (ज्योतिरज उच्यते रजतेः नि० ४.२९)=ज्योतियों को **वियाति**=विशेष रूप से प्राप्त होता है। प्राणसाधना से दोषों का दहन होकर यह रथ ज्योतिर्मय हो उठता है। (२) यह प्राणापान का रथ **रोदसी**=द्यावापृथिवी को=मस्तिष्क व शरीर को विशेष रूप से प्राप्त होता है। प्राणसाधना से मस्तिष्क बनता है, तो शरीर सबल होता है। हे प्राणापानो! **वाम् अवः**=आपका रक्षण **सत्**=उत्तम है और यह **अन्ति भूतु**=हमें समीपता से प्राप्त हो।

भावार्थ=प्राणसाधना से जीवन ज्योतिर्मय बनता है। मस्तिष्क दीप्त होता है और शरीर सबल बनता है।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः सप्तवध्रिर्वा देवता—अश्विनौ छन्दः—निचृद् गायत्री स्वरः—षड्जः

उत्तम ज्ञानेन्द्रियाँ व कर्मेन्द्रियाँ

आ नो गव्येभिरश्व्यैः सहस्रैरुप गच्छतम्। अन्ति षद्भूतु वामवः॥ १४॥

(१) हे प्राणापानो! आप **नः**=हमें **सहस्रैः**=(सहस्) आनन्दयुक्त=विकसित शक्तियोंवाले **गव्येभिः**=ज्ञानेन्द्रिय समूहों से तथा **अश्व्यैः**=कर्मेन्द्रिय समूहों से **उप आगच्छतम्**=समीपता से प्राप्त होओ। प्राणसाधना के द्वारा ज्ञानेन्द्रियाँ व कर्मेन्द्रियाँ विकसित शक्तिवाली बनें। (२) हे प्राणापानो! **वाम् अवः**=आपका रक्षण **सत्**=उत्तम है। यह रक्षण हमें **अन्ति भूतु**=समीपता से प्राप्त हो।

भावार्थ=प्राणसाधना के द्वारा इन्द्रियों के दोष दूर होते हैं और ज्ञानेन्द्रियाँ व कर्मेन्द्रियाँ विकसित शक्तिवाली बनती हैं।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः सप्तवध्रिर्वा देवता—अश्विनौ छन्दः—निचृद् गायत्री स्वरः—षड्जः

निर्दोष इन्द्रियाँ

मा नो गव्येभिरश्व्यैः सहस्रेभिरति ख्यतम्। अन्ति षद्भूतु वामवः॥ १५॥

(१) हे प्राणापानो! आप **नः**=हमें **सहस्रेभिः**=प्रसन्न-पूर्ण विकासवाले **गव्येभिः**= ज्ञानेन्द्रियसमूहों से तथा **अश्व्यैः**=कर्मेन्द्रियसमूहों से **मा अतिख्यतम्**=निवारित मत करो=मत वञ्चित करो। प्राणसाधना के द्वारा हमें अवश्य उत्तम ज्ञानेन्द्रियाँ व कर्मेन्द्रियाँ प्राप्त हों। (२) हे प्राणापानो! **वाम्**=आपका **अवः**=रक्षण **सत्**=उत्तम है। यह हमें **अन्ति भूतु**=समीपता से प्राप्त हो।

भावार्थ=प्राणसाधना से इन्द्रियाँ निर्दोष न बनें ऐसा नहीं होता।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः सप्तवध्रिर्वा॰ देवता—अश्विनौ॰ छन्दः—गायत्री॰ स्वरः—षड्जः॰

अरुणप्सु+ऋत+ज्योति

अरुणप्सुरुषा अभूदकर्ज्योतिर्ऋतावरी। अन्ति षद्भूतु वामवः॥ १६॥

(१) हे प्राणापानो! आपके अनुग्रह से उषाः=उषाकाल हमारे लिए अरुणप्सुः=तेजोमय रूपवाला अभूत्=हो। हम उषा में प्रबुद्ध होकर प्राणसाधना में प्रवृत्त हों और उषा के समान ही दीप्त रूपवाले बनें। हमारे लिए ऋतावरी=ऋत का पालन करानेवाली यह उषा ज्योतिः अकः=प्रकाश को करती है। उषाकाल में प्राणायाम करने पर जीवन ऋतमय (यज्ञमय) ज्योतिवाला बनता है। (२) हे प्राणापानो! वाम्=आपका अवः=रक्षण सत्=उत्तम है। वह रक्षण अन्ति भूतु=हमें समीपता से प्राप्त हो।

भावार्थ—उषाकाल में प्रबुद्ध होकर हम प्राणसाधना करके दीप्त रूपवाले, ज्योतिर्मय व ऋतमय जीवनवाले बनें।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः सप्तवध्रिर्वा॰ देवता—अश्विनौ॰ छन्दः—गायत्री॰ स्वरः—षड्जः॰

वृक्षं परशुमान् इव

अश्विना सु विचाकशद् वृक्षं परशुमाँइव। अन्ति षद्भूतु वामवः॥ १७॥

(१) हे अश्विना=प्राणापानो! आपका आराधक सुविचाकशत्=उत्तम प्रकाशमय जीवनवाला होता हुआ अज्ञानान्धकार को इसी प्रकार दूर कर पाता है, इव=जैसे परशुमान्=कुल्हाड़ेवाला वृक्षं=वृक्ष को काट डालता है। (२) वाम्=आपका अवः=रक्षण सत्=उत्तम है। यह रक्षण अन्ति भूतु=अन्तिकतम हो—हमें समीपता से प्राप्त हो।

भावार्थ—प्राणसाधना से वासनावृक्षों का व्रश्चन करते हुए हम अज्ञानान्धकार को दूर करके प्रकाशमय जीवनवाले बनें।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः सप्तवध्रिर्वा॰ देवता—अश्विनौ॰ छन्दः—गायत्री॰ स्वरः—षड्जः॰

'कृष्णा विद्' के दुर्ग का विध्वंस

पुरं न धृष्णवा रुज कृष्णया बाधितो विशा। अन्ति षद्भूतु वामवः॥ १८॥

(१) हे धृष्णोः=प्राणसाधना द्वारा वासनाओं का धर्षण करनेवाले साधक (सप्त वध्रे)! तू कृष्णया=(कर्ष वा) जबर्दस्ती अपनी ओर खींचनेवाली विशा=अन्दर घुस आनेवाली वासनाओं से बाधितः=पीड़ित हुआ-हुआ इन वासनाओं को प्राणसाधना द्वारा इस प्रकार आरुज=छिन्न-भिन्न कर न=जैसे पुरं=शत्रु की नगरी का ध्वंस किया जाता है। (२) यही तेरी आराधना हो कि हे प्राणापानो! वाम्=आपका सत् अवः=उत्तम रक्षण अन्ति भूतु=हमें समीपता से प्राप्त हो।

भावार्थ—हम प्राणसाधना द्वारा काम-क्रोध-लोभरूप वासनाओं के दुर्गों का विध्वंस कर डालें।

'गोपवन' ही अगले सूक्त का भी ऋषि है—

७४. [चतुःसप्ततितमं सूक्तम्]

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः॰ देवता—अग्निः॰ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॰ स्वरः—गान्धारः॰

शूषस्य दुर्यम्

विशोविशो वो अतिथिं वाजयन्तः पुरुप्रियम्। अग्निं वो दुर्यं वचः स्तुषे शूषस्य मन्मभिः॥ १॥

(१) वाजयन्तः-शक्ति को प्राप्त करने की कामनावाले लोग उस प्रभु के मन्मभिः-मननीय स्तोत्रों के हेतु से वचः स्तुषे-स्तुतिवचनों का उच्चारण करते हैं। जो प्रभु वः-तुम विशः विशः-प्रजाओं के अतिथिं-अतिथि हैं-निरन्तर प्राप्त होनेवाले हैं। पुरुप्रियम्-पालक व पूरक हैं तथा पालन व पूरण के द्वारा प्रीणन करनेवाले हैं। (२) उस प्रभु का स्तवन करते हैं, जो वः अग्निं-तुम सबके अग्रणी हैं-आगे ले चलनेवाले हैं तथा शूषस्य दुर्यम्-सुख व बल के गृह हैं। प्रभु अपने उपासक को शक्ति प्राप्त कराते हैं। इस शक्ति के द्वारा उसका जीवन सुखी होता है। (३) मननपूर्वक प्रभु का स्तवन करते हुए हम भी उन्हीं गुणों को धारण करनेवाले बनते हैं।

भावार्थ-मननपूर्वक प्रभु का स्तवन करते हुए हम भी शक्तिशाली बनें। यही सुख- प्राप्ति का मार्ग है।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयःङ्क देवता—अग्निःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

मित्रं न सर्पिरासुतिम्

यं जनासो हविष्मन्तो मित्रं न सर्पिरासुतिम्। प्रशंसन्ति प्रशस्तिभिः॥ २॥

(१) यं-जिस मित्रं न-मित्र के समान प्रभु को हविष्मन्तः जनासः-हविवाले लोग-दानपूर्वक अदन करनेवाले लोग प्रशस्तिभिः प्रशंसन्ति-शंसनात्मक स्तुतिवाक्यों से प्रशंसित करते हैं। हवि के द्वारा ही वस्तुतः प्रभुपूजन होता है। (२) वे प्रभु 'सर्पिरासुतिम्'-(सर्पिः आसूयतेऽनेन इति) हमारे जीवनों में सर्पि को आसुत करनेवाले हैं। 'सृप गतौ' से बनकर 'सर्पिः' शब्द यहाँ 'दीप्त प्रशस्ति गति' का वाचक है। प्रभु अपने उपासक को इस प्रकार दीप्त गतिवाला बनाते हैं, जैसे एक मित्र मित्र को दीप्त गतिवाला बनाता है।

भावार्थ-हम हविवाले बनकर प्रभु का शंसन करें। प्रभु हमें मित्र की तरह उत्तम मार्ग से ले चलनेवाले होंगे।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयःङ्क देवता—अग्निःङ्क छन्दः—विराड् गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

दिवि ऐरयत्

पन्यांसं जातवेदसं यो देवतात्युद्यता। हव्यान्यैरयद्दिवि॥ ३॥

(१) उस पन्यांसं-स्तुत्य जातवेदसं-सर्वज्ञ व सर्वैश्वर्य युक्त प्रभु का (प्रशंसन्ति), शंसन करते हैं-यः-जो हमारे जीवनों में उद्यता-उद्यम से प्राप्त हव्यानि-हव्य पदार्थों को देवतातिं-यज्ञों में ऐरयत्-प्रेरित कराता है और इसप्रकार हमें दिवि-ज्ञान में प्रेरित करता है। (२) प्रभु अपने उपासक को श्रम से उत्तम पदार्थों को अर्जित करने के लिए शिक्षित करते हैं। उन पदार्थों को यज्ञों में विनियुक्त कराते हैं और इस प्रकार हमें ज्ञान में उपस्थित करते हैं।

भावार्थ-हम श्रम से धनार्जन करते हुए यज्ञशील बनें और ज्ञान में अवस्थित हों।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयःङ्क देवता—अग्निःङ्क छन्दः—विराडनुष्टुप्ङ्क स्वरः—गान्धारःङ्क

'श्रुतर्वा-बृहन्-आर्क्ष'

आगन्म वृत्रहन्तमं ज्येष्ठमग्निमानवम्। यस्य श्रुतर्वा बृहन्नार्क्षो अनीक एधते॥ ४॥

(१) हम वृत्रहन्तमम्-वासनाओं के अधिक-से-अधिक विनष्ट करनेवाले प्रभु को आगन्म-प्राप्त होते हैं जो प्रभु ज्येष्ठं-प्रशस्यतम हैं, अग्निम्-हमें आगे ले चलनेवाले हैं तथा आनवम्-हमें प्रीणित करनेवाले हैं। (२) उन प्रभु को हम प्राप्त होते हैं, यस्य-जिनके अनीके-बल में वह

एधते=वृद्धि को प्राप्त होता है, जो श्रुतर्वा=(श्रुतेन इयर्ति) शास्त्रज्ञान के अनुसार गतिवाला होता है। बृहन्=बड़े हृदयवाला होता है=विशाल हृदय। आर्क्षः=(ऋष् गतौ) गतिशील होता है=सदा क्रियाशील। मस्तिष्क में 'श्रुतर्वा', हृदय में 'बृहन्' तथा हाथों में 'आर्क्ष' बनकर हम प्रभु के सच्चे उपासक होते हैं और प्रभु के बल से बलसम्पन्न बनते हैं।

भावार्थ=प्रभु के हम उपासक बनें। प्रभु हमारी वासनाओं को विनष्ट करेंगे=हमें प्राणशक्ति प्राप्त कराएँगे और प्रशस्त जीवनवाला बनाएँगे। सच्चा उपासक 'श्रुतर्वा-बृहन् व आर्क्ष' होता है।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अमृतं-तिरःतमांसि दर्शतम्

अमृतं जातवेदसं तिरस्तमांसि दर्शतम्। घृताहवनमीड्यम्॥ ५॥

(१) हम उन प्रभु को प्राप्त हों जो अमृतं=मृत्यु से परे हैं=सब रोगों से अतीत। जातवेदसं=सर्वज्ञ व सर्वैश्वर्यवाले हैं। तमांसि तिरः=सब अन्धकारों से परे हैं और दर्शतम्=दर्शनीय हैं। (२) उन प्रभु को प्राप्त हों, जो घृताहवनम्=मलक्षरण व ज्ञानदीप्ति के हेतु पुकारने योग्य हैं तथा ईड्यम्=स्तुत्य हैं।

भावार्थ=प्रभु अपने उपासक को नीरोग (अमृतं) ज्ञानी (जातवेदसं) अन्धकारों से परे व दर्शनीय जीवनवाला बनाते हैं। ये प्रभु ही स्तुत्य हैं। ये हमारे जीवनों में मलों को दूर करके हमें ज्ञानदीप्त जीवनवाला बनाते हैं।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

जुह्वानासः-यतस्रुचः

सबाधो यं जना इमेऽग्निं हव्येभिरीळते। जुह्वानासो यतस्रुचः॥ ६॥

(१) हम उस अग्निं=अग्रणी प्रभु को प्राप्त करते हैं, यं=जिनको ये=ये सबाधः=काम, क्रोध आदि शत्रुओं के बाधन के साथ रहनेवाले जनाः=लोग हव्येभिः=दानपूर्वक अदन के द्वारा ईडते=उपासित करते हैं। प्रभु की उपासना करनेवाला (क) काम आदि शत्रुओं को जीतने का प्रयत्न करता है। (ख) और सदा दानपूर्वक यज्ञशेष का ही सेवन करता है। (२) ये प्रभु के उपासक जुह्वानासः=सदा यज्ञशील होते हैं और यतस्रुचः=नियमित वाणीवाले होते हैं। वाणी को वश में रखते हुए सदा शुभशब्दों का ही प्रयोग करते हैं।

भावार्थ=उपासक (१) काम आदि को जीतता है, (२) यज्ञशेष का सेवन करता है, (३) सदा यज्ञशील होता है, (४) वाणी को वश में रखता है।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

नव्यसी मतिः

इयं ते नव्यसी मतिरग्ने अधायि अस्मदा। मन्द्र सुजात सुक्रतोऽमूर दस्मातिथे॥ ७॥

(१) हे अग्ने=अग्रणी प्रभो! इयं=यह ते=आपकी नव्यासी=अतिशयेन प्रशस्य मतिः=मननपूर्वक की गई स्तुति अस्मद्=हमारे में (अस्मासु) आ अधायि=सर्वथा निहित होती है। हम सदा आपका स्मरण करते हैं। (२) हे मन्द्र=आनन्दमय, सुजात=सर्वत्र शुभ को जन्म देनेवाले, सुक्रतो=शोभन प्रज्ञान व शक्तिवाले, अमूर=अमूढ़=सब मूढ़ताओं को नष्ट करनेवाले, दस्म=दर्शनीय अथवा सब बुराइयों का उपक्षय करनेवाले अतिथे=सतत गमनशील प्रभो! आपका स्तवन हम सदा

करते हैं। आपका 'मन्द्र' आदि शब्दों से स्तवन करते हुए वैसा ही बनने का प्रयत्न करते हैं। (क) हम अपने जीवनों में उत्तम बातों का विकास करते हुए आनन्दमय बनने का प्रयत्न करते हैं। (ख) मूढ़ न बनकर शोभन प्रज्ञान व शक्ति के सम्पादन के लिए यत्नशील होते हैं तथा (ग) निरन्तर क्रियाशील होते हुए सब बुराइयों का उपक्षय करते हैं।

भावार्थ–हम प्रभु का स्तवन करें–प्रभु जैसा ही बनने का यत्न करें। उत्तम विकास द्वारा आनन्द को, विषयों के प्रति न मूढ़ बनकर शोभन शक्ति व प्रज्ञान को तथा निरन्तर क्रियाशील बनकर वासनाविलय को प्राप्त करें।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री स्वरः—षड्जः॥

चनिष्ठा (स्तुति)

सा ते अग्ने शन्तमा चनिष्ठा भवतु प्रिया। तया वर्धस्व सुष्टुतः॥ ८॥

(१) हे **अग्ने**–परमात्मन्! **सा**–वह **ते**–आपकी हमारे से की जाती हुई (नव्यसी मतिः ७) स्तुति **शन्तमा**–अतिशयेन शान्ति को देनेवाली **भवतु**–हो। वह स्तुति **चनिष्ठा**–हमारे सब काम आदि शत्रुओं का संहार करनेवाली हो। यह हमारे हृदयों में प्रेरणा को देनेवाली हो यह हमें अतिशयित आनन्द को देनेवाली हो तथा यह हमें पर्याप्त भोजनों को भी प्राप्त करानेवाली हो, इस प्रकार यह स्तुति **प्रिया**–प्रीतिजनक हो। (२) **तया**–उस स्तुति से **सुष्टुतः**–सम्यक् स्तुत हुए-हुए आप **वर्धस्व**–हमारे हृदयों में बढ़िये। स्तुति हमें आपके गुणों से युक्त करनेवाली हो। आपकी दिव्यता का इस स्तुति द्वारा हमारे में अवतरण हो।

भावार्थ–प्रभुस्तवन से 'शान्ति, प्रभुप्रेरणा, शत्रुसंहार, आनन्द, सब अन्न व प्रीति' प्राप्त होती है। इससे हमारे में दिव्यता का वर्धन होता है।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

द्युम्नैः द्युम्निनी

सा द्युम्नैर्द्युम्निनी बृहदुपोप श्रवसि श्रवः। दधीत वृत्रतूर्ये॥ ९॥

(१) **सा**–वह प्रभु के लिए की जानेवाली स्तुति **द्युम्नैः द्युम्निनी**–ज्ञानज्योतियों से ज्योतिर्मयी हो। स्तुति से हमारा हृदय प्रकाशमय बने। (२) यह स्तुति **वृत्रतूर्ये**–वासना के विनाश के निमित्त हमारे **श्रवसि**–कान में **बृहत् श्रवः**–खूब ज्ञान को **उप उप दधीत**–समीपता से धारण करे। हम ज्ञान की वाणियों का श्रवण करते हुए प्रकाशमय जीवनवालें बनें। इस प्रकाश में वासनाओं के अन्धकार का विलय हो जाए।

भावार्थ–स्तुति हमारे जीवन को प्रकाशमय बनायें। इस प्रकाश में वासना का विलय हो जाए।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

पन्यं पन्यम्

अश्वमिद्गां रथप्रां त्वेषमिन्नं न सत्पतिम्। यस्य श्रवांसि तूर्वथ पन्यंपन्यं च कृष्टयः॥ १०॥

(१) हे **कृष्टयः**–श्रमशील मनुष्यो! उस प्रभु का तुम स्तवन करो जो **इत्**–निश्चय से **अश्वम्**–(अश्नुते) सब लोक-लोकान्तरों को व्याप्त किये हुए हैं। **गाम्**–(गमयति अर्थान्) हृदयस्थरूपेण सब पदार्थों का ज्ञान देनेवाले हैं। **रथप्राम्**–हमारे शरीररूप रथों का पूरण करनेवाले

हैं। त्वेषं-दीप्त हैं तथा इन्द्रं न-शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले के समान सत्पतिम्-अच्छाइयों के रक्षक हैं। (२) हे मनुष्यो! उस प्रभु का परिचरण करो, यस्य-जिसके श्रवांसि-ज्ञानों को तुम तूर्वथ-अपने अन्दर सुरक्षित करते हो च-और पन्यम् पन्यम्-प्रत्येक स्तुत्य वस्तु को अपने अन्दर सुरक्षित करते हो। प्रभुस्तवन के द्वारा हम प्रभु के गुणों को अपने अन्दर धारण करनेवाले बनते हैं।

भावार्थ-वे प्रभु व्यापक, ज्ञान को देनेवाले, शरीरों का पूरण करनेवाले व शत्रुओं का विद्रावण करके अच्छाइयों का रक्षण करनेवाले हैं। प्रभु ज्ञान व स्तुत्य गुणों को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गोपवनः गिरा चनिष्ठत्

यं त्वा गोपवनो गिरा चनिष्ठदग्ने अङ्गिरः। स पावक श्रुधी हवम्॥ ११॥

(१) हे अग्ने-अग्रणी अंगिरः-अंग-प्रत्यंगों में रस का संचार करनेवाले प्रभो! यं त्वा-जिन आपको गोपवनः-ज्ञान की वाणियों को पवित्र करनेवाला उपासक गिरा-स्तुतिवाणियों के द्वारा चनिष्ठत्-प्राप्त करने की कामना करता है। (२) सः-वे आप, हे पावक-पवित्र करनेवाले प्रभो! हवम्-पुकार को श्रुधि-सुनिये।

भावार्थ-स्तुतिवाणियों के द्वारा हम प्रभु को प्राप्त करने की कामना करें। प्रभु हमारे जीवन को पवित्र करते हैं।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वाजसातये

यं त्वा जनास ईळते सबाधो वाजसातये। स बोधि वृत्रतूर्ये॥ १२॥

(१) सबाधः-शत्रुओं के बाधन के साथ विद्यमान जनासः-लोग, अर्थात् काम, क्रोध, लोभ को जीतनेवाले लोग, हे प्रभो! यं त्वा-जिन आपको ईडते-उपासित करते हैं। वे लोग वाजसातये-शक्ति को प्राप्त करने के लिए होते हैं। (२) हे प्रभो! सः-वे आप वृत्रतूर्ये-वासना के संहार के निमित्त बोधि-हमें बोधवाला करिये-ज्ञान देकर हमें वासनाविनाश के योग्य बनाइए।

भावार्थ:-उपासक वही है जो काम-क्रोध आदि का संहार करता है। यह उपासक शक्ति को प्राप्त करता है। प्रभु इसे ज्ञानसम्पन्न करके वासना के विनाश के योग्य बनाते हैं।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः॥ देवता—श्रुतर्वण आर्क्षस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

आर्क्ष-श्रुतर्वा-मदच्युत्

अहं ह्वान आर्क्षे श्रुतर्वणि मदच्युति। शर्धांसीव स्तुकाविनो मृक्षा शीर्षा चतुर्णाम्॥ १३॥

(१) प्रभु कहते हैं कि अहं-मैं आर्क्षे-गतिशील पुरुष में, श्रुतर्वणि-ज्ञान के प्रति चलनेवाले व्यक्ति में तथा मदच्युति-अभिमान को छोड़नेवाले पुरुष में ह्वानः-ह्यमान होता हुआ-इनसे आराधित होता हुआ-चतुर्णाम्-'काम-क्रोध-लोभ-मोह' इन चारों के शीर्षा-सिरों का मृक्षा-सफाया कर डालता हूँ। इन काम आदि चारों को ही समाप्त कर डालता हूँ। (२) मैं इसप्रकार इन्हें नष्ट कर देता हूँ, इव-जैसेकि स्तुकाविनां-वृषभों के (बैलों के) शर्धांसि-बलों को कोई समाप्त कर देता है।

भावार्थ-प्रभु का सच्चा उपासक 'गतिशील, ज्ञानप्रिय व निरभिमान' होता है। प्रभु इसके 'काम-क्रोध-लोभ-मोह' को समाप्त कर देते हैं।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः॥ देवता—श्रुतर्वण आर्क्षस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

आशवः, द्रवित्नवः, सुरथासः

मां चत्वार आशवः शविष्ठस्य द्रवित्नवः। सुरथासो अभि प्रयो वक्षन्वयो न तुग्र्यम्॥ १४॥

(१) मां-मुझे शविष्ठस्य-उस सर्वाधिक शक्तिसम्पन्न प्रभु के-प्रभु से दिये गये चत्वारः-'इन्द्रियाँ, मन, बुद्धि और हृदय' रूप चार प्रमुख साधन तुग्र्य वयः न-शत्रुसंहारक आयुष्य के समान प्रयः-(प्रयस्) उद्योग की अभि-ओर वक्षन्-प्राप्त कराएँ। इन इन्द्रियों आदि के द्वारा हमारा जीवन काम, क्रोध आदि शत्रुओं का संहार करनेवाला हो तथा हम सतत यत्नशील हों-आलस्य से सदा दूर रहें। (२) ये चारों आशवः-शीघ्रता से कार्यों में व्याप्त होनेवाले हों। द्रवित्नवः-(द्रु अभिगतौ) शत्रुओं पर आक्रमण करनेवाले हों-और इस प्रकार हमें प्रभु की ओर ले चलनेवाले हों और सुरथासः-शरीररूप रथ को सदा उत्तम रखें।

भावार्थ-हमारी 'इन्द्रियाँ, मन, बुद्धि और हृदय' हमारे जीवन को शत्रुसंहारक तथा यत्नशील बनाएँ। इनके द्वारा हमारा यह शरीररथ शीघ्रता से कार्यों में व्याप्त होनेवाला व प्रभु की ओर हमें ले चलनेवाला हो।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः॥ देवता—श्रुतर्वण आर्क्षस्य दानस्तुतिः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

महेनदी, परुष्णी

सत्यमित्त्वा महेनदि परुष्ण्यव देदिशम्। नेमापो अश्वदातरः शविष्ठादस्ति मर्त्यः॥ १५॥

(१) हे महेनदि-अत्यन्त महत्त्वपूर्ण ज्ञान की वाणियों का उच्चारण करनेवाली और इसप्रकार परुष्णि-हमारा पालन व पूरण करने वाली बुद्धि! सत्यम् इत्-सचमुच ही त्वा-तुझे अवदेदिशम्-मैं इस विषयवासनामय संसार से परे प्रेरित करता हूँ (Direct, order, command)। (२) हे आपः-प्रजाओ! न ईम्-नहीं ही निश्चय से शविष्ठात्-उस शक्तिशाली प्रभु को छोड़कर कोई अन्य मर्त्यः-मनुष्य अश्व-दा-तरः अस्ति-उत्कृष्ट इन्द्रियाश्वों को देनेवाला है। प्रभु ही इन इन्द्रियाश्वों को प्राप्त कराते हैं-हमारी बुद्धि इन्हें प्रभु की ओर ही ले चलनेवाली हो। बुद्धि ही तो सारथि है। मैं रथी इसे इस रथ को प्रभु की ओर ले चलने के लिए निर्देश करता हूँ।

भावार्थ-हमारी बुद्धि इन्द्रियाश्वों को प्रभु की ओर ले चलनेवाली हो। यह बुद्धि अत्यन्त महत्त्वपूर्ण ज्ञान की वाणियों का उच्चारण करनेवाली है तथा हमारा पालन व पुरण करनेवाली है।

गतमन्त्र के अनुसार प्रभु की ओर चलनेवाला यह व्यक्ति 'विरूप'-विशिष्ट रूपवाला बनता है। यह 'अग्नि' नाम से प्रभु का स्मरण करता है-

७५. [पञ्चसप्ततितमं सूक्तम्]

ऋषिः—विरूपः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

देवहूतमान्

युक्ष्वा हि देवहूतमाँ अश्वाँ अग्ने रथीरिव। नि होता पूर्व्यः सदः॥ १॥

हे अग्ने=अग्रणी! तू रथी इव अश्वान्=जैसे रथी अश्वों को जोड़ता है उसी प्रकार देवहूतमान्=योग्यजनों को युक्ष्व=जोड़। होता=दाता पूर्व्यः=पूर्ण होकर नि सदः=विराज।

भावार्थ-अधिकारी योग्यतम व्यक्ति की नियुक्ति करे, तथा पूर्ण वेतनादि की व्यवस्था करे।

ऋषिः—विरूपः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विदुष्टरः

उत नो॑ देव दे॒वाँ अच्छा॑ वोचो वि॒दुष्ट॑रः। अ॒द्धि॒श्वा॒ वार्या॑ कृधि॥ २॥

हे देव-ज्ञानी! तू विदुस् तरः-श्रेष्ठ विद्वान् होकर देवान्-ज्ञानेच्छुक नः-हमको अच्छ वोचः-उपदेश कर, उत-तथा विश्वा-सम्पूर्ण वार्या-वरणीय ज्ञानों को अत्-सत्य ही कृधि-प्रकट कर।

भावार्थ-ज्ञानी पुरुष श्रेष्ठ ज्ञान को प्रकट करे छिपाये नहीं।

ऋषिः—विरूपः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ऋतावा

त्वं ह॒ यद्वि॑विष्य॒ सह॑सः सूनवाहुत। ऋ॒तावा॑ य॒ज्ञियो॒ भुवः॥ ३॥

हे यविष्ठ्य-युवतमा, सहसः सूनो-बल के पुञ्ज! आहुत-सर्व स्वीकृत प्रभो! त्वं ह-आप ही ऋतावा-सत्य न्याय के पालक तथा यज्ञियः भुवः-दान योग्य सुपात्र हो।

भावार्थ-वह परमात्मा सत्य-न्याय के पालक हैं।

ऋषिः—विरूपः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'सहस्री शती' वाज

अ॒यम॒ग्निः स॑हस्रि॒णो वाज॑स्य श॒तिन॒स्पतिः। मू॒र्धा क॒वी र॒यीणा॑म्॥ ४॥

(१) अयम् अग्निः-ये अग्रणी प्रभु वाजस्य-शक्ति के पतिः-स्वामी हैं-रक्षक हैं। उस शक्ति के स्वामी हैं, जो सहस्रिणः-(सहस्) हमारे जीवनों को आनन्दमय बनाती है तथा शतिनः-सौ वर्ष तक जीवन को बड़ा ठीक बनाए रखती है। (२) वे कविः-सर्वज्ञ प्रभु रयीणां मूर्धा-सब ऐश्वर्यों के शिखर हैं। प्रभु ही सब ऐश्वर्यों के स्वामी हैं। सब धनों के विजेता प्रभु ही हमारे लिए उस-उस ऐश्वर्य को प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ-प्रभु हमें वह शक्ति प्राप्त कराते हैं, जो हमारे जीवनों को आनन्दमय व दीर्घ बनाती है प्रभु ही सर्वज्ञ व सब ऐश्वर्यों के स्वामी हैं।

ऋषिः—विरूपः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

यज्ञमय जीवन

तं नेमि॒भ्वो॑ य॒था न॑मस्व सहू॒तिभिः। नेदी॑यो य॒ज्ञमङ्गिरः॥ ५॥

(१) हे अङ्गिरः-सब गतियों के देनेवाले प्रभो! (अगि गतौ) आप सहूतिभिः-(हूत्या सह वर्तन्ते) आपको पुकारनेवाले उपासकों के साथ तं यज्ञं-उस यज्ञ को नेदीयः नमस्व-हमारे बहुत समीप नत करिये। इस प्रकार समीप करिये यथा-जैसे ऋभवः-शिल्पी नेमिं-चक्र परिधि को अरों पर नमाते हैं। (२) नेमि ने अरों को अपने में आवृत किया हुआ होता है, इसी प्रकार यज्ञ भी हमारे जीवनों को आवृत किया हुआ हो। हम उपासकों के साथ सदा सद्विचारों के वातावरण में रहते हुए यज्ञमय जीवन बिताएँ।

भावार्थ-प्रभु को पुकारने वाले लोगों के साथ हमारा सम्पर्क हो, उनके साथ पवित्र विचारोंवाले बनते हुए हम यज्ञमय जीवनवाले बनें।

ऋषिः—विरूपःङ्क देवता—अग्निःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

अभिद्यु वृषा

तस्मै नूनमभिद्यवे वाचा विरूप नित्यया। वृष्णे चोदस्व सुष्टुतिम्॥ ६॥

(१) हे **विरूप**-पवित्र जीवन के कारण विशिष्ट रूपवाले जीव! तू **नूनं**-निश्चय से **तस्मै**-उस **अभिद्यवे**-अधि व व्याधियों पर आक्रमण करनेवाले, **वृष्णे**-सब सुखों के वर्षक प्रभु के लिए **नित्यया वाचा**-इस सनातन वेदवाणी से **सुष्टुतिम्**-उत्तम स्तुति को **चोदस्व**-प्रेरित कर। (२) हम वेदमन्त्रों द्वारा प्रभु का स्तवन करने में प्रवृत्त हों। यह वेदवाणी प्रभु की सनातन ज्ञान की वाणी है। इसके द्वारा प्रभु का स्तवन करते हुए हम सब आधि-व्याधियों से ऊपर उठते हैं। हम भी उस स्तुत्य प्रभु की शक्ति से शक्तिसम्पन्न बनते हैं।

भावार्थ-हम ज्ञान की वाणियों के द्वारा प्रभु का स्तवन करें। प्रभु हमारी आधि- व्याधियों को विनष्ट करेंगे।

ऋषिः—विरूपःङ्क देवता—अग्निःङ्क छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

पणिस्तरण

कमु ष्विदस्य सेनयाग्नेरपाकचक्षसः। पणिं गोषु स्तरामहे॥ ७॥

(१) **अस्य**-इस **अपाकचक्षसः**-अनल्प ज्ञानवाले-सर्वज्ञ **अग्नेः**-प्रकाशमय प्रभु की **सेनया**-(सह इनेन प्रभुणा) सेना से-नेतृत्व शक्ति से **कम् उ स्वित्**-किसी भी-अधिक से-अधिक शक्तिशाली भी **पणिं**-कृपणता व अपवित्रता की भावना को **गोषु**-ज्ञान की वाणियों के होने पर **स्तरामहे**-विनष्ट करते हैं। (२) प्रभु पूर्ण ज्ञानवाले हैं। उनकी प्रेरणा में चलते हुए हम ज्ञान का वर्धन कर पाते हैं। यह ज्ञान हमें कृपणता से ऊपर उठाकर पवित्र बना देता है।

भावार्थ-हम सर्वज्ञ प्रभु की प्रेरणा में चलें। इस प्रकार हम कृपणता व अपवित्रता को विनष्ट करके ज्ञानोज्वल जीवनवाले बनेंगे।

ऋषिः—विरूपःङ्क देवता—अग्निःङ्क छन्दः—आर्चीस्वराड् गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

देवानां विशः+अघ्न्याः

मा नो देवानां विशः प्रस्रातीरिवोत्साः। कृशं न हासुरघ्न्याः॥ ८॥

(१) **नः**-हमें **देवानां विशः**-देवों की प्रजाएँ-दिव्यगुणों के प्रवेश-**मा हासुः**-मत छोड़ जाएँ, अर्थात् हम सदा दिव्यगुणों के प्रवेशवाले बनें, इसी प्रकार **अघ्न्याः**-ये अहन्तव्य ज्ञान की वाणियाँ हमें **न**-नहीं **हासुः**-छोड़ जाएँ। ज्ञानदुग्ध को देनेवाली ये वेदवाणीरूप गौएँ हमारे लिय अहन्तव्य हों। हम सदा इनका स्वाध्याय द्वारा दोहन करें। (२) **इव**-जैसे **प्रस्रातीः**-(पयः क्षरन्तीः) दूध को प्रस्तुत करती हुई **उत्साः**-गौएँ **कृशं**-छोटे (दुर्बल) बछड़े को नहीं छोड़ती, इसी प्रकार हमें दिव्यगुणों के प्रवेश व वेदवाणियाँ न छोड़ जाएँ। इन वेदवाणीरूप गौओं के ज्ञानदुग्ध ने ही तो हमें सबल बनाना है।

भावार्थ-हमें दिव्यगुण व वेदवाणियाँ इस प्रकार न छोड़ जायँ, जैसे दूध को क्षरित करती हुई गोएँ छोटे बछड़े को नहीं छोड़ जातीं।

ऋषिः—विरूपः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ऊर्मिः न नावम्

मा नः समस्य दूढ्य१ परिद्वेषसो अंहतिः। ऊर्मिर्न नाव्या वधीत्॥ ९॥

(१) नः=हमें परिद्वेषसः=चारों ओर द्वेषवाले—सबके साथ द्वेष करनेवाले समस्य=सब दूढ्यः=दुर्बुद्धि पुरुष के अंहतिः=पाप मा आवधीत्=मत नष्ट करनेवाले हों। हम भी द्वेष की वृत्ति में पड़कर दुर्बुद्धि न बन जाएँ। (२) ये द्वेष की भावनाएँ इसी प्रकार हमारा नाश करनेवाली होती हैं, न=जैसे ऊर्मिः=तरंग नावम्=नाव को।

भावार्थ—द्वेष करनेवालों से भी हम द्वेष न करें। यह द्वेष हमारी शरीररूप नाव को भिन्न कर देगा। तब संसारसमुद्र को कैसे तैरेंगे?

ऋषिः—विरूपः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अमित्र-अर्दन

नमस्ते अग्न ओजसे गृणन्ति देव कृष्टयः। अमैरमित्रमर्दय॥ १०॥

(१) हे अग्ने=सब दोषों को दग्ध करनेवाले प्रभो! हे देव=सब शत्रुओं को जीतने की कामना करनेवाले प्रभो! कृष्टयः=श्रमशील व्यक्ति ही वस्तुतः गृणन्ति=आपका स्तवन करते हैं। स्तुति हमें पुरुषार्थवाला बनाती है। हम स्तुत्य के गुणों को धारण करने के लिए यत्नशील होते हैं। (२) हे प्रभो! अमैः=बलों के द्वारा अमित्रम्=हमारे शत्रुभूत काम-क्रोध आदि को अर्दय=आप पीड़ित करके हमारे से दूर करिये। हमें शक्ति दीजिए कि हम काम-क्रोध आदि से ऊपर उठ पायें।

भावार्थ—प्रभु के प्रति नमन व स्तवन से ओज को प्राप्त करके हम काम आदि शत्रुओं का संहार करें।

ऋषिः—विरूपः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गविष्टये

कुवित्सु नो गविष्ट्येऽग्ने संवेषिषो रयिम्। उरुकृदुरु णस्कृधि॥ ११॥

(१) हे अग्ने=परमात्मन्! आप नः=हमारे लिए गविष्टये=गौओं के—ज्ञानवाणियों के एषण (प्राप्ति) के निमित्त कुवित्=खूब ही रयिं=धन को सु=अच्छी प्रकार संवेषिणः=प्राप्त कराइये। प्रभु हमें धन दें। हम उस धन का विनियोग ज्ञान के साधनों को जुटाने में करें। धन भोग साधनों को जुटाने में ही व्ययित न हो। (२) हे प्रभो! आप उरुकृतः=खूब ही धनों को करनेवाले हैं। नः=हमारे लिए उरुकृधि=खूब ही धन को करिये। आपकी कृपा से हम खूब धन को प्राप्त कर सकें।

भावार्थ—प्रभु हमारे लिए खूब ही धन को प्राप्त करायें। यह धन ज्ञान प्राप्ति के साधनों को जुटाने में व्ययित हो।

ऋषिः—विरूपः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सं वर्णं, सं रयिं (जय)

मा नो अस्मिन्महाधने परा वर्ग्भारभृद्यथा। संवर्ग्ं सं रयिं जय॥ १२॥

(१) हे प्रभो! आप अस्मिन्=इस महाधने=महान् संग्राम में नः=हमें मा परावर्ग=दूर छोड़ मत दीजिए। यथा=जैसे भारमृत्=भार को उठानेवाला अन्त में भार को छोड़ देता है, इसी प्रकार

हमें आप छोड़ मत दीजिये। हम आपके भारभूत न बन जाएँ। (२) हे प्रभो! आप हमारे लिये सं वर्गम्-सम्यक् शत्रुओं के वर्जन का जय-विजय कीजिये। यहाँ हमारे लिये रयिम्-ऐश्वर्य को सं जय-सम्यक् जीतिये। हम आपके अनुग्रह से सम्यक् शत्रुओं का विजय करें तथा ऐश्वर्यों को प्राप्त करनेवाले हों।

भावार्थ-प्रभु हमको कामादि शत्रुओं से विजय प्राप्त कराकर हमें ऐश्वर्य युक्त करता है।

ऋषिः—विरूपः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अमवत् शवः

अन्यमस्द्भिया इयमग्ने सिषक्तु दुच्छुना। वर्धा नो अमवच्छवः॥ १३॥

(१) हे अग्ने-अग्रेणी प्रभो! इयम्-यह दुच्छुना-दुष्ट गति (दुराचरण) अस्मत् अन्यम्-हमारे से भिन्न ही किसी व्यक्ति को भिया सिषक्तु-भय के साथ सेवन करे। हमारे से यह सदा दूर रहे। दूसरा हमारे साथ अशुभ व्यवहार भी करे, तो भी हम दुष्ट गति को स्वीकार न करें। (२) हे प्रभो! आप नः-हमारे अमवत्-शक्तियुक्त शवः-वेग को-स्फूर्ति के साथ कार्य करने की प्रवृत्ति को वर्धा-बढ़ाइये। सदा स्फूर्ति के साथ कर्त्तव्यकर्मों को करते हुए हम अशुभाचरण से बचे रहें।

भावार्थ-दुष्ट आचरण हमें छोड़ जाये। शुभ आचरण हमें सदा सबल बनाये रखें।

ऋषिः—विरूपः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

नमोयुक्त+अदुर्मख

यस्याजुषन्नमस्विनः शमीमदुर्मखस्य वा। तं घेदग्निर्वृधावति॥ १४॥

यस्य-जिस नमस्विनः-नमनशील वा-तथा अदुर्मखस्य-अदुष्ट यज्ञोंवाले उपासक के शमीम्-शान्तभाव से किये जानेवाले कर्मों को अजुषत्-प्रीतिपूर्वक सेवन करता है, अर्थात् जिस नम्र यज्ञशील पुरुष के शान्तकर्म प्रभु को प्रीणित करते हैं, अग्निः-वे अग्रेणी प्रभु तम्-उस उपासक को धारत्-निश्चय से वृधा अवति-वृद्धि के द्वारा प्रीणित करते हैं। (२) हम कर्मों द्वारा ही प्रभु का प्रीणन कर पाते हैं। ऐसा करने पर प्रभु हमारी वृद्धि का कारण बनते हैं।

भावार्थ-हम नम्र यज्ञशील बनकर कर्त्तव्यकर्मों में लगे रहें। यही प्रभु के आराधन का मार्ग है। प्रभु हमारा वर्धन करेंगे।

ऋषिः—विरूपः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वह तारक प्रभु

परस्या अधि संवतोऽवरॉं अभ्या तर। यत्राहमस्मि तॉं अव॥ १५॥

(१) हे प्रभो! परस्याः संवतः अधि-अत्यन्त दूर के वर्षों से, अर्थात् सदा से अवरान्-आपके छोटे सखारूप हम जीवों को आप अभ्यातर-इस संसार समुद्र से तराने का अनुग्रह करिये। आपके अनुग्रह से हम सांसारिक विषयों में न फँसकर इस भवसागर से उत्तीर्ण हो सकें। (२) हे प्रभो! यत्र अहं अस्मि-जिस भी परिवार, समाज व देश में मैं हूँ, तान् अव-उन सबका आप रक्षण करिये। आपकी शक्ति से शक्तिसम्पन्न होकर मैं सभी का रक्षण करनेवाला बनूँ।

भावार्थ-हे प्रभो! आप ही सनातन काल से हम सखाओं को इस भवसागर से तरानेवाले हैं। आप से शक्ति प्राप्त करके हम सभी का हित करनेवाले बनें।

ऋषिः—विरूपः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वह पिता (प्रभु)

विद्मा हि ते पुरा वयमग्ने पितुर्यथावसः। अधा ते सुम्नमीमहे ॥ १६ ॥

(१) हे अग्ने-अग्रणी प्रभो! पितुः ते-पितृरूप आपके-रक्षण आपके अवसः-रक्षण को वयम्-हम यथा पुरा-पहले की तरह, अर्थात् सदा से विद्मा हि-अवश्य प्राप्त करें। आप सदा से हमारा रक्षण करते आये हैं। हम अब भी आपके रक्षणीय हों। (२) अधा-अब ते-आपके सुम्नं-(hymn) स्तोत्र को ईमहे-हम चाहते हैं। आपके स्तवन में ही हम सदा आनन्द का अनुभव करें।

भावार्थ-प्रभु हमारे सनातन काल से रक्षक हैं। हम सदा प्रभु-स्तवन की वृत्तिवाले बनें। प्रभु का स्तवन करते हम 'सुति'-सोमसम्पादन को 'कुरु' करनेवाले 'कुरुसुति' बनें। सोमरक्षण करते हुए ही हम यज्ञ (सुति) शील बनें। यही बुद्धिमत्ता है। यह 'काण्व' बुद्धिमान् 'कुरुसुति' ही अगले सूक्त का ऋषि है। यह इन्द्र नाम से प्रभु का स्तवन करता है-

७६. [षट्सप्ततितमं सूक्तम्]

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मापिनं, ओजसा ईशानम्

इमं नु मायिनं हुव इन्द्रमीशानमोजसा। मरुत्वन्तं न वृञ्जसे॥ १ ॥

(१) नु-निश्चय से मैं इमं इन्द्रम्-इस परमैश्वर्यशाली प्रभु को हुवे-पुकारता हूँ। उस इन्द्र को, जो मायिनम्-प्रज्ञावाले हैं-सर्वज्ञ हैं, ओजसा ईशानम्-अपने बल से सम्पूर्ण संसार के ईशान (स्वामी) हैं। (२) न (च)-और मैं उस इन्द्र को पुकारता हूँ जो मरुत्वन्तम्-(मरुतः प्राणाः) प्राणशक्तिवाले हैं। इन प्राणों के द्वारा वृञ्जसे-शत्रुओं के छेदन के लिये हैं। प्राणसाधना के द्वारा न केवल रोगों का ही नाश होता है, अपितु वासनाओं का भी विनाश होता है।

भावार्थ-प्रभु सर्वज्ञ व सर्वशक्तिमान् हैं। हमें प्राणों को देते हुए इस योग्य बनाते हैं कि हम रोगों व वासनाओं को विच्छिन्न कर सकें।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मरुत्सखा इन्द्रः

अयमिन्द्रो मरुत्सखा वि वृत्रस्याभिनच्छिरः। वज्रेण शतपर्वणा ॥ २ ॥

(१) अयं इन्द्रः-यह जितेन्द्रिय पुरुष मरुत्सखा-प्राणों को मित्ररूप में पानेवाला होकर (मरुतः सखायो यस्य), अर्थात् प्राणसाधना के द्वारा वृत्रस्य-ज्ञान की आवरणभूत वासना के शिरः वि अभिनत्-सिर को विदीर्ण कर देता है। प्राणसाधना के द्वारा वासना का विनाश करता है। (२) यह इन्द्र शतपर्वणा-(पर्व-to fill) सौ वर्ष तक जीवन को भरनेवाले, अर्थात् आजीवन चलनेवाले वज्रेण-क्रियाशीलतारूप वज्र के द्वारा वासना को विनष्ट करता है। गतिशीलता उसे वासना का शिकार होने से बचाती है।

भावार्थ-एक जितेन्द्रिय पुरुष प्राणसाधना को करता हुआ वासना को विनष्ट करता है। सौ वर्ष तक इसका जीवन गतिशील बना रहता है।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वृत्रं वि ऐरयत्

वावृधानो मरुत्सखेन्द्रो विवृत्रमैरयत्। सृजन्त्समुद्रियाँ अपः॥ ३॥

(१) मरुत्सखा=प्राण हैं सखा जिसके, वह इन्द्रः=जितेन्द्रिय पुरुष वावृधाना='शरीर, मन व बुद्धि' के दृष्टिकोण से अत्यन्त वृद्धि को प्राप्त होता हुआ वृत्रम्=वासना को वि ऐरयत्=विशेषरूप से कम्पित करके विनष्ट करता है। (२) यह समुद्रियाः=(स+मुद्) उस आनन्दमय प्रभु की ओर ले-जानेवाले अपः=कर्मों को सृजन्=उत्पन्न करता हुआ होता है। सदा उत्तम कर्मों को करता हुआ, इन कर्मों के द्वारा प्रभु का अर्चन करता है। 'अप' का अर्थ 'रेतःकण' भी है। उन रेतःकणों को उत्पन्न करता है, जो इसे प्रभु प्राप्ति में सहायक होते हैं। इनके रक्षण से तीव्रबुद्धि होकर वह प्रभु का दर्शन करता है।

भावार्थ—प्राणसाधना द्वारा जितेन्द्रिय पुरुष वासना का विनाश करता है और रेतःकणों का रक्षण करता हुआ प्रभु की ओर बढ़ता है।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मरुत्वता स्वः जितम्

अयं ह येन वा इदं स्वर्मरुत्वता जितम्। इन्द्रेण सोमपीतये॥ ४॥

(१) अयम्=यह जीव ही ह=निश्चय से सोमपीतये=अपने अन्दर सोम के रक्षण के लिये समर्थ होता है येन वा=जिसने निश्चय से मरुत्वता=उत्तम प्राणोंवाला होते हुए, अर्थात् प्राणसाधना द्वारा प्राणों की शक्ति को बढ़ाते हुए, इन्द्रेण=जितेन्द्रिय पुरुष ने इदं स्वः=यह प्रकाश व सुख जितम्=जीता है-प्राप्त किया है। (२) वस्तुतः हमारा मौलिक कर्त्तव्य यही है कि हम सोम का रक्षण करते हुए अपने अन्दर ज्ञान के प्रकाश को बढ़ायें। यह ज्ञान का प्रकाश ही हमारे जीवन को सुखी बनाता है।

भावार्थ—हम प्राणसाधना द्वारा सोम (वीर्य) का रक्षण करें। यह सुरक्षित सोम बुद्धि की तीव्रता द्वारा प्रकाश को प्राप्त करायेगा।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मरुत्वान् ऋजीषी

मरुत्वन्तमृजीषिणमोजस्वन्तं विरप्शिनम्। इन्द्रं गीर्भिर्हवामहे॥ ५॥

(१) इन्द्रम्=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु को गीर्भिः=स्तुतिवाणियों के द्वारा हवामहे=पुकारते हैं। प्रभु का स्तवन करते हुए प्रभु को अपने जीवन में धारण करने का प्रयत्न करते हैं। (२) उन प्रभु को हम पुकारते हैं, जो मरुत्वन्तम्=प्राणोंवाले हैं-हमारे लिये प्राणशक्ति को प्राप्त कराते हैं। ऋजीषिणम्=ऋजुता के मार्ग की प्रेरणा देते हैं। ओजस्वन्तम्=ओजस्वी हैं और विरप्शिनम्=महान् हैं। प्रभु का आराधन करते हुए हम प्राणशक्ति-सम्पन्न, ऋजुमार्ग से चलनेवाले, ओजस्वी व महान् बनने का प्रयत्न करते हैं।

भावार्थ—वे प्रभु प्राणशक्ति की हमारे में स्थापना करनेवाले, ऋजुता की प्रेरणा देनेवाले, ओजस्वी व महान् हैं। हम प्रभु का आराधन करते हुए प्राणशक्ति-सम्पन्न व ओजस्वी बनें। ऋजुमार्ग से चलते हुए महान् बनने का प्रयत्न करें।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रत्नेन मन्मना

इन्द्रं प्रत्नेन मन्मना मरुत्वन्तं हवामहे। अस्य सोमस्य पीतये॥ ६॥

(१) **इन्द्रम्**-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु को **प्रत्नेन मन्मना**-सनातन वेदज्ञान के द्वारा **हवामहे**-हम पुकारते हैं। (२) **मरुत्वन्तम्**-प्राणोंवाले-प्राणों की हमारे में स्थापना करनेवाले प्रभु को **अस्य सोमस्य पीतये**-इस सोम के पान के लिये पुकारते हैं। प्रभु का स्तवन हमें वासनाओं के आक्रमण से बचायेगा। प्राणायाम द्वारा सोमशक्ति की शरीर में ऊर्ध्वगति होगी। इस प्रकार हम सोम का रक्षण करने में समर्थ होंगे।

भावार्थ-प्रभुस्मरण व प्राणायाम के करते हुए हम सोम का शरीर में रक्षण करें।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'मरुत्वान् मीढ्वान्' इन्द्र

मरुत्वाँ इन्द्र मीढ्वः पिबा सोमं शतक्रतो। अस्मिन्यज्ञे पुरुष्टुत॥ ७॥

(१) हे **मीढ्वः**-सब सुखों का सेचन करनेवाले **शतक्रतो**-अनन्त शक्ति व प्रज्ञानवाले **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालि प्रभो! आप **मरुत्वाम्**-प्राणोंवाले हैं। (२) इन प्राणों को स्थापना करते हुए आप **अस्मिन् यज्ञे**-इस जीवन-यज्ञ में **सोमं पिब**-सोमशक्ति का रक्षण करिये। हे **पुरुष्टुत**-अत्यन्त ही स्तवन किये जानेवाले प्रभो! आप का स्तवन ही हमारा पालन व पूरण करनेवाला है। (पुरु ष्टुतं यस्य)। प्राणों की साधना करते हुए हम शरीर में सोम का रक्षण कर पायेंगे। अपने अन्दर सोम का रक्षण करते हुए हम अपने को 'शतक्रतु' बना पायें। इस सोम ने ही हमारे में शक्ति का सेचन करना है, इसी ने ज्ञानाग्नि को दीप्त करना है।

भावार्थः-वे प्रभु हमारे जीवन में सोम का रक्षण करते हुए हमें शक्ति व ज्ञान से परिपूर्ण करते हैं।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोमरक्षण व प्रभुदर्शन

तुभ्येदिन्द्र मरुत्वते सुताः सोमासो अद्रिवः। हृदा हूयन्त उक्थिनः॥ ८॥

(१) हे **अद्रिवः**-आदरणीय **इन्द्र**-शत्रुओं के विद्रावक प्रभो! **तुभ्यं इत्**-आपकी प्राप्ति के लिये ही **सोमासः**-सोमकण शरीर में **सुताः**-उत्पन्न किये गये हैं। इनके रक्षण से ही ज्ञानाग्नि का दीपन होकर प्रभु का साक्षात्कार होता है। (२) हे प्रभो! **मरुत्वते**-प्रशस्त प्राणों को स्थापित करनेवाले आपके लिये ही **उक्थिनः**-सोमयज्ञोंवाले वे उपासक **हृदा**-हृदय से **हूयन्ते**-आवाहन करते हैं। आपका अराधन ही हमें प्राणशक्तिसम्पन्न बनाता है। इन प्राणों की साधना के द्वारा हम सोमशक्ति को शरीर में सुरक्षित करते हैं।

भावार्थ-प्राणायाम द्वारा सोम की ऊर्ध्वगति करके ही हम प्रभुदर्शन के अधिकारी बनते हैं।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दिविष्टिषु

पिबेदिन्द्र मरुत्सखा सुतं सोमं दिविष्टिषु। वज्रं शिशान ओजसा॥ ९॥

(१) हे **इन्द्र**-शत्रुविद्रावक प्रभो! **मरुत्सखा**-प्राणरूप मित्रों को प्राप्त करानेवाले आप **सुतं**

सोमम्-उत्पन्न हुए सोम को पिबा इत्-शरीर में पीजिये ही। आपकी आराधना से व प्राणायाम से सोमकण शरीर में सुरक्षित रहें। (२) इस सोमरक्षण द्वारा दिविष्टिषु-ज्ञान के प्रकाशों के प्राप्त होने पर यह उपासक ओजसा-ओजस्विता के द्वारा वज्रं शिशानः-(वज गतौ) गतिशीलता को तीव्र करनेवाला हो। ज्ञानी व ओजस्वी बने और गतिशील हो।

भावार्थ-प्राणसाधना द्वारा सोमरक्षण होकर हमारे ज्ञान ओज व गतिशीलता में वृद्धि हो।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शिप्रे अवेपयः

उत्तिष्ठन्नोजसा सह पीत्वी शिप्रे अवेपयः। सोममिन्द्र चमू सुतम्॥ १०॥

(१) हे इन्द्र-जितेन्द्रिय पुरुष तू चमू सुतम्-मस्तिष्क व शरीर के निमित्त उत्पन्न किये गये सोमम्-सोम को-वीर्यशक्ति को पीत्वी-शरीर में ही सुरक्षित करके ओजसा सह-ओजस्विता के साथ उत्तिष्ठन्-उन्नत होता हुआ शिप्रे-शत्रुओं के जबड़ों को अवेपयः-कम्पित कर देता है। (२) शरीर में प्रभु ने सोमशक्ति को स्थापित किया है। यह शरीर को शक्तिशाली बनाती है और मस्तिष्क को ज्ञानदीप्त करती है। इसके रक्षण से ओजस्वी बनकर हम शत्रुओं को परास्त करते हैं।

भावार्थ-शरीर में सुरक्षित सोम हमें वह शक्ति प्राप्त कराता है जो हमें शत्रुओं को पराभूत करने में समर्थ करती है।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

क्रक्षमाण (one who gives a crushing defeat to his enemies)

अनु त्वा रोदसी उभे क्रक्षमाणमकृपेताम्। इन्द्र यद्दस्युहाभवः॥ ११॥

(१) हे इन्द्र-जितेन्द्रिय पुरुष! यद्-जब तू दस्युहा अभवः-वासनारूप दास्यववृत्तियों को नष्ट करनेवाला होता है, तो क्रक्षमाणम्-शत्रुओं को कुचलनेवाले त्वा अनु-तेरे अनुसार उभे रोदसी-दोनों द्यावापृथिवी-मस्तिष्क व शरीर अकृपेताम्-सामर्थ्यसम्पन्न बनते हैं। (२) यह इन्द्र जितना-जितना वासना का विनाश करता चलता है, उसी अनुपात में उसके मस्तिष्क व शरीर शक्तिसम्पन्न होते चलते हैं।

भावार्थ-हम जितेन्द्रिय बनकर वासना का विनाश करें। तभी हमारे शरीर दृढ़ व मस्तिष्क दीप्त बनेंगे।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अष्टापदी वाक्

वाचमष्टापदीमहं नवस्रक्तिमृतस्पृशम्। इन्द्रात्परि तन्वं ममे॥ १२॥

(१) अहम्-मैं, गतमन्त्र के अनुसार 'दस्युहा' बनकर इन्द्रात्-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु से वाचम्-ज्ञान की वाणी को परिममे-अपने अन्दर निर्मित करता हूँ, जो अष्टापदीं-'कर्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादन, सम्बन्ध, अधिकरण व सम्बोधन' रूप आठ पदोंवाली है। नवस्रक्तिम्-'तिप् तस् सि-सिप् थस् थ-मिप् वस् मस्' रूप नौ रूपों में निर्मित होनेवाली है। ऋतस्पृशम्-सब सत्यविद्याओं के स्पर्शवाली है। 'नवस्रक्तिम्' शब्द का यह भी अर्थ है कि जो नवीन स्तुत्य जीवन का निर्माण करनेवाली है। (२) इस ज्ञान की वाणी के साथ मैं प्रभु से तन्वम्-शक्तियों के विस्तार

को (परिममे-) अपने में निर्मित करता हूँ।

भावार्थ-मैं प्रभु से ज्ञान की वाणी को और शक्तियों के विस्तार को प्राप्त करता हूँ।

अगले सूक्त का ऋषि देवता भी 'कुरु सुति काण्व' व 'इन्द्र' ही हैं-

७७. [सप्तसप्ततितमं सूक्तम्]

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

के उग्राः ?

जज्ञानो नु शतक्रतुर्वि पृच्छदिति मातरम्। क उग्राः के ह शृण्विरे॥ १॥

(१) यहाँ काव्यमय भाषा में उत्पन्न होता हुआ बालक माता से पूछता है और माता उसे अगले मन्त्र में उतार देती है। वस्तुतः माता ही लोरियाँ देते हुए इस प्रकार की ही बात प्रश्नोत्तर के ढंग से करती है। **जज्ञानः नु**-प्रादुर्भूत होता हुआ ही **शतक्रतुः**-ये शतवर्ष पर्यन्त शक्ति व प्रज्ञानवाला बालक, **मातरम्**-माता से **इति**-यह **वि पृच्छात्**-पूछता है कि ये **उग्राः**-कौन भयंकर शत्रु हैं? **के**-कौन **ह**-निश्चय से **शृण्विरे**-लोक में उग्रशत्रु सुने जाते हैं? अर्थात् मैंने इस जीवन में किन भयंकर शत्रुओं का सामना करना है? (२) इस प्रश्न को सुनकर माता उसे अगले मन्त्र में उत्तर देती है कि इन-इन शत्रुओं को तूने जीतना है।

भावार्थ-माता उत्पन्न हुए बालक के साथ प्रारम्भ से ही इस प्रकार बातचीत करे कि बालक पर सुन्दर प्रभाव पड़े, वह किन्हीं भी वासनारूप शत्रुओं का शिकार न हो जाये।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

और्णवाभम् अहीशुवम्

आदीं शवस्यब्रवीदौर्णवाभमहीशुवम्। ते पुत्र सन्तु निष्टुरः॥ २॥

(१) इस प्रकार प्रश्न के होने पर **आत् ईम्**-अब निश्चय से **शवसी**-शक्तिसम्पन्न गतिशील माता **अब्रवीत्**-कहती है कि **और्णवाभम्**-मकड़ी (ऊर्णनाभि) की तरह अपने जाल को फैलानेवाले **अहीशुभम्**-(अहि श्वि) सर्प की तरह (आहन्ति इति) गतिवाले व निरन्तर अपने विष-प्रभाव को बढ़ानेवाले (श्वि गतिवृद्ध्योः) 'काम' को ही तू अपना उग्रतम शत्रु जान। (२) हे **पुत्र**-अपने जीवन को पवित्र व सुरक्षित (पु+त्रा, पुनाति त्रायते) बनानेवाले प्रिय पुत्र! ये काम आदि शत्रु ही **ते**-तेरे **निष्टुरः सन्तु**-निस्तारणीय हों। इन शत्रुओं को तू सदा समाप्त करनेवाला बन। इनके वशीभूत तूने नहीं होना।

भावार्थ-माता बालक को इस प्रकार प्रेरणा देती है कि तूने वासनाजाल को विनष्ट करनेवाला बनना है।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वृत्रहा-दस्युहा

समित्तान्वृत्रहाखिदत्स अराँइव खेदया। प्रवृद्धो दस्युहाभवत्॥ ३॥

(१) गतमन्त्रों के शब्दों में इस प्रकार माता से प्रेरणा प्राप्त करता हुआ यह बालक **प्रवृद्धः**-प्रकृष्ट वृद्धि को प्राप्त हुआ **दस्युहा अभवत्**-सब दास्यववृत्तियों को विनष्ट करनेवाला बनता है। (२) यह दस्युहा बालक **वृत्रहा**-वासनारूप परदे को विनष्ट करनेवाला होता है और **तान्**-उन वासना-रूप शत्रुओं को **इत्**-निश्चय से **सं अखिदत्**-सम्यक् विनष्ट करता है। यह इन शत्रुओं को इस

प्रकार बाँध देता है **इव**-जैसे **खे**-रथचक्र की नाभि में **अरान्**-अरों को **खेदया**-रज्जु से बाँध दिया जाता है। काम आदि को यह पूर्णरूप से वश में कर लेता है।

भावार्थ-माता से उत्तम प्रेरणा को प्राप्त करता हुआ यह बालक बड़ा होकर वृत्रहा व दस्युहा बनता है-वासना को विनष्ट करता है।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

एकया प्रधि

एकया प्रतिधापिबत्साकं सरांसि त्रिंशतम्। इन्द्रः सोमस्य काणुका॥ ४॥

(१) उल्लिखित प्रकार से माता प्रेरणा को प्राप्त करनेवाला यह बालक बड़ा होकर **एकया प्रतिधा**-अद्वितीय प्रतिधान से, अर्थात् इन्द्रियों को विशेषरूप से विषयों से आवृत्त (प्रत्याहृत) करने के द्वारा **इन्द्रः**-जितेन्द्रिय बनकर **सोमस्य**-सोमशक्ति के (वीर्यशक्ति के) **काणुका**-कान्त-सुन्दर **सरांसि**-प्रवाहों को **त्रिंशतम्**-शुक्लपक्ष व कृष्णपक्ष के तीसों अहोरात्रों में **साकं अपिबत्**-साथ पीनेवाला होता है-प्रभु की उपासना करता हुआ, प्रभु के सम्पर्क में रहने से वासनाओं के आक्रमण से सदा बचता हुआ अपने अन्दर पीनेवाला होता है (Imbibe)-सोम को अपने अंग-प्रत्यंगों में ही व्याप्त करता है। (२) वस्तुतः उन्नति का मार्ग यही है कि हम दिन-रात सोम के रक्षण का ध्यान करें। सोमशक्ति के ये प्रवाह ही हमारे अंग-प्रत्यंगों को सुन्दर शक्ति प्राप्त करानेवाले हैं।

भावार्थ-सोमरक्षण के लिये अत्यन्त अधिक प्रत्याहार (प्रतिधान) की आवश्यकता है। एक युवक को सदा इस बात का ध्यान हो-तीसों अहोरात्रों में वह इसके रक्षण के लिये यत्नशील हो।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अभि गन्धर्वम्

अभि गन्धर्वमतृणदबुध्नेषु रजःसु। इन्द्रो ब्रह्मभ्य इद् वृधे॥ ५॥

(१) **इन्द्रः**-यह जितेन्द्रिय पुरुष **गन्धर्वं अभि**-वेदवाणी के धारण करनेवाले प्रभु की ओर चलता है **अबुध्नेषु**-पदविधान के अयोग्य **रजः सु**-लोकों में, अर्थात् हृदयान्तरिक्ष में **अतृणत्**-यह वासनाओं का विनाश करता है। इसके हृदय में वासनाएँ अपना पैर नहीं जमा पातीं। इन वासनाओं के लिये इसका हृदय 'अबुध्न' बना रहता है। (२) यह इन्द्र वासनाओं का विनाश करके **इत्**-निश्चय से **ब्रह्मभ्यः वृधे**-ज्ञानों के वर्धन के लिये होता है। वासनाविनाश के बिना ज्ञान वृद्धि का सम्भव है ही नहीं।

भावार्थ-एक जितेन्द्रिय पुरुष प्रभु की ओर चलता है और हृदयस्थली से वासनाओं के झाड़ी-झंकाड़ों को उखाड़ फेंकता है। यह अपने जीवन में उत्तमोत्तम ज्ञान की वृद्धि को करता है।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पक्वम् ओदनम्

निराविध्यद्गिरिभ्य आ धारयत्पक्वमोदनम्। इन्द्रो बुन्दं स्वाततम्॥ ६॥

(१) **इन्द्रः**-एक जितेन्द्रिय पुरुष **सु आततम्**-अत्यन्त विस्तृत **बुन्दम्**-ज्ञानरूप बाण को (भासमानो द्रवतीति वा नि०) **आ-धारयत्**-समन्तात् धारण करता है। इस ज्ञानरूप बाण से वह **निराविध्यत्**-वासनारूप शत्रुओं को सुदूर बाहर विद्ध करनेवाला होता है। वासनाओं को विद्ध करके बाहर निकाल देता है। (२) यह इन्द्र **गिरिभ्यः**-ज्ञानोपदेष्टा गुरुओं से **पक्वं ओदनम्**-पूर्ण

परिपक्व ज्ञान के भोजन को प्राप्त करता है। इस ओदन को पाँचों ज्ञानेन्द्रियों से ग्रहण करनेवाला यह जीव 'पञ्चौदन' कहा गया है।

भावार्थ–एक जितेन्द्रिय पुरुष ज्ञानरूप बाण से वासनारूप शत्रु को मारकर पञ्चौदन बनता है।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शतब्रध्न

शतब्रध्न इषुस्त्वं सहस्रपर्ण एक इत्। यमिन्द्र चकृषे युजम्॥ ७॥

हे इन्द्र=ऐश्वर्यशालिन्! आप यम् युजं चकृषे=जिसे अपना सहायक बनाते हो, वह तव इषुः=आपका बाण शतब्रध्नः=सैकड़ों आश्रयोंवाला सहस्रपर्णः=सहस्रों बलों से सम्पन्न एकः इत्=अद्वितीय हो जाता है।

भावार्थ–जिस पर प्रभु कृपा करें, वह निर्बल भी बली तथा विपन्न भी सम्पन्न हो जाता है।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ऋभुष्ठिर

तेन स्तोतृभ्य आ भर नृभ्यो नारिभ्यो अत्तवे। सद्यो जात ऋभुष्ठिर॥ ८॥

हे ऋभुष्ठिर=सत्य न्याय से स्थिर राजन्! तू सद्यः जातः=शीघ्र ही राजा होकर तेन=राज्य बल से स्तोतृभ्यः नृभ्यः नारिभ्यः=प्रशंसक स्त्री पुरुषों के लिये अत्तवे=भोजन के लिये आभर=अन्न प्रदान कर।

भावार्थ–राजा अपने राज्य में अन्नादि का अभाव न होने दे।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

परीणसा

एता च्यौत्नानि ते कृता वर्षिष्ठानि परीणसा। हृदा वीड्वधारयः॥ ९॥

एता=ये च्यौत्नानि=बली वर्षिष्ठानि=तथा बरसनेवाले ते कृता=तेरे बनाये हुये हैं। तू उनको वीडु परीणसा=स्थिरतापूर्वक हृदा=हृदय से अधारयः=धारण कर।

भावार्थ–सभी बली, व बरसनेवाले बादलादि परमेश्वर ने धारण कर रखे हैं।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

महषि, क्षीरपाक ओदन, एमुष वराह

विश्वेत्ता विष्णुराभरदुरुक्रमस्त्वेषितः। शतं महिषान्क्षीरपाकमोदनं वराहमिन्द्र एमुषम्॥ १०॥

(१) हे इन्द्र=जितेन्द्रिय पुरुष! त्वा इषितः=तेरे से प्रार्थना किया हुआ–तेरे से जाना गया–यह विष्णुः=सर्वव्यापक उरुक्रमः=महान् पराक्रमवाला प्रभु विश्वा इत् ता=सब ही निश्चय से उन ज्ञानों को–गतमन्त्र में वर्णित 'च्यौत्न वर्षिष्ठ' ज्ञानों को आभरत्=प्राप्त कराता है। (२) ये प्रभु ही शतम्=शतवर्षपर्यन्त महिषान्=(मह पूजायाम्) पूजा की भावनाओं को–अथवा उत्तम यज्ञों को प्राप्त कराते हैं। क्षीरपाकम्=वेदधेनु के दुग्ध में पके ओदनम्=ज्ञान के भोजन को प्राप्त कराते हैं। तथा एमुषम्=(मुष स्तेये) सब बुराइयों का मोषण करनेवाली वराहम्=(वरं वरं आहन्ति, हन्

गतौ=प्राप्तौ) उत्तमताओं को प्राप्त करानेवाली वृत्ति को हमारे अन्दर भरते हैं।

भावार्थ–प्रार्थना किये हुए प्रभु ज्ञानों को, पूजा की भावनाओं को, वेदधेनु के दुग्ध में पके ज्ञान के भोजन को तथा बुराइयों को समाप्त करनेवाली उत्तमता की वृत्ति को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

धनुः, बुन्दः च बाहू

तुविक्षं ते सुकृतं सूमयं धनुः साधुर्बुन्दो हिरण्ययः।
उभा ते बाहू रण्या सुसंस्कृत ऋदूदरे चिदृदूवृधा॥ ११॥

(१) ते धनुः=हे इन्द्र! तेरा धनुष तुविक्षम्=शत्रुओं का महान् क्षय करनेवाला है, सुकृतम्=शोभन कर्मोंवाला व शंभयम्=उत्तम सुख को देनेवाला है। वस्तुतः 'प्रणवो धनुः'=प्रभु का नाम ही धनुष है। यह प्रभु नामस्मरण शत्रुओं का विनाशक, शुभ का उत्पादक तथा सुखद है। बुन्दः=बाण (इषु) साधुः=सब कार्यों को सिद्ध करनेवाला व हिरण्ययः=ज्योतिर्मय है। आत्मा ही बाण है–यह साधु व हिरण्य बना है। (२) हे इन्द्र! ते=तेरी उभा बाहू=दोनों भुजाएँ रण्या=रमणीय वरण के लिये उत्तम हैं, सुसंस्कृते=ये भुजाएँ पूर्णरूप से परिष्कृत हैं। ऋदूदरे=सब पीड़कों को दूर फेंकनेवाली हैं तथा चित्=निश्चय से ऋदूवृधा=इन पीड़क शत्रुओं को विद्ध करनेवाली हैं।

भावार्थ–प्रणवरूप धनुष को हम ग्रहण करें। यह शत्रुओं का क्षय करनेवाला, शुभ कर्मोंवाला व सुख को देनेवाला है। हम आत्मरूप बाण को उत्तम कार्यों का साधक व ज्योतिर्मय बनायें। हमारी भुजाएँ संग्राम में उत्तम व शत्रुओं को परे फेंकनेवाली व उन्हें विद्ध करनेवाली हों।

अगले सूक्त का ऋषि भी 'कुरुसुति काण्व' ही है–

७८. [अष्टसप्ततितमं सूक्तम्]

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पुरोडाश+गोशत

पुरोळ्वाशं नो अन्धस इन्द्र सहस्रमा भर। शता च शूर गोनाम्॥ १॥

(१) हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! नः=हमारे लिये अन्धसः=अन्न के सहस्रम्=आनन्दमय (स+दस्) पुरोडाशम्=(oblation) हुत (पुरा-दाश्), अर्थात् पहले यज्ञ में देने को और फिर यज्ञशेष के रूप में सेवन को आभर=भरिये–प्राप्त कराइये। हम सदा यज्ञशेष का सेवन करें। (२) हे शूर=शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! आप हुतशेष को तो हमें प्राप्त कराइये ही। च=और गोनां शता=ज्ञान की वाणियों को भी सैकड़ों की संख्या में प्राप्त करानेवाले होइये।

भावार्थ–हम हुतशेष का सेवन करें–देकर बचे हुए को ही खाएँ। तथा अत्यन्त ज्ञान को प्राप्त करें।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

व्यञ्जनम्+अभ्यञ्जनम्

आ नो भर व्यञ्जनं गामश्वमभ्यञ्जनम्। सर्वा मना हिरण्यया॥ २॥

(१) हे प्रभो! आप नः=हमारे लिये व्यञ्जनम्=विविध विज्ञानों के प्रकाश को (Making clear) आभर=प्राप्त कराइये। गां अश्वम्=ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियों को प्राप्त कराइये। इन्हीं से तो हम उन विषयों के शास्त्रीय व क्रियात्मक ज्ञान को प्राप्त कर पायेंगे। इन विज्ञानों के द्वारा

अभ्यञ्जनम्-Decoration अध्यात्म ज्ञान के अलंकरण को प्राप्त कराइये। ये विज्ञान अध्यात्म ज्ञान का सहायक बनें। (२) इस प्रकार, हे प्रभो! आप सचा-साथ-साथ ही हमारे लिये मना-इन मननीय हिरण्यया-हितरमणीय ज्ञानों को दीजिये।

भावार्थ-विविध विज्ञान 'व्यञ्जन' हैं, तो अध्यात्मज्ञान 'अभ्यञ्जन' है। प्रभु हमारे लिये इन व्यञ्जनों व अभ्यञ्जन को साथ-साथ प्राप्त कराएँ। इनके लिये हमें उत्तम ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियों को दें।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कर्णशोभना

उत नः कर्णशोभना पुरूणि धृष्णवा भर। त्वं हि शृण्विषे वसो॥ ३॥

(१) हे धृष्णो-शत्रुओं का धर्षण करनेवाले प्रभो! आप नः-हमारे लिये उत-निश्चय से पुरूणि-खूब पालन व पूरण करनेवाले कर्णशोभना-कानों के लिये शोभा के कारणभूत ज्ञानों को आभर-प्राप्त कराइये। ये ज्ञान के वचन ही हमारे कानों के लिये शोभा के वर्धक हों। (२) हे वसो-ज्ञान को देकर हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले प्रभो! त्वम्-आप हि-ही शृण्विषे-हमारे से सुने जाते हैं। हमारे लिये ज्ञानों को देनेवाले आप ही हैं।

भावार्थ-हम ज्ञान के वचनों को सुनें। ये ज्ञानवाणियाँ ही हमारे कानों के आभरण हों।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वृधीक, सुषा व सुदा

नकीं वृधीक इन्द्र ते न सुषा न सुदा उत। नान्यस्त्वच्छूर वाघतः॥ ४॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! वाघतः-ऋत्विओं-यज्ञशील पुरुषों का त्वत् अन्यः-आपसे भिन्न कोई और वृधीकः-बढ़ानेवाला नकीम्-नहीं है। आप ही सब यज्ञशील पुरुषों के बढ़ानेवाले हैं। (२) हे शूर-शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! न ते सुषाः-आपका कोई भी सुष्ठु सम्भजन करनेवाला नहीं है। संग्राम आदि में आप ही इन ऋत्विजों के संभक्ता (=साथ देनेवाले) होते हैं। उत-और न सुदाः-आपके समान कोई और उत्तम दाता नहीं। न-वस्तुतः आपसे भिन्न कोई नहीं है। आपसे पृथक् स्थान में किसी की सत्ता नहीं है। प्रकृति व जीव सब आपके आधार से ही हैं।

भावार्थ-हम यज्ञशील बनें। प्रभु ही यज्ञशील पुरुषों के बढ़ानेवाले, संग्राम में साथ देनेवाले व सब उत्तम साधनों व पदार्थों को देनेवाले हैं।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

न निकर्तवे, न परिशक्तवे

नकीमिन्द्रो निकर्तवे न शक्रः परिशक्तवे। विश्वं शृणोति पश्यति॥ ५॥

(१) इन्द्रः-वे परमैश्वर्यशाली प्रभु निकर्तवे नकीम्-निरादर व हिंसा के लिये नहीं होते-कोई भी प्रभु का निरादर व हिंसन नहीं कर सकता। शक्रः-वे सर्वशक्तिमान् प्रभु परिशक्तवे न-बल द्वारा पराजित करने योग्य नहीं होते। वे प्रभु सर्वाधिक ऐश्वर्यवाले व सर्वशक्तिमान् हैं। (२) वे प्रभु ही विश्वं शृणोति-सब को सुनते हैं-सब की प्रार्थना को सुननेवाले वे प्रभु ही हैं और सब को वे ही पश्यति-देखते हैं (Look after)-सब का वे ही पालन व पोषण करते हैं।

भावार्थः-कोई भी प्रभु का हिंसन व निरादर नहीं कर सकता। प्रभु ही सब की प्रार्थना

को सुनते हैं व सभी का पालन करते हैं।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

क्रोध का पराभव

स मन्युं मर्त्यानामदब्धो नि चिकीषते। पुरा निदश्चिकीषते॥ ६॥

(१) सः अदब्धः=वे किसी से हिंसित न होनेवाले प्रभु मर्त्यानाम्=मनुष्यों के मन्युम्=क्रोध को निचिकीषते=(निकरोति) निरादृत करते हैं=पराभूत करते हैं। प्रभु का स्मरण करने पर यह उपासक क्रोधशून्यवृत्तिवाला बनता है। (२) निदः पुरा=निन्दनीय स्थिति में पहुँचने से पूर्व ही प्रभु इनके क्रोध को चिकीषते=निकृत करते हैं। क्रोध के कारण मनुष्य उपहास्य व निन्द्य स्थिति में पहुँच जाता है। प्रभु अपने उपासक को इस स्थिति में कभी नहीं पहुँचने देते।

भावार्थ—प्रभु अपने उपासक को क्रोध पर विजयी बनाते हैं। उपासना क्रोध को दूर करती है।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

क्रतुसे पूर्ण उदर

क्रत्व इत्पूर्णमुदरं तुरस्यास्ति विधतः। वृत्रघ्नः सोमपाव्नः॥ ७॥

(१) तुरस्य=कर्मों को त्वरा से करते हुए विधतः=उपासक का=कर्म के द्वारा उपासना करते हुए पुरुष का उदरम्=उदर=आभ्यन्तर प्रदेश इत्=निश्चय से क्रत्वः=शक्ति व प्रज्ञान से पूर्णम्=परिपूर्ण अस्ति=होता है। इसका प्राणमयकोश शक्ति से परिपूर्ण होता है, तो इसका विज्ञानमयकोश ज्ञान से परिपूर्ण हुआ करता है। (२) वृत्रघ्नः=ज्ञान की आवरणभूत वासना का विनाश करनेवाले और इस सोमपाव्नः=सोम का (वीर्य का) रक्षण करनेवाले पुरुष का उदर क्रतु से पूर्ण हुआ करता है। सोम ने ही तो शरीर में शक्ति व मस्तिष्क में ज्ञान की स्थापना करनी है।

भावार्थ—हम त्वरा से कर्त्तव्य कर्मों को करते हुए प्रभु का पूजन करें। वासना को विनष्ट करते हुए सोम का रक्षण करनेवाले बनें। इस प्रकार हम शक्ति व ज्ञान से परिपूर्ण हृदयवाले बनेंगे।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वसूनि+सौभगा

त्वे वसूनि संगता विश्वा च सोम सौभगा। सुदात्वपरिह्वृता॥ ८॥

(१) हे सोम=सोम का पान करनेवाले (सोमपायिन्) इन्द्र! त्वे=आप में वसूनि=निवास के लिये आवश्यक सब तत्त्व=सब धन संगता=संगत होते हैं। च=और आप में ही सब सौभगा=सौभाग्य संगत हुए हैं। सोमशक्ति का रक्षण हमारे जीवनों को भी वसुओं और सौभाग्यों से संगत करे। (२) हे प्रभो! आपके सुदानु=उत्तम दान अपरिह्वृता=कुटिलता से रहित हैं। प्रभु के अनुग्रह से हमें 'स्वास्थ्य, पवित्रता व ज्ञानदीप्ति' प्राप्त होती है। इनके प्राप्त होने से हमारा जीवन अकुटिल बनता है।

भावार्थ—प्रभु के अनुग्रह से हमें सब वसु व सौभाग्य प्राप्त हों। ये वसु व सौभाग्य हमारे जीवनों को अकुटिल बनाएँ।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ययवयुः, गव्युः, हिरण्ययुः, अश्ववयुः (कामः)

त्वामिद्यवयुर्मम कामो गव्युर्हिरण्ययुः। त्वामश्वयुरेषते॥ ९॥

(१) हे प्रभो! मम=मेरा ययवयुः कामः=(यवः यु मिश्रणामिश्रणयोः) बुराई को दुर करने व अच्छाई को प्राप्त करने का काम (मनोरथ) त्वां इत्=आपको ही एषते=प्राप्त होता है, अर्थात् मैं 'यव' की कामनावाला होता हुआ आपको ही प्राप्त होता हूँ। इसी प्रकार गव्युः=ज्ञानेन्द्रियों की प्राप्ति का काम (मनोरथ) आपको ही प्राप्त होता है। (२) इसी प्रकार हिरण्ययुः=हितरमणीय ज्ञान की अभिलाषा आपकी ओर ही मुझे लाती है तथा अश्ववयुः=उत्तम कर्मेन्द्रियों की कामना त्वाम्=आपको ही प्राप्त करती है।

भावार्थ—प्रभु ही हमें बुराइयों से दूर करके अच्छाइयों को प्राप्त कराते हैं। प्रभु ही उत्तम ज्ञानेन्द्रियों, हितरमणीय ज्ञानों व उत्तम कर्मेन्द्रियों को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहतीङ्कुसारिणी॥ स्वरः—मध्यमः॥

दान व प्रभुप्राप्ति

तवेदिन्द्राहमाशसा हस्ते दात्रं चना ददे। तिस्रो वा मघवन्त्संभृतस्य वा पूर्धि यवस्य काशिना॥ १०॥

(१) हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! अहम्=मैं तव इत् आशसा=आपकी ही आशा से (hoping) प्राप्ति की कामना से (desire) हस्ते=हाथ में दात्रम्=दान की क्रिया को चनः=निश्चय से आददे=ग्रहण करता हूँ। दान की वृत्ति हमारी बुराइयों का अवदान (खण्डन) करती है और इस प्रकार हमारे जीवनों को पवित्र बनाकर हमें प्रभुप्राप्ति के योग्य करती है। (२) हे मघवन्=ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! आप संभृतस्य दिनस्य=सम्यक् भरण किये गये दिनस्य=दिन के काशिना=(light, splendour) प्रकाश से वा=तथा यवस्य=बुराई को पृथक् करने व अच्छाई को धारण करने के प्रकाश से हमारे जीवन को पूर्धि=भरिये।

भावार्थ—हम दान की वृत्तिवाले बनकर पवित्र जीवनवाले हों। यही प्रभु प्राप्ति का मार्ग है। हमारा दिन उत्तम कार्यों से भरा हुआ हो। हम सदा बुराई को दूर करने और अच्छाई को धारण करनेवाले बनें। इसी से जीवन प्रकाशमय होगा।

गतमन्त्र के अनुसार अपने प्रत्येक दिन को उत्तम कार्यों से भरनेवाला यह 'कृत्नु' है। तपस्वी होने से 'भार्गव' है। यह सोमरक्षण के द्वारा ही ऐसा बन पाता है—

[७९] एकोनाशीतितमं सूक्तम्

ऋषिः—कृत्नुर्भार्गवः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'विश्वजित्' सोम

अयं कृत्नुरगृभीतो विश्वजिद्युद्धिदित्सोमः। ऋषिर्विप्रः काव्येन॥ १॥

(१) शरीर में सुरक्षित अयम्=यह सोमः=सोम कृत्नुः=हमें क्रियाशील बनानेवाला है। अगृभीतः=यह रोग आदि शत्रुओं से गृहीत नहीं होता विश्वजित्=सबको जीतनेवाला है—यही रोगों को पराजित करके हमें स्वास्थ्य को प्राप्त कराता है, वासनाओं को अभिभूत करके पवित्र मनवाला बनाता है तथा बुद्धि की कुण्ठता को नष्ट करके ज्ञानदीप्त जीवनवाला करता है। इस प्रकार यह सोम उद्धित्=हमारी सब उन्नतियों को करनेवाला है। (२) यह सोम ऋषिः=तत्त्वद्रष्टा है।

बुद्धि को तीव्र बना के हमें तत्त्वज्ञान देनेवाला है। काव्येन=वेदरूप महान् काव्य के द्वारा यह विप्रः=हमारा विशेषरूप से पूरण करनेवाला है।

भावार्थ=शरीर में सुरक्षित सोम 'विश्वजित्' है यह हमें शरीर में क्रियाशील, नीरोग, उन्नतिशील व ज्ञानी बनाता है।

ऋषिः—कृत्नुर्भार्गवः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'नग्न-तुर-अन्ध व श्रोण' प्रभुकृपा से कृपा बन जाते हैं?

अभ्यूर्णोति यन्नग्नं भिषक्ति विश्वं यत्तुरम्। प्रेमन्धः ख्यन्निः श्रोणो भूत्॥ २॥

(१) गतमन्त्र में वर्णित सोम शरीर में सुरक्षित होकर हमें उस महान् सोम (प्रभु) की कृपा का पात्र बनाता है यत्=जो ब्रह्म नग्नं अभ्यूर्णोति=नग्न को वस्त्रों से आच्छादित करता है, यत्=जो विश्वम्=सब तुरम्=रोगहिंसित पुरुष को भिषक्ति=चिकित्सित करता है। (२) उस प्रभु के अनुग्रह से शरीर में सोम के पूर्णरूप से सुरक्षित होने पर अन्धः=अन्धा भी इम्=निश्चय से प्र ख्यत्=देखता है और श्रोणः=पंगु भी निः भूत्=घर से बाहर जानेवाला बनता है, अर्थात् प्रभु के अनुग्रह से सुरक्षित सोम दृष्टिशक्ति व चलने की शक्ति प्राप्त कराता है।

भावार्थ=प्रभु का अनुग्रह नग्न को वस्त्रों से आच्छादित करता है, रोगी को नीरोग बनाता है, अन्धे को देखनेवाला और लंगड़े को खूब चलनेवाला बनाता है।

ऋषिः—कृत्नुर्भार्गवः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—विराट् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

क्षीण करनेवाला द्वेष

त्वं सोम तनूकृद्भ्यो द्वेषोभ्योऽन्यकृतेभ्यः। उरु यन्तासि वरूथम्॥ ३॥

(१) हे सोम=सम्पूर्ण संसार को जन्म देनेवाले प्रभो! त्वम्=आप अन्यकृतेभ्यः=दूसरों से हमारे अन्दर उत्पन्न किये गये तनूकृद्भ्यः=हमें क्षीण करनेवाले द्वेषोभ्यः=द्वेष के भावों से उरु=विशाल=महान् वरूथम्=रक्षक बल को यन्तासि=देनेवाले हैं। (२) प्रभु का स्मरण हमें द्वेष के भावों से दूर करता है। द्वेष हमें क्षीण करनेवाला है। प्रभु ही हमें इस द्वेष से अनाक्रान्त होने का सामर्थ्य प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ=इस शरीर में सोम का रक्षण करें और प्रभु का स्मरण करें तो द्वेष से ऊपर उठ पाते हैं।

ऋषिः—कृत्नुर्भार्गवः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

चित्ती+दक्षैः

त्वं चित्ती तव दक्षैर्दिव आ पृथिव्या ऋजीषिन्। यावीरघस्य चिद् द्वेषः॥ ४॥

(१) हे ऋजीषिन्=ऋजुता (=सरलता) के मार्ग की प्रेरणा देनेवाले प्रभो! त्वम्=आप तव=अपने चित्ती=ज्ञान से तथा दक्षैः=बलों से दिवः=मस्तिष्क के दृष्टिकोण से तथा पृथिव्याः=शरीर के दृष्टिकोण से (पृथिवी शरीरम्) अघस्य=हमारा हनन करनेवाले पापी के चित्=भी द्वेषः=द्वेष को आयावीः=सर्वतः हमारे से पृथक् करिये। (२) ज्ञान और बल हमें द्वेष से दूर करते हैं। द्वेष के अभाव में ज्ञान और बल की वृद्धि होती है। तभी मस्तिष्क व शरीर का ठीक से विकास हो पाता है।

भावार्थ=प्रभु हमें ज्ञान व शक्ति देकर द्वेष से दूर करें। निर्द्वेषता हमारे मस्तिष्क व शरीर

को ठीक रखती है।

ऋषिः—कृत्नुर्भार्गवः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

धनप्राप्ति व दान

अर्थिनो यन्ति चेदर्थं गच्छानिद्दुदुषो रातिम्। वव्रुज्युस्तृष्यतः कामम्॥ ५॥

(१) अर्थिनः=प्रार्थना करनेवाले—'वयं स्याम पतयो रयीणाम्' का जप करनेवाले चेत्=यदि प्रभु की कृपा से अर्थं यन्ति=धन को प्राप्त करते हैं। तो इत्=निश्चय से वे ददुषः=दानशील पुरुष के रातिम्=दान के भाव को भी गच्छान्=प्राप्त करें। धन प्राप्त होने पर दानशील बनें। (२) अब ये अर्थी धनी बनकर तृष्यतः=प्यासे की कामम्=अभिलाषा को वव्रुज्युः=पूर्ण करें। उसकी धन की प्यास को धनदान द्वारा बुझानेवाले हों। अथवा प्यासे की कामना को छोड़नेवाले हों, अर्थात् सतत धन के लोभ में ही न पड़े रहें।

भावार्थ—हम प्रभुकृपा से धन को प्राप्त करें तो दान की वृत्ति को भी प्राप्त करें। खूब दान देनेवाले बनें, धन के लोभ में न पड़ें।

ऋषिः—कृत्नुर्भार्गवः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञान+यज्ञ=शान्त दीर्घजीवन

विदद्यत्पूर्व्यं नष्टमुदीमृतायुर्ईरयत्। प्रेमायुंस्तारीदतीर्णम्॥ ६॥

यद्=जब पूर्व्यम्=जीवन के पूर्व काल में—ब्रह्मचर्याश्रम में होनेवाले ज्ञानरूप धन को विदद्=प्राप्त करता है, और ईम्=निश्चय से नष्टम्=अदृष्ट—सामान्यतः न दिखनेवाली ऋतायुम्=यज्ञ की कामना को ईं उद् ईरयत्=निश्चय से अपने में प्रेरित करता है। तो ईम्=निश्चय से अतीर्णम्=काम-क्रोध आदि शत्रुओं से अनाक्रान्त आयुः=जीवन को प्रतारीत्=बढ़ाता है।

भावार्थ—हम ज्ञान को प्राप्त करें—यज्ञशील बनें। यही काम-क्रोध आदि से अनाक्रान्त दीर्घजीवन को प्राप्त करने का मार्ग है।

ऋषिः—कृत्नुर्भार्गवः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सुशेवः+अवातः (सोमः)

सुशेवो नो मृळयाकुरद्दंसक्रतुरवातः। भवा नः सोम शं हृदे॥ ७॥

(१) हे सोमः=वीर्यशक्ते! शरीर में सुरक्षित हुई तू नः हृदे=हमारे हृदयों के लिये शं भवा=शान्ति को देनेवाली हो। सुरक्षित वीर्य हमें शान्त हृदय बनाता है। (२) यह सोम नः=हमारे लिये सुशेवः=उत्तम कल्याण को करनेवाला हो। मृळयाकुः=यह हमें सुखी करे। अदंसक्रतुः=यह हमें गर्वशून्य ज्ञान व शक्तिवाला बनाये तथा अवातः=(वा To injure, न वातं यस्मात्) सब प्रकार की हानियों से—रोगादि के आक्रमणों से बचाये।

भावार्थ—शरीर में सुरक्षित सोम हमें शान्त हृदयवाला बनाता है। यह हमें शरीर व मन से सुखी करता है। शक्ति व ज्ञान के होने पर भी हमें निरभिमान बनाता है और रोगादि से आक्रान्त नहीं होने देता।

ऋषिः—कृत्नुर्भार्गवः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'उद्वेग व भय' से दूर

मा नः सोम सं वीविजो मा वि बीभिषथा राजन्। मा नो हार्दि त्विषा वधीः॥ ८॥

(१) हे **सोम**=वीर्यशक्ते! तू **नः**=हमें **मा संवीविजः**=मत उद्विग्न होने दे। तेरे रक्षण से हमारे हृदय शान्त बने रहें। हे **राजन्**=हमारे जीवनों को दीप्त बनानेवाले सोम! **मा वि बीभिषथाः**=हमें रोग आदि के भय से आक्रान्त मत होने दे। (२) हे सोम! तू **नः**=हमें **हार्दि**=हृदयों में **त्विषा**=ज्ञानदीप्ति के द्वारा **मा वधीः**=काम आदि शत्रुओं से हिंसित मत होने दे।

भावार्थ–सुरक्षित सोम हमें उद्वेग व रोगों के भय से मुक्त करता है। यह हमें ज्ञानदीप्ति प्राप्त कराके काम-क्रोध से हिंसित नहीं होने देता।

ऋषिः—कृत्नुर्भार्गवः॥ देवता—सोमः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गाधरः॥

द्विषः स्त्रिधः (अपसेध)

अव॒ यत्स्वे स॒धस्थे॑ दे॒वानां॑ दुर्म॒तीरीक्षे॑। राज॒न्नप॒ द्विषः॑ सेध॒ मीढ्वो॒ अप॒ स्त्रिधः॑ सेध॥ ९॥

(१) **यत्**=जब **देवानाम्**=देववृत्तिवाले पुरुषों के **स्वे सधस्थे**=आत्मा के साथ मिलकर बैठने के स्थान में, अर्थात् हृदयदेश में स्थित हुआ मैं **दुर्मतीः**=अशुभ विचारों को **अव ईक्षे**=अपने से दूर हुआ देखता हूँ तो यही प्रार्थना करता हूँ कि हे **राजन्**=हमारे जीवनों को दीप्त करनेवाले सोम! तू **द्विषः अपसेध**=द्वेष की भावनाओं को हमारे से दूर कर। हे **मीढ्वः**=सुखों का सेचन करनेवाले सोम तू **स्त्रिधः**=हिंसाओं को (अपसेध=) हमारे से पृथक् कर।

भावार्थ–हम हृदयदेश में प्रभु का ध्यान करते हुए दुर्विकारों से बचें। द्वेष व हिंसाओं से दूर होते हुए अपने जीवनों को उत्तम बनायें।

[८०] अशीतितमं सूक्तम्

ऋषिः—एकद्यूनौधसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'अद्वितीय सुखदाता' प्रभु

न॒ह्य१॒॑न्यं ब॒ळाक॑रं मर्डि॒तारं॑ शतक्रतो। त्वं न॑ इन्द्र मृळय॥ १॥

(१) हे **शतक्रतो**=अनन्त शक्ति व प्रज्ञानवाले प्रभो! मैं **वट्**=सचमुच **अन्यम्**=आपसे भिन्न किसी और को **मर्डितारम्**=मेरे जीवन को सुखी करनेवाला **नहि आकरम्**=नहीं करता हूँ। आपको ही मैं सुख प्राप्त करानेवाला जानता हूँ। (२) हे **इन्द्र**=सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! **त्वम्**=आप **नः**=हमें **मृडय**=सुखी करिये।

भावार्थ–हम प्रभु पर पूर्ण आस्था रखें। प्रभु ही हमें जीवन में सुखी करनेवाले हैं।

ऋषिः—एकद्यूनौधसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'शक्ति-प्रदाता' प्रभु

यो नः॒ शश्व॑त्पु॒रावि॒थामृ॑ध्रो॒ वाज॑सातये। स त्वं न॑ इन्द्र मृळय॥ २॥

(१) हे **इन्द्र**=सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! **यः**=जो आप **अमृध्रः**=अहिंसित होते हुए **नः**=हमें **शश्वत्**=सदा से **पुरा**=(पृ पालनपूरणयोः) पालन व पूरण के द्वारा **आविथ**=रक्षित करते हो। वे आप **वाजसातये**=शक्ति को प्राप्त कराने के लिये होते हैं। इस शक्ति के द्वारा ही आप हमें पालन व पूरण के योग्य बनाते हैं। (२) हे प्रभो! **सः त्वम्**=वे आप **नः**=हमें **मृडय**=सुखी करिये।

भावार्थ–प्रभु हमें शक्ति को प्राप्त कराके पालन व पूरण के योग्य बनाते हैं। इस प्रकार हमें प्रभु सुखी करते हैं।

ऋषिः—एकधूनौधसःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

'रथ्रचोदन' व 'सुन्वान के रक्षक' प्रभु

किमङ्ग रथ्रचोदनः सुन्वानस्यावितेदसि। कुवित्स्विन्द्र णः शकः॥ ३॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! आप किम्-क्या ही अंग-शीघ्र अथवा खूब रथ्रचोदनः-आराधक को प्रेरित करनेवाले हैं। उपासक को सदा प्रभु से उत्तम प्रेरणा प्राप्त होती है। आप सुन्वानस्य-यज्ञशील पुरुष के इत्-निश्चय से अविता असि-रक्षक हैं। वस्तुतः प्रभु की कृपा से ही इन यज्ञशील पुरुषों के यज्ञ पूर्ण होते हैं। (२) हे इन्द्र! आप नः-हमें कुवित्-खूब ही सुशकः-उत्तम शक्तिशाली बनाइये।

भावार्थ-प्रभु आराधकों को प्रेरणा प्राप्त कराते हैं, यज्ञशील पुरुषों का रक्षण करते हैं। ये प्रभु हमें खूब शक्तिशाली बनायें।

ऋषिः—एकधूनौधसःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

'उन्नति के साधक' प्रभु

इन्द्र प्र णो रथमव पश्चाच्चित्सन्तमद्रिवः। पुरस्तादिनं मे कृधि॥ ४॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! आप नः रथम्-हमारे इस शरीररथ को प्र अव-प्रकर्षेण रक्षित करिये। आपने ही शक्ति व प्रज्ञान को प्राप्त कराके हमें सुरक्षित करना है। (२) हे अद्रिवः-आदरणीय प्रभो! आप पश्चात् चित् सन्तम्-पीछे भी होते हुए-पिछड़े हुवे भी एनम्-इस मे-मेरे (रथं-) शरीररथ को पुरस्तात् कृधि-आगे करिये। आपके अनुग्रह से हम अवनत न रहकर खूब उन्नत हो जाएँ।

भावार्थ-प्रभु हमारे शरीररथ का रक्षण करते हैं। ये हमें आगे बढ़ाते हैं।

ऋषिः—एकधूनौधसःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

वाजयु श्रवः

हन्तो नु किमाससे प्रथमं नो रथं कृधि। उपमं वाजयु श्रवः॥ ५॥

(१) हे प्रभो! हन्त नु-यह दुःख की ही बात है कि नु किं आससे-आप अब भी क्यों बैठे ही हैं? आप हमारे पर अनुग्रह करिये और नः-हमारे रथम्-शरीररथ को प्रथमं कृधि-सर्वप्रथम करिये। 'हमारा यह रथ सब से आगे हो' बस ऐसी ही कृपा आप करिये। (२) आपके अनुग्रह से वाजयु श्रवः-हमारे साथ शक्ति को जोड़नेवाला ज्ञान उपमम्-हमारे अन्तिकतम हो। हमें शक्तियुक्त ज्ञान प्राप्त हो। इसे प्राप्त कराने में आप विलम्ब न करिये।

भावार्थ-प्रभु हमारे सरीर-रथ को आगे उन्नतिशील बनाते हैं।

ऋषिः—एकधूनौधसःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

'रक्षक व विजयप्रापक' प्रभु

अवा नो वाजयुं रथं सुकरं ते किमित्परि। अस्मान्त्सु जिग्युषस्कृधि॥ ६॥

(१) हे प्रभो! आप नः-हमारे वाजयुम्-शक्ति को अपने साथ जोड़नेवाले रथम्-इस शरीररथ को अवा-रक्षित करिये। ते-आपके लिये परि-चारों ओर दिखनेवाला यह कर्त्तव्य समूह किमित्-क्या ही सुकरम्-सुगमता से करने योग्य है, आप हमारे इन शरीररथों का अनायास ही

रक्षण कर सकते हैं। (२) हे प्रभो! आप अस्मान्-हमें सुजिग्युषः-उत्तम विजयशील कृधि-करिये। आपकी शक्ति से शक्तिसम्पन्न होकर हम सदा विजयी बनें।

भावार्थ-प्रभु हमारे शरीररथों का रक्षण करते हैं-प्रभु के लिये यह बात अनायास ही साध्य है। प्रभु हमें विजयी बनायें।

ऋषिः—एकधूनौधसःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

पूरणकर्ता 'पूः' प्रभु

इन्द्र दृंहस्व पूरसि भद्रा त एति निष्कृतम्। इयं धीर्ऋत्वियावती॥ ७॥

(१) हे इन्द्र-शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! दृंहस्व-आप हमें दृढ़ बनाइये। पूः असि-आप हमारा पालन व पूरण करनेवाले हैं। (२) इयम्-यह ऋत्वियावती-ऋतु-ऋतु में होनेवाली-समय-समय पर होनेवाली भद्रा-कल्याणकारिणी धीः-बुद्धिपूर्वक की गई स्तुति ते-आपके निष्कृतम्-संस्कृत हृदयरूप स्थान में एति-प्राप्त होती है। हम हृदयस्थित आपका स्तवन करते हैं। आपने ही तो हमें दृढ़ बनाना है-आपने ही हमारा पूरण करना है।

भावार्थ-हम प्रभु का स्तवन करते हैं। प्रभु हमें दृढ़ बनाते हैं और हमारा पूरण करते हैं।

ऋषिः—एकधूनौधसःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—निचृद्गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

उर्वी काष्ठा

मा सीमवद्य आ भागुर्वी काष्ठा हितं धनम्। अपावृक्ता अरत्नयः॥ ८॥

(१) हे प्रभो! सीम्-निश्चय से आप हमें अवद्ये-पाप में मा आभाग्-मत भागी बनाइये। हमें अपनी प्रेरणा द्वारा सदा पापों से बचाइये। काष्ठा उर्वी-हमारा लक्ष्य विशाल हो हितं धनम्-हम सदा हितकर धन का ही अर्जन करें। (२) अरत्नयः-अरममाण शत्रु-आनन्द के विघ्नभूत काम-क्रोध-लोभ आदि शत्रु अपावृक्ताः-हमारे से सुदूर परित्यक्त हों।

भावार्थ-हम पाप से दूर रहें। हमारा लक्ष्य ऊँचा हो। सदा हितकर धन का अर्जन करें। काम-क्रोध आदि को दूर करें।

ऋषिः—एकधूनौधसःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

तुरीय यज्ञिय नाम

तुरीयं नाम यज्ञियं यदा कस्तदुश्मसि। आदित्पतिर्न ओहसे॥ ९॥

(१) हे प्रभो! यदा-जब आप हमारे लिये तुरीयम्-चौथे यज्ञियं नाम-पवित्र नाम को करा करते हैं, तत्-तो उश्मसि-हम आपकी प्राप्ति की ही कामना करते हैं। मन में सब के हित की भावना को लेने पर हम 'वैश्वानर' होते हैं। सर्वहितकारी कर्मों में सफलता के लिये 'तैजस' अर्थात् तेजस्वी शरीरवाले बनते हैं और मस्तिष्क में ज्ञानदीप्ति को प्राप्त करके 'प्राज्ञ' बनते हैं। अब चौथे स्थान में 'शान्त शिव अद्वैत' स्थिति को प्राप्त करते हैं। यही 'यज्ञिय तुरीय नाम' हैं। (२) इस तुरीय नाम को प्राप्त करने पर आत् इत्-अब शीघ्र ही पतिः-सर्वरक्षक आप नः-हमें ओहसे-अपने समीप प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ-हम 'वैश्वानर, तैजस व प्राज्ञ' बनते हुए 'शान्त शिव अद्वैत' स्थिति में पहुँचें। यहीं प्रभु की प्राप्ति होती है।

ऋषिः—एकधूनौधसःङ्क देवता—देवाःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

अवीवृधत्+अमन्दीत्

अवीवृधद्धो अमृता अमन्दीदेकद्यूर्देवा उत याश्च देवीः।
तस्मा उ राधः कृणुत प्रशस्तं प्रातर्मक्षू धियावसुर्जगम्यात्॥ १०॥

(१) हे देवाः-देववृत्ति के पुरुषो! उत-और याः च देवी-जो भी देववृत्ति की नारियाँ हैं, उ-उन आप सबको वह एकद्यूः-अद्वितीय दीप्तिवाला प्रभु ही अवीवृधद्-बढ़ाता है। हे अमृताः-विषयवासनाओं के पीछे न मरनेवाले नर-नारियो! वह प्रभु ही तुम्हें अमन्दीत्-आनन्दित करता है। (२) तस्मा-उसकी प्राप्ति के लिये तुम उ-निश्चय से राधः-धन को प्रशस्तं कृणुत-प्रशस्त करो, अर्थात् धन को अपवित्र साधनों से मत कमाओ। तुम्हें प्रातः-प्रातः मक्षू-शीघ्र ही धियावसुः-बुद्धिपूर्वक कर्मों से निवास को उत्तम बनानेवाला वह प्रभु जगम्यात्-प्राप्त हो। तुम प्रातः सर्वप्रथम उस प्रभु का ही स्मरण करो।

भावार्थ-हम देववृत्ति के बनें। विषयवासनाओं में न उलझें। प्रातः सर्वप्रथम प्रभु का स्मरण करें। प्रभु ही हमें बढ़ाते हैं, वे ही आनन्दित करते हैं।

यह प्रभु से अपना संश्लेषण (मेल) करनेवाला 'कुसीदी' कहलाता है (कुस संश्लेषणे)। यही समझदार (काण्व) है। यह प्रभु से कहता है-

नवमोऽनुवाकः

[८१] एकाशीतितमं सूक्तम्

ऋषिः—कुसीदी काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

'महाहस्ती' प्रभु

आ तू न इन्द्र क्षुमन्तं चित्रं ग्राभं सं गृभाय। महाहस्ती दक्षिणेन॥ १॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! आप महाहस्ती-महान् हाथोंवाले हैं। आप नः-हमारे लिये दक्षिणेन-दक्षिण हाथ से तु-अवश्य ही आ संगृभाय-सर्वतः सम्यक् सम्पत्ति को संगृहीत कराइये। आपके अनुग्रह से हम सदा सरल-अकुटिल (अवाम-न टेढ़े) मार्गों से धन का संग्रह करें। (२) उस धन का, जो क्षुमन्तम्-(क्षु शब्दे) प्रभु की स्तुतिवाला है, जो हमें प्रभुस्तवन से पृथक् नहीं कर देता। चित्रम्-जो ज्ञान को देनेवाला है (चित्+र) जो धन ज्ञानवृद्धि का साधन बनता है अतएव ग्राभम्-ग्रहणीय है।

भावार्थ-प्रभु के अनुग्रह से हम उस धन को प्राप्त करें, जो प्रशस्त मार्गों से कमाया जाता है-स्तुत्य है। जो धन हमारी ज्ञानवृद्धि का साधन बनता है और ग्रहणीय है।

ऋषिः—कुसीदी काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—निचृद्गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

'तुविकूर्मि-तुविमात्र' प्रभु

विद्मा हि त्वा तुविकूर्मिं तुविदेष्णं तुवीमघम्। तुविमात्रमवोभिः॥ २॥

(१) हे प्रभो! हम त्वा-आपको हि-निश्चय से तुविकूर्मिम्-महान् कर्मोंवाला व तुविदेष्णम्-महान् देनेवाला विद्मा-जानते हैं। (२) आप उपासकों के अवोभिः-रक्षणों के हेतु से तुवीमघम्-महान् ऐश्वर्योंवाले व तुविमात्रम्-महान् परिमाणवाले-अनन्त सर्वव्यापक हैं।

भावार्थ–प्रभु महान् कर्मोंवाले, महान् देनेवाले, महान् ऐश्वर्य व महान् परिमाणवाले (सर्वव्यापक) हैं।

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

भीमं न+गाम्

नहि त्वा शूर देवा न मर्तासो दित्सन्तम्। भीमं न गां वारयन्ते॥ ३॥

(१) हे शूर=शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! नहि देवाः=न देव और न मर्तासः=न मनुष्य दित्सन्तम्=देने की कामनावाले त्वा=आपको वारयन्ते=रोक पाते हैं। (२) भीमं न, गाम्=आप जैसे शत्रुओं के लिये भयंकर हैं, उसी प्रकार (गाम्=गम् गतौ) उपासकों के लिये अर्थों के गमक हैं। आप शत्रुओं को नष्ट करके अर्थों को प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ–प्रभु शत्रुओं के लिये भयंकर हैं, उपासकों के लिये अर्थों के गमक। देने की कामनावाले प्रभु को कोई रोक नहीं सकता।

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभुस्मरणपूर्वक धनार्जन

एतो न्विन्द्रं स्तवामेशानं वस्वः स्वराजम्। न राधसा मर्धिषन्नः॥ ४॥

(१) हे मित्रो! एत उ=आओ ही। नु=अब इन्द्रं स्तवाम=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु का स्तवन करें। जो प्रभु वस्वः ईशानम्=धनों के ईशान हैं, स्वराजम्=स्वयं देदीप्यमान हैं। (२) वे प्रभु नः=हमें राधसा=धन से न मर्धिषत्=कुचला नहीं जाने देते। प्रभुस्मरण के साथ अर्जित धन हमें हिंसित करनेवाला नहीं होता। इस धन से न हम विलास में फँसते हैं और न विनष्ट होते हैं।

भावार्थ–प्रभुस्मरणपूर्वक धनार्जन करते हुए हम धन से कभी विनष्ट न हों।

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभुस्तवन व पुरुषार्थ से धनार्जन

प्र स्तोषदुप गासिषच्छ्रत्सामं गीयमानम्। अभि राधसा जुगुरत्॥ ५॥

(१) जीव को चाहिए कि प्र स्तोषत्=प्रभुस्तवन करे। उप गासिषत्=प्रभु का ही गायन करे। गीयमानं साम श्रवत्=गाये जाते हुए प्रभुस्तोत्रों को ही सुने, अर्थात् जीवन को प्रभुस्तवन व गुणगानमय बना दे। (२) यह जीव राधसा=कार्यसाधक धन की प्राप्ति के हेतु से अभिजुगुरत्=उद्यमशील हो, अर्थात् पुरुषार्थ से जीवनयात्रा की सिद्धि के लिये धनार्जन करे।

भावार्थ–हम प्रभुस्तवन करें और पुरुषार्थ से धनार्जन करें।

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उत्साहित होकर वसु को प्राप्त करना

आ नो भर दक्षिणेनाभि सव्येन प्र मृश। इन्द्र मा नो वसोर्निर्भाक्॥ ६॥

(१) हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! ता=हमारे लिये दक्षिणेन=दाहिने हाथ से आभर=ऐश्वर्य को प्राप्त कराइये। स्वयेन अभि प्रमृश=बाएँ हाथ से हमें थपकी देकर उत्साहित करिये (मृक्ष) उत्साहित होकर हम धनार्जन के लिये उद्योगवाले हों। (२) हे प्रभो! हमें वसोः=निवास के लिये आवश्यक धन से मा निर्भाक्=वञ्चित मत करिये। वसु में हमें भागी बनाइये।

भावार्थ–हे प्रभो! आप हमें उत्साहित करिये और पुरुषार्थ के द्वारा धनार्जन में समर्थ करिये।

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कृपण धन-हरण

उप क्रमस्वा भर धृषता धृष्णो जनानाम्। अदाशूष्टरस्य वेदः॥ ७॥

(१) **उप क्रमस्व**-हे राजन्! तू राष्ट्र में अनैतिक जीवनवाले पुरुषों पर आक्रमण करनेवाला है- उनके विरुद्ध कार्यवाही को करनेवाला हो। (to go against-उपक्रम) (२) हे **धृष्णो**-धर्षक राजन्! तू **धृषता**-अपने शत्रुधर्षक बल से **जनानाम्**-लोगों में **अदाशूः तरस्य**-इस अतिकृपण व्यक्ति के **वेदः**-धन को **आभर** (आहर)-हर ले।

भावार्थ-राजा को चाहिए कि राष्ट्र में कृपण व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करे और उनके धन का अपहरण करके उन्हें प्रवासित कर दे।

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु के बल से बल सम्पन्न बनें

इन्द्र य उ नु ते अस्ति वाजो विप्रेभिः सनित्वः। अस्माभिः सु तं सुनुहि॥ ८॥

(१) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **यः**-जो **उ**-निश्चय से **नु**-अब **ते**-आपका **वाजः**-बल **अस्ति**-है, वह **वि प्रेभिः**-ज्ञान के द्वारा अपना पूरण करनेवाले पुरुषों से **सनित्वः**-सम्भजनीय होता है। (२) आप **तम्**-उस बल को **अस्माभिः सु सनुहि**-हमारे साथ सम्यक् सम्भक्त करिये। उस बल को आप हमारे लिये दीजिये।

भावार्थ-ज्ञानी पुरुष प्रभु के बल को प्राप्त करने के लिये यत्नशील होते हैं। हम भी उस बल से अपने को सम्भक्त करनेवाले बनें।

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

आह्लादक बल

सद्योजुवस्ते वाजा अस्मभ्यं विश्वश्चन्द्राः। वशीश्च मक्षू जरन्ते॥ ९॥

(१) हे प्रभो! **ते वाजाः**-आप के बल **अस्मभ्यं सद्योजुवः**-शीघ्र ही हमें सन्मार्ग पर प्रेरित करनेवाले होते हैं **विश्वश्चन्द्राः**-ये बल सब के लिये आह्लाद का कारण बनते हैं। (२) ये बल **वशीः**-शत्रुओं को वशीभूत करने के हेतुओं से **मक्षू**-शीघ्र ही **जरन्ते**-आपका स्तवन करते हैं। आपका स्तवन करते हुए हम बलों के द्वारा शत्रुओं को अभिभूत करनेवाले हों।

भावार्थ-प्रभु के बल हमें सत्कर्त्तव्यों में प्रेरित करें-ये सब के लिये आह्लादक हों और शत्रुओं को अभिभूत करनेवाले हों।

कुसीदी काण्व ही प्रभु से प्रार्थना करता है-

इति षष्ठाष्टके पञ्चमोऽध्यायः

अथ षष्ठाष्टके षष्ठोऽध्यायः

[८२] द्व्यशीतितमं सूक्तम्

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

परावतः+अर्वावतः

आ प्र द्रव परावतोऽर्वावतश्च वृत्रहन्। मघवन् प्रति प्रभर्मणि॥ १॥

(१) हे **वृत्रहन्**=वासनाओं को विनष्ट करनेवाले प्रभो! आप **परावतः**=सुदूर फल के हेतु से, अर्थात् परलोक में निःश्रेयस की प्राप्ति के हेतु से **त्र**=तथा **अर्वावतः**=समीप फल के हेतु से, अर्थात् इहलोक में अभ्युदय की प्राप्ति के हेतु से **आ प्रद्रव**=हमें सर्वतः प्राप्त होइये। आपने ही हमें अभ्युदय व निःश्रेयस को प्राप्त कराना है। (२) हे प्रभो! **मध्वः**=सब ओषधियों के सारभूत व जीवन को मधुर बनानेवाले सोम के **प्रति प्रभर्मणि**=प्रतिदिन धारण के निमित्त आप हमें प्राप्त होइये। आपकी उपासना ही हमें वासनाओं से बचाकर इस सोम के रक्षण के योग्य बनायेगी।

भावार्थ–प्रभुस्तवन हमें वासनाओं से बचाकर अभ्युदय व निःश्रेयस को प्राप्त कराता है तथा सोम के रक्षण के योग्य करता है।

ऋषिः—कुसीदी काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

'तीव्राः मादयिष्णवः' सोमासः

ती॒व्राः सोमा॑स॒ आ ग॑हि सु॒तासो॑ मादयि॒ष्णवः॑। पिबा॑ द॒धृग्यथो॑चि॒षे॥ २॥

(१) ये **सोमासः**=सोमकण **तीव्राः**=(तीव्=To be strong) बड़ी शक्ति को देनेवाले हैं। सो हे जीव! तू **आगहि**=इनका सब प्रकार से ग्रहण कर–इनके प्रति आनेवाला हो। **सुतासः**=उत्पन्न हुए ये सोमकण **मादयिष्णवः**=आनन्द व मस्ती को देनेवाले हैं। (२) **दधृक्**=काम–क्रोध आदि शत्रुओं का धर्षण करनेवाला होता हुआ तू **पिबा**=इनका पान कर–इन्हें शरीर में ही सुरक्षित कर। **यथा**=जिससे **ओचिषे**=तू इनका अपने में समवाय करनेवाला हो। तेरे रुधिर के साथ ये समवेत होकर सर्वत्र शरीर में व्याप्त रहें।

भावार्थ–शरीर में उत्पन्न हुए तथा शरीर में ही व्याप्त किये गये सोमकण हमें शक्तिशाली बनाते हैं और हमें आनन्दित करते हैं।

ऋषिः—कुसीदी काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—विराड् गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

वराय मन्यवे

इ॒षा म॑न्द॒स्वादु॒ तेऽरं॒ वरा॑य म॒न्यवे॑। भुव॑त्त इन्द्र॒ शं हृ॒दे॥ ३॥

(१) **इषा**=इस सोमरूप अन्न से **मन्दस्व**=आनन्द का अनुभव कर। **आत् उ**=अब शीघ्र ही यह सोमरूप अन्न **ते**=तेरे **वराय मन्यवे**=उत्कृष्ट ज्ञान के लिये **अरम्**=पर्याप्त होता है। सुरक्षित सोम ज्ञानाग्नि को दीप्त करने का साधन बनता है। अथवा यह सोम **मन्यवे वराय अरम्**=क्रोध के निवारण के लिये पर्याप्त होता है। सोमरक्षक पुरुष कभी क्रोध का शिकार नहीं होता। (२) हे **इन्द्र**=जितेन्द्रिय पुरुष! यह सोम **ते**=तेरे **हृदे**=हृदय के लिये **शं भुवत्**=शान्ति को देनेवाला होता है।

भावार्थ–सोमरक्षण से (क) ज्ञानाग्नि दीप्त होती है, (ख) क्रोध शान्त होता है, (ग) हृदय में शान्ति होती है।

ऋषिः—कुसीदी काण्वःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—विराड् गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

उपमे रोचने दिवः

आ त्व॑शत्र॒वा ग॑हि॒ न्यु१॒॑क्थानि॑ च हूयसे। उ॒प॒मे रो॑च॒ने दि॒वः॥ ४॥

(१) हे **अशत्रो**=सब काम–क्रोध आदि शत्रुओं को विनष्ट करनेवाले सोम! **आ आगहि तु**=तू हमें सर्वथा प्राप्त हो ही। (२) **च**=और तू हमें **दिवः**=ज्ञान के **उपमे**=अन्तिकतम **रोचने**=दीप्त

स्थान में-हृदयदेश में उक्थानि निहूयसे-स्तोत्रों के प्रति पुकारता है, अर्थात् सुरक्षित सोम हमारे ज्ञान को बढ़ाता है और हमें प्रभुस्तवन की वृत्तिवाला बनाता है।

भावार्थ-शरीर में सुरक्षित सोम हमें क्रोध आदि शत्रुओं को पराजित करने में समर्थ करता है। हमारे ज्ञान को बढ़ाता है और हमें प्रभुस्तवन की वृत्तिवाला बनाता है।

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गोभिः श्रीतः (सोमः)

तुभ्यायमद्रिभिः सुतो गोभिः श्रीतो मदाय कम्। प्र सोम इन्द्र हूयते॥ ५॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! अयं सोमः-यह सोम (वीर्यकण) तुभ्यम्-आपकी प्राप्ति के लिये अद्रिभिः-उपासकों के द्वारा सुतः-उत्पन्न किया जाता है। इसके रक्षण से ही तो प्रभु की प्राप्ति होती है। गोभिः श्रीतः-ज्ञान की वाणियों के द्वारा इसका परिपाक होता है। यह कम्-निश्चय से मदाय-हमारे उल्लास के लिये होता है। (२) इस कारण से ही यह सोमः-सोम प्र हूयते-ज्ञानाग्नि में आहुत किया जाता है। ज्ञानाग्नि में आहुत सोम ज्ञानाग्नि को दीप्त करता है। दीप्त ज्ञानाग्नि प्रभुदर्शन का साधक बनती है।

भावार्थ-सुरक्षित सोम प्रभुप्राप्ति का साधन बनता है। स्वाध्याय द्वारा ज्ञान प्राप्ति में लगे रहना सोमरक्षण का साधन बनता है। सुरक्षित सोम आनन्द का जनक होता है।

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोम की पीति व तृप्ति

इन्द्र श्रुधि सु मे हवमस्मे सुतस्य गोमतः। वि पीतिं तृप्तिमश्नुहि॥ ६॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! मे हवम्-मेरी प्रार्थना को सु श्रुधि-सम्यक् सुनिये। आप अस्मे-हमारे हित के लिये सुतस्य-उत्पन्न किये गये गोमतः-प्रशस्त ज्ञान की वाणियोंवाले सोम के पीतिम्-पान को व तृप्तिम्-तृप्ति को वि अश्नुहि-व्याप्त करिये। (२) आपकी कृपा से सोम मेरे अन्दर सुरक्षित हो। यह सोम मुझे तृप्ति का अनुभव कराये।

भावार्थ-हम प्रभु का आराधन करते हुए सोम को शरीर में सुरक्षित कर सकें और तृप्ति का अनुभव करें।

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

चमूषु सुतः

य इन्द्र यमसेष्वा सोमश्चमूषु ते सुतः। पिबेदस्य त्वमीशिषे॥ ७॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! यः सोमः-जो सोम है, वह ते-तेरे द्वारा चमसेषु-इन शरीररूप पात्रों में चमूषु-(चम्वौ=द्यावापृथिव्यौ नि० ३.३०) द्यावापृथिवी के निमित्त-मस्तिष्क व शरीर के निमित्त सुतः-उत्पन्न किया गया है। यह सोम शरीर को शक्तिशाली बनाता है, तो मस्तिष्क को ज्ञानदीप्त करता है। (२) हे प्रभो! आप अस्य-इस सोम का पिबा इत्-पान करिये ही। त्वं ईशिषे-आप ही इस सोमपान के लिये ईश हैं। वस्तुतः प्रभु का उपासन ही वासनाविनाश द्वारा हमें सोम के पान के योग्य बनाता है।

भावार्थ-प्रभुस्मरण द्वारा हम वासना को विनष्ट करके सोम को शरीर में सुरक्षित रखें। सुरक्षित सोम मस्तिष्क को ज्ञानदीप्त बनाता है, तो शरीर को सबल करता है।

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अप्सु चन्द्रमाः इव

यो अप्सु चन्द्रमाइव सोमश्चमूषु ददृशे। पिबेदस्य त्वमीशिषे॥ ८॥

(१) यः सोमः=जो यह सोम है, वह चमूषु=शरीरस्थ द्यावापृथिवी, अर्थात् मस्तिष्क व शरीर में इस प्रकार ददृशे=दिखता है, इव=जैसे अप्सु=अन्तरिक्ष में चन्द्रमाः=चन्द्रमा दिखता है। अन्तरिक्ष चन्द्रमा से उज्ज्वल हो उठता है, इसी प्रकार सोम से=वीर्य से=मस्तिष्क व शरीर चमक उठते हैं। (२) हे प्रभो! आप अस्य=इस सोम का पिबा इत्=पान करिये ही। त्वं ईशिषे=आप ही इसके पान के लिये ईश हैं। आपका स्मरण वासनाओं का विनाश करता है और इस प्रकार सोम का रक्षण होता है।

भावार्थ—शरीर में सुरक्षित सोम मस्तिष्क व शरीर को इस प्रकार उज्ज्वल कर देता है, जैसे चन्द्रमा आकाश को।

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

श्येनः पदा आभरत्

यं ते श्येनः पदाभरत्तिरो रजांस्यस्पृतम्। पिबेदस्य त्वमीशिषे॥ ९॥

(१) हे प्रभो! यम्=जिस ते=आपके सोम को श्येनः=शंसनीय गतिवाला पदा आभरत्=क्रियाशीलता के द्वारा अपने में धारण करता है। यह श्येन अस्पृतम्=काम-क्रोध आदि व रोगरूप शत्रुओं से अस्पृष्ट सोम को रजांसि तिरः=राजस भावों को तिरस्कृत करके अपने में धारण करता है वासनाएँ ही सोमरक्षण में विघातक होती हैं। (२) हे प्रभो! आप ही अस्य=इस सोम का पिबा=पान करिये। त्वं ईशिषे=आप ही इसके पान के लिये ईश हैं। प्रभुस्मरण ही हमें वासनाओं के आक्रमण से बचाकर सोमपान के योग्य बनाता है।

भावार्थ—गतिशील पुरुष ही राजसभावों से ऊपर उठकर सोम का रक्षण कर पाता है। प्रभु का उपासन हमें राजसभावों के आक्रमण से बचाकर सोमरक्षण के योग्य बनाता है।

अगले सूक्त का ऋषि भी 'कुसीदी काण्व' ही है। यह प्रार्थना करता है कि—

[८३] त्र्यशीतितमं सूक्तम्

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

देवों का महान् रक्षण

देवानामिदवो महत्तदा वृणीमहे वयम्। वृष्णामस्मभ्यमूतये॥ १॥

(१) देवानाम्=देवों का=माता-पिता, आचार्य आदि का (मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव, अतिथि देवो भव) अवः=रक्षण इत्=निश्चय से महत्=अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। वयम्=हम तत्=उस रक्षण का आवृणीमहे=सर्वथा वरण करते हैं। प्रभुकृपा से इन देवों का रक्षण हमें सदा प्राप्त रहे। (२) वृष्णाम्=सुखों के वर्षण करनेवाले देवों का यह रक्षण अस्मभ्यम्=हमारे लिये ऊतये=रक्षण के लिये होता है। ५ वर्ष तक माता के, ८ वर्ष तक पिता के, २४ वर्ष तक आचार्यों के तदनन्तर गृहस्थ में विद्वान् अतिथियों के रक्षण में हमारा जीवन सुरक्षित रहता है—हम विलास की ओर नहीं बह जाते।

भावार्थ—सुखों के वर्षक माता-पिता, आचार्य आदि देवों का रक्षण महत्त्वपूर्ण होता है—

हम इस रक्षण को प्राप्त करके सुरक्षित जीवन बिता सकें। संसार के विषयों में फँसने से बचे रहें।

ऋषिः—कुसीदी काण्वःङ्ग देवता—विश्वेदेवाःङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

'वृधासः+प्रचेतसः' (देवाः)

ते नः सन्तु युजः सदा वरुणो मित्रो अर्यमा। वृधासश्च प्रचेतसः॥ २॥

(१) **ते**-वे **वरुणः**-द्वेष का निवारण करनेवाली देवता, **मित्रः**-स्नेह की देवता तथा **अर्यमा**-संयम की देवता (अरीन् यच्छति) **नः**-हमारे **सदा**-सदा **युजः सन्तु**-साथी हों-इनका योग हमें सदा प्राप्त हो। (२) ये देव **वृधासः**-हमारी वृद्धि करनेवाले हैं-हमारे शत्रुओं का छेदन करनेवाले हैं (वर्धनम्-Cutting, Dividing), **च**-तथा **प्रचेतसः**-हमारी चेतना को प्रकृष्ट करनेवाले हैं।

भावार्थ-माता, पिता, आचार्य आदि के रक्षण में हम 'निर्द्वेषता, स्नेह व संयम' वाले बनें। ये दिव्य भाव हमारी वृद्धि का कारण होंगे और हमें प्रकृष्ट चेतनावाला करेंगे।

ऋषिः—कुसीदी काण्वःङ्ग देवता—विश्वेदेवाःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

ऋतस्य रथ्यः (देवाः)

अति नो विष्पिता पुरु नौभिरपो न पर्षथ। यूयमृतस्य रथ्यः॥ ३॥

(१) हे देवो! **नः**-हमें **विष्पिता**-विविधरूपों में प्राप्त **पुरः**-बहुत इन शत्रु बलों को **अति पर्षथ**-शत्रुवध के द्वारा पार प्राप्त कराओ। हम इन शत्रुओं के आक्रमणों के शिकार न हो जाएँ। अथवा विस्तृत यज्ञ आदि कर्मों के, रक्षणों द्वारा, समाप्ति तक ले चलो। इस प्रकार पार ले चलो **न**-जैसे **नौभिः अपा**-नावों द्वारा जलों के पार पहुँचाया जाता है। (२) हे देवो! **यूयम्**-आप **ऋतस्य रथ्यः**-ऋत के-जो भी ठीक है, उसके प्रणेता हो। आप हमें ठीक ही मार्ग पर ले चलेंगे।

भावार्थ-'वरुण, मित्र व अर्यमा' आदि देव हमें ठीक मार्ग पर ले चलते हैं। ये हमें शत्रुबलों के पार प्राप्त कराते हैं तथा उत्तम कर्मों में पूर्णता तक पहुँचानेवाले होते हैं।

ऋषिः—कुसीदी काण्वःङ्ग देवता—विश्वेदेवाःङ्ग छन्दः—पादनिचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

वामम् (आवृणीमहे)

वामं नो अस्त्वर्यमन्वामं वरुण शंस्यम्। वामं ह्यावृणीमहे॥ ४॥

(१) हे **अर्यमन्** (अरीन् यच्छति)-संयम के देव! **नः**-हमारे लिये **वामं अस्तु**-सुन्दर (वननी-संभजनीय) धन प्राप्त हो। हे **वरुण**-द्वेष व पाप के निवारण के दिव्य भाव! हमारे लिये **वामम्**-वननीय (सुन्दर) तथा **शंस्यम्**-प्रशंसनीय धन प्राप्त हो। हम, हे देवो! **वामम्**-संभजनीय सुन्दर धन का **हि**-ही **आवृणीमहे**-सर्वथा वरण करते हैं। हम यही चाहते हैं कि हमें सुन्दर प्रशस्त धन प्राप्त हों।

भावार्थ-हमें प्रशस्त धन प्राप्त हो।

ऋषिः—कुसीदी काण्वःङ्ग देवता—विश्वेदेवाःङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

पाप की कमायी नहीं

वामस्य हि प्रचेतस ईशानासो रिशादसः। नेमादित्या अघस्य यत्॥ ५॥

(१) हे **प्रचेतसः**-प्रकृष्ट ज्ञानोंवाले, **रिशादसः**-शत्रुओं को नष्ट कर देनेवाले देवो। आप

हि-निश्चय से वामस्य-सुन्दर (वननीय) धनों के ही ईशानासः-स्वामी हैं। आपके अनुग्रह से हमें वाम धन ही प्राप्त हो। (२) हे आदित्याः-अदिति (स्वास्थ्य) के पुत्रो! पूर्ण स्वस्थ देवो! आप ईम्-निश्चय से उस धन के ईशान न-नहीं होते हो यत् अघस्य-जो धन पाप का है। हम भी पाप के मार्ग से कभी धन का अर्जन न करें।

भावार्थ-हम प्रकृष्ट ज्ञानवाले बनें, काम-क्रोध आदि शत्रुओं को विनष्ट करें और सदा शुभ मार्ग से धन का अर्जन करें।

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'क्षियन्तः-यान्तः' (देवान् हूमहे)

वयमिद्वः सुदानवः क्षियन्तो यान्तो अध्वन्ना। देवा वृधाय हूमहे॥ ६॥

(१) हे सुदानवः-(दाप् लवने) बुराइयों का अच्छी प्रकार छेदन करनेवाले देवो! वयम्-हम इत्-निश्चय से क्षियन्तः-घरों पर निवास करते हुए (क्षि निवासे) व यज्ञादि कर्मों में गतिवाले होते हुए (क्षि गतौ) तथा इन यज्ञादि कर्मों के लिये सामग्री को जुटाने के लिये अध्वन् आयान्तः-मार्ग पर चारों ओर गति करते हुए, अर्थात् विविध कर्मों में लगे हुए वः हूमहे-आपको ही पुकारते हैं। (२) हे देवाः-दिव्य वृत्ति के पुरुषो! आप ही वृधाय-हमारी वृद्धि के लिये होते हो अथवा 'मित्र, वरुण व अर्यमा' आदि दिव्यभाव ही हमारी वृद्धि के लिये होते हैं।

भावार्थ-घर पर यज्ञादि कर्मों के लिये निवास करते हुए तथा साधन संग्रह के लिये मार्गों पर चलते हुए हम देवों का आह्वान करते हैं। इनका रक्षण ही हमारी वृद्धि के लिये होता है।

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—स्वराडार्ची गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'इन्द्र, विष्णु, मरुतों व अश्विना' के साथ बन्धुत्व

अधि न इन्द्रैषां विष्णो सजात्यानाम्। इता मरुतो अश्विना॥ ७॥

(१) हे इन्द्र-जितेन्द्रियता के दिव्य भाव! विष्णो-(विष् व्याप्तौ) व्यापकता के दिव्य भाव! मरुतः-(मित राविणः) परिमित बोलने के दिव्य भावो! तथा अश्विना-प्राणापानो! आप सब एषाम्-इन सजात्यानां नः-आपके ही समान जातिवाले भाई, मित्र आदि भूत हमारा अधि इत-(to take care of) ध्यान करनेवाले होओ। (२) हम 'इन्द्र, विष्णु, मरुत् व अश्विना' के ही बन्धु बनें। इनके द्वारा हमारा रक्षण किया जाये। हम जितेन्द्रिय-उदार (विशाल हृदय)-कम बोलनेवाले व प्राणापान की साधना करनेवाले बनें।

भावार्थ-हम 'इन्द्र, विष्णु, मरुतों व प्राणापान' की बन्धुता को प्राप्त करें, अर्थात् 'जितेन्द्रिय, उदार हृदय, मितरावी व प्राणापान की साधना करनेवाले' बनें। यही रक्षण का मार्ग है।

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मातुः गर्भे

प्र भ्रातृत्वं सुदानवोऽध द्विता समान्या। मातुर्गर्भे भरामहे॥ ८॥

(१) हे सुदानवः-सम्यक् बुराइयों का खण्डन करनेवाले देवो! हम अध-अब मातुः गर्भे-ज्ञान के द्वारा हमारा निर्माण करनेवाले आचार्य के गर्भ में (आचार्य उपनयमानो ब्रह्मचारिणं कृणुते गर्भमन्तः) समान्या द्विता-(सम् आनयति, द्वौ तनोति) उत्तम जीवन को देनेवाले ज्ञान व शक्ति के विस्तार से आपके साथ भ्रातृत्वम्-बन्धुत्व को प्रभरामहे-अपने में परिपुष्ट करते हैं।

(२) आचार्य ब्रह्मचारी का उपनयन करता हुआ उसे गर्भ में धारण करता है। इस प्रकार आचार्य माता का स्थान ग्रहण करता है यहाँ विद्यार्थी अपने जीवन में शक्ति व ज्ञान का विस्तार करता हुआ जीवन को उत्तम बनाता है। इस प्रकार हम उत्तम जीवनवाले बनकर देवों के साथ अपने बन्धुत्व को पुष्ट करते हैं।

भावार्थ–आचार्य के गर्भ में रहकर हम शक्ति व ज्ञान का विस्तार करें। इस प्रकार हम भी देवों के साथ बन्धुत्ववाले हों।

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्रज्येष्ठा, अभिद्यवः, सुदानवः (देवाः)

यूयं हि ष्ठा सुदानव इन्द्रज्येष्ठा अभिद्यवः। अधा चिद्व उत ब्रुवे॥ १॥

(१) दे देवो! **यूयम्**=आप **हि**=निश्चय से **इन्द्रज्येष्ठाः**=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु को ज्येष्ठत्व देनेवाले **अभिद्यवः**=(अभिगत दीप्तयः) प्राप्त ज्ञान ज्योतिवाले तथा **सुदानवः**=बुराइयों का सम्यक् खण्डन करनेवाले हो। (२) **अधा चित्**=सो अब निश्चय से **वः उपब्रुवे**=आपका ही मैं स्तवन करता हूँ। **उत**=और आप से ही अपने जीवन के निर्माण के लिये प्रार्थना करता हूँ। आप प्रभु की उपासना के द्वारा प्राप्त ज्ञान ज्योतिवाले हो। आप हमारे जीवनों में भी बुराइयों का खण्डन करते हुए उन्हें उज्ज्वल बनाने का अनुग्रह करो।

भावार्थ–देव वे हैं जो प्रभु को ज्येष्ठ बनाकर ज्ञान को प्राप्त करते हैं और बुराइयों का अपने जीवन में खण्डन करते हैं। इनके सम्पर्क में हम भी देव बनें।

देव बनकर महादेव की प्राप्ति की प्रबल कामनावाले हम 'उशना' बनें (कामयमान)। 'उशना' ही काम्य है–कविपुत्र है–अतिशयेन क्रान्तदर्शी है। यह प्रभु की प्रार्थना करता हुआ कहता है–

[८४] चतुरशीतितमं सूक्तम्

ऋषिः—उशना काव्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'प्रेष्ठ-अतिथि' का स्तवन

प्रेष्ठं वो अतिथिं स्तुषे मित्रमिव प्रियम्। अग्निं रथं न वेद्यम्॥ १॥

(१) मैं **वः**=सब के **प्रेष्ठम्**=प्रियतम उस प्रभु को **स्तुषे**=स्तुत करता हूँ। उस प्रभु को जो **अतिथिम्**=हमारे हित के लिये हमें निरन्तर प्राप्त होनेवाले हैं (अत सातत्यगमने)। जो **मित्रं इव प्रियम्**=एक मित्र के समान प्रिय हैं–उत्तम प्रेरणाओं को देते हुए प्रीणित करनेवाले हैं। (२) उस प्रभु का मैं स्तवन करता हूँ जो **अग्निम्**=अग्रेणी हैं–हमें निरन्तर आगे ले चलनेवाले हैं। **रथं न वेद्यम्**=इस जीवन-यात्रा में रथ के समान जानने योग्य हैं। प्रभु के द्वारा ही हमारी जीवन-यात्रा पूर्ण हो सकेगी।

भावार्थ–प्रभु हमारे प्रियतम–निरन्तर हमारे हित के लिये गतिवाले मित्र हैं। वे ही हमें आगे ले चलनेवाले व हमारी जीवन-यात्रा को पूर्ण करनेवाले रथ के समान हैं। इन प्रभु का ही हम स्तवन करें।

ऋषिः—उशना काव्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कविम् इव प्रचेतसम्

कविमिव प्रचेतसं यं देवासो अधा दिता। नि मर्त्येष्वादधुः॥ २॥

(१) उस प्रभु का हम स्तवन करते हैं **यम्**-जिसको **देवासः**-देववृत्ति के पुरुष **द्विता**-ज्ञान व शक्ति विस्तार के द्वारा (द्वौ तनोति) **मर्त्येषु**-अपने इन मरणधर्मा शरीरों में **नि आदधुः**-निश्चय से धारण करते हैं। (२) उस प्रभु को हम स्तुत करते हैं जो **कविं इव**-क्रान्तदर्शी की तरह **प्रचेतस**-प्रकृष्ट ज्ञानवाले हैं। वे प्रभु ही हमें भी प्रकृष्ट चेतनावाला करते हैं।

भावार्थ-वे प्रभु क्रान्तदर्शी होते हुए उपासकों को प्रकृष्ट ज्ञान प्राप्त करानेवाले हैं। हम भी देव बनकर ज्ञान व शक्ति के विस्तार के द्वारा प्रभु को अपने में धारण करें।

ऋषिः—उशना काव्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दाश्वान् के रक्षक प्रभु

त्वं यविष्ठ दाशुषो नॄंः पाहि शृणुधी गिरः। रक्षा तोकमुत त्मना॥ ३॥

(१) हे **यविष्ठ**-बुराइयों को हमारे से अधिक से अधिक पृथक् करनेवाले व अच्छाइयों को हमारे से मिलानेवाले प्रभो! **त्वम्**-आप **दाशुषः नॄन्**-आपके प्रति अपना अर्पण करनेवाले मनुष्यों को **पाहि**-रक्षित करिये। आप **गिरः**-हमारी इन प्रार्थना वाणियों को **शृणुधि**-अवश्य सुनिये। आपने ही तो हमारा रक्षण करना है-हम आपके ही शरणागत हैं। (२) **उत**-और आप **त्मना तोकं रक्षा**-स्वयं ही हम सन्तानों का रक्षण कीजिये। हमारा व हमारे सन्तानों का आपने ही रक्षण करना है। पुत्र कभी पिता से रक्षण की प्रार्थना थोड़े ही किया करता है? पिता स्वयं ही पुत्र का रक्षण करते हैं।

भावार्थ-हम प्रभु के प्रति अपना अर्पण करें। प्रभु ही हमारा व हमारे सन्तानों का रक्षण करेंगे।

ऋषिः—उशना काव्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'अग्नि, अंगिराः, ऊर्जोनपात् व देव'

कया ते अग्ने अङ्गिर ऊर्जो नपादुपस्तुतिम्। वराय देव मन्यवे॥ ४॥

(१) हे **अग्ने**-अग्रेणी प्रभो! **अंगिरः**-अंग-प्रत्यंग में रस का सञ्चार करनेवाले प्रभो! **ऊर्जो न पात्**-शक्ति को न नष्ट होने देनेवाले प्रभो! हम **कया**-किस वाणी से **ते उपस्तुतिम्**-आपके स्तवन को करें? अर्थात् शब्दों से आपके स्तवन करने का सम्भव नहीं। आपकी महिमा शब्दातीत है। (२) हे **देव**-प्रकाशमय प्रभो! आप ही **वराय मन्यवे**-उत्कृष्ट ज्ञान के लिये होते हैं। आपकी उपासना से ही हमें ज्ञान प्राप्त होता है। आपकी उपासना ही हमें प्रगतिशील (अग्नि) रसमय अंगोंवाला (अंगिरः) व स्थिर बलवाला (ऊर्जोनपात्) बनाती है।

भावार्थ-प्रभु की महिमा शब्दों से वर्णनीय नहीं। प्रभु का उपासन हमें प्रगतिशील, रसमय अंगोंवाला, स्थिरशक्ति व उत्कृष्ट ज्ञानवाला बनाता है।

ऋषिः—उशना काव्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

यज्ञ+नमन

दाशेम कस्य मनसा यज्ञस्य सहसो यहो। कदु वोच इदं नमः॥ ५॥

(१) हे **सहसो यहो**-बल के पुञ्ज-शक्ति के पुञ्ज प्रभो! हम **कस्य यज्ञस्य**-आनन्दप्रद यज्ञ के **मनसा**-मन से, अर्थात् यज्ञ की प्रवृत्तिवाले मन से **दाशमे**-आपके प्रति अपने को देनेवाले बनें। यज्ञों के द्वारा आपका उपासन करें। 'यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः'। (२) हे प्रभो! हम **उ**-निश्चय

से कत्-(कं तनोति) आनन्द का विस्तार करनेवाले इदं नमः-इस नमस्कार वचन को वोचे-बोलें।

भावार्थ-हम यज्ञों व नमन के द्वारा प्रभु का उपासन करें।

ऋषिः—उशना काव्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वाजद्रविणसो गिरः

अधा त्वं हि नस्करो विश्वा अस्मभ्यं सुक्षितीः। वाजद्रविणसो गिरः॥ ६॥

(१) गतमन्त्र के अनुसार हम प्रभु का यज्ञों व नमन के द्वारा उपासन करें और हे प्रभो! त्वम्-आप अधा-अब नः-हमें उन्नत करः-करनेवाले होइये। आप ही हमारे जीवनों को उत्कृष्ट बनाइये। आप अस्मभ्यम्-हमारे लिये विश्वाः-सब सुक्षितीः-उत्तम निवासों व गतियों को करिये। (२) इसी उद्देश्य से आप हमारे लिये वाजद्रविणसः-शक्तिरूप धनवाली इन गिरः-ज्ञान की वाणियों को भी करिये। हम शक्तियुक्त ज्ञान को प्राप्त करके अपने निवासों व गमनों को उत्कृष्ट बनायें।

भावार्थ-प्रभु ही उपासकों के जीवनों को उत्कृष्ट बनाते हैं। प्रभु ही हमारे निवास व गमन को उत्तम बनाने के लिये हमें शक्तियुक्त ज्ञान प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—उशना काव्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गोमाता यस्य ते गिरः

कस्य नूनं परीणसो धियो जिन्वसि दंपते। गोषाता यस्य ते गिरः॥ ७॥

(१) हे दम्पते-गृहपते! हम सबके गृहों के रक्षक प्रभो! आप नूनम्-निश्चय से कस्य-आनन्द के-आनन्द को प्राप्त करानेवाले परीणसः-बहुत धिया-ज्ञानपूर्वक किये जानेवाले कर्मों को जिन्वसि-(प्रीणयसि) प्रीणित करते हैं-इन कर्मों को हमें प्राप्त कराते हैं। (२) यस्य-जिस ते-आपकी गिरः-स्तुतियाँ गोषाता-हमारे साथ ज्ञान का सम्भजन करनेवाली है। आप स्तोता के लिये ज्ञान को प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ-प्रभु उपासक को आनन्द को प्राप्त करानेवाले बुद्धिपूर्वक किये जानेवाले कर्मों में प्रेरित करते हैं और उसके ज्ञान को बढ़ाते हैं।

ऋषिः—उशना काव्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

तं मर्जयन्त (उसी की उपासना)

तं मर्जयन्त सुक्रतुं पुरोयावानमाजिषु। स्वेषु क्षयेषु वाजिनम्॥ ८॥

(१) ते-वे उस प्रभु को ही स्वेषु क्षयेषु-अपने निवासस्थानों में-गृहों में व हृदयों में मर्जयन्त-अलंकृत करते हैं व उपासित करते हैं। घरों में मिलकर प्रभु का उपासन घरवालों को पवित्र जीवनवाला बनाता है। हृदयदेश में प्रभु का ध्यान हमें प्रभु के सान्निध्य में 'शक्ति, पवित्रता व ज्ञान' से दीप्त करता है। (२) उस प्रभु का ध्यान करते हैं जो सुक्रतुम्-शोभन कर्मों व प्रज्ञानवाले हैं-उपासक को भी वे शुभ कर्मों व प्रज्ञानोंवाला बनाते हैं। आजिषु पुरः यावानम्-संग्रामों में आगे ले चलनेवाले वे प्रभु हैं। प्रभु ही हमें काम-क्रोध आदि से संग्रामों में विजयी बनाते हैं। वाजिनम्-वे प्रभु शक्तिशाली हैं-उपासक के जीवन में शक्ति का संचार करते हैं।

भावार्थ-हम अपने घरों में मिलकर प्रभु का उपासन करें-हृदयदेश में प्रभु का ध्यान करें। प्रभु हमें शोभन कर्मों व प्रज्ञानवाला बनायेंगे। वे हमें काम-क्रोध आदि से संग्राम में विजयी करेंगे

और शक्तिशाली बनायेंगे।

ऋषिः—उशना काव्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सुवीरः एधते

क्षेति क्षेमेभिः साधुभिर्नकिर्यं घ्नन्ति हन्ति यः। अग्ने सुवीर एधते॥ ९॥

(१) गतमन्त्र के अनुसार प्रभु की उपासना करनेवाला व्यक्ति **क्षेमेभिः**-कल्याणकर **साधुभिः**-उत्तम कार्यों से **क्षेति**-घर में निवास करता है, अर्थात् सदा उत्तम कल्याणकर कर्मों को करता है। यह उपासक वह होता है **यम्**-जिसको **नकिः घ्नन्ति**-काम-क्रोध आदि शत्रु मार नहीं सकते; प्रत्युत **यः हन्तिः**-जो इन शत्रुओं को मारनेवाला होता है। (२) हे **अग्ने**-अग्रेणी प्रभो! आपका यह उपासक **सुवीरः एधते**-उत्तम वीर बनकर वृद्धि को प्राप्त करता है।

भावार्थ-उपासक (क) उत्तम कार्यों में प्रवृत्त होता है, (ख) काम-क्रोध आदि का शिकार नहीं होता, (ग) इन काम-क्रोध आदि को नष्ट करता है, (घ) उत्तम वीर बनकर वृद्धि को प्राप्त करता है।

यह शत्रुओं का धर्षण करनेवाला-विलेखन करनेवाला-उपासक 'कृष्ण' बनता है-यह आंगिरस तो बनेगा ही-अंग-प्रत्यंग में रसवाला शक्तिशाली। यह शरीर में सोम के रक्षण के लिये अश्विना (प्राणापान) का आह्वान करता है-

[८५] पञ्चाशीतितमं सूक्तम्

ऋषिः—कृष्णः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'मधु सोम' का पान

आ मे हवं नासत्याश्विनागच्छतं युवम्। मध्वः सोमस्य पीतये॥ १॥

(१) हे **अश्विना**-प्राणापानो! **युवम्**-आप **मे हवम्**-मेरी पुकार को सुनकर **आगच्छतम्**-अवश्य प्राप्त होओ। आप ही **नासत्या**-मेरे जीवन से सब असत्यों को दूर करनेवाले हो (न+असत्या)। (२) आप ही **मध्वः**-हमारे जीवनों को मधुर बनानेवाले **सोमस्य**-सोम के **पीतये**-रक्षण के लिये होते हो।

भावार्थ-प्राणसाधना से शरीर में सोम का रक्षण होता है। सोमरक्षण द्वारा ये प्राणापान हमारे जीवन से सब असत्यों को दूर करते हैं और उन्हें मधुर बनाते हैं।

ऋषिः—कृष्णः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्तोम-हव (स्तुति-प्रार्थना)

इमं मे स्तोममश्विनेमं मे शृणुतं हवम्। मध्वः सोमस्य पीतये॥ २॥

(१) हे **अश्विना**-प्राणापानो! आप **मे**-मेरे से किये जानेवाले **इमम्**-इस **स्तोमम्**-स्तवन को **शृणुतम्**-सुनो। हम प्राणसाधना करते हुए प्रभु का स्तवन करनेवाले बनें। (२) हे प्राणापानो! आप **मे**-मेरी **इमम्**-इस **हवम्**-पुकार को (शृणुतं-) सुनो। मेरी इस प्रार्थना को सुनो। मेरी प्रार्थना को सुनते हुए आप **मध्वः**-मेरे जीवन को मधुर बनानेवाले **सोमस्य पीतये**-सोम के रक्षण के लिये होओ।

भावार्थ-हम प्राणसाधना करते हुए प्रभु की स्तुति प्रार्थना में संलग्न हों। इस प्रकार सोम का रक्षण करते हुए हम अपने जीवन को मधुर बना पायेंगे।

ऋषिः—कृष्णःङ्क देवता—अश्विनौङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

कृष्ण

अयं वां कृष्णो अश्विना हवते वाजिनीवसू। मध्वः सोमस्य पीतये॥ ३॥

(१) हे वाजिनीवसू-शक्तिरूप धनोंवाले अश्विना-प्राणापानो! अयम्-यह कृष्णः-वासनाओं का विलेखन (कृष्) करनेवाला आपका उपासक वां हवते-आपको पुकारता है। (२) आप इस कृष्ण के जीवन में मध्वः-जीवन को मधुर बनानेवाले इस सोमस्य-सोम के-वीर्य के पीतये-रक्षण के लिये होओ।

भावार्थ-प्राणापान का उपासक 'कृष्ण' होता है-यह वासनाओं का विलेखन (अवदारण) करता है और सोम का रक्षण करता है।

ऋषिः—कृष्णःङ्क देवता—अश्विनौङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

नरा (अश्विना)

शृणुतं जरितुर्हवं कृष्णस्य स्तुवतो नरा। मध्वः सोमस्य पीतये॥ ४॥

(१) हे नरा-हमें उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले प्राणापानो! आप जरितुः-स्तवन करनेवाले इस कृष्णस्य-वासनाओं का विलेखन करनेवाले उपासक की इवम्-प्रकार को शृणुतम्-सुनो। (२) आप ही स्तुवतः-स्तुति करनेवाले इस स्तोता के मध्वः-जीवन को मधुर बनानेवाले सोमस्य-सोम के पीतये-पान के लिये होते हो। आप ही इसके सोम का रक्षण करते हो।

भावार्थ-प्राणापान ही स्तोता के सोम का रक्षण करते हुए उसके जीवन को मधुर बनाते हैं।

ऋषिः—कृष्णःङ्क देवता—अश्विनौङ्क छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

'स्तुवन् विप्र' का 'अदाभ्यं छर्दि'

छर्दिर्यन्तमदाभ्यं विप्राय स्तुवते नरा। मध्वः सोमस्य पीतये॥ ५॥

(१) हे नरा-सबको आगे और आगे ले चलनेवाले प्राणापानो! आप स्तुवते-प्रभु का स्तवन करनेवाले विप्राय-अपना विशेषरूप से पूरण करनेवाले इस ज्ञानी पुरुष के लिये अदाभ्यम्-रोगों व वासनाओं से अहिंसित छर्दिः-शरीररूप गृह को यन्तम्-दीजिये। (२) हे प्राणापानो! आप मध्वः-जीवन को मधुर बनानेवाले सोमस्य-सोम के-वीर्यशक्ति के पीतये-रक्षण के लिये होइये। इस रक्षित सोम ने ही तो हमें 'स्तुवन् विप्र' बनाना है।

भावार्थ-प्राणसाधना करता हुआ स्तोता विप्र रोगों व वासनाओं से अहिंसित शरीररूप गृह प्राप्त करता है।

ऋषिः—कृष्णःङ्क देवता—अश्विनौङ्क छन्दः—गायत्रीङ्क स्वरः—षड्जःङ्क

दाश्वान् के गृह में प्राणापान का आगमन

गच्छतं दाशुषो गृहमित्था स्तुवतो अश्विना। मध्वः सोमस्य पीतये॥ ६॥

(१) हे अश्विना-प्राणापानो! आप इत्था-सत्यरूप में स्तुवतः-स्तुति करते हुए दाशुषः-आपके प्रति अर्पण करनेवाले व्यक्ति के गृहं गच्छतम्-शरीररूप गृह में प्राप्त होओ, अर्थात् यह स्तोता आपकी अराधना करता हुआ अपने इस शरीर गृह में आपको प्रतिष्ठित कर पाये। (२) आप मध्वः-जीवन को मधुर बनानेवाले रस सोमस्य-सोम के पीतये-रक्षण के लिये होओ।

भावार्थ–हम प्राणापान द्वारा प्राणापान की प्रतिष्ठा करें–ये शरीर में सोम की ऊर्ध्वगति के कारण बनेंगे।

ऋषिः—कृष्णः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

रथ में रासभ का योजन

युञ्जाथां रासभं रथे वीळ्वङ्गे वृषण्वसू। मध्वः सोमस्य पीतये॥ ७॥

(१) हे **वृषण्वसू**–जीवन के धनों का वर्षण करनेवाले प्राणापानो! आप **वीळ्वंगे**–दृढ़ अंगोंवाले इस **रथे**–रथ में **रासभम्**–ऋग्, यजु, सामरूप वाणियों का उच्चारण करनेवाले प्रभु को **युञ्जाथाम्**–युक्त करिये। प्रभु ही मेरे रथ के सञ्चालक हों। प्रभुरूप सारथि को पाकर मैं इस रथ के द्वारा लक्ष्यस्थान पर क्यों न पहुँचूँगा? उस समय, प्रभु की प्रेरणा में मेरा जीवन कितना शुद्ध होगा? विजय ही विजय को प्राप्त करता हुआ मैं अवश्य काम–क्रोध आदि शत्रुओं का विजेता 'जिष्णु' होऊँगा। (२) हे प्राणापानो! इस प्रकार वासनाओं का विनाश करके आप **मध्वः**–जीवन को मधुर बनानेवाले **सोमस्य पीतये**–सोम के रक्षण के लिये होओ। इस सोमरक्षण के द्वारा हम 'सौम्य' जीवनवाले बनें।

भावार्थ–हमारे शरीररथ के सञ्चालक प्रभु हों, वे हमें 'ज्ञान, कर्म व उपासना' की प्रेरणा देते हुए सोमरक्षण द्वारा सुन्दर जीवनवाला बनाएँ।

ऋषिः—कृष्णः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'त्रिबन्धुर त्रिवृत्' रथ

त्रिबन्धुरेण त्रिवृता रथेना यातमश्विना। मध्वः सोमस्य पीतये॥ ८॥

(१) हे **अश्विना**–प्राणापानो! आप **रथेन**–इस शरीररथ से हमें **आयातम्**–प्राप्त होवो, जो शरीररथ '**त्रिबन्धुरेण**'–सुन्दर 'इन्द्रियों, मन व बुद्धि' वाला है। अन्नमयकोश शरीररथ का ढाँचा है, इस रथ में प्राणमय (प्राणाः वाव इन्द्रियाणि) मनोमय व विज्ञानमयकोश रूप तीन सुन्दर आसन (Seat) हैं। (बन्धुर Beautiful)। यह रथ **त्रिवृता**–(त्रिषु वर्तते) 'ज्ञान, कर्म व उपासना' रूप तीनों मार्गों का आक्रमण करता है। (२) हे प्राणापानो! आप इस त्रिवृत रथ से वासनाओं को कुचलते हुए **मध्वः सोमस्य पीतये**–जीवन को मधुर बनानेवाले सोम के पान के लिये होओ।

भावार्थ–प्राणसाधना से 'इन्द्रियाँ, मन व बुद्धि' तीनों की निर्दोषता व सुन्दरता प्राप्त होती है सोमरक्षण द्वारा हम 'ज्ञान, कर्म व उपासना' के मार्ग पर आगे बढ़ते हैं–ज्ञानपूर्वक किये जानेवाले कर्मों के द्वारा हम प्रभु के उपासक बनते हैं।

ऋषिः—कृष्णः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञान की वाणियों का रक्षण

नू मे गिरो नासत्याश्विना प्रावतं युवम्। मध्वः सोमस्य पीतये॥ ९॥

(१) हे **नासत्या**–सब असत्यों को मेरे जीवन से दूर करनेवाले **अश्विना**–प्राणापानो! **युवम्**–आप निश्चय से **मे**–मेरे लिये **गिरः**–ज्ञानवाणियों व स्तुतिवाणियों को **प्रावतम्**–प्रकर्षेण रक्षित करिये। प्राणापान की साधना से हमारा जीवन ज्ञानमय व स्तुतिमय बने। (२) इसी उद्देश्य से हे प्राणापानो! आप **मध्वः सोमस्य पीतये**–जीवन को मधुर बनानेवाले सोम के रक्षण के लिये होओ।

भावार्थ–प्राणसाधना द्वारा सोमरक्षण होकर हमारा ज्ञान बढ़े।

अगले सूक्त का ऋषि भी 'कृष्ण आंगिरस' ही है। यह कृष्ण ही पूर्ण जीवनवाला 'विश्वक' हो जाता है। यह 'अश्विनौ' का ही आराधन करता हुआ कहता है–

[८६] षडशीतितमं सूक्तम्

ऋषिः—कृष्णो विश्वको वा कार्ष्णिः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराड् जगती॥ स्वरः—निषादः॥

दस्रा भिषजा

उभा हि दस्रा भिषजा मयोभुवोभा दक्षस्य वचसो बभूवथुः।
ता वां विश्वको हवते तनूकृथे मा नो वि यौष्टं सख्या मुमोचतम्॥ १॥

(१) हे प्राणापानो! आप **उभा**=दोनों **हि**=निश्चय से **दस्रा**=दुःखों का उपक्षय करनेवाले हो। **भिषजा**=सब रोगों का निराकारण करनेवाले हो। **मयोभुवा**=नीरोग बनाकर कल्याण को उत्पन्न करनेवाले हो। **उभा**=आप दोनों **दक्षस्य**=बल के **वचसः**=कहनेवाले, अर्थात् शक्ति में जन्म देनेवाले **बभूवथुः**=होते हो। (२) **ता वाम्**=उन आप दोनों को **विश्वकः**='शरीर, मन व बुद्धि' तीनों को स्वस्थ, निर्मल व तीव्र बनाने की कामनावाला यह सम्पूर्ण उन्नति को चाहनेवाला **विश्वक** **तनूकृथे**=शत्रुओं को क्षीण करने के निमित्त (तनू thin) **हवते**=पुकारता है। आप दोनों **नः**=हमें **मा वि यौष्टम्**=अपने से पृथक् मत कर दो। **सख्या**=अपनी मित्रताओं को (सख्यानि) हमारे से पृथक् न करो। **मुमोचतम्**=हमें सब कष्टों से बचाओ।

भावार्थ–प्राणापान (क) वासनाओं को विनष्ट करनेवाले हैं। (ख) रोगों को दूर करनेवाले हैं। (ग) सुख को उत्पन्न करनेवाले हैं। (घ) ये हमारे में बल का वर्धन करते हैं। (ङ) इनकी आराधना से शत्रुओं का क्षय होकर हमारा वर्धन होता है। सो हम सदा प्राणसाधना को करनेवाले हों।

ऋषिः—कृष्णो विश्वको वा कार्ष्णिः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

धियं, वस्यः

कथा नूनं वां विमना उप स्तवद्युवं धियं ददथुर्वस्यइष्टये।
ता वां विश्वको हवते तनूकृथे मा नो वि यौष्टं सख्या मुमोचतम्॥ २॥

(१) **विमनाः**=विविध दिशाओं में भागनेवाले मनवाला यह 'विमनाः' के लिये प्राणसाधना कठिन हो जाती है। सो हम मन को एकाग्र करने के लिये इस प्राणसाधना में प्रवृत्त हों। हे प्राणापानो! **युवम्**=आप ही **इष्टये**=इष्ट प्राप्ति के लिये **धियम्**=बुद्धि को तथा **वस्यः**=प्रशस्त धन को **ददथुः**=देते हो। (२) **ता वाम्**=उन आप दोनों को **विश्वकः**=यह पूर्ण उन्नति को अपनानेवाला **तनूकृथे**=शत्रुओं को क्षीण करने के निमित्त **हवते**=पुकारता है। हे प्राणापानो! **नः**=हमें **मा वि यौष्टम्**=छोड़ मत जाओ। **सख्या**=मित्रताओं को नष्ट मत कर दो। आप अवश्य ही **मुमोचतम्**=हमें रोगों व वासनारूप शत्रुओं से मुक्त करो।

भावार्थ–प्राणसाधना से मनोवृत्ति एकाग्र होती है। इससे उत्तम बुद्धि व प्रशस्त धन प्राप्त होता है।

ऋषिः—कृष्णो विश्वको वा कार्ष्णिः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराड् जगती॥ स्वरः—निषादः॥

पुरुभुजा (अश्विना)

युवं हि ष्मा पुरुभुजेममेधतुं विष्णाप्वे ददथुर्वस्यइष्टये।
ता वां विश्वको हवते तनूकृथे मा नो वि यौष्टं सख्या मुमोचतम्॥ ३॥

(१) हे प्राणापानो! युवम्-आप दोनों हि ष्मा-निश्चय से पुरुभुजा-खूब ही पालन करनेवाले हो आप विष्णाप्ये-(विष्णुं कर्मणा व्याप्नोति) यज्ञादि कर्मों के द्वारा प्रभु को प्राप्त करनेवाले इस के लिए एधतुम्-वृद्धि के साधनभूत धन आदि को ददथुः-देते हो। आप वस्यः-प्रशस्त वसुओं के द्वारा इष्टये-इष्ट प्राप्ति के लिये होते हो। (२) ता वाम्-उन आप दोनों को विश्वकः-यह अपनी पूर्ण उन्नति करनेवाला विश्वक तनूकृथे-वासनारूप शत्रुओं को क्षीण करने के लिये हवते-पुकारता है। आप नः-हमें मा वि यौष्टम्-मत छोड़ जाओ। सख्या-हमारे साथ अपनी मित्रताओं को मत नष्ट करो और आप मुमोचतम्-हमें रोगों व वासनारूप शत्रुओं से मुक्त करो।

भावार्थ-प्राणापान ही हमारा पालन कर रहे हैं। ये ही हमारी वृद्धि का कारण होते हैं। ये हमें शत्रुओं से मुक्त करें।

ऋषिः—कृष्णो विश्वको वा कार्ष्णिः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

'स्वादिष्ठा' सुमतिः

उत त्यं वीरं धनसामृजीषिणं दूरे चित्सन्तमवसे हवामहे।
यस्य स्वादिष्ठा सुमतिः पितुर्यथा मा नो वि यौष्टं सख्या मुमोचतम्॥ ४॥

(१) हे प्राणापानो! हम उत-निश्चय से त्यम्-उस वीरम्-(वि ईर) शत्रुओं को कम्पित करनेवाले धनसाम्-धनों को प्राप्त करानेवाले ऋजीषिणम्-ऋजुमार्ग की प्रेरणा देनेवाले, दूरे चित् सन्तम्-दूर से दूर प्रदेश में भी वर्तमान उस प्रभु को अवसे हवामहे-रक्षण के लिये पुकारते हैं। (२) उस प्रभु को हम पुकारते हैं, यस्य-जिसकी यथा पितुः-जैसे एक पिता की, अर्थात् पिता की ओर से पुत्र के लिये दी गई सुमतिः-कल्याणी मति स्वादिष्ठा-जीवन को अत्यन्त मधुर बनानेवाली है। हे प्राणापानो! आप नः मा वि यौष्टम्-हमारे से पृथक् न होओ। सख्या-अपनी मैत्रियों को मत नष्ट करो। मुमोचतम्-आप हमें सब रोगों व वासनारूप शत्रुओं से छुड़ाओ।

भावार्थ-हम प्रभुस्मरण पूर्वक प्राणसाधना में प्रवृत्त हों। हमें वह सुमति प्राप्त हो जो जीवन को मधुरतम बनाती है।

ऋषिः—कृष्णो विश्वको वा कार्ष्णिः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

ऋत

ऋतेन देवः सविता शमायत ऋतस्य शृङ्गमुर्विया वि पप्रथे।
ऋतं सासाह महि चित्पृतन्यतो मा नो वि यौष्टं सख्या मुमोचतम्॥ ५॥

(१) सविता देवः-वह प्रेरक प्रकाशमय प्रभु ऋतेन-ऋत के द्वारा शमायते-हमारे जीवनों को बड़ा शान्त बनाता है। ऋतस्य शृंगम्-ऋत का शृंग-शत्रुनाशक बल उर्विया वि पप्रथे-खूब ही विस्तृत होता है। सत्य हमें जहाँ शान्ति प्राप्त कराता है, वहाँ हमारे काम-क्रोध आदि शत्रुओं को भी विनष्ट करता है। (२) ऋजम्-यह ऋत महि चित् पृतन्यतः-महान् भी शत्रुओं को सासाह-पराभूत करता है। प्राणापान ही इस ऋत के प्राप्त करानेवाले हैं-प्राणसाधना द्वारा जीवन अनृत से रहित होकर ऋतवाला बनता है। सो, प्राणापानो! नः-हमें मा वि यौष्टम्-छोड़ मत जाओ। सख्या-अपनी मित्रताओं को हमें प्राप्त कराओ। मुमोचतम्-हमें सब शत्रुओं से मुक्त करो।

भावार्थ–ऋत हमारे जीवन को शान्त करता है–ऋत हमारे सब शत्रुओं को नष्ट करता है। प्राणसाधना द्वारा हम जीवन को ऋतमय बनाएँ।

अगले सूक्त का ऋषि भी 'कृष्ण आंगिरस' है। अथवा 'प्रियमेध आंगिरस' भी कहा गया है–प्रियमेधावाला–शक्तिवाली अंगोंवाला। यह 'अश्विनौ' का स्तवन करता हुआ कहता है–

[८७] सप्ताशतितमं सूक्तम्

ऋषिः—कृष्णो द्युम्नीको वा वासिष्ठः प्रियमेधो वाङ्ग देवता—अश्विनौङ्ग छन्दः—बृहतीङ्ग स्वरः—मध्यमःङ्ग

दिवि प्रियः

द्युम्नी वां स्तोमो अश्विना क्रिविर्न सेक आ गतम्।
मध्वः सुतस्य स दिवि प्रियो नरा पातं गौराविवेरिणे ॥ १ ॥

(१) हे **अश्विना**–प्राणापानो! **वाम्**–आपका **स्तोमः**–स्तवन **द्युम्नी**–हमारी ज्ञान ज्योति को बढ़ानेवाला है। आपका यह स्तवन **सेके**–उदक के सेचन के होने पर **क्रिविः न**–कूएँ के समान है। वृष्टि द्वारा जलसेचन होने पर कूआँ अल्प उदकवाला नहीं होता। इसी प्रकार प्राणापान का स्तवन हमें अल्पज्ञानवाला नहीं रखता। प्राणसाधना से ज्ञान खूब ही दीप्त हो उठता है। सो हे प्राणपानो! **आगतम्**–आप आओ। (२) हे **नरः**–हमें आगे ले चलनेवाले प्राणापानो! **सुतस्य**–उत्पन्न हुए-हुए **मध्वः**–जीवन को मधुर बनानेवाले सोम का **पातम्**–पान करो। इस प्रकार से पान करो, **इव**–जैसे **इरिणे**–(a riverlet) एक छोटी नदी पर **गौरौ**–दो गौर मृग पानी पीते हैं। हे प्राणापानो! जिसके शरीर में आप उत्पन्न हुए इस सोम का रक्षण करते हो **सः**–वह **दिवि प्रियः**–ज्ञान में प्रीतिवाला होता है। सुरक्षित सोम इसकी बुद्धि को सूक्ष्म बनाता है। यह अपनी सूक्ष्म बुद्धि से गम्भीर विषयों को भी समझनेवाला बनता है।

भावार्थ–प्राणसाधना के होने पर ज्ञानदीप्ति की वृद्धि होती है। प्राणापान सोम का शरीर में पान करते हुए बुद्धि को सूक्ष्म बनाते हैं। यह सूक्ष्म बुद्धि पुरुष ज्ञानप्रिय बनता है।

ऋषिः—कृष्णो द्युम्नीको वा वासिष्ठः प्रियमेधो वाङ्ग देवता—अश्विनौङ्ग छन्दः—निचृद् पं-ःङ्ग स्वरः—पञ्चमःङ्ग

वेदसा वयः

पिबतं धर्मं मधुमन्तमश्विना बर्हिः सीदतं नरा।
ता मन्दसाना मनुषो दुरोण आ नि षीत वेदसा वयः ॥ २ ॥

(१) हे **अश्विना**–प्राणापानो! **मधुमन्तम्**–जीवन को मधुर बनानेवाले **धर्मम्**–शरीर में क्षरित होनेवाले सोम को **पिबतम्**–शरीर में ही पीनेवाले होओ। हे **नरः**–हमें उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले प्राणापानो! आप **बर्हिः सीदतम्**–हमारे वासनाशून्य हृदयासन पर **सीदतम्**–आसीन होओ। हमें सदा हृदय में प्राणसाधना पर पूर्ण आस्था हो। (२) **ता**–वे **मनुषः दुरोणे**–इस मानव शरीररूप गृह में **मन्दसाना**–सोमरक्षण द्वारा हर्षित होते हुए आप **वेदसा**–ज्ञान के साथ **वयः**–आयुष्य का **निषातम्**–रक्षण करो। हमारा जीवन ज्ञानवाला व दीर्घ हो।

भावार्थ–प्राणापान सोम का रक्षण करते हैं। जीवन को यह ज्ञानमय व दीर्घ बनाते हैं।

ऋषिः—कृष्णो ह्युम्नीको वा वासिष्ठः प्रियमेधो वाङ्ग देवता—अश्विनौङ्ग छन्दः—बृहतीङ्ग स्वरः—मध्यमःङ्ग

'प्रियमेध वृक्तबर्हिष्'

आ वां विश्वाभिरूतिभिः प्रियमेधा अहूषत।
ता वर्तिर्यातमुप वृक्तबर्हिषो जुष्टं यज्ञं दिविष्टिषु॥ ३॥

(१) हे प्राणापानो! प्रियमेधाः-(मेध-यज्ञ) यज्ञप्रिय लोग विश्वाभिः अतिभिः-सब रक्षणों के हेतु से वाम्-आपको आ अहूषत-सब ओर से पुकारते हैं। आपकी साधना में ही प्रवृत्त होते हैं। वा-वे आप दोनों वृक्तबर्हिषः-वासनारूप घास-फूस को छिन्न करनेवाले पुरुष के बर्हिः-शरीररूप गृह में उपयातम्-समीपता से प्राप्त होओ। वस्तुतः आपकी साधना ही इसे 'वृक्तबर्हिष्' बनाती है। (२) आप ही इस 'प्रियमेध वृक्तबर्हिष्' को यज्ञप्रिय व वासनाओं का छिन्न करनेवाला बनाते हो। दिविष्टिषु-(दिव् इष्टि) दिनों के आने पर, अर्थात् प्रातःकाल के होने पर आप ही इस 'प्रियमेध' के जीवन में यज्ञं जुष्टम्-यज्ञ का प्रीतिपूर्वक सेवन करो। आपकी साधना से यह सदा यज्ञ की वृत्तिवाला बना रहे।

भावार्थ-प्राणसाधना से हमारा जीवन यज्ञमय बनता है। इस साधना से ही हम हृदयक्षेत्र से वासना के घास-फूस को उखाड़ फेंकते हैं।

ऋषिः—कृष्णो ह्युम्नीको वा वासिष्ठः प्रियमेधो वाङ्ग देवता—अश्विनौङ्ग छन्दः—निचृद् पं-ःङ्ग स्वरः—पञ्चमःङ्ग

सोमपान+प्रभुस्तवन

पिबतं सोमं मधुमन्तमश्विना बर्हिः सीदतं सुमत्।
ता वावृधाना उप सुष्टुतिं दिवो गन्तं गौराविवेरिणम्॥ ४॥

(१) हे अश्विना-प्राणापानो! आप मधुमन्तम्-जीवन को मधुर बनानेवाले सोमं पिबतम्-सोम का-वीर्यशक्ति का पान करो और सुमत्-(शोभनं) शोभनतया बर्हिः-छिन्न वासनाओंवाले हृदय में सीदतम्-आसीन होओ। आपने ही वस्तुतः वीर्यरक्षण द्वारा हमारे जीवन को मधुर बनाना है और इसे वासनाशून्य करना है। (२) वावृधाना-हमारे जीवनों में वृद्धि को प्राप्त करते हुए ता-वे आप दोनों दिवः-उस प्रकाशमय प्रभु के सुष्टुतिम्-उत्तम स्तवन को इस प्रकार उपगन्तम्-समीपता से प्राप्त होओ, इव-जैसे गौरौ-दो तृषित गौर मृग इरिणम्-एक छोटी नदी को प्राप्त होते हैं। नदी को प्राप्त करके ही उन गौर मृगों की तृषा शान्त होती है, इसी प्रकार प्रभुस्तवन ही हमारे प्राणापानों के लिये शान्ति का देनेवाला हो।

भावार्थ-प्राणसाधना से सोमरक्षण द्वारा जीवन मधुर बनता है-हृदय वासनाशून्य होता है-प्रभुस्तवन की प्रवृत्ति जागरित होती है।

ऋषिः—कृष्णो ह्युम्नीको वा वासिष्ठः प्रियमेधो वाङ्ग देवता—अश्विनौङ्ग छन्दः—निचृद् बृहतीङ्ग स्वरः—मध्यमःङ्ग

प्रुषितप्सु अश्व (स्निग्धरूप इन्द्रयाश्व)

आ नूनं यातमश्विनाश्वेभिः प्रुषितप्सुभिः।
दस्रा हिरण्यवर्तनी शुभस्पती पातं सोममृतावृधा॥ ५॥

(१) हे अश्विना-प्राणापानो! आप नूनम्-निश्चय से प्रुषितप्सुभिः-स्निग्धरूप-दीप्तरूपवाले-

शक्ति से सिक्तरूपवाले **अश्वेभिः**-इन्द्रियाश्वों के साथ **आयातम्**-हमें प्राप्त होओ। सोमरक्षण द्वारा आप हमारी इन्द्रियों को शक्तिसिक्त बनाओ। (२) **दस्रा**-हमारे शत्रुओं का आप ही क्षय करनेवाले हो। शत्रुक्षय के द्वारा आप ही **हिरण्यवर्तनी**-हमारे जीवन को ज्योतिर्मय मार्गवाला बनाते हो और इस प्रकार **शुभस्पती**-शुभ का रक्षण करते हो। हे **ऋतावृधा**-ऋत का (सत्य का व यज्ञ का) वर्धन करनेवाले प्राणापानो! आप **सोमं पातम्**-हमारे जीवनों में सोम का रक्षण करो।

भावार्थ-प्राणापान सोमरक्षण द्वारा हमारे इन्द्रियाश्वों को दीप्तरूपवाला बनाते हैं। ये हमारे शत्रुओं का क्षय करनेवाले, जीवनमार्ग को ज्योतिर्मय बनानेवाले व शुभ के रक्षक हैं।

ऋषिः—कृष्णो घ्रंम्नीको वा वासिष्ठः प्रियमेधो वाङ्ग देवता—अश्विनौङ्ग छन्दः—निचृद् पं-ङ्ग स्वरः—पञ्चमःङ्ग

विप्रासः विपन्यवः

वयं हि वां हवामहे विपन्यवो विप्रासो वाजसातये।
ता वल्गू दस्रा पुरुदंससा धियाश्विना श्रुष्ट्या गतम्॥ ६॥

(१) हे प्राणापानो! **वयम्**-हम **विपन्यवः**-विशिष्ट स्तुतिवाले होते हुए **वि प्रासः**-विशेषरूप से अपना पूरण करनेवाले ज्ञानी बनकर **वाजसातये**-शक्ति की प्राप्ति के लिये **हि**-निश्चयपूर्वक **वाम्**-आपको **हवामहे**-पुकारते हैं प्राणसाधना ही तो हमें सब शक्तियों को प्राप्त कराती है। (२) हे **अश्विना**-प्राणापानो! **ता**-वे आप दोनों **वल्गू**-सुन्दर गतिवाले हो-जीवन को उत्तम गतिवाला बनाते हो। **दस्रा**-शत्रुओं का उपक्षय करनेवाले हो। **पुरुदंससा**-पालक व पूरक कर्मोंवाले हो-आप शरीर का पालन करते हो, तो मन का आप पूरण करनेवाले हो। आप **धिया**-बुद्धि को प्राप्त कराने के हेतु से **श्रुष्टी**-शीघ्र ही **आगतम्**-हमें प्राप्त होओ।

भावार्थ-प्राणसाधना हमें शक्ति प्राप्त कराती है-यह हमें बुद्धि देती है। शक्ति व बुद्धि से सम्पन्न बनकर हम स्तोता, ज्ञानी व पवित्र जीवनवाले बन पाते हैं।

यह विपन्यु (स्तोता) ही अगले सूक्त का ऋषि 'नोधा' बनता है (नौति इति नोधाः) यह इन्द्र का स्तवन करता हुआ कहता है-

[८८] अष्टाशीतितमं सूक्तम्

ऋषिः—नोधाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—बृहतीङ्ग स्वरः—मध्यमःङ्ग

दस्मम् ऋतीषहम्

तं वो दस्ममृतीषहं वसोर्मन्दानमन्धसः। अभि वत्सं न स्वसरेषु धेनव इन्द्रं गीर्भिर्नवामहे॥ १॥

(१) **तम्**-उस **इन्द्रम्**-परमैश्वर्यशाली प्रभु को **गीर्भिः**-स्तुतिवाणियों के द्वारा **स्वसरेषु अभिर्नवामहे**-दिनों में (सूर्यकर्तृकेषु दिवसेषु नि०) प्रातः-सायं (अभि) स्तुत करते हैं-प्रभु की ओर जाते हैं, प्रभु की उपासना में बैठते हैं। इस प्रकार प्रभु की ओर जाते हैं **न**-जैसे **स्वसरेषु** (सुष्ठु अस्यन्ते प्रेर्यन्ते गावः अत्र) गोष्ठों में **धेनवः**-गौवें **वत्सम्**-बछड़े की ओर जाती हैं। जिस प्रकार प्रेम से भरी हुई गौवें जाती हैं, उसी प्रकार प्रेम से परिपूर्ण हृदयोंवाले हम प्रभु की ओर जानेवाले बनें। (२) उस प्रभु की ओर हम जायें, जो **वः दस्यम्**-तुम सबके दुःखों का उपक्षय करनेवाले हैं। **ऋतीषहम्**-(ऋतयो बाधकाः शत्रवः) काम-क्रोध आदि बाधक शत्रुओं का पराभव करनेवाले हैं। **वसोः**-हमारे निवासों को उत्तम बनानेवाले **अन्धसः**-सोम (वीर्य) के द्वारा **मन्दानम्**-हमें

आनन्दित करनेवाले हैं। वस्तुतः प्रभु काम-क्रोध आदि को विनष्ट करके हमें सोमरक्षण द्वारा सब दुःखों से दूर व आनन्द से परिपूर्ण जीवनवाला बनाते हैं।

भावार्थ—हम प्रातः-सायं प्रभु की उपासना करें। प्रभु हमारी वासनाओं को विनष्ट करके हमारे अन्दर सोम का रक्षण करते हैं और हमारे दुःखों को दूर करके हमें आनन्दमय जीवनवाला बनाते हैं।

ऋषिः—नोधाः देवता—इन्द्रः छन्दः—पंक्तिः स्वरः—पञ्चमः

द्युक्षं, तविषीभिरावृतम्

द्युक्षं सुदानुं तविषीभिरावृतं गिरिं न पुरुभोजसम्।
क्षुमन्तं वाजं शतिनं सहस्त्रिणं मक्षू गोमन्तमीमहे॥ २॥

(१) उस प्रभु से हम **मक्षू**-शीघ्र **वाजम्**-बल को **ईमहे**-माँगते हैं। जो बल **क्षुमन्तम्**-प्रभु के स्तवन से युक्त है, **शतिनम्**-सौ के सौ वर्ष तक स्थिर रहता है अथवा शतवर्ष के जीवन को प्राप्त कराता है, **सहस्त्रिणम्**-(स हस्) जीवन को आनन्दयुक्त रखता है तथा **गोमन्तम्**-प्रशस्त इन्द्रियोंवाला है अथवा प्रशस्त ज्ञान की वाणियोंवाला है। (२) उन प्रभु से हम बल की याचना करते हैं जो **द्युक्षम्**-ज्ञान की दीप्ति में निवास करनेवाले हैं, **सुदानुम्**-सम्यक् हमारी वासनाओं का ज्ञान द्वारा विनाश करनेवाले हैं (दाप् लवने), **तविषीभिः आवृतम्**-बलों से आवृत हैं-बल ही बल हैं-बल के पुञ्ज हैं। तथा **गिरिं न**-(गुरुं न) एक ज्ञानोपदेष्टा गुरु के समान **पुरुभोजसम्**-खूब ही हमारा पालन करनेवाले हैं। ये प्रभु हमें भी ज्ञानयुक्त बल को देकर सुरक्षित करते हैं।

भावार्थ—प्रभु सदा ज्ञानदीप्ति में निवास करनेवाले व बल के पुञ्ज हैं। उपासक को भी ज्ञानयुक्त बल देकर वे सुरक्षित जीवनवाला बनाते हैं।

ऋषिः—नोधाः देवता—इन्द्रः छन्दः—बृहती स्वरः—मध्यमः

प्रभु की (अजेय्य) शक्ति

न त्वा बृहन्तो अद्रयो वरन्त इन्द्र वीळवः।
यद्दित्ससि स्तुवते मावते वसु नकिष्टदा मिनाति ते॥ ३॥

(१) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **त्वा**-आपको **बृहन्तः**-बड़े विशाल **वीडवः**-दृढ़ भी **अद्रयः**-पर्वत **न वरन्त**-रोक नहीं सकते। महान् से महान् भी पर्वत आपके मार्ग में विघ्नरूप नहीं हो सकते। (२) **यत्**-जब आप **स्तुवते**-स्तुति करनेवाले **मा-वते**-(मा=मापना-ज्ञान प्राप्त करना) ज्ञान को प्राप्त करनेवाले के लिये **वसु दित्ससि**-धन को देने की कामनावाले होते हैं, तो **ते**-आपके **तत्**-उस धन को **नकिः आमिनाति**-कोई भी हिंसित नहीं कर पाता।

भावार्थ—प्रभु के मार्ग में कोई विघ्न नहीं कर पाता। प्रभु स्तोता ज्ञानी के लिये जो धन देना चाहते हैं, उसे कोई हिंसित नहीं कर पाता।

ऋषिः—नोधाः देवता—इन्द्रः छन्दः—पंक्तिः स्वरः—पञ्चमः

कृत्वा शवसा दंसना

योदांसि कृत्वा शवसोत दंसना विश्वा जाताभि मज्मना।
आ त्वायमर्क ऊतये ववर्तति यं गोतमा अजीजनन्॥ ४॥

(१) हे प्रभो! आप **क्रत्वा**-अपने प्रज्ञान से **उत**-और **शवसा**-बल से **योद्धा असि**-शत्रुओं पर संप्रहार करनेवाले हैं। हे प्रभो! आप **विश्वा जाता**-सब प्रादुर्भूत होनेवाली वासनाओं को **दंसना**-अपने कर्मों से तथा **मज्मना**-शत्रुओं को मसल देनेवाले बल से **अभि (भवसि)**-अभिभूत करनेवाले हैं। (२) **अयम्**-यह **अर्थः**-स्तोता **ऊतये**-अपने रक्षण के लिये **त्वा**-आपको **आवर्तति**-अपने अभिमुख आवृत्त करता है। उन आपको यह अपने अभिमुख करने के लिये यत्नशील होता है, **यम्**-जिनको **गोतमाः**-प्रशस्त ज्ञानेन्द्रियोंवाले **अजीजनन्**-अपने हृदयों में प्रादुर्भूत करते हैं।

भावार्थ-हम प्रभु का स्तवन करें। प्रभु हमें 'प्रज्ञान शक्ति व क्रियाशीलता' प्राप्त करायेंगे और इस प्रकार हमारे वासनारूप शत्रुओं का विनाश करेंगे।

ऋषिः—नोधाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् बृहतीङ्ग स्वरः—मध्यमःङ्ग

स्व-धा

प्र हि रिरिक्षे ओजसा दिवो अन्तेभ्यस्परि। न त्वा विव्याच रज इन्द्र पार्थिवमनु स्वधां ववक्षिथ ॥५॥

(१) हे प्रभो! आप **हि**-निश्चय से **दिवः परि अन्तेभ्यः**-द्युलोक पर्यन्तों से भी **ओजसा**-अपने बल से **प्ररिरिक्षे**-अतिरिक्त होते हैं। यह द्युलोक आपकी शक्ति को व्याप्त नहीं कर पाता। यह **पार्थिवं रजः**-पार्थिव लोक भी **त्वा न विव्याच**-आपको व्याप्त नहीं कर पाता। प्रभु को ये द्यावापृथिवी अपने सीमित करनेवाले नहीं होते। (२) हे **इन्द्र**-सर्वशक्तिमन् प्रभो! आप **स्वधां अनु ववक्षिथ**-हमारे लिये आत्मधारणशक्ति को प्राप्त कराने की कामना करिये। आपकी उपासना हमें 'स्व-धा' को प्राप्त करानेवाली हो। आत्मधारणशक्ति से युक्त होकर हम अधिक और अधिक आपके समीप हो सकें।

भावार्थ-प्रभु को ये द्यावापृथिवी माप नहीं सकते। प्रभु का ओज इनमें समा नहीं पाता। प्रभु का उपासन हमें भी स्वधा-आत्मधारणशक्तिवाला बनाये।

ऋषिः—नोधाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—विराट् पं-ःङ्ग स्वरः—पञ्चमःङ्ग

दाशुषे दशस्यसि

नकिः परिष्टिर्मघवन्मघस्य ते यद्दाशुषे दशस्यसि।
अस्माकं बोध्युचथस्य चोदिता मंहिष्ठो वाजसातये ॥ ६ ॥

(१) हे **मघवन्**-ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! **ते**-आपके **मघस्य**-ऐश्वर्य का **नकिः परिष्टिः**-कोई भी रोकनेवाला (परिबाधकः) नहीं है, **यद्**-जब **दाशुषे**-दानशील पुरुष के लिये आप **दशस्यसि**-देते हैं। प्रभु जब दाश्वान् को धन प्राप्त कराते हैं, तो कोई रोक थोड़े ही सकता है। (२) हे प्रभो! आप **अस्माकम्**-हमारा **बोधि**-(बुध्यस्व) ध्यान करिये) आप ही **उचथस्य चोदिता**-स्तोत्रों के प्रेरक हैं। आपकी प्रेरणा से ही हम स्तवन में प्रवृत्त हो पाते हैं। आप **मंहिष्ठः**-सर्वमहान् दाता हैं। आप ही **वाजसातये**-शक्ति को प्राप्त कराने के लिये होते हैं।

भावार्थ-प्रभु दानशील पुरुष को धन प्राप्त कराते हैं। वे हमारे जीवनों में स्तोत्रों के प्रेरक होते हैं। वे सर्वमहान् दाता प्रभु हमें शक्ति को प्राप्त कराते हैं।

यह दानशील पुरुष 'नृ-मेध' बनता है-सब पुरुषों के साथ मेलवाला होता है। इसका यह मेल पालन व पूरण के लिये होता है, सो यह 'पुरुमेध' कहलाता है। यह सब से यही कहता है कि हम प्रभु का गायन करें-

[८९] एकोननवतितमं सूक्तम्

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहतीगर्भा॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्रभु का गायन वृत्रहन्तम हैं तथा ज्योति का जनक है

बृहदिन्द्राय गायत मरुतो वृत्रहन्तमम्। येन ज्योतिरजनयन्नृतावृधो देवं देवाय जागृवि॥ १॥

(१) हे मरुतः=परिमित बोलनेवाले क्रियाशील स्तोताओ! इन्द्राय=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु के लिये बृहत्=खूब ही गायत=गायन करो। यह गायन वृत्रहन्तमम्=वासनाओं को अधिक से अधिक विनष्ट करनेवाला होगा। (२) उस देवाय=प्रकाशमय प्रभु के लिये उस स्तोत्र का गायन करो, येन=जिससे कि ऋतावृधः=ऋत का (यज्ञ का) अपने में वर्धन करनेवाले लोग ज्योतिः=प्रकाश के अजनयन्=अपने में प्रादुर्भूत करते हैं। उस ज्योति को, जो देवम्=उनके जीवन को द्योतित करनेवाली होती है तथा जागृवि=उन्हें सतत जागरणशील बनाती है—उन्हें लक्ष्य को भूलने नहीं देती। यह ज्योति उन्हें सदा सावधान रखती है और शत्रुओं से आक्रान्त नहीं होने देती।

भावार्थ—हम परिमित बोलनेवाले व क्रियाशील बनकर प्रभु का स्तवन करें। यह स्तवन हमारे जीवन में ज्योति को जगाएगा और वासनान्धकार का विलय कर देगा।

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'अशस्तिहा-द्युम्नी' इन्द्र

अपाधमदभिशस्तीरशस्तिहाथेन्द्रो द्युम्न्याभवत्। देवास्त इन्द्र सख्याय येमिरे बृहद्भानो मरुद्गण॥ २॥

(१) अशस्तिहा=सब अप्रशस्त भावों का विनाश करनेवाला इन्द्रः=वह शत्रुसंहारक प्रभु अभिशस्तीः=शत्रुकृत हिंसनों को अप अधमत्=हमारे से सुदूर विनष्ट करता है और अथ=अब वह प्रभु द्युम्नी आभवत्=हमारे लिये सर्वतः ज्ञान की ज्योतियोंवाला होता है। इन ज्ञानज्योतियों से प्रभु हमारे जीवन को उज्ज्वल कर देते हैं। (२) हे बृहद्भानो=महान् दीप्तिवाले! मरुद्गण=मरुतों के=प्राणों के गणोंवाले, अर्थात् प्राणसमूह को प्राप्त करानेवाले इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! देवाः=देववृत्ति के पुरुष ते सख्याय=आपकी मित्रता के लिये येमिरे=अपने जीवन को संयमवाला बनाते हैं। प्राणसाधना व स्वाध्याय द्वारा ज्ञानप्राप्ति ही संयम का साधन बनती है और हमें प्रभु की मित्रता का पात्र बनाती है।

भावार्थ—प्रभु हमें काम-क्रोध आदि शत्रुओं के हिंसन से बचाते हैं और ज्ञान-ज्योति से हमारे जीवन को दीप्त करते हैं। हमें चाहिए कि प्राणापान व स्वाध्याय द्वारा संयत जीवनवाले बनकर प्रभु की मित्रता के पात्र बनें।

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् बृहतीगर्भा॥ स्वरः—मध्यमः॥

'वृत्रहा-शतक्रतु' इन्द्र

प्र व इन्द्राय बृहते मरुतो ब्रह्मार्चत। वृत्रं हनति वृत्रहा शतक्रतुर्वज्रेण शतपर्वणा॥ ३॥

(१) हे मरुतः=मितरावी क्रियाशील स्तोताओ! आप नः=तुम्हारे सच्चे सखा उस बृहते=महान् इन्द्राय=परमैश्वर्यशाली प्रभु के लिये ब्रह्म=ज्ञानपूर्वक की गयी स्तुतिवाणियों का प्र अर्चत=प्रकर्षेण उच्चारण करो। इन ज्ञानवाणियों द्वारा प्रभु का खूब ही अर्चन करो=पूजन करो। (२) वह वृत्रहा=ज्ञान की आवरणभूत वासना को विनष्ट करनेवाला शतक्रतुः=अनन्त प्रज्ञान व शक्तिवाला प्रभु शतपर्वणा=शतसंख्याक धाराओंवाले वज्रेण=ज्ञानवज्र के द्वारा (वजः=गति=ज्ञान) वृत्रं हनति=वृत्र

का विनाश करते हैं। ज्ञानी के नित्य वैरी कामरूप शत्रु का विध्वंस करके प्रभु हमारे जीवनों को दीप्त करते हैं।

भावार्थ–हम उस महान् इन्द्र का स्तवन करें। प्रभु ज्ञानवज्र द्वारा हमारे वासनारूप शत्रु को-वृत्र को विनष्ट करेंगे।

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'हनो वृत्रं-जया स्वः'

अभि प्र भर धृषता धृष्णमनः श्रवश्चित्ते असद् बृहत्।
अर्षन्त्वापो जवसा वि मातरो हनो वृत्रं जया स्वः॥ ४॥

(१) हे **धृष्णमनः**=शत्रुओं के धर्षणशील मनवाले इन्द्र! **ते**=आपका **बृहत्**=महान् **श्रवः**=ज्ञान **चित्**=निश्चय से **असत्**=है। आप **धृषता**=शत्रुओं के धर्षक मन के साथ उस ज्ञान को **अभि प्रभर**=हमारे लिये सर्वतः भरिये। (२) इस ज्ञान के द्वारा वासना का विनाश होकर **वि-मातरः**=विशिष्टरूप से हमारा निर्माण करनेवाले अतएव मातृभूत **आपः**=शरीरस्थ रेतःकण (आप=रेतो भूत्वा०) **जवसा**=वेग के साथ **अर्षन्तु**=शरीर के अंग-प्रत्यंग में गतिवाले हों। इन रेतःकणों का शरीर में ही व्यापन हो। इसी उद्देश्य से, हे प्रभो! आप **वृत्रम्**=हमारे वासनारूप शत्रु को **हनः**=विनष्ट करिये तथा **स्वः जया**=हमारे लिये प्रकाश व सुख का विजय करिये।

भावार्थ–प्रभु हमें शत्रुधर्षक ज्ञानबल को प्राप्त कराएँ। वासनाविनाश के द्वारा शक्तिकणों का शरीर में ही संयम हो और हमारा जीवन प्रकाश व सुख से सम्पन्न हो।

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

पृथिवी प्रथन व द्युलोक स्तम्भन

यज्जायथा अपूर्व्य मघवन्वृत्रहत्याय। तत्पृथिवीमप्रथयस्तदस्तभ्ना उत द्याम्॥ ५॥

(१) हे **अपूर्व्य**=सबसे पूर्व विद्यमान–स्वतो व्यतिरिक्त पूर्व्य से रहित **मघवन्**=ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! **यत्**=जब **जायथाः**=आपका हमारे हृदयों में प्रादुर्भाव होता है, तो **वृत्रहत्याय**=यह प्रादुर्भाव वासना के विनाश के लिये कारण बनता है। आपका प्रादुर्भाव होते ही ज्ञान के प्रकाश में वासनान्धकार का विलय हो जाता है। (२) **तत्**=तब आप **पृथिवीम्**=इस शरीररूप पृथिवी का **अप्रथयः**=विस्तार करते हैं। **उत**=और **द्याम्**=मस्तिष्करूप द्युलोक को **अस्तभ्नाः**=थामते हैं। आपका प्रादुर्भाव वासना को विनष्ट करके शरीर की शक्तियों का विस्तार करता है और ज्ञान ज्योति को दीप्त करता है।

भावार्थ–हृदयों में प्रभु का प्रादुर्भाव होते ही वासना का दहन हो जाता है इससे शरीर में रेतःकणों का रक्षण होकर शक्तियों का विस्तार होता है और ज्ञान का दीपन होता है।

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

यज्ञ+अर्क=वासनाविनाश

तत्ते यज्ञो अजायत तदर्क उत हस्कृतिः। तद्विश्वमभिभूरसि यज्जातं यच्च जन्त्वम्॥ ६॥

(१) हे प्रभो! गतमन्त्र के अनुसार हृदयों में आपके प्रादुर्भाव होने पर **तत्**=तब **ते**=आपका **यज्ञः**=पूजन (यज्ञ=देवपूजा) **अजायत**=हमारे जीवनों में प्रादुर्भूत होता है। हम आपकी पूजा करनेवाले बनते हैं **उत**=और **तत्**=तब **हस्कृतिः**=हास-प्रकाश व हर्ष को करनेवाला **अर्कः**=आपका

स्तवन प्रादुर्भूत होता है। हम आपके स्तवन में प्रवृत्त होते हैं। यह स्तवन हमारे अद्भुत हर्ष का साधन बनता है। (२) तत्-तब आप यत् जातम्-जो क्रोध आदि शत्रु हमारे यहाँ उत्पन्न हो चुके हैं-दृढ़मूल से बन गये हैं यच्च-और जो जन्त्वम्-पैदा होने की तैयारी में हैं-अंकुरित हो रहे हैं तद् विश्वम्-उन सब को आप अभिभूः असि-अभिभूत करनेवाले होते हैं।

भावार्थ-हृदयों में प्रभु का प्रादुर्भाव होते ही (१) जीवन यज्ञमय बन जाता है, (२) हम प्रभुस्तवन में हर्ष का अनुभव करने लगते हैं, (३) सब उत्पन्न हो चुकी व हो रही क्रोध आदि की वासनाओं को अभिभूत कर लेते हैं।

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहतीगर्भ स्वरः—मध्यमः॥

प्रभुस्तवन द्वारा ज्ञानवृद्धि

आमासु पक्वमैरय आ सूर्यं रोहयो दिवि। घर्मं न सामन्तपता सुवृक्तिभिर्जुष्टं गिर्वणसे बृहत्॥ ७॥

(१) हे प्रभो! आप ही आमासु-हमारी अपरिपक्व बुद्धियों में पक्वम्-परिपक्व ज्ञान को ऐरयः-प्रेरित करते हैं और आप ही दिवि-हमारे मस्तिष्करूप द्युलोक में सूर्यम्-ज्ञान-सूर्य को आरोहयः-आरूढ़ करते हैं। (२) घर्मं न-(Sunshine) वे प्रभु सूर्यप्रकाश के समान दीप्त हैं (आदित्यवर्णम्)। सामन्-शान्ति के निमित्त उस प्रभु को सुवृक्तिभिः-सम्यक् दोषवर्जन हेतुभूत स्तुतियों से तपता-दीप्त करो। गिर्वणसे-स्तुतिवाणियों के द्वारा सेवनीय उस प्रभु के लिये बृहत्-यह बृहत् साम (स्तुति) जुष्टम्-प्रीतिकर होती है। स्तुति हमें प्रभु का प्रिय बनाती है।

भावार्थ-हम जितना प्रभु का स्तवन करते हैं, उतना ही प्रभु को प्रिय होते हैं। प्रभु हमारे मस्तिष्करूप द्युलोक में ज्ञानसूर्य का आरोहण करते हैं।

अगला सूक्त भी 'नृमेध पुरुमेधौ' ऋषियों का ही है-

[९०] नवतितमं सूक्तम्

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् बृहतीगर्भ स्वरः—मध्यमः॥

ब्रह्माणि सवनानि उप

आ नो विश्वासु हव्य इन्दः समत्सु भूषतु।
उप ब्रह्माणि सवनानि वृत्रहा परमज्या ऋचीषमः॥ १॥

(१) इन्द्रः-वह शत्रुसंहारक प्रभु विश्वासु समत्सु-सब संग्रामों में हव्यः-पुकारने योग्य होते हैं। वे प्रभु नः-हमें आभूषतु-अलंकृत करनेवाले हों। प्रभु को अपने हृदयों में आसीन करके ही हम शत्रुओं का संहार कर पाते हैं। (२) वे प्रभु सदा ब्रह्माणि-ज्ञानपूर्वक की गयी स्तुतिवाणियों के तथा सवनानि-यज्ञों के उप-समीप होते हैं। प्रभु वहीं होते हैं जहाँ कि स्तवन हो तथा यज्ञ हो। वे प्रभु वृत्रहा-ज्ञान की आवरणभूत वासना का विनाश करते हैं। परमज्याः-(परमान् जिनाति) अत्यन्त प्रबल शत्रुओं को भी समाप्त करनेवाले हैं। ऋचीषमः-(स्तुत्या समः) स्तुतियों से अभिमुखीकरणीय होते हैं। जितना हम प्रभु का स्तवन करते हैं, उतना ही प्रभु के समीप होते हैं।

भावार्थ-सब संग्रामों में प्रभु ही हमें विजयी बनाते हैं। वे ही हमारे जीवनों को अलंकृत करते हैं। ज्ञान व यज्ञ के द्वारा हम प्रभु को समीपता से प्राप्त होते हैं। प्रभु ही हमारे शत्रुओं का विनाश करते हैं।

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

राधसां प्रथमः दाता

त्वं दाता प्रथमो राधसामस्यासि सत्य ईशानकृत्।
तुविद्युम्नस्य युज्या वृणीमहे पुत्रस्य शवसो महः॥ २॥

(१) हे प्रभो! त्वम्-आप राधसाम्-ऐश्वर्यों के प्रथमः दाता असि-सर्वमुख्य दाता हैं। आप सत्यः असि-सत्यस्वरूप हैं। ईशानकृत्-स्तोताओं को ऐश्वर्यों का ईशान (स्वामी) बनानेवाले हैं। (२) तुविद्युम्नस्य-महान् ज्ञान ज्योतिवाले शवसः पुत्रस्य-बल के पुत्र-सर्वशक्तिमान् महः-महान् आपके युज्या-योग्य-संगतिकरण योग्य धनों को आवृणीमहे-हमें वरते हैं। हम प्रभु से देव धनों को ही प्राप्त करने की कामना करते हैं।

भावार्थ-प्रभु ही सर्वमुख्य ऐश्वर्यों के दाता हैं। उस महान् ज्ञानज्योतिवाले सर्वशक्तिमान् प्रभु के धनों का ही हम वरण करते हैं।

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् बृहतीगर्भा॥ स्वरः—मध्यमः॥

स्तुति से प्रभुसान्निध्य

ब्रह्मा त इन्द्र गिर्वणः क्रियन्ते अनतिद्रुता।
इमा जुषस्व हर्यश्व योजनेन्द्र या ते अमन्महि॥ ३॥

(१) हे गिर्वणः-ज्ञान की वाणियों द्वारा सेवनीय इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! ते-आपके अनतिद्रुता-(सर्वान् अतिक्रम्य न वर्तन्ते भवन्ति-इन्द्र गुणव्यापकानि यथार्थनूतानि) यथार्थ गुणानुरूप ब्रह्मा-स्तुतिवचन क्रियन्ते-हमारे से उच्चारण किये जाते हैं। हे हर्यश्व-तेजस्वी इन्द्रियाश्वों को प्राप्त करानेवाले प्रभो! इमा जुषस्व-इन स्तुतिवाक्यों को प्रीतिपूर्वक सेचन करिये। ये वाक्य आपके लिये प्रीतिकर हों। (२) हे इन्द्र-सर्वशक्तिमन् प्रभो! या-जिन स्तुतिवाक्यों को ते अमन्महि-आपके लिये हम उच्चारित करते हैं, वे योजना-हमें आपके साथ मिलानेवाले हैं। इन स्तुतिवचनों से अपने जीवनों में प्रेरणा को प्राप्त करते हुए हम आप जैसा बनने का प्रयत्न करते हैं। इस प्रकार हम आपके अधिकाधिक समीप होते चलते हैं।

भावार्थ-प्रभु का स्तवन हमें प्रभु का प्रिय बनाता है। इनसे जीवनों में प्रेरणा को प्राप्त होते हुए हम प्रभु के अधिकाधिक समीप आते चलते हैं।

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'सत्यः अनानतः' प्रभु

त्वं हि सत्यो मघवन्ननानतो वृत्रा भूरि न्यृञ्जसे।
स त्वं शविष्ठ वज्रहस्त दाशुषेऽर्वाञ्चं रयिमा कृधि॥ ४॥

(१) हे मघवन्-ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! त्वं हि सत्यः-आप ही सत्यस्वरूप हैं। अनानतः-किसी से भी पराभूत नहीं किये जाते। आप वृत्रा-वासनाओं को भूरि-खूब ही न्यृञ्जसे-(न्यङ्क्ते रोषि) पराभूत करते हैं। (२) हे शविष्ठ-सर्वाधिक शक्तिसम्पन्न वज्रहस्त-हाथ में वज्र लिये हुए प्रभो! सः त्वम्-वे आप दाशुषे-दाश्वान् के लिये-दानशील पुरुष के लिये रयिं अर्वाञ्चं आकृधि-धन को सर्वतः अभिमुख करिये। आप दानशील पुरुष को धन प्राप्त कराते ही हैं।

भावार्थ–प्रभु ही सत्यस्वरूप व किसी भी शत्रु से पराभूत न होनेवाले हैं। प्रभु हमारे लिये वासनाओं का विनाश करके ऐश्वर्य को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृद् बृहतीं॥ स्वरः—मध्यमः॥

'यशाः ऋजीषी' प्रभु

त्वमिन्द्र यशा अस्यृजीषी शवसस्पते। त्वं वृत्राणि हंस्यप्रतीन्येक इदनुत्ता चर्षणीधृता॥ ५॥

(१) हे इन्द्र-शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! त्वम्-आप यशाः असि-यशस्वी हो। हे शवसस्पते-शक्ति के स्वामिन् प्रभो! आप ऋजीषी-उपासक के लिये ऋजुत्व की प्रेरणा देनेवाले हो। (२) त्वम्-आप एकः इत्-अकेले ही-बिना ही किसी की सहायता के चर्षणीधृता-मनुष्यों का धारण करनेवाले वज्र के द्वारा वृत्राणि-हमारे वासनारूप शत्रुओं को हंसि-नष्ट करते हो। उन शत्रुओं को जो अनुत्ता-सामान्यतः परे धकेले नहीं जा सकते और अप्रतीनि-जिनका सामना करना बड़ा कठिन है।

भावार्थ–प्रभु हमें यशस्वी जीवनवाला बनाते हैं, सरलता की प्रेरणा देते हैं और अतिप्रबल भी वासनारूप शत्रुओं को विनष्ट करते हैं।

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् पं-॥ स्वरः—पञ्चमः॥

प्रभु की शरण-शत्रुओं का महान् छेदन

तमु त्वा नूनमसुर प्रचेतसं राधो भागमिवेमहे।
महीवः कृत्तिः शरणा त इन्द्र प्र ते सुम्ना नो अश्नवन्॥ ६॥

(१) हे असुर-प्राणशक्ति का संचार करनेवाले प्रभो! प्रचेतसम्-प्रकृष्ट ज्ञानवाले तं त्वा उ-उन आपको ही भागं इव-जैसे पुत्र पिता से भजनीय (अपने भागरूप) धन को माँगता है, उसी प्रकार नूनम्-निश्चय से राधः ईमहे-कार्यसाधक धन की याचना करते हैं। आपने ही हमारे लिये इन धनों को प्राप्त कराना है। (२) हे इन्द्र-शत्रुविद्रावक प्रभो! ते-आपकी शरणा-शरणागति मही कृत्तिः इव-अतिमहान् शत्रुछेदन के समान है। आपकी शरण में आने पर हमारे सब शत्रुओं का छेदन हो जाता है। इसलिए हम तो यही चाहते हैं कि ते सुम्ना-आपके स्तोत्र नः-हमें प्र अश्नवन्-प्रकर्षेण व्याप्त करनेवाले हों। हम आपका स्तवन करते हुए आपकी शक्ति से शक्तिसम्पन्न होकर सब शत्रुओं का छेदन व विद्रावण करनेवाले बनें।

भावार्थ–हम प्रभु से कार्यसाधक धन की याचना करें। प्रभु की शरण हमारे शत्रुओं का छेदन करती है। सो हम सदा प्रभुस्तवन करते हुए प्रभु की शरण में रहने का प्रयत्न करें।

'काम, क्रोध व लोभ' रूप शत्रुओं को दूर करके यह 'आत्रेयी' (अविद्यमानाः त्रयो यस्याः) बनती है। शत्रुओं को दूर (अप) रोकने के कारण (अल) यह 'अपाला' कहलाती है। यही अगले सूक्त की ऋषिका है–

९१. [एकनवतितमं सूक्तम्]

ऋषिः—अपालात्रेयी॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्चीस्वराड् पं-॥ स्वरः—पञ्चमः॥

इन्द्राय-शक्राय

कन्याइ वारवायती सोममपि स्रुताविदत्।
अस्तं भरन्त्यब्रवीदिन्द्राय सुनवै त्वा शक्राय सुनवै त्वा॥ १॥

(१) 'वारयति इति' वाः-शत्रुओं का वारण करनेवाली यह कन्या-(कन दीप्तौ) दीप्त जीवनवाली बनती है। अव आयती-काम-क्रोध आदि से दूर गति करती हुई यह स्रुता-(स्रु गतौ) मार्ग पर चलने के द्वारा सोमं अपि अविदत्-सोम को भी प्राप्त करती है-अपने जीवन में सोम का रक्षण करनेवाली होती है। (२) अस्तम्-अपने इस शरीररूप गृह को भरन्ती-सोम के द्वारा भरती हुई-परिपुष्ट करती हुई अब्रवीत्-यह कहती है कि हे सोम! इन्द्राय-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु की प्राप्ति के लिये त्वा सुनवै-मैं तुझे उत्पन्न करती हूँ। शक्राय-उस सर्वशक्तिमान् प्रभु की प्राप्ति के लिये त्वा सुनवै-मैं तुझे अपने में अभिषुत करती हूँ।

भावार्थ-हम शत्रुओं का वारण करते हुए सोम का रक्षण करें। यह सोमरक्षण प्रभुप्राप्ति का साधन बनेगा। यह हमें भी 'इन्द्र व शक्र' बनायेगा।

ऋषिः—अपालात्रेयीङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—पं-ङ्ग स्वरः—पञ्चमःङ्ग

जम्भसुत का पान

असौ य एषि वीरको गृहंगृहं विचाकशत्।
इमं जम्भसुतं पिब धानावन्तं करम्भिणमपूपवन्तमुक्थिनम्॥ २॥

(१) हे प्रभो! यः-जो आप वीरकः-शत्रुओं को अतिशयेन कम्पित करके दूर करनेवाले हैं (वि+ईर) असौ-वे आप एषि-प्राप्त होते हैं और गृहंगृहं विचाकशत्-प्रत्येक गृह को दीप्त करनेवाले होते हैं। हमारे हृदयों में प्रभु का प्रकाश होते ही सारा शरीरगृह चमक उठता है। (२) हे प्रभो! इमम्-इस जम्भसुतम्-जबड़ों के द्वारा उत्पन्न किये गये-जबड़ों से चबाकर खाये गये भोजन से उत्पन्न होनेवाले-सोम को पिब-शरीर में ही पीने का अनुग्रह करिये। यह सोम धानावन्तम्-शरीर के धारण करनेवाला है। करम्भिणम्-(क+रम्भ्) आनन्द के साथ आलिंगनवाला है-जीवन को आनन्दमय बनाता है। अपूपवन्तम्-(अपूप=Honey-comb) शहद के छत्तेवाला है, अर्थात् वाणी को शहद के समान मधुर बनानेवाला है। उक्थिनम्-स्तोत्रोंवाला है-यह सोम सुरक्षित होकर इस रक्षक पुरुष को प्रभुस्तवन की वृत्तिवाला बनाता है।

भावार्थ-प्रभु का प्रकाश होते ही यह शरीरगृह चमक उठता है। शरीर में सोमरक्षण होकर जीवन 'स्थिर शक्तिवाला, आनन्दमय, मधुर व प्रभुस्तवन की वृत्तिवाला' बनता है।

ऋषिः—अपालात्रेयीङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृदनुष्टुपङ्ग स्वरः—गान्धारःङ्ग

त्वा न अधीमसि चन (प्रभु को भूल ही जाते हैं)

आ चन त्वा चिकित्सामोऽधि चन त्वा नेमसि। शनैरिव शनकैरिवेन्द्रायेन्दो परि स्रव॥ ३॥

(१) हे प्रभो! त्वा-आपको चन-(एव) ही आचिकित्सामः-जानने की कामना करते हैं। सामान्यतः इस संसार में विषयों में उलझकर त्वा-आपको न अधि इमसि चन-नहीं ही स्मरण करते हैं। विषयों का परदा पड़ते ही आप हमारे से ओझल हो जाते हैं। (२) हे इन्दो-सोम! तू शनैः इव-कुछ धीमे-धीमे यह शनकैः इव-धीरे-धीरे ही इन्द्राय-प्रभु की प्राप्ति के लिये परिस्रव-हमारे में परिस्तुत हो। धीमे-धीमे यह सोम अंग-प्रत्यंगों में व्याप्त होनेवाला हो। शान्तिपूर्वक अंगों में व्याप्त हुआ-हुआ यह सोम हमारे जीवनों को इस प्रकार प्रकाशमय बनाता है कि हम प्रभु का दर्शन कर पाते हैं।

भावार्थ-सामान्यतः विषयों में उलझा हुआ पुरुष प्रभु का स्मरण नहीं करता। हम प्रभु को जानने की कामना करें। इसी उद्देश्य से सोम को शरीर में सुरक्षित करने का प्रयत्न करें।

ऋषिः—अपालात्रेयीङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—अनुष्टुपङ्क स्वरः—गान्धारःङ्क

विषयोन्मुख इन्द्रियों को विषयपराङ्मुख करना

कुविच्छकत्कुवित्करत्कुविन्नो वस्यसस्करत्। कुवित्पतिद्विषो यतीरिन्द्रेण संगमामहै॥ ४॥

(१) वे प्रभु सोमरक्षण द्वारा कुवित्-खूब ही शकत्-हमें शक्तिशाली बनाते हैं। कुवित्-खूब ही करत्-(कृ विक्षेपे) शत्रुओं को विक्षिप्त करते हैं और इस प्रकार नः-हमें कुवित्-खूब ही वस्यसः-प्रशस्त वसुओंवाला करते हैं। (२) हम भी इन पतिद्विषः-उस पति प्रभु से प्रीति न करनेवाली (द्विष् अप्रीतौ) कुवित् यतीः-खूब ही इधर-उधर विषयों में भटकती हुई इन्द्रियों को इन्द्रेण-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु के साथ संगमामहै-संगत करते हैं। इन्द्रियों को विषयव्यावृत्त कर प्रभु की ओर प्रेरित करना ही मानवजीवन की उत्कृष्ट साधना है।

भावार्थ-सोमरक्षण द्वारा शक्ति बढ़ती है, वासनाविनाश होता है और प्रशस्त वसुओं की प्राप्ति होती है। हम विषयोन्मुख इन्द्रियों को प्रभुप्रवण करने का यत्न करें।

ऋषिः—अपालात्रेयीङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—विराडनुष्टुपङ्क स्वरः—गान्धारःङ्क

त्रिलोकी का उत्कर्ष

इमानि त्रीणि विष्टपा तानीन्द्र वि रोहय। शिरस्ततस्योर्वरामादिदं म उपोदरे॥ ५॥

(१) हे प्रभो! इमानि-ये त्रीणि-तीन विष्टपा-लोक हैं। यह शरीर ही पृथिवीलोक है, हृदय अन्तरिक्षलोक है तथा मस्तिष्क ही द्युलोक है। हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! तानि विरोहय-उन तीनों लोकों को विशिष्टरूप से उन्नत करिये। (२) शिरः-मेरा मस्तिष्क ततस्य-अत्यन्त विस्तृत ज्ञान का भण्डार हो। मेरी हृदयभूमि को आप उर्वराम्-खूब उर्वरा करिये-यह हृदयक्षेत्र नीरस न हो। यह क्षेत्र स्नेह की भावनाओं की उत्पत्ति के लिये उर्वर हो। आत्-अब इदम्-यह वीर्य मे-मेरे उदरे-उदर में उप-समीपता से रहे। शक्ति का मेरे अन्दर रक्षण करिये। मस्तिष्क ज्ञान का, हृदय स्नेह का शरीर वीर्य (शक्ति) का उत्पत्तिस्थल बने।

भावार्थ-प्रभु मेरी त्रिलोकी को उत्कृष्ट बनाएँ। मस्तिष्करूप द्युलोक विस्तृत ज्ञान के प्रकाश का आधार बने। हृदय प्रेम की भावनाओं का उर्वर क्षेत्र हो। शरीर शक्ति का आधार हो।

ऋषिः—अपालात्रेयीङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—विराडनुष्टुपङ्क स्वरः—गान्धारःङ्क

रोमशा

असौ च या न उर्वरादिमां तन्वं१ मम। अथो ततस्य यच्छिरः सर्वा ता रोमशा कृधि॥ ६॥

(१) हे प्रभो! असौ च या-और जो वह नः उर्वरा-हमारी उर्वरा हृदयस्थली है, गत मन्त्र के अनुसार जो प्रेम के भावों के लिये अतिशयेन उपजाऊ है, उसको आत्-अब इमाम्-इस मम तन्वम्-मेरे शरीर को अथ उ-और अब यत्-जो ततस्य-विस्तृत ज्ञान का निधान शिरः-सिर है। सर्वाता-उन सब को रोमशा कृधि-(रु शब्दे) प्रभु-स्तवन में निवासवाला बनाइये। (२) हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय, हमारा शरीर सभी प्रभु-स्तवन में प्रवृत्त हों।

भावार्थ-हम हृदय, शरीर व मस्तिष्क सभी से प्रभु का स्तवन करनेवाले बनें। हृदय प्रभु के प्रेम से, शरीर प्रभु की शक्ति से व मस्तिष्क प्रभु के ज्ञान से परिपूर्ण हो।

ऋषिः—अपालात्रेयीङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—पादनिचृदनुष्टुपङ्क स्वरः—गान्धारःङ्क

सूर्यत्वच् बनना

खे रथस्य खेऽनसः खे युगस्य शतक्रतो। अपालामिन्द्र त्रिष्पूत्व्यकृणोः सूर्यत्वचम्॥ ७॥

(१) रथस्य-शरीररूप रथ के खे-छिद्र में अनसः-(अन प्राणने) प्राणमय कोश के, इन्द्रियों के (प्राणाः वाव इन्द्रियाणि) खे-छिद्र में तथा युगस्य-आत्मा व इन्द्रियों के मिलानेवाले मन के (मन द्वारा आत्मा का इन्द्रियों के साथ सम्पर्क होता है) खे-छिद्र में, हे शतक्रतो-अनन्त प्रज्ञान व शक्तिवाले इन्द्र-परमैश्वर्य-सम्पन्न प्रभो! अपालाम्-सब दोषों का सुदूर वारण करनेवाली को त्रिः-तीन बार (शरीर, इन्द्रियों व मन से) पूत्वी-पवित्र करके सूर्यत्वचम्-सूर्य के समान त्वचावाला अकृणोः-तूने कर दिया।

भावार्थ-प्रभु अपने उपासक को शरीर, इन्द्रियों व मन में निर्दोष बनाकर दीप्त जीवनवाला बना देते हैं। यह उपासक सूर्यसम तेजस्वी प्रतीत होने लगता है।

प्रभु द्वारा पवित्र किया गया यह उपासक ज्ञान को (श्रुत) अपना सुरक्षा स्थान (कक्ष) बनाता है, सो 'श्रुतकक्ष' नामवाला होता है। इस उत्तम (सु) रक्षा स्थानवाला (कक्ष) यह 'सुकक्ष' बनता है। यह सब अंगों में रसवाला 'आंगिरस' तो है ही। यह सब साथियों से इन्द्र के गायन के लिये कहता है-

९२. [द्विनवतितमं सूक्तम्]

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

विश्वासाह-शतक्रतु प्रभु का गायन

पान्तमा वो अन्धस इन्द्रमभि प्र गायत। विश्वासाहं शतक्रतुं मंहिष्ठं चर्षणीनाम्॥ १॥

(१) हे मित्रो! वः-तुम्हारे अन्धसः-सोम का, वीर्यशक्ति का आपान्तम्-सर्वतः रक्षण करनेवाले इन्द्रम्-उस शत्रु-विद्रावक प्रभु का अभि प्रगायत-दिन के दोनों ओर प्रातः-सायं गायन करो। प्रभु-स्तवन से ही प्रत्येक दिन को प्रारम्भ करो और प्रभु-स्तवन ही प्रत्येक दिन का अन्तिम कार्य हो। (२) उन प्रभु का गायन करो जो विश्वासाहम्-सब शत्रुओं का पराभव करनेवाले हैं। शतक्रतुम्-अनन्त प्रज्ञान व शक्तिवाले हैं। तथा चर्षणीनाम्-श्रमशील मनुष्यों के मंहिष्ठम्-सर्वोत्तम दाता हैं, इनके लिये सब ऐश्वर्यों के प्राप्त करानेवाले हैं।

भावार्थ-प्रभु उपासक के सब शत्रुओं का पराभव करते हैं। उसके लिये शक्ति व प्रज्ञान को प्राप्त कराके सब ऐश्वर्यों को प्राप्त कराते हैं। हम प्रतिदिन प्रातः-सायं प्रभु का गायन करें।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्र

पुरूहूतं पुरुष्टुतं गाथान्यं१ सनश्रुतम्। इन्द्र इति ब्रवीतन॥ २॥

(१) पुरुहूतम्-(पुरु हूतं यस्य) पालन व पूरण करनेवाली है पुकार जिसकी-जिसकी आराधना से शरीर नीरोग बनता है और मन पवित्र होता है, पुरुष्टुतम्-जो खूब ही स्तुत होता है, सम्पूर्ण वेद जिसका स्तवन कर रहा है गाथान्यम्-जो गायन के योग्य हैं और सनश्रुतम्-सदा से (सनातन काल से) प्रसिद्ध हैं, पुराण पुरुष हैं। उन प्रभु को इन्द्रः-वे परमैश्वर्यशाली हैं, सर्वशक्तिमान् हैं, शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले हैं (इदि परमैश्वर्ये, सर्वाणि बल कर्माणि इन्द्रस्य, इनः सन् शत्रून् द्रावयति) इति-इस प्रकार ब्रवीतन-व्यक्त रूप से गाओ। 'इन्द्र' नाम से प्रभु का गायन करो।

भावार्थ-उस सनातन प्रभु को हम 'इन्द्र' नाम से स्मरण करें। इन्द्र ही बनने का प्रयत्न करें।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—पादनिचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

महानां वाजानां दाता

इन्द्र इन्नो महानां दाता वाजानां नृतुः। महाँ अभिज्ञ्वा यमत्॥ ३॥

(१) इन्द्रः=वह परमैश्वर्यशाली प्रभु नः=हमारे लिये इत्=निश्चय से महानाम्=(मघानां) सब ऐश्वर्यों के दाता=देनेवाले हैं। वे प्रभु ही वाजानाम्=सब शक्तियों के व गतियों के देनेवाले हैं। इन ऐश्वर्यों व शक्तियों को देकर प्रभु ही नृतुः=हमें आगे ले चलनेवाले अथवा इस सम्पूर्ण नृत्य के करानेवाले हैं। यह संसार अभिनय-स्थली है, प्रभु ही सब अभिनय करानेवाले सूत्रधार हैं। जीव ही अभिनेता (Actors) हैं। (२) वे महान्=पूजनीय प्रभु अभिज्ञु=(अभिगत जानुकं यथा स्यात् तथा) घुटने टिकवाकर आयमत्=हमें नियम में रखते हैं। हमें वे विनीत व संयमी बनाते हैं।

भावार्थ—प्रभु हमारे लिये ऐश्वर्यों व शक्तियों को प्राप्त कराते हैं। वे ही इस संसाररूप अभिनय-स्थली के सूत्रधार होते हुए हमें नृत्य कराते हैं, अपने शासन से वे हमें विनीत व संयमी बनाते हैं।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

सुदक्षस्य-प्रहोषिणः

अपादु शिप्र्यन्धसः सुदक्षस्य प्रहोषिणः। इन्दोरिन्द्रो यवाशिरः॥ ४॥

(१) वे शिप्री=उत्तम हनु व नासिकाओं को प्राप्त करानेवाले प्रभु खूब चबाकर भोजन करने व प्राणायाम श्रमसाधनों से अन्धसः=शरीर-रथ सोम का उ=निश्चय से अपाद्=रक्षण करते हैं। इस सोम का जो सुदक्षस्य=हमें उत्तम बल को देता है तथा प्रहोषिणः=हमें त्याग की वृत्तिवाला बनाता है (हु दाने)। (२) इन्द्रः=वह परमैश्वर्यशाली प्रभु इन्दोः=इस सोम के द्वारा यवाशिरः=(यु अभिश्रणे, शृ हिंसायाम्) सब मलों का हमारे से अभिश्रण करनेवाले व सब वासनाओं का संहार करनेवाले हैं।

भावार्थ—हम उत्तम सात्त्विक भोजन को चबाकर खायें तथा प्राणायाम में प्रवृत्त हों। इस प्रकार सोमरक्षण द्वारा जीवन को नीरोग व पवित्र बनानेवाले हों। यह सोम हमें उत्तम बलवाला व त्याग की वृत्तिवाला बनायेगा।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—आर्चीस्वराड् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

पूजन-सोमकण-दिव्यता का वर्धन

तम्वभि प्रार्चतेन्द्रं सोमस्य पीतये। तदिद्धयस्य वर्धनम्॥ ५॥

(१) तं इन्द्रं उ=उस शत्रु-विद्रायक प्रभु को ही अभि प्रार्चत=आभिमुख्येन पूजित करनेवाले बनो। प्रातः-सायं प्रभु का ही पूजन करो। यह पूजन ही सोमस्य पीतये=सोम के रक्षण के लिये होगा। इसी प्रकार सोम का रक्षण होगा। (२) तत् इत् हि=वह पूजन द्वारा सोम का रक्षण ही अस्य वर्धनम्=उपासक के जीवन में प्रभु का वर्धन करनेवाला होता है।

भावार्थ—हम प्रातः-सायं प्रभु-पूजन करते हुए सोमरक्षण द्वारा अपने जीवन में प्रभु का वर्धन करनेवाले बनें, जीवन को अधिकाधिक दिव्य बना पायें।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—विराड् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

निरक्षण द्वारा विजय

अस्य पीत्वा मदानां देवो देवस्यौजसा। विश्वाभि भुवना भुवत्॥ ६॥

(१) अस्य-इस सोम का पीत्वा-पान करके मदानाम्-हर्षों व उल्लासों का देवः-अपने में क्रीडन करनेवाला होता है। सोमी पुरुष के जीवन में उल्लासों की क्रीडा होती है। (२) यह सोमी पुरुष देवस्य ओजसा-उस महादेव प्रभु के ओज (बल) से विश्वा भुवना अभिभुवत्-सब भुवनों को अभिभूत करनेवाला, सब पर विजय पानेवाला होता है।

भावार्थ-सोमरक्षण से जीवन उल्लासमय बनता है। प्रभु की शक्ति से शक्ति-सम्पन्न होकर यह सोमी पुरुष सब भुवनों का विजय करता है।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—पादनिचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

सत्रासाहं (प्रभुं) आच्यावयसि

त्यमु वः सत्रासाहं विश्वासु गीर्ष्वायतम्। आ च्यावयस्यूतये॥ ७॥

(१) त्वम्-उस प्रभु को उ-ही ऊतये-अपने रक्षण के लिये आच्यावयसि-(आगमय) प्राप्त कर अपने हृदय मन्दिर में प्राप्त करा। (२) वे प्रभु ही वः-तुम्हारे सत्रासाहम्-सदा शत्रुओं का पराभव करनेवाले हैं और वे प्रभु ही विश्वासु गीर्षु आयतम्-सब वेद वाणियों में विस्तृत हैं, सब वाणियाँ प्रभु का ही वर्णन कर रही हैं।

भावार्थ-प्रभु को ही हम प्राप्त करने का प्रयत्न करें वे ही हमारे शत्रुओं का पराभव करनेवाले व सब वेदवाणियों के प्रतिपाद्य विषय हैं।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

युध्मं (प्रभुम्) आच्यावयसि

युध्मं सन्तमनर्वाणं सोमपामनपच्युतम्। नरमवार्यक्रतुम्॥ ८॥

(१) उस प्रभु को प्राप्त करो जो युध्मम्-तुम्हारे शत्रुओं के साथ युद्ध करनेवाले हैं। सन्तम्-जो सदा विद्यमान हैं, सत्यस्वरूप हैं। अनर्वाणम्-हिंसित न होने देनेवाले हैं। सोमपाम्-सोम का रक्षण करनेवाले हैं। अनपच्युतम्-शत्रुओं द्वारा पराभूत न होनेवाले हैं। (२) वे प्रभु ही नरम्-हमें उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले हैं व अवार्यक्रतुम्-अनिवारणीय शक्ति व प्रज्ञानवाले हैं।

भावार्थ-प्रभु को प्राप्त करके ही हम युद्ध में शत्रुओं का पराभव कर पाते हैं। यह प्रभु-स्मरण ही हमारे सोमरक्षण का साधन बनता है और हमें उन्नतिपथ पर ले चलता है।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

पार्यधन

शिक्षा ण इन्द्र राय आ पुरु विद्वाँ ऋचीषम। अवा नः पार्ये धने॥ ९॥

(१) हे ऋचीषम-(ऋच्, ईष् गतौ) स्तुति के द्वारा गन्तव्य प्रभो! नः-हमें रायः-धनों को आशिक्ष-दीजिये। हे इन्द्र-सब शत्रुओं के विद्रावक प्रभो! आप पुरु-खूब ही विद्वान्-ज्ञानवान् हैं। हमारे लिये आवश्यक धनों को आप प्राप्त कराते ही हैं। (२) हे प्रभो! आप नः-हमें पार्ये धने-जीवन यात्रा के पूर्ण करने के लिये आवश्यक धन से अवा-रक्षित करिये। आवश्यक धन प्राप्त कराके आप हमारा रक्षण करिये।

भावार्थ-प्रभु स्तुति के द्वारा सान्निध्य के योग्य हैं। वे हमें जीवन-यात्रा के लिये आवश्यक धन को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

इषा (शतवाजया, सहस्त्रवाजया)

अतश्चिदिन्द्र ण उपा याहि शतवाजया। इषा सहस्त्रवाजया॥ १०॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! आप **अतः चित्**-इसलिए ही, अर्थात् गतमन्त्र के अनुसार 'पार्य धन' को प्राप्त कराने के लिये ही **नः**-हमें **इषा**-प्रेरणा के साथ **उप आयाहि**-समीपता से प्राप्त होइये। आपकी प्रेरणा ही हमें उत्तम श्रमों में संलग्न करके इस 'पार्य धन' को प्राप्त करानेवाली होगी। (२) यह प्रेरणा **शतवाजया**-सैकड़ों शक्तियोंवाली है। सैकड़ों ही क्या **सहस्त्रवाजया**-सहस्रों शक्तियोंवाली है। अथवा शतवर्ष पर्यन्त सहस्रों शक्तियों को देनेवाली है।

भावार्थ-प्रभु हमें उस प्रेरणा के साथ प्राप्त हों, जो हमें शतवर्ष पर्यन्त सहस्रों शक्तियों को प्राप्त करानेवाली हो।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

शक्र, गोदरे, वज्रिवः

अयाम धीवतो धियोऽवंद्भिः शक्र गोदरे। जयेम पृत्सु वज्रिवः॥ ११॥

(१) हे **शक्र**-शक्ति-सम्पन्न **गोदरे**-ज्ञान की वाणियों के मर्मों को खोलनेवाले प्रभो! हम आपका स्तवन करते हुए **धीवतः**-प्रशस्त बुद्धि व कर्मोंवाले पुरुष के **धियः**-ज्ञानपूर्वक किये जानेवाले कर्मों को **अयाम**-प्राप्त हों। (२) हे **वज्रिवः**-वज्रहस्त अथवा गतिशील प्रभो! हम **अर्वद्भिः**-आप से दिये गये इन इन्द्रियाश्वों के द्वारा **पृत्सु**-संग्रामों में **जयेम**-विजयी हों। हम ज्ञानेन्द्रियों से ज्ञान प्राप्ति में तथा कर्मेन्द्रियों से यज्ञादि उत्तम कर्मों में उत्पन्न हुए-हुए वासनाओं को सदा जीतनेवाले बनें।

भावार्थ-उपासित प्रभु हमें शक्ति-सम्पन्न बनाते हैं, हमारे लिये ज्ञान की वाणियों के मर्मों को बींधते हैं, हमें क्रियाशील बनाते हैं। ज्ञानपूर्वक कर्मों में प्रवृत्त हुए-हुए हम सदा वासना-संग्राम में विजयी बनें।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

स्तुति व प्रभु प्रियता

वयमु त्वा शतक्रतो गावो न यवसेष्वा। उक्थेषु रणयामसि॥ १२॥

(१) हे **शतक्रतो**-अनन्त प्रज्ञान व शक्तिवाले प्रभो! **वयम्**-हम **उ**-निश्चय से **त्वा**-आपको **उक्थेषु**-स्तोत्रों में **आरणयामसि**-रमणवाला करते हैं। इस प्रकार **न**-जैसे **यवसेषु गावः**-घासों में गौओं को। (२) हम इस प्रकार हृदय से आपके स्तोत्रों का उच्चारण करते हैं कि आप उन स्तोत्रों में प्रीतिवाले होते हैं। इन स्तोत्रों के द्वारा हम आपके प्रिय बनते हैं।

भावार्थ-हम स्तोत्रों के द्वारा प्रभु की प्रीति का सम्पादन करते हुए प्रभु से शक्ति व प्रज्ञान को प्राप्त करते हैं।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—विराड् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

मनुष्योचित कामनाएँ

विश्वा हि मर्त्यत्वनार्वकामा शतक्रतो। अगन्म वज्रिन्नाशसः॥ १३॥

(१) हे **शतक्रतो**-अनन्त शक्ति व प्रज्ञानवाले प्रभो! **विश्वा हि**-सब ही **मर्त्यत्वना**-

(मर्त्यत्वानि) मनुष्य अनुकामा=(कामान् अनुगतानि) कामनाओं से युक्त हैं। मनुष्य का बिलकुल निष्काम होना सम्भव नहीं। (२) सो हे वज्रिन्=वज्रहस्त प्रभो! गतिशील प्रभो! हम आशसः=आशंसनों को उन्नति के लिये साधनभूत पदार्थों की कामनाओं को अगन्म=प्राप्त हों।

भावार्थ=हम पत्थर की तरह जड़ न हों। उन्नति के लिये साधनभूत पदार्थों की कामनाओंवाले हों। उनकी पूर्ति के लिये गतिशील हों।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—विराड् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

कामकातयः

त्वे सु पुत्र शवसोऽवृत्रन्कामकातयः। न त्वामिन्द्रातिरिच्यते॥ १४॥

(१) हे शवसः पुत्र=बल के पुत्र, शक्ति के पुतले, सर्वशक्तिमन् प्रभो! कामकातयः=(कामपराः कातयः शब्दाः येषां) नाना कामनाओं की प्रार्थना करनेवाले ये उपासक त्वे सु अवृजन्=आप में स्थित होते हुए उत्तम वृत्तिवाले होते हैं। आपका स्मरण करते हुए ये शुभ मार्ग से ही अपनी कामनाओं को पूर्ण करने के लिये यत्नशील होते हैं। (२) हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! त्वां न अतिरिच्यते=आप से कोई भी अधिक नहीं है। सो आपको छोड़कर और किस की आराधना करना।

भावार्थ=प्रभु से ही हम सब काम्य पदार्थों की याचना करते हैं। प्रभु ही हमारी कामनाओं को पूर्ण करते हैं।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—विराड् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

'सनिष्ठा घोरा' धी

स नो वृषन्त्सनिष्ठया सं घोरया द्रवित्न्वा। धियाविड्ढि पुरन्ध्या॥ १५॥

(१) हे वृषन्=सब सुखों व काम्य पदार्थों का वर्षण करनेवाले प्रभो! सः=वे आप नः=हमें धिया=बुद्धि के द्वारा अविड्ढि=रक्षित करिये। बुद्धि ही 'मे-धा' है, मेरा धारण करनेवाली है। (२) उस बुद्धि के द्वारा जो सनिष्ठया=(स-निष्ठया) प्रभु में पूर्ण निष्ठा व आस्थावाली है, अथवा (सन् संभक्तौ) सब उत्तम पदार्थों का सम्भजन करानेवाली है। सं घोरया=सम्यक् घोर है, शत्रुओं के लिये भयङ्कर है। द्रवित्न्वा=शत्रुओं को दूर भगानेवाली है तथा पुरन्ध्या=खूब पालन व पूरण करनेवाली है, बहुतों का धारण करनेवाली है।

भावार्थ=प्रभु हमें वह बुद्धि दें जो निष्ठावाली व सब पदार्थों को प्राप्त करानेवाली है। जो बुद्धि शत्रुओं के लिये भयङ्कर व शत्रुओं को दूर भगानेवाली है। वह बुद्धि प्रभु हमें दें जो बहुतों का धारण करनेवाली है।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

'द्युम्नितमः' मदः

यस्ते नूनं शतक्रतविन्द्र द्युम्नितमो मदः। तेन नूनं मदे मदेः॥ १६॥

(१) हे शतक्रतो=अनन्त प्रज्ञान व शक्तिवाले इन्द्र=शत्रु-विद्रावक प्रभो! यः=जो ते=आपका दिया हुआ मदः=हर्ष का उत्पादक यह सोम है, वह नूनम्=निश्चय से द्युम्नितमः=हमारे जीवनों को खूब ही ज्योतिर्मय बनानेवाला है। (२) तेन=उस उल्लास जनक सोम से नूनम्=निश्चय ही मदे=उल्लास के होने पर आप मदेः=हमें आनन्दित करनेवाले हों।

भावार्थ=सुरक्षित सोम जीवन को ज्योतिर्मय व उल्लासयुक्त करता है। इससे जीवन

आनन्दमय बनता है।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'चित्रश्रवस्तम, वृत्रहन्तम, ओजोदातम' मद

यस्ते चित्रश्रवस्तमो य इन्द्र वृत्रहन्तमः। य ओजोदातमो मदः॥ १७॥

(१) हे इन्द्र=सर्वशक्तिमन् प्रभो! हमें उस मद को, हर्षजनक सोम को प्राप्त कराइये यः=जो ते=आपका मदः=उल्लासजनक सोम चित्रश्रवस्तमः=अद्भुत ज्ञान को सर्वाधिक प्राप्त करानेवाला है। यः=जो सोम वृत्रहन्तमः=वासना को अधिक से अधिक नष्ट करनेवाला है। और यः=जो ओजोदातमः=अत्यधिक ओज को देनेवाला है।

भावार्थ—प्रभु से प्राप्त कराया गया यह उल्लासजनक सोम (क) अद्भुत ज्ञान को देनेवाला है, (ख) वासना को विनष्ट करनेवाला है और (ग) हमें खूब ही ओजस्वी बनानेवाला है।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अद्रिवः-सत्य-सोमपाः-दस्म

विद्मा हि यस्ते अद्रिवस्त्वादत्तः सत्य सोमपाः। विश्वासु दस्म कृष्टिषु॥ १८॥

(१) हे अद्रिवः=आदरणीय, सत्य=सत्यस्वरूप, सोमपाः=सोम का रक्षण करनेवाले, दस्म=शत्रुओं का उपक्षय करनेवाले प्रभो! यः=जो विश्वासु=सब कृष्टिषु=श्रमशील मनुष्यों में त्वादत्तः=आप से दिया गया धन है, उसे हम भी ते=आप से विद्म हि=प्राप्त करें ही। (२) प्रभु श्रमशील मनुष्यों को ऐश्वर्य प्राप्त कराते हैं। हम भी श्रमशील बनकर प्रभु से दिये जानेवाले इस ऐश्वर्य को प्राप्त करें।

भावार्थ—हम प्रभु का उपासन (आदर) करें। वे सत्यस्वरूप प्रभु हमारे सोम का रक्षण करते हुए हमारे सब शत्रुओं का उपक्षय करेंगे। श्रमशील बनकर हम प्रभु से दिये जानेवाले धन के पात्र बनें।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोम का स्वाध्याय व स्तवन द्वारा शरीर में स्तोभन (रोकना)

इन्द्राय मद्वने सुतं परि ष्टोभन्तु नो गिरः। अर्कमर्चन्तु कारवः॥ १९॥

(१) उस मद्वने=(मद्+वन्) हर्ष का सम्भजन करनेवाले, आनन्दस्वरूप इन्द्राय=परमैश्वर्यशाली प्रभु की प्राप्ति के लिये नः गिरः=हमारी ज्ञान की वाणियाँ सुतं परिष्टोभन्तु=उत्पन्न हुए-हुए सोम को शरीर में ही चारों ओर रोकनेवाली हों। (स्तोभते=stop) शरीर में सोम के सुरक्षित होने पर ही प्रभु की प्राप्ति होती है। (२) कारवः=क्रियाओं को कुशलता से करने के द्वारा प्रभु का अर्चन करनेवाले स्तोता अर्कम्=उस उपासनीय प्रभु का अर्चन्तु=पूजन करें। कर्त्तव्य कर्मों को करके उन्हें प्रभु के लिये अर्पित करना ही प्रभु का अर्चन है।

भावार्थ—उस आनन्दमय प्रभु की प्राप्ति के लिये सोम का रक्षण आवश्यक है। सोमरक्षण के लिये स्वाध्याय व प्रभु-स्तवन साधन बनते हैं।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'श्री का आधार' विष्णु

यस्मिन्विश्वा अधि श्रियो रणन्ति सप्त संसदः। इन्द्रं सुते हवामहे॥ २०॥

(१) यस्मिन्-जिन प्रभु में विश्वाः श्रियः-सब लक्ष्मियाँ अधि-आधिक्येन निवास करती हैं। जिस प्रभु के विषय में सप्त-सातों संसदः-होता 'कर्माविमौनासिके चक्षणी मुखम्' रणन्ति-स्तवन करते हैं। उस इन्द्रम्-परमैश्वर्यशाली प्रभु को, सब इन्द्रियों को शक्ति देनेवाले प्रभु को सुते-इस सोम के सम्पादन व रक्षण के निमित्त हवामहे-पुकारते हैं। प्रभु ने ही वासना विनाश द्वारा इस सोम का रक्षण करना है।

भावार्थ-प्रभु ही सब श्रियों के आधार हैं। प्रभु ने ही कर्ण आदि इन्द्रियों को श्री-सम्पन्न बनाना है। इस श्री-सम्पन्नता के लिये प्रभु ही सोम का सम्पादन व रक्षण करते हैं।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

ज्योतिः, गौर, आयुः (त्रिकद्रुक)

त्रिकद्रुकेषु चेतनं देवासो यज्ञमत्नत। तमिद्वर्धन्तु नो गिरः॥ २१॥

(१) त्रिकद्रुकेषु-'ज्योतिः गौः आयुः'= 'हमें ज्योति प्राप्त कराओ, हमारे लिये उत्तम इन्द्रियों को प्राप्त कराइये (गौ) तथा हमें दीर्घजीवी बनाइये' इस प्रकार तीनों आह्वानों के होने पर (कदि आह्वाने) चेतनम्-चेतना को, ज्ञान को देनेवाले यज्ञम्-पूजनीय प्रभु को देवासः-देववृत्ति के पुरुष अत्नत-अपने में विस्तृत करते हैं। (२) नः गिरः-हमारी ये वाणियाँ भी तं इत्-उस प्रभु का ही वर्धन्तु-वर्धन करें। हम वाणियों से प्रभु का ही स्तवन करें। प्रभु हमारे ज्ञान को बढ़ायेंगे, हमें उत्तम इन्द्रियों को प्राप्त करायेंगे और इस प्रकार हमें प्रशस्त दीर्घ जीवनवाला करेंगे।

भावार्थ-प्रभु का ही देववृत्ति के पुरुष पुकारते हैं। प्रभु-स्तवन करते हुए वे ज्ञान के प्रकाश को, उत्तम इन्द्रियों को व दीर्घजीवन को प्राप्त करते हैं।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

प्रभु में प्रवेश

आ त्वा विशन्त्विन्दवः समुद्रमिव सिन्धवः। न त्वामिन्द्राति रिच्यते॥ २२॥

(१) 'इन्दु' शब्द सोम का वाचक है। सोम का रक्षण करनेवाले पुरुष भी यहाँ 'इन्दु' कहे गये हैं। ये इन्दवः-सोम का अपने में रक्षण करनेवाले पुरुष त्वा आविशन्तु-हे प्रभो! आप में प्रवेश करनेवाले हों। इस प्रकार वे आप में प्रवेश कर जायें इव-जैसे सिन्धवः-नदियाँ समुद्रम्-समुद्र में प्रवेश कर जाती हैं और समुद्र ही हो जाती हैं। (२) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! वस्तुतः त्वा न अतिरिच्यते-कोई भी वस्तु आप से अतिरिक्त नहीं है। सभी को आपने अपने गर्भ में धारण किया हुआ है। सोमरक्षक पुरुष अपने को आप में अनुभव करता है।

भावार्थ-हम सोमरक्षण करते हुए प्रभु में प्रवेश करनेवाले बनें।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

प्रभु के उदर को सोम से भरना

विव्यक्थ महिना वृषन्भक्षं सोमस्य जागृवे। य इन्द्र जठरेषु ते॥ २३॥

(१) हे वृषन्-सुखों का वर्षण करनेवाले जागृवे-सदा जागरणशील प्रभो! आप ही महिना-अपनी महिमा से सोमस्य भक्षम्-सोम के भक्षण को विव्यक्थ-व्याप्त करते हैं। अर्थात् आपके अनुग्रह से ही सोम का शरीर में व्यापन होता है। (२) हे इन्द्र-सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! उस सोम का आप व्यापन करते हो यः-जो ते जठरेषु-आपके उदरों में हैं। हम अपने इन उदरों को जब आपका उदर बना देते हैं, अर्थात् इसे आपका ही जानकर पवित्र रखने

का प्रयत्न करते हैं, तो सोम इसमें सुरक्षित रहता है।

भावार्थ–प्रभु सदा जागरणशील (अप्रमत्त) व हमारे पर सुखों का वर्षण करनेवाले हैं। वे प्रभु हमारे अन्दर सोम का रक्षण करते हैं। हम इन उदरों को प्रभु का उदर बना के पवित्र भोजनों को करते हुए सोम का रक्षण कर पायें।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

धामभ्यः अरम्

अरं त इन्द्र कुक्षये सोमो भवतु वृत्रहन्। अरं धामभ्य इन्दवः॥ २४॥

(१) हे **वृत्रहन्**=वासनाओं को विनष्ट करनेवाले **इन्द्र**=सर्वशक्तिमन् प्रभो! **सोमः**=यह सोम **ते कुक्षये**=आप से दी गई इस कुक्षि के लिये **अरं भवतुम्**=भूषित करनेवाला हो। यह सोम कुक्षि में ही सुरक्षित रहकर उसे भूषित करे। (२) हे प्रभो! ये **इन्दवः**=सोमकण **धामभ्यः**=सब तेजों के लिये **अरम्**=पर्याप्त हों। इनके रक्षण से तेजस्विता का लाभ हो।

भावार्थ–शरीर में सुरक्षित सोम शरीर को अलंकृत करे। सब तेजों को यह प्राप्त करानेवाला हो।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

अश्व-गौ-इन्द्रधाम

अरमश्वाय गायति श्रुतकक्षो अरं गवे। अरमिन्द्रस्य धाम्ने॥ २५॥

(१) **श्रुतकक्षः**=ज्ञान को ही अपना रक्षा-स्थान बनानेवाला (कक्ष hiding place) यह उपासक **अश्वाय**=उत्तम कर्मेन्द्रियों की प्राप्ति के लिये **अरं गायति**=खूब ही प्रभु का गायन करता है। यह **गवे**=उत्तम ज्ञानेन्द्रियों की प्राप्ति के लिये **अरम्**=खूब ही गायन करता है। (२) इसी प्रकार **इन्द्रस्य**=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु के **धाम्ने**=तेज के लिये **अरम्**=खूब ही गायन करता है।

भावार्थ–हम 'श्रुतकक्ष' बनें। स्वाध्याय द्वारा व्यर्थ के व्यसनों से बचकर उत्तम कर्मेन्द्रियों उत्तम ज्ञानेन्द्रियों में प्रभु के तेज को पाने के लिये खूब ही प्रभु का गायन करें।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

सोमरक्षण और सद्गुण धारण

अरं हि ष्मा सुतेषु णः सोमेष्विन्द्र भूषसि। अरं ते शक्र दावने॥ २६॥

(१) हे **इन्द्र**=सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! आप **सु सोमेषु सुतेषु**=सोमों का सम्पादन होने पर **नः**=हमें **हिष्मा**=निश्चय से **अरं भूषसि**=खूब ही गुणों से सुभूषित करते हैं। (२) हे **शक्र**=सर्वशक्तिमन् प्रभो! ये **ते**=आपके सोमकण **दावने**=दानशील पुरुष के लिये **अरम्**=पर्याप्त हों। दानशील पुरुष भोग-विलास से ऊपर उठकर इन सोमकणों का रक्षण करनेवाला बने। सुरक्षित सोमकण उसे सद्गुणों से सुभूषित करें।

भावार्थ–हम दानशील बनकर भोगवृत्ति से ऊपर उठकर, सोमकणों के रक्षण के द्वारा सद्गुणों का धारण करें।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जः

प्रभु-स्तवन व प्रभु प्राप्ति

पराकात्त्वाच्चिदद्रिवस्त्वां नक्षन्त नो गिरः। अरं गमाम ते वयम्॥ २७॥

(१) हे अद्रिवः=आदरणीय प्रभो! **पराकातात् चित्**=अत्यन्त सुदूर देश से भी **नः गिरः**=हमारी स्तुति-वाणियाँ **त्वां नक्षन्त**=आपको प्राप्त होती हैं। हम चाहे आप से कितनी भी दूर हैं, अभी आपके दर्शन के पात्र चाहे नहीं भी बन पाये हैं, तो भी आपकी सत्ता में निष्ठा रखते हुए हम आपका स्तवन करते हैं। (२) हे प्रभो! इस प्रकार आपका स्तवन करते हुए **वयम्**-हम **ते**-आपके प्रति **अरं गमाम**=खूब ही गतिवाले हों। आपके समीप और समीप प्राप्त होनेवाले हों।

भावार्थ-प्रभु से दूर होते हुए भी हम प्रभु का स्तवन करें। प्रभु-स्तवन करते हुए हम प्रभु को समीपता से प्राप्त होनेवाले हों।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—विराड् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

वीर-शूर-स्थिर

एवा ह्यसि वीरयुरेवा शूर उत स्थिरः। एवा ते राध्यं मनः॥ २८॥

(१) हे इन्द्र=शत्रु-विद्रावक प्रभो! आप **हि**=निश्चय से **वीरयुः**=वीरों को प्राप्त होने की कामनावाले **असि एव**=हैं ही। वीरों को आप प्राप्त होते हैं। आप **एवा**=सचमुच **शूरः**=शूरवीर हैं **उत**=और **स्थिरः**=स्थिर हैं, शत्रुओं से विचलित किये जानेवाले नहीं हैं। (२) **एवा**=सचमुच **ते**=आपके द्वारा ही **मनः राध्यम्**=मन वश में करने योग्य है। आपकी उपासना से ही एक उपासक अपने मन को वश में कर पाता है। उपासक भी उपास्य प्रभु के समान 'वीर, शूर व स्थिर' बनता है और मन को वश में करता है।

भावार्थ-हम प्रभु की उपासना करते हुए प्रभु के समान ही 'वीर, शूर व स्थिर' बनें। ऐसा बनकर हम मन को भी वश में कर पायेंगे।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

दान की वृत्ति व प्रभु मित्रता

एवा रातिस्तुवीमघ विश्वेभिर्धायि धातृभिः। अधा चिदिन्द्र मे सचा॥ २९॥

(१) हे **तुवीमघ**=महान् ऐश्वर्यवाले प्रभो! **विश्वेभिः**=सब **धातृभिः**=धारणात्मक कर्मों में प्रवृत्त उपासकों से **एवा**=सचमुच **रातिः**=दान की वृत्ति **धायि**=धारण की जाती है। इस वृत्ति के बिना धारणात्मक कर्मों का सम्भव भी तो नहीं। (२) हे **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **अधा**=अब **चित्**=निश्चय से आप **मे सचा**=मेरे साथ होते हैं। दान की वृत्ति ही मुझे आपका प्रिय बनाती है।

भावार्थ-हम दान की वृत्ति को अपनाकर धारणात्मक कर्मों में प्रवृत्त होते हैं। यह वृत्ति ही मुझे प्रभु की मित्रता को प्राप्त कराती है।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

मा तन्द्रयुः (अनालस्य)

मो षु ब्रह्मेव तन्द्रयुर्भुवो वाजानां पते। मत्स्वा सुतस्य गोमतः॥ ३०॥

(१) जीव को प्रभु कहते हैं कि हे **वाजानां पते**=शक्तियों के रक्षक जीव! तू गत मन्त्र के अनुसार प्रभु की मित्रता में दान की वृत्तिवाला बनकर धारणात्मक कर्मों को करता हुआ, **ब्रह्म इव**=प्रभु जैसा बनकर **तन्द्रयुः**=आलस्य को अपने साथ जोड़नेवाला **मा उ**=मत ही **सुभव**=सम्यक् हो। कभी आलसी न बनकर सदा सत्कर्मों में प्रवृत्त रह। (२) तू **सुतस्य**=शरीर में उत्पन्न किये गये **इस गोमतः**=प्रशस्त ज्ञान की वाणियों व इन्द्रियोंवाले सोम का रक्षण करता हुआ **मत्स्वा**=आनन्द का अनुभव कर। सुरक्षित सोम तेरे ज्ञान को बढ़ाये। यह तेरी इन्द्रियों को सशक्त बनाये और तू

जीवन में आनन्द व उल्लास का अनुभव करे।

भावार्थ–हम शक्तियों के स्वामी बनकर प्रभु जैसा बनते हुए कभी आलसी न हों। उत्पन्न सोम के रक्षण के द्वारा इन्द्रियों को प्रशस्त बनाकर आनन्दयुक्त जीवनवाले हों।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

त्वा युजा वनेम तत्

मा नं इन्द्राभ्या३ दिशः सूरो अक्तुष्वा यमन्। त्वा युजा वनेम तत्॥ ३१॥

(१) हे इन्द्र-शत्रु-संहारक प्रभो! नः-हमें **अभ्यादिशः**-सब ओर से आयुधों को अतिशयेन विसृष्ट करते हुए, सब ओर से आक्रमण करते हुए **सूरः**=(सर्वत्र सरणशीलाः) सर्वत्र सरणशील ये आसुरभाव **अक्तुषु**-अज्ञानान्धकार की रात्रियों में **मा आयमन्**-मत बाँधनेवाले हों। हम अज्ञानवश कामादि शत्रुओं के शिकार न हो जायें। (२) **त्वा युजा**-आप को साथी के रूप में पाकर, आप के सहाय से **सूरोतत्**-उस आसुर वृत्ति समूह को **वनेम**-पराजित करनेवाले हों।

भावार्थ–हम अज्ञानवश वासनाओं से बद्ध न हो जायें। प्रभु को मित्र बनाकर इन वासनाओं का विनाश कर सकें।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

आप हमारे, हम आपके

त्वयेदिन्द्र युजा वयं प्रति ब्रुवीमहि स्पृधः। त्वमस्माकं तव स्मसि॥ ३२॥

(१) हे इन्द्र-सब शत्रुओं के संहारक प्रभो! **त्वया युजा**-आप साथी के साथ **वयम्**-हम **स्पृधः**-स्पर्श करनेवाले शत्रुओं को, काम-क्रोध-लोभ आदि को **इत्**-निश्चय से **प्रति ब्रुवीमहि**-निराकृत कर उसे इनकी ललकार का ठीक उत्तर दे सकें। (२) हे प्रभो! **त्वं अस्माकम्**-आप हमारे हों। **तव स्मसि**-हम आपके हों। हम आप से मिलकर ही तो शत्रुओं को जीत पायेंगे।

भावार्थ–हम प्रभु के साथ मिलकर शत्रुओं को पराजित कर सकें। प्रभु हमारे हों, हम प्रभु के हों। यह ऐक्य ही तो शत्रु-विद्रावक होगा।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वाङ्ग देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु-परिचर्या

त्वामिद्धि त्वायवोऽनुनोनुवतश्चरान्। सखाय इन्द्र कारवः॥ ३३॥

(१) हे **इन्द्र**-शत्रु-विद्रावक प्रभो! **त्वायवः**-आपकी प्राप्ति की कामनावाले **अनुनोनुवतः**-प्रतिदिन अनुक्रमेण आपका स्तवन करते हुए **सखायः**-आपके मित्रभूत ये **कारवः**-कुशलतापूर्वक कर्मों के करने के द्वारा आपका स्तवन करनेवाले स्तोता लोग **त्वां इत् हि**-आपका ही निश्चय से **चरान्**-परिचरण (उपासन) करते हैं।

भावार्थ–हम प्रभु प्राप्ति की कामनावाले हों, प्रतिदिन प्रभु-स्तवन करें। कुशलतापूर्वक कर्मों को करते हुए प्रभु के सखा बनें। इन कर्मों द्वारा प्रभु की अर्चना करें।

यह सतत प्रभु के उपासन करता हुआ प्रभु रूप उत्तम (सु) रक्षण स्थान (कक्ष) को प्राप्त करनेवाला 'सुकक्ष' अगले सूक्त का ऋषि है। अंग-प्रत्यंग में रसवाला यह 'आंगिरस' इन्द्र का स्तवन करता है–

९३. [त्रिनवतितमं सूक्तम्]

ऋषिः—सुकक्षःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—विराड् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

श्रुतामघ-अस्ता

उद्वेदुभि श्रुतामघं वृषभं नर्यापसम्। अस्तारमेषि सूर्य॥ १॥

(१) हे सूर्य-आदित्यवर्ण, सहस्र सूर्यसम तेजस्विन् प्रभो! आप घा इत्-निश्चय से अभि उदेषि-उस व्यक्ति के सम्मुख उदित होते हो, उसको प्राप्त होते हो, जो श्रुतामघम्-ज्ञानरूप ऐश्वर्यवाला होता है। (२) आप उस व्यक्ति को प्राप्त होते हो जो ज्ञानैश्वर्य होकर वृषभम्-शक्तिशाली बनता है। (३) आप उसे प्राप्त होते हो जो ज्ञानैश्वर्यवाला व शक्तिशाली बनकर नर्यापसम्-नरहितकारी कर्मों में प्रवृत्त होता है और इस प्रकार जो अस्तारम्-सब वासनाओं को अपने से सुदूर फेंकनेवाला होता है।

भावार्थ-प्रभु उसे प्राप्त होते हैं जो ज्ञानैश्वर्यवाला, शक्तिशाली, लोकहित के कर्मों को करनेवाला व वासनाओं को परे फेंकनेवाला बनता है।

ऋषिः—सुकक्षःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

नवनवति पुरियों का भेदन

नव॒ यो नव॒तिं पुरो॒ बि॒भेद॑ बा॒ह्वोजसा। अहिं॑ च वृत्रहाव॑धीत्॥ २॥

(१) प्रभु वे हैं य:-जो बाह्वोजसा-बाहुओं के पराक्रम से नवनवतिम्-निन्यानवे पुरः-असुरों की पुरियों को, अनेकों आसुरभावों को बिभेद-विदीर्ण कर देते हैं। (२) च-और वृत्रहा-वासनाओं को नष्ट करनेवाले वे प्रभु अहिम्-इस आहन्ता कामरूप शत्रु का अवधीत्-वध कर डालते हैं।

भावार्थ-प्रभु ही असुरों की पुरियों का विध्वंस करते हैं। वे ही विनाशक वासनाओं का विलय करते हैं।

ऋषिः—सुकक्षःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

अश्वावत् गोमत् यवमत्

स न॒ इन्द्रः॒ शि॒वः सखाश्वा॑व॒द्गोम॒द्यव॑मत्। उ॒रुधा॑रेव दोहते॥ ३॥

(१) सः-वह इन्द्रः-परमैश्वर्यशाली प्रभु नः-हमारा शिवः सखा-कल्याणकारी मित्र है। (२) ये प्रभु हमारे लिये अश्वावत्-प्रशस्त कर्मेन्द्रियोंवाले, गोमत्-प्रशस्त ज्ञानेन्द्रियोंवाले व यवमत्-बुराइयों को पृथक् करके अच्छाइयों को प्राप्त करानेवाले ऐश्वर्य का इस प्रकार दोहते-प्रपूरण करते हैं, इव-जैसे उरुधारा-विशाल दुग्ध की धाराओंवाली गौ वत्स के लिये दूध का दोहन करती है।

भावार्थ-प्रभु हमारे शिव मित्र हैं। वे हमारे लिये उस ऐश्वर्य को देते हैं, जो हमारी इन्द्रियों को उत्तम बनाता है और हमें सब बुराइयों से पृथक् करके अच्छाइयों से मिलाता है।

ऋषिः—सुकक्षःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

इन्द्र, वृत्रहन्, सूर्य

यदु॒द्य कच्च॑ वृत्रहन्नु॒दगा॑ अ॒भि सू॑र्य। सर्वं॒ तदि॑न्द्र ते॒ वशे॑॥ ४॥

(१) प्रभु जीव से कहते हैं कि हे वृत्रहन्-वासनाओं को विनष्ट करनेवाले व सूर्य-सूर्य की तरह निरन्तर क्रियाशील जीव! यद्-जब अद्य कत् च-आज या जब भी कभी तू उत्-प्रकृति

से ऊपर उठकर **अभि अगाः**=मेरी ओर आता है तो **तत् सर्वम्**=वह सब, हे **इन्द्र**=जितेन्द्रिय पुरुष! **ते वशे**=तेरी इच्छा पर ही निर्भर करता है। तू दृढ़ संकल्प करेगा, वासनाओं को विनष्ट कर ज्ञानरस से दीप्त जीवनवाला बनेगा तो अवश्य मेरी ओर (प्रभु की ओर) आनेवाला होगा। (२) प्रभु की ओर आने पर हे **इन्द्र**=जितेन्द्रिय पुरुष **तत् सर्वम्**=वह सब **ते वशे**=तेरे वश में होगा। प्रभु को प्राप्त कर लेने पर सब जगत् के पदार्थ तो प्राप्त हो ही जाते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु प्राप्ति का दृढ़ संकल्प करें। यह संकल्प हमें वासना विनाश में प्रवृत्त करेगा और तब हमारे जीवन में वासनाओं के मेघों का विलय होकर ज्ञानसूर्य का उदय होगा।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अपने अमरत्व को पहचानना

यद्धा प्रवृद्ध सत्पते न मरा इति मन्यसे। उतो तत्सत्यमित्तव॥ ५॥

(१) प्रभु जीव से कह रहे हैं कि—हे **प्रवृद्ध**=ज्ञान के दृष्टिकोण से वृद्धि को प्राप्त हुए-हुए **सत्पते**=उत्तम कर्मों के रक्षक जीव! **यद्धा**=जब निश्चय से '**न मरा**'='मैं मरता नहीं, मैं अमर हूँ' **इति मन्यसे**=इस प्रकार तू मानता है तो **उत उ**=निश्चय से **तव**=तेरा **तत्**=वह अपने को अमर जानना **सत्यं इत्**=सत्य ही है। (२) अपने अमरत्व को पहचानने पर ही तू वास्तविक सत्य को पानेवाला होता है।

भावार्थ—हम अपने अमरत्व को पहचानकर शरीर आदि में 'मैं' की बुद्धि से ऊपर उठें। यही ज्ञान हमें प्राकृतिक भोगों की तुच्छता को स्पष्ट करता हुआ उनके बन्धन में पड़ने से बचायेगा।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोमासः परावति

ये सोमासः परावति ये अर्वावति सुन्विरे। सर्वाँस्ताँ इन्द्र गच्छसि॥ ६॥

(१) गत मन्त्र के अनुसार अपने अमरत्व को पहचानने पर तथा विषयों की तुच्छता को समझने पर **ये**=जो **सोमासः**=सोमकण **परावति**=उस सुदूर मस्तिष्करूप द्युलोक के निमित्त **सुन्विरे**=उत्पन्न किये गये हैं, अथवा **ये**=जो **अर्वावति**=समीपस्थ इस शरीररूप पृथिवीलोक के निमित्त उत्पन्न किये गये हैं, हे **इन्द्र**=जितेन्द्रिय पुरुष! तू **तान् सर्वान्**=उन सब सोमकणों को **गच्छसि**=प्राप्त होता है। (२) अपने अमरत्व को समझकर, विषयों से ऊपर उठने पर ही सोमकणों का रक्षण होता है। इनके रक्षण से ही मस्तिष्करूप द्युलोक दीप्त तथा शरीररूप पृथिवीलोक दृढ़ बनता है।

भावार्थ—हम अपने को अमर जानें। विषयों की तुच्छता को पहचानें। सोमकणों का रक्षण करते हुए मस्तिष्क को दीप्त बनायें तथा शरीर को दृढ़ करें।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वृषा वृषभः भुवत्

तमिन्द्रं वाजयामसि महे वृत्राय हन्तवे। स वृषा वृषभो भुवत्॥ ७॥

(१) **तं इन्द्रम्**=उस शत्रु-विद्रावक सर्वशक्तिमान् प्रभु को **वाजयामसि**=हम अपने अन्दर गतिवाला करते हैं। अर्थात् सदा उसे अपने अन्दर अनुभव करने का प्रयत्न करते हैं। ऐसा करने पर वे प्रभु **महे**=उस महान्, अति प्रबल **वृत्राय हन्तवे**=वृत्त के विनाश के लिये होते हैं। प्रभु हमारी वासना को विनष्ट करते हैं। (२) वासना को विनष्ट करके **सः**=वे **वृषा**=हमारे पर सुखों के सेवन करनेवाले प्रभु **वृषभः**=हमारे लिये साधनभूत धनों का वर्षण करनेवाले **भुवत्**=होते हैं।

भावार्थ–हम प्रभु-स्मरण करें। प्रभु हमारी वासना को विनष्ट करेंगे और हमें आवश्यक धन आदि साधनों को प्राप्त करायेंगे।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'इन्द्र' का लक्षण

इन्द्रः स दामने कृत ओजिष्ठः स मदे हितः। द्युम्नी श्लोकी स सोम्यः॥ ८॥

(१) इन्द्रः सः=इन्द्रियों का अधिष्ठाता जीव वह है जो दामने कृतः=इन्द्रियों के संयम (दाम=बन्धन) के लिये किया गया है। ओजिष्ठः=ओजस्वितम है। इन्द्रियों का संयम ही तो उसे ओजस्वी बनाता है। सः=वह इन्द्र मदे=सोमपान जनित उल्लास के होने पर शक्ति का रक्षण होने पर हितः=सब का हित करनेवाला होता है। (२) द्युम्नी=यह ज्ञान की ज्योतिवाला होता है। श्लोकी=यशस्वी जीवनवाला होता है। हितकर कर्मों में प्रवृत्त हुआ-हुआ यह सदा यश को प्राप्त होता है। परन्तु यशस्वी होता हुआ स सोम्यः=वह अत्यन्त विनीत व शान्त होता है।

भावार्थ–इन्द्र वह है जो–(क) इन्द्रियों के संयम के द्वारा 'ओजिष्ठ' बनता है, (ख) सोमरक्षण जनित उल्लास में सदा हितकर कर्मों में प्रवृत्त होता है, (ग) ज्ञान-ज्योति को ही अपना ऐश्वर्य बनाता है, (घ) यशस्वी जीवनवाला होता है, (ङ) आशयेन विनीत होता है।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गिरा संभृतः वज्रो न

गिरा वज्रो न संभृतः सबलो अनपच्युतः। ववक्ष ऋष्वो अस्तृतः॥ ९॥

(१) गिरा=ज्ञानपूर्वक उच्चरित स्तुति-वाणियों के द्वारा सम्भृतः=सम्यक् धारण किया गया यह प्रभु वज्रः न=उपासक के लिये वज्र के समान होता है। उपासक इस प्रभुरूप वज्र के द्वारा ही काम-क्रोध आदि शत्रुओं का संहार करनेवाला होता है। वे प्रभु सबलः=सदा शक्ति के साथ वर्तमान हैं और अपच्युतः=कभी भी शत्रुओं द्वारा स्थानभ्रष्ट नहीं किये जाते। (२) ये ऋष्वः=महान् अस्तृतः=अहिंसित प्रभु ववक्षे=स्तोताओं के लिये धन आदि साधनों को प्राप्त कराने की कामनावाले होते हैं। इन साधनों को प्राप्त करके साधक उन्नतिपथ पर आगे बढ़ता है।

भावार्थ–स्तुति के द्वारा सम्भृत प्रभु स्तोता के हाथ में वज्र के समान होते हैं। वे सबल प्रभु शत्रुओं से च्युत नहीं किये जा सकते। ये महान् अहिंसित प्रभु ही स्तोता के लिये सब साधनों को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दुर्गे चित् सुगम्

दुर्गे चिन्नः सुगं कृधि गृणान इन्द्र गिर्वणः। त्वं च मघवन्वशः॥ १०॥

(१) हे गिर्वणः=ज्ञान की वाणियों के द्वारा सम्भजनीय इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! गृणानः=स्तुति किये जाते हुए आप नः=हमारे लिये दुर्गे चित्=दुर्गम मार्गों में भी सुगं कृधि=सुगमता से जाने का सम्भव करिये। हम धर्म के दुर्गम मार्गों में सुगमता से चल सकें। (२) हे मघवन्=ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! त्वम्=आप वशः=हमारे लिये सब ऐश्वर्यों के देने की कामना करिये।

भावार्थ–प्रभु के अनुग्रह से हम धर्म के मार्गों पर आसानी से चल सकें। प्रभु के प्रिय होते हुए प्रभु से सब आवश्यक ऐश्वर्यों को प्राप्त करें।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु के आदेश का पालन व स्वराज्य

यस्य ते नू चिदादिशं न मिनन्ति स्वराज्यम्। न देवो नाध्रिगुर्जनः॥ ११॥

(१) हे प्रभो! यस्य ते=जिन आपके आदिशम्=आदेश को, आज्ञा को नु चित्=निश्चय से न मिनन्ति=कोई भी हिंसित नहीं कर पाते। वस्तुतः आपकी आज्ञा को हिंसित न करते हुए वे स्वराज्यम्=आत्मशासन को नष्ट नहीं करते। (२) न देवः=न तो देव न=नहीं आध्रिगुः जनः=अधृत गमन मनुष्य विषय-वासनाओं से जिनकी गति रोकी नहीं जाती वे मनुष्य, आपके शासन को तोड़ते हैं। ये देव व अध्रिगुजन सदा स्वराज्य का उपभोग करते हैं।

भावार्थ—हम देव व विषयों से न रोकी हुई गतिवाले बनकर प्रभु के शासन में चलें, तथा सदा स्वराज्य का उपभोग करें। विषयों व किन्हीं दूसरों के पराधीन न हो जायें।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अप्रतिष्कुत शुष्म

अधा ते अप्रतिष्कुतं देवी शुष्मं सपर्यतः। उभे सुशिप्र रोदसी॥ १२॥

(१) हे सुशिप्र=शोभन हनु व नासिकावाले, हमारे लिये उत्तम जबड़ों व नासिका को प्राप्त करानेवाले प्रभो! अधा=अब ते=आपके अप्रतिष्कुतम्=किन्हीं भी शत्रुओं से आक्रान्त न होने योग्य शुष्मम्=बल को उभे=दोनों देवी=दिव्य गुण-सम्पन्न प्रकाशमय रोदसी=द्यावापृथिवी सपर्यतः=पूजित करते हैं। ये दोनों द्यावापृथिवी आपके अधीन होते हैं। (२) प्रभु ने हमें जबड़े भोजन को चबाने के लिये तथा नासिका छिद्र प्राणसाधना के लिये दिये हैं। खूब चबाया गया भोजन यदि पृथिवीरूप शरीर को दृढ़ करता है तो प्राणसाधना मस्तिष्क को ज्ञानदीप्त करती है। इस प्रकार द्यावापृथिवी में प्रभु के बल का प्रकाश होता है। तब शरीर रोगों से आक्रान्त नहीं होता और मस्तिष्क दुर्विचारों से अभिभूत नहीं होता।

भावार्थ—प्रभु ने जबड़े दिये हैं। इनके द्वारा खूब चबाकर खाया गया भोजन शरीर को दृढ़ बनाता है। प्रभु ने नासिका छिद्र प्राणसाधना के लिये दिये हैं, यह प्राणसाधना मस्तिष्क को ज्ञानदीप्त बनाती है। अब न रोग, न दुर्विचार हमारे पर आक्रमण करते हैं।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

काली व लाल सब गौओं में सफेद दूध

त्वमेतदधारयः कृष्णासु रोहिणीषु च। परुष्णीषु रुशत्पयः॥ १३॥

(१) हे प्रभो! त्वम्=आप ही कृष्णासु=कृष्ण वर्णवाली च=व रोहिणीषु=रोहित वर्णवाली पुरुष्णीषु=पालन व पूरण करनेवाली गौओं में एतत्=इस रुशत्=देदीप्यमान-चमकते हुए पयः=दुग्ध को अधारयः=धारण करते हैं। (२) गौओं का रंग भिन्न-भिन्न है। परन्तु उनके अन्दर दूध का वर्ण अलग-अलग नहीं। इसी प्रकार प्रभु सब भिन्न-भिन्न वर्णवाली त्वचाओंवाले मनुष्यों के लिये देदीप्यमान् ज्ञानदुग्ध को धारण करते हैं।

भावार्थ—यह भी प्रभु के अद्भुत कार्यों में से एक कार्य है कि सब भिन्न-भिन्न वर्णवाली गौओं में दूध का वर्ण एक ही है।

ऋषिः—सुकक्षःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

मृग के अम की प्राप्ति

वि यदहेरधत्विषो विश्वे देवासो अक्रमुः। विदन्मृगस्य ताँ अमः॥ १४॥

(१) **विश्वे देवासः**=सब देववृत्ति के पुरुष **यद्**=जब **अहेः**=आहनन करनेवाले इस वृत्रासुर की, वासना की **त्विषः**=दीप्तियों को **वि अक्रमुः**=विशेषरूप से आक्रान्त करते हैं, **अध**=तो अब **तान्**=उन देवों को **मृगस्य**=उस अन्वेषणीय प्रभु का **अमः**=बल **विदत्**=प्राप्त होता है। (२) वासना को जीतकर ही हम अपने अन्दर प्रभु के प्रकाश को देखनेवाले बनते हैं। वासना ज्ञान पर परदे के रूप में पड़ी रहती है, इसी से यह 'वृत्र' कहलाती है। इसका नाश हुआ और प्रभु का प्रकाश हुआ।

भावार्थ—देव लोग वासना की दीप्ति को आक्रान्त करके प्रभु की शक्ति से शक्ति-सम्पन्न बनते हैं।

ऋषिः—सुकक्षःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

निवरः (प्रभु)

आदु मे निवरो भुवद् वृत्रहादिष्ट पौंस्यम्। अजातशत्रुरस्तृतः॥ १५॥

(१) **आद् उ**=अब शीघ्र ही निश्चय से प्रभु **मे**=मेरे लिये **निवरः**=शत्रुओं का निवारण करनेवाले **भुवत्**=होते हैं। और हे **वृत्रहा**=वासनारूप शत्रु का नाश करनेवाले प्रभु **पौंस्यम्**=बल को **अदिष्ट**=मेरे लिये देते हैं। (२) ये प्रभु **अजातशत्रुः**=अजातशत्रु हैं। प्रभु का कोई भी शासन करनेवाला नहीं हो सकता। **अस्तृतः**=प्रभु किसी से हिंसित नहीं होते। प्रभु का उपासक भी अजातशत्रु व अहिंसित बनता है।

भावार्थ—प्रभु हमारे शत्रुओं का निवारण करते हैं और वासना विनाश द्वारा हमारे में बल का स्थापन करते हैं। वे कभी किसी से हिंसित नहीं किये जा सकते।

ऋषिः—सुकक्षःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

आशुषे, राधसे महे

श्रुतं वो वृत्रहन्तमं प्र शर्धं चर्षणीनाम्। आ शुषे राधसे महे॥ १६॥

(१) **आ शुषे**=समन्तात् शत्रुओं के शोषण के लिये (शुष से भाव में क्विप्) तथा **महे राधसे**=जीवन की महान् सफलता के लिये उस प्रभु का **प्र**=खूब ही स्तवन करो जो **श्रुतम्**=सब वेदवाणियों में सुने जाते हैं। **वः वृत्रहन्तमम्**=तुम्हारी वासनाओं का खूब ही विनाश करनेवाले हैं तथा **चर्षणीनाम्**=श्रमशील मनुष्यों के **शर्धम्**=बलभूत हैं। (२) जब हम प्रभु का स्मरण करेंगे, तो वे हमारी वासनाओं का विनाश करके हमें शक्ति प्रदान करेंगे। यह शक्ति ही हमें शत्रुओं के शोषण के लिये समर्थ करेगी और जीवन में महान् साफल्य को देगी।

भावार्थ—प्रभु-स्मरण हमें वासना-विनाश द्वारा शक्ति-सम्पन्न बनाता है। हम शत्रुओं का शोषण करते हुए जीवन में सफलता को प्राप्त करते हैं।

ऋषिः—सुकक्षःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

गव्या धी

अया धिया च गव्यया पुरुणामन्पुरुष्टुत। यत्सोमैसोम आभुवः॥ १७॥

(१) हे पुरुणामन्=अनन्त स्तोत्रोंवाले, पुरुष्टुत=खूब ही स्तुति किये गये प्रभो! यत्=जब सोमे सोमे=सोमकणों के रक्षित होने पर आप आभवः=(भू प्राप्तौ) हमें प्राप्त होते हैं, तो च=निश्चय से अया=इस गव्यया=ज्ञान की वाणियों की कामनावाली धिया=बुद्धि से हमें प्राप्त होते हैं। आप हमारे लिये उस बुद्धि को प्राप्त कराते हैं, जो ज्ञान की वाणियों की कामनावाली होती है।

भावार्थ—हम प्रभु के स्तोत्रों का गायन करें। यह गायन हमें ज्ञान की वाणियों की रुचिवाली बुद्धि को प्राप्त करायेगा।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'बोधिन्मना' प्रभु

बोधिन्मना इदस्तु नो वृत्रहा भूर्यासुतिः। शृणोतु शक्र आशिषम्॥ १८॥

(१) वह वृत्रहा=वासना को विनष्ट करनेवाला प्रभु नः=हमारे लिये इत्=निश्चय से बोधिन्मनाः=ज्ञानयुक्त मन को देनेवाला हो। प्रभु हमें सदा प्रबुद्ध मन को प्राप्त करायें। वे प्रभु हमारे लिये भूर्यासुतिः=खूब ही सोम का सम्पादन करनेवाले हों। यह सोम ही तो मन आदि करणों (साधनों) की शक्ति का वर्धन करता है। (२) शक्रः=वह सर्वशक्तिमान् प्रभु हमारी आशिषम्=आशीः=इच्छा व प्रार्थना को शृणोतु=सुने। प्रभु हमारी सब कामनाओं को पूर्ण करें।

भावार्थ—वासना को विनष्ट करनेवाले प्रभु हमें प्रबुद्ध मन को प्राप्त करायें, हमारे लिये सोम का सम्पादन करें और हमारी कामनाओं को पूर्ण करनेवाले हों।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कया उत्या

कया त्वं न ऊत्याभि प्र मन्दसे वृषन्। कया स्तोतृभ्य आ भर॥ १९॥

(१) हे वृषन्=सुखों का वर्षण करनेवाले प्रभो! त्वम्=आप नः=हमारे लिये कया उत्या=कल्याणकर रक्षण के द्वारा अभि प्रमन्दसे=आनन्दित करनेवाले होते हैं। आप से रक्षित हुए-हुए हम इह लोक के अभ्युदय व परलोक के निःश्रेयस को (अभि) प्राप्त करनेवाले बनकर आनन्द लाभ कर पाते हैं। (२) हे प्रभो! आप इस कया=कल्याणकर (आनन्दमय) रक्षण के द्वारा स्तोतृभ्यः=स्तोताओं के लिये आभर=समन्तात् भरण व पोषण के लिये होइये।

भावार्थ—प्रभु के रक्षण में हम इहलोक व परलोक की उन्नति करते हुए आनन्दित हों। प्रभु के रक्षण में हम ठीक से भरण व पोषण में समर्थ हों।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कस्य सचा

कस्य वृषा सुते सचा नियुत्वान्वृषभो रणत्। वृत्रहा सोमपीतये॥ २०॥

(१) (सच्=To honour, To assist) कस्य=उस आनन्दमय प्रभु के पूजन व सहाय से (सचा=सच्) सुते=शरीर में सोम का सम्पादन होने पर यह उपासक वृषा=अंग-प्रत्यंग में उस सोम का सेचन करनेवाला होता है। यह नियुत्वान्=प्रशस्त इन्द्रियाश्वोंवाला, वृषभः=शक्तिशाली बनकर रणत्=प्रभु-स्तवन में रमण करता है। (२) इस प्रभु-पूजन से ही यह वृत्रहा=वासना को विनष्ट करनेवाला होता हुआ सोमपीतये=सोम के पान (रक्षण) के लिये समर्थ होता है।

भावार्थ—प्रभु-पूजन हमें वासनाओं को जीतने व सोमरक्षण में समर्थ करता है। सोमरक्षण

द्वारा शक्तिशाली व प्रशस्तेन्द्रिय बनकर यह और भी अधिक प्रभु-स्तवन में रमण करनेवाला होता है।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'दाश्वान् के पालक' प्रभु

अभी षु णस्त्वं रयिं मन्दसानः सहस्त्रिणम्। प्रयन्ता बोधि दाशुषे॥ २१॥

(१) हे प्रभो! **मन्दसानः**=गत मन्त्र के अनुसार उपासक के प्रति प्रीतिवाले होते हुए **त्वम्**=आप **नः**=हम उपासकों के लिये **सु**=अच्छी प्रकार **सहस्त्रिणं रयिम्**=सहस्रों का भरण करनेवाले ऐश्वर्य को **अभि प्रयन्ता**=देनेवाले होइये। (२) हे प्रभो! **दाशुषे**=दाश्वान्, दानशील पुरुष के लिये **बोधि**=अवश्य ऐश्वर्य प्रदान का ध्यान करिये।

भावार्थ—हम प्रभु का ध्यान करें। प्रभु हमें अवश्य ऐश्वर्यों को प्राप्त करायेंगे। हम दानशील बनेंगे, प्रभु अवश्य हमारा पालन करेंगे।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अपां जग्मिः-निचुम्पुणः

पत्नीवन्तः सुता इम उशन्तो यन्ति वीतये। अपां जग्मिर्निचुम्पुणः॥ २२॥

(१) **पत्नीवन्तः**=प्रशस्त पत्नियोंवाले, अर्थात् अपनी पत्नी के साथ सदा उत्तम कार्यों को करनेवाले **सुताः**=(सुतं अस्य अस्ति इति) सोम का सम्पादन करनेवाले **इमे**=ये साधक **उशन्तः**=प्रभु प्राप्ति की कामनावाले होते हुए **वीतये यन्ति**=(To shine) प्रकाश के लिये गतिवाले होते हैं। इनका जीवन अधिकाधिक प्रकाशमय होता जाता है। (२) यह उपासक **अपां जग्मिः**=सदा कर्मों के प्रति जानेवाला, अर्थात् क्रियाशील होता है और **निचुम्पुणः**=(नितरां चमनेन प्रीणति) सोम के भक्षण अन्दर ही व्यापन के द्वारा अपना प्रीणन करनेवाला होता है। सोमरक्षण द्वारा अपने में प्रीति का अनुभव करता है।

भावार्थ—गृहस्थ में प्रशस्त पत्नीवाले होते हुए हम सोमरक्षण द्वारा प्रभु प्राप्ति की कामनावाले बनें। सदा क्रियाशील होते हुए सोमरक्षण द्वारा जीवन में प्रीति का अनुभव करें।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अवभृथ की ओर

इष्ट होत्रा असृक्षतेन्द्रे वृधासो अध्वरे। अच्छावभृथमोजसा॥ २३॥

(१) इस जीवन में 'कर्णाविमौ नासिके चक्षणी मुखम्'=दो कान, दो नासिका छिद्र, दो आँखें व मुखरूप सात ऋषि (सप्त ऋषयः प्रतिहिताः शरीरे) प्रभु द्वारा **इष्टाः**=यज्ञों के करनेवाले **होत्राः**=सात होता **असृक्षत**=उत्पन्न किये गये हैं। ये सात ऋषि ही यज्ञों को करनेवाले सात होता हैं (येन यज्ञस्तायते सप्त होता)। इसलिए सद्गृहस्थ सदा यज्ञशील बनते हैं और **अध्वरे**=यज्ञों में **इन्द्रं वृधासः**=उस प्रभु का वर्धन करनेवाले होते हैं। इन यज्ञों के द्वारा ही तो प्रभु की प्राप्ति होती है। (२) ये सद्गृहस्थ **ओजसा**=ओजस्विता के साथ **अवभृथम्**=अच्छा यज्ञान्त-स्नान की ओर बढ़ते हैं। अर्थात् इनका जीवन यज्ञमय ही बना रहता है और ये सफलता के साथ इन यज्ञों के द्वारा उस प्रभु का पूजन कर पाते हैं।

भावार्थ—हम सब इन्द्रियों से यज्ञों को करते हुए प्रभु का अपने में वर्धन करें। हमारा जीवन यज्ञमय बना रहे।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

हितं प्रयः अभि

इह त्या सधमाद्या हरी हिरण्यकेश्या। वोळ्हामभि प्रयो हितम्॥ २४॥

(१) इह-इस जीवन में त्या-वे सधमाद्या-(सह माधन्तौ) मिलकर आनन्दित होते हुए हिरण्यकेश्या-हितरमणीय ज्ञान-रश्मियोंवाले हरी-ज्ञानेन्द्रिय व कर्मेन्द्रियरूप अश्व हितम्-हितकर प्रयः अभि-(प्रयस्-sacrifice) यज्ञों की ओर वोढाम्-हमें ले चलें। (२) हमारे जीवन में ज्ञानेन्द्रियों के ज्ञान के अनुसार कर्मेन्द्रियाँ कर्म करनेवाली हैं। ये मिलकर चलती हुई हमें आनन्दित करनेवाली हों। सदा हित रमणीय ज्ञानवाली ये हों और यज्ञों में प्रवृत्त रहें।

भावार्थ-हमारी ज्ञानेन्द्रियाँ हितरमणीय ज्ञानरश्मियोंवाली हों और कर्मेन्द्रियाँ सदा हितकर यज्ञों में प्रवृत्त रहें। इस प्रकार मिलकर ये हमें आनन्दित करनेवाली हों।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोमरक्षण-प्रभु प्राप्ति-महत्त्व का अनुभव

तुभ्यं सोमाः सुता इमे स्तीर्णं बर्हिर्विभावसो। स्तोतृभ्य इन्द्रमा वह॥ २५॥

(१) हे विभावसो-विशिष्ट दीप्तियों के निवास-स्थानभूत प्रभो! तुभ्यम्-आपकी प्राप्ति के लिये ही इमे सोमाः सुताः-ये सोमकण सम्पादित हुए हैं। शरीर में सोमकणों के रक्षण से ही उस महान् सोम (शान्त प्रभु) की प्राप्ति होती है। हे प्रभो! बर्हिः स्तीर्णम्-यह हृदयासन आप के बैठने के लिये बिछाया गया है। (२) हे प्रभो! स्तोतृभ्यः-हम स्तोताओं के लिये इन्द्रम्-(इन्द्र=greatness) महत्त्व को, बड़प्पन को आवह-प्राप्त कराइये। आपका स्तवन करते हुए हम बड़े बनें और तुच्छ भोगों से ऊपर उठें।

भावार्थ-सोमरक्षण द्वारा हम अपने हृदयासन पर प्रभु को बिठायें और अपने महत्त्व को समझते हुए तुच्छ भोगों से ऊपर उठें।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दक्षं-रत्ना

आ ते दक्षं वि रोचना दधद्रत्ना वि दाशुषे। स्तोतृभ्य इन्द्रमर्चत॥ २६॥

(१) वह प्रभु ही ते-तेरे लिये दक्षम्-बल को आ दधत्-अंग-प्रत्यंग में धारण करता है। प्रभु ही दाशुषे-दाश्वान् पुरुष के लिये तथा स्तोतृभ्यः-सब स्तवन करनेवालों के लिये विरोचना-विशिष्ट दीप्तिवाले रत्ना-रमणीय धनों को विदधत्-विशेषरूप से स्थापित करता है। (२) इसलिए हे स्तोताओ! तुम इन्द्रं अर्चत-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु का ही अर्चन करो। प्रभु की अर्चना ही तुम्हें बल व रत्नों को प्राप्त करायेगी।

भावार्थ-प्रभु की अर्चना करते हुए हम बल व रमणीय रत्नों (धनों) को प्राप्त करें। सदा दानशील बनें।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्रिय-उक्था

आ ते दधामीन्द्रियमुक्था विश्वा शतक्रतो। स्तोतृभ्य इन्द्र मृळय॥ २७॥

(१) हे शतक्रतो-अनन्त प्रज्ञान व शक्तिवाले प्रभो! मैं ते-आपकी प्राप्ति के लिये इन्द्रियं

आदधामि=अपने में वीर्य व बल की स्थापना करता हूँ शक्ति का रक्षण न करनेवाले को आप प्राप्त नहीं होते। हे प्रभो! मैं **विश्वा उक्था**=सब स्तोत्रों को धारण करता हूँ। आपका स्तवन करता हुआ आपके अनुरूप बनने का प्रयत्न करता हूँ। (२) हे **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **स्तोतृभ्यः**=स्तोताओं के लिये **मृडय**=सुख दीजिये।

भावार्थ—प्रभु प्राप्ति के लिये प्रभु स्तवन व शक्ति का धारण आवश्यक है। यही सुख प्राप्ति का भी मार्ग है।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इष् व ऊर्ज्

भद्रंभद्रं न आ भरेषमूर्जं शतक्रतो। यदिन्द्र मृळयासि नः॥ २८॥

(१) हे **शतक्रतो**=अनन्त शक्ति व प्रज्ञानवाले प्रभो! आप **नः**=हमारे लिये **भद्रं भद्रम्**=कल्याणकारक व सुखजनक **इषम्**=प्रेरणा को व **ऊर्जम्**=बल व प्राणशक्ति को **आभर**=प्राप्त कराइये। हमें अपनी कल्याणी प्रेरणा को प्राप्त कराइये तथा उस प्रेरणा को जीवन में अनूदित करने की शक्ति भी दीजिये। (२) हे **इन्द्र**=सर्वशक्तिमन् प्रभो! **यत्**=क्योंकि आप इस इष और ऊर्ज के द्वारा **नः**=हमें **मृडयासि**=सुखी करते हैं। प्रभु की उत्तम प्रेरणा व प्रेरणा को कार्यान्वित करने के लिये दी गई शक्ति हमें सुखी करती है।

भावार्थ—प्रभु से हम कल्याणी प्रेरणा व शक्ति को प्राप्त करें।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विश्वानि सुवितानि

स नो विश्वान्या भर सुवितानि शतक्रतो। यदिन्द्र मृळयासि नः॥ २९॥

(१) हे **शतक्रतो**=अनन्त शक्ति व प्रज्ञानवाले प्रभो! **सः**=वे आप **नः**=हमारे लिये **विश्वानि**=सब **सुवितानि**=सुष्ठु प्राप्तव्य अभ्युदयों को **आभर**=प्राप्त कराइये। सब दुरितों को दूर करके हमें सदाचरण जनित अभ्युदय को ही दीजिये। (२) हे **इन्द्र**=सर्वशक्तिमन् प्रभो! **यत्**=क्योंकि आप ही **नः**=हमें **मृडयासि**=सुखी करते हैं। आप ही सब सुख साधक अभ्युदयों के देनेवाले हैं।

भावार्थ—प्रभु की उपासना हमारे लिये सब सुवितों को, सुष्ठु प्राप्तव्य अभ्युदयों को प्राप्त कराती है।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वृत्रहन्तम

त्वामिद् वृत्रहन्तम सुतावन्तो हवामहे। यदिन्द्र मृळयासि नः॥ ३०॥

(१) हे **वृत्रहन्तम**=वासनाओं को अधिक से अधिक विनष्ट करनेवाले प्रभो! **सुतावन्तः**=सोम का सम्यक् सवन करनेवाले, सोम को शरीर में सुरक्षित करनेवाले, हम **त्वां इत्**=आपको ही **हवामहे**=पुकारते हैं। आपकी आराधना ही वासना विनाश के द्वारा हमें सोम के रक्षण के योग्य बनायेगी। (२) हे **इन्द्र**=सर्वशक्तिमन् प्रभो! **यत्**=क्योंकि **नः**=हमें **मृडयासि**=आप ही सुखी करते हैं। आपकी आराधना करते हुए हम पवित्र व शान्त जीवनवाले बनते हैं।

भावार्थ—प्रभु की आराधना हमारे वासनारूप शत्रुओं का विनाश करती है और हमें सोमरक्षण द्वारा सुखी करती है।

ऋषिः—सुकक्षःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

मदानां पति

उप नो हरिभिः सुतं याहि मदानां पते। उप नो हरिभिः सुतम्॥ ३१॥

(१) हे मदानां पते=आनन्द के जनक सोमकणों के रक्षक प्रभो! आप नः=हमें हरिभिः=प्रशस्त इन्द्रियाश्वों के हेतु से सुतम्=शरीर में उत्पन्न सोम को उपयाहि=(अन्तर्भावितण्यर्थ) समीपता से प्राप्त कराइये। इस सोम के रक्षण से ही सब इन्द्रियाँ सशक्त बनेंगी। (२) हे प्रभो! आप अवश्य ही नः=हमें हरिभिः=इन्द्रियाश्वों के हेतु से सुतम्=इस उत्पन्न सोम को उप=समीपता से प्राप्त कराइये।

भावार्थ—प्रभु की आराधना से सोम का रक्षण होकर हमारी सब इन्द्रियाँ प्रशस्त बनती हैं।

ऋषिः—सुकक्षःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

शतक्रतु

द्विता यो वृत्रहन्तमो विद इन्द्रः शतक्रतुः। उप नो हरिभिः सुतम्॥ ३२॥

(१) द्विता=(द्वौ तनोति) शक्ति व ज्ञान के विस्तार के द्वारा यः=जो वृत्रहन्तमः=वासनाओं का अधिक से अधिक विनाश करनेवाला है, वह इन्द्रः=परमैश्वर्यवाला प्रभु शतक्रतुः=अनन्त प्रज्ञान व शक्तिवाला विदे=जाना जाता है। (२) यह प्रभु नः=हमें हरिभिः=इन्द्रियों के होने से सुतम्=शरीर में उत्पन्न सोम को उप=समीपता से प्राप्त कराये। इस सुरक्षित सोम ने ही तो इन्द्रियों को शक्ति-सम्पन्न बनाना है।

भावार्थ—प्रभु शक्ति व ज्ञान के विस्तार के द्वारा हमारी वासनाओं का विनाश करते हैं। वे हमें भी सोमरक्षण द्वारा अपने समान 'शतक्रतु' बनाते हैं।

ऋषिः—सुकक्षःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—विराड् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

सोमानां पाता

त्वं हि वृत्रहन्नेषां पाता सोमानामसि। उप नो हरिभिः सुतम्॥ ३३॥

(१) हे वृत्रहन्=वासनाओं को विनष्ट करनेवाले प्रभो! त्वं हि=आप ही एषाम्=इन सोमानाम्=सोमकणों के पाता असि=रक्षक हैं। वस्तुतः इनके रक्षण का सामर्थ्य हमारे में नहीं है। प्रभु ही वासनाओं के विनाश के द्वारा इन सोमकणों का रक्षण करते हैं। (२) हे प्रभो! नः=हमें हरिभिः=इन इन्द्रियाश्वों के हेतु से, इन्हें सबल बनाने के दृष्टिकोण से सुतम्=शरीर में उत्पन्न सोम को उप=समीपता से प्राप्त कराइये।

भावार्थ—शरीर में सोमरक्षण का सामर्थ्य हमें प्रभु ही प्राप्त कराते हैं। प्रभु ही वस्तुतः इन सोमकणों का रक्षण करते हैं।

ऋषिः—सुकक्षःङ्ग देवता—इन्द्र ऋभवश्चङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

'ऋभुक्षणं ऋभुं' रयिं

इन्द्रं इषे ददातु न ऋभुक्षणमृभुं रयिम्। वाजी ददातु वाजिनम्॥ ३४॥

(१) इन्द्रः=वह परमैश्वर्यशाली प्रभु नः=हमें इषे=(इष्णाति To strike, To unite) रोग आदि शत्रुओं के विनाश के लिये ऋभुक्षणम्=महान् तथा ऋभु=(उरु भाति) ज्ञानदीप्ति से खूब चमकनेवाले रयिम्=ऐश्वर्य को ददातु=दें। हमें धन तो प्राप्त हो, पर हम उसका विनियोग भोग-

विलास की वृद्धि में न करके यज्ञादि कर्मों व ज्ञान की वृद्धि में करें। (२) **वाजी**=वे शक्तिशाली प्रभु हमें **वाजिनम्**=शक्ति **ददातु**=दें। धन का ठीक विनियोग करते हुए हम अपने यश, ज्ञान व बल का वर्धन करें।

भावार्थ=प्रभु हमें धन प्राप्त करायें। उस धन का यज्ञों में विनियोग करते हुए हम ज्ञान व बल का वर्धन करते हुए यशस्वी हों।

भोगविलास में न फँसनेवाला व्यक्ति 'बिन्दु' बनता है। शरीर में उत्पन्न सोम को (बिन्द् To form a part) शरीर का ही भाग बनाता है। सोम का शरीर में व्याप्त करनेवाला यह 'बिन्दु' पवित्र बलवाला 'पूत-दक्ष' होता है। यह 'बिन्दु पूतदक्ष' ही अगले सूक्त का ऋषि है-

दशमोऽनुवाकः

९४. [चतुर्नवतितमं सूक्तम्]

ऋषिः—बिन्दुः पूतदक्षो वाङ्ग देवता—मरुतःङ्ग छन्दः—विराड् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

गौः (वेदवाणी)

गौर्धयति मरुतां श्रवस्युर्माता मघोनाम्। युक्ता वह्नी रथानाम्॥ १॥

(१) यहाँ वेदवाणी 'गौ' शब्द से कही गयी है। यह सब पदार्थों का ज्ञान देती है (अर्थान् गमयति) यह **गौः**=वेदवाणी **मरुताम्**=(मितराविणां, महद् द्रवतां वा) कम बोलनेवाले, खूब गतिशील व्यक्तियों के **श्रवस्युः**=ज्ञान की कामनावाली होती है। इन मरुतों को यह खूब ज्ञानी बनाती है। यह **मघोनाम्**=यज्ञशील पुरुषों की **माता**=निर्मात्री है (मघ=मख)। यह **धयति**=शरीर में सोम का पान करती है। स्वाध्याय से वासनाओं का निराकरण होकर सोम का रक्षण होता ही है। **युक्ता**=जब इस वेदवाणी का हम अपने साथ योग करते हैं, तो युक्त हुई-हुई यह **रथानाम्**=इन शरीर रथों का **वह्निः**=लक्ष्य-स्थान की ओर वहन करनेवाली है। यह शरीर-रथों को उन्नतिपथ पर ले चलती हुई हमें लक्ष्य-स्थान पर पहुँचाती है।

भावार्थ=वेदमाता हमें मितरावी=खूब क्रियाशील व ज्ञानी बनाती है। यह हमें यज्ञशील बनाती हुई वासनाओं से बचाकर सोमरक्षण के योग्य बनाती है। यह हमें लक्ष्य-स्थान की ओर ले चलती है।

ऋषिः—बिन्दुः पूतदक्षो वाङ्ग देवता—मरुतःङ्ग छन्दः—विराड् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

वेदमाता की गोद में

यस्या देवा उपस्थे व्रता विश्वे धारयन्ते। सूर्यामासा दृशे कम्॥ २॥

(१) गत मन्त्र में वेदवाणी को माता कहा गया है। यह वह माता है **यस्याः**=जिसके **उपस्थे**=गोद में स्थित हुए-हुए **विश्वे देवाः**=सब देववृत्ति के पुरुष **व्रता धारयन्ते**=व्रतों का धारण करते हैं। वस्तुतः इस वेदवाणी का स्वाध्याय ही उन्हें देववृत्ति का व व्रतमय जीवनवाला बनाता है। (२) इस माता की गोद में स्थित होनेवाले ये देव **सूर्यामासा दृशे**=सूर्य व चन्द्रमा को देखने के लिये होते हैं। अर्थात् सूर्योदय के साथ ही ये अपने कार्यों में प्रवृत्त हो जाते हैं और सूर्यास्त ही इनकी कर्म-निवृत्ति का समय होता है। सूर्य व चन्द्र ही इनकी घड़ी होते हैं। इस प्रकार स्वाभाविक जीवन को बिताते हुए ये **कम्**=सुखमय जीवनवाले होते हैं।

भावार्थ=वेदमाता की गोद में स्थित हुए-हुए हम व्रतमय जीवन बितायें, सूर्य-चन्द्रमा को ही अपनी घड़ी बनाकर नियमित जीवन बिताते हुए हम सुखी जीवनवाले हों।

आदधामि-अपने में वीर्य व बल की स्थापना करता हूँ शक्ति का रक्षण न करनेवाले को आप प्राप्त नहीं होते। हे प्रभो! मैं **विश्वा उक्था**-सब स्तोत्रों को धारण करता हूँ। आपका स्तवन करता हुआ आपके अनुरूप बनने का प्रयत्न करता हूँ। (२) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **स्तोतृभ्यः**-स्तोताओं के लिये **मृडय**-सुख दीजिये।

भावार्थ-प्रभु प्राप्ति के लिये प्रभु स्तवन व शक्ति का धारण आवश्यक है। यही सुख प्राप्ति का भी मार्ग है।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इष् व ऊर्ज्

भद्रंभद्रं न आ भरेषमूर्जं शतक्रतो। यदिन्द्र मृळयासि नः॥ २८॥

(१) हे **शतक्रतो**-अनन्त शक्ति व प्रज्ञानवाले प्रभो! आप **नः**-हमारे लिये **भद्रं भद्रम्**-कल्याणकारक व सुखजनक **इषम्**-प्रेरणा को व **ऊर्जम्**-बल व प्राणशक्ति को **आभर**-प्राप्त कराइये। हमें अपनी कल्याणी प्रेरणा को प्राप्त कराइये तथा उस प्रेरणा को जीवन में अनूदित करने की शक्ति भी दीजिये। (२) हे **इन्द्र**-सर्वशक्तिमन् प्रभो! **यत्**-क्योंकि आप इस इष और ऊर्ज के द्वारा **नः**-हमें **मृडयासि**-सुखी करते हैं। प्रभु की उत्तम प्रेरणा व प्रेरणा को कार्यान्वित करने के लिये दी गई शक्ति हमें सुखी करती है।

भावार्थ-प्रभु से हम कल्याणी प्रेरणा व शक्ति को प्राप्त करें।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विश्वानि सुवितानि

स नो विश्वान्या भर सुवितानि शतक्रतो। यदिन्द्र मृळयासि नः॥ २९॥

(१) हे **शतक्रतो**-अनन्त शक्ति व प्रज्ञानवाले प्रभो! **सः**-वे आप **नः**-हमारे लिये **विश्वानि**-सब **सुवितानि**-सुष्ठु प्राप्तव्य अभ्युदयों को **आभर**-प्राप्त कराइये। सब दुरितों को दूर करके हमें सदाचरण जनित अभ्युदय को ही दीजिये। (२) हे **इन्द्र**-सर्वशक्तिमन् प्रभो! **यत्**-क्योंकि आप ही **नः**-हमें **मृडयासि**-सुखी करते हैं। आप ही सब सुख साधक अभ्युदयों के देनेवाले हैं।

भावार्थ-प्रभु की उपासना हमारे लिये सब सुवितों को, सुष्ठु प्राप्तव्य अभ्युदयों को प्राप्त कराती है।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वृत्रहन्तम

त्वामिद् वृत्रहन्तम सुतावन्तो हवामहे। यदिन्द्र मृळयासि नः॥ ३०॥

(१) हे **वृत्रहन्तम**-वासनाओं को अधिक से अधिक विनष्ट करनेवाले प्रभो! **सुतावन्तः**-सोम का सम्यक् सवन करनेवाले, सोम को शरीर में सुरक्षित करनेवाले, हम **त्वां इत्**-आपको ही **हवामहे**-पुकारते हैं। आपकी आराधना ही वासना विनाश के द्वारा हमें सोम के रक्षण के योग्य बनायेगी। (२) हे **इन्द्र**-सर्वशक्तिमन् प्रभो! **यत्**-क्योंकि **नः**-हमें **मृडयासि**-आप ही सुखी करते हैं। आपकी आराधना करते हुए हम पवित्र व शान्त जीवनवाले बनते हैं।

भावार्थ-प्रभु की आराधना हमारे वासनारूप शत्रुओं का विनाश करती है और हमें सोमरक्षण द्वारा सुखी करती है।

ऋषिः—बिन्दुः पूतदक्षो वाङ्ग देवता—मरुतःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

प्रातः होता इव

उतो न्वस्य जोषमाँ इन्द्रः सुतस्य गोमतः प्रातर्होतेव मत्सति ॥ ६ ॥

(१) उत-और उ-निश्चय से नु-अब इन्द्रः-एक जितेन्द्रिय पुरुष अस्य-इस गोमतः-प्रशस्त ज्ञान की वाणियोंवाले सुतस्य-सोम के जोषम्-प्रीतिपूर्वक सेवन के अनुपात में ही आमत्सति-इस प्रकार आनन्दित होता है, इव-जैसे प्रातः होता-प्रातःकाल होता आनन्द का अनुभव करता है।

भावार्थ-सोम का रक्षण हमारे जीवन को इस प्रकार आनन्दमय बनाता है जैसे प्रातःकाल अग्निहोत्र करनेवाला आनन्दित होता है।

ऋषिः—बिन्दुः पूतदक्षो वाङ्ग देवता—मरुतःङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

सूरयः-पूतदक्षसः

कदत्विषन्त सूर्यस्तिर आपइव स्रिधः। अर्षन्ति पूतदक्षसः ॥ ७ ॥

(१) हे प्रभो! कत्-(कदा) वह समय कब आयेगा जब कि मेरे जीवन में अत्विन्त-ये मरुत् दीप्त होते हैं, चमक उठते हैं। ये मरुत् सूरयः-मुझे ज्ञानी बनानेवाले हैं। प्राणसाधना से ही सोमरक्षण होकर ज्ञानदीप्ति प्राप्त होती है। ये मरुत् स्रिधः-शत्रुओं का संहार करनेवाले हैं, उसी प्रकार इव-जैसे तिरः-रुधिर में तिरोहित हुए-हुए आपः-रेतःकण रोगों का विनाश करते हैं। (२) पूतदक्षसः-शरीरस्थ बल को पवित्र करनेवाले ये मरुत् अर्षन्ति-शरीर में गति करते हैं।

भावार्थ-प्राणसाधना से (क) ज्ञानदीप्ति प्राप्त होती है, (ख) रोगकृमि व वासनारूप शत्रुओं का विनाश होता है, (ग) बल पवित्र होता है।

ऋषिः—बिन्दुः पूतदक्षो वाङ्ग देवता—मरुतःङ्ग छन्दः—विराड् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

दस्मवर्चस् (मरुत्)

कद्वो अद्य महानां देवानामवो वृणे। त्मना च दस्मवर्चसाम् ॥ ८ ॥

(१) हे मरुतो! मैं अद्य-आज वः-आप महानाम्-महनीय-पूजनीय देवानाम्-देवों के कत्-आनन्द का विस्तार करनेवाले (कं तनोति) अवः-रक्षण का वृणे-वरण करता हूँ। (२) च-और उन मरुतों के रक्षण का मैं वरण करता हूँ जो त्मना-स्वयं ही दस्मवर्चसाम्-शत्रु-संहारक अथवा दर्शनीय तेजवाले हैं।

भावार्थ-प्राणसाधना से हमें आनन्दप्रद रक्षण प्राप्त होता है। ये प्राण शत्रु-संहारक तेज से सम्पन्न हैं।

ऋषिः—बिन्दुः पूतदक्षो वाङ्ग देवता—मरुतःङ्ग छन्दः—गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

प्राणसाधना-सोमरक्षण-दीप्ति

आ ये विश्वा पार्थिवानि पप्रथन्रोचना दिवः। मरुतः सोमपीतये ॥ ९ ॥

(१) ये-जो मरुत् विश्वा-सब पार्थिवानि-इस पार्थिव शरीर के अंगों की शक्ति को तथा दिवः रोचना-मस्तिष्करूप द्युलोक के दीप्त विज्ञानों को आ पप्रथन्-विस्तृत करते हैं। वे मरुतः-मरुत् ४९ भागों में बटे हुए प्राण सोमपीतये-सोम के पान के लिये हों। प्राणसाधना द्वारा हम सोम का रक्षण करनेवाले बनें। (२) प्राणसाधना द्वारा शरीर में सोम की ऊर्ध्वगति होती है। सोम का शरीर में ही व्यापन होता है। शरीर में व्याप्त हुआ यह सोम अंगों को तेज से दीप्त करता

है और मस्तिष्क को ज्ञानदीप्त बनाता है।

भावार्थ–हमारे शरीर में प्राणसाधना द्वारा सोम का व्यापन हो। यह सोम अंगों को तेजस्वी व मस्तिष्क को दीप्त बनाये।

ऋषिः—बिन्दुः पूतदक्षो वाङ्ग देवता—मरुतःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

पूतदक्षसः-दिवः

त्यान्नु पूतदक्षसो दिवो वो मरुतो हुवे। अस्य सोमस्य पीतये॥ १०॥

(१) मैं **त्यान्**=उन **मरुतः**=प्राणों को **नु**=अब **हुवे**=पुकारता हूँ जो **वः**=तुम्हारे **पूतदक्षसः**=बल को पवित्र करनेवाले हैं और **दिवः**=ज्ञान की दीप्ति को देनेवाले हैं। (२) इन मरुतों को मैं **अस्य**=इस **सोमस्य**=सोम के **पीतये**=पान व रक्षण के लिये पुकारता हूँ। सोमरक्षण द्वारा ही ये मरुत् बल व ज्ञान का वर्धन करनेवाले होते हैं।

भावार्थ–प्राणसाधना से सोमरक्षण द्वारा ज्ञान तथा बल का वर्धन होता है।

ऋषिः—बिन्दुः पूतदक्षो वाङ्ग देवता—मरुतःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

रोदसी-स्तम्भन

त्यान्नु ये वि रोदसी तस्तभुर्मरुतो हुवे। अस्य सोमस्य पीतये॥ ११॥

(१) **त्यान् मरुतः**=उन मरुतों को **नु हुवे**=निश्चय से पुकारता हूँ, **ये**=जो **रोदसी**=द्यावापृथिवी को, मस्तिष्क व शरीर को **वितस्तभुः**=विशेषरूप से थामते हैं। (२) इन मरुतों को मैं **अस्य**=इस **सोमस्य**=सोम के **पीतये**=रक्षण के लिये पुकारता हूँ।

भावार्थ–प्राणसाधना सोमरक्षण द्वारा द्यावापृथिवी का, मस्तिष्क व शरीर का स्तम्भन करती है। इस प्रकार यह साधना ज्ञान व बल का धारण करती है।

ऋषिः—बिन्दुः पूतदक्षो वाङ्ग देवता—मरुतःङ्ग छन्दः—निचृद् गायत्रीङ्ग स्वरः—षड्जःङ्ग

गिरिष्ठां-वृषणम्

त्यं नु मारुतं गणं गिरिष्ठां वृषणं हुवे। अस्य सोमस्य पीतये॥ १२॥

(१) **त्यम्**=उस **मारुतं गणम्**=प्राणों के गण को **नु**=निश्चय से **हुवे**=पुकारता हूँ, प्राणसाधना में प्रवृत्त होता हूँ। इन प्राणों के गण का मैं आराधन करता हूँ जो **गिरिष्ठाम्**=ज्ञान की वाणियों में स्थित होनेवाला है तथा **वृषणम्**=हमें शक्तिशाली बनानेवाला है। (२) इस प्राणगण को मैं **अस्य सोमस्य**=इस सोम के **पीतये**=पान व रक्षण के लिये पुकारता हूँ।

भावार्थ–प्राणसाधना सोमरक्षण द्वारा हमें ज्ञान की वाणियों में स्थित करती है और शक्तिशाली बनाती है।

इस प्रकार सोमरक्षण द्वारा हम इस संसाररूपी 'अश्मन्वती नदी' को पार करने में समर्थ होते हैं। सो 'तिरश्चीः' बनते हैं (crossing ouer, traversing)। आंगिरस=अंग-प्रत्यंग में रसवाले तो होते ही हैं। यह तिरश्ची आंगिरस ही अगले सूक्त का ऋषि है–

९५. [पञ्चनवतितमं सूक्तम्]

ऋषिः—तिरश्चीःङ्ग देवता—इन्द्रःङ्ग छन्दः—विराडनुष्टुपङ्ग स्वरः—गान्धारःङ्ग

रथीः इव

आ त्वा गिरो रथीरिवास्थुः सुतेषु गिर्वणः। अभि त्वा समनूषतेन्द्र वत्सं मातरः॥ १॥

(१) हे प्रभो! गिरः-ये ज्ञानपूर्वक उच्चरित स्तुतिवाणियाँ त्वा आ अस्थुः-आपको प्राप्त होती हैं। ये हमें आपकी ओर लानेवाली होती हैं। हे गिर्वणः-स्तुतिवाणियों से सम्भजनीय प्रभो! सुतेषु-शरीर में सोम का सम्पादन होने पर आप हमारे लिये रथीः इव-रथवान् की तरह होते हैं, एक रथवान् की तरह आप ही हमें लक्ष्य-स्थान पर पहुँचाते हैं। (२) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! ये उपासक त्वा-आपको अभि-दिन के दोनों ओर प्रातः व सायं समनूषत-स्तुत करते हैं, न-जैसे मातरः-धेनुएँ वत्सम्-बछड़े की प्रति प्रेम से हम्भाख को करती हैं। ये उपासक भी प्रेम से स्तुति-वचनों का उच्चारण करते हैं।

भावार्थ-हम प्रभु का स्तवन करें। प्रातः-सायं प्रेम से किया गया यह प्रभु-स्तवन हमें लक्ष्य-स्थान पर पहुँचानेवाला होगा।

ऋषिः—तिरश्चीः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

सोमरक्षण व प्रभु प्राप्ति

आ त्वा शुक्रा अचुच्यवुः सुतास इन्द्र गिर्वणः।
पिबा त्वस्यान्धस इन्द्र विश्वासु ते हितम्॥ २॥

(१) हे गिर्वणः-ज्ञान की वाणियों से सम्भजनीय इन्दु-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! सुतासः-शरीर में उत्पन्न हुए-हुए शुक्राः-ये शक्तिकण त्वा-आपको आ अचुच्यवुः-हमारे लिये प्राप्त करानेवाले हों। (२) हे इन्द्र-शत्रुओं के विद्रावक प्रभो! अस्य अन्धसः-इस सोम का पिबा तु-आप ही पान करेंगे। आपकी उपासना ही वासना-विनाश द्वारा इसके रक्षण का साधन बनती है। विश्वासु-सब प्रजाओं में ते हितम्-आपके द्वारा ही इसकी स्थापना हुई है।

भावार्थ-प्रभु ही सब शरीरों में सोम की स्थापना करते हैं। प्रभु की उपासना द्वारा ही इसका रक्षण होता है और इसके रक्षण से ही प्रभु की प्राप्ति होती है।

ऋषिः—तिरश्चीः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

'पति व राजा' प्रभु

पिबा सोमं मदाय कमिन्द्र श्येनाभृतं सुतम्। त्वं हि शश्वतीनां पती राजा विशामसि॥ ३॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! सोमं पिब-सोम का हमारे शरीर में ही आप रक्षण करिये। उस सोम का जो कम्-सुख को देनेवाला है। श्येनाभृतम्-(श्यैङ् गतौ) गतिशील पुरुष के द्वारा धारण किया जाता है। सुतम्-शरीर में उत्पादित इस सोम को आप ही रक्षित करिये। रक्षित हुआ-हुआ यह सोम मदाय-जीवन में उल्लास के लिये होता है। (२) हे प्रभो! त्वं हि-आप ही शश्वतीनां विशाम्-इन सनातन काल से आ रही अथवा गतिशील प्रजाओं के पतिः-रक्षक व राजा-शासक असि-हैं। आप ही सब प्रजाओं के जीवनों को कर्मानुसार नियन्त्रित करते हैं।

भावार्थ-हे प्रभो आप ही रक्षक व शासक हैं। आप हमारे जीवनों में सोम का रक्षण करते हुए उल्लास को प्राप्त करानेवाले हों।

ऋषिः—तिरश्चीः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

'शक्ति व ज्ञान' से युक्त धन

श्रुधी हवं तिरश्च्या इन्द्र यस्त्वा सपर्यति। सुवीर्यस्य गोमतो रायस्पूर्धि महाँ असि॥ ४॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! यः-जो त्वा सपर्यति-आपका पूजन करता है, उस

तिरश्च्याः=वासनाओं को पार कर जानेवाले उपासक की हवं श्रुधि=पुकार को सुनिये। (२) इस उपासक के लिये रायः=धन का पूर्धि=पूरण करिये, जो धन सुवीर्यस्य=उत्तम वीर्य व पराक्रम से युक्त है तथा गोमतः=प्रशस्त ज्ञान की वाणियोंवाला है। हे प्रभो! महान् असि=आप ही पूजनीय हैं।

भावार्थ=हम प्रभु का पूजन करें, वासनाओं को जीतने का प्रयत्न करें। प्रभु हमें 'शक्ति व ज्ञान' से युक्त धन को प्राप्त करायेंगे।

ऋषिः—तिरश्चीः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

'सत्य सनातन' ज्ञान

इन्द्र यस्ते नवीयसीं गिरं मन्द्रामजीजनत्। चिकित्विन्मनसं धियं प्रत्नामृतस्य पिप्युषीम्॥ ५॥

(१) हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! यः=जो ते=तेरे लिये नवीयसीम्=नवतर=अतिशयेन स्तुत्य मन्द्राम्=हर्षजनक गिरम्=स्तुतिवाणी को अजीजनत्=प्रादुर्भूत करता है। उसके लिये आप धियम्=बुद्धि को, बुद्धिजन्य ज्ञान को करिये। जो वेदज्ञान चिकित्विन्मनसम्=समझदार पुरुषों से मनन के योग्य है। प्रत्नाम्=सनातनकाल से चला आ रहा है। ऋतस्य पिप्युषीम्=ऋत का, सत्य का आप्यायन=वर्धन करनेवाला है।

भावार्थ=हम प्रभु का स्तवन करते हैं। प्रभु हमारे लिये सत्य सनातन ज्ञान को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—तिरश्चीः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

प्रभु-भजन व प्रभु पौंस्य प्राप्ति

तमु ष्टवाम यं गिर इन्द्रमुक्थानि वावृधुः। पुरूण्यस्य पौंस्या सिषासन्तो वनामहे॥ ६॥

(१) तम्=उस इन्द्रम्=परमैश्वर्यशाली प्रभु का उ=ही हम स्तवाम=स्तवन करते हैं। यम्=जिस प्रभु को गिरः=सब ज्ञान की वाणियाँ तथा उक्थानि=स्तुति-वचन वावृधुः=बढ़ाते हैं। जितना-जितना हम इन ज्ञान की वाणियों व स्तुतिवचनों को उच्चरित करते हैं, उतना-उतना ही प्रभु को अपने में बढ़ा पाते हैं। प्रभु की दिव्यता का धारण ही प्रभु का वर्धन है। (२) अस्य=इस प्रभु का पौंस्या=बल पुरूणि=बहुत अधिक व पालक व पूरक हैं। इन बलों को सिषासन्तः=प्राप्त करने की कामनावाले होते हुए हम वनामहे=प्रभु का सम्भजन करते हैं। प्रभु सम्भजन हमें प्रभु के इन बलों में भागी बनाता है।

भावार्थ=ज्ञान की वाणियों व स्तुति-वचनों से हम प्रभु का सम्भजन करते हैं। यह सम्भजन हमें प्रभु के बलों में भागी बनाता है।

ऋषिः—तिरश्चीः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

'शुद्ध आशीर्वान्' स्तोता

एतो न्विन्द्रं स्तवाम शुद्धं शुद्धेन साम्ना। शुद्धैरुक्थैर्वावृध्वांसं शुद्ध आशीर्वान्ममत्तु॥ ७॥

(१) एत उ=आओ ही, हे मित्रो! नु=अब शुद्धं इन्द्रम्=उस अपापविद्ध=पवित्र परमैश्वर्यशाली प्रभु को शुद्धेन साम्ना=निर्दोष, पवित्र हृदय से उच्चरित साम से (स्तोत्र से) स्तवाम=स्तुत करें। (२) शुद्धैः उक्थैः=निर्दोष=पवित्र हृदय से उच्चरित स्तोत्रों से वावृध्वांसम्=वृद्धि को प्राप्त होनेवाले उस प्रभु को शुद्धः=शुद्ध जीवनवाला आशीर्वान्=प्रभु प्राप्ति की कामनावाला यह उपासक ममत्तु=आनन्दित करे।

भावार्थ–हम मिलकर हृदय से प्रभु का उपासन करें। स्तवन से हमारे में प्रभु के प्रकाश का वर्धन होता है। हम शुद्ध जीवनवाले व प्रभु प्राप्ति की कामनावाले बनकर प्रभु को आराधित कर पाते हैं।

ऋषिः—तिरश्चीः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

शुद्धता

इन्द्र शुद्धो न आ गहि शुद्धः शुद्धाभिरूतिभिः। शुद्धो रयिं नि धारय शुद्धो ममद्धि सोम्यः॥ ८॥

(१) हे **इन्द्र**–परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **शुद्धः**–शुद्ध स्वरूप आप **नः आगहि**–हमें प्राप्त होइये। **शुद्धः**–पवित्र आप **शुद्धाभिः ऊतिभिः**–पवित्र करनेवाले रक्षणों के साथ हमें प्राप्त होइये। (२) **शुद्धः**–शुद्धस्वरूप आप **रयिम्**–धन को **निधारय**–हमारे में धारण करिये। **शुद्धः**–पवित्र **सोम्यः**–सोम का रक्षण करनेवाले आप **ममद्धि**–आनन्दित होइये। हम आपका स्तवन करते हुए शुद्ध जीवनवाले बनकर, सोम का रक्षण करते हुए आपके प्रिय बनें।

भावार्थ–पवित्र प्रभु के पवित्र रक्षण हमें पवित्र धनवाला व सोमरक्षण द्वारा पवित्र जीवनवाला बनायें।

ऋषिः—तिरश्चीः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

रयि-रत्न-वाज

इन्द्र शुद्धो हि नो रयिं शुद्धो रत्नानि दाशुषे। शुद्धो वृत्राणि जिघ्नसे शुद्धो वाजं सिषाससि॥ ९॥

(१) हे **इन्द्र**–परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **शुद्धः**–शुद्धस्वरूप आप **हि**–निश्चय से **नः**–हमारे लिये **रयिम्**–धन को दीजिये। **शुद्धः**–शुद्धस्वरूप आप **दाशुषे**–आपके प्रति अपना अर्पण करनेवाले के लिये **रत्नानि**–रमणीय धनों को दीजिये। (२) **शुद्धः**–अपापविद्ध, पूर्ण पवित्र, आप उपासकों के भी **वृत्राणि**–ज्ञान के आवरणभूत मलों को **जिघ्नसे**–नष्ट कर देते हैं। **शुद्धः**–पूर्ण पवित्र आप इन वृत्रों के विनाश के द्वारा **वाजम्**–बल को **सिषाससि**–हमारे लिये देने की कामना करते हैं।

भावार्थ–प्रभु उपासक को धन-रमणीय रत्न व बल को प्राप्त कराते हैं। इसके मलों को विनष्ट करते हैं।

शुद्ध बनकर यह ज्ञान की ज्योति का विस्तार करनेवाला 'द्यु-तान' बनता है। अथवा 'द्योतते, आ अनिति च'–ज्ञान-ज्योति से दीप्त होता है और अंग-प्रत्यंग में प्राणशक्तिवाला होता है। प्राणों की साधना से ऐसा बनने के कारण यह 'मारुतः' कहलाता है। यह 'द्युतान मारुत' ही अगले सूक्त का ऋषि है–

९६. [षण्णवतितमं सूक्तम्]

ऋषिः—तिरश्चीर्द्युतानो वा मरुतः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'इन्द्र' का जीवन

अस्मा उषास आतिरन्त यामन्निन्द्राय नक्तमूर्म्याः सुवाचः।
अस्मा आपो मातरः सप्त तस्थुर्भ्यस्तराय सिन्धवः सुपाराः॥ १॥

(१) **अस्मै इन्द्राय**–इस 'जितेन्द्रिय पुरुष' के लिये **उषासः**–उषायें **यामं आतिरन्त**–नियमन की भावना को बढ़ाती हैं। यह उषा में प्रबुद्ध होकर प्रभु-स्मरण में मन को एकाग्र करने का प्रयत्न करता है। तथा **ऊर्म्याः**–(ऊर्म्या-Light) रातें **नक्तम्**–अपर रात्रिकाल में **सुवाचः**–शोभन वाणियों-

वाली होती हैं। उस समय प्रबुद्ध होकर ये जितेन्द्रिय पुरुष वेदाध्ययन व शास्त्र श्रवण चिन्तनादि कर्मों में प्रवृत्त होते हैं। (२) **अस्मा**=इसके लिये **आपः**=शरीरस्थ रेतःकण **मातरः**=जीवन का निर्माण करनेवाले व **सप्त**=सर्पणशील होकर अंग-प्रत्यंग में रुधिर के साथ गतिवाले होकर **तस्थुः**=स्थित होते हैं। और **सिन्धवः**=ज्ञान की नदियाँ **सुपाराः**=शोभनतया पार ले जानेवाली व **नृभ्यः तराय**=लोगों के लिये तैरने के लिये होती हैं, लोगों को विषयों से पार ले जाती हैं। यह लोगों में ज्ञान का प्रसार करता हुआ उन्हें विषय-वासनाओं से दूर ले जाता है।

भावार्थ—इन्द्र, एक जितेन्द्रिय पुरुष—(क) प्रातः जागकर मन को एकाग्र करने का अभ्यास करता है, (ख) अपररात्रिकाल में वेदवाणियों द्वारा स्तोत्रों का उच्चारण करता है, (ग) रेतःकणों को शरीर में सुरक्षित करता है, (घ) लोगों में ज्ञान का प्रसार करता है।

ऋषिः—तिरश्चीर्ध्रुतानो वा मरुतश्च **देवता**—इन्द्रश्च **छन्दः**—निचृत्त्रिष्टुप् **स्वरः**—धैवतश्च

अविद्या पर्वत के २१ शिखरों का वेधन

अतिविद्धा विधुरेणा चिदस्ता त्रिः सप्त सानु संहिता गिरीणाम्।
न तद्देवा न मर्त्यास्तुतुर्याद्यानि प्रवृद्धो वृषभश्चकार॥ २॥

(१) इस इन्द्र के द्वारा **गिरीणाम्**=अविद्या पर्वतों के **संहिता**=अतिदृढ़ **त्रिः सप्त**=इक्कीस **सानु**=शिखर **विधुरेण चित्**=निश्चय से शत्रुओं के लिये व्यथा कर **अस्ता**=क्रियाशीलतारूप अस्त्र के द्वारा **अतिविद्धा**=अतिशयेन विद्ध किये जाते हैं। स्थान व समय के दृष्टिकोण से अविद्या इक्कीस भागों में विभक्त है। १२ मास व ६ ऋतुएँ समय को सूचित करती हैं तथा तीन लोक (पृथिवी, अन्तरिक्ष, द्युलोक) स्थान को। इन के विषय में अज्ञान ही गिरि हैं। इनके शिखरों का भेदन क्रियाशीलतारूप वज्र के द्वारा ही होता है। (२) इन अविद्यापर्वत भेदन आदि **यानि**=जिन कर्मों को **प्रवृद्धः**=जितेन्द्रियता द्वारा प्रवृद्ध शक्तिवाला **वृषभः चकार**=यह प्रजाओं पर सुखों का वर्षण करनेवाला इन्द्र करता है, **तत्**=उस कर्म को **न देवः**=न कोई देव व **न मर्त्यः**=न ही मनुष्य **तुतुर्यात्**=हिंसित कर पाता है। इन्द्र के इन प्रजा हितकारी कर्मों में आधिदैविक व आधिभौतिक आपत्तियाँ नहीं आतीं।

भावार्थ—एक जितेन्द्रिय पुरुष क्रियाशीलतारूप वज्र के द्वारा अविद्या का विनाश करता है। तथा प्रवृद्ध शक्तिवाला बनकर ज्ञान प्रसार द्वारा लोगों पर सुखों का वर्षण करता है। इसके इस कर्म में आधिदैविक व आधिभौतिक विघ्न नहीं आते।

ऋषिः—तिरश्चीर्ध्रुतानो वा मरुतश्च **देवता**—इन्द्रश्च **छन्दः**—विराट् त्रिष्टुप् **स्वरः**—धैवतश्च

भूयिष्ठं ओजः

इन्द्रस्य वज्र आयसो निमिश्ल इन्द्रस्य बाह्वोर्भूयिष्ठमोजः।
शीर्ष्णिन्द्रस्य क्रतवो निरेक आसन्नेषन्त श्रुत्या उपाके॥ ३॥

(१) **इन्द्रस्य**=एक जितेन्द्रिय पुरुष का **वज्रः आयसः**=क्रियाशीलतारूप वज्र लोहे का बना होता है, अर्थात् यह क्रिया करता हुआ थकता नहीं। यह वज्र **निमिश्लः**=उसके साथ अतिशयेन सम्बद्ध होता है। यह कभी क्रियाशील न हो, ऐसा नहीं होता। इसीलिए **इन्द्रस्य बाह्वोः**=इस जितेन्द्रिय पुरुष की भुजाओं में **भूयिष्ठं ओजः**=खूब ही बल होता है। क्रियाशीलता में ही शक्ति का रहस्य है। (२) इस **इन्द्रस्य**=जितेन्द्रिय पुरुष के **शीर्ष्णि**=मस्तिष्क में **क्रतवः**=ज्ञान होते हैं, जो **निरेके**=सब मलों के विरेचन के निमित्त बनते हैं। **आसन्**=इसके मुख में **श्रुत्या**=स्तोतात्मक

श्रुति वाक्य एषन्त-गतिवाले होते हैं जो उपाके-इसे प्रभु का अन्तिकतम करनेवाले होते हैं।

भावार्थ-एक जितेन्द्रिय पुरुष 'सतत क्रियाशीलता के द्वारा शक्तिशाली' बनता है। इसके मस्तिष्क में ज्ञान होता है, मुख में श्रुतिवाक्य। ज्ञान इसे पवित्र करता है, श्रुति वाक्य प्रभु के समीप प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—तिरश्चीर्ध्रुतानो वा मरुतः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'यज्ञिय, च्यवन, केतु, वृषभ'

मन्ये त्वा यज्ञियं यज्ञियानां मन्ये त्वा च्यवनमच्युतानाम्।
मन्ये त्वा सत्वनामिन्द्र केतुं मन्ये त्वा वृषभं चर्षणीनाम्॥ ४॥

(१) हे मैं प्रभो! **त्वा**-आपको **यज्ञियानां यज्ञियम्**-पूजनीयों में पूजनीय **मन्ये**-मानता हूँ। 'माता, पिता, आचार्य व अतिथि' पूज्य हैं। उन सब के भी पूज्य प्रभु हैं। प्रभु पूजनीयों के भी पूजनीय हैं। हे प्रभो! मैं **त्वा**-आपको **अच्युतानाम्**-अतिप्रबल शत्रुओं के भी **च्यवनम्**-च्युत करनेवाला, नष्ट करनेवाला **मन्ये**-जानता हूँ। (२) **त्वा**-आपको मैं हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **सत्वनाम्**-स्तुतियों व हवियों द्वारा सम्भजन करनेवालों का **केतुं मन्ये**-रोगापनयन द्वारा उत्तम निवास को करनेवाला जानता हूँ। **त्वा**-आपको **चर्षणीनाम्**-श्रमशील मनुष्यों का **वृषभम्**-सुखों का वर्षण करनेवाला **मन्ये**-मानता हूँ।

भावार्थ-प्रभु पूज्य हैं, शत्रु-संहारक हैं। भक्तों के जीवन को उत्तम बनानेवाले हैं, श्रमशील व्यक्तियों को सुखी करनेवाले हैं।

ऋषिः—तिरश्चीर्ध्रुतानो वा मरुतः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'मदच्युत वज्र'

आ यद्वज्रं बाह्वोरिन्द्र धत्से मदच्युतमहये हन्तवा उ।
प्र पर्वता अनवन्त प्र गावः प्र ब्रह्माणो अभिनक्षन्त इन्द्रम्॥ ५॥

(१) हे **इन्द्र**-प्रभु-विद्रावक जितेन्द्रिय पुरुष! **यद्**-जब तू **बाह्वोः**-अपनी भुजाओं में **मदच्युतम्**-शत्रुओं के मद को च्युत करनेवाले **वज्रम्**-वज्र को **आधत्से**-धारण करता है, तो **उ**-निश्चय से **अहये हन्तवै**-यह वज्र वासनारूप अहि के विनाश के लिये होता है। उस समय **पर्वताः**-अविद्या पर्वत **प्र अनवन्त**-(नवते-To go) प्रकर्षेण हिल जाते हैं। क्रियाशीलता ही वज्र है। यही अविद्या पर्वत का विनाश करती है। (२) इस अविद्या पर्वत के भेदन के होने पर **इन्द्रम्**-इस जितेन्द्रिय पुरुष को **गावः**-सब इन्द्रियाँ **प्र अभिनक्षन्त**-खूब ही अभिमुख्येन प्राप्त होती हैं। और **ब्रह्माणः**-इस इन्द्र को ज्ञानी पुरुष प्राप्त होते हैं। इन ज्ञानियों के सम्पर्क में इसका ज्ञान खूब ही बढ़ता है।

भावार्थ-क्रियाशीलता से वासना विनष्ट होती है। इस से अज्ञान के पर्वत का विदारण होता है। तब इन्द्रियाँ स्वस्थ होती हैं। और ज्ञान की वृद्धि होती हैं।

ऋषिः—तिरश्चीर्ध्रुतानो वा मरुतः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

गीर्भिः-नमोभिः

तमु ष्टवाम य इमा जजान विश्वा जातान्यवराण्यस्मात्।
इन्द्रेण मित्रं दिधिषेम गीर्भिरुपो नमोभिर्वृषभं विशेम॥ ६॥

(१) तं स्तवाम=उस प्रभु का ही स्तवन करते हैं, यः=जो इमा जजान=इन सब लोकों को प्रादुर्भूत करते हैं। विश्वा=सब जातानि=प्रादुर्भूत हुए-हुए लोक-लोकान्तर अस्मात् अवराणि=इस प्रभु से अवरकाल में होनेवाले हैं। 'हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे'। (२) इन्द्रेण=उस प्रभु के साथ ही गीर्भिः=इन ज्ञान की वाणियों के द्वारा मित्रं दिधिषेम=मैत्री को धारण करें। उ=और नमोभिः=नमस्कारों के द्वारा वृषभम्=उस शक्तिशाली प्रभु को उपविशेम=समीपता से प्राप्त हों, प्रभु के समीप उपविष्ट हों।

भावार्थ=ज्ञान की वाणियों द्वारा उस प्रभु की मित्रता को प्राप्त करें, नमस्कार द्वारा प्रभु के समीप उपविष्ट हों।

ऋषिः—तिरश्चीर्ध्रुतानो वा मरुतः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

प्राणसाधना-वृत्रविनाश-देव मित्रता

वृत्रस्य त्वा श्वसथादीषमाणा विश्वे देवा अजहुर्ये सखायः।
मरुद्भिरिन्द्र सख्यं ते अस्त्वथेमा विश्वाः पृतना जयासि॥ ७॥

(१) शरीर में जब ज्ञान की आवरणभूत वासना का प्रवेश होता है तो वृत्रस्य=इस कामदेव के श्वसथात्=श्वास से ईषमाणाः=सब ओर भागते हुए विश्वे देवाः=सब दिव्य भाव, ये सखायः=जो अब तक तेरे मित्र थे वे त्वा अजहुः=तुझे छोड़ जाते हैं। वासना के साथ दिव्य गुणों का वास नहीं। (२) हे इन्द्र=जितेन्द्रिय पुरुष मरुद्भिः=प्राणों के साथ ते=तेरा सख्यम्=मित्रभाव अस्तु=हो। तू प्राणसाधना करनेवाला बन। अथ=अब इमाः विश्वाः पृतनाः=इन शरीर-राष्ट्र में घुस आनेवाली वासनात्मक शत्रु-सेनाओं को जयासि=तू जीत लेता है। प्राणसाधना वासनाविलय का हेतु बनती है।

भावार्थ=वासना ही दिव्य गुणों की शत्रु है। हम प्राणसाधना द्वारा वासना का विनाश करें और दिव्य गुणों की मित्रता को प्राप्त करें।

ऋषिः—तिरश्चीर्ध्रुतानो वा मरुतः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

प्राणसाधना व त्यागपूर्वक अदन

त्रिः षष्टिस्त्वा मरुतो वावृधाना उत्त्राइव राशयो यज्ञियासः।
उप त्वेमः कृधि नो भागधेयं शुष्मं त एना हविषा विधेम॥ ८॥

(१) त्रिः षष्टिः=६३ संख्या में विभक्त हुए-हुए मरुतः=ये प्राण त्वा वावृधानाः=तेरा खूब वर्धन करते हुए राशयः उत्त्राः इव=राशिभूत-संघीभूत-प्रकाश की किरणों के समान हैं। संघीभूत प्रकाश की किरणें सब मलों को दग्ध कर देती हैं। अतएव ये मरुत् यज्ञियासः=संगतिकरण योग्य हैं। इन प्राणों की जितनी भी साधना की जाये, वह ठीक ही है। (२) हे प्रभो! इस प्राणसाधना को करते हुए हम त्वा उप इमः=आपको समीपता से प्राप्त होते हैं। आप नः=हमारे लिये भागधेयम्=भजनीय धन को कृधि=करिये। ते=आपके प्रति एना हविषा=इस हवि के द्वारा शुष्मं विधेम=शत्रु-शोषक बल को अपने में सम्पादित करते हैं। त्यागपूर्वक अदन से प्रभु का पूजन होता है 'कस्मै देवाय हविषा विधेम'। यह हवि इस उपासक को वह बल प्राप्त कराती है, जो काम-क्रोध आदि शत्रुओं का शोषण कर देता है।

भावार्थ=हम प्राणसाधना के साथ त्यागपूर्वक अदन करते हुए प्रभु का पूजन करें। यही शत्रुशोषक बल को प्राप्त करने का मार्ग है।

ऋषिः—तिरश्चीर्द्युतानो वा मरुतः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

प्राणसाधना-क्रियाशीलता-प्रभु उपासना

तिग्ममायुधं मरुतामनीकं कस्त इन्द्र प्रति वज्रं दधर्ष।
अनायुधासो असुरा अदेवाश्चक्रेण ताँ अप वप ऋजीषिन्॥ ९॥

(१) हे इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! यह मरुतां अनीकम्=प्राणों का सैन्य तिग्मायुधम्=बड़े तीव्र अस्त्रवाला है। प्राणसाधना के होने पर शत्रु इस साधक का धर्षण नहीं कर सकते। हे प्रभो! कः=कौन ते=आपके वज्रं प्रति दधर्ष=क्रियाशीलता रूप वज्र का धर्षण कर सकता है? मनुष्य प्राणसाधना करे और क्रियाशील बना रहे तो कोई भी काम-क्रोध आदि शत्रु इसे सता नहीं पाते। (२) अदेवाः=दिव्य भावनाओं से रहित ये असुराः=आसुरभाव अनायुधासः=प्राणसाधना व क्रियाशीलता के सामने आयुधशून्य हो जाते हैं। हे ऋजीषिन्=ऋजुता की (सरलता की) प्रेरणा देनेवाले प्रभो! आप चक्रेण=इस दैनिक कार्यचक्र के द्वारा, दिनचर्या में लगे रहने के द्वारा अप वप=छिन्न कर डालिये। प्रभु की उपासना के साथ हम दैनिक कर्तव्यों में तत्पर रहें तो काम-क्रोध-लोभ आदि शत्रु सुदूर विनष्ट हो जायेंगे।

भावार्थ—प्राणसाधना, क्रियाशीलता व प्रभु उपासना ही वे शस्त्र हैं जिनसे काम-क्रोध आदि शत्रुओं का संहार हो जाता है।

ऋषिः—तिरश्चीर्द्युतानो वा मरुतः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

स्तवन-स्वाध्याय

महे उग्राय तवसे सुवृक्तिं प्रेरय शिवतमाय पश्वः।
गिर्वाहसे गिर इन्द्राय पूर्वीर्धेहि तन्वे कुविदङ्ग वेदत्॥ १०॥

(१) महे उग्राय=उस महान् तेजस्वी, तवसे=शक्तिशाली, पश्वः शिवतमाय=पशु तक का कल्याण करनेवाले, गिर्वाहसे=ज्ञान की वाणियों का वहन करनेवाले इन्द्राय=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु के लिये सुवृक्ति=शोभन-स्तुति को प्रेरित करो। (२) उस प्रभु की प्राप्ति के लिये पूर्वीः गिरः धेहि=पालन व पूरण करनेवाली या सृष्टि के प्रारम्भ में दी जानेवाली इन वाणियों का धारण कर। वे प्रभु तन्वे=शक्तियों के विस्तार के लिये अंग=शीघ्र ही कुवित्=खूब वेदत्=धन प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—उस महान् तेजस्वी प्रभु के लिये हम स्तवन करनेवाले बनें। साथ पालन व पूरण करनेवाली ज्ञान की वाणियों का अध्ययन करें। प्रभु हमारे लिये आवश्यक धनों को अवश्य प्राप्त करायेंगे।

ऋषिः—तिरश्चीर्द्युतानो वा मरुतः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

द्रुणा न पारमीरया नदीनाम्

उक्थवाहसे विभ्वे मनीषां द्रुणा न पारमीरया नदीनाम्।
नि स्पृश धिया तन्वि श्रुतस्य जुष्टतरस्य कुविदङ्ग वेदत्॥ ११॥

(१) उक्थवाहसे=स्तोत्रों के द्वारा धारण किये जानेवाले विभ्वे=उस महान् व शत्रुओं का अभिभव करनेवाले प्रभु के लिये मनीषाम्=बुद्धि को ईरय=प्रेरित कर। तद्बुद्धि बन। प्रभु की महिमा का ही चिन्तन करनेवाला हो। उस प्रभु का चिन्तन कर जो तुझे नदीनां पारं द्रुणा न=नदियों

के पार नाव के द्वारा ले जाने के समान ही भवसागर से पार ले जाते हैं। (२) प्रभु की उपासना के द्वारा तन्वि-अपने में धिया-बुद्धि के द्वारा जुष्टतरस्य-अतिशयेन सेवनीय श्रुतस्य-शास्त्रज्ञान का निस्पृश-स्पर्श कर। खूब ही स्वाध्याय के द्वारा ज्ञान का वर्धन करनेवाला बन। वे प्रभु अंग-शीघ्र ही कुवित्-खूब वेदत्-धन को प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ-हम स्तवन व स्वाध्याय में प्रवृत्त हों। प्रभु हमें भवसागर से पार ले जानेवाले होंगे।

ऋषिः—तिरश्चीर्ध्रुतानो वा मरुत:॥ देवता—इन्द्र:॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवत:॥

रो मत, बात तो कह

तद्विविड्ढि यत्त इन्द्रो जुजोषत्स्तुहि सुष्टुतिं नमसा विवास।
उप भूष जरितर्मा रुवण्यः श्रावया वाचं कुविदङ्ग वेदत्॥ १२॥

(१) हे जीव! तू तत्-उस स्तोत्र को विविड्ढि-अपने में व्याप्त कर, यत्-जिस ते-तेरे स्तोत्र को इन्द्रः-वह परमैश्वर्यशाली प्रभु जुजोषत्-प्रीतिपूर्वक सेवन करे। हे जीव! तू सुष्टुतिम्-उस उत्तम स्तुतिवाले प्रभु को स्तुहि-स्तुत कर। नमसा-नमन के द्वारा आविवास-उस प्रभु का आभिमुख्येन उपासन कर। (२) हे जरितः-स्तोतः! उपभूष-अपने जीवन को अलंकृत कर। मा रुवण्यः-धन आदि के अभाव के कारण रो नहीं। वाचं श्रावया-ज्ञान की वाणियों को सुना। अथवा प्रार्थना तो कर। वे प्रभु अंग-शीघ्र ही कुवित्-खूब ही वेदत्-धन प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ-प्रभु का स्तवन व पूजन कर। अपने जीवन को सद्गुणों से अलंकृत कर। रो मत। बात तो कह। प्रभु खूब ही धन प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—तिरश्चीर्ध्रुतानो वा मरुत:॥ देवता—इन्द्र:॥ छन्दः—निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवत:॥

अंशुमतीं अवातिष्ठत् (द्रप्सः, कृष्णः)

अवं द्रप्सो अंशुमतीमतिष्ठदियानः कृष्णो दशभिः सहस्रैः।
आवत्तमिन्द्रः शच्या धमन्तमप स्नेहितीर्नृमणा अधत्त॥ १३॥

(१) द्रप्सः-(drop, a spark) प्रभु का अंश रूप (miniature) यह जीव दशभिः-दस सहस्रैः-(सहस्-बल) बलवान् प्राणों के साथ इयानः-गति करता हुआ कृष्णअमः-सब दोषों को कृश करनेवाला होता है और अंशुमतीम्-प्रकाश की किरणोंवाली ज्ञान नदी के समीप अवतिष्ठत्-नम्रता से स्थित होता है। (२) शच्या-शक्ति व प्रज्ञान से धमन्तम्-(To cast, throw away) शत्रुओं को परे फेंकते हुए तम्-उस कृष्णा को इन्द्रः-वे परमैश्वर्यशाली प्रभु आवत्-रक्षित करते हैं। नृमणाः-(नृषु मनो यस्य) कर्मनेता मनुष्यों में प्रेमवाले वे प्रभु स्नेहितीः-सबका हिंसन करनेवाली वासनाओं को अप अधत्त-सुदूर स्थापित करनेवाले होते हैं, वासनाओं के प्रभु विनाशक हैं।

भावार्थ-जीव जब अंशुमती (ज्ञान की किरणोंवाली) सरस्वती का उपासक बनता है, तो प्रभु उसका रक्षण करते हैं और उसकी वासनाओं को विनष्ट करते हैं।

ऋषिः—तिरश्चीर्ध्रुतानो वा मरुत:॥ देवता—इन्द्रः मरुतश्च॥ छन्दः—निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवत:॥

नभः न

द्रप्समपश्यं विषुणे चरन्तमुपह्वरे नद्यो अंशुमत्याः।
नभो न कृष्णमवतस्थिवांसमिष्यामि वो वृषणो युध्यताजौ॥ १४॥

(१) द्रप्सम्-उस प्रभु के छोटे रूप जीव को विषुणे-उस चारों ओर गति (व्याप्ति) वाले प्रभु में पश्यम्-मैं देखता हूँ। प्रभु की गोद में जीव को स्थित अनुभव करता हूँ। यह अंशुमत्याः नद्याः-प्रकाश की किरणोंवाली ज्ञान नदी (सरस्वती) के उपह्वरे-अत्यन्त गूढ़ स्थान में चरन्तम्-गति कर रहा है। (२) नभः न-आदित्य के समान अवतस्थिवांसम्-स्थित कृष्णाम्-वासनाओं के क्षीण करनेवाले को इष्यामि-चाहता हूँ। मैं चाहता हूँ कि मैं वासनारूप वृत्र को विनष्ट करके सूर्य की तरह चमकूँ। हे वृषणः-शक्तिशाली मरुतो (प्राणो)! वः-तुम आजौ-संग्राम में युध्यत-इन वासनारूप शत्रुओं के साथ युद्ध करो। इन्हें पराजित करके ही तो मैं चमक सकूँगा।

भावार्थ-जीव उस व्यापक प्रभु में स्थित अपने को देखे। सदा ज्ञान के अन्दर विचरने का प्रयत्न करे। प्राणसाधना द्वारा वासनाओं का विनाश करके सूर्य की तरह चमके।

ऋषिः—तिरश्चीर्ध्रुतानो वा मरुतः॥ देवता—इन्द्राबृहस्पती॥ छन्दः—पादनिचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

स्वाध्याय व प्रभु मैत्री

अधं द्रप्सो अंशुमत्या उपस्थेऽधारयत्तन्वं तित्विषाणः।
विशो अदेवीरभ्याचरन्तीर्बृहस्पतिना युजेन्द्रः ससाहे॥ १५॥

(१) अध-अब द्रप्सः-परमात्मा का छोटा रूप यह जीव अंशमत्याः-प्रकाश की किरणोंवाली ज्ञान नदी के उपस्थे-समीप अधारयत्-अपने को धारण करता है। इस प्रकार यह अपने तन्वम्-शरीर को तित्विषाणः-दीप्त करनेवाला होता है। 'शरीर में तेज, मस्तिष्क में ज्ञान' इस प्रकार यह चमक उठता है। (२) यह तित्विषाण इन्द्रः-जितेन्द्रिय पुरुष अदेवीः-आसुरी अभ्याचरन्तीः-आक्रमण करती हुई विशः-प्रजाओं को काम-क्रोध आदि आसुरभावों को बृहस्पतिना युजा-ज्ञान के स्वामी प्रभु को साथी के रूप में पाकर ससाहे-अभिभूत करनेवाला होता है।

भावार्थ-स्वाध्याय व प्रभु की मित्रता हमें वासनाओं के आक्रमण से बचाती है। प्रभु की मित्रता से हम सब शत्रुओं का पराभव कर पाते हैं।

ऋषिः—तिरश्चीर्ध्रुतानो वा मरुतः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

काम आदि सात शत्रुओं का शातन

त्वं ह त्यत्सप्तभ्यो जायमानोऽशत्रुभ्यो अभवः शत्रुरिन्द्र।
गूळ्हे द्यावापृथिवी अन्वविन्दो विभुमद्भ्यो भुवनेभ्यो रणं धाः॥ १६॥

(१) हे इन्द्र-जितेन्द्रिय पुरुष त्वम्-तू ह-निश्चय से त्यत्-उस कर्म को करता है कि जायमानः-विकास को प्राप्त होता हुआ तू अशत्रुभ्यः-जिनका शातन (समाप्ति) बड़ा कठिन है उन सप्तभ्यः-'काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर व अविद्या' नामक सात शत्रुओं के लिये शत्रुः अभवः-शातन करनेवाला होता है। (२) इन शत्रुओं का शातन करके गूळ्हे द्यावापृथिवी-शत्रुओं से आवृत हुए-हुए मस्तिष्क व शरीर को तू फिर से अन्वविन्दः-प्राप्त करता है। काम-लोभ आदि ने इनको आवृत-सा कर लिया था। काम आदि के विनाश से हम इन्हें फिर प्राप्त करनेवाले होते हैं। इनको काम आदि के आवरण से रहित करके विभुमद्भ्यः-महत्त्वयुक्त भुवनेभ्यः-लोकों के लिये, शरीर के सब अंगों के लिये, रणं धाः-रमणीयता को तू धारण करता है।

भावार्थ–'काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर व अविद्या' ये हमारे प्रबल शत्रु हैं। इनका शातन करके ही हम मस्तिष्क व शरीर को स्वस्थ कर पाते हैं और सब अंगों के लिये रमणीयता को धारण करनेवाले होते हैं।

ऋषिः—तिरश्चीर्द्युतानो वा मरुतःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—पङ्क्तिःङ्क स्वरः—पञ्चमःङ्क

शुष्णासुर वध व गो प्राप्ति

त्वं ह॒ त्यद॑प्रतिमा॒नमोजो॒ वज्रे॑ण वज्रिन्धृषि॒तो ज॑घन्थ।
त्वं शुष्ण॒स्यावा॑तिरो॒ वध॑त्रै॒स्त्वं गा इ॑न्द्र॒ शच्येद॑विन्दः ॥ १७ ॥

(१) हे **वज्रिन्**=क्रियाशीलतारूप वज्र को हाथ में लिये हुए इन्द्र! **त्वम्**=तू **ह**=निश्चय से **त्यत्**=उस **अप्रतिमानम्**=निरूपम-अतिप्रबल **ओजः**=शुष्णासुर के ओज को, वासना के बल को **वज्रेण**=क्रियाशीलतारूप वज्र के द्वारा **धृषितः**=संग्राम में शत्रुहनन में कुशल होता हुआ **जघन्थ**=नष्ट करता है। (२) इसके ओज को नष्ट करता हुआ **त्वम्**=तू **वधत्रैः**=हनन साधन आयुधों से **शुष्णस्य अवातिरः**=इस शुष्णासुर का अपने शिकार को सुखा देनेवाली काम-वासना का वध कर डालता है। इस प्रकार हे **इन्द्र**=जितेन्द्रिय पुरुष! तू **शच्यः**=अपनी शक्ति व प्रज्ञान से **इत्**=निश्चयपूर्वक **गाः अविन्दः**=ज्ञान की वाणियों को प्राप्त करता है। कामविध्वंस से ही ज्ञान प्राप्त होता है। काम ही तो सदा ज्ञान को आवृत किये रहता है।

भावार्थ–हम क्रियाशीलता के द्वारा वासना को विनष्ट करें और ज्ञान को प्राप्त करनेवाले हों।

ऋषिः—तिरश्चीर्द्युतानो वा मरुतःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—पादनिचृत्त्रिष्टुप्ङ्क स्वरः—धैवतःङ्क

वृत्राणां घनः

त्वं ह॒ त्यद् वृ॑षभ चर्षणी॒नां घ॒नो वृ॒त्राणां॑ तवि॒षो ब॑भूथ।
त्वं सिन्धूँर॑सृजस्तस्तभा॒नान्त्वम॒पो अ॑जयो दा॒सप॑त्नीः ॥ १८ ॥

(१) हे **वृषभ**=सुखों के वर्षक प्रभो! **त्वम्**=आप ही **ह**=निश्चय से **त्यत्**=उस कर्म को करते हैं कि **तविषः**=शक्तिशाली आप **चर्षणीनाम्**=श्रमशील मनुष्यों के **वृत्राणाम्**=वासनारूप शत्रुओं के **घनः**=विनाश करनेवाले **बभूथ**=होते हो। (२) इन वासनाओं को नष्ट करके **त्वम्**=आप **तस्तभानान्**=इन वासनाओं द्वारा रुद्ध किये गये **सिन्धून्**=ज्ञानप्रवाहों को **असृजः**=उत्पन्न करते हो। और **दासपत्नीः**=विनाशक काम जिनका पति बन गया था, उन **अपः**=शरीरस्थ रेतःकणों को **त्वं अजयः**=आप विजयी करते हो।

भावार्थ–प्रभु हमारे ज्ञान के आवरणभूत शत्रुओं का विनाश करते हैं और ज्ञानप्रवाहों को सृष्ट करते हुए शरीर में रेतःकणों का रक्षण करते हैं।

ऋषिः—तिरश्चीर्द्युतानो वा मरुतःङ्क देवता—इन्द्रःङ्क छन्दः—पादनिचृत्त्रिष्टुप्ङ्क स्वरः—धैवतःङ्क

सुक्रतुः-अनुत्तमन्युः

स सु॒क्रतू॒ रणि॑ता॒ यः सु॒तेष्वनु॑त्तमन्यु॒र्यो अहे॑व रे॒वान्।
य एक॒ इन्नर्यपां॑सि॒ कर्ता॒ स वृ॑त्र॒हा प्रतीद॒न्यमा॑हुः ॥ १९ ॥

(१) **सः**=वह प्रभु **सुक्रतुः**=शोभन प्रज्ञान व शक्तिवाले हैं। **यः**=जो **सुतेषु**=सब उत्पन्न पदार्थों

में रमण करनेवाले हैं। (२) वे प्रभु **अनुत्तमन्युः**=अनष्ट ज्ञानवाले हैं, **यः**=जो **अहा इव**=सूर्य से दीप्त दिवसों के समान **रेवान्**=प्रकाश की सम्पत्तिवाले हैं। प्रभु प्रकाशमय ही हैं। (२) **यः**=जो **एकः इत्**=अद्वितीय ही, बिना किसी अन्य की सहायता के ही **नरि**=उन्नतिपथ पर चलनेवाले मनुष्यों में **अपांसि**=लोक हितकारी कर्मों को **कर्ता**=करनेवाले हैं। **सः**=वे प्रभु ही **वृत्रहा**=वासना का विनाश करते हैं। इस प्रभु को **इत्**=ही **अन्यं प्रति आहुः**=सब शत्रुओं का सामना करनेवाला कहते हैं।

भावार्थ—शोभन शक्ति व प्रज्ञानवाले हैं। वे सर्वत्र व्याप्त हैं। नर पुरुषों में प्रभु ही सब उत्तम कर्मों को करनेवाले हैं। प्रभु ही शत्रुओं का अभिभव करते हैं।

ऋषिः—तिरश्चीर्द्युतानो वा मरुतः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

श्रवस्यस्य वाजस्य दाता

स वृत्रहेन्द्रश्चर्षणीधृतं संष्टुत्या हव्यं हुवेम।
स प्रावित्ता मघवा नोऽधिवक्ता स वाजस्य श्रवस्यस्य दाता॥ २०॥

(१) **सः**=वह **वृत्रहा**=वासना का विनाश करनेवाला **इन्द्रः**=परमैश्वर्यशाली प्रभु **चर्षणीधृत्**=श्रमशील मनुष्यों का धारण करनेवाला है। **हव्यम्**=पुकारने योग्य **तम्**=उस प्रभु को हम **सुष्टुत्या**=उत्तम स्तुति से **हुवेम**=पुकारते हैं। प्रभु का सम्यक् स्तवन करते हैं। (२) **सः**=वे **मघवा**=ऐश्वर्यशाली प्रभु **नः प्रावित्ता**=हमारे उत्तम रक्षक हैं। **अधिवक्ता**=अध्यक्षरूपेण प्रेरणा को देनेवाले हैं। **सः**=वे प्रभु ही **श्रवस्यस्य**=यश की प्राप्ति के हेतुभूत **वाजस्य**=बल के दाता=देनेवाले हैं। प्रभु हमें यह शक्ति प्राप्त कराते हैं, जिससे हम रक्षणात्मक कार्यों में प्रवृत्त हुए-हुए यशस्वी बनते हैं।

भावार्थ—प्रभु वासना के विनाश के द्वारा हमारा धारण करनेवाले हैं। वे हमें निरन्तर प्रेरणा देते हैं। वे यशस्वी बल प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—तिरश्चीर्द्युतानो वा मरुतः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराट् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

वृत्रहा-ऋभुक्षाः

स वृत्रहेन्द्र ऋभुक्षाः सद्यो जज्ञानो हव्यो बभूव।
कृण्वन्नपांसि नर्या पुरूणि सोमो न पीतो हव्यः सखिभ्यः॥ २१॥

(१) **सः**=वे **वृत्रहा**=वासना को विनष्ट करनेवाले प्रभु **इन्द्रः**=परमैश्वर्यशाली हैं। **ऋभुक्षाः**=(ऋभुभिः सह क्षियति) ज्ञानदीप्त पुरुषों के साथ निवास करनेवाले हैं। **सद्यः जज्ञानः**=ज्ञानियों के हृदयों में शीघ्र ही प्रादुर्भूत होते हुए प्रभु **हव्यः बभूव**=पुकारने योग्य होते हैं। (२) ये प्रभु **नर्या**=नरहितकारी **पुरूणि**=बहुत **अपांसि**=कर्मों को **कृण्वन्**=करते हुए, **पीतः सोमः न**=शरीर में सुरक्षित सोम की तरह, **सखिभ्यः**=मित्रभूत ऋत्विजों से **हव्यः**=पुकारने योग्य होते हैं। शरीर में सुरक्षित सोम जैसे हमारा हित करता है उसी प्रकार प्रभु अपने सखाओं का हित करते हैं।

भावार्थ—प्रभु वासना को विनष्ट कर हमें ज्ञान प्राप्त कराते हैं। ज्ञानियों में निवास करते हुए वे प्रभु उनके माध्यम से सब नरहितकारी कर्मों को करते हैं।

अगले सूक्त का ऋषि यह ज्ञानी स्तोत्र 'रेभः काश्यपः' नामवाला है। यह इन्द्र का स्तवन इस प्रकार करता है—

९७. [सप्तनवतितमं सूक्तम्]

ऋषिः—रेभः काश्यपः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

स्तोता व वृक्तबर्हिष्

या इन्द्र भुज आभरः स्वर्वाँ असुरेभ्यः। स्तोतारमिन्मघवन्नस्य वर्धय ये च त्वे वृक्तबर्हिषः॥ १॥

(१) हे **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **स्वर्वान्**=सब सुखों व प्रकाशोंवाले आप **याः भुजः**=जिन पालन के साधनभूत धनों को **असुरेभ्यः**=अपने में प्राणशक्ति का सञ्चार करनेवालों के लिये **असुः**=प्राण **आभरः**=प्राप्त कराते हैं। **अस्य**=इस धन के द्वारा **स्तोतारं इत्**=स्तोता को निश्चय ही, हे **मघवन्**=ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! **वर्धय**=बढ़ाइये। (२) **च**=और **ये**=जो **त्वे**=आप में स्थित होते हुए, आपकी उपासना करते हुए **वृक्तबर्हिषः**=अपने हृदयान्तरिक्ष को (**बर्हिष्**) छिन्न पापों-वाला करते हैं (**वृक्त**) जो हृदयक्षेत्र में से वासना की घास-फूस को उखाड़ डालते हैं।

भावार्थ—प्रभु स्तोता को व उपासना द्वारा पवित्र हृदयवाले को सब पालन के साधनभूत धनों को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—रेभः काश्यपः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृत् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

यजमान, सुन्वन्, दक्षिणावान्

यमिन्द्र दधिषे त्वमश्वं गां भागमव्ययम्।
यजमाने सुन्वति दक्षिणावति तस्मिन्तं धेहि मा पणौ॥ २॥

(१) हे **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **त्वम्**=आप **यम्**=जिस **अश्वम्**=कर्मों में व्याप्त होनेवाली (कर्मेन्द्रियों) को **गाम्**=ज्ञानेन्द्रियों को तथा **अव्ययम्**=व्ययित न होनेवाले भजनीय धन को **दधिषे**=धारण करते हैं। **तम्**=उसे **तस्मिन्**=उस **यजमाने**=यज्ञशील, **सुन्वति**=सोम का सम्पादन करनेवाले **दक्षिणावति**=दानशील पुरुष में **धेहि**=स्थापित करिये। (२) यह यजमान आप से दी गयी कर्मेन्द्रियों से यज्ञात्मक पवित्र कर्मों को करेगा। ज्ञानेन्द्रियों से सोमरक्षण द्वारा दीप्त बुद्धिवाला बनकर, ज्ञान को प्राप्त करेगा। धन को यह सदा लोकहित के कार्यों में देनेवाला बनेगा। आप इस धन को **पणौ**=वणिक् वृत्तिवाले अयष्टा भोग-प्रसित पुरुष में मत स्थापित करें।

भावार्थ—हम यज्ञशील, सोम के रक्षक व दानशील बनें। प्रभु हमें उत्तम कर्मेन्द्रियाँ, ज्ञानेन्द्रियाँ व स्थिर धन प्राप्त करायें।

ऋषिः—रेभः काश्यपः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—भुरिगनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

निद्रालु 'अव्रतः अदेवयु' के धन का नाश

य इन्द्र सस्त्यव्रतोऽनुष्वापमदेवयुः। स्वैः ष एवैर्मुमुरत्पोष्यं रयिं सनुतर्धेहि तं ततः॥ ३॥

(१) हे **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **यः सस्ति**=जो सोता है, **अव्रतः**=अपने नियमित कर्मों को नहीं करता है। और **अनुष्वापम्**=निद्रा व आलस्य के साथ-साथ **अदेवयुः**=दिव्य गुणों को अपने साथ जोड़ने की कामना से रहित होता है। **सः**=वह **स्वैः एवैः**=अपने ही आचरणों से **पोष्यं रयिम्**=पोषण योग्य जन (सन्तान) व धन का **मुमुरत्**=नाश कर लेता है। (२) हे प्रभो! **ततः**=उस व्यक्ति से **तम्**=उस रयि को, उस धन को **सनुतः धेहि**=अन्तर्हित करके ही धारण करिये। इसे उस धन से वञ्चित करिये।

भावार्थ—हम आलस्य में सोये न रहें। प्रबुद्ध होकर व्रतमय जीवनवाले व दिव्य गुणों की

प्राप्ति की कामनावाले बनें। यही ऐश्वर्य-भाजन बनने का मार्ग है।

ऋषिः—रेभः काश्यपः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहतीङ्ग स्वरः—मध्यमः॥

शक्र-वृत्रहा

यच्छक्रासि परावति यदर्वावति वृत्रहन्।
अतस्त्वा गीर्भिर्द्युगदिन्द्र केशिभिः सुतावाँ आ विवासति॥ ४॥

(१) हे **शक्र**=सर्वशक्तिमन्! **वृत्रहन्**=सब ज्ञान की आवरणभूत वासनाओं को विनष्ट करनेवाले प्रभो! **यत्**=क्योंकि आप **परावति**=दूर से दूर देश में भी हैं और **यत्**=क्योंकि **अर्वावति**=समीप से समीप देश में भी है (तद् दूरे तद्वन्तिके, तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः), **अतः**=इसीलिए उन सर्वव्यापक **त्वा**=आपको **द्युगत्**=यह ज्ञान-ज्योति में चलनेवाला **सुतावान्**=सोम का शरीर में सम्पादन करनेवाला पुरुष **केशिभिः**=ज्ञान की रश्मियोंवाली **गीर्भिः**=स्तुति-वाणियों से **आविवासति**=पूजता है, परिचरित करता है। (२) आपकी सर्वव्यापकता का स्मरण ही इसे भोगमार्ग में फँसने से बचाता है और ज्ञान के मार्ग पर चलने में प्रवृत्त करता है। इस मार्ग पर चलता हुआ यह भी 'शक्र व वृत्रहा' बनने का प्रयत्न करता है।

भावार्थ—प्रभु सर्वव्यापक हैं। यह सर्वव्यापकता का स्मरण हमें ज्ञानमार्ग पर चलते हुए, सोमरक्षण द्वारा, शक्तिशाली व वासनाओं का विनाशक बनाये।

ऋषिः—रेभः काश्यपः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहतीङ्ग स्वरः—मध्यमः॥

हृदय में प्रभु दर्शन

यद्वासि रोचने दिवः समुद्रस्याधि विष्टपि। यत्पार्थिवे सदने वृत्रहन्तम यदुन्तरिक्ष आ गहि॥ ५॥

(१) हे **वृत्रहन्तम**=वासनाओं के अधिक से अधिक विनाशक प्रभो! आप **यत्**=जो **वा**=निश्चय से **दिवः रोचने**=द्युलोक के दीप्त प्रदेश में **असि**=विद्यमान हैं तथा **समुद्रस्य**=इस आकाश (मध्यलोक) के **विष्टपि**=लोक में हैं, **यत्**=जो **पार्थिवे सदने**=इस पृथिवीरूप गृह में हैं। आपकी सत्ता त्रिलोकी में है। (२) **यत्**=जो आप **अन्तरिक्षे**=हमारे हृदयान्तरिक्षों में भी **आगहि**=प्राप्त होते हैं। हम अपने हृदयों में आपकी सत्ता को अनुभव करें। आपकी सर्वव्यापकता का स्मरण करते हुए आपको हृदयों में देखने के लिये यत्नशील हों।

भावार्थ—सर्वत्र त्रिलोकी में व्यापक प्रभु हमारे हृदयों में आसीन हो। हृदयों में प्रभु का दर्शन करते हुए हम अपने जीवनों को पवित्र बनायें।

ऋषिः—रेभः काश्यपः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् बृहतीङ्ग स्वरः—मध्यमः॥

शक्ति-धन

स नः सोमेषु सोमपाः सुतेषु शवसस्पते। मादयस्व राधसा सूनृतावतेन्द्र राय परीणसा॥ ६॥

(१) हे **शवसस्पते**=शक्तियों के स्वामिन् प्रभो! **सः**=वे आप **सोमेषु सुतेषु**=सोमकणों के शरीर में उत्पन्न होने पर **नः**=हमारे लिये **सोमपाः**=सोम का रक्षण करनेवाले हैं। इस सोमरक्षण द्वारा आप हमें भी शक्तिशाली बनाते हैं। (२) हे **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! आप **परीणसा**=बहुत (पर्याप्त) **राया**=धन से **मादयस्व**=हमें आनन्दित कीजिये। जो धन **राधसा**=कार्यों को सिद्ध करनेवाला है और **सूनृतावता**=सत्यवाला है। प्रिय सत्यवाणी से युक्त धन ही शोभा का बढ़ानेवाला है।

भावार्थ—प्रभु हमें शक्ति प्राप्त करायें तथा सत्य मार्ग से अर्जित धन से हमें जीवन में सुखी

करें।

ऋषिः—रेभः काश्यपः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

'सच्चे बन्धु, सच्चे रक्षक' प्रभु

मा नं इन्द्र परा वृणग्भवा नः सधमाद्यः। त्वं न ऊती त्वमिन्न आप्यं मा नं इन्द्र परा वृणक्॥ ७॥

(१) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! नः-हमें आप मा परावृणक्-छोड़ मत दीजिये। आप नः-हमारे सधमाद्यः-साथ होते हुए हृदयों में आनन्द को प्राप्त करानेवाले भवा-होइये। आपके साथ हृदयों में स्थित होते हुए हम आनन्द का अनुभव करें। (२) त्वम्-आप ही नः-हमारे ऊती-रक्षक हैं। त्वं इत्-आप ही नः आप्यम्-हमारे बन्धुत्ववाले हैं। वास्तविक बन्धु आप ही हैं। हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! नः-हमें मा परावृणक्-मत छोड़ दीजिये। आपकी छत्रछाया में हम 'सत्य शिव व सुन्दर' जीवनवाले बनें।

भावार्थ-प्रभु का साथ हमें सदा प्राप्त हो। प्रभु के साहचर्य में हम आनन्द का अनुभव करें। प्रभु ही हमारे रक्षक हैं, प्रभु ही सच्चे बन्धु हैं।

ऋषिः—रेभः काश्यपः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

हृदयों में प्रभु का वास व सोमरक्षण

अस्मे इन्द्र सचा सुते नि षदा पीतये मधु।
कृधी जरित्रे मघवन्नवो महदस्मे इन्द्र सचा सुते॥ ८॥

(१) हे इन्द्र-शत्रु-विद्रावक प्रभो! अस्मे-हमारे सचा-साथ सुते-सोम का सम्पादन होने पर निषदा-निषण्ण होइये। आप हृदय में आसीन होंगे, तभी वासनाओं का विनाश होगा। सो मधुपीतये-इस जीवन को मधुर बनानेवाले सोम को पीने के लिये आप हमारे हृदयों में स्थित होइये। (२) हे मघवन्-ऐश्वर्यशालिन् इन्द्र-प्रभो! अस्मे-हमारे में सुते-सोम का सम्पादन होने पर सचा-साथ होते हुए आप जरित्रे-स्तोता के लिये महत् अवः-महान् रक्षण को कृधि-करिये।

भावार्थ-हमारे हृदयों में प्रभु का वास हो। इससे सोम का रक्षण होकर हमारा जीवन मधुर बने तो रोगों से बचा रहे।

ऋषिः—रेभः काश्यपः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'असीम, अचिन्त्य (अगम्य)' प्रभु

न त्वा देवास आशत न मर्त्यासो अद्रिवः।
विश्वा जातानि शवसाभिभूरसि न त्वा देवास आशत॥ ९॥

(१) हे अद्रिवः-आदरणीय प्रभो! त्वा-आपको देवासः-सूर्य, चन्द्र, नक्षत्र आदि सब प्राकृतिक देव न आशत-नहीं व्याप सकते। आपकी महिमा इन्हीं में ही समाप्त नहीं हो जाती। न मर्त्यासः-न ही मनुष्य आपकी महिमा का व्यापन कर पाते हैं। मनुष्यों से भी आप अचिन्त्य व अगम्य होते हो। (२) हे प्रभो! विश्वा-सब जातानि-उत्पन्न पदार्थों व व्यक्तियों को आप शवसा-अपने बल से अभिभूः असि-अभिभूत करनेवाले हैं। ये सब देवासः-देव त्वा-आपको न आशत-व्याप्त नहीं कर पाते।

भावार्थ-प्रभु की महिमा न सूर्य-चन्द्र आदि से सीमित की जाती है, न मनुष्य उसका पूर्णतया चिन्तन कर पाते हैं।

ऋषिः—रेभः काश्यपः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—भुरिग्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

प्रभु का प्रकाश व शत्रु-विनाश

विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरं सजूस्ततक्षुरिन्द्रं जजनुश्च राजसे।
क्रत्वा वरिष्ठं वर आमुरिमुतोग्रमोजिष्ठं तवसं तरस्विनम्॥ १०॥

(१) विश्वाः-सब पृतनाः-शत्रु-सेनाओं को अभिभूतरम्-अभिभूत करनेवाले नरम्-सबको आगे ले चलनेवाले इन्द्रम्-शत्रु-विद्रावक प्रभु को सजूः-मिलकर स्तवन करते हुए (सह जुषन्ते) उपासक ततक्षुः-अपने में निर्मित करते हैं। स्तवन द्वारा प्रभु की दिव्यता को अपने अन्दर बढ़ाते हैं। इस प्रभु की भावना की वृद्धि से सब शत्रुओं को ये जीत पाते हैं। च-और राजसे-अपने प्रकाशन के लिये जजनुः-प्रभु को अपने में प्रादुर्भूत करते हैं। (२) वरे-श्रेष्ठता की प्राप्ति के निमित्त उस प्रभु को अपने में प्रादुर्भूत करते हैं, जो क्रत्वा वरिष्ठम्-प्रज्ञान व शक्ति से श्रेष्ठतम हैं। आमुरिम्-शत्रुओं को मारनेवाले हैं। उत-और उग्रम्-तेजस्वी हैं, ओजिष्ठम्- ओजस्वितम हैं, तवसम्-बलवान् हैं और तरस्विनम्-वेगवान् हैं।

भावार्थ—स्तुति के द्वारा अपने में हम प्रभु का निर्माण करें। जीवन में दीप्ति के लिये प्रभु को प्रादुर्भूत करें। प्रभु सब शत्रुओं का संहार करते हैं।

ऋषिः—रेभः काश्यपः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

स्तुति से 'सोमरक्षण, प्रकाश वृद्धि व पुण्य का लाभ'

समीं रेभासो अस्वरन्निन्द्रं सोमस्य पीतये।
स्वर्पतिं यदीं वृधे धृतव्रतो ह्योजसा समूतिभिः॥ ११॥

(१) रेभासः-स्तोता लोग ईं इन्द्रम्-इस परमैश्वर्यशाली प्रभु को सोमस्य पीतये-सोम के रक्षण के लिये सं अस्वरन्-स्तुत करते हैं। प्रभु-स्तवन द्वारा, वासनाओं से आक्रान्त न होते हुए ये स्तोता सोमरक्षण कर पाते हैं। (२) स्वः पतिम्-सुख व प्रकाश के स्वामी ईम्-इस प्रभु को यद्-जब ये स्तुत करते हैं, तो वे प्रभु वृधे-इनकी वृद्धि के लिये होते हैं। वे प्रभु हि-निश्चय से ओजसा-ओजस्विता के साथ तथा ऊतिभिः-रक्षणों के साथ धृतव्रतः-इनके उत्तम कर्मों का धारण करते हुए सम् (गच्छते)-इनके साथ संगत होते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु का स्तवन करें। प्रभु हमारे जीवन में सोम का रक्षण करेंगे, प्रकाश को प्राप्त करायेंगे, अपने रक्षणों व ओज से हमारे व्रतों का रक्षण करेंगे। इस प्रकार हमारी वृद्धि का कारण बनेंगे।

ऋषिः—रेभः काश्यपः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

नेमिम्

नेमिं नमन्ति चक्षसा मेषं विप्रा अभिस्वरा।
सुदीतयो वो अद्रुहोऽपि कर्णे तरस्विनः समृक्वभिः॥ १२॥

(१) स्तोता लोग नेमिम्-इस ब्रह्माण्ड की परिधिरूप उस प्रभु को, सर्वत्र व्याप्त उस प्रभु को नमस्कार करते हैं। विप्राः-ज्ञानी लोग चक्षसा-प्रभु की महिमा को सर्वत्र देखने के द्वारा तथा अभिस्वरा-स्तोत्र के द्वारा मेषम्-(मेषति-sprinkle)-सर्वसुखों के सेचक प्रभु को नमस्कार करते हैं। (२) सुदीतयः-उत्तम ज्ञान की दीप्तिवाले, अद्रुहः-द्रोह की भावना से रहित वः-तुम सब

अपि=भी कर्णे=प्रभु महिमा के श्रवण में तरस्विनः=वेगवाले होते हुए ऋक्वभिः=ऋचाओं के द्वारा अर्चन-साधन मन्त्रों के द्वारा सम्=उस प्रभु के साथ संगत होवो।

भावार्थ=ज्ञानी लोग सर्वत्र प्रभु की महिमा का दर्शन करते हुए उस व्यापक प्रभु को स्तोत्रों द्वारा प्रणाम करते हैं। हम भी ज्ञानदीप्ति व अद्रोह को धारण करते हुए इन स्तोत्रों का श्रवण करें और अर्चन-साधन मन्त्रों के द्वारा प्रभु का स्तवन करें।

ऋषिः—रेभः काश्यपः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अति जगती॥ स्वरः—निषादः॥

सुपथ से ऐश्वर्य प्राप्ति

तमिन्द्रं जोहवीमि मघवानमुग्रं सत्रा दधानमप्रतिष्कुतं शवांसि।
मंहिष्ठो गीर्भिरा च यज्ञियो ववर्तद्राये नो विश्वा सुपथा कृणोतु वज्री॥ १३॥

(१) तम्=उस इन्द्रम्=सर्वशक्तिमान् प्रभु को जोहवीमि=पुकारता हूँ। जो मघवानम्=ऐश्वर्यशाली हैं, उग्रम्=तेजस्वी हैं। सत्रा=सचमुच शवांसि=बलों को दधानम्=धारण कर रहे हैं अतएव अप्रतिष्कुतम्=शत्रुओं से अप्रतिरोधनीय हैं। (२) वे प्रभु मंहिष्ठः=दातृतम हैं, महान् दाता हैं, च=और गीर्भिः=ज्ञान की वाणियों से यज्ञियः=पूजनीय हैं। ये प्रभु राये=ऐश्वर्य को प्राप्त कराने के लिये आववर्तत्=हमें आभिमुख्येन प्राप्त हों। ये वज्री=वज्रहस्त प्रभु नः=हमारे लिये विश्वा सुपथा=सब सुमार्गों को कृणोतु=करें। हम विपथ से हटकर सदा सुमार्ग पर चलनेवाले बनें।

भावार्थ=हम प्रभु को पुकारें। प्रभु ही हमारे सब शत्रुओं का संहार करते हैं। सब आवश्यक धनों को प्राप्त कराते हैं। हमारे मार्गों को सुपथ करते हैं, हमें विपथ से परावृत्त करते हैं।

ऋषिः—रेभः काश्यपः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

शत्रु-नगरियों का विध्वंस

त्वं पुर इन्द्र चिकिदेना व्योजसा शविष्ठ शक्र नाशयध्यै।
त्वद्विश्वानि भुवनानि वज्रिन्द्यावा रेजेते पृथिवी च भीषा॥ १४॥

(१) हे शविष्ठ=बलवत्तम, शक्र=शत्रुहनन के लिये शक्तिवाले, चिकित्=ज्ञानी इन्द्र=परमैश्वर्यवन् प्रभो! त्वम्=आप ओजसा=ओजस्विता के द्वारा एना=इन पुरः=शत्रु-पुरियों को विनाशयध्यै=विनष्ट करने के लिये होते हैं। 'काम' इन्द्रियों में अपनी नगरी बनाता है, 'क्रोध' मन में तथा 'लोभ' बुद्धि में। प्रभु इन सब पुरियों का विनाश कर देते हैं। (२) हे वज्रिन्=वज्रहस्त प्रभो! त्वत्=आप से विश्वानि भुवनानि=सब भुवन (प्राणी) भीषा=भय से काँप उठते हैं। च=और द्यावापृथिवी=द्युलोक व पृथिवीलोक भी भय से रेजेते=काँप जाते हैं।

भावार्थ=प्रभु अपनी शक्ति से शत्रु-पुरियों का विध्वंस कर देते हैं। प्रभु के भय से सब प्राणी व द्यावापृथिवी काँप उठते हैं।

ऋषिः—रेभः काश्यपः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—ककुम्मतीजगती॥ स्वरः—निषादः॥

सत्य-निष्पापता-धन

तन्म ऋतमिन्द्र शूर चित्र पात्वपो न वज्रिन्दुरितातिं पर्षि भूरिं।
कदा न इन्द्र राय आ दशस्येर्विश्वप्स्न्यस्य स्पृहयाय्यस्य राजन्॥ १५॥

(१) हे शूर=शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले, चित्र=आश्चर्यमय अथवा (चित्) ज्ञान-प्रदातः,

इन्द्र-सर्वशक्तिमन् प्रभो! मे-मुझे तत्-वह ऋते-ऋत (सत्य) पातु-रक्षित करे। हे वज्रिन्-वज्रहस्त प्रभो! आप हमें सब दुरिता-पापों के भूरि-खूब ही अतिपर्षि-इस प्रकार पार करिये, न-जैसे एक नाविक अपः-यात्री को जलों के पार करता है। (२) हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् राजन्-शासक प्रभो! आप कदा-कब नः-हमारे लिये विश्वपन्यस्य-स्पृहणीय रायः-धन को आदशस्ये-देंगे? कब हम आप से इस धन को प्राप्त करेंगे?

भावार्थ-सत्य हमारा रक्षण करे। प्रभु हमें पापों से पार करें और स्पृहणीय अनेकरूप धन को प्राप्त करायें।

यह सुपथ से चलनेवाला सत्यवादी 'नृ-मेध' बनता है, सब मनुष्यों के साथ मेल से चलता है। यह इन्द्र का स्तवन करता है-

९८. [अष्टनवतितमं सूक्तम्]

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'इन्द्र विप्र बृहत्, धर्मकृत् विपश्चित् पनस्यु'

इन्द्रा॑य॒ साम॑ गायत॒ विप्रा॑य बृह॒ते बृह॑त्। ध॒र्म॒कृ॒ते वि॒प॒श्चि॒ते प॒न॒स्य॒वे॥ १॥

(१) इन्द्राय-परमैश्वर्यशाली प्रभु के लिये साम गायत-साम (स्तोत्र) का गायन करो। विप्राय-ज्ञानी, बृहते-महान् प्रभु के लिये बृहत्-खूब ही साम का गायन करो। (२) उस प्रभु के लिये गायन करो, जो धर्मकृते-धारणात्मक कर्मों को करनेवाले हैं। विपश्चिते-ज्ञानी हैं और पनस्यवे-स्तुति को चाहनेवाले हैं। जीव को इस स्तुति के द्वारा ही अपने लक्ष्य का स्मरण होता है। यह लक्ष्य का अविस्मरण उसकी प्रगति का साधन बनता है। इसीलिए प्रभु यह चाहते हैं, कि जीव का जीवन स्तुतिमय हो।

भावार्थ-हम प्रभु का स्तवन करें। प्रभु के समान ही इन्द्र (जितेन्द्रिय) बृहत् (वृद्धिवाले) विप्र (अपना पूरण करनेवाले) धर्मकृत् (धर्म के कार्य करनेवाले) विपश्चित् (ज्ञानी) व स्तुतिमय (पनस्यु) बनें।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—ककुम्मत्युष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

विश्वकर्मा, विश्वदेवः

त्वमि॑न्द्राभि॒भूर॑सि॒ त्वं सूर्य॒मरो॑चयः। वि॒श्वक॑र्मा वि॒श्वदे॑वो म॒हाँ अ॑सि॥ २॥

(१) हे इन्द्र-शत्रु-विद्रावक प्रभो! त्वम्-आप अभिभूः असि-शत्रुओं का अभिभव करनेवाले हैं। त्वम्-आप ही सूर्यं अरोचयः-सूर्य को दीप्त करते हैं। प्रभु हमारे भी काम-क्रोध आदि शत्रुओं को अभिभूत करके हमारे मस्तिष्करूप द्युलोक में ज्ञानसूर्य को उदित करते हैं। (२) हे प्रभो! आप ही विश्वकर्मा-सब कर्मों को करनेवाले व विश्वदेवः-सब दिव्य गुणोंवाले वा सब देवों को देवत्व प्राप्त करानेवाले हैं। अतएव महान् असि-आप महान् हैं, पूज्य हैं।

भावार्थ-प्रभु ही सब शत्रुओं का अभिभव करते हैं। प्रभु ही सूर्य को दीप्त करते हैं। प्रभु विश्वकर्मा, विश्वदेव व महान् हैं।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

नियम-बन्धन

वि॒भ्रा॒ज॒ज्यो॒तिषा॒ स्व॑१॒॑रगच्छो रोच॒नं दि॒वः। दे॒वास्त॑ इन्द्र सु॒ख्याय॑ येमिरे॥ ३॥

(१) हे प्रभो! आप **ज्योतिषा विभ्राजन्**-ज्योति से दीप्त होते हुए **स्वः**-सुख को **अगच्छः**- प्राप्त होते हैं, आप आनन्दस्वरूप हैं। आप ही **दिवः**-आदित्य के **रोचनम्**-प्रकाशक तेज को प्राप्त कराते हैं। (२) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **देवाः**-देववृत्ति के पुरुष **ते**-आपकी **सख्याय**-मित्रता के लिये **येमिरे**-अपने को नियमों के बन्धन में बाँधते हैं। यह संयम ही उन देवों को महादेव का मित्र बनाता है।

भावार्थ-प्रभु ज्योति से दीप्त व आनन्दमय हैं, ये सूर्य को भी दीप्ति प्राप्त कराते हैं। संयम के द्वारा देव प्रभु मैत्री के पात्र बनते हैं।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सत्राजित्

एन्द्र नो गधि प्रियः सत्राजिदगोह्यः। गिरिर्न विश्वतस्पृथुः पतिर्दिवः॥ ४॥

(१) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! आप **नः**-हमें **आगधि**-प्राप्त होइये। **प्रियः**-आप प्रीति व आनन्द के जनक हैं, **सत्राजित्**-सदा विजय प्राप्त करानेवाले हैं। **अगोह्यः**-किसी से भी संवृत नहीं किये जाने योग्य हैं। सारे ब्रह्माण्ड को आपने अपने में आवृत किया हुआ है। 'अगोह्यः' का भाव यह भी है कि प्रभु की महिमा कण-कण में दृष्टिगोचर होती है, सो प्रभु का प्रकाश तो सर्वत्र है। (२) आप **गिरिः न**-उपदेष्टा के समान हैं। हृदयस्थरूपेण सदा सत्कर्मों की प्रेरणा दे रहे हैं। **विश्वतः पृथुः**-सब दृष्टिकोणों से विशाल हैं। आपका ज्ञान, बल व ऐश्वर्य सब अनन्त है। आप **दिवः पतिः**-प्रकाश के, ज्ञान के स्वामी हैं।

भावार्थ-प्रभु हमें विजय प्राप्त कराते हैं। ज्ञानोपदेश द्वारा वे हमारा कल्याण करते हैं।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'ब्रह्माण्ड के शासक' प्रभु

अभि हि सत्य सोमपा उभे बभूथ रोदसी। इन्द्रासि सुन्वतो वृधः पतिर्दिवः॥ ५॥

(१) हे **सत्य**-सत्यस्वरूप **सोमपाः**-सोम का रक्षण करनेवाले प्रभो! आप **हि**-निश्चय से **उभे रोदसी**-दोनों द्यावापृथिवी को **अभि बभूथ**-अभिभूत करते हो। सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड आपके वश में है। (२) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यवन् प्रभो! आप **सुन्वतः**-यज्ञशील पुरुष के व सोम का सम्पादन करनेवाले पुरुष के **वृधः**-बढ़ानेवाले **असि**-हैं। **दिवः**-द्युलोक के व प्रकाश के **पतिः**-स्वामी व रक्षक हैं। जो भी सोम का अपने जीवन में सम्पादन करता है, उसे आप स्वर्ग व प्रकाश प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ-प्रभु सारे ब्रह्माण्ड के शासक हैं। सोम का सम्पादन करनेवाले के रक्षक हैं। प्रकाश व सुख को प्राप्त करानेवाले हैं।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—ककुम्मत्युष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'पुरांदर्ता'

त्वं हि शश्वतीनामिन्द्र दर्ता पुरामसि। हन्ता दस्योर्मनोर्वृधः पतिर्दिवः॥ ६॥

(१) हे **इन्द्र**-शत्रु-विद्रावक प्रभो! **त्वं हि**-आप ही **शश्वतीनाम्**-अनेक **पुराम्**-काम-क्रोध-लोभ आदि शत्रुओं की नगरियों के **दर्ता असि**-विदारण करनेवाले हैं। (२) इन नगरियों का विध्वंस करके आप **दस्योः**-हमारा उपक्षय करनेवाले के **हन्ता असि**-नष्ट करनेवाले हैं।

मनोः वृधः=विचारशील पुरुष का वर्धन करनेवाले हैं तथा **दिवः**=प्रकाश व स्वर्ग के **पतिः**=स्वामी हैं।

भावार्थ—शत्रु-पुरियों का विदारण करके, दस्युओं के विध्वंस के द्वारा प्रभु विचारशील पुरुषों का वर्धन करते हैं और इनके जीवन को प्रकाशमय व सुखमय बनाते हैं।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

'महः कामान्' (महान् कामनायें)

अधा हीन्द्र गिर्वणु उप त्वा कामान्महः ससृज्महे। उदेव यन्त उदभिः॥ ७॥

(१) हे **गिर्वणः**=ज्ञान की वाणियों द्वारा उपासनीय **इन्द्र**=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **अधा हि**=अब निश्चय से **त्वा उप**=आपके समीप ही **महः कामान्**=इन महान् कामनाओं को **ससृज्महे**=अपने में उत्पन्न कर पाते हैं। प्रभु की उपासना से उस महान् प्रभु का सम्पर्क हमारे में महान् ही कामनाओं को जन्म देता है। (२) **इव**=जैसे **उदा यन्तः**=पानी में से जाते हुए पुरुष **उदभिः**=जलों से अपने को संसृष्ट करनेवाले होते हैं।

भावार्थ—नदी से जानेवाले पुरुष जैसे जलों से संसृष्ट होते हैं, इसी प्रकार महान् प्रभु के सम्पर्कवाले पुरुष महान कामनाओं से संसृष्ट हो पाते हैं। इनके अन्दर तुच्छ कामनायें उत्पन्न ही नहीं होती।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

स्तुति-प्रभु प्रकाश-दुरित दूरीकरण

वार्ण त्वा यव्याभिर्वर्धन्ति शूर ब्रह्माणि। वावृध्वांसं चिदद्रिवो दिवेदिवे॥ ८॥

(१) **न**=जैसे **यव्याभिः**=यवों के क्षेत्रों के उद्देश्य से **वाः**=जल को **वर्धन्ति**=बढ़ाते हैं। जलों के द्वारा ही यव क्षेत्रों ने बढ़ना होता है। एवं हे **शूर**=शत्रुओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! **यव्याभिः**=(यु अमिश्रणे) बुराइयों को पृथक् करने के उद्देश्य से **ब्रह्माणि**=हमारी स्तुति-वाणियाँ **त्वा वर्धन्ति**=आपको बढ़ाती हैं। (२) हे **अद्रिवः**=आदरणीय व वज्रहस्त प्रभो! **वावृध्वांसं चित्**=सब दृष्टिकोणों से बढ़े हुए भी आपको **दिवे दिवे**=प्रतिदिन हमारी स्तुतिवाणियाँ बढ़ाती हैं। इन स्तुतिवाणियों के द्वारा ही हम अपने अन्दर आपके प्रकाश को अधिक और अधिक बढ़ा पाते हैं।

भावार्थ—स्तवन के द्वारा प्रभु के प्रकाश का अपने अन्दर वर्धन करते हुए हम अपने जीवन से बुराइयों को दूर करें।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

इन्द्रवाहा, वचोयुजा

युञ्जन्ति हरी इषिरस्य गाथयोरौ रथे उरुयुगे। इन्द्रवाहा वचोयुजा॥ ९॥

(१) **इषिरस्य**=उस सर्वप्रेरक, सबको गति देनेवाले प्रभु की **गाथया**=गुणगाथा के साथ **हरी**=इन्द्रियाश्वों को **उरौ रथे**=इस विशाल शरीर-रथ में **युञ्जन्ति**=जोतते हैं। उस रथ में इनको जोतते हैं जो **उरुयुगे**=विशाल युगवाला है, मन ही युग है, यह आत्मा व इन्द्रियों को जोड़नेवाला है। (२) ये **इन्द्रियाश्ववाहा**=जितेन्द्रिय पुरुष का लक्ष्य की ओर वहन करनेवाले हैं, इस जितेन्द्रिय पुरुष को ये प्रभु के समीप प्राप्त कराते हैं। **वचोयुजा**=ये इन्द्रियाश्व वेदवाणी के अनुसार कार्यों में प्रवृत्त होनेवाले हैं।

भावार्थ–प्रेरक प्रभु का गुणगान करनेवाला व्यक्ति इन्द्रियाश्वों को शरीर-रथ में वेदवाणी के निर्देश के अनुसार युक्त कर प्रभुरूप लक्ष्य की ओर बढ़ता है।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

ओजः-नृम्णं

त्वं न॑ इन्द्रा भ॒रँ ओजो॑ नृ॒म्णं श॑तक्रतो विचर्षणे। आ वी॒रं पृ॑तना॒षह॑म्॥ १०॥

(१) हे **इन्द्र**-सर्वशक्तिमन्-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **त्वम्**-आप **नः**-हमारे लिये **ओजः**-बल को तथा **नृम्णम्**-धन को **आभर**-प्राप्त कराइये। (२) हे **शतक्रतो**-अनन्त प्रज्ञान व शक्तिवाले **विचर्षणे**-सब के द्रष्टा प्रभो! आप हमें **पृतनाषहम्**-शत्रु-सेनाओं का अभिभव करनेवाले **वीरम्**-वीर सन्तान को **आ (भर)**-प्राप्त कराइये।

भावार्थ–प्रभु का उपासन करते हुए हम बल, धन तथा वीर सन्तान को प्राप्त करके सुखी जीवनवाले हों।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सुम्नम्

त्वं हि नः॑ पि॒ता व॑सो॒ त्वं मा॒ता श॑तक्रतो ब॒भूवि॑थ। अधा॑ ते सु॒म्नमी॑महे॥ ११॥

(१) हे **वसो**-सब को अपने में बसानेवाले प्रभो! **त्वं हि**-आप ही **नः पिता**-हमारे पिता हैं। हे **शतक्रतो**-अनन्त सामर्थ्य व प्रज्ञानवाले प्रभो! **त्वम्**-आप ही हमारी **माता बभूविथ**-माता हैं। (२) **अधा**-सो अब **ते**-आप से ही **सुम्नम्**-सब सुखों की **ईमहे**-याचना करते हैं।

भावार्थ–हे प्रभो! आप ही हमारे पिता हैं, आप ही माता हैं, आप से ही हम सब सुखों की याचना करते हैं।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सुवीर्यम्

त्वां शु॒ष्मिन्पु॑रुहूत वाज॒यन्त॒मुप॑ ब्रुवे शतक्रतो। स नो॑ रास्व सुवी॒र्य॑म्॥ १२॥

(१) हे **शुष्मिन्**-शत्रुओं के शोषक बल से सम्पन्न! **पुरुहूत**-बहुतों के पुकारे जानेवाले **शतक्रतो**-अनन्त प्रज्ञान व शक्ति से सम्पन्न प्रभो! **वाजयन्तम्**-हमारे साथ सम्पर्कवाले **त्वाम् उपब्रुवे**-आपको ही मैं पुकारता हूँ। (२) हे प्रभो! **सः**-वे आप **नः**-हमारे लिये **सुवीर्यं रास्व**-उत्तम शक्ति को दीजिये।

भावार्थ–सर्वशक्तिमान् प्रभु उपासक के साथ भी शक्ति को जोड़ते हैं। हमें भी प्रभु सुवीर्य को प्राप्त करायें।

अगले सूक्त में भी 'नृमेध' ही 'इन्द्र' का स्तवन कर रहा है–

९९. [नवनवतितमं सूक्तम्]

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आर्चीस्वराड् बृहती॥ स्वरः—गान्धारः॥

भूर्णयः नरः

त्वामि॒दा ह्यो नरोऽपी॑प्यन्वज्रि॒न्भूर्ण॑यः। स इ॑न्द्र॒ स्तोम॑वाहसामि॒ह श्रु॒ध्युप॒ स्वस॒रमा ग॑हि॥ १॥

(१) हे **वज्रिन्**-वज्रहस्त-क्रियाशीलता रूप वज्र को हाथ में लिये हुए प्रभो! **त्वाम्**-आपको

ह्वः=बल, अर्थात् गत समय में तथा इव=(इदानीम्) अब भी ये भूर्णयः=भरणात्मक कर्मों में प्रवृत्त नरः=उन्नतिपथ पर चलनेवाले लोग अपीप्यन्=स्तुतियों के द्वारा बढ़ाते हैं। (२) हे इन्द्र=शत्रु-विद्रावक प्रभो! सः=वे आप इह=यहाँ स्तोमवाहसाम्=स्तुति-समूहों का वहन करनेवाले इन उपासकों के स्तोत्र को श्रुधि=सुनिये। स्व-सरम्=आत्मतत्व की ओर चलनेवाले इस उपासक को उप आ गहि=समीपता से प्राप्त होइये। नि० ३.४ में 'स्वसरम्' गृह का नाम है। तब अर्थ इस प्रकार होगा कि स्वसरं उपागहि=हमारे घर में प्राप्त होइये।

भावार्थ=भरणात्मक कर्मों में प्रवृत्त होकर हम प्रभु का उपासन करें। हम स्तोताओं की प्रार्थना को प्रभु सुने और हमें प्राप्त हो।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—गान्धारः॥

प्रभु-स्मरण पूर्वक जीवन को सुभूषित करना

मत्स्वा सुशिप्र हरिवस्तदीमहे त्वे आ भूषन्ति वेधसः।
तव श्रवांस्युपमान्युक्थ्या सुतेष्विन्द्र गिर्वणः॥ २॥

(१) हे सुशिप्र=शोभन हनू (जबड़े) व नासिकाओं को प्राप्त करानेवाले, हरिवः=प्रशस्त इन्द्रियाश्वों को देनेवाले प्रभो! मत्स्वा=आप इन साधनों द्वारा हमें आनन्दित करिये। तत् ईमहे=वही बात हम आप से माँगते हैं। वेधसः=ज्ञानी पुरुष त्वे आभूषन्ति=आप में निवास करते हुए अपने जीवन को सद् गुणों से भूषित करते हैं। (२) हे गिर्वणः=ज्ञान की वाणियों से वननीय (उपासनीय) इन्द्र=परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! सुतेषु=इन सब उत्पन्न पदार्थों में तव=आपके श्रवांसि=यश उपमानि=उपमानभूत हैं तथा उक्थ्या=प्रशंसनीय हैं। प्रत्येक पदार्थ आपकी महिमा को प्रकट कर रहा है।

भावार्थ=प्रभु ने हमें उत्तम जबड़े, नासिका व इन्द्रियाश्व प्राप्त कराके जीवन को आनन्दमय बनाने के साधन जुटा दिये हैं। हम प्रभु में निवास करते हुए इन साधनों के सदुपयोग कर जीवन को अलंकृत करनेवाले हों। प्रत्येक पदार्थ में प्रभु की महिमा को देखें।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद्बृहती॥ स्वरः—गान्धारः॥

श्रायन्त इव सूर्यम्

श्रायन्तइव सूर्यं विश्वेदिन्द्रस्य भक्षत। वसूनि जाते जनमान ओजसा प्रति भागं न दीधिम॥ ३॥

(१) सूर्यम् इव=सूर्य की तरह, अर्थात् जैसे सूर्य की धूप में पसीना आ जाता है, इसी प्रकार श्रायन्तः=(आयति To sweat) श्रम के कारण पसीने से तरबतर होते हुए इन्द्रस्य=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु के विश्वा इत् वसूनि=इन सब पदार्थों को (धनों को) भक्षत=उपयुक्त करो। बिना श्रम के खाना पाप है। (२) ओजसा=ओजस्विता से, बल से जाते=उत्पन्न हुए-हुए अथवा जनमाने=आगे उत्पन्न होनेवाले धन में भागं न=अपने भाग के समान वसु को प्रतिदीधिम=धारण करें। हम काम से व बल से धनों का अर्जन करें। उन्हें अपने-अपने भाग के अनुसार बाँटकर खानेवाले बनें।

भावार्थ=धूप में जैसे पसीना आ जाता है, उसी प्रकार श्रम से पसीनेवाले होकर हम धनों को कमायें। उन्हें भाग के अनुसार बाँटकर खायें।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'अनर्शराति वसुदा' प्रभु

अनर्शरातिं वसुदामुप स्तुहि भद्रा इन्द्रस्य रातयः।
सो अस्य कामं विधतो न रोषति मनो दानाय चोदयन्॥ ४॥

(१) उस आनर्शरातिम्-निष्पाप दानवाले (A sinless doner) वसुदाम्-धनों के दाता प्रभु को उपस्तुहि-स्तुत कर। इन्द्रस्य-परमैश्वर्यशाली प्रभु के रातयः-दान भद्राः-कल्याणकर हैं। (२) सः-वे प्रभु अस्य विधतः-प्रभु की पूजा करनेवाले की, उपासक की कामम्-कामना को न रोषति-हिंसित नहीं करते। ये प्रभु मनः-उपासक के मन को दानाय चोदयन्-दान के लिये प्रेरित करते हैं।

भावार्थ-हम उस वसुओं के देनेवाले प्रभु का स्तवन करें। प्रभु स्तोता की कामना को पूर्ण करते ही हैं। प्रभु हमारे मनों को दान के लिये प्रेरित करते हैं।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृद् बृहती॥ स्वरः—गान्धारः॥

'अशस्तिहा-विश्वतूः' प्रभु

त्वमिन्द्र प्रतूर्तिष्वभि विश्वा असि स्पृधः।
अशस्तिहा जनिता विश्वतूरसि त्वं तूर्य तरुष्यतः॥ ५॥

(१) हे इन्द्र-सब शत्रुओं का संहार करनेवाले प्रभो! त्वम्-आप प्रतूर्तिषु-संग्रामों में विश्वाः-सब स्पृधः-स्पर्धाकारिणी शत्रु-सेनाओं को अभि असि-अभिभूत करनेवाले हैं। (२) आप अशस्तिहा-इन शत्रुओं से की जानेवाली हिंसाओं के हन्ता हैं। जनिता-इन शत्रुओं की हिंसा को पैदा करनेवाले हैं शत्रुओं से हमें हिंसित नहीं होने देते। हमें शत्रुओं के हिंसन के योग्य बनाते हैं। विश्वतूः असि-सब शत्रुओं के हिंसन करनेवाले आप ही हैं। त्वम्-आप ही तरुष्यतः-हिंसन करनेवालों को तूर्य-विनष्ट करिये।

भावार्थ-प्रभु ही संग्रामों में हमारे शत्रुओं का पराभव करते हैं। सब हिंसकों का हिंसन प्रभु ही करते हैं।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

प्रभु के बल का अनुगमन

अनु ते शुष्मं तुरयन्तमीयतुः क्षोणी शिशुं न मातरा।
विश्वास्ते स्पृधः श्नथयन्त मन्यवे वृत्रं यदिन्द्र तूर्वसि॥ ६॥

(१) हे इन्द्र-सर्वशक्तिमन् प्रभो! ते-आपके तुरयन्तं शुष्मम्-शत्रुओं का संहार करनेवाले बल का क्षोणी-द्यावापृथिवी अनु ईयतुः-अनुगमन करते हैं। न-जैसे मातरा शिशुम्-माता-पिता प्रेमवश छोटे बच्चे के पीछे-पीछे चलते हैं। (२) ते मन्यवे-आपके क्रोध के लिये विश्वाः स्पृधः-सब शत्रु-सैन्य श्नथयन्त-श्रथित व खिन्न हो जाते हैं। यद्-जब आप वृत्रं तूर्वसि-वृत्र को, ज्ञान के आवरणभूत 'काम' को विध्वस्त करते हैं। उस समय शत्रु-सैन्य ढीले पड़ जाते हैं।

भावार्थ-प्रभु की शक्ति का ही सम्पूर्ण संसार अनुगमन करता है। प्रभु के मन्यु के सामने सब शत्रु शिथिल हो जाते हैं। प्रभु ही वृत्र का विनाश करते हैं।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—गान्धारः॥

'तुग्र्यावृध' प्रभु

इत ऊती वो अजरं प्रहेतारमप्रहितम्। आशुं जेतारं हेतारं रथीतममतूर्तं तुग्र्यावृधम्॥ ७॥

(१) वः=तुम्हारे अजरम्=जरा को दूर करनेवाले, प्रहेतारम्=शत्रुओं को दूर प्रेरित करनेवाले अप्रहितम्=किसी से भी पराजित न होनेवाले, आशुम्=वेगवान्, जेतारम्=शत्रुओं को पराजित करनेवाले, हेतारम्=शत्रुओं को दूर कम्पित करनेवाले प्रभु को ऊती=रक्षण के लिये इतः=द्यावापृथिवी प्राप्त होते हैं, अर्थात् प्रभु ही सबका रक्षण करते हैं। (२) उस प्रभु को रक्षा के लिये सब प्राप्त होते हैं जो रथीतमम्=रथ के सर्वोच्च संचालक हैं, अतूर्तम्=किसी से हिंसित होनेवाले नहीं। तथा तुग्र्यावृधम्=शरीरस्थ रेतःकणरूप जलों का वर्धन करनेवाले हैं। वस्तुतः शत्रुओं का हिंसन करके, शरीर में शक्तिकणों के वर्धन के द्वारा ही, प्रभु हमारा रक्षण करते हैं।

भावार्थ—सम्पूर्ण द्यावापृथिवी रक्षण के लिये प्रभु को ही प्राप्त होते हैं। प्रभु शत्रुओं का हिंसन करके हमारा रक्षण करते हैं। वे रेतःकणरूप जलों का हमारे में वर्धन करते हैं।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

इष्कर्तारं अनिष्कृतं

इष्कर्तारमनिष्कृतं सहस्कृतं शतभूतिं शतक्रतुम्।
समानमिन्द्रमवसे हवामहे वसवानं वसूजुवम्॥ ८॥

(१) इष्कर्तारम्=सब के सञ्चालक, अनिष्कृतम्=अन्यों से अप्रेरित, सहस्कृतम्=सब बलों के उत्पादक, शतभूतिम्=सैंकड़ों रक्षासाधनों से युक्त, शतक्रतुम्=अनन्त प्रज्ञान व शक्तिवाले, समानम्=(सं आनम्) सम्यक् प्राणित करनेवाले इन्द्रम्=परमैश्वर्यशाली प्रभु को अवसे=रक्षण के लिये हवामहे=पुकारते हैं। (२) उस प्रभु को पुकारते हैं जो वसवानम्=सबको बसानेवाले हैं तथा वसूजुवम्=सब वसुओं के हमारे लिये प्रेरित करनेवाले हैं।

भावार्थ—प्रभु सर्वसंचालक हैं। शत्रुओं को नष्ट करके हमारे में शक्ति का सम्पादन करते हैं। सबको आच्छादित करनेवाले व सब वसुओं को प्राप्त करानेवाले हैं। इन प्रभु को रक्षण के लिये हम पुकारते हैं।

जो प्रभु के बिना अपने को अधूरा समझता है वह 'नेम भार्गव' है, नेम=अधूरा। भार्गव=भृगु का अपत्य=खूब तपस्या की अग्नि में अपने को परिपक्व करनेवाला। तपस्या के द्वारा ही यह प्रभु को जान पाता है। उस समय प्रभु को यह अपने सच्चे मित्र के रूप में देखता है। प्रारम्भिक स्थिति में प्रभु की सत्ता के विषय में इसे सन्देह भी होता है। यह कहता है कि—

१००. [शततमं सूक्तम्]

ऋषिः—नेमो भार्गवः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

निमित्तमात्रं भव (सव्यसाचिन्)

अयं त एमि तन्वा पुरस्ताद्विश्वे देवा अभि मा यन्ति पश्चात्।
यदा महां दीधरो भागमिन्नादिन्मया कृणवो वीर्याणि॥ १॥

(१) जीव प्रभु से प्रार्थना करता है कि अयम्=यह मैं तन्वा=इस शरीर के साथ ते पुरस्तात्=आपके सामने एमि=उपस्थित होता हूँ। विश्वे देवाः=सब देव मा=मेरे पश्चाद्

अभियन्ति-पीछे आते हैं, अर्थात् सब दिव्य गुण मुझे प्राप्त होते हैं। प्रभु के सामने उपस्थित होने पर सब दिव्य गुणों का हमारे में प्रवेश होता है। (२) हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **यदा**-जब **महाम्**-मेरे लिये **भागं दीधरः**-भाग को धारण करते हैं, मुझे जब आपके भजनीय गुण प्राप्त होते हैं **आत् इत्**-तब शीघ्र ही **मया**-मेरे द्वारा आप **वीर्याणि कृणवः**-शक्तिशाली कार्यों को करते हैं। मैं आपका माध्यम बन जाता हूँ। और आपकी शक्ति से मेरे द्वारा सब कार्य होने लगते हैं। मैं आपका ही भक्त बन जाता हूँ। मेरे द्वारा आपसे किये जानेवाले सब कार्य महान् होते हैं।

भावार्थ-हम प्रभु के सामने उपस्थित हों, हमें प्रभु के दिव्य गुण प्राप्त होंगे। जब प्रभु हमें भजनीय दिव्य गुणों को धारण करायेंगे, तो हमारे द्वारा महान् कार्य हो रहे होंगे।

ऋषिः—नेमो भार्गवः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—निचृत्त्रिष्टुप्॥ **स्वरः**—धैवतः॥

'दक्षियातः सखा' (पूर्ण विश्वसनीय मित्र प्रभु)

दधामि ते मधुनो भक्षमग्रे हितस्ते भागः सुतो अस्तु सोमः।
असश्च त्वं दक्षिणतः सखा मेऽधा वृत्राणि जङ्घनाव भूरि॥ २॥

(१) हे प्रभो! **ते**-आपके **मधुनः**-इस जीवन को मधुर बनानेवाले सोम के **भक्षम्**-भोजन को, शरीर के अन्दर धारण को **अग्रे दधामि**-सब से पहले स्थापित करता हूँ। मैं सोमरक्षण को अपना मूल-कर्त्तव्य बनाता हूँ। **सुतः सोमः**-शरीर में उत्पन्न सोम **ते**-आपकी प्राप्ति के लिये **हितः भागः अस्तु**-शरीर में सुरक्षित भजनीय वस्तु बने। सोमरक्षण के द्वारा मैं आपको प्राप्त करनेवाला बनूँ। (२) **च**-और हे प्रभो! इस सोमरक्षण के होने पर **त्वम्**-आप **मे**-मेरे **दक्षिणतः सखा**-दाहिने हाथ के रूप में मित्र पूर्ण विश्वसनीय मित्र **असः**-हों। आपको मित्र रूप में पाकर **अधा**-अब **वृत्राणि**-वृत्रों को, वासनाओं को **भूरि जङ्घनाव**-खूब ही विनष्ट करें।

भावार्थ-हम सोमरक्षण को प्राथमिकता दें। इसके रक्षण को ही प्रभु प्राप्ति का साधन जानें। आप मेरे विश्वसनीय मित्र हों। हम दोनों मिलकर वासना रूप शत्रुओं का खूब ही विनाश करें।

ऋषिः—नेमो भार्गवः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—त्रिष्टुप्॥ **स्वरः**—धैवतः॥

प्रभु में पूर्ण विश्वास व प्रभु-स्तवन

प्र सु स्तोमं भरत वाजयन्त इन्द्राय सत्यं यदि सत्यमस्ति।
नेन्द्रो अस्तीति नेम उ त्व आह क ईं ददर्श कमभि ष्टवाम॥ ३॥

(१) **वाजयन्तः**-शक्ति की कामना करते हुए तुम **इन्द्राय**-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु के लिये **स्तोमम्**-स्तुति को **प्र सु भरत**-प्रकर्षेण सम्पादित करो। **सत्यं अस्ति**-यदि प्रभु सत्य हैं, तो उनके लिये **सत्यम्**-सत्य ही स्तोम का सम्पादन करो। हृदय में प्रभु सत्ता की सत्यता में विश्वास करते हुए तुम प्रभु का हृदय से सच्चा ही स्तवन करो। (२) **नेमः उ त्वः**-अधूरे ज्ञानवाला ही कोई व्यक्ति (**त्वः**) **इति आह**-यह कहता है कि **इन्द्रः न अस्ति**-परमैश्वर्यशाली प्रभु नहीं है। **कः ईं ददर्श**-किसने इस प्रभु को देखा है? **कं अभिष्टवाम**-किसका स्तवन हम करें? (३) अपरिपक्वता में ऐसे ही विचार उठते हैं। धीमे-धीमे तपस्या की अग्नि में परिपक्व होने पर ज्ञान वृद्धि के परिणामस्वरूप वह संसार के प्रत्येक पदार्थ में प्रभु की सत्ता का अनुभव करने लगता है।

भावार्थ-प्रभु के लिये हृदय से सचमुच स्तवन करो, प्रभु सत्ता में पूर्ण विश्वास रक्खो। ज्ञान की अपरिपक्वता के स्थिति में प्रभु की सत्ता में सन्देह होने लगता है।

ऋषिः—इन्द्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पादनिचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'आदर्दिरः'

अयमस्मि जरितः पश्य मेह विश्वा जातान्यभ्यस्मि मह्ना।
ऋतस्य मा प्रदिशो वर्धयन्त्यादर्दिरो भुवना दर्दरीमि॥ ४॥

(१) प्रभु सत्ता के विषय में संदिग्ध स्तोता से प्रभु कहते हैं कि हे **जरितः**-स्तोतः! **अयं अस्मि**-मैं तो ये तेरे सामने ही हूँ, **मा**-मुझे **इह**-यहाँ **पश्य**-देख। इस जगत् के प्रत्येक पदार्थ में तुझे मेरी सत्ता दिखेगी। **विश्वा जातानि**-सब उत्पन्न पदार्थों को **मह्ना**-अपनी महिमा से **अभ्यस्मि**-अभिभूत करनेवाला हूँ। (२) **ऋतस्य प्रदिशः**-सत्य के उपदेष्टा लोग **मा वर्धयन्ति**-मेरा वर्धन करते हैं। सत्य ज्ञान को प्राप्त करनेवाले ज्ञानी प्रभु की महिमा को देखते हुए उसका सब के लिये प्रतिपादन करते हैं। प्रभु कहते हैं कि मैं **आदर्दिरः**-समन्तात् सब लोकों का विदारण करनेवाला हूँ। प्रलय के समय मैं ही **भुवना**-सब भुवनों को **दर्दरीमि**-विदीर्ण करता हूँ। वर्तमान में भी उपासकों के शत्रुओं का मैं ही विदारण (विनाश) करता हूँ।

भावार्थ—ज्ञान के होने पर सब पदार्थों में प्रभु की महिमा दिखती है। पदार्थों के प्रलय में किसी अनन्त शक्ति का हाथ दिखता ही है। वासनारूप शत्रुओं का भी तो हमारे लिये विदारण बड़ा कठिन होता है। इनका विदारण करनेवाली शक्ति वे प्रभु ही हैं।

ऋषिः—इन्द्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

शिशु के साथ बात

आ यन्मा वेना अरुहन्नृतस्यैकमासीनं हर्यतस्य पृष्ठे।
मनश्चिन्मे हृद आ प्रत्यवोचदचिक्रदद्शिशुमन्तः सखायः॥ ५॥

(१) प्रभु कहते हैं कि—**ऋतस्य वेनाः**-ऋत की, यज्ञ की कामनावाले **यत्**-जब **मा अरुहन्**-मुझे प्राप्त होते हैं, मेरा आरोहण करते हैं। उस मेरा, जो **एकम्**-अद्वितीय हूँ और **हर्यतस्य**-(हर्य गतिकान्त्योः) गतिमय चमकनेवाली इस प्रकृति के **पृष्ठे आसीनम्**-पृष्ठ पर आसीन हूँ। मेरे से अधिष्ठित प्रकृति ही तो चराचर को जन्म देती है। (२) उस समय **मनः चित् मे**-मन निश्चय से मेरा हो जाता है। यह प्रभु में लीन मन **हृदे आ प्रत्यवोचत्**-हृदय के लिये प्रतिवचन को कहता है—हृदयस्थ प्रभु के साथ बातचीत ही करता है। **सखायः**-ये प्रभु के मित्र लोग **अन्तः**-हृदय के अन्दर उस **शिशुम्**-अविद्या आदि दोषों के तनू कर्ता प्रभु को **अचिक्रदन्**-पुकारते हैं। हृदयस्थ प्रभु की आराधना करते हैं। अपने दोषों के क्षय के लिये प्रभु को पुकारते हैं।

भावार्थ—हम ऋत की कामनावाले होकर प्रभु को प्राप्त हों। प्रभु से अधिष्ठित प्रकृति को ही चराचर को जन्म देती हुई जानें। प्रभु में मन को लगाकर हृदयस्थ प्रभु से बात करें, दोषों का क्षय करनेवाले उस प्रभु को ही पुकारें।

ऋषिः—नेमो भार्गवः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृज्जगती॥ स्वरः—निषादः॥

'पारावतं पुरुसम्भृतं' वसु

विश्वेत्ता ते सवनेषु प्रवाच्या या चकर्थ मघवन्निन्द्र सुन्वते।
पारावतं यत्पुरुसंभृतं वस्वपावृणोः शरभाय ऋषिबन्धवे॥ ६॥

(१) हे **मघवन्**-ऐश्वर्यशालिन् **इन्द्र**-सर्वशक्तिमन् प्रभो! **या**-जिन कर्मों को आप **सुन्वते**-

सोमाभिषव करनेवाले, शरीर में सोम का सम्पादन करनेवाले, पुरुष के लिये **चकर्थ**-करते हैं, **ते**-आपके **ता**-वे **विश्वा इत्**-सब कर्म ही **सवनेषु**-यज्ञों में, शुभकर्मों के प्रसंगों में **प्रवाच्या**-प्रवचन के योग्य होते हैं। यज्ञों में एकत्र होने पर लोग उन कर्मों का गायन करते हैं। (२) आप **यत्**-जो **पारावतम्**-(पारः च अवतः च) संसार सागर से पार लगानेवाला और सबका रक्षण करनेवाला, **पुरुसंभृतम्**-खूब ही सम्भरण करनेवाला (पुरु सम्भृतं यस्मात्) **वसु**-धन है, उसे **शरभाय**-वासनाओं का हिंसन करनेवाले **ऋषिबन्धव**-वेदज्ञान को अपने साथ बाँधनेवाले ज्ञानी पुरुष के लिये **अपावृणोः**-अपावृत करते हैं।

भावार्थ-प्रभु सोमरक्षण करनेवाले पुरुष को अद्भुत शक्तियाँ प्राप्त कराते हैं। वासनाओं का हिंसन करनेवाले ज्ञानी पुरुष को उत्तम रक्षक व भवबन्धनछेदक वसुओं को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—नेमो भार्गवः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

वृत्र के मर्म पर वज्र प्रहार

प्र नूनं धावता पृथङ् नेह यो वो अवावरीत्।
नि षीं वृत्रस्य मर्मणि वज्रमिन्द्रो अपीपतत्॥ ७॥

(१) **नूनम्**-निश्चय से जो वृत्र (काम) नामक शत्रु **प्रधावता**-तुम्हारी ओर प्रकर्षेण दौड़ता है। **यः**-जो **इह**-इस जीवन में **पृथङ् न**-तुम्हारे से पृथक् नहीं होता है, अपितु **वः**-तुम्हें **अवावरीत्**-आवृत किये रहता है, तुम्हारे पर परदे के रूप में पड़ा रहता है। उस **वृत्रस्य**-ज्ञान की आवरणभूत काम-वासना के **मर्मणि**-मर्मस्थल पर **इन्द्रः**-वह परमैश्वर्यशाली प्रभु **वज्रम्**-वज्र को **सीम्**-निश्चय से **नि अपीपतत्**-गिराता है, वज्र द्वारा उसका विनाश कर देता है। (२) काम-वासना हमारे पर निरन्तर आक्रमण करती है, हमें यह घेरे रहती है। प्रभु की कृपा से ही हम क्रियाशीलता द्वारा इस पर विजय पाने में समर्थ होते हैं। क्रियाशीलता ही वज्र है, जो इसका विनाश करती है।

भावार्थ-प्रभु-स्मरण के साथ सतत क्रियाशील बनकर हम वासना को विनष्ट करें।

ऋषिः—नेमो भार्गवः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

आयसीं पुरं अतरत्

मनोजवा अयमान आयसीमतरत्पुरम्। दिवं सुपर्णो गत्वाय सोमं वज्रिण आभरत॥ ८॥

(१) **मनोजवाः**-मन में क्रिया के वेगवाला मन में सदा कर्मों के संकल्पोंवाला **अयमानः**-गतिशील जीव **आयसीं पुरम्**-लोहे के समान दृढ़ इस शरीर नगरी को **अतरत्**-तैर जाता है, पार कर जाता है। सदा कर्ममय जीवनवाला, वासनाओं के बन्धन में न फँसता हुआ यह शरीर-बन्धन से ऊपर उठ जाता है। (२) यह **सुपर्णः**-सम्यक् पालन व पूरण करनेवाला व्यक्ति **दिवम्**-द्युलोक को **गत्वाय**-जाकर प्रकाशमय लोक को प्राप्त करके ज्ञानमय जीवन वाला होकर **वज्रिणे**-उस वज्रहस्त प्रभु की प्राप्ति के लिये **सोमं आभरत्**-शरीर में सोम का भरण करता है। सोमरक्षण द्वारा ही उस सोम प्रभु की प्राप्ति होती है।

भावार्थ-सदा क्रियाशील जीवनवाले बनकर हम शरीर-बन्धन से ऊपर उठें। प्रकाशमय जीवनवाले होकर, सोमरक्षण करते हुए हम प्रभु को प्राप्त करें।

ऋषिः—नेमो भार्गवः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

(प्रभु प्राप्ति के तीन उपाय) समुद्र में प्रभु का शयन

समुद्रे अन्तः शयत उद्ना वज्री अभीवृतः। भरन्त्यस्मै संयतः पुरःप्रस्रवणा बलिम्॥ ९॥

(१) वह प्रभु समुद्रे अन्तः (स+मुद्)=प्रसादयुक्त हृदय में, मनः प्रसादवाले व्यक्ति में शयते=शयन करता है। प्रभु का निवास प्रसन्न हृदय में ही तो होता है। वह वज्रः=क्रियाशील प्रभु उद्ना=शरीरस्थ रेतःकण रूप जलों के द्वारा अभीवृतः=आभिमुख्येन वृत होता है, रेतःकणों का रक्षक पुरुष ही प्रभु का वरण कर पाता है। (२) अस्मै=इस प्रभु की प्राप्ति के लिये संयतः=संयमवाले पुरुष, पुरः प्रस्रवणाः=आगे और आगे गतिवाले पुरुष बलिं भरन्ति=उत्तम कर्मों के उपहार को प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—प्रभु प्राप्ति का उपाय यह है कि—(क) हम मन को प्रसादयुक्त (निर्मल) करें, (ख) शरीर में रेतःकणों का रक्षण करें, (ग) कर्त्तव्य कर्मों को करने के द्वारा प्रभु का अर्चन करें।

ऋषिः—नेमो भार्गवः॥ देवता—वाक्॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'राष्ट्री मन्द्रा' वेदवाणी

यद्वाग्वदन्त्यविचेतनानि राष्ट्री देवानां निषसाद मन्द्रा।
चतस्र ऊर्जं दुदुहे पयांसि क्व स्विदस्याः परमं जगाम॥ १०॥

(१) यद्=जब वाग्=यह प्रभु से दी गयी वेदवाणी अविचेतनानि=अप्रज्ञात अर्थों को वदन्ती=प्रज्ञापित करती हुई देवानां निषसाद=देवों के हृदय में आसीन होती है, तो यह राष्ट्री=उनका दीपन करनेवाली व मन्द्रा=आनन्द की जननी होती है। (२) यह वेदवाणी चतस्रः=चारों दिशाओं के प्रति, सब दिशाओं में रहनेवाले मनुष्यों के प्रति ऊर्जं दुदुहे=बल व प्राणशक्ति का प्रपूरण करती है। पयांसि=आप्यायनों व वर्धनों को करनेवाली होती है, सब अंगों की शक्ति का आप्यायन करती है। अथवा ऊर्जं पयांसि=अन्नों व दुग्धों को देनेवाली होती है। ज्ञान देकर मनुष्य का इन वस्तुओं के उत्पादन व अर्जन के योग्य बनाती है। अस्याः=इसका परमम्=परम, अन्तिम, सर्वोत्तम, प्रतिपाद्य विषय प्रभु तो क्व स्वित्=कहीं ही जगाम=प्राप्त होता है। अर्थात् प्रभु को तो इस वेदवाणी के द्वारा विरल व्यक्ति ही जान पाते हैं। परन्तु विरल वेदाध्येता ही इसके द्वारा उस प्रभु को प्राप्त करते हैं। ये कुछ व्यक्ति ही मोक्ष सुख को पानेवाले होते हैं।

भावार्थ—वेदवाणी देवों के हृदय में स्थित होती हुई अर्थों का ज्ञान देती है, उनके हृदयों को दीप्त करती है, आनन्दमय बनाती है। यह सब के लिये बल प्राणशक्ति व आप्यायन (वर्धन) को प्राप्त कराती है। कुछ ज्ञानी पुरुष इसके अन्तिम प्रतिपाद्य विषय प्रभु को भी जान पाते हैं।

ऋषिः—नेमो भार्गवः॥ देवता—वाक्॥ छन्दः—निचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

वाग् धेनुः

देवीं वाचमजनयन्त देवास्तां विश्वरूपाः पशवो वदन्ति।
सा नो मन्द्रेषमूर्जं दुहाना धेनुर्वागस्मानुप सुष्टुतैतु॥ ११॥

(१) देवीम्=सब विज्ञानों का द्योतन (प्रकाश) करनेवाली वाचम्=इस वेदवाणी को देवाः=देववृत्ति के ज्ञानी पुरुष अजनयन्त=अपने हृदयों में प्रादुर्भूत करते हैं। ताम्=उस वेदवाणी को विश्वरूपाः=विश्व का निरूपण करनेवाले, वेदवाणी के द्वारा विश्व का ज्ञान प्राप्त करनेवाले पशवः=द्रष्टा पुरुष वदन्ति=लोगों के लिये उपदिष्ट करते हैं। (२) सा=वह वाग् धेनुः=वेदवाणी

रूप गौ नः=हमारे लिये मन्द्रा=आनन्द की जनक, इषं ऊर्जं दुहाना=अन्न व रस को प्राप्त करानेवाली, सुष्टुता=हमारे से सम्यक् स्तुत हुई-हुई अस्मान् उपैतु=हमें समीपता से प्राप्त हो।

भावार्थ=यह वेदवाणी देव पुरुषों के हृदयों में प्रादुर्भूत होती है। ये द्रष्टा पुरुष लोगों के लिये इसका उपदेश करते हैं। वह हमारे लिये आनन्द को देनेवाली, अन्न-रस का दोहन करनेवाली वेदवाणी रूप गौ हमारे से स्तुत हो और हमें प्राप्त हो।

ऋषिः—नेमो भार्गवः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

प्रकाश की प्राप्ति

सखे विष्णो वितरं वि क्रमस्व द्यौर्देहि लोकं वज्राय विष्कभे।
हनाव वृत्रं रिणचाव सिन्धूनिन्द्रस्य यन्तु प्रसवे विसृष्टाः॥ १२॥

(१) हे सखे=मित्र विष्णो=व्यापक प्रभो! वितरं विक्रमस्व=हमारे शत्रुओं पर खूब ही आक्रमण करिये। इन काम-क्रोध आदि शत्रुओं को विनष्ट करके द्यौः देहि=प्रकाश को दीजिये। तथा वज्राय विष्कभे=क्रियाशीलतारूप वज्र को धारण करने के लिये लोकम्=प्रकाश को प्राप्त कराइये। आप से दिये गये प्रकाश में हम अपने कर्त्तव्यपथ को सम्यक् देखनेवाले हों। (२) हे प्रभो! आप से मिलकर हम वृत्रं हनाव=वृत्र का विनाश कर पायें, काम का विध्वंस कर सकें। काम विध्वंस द्वारा सिन्धून्=ज्ञानप्रवाहों को रिणचाव=गतिवाला करें। हमारी तो एक ही कामना है कि विसृष्टाः=काम आदि शत्रुओं के बन्धन से मुक्त हुए हमारे सब बन्धु इन्द्रस्य प्रसवे=उस शासक प्रभु की अनुज्ञा में यन्तु=गतिवाले हों। प्रभु की आज्ञानुसार सब वर्तनेवाले हों।

भावार्थ=प्रभु हमारे शत्रुओं का अत्यन्त विनाश करें। प्रकाश को प्राप्त करायें। उस प्रकाश के अनुसार हम कर्म करें। प्रभु के साथ मिलकर वासना को विनष्ट करें, ज्ञानप्रवाहों को प्रवृत्त करें। सब लोग वासनामुक्त होकर प्रभु के निर्देश के अनुसार चलें।

वासनाओं से मुक्ति के कारण यह 'जमदग्नि' बनता है, खूब दीप्त जाठराग्निवाला व प्रज्वलित यज्ञाग्निवाला यह 'मित्रावरुणौ' को अपने अनुकूल करने के लिये यत्नशील होता है—

१०१. [एकोत्तरशततमं सूक्तम्]

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

देवतातये-अभिष्टये-हव्यदातये

ऋधगित्था स मर्त्यः शशमे देवतातये। यो नूनं मित्रावरुणावभिष्टय आचक्रे हव्यदातये॥ १॥

(१) ऋधक्=विशेषकर इत्था=सचमुच वह पुरुष शशमे=शमवाला, शान्तिवाला बनता है, जो देवतातये=दिव्य गुणों के विस्तार के लिये यत्नशील होता है। (२) यः=जो नूनम्=निश्चय से मित्रावरुणौ=स्नेह व निर्द्वेषता (द्वेष निवारण) के भावों को आचक्रे=अपने अन्दर उत्पन्न करता है, वह अभिष्टये=रोगों व वासनाओं पर आक्रमण के लिये होता है, और हव्यदातये=हव्य के देने के लिये होता है, अर्थात् यज्ञ करता है।

भावार्थ=हम शम की साधना करके दिव्य गुणों का विस्तार करें। स्नेह व निर्द्वेषता को धारण करते हुए वासनाओं पर आक्रमण करें और यज्ञशील बनें।

ऋषिः—जमदग्निभार्गवः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

मित्रावरुणौ

वर्षिष्ठक्षत्रा उरुचक्षसा नरा राजाना दीर्घश्रुत्तमा।
ता बाहुता न दंसना रथर्यतः साकं सूर्यस्य रश्मिभिः॥ २॥

(१) मित्र और वरुण, अर्थात् स्नेह व द्वेष-निवारण (निर्द्वेषता) के भाव **वर्षिष्ठक्षत्रा**=अतिशयेन प्रवृद्ध बलवाले हैं और **उरु चक्षसा**=विशाल दृष्टि व ज्ञान प्रकाशवाले हैं। ये **नराः**=हमें उन्नतिपथ पर ले चलनेवाले, **राजाना**=जीवन को दीप्त बनानेवाले व **दीर्घश्रुत्तमा**=अन्धकार विदारक शास्त्र ज्ञानवाले हैं। मित्र और वरुण हमें विद्वान् बनाते हैं। (२) **ता**=वे मित्र और वरुण **बाहुता न**=दोनों भुजाओं के समान, **सूर्यस्य रश्मिभिः साकम्**=सूर्य की किरणों के साथ **दंसना रथर्यतः**=कर्मों को प्राप्त करते हैं। स्नेह व निर्द्वेषता के भावों के होने पर मनुष्य ज्ञान के प्रकाश में यज्ञादि उत्तम कार्यों में तत्पर रहता है।

भावार्थ—स्नेह व निर्द्वेषता के भाव हमारे बल का वर्धन करते हैं, दृष्टि को विशाल बनाते हैं, हमें उन्नतिपथ पर ले चलते हैं। दीप्त व ज्ञानयुक्त जीवनवाला बनाते हैं। यज्ञ आदि कर्मों में हमें प्रवृत्त रखते हैं।

ऋषिः—जमदग्निभार्गवः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अजिरः दूतः

प्र यो वां मित्रावरुणाजिरो दूतो अद्रवत्। अर्यःशीर्षा मदेरघुः॥ ३॥

(१) हे **मित्रावरुणा**=स्नेह व द्वेषनिवारण के भावो! **यः**=जो **वाम्**=आपके प्रति **प्र अद्रवत्**=प्रकर्षेण गतिवाला होता है वह **अजिरः**=क्रियाशीलता द्वारा सब मलों को परे फेंकनेवाला व **दूतः**=अध्यात्म शत्रुओं को संतप्त करनेवाला होता है, राग-द्वेष उसके समीप नहीं फटकते। (२) यह मित्र और वरुण का उपासक **अयःशीर्षा**=हिरण्यालंकृत सिरवाला, अर्थात् स्थिर ज्ञान से सुशोभित मस्तिष्कवाला व **मदेरघुः**=उल्लासजनक सोम के सुरक्षित होने से तीव्र गतिवाला होता है। यह स्फूर्ति से कार्यों को करनेवाला होता है।

भावार्थ—स्नेह व निर्द्वेषता के भाव हमें क्रियाशील व सब वासनाओं को संतप्त करनेवाला बनाते हैं। इनसे हम स्थिरज्ञान से सुशोभित मस्तिष्कवाले व उल्लासपूर्वक कर्त्तव्य कर्मों को करनेवाले बनते हैं।

ऋषिः—जमदग्निभार्गवः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

बाहुभ्यां न उरुष्यतम्

न यः संपृच्छे न पुनर्हवीतवे न संवादाय रमते।
तस्मान्नो अद्य समृतेरुरुष्यतं बाहुभ्यां न उरुष्यतम्॥ ४॥

(१) **यः**=जो कामासक्ति **संपृच्छे**=प्रभु विषयक सम्प्रश्न के लिये **न रमते**=आनन्दित नहीं होती, (कामासक्त पुरुष को प्रभु विषयक प्रश्न ही रुचिकर नहीं होता)। **पुनः**=फिर जो क्रोध **हवीतवे**=प्रभु को पुकारने के लिये **न** (रमते)=प्रीतिवाला नहीं होता, (क्रोध में प्रभु का नाम न लेकर वाणी अपशब्दों को ही बोलती है)। जो लोभ **संवादाय**=प्रभु विषयक वार्ता के लिये **न** (रमते) आनन्द का अनुभव नहीं करता। **नः**=हमें हे मित्र और वरुण, स्नेह व निर्द्वेषता के भाव! **अद्य**=आज **तस्मात् समृतेः**=इस वामना के आक्रमण से **उरुष्यतम्**=आप बचाओ। हम काम, क्रोध,

लोभ में न फँसकर प्रभु की चर्चा में स्वाद लें। प्रभु के विषय में ही सम्प्रश्न करें, प्रभु को ही पुकारें, परस्पर आत्मविषयक संवाद ही करनेवाले हों। (२) हे **मित्रावरुणौ**=स्नेह व निर्द्वेषता के भावो! आप **बाहुभ्याम्**=अभ्युदय व निःश्रेयस विषयक प्रयत्नों के द्वारा, निरन्तर कर्मों में लगे रहने के द्वारा **नः**=हमें **उरुष्यतम्**=काम-क्रोध-लोभ के आक्रमण से बचायें।

भावार्थ—हम काम-क्रोध-लोभ के आक्रमण से बचकर स्नेह व निर्द्वेषता का भाव धारण करते हुए प्रभु विषयक प्रश्नों को करें, प्रभु को पुकारें, प्रभु विषयक संवादों को करें। निरन्तर कर्त्तव्य कर्मों में लगे रहने के द्वारा हम इन शत्रुओं के आक्रमण से अपने को बचानेवाले हों।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—मित्रावरुणादित्याश्च॥ छन्दः—आर्चीस्वराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'मित्र, अर्यमा व वरुण' का स्तवन

प्र मित्राय प्रार्यम्णे संचथ्यमृतावसो। वरूथ्यं१ वरुणे छन्द्यं वचः स्तोत्रं राजसु गायत॥ ५॥

(१) हे **ऋतावसो**=ऋतरूपी वसुवाले, यज्ञ को ही अपना धन बनानेवाले, उपासक **मित्राय**=स्नेह की देवता के लिये **सचथ्यम्**=मेल में उत्तम, सम्यक् मेल के करानेवाले **वचः**=वचन का **प्र (गाय)**=यत्न कर। **अर्यम्णे**=(अरीन् यच्छति) शत्रुओं का नियमन करनेवाले अर्यमा के लिये **वरूथ्यम्**=उत्तम कवच काम करनेवाले वचन का प्र (गाय) गायन कर। इसी प्रकार **वरुणे**=वरुण के विषय में, द्वेष निवारण के पवित्र भाव के विषय में, **छन्द्यं वचः**=छादन में, उत्तम रक्षण में उत्तम वचन को बोल। मित्र, अर्यमा व वरुण की आराधना करता तू 'मित्र, अर्यमा और वरुण' ही बन। (२) **राजसु**=जीवन को दीप्त बनानेवाले इन 'मित्र, अर्यमा व वरुण' के विषय में **स्तोत्रम्**=स्तोत्र का **गायत**=गायन करो। इनका स्तवन करते हुए 'स्नेह, संयम व निर्द्वेषता' को धारण करो।

भावार्थ—हम 'मित्र' का स्तवन करते हुए परस्पर मेलवाले हों। 'अर्यमा' का स्तवन करते हुए शत्रुओं के आक्रमण से अपने को बचायें। 'वरुण' की आराधना ही हमारा छादन हो। इस प्रकार हमारा जीवन दीप्त बने।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—आदित्याः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

एकं जेन्यं वसु

ते हिन्विरे अरुणं जेन्यं वस्वेकं पुत्रं तिसृणाम्। ते धामान्यमृता मर्त्यानामदब्धा अभि चक्षते॥ ६॥

(१) **ते**=वे गत मन्त्रों में वर्णित 'मित्र, अर्यमा व वरुण' **अरुणम्**=तेजस्वी (ऋ गतौ) हमें गतिशील बनानेवाले, **जेन्यम्**=विजयशील **वसु**=धन को **हिन्विरे**=प्राप्त कराते हैं। जो वसु **एकम्**=अद्वितीय है। तथा **तिसृणाम्**=शरीर, मन व बुद्धिरूपी पृथिवी, अन्तरिक्ष व द्युलोक नामक तीनों लोकों का **पुत्रम्**=(पुनातित्रायते) पवित्र करनेवाला व त्राण करनेवाला है। (२) **अमृताः**=(न मृतं येभ्यः) मृत्यु से ऊपर उठानेवाले **अदब्धाः**=किसी से हिंसित न होनेवाले **ते**=वे मित्र, अर्यमा और वरुण **मर्त्यानाम्**=मनुष्यों के **धामानि**=तेजों का **अभिचक्षते**=ध्यान करते हैं, रक्षण करते हैं।

भावार्थ—स्नेह, संयम व निर्द्वेषता के द्वारा हमारा जीवन पवित्र व सुरक्षित बना रहता है। इनसे हमारे शरीर, मन व बुद्धि का तेज कायम रहता है।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

द्युमत्तम वचन व कर्म

आ मे वचांस्युद्यता द्युमत्तमानि कर्त्वा। उभा यातं नासत्या सजोषसा प्रति हव्यानि वीतये॥ ७॥

(१) प्राणापान 'नासत्या' कहलाते हैं–नासिका में होनेवाले हैं तथा सब असत्यों को दूर करनेवाले हैं। हे **नासत्या**=प्राणापानो! **मे**=मेरे **द्युमत्तमानि**=अतिशयेन ज्योतिर्मय ज्ञान के प्रकाश से युक्त **वचांसि**=वचन **उद्यता**=उद्यत हैं। **कर्त्वा**=मेरे कर्म भी उद्यत हैं। **उभा**=आप दोनों **सजोषसा**=समानरूप से प्रीतिवाले होते हुए **आयातम्**=हमें प्राप्त होवो। आपके द्वारा ही इन द्युमत्तम वचनों व कर्मों का सम्भव होगा। (२) आप दोनों **हव्यानि**=हव्य पदार्थों के सात्त्विक भोजनों के **वीतये**=भक्षण के लिये **प्रति (यातम्)**=प्रतिदिन प्राप्त होवो। अर्थात् हमारे प्राणापान सात्त्विक भोजनों को ही करनेवाले हों।

भावार्थ–प्राणसाधना द्वारा हम ज्योतिर्मय ज्ञान की वाणियों को प्राप्त हों तथा ज्योतिर्मय कर्मों को करनेवाले बनें। इस साधना में हमारा भोजन बड़ा सात्त्विक हो।

ऋषिः—जमदग्निभार्गवः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'अरक्षस् राति'

रातिं यद्वामरक्षसं हवामहे युवाभ्यां वाजिनीवसू।
प्राचीं होत्रां प्रतिरन्तावितं नरा गृणाना जमदग्निना॥८॥

(१) हे **वाजिनीवसू**=शक्तिरूप धनवाले प्राणापानो! **यद्**=जब हम **वाम्**=आपकी **अरक्षसम्**=सब राक्षसी भावों को दूर करनेवाली **रातिम्**=देन को **युवाभ्याम्**=आप से **हवामहे**=माँगते हैं, तो आप **प्राचीम्**=हमें उन्नतिपथ पर आगे और आगे ले चलनेवाली **होत्राम्**=वाणी को, वेदवाणी को **प्रतिरन्ती**=बढ़ाते हुए आप **इतम्**=हमें प्राप्त होते हो। (होत्रा=वाक् नि० १।११) इस ज्ञान की वाणी के द्वारा ही सब राक्षसी भावों का अन्त होता है। सो यह आपकी देन वस्तुतः 'अरक्षस्' है। (२) हे प्राणापानो! आप **नरा**=हमें उन्नतिपथ पर आगे और आगे ले चलनेवाले हो। **जमदग्निना**=प्रज्वलित जाठराग्निवाले से **गृणाना**=आप स्तुतमात्र होते हो। आपके द्वारा ही यह शरीरस्थ **वैश्वानर**=अग्नि सदा चतुर्विध भोजनों का पाचन करती है। एक जमदग्नि पुरुष प्राणापान की महिमा का अनुभव करता है उनके गुणों का स्तवन करता है।

भावार्थ–प्राणापान की साधना से हमें वह ज्ञान की वाणी प्राप्त होती है, जो हमारे सब राक्षसी भावों का विनाश करके हमें दिव्य जीवनवाला बनाती है।

ऋषिः—जमदग्निभार्गवः॥ देवता—वायुः॥ छन्दः—विराड्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

दिविस्पृश यज्ञ

आ नो यज्ञं दिविस्पृशं वायो याहि सुमन्मभिः।
अन्तः पवित्र उपरि श्रीणानोऽयं शुक्रो अयामि ते॥९॥

(१) प्रभु जीव से कहते हैं कि हे **वायो**=(वा गतौ) जीवन को सदा गतिमय रखनेवाले पुरुष! **नः**=हमारे **दिविस्पृशम्**=ज्ञान में स्पर्श करानेवाले **यज्ञम्**='माता, पिता, आचार्य' आदि देवों के पूजनरूप यज्ञ को **आयाहि**=तू प्राप्त हो (यज् देवपूजायाम्)। (२) **अन्तः पवित्रे**=पवित्र हृदय में **सुमन्मभिः**=उत्तम मननपूर्वक की गई स्तुतियों से **अयम्**=यह **शुक्रः**=शरीर में उत्पन्न सोम **उपरि श्रीणानः**=ऊर्ध्वगतिवाला होता हुआ परिपक्व हो जाता है। **ते अयामि**=इस सोम को मैं तेरे लिये **अयामि**=प्राप्त कराता हूँ। यह सोम ज्ञानाग्नि का ईंधन बनता है। इसका शरीर में यही सर्वोत्तम विनियोग है।

भावार्थ–'माता, पिता, आचार्य' आदि देवों के आदर व अनुगमन से मैं ज्ञान को बढ़ाऊँ।

स्तुतियों के द्वारा हृदय को पवित्र करते हुए हम सोम की शरीर में ऊर्ध्व गति करें।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—वायुः॥ छन्दः—स्वराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

अध्वर्यु का ऋजुतम मार्गों से गमन

वेत्यध्वर्युः पथिभी रजिष्ठैः प्रति हव्यानि वीतये।
अधा नियुत्व उभयस्य नः पिब शुचिं सोमं गवाशिरम्॥ १०॥

(१) **अध्वर्युः**=यज्ञशील पुरुष **रजिष्ठैः पथिभिः**=ऋजुतम, सरल, छलछिद्रशून्य मार्गों से **वेति**=जाता है (गच्छति)। यह **हव्यानि**=हव्य पदार्थों के सात्त्विक भोजनों के ही **प्रति वीतये**=प्रतिदिन भक्षण के लिये होता है। सात्त्विक भोजन से सात्त्विक बुद्धिवाला होकर, यह कुटिलता से कभी कर्मों में प्रवृत्त नहीं होता। (२) हे **नियुत्वः**=कर्त्तव्यों में लगे हुए प्रशस्त इन्द्रियाश्वोंवाले जीव! **नः**=हमारे **उभयस्य**=अभ्युदय व निःश्रेयस के साधक अथवा ज्ञान व बल दोनों के साधक **सोमं पिब**=सोम का तू शरीर में ही रक्षण कर। यह सोम **शुचिम्**=जीवन को पवित्र बनानेवाला है। **गवाशिरम्**=(गो=शृ) ज्ञान की वाणियों द्वारा सब मलिनताओं का संहार करनेवाला है। शरीर में सुरक्षित सोम मन को पवित्र व बुद्धि को दीप्त बनाता है।

भावार्थ—हम यज्ञशील बनकर सरल मार्गों से चलें, सात्त्विक भोजनों का सेवन करें। क्रियाशील बनकर सोम का रक्षण करें। सुरक्षित सोम पवित्रता व ज्ञानवृद्धि का साधन बनता है।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—सूर्यः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

सूर्य-आदित्य

बण्महाँ असि सूर्य बळादित्य महाँ असि। महस्ते सतो महिमा पनस्यतेऽद्धा देव महाँ असि॥ ११॥

(१) हे **सूर्य**=हे सृष्टि के समय सम्पूर्ण जगत् के उत्पादक (षू) प्रभो! आप **बट्**=सचमुच **महान् असि**=महान् हैं। हे **आदित्य**=प्रलय के समय सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को अपने अन्दर ले लेनेवाले (आदानात्) प्रभो! आप **बट्**=सचमुच महान् **असि**=पूजनीय हैं। **महः सतः ते**=महान् होते हुए आपकी **महिमा**=महत्ता **पनस्यते**=हमारे से स्तुत होती है, हम आपकी महिमा का गायन करते हैं। हे **देव**=सब कुछ देनेवाले, दीप्त व उपासकों को दीप्त करनेवाले प्रभो! आप **अद्धा**=सचमुच ही **महान् असि**=महान् हैं।

भावार्थ—सम्पूर्ण जगत् को उत्पन्न करनेवाले प्रभु 'सूर्य' हैं। अन्त में सबको अपने अन्दर ले लेनेवाले प्रभु 'आदित्य' हैं। उस महान् प्रभु की महिमा का हम सदा गायन करें।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—सूर्यः॥ छन्दः—भुरिग्बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

(देवानाम्) असुर्यः पुरोहितः

बट् सूर्य श्रवसा महाँ असि सत्रा देव महाँ असि।
मह्ना देवानामसुर्यः पुरोहितो विभु ज्योतिरदाभ्यम्॥ १२॥

(१) हे **सूर्य**=सम्पूर्ण जगत् के उत्पादक प्रभो! आप **बट्**=सचमुच ही **श्रवसा**=ज्ञान के हेतु से **महान् असि**=महान् हैं, पूजनीय हैं। आपके पूर्ण ज्ञान के कारण आपका बनाया यह संसार भी पूर्ण है। हे **देव**=प्रकाशमय प्रभो! आप **सत्रा**=सचमुच ही **महान् असि**=महान् हैं। (२) आप अपनी **मह्ना**=महिमा से **देवानां असुर्यः**=देवों के अन्दर प्राणशक्ति का सञ्चार करनेवाले हैं (असून् राति) और **पुरोहितः**=हितोपदेष्टा हैं। आप तो एक **विभु**=व्यापक व **अदाभ्यम्**=अहिंस्य

ज्योतिः=ज्योति हैं। आपके उपासक भी इस ज्योति से अपने जीवन को दीप्त कर पाते हैं।

भावार्थ–प्रभु अपने ज्ञान के कारण महान् हैं, वे एक पूर्ण (न्यूनता शून्य) सृष्टि को जन्म देते हैं। अपनी महिमा से देवों के अन्दर प्राणशक्ति का सञ्चार करते हैं और उन्हें हितकर प्रेरणा देते हैं। प्रभु एक व्यापक अहिंस्य ज्योति हैं।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—उषाः सूर्यप्रभा वा॥ छन्दः—आर्चीबृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

सूर्यप्रभा

इयं या नीच्यर्किणी रूपा रोहिण्या कृता। चित्रेव प्रत्यदर्श्यायत्यन्तर्दशसु बाहुषु॥ १३॥

(१) सूर्य की किरणें द्युलोक से नीचे पृथिवीलोक पर आती हैं। सो **इयम्**–यह **या**–जो सूर्यप्रभा **नीची**–अवाङ्मुखी, नीचे मुख किये हुए–सी है। **अर्किणी**–स्तुतिवाली है। इसके होने पर सब देव प्रभु–स्तवन में प्रवृत्त होते हैं। यह **रूपा**–उत्तम रूपवाली **रोहिण्या**–प्रकाशयुक्त **कृता**–की गई है। (२) **चित्रा इव**–अत्यन्त अद्भुत–सी यह **दशसु**–दसों **बाहुषु अन्तः**–ब्रह्माण्ड की बाहु–स्थानीय दिशाओं के अन्दर **आयती**–आती हुई **प्रत्यदर्शि**–प्रतिदिन देखी जाती है।

भावार्थ–इस अद्भुत–सी सूर्यप्रभा में उस महान् सूर्य प्रभु की महिमा दिखती है। सूर्य को भी तो वे प्रभु ही दीप्ति दे रहे हैं।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः॥ छन्दः—पादनिचृत्त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

तिस्रः प्रजाः-अन्याः

प्रजा ह तिस्रो अत्यायमीयुर्न्या अर्कमभितो विविश्रे।
बृहद्ध तस्थौ भुवनेष्वन्तः पवमानो हरित आ विवेश॥ १४॥

(१) **ह**–निश्चय से **तिस्रः प्रजाः**–'पुत्रैषणा, वित्तैषणा व लोकैषणा' रूप तीन एषणाओं के अन्दर चलनेवाली **तिस्रः प्रजाः**–ये तीन प्रकार की प्रजायें **अति आयम्**–अतिशयेन गति को, आवागमन को जन्म–मरण के चक्र को **ईयुः**–प्राप्त होती हैं। **अन्याः**–इन एषणाओं से ऊपर उठ जानेवाली दूसरी प्रजायें **अर्कं अभितः**–उस अर्चनीय (पूजनीय) परमात्मा के चारों ओर प्रभु के समीप **निविविश्रे**–निवेशवाली होती हैं। ये प्रभु की भक्ति में प्रवृत्त होती हैं। (२) ये प्रजायें प्रभु का स्मरण इस रूप में करती हैं कि वह **बृहत्**–महान् प्रभु **ह**–निश्चय से **भुवनेषु अन्तः**–सब लोकों व प्राणियों के अन्दर **तस्थौ**–स्थित हैं। **पवमानः**–सब प्रजाओं को पवित्र करनेवाले वे प्रभु **हरितः आविवेश**–सब दिशाओं में व्याप्त हैं। कोई भी स्थान प्रभु की व्याप्ति से पृथक् नहीं है। ये सर्वव्यापक प्रभु हमारे अन्दर भी व्याप्त होकर हमें पवित्र कर रहे हैं।

भावार्थ–एषणात्रय में चलनेवाली प्रजायें आवागमन के चक्र से ऊपर नहीं उठ पातीं। प्रभु के उपासक ही पवित्र जीवनवाले बनकर ब्रह्मलोक को प्राप्त करते हैं। आवागमन के चक्र से ये ही बच पाते हैं।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—गौः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

माता-दुहिता-स्वसा (गौः)

माता रुद्राणां दुहिता वसूनां स्वसादित्यानाममृतस्य नाभिः।
प्र नु वोचं चिकितुषे जनाय मा गामनागामदितिं वधिष्ट॥ १५॥

(१) यह गौ **रुद्राणां माता**–रोगों को अपने से दूर भगानेवालों का (रुत्+द्र) निर्माण

करनेवाली है। गोदुग्ध के सेवन से शरीर में रोगों का प्रवेश नहीं होता। **वसूनां दुहिता**-शरीर में निवास को उत्तम बनानेवाले सब तत्त्वों का (वसु) यह पूरण करनेवाली है। गोदुग्ध के सेवन से शरीर में सब वसुओं का प्रपूरण होकर जीवन पूर्ण-सा बन जाता है। **आदित्यानां स्वसा**-यह गौ सब अच्छाइयों का आदान करनेवालों की बहिन के समान है। गोदुग्ध का सेवन सब अच्छाइयों को प्राप्त कराता है। यह गौ तो **अमृतस्य**-अमृतत्त्व-नीरोगता के साधनभूत दुग्ध का **नाभिः**-केन्द्र है। उस दूध का यह निवास-स्थान है जो हमें अमर बनाता है। (२) प्रभु कहते हैं कि मैं **चिकितुषे जनाय**-समझदार पुरुष के लिये **नु**-अब **प्रवोचम्**-यह स्पष्ट कहता हूँ कि **गां मा वधिष्ट**-उस गौ को मत मारो, जो **अनागाम्**-निष्पाप है, जिसके दुग्ध के सेवन से हमारे जीवन निष्पाप बनते हैं और **अदितिम्**-जिसके दुग्ध के सेवन से स्वास्थ्य का खण्डन नहीं होता। यह गोदुग्ध हमें शरीर में स्वस्थ बनाता है, मन में निष्पाप।

भावार्थ-गौ उस दूध को हमें प्राप्त कराती है जो रोगों को दूर करता है, निवास के लिये आवश्यक तत्त्वों को उत्पन्न करता है, सब अच्छाइयों को हमारे अन्दर प्राप्त कराता है। यह गौ 'अनागा-अदिति' है। इसका वध न करना ही समझदारी है।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—गौः॥ छन्दः—विराट् त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'स्तुति ज्ञान व कर्म' की प्रतिपादिका वेद-धेनु

वचोविदं वाचमुदीरयन्तीं विश्वाभिर्धीभिरुपतिष्ठमानाम्।
देवीं देवेभ्यः पर्येयुषीं गामा मावृक्त मर्त्यो दभ्रचेताः॥ १६॥

(१) **वचोविदम्**-स्तुतिवचनों को प्राप्त कराती हुई, **वाचमुदीरयन्तीम्**-ज्ञान की वाणियों का उच्चारण करती हुई, **विश्वाभिः धीभिः उपतिष्ठमानाम्**-सब ज्ञानपूर्वक किये जानेवाले कर्मों के हेतु से उपस्थित होती हुई, अर्थात् सब कर्मों का ज्ञान देती हुई, **देवीम्**-इस प्रकाशमयी **गाम्**-वेदवाणी रूप गौ को **दभ्रचेताः**-नासमझ-अल्प चेतनावाला पुरुष **मा परि आ अवृक्त**-सर्वथा परित्यक्त मत करे, इसका स्वाध्याय अवश्य करे ही। (२) यह वेदवाणी रूप गौ **देवेभ्यः एयुषीम्**-देवों के लिये प्राप्त होनेवाली है। हम देववृत्ति के बनेंगे तो अवश्य इस वेदवाणी को प्राप्त करेंगे। या देवों से ही प्राप्त होती है। 'आचार्य देवो भव'-आचार्यों को देवतुल्य आदर देते हुए हम उनसे इस वेदवाणी को प्राप्त करते हैं।

भावार्थ-यह वेदवाणी रूप गौ स्तुति ज्ञान तथा कर्म तीनों का ज्ञान देती है। इसको नासमझ ही परित्यक्त करता है। समझदार व्यक्ति देवों से इसे प्राप्त करने के लिये यत्नशील होता है।

यह देवों के सम्पर्क में आनेवाला व्यक्ति 'प्र-योग' (=प्रकृष्ट मेलवाला) कहाता है। यह 'भार्गव' है, बुद्धि का परिपाक करनेवाला। निरन्तर आगे बढ़ने से 'अग्नि' है। ज्ञानियों का शिष्यत्व स्वीकार करनेवाला 'बार्हस्पत्य' है। ज्ञान के द्वारा जीवन की पवित्रता का साधक यह 'पावक' है। शक्ति का सम्पादन करके यह 'गृहपति' बनता है, गृह का रक्षक। बुराइयों को पृथक् करनेवाला यह 'यविष्ठ' होता है। यह 'अग्नि' नाम से प्रभु का आराधन करता है-

१०२. [द्व्युत्तरशततमं सूक्तम्]

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

बृहद् वयः

त्वमग्ने बृहद्वयो दधासि देव दाशुषे। कविर्गृहपतिर्युवा॥ १॥

(१) हे **अग्ने**-अग्रेणी, **देव**-प्रकाशमय प्रभो! **त्वम्**-आप **दाशुषे**-आपके प्रति अपना अर्पण करनेवाले पुरुष के लिये **बृहद् वयः**-वृद्धियुक्त आयुष्य **दधासि**-धारण करते हैं। जो भी आपके प्रति अपने को दे डालता है, इसे वह जीवन प्राप्त कराते हैं, जो सब दृष्टिकोणों से बढ़ा हुआ होता है। (२) **कविः**-आप क्रान्तदर्शी है, सब विद्याओं का ज्ञान देनेवाले हैं। **गृहपतिः**-हमारे शरीररूप गृहों के रक्षक हैं। **युवा**-सदा बुराइयों को पृथक् करनेवाले व अच्छाइयों को हमारे साथ मिलानेवाले हैं (यु मिश्रणामिश्रणयोः)।

भावार्थ-हम प्रभु के प्रति अपना अर्पण करें। प्रभु हमारे लिये वृद्धियुक्त दीर्घजीवन को प्राप्त कराते हैं। वे सब ज्ञानों को देनेवाले, शरीर गृहों के रक्षक व हमारी सब बुराइयों को दूर करके अच्छाइयों को हमारे साथ मिलानेवाले हैं।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ईडानया-दुवस्युवा (वेदवाचा)

स न ईळानया सह देवाँ अग्ने दुवस्युवा। चिकिद्धिभानवा वह॥ २॥

(१) हे **अग्ने**-अग्रेणी प्रभो! **चिकित्**-आप सर्वज्ञ हैं। सो हे विभानो! विशिष्ट दीप्तिवाले प्रभो! **सः**-वे आप **नः**-हमारे लिये **ईडानया**-स्तुति करती हुई, **दुवस्युवा**-परिचरणशील प्रभु की परिचर्या करनेवाली इस ज्ञान की वाणी के **सह**-साथ **देवान् आवह**-सब दिव्य गुणों को प्राप्त कराइये।

भावार्थ-प्रभु हमें उस ज्ञान की वाणी को प्राप्त करायें, जिसके द्वारा हम स्तवन व प्रभु परिचर्या को कर पायें। इस वेदवाणी को प्राप्त कराने के द्वारा हमें दिव्य गुणों से युक्त जीवनवाला करें।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वाजसातये

त्वया ह स्विद्युजा वयं चोदिष्ठेन यविष्ठ्य। अभी ष्मो वाजसातये॥ ३॥

(१) हे **यविष्ठ्य**-बुराइयों को अधिकाधिक पृथक् करनेवाले प्रभो! **चोदिष्ठेन**-सदा सत्कर्मों के प्रेरक **त्वया**-आप **युजा**-साथी के साथ **वयम्**-हम **ह स्वित्**-निश्चय से **अभिष्मः**-शत्रुओं का अभिभव करनेवाले बनें। (२) काम, क्रोध, लोभ आदि शत्रुओं को पराजित करके हम **वाजसातये**-शक्ति की प्राप्ति के लिये हों। इन शत्रुओं को पराजित करके ही हम शरीर में शक्ति का रक्षण कर पाते हैं। इनका पराजय आपको मित्र बनाकर ही हुआ करता है।

भावार्थ-प्रभु के मैत्री से सत्कर्मों की प्रेरणा प्राप्त करते हुए हम शत्रुओं का पराजय करें और शक्ति का सम्पादन करनेवाले हों।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

और्व-भृगु-अप्नवान

और्वभृगुवच्छुचिमप्नवानवदा हुवे। अग्निं समुद्रवाससम्॥ ४॥

(१) **और्व (वत्)**-और्व की तरह (उरोरपत्यम्) विशाल की सन्तान की तरह, अत्यन्त

विशाल हृदय बनकर **शुचिम्**-पवित्र प्रभु को **आहुवे**-पुकारता हूँ। वस्तुतः विशालता ही हमारे जीवन को पवित्र बनाती है। जितने-जितने विशाल बनेंगे, उतना-उतना ही पवित्र बन पायेंगे तभी हमें 'शुचि' प्रभु को पुकारने का अधिकार होगा। (२) **भृगुवत्**-(भ्रस्ज पाके) तपस्या की अग्नि में अपने को परिपक्व करनेवाले की तरह मैं **अग्निम्**-उस अग्रेणी प्रभु को (आहुवे) पुकारता हूँ। तपस्वी बनकर मैं भी अग्नि बनता हूँ, निरन्तर आगे बढ़नेवाला बनता हूँ। तप ही उन्नति का साधन है। (३) **अप्नवानवत्**-(अपः कर्मनाम-Weaving ताना-बाना) कर्मों के ताने-बानेवाले, निरन्तर कर्मशील पुरुष की तरह **समुद्रवाससम्**-उस आनन्दमय सब के आच्छादक प्रभु को पुकारता हूँ। कर्मों में लगे रहने से मेरा जीवन भी आनन्दमय बनता है और मैं प्रभु को अपना वस्त्र बनाकर बड़े सुरक्षित जीवनवाला होता हूँ। मेरे कर्म पवित्र बने रहते हैं।

भावार्थ-हम विशाल हृदय बनें यही पवित्रता का मार्ग है। हम तपस्वी बनें, यही उन्नति का साधन है। हम निरन्तर क्रियाशील हों, तभी आनन्दमय प्रभु की गोद को पाने के अधिकारी होंगे।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ **छन्दः**—निचृद् गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

वातस्वनं, पर्जन्यक्रन्द्यम्

हुवे वातस्वनं कविं पर्जन्यक्रन्द्यं सहः। अग्निं समुद्रवाससम्॥ ५॥

(१) **वातस्वनम्**-(वा-गतौ) गतिशीलता की प्रेरणा देनेवाली है ध्वनि जिसकी जो हृदयस्थरूपेण सदा प्रेरणात्मक शब्दों का उच्चारण कर रहे हैं, उन **कविम्**-सब विद्याओं का वेदवाणी द्वारा उपदेश देनेवाले (कौति सर्वाः विद्याः) **पर्जन्यक्रन्द्यम्**-बादल के समान गर्जनावाले अथवा परा तृप्ति के जनक आह्वानवाले **सहः**-शक्ति के पुञ्ज प्रभु को **हुवे**-पुकारता हूँ। (२) मैं उस प्रभु को पुकारता हूँ जो **अग्निम्**-अग्रेणी हैं, हमें उन्नतिपथ पर आगे ले चलनेवाले हैं और **समुद्रवाससम्**-सदा आनन्दमय व सभी को अपने में आच्छादित करनेवाले हैं।

भावार्थ-हम प्रभु की प्रेरणा को सुनें, वेदाध्ययन द्वारा ज्ञान को प्राप्त करें, 'ज्ञान, कर्म, उपासना' का अपने में समन्वय करें, शक्ति का सञ्चय करें। आगे बढ़ें और प्रभु की गोद में पहुँचकर ही विश्राम लें।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ **छन्दः**—गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

सवितुः सवं, भगस्य भुजिम्

आ सवं सवितुर्यथा भगस्येव भुजिं हुवे। अग्निं समुद्रवाससम्॥ ६॥

(१) **यथा**-जैसे **सवितुः**-उस प्रेरक प्रभु की **सवम्**-प्रेरणा को **आहुवे**-पुकारता हूँ, अर्थात् जैसे मैं चाहता हूँ कि प्रभु की प्रेरणा को सुन पाऊँ। **इव**-जैसे **भगस्य**-उस ऐश्वर्यशाली प्रभु की **भुजिम्**-पालन की साधनभूत सम्पत्ति को (आहुवे) पुकारता हूँ, अर्थात् पालन के लिये आवश्यक धन की कामना करता हूँ। (२) उसी प्रकार मैं **अग्निम्**-उस अग्रेणी प्रभु को पुकारता हूँ जो **समुद्रवाससम्**-सदा आनन्दमय हैं और सबको आच्छादित करनेवाले हैं।

भावार्थ-हम उस प्रेरक प्रभु की प्रेरणा को सुनें। ऐश्वर्य पुञ्ज प्रभु से पालन के लिये आवश्यक ऐश्वर्य को प्राप्त करें। निरन्तर आगे बढ़ते हुए आनन्दमय प्रभु की गोद में पहुँचकर विश्राम लें।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

नप्ते-सहस्वते

अग्निं वो वृधन्तमध्वराणां पुरूतमम्। अच्छा नप्ते सहस्वते॥ ७॥

(१) अग्निम्-उस अग्रेणी प्रभु को मैं पुकारता हूँ, जो वः वृधन्तः-तुम सबका वर्धन करनेवाले हैं तथा अध्वराणां पुरूतमम्-यज्ञों के अतिशयेन पालक व पूरक हैं। (२) मैं उस प्रभु की अच्छ-ओर चलता हूँ जो नप्ते-मुझे न गिरने देनेवाले हैं अथवा मेरे बन्धु हैं तथा सहस्वते-शक्तिशाली हैं, उपासक को शक्तिशाली बनाते हैं।

भावार्थ-प्रभु की उपासना करता हुआ मैं आगे बढ़ूँ, शक्तियों का वर्धन करूँ, यज्ञात्मक जीवनवाला बनूँ। प्रभु मेरा उत्थान करेंगे, मुझे बल देंगे।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अस्य क्रत्वा यशस्वतः

अयं यथा न आभुवत्त्वष्टा रूपेव तक्ष्या। अस्य क्रत्वा यशस्वतः॥ ८॥

(१) अयम्-यह प्रभु नः-हमें यथा-ठीक-ठीक इस प्रकार आभुवत्-बनाता है इव-जैसे त्वष्टा-बढ़ई तक्ष्या-तक्षणीय-ढीलढाल कर बनाने योग्य रूपा-रूपवान् पदार्थों को बनाता है। (२) हम अस्य-इस प्रभु के क्रत्वा-शक्ति व प्रज्ञान से ही यशस्वतः-अतिशयेन यशस्वी बन पाते हैं।

भावार्थ-हम प्रभु के प्रति अपना अर्पण कर दें, प्रभु हमारा ठीक-ठीक निर्माण करेंगे, उस समय प्रभु की शक्ति व प्रज्ञान को प्राप्त करके हम यशस्वी जीवनवाले होंगे।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

देवों में श्री, मनुष्यों में बल

अयं विश्वा अभि श्रियोऽग्निर्देवेषु पत्यते। आ वाजैरुप नो गमत्॥ ९॥

(१) अयं अग्निः-यह अग्रेणी प्रभु देवेषु-देवों के अन्दर होनेवाली विश्वाः श्रियः-सब लक्ष्मियों व शोभाओं के अभिपत्यते-ईश हैं, उन देवों में उस-उस श्री को प्राप्त करानेवाले ये प्रभु ही हैं। (२) ये 'अग्नि' प्रभु नः-हमें भी वाजैः-शक्तियों के साथ उपगमत्-प्राप्त हों। हमें भी अग्नि के अनुग्रह से बल की प्राप्ति हो।

भावार्थ-वे अग्रेणी प्रभु सूर्य आदि सब देवों में उस-उस श्री को स्थापित करते हैं। प्रभु हमारे अन्दर भी बल की स्थापना करें।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

यशस्तम 'होता'

विश्वेषामिह स्तुहि होतॄणां यशस्तमम्। अग्निं यज्ञेषु पूर्व्यम्॥ १०॥

(१) संसार में एक से एक बढ़कर दाता हैं, प्रभु सर्वमहान् दाता हैं। विश्वेषाम्-सब

होतृणाम्-दाताओं में यशस्तमम्-सर्वाधिक यशस्वी प्रभु को इह-इस जीवन यज्ञ में स्तुहि-स्तुत कर। (२) उस अग्निम्-अग्रेणी प्रभु को स्तुत कर जो यज्ञेषु पूर्व्यम्-सब यज्ञों में, श्रेष्ठतम कर्मों में पालन व पूरण करनेवालों में उत्तम हैं।

भावार्थ-प्रभु ही सर्वमहान् दाता हैं, प्रभु ही हमारे यज्ञों का पालन व पूरण करते हैं।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्येष्ठः-दीर्घश्रुत्तमः

शीरं पावकशोचिषं ज्येष्ठं यो दमेष्वा। दीदायं दीर्घश्रुत्तमः॥ ११॥

(१) यः-जो दीर्घश्रुत्तमः-अतिशयेन विद्वान् सर्वज्ञ ज्येष्ठः-सर्वश्रेष्ठ प्रभु हैं वे दमेषु-यज्ञशील पुरुषों के गृहों में आदीदाय-दीप्त होते हैं। (२) उन शीरम्-सर्वत्र अनुशायी (व्यापक) पावकशोचिषम्-पवित्र दीप्तिवाले प्रभु को स्तुत करो।

भावार्थ-प्रभु सर्वज्ञ, सर्वश्रेष्ठ हैं, यज्ञशील पुरुषों के गृहों में दीप्त होते हैं। उन सर्वव्यापक पवित्र दीप्तिवाले प्रभु का हम स्तवन करें।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अर्वन्तं न, मित्रं न

तमर्वन्तं न सानसिं गृणीहि विप्र शुष्मिणम्। मित्रं न यातयज्जनम्॥ १२॥

(१) हे विप्र-अपना विशेषरूप से पूरण करनेवाले साधक! तू तम्-उस अर्वन्तं न-(अर्व्) शत्रुओं का संहार करनेवाले के समान सानसिम्-सम्भजनीय शुष्मिणम्-शत्रु-शोषक बलवाले प्रभु को गृणीहि-स्तुत कर। प्रभु तेरे भी काम-क्रोध आदि शत्रुओं का संहार करेंगे और तुझे शक्ति प्राप्त करायेंगे। (२) उस प्रभु का तू स्तवन कर जो मित्रं न=एक पापों से बचानेवाले (प्रमीतेः त्रायते) सखा के समान यातयज्जनम्-लोगों को उत्तम कर्मों में यत्नशील करते हैं।

भावार्थ-हम प्रभु का स्तवन करें। प्रभु हमारे वासनात्मक शत्रुओं का संहार करेंगे और हमें शक्ति देते हुए एक मित्र की तरह उत्तम कर्मों में प्रेरित करेंगे।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्तुति से सद्गुणों व बल की प्राप्ति

उप त्वा जामयो गिरो देदिशतीर्हविष्कृतः। वायोरनीके अस्थिरन्॥ १३॥

(१) हे अग्ने! हविष्कृतः-इस यज्ञशील पुरुष की, इससे की जानेवाली त्वा देदिशतः-आपका संकेत करती हुई, आपके गुणों का प्रतिपादन करती हुई गिरः-स्तुतिवाणियाँ उप (तिष्ठन्ते)-आपके समीप उपस्थित होती हैं। ये स्तुतिवाणियाँ जामयः-सद्गुणों को जन्म देनेवाली होती हैं। इन स्तुतिवाणियों से स्तोता के हृदय में भी उस-उस गुण को धारण करने की प्रेरणा उत्पन्न होती है। (२) ये स्तुतिवाणियाँ स्तोता को वायोः-वायु के अनीके-बल में अस्थिरन्-स्थापित करती हैं।

भावार्थ-प्रभु-स्तवन से स्तोता के जीवन में सद्गुणों का स्थापन होता है और ये स्तुतिवाणियाँ स्तोता को वायु के समान शक्ति-सम्पन्न करती हैं।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उपासना से हृदय की पवित्रता

यस्य त्रिधात्ववृतं बर्हिस्तस्थावसंदिनम्। आपश्चिन्नि दधा पदम्॥ १४॥

(१) **यस्य**=जिस प्रभु का **बर्हिः**=यह हृदयरूप आसन **त्रिधातु**='ज्ञान, कर्म, उपासना' तीनों का धारण करनेवाला होता हुआ **तस्थौ**=स्थित होता है। जब हम हृदय को प्रभु का आसन बनाते हैं, तो यह ज्ञान, कर्म व उपासना तीनों का धारण करनेवाला होता है। **अवृतम्**=यह काम-क्रोध से संवृत नहीं होता, इस पर काम आदि का आवरण नहीं पड़ जाता। **असन्दिनम्**=यह विषय वासनाओं से बद्ध नहीं होता। (२) हृदय को प्रभु का आसन बनाने पर वासनाओं के विनाश के कारण **आपः चित्**=ये रेतःकणरूप जल भी **पदं निदधा**=शरीर में स्थिति को प्राप्त करते हैं।

भावार्थ—हृदय में प्रभु का ध्यान करने पर हृदय (क) ज्ञान, कर्म, उपासना का धारण करनेवाला बनता है, (ख) काम आदि से संवृत नहीं होता, (ग) विषयों से अबद्ध रहता है। उस समय शरीर में उत्पन्न रेतःकणों की शरीर में ही स्थिति होती है।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शत्रुओं से अधर्षण व अन्धकार विनाश

पदं देवस्य मीळ्हुषोऽनाधृष्टाभिरूतिभिः। भद्रा सूर्यइवोपदृक्॥ १५॥

(१) **मीढुषः**=सब सुखों का सेचन करनेवाले **देवस्य**=प्रकाशमय प्रभु का **पदम्**=स्थान **अनाधृष्टाभिः**=शत्रुओं से अधर्षणीय **ऊतिभिः**=रक्षणों से युक्त है। जब हम प्रभु का स्मरण करते हैं, तो कोई भी वासनात्मक शत्रु हमारा धर्षण नहीं कर पाता। (२) इस प्रभु की **उपदृक्**=उपदृष्टि **सूर्यः इव**=सूर्य के समान है, सूर्य की तरह सब अन्धकार को दूर करनेवाली है और **भद्रा**=कल्याणकर है। जब हम प्रभु के समीप उपस्थित होते हैं और प्रभु की कृपादृष्टि को प्राप्त करते हैं, तो हमारा सब अन्धकार विनष्ट हो जाता है और हम वास्तविक कल्याण को प्राप्त करते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु में स्थित होने का प्रयत्न करें, उस समय कोई भी शत्रु हमारा धर्षण न कर पायेगा। प्रभु की कृपादृष्टि हमारे सब अन्धकार को दूर कर देगी। उस समय हमारा कल्याण ही कल्याण होगा।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

घृतस्य धीतिभिः-शोचिषा

अग्ने घृतस्य धीतिभिस्तेपानो देव शोचिषा। आ देवान्वक्षि यक्षि च॥ १६॥

(१) हे **अग्ने**=अग्रेणी **देव**=हमारे जीवनों को ज्ञान से द्योतित करनेवाले प्रभो! (देवो द्योतनात्) **घृतस्य**=ज्ञानदीप्तियों के **धीतिभिः**=धारणों से विविध विज्ञानों को प्राप्त कराने के द्वारा तथा **शोचिषा**=अन्तःप्रकाश के द्वारा, पूर्ण निर्मल हृदय की दीप्ति के द्वारा (चमक के द्वारा) **तेपानः**=हमारे जीवनों को दीप्त करते हुए आप **देवान् आवक्षि**=हमारे जीवनों में दिव्य गुणों को प्राप्त कराइये **च**=और **यक्षि**=उनके साथ ही हमारा सम्बन्ध करिये।

भावार्थ—प्रभु हमें विज्ञानों के धारण व अन्तःप्रकाश से दीप्त जीवनवाला बनाते हुए दिव्य

गुणों को प्राप्त करायें, दिव्य गुणों से ही हमारा सम्बन्ध करें।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मातरः-देवासः

तं त्वाजनन्त मातरः कविं देवासो अङ्गिरः। हव्यवाहममर्त्यम्॥ १७॥

(१) हे **अंगिरः**=हमारे अंग-प्रत्यंग में रस का संचार करनेवाले अथवा हमें गति देनेवाले प्रभो! **तं त्वा**=उन आपको **मातरः**=अपने अन्दर ज्ञान को उत्पन्न करनेवाले (प्रमातारः) अथवा निर्माणात्मक कार्यों में प्रवृत्त होनेवाले लोग **अजनन्त**=अपने अन्दर प्रादुर्भूत करते हैं। प्रभु का प्रकाश इन निर्माताओं को ही प्राप्त होता है। (२) **देवासः**=देववृत्ति के लोग ही **कविम्**=उस क्रान्तदर्शी सर्वज्ञ प्रभु को, **हव्यवाहम्**=हव्य पदार्थों को प्राप्त करानेवाले प्रभु को, **अमर्त्यम्**=अविनाशी प्रभु को अपने अन्दर प्रादुर्भूत करते हैं।

भावार्थ—प्रभु का दर्शन निर्माणात्मक कार्यों में प्रवृत्त देववृत्ति के लोगों को होता है।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—पादनिचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उपासना का फल

प्रचेतसं त्वा कवेऽग्ने दूतं वरेण्यम्। हव्यवाहं नि षेदिरे॥ १८॥

(१) हे **कवे**=क्रान्तदर्शिन्-सर्वज्ञ **अग्ने**=अग्रेणी प्रभो! **प्रचेतसम्**=प्रकृष्ट ज्ञानवाले, प्रकृष्ट चेतना को प्राप्त करानेवाले, **त्वा**=आपको **निषेदिरे**=देव लोग उपासित करते हैं, आपके चरणों में बैठते हैं। (२) उन आपको देव उपासित करते हैं, जो **दूतम्**=ज्ञान के सन्देश को प्राप्त करानेवाले हैं। अतएव **वरेण्यम्**=वरणीय हैं। प्रभु के वरण में ही कल्याण है। प्रकृति का वरण हमें पीस डालता है। प्रभु का वरण होने पर प्रकृति हमारी सेवा करती है। **हव्यवाहम्**=वस्तुतः प्रभु ही सब हव्य पदार्थों को प्राप्त करानेवाले हैं।

भावार्थ—प्रभु के चरणों में बैठनेवाला व्यक्ति (क) प्रकृष्ट चेतना को प्राप्त करता है, ज्ञान सन्देश को सुनता है, (ग) प्रकृति से सेवित होता है, (घ) सब हव्य पदार्थों को प्राप्त करता है।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

न अघ्न्या, न स्वधितिः

नहि मे अस्त्यघ्न्या न स्वधितिर्वनन्वति। अथैतादृग्भरामि ते॥ १९॥

(१) हे प्रभो! **मे**=मेरे पास **अघ्न्या**=यह अहन्तव्य वेद-धेनु **नहि अस्ति**=नहीं है। अर्थात् मैंने कोई बड़ा (वेद) ज्ञान नहीं प्राप्त किया है। **स्व-धितिः**=आत्मधारण शक्ति **न वनन्वति**=मेरे दोषों का संहार नहीं करती। आत्मधारण के द्वारा मैं जीवन को निर्दोष भी नहीं बना पाया। न तो मैं ज्ञानी हूँ, और ना ही निर्दोष। (२) **अथ**=अब **एतादृग्**=ऐसा अज्ञानी व सदोष होता हुआ भी **ते भरामि**=आपके लिये स्तुति-वचनों का भरण करता हूँ। आपका स्तवन ही मुझे दीप्त ज्ञानाग्निवाला बनाकर दोषों को भस्म करने की क्षमता प्रदान करेगा।

भावार्थ—एक अज्ञानी व आत्मधारणशक्ति से रहित पुरुष भी जब प्रभु का स्तवन करता है, तो प्रभु उसकी ज्ञानाग्नि को दीप्त करके उसमें उसके दोषों को भस्म कर देते हैं।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दारूणि=दानवृत्तियाँ

यद॑ग्ने॒ कानि॒ कानि॑ चि॒दा ते॒ दारू॑णि द॒ध्मसि॑। ता जु॑षस्व यविष्ठ्य॥ २०॥

(१) हे **अग्ने**=परमात्मन्! **यत्**=जो **कानि कानि चित्**=जिन किन्हीं भी छोटी-मोटी **दारूणि**=(दा=दाने) दानवृत्तियों को (दारुः=दाता) **ते**=आपकी प्राप्ति के लिये **दध्यसि**=धारण करते हैं। इन सांसारिक सम्पत्तियों का त्याग व दान ही हमें प्रभु के समीप प्राप्त कराता है। (२) हे **यविष्ठ्य**=हमारे से बुराइयों को पृथक् करनेवाले प्रभो! **ता जुषस्व**=उन हमारे दानों को आप प्रीतिपूर्वक स्वीकार करिये। ये धनों के त्याग हमें आपका प्रिय बनायें।

भावार्थ—हम सदा दानशील बनें। यही पवित्र बनने का व प्रभु को प्राप्त करने का मार्ग है।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उपासना से विषयासक्ति का निराकरण

यदत्त्यु॑प॒जिह्वि॑का॒ यद्व॒म्रो अ॑ति॒सर्प॑ति। सर्वं॒ तद॑स्तु ते घृ॒तम्॥ २१॥

(१) **यत्**=जिस को **उपजिह्विका**=जीभ की चञ्चल प्रकृति-चटोरापन **अति**=खा जाता है। अथवा **यत्**=जो **वम्रः**=सब पढ़े-लिखे का वमन कर डालनेवाला होकर **अति र्स्पति**=ज्ञानदीप्त हो उठे। (२) प्रभु की उपासना सब विषयासक्तियों को दूर कर देती है। उपासना से जीभ का चटोरापन दूर हो जाता है और ज्ञान की रुचि उत्पन्न हो जाती है।

भावार्थ—हमें जीभ का चटोरापन खा जाता है। ज्ञान में अरुचिवाले होकर हम अवारा से हो जाते हैं। उपासना सब विषयों को दूर करके हमें ज्ञानदीप्त बना देती है।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः। अथवाग्नी गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उपासना-बुद्धि-पवित्रता

अ॒ग्निमिन्धा॑नो॒ मनसा॒ धियं॑ सचेत॒ मर्त्यः॑। अ॒ग्निमी॑धे वि॒वस्व॑भिः॥ २२॥

(१) **मर्त्यः**=सामान्यतः विषयों की ओर जानेवाला (विषयों के पीछे मरनेवाला) मनुष्य, विषयासक्ति को छोड़ने के उद्देश्य से, **मनसा**=मन से मनन व चिन्तन के द्वारा **अग्निम्**=उस अग्रेणी प्रभु को **इन्दायः**=अपने अन्दर समिद्ध करता हुआ **धियं सचेत**=बुद्धि को प्राप्त करे, बुद्धि का अपने साथ समवाय करे। यह बुद्धि ही उसे विषयासक्ति से मुक्त करेगी। 'उपासना से बुद्धि व बुद्धि से विषयासक्ति का निराकरण' यह क्रम है। एवं उपासना हमारे जीवनों को पवित्र कर डालती है। (२) मैं **विवस्वभिः**=विद्वान् पुरुषों के सम्पर्क से **अग्निम् ईधे**=उस प्रभु को ही अपने हृदय में समिद्ध करता हूँ। ज्ञानियों का सम्पर्क हमें भी ज्ञानी बनाता है। तब हम प्रभु की ओर झुकते हैं और सब विषय-वासनाओं से मुक्त हो जाते हैं।

भावार्थ—हम कितने भी गिर जायें, उपासना से हमें बुद्धि प्राप्त होगी और हम फिर उत्थान को प्राप्त करेंगे। सो ज्ञानियों के सम्पर्क से हम प्रभु को अपने अन्दर दीप्त करें।

अब यह व्यक्ति अपना उत्थान करनेवाला व उत्तम भरण करनेवाला 'सोभरि' बनता है।

समझदार हो जाने से अब यह 'काण्व' है। यह अग्नि का आराधन करता हुआ कहता है-

१०३. [त्र्युत्तरशततमं सूक्तम्]

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

गातु वित्तमः, आर्यस्य वर्धनः

अदर्शि गातुवित्तमो यस्मिन्व्रतान्यादधुः। उपो षु जातमार्यस्य वर्धनमग्निं नक्षन्त नो गिरः॥ १॥

(१) वह **अग्नि**=अग्रेणी प्रभु **गातुवित्तमः**=अतिशयेन मार्ग का ज्ञाता **अदर्शि**=हमारे हृदयों में प्रादुर्भूत होता है। **यस्मिन्**=जिस प्रभु में स्थित हुए-हुए ये आराधक **व्रतानि**=अपने कर्त्तव्य कर्मों को **आदधुः**=धारण करते हैं। हृदयस्थ प्रभु मार्ग का दर्शन कराते हैं, और आराधक उस मार्ग पर आगे बढ़ता है। (२) उस **सुजातम्**=हृदयों में सम्यक् प्रादुर्भूत **आर्यस्य वर्धनम्**=आर्यों के कर्त्तव्य कर्मों का आचरण करनेवालों के **वर्धनम्**=बढ़ानेवाले **अग्निम्**=अग्रेणी प्रभु को **नः**=हमारी **गिरः**=स्तुतिवाणियाँ **उपोनक्षन्त**=प्राप्त हों ही। हम अवश्य प्रभु का स्तवन करनेवाले बनें। यह प्रभु-स्तवन ही हमें मार्गदर्शन करायेगा, मार्ग पर बढ़ने की शक्ति देगा और उत्तम कर्मों को करते हुए हम वृद्धि को प्राप्त करेंगे।

भावार्थ—प्रभु मार्गदर्शक हैं, मार्ग पर बढ़ने की शक्ति देते हैं, मार्ग पर चलनेवालों का वर्धन करते हैं। सो प्रभु को हमारी स्तुतिवाणियाँ प्राप्त हों।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

दैवोदासः

प्र दैवोदासो अग्निर्देवाँ अच्छा नपा मज्मना।
अनु मातरं पृथिवीं वि वावृते तस्थौ नाकस्य सानवि॥ २॥

(१) इस जीवन में जो व्यक्ति **दैवोदासः**=उस देव का दास (सेवक) बनता है। वह **अग्निः**=आगे बढ़नेवाला होता है। और **न** (=सम्प्रति)=अब **मज्मना** (मस्ज्)=प्रभु की उपासना में गोता लगाने के द्वारा शोधन से **देवान् अच्छा**=दिव्य गुणों की ओर **प्र** (चलति)=प्रकर्षेण बढ़ता है। (२) यह दिव्य गुणों की ओर बढ़नेवाला व्यक्ति **मातरं पृथिवीं अनु**=इस भूमि माता पर उसकी गोद में अपने जीवन को सफलता से बिताने के बाद **विवावृते**=फिर अपने ब्रह्मलोक रूप गृह को लौट जाता है। अब यह **नाकस्य**=मोक्षलोक के दुःखशून्य (न अकं यत्र) सुखमय लोक के **सानवि**=शिखर प्रदेश में आनन्द की चरम सीमा में **तस्थौ**=स्थित होता है।

भावार्थ—हम प्रभु के उपासक बनें, आगे बढ़ें, प्रभु में अपने को शुद्ध कर डालें। दिव्य गुणों को बढ़ाते हुए, इस जीवनयात्रा को पूर्ण करके मोक्षसुख में स्थित हों।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

अग्निं धीभिः सपर्यत

यस्माद्रेजन्त कृष्टयश्चर्कृत्यानि कृण्वतः।
सहस्रसां मेधसातावि व त्मनाग्निं धीभिः सपर्यत॥ ३॥

(१) **यस्मात्**=जिस प्रभु से **चर्कृत्यानि कृण्वतः**=कर्त्तव्य कर्मों को करते हुए **कृष्टयः**=श्रमशील मनुष्य **रेजन्त**=दीप्ति को प्राप्त करते हैं (रेज To shine), उस **अग्निम्**=अग्रेणी प्रभु को **धीभिः**=बुद्धिपूर्वक किये जानेवाले कर्मों से **सपर्यत**=पूजो। प्रभु का पूजना कर्मों द्वारा ही होता

है। (२) **मेधसाती**-(मेध=यज्ञ, साति=प्राप्ति) यज्ञों के सेवन के होने पर **स्वा इव**-स्वयं ही (एव) बिना किसी अन्य की सहायता के होने पर ही **सहस्रसाम्**-अनन्त लाभों के देनेवाले उस प्रभु का पूजन करो। प्रभु ने इन यज्ञों को 'कामधुक्' बनाया है, इनके द्वारा सब इष्टों की पूर्ति होती है।

भावार्थ-प्रभु क्रियाशील पुरुषों को दीप्त जीवनवाला बनाते हैं। कर्मों द्वारा ही प्रभु का उपासन होता है। यज्ञों के सेवन के होने पर प्रभु सब इष्ट कामनाओं को पूर्ण करते हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बृहतीगर्भा॥ स्वरः—मध्यमः॥

'उक्थशंसी-सहस्त्रपोषी' सन्तान

प्र यं राये निनीषसि मर्तो यस्ते वसो दाशत्।
स वीरं धत्ते अग्न उक्थशंसिनं त्मना सहस्त्रपोषिणम्॥ ४॥

(१) हे **वसो**-वसानेवाले, सब वसुओं के स्वामिन् प्रभो! **यम्**-जिस पुरुष को **राये निनीषसि**-आप ऐश्वर्य के लिये ले चलना चाहते हैं और **यः**-जो **ते**-आपके प्रति **दाशत्**-अपने को दे डालता है, **सः**-वह **वीरं धत्ते**-वीर सन्तानों को प्राप्त करता है। (२) हे **अग्ने**-परमात्मन्! इस, आप से ऐश्वर्य को प्राप्त करके (आपके प्रति अपना यज्ञशील) पुरुष को अर्पण करनेवाले वह सन्तान प्राप्त होती है, जो **उक्थशंसिनम्**-प्रभु के स्तोत्रों का शंसन करनेवाली होती है। और **त्मना**-स्वयं **सहस्त्रपोषिणम्**-सहस्रों का पोषण करनेवाली होती है।

भावार्थ-हम प्रभु से ऐश्वर्यों को प्राप्त करके प्रभु के प्रति अपना अर्पण करनेवाले यज्ञशील बनें। प्रभु कृपा से हमें प्रभु-स्तवन करनेवाला सहस्रों का पोषण करनेवाला वीर सन्तान प्राप्त होगी।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

वाजं-अक्षिति श्रवः

स दृळ्हे चिदभि तृणत्ति वाजमर्वता स धत्ते अक्षितिं श्रवः।
त्वे देवत्रा सदा पुरूवसो विश्वा वामानि धीमहि॥ ५॥

(१) गत मन्त्र के अनुसार प्रभु के प्रति अपना अर्पण करनेवाला **सः**-वह उपासक **दृळ्हे चित्**-अतिशयेन प्रबल भी काम-क्रोध रूप शत्रुओं को **अभितृणत्ति**-हिंसित करता है। इनको हिंसित करके **सः**-वह **अर्वता**-इन्द्रियाश्वों के द्वारा **वाजम्**-शक्ति को तथा **अक्षितिं श्रवः**-अक्षीण ज्ञान को **धत्ते**-धारण करता है। कर्मेन्द्रियों द्वारा शक्ति को तथा ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा ज्ञान को प्राप्त करता है। (२) हे **पुरुवसो**-पालक व पूरक धनोंवाले प्रभो! **त्वे देवत्रा**-तुझ देव में स्थित हुए-हुए हम **विश्वा वामानि**-सब वननीय, सम्भजनीय, सुन्दर वसुओं को **सदा**-सदा **धीमहि**-धारण करें।

भावार्थ-प्रभु के प्रति अपना अर्पण करनेवाला अति प्रबल काम-क्रोध को नष्ट करता है, शक्ति व ज्ञान को प्राप्त करता है। प्रभु के आधार में सब सुन्दर वस्तुओं को धारण करें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—आर्चीस्वराड् बृहतीगर्भा॥ स्वरः—मध्यमः॥

स्तोमरूप मधुपर्क द्वारा प्रभु का आतिथ्य

यो विश्वा दयते वसु होता मन्द्रो जनानाम्।
मधोर्न पात्रा प्रथमान्यस्मै प्र स्तोमा यन्त्यग्नये॥ ६॥

(१) यः=जो विश्वा वसु=सब धनों का दयते=रक्षण करता है और होता=हमारे लिये आवश्यक धनों को देता है। वे प्रभु जनानां मन्द्रः=लोगों के आनन्द का कारण हैं, सब उपासकों को आनन्द को प्राप्त करानेवाले हैं। (२) अस्मै=इस अग्नये=अग्रेणी प्रभु के लिये मधोः प्रथमा पात्रा न=मधु के मुख्य पात्रों की तरह जैसे एक अतिथि के लिये सर्वप्रथम मधुपर्क प्राप्त कराया जाता है, स्तोमाः=स्तुति समूह प्रयन्तु=प्रकर्षेण प्राप्त हों। इन स्तोमों के द्वारा ही हम प्रभु को मधुपर्क प्राप्त कराते हुए अतिथिवत् आदृत करें।

भावार्थ—प्रभु सम्पूर्ण धनों के स्वामी व दाता हैं, वे ही सब आनन्दों की खान हैं। हम स्तुति समूह रूप मधुपर्क द्वारा प्रभु का आतिथ्य करें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—स्वराड् बृहतीः॥ स्वरः—मध्यमः॥

सुदानवः-देवभवः

अश्वं॑ न गी॒र्भी र॒थ्यं॑ सु॒दान॑वो मर्मृ॒ज्यन्ते॑ देव॒यवः॑।
उ॒भे तो॒के तन॑ये दस्म विश्वपते॒ पर्षि॒ राधो॑ म॒घोना॑म्॥ ७॥

(१) सुदानवः=उत्तम दानशील अथवा वासनाओं का खण्डन (दाप् लवने) करनेवाले, देवयवः=उस महान् देव प्रभु को अपने साथ जोड़ने की कामनावाले लोग रथ्यम्=रथ वहन में उत्तम अश्वं न=अश्व के समान प्रभु को गीर्भीः=स्तुतिवाणियों के द्वारा मर्मृज्यन्ते=अपने अन्दर शुद्ध करते हैं। अपने हृदयों में प्रभु के प्रकाश को देखने का प्रयत्न करते हैं। ये उपासक यह समझते हैं कि प्रभु ने ही उनके शरीर-रथ को लक्ष्य-स्थान पर पहुँचाना है। प्रभु का स्तवन करते हुए ये प्रभु को अपने अन्दर देखने का प्रयत्न करते हैं। (२) हे दस्म=सब दुःखों के नाशक विश्पते=सब प्रजाओं के पालक प्रभो! आप हमारे तोके=पुत्रों में व तनये=पौत्रों में उभे=दोनों ही में मघोनाम्=(मघ=मख) यज्ञशील पुरुषों की राधः=सम्पत्ति को पर्षि=प्राप्त कराइये। हमारे पुत्र-पौत्र भी ऐश्वर्य को प्राप्त करके यज्ञशील बनें।

भावार्थ—हम 'सुदानु व देवयु' बनकर स्तोमों द्वारा प्रभु के प्रकाश को देखने का प्रयत्न करते हैं। और प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि हमारे पुत्र-पौत्र भी सम्पन्न व यज्ञशील बनें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

ऋतावा, बृहत्, शुक्रशोचिः

प्र मं॑हि॒ष्ठाय गायत ऋ॒तावं॑ बृ॒हते शु॒क्रशो॑चिषे। उप॑स्तुतासो अ॒ग्नये॑॥ ८॥

(१) हे उपस्तुतासः=(स्तोतारः) स्तोता लोगो! मंहिष्ठाय=उस दातृतम=सर्वाधिक देनेवाले अग्नये=अग्रेणी प्रभु के लिये प्रगायत=गायन करो। उस प्रभु के लिये गायन करो जो ऋतावे=ऋत का रक्षण करनेवाले हैं। स्तोता को भी प्रभु ऋतमय जीवनवाला बनाते हैं। (२) उस प्रभु के लिये गायन करो जो बृहते=वृद्धि को प्राप्त हुए-हुए हैं, सर्वमहान् हैं। शुक्रशोचिषे=दीप्त ज्ञानवाले व दीप्त तेजवाले हैं।

भावार्थ—प्रभु का स्तवन करनेवाला भी ऋतमय जीवनवाला, प्रवृद्ध शक्तियोंवाला व दीप्त तेजवाला बनता है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—स्वराड् बृहतीः॥ स्वरः—मध्यमः॥

वीरवद् यशः, वाजेभिः सुमतिर्नवीयसी

आ वंसते मघवा वीरवद्यशः समिद्धो द्युम्न्याहुतः।
कुवित्नो अस्य सुमतिर्नवीयस्यच्छा वाजेभिरागमत्॥ ९॥

(१) मघवा=वह ऐश्वर्यशाली प्रभु वीरवत्=वीर सन्तानों से युक्त यशः=यश को आवंसते=देते हैं। समिद्धः=हृदय में समिद्ध (प्रकाशित) हुए-हुए ये प्रभु द्युम्नी=ज्ञान-ज्योति को प्राप्त करानेवाले होते हैं और आहुतः=समन्तात् दानोंवाले होते हैं। (२) अस्य=इस प्रभु की सुमतिः=कल्याणीमति नवीयसी=अतिशयेन स्तुत्य है। यह नः अच्छा=हमारे प्रति वाजेभिः=शक्तियों के साथ कुवित् आगमत्=खूब ही प्राप्त हो।

भावार्थ—हमारे हृदयों में प्रकाशित होते हुए प्रभु हमारे लिये ज्ञान-ज्योति को दें। वीर सन्तानों से युक्त यश को प्राप्त करायें। और शक्तियों के साथ स्तुत्य सुमति को दें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—आर्चीभुरिग्गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रियाणां प्रेष्ठम्

प्रेष्ठं वो अतिथिं स्तुहि मित्रमिव प्रियम्।
अग्निं रथानां यमम्॥ १०॥

(१) हे आसाव=शरीर में समन्तात् सोम का सम्पादन करनेवाले स्तोतः! तू उस अतिथिम्=निरन्तर गतिशील महान् अतिथि प्रभु को स्तुहि=स्तुत कर, जो प्रभु उ=निश्चय से प्रियाणां प्रेष्ठम्=प्रियों में प्रियतम हैं। (२) उस प्रभु को स्तुत कर जो अग्निम्=तुझे आगे और आगे ले चलनेवाले हैं। तथा रथानां यमम्=शरीर-रथों के नियन्ता हैं।

भावार्थ—स्तोता के प्रभु प्रियतम अतिथि हैं, उसे आगे ले चलनेवाले हैं और उसके रथ के नियन्ता हैं।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—निचृत् पंक्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

पुण्य-पाप के ज्ञाता प्रभु

उदिता यो निदिता वेदिता वस्वा यज्ञियो ववर्तति।
दुष्टरा यस्य प्रवणे नोर्मयो धिया वाजं सिषासतः॥ ११॥

(१) यः=जो उदिता=हमारे उत्कृष्ट कर्मों को व निदिता=निन्दनीय कर्मों को वेदिता=जानता है। और उन कर्मों के अनुसार ही वह यज्ञियः=पूजनीय प्रभु वसु आववर्तति=धनों को समन्तात् प्राप्त कराता है। (२) धिया=बुद्धि के साथ वाजम्=शक्ति को सिषासतः=हमारे लिये सम्भक्त करने की कामनावाले यस्य=जिस प्रभु की ऊर्मयः=ज्ञानदीप्तियाँ (ऊर्मि Light) उस प्रकार दुष्टराः=कठिनता से अभिभूत करने योग्य हैं न=जैसे प्रवणे=निम्न प्रदेश में ऊर्मयः=तरंगें। झुकाव की ओर गतिवाली तरंगों का वेग जैसे दुस्तर होता है, इसी प्रकार प्रभु के प्रकाश को भी कोई अभिभूत नहीं कर सकता। ये प्रभु हमें बुद्धि के साथ बल को प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—प्रभु हमारे पुण्य-पाप को जानते हुए हमें कर्मानुसार वसुओं को प्राप्त कराते हैं। प्रभु के प्रकाश अभिभूत करने योग्य नहीं। प्रभु ही हमें बुद्धि व बल प्राप्त करायेंगे।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सुहोता-स्वध्वरः

मा नो हृणीतामतिथिर्वसुरग्निः पुरुप्रशस्त एषः। यः सुहोता स्वध्वरः॥ १२॥

(१) वे प्रभु नः=हमारे लिये **मा हृणीताम्**=क्रोधवाले न हों, हम प्रभु के कोपभाजन न हों। उस प्रभु के जो **अतिथिः**=हमारे हित के लिये निरन्तर गतिशील हैं, **वसुः**=सब को वसानेवाले हैं और **अग्निः**=अग्रेणी हैं। (२) **एषः**=ये प्रभु **पुरुप्रशस्तः**=अत्यन्त प्रशस्त हैं। **यः सुहोता**=जो प्रभु उत्तम दाता हैं और **स्वध्वरः**=उत्तम हिंसारहित कर्मोंवाले हैं।

भावार्थ—हम प्रभु के कोपभाजन न हों। प्रभु की तरह ही निरन्तर क्रियाशील बनें, सब को बसानेवाले हों, आगे बढ़ें, प्रशस्त कर्मों को करें, दानशील व यज्ञशील हों।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराड् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

निर्मल स्तुतिवचन व सुख वृद्धिवाले कर्म

मो ते रिषन्ये अच्छोक्तिभिर्वसो ऽग्ने केभिश्चिदेवैः।
कीरिश्चिद्धि त्वामीट्टे दूत्याय रातहव्यः स्वध्वरः॥ १३॥

(१) हे **वसो**=हमारे निवास को उत्तम बनानेवाले **अग्ने**=अग्रेणी प्रभो! **ते**=वे उ=निश्चय से **मा रिषन्**=मत हिंसित हों, **ये**=जो **अच्छोक्तिभिः**=निर्मल स्तुतिवचनों से तथा **केभिः चित् एवैः**=(क=सुख) निश्चय से सुख के वृद्धिकर कर्मों से आपके स्तुति करनेवाले होते हैं। (२) **कीरिः**=स्तोता **चित्**=निश्चय से **त्वाम्**=आपको **ईट्टे**=स्तुत करता है। यह **दूत्याय**=ज्ञानसन्देश के वहन रूप कर्म को करनेवाला होता है। इस कर्म के लिये ही अपने जीवन को अर्पित करता है। **रातहव्यः**=हव्यों को देनेवाला, अर्थात् अग्निहोत्र करनेवाला होता है। **स्वध्वरः**=उत्तम हिंसारहित कर्मों में प्रवृत्त होता है।

भावार्थ—हम निर्मल स्तुतिवचनों से तथा सुखवृद्धि के कारणभूत कर्मों से प्रभु का उपासन करें। ज्ञान-सन्देश को सर्वत्र प्राप्त करायें, यज्ञशील हों, उत्तम हिंसारहित कर्मों में प्रवृत्त हों।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निर्मरुतश्च॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

प्रभु की मित्रता के लिये

आग्ने याहि मरुत्सखा रुद्रेभिः सोमपीतये। सोभर्या उप सुष्टुतिं मादयस्व स्वर्णरि॥ १४॥

(१) हे **अग्ने**=अग्रेणी प्रभो! आप **आयाहि**=मुझे प्राप्त होइये। **मरुत् सखा**=(मितराविणां सखा) आप कम (मपा तुला) बोलनेवाले क्रियाशील पुरुषों के मित्र हैं। आप **रुद्रेभिः**=रोगों को दूर भगानेवाले इन प्राणों के द्वारा **सोमपीतये**=शरीर में सोम के रक्षण के लिये होते हैं। (२) हे प्रभो! आप **सोभर्याः**=जीवन के कर्त्तव्यों का सम्यक् भरण करनेवाले की **सुष्टुतिम्**=उत्तम स्तुति को **उप (आयाहि)**=समीपता से प्राप्त होइये, और **स्वर्णरि**=प्रकाशमय लोक को प्राप्त करानेवाले यज्ञों में **मादयस्व**=आनन्दित कीजिये।

भावार्थ—हम प्रभु की मित्रता की प्राप्ति के लिये परिमित बोलनेवाले हों, प्राणसाधना द्वारा सोम का शरीर में रक्षण करें, प्रभु-स्तवन के साथ यज्ञों में आनन्द का अनुभव करें।

इत्यष्टमं मण्डलम्